2024

चौथा संशोधित एवं परिमार्जित संस्करण

GENERAL HINDI

CHAPTERWISE SOLVED PAPERS

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

संघ एवं राज्य की सिविल, एक दिवसीय, शिक्षक, पात्रता, प्रवेश परीक्षाओं तथा अन्य सभी प्रतियोगी हेतु अति उपयोगी

सामान्य हिन्दी

परीक्षा प्लानर

अध्यायवार

सॉल्व्ड पेपर्स

- UPSSSC-PET ■ VDO ■ VPO
- Junior Assistant ■ Stenographer
- Forest Guard ■ Wild Life Guard
- राजस्व एवं चकबंदी लेखपाल ■ Lower
- Boring Technician ■ ASO ■ ANM
- मंडी परिषद ■ JE ■ Computer Operator
- गन्ना पर्यवेक्षक ■ विधान भवन रक्षक ■ अमीन
- कण्डक्टर ■ शारीरिक प्रशिक्षक ■ हिन्दी अनुवादक
- आबकारी सिपाही ■ डिप्टी जेलर ■ लेखा परीक्षक
- युवा कल्याण अधिकारी ■ IAS ■ UPPCS ■ MPPCS
- UKPCS ■ CGPCS ■ HPSC (HSC) ■ HPPSC
- RPSC ■ HSSC ■ RO ■ ARO ■ UDA ■ LDA
- APO ■ RI ■ UPSDI ■ BEO ■ GIC ■ GDC
- LT Grade ■ TGT ■ PGT ■ KVS ■ NVS ■ DSSSB
- NCERT ■ आश्रम पद्धति ■ DIET ■ UGC ■ SET
- CTET ■ UPTET ■ UKTET ■ STET ■ CGTET
- JTET ■ HTET ■ MPTET ■ Bihar TRE ■ SSC-GD
- UP Super TET ■ RRB ■ BANK ■ UPSI
- UPP Constable ■ Radio Operator ■ ASI
- Jail Warden ■ Hostel Warden ■ UKPSC-JE
- JSA ■ Delhi Police ■ Computer Operator
- APO ■ MP पटवारी ■ MPSI ■ MP Constable
- JLO ■ जेल प्रहरी ■ MP Excise Constable ■ APS
- RAJASTHAN CONSTABLE ■ RPSC-SI ■ UPJN
- ALLAHABAD HIGH COURT (RO/ARO/CA/APS/PS/GROUP C&E)
- UPPCL (RO/ARO/ STENOGRAPHER/ APS/ JE/ ACCOUNTANT)
- B.ED. ■ AE ■ POLYTECHNIC LECTURER ■ STAFF NURSE

968 प्रश्न-पत्र

22417

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

वर्ष 2023 तक अद्यतन

विस्तृत व्याख्या सहित हल एवं आयोग एवं बोर्ड के ANSWER-KEY द्वारा प्रमाणित अद्वितीय पुस्तक

© KEXPERT

@RexstarPdf

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

सामान्य हिन्दी परीक्षा प्लानर

अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

व्याख्या सहित हल

प्रधान सम्पादक
आनन्द कुमार महाजन
संकलन सहयोग
सामान्य हिन्दी विशेषज्ञ समिति
कम्प्यूटर ग्राफिक्स
बालकृष्ण, आशीष गिरि
संपादकीय कार्यालय
यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
मो. : 9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com

प्रकाशन घोषणा

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सहयोग एवं सुझाव सादर अपेक्षित है।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

मूल्य : 995/-

@RexstarPdf

विषय-सूची

- ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम 9-29
- विराम चिह्न 30-41
- वर्तनी शुद्धि 42-60
- संज्ञा 61-72
- सर्वनाम 73-83
- विशेषण 84-106
- क्रिया 107-116
- अव्यय 117-133
- लिंग, वचन, काल, वाच्य 134-184
- कारक एवं परसर्ग 185-194
- शब्द भण्डार (तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज) 195-227
- उपसर्ग प्रत्यय 228-253
- विलोम शब्द 254-287
- पर्यायवाची शब्द 288-322
- अनेकार्थी शब्द 323-331
- युग्म शब्द 332-338
- अनेक शब्दों के लिये एक शब्द 339-370
- संधि 371-392
- समास 393-415
- वाक्य रचना (वाक्य के प्रकार, वाक्य अशुद्धि, रिक्त स्थान, पदक्रम) 416-507
- रस 508-517
- छन्द 518-526
- अलंकार 527-554
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ 555-609
- हिन्दी भाषा एवं साहित्य (रचना एवं रचनाकार तथा विधाएँ) 610-681
- हिन्दी भाषा एवं बोलियाँ 682-707
- अनुवाद 708-716
- पत्र लेखन 717-723
- अपठित गद्यांश एवं पद्यांश प्रश्नोत्तर 724-756
- विविध 757-768

@RexstarPdf

प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
	उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (SI)	
1.	UPSI 02 Dec 2021 Batch I, II & III	120
2.	UPSI 01 Dec 2021 Batch I, II & III	120
3.	UPSI 30 Nov 2021 Batch I, II & III	120
4.	UPSI 29 Nov 2021 Batch I, II & III	120
5.	UPSI 28 Nov 2021 Batch I, II & III	120
6.	UPSI 27 Nov 2021 Batch I, II & III	120
7.	UPSI 25 Nov 2021 Batch I, II & III	120
8.	UPSI 24 Nov 2021 Batch I, II & III	120
9.	UPSI 23 Nov 2021 Batch I, II & III	120
10.	UPSI 22 Nov 2021 Batch I, II & III	120
11.	UPSI 21 Nov 2021 Batch I, II & III	120
12.	UPSI 20 Nov 2021 Batch I, II & III	120
13.	UPSI 17 Nov 2021 Batch I, II & III	120
14.	UPSI 16 Nov 2021 Batch I, II & III	120
15.	UPSI 15 Nov 2021 Batch I, II & III	120
16.	UPSI 14 Nov 2021 Batch I, II & III	120
17.	UPSI 13 Nov 2021 Batch I, II & III	120
18.	UPSI 12 Nov 2021 Batch I, II & III	120
19.	UPSI 12 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
20.	UPSI 13 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
21.	UPSI 14 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
22.	UPSI 15 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
23.	UPSI 16 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
24.	UPSI 19 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
25.	UPSI 20 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
26.	UPSI 21 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
27.	UPSI 22 Dec 2017 Batch (I, II, III)	120
28.	UPSI (Cancelled) EXAM 2016 17-07-2017 SHIFT II	40
29.	UPSI(Cancelled) EXAM 2016 19-07-2017 SHIFT II	40
30.	UPSI(Cancelled) EXAM 2016 20-07-2017 SHIFT II	40
31.	UPSI(Cancelled) EXAM 2016 21-07-2017 SHIFT II	40
32.	UPSI(Cancelled) EXAM 2016 22-07-2017 SHIFT I	40
33.	UPSI(Cancelled) EXAM 2016 24-07-2017 SHIFT I	40
34.	UP SI Mritak Ashrit 2016	40
35.	UP SI 2001	50
36.	UPASI 04 Dec 2021 Batch I & II	100
37.	UPASI 05 Dec 2021 Batch I & II	100
38.	UPSI/ASI 22 Dec 2018	25
	उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल	
1.	UPP CONSTABLE RE-EXAM 28-1-2019 SHIFT- I & II	74
2.	UPP CONSTABLE RE-EXAM 27-1-2019 SHIFT- I & II	74
3.	UPP CONSTABLE RE-EXAM 26-10-2018 SHIFT (I & II)	72
4.	UPP CONSTABLE RE-EXAM 25-10-2018	36
5.	UPP CONSTABLE EXAM 19-06-2018 SHIFT (I & II)	72
6.	UPP CONSTABLE EXAM 18-06-2018 SHIFT (I & II)	72
7.	UPP CONSTABLE EXAM 2014, 2011, 2009	108
	जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार भर्ती परीक्षा-2020	
1.	UPP जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार परीक्षा 20.12.2020 Shift- I & II	37 × 2 = 74
2.	UPP जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार परीक्षा 19.12.2020 Shift- I & II	37 × 2 = 74

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (29.10.2023 Shift-I, Shift-II)	30
2.	प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (28.10.2023 Shift-I, Shift-II)	30
3.	प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (16.10.2022 Shift-I, Shift-II)	10
4.	प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (15.10.2022 Shift-I, Shift-II)	10
5.	प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (24.08.2021 Shift-I, Shift-II)	30
6.	ग्राम विकास अधिकारी (27.06.2023 Shift-I, Shift-II) (Re-Exam.)	100
7.	ग्राम विकास अधिकारी (26.06.2023 Shift-I, Shift-II) (Re-Exam.)	100
8.	जूनियर इंजीनियर-2016 (19.12.2021)	20
9.	जूनियर इंजीनियर-2018 (16.04.2022)	20
10.	कनिष्ठ सहायक, 2023 (27.08.2023)	25

@RexstarPdf

11.	वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022 (21.08.2023)	72
12.	लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022 (31.07.2022)	20
13.	सम्मिलित प्रवर. पूर्ति निरीक्षक मुख्य परीक्षा, 2022 (17.07.2022)	9
14.	सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, 2022 (03.07.2022)	11
15.	सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2022 (22.05.2022)	26
16.	राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, 2022 (22.05.2022)	24
17.	कम्प्यूटर आपरेटर (10.01.2020)	20
18.	जूनियर असिस्टेंट (04.01.2020 Shift-I, Shift-II)	120
19.	लोवर परीक्षा, 2019 (01.10.2019/Shift-I, Shift-II)	50
20.	लोवर (मुख्य) परीक्षा, 2019 (21.10.2021)	19
21.	लोवर परीक्षा, 2019 (30.09.2019/Shift-I, Shift-II)	50
22.	गन्ना पर्वेक्षक, 2016 (31.08.2019)	25
23.	लोवर-II पुनर्परीक्षा, 2017 (28.07.2019)	25
24.	लोवर-II निरस्त परीक्षा, 2017 (15.07.2018)	25
25.	जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती पुनर्परीक्षा 2016 (31.5.2019)	40
26.	राज्य मण्डी परिषद् भर्ती परीक्षा, 2018 (30-05-2019/Shift-I, Shift-II)	100
27.	स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक भर्ती परीक्षा) 2017 (10.03.2019)	40
28.	जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती बैकलॉग परीक्षा 2017 (19.2.2019)	40
29.	कृषि प्राविधिक भर्ती परीक्षा, 2018 (15-02-2019)	50
30.	सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2018 (23-12-2018/Shift-I, Shift-II)	100
31.	सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2018 (22-12-2018/Shift-I, Shift-II)	100
32.	विधान भवन रक्षक एवं वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2018 (2-12-2018/Shift-I, Shift-II)	160
33.	नलकूप चालक (ट्यूबवेल ऑपरेटर) परीक्षा, 2018 (12-01-2019)	25
34.	सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018 (16-09-2018/Shift-I, Shift-II)	100
35.	ग्राम पंचायत अधिकारी (VDO) पुनर्परीक्षा, 2016 (04-12-2016)	40
36.	आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा, 2016 (25-09-2016)	30
37.	जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2016 (31-07-2016)	40
38.	अमीन परीक्षा, 2016 (14-08-2016)	25
39.	राजस्व निरीक्षक, 2016 (17-07-2016)	25
40.	गन्ना पर्यवेक्षक, 2016 (03-07-2016)	25
41.	लोअर-III भर्ती परीक्षा, 2016 (26-06-2016)	25
42.	ग्राम विकास अधिकारी (VDO) भर्ती परीक्षा, 2016 (05-06-2016)	30
43.	जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2016 (24-04-2016)	40
44.	स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2016 (03-04-2016)	40
45.	लोअर-II भर्ती परीक्षा, 2015 (06-03-2016)	25
46.	लोअर-I भर्ती परीक्षा, 2015 (28-02-2016)	25
47.	ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2015 (21-02-2016)	40
48.	कम्बाइंड मेडिकल सर्विसेस (फाइलेरिया, मलेरिया इंस्पेक्टर) कम्पटेटिव परीक्षा, 2015 (24-01-2016)	15
49.	जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2015 (27-12-2015)	40
50.	वन रक्षक (Forest Guard) भर्ती परीक्षा, 2015 (11-12-2015)	80
51.	UDA/LDA भर्ती परीक्षा, 2015 (29-11-2015)	60
52.	असिस्टेंट एकाउन्टेन्ट भर्ती परीक्षा, 2015 (22-11-2015)	40
53.	चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (08-11-2015/Shift-I, Shift-II)	80
54.	राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (13-09-2015/Shift-I, Shift-II)	50
55.	परिचालक (Conductor) भर्ती परीक्षा, 2015 (23.08.2015)	50
56.	स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2015 (26-07-2015)	40

@RexstarPdf

57.	जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2015 (31-05-2015)	40
58.	लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2008	15
59.	उत्तर प्रदेश की अन्य विभिन्न भर्ती परीक्षा–1991–2021 तक	280

राज्य लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2021	30
2.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2021	56
3.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2016 (पुनर्परीक्षा)	60
4.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2016	30
5.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2017	60
6.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2017	30
7.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2016 (निरस्त)	60
8.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2014	60
9.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2014	30
10.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2013	60
11.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2013	30
12.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2010	60
13.	उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2010	30
14.	उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा सी-सैट में पूछे गये सामान्य हिन्दी के सभी प्रश्न (वर्ष 2012-2023)	218
15.	उत्तर प्रदेश सहायक अभियंता परीक्षा (2004,2007,2008,2011,2013,2019, 2021)	194
16.	उत्तराखण्ड सहायक अभियंता परीक्षा (2007,2012,2013,2022)	100
17.	छत्तीसगढ़ CSAT (2012-2021)	187
18	मध्य प्रदेश CSAT (2012-2021)	97
19.	उत्तराखण्ड CSAT (2014-2021)	30
20.	अन्य प्रदेश पी.सी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा में पूछे गये सामान्य हिन्दी के सभी प्रश्न (वर्ष 2012-2023)	378

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	UPTET (I-V) (2021) 28-Nov- 2021 (निरस्त)	30
2.	UPTET (I-V) (2021) 23-JAN- 2022 (Re Exam)	30
3.	UPTET (VI-VIII) (2021) 23-JAN- 2022	30
4.	UPTET (I-V) (2019) 08-JAN- 2020	30
5.	UPTET (VI-VIII) (2019) 08-JAN- 2020	30
6.	UPTET (I-V) 18-NOV- 2018	30
7.	UPTET (VI-VIII) 18-NOV- 2018	30
8.	UPTET (I-V) 15-OCT- 2017	30
9.	UPTET (VI-VIII) 15-OCT- 2017	30
10.	UPTET (I-V) 19-DEC- 2016	30
11.	UPTET (VI-VIII) 19-DEC- 2016	30
12.	UPTET (I-V) 2-FEB- 2016	30
13.	UPTET (VI-VIII) 2-FEB- 2016	30
14.	UPTET (I-V) 23-FEB- 2014	30
15.	UPTET (VI-VIII) 23-FEB- 2014	30
16.	UPTET (I-V) 27-JUN- 2013	30
17.	UPTET (VI-VIII) 27-JUN- 2013	30
18.	UPTET (I-V) 13-NOV- 2011	30
19.	UPTET (VI-VIII) 13-NOV- 2011	30
20.	UP SUPER TET EXAM. 2019	20
21.	UP SUPER TET EXAM. 2018	20

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	CTET (I-V) (July 2023) 20-Aug 2023	30
2.	CTET (VI-VIII) (July 2023) 20-Aug 2023	30
3.	CTET (I-V) 08-DEC- 2019	30
4.	CTET (VI-VIII) 08-DEC- 2019	30
5.	CTET (I-V) 07-JULY- 2019	30
6.	CTET (VI-VIII) 07-JULY- 2019	30
7.	CTET (I-V) 09-DEC- 2018	30
8.	CTET (VI-VIII) 09-DEC- 2018	30
9.	CTET (I-V) 18-SEP- 2016	30
10.	CTET (VI-VIII) 18-SEP- 2016	30
11.	CTET (I-V) 21-FEB- 2016	30
12.	CTET (VI-VIII) 21-FEB- 2016	30

@RexstarPdf

13.	CTET (I-V) 20-SEP- 2015	30
14.	CTET (VI-VIII) 20-SEP- 2015	30
15.	CTET (I-V) 22-FEB- 2015	30
16.	CTET (VI-VIII) 22-FEB- 2015	30
17.	CTET (I-V) 21-SEP- 2014	30
18.	CTET (VI-VIII) 21-SEP- 2014	30
19.	CTET (I-V) 16-FEB- 2014	30
20.	CTET (VI-VIII) 16-FEB- 2014	30
21.	CTET (I-V) 28-JUL- 2013	30
22.	CTET (VI-VIII) 28-JUL- 2013	30
23.	CTET (I-V) 18-NOV- 2012	30
24	CTET (VI-VIII) 18-NOV- 2012	30
25.	CTET (I-V) 29-JAN- 2012	30
26.	CTET (VI-VIII) 29-JAN- 2012	30
27.	CTET (I-V) 26-JUN- 2011	30
28.	CTET (VI-VIII) 26-JUN- 2011	30

उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	UTET (I-V) 29-JAN- 2011	30
2.	UTET (I-V) 12-NOV- 2013	30
3.	UTET (VI-VIII) 12-NOV- 2013	30
4.	UTET (I-V) 26-APR- 2016	30

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	CHTET (I-V) 2011	30
2.	CHTET (VI-VIII) 2011	30

बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	BTET (I-V) 2011	30
2.	BTET (VI-VIII) 2011	30

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	RTET (I-V) 2011	30
2.	RTET (VI-VIII) 2011	30
3.	RTET (I-V) 2012	30
4.	RTET (I-V) 7-FEB-2016	30

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	HTET (I-V) 2011	30
2.	HTET (I-V) 2012	30
3.	HTET (I-V) 2014	30
4.	HTET (VI-VIII) 2014	30
5.	HTET (I-V) 2015	30

इलाहाबाद उच्च न्यायालय भर्ती परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ./ए.आर.ओ./ कंप्यूटर सहायक/ एपीएस परीक्षा, 2021	260
2.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी & सी परीक्षा, 2022	250
3.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ए.आर.ओ. परीक्षा 2019	25
4.	इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ. परीक्षा 2019	25
5.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी मुख्य परीक्षा, 2017	25
6.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 12.11.2017	25
7.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 12.11.2017	25
8.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 22.07.2017	25
9.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 23.07.2017	25
10.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 20.12.2017	25
11.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 18.10.2017	25
12.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 27.09.2014	25
13.	इलाहाबाद हाई कोर्ट ए.आर.ओ. परीक्षा 18.12.2016	20
14.	इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ. परीक्षा 08.01.2017	25
15.	इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ/ए.आर.ओ. परीक्षा 28.09.2014	10
16.	इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ./ए.आर.ओ. परीक्षा 06.02.2011	10

@RexstarPdf

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड भर्ती परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	UP PCL EXAM. (2019-2021)	320
2.	UP PCL ARO 18.02.2018 (Morning Shift)	70
3.	UP PCL ARO 18.02.2018 (Evening Shift)	70
4.	UP PCL Stenographer 18.02.2018	65
5.	UP PCL APS 18.02.2018	60
6.	UP PCL RO/ARO 24.07.2016	50
7.	UP PCL Assistant Accountant 2016,2018, 2019, 2021, 2022, 2023	300
8.	UP PCL JE Electrical 11.02.2018 (Morning & Evening Shift)	10
9.	UP PCL Assistant Electrical Engineer 12.11.2016	10
10.	UP PCL JE Electrical 11.11.2016	10
11.	UP PCL Technical Grade-II 06.10.2016	10
12.	UP PCL Technical Grade-II 26.06.2016	10
13.	UP PCL JE Electrical 14.03.2016	10
14.	UP PCL JE Electrical 23.08.2015	10
15.	UP PCL Technical Grade-II 02.08.2015	10
16.	UP PCL Technical Grade-II (Electrician) 09.05.2015	10
17.	UP PCL Technical Grade-II (Electrical) 08.11.2014	10
18.	UP PCL JE Electrical 17.11.2013	10

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.(स्मृति आधारित)	320

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	DSSSB PRT (44 Paper)	736
2.	DSSSB TGT (57 Paper)	1140
3.	DSSSB 26 Paper	520

केंद्रीय विद्यालय संगठन

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	KVS PRT 2023 (13 Paper)	348

बिहार लोक सेवा आयोग

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	बिहार प्राइमरी शिक्षक चयन परीक्षा, 2023 (25.08.2023, Shift-I, Shift-II)	141

कर्मचारी चयन आयोग

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	SSC GD 2015 (2 Paper)	50
2.	SSC GD 2019 (online 40 Paper)	1000
3.	SSC GD 2021 (online 62 Paper)	1550
4.	SSC GD 2023 (online 76 Paper)	1520

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	हरियाणा सी.ई.टी. 2021, 2023	80

मध्य प्रदेश व्यापाम

क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	मध्य प्रदश व्यापाम वर्ग -II परीक्षा (76 प्रश्नपत्र)	1163


विभिन्न शिक्षक परीक्षा


क्र. सं.	परीक्षा का नाम व वर्ष	सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या
1.	TGT/PGT/LT-Grade/GIC/GDS/DSSSB/KVS/NVS/RPSC/SET/ DIET/UGC-NET/JRF	873

नोट– उपरोक्त **968** प्रश्नपत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त यथा संभव समान प्रकृति एवं प्रवृत्ति से बचते हुए **सामान्य हिन्दी** से सम्बन्धित कुल **22417** से अधिक प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है।

@RexstarPdf

पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये सामान्य हिन्दी के प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ





@RexstarPdf

01.

ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम

1. वर्ण, वर्णमाला परिभाषा एवं भेद

1. भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहा जाता है?

(a) वर्ण (b) उच्चारण
(c) पद (d) शब्द

High Court ARO-2021-I
VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPP, Constable 2017
छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. (प्री.) परीक्षा, 2015
कनिष्ठ सहायक परीक्षा 2015

Ans. (a) : भाषा की सबसे छोटी इकाई को 'वर्ण' कहा जाता है। वर्ण को दो भागों में बाँटा गया है– (i) स्वर, (ii) व्यंजन
हिंदी वर्णमाला में कुल '52' वर्ण होते हैं जिनमें स्वरों की संख्या '11' तथा व्यंजनों की संख्या '41' होती है।

2. भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई किसे माना जाता है?

(a) शब्द (b) वर्ण
(c) अर्थ (d) मात्रा

K.V.S. PGT 2018
DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई 'शब्द' को माना जाता है। उच्चारण की दृष्टि से भाषा की लघुत्तम इकाई ध्वनि है। ध्वनियों के मेल से शब्द बनते हैं, लेकिन शब्द बनाने के लिए इन्हें सार्थक या अर्थ बोधक की क्षमता से युक्त होना चाहिए। ध्वनि सार्थक ही हो यह जरूरी नहीं हैं, जैसे-अ, क, प, त इत्यादि। ये ध्वनियां हैं, लेकिन सार्थक नहीं है। किन्तु कल, कब, चल आदि ये शब्द हैं, क्योंकि इनमें सार्थकता है। अर्थात् अर्थ देने की क्षमता है, और ऐसे 'शब्द' भाषा की सार्थक इकाई हैं।

3. भाषा की मूल इकाई–

(a) अक्षर (b) ध्वनि
(c) संकेत (d) वर्णमाला

UP SI 2016
High Court ARO 2021
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (b) भाषा की सबसे छोटी या मूल इकाई **ध्वनि** है। भाषा की सार्थक इकाई 'वाक्य' है। वाक्य से छोटी इकाई **उपवाक्य,** उपवाक्य से छोटी इकाई **पदबंध,** पदबंध से छोटी इकाई 'पद' (शब्द), पद से छोटी इकाई **अक्षर** और अक्षर से छोटी इकाई **ध्वनि** है।
उदाहरण – राम शब्द में दो अक्षर (रा, म) एवं चार वर्ण (र्, आ, म्, अ) हैं।

4. वर्णों के कितने भेद हैं?

(a) दस (b) सात
(c) दो (d) आठ

UPP Constable 2017

उत्तर (c) : वर्णों के दो भेद हैं- 1. स्वर 2. व्यंजन

5. हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियाँ हैं-

(a) 44 (b) 33
(c) 52 (d) 48

High Court ARO 2021
जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर (c) : हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियों की संख्या 52 है।

स्वर -	अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ	= 11
व्यंजन-	क वर्ग (कंठस्थ) - क, ख, ग, घ, ङ	= 5
	च वर्ग (तालव्य)- च, छ, ज, झ, ञ	= 5
	ट वर्ग (मूर्धन्य)-ट, ठ, ड, ढ, ण	= 5
	त वर्ग (दन्त्य)-त, थ, द, ध, न	= 5
	प वर्ग (ओष्ठ)-प, फ, ब, भ, म	= 5
	अन्तःस्थ - य, र, ल, व	= 4
	ऊष्म - श, ष, स, ह	= 4
संयुक्त व्यंजन -	क्ष, त्र, ज्ञ, श्र	= 4
अयोगवाह-	अं, अः	= 2
द्विगुण व्यंजन	ड़, ढ़	= 2
कुल वर्णों की संख्या		= 52

6. लिपि-चिह्नों के क्रमबद्ध समूह को क्या कहते हैं?

(a) अक्षर (b) वर्ण
(c) वर्ण-समूह (d) वर्णमाला

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]
UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift
UP B.Ed. Exam 2007

उत्तर : (d) हिंदी भाषा की सबसे छोटी इकाई 'ध्वनि' होती है। ध्वनि के लिखित रूप को 'वर्ण' कहा जाता है। वर्णों के क्रमबद्ध समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं। हिंदी में 52 वर्ण होते हैं।

2. स्वर वर्ण (परिभाषा, भेद एवं संख्या)

7. कौन स्वर नहीं है?

(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ब

UP B.Ed. Exam 2007

उत्तर (d) : उपर्युक्त विकल्पों में 'ब' स्वर नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है। यह प वर्ग का तृतीय वर्ण है, जिसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

@RexstarPdf

8. इनमें से 'ऋ' क्या है ?

(a) व्यंजन (b) संयुक्त व्यंजन
(c) दोनों (d) स्वर

High Court ARO 2021
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d): हिन्दी के प्रमुख स्वर– अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ हैं। इनमें मूल स्वर अ, इ, उ, ऋ हैं। संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ। स्वर के दो प्रकार हैं–
ह्रस्व स्वर– अ, इ, उ, ऋ।
दीर्घ स्वर– आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

9. इनमें से किस शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?

(a) वृष्टि (b) रिपु (c) क्रिया (d) वर्षा

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'वृष्टि' शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है।
'ऋ' की मात्रा वाले अन्य शब्द :- कृतज्ञ, कृष्ण, सृजन आदि हैं।

10. जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे कहते हैं –

(a) संज्ञा (b) स्वर (c) व्यंजन (d) विसर्ग

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UP SI Batch-III 22 Dec. 2017

उत्तर : (b) जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे स्वर कहते हैं। इनके उच्चारण में भीतर से आती हुई वायु मुख से निर्बाध रूप से निकलती है। हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या ग्यारह है। सभी स्वर स्वतंत्र होते हैं।

11. स्वरों की संख्या कितनी हैं?

(a) 11 (b) 13 (c) 9 (d) 10

[UPSI 20.07.2017 Shift II]
UPS/Batch-I 21 Dec. 2017

उत्तर. (a) : स्वरों की संख्या 11 होती है। जिन वर्णों का स्वतंत्र उच्चारण किया जा सके या जिन ध्वनियों के उच्चारण के समय हवा बिना किसी रुकावट के निकलती है, वे स्वर कहलाते हैं। जैसे-अ, आ, इ, ई आदि।

12. स्वरों का उच्चारण –

(a) व्यंजनों की सहायता से होता है।
(b) अनुस्वार की सहायता से होता है।
(c) अनुनासिक की सहायता से होता है।
(d) बिना किसी की सहायता से होता है।

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (d) 'स्वरों' का उच्चारण बिना किसी की सहायता से होता है। ये सभी स्वतंत्र होते हैं। 'व्यंजन वर्णों' का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है। प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में 'अ' की ध्वनि छिपी रहती है।

13. 'स्वर' किसका भेद है?

(a) संधि (b) समास
(c) वर्ण (d) लिंग

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (c) : हिन्दी वर्णमाला में वर्ण दो प्रकार के होते हैं - (1) स्वर (2) व्यंजन।
स्वर- स्वर उन वर्णों को कहते हैं, जिनका उच्चारण बिना अवरोध अथवा बाधा के होता है। ये सभी स्वतंत्र हैं।
व्यंजन- स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण व्यंजन कहलाते हैं।

2A. मात्रा के आधार पर स्वर

14. मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) उच्चारण में लगने वाला समय 'मात्रा' कहलाता है। इसी मात्रा के आधार पर स्वरों के तीन भेद हैं–
(1) ह्रस्व स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है, उन्हें 'ह्रस्व स्वर' कहते हैं। अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व स्वर हैं। इन्हें 'एक मात्रिक स्वर' भी कहते हैं।
(2) दीर्घ स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है, वे 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। इन्हें 'द्विमात्रिक स्वर' भी कहते हैं। ये हैं– आ,ई,ऊ,ए,ऐ,ओ,औ।
(3) प्लुत स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण में तीन मात्रा का समय लगे, उसे 'प्लुत स्वर' कहते हैं। (३) अंक इसका चिह्न होता है। संस्कृत व्याकरण में प्लुत स्वरों की संकल्पना प्राप्त होती है। हिन्दी में इसका प्रयोग नहीं किया जाता है।
विशेष– (समग्रतः मात्रा के आधार पर स्वर के तीन भेद हैं, किन्तु हिन्दी वर्णमाला में मात्रा के आधार पर स्वरों के प्रकार पूछे जाने पर उत्तर 2 होगा– (1) ह्रस्व (2) दीर्घ, क्योंकि प्लुत का प्रयोग हिन्दी व्याकरण के अन्तर्गत नहीं किया जाता है।)

15. ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत किसके प्रकार हैं?

(a) संधि
(b) व्यंजन
(c) स्वर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली
UP B.Ed. Exam 2003

उत्तर : (c) ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत 'स्वर' के प्रकार हैं। स्वर स्वतंत्र होते हैं जो बिना किसी सहायता के उच्चारित किये जाते हैं। व्यंजन स्वतंत्र नहीं होते, इन्हें स्वरों की सहायता से उच्चारित किया जाता है।

16. किस समूह में सभी स्वर दीर्घ हैं?

(a) ई, ए, ऐ, ओ, औ (b) ऌ, ॠ, आ, ई, ऊ
(c) अ, आ ऊ, औ, ऐ (d) अ, आ, इ, ऊ, ऋ

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)
UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में समूह (ई, ए, ऐ, ओ, औ) में सभी स्वर 'दीर्घ स्वर' के अंतर्गत आते हैं।

17. हिंदी भाषा में ह्रस्व स्वरों की संख्या कितनी है?

(a) ग्यारह (b) चार
(c) सात (d) दो

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

@RexstarPdf

उत्तर: (b) हिन्दी भाषा में 'ह्रस्व स्वरों' की संख्या चार है। स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं। व्याकरण में परम्परागत रूप से स्वरों की संख्या 11 मानी गई है। स्वरों के दो भेद होते हैं:-

ह्रस्व स्वर- वे स्वर मूल या ह्रस्व या एकमात्रिक कहलाते हैं। जिनकी उत्पत्ति दूसरे स्वरों से नहीं होती। जैसे- अ, इ, उ, ऋ

दीर्घ स्वर- वह स्वर जिनको बोलने में ह्रस्व स्वरों से अधिक समय लगता है; जैसे - आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

18. जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है या ह्रस्व से दोगुना समय लगता है, उनको कहते हैं?

(a) प्लुत स्वर (b) गुरु स्वर
(c) मूल स्वर (d) लघु स्वर

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) जिन स्वरों के उच्चारण में 'ह्रस्व स्वरों' से अधिक समय लगता है, वह गुरु स्वर या 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। मात्रा की दृष्टि से दीर्घ स्वर द्विमात्रिक स्वर कहलाते हैं, अर्थात् दो मात्रा वाले स्वर। दो मात्रा होने के कारण ही इनके उच्चारण में 'ह्रस्व स्वर' से दोगुना समय लगता है।
छंदशास्त्र में 'ह्रस्व' मात्रा को 'लघु' और 'दीर्घ' मात्रा को 'गुरु' कहते हैं।

19. निम्नलिखित में से कौन सा दीर्घ स्वर है?

(a) आ (b) उ
(c) ए (d) ओ

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]
UP B.Ed.. Exam 2014

उत्तर. (a) दिये गये विकल्पों में 'आ' दीर्घ स्वर है क्योंकि मूल दीर्घ स्वर आ, ई, ऊ होते हैं।

उ	– ह्रस्व स्वर
ए (अ + इ)	– संयुक्त स्वर
ओ (अ + उ)	– संयुक्त स्वर

20. निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है?

(a) ए (b) ऐ
(c) ऊ (d) ओ

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (c) : 'ऊ' संयुक्त स्वर नहीं है बल्कि यह दीर्घ स्वर है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 11 स्वर हैं, जो इस प्रकार हैं-
ह्रस्व स्वर- अ, इ, उ, ऋ
दीर्घ स्वर- आ, ई, ऊ
संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ

21. किस स्वर के उच्चारण में दीर्घ स्वर से भी अधिक समय लगता है?

(a) अनुस्वार (b) अनुनासिक
(c) ह्रस्व (d) प्लुत

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (d) जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ स्वरों से भी अधिक समय लगता है, उन्हें प्लुत स्वर कहते हैं, जैसे- ओऽम, सुनो ऽऽ आदि।

22. प्लुत स्वर कौन–सा है?

(a) अउम (b) ओउम्
(c) ओम् (d) ओम

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (b) : 'ओउम्' प्लुत स्वर है, शेष वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण शब्द हैं। ह्रस्व स्वर के उच्चारण में जितना समय लगता है, प्लुत स्वर के उच्चारण में उसका तीन गुना समय लगता है। प्लुत स्वर का प्रयोग मूलतः वैदिक भाषा में या नाटक इत्यादि में संवाद लिखते समय पुकारने के अर्थ में किया जाता है।

2B. संधि/संयोग के आधार पर स्वर

23. निम्नलिखित में से किस स्वर को संयुक्त स्वर माना गया है?

(a) आ (b) ऊ (c) ई (d) ऐ

High Court ARO 2021
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'ऐ' स्वर को संयुक्त स्वर माना जाता है। (संयुक्त स्वर में ए, ऐ, ओ और औ आते हैं।) इनके संयुक्त होने का विवरण इस प्रकार है- अ+इ = ए, अ+ए = ऐ, अ+उ = ओ, अ+ओ = औ
अ, इ, उ, ऋ को मूल स्वर माना जाता है।

24. निम्नलिखित में से कौन सा मूल दीर्घ स्वर नहीं है?

(a) आ (b) ई
(c) ऊ (d) ओ

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों में से 'ओ' मूल दीर्घ स्वर नहीं है, यह 'संयुक्त स्वर' है। स्वतंत्र रूप से उच्चरित वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 11 स्वर हैं, जिनका वर्गीकरण निम्न है–
(1) ह्रस्व स्वर– जिन स्वरों की उत्पत्ति दूसरे स्वरों से न होकर स्वतंत्र रूप से होती है, वे 'ह्रस्व स्वर' कहलाते हैं; जैसे– अ, इ, उ, ऋ। इन्हें 'मूल स्वर'/एकमात्रिक स्वर भी कहा जाता है।
(2) दीर्घ स्वर– दो समान मूल स्वरों के योग से निर्मित स्वर 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। 'आ' (अ+अ),'ई' (इ+इ), 'ऊ' (उ+उ) मूल दीर्घ स्वर हैं।
(3) संयुक्त स्वर– जब दो असमान स्वर परस्पर जुड़ते हैं, तो उनके योग से 'संयुक्त स्वरों' का निर्माण होता है। 'ए' (अ+इ), 'ऐ' (अ+ए), ओ (अ+उ), औ (अ+ओ) संयुक्त स्वर हैं।

2C. मुख विवर खुलने के आधार पर स्वर

25. इनमें से संवृत स्वर कौन-सा है?

(a) ओ (b) ई
(c) औ (d) अ

Ashram Paddhati PGT 2012
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) <u>संवृत स्वर</u>- संवृत स्वर या ऊँचा स्वर ऐसी स्वर ध्वनि होती है जिसमें बिना व्यंजन की ध्वनि बनाए, जिह्वा को मुंह में जितना सम्भव हो सके उतना ऊँचा और तालु से समीप रखा जाता है। उदाहरण के लिए 'ई' एक संवृत स्वर है।

@RexstarPdf

विवृत स्वर- विवृत स्वर या निम्न स्वर ऐसी ध्वनि होती है जिसमें जिह्वा को मुंह में जितना सम्भव हो सके उतना नीचे और तालु से दूर रखा जाता है।
उदाहरण के लिए 'आ' एक विवृत स्वर है।

26. हिंदी स्वरों का वर्गीकरण जब जीभ के भाग के आधार पर किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन सा भेद इसके अंतर्गत नहीं आएगा?

(a) अग्र स्वर (b) मध्य स्वर
(c) पश्च स्वर (d) विवृत स्वर

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (d) : 'विवृत स्वर' जीभ के भाग के आधार पर हिन्दी स्वरों के अन्तर्गत नहीं आता है। जिह्वा के उत्थापित होने या उसकी क्रियाशीलता के आधार पर स्वर तीन प्रकर के होते हैं।
(1) अग्र स्वर (2) मध्य स्वर (3) पश्च स्वर।
विवृत स्वर वे स्वर हैं जिनके उच्चारण में मुख द्वार पूरा खुलता है।
जैसे- आ।
मुख द्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार के होते हैं–
(1) विवृत (2) अर्ध विवृत (3) अर्ध संवृत (4) संवृत।

27. अर्द्ध विवृत स्वर है –

(a) ऊ (b) ऐ
(c) आ (d) ए

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (b) : दिये गये विकल्पों में से 'ऐ' अर्ध विवृत स्वर है। मुखद्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार के होते हैं, जो इस प्रकार हैं–
विवृत– जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार पूरा खुलता है, जैसे– आ
अर्ध विवृत– जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा खुलता है, जैसे– अ, ऐ, ऑ, औ।
अर्ध संवृत– जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा बन्द रहता है, जैसे- ए, ओ।
संवृत– जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार लगभग बन्द रहता है, जैसे- इ, ई, उ, ऊ।

2D. उच्चारण स्थान के आधार पर स्वर

28. निम्नलिखित में से कौन-से मूर्धन्य व्यंजन हैं?

(a) प, फ (b) ड, ढ
(c) ग, घ (d) ज, झ

Ashram Paddhati PGT 2012
कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में मूर्धन्य व्यंजन 'ड, ढ' हैं। मूर्धन्य व्यंजन ऐसे व्यंजन होते हैं जो जिह्वा द्वारा वर्त्स्य कटक और कठोर तालु के बीच उच्चारित होते हैं। इनमें 'ट', 'ठ', 'ड', 'ढ', 'ण', 'ष' मूर्धन्य व्यंजन हैं।

29. निम्न में से 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान कौन-सा है?

(a) दंत (b) कंठ (c) ओष्ठ (d) तालु

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (b): दिये गये विकल्पों में से 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान 'कंठ' है। स्पर्श व्यंजन कंठ, तालु, मूर्द्धा, दन्त और ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से बोले जाते हैं।
जैसे- कंठ- क, ख, ग, घ, ङ
तालु- च, छ, ज, झ, ञ
मूर्द्धा- ट, ठ, ड, ढ, ण
दन्त- त, थ, द, ध, न
ओष्ठ- प, भ, ब, भ, म
अन्तःस्थ व्यंजन- य, र, ल, व
ऊष्म व्यंजन- श, ष, स, ह

30. य, र, ल, व किस वर्ग के व्यंजन हैं?

(a) ऊष्म (b) अंतःस्थ
(c) दंत्य (d) तालव्य

UP SI 20.11.2011 (Shift-III)
VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (b) : य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन के उदाहरण हैं।
ऊष्म व्यंजन - श, ष, स, ह
दंत्य व्यंजन - त वर्ग, ल, स
तालव्य व्यंजन - च वर्ग, य, श

31. किस समूह के वर्णों का उच्चारण स्थान मूर्द्धा है?

(a) श, ह, च, छ (b) ष, ऋ, ट, ठ
(c) स, त, थ, द, (d) अ, क, ख, ग

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)
UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (b) : उपर्युक्त विकल्पों में दिये गये समूहों के वर्णों का उच्चारण स्थान इस प्रकार है।

वर्ण समूह	**उच्चारण स्थान**
ष, ऋ, ट, ठ	मूर्द्धा
श, ह, च, छ	तालु
स, त, थ, द	दन्त
अ, क, ख, ग	कण्ठ

32. विसर्ग (:) का उच्चरण स्थान है-

(a) कण्ठ्य (b) ओष्ठ्य
(c) तालब्य (d) अनुनासिक

High Court ARO 2021
UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (a) :

वर्ण		**उच्चारण स्थान**
अ,आ, 'क' वर्ग, 'ह' विसर्ग (:), अः	–	कण्ठ्य
उ/ऊ, 'प' वर्ग	–	ओष्ठ्य
इ/ई, 'च' वर्ग, 'थ', 'श'	–	तालव्य
स्पर्शी व्यंजन के पंचम वर्ण, 'अं'	–	अनुनासिक

33. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण-तालव्य नहीं है?

(a) च (b) झ (c) क (d) छ

UPPCS (Pre) 2022

@RexstarPdf

उत्तर : (c): दिये गये वर्णों में से 'क' वर्ण कण्ठ्य है, जबकि च, छ तथा झ वर्ण तालव्य है। तालु और जीभ के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण तालव्य कहलाते हैं। जैसे- इ, ई, च वर्ग, य और श।

34. कंठोष्ठ्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ऋ (b) औ
(c) ऊ (d) ए

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'औ' कंठोष्ठ्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण है।

कंठ्य ध्वनि	- अ, आ, क वर्ग।
तालव्य ध्वनि	- ई, इ, च वर्ग, श, य।
मूर्द्धन्य ध्वनि	- ट वर्ग, ष।
दंत्य ध्वनि	- त वर्ग, र, ल, स।
ओष्ठय ध्वनि	- प वर्ग।
कण्ठ-तालव्य ध्वनि	- ए, ऐ।
कण्ठोष्ठ्य ध्वनि	- ओ, औ।

35. कंठ्यतालव्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ऊ (b) औ
(c) ऋ (d) ए

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'ए' वर्ण कंठ्यतालव्य दीर्घ स्वर वर्ण है। ए, ऐ दोनों स्वर का उच्चारण स्थान कंठ्यतालव्य है।
ओ, औ का उच्चारण स्थान कंठोष्ठ्य है।
उ, ऊ का उच्चारण ओष्ठ।
अ, आ का उच्चारण कण्ठ।
इ, ई का उच्चारण तालु तथा ऋ का उच्चारण स्थान मूर्द्धा है।

36. कौन वर्ण ओष्ठ्य नहीं है?

(a) म (b) ब
(c) ऊ (d) आ

UP B.Ed. Exam 2011

उत्तर (d) : 'आ' वर्ण ओष्ठ्य नहीं है। यह कंठ्य ध्वनि है। उ, ऊ तथा प वर्ग के वर्ण ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

37. निम्न में से कंठ्य वर्ण कौन सा है?

(a) उ (b) अ
(c) इ (d) ई

UPPSC GIC 2021
DSSSB-TGT-Hindi-28/08/2018, III Sift

उत्तर : (b) दिये गये वर्णों में 'अ' कंठ्य वर्ण तथा इ, ई तालव्य वर्ण और 'उ' ओष्ठ वर्ण है।

38. इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि का उच्चारण किससे होता है?

(a) कंठ्य से (b) मूर्धन्य से
(c) तालव्य से (d) ओष्ठ से

DSSSB-TGT-Hindi-28/08/2018, III Sift
DSSSB-TGT-Math-22/09/2018, I Sift
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) ऐसे वर्ण, जिनके उच्चारण में जिह्वा तालु को स्पर्श करती है, उन्हें 'तालव्य वर्ण' कहते हैं, जैसे– इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि।
कंठ्य – अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ
मूर्धन्य – ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण
ओष्ठ – उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म
तालव्य – इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ

39. जिह्वा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) जिह्वा के उत्थापित होने या उसकी क्रियाशीलता के आधार पर स्वर 3 प्रकार के होते हैं–
(1) अग्र स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग सक्रिय रहता है, उन्हें 'अग्र स्वर' कहते हैं, जैसे – इ, ई, ए,ऐ।
(2) मध्य स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का मध्य भाग क्रियाशील रहता है, उन्हें 'मध्य स्वर' कहते हैं, जैसे–अ।
(3) पश्च स्वर – जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का पिछला भाग उत्थापित होता है, उन्हें 'पश्च स्वर' कहते हैं, जैसे– आ,उ, ऊ, ओ, औ।

40. निम्न में ओष्ठ्य वर्ण कौन सा है?

(a) अ (b) आ
(c) इ (d) उ

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'उ' ओष्ठ्य वर्ण है। हिन्दी वर्णमाला के स्वर वर्णों के उच्चारण स्थान का विवरण निम्न है–

उच्चारण स्थान		**स्वर**
कंठ	–	अ, आ
तालु	–	इ, ई
मूर्धा	–	ऋ
ओष्ठ	–	उ, ऊ
कंठ तालु	–	ए, ऐ
कंठ ओष्ठ	–	ओ, औ

41. कंठतालव्य कौन–सा है?

(a) उ, ऊ (b) र, ष
(c) ए, ऐ (d) अ, आ

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर (c) : कंठतालव्य वर्ण 'ए, ऐ' है। 'उ, ऊ' का उच्चारण स्थान ओष्ठ, 'र, ष' का उच्चारण स्थान मूर्धा तथा 'अ, आ' का उच्चारण स्थान कण्ठ है।

42. किस वर्ण का उच्चारण-स्थान कंठ-तालु है?

(a) ओ (b) ऐ
(c) ह (d) छ

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015
UPSI Batch - III 22 Dec.2017
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर (b) : 'ऐ' वर्ण का उच्चारण स्थान कंठ-तालु है, अन्य विकल्प असंगत हैं।

43. 'ओ', 'औ' किस प्रकार के वर्ण हैं?

(a) तालव्य (b) मूर्धन्य
(c) दन्तोष्ठ्य (d) कंठोष्ठ्य

Haryana TGT 2020
UP B.Ed. Exam 2007

उत्तर (d) : 'ओ', 'औ' कंठोष्ठ्य वर्ण हैं।

@RexstarPdf

2E. अनुनासिकता के आधार पर स्वर

44. जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

(a) अनुस्वार-बिंदु (b) रेफ
(c) नुक़्ता (d) चंद्रबिंदु

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (d) : जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए चंद्रबिंदु का प्रयोग किया जाता है। इसका चिह्न (ँ) है।

45. अनुनासिक स्वरों का उच्चारण स्थल कौन-सा है?

(a) नाक और मुँह (b) नाक
(c) मुँह (d) ओष्ठ

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : अनुनासिक स्वरों का उच्चारण स्थल नाक एवं मुँह से होता है। अनुनासिक का चिह्न (ँ) चन्द्रबिन्दु होता है।

46. निम्नलिखित में से कौन से शब्द में अनुनासिकता है?

(a) संभावित (b) संभावना
(c) संभव (d) संभालना

UPPCL JE Electrical, 2015

उत्तर : (d) निम्नलिखित में से 'संभालना' शब्द में अनुनासिकता है। 'अनुनासिक' स्वरों की विशेषता है। इनके उच्चारण में वायु नाक से कम, मुख से अधिक निकलती है। हिन्दी में यह विशेषता चंद्र बिन्दु के रूप में दर्शायी जाती है। चंद्र बिन्दु प्रायः तद्भव रूपों में प्रयुक्त किया जाता है।

47. जिन स्वरों के उच्चारण में हवा नाक से भी निकलती है, उन्हें ..... कहते हैं–

(a) निरनुनासिक स्वर (b) अनुनासिक स्वर
(c) मौखिक स्वर (d) लुंठित स्वर

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b) : जिन स्वरों के उच्चारण में हवा नाक से भी निकलती है, उन्हें 'अनुनासिक स्वर' कहते हैं।
जैसे- अँ, आँ, ईं आदि।
निरनुनासिक स्वरों के उच्चारण में हवा केवल मुँह से निकलती है **जैसे**- अ, आ, ई आदि।

48. जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे हैं –

(a) वृत्ताकार स्वर (b) संवृत स्वर
(c) अनुनासिक स्वर (d) निरनुनासिक स्वर

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (d) : जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे 'निरनुनासिक स्वर' हैं। 'अनुनासिक स्वरों' (अँ) के उच्चारण में वायु/ध्वनि मुख के साथ-साथ नाक से भी निकलती है। 'वृत्ताकार स्वर' ऐसे स्वर हैं, जिनके उच्चारण में होठों का आकार गोल हो जाता है, जैसे- उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। 'संवृत स्वर' के उच्चारण में मुख द्वार लगभग बंद रहता है, जैसे– इ, ई, उ, ऊ।

2F. ओठों की आवृत्ति के आधार पर स्वर

49. ओठों की आकृति के आधार पर निम्नलिखित में से कौन अवृत्तमुखी स्वर है?

(a) इ (b) ऊ
(c) ओ (d) उ

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) ओठों की आकृति के आधार पर स्वरों को दो भागों में विभाजित किया गया है–
(i) अवृत्तमुखी–जिन स्वरों के उच्चारण में ओंठ वृत्तमुखी या गोलाकार नहीं होते हैं, 'अवृतमुखी स्वर' कहलाते हैं; जैसे– अ, आ, इ, ई, ए ऐ।
(ii) वृत्तमुखी–जिन स्वरों के उच्चारण में ओंठ गोलाकार होते हैं, वे 'वृत्तमुखी' स्वर कहे जाते हैं; जैसे– उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। अतः दिये गये विकल्पों में से 'इ' अवृत्तमुखी स्वर है।

2G. स्वर से संबंधित अन्य प्रश्न

50. भाषा-विज्ञान की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार का स्वर है?

(a) पश्च विवृत (b) अग्र संवृत
(c) अग्र विवृत (d) पश्च संवृत

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर (d) भाषा विज्ञान की दृष्टि से 'उ' तथा 'ऊ' 'पश्च संवृत' स्वर हैं। जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का पश्च भाग कार्य करता है, उन्हें 'पश्च स्वर' कहा जाता है, जैसे – आ, उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। 'संवृत' उन स्वरों को कहा जाता है, जिन स्वरों के उच्चारण में मुख-द्वार लगभग बंद रहता है, जैसे – इ, ई, उ, ऊ ।

51. निम्न में से कौन सा शब्द 'स्वर का वर्गीकरण' नहीं है?

(a) प्लुत (b) ह्रस्व (c) संयुक्त (d) द्वित्व

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'द्वित्व' स्वर का वर्गीकरण नहीं है। शेष तीनों स्वर के ही भेद हैं। मूलतः स्वर तीन प्रकार के हैं–
ह्रस्व स्वर – अ, इ, उ, ऋ
दीर्घ स्वर – आ, ई, ऊ
संयुक्त स्वर – ए,ऐ, ओ, औ
मात्रा के आधार पर भी स्वर के तीन भेद हैं-
ह्रस्व स्वर /एकमात्रिक स्वर – अ, इ, उ, ऋ
दीर्घ स्वर / द्विमात्रिक स्वर – आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ
प्लुत स्वर / त्रिमात्रिक स्वर – इसके लिये तीन (३) का अंक लगाया जाता है। जैसे- ओऽम्

52. हिन्दी वर्णमाला की 'ऋ' ध्वनि है–

(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) संयुक्त व्यंजन (d) अर्ध स्वर

UPPSC AE 2011 / UK PSC AE 2012

उत्तर. (a) : हिन्दी वर्णमाला की 'ऋ' ध्वनि **स्वर** है। स्वर उन वर्णों को कहते हैं, जिनका उच्चारण बिना अवरोध अथवा विघ्न बाधा के होता है। सभी स्वर स्वतंत्र हैं। **जैसे-** अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

@RexstarPdf

3. व्यजंन (परिभाषा, भेद एवं संख्या)

53. ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) भ् (b) ब् (c) प् (d) फ्

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : वर्ण – उच्चारण प्रकार

भ् – ओष्ठ्य महाप्राण घोष वर्ण
ब् – ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष वर्ण
प् – ओष्ठ्य अल्पप्राण अघोष वर्ण
फ् – ओष्ठ्य महाप्राण अघोष वर्ण

54. तालव्य ध्वनियाँ कौन-सी हैं?

(a) च, छ (b) ज, झ
(c) ट, ढ (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP TGT - 2016
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वे ध्वनियाँ जिनके उच्चारण में जिह्वा तालु को स्पर्श करती हैं, तालव्य ध्वनियाँ कहलाती हैं। हिन्दी वर्णमाला में इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य तथा श तालव्य ध्वनियाँ हैं।

55. निम्नलिखित में 'च' वर्ण का उच्चारण स्थान है:

(a) कंठ्य (b) तालव्य (c) मूर्धन्य (d) दंत्य

APS 2021 (I)
UP SI 24.11.2021 (Shift-II)
KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

Ans. (b) : 'च' का उच्चारण स्थान 'तालव्य' है।
कंठ्य वर्ण – क, ख, ग, घ, ङ
तालव्य वर्ण – च, छ, ज, झ, ञ
मूर्धन्य वर्ण – ट, ठ, ड, ढ, ण
दंत्य वर्ण – त, थ, द, ध, न

56. निम्नलिखित में 'प' वर्ण का उच्चारण स्थान है :

(a) दंत्य (b) ओष्ठ्य
(c) कंठ्य (d) तालव्य

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)
High Court ARO 2021
UP PGT 2016
UP SI 12.11.2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'प' वर्ण का उच्चारण स्थान 'ओष्ठ्य' है। दिये गये उच्चारण स्थान एवं वर्ग निम्न हैं-
ओष्ठ्य - प, फ, ब, भ, म
दंत्य- त, थ, द, ध, न
तालव्य - च, छ, ज, झ, ञ
कंठ्य - क, ख, ग, घ, ड.

57. 'त्रिवेणी' शब्द में 'त्र' ..... वर्णों के योग से बना है :

(a) ति + र (b) त + र
(c) त् + र (d) त् + र्

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'त्रिवेणी' शब्द में 'त्र' = त + र वर्णों के योग से बना है।

58. निम्नलिखित में से उच्चारण की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) न – दंत्य (b) घ – कंठ्य
(c) य – मूर्धन्य (d) ब – ओष्ठ्य

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'य - मूर्धन्य' यह उच्चारण की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म निम्न हैं।
कंठ्य - क, ख, ग, घ, ङ
तालव्य - च, छ, ज, झ, ञ
मूर्धन्य - ट, ठ, ड़, ढ़, ण
दन्त्य - त, थ, द, ध, न
ओष्ठ्य - प, फ, ब, भ, म
अंतःस्थ - य, र, ल, व

59. 'सर्वज्ञ' शब्द में संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' ..... वर्णों के योग से बना है

(a) ज् + ञ (b) ज + य
(c) ज् + य (d) ज + ञ

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'सर्वज्ञ' शब्द में संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' = ज् + ञ के योग से बना है।

60. वर्ण और उच्चारण स्थान की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(a) ह – कंठ्य (b) श – तालव्य
(c) ठ – मूर्धन्य (d) स – ओष्ठ्य

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वर्ण और उच्चारण स्थान की दृष्टि से 'स-ओष्ठ्य' असंगत युग्म है। बल्कि 'स' वर्ण का उच्चारण स्थान 'दन्त्य' है। वर्ण और उच्चारण स्थान की दृष्टि से संगत युग्म निम्न प्रकार होंगे-

कंठ्य - क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ, ह और विसर्ग
तालव्य - च, छ, ज, झ, ञ, इ, ई, य और श
मूर्धन्य - ट, ठ, ड़, ढ़, ण, ऋ, र और ष
दन्त्य - त, थ, द, ध, न, ल, स
ओष्ठम् - प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ

61. सूची-I में चार वर्ण एवं सूची-II में उनके उच्चारण-स्थान दिए गए हैं। सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I	सूची-II
(a) स	**(i) मूर्धा**
(b) ष	**(ii) नासिका**
(c) श	**(iii) दाँत**
(d) न	**(iv) तालु**

कूट:

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(b)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(c)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(d)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)

CGPSC (Pre) 2021

@RexstarPdf

उत्तर : (c): प्रश्नानुसार स का उच्चारण दाँत से, ष का मूर्धा से, श का तालु से तथा न का उच्चारण नासिका से होता है।

वर्णों का उच्चारण स्थान	
कंठ्य	क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ
तालव्य	च, छ, ज, झ, ञ, य, श
मूर्द्धन्य	ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष
दंत्य	त, थ, द, ध, न, ल, स
ओष्ठ्य	प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ
नासिका	ङ, ञ, ण, न, म
कण्ठतालव्य	ए, ऐ
अन्तःस्थ	य, र, ल, व
ऊष्म	ह, श, ष, स

62. किस व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है?

(a) ज (b) श
(c) च (d) घ

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'घ' व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है। 'घ' व्यंजन के वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठ्य' होगा।

63. निम्नलिखित में से किस विकल्प में अनुनासिक का प्रयोग है?

(a) शंकर, हिंदी
(b) अतः, प्रातः
(c) अं, अः
(d) चाँद, साँस

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : जिन वर्णों का उच्चारण मुख और नासिका दोनों से किया जाता है वे अनुनासिक वर्ण कहलाते हैं। अनुनासिक वर्णों के ऊपर चंद्रबिंदु लगाकर लिखा जाता है।
जैसे – चाँद, साँस, आँधी, ऊँट आदि।

64. ओष्ठ्य वर्ण किस विकल्प में हैं?

(a) क, ख, ग, घ
(b) अ, इ, ऋ, विसर्ग (:)
(c) प, फ, ब, भ
(d) त, थ, द, ध

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
DSSSB TGT - 15.09.2018

उत्तर : (c) : जिन वर्णों का उच्चारण ओष्ठ अथवा ओठों की मदद से किया जाता है, ओष्ठ्य वर्ण कहलाते हैं। जैसे – प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ

65. संयुक्ताक्षर व्यंजन निम्न में से कौन से हैं?

(a) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (b) थ, फ, ब, भ
(c) श, ष, स, ह (d) य, र, ल, व

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये व्यंजनों में से 'क्ष,त्र,ज्ञ,श्र' संयुक्ताक्षर व्यंजन हैं। संयुक्त व्यंजन दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बनते हैं।
जैसे - क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् +ञ
श्र = श् + र

66. निम्न में से कौन सा समूह सही नहीं हैं?

(a) ओष्ठ्य – प, फ, ब, भ
(b) कंठ्य – क, ख, ग, घ
(c) मूर्द्धन्य – च, छ, ज, झ
(d) वर्त्स्य – न, ल, र, स

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : दिये गये व्यंजन समूह 'मूर्द्धन्य - च,छ,ज,झ' सही नहीं हैं। व्यंजन समूह 'च,छ,ज,झ' तालव्य वर्ग में आता है। अन्य विकल्प सही हैं।

67. कंठ से उत्पन्न होने वाले वर्ण हैं–

(a) ड, ढ
(b) ग, घ
(c) ऋ, र
(d) च, छ

High Court ARO 2021 (II)
VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : वर्णों का उच्चारण स्थान
कण्ठ :– क,ख,ग,घ,ड़,ह
तालव्य :– च,छ,ज,झ,ञ,य,श
मूर्द्धन्य :– ट,ठ,ड,ढ,ण,ऋ,र,ष

68. इनमें से अमानक वर्णों का विकल्प कौन-सा है?

(a) अ (b) झ
(c) र य (d) झ अ

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में अमानक वर्णों का विकल्प 'झ' है। हिंदी में बहुत से ऐसे वर्ण होते हैं जो कि वर्तमान में चलन में नहीं हैं अथवा हिंदी के मूल वर्णों में शामिल नहीं हैं। उदाहरण - झ,

69. किसका उच्चारण स्थान 'दंत' है?

(a) प (b) न
(c) ग (d) च

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b): 'न' का उच्चारण स्थान 'दंत' है।

वर्ण	-	उच्चारण स्थल
क वर्ग, अ, आ	-	कण्ठ।
च वर्ग, इ, ई	-	तालु।
ट वर्ग, ऋ	-	मूर्द्धा।
त वर्ग,	-	दन्त।
प वर्ग, उ, ऊ	-	ओष्ठ।
ए, ऐ	-	कण्ठ तालु।
ओ, औ	-	कण्ठोष्ठ्य।

@RexstarPdf

70. निम्नलिखित में से किस व्यंजन का उच्चारण तालु से होता है?

(a) ट (b) ग
(c) ज (d) म

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'ज' वर्ण का उच्चारण तालु से होता है।

वर्ण	उच्चारण स्थल
अ, आ, क वर्ग ह	कंठ्य ध्वनि
इ, ई, च वर्ग, य, श	तालव्य ध्वनि
ऋ, ट वर्ग, ष, र	मूर्द्धन्य ध्वनि
त वर्ग, स, ल	दन्त्य ध्वनि
उ, ऊ, प वर्ग	ओष्ठ्य ध्वनि

71. निम्नलिखित में कौन-सा ऊष्म व्यंजन है?

(a) फ (b) भ
(c) ढ (d) ह

High Court ARO 2022
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'ह' ऊष्म व्यंजन है। **ऊष्म व्यंजन–**जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय अथवा बोलते समय श्वास वायु, मुख के विभिन्न भागों में रगड़ खाती हुई ऊष्मा के साथ बाहर ध्वनि निकलती है, उन्हें ऊष्म व्यंजन कहते हैं। हिंदी भाषा में ऊष्म व्यंजन की कुल संख्या चार (श, ष, स, ह) है।

72. इनमें से किसका उच्चारण-स्थान 'कंठ' है?

(a) त (b) ग
(c) प (d) च

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'ग' का उच्चारण-स्थान 'कंठ' है। जबकि 'त', 'प', तथा 'च' का उच्चारण-स्थान क्रमशः 'दन्त्य', 'ओष्ठ्य' तथा 'तालव्य' है।

73. तालव्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ठ् (b) छ्
(c) झ् (d) थ्

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में तालव्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का सही उदाहरण 'झ' वर्ण है। शेष विकल्पों में दिये गये वर्णों का विवरण इस प्रकार है।
ठ् = मूर्द्धन्य, महाप्राण, अघोष व्यंजन वर्ण
छ् = तालव्य, महाप्राण, अघोष व्यंजन वर्ण
थ् = दन्त्य, महाप्राण, अघोष व्यंजन वर्ण

74. कौन-सा वर्ण पंचमाक्षर है?

(a) म (b) द
(c) ग (d) स

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'म' वर्ण पंचमाक्षर है। ब्राह्मी लिपि एवं उससे व्युत्पन्न अधिकांश लिपियों की वर्णमाला के प्रत्येक वर्ग के पाँचवें वर्णों के समूह को पंचमाक्षर कहते हैं। देवनागरी में ङ., ञ, ण, न, म पंचमाक्षर हैं।

75. कंठ्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ख् (b) क्
(c) ङ् (d) ह्

UP TGT - 2021
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'ह' वर्ण कंठ्य, महाप्राण, घोष वर्ण का उदाहरण है शेष विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-
'क्' → कण्ठ्य, अल्पप्राण, अघोष वर्ण
'ख्' → कण्ठ्य, महाप्राण, अघोष वर्ण
'ङ.' → कण्ठ्य, अल्पप्राण, घोष वर्ण

76. मूर्द्धन्य अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ठ् (b) ड्
(c) भ् (d) ध्

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'ड्' वर्ण मूर्द्धन्य, अल्पप्राण, घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। शेष दिये गये वर्णों के विवरण इस प्रकार हैं।
'ठ' → मूर्द्धन्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण।
'भ्' → ओष्ठ्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण।
'ध्' → दन्त्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण।

77. ओष्ठ्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) व् (b) भ्
(c) फ् (d) ठ्

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'भ्' वर्ण ओष्ठ्य, महाप्राण, घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। अन्य विकल्पों में दिये गये वर्णों के विवरण इस प्रकार हैं-
'व्' → दंतोष्ठ्य अल्पप्राण घोष वर्ण
'फ्'→ ओष्ठ्य महाप्राण अघोष वर्ण
'ठ्'→ मूर्द्धन्य महाप्राण अघोष वर्ण

78. मूर्द्धन्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) च् (b) ट्
(c) ठ् (d) ढ्

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b): जिन वर्णों के उच्चारण में जिह्वा का अग्रभाग कठोर तालु के अग्र भाग से टकराता है, मूर्द्धन्य वर्ण कहलाते हैं।
जैसे– ट, ठ, ड, ढ़, ण, ड़, ष आदि।
अल्पप्राण–प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण व्यंजन हैं। **जैसे**– क, ङ, ट, ड, ञ आदि (य, र, ल, व) अल्पप्राण है।
अघोष वर्ण–क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ वर्गों के पहले व दूसरे वर्ण तथा श, ष, स अघोष वर्ण होते हैं।

@RexstarPdf

79. इनमें से कौन-सा व्यञ्जन 'ऊष्म' है?

(a) ज (b) ष
(c) प (d) व

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : ष, ऊष्म व्यञ्जन है।

उच्चारण स्थल		वर्ण
कंठ	–	अ, आ, क वर्ग, ह, अः
तालु	–	इ, ई, च वर्ग, य, श
मूर्द्धा	–	ट वर्ग, र
दन्त	–	त वर्ग, ल, स
ओष्ठ	–	उ, ऊ, प वर्ग
कंठतालु	–	ए, ऐ
कण्ठोष्ठ्य	–	ओ, औ
दन्त्योष्ठय	–	व

80. घ्, ग्, ड्, ठ्, त् - इनमें कितने अघोष व्यंजन हैं?

(a) 1 (b) 4
(c) 2 (d) 3

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : घ्, ग्, ड्, ठ्, त् वर्ण में दो अघोष व्यंजन हैं। इसमें त् , ठ, अघोष हैं। जिन वर्णों का उच्चारण करते समय स्वर तंत्रियों में कंपन होता है उन्हें घोष या सघोष वर्ण कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण, सभी स्वर, य र ल व एवं ह सघोष वर्ण हैं। जिन वर्णों के उच्चारण करते समय स्वर तंत्रियों में कंपन नहीं होता अघोष वर्ण होते हैं। प्रत्येक वर्ग का पहला एवं दूसरा वर्ण तथा श, ष, स अघोष वर्ण हैं।

81. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन अघोष है ?

(a) ख (b) ग
(c) ज (d) घ

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'ख' व्यंजन अघोष है। जब किसी व्यंजन के उच्चारण में स्वर तंत्र में कंपन उत्पन्न हो वह सघोष वर्ण तथा जहाँ पर कंपन न हो वह अघोष वर्ण होते हैं। अघोष व्यंजनों की कुल संख्या 13 है। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण, सभी स्वर , य, र, ल, व, ह सघोष वर्ण हैं। प्रत्येक वर्ग का प्रथम, द्वितीय वर्ण अघोष वर्ण है।

82. हिंदी वर्णमाला में व्यंजन वर्णों की संख्या कितनी है?

(a) 25 (b) 29
(c) 33 (d) 31

High Court RO 2021
UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : हिंदी वर्णमाला में 33 व्यंजन वर्ण हैं। स्वर (11) अयोगवाह (2) द्विगुण-(2) तथा संयुक्त व्यंजन (4) होते हैं।

83. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है?

(a) ज् + ञ (b) ज + न्य
(c) ज + ञ (d) ज + ध

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
जूनियर इंजीनियर-2015

उत्तर : (a) : 'ज्ञ' वर्ण ज् + ञ के संयोग से बना है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 4 संयुक्त व्यंजन हैं।

क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र

84. जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएँ लगती हैं, उसे क्या कहते हैं?

(a) संयुक्त स्वर (b) मूल स्वर
(c) गुरु स्वर (d) लघु स्वर

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएं लगती हैं उसे गुरु स्वर (s) तथा एक मात्रा (1) को ह्रस्व स्वर (लघुस्वर) कहते हैं।

85. स्पर्श वर्णों की संख्या कितनी है?

(a) 11 (b) 14
(c) 3 (d) 25

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : हिन्दी वर्णमाला को ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण करते समय मुख के किन्हीं दो भागों का स्पर्श हो जाता है और अन्दर से होने वाले वायु प्रवाह का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, स्पर्श वर्ण कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में इनकी संख्या 25 मानी जाती है।

86. तालव्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ठ् (b) छ्
(c) थ् (d) झ्

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : ' छ् ' वर्ण तालव्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है।
ठ् = मूर्द्धन्य महाप्राण अघोष व्यंजन ।
थ् = दन्त महाप्राण अघोष व्यंजन ।
झ् = तालव्य महाप्राण सघोष व्यंजन ।

87. 'श' का उच्चारण स्थान इनमें से कौन-सा है?

(a) दंत (b) मूर्धा
(c) कंठ (d) तालु

UP TET 2021 Re. Exam
High Court ARO 2021 (I)
UP SI 01.122021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
CGPSC (Pre) 2020
UP Police Exam 16/06/2018 (Shift-II)
UP B.ED Exam 2012

उत्तर : (d) : 'श' का उच्चरण स्थान तालु है।

वर्ण-		उच्चारण स्थान
अ,आ, क वर्ग	-	कंठ्य
इ,ई,च वर्ग,श,य	-	तालव्य
ट वर्ग, ष, र	-	मूर्द्धन्य
त वर्ग, ल,स	-	दन्त्य
व वर्ण,	-	दन्तोष्ठ्य
ए, ऐ	-	कंठ्य तालव्य

@RexstarPdf

88. इनमें से कौन-से व्यंजन 'अंतःस्थ व्यंजन' हैं?

(a) य र ल व (b) क ख ग घ
(c) क्ष त्र ज्ञ श्र (d) प फ ब भ

UP PGT 2021
NVS TGT 18.09.2019
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : य, र, ल, व व्यंजन 'अंतःस्थ व्यंजन' हैं। अंतः करण के माध्यम से उच्चारण होने वाले व्यंजनों को अंतःस्थ व्यंजन कहा जाता है। ऐसे वर्ण जिनको जीभ और होठों के परस्पर सटने से बोला जाता है, लेकिन कहीं पर भी दोनों पूरी तरह से स्पर्श नहीं होते हैं।

89. इनमें से किन वर्णों को व्यंजन कहा जाता है?

(a) जिनका उच्चारण स्वरों के वर्णों की सहायता से किया जा सके
(b) जो बलाघात हो
(c) जिनका उच्चारण सम्भव नहीं
(d) जो कठिनता से उच्चारित हो

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से किया जाये उसे व्यंजन कहा जाता है। स्वर उन वर्णों को कहते हैं जिनका उच्चारण बिना किसी अवरोध तथा बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता से होता है। स्वरों की संख्या 11तथा व्यंजनों की संख्या 41 है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 वर्ण होते हैं।

90. ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) फ् (b) ब्
(c) प् (d) व्

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्प में 'ब्' व्यंजन वर्ण ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष व्यंजन है। अन्य विकल्प–
(a) 'फ' ओष्ठ्य, स्पर्श, अघोष, महाप्राण
(b) 'प' ओष्ठ्य, स्पर्श, अघोष, अल्पप्राण
(c) 'व' दंत्योष्ठ्य, सघोष, अन्तःस्थ, अल्पप्राण

91. कंठ्य अल्पप्राण व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ग् (b) फ्
(c) थ् (d) घ्

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'ग्' कंठ्य अल्पप्राण व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। व्यंजन कंठ, तालु, मूर्द्धा, दंत और ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से बोले जाते हैं। इसी से इन्हें स्पर्श व्यंजन कहते हैं, इन्हें हम 'वर्गीय' व्यंजन भी कहते हैं। उच्चारण स्थान की अलग-अलग एकता के लिए हुए वर्गों में विभक्त है।

जैसे- **क वर्ग-** क,ख,ग,घ, ङ.-(कंठ से)
च वर्ग- च,छ,ज,झ,ञ- (तालु से)
ट वर्ग- ट,ठ,ड,ढ,ण- (मूर्द्धा से)
त वर्ग- त,थ,द,ध,न- (दंत से)
प वर्ग- प,फ,ब,भ,म- (ओष्ठ से)
} स्पर्श व्यंजन

अंतःस्थ व्यंजन- य,र,ल,व- इनका उच्चारण जीभ, तालु, दाँत और ओठों के परस्पर सटने से होता है। अंतःस्थ व्यंजन अर्द्धस्वर कहलाते हैं।
ऊष्म व्यंजन- श,ष,स, ह ऊष्म व्यंजन होते हैं इनका उच्चारण रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्म वायु से होता है।
Note:- प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा, पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण कहलाता है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा वर्ण महाप्राण कहलाता है

92. इनमें से कौन-सा व्यंजन 'दन्त्य ध्वनि' है?

(a) छ (b) त
(c) प (d) क

UP TET 2019
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'त' व्यंजन 'दन्त्य ध्वनि' है।
कंठ ध्वनि- अ, आ, क वर्ग।
तालव्य ध्वनि- इ,ई, च वर्ग, श, य।
मूर्द्धन्य ध्वनि- ट वर्ग, ष, र
दन्त्य ध्वनि- त वर्ग, ल, स।
ओष्ठ ध्वनि- प वर्ग, उ, ऊ।
अनुनासिक ध्वनि- ङ, ञ, ण, न, म।
दंत्योष्ठ्य ध्वनि- व।
कंठोष्ठ्य ध्वनि- ओ, औ।

93. 'ट' वर्ग में किस प्रकार के व्यंजन हैं?

(a) कंठ्य (b) तालव्य
(c) मूर्द्धन्य (d) दन्त्य

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'ट' वर्ग मूर्द्धन्य प्रकार का व्यंजन है। मूर्धा से उच्चारित होने वाले व्यंजनों को मूर्द्धन्य व्यंजन कहते हैं। मूर्द्धन्य व्यंजन में ट, ठ, ड, ढ़, र, ड़, ण शामिल हैं।

94. कौन-सा वर्ण उच्चारण की दृष्टि से दंत्य नहीं है?

(a) न (b) त
(c) ट (d) द

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) :

वर्ण		उच्चारण स्थान
अ, आ, क वर्ग	-	कण्ठ
इ, ई, च वर्ग, य, श	-	तालु
ऋ, ट वर्ग, र, ष	-	मूर्द्धा
त वर्ग, ल, स	-	दन्त
उ, ऊ, प वर्ग	-	ओष्ठ
अं, ङ, ञ, ण, न, म	-	अनुनासिक

95. दंत्य-वर्त्स्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) छ् (b) ध्
(c) थ् (d) ठ्

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'ध्' वर्ण दंत्य-वर्त्स्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण 'अल्पप्राण व्यंजन' होता है। **जैसे** - क, ग, ङ, च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, द, न , प, ब, म। प्रत्येक वर्ण का दूसरा और चौथा वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण हैं। **जैसे** - ख,घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ और श, ष, स, ह।

@RexstarPdf

96. दंत्य-वर्त्स्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) च् (b) ट्
(c) ठ् (d) त्

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दंत्य-वर्त्स्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण 'त' है।

97. ग्,ज्,छ्,च्,ट्- इनमें तालव्य महाप्राण घोष वर्ण कितने हैं?

(a) 0 (b) 3
(c) 1 (d) 2

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : ग्,ज्,छ्,च्,ट् इनमें तालव्य महाप्राण घोष वर्ण एक भी नहीं है।
तालव्य - इ, च, छ, ज, झ, अ, य, श (इचुयशानाम् तालु)
महाप्राण - प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण
घोष वर्ण - प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण, सभी स्वर य, र, ल, व, ह

98. मूर्द्धन्य ह्रस्व स्वर का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ऋ (b) ए
(c) उ (d) इ

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : मूर्द्धन्य ह्रस्व स्वर का उदाहरण 'ऋ' है। ह्रस्व स्वर- जिन स्वरों के उच्चारण में कम से कम समय लगता है उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं। ये चार हैं-अ,इ,उ,ऋ।

99. 'छ' ध्वनि का उच्चारण स्थान कौन-सा होगा?

(a) ओष्ठ्य (b) तालव्य
(c) वर्त्स्य (d) दन्त्य

UP HESC Assitant Professor 2021
UP TGT 2016
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'छ' वर्ण/ध्वनि का उच्चारण स्थान 'तालव्य' है। 'छ' ध्वनि अघोष एवं महाप्राण ध्वनि है। ध्वनियों का उच्चारण स्थान है–
तालव्य- इ, ई, च वर्ग, य और श
दन्त्य- त वर्ग, ल, स।
ओष्ठ्य- उ, ऊ, प वर्ग।
वर्त्स्य- न, र, ल, स।

100. कौन-सा तालव्य वर्ण नहीं है?

(a) श् (b) ञ्
(c) च् (d) स्

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'स्' वर्ण तालव्य वर्ण नहीं है। तालव्य वर्ण के अन्तर्गत इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य, श वर्ण आते हैं। स दन्त वर्ण है।

101. 'च' वर्ग में महाप्राण व्यंजन वर्ण कितने हैं?

(a) 2 (b) 1
(c) 4 (d) 3

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में श्वास बल अधिक लगता है उन्हें महाप्राण व्यंजन कहा जाता है। प्रत्येक वर्ग का द्वितीय व चतुर्थ वर्ण महाप्राण होता है। 'च' वर्ग में छ, झ महाप्राण एवं च, ज,ञ अल्पप्राण हैं।

102. इनमें से कौन-सा वर्ण अघोष महाप्राण है?

(a) झ् (b) च्
(c) त् (d) ख्

UP PGT 2021
UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वर्ण व्यंजन – उच्चारण स्थान

'ख'	–	अघोष महाप्राण
'झ'	–	सघोष महाप्राण
'च'	–	अघोष अल्पप्राण
'र'	–	सघोष अल्पप्राण

103. 'क' वर्ग में घोष व्यंजन वर्ण कितने हैं?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 1

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'क' वर्ग में तीन (ग, घ, ङ) घोष व्यंजन वर्ण होते हैं।
घोष व्यंजन–जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कंपन हो (प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ व्यंजन) घोष/सघोष व्यंजन कहलाते हैं।

104. मूर्द्धन्य – अल्पप्राण व्यंजन कौन-सा है?

(a) ढ् (b) ड्
(c) म् (d) च्

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

Ans. (b): मूर्द्धन्य अल्पप्राण व्यंजन 'ड्' होता है।
'म्' ओष्ठ्य अल्पप्राण व्यंजन है।
'च्' तालव्य अल्पप्राण व्यंजन है।

105. इनमें से कौन-सा व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' का उदाहरण है?

(a) ड (b) झ
(c) ढ (d) क्ष

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UP B.Ed Exam 2010
UK PSC AE 2012

Ans. (d) : विकल्प (d) में दिया गया 'क्ष' व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' का उदाहरण है।
'क्ष' – क् + ष
शेष विकल्पों में दिये गये व्यंजन 'ड', 'झ' तथा 'ढ' स्पर्शी व्यंजन के उदाहरण हैं।
'दो या दो से अधिक व्यंजन वर्णों के योग से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।'
हिंदी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजनों की संख्या 4 मानी गयी है।
(क्ष, त्र, ज्ञ, श्र)

व्यंजन		संयुक्त व्यंजन
'क्ष'	–	क् + ष
'त्र'	–	त् + र
'ज्ञ'	–	ज् + ञ
'श्र'	–	श् + र

106. इनमें से किसका उच्चारण स्थान 'ओष्ठ' है?

(a) ग (b) त
(c) च (d) प

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

Ans. (d) : दिये गये विकल्प में 'प' वर्ण का उच्चारण स्थान 'ओष्ठ' है। शेष विकल्पों में दिये गये वर्णों के उच्चारण स्थान का विवरण इस प्रकार है–

वर्ण		उच्चारण स्थान
'ग'	–	कण्ठ्य
'त'	–	दन्त्य
'च'	–	तालव्य

107. अन्तःस्थ और ऊष्म वर्ण कितने हैं?

(a) 6 (b) 8
(c) 9 (d) 7

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 Shift II

उत्तर (b) : अन्तःस्थ व ऊष्म वर्णों की कुल संख्या 8 है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 ध्वनियाँ हैं, जिनमें से 4 अन्तःस्थ व्यंजन तथा 4 ऊष्म व्यंजन हैं। य, र, ल, व वर्ण अन्तःस्थ व्यंजन तथा श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन कहलाते हैं।

108. हिंदी वर्णमाला के अनुसार पंचमाक्षरों की संख्या कितनी है?

(a) चार (b) पाँच
(c) छह (d) तीन

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : हिन्दी वर्णमाला में पंचामाक्षरों की संख्या **पाँच** है -ङ, ञ, ण, न, म। इनकी गणना 'अनुनासिक व्यंजनों' में होती है।

109. स्वर तंत्रियों के आधार पर व्यंजनों को कितने वर्गों में बाँटा गया है?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) स्वर तंत्रियों के आधार पर व्यंजनों को दो वर्गों में बाँटा गया है:- सघोष तथा अघोष।
नाद की दृष्टि से जिन व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वर तंत्रियाँ झंकृत होती हैं, वे 'सघोष' और जिनमें यह झंकृति नहीं होती वे 'अघोष' व्यंजन कहलाते हैं। सघोष में नाद का प्रयोग होता है और अघोष में श्वास का उपयोग होता है। वर्गीय व्यंजन का पहला तथा दूसरा वर्ण, श, ष, स अघोष होते हैं, जबकि वर्गीय व्यंजन का तीसरा चौथा और पाँचवाँ तथा य, र, ल, व, ह तथा स्वर सघोष/घोष ध्वनि होते हैं।

110. प्रत्येक वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण किस प्रकार के हैं?

(a) नाद (b) अघोष
(c) घोष
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : प्रत्येक वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण अघोष वर्ण है। अघोष वर्ण निम्न हैं- क,ख,च,छ,ट,ठ,त,थ,प,फ तथा श,ष,स।

111. ख और घ ध्वनि किस प्रकार की है?

(a) नाद
(b) अल्पप्राण
(c) महाप्राण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : ख और घ ध्वनि महाप्राण ध्वनि है। वर्ग का दूसरा चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह महाप्राण ध्वनियाँ कहलाती हैं।

112. नीचे दी गई तालिका में अशुद्ध मेल कौन-सा है?

	वर्ण	प्राणतत्व की मात्रा के आधार पर	श्वास कम्पन के आधार पर	उच्चारण स्थान के आधार पर
(a)	ड	सघोष	अल्पप्राण	मूर्द्धा
(b)	क	अघोष	अल्पप्राण	कण्ठ
(c)	ध	सघोष	महाप्राण	ओष्ठ
(d)	छ	अघोष	महाप्राण	तालु

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

Ans. (c) : ज्ञातव्य है कि 'ध' वर्ण का उच्चारण स्थान ओष्ठ न हो कर दन्त्य है। अतः विकल्प (c) अशुद्ध मेल है।

113. एक से अधिक वर्णों के मेल को कहते हैं –

(a) अक्षर (b) स्वर
(c) व्यंजन (d) अनुस्वार

UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift II

उत्तर : (a) एक से अधिक वर्णों के मेल को 'अक्षर' कहते हैं अर्थात् व्यंजन एवं स्वरों के मेल को अक्षर कहते हैं। जैसे– क्+अ = क, ख् + अ = ख, क् + ओ = को, द् + उ = दु आदि सभी अक्षर हैं।

114. कौन ऊष्म व्यंजन नहीं है?

(a) श (b) ष
(c) ग (d) स

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर (c) दिये गये वर्णों में से 'ग' ऊष्म व्यंजन नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है, जिसका उच्चारण स्थान कण्ठ्य है। शेष वर्ण ऊष्म व्यंजन हैं। ऊष्म व्यंजन श, ष, स, ह होता है।

115. निम्नांकित में से कण्ठ्य ध्वनियाँ हैं–

(a) प, फ, ब, भ (b) य, र, ल, व
(c) क, ख, ग, घ (d) च, छ, ज, झ

[UKPSC AE 2013]
UP B.Ed. Exam 2010

उत्तर. (c) : क, ख, ग, घ कंठ्य ध्वनियाँ हैं। अन्य ध्वनियाँ इस प्रकार हैं-

वर्ण		विशेषताएँ
प, फ, ब, भ	–	ओष्ठ ध्वनियाँ
य, र, ल, व	–	अंतःस्थ ध्वनियाँ
च, छ, ज, झ	–	तालव्य ध्वनियाँ

@RexstarPdf

116. निम्नलिखित में से एक कंठ्य ध्वनि है –

(a) ग (b) त
(c) प (d) च

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : दिये गये वर्णों में **'ग वर्ण'** कंठ्य ध्वनि है।

वर्ण		उच्चारण स्थान
क वर्ग (क, ख, ग, घ, ङ)	-	कंठ
च वर्ग (च, छ, ज, झ, ञ)	-	तालु
ट वर्ग (ट, ठ, ड, ढ, ण)	-	मूर्द्धा
त वर्ग (त, थ, द, ध, न)	-	दंत
प वर्ग (प, फ, ब, भ, म)	-	ओष्ठ

117. 'य' का उच्चारण स्थान है–

(a) ओष्ठ्य (b) दाँत
(c) मूर्धा (d) तालु

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (d) : 'य' वर्ण का उच्चारण स्थान 'तालु' है। य, व, र, ल 'अन्तःस्थ' वर्ण हैं।

118.हिन्दी की तालव्य ध्वनियाँ हैं–

(a) च, छ, ज, झ (b) प, फ, ब, भ
(c) त, थ, द, ध (d) ट, ठ, ड, ढ

UP SI 28.11.2021 (Shift-III)
UP B.Ed. Exam 2009
UP B.Ed. Exam 2010
UP B.Ed. Exam 2013
UP SSSC Lower II Re Exam 2016
UPSI Batch - III 14 Dec.2017
UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift

उत्तर (a) : हिन्दी की तालव्य ध्वनियां हैं – च, छ, ज, झ और त, थ, द, ध दंत्य ध्वनि, ट, ठ, ड, ढ मूर्धन्य ध्वनि तथा प, फ, ब, भ, म ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

119. किस व्यंजन का उच्चारण स्थान तालव्य है?

(a) ग (b) झ
(c) न (d) म

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]
[UPCSA 2019]
[UKPSC AE 2012]

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों में से 'झ' व्यंजन का उच्चारण स्थान तालव्य है। वस्तुतः 'च' वर्ग के सभी स्पर्श व्यंजनों का उच्चारण स्थान तालव्य है। अन्य व्यंजनों के उच्चारण स्थान निम्नवत् हैं–

व्यंजन		उच्चारण स्थान
('क' वर्ग,) अ, आ, ह	–	कण्ठ्य
('च' वर्ग,) इ, ई, य, श	–	तालु
('ट' वर्ग,) ऋ, र, ष	–	मूर्द्धन्य
('त' वर्ग,) ल, स	–	दन्त्य
('प' वर्ग,) उ, ऊ	–	ओष्ठ्य
ए, ऐ	–	कण्ठतालव्य
ओ, औ	–	कण्ठोष्ठ्य
व	–	दन्तोष्ठ्य

120. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण दंत्य नहीं है?

(a) त (b) द
(c) ल (d) य

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]
RRB Exam 2012

उत्तर. (d) : 'य' वर्ण दन्त्य नहीं है बल्कि इसका उच्चारण स्थान तालव्य है। जिन वर्णों का उच्चारण दाँत की सहायता से होता है, उन्हें दन्त्य वर्ण कहते हैं, जैसे- त, थ, द, ध, न, ल, स।

121. 'टवर्ग' उच्चारण की दृष्टि से किस प्रकार की ध्वनि है?

(a) कण्ठ्य (b) तालव्य
(c) मूर्धन्य (d) दन्त्य

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (c) : 'टवर्ग' उच्चारण की दृष्टि से 'मूर्धन्य' ध्वनि है।

वर्ग	वर्ण	उच्चारण स्थान
क वर्ग	– क, ख, ग, घ, ङ	कण्ठ्य
च वर्ग	– च, छ, ज, झ, ञ	तालव्य
त वर्ग	– त, थ, द, ध, न	दन्त्य

122. 'ष' का उच्चारण स्थान है–

(a) तालु (b) कंठ
(c) मूर्द्धा (d) दन्त

High Court 2021(II)
[UKPSC AE 2013]

उत्तर : (c) 'ष' का उच्चारण स्थान **मूर्द्धा** है। अन्य उच्चारण स्थान से सम्बन्धित वर्ण इस प्रकार हैं-

उच्चरण स्थान		वर्ण
कंठ्य	-	अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ, ह, विसर्ग (:)
तालु	-	श, च, छ, ज, झ, ञ, य, इ, ई
मूर्द्धा	-	ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष
दन्त्य	-	ल, त, थ, द, ध, न, स

123. '''ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान है _____ और वर्ग है का _____ है।'' रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें।

(a) त वर्ग, चौथा (b) ट वर्ग, चौथा
(c) ट वर्ग, तीसरा (d) ट वर्ग, दूसरा

High Court ARO 2021 (I)
UPSSSC Stenographer 10/03/2019
UPPCL ARO 2018
UPP Constable 19/06/2018 (Shift-I)
UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर (b) : 'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान **'मूर्द्धा'** है। यह ट वर्ग का **'चौथा'** वर्ण है।

124. निम्नलिखित में से दंत्य ध्वनि है–

(a) क (b) छ
(c) त (d) प

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPPSC AE 13.12.2020
[UKPSC AE 2013]
RRB Exam 2010
UP B.Ed. Exam 2009
UP B.Ed Exam 2017

@RexstarPdf

उत्तर (c) उपर्युक्त विकल्पों में 'त' दंत्य ध्वनि है। अन्य दंत्य ध्वनियाँ- त वर्ग के वर्ण तथा स हैं। 'क' कण्ठ्य ध्वनि, 'छ' तालव्य ध्वनि तथा 'प' ओष्ठ्य ध्वनि है।

125. 'ल' और 'स' का उच्चारण किस स्थान से होता है?

(a) कंठय (b) दंत्य
(c) ओष्ठ्य (d) तालव्य

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (b) 'ल' और 'स' का उच्चारण स्थान 'दंत्य' है। हिन्दी वर्णमाला के वर्णों के उच्चारण स्थान से संबंधित विवरण निम्नलिखित हैं-

उच्चारण स्थान	**वर्ण**
कंठ	अ, आ, 'क' वर्ग के वर्ण, ह और विसर्ग
तालु	इ, ई, 'च' वर्ग के वर्ण, य तथा श
मूर्धा	ऋ, 'ट' वर्ग के वर्ण, र और ष
दन्त्य	'त' वर्ग के वर्ण, ल और स
ओष्ठ्य	उ, ऊ, 'प' वर्ग के वर्ण
कंठ-तालु	ए, ऐ
कंठ-ओष्ठ	ओ, औ
दंत-ओष्ठ	व

126. उच्चारण स्थान की दृष्टि से कौन–सा विकल्प शुद्ध है?

(a) श – मूर्धन्य (b) स – दन्त्य
(c) च – कंठ्य (d) ष – तालव्य

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर : (b) 'स-दन्त्य' उच्चारण स्थान की दृष्टि से शुद्ध विकल्प है।
कण्ठ्य वर्ण – अ, आ, क वर्ग, ह, विसर्ग
तालव्य वर्ण – इ, ई, च वर्ग, श, य
मूर्धन्य वर्ण – ऋ, ट वर्ग, र, ष
दन्त्य वर्ण – त वर्ग, ल, स।

127. दाँत और जीभ के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण को क्या कहते हैं?

(a) मूर्द्धन्य (b) दन्त्य
(c) दंतोष्ठ्य (d) कंठोष्ठ्य

UP TET - 2019
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]
[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर : (b) : दाँत और जीभ के स्पर्श से बोले वर्ण को 'दन्त्य वर्ण' कहते हैं। त, थ, द, ध, न दन्त्य वर्ण हैं। शेष विवरण निम्नलिखित हैं–

दंतोष्ठ्य	–	व
कंठोष्ठ्य	–	ओ, औ
मूर्धन्य	–	ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष

128. प, फ, ब, भ, म..... व्यंजन होते हैं।

(a) दंत्य (b) ओष्ठ्य
(c) तालव्य (d) कंठ्य

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) प, फ, ब, भ, म **ओष्ठ्य व्यंजन** हैं।
दंत्य व्यंजन –त, थ, द, ध, न
तालव्य व्यंजन –च, छ, ज, झ,ञ
कण्ठ्य व्यंजन – क,ख, ग, घ, ङ।

129. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण अंतःस्थ नहीं है?

(a) य (b) ब
(c) र (d) ल

[UKPSC AE 2013]

उत्तर : (b) दिये गये वर्णों में **ब** अंतःस्थ वर्ण नहीं है। शेष सभी वर्ण अंतःस्थ वर्ण हैं। अन्य वर्ण व उच्चारण स्थान है-

उच्चारण स्थान	**वर्ण**
अंतःस्थ वर्ण -	य, र, ल, व
ओष्ठ वर्ण -	प, फ, ब, भ, म
ऊष्म वर्ण –	श, ष, स, ह

130. हिन्दी वर्णमाला की 'ब' ध्वनि है–

(a) ओष्ठ्य (b) दन्त्य
(c) तालव्य (d) मूर्धन्य

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
[UPPSC AE 2011]
UP B.Ed Exam-2007

उत्तर: (a) हिन्दी वर्णमाला की 'ब' ध्वनि **ओष्ठ्य** है। हिन्दी वर्णमाला की ध्वनि इस प्रकार है-

ध्वनि	**वर्णमाला**
ओष्ठ्य	प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ,
दन्त्य	त, थ, द, ध, न, ल, स
तालव्य	च, छ, ज, झ, ञ, इ, ई, य, श
मूर्धन्य	ट, ठ, ड, ढ, ण, ऋ, र, ष
कंठोष्ठ्य	ओ, औ

131. निम्नलिखित में से एक ओष्ठ्य ध्वनि है–

(a) भ (b) छ
(c) न (d) र

[UPPSC AE 2013]

उत्तर : (a) दिये वर्णों में **'भ'** ओष्ठ्य ध्वनि है। हिन्दी वर्णमाला में उ, ऊ और 'प' वर्ग का उच्चारण स्थान ओष्ठ्य है। 'छ' का उच्चारण स्थान 'तालु' है, 'न' का उच्चारण स्थान दंत्य है तथा 'र' का उच्चारण स्थान मूर्धन्य है।

132.इनमें से कौन सा वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं है?

(a) क (b) च
(c) ट (d) य

UP B.Ed. Exam 2013

उत्तर : (d) 'य' वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं बल्कि अंतःस्थ व्यंजन है। शेष सभी स्पर्श व्यंजन ध्वनियाँ हैं। अन्तःस्थ व्यंजन य, व, र, ल होता है।

133. निम्न में संयुक्त व्यंजन कौन-सा नहीं है?

(a) य (b) क्ष
(c) त्र (d) ज्ञ

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर : (a) दिये गये व्यंजनों में 'य' संयुक्त व्यंजन नहीं अपितु अन्तःस्थ व्यंजन है। संयुक्त व्यंजन क्ष, त्र, ज्ञ, श्र हैं। अंतःस्थ व्यंजन य, व, र, ल होते हैं।

@RexstarPdf

134. निम्न में अन्तःस्थ व्यंजन कौन सा है?

(a) ग (b) ज
(c) व (d) स

UP TET - 2021 V-VIII
High Court ART - 2021(I)
High Court 2021 (II)
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
UPP, 2017
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
UP B.Ed. Exam 2009

उत्तर : (c) दिये गये व्यंजनों में 'व' अन्तःस्थ व्यंजन है। जिन वर्णों का उच्चारण स्वर और व्यंजनों के मध्यवर्ती होता है, वे वर्ण (व्यंजन) 'अन्तःस्थ व्यंजन' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में य (तालव्य), र (मूर्धन्य), ल (दंत्य) तथा व (दन्तोष्ठ्य) चार अन्तःस्थ व्यंजन हैं। इनमें 'य' तथा 'व' अर्धस्वर भी कहे जाते हैं।

135. ऊष्म वर्ण कौन से हैं?

(a) क च ट त (b) य र ल व
(c) श ष स ह (d) क्ष त्र ज्ञ

[UKPSC AE 2012]

उत्तर : (c) : श, ष, स, ह ऊष्म वर्ण होते हैं। ऊष्म व्यंजनों का उच्चारण एक प्रकार की रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्म वायु से होता है। विकल्प में दिये गये वर्णों का विवरण इस प्रकार है-

क, च, ट, त	**स्पर्श व्यंजन**
य, र, ल, व	**अन्तःस्थ व्यंजन**
क्ष, त्र, ज्ञ, श्र	**संयुक्त व्यंजन**

136. 'ऊष्म वर्ण' हैं-

(a) य, र, ल, व (b) श, ष, स
(c) च, छ, ज (d) ट, ठ, ड

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (b) : 'श', 'ष', 'स', 'ह' ऊष्म व्यंजन हैं तथा 'य', 'र', 'ल', 'व' अंतःस्थ व्यंजन हैं। 'च', 'छ', 'ज' तथा 'ट', 'ठ', 'ड' स्पर्श व्यंजन हैं।

137. ऊष्म व्यंजन कौन-सा है?

(a) ह (b) ल
(c) म (d) ज

UP SI 13.11.2021 (Shift-II)
UP TET (I-V) 18-11-2018
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर (a) : दिये गये विकल्पों में वर्ण 'ह' ऊष्म व्यंजन है। जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख के किसी विशेष स्थान से घर्षण करती हुई निकले तथा ऊष्मा उत्पन्न करे, उसे 'ऊष्म व्यंजन' कहते हैं, जैसे–श, ष, स, ह।

138.निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है?

(a) ढ (b) ज्ञ
(c) ङ (d) ड़

RRB Exam 2002
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर (b) 'ज्ञ' एक संयुक्त व्यंजन है, जो 'ज् + ञ' वर्णों के संयोग से बना है। 'ढ' स्पर्श व्यंजन, 'ड़' द्विगुण व्यंजन तथा 'ङ' के नासिक्य व्यंजन है। संयुक्त व्यंजन क्ष, त्र, ज्ञ, श्र होते हैं।

139. दो व्यंजन जब एक साथ मिलते हैं तो क्या कहलाते हैं?

(a) संयुक्त व्यंजन (b) अल्पप्राण
(c) अन्तःस्थ (d) महाप्राण

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) जब दो व्यंजन एक साथ मिलते हैं, तो उनके योग से निर्मित व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 4 संयुक्त व्यंजन को स्थान प्राप्त है–

क्ष	–	क् + ष
त्र	–	त् + र
ज्ञ	–	ज् + ञ
श्र	–	श् + र

140.'क्ष' वर्ण किसके योग से बनता है?

(a) क् + ष (b) क् + च
(c) क् + छ (d) क् + श

RRB Exam 2012
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर (a) 'क्ष' वर्ण 'क्' + 'ष' के योग से बनता है।

141. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन कौन सा है?

(a) ख (b) ग
(c) घ (d) ठ

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
UP B.Ed. Exam 2008
UP B.Ed. Exam 2010
UP B.Ed. Exam 2017

उत्तर : (b) दिये गये व्यंजनों में 'ग' अल्पप्राण व्यंजन है।
प्राणत्व के आधार पर व्यंजन मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं–

(1) अल्पप्राण– इन व्यंजनों के उच्चारण में मुख द्वारा वायु का निर्गमन कम होता है तथा स्फोट भी अल्प ही होता है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पांचवाँ वर्ण तथा य, र, ल, व अल्पप्राण व्यंजन कहलाते हैं।

(2) महाप्राण–इन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से अपेक्षाकृत अधिक वायु निर्गमित होती है तथा स्फोट भी अधिक स्पष्ट होता है, जिससे हकार की ध्वनि सुनाई देती है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह महाप्राण व्यंजन कहे जाते हैं।

142. प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण क्या कहलाता है?

(a) महाप्राण व्यंजन (b) अल्पप्राण व्यंजन
(c) उत्क्षिप्त व्यंजन (d) अनुनासिक व्यंजन

DSSSB TGT (Male) 28.08.2018
[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]
RRB Exam 2010

उत्तर : (a) ऐसे व्यंजन जिनको बोलने में अधिक प्रयत्न करना पड़ता है और बोलते समय मुख से अधिक वायु निकलती है, उन्हें 'महाप्राण व्यंजन' कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण ध्वनि के उदाहरण हैं; जैसे- ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ और श, ष, स, ह।

@RexstarPdf

143. निम्नलिखित में से कौन 'महाप्राण' ध्वनि है?

(a) ज (b) क
(c) घ (d) प

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift
स्टेनोग्राफर परीक्षा 2015
UK PSC AE 2013
[UKPSC AE 2012]
RRB Exam 2012
UP B.Ed. Exam 2001

उत्तर. (c) : 'घ' वर्ण 'महाप्राण' ध्वनि है। महाप्राण व्यंजनों के उच्चारण में 'हकार' जैसी ध्वनि विशेष रूप से रहती है और श्वास अधिक मात्रा में निकलती है। प्रत्येक वर्ग का 'दूसरा' और 'चौथा' वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण है। अन्य विकल्प ज, क, प वर्ण 'अल्पप्राण' हैं।

144. निम्न में से कौन-सा वर्ण अघोष है?

(a) च (b) ज
(c) झ (d) ड

DSSSB-TGT-15/08/2018, II Shift
UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift
लोअर-2 परीक्षा, 2015
DSSSB प्रशासनिक परीक्षा, 31-05-2015
UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UP B.Ed. Exam 2007

उत्तर : (a) दिये गये विकल्प में 'च' वर्ण अघोष है। शेष वर्ण सघोष हैं।

145. निम्न में से कौन सा शब्द 'प्रयत्न और उच्चारण' के आधार पर व्यंजन का वर्गीकरण नहीं है?

(a) उत्क्षिप्त (b) पार्श्विक
(c) सघोष (d) ऊष्म

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) दिये गये शब्दों में से 'उत्क्षिप्त' शब्द 'प्रयत्न और उच्चारण' के आधार पर व्यंजन का वर्गीकरण नहीं है। उत्क्षिप्त हिन्दी में नवागत ध्वनियाँ हैं। इन्हें द्विगुण व्यंजन, विकसित ध्वनि इत्यादि कहते हैं। ध्यातव्य है कि हिन्दी शब्दकोश कोई भी शब्द उत्क्षिप्त व्यंजन (ड़, ढ़) से प्रारम्भ नहीं होता। कामता प्रसाद गुरु ने प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण इस प्रकार किया है–

1. आभ्यन्तर प्रयत्न–
(i) विवृत
(ii) स्पृष्ट
(iii) ईषत् विवृत
(iv) ईषत् स्पृष्ट

2. बाह्य प्रयत्न–
(i) अघोष
(ii) घोष (सघोष)

पार्श्विक व्यंजन के अन्तर्गत 'ल' व्यंजन आता है। पार्श्विक से आशय है कि जिह्वा के दोनों पार्श्व (बगल) से होकर जिस वर्ण के लिए ध्वनि उच्चारित होती है। साथ ही साथ 'ल' का उच्चारण स्थान 'दन्त' है।

146. निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ण घोष है?

(a) प (b) ट
(c) द (d) फ

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018
लेखा परीक्षक 2015

उत्तर (c) : जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ झँकृत होती हैं तथा उनसे नाद उत्पन्न होता है, वे 'सघोष/घोष वर्ण' कहलाते हैं। इनके उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ समीप आ जाती हैं, जिससे वायुप्रवाह के लिये मार्ग अवरुद्ध होने के कारण स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व, ह सघोष व्यंजन हैं। अतः दिये गये विकल्पों में से 'द' वर्ण घोष है।

147. निम्न में से कौन-सा व्यंजन संघर्षी है?

(a) ह (b) म
(c) झ (d) ठ

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015
RRB Exam 2003

उत्तर (a) जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का न तो स्पर्श ध्वनियों के समान पूर्ण अवरोध होता है, न स्वरों के समान निर्बाध प्रवाह तथा वायु का निर्गमन घर्षण के साथ होता है, उन्हें 'संघर्षी व्यंजन' कहा जाता है; जैसे– श, ष, स, ह। इन्हें ही 'ऊष्म संघर्षी' व्यंजन भी कहते हैं, क्योंकि उच्चारण के समय वायु घर्षण करती हुयी निर्गमित होती है, जिससे ऊष्मा उत्पन्न होती है। अतः प्रश्नगत विकल्पों में से 'ह' संघर्षी व्यंजन है।

148. निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन सी है?

(a) ण (b) ल
(c) र (d) च

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर (b) : जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा का अग्रभाग वर्त्स का स्पर्श करती है तथा श्वास जिह्वा के दोनों पार्श्वों से निकलती है उन्हें पार्श्विक ध्वनि कहा जाता है। हिन्दी वर्णमाला की **ल** ध्वनि पार्श्विक व्यंजन है।

149. वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी है?

(a) 25 (b) 30
(c) 20 (d) 35

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) 'क' से 'म' तक 25 वर्ण मुख के विभिन्न भागों कंठ, तालु, मूर्धा, दंत, ओष्ठ को जिह्वा द्वारा स्पर्श से बोले जाते हैं। इसलिए इन्हें स्पर्श व्यंजन कहते हैं।

क वर्ग - क ख ग घ ङ
च वर्ग - च छ ज झ ञ
ट वर्ग - ट ठ ड ढ ण
त वर्ग - त थ द ध न
प वर्ग - प फ ब भ म

@RexstarPdf

150. स्पर्श व्यंजन के उदाहरण हैं-

(a) क्ष, त्र, ज्ञ, ज़ (b) य, र, ल, व
(c) त, थ, द, ध (d) श, ष, स, ह

High Court 2021-II
[MPTET (I-V) 2011]
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) :

व्यंजन	-	उदाहरण
स्पर्श व्यंजन	-	त, थ, द, ध
संयुक्त व्यंजन	-	क्ष, त्र, ज्ञ, श्र
अन्तस्थ व्यंजन	-	य, र, ल, व
उष्म/संघर्षी व्यंजन	-	श, ष, स, ह

151. निम्नांकित में से कौन-सा संयुक्त व्यंजन नहीं है?

(a) झ (b) क्ष
(c) त्र (d) ज्ञ

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : **'झ'** संयुक्त व्यंजन नहीं है, बल्कि स्पर्श व्यंजन है। जबकि संयुक्त व्यंजन- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र हैं। संयुक्त व्यंजनों की संख्या चार है। क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र

152. निम्नलिखित में से कौन 'ट' वर्ग में नहीं है?

(a) ठ (b) ढ
(c) ध (d) ण

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर (c) दिये गये वर्णों में से 'ध' वर्ण ट वर्ग के अन्तर्गत नहीं आता है। हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों के पाँच वर्ग हैं तथा प्रत्येक वर्ग में 5–5 व्यंजन शामिल हैं। इन वर्गों का नाम वर्ग के पहले वर्ण के अनुसार रखा गया है; जैसे–
क वर्ग– क, ख, ग, घ, ङ
च वर्ग – च, छ, ज, झ, ञ
ट वर्ग – ट, ठ, ड, ढ, ण
त वर्ग – त, थ, द, ध, न
प वर्ग – प, फ, ब, भ, म
पाँचों वर्गों के इन्हीं व्यंजनों को 'स्पर्श व्यंजन' नाम दिया जाता है।

4. शब्दकोश में शब्द क्रम संबंधी प्रश्न

153. हिंदी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?

(a) ज्ञ (b) त्र (c) ह (d) क

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]
ग्राम पंचायत अधिकारी 2015

उत्तर :(d) हिंदी शब्द कोष में 'क्ष' का क्रम 'क' के बाद आता है। 'क्ष' एक संयुक्त वर्ण है जो क् + ष से मिलकर बना है।

154. हिन्दी शब्द कोष में सबसे पहले कौन शब्द आयेगा?

(a) ऋग्वेद (b) ऋक्ष
(c) ऋणु (d) ऋण

UP B.Ed. Exam 2007

उत्तर (b): विकल्प में दिये गये शब्दों का शब्दकोष के अनुसार क्रम इस प्रकार होगा– (1) ऋक्ष, (2) ऋग्वेद, (3) ऋण, (4) ऋणु। क्योंकि 'क्ष' वर्ण का क्रम 'क' वर्ण के बाद है। दिये गये सभी शब्दों का वर्ण विच्छेद इस प्रकार है-
ऋक्ष - ऋ + क् + ष् + अ
ऋग्वेद -ऋ + ग् + व् + ए + द् + अ
ऋण -ऋ + ण् + अ
ऋणु -ऋ + ण् + उ

155. शब्दकोश में कौन-सा शब्द सबसे पहले आएगा?

(a) आँख (b) आग
(c) आकर (d) आँच

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (a) शब्दकोश के अनुसार प्रश्नगत शब्दों का क्रम इस प्रकार होगा– आँख, आँच, आकर, आग। दिये गये विकल्पों का वर्ण विच्छेद निम्नवत है-
आँख - आँ + ख् + अ
आँच – आँ + च् + अ
आकर –आ + क् + अ + र् + अ
आग – आ + ग् + अ

5. अयोगवाह

156. हिन्दी वर्णमाला में कुल कितने अयोगवाह हैं?

(a) 2 (b) 5
(c) 3 (d) 4

UPPCL ARO, 2018

उत्तर: (a) हिन्दी वर्णमाला में कुल दो ['अनुस्वार' (ं) तथा 'विसर्ग' (:)] अयोगवाह होते हैं। अयोगवाह का अर्थ है– 'योग न होने पर भी जो साथ रहे'। ये ध्वनियाँ न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन, परन्तु इनका प्रयोग स्वरों की सहायता से ही किया जाता है। इनका जातीय योग न तो स्वर के साथ है और न ही व्यंजन के साथ, इसलिये इन्हें 'अयोगवाह' कहते हैं।

157. जिन ध्वनियों की गणना न स्वर में की जाती है न व्यंजन में उसे क्या कहते हैं?

(a) आगत (b) ऊष्म
(c) अंतःस्थ (d) अयोगवाह

UPSI 25/11/2021 (Shift- II)
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर: (d) जिन ध्वनियों की गणना न स्वर में की जाती है, न व्यंजन में; उसे 'अयोगवाह' कहते हैं। अनुस्वार (ं) और विसर्ग (:) अयोगवाह कहलाते हैं। अयोगवाह का अर्थ है-योग न होने पर भी जो साथ रहे। ये स्वर और व्यंजन दोनों में उपयोग होते हैं।

158. ऐसी कौन सी दो मात्राएँ हैं जिनका प्रयोग तो किया जाता है किन्तु उनका समावेश 'स्वर' में नहीं किया जाता है?

(a) आ, इ (b) अं, अः
(c) ऋ, उ (d) अँ, अॅ

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

@RexstarPdf

उत्तर : (b) अं और अः ऐसी दो मात्राएँ हैं जिनका प्रयोग तो किया जाता है, किन्तु इनका समावेश न तो स्वर में किया जाता है, न ही व्यंजन में। अं को 'अनुस्वार' तथा अः को 'विसर्ग' कहते हैं तथा इन दोनों को संयुक्त रूप से 'अयोगवाह' कहा जाता है।

159. अनुस्वार के संबंध में कौन-सा कथन उपयुक्त नहीं है?

(a) इसका उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है।
(b) अनुस्वार नासिक्य व्यंजन होता है।
(c) इसे (ं) के रूप में दर्शाया जाता है।
(d) इसे (ँ) के रूप में लिखा जाता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (d) इसे (ँ) के रूप में लिखा जाता है।'' उक्त कथन अनुस्वार के संबंध में उपयुक्त नहीं हैं। इसके उच्चारण में नाक से अधिक साँस निकलती है और मुख से कम, जैसे - अंश, पंच, अंग आदि। इसका उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है। अनुस्वार की ध्वनि प्रकट करने के लिए वर्ण पर बिन्दु लगाया जाता है। तत्सम शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है।

160. अनुस्वार किसका कार्य करता है?

(a) विसर्ग का (b) चंद्रबिन्दु का
(c) पंचम वर्ण का (d) स्वर का

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (c) : अनुस्वार पंचम वर्ण का कार्य करता है। **जैसे** यदि 'म' का मेल 'क' से 'भ' तक के किसी भी व्यंजन वर्ग से होने पर 'म' उसी वर्ग के पंचमाक्षर अर्थात् अनुस्वार में बदल जाता है; **जैसे-**
सम् + पूर्ण = संपूर्ण

161. 'अं' व्याकरण के अनुसार-

(a) अनुस्वार है (b) व्यंजन है
(c) संयुक्त स्वर है (d) संयुक्ताक्षर है

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : 'अं' व्याकरण के अनुसार 'अनुस्वार' है। मूल व्यंजन तैंतीस (33) हैं। संयुक्त स्वर चार (ए,ऐ,ओ,औ) हैं। संयुक्ताक्षर ऐसे शब्द होते हैं जिसमें दो वर्ण (अक्षर) आपस में मिले होते हैं।

6. ध्वनि

162. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाती है?

(a) संयुक्त ध्वनियाँ
(b) युग्मक ध्वनियाँ
(c) संपृक्त ध्वनियाँ
(d) पारस्परिक ध्वनियाँ

High Court RO - 2021(I)
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर (b) : जब एक ही ध्वनि का द्वित्व (युग्म) हो जाए तब वे 'युग्मक ध्वनियाँ' कहलाती हैं। युग्मक ध्वनियाँ प्रायः शब्द के मध्य में आती हैं। दो या दो से अधिक व्यंजन ध्वनियाँ जब परस्पर संयुक्त होकर एक स्वर के सहारे बोली जायें, तो उन्हें 'संयुक्त ध्वनियाँ' कहा जाता है; जैसे– प्राण, घ्राण, क्लान्त इत्यादि।

163. उच्चारण की दृष्टि से 'सम्बल' ध्वनि का कौन सा वर्गीकरण है?

(a) सम्पृक्त ध्वनि
(b) युग्मक ध्वनि
(c) संयुक्त ध्वनि
(d) द्वित्व ध्वनि

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर: (a) उच्चारण की दृष्टि से 'सम्बल' सम्पृक्त ध्वनि का वर्गीकरण है। जब एक ध्वनि दो व्यंजनों से संयुक्त हो जाये, तब वह सम्पृक्त ध्वनि कहलाती है। यहाँ 'स' और 'ब' ध्वनियों के मध्य 'म' ध्वनि संयुक्त हुई है।

164. निम्नलिखित ध्वनियों की निर्दिष्ट विशेषताओं में कौन–सा अशुद्ध है?

(a) च – तालव्य, महाप्राण
(b) ख – महाप्राण, कंठ्य
(c) त – अल्पप्राण, दंत्य
(d) म – ओष्ठ्य, सघोष

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (a) : दी गयी ध्वनियों की निर्दिष्ट विशेषताओं में च– तालव्य, महाप्राण अशुद्ध है। 'च' तालव्य ध्वनि तो है, परन्तु यह महाप्राण न होकर अल्पप्राण ध्वनि है। शेष ध्वनि एवं सम्बन्धित विवरण शुद्ध हैं।

165. हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती हैं?

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

UPSSSC VDO 23/12/2018 Shift I

उत्तर : (a) हिन्दी वर्णमाला में ध्वनियाँ मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं–(1) स्वर (2) व्यंजन। स्वतंत्र रूप से उच्चरित होने वाले वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं तथा स्वरों की सहायता से उच्चरित होने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहे जाते हैं।

166. इनमें से कौन सी देवनागरी लिपि की वर्ण ध्वनि नहीं है?

(a) ग्रीवा ध्वनि (b) मूर्धा ध्वनि
(c) कंठ ध्वनि (d) दन्तोष्ठ्य

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में से - 'ग्रीवा ध्वनि' देवनागरी लिपि की वर्ण ध्वनि नहीं है। देवनागरी लिपि के अन्तर्गत मूर्धा, ओष्ठ्य, कण्ठ, दन्तोष्ठ्य, कण्ठ-तालव्य, तालव्य, दन्त्य इत्यादि प्रकार की वर्ण ध्वनियाँ पायी जाती हैं, जिनके द्वारा वर्णों के उच्चारण में सहायता मिलती है।

7. वर्ण संबंधी अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

167. 'कक्षा' शब्द का शुद्ध उच्चारण है

(a) कच्छा (b) कछ्छ
(c) कक्षा (d) कक्छा

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर (c) : 'कक्षा' शब्द का शुद्ध उच्चारण 'कक्षा' है। शेष विकल्पों के शब्द उच्चारण की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

@RexstarPdf

168. निम्नलिखित में से 'नासिक्य' व्यंजन कौन–सा है?

(a) ष (b) ञ
(c) ग (d) ज

UP B.Ed. Exam 2002

उत्तर (b) जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का निर्गमन केवल नासिका विवर से होता है, वे 'नासिक्य व्यंजन' कहलाते हैं। प्रत्येक वर्गों के पंचम वर्ण नासिक्य व्यंजन हैं– ङ, ञ, ण, न, म। अतः दिये गये वर्णों में से 'ञ' नासिक्य व्यंजन है। 'ष' ऊष्म व्यंजन तथा 'ग' और 'ज' स्पर्श व्यंजन हैं।

169. कौन-से शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है?

(a) मात्र (b) मूर्धा
(c) क्रम (d) मातृभूमि

UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (d) मातृभूमि शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है।

मातृभूमि – म् + आ + त् + ऋ + भ् + ऊ + म् + इ

मात्र – म् + आ + त् + र

क्रम – क् + र् + अ + म् + अ

मूर्धा – म् + ऊ + र् + ध् + आ

170. जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें क्या कहते हैं?

(a) अनुस्वार (b) अयोगवाह
(c) अंतःस्थ (d) अकारांत

RRB Exam 2010

उत्तर (d) : जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें अकारांत कहते हैं। अनुस्वार एक व्यंजन ध्वनि है, जो तत्सम शब्दों में प्रयुक्त होती है। अं तथा अः अयोगवाह ध्वनियाँ हैं तथा य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन हैं।

171. 'व' का उच्चारण स्थान है-

(a) दन्त (b) ओष्ठ
(c) दन्तोष्ठ (d) कण्ठोष्ठ्य

High Court ARO 2021
RRB Exam 2001
लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर (c) 'व' का उच्चारण स्थान 'दन्तोष्ठ्य' है।

दन्त	–	त वर्ग
ओष्ठ	–	प वर्ग
कंठोष्ठ्य	–	ओ, औ

172. निम्नलिखित में कौन–सा कथन अशुद्ध है?

(a) दो महाप्राण व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो सकता है।
(b) हिन्दी में ज्ञ का उच्चारण परम्परा से भिन्न हो गया है।
(c) 'क्ष' संयुक्त व्यंजन है।
(d) विसर्ग कंठ्य वर्ण है।

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (a) : दिये गये कथनों में से अशुद्ध कथन है–
'दो महाप्राण व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो सकता है।'
अन्य कथन शुद्ध हैं जिनका विवरण इस प्रकार है–
'ज्ञ' 'ज्' और 'ञ' के योग से बना है, परन्तु इसका उच्चारण इन दोनों से भिन्न होता है।
'क्ष' संयुक्त व्यंजन है, जो 'क्' एवं 'ष' के योग से बना है।

173. निम्नलिखित में से कौन–सा उत्तर सही है?

I. अनुस्वार पूर्ण अनुनासिक ध्वनि है।
II. वर्ग का पंचमाक्षर अनुनासिक होता है।
III. अनुनासिक के उच्चारण के दौरान नाक से बहुत कम साँस निकलती है और मुँह से अधिक।

(a) केवल III (b) I, II एवं III
(c) केवल I एवं II (d) केवल I

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (b) : दिए गए वाक्यों में तीनों वाक्य सही हैं और तीनों पंचमाक्षर अनुस्वार, अनुनासिक के संबंध में सत्य कथन हैं–
(i) अनुस्वार पूर्ण अनुनासिक ध्वनि है।
(ii) वर्ग का पंचमाक्षर अनुनासिक होता है।
(iii) अनुनासिक के उच्चारण के दौरान नाक से बहुत कम साँस निकलती है और मुँह से अधिक।

174. निम्न में अनुनासिक वर्ण कौन सा है?

(a) प (b) ब (c) म (d) थ

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'म' अनुनासिक वर्ण है। ऐसे वर्णों का उच्चारण नासिका तथा मुँह से होता है और उच्चारण में लघुता रहती है। हिन्दी वर्णमाला में पाँच वर्ण ङ, ञ, ण, न, म अनुनासिक हैं। विकल्प में 'प', 'ब' तथा 'थ' वर्ण तीनों ही 'स्पर्श व्यंजन' हैं।

175. 'दृग' का वर्ण-विच्छेद है –

(a) द् + ऋ + ग् + अ (b) द् + र + उ + ग
(c) द् + ऋ + ग
(d) द् + र + अ + उ + ग + अ

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (a) : दृग का सही वर्ण-विच्छेद 'द् + ऋ + ग् + अ' है।

176. 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद है-

(a) उ+द+य+आ+न्+अ (b) उ+द्+य+अ+न+अ
(c) उ+द्+य+आ+न्+अ (d) अ+द+य्+अ+न+अ

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर (c) : 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद–'उ+द्+य+आ+न्+अ' है।

177. काकल्य वर्ण कौन-सा है?

(a) य (b) स (c) ह (d) ण

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (c) : उपर्युक्त विकल्पों में 'ह' काकल्य वर्ण है। जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में मुखगुहा खुली रहती है और वायु बन्द कंठ को खोलकर झटके से बाहर निकलती है, उसे 'काकल्य व्यंजन ध्वनि' कहते हैं। 'य' अन्तःस्थ व्यंजन, 'स' ऊष्म व्यंजन है। 'ण' ट वर्ग का पंचम अक्षर है।

178. 'र' का विवरण है –

(a) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(b) वर्त्स्य, पार्श्विक, सघोष, महाप्राण व्यंजन
(c) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(d) वर्त्स्य, स्पर्श, सघोष, महाप्राण व्यंजन

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (a) : 'र' वर्ण का विवरण है– वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन।
वर्त्स्य ध्वनि – दाँतों एवं मसूढ़ों के मिलने का स्थान अर्थात् दंतमूल को 'वर्त्स्य' कहते हैं तथा इस स्थान विशेष से उच्चरित ध्वनि

@RexstarPdf

'वर्त्स्य ध्वनि' कहलाती है। हिन्दी वर्णमाला में न, र, ल, स वर्ण वर्त्स्य ध्वनियों के अन्तर्गत आते हैं।

लुंठित ध्वनि – जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग मुड़कर वर्त्स्य को शीघ्रता से स्पर्श करता है उन्हें 'लुंठित ध्वनि' कहा जाता है। जिह्वा के प्रकम्पन के कारण ही इसको लुंठित कहा जाता है।

सघोष –प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व, ह।

अल्पप्राण – प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा तथा पाँचवां वर्ण।

179. निम्न में अर्द्धस्वर कहलाता है–

(a) य (b) प (c) र (d) ल

UP B.Ed. Exam 2010

उत्तर (a) : 'य' और 'व' अर्द्धस्वर कहलाते हैं। 'र' लुंठित ध्वनि तथा 'ल' पार्श्विक ध्वनि है। 'प' ओष्ठ वर्ण है।

180. स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है–

(a) क (b) ग (c) ख (d) घ

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर (c) : स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है–ख।

स्पर्श व्यंजन– पंचवर्ग के सभी व्यंजन।

कंठ्य ध्वनि– क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ तथा ह।

अघोष–प्रत्येक वर्ग का पहला, दूसरा व्यंजन और श, ष, स।

महाप्राण–प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा व्यंजन। श, स, ष, अः विसर्ग वर्ण हैं।

181. लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं उसे ..... कहते हैं।

(a) स्वर (b) लिपि

(c) ध्वनि कहते हैं (d) व्यंजन कहते हैं।

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं, उसे 'लिपि' कहते हैं। हिन्दी 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है। 'स्वर' वे वर्ण हैं जो अन्य वर्णों की सहायता के बिना स्वतंत्र रूप से उच्चरित होते हैं तथा स्वरों की सहायता से उच्चरित होने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहलाते हैं।

182. वर्णमाला का कौन-सा 'अक्षर' पुल्लिग नहीं है?

(a) ज, आ (b) च, ट

(c) इ, ई (d) अ, प

UPSI Batch - III 20 Dec. 2017

उत्तर : (c) वर्णमाला के इ, ई अक्षर पुल्लिंग नहीं होते। इनके अतिरिक्त 'ऋ' भी स्त्रीलिंग वर्ण है।

183. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?

(a) क्रिया (b) वर्षा (c) रिपु (d) वृष्टि

UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift

उत्तर : (d) वृष्टि शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है; यथा– वृष्टि–व् + ऋ + ष् + ट् + इ। शेष शब्दों में 'र' व्यंजन के अलग–अलग रूपों का प्रयोग हुआ है।

184. निम्नलिखित में कौन स्वर नहीं है?

(a) अ (b) उ (c) ए (d) ञ

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर (d): प्रश्नगत विकल्पों में से 'ञ' 'स्वर' नहीं है, यह व्यंजन वर्ण है, जो 'च' वर्ग का पंचमाक्षर है।

185. जिस व्यंजन ध्वनि के उच्चारण के समय स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है, उच्चारण स्थान के आधार पर ध्वनियों के वर्गीकरण में उसका क्या स्थान है?

(a) मूर्धन्य (b) वर्त्स्य

(c) काकल्य (d) कंठ्य

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) जिस व्यंजन में ध्वनि के उच्चारण के समय स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है, अर्थात् जिनका उच्चारण स्वरयंत्र मुख से होता है, उन्हें काकल्य व्यंजन कहते हैं इसके अंतर्गत 'ह' व्यंजन आता है।

186. प्रत्येक शब्द की वर्तनी के सभी वर्णों को उसी क्रम में अलग-अलग दिखाना क्या कहलाता है?

(a) वर्ण संयोजन (b) वर्ण-विच्छेद

(c) संधि (d) संधि-विच्छेद

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (b) किसी शब्द या वर्णों के समूह को अलग करने की प्रक्रिया को **वर्ण-विच्छेद** कहते हैं। जब हम वर्ण विच्छेद करते हैं, तो उस शब्द समूह से स्वर वर्णों और व्यंजन वर्णों को अलग किया जाता है। शब्दों में या वर्ण समूह में जिसमें मात्राएँ होती हैं, उन्हें वास्तविक रूप में लिखा जाता है। जैसे- किताब = क् + इ+ त् + आ + ब् + अ

187. किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है?

(a) कृपा (b) कृष्ण

(c) दृष्टि (d) आज

UP B.Ed. Exam 2012

उत्तर (d) : 'आज' शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है। शेष सभी शब्दों में 'ऋ' स्वर की मात्रा का प्रयोग हुआ है। विवरण देखें–

कृपा = क् + ऋ + प् + आ

कृष्ण = क् + ऋ + ष् + ण् + अ

दृष्टि = द् + ऋ + ष् + ट् + इ

आज = आ + ज् + अ।

188. जिह्वा की नोक जब ऊपर के दांतों की पंक्ति के सामने वाले दाँत के ऊँपरी हिस्से के सम्पर्क में आकर वायु के प्रवाह को अवरुद्ध करती है ऐसे उच्चारण स्थान को क्या कहा जाता है?

(a) दंत्य (b) मूर्धन्य

(c) तालुव्य (d) वर्त्स्य

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) जिह्वा की नोंक जब ऊँपर के दाँतों की पंक्ति के सामने वाले दांत के ऊँपरी हिस्से के सम्पर्क में आकर वायु के प्रवाह को अवरुद्ध करती है तो ऐसे उच्चारण स्थान को वर्त्स्य कहते हैं। वर्त्स्य व्यंजनों के अन्तर्गत न, स, र, ल आते हैं।

189. हिन्दी में 'ऑ' ध्वनि का समावेश हुआ है

(a) अंग्रेजी से (b) फ्रेन्च से

(c) जर्मन से (d) दक्षिण भारतीय भाषाओं से

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : हिन्दी में ऑ ध्वनि का समावेश **अंग्रेजी** से है।

@RexstarPdf

02.

विराम चिह्न

1. अल्प विराम

1. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) सुख-दुःख-उतार-चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।
(b) सुख दुःख, उतार चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।
(c) सुख दुःख उतार चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।
(d) सुख-दुःख, उतार-चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त विकल्पों में निम्न वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है–
सुख–दुःख, उतार-चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।

2. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) कामवाली रोज़ आती है; काम करती है और चली जाती है।
(b) कामवाली रोज़ आती है काम करती है और चली जाती है।
(c) कामवाली रोज़ आती है, काम करती है और चली जाती है।
(d) कामवाली रोज़ आती है काम करती है, और चली जाती है।

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (c) शुद्ध विराम चिह्न युक्त वाक्य निम्न होगा– कामवाली रोज़ आती है, काम करती है और चली जाती है।

3. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

अनिल घर आया थोड़ी देर रुका और चला गया।

(a) : (b) ;
(c) , (d) :-

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)
DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) दिए गए वाक्य 'अनिल घर आया थोड़ी देर रुका और चला गया।' में उपयुक्त विराम चिह्न (,) का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य- अनिल घर आया, थोड़ी देर रुका और चला गया।

4. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) मेरी सहेली के पास बहुत से नए-नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।
(b) मेरी सहेली के पास बहुत से नए नए खिलौने कपड़े और जूते हैं।
(c) मेरी सहेली के पास बहुत से नए नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।
(d) मेरी सहेली के पास बहुत से नए, नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध विराम चिह्न युक्त वाक्य निम्न होगा–
• मेरी सहेली के पास बहुत से नए-नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।

5. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

सुनील जरा इधर आना

(a) ! (b) :
(c) , (d) ;

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य – सुनील, जरा इधर आना

चिह्न		चिह्न के नाम
(!)	–	विस्मय विराम/आश्चर्य चिन्ह
(:)	–	अपूर्ण विराम/विवरण चिन्ह
(,)	–	अल्प विराम
(;)	–	अर्द्ध विराम

6. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

सवेरा हुआ चिड़िया चहचहाने लगी।

(a) :- (b) :
(c) ; (d) ,

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - सवेरा हुआ, चिड़िया चहचहाने लगी।

7. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

रुको रुको वह क्या कह रही है।

(a) " " (b) , ,
(c) ; (d) ,

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- III)
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न अल्प विराम (,) का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा - रुको, रुको, वह क्या कह रही है।

8. दिए गए वाक्य के लिए उचित विराम चिह्न का चयन कीजिए।

अनीता मधु पूनम और नीरू अपने कार्य में मग्न हैं।

(a) ? (b) ,
(c) : (d) ;

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य अनीता मधु पूनम और नीरू अपने कार्य में मग्न हैं। में उचित विराम चिह्न अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा।

अतः शुद्ध पूर्ण वाक्य होगा – अनीता, मधु, पूनम और नीरू अपने कार्य में मग्न हैं।

9. 'रामू जो बड़ा खिलाड़ी है कल उसकी टांग टूट गयी' इस वाक्य में उचित विराम चिह्न कौन-सा होगा?

(a) अर्द्धविराम (b) अल्पविराम
(c) विवरणचिह्न (d) लाघवचिह्न

DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'रामू जो बड़ा खिलाड़ी है कल उसकी टांग टूट गयी' इस वाक्य में 'अल्पविराम' का प्रयोग उचित होगा। अतः विराम चिह्न के रूप में अल्पविराम का प्रयोग करके शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'रामू, जो बड़ा खिलाड़ी है, कल उसकी टांग टूट गयी।'

हिन्दी में प्रयुक्त विरामचिह्नों में अल्पविराम का प्रयोग सबसे अधिक होता है। वाक्य में जब दो से अधिक पदों, पदांशों अथवा वाक्यों में संयोजक अव्यय 'और' की गुंजाइश हो तब वहाँ अल्पविराम का प्रयोग होता है।

10. समानाधिकरण शब्दों के मध्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(a) लाघवचिह्न (b) अल्पविराम
(c) अर्द्धविराम (d) विवरणचिह्न

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) समानाधिकरण शब्दों के मध्य में 'अल्पविराम' चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

जैसे-राजा जनक की पुत्री, राम की पत्नी थीं।

लाघवचिह्न-किसी बड़े शब्द को संक्षिप्त रूप में लिखने हेतु लाघव चिह्न (o) का प्रयोग किया जाता है।

जैसे-संयुक्त राष्ट्र संघ- सं० रा० सं०

अर्द्धविराम-जब एक ही प्रधान उपवाक्य पर अनेक आश्रित उपवाक्य हों तब वहाँ अर्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग होता है।

जैसे-सूर्योदय हुआ; पक्षी चहचहाने लगे और टहलने निकल पड़े।

विवरण चिह्न-किसी कही हुई बात को स्पष्ट करने या उसका विवरण प्रस्तुत करने के लिए वाक्य के अंत में विवरण चिह्न (:-) का प्रयोग किया जाता है।

जैसे-निम्न शब्दों की व्याख्या कीजिए :- संज्ञा, सर्वनाम

11. अल्पविराम का प्रयोग इनमें से कहाँ किया जाता है?

(a) वाक्य के अंत में
(b) कहीं भी
(c) वाक्य के शुरू में
(d) वाक्य के मध्य में, जहाँ बहुत कम ठहराव हो

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) वाक्य के मध्य में, जहाँ बहुत कम ठहराव हो वहाँ अल्पविराम का प्रयोग किया जाता है इसका चिह्न (,) है, जबकि

विराम चिह्न के नाम	विराम चिह्न
पूर्णविराम	(।)
अर्द्धविराम	(;)
प्रश्नवाचक चिह्न	(?)
विस्मयादिबोधक चिह्न	(!)
योजक चिह्न	(-)
उद्धरण चिह्न	(‘‘ ’’)

12. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) नहीं कल मैं तुम्हारे घर नहीं आ सकूँगा।
(b) मैं क्या कहता?
(c) महक, रागिनी, श्वेता, आदि भी आई हैं; ये सब अब गाना गाएँगी।
(d) उसने पूछा, 'तुम कहाँ थे'?

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : 'नहीं' के बाद अल्पविराम चिह्न लगना चाहिए। यथा- नहीं, कल मैं तुम्हारे घर नहीं आ सकूँगा। अतः विराम चिह्न की दृष्टि से विकल्प (a) गलत है।

13. उसने मुझसे कहा ''मैंने आज एक मशीन खरीदी है।'' उक्त वार्तालाप में किस विराम चिह्न की कमी या त्रुटि है?

(a) ‘ ’ (b) “ ”
(c) , (d) -

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) किसी व्यक्ति की उक्ति/कथन के पहले सदैव अल्पविराम (,) का प्रयोग किया जाता है। अल्पविराम चिह्न के प्रयोग के साथ वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार होगा- उसने मुझसे कहा, ''मैंने आज एक मशीन खरीदी है''।

14. हिन्दी में अल्प-विराम का चिह्न है–

(a) ? (b) !
(c) । (d) ,

DSSSB PRT 07.03.2023 (Shift-III)
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift
व्यायाम प्रशिक्षक 2018 प्रथम पाली
UP PGT 2005

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से विकल्प (d) अल्पविराम का चिह्न है। अल्पविराम चिह्न का प्रयोग बहुत कम ठहराव के लिये किया जाता है। अल्पविराम चिह्न के प्रयोग से सम्बन्धित कुछ निम्नलिखित स्थितियाँ हैं

1. वाक्य के बीच में प्रयुक्त पर, इसी से, इसलिये, किन्तु, परन्तु, क्योंकि, जिससे, तथापि अव्ययों से पूर्व अल्पविराम चिह्न लगाया जाता है।

@RexstarPdf

2. सम्बोधन कारक की संज्ञा या सम्बोधन शब्दों के पश्चात् इसका प्रयोग होता है।
3. जिस वाक्य में वह, यह, तब, तो, या, अब इत्यादि का लोप हो, वहाँ अल्पविराम चिह्न का प्रयोग करते हैं। जैसे– कहना था सो कह दिया, तुम जानो। (यहाँ 'अब' पद लुप्त है)
4. जहाँ शब्दों की पुनरावृत्ति की जाये और भावातिरेक में उन पर विशेष बल दिया जाये, वहाँ अल्पविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है। जैसे– सुनो, सुनो, वह गा रही है।

2. अर्द्धविराम (;)

15. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचा-हाथ धोकर खाना खाया-फिर खेल खेलकर सो गया।
(b) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचा; हाथ धोकर खाना खाया; फिर खेल खेलकर सो गया।
(c) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचा हाथ धोकर खाना खाया फिर खेल खेलकर सो गया।
(d) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचाः हाथ धोकर खाना खाया, फिर खेल खेलकर सो गया

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग किया गया है–
राम ऑफिस से सीधा घर पहुँचा; हाथ धोकर खाना खाया; फिर खेल खेलकर सो गया।

16. अर्द्धविराम – चिह्न कहाँ लगता है?

(a) उद्धरण चिह्न के पहले
(b) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा कम रुकना हो।
(c) जहाँ कोई निर्देश देना हो।
(d) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो।

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (d) अर्द्धविराम को (;) से प्रदर्शित किया जाता है। अर्द्ध विराम का अर्थ है, बीच में हल्का सा विराम लेना हो पर वाक्य को खत्म न किया जाये तो, वहाँ पर अर्द्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। प्रश्नानुसार अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो वहाँ लगाया जाता है।

17. कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न (;) का नाम क्या है?

(a) उद्धरण चिह्न (b) अल्पविराम
(c) निर्देशक चिह्न (d) अर्द्धविराम

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
UKPSC AE-2017
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा-2016

उत्तरः (d) दिए गए प्रश्न में चिह्न (;) का नाम 'अर्द्धविराम' है।
शेष विकल्पों के चिह्न निम्नवत् हैं -
उद्धरण चिह्न – ' ' या " "
अल्पविराम – ,
निर्देशक चिह्न – :-

18. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
कई सप्ताह से वर्षा होती ही जा रही है अर्थात् फसल नष्ट होकर रहेगी।

(a) : (b) :-
(c) ^ (d) ;

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य मे अर्द्धविराम (;) का प्रयोग उपयुक्त होगा। शुद्ध वाक्य– कई सप्ताह से वर्षा होती ही जा रही है ; अर्थात् फसल नष्ट होकर रहेगी।

19. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
मोहन बैंगलोर चला गया आप बेफिक्र रहें।

(a) .... (b) .
(c) ; (d) –

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न (;) अर्द्धविराम का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा– मोहन बैंगलोर चला गया; आप बेफ्रिक रहें।
* अर्द्धविराम (;) जहाँ पूर्णविराम की अपेक्षा कम देर और अल्प विराम की अपेक्षा अधिक देर तक रुकना हो, वहाँ अर्द्धविराम का प्रयोग करते हैं।

20. मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(a) योजक चिह्न (b) कोष्ठक
(c) उपविराम (d) अर्द्धविराम

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए 'अर्द्धविराम' चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
जब दो शब्दों के बीच में वक्ता अल्पविराम (,) से अधिक ठहराव चाहता है, तब वह अर्द्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग करता है।

21. इनमें से किस वाक्य में अर्द्धविराम का प्रयोग हुआ है?

(a) जब राम आया, श्याम सो रहा था।
(b) शाबाश! इसी तरह आगे बढ़ते रहो।
(c) आलस्य मनुष्य का शत्रु है; इससे दूर रहो।
(d) मैंने किताब पढ़ी है।

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) वाक्य 'आलस्य मनुष्य का शत्रु है; इससे दूर रहो' में अर्द्धविराम चिह्न (;) का प्रयोग हुआ है। जहाँ पर अल्पविराम की अपेक्षा कुछ अधिक देर तक रुकना पड़े, वहाँ अर्द्धविराम का प्रयोग करते हैं।

@RexstarPdf

22. जो चाहे, करो ..... बस हमें तंग न करो।' - वाक्य के बीच में रिक्त स्थान में कौन सा विराम चिह्न आएगा?

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) पूर्णविराम (d) योजक चिह्न

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर (b) : दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान के जगह पर अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग होगा। अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग वहाँ किया जाता है, जहाँ पूर्णविराम की अपेक्षा कम देर और अल्पविराम की अपेक्षा अधिक देर तक रुकना होता है।
जैसे- जो चाहे, करो; बस हमें तंग न करो।

3. पूर्णविराम (।)

23. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए। मोहन पुस्तक पढ़ रहा है

(a) । (b) !
(c) ? (d) " "

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) दिए गए वाक्य 'मोहन पुस्तक पढ़ रहा है' में विराम चिह्न पूर्णविराम (।) का प्रयोग होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

24. निम्नलिखित में से पूर्णविराम चिह्न की पहचान कीजिए।

(a) : (b) ;
(c) । (d) ?

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)
UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (c)

विरामचिह्न का नाम		विरामचिह्न
पूर्णविराम	–	।
अर्द्धविराम	–	;
अल्पविराम	–	,
विवरणचिह्न	–	(:-)
प्रश्नवाचक	–	?

25. प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक को छोड़कर सभी वाक्यों के अंत में क्या प्रयुक्त होता है?

(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम
(c) कॉमा चिह्न (d) योजक चिह्न

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा-2016

उत्तर : (b) प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक वाक्यों को छोड़कर सभी वाक्यों के अंत में पूर्णविराम (।) प्रयुक्त होता है। वाक्य में जहाँ पर कुछ समय के लिए रुकने की आवश्यकता होती है वहाँ अल्पविराम (,) का प्रयोग किया जाता है। वह चिह्न जो शब्दों, पदों, उपवाक्यों आदि को जोड़ता है, योजक चिह्न (–) कहलाता है।
जैसे- धन-सम्पत्ति, भू-तत्व, लड़का-लड़की आदि।

26. पूर्णविराम के स्थान पर एक अन्य चिह्न भी प्रचलित है, इनमें से वह चिह्न कौन-सा है?

(a) अर्द्धविराम (b) योजक चिह्न
(c) विवरण चिह्न (d) फुलस्टॉप

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) पूर्णविराम (।) या फुलस्टॉप (·)- हिन्दी में इसे 'खड़ी पाई' भी कहते हैं। देवनागरी लिपि में इसके लिए पूर्णविराम (।) चिह्न का प्रयोग होता है। अंग्रेजी अथवा रोमन लिपि में हिंदी के पूर्णविराम के स्थान पर फुलस्टॉप (.) चिह्न का प्रयोग होता है।

27. मुझे बाहर जाना है ।
रेखांकित चिह्न को पहचानिए:

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) अल्पविराम (d) लाघव चिह्न

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) 'मुझे बाहर जाना है।' वाक्य में रेखांकित चिह्न 'पूर्णविराम' का है। वाक्य की समाप्ति पर पूर्णविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है।

28. राम अयोध्या के राजा थे। में कौन चिह्न प्रयुक्त है?

(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम
(c) हंसपद (d) रेखिका

UPPCL Technician Grade-II 2018

उत्तर : (b) वाक्य के पूर्ण होने पर पूर्णविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है। दिये गये वाक्य में 'पूर्णविराम चिह्न' का प्रयोग है। जब किसी वाक्य या वाक्यांश में कोई शब्द या अक्षर लिखने में छूट जाता है तो उसे लिखने के लिये 'हंसपद या त्रुटिबोधक चिह्न' का प्रयोग करते हैं। अर्द्धविराम से कुछ कम देर तक के ठहराव के लिये 'अल्पविराम चिह्न' का प्रयोग करते हैं।

4. प्रश्नवाचक चिह्न (?)

29. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
किधर चले

(a) ! (b) :-
(c) ? (d) ;

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

उत्तर: (c) दिए गए वाक्य 'किधर चले' में उपयुक्त विराम चिह्न प्रश्नवाचक (?) का प्रयोग होगा।
अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - किधर चले?

30. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
अमीना, तुम कब आई

(a) ... (b) ?
(c) ; (d) :-

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न (?) प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग होगा।
अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - अमीना, तुम कब आई ?

@RexstarPdf

प्रश्नवाचक चिह्न (?) - प्रश्नवाचक चिह्न को अंग्रेजी में Question Mark कहा जाता है। जिन वाक्यों में प्रश्नात्मक भाव हो, उसके अन्त में प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाया जाता है।
प्रश्नवाचक (क्या, कहाँ, कब, कैसे, क्यों) वाक्यों के अंत में लगाये जाते हैं।

31. (?) इस विराम चिह्न का नाम है–

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक
(c) अल्पविराम (d) योजक

[UPSSSC Stenographer 10.03.2019]
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017

उत्तर (b): (?) यह 'प्रश्नवाचक चिह्न' है। प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग प्रश्नवाचक वाक्यों के अन्त में किया जाता है। इसके अतिरिक्त 'जहाँ स्थिति निश्चित न हो' तथा 'व्यंग्योक्तियों' में भी इसका प्रयोग किया जाता है, किन्तु कुछ परिस्थितियों में यह प्रयुक्त नहीं होता है; जैसे–

1. जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्द सम्बन्धवाचक शब्दों की भाँति प्रयुक्त होते हैं, उनमें प्रश्नवाचक विराम चिह्न प्रयुक्त नहीं होता है; उदाहरण– वह नहीं जानता कि मैं क्या चाहता हूँ।

32. एक वाक्य में विराम चिह्न का गलत प्रयोग हुआ है-

(a) वह नहीं जानता कि मैं क्या कहना चाहता हूँ।
(b) आपने क्या कहा था, सो मैंने नहीं सुना।
(c) उत्तर प्रदेश की राजधानी बताओ।
(d) वह ऐसा क्यों कहता था कि हम वहाँ न जायेंगे।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : 'उत्तर प्रदेश की राजधानी बताओ वाक्य' में विराम चिह्न का गलत प्रयोग हुआ है। यह एक प्रश्नवाचक वाक्य है। अतः शुद्ध वाक्य 'उत्तर प्रदेश की राजधानी बताओ?' होगा।

5. विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

33. घृणा, आश्चर्य, हर्ष आदि भावों को व्यक्त करने वाले शब्दों के साथ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(a) उद्धरण चिह्न (b) विस्मयादिबोधक चिह्न
(c) अर्द्धविराम (d) कोष्ठक

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) घृणा, आश्चर्य, हर्ष और भय आदि भावों को व्यक्त करने के लिए विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग करते हैं।

34. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग नहीं हुआ है?

(a) हे प्रभो ! मुझे शक्ति दो।
(b) वह घर आया या नहीं?
(c) राम-राम ! उसने यह क्या कर दिया।
(d) तुम समझते हो कि वह निरा बालक है, परंतु वह अच्छे-अच्छों के कान काटता है।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर: (c) 'राम-राम ! उसने यह क्या कर दिया।' वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग नहीं हुआ है। इसका शुद्ध रूप होगा- राम! राम! उसने यह क्या कर दिया। शेष वाक्यों में विराम चिह्नों का सही प्रयोग हुआ है।

35. वाह तुम आ गए । वाह के पश्चात् कौन सा चिह्न आएगा?

(a) प्रथमवाचक चिह्न (b) विस्मयादिबोधक चिह्न
(c) पूर्ण विराम चिह्न (d) अवतरण चिह्न

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर: (b) 'वाह तुम आ गए' विराम चिह्न की दृष्टि से यह अशुद्ध वाक्य है। वाक्य में वाह के पश्चात 'विस्मयादिबोधक चिह्न' (!) का प्रयोग किया जाएगा। अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा–
वाह ! तुम आ गए।

36. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
बच्चे शांतिपूर्वक बैठो।

(a) 0 (b) !
(c) ..... (d) ;

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य 'बच्चे शांतिपूर्वक बैठो' में उपयुक्त विराम चिह्न (!) का प्रयोग होगा।
अतः शुद्ध वाक्य निम्न होगा - बच्चे! शान्तिपूर्वक बैठो।

37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) आह! यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(b) आह, यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(c) आह यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(d) आहः यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) सही विराम चिह्न युक्त वाक्य होगा– आह ! यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

38. इनमें से विस्मयादिबोधक चिह्न कौन-सा है?

(a) ? (b) !
(c) । (d) ;

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017

उत्तर : (b) विस्मयादिबोधक चिह्न (!) है। अन्य चिह्नों के विवरण हैं–
पूर्णविराम - (।)
अर्द्धविराम - (;)
अल्पविराम - (,)
निर्देशक चिह्न (-)
अवतरण या उद्धरण चिह्न- (‘’, “ ”)
उपविराम (:)

@RexstarPdf

39. अरे! तुम आ गए? इसमें 'अरे' के बाद कौन-सा चिह्न प्रयोग किया गया है?

(a) विस्मयादिबोधक चिह्न (b) योजक चिह्न
(c) प्रश्नवाचक चिह्न (d) पूर्णविराम

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) वाक्य 'अरे! तुम आ गए?' में 'अरे' के बाद विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया गया है। जिन वाक्यों में आश्चर्य, हर्ष, शोक, घृणा आदि भाव व्यक्त हों, उन्हें विस्मयबोधक वाक्य कहते हैं। इन वाक्यों में सामान्यतः विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का उपयोग किया जाता है।

40. अहा तुम्हें पाकर कितना आनंद आ रहा है' इस वाक्य में उचित विराम चिह्न कौन-सा होगा?

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) उपविराम (d) विस्मयादिबोधक चिह्न

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) वाक्य 'अहा तुम्हें पाकर कितना आनंद आ रहा है' में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) होगा। 'अहा' शब्द के साथ विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग होगा। इसका प्रयोग हर्ष, विषाद, विस्मय, घृणा, आश्चर्य, करुणा, भय इत्यादि भाव व्यक्त करने के लिए होता है। शुद्ध वाक्य- अहा! तुम्हें पाकर कितना आनन्द आ रहा है।

41. किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है?

(a) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ। उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।
(b) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।
(c) सुनो! सुनो! वह गा रही है।
(d) प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।' इसमें प्रिय महाशय के बाद विस्मयादिबोधक (!)चिह्न का प्रयोग होना चाहिए।

42. ओह ..... बहुत कठिन समय आया है।
दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए।

(a) ! (b) –
(c) ? (d) ,

UPSI Batch-I 21 Dec. 2017

उत्तर : (a) दी गयी उक्ति में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग होगा। जैसे – ओह! बहुत कठिन समय आया है।

43. ''अरे वाह _____आपका आगमन तो आकस्मिक है।''
वाक्य में रिक्त स्थान पर किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जायेगा?

(a) विस्मयादिबोधक (b) अर्द्धविराम
(c) दोहरा अवतरण (d) प्रश्नचिह्न

UPSI Batch - I 20 Dec. 2017

उत्तर (a) : अरे वाह आपका आगमन तो आकस्मिक है। में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया जायेगा। अतः वाक्य का शुद्ध रूप 'अरे वाह! आपका आगमन तो आकस्मिक है' होगा।

44. मनोविकार सूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अन्त में किस चिह्न का प्रयोग होता है?

(a) विस्मयबोधक (b) प्रश्नवाचक
(c) अर्द्धविराम (d) अल्पविराम

GIC. PGT 2012

उत्तर : (a) मनोविकार सूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अंत में विस्मयबोधक (!) चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे- ओह! मेरा सिर फटा जा रहा है। जिस वाक्य में किसी प्रकार के प्रश्न किए जाने का बोध हो, वहाँ पर प्रश्नवाचक (?) चिह्न का प्रयोग होता है जैसे- तुम्हारा नाम क्या है?

45. हे भगवान.....मेरी रक्षा करो। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान भरिए।

(a) विस्मयादिबोधक चिह्न (b) क्रिया
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) रिक्त स्थान में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– हे भगवान ! मेरी रक्षा करो।

46. विराम चिह्न के प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य बताइए।

(a) बस, हो गया, रहने दीजिए।
(b) ऊँच-नीच, अमीर-गरीब, समाज की विभाजक रेखाएँ हैं।
(c) क्या आप पटना के रहने वाले हैं?
(d) वाह!तुम्हारे क्या कहने, बहुत ऊपर तक जाओगे।

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्यों में विराम चिह्न के प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है–वाह! तुम्हारे क्या कहने, बहुत ऊपर तक जाओगे। इसका विराम चिह्न की दृष्टि से शुद्ध रूप निम्न प्रकार होगा–
शुद्ध वाक्य– वाह! तुम्हारे क्या कहने! बहुत ऊपर तक जाओगे।

6. विवरण/योजक चिह्न (–)

47. 'आना जाना' में अपेक्षित विराम चिह्न है–

(a) योजक चिह्न (b) पूर्णविराम
(c) प्रश्नवाचक चिह्न (d) अर्द्धविराम

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) 'आना जाना' में अपेक्षित विराम चिह्न योजक चिह्न (-) है।

विराम चिह्न	**नाम**
(-)	योजक चिह्न
(?)	प्रश्नवाचक चिह्न
(;)	अर्द्ध विराम
(।)	पूर्णविराम

48. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं– स्वर संधि व्यंजन संधि और विसर्ग संधि
(b) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं – ''स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।''

@RexstarPdf

(c) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।
(d) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं – स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में निम्न वाक्य में विराम चिह्न का शुद्ध प्रयोग हुआ है–
शुद्ध वाक्य– वर्णों के आधार पर सन्धि के तीन भेद होते हैं– स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।

49. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
जून जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है।
(a) , (b) " "
(c) :- (d) –

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d): दिए गए वाक्य 'जून जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है'। में उपयुक्त विराम चिह्न (–) का प्रयोग होगा।
अतः शुद्ध वाक्य निम्न होगा–
जून-जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है।

50. निम्नलिखित विराम चिह्न में से कौन-सा विवरण चिह्न है?
(a) :- (b) ""
(c) ,, (d) ,,,

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : विराम चिह्न के प्रकार -
- विवरण चिह्न (:-)
- अवतरण या उद्धरण चिह्न (" .....")
- अर्द्धविराम (;)
- अल्पविराम (,)
- उपविराम (:)
- योजक चिह्न (–)

51. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
एक दुबला पतला व्यक्ति द्वार पर खड़ा है।
(a) ; (b) ()
(c) – (d) :-

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (c) : दिये गये वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न योजक चिह्न (–) का प्रयोग होगा।
पूर्ण वाक्य – एक दुबला–पतला व्यक्ति द्वार पर खड़ा है।

विराम		चिह्न
अर्द्धविराम	–	(;)
कोष्ठक	–	()
विवरण चिह्न	–	(:–)

52. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
सर्वनाम के प्रमुख पाँच भेद हैं
(a) । (b) :-
(c) ; (d) –

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में विवरण चिह्न (:–) का प्रयोग उपयुक्त होगा।
पूर्ण वाक्य– सर्वनाम के प्रमुख पाँच भेद हैं:–
विवरण चिह्न – विवरण चिह्न (:–) का प्रयोग वाक्यांश में जानकारी, सूचना या निर्देश आदि का विवरण देने के लिए किया जाता है।

53. जब किसी पद की व्याख्या करनी हो या उसके संबंध में विस्तार से कुछ कहना हो तो इनमें से किस विराम-चिह्न का उपयोग किया जायेगा?
(a) , (b) =
(c) : (d) :-

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) जब किसी पद की व्याख्या करनी हो या उसके संबंध में विस्तार से कुछ कहना हो तो उसके लिए 'विवरण चिह्न (:-) का प्रयोग किया जाता है। जब किसी वाक्य को कहने के दौरान कम समय के लिए रुकना हो तो वहाँ अल्पविराम (,) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। किसी शब्द या अंक की अन्य शब्द से तुलना करते समय तुल्यता सूचक (=) विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
जब किसी शब्द को अलग दर्शाना हो तो वहाँ पर उपविराम (:) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। **जैसे**– विज्ञान : वरदान या अभिशाप

54. निम्नलिखित में 'योजक चिह्न' कौन सा है?
(a) ... (b) -
(c) ? (d) –

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
UPSI 16/11/2021 (Shift-I)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (b) : प्रमुख विराम चिह्नों का विवरण है–
योजक चिह्न (–)
प्रश्नवाचक चिह्न (?)
पूर्णविराम (।)
अर्द्धविराम (;)
अल्पविराम (,)
विस्मयबोधक चिह्न (!)
निर्देशक (–)

55. दो शब्दों के बीच प्रयोग किए जाने वाले चिह्न को क्या कहा जाता है?
(a) उद्धरण चिह्न (b) विवरण चिह्न
(c) निर्देशक (d) योजक चिह्न

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः (d) दो शब्दों के बीच प्रयोग किए जाने वाले चिह्न को योजक चिह्न (–) कहते हैं जबकि उद्धरण चिह्न (‘‘ ’’), विवरण चिह्न (:-) एवं निर्देशक चिह्न (—) है।

56. दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर (c) : ‘योजक चिह्न (–)’ को ‘सम्बन्ध-चिह्न’ भी कहा जाता है। इस चिह्न का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जाता है–

(i) दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति या एक अर्थ वाले सहचर शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– कपड़ा-लत्ता, धन-दौलत, मान-मर्यादा आदि।
(ii) सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– जय-पराजय, लाभ–हानि, दो-दो, राष्ट्र-भक्ति।
(iii) तुलनावाचक ‘सा’, ‘सी’, ‘से’ के पहले। जैसे– चाँद-सा चेहरा, फूल-सी मुस्कान।
(iv) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्मों के बीच। जैसे– अनाप-शनाप, उल्टा-पुल्टा, काम-वाम।

57. माता पिता दोनों प्रसन्न थे- इस वाक्य में ‘माता-पिता’ के मध्य कौन सा विराम चिह्न लगेगा?

(a) अल्पविराम (b) अद्रवविराम
(c) योजक चिह्न (d) निदेशक चिह्न

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (c) प्रश्नगत वाक्य में ‘माता-पिता’ के मध्य **योजक चिह्न (-)** का प्रयोग होगा, इसका प्रयोग सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों तथा द्वित्व शब्दों के मध्य किया जाता है। यथा – ‘माता-पिता’।

अल्पविराम चिह्न (,) – वाक्य में जहाँ थोड़ी देर का ठहराव होता है, वहाँ अल्पविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है।

अर्द्धविराम चिह्न (;)- इसका प्रयोग स्पष्ट विराम स्थलों में आता है और किसी वाक्य में कई स्वतंत्र वाक्य होने पर उन्हें अलग-अलग रखने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है।

निर्देशक चिह्न (—)- इसका प्रयोग विषय, विवाद संबंधी प्रत्येक शीर्षक के आगे, उदाहरण के पश्चात, कथोपकथन के नाम के आगे किया जाता है। इसे रेखा चिह्न के नाम से भी जाना जाता है।

58. किसी की कही हुई बात को स्पष्ट करने के लिए वाक्य के अंत में किस चिह्न का उपयोग करते हैं?

(a) लोप (b) लाघव
(c) रेखांकन (d) विवरण

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) किसी की कही हुई बात को स्पष्ट करने के लिए वाक्य के अंत में विवरण चिह्न (:–) का उपयोग किया जाता है। विवरण चिह्न का प्रयोग आवेदन पत्र या प्रार्थना पत्र में ‘विषय’ एवं ‘द्वारा’ के बाद होता है।

59. दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच कौन सा विराम चिह्न लगता है?

(a) उद्धरण चिह्न
(b) योजक चिह्न
(c) विस्मयादिबोधक चिह्न
(d) प्रश्नवाचक चिह्न

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]
[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (b) : दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच ‘योजक चिह्न’ लगता है। विराम का शाब्दिक अर्थ रुकना होता है। पाठक के भावबोध को सरल और सुबोध बनाने के लिए विराम चिह्न का प्रयोग होता है। जब एक ही शब्द दोहराया जाता है अथवा दोनों शब्द पृथक दिखाना होता है वहाँ योजक चिह्न (–) का प्रयोग किया जाता है।

दिये गये विराम चिह्नों का विवरण इस प्रकार है–

उद्धरण चिह्न –

(i) एकल उद्धरण	–	‘ ’
(ii) दोहरा उद्धरण	–	‘‘ ’’
विस्मयादिबोधक चिह्न	–	!
प्रश्नवाचक चिह्न	–	?

7. उद्धरण/अवतरण चिह्न

60. किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए कौन सा विराम चिह्न प्रयुक्त होगा?

(a) कोष्ठक चिह्न
(b) निर्देशक चिह्न
(c) उद्धरण चिह्न
(d) लाघव चिह्न

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (c) : किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए दो उद्धरण चिह्न प्रचलित हैं- इकहरा (‘ ’) और दुहरा (‘‘ ’’)।

1- पुस्तक, समाचार-पत्र, लेखक का उपनाम, लेख का शीर्षक इत्यादि उद्धृत करते समय इकहरे उद्धरणचिह्न का प्रयोग होता है, जैसे-‘प्रदीप’ एक हिन्दी दैनिक पत्र है।

2- महत्वपूर्ण कथन, कहावत, सन्धि आदि को उद्धृत करने में दुहरे उद्धरणचिह्न का प्रयोग होता है।

जैसे- भारतेन्दु ने कहा था- ‘‘देश को राष्ट्रीय साहित्य चाहिए।’’

@RexstarPdf

61. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

चलो, चलते हैं। मैंने कहा ।

(a) ; (b) " "

(c) … (d) ,,

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तरः (b) : दिए गए वाक्य चलो चलते हैं। मैने कहा। में उपयुक्त विराम चिन्ह (" ") का प्रयोग होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा– "चलो, चलते हैं।" मैने कहा।

62. किसी अक्षर या शब्द पर विशेष बल देने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(a) इकहरा उद्धरण

(b) दुहरा उद्धरण

(c) विवरण चिह्न

(d) विस्मरण

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) किसी अक्षर या शब्द पर विशेष बल देने के लिए एकल उद्धरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जहाँ किसी पुस्तक से कोई वाक्य या अवतरण ज्यों का त्यों उद्धत किया जाए, वहाँ दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग होता है और जहाँ कोई विशेष शब्द पद, वाक्य खंड इत्यादि उद्धत किए जाए, वहां इकहरे उद्धरण लगते हैं।

63. नेता जी ने कहा था "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा" इस वाक्य में कौन-सा चिह्न लगा है?

(a) पूर्णविराम चिह्न

(b) अल्पविराम चिह्न

(c) उद्धरण चिह्न

(d) प्रश्नवाचक चिह्न

UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift

उत्तर : (c) नेता जी ने कहा था " तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा"। इस वाक्य में उद्धरण चिह्न (" ") का प्रयोग हुआ है।
ध्यातव्य है कि उद्धरण चिह्न के दो प्रकार हैं-

(i) एकल उद्धरण चिह्न - ' ' (ii) दोहरा उद्धरण चिह्न - " "

दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग किसी और के वाक्य या शब्दों को ज्यों का त्यों रखने में किया जाता है।

64. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) सभी एक साथ चिल्ला उठे हम भी चलेंगे।

(b) सभी एक साथ चिल्ला उठे, "हम भी चलेंगे।"

(c) सभी एक साथ चिल्ला उठे, हम भी चलेंगे।

(d) सभी एक साथ चिल्ला उठे," हम भी चलेंगे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (b) सभी एक साथ चिल्ला उठे, "हम भी चलेंगे।" विराम चिह्न की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है, क्योंकि जब किसी वाक्य में किसी कथन को ज्यों का त्यों दिखाना होता है, तो उसे दोहरे उद्धरण चिह्न में लिखते हैं एवं इस कथन से ठीक पूर्व अल्पविराम (,) का प्रयोग करते हैं। अन्य विकल्प विराम- चिह्न की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

8. अन्य

65. किस वाक्य में उचित विराम चिह्न प्रयुक्त हुए हैं?

(a) क्या तुम कल मुझसे मिल सकोगे

(b) अजी, क्या, ऐसा हो पाएगा

(c) मैंने पूछा, "क्या बात है?"

(d) उफ्फ! कितनी गरमी है?

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तरः (c) : मैंने पूछा, "क्या बात है?" में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है। शेष वाक्य विराम चिह्नों के प्रयोग की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं जिनके शुद्ध रूप इस प्रकार हैं–
क्या तुम कल मुझसे मिल सकोगे?, अजी! क्या ऐसा हो पाएगा।, उफ्फ! कितनी गर्मी है।

66. निम्नलिखित में सही विराम चिह्न से युक्त वाक्य का चुनाव कीजिए-

(a) सुनो, सुनो, वह गा रही है।

(b) राम! लक्ष्मण! और शत्रुघ्न पधारे है

(c) रामनरेश गोबर-गणेश है

(d) क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तरः (a) दिये गये विकल्पों में सही विराम चिह्न से युक्त वाक्य है- 'सुनो, सुनो', वह गा रही है। अन्य विकल्पों में दिये गये वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
रामनरेश गोबर-गणेश है।
राम, लक्ष्मण और शत्रुघ्न पधारे हैं।
क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं?

67. हंसपद विराम चिह्न कौन सा है?

(a) < (b) !

(c) > (d) ^

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (d) : दिये गये विराम चिह्नों में से '^' हंसपद विराम चिह्न है। जब किसी वाक्य को लिखते समय कोई शब्द छूट जाता है तो वाक्य में सुधार करने के लिए इस हंसपद (^) का प्रयोग किया जाता है।

जैसे- मुझे आज $\overset{\text{कानपुर}}{\wedge}$ जाना है, अर्थात् मुझे आज कानपुर जाना है।
अन्य विराम चिह्न निम्न प्रकार हैं-
विस्मयादिबोधक चिह्न (!)
से छोटा (<)
से बड़ा (>)

@RexstarPdf

अल्पविराम (,)
उद्धरण चिह्न(“ ”)
प्रश्नवाचक चिह्न (?)

68. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

निरंतर लगातार व्यायाम करते रहने से देह स्वस्थ रहता है।

(a) ; (b) -
(c) ( ) (d) ...

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

उत्तरः (c) दिए गए वाक्य “निरंतर लगातार व्यायाम करते रहने से देह स्वस्थ रहता है। में उपयुक्त विराम चिह्न ( ) का प्रयोग होगा।
अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा –
निरंतर (लगातार) व्यायाम करते रहने से देह स्वस्थ रहता है।

69. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) इतने में दूर से आवाज़ आई, ठहरो-ठहरो, मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा।
(b) इतने में दूर से आवाज़ आई ठहरो ठहरो मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा
(c) इतने में दूर से आवाज़ आई- ठहरो ठहरो मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा
(d) इतने में दूर से आवाज़ आई, “ठहरो, ठहरो। मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा।”

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तरः (d) : उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध विराम चिह्न युक्त वाक्य निम्न होगा–
इतने में दूर से आवाज आई, “ठहरो, ठहरो! मै तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा।”

70. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) अध्यापक चिल्लाते हुए निकल जाओ कक्षा से अभी।
(b) अध्यापक (चिल्लाते हुए) “निकल जाओ कक्षा से अभी”
(c) अध्यापक - चिल्लाते हुए निकल जाओ कक्षा से अभी
(d) अध्यापक चिल्लाते हुए - निकल जाओ कक्षा से अभी

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तरः (b) : दिये गये विकल्पों में निम्न वाक्य में विराम चिह्न का शुद्ध प्रयोग किया गया है–
अध्यापक (चिल्लाते हुए) “निकल जाओ कक्षा से अभी।”

71. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

क्या प्रधानाचार्य आज नहीं आए हैं।

(a) „| (b) ;?
(c) :! (d) " "?

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तरः (d) : दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न (" " ?)का प्रयोग होगा।
अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - “क्या प्रधानाचार्य आज नहीं आए हैं”?

72. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।

हम आकाश का वर्णन करते हैं पृथ्वी का वर्णन करते हैं पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है

(a) , ? (b) ...
(c) ; ! (d) ^ ।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तरः (a) : दिए गए वाक्य - हम आकाश का वर्णन करते है पृथ्वी का वर्णन करते है पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है में उपयुक्त विराम चिह्न (, ?) का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा-
हम आकाश का वर्णन करते हैं, पृथ्वी का वर्णन करते हैं पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है?

73. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए ।

आज एमए परीक्षा के नतीजे आ गए हैं ।

(a) “ ” (b) .
(c) ; (d) ( )

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तरः (b) : दिए गए वाक्य ‘आज एमए परीक्षा के नतीजे आ गए हैं, में उपयुक्त विराम चिह्न (.) का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य – आज एम. ए. परीक्षा के नतीजे आ गए हैं।

74. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।

(a) संत ने कहा विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी। तब मैंने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।
(b) संत ने कहा-विद्या पूर्ण करने के बाद, तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी, तब मैंने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।
(c) संत ने कहा, “विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी, तब मैंने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।”
(d) संत ने कहा विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी तब मैंने कहा था फिर कभी ले लूँगा।

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तरः (c) : विराम चिह्न युक्त वाक्य होगा - संत ने कहा “विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी, तब मैने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।”

@RexstarPdf

75. 'उपविराम' का चिह्न इनमें से कौन-सा है?

(a) : (b) -

(c) :- (d) -:

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) : उपविराम (:) का उपयोग बहुधा शीर्षक में होता है। **जैसे**-साकेत : एक अध्ययन अतः विकल्प (A) में दिया गया चिह्न (:) उपविराम का चिह्न है।

76. श्री कामता प्रसाद गुरु के अनुसार विराम चिह्नों को किस भाषा से लिया हुआ माना जाता है ?

(a) अरबी (b) अंग्रेजी

(c) फ्रेंच (d) चीनी

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) : श्री कामता प्रसाद गुरु के अनुसार विराम चिह्नों को "अंग्रेजी" भाषा से लिया हुआ माना जाता है। हिन्दी भाषा में 20 प्रकार के विराम चिह्नों की चर्चा की गयी है।

77. इनमें से किस वाक्य में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(a) एम. ए बी.एड़

(b) एम. ए,बी. एड.

(c) एम.ए.,बी.एड.

(d) एम.ए.बी.एड.

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (c) : विकल्प (c) में दिये गये वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग किया गया है। यथा-एम.ए.,बी.एड. इस वाक्य में लाघव चिह्न एवं अल्पविराम का प्रयोग हुआ है। किसी बड़े शब्द को संक्षिप्त में लिखने के लिए 'लाघव चिह्न' का प्रयोग किया जाता है। **जैसे**- संयुक्त राज्य अमेरिका- सं.रा.अ.

78. निम्नलिखित में समानता सूचक चिह्न कौन-सा है?

(a) = (b) ,

(c) " (d) :-

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)
लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तरः (a) :

सूचक चिह्न के नाम	**सूचक चिह्न**
समानता सूचक चिह्न	=
विवरण चिह्न	:-
अल्पविराम चिह्न	,
उद्धरण, पुनरुक्ति सूचक चिह्न	''

79. किसी भाव या शब्द की व्याख्या करने के लिए, उस अंश को मूल वाक्य से अलग रखने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(a) अर्द्धविराम (b) कोष्ठक

(c) उद्धरण चिह्न (d) निर्देशक

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (b) : किसी भाव या शब्द की व्याख्या करने के लिए उस अंश को मूलवाक्य से अलग रखने के लिए 'कोष्ठक' ( ) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग उचित अर्थ बोधन के लिए किया जाता है। आचार्य श्री कामता प्रसाद गुरु ने हिंदी व्याकरण शास्त्र में 20 प्रकार के विराम चिह्नों की चर्चा की है। **उदाहरण**- सुमित्रानंदन (लक्ष्मण) अपने भाई के साथ वन को गये।

80. किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(a) निर्देशक

(b) उपविराम

(c) कोष्ठक

(d) विवरण चिह्न

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) : किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए कोष्ठक (), {}, [], विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है विकल्पों में दिये गये विराम चिह्नों के सूचक इस प्रकार हैं।

निर्देशक विराम चिह्न → –

उपविराम चिह्न → ;

विवरण विराम चिह्न → :–

81. 'निम्न में से विराम चिह्न का प्रकार कौन-सा नहीं है?

(a) विवरण

(b) लाघव

(c) उपदेशक

(d) निर्देशक

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
अमीन परीक्षा, 2016

उत्तरः (c) : 'उपदेशक' विराम चिह्न का प्रकार नहीं है। उपदेशक का अर्थ, 'जो दूसरों को उपदेश देता हो।' होता है। अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-

नाम	**चिह्न**
विवरण	(:-)
लाघव	(.)
निर्देशक	(–)

82. 'उपविराम' का प्रयोग इनमें से किस वाक्य में हुआ है?

(a) मिश्रबन्धु तीन हैं–गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

(b) मिश्रबन्धु तीन हैं: गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

(c) मिश्रबन्धु तीन हैं; गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

(d) मिश्रबन्धु तीन हैं:- गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) : वाक्य 'मिश्रबंधु तीन हैं: गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी' में उपविराम का प्रयोग किया गया है। उपविराम का चिह्न (:) है। जब किसी कथन को अलग दिखाना हो तो वहाँ पर उपविराम का प्रयोग करते हैं।

@RexstarPdf

83. ××× रेखांकित चिह्न कौन-सा है?

(a) लोपसूचक चिह्न (b) स्थानसूचक चिह्न
(c) समाप्तिसूचक चिह्न (d) टीकासूचक चिह्न

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर: (a) '×××' चिह्न 'लोपसूचक विराम चिह्न' है। जब किसी लेख, वाक्य या कथन में कुछ अंश पाठक के पूर्वपरिचित होने की अपेक्षा से छोड़ दिया जाता है, तब वहाँ लोपसूचक विराम चिह्न का प्रयोग होता है।

84. किसी पद, उपवाक्य आदि की विशेषता दिखाने के लिए शब्द के नीचे एक रेखा खींचते हैं उसे कहते हैं-

(a) प्रश्नवाचक चिह्न
(b) अधोरेखा चिह्न
(c) कोष्ठक चिह्न
(d) तिर्यक चिह्न

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) किसी पद, उपवाक्य आदि की विशेषता दिखाने के लिये शब्द के नीचे एक रेखा खींची जाती है, जिसे 'अधोरेखा चिह्न' कहा जाता है। प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग प्रश्नबोधक वाक्य के अन्त में किया जाता है। कोष्ठक चिह्नों ( ), {}, [ ] का प्रयोग शब्द को स्पष्ट करने, कुछ अधिक जानकारी बताने आदि के लिये किया जाता है।

85. किस वाक्य में प्रश्न चिह्न अपेक्षित है?

(a) कोलकाता पश्चिमी बंगाल की राजधानी है
(b) आप कहाँ के रहने वाले हैं
(c) आपने जो कहा था उसे मैं नहीं सुना
(d) वाह उसने तो तुम्हें क्या ही धोखा दिया

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'आप कहाँ के रहने वाले हैं?' वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग होगा। प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग उस जगह किया जाता है, जहाँ वाक्य में प्रश्न पूछे जाने की पुष्टि हो। 'वाह! उसने तो तुम्हें क्या ही धोखा दिया।' यह विस्मयादिबोधक वाक्य है और इसमें आये प्रश्न उत्तर की अपेक्षा नहीं रखते।

86. 'राम राम निष्ठुर आखेटक ने निरीह पक्षी को मार डाला- वाक्य में अपेक्षित है-

(a) दो विस्मयादिबोधक चिह्न, एक पूर्णविराम।
(b) एक पूर्णविराम।
(c) एक अल्पविराम, एक पूर्णविराम।
(d) एक विस्मयादिबोधक, एक पूर्णविराम।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : उक्त कथन में 'दो विस्मयादिबोधक चिह्न एक, पूर्णविराम' होगा। जो इस प्रकार है- 'राम! राम! निष्ठुर आखेटक ने निरीह पक्षी को मार डाला।'

87. मेरा भारत महान, यह विश्व शक्ति, महाशक्ति कैसे बने यही है महामहिम का महास्वप्न विजय 2020. इस वाक्य में कितने विराम चिह्न होने चाहिए?

(a) आठ (b) पाँच
(c) छः (d) सात

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्य में पाँच विराम चिह्न होंगे जो इस प्रकार हैं- मेरा भारत महान, यह विश्व शक्ति, महाशक्ति कैसे बने? यही है महामहिम का महास्वप्न विजन-2020।

88. 'हंसपद' विराम चिह्न का प्रयोग होता है

(a) वाक्य पूरा करने के लिए।
(b) संकेत देने के लिए।
(c) अर्थ स्पष्ट करने के लिए।
(d) लिखने में अक्षर छूटने का संकेत देने के लिए।

[UPCSA 2019]

उत्तर. (d) : हंसपद (^) का प्रयोग लिखने में अक्षर छूटने का संकेत देने के लिए किया जाता है। हिन्दी के कुछ महत्त्वपूर्ण विराम चिह्न हैं-

पूर्णविराम	-	।
अल्पविराम	-	,
योजक चिह्न	-	–
प्रश्नवाचक चिह्न	-	?
विस्मयादिबोधक	-	!
अर्द्धविराम	-	;
विवरण चिह्न	-	:
लोप/वर्जन चिह्न	-	×××
संक्षेप / लाघव चिह्न	-	o

89. 'बस हो गया रहने दीजिए' वाक्य में अपेक्षित है

(a) एक अल्पविराम, एक पूर्णविराम।
(b) दो अल्पविराम, एक पूर्णविराम।
(c) एक अल्पविराम, दो पूर्णविराम।
(d) एक पूर्णविराम।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'बस हो गया रहने दीजिए' वाक्य में एक अल्पविराम एक पूर्णविराम अपेक्षित है। शुद्ध रूप है- बस हो गया, रहने दीजिए।

90. 'साकेत' एक महाकाव्य है। - में किन दो विराम – चिह्नों का प्रयोग हुआ है?

(a) पूर्णविराम और अर्द्धविराम
(b) पूर्णविराम और निर्देशक चिह्न
c) पूर्णविराम और कोष्ठक चिह्न
(d) पूर्णविराम और उद्धरण चिह्न

[MPTET (I-V) 2011]

उत्तर. (d) : 'साकेत' एक महाकाव्य है। वाक्य में 'पूर्णविराम और उद्धरण चिह्न' नामक दो विराम चिह्नों का प्रयोग हुआ है।

@RexstarPdf

03.

वर्तनी शुद्धि

निर्देशः (प्रश्न सं. 81 से 85 तक): निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए शुद्ध शब्द चुनिए तथा (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. अनाधिकार

(a) अनधिकार
(b) अनाधीकार
(c) अन अधिकार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
[UK PSC AE 2013]

उत्तर :(a) : अनाधिकार का शुद्ध रूप अनधिकार होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

2. परलौकिक

(a) परालौकिक
(b) पारलौकिक
(c) परालोकिक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर :(b) : परलौकिक का शुद्ध रूप पारलौकिक होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

3. चांद

(a) चॉन्द
(b) चान्द
(c) चाँद
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर :(c) चांद का शुद्ध रूप चाँद होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

4. सौंदर्यता

(a) सौंदर्य
(b) सोन्दरता
(c) सुदर्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर :(a) : सौंदर्यता का शुद्ध रूप सौंदर्य होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

5. परसाद

(a) प्रशाद
(b) प्रसाद
(c) प्रषाद
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर :(b) : परसाद का शुद्ध रूप प्रसाद होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

निर्देश (प्रश्न सं. H-83 से H-86 तक) : निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए पाँच-पाँच विकल्प दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

6. संनयासी

(a) संयासी
(b) संन्यासी
(c) सन्यासी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
(UPUDA Spl. Pre. 2018)
[UPPSC AE 2007]

उत्तर :(b) : दिया गया शब्द 'संनयासी' अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'संन्यासी' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

7. तयाजय

(a) तियागय
(b) त्याग
(c) त्याज्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर :(c) : दिया गया शब्द 'तयाजय' अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप 'त्याज्य' होगा। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

8. सुद्रढ़

(a) सूदृढ़
(b) सुदृढ़
(c) सुदृठ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर :(b) : दिया गया शब्द 'सुद्रढ़' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'सुदृढ़' होगा।

@RexstarPdf

9. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(a) विधाता (b) सर्वश्रेष्ट

(c) भूमीगत (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर :(a) : 'विधाता' शब्द की वर्तनी सही है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

10. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए :

1. अतिशयोक्ति **2. दुरगति**

3. मरीची **4. नीरधि**

किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(a) 2 और 3 (b) 1 और 2

(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर :(c) : 'अतिशयोक्ति, मरीची तथा नीरधि' शुद्ध शब्द हैं, जबकि दुरगति शब्द अशुद्ध है उसका शुद्ध रूप 'दुर्गति' होगा।

11. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है?

(a) चारदीवारी (b) चहारदीवारी

(c) चारदिवारी (d) चाहरदीवारी

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर :(*) : 'चहारदीवारी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

नोट-आयोग ने इस प्रश्न में सभी को समान अंक दिये हैं।

12. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है?

(a) कोतुहल (b) कौतुहल

(c) कौतूहल (d) कुतुहल

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

वन रक्षक परीक्षा-2015

उत्तर :(c) : 'कौतूहल' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

13. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(a) भाग्यमान (b) रमायन

(c) लालायित (d) वाल्मिकी

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

उत्तर :(c) : निम्न में 'लालायित' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्न हैं-

अशुद्ध		शुद्ध
भाग्यमान	-	भाग्यवान
रमायन	-	रामायण
वाल्मिकी	-	वाल्मीकि

14. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए:

(1) अधोगती (2) ऊजवल

(3) विस्मरण (4) हितैषी

किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2 और 3

(c) 3 और 4 (d) 2 और 4

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डीपरि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

उत्तर :(c) : दिए गए विकल्पों में 'विस्मरण' तथा 'हितैषी' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।

अशुद्ध		शुद्ध
अधोगती	-	अधोगति
ऊजवल	-	उज्ज्वल

15. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(a) अभ्यंतरीक (b) आभ्यंतरिक

(c) अभ्यांतरिक (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

UPPSC AE 2011

उत्तर :(b) : दिये गये विकल्पों में 'आभ्यंतरिक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। किसी शब्द के अंत में 'इक' प्रत्यय के प्रयोग से शब्द के आदि में 'अ' का 'आ' तथा 'इ/ई' का 'ऐ' हो जाता है। जैसे- अभ्यंतर + इक = आभ्यंतरिक।

16. निम्नलिखित शब्दों में किस समूह के सभी शब्द शुद्ध हैं?

1. प्रसुन, गदर्भ, शुषुप्ति

2. पंकज, परम्परा, गंगा

3. चंचल, कन्या, घन्टा

4. लख्य, कृप्या, अभीनेत्री

(a) 1, 4 (b) 3

(c) 2 (d) 2, 3

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर :(c) : दिये गये विकल्पों में पंकज, परम्परा, गंगा वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द-समूह हैं। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

17. अधोलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

(a) बारात (b) कालीदास

(c) बजार (d) बाज़ार

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर :(d) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'बाज़ार' है। अन्य शब्द बारात एवं कालीदास त्रुटिपूर्ण शब्द हैं जिनका शुद्ध रूप बरात एवं कालिदास है।

18. एक की वर्तनी शुद्ध है-

(a) अधिकारिक (b) आधिकारिक

(c) अधिकारक (d) अधीकारिक

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर :(b) : 'आधिकारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

@RexstarPdf

19. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है -

(a) पूज्यनीय (b) तत्कालिक
(c) प्रामाणिक (d) पैत्रिक

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I

उत्तर :(c) : दिये गये शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है – प्रामाणिक।
प्रामाणिक शब्द में मूल शब्द 'प्रमाण' है। इसमें इक प्रत्यय है।

अशुद्ध		शुद्ध
पूज्यनीय	-	पूजनीय
तत्कालिक	-	तात्कालिक
पैत्रिक	-	पैतृक

20. इसमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है -

(a) रचइता
(b) अनाधिकार
(c) चिन्ह
(d) अनुकूल

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर :(d) : दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी का शब्द 'अनुकूल' है। अन्य वर्तनी के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

अशुद्ध शब्द		शुद्ध शब्द
रचइता	–	रचयिता
अनाधिकार	–	अनधिकार
चिन्ह	–	चिह्न

21. एक वाक्य में विशेषण अशुद्ध है, वह है -

(a) सुन्दरी लड़की (b) सुन्दर लड़की
(c) सुन्दर लड़का (d) सुन्दर लड़के

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर :(a) : दिये गये वाक्य 'सुन्दरी लड़की' में विशेषण 'सुन्दरी' अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य सुन्दर लड़की होगा।
विशेषण– वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं विशेषण कहलाते हैं।
विशेष्य– विशेषण शब्द जिसकी विशेषता बताता है, वह 'विशेष्य' कहलाता है।

22. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है -

(a) अधिन (b) अधीन
(c) आधीन (d) आधिन

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर :(b) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अधीन' होगा। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध नहीं है।

23. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है -

(a) याज्ञवल्क (b) सदृश
(c) हस्तक्षेप (d) गृहिणी

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर :(a): 'याज्ञवल्क' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी 'याज्ञवल्क्य' है। शेष शब्दों सदृश, हस्तक्षेप, गृहिणी की वर्तनी शुद्ध है।

24. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-

(a) परिच्छा (b) परीच्छा
(c) परीक्षा (d) परिक्षा

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I
UPRO (Mains) 2013

उत्तर :(c) : 'परीक्षा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है-

अशुद्ध शब्द		शुद्ध शब्द
प्रत्युत्	-	प्रत्युत
भाग्यवान	-	भाग्यवान्
विधिवत	-	विधिवत्
श्रीमान	-	श्रीमान्

25. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए ।

(a) रिण (b) रित्
(c) ऋण (d) रिजु

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर :(c) : 'ऋण' शुद्ध शब्द है ।

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
रिण	ऋण
रित्	ऋतु
रिजु	ऋजु

26. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध शब्द छाँटिए ।

(a) आषाढ़ (b) कष्ट
(c) पुस्ट (d) रेशम

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर:(c) 'पुस्ट' अशुद्ध शब्द है, इसका शुद्ध शब्द 'पुष्ट' होगा । अन्य शब्द – आषाढ़, कष्ट तथा रेशम शुद्ध हैं ।

27. निम्नलिखित में से सही शब्द-युग्म का चयन कीजिए ।

(a) आवर्त - पानी का भँवर
(b) अवश - अवश्य
(c) अस्व – घोड़ा
(d) आसन - भोजन

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर :(a) : शुद्ध शब्द युग्म-

आवर्त	–	पानी का भँवर
अश्व	–	घोड़ा

28. नीचे चार शब्द दिए गए हैं। इन शब्दों की मात्रागत शुद्धि/अशुद्धि पर विचार करते हुए दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(i) सूचि **(ii) उज्वल**
(iii) मनोनीत **(iv) अनुगृहीत**

कूट:

(a) केवल (i) अशुद्ध है
(b) (i) एवं (ii) दोनों ही अशुद्ध हैं
(c) (i), (ii) एवं (iii) तीनों ही अशुद्ध हैं
(d) (i), (ii), (iii) एवं (iv) चारों ही अशुद्ध हैं

CGPSC (Pre) 2021

@RexstarPdf

उत्तर :(b) : उपर्युक्त दिए गए शब्दों में 'मनोनीत' एवं 'अनुगृहीत' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं। जबकि सूचि एवं उज्वल की वर्तनी अशुद्ध है। इनका शुद्ध रूप क्रमशः 'सूची' और 'उज्ज्वल' है।

29. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द हैः

(a) संग्रहित (b) संग्रहीत (c) संगृहित (d) संगृहीत

CGPSC (Pre) 2019

उत्तर : (d) : निम्नलिखित में शुद्ध शब्द संगृहीत है। संग्रहीत, संग्रहित इत्यादि वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

30. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) उँगली (b) बाँस
(c) पांचवां (d) दाँत

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर :(c) : अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'पांचवां' है, इसका शुद्ध रूप 'पाँचवाँ' होगा जबकि अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

31. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है-

(a) लब्धप्रतिष्ठा (b) लुब्धपृतिष्ठ
(c) लब्धप्रतिष्ठ (d) लब्धपृतिष्ठ

UPPCS (Pre) 2022
RO/ARO 2021

उत्तर :(c) : दिये गये विकल्पों में से 'लब्धप्रतिष्ठ' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

32. निम्नलिखित में से एक शब्द की वर्तनी में हलन्त-सम्बन्ध अशुद्धि है, वह शब्द है

(a) श्रीमान् (b) परिषद्
(c) सम्राट् (d) श्रीयुत्

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर :(d) : दिये गये विकल्पों में से 'श्रीयुत्' शब्द में हलन्त संबंधी अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप 'श्रीयुत' होगा। अन्य विकल्प शुद्ध है।

33. 'प्रदुमन' शब्द की शुद्ध वर्तनी है-

(a) प्रद्युम्न (b) प्रद्यूमन
(c) प्रदुम्न (d) प्रदूमन

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर :(a) : 'प्रदुमन' शब्द की सही वर्तनी 'प्रद्युम्न' होगी।

34. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(a) अनुग्रहित (b) कनिष्ट
(c) उन्नती (d) ज्योत्स्ना

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)
UPSI 24/12/2021 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
DSSSB Steno. (Grade-III) 11/06/2017
DIET PGT. 2014
UPUDA Spl. Pre. 2010
UPPGT 2010, 2005

उत्तर :(d): दिये गये विकल्पों में 'ज्योत्स्ना' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है। विकल्पों में दिये गये अन्य शब्दों की सही वर्तनी है– अनुगृहीत, कनिष्ठ, उन्नति।

35. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही हैं?

(a) प्रतिग्या (b) उत्कर्ष
(c) महात्मय (d) सहश्त्र

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर :(b) : दिये गये शब्दों में 'उत्कर्ष' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य शब्दों की सही वर्तनी निम्न प्रकार होगी–प्रतिज्ञा, माहात्म्य तथा सहस्त्र।

36. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) अन्जान (b) अंजान
(c) अनजान (d) अन्नजान

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर :(c) : दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'अनजान' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) अद्वितीय (b) अदितीय
(c) अद्वीतीय (d) अद्वीतय

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्प में 'अद्वितीय' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है अन्य विकल्प असंगत हैं।

38. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) असप्रस्यता (b) अस्पृष्यता
(c) अस्प्रश्यता (d) अस्पृश्यता

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर :(d) : दिए गए विकल्प में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अस्पृश्यता' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

39. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) आभीष्ट (b) अभीष्ट
(c) अभिष्ठ (d) अभिष्ठ

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर :(b) : दिए गए विकल्पों में शुद्ध शब्द का सही विकल्प 'अभीष्ट' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

40. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) अभिषेक (b) अभीशेक
(c) अभिसेक (d) अभीषेक

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर :(a) : उपर्युक्त विकल्पों में 'अभिषेक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।
अन्य विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध है।

41. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) अनोपचारिक (b) अनौपचारिक
(c) अनौपचरिक (d) अनौपचारीक

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) 'अनौपचारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

42. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) अध्ययेता (b) अधियेता
(c) अध्यात (d) अध्येता

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(d) : दिये गये विकल्पों में शब्द 'अध्येता' शुद्ध है। शेष अशुद्ध हैं।

43. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) अभिव्यंचनावद (b) अभिव्यंजनावाद
(c) अभीव्यंजनाबाद (d) अभिव्यंचनाबाद

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : विकल्प में दिया गया शब्द 'अभिव्यंजनावाद' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

44. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) अबाव (b) अभाव
(c) अभ्भाव (d) अभाब

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : सही वर्तनी वाला शब्द 'अभाव' है। अन्य सभी वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द हैं।

45. इनमें से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) अंतर्ध्यान (b) अंतरध्यान
(c) अंतर्धान (d) अंतःध्यान

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
[UKPSC AE 2013]
(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर:(c) : दिये गये विकल्पों में 'अंतर्धान' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि विकल्पों में दिये गये अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

46. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) अध्यपान (b) अद्यापन
(c) अद्धापन (d) अध्यापन

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(d) : सही वर्तनी वाला शब्द 'अध्यापन' है। अध्यपान, अद्यापान, अद्धापन ये सभी वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

47. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द शुद्ध है?

(a) अंगना (b) चांद
(c) आंख (d) अँक

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (a) : 'अंगना' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। अंगना का अर्थ 'स्त्री' होता है। दिये गये अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं–

अशुद्ध रूप	शुद्ध रूप
चांद	चाँद
आंख	आँख
अँक	अंक

48. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है?

(a) अंर्तगत (b) अंतर्गत
(c) अंतगर्त (d) अंतरगत

[UKPSC AE 2012]

उत्तर: (b):'अंतर्गत' शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध है।

49. 'सँगम' शब्द में किस तरह की अशुद्धि है?

(a) नुक्ता (b) रेफ
(c) अनुनासिक (d) अनुस्वार

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (c) प्रश्नगत शब्द 'सँगम' में 'अनुनासिक ध्वनि' की अशुद्धि है। अतः शुद्ध शब्द '**संगम**' होगा।

50. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द छाँटिए।

(a) आभीराम (b) अभीराम
(c) अभिराम (d) अभिरम

UPSI Batch-III 21 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द '**अभिराम**' है। अन्य सभी शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

51. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए–

(a) महीना (b) अनुगृह
(c) क्रिया (d) सप्ताह

KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर : (b) अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अनुगृह' है जिसका शुद्ध रूप- '**अनुग्रह**' है। जबकि महीना, क्रिया तथा सप्ताह तीनों शुद्ध हैं।

52. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।

(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
(UPUDA Main 2013)
UP RO (Main), 2013
[UPPSC AE 2008]

उत्तर : (b) वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द **अनुगृहीत** है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

53. एक की वर्तनी शुद्ध है–

(a) राज्य महल (b) कोमलांगिनी
(c) निरोग (d) अक्षौहिणी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अक्षौहिणी**' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष विकल्पों की वर्तनी के शुद्ध रूप निम्नवत हैं–

अशुद्ध	शुद्ध
राज्य महल	राजमहल
कोमलांगिनी	कोमलांगी
निरोग	नीरोग

54. एक की वर्तनी शुद्ध है–

(a) खिवैया (b) न्यौछावर
(c) अनन्नास (d) निर्पेक्ष

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अनन्नास**' की वर्तनी शुद्ध है। शेष निम्नवत है-

अशुद्ध	शुद्ध
खेवैया	खिवैया
न्योछावर	न्यौछावर
निरपेक्ष	निर्पेक्ष

@RexstarPdf

55. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(a) अधिशासी (b) अधिशाषी
(c) अधिसाशी (d) अधिषाशी

UP PGT 2005

उत्तर : (a) प्रस्तुत विकल्पों में से 'अधिशासी' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष तीनों विकल्पों में दिए गए शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

56. अहेतुकी का शुद्ध रूप है –

(a) अहितकी (b) अहैतुकी (c) वेतुकी (d) अभितुकी

UP TGT 2013

उत्तर : (b) अहेतुकी का शुद्ध रूप 'अहैतुकी' है। शेष अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

57. 'आलौकिक का शुद्ध शब्द है –

(a) अलौकुक (b) आलोकिक
(c) अलौकिक (d) आलोकुक

UP TGT 2009

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अलौकिक**' शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

58. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–

(a) अधीकार (b) अनुशरण
(c) अध्ययन (d) अगामी

UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-II
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा-2015
DSSSB लोवर डिवीजन क्लर्क 16/11/2014
DSSSB TGT 28/12/2014

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'अध्ययन' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष शब्दों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं–

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
अधीकार	अधिकार
अनुशरण	अनुसरण
अध्यन	अध्ययन
अगामी	आगामी

59. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –

(a) अन्त्याक्षरी (b) पूज्यनीय
(c) तदोपरान्त (d) कवियित्री

[UKPSC AE 2013]
नायब तहसीलदार, 1992
(UPUDA Main 2010)

उत्तर-(a) शुद्ध वर्तनी वाला शब्द '**अन्त्याक्षरी**' है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है–

अशुद्ध		शुद्ध
पूज्यनीय	–	पूजनीय
तदोपरान्त	–	तदुपरान्त
कवियित्री	–	कवयित्री

60. शुद्ध शब्द छाँटिए-

(a) अभ्यस्थ (b) अभियस्त
(c) अभ्यस्त (d) अभयस्त

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर-(c) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर '**अभ्यस्त**' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण शब्द हैं।

61. निम्नलिखित वाक्य में मोटे छपे शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?

अत्याधिक व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है।

(a) अत्यधिक (b) अतयाधिक
(c) अत्यधीक (d) अत्याधिक

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर-(a) '**अत्याधिक** व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है'। इस वाक्य में 'अत्याधिक' गलत लिखा है। इसका शुद्ध रूप 'अत्यधिक' है।

62. निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–

(a) अष्ठ (b) अश्ट
(c) अस्ट (d) अष्ट

UKPCS AE 2013
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर-(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अष्ट' है।

63. प्रश्न में मात्र एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उन्हें चिह्नित कीजिए।

(a) अक्षुण्ण (b) अक्षुण्य
(c) अच्छुण (d) अक्षूण्य

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द अक्षुण्ण है।

64. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन करें।

(a) अभ्यस्थ (b) अहिल्या
(c) तत्व (d) महत्व

RO/ARO 2021
UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (*) : प्रश्न में दिये गये चारों ही शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं, इनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–

अशुद्ध	शुद्ध
अभ्यस्थ	अभ्यस्त
अहिल्या	अहल्या
तत्व	तत्त्व
महत्व	महत्त्व

65. वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि –

(i) आसक्ति, पारितोषिक।
(ii) शुक्षुषा, शुबुद्धि।
(a) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है।
(b) केवल (ii) की वर्तनी शुद्ध है।
(c) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी शुद्ध है।
(d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है।

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है। (i) आसक्ति, पारितोषिक जबकि (ii) की शुद्ध वर्तनी होगी - **शुश्रूषा, सुबुद्धि**।

@RexstarPdf

66. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) आगतुंक (b) आगतुक
(c) आगंतुक (d) आगंतूंक

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर :(c) : निम्न विकल्पों में 'आगंतुक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है, अन्य विकल्पों की वर्तनी में अशुद्धि है।

67. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) आमवस्या (b) अमावश्या
(c) अमवश्या (d) अमावस्या

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर :(d) : दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'अमावस्या' होगी। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

68. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) आहार (b) अहर
(c) आहर (d) अहार

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर :(a) : दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'आहार' होगा। अन्य शब्द अशुद्ध हैं।

69. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(a) असीरवाद (b) आसिर्वाद
(c) आर्शीवाद (d) आशीर्वाद

VDO 26-06-2023 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UK PSC AE 2017
UP TGT 2001
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा-2016
UP SI 01/12/2021 (Shift - I)

उत्तर :(d) : 'आशीर्वाद' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

70. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(a) आगामी (b) अगमी
(c) आगमी (d) अगामी

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्पों में 'आगामी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष तर्कसंगत नहीं हैं।

71. निम्न में से सही शब्द चुनें।

(a) आदर्श (b) आर्दश (c) आदरस (d) आदर्शा

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'आदर्श' सही शब्द है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

72. एक की वर्तनी शुद्ध है–

(a) आविष्कार (b) देवार्षि
(c) निशब्द (d) जमाता

UP RO (Pre.), 2016
UP SI 01/12/2021(Shift -III)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'आविष्कार' की वर्तनी शुद्ध है। शेष अशुद्ध शब्दों की वर्तनी निम्नवत है–

अशुद्ध	शुद्ध
देवार्षि	देवर्षि
निशब्द	निःशब्द
जमाता	जामाता

73. निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है–

(a) आधीन (b) आकंठ
(c) आकस्मात् (d) आकांड तांडव

GIC. PGT 2009

उत्तर : (b) आकंठ शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। जबकि आधीन, आकस्मात् तथा आकांड तांडव अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द हैं इसका शुद्ध रूप अधीन, अकस्मात् तथा अकांड तांडव होगा।

74. निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है–

(a) असम (b) काश्मीर
(c) गौहाटी (d) चेन्ने

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द असम है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार होगी-

अशुद्ध	शुद्ध
काश्मीर	कश्मीर
गौहाटी	गुवाहाटी
चेन्ने	चेन्नई

75. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–

(a) अनुषंगिक (b) आनुषंगिक
(c) अनुषंगीक (d) अनुसंगिक

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]
UP UDA Main 2013
UP RO (Main), 2013
UP PGT 2010

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में 'आनुषंगिक' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष त्रुटिपूर्ण शब्द हैं।

76. 'भारत देश में इन्दोर स्वच्छता की सूची में प्रथम स्थान पर है।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

(a) स्वच्छता (b) इन्दोर
(c) प्रथम (d) भारत

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)

उत्तर :(b) : वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'इन्दोर' है, जिसकी शुद्ध वर्तनी 'इन्दौर' होगी।

77. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) इन्द्रवज्रा (b) इन्दर्वज्रा
(c) इन्दवज्र (d) इंदवज्रा

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'इन्द्रवज्रा' है। शेष विकल्प गलत हैं।

@RexstarPdf

78. सही रूप है-

(a) इकट्ठा (b) इखट्ठा
(c) इकट्ठा (d) इखट्ठा

UPSI, 2016

उत्तर : (c)

अशुद्ध	**–**	**शुद्ध**
इकट्ठा	–	इकट्ठा
कनिष्ट	–	कनिष्ठ
कुष्ट	–	कुष्ठ
यत्थेष्ठ	–	यथेष्ठ

79. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) ईर्शा (b) ईर्षा
(c) इर्षा (d) ईर्ष्या

(UPUDA Pre. 2010)
UP RO (Pre) 2010

उत्तर–(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'ईर्ष्या' है। अन्य तीनों शब्द अशुद्ध हैं।

80. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) उपलब्द (b) उपलब्ध
(c) उप्पलब्ध (d) उपलभ्ध

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : 'उपलब्ध' सही वर्तनी का शब्द है। शेष गलत हैं।

81. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) ऊदाहरण (b) उदाहरण
(c) उद्धाहरण (d) उधाहरन

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(b) : दिए गए विकल्पों में 'उदाहरण' शब्द सही वर्तनी वाला शब्द है।

82. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) ऊपयुक्त (b) उपरिक्त
(c) उपर्युक्त (d) उपर्युत्त

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(c) : 'उपर्युक्त' शब्द सही वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

83. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) उपदेश (b) उप्पदेश
(c) उपदेस (d) उपदेष

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(a) : सही वर्तनी वाला शब्द 'उपदेश' है। उप्पदेश, उपदेस, उपदेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही नहीं हैं।

84. इनमें से 'अशुद्ध वर्तनी' वाला शब्द कौन-सा है?

(a) वत्सल (b) उल्लंघन
(c) उज्वल (d) मनोरथ

HSSC CET Group-D 2023
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UP RO (Mains)-2014
UP SI 30/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.), 2010
(UPUDA Pre. 2010)
KVS-PRT 22/12/2018
NVS TGT Hindi - 2016
UP TGT 2005
KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर :(c) : 'उज्वल' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' होगा। अन्य सभी विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

85. इनमें से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) उन्ननयन (b) उन्नयन
(c) उनयन (d) उन्यन

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UP RO (Pre.), 2016

उत्तर :(b) : विकल्प में दिया गया शब्द 'उन्नयन' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

86. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए–

(a) उरिन (b) उरिण
(c) उऋन (d) उऋण

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उऋण' शुद्ध शब्द है जबकि अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

87. निम्न में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) उद्घोष (b) एकता
(c) तात्कालिक (d) उपरोक्त

UP RO (Main), 2014
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
[UKPSC AE 2013]
(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उपरोक्त' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप 'उपर्युक्त' होगा। शेष अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

88. एक ही शब्द की वर्तनी चार तरह से लिखी गयी है, सही का चयन कीजिए।

(a) उपर्लिखित (b) उपरिलिखित
(c) ऊपर लिखित (d) ऊपर्लिखित

UP PGT 2013
असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में 'उपरिलिखित' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

89. आजकल अनुशासन के अभाव में विद्यार्थियों में <u>उच्शृंखलता</u> आती है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें–

(a) उत्शृंखलता (b) उच्चशृंखलता
(c) उच्छृंखलता (d) उच्श्रंखलता

UP PGT 2010
अमीन परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर-(c) रेखांकित शब्द 'उच्शृंखलता' वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'उच्छृंखलता' प्रयुक्त होगा।

90. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) उत्तरदाई (b) उत्तरदायी
(c) उतरदायी (d) उत्तरदाई

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) दिए गए प्रश्न में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'उत्तरदायी' है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

91. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है?

(a) उच्चारड (b) उच्चारढ़
(c) उच्चारड़ (d) उच्चारण

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : दिये गये शब्दों में शुद्ध शब्द 'उच्चारण' है।

92. वर्तनी की दृष्टि से कौन–सा शब्द अशुद्ध है?

(a) कोमलांगी (b) सम्मिलित
(c) उत्कर्षता (d) अनुगृहीत

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : 'उत्कर्षता' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। शुद्ध शब्द 'उत्कर्ष' होता है। कोमलांगी, सम्मिलित और अनुगृहीत शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

93. निम्नलिखित में से किस शब्द में स्वर-व्यंजन संबंधी अशुद्धि नहीं है?

(a) आरोज्ञ (b) इसाई
(c) ऊर्जस्वी (d) औतुसुक्य

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में से 'ऊर्जस्वी' शब्द में स्वर व्यंजन संबंधी अशुद्धि नहीं है। शेष शब्द अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है– 'आरोज्ञ का आरोग्य', 'इसाई का ईसाई' तथा 'औतुसुक्य का औत्सुक्य '।

94. दिए गए शब्दों में अशुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) स्थायित्व (b) नीरोग
(c) स्वस्थ (d) एक्यता

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर :(d) : दिए गए शब्दों में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द एक्यता है। अन्य विकल्प शुद्ध हैं। एक्यता की शुद्ध वर्तनी एकता होती है।

95. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) ऐतीहासिक
(b) ऐतिहासिक
(c) आइतिहसिक
(d) एतिहासिक

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) उपर्युक्त प्रश्न में 'ऐतिहासिक' शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

96. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) ऋषि (b) ऋषी
(c) रिषि (d) रीषि

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर : (a) 'ऋषि' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी अशुद्ध हैं।

97. निम्न में से उचित शब्द का चयन करें।

(a) उद्योगिक (b) ओद्योगिक
(c) औद्योगीक (d) औद्योगिक

UPSI Batch - II 20 Dec. 2017
KVS PGT 2014
KVS. PGT. 2014
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'औद्योगिक' वर्तनी के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। शेष शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

98. निम्न में से सही शब्द कौन-सा है?

(a) कृतघ्न (b) किरितघन
(c) कृत्धन (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्पों में 'कृतघ्न' शब्द सही है। शेष अशुद्ध हैं। अन्य शुद्ध शब्द–त्रिकाल, दाँत, निर्वाण, परिच्छेद, पैतृक, विरहिणी, साप्ताहिक, स्वयंवर हैं।

99. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) कारलय (b) कार्यालय
(c) कार्यलय (d) कार्यलाय

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(b) शुद्ध वर्तनी 'कार्यालय' है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

100. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए।

(a) क्रपा (b) किरपा
(c) कृपा (d) करिपा

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'कृपा' शुद्ध शब्द है। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

101. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-

(a) करमनासा (b) कर्मनाशा
(c) कर्मनाला (d) करमनाशा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'कर्मनाशा' शुद्ध शब्द है जबकि अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

102.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) कलेष (b) क्लेष
(c) क्लेश (d) क्लेस

UP RO (Pre.), 2014
UK PSC AC 2017

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है - 'क्लेश'

@RexstarPdf

103. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए –

(a) कुमुदनी (b) कुमुदुनी
(c) कुमुदिनी (d) कुमदुनी

UP TGT 2010

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'कुमुदिनी' शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

104. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शुद्ध है?

(a) कवियित्री (b) कवयित्री
(c) कवीयित्री (d) कवयीत्री

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UK PSC AE 2017
आबकारी सिपाही परीक्षा 2016
UK PSEC AE 2012
UP PSCE AC 2008
DSSSB Forest Gaurd Exam-28/09/2014
DSSSB ART 14/11/2019, II Sift
DSSSB TGT Hindi 15/09/2018, II Sift
UP RO (Pre.), 2010, 2014
UP TGT 2002
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर-(b) जो पुरुष कविता लिखता है, उसे 'कवि' तथा जो महिला कविता लिखती है, उसे 'कवयित्री' कहा जाता है।

105. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए–

(a) क्रिपाण (b) कृपाण
(c) क्रपाण (d) कृपाड़

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'कृपाण' हैं जबकि क्रिपाण, क्रमाण, कृपाड़ वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध नहीं हैं।

106. शुद्ध शब्द चुनिए –

(a) घनिष्ट (b) घनिष्ठ
(c) घनीष्ट (d) घनीष्ठ

UDA/LDA परीक्षा, 2015
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर-(b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'घनिष्ठ' शुद्ध शब्द है, जबकि दिए गये अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

107. जिस शब्द में त्रुटि नहीं है, उसका चयन करें।

(a) छत्रोछाया (b) छत्रीछाया
(c) छतरछाया (d) छत्रच्छाया

RO/ARO 2021
UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पो में 'छत्रच्छाया' शब्द त्रुटिहीन है।

108.नीचे एक ही शब्द की चार वर्तनी दी गयी है, सही का चयन कीजिए।

(a) छतीस (b) छतिस
(c) छत्तिस (d) छत्तीस

UP PGT 2013

उत्तर : (d) दिये गये शब्दों में 'छत्तीस' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

109.किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

(a) निरनुनासिक (b) छिद्रान्वेशी
(c) गत्यर्थ (d) अन्तश्चेतना

(UPUDA Pre. 2010)
UP RO (Pre.), 2010

उत्तर – (b) निरनुनासिक, गत्यर्थ और अन्तश्चेतना तीनों शुद्ध हैं, जबकि छिद्रान्वेशी अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा- 'छिद्रान्वेषी'।

110. कौन सा शब्द शुद्ध है?

(a) छियालीस (b) छयालीस
(c) छियालिस (d) छयालिस

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'छियालीस' है। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

111. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) जागृत (b) जागरत
(c) जग्रत (d) जाग्रत

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)
UPUDA Spl. Pre. 2010

उत्तर :(d) : दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'जाग्रत' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

112.निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –

(a) जीजीवीषा (b) जीजिविषा
(c) जिजिविषा (d) जिजीविषा

UP TGT 2004
UP PGT 2002, 2004
[UPPSC AE 2007]

उत्तर : (d) प्रश्न में दिए गए शब्दों में से 'जिजीविषा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है शेष तीनों शब्द जीजीविषा, जिजिविषा जिजिविषा वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

113. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।

(a) टिपड़ी (b) टिप्पणि (c) टीप्पणी (d) टिप्पणी

(UPUDA Main 2013)

उत्तर–(d) वर्तनी की दृष्टि से चारों विकल्पों में शुद्ध विकल्प 'टिप्पणी' है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

114. इनमें से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) तिरस्कार (b) तीरश्कार
(c) तिर्ष्कार (d) तिरसकार

NVS TGT 18.09.2019
UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्पों में 'तिरस्कार' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

115. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) तृतीय (b) त्रतीय
(c) तृत्तीय (d) तुर्तीय

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(a) : लिखने की रीति को 'वर्तनी' या अक्षरी कहते हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की वर्तनी समिति- 1962 ई. ने जो उपयोगी और सर्वमान्य निर्णय किए, उसके अनुसार तृतीय वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

@RexstarPdf

116. नीचे लिखे गए शब्दों में से सही शब्द पहचानिए।

(a) त्यौहर (b) त्योहर
(c) त्योहार (d) तयोहार

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में सही शब्द 'त्योहार' है तथा शेष शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धि है।

117.शुद्ध रूप कौन-सा है?

(a) तादात्म्य (b) तादात्मय
(d) तदात्म्य (d) तथात्मक

UP PGT 2004

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'तादात्म्य' शुद्ध शब्द है, अन्य शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

118. निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–

(a) त्रिदोश (b) तिरदोष
(c) तृदोष (d) त्रिदोष

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर-(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'त्रिदोष' है।

119. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) दाम्माद (b) दामाद
(c) दमाद (d) दम्माद

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (b) दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी दामाद होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

120. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द कौन-सा है?

(a) दुग्धोज्ज्वल्य (b) दुगद्योजल
(c) दुग्धोउज्ज्वल (d) दुग्धोज्ज्वल

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(d) : दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'दुग्धोज्ज्वल' है।

121. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) दवानल (b) दावानल
(c) दाबानाल (d) धाबानल

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(b) : शब्द 'दावानल' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष शब्द अशुद्ध हैं। दावानल जंगल में लगने वाली आग को कहते हैं।

122. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) द्वमाषिक (b) दिमाशिक
(c) द्विमासिक (d) दूमाशिक

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :: (c) 'द्विमासिक' शुद्ध शब्द है । शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

123. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(a) दिघायु (b) दीघार्यु
(c) दीरघायु (d) दीर्घायु

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर :(d) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'दीर्घायु' है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

124. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) दर्शनाभिलाशी (b) दर्शनाभिलाषी
(c) दर्शनाभिलासी (d) दर्शानाभिलाशी

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'दर्शनाभिलाषी' है। शेष विकल्प गलत हैं।

125. शुद्ध शब्द रूप है –

(a) दुरनिवार (b) दुर्नीवार
(c) दुःनिवार (d) दुर्निवार

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'दुर्निवार' शुद्ध वर्तनी रूप है जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

126. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए-

(a) दृष्य (b) दृश्य
(c) द्रिष्य (d) दृश

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'दृश्य' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष दिये गये अन्य विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध हैं।

127.इनमें से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है, वह है -

(a) द्वारिका (b) अहल्या
(c) आर्द्र (d) प्रव्रज्या

GIC. PGT 2015
UP UDA (Manis) 2014
UP SI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'द्वारिका' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी 'द्वारका' होगी, जबकि अहल्या , आर्द्र, प्रव्रज्या वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

128. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिए-

(a) द्रपण (b) दर्पण
(c) दरपण (d) दपर्ण

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में 'दर्पण' शब्द की वर्तनी सही है जबकि अन्य त्रुटिपूर्ण हैं।

129. भग्गू सेठ तो बहुत ही दूश्चरित्र व्यक्ति है। रेखांकित की शुद्ध वर्तनी है–

(a) दुश्चरित्र (b) दुस्चरित्र
(c) दुष्चरितृ (d) दुष्चरित्र

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य में रेखांकित शब्द दूश्चरित्र का शुद्ध रूप 'दुश्चरित्र' है।

130. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।

(a) शुसुप्त (b) द्रष्टा
(c) रचइता (d) सृष्टा

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

@RexstarPdf

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'द्रष्टा' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है-

अशुद्ध	शुद्ध
शुसुप्त	सुषुप्त
रचइता	रचयिता
सृष्टा	स्रष्टा

131. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) दम्पत्ति
(b) दम्पती
(c) दम्पत्ती
(d) दम्पति

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) दिये गये शब्दों में शुद्ध शब्द 'दम्पति' है। वर्तनी की दृष्टि से अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

132. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द कौन सा है?

(a) दौरना (b) अतिथि
(c) नीरज (d) पंकज

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) दिये गये शब्दों में अशुद्ध शब्द दौरना है बल्कि इसका शुद्ध रूप दौड़ना होता है जबकि अतिथि, नीरज, पंकज शुद्ध शब्द हैं।

133. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है?

(a) दुरभिसन्धि (b) दुराभिसन्धि
(c) दुरभिसन्धी (d) दुर्भिसन्धि

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) 'दुरभिसन्धि' शुद्ध शब्द है, शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

134. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।

(a) दैदीप्यमान (b) देदीपमान
(c) दैदीपमान (d) देदीप्यमान

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'देदीप्यमान' है। यह विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है, जिसका अर्थ है चमकता हुआ, दमकता हुआ। यह शब्द दीप् + यङ् + शानच प्रत्यय लगाकर बना है।

135. इनमें से शुद्ध कौन-सा है ?

(a) ध्वनयालोक (b) ध्वन्यालोक
(c) धवन्यालोक (d) ध्वंयलोक

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : दिया गया शब्द 'ध्वन्यालोक' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

136. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) धोबिन (b) धोबिनी
(c) धोबनी (d) धोबीन

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'धोबिन' है।

137. प्रश्न में मात्र एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उसे चिह्नित कीजिए।

(a) धूम्रपान (b) समयसारिणी
(c) प्रदर्शिनी (d) ओषधि

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'धूम्रपान' हैं। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है–

अशुद्ध वर्तनी	शुद्ध वर्तनी
समय सारिणी	समयसारणी
प्रदर्शिनी	प्रदर्शनी
ओषधि	औषधि

138. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) नकद (b) नगद
(c) नागद (d) नाकद

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर :(a) : दिए गए शब्दों में 'नकद' शुद्ध वर्तनी का शब्द है। अन्य शब्द अशुद्ध हैं।

139. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) निसंदेह (b) निस्संदेह
(c) नीसंदेह (d) निस्सदेंह

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(b) : दिये गए विकल्प में सही वर्तनी वाला शब्द निस्संदेह है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

140. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–

(a) नरक (b) नर्क
(c) न्रक (d) र्नक

UP RO (Main), 2013

उत्तर : (a) वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द नरक है, जबकि अन्य नर्क, न्रक और र्नक अशुद्ध हैं।

141. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) पारलौकिक (b) निष्चेष्ट
(c) दुर्धर्ष (d) आशीर्वाद

UP RO (Pre), 2013

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है निष्चेष्ट है जबकि इसका शुद्ध रूप निश्चेष्ट होता है।

142. निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है -

(a) आभ्यान्तरिक (b) अत्याधिक
(c) निरोग (d) निरपराधिनी

DSSSB TGT Math 22/09/2018, II Sift
GIC. PGT 2009

उत्तर :(d) 'निरपराधिनी' शुद्ध वर्तनी है। आभ्यान्तरिक, अत्याधिक तथा निरोग शब्दों की शुद्ध वर्तनी क्रमशः आभ्यन्तरिक, अत्यधिक तथा नीरोग होता है।

143. शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) चिन्ह (b) कृप्या
(c) दवाईयाँ (d) निर्भर

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर: (d) उपर्युक्त विकल्पों में से 'निर्भर' शब्द शुद्ध है। शेष शब्द अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है–

चिन्ह – चिह्न, कृप्या – कृपया, दवाईयाँ – दवाइयाँ

144. प्रश्न में मात्र एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उसे चिह्नित कीजिए।

(a) नवरात्रि (b) उपरोक्त
(c) निनरलंव (d) अत्याधिक

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'नवरात्रि' है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार हैं-

अशुद्ध	**शुद्ध**
उपरोक्त	उपर्युक्त
निनरलंव	निरवलंब
अत्याधिक	अत्यधिक

145. इनमें से शुद्ध वर्तनी का रूप है-

(a) निरझरणी (b) निरझरिणी
(c) निर्झरिणी (d) निर्झरणी

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों में शुद्ध शब्द 'निर्झरिणी' है।

146. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) प्रतिमिरती (b) प्रतीमुर्ती
(c) परतिमुर्ती (d) प्रतिमूर्ति

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर :(d) : उपर्युक्त विकल्पों में 'प्रतिमूर्ति' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

147. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) वीहंगम (b) शूची
(c) परिचारक (d) ग्रिहीन

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर :(c) : निम्न विकल्पों में 'परिचारक शब्द' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्न है–

अशुद्ध	**शुद्ध**
वीहंगम	विहंगम
शूची	सूची
ग्रिहीन	गृहिणी

148. इनमें से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(a) ज्योत्स्ना (b) संतुष्ट
(c) शूर्पणखा (d) पृष्टभूमि

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(d) : विकल्प में दिया गया शब्द 'पृष्टभूमि' की वर्तनी अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी 'पृष्ठभूमि' होगा। अन्य सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

149. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) प्रामर्श (b) परामर्स
(c) परमर्श (d) परामर्श

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(d) : 'परामर्श' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही है।

150. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) प्रतमाक्षर (b) प्रथामाच्छर
(c) प्रथमाक्षर (d) प्रितमाक्षर

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(c) : दिये गये विकल्प में 'प्रथमाक्षर' सही वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

151. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) परोप्पक्कार (b) परोपकार
(c) परूपकार (d) परोप्कार

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : 'परोपकार' सही वर्तनी वाला शब्द है। वर्तनी शब्द का अर्थ-लिखने की रीति को 'वर्तनी' या 'अक्षरी' कहते हैं। अतः जिस भाषा की वर्तनी में अपनी भाषा के साथ अन्य भाषाओं की ध्वनियों को ग्रहण करने की जितनी अधिक शक्ति होगी, उस भाषा की वर्तनी उतनी ही समर्थ समझी जाएगी अतः वर्तनी का सीधा संबंध भाषागत ध्वनियों के उच्चारण से है।

पर + उपकार = परोपकार शुद्ध शब्द है।

152. इनमें से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।

(a) पुरष्कार (b) पुरस्कर
(c) पुरस्कार (d) पुरूस्कार

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर :(c) : दिये गये विकल्पों में 'पुरस्कार' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

153. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द का चयन करें–

(a) पर्मार्थ (b) महर्षि
(c) आशीर्वाद (d) सूर्योदय

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द '**पर्मार्थ**' है जिसका शुद्ध रूप 'परमार्थ' होता है। शेष सभी शब्द शुद्ध हैं।

154. वर्तनी सम्बन्धी सही शब्द पहचानिए।

(a) अभीनेता (b) अवनती
(c) उन्नती (d) पूर्ति

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (d) वर्तनी सम्बन्धी शुद्ध शब्द 'पूर्ति' है। शेष सभी शब्द अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप क्रमशः अभिनेता, अवनति तथा उन्नति है।

155. एक की वर्तनी शुद्ध है-

(a) षट्दर्शन (b) अनापेक्षित
(c) किलिष्ट (d) पर्यवसान

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'पर्यवसान' की वर्तनी शुद्ध है। शेष निम्नवत हैं-

@RexstarPdf

शुद्ध	अशुद्ध
षड्दर्शन	षट्दर्शन
अनपेक्षित	अनापेक्षित
क्लिष्ट	किलिष्ट

156. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-

(a) प्रागेतिहासिक (b) प्रागैतिहासिक
(c) प्रागतिहासिक (d) प्रागइतिहासिक

GIC. PGT 2012

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में से 'प्रागैतिहासिक' शब्द शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्पों के शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

157. निम्न में शुद्ध रूप कौन सा है?

(a) प्रदर्शिनी (b) प्रदर्शनी
(c) प्रर्दशिनी (d) प्रदर्शिनी

UP PGT 2009

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'प्रदर्शनी' शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

158. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन करें –

(a) पूज्यनीय (b) उज्जवल
(c) परिपार्श्विक (d) जोत्यसना

UP TGT 2004

उत्तर : (c) प्रश्न में दिए गए चारों विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'परिपार्श्विक' है। पूज्यनीय अशुद्ध शब्द है जिसका वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध रूप 'पूजनीय' होगा। अशुद्ध उज्जवल का शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' तथा जोत्यसना का शुद्ध रूप 'ज्योत्स्ना' होगा।

159. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –

(a) पूज्यनीय (b) पुज्यनीय
(c) पूजनीय (d) पुजनीय

[UKPSC AE 2013]
UP TGT 2004

उत्तर : (c) दिए गए शब्दों में शुद्ध शब्द 'पूजनीय' है। पूज्यनीय, पुज्यनीय, पुजनीय तीनों शब्द व्याकरणिक दृष्टि से अशुद्ध हैं। पूजा विशेष्य के अंत में 'अनीय' प्रत्यय के जुड़ने पर 'पूजनीय' विशेषण (शब्द) बनता है।

160. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?

(a) प्रतिनिधि (b) प्रतिनीधी
(c) प्रतिनीधि (d) प्रतिनिधी

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर-(a) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध शब्द 'प्रतिनिधि' है।

161. निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–

(a) प्रिथ्वी (b) पृथ्वी
(c) पृथवी (d) प्रिथवि

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'पृथ्वी' है।

162. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है:-

(a) प्रजवलित (b) प्रज्ज्वलित
(c) प्रज्वलित (d) प्रज्जवलित

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'प्रज्वलित' है। इसमें 'प्र' उपसर्ग 'ज्वल' मूलशब्द एवं 'इत' प्रत्यय है। यह विशेषण शब्द है।

163. निम्न में कौन सा शब्द अशुद्ध है?

(a) पुष्प (b) पुज्य (c) परिस्थिति (d) प्रशंसा

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'पुज्य' अशुद्ध शब्द है, जिसका शुद्ध रूप 'पूज्य' है। विकल्प में उपस्थित शेष शब्द शुद्ध वर्तनी वाले हैं।

164. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) कौतूहल (b) अनधिकार
(c) निरपेक्ष (d) पौराणीक

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d) : 'पौराणीक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी 'पौराणिक' है। अन्य शब्द कौतूहल, अनधिकार, निरपेक्ष वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

165. ''ब्राहमण'' शब्द के शुद्ध रूप का चयन करें।

(a) ब्राम्हण (b) ब्राह्मण
(c) ब्राह्मन (d) ब्रहम्ण

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में ब्राहमण शब्द का शुद्ध रूप– 'ब्राह्मण' है। अन्य सभी शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

166. शुद्ध शब्द चुनिए -

(a) गंगा-जल (b) वे-बुनियाद
(c) बड़ा-सा (d) चौ-पाया

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर- (c) हिन्दी वर्तनी का महत्वपूर्ण नियम- 'सा', 'जैसा' आदि सारूप्य वाचकों के पूर्व योजक चिह्न (-) का प्रयोग किया जाना चाहिए; जैसे- तुम-सा, राम-जैसा। अतः विकल्प (c) बड़ा-सा, शुद्ध शब्द है। शेष विकल्पों का शुद्ध रूप इस प्रकार है-
गंगा–जल = गंगाजल
वे-बुनियाद = बेबुनियाद
चौ-पाया = चौपाया

167. किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) पृष्ट (b) प्रर्याप्त
(c) प्रदर्शिनी (d) ब्रजभाषा

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (d) : दिए गए शब्दों में से 'ब्रजभाषा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष का शुद्ध विवरण है–

अशुद्ध	–	शुद्ध
पृष्ट	–	पृष्ठ
प्रर्याप्त	–	पर्याप्त
प्रदर्शिनी	–	प्रदर्शनी

168. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) ब्रहमा (b) ब्रहमा
(c) ब्रह्मा (d) ब्रम्हा

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : दिए गए शब्दों में 'ब्रह्मा' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

@RexstarPdf

169. इनमें से किसकी वर्तनी शुद्ध है?

(a) संगीतज्ञ (b) संगीतय
(c) संगीतग्य (d) संगीताम्य

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्प में 'संगीतज्ञ' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

170. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

(a) लंगड़ (b) बुझक्कड़ (c) कोंकण (d) भुख्खड़

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में लंगड़, बुझक्कड़ और कोंकण शब्द शुद्ध हैं। विकल्प (d) में दिया गया शब्द 'भुख्खड़' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा 'भुक्खड़'।

171. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) भगीरथी (b) भागीरथी (c) भगिरथी (d) भागिरथी

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'भागीरथी' शुद्ध विकल्प है। अन्य तीनों त्रुटिपूर्ण हैं।

172. वर्तनी की दृष्टि से इनमें से अशुद्ध शब्द है -

(a) ज्योत्स्ना (b) अहोरात्र
(c) भाष्कर (d) मिष्टान्न

GIC. PGT 2015
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर वर्तनी की दृष्टि से 'भाष्कर' अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध शब्द 'भास्कर' होगा, जबकि ज्योत्स्ना, अहोरात्र, मिष्टान्न वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

173. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(a) अभिज्ञ (b) भिज्ञ (c) विज्ञ (d) अनभिज्ञ

UP PGT 2005

उत्तर : (b) 'भिज्ञ' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप 'अभिज्ञ' होगा।

174. प्रश्न में मात्र एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उसे चिह्नित कीजिए।

(a) संग हति (b) अहेतुकी
(c) लब्धप्रतिष्ठित (d) भर्त्सना

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : शुद्ध वर्तनी शब्द 'भर्त्सना' है जबकि संग हति का शुद्ध वर्तनी शब्द संहति, अहेतुकी शब्द का शुद्ध वर्तनी शब्द अहैतुकी, लब्धप्रतिष्ठित शब्द का शुद्ध वर्तनी शब्द लब्धप्रतिष्ठ है।

175. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनीगत अशुद्धि है?

(a) प्राणी (b) मत्र
(c) करुणा (d) हमारे

SSC GD Constable 13-01-2023 (9-10am)

उत्तर :(b) : निम्नलिखित विकल्पों में 'मत्र' शब्द में वर्तनी अशुद्ध है जिसका शुद्ध रूप 'मात्र' होगा। शेष दिए गए अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

176. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) मांग्ल्याचरण (b) मंगलाचरण
(c) मंग्लाचारण (d) मंग्लाचरन

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर :(b) : शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'मंगलाचरण' है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

177. निम्न शब्दों में से सही शब्द का चयन कीजिये–

(a) मृदुल (b) मृदूल
(c) मृधुर (d) म्रदुल

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये शब्दों में सही शब्द 'मृदुल' है। शेष विकल्प वर्तनीगत अशुद्धि के कारण गलत हैं।

178. मानक वर्तनी के आधार पर शुद्ध शब्द पहचानिए–

(a) मृत्यूदंड (b) मरुत्युदण्ड
(c) मृत्यूदण्ड (d) मृत्युदंड

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्प के आधार शुद्ध शब्द- 'मृत्युदंड' होगा। शेष शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

179.शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) मानविकरण (b) मानवीयकरण
(c) मानवीकरण (d) मनवीकरण

UP PGT 2009

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'मानवीकरण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

180. मानव मात्र को गीता के माहातम्य से परिचित होना अनिवार्य है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें–

(a) माहात्मय (b) माहात्म्य
(c) महात्म्य (d) महात्तम्य

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर-(b) 'मानव मात्र को गीता के माहातम्य से परिचित होना अनिवार्य है'। इस वाक्य में रेखांकित शब्द माहातम्य के स्थान पर 'माहात्म्य' शब्द प्रयुक्त होगा। यह वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

181. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए–

(a) परिक्षा (b) मुमूर्षु
(c) मूमुर्षू (d) परीखा

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर : (b) 'मुमूर्षु' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य विकल्प परिक्षा, परीखा अशुद्ध शब्द हैं जिनका शुद्ध रूप होगा– 'परीक्षा'।

182. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) निस्संदेह (b) निस्संकोच
(c) उज्ज्वल (d) महत्व

[UPCSA 2019]

उत्तर. (d) : 'महत्व' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप है महत् + त्व = महत्त्व। जबकि निस्संदेह, निस्संकोच और उज्ज्वल वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

183. प्रश्न में मात्र एक-एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उन्हें चिह्नित कीजिए।

(a) अहिल्या (b) कौसल्या
(c) युधिष्ठिर (d) अनुसूया

[UPPSC AE 2007]

@RexstarPdf

उत्तर : (c) शुद्ध वर्तनी शब्द 'युधिष्ठिर' है। जबकि अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार हैं-

अशुद्ध	**शुद्ध**
अहिल्या	अहल्या
कौसल्या	कौशल्या
अनुसूया	अनसूया

नोटः–'कौशल्या' शब्द के दोनों रूपों को कुछ विद्वानों ने सही माना है। अतः 'कौशल्या-कौसल्या' दोनों शुद्ध शब्द हैं।

184. इन नामों में किसकी वर्तनी अशुद्ध है?

(a) मैथलीशरण गुप्त (b) सच्चिदानन्द
(c) माण्डवी (d) राहुल सांकृत्यायन

[UPPSC AE 2008]

उत्तर : (a) 'मैथलीशरण गुप्त' की वर्तनी अशुद्ध है बल्कि शुद्ध वर्तनी **मैथिलीशरण गुप्त** है जबकि सच्चिदानन्द, माण्डवी, राहुल सांकृत्यायन शुद्ध शब्द हैं।

185. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध शब्द का चयन कीजिये-

(a) मूल्यवान (b) क्लिष्ठ
(c) ब्रम्ह (d) पृथक

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (*) दिये गये विकल्पों से मूल्यवान और पृथक दोनों शुद्ध शब्द हैं। वर्तनी की दृष्टि से क्लिष्ठ का शुद्ध रूप 'क्लिष्ट' तथा ब्रम्ह का 'ब्रह्म' होता है।

186. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(a) यानी (b) द्वन्द
(c) यानि (d) उज्वल

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UP PGT, 2002

उत्तर :(a) 'यानी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष विकल्पों के शुद्ध शब्द- द्वन्द्व, उज्ज्वल हैं।

187. निम्न शब्दों में से अशुद्ध शब्द पहचानिए।

(a) रचियता (b) पूजनीय
(c) आँख (d) नरक

UPSI Batch - I 12 Dec.2017
UP TGT 2002

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में 'रचियता' शब्द अशुद्ध है; जिसका शुद्ध रूप– 'रचयिता' है। अन्य तीनों शब्द वर्तनी के आधार पर शुद्ध हैं।

188. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) राश्ट्रीय (b) राष्टीय
(c) राष्ट्रिय (d) राष्ट्रीय

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(d) 'राष्ट्रीय' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है।

189. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) रूपरेखा (b) रूप्रेका
(c) रुपरेका (d) रुपरेखा

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (a) 'रूपरेखा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। रूप्रेका, रूपरेका, रूपरेखा ये सभी वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

190. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) रोहिणी (b) रौहिनी
(c) रोहिनि (d) रोहिनी

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(a) : 'रोहिणी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। रोहिनि, रोहिनि, रोहिनि शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध नहीं हैं।

191. इन नामों में से एक की वर्तनी अशुद्ध है-

(a) कौसल्या (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) मेघनाद (d) राहुल सांस्कृत्यायन

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (d) वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द राहुल सांस्कृत्यायन है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप होगा – 'राहुल सांकृत्यायन'। 'कौसल्या' एवं 'कौशल्या' दोनो ही वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं एवं मानक हिन्दी में स्वीकृत भी हैं।
स्रोत- वासुदेवनन्दन प्रसाद : आधुनिक हिन्दी व्याकरण एवं रचना (पृष्ठ सं- **57)**

192. शुद्ध शब्द चुनिए –

(a) रामायन (b) रामायण
(c) रमायन (d) रामायड़

RO/ARO 2021
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर-(b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'रामायण' शुद्ध शब्द है। वर्तनी की दृष्टि से शेष सभी अशुद्ध शब्द हैं।

193. निम्नलिखित प्रश्न में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–

(a) रसायनिक (b) रासायनिक
(c) रासयनीक (d) रसयनिक

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर-(b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'रासायनिक' है।

194. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है ?

(a) लखपति (b) लाक्खपति
(c) लक्षपती (d) लखपती

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर:(a) : 'लखपति' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

195. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।

(a) वमगिनी (b) वामागिनी
(c) वामंगीनी (d) वामांगिनी

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर :(d) : उपर्युक्त विकल्पों में 'वामांगिनी' शुद्ध वर्तनी का शब्द है। यह स्त्री, पत्नी का पर्यायवाची शब्द है।

196. इनमें से शुद्ध शब्द कौन सा है?

(a) विद्यावाचस्पति (b) विद्यावाचष्पति
(c) विद्यावाचश्पति (d) विद्यावाचपति

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(a) : उपर्युक्त विकल्पों में 'विद्यावाचस्पति' शुद्ध शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

@RexstarPdf

197. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) विकाश (b) विकाक्ष
(c) वीकास (d) विकास

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(d) : विकास शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष शब्द विकाश, विकाक्ष, वीकास वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

198. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) व्यावस्थ (b) व्यवस्था
(c) व्यवस्ता (d) व्याबस्ता

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(b) : 'व्यवस्था' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

199. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) विभाग (b) विभाघ
(c) वीभाग (d) विभग

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर :(a) : 'विभाग' सही वर्तनी वाला शब्द है। अन्य सभी वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द हैं।

200. इनमें से कौन-से शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

(a) व्यंग (b) अनंग
(c) हास्य (d) परिहास

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
UP SI Dec 2017 (Batch- III)

उत्तर :(a) : दिये गये विकल्प में 'व्यंग' वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है जिसका शुद्ध रूप 'व्यंग्य' होगा। अन्य विकल्पों में दिये गये शब्द 'अनंग', 'हास्य' एवं 'परिहास' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

201. निम्न में से कौन-से शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) वाल्मीकि (b) वाल्मिकी
(c) वाल्मीकी (d) वाल्मीक

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016
UKPSCAE 2012

उत्तर : (a) दिये गये शब्दों में से 'वाल्मीकि' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

202. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) विरिहिणी (b) विरहणी
(c) विरहिणी (d) विरिहणी

[UPTET (I-V) 18.11.2018]
UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (c) शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है 'विरहिणी'। अन्य तीनों विकल्प गलत हैं।

203. वर्तनी की दृष्टि से शब्द का शुद्ध रूप कौन है?

(a) बन्दना (b) वंदना
(c) बनदना (d) वन्दना

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'वंदना' होगा न कि बन्दना, वन्दना या बनदना।

204. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी का शब्द है-

(a) वाँङ्मय (b) वांगमय
(c) वाङ्मय (d) बाँगमय

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है- 'वाङ्मय'। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

205. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शुद्ध है?

(a) विदुषी (b) बिदुषी
(c) वीदुषी (d) विदूषी

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर- (a) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'विदुषी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

206. रेखांकित शब्द की वर्तनी शुद्धि के लिये एक विकल्प चुनिए- विश्लेशण करने पर ज्ञात हुआ कि वह उसकी अपनी रचना नहीं थी।

(a) विशलेषण (b) विश्लेषण
(c) विशलेशण (d) वीश्लेषण

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'विश्लेशण' का शुद्ध वर्तनी रूप विश्लेषण है।

207. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–

(a) चिन्ह (b) विवर्त
(c) अनुग्रहीत (d) विरहणी

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : वर्तनी की दृष्टि से 'विवर्त' शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द एवं उनकी शुद्ध वर्तनी है–

शब्द	शुद्ध वर्तनी
चिन्ह	चिह्न
अनुग्रहीत	अनुगृहीत
विरहणी	विरहिणी

208. शुद्ध वर्तनी चुनिए-

(a) समसान (b) शमशान (c) श्मशान (d) स्मशान

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'श्मशान' शुद्ध वर्तनीयुक्त शब्द है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण हैं।

209. सही वर्तनी वाला शब्द है –

(a) सूहद (b) शुश्रूषा
(c) श्पर्धा (d) शसीम

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift
UP NT Exam 2008
UP RO (Pre) 2010

उत्तर : (b) उपर्युक्त विकल्पों में से 'शुश्रूषा' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। सूहद की शुद्ध वर्तनी- 'सुहृद', 'श्पर्धा' की शुद्ध वर्तनी- 'स्पर्धा' तथा शसीम की शुद्ध वर्तनी 'ससीम' है।

210. निम्नलिखित शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से एक शुद्ध है:

(a) शुद्धीकरण (b) हिरण्यकश्यपु
(c) श्राप (d) लब्धप्रतीष्ठित

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'शुद्धीकरण' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द इस प्रकार हैं-

अशुद्ध	शुद्ध
हिरण्यकश्यपु	हिरण्यकशिपु
श्राप	शाप
लब्धप्रतीष्ठित	लब्धप्रतिष्ठ

@RexstarPdf

211. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनें।

(a) सुर्पनखा (b) सूर्पनखा (c) सूर्पणखा (d) शूर्पणखा

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (d) : 'शूर्पणखा' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य विकल्प वर्तनीगत अशुद्ध हैं।

212. 'कंचन एक कृशांगिनी युवती है।' इस वाक्य में कौन सी अशुद्धि है?

(a) शब्द चयन सम्बन्धी अशुद्धि
(b) वर्तनीगत अशुद्धि
(c) व्याकरण की अशुद्धि
(d) शब्द-निर्माण की अशुद्धि

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (a) प्रस्तुत वाक्य में शब्द चयन सम्बन्धी अशुद्धि है। कृशांगिनी के साथ 'युवती' का प्रयोग अनुचित है। अतः शुद्ध वाक्य है– 'कंचन एक कृशांगी है।'

213. दिये गये शब्दों के आधार पर उचित विकल्प का चयन करें।

(i) श्रृंगार, श्रृंखला।
(ii) अनुकृति, अनुक्रिति।
(a) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी शुद्ध हैं।
(b) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है।
(c) केवल (ii) की वर्तनी अशुद्ध है।
(d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है।

UDA/LDA परीक्षा, 2015
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा 2016
UP SDI 2008
UK PCS AE 2013
UP RO (Pre) 2014

उत्तर : (d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी है- श्रृंगार, श्रृंखला एवं अनुकृत, अनुकृति।

214. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिए–

(a) सरवन (b) सर्वण (c) श्रवण (d) शवर्ण

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर : (c) दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'श्रवण' है अन्य सभी त्रुटिपूर्ण हैं।

215. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प शुद्ध है?

(a) शिखंला (b) श्रंखला (c) शृंखला (d) सिंखला

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : शृंखला शब्द शुद्ध है। जबकि शिंखला, श्रंखला और सिंखला अशुद्ध शब्द हैं।

216. सही शब्द को पहचानिए।

(a) सड्यंत्र (b) षडयंत्र (c) शड्यंत्र (d) षट्यंत्र

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'षडयंत्र' सही शब्द है।

217. सही वर्तनी है?

(a) षष्ठ (b) षष्ठम्
(c) षष्टम (d) षष्ट

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है- 'षष्ठम्'। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

218. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?

(a) शमिती (b) समीती (c) समिति (d) समीति

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'समिति' शब्द सही वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

219. इनमें से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) श्वर्गीय (b) सवर्गीय (c) स्वर्गिय (d) स्वर्गीय

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) दिया गया शब्द 'स्वर्गीय', वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

220. निम्न में से कौन-सा शब्द सही है?

(a) समाहार (b) सामाहर
(c) सम्म्हर (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(a) : वर्तनी की दृष्टि से 'समाहार' शब्द सही है। शेष दिए गये विकल्प गलत हैं।

221. सही रूप है-

(a) साहित्यक (b) साहित्यिक
(c) सहित्यक (d) सहित्यिक

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (b) वर्तनी का सीधा सम्बन्ध उच्चारण से होता है। हिन्दी में जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है। यदि उच्चारण अशुद्ध होगा तो वर्तनी भी अशुद्ध होगी। प्रायः अपनी बोली के कारण तथा व्याकरण सम्बन्धी ज्ञान की कमी के कारण अशुद्धियाँ आ जाती हैं, जिसके कारण वर्तनी में भी अशुद्धियाँ आ जाती हैं।

'इ', 'ई' सम्बन्धी अशुद्धियाँ

अशुद्ध	–	**शुद्ध**
सहित्यिक	–	साहित्यिक
आशिर्वाद	–	आशीर्वाद
इश्वर	–	ईश्वर

222. निम्नलिखित शब्दों में किसकी वर्तनी शुद्ध है?

(a) संन्यास (b) प्रत्यूपकार
(c) दुरावस्था (d) कैलाष

NVS TGT 18.09.2019
DSSSB PGT 25.07.2018 (9 am-12 pm)
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपर-I) 2014
UP PGT 2005
UP TGT 2004
UP RO (Main), 2014
UP UDA (Main) 2010
UP PGT 2004,2005

उत्तर : (a) 'संन्यास' शब्द की वर्तनी शुद्ध है, जबकि अन्य विकल्प में दिए गये शब्दों की शुद्ध वर्तनी होगी।

अशुद्ध	–	**शुद्ध**
प्रत्यूपकार	–	प्रत्युपकार
दुरावस्था	–	दुरवस्था
कैलाष	–	कैलास

223. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए-

(a) शंशय (b) संश्य
(c) सन्शय (d) संशय

KVS. PGT. 2014

@RexstarPdf

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'संशय' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष दिये गये अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

224.वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है?

(a) स्वतंत्रय (b) स्वातंत्र्य
(c) स्वतंत्र्य (d) स्वातंतृय

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर-(b) : दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द– 'स्वातंत्र्य' है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

225. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

(a) सर्वोतम (b) संसरिक
(c) सच्चिदानन्द (d) कीर्ती

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'सच्चिदानन्द' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि सर्वोतम का सर्वोत्तम, संसरिक का सांसारिक तथा कीर्ती का कीर्ति शुद्ध वर्तनी वाला शब्द होगा।

226. अशुद्ध शब्द है –

(a) अनसूया (b) ऐनक (c) सन्कट (d) संशय

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर : (c) उपर्युक्त विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'सन्कट' है, इसका शुद्ध रूप 'संकट' होगा। अन्य विकल्प अनसूया, ऐनक, संशय वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

227. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(a) संनिधि (b) सम्निधि
(c) सन्निधी (d) सन्निधि

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (d) : दिये गये शब्दों में 'सन्निधि' की वर्तनी शुद्ध है। शेष सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

228. दिये गये विकल्प में से शुद्ध शब्द का चयन करें।

(a) सन्मार्ग (b) सम्मार्ग (c) सदमार्ग (d) सतमार्ग

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : शुद्ध शब्द 'सन्मार्ग' है। शेष अन्य शब्द अशुद्ध हैं।

229. निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है–

(a) उत्कर्स (b) एकत्रीत (c) सदृश (d) स्थायीत्व

[UPPSC AE 2013]
UPPGT 2010

उत्तर. (c) : 'सदृश' शुद्ध शब्द है। अन्य शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं-

अशुद्ध	शुद्ध
उत्कर्स	उत्कर्ष
एकत्रीत	एकत्रित
स्थायीत्व	स्थायित्व

230. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन-सा है?

(a) स्वास्थ्य (b) स्वास्थय
(c) सवास्थय (d) स्वासथ्य

DSSSB-PRT-14/11/2019, I Sift
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : 'स्वास्थ्य' शुद्ध शब्द है। अन्य की वर्तनी त्रटिपूर्ण है।

231. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का शब्द है–

(a) अनाधिकार (b) रचइता
(c) सहस्त्र (d) संग्रहीत

UPPSC AE 13.12.2020
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c): 'सहस्त्र' शब्द शुद्ध है। अन्य शब्दों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-

अशुद्ध शब्द		शुद्ध शब्द
अनाधिकार	–	अनधिकार
रचइया	–	रचयिता
संग्रहित	–	संगृहीत

232. 'हस्ताक्षेप' का शुद्ध शब्द है –

(a) हस्थोक्षप (b) हस्तकक्षेप
(c) हस्तक्षेप (d) हस्तक्षेंप

UP TGT 2010

उत्तर : (c) प्रश्नगत शब्द 'हस्ताक्षेप' का शुद्ध रूप 'हस्तक्षेप' है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

233. मानक भाषा की दृष्टि से अशुद्ध शब्द पहचानिए।

(a) हिन्दी (b) स्थाई
(c) हिन्दु (d) दायित्व

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (c) मानक भाषा की दृष्टि से अशुद्ध शब्द '**हिन्दु**' है; अन्य शब्द हिन्दी, स्थाई, दायित्व शुद्ध हैं। हिन्दु की शुद्ध वर्तनी है– 'हिन्दू'।

234.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) हिरण्यकश्यपु (b) हिरण्यकशिपु
(c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है– हिरण्यकशिपु।

235.निम्न में शुद्ध रूप कौन-सा है?

(a) हतोत्साह (b) हतोत्साहित
(c) हतोसाह (d) हतोत्साह

UP PGT 2009

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'हतोत्साहित' शुद्ध शब्द है। शेष सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

236. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) महत्वकांक्षा (b) माहत्वाकांक्षा
(c) महत्त्वाकांक्षा (d) महात्वाकांक्षा

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर :(c) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'महत्त्वाकांक्षा' है।

237. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) बहीष्कार (b) बाहिष्कार
(c) बहिष्कार (d) बइष्कार

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर :(c) : दिये गये विकल्पों में शब्द 'बहिष्कार' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

238. 'शक्ति' को 'सकती' कहना किस प्रकार के उच्चारण दोष का उदाहरण है?

(a) स्वरलोप (b) स्वरभक्ति
(c) स्वरागम (d) स्वरभंग

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर. : (b) 'शक्ति' को 'सकती' कहना 'स्वरभक्ति' उच्चारण दोष का उदाहरण है।

@RexstarPdf

04.

संज्ञा

1. परिभाषा एवं भेद

1. निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा के रूप में क्या प्रयोग किया गया है?
'वह इनमें से एक को जानता है।'
(a) है (b) वह
(c) इनमें (d) एक
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) 'वह इनमें से एक को जानता है।' वाक्य में 'एक' संज्ञा के रूप में प्रयोग किया गया है। जैसे– वह इनमें से श्याम को जानता है।

2. निम्नलिखित में संज्ञा शब्द पहचानिए।
(a) मीठा (b) मधुर
(c) चतुर (d) चातुर्य
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) 'चातुर्य' 'संज्ञा' शब्द है। शेष दिये गये तीनों विकल्प मीठा, मधुर, चतुर विशेषण शब्द हैं। इनसे निर्मित संज्ञा इस प्रकार है–मिठास, मधुरता एवं चतुराई।

3. व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को क्या कहते हैं?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) विशेषण
UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं जबकि संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जिन शब्दों से काम का करना या होना पाया जाता है उन्हें क्रिया कहते हैं और संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

4. 'संज्ञा' का भेद नहीं होता–
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) निजवाचक (d) भाववाचक
UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift

उत्तर : (c) अधिकांश वैयाकरण के अनुसार संज्ञा पाँच प्रकार की होती है– व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, द्रव्यवाचक संज्ञा, समूहवाचक संज्ञा एवं भाववाचक संज्ञा। अतः निजवाचक, संज्ञा का भेद नहीं है बल्कि यह सर्वनाम का भेद है।

5. हिंदी में शब्दों का लिंग-निर्धारण किसके आधार पर होता है? निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चिह्नित कीजिए–
(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) सर्वनाम
KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : हिन्दी में शब्दों का लिंग निर्धारण 'संज्ञा' के आधार पर होता है जबकि विशेषण, क्रिया तथा सर्वनाम तीनों उत्तर की दृष्टि से असंगत हैं।

6. वचन किसके लिए प्रयोग किये जाते हैं?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) अलंकार
UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (a) : वचन का प्रयोग 'संज्ञा' के लिए किया जाता है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि सर्वनाम, विशेषण और क्रियाओं के रूप मूलतः संज्ञाओं पर आश्रित हैं इसलिए 'वचन' में संज्ञा-शब्दों का रूपान्तर होता है।

7. 'हवा' कैसा शब्द है?
(a) क्रिया (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : हवा शब्द **संज्ञा** है। संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो। जिस शब्द से काम का करना या होना समझा जाए, उसे **क्रिया** कहते हैं। **जैसे-** पढ़ना, खाना, पीना इत्यादि। जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे **'विशेषण'** कहते हैं। सर्वनाम वह विकारी शब्द है जो पूर्वापर संबंध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है।

8. 'टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है' वाक्य में 'टहलना' है–
(a) संज्ञा (b) क्रिया
(c) क्रिया विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : वाक्य में 'टहलना' **संज्ञा** के रूप में प्रयुक्त हुआ है। **क्रियार्थक संज्ञा-** कोई क्रिया अपने साधारण रूप में क्रिया नहीं है। विधि और काल को छोड़कर उसका प्रयोग प्रायः संज्ञा के समान होता है। अतः ऐसे शब्दों को क्रियार्थक संज्ञा कहा जाता है। ऐसी क्रियार्थक संज्ञा भाववाचक संज्ञा के अंतर्गत आती है, **जैसे-** टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। यहाँ **टहलना** भाववाचक संज्ञा है।

9. 'संज्ञा' के कुल कितने भेद हैं?
(a) तीन (b) दो
(c) पाँच (d) चार
[UKPSC AE 2017]
[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर. (c) : 'संज्ञा' के कुल **पाँच** भेद हैं। संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो, उसे संज्ञा कहते हैं।
संज्ञा के भेद-
⇒ व्यक्तिवाचक
⇒ जातिवाचक
⇒ भाववाचक
⇒ द्रव्यवाचक
⇒ समूहवाचक

@RexstarPdf

2. व्यक्तिवाचक संज्ञा

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा वाला शब्द नहीं है?

(a) मोहन (b) काशी
(c) यमुना (d) नदी

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

Ans. (d) : 'नदी' शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा वाला शब्द नहीं है। 'नदी' जातिवाचक संज्ञा वाला शब्द है। जबकि मोहन, काशी, यमुना आदि व्यक्तिवाचक संज्ञा वाले शब्द हैं।

11. 'गंगा' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) भाववाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) समूहवाचक संज्ञा

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

Ans. (b) : गंगा व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।
संज्ञा–: संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव, जीव के नाम का बोध हो। संज्ञा के पाँच भेद हैं (1) जातिवाचक संज्ञा (2) व्यक्तिवाचक (3) गुणवाचक (4) भाववाचक (5) द्रव्यवाचक। **व्यक्तिवाचक संज्ञा-** जिस शब्द से किसी एक स्थान, वस्तु, व्यक्ति के नाम का बोध हो वहाँ व्यक्तिवाचक संज्ञा होती है। **जैसे**-गंगा, हिमालय, रोहन इत्यादि।

12. 'राम' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) जातिवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

Ans. (b) : 'राम' शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**–हरि, गाँधी जी, गंगा, भारत, जापान आदि।

13. 'भारत' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है ?

(a) भाववाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

Ans. (b) : 'भारत' शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रकार है। जिस संज्ञा शब्द से किसी वस्तु व्यक्ति या स्थान के नाम का बोध हो, वह व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाता है।
जैसे–राम, सुरेश, गंगा, प्रयागराज, भारत, जापान आदि।

14. इनमें से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?

(a) हिमालय (b) गंगा
(c) राम (d) पहाड़

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : 'पहाड़' व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है। 'पहाड़' जाति वाचक संज्ञा का उदाहरण है जबकि हिमालय, गंगा, राम ये सभी व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

15. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?

(a) राम, रामचरितमानस, गंगा
(b) कृष्ण, कामायनी, मिठास
(c) लखनऊ, आम, बुढ़ापा
(d) ममता, वकील, पुस्तक

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) वह संज्ञा जो किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान का बोध कराती है उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहा जाता है। राम, रामचरितमानस, गंगा व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं। कृष्ण, कामायनी व्यक्तिवाचक एवं मिठास भाववाचक संज्ञा है। इसी तरह 'लखनऊ' व्यक्तिवाचक, 'आम' जातिवाचक एवं 'बुढ़ापा' भाववाचक ठीक इसी प्रकार 'ममता' व्यक्तिवाचक, 'पुस्तक', 'वकील' जातिवाचक संज्ञा हैं।

16. 'रहीम' किस तरह की संज्ञा है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए–

(a) व्यक्तिवाचक (b) भाववाचक
(c) जातिवाचक (d) समूहवाचक

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (a) : 'रहीम' शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है। किसी वस्तु स्थान तथा व्यक्ति के नाम से केवल उसी (एक का) बोध हो तो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- राम, सीता, गंगा आदि।

17. संज्ञा शब्द कावेरी का भेद क्या है?

(a) व्यक्तिवाचक (b) समूहवाचक
(c) जातिवाचक (d) भाववाचक

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) व्यक्तिवाचक संज्ञा– जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष वस्तु, स्थान या व्यक्ति का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे– कावेरी, गंगा, रामायण, गीता, राम, कृष्ण, शशि, मोहन, इलाहाबाद, आदि।

18. निम्न में संज्ञा शब्द है –

(a) गंगा (b) पुराना
(c) नीला (d) मोटा

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) किसी वस्तु, प्राणी, स्थान,..... आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के पाँच प्रकार होते हैं–
1. व्यक्तिवाचक संज्ञा- राम, गंगा, पटना..... आदि।
2. जातिवाचक संज्ञा –नदी, पर्वत, देश, महासागर .... आदि।
3. द्रव्यवाचक संज्ञा –सोना, चाँदी, तेल, पानी, घी..... आदि।
4. समूहवाचक संज्ञा – झुंड, वर्ग, आयोग, पुलिस, सेना, परिवार..... आदि।
5.भाववाचक संज्ञा – मिठास, बुढ़ापा, नारीत्व, भोलापन, दया..... आदि।

19. राकेश, रमेश, सीता, श्याम, हिन्दुस्तान में कौन-सी संज्ञा है?

(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) समूहावाचक

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : राकेश, रमेश, सीता, श्याम, हिन्दुस्तान में 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' हैं। जिस शब्द से किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध होता है, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। इनमें व्यक्तियों का नाम, नदियों का नाम, देशों के नाम आदि आते हैं।

20. 'हिमालय' किस प्रकार की संज्ञा है?

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी एक वस्तु/व्यक्ति/स्थान/आकृति का बोध हो, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। यहाँ हिमालय से पर्वत के नाम का बोध हो रहा है, अतः 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

21. 'चाँदनी चौक' में कौन–सी संज्ञा है?

(a) द्रव्यवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (c) : 'चाँदनी चौक' में व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
व्यक्तिवाचक संज्ञा– जिन शब्दों से किसी विशेष व्यक्ति, स्थान अथवा वस्तु के नाम का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं; **जैसे–**जयपुर, दिल्ली, रमेश, रामायण आदि। संज्ञा के पाँच भेद होते हैं जो इस प्रकार हैं– (1) व्यक्तिवाचक संज्ञा, (2) जातिवाचक संज्ञा, (3) भाववाचक संज्ञा, (4) समूहवाचक संज्ञा, (5) द्रव्यवाचक संज्ञा।

3. जातिवाचक संज्ञा

22. इनमें विकारी शब्द का उदाहरण कौन-सा है?

(a) यथा (b) आज
(c) लड़का (d) परन्तु

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

Ans. (c) : 'लड़का' विकारी शब्द का उदाहरण है। किसी भी भाषा को सही और शुद्ध रूप से लिखने और पढ़ने के लिए व्याकरण सहायक होते हैं। विकारी शब्द वे शब्द होते हैं, जिन्हें किसी वाक्य में प्रयोग करने पर इनके रूप बदल जाते हैं। **जैसे**- लड़का, लड़के, लड़कों।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा शब्द नहीं है?

(a) पशु (b) घर
(c) नदी (d) नर्मदा

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

Ans. (d): 'नर्मदा' शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं है 'नर्मदा' शब्द 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' है। जबकि पशु, घर तथा नदी जातिवाचक संज्ञा शब्द हैं।

24. निम्नलिखित में से 'संज्ञा' की दृष्टि से असंगत युग्म है

(a) बंदर – जातिवाचक (b) मोटाई - भाववाचक
(c) नेपाल – व्यक्तिवाचक (d) घृणा - जातिवाचक

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

Ans. (d) : 'घृणा- जाति वाचक' संज्ञा की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म 'घृणा-भाववाचक' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संज्ञा की दृष्टि से संगत हैं।

25. 'पशु चर रहे हैं।' इस वाक्य में 'पशु' कौन सी संज्ञा है?

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

Ans. (b) : जातिवाचक संज्ञा-जिस शब्द से एक जाति के सभी प्राणियों अथवा वस्तुओं का बोध हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-बाजार, अध्यापक, पहाड़, खिड़की, जानवर, बच्चा आदि।

26. इनमें से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?

(a) मनुष्य (b) परिवार
(c) मोहन (d) कृष्ण

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

Ans. (a) : 'मनुष्य' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा शब्द से किसी जाति या वर्ग का बोध होता है उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-मनुष्य, पुस्तक, पर्वत, वकील इत्यादि।

27. 'शिक्षक' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) समूहवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

Ans. (b) : 'शिक्षक' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जिन शब्दों से एक ही प्रकार के गुणधर्म रखने वाले वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, वे शब्द जातिवाचक संज्ञा कहलाएंगे। सम्बंधियों, व्यवसायों तथा पदों के नाम जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत आते हैं। **जैसे**-भाई-बहन, शिक्षक, मंत्री, प्रधानमंत्री आदि।

28. 'शहर' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) जातिवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

Ans. (a) : 'शहर' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति, वस्तु, जीव-जंतु, पेड़-पौधे, पद-व्यवसाय इत्यादि की पूरी जाति का ज्ञान होता है, वह जातिवाचक संज्ञा कहलाता है। **जैसे-** शहर, देश, महाद्वीप आदि।
किसी व्यक्ति, वस्तु एवं स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जातिवाचक संज्ञा के व्यक्तिगत नाम को भी व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे-** प्रयागराज, भारत, एशिया आदि।

29. 'लेखक' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) भाववाचक संज्ञा (b) समूहवाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

Ans. (d) : 'लेखक' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। किसी व्यक्ति, स्थान, वस्तु आदि के नाम के गुण, धर्म, स्वभाव का बोध कराने वाले शब्द को संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-श्याम, सेब, गाय आदि। संज्ञा के पाँच भेद होते हैं–1. व्यक्तिवाचक संज्ञा, 2. जातिवाचक संज्ञा, 3. भाववाचक संज्ञा, 4. द्रव्यवाचक संज्ञा, 5. समूहवाचक संज्ञा।

30. 'घड़ी' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) समूहवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : 'घड़ी' जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।
जिस संज्ञा शब्द से एक ही प्रकार के जाति समूह का बोध हो उसे 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं।
पशु-पक्षियों के नाम, सगे सम्बंधियों के नाम पदों के नाम, निर्जीव वस्तुओं एवं प्राकृतिक घटनाओं आदि के नाम 'जातिवाचक संज्ञा' के अंतर्गत आते हैं।
जैसे-गाय, शेर, भाई, बहन, प्रधानमंत्री, डॉक्टर, कुर्सी, घड़ी, पंखा, बाढ़, तूफान, ज्वालामुखी इत्यादि।

@RexstarPdf

31. इनमें से जातिवाचक संज्ञा कौन-सी है?

(a) दुःख (b) लड़का
(c) सेना (d) श्याम

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

Ans. (b) : 'लड़का' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जातिवाचक संज्ञा से किसी वस्तु, व्यक्ति, जीव-जंतु, पेड़-पौधे, पद-व्यवसाय इत्यादि की पूरी जाति का ज्ञान होता है। **जैसे**–घोड़ा, लड़का, लड़की, फूल, पंखा, कुर्सी, गाय आदि।

शब्द	-	**संज्ञा**
दुःख	–	भाववाचक संज्ञा
सेना	–	समूहवाचक संज्ञा
श्याम	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा

32. जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो उन्हें कहते हैं–

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

DSSSB TGT Science 29/09/2018, II Sift
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध होता है उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे – देश, नदी,पर्वत, लड़का, पठार, मरुस्थल इत्यादि।

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा – किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध कराने वाले शब्दों को 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं, जैसे – राम, गंगा, हिमालय, गीता, आदि।

2. भाववाचक संज्ञा- किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द 'भाववाचक संज्ञा' होते हैं, जैसे- दया, कृपा, यौवन, गुरुत्व आदि।

3. द्रव्यवाचक संज्ञा- जिस संज्ञा शब्द से किसी सामग्री या पदार्थ का बोध होता है, जैसे- सोना, चाँदी, पानी, घी, ऑक्सीजन, आदि।

4. समूहवाचक संज्ञा- जिस संज्ञा शब्द से समूह/समुदाय का बोध होता है, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- टीम, समिति, आयोग, परिवार, सेना, अधिकारी .... आदि।

33. समुद्रगुप्त 'भारत का नेपोलियन' था। यहाँ नेपोलियन किस प्रकार की संज्ञा का उदाहरण है?

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

आडीटर परीक्षा, 1993

उत्तर : (b) 'समुद्रगुप्त भारत का नेपोलियन था', यहाँ नेपोलियन जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है। जब कोई शब्द अपने नाम रूप का त्याग कर दे और दूसरे का नाम रूप ग्रहण करे तो वह 'जातिवाचक संज्ञा' कहलाती है। जैसे - महात्मा गाँधी आज के समय में कृष्ण थे।

34. जातिवाचक संज्ञा शब्द है-

(a) कामायनी (b) आम
(c) रसीला (d) वकील

आडीटर परीक्षा, 1993

उत्तर : (b & d) यहाँ 'आम' और 'वकील' दोनों ही 'जातिवाचक संज्ञा' शब्द हैं। जिस संज्ञा शब्द से उसकी सम्पूर्ण जाति का बोध होता है, उसे 'जातिवाचक' संज्ञा कहते हैं। जैसे- मनुष्य, नदी, भैंस, वकील, नगर, डॉक्टर आदि।

35. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द कौन-सी संज्ञा दर्शाता है?

इतिहास में कई चन्द्रगुप्त मिलते हैं।

(a) व्यक्तिवाचक (b) भाववाचक
(c) क्रियार्थक (d) जातिवाचक

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य 'इतिहास में हमें कई चन्द्रगुप्त मिलते हैं' में 'चन्द्रगुप्त' जातिवाचक संज्ञा है, क्योंकि वाक्य में 'चन्द्रगुप्त' अनेक के लिए प्रयुक्त हुआ है।

36. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?

(a) पर्वत (b) मिठास
(c) कर्मचारी (d) गंगा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (a) जो संज्ञा किसी जाति का बोध कराती है, जातिवाचक संज्ञा कहलाती है; जैसे- नदी, पर्वत, लकड़ी आदि।

37. निम्नलिखित में से क्या व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?

(a) कौआ (b) होली
(c) हिमालय (d) पूर्व

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) कौआ व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं, बल्कि जातिवाचक संज्ञा है। जातिवाचक संज्ञा से किसी जाति का बोध होता है जैसे– गाय, नदी, पेड़ आदि। व्यक्तिवाचक संज्ञा से किसी व्यक्ति विशेष का बोध होता है जैसे– गंगा, राम, प्रयागराज आदि।

38. 'गाय' कौन सी संज्ञा है?

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) द्रव्यवाचक

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) 'गाय' जातिवाचक संज्ञा है। संज्ञा के इस रूप में व्यक्तियों या वस्तुओं की पूरी जाति का बोध होता है; जैसे– लड़का, भाई, घोड़ा, मोर, किताब, शिक्षक, मंत्री आदि।

39. पशु चर रहे हैं। रेखांकित पद है–

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

उत्तर. (b) : पशु चर रहे हैं। रेखांकित पद जातिवाचक संज्ञा है।
जातिवाचक संज्ञा– ऐसे शब्द जिनसे किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की सम्पूर्ण जाति का बोध हो 'जातिवाचक संज्ञा' कहलाते हैं। जैसे–मोबाइल, गाँव, स्कूल, आदमी, जानवर, पर्वत, लड़का आदि।

40. 'राज्यपाल' में कौन सी संज्ञा है?

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'राज्यपाल' जातिवाचक संज्ञा शब्द है। जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। विभिन्न संबंधियों, व्यवसायों, पदों और कार्यों का नाम जातिवाचक संज्ञा होती है। जैसे- बहन, भाई, अध्यापक, मंत्री, चोर आदि।

@RexstarPdf

41. 'गरीबों' की सहायता करो। 'गरीब' शब्द क्या है?

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'गरीब' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जब किसी शब्द से पूरे समुदाय का बोध हो तो उसे 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे - छात्र, गरीब, अमीर, व्यापारी, अधिकारी आदि।

42. मनुष्य, देवता, देवियाँ और आदमी में कौन-सी संज्ञा है?

(a) समूहवाचक (b) व्यक्तिवाचक
(c) भाववाचक (d) जातिवाचक

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तरः (d) : मनुष्य, देवता, देवियाँ और आदमी में जातिवाचक संज्ञा है। जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं तथा व्यक्तियों का बोध हो, उसे 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- पर्वत, लड़की आदि।

43. एक समूहवाचक नहीं है–

(a) गुच्छा (b) दल
(c) छत्ता (d) बेल

[UPPSC AE 2011]

उत्तरः (d) : बेल समूहवाचक शब्द नहीं है। बल्कि बेल जातिवाचक संज्ञा है। वे शब्द जो किसी एक वस्तु या व्यक्ति के वाचक न होकर समूह/समुदाय के वाचक होते हैं, 'समूहवाचक शब्द' कहलाते हैं। **जैसे-** सभा, परिवार, सेना, टीम, गुच्छा, दल एवं छत्ता शब्द समूहवाचक हैं।

44. 'हथियार' में कौन-सी संज्ञा है ?

(a) व्यक्तिवाचक (b) गुणवाचक
(c) जातिवाचक (d) भाववाचक

[UKPSC AE 2013]

उत्तर : (c) 'हथियार' में जातिवाचक संज्ञा है- जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। **जैसे-** हथियार, मनुष्य, घर, पहाड़, नदी आदि।

व्यक्तिवाचक संज्ञा- जिस शब्द से किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- राम, गंगा, काशी, रामचरितमानस आदि।

भाववाचक संज्ञा- जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति, वस्तु के गुण या धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे-** लम्बाई, मोटाई, नम्रता, मिठास, समझ आदि।

45. लड़का कौन-सी संज्ञा है?

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (b) 'लड़का' 'जातिवाचक संज्ञा' के अन्तर्गत आता है। जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं या व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें **जातिवाचक संज्ञा** कहा जाता है, जैसे- मनुष्य, घर, पहाड़, नदी आदि। **व्यक्तिवाचक संज्ञा** से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध होता है। जैसे–श्याम, मई, वाराणसी, भारत आदि। **भाववाचक संज्ञा** से व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा, व्यापार का बोध होता है। जैसे–लम्बाई, बुढ़ापा, नम्रता, मिठास आदि। जिस संज्ञा से वस्तु या व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे **समूहवाचक संज्ञा** कहते हैं, जैसे- गुच्छा, सभा, कुंज आदि।

46. निम्न में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(a) ममता (b) समता
(c) कटुता (d) लता

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'लता' शब्द भाववाचक संज्ञा न होकर जातिवाचक संज्ञा होगा। जबकि ममता, समता, कटुता शब्दों से भाव का बोध होता है। अतः ये शब्द भाववाचक संज्ञा में आते हैं।

4. भाववाचक संज्ञा

47. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) देव
(b) बुद्धिमानी
(c) बुढ़ापा
(d) भिडंत

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तरः (a) : निम्न विकल्पों में देव शब्द जातिवाचक संज्ञा है तथा देव का भाववाचक संज्ञा देवत्व होगा। जबकि अन्य शब्द बुद्धिमानी, बुढ़ापा तथा भिडंत भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

48. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) कड़वाहट
(b) आनंद
(c) अंकित
(d) आवश्यकता

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तरः (c): उपर्युक्त में कड़वाहट, आनन्द और आवश्यकता भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं, जबकि अंकित व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।

49. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?

(a) भारत (b) लड़का
(c) मित्रता (d) पेड़

Bihar Primary Teacher 2023 (Shift-II)
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तरः (c) : भाववाचक संज्ञा-जिस संज्ञा से पदार्थों की अवस्था गुण दोष धर्म आदि का बोध हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-मिठास, खटास, धर्म, थकावट, जवानी, मोटापा, मित्रता आदि।

50. 'सौन्दर्य' कैसा शब्द है?

(a) भाववाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

CGPSC (Pre) 2021

@RexstarPdf

उत्तर: (a) जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण या धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहा जाता है। सौंदर्य का विशेषण सुन्दर होता है। सुन्दरता और सौंदर्य भाववाचक संज्ञाएँ हैं।

51. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) खारापन (b) ग्राम्य
(c) तेजस्विता (d) चिकनाई

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर: (b): खारापन, तेजस्विता तथा चिकनाई भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है, जबकि ग्राम्य जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।
भाववाचक संज्ञा - जिस शब्द से किसी वस्तु अथवा व्यक्ति के गुण, दशा, भाव, धर्म, अवस्था आदि का बोध होता है। उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

52. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) मिठास (b) चालाक
(c) राष्ट्रीयता (d) सरलता

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर: (b) : भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प 'चालाक' नहीं होगा। भाववाचक संज्ञा से किसी स्थिति, भाव, गुण, कर्म या धर्म का ज्ञान होता है। भाववाचक संज्ञा की गणना नहीं हो सकती। जैसे - मोह, लोभ, लालच, आनंद, पढ़ाई, लिखाई, वीरता, धैर्य, गुस्सा, बुढ़ापा, जवानी इत्यादि।

53. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) बूढ़ा (b) फैलाव
(c) परिष्कार (d) प्रयोग

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर: (a) : निम्नलिखित शब्दों में बूढ़ा जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है जबकि फैलाव, परिष्कार, प्रयोग भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।
– बूढ़ा का भाववाचक बुढ़ापा होता है।
भाववाचक संज्ञा– जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दशा, धर्म, भाव, अवस्था, स्वभाव का बोध होता है उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– बुढ़ापा, लड़ाई, ममत्व, मिठास आदि।

54. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) खोजना (b) भारीपन
(c) पात्रता (d) दासता

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर: (a) उपर्युक्त विकल्पों में भारीपन, पात्रता एवं दासता भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं जबकि खोजना क्रिया है।
भाववाचक संज्ञा- वे संज्ञा शब्द जिनके माध्यम से किसी प्राणी या पदार्थ के गुण-भाव तथा स्वभाव की अवस्था का बोध हो उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे बुढ़ापा, वीरता, बचपन आदि।

55. निम्नलिखित प्रश्न में,चार विकल्प में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) गोरापन (b) सर्व
(c) अहंकार (d) महक

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर: (b): उपर्युक्त विकल्पों में गोरापन, अहंकार तथा महक भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं जबकि सर्व का अर्थ सम्पूर्ण होता है यह संस्कृत भाषा का शब्द है तथा यह विशेषण है।

56. दिए गए शब्द की भाववाचक संज्ञा ज्ञात कीजिए।
सर्व

(a) सर्वे (b) सर्वस्व
(c) सर्वो (d) सर्वत्र

High Court Assit. Review Officer (II)
DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर: (b): दिया गया शब्द 'सर्व' का भाववाचक संज्ञा 'सर्वस्व' होगा।
भाववाचक संज्ञा – जिस संज्ञा शब्द से किसी स्थिति,भाव, गुण, कर्म या धर्म का ज्ञान होता है। उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। भाववाचक संज्ञा की गणना नहीं हो सकती है।

57. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।

(a) गंभीर (b) मनाही
(c) शांति (d) सामीप्य

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर: (a) उपर्युक्त विकल्पों में मनाही, शान्ति तथा सामीप्य भाववाचक संज्ञा के शब्द हैं, जबकि गम्भीर विशेषण शब्द है।
गंभीर से बना शब्द गम्भीरता भाववाचक संज्ञा है।

58. निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा ज्ञात कीजिए।

(a) पुस्तक (b) वाराणसी
(c) सत्य (d) शेर

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर: (c) दिये गये शब्दों में भाववाचक संज्ञा 'सत्य' होगा।
भाववाचक संज्ञा – जिस संज्ञा शब्द से पदार्थों की अवस्था, गुण-दोष, धर्म आदि का बोध हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- मिठास, थकावट, मित्रता, मोटापा, सत्य, क्रोध आदि।

59. इनमें से कौन सी भाववाचक संज्ञा 'क्रिया' से नहीं बनी है?

(a) पढ़ाई (b) लड़ाई
(c) भलाई (d) कमाई

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (c) 'भलाई' भाववाचक संज्ञा 'क्रिया' से नहीं बनी है। पढ़ाई, लड़ाई तथा कमाई क्रमशः पढ़ना, लड़ना तथा कमाना क्रिया से निर्मित हैं।

60. 'बचपन' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) जातिवाचक संज्ञा (b) समूहवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) व्यक्तिवाचक संज्ञा

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तरः (c) 'बचपन' भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है।
संज्ञा पाँच प्रकार की होती है। (1) जातिवाचक (2) भाववाचक (3) समूहवाचक (4) द्रव्यवाचक (5) व्यक्तिवाचक
भाववाचक संज्ञा-वे शब्द जिनसे हमें भावना का बोध होता है, उन शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहा जाता है। **जैसे**-मिठास, खटास, धर्म, भूख, मानवता इत्यादि।

61. 'वीर' शब्द की भाववाचक संज्ञा कौन-सी होगी?
(a) वीरता (b) a व d दोनों
(c) वीर (d) वीरत्व
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (b) 'वीर' शब्द की भाववाचक संज्ञा वीरता, वीरत्व दोनों सही है। जो शब्द किसी वस्तु या पदार्थ की अवस्था, दशा या भाव का बोध कराते हैं तो उन शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-बचपन, सुन्दरता।

62. 'राष्ट्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा कौन-सी होगी?
(a) राष्ट्रीय (b) राष्ट्री
(c) सौराष्ट्र (d) राष्ट्रीयता
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d) 'राष्ट्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा 'राष्ट्रीयता' होती है। वह शब्द जिनसे हमें भावना का बोध होता हो, उन शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहा जाता है। **जैसे**- मिठास, धर्म, थकावट, प्यास आदि।

63. 'लोभ' यह संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?
(a) भाववाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) समूहवाचक संज्ञा
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (a) 'लोभ' शब्द 'भाववाचक' संज्ञा का उदाहरण है। 'वे शब्द जिनसे किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के गुण-धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध हो, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।'
जैसे-लम्बाई, बुढ़ापा, मिठास, हानि, लाभ आदि।

64. व्याकरण की दृष्टि से 'प्रेम' शब्द क्या है?
(a) क्रिया (b) भाववाचक संज्ञा
(c) विशेषण (d) अव्यय
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) व्याकरण की दृष्टि से 'प्रेम' शब्द 'भाववाचक' संज्ञा है। 'जिस संज्ञा शब्द से पदार्थों की अवस्था, गुण-दोष, भाव, दशा, धर्म आदि का बोध होता हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**– मोटापा, चढ़ाई, थकावट, गरमाहट, ममता, घृणा आदि।

65. इनमें से 'भाववाचक संज्ञा' कौन-सी है?
(a) चरित्रता (b) सच्चरित्र
(c) चरित्र (d) सतचरित्र
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) दिये गये विकल्पों में 'चरित्र' भाववाचक संज्ञा है। जिन संज्ञा शब्दों से व्यक्ति अथवा वस्तु की भावना का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे– बुढ़ापा, मिठास, तीखापन, लड़ाई आदि।

66. इनमें से कौन-सा शब्द संज्ञा है?
(a) क्रोधित (b) क्रोधी
(c) क्रुद्ध (d) क्रोध
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तरः (d) दिये गये विकल्पों में 'क्रोध' शब्द भाववाचक संज्ञा है। जबकि क्रोधित, क्रोधी एवं क्रुद्ध विशेषण शब्द हैं।

67. जलेबी में मिठास अधिक है। रेखांकित शब्द का विशेषण बताइए।
(a) मिठाई (b) मीठापन
(c) मीठा (d) चीनी
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) प्रश्नगत वाक्य जलेबी में मिठास अधिक है में रेखांकित शब्द 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है। इसका विशेषण 'मीठा' होगा।

68. अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा है–
(a) चोट (b) नेत्र
(c) निशाना (d) जवाब
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर : (c) अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा शब्द 'निशाना' है। शेष संज्ञा शब्द उपयुक्त नहीं हैं।

69. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द समूहवाचक संज्ञा नहीं है?
(a) सभा (b) कक्षा
(c) भीड़ (d) दौड़
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (d) जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो उसे 'समूहवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- सभा, कक्षा, भीड़ समूहवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं। 'दौड़' समूहवाचक संज्ञा नहीं है, यह भाववाचक संज्ञा है।

70. निम्न विकल्पों में भावचाचक संज्ञा शब्द है-
(a) बंधुत्व (b) क्षत्रिय
(c) पुरुष (d) प्रभु
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) भाववाचक संज्ञा– जिस शब्द से व्यक्ति के गुणधर्म, भाव या दशा, व्यापार का बोध हो उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहा जाता है; जैसे– बचपन, अपनापन, बुढ़ापा, बंधुत्व, लड़कपन, प्रेम, ईर्ष्या, मिठास, आदि।

71. निम्न विकल्पों में भावचाचक संज्ञा शब्द है-
(a) सुंदर (b) सौंदर्य
(c) निर्बल (d) निपुण
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b) 'सौन्दर्य' शब्द 'भाववाचक संज्ञा' है। 'सुन्दर' विशेषण शब्द की भाववाचक संज्ञा सुन्दरता/सौन्दर्य होता है।

72. 'स्वतंत्रता सबको प्यारी होती है।' वाक्य के रेखांकित शब्द का संज्ञा भेद है–
(a) जातिवाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) गुणवाचक संज्ञा (d) इनमें से कोई नहीं
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (b) : 'स्वतंत्रता सबको प्यारी होती है।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'स्वतंत्रता' भाववाचक संज्ञा है। वे शब्द जो किसी भाव, गुण, दशा आदि का बोध कराते हैं, 'भाववाचक संज्ञा' कहलाते हैं। जैसे– लालिमा, मिठास, घृणा, यौवन, क्रोध आदि।

@RexstarPdf

73. 'शूर' की भाववाचक संज्ञा क्या है?

(a) शौर्य (b) शूरपन
(c) शौर्यता (d) शूरवीरता

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) 'शूर' की भाववाचक संज्ञा 'शौर्य' है।
अर्थ की दृष्टि से संज्ञा पाँच प्रकार की होती है–

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा–**मोहन, राम, श्याम, यमुना, पटना, भारत, आदि।
2. **जातिवाचक संज्ञा–**लड़का, लड़की, देश, पर्वत, नदी, आदि।
3. **द्रव्यवाचक संज्ञा–**सोना, चाँदी, तेल, पानी, ऑक्सीजन, धुआँ आदि।
4. **समूहवाचक संज्ञा–**टीम, आयोग, पुलिस, कर्मचारी, परिवार, आयोग आदि।
5. **भाववाचक संज्ञा–**मिठास, यौवन, दया, कृपा, आदि

भाववाचक संज्ञा को जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय से बनाया जाता है। जैसे–

	शब्द		भाववाचक संज्ञा
1.	शूर	–	शौर्य
2.	पुरुष	–	पुरुषत्व
3.	वीर	–	वीरत्व/वीरता
4.	निकट	–	निकटता

74. 'वैधव्य' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण ..... से बना है।

(a) वैध (b) वैधानिक
(c) विधवा (d) विवाह

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'वैधव्य' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण **विधवा** से बना है। अतः रिक्त स्थान पर विधवा शब्द होगा।

75. कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?

(a) मिठाई (b) मीठी
(c) मिठास (d) मीठा

DSSSB PRT, 06/10/2018
UPPCL TG2 , 2015

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है। वे संज्ञा शब्द; जिनसे किसी व्यक्ति के गुण, स्थिति, दशा, भाव या विशेषता आदि का बोध हो, भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – मधुरता, सुन्दरता, लम्बाई, चौड़ाई, तीव्रता, अमीरी, गरीबी आदि।

76. फिसलन_____है।

(a) विशेषण (b) क्रियापद
(c) भाववाचक संज्ञा (d) क्रिया विशेषण

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016
UPSI, 2016

उत्तर : (c) भाववाचक संज्ञा– किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं, जैसे– क्रोध, मिठास, यौवन, कालिमा आदि।
भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण जाति वाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा अव्यय में–आव,–त्व–पन–अव,–इमा, ई, ता, हट आदि प्रत्यय जोड़कर किया जाता है।
जैसे– फिसलन, लालिमा, निकटता, पुरुषत्व।

77. जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय शब्दों से ..... शब्द बनाए जाते हैं।

(a) भाववाचक संज्ञा (b) वचन
(c) पुल्लिंग शब्द (d) कारक

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्ययों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाये जाते हैं।

78. नीचे लिखे वाक्य के खाली स्थान को भाववाचक संज्ञा से पूरा कीजिए।
उसका सारा सौंदर्य उसकी.....में है।

(a) आँखों (b) बालों
(c) हँसी (d) मुखमंडल

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (c) उपर्युक्त वाक्य के खाली स्थान में 'हँसी' शब्द का प्रयोग होगा। 'हँसी' भाववाचक संज्ञा है। इस प्रकार पूर्ण वाक्य होगा- उसका सारा सौंदर्य उसकी हँसी में है।

79. 'मना' की भाववाचक संज्ञा क्या है?

(a) मनाही (b) मनसा
(c) मानस (d) मन

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) मना का भाववाचक संज्ञा 'मनाही' होगा, जबकि मनसा, मानस और मन तीनों असंगत हैं।

80. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है?

(a) अमीर, गरीब, समूह, मिठास
(b) जवानी, खट्टास, पुस्तक, गंगा
(c) रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति
(d) धैर्य, चालाकी, उदासी, सूर्य

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में 'रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति' सभी शब्द 'भाववाचक संज्ञा' हैं। जिस शब्द से किसी भाव, गुण, दशा आदि का बोध होता है, वह भाववाचक संज्ञा कहलाता है; जैसे–नारीत्व, वीरता, थकान, निकटता आदि।

81. 'मीठा' की भाववाचक संज्ञा होगी –

(a) मिठाई (b) मिठास
(c) मीठी (d) मधुर
(e) मिठुआ

DSSSB LDC, 16/11/2014
Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13

उत्तर : (b) मीठा की भाववाचक संज्ञा 'मिठास' होगी। वे संज्ञा शब्द जिससे व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा या व्यापार का बोध होता है उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं; जैसे - लम्बाई, नम्रता, मिठास, बुढ़ापा आदि।

82. निम्नलिखित में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा है?

(a) भारत (b) लड़का
(c) मित्रता (d) पेड़

वन रक्षक परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (c) भाववाचक संज्ञा-मित्रता, मूर्खता, घबराहट, बुढ़ापा, पाण्डित्य। भारत, इजराइल, गंगा, मोहन, रविवार, सोमवार आदि 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' हैं। लड़का, पेड़, गाय, पुस्तक, टेबुल, पशु, पक्षी आदि 'जातिवाचक संज्ञा' हैं।

83. निम्न में कौन सी भाववाचक संज्ञा है?

(a) दिल्ली (b) लड़का
(c) मोहन (d) बीमारी

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) 'बीमारी' भाववाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा (नाम या शब्द) से किसी भाव, दशा, धर्म, गुण या कार्य का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे– मनुष्यता, चलन, सजावट, सरलता, गरीबी, गरमी आदि। दिल्ली व मोहन व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं।

84. 'बुढ़ापा एक प्रकार का अभिशाप है।' रेखांकित शब्द की संज्ञा–

(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) समूहवाचक

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'बुढ़ापा' भाववाचक संज्ञा है। जिस शब्द से व्यक्तियों या वस्तुओं की पूरी जाति का बोध हो उसे 'जातिवाचक संज्ञा'कहा जाता है, जैसे- लड़का, गाय, घर, शिक्षक, मंत्री। जिस शब्द से एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध हो उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहा जाता है, जैसे- राम, गंगा, पटना, रामायण। जिस शब्द से अनेक वस्तुओं या प्राणियों के समूह का बोध हो उसे 'समूहवाचक संज्ञा' कहा जाता है, जैसे- परिवार, संघ, ढेर।

85. वह यौवन में परिश्रम करता रहा। वाक्य में रेखांकित पद है

(a) विशेषण (b) संज्ञा
(c) क्रिया विशेषण (d) क्रिया

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'यौवन' 'संज्ञा' है। यह एक 'भाववाचक संज्ञा' है। किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं। जैसे- मिठास, कालिमा, क्रोध आदि। भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया में प्रत्यय लगाकर होता है। जैसे-
लाल (विशेषण) + इमा (प्रत्यय)- लालिमा (भाववाचक संज्ञा)
अपना (सर्वनाम) + त्व (प्रत्यय)- अपनत्व (भाववाचक संज्ञा)

86. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा का सूचक है?

(a) लम्बाई (b) लोभी
(c) मधुर (d) लज्जालु

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'लम्बाई' शब्द भाववाचक संज्ञा का सूचक है। इसका विशेषण 'लम्बा' है। जबकि 'लोभी', 'मधुर', 'लज्जालु' विशेषण शब्द हैं।

87. 'दुकान' की भाववाचक संज्ञा है-

(a) दुकानदार (b) दुकानदारी
(c) दुकानदारिन (d) दुकानवाला

[UPPSC AE 2013]

उत्तर: (b) 'दुकान' की भाववाचक संज्ञा **'दुकानदारी'** है जबकि दुकानदार, दुकानदारिन और दुकानवाला जातिवाचक संज्ञा शब्द हैं।

88. निम्नांकित में कौन-सा भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है?

(a) नर्मदा (b) नारी
(c) गुच्छा (d) बारीकी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'बारीकी' भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है- जिस संज्ञा-शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उसे **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं; **जैसे-** लम्बाई, नम्रता, मिठास आदि। जिस शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु का बोध हो, उसे **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं, **जैसे-** कृष्णा, कावेरी, नर्मदा आदि। जिस संज्ञाओं से एक ही प्रकार के वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उसे **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं। **जैसे-** नारी, नदी, तोता, पुस्तक आदि। जिन संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे **समूहवाचक संज्ञा** कहते हैं; **जैसे-** गुच्छा, दल, गिरोह, सभा, कुंज आदि।

89. भाववाचक संज्ञा कितने प्रकार के शब्दों से बनती है?

(a) चार प्रकार के (b) तीन प्रकार के
(c) पाँच प्रकार के (d) छह प्रकार के

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (c) भाववाचक संज्ञाएँ पाँच प्रकार के शब्दों से बनती हैं-
(1) जातिवाचक संज्ञाओं से- बूढ़ा से बुढ़ापा, पंडित से पंडिताई आदि।
(2) सर्वनामों से - अपना से अपनापन, स्व से स्वत्व आदि।
(3) विशेषणों से - चतुर से चतुरता, मीठा से मिठास आदि।
(4) अव्ययों से - धिक् से धिक्कार, दूर से दूरी आदि।
(5) क्रियाओं से - चढ़ना से चढ़ाई, लिखना से लेख आदि।

90. शब्द-प्रकार के आधार पर 'मनुष्यता' शब्दों का कौन सा भेद है?

(a) गुणवाचक विशेषण (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) प्रेरणार्थक क्रिया

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (c) जो शब्द पदार्थों की अवस्था, गुण, दोष, धर्म, दशा, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- बुढ़ापा, मिठास, मानवता, मनुष्यता, परायापन इत्यादि।

91. निम्नलिखित में 'भाववाचक संज्ञा' कौन सी है?

(a) संतान (b) देशप्रेम
(c) वीर (d) वीरता

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) & (d) : देशप्रेम और **वीरता** भाववाचक संज्ञा हैं। जिस संज्ञा शब्द से गुण, धर्म, दशा, अवस्था तथा भाव आदि का बोध हो, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे-** घृणा, प्रेम, क्रोध इत्यादि जबकि **संतान** जातिवाचक संज्ञा तथा **वीर** विशेषण शब्द हैं।

92. निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है-

(a) गंगा (b) चतुराई
(c) फूल (d) कमरा

[UKPSC AE 2012]

उत्तर (b): 'चतुराई' भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है। जबकि 'गंगा' व्यक्तिवाचक संज्ञा तथा 'फूल' और 'कमरा' जातिवाचक संज्ञा हैं।

@RexstarPdf

93. निम्नलिखित शब्दों में संज्ञा शब्द कौन सा है?

(a) वह (b) देखा
(c) कामना (d) पीला

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : कामना शब्द 'भाववाचक संज्ञा' है। किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा (Noun) कहते हैं। 'वह' सर्वनाम तथा 'देखा' क्रिया है और 'पीला' विशेषण शब्द है।

5. समूहवाचक संज्ञा

94. समूहवाचक शब्द है-

(a) नहर (b) सेना
(c) स्टेशन (d) आगरा

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : 'सेना' समूहवाचक शब्द है। जो शब्द किसी एक व्यक्ति या वस्तु के वाचक न होकर समूह/समुदाय के वाचक होते हैं, उसे समूहवाचक शब्द कहते हैं; **जैसे-** टीम, सभा, सेना, परिवार, समिति।

95. दिए गए शब्द की संज्ञा ज्ञात कीजिए।
भीड़

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) द्रव्यवाचक संज्ञा (d) समूहवाचक संज्ञा

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) दिया गया 'भीड़' शब्द समूहवाचक संज्ञा है।
समूहवाचक संज्ञा - वस्तुओं का समूह - ढेर, शृंखला, गुच्छा, पुंज, इत्यादि। व्यक्तियों का समूह - सभा, समिति, संघ, परिवार, झुण्ड, भीड़, कक्षा इत्यादि।

96. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द समूहवाचक संज्ञा है ज्ञात कीजिए।

(a) गड्डी (b) अच्छाई
(c) गुलाब (d) गेहूँ

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : समूह वाचक संज्ञा से अनेक वस्तुओं या प्राणियों के समूह का बोध होता है।
जैसे- वस्तुओं का समूह - ढ़ेर, शृंखला, गुच्छा, पुंज, इत्यादि।
व्यक्तियों का समूह - सभा, समिति, संघ, परिवार, झुण्ड, कक्षा इत्यादि।
अतः उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार दिए गए विकल्प में 'गड्डी' शब्द समूहवाचक संज्ञा है।

97. इनमें से समूहवाचक संज्ञा कौन-सी है?

(a) राम (b) हिमालय
(c) अनाज (d) सेना

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (d) 'सेना' शब्द समूहवाचक संज्ञा है। संज्ञा वे शब्द हैं जो किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम के रूप में प्रयुक्त होते हैं। संज्ञा के पांच भेद होते हैं- (1) व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) भाववाचक संज्ञा (3) जातिवाचक संज्ञा (4) द्रव्यवाचक संज्ञा (5) समूहवाचक संज्ञा।

98. 'परिवार' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'परिवार' शब्द 'समूहवाचक संज्ञा' का उदाहरण है। जिस संज्ञा से व्यक्ति अथवा वस्तु के समूह का बोध हो उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-गुच्छा, सेना, गिरोह, दल, परिवार आदि।

99. 'समिति' शब्द हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?

(a) समूहवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) 'समिति' शब्द हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेद की समूहवाचक संज्ञा के अन्तर्गत आता है। दिये गये अन्य भेद असंगत हैं।

100. 'कक्षा' शब्द हिंदी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?

(a) समूहवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) 'कक्षा' समूहवाचक संज्ञा है। संज्ञा (व्यक्ति, वस्तु, स्थान, दशा, गुण इत्यादि का नाम) के पाँच भेद हैं–

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा– राम, इलाहाबाद, भारत, हिमालय, गीता आदि।
(2) जातिवाचक संज्ञा– गाय, भैंस, लड़का, स्त्री, पुरुष आदि।
(3) समूहवाचक संज्ञा– कक्षा, टीम, परिवार, सेना, सरकार, जनता आदि।
(4) द्रव्यवाचक संज्ञा– सोना, चाँदी, दूध, पानी, लकड़ी, मिट्टी आदि।
(5) भाववाचक संज्ञा– मूर्खता, बालपन, सुन्दरता, विद्वता, वैधत्व आदि।

101. निम्न में संज्ञा शब्द है –

(a) हरा (b) पतला
(c) सभा (d) गहरा

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) दिये गये शब्दों में 'सभा' शब्द समूहवाचक संज्ञा है, जबकि अन्य शब्द 'हरा', 'पतला' तथा 'गहरा' विशेषण हैं। समूहवाचक संज्ञा के अन्य प्रमुख उदाहरण– सेना, पुलिस, परिवार, समिति, वर्ग, कर्मचारी आदि हैं।

102. निम्न विकल्पों में से अशुद्ध योगरूढ़ संज्ञा शब्द क्रम पहचानिए।

(a) पंकज, जलज, चक्रपाणि
(b) गिरिधर, पंचानन, नीरद
(c) लंबाउदर, दशोनन, पीताअंबर
(d) चतुर्भुज, चतुरानन, नीलकंठ

SSC GD Constable 23-01-2023 (9:30 - 10:30 am)

उत्तर : (c) : दिए गए विकल्पों में से अशुद्ध योगरूढ़ संज्ञा शब्द क्रम लंबाउदर, दशोनन तथा पीताअंबर है। शेष दिए गए अन्य विकल्प असंगत हैं।

@RexstarPdf

6. द्रव्यवाचक संज्ञा

103. 'लकड़ी' कौन-से संज्ञा भेद का शब्द है?

(a) जातिवाचक (b) व्यक्तिवाचक
(c) द्रव्यवाचक (d) समूहवाचक

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (c) 'लकड़ी' द्रव्यवाचक संज्ञा है, जिस संज्ञा शब्द से किसी धातु, द्रव्य, सामग्री, पदार्थ आदि का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- सोना, लोहा, चाँदी, लकड़ी, पानी, गेहूँ इत्यादि।

104. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा है?

(a) खटाई (b) मिठास
(c) चमड़ा (d) ठण्ड

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'चमड़ा' द्रव्यवाचक संज्ञा है।
द्रव्यवाचक संज्ञा-जिस संज्ञा से नाप-तौल वाली वस्तु का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। **जैसे**-सोना, चाँदी, पीतल, कोयला आदि।

105. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा है?

(a) खटाई (b) मिठाई (c) दूध (d) ठण्ड

UP TET 2021 Class-I-V
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (c) जिस संज्ञा से **नाप–तौल वाली वस्तु** का बोध हो, उसे 'द्रव्यवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे– लोहा, सोना, चाँदी, दूध, पानी, तेल इत्यादि। द्रव्यवाचक संज्ञाएँ सदैव एकवचन में प्रयुक्त होती हैं। दिये गये विकल्पों में से दूध द्रव्यवाचक संज्ञा है। शेष खटाई, मिठाई और ठंड भाववाचक संज्ञा हैं। खटाई, मिठाई का तात्पर्य क्रमशः खटास, मिठास से है।

106. 'दूध' शब्द ..... संज्ञा का उदाहरण है–

(a) जातिवाचक (b) द्रव्यवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (b) दूध शब्द 'द्रव्यवाचक' संज्ञा का उदाहरण है। जिस संज्ञा शब्द से उस सामग्री या पदार्थ का बोध होता है, जिससे वह वस्तु बनी है तो उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, ऊन आदि।

107. इनमें से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(a) मनाही (b) विद्वता
(c) सोना (d) खुशी

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) प्रश्न में दिये गये विकल्पों में 'सोना' भाववाचक संज्ञा नहीं है, जबकि 'मनाही', 'विद्वता' तथा 'खुशी' भाववाचक संज्ञा हैं। 'सोना' द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है।

7. संज्ञा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

108. विकारी शब्द के प्रकार होते हैं–

(a) 4 (b) 7
(c) 6 (d) 5

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर: (a) ऐसे शब्द जिनके रूप में लिंग, कारक और वचन आदि के कारण कोई परिवर्तन हो जाता है, तो ऐसे शब्दों को विकारी शब्द कहा जाता है।
जैसे- लड़का पढ़ता है। – लड़की पढ़ती है।
यहाँ 'लड़का' शब्द लिंग, वचन एवं कारक के अनुसार परिवर्तित हो रहा है। अतः यह विकारी शब्दों के अन्तर्गत आएगा।
विकारी शब्द चार प्रकार के होते हैं-
1- संज्ञा 2- सर्वनाम
3- क्रिया 4- विशेषण

109. 'गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।' वाक्य में संज्ञा किस से किस रूप में परिवर्तित हो रही है?

(a) जातिवाचक से व्यक्तिवाचक
(b) व्यक्तिवाचक से जातिवाचक
(c) व्यक्तिवाचक से भाववाचक
(d) भाववाचक से जातिवाचक

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।' इस वाक्य में संज्ञा व्यक्तिवाचक से जातिवाचक में परिवर्तित हुई है।

110. 'कालिमा' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण ..... से बना है।

(a) काल (b) लालिमा
(c) काला (d) कालापन

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) 'कालिमा' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण 'काला' से बना है। भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा अव्यय में– आव, त्व, पन, ई, ता, हट..... आदि प्रत्यय जोड़कर बनाये जाते हैं।

	विशेषण शब्द		भाववाचक संज्ञा
1.	सुन्दर	–	सुन्दरता
2.	वीर	–	वीरता/वीरत्व
3.	काला	–	कालिमा
4.	लाल	–	लालिमा

111. निम्नलिखित विशेषणों में से संज्ञा को पहचानिए–

(a) आसमानी (b) नियमित
(c) पाश्चात्य (d) अनुशासन

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (d) उपर्युक्त विशेषणों में से 'अनुशासन' संज्ञा शब्द है, जबकि– आसमानी, नियमित और पाश्चात्य विशेषण शब्द हैं। 'अनुशासन' शब्द से बना विशेषण 'अनुशासित' है। किसी व्यक्ति या वस्तु के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं। जैसे– राम, श्याम, मोहन, हिमालय, इलाहाबाद इत्यादि और जो संज्ञा, सर्वनाम की विशेषता बताए उसे 'विशेषण' कहते हैं। जैसे– श्याम की गाय काली है। इसमें काली विशेषण पद है।

112. सूची–I में दिए गए संज्ञा को सूची–II में दिए गए संज्ञा के भेद से सुमेलित कीजिए तथा विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

A. जुलाई	**I. व्यक्तिवाचक**
B. मैना	**II. जातिवाचक**
C. कुंज	**III. द्रव्यवाचक**
D. पानी	**IV. समूहवाचक**

	A	B	C	D
(a)	III	IV	I	II
(b)	IV	III	II	I
(c)	II	I	III	IV
(d)	I	II	IV	III

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

@RexstarPdf

उत्तर: (d)

सूची- I	सूची- II
जुलाई	– व्यक्तिवाचक
मैना	– जातिवाचक
कुंज	– समूहवाचक
पानी	– द्रव्यवाचक

113. बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप होगा–

(a) बापा (b) बापती (c) बपौता (d) बपौती

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d): बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप 'बपौती' है।

114. 'मेरा काम है पढ़ना और तुम्हारा काम है लिखना' वाक्य के संदर्भ में एक कथन गलत है-

(a) इसमें दो प्रधान उपवाक्य हैं।
(b) यह संयुक्त वाक्य है।
(c) इसमें एक संज्ञा उपवाक्य है।
(d) इसमें दो सरल वाक्य संयोजक से जुड़े हैं।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c): 'मेरा काम है पढ़ना और तुम्हारा काम है लिखना' इस वाक्य के संदर्भ में 'इसमें एक संज्ञा उपवाक्य है' गलत कथन है। जबकि इसमें दो प्रधान उपवाक्य हैं, यह संयुक्त वाक्य है और इसमें दो सरल वाक्य संयोजक से जुड़े हैं ये सभी कथन सत्य हैं।

115. निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा पदबंध क्या है?
घर के आँगन में लगे पेड़ सूख गए।

(a) घर के (b) पेड़ सूख गए
(c) घर के आँगन (d) घर के आँगन में लगे पेड़

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d): 'घर के आँगन में लगे पेड़' संज्ञा पदबन्ध है। वाक्य में संज्ञा का काम करने वाला पद समूह संज्ञा पदबंध कहलाता है। **उदाहरण :** भारत के प्रधानमंत्री, रात को पहरा देने वाला।

116. पुरस्कार पाने वालों में कुछ हमारे <u>विद्यालय के छात्र</u> हैं। रेखांकित पदबंध है–

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) क्रिया-विशेषण

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (a): 'पुरस्कार पाने वालों में कुछ हमारे <u>विद्यालय के छात्र</u> हैं।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध 'संज्ञा पदबंध' है, जबकि विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण तीनों गलत पदबंध दिये गये हैं।

117. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?
'<u>देशभर के दलित</u> अब बेरोजगार नहीं रहेंगे।'

(a) क्रिया विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'देशभर के दलित अब बेरोजगार नहीं रहेंगे।' वाक्य में 'देशभर के दलित' संज्ञा पदबंध हैं। जो पदबंध वाक्य में संज्ञापद का कार्य करते हैं, वे संज्ञा पदबंध कहलाते हैं।

118. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?
'<u>पड़ोस में रहने वाला शक्ति</u> एक मेधावी छात्र है।'

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य 'पड़ोस में रहने वाला शक्ति एक मेधावी छात्र है।' वाक्य में रेखांकित शब्द संज्ञा पदबन्ध है। जब एक से अधिक पद मिलकर संज्ञा का काम करें, तो उस पदबन्ध को संज्ञा पदबन्ध कहते हैं।

119. निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा पदबंध क्या है?
सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार मिलेगा।

(a) पुरस्कार मिलेगा
(b) सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों
(c) सभी प्रश्नों के उत्तर
(d) बच्चों को

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर: (b) दिये गये वाक्य में संज्ञा पदबंध 'सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों', होगा।

<u>सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों</u> को पुरस्कार मिलेगा।
संज्ञा पदबंध

120. निम्नलिखित वाक्य में क्रियार्थक संज्ञा क्या है?
'मंत्रीजी के ठहरने की व्यवस्था कीजिये।'

(a) मंत्रीजी (b) ठहरने
(c) व्यवस्था (d) कीजिये

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य 'मंत्री जी के ठहरने की व्यवस्था कीजिए' वाक्य में 'ठहरने' क्रियार्थक संज्ञा है। वह संज्ञा जो किसी कार्य या क्रिया का भी अर्थ देती हो, उसे क्रियार्थक संज्ञा कहते हैं।

121. क्रियार्थक संज्ञा सदा किस रूप में रहती है?

(a) बहुवचन पुल्लिंग (b) एकवचन पुल्लिंग
(c) एकवचन स्त्रीलिंग (d) बहुवचन स्त्रीलिंग

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : जब क्रिया संज्ञा की तरह व्यवहार में आती हो तो ऐसी क्रिया को 'क्रियार्थक संज्ञा' कहते हैं। यह सदैव 'एकवचन पुल्लिंग' में रहती है। उदाहरण- 'टहलना स्वास्थ्य के लिये अच्छा है।' यहाँ 'टहलना' क्रियार्थक संज्ञा है।

122. 'उस लड़के को बुलाइए' में 'लड़के' के विषय में कौन सा कथन गलत है?

(a) संज्ञा, बहुवचन (b) संज्ञा, एकवचन
(c) कर्म, एकवचन (d) सभी सही हैं।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : उस लड़के को बुलाइए में 'लड़के' के विषय में **संज्ञा बहुवचन** गलत है।

@RexstarPdf

05.

सर्वनाम

1. परिभाषा एवं भेद

1. सर्वनाम का भेद इनमें से कौन-सा नहीं है?
(a) गुणवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) संबंधवाचक (d) निजवाचक
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
UPSI वनरक्षक 02/12/2018 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'गुणवाचक' सर्वनाम का भेद नहीं बल्कि विशेषण का भेद है। वे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम के 6 भेद होते हैं–
(i) पुरुषवाचक (ii) निजवाचक (iii) प्रश्नवाचक
(iv) निश्चयवाचक (v) अनिश्चयवाचक (vi) संबंधवाचक

2. 'संयुक्त सर्वनाम' नामक सर्वनाम की एक पृथक श्रेणी का उल्लेख इनमें से किस विद्वान ने किया है?
(a) भोलानाथ तिवारी (b) हरदेव बाहरी
(c) डॉ. दीमशित्स (d) जॉर्ज ग्रियर्सन
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'संयुक्त सर्वनाम' नामक सर्वनाम की एक पृथक श्रेणी का उल्लेख 'डॉ. दीमशित्स' ने किया है ऐसे शब्द जो संयुक्त होकर सर्वनाम के रूप में कार्य करते हैं उन्हें संयुक्त सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**- जो कोई, सब कोई, कुछेक, कोई न कोई इत्यादि। संयुक्त सर्वनाम स्वतंत्र रूप से संज्ञा अथवा मूल सर्वनाम के साथ प्रयुक्त होता है।

3. निम्न में से सर्वनाम शब्द कौन-सा है?
(a) रोग (b) कौन
(c) नींद (d) सफाई
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'कौन' सर्वनाम शब्द है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को सर्वनाम कहते हैं 'कौन' शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम के अंतर्गत आता है।

4. इनमें से सर्वनाम की उपयुक्त परिभाषा कौन-सी है?
(a) क्रिया के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
(b) विशेषण के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
(c) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
(d) क्रिया विशेषण के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम के 6 भेद होते हैं-
1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निजवाचक सर्वनाम
3. निश्चयवाचक सर्वनाम 4. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
5. संबंधवाचक सर्वनाम 6. प्रश्नवाचक सर्वनाम
हिन्दी व्याकरण में कुल 11 प्रकार के सर्वनाम की चर्चा की गयी है। **जैसे**-मैं, तुम, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

5. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं?
(a) 12 (b) 10
(c) 11 (d) 9
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC VDO 23/12/2018 (Shift- I)

उत्तर : (c) : हिंदी में कुल 11 सर्वनाम हैं। सर्वनाम उन शब्दों को कहा जाता है, जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर करते हैं। इसके अंतर्गत मैं, तुम, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या शब्द आते हैं।

6. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वनाम पद है? चिह्नित कीजिए।
(a) राधा (b) वह
(c) सुन्दर (d) विभीषण
KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में 'वह' सर्वनाम है जबकि राधा, और विभीषण दोनों व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं तथा सुन्दर विशेषण है। 'विभीषण' शब्द कभी-कभी जातिवाचक संज्ञा के रूप में भी प्रयुक्त होता है; **जैसे**–'वह आज का विभीषण है।'

7. निम्नलिखित में सर्वनाम है–
(a) यह (b) सभा
(c) मनुष्य (d) हिमालय
UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'यह' सर्वनाम है, जबकि सभा, मनुष्य तथा हिमालय संज्ञा हैं। 'सभा' समूहवाचक, 'मनुष्य' जातिवाचक एवं 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

8. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?
(a) आज बरसात होगी (b) मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ
(c) घर का काम कर लो (d) सीमा और रीमा बहनें हैं
UPP Constable, 2017

उत्तर : (b) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उसे सर्वनाम कहते हैं। मैं, तू, आप, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या आदि सर्वनाम हैं। जैसे– मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ। वाक्य में 'मैं' शब्द सर्वनाम है। हिन्दी में सर्वनाम के छः (6) भेद हैं–
1. पुरुषवाचक 2. निजवाचक
3. निश्चयवाचक 4. अनिश्चयवाचक
5. सम्बन्धवाचक 6. प्रश्नवाचक

9. सर्वनाम के कुल कितने भेद होते हैं?
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8
DSSSB PGT 24.07.2018 (9:00 am-12.00 pm)
UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
वनरक्षक परीक्षा 2015
UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift
UK PSC AE 2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम के छः भेद होते हैं–
(1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम
(3) निजवाचक सर्वनाम (4) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(5) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (6) प्रश्नवाचक सर्वनाम

10. जो शब्द पूर्वापर संबंध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है उसको क्या कहते हैं?
(a) सर्वनाम (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) क्रिया विशेषण

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (a) जो शब्द पूर्वापर संबंध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है, उसे सर्वनाम कहते हैं। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताये, उसे विशेषण कहते हैं। जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाये, उसे क्रिया कहते हैं। क्रिया विशेषण ऐसे शब्द हैं, जो क्रिया की विशेषता बताते हैं। संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया तथा विशेषण विकारी शब्द हैं, जबकि क्रिया विशेषण एक अविकारी शब्द है।

2. पुरुषवाचक सर्वनाम

11. 'हम ताजमहल देखने जाएंगे।' इस वाक्य में 'हम' सर्वनाम का कौन-सा प्रकार है?
(a) निजवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) संबंधवाचक (d) पुरुषवाचक

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC वनरक्षक 02/12/2018 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'हम ताजमहल देखने जाएंगे।' वाक्य में 'हम' शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है। पुरुषवाचक सर्वनाम पुरुषों (स्त्री या पुरुष) के नाम के बदले आते हैं। इसके तीन भेद हैं- उत्तमपुरुष- मैं, हम, मध्यमपुरुष- तू, तुम, आप और अन्यपुरुष- वह, वे, यह, ये। जो शब्द संज्ञा के बदले प्रयोग किये जाते हैं उन्हें सर्वनाम कहते हैं।
सर्वनाम के 6 भेद होते हैं– 1. पुरुषवाचक सर्वनाम, 2. निजवाचक सर्वनाम, 3. निश्चयवाचक सर्वनाम, 4. अनिश्चयवाचक सर्वनाम, 5. संबंधवाचक सर्वनाम 6. प्रश्नवाचक सर्वनाम

12. 'उसका भाई खेलता है।' वाक्य में सर्वनाम है–
(a) संबंधवाचक (b) पुरुषवाचक
(c) निजवाचक (d) निश्चयवाचक

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) 'उसका भाई खेलता है।' वाक्य में पुरुषवाचक सर्वनाम है।
पुरुषवाचक सर्वनाम-ऐसे सर्वनाम जिनका प्रयोग स्त्री या पुरुष के नाम के स्थान पर किया जाता है, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहा जाता है।
उदाहरण- उसे पढ़ने दो, वे विद्यालय जा रहे हैं।

13. 'वह एक अच्छा छात्र है।' वाक्य में संकेतवाचक सर्वनाम है?
(a) वह (b) एक
(c) अच्छा (d) छात्र

CGPSC (Pre) 2019

उत्तर: (a): 'वह एक अच्छा छात्र है' वाक्य में 'वह' संकेतवाचक सर्वनाम है। सर्वनाम संज्ञा के स्थान पर वाक्य में प्रयुक्त होते हैं।

14. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अन्य पुरुष का उदाहरण है?
(a) उसने (b) तुमने
(c) हम (d) मैंने

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (a): प्रश्नगत विकल्पों में 'उसने' अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम का उदाहरण है।
(i) उत्तम पुरुष– बात को कहने वाला (वक्ता/लेखक) जैसे– मैं, हम, मैंने आदि।
(ii) मध्यम पुरुष– जिससे बात कही जाय (श्रोता/पाठक) जैसे– तुमने, आप, तुम आदि।
(iii) अन्य पुरुष– जिसके सम्बन्ध मे बात कही जाय। जैसे– वह, उसने, यह, ये आदि।

15. निम्नलिखित प्रश्न में , चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।
(a) उनको (b) हम
(c) उन्हें (d) आपको

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त विकल्पों में 'हम' उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम है।
• उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम – जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए करता है उन सर्वनाम शब्दों को उत्तम पुरुष सर्वनाम कहते हैं।
जैसे– मैं, हम, मुझे, मेरा आदि।

16. इनमें से कौन-सा पुरुषवाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है?
(a) हम (b) तू
(c) कोई (d) मैं

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'कोई' सार्वनामिक दृष्टि से पुरुषवाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है। 'कोई' सार्वनामिक दृष्टि से अनिश्चयवाचक सर्वनाम का परसर्ग है। 'मैं' और 'हम' उत्तम पुरुष तथा 'तू' मध्यम पुरुष सर्वनाम है।

17. पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?
(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) सात

UPP, 2017

उत्तर. (a) : वे सर्वनाम जो पुरुषों (पुरुष या स्त्री) के नाम के बदले आते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।
पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं–
1- **उत्तम पुरुष** - मैं, हम, मैंने, मेरा, हमारा, मुझे, मुझको।
2- **मध्यम पुरुष** - तुम, तू, तुमने, तुमको, आप, आपको,.....।
3- **अन्य पुरुष** - वह, वे, ये, उन, उन्हें, उसको, यह....।

@RexstarPdf

18. जो सर्वनाम शब्द वक्ता, श्रोता अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है उसे क्या कहते हैं?

(a) संबंधवाचक सर्वनाम (b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (b) जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता द्वारा खुद के लिए या दूसरों के लिए किया जाता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। इसके तीन भेद हैं- उत्तम पुरुष (मैं, हम), मध्यम पुरुष (तू, तुम, आप), अन्य पुरुष (वह, वे, यह, ये)। जहाँ उत्तम पुरुष वक्ता के लिए एवं मध्यम पुरुष श्रोता के लिए प्रयुक्त होता है, वहीं प्रथम अन्य तीसरे पक्ष के लिए प्रयोग किया जाता है।

19. 'वे भ्रष्टाचार के प्रबल विरोधी थे।' वाक्य सर्वनाम का कौन सा प्रकार है?

(a) सम्बन्धवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) निजवाचक (d) पुरुषवाचक

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (d) जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता द्वारा खुद के लिए या दूसरों के लिए किया जाता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**- मैं, हम (वक्ता द्वारा खुद के लिए), तुम, आप, यह, वह, ये, वे, किसी और के बारे में बात करने के लिए आदि। वाक्य 'वे भ्रष्टाचार के प्रबल विरोधी थे' किसी तीसरे व्यक्ति की बात हो रही है। अतः ये शब्द पुरुषवाचक की श्रेणी में आते हैं।

(i) उत्तम पुरुष वाचक

20. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?

(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

लोअर-2 परीक्षा, 2015
लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2008

उत्तर : (a) बोलने वाले वक्ता को 'उत्तम पुरुष' कहा जाता है। **जैसे-** मैं, हम परन्तु सर्वनाम में कारकों की विभक्तियाँ लगाने से इसके रूप में विकृति आ जाती है। **जैसे-** मैं, मुझे, मेरा, मुझसे, मुझको आदि। अतः 'मुझे' उत्तम पुरुष सर्वनाम है।

21. 'हम' के विषय में कौन-सा कथन गलत है?

(a) उत्तम पुरुष सर्वनाम
(b) एकवचन सूचक मध्यम पुरुष सर्वनाम
(c) बहुवचन सूचक सर्वनाम
(d) उत्तम पुरुष बहुवचन सूचक सर्वनाम

DSSSB TGT (MALE) 18.09.2021 (Shift-I)
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'हम' के विषय में 'एकवचन सूचक मध्यम पुरुष सर्वनाम' कथन गलत है। 'हम' पुरुषवाचक सर्वनाम है। इसके अन्तर्गत उत्तमपुरुष बहुवचन सूचक सर्वनाम आता है।

22. निम्नलिखित जोड़ों में से उत्तम पुरुष वाले जोड़ों को पहचानिए।

(a) मैं-हम (b) तू-तुम
(c) वह-वे (d) इससे-इन्होंने

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) पुरुष वाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं-
1. उत्तम पुरुष- मैं, हम, मैंने, हमने, मेरा, हमारा, मुझे, मुझको।
2. मध्यम पुरुष- तू, तुम, तुमने, तुझे, तुम्हें, तुमको, तुमसे, आपने, आपको।
3. अन्य पुरुष- वह, वे, ये, यह, इन, उन, उनको, उनसे, उससे, उसको।,
अतः-'मैं-हम' जोड़ा उत्तम पुरुष का है।

(ii) मध्यम पुरुष वाचक

23. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तम पुरुषवाची शब्द नहीं है?

(a) तुम
(b) हमको
(c) मुझमें
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'तुम' शब्द उत्तम पुरुषवाची शब्द नहीं है। यह मध्यम पुरुषवाची शब्द है जबकि 'मुझमें' तथा 'हमको' उत्तम पुरुष वाचक शब्द हैं।
पुरुष वाचक सर्वनाम का प्रयोग स्त्री या पुरुष के नाम के स्थान पर करते हैं। पुरुष तीन प्रकार के होते हैं-
उत्तम पुरुष – मैं, हम, मुझे, मुझको, हमको .....
मध्यम पुरुष – तुम, तुम्हें, तुमको, आप, आपको .....
अन्य पुरुष – यह, ये, वह, वे, उसे, उन्हें, उनको .....

24. आप की सब राह देख रहे हैं।
रेखांकित शब्द कौन सा सर्वनाम है?

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) निजवाचक सर्वनाम

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (*) जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए करता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। 'आप' निजवाचक सर्वनाम का रूप है। जहाँ शब्द का प्रयोग श्रोता के लिए हो, वहाँ यह आदर सूचक मध्यम पुरुष होता है और जहाँ 'आप' शब्द का प्रयोग अपने लिए हो, वहाँ निजवाचक होता है। प्रश्न त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है यहाँ 'आप' मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम है।

25. दिए गए वाक्य का पुरुष ज्ञात कीजिए।
तुम कल कहाँ थे?

(a) उत्तम (b) मध्यम
(c) प्रथम (d) अन्य पुरुष

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य 'तुम कल कहाँ थे'? में मध्यम पुरुष होगा।
मध्यम पुरुष-सुनने वाले श्रोता को 'मध्यम पुरुष' कहा जाता है जैसे- तू, तुम, आप।

@RexstarPdf

26. इनमें से मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण कौन-सा है?

(a) मैं (b) तू
(c) वह (d) उपरोक्त सभी

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPPCL Stenographer 2018

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'तू' सार्वनामिक शब्द मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम है जबकि 'मैं' उत्तम पुरुष तथा 'वह' अन्य पुरुष सर्वनाम का उदाहरण है।

(iii) अन्य पुरुष वाचक

27. दिया गया वाक्य किस पुरुष का उदाहरण है, ज्ञात कीजिए।
जीवेश एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी है।

(a) उत्तम पुरुष (b) अन्य पुरुष
(c) मध्यम पुरुष (d) प्रथम पुरुष

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (b) 'जीवेश एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी है। वाक्य अन्य पुरुष का उदाहरण है।

28. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) उन्हें (b) तुम
(c) तुम्हें (d) हमारा

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम का सबसे अच्छा विकल्प 'उन्हें' होगा।
अन्य पुरुष - जिस सर्वनाम का प्रयोग वक्ता किसी तीसरे व्यक्ति के बारे में बताने के लिए करता है। तब वहाँ इस सर्वनाम का प्रयोग होता है। जैसे- यह, वह, ये, वे, उन्हें आदि।
जैसे - वे फुटबॉल बहुत अच्छा खेलते हैं।

29. दिए गए वाक्य में सर्वनाम ज्ञात कीजिए।
इनकी तुम्हारे में कोई रुचि नहीं है।

(a) अनिश्चियवाचक सर्वनाम (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) उत्तम पुरुष

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (c) : 'इनकी तुम्हारे में कोई रुचि नहीं है।'
उपर्युक्त वाक्य में 'इनकी' अन्य पुरुष सर्वनाम है।
पुरुष वाचक सर्वनाम– पुरुषों के नाम (स्त्री एवं पुरुष) की जगह जिस सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है उसे पुरुष वाचक सर्वनाम कहते हैं। इनके तीन भेद हैं–
1. उत्तम पुरुष– बात को कहने वाला (वक्ता/लेखक)– मैं, हम आदि।
2. मध्यम पुरुष– जिससे बात कही जाए (श्रोता/पाठक)– तू, तुम, आप आदि।
3. अन्य/निम्न पुरुष– जिसके सम्बन्ध में बात कही जाए।
जैसे– यह, वह, ये, वे आदि।

30. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) आप (b) हम
(c) मेरा (d) इसने

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) : अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम– जिसके सम्बन्ध में बात कही गयी हो, वह अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम कहलाता है। जैसे– वह, वे, इसने, उसने आदि।
इसने हम लोगों की सेवा की।

31. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रेखांकित शब्द के आधार पर पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है।
वह कल मुझसे मिलने आएगी।

(a) संबंधवाचक सर्वनाम (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुषवाचक (d) उत्तम पुरुष

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर: (c) वाक्य 'वह कल मुझसे मिलने आयेगी।' में रेखांकित शब्द 'वह' अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का द्योतक है। 'पुरुषवाचक सर्वनाम' पुरुष/स्त्री के नाम के बदले आते हैं। इसके तीन भेद हैं:

- **उत्तम पुरुष -** मैं, हम।
- **मध्यम पुरुष -** तू, तुम, आप।
- **अन्य पुरुष -** वह, वे, यह, ये।

3. निजवाचक सर्वनाम

32. निम्नलिखित में से कौन निजवाचक सर्वनाम नहीं है?

(a) निज (b) हम
(c) आप (d) खुद

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'हम' शब्द निजवाचक सर्वनाम न होकर बल्कि उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम है जबकि अन्य विकल्प (निज, आप और खुद) निजवाचक सर्वनाम हैं।

33. 'मैंने इस समस्या का समाधान खुद ही निकाल लिया' इस वाक्य में खुद ही पद में सर्वनाम का कौन सा भेद है?

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) निश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) संकेतवाचक सर्वनाम

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (c) 'मैंने इस समस्या का समाधान खुद ही निकाल लिया' इस वाक्य में 'खुद ही' पद में निजवाचक सर्वनाम है। 'वाक्य में कर्ता, जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग स्वयं के लिए करता है उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहा जाता है।' जैसे–आप, स्वयं, खुद, अपना इत्यादि।

34. दिए गए वाक्य में निजवाचक सर्वनाम ज्ञात कीजिए।
सफलता पाने के लिए तुम्हें स्वयं कठोर परिश्रम करना पड़ेगा।

(a) करना (b) के लिए
(c) स्वयं (d) तुम्हें

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) दिए गए वाक्य में निजवाचक सर्वनाम 'स्वयं' होगा।
निजवाचक सर्वनाम – आप, स्वयं, खुद।
सम्बन्ध वाचक सर्वनाम – जो, सो।
निश्चय वाचक सर्वनाम – यह, वह।

35. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अनुसार सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है।
मै स्वयं गाड़ी चला सकती हूँ।
(a) संबंधवाचक (b) अनिश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) निजवाचक
DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तरः (d) दिए गए वाक्य-'मैं स्वयं गाड़ी चला सकती हूँ।' वाक्य में 'स्वयं' निजवाचक सर्वनाम होगा।
• प्रयोग के आधार पर सर्वनाम के छः भेद हैं -
(i) पुरुष वाचक सर्वनाम - मैं, हम, तुम, आप, ये, वे, वह।
(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम – यह, ये, वे, वह।
(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम - कोई, कुछ।
(iv) निजवाचक सर्वनाम - आप, स्वयं, खुद।
(v) सम्बन्धवाचक सर्वनाम - जो, सो।
(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम - क्या, कौन, कैसे, कहाँ, कब, क्यों।

36. इनमें से 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
(a) आज अपनापन कहाँ है।
(b) यह समस्या मैं आप ही हल कर लूंगा।
(c) यह मेरी निजी पुस्तक है।
(d) अपनों से क्या छिपाना।
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) वाक्य 'यह समस्या मैं आप ही हल कर लूंगा' में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग किया गया है। जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं उन्हें 'सर्वनाम' कहते हैं। सर्वनाम के भेद- पुरुषवाचक, निजवाचक, निश्चयवाचक, अनिश्चयवाचक, संबंधवाचक, प्रश्नवाचक आदि।

37. ''मैं अपने-आप वस्त्र साफ़ कर लेता हूँ।'' इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है ?
(a) निश्चयवाचक (b) पुरुषवाचक
(c) निजवाचक (d) अनिश्चयवाचक
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) ''मैं अपने-आप वस्त्र साफ़ कर लेता हूँ।'' इस वाक्य में 'निजवाचक सर्वनाम' है। निजवाचक सर्वनाम का आशय 'निजता' अर्थात 'स्वयं' से है।

38. 'मैं स्वयं वहीं से आया हूँ।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।
(a) संबंधवाचक सर्वनाम (b) निश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) पुरुषवाचक सर्वनाम
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'मैं स्वयं वहीं से आया हूँ।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रकार है। शेष विकल्प असंगत हैं।

39. 'मैं अपना काम आप करूँगा।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द के सर्वनाम का प्रकार लिखिए।
(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) पुरुषवाचक सर्वनाम
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPPCL RO/ARO 2016

उत्तरः (c) 'मैं अपना काम आप करूँगा।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द के सर्वनाम का प्रकार निजवाचक सर्वनाम है।
'वह सर्वनाम शब्द जो स्वयं के लिए प्रयोग किया जाता है। निजवाचक सर्वनाम कहलाता है।' **जैसे**- आप, अपना, अपने आप आदि। जबकि निश्चयवाचक सर्वनाम में- यह, वह। अनिश्चयवाचक सर्वनाम में- कोई, कुछ और पुरुषवाचक सर्वनाम में- मैं, हम, तू, तुम, वह, वे, यह, ये इत्यादि शब्द आते हैं।

40. 'वह दूसरों को नहीं बल्कि अपने-आप को सुधार रहा है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।
(a) संबंधवाचक सर्वनाम (b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम
High Court ARO - 2021
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'वह दूसरों को नहीं बल्कि अपने-आप को सुधार रहा है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द में 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग हुआ है। निजवाचक सर्वनाम का परसर्ग 'आप' है जो कि स्वयं के लिए प्रयोग होता है।

41. 'शीला अपने कपड़े स्वयं धोती है।' इस वाक्य में 'स्वयं' सर्वनाम का कौन-सा भेद है?
(a) निजवाचक (b) संबंधवाचक
(c) पुरुषवाचक (d) निश्चयवाचक
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) 'शीला अपने कपड़े स्वयं धोती है।' इस वाक्य में स्वयं 'निजवाचक सर्वनाम' है।
वह सर्वनाम शब्द जो खुद के लिए प्रयोग किया जाता है, निजवाचक सर्वनाम कहलाता है। **उदाहरण**- स्वयं, आप, अपने आप इत्यादि।

42. इनमें से निजवाचक सर्वनाम का मूल रूप क्या है?
(a) आप (b) मेरा
(c) मैं (d) हमारा
UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a) दिये गये विकल्पों में 'आप' शब्द निजवाचक सर्वनाम का मूल रूप है। वे सर्वनाम जिन्हें बोलने वाला कर्ता स्वयं अपने लिये प्रयुक्त करता है, निजवाचक सर्वनाम कहलाता है। **जैसे**- मैं अपने आप चला जाऊँगा।

43. 'आपके घर मैं स्वयं आया था।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।
(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) संबंधवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d) 'आपके घर मैं स्वयं आया था।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द स्वयं निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

@RexstarPdf

निजवाचक सर्वनाम- जो शब्द व्यक्ति अपने खुद के लिए प्रकट करता है, अर्थात् जिन शब्दों में काम करने वाले व्यक्ति के साथ अपनापन प्रकट होता है, निजवाचक सर्वनाम कहलाता है।
जैसे– आप, स्वयं, खुद, अपना आदि।

44. वह आप ही चला गया।' - वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?

(a) पुरुष वाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) संबंधवाचक

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) वह आप ही चला गया।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'आप' निजवाचक सर्वनाम का रूप है।
पुरुषवाचक सर्वनाम – मैं, हम, तुम, वह
निश्चयवाचक सर्वनाम – यह, वह, ये, वे
संबंधवाचक सर्वनाम – जो,सो

45. 'आप भला तो जग भला' - वाक्य में रेखांकित शब्द कौन सा सर्वनाम है?

(a) पुरुषवाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) अनिश्चयवाचक

CTET (I-V) 08.01.2019
[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]
UPSI 15/11/2021 (Shift -III)

उत्तर. (b) : जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए करता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं; **जैसे**- आप, अपने। दिये गये वाक्य में आप का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए कर रहा है, अतः यहाँ निजवाचक सर्वनाम होगा।

46. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य में सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है।
घनश्याम ने अपने आप कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली।

(a) संबंधवाचक (b) उत्तम पुरुष
(c) मध्यम पुरुष (d) निजवाचक

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (d) अपनेपन का बोध कराने वाले शब्दों को 'निजवाचक' सर्वनाम कहते हैं। दिए गए वाक्य 'घनश्याम ने अपने आप कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली' में 'अपने आप' शब्द का प्रयोग स्वयं के लिए हुआ है, अतः यह निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

4. निश्चयवाचक सर्वनाम

47. निम्नलिखित में सर्वनाम की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) मैं – पुरुषवाचक (b) कौन – प्रश्नवाचक
(c) यह – निश्चयवाचक (d) कुछ – सम्बन्ध वाचक

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'कुछ-सम्बन्ध वाचक' सर्वनाम की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म है -कुछ अनिश्चय वाचक सर्वनाम।

48. 'वे आम के पेड़ हैं।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) निजवाचक सर्वनाम
(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम (d) संबंधवाचक सर्वनाम

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (a) 'वे आम के पेड़ हैं।' वाक्य में अधोरेखित शब्द 'वे' 'निश्चयवाचक सर्वनाम' है।
जिस सर्वनाम से किसी वस्तु का निश्चित बोध होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे- यह किताब मेरी है।
वह रामू की कलम है।

49. इनमें से निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण कौन-सा है?

(a) कोई (b) यह
(c) जो (d) कुछ

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
UPPCL ARO 2018
KVS PGT, Hindi 2016

उत्तर : (b) : 'यह' शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है। जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निकट या दूर की किसी वस्तु, स्थान, व्यक्ति, घटना-व्यापार की निश्चितता का जिक्र हो उन शब्दों को निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे-यह लड़की है। इसे संकेतवाचक सर्वनाम भी कहते हैं। यह, वह निश्चयवाचक सर्वनाम है।

50. 'यह मेरी किताब है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम (b) निश्चयवाचक सर्वनाम
(c) संबंधवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPP, 2017

उत्तर : (b) :उपर्युक्त वाक्य में 'यह' शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। इसके 6 भेद होते हैं– 1. पुरुषवाचक सर्वनाम, 2. निश्चयवाचक सर्वनाम, 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम, 4. सम्बन्धवाचक सर्वनाम, 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम, 6. निजवाचक सर्वनाम।

51. संकेतवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?

(a) संबंधवाचक सर्वनाम को (b) निश्चयवाचक सर्वनाम को
(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम को (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम को

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : जिस वाक्य में किसी व्यक्ति या वस्तु की निश्चितता का बोध हो वहाँ निश्चयवाचक सर्वनाम होता है। निश्चयवाचक सर्वनाम को संकेतवाचक सर्वनाम भी कहा जाता है।
जैसे → यह, वह
उदाहरण→ यह पुस्तक मेरी है।

52. निम्नलिखित में से क्या एक सम्बन्धवाचक सर्वनाम नहीं है?

(a) वहाँ (b) यह
(c) जो (d) सो

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) संबंधवाचक सर्वनाम- जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाए उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- जो, सो। **उदाहरण-** वह कौन है जो रो रहा है। अतः दिये गये विकल्पों में 'यह' सम्बन्धवाचक सर्वनाम नहीं है। यह निश्चयवाचक सर्वनाम है। शेष तीनों विकल्प सम्बन्धवाचक सर्वनाम हैं।

@RexstarPdf

53. वह (निश्चयवाचक) के अपादान कारक का एकवचन रूप क्या है?

(a) उससे (b) उसके लिए
(c) उसको (d) उस लिए

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) वह (निश्चयवाचक) के अपादान कारक का एकवचन रूप 'उससे' होगा।

उससे – अपादान कारक का एक वचन रूप।
इसके लिए – सम्प्रदान कारक का एक वचन रूप।
उसको – कर्म कारक का एक वचन रूप।

54. 'वह बहुत अच्छा लड़का है' वाक्य में 'वह' कौन–सा सर्वनाम है?

(a) निजवाचक सर्वनाम (b) निश्चयवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

UP TET - 2019
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (b) 'वह बहुत अच्छा लड़का है' वाक्य में 'वह' शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम है। वाक्य में प्रयुक्त पदों का परिचय इस प्रकार है-

बहुत – प्रविशेषण
अच्छा – गुणवाचक विशेषण
लड़का – जातिवाचक संज्ञा (विशेष्य)
है – सहायक क्रिया

5. अनिश्चयवाचक सर्वनाम

55. 'दूध में कुछ पड़ गया है' वाक्य के रेखांकित शब्द में सर्वनाम है:

(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) संबंधवाचक

DSSSB TGT - 15.09.2018
KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'दूध में कुछ पड़ गया है।' वाक्य में रेखांकित शब्द (कुछ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

56. 'दरवाजे पर कोई आया है' वाक्य में किस प्रकार का सर्वनाम है?

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'दरवाजे पर कोई आया है' वाक्य में अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता हो उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

57. सर्वनाम की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(a) पुरुषवाचक – तू, आप
(b) सम्बन्धवाचक – जो, में, हम
(c) अनिश्चयवाचक कौन, क्या
(d) निश्चयवाचक यह, वह

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'अनिश्चयवाचक- 'कौन, क्या' सर्वनाम की दृष्टि से असंगत है। इसका संगत युग्म है- प्रश्नवाचक- कौन, क्या हैं।

58. छत्तीसगढ़ी शब्द 'कोनो' सर्वनाम है–

(a) पुरुषवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) अनिश्चयवाचक

CGPSC (Pre) 2020

उत्तर : (d) छत्तीसगढ़ी शब्द 'कोनो' शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

59. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अनुसार सर्वनाम के भेद का ही विकल्प है।
स्वाद में कुछ कमी है।

(a) संबंधवाचक सर्वनाम (b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम - जिस सर्वनाम में किसी वस्तु का निश्चित बोध नहीं होता, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
स्वाद में कुछ कमी है। - इस वाक्य में 'कुछ' सर्वनाम शब्द से अनिश्चितता का बोध होता है। इसलिए कुछ शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम होगा।

60. 'कोई आ रहा है' - वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?

(a) निजवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) अनिश्चयवाचक (d) संबंधवाचक

लोअर-I परिक्षा 2015
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UPSI Batch -I 21/12/2017

उत्तर: (c) 'कोई आ रहा है' में अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम के भेद -
1. पुरुषवाचक सर्वनाम (उत्तम, मध्यम एवं अन्य पुरुष)
2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

61. 'आपके घर में इतना दूध होता है, कुछ हमारे यहाँ भी भिजवा दिया कीजिए।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) 'आपके घर में इतना दूध होता है, कुछ हमारे यहाँ भी भिजवा दिया कीजिए।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रकार है।
जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु का बोध नहीं होता है, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**- 'कोई', 'कुछ'।
उदाहरण- दरवाजे पर कोई खड़ा है।

62. 'कोई' और 'कुछ' का प्रयोग निम्न में से किस सर्वनाम में किया जाता है?

(a) संबंधवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) अनिश्चयवाचक (d) निश्चयवाचक

DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am-12 pm)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPPCS AE 2013

उत्तर : (c) : 'अनिश्चयवाचक सर्वनाम' में 'कोई और' 'कुछ' का प्रयोग किया जाता है। 'जिस वाक्य में व्यक्ति या वस्तु की निश्चितता का बोध न हो वहाँ अनिश्चयवाचक सर्वनाम होता है।'
उदाहरण–छत पर कोई बैठा है।
बाजार से कुछ फल लेते आना।

@RexstarPdf

63. 'किसी को बुलाओ' वाक्य में 'किसी' इनमें से क्या है?

(a) संयुक्त सर्वनाम (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) यौगिक सार्वनामिक विशेषण

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'किसी को बुलाओ' वाक्य में 'किसी' 'अनिश्चयवाचक सर्वनाम' है।
जिस सर्वनाम से किसी व्यक्ति या पदार्थ का निश्चित बोध न हो, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे– दुकान पर कोई आया था।

64. अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगा:

(a) किसी से (b) किन से
(c) किन्हीं से (d) किन को

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगा 'किन्हीं से', जबकि 'किन से' अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में एकवचन रूप होगा।

65. निम्न में सर्वनाम शब्द है–

(a) दान (b) भजन (c) कुछ (d) पढ़ना

UP B.Ed. Exam 2005

उत्तर : (c) 'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं; जैसे- मैं, तुम, हम, वे आप.... .आदि।
सर्वनाम के छः भेद होते हैं-
1. पुरुषवाचक सर्वनाम- (i) उत्तम पुरुष- मैं, हम, मैंने, हमने, मुझे, मुझको, मेरा।
(ii) मध्यम पुरुष–तू, तुम, तुमको, आपको आदि।
(iii) अन्य पुरुष–वह, वे, उन, उनको, उन्हें आदि।
2. निश्चयवाचक सर्वनाम – यह, वह, वे , ये आदि।
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम – कुछ, कोई आदि।
4. संबंधवाचक सर्वनाम – जो, सो आदि।
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम – कौन, क्या आदि।
6. निजवाचक सर्वनाम – आप, स्वतः, स्वयं आदि।

6. सम्बन्धवाचक सर्वनाम

66. 'जिसको आपने बुलाया था, वह बाजार गया है।' वाक्य के रेखांकित शब्द में सर्वनाम है :

(a) संबंधवाचक (b) निजवाचक
(c) पुरुषवाचक (d) निश्चयवाचक

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'जिसको आपने बुलाया था, वह बाजार गया है।' वाक्य के रेखांकित शब्द में 'संबंधवाचक सर्वनाम' है।

67. 'जिसको आपने बुलाया था, वह विद्यालय गया है।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-से सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?

(a) उत्तम पुरुषवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) निजवाचक (d) संबंधवाचक

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (d) 'जिसको आपने बुलाया था, वह विद्यालय गया है।' प्रस्तुत वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है, ऐसे सर्वनाम, जो प्रधान उपवाक्य में आये संज्ञा या सर्वनाम से संबंध जोड़ने का कार्य करते हैं, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।
जैसे- जिसको पैसा मिलेगा, वह काम क्यों नहीं करेगा।
वह लड़का पकड़ा गया, जो कल यहाँ आया था।

68. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक वाक्य सम्बन्धवाचक सर्वनाम का उदाहरण नहीं है?

(a) जो व्यक्ति आपत्ति में विचलित नहीं होता, वह अवश्य अपनी मंजिल पाता है।
(b) यह अच्छा विचार है।
(c) जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह स्वयं उसमें गिरता है।
(d) जिसे चोट लगती है, वही पीर समझता है।

SSC GD Constable 13-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (b) : 'यह अच्छा विचार है।' वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है, बल्कि इसमें निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है। शेष अन्य विकल्प संबंधवाचक सर्वनाम के उदाहरण हैं।

69. दिए गए वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम ज्ञात कीजिए। बच्चे वही कहानी सुनेंगे जो सच है।

(a) बच्चे, जो (b) वही, जो
(c) वही, हो (d) कहानी, सच

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य में सम्बन्धवाचक सर्वनाम, 'वही, जो' होगा।
• प्रयोग के आधार पर सर्वनाम के छः भेद हैं -
(i) पुरुषवाचक सर्वनाम - मैं, हम, तुम, आप, ये, वे, वह।
(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम - यह, वह।
(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम - कोई, कुछ।
(iv) निजवाचक सर्वनाम - आप, स्वयं खुद।
(v) सम्बन्धवाचक सर्वनाम - जो, सो।
(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम - क्या, कौन, कैसे, कहाँ, कब, क्यों।

70. 'जैसे वह आया वैसे ही चला गया।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम (b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) पुरुषवाचक सर्वनाम (d) निश्चयवाचक सर्वनाम

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : जैसे वह आया वैसे ही चला गया। इस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम है। जिन सर्वनाम से किसी दूसरे निश्चित सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**-जो, सो आदि।

71. 'जैसा करोगे, वैसा भरोगे' में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?

(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) संबंधवाचक

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'जैसा करोगे, वैसा भरोगे' में संबंधवाचक सर्वनाम है।
संबंधवाचक सर्वनाम-जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग, किसी वस्तु या व्यक्ति का संबंध बताने के लिए किया जाए, वे 'संबंधवाचक सर्वनाम' कहलाते हैं।

@RexstarPdf

72. इनमें से संबंधवाचक सर्वनाम क्या है?

(a) कुछ (b) वह
(c) जो (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)
UPSI 20.07.2017 (Shift-II)

उत्तर : : (c) वह सर्वनाम शब्द जो किसी वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा अथवा सर्वनाम के संबंध का बोध कराये उसे संबंध वाचक सर्वनाम कहते हैं- सम्बन्धवाचक सर्वनाम में जो, सो, उसी आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

73. इनमें से संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग किस वाक्य/किन वाक्यों में हुआ है?

(a) जो सोता है सो खोता है
(b) जिसने परिश्रम किया वह सफल हो गया
(c) जैसी करनी वैसी भरनी
(d) उपरोक्त सभी

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये सभी विकल्पों में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग किया गया है। वह सर्वनाम शब्द जो किसी वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा अथवा सर्वनाम के संबंध का बोध कराए उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे–**जो करेगा सो भरेगा। इसमें जो, सो संबंधवाचक सर्वनाम हैं।

74. जो करेगा सो भरेगा। रेखांकित शब्द क्या है?

(a) क्रियाविशेषण (b) संकेतवाचक सर्वनाम
(c) संबंधवाचक सर्वनाम (d) गुणवाचक सर्वनाम

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर- (c) 'जो करेगा सो भरेगा' में सम्बन्धवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम द्वारा किसी दूसरे सर्वनाम से सम्बन्ध स्थापित हो जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे - जो, सो।

75. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है। जिसको हमने बुलाया था, वह आया है।

(a) निश्चयवाचक (b) संबंधवाचक
(c) उत्तम पुरुष (d) निजवाचक

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) 'जिसको हमने बुलाया था, वह आया है।' में सम्बन्धवाचक सर्वनाम प्रयुक्त है। जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाय, उसे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहते हैं; **जैसे**-जो, सो, जिसने, जिसके इत्यादि।

76. 'सम्बन्धवाचक' सर्वनाम है–

(a) कोई (b) आप
(c) किस (d) जिस

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'जिस' शब्द सम्बन्धवाचक सर्वनाम में आता है। जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाए उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- जो, सो। 'कोई' शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम है, आप (स्वयं) शब्द निजवाचक सर्वनाम है।

7. प्रश्नवाचक सर्वनाम

77. 'आप मुझसे क्या चाहते हैं' वाक्य के रेखांकित शब्द में सर्वनाम है:

(a) प्रश्नवाचक (b) निजवाचक
(c) अनिश्चयवाचक (d) निश्चयवाचक

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'आप मुझसे क्या चाहते हैं' वाक्य के रेखांकित शब्द में प्रश्नवाचक सर्वनाम है। जिन सर्वनाम शब्दों से प्रश्न का बोध होता हो उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

78. निम्न में से कौन-सा पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण नहीं है?

(a) कौन (b) वह
(c) हम (d) तुम

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर: (a): 'कौन' पुरुषवाचक सर्वनाम नहीं बल्कि प्रश्नवाचक सर्वनाम है। शेष विकल्पों में दिए गए वह, हम, तुम पुरुषवाचक सर्वनाम के उदाहरण हैं।

79. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्नवाचक सर्वनाम नहीं है?

(a) किससे (b) किनके
(c) किसी से
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'किसी से' प्रश्नवाचक सर्वनाम नहीं है। 'किसी से' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है, जबकि किससे तथा किनके प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं।

80. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण नहीं है?

(a) कब (b) किन्हें
(c) उसको (d) कहाँ

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर :(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम-जिन शब्दों का प्रयोग किसी वस्तु, व्यक्ति, प्राणी, क्रिया-व्यापार आदि के संबंध में कोई प्रश्न पूछने या उसके बारे में जानने के लिए किया जाता है, उन शब्दों को प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।
उदाहरण-कौन, किसका, क्या, कब आदि।

81. इनमें से किस वाक्य में प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?

(a) आप कहेंगे तो ही बैठूंगा (b) पुस्तक किससे मँगवाऊँ?
(c) कुछ काम किया करो (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'पुस्तक किससे मँगवाऊँ?' इस वाक्य में प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है।
संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं।

@RexstarPdf

82. 'तुम कौन हो?' इस वाक्य में अधोरेखित सर्वनाम का प्रकार लिखिए।

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम (b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'तुम कौन हो?' इस वाक्य में अधोरेखित सर्वनाम 'तुम' पुरुषवाचक सर्वनाम होगा, किन्तु विकल्प में न दिये जाने के कारण 'कौन' सर्वनाम को ध्यान में रखते हुए 'प्रश्नवाचक सर्वनाम' मान लिया गया है।

83. इनमें से सर्वनाम शब्द कौन-सा है?

(a) नींद (b) रोग (c) सफाई (d) कौन

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC VDO 22/12/2018 (Shift-I)
UPSSSC Stenographer 10/03/2019

उत्तर : (d) : उपर्युक्त विकल्पों में सर्वनाम शब्द 'कौन' है यह प्रश्नवाचक सर्वनाम है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम के 6 भेद हैं। (i) पुरुषवाचक सर्वनाम (ii) निजवाचक सर्वनाम (iii) निश्चयवाचक सर्वनाम (iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (v) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम।

84. 'किस-किस से झगड़ा करते फिरोगे?' रेखांकित पद..... है।

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) प्रविशेषण

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'किस-किस' सर्वनाम है। यह प्रश्नवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत आता है। प्रश्नवाचक सर्वनाम उसे कहते हैं, जिनका प्रयोग प्रश्न करने के लिए किया जाता है, **जैसे-** कौन, क्या आदि।

8. सर्वनाम संबंधी अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

85. इनमें से 'संयुक्त सर्वनाम' का उदाहरण कौन-सा है?

(a) कोई (b) सब
(c) कुछ (d) कुछ-न-कुछ

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : संयुक्त सर्वनाम पृथक श्रेणी के सर्वनाम हैं। संयुक्त सर्वनाम में एक शब्द नहीं, बल्कि एक से अधिक शब्द होते हैं। संयुक्त सर्वनाम स्वतंत्र रूप से या संज्ञा - शब्दों के साथ ही प्रयुक्त होता है। **जैसे** - जो कोई, कोई भी।

86. 'साथ' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है?

(a) क्रिया-विशेषण (b) सर्वनाम
(c) समुच्चयबोधक (d) सम्बन्धबोधक

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) 'साथ' शब्द का प्रयोग सर्वनाम के रूप में नहीं किया जा सकता है क्योंकि सर्वनाम शब्द सदैव संज्ञा के बदले प्रयुक्त होते हैं।

87. निम्नलिखित में से क्या एक अप्राणिवाचक प्रश्नवाचक सर्वनाम है?

(a) किस (b) कोई (c) कौन (d) क्या

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'क्या' शब्द अप्राणिवाचक/वस्तु बोधक प्रश्नवाचक सर्वनाम है। शेष विकल्प प्राणिवाचक प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं।

88. निम्नलिखित में कौन सा अनिश्चयवाचक सर्वनाम नहीं है?

(a) कुछ भी (b) कुछ-न-कुछ
(c) सब कुछ (d) जो, वह

फूड इंस्पेक्टर, 1996

उत्तर : (d) दिए गए विकल्पों में 'जो' में अनिश्चयवाचक सर्वनाम नहीं है। यह सम्बंधवाचक सर्वनाम के अंतर्गत आता है तथा 'वह' पुरुषवाचक सर्वनाम के अंतर्गत आता है।

89. निम्नलिखित में से क्या तू (पुरुषवाचक) के सम्बन्ध कारक का एकवचन रूप नहीं है?

(a) तेरे लिए (b) तेरी
(c) तेरे (d) तेरा

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) तू (पुरुषवाचक) के सम्बन्ध कारक का एक वचन रूप 'तेरे लिए' नहीं है। यह सम्प्रदान कारक पुरुषवाचक एकवचन रूप है। हिन्दी में तीन पुरुष हैं–

1. उत्तम पुरुष–हम, हमें, हमने, हमारे, हमको आदि।
2. मध्यम पुरुष–तू, तूने, तेरा, तेरे, तेरी, तुम्हारा, तुमको आदि।
3. अन्य पुरुष–वे, ये, वह आदि।

90. ....., मैं (उत्तम पुरुष) के सम्प्रदान कारक का एकवचन रूप नहीं है।

(a) मेरे (b) मुझको (c) मेरे लिए (d) मुझे

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) 'मैं' का सम्प्रदान कारक एकवचन रूप– मुझको, मेरे लिए तथा मुझे है। 'मेरे', मैं के सम्बन्ध कारक का रूप है।

91. मैं जा रहा हूँ _____ चिंता मत करना

(a) अपनी (b) अपुन की (c) मेरी (d) मुझकी

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (c) मैं जा रहा हूँ **'मेरी'** चिन्ता मत करना। उपर्युक्त वाक्य में 'मैं' के साथ सर्वनाम 'मेरी' का प्रयोग होगा। हिन्दी में निम्नलिखित सर्वनाम हैं–मैं, तुम, आप, वह, यह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

92. यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद है:

(a) संज्ञा (b) संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण
(c) विशेषण (d) क्रिया विशेषण

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

93. 'बुरा' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता?

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) 'बुरा' शब्द का प्रयोग सर्वनाम के रूप में नहीं किया जा सकता है, क्योंकि 'बुरा' सर्वनाम नहीं बल्कि एक विशेषण है।
उदाहरण द्रष्टव्य हैं–
क्रिया-विशेषण के रूप में – रजनीश ने रमेश के साथ बुरा किया।
संज्ञा के रूप में – बुरा नहीं सोचना चाहिए।
विशेषण के रूप में – करैले का बुरा स्वाद मन खराब कर देता है।

@RexstarPdf

94. 'सब कोई' सर्वनाम के किस प्रकार का उदाहरण है?

(a) निश्चयवाचक (b) अनिश्चयवाचक
(c) निजवाचक (d) संयुक्त सर्वनाम

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (d) : 'सब कोई' शब्द संयुक्त सर्वनाम का उदाहरण है। रूस के हिन्दी वैयाकरण डा. दीमशित्स ने एक और प्रकार के सर्वनाम का उल्लेख किया है और उसे 'संयुक्त सर्वनाम' कहा है। संयुक्त सर्वनाम अलग श्रेणी के सर्वनाम होते हैं। सर्वनाम से इनकी भिन्नता इसलिए है क्योंकि इनमें एक शब्द नहीं बल्कि एक से अधिक शब्द होते हैं। संयुक्त सर्वनाम के शब्दों को संज्ञा के शब्दों के साथ स्वतंत्र रूप से प्रयोग करते हैं; **जैसे**–जो कोई, कोई-कोई, हर कोई, और कोई आदि। संज्ञा के बदले बोले जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। इसमें मुख्यतः छः भेद होते हैं–

1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

95. जो सर्वनाम संज्ञा शब्दों के मेल से बनते हैं, उन्हें कहते हैं:

(a) विकारी सर्वनाम (b) अविकारी सर्वनाम
(c) संयुक्त सर्वनाम (d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

उत्तर : (c) जो सर्वनाम संज्ञा शब्दों के मेल से बनते हैं, उन्हें संयुक्त सर्वनाम कहते हैं। संयुक्त सर्वनाम अलग श्रेणी के सर्वनाम होते हैं। सर्वनाम से इनकी भिन्नता इसलिए है, क्योंकि उनमें एक शब्द नहीं बल्कि एक से ज्यादा शब्द होते हैं। संयुक्त सर्वनाम के शब्दों को संज्ञा के शब्दों के साथ स्वतंत्र रूप से प्रयोग किया जाता है।
जैसे- जो कोई, कोई न कोई, कोई-कोई, कौन-कौन, कुछ-कुछ आदि।

96. 'मैंने मेरे को सुधार लिया है।' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) कारक (b) सर्वनाम (c) लिंग (d) वचन

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (b) 'मैनें मेरे को सुधार लिया है।' इस वाक्य में सर्वनाम की अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप होगा– 'मैंने अपने को सुधार लिया' है।

97. निम्नलिखित में सर्वनाम है–

(a) घर (b) आप (c) पहाड़ (d) नदी

UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift

उत्तर: (b) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे– मैं, तुम, हम, यह, **आप**, इसका, उसका, तुम्हारा आदि। अन्य दिए गए विकल्प घर, पहाड़ व नदी जातिवाचक संज्ञा के हैं। ध्यातव्य है कि 'आप' पुरुषवाचक एवं निजवाचक दोनों सर्वनाम के रूप में प्रयुक्त होता है। शेष विवरण निम्नलिखित हैं–

सर्वनाम के भेद–

(1) पुरुषवाचक – (i) उत्तम पुरुष– मैं, हम, हम लोग
(ii) मध्यम पुरुष – तू, तुम, आप
(iii) अन्य पुरुष – यह, ये, वह, वे, ये लोग, वे लोग
(2) निश्चयवाचक – यह, वह
(3) अनिश्चयवाचक – कोई, कुछ
(4) सम्बन्धवाचक – जो, सो
(5) प्रश्नवाचक – कौन, क्या
(6) निजवाचक – आप

98. निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम के रूप में क्या प्रयोग किया गया है?
'ऐसा भी हो सकता है?'

(a) सकता (b) हो (c) भी (d) ऐसा

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में 'ऐसा भी हो सकता है।' में 'ऐसा' यौगिक सर्वनाम है। शेष विकल्प असंगत हैं।

99. 'सीधा' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है?

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) सीधा शब्द का सर्वनाम के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता क्योंकि सर्वनाम किसी संज्ञा के बदले में प्रयुक्त होते हैं जबकि क्रिया-विशेषण, संज्ञा एवं विशेषण के रूप में किया जा सकता है।

100. 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द दिए गए विकल्पों में से चिह्नित कीजिए:

(a) कितने (b) कैसा (c) कितना (d) किस

KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द 'कैसा' होता है। जबकि कितने, कितना एवं किस तीनों असंगत विकल्प हैं। कितने कितनों परिमाण बोधक एवं 'किस' प्रकार बोधक शब्द है।

101. पिताजी आ रहे हैं _____सहारा दो।

(a) उसे (b) उसको (c) उनको (d) उस

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (c) पिताजी आ रहे हैं 'उनको' सहारा दो। इस वाक्य में पिताजी के लिए आदर सूचक सर्वनाम 'उनको' प्रयोग होगा। हिन्दी में छः प्रकार के सर्वनाम होते हैं– (1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम (3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (4) निजवाचक सर्वनाम (5) संबंधवाचक सर्वनाम (6) प्रश्नवाचक सर्वनाम।

102. अपादान कारक, उत्तम पुरुष, बहुवचन रूप होगा:

(a) मुझसे (b) हमसे
(c) मुझको (d) हमको

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. : (b) अपादान कारक, उत्तम पुरुष, बहुवचन रूप होगा– 'हमसे'। मुझसे- अपादान कारक, उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है।

103. अन्यपुरुष, एकवचन, सर्वनाम का संप्रदान कारक बहुवचन रूप होगा:

(a) उससे (b) उनके
(c) उनसे (d) उन्हें

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. : (d) अन्यपुरुष, एकवचन, सर्वनाम का संप्रदान कारक बहुवचन रूप 'उन्हें' होगा।

104. अनिश्चयवाचक सर्वनाम का करण कारक बहुवचन रूप होगा–

(a) किन्हीं को (b) किन्हीं की
(c) किन्हीं से (d) किन्हीं का

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. : (c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम का करण कारक बहुवचन रूप 'किन्हीं से' होगा।

@RexstarPdf

06.

विशेषण

1. परिभाषा एवं भेद

1. क्रिया के अलावा संज्ञा के लिंग के अनुसार किन शब्दों के रूप परिवर्तित होते हैं?

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) कारक (d) विकृत अव्यय

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर : (a) : क्रिया के अलावा संज्ञा के अनुसार विशेषण शब्दों के रूप परिवर्तित होते हैं।

2. 'कला का अंतिम और सर्वोच्च ध्येय सौन्दर्य है' वाक्य में कितने विशेषण हैं?

(a) एक (b) चार
(c) पाँच (d) तीन

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'कला का अंतिम और सर्वोच्च ध्येय सौंदर्य है' वाक्य में तीन विशेषण हैं - अंतिम, सर्वोच्च और ध्येय। 'कला' और 'सौन्दर्य' विशेष्य या संज्ञा शब्द हैं।

3. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द विशेषण है?

(a) आग (b) आग्नेय
(c) अगिन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : दिए गये शब्दों में 'आग्नेय' शब्द विशेषण है। आग संज्ञा शब्द है। इसका तत्सम 'अग्नि' होता है। आग तद्भव शब्द है।

4. 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने इनमें से कहा है–

(a) अन्तर्विशेषण (b) सामान्य विशेषण
(c) बाह्य विशेषण (d) असामान्य विशेषण

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
UPSI 24.07.2017 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने अन्तर्विशेषण कहा है। विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को प्रविशेषण कहा जाता है। जैसे–मोहन बहुत सुन्दर है। यहाँ 'सुन्दर' विशेषण है और 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि 'बहुत' 'सुन्दर' की विशेषता बता रहा है।

5. निम्नलिखित में एक तथ्य गलत है–

(a) विशेषण से संज्ञा की व्याप्ति परिमित हो जाती है।
(b) जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे विशेषण कहते हैं।
(c) प्रयोग की स्थिति के आधार पर 'अंकित' शब्द विशेषण और विशेष्य दोनों है।
(d) विशेषण शब्द सदैव विशेष्य के पहले प्रयुक्त होता है, विशेष्य के बाद कभी प्रयुक्त नहीं होता।

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) : वाक्य में विशेषण का प्रयोग दो प्रकार से होता है– कभी विशेषण विशेष्य के पहले प्रयुक्त होता है और कभी विशेष्य के बाद। जब विशेषण विशेष्य से पहले प्रयुक्त होता है तो उसे उद्देश्य-विशेषण या विशेषण-विशेष्य कहते हैं और जब विशेषण विशेष्य के बाद प्रयुक्त होता है तो उसे विधेय-विशेषण कहते हैं। अतः विकल्प (d) गलत है।

6. किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) समुच्चयबोधक (d) क्रिया

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI Batch-I 20 Dec. 2017
UP RO (Mains) 2014
UP RO (Pre.) 2010
UPP 2017

उत्तर : (b) : किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

7. विशेषण का लिंग किसके अनुसार होता है?

(a) विशेष्य के अनुसार (b) स्त्रीलिंग होता है
(c) स्वतंत्र रहता है (d) पुल्लिंग के अनुसार

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : विशेषण का लिंग 'विशेष्य' के अनुसार' होता है- **जैसे**-राजीव एक 'अच्छा' लड़का है। सीता एक 'अच्छी' लड़की है।

8. 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं, वाक्य में कितने विशेषण शब्द हैं ?

(a) 3 (b) 2
(c) 5 (d) 4

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वाक्य 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं, में तीन विशेषण हैं–छोटी, कुछ एवं नए।

9. इनमें से कौन-सा शब्द 'विशेषण' नहीं है?

(a) काला (b) तुम (c) शांत (d) आगामी

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'तुम' शब्द विशेषण न होकर सर्वनाम है। हिन्दी व्याकरण में कुल 11 सर्वनाम हैं। 'तुम' शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है। जो सर्वनाम वक्ता, श्रोता तथा किसी अन्य के लिए प्रयुक्त होता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे**–मैं, तुम, वह आदि। जबकि काला, शांत एवं आगामी शब्द विशेषण हैं।

10. 'कण्ठ' का विशेषण होगा-

(a) कण्ठी (b) काठी
(c) कण्ठक (d) कण्ठ्य

[UKPSC AE 2012]

@RexstarPdf

उत्तर. (d): 'कण्ठ' का विशेषण 'कण्ठ्य' होगा। संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

11. 'एक रोटी और दो' वाक्य में 'और' है

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) संज्ञा (d) समुच्चय बोधक अव्यय

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : एक रोटी और दो वाक्य में 'और' विशेषण है संज्ञा और सर्वनाम शब्दों की निश्चित संख्या न बताने वाले विशेषण शब्दों को अनिश्चय संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे - कुछ, और, बहुत, हर एक, प्रत्येक, कई इत्यादि।

12. 'लूट' धातु से निर्मित शब्दों में कौन-सा विशेषण है?

(a) लूटना (b) लुटाना
(c) लुटेरा (d) लुटना

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : लूट धातु से निर्मित शब्दों में **'लुटेरा'** विशेषण है।

13. कुसुम का विशेषण है?

(a) कुसुमता (b) कुसुमित
(c) कुसुमति (d) कुसुमलता

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) कुसुम का विशेषण कुसुमित होता है। संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि) बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे-काला, बड़ा, लम्बा, एक, दो आदि।

14. निम्नलिखित वाक्यों में एक में विशेषण का प्रयोग हुआ है-

(a) लड़का भजन गा रहा था।
(b) मैंने उसको बुलाया।
(c) वह सुन्दर लड़का आया।
(d) उसने भजन नहीं सुनाया।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'वह सुन्दर लड़का आया' इस वाक्य में **'सुन्दर'** शब्द विशेषण है। यहाँ सुन्दर शब्द लड़का की विशेषता बता रहा है। यह गुणवाचक विशेषण है।

15. निम्नलिखित वाक्यों में एक में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है-

(a) यह चांदी खोटी है।
(b) लखनऊवा चिकन की विदेशों में माँग है।
(c) जंगली जानवर आक्रामक होते हैं।
(d) भगवान् कृपा करते हैं।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'भगवान कृपा करते हैं।' इस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है। 'यह चाँदी खोटी है' में 'खोटी', 'लखनऊवा चिकन की विदेशों में माँग है' में 'लखनऊवा' और 'जंगली जानवर आक्रामक होते है ' में 'जंगली' एवं 'आक्रामक' शब्द विशेषण हैं।

16. 'ऋषि' संज्ञा शब्द से विशेषण शब्द क्या बनेगा?

(a) आर्ष (b) ऋषिकल्प
(c) ऋषितुल्य (d) ऋषिवत्

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर: (a) ऋषि संज्ञा शब्द से विशेषण 'आर्ष' बनेगा। अन्य विकल्प ऋषिकल्प, ऋषिवत् और ऋषितुल्य विशेषण पद का निर्माण नहीं करते हैं।

17. इनमें कौन सा युग्म विशेषण नहीं है?

(a) छोटा-बड़ा (b) हरा-पीला
(c) दो-तीन (d) राम-लक्ष्मण

UP RO (Main), 2013

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में राम-लक्ष्मण युग्म विशेषण नहीं है जबकि छोटा-बड़ा, हरा-पीला गुणवाचक विशेषण शब्द युग्म और दो-तीन संख्यावाचक विशेषण शब्द युग्म हैं।

18. निम्नलिखित में से कौन शब्द विशेषण नहीं है?

(a) उत्कृष्ट (b) निकृष्ट
(c) धृष्ट (d) विषाद

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में उत्कृष्ट, निकृष्ट और धृष्ट शब्द विशेषण (गुणवाचक) हैं, जबकि 'विषाद' शब्द विशेषण नहीं है। विषाद संज्ञा (भाववाचक) पद है।

19. निम्नलिखित में विशेषण पद है-

(a) उपासना (b) उद्गार
(c) आयतलोचना (d) वन्दना

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (c) 'आयतलोचना' विशेषण पद है। शेष उपासना, वंदना एवं उद्गार क्रिया पद है। आयतलोचना का अर्थ बड़ी-बड़ी आँखों वाली होता है।

20. निम्न में विशेषण शब्द है :

(a) लड़कपन (b) उचित
(c) कठोरता (d) घबराहट

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में 'उचित' शब्द गुणवाचक विशेषण है, जबकि 'लड़कपन', 'कठोरता' तथा 'घबराहट' शब्द–संज्ञा (भाववाचक संज्ञा) हैं। गुणवाचक विशेषण के अन्य प्रमुख उदाहरण– नया, पुराना, कपटी, पतला, प्राचीन आदि हैं।

21. स्त्री शब्द का विशेषण है :

(a) स्त्री (b) स्त्रीय
(c) स्तैण (d) स्त्रैण

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'स्त्री' शब्द का विशेषण 'स्त्रैण' होगा। शब्दों में प्रत्ययों के योग से विशेषण का निर्माण किया जाता है। क्रिया या धातु में कृत प्रत्यय के योग से कृदन्त विशेषण एवं संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में तद्धित प्रत्यय के योग से तद्धितान्त विशेषणों का निर्माण होता है।

22. विशेषण बताइए :

(a) क्षम्य (b) फेन
(c) शिक्षा (d) भ्रम

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (a) उपर्युक्त विकल्पों में से क्षम्य शब्द विशेषण है, जो 'क्षमा' शब्द से निर्मित है। शेष विकल्प संज्ञा शब्द हैं।

@RexstarPdf

23. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द विशेषण है?

(a) शासन (b) अनुशासन
(c) अनुशंसा (d) अनुशासित

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'अनुशासित' विशेषण शब्द है। अन्य विकल्प संज्ञा के रूप में जाने जाते हैं।

24. 'जैसा काम वैसा दाम' में 'जैसा' किस व्याकरणात्मक कोटि का है?

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) सर्वनाम (d) अव्यय

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) दिए गए विकल्पों में 'जैसा' विशेषण शब्द है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे विशेषण कहा जाता है।

25. 'अभ्यास' का विशेषण रूप है –

(a) अभ्यासिक (b) अभ्यासी
(c) आभास (d) आभासित

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों में 'अभ्यास' का विशेषण रूप 'अभ्यासी' होगा। अभ्यास में 'ई' प्रत्यय के योग से अभ्यासी शब्द बना है।

26. 'निशा' का विशेषण रूप है –

(a) निशाचर (b) निशीथ
(c) निशान्त (d) नैश

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'निशा' का विशेषण रूप 'नैश' होगा, जबकि निशाचर से तात्पर्य रात में विचरण करने वाला, निशीथ का तात्पर्य मध्य रात्रि से तथा निशान्त से तात्पर्य निशा का अंत (रात का चौथा पहर) से है।

27. 'आलस' शब्द का विशेषण क्या होगा?

(a) आलसी (b) आलस्य
(c) अलस (d) अलसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में आलस शब्द का विशेषण 'आलसी' होता है, जबकि आलस्य 'आलस' शब्द का तत्सम एवं भाववाचक संज्ञा है। शेष विकल्पों का 'आलस' शब्द से कोई सम्बन्ध नहीं है।

28. 'चर्चा' शब्द से बना विशेषण है–

(a) चर्चाएँ (b) चार्चा
(c) चर्चित (d) चर्या

UPP, 2017

उत्तर. (c) : चर्चा शब्द से बना विशेषण 'चर्चित' है। शेष असंगत शब्द हैं।

29. निम्नलिखित में से कौन-सा विशेषण नहीं है?

(a) पथरीला (b) नमकीन
(c) बर्फीला (d) नमक

UPP, 2017

उत्तर. (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'नमक' विशेष्य है। इसका विशेषण-नमकीन हैं। जो संज्ञा/सर्वनाम की विशेषता बतलाए, उसे विशेषण कहते हैं। जैसे–पथरीला, बर्फीला तथा नमकीन आदि।

30. निम्नलिखित में विशेषण है–

(a) शीतलता (b) बल
(c) नया (d) वृद्धि

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (c) संज्ञा एवं सर्वनाम की विशेषता (आकार, अवस्था, रूप, गुण, स्वभाव, स्थिति आदि) बतलाने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। जैसे– नया, पुराना, सुन्दर, लम्बी, लाड़ली आदि। शीतलता, बल तथा वृद्धि भाववाचक संज्ञा है।

31. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण को पहचानिए।

(a) ऐतिहासिक (b) उपासना
(c) आश्वासन (d) अपेक्षा

UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift

उत्तर : (a) वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं विशेषण कहलाते हैं। प्रमुख शब्दों से बने विशेषण शब्द हैं–

	विशेष्य	विशेषण
1.	इतिहास	ऐतिहासिक
2.	उपासना	उपास्य
3.	आश्वासन	आश्वस्त
4.	अपेक्षा	अपेक्षित
5.	अग्नि	आग्नेय
6.	लक्षण	लाक्षणिक

32. 'वह बहुत धार्मिक व्यक्ति है', वाक्य में रेखांकित पद है-

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) विशेषण

UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift
UPPCL ARO. 2018

उत्तर : (d) 'वह बहुत धार्मिक व्यक्ति है' वाक्य में रेखांकित पद विशेषण है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता (आकार, अवस्था, रूप, गुण, स्वभाव, स्थिति आदि) का बोध हो, उसे विशेषण कहते हैं। उपरोक्त वाक्य में 'धार्मिक' शब्द व्यक्ति की विशेषता बता रहा है। अतः 'धार्मिक' शब्द विशेषण है।

33. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण को पहचानिए:

(a) मजहब (b) नैतिक
(c) पीड़ा (d) अज्ञान

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) जिस शब्द से 'संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे 'विशेषण' कहते हैं। अतः नैतिक' शब्द विशेषण है। जो 'नीति' संज्ञा शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से बना है।

34. 'वहाँ भयंकर दुर्घटना हुई है।' रेखांकित पद..... है।

(a) विशेषण (b) क्रियाविशेषण
(c) प्रविशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016
UP RO (Pre.) 2013
UP RO (Pre.) 2010

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'भयंकर' विशेषण है, जो दुर्घटना की विशेषता बताता है। विशेषता बताने वाले को विशेषण तथा जिसकी विशेषता बतायी जाय उसे विशेष्य कहते हैं। विशेषण की विशेषता बतलाने वाले को प्रविशेषण कहते हैं।

@RexstarPdf

35. विशेषण शब्द नहीं है–

(a) लजीला (b) लाड़ला
(c) लांछन (d) लापता

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (c) संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं और विशेषण के प्रयोग से जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम का गुण अथवा धर्म प्रकट होता है, विशेष्य कहलाता है। प्रश्नगत सन्दर्भ में लजीला, लाड़ला और लापता विशेषण हैं, जबकि लांछन विशेष्य है।

36. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है-

(a) इन्द्रीय (b) इन्द्रिक
(c) ऐन्द्रि (d) ऐन्द्रिय

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) 'इन्द्रिय' शब्द का विशेषण पद 'ऐन्द्रिय' है जबकि ईश्वर का विशेषण 'ईश्वरीय' और इतिहास का विशेषण 'ऐतिहासिक' होता है।

37. निम्नलिखित शब्दों में से एक विशेषण नहीं है :

(a) श्रव्य (b) सर्व
(c) गर्व (d) भव्य

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (c) श्रव्य, सर्व और भव्य विशेषण पद हैं जबकि गर्व विशेष्य (भाववाचक संज्ञा) पद है। गर्व का विशेषण पद गर्वीला होता है।

38. एक वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है-

(a) वह विद्यार्थी है (b) वह लड़का विद्यार्थी है
(c) वह प्रबुद्ध विद्यार्थी है (d) वह परिश्रमी भी है

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) 'वह विद्यार्थी है' वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है जबकि अन्य शब्दों क्रमशः विद्यार्थी, प्रबुद्ध और परिश्रमी में विशेषण प्रयुक्त हुआ है।

39. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द नहीं है :

(a) वरदान (b) वरद
(c) वरदायक (d) वरणीय

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) वरद, वरदायक और वरणीय विशेषण शब्द हैं, जबकि वरदान विशेष्य पद है।

40. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द है :

(a) लाघव (b) महत्त्व
(c) लघुता (d) महत्

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) लाघव, महत्त्व और लघुता विशेष्य पद हैं, जबकि महत् विशेषण शब्द है।

41. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द नहीं है :

(a) बहुरूपिया (b) बातूनी
(c) बादामी (d) बांका

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) बांका, बातूनी और बादामी विशेषण पद हैं, जबकि बहुरूपिया विशेष्य पद है।

42. दिए गए विकल्पों में से 'पवित्रता' का विशेषण कौन सा है?

(a) पाक (b) पवित्रात्मा
(c) पवित्र (d) पवित्रतम

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर पवित्रता का विशेषण 'पवित्र' होगा।

43. दिए गए विकल्पों में से 'उन्नति' शब्द क्या दर्शाता है?

(a) विशेष्य (b) प्रतिविशेषण
(c) विशेषण (d) क्रियाविशेषण

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(c) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उन्नति' शब्द विशेषण है। यथा– राम उन्नति पथ पर अग्रसर है। इस वाक्य में राम की विशेषता के लिए बताया जा रहा है कि वह उन्नति कर रहा है।

44. ''मौसम आज कुछ सुहावना-सा है।'' वाक्य में 'सुहावना' शब्द किसका परिचायक शब्द है?

(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) क्रियाविशेषण (d) संज्ञा

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) वाक्य में 'सुहावना' शब्द विशेषण का परिचायक है, क्योंकि यह मौसम की विशेषता बता रहा है।

45. 'सालों बाद उसका प्रवासी पति लौटा है।' इस वाक्य में कौन सा शब्द विशेषण है?

(a) सालों (b) लौटा
(c) प्रवासी (d) पति

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c): 'सालों बाद उसका प्रवासी पति लौटा है।' वाक्य में **प्रवासी** विशेषण शब्द है जो पति की विशेषता बता रहा है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जैसे– काला लड़का हँस रहा है। यहाँ 'काला' विशेषण है और लड़का विशेष्य (संज्ञा) है।

46. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन है?

(a) अजय (b) अजित
(c) अकर्म (d) अनुशंसा

UP RO (Main) 2010

उत्तर : (b) अजित, विशेषण शब्द है जबकि अजय, अकर्म और अनुशंसा विशेष्य शब्द हैं।

47. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन नहीं है?

(a) आंतरिक (b) अंतर
(c) आग्नेय (d) अधिकारी

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UKPSC AE 2013
UP RO (Main) 2010

उत्तर : (b) आंतरिक, आग्नेय और अधिकारी शब्द विशेषण हैं जबकि 'अंतर' शब्द विशेष्य है न कि विशेषण।

48. 'बसंत के मौसम में पीले फूल खिलते हैं'- प्रस्तुत वाक्य में विशेषण कौन-सा है?

(a) मौसम (b) फूल
(c) बसंत (d) पीले

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (d) 'बसंत के मौसम में पीले फूल खिलते हैं' प्रस्तुत वाक्य में 'पीले' शब्द विशेषण है। ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता इंगित करते हैं; विशेषण कहलाते हैं।

49. ''मैंने अपना घर मटमैले रंग का रंगवाया है।'' इसमें 'मटमैला शब्द क्या है?

(a) विशेषण (b) सर्वनाम
(c) विशेष्य (d) संज्ञा

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत वाक्य ''मैंने अपना घर मटमैले रंग का रंगवाया है।'' 'मटमैला' शब्द 'रंग' की विशेषता बता रहा है अतः यह विशेषण शब्द है और 'रंग' विशेष्य।

50. विशेषण जिसकी विशेषता बताता है?

(a) विशेष्य (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) संज्ञा

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : विशेषण द्वारा जिसकी विशेषता बताई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं।

51. विशेषण कितने प्रकार के होते हैं?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018
[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : विशेषण मूलतः चार प्रकार के होते हैं-

1. सार्वनामिक विशेषण → मौलिक सार्वनामिक विशेषण
   → यौगिक सार्वनामिक विशेषण
2. गुणवाचक विशेषण
3. संख्यावाचक विशेषण
4. परिमाणबोधक विशेषण

2. गुणवाचक विशेषण

52. दिल्ली में ऊँची इमारतें हैं।

(a) दिल्ली (b) इमारतें
(c) ऊँची
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त वाक्य में 'ऊँची' शब्द गुणवाचक विशेषण का उदाहरण है। जिस शब्द से संज्ञा के गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हों, उसे 'गुणवाचक विशेषण' कहते हैं।

53. निम्नलिखित में गुणवाचक विशेषण नहीं है :

(a) बुरा (b) तीसरा
(c) मैला (d) लाल

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'तीसरा' शब्द विशेषण नहीं है। अन्य विकल्प विशेषण हैं।

54. निम्नलिखित में गुणवाचक विशेषण हैं :

(A) लंबा आदमी इस घर का मालिक है।
(B) तुमने मेरी नीली क़मीज देखी है।
(C) वह अच्छा लड़का है।
(D) इस साल कम उपज हुई है।
(E) यह मकान बड़ा है।

नीचे दिए गए विकल्पों में सही उत्तर चुनिए :

(a) (A), (B) और (D) (b) (B), (C) और (D)
(c) (C), (D) और (E) (d) (A), (B) और (C)

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तरः (d) दिये गये वाक्यों में लम्बा, नीली तथा अच्छा गुणवाचक विशेषण है। अतः (A), (B) और (C) विकल्प में दिये गये वाक्य में गुणवाचक विशेषण हैं।

55. 'इनमें से कौन अधिक बलवान है' वाक्य में रेखांकित शब्द है?

(a) गुणवाचक विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'इनमें से कौन अधिक बलवान है।' वाक्य में रेखांकित खण्ड गुणवाचक विशेषण है।

56. रेखांकित पदबंध का प्रकार बताइए।
उस जैसा जिंदादिल इन्सान मिलना कठिन है।

(a) क्रिया-विशेषण पदबंध (b) विशेषण पदबंध
(c) संज्ञा पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (b) : जो पदबंध संज्ञा या सर्वनाम के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं उन्हें विशेषण पदबंध कहा जाता है। विशेषण पदबंध में एक पदबंध शीर्ष पद पर स्थित होता है तथा शेष पद प्रविशेषण बनकर प्रयुक्त होते हैं। प्रश्न में रेखांकित पदबंध विशेषण पदबंध है।

57. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द मूल रूप से विशेषण है?

(a) पतला (b) अर्थ
(c) परिवार (d) परलोक

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (a) 'पतला' शब्द गुणवाचक विशेषण है। जबकि अन्य सभी विशेष्य हैं, जिनके विशेषण निम्न हैं–

विशेष्य	**विशेषण**
अर्थ	आर्थिक
परिवार	पारिवारिक
परलोक	पारलौकिक

58. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द विशेषण है?

(a) मात्र (b) खर्च
(c) निपट (d) चुपचाप

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (c) : 'निपट' शब्द विशेषण है। यह गुणवाचक विशेषण का भेद है। किसी वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दोष, रूप, रंग आदि का बोध कराने वाले शब्दों को गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

@RexstarPdf

59. दिए गए वाक्य में गुणवाचक विशेषण ज्ञात कीजिए।
हमारे विद्यालय के पास आम का एक विशाल वृक्ष है।

(a) विद्यालय (b) वृक्ष
(c) विशाल (d) आम

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्य 'हमारे विद्यालय के पास आम का एक विशाल वृक्ष है। में 'विशाल' गुणवाचक विशेषण होगा।
गुणवाचक विशेषण - जिस शब्द से किसी संज्ञा या सर्वनाम के गुण, भाव, दशा, दोष, स्वभाव, आकार-प्रकार, रूप-रंग, सम्बन्ध इत्यादि का बोध होता है। उसे 'गुणवाचक विशेषण' कहते हैं।

60. 'सफेद कमीज' में कौन-सा विशेषण है?

(a) परिमाणवाचक (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक (d) संख्यावाचक

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'सफेद कमीज' में गुणवाचक विशेषण है। जो शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, रंग, आकार, अवस्था, स्थिति, स्वभाव, दशा आदि का बोध कराए उसे 'गुणवाचक विशेषण' कहते हैं।

61. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''भाषण'' के लिए उपयुक्त विशेषण होगा?

(a) कड़कड़ाती (b) तेज
(c) ओजस्वी (d) तेजस्वी

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'भाषण' शब्द के लिए उपयुक्त विशेषण शब्द 'ओजस्वी' होगा शेष विकल्प अनुपयुक्त हैं। वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उन्हें विशेषण कहते हैं। **जैसे**-ओजस्वी भाषण।

62. इनमें से गुणवाचक विशेषण कौन-सा है?

(a) गरीब (b) सूखा
(c) पीला-सा (d) उपरोक्त सभी

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : गुणवाचक विशेषण-जो शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, रंग, आकार अवस्था स्थिति, स्वभाव, दशा, दिशा, स्पर्श, गंध, स्वाद आदि का बोध कराए 'गुणवाचक विशेषण' कहलाते हैं। **जैसे**-सुंदर, बलवान, विद्वान, भला, उचित, अच्छा, ईमानदार, गरीब, सूखा, पीला-सा आदि। अतः उपर्युक्त सभी शब्द गुणवाचक विशेषण हैं।

63. ''चाय फीकी है।'' इस वाक्य में 'फीकी' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : ''चाय फीकी है।''इस वाक्य में 'फीकी' 'गुणवाचक विशेषण' शब्द है। जिस विशेषण शब्द से किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप- रंग, आकार, दशा आदि का बोध हो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे- गुण → सुन्दर, मीठा, कहुवा, अच्छा, बहादुर आदि
दोष → बुरा, कायर, खट्टा, तीखा, पापी आदि
रंग → लाल,पीला,हरा, गुलाबी, काला आदि
आकार → नुकीला, लम्बा, मोटा, आदि
दशा → ऊँचा, नीचा, गहरा, सकरा, भारी, हल्का आदि।

64. 'अच्छे बच्चे कभी झूठ नहीं बोलते हैं।'- इस वाक्य में 'अच्छे' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : ''अच्छे बच्चे कभी झूठ नहीं बोलते हैं।'' इस वाक्य में 'अच्छे' शब्द गुणवाचक विशेषण का प्रकार है। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण,दोष आदि का बोध कराते हैं, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।
जैसे- अच्छा, सुन्दर, हल्का, भारी, मीठा, तीखा, कायर, बहादुर, आदि।

65. मोहन एक शालीन लड़का है। इस वाक्य में 'शालीन' शब्द क्या है?

(a) परिणामवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) वह शब्द जिनसे किसी संज्ञा या सर्वनाम के गुण, गंध, आकार, प्रकार, दोष, रंग, रूप, आदि का बोध होता है उन शब्दों को गुणवाचक विशेषण कहा जाता है।
उदाहरणः- मोहन एक शालीन लड़का है।
'शालीन' शब्द का प्रयोग मोहन के चरित्र के लिए उपयोग किया गया है और इस शब्द के जरिये मोहन का गुण बताया जा रहा है।

66. ''श्रीदेवी के लिए सु वर मिला है''- इस वाक्य में 'सु' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'श्रीदेवी के लिए सु वर मिला है।'' वाक्य में 'सु' गुणवाचक विशेषण है। जिन विशेषणों से वस्तु के गुण, आकार, दशा, सुन्दरता आदि का बोध होता है, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

67. 'संस्कृति' का विशेषण कौन-सा है?

(a) सांस्कृति (b) सांस्कृतिक
(c) संस्कृत (d) संस्कृतिक

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'संस्कृति' का विशेषण शब्द 'सांस्कृतिक' होगा।
विशेषण-संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जिसकी विशेषता बतायी जाए विशेष्य कहलाता है। जैसे - कश्मीरी सेब सिंदूरी लाल होता है।

68. 'अतिरंजन' शब्द का 'विशेषण' कौन-सा होगा?

(a) अतिरंजीत (b) रंजित
(c) अतिरंजनी (d) अतिरंजित

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) दिए गए विकल्पों में 'अतिरंजित' शब्द 'अतिरंजन' का विशेषण होगा। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।
वह शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए विशेषण कहलाता है। जिसकी विशेषता बतायी जाए विशेष्य कहलाता है।

विशेष्य	प्रत्यय	विशेषण
अतिरंजन	इत	अतिरंजित
अंकुर	इत	अंकुरित
तंद्रा	इल	तंद्रिल
आदर	अनीय	आदरणीय

69. ''रामायण सुंदर रचना है।'' -इस वाक्य में 'सुंदर' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'रामायण सुंदर रचना है।' इस वाक्य में 'सुंदर शब्द 'गुणवाचक विशेषण है। जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दोष का बोध कराते हैं, वे शब्द गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।
जैसे-अच्छा, बुरा, कायर, बहादुर, लाल, पीला, हरा, पतला, भारी, नुकीला, सुंदर, खट्टा, मीठा, गोल, गहरा, दोपहर, संध्या आदि।

70. 'काँटा' का विशेषण कौन-सा होगा?

(a) कंटीला (b) काँट
(c) कंटकीर्ण (d) कंटक

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'काँटा' का विशेषण कंटीला होगा। कुछ शब्द मूलरूप में ही विशेषण होते हैं, किन्तु कुछ विशेषण शब्दों की रचना संज्ञा, सर्वनाम एवं क्रिया शब्दों से की जाती है। **जैसे**- बुद्धि से बुद्धिमान, मनस से मनस्वी, आत्मा से आत्मीय बने शब्द विशेषण हैं।

71. 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण कौन-सा है?

(a) सार्वनामिक (b) संख्यावाचक
(c) गुणवाचक (d) परिणाम बोधक

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.) 2010

उत्तर : (c) : 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं' इस वाक्य में गुणवाचक विशेषण है। ऐसे शब्द जो किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, रंग, स्थान, भाव, अवस्था, स्वाद, दिशा का बोध कराते हैं उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
दिये गये वाक्य ये 'विद्वान' शब्द गुणवाचक विशेषण है।

72. 'अध्यात्म' शब्द का विशेषण कौन-सा होगा?

(a) अध्यात्मिक (b) अनाध्यात्म
(c) आध्यात्मिक (d) अध्यात्म

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्प में 'आध्यात्मिक' शब्द 'अध्यात्म' का विशेषण शब्द होगा।

73. 'सच्चे देशभक्त सदा अभिनंदनीय हैं।'-इस वाक्य में 'सच्चे' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (a) 'सच्चे देशभक्त सदा अभिनंदनीय हैं।' वाक्य में 'सच्चे' गुणवाचक विशेषण है। जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, आकार, रंग, रूप आदि का बोध कराते हैं, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। **जैसे** - बगीचे में सुंदर फूल हैं।

74. नीचे दिए गए शब्द किस गुणवाचक विशेषण के प्रकार हैं? अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु -

(a) आकारबोधक (b) गंधबोधक
(c) गुणबोधक (d) दोषबोधक

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु शब्द गुणवाचक विशेषण के 'गुणबोधक' रूप के उदाहरण हैं। गुणवाचक विशेषण के 7 मुख्य रूप हैं–
काल बोधक– नया, पुराना, ताजा, भूत
स्थान बोधक–ऊपरी, सतही, दायाँ
आकार बोधक–गोल, चौकोर, सुडौल, लम्बा
रंगबोधक– लाल, पीला, नीला, हरा
दशाबोधक– दुबला, पतला, मोटा, भारी
गुणबोधक– भला, बुरा, झूठा, सच्चा
दृष्टव्य– बड़ा–सा, पीला–सा, छोटी–सी

75. ''चीनी, मद्रासी, बिहारी'' आदि शब्द कौन-सा विशेषण है?

(a) आकारबोधक (b) अवस्था बोधक
(c) स्थान बोधक (d) दिशा बोधक

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (c) ''चीनी, मद्रासी, बिहारी'' शब्द में स्थान बोधक विशेषण है। स्थान का बोध कराने वाले व्यक्तिवाचक संज्ञा में प्रत्यय आदि के प्रयोग से जो विशेषण पद बनते हैं उन्हें स्थान बोधक विशेषण कहते हैं।

76. 'नीली साड़ी' में कौन सा विशेषण है?

(a) संख्यावाचक (b) परिमाणवाचक
(c) गुणवाचक (d) सार्वनामिक

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (c) नीली साड़ी में गुणवाचक विशेषण है जबकि संख्यावाचक विशेषण संख्या प्रकट करते हैं। वहीं परिमाणवाचक विशेषण द्रव्य वस्तु से सम्बन्धित होते हैं।

77. 'गुणवाचक विशेषण' के कितने भेद हैं?

(a) चार (b) पाँच
(c) छह (d) सात

UP RO (Pre), 2010

उत्तर : (d) जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। इसके भेद निम्न हैं – काल, स्थान, आकार, रंग, दशा, गुण , दृष्टव्य।

78. 'समझदार' शब्द विशेषण का कौन सा भेद है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाण विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (d) : प्रश्नगत शब्द 'समझदार' गुणवाचक विशेषण है। 'समझदार' गुणवाचक विशेषण के अंतर्गत गुणबोधक विशेषण के रूप में विभक्त किया जाता है। भला, बुरा, उचित, अनुचित, न्यायी, दानी इत्यादि गुणबोधक विशेषण के अंतर्गत आते हैं।

@RexstarPdf

79. 'मोह' शब्द कौन-सा विशेषण है?

(a) सार्वनामिक (b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर: (d) 'मोह' शब्द में गुणवाचक विशेषण है, जबकि पुरुषवाचक या निजवाचक सर्वनामों को छोड़कर अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा की विशेषता बताएँ तो उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

80. नीचे दिए शब्दों में से कौन-सा गुणवाचक का उदाहरण नहीं है?

(a) ऐतिहासिक (b) प्रभावशाली
(c) पाश्चात्य (d) बहुत लम्बी रस्सी

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये शब्दों में 'बहुत लम्बी रस्सी' गुणवाचक नहीं है। यह परिमाणवाचक विशेषण है। जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

81. ''योग्य व्यक्ति ही पहचाना जाता है।'' वाक्य में 'योग्य' शब्द क्या है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तरः (d) प्रश्नगत वाक्य 'योग्य व्यक्ति ही पहचाना जाता है' में 'योग्य' गुणवाचक विशेषण है।

82. 'उत्कर्ष एक कुशाग्र विद्यार्थी है' – यहाँ कुशाग्र कौन-सा विशेषण है?

(a) परिमाणबोधक (b) सार्वनामिक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) वह विशेषण जो संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे –** कुशाग्र, नया, पुराना, मोटा, पतला, भला, बुरा, झूठा, सच्चा इत्यादि।

83. 'प्राचीन' शब्द विशेषण के किस प्रकार में आता है?

(a) सार्वनामिक (b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक

DSSSB PRT 06/10/2018
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'प्राचीन' शब्द गुणवाचक विशेषण है। जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम के आकार-प्रकार, गुण-दोष, रंग-रूप, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे** - चंचल, बुद्धिमान, समझदार, परिश्रमी, आधुनिक, ऐतिहासिक आदि।

84. 'दृश्य बहुत ही मनोरम था।' वाक्य के रेखांकित शब्द का विशेषण भेद है–

(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (a) 'दृश्य बहुत ही मनोरम था।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'मनोरम' गुणवाचक विशेषण है। वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण–धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं। गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं: **जैसे–** लाल, अच्छा, युवा, चौकोर, सुन्दर, मौसमी आदि।

85. 'गीला' है–

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

UP RO (Main) 2010

उत्तर : (b) 'गीला' में गुणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण में दशा के आधार पर वस्तु या व्यक्ति की विशेषता का बोध होता है। वहाँ गुणवाचक विशेषण होता है: **जैसे-**गाढ़ा, सूखा, घना, रोगी, दुबला इत्यादि।

86. ''छोटा'', निम्नलिखित में से किस प्रकार का विशेषण है?

(a) परिणामवाचक (b) संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) गुणवाचक

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) ''छोटा'' गुणवाचक विशेषण है। यहाँ प्रयुक्त 'छोटा' शब्द गुणवाचक विशेषण के अन्तर्गत आकार सम्बन्धी विशेषता को प्रकट कर रहा है। गुणवाचक विशेषण के अन्य उदाहरण के तौर पर गोल, चौकोर, समान, लंबा, सीधा इत्यादि आते हैं।

87. शब्द 'ठण्डा' हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'विशेषण' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) ठण्डा शब्द गुणवाचक विशेषण है, जैसे– ठण्डा पानी, ठण्डा दूध, ठण्डा मौसम आदि।

88. 'धुँधला' शब्द में विशेषण है –

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'धुँधला' गुणवाचक विशेषण है। विशेषण में गुणवाचक विशेषणों की संख्या सर्वाधिक है। काल, स्थान, आकार, रंग, दशा तथा गुण के आधार पर गुणवाचक विशेषण को वर्गीकृत किया जाता है।

89. 'सरीखा' शब्द में विशेषण है –

(a) गणनावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) समुदायवाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) 'सरीखा' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण से किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप-रंग, आकार-प्रकार, सम्बन्ध, दशा आदि का पता चले, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

90. 'यह चाँदी खोटी-सी दिखती है'–इस वाक्य में खोटी सी' विशेषण का प्रकार है–

(a) गुणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाणबोधक विशेषण (d) पूर्णांक बोधक विशेषण

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (a) 'यह चाँदी खोटी सी दिखती है' वाक्य में 'खोटी सी' 'गुणवाचक विशेषण' का प्रकार है। गुणवाचक विशेषण में 'सा/सा' सादृश्य वाचक पद जोड़कर गुणों को कम भी किया जाता है। जैसे – बड़ा-सा, पीला-सा, छोटी-सी, खोटी-सी इत्यादि।

@RexstarPdf

91. 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' विशेषण किस कोटि का है?

(a) परिमाणवाचक
(b) गुणवाचक
(c) व्यक्तिवाचक
(d) संख्यावाचक

UP RO (Main), 2013

उत्तर : (b) 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' गुणवाचक विशेषण है। यह अमरूद के मीठा होने के गुण की चर्चा करता है। ध्यातव्य है कि विशेषण चार प्रकार के होते हैं–
(1) गुणवाचक
(2) संख्यावाचक
(3) परिमाणवाचक
(4) सार्वनामिक।

92. 'पर्वतीय' कौन सा विशेषण है?

(a) गुणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) 'पर्वतीय' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। विशेषण के जिस रूप में किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप-रंग, आकार-प्रकार, सम्बन्ध, दशा आदि का पता चले, उसे 'गुणवाचक विशेषण कहते हैं: जैसे–विद्वान, दुष्ट, सुन्दर, हरी, मोटा, दुर्बल, पठारीय, स्वस्थ आदि।

93. निम्न में कौन-सा शब्द विशेषण है?

(a) आगरा (b) चमकीला
(c) कुछ (d) लिखना

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'चमकीला' शब्द विशेषण है, जबकि आगरा-व्यक्तिवाचक संज्ञा, लिखना-क्रिया तथा कुछ अनिश्चयवाचक सर्वनाम शब्द हैं।

94. बनारसी में कौन-सा विशेषण है?

(a) गुणवाचक (b) सार्वनामिक
(c) संख्यावाचक (d) परिमाणवाचक

[UPSI 20.07.2017 Shift II]
UP RO (Mains) 2014

उत्तर. (a) : बनारसी में गुणवाचक विशेषण है। जो शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, रंग आदि का बोध कराए तो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

95. 'लम्बाई' से विशेषण बनेगा-

(a) लम्बा (b) लम्बापन
(c) लंबान (d) लंबन

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : लम्बाई से विशेषण **'लम्बा'** बनेगा। ऐसे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताएँ विशेषण कहलाते हैं, **जैसे-** गोरा, छोटा, काला आदि।
1. मोहन **गोरा** है।
2. रीना **छोटी** है।
3. रहीम **काला** है।

96. एक वाक्य में गुणवाचक विशेषण नहीं है-

(a) दूध ठंडा है।
(b) दूध मीठा भी नहीं है।
(c) मुझे गरम दूध चाहिए।
(d) एक गिलास दूध लाओ।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'एक गिलास दूध लाओ' वाक्य में गुणवाचक विशेषण नहीं है, बल्कि गणनावाचक विशेषण है। अन्य विकल्प गुणवाचक विशेषण हैं, जो इस प्रकार हैं-
1. दूध **ठंडा** है।
2. दूध **मीठा** भी नहीं है।
3. मुझे **गरम** दूध चाहिए।
उपरोक्त वाक्य में ठंडा, मीठा, गरम विशेषण है।

97. 'काला कपड़ा' में कौन सा विशेषण है?

(a) गुणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) परिमाणवाचक (d) सार्वनामिक

UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
UP RO (Pre.) 2010
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : काला कपड़ा में गुणवाचक विशेषण है। **गुणवाचक** विशेषण जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण-धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं; **जैसे-**
- **काल बोधक**- नया, पुराना, ताजा, प्राचीन आदि।
- **रंगबोधक**- लाल, पीला, नीला, हरा, काला, बैंगनी आदि।
- **दशाबोधक**- मोटा, पतला, युवा, वृद्ध, भारी, गीला आदि।
- **गुणबोधक**- अच्छा, भला, बुरा, कपटी, झूठा, सच्चा, पापी आदि।
- **आकार बोधक**- गोल, चौकोर, सुडौल, मोटा, पतला, लम्बा आदि।
- **स्थानबोधक-** भीतरी, बाहरी, दायां, बायां, क्षेत्रीय।

98. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'विशेषण' है?

(a) सीता (b) हमारा
(c) नीला (d) रोना

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : नीला शब्द गुणवाचक विशेषण है। विशेषण वे शब्द होते हैं जो संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उसे विशेषण कहते हैं। **जैसे-** भारी, सुंदर, कायर, एक, दो, वीर, पौरुषेय, बुरा, मीठा, खट्टा आदि।

99. निम्नलिखित वाक्यों में से वह वाक्य चुनिये, जिसमें गुणवाचक विशेषण का प्रयोग किया गया है?

(a) वह नटखट बालक संगीत नहीं सुन रहा है।
(b) वहाँ बहुत से पक्षी उड़ रहे हैं।
(c) मैंने दस मन गेहूँ खरीदा है।
(d) ऐसे आदमी लाखों में एक होते हैं।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

@RexstarPdf

उत्तर. (a): 'वह नटखट बालक संगीत नहीं सुन रहा है।' इस वाक्य में गुणवाचक विशेषण (नटखट) का प्रयोग किया गया है। जिन विशेषण शब्दों से पदार्थ के गुण, रंग, आकार, दशा, अवस्था, रूप आदि का बोध होता है, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे– भला, बुरा, पापी, लाल, पीला, बाहरी, सुन्दर, लम्बा, कुरूप आदि।

100. 'सतीश चंचल बालक है' इस वाक्य में 'चंचल' शब्द है–

(a) विधेय विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण
(d) प्रविशेषण

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : 'सतीश चंचल बालक है।' इस वाक्य में 'चंचल' गुणवाचक विशेषण है। चंचल शब्द यहाँ सतीश का गुण बता रहा है। अतः यह गुणवाचक विशेषण है। विशेषण के चार भेद हैं– (1) गुणवाचक, (2) संख्यावाचक, (3) परिमाणवाचक, (4) सार्वनामिक।

101. 'बुद्धिहीन' शब्द व्याकरण की दृष्टि से इनमें से किस वर्ग में है?

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (c) : '**बुद्धिहीन**' शब्द व्याकरण की दृष्टि से विशेषण वर्ग में आता है। यह गुणवाचक विशेषण है।

102. निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द 'गुणवाचक' विशेषण है?

(a) उचित (b) पाँचवाँ
(c) कुछ (d) तीन

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'उचित' शब्द गुणवाचक विशेषण है। पाँचवाँ एवं तीन शब्द निश्चित संख्यावाचक विशेषण और 'कुछ' शब्द अनिश्चित संख्यावाचक एवं परिमाणवाचक विशेषण है।

103. निम्नलिखित में से कौन–सा विशेषण संज्ञा से नहीं बना है?

(a) श्रीमान (b) दानी
(c) सुन्दर (d) चमकीला

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : 'सुन्दर' विशेषण शब्द संज्ञा से नहीं बना है। रूप रचना की दृष्टि से विशेषण विकारी और अविकारी दोनों होते हैं, जिसमें अविकारी विशेषणों के रूपों में परिवर्तन नहीं होते। ये अपने मूल रूप में बने रहते हैं। जैसे– सुन्दर, पीला, गोरा, सुडौल, भारी, चंचल आदि। कुछ विशेषण संज्ञा शब्द में प्रत्यय लगाकर बनते हैं। जैसे– धर्म + इक (प्रत्यय) = धार्मिक, चमक + ईला (प्रत्यय) = चमकीला आदि।

1. सार्वनामिक विशेषण

104. यह पुस्तक किसकी है? में रेखांकित शब्द का पद-परिचय दीजिए :

(a) सार्वनामिक विशेषण (पुस्तक विशेष्य), एकवचन, स्त्रीलिंग
(b) सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग
(c) गुणवाचक विशेषण (पुस्तक विशेष्य), एकवचन
(d) सम्बोधन अव्यय

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'यह' सार्वनामिक विशेषण (पुस्तक विशेष्य), एकवचन, स्त्रीलिंग शब्द है।

105. यह विद्यालय मेरा है।

(a) यह (b) विद्यालय
(c) मेरा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त वाक्य में 'यह' शब्द सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है। पुरुषवाचक और निजवाचक सर्वनाम (मैं, तू) के सिवा अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पहले आते हैं, तब वे 'सार्वनामिक विशेषण' कहलाते हैं। जैसे- वह नौकर नहीं आया, यह घोड़ा अच्छा है। यहाँ 'नौकर' और 'घोड़ा' संज्ञाओं के पहले विशेषण के रूप में 'वह' और 'यह' सर्वनाम आये हैं। अतः ये सार्वनामिक विशेषण हैं।

106. 'वह छात्र कक्षा में प्रथम आया है' – वाक्य में रेखांकित शब्द है :

(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

DSSSB PGT 04.07.2021 (Shift-I)
KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'वह छात्र कक्षा में प्रथम आया है' – वाक्य में रेखांकित शब्द 'वह' सार्वनामिक विशेषण है। पुरुषवाचक और निजवाचक के सिवा अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पहले आते हैं, तब वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

107. 'कोई आदमी आया है' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है -

(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) संबंधवाचक

UPPCS (Pre.) CSAT 2023 II[nd] Paper
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (a) : 'कोई आदमी आया है' वाक्य में अनिश्चयवाचक विशेषण होगा।
अनिश्चयवाचक विशेषण– जिन शब्दों से अनिश्चितता का बोध होता है, उन्हें अनिश्चयवाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे :- कल स्कूल में लगभग चालीस विद्यार्थी उपस्थित थे।

108. निम्नलिखित में से कौन सा सार्वनामिक विशेषण शब्द नहीं है?

(a) ऐसा (b) मैं
(c) तुम्हारा (d) जैसे

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) मैं, तू के सिवा अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पहले आते हैं तब वे 'सर्वनामिक' विशेषण कहलाते हैं। जैसे - वह लड़का, ऐसा आदमी, कोई नौकर इत्यादि।

109. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों मे से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार विशेषण के भेद वाला विकल्प हो।
(उस) कुर्सी को यहाँ रख दो।

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) संबंधवाचक विशेषण

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : '(उस) कुर्सी को यहाँ रख दो।' इस वाक्य में कोष्ठक में दिया गया शब्द (उस) सार्वनामिक विशेषण है।

विशेषण– संज्ञा तथा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

विशेषण के प्रकार– गुणवाचक विशेषण, संख्यावाची विशेषण, परिमाणवाची विशेषण, सार्वनामिक विशेषण

सार्वनामिक विशेषण– जब कोई सर्वनाम संज्ञा के ठीक पहले आये तब वह सार्वनामिक विशेषण के रूप में कार्य करता है।

जैसे– वह नौकर नहीं आया।
यह घोड़ा अच्छा है।

110. इनमें से यौगिक सार्वनामिक विशेषण का कौन-सा उदाहरण सही है?

(a) वह किताब फटी है। (b) यह घर मेरा है।
(c) कोई आदमी रो रहा है। (d) ऐसा आदमी नहीं देखा

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्य में 'ऐसा आदमी नहीं देखा' में यौगिक सार्वनामिक विशेषण है। ऐसे सर्वनाम जो संज्ञा से पहले प्रयोग होकर उस संज्ञा शब्द की विशेषता बताते हैं उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं। सार्वनामिक विशेषण के दो भेद हैं–

मौलिक सार्वनामिक विशेषण–: जो बिना रूपान्तर के संज्ञा से पहले आते हैं मौलिक सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे-**यह घर, वह लड़का, कोई नौकर इत्यादि।

यौगिक सार्वनामिक विशेषण–: जो मूल सार्वनामों में प्रत्यय लगकर बनते हैं, उन्हें यौगिक सार्वनामिक विशेषण कहते हैं, **जैसे-** ऐसा आदमी, कैसा घर, जैसा देश इत्यादि।

111. 'यह किताब मेरी है।' -इस वाक्य में 'यह' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-II 16 Dec. 2017

उत्तर : (c) : 'यह किताब मेरी है।' वाक्य में 'यह' 'सार्वनामिक विशेषण' है।

सार्वनामिक विशेषण-ऐसे सर्वनाम शब्द जो संज्ञा से पहले प्रयोग होकर उस संज्ञा शब्द की विशेषता बताते हैं, सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। **उदाहरण-** मेरी गाड़ी, मेरी कार, मेरा हार इत्यादि।

112.'वह नौकर नहीं आया।' वाक्य में 'वह' कौन-सा विशेषण है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) परिमाणबोधक विशेषण

UPPCS Stenographer, 2018
UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य में 'वह' सार्वनामिक विशेषण है। संज्ञा के बदले जो शब्द आता है, उसे सर्वनाम कहते हैं। जब यही विशेषण के समान प्रयुक्त हों, तब सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे-** वह, वे, तुम आदि।

113. 'उस ग्रंथ में 500 पृष्ठ हैं'– इस वाक्य में 'उस' शब्द है–

(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संकेतवाचक विशेषण (d) व्यक्तिवाचक विशेषण

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (c) 'उस ग्रंथ में 500 पृष्ठ हैं' वाक्य में 'उस' शब्द में संकेतवाचक विशेषण है। यह सार्वनामिक विशेषण का भाग है। पुरुषवाचक या निजवाचक सर्वनामों को छोड़कर अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा की विशेषता बतलाएँ, तो उन्हें 'सार्वनामिक विशेषण' कहते हैं।

114. शब्द 'उसका' हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'विशेषण' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) शब्द 'उसका' हिन्दी व्याकरण के अनुसार सार्वनामिक विशेषण के अन्तर्गत आता है, जबकि परिमाणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण तथा गुणवाचक विशेषण तीनों नाम असंगत हैं।

115. ''यह कुत्ता मेरा है।'' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का प्रकार बताइए।

(a) संख्यावाचक (b) गुणवाचक
(c) सार्वनामिक (d) परिमाणवाचक

UPSSSC Tubewell Operator 12-01-2019
UPSI 22.07.2017 (Shift-I)
UPSI 21.07.2017 (Shift-II)
UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (c) 'यह कुत्ता मेरा है।'' में सार्वनामिक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। सार्वनामिक विशेषण में यह, वह, ऐसा, जैसा, कैसा, कोई, वैसा इत्यादि प्रयुक्त होता है।

116. 'कोई बच्चा नहीं खेलेगा।' रेखांकित शब्द क्या है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) सर्वनाम

Bihar Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 (Shift-II)
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'कोई बच्चा नहीं खेलेगा' में रेखांकित शब्द (कोई) 'सार्वनामिक विशेषण' है।
जब सर्वनाम शब्द विशेषण का कार्य करें, उन्हें 'सार्वनामिक विशेषण' कहते हैं। **जैसे–** वह भरपेट भोजन किया। इसमें 'वह' सार्वनामिक विशेषण है।

गुणवाचक विशेषण - कालवाची, स्थानवाची, आकारवाची, रंगवाची, दशावाची होते हैं।

परिमाणवाचक विशेषण- माप तौल की वस्तुओं के मापन में इसका प्रयोग होता है **जैसे–** बहुत, सब, सारा, समूचा।

@RexstarPdf

117. नीचे दिये किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) लड़का आया है।
(b) वह गुलाब के फूल लाया है।
(c) गुलाब के फूल मुझे पसंद हैं।
(d) वह लड़का फूल देकर चला गया।

UP RO (Main), 2010

उत्तर : (d) दिया गया वाक्य 'वह लड़का फूल देकर चला गया।' इस वाक्य में 'वह' शब्द सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग किया गया है। पुरुषवाचक और निजवाचक सर्वनाम (मैं, तू) के अतिरिक्त अन्य कोई भी सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पहले आते हैं तो वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं: जैसे-वह, यह, कैसा, ऐसा, जैसा।

118. निम्नलिखित विकल्पों में किस विकल्प में विशेषण का निर्देश अशुद्ध है?

(a) ढाई – अपूर्णांक बोधक
(b) दूसरा – क्रमवाचक
(c) वह नौकर – कोई विशेषण नहीं है
(d) छब्बीस – पूर्णांक बोधक

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (c) : 'वह नौकर – कोई विशेषण नहीं है' विशेषण का अशुद्ध निर्देश है। 'वह' सार्वनामिक विशेषण है। विशेषण मूलतः चार प्रकार के होते हैं–

(i) गुणवाचक (ii) सार्वनामिक
(iii) संख्यावाचक (iv) परिमाणवाचक

119. उस विकल्प का चयन करें जो विशेषण का भेद है। उस घर में मेरा दोस्त रहता है।

(a) सार्वनामिक (b) निश्चित परिमाणवाचक
(c) निश्चित संख्यावाचक (d) गुणवाचक

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) दिए गए वाक्य- 'उस घर में मेरा दोस्त रहता है' में 'उस' शब्द संज्ञा शब्द की विशेषता बता रहा है। अतः यह सार्वनामिक विशेषण है। 'मेरा' पुरुषवाचक सर्वनाम के रूप में उपस्थित है जो सार्वनामिक विशेषण के अन्तर्गत नहीं आता। पुरुषवाचक और निजवाचक सर्वनाम (मैं, तू) के सिवा अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पहले आते हैं, तब वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

3. संख्यावाचक विशेषण

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण को पहचानकर सही विकल्प को अपने उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

120. मैंने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान पाया।

(a) मैंने
(b) प्रतियोगिता
(c) दूसरा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) उपर्युक्त वाक्य में 'दूसरा' शब्द विशेषण है। जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे विशेषण कहते हैं। 'दूसरा' शब्द निश्चित संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण है।

121. 'पहली पुस्तक वापस करो' में 'पहली' में कौन-सा विशेषण है?

(a) गणना वाचक विशेषण (b) क्रमवाचक विशेषण
(c) आवृत्तिवाचक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : जिन शब्दों के द्वारा संख्या में क्रम का बोध होता है, उन्हें क्रमवाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे :- पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, आठवां।

122. क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) तीन (b) चौगुना
(c) दो (d) दूसरा

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : जब कोई शब्द संज्ञा या सर्वनाम की क्रमिक स्थिति का बोध कराते हैं तब वे क्रमवाचक विशेषण कहलाते हैं।
पहला लड़का, दूसरा आदमी, चौथा भाई
अतः विकल्प (d) में दिया गया 'दूसरा' शब्द क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण है।

123. 'मैं आठवीं कक्षा में पढ़ता हूँ', वाक्य में रेखांकित शब्द है :

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) पुरुषवाचक विशेषण

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'मैं आठवीं कक्षा में पढ़ता हूँ', वाक्य में रेखांकित शब्द में संख्यावाचक विशेषण है। जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे- चार आदमी, दस दिन, कुछ लोग, थोड़ी चाय इत्यादि।

124. इनमें से कौन-सा विकल्प संख्यावाचक विशेषण है?

(a) सीधा (b) दो दर्जन
(c) डरपोक (d) नया

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'दो दर्जन' संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण है। जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती है, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे- बीस दिन, पाँच घोड़े, कुछ लोग इत्यादि।
(1) निश्चित संख्यावाचक – एक लड़का, पचीस रुपये आदि
(2) अनिश्चित संख्यावाचक – सब लोग, कुछ लोग आदि

125. 'प्रयागराज' में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है।' में दसवाँ शब्द है -

(a) गणनावाचक विशेषण (b) क्रमवाचक विशेषण
(c) आवृत्तिवाचक विशेषण (d) समुदायवाचक विशेषण

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (b) : प्रयागराज में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है। में दसवाँ शब्द क्रमवाचक विशेषण है।

@RexstarPdf

प्रयोग के अनुसार निश्चित संख्यावाचक विशेषण के निम्न प्रकार हैं-
गणनावाचक विशेषण – एक, दो, तीन
क्रमवाचक विशेषण – पहला, दूसरा, तीसरा
आवृत्तिवाचक विशेषण – दूना, तिगुना, चौगुना
समुदायवाचक विशेषण – दोनों, तीनों, चारों
प्रत्येकबोधक विशेषण – प्रत्येक, हर-एक, दो-दो

126. 'सौ गुना लम्बा' में विशेषण का कौन सा भेद है?

(a) गणनावाचक (b) क्रमवाचक
(c) आवृत्तिवाचक (d) सम्पूर्णतावाचक

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'सौ गुना लम्बा' में आवृत्तिवाचक विशेषण है।
विशेषण- जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध कराते हैं विशेषण शब्द कहलाते हैं।
विशेषण के चार भेद हैं- (1) सार्वनामिक (2) गुणवाचक (3) परिमाणवाचक (4) संख्यावाचक।
संख्यावाचक विशेषण- जिस विशेषण से संज्ञा की संख्या का बोध हो संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। (क) गणनावाचक (ख) क्रमवाचक (ग) आवृत्तिवाचक (घ) समुदाय वाचक (ड़) प्रत्येक बोधक
आवृत्तिवाचक विशेषण:- जो संख्यावाचक विशेषण किसी संख्या की आवृत्ति को सूचित करता है। आवृत्तिवाचक विशेषण कहलाता है। जैसे- चार गुना, दोगुना, तीन गुना, सौ गुना आदि।

127. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?

(a) यह किसका खरगोश है?
(b) दिल्ली के पास यमुना में जरा-सा पानी है।
(c) मेरी गाय थोड़ा दूध देती है।
(d) गौरव के पास थोड़ी-सी भूमि बची हुई है।

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (a) : यह किसका खरगोश है, में संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग नहीं किया गया है। अन्य सभी विकल्पों में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है।

128. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार विशेषण के भेद वाला विकल्प हो।
सोहम तुमसे (चौगुना) काम करता है।

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
UPSI Batch-I 15 Dec. 2017
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) : दिया गया वाक्य 'सोहम तुमसे (चौगुना) काम करता है'। कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार संख्यावाचक विशेषण होगा।
संख्यावाचक विशेषण - जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या ज्ञात होती है, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे तीन दिन, चार आदमी, कुछ लोग, सब लड़के इत्यादि।

129. 'अध्यापक ने मुझे चार पुस्तकें दीं।' इस वाक्य में 'चार' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : ''अध्यापक ने मुझे चार पुस्तकें दीं'' इस वाक्य में 'चार' 'संख्यावाचक' विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा की संख्या का बोध हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे-तीन लड़कियाँ, दो बकरियाँ आदि।

130. इनमें से क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) दूसरा (b) दोनों
(c) दूना (d) दो

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'दूसरा' शब्द क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण है। विशेषण के मुख्यतः 4 प्रकार हैं।
1. गुणवाचक विशेषण 2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाणवाचक विशेषण 4. सार्वनामिक विशेषण
संख्यावाचक विशेषण के 5 भेद होते हैं-
1. गणनाबोधक 2. क्रमवाचक
3. आवृत्तिवाचक 4. समूहवाचक
5. प्रत्येकबोधक विशेषण

131. 'नौ रस हैं'। - इस वाक्य में 'नौ' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'नौ रस हैं।' वाक्य में 'नौ' शब्द संख्यावाचक विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध होता है, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। संख्यावाचक विशेषण के दो भेद हैं - 1. निश्चित संख्यावाचक 2. अनिश्चित संख्यावाचक

132. 'मेरी बहन दसवीं कक्षा में पढ़ती है।' इस वाक्य में 'दसवीं' शब्द में कौन-सा विशेषण है?

(a) गुणवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) सार्वनामिक

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'मेरी बहन दसवीं कक्षा में पढ़ती है।' इस वाक्य में दसवीं शब्द में संख्यावाचक विशेषण है। ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराते हैं, वे संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं **जैसे**- मै रोज चार केले खाता हूँ।

133. 'मुझे दस दिन की छुट्टी चाहिए।' इस वाक्य में दस किस प्रकार का विशेषण है?

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'मुझे दस दिन की छुट्टी चाहिए' इस वाक्य में दस संख्यावाचक विशेषण को प्रदर्शित करता है। **संख्यावाचक विशेषण**- ऐसे विशेषण शब्द जो संख्यात्मक विशेषता प्रदर्शित करते हैं,संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे**-मुझे चार दिन काम नहीं करना है।

@RexstarPdf

134. 'सभा में पचासों लोग थे' वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद है?

(a) निश्चित संख्यावाचक (b) समुदायवाचक
(c) अनिश्चित संख्यावाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) 'सभा में पचासों लोग थे।' इस वाक्य में अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है।
'ऐसे विशेषण शब्द जिनमें संज्ञा एवं सर्वनाम की निश्चित संख्या का बोध न हो, अनिश्चित संख्यावाची विशेषण कहलाता है।'
जैसे- कई, हजारों, अनेक, अनगिनत आदि।

135. 'राम एक पुस्तक मुझे दो।' इस वाक्य में 'एक' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'राम एक पुस्तक मुझे दो।' इस वाक्य में 'एक' 'संख्यावाचक विशेषण' है। जिन विशेषण शब्दों से वस्तु या पदार्थ की संख्या का बोध हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे-दो लड़कियाँ आपस में बात कर रही हैं। यहाँ हर एक लड़का ईमानदार है।

136. इनमें से संख्यावाचक विशेषण से संबंधित कौन है?

(a) भद्दा (b) बीस मीटर कपड़ा
(c) सुंदर (d) चार कुर्सियाँ

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'चार कुर्सियाँ' में संख्यावाचक विशेषण है। ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराते हैं, वे संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं।
संख्यावाचक विशेषण के दो भेद होते हैं–
1. निश्चित संख्यावाचक विशेषण
2. अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

137. इनमें से गणनावाचक विशेषण का उदाहरण कौन-सा है?

(a) तीन (b) तीसरा
(c) तिगुना (d) तीनों

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वह संख्यावाची विशेषण जो पूर्णांकबोधक और अपूर्णांकबोधक के रूप में गिनने योग्य हो, उसे गणनावाचक विशेषण शब्द कहते हैं। **जैसे**– एक, दो, तीन, चार आदि।
अन्य विकल्पों में दिये गये विशेषण शब्दों के विवरण इस प्रकार हैं–

तीसरा	–	क्रमवाचक विशेषण
तिगुना	–	आवृत्तिवाचक विशेषण
तीनों	–	समुदायवाचक विशेषण

138. 'एक लड़का स्कूल जा रहा है', इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।

(a) क्रमवाचक (b) समुदायवाचक
(c) आवृत्तिवाचक (d) गणनावाचक

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'एक लड़का स्कूल जा रहा है।' इस वाक्य में गणनावाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। गणनावाचक विशेषण संख्यावाचक विशेषण का एक प्रकार है। इसके अन्य **उदाहरण –** एक, दो, तीन, चार, पाँच आदि हैं।

139. 'चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।' इस वाक्य में 'चौथा' क्या है?

(a) गुणवाचक विशेषण (b) क्रिया विशेषण
(c) उपर्युक्त तीनों (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPRO (Pre.) 2014

उत्तर. (d) : प्रश्नगत वाक्य 'चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।' वाक्य में 'चौथा' शब्द संख्यावाचक विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा की संख्या का बोध हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे– तीन, तीसरा, दोनों, हर एक, चार आदि।

140. 'पच्चीस रुपये दीजिए' वाक्य में विशेषण पहचानें।

(a) क्रमवाचक (b) समुदाय वाचक
(c) निश्चित संख्यावाचक (d) आवृत्ति वाचक

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'पच्चीस रुपये दीजिए।' में 'पच्चीस' निश्चित संख्यावाचक विशेषण है। दोगुना, तिगुना, चौगुना आदि आवृतिसूचक विशेषण हैं।

141.'तीसरा' शब्द में विशेषण है –

(a) पूर्णांकबोधक विशेषण (b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) 'तीसरा' शब्द में क्रमवाचक विशेषण है। **उदाहरणार्थ-** पहला, दूसरा, तीसरा आदि जबकि गणनावाचक विशेषण एक, दो, तीन, चार आदि होता है एवं आवृत्तिवाचक विशेषण दुगुना, तिगुना, चौगुना आदि होता है।

142.'विशेषण' शब्द का चयन कीजिये –

(a) सरपंच (b) पाँचवाँ
(c) प्रपंच (d) पहुँच

UP RO (Pre.) 2013, 2010

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'पाँचवाँ' विशेषण शब्द है जो कि निश्चित संख्या (क्रमसूचक) की अभिव्यक्ति करता है, जबकि अन्य शब्द 'सरपंच', 'प्रपंच' और 'पहुँच' इससे इतर शब्द हैं।

143. इनमें संख्यावाचक विशेषण कौन सा है?

(a) सात (b) काला
(c) रावण (d) खट्टा

UP RO (Main), 2013

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में '**सात**' शब्द संख्यावाचक विशेषण है। काला व खट्टा गुणवाचक विशेषण हैं तथा रावण व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

144. कुछ लोग इधर ही आ रहे हैं। वाक्य के रेखांकित अंश में विशेषण है :

(a) अनिश्चित संख्यावाचक (b) निश्चित संख्यावाचक
(c) गुणवाचक (d) परिमाणवाचक

DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-I)
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश 'कुछ लोग' में 'अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण' है। इस प्रकार के विशेषण में अनिश्चित संख्या का बोध होता है। **जैसे-** कुछ आदमी, कई लोग, सब कुछ आदि।

@RexstarPdf

145. ''चंद रुपए बचाने के चक्कर में कई लोगों को शर्मसार होना पड़ा।'' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का भेद पहचानिए।

(a) निश्चित संख्यावाचक (b) विभागबोधक
(c) अनिश्चित संख्यावाचक (d) निश्चित परिमाणवाचक

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (c) : प्रश्नगत वाक्य में 'चंद रुपये बचाने के चक्कर में कई लोगों को शर्मसार होना पड़ा' में संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त है। इस वाक्य में 'चंद' एवं 'कई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण हैं।

146. कौन सा विशेषण निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है?

(a) कुर्ते के लिए दो मीटर कपड़ा चाहिए।
(b) चाय में पचास ग्राम चीनी डालना।
(c) सैंकड़ों लोग मारे गए।
(d) एक किलो आम से ज्यादा मत लाना।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (c) 'सैकड़ों लोग मारे गये' में सैकड़ों निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है। 'सैकड़ों' शब्द से कितना सौ ? यह निश्चित नहीं है। यह अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है क्योंकि कामता प्रसाद गुरु ने परिमाणवाचक विशेषण को संख्यावाचक विशेषण के अन्तर्गत रखा है।

147. 'कई दर्शक गण' किस विशेषण का उदाहरण है?

(a) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(d) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (d) ''कई दर्शक गण'' में अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। दर्शकों की संख्या अगणनीय है परन्तु अनिश्चित होने के कारण अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण की श्रेणी में है।

148.'दोनों' शब्द किस प्रकार का संख्यावाचक विशेषण है?

(a) समुदायबोधक (b) पुनरुक्तिबोधक
(c) आवृत्तिबोधक (d) क्रमबोधक

UPRO (Pre), 2010
UPRO (Main) 2010


उत्तर : (a) प्रश्नगत शब्द 'दोनों' समुदायबोधक संख्यावाचक विशेषण है क्योंकि इससे एक समुदाय का स्पष्टीकरण होता है।
संख्यावाचक विशेषण के निम्न भेद हैं-
निश्चित संख्यावाचक (गणनावाचक, क्रमवाचक, आवृत्तिवाचक समुदायवाचक और प्रत्येक बोधक)
अनिश्चित संख्यावाचक

149. 'दादी ने ढेर सारे खिलौने खरीदे।' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण कौन-सा है?

(a) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर:(b)''दादी ने ढेर सारे खिलौने खरीदे'' इस वाक्य में अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। यह मुख्यतः चार प्रकार का होता है जो निम्नवत हैं–



कुछ विद्वान परिमाणवाचक विशेषण को संख्यावाचक विशेषण का ही एक भेद मानते हैं। विशेषण जिसकी विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं।

150. ''कितने प्रश्न करने हैं?'' इस वाक्य में विशेषण भेद है .....।

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर: (b) प्रश्नगत वाक्य 'कितने प्रश्न करने हैं' में संख्यावाचक विशेषण है।
संख्यावाचक विशेषण– जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं।
संख्यावाचक विशेषण के दो मुख्य भेद हैं–
1. निश्चित संख्यावाचक, 2. अनिश्चित संख्यावाचक

151. ''कुछ बच्चे इधर आओ'' वाक्य में विशेषण पहचानिए।

(a) गुणवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) संकेतवाचक (d) संख्यावाचक

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]
UPSI Batch - I 13 Dec.2017
इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (d) 'कुछ बच्चे इधर आओ' वाक्य में संख्यावाचक विशेषण है। गणनीय विशेष्य के साथ सदैव संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त होता है।

4. परिमाणवाचक विशेषण

152. मोहन चार किलो बर्फी तुलवा रहा था।

(a) मोहन (b) चार किलो
(c) बर्फी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य में 'चार किलो' शब्द निश्चित परिमाणबोधक विशेषण का उदाहरण है। ऐसे विशेषण शब्द जिससे किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध होता है उसे परिमाणबोधक विशेषण कहते हैं। इसके दो भेद हैं-
(1) निश्चित परिमाणबोधक विशेषण
(2) अनिश्चित परिमाणबोधक विशेषण

@RexstarPdf

153. 'पहाड़ों पर बहुत वर्षा होती है' वाक्य के रेखांकित शब्द में विशेषण है :

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)
DSSSB PRT 27.03.2022 (Shift-III)
DSSSB PRT 25.03.2022 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'पहाड़ों पर बहुत वर्षा होती है, वाक्य के रेखांकित शब्द में 'परिमाणवाचक' विशेषण है।

154. 'एक लीटर दूध दो।' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण-भेद का नाम है-

(a) सार्वनामिक (b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) : 'एक लीटर दूध दो।' इस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। संख्यावाचक विशेषण का एक मुख्य भेद परिमाणवाचक विशेषण है। यह किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराता है। जैसे- थोड़ा पानी, सेर भर दूध, एक लीटर पानी इत्यादि।
परिमाणवाचक विशेषण के दो भेद हैं-
(1) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण- जैसे- दो किलो घी, चार गज जमीन,दो मीटर कपड़ा आदि।
(2) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण- जैसे- सब धन, बहुत दूध आदि।

155. 'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द इनमें से है–

(a) अपूर्णांक बोधक विशेषण
(b) परिमाणबोधक विशेषण
(c) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(d) तुलनात्मक विशेषण

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (b) : 'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द परिमाणबोधक विशेषण है।
अपूर्णांक बोधक विशेषण– पौने, सवा, डेढ़, ढाई।
निश्चित संख्यावाचक विशेषण– एक, पाँच, सात, दूसरा, तिगुना।

156. दिए गए वाक्य में विशेषण ज्ञात कीजिए – थोड़ी सी नमकीन खरीद लाओ ।

(a) निश्चित परिमाणवाचक (b) अनिश्चित परिमाणवाचक
(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्य 'थोड़ी सी नमकीन खरीद लाओ' में विशेषण अनिश्चित परिमाणवाचक होगा।
अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण - ऐसे विशेषण से अनिश्चित परिमाण का बोध होता है। जैसे - बहुत दूध, ढेर सारा धन, थोड़ी सी नमकीन, पूरा मजा इत्यादि।

157. 'आज मुझे बहुत काम है।'- इस वाक्य में 'बहुत' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) संख्यावाचक विशेषण

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण है। जो शब्द किसी वस्तु के परिमाण (माप-तौल) का बोध कराता है। उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जो सर्वनाम शब्द विशेषण की भांति प्रयुक्त होते हैं सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।
जिन विशेषणों से पदार्थ के गुण, रंग, आकार, दशा आदि का बोध होता है, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

158. 'शायद आज आप ज्यादा व्यस्त हैं।' - इस वाक्य में 'ज्यादा' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वाक्य 'शायद आज आप ज्यादा व्यस्त हैं।' में 'ज्यादा' शब्द परिमाणवाचक विशेषण है। ऐसे शब्द जो हमे किसी संज्ञा या सर्वनाम के नाप - तौल या मात्रा का बोध कराएँ, वे शब्द परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे**- दो किलो चीनी, थोड़े फल, एक लीटर दूध ।

159. 'आज मुझे थोड़ी-सी फुरसत मिली है।'-इस वाक्य में 'थोड़ी-सी' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) परिमाणवाचक विशेषण

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'आज मुझे थोड़ी-सी फुरसत मिली है', वाक्य में 'थोड़ी-सी' शब्द परिमाणवाचक विशेषण है। **परिमाणवाचक विशेषण-** वह विशेषण जो अपने विशेष्यों की निश्चित अथवा अनिश्चित मात्रा (परिमाण) का बोध कराए, 'परिमाणवाचक विशेषण' कहलाता है।

160. 'शायद आज आप ज्यादा खाना खाए हैं।'-इस वाक्य में 'ज्यादा' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'शायद आज आप ज्यादा खाना खाए हैं' वाक्य में ज्यादा परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण है। परिमाणवाचक विशेषण वहाँ होता है जहाँ परिमाण का बोध हो। **जैसे**– कम, ज्यादा, सामान्य, मात्रा इत्यादि।

161. 'यह गाय अधिक दूध देती है' वाक्य में 'अधिक' विशेषण किसकी विशेषता बता रहा है?

(a) गाय की (b) दूध की
(c) देने की (d) इनमें से किसी की नही

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तरः (b) 'यह गाय अधिक दूध देती है' वाक्य में 'अधिक' विशेषण 'दूध की' विशेषता बता रहा है।
'जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतायी जाती है उसे विशेष्य कहते हैं तथा संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाला शब्द विशेषण कहलाता है।'
उदाहरण-काला घोड़ा मैदान में दौड़ रहा है।
उपर्युक्त वाक्य में घोड़ा शब्द जातिवाचक संज्ञा है जोकि विशेष्य है तथा 'काला' शब्द घोड़ा शब्द की विशेषता बता रहा है जो कि विशेषण है।

162. इनमें कौन-सा परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है?
(a) अनगिनत तारे (b) पचास गज जमीन
(c) दो किलो सेब (d) दस लीटर पानी
UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) किसी वस्तु की माप या तौल का बोध कराने वाले विशेषण 'परिमाणवाचक' विशेषण कहलाते हैं: **जैसे–** पचास गज, दस लीटर, दो किलो क्रमशः जमीन, पानी, सेब की माप और तौल दर्शा रहे हैं। अतः इन सभी में परिमाणवाचक विशेषण हैं, जबकि 'अनगिनत तारे' अनिश्चित संख्यावाची विशेषण हैं।

163. ''मेरे कुर्ता–पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा'' वाक्य में विशेषण पहचानिए।
(a) संख्यावाचक (b) संकेतवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) गुणवाचक
DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-II)
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (c) परिमाणवाचक– संख्यावाचक विशेषण का एक मुख्य भेद परिमाणवाचक है। यह किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराता है। **जैसे–** ''मेरे कुर्ता-पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा।'' वाक्य में निश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।
संख्यावाचक– जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं।

164. 'थोड़ा-सा दूध गरम कर दो।' इस वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद है?
(a) गुणवाचक (b) निश्चित संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) अनिश्चित परिमाणवाचक
UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPPSSC VDO 22/12/2018 II Shift
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) : 'थोड़ा सा दूध गरम कर दो'। इस वाक्य में अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण से किसी संज्ञा का कोई निश्चित परिमाण ज्ञात न हो, उसे 'अनिश्चित परिमाणवाचक' विशेषण कहते हैं। उपर्युक्त वाक्य में 'थोड़ा' शब्द से अनिश्चित परिमाण का बोध हो रहा है।

165.'काफी' में कौन सा विशेषण है?
(a) निश्चित परिमाण वाचक (b) अनिश्चित परिमाणवाचक
(c) निश्चित संख्या वाचक (d) अनिश्चित संख्यावाचक
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'काफी' में अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है। जिन विशेषण शब्दों से किसी वस्तु या पदार्थ की निश्चित मात्रा का बोध नहीं होता है, उसे अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं, **जैसे** - मेरी चाय में कम चीनी डालना।

166. केवल, अनुमानतः, सर्वथा ..... यह किस विशेषण के प्रकार हैं?
(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) स्थानवाचक (d) परिमाणवाचक
UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : केवल, अनुमानतः, सर्वथा आदि दिये गये विकल्प के आधार पर 'परिमाणवाचक विशेषण' होंगे। परिमाणवाचक विशेषण हैं – बहुत, अति, बड़ा, बिलकुल, सर्वथा, खूब, निपट, अत्यन्त, अतिशय।
कालवाचक, रीतिवाचक व स्थानवाचक क्रियाविशेषण के भेद हैं, जिनके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं–
कालवाचक – इसमें समय का बोध होता है **जैसे –** आज, कल, तुरंत, पीछे, पहले, अब, जब, तब, कभी–कभी, कब, नित्य, जब से, सदा से, अभी, तभी, आज कल आदि।
रीतिवाचक– इसलिये, अतएव, क्यों, अच्छा, ठीक, शायद, अवश्य, तो, ही, सहसा, वस्तुतः आदि।
स्थानवाचक– सर्वत्र, पास, निकट, समीप, हर तरफ, इधर–उधर, ऊपर, नीचे आदि।

167. ''आटे में थोड़ा नमक डालें'' वाक्य में प्रयुक्त व्याकरण पहचानें।
(a) संकेत वाचक (b) पूर्ण संख्या वाचक
(c) प्रत्येक बोध वाचक (d) अनिश्चित परिमाण वाचक
UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'आटे में थोड़ा नमक डालें' वाक्य में 'अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण' प्रयुक्त हुआ है। यह परिमाणवाचक विशेषण का एक उपभेद है। थोड़ा, बहुत, सब, पूरा इत्यादि अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण हैं।

168.नीचे दिये किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग हुआ है?
(a) राम और श्याम भाई हैं
(b) राम ने माँ से पानी और खाना माँगा।
(c) माँ ने खाने में दाल और रोटी परोसी।
(d) राम ने रोटी खाकर और रोटी माँगी।
UP RO (Main), 2010

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'राम ने रोटी खाकर और रोटी माँगी' वाक्य में विशेषण 'और' का प्रयोग किया गया है। प्रश्न के संदर्भ में 'और' अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।

169. 'मनोहर जीवनभर पूरा सुख भोगता रहा' इसमें कौन–सा विशेषण है?
(a) संख्यावचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण
UP TET-2019
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (b) : 'मनोहर जीवनभर पूरा सुख भोगता रहा' इस वाक्य में 'पूरा' शब्द परिमाणवाचक विशेषण है। यह परिमाण या मात्रा बताने का कार्य करता है जिसके अंतर्गत मूर्त एवं अमूर्त दोनों ही संज्ञाएँ शामिल होती हैं। यह संज्ञा की निश्चित, अनिश्चित मात्रा को बताता है। प्रश्नोक्त वाक्य में सुख भाववाचक (अमूर्त) संज्ञा है, और 'पूरा' अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।

@RexstarPdf

170. 'ऋषि की गाय बहुत दूध देती है।'-वाक्य में रेखांकित शब्द किस विशेषण का उदाहरण है?

(a) गुणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) परिमाणबोधक

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (d) : 'परिमाणबोधक' विशेषण किसी वस्तु की नाप तौल का बोध कराता है। अतः वाक्य में रेखांकित शब्द परिमाणबोधक विशेषण के अन्तर्गत आएगा। अन्य परिमाणबोधक विशेषण हैं– इसके दो भेद हैं-निश्चित परिमाणबोधक और अनिश्चित परिमाणबोधक।
निश्चित परिमाणबोधक के उदाहरण हैं- दो सेर, दस किलो, चार गज इत्यादि।
अनिश्चित परिमाणवाचक के उदाहरण हैं- बहुत, अनेक, थोड़ा, कुछ इत्यादि।

171. 'वह बहुत खाता है।' इस वाक्य में 'बहुत' शब्द किस प्रकार का विशेषण है?

(a) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) तुलनात्मक विशेषण
(d) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d) : 'वह बहुत खाता है।' इस वाक्य में 'बहुत' शब्द अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है। यहाँ 'बहुत' शब्द किसी निश्चित परिमाण को नहीं बता पा रहा है। अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण के अन्य उदाहरण हैं– थोड़ा, अधिक, कुछ आदि। जिन वस्तुओं को मापा या तौला जाता है उनके साथ परिमाणवाचक तथा जिनकी गणना की जाती है उनके साथ संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग किया जाता है।

5. विशेष्य

172.निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?

(a) अनासक्ति (b) अनासक्त
(c) अनुशंसित (d) अपमानित

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में विशेष्य शब्द अनासक्ति है। यह संज्ञा शब्द है, जबकि अनासक्त शब्द इसका विशेषण है।

173. 'भक्त की करुण पुकार सुनकर भक्त-वत्सल भगवान् दयार्द्र हो उठे'- वाक्य में प्रयुक्त विशेष्यों की दृष्टि से कौन-सा युग्म शुद्ध है?

(a) भक्त तथा भगवान् (b) करुण तथा दयार्द्र
(c) भक्त-वत्सल तथा भगवान् (d) पुकार तथा भगवान्

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) वाक्यांश 'भक्त की करुण पुकार सुनकर भक्त-वत्सल भगवान दयार्द्र हो उठे' में 'पुकार तथा भगवान्' विशेष्य पद हैं, जबकि करुण और भक्त-वत्सल विशेषण पद हैं।

174. निम्नलिखित में 'विशेष्य' शब्द है-

(a) विपन्न (b) वादी
(c) विशिष्ट (d) मानस

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (d) : 'मानस' विशेष्य शब्द है।
विशेष्य– जिसकी विशेषता बतायी जाये वह विशेष्य कहलाता है। जैसे- राम, गाय, घोड़ा।
विशेषण– संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे- काला, मोटा, सुन्दर।

175. इनमें से विशेषण शब्द नहीं है–

(a) अकूत (b) अकर्ण
(c) अचार (d) अचंड

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (c) : दिए गए शब्दों में 'अचार' शब्द विशेषण न होकर विशेष्य है इसका विशेषण 'अचारी' होगा।

176. 'राम बहुत बहादुर है।' इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेष्य है?

(a) है (b) राम
(c) बहुत (d) बहादुर

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : वाक्य 'राम बहुत बहादुर है' में राम शब्द विशेष्य, बहुत शब्द प्रविशेषण तथा बहादुर शब्द विशेषण है। विशेषण जिस शब्द की विशेषता बताये उसे 'विशेष्य' कहते हैं। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताये उसे 'विशेषण' कहते हैं। विशेषण शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द को 'प्रविशेषण' कहते हैं।

177. जिन संज्ञाओं की विशेषता बताई जाती है, उन्हें क्या कहते हैं?

(a) सर्वनाम (b) कारक
(c) विशेष्य (d) सार्वनामिक विशेषण

UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UDA/LDA परीक्षा, 2015
UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (c) : जिन संज्ञाओं की विशेषता बताई जाती है, उन्हें 'विशेष्य' कहते हैं तथा जिन शब्दों द्वारा विशेष्य या संज्ञाओं की विशेषता बतायी जाती है उसे विशेषण कहते हैं। राजीव एक अच्छा लड़का है।
उपरोक्त उदाहरण में 'अच्छा' शब्द 'विशेषण' तथा 'लड़का' शब्द विशेष्य है।

178. 'वह श्रेष्ठ उपासक है' वाक्य में प्रयुक्त विशेष्य कौन-सा है?

(a) उपासक (b) है
(c) श्रेष्ठ (d) वह

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.), 2010

@RexstarPdf

उत्तर: (a): वाक्य 'वह श्रेष्ठ उपासक है' में विशेष्य शब्द उपासक तथा श्रेष्ठ शब्द विशेषण है। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताये उसे विशेषण तथा जिस शब्द की विशेषता बताई जाए उसे विशेष्य कहते हैं।

179.निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?

(a) पौष्टिक (b) पाठकीय
(c) भावुक (d) विषाद

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में विशेष्य शब्द 'विषाद' है। इसका विशेषण विषण्ण है, जबकि पौष्टिक, भावुक और पाठकीय विशेषण शब्द हैं।

180.'विशेष्य' शब्द है –

(a) रामलला (b) बुद्धिमती स्त्री
(c) रमापति (d) सीता-राम

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में विशेष्य शब्द 'सीता-राम' है जबकि शेष विकल्प असंगत हैं। विशेषण जिसकी विशेषता बताता है उसे विशेष्य कहते हैं।

181.निम्नलिखित में विशेष्य पद है –

(a) उमा (b) कालिमा
(c) मधुरिमा (d) महिमा

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (a) प्रश्नगत शब्द कालिमा, महिमा और मधुरिमा विशेषण हैं, जबकि उमा विशेष्य पद है।

182.'दशरथ के प्राण राम के लिए आकुल थे'–वाक्य में मुख्य विशेष्य है–

(a) दशरथ (b) राम
(c) प्राण (d) आकुल

UP RO (Main), 2010

उत्तर : (c) ''दशरथ के प्राण राम के लिए आकुल थे।'' वाक्य में मुख्य विशेष्य प्राण है। विशेषण जिसकी विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं।

183.'वह कृशकाय व्यक्ति दौड़ने लगा' – इस वाक्य में विशेष्य है

(a) व्यक्ति (b) कृशकाय
(c) वह (d) दौड़ने लगा

UP RO (Pre), 2010

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य 'वह कृशकाय व्यक्ति दौड़ने लगा' में विशेष्य व्यक्ति है, जबकि कृशकाय विशेषण है।

184. निम्नलिखित शब्दों में से विशेष्य कौन है?

(a) आकाशीय (b) आकाश
(c) आराध्य (d) आश्रित

UP RO (Main) 2010

उत्तर : (b) आकाश विशेष्य शब्द है। इसका विशेषण आकाशीय होता है, जबकि आकाशीय, आराध्य तथा आश्रित तीनों विशेषण हैं।

185.''आसमान का रंग नीला है'' विशेष्य पहचानें।

(a) नीला (b) आकाश
(c) आसमान (d) रंग

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'आसमान का रंग नीला है' में आसमान विशेष्य है।

186. भोले बालक ने क्रूर डाकू के कठोर हृदय में कोमल भावना जगा दी'- वाक्य में कितने विशेष्य हैं?

(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) छह

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) वाक्यखण्ड 'भोले बालक ने क्रूर डाकू के कठोर हृदय में कोमल भावना जगा दी' में चार विशेष्य पद बालक, डाकू, हृदय और भावना है जबकि विशेषण पद भी चार हैं- भोले, क्रूर, कठोर और कोमल।

187.निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?

(a) आसीन (b) अग्नि
(c) मधुर (d) कर्मठ

UP RO (Pre.), 2014
UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों के अनुसार 'अग्नि' शब्द विशेष्य है। इसका विशेषण आग्नेय होगा शेष आसीन, मधुर एवं कर्मठ विशेषण पद हैं।

188.''ठण्डा पानी ठण्ड पैदा करता है।'' इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेष्य है?

(a) ठण्डा (b) ठण्ड
(c) पानी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (c) प्रश्नगत वाक्य 'ठण्डा पानी ठण्ड पैदा करता है' में विशेष्य **पानी** है, जबकि ठण्डा विशेषण है।

189.'रमेश की पुस्तक पुरानी है'–इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द है–

(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) क्रिया-विशेषण (D) सर्वनाम

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य 'रमेश की पुस्तक पुरानी है' में 'पुस्तक' 'विशेष्य' है। जिस संज्ञा शब्द की विशेषता बतायी जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं।

190.'जलीय' का विशेष्य रूप है –

(a) जलमय (b) जल
(c) जलमग्न (d) जलिय

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'जलीय' का विशेष्य रूप 'जल' होगा। 'जल' में ईय प्रत्यय लगाकर जलीय बना है जो कि विशेषण के रूप में कार्य करता है।

191.'भौम' का विशेष्य रूप है –

(a) भौमिक (b) भूमित्व
(c) भूमि (d) भूमिक

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'भौम' का विशेष्य रूप 'भूमि' है जबकि दिए गये अन्य विकल्प भौमिक 'भूमि' (संज्ञा) के विशेषण शब्द हैं।

@RexstarPdf

192. 'बड़ा घर', 'छोटा आदमी', 'नीला वस्त्र' में विशेष्य कौन-कौन से हैं?

(a) नीला, छोटा (b) बड़ा छोटा
(c) घर, आदमी, वस्त्र (d) छोटा, नीला

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'बड़ा घर', 'छोटा आदमी', 'नीला वस्त्र' में क्रमशः घर, आदमी तथा वस्त्र विशेष्य हैं। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें 'विशेषण' कहा जाता है तथा जिसकी विशेषता बताई जाती है उन्हें 'विशेष्य' कहा जाता है।
जैसे– 'बड़ा घर' में 'बड़ा' विशेषण है तथा 'घर' विशेष्य है।
'छोटा आदमी' में 'छोटा' विशेषण है तथा 'आदमी' विशेष्य है।
'नीला वस्त्र' में 'नीला' विशेषण है तथा 'वस्त्र' विशेष्य है।

193. 'रात काली अँधेरी है' में विशेष्य क्या है?

(a) रात (b) काली
(c) अँधेरी (d) कोई नहीं

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : रात काली अंधेरी है में, रात विशेष्य है।

6. विशेषण की अवस्थाएँ

194. इनमें से 'विधेय-विशेषण' का उदाहरण कौन-सा है?

(a) मेरा लड़का आलसी है।
(b) मेरा घोड़ा काला है।
(c) वैरागियों का यह संसार मिथ्या प्रतीत होता है।
(d) उपरोक्त सभी

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : किसी वाक्य में यदि विशेषण, विशेष्य के बाद आए तो उसे 'विधेय विशेषण' कहते हैं। दिये गये विकल्पों में सभी 'विधेय विशेषण' के उदाहरण हैं। अतः विकल्प (d) संगत है।

195. विशेषणों में तुलना के आधार पर कितनी अवस्थाएँ होती हैं?

(a) दो (b) पाँच
(c) चार (d) तीन

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : विशेषणों में तुलना के आधार पर तीन अवस्थाएँ होती हैं– 1. मूलावस्था, 2. उत्तरावस्था, 3. उत्तमावस्था। जैसे–कोमल (मूलावस्था), कोमलतर (उत्तरावस्था) एवं कोमलतम (उत्तमावस्था)।

196. 'न्यूनतम' विशेषण की कौन-सी अवस्था है?

(a) मूलावस्था (b) प्रथमावस्था
(c) उत्तरावस्था (d) उत्तमावस्था

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d) : उत्तमावस्था– इसमें विशेषण द्वारा किसी वस्तु को सबसे अधिक गुणवान या दोषी बताया जाता है, जैसे- हमारे कालेज में नरेन्द्र **सबसे अच्छा** खिलाड़ी है। विशेषण की कुछ अवस्थाएं हैं–

मूलावस्था	उत्तरावस्था	उत्तमावस्था
न्यून	न्यूनतर	न्यूनतम
लघु	लघुत्तर	लघुत्तम
निम्न	निम्नतर	निम्नतम

197. 'गुरु' का उत्तमावस्था होगा –

(a) गुरुतम (b) गुरुतर
(c) गुरुतमतम (d) गौरव

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'गुरु' का उत्तमावस्था 'गुरुतम' होगा। इसका मूलावस्था 'गुरु' तथा उत्तरावस्था 'गुरुतर' होगा।

198. 'महान' का उत्तरावस्था होगा –

(a) महानतर (b) महत्तम
(c) महत्तर (d) महानतम

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'महान' का उत्तरावस्था 'महत्तर' होगा, जबकि इसका मूलावस्था 'महान' तथा उत्तमावस्था 'महत्तम' होगा। यह विशेषण की अवस्थाएँ हैं।

199. किस प्रकार के विशेषण में दो प्राणियों, वस्तुओं इत्यादि के गुण दोष अथवा विशेषता की तुलना कर एक को दूसरे से बढ़ा चढ़ाकर बताया जाता है?

(a) मूलावस्था (b) चापलूसी करना
(c) उत्तरावस्था (d) सार्वनामिक

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) विशेषण की उत्तरावस्था में दो प्राणियों, वस्तुओं इत्यादि के गुण दोष अथवा विशेषता की तुलना कर एक को दूसरे से बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है। विशेषण को तीन अवस्थाओं में विभक्त किया जाता है-

(1) मूलावस्था (2) उत्तरावस्था (3) उत्तमावस्था

1. **मूलावस्था–**इसमें विशेषणों का सामान्य प्रयोग होता है। यहाँ किसी के साथ तुलना नहीं की जाती; **जैसे-**श्याम एक वीर बालक है। राम एक सुन्दर कन्या है।

2. **उत्तरावस्था–**इसमें दो वस्तुओं या व्यक्तियों की तुलना करके एक की न्यूनता अथवा अधिकता बताई जाती हैं; **जैसे–**मोहन हलधर से अधिक सुन्दर है। सीता सीमा से सुन्दर है।

3. **उत्तमावस्था–**इसमें दो से अधिक वस्तुओं या व्यक्तियों की तुलना की जाती हैं। उनमें किसी एक की दूसरी सब वस्तुओं या व्यक्तियों से न्यूनता या अधिकता बताई जाती है; **जैसे–**राम सबसे वीर है। सीता कक्षा में सुन्दरतम है।

200. निम्नलिखित में से किस वाक्य में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण–विशेष्य का प्रयोग किया गया है?

(a) परमानन्द कक्षा में सबसे होशियार छात्र है।
(b) मनमोहन ने इस दुकान से एक किलो टमाटर खरीदा है।
(c) इस पौधे में इतना पानी मत डालो।
(d) विजय पहलवान एक दिन में चार लीटर दूध पीता है।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'परमानन्द कक्षा में सबसे होशियार छात्र है।' वाक्य में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण–विशेष्य का प्रयोग किया गया है। विशेषण की तीन अवस्थाएँ होती हैं– (1) मूलावस्था (2) उत्तरावस्था और (3) उत्तमावस्था। **मूलावस्था–** जिसमें किसी संज्ञा या सर्वनाम की सामान्य स्थिति का बोध हो।

@RexstarPdf

जैसे– मोहन अच्छा लड़का है।

उत्तरावस्था– जिसमें दो संज्ञा या सर्वनाम की तुलना की जाती है। जैसे– महेश, राहुल से अच्छा है।

उत्तमावस्था– जिसमें दो से अधिक संज्ञा या सर्वनामों की तुलना करके, एक को सबसे अच्छा या बुरा बताया जाता है। जैसे– कक्षा में मोहन सबसे अच्छा लकड़ा है।

7. अन्य

201. 'उसको व्यापार में करोड़ों का घाटा हो गया।' उक्त वाक्य में किस प्रकार का विशेषण है?

(a) संख्याबोधक
(b) परिमाणबोधक
(c) अनिश्चयबोधक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'उसको व्यापार में करोड़ों का घाटा हो गया।' उक्त वाक्य में अनिश्चयबोधक विशेषण है।

202. रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए।

एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें विद्यालय की सभी समस्याओं का उल्लेख हो।

(a) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (b) संज्ञा उपवाक्य
(c) प्रधान उपवाक्य (d) विशेषण उपवाक्य

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (d) : 'एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें विद्यालय की सभी समस्याओं का उल्लेख हो' में रेखांकित उपवाक्य का भेद विशेषण उपवाक्य है। ध्यातव्य है कि जो उपवाक्य किसी क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया-विशेषण उपवाक्य कहते हैं।

203. 'पाण्डु' शब्द विशेषण की दृष्टि से है -

(a) केवल विशेषण
(b) केवल विशेष्य
(c) विशेषण और विशेष्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से एक भी नहीं

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'पाण्डु' शब्द विशेषण और विशेष्य दोनों है।

विशेषण– संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे – काला, मोटा, सुन्दर।

विशेष्य– जिसकी विशेषता बतलायी जाये, वह 'विशेष्य' कहलाता है। जैसे, राम, गाय, घोड़ा।

204. इनमें से 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है -

(a) दयालु (b) कृपालु
(c) खिलाड़ी (d) धार्मिक

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'खेलना' शब्द से बना विशेषण 'खिलाड़ी' होगा।

विशेषण- जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे विशेषण कहते हैं।

सार्वनामिक विशेषण– यह, वह, कोई, ऐसा, जैसा इत्यादि।
गुणवाचक विशेषण–नया, पुराना, झूठा, सफेद, पीला, चौड़ा इत्यादि।
संख्यावाचक विशेषण– चार, कुछ, तीस, सब, तीनों, चारों इत्यादि।
परिमाण बोधक विशेषण–दो सेर, सब धन, दस हाथ, चार गज इत्यादि।

205. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार विशेषण के भेद वाला विकल्प हो।

दोनों ने (वैसा) ही किया और घर लौट आएँ।

(a) संबंधवाचक (b) गुणवाचक
(c) सार्वनामिक (d) संख्यावाचक

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त वाक्य में कोष्ठक में दिया शब्द (वैसा) संबंधवाचक विशेषण है।

संबंधवाचक विशेषण– जब विशेषण शब्दों का प्रयोग करके किसी एक व्यक्ति या वस्तु का संबंध दूसरी वस्तु या व्यक्ति के साथ बताया जाए, तो वह संबंधवाचक विशेषण कहलाता है।

206. निम्न में से कौन-सा शब्द स्पर्शबोधक विशेषण है?

(a) जहरीला (b) कोमल
(c) उत्तरी (d) बड़ा

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'कोमल' शब्द स्पर्शबोधक विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

207. 'उर्वशी अत्यंत सुंदर है।' इसमें कौन-सा शब्द प्रविशेषण है?

(a) है (b) सुंदर
(c) अत्यंत (d) उर्वशी

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : वाक्य 'उर्वशी अत्यंत सुंदर है।' में 'अत्यंत' शब्द प्रविशेषण है। 'सुंदर' शब्द विशेषण है। जो शब्द विशेषण की विशेषता बताये वह 'प्रविशेषण' होता है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट हो उसे 'विशेषण' कहते हैं।

208.निम्नलिखित विशेष्य-विशेषण युग्मों में एक गलत है –

(a) सर्व-सुलभ (b) ताजी-रोटी
(c) कर्म-निष्ठ (d) भाव-विह्वल

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (a) सर्व-सुलभ दोनों ही शब्द विशेषण पद हैं। अतः प्रश्न की दृष्टि से यह त्रुटिपूर्ण है। ध्यातव्य हो कि डॉ. हरदेव बाहरी शब्द कोश के अनुसार कर्म, भाव एवं रोटी संज्ञा है। अतएव उत्तर–(a) सही है।

209.'समुद्री साँप में घातक परन्तु बहुत कीमती ज़हर पाया जाता है'–वाक्य में हैं–

(a) तीन विशेषण और दो विशेष्य
(b) दो विशेषण और तीन विशेष्य
(c) दो विशेषण और दो विशेष्य
(d) चार विशेषण और दो विशेष्य

UP RO (Main), 2010

@RexstarPdf

उत्तर: (a) दिये गये वाक्य ''समुद्री साँप में घातक परन्तु बहुत कीमती जहर पाया जाता है'' इस वाक्य में तीन विशेषण (समुद्री, घातक, और कीमती) हैं और दो विशेष्य (साँप, जहर) हैं, जबकि परन्तु अव्यय और बहुत प्रविशेषण है।

210. 'सुगंधित कस्तूरी के लोभी शिकारी राजस्थानी हिरणों का अवैध शिकार करते हैं'–वाक्य में हैं

(a) तीन विशेषण और तीन विशेष्य
(b) दो विशेषण और दो विशेष्य
(c) चार विशेषण और चार विशेष्य
(d) तीन विशेषण और चार विशेष्य

UP RO (Main), 2010

उत्तर : (c) 'सुगंधित कस्तूरी के लोभी शिकारी राजस्थानी हिरणों का अवैध शिकार करते हैं' वाक्य में – सुगन्धित, लोभी, राजस्थानी और अवैध विशेषण हैं, जबकि कस्तूरी, शिकारी, हिरणों और शिकार विशेष्य हैं।

211. 'भले और महान लोग उचित और संयमित व्यवहार करते हैं।'

उपर्युक्त वाक्य में कितने विशेषण विशेष्य हैं?

(a) दो विशेषण और दो विशेष्य
(b) तीन विशेषण और दो विशेष्य
(c) चार विशेषण और तीन विशेष्य
(d) चार विशेषण और दो विशेष्य

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (d) दिये गये विकल्प में चार विशेषण और दो विशेष्य हैं। भले और महान, उचित और संयमित विशेषण हैं। लोग एवं व्यवहार विशेष्य हैं।

212. विशेषण की विशेषता बताने वाला शब्द क्या कहलाता है?

(a) विधेय विशेषण (b) प्रविशेषण
(c) क्रिया विशेषण (d) उद्देश्य विशेषण

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द प्रविशेषण कहलाते हैं। **जैसे –** राम बहुत सुन्दर लड़का है। इसमें सुन्दर विशेषण है और सुन्दर की विशेषता 'बहुत' बता रहा है। अतः 'बहुत' प्रविशेषण होगा।

213. 'वह बहुत मधुर गाता है।' इनमें प्रविशेषण शब्द का चयन कीजिए–

(a) वह (b) बहुत
(c) मधुर (d) गाता

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
UDA/LDA परीक्षा-2015

उत्तर. (b) : 'वह बहुत मधुर गाता है।' इनमें 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि यह 'मधुर' अर्थात् विशेषण की विशेषता बता रहा है।

214. अर्चना अत्यंत सुन्दर है। रेखांकित पदों का भेद बताइए:

(a) विशेषण (b) प्रविशेषण
(c) विशेष्य–विशेषण (d) सविशेषण

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर: (b) अर्चना अत्यंत सुन्दर है। रेखांकित पद प्रविशेषण है। प्रविशेषण– जो शब्द विशेषण शब्दों की विशेषता बताता है, उसे प्रविशेषण कहते हैं।

215. ''भारत की सबसे चौड़ी नदी ब्रह्मपुत्र तथा सबसे लंबी नदी गंगा है।'' वाक्य में प्रयुक्त शब्द ''सबसे'' क्या है?

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) विशेष्य (d) प्रविशेषण

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (d) : ''भारत की सबसे चौड़ी नदी ब्रह्मपुत्र तथा सबसे लंबी नदी गंगा है।'' में प्रयुक्त 'सबसे' प्रविशेषण है। हिन्दी में कुछ विशेषणों के भी विशेषण होते हैं जिन्हें 'प्रविशेषण' कहते हैं।

216. किस वाक्य में प्रविशेषण नहीं हैं?

(a) मुझे तो थोड़ी ही भूख है।
(b) बच्चे समझदार हो गए हैं।
(c) अरे! बहुत ही सुंदर फूल है।
(d) आजकल संतरे कुछ ज्यादा खट्टे हैं।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के अनुसार 'बच्चे समझदार हो गये हैं।' में प्रविशेषण का प्रयोग नहीं किया गया है। हिन्दी में विशेषणों के भी विशेषण होते हैं, उन्हें प्रविशेषण कहते हैं।

217. 'दुबई कितना सुंदर शहर है।' रेखांकित पद..... है।

(a) प्रविशेषण
(b) संख्यावाची विशेषण
(c) परिमाप वाचक विशेषण
(d) विधेय विशेषण

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'सुंदर' विधेय विशेषण है।

218. 'एक प्रतिभासम्पन्न छात्र' का विशेषण है –

(a) कुशल (b) चतुर
(c) अध्ययनशील (d) मेधावी

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर : (d) एक प्रतिभासम्पन्न छात्र का विशेषण दिये गये विकल्पों में **मेधावी** है न कि चतुर, कुशल और अध्ययनशील है।

219. ''इलाहाबादी अमरूद मीठे होते हैं।'' यहाँ क्या विशेषता बताई जा रही है?

(a) दशा (b) गंध
(c) स्वाद (d) स्थान

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'इलाहाबादी अमरूद मीठे होते हैं।' इस वाक्य में 'स्थान' का नाम (इलाहाबाद) दिया हुआ है। अतः यहाँ मीठे अमरूद के 'स्थान' की विशेषता बतायी जा रही है।

220. निम्न वाक्यों में से विशेषण सम्बन्धी वाक्य चुनिये–

(a) रमा अच्छा गाती है
(b) आज वर्षा अधिक हुई
(c) सुनयना अच्छा चित्र बनाती है
(d) धीरे-धीरे बोलो

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये वाक्यों में विशेषण युक्त वाक्य 'सुनयना अच्छा चित्र बनाती है' इस वाक्य में 'अच्छा' विशेषण है, जो 'चित्र' शब्द की विशेषता बता रहा है। शेष वाक्यों में क्रमशः अच्छा, अधिक और धीरे-धीरे क्रिया-विशेषण हैं।

221. निम्नलिखित में से ''आकाश'' शब्द से बनने वाला विशेषण क्या होगा?

(a) आकाशी (b) आकाशगंगा
(c) आकाशीय (d) आसमान

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'आकाश' शब्द से बनने वाला विशेषण 'आकाशीय' होगा। वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं। जैसे– मोहन **अच्छा** लड़का है। इस वाक्य में लड़के की विशेषता को 'अच्छा' शब्द से प्रदर्शित किया जा रहा है। संज्ञा से निर्मित कुछ विशेषण युक्त शब्द निम्नलिखित हैं–

1. आकाश	–	आकाशीय	2. चमक	–	चमकीला।
3. भारत	–	भारतीय	4. अर्थ	–	आर्थिक
5. गुलाब	–	गुलाबी	6. अग्नि	–	आग्नेय
7. ईश्वर	–	ईश्वरीय	8. उपन्यास	-	औपन्यासिक

222.इनमें से किस वाक्य में गलत विशेषण प्रयुक्त हुआ है?

(a) कविता परिश्रमी युवती है।
(b) प्रबुद्धजनों से हमारी अपेक्षा है।
(c) यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।
(d) वह अच्छा आदमी था, लेकिन काम न आया।

UP RO (Pre), 2010

उत्तर : (c) दिए गए विकल्पों में 'यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।' त्रुटिपूर्ण वाक्य है क्योंकि इसमें शब्द क्रम दोष है। अतः सम्यक् वाक्य कुछ इस प्रकार है– यह महिलाओं का सरकारी अस्पताल है।

223.निम्नलिखित में कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?

(a) कुटिलता (b) जटिलता
(c) कौटिल्य (d) कुरूपता

UP RO (Main), 2010

उत्तर : (c) कुटिलता, जटिलता, कुरूपता तीनों शब्द विशेषण हैं, जबकि कौटिल्य विशेषण नहीं है। कौटिल्य भाववाचक संज्ञा पद है।

224. 'तुम कहाँ पढ़ते हो'–में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?

(a) गुणवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) संख्यावाचक (d) संकेतवाचक

UP RO (Main), 2013

उत्तर : (b) तुम कहाँ पढ़ते हो - में प्रश्नवाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। न कि गुणवाचक, संख्यावाचक या संकेतवाचक विशेषण।

225. 'लोभी' किस विधि से निर्मित विशेषण है?

(a) संज्ञा-विधि (b) सर्वनाम-विधि
(c) क्रिया-विधि (d) प्रत्यय-विधि

UP RO (Main), 2013

उत्तर : (a) लोभी 'लोभ' संज्ञा शब्द से निर्मित विशेषण है। यह संज्ञा विधि का बोध कराता है।

226. एक वाक्य में विशेषण का प्रयोग हुआ है

(a) लड़का आता है।
(b) लड़का चने बेचता है।
(c) बच्चे चने खरीदते हैं।
(d) चने बेचकर वह लड़का लौट जाता है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : चने बेचकर वह लड़का लौट जाता है। वाक्य में विशेषण का प्रयोग हुआ है। इस वाक्य में 'वह' सार्वनामिक विशेषण है।

227. 'मानसिक' विशेषण किस मूल शब्द से बना है?

(a) मान (b) मानस
(c) मनस (d) मनिस

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : मानसिक विशेषण 'मनस्' मूल शब्द से बना है। आयोग ने इसका उत्तर 'मानस' माना है। मानसिक में 'इक' प्रत्यय एवं 'मनस्' मूल शब्द है। इक प्रत्यय जिस शब्द में लगता है उसके पहले अक्षर को या तो दीर्घ कर देता है अथवा वृद्धि कर देता है। जैसे– शब्द + इक (प्रत्यय) = शाब्दिक, दिन + इक = दैनिक, धर्म + इक = धार्मिक।

228. ''चारित्रिक'' विशेषण शब्द का मूल शब्द कौन–सा है?

(a) चरित्र (b) चित्रण
(c) चरित्रता (d) चारुत्व

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'चारित्रिक' विशेषण शब्द का मूल शब्द 'चरित्र' है। चरित्र शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से विशेषण चारित्रिक बना है। 'इक' प्रत्यय युक्त कुछ विशेषण हैं– धर्म + इक = धार्मिक, मुख + इक = मौखिक, अर्थ + इक = आर्थिक आदि।

229. ''सौर'' किस मूल शब्द से बना विशेषण है?

(a) सूर
(b) सुर
(c) सूर्य
(d) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : 'सौर' शब्द 'सूर्य' मूल शब्द से बना विशेषण है। अन्य शब्द असंगत हैं।

230. ''बैताल पचीसी'' किस विशेषण का उदाहरण है?

(a) अपूर्ण संख्यावाचक
(b) पूर्ण संख्यावाचक
(c) क्रमवाचक
(d) समुदायवाचक

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर ''बैताल पचीसी'' में समुदायवाचक विशेषण है।

@RexstarPdf

07.

क्रिया

1. परिभाषा एवं भेद

1. 'सोहन गाँव का मकान देख रहा है।' इस वाक्य में क्रिया शब्द कौन-सा है?

(a) सोहन (b) गाँव
(c) देख रहा है (d) मकान

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (c) 'सोहन गाँव का मकान देख रहा है।' इस वाक्य में क्रिया शब्द 'देख रहा है' है। जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाय, उसे 'क्रिया' कहते हैं। जैसे- पढ़ना, लिखना, खाना, पीना, देखना इत्यादि क्रिया विकारी शब्द हैं, जो रूप लिंग, वचन और कारक के अनुसार बदलते हैं।

2. जिन शब्दों से काम का करना या होना पाया जाए, उन्हें-

(a) क्रिया-विशेषण कहते हैं
(b) सर्वनाम कहते हैं
(c) क्रिया कहते हैं
(d) अपूर्ण क्रिया कहते हैं

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper
उ. प्र. पु. कांस्टेबल 25.10.2018
UPP Constable, 2017

उत्तर : (c) जिन शब्दों से कार्य का करना या होना पाया जाए, उन्हें क्रिया कहते हैं। क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं। मूल धातु में प्रत्यय लगाकर क्रिया का निर्माण किया जाता है।

जैसे-	धातु	क्रिया	प्रत्यय
	पढ़	पढ़ना	ना
	दौड़	दौड़ना	ना

3. क्रिया के रूपान्तरण को कहते हैं–

(a) विशेषण (b) सर्वनाम
(c) वाच्य (d) कारक

CGPSC (Pre) 2020

उत्तर : (c) क्रिया के रूपांतरण को वाच्य कहते हैं। क्रिया मुख्यतया दो प्रकार की होती है–

1. सकर्मक क्रिया। 2. अकर्मक क्रिया।

4. रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद हैं–

(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) पाँच

UPP CONSTABLE, 2017
DSSSB प्रशासनिक अधिकारी, परीक्षा-31/05/2015
नायब तहसीलदार, 1992

उत्तर. (b) रचना की दृष्टि से क्रिया के सामान्यतः दो भेद हैं–(1) सकर्मक क्रिया और (2) अकर्मक क्रिया।

सकर्मक क्रिया–'सकर्मक क्रिया' उसे कहते हैं, जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की सम्भावना हो अर्थात् जिस क्रिया के व्यापार का संचालन तो कर्त्ता से हो, पर जिसका फल या प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु, अर्थात् कर्म पर पड़े। उदाहरणार्थ–श्याम आम खाता है। इस वाक्य में 'श्याम' कर्त्ता है, 'खाने' के साथ उसका कर्तृरूप से सम्बन्ध है। प्रश्न होता है, क्या खाता है? उत्तर है, 'आम'। यहाँ श्याम के खाने का फल 'आम' पर अर्थात् कर्म पर पड़ता है। इसलिये खाना क्रिया सकर्मक है।

अकर्मक क्रिया– जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर हो, वे अकर्मक कहलाती हैं। अकर्मक क्रियाओं का 'कर्म' नहीं होता। क्रिया का व्यापार और फल दूसरे पर न पड़कर कर्त्ता पर पड़ता है। उदाहरण के लिये - श्याम सोता है। इसमें सोना क्रिया अकर्मक है।

5. मुख्य क्रिया के अर्थ को स्पष्ट करने वाली क्रिया को क्या कहते हैं?

(a) नामबोधक क्रिया (b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) नामधातु क्रिया (d) सहायक क्रिया

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) मुख्य क्रिया के अर्थ को स्पष्ट करने वाली क्रिया को 'सहायक क्रिया' कहते हैं। **जैसे**-(है, था, रहे हैं, रहे थे) आदि।
उदाहरण-तुम खेल रहे थे।
सुरेश चिल्ला रहा है।
उपर्युक्त उदाहरण में खेलना एवं चिल्लाना मुख्य क्रिया है, जबकि रहे थे, एवं रहा है सहायक क्रिया है।

6. इनमें से क्रिया के किस रूप में कर्त्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नहीं होता ?

(a) भविष्यकालिक रूप में (b) भूतकालिक रूप में
(c) आज्ञार्थक रूप में (d) वर्तमानकालिक रूप में

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) क्रिया के 'भूतकालिक रूप में' कर्त्ता के अनुसार लिंग का परिवर्तन नहीं बल्कि कर्म के अनुसार लिंग का परिवर्तन होता है। **जैसे**– राम ने रोटी खायी थी।, सीता ने खाना खा लिया था।

7. क्रिया के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन सही है?

(a) क्रिया अविकारी शब्द है
(b) क्रियापद के उस अंश को धातु कहते हैं जो किसी क्रिया के विकारी रूपों में पाया जाता है
(c) क्रियापद के उस अंश को धातु कहते हैं जो किसी क्रिया के प्रायः सभी रूपों में पाया जाता है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर: (c) जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे 'क्रिया' कहते हैं। क्रिया का मूल 'धातु' है। 'धातु' क्रियापद के उस अंश को कहते हैं, जो किसी क्रिया के प्रायः सभी रूपों में पाया जाता है। **जैसे**- चलना = चल + ना , देखना = देख + ना आदि।

8. क्रिया के 'पद-परिचय' में इनमें से क्या-क्या होता है?

(a) क्रिया का प्रकार, वाच्य, पुरुष
(b) लिंग, वचन, काल
(c) वह शब्द जिससे क्रिया का संबंध है
(d) उपरोक्त सभी

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) क्रिया के 'पद परिचय' में क्रिया का प्रकार, वाच्य, पुरुष, लिंग, वचन, काल तथा वह शब्द जिससे क्रिया का सम्बन्ध है इत्यादि होता है। जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना व्यक्त हो उसे क्रिया कहते हैं।

9. 'टहलना एक अच्छा व्यायाम है' में 'टहलना' क्या है?

(a) क्रियात्मक संज्ञा (b) संज्ञा
(c) विशेषण (d) क्रिया

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) क्रियात्मक संज्ञा से तात्पर्य संज्ञा के उस रूप से है जिसमें क्रिया संज्ञा की तरह व्यवहार में लाई जाती है तो ऐसी क्रिया को क्रियात्मक संज्ञा कहते हैं। क्रियात्मक संज्ञा हमेशा एकवचन व पुल्लिंग रूप में होती है।
उदाहरण-टहलना एक अच्छा व्यायाम है। यहाँ पर 'टहलना' एक क्रियात्मक संज्ञा है जो एक वचन पुल्लिंग रूप में है।

10. मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया कौन-सी धातुएँ कहलाती हैं?

(a) द्विकर्मक धातु (b) साधित सकर्मक धातु
(c) संयुक्त धातु (d) समस्त धातु

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b) मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनायी गयी क्रिया 'साधित सकर्मक धातु' कहलाती है। अतः विकल्प (b) सही है।

11. 'तुम्हारा आना खुशी की बात है' वाक्य में 'आना'

(a) क्रिया है। (b) संज्ञा है।
(c) विशेषण है। (d) इनमें से कोई नहीं है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : वाक्य में 'आना' शब्द **क्रिया** के रूप में प्रयुक्त हुआ है। **क्रियाः** जिस शब्द से किसी कार्य का होना या करना पाया जाये, उसे 'क्रिया' कहते हैं। **जैसे-** खाना, जाना, रोना, सोना आदि।

2. सकर्मक क्रिया

12. निम्नलिखित में सकर्मक क्रिया वाला वाक्य नहीं हैः

(a) डाकिया पत्र लाया (b) सीमा ने गाना गाया।
(c) सिपाही ने चोर को पकड़ा (d) लड़का सोता है।

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर: (d) 'लड़का सोता है।' सकर्मक क्रिया वाला वाक्य नहीं है। क्योंकि वाक्य में 'सोना' अकर्मक क्रिया है। शेष विकल्पों के वाक्य सकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं।

13. निम्नलिखित में से, किस वाक्य में अकर्मक क्रिया नहीं है?

(a) सूरजभान आता है। (b) सरोज खाती है।
(c) राहुल काम करता है। (d) मोहन खाएगा।

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) राहुल काम करता है। वाक्य में अकर्मक क्रिया नहीं है। जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर हो, तो वे 'अकर्मक क्रिया' कहलाती है। अतः दिये गये वाक्य में सकर्मक क्रिया है, क्योंकि क्रिया के व्यापार का फल कर्म पर पड़ रहा है।

14. यह किस क्रिया के उदाहरण हैं?

1. 'सुरेश ने फल खरीदे।'
2. 'राम ने रावण को मारा।'

(a) अकर्मक क्रिया (b) नकारात्मक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर: (d) दिए हुए प्रश्न में दोनों वाक्य 'सकर्मक क्रिया' के उदाहरण हैं।
सकर्मक क्रिया– वाक्य में जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की प्रधानता होती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
उदाहरण- (i) सुरेश ने फल खरीदे।
(ii) राम ने रावण को मारा।

15. निम्न में से किस विकल्प में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(a) सिपाही तेज दौड़ता है।
(b) सिपाही युद्ध में लड़ता है।
(c) सिपाही चोर को पकड़ता है।
(d) सिपाही बहुत कम सोता है।

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य 'सिपाही चोर को पकड़ता है' में सकर्मक क्रिया है। सकर्मक क्रिया उसे कहते हैं, जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की संभावना हो, अर्थात् जिस क्रिया के व्यापार का संचालन तो कर्त्ता से हो,पर जिसका फल या प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु अर्थात् कर्म पर पड़े। जैसे– श्याम आम खाता है। इस वाक्य में 'श्याम' कर्त्ता है, खाने के साथ उसका कर्तृरूप से सम्बन्ध हैं।

16. 'राम सेब खाता है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) पूर्वकालिक क्रिया (b) सकर्मक क्रिया
(c) अकर्मक क्रिया (d) अनेकार्थक क्रिया

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

Ans. (b): 'राम सेब खाता है।' इस वाक्य में 'सकर्मक क्रिया' है। जिस वाक्य में क्रिया का परिणाम 'कर्म' पर पड़ता है, अर्थात जिस क्रिया के साथ कर्म होता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।

@RexstarPdf

17. जिस क्रिया का फल कर्त्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़े, उसे कौन-सी क्रिया कहते हैं?

(a) सकर्मक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a): जिस क्रिया का फल कर्त्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़े, उसे 'सकर्मक क्रिया' कहते हैं।
जैसे- राम आम खाता है।
मोहन साईकिल चलाता है।
उपर्युक्त उदाहरण में 'आम' और 'साईकिल' कर्म है तथा 'खाना' और 'चलाना' क्रिया के रूप में प्रयुक्त हुए हैं।

18. 'मोहन किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है ?

(a) पूर्वकालिक क्रिया (b) सकर्मक क्रिया
(c) अनेकार्थक क्रिया (d) अकर्मक क्रिया

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'मोहन किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में क्रिया के रूप में 'सकर्मक क्रिया' का प्रयोग किया गया है।
जिस वाक्य के क्रिया का सम्पादन तो कर्त्ता द्वारा किया जाता है, किन्तु उसका परिणाम कर्म पर पड़ता है, वह वाक्य सकर्मक क्रिया का वाक्य कहलाता है।

19. 'मोहन बाजार पहुँच गया।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) अनेकार्थक क्रिया (b) पूर्वकालिक क्रिया
(c) अकर्मक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(d) 'मोहन बाजार पहुँच गया।' इस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग किया गया है। इस वाक्य में बाजार कर्म है तथा पहुँचना क्रिया है। जिस वाक्य में क्रिया का परिणाम कर्म पर पड़ता हो, वह वाक्य सकर्मक क्रिया का वाक्य कहलाता है।

20. 'सीता गाना गा रही है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) पूर्वकालिक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) अनेकार्थक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'सीता गाना गा रही है।' यह वाक्य 'सकर्मक क्रिया' का वाक्य है। जिस वाक्य में कर्म उपस्थित होता है तथा क्रिया का प्रभाव 'कर्म' पर पड़ता है, वह वाक्य सकर्मक क्रिया का वाक्य होता है।
जैसे- राम फल खा रहा है।
सीता गाना गा रही है।

21. इनमें से सकर्मक क्रिया का वाक्य कौन-सा है?

(a) बालक खिलौना पाकर हँसता है
(b) बालिका निबंध लिख रही है।
(c) मंदाकिनी सोती है।
(d) पक्षी आकाश में उड़ते हैं।

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b) जिस क्रिया का प्रभाव कर्त्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़ता है उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
जैसे- बालिका निबंध लिख रही है।
श्याम फिल्म देख रहा है।

22. 'श्याम बाजार जा रहा है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) पूर्वकालिक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया (d) अनेकार्थक क्रिया

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (c) 'श्याम बाजार जा रहा है।' इस वाक्य में 'सकर्मक क्रिया' का प्रयोग हुआ है। जिस वाक्य में कर्त्ता द्वारा किए गए कार्य का परिणाम कर्म पर पड़ता है वह वाक्य सकर्मक क्रिया का वाक्य कहलाता है।
उदाहरण – श्याम बाजार जा रहा है।
इस वाक्य में कर्त्ता (श्याम) द्वारा 'जाने' की क्रिया हो रही है जिसका परिणाम कर्म (बाजार) पर पड़ रहा है। अतः इस वाक्य में सकर्मक क्रिया है।

23. इनमें से सकर्मक क्रिया का उदाहरण कौन-सा है?

(a) श्याम बहुत तेज़ दौड़ता है (b) मोहन खाता है
(c) सोहन केला खाता है (d) राम तेज़ दौड़ता है

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'सोहन केला खाता है।' सकर्मक क्रिया का उदाहरण है। सकर्मक क्रिया–जो क्रिया कर्म के साथ आती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। शेष अकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं।

24. 'राम श्याम की किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) अकर्मक क्रिया
(b) अनेकार्थक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया
(d) सकर्मक क्रिया

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'राम श्याम की किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में 'सकर्मक क्रिया' का प्रयोग किया गया है।

25. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया है?

(a) राम दौड़ा (b) मैं रुक गया
(c) उसने कार बेच दी (d) खिलौना टूट गया

(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)

उत्तर. (c) : 'उसने कार बेच दी' में सकर्मक क्रिया स्पष्ट होती है। अन्य वाक्य 'राम दौड़ा', 'मैं रुक गया', 'खिलौना टूट गया' अकर्मक क्रिया सम्बन्धी वाक्य हैं।

26. 'बालक इस पुस्तकालय में पढ़ रहा है।' वाक्य में..... क्रिया है।

(a) संयुक्त (b) सहायक
(c) अकर्मक (d) सकर्मक

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

@RexstarPdf

उत्तर. (d): 'बालक इस पुस्तकालय में पढ़ रहा है।' वाक्य में सकर्मक क्रिया है। वे क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता होती है (अर्थात् इन क्रियाओं का असर सीधा कर्म पर पड़ता है), सकर्मक क्रिया कहलाती हैं। जैसे–राम फल खाता है, अंकित टी.वी. देख रहा है। 'पढ़ना' क्रिया का सम्पादन बिना कर्म (पुस्तक) के सम्भव नहीं है। अतः 'पढ़ना' सकर्मक क्रिया है।

27. यदि 'उजड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया क्या होगी?

(a) उजड़वाना (b) उजाड़ देना
(c) उजाड़ना (d) उजाड़

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) यदि 'उजड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया उजाड़ना होगी। जैसे–
(1) घोसला उजड़ गया। (अकर्मक क्रिया)
(2) दिनेश ने पक्षियों के घोसलों को उजाड़ दिया। (सकर्मक क्रिया)

28. 'मोहन पिताजी को पत्र लिख रहा है।' वाक्य में क्रिया का ..... भेद प्रयुक्त हुआ है। रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प कौन-सा है?

(a) प्रेरणार्थक (b) नामधातु
(c) अकर्मक (d) सकर्मक

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (d) सकर्मक क्रिया- सकर्मक क्रिया उसे कहते हैं, जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की सम्भावना हो। जैसे- मोहन पिताजी को पत्र लिख रहा है।

29. निम्नलिखित में सकर्मक क्रिया छाँटिए :

(a) चलना (b) सोना
(c) मुस्कुराना (d) लिखना

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'लिखना' सकर्मक क्रिया है। शेष शब्द चलना, सोना, मुस्कुराना अकर्मक क्रियाएँ हैं। सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं की पहचान 'क्या', 'किसे', 'किसको' आदि प्रश्न करने से होती है। यदि कुछ उत्तर मिले तो क्रिया सकर्मक और यदि उत्तर न मिले तो क्रिया अकर्मक मानी जाती है। 'लिखना' शब्द में क्या प्रश्न पूछने से उत्तर प्राप्त होता है, अन्य शब्दों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होगा।
सकर्मक क्रिया– ऐसी क्रिया जिनका कर्म हो या कर्म होने की संभावना हो, सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।
अकर्मक क्रिया– जिन क्रियाओं का व्यापार तथा परिणाम कर्त्ता पर ही पड़ता हो, वे अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

30. यदि 'मुड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया क्या होगी?

(a) मोड़ (b) मुड़ जाना
(c) मोड़ना (d) मुड़वाना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में 'मुड़ना' अकर्मक क्रिया है। इसकी सकर्मक क्रिया 'मोड़ना' होगी। शेष 'मोड़' संज्ञा, 'मुड़ जाना' संयुक्त क्रिया तथा 'मुड़वाना' प्रेरणार्थक क्रिया है।

31. निम्नलिखित वाक्यों में एक में सकर्मक क्रिया है-

(a) रेलगाड़ी चली। (b) लड़का सोता है।
(c) चिड़िया उड़ती है। (d) विद्यार्थी लिखता है।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'विद्यार्थी लिखता है' में सकर्मक क्रिया है। अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं। ऐसी क्रिया जिसमें कर्म अपेक्षित हो सकर्मक क्रिया कहलाती है।

3. अकर्मक क्रिया

32. जिस क्रिया से सूचित होने वाला व्यापार कर्त्ता करे और उसका फल कर्त्ता पर ही पड़े उसे _____ क्रिया कहते हैं।

(a) व्युत्पन्न (b) अकर्मक
(c) सम्मिश्र (d) सकर्मक

High Court RO 2021
कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (b) : जिस क्रिया से सूचित होने वाला व्यापार कर्त्ता करे और उसका फल कर्त्ता पर ही पड़े उसे 'अकर्मक' क्रिया कहते हैं।

33. निम्नलिखित में से किस वाक्य की क्रिया अकर्मक है?

(a) दीना निबंध लिखता है।
(b) पक्षी उड़ रहे हैं।
(c) सुरेश सामान उठाता है।
(d) रोहित बलराम को खिला रहा है।

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्यों में 'पक्षी उड़ रहे हैं' वाक्य की क्रिया अकर्मक है। जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर पड़े, वे अकर्मक क्रिया कहलाती हैं। अकर्मक क्रियाओं का कर्म नहीं होता, क्रिया का व्यापार और फल दूसरे पर न पड़कर स्वयं कर्त्ता पर पड़ता है।
जैसे- 1. बच्चा सो रहा है।
2. श्याम हँस रहा है।

34. दिए गए वाक्य में क्रिया ज्ञात कीजिए।
श्याम सोता है।

(a) प्रेरणार्थक (b) सकर्मक
(c) पूर्वकालिक (d) अकर्मक

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) दिए गए वाक्य 'श्याम सोता है' में अकर्मक क्रिया है।
अकर्मक क्रिया - जिस क्रिया का फल कर्त्ता पर पड़ता है। वह क्रिया अकर्मक क्रिया कहलाती है।

35. दिए गए वाक्य में क्रिया ज्ञात कीजिए।
शिशु रो रहा है।

(a) सकर्मक (b) पूर्वकालिक
(c) संयुक्त (d) अकर्मक

DSSSB PRT 24.03.2022 (Shift-III)
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

Ans. (d): दिए गए वाक्य 'शिशु रो रहा है' में अकर्मक क्रिया होगी।
क्रिया - वाक्य के जिस पद से किसी कार्य के होने या करने का बोध होता है, उस पद को क्रिया कहते हैं।

@RexstarPdf

अकर्मक क्रिया - जिस क्रिया के पूर्ण होने या व्यक्त होने के लिए वाक्य में कर्म की आवश्यकता नहीं पड़ती उसे 'अकर्मक क्रिया' कहा जाता है।

36. अकर्मक क्रिया में इनमें से किस पर प्रभाव पड़ता है?

(a) धातु पर (b) कर्त्ता पर
(c) कर्म पर (d) क्रिया पर

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) क्रिया- जो शब्द किसी कार्य के करने या होने का बोध कराते हैं क्रिया कहलाते हैं। कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं।

अकर्मक क्रिया- जहाँ वाक्य में कर्म नहीं होता है वहाँ अकर्मक क्रिया होती है। **जैसे**- हँसना, रोना, सोना, उठना आदि।

सकर्मक क्रिया- जिस वाक्य में कर्म होता है उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। **जैसे**- गीता क्रिकेट खेलती है।

37. 'सीता सोयी है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) पूर्वकालिक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) अनेकार्थक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'सीता सोयी है।' इस वाक्य में अकर्मक क्रिया है। रचना की दृष्टि से क्रिया के दो भेद होते हैं–1. अकर्मक क्रिया, 2. सकर्मक क्रिया। जिन क्रियाओं का परिणाम स्वयं कर्त्ता पर पड़ता है वे अकर्मक क्रिया तथा जिन क्रियाओं का परिणाम कर्म पर पड़ता है उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं।

38. इनमें से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?

(a) चालक गाड़ी चलाता है (b) मां स्वेटर बुनती है
(c) रामू खाना खा रहा है (d) श्याम हँसता है

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'श्याम हँसता है' में अकर्मक क्रिया है। जिस क्रिया का फल स्वयं कर्त्ता पर पड़ता है वह क्रिया अकर्मक क्रिया कहलाती है। इस क्रिया में कर्म का अभाव होता है। **जैसे**- श्याम सोता है, राजेश दौड़ता है।

39. 'मनोहर सो रहा है' वाक्य में क्रिया का भेद कौन-सा होगा?

(a) अकर्मक (b) प्रेरणार्थक
(c) द्विकर्मक (d) सकर्मक

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर :(a) 'मनोहर सो रहा है'- वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है।

क्रिया - जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे क्रिया कहते हैं।

कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं।

(1) सकर्मक क्रिया (2) अकर्मक क्रिया

जिस वाक्य में कर्म की अनुपस्थिति होती है तथा क्रिया का परिणाम स्वयं कर्त्ता पर पड़ता है वह वाक्य अकर्मक क्रिया का वाक्य कहलाता है। **जैसे-** राजू रो रहा है।

40. 'राम हँसता है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?

(a) सकर्मक क्रिया (b) पूर्वकालिक क्रिया
(c) अकर्मक क्रिया (d) अनेकार्थक क्रिया

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

Ans. (c) : 'राम हँसता है।' इस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' का प्रयोग हुआ है। 'जिस वाक्य में क्रिया का परिणाम स्वयं कर्त्ता पर पड़ता है कर्म पर नहीं, वह अकर्मक क्रिया का वाक्य कहलाता है।
जैसे → राम हँसता है।
सीता नाच रही है।

41. 'मीरा जोर से हँसी' यह वाक्य किस क्रिया का समुचित उदाहरण है?

(a) अकर्मक (b) प्रेरणार्थक
(c) द्विकर्मक (d) सकर्मक

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर. (a) : 'मीरा जोर से हँसी' यह वाक्य अकर्मक क्रिया का समुचित उदाहरण है। ऐसी क्रियाएँ जिसका प्रभाव कर्त्ता पर पड़े तथा उसके सम्पादन हेतु कर्म की आवश्यकता न हो, अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं। यहाँ 'हँसने' का प्रभाव केवल मीरा (कर्त्ता) पर पड़ रहा है; अतः यहाँ अकर्मक क्रिया है।

42. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?

(a) पानी बरस रहा है।
(b) मैं गेहूँ पिसवाता हूँ।
(c) श्याम निबंध लिखता है।
(d) राम मोहन को रुला रहा है।

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) : जिस क्रिया के व्यापार का फल कर्त्ता पर पड़ता है तथा कर्म साथ में नहीं होता उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं। अतः 'पानी बरस रहा है' में अकर्मक क्रिया है।

43. 'चिड़िया आकाश में उड़ रही है।' इस वाक्य में 'उड़ रही' क्रिया किस प्रकार की है?

(a) अकर्मक (b) सकर्मक
(c) समापिका (d) असमापिका

[लेखपाल भती परीक्षा 2008]

उत्तर : (a) 'चिड़िया आकाश में उड़ रही है' वाक्य में 'उड़ रही' अकर्मक क्रिया का बोध कराती है। वाक्य में ऐसी क्रिया जिसे अर्थ को स्पष्ट करने के लिए कर्म की आवश्यकता नहीं पड़ती उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

44. निम्नलिखित में से अकर्मक क्रिया का उदाहरण है:-

(a) विद्यार्थी पुस्तक पढ़ रहा है।
(b) हवा चल रही है।
(c) वे गीत गा रहे हैं।
(d) खिलाड़ी हाकी खेल रहे हैं।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : हवा चल रही है। अकर्मक क्रिया है जबकि अन्य वाक्य सकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं। अकर्मक क्रियाओं में क्रिया का प्रभाव कर्त्ता पर पड़ता है। जबकि सकर्मक क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है।

@RexstarPdf

45. निम्नलिखित वाक्यों में से एक में अकर्मक क्रिया है-

(a) लड़का खेलता है। (b) बच्चे पढ़ते हैं।
(c) लड़की रोती है। (d) किसान बोता है।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'लड़की रोती है' वाक्य में अकर्मक क्रिया है। जिस क्रिया का प्रभाव कर्म पर न पड़कर स्वयं कर्त्ता पर ही पड़ता है उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

4. द्विकर्मक क्रिया

46. 'मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ' इस वाक्य में कितने कर्म हैं?

(a) एक (b) तीन
(c) दो (d) पाँच

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ' इस वाक्य में दो कर्म हैं। जिन सकर्मक क्रियाओं में दो कर्म होते हैं, उन्हें द्विकर्मक क्रिया कहते हैं **जैसे**- मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ।
इस वाक्य में 'लड़का' तथा 'वेद' दोनों कर्म हैं।

47. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो क्रिया के भेद वाला सही विकल्प है। दीपा ने गाय को चारा खिलाया।

(a) नामधातु (b) द्विकर्मक क्रिया
(c) प्रेरणार्थक (d) कृदंत

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) प्रश्नगत वाक्य 'दीपा ने गाय को चारा खिलाया' में द्विकर्मक क्रिया है। कुछ क्रियाएँ दो कर्म वाली होती हैं। प्रश्नगत वाक्य में दो कर्म हैं- 'गाय को' और 'चारा'। एक कर्म बहुधा पदार्थ वाचक 'चारा' होता है और उसे मुख्य कर्म कहते हैं, और दूसरा कर्म जो बहुधा प्राणिवाचक (गाय को) होता है, गौण कर्म कहलाता है।

5. प्रेरणार्थक क्रिया

48. 'मैंने नौकर से खाना बनवाया।' वाक्य में कौन-सी क्रिया है?

(a) सकर्मक
(b) प्रेरणार्थक
(c) अकर्मक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'मैंने नौकर से खाना बनवाया।' वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया है। जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्त्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे प्रेरणार्थक क्रियाएं कहलाती हैं। जैसे- काटना- से कटवाना, करना से कराना आदि।

49. निम्नलिखित शब्दों में प्रेरणार्थक क्रिया है

(a) चलना (b) दिलवाना
(c) जीना (d) लिखना

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में 'दिलवाना' प्रेरणार्थक क्रिया है। जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्त्ता स्वयं कार्य न करके किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे प्रेरणार्थक क्रियाएँ कहलाती हैं। प्रेरणार्थक क्रियाओं के दो रूप हैं- जैसे- 'गिरना' से गिराना और गिरवाना। 'देना' से दिलाना और दिलवाना। 'लिखना' से लिखाना और लिखवाना।

50. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो क्रिया के भेद वाला सही विकल्प हो। शिक्षक ने विद्यार्थी से पुस्तक पढ़वाई।

(a) प्रेरणार्थक क्रिया (b) नामधातु क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया (d) संयुक्त क्रिया

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)
DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) प्रेरणार्थक क्रिया– ऐसी क्रियायें जिनके प्रयोग से यह पता चले कि कर्त्ता स्वयं कार्य न करके किसी और से कार्य करवा रहा है या कार्य करने की प्रेरणा दे रहा है तो उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं।
जैसे– शिक्षक ने विद्यार्थी से पुस्तक पढ़वायी।

51. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो क्रिया के भेद वाला सही विकल्प हो। मालिक नौकर से सफाई करवाता है।

(a) संयुक्त क्रिया (b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया (d) सामान्य क्रिया

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

Ans. (b) : मालिक नौकर से सफाई करवाता है, में क्रिया के प्रेरणार्थक क्रिया का बोध होता है।
प्रेरणार्थक क्रिया - जिस क्रिया से यह पता चले कि कर्त्ता स्वयं कार्य न करके दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है वे प्रेरणार्थक क्रिया कहलाती हैं।
जैसे - करवाना, कटवाना, चलवाना आदि।

52. राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है–इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा रूप है?

(a) संयुक्त क्रिया (b) पूर्णकालिक क्रिया
(c) अपूर्ण क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
नायब तहसीलदार परीक्षा, 1992

Ans. (d) : 'राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है।' इस वाक्य में क्रिया का प्रयोग 'प्रेरणार्थक क्रिया' के रूप में किया गया है।
जिस क्रिया से इस बात का बोध होता है, कि कर्त्ता स्वयं कार्य न करके किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। वह प्रेरणार्थक क्रिया कहलाती है।

जैसे–	लिखना	–	लिखाना, लिखवाना
	खाना	–	खिलाना, खिलवाना
	काटना	–	कटाना, कटवाना

53. 'माँ ने पिताजी से सामान मँगवाया' यहाँ क्रिया का कौन-सा रूप है।

(a) अकर्मक क्रिया (b) आज्ञार्थक क्रिया
(c) द्विकर्मक क्रिया (d) प्रेरणार्थक

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (d) 'माँ ने पिता जी से सामान मँगवाया' यहाँ प्रेरणार्थक क्रिया का रूप प्रयुक्त है। जब कर्त्ता स्वयं क्रिया का सम्पादन न करके किसी अन्य के द्वारा उसे पूर्ण कराता है तो ऐसी क्रिया को प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं। 'ना' व 'वाना' प्रत्यय का प्रयोग करके इस क्रिया का निर्माण किया जाता है। जैसे–हटवाना, पकवाना, मँगवाना, जगाना, सुलाना, दबवाना, लिखवाना, पढ़वाना आदि।

54. प्रेरणार्थक क्रिया है–

(a) गिरना (b) बोलना
(c) सुनाना (d) कहना

UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift
DSSSB PGT - 23.07.2018

उत्तर : (c) जब कर्त्ता किसी कार्य को स्वयं न करके किसी दूसरे को कार्य करने की प्रेरणा दे, तो उस क्रिया को प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं। इस प्रकार की क्रिया अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं से बनती है। धातु 'आना' जोड़ने से प्रथम प्रेरणार्थक एवं 'वाना' जोड़ने से द्वितीय प्रेरणार्थक रूप बनते हैं। जैसे–

मूल धातु	प्रथम प्रेरणार्थक रूप	द्वितीय प्रेरणार्थक रूप
कर	कराना	करवाना
सुन	सुनाना	सुनवाना
खा	खिलाना	खिलवाना

55. यदि 'दौड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी प्रेरणार्थक क्रिया क्या होगी?

(a) दौड़वाना (b) रुकना
(c) दौड़ाना (d) दौड़

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) 'दौड़ना' एक अकर्मक क्रिया है, जिसकी प्रेरणार्थक क्रिया 'दौड़वाना' होगी प्रेरणार्थक क्रियाएँ अकर्मक एवं सकर्मक दोनों क्रियाओं से बनती हैं। आना, लाना, वाना .... जोड़ने से प्रेरणार्थक क्रियाएँ बनती हैं। जैसे–

	क्रिया		प्रेरणार्थक क्रिया
1.	उठना	–	उठवाना
2.	सोना	–	सुलवाना
3.	पीना	–	पिलवाना
4.	दौड़ना	–	दौड़वाना

56. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया कौन सी है?

(a) उठना (b) उड़ना (c) दिलाना (d) चलना

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (c) प्रस्तुत विकल्पों में प्रेरणार्थक क्रिया 'दिलाना' है। जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्त्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे 'प्रेरणार्थक क्रियाएँ' कहलाती हैं।

57. यदि 'ओढ़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया क्या होगी?

(a) ओढ़वाना (b) उढ़ाना
(c) ओढ़ (d) उढ़वाना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'ओढ़ना' अकर्मक क्रिया की प्रेरणार्थक क्रियाएँ निम्न हैं–

अकर्मक क्रिया–	प्रथम प्रेरणार्थक	द्वितीय प्रेरणार्थक
ओढ़ना	उढ़ाना	उढ़वाना

58. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है :

(a) उठना (b) चमकना
(c) गिराना (d) देना

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'गिराना' शब्द प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है। प्रेरणार्थक क्रियाएँ सकर्मक तथा अकर्मक दोनों क्रियाओं द्वारा बनती हैं। 'आना' जोड़ने से प्रथम प्रेरणार्थक तथा 'वाना' जोड़ने से द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया बनती है। जैसे– कर– कराना (प्रथम प्रेरणार्थक), करवाना (द्वितीय प्रेरणार्थक)।

59. 'जागना' मूल रूप क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक रूप क्या होगा?

(a) जगाना (b) जगवाना
(c) जागवाना (d) जाग

DSSSB TGT SCIENCE, 29/09/2018, II Sift
UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (a) जब कर्त्ता किसी कार्य को स्वयं न करके किसी अन्य को कार्य करने की प्रेरणा दे तो उस क्रिया को प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं।

	क्रिया (मूल रूप)	प्रेरणार्थक क्रिया (प्रथम)	प्रेरणार्थक क्रिया (द्वितीय)
1.	करना	कराना	करवाना
2.	दौड़ना	दौड़ाना	दौड़वाना
3.	जागना	जगाना	जगवाना
4.	सोना	सुलाना	सुलवाना
5.	पढ़ना	पढ़ाना	पढ़वाना

6. पूर्वकालिक क्रिया

60. 'पंडित जी हवन करा कर कथा कह रहे हैं' में 'करा कर' में कौन सी क्रिया है?

(a) संयुक्त क्रिया
(b) नामधातु क्रिया
(c) मुख्य क्रिया
(d) पूर्वकालिक क्रिया

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्य 'पंडित जी हवन करा कर कथा कह रहे हैं' में ' करा कर' में पूर्वकालिक क्रिया है।

पूर्वकालिक क्रिया - जब कर्त्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त होता है, तब पहली क्रिया 'पूर्वकालिक' कहलाती है।

@RexstarPdf

जैसे- उसने नहाकर भोजन किया। इसमें 'नहाकर' पूर्वकालिक क्रिया है, क्योंकि इससे 'नहाने की क्रिया' की समाप्ति के साथ ही भोजन करने की क्रिया का बोध होता है।

61. 'चोर उठ भागा'- यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है?

(a) संयुक्त क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) वाक्य 'चोर उठ भागा' पूर्वकालिक क्रिया का उदाहरण है। पूर्वकालिक का अर्थ- 'पहले से हुआ' है। जब कर्त्ता एक कार्य को समाप्त करके तुरंत दूसरे कार्य में लग जाता है तब जो क्रिया पहले ही समाप्त हो जाती है उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं।

62. जब कर्त्ता एक काम समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो जाए तो उस पहली क्रिया को क्या कहते हैं?

(a) सहायक क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) इनमें से कोई नहीं (d) पूर्वकालिक क्रिया

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर : (d) जब कर्त्ता एक काम समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो जाए तो उस पहली क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं।
जैसे- वह पढ़ कर सो गया।
सीमा खेल कर थक गई।

63. 'अब पढ़कर क्या होगा'-इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है?

(a) प्रेरणार्थक क्रिया
(b) संयुक्त क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया
(d) द्विकर्मक क्रिया

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) : 'अब पढ़कर क्या होगा' वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया है। जब कर्त्ता एक क्रिया समाप्त कर दूसरी क्रिया प्रारम्भ करता है तब पहली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया होती है। जैसे–उसने नहाकर भोजन किया। इसमें नहाकर पूर्वकालिक क्रिया है; क्योंकि इसमें नहाने की क्रिया की समाप्ति के साथ ही भोजन करने की क्रिया का बोध होता है।

64. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य में क्रिया के भेद वाला सही विकल्प है-
रोहन चाय पीकर बैठ गया।

(a) प्रेरणार्थक (b) नामधातु
(c) पूर्वकालिक (d) संयुक्त

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (c) जब कर्त्ता एक क्रिया को समाप्त करके तत्काल किसी दूसरी क्रिया को आरंभ करता है, तब पहली क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं।
वाक्य 'रोहन चाय पीकर बैठ गया' में पूर्वकालिक क्रिया है।

7. नामबोधक क्रिया

65. हथियाना, चिकनाना किस प्रकार की क्रिया है?

(a) नामधातु क्रिया
(b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) यौगिक क्रिया
(d) संयुक्त क्रिया

लोअर-I परीक्षा 2015
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) हथियाना, चिकनाना नामधातु क्रिया है।
नामधातु क्रिया:– संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण से मिलकर बनने वाली क्रिया नामधातु क्रिया कहलाती है। जैसे– हाथ से हथियाना, बात से बतियाना, चिकना से चिकनाना आदि।

66. निम्नलिखित में नामधातु क्रिया का प्रयोग किस विकल्प में है?

(a) माँ नौकरानी से बर्तन धुलवाती है।
(b) उसने मेरी सारी संपत्ति हथिया ली।
(c) मोर नाच रहा है।
(d) मैं कपड़े धो कर खेलने गया।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (b) 'उसने मेरी सारी सम्पत्ति हथिया ली।' इस वाक्य में नाम धातु क्रिया का प्रयोग किया गया है।
'संज्ञा या विशेषण से बनने वाली धातु क्रिया को नामधातु क्रिया कहते हैं।
जैसे –
हाथ – हथियाना
लात – लतियाना
गरम – गरमाना

67. जो क्रिया संज्ञा या विशेषण से बनती है उसे क्या कहते हैं?

(a) मूल धातु (b) नाम धातु
(c) संयुक्त क्रिया (d) द्विकर्मक धातु

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) जो क्रिया संज्ञा या विशेषण से बनती है उसे नाम धातु कहते हैं
जैसे- निराश होना → (विशेषण + क्रिया)
लाठी मारना → (संज्ञा + क्रिया)

68. कौन-सा संयुक्त क्रिया का भेद नहीं है?

(a) अवकाशबोधक
(b) निश्चयबोधक
(c) नित्यताबोधक
(d) नामबोधक

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d): नामबोधक संयुक्त क्रिया का भेद नहीं है। अन्य अवकाशबोधक, निश्चयबोधक, नित्यताबोधक संयुक्त क्रिया के भेद हैं।

@RexstarPdf

8. अन्य

69. दिए गए वाक्य की वृत्ति ज्ञात कीजिए।
तुम्हें कार बिल्कुल नहीं मिलेगी।
(a) निश्चियार्थक
(b) आज्ञार्थक
(c) सामर्थ्य सूचक
(d) संकेतार्थक

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) दिए गए वाक्य 'तुम्हें कार बिल्कुल नहीं मिलेगी' में निश्चयार्थक वृत्ति होगी।
निश्चयार्थ वृत्ति – क्रिया के जिस रूप से सत्य या असत्य की जांच की जा सकती हो अर्थात् क्रिया सूचना प्रदान हो।

70. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो क्रिया के भेद वाला सही विकल्प हो।
वह मेरे घर आया करता है।
(a) नामधातु क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) सामान्य क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) उपर्युक्त वाक्य में संयुक्त क्रिया है।
संयुक्त क्रिया– जब दो या दो से अधिक भिन्न अर्थ की क्रियाएं मिलकर किसी पूर्ण क्रिया को बनाती हैं तब उन्हें संयुक्त क्रिया कहते हैं।
जैसे– वह मेरे घर आया करता है।
रोहित ने खाना खा लिया।

71. इनमें से किस वाक्य में 'सजातीय क्रिया' का प्रयोग है?
(a) जीना एक कला है
(b) पक्षी डाल पर चहचहाते हैं
(c) वह अनेक बोलियाँ बोलता है
(d) राम खेलकर चला गया

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) वाक्य 'वह अनेक बोलियाँ बोलता है।' में सजातीय क्रिया है। वे क्रियाएँ जहाँ कर्म तथा क्रिया दोनों एक ही धातु से बनकर साथ-साथ प्रयुक्त होती हैं उन्हें सजातीय क्रिया कहते हैं।
जैसे-हमने खाना खाया।

72. 'राम ने खाना खाया होगा' में 'खाया होगा' में कौन सी क्रिया है?
(a) अपूर्ण भूत (b) संदिग्ध भूत
(c) हेतुहेतुमद्भूत (d) आसन्न भूत

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : 'राम ने खाना खाया होगा' में 'खाया होगा' संदिग्ध भूतकाल की क्रिया है।

73. सड़कें चौड़ी बनाई गईं। इसमें चौड़ी क्या है?
(a) सहायक कर्ता (b) पूरक
(c) मुख्य क्रिया (d) पूरक कर्ता

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : 'सड़कें चौड़ी बनाईं गईं।' इस वाक्य में 'चौड़ी' पूरक शब्द है। पूरक शब्द ऐसे शब्द होते हैं, जो वाक्य में प्रयुक्त होकर वाक्य के अर्थ को पूर्णता प्रदान करते हैं। जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना व्यक्त हो, उन्हें क्रिया कहते हैं। इन्हीं को वाक्य में मुख्य क्रिया भी कहते हैं। जैसे–रोना, खाना, पढ़ना इत्यादि।

74. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो पक्ष के भेद का सही विकल्प हो।
दीपा लगातार पढ़ाई करती थी, इसलिए कक्षा में प्रथम आई।
(a) अभ्यासद्योतक पक्ष
(b) नित्यताद्योतक पक्ष
(c) प्रगतिद्योतक पक्ष
(d) पूर्णताद्योतक पक्ष

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य 'दीपा लगातार पढ़ाई करती थी, इसलिए कक्षा में प्रथम आई।' में अभ्यासद्योतक पक्ष प्रस्तुत है। क्रिया के जिस रूप से क्रिया व्यापार का बोध होता है, उसे क्रिया का पक्ष कहते हैं। इस क्रिया व्यापार को दो दृष्टियों से परिभाषित किया जाता है-
- पहली दृष्टि में क्रिया की प्रक्रिया के आरंभ होने के काल के रूप में
- दूसरी दृष्टि में क्रिया की प्रक्रिया को इकाई के रूप में

पहले प्रकार के अनुसार क्रिया के पक्ष को चार वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है।
(i) **आरंभद्योतक पक्षः-** इस पक्ष में क्रिया के आरंभ होने की स्थिति का बोध होता है; **जैसे**-अब रवि घूमने लगा है।
(ii) **सातत्यद्योतक पक्षः-** इस पक्ष में क्रिया की प्रक्रिया की निरन्तरता का बोध होता है; **जैसे-** रमा कितना स्वादिष्ट भोजन पका रही है।
(iii) **प्रगतिद्योतक पक्षः-** इसमें क्रिया की निरंतर प्रगति का बोध होता है; **जैसे**-अनीता प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।
(iv) **पूर्णताद्योतक पक्षः-** इस पक्ष के अन्तर्गत क्रिया की पूर्ण समाप्ति का ज्ञान होता है; **जैसे**-वह अब तक जा चुका होगा।
क्रिया प्रक्रिया की इकाई के रूप में निम्नवत् वर्गीकरण किया जाता है।
(i) नित्यताबोधक पक्षः- इस पक्ष के अन्तर्गत क्रिया के आद्यन्त का निश्चय नहीं हो पाता अर्थात् क्रिया सदैव एक समान बनी रहती है; **जैसे-** सूर्य के बाद ही चन्द्रमा का उदय होता है।
(ii) अभ्यासद्योतक पक्षः- इस पक्ष के अन्तर्गत क्रिया के नैसर्गिक रूप से होने की सूचना प्राप्त होती है; **जैसे-** दीपा लगातार पढ़ाई करती थी, इसलिए कक्षा में प्रथम आई।

75. जिन क्रियाओं से आज्ञा/आदेश का बोध होता हो उसे.....क्रिया कहते हैं।
(a) अपूर्ण (b) पूर्वकालिक
(c) सजातीय (d) विधि

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

@RexstarPdf

उत्तर : (d): जिन क्रियाओं से आज्ञा/आदेश का बोध होता हो उसे **विधि** क्रिया कहते हैं।

76. 'कुछ' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है?

(a) संज्ञा (b) क्रिया-विशेषण
(c) क्रिया (d) विशेषण

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) 'कुछ' शब्द का प्रयोग क्रिया के रूप में नहीं होता है, जबकि संज्ञा, क्रिया-विशेषण एवं विशेषण के रूप में प्रयोग किया जाता है।

77. क्रिया के मूल रूप को ..... कहते हैं।

(a) धातु (b) काम
(c) पुरुष (d) काल

UPSI Batch - I 12 Dec.2017
UPP CONSTABLE, 2017
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-II
UPSI, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थान में 'धातु' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं और जिससे उसके कार्य व्यापार का समय और उसकी पूर्ण अथवा अपूर्ण अवस्था का बोध हो उसे काल कहते हैं।

78. 'चूड़ी अच्छी थी' में 'थी' कौन-सी क्रिया है?

(a) योजक क्रिया (b) अधिकारद्योतक क्रिया
(c) औचित्यबोधक क्रिया (d) अप्रत्यक्ष क्रिया

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर. (a) : 'चूड़ी अच्छी थी' में 'थी' योजक क्रिया है।

79. भारत कहाँ से कहाँ आ गया है ?
रेखांकित क्रिया किस भेद के अंतर्गत आएगी?

(a) उन्मुक्त (b) सकर्मक
(c) द्विकर्मक (d) संयुक्त

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (d) जब कोई क्रिया दो क्रियाओं के संयोग से बनती है, तो उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। उदाहरण –भारत कहाँ से कहाँ आ गया है? (दो क्रिया–आ, गया), चिड़ियाँ उड़ा करती है। (दो क्रिया–उड़ा, करती)

80. 'पढ़ रहा था' इसमें कौन -सी क्रिया है?

(a) संयुक्त क्रिया (b) सामान्य क्रिया
(c) पूर्वाकालिक क्रिया (d) असामान्य क्रिया

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) : 'पढ़ रहा था' इसमें संयुक्त क्रिया है। जब कोई क्रिया दो क्रियाओं के संयोग से निर्मित हो तो उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। जैसे - वह **खाने लगा**।, वह पेड़ से **कूद पड़ा**।

81. मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया-धातुएँ क्या कहलाती हैं?

(a) संयुक्त धातु (b) द्विकर्मक धातु
(c) साधित सकर्मक धातु (d) समस्त धातु

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं। धातुएँ अकर्मक एवं सकर्मक दो प्रकार की होती हैं। मूल अकर्मक धातुओं में प्रत्यय जोड़कर सकर्मक एवं प्रेरणार्थक धातुएँ बनायी जाती हैं। विकल्प में साधित सकर्मक धातु दिया गया है। अतः उत्तर के रूप में यह विकल्प सर्वाधिक उपयुक्त है। इसके अतिरिक्त दो या अधिक धातुओं के संयोग से संयुक्त धातुएँ बनती हैं। जैसे – रोने लगा, हँस चुका, पहुँच गया आदि। जिन धातुओं के संपादन में दो कर्मों की आवश्यकता होती हो, द्विकर्मक धातुएँ कहलाती हैं। जैसे – 'मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ'। यहां 'लड़का' एवं 'वेद' दो अलग-अलग कर्म हैं। अतः 'पढ़ाता हूँ' द्विकर्मक धातु हुई।

82. निम्नलिखित वाक्यों में से एक में संयुक्त क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है-

(a) लड़का रो पड़ा।
(b) हत्यारे ने मार डाला।
(c) लड़की उठ बैठी।
(d) वह क्षण भर में आएगा।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर : (d) : 'वह क्षण भर में आएगा।' वाक्य में संयुक्त क्रिया नहीं है जबकि 'रो पड़ा', 'मार डाला' और 'उठ बैठी' संयुक्त क्रिया हैं।

83. एक वाक्य में संयुक्त क्रिया का प्रयोग नहीं है

(a) राम शैया पर लेट गया।
(b) लड़का चिल्ला उठा।
(c) कुत्ते ने काट खाया।
(d) श्यामा जा रही है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर : (d) : जब कोई क्रिया दो क्रियाओं के संयोग से निर्मित होती है, तब उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। **जैसे-** वह खाना खाने लगा। अतः वाक्य 'श्यामा जा रही है।' में संयुक्त क्रिया का प्रयोग नहीं है।

84. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त एक क्रिया संयुक्त क्रिया नहीं है:

(a) लड़का दिल्ली जा रहा है।
(b) वह कॉलेज में पढ़ता है।
(c) शीला बहुत अच्छी डॉक्टर है।
(d) वह आज से वापस लौटी है।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में 'शीला बहुत अच्छी डाक्टर है।' में संयुक्त क्रिया का प्रयोग नहीं है। शेष सभी वाक्य में संयुक्त क्रिया है।

@RexstarPdf

08.

अव्यय

1. परिभाषा एवं भेद

1. 'मेरा बेटा हजारों में एक है' वाक्य में 'हजारों' है

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) क्रिया विशेषण (d) अव्यय

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : वाक्य 'मेरा बेटा हजारों में एक है' में 'हजारों' शब्द अव्यय है।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अव्यय नहीं है?

(a) जूता
(b) आज
(c) भीतर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'जूता' शब्द अव्यय नहीं है। यह जातिवाचक संज्ञा शब्द है जबकि आज, भीतर अव्यय शब्द हैं। अव्यय अविकारी शब्द हैं जिस पर लिंग, वचन तथा कारक का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

अव्यय के चार भेद होते हैं-

(i) क्रियाविशेषण अव्यय
(ii) सम्बन्धबोधक अव्यय
(iii) समुच्चयबोधक अव्यय
(iv) विस्मयादिबोधक अव्यय

3. अव्यय के लिए इनमें से कौन-सा कथन सही है?

(a) ये अविकारी होते हैं
(b) ये विकारी होते हैं
(c) ये विकारी और अविकारी दोनों होते हैं
(d) उपरोक्त से कोई नहीं

GDC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा- 2017
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)
उ. प्र. पु. कांस्टेबल 25.10.2018
[UPPSC AE 2013]
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) : अव्यय अविकारी शब्द होते हैं। अव्यय वे शब्द हैं जिनमें लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि से कोई विकार या रूप परिवर्तन नहीं होता है। वस्तुतः किसी भी स्थिति में अव्यय का रूप वैसे-का-वैसे बना रहता है। **जैसे**- गोविन्द तेज दौड़ता है। इसमें 'तेज' शब्द सभी अवस्थाओं में एक समान है। अतः अव्यय है।

4. 'वह ऐसा दौड़ा कि सब पीछे रह गये' वाक्य में 'ऐसा' है

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) संज्ञा (d) अव्यय

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : 'वह ऐसा दौड़ा कि सब पीछे रह गये' वाक्य में 'ऐसा' 'रीतिवाचक **अव्यय**' है। ये शब्द सदैव अपरिवर्तित, अविकारी रहते हैं। इनका मूल रूप स्थिर रहता है, कभी बदलता नहीं। **जैसे**- आज, किन्तु, परन्तु, तब, जरा, ऐसे, वैसे, और, क्योंकि, जो कि इत्यादि।

5. निम्न में अव्यय है–

(a) भारत (b) श्याम
(c) आह (d) दक्षिण

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'आह' अव्यय शब्द है। ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार नहीं होता, अव्यय कहलाते हैं, जैसे- हाय, वाह, शाबाश, हाँ, और, किन्तु, जब, तब, अतः इत्यादि।

6. निम्नलिखित में से अव्यय है–

(a) वर्तमान (b) नया
(c) तथा (d) सुन्दर

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'तथा' शब्द अव्यय है।

7. हमें <u>प्रतिदिन</u> सूर्य नमस्कार करना चाहिए। रेखांकित शब्द को पहचानिए।

(a) उपसर्ग (b) अव्यय
(c) सर्वनाम (d) कारक

UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift

उत्तर : (b) 'हमें <u>प्रतिदिन</u> सूर्य नमस्कार करना चाहिए' वाक्य में प्रतिदिन अव्यय है। अव्यय वे शब्द होते हैं जिनका रूप किसी भी कारक, पुरुष, लिंग, वचन के अनुसार नहीं बदलता है।

8. निम्नलिखित में से अव्यय है–

(a) प्राचीन (b) मोटा
(c) गरीब (d) और

UPP Constable 18.06.2018 Ist Shif

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'और' शब्द अव्यय है।

@RexstarPdf

9. 'वह हमेशा अपने भाई के गीत गाता रहता है।' वाक्य में अव्यय पद है।

(a) वह (b) हमेशा
(c) अपने (d) गीत

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (b) उपर्युक्त वाक्य में 'हमेशा' शब्द अव्यय है। 'वह' तथा 'अपने' सर्वनाम शब्द है तथा 'गीत' संज्ञा शब्द है।

10. वह काम नहीं करता। वाक्य में अव्यय पद है–

(a) वह (b) काम
(c) नहीं (d) करता

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (c) 'वह काम नहीं करता।' वाक्य में 'नहीं' शब्द पर लिंग, वचन, कारक आदि का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है, अतः 'नहीं' अव्यय (निपात) शब्द है।

11. निम्न में अव्यय है :

(a) उत्तर (b) ठीक
(c) जापान (d) कृष्णा

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'ठीक' शब्द अव्यय है। जिसके रूप में लिंग, वचन, कारक और पुरुष के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता उसे अव्यय कहते हैं। जैसे– जब, तब, अभी, उधर, इधर, ठीक, वाह, आह, एवं, किन्तु, परन्तु इत्यादि। शेष शब्द 'उत्तर', 'जापान' तथा 'कृष्णा' संज्ञा हैं।

12. कौन सा पद विकृत नहीं होता?

(a) संज्ञा (b) अव्यय
(c) विशेषण (d) क्रिया

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : अव्यय पद विकृत नहीं होता। **अव्यय–** अव्यय वे शब्द होते हैं जिनके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, काल, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार नहीं होता। जैसे–जब, इधर, उधर, किन्तु, परन्तु, अतः, इसलिए आदि।

13. 'मैं वहाँ होकर आया हूँ।'– वाक्य में अव्यय शब्द कौन सा है?

(a) मैं (b) वहाँ
(c) होकर (d) हूँ

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shif

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य में 'वहाँ' शब्द अव्यय है। 'अव्यय' ऐसे शब्द को कहते हैं, जिसके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता।

14. वह पढ़ता है <u>लेकिन</u> बात भी बहुत करता है।
व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द को पहचानिए :

(a) क्रिया–विशेषण (b) अव्यय
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) रेखांकित शब्द 'लेकिन' अव्यय है। जिन शब्दों के रूप लिंग, वचन, कारक आदि के कारण कोई परिवर्तन या विकार न हो, उन्हें 'अव्यय' कहते हैं।

2. क्रिया-विशेषण अव्यय

15. 'रमेश अच्छा गाता है' वाक्य में अच्छा है-

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) अव्यय (d) भाववाचक संज्ञा

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : वाक्य 'रमेश अच्छा गाता है' में अच्छा क्रिया 'गाता' की विशेषता बताता है, जो शब्द क्रिया की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है।

16. परिमाणवाचक विशेषण द्वारा किसका बोध होता है?

(a) क्रिया के होने के समय का (b) क्रिया के नाप-तौल का
(c) क्रिया के स्थान का (d) क्रिया की रीति का

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (b) परिमाणवाचक विशेषण द्वारा क्रिया के नाप–तौल का बोध होता है।

17. निम्नलिखित में से किस वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण है?

(a) इस बार बारिश में बहुत ओले पड़े।
(b) यह लड़की सुन्दर है।
(c) मैदान हरा-भरा है।
(d) तुम अच्छे खिलाड़ी हो।

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (a) ऐसे अविकारी शब्द जो हमें क्रिया के परिमाण या उसकी मात्रा या संख्या के बारे में बताते हैं, वे शब्द परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं **जैसे**-'इस बार बारिश में बहुत ओले पड़े' वाक्य में 'बहुत' शब्द से बारिश होने की मात्रा के बारे में ज्ञात हो रहा है। अतः यह परिमाणवाचक विशेषण कहलाता है।

18. 'सरकार ने अंशतः प्रतिपूर्ति की है।'– इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) रीतिवाचक (b) कालवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (c) 'सरकार ने अंशतः प्रतिपूर्ति की है।' इसमें परिमाणवाचक क्रियाविशेषण है। यह किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराता है।
जैसे- सेर भर दूध, थोड़ा पानी, कुछ पानी, सब धन आदि।

19. ''उन्होंने पूर्णतया समर्थन किया है।''- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः(c) 'उन्होंने पूर्णतया समर्थन किया है।' वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण है। यहाँ 'पूर्णतया' शब्द मात्रा का बोध करा रहा है। अतः परिमाणवाचक क्रिया विशेषण है।

20. 'रामू थोड़ी-सी मिठाई खाओ।'- इस वाक्य में 'थोड़ी-सी' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(b) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(c) कालवाचक क्रियाविशेषण
(d) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

UP TET (28.07.2021) Nirast Class-I-V
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : रामू थोड़ी सी मिठाई खाओ। यहाँ थोड़ी सी शब्द मिठाई की मात्रा बता रहा है। अतः परिमाणवाचक क्रिया विशेषण है। परिमाण वाचक क्रियाविशेषण- ऐसे अविकारी शब्द जो हमें क्रिया के परिमाण या उसकी मात्रा, संख्या के बारे में बताते हैं, वे शब्द परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं। **जैसे**- तुम्हें अधिक खाना चाहिए। आप दिये गये उदाहरण में देख सकते हैं कि अधिक शब्द से हमें खाना खाने की मात्रा के बारे में पता चल रहा है।

21. 'अभिभावकों ने बच्चे के प्रति पर्याप्त ध्यान दिया है।'- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग किया है?

(a) रीतिवाचक (b) कालवाचक
(c) स्थानवाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'अभिभावकों ने बच्चे के प्रति पर्याप्त ध्यान दिया है।' इस वाक्य में 'परिमाणवाचक' क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है। जिस क्रियाविशेषण शब्द से परिमाण (नाप-तौल) का बोध होता है उसे परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। **जैसे**- अधिक, कम, केवल, थोड़ा-थोड़ा, कुछ, बहुत आदि।

22. 'मैं आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ।'-इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) स्थानवाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'मैं' आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ वाक्य में 'परिमाणवाचक क्रिया विशेषण' है। परिमाणवाचक वाक्य में परिमाण अंशतः (शब्द) से बोध होता है।

23. 'मंत्री जी ने हड़ताल कर रहे श्रमिकों की समस्याओं को सुनने के लिए पर्याप्त समय दिया।' - इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) रीतिवाचक (b) कालवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) 'मंत्री जी ने हड़ताल कर रहे श्रमिकों की समस्याओं को सुनने के लिए पर्याप्त समय दिया।' इस वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है। जिन अविकारी शब्दों से क्रिया के परिमाण और उसकी संख्या का पता चलता है, उसे परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं। **जैसे**–बहुत, अधिक, पूर्णतया।

24. 'मंत्री जी ने पर्याप्त समय दिया है।'- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग है?

(a) स्थानवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) कालवाचक (d) रीतिवाचक

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'मंत्री जी ने पर्याप्त समय दिया हैं' वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है।

क्रिया विशेषण - जिस शब्द से क्रिया की विशेषता का पता चलता है उसे क्रिया विशेषण कहते हैं।

अर्थ के अनुसार, इसके चार भेद हैं-

(1) परिमाणवाचक - कुछ, लगभग, पर्याप्त
(2) रीतिवाचक - शायद, ठीक, अवश्य, सही आदि।
(3) स्थानवाचक - यहाँ, वहाँ, ऊपर, नीचे आदि।
(4) कालवाचक - आज, अब, कब, निरंतर आदि।

25. 'आज हमारी बारी है।' में 'आज' कौन-सा पद हैं?

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) क्रिया (d) सर्वनाम

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) 'आज हमारी बारी है।' में 'आज' क्रिया-विशेषण पद है। वे शब्द जो हमें क्रिया की विशेषता के बारे में बताते हैं, वे क्रिया विशेषण कहलाते हैं। वाक्य 'आज हमारी बारी है' में आज कालवाचक क्रिया विशेषण है।

26. अरे! साँप कहाँ गया?
इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया विशेषण 'कहाँ' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) यौगिक क्रिया विशेषण (b) मूल क्रिया विशेषण
(c) अनुबद्ध क्रिया विशेषण (d) साधारण क्रिया विशेषण

SSC GD Constable 10-01-2023 (5:15-6:15)

उत्तर : (d) अरे! साँप कहाँ गया? में 'कहाँ' शब्द साधारण क्रिया विशेषण है। जिन क्रिया विशेषणों का प्रयोग किसी वाक्य में स्वतन्त्र होता है, उन्हें साधारण क्रिया विशेषण कहते हैं। जैसे- बेटा, जल्दी आओ।

27. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक वाक्य क्रिया-विशेषण से सम्बन्ध रखता है?

(a) वह खड़ा है। (b) बच्चे दौड़ते हैं।
(c) सीता यहाँ आ रही है। (d) गाय चरती है।

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

@RexstarPdf

उत्तरः (c) सीता यहाँ आ रही है। वाक्य क्रिया विशेषण से संबंध रख रहा है। 'यहाँ' शब्द सीता के आने की क्रिया की विशेषता बता रहा है। अतः 'यहाँ' शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण है।

28. निम्नलिखित विकल्पों में से एक वाक्य संयोजक क्रिया-विशेषण से सम्बन्ध रखता है?

(a) वह खाकर स्कूल गया।
(b) मैं जाकर देखूँगा
(c) तुम किताब खोलकर पढ़ोगे।
(d) जब आप आज्ञा देंगे, तब मैं उठूँगा।

SSC GD CONS.- 24-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (d) : जिन क्रिया विशेषणों का संबंध किसी उपवाक्य से रहता है, उन्हें 'संयोजक क्रिया विशेषण' कहा जाता है। जैसे- **जब** आप आज्ञा देंगे, **तब** मैं उठूँगा।

29. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अव्यय के भेद का सही विकल्प हो।
शिखा सुंदर लिखती है।

(a) विस्मयादिबोधक अव्यय (b) समुच्चयबोधक अव्यय
(c) संबंधबोधक अव्यय (d) क्रिया-विशेषण अव्यय

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) : क्रिया विशेषण अव्यय– किसी भी क्रिया शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया विशेषण अव्यय कहलाते हैं।
जैसे– शिखा सुन्दर लिखती है।
राम बहुत थक गया है।

30. 'परीक्षा के दिनों में छात्र दिन-रात पढ़ते हैं।' इस वाक्य में 'दिन-रात' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(b) कालवाचक क्रियाविशेषण
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 01/12/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : परीक्षा के दिनों में छात्र दिन-रात पढ़ते हैं। इस वाक्य में 'दिन-रात' 'कालवाचक' क्रियाविशेषण है। क्रिया विशेषण का वह रूप जिससे समय का बोध होता है, 'कालवाचक क्रियाविशेषण' कहलाता है। **जैसे**-आज-कल, सर्वदा, दिन-रात, बार-बार, घड़ी-घड़ी आदि।

31. 'गाँव वालों ने मिलकर यह काम पूरा किया।' - इस वाक्य में 'मिलकर' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) वाक्य 'गाँव वालों ने मिलकर यह काम पूरा किया।' में 'मिलकर' शब्द रीतिवाचक क्रिया विशेषण है। जो क्रियाविशेषण शब्द क्रिया के घटित होने की रीति से संबंधित विशेषता का ज्ञान करवाते हैं उन्हें रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं। जिससे निश्चय, अनिश्चय कारण, निषेध आदि का बोध हो, उसे 'रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

32. 'परमात्मा की कृपा सर्वत्र व्याप्त है।'- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) परिमाणवाचक (b) रीतिवाचक
(c) कालवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : स्थानवाचक क्रिया विशेषणः- जो शब्द क्रिया के होने वाले जगह का बोध कराते हैं स्थानवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं।
'परमात्मा की कृपा सर्वत्र व्याप्त है।' **'सर्वत्र'** शब्द परमात्मा की कृपा होने के स्थान का बोध करा रहा है। अतः यह शब्द स्थानवाचक क्रिया विशेषण के अन्तर्गत आएगा।

33. 'देशभर में कोरोना का प्रकोप जारी है।' - इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) रीतिवाचक (b) स्थानवाचक
(c) कालवाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
UPSI 23/11/2021 (Shift- III)

उत्तर : (b) : 'देशभर में कोरोना का प्रकोप जारी है।' इस वाक्य में स्थानवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है। जो अविकारी शब्द किसी क्रिया के संपादित होने के स्थान का बोध कराते हैं, उन्हें स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

34. 'राम और लक्ष्मण ने मिलकर यह काम पूरा किया।'- इस वाक्य में 'मिलकर' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(b) कालवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'राम और लक्ष्मण ने मिलकर यह काम पूरा किया।' इस वाक्य में 'मिलकर' शब्द रीतिवाचक क्रियाविशेषण है। जिन शब्दों के द्वारा क्रिया के संपन्न होने की रीति का बोध होता है, उसे रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।
उदाहरण - सुरेश भली-भांति अच्छा कार्य कर रहा था।

35. 'आप यहीं आइए, अन्यत्र न जाइए।' इस वाक्य में 'अन्यत्र' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तरः (c) 'आप यहीं आइए, अन्यत्र न जाइए।' इस वाक्य में 'अन्यत्र' 'स्थानवाचक क्रियाविशेषण' का उदाहरण है। ऐसे क्रियाविशेषण शब्द जिससें स्थान, स्थिति एवं दिशा का बोध होता है, स्थानवाचक क्रियाविशेषण शब्द कहलाते हैं।

36. 'वह सालभर अनुपस्थित रहा।'–इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) कालवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) रीतिवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'वह सालभर अनुपस्थित रहा।' इस वाक्य में 'कालवाचक क्रियाविशेषण' का प्रयोग हुआ है। जिस क्रिया विशेषण से काल या समय का बोध हो उसे कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। अर्थ के आधार पर क्रिया विशेषण के 4 भेद होते हैं।

(i) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(ii) कालवाचक क्रियाविशेषण
(iii) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(iv) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

37. 'बुढ़िया धीरे-धीरे चबा रही है।' इस वाक्य में 'धीरे-धीरे' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(b) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(c) कालवाचक क्रियाविशेषण
(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.) 2010
[UKPSC AE 2013]
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
SSC GD Constable 13.01.2023 (9-10AM)

उत्तर : (a) : 'बुढ़िया धीरे-धीरे चबा रही है।' वाक्य में धीरे-धीरे रीतिवाचक क्रियाविशेषण का उदाहरण है। जिस शब्द से क्रिया की विशेषता प्रकट हो, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं।

38. 'काहे को परेशान हो रहे हो?' –इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) रीतिवाचक (b) कालवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'काहे को परेशान हो रहे हो?' इस वाक्य में रीतिवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है।

ऐसे अविकारी शब्द जो हमें क्रिया के होने के तरीके या विधि के बारे में बताते हैं, वे शब्द रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।

जैसे–खरगोश तेज दौड़ता है। यहाँ तेज शब्द रीतिवाचक क्रियाविशेषण हैं।

39. 'कोरोना अचानक फैल गया।' –इस वाक्य में 'अचानक' किस प्रकार का क्रिया विशेषण है?

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

UPSI Batch-III 20 Dec. 2017
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'कोरोना अचानक फैल गया।' इस वाक्य में 'अचानक' शब्द रीतिवाचक क्रियाविशेषण है। रीतिवाचक क्रियाविशेषण वे होते हैं, जो क्रिया के घटित होने के तरीके या रीति से संबंधित विशेषता का ज्ञान करवाते हैं, **जैसे**- इसलिए, परस्पर, यथा, तथा, अचानक, एकाएक आदि।

40. 'चोर वहाँ दीवार के पास खड़ा था।' - इस वाक्य में 'वहाँ' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) 'चोर वहाँ दीवार के पास खड़ा था' वाक्य में वहाँ 'स्थानवाचक क्रियाविशेषण' है। जो विकारी शब्द किसी क्रिया के स्थान का बोध कराते हैं, उन्हें स्थानवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं।

41. 'कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है।'

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक
(d) स्थानवाचक

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPPCL Stenographer-2018

उत्तरः (a) 'कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है' वाक्य कालवाचक क्रिया विशेषण का उदाहरण है।

42. 'आपसे अरसे के बाद मुलाकात हो रही है।'-इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) रीतिवाचक (b) स्थानवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) कालवाचक

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'आपसे अरसे के बाद मुलाकात हो रही है' वाक्य में 'कालवाचक' क्रिया विशेषण है। जो विकारी शब्द किसी क्रिया के होने का समय बताते हैं, उन्हें कालवाचक क्रिया-विशेषण कहते हैं।

43. 'तारे आकाश में चमक रहे हैं।' – इस वाक्य में 'आकाश में' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

@RexstarPdf

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'तारे आकाश में चमक रहे हैं।' –इस वाक्य में 'आकाश में' स्थानवाचक क्रियाविशेषण का रूप है। वे शब्द जो क्रिया के होने के स्थान का बोध कराते हैं स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। **जैसे**- यहाँ, वहाँ आदि।

44. 'यथासंभव दूसरों की मदद करो।'–इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) रीतिवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) कालवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'यथासंभव दूसरों की मदद करो।' वाक्य में रीतिवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है। जिन शब्दों के द्वारा क्रिया के संपन्न होने की रीति का बोध होता है, उसे रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। **जैसे**-गाड़ी की रफ्तार बहुत तेज थी।

45. 'आपस में झगड़ा मत करो।'- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) स्थानवाचक (b) रीतिवाचक
(c) कालवाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'आपस में झगड़ा मत करो।' इस वाक्य में रीतिवाचक क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है। जो शब्द क्रिया की विशेषता प्रकट करता है, उसे क्रिया-विशेषण कहते हैं।

जैसे- कम बोलो।

वह लम्बा रास्ता है।

जिन शब्दों के द्वारा क्रिया के सम्पन्न होने की रीति का बोध होता है, उन्हें रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। ऐसे प्रमुख शब्द- कभी नहीं, ठीक, हाँ, मत, ध्यानपूर्वक, झटपट आदि हैं।

46. 'आप क्यों हर बात पर शर्मिंदा हो रहे हो?'-इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) स्थानवाचक (b) रीतिवाचक
(c) कालवाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'आप क्यों हर बात पर शर्मिंदा हो रहे हो?' इस वाक्य में 'रीतिवाचक क्रियाविशेषण' का प्रयोग हुआ है।

'क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्रियाविशेषण शब्द कहते हैं। अर्थ के आधार पर क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं-

(i) कालवाचक क्रियाविशेषण
(ii) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(i) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(iv) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

47. 'क्षणभंगुर' किस प्रकार का विशेषण है?

(a) दशाबोधक (b) स्वादबोधक
(c) कालबोधक (d) गुणबोधक

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'क्षणभंगुर' का आशय 'क्षणिक' अर्थात 'कुछ ही समय में नष्ट हो जाने वाला' होता है। अतः स्पष्ट होता है कि क्षणभंगुर 'कालबोधक' विशेषण है।

48. 'डॉक्टर साहब कितनी देर में आएंगे?' - इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) स्थानवाचक (b) कालवाचक
(c) रीतिवाचक (d) परिमाणवाचक

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'डॉक्टर साहब कितनी देर में आएंगे?' इस वाक्य में 'कालवाचक' क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है।

'वे शब्द जो क्रिया की विशेषता बताते हैं, क्रिया विशेषण कहलाते हैं।' क्रिया विशेषण के चार भेद होते हैं।

(1) स्थानवाचक (2) कालवाचक
(3) रीतिवाचक (4) परिमाणवाचक

49. 'ईश्वर सर्वव्यापक है।'- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'ईश्वर सर्वव्यापक है।' इस वाक्य में 'स्थानवाचक' क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है। वे क्रियाविशेषण शब्द जिनसे किसी स्थान, स्थिति तथा दशा का बोध हो, स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। **जैसे** - बाहर, भीतर, सर्वत्र, जिधर, किधर, निकट, समीप, आगे, पीछे आदि।

50. इनमें से स्थितिवाचक अव्यय कौन-सा है?

(a) यहाँ (b) वहाँ
(c) जहाँ (d) बाहर

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'बाहर' स्थितिवाचक अव्यय का उदाहरण है। यह क्रिया विशेषण अव्यय का एक उपभेद है।

51. इनमें से कौन-सा शब्द कालवाचक अव्यय का उदाहरण है?

(a) इधर-उधर (b) तब
(c) दूर (d) यहाँ

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : कालवाचक क्रियाविशेषण :- वे क्रिया विशेषण शब्द जो हमें क्रिया के होने वाले समय का बोध कराते हैं, 'कालवाचक क्रिया विशेषण' कहलाते हैं।

@RexstarPdf

उदाहरणः यदा-जब, तदा-तब, कदा-कब, सदा/सर्वदा-हमेशा, प्रातः, सुबह, शीघ्र, जल्द ही, दिवा-दिन में, परश्वः-परसो आदि कालवाचक क्रिया विशेषण के उदाहरण हैं।

52. 'गीता जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूसने लगी।' - इस वाक्य में जल्दी-जल्दी किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?

(a) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(b) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) 'गीता जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूसने लगी।' इस वाक्य में जल्दी-जल्दी 'रीतिवाचक क्रियाविशेषण' है। जिस अविकारी शब्द से क्रिया के होने के तरीके या विधि के बारे में पता चलता है। वह अविकारी शब्द रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहलाता है।

53. 'माँ सुबह नाश्ता बनाती है।' इसमें कौन-सा क्रिया विशेषण है?

(a) कालवाचक (b) स्थानवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) रीतिवाचक

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये वाक्य में कालवाचक विशेषण होगा, क्योंकि यहाँ समय का बोध हो रहा है। आज, कल, तुरंत, पीछे, पहले, अब, जब, तब, कभी-कभी कालवाचक विशेषण के अन्तर्गत आते हैं।

स्थानवाचक में स्थान का बोध होता है। जैसे- यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ, यहाँ से, वहाँ से, इधर-उधर।

दिशावाचक में दिशा का बोध होता है। जैसे- उधर, ऊपर, दूर परे, अलग, दाहिने, बाएँ, आर-पार।

रीतिवाचक जैसे– प्रकार, निश्चय, कारण, अनिश्चय, स्वीकार, निषेध, अवधारणा आदि।

परिमाणवाचक जैसे– अधिकताबोधक, न्यूनताबोधक, तुलनावाचक, श्रेणीवाचक आदि।

54. एक में क्रिया विशेषण का प्रयोग नहीं है-

(a) लड़का आदमी के बराबर दौड़ा।
(b) राम और मोहन साथ पढ़ते हैं।
(c) अम्मा ने खटिया पर लंबी तानी।
(d) एक आता है तो एक जाता है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : वाक्य (a), (b) व (d) में क्रमशः 'बराबर','साथ', तथा 'तो' क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है जबकि अम्मा ने खटिया पर लंबी तानी। वाक्य में किसी क्रिया विशेषण का प्रयोग नहीं है।

55. मैं रोज पढ़ता हूँ।–वाक्य में क्रिया विशेषण का भेद है–

(a) स्थानवाचक क्रिया विशेषण
(b) रीतिवाचक क्रिया विशेषण
(c) कालवाचक क्रिया विशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

UPP CONSTABLE, 2017
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (c) : 'मैं रोज़ पढ़ता हूँ'– इस वाक्य में कालवाचक क्रिया विशेषण है। जो अविकारी शब्द किसी क्रिया के होने का समय बताते हैं, उन्हें कालवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

जैसे–परसों, पहले, पीछे, कभी, अबतक इत्यादि।

रीतिवाचक क्रिया विशेषण–जो शब्द किसी क्रिया के करने के तरीके का बोध कराए, वे रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।

परिमाणवाचक क्रिया विशेषण–जो अविकारी शब्द किसी क्रिया के परिमाण अथवा निश्चित संख्या का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

जैसे–कुछ, थोड़ा, काफी, केवल इत्यादि।

56. रूप के अनुसार क्रिया-विशेषण कितने प्रकार के होते हैं?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (c) 'क्रियाविशेषण' ऐसे अविकारी शब्द हैं, जो क्रिया की विशेषता प्रकट करते हैं। रूप के आधार पर क्रियाविशेषण के 3 भेद हैं–

(1) मूल क्रियाविशेषण – ऐसे क्रियाविशेषण हैं, जो किसी दूसरे शब्दों के मेल से नहीं बनते हैं; जैसे – ठीक, दूर, अचानक, फिर, नहीं आदि।

(2) यौगिक क्रिया विशेषण- जिनका निर्माण किसी दूसरे शब्द में प्रत्यय या पद जोड़ने से होता है; जैसे- प्रतिदिन, घर-बाहर, हरेक, जहाँ-तहाँ, यथाक्रम।

(3) कारण क्रिया विशेषण- जो शब्द किसी विशेष कारण या उद्देश्य से क्रिया विशेषण में प्रयुक्त होते हैं उन्हें 'कारण क्रिया विशेषण' कहते हैं। जैसे- 1. वह **खाक** पढ़ेगा।, 2. जाओगे नहीं तो **सिर** चाटोगे।

57. क्रिया विशेषण एक भेद है-

(a) अव्यय का (b) विशेषण का
(c) निपात का (d) वाच्य का

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : अव्यय के मुख्यतः चार भेद हैं- क्रिया विशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक, विस्मयादिबोधक। किसी भी भाषा के वे शब्द जिनके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता वे शब्द 'अव्यय' कहलाते हैं।

58. निम्नलिखित में से वह वाक्य छांटिए, जिसमें क्रिया विशेषण का प्रयोग किया गया है।

(a) यहाँ कैसे-कैसे लोग एकत्र हुए हैं।
(b) वह काली गाय घास चर रही है।
(c) मुझसे खट्टा फल नहीं खाया जाता।
(d) तुम जी जान लगाकर पढ़ रहे हो।

[UPCSA 2019]

@RexstarPdf

उत्तर. (d) : 'तुम जी जान लगाकर पढ़ रहे हो' वाक्य में रीतिवाचक क्रिया विशेषण 'जान लगाकर' का प्रयोग किया गया है जबकि अन्य कैसे-कैसे, काली और खट्टा शब्द संज्ञा की विशेषता बता रहे हैं।

59. आजकल मौसम बदलने लगा है-
रेखांकित पद का पद-परिचय होगा-

(a) विशेषण, 'मौसम' विशेष्य का विशेषण, पुल्लिंग एकवचन
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'है' क्रिया का विशेषण
(c) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'बदलने लगा है' क्रिया का विशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'लगा' क्रिया का विशेषण

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : 'आजकल मौसम बदलने लगा' वाक्य में रेखांकित पद-कालवाचक क्रिया विशेषण 'बदलने लगा है' क्रिया का विशेषण है। शेष अन्य दिये गये कथन त्रुटिपूर्ण हैं।

60. क्रिया विशेषण के कितने भेद होते हैं?

(a) तीन (b) छह
(c) चार (d) दो

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]
UPSI Batch - I 16 Dec.2017
UPSI Bath II 22 Dec 2017

उत्तर : (c) सामान्यतः क्रिया विशेषण के चार भेद होते हैं-
(1) स्थानवाचक (2) कालवाचक (3) परिमाणवाचक (4) रीतिवाचक। परन्तु विद्वानों ने अन्य आधारों पर क्रिया विशेषण के भेद बताए हैं-
(1) प्रयोग के आधार पर 3 भेद हैं–
(i) साधारण
(ii) संयोजक
(iii) अनुबद्ध
(2) रूप के आधार पर भी 3 भेद हैं–
(i) मूल क्रियाविशेषण
(ii) यौगिक क्रियाविशेषण
(iii) कारण क्रिया विशेषण
(3) अर्थ के आधार पर 4 भेद हैं–
(i) परिमाणवाचक
(ii) रीतिवाचक
(iii) स्थानवाचक
(iv) कालवाचक

61. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया-विशेषण के रूप में किसका प्रयोग किया गया है?
''वह बहुत तेज़ दौड़ा।''

(a) तेज़ (b) वह
(c) दौड़ा (d) बहुत

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPPCL Stenographer, 2018
UPRO (Main) 2010
UPSI Bath II 16 Dec 2017
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'वह बहुत तेज दौड़ा।' वाक्य में 'तेज' शब्द क्रिया विशेषण है। वाक्य में प्रयुक्त पदों का विवरण इस प्रकार है-
वह – सर्वनाम
बहुत – प्रविशेषण
तेज – क्रिया विशेषण
दौड़ा – क्रिया
क्रिया विशेषण–क्रिया की विशेषता को प्रकट करने वाले शब्द क्रिया विशेषण कहलाते हैं जैसे- तेज, धीमा आदि।

62. 'वह चलते चलते रुक गया' यह वाक्य है–

(a) सर्वनाम (b) अव्यय
(c) क्रिया (d) क्रिया विशेषण

UPSI Batch - I 20 Dec.2017
लेखपाल भर्ती परीक्षा-2018

उत्तर. (d) ऐसे अविकारी शब्द जिनसे क्रिया की विशेषता का बोध होता है, क्रिया विशेषण कहलाते हैं। इस वाक्य में चलते-चलते शब्द रुकना (क्रिया) की विशेषता बता रहा है। यहाँ 'चलते-चलते' शब्द 'रीतिवाचक क्रिया विशेषण' है।

63. 'पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं' में 'धड़ाधड़' शब्द का कौन सा रूप है?

(a) क्रिया-विशेषण (b) विशेषण (c) क्रिया (d) प्रविशेषण

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) 'पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं; में 'धड़ाधड़' शब्द 'क्रिया-विशेषण' है। जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया-विशेषण कहते हैं। यहाँ 'धड़ाधड़' शब्द 'बिकना' क्रिया की विशेषता बता रहा है।

64. जो शब्द क्रिया की विशेषता बताये उसे.....कहते हैं।

(a) क्रिया विशेषण (b) क्रिया रूप
(c) क्रिया भेद (d) प्रतिक्रिया

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : जो शब्द क्रिया की विशेषता बताये उसे क्रिया विशेषण कहते हैं। शेष विकल्प असंगत हैं।

65. 'वह एक सप्ताह बाद आया'– इस वाक्य में कौन सा शब्द क्रिया विशेषण है?

(a) वह (b) एक
(c) बाद (d) आया

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

@RexstarPdf

उत्तर: (c) 'वह एक सप्ताह बाद आया' वाक्य में 'बाद' शब्द क्रिया-विशेषण है। जिन शब्दों से क्रिया की विशेषता लक्षित होती है, उन्हें क्रिया विशेषण कहते हैं। जैसे- वह कल अवश्य आयेगा। इस वाक्य में 'आयेगा' क्रिया है और 'अवश्य' उसकी विशेषता; अतः 'अवश्य' शब्द क्रिया-विशेषण है। कुछ प्रमुख क्रिया विशेषण शब्द हैं- धीरे-धीरे, कब, बाद, पर्याप्त, अवश्य आदि।

66. उसे धीरे-धीरे लिखने की आदत है।
रेखांकित शब्द क्या है?

(a) क्रिया-विशेषण (b) क्रिया
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

DSSSB PGT- 23.07.2018
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPPCL Stenographer, 2018
परिचालक परीक्षा 2015
व्यायाम प्रशिक्षक 16/9/2018 II Shift

उत्तर : (a) जिस शब्द से क्रिया, की विशेषता प्रकट हो उसे 'क्रिया-विशेषण' कहते हैं।
रेखांकित भाग 'धीरे-धीरे' क्रिया विशेषण है, क्योंकि यह 'लिखने' (क्रिया) की विशेषता बता रहा है।

67. माधवी अत्यंत सुंदर गाती है। रेखांकित शब्द है–

(a) संज्ञा (b) संबंधबोधक
(c) समुच्चयबोधक (d) क्रियाविशेषण

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (d) : 'माधवी अत्यंत सुंदर गाती है।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'अत्यंत' क्रिया विशेषण है। वे शब्द जो क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं। कुछ प्रचलित क्रिया-विशेषण हैं जैसे–इधर, यहाँ, आजकल, प्रतिदिन, अत्यंत, किंचित, बहुत, बारी-बारी, तिल-तिल, बस, थोड़ा आदि।

68. लड़का जल्दी से लपक कर पहुँचा। वाक्य में 'जल्दी से' पद का कौन सा भेद है?

(a) योजक (b) क्रिया-विशेषण
(c) विशेषण (d) सर्वनाम

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर. (b) 'लड़का जल्दी से लपक कर पहुँचा।' वाक्य में 'जल्दी से' पद 'क्रिया-विशेषण' है। ऐसे शब्द जो क्रिया की विशेषता बताते हैं क्रिया- विशेषण कहलाते हैं। यहाँ 'जल्दी से' पहुँचना क्रिया की विशेषता को बता रहा है। अतः शब्द 'जल्दी से' क्रिया विशेषण है।

69. निम्नलिखित में से क्या एक संयुक्त क्रिया विशेषण नहीं है?

(a) प्रतिपल (b) सांझ-सवेरे
(c) कुछ न कुछ (d) वहाँ पर

UPPCL ARO, 2018

उत्तर: (d) 'वहाँ पर' संयुक्त क्रिया विशेषण नहीं है। जबकि प्रतिपल, साँझ-सवेरे, कुछ-न-कुछ तीनों संयुक्त क्रिया विशेषण हैं। अतः जो शब्द संयुक्त क्रिया की विशेषता बताये उसे संयुक्त क्रिया विशेषण कहते हैं।

70. निम्नलिखित में से क्या एक यौगिक क्रिया विशेषण है?

(a) प्रतिपल (b) यहाँ तक
(c) कुछ न कुछ (d) छटपट

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) यौगिक क्रिया विशेषण–वह क्रिया विशेषण जो प्रत्यय या अन्य शब्दों के योग से बनते हैं, उन्हें 'यौगिक क्रिया विशेषण' कहते हैं। जैसे– यहाँ तक, घर-बाहर, जहाँ-तहाँ, यथा क्रम, बाहर-भीतर, प्रतिदिन आदि।

71. 'परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण' का वाक्य होगा –

(a) वह बहुत थक गया है।
(b) वह अभी-अभी गया है।
(c) वह अंदर बैठा है।
(d) वह अब भली-भाँति नाच लेता है।

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर. (a) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण का वाक्य है - 'वह बहुत थक गया है।' 'बहुत' शब्द परिमाणवाचक क्रिया विशेषण के अन्तर्गत आता है। अन्य विकल्प वह अभी-अभी गया है, वह अंदर बैठा है, वह अब भली-भाँति नाच लेता है। उक्त प्रश्न से पृथक् आशय रखते हैं।

72. 'धावक तेज गति से दौड़ते हैं।' वाक्य में 'तेज गति' क्रियाविशेषण का कौन-सा भेद है?

(a) स्थानवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) कालवाचक (d) रीतिवाचक

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) उक्त वाक्य में 'परिमाणवाचक' भेद है।
परिमाणवाचक- परिमाणवाचक क्रिया विशेषण के अन्तर्गत आते हैं अधिकताबोधक, न्यूनताबोधक, पर्याप्तिवाचक, तुलनावाचक श्रेणीवाचक आदि। जैसे- 'धावक **तेज गति** से दौड़ते हैं'।
क्रियाविशेषण– जिस शब्द से क्रिया की विशेषता प्रकट हो, उसे 'क्रियाविशेषण' कहते हैं। जैसे– राम **धीरे-धीरे** टहलता है।

73. परिमाणवाचक क्रिया विशेषण अव्यय क्या है?

(a) क्षणभर (b) निःसन्देह
(c) अन्यत्र (d) अत्यन्त

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (d) : जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है। ये अर्थ के आधार पर प्रमुखतः चार प्रकार के होते हैं–
1. स्थानवाचक – यहाँ, वहाँ, इधर, उधर आदि।

@RexstarPdf

2. कालवाचक – रात भर, आज कल, हर बार, प्रतिदिन आदि।

3. परिमाणवाचक – बहुत, **अत्यन्त**, थोड़ा, किंचित, तिल-तिल आदि।

4. रीतिवाचक – ऐसे, कैसे, कदाचित, तक, इसलिए आदि।

74. 'परिमाणवाचक' क्रिया विशेषण अव्यय है-

(a) सर्वदा (b) सर्वत्र

(c) इतना (d) गलत

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर. (c) 'इतना' परिमाणवाचक क्रिया विशेषण अव्यय है।

75. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबन्ध है?

'दस बजकर पाँच मिनट पर गाड़ी छूटेगी'

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा

(c) सर्वनाम (d) क्रिया

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर: (a) दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश क्रिया विशेषण पदबंध हैं।

दस बजकर पाँच मिनट पर गाड़ी छूटेगी।

↓

क्रिया विशेषण

76. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध क्या है?

'इस मकान की छत के ऊपर से पूरा गाँव दिखता है।'

(a) इस मकान की छत के ऊपर

(b) इस मकान की छत के ऊपर से पूरा गाँव

(c) इस मकान की छत

(d) गाँव दिखता है

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'इस मकान की छत के ऊपर से पूरा गाँव दिखता है।' वाक्य में क्रिया विशेषण पदबन्ध है– 'इस मकान की छत के ऊपर'।

77. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?

'मेरे गाँव के चारों ओर जंगल ही जंगल है।'

(a) क्रिया-विशेषण (b) सर्वनाम

(c) विशेषण (d) क्रिया

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'मेरे गाँव के चारों ओर जंगल ही जंगल है।' वाक्य में रेखांकित भाग 'मेरे गाँव के चारों ओर' में क्रिया विशेषण पदबंध है। वे पदबंध जो वाक्य में क्रिया विशेषण (क्रिया की विशेषता बताने वाला) का कार्य करता है, क्रिया विशेषण पदबंध कहलाता है।

पदबंध– वाक्य में प्रयुक्त विभिन्न पदों के समूह को 'पदबंध' कहते हैं।

78. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध क्या है?

उस पहाड़ी के पीछे मेरा गाँव है।

(a) उस पहाड़ी के पीछे (b) उस पहाड़ी

(c) मेरा गाँव है (d) के पीछे

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) वाक्य में प्रयुक्त विभिन्न पदों के समूह को पदबंध कहते हैं तथा जो पदबंध वाक्यों में क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण पदबंध कहते हैं। अतः स्पष्ट है कि वाक्य– 'उस पहाड़ी के पीछे मेरा गाँव है।' में 'उस पहाड़ी के पीछे' वाक्यांश क्रिया विशेषण पदबंध है।

79. निम्नांकित वाक्यों में क्रिया-विशेषण युक्त वाक्य कौन-सा है?

(a) मैं कल नहीं जाऊँगा (b) ये फूल सुन्दर है

(c) लड़का रोते-रोते घर पहुँचा (d) आज शाम को मत आना

UP TGT 2010

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्प में 'लड़का रोते-रोते घर पहुँचा' वाक्य में 'रोते-रोते' शब्द क्रिया विशेषण है, जबकि अन्य तीनों वाक्यों में कोई क्रिया विशेषण नहीं है।

3. समुच्चय-बोधक अव्यय

80. दिए गए वाक्य में अव्यय ज्ञात कीजिए।

जल्दी चलो ताकि समय पर पहुँच जाए।

(a) विस्मयादिबोधक (b) क्रिया-विशेषण

(c) संबंधबोधक (d) समुच्चयबोधक

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर: (d): दिए गए वाक्य 'जल्दी चलो ताकि समय पर पहुँच जाए' में समुच्चय बोधक अव्यय 'ताकि' है।

समुच्चय बोधक :- ऐसे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्द, वाक्य या वाक्यांश को जोड़ने का काम करते हैं, वे शब्द समुच्चय बोधक कहलाते हैं। जैसे :- और, व, एवं, तथा, या, अथवा, किन्तु, परन्तु, कि, क्योकि, जोकि, ताकि, हालाँकि, लेकिन, अतः, इसलिए आदि।

81. 'समानाधिकरण' किस अव्यय का भेद है?

(a) समुच्चयबोधक (b) क्रिया-विशेषण

(c) संबंधबोधक (d) विस्मयादिबोधक

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर: (a) 'समानाधिकरण' समुच्चय बोधक अव्यय का भेद है। जिन शब्दों से समान अधिकार के अंशों के जुड़ने का पता चलता है, उन्हें 'समानाधिकरण समुच्चयबोधक' अव्यय कहते हैं।

जहाँ पर किन्तु, और, या, अथवा, तथा, परन्तु, व, लेकिन, इसलिए, अतः, एवं आते हैं, वहाँ पर समानाधिकरण समुच्चय बोधक अव्यय होता है।

@RexstarPdf

82. जो शब्द वाक्यांशों, वाक्य तथा शब्दों को जोड़ते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

(a) व्यधिकरण (b) सम्बंधिकरण
(c) समानाधिकरण (d) समुच्च्यबोधक

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d) : जो शब्द वाक्यांशों, वाक्य तथा शब्दों को जोड़ते हैं समुच्चयबोधक अव्यय कहलाते हैं। कुछ प्रमुख समुच्चयबोधक अव्यय हैं– और, वरना, किन्तु, परन्तु, एवं, तथा, अन्यथा आदि।
उदाहरण– 1. राम ने खाना खाया और सो गया।
2. श्रुति और गुंजन पढ़ रहे हैं।
जबकि व्यधिकरण, समानाधिकरण, समुच्चयबोधक अव्यय के भेद हैं।

83. 'मैंने तुम्हें पढ़ाया इसलिए तुम उत्तीर्ण हो गए' में कौन-सा शब्द समुच्चबोधक अव्यय है?

(a) पढ़ाया (b) इसलिए
(c) हो गए (d) तुम

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'मैंने तुम्हें पढ़ाया इसलिए तुम उत्तीर्ण हो गये' वाक्य में 'इसलिए' समुच्चयबोधक अव्यय है। अन्य समुच्चयबोधक अव्यय और, तथा, किन्तु, परन्तु, वरन आदि होते हैं।

84. समुच्चयबोधक को कहते हैं-

(a) अविकारी (b) विकारी
(c) दोनों (d) कोई नहीं

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर(a)- दो वाक्यों को परस्पर जोड़ने वाले शब्द 'समुच्चयबोधक अव्यय' कहे जाते हैं। ये सदैव अपरिवर्तित, अविकारी रहते हैं जैसे– 'आँधी आयी और पानी बरसा।' यहाँ 'और' शब्द समुच्चय बोधक अव्यय है, क्योंकि यह पद दो वाक्यों–'आँधी आयी', 'पानी बरसा'–को जोड़ता है।

85. कौन-सा समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है?

(a) अर्थात (b) अतएव
(c) अथवा (d) आजन्म

UPPCL ARO, 2018

उत्तर. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'आजन्म' शब्द समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है। शेष शब्द 'अर्थात', 'अतएव', 'अथवा' समुच्चयबोधक अव्यय हैं। समुच्चयबोधक ऐसे पद/अव्यय होते हैं जो दो या दो से अधिक वाक्यों या पदों को परस्पर जोड़ते हैं। इनके 2 भेद हैं–
(1) समानाधिकरण समुच्चयबोधक
(2) व्यधिकरण समुच्चयबोधक

86. निम्नलिखित में से कौन स्वरूपवाचक व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है?

(a) मानो (b) यानि
(c) कि (d) जब

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'जब' स्वरूपवाचक व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है, 'जब' शब्द कालवाचक अव्यय है। जबकि मानो, जो, यानि, आदि स्वरूपवाचक व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय हैं। जिन शब्दों के रूप में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण कोई परिवर्तन या विकार न हो, उन्हें 'अव्यय' कहते हैं।
अव्यय मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं–
1. क्रिया-विशेषण अव्यय
2. सम्बन्धबोधक अव्यय
3. समुच्चयबोधक अव्यय
4. विस्मयादिबोधक अव्यय
समुच्चय बोधक अव्यय दो प्रकार के होते हैं–
1. समानाधिकरण समुच्चय बोधक
2. व्यधिकरण समुच्चय बोधक–
(a) कारण वाचक– क्योंकि, जोकि, इसलिए, कि।
(b) उद्देश्य वाचक– कि, जो, ताकि
(c) संकेत वाचक– जो.. तो, यदि... तो, यद्यपि... तथापि।
(d) स्वरूप वाचक– कि, जो, अर्थात्, यानि, मानो

87. ..... विरोधदर्शक समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है।

(a) पर (b) बल्कि
(c) वरन् (d) अतएव

UPPCL Stenographer, 2018
UPPCL ARO-2018

उत्तर : (d) 'अतएव' विरोधवाचक समुच्चयबोधक अव्यय नहीं है अपितु परिणामदर्शक समुच्चयबोधक अव्यय है, जबकि 'पर', 'बल्कि' तथा 'वरन्' विरोधवाचक समुच्चयबोधक अव्यय हैं।

88. निम्नलिखित में से क्या परिणाम दर्शक अव्यय है?

(a) लेकिन (b) नहीं-नहीं
(c) और (d) फलतः

UPPCL ARO, 2018

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'फलतः' शब्द परिणाम दर्शक अव्यय है जबकि शेष 'लेकिन', नहीं-नहीं', 'और' तीनों असंगत हैं।

89. 'रोगी को थोड़ा-थोड़ा पानी पिलाओ' वाक्य में 'थोड़ा थोड़ा' है

(a) विशेषण (b) संज्ञा
(c) क्रिया विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) वाक्य में थोड़ा-थोड़ा परिमाणवाचक क्रिया विशेषण है।
परिमाणवाचक क्रिया विशेषण- जो अविकारी शब्द किसी क्रिया के परिमाण अथवा निश्चित संख्या का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाण वाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

@RexstarPdf

90. ..... संकेतवाचक अव्यय नहीं है।

(a) यद्यपि (b) तथापि

(c) तब (d) ताकि

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'ताकि' शब्द उद्देश्य वाचक अव्यव है, जबकि यद्यपि, तथापि और तब संकेतवाचक अव्यय हैं। यह दोनों अव्यय व्यधिकरण समुच्चयबोधक अवयव के उपभेद हैं। व्यधिकरण समुच्चयबोधक के चार उपभेद होते हैं–

(i) कारण वाचक–क्योंकि, इसलिए, कि, जो कि।

(ii) उद्देश्यवाचक–कि, जो, ताकि।

(iii) संकेतवाचक–जो ...तो, यदि ...तो, यद्यपि, तथापि।

(iv) स्वरूप वाचक–कि, जो, अर्थात्, यानि।

91. 'वह आया और मैं गया'–इस वाक्य में समुच्चय बोधक शब्द बताइए।

(a) वह (b) आया

(c) और (d) गया

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'वह आया और मैं गया' वाक्य में समुच्चयबोधक शब्द 'और' है। जो अव्यय दो पदों, दो उपवाक्यों या दो वाक्यों को परस्पर जोड़ते हैं, उन्हें 'समुच्चय बोधक अव्यय' कहते हैं। जैसे– तथा, और, परन्तु, अतः, इसलिए, वरन आदि।

92. 'समानाधिकरण' और 'व्यधिकरण' किसके भेद हैं?

(a) समुच्चयबोधक (b) सम्बन्धबोधक

(c) निपात (d) क्रिया विशेषण

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (a) समुच्चयबोधक – ऐसा पद (अव्यय) जो क्रिया या संज्ञा की विशेषता न बताकर एक वाक्य या पद का सम्बन्ध दूसरे वाक्य या पद से जोड़ता है, **'समुच्चयबोधक'** कहलाता है। समुच्चयबोधक के दो भेद हैं :–

(1) समानाधिकरण

(2) व्यधिकरण

समानाधिकरण- समानाधिकरण के चार भेद हैं :–

1. संयोजक, 2. विभाजक, 3. विरोध वाचक, 4. परिणाम दर्शक

व्यधिकरण- व्यधिकरण के चार भेद हैं :–

1. कारण वाचक, 2. उद्देश्य वाचक,

3. संकेतवाचक, 4. स्वरूपवाचक

4. सम्बन्ध-बोधक अव्यय

93. निम्नलिखित में से अविकारी शब्द नहीं है

(a) क्रियाविशेषण (b) सर्वनाम

(c) सम्बन्धसूचक (d) समुच्चयबोधक

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'सर्वनाम' विकारी शब्द है। जिन शब्दों में लिंग, वचन, कारक, काल, वाच्य आदि के कारण कोई विकार (परिवर्तन) नहीं होता, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं। **जैसे-** क्रिया विशेषण, संबंधसूचक, समुच्चयबोधक तथा विस्मयादिबोधक अविकारी शब्द हैं।

94. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अव्यय के भेद का सही विकल्प हो।

सुरेश के भरोसे रहोगे तो काम नहीं होगा।

(a) संबंधबोधक अव्यय (b) समुच्चयबोधक अव्यय

(c) क्रिया विशेषण अव्यय (d) निपात

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये वाक्य 'सुरेश के भरोसे रहोगे तो काम नहीं होगा।' में संबंधबोधक अव्यय है।

संबंधबोधक अव्यय– वे अव्यय शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम के बाद प्रयुक्त होकर उसका वाक्य में आए अन्य शब्दों से सम्बन्ध का बोध कराते हों, संबंधबोधक अव्यय कहलाते हैं।

95. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अव्यय के भेद का सही विकल्प हो

मनुष्य पानी के बिना जीवित नहीं रह सकता है।

(a) क्रियाविशेषण अव्यय (b) समुच्चयबोधक अव्यय

(c) संबंधबोधक अव्यय (d) विस्मयादिबोधक अव्यय

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (c) : सम्बन्धबोधक अव्यय - वे अव्यय, जिनसे संज्ञा अथवा सर्वनाम का सम्बन्ध वाक्य के दूसरे शब्दों से जाना जाता है, सम्बन्धबोधक अव्यय कहलाते हैं।

उदाहरण - अनुकूल, अनुसार, के बिना, आस-पास, आगे, ओर इत्यादि।

जैसे - मनुष्य पानी के बिना जीवित नहीं रह सकता है।

96. दिए गए वाक्य में अव्यय ज्ञात कीजिए।

छत पर पक्षी बैठे हैं।

(a) संबंधबोधक

(b) गुणवाचक क्रिया-विशेषण

(c) विस्मयादिबोधक

(d) समुच्चयबोधक

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans : (a) दिए गए वाक्य छत पर पक्षी बैठे हैं में संबंधबोधक अव्यय हैं।

संबंधबोधक अव्यय - जो शब्द वाक्य में किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का संबंध वाक्य के दूसरे शब्द के साथ बताते हैं उन्हे संबंधबोधक कहते हैं।

97. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अव्यय के भेद का सही विकल्प हो।

विद्या के बिना मनुष्य पशु है।

@RexstarPdf

(a) क्रिया विशेषण अव्यय (b) समुच्चयबोधक अव्यय
(c) विस्मयादिबोधक अव्यय (d) संबंधबोधक अव्यय

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तरः (d) : सम्बन्धबोधक अव्यय– वे शब्द जो संज्ञा सा सर्वनाम का अन्य संज्ञा या सर्वनाम के साथ सम्बन्ध का बोध कराते हैं उसे सम्बन्धबोधक अव्यय कहते हैं।
जैसे– के पास, के बिना, से दूर, के कारण, के लिए, के अनुसार, आदि।
– विद्या के बिना मनुष्य पशु है।
संज्ञा अव्यय संज्ञा

98. दिए गए वाक्य में संबंधबोधक अव्यय ज्ञात कीजिए।
गाड़ी तेजी से आकर स्टेशन पर रुक गयी -
(a) तेजी से (b) आकर
(c) पर रुक (d) गाड़ी

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : दिया गया वाक्य 'गाड़ी तेजी से आकर स्टेशन पर रुक गयी।' वाक्य में 'तेजी से' सम्बन्ध बोधक अव्यय होगा।
सम्बन्धबोधक अव्यय – संज्ञा या सर्वनाम का सम्बन्ध बताने के लिए उसके बाद लगने वाला अव्यय सम्बन्धबोधक अव्यय कहलाता है।
जैसे – ने, को, से, के , लिए, के, की, में, पर आदि।

99. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अव्यय के भेद का सही विकल्प हो।
बच्चे घर के बाहर पौधे लगा रहे थे।
(a) निपात अव्यय (b) समुच्चयबोधक अव्यय
(c) विस्मयादिबोधक अव्यय (d) संबंधबोधक अव्यय

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : बच्चे घर के बाहर पौधे लगा रहे हैं। संबंधबोधक वाक्य का उदाहरण है।
सम्बन्धबोधक– वे अव्यय जिनसे संज्ञा अथवा सर्वनाम का सम्बन्ध वाक्य के दूसरे शब्दों से जाना जाता है।

100. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार अव्यय के भेद का सही विकल्प हो।
धन (के बिना) व्यवसाय चलाना कठिन है।
(a) संबंधबोधक अव्यय (b) क्रिया विशेषण अव्यय
(c) विस्मयादिबोधक अव्यय (d) समुच्चयबोधक अव्यय

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दिया गया वाक्य 'धन (के बिना) व्यवसाय चलाना कठिन है। कोष्ठक में दिए गए शब्द के अनुसार संबंधबोधक अव्यय होगा।

101. 'हम दोनों शान्तिपूर्वक पढ़ते रहते हैं।' इस वाक्य में 'पूर्वक' शब्द कौन-सा संबंधबोधक है?
(a) सविभक्तिक (b) निर्विभक्तिक
(c) मौलिक (d) यौगिक

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) उपर्युक्त वाक्य में 'पूर्वक' शब्द 'मौलिक संबंधबोधक अव्यय' है। संबंधबोधक अव्यय ऐसे शब्द हैं, जो किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का संबंध वाक्य के दूसरे शब्द से प्रकट करते हैं। व्युत्पत्ति के आधार पर सम्बन्धबोधक के दो प्रकार हैं-
1. मौलिक संबंधबोधक अव्यय – पूर्वक, बिना, पर्यन्त, नाईं आदि।
2. यौगिक संबंधबोधक अव्यय – अपेक्षा, तुल्य, समान, चलते, लिये आदि।

102. किस वाक्य में संबंधबोधक अव्यय का प्रयोग हुआ है?
(a) ऐसा काम मत करो।
(b) मैं पीछे आया था।
(c) मैं यह काम नहीं करूँगा।
(d) मैं काम के पीछे आया था।

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (d) वाक्य 'मैं काम के पीछे आया था' में संबंधबोधक अव्यय 'पीछे' का प्रयोग किया गया है। जो अव्यय किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का संबंध वाक्य के दूसरे शब्द से दिखाता है, उसे 'संबंधबोधक अव्यय' कहते हैं। अर्थ के आधार पर इसके 14 भेद हैं। आगे, पीछे, बाद, पहले, पास, भीतर, बीच, तरफ, ओर, जरिये, निमित्त, खातिर, बगैर, बदले, एवं, तरह, सरीखा, खिलाफ, पर्यंत, अपेक्षा इत्यादि संबंधबोधक अव्यय हैं।

103. वह तो घर..... बैठा था।
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त अव्यय और उसका भेद होगा
(a) के बाहर-स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(b) में- अधिकरण कारक
(c) के सामने- समुच्चयबोधक अव्यय
(d) के भीतर- संबंधबोधक अव्यय

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) : दिये गये रिक्त स्थान में संबंधबोधक अव्यय- 'के भीतर' भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- 'वह तो घर के भीतर बैठा था।' शेष अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

104. 'तुम दिन भर घूमते रहते हो।' –'भर' शब्द कौन सा अव्यय है?
(a) विस्मयादिबोधक (b) संबंधबोधक
(c) निपात (d) संयोजक

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

@RexstarPdf

उत्तर: (b) 'तुम दिन भर घूमते रहते हो।' वाक्य में 'भर' शब्द संबंध सूचक अव्यय है। किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसे निपात कहते हैं। जैसे- भी, तो, तक, केवल, ही, मात्र आदि।

105. मुंबई के निकट पूना है।
रेखांकित शब्द क्या है?

(a) समुच्चयबोधक शब्द (b) सम्बन्धसूचक शब्द
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'के निकट' सम्बन्ध सूचक शब्द है जो अव्यय किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का सम्बन्ध वाक्य के दूसरे शब्द से दिखाता है 'सम्बन्ध-सूचक शब्द' कहलाता है, जैसे- आगे, पीछे, ओर, तरफ, अलावा, बिना, समान, ऐसा, जैसा इत्यादि।

106. 'भरोसे' में शब्द का कौन सा रूप है?

(a) विशेषण (b) क्रिया-विशेषण
(c) संबंधबोधक (d) समुच्चयबोधक

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) 'भरोसे' शब्द 'सम्बन्धबोधक अव्यय' के रूप में प्रयुक्त होता है। संबंधबोधक का शाब्दिक अर्थ है- सम्बन्ध का ज्ञान कराने वाला। जो अव्यय शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ आकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों से बताता है, उसे संबंधबोधक अव्यय कहते हैं। जैसे- ऊपर, नीचे, पीछे, आगे, बाहर, भीतर, बिना, भरोसे, सहित, निकट, पास आदि।

107.'वह लाचार है, क्योंकि वह अंधा है।' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है?

(a) संकेतवाचक (b) कारणवाचक
(c) परिणामवाचक (d) संबंधवाचक

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) 'वह लाचार है, क्योंकि वह अंधा है।' में **कारण वाचक अव्यय** है। संकेतवाचक में दो प्रकार के वाक्य होते हैं। जो एक दूसरे पर निर्भर होते हैं, जैसे-यदि राम जाएगा तो राधा आयेगी। जो अव्यय संज्ञा के पीछे आकर उसका सम्बन्ध वाक्य के किसी दूसरे शब्द से बताता है, सम्बन्ध बोधक अव्यय कहलाता है। जैसे- अब तक, भर, बिना, बाद, द्वारा, लिए, अतिरिक्त, आदि। परिमाणवाचक में माप तौल वाले शब्दों का प्रयोग होता है। जैसे- बहुत, बहुतेरा, कुछ, सब, सारा, समूचा, थोड़ा, अधिक।

108. निम्नलिखित वाक्य में सम्बन्धबोधक के रूप में क्या प्रयोग किया गया है?
'उसके घर के आगे ही मेरा घर है।'

(a) के (b) उसके
(c) आगे (d) मेरा

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य 'उसके घर के आगे ही मेरा घर है।' में सम्बन्ध बोधक के रूप में **'आगे'** शब्द का प्रयोग किया गया है।

109. अर्थ के आधार पर संबंधवाचक अव्यय को कितने भाग में विभक्त किया जाता है?

(a) 13 (b) 12
(c) 14 (d) 15

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c): अर्थ के आधार पर सम्बन्धबोधक अव्यय के 14 भेद हैं–

(1) कालवाचक – आगे, पीछे, बाद आदि
(2) स्थानवाचक – यहाँ, पास, निकट आदि
(3) दिशावाचक – ओर, तरफ, प्रति आदि
(4) साधनवाचक – द्वारा, जरिये, सहारे आदि
(5) हेतुवाचक – लिये, निमित्त, हेतु आदि
(6) विषयवाचक – बाबत, नाम, विषय आदि
(7) व्यतिरेकवाचक – सिवा, अलावा, अतिरिक्त आदि
(8) विनिमयवाचक – बदले, जगह, एवज आदि
(9) सादृश्यवाचक – समान, भाँति, तुल्य आदि
(10) विरोधवाचक – खिलाफ, विरुद्ध, विपरीत आदि
(11) साहचर्यवाचक– साथ, समेत, सहित आदि
(12) संग्रहवाचक – तक, पर्यन्त, मात्र आदि
(13) तुलनावाचक – अपेक्षा, आगे, सामने आदि
(14) कारणवाचक – कारण, परेशानी से, मारे

नोट– वासुदेव नंदन प्रसाद ने अर्थ के आधार पर सम्बन्धबोधक अव्यय के 13 भेद माने हैं।

110. 'पुस्तक के बिना कैसे पढ़ोगे?' में सम्बन्धबोधक अव्यय कौन-सा है?

(a) कैसे (b) बिना
(c) पढ़ोगे (d) पुस्तक

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift-II]
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) पुस्तक के बिना कैसे पढ़ोगे? वाक्य में सम्बन्धबोधक अव्यय 'बिना' होगा जबकि कैसे, पढ़ोगे और पुस्तक तीनों असंगत हैं।

111. 'कटोरे भर उसने खीर खाई' में अनुबद्ध सम्बन्धबोधक अव्यय कौन-सा है?

(a) कटोरे (b) भर
(c) उसने (d) खाई

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'कटोरे भर उसने खीर खाई' में अनुबद्ध सम्बन्धबोधक अव्यय शब्द 'भर' है। यह सम्बन्धबोधक अव्यय का एक भेद है। अन्य अनुबद्ध सम्बन्धबोधक अव्यय–लगभग, मात्र, तक, अन्तर्गत आदि हैं।

@RexstarPdf

112. 'सेनाएँ युद्ध क्षेत्र में आगे बढ़ी' – इस वाक्य में संबंध वाचक शब्द बताइए।

(a) सेनाएँ (b) युद्ध क्षेत्र
(c) आगे (d) बढ़ी

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'सेनाएँ युद्ध क्षेत्र में आगे बढ़ी' वाक्य में सम्बन्धवाचक शब्द 'आगे' है। जिस अव्यय से दो पदों के बीच परस्पर सम्बन्ध सूचित हो, उसे सम्बन्ध बोधक अव्यय कहते हैं। जैसे–पहले, बाद, अब तक, द्वारा, अलावा, अपेक्षा, समीप, कारण, आसपास आदि।

113. रात भर जागना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। रेखांकित शब्द को पहचानिए।

(a) सम्बन्ध सूचक अव्यय (b) विशेषण
(c) भाववाचक संज्ञा (d) समुच्चयबोधक अव्यय

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) रात भर जागना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। रेखांकित भाग में 'संबंध सूचक अव्यय' है।

114. वह क्यों नहीं आया? इसलिए कि वह बीमार था यहाँ 'कि' से क्या बोध होता है?

(a) अथवा (b) जोड़ने का
(c) कारण (d) और

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : दिया गया वाक्य 'वह क्यों नहीं आया? इसलिये कि वह बीमार था।' में 'कि' से कारण का बोध हो रहा है। शेष विकल्प उपयुक्त नहीं हैं।

115. निम्नलिखित में से क्या विरोधदर्शक अव्यय है?

(a) इसलिए (b) किन्तु
(c) फलतः (d) क्योंकि

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर. (b) : 'किन्तु' विरोधदर्शक अव्यय है।

05. विस्मयादिबोधक अव्यय

116. इनमें से विस्मयादिबोधक अव्यय का उदाहरण कौन-सा है?

(a) वहाँ (b) धन्य-धन्य
(c) यहाँ-वहाँ (d) जहाँ-जहाँ

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'धन्य-धन्य' विस्मयादिबोधक अव्यय का उदाहरण है। ऐसे शब्द जिन शब्दों में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता उन्हें 'अव्यय' कहते हैं अव्यय के भेद–
1. क्रियाविशेषण 2. समुच्चयबोधक, 3. संबंधबोधक 4. विस्मयादिबोधक 5. निपात।

117. मनोभावों को सूचित करने वाले शब्द किस अव्यय के बोधक होते हैं?

(a) उद्देश्यबोधक (b) हेतुबोधक
(c) विस्मयादिबोधक (d) समुच्चयबोधक

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : मनोभावों को सूचित करने वाले शब्द विस्मयादिबोधक अव्यय होते हैं। **जैसे**- अरे!,वाह!,ओह!,छि!,आदि।
विस्मयादिबोधक अव्यय के 7 भेद हैं-

(I) **हर्षबोधक –**	अहा!,वाह-वाह! आदि।
(II) **शोकबोधक –**	आह!,ओह!,हाय! आदि।
(III) **आश्चर्यबोधक –**	क्या!, ऐ!, हैं! आदि।
(IV) **अनुमोदन बोधक –**	अच्छा!,ठीक!,हाँ-हाँ! आदि।
(V) **तिरस्कारबोधक –**	छिह!, दुर!, आदि।
(VI) **स्वीकारबोधक –**	जी!, हाँ!, आदि।
(VII) **सम्बोधनबोधक –**	अरे!,अजी!,हे!,रे! आदि।

118. अरे! हैं! ऐ! ओह! इत्यादि। इसमें किस प्रकार के अव्यय हैं?

(a) प्रशंसाबोधक अव्यय (b) शोकबोधक अव्यय
(c) हर्षबोधक अव्यय (d) आश्चर्यबोधक अव्यय

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : अरे! हैं! ऐ! ओह! इत्यादि में आश्चर्य बोधक अव्यय हैं जिस अव्यय के साथ विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग होता है वह आश्चर्यबोधक अव्यय कहलाता है।

119. 'हाय! अब मैं क्या करूँ।' इस वाक्य में विस्मयबोधक शब्द बताइए।

(a) हाय (b) अब
(c) मैं (d) क्या

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) 'हाय! अब मैं क्या करूँ।' वाक्य में विस्मयबोधक शब्द 'हाय!' है। जो अव्यय शब्द हर्ष, उल्लास, शोक, दुःख, घृणा आदि मनोभावों को सूचित करते हैं, उन्हें विस्मयादिबोधक अव्यय कहते हैं, जैसे– वाह!, अच्छा!, हाय!, छिःछिः!, अरे!, हे! आदि।

120. मनोभाव के अनुसार 'हटो!' शब्द कौन सा विस्मयादिबोधक है?

(a) सम्बोधन (b) चेतावनी
(c) धिक्कार (d) विस्मय

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) जिन शब्दों द्वारा विस्मय, हर्ष, घृणा, दुःख, प्रशंसा आदि मनोभावों को व्यक्त किया जाता है, वे विस्मयादिबोधक अव्यय कहलाते हैं।

@RexstarPdf

मनोभावों के आधार पर इसके प्रमुख भेद-

विस्मय/आश्चर्य – अहो!, अरे!, क्या!

शोक, पीड़ा या ग्लानि – हाय!, उफ!

प्रशंसा – शाबाश!, अति सुंदर!

चेतावनी – बचो!, हटो!, सावधान!

संवेदना – हाय-हाय!, तौबा-तौबा!

तिरस्कार – छिःछिः!, धिक्!, धिक्कार!

121. जिन अव्ययों का संबंध वाक्य से नहीं, वक्ता के हर्ष-शोक आदि भावों से होता है वे ..... होते हैं।

(a) विस्मयादिबोधक अव्यय
(b) सम्बन्ध सूचक अव्यय
(c) क्रिया-विशेषण
(d) समुच्चयबोधक अव्यय

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) जिन अव्ययों का संबंध वाक्य से नहीं, वक्ता के हर्ष-शोक आदि भावों से होता है वे विस्मयादिबोधक अव्यय होते हैं

122. अफसोस! मैं नहीं जा सका।
रेखांकित शब्द के अव्यय का प्रकार बताइए :

(a) सम्बोधनसूचक अव्यय
(b) शोकसूचक अव्यय
(c) आश्चर्यसूचक अव्यय
(d) हर्षसूचक अव्यय

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) अफसोस! मैं नहीं जा सका। रेखांकित शब्द में शोक सूचक अव्यय का प्रयोग हुआ है। हर्ष, शोक, विस्मय आदि भावों को प्रकट करने वाले अव्यय को विस्मयादिबोधक अव्यय कहते हैं।

123. निम्नलिखित में से क्या अनुमोदनसूचक विस्मयादिबोधक अव्यय है?

(a) साधु-साधु!
(b) बाप-रे-बाप!
(c) हे राम!
(d) शाबाश!

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) 'शाबाश'! शब्द अनुमोदन सूचक विस्मयादिबोधक अव्यय है जबकि 'साधु-साधु' आशीर्वाद बोधक अव्यय, 'बाप-रे-बाप' आश्चर्य बोधक अव्यय और 'हे राम' दुःख बोधक अव्यय है।

124. निम्नलिखित में से क्या प्रशंसा सूचक विस्मयादिबोधक अव्यय नहीं है?

(a) साधु-साधु!
(b) सुन्दर!
(c) बाप-रे-बाप!
(d) शाबाश!

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) साधु-साधु!, सुन्दर! तथा शाबाश! प्रशंसा सूचक विस्मयादि बोधक अव्यय है, जबकि बाप-रे-बाप! आश्चर्यबोधक अव्यय है। कुछ अन्य प्रमुख शोकसूचक विस्मयादि बोधक अव्यय– हा-हा!, हाय!, आह!, ऊह!, त्राहि-त्राहि! आदि हैं।

125. वाह! वाह! कितना सुंदर दृश्य है। रेखांकित शब्द कौन-सा अव्यय है?

(a) हर्षबोधक अव्यय
(b) शोक बोधक अव्यय
(c) सम्बोधन अव्यय
(d) तिरस्कार बोधक अव्यय

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द में हर्षबोधक अव्यय है।

6. निपात

126. आप वहाँ मत जाइए।
रेखांकित पद का पद-परिचय होगा:

(a) निषेधवाचक अव्यय
(b) निपात
(c) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
(d) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : 'आप वहाँ **मत** जाइए।' वाक्य में रेखांकित शब्द निषेधात्मक निपात 'मत' शब्द का प्रयोग किया गया है। जबकि अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

127. 'यह काम उसने ही किया होगा' इस वाक्य में 'ही' क्या है?

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) निपात
(c) क्रियाविशेषण
(d) विस्मय

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : वाक्य 'यह काम उसने ही किया होगा' में 'ही' बलदायक या सीमाबोधक निपात है। किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उसे निपात कहते हैं। **जैसे**- थी, तो, तक, केवल, ही, मात्र आदि।

128. जिन शब्दों का प्रयोग वाक्य को श्रव्य भावार्थ और बल प्रदान करने के लिए होता है लेकिन वे वाक्य के अंग नहीं होते, क्या कहलाते हैं?

(a) निर्विभक्तिक
(b) यौगिक
(c) मौलिक
(d) निपात

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (d) जिन शब्दों का प्रयोग वाक्य को श्रव्य भावार्थ और किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए प्रयोग किया जाता है, उसे निपात कहते हैं।
जैसे- भी, तो, तक, केवल ही, मात्र आदि।

129. वह दिनभर पढ़ता रहता है। – रेखांकित पद में अव्यय का भेद बताइए।

(a) परिणामवाची
(b) निपात
(c) समुच्चयबोधक
(d) प्रश्नवाचक

UPP CONSTABLE, 2017

उत्तर: (b) वह दिनभर पढ़ता रहता है। वाक्य में 'दिनभर' निपात है। निपात का कोई लिंग, वचन नहीं होता। मूलतः इनका प्रयोग अव्ययों के लिए होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

@RexstarPdf

130. ..... बलप्रदायक निपात नहीं है।

(a) सिर्फ (b) केवल
(c) खबरदार (d) ही

UPP CONSTABLE, 2017

उत्तर : (c) 'खबरदार' बलप्रदायक निपात नहीं है।

निपात शब्दों का प्रयोग पूरे वाक्य या वाक्य समूह को अन्य (अतिरिक्त) भावार्थ प्रदान करने के लिए होता है। निपात का कोई लिंग, वचन नहीं होता है। ये नौ प्रकार के होते हैं–

1. स्वीकृति बोधक – हाँ जी, जी हाँ।
2. नकारबोधक – नहीं, जी नहीं।
3. निषेधात्मक – मत, पर, बल्कि, वरन्
4. प्रश्नबोधक – क्या
5. विस्मयादिबोधक – क्या, काश
6. तुलनाबोधक – सा
7. अवधारणाबोधक – ठीक, करीब, लगभग, तकरीब
8. आदरबोधक – जी
9. बलप्रदायक – तो, ही, भी, तक, सिर्फ, केवल

131. निम्नलिखित शब्दों में निपात का उदाहरण कौन सा शब्द है?

(a) ठीक (b) निकट
(c) इधर (d) कल

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (a) शब्द 'ठीक' निपात का उदाहरण है। यह अवधारणाबोधक निपात अव्यय होते हैं जो किसी शब्द या पद के बाद जुड़कर उसके अर्थ में विशेष प्रकार का बल भर देते हैं। ये 9 प्रकार के हैं– लगभग, करीब, तो, ही, तक, सा, पर, सिर्फ, केवल, क्या, काश, मत, क्या, जी, नहीं इत्यादि निपात के अन्तर्गत आते हैं।

132. रविवार है, वह घर पर ही रहेगा।
रेखांकित शब्द को पहचानिए :

(a) सर्वनाम (b) प्रत्यय
(c) निपात (d) उपसर्ग

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) वाक्य में किसी शब्द या पद के बाद जो अव्यय लगकर एक विशेष बल या अवधारणा को व्यक्त करते हैं, उन्हें 'निपात कहते हैं।

यथा– ही, भी, तो, तक, मात्र, भर आदि।

133. मैं आज तक परीक्षा में सफल ही हुई हूँ। रेखांकित शब्द को पहचानिए:

(a) निपात (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर: (a) मैं आज तक परीक्षा में सफल ही हुई हूँ। रेखांकित शब्द 'तक' निपात है। निपात शब्द के अनेक अर्थ होते हैं तथा इनका लिंग, वचन नहीं होता है। निपात को सामान्य रूप से अव्यय मानते हैं किन्तु ये शुद्ध अव्यय नहीं होते हैं।

134. जिनका प्रयोग निश्चित शब्द-समुदाय या पूरे वाक्य का, अतिरिक्त भावार्थ प्रदान करने के लिए होता है, उसे कहते हैं-

(a) समानाधिकरण (b) व्यधिकरण
(c) विस्मयादिबोधक (d) निपात

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) जिनका प्रयोग निश्चित शब्द- समुदाय या पूरे वाक्य में, अतिरिक्त भावार्थ प्रदान करने के लिए होता है, उसे 'निपात' कहते हैं। जैसे- ही, भी, तो, तक, केवल आदि।

7. अन्य

135. 'मरुभूमि में कहीं धान उगता है?' वाक्य में कौन-सा क्रिया-विशेषण है?

(a) समयवाचक (b) रीतिवाचक
(c) स्थानवाचक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : मरुभूमि में कहीं धान उगता है? वाक्य में 'कहीं' शब्द निषेध के अर्थ में प्रयोग हुआ है। अतः उपर्युक्त में से कोई नहीं उत्तर होगा।

136. एक वाक्य में अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है-

(a) मैं अभी आया। (b) श्याम इधर आओ।
(c) मैंने खूब आम खाये। (d) पानी बरसने लगा।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'पानी बरसने लगा' वाक्य में अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है जबकि मैं अभी आया, श्याम इधर आओ और मैंने खूब आम खाये में रेखांकित शब्द अव्यय हैं।

137. 'एक' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता?

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) विशेषण (d) सम्बन्धबोधक

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) 'एक' शब्द का प्रयोग सम्बन्धबोधक के रूप में नहीं किया जा सकता।

138. जो अव्यय शब्द दो पदों, पदबन्धों या उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य करते हैं, उन्हें कहा गया है :

(a) क्रिया–विशेषण (b) समुच्चय बोधक
(c) सम्बन्ध बोधक (d) विस्मयादि बोधक

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (25-08-2013)

Ans: (b) दो शब्दों, वाक्यांशों या वाक्यों को परस्पर जोड़ने वाले शब्द समुच्चय बोधक अव्यय कहे जाते हैं। जैसे– राम और श्याम दोनों भाई हैं। (शब्द + शब्द)
सच बोलना और किसी की परवाह न करना उसकी खासियत है। (वाक्यांश + वाक्यांश)
यहाँ 'और' समुच्चय बोधक अव्यय है।

@RexstarPdf

09.

लिंग, वचन, काल, वाच्य

1. पुल्लिंग

1. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?

(a) संचार, पालन, ग्रीवा
(b) मनुष्यत्व, बनावट, रौनक
(c) पतलून, झल्लाहट, अक्षुण्णता
(d) प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (d): दिये गये प्रश्न में प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह शब्द पुल्लिंग हैं। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

2. निम्नलिखित में से ईकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग) नहीं है:

(a) नदी (b) टोपी
(c) उदासी (d) पहिया

GIC. PGT 2012

उत्तर : (d) पहिया ईकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग) नहीं है। 'पहिया' आकारान्त 'पुल्लिंग' शब्द है। जबकि नदी, टोपी, उदासी ईकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग) शब्द हैं।

3. दिए गये शब्दों में से कौन एक 'स्त्रीलिंग' नहीं है?

(a) रामायण (b) प्रार्थना
(c) मछली (d) मकान

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'मकान' शब्द पुल्लिंग है।

4. लिंग के आधार पर असंगत शब्द युग्म है:

(a) श्रीमान् - श्रीमती (b) विद्वान - विदुषी
(c) युवा - युवती (d) दाता - दत्रि

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'दाता-दत्रि' लिंग के आधार पर असंगत शब्द-युग्म है। इसका संगत शब्द-युग्म 'दाता-दात्री' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

5. लिंग के आधार पर असंगत युग्म है:

(a) छात्र – छात्रा (b) प्रौढ़ – प्रौढ़ा
(c) आयुष्मान – आयुष्मती (d) साँप – साँपिनी

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्प में 'साँप-साँपिनी' लिंग के आधार पर असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म है - साँप-साँपिन। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

6. लिंग के आधार पर असंगत शब्द युग्म है:

(a) कुमार-कुमारी (b) दास-दासिन
(c) तरुण-तरुणी (d) सुंदर-सुंदरी

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'दास-दासिन' लिंग के आधार पर असंगत शब्द युग्म है। इसका संगत शब्द-युग्म 'दास-दासी' होगा। शेष विकल्पों के शब्द युग्म लिंग के आधार पर संगत हैं।

7. शब्दों के लिंग परिवर्तन की दृष्टि से कौन सा शब्द युग्म असंगत है?

(a) बूढ़ा - बुढ़िया (b) कटोरा - कटोरी
(c) हथौड़ा - हथौड़ी (d) माली - मालिनी

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर :(d) शब्दों के लिंग परिवर्तन की दृष्टि से 'माली-मालिनी' युग्म असंगत है। इसका संगत युग्म 'माली-मालिन' होगा। शेष विकल्पों के शब्द युग्म संगत हैं।

8. निम्नलिखित में 'लिंग' की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) लेखक – लेखिका (b) चूहा – चुहिया
(c) टोकरा – टोकरि (d) पतीला – पतीली

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'टोकरा-टोकरि' लिंग की दृष्टि असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म 'टोकरा-टोकरी' होगा। विकल्पों के युग्म संगत है।

9. निम्नलिखित में लिंग की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) माली – मालिन (b) शेर – शेरनी
(c) बाघ – बाघिन (d) सेठ – सेठाइन

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर: (d)'सेठ-सेठाइन' लिंग की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म- सेठ-सेठानी' होगा। शेष विकल्पों का युग्म संगत है।

10. निम्न में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) पूर्ति (b) अभिव्यक्ति (c) विवाह (d) छवि

DSSSB TGT 2018
लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर: (c): दिये गये विकल्पों में 'विवाह' शब्द तत्सम् पुल्लिंग शब्द है जबकि पूर्ति, अभिव्यक्ति तथा छवि ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्द के उदाहरण हैं। संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो उसे व्याकरण में लिंग कहते हैं। हिन्दी में दो प्रकार के लिंग हैं- (1) पुल्लिंग (2) स्त्रीलिंग

11. किस पुल्लिंग शब्द का लिंग परिवर्तन सही नहीं है?

(a) नायक-नायिका (b) सेवक-सेविका
(c) अनुज–अनुजा (d) संचालक–संचारिका

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

उत्तर: (d) संचालक शब्द का स्त्रीलिंग संचालिका होगा। अन्य सभी विकल्प नायक-नायिका, सेवक-सेविका, अनुज-अनुजा सही हैं।

12. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) यामा (b) योजना (c) भिक्षा (d) संबल

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

उत्तर: (d) संबल शब्द स्त्रीलिंग नहीं है, जबकि यामा, योजना, भिक्षा, स्त्रीलिंग शब्द हैं।

@RexstarPdf

13. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) बात (b) रात
(c) आय (d) व्यय

UP TGT - 2004
UP PGT - 2002
CGPSC (Pre) 2020

उत्तरः (d) 'व्यय' शब्द पुल्लिंग का उदाहरण है जबकि बात, रात एवं आप स्त्रीलिंग शब्द हैं।

14. नीचे चार शब्द दिए गए हैं। इनमें से तीन शब्द स्त्रीलिंग हैं, जबकि एक शब्द पुल्लिंग है। कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) चाल (b) दाल
(c) खाल (d) गाल

CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (d) : उपर्युक्त शब्दों में चाल, दाल, खाल स्त्रीलिंग शब्द हैं जबकि गाल पुल्लिंग शब्द है।

15. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) जोगी (b) नर्मदा
(c) अमावस्या (d) वक्त्री

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में जोगी शब्द पुल्लिंग है। शेष विकल्पों में लिखित शब्द 'स्त्रीलिंग' है। स्त्रीलिंग शब्द – अमावस्या, नर्मदा, वक्त्री।

16. 'मन-गढ़न्त, शिष्टता और घबराहट' इन शब्दों के लिंग बताइए।

(a) पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(b) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग
(c) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(d) पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तरः (d) मन-गढ़न्त, शिष्टता और घबराहट तीनों शब्द क्रमशः पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग है। अन्य विकल्प सही नहीं है।

17. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?

(a) हीरा, मोती, मणि (b) कौआ, खरगोश, मंडल
(c) हार, पायल, पुखराज (d) नथ, मूंगा, पन्ना

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'कौआ, खरगोश, मंडल' पुल्लिंग शब्द हैं। संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध होता है उसे व्याकरण में 'लिंग' कहते हैं। हिन्दी में लिंग के दो भेद हैं- पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग।

18. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) विकृति (b) संस्कृति
(c) दंपति (d) प्रकृति

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए शब्दों में 'दंपति' पुल्लिंग शब्द है। अन्य सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं।

19. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो पुल्लिंग रूप वाला विकल्प है।

(a) हथेली (b) तुला
(c) झगड़ा (d) नाक

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तरः (c) उपर्युक्त विकल्पों में झगड़ा पुल्लिंग शब्द है जबकि हथेली, तुला तथा नाक स्त्रीलिंग शब्द हैं।

20. दिए गए शब्द का लिंग ज्ञात कीजिए।
शीशम

(a) पुल्लिंग (b) सहायक क्रिया
(c) कारक (d) स्त्रीलिंग

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)
UPSI Batch-II 12 Dec. 2017

उत्तरः (a) दिया गया शब्द 'शीशम' पुल्लिंग होगा।
लिंग–संज्ञा के जिस रूप से, जिस विशेषता से उसके नर या मादा होने का बोध होता है, उस विशेषता को लिंग कहते हैं।

21. इनमें कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) दवात (b) दवान
(c) दवाई (d) दवार

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (d) विकल्प **(d)** में दिया गया शब्द 'दवार' स्त्रीलिंग नहीं बल्कि 'पुल्लिंग' शब्द है। शेष सभी विकल्प **जैसे**- दवात, दवान, दवाई, स्त्रीलिंग शब्द हैं।

22. इनमें से कौन-सा शब्द 'पुल्लिंग' है?

(a) यशस्वी (b) हथिनी
(c) अभिनेत्री (d) आँख

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) दिये गए विकल्पों में 'यशस्वी' शब्द पुल्लिंग है। शेष शब्द हथिनी, अभिनेत्री एवं आँख स्त्रीलिंग शब्द हैं।

23. इनमें से कौन-सा शब्द 'वीरांगना' का पुल्लिंग रूप है?

(a) इनमें से कोई नहीं (b) वीरता
(c) वीर (d) वीरांगना

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'वीरांगना' शब्द का पुल्लिंग रूप 'वीर' होता है।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है ?

(a) दया (b) भाषा
(c) माया (d) आभार

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d) दिये गये विकल्पों में 'आभार' पुल्लिंग शब्द है जबकि दया, भाषा तथा माया स्त्रीलिंग शब्द हैं।

25. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) इच्छा (b) झुरमुट
(c) अंत्योष्टि (d) निराशा

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UP PGT 2003

उत्तर : (b) झुरमुट शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। बल्कि यह पुल्लिंग है। शेष शब्द स्त्रीलिंग हैं।

@RexstarPdf

26. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) कष्ट (b) सेना
(c) आशा (d) क्षमा

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'कष्ट' शब्द पुल्लिंग है। शब्द के जिस रूप से किसी व्यक्ति, वस्तु आदि के जाति का बोध हो उसे लिंग कहते हैं। हिन्दी में लिंग के दो भेद होते हैं।

पुल्लिंग– जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध हो उसे पुल्लिंग कहते हैं। **जैसे**- शेर, पेड़, बैल।

स्त्रीलिंग–जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो उसे स्त्रीलिंग कहते हैं। **जैसे**- नारी, गाय, कुर्सी।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) घटना (b) रीति
(c) क्षेत्र (d) क्षमा

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) 'क्षेत्र' पुल्लिंग शब्द है। जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध हो उसे पुल्लिंग तथा जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।

28. इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) उन्नति (b) विकास
(c) वृद्धि (d) प्रगति

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'विकास' शब्द पुल्लिंग का शब्द है जबकि उन्नति, वृद्धि एवं प्रगति स्त्रीलिंग का शब्द है।

29. इनमें कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) अपेक्षा (b) गति
(c) स्वर (d) आत्मा

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) दिए गए शब्दों में 'स्वर' शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उन्हें स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं। **जैसे**–सुई, कुर्सी, गर्दन, माता, रानी आत्मा, गति, अपेक्षा आदि स्त्रीलिंग शब्द हैं।

30. इनमें से कौन-सा शब्द 'पुल्लिंग' है?

(a) पूड़ी (b) खीर
(c) रोटी (d) धनिया

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'धनिया' शब्द पुल्लिंग है। जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे पुल्लिंग शब्द कहते हैं। **जैसे**- आचार्य, पूज्य, घोड़ा आदि।

31. इनमें कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) स्थान (b) पैठ
(c) गति (d) पहुँच

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) 'स्थान' शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। शेष शब्द पैठ, गति, पहुँच स्त्रीलिंग के उदाहरण हैं।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) प्लेट (b) तलवार
(c) पायल (d) कैमरा

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC वनरक्षक 02.12.2018 (Shift-I)

उत्तर : (d) दिए गए विकल्पों में 'कैमरा' पुल्लिंग शब्द है। जबकि 'प्लेट', 'तलवार' एवं 'पायल' स्त्रीलिंग शब्द हैं।

33. इनमें से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) मूर्खता (b) कपट
(c) निद्रा (d) सुंदरता

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'कपट' शब्द पुल्लिंग है जबकि मूर्खता, निद्रा एवं सुंदरता स्त्रीलिंग शब्द हैं।

34. इनमें कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) कविता (b) कहानी
(c) उपन्यास (d) जीवनी

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तरः (c) 'उपन्यास' शब्द स्त्रीलिंग नहीं हैं। शेष शब्द कविता, कहानी, जीवनी स्त्रीलिंग हैं। वे संज्ञा शब्द जो हमें स्त्री जाति का बोध कराते हैं, स्त्रीलिंग शब्द कहलाते हैं।

35. इनमें पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) दौलत (b) निधि
(c) कोश (d) रकम

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) 'कोश' शब्द पुल्लिंग है। वह शब्द जो पुरुष जाति या उससे संबंध रखने वाले विशेषणों, क्रियाओं का बोध कराये, उसे पुल्लिंग कहते हैं।

पुल्लिंग शब्द–

1.शरीर के अवयवों के नाम पुल्लिंग होते हैं। **जैसे**–कान, मुँह आदि

2.रत्नों के नाम पुल्लिंग होते हैं **जैसे**– मोती, हीरा आदि।

3.धातुओं के नाम पुल्लिंग होते हैं **जैसे**– तांबा, सोना, सीसा आदि।

4. अनाज के नाम पुल्लिंग होते हैं **जैसे**– जौ, गेहूँ, चावल आदि।

5. पेड़ों के नाम पुल्लिंग होते हैं **जैसे**– पीपल, आम आदि।

36. संज्ञा के जिस रूप से पुरुषत्व या स्त्रीत्व का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं?

(a) क्रिया (b) वचन
(c) लिंग (d) कारक

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) संज्ञा के जिस रूप से पुरुषत्व या स्त्रीत्व का बोध होता है उसे लिंग कहते हैं। हिंदी में दो लिंग (पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग) होता है।

@RexstarPdf

37. इनमें से कौन-सा शब्द 'स्त्रीलिंग' नहीं है?

(a) हिंदी (b) प्रयोग
(c) सेवा (d) भाषा

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'प्रयोग' शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। यह पुल्लिंग शब्द है। जबकि हिंदी, सेवा, भाषा शब्द स्त्रीलिंग हैं। जो शब्द हमें स्त्री जाति का बोध कराते हैं वे शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

38. किनके नाम अधिकतर पुल्लिंग होते हैं?

(a) तिथियों के (b) भाषाओं
(c) नदियों के (d) दिनों के

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर:(d) दिनों के नाम अधिकतर पुल्लिंग शब्द होते हैं। सामान्यतः पर्वतों के नाम, देशों के नाम, नक्षत्रों के नाम, द्रवों के नाम, फूलों के नाम, दिनों के नाम, महीनों के नाम, पेड़ों के नाम आदि पुल्लिंग शब्द के उदाहरण हैं। जबकि तिथियों, भाषाओं और नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं।

39. इनमें कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) देश (b) मिट्टी
(c) जमीन (d) भूमि

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)
UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर : (a) 'देश' शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। देश, उपजाति, देशवासी, जाति, सागर, वार और ग्रह पुल्लिंग होते हैं। मिट्टी, जमीन, भूमि आदि शब्द स्त्रीलिंग हैं।

40. देश-वेश-क्लेश-भेष इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?

(a) 0 (b) 2
(c) 1 (d) 4

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (a) दिये गये शब्दों देश-वेश-क्लेश-भेष इन चारों में एक भी स्त्रीलिंग शब्द नहीं है। सभी शब्द पुल्लिंग हैं।

41. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) मेहनत (b) आहार
(c) रंगत (d) चाहत

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC वनरक्षक 02.02.2018 (Shift-II)

उत्तर:(b) 'आहार' शब्द पुल्लिंग है। जबकि मेहनत, रंगत एवं चाहत स्त्रीलिंग शब्द हैं।

42. इनमें से कौन-सा पुल्लिंग शब्द स्त्रीलिंग शब्द में प्रत्यय लगाने से बना है?

(a) मर्दाना (b) बुढ़ापा
(c) भेड़ा (d) विधुर

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर: (c) 'भेड़' शब्द में 'आ' प्रत्यय लगाकर पुल्लिंग शब्द 'भेड़ा' बनाया गया है। कुछ स्त्रीलिंग संज्ञाओं के आगे 'आ' प्रत्यय जोड़कर पुल्लिंग शब्द बनाया जाता है। **जैसे** – भैंस – भैंसा

43. दिए गए विकल्पों में कौन सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) चिलका झील (b) सब्जी
(c) अनन्नास (d) बुंदेली

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर: (c) दिये गये विकल्प के अनुसार 'अनन्नास' स्त्रीलिंग शब्द नहीं है। इसके अलावा अन्य सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं; **जैसे**–चिल्का झील, सब्जी, बुंदेली।

44. निम्न में से कौन से शब्दों का विकल्प स्त्रीलिंग में नहीं आता?

(a) पंजाबी, बंगाली (b) सप्ताह, महीना
(c) आँख, नाक (d) गंगा, यमुना

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) दिये गये विकल्पों में सप्ताह, महीना पुल्लिंग माने जाते हैं। नदियों के नाम, भाषाओं के नाम तथा शरीर के कुछ अंगों के नाम (आँख, नाक, कोहनी, कलाई, जीभ, नस इत्यादि) स्त्रीलिंग के अन्तर्गत आते हैं।

45. निम्नलिखित शब्दों में कौन स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) रोटी (b) पूड़ी
(c) पानी (d) नदी

[UPPSC AE 2008]
UP S.D.I. Exam 2018
UP TGT 2010
UP PGT 2004

उत्तर. (c) दिए गए शब्दों में **पानी** शब्द पुल्लिंग है। शेष रोटी, पूड़ी एवं नदी स्त्रीलिंग शब्द हैं।

46. दिए गये शब्दों में से कौन एक 'स्त्रीलिंग' नहीं है?

(a) रामायण (b) प्रार्थना
(c) मछली (d) मकान

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में **मकान** शब्द पुल्लिंग है। शेष स्त्रीलिंग हैं।

47. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) जलन (b) सोना
(c) पुस्तक (d) मृत्यु

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) 'सोना' शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। 'सोना' शब्द **पुल्लिंग** है जबकि जलन, पुस्तक, मृत्यु शब्द स्त्रीलिंग के हैं। 'चाँदी' को छोड़कर लगभग सभी धातुएँ पुल्लिंग में होती हैं।

@RexstarPdf

48. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'स्त्रीलिंग' नहीं है?

(a) नदी (b) हवा
(c) सजा (d) पराठा

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : पराठा 'स्त्रीलिंग' नहीं है बल्कि पुल्लिंग शब्द है जबकि नदी, हवा, सजा स्त्रीलिंग शब्द हैं। अन्य स्त्रीलिंग शब्द हैं- दादी, छात्रा, युवती, अध्यापिका, बहन, नदी, यमुना, गंगा, लक्ष्मी, गाय, माता, नारी आदि।

49. पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए।

(a) मूर्खा (b) विदुषी
(c) कर्ता (d) याचिका

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'कर्ता' पुल्लिंग शब्द है। इसका स्त्रीलिंग रूप 'कर्त्री' होगा। अन्य शब्द मूर्खा, विदुषी, याचिका स्त्रीलिंग शब्द हैं; जिसमें मूर्खा का पुल्लिंग रूप 'मूर्ख' तथा विदुषी का पुल्लिंग रूप 'विद्वान' होगा। याचिका का पुल्लिंग याचक होता है।

50. 'एकाकिनी' शब्द का लिंग बदलें।

(a) एक (b) एकाकिन
(c) एकाकी (d) एकाकिनी

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में एकाकिनी का लिंग परिवर्तन 'एकाकी' होगा। एकाकी में 'इनी' प्रत्यय लगाकर इसका स्त्रीलिंग रूप निर्मित किया गया है।

51. निम्न शब्दों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) जाति (b) विधि
(c) राशि (d) शशि

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'शशि' पुल्लिंग शब्द है। शेष शब्द विधि, राशि और जाति स्त्रीलिंग शब्द हैं।

52. 'सप्ताह में सात दिन होते हैं।' प्रस्तुत वाक्य में 'दिन' शब्द ..... है।

(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) उभयलिंग (d) कुछ भी नहीं

UPSI Batch - II 13 Dec.2017
UP PGT 2004

उत्तर : (a) 'सप्ताह में सात दिन होते हैं' प्रस्तुत वाक्य में 'दिन' पुल्लिंग शब्द है। शेष तीनों विकल्प असंगत हैं। दिनों के नाम पुल्लिंग होते हैं।

53. निम्न में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) आशा (b) आज्ञा
(c) गरिमा (d) सागर

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'सागर' शब्द पुल्लिंग है। जबकि आशा, आज्ञा तथा गरिमा स्त्रीलिंग शब्द हैं।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) भवदीया (b) डिबिया
(c) साध्वी (d) संचालक

UPP, 2017

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में पुल्लिंग शब्द 'संचालक' है, इसका स्त्रीलिंग रूप 'संचालिका' होगा। जबकि भवदीया, डिबिया और साध्वी ये तीनों स्त्रीलिंग शब्द हैं।

55. इन चार विकल्पों में से तीन समान लिंग के हैं, चौथे असंगत शब्द को चुनें।

(a) वायु (b) धातु
(c) उपहार (d) दया

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में **'उपहार'** शब्द पुल्लिंग है, जबकि वायु, धातु और दया तीनों स्त्रीलिंग शब्द हैं।

56. दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) सुबह (b) मिर्ची
(c) जीरा (d) दृष्टि

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर: (c) ध्यातव्य है कि मसालों के नाम स्त्रीलिंग में होते हैं, जैसे- लौंग, इलायची, मिर्च, दालचीनी, हल्दी, जावित्री, हींग इत्यादि; किन्तु कुछ नाम इसके अपवाद हैं, जो पुल्लिंग होते हैं; जैसे– जीरा, धनिया, तेजपत्ता इत्यादि। अतः दिये गये विकल्पों में 'जीरा' शब्द पुल्लिंग है। शेष तीनों शब्द सुबह, मिर्ची, दृष्टि स्त्रीलिंग है।

57. निम्न विकल्पों में पुल्लिंग शब्द कौन सा है?

(a) चील (b) कुर्सी
(c) पक्षी (d) राशि

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'पक्षी' शब्द पुल्लिंग है। शेष शब्द चील, कुर्सी, राशि स्त्रीलिंग हैं।

58. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा पुल्लिंग है?

(a) छात्रा (b) विदुषी
(c) पड़ोस (d) शिष्या

UPSI Batch - II 21 Dec. 2017

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में 'पड़ोस' पुल्लिंग शब्द है। शेष अन्य शब्द **जैसे–** छात्रा, विदुषी, शिष्या स्त्रीलिंग हैं। उनके पुल्लिंग शब्द क्रमशः छात्र, विद्वान, शिष्य होंगे।

59. 'भवानी' शब्द का पुल्लिंग शब्द क्या है?

(a) भगवती (b) भव
(c) भवानी (d) भगवान

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (b): दिये गये विकल्पों में भवानी का पुल्लिंग शब्द 'भव' होगा। भगवती का पुल्लिंग शब्द 'भगवान' होता है। 'भवानी' पार्वती का तथा 'भव' शंकर का पर्यायवाची है।

60. 'विधात्री' शब्द का पुल्लिंग बताइए।

(a) दाता (b) धात्रा
(c) नेता (d) विधाता

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (d): दिये गये विकल्पों में विधात्री शब्द का पुल्लिंग 'विधाता' है जबकि दाता का स्त्रीलिंग दात्री, धाता का स्त्रीलिंग धात्री तथा नेता का स्त्रीलिंग नेत्री होता है।

61. दिए गए विकल्पों में से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) वृष्टि (b) नृप
(c) घाघरा (d) रात्रि

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में **नृप** पुल्लिंग शब्द है। अन्य शब्द वृष्टि, घाघरा तथा रात्रि स्त्रीलिंग शब्द हैं।

62. पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए।

(a) नायिका (b) लेखिका
(c) वधू (d) धावक

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (d): दिये गये विकल्पों में **धावक** पुल्लिंग शब्द है। इसका स्त्रीलिंग रूप 'धाविका' होगा। शेष सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं, जिसमें नायिका का पुल्लिंग 'नायक', लेखिका का पुल्लिंग 'लेखक' तथा वधू का पुल्लिंग रूप 'वर' होगा।

63. 'आचार्या' का पुल्लिंग शब्द होता है–

(a) गुरू (b) आचार्य
(c) शिक्षक (d) आर्य

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (b): दिये गये विकल्पों में 'आचार्या' शब्द का पुल्लिंग शब्द– 'आचार्य' होगा। शिक्षक में 'इका' प्रत्यय से तथा गुरू में 'आइन' प्रत्यय के प्रयोग से इनका स्त्रीलिंग रूप क्रमशः 'शिक्षिका' तथा 'गुरुआइन' होगा।

64. निम्न में से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) इच्छा (b) राष्ट्र
(c) रक्षा (d) योग्यता

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (b) देशों के नाम व 'राष्ट्र' पुल्लिंग शब्द हैं। जैसे-भारत, चीन, ईरान, जापान.....आदि; जबकि इच्छा, रक्षा और योग्यता शब्द स्त्रीलिंग हैं।

65. 'बिल्ली' शब्द का पुल्लिंग क्या होगा?

(a) बिल्ला (b) बिलाव
(c) बिलाओ (d) बिल्लो

UPSI Batch - I 19 Dec.2017
UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में 'बिल्ली' शब्द का पुल्लिंग रूप 'बिलाव' होगा।

66. शब्द 'दाँत' इनमें से किस विकल्प को दर्शाता है?

(a) स्त्रीलिंग (b) पुल्लिंग
(c) नपुंसक लिंग (d) उभय लिंग

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (b) : प्रश्नगत शब्द 'दाँत' लिंग की दृष्टि से **पुल्लिंग** को दर्शाता है, क्योंकि शरीर के अवयवों/अंगों के नाम पुल्लिंग होते हैं; जैसे – दाँत, कान, मुँह, ओठ, पाँव, गाल, मस्तक, नाखून इत्यादि। परन्तु इसके भी कुछ अपवाद हैं, जो स्त्रीलिंग रूप में प्रयुक्त होते हैं, जैसे – नाक, आँख, जीभ, कोहनी, कलाई इत्यादि।

67. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) वचन (b) हानि
(c) प्यास (d) बचत

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में 'वचन' पुल्लिंग शब्द है, जबकि हानि, प्यास तथा बचत स्त्रीलिंग शब्द हैं।

68. निम्न विकल्पों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) धरती (b) कुटुंब
(c) मणि (d) सेना

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (b): दिये गये विकल्पों में 'कुटुम्ब' शब्द पुल्लिंग है। शेष तीनों शब्द स्त्रीलिंग हैं।

69. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) आय (b) व्यय
(c) नहर (d) लहर

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UP PGT 2002
UP TGT 2004

उत्तर. (b) प्रश्नगत विकल्पों में से 'व्यय' शब्द पुल्लिंग है, शेष सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं।

70. निम्नांकित में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) मजा (b) सजा
(c) कजा (d) रजा

UP TGT 2010

उत्तर. (a) आकारान्त संज्ञायें स्त्रीलिंग होती हैं, परन्तु 'मजा' शब्द इसका अपवाद है। अतः प्रश्नगत विकल्पों में से 'मजा' पुल्लिंग शब्द है, शेष स्त्रीलिंग शब्द हैं।

71. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए –

(a) सूची-पत्र (b) किताब
(c) गंगा (d) संसद

UP TGT 2005

उत्तर. (a) 'सूची-पत्र' शब्द पुल्लिंग है, जबकि गंगा, संसद तथा किताब ये तीनों शब्द स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होते हैं।

@RexstarPdf

72. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) लगन (b) मीमांसा
(c) आहट (d) माधुर्य

GIC. PGT 2015

उत्तर. (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'माधुर्य' शब्द पुल्लिंग है, शेष 'लगन', 'आहट' तथा 'मीमांसा' स्त्रीलिंग शब्द हैं।

73. इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

(a) दया (b) निर्धनता
(c) बुढ़ापा (d) दुर्घटना

UP TGT 2003

उत्तर. (c) जिन भाववाचक संज्ञाओं के अन्त में पा, आव, पन, वा, ना होता है, वे पुल्लिंग के शब्द होते हैं, अतः 'बुढ़ापा' शब्द पुल्लिंग है। प्रश्न में दिए गए शेष तीनों शब्द–दया, निर्धनता, दुर्घटना स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

74. लिंग की दृष्टि से 'दही' क्या है?

(a) स्त्रीलिंग (b) पुल्लिंग
(c) नपुंसक लिंग (d) उभय लिंग

GIC. PGT 2009
UP PGT 2005
UPSI 21.07.2017 (Shift-I)

उत्तर. (b) खाने-पीने की वस्तुएँ स्त्रीलिंग होती हैं, जैसे-रोटी, दाल, खीर, पूरी इत्यादि, परन्तु दही, भात, हलवा, पराठा, रायता आदि शब्द इसके अपवाद हैं, ये पुल्लिंग शब्द हैं। अतः लिंग की दृष्टि से 'दही' पुल्लिंग है।

75. निम्नलिखित में पुल्लिंग शब्द है–

(a) सरसों (b) मकई
(c) सारस (d) मूँग

UP PGT 2003

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में से 'सारस' पुल्लिंग शब्द है, जबकि सरसों, मूँग स्त्रीलिंग शब्द है। वस्तुतः अनाजों के नाम पुल्लिंग होते हैं, **जैसे**-जौ, गेहूँ, चावल, बाजरा, चना, मटर, तिल, आदि; परन्तु सरसों, मूँग, मकई, ज्वार, खेसारी इसके अपवाद हैं तथा स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

76. निम्नलिखित शब्दों में पुल्लिंग का चयन कीजिए :-

(a) हवा (b) कोयल
(c) दारा (d) शिक्षा

UP PGT 2013

उत्तर. (c) लिंग संस्कृत भाषा का शब्द है। लिंग का शाब्दिक अर्थ होता है–स्त्री, पुरुष सूचक चिह्न। स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द 'स्त्रीलिंग' कहलाते हैं और पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द 'पुल्लिंग' कहलाते हैं। इस तरह हिन्दी भाषा में लिंग के दो भेद होते हैं- (a) स्त्रीलिंग (b) पुल्लिंग। दिए गये वैकल्पिक शब्दों में 'दारा' पुल्लिंग शब्द है जबकि हवा, कोयल, शिक्षा स्त्रीलिंग शब्द हैं।

77. निम्न में पुल्लिंग शब्द कौन सा है?

(a) दया (b) प्रार्थना
(c) वायु (d) नेत्र

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर : (d) 'नेत्र' पुल्लिंग शब्द है, जबकि दया, प्रार्थना, वायु स्त्रीलिंग शब्द हैं। जिन तत्सम संज्ञाओं के अन्त में 'त्र' होता है, वे सदैव पुल्लिंग होते हैं; **जैसे–** चित्र, क्षेत्र, पात्र, चरित्र, शस्त्र आदि।

78. निम्न में पुल्लिंग शब्द कौन सा है?

(a) क्षमा (b) घटना
(c) क्षेत्र (d) रीति

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) दिये गये शब्दों में 'क्षेत्र' पुल्लिंग शब्द है, जबकि 'क्षमा', 'घटना' तथा 'रीति' स्त्रीलिंग शब्द हैं।

79. निम्न में कौन सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) आशा (b) कष्ट
(c) क्षमा (d) सेना

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'कष्ट' शब्द पुल्लिंग है, जबकि आशा, क्षमा तथा सेना स्त्रीलिंग शब्द हैं।

80. निम्न में कौन सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) दया (b) माया
(c) भाषा (d) आभार

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'आभार' शब्द पुल्लिंग है, जबकि दया, माया तथा भाषा स्त्रीलिंग शब्द हैं, क्योंकि तत्सम आकारान्त संज्ञायें स्त्रीलिंग होती हैं।

81. निम्न में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए :

(a) पहिया (b) लिखावट
(c) पखावज (d) मँझधार

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (a): दिये गये शब्दों में 'पहिया' शब्द पुल्लिंग के रूप में वाक्य संरचना में क्रिया के साथ संयोजित होता है। यथा–'समय का पहिया तो सदैव घूमा करता है।'

82. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) चील (b) कढ़ी
(c) सरसों (d) संतान

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (d): संतान पुल्लिंग शब्द है, जबकि अन्य सभी विकल्प स्त्रीलिंग हैं।

83. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) अँधेर (b) नकेल
(c) मुंडेर (d) बटेर

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

@RexstarPdf

उत्तर. (a): वे संज्ञा शब्द जो हमें पुरुष जाति के व्यक्ति, वस्तु आदि का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग शब्द कहलाते हैं: **जैसे–** शिशु, नक्शा, अँधेर, धन आदि।

84. कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) मंत्रणा (b) सभा
(c) मंडली (d) न्याय

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (d) : जो संज्ञा पद पुरुष वर्ग के वाचक होते हैं अथवा जो शब्द पुरुष जाति के अंतर्गत माने जाते हैं, वे पुल्लिंग कहलाते हैं। **जैसे-** लड़का, आदमी, बकरा, न्याय, पेड़ इत्यादि।

85. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) संकल्प (b) लज्जा
(c) घटना (d) प्रार्थना

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से **संकल्प** शब्द पुल्लिंग है। शेष 'घटना', 'लज्जा' तथा 'प्रार्थना' स्त्रीलिंग शब्द हैं। 'लज्जा' आकारान्त भाववाचक संज्ञा है और ये संज्ञायें सदैव स्त्रीलिंग में होती हैं।

86. लिंग की दृष्टि से एक सही नहीं है

(a) उन्होंने बहुत दौलत कमायी।
(b) इस साल की कीमत बहुत ज्यादा है।
(c) मुझे घर जाने की इजाजत नहीं मिली।
(d) दही बहुत खट्टी है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : लिंग की दृष्टि से वाक्य 'दही बहुत खट्टी है' सही नहीं है, क्योंकि दही पुल्लिंग शब्द है, अतः वाक्य दही बहुत खट्टा है, होगा।

87. कौन-सा पुल्लिंग शब्द है?

(a) समीर (b) बयार
(c) हवा (d) आँधी

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a): 'समीर' पुल्लिंग शब्द है जबकि बयार, हवा और आँधी स्त्रीलिंग शब्द हैं।

88. 'तन' शब्द का लिंग निर्धारित कीजिये:

(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) उभयलिंग (d) नपुंसकलिंग

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (a) 'तन' शब्द **पुल्लिंग** है। जिन संज्ञा शब्दों से पुरुषतत्व का बोध होता है, उन्हें 'पुल्लिंग' कहते हैं, **जैसे-** लड़का, बैल इत्यादि।

89. इनमें से एक शब्द पुल्लिंग है:

(a) बुद्धपुत्र (b) परिषद्
(c) पपीता (d) बाजार

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a & c): बुद्धपुत्र और पपीता पुल्लिंग शब्द है। जबकि परिषद और बाजार स्त्रीलिंग शब्द है।

2. स्त्रीलिंग

90. स्त्रीलिंग शब्द अलग कीजिए :

(a) हुलास (b) हरकत
(c) हमला (d) हवाला

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : 'हरकत' स्त्रीलिंग शब्द है। वाक्य प्रयोग देखें– तुम्हारी **हरकत** अच्छी नहीं लगती। शेष सभी पुल्लिंग शब्द हैं।

91. एक युग्म अशुद्ध है-

(a) गूंगा - गूंगी (b) घोड़ा - घोड़ी
(c) गोप - गोपी (d) कुंजड़ा - कुंजड़ी

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d): कुंजड़ा-कुंजड़ी अशुद्ध है। इसका शुद्ध युग्म कुँजड़ा - कुँजड़िन होता है, शेष युग्म शुद्ध हैं।

92. निम्नलिखित में, स्त्रीलिंग शब्द है :

(a) रिक्शा (b) ऊँट
(c) भैंस (d) ट्रक

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : भैंस स्त्रीलिंग शब्द है। इसका पुल्लिंग शब्द 'भैंसा' होता है। जबकि 'ऊँट' पुलिंग शब्द है इसका स्त्रीलिंग शब्द 'ऊँटनी' होगा।

93. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है :

(a) टायर (b) झाड़ू
(c) मेला (d) जूता

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तरः (b): 'झाड़ू' स्त्रीलिंग शब्द है जबकि टायर, जूता तथा मेला पुल्लिंग शब्द हैं।

94. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है :

(a) फाटक (b) दरी
(c) बगीचा (d) आँगन

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'दरी', स्त्रीलिंग शब्द है। जबकि फाटक, बगीचा तथा आँगन पुल्लिंग शब्द हैं।

95. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) संकल्प (b) उत्साह
(c) चक्रव्यूह (d) मृत्यु

UPPGT 2005
UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (d) 'मृत्यु' शब्द स्त्रीलिंग है। संकल्प, उत्साह, चक्रव्यूह पुल्लिंग के उदाहरण हैं।

@RexstarPdf

96. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) आज्ञा (b) मार्ग

(c) परिमाण (d) गृह

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'आज्ञा' स्त्रीलिंग शब्द है।
शेष शब्द मार्ग, परिमाण, गृह पुल्लिंग शब्द के उदाहरण हैं।

97. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) वचन (b) प्रहार

(c) कुण्डली (d) सर्प

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (c) : निम्न शब्दों में से 'कुण्डली' शब्द का प्रयोग स्त्रीलिंग शब्द के रूप में होता है। जबकि 'वचन', 'प्रहार' तथा 'सर्प' सदैव पुल्लिंग शब्द होते हैं।

98. निम्न में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) प्रभाव (b) निर्माण

(c) विवाह (d) भाषा

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'भाषा' शब्द 'स्त्रीलिंग' शब्द है। जबकि प्रभाव, विवाह एवं निर्माण पुल्लिंग शब्द हैं।

99. निम्नलिखित में उस समूह को चिह्नित करें जिसमें पुल्लिंग से स्त्रीलिंग परिवर्तन सही रूप में किया गया है।

शब्द- कवि, सम्राट, नेता, विधुर

(a) कवियत्री, सम्राज्ञी, नेती, विधरा

(b) कवयित्री, सम्राज्ञी, नेत्री, विधवा

(c) कवित्री, साम्राज्ञी, नेत्री, धुरा

(d) कवियत्री, सम्राज्ञी, नेता, विधवा

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

UP PGT-2005

उत्तर : (b) : प्रश्न में दिये गये शब्द कवि, सम्राट, नेता एवं विधुर के पुल्लिंग से स्त्रीलिंग परिवर्तन का सही रूप क्रमशः कवयित्री, सम्राज्ञी, नेत्री एवं विधवा है अतः विकल्प (b) सही है।

100. 'नाला' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द निम्नलिखित में से क्या है?

(a) नालिया (b) नालिए

(c) नाली (d) नालि

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिए हुए प्रश्न में शब्द 'नाला' का स्त्रीलिंग 'नाली' होगा।

स्त्रीलिंग: जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।

101. 'ठठेरा' शब्द का स्त्रीलिंग निम्न में से क्या होगा?

(a) ठठेरिन (b) ठठेरी

(c) ठठेरिनी (d) ठठारी

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a): दिए गए शब्द 'ठठेरा' का स्त्रीलिंग 'ठठेरिन' होगा। संज्ञा के जिस रूप से स्त्री जाति का पता चलता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।
जैसे :– लड़की, शेरनी, हंसिनी, घोड़ी, कुतिया इत्यादि।

102. दिए गए विकल्पों में से 'ज्ञानवती' का पुल्लिंग शब्द छाँटिए:

(a) ज्ञानवत (b) ज्ञानवान्

(c) ज्ञानयुक्त (d) ज्ञानेय

KVS. PGT. 2014

उत्तर. (b) 'ज्ञानवती' का पुल्लिंग शब्द 'ज्ञानवान्' होगा। शेष दिए गये विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

103.इनमें से कौन सा शब्द पुल्लिंग नहीं है?

(a) बनावट (b) छाता

(c) सूर्य (d) अमरूद

UP PGT 2013

उत्तर. (a) 'बनावट' शब्द पुल्लिंग नहीं है यह स्त्रीलिंग शब्द है, **जैसे**–दरवाजे की बनावट अच्छी है। अन्य स्त्रीलिंग शब्द हैं– सजावट, लिखावट, मुस्कराहट आदि। 'आवट' एवं 'आहट' प्रत्यय से निर्मित शब्द स्त्रीलिंग होते हैं। शेष अन्य वैकल्पिक शब्द पुल्लिंग हैं।

104.निम्नलिखित में पुल्लिंग शब्द नहीं है–

(a) रत्न (b) मोती (c) नकल (d) बचपन

UP PGT 2003

उत्तर. (c) रत्न, बचपन तथा मोती शब्द पुल्लिंग के रूप में प्रयुक्त होते हैं जबकि 'नकल' शब्द पुल्लिंग के रूप में न प्रयुक्त होकर स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होता है।

105. इनमें से कौन पुल्लिंग नहीं है?

(a) बचपन (b) वायु

(c) समुद्र (d) कम्बल

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : वायु स्त्रीलिंग शब्द है। शेष सभी पुल्लिंग हैं।

106. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प है।

नायक

(a) नायिका (b) नाईकी

(c) नायिकी (d) नयिकी

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

@RexstarPdf

उत्तरः (a) नायक शब्द का स्त्रीलिंग रूप 'नायिका' होगा। कुछ अन्य परीक्षोपयोगी शब्द एवं उनके स्त्रीलिंग रूप-

शब्द	**स्त्रीलिंग**
पूज्य	पूज्या
माननीय	माननीया
सम्राट	साम्राज्ञी
विद्वान	विदुषी
आत्मज	आत्मजा

107. दिए गए शब्द का स्त्रीलिंग ज्ञात कीजिए।

लाला

(a) लालाइन (b) लाली

(c) ललाइन (d) लल्ली

UP SI 2016

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित-2016

उत्तर : (c) : लाला का स्त्रीलिंग शब्द ललाइन होता है।

स्त्रीलिंग – जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो उसे स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं।

108. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प है।

मालिक

(a) मलीकीन (b) माल्किन

(c) मालकिन (d) मालिकन

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तरः (c): 'मालिक' का स्त्रीलिंग शब्द 'मालकिन' होगा।

स्त्रीलिंग - जिस संज्ञा शब्द से उसके मादा या स्त्री जाति का होने का ज्ञान होता है, उसे 'स्त्रीलिंग' कहते हैं। जैसे मालकिन सोती है। इस वाक्य में 'मालकिन' औरत है, और वह मादा/स्त्री जाति होने के कारण 'स्त्रीलिंग' है।

109. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग ज्ञात कीजिए।

(a) गैंडा (b) दरवाजा

(c) दीवार (d) परदा

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) : 'दीवार' स्त्रीलिंग शब्द है।

जैसे- दीवार गिर गयी।

स्त्रीलिंग- जिस संज्ञा शब्द से उसके 'मादा' (Female) या स्त्री जाति का होने का ज्ञान होता है, उसे 'स्त्रीलिंग' कहते हैं।

110. दिए गए शब्द का स्त्रीलिंग रूप ज्ञात कीजिए।

परोपकारी

(a) परउपकारिन (b) परोपकारी

(c) परोपकारिनी (d) परोपकनी

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (c) : परोपकारी शब्द का स्त्रीलिंग रूप 'परोपकारिनी' होगा।

111. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प है।

विद्वान

(a) विदुषी (b) ज्ञानी

(c) विद्वानी (d) विदूषक

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

उत्तरः (a) : विद्वान का स्त्रीलिंग शब्द 'विदुषी' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

112. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प है।

चौधरी

(a) चौधरीन (b) चौधारी

(c) चौधराइन (d) चौधारिन

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

DSSSB प्रशासनिक परीक्षा 31.05.2015

KVS PRT 22.12.2018

UK PSC AE 2013

UP SI 20.07.2017-II

राजस्व लेखपाल परीक्षा - 2015

UP SI 21.11.2021-II

उत्तर :(c) दिए गए विकल्प में स्त्रीलिंग रूप वाला शब्द 'चौधराइन' होगा।

लिंग - संज्ञा के जिस रूप से, जिस विशेषता से उसके नर (male) या 'मादा' (female) होने का बोध होता है, उस विशेषता को लिंग कहते हैं।

• हिन्दी भाषा में दो लिंग हैं - (1) पुल्लिंग (2) स्त्रीलिंग

पुल्लिंग		**स्त्रीलिंग**
पंडित	-	पंडिताइन
चौधरी	-	चौधराइन
लोहार	-	लोहारिन
सुनार	-	सुनारिन
नाई	-	नाउन
धोबी	-	धोबिन
ठाकुर	-	ठकुराइन

113. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) आय (b) विवाद

(c) सार (d) रूप

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

UPSSSC VDO 23/12/2018 (Shift-I)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'आय' स्त्रीलिंग शब्द है। जबकि विवाद, सार तथा रूप पुल्लिंग शब्द हैं।

@RexstarPdf

114. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) स्पर्श (b) लेख

(c) दुःख (d) गरिमा

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'गरिमा' स्त्रीलिंग शब्द है। जबकि स्पर्श, लेख तथा दुःख पुल्लिंग शब्द हैं।

115. इनमें से कौन-सा शब्द 'स्त्रीलिंग' है?

(a) अजवाइन (b) टोप

(c) पराठा (d) रसगुल्ला

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में अजवाइन शब्द 'स्त्रीलिंग' है। शेष टोप, पराठा, रसगुल्ला पुल्लिंग शब्द हैं।

116. 'नेता' का स्त्रीलिंग रूप क्या है?

(a) नेत्री (b) नेतीन

(c) नेतृ (d) नेताइन

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

UPSI 15/12/2017 (Shift-II)

उत्तर : (a) : नेता शब्द का स्त्रीलिंग 'नेत्री' है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं। जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है उन्हें पुल्लिंग एवं जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उन्हें स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं।

117. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) नगर (b) देश

(c) द्वीप (d) झील

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'झील' शब्द स्त्रीलिंग है। नदी, झेलम, गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, रावी, व्यास, सतलज सभी स्त्रीलिंग हैं। जबकि नगर, द्वीप, देश, पुल्लिंग शब्द हैं।

118. भाषा-भाव-बोली-शब्द इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?

(a) 0 (b) 1

(c) 3 (d) 2

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

UPSSSC Stenographer 10/03/2019

उत्तर : (d) : भाषा-भाव-बोली-शब्द इन चारों में दो शब्द स्त्रीलिंग हैं। हिन्दी भाषा में दो लिंग होते हैं-(1) पुल्लिंग (2) स्त्रीलिंग।

जबकि संस्कृत में तीन लिंग हैं। पुल्लिंग, स्त्रीलिंग एवं नपुंसक लिंग। भाषा और बोली ये दोनों शब्द स्त्रीलिंग हैं जबकि भाव तथा शब्द पुल्लिंग शब्द है।

119. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) मंत्रालय (b) सचिवालय

(c) समिति (d) आयोग

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (c) 'समिति' शब्द स्त्रीलिंग है। जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है उन्हें पुल्लिंग शब्द कहते हैं।

जैसे-बैल, पेड़, सिंह।

जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उन्हें स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं। **जैसे**- गंगा, लड़की, गाय।

120. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) बोध (b) अनुभव

(c) ज्ञान (d) चेतना

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'चेतना' शब्द स्त्रीलिंग है। जबकि बोध, अनुभव, ज्ञान पुल्लिंग शब्द हैं । जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है उसे पुल्लिंग शब्द कहते हैं तथा जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उसे स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं। **जैसे**-लेखक शब्द पुल्लिंग है लेकिन लेखिका शब्द स्त्रीलिंग है।

121. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) निर्देश (b) बात

(c) संदेश (d) कथन

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'बात' शब्द स्त्रीलिंग है। जबकि निर्देश, संदेश, कथन पुल्लिंग शब्द हैं।

122. पांडुलिपि-अध्याय-इकाई-पुस्तक-इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं ?

(a) 3 (b) 2

(c) 0 (d) 1

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (a) : पांडुलिपि, अध्याय, इकाई, पुस्तक इन चारों में तीन स्त्रीलिंग हैं, जो निम्न हैं- पांडुलिपि, इकाई, पुस्तक। जिस शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उन्हे स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं।

123. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) तिल (b) छाछ

(c) काढ़ा (d) टेसू

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

UPSSSC वनरक्षक 02/02/2018 (Shift-II)

GIC PGT- 2019

उत्तर : (b) : दिए गए शब्दों में 'छाछ' स्त्रीलिंग का शब्द है जबकि तिल, काढ़ा एवं टेसू पुल्लिंग शब्द हैं।

124. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) सभा (b) गृह

(c) चंदन (d) पता

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'सभा' 'स्त्रीलिंग' शब्द है। हमेशा यह कहा जाता है कि सभा शुरू होने वाली है जबकि अन्य विकल्पों में दिये गये शब्द गृह, चंदन एवं पता पुल्लिंग के शब्द हैं।

@RexstarPdf

125. कार्य-कथन-व्याख्या-उद्यम इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?

(a) 1 (b) 2
(c) 0 (d) 3

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दिये गये प्रश्न में 'व्याख्या' शब्द स्त्रीलिंग है जबकि कार्य-कथन-उद्यम शब्द पुल्लिंग हैं।
• नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं।

126. शीर्षक-अध्याय-इकाई-पाठ इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?

(a) 4 (b) 2
(c) 1 (d) 0

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो, उसे व्याकरण में लिंग कहते हैं। 'लिंग' संस्कृत भाषा का एक शब्द है जिसका अर्थ होता है-'चिह्न' या 'निशान'।
शीर्षक, अध्याय, इकाई,पाठ इन चारों में 'इकाई' स्त्रीलिंग है, जबकि शीर्षक, अध्याय, पाठ ये तीनों शब्द पुल्लिंग हैं।

127. 'दाता' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है?

(a) दानी (b) दात्री
(c) दत्राणि (d) दात्रीनि

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)
UPSI 16/12/2017 (Shift-I)

उत्तर :: (b) दाता का स्त्रीलिंग हैः- दात्री
दाता संस्कृत भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है 'देने वाला'।

128. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है ?

(a) सहयोग (b) भूमिका
(c) संस्कार (d) योगदान

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'भूमिका' शब्द स्त्रीलिंग है। जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है उसे स्त्रीलिंग शब्द कहते हैं। **जैसे**- यमुना, गाय, लड़की । हिन्दी में लिंग दो प्रकार का होता है।
(1) स्त्रीलिंग (2) पुल्लिंग

129. संस्कृति-संदर्भ-रचना-राय इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?

(a) 2 (b) 1
(c) 4 (d) 3

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : संस्कृति-संदर्भ-रचना-राय इन चारों में तीन स्त्रीलिंग शब्द (संस्कृति, रचना, राय) हैं। ऐसे संज्ञा शब्द जो हमें स्त्री जाति का बोध कराते हैं वे स्त्रीलिंग शब्द कहलाते हैं।

130. काम-क्रोध-मद-लोभ-इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?

(a) 1 (b) 2
(c) 0 (d) 3

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : ' काम', 'क्रोध', 'मद', 'लोभ' ये चारों शब्द पुल्लिंग शब्द हैं। अतः एक भी शब्द स्त्रीलिंग न होने के कारण विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

131. ' अभिमानी' का स्त्रीलिंग इनमें से क्या होगा?

(a) अभिमान्या (b) अभिमाना
(c) अभिमानिनी (d) अभिमन्या

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'अभिमानिनी' शब्द'अभिमानी' का स्त्रीलिंग शब्द है। अतः विकल्प (c) सही है।

132. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन- सा है?

(a) कष्ट (b) श्रम (c) कृषि (d) कार्य

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) 'कृषि' शब्द स्त्रीलिंग शब्द है। कष्ट, श्रम, कार्य इत्यादि शब्द पुल्लिंग के हैं।

133. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) परंपरा (b) प्राणायाम
(c) प्रयोग (d) संस्कार

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a) 'परम्परा' शब्द स्त्रीलिंग शब्द है। प्राणायाम, प्रयोग, संस्कार इत्यादि शब्द पुल्लिंग शब्दों के उदाहरण हैं।

134. 'शक्तिमान' का स्त्रीलिंग क्या है?

(a) शक्तिमानी (b) शक्तिमती
(c) शक्तिमाती (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : शक्तिमान का स्त्रीलिंग शब्द 'शक्तिमती' होगा।
अतः विकल्प (b) सही है।

135. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) संदेश (b) खत
(c) चिट्ठी (d) पत्र

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'चिट्ठी' स्त्रीलिंग शब्द है। शेष शब्द संदेश, खत, पत्र इत्यादि पुल्लिंग शब्द हैं।

136. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) रचना (b) सृजन
(c) संपादन (d) समायोजन

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : रचना शब्द स्त्रीलिंग है। सृजन, संपादन, समायोजन इत्यादि पुल्लिंग के उदाहरण हैं।

@RexstarPdf

137. किनके नाम अधिकतर स्त्रीलिंग होते है?

(a) सागरों के (b) वृक्षों के
(c) बोलियों के (d) फलों के

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c): बोलियों के नाम अधिकतर स्त्रीलिंग होते हैं। आहारों के नाम, आभूषणों एवं वस्त्रों के नाम, पुस्तकों के नाम, नदियों के नाम, राशियों के नाम, मसालों के नाम इत्यादि भी स्त्रीलिंग में होते हैं।

138. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) पर्वत (b) ख्याति
(c) मोती (d) पत्थर

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (b) : दिये गये विकल्पों में 'ख्याति' शब्द स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि पर्वत, मोती तथा पत्थर पुल्लिंग शब्द हैं।

लिंग दो प्रकार के होते हैं-

(1) पुल्लिंग (2) स्त्रीलिंग

पुल्लिंग पहचानने के नियम-

(1) जिन संज्ञाओं के अंत में 'त्र' होता है। **जैसे** - चित्र, क्षेत्र आदि।

(2) 'ज' प्रत्ययांत संज्ञाएं हों **- जैसे** - जलज, स्वेदज, सरोज आदि।

(3) जिस शब्दों के अंत में आर, आय, व आस हो **जैसे** - संसार, अध्याय, विश्वास आदि। शरीर के अंगों के नाम, रत्नों के नाम, धातुओं के नाम, अनाज के नाम पुल्लिंग होते हैं।

स्त्रीलिंग पहचानने के नियम -

(1) नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं **जैसे** - गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी। कुछ अपवाद - सिंधु, ब्रह्मपुत्र पुल्लिंग हैं।

(2) नक्षत्रों के नाम स्त्रींलिग होते हैं। **जैसे** - अश्विनी, रोहिणी

कुछ अपवाद - अभिजित, पुष्य पुल्लिंग हैं।

(3) खाने पीने की चीजें स्त्रीलिंग होती हैं **जैसे** - पूरी, खीर

अपवाद - पराठा, भात, दही, रायता पुल्लिंग हैं।

139. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) कलम (b) घर
(c) जल (d) प्रकाश

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a): इनमें 'कलम' शब्द स्त्रीलिंग है। घर, जल, प्रकाश पुल्लिंग के उदाहरण हैं।

140. इनमें से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) अध्याय (b) अपराध
(c) स्वदेश (d) स्थापना

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d): दिये गये विकल्पों में 'स्थापना' स्त्रीलिंग शब्द है। अन्य स्त्रीलिंग शब्द– संरचना, संगोष्ठी, सजा, सभा, समृद्धि, सहमति, सहायता आदि। जबकि अध्याय, अपराध एवं स्वदेश पुल्लिंग शब्द हैं।

141. इनमें कौन-सा शब्द पुल्लिंग नहीं है?

(a) कविता (b) निबंध
(c) उपन्यास (d) लेख

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'कविता' शब्द स्त्रीलिंग है। जबकि निबंध, उपन्यास, लेख इत्यादि शब्द पुल्लिंग हैं।

142. 'पुत्र' शब्द का स्त्रीलिंग रूप कौन-सा है?

(a) तनया (b) पुत्तर
(c) पुत्री (d) बेटी

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (c) : दिये गये शब्द में पुत्र का स्त्रीलिंग शब्द पुत्री है।

143. इनमें कौन-सा शब्द पुल्लिंग नहीं है?

(a) भीड़ (b) समूह
(c) दल (d) झुंड

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) : 'भीड़' शब्द पुल्लिंग नहीं है। समूहवाचक संज्ञा स्त्रीलिंग होते हैं। **जैसे**– भीड़, कमेटी, सेना, सभा, कक्षा आदि। जबकि समूह, दल, झुंड शब्द (अपवाद) पुल्लिंग हैं।

144. स्त्रीलिंग शब्द अलग कीजिए :

(a) हुलास (b) हरकत
(c) हमला (d) हवाला

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b): 'हरकत' शब्द स्त्रीलिंग है। वाक्य प्रयोग देखें– तुम्हारी **हरकत** अच्छी नहीं लगती। शेष सभी पुल्लिंग शब्द हैं।

145. इनमें से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग की पहचान नहीं करवाता?

(a) भाषाएँ (b) देश
(c) बोलियाँ (d) नदियाँ

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b): दिये गये विकल्पों में 'देश' शब्द पुल्लिंग है। अतः यह स्त्रीलिंग की पहचान नहीं करवाता जबकि भाषाएँ, नदियाँ, बोलियाँ तीनों स्त्रीलिंग शब्द हैं।

146. दिए गए विकल्पों में कौन सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) चिलका झील (b) सब्जी
(c) अनन्नास (d) बुंदेली

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्प के अनुसार 'अनन्नास' स्त्रीलिंग शब्द नहीं है। इसके अलावा अन्य सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं; जैसे–चिलका झील, सब्जी, बुंदेली।

147.निम्नांकित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) सुबह (b) दोपहर
(c) सांझ (d) दिन

UP PGT 2004

@RexstarPdf

उत्तर. (d) दिये गये विकल्पों में से **दिन** पुल्लिंग शब्द है, शेष सभी स्त्रीलिंग शब्द हैं।

148. दिए गए विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) काया (b) चूल्हा
(c) पुदीना (d) भ्रमर

UPSI Batch - I 22 Dec. 2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में **काया** शब्द स्त्रीलिंग है। शेष सभी शब्द चूल्हा, पुदीना तथा भ्रमर पुल्लिंग शब्द हैं।

149. 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है?

(a) पंडिताइन (b) पंडिता
(c) पंडितानी (d) पंडितायन

DSSSB PRT, 13/10/2018
UPSI Batch - I 12 Dec.2017
UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग रूप 'पंडिताइन' होगा। पंडित में 'आइन' प्रत्यय के योग से पंडिताइन शब्द बना है।

150. 'तपस्वी' का स्त्रीलिंग रूप होगा–

(a) तपस्विनी (b) तपसी
(c) तापसी (d) तपस्या

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) दिये गये विकल्पों में 'तपस्वी' का स्त्रीलिंग 'तपस्विनी' होगा। इसमें 'इनी' प्रत्यय का योग हुआ है।

151. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) मालिक (b) कहार
(c) पाठक (d) योगिनी

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2017
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (d): दिये गये विकल्पों में **योगिनी** शब्द स्त्रीलिंग है। इसका पुल्लिंग रूप 'योगी' है। शेष सभी शब्द पुल्लिंग हैं, जिनका स्त्रीलिंग रूप इस प्रकार है-

मालिक - मालकिन
कहार - कहारिन
पाठक - पाठिका

152. गायक का अन्य लिंग रूप है–

(a) गायकी (b) गैइका
(c) गायिका (d) गाइकी

DSSSB मैट्रन व वार्डन परीक्षा, 29/06/2014
UPSI 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में से गायक का स्त्रीलिंग 'गायिका' होगा। जिन पुल्लिंग शब्दों के अंत में 'अक' प्रत्यय हो, उनका स्त्रीलिंग रूप 'अक' के स्थान पर 'इका' कर देने से बनता है।

153. निम्न में से 'गुरु' शब्द का स्त्रीलिंग कौन-सा है?

(a) गुरूनी (b) गुरुआइन
(c) गुरूआनी (d) गुरूवती

UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर.(b): दिये गये विकल्पों में गुरु शब्द का स्त्रीलिंग– 'गुरुआइन' होता है। 'गुरु' में आइन प्रत्यय के योग से इसका स्त्रीलिंग रूप बनता है।

154. निम्न में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) चना (b) अरहर
(c) बाजरा (d) उड़द

UP TGT 2011, 2021

उत्तर. (b) अरहर स्त्रीलिंग शब्द है। शेष सभी पुल्लिंग हैं। अनाजों के नाम पुल्लिंग होते हैं किन्तु ज्वार, अरहर, मकई, मूँग, सरसों आदि इसके अपवाद हैं और ये स्त्रीलिंग शब्द हैं।

155. 'कृष्ण' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द पहचानिए।

(a) कृष्णा (b) कृष्ण
(c) कृषा (d) कृश

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में कृष्ण का स्त्रीलिंग शब्द 'कृष्णा' है। शेष सभी शब्द कृष्ण के स्त्रीलिंग रूप की दृष्टि से असंगत शब्द हैं। ध्यातव्य है कि 'कृष्णा' द्रौपदी का पर्यायवाची भी है।

156. 'पुजारी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) पुजारिन (b) पूजाराइन
(c) यूजारिन (d) पूजारीन

DSSSB Forest Gaurd Exam- 28/09/2014
UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'पुजारी' शब्द का स्त्रीलिंग 'पुजारिन' होगा इसमें 'इन' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। शेष सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

157. 'वीर' शब्द का स्त्रीलिंग क्या है?

(a) कर्त्री (b) सम्राज्ञी
(c) बलवती (d) वीरांगना

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में वीर का स्त्रीलिंग 'वीरांगना' होगा जबकि अन्य शब्द, जैसे– कर्त्री, सम्राज्ञी, बलवती स्त्रीलिंग हैं, जिनके पुल्लिंग क्रमशः कर्ता, सम्राट तथा बलवान हैं।

158. निम्न में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) उपहार (b) ग्रन्थ
(c) मस्तक (d) रचना

UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift

@RexstarPdf

उत्तर: (d) नाकारान्त संज्ञाएँ स्त्रीलिंग होती हैं: जैसे- रचना, घटना, प्रस्तावना, वेदना, प्रार्थना..... आदि जबकि उपहार, ग्रन्थ तथा मस्तक पुल्लिंग शब्द हैं।

159. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द को पहचानिए।

(a) संसार (b) गौरव
(c) समुदाय (d) अश्विनी

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift
UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर : (d) नक्षत्रों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं, अतः **अश्विनी** शब्द स्त्रीलिंग है, किंतु 'अभिजित' एवं 'पुष्य' नक्षत्र इसके अपवाद हैं, ये पुल्लिंग रूप में प्रयुक्त होते हैं। शेष वैकल्पिक शब्द पुल्लिंग हैं।

160. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) सौभाग्य (b) सुन्दरता
(c) काव्य (d) चन्द्र

UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में 'सुन्दरता' शब्द स्त्रीलिंग है, क्योंकि 'ता' प्रत्ययान्त तत्सम भाववाचक संज्ञाएँ स्त्रीलिंग होती हैं; **जैसे–** नम्रता, बन्धुता, प्रभुता, जड़ता इत्यादि। प्रश्नगत शेष विकल्प पुल्लिंग शब्द हैं।

161. 'कमल' का स्त्रीलिंग बताएं।

(a) कामले (b) कमलिनी
(c) कमली (d) कमलिनि

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'कमल' का स्त्रीलिंग 'कमलिनी' होगा। कमल शब्द में 'इनी' प्रत्यय के योग से इसका स्त्रीलिंग रूप बनता है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

162. 'ब्राह्मण' का स्त्रीलिंग बताएं।

(a) ब्रम्ही (b) ब्रम्हिनी
(c) ब्राम्ही (d) ब्राह्मणी

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'ब्राह्मण' का स्त्रीलिंग 'ब्राह्मणी' है। यह शब्द ब्राह्मण में 'ई' प्रत्यय के योग से निर्मित हुआ है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

163. निम्न विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द का चयन करें।

(a) सागर (b) अग्रजा
(c) छात्र (d) राजन

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में **अग्रजा** शब्द स्त्रीलिंग है। इसका पुल्लिंग रूप 'अग्रज' होगा। शेष सभी शब्द पुल्लिंग हैं।

164. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) चीन (b) पीतल
(c) देवनागरी (d) हिमालय

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर: (c) देश का नाम, पर्वतों का नाम, धातुएँ आदि पुल्लिंग होते हैं, जबकि भाषाओं और लिपियों का नाम स्त्रीलिंग होता है। अत: देवनागरी स्त्रीलिंग शब्द है।

165. 'वर' का स्त्रीलिंग बताएं–

(a) दुल्हन (b) बहू
(c) वारी (d) वधू

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में वर का स्त्रीलिंग **वधू** होगा। दुल्हन शब्द 'दूल्हा' का स्त्रीलिंग रूप है।

166. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) कुर्सी (b) पेड़
(c) लड़का (d) शेर

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर.(a) दिये गये विकल्पों में **कुर्सी** शब्द स्त्रीलिंग है। शेष शब्द पेड़, लड़का, शेर पुल्लिंग हैं। लड़का का स्त्रीलिंग रूप 'लड़की' तथा शेर का स्त्रीलिंग 'शेरनी' होगा।

167. दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) अध्यक्ष (b) महोदय
(c) प्रकृति (d) दुपट्टा

UPSI Batch-II 15 Dec.2017

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में **प्रकृति** शब्द स्त्रीलिंग है। अन्य शब्द अध्यक्ष, महोदय, दुपट्टा तीनों पुल्लिंग शब्द हैं। अध्यक्ष का स्त्रीलिंग रूप 'अध्यक्षा' तथा महोदय का स्त्रीलिंग रूप 'महोदया' होगा।

168. 'ऋषि' का स्त्रीलिंग है:

(a) ऋषिणी (b) ऋषिपत्नी
(c) ऋषिका (d) ऋषी

UP PGT 2005

उत्तर. (c) 'ऋषि' शब्द का स्त्रीलिंग 'ऋषिका' होगा। शेष तीनों अशुद्ध हैं।

169. निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्रीलिंग है?

(a) उत्साह (b) चक्रव्यूह
(c) मृत्यु (d) संकल्प

UP PGT 2005

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में से केवल मृत्यु ही स्त्रीलिंग है। शेष विकल्प पुल्लिंग हैं।

170. निम्नलिखित शब्दों में से एक स्त्रीलिंग शब्द है :

(a) डोर (b) रस्सा
(c) धागा (d) सूत

GIC. PGT 2009

उत्तर. (a) डोर एक स्त्रीलिंग शब्द है तथा अन्य सभी धागा, रस्सा तथा सूत पुल्लिंग शब्द हैं।

@RexstarPdf

171. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) हाथी (b) मोती
(c) पानी (d) नकेल

GIC. PGT 2012

उत्तर. (d) निम्नलिखित में 'नकेल' शब्द स्त्रीलिंग है, जबकि हाथी, मोती, पानी पुल्लिंग शब्द हैं।

172. निम्नांकित शब्दों में स्त्रीलिंग छाँटिए:-

(a) गगन (b) समझ
(c) पक्षी (d) लोहा

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b): 'समझ' शब्द स्त्रीलिंग है। जबकि गगन, पक्षी, लोहा शब्द पुल्लिंग शब्द है।

173. 'अध्यापक' शब्द का सही स्त्रीलिंग क्या होता है?

(a) अध्यापिका (b) अध्यापिकी
(c) अध्यापकी (d) अध्यापीक

एडिसनल प्राइवेट सेक्रेटरी, 2021

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a): 'अध्यापक' शब्द का सही स्त्रीलिंग अध्यापिका होता है।

174. 'सोनार' का स्त्रीलिंग क्या है?

(a) सोनारी (b) सोनारिन
(c) सोनराइन (d) सोनरी

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b): 'सोनार' का स्त्रीलिंग **सोनारिन** होता है। उसी प्रकार पंडित का पंडिताइन, ठाकुर का ठकुराइन होता है।

175. गुणवान का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(a) गुणवती (b) गुणीवानी
(c) गुणवत्ति (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a): गुणवान का स्त्रीलिंग **गुणवती** होता है। शेष विकल्प तर्क संगत नहीं हैं।

176. भ्राता का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(a) भार्या (b) भगिनी
(c) बहन (d) भाभी

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : भ्राता का स्त्रीलिंग **भगिनी** होगा।

177. दर्जी का स्त्रीलिंग है-

(a) दर्जीन (b) दर्जिन
(c) दर्जिनी (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : दर्जी का स्त्रीलिंग **दर्जिन** होता है। जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति या प्राणी के पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।

178. 'आयुष्मान' का स्त्रीलिंग क्या है?

(a) आयुष्मती (b) आयुष्मयी
(c) आयुषी (d) आयुष्यमयी

UP TET 2019 (08.01.2020)
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (a) : 'आयुष्मान' का स्त्रीलिंग **आयुष्मती** है। अन्य विकल्पों में वर्तनी की अशुद्धि है।

179. 'हाथी' का स्त्रीलिंग होगा –

(a) हाथिन (b) हाथीनी
(c) हथिनी (d) हाथिनी

छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. (प्रा) परीक्षा-2012

उत्तर. (c) जाति या भाव बताने वाली संज्ञाओं का पुल्लिंग से स्त्रीलिंग बनाते समय यदि शब्द का अन्य स्वर दीर्घ है, तो उसे ह्रस्व करते हुए 'नी' प्रत्यय का भी प्रयोग किया जाता है, जैसे – हिंदू – हिंदुनी, ऊँट-ऊँटनी आदि। अतः हाथी का स्त्रीलिंग रूप 'हथिनी' होगा।

180. भील का स्त्रीलिंग है :

(a) भालू (b) भीलनी
(c) भिलीनी (d) भालना

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : भील का स्त्रीलिंग शब्द **भीलनी** है, जो भील (संज्ञा) में 'नी' प्रत्यय के योग से निर्मित है। शेष शब्द असंगत हैं।

181. ''ठठेरा'' शब्द का लिंग परिवर्तित कीजिए।

(a) ठठेरिन (b) ठठेरिनी
(c) ठठेरी (d) ठठारी

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) ठठेरा शब्द का स्त्रीलिंग **ठठेरिन** होता है। यह ठठेरा में 'इन' प्रत्यय के योग से निर्मित है।

182. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द को चुनिए :

(a) धुआँ (b) संध्या
(c) भत्ता (d) धावा

UP TGT 2001

उत्तर. (b) 'संध्या' शब्द स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होता है। प्रश्न में दिए गए शेष तीनों शब्द धुआँ, भत्ता और धावा पुल्लिंग के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

183. निम्न में स्त्रीलिंग शब्द कौन सा है?

(a) दुख (b) गरिमा
(c) लेख (d) स्पर्श

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर: (b) दिये गये शब्दों में 'गरिमा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि 'दुख', 'लेख' तथा 'स्पर्श' पुल्लिंग शब्द हैं।

184. स्त्रीलिंग शब्द है:

(a) सलाद (b) सनक
(c) सारस (d) सलाम

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (b) उपर्युक्त विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द 'सनक' है। शेष शब्द पुल्लिंग के अन्तर्गत आते हैं।

185. निम्न में स्त्रीलिंग शब्द कौन सा है?

(a) शोभा (b) शस्त्र
(c) पालन (d) नृत्य

उत्तर : (a) 'शोभा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि शस्त्र, पालन, नृत्य पुल्लिंग शब्द हैं। आकारान्त तत्सम स्त्रीलिंग होते हैं, जैसे - क्षमा, दया, कृपा इत्यादि।

186. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है-

(a) किन्नर (b) अहिंसा
(c) अंतरीय (d) अपरिग्रह

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर. (b) 'अहिंसा' स्त्रीलिंग शब्द है। शेष सभी किन्नर, अंतरीय व अपरिग्रह पुल्लिंग शब्द हैं।

187. निम्न में कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) गृह (b) चंदन
(c) पत्ता (d) सभा

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'सभा' शब्द स्त्रीलिंग है, जबकि गृह, पत्ता तथा चंदन पुल्लिंग शब्द हैं।

188. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) देश (b) नगर
(c) द्वीप (d) झील

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (d) **झील** स्त्रीलिंग शब्द है। भौगोलिक जल और स्थल आदि अंशों के नाम प्रायः पुल्लिंग होते हैं। जैसे– देश, नगर, रेगिस्तान, द्वीप, पर्वत, समुद्र, सरोवर, पाताल, वायुमण्डल, नभमण्डल, प्रान्त, देश इत्यादि। किन्तु अपवाद स्वरूप पृथ्वी, झील, घाटी स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

189. 'युवा' शब्द का लिंग परिवर्तित करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से सही शब्द छाँटिए:

(a) युवी (b) युवराज्ञी
(c) युवती (d) युवराज

KVS. PGT. 2014

उत्तर. (c) 'युवा' शब्द का लिंग परिवर्तन करने के लिए सही शब्द 'युवती' है। यहाँ 'युवा' पुल्लिंग शब्द है इसका स्त्रीलिंग शब्द 'युवती' होता है।

190. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द है जो सदैव स्त्रीलिंग से प्रयुक्त होता है?

(a) पक्षी (b) बाज
(c) मकड़ी (d) गेंडा

NVS. PGT. 2014

उत्तर. (c) मकड़ी शब्द सदैव स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होता है। कुछ प्राणिवाचक शब्द सदैव स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होते हैं, जैसे- तितली, कोयल, दीमक, मकड़ी, मक्खी, मैना, मछली, गिलहरी इत्यादि।

191. दिए गए विकल्पों में से 'सम्राट' शब्द का स्त्रीलिंग छाँटिए:

(a) सम्राटी (b) समराटिन
(c) सम्राज्ञी (d) स्त्री-सम्राट्

KVS. PGT. 2014
VKPSC AE 2012

उत्तर. (c) 'सम्राट' शब्द का स्त्रीलिंग 'सम्राज्ञी' होगा। जबकि दिए गये अन्य विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

192. 'देव' का स्त्रीलिंग कौन-सा शब्द है?

(a) नारी (b) पुत्री
(c) देवी (d) चींटी

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c): देव का स्त्रीलिंग 'देवी' होगा। नारी, पुत्री और चींटी तीनों स्त्रीलिंग शब्द हैं। जिस शब्द से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो, उसे व्याकरण में 'लिंग' कहते हैं।

193. जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में 'हट' होता है, उनका लिंग होता है-

(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) नपुंसकलिंग (d) उभयलिंग

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : जिन भाववाचक संज्ञाओं के अन्त में 'हट' होता है, उनका लिंग स्त्रीलिंग होता है; जैसे– घबराहट, सकपकाहट, बौखलाहट, चिकनाहट, चिल्लाहट इत्यादि।

194. पुल्लिंग संज्ञा के स्थान पर स्त्रीलिंग कर देने से 'काला' विशेषण का क्या रूप होगा?

(a) काले (b) काला
(c) कालों (d) काली

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : पुल्लिंग संज्ञा के स्थान पर स्त्रीलिंग कर देने से 'काला' विशेषण का रूप **काली** होगा। विशेषण एक विकारी शब्द है जो लिंग, वचन, कारक से प्रभावित होता है; **जैसे –** (1) राघव अच्छा है।, (2) रानी अच्छी है।, (3) महेश, सुरेश से बड़ा है।, (4) रीना सीता से बड़ी है।

195. 'कव्वाली' शब्द में कौन सा लिंग है?

(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) नपुंसकलिंग (d) उभयलिंग

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'कव्वाली' शब्द स्त्रीलिंग है, जो फारसी भाषा का शब्द है। फारसी भाषा के कुछ शब्द इस प्रकार हैं – अफसोस, आबदार, आबरू, आतिशबाजी, अदा, आराम, आमदनी, आवारा, कुश्ती, कबूतर, गज, गल्ला, गवाह, मुर्दा, लगाम, रंग, राह, सूद, हजार आदि।

@RexstarPdf

196. संज्ञा के जिस रूप में स्त्रीत्व का बोध होता है, उसमें कौन सा लिंग होता है?

(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) नपुंसकलिंग (d) उभयलिंग

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : संज्ञा के जिस रूप से स्त्रीत्व का बोध होता है, उसमें स्त्रीलिंग होता है; **जैसे –** ममता, महिला, रानी आदि।

हिन्दी में लिंग दो प्रकार के होते हैं- (1) पुल्लिंग (2) स्त्रीलिंग।

नपुंसकलिंग का प्रयोग हिन्दी में नहीं होता है। अतः हिन्दी में सारे पदार्थवाचक शब्द, चाहे वे चेतन हो या जड़,स्त्रीलिंग और पुल्लिंग, इन दो लिंगों में ही विभक्त हैं।

197. 'कौवा' के स्त्रीलिंग के निर्धारण के लिए क्या किया जाता है?

(a) कौवा के अंत में 'ई' लगाते हैं।
(b) कौवा के अंत में 'आनी' लगाते हैं।
(c) कौवा के पहले 'स्त्री' लगाते हैं।
(d) कौवा के पहले 'मादा' लगाते हैं।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : 'कौवा' के स्त्रीलिंग के निर्धारण के लिए उसमें 'मादा' लगाते है। कुछ प्राणिवाचक शब्दों के पुलिंग अथवा स्त्रीलिंग बनाने के लिए उसमें 'नर' या 'मादा' शब्द लगाते हैं

जैसे-	**पुल्लिंग**	**स्त्रीलिंग**
मक्खी	नर मक्खी	मादा मक्खी
तितली	नर तितली	मादा तितली
खटमल	नर खटमल	मादा खटमल

198. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है–

(a) जहाज (b) जलपान
(c) जमीन (d) जुलूस

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (c): दिये गये शब्दों में **जमीन** स्त्रीलिंग शब्द है। जहाज, जलपान तथा जुलूस पुलिंग शब्द है।

199. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(a) फुटपाथ (b) स्कूल
(c) स्टोव (d) केतली

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (d) : प्रस्तुत विकल्पों में **केतली** शब्द स्त्रीलिंग है जबकि अन्य विकल्प पुल्लिंग के उदाहरण हैं।

200. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द छाँटिए।

(a) गणेश (b) गण
(c) गणना (d) गणपति

कम्प्यूटर ऑपरेटर (10.01.2020)

उत्तर. (c): दिये गये शब्दों में **गणना** शब्द स्त्रीलिंग शब्द है। इसकी प्रधानता के साथ वाक्य बनेगा–'गणना की जाती है।' शेष गणेश, गण एवं गणपति पुल्लिंग शब्द हैं।

201. निम्नलिखित में से स्त्रीवाचक शब्द चुनिए:

(a) आदाता (b) भ्राता
(c) विधाता (d) विमाता

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) विमाता स्त्रीवाचक शब्द है जबकि आदाता, भ्राता, विधाता आदि पुरुषवाचक शब्द हैं।

202. 'कहार' का लिंग बदलें।

(a) कहार (b) काहूराइन
(c) कहारिइन (d) कहारिन

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर: (d) जातिबोधक शब्दों का स्त्रीलिंग रूप कहीं 'इन' कहीं 'आइन' प्रत्यय के योग से बनता है। अतः कहार में 'इन' प्रत्यय के प्रयोग से इसका स्त्रीलिंग रूप 'कहारिन' बनेगा।

203. दिए गए पर्यायों में से स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(a) दुपट्टा (b) फुल्का
(c) प्रकृति (d) हीरा

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में **प्रकृति** शब्द स्त्रीलिंग है। अन्य शब्द– दुपट्टा, फुल्का, हीरा तीनों पुल्लिंग शब्द हैं।

204. 'भगवान' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) भगवती (b) भाग्यवती
(c) भागिनी (d) भाग्यवान

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) संस्कृत के 'वान' और 'मान' प्रत्ययान्त विशेषण शब्दों में 'वान' तथा 'मान' को क्रमशः 'वती' और 'मती' कर देने से स्त्रीलिंग रूप बनता है। जैसे – बुद्धिमान – बुद्धिमती, बलवान – बलवती आदि। अतः दिये गये विकल्पों में से भगवान का स्त्रीलिंग शब्द 'भगवती' होगा।

205. निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द को पहचानिए।

(a) जुर्राब (b) घाघरा
(c) पजामा (d) कशीदाकार

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(a) दिये गये शब्दों में **जुर्राब** स्त्रीलिंग शब्द है जिसका अर्थ है– 'धागों आदि से बना हुआ पैरों का पहनावा या पायताबा।' शेष शब्द पुल्लिंग हैं। घाघरा शब्द पुल्लिंग है। जिसका स्त्रीलिंग घाघरी होता है।

206. दिए गए विकल्पों में से 'विधुर' का स्त्रीलिंग कौन सा है?

(a) विधुराइन (b) विधुरी
(c) विधवा (d) विधुरनी

DSSSB PRT 13/10/2018
DSSSB TGT Sanskrit & Urdu- 19/08/2018
UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'विधुर' शब्द का स्त्रीलिंग 'विधवा' होता है।

@RexstarPdf

207. निम्नलिखित में कौन शब्द केवल स्त्रीलिंग है, उसका पुलिंग प्रयोग नही होता है?

(a) भैंस (b) कोयल
(c) गाय (d) घोड़ी

[UPPSC AE 2008]
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b): दिए गए शब्दों में **कोयल** केवल स्त्रीलिंग है अन्य शब्द के स्त्रीलिंग व पुल्लिंग इस प्रकार हैं-

स्त्रीलिंग	पुलिंग
भैंस	भैंसा
गाय	बैल
घोड़ी	घोड़ा

3. वचन

एकवचन

208. वचन के आधार असंगत शब्द-युग्म है:

(a) बिल्ली – बिल्लियाँ (b) पेड़ – पेड़ों
(c) खंभा – खंभे (d) रस्सी – रस्सियाँ

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'पेड़-पेड़ों' वचन के आधार पर असंगत शब्द- युग्म है। क्योंकि 'पेड़' का बहुवचन शब्द पेड़ ही होता है।

209. वचन के आधार पर असंगत शब्द–युग्म है:

(a) तलवार–तलवारें (b) चूहा–चूहे
(c) थैला–थैले (d) मेहमान–मेहमानों

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वचन के आधार पर 'मेहमान-मेहमानों' असंगत युग्म हैं। जबकि 'तलवार-तलवारें, चूहा-चूहे तथा थैला-थैले' वचन के आधार पर संगत युग्म हैं।

210. निम्नलिखित में वचन की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) सर्दी – सर्दियाँ
(b) बहन – बहनें
(c) गुब्बारा – गुब्बारे
(d) झाड़ी – झाड़ियों

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'झाड़ी-झाड़ियों' वचन की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म 'झाड़ी-झाड़ियाँ' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

211. 'चाय' शब्द का प्रयोग किस वचन में होता है?

(a) एकवचन (b) द्विवचन
(c) बहुवचन (d) कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'चाय' शब्द का प्रयोग एकवचन में होता है।

212. इनमें से एकवचन-बहुवचन का कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(a) आँसू-आँसुओं
(b) चिड़िया-चिड़ियाँ
(c) घोड़ा-घोड़े
(d) गली-गलियाँ

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'आँसू-आँसुओं' एकवचन-बहुवचन की दृष्टि से सही युग्म नहीं है, क्योंकि 'आँसू' शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है, एकवचन में नहीं। अन्य शब्द-युग्म सही हैं।

213. हिन्दी में कितने वचन होते हैं?

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पाँच

UPSI 21/07/2017, II Shift
[UKPSC AE 2017]
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Shift I]

उत्तर. (a) : संज्ञा के जिस रूप से संख्या का बोध हो, उसे वचन कहते हैं। हिन्दी भाषा में वचन दो प्रकार के होते हैं-

(1) एकवचन (2) बहुवचन

214. दिए गए शब्द में वचन कीजिए।

चाय

(a) त्रीवचन (b) एकवचन
(c) बहुवचन (d) द्विवचन

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : दिए गए शब्द में 'चाय' एकवचन शब्द है।

वचन - संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसके एक या एक से अधिक होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं। हिन्दी में वचन दो प्रकार के होते हैं–

(i) एकवचन (ii) बहुवचन

एकवचन- शब्द के जिस रूप से केवल 'एक' वस्तु या व्यक्ति का ज्ञान होता है, उसे 'एकवचन' कहते हैं।

बहुवचन- शब्द के जिस रूप में 'एक से अधिक' वस्तु या व्यक्ति का ज्ञान होता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।

215. निम्न में से कौन-सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?

(a) सहायता (b) पुस्तक
(c) लड़का (d) पौधा

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
वनरक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) : 'सहायता' शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है जबकि पुस्तक का बहुवचन पुस्तकें, लड़का का लड़के एवं पौधा का पौधे होता है।

@RexstarPdf

216. निम्न वाक्यों में से कौन-सा वाक्य एकवचन है?

(a) अध्यापकगण यहाँ बैठें
(b) महात्मा बुद्ध महान थे
(c) कल बहुत वर्षा हुई थी
(d) भय से उसके तो प्राण ही गए

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'कल बहुत वर्षा हुई थी।' वाक्य एकवचन रूप में है अन्य सभी वाक्य बहुवचन रूप में दिये गये हैं।

217. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द कौन-सा है?

(a) दर्शन (b) घरों
(c) नदी (d) लताओं

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC Tube well operator 12/01/2019

उत्तर : (c) : 'नदी' एकवचन शब्द है। सदा एकवचन में प्रयोग होने वाले शब्द– पीतल, सोना, जनता, घी, पेट्रोल, तेल, आकाश, वर्षा, सत्य, झूठ, मिथ्या, बालू, सौंदर्य, दल, झुण्ड, टोली आदि।

218. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द दोनों वचनों में समान रहता है ?

(a) कथा (b) सरसों
(c) लता (d) कुटी

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'सरसों' शब्द दोनों वचनों में समान रहता है। अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-

एकवचन	बहुवचन
कथा	कथाएं
लता	लताएं
कुटी	कुटियाँ

219. इनमें से किस शब्द के रूप एकवचन और बहुवचन में समान नहीं पाए जाते हैं?

(a) पानी (b) प्रेम
(c) वर्षा (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI Batch-I 16 Dec. 2017

उत्तर : (d) : पानी, प्रेम, वर्षा एकवचन एवं बहुवचन में समान रूप से प्रयोग किये जाते हैं। शब्दों के जिस रूप से किसी व्यक्ति, पदार्थ आदि के एक या अनेक होने का पता चले उसे वचन कहते हैं। इसके दो भेद होते हैं। (i) एकवचन (ii) बहुवचन।

220. प्रयुक्त शब्दों में से कौन-सा शब्द एकवचन नहीं है?

(a) सत्य (b) दर्शन
(c) व्यथा (d) वर्षा

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में 'दर्शन' शब्द एकवचन नहीं है। विकल्पों के रूप में दिये गये अन्य शब्द एकवचन हैं – सत्य, व्यथा, वर्षा। दर्शन शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है।

221. किस वाक्य में एकवचन का प्रयोग हुआ है?

(a) लड़के लड़कों को मार रहे हैं।
(b) लड़कों ने लड़कों को मारा।
(c) लड़के ने लड़के को मारा।
(d) लड़के लड़के को मार रहे हैं।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'लड़के ने लड़के को मारा' वाक्य में एकवचन संज्ञा का प्रयोग हुआ है जबकि अन्य विकल्प बहुवचन में हैं।

222. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा वचन का जोड़ा सही नहीं है?

(a) सोना-सोना (b) धेनु-धुनुएँ
(c) छात्र–छात्रगण (d) आटा-आटे

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'आटा-आटे' वचन जोड़ा सही नहीं है। आटा द्रव्यवाचक संज्ञा है और द्रव्यवाचक संज्ञायें सदैव एकवचन में रहती हैं, इनका बहुवचन नहीं बनाया जा सकता है। शेष विकल्प सही हैं।

223. 'डिब्बा' किस शब्द का एकवचन है?

(a) डिब्बे (b) डिबियाँ
(c) डिब्बा (d) डिबिया

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (a) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर **डिब्बा** शब्द 'डिब्बे' का एकवचन है।

224. इनमें एक शब्द एक वचन है:

(a) सन्तति (b) प्राण
(c) दर्शकगण (d) श्रोतावृन्द

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) सन्तति एक वचन है जबकि प्राण, दर्शकगण, श्रोतावृन्द बहुवचन शब्द हैं।

225. सदा एकवचन में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को चुनिये।

(a) होश, लोग (b) प्राण, बाल
(c) हस्ताक्षर, जनता (d) चर्चा, जनता

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (d) व्यक्तिवाचक, द्रव्यवाचक एवं भाववाचक संज्ञाएँ सदैव एकवचन में प्रयुक्त होती हैं। इनके अतिरिक्त कुछ शब्द हिंदी में ऐसे भी हैं जो प्रायः एकवचन में प्रयुक्त होते हैं जैसे- चर्चा, जनता, वर्षा, सूरज, ईश्वर, पृथ्वी, प्रजा, खेल, हर कोई, प्रत्येक आदि। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

226. 'मिठाई' शब्द किस शब्द का एकवचन है?

(a) मीठे (b) मिठाई
(c) मिठइयाँ (d) मिठाइयाँ

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर : (d) प्रश्न के अनुसार 'मिठाई' एकवचन तथा इसका बहुवचन 'मिठाइयाँ' होता है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

227. 'गौ' शब्द का वचन पहचानिए।

(a) सदा बहुवचन (b) एकवचन
(c) सदा एकवचन (d) बहुवचन

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : गौ एकवचन का शब्द है, जिसका आशय गाय है।

228. 'पुस्तक रखी है।' वाक्य में वचन है–

(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) द्विवचन (d) त्रिवचन

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) : 'पुस्तक रखी है।' वाक्य में एकवचन है, जिसका बहुवचन होगा– पुस्तकें रखी हैं।

1. एकवचन,	2. बहुवचन
जैसे- घोड़ा, लड़का, बच्चा	घोड़े, लड़के, बच्चे

229. दिए गए वाक्यों/विकल्पों में से रेखांकित शब्द जो प्रायः एकवचन में ही प्रयुक्त होता है, उसका चयन कीजिए।

(a) इस वर्ष उड़ीसा में बहुत कम वर्षा हुई है
(b) आपके दर्शन से मैं बड़ा लाभान्वित हुआ
(c) मैं आपके अक्षत को पूजार्थ ले जा रहा हूँ
(d) आपके ओंठ तो बड़े आकर्षक हैं

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) रेखांकित शब्द 'वर्षा' प्रायः एकवचन में प्रयुक्त होता है। शेष अन्य रेखांकित शब्द दर्शन, अक्षत, ओंठ बहुवचन में प्रयोग किये जाते हैं।

230. दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जिसका प्रयोग सदा एकवचन में होता है :

(a) कक्षा (b) आँसू
(c) प्राण (d) प्रत्येक

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से **प्रत्येक** शब्द सदैव 'एकवचन' में प्रयुक्त होता है। जबकि प्राण, आँसू, बाल, होश, हस्ताक्षर तथा कक्षा शब्द सदैव बहुवचन में प्रयोग किये जाते हैं।

231. दिए शब्दों में से नित्य एकवचन में प्रयोग होने वाला कौन-सा शब्द नहीं है?

(a) जनता (b) आकाश
(c) हस्ताक्षर (d) पानी

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (c) 'हस्ताक्षर' एकवचन में प्रयोग होने वाला शब्द नहीं है। यह सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है। जनता, आकाश एवं पानी सदैव एकवचन में प्रयुक्त होते हैं।

232. निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन है :

(a) प्राण (b) दर्शन
(c) ओठ (d) तेल

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर. (d) 'तेल' शब्द एकवचन है। द्रव्य वाचक संज्ञाओं का प्रयोग सदैव एकवचन में होता है; जबकि कुछ शब्द सदैव बहुवचन में प्रयोग होते हैं; जैसे-प्राण, लोग, दर्शन, आँसू, ओठ, दाम, अक्षत आदि।

233. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द एकवचन है?

(a) आँसू (b) प्राण
(c) आकाश (d) दर्शन

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में 'आकाश' शब्द एकवचन है और तीनों शब्द आँसू, प्राण, दर्शन ये सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।

234. 'आजकल भारत की जनता भी अधिकाधिक शिक्षित हो गई है।' रेखांकित शब्द का वचन है–

(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) द्विवचन (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018
UP SI 21.12.2017 (Shift -I)

उत्तर. (a) : 'आजकल भारत की जनता भी अधिकाधिक शिक्षित हो गई है।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'जनता' एकवचन शब्द है। जनता शब्द समूहवाचक संज्ञा शब्द है। समूहवाचक संज्ञाएँ हमेशा एक वचन में प्रयुक्त होती हैं; जैसे- सेना, भीड़, मेला, परिवार, पुलिस आदि।

235. 'आज हर कोई मानसिक रूप से बीमार दिखता है।' इस वाक्य में 'हर कोई' किस प्रकार का शब्द है?

(a) सदैव बहुवचन (b) एकवचन
(c) बहुवचन (d) सदैव एकवचन

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'हर कोई' सदैव एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है।

236. शब्द के जिस रूप से एक ही वस्तु का बोध हो, उसे ..... कहते हैं।

(a) वचन (b) एकवचन
(c) अनेकवचन (d) बहुवचन

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (b) शब्द में जिस रूप से किसी एक वस्तु का बोध हो उसे एक वचन कहते हैं; **जैसे**– गधा, घोड़ा, कलम, पुस्तक आदि। शब्द के जिस रूप से एक से अधिक या अनेक वस्तुओं का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं; **जैसे** – गधे, घोड़े, कलमें, पुस्तकें आदि।

@RexstarPdf

237. आने वाला 'क्षण' लाल नज़र आता है।
रेखांकित शब्द का वचन पहचानिए।

(a) सदैव बहुवचन (b) सदैव एकवचन
(c) बहुवचन (d) एकवचन

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'क्षण' एकवचन शब्द है।

4. बहुवचन

238. वचन के आधार पर असंगत शब्द युग्म है:

(a) विद्यार्थी - विद्यार्थियों (b) गुब्बारा - गुब्बारे
(c) कलम - कलमें (d) मेज - मेजें

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'विद्यार्थी-विद्यार्थियों' वचन के आधार पर असंगत शब्द-युग्म है। इसका संगत शब्द-युग्म 'विद्यार्थी-विद्यार्थीगण' होगा।

239. निम्नलिखित में बहुवचन की दृष्टि से कौन-सा शब्द-युग्म सही नहीं है?

(a) टोपी - टोपियाँ (b) हथौड़ी - हथौड़ियाँ
(c) भैंस - भैंसों (d) लड़का - लड़के

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : बहुवचन की दृष्टि से 'भैंस –भैंसों' का युग्म सही नहीं है, इनका सही युग्म 'भैंस–भैंसे' होगा। शेष विकल्पों के युग्म बहुवचन की दृष्टि से सही है।

240. निम्नलिखित में बहुवचन की दृष्टि से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(a) बकरी-बकरियाँ (b) पहाड़ी-पहाड़ियाँ
(c) गड्ढ़ा-गड्ढ़े (d) पक्षी-पक्षियाँ

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : पक्षी-पक्षियाँ बहुवचन की दृष्टि से सही शब्द-युग्म नहीं है। बहुवचन की दृष्टि से सही शब्द-युग्म निम्न हैं-

पक्षी - पक्षियों
बकरी - बकरियाँ
पहाड़ी - पहाड़ियाँ
गड्ढ़ा - गड्ढ़े

241. निम्नलिखित में 'बहुवचन' की दृष्टि से असंगत युग्म है:

(a) पत्ता – पत्ते (b) टोली – टोलियाँ
(c) मधुमक्खी – मधुमक्खियों (d) चूजा – चूजे

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'मधुमक्खी–मधुमक्खियों' बहुवचन की दृष्टि से असंगत है। इसका संगत युग्म 'मधुमक्खी-मधुमक्खियाँ' होगा। शेष विकल्पों के युग्म बहुवचन की दृष्टि से संगत हैं।

242. 'भारतीय' शब्द का बहुवचन है–

(a) भारतियों (b) भारतीयों
(c) भारतिओं (d) भारितीयों

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : 'भारतीय' शब्द का बहुवचन 'भारतीयों' होगा। शेष असंगत हैं।

243. 'जाति' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा?

(a) जातिऐं (b) जातियाँ
(c) जातिओं (d) जातियां

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : 'जाति' शब्द का बहुवचन 'जातियाँ' होगा। शेष असंगत हैं।

244. 'पंखा' का बहुवचन क्या होगा?

(a) पँखे (b) पँखें
(c) पंख (d) पंखे

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (d) : 'पंखा' का बहुवचन शब्द 'पंखे' होता है, अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

245. निम्नलिखित में से 'समिति' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

(a) समितियाँ (b) समीतीयां
(c) समीतियाँ (d) समितियों

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में 'समिति' शब्द का बहुवचन 'समितियाँ' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

246. 'तिथि' शब्द का बहुवचन है–

(a) तिथीयों (b) तिथियां
(c) तिथियाँ (d) तिथियों

उत्तर : (c) : दिए गए शब्द 'तिथि' का बहुवचन 'तिथियाँ' है।
जैसे :– नदियाँ, घोड़े, बच्चे इत्यादि।

247. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के बहुवचन रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

सड़क

(a) सदकाओं (b) सड़कों
(c) सड़के (d) सड़कें

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) सड़क शब्द का बहुवचन 'सड़कें' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

248. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के बहुवचन रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

@RexstarPdf

गुरु

(a) गुरु (b) गुरुओ

(c) गुरुयें (d) गुरुजन

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) : 'गुरु' शब्द का बहुवचन 'गुरुजन' होगा। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

बहुवचन - शब्द के जिस रूप से 'एक से अधिक' वस्तु या व्यक्ति का ज्ञान होता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।

जैसे - लड़के गाते हैं।

शेर दहाड़ते हैं।

249. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो बहुवचन रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) नदी (b) लुटिया

(c) पाठक (d) दर्शन

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

UPP Constable 18/06/2018 (Shift-II)

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- I)

UP Constable, 19.06.2018(Shift- I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'दर्शन' शब्द सदैव बहुवचन में प्रयोग किया जाता है इसका एकवचन नहीं होता।

अन्य शब्दों के बहुवचन–

नदी - नदियाँ

लुटिया - लुटियाँ

पाठक - पाठकगण

250. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो बहुवचन रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) सत्य (b) आकाश

(c) बाल (d) किशन

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) : दिए गए विकल्प में 'बाल' बहुवचन शब्द होगा। हिन्दी में वचन दो होते हैं–

1. एकवचन 2. बहुवचन

बहुवचन - शब्द के जिस रूप से 'एक से अधिक' वस्तु या व्यक्ति का ज्ञान होता है, उसे बहुवचन कहते हैं।

251. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो बहुवचन रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) बुराई (b) गली

(c) अक्षत (d) सोना

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर: (c) उपर्युक्त विकल्पों में 'अक्षत' शब्द सदैव बहुवचन के रूप में प्रयुक्त होता है। जबकि 'सोना' सदैव एकवचन के रूप में प्रयुक्त होता है। अन्य शब्द बुराई तथा गली का बहुवचन क्रमशः बुराईयाँ एवं गलियाँ होता है।

252. इनमें से 'वस्तु' का बहुवचन क्या होगा?

(a) सारी वस्तु (b) वस्तुओं

(c) वस्तुएँ (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'वस्तु' का बहुवचन 'वस्तुएँ' होता है। (उ अथवा ऊ) से अंत होने वाले स्त्रीलिंग एकवचन शब्द को बहुवचन में परिवर्तित करते समय दीर्घ स्वर (ऊ) को ह्रस्व (उ) करके (एँ) जोड़ देते हैं।

जैसे - बहु - बहुएँ

वस्तु - वस्तुएँ

253. इनमें से कौन-सा शब्द बहुवचन है?

(a) माता (b) प्राण

(c) लड़का (d) किताब

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

व्यायाम प्रशिक्षक 16.09.2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) 'प्राण' शब्द बहुवचन है। माता, लड़का एवं किताब एकवचन में हैं। इनका बहुवचन क्रमशः माताएं, लड़के एवं किताबें होगा।

254. इनमें से 'छाया' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

(a) छाया (b) छायें

(c) छाओं (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'छाया' शब्द का बहुवचन 'छाया' ही होगा। छाया का बहुवचन बनाते समय रूप परिवर्तन नहीं होगा।

255. इनमें से किस शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है?

(a) होठ (b) सूरज

(c) पानी (d) सोना

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'होठ' शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है। एक या एक से अधिक वस्तुओं का बोध कराने वाले शब्दों को वचन कहते हैं। वचन के दो भेद होते हैं।

(1) एकवचन (2) बहुवचन।

256. इनमें से 'कागज' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

(a) कागज (b) कागजें

(c) कागजात (d) कागजों

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'कागज' शब्द का बहुवचन 'कागजात' होगा। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

257. इनमें से 'एक' का बहुवचन क्या है?

(a) अनेकों (b) अनेक
(c) एकैक (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) 'एक' का बहुवचन 'अनेक' होता है।

258. इनमें से 'अध्यापिका' का बहुवचन क्या होगा?

(a) अध्यापिकागण (b) अध्यापिकाएँ
(c) अध्यापिकाओं (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : अध्यापिका का बहुवचन 'अध्यापिकाएँ' होगा। शब्दों के उस रूप को जो किसी वस्तु के एक अथवा अनेक होने का बोध कराता है, उसे वचन कहते हैं। वचन के दो भेद होते हैं-(i) एक वचन (ii) बहुवचन।

259. 'मेरे लड़के ने मेरी आज्ञा का पालन नहीं किया' वाक्य में 'लड़के' के विषय में कौन–सा विकल्प अशुद्ध है?

(a) पुल्लिंग (b) कर्त्ता
(c) बहुवचन (d) एकवचन

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (c) : 'मेरे लड़के ने मेरी आज्ञा का पालन नहीं किया' वाक्य में लड़के शब्द कर्त्ता पुल्लिंग एकवचन में प्रयुक्त है। अतः 'बहुवचन' इस सम्बन्ध में अशुद्ध कथन है।

260. 'बांह' का सामान्य बहुवचन है ..... ।

(a) बाहों (b) बाजुओं
(c) बाँह (d) बांहें

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों में 'बांह' का बहुवचन 'बांहें' होता है। बाँह स्त्रीलिंग शब्द है।

261. निर्विभक्तिक रूप के आधार पर बहुवचन शब्द पहचानिए।

(a) हाथियों (b) लड़के
(c) रातों (d) लड़कों

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में निर्विभक्तिक (विभक्ति रहित) रूप के आधार पर बहुवचन शब्द 'लड़के' होगा।

262. 'बहु' का बहुवचन क्या है?

(a) बहुएँ (b) बहुयों
(c) बहुओं (d) बहू

UPSI Batch - III 16 Dec.2017
UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर बहु का बहुवचन रूप 'बहुएँ' होगा।

263. बेल शब्द का बहुवचन बताइए?

(a) बेलों (b) बेलों
(c) बेलें (d) बेला

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में बेल का बहुवचन शब्द 'बेलें' है।

264. 'स्त्री' शब्द का बहुवचन बताइए।

(a) स्त्रियों (b) स्त्रियायें
(c) स्त्रि (d) स्त्रियाँ

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर स्त्री का बहुवचन स्त्रियाँ होगा। कुछ शब्दों के एकवचन एवं उनके बहुवचन की सूची निम्नांकित है–

एकवचन	बहुवचन
तिथि	तिथियाँ
नीति	नीतियाँ
नारी	नारियाँ
डिबिया	डिबियाँ
चिड़िया	चिड़ियाँ
गुड़िया	गुड़ियाँ
घर	घरों
मुनि	मुनिवृन्द
गली	गलियों
नदी	नदियों
साड़ी	साड़ियों

265. टिड्डी शब्द का बहुवचन क्या है?

(a) टिड्डी दल (b) टिड्डीगण
(c) टिड्डीवर्ग (d) टिड्डीजन

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत शब्द 'टिड्डी' का बहुवचन 'टिड्डी दल' है। शेष विकल्प असंगत हैं। कभी-कभी कुछ शब्दों को बहुवचन बनाने के लिए कुछ अतिरिक्त शब्द जोड़े जाते हैं। जैसे–

वृन्द – मुनिवृन्द	गण – कृषकगण
लोग – नेता लोग	वर्ग – छात्र वर्ग

266. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा बहुवचन गुण, वर्ग, भाव वाला बहुवचन है?

(a) बहुएँ (b) जातियाँ
(c) आँखें (d) सुधीजन

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर – गुण, वर्ग तथा भाव वाला बहुवचन 'सुधीजन' होगा। शेष विकल्प बहुएँ, जातियाँ, आँखें आदि गुण, वर्ग तथा भाव को नहीं प्रदर्शित करते हैं।

@RexstarPdf

267. भुजा का बहुवचन क्या है?

(a) भुजाओं (b) भुजाएँ
(c) बहुभुज (d) भुजा-भुजा

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में भुजा का सर्वाधिक उपयुक्त बहुवचन 'भुजाएँ' होगा।

268. ''गरीब घर के लोग का जीवन दयनीय होता है।'' वाक्य में रेखांकित शब्दों के वचन बदलें।

(a) घरों, लोगों (b) घरोंओं, लोगोंओं
(c) घरों, लोग (d) घर, लोगों

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (a) : ''गरीब **घर** के **लोग** का जीवन दयनीय होता है।'' वाक्य में रेखांकित शब्द 'घर' और 'लोग' एकवचन हैं, इनका बहुवचन रूप क्रमशः 'घरों' और 'लोगों' होगा।

269. 'कहानी' शब्द का बहुवचन क्या है?

(a) कहानीयाँ (b) कहानियाँ
(c) कहानी (d) कहानियों

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में 'कहानी' का बहुवचन 'कहानियाँ' होगा।

270. 'कवि' का सही बहुवचन रूप बताइए।

(a) कविवर्ग (b) कविगण
(c) कविजन (d) कविवृंद

UPSI Batch - II 13 Dec.2017
UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों में कवि का बहुवचन 'कविवृंद' होता है।

271. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'कलम' शब्द का बहुवचन है?

(a) कलम (b) कलामियों
(c) अनेक कलम (d) कलमें

UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में कलम का बहुवचन 'कलमें' होता है। शेष तीनों असंगत हैं।

272. निम्नलिखित में से 'महीना' शब्द का बहुवचन पहचानिए।

(a) महानों (b) महीने
(c) महिनाएं (d) महीनें

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों में 'महीना' शब्द का बहुवचन महीने होता है।

273. शिक्षक का बहुवचन होगा–

(a) शिक्षकों (b) शिक्षका
(c) शिक्षिकाएँ (d) शिक्षकगण

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (d) : दिये गये शब्द 'शिक्षक' का बहुवचन 'शिक्षकगण' होगा। शेष शब्द शिक्षक के बहुवचन नहीं हैं।

274. 'पाठक' शब्द का बहुवचन क्या है?

(a) पाठकगण (b) पाठक लोग
(c) पाठक जने (d) पाठक समूह

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'पाठक' शब्द का बहुवचन 'पाठकगण' होता है।

275. मध्यम पुरुष 'तू' का सही बहुवचन होगा :

(a) आप लोग (b) तुम लोग
(c) हम (d) ये लोग

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) मध्यम पुरुष 'तू' का सही बहुवचन 'तुम लोग' होगा। 'आप लोग' आदरसूचक 'आप' का बहुवचन है। 'हम' उत्तम पुरुष 'मै' का बहुवचन रूप है।

276. 'देव प्रसन्न होकर मनुष्यों को वर देते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त 'देव' शब्द का बहुवचन बताएं।

(a) देवगण (b) देववृंद
(c) देवलोग (d) देवजन

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'देव प्रसन्न होकर मनुष्यों को वर देते हैं।' वाक्य में देव का बहुवचन **'देवगण'** होगा।

277. दिए गए चार विकल्पों में से 'प्रति' का बहुवचन कौन-सा विकल्प है?

(a) प्रति (b) प्रतियाँ
(c) प्रतिवर्ग (d) प्रतिजन

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (b) दिये गये विकल्पों में प्रति का बहुवचन 'प्रतियाँ' होगा।

278. 'चादर' का बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प दर्शाता है?

(a) चादर-चादर (b) चदराओं
(c) चादरों (d) चादरें

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (d) दिये गये विकल्पों में चादर का बहुवचन 'चादरें' होगा। अकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों का बहुवचन संज्ञा के अंतिम 'अ' को 'एँ' कर देने से बनता है।

279. 'गायिका' शब्द का बहुवचन.....है।

(a) गायक (b) गायिकाएँ
(c) गायीकाएँ (d) गायिकाओं

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में 'गायिका' शब्द का बहुवचन 'गायिकाएँ' है। शेष असंगत हैं।

280. बहुवचन का कौन-सा अनुचित रूप है?

(a) रितियाँ (b) विधियाँ
(c) नीतियाँ (d) रीतियाँ

UPSI Batch - III 19 Dec.2017
UPSI Batch - II 19 Dec.2017
UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'रितियाँ' बहुवचन का अनुचित रूप है। 'रीति' एकवचन है तथा इसका बहुवचन 'रीतियाँ' होता है। इसी तरह एकवचन–बहुवचन के क्रम में सही रूप है–विधि–विधियाँ, नीति-नीतियाँ।

281. 'समिति' शब्द का बहुवचन है.....।

(a) समितियों (b) समितियाँ
(c) समीतियाँ (d) समितीयाँ

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : प्रश्नगत 'समिति' शब्द का बहुवचन–'समितियाँ' होगा। यथा 'पंचायती राजव्यवस्था से सम्बन्धित कई समितियाँ गठित की गईं।'

282. दिए गए विकल्पों में से 'बिल्ली' शब्द का बहुवचन कौन-सा विकल्प है?

(a) बिल्लियाँ (b) बिल्लीयाँ
(c) बिल्ले (d) बिल्ला

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों के आधार पर बिल्ली शब्द का बहुवचन 'बिल्लियाँ' होगा।

283. 'बिन्दु' का बहुवचन क्या है?

(a) बिन्दु (b) बिंदुसरा
(c) बिंदुएं (d) बिंदुऐ

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) बिन्दु शब्द का बहुवचन 'बिन्दु' ही होता है। शेष शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

284. 'मामा' का बहुवचन बताएं .....।

(a) मामावर्ग (b) मामागण
(c) मामा (d) मामालोग

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'मामा' का बहुवचन **मामा** ही होता है। हिन्दी में कुछ सम्बन्धवाचक शब्द ऐसे हैं, जो एकवचन और बहुवचन दोनों में ही समान होते हैं; जैसे– मामा, नाना, बाबा, दादा, पिता आदि।

285. दिए गए विकल्पों में से 'लिपि' का बहुवचन कौन सा है?

(a) लिपि (b) लीपियाँ
(c) लिपीयाँ (d) लिपियाँ

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'लिपि' का बहुवचन **लिपियाँ** होगा। शेष असंगत विकल्प हैं।

286. रामराज्य में भी ''प्रजा'' दुखी थी।
दिए गए विकल्पों में से वाक्य में रेखांकित शब्द का बहुवचन कौन-सा है?

(a) प्रजा लोग (b) प्रजाजन
(c) प्रजा (d) प्रजावर्ग

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (c) रेखांकित शब्द प्रजा का बहुवचन शब्द 'प्रजा' ही होगा। प्रजा स्वयं में ही बहुवचन शब्द है।

287. 'समाचार' का बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) समाचार पत्रिका (b) समाचार
(c) अनेक समाचार (d) समाचारो

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'समाचार' शब्द का बहुवचन **'समाचार'** ही होगा। यह सदैव बहुवचन में प्रयोग होने वाला शब्द है।

288. दिए गए विकल्पों में से 'वस्तु' का बहुवचन शब्द पहचानिए।

(a) वस्तुओं (b) वस्तूओं
(c) वस्तुएँ (d) वासतों

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'वस्तु' का बहुवचन शब्द **'वस्तुएँ'** होगा।

289. दिए गए विकल्पों में से किस शब्द का बहुवचन 'रचनाएँ' है?

(a) रचना (b) रचयिता
(c) रचनायें (d) रचनाओं

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से 'रचनाएँ' शब्द **'रचना'** का बहुवचन है।

290. 'घोंसला' का बहुवचन शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) घोसलों (b) घोसला–घोसला
(c) घोसलें (d) घोंसले

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'घोंसला' का बहुवचन शब्द **'घोंसले'** होता है।

291. 'पंक्ति' शब्द का वचन बदल कर लिखिए।

(a) पंक्तिओं (b) पंक्तियाँ
(c) पंक्तियों (d) पंक्तीयाँ

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'पंक्ति' शब्द का बहुवचन **'पंक्तियाँ'** होगा।

292. 'संस्था' शब्द का बहुवचन क्या है?

(a) संस्थापन (b) संस्थाओं
(c) संस्थाएँ (d) संस्थाऐं

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों के आधार पर 'संस्था' शब्द का बहुवचन **'संस्थाएँ'** होगा।

293. निम्न में से कौन-सा शब्द बहुवचन है?

(a) गौ (b) गुरुजन
(c) लेखक (d) अनुज

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में से 'गुरुजन' शब्द बहुवचन है।

नोट– कुछ पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग संज्ञाओं का रूप प्रायः 'गण', 'वर्ग', 'जन', 'लोग', 'वृन्द' इत्यादि शब्द जोड़कर बनाया जाता है।

एक वचन	बहुवचन
गुरु	गुरुजन
पाठक	पाठकगण
आप	आपलोग
सुधि	सुधीजन
कवि	कविवृंद
देव	देवगण

294. आदर देने एवं बड़प्पन हेतु किस वचन का प्रयोग होता है?

(a) बहुवचन (b) एकवचन
(c) सदा बहुवचन (d) सदा एकवचन

UPSI Batch - III 20 Dec.2017
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) आदर देने एवं बड़प्पन हेतु बहुवचन का प्रयोग किया जाता है। आदरसूचक शब्द सदैव बहुवचन में होते हैं जैसे– आप, श्रीमान।

295. 'लुटिया' शब्द का बहुवचन क्या है?

(a) लुटियाँ (b) लूटीया
(c) लुटियाएँ (d) लोटे

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'लुटिया' शब्द का बहुवचन लुटियाँ होता है। जिन विभक्ति रहित लिंग संज्ञाओं के अंत में 'या' आता है उनमें 'या' के ऊपर चँद्रबिन्दु लगा देने से बहुवचन बनता है।

296. किस शब्द में 'गण' का प्रयोग कर बहुवचन नहीं बनाया जा सकता?

(a) नेता (b) भक्त
(c) शिक्षक (d) देवी

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (d): दिये गये विकल्पों में 'देवी' शब्द में गण का प्रयोग कर के बहुवचन नहीं बनाया जा सकता है। अन्य शब्दों में गण का प्रयोग करके उनका बहुवचन बनाया जा सकता है; जैसे– नेता– नेतागण, शिक्षक– शिक्षकगण, भक्त– भक्तगण। देवी का बहुवचन रूप **देवियों** होगा।

297. 'सुधि' शब्द के अंत में क्या जोड़ने पर शब्द बहुवचन बन जाएगा।

(a) जन (b) वृंद
(c) वर्ग (d) गण

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'सुधि' शब्द में 'जन' शब्द जोड़ने पर 'सुधीजन' बहुवचन शब्द बनेगा।

298. 'खूँटी' शब्द का बहुवचन बताइए।

(a) खूँटिया (b) खूँटियौं
(c) खूँटियाँ (d) खूँटियों

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) खूँटी शब्द का बहुवचन खूँटियाँ है। शब्दों के जिस रूप से एक से अधिक पदार्थों का बोध होता है बहुवचन कहलाता है।

299. 'चाकू' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

(a) चाकूएँ (b) चाकुओं
(c) चाकुओ (d) चाकू

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) चाकू एक उकारान्त पुल्लिंग शब्द है। अतः चाकू का बहुवचन 'चाकू' ही होगा, क्योंकि पुल्लिंग आकारान्त के अतिरिक्त शेष मात्राओं से समाप्त होने वाले विभक्ति रहित शब्दों के रूप दोनों वचनों में एक समान रहते हैं।

300. 'चिड़िया' शब्द का प्रयोग बहुवचन में क्या होता है?

(a) चिड़ियाँ (b) चिड़ियों
(c) चिड़िओ (d) चिड़िये

UP PGT 2011

उत्तर. (a) चिड़िया शब्द का बहुवचन 'चिड़ियाँ' होता है। जिन विभक्ति रहित स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अन्त में 'या' आता है, उनमें 'या' के ऊपर चन्द्रबिन्दु लगाने से उनका बहुवचन बनता है।

301. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें बहुवचन का प्रयोग हुआ है?

(a) लड़का कहता है।
(b) लड़के ने कहा।
(c) लड़के लड़के से कहते हैं।
(d) लड़के ने लड़के से कहा।

GIC. PGT 2009

उत्तर. (c) 'लड़के लड़के से कहते हैं।' इस वाक्य में बहुवचन का प्रयोग हुआ है। अन्य सभी वाक्यों में एकवचन का प्रयोग हुआ है।

@RexstarPdf

302. 'साधु आ रहे हैं' वाक्य में 'साधु' का वचन निर्धारित कीजिये?

(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) द्विवचन (d) इनमें से कोई नहीं

UP TGT 2011

उत्तर. (b) दिये गये वाक्य में 'साधु' शब्द बहुवचन में प्रयुक्त है। 'साधु' सम्मान सूचक शब्द होने के कारण यह सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है। साधु शब्द एकवचन और बहुवचन दोनों में प्रयुक्त होता है। यह वाक्य पर निर्भर करता है कि उसका प्रयोग एकवचन में करें या बहुवचन में।

303. 'कवि' शब्द का बहुवचन होगा :

(a) कवि (b) कवियों
(c) कवियाँ (d) कवियो

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से कवि का बहुवचन शब्द 'कवियों' होगा। शेष असंगत शब्द हैं।

304. निम्न में से 'बुढ़िया' का बहुवचन रूप पहचानिए।

(a) बुढ़ियाँ (b) बुढ़ियों
(c) बुढ़ियाएं (d) बूढ़ियां

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(a) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'बुढ़िया' शब्द का बहुवचन **'बुढ़ियाँ'** होगा। शेष शब्द असंगत हैं।

305. निम्न में से 'बंधु' शब्द का बहुवचन रूप कौन सा है?

(a) बंधू (b) बंधु वर्ग
(c) बंधुएँ (d) बंधुओं

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर बंधु का बहुवचन रूप **'बंधु वर्ग'** होगा।

306. गौ का सामान्य बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) गौ–गौ (b) गौएँ
(c) गायें (d) गाय

UPSI Batch - III 13 Dec.2017
UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर गौ का बहुवचन 'गौएँ' होगा। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

307. 'मेज' का सामान्य बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) मेजें (b) मेजे
(c) मिजे (d) मेजी

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से मेज का सामान्य बहुवचन 'मेजें' होगा। शेष असंगत शब्द हैं।

308. 'पत्ती' शब्द का बहुवचन रूप कौन-सा है?

(a) पत्तियाँ (b) पत्ते
(c) पतियाँ (d) पत्तिया

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में पत्ती का बहुवचन 'पत्तियाँ' होगा।
विभक्ति रहित इकारान्त या ईकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अंतिम 'इ' या 'ई' को 'इयाँ' कर देने से बहुवचन बनता है; जैसे- तिथि-तिथियाँ, नीति-नीतियाँ आदि।

309. 'घटा' शब्द का बहुवचन रूप कौन-सा है?

(a) घटाएँ (b) घटाए
(c) घटाओं (d) घटाइया

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर घटा शब्द का बहुवचन 'घटाएँ' होगा। विभक्तिरहित आकारान्त स्त्रीलिंग एकवचन शब्दों के अन्त में 'एँ' लगाने से उनका बहुवचन बनता है; जैसे – कथा – कथाएँ, लता-लताएँ आदि।

310. 'नदी का जल ठंडा है' का सामान्य बहुवचन बताएं।

(a) नदियों का जल ठंडा है
(b) सभी नदी का जल ठंडा है।
(c) नदी का जल ठंडा है।
(d) नदियों का जल ठंडा है।

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) 'नदी का जल ठंडा है' इसका सामान्य बहुवचन ''नदियों का जल ठंडा है' होगा।

311. 'लड़के को बुलाओ' का सामान्य बहुवचन बताएँ।

(a) सभी लड़के को बुलाओ।
(b) लड़कों को बुलाओं।
(c) लड़कों को बुलाओ।
(d) लड़के को बुलाओ।

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर: (c) प्रश्नानुसार वाक्य का बहुवचन 'लड़कों को बुलाओ' होगा।

312. 'पानी का सामान्य बहुवचन बताएँ'–

(a) पानी (b) समादर
(c) पानियाँ (d) पानीयाँ

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (a) 'पानी' नित्य एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है। इसका बहुवचन रूप नहीं होता, अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

313. 'मैने आम ले लिया है' का बहुवचन क्या होगा?

(a) हमने आम ले लिये हैं।
(b) मैंने आम ले लिये हैं।
(c) हमने आम ले लिया है।
(d) मैंने आम लिये हैं।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) प्रश्नगत वाक्य **मैने आम ले लिया है।** का बहुवचन होगा – मैंने आम ले लिये हैं।

314. आदमियों को (भेड़-बकरी) की तरह हाँकने का जमाना अब नहीं रहा। कोष्ठक में दिए गए शब्दों का वचन बदलिए।

(a) भेड़ो- बकरियाँ (b) भेड़ों- बकरियों
(c) भेड़- बकरियों (d) भेड़- बकरियाँ

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) कोष्ठक में दिये गये शब्द (भेड़-बकरी) एकवचन में हैं, जिनका बहुवचन रूप 'भेड़-बकरियों' होगा।

315. 'लोग आजीवन टट्टू की तरह जुते रहते हैं।' 'टट्टू' शब्द का बहुवचन बताओ।

(a) टट्टूएँ (b) टट्टुओं
(c) टट्टू (d) टट्टूयों

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (b) 'टट्टू' का बहुवचन शब्द टट्टुओं होगा।

316. 'याचना' शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा?

(a) याचनाओं (b) याचना
(c) याचनयी (d) याचनाएँ

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'याचना' शब्द का बहुवचन 'याचना' ही होगा।

317. 'मुझे आपके हस्ताक्षर चाहिए' इस वाक्य में 'हस्ताक्षर' शब्द क्या है?

(a) बहुवचन (b) एकवचन
(c) नित्य बहुवचन (d) नित्य एकवचन

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : प्रश्नगत वाक्य 'मुझे आपके हस्ताक्षर चाहिए।' में हस्ताक्षर शब्द 'नित्य बहुवचन' है।

318. 'उसके पास रुपया है' इनमें रुपया शब्द है:

(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) उक्त दोनों (d) उक्त दोनों नहीं

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : 'उसके पास रुपया है' इनमें रुपया शब्द बहुवचन है। कुछ शब्द स्वयं अर्थ में ही बहुवचन होते हैं। जैसे– प्राण, दर्शन हस्ताक्षर, आँसू आदि।

319. 'भैंस' का बहुवचन होगा :

(a) भैंसें (b) भँइसी
(c) भैसियाँ (d) भैस

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : 'भैंस' का बहुवचन **भैंसें** है। शेष शब्द असंगत हैं।

320. 'भारतीय' शब्द का बहुवचन क्या होता है?

(a) भारतीयों (b) भारती
(c) भरतियों (d) भूर्तियूं

[UPSI 24.07.2017 Sift I]
UK PSC AE 2012

उत्तर. (a) : 'भारतीय' का बहुवचन भारतीयों होता है। 'ओं' का प्रयोग करके बहुवचन बनाना - साधु-साधुओं, माता-माताओं, बहन-बहनों। शेष शब्द वर्तनी दृष्टि से अशुद्ध हैं।

321. गिरि शब्द का शुद्ध बहुवचन है-

(a) गिरियाँ (b) गिरी
(c) गिरि (d) गिरिएं

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनके एकवचन और बहुवचन दोनों समान होते हैं। जैसे-गिरि, याचना, क्रोध, घी, तेल, चाय, दूध, आज, कल, घर, हाथी, छाया, पानी आदि।

322. प्रजा का बहुवचन क्या होगा?

(a) प्रजातंत्र (b) प्रजा
(c) प्रजागण (d) प्रजाजन

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : प्रजा का बहुवचन 'प्रजा' होगा।

323. पगड़ी का बहुवचन होगा?

(a) पगड़ियाँ (b) पगड़ियों
(c) पगड़ी (d) कोई नहीं

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : पगड़ी का बहुवचन 'पगड़ियाँ' होगा।

324. गांव का बहुवचन क्या होगा?

(a) गांवों (b) ग्राम
(c) ग्रामसभा (d) ग्रांम पंचायत

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : गांव का बहुवचन गांवों होता है। संज्ञा के जिस रूप से किसी व्यक्ति, वस्तु के एक से अधिक होने का पता चले उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे- बच्चें, नदियाँ, घोड़े आदि।

325. दादा का बहुवचन क्या होगा?

(a) दादाओं (b) दादालोग
(c) दादाजन (d) दादागण

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : दादा, चाचा आदि शब्दों के रूप में बहुवचन में एकारांत नहीं होता है। अतः इनमें सीधे 'ओं' प्रत्यय लग जाता है। जैसे- दादाओं, चाचाओं आदि। किसी भी व्यक्ति वस्तु के एक से अधिक होने के बोध को बहुवचन कहते हैं।

326. गुड़िया का बहुवचन क्या होगा?

(a) गुड़ियाँ (b) गुड़िये
(c) गुड़ियों (d) गुड़िओं

DSSSB Forest Gaurd Exam-28/09/2014
[UPSI 20.07.2017 Shift II]

@RexstarPdf

उत्तर. (a) गुड़िया का बहुवचन गुड़ियाँ होता है। संज्ञा के किसी भी रूप से जिससे किसी वस्तु, व्यक्ति के एक से अधिक होने का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं।

327. डिबिया का बहुवचन क्या होगा?

(a) डिबियाँ (b) डिबिये

(c) डिबिओ (d) डिबिएं

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : डिबिया का बहुवचन डिबियाँ होता है। जहाँ किसी संज्ञा शब्दों के व्यक्ति, वस्तु, स्थान के एक से अधिक होने का भाव हो वहाँ बहुवचन होता है।

328. घर का बहुवचन क्या होगा?

(a) घर-घर (b) घरों

(c) घरें (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 20.07.2017 Shift II]
UPSI 28.11.2021 (Shift II)

उत्तर. (b) : घर का बहुवचन घरों होता है। वस्तु, स्थान या व्यक्ति को जहाँ पर एक से अधिक होने का बोध हो, वहाँ बहुवचन होता है।

329. अकारांत स्त्रीलिंग शब्द का बहुवचन बनाने के लिए क्या किया जाता है?

(a) अन्त्य स्वर के बदले 'ओं' कर देते हैं।

(b) अन्त्य स्वर के साथ 'अयें' लगा देते हैं।

(c) अन्त्य स्वर के साथ 'एँ' लगा देते हैं।

(d) अन्त्य स्वर के साथ 'आयँ' लगा देते हैं।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : अकारांत स्त्रीलिंग शब्द का बहुवचन बनाने के लिए अन्त्य स्वर के बदले 'एँ' कर देते हैं;

जैसे –	**एकवचन**	**बहुवचन**
	गाय	गायें
	बात	बातें
	बहन	बहनें
	रात	रातें
	सड़क	सड़कें
	आदत	आदतें

330. उर्दू शब्द 'सौदा' का बहुवचन में क्या रूप होता है?

(a) उसका रूप परिवर्तित हो जाता है

(b) उसके रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

(c) बहुवचन में उसके विकल्प का प्रयोग किया जाता है।

(d) उसके अन्त में 'गर' लगा देते हैं।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : उर्दू शब्द 'सौदा' के बहुवचन रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता है। यदि 'सौदा' के अन्त में 'गर' लगा दें तो नया शब्द 'सौदागर' हो जायेगा। जिसका अर्थ व्यापारी हो जायेगा।

331. 'मैं चलती थी।' में 'मैं' का बहुवचन क्या होगा?

(a) हम (b) तुम

(c) वे (d) सब

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Shift- I]
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Shift-II]

उत्तर. (a) : 'मैं चलती थी।' में 'मैं' का बहुवचन 'हम' होगा।

एकवचन	**बहुवचन**
मैं	हम
तू	तुम
वह	वे

332. ईकारांत संज्ञा शब्द को बहुवचन बनाते समय क्या किया जाता है?

(a) अंतिम स्वर के बाद 'याँ' लगा देते हैं।

(b) अंतिम स्वर को हटा कर 'याँ' लगा देते हैं।

(c) 'ई' को ह्रस्व करके अंतिम स्वर के बाद 'याँ' लगा देते हैं।

(d) 'ई' को ह्रस्व करके अंतिम स्वर के बाद 'ओं' लगा देते हैं।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (c) : ईकारांत संज्ञा शब्द को बहुवचन बनाते समय 'ई' को ह्रस्व करके अंतिम स्वर के बाद 'याँ' लगा देते हैं। जैसे-

एकवचन	**बहुवचन**
कली	कलियाँ
थाली	थालियाँ
लड़की	लड़कियाँ
नारी	नारियाँ

333. हिन्दी में इस्तेमाल होने वाले उर्दू शब्दों का बहुवचन बनाने के लिए प्रायः किस भाषा के प्रत्यय लगाये जाते हैं?

(a) हिन्दी (b) अरबी

(c) फारसी (d) उर्दू

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : हिन्दी में इस्तेमाल होने वाले उर्दू शब्दों का बहुवचन बनाने के लिए प्रायः 'हिन्दी भाषा' के प्रत्यय लगाये जाते हैं। जैसे- अरबी से आये शब्द 'वकील' शब्द का बहुवचन 'वकला' हिन्दी में नहीं चलेगा, बल्कि हिन्दी में 'वकीलों' लिखा जायेगा।

334. 'कथा' का बहुवचन होगा:

(a) कथें (b) कथों

(c) कथानक (d) कथाएँ

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर: (d) 'कथा का बहुवचन 'कथाएँ' होगा। आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के 'आ' के अन्त में 'एँ' लगाकर बहुवचन बनाते हैं। 'कथा' आकारान्त स्त्रीलिंग एकवचन शब्द है जिसमें 'एँ' लगाकर 'कथाएँ' बहुवचन शब्द बनाया जा सकता है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

@RexstarPdf

335. मुनि का बहुवचन क्या होगा?

(a) मुनियों (b) मुनिए
(c) मुनिओं (d) इनमें से कोई नहीं

UP TET 2019 (08/01/2020)
CTET (VI-VIII) 08.01.2020
[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : मुनि का बहुवचन मुनियों होगा। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

5. काल

भूतकाल

336. 'यदि नेहा परिश्रम करती तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाती।' क्रिया का काल कौन-सा है?

(a) हेतुहेतुमद् भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) संदिग्ध भूतकाल

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (a) : 'यदि नेहा परिश्रम करती तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाती' में क्रिया का हेतुहेतुमद् भूतकाल है। ध्यातव्य है कि जिन क्रिया पदों से भूतकाल में कार्य होने का संकेत तो मिलता है, परन्तु किसी कारणवश कार्य हो नहीं पाया, उसे हेतुहेतुमद् भूतकाल कहते हैं। उदाहरण – यदि मैं घर पर होता तो चोरी नहीं होती।

337. ''सत्संग में जाने के बाद मन को शांति मिली है।'' दिए गए वाक्य का काल पहचानिए।

(a) सामान्य भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : आसन्न भूतकाल-क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि क्रिया अभी कुछ समय पहले ही पूर्ण हुई है,उसे आसन्न भूतकाल कहते हैं। **जैसे**- मैंने मिठाई खाई है।

338. 'महेश गीत गा रहा था।' वाक्य में काल है–

(a) अपूर्ण भूत (b) पूर्ण भूत
(c) सामान्य भूत (d) आसन्न भूत

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : अपूर्ण भूतकाल-क्रिया के जिस रूप से कार्य के भूतकाल में शुरू होने का पता चले लेकिन खत्म होने का पता न चले उसे अपूर्ण भूतकाल कहते हैं। जिन वाक्यों के अंत में रहा था, रही थी, रहे थे आदि शब्द आते हैं, वे अपूर्ण भूतकाल कहलाते हैं।

उदाहरण-श्याम लखनऊ की यात्रा कर रहा था।
वह विद्यालय जा रहा था।

339. 'अपूर्ण भूतकाल' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?

(a) ज्ञानू रो रहा था। (b) ज्ञानू एक घण्टे से सो रहा है।
(c) ज्ञानू रोया। (d) ज्ञानू सो गया था।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर: (a) 'ज्ञानू रो रहा था।' इस वाक्य में अपूर्ण भूतकाल का प्रयोग हुआ है।
'ऐसी भूतकालिक क्रियाएँ जिसके समाप्ति का पता नहीं चल पा रहा हो, अपूर्ण भूतकालिक क्रियाएँ कहलाती हैं।'
जैसे – राधिका नाच रही थी।
बच्चा सो रहा था।

340. 'रमेश घर आया।' इस वाक्य का संदिग्ध भूतकाल में रूपांतरण होगा–

(a) रमेश घर आ रहा था।
(b) रमेश घर आया था।
(c) रमेश घर आएगा।
(d) रमेश घर आ गया होगा।

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (d) : 'रमेश घर आया।' इस वाक्य का संदिग्ध भूतकाल में रूपान्तरण होगा- 'रमेश घर आ गया होगा।'

341. दिए गए वाक्य का काल ज्ञात कीजिए।
नेता जी ने भाषण दिया।

(a) आसन्न भूतकाल (b) अपूर्ण भूतकाल
(c) पूर्ण भूतकाल (d) सामान्य भूतकाल

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) दिए गए वाक्य 'नेता जी ने भाषण दिया' में सामान्य भूतकाल है।
सामान्य भूतकाल - जब भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान नहीं होता है, तो वहाँ पर सामान्य भूत होता है।

342. निम्नलिखित प्रश्न में,चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के काल का सही विकल्प हो।
मैंने आज एक फिल्म देखी थी।

(a) पूर्ण भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल
(c) पूर्ण वर्तमानकाल (d) सामान्य वर्तमानकाल

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त वाक्य पूर्ण भूतकाल का वाक्य है।
पूर्णभूत काल– क्रिया के उस रूप को पूर्ण भूत कहते हैं जिससे क्रिया की समाप्ति के समय का स्पष्ट बोध होता है कि क्रिया को समाप्त हुए काफी समय बीत चुका है।
जैसे– मैंने आज एक फिल्म देखी थी।
मैं मोहन से मिला था।

343. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के काल का सही विकल्प हो।
माँ ने खाना खा लिया होगा।

(a) संदिग्ध भूतकाल (b) संदिग्ध वर्तमानकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) संभाव्य भविष्यकाल

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) संदिग्ध भूतकाल– क्रिया के जिस रूप से भूतकाल का बोध तो हो किन्तु कार्य के होने में संदेह हो वहाँ संदिग्ध भूतकाल होता है।

जैसे– माँ ने खाना खा लिया होगा।

उपर्युक्त वाक्य की क्रिया से भूतकाल का बोध तो हो रहा है परन्तु कार्य के सम्पन्न होने में संदेह है इसलिए यह वाक्य संदिग्ध भूतकाल होगा।

344. दिए गए वाक्य का काल ज्ञात कीजिए।

गाय घास चर कर चली गयी।

(a) वर्तमान (b) भविष्य काल

(c) भूतकाल (d) प्राचीन काल

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्य 'गाय घास चर कर चली गयी।' में भूतकाल होगा।

भूतकाल - वह काल जो किसी कार्य के पूर्ण होने की स्थिति को बताता है उसे भूतकाल कहा जाता है।

345. दिए गए वाक्य का काल ज्ञात कीजिए।

आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा ने मेरा परिवार नामक संस्मरण लिखा।

(a) सामान्य भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल

(c) पूर्ण भूतकाल (d) अपूर्ण भूतकाल

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्य 'आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा ने मेरा परिवार नामक संस्मरण लिखा' में आसन्न भूतकाल होगा।

भूतकाल → जिस क्रिया से कार्य की समाप्ति का बोध हो, उसे 'भूतकाल' कहते हैं।

आसन्न भूतकाल → इससे क्रिया की समाप्ति निकट भूत में या तत्काल ही सूचित होती है।

346. इनमें से कौन सा प्रकार वर्तमान काल का नहीं है?

(a) सामान्य वर्तमान (b) संभाव्य वर्तमान

(c) आसन्नभूत (d) तात्कालिक वर्तमान

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'आसन्न भूत' वर्तमान काल का नहीं बल्कि भूतकाल का एक प्रकार है। भूतकाल की वह घटना, जो हाल में ही घटित हो, आसन्न भूतकालिक क्रिया कहलाती है। **जैसे**-रमेश ने खाना खा लिया है, मैं चला हूँ इत्यादि।

347. 'राम गया।' इस वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) सामान्य भूत काल (b) आसन्नभूत काल

(c) पूर्ण भूत काल (d) अपूर्ण भूत

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वाक्य 'राम गया' में सामान्य भूतकाल है। क्रिया के जिस रूप में कार्य के करने या होने के समय का ज्ञान होता है, उसे काल कहा जाता है। काल के सामान्यतः तीन भेद तथा तीन भेदों के कई उपभेद होते हैं। तीन भेद– वर्तमानकाल, भूतकाल, भविष्यकाल।

वर्तमान काल के भेद– सामान्य वर्तमान, अपूर्ण वर्तमान (तात्कालिक), पूर्ण वर्तमान, संदिग्ध वर्तमान, संभाव्य वर्तमान काल।

भूतकाल के भेद– सामान्य भूत, आसन्न भूत, अपूर्ण भूत, पूर्ण भूत, संदिग्ध भूत एवं हेतु-हेतुमद्भूत।

भविष्यकाल के भेद – सामान्य भविष्य, सम्भाव्य भविष्य, हेतु-हेतुमद् भविष्य।

348. 'राम बाजार जा रहा है' का संदिग्ध भूतकाल में रूपांतरण क्या होगा?

(a) राम बाजार जाएगा (b) राम बाजार गया था

(c) शायद राम बाजार जाए (d) राम बाजार गया होगा

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-I)

उत्तर : (d) वाक्य 'राम बाजार जा रहा है।' का संदिग्ध भूतकाल में रूपांतरण 'राम बाजार गया होगा' है। भूतकाल के भेद 6 होते हैं।

1. सामान्य भूतकाल। 2. आसन्न भूतकाल।
3. पूर्ण भूतकाल। 4. अपूर्ण भूतकाल
5. संदिग्ध भूतकाल। 6. हेतुहेतुमद् भूत।

349. बांसुरी बज रही थी। यह वाक्य किस काल का उदाहरण है?

(a) पूर्ण वर्तमान (b) सामान्यभूत

(c) अपूर्णभूत (d) अपूर्ण वर्तमान

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'बांसुरी बज रही थी।' यह वाक्य 'अपूर्णभूत' काल का उदाहरण है।

'जिस क्रिया से यह ज्ञात हो, कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी, किन्तु वक्ता को क्रिया की समाप्ति का बोध नहीं हो पा रहा था। ऐसी क्रियाएँ अपूर्णभूत कालिक क्रियाएँ कहलाती हैं।'

जैसे- सुरेश गाना गा रहा था।

राधिका नाच रही थी।

350. 'मैंने आम खाया है' वाक्य इनमें से किसका उदाहरण है?

(a) अपूर्णभूत का (b) संदिग्धभूत का

(c) आसन्नभूत का (d) सामान्यभूत का

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

UPSSSC वनरक्षक 02.12.2018 (Shift-I)

UPSI Batch-III 19 Dec. 2017

उत्तर : (c) 'मैंने आम खाया है।' आसन्न भूतकाल का उदाहरण है–

आसन्न भूतकाल	–	जिस क्रिया के व्यापार की समाप्ति की निकटता स्पष्ट हो उसे आसन्न भूतकाल कहते हैं। उदाहरण–कृष्ण अभी आया।
सामान्य भूतकाल	–	मोहन गया।
अपूर्ण भूतकाल	–	गीता नाच रही थी।
संदिग्ध भूतकाल	–	आपने कहा होगा।

@RexstarPdf

351. 'लता गीत गा रही थी' इनमें से किसका उदाहरण है?

(a) पूर्णभूत का (b) संदिग्ध भूत का
(c) सामान्य भूत का (d) अपूर्णभूत का

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'लता गीत गा रही थी' -यह अपूर्ण भूतकाल का उदाहरण है।

अपूर्ण भूत काल :- अपूर्ण भूतकाल से यह ज्ञात होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी, किन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं है। **जैसे**- गीता सो रही थी।

352. 'रमा विद्यालय जाती है' इस वाक्य का अपूर्ण भूतकाल में रूपांतरण क्या होगा?

(a) शायद रमा विद्यालय गई
(b) रमा विद्यालय जा रही होगी
(c) रमा विद्यालय गई
(d) रमा विद्यालय जा रही थी

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'रमा विद्यालय जाती है।' यह वाक्य सामान्य वर्तमान काल का है। इस वाक्य का अपूर्ण भूतकाल में रूपांतरण इस प्रकार होगा - 'रमा विद्यालय जा रही थी।'

353. 'वह खा रहा था।'-इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) हेतुहेतुमद् भविष्यत् (b) हेतुहेतुमद् भूत
(c) संदिग्ध भूत (d) अपूर्ण भूत

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'वह खा रहा था।' इस वाक्य में क्रिया 'अपूर्ण भूतकाल' का बोध करा रही है।

'जिस क्रिया से यह ज्ञात हो कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी किन्तु उसकी समाप्ति का बोध न हो पा रहा हो, वह क्रिया अपूर्ण भूतकाल की क्रिया कहलाती है। **जैसे**- रमेश पढ़ रहा था।

354. 'मैं खाना खा चुका था' इस वाक्य में कौन-सा भूतकालिक भेद है?

(a) पूर्ण भूत (b) सामान्य भूत
(c) संदिग्ध भूत (d) आसन्न भूत

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) : 'मैं खाना खा चुका था' यह वाक्य पूर्ण भूतकालिक क्रिया का भेद है। क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में उसकी पूर्ण सम्पन्नता का बोध हो, ऐसी क्रियाएँ पूर्ण भूतकालिक क्रियाएँ कहलाती हैं। **जैसे**– वह आया था।

355. 'पानी बह रहा था।'– इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) संदिग्ध भूत (b) हेतुहेतुमद् भविष्यत्
(c) हेतुहेतुमद् भूत (d) अपूर्ण भूत

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : पानी बह रहा था। इस वाक्य में क्रिया 'अपूर्ण भूत' काल का बोध करा रही है।

356. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से दिए गए वाक्य का सही काल वाला विकल्प पहचानिए।

यदि मैं समय पर स्टेशन पहुँचता तो मेरी गाड़ी न छूटती।

(a) संदिग्ध भूतकाल (b) हेतुहेतुमद् भूतकाल
(c) सामान्य वर्तमानकाल (d) आसन्न भूतकाल

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (b) दिए गए वाक्य 'यदि मैं समय पर स्टेशन पहुँचता तो मेरी गाड़ी नहीं छूटती' में 'हेतुहेतुमद् भूतकाल' है। यदि भूतकाल में एक क्रिया के होने या न होने पर दूसरी क्रिया का होना या न होना निर्भर करता है, तो वह **हेतुहेतुमद् भूतकाल** क्रिया कहलाती है। हेतु का अर्थ है-कारण।

357. भूतकाल के ..... भेद होते हैं।

(a) 4 (b) 2
(c) 8 (d) 6

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) क्रिया के जिस रूप से, कार्य की समाप्ति के समय का बोध होता है, उसे 'भूतकाल' कहते हैं। भूतकाल के 6 भेद हैं–

1. सामान्य भूत	– मैंने खाया।
2. आसन्न भूत	– उसने पूजा की है।
3. पूर्ण भूत	– मैं सोया था।
4. अपूर्ण भूत	– तुम लेख लिख रहे थे।
5. संदिग्ध भूत	– उसने खाना खा लिया होगा।
6. हेतुहेतुमद् भूत	– मैं आता तो तू जाता।

358. निम्न में भूतकाल का उदाहरण है :

(a) मैं जाता हूँ। (b) राम घर गया था।
(c) वह आ रहा है। (d) वह पुस्तक पढ़ेगा।

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) दिये गये वाक्यों में 'राम घर गया था' वाक्य भूतकाल (पूर्ण भूतकाल) का वाक्य है। भूतकाल में क्रिया के व्यापार की समाप्ति का बोध होता है। जबकि 'मैं जाता हूँ', 'वह आ रहा है' वर्तमान काल का तथा 'वह पुस्तक पढ़ेगा' भविष्य काल का वाक्य है।

359. निम्न में कौन-सा वाक्य भूतकाल का है?

(a) यदि वह जाता तो मैं भी जाता।
(b) मोहिनी खाती होगी।
(c) उसने खाया है।
(d) मोहन ने पढ़ा है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'यदि वह जाता तो मैं भी जाता।' वाक्य में किसी बीते हुए समय में जाने की बात की जा रही है। अतः वाक्य में भूतकाल होगा। शेष तीनों वाक्य वर्तमान काल में हैं।

360. निम्न में भूतकाल का वाक्य कौन-सा है?

(a) चिट्ठी भेजी जाती है (b) चिट्ठी भेजी गई है
(c) चिट्ठी भेजी गई (d) चिट्ठी भेजी जायेगी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (c) 'चिट्ठी भेजी गई' वाक्य भूतकाल का वाक्य है। शेष वाक्यों में से 'चिट्ठी भेजी जाती है' और 'चिट्ठी भेजी गयी है' वर्तमान काल के तथा 'चिट्ठी भेजी जायेगी' भविष्य काल का उदाहरण है।

361. 'बच्चा गया' इस वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानें।

(a) पूर्ण भूतकाल (b) सामान्य वर्तमान काल
(c) सामान्य भूतकाल (d) भविष्यकाल

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (c) 'बच्चा गया' में 'सामान्य भूतकाल' है। जिससे भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान न हो, उसे 'सामान्य भूतकाल' कहते हैं। जैसे– बच्चों ने चित्र बनाया।, मोहन आया।

362. 'अगरबत्ती की सुगंध से थकावट दूर हो गई।' निम्न में से इस वाक्य में प्रयुक्त काल बताएँ ।

(a) पूर्ण वर्तमान काल (b) सामान्य भूतकाल
(c) पूर्ण भूतकाल (d) अपूर्ण भूतकाल

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'अगरबत्ती की सुगन्ध से थकावट दूर हो गई।' इस वाक्य में 'सामान्य भूतकाल' प्रयुक्त हुआ है।

363. ''.....'', निम्न में से कौन-सा वाक्य सामान्य भूतकाल का वाक्य है?

(a) वर्षा हुई।
(b) शायद वर्षा हुई होगी।
(c) वर्षा अभी–अभी हुई।
(d) कुछ समय पहले वर्षा हुई थी।

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में सामान्य भूतकाल का वाक्य 'वर्षा हुई' है। 'शायद वर्षा हुई होगी' वाक्य में संदिग्ध भूत, 'वर्षा अभी–अभी हुई' में आसन्न भूत तथा 'कुछ समय पहले वर्षा हुई थी' में पूर्ण भूतकाल है।

364. 'मैंने आम खा लिया है' वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानें।

(a) अपूर्ण भूतकाल (b) हेतुहेतुमद् भूतकाल
(c) आसन्न भूत (d) पूर्ण भूतकाल

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'मैंने आम खा लिया है' में आसन्न भूत है। इससे क्रिया की समाप्ति निकट भूत में या तत्काल ही सूचित होती है।

365. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य पूर्ण भूतकाल का उदाहरण है?

(a) वे गए। (b) वे खा रहे थे।
(c) वे आए थे। (d) वे सोकर उठे हैं।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) क्रिया के उस रूप को 'पूर्णभूतकाल' कहते हैं, जिससे क्रिया की समाप्ति के समय का स्पष्ट बोध होता है, कि क्रिया को समाप्त हुए काफी समय बीता है। 'वे आये थे' पूर्ण भूतकाल का उदाहरण है। शेष वाक्यों का काल इस प्रकार है–
वे गये– **सामान्य भूतकाल**
वे खा रहे थे– **अपूर्ण भूतकाल**
वे सोकर उठे हैं– **आसन्न भूतकाल ।**

366. 'लोग बड़ी-बड़ी गाड़ियाँ लेकर आ रहे थे'। वाक्य का काल पहचानिए।

(a) अपूर्ण वर्तमानकाल (b) सामान्य भूतकाल
(c) सामान्य भविष्यकाल (d) अपूर्ण भूतकाल

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'लोग बड़ी–बड़ी गाड़ियाँ लेकर आ रहे थे।' वाक्य का काल 'अपूर्ण भूतकाल' है। क्रिया के जिस रूप से, क्रिया का भूतकाल में होना पाया जाये, परन्तु उसकी समाप्ति के समय का बोध न हो, वह 'अपूर्ण भूतकाल' कहलाता है। प्रश्नगत वाक्य में क्रिया का होना तो है, परन्तु समाप्ति का समय स्पष्ट नहीं है।

367. निम्नलिखित वाक्यों में से अपूर्ण भूतकाल को पहचानिए:

(a) रामू खाना खा रहा था। (b) माँ खाना बना चुकी है।
(c) मुझे बाहर जाना है। (d) हम घूमने जाएँगे।

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) दिये गये वाक्यों का काल क्रमशः इस प्रकार है-

रामू खाना खा रहा था	–	अपूर्ण भूतकाल
माँ खाना बना चुकी है	–	पूर्ण वर्तमान काल।
मुझे बाहर जाना है	–	वर्तमान काल
हम घूमने जायेंगे	–	सामान्य भविष्यकाल

368. दिय गये वाक्य का सही काल निर्धारण करें।
'वह सो रहा था'

(a) इनमें से कोई नहीं (b) पूर्ण वर्तमानकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) सम्भाव्य भविष्यत काल

उत्तर. (c) : 'वह सो रहा था' अपूर्ण भूतकाल का उदाहरण है। इससे यह ज्ञात होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी, किन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं चलता। जैसे- सुरेश गीत गा रहा था।

369. 'सीता सो रही थी'। वाक्य का काल है–

(a) सामान्य भूत (b) पूर्ण भूत
(c) अपूर्ण भूत (d) संदिग्ध भूत

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (c) 'सीता सो रही थी' वाक्य में अपूर्ण भूतकाल है।

@RexstarPdf

370. 'सुरेश गीत गा रहा था' वाक्य में काल है–

(a) अपूर्ण भूत (b) पूर्ण भूत
(c) सामान्य भूत (d) आसन्न भूत

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (a) 'सुरेश गीत गा रहा था' वाक्य में 'अपूर्ण भूतकाल' है। इसमें भूतकाल में क्रिया के होने का बोध होता है, किन्तु उसकी समाप्ति का नहीं। विकल्प में दिये गये शेष कालों के उदाहरण इस प्रकार हैं–

पूर्ण भूत – उसने रात को खाना खाया था।

सामान्य भूत – प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर गये।

आसन्न भूत – मैंने चाय पी है।

371. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा संदिग्ध भूतकाल का उदाहरण है?

(a) मैंने सामान वहीं रखा था।
(b) मैं सामान वहीं रखा था।
(c) मैंने वहीं सामान रखा था।
(d) मैंने वहीं सामान रखा होगा।

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (d) 'मैंने वहीं सामान रखा होगा।' वाक्य में संदिग्ध भूतकाल होगा। संदिग्ध भूतकाल में यह संदेह बना रहता है कि भूतकाल में कार्य पूरा हुआ था या नहीं; जैसे– तुमने खाना खाया होगा।

372. 'यदि बारिश होती तो सूखा न पड़ता' – इस वाक्य में काल का कौन-सा रूप है?

(a) संदिग्ध भूतकाल (b) हेतुहेतुमद् भविष्य
(c) संभाव्य भविष्य (d) हेतुहेतुमद् भूतकाल

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'यदि बारिश होती तो सूखा न पड़ता' वाक्य में हेतुहेतुमद् भूतकाल है। इस काल से यह पता चलता है कि क्रिया भूतकाल में होने वाली थी, पर किसी कारण न हो सकी। जैसे- मैं आता,तू जाता।

6. वर्तमान काल

373. निम्नलिखित में से किस वाक्य में संदिग्ध वर्तमान काल है?

(a) रीना पढ़ती होगी। (b) उसने खाया है।
(c) वर्षा हो रही है। (d) वह पुस्तक पढ़ती है।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'रीना पढ़ती होगी' वाक्य में संदिग्ध वर्तमान काल है।

संदिग्ध वर्तमान काल-क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में कार्य के होने का संदेह रहता है, ऐसी क्रियाएँ संदिग्ध वर्तमान काल की क्रियाएँ कहलाती हैं।

जैसे-बच्चा रोता होगा, सीमा खा रही होगी।

374. 'इस समय श्याम आता होगा' इस वाक्य में क्रिया का काल कौन सा है?

(a) सामान्य वर्तमान (b) संभाव्य वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) तात्कालिक वर्तमान

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर: (c) दिए गए प्रश्न के वाक्य में 'संदिग्ध वर्तमान काल' होगा।

संदिग्ध वर्तमान काल- जिन वाक्यों के अन्त में ता होगा, ती होगी, ते होंगे आदि आते हैं, वहाँ संदिग्ध वर्तमान काल होता है।

उदाहरण – इस समय श्याम आता होगा।

375. 'हम चूड़ियाँ पहन रहे हैं।' वाक्य की क्रिया किस काल की है?

(a) पूर्ण वर्तमान काल
(b) अपूर्ण वर्तमान काल
(c) संदिग्ध वर्तमान काल
(d) सामान्य वर्तमान काल

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'हम चूड़ियाँ पहन रहे हैं।' वाक्य की क्रिया अपूर्ण वर्तमान काल की है।

अपूर्ण वर्तमान काल – क्रिया के जिस रूप से कार्य के लगातार होने का पता चलता है, उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं।

जैसे – वह घर जा रहा है।

376. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के काल का सही विकल्प हो।

पवन गेंद से खेल रहा है।

(a) अपूर्ण वर्तमान काल (b) संदिग्ध भूतकाल
(c) आसन्न भूतकाल (d) संदिग्ध वर्तमान काल

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए गए वाक्य 'पवन गेंद से खेल रहा है' में वाक्य के काल का सही विकल्प अपूर्ण वर्तमान काल होगा।

अपूर्ण वर्तमान काल - इस काल में क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि वर्तमान काल में कार्य अभी चल ही रहा है। समाप्त नहीं हुआ है, उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं।

377. 'काल' के कितने भेद होते हैं?

(a) तीन (b) पाँच
(c) दो (d) चार

[UKPSC AE 2017]
UPSI 2017 ShiftII

उत्तर. (a) : काल के **तीन** भेद होते हैं। क्रिया के उस रूपान्तर को काल कहते हैं, जिससे उसके कार्य व्यापार का समय और उसकी पूर्ण अथवा अपूर्ण अवस्था का बोध हो उसे काल कहते हैं।

@RexstarPdf

काल के भेद-

(i) वर्तमान काल

(ii) भूतकाल

(iii) भविष्य काल

378. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के काल का सही विकल्प हो।

दीपक स्कूल से घर पहुँचने वाला होगा।

(a) तात्कालिक वर्तमान काल

(b) संदिग्ध वर्तमान काल

(c) आसन्न भूतकाल

(d) हेतुहेतुमद् भविष्य काल

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (b) : संदिग्ध वर्तमान काल - क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया के होने में सन्देह प्रकट हो, पर उसके वर्तमान में सन्देह न हो।

जैसे - दीपक स्कूल से घर पहुँचने वाला होगा।

379. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये वाक्य के लिए पक्ष के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।

अब भूख बढ़ती ही जा रही है।

(a) आरंभद्योतक (b) प्रगतिद्योतक

(c) सातप्यबोधक (d) पूर्णताद्योतक

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : प्रगतिद्योतक पक्ष– ऐसे वाक्य जिनके क्रिया में लगातार वृद्धि होने का बोध होता है। उन्हें प्रगतिद्योतक पक्ष कहते हैं। जैसे– अब भूख बढ़ती ही जा रही है, बाढ़ का पानी लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

380. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए पक्ष के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।

अब तक बच्चे काफी घूम चुके हैं।

(a) अभ्यासद्योतक

(b) सातप्यबोधव

(c) पूर्णताद्योतक

(d) नित्यताद्योतक

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये वाक्य 'अब तक बच्चे काफी घूम चुके हैं।' में कार्य का पूर्ण होना प्रदर्शित होता है अतः यह वाक्य **पूर्णताद्योतक** है।

पूर्णताद्योतक पक्ष– जिस वाक्य में क्रिया के समाप्त होने का बोध हो वहाँ पूर्णताद्योतक पक्ष होता है।

अभ्यासद्योतक पक्ष- यह क्रिया के स्वभाव वश होने का सूचक है।

जैसे- वह दिन भर पढ़ाई करता था तब परीक्षा मे उत्तीर्ण हुआ।

सातत्य बोधक- इसमें क्रिया की प्रक्रिया के चालू रहने का बोध होता है।

जैसे- राघव अच्छा नाच रहा है।

पूर्णताद्योतक- इसमें क्रिया के पूर्ण होने का बोध होता है।

जैसे- राम खाना खा चुका है।

381. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए पक्ष के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।

पक्षी कितना सुंदर चहचहा रहे हैं!

(a) प्रगतिद्योतक (b) आरंभद्योतक

(c) सातत्यबोधक (d) पूर्णताद्योतक

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : पक्षी कितना सुंदर चहचहा रहे हैं। उपर्युक्त वाक्य सातत्यबोधक पक्ष का उदाहरण है।

सातत्यबोधक पक्ष– क्रिया का वह पक्ष जिसमें वर्तमान काल में कार्य के जारी रहने का बोध होता है 'सातत्यबोधक पक्ष' कहलाता है।

382. निम्नलिखित में से कौन सा काल का भेद नहीं है ?

(a) आदिकाल (b) भूतकाल

(c) भविष्य काल (d) वर्तमान काल

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : काल के तीन भेद हैं – वर्तमान काल, भूतकाल और भविष्यकाल।

दिए गए विकल्प में 'आदिकाल' काल का भेद नहीं है।

383. दिए गए वाक्य का काल ज्ञात कीजिए।

सोनू खाना खा रहा है।

(a) पूर्ण वर्तमान काल (b) अपूर्ण वर्तमान काल

(c) संदिग्ध वर्तमान काल (d) संभाव्य वर्तमान काल

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (b) : सोनू खाना खा रहा है। यह अपूर्ण वर्तमान काल का वाक्य है।

अपूर्ण वर्तमान काल– क्रिया के जिस रूप से कार्य के वर्तमान में जारी रहने का बोध होता है उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं इन वाक्यों के अन्त में रहा है, रही है, रहे हैं आदि शब्द आते हैं।

जैसे– राजू क्रिकेट खेल रहा है।

वे गाना गा रहे हैं।

384. निम्नलिखित में से वर्तमान काल की पहचान क्या है?

(a) कार्य होना होता है।

(b) कार्य होने की संभावना होती है।

(c) कार्य हो चुका होता है।

(d) कार्य चल रहा होता है।

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

@RexstarPdf

उत्तर : (d): वर्तमान काल :- जब क्रिया के व्यापार की निरंतरता हो, वहाँ वर्तमान काल होता हैं अर्थात् क्रिया आरम्भ हो, चुकी हो, किन्तु समाप्त न हुई हो।

385. 'गीता ने पुस्तक पढ़ी है।' इस वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) अपूर्ण वर्तमान (b) पूर्ण वर्तमान
(c) सामान्य वर्तमान काल (d) तात्कालिक वर्तमान

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'गीता' ने पुस्तक पढ़ी है।' वाक्य में पूर्ण वर्तमान काल है। क्रिया का वह रूप जिससे वर्तमान काल में कार्य के पूर्ण होने का बोध होता है पूर्ण वर्तमान कहलाता है।
जैसे– मैने खाना खाया है। राजेश ने पुस्तक पढ़ी है।

386. 'वह रोज देर से उठता है।' इस वाक्य में किस काल का उदाहरण है?

(a) तात्कालिक वर्तमान (b) संदिग्ध वर्तमान
(c) सामान्य वर्तमान (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'वह रोज देर से उठता है।' यह वाक्य 'सामान्य वर्तमान' काल का उदाहरण है। 'क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि कार्य वर्तमान काल में सामान्य रूप से होता है, उसे सामान्य वर्तमान कालिक क्रिया कहते हैं।'
जैसे- राजीव स्कूल जाता है।, वह प्रतिदिन नहाता है।

387. 'संभवतः वह लिखता हो।' इस वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) पूर्ण वर्तमान (b) सामान्य वर्तमान
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) संभाव्य वर्तमान

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : वाक्य 'संभवतः वह लिखता हो।' में संभाव्य वर्तमान काल है।
काल के भेद-(1) वर्तमान काल (2) भूतकाल (3) भविष्य काल
वर्तमान काल के प्रकार - सामान्य वर्तमान, पूर्ण वर्तमान, संदिग्ध वर्तमान, तात्कालिक वर्तमान, संभाव्य वर्तमान।
भूतकाल के प्रकार- सामान्य भूत, आसन्न भूत, पूर्ण भूत, अपूर्ण भूत, संदिग्ध भूत, हेतुहेतुमद् भूत।
भविष्य काल के प्रकार - सामान्य भविष्य, संभाव्य भविष्य, हेतुहेतुमद् भविष्य।

388. 'गायक गीत गा रहा है'- यह किस काल का उदाहरण है?

(a) संदिग्ध वर्तमान (b) सामान्य वर्तमान
(c) तात्कालिक वर्तमान (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : गायक गीत गा रहा है, यह तात्कालिक वर्तमान काल का उदाहरण है। क्रिया के जिस रूप से यह पता चलता हो कि कार्य वर्तमान में हो रहा है, उसे तत्कालिक वर्तमान काल कहते हैं। **जैसे**- मैं पढ़ रहा हूँ।

389. 'श्रोता सवाल कर रहा है।'-इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) सामान्य भविष्यत् (b) अपूर्ण वर्तमान
(c) सामान्य वर्तमान (d) सामान्य भूत

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'श्रोता सवाल कर रहा है।' वाक्य में क्रिया अपूर्ण वर्तमान काल का बोध करा रही है।

390. इनमें से 'सामान्य वर्तमान काल' का उदाहरण कौन-सा है?

(a) रमेश ने समाचार-पत्र पढ़ा
(b) सीता बाजार जाती होगी
(c) वह कलकत्ता जाता है
(d) वर्षा हो रही थी

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) जिन वाक्यों के अंत में ता है, ती है, ता हूँ, ती हूँ आदि आते हैं उसे 'सामान्य वर्तमान' काल कहते हैं।
जैसेः- वह कलकत्ता जाता है।
गरिमा कविता लिखती है।

391. 'छात्र पढ़ते होंगे।' - इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) अपूर्ण भूत (b) अपूर्ण वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) संदिग्ध भूत

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'छात्र पढ़ते होंगे' वाक्य में क्रिया संदिग्ध वर्तमानकाल का बोध करा रही है।

392. 'पक्षी उड़ रहे हैं' वाक्य में इनमें से कौन-सा काल है?

(a) अपूर्ण वर्तमान (b) सामान्य वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'पक्षी उड़ रहे हैं, इस वाक्य में अपूर्ण वर्तमान काल है। क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि वर्तमान समय में कार्य चल रहा है, ऐसी क्रियाएँ अपूर्ण वर्तमान कालिक क्रियाएँ कहलाती हैं।
जैसे- श्याम पत्र लिख रहा है।
बच्चा रो रहा है।

393. 'लता गा रही है।' - इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) अपूर्ण वर्तमान (b) सामान्य भविष्यत्
(c) सामान्य भूत (d) अपूर्ण भूत

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'लता गा रही है।' इस वाक्य में क्रिया अपूर्ण वर्तमान काल का बोध करा रही है।
अपूर्ण वर्तमान कालः- क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि वर्तमान काल में कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ, वह चल रहा है उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं। जिन वाक्यों के अन्त में रहा है, रहे है, रही है, रहा हूँ आदि आते हैं उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं।

@RexstarPdf

394. 'लता मंगेशकर गाती हैं।'- इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) सामान्य भविष्यत् (b) अपूर्ण वर्तमान
(c) सामान्य भूत (d) सामान्य वर्तमान

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'लता मंगेशकर गाती हैं' इस वाक्य में क्रिया सामान्य वर्तमान काल का बोध करा रही है।

सामान्य वर्तमान काल-जिन वाक्यों के अंत में ता हैं, ती हैं, ते हैं,ती हूँ आदि आते हैं, वे वाक्य वर्तमान काल के वाक्य कहलाते हैं। **जैसे** (1) माला कविता पढ़ती है। (2) पक्षी आसमान में उड़ता है।

395. 'वह कविता गायन करती है।' -इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) सामान्य भूत (b) सामान्य भविष्यत्
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य वर्तमान

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'वह कविता गायन करती है।' इस वाक्य में क्रिया वर्तमान काल का बोध करा रही है। 'क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि कार्य वर्तमान काल में सामान्य रूप से हो रहा है, उसे सामान्य वर्तमान कालिक क्रिया कहते हैं।'

उदाहरण - मोहित हँसता है।
राजीव स्कूल जाता है।

396. 'वह आया है' इनमें से किस काल का उदाहरण है?

(a) पूर्ण वर्तमान का (b) तात्कालिक वर्तमान का
(c) सामान्य वर्तमान का (d) संदिग्ध वर्तमान का

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'वह आया है।' वाक्य पूर्ण वर्तमान काल का उदाहरण है।

वर्तमान समय में क्रिया के जिस रूप से कार्य के पूरा होने का बोध होता है, पूर्ण वर्तमान काल की क्रिया कहलाती है।

जैसे– वह आया है। मैंने फल खाए हैं।

397. 'वह खाता होगा' इस वाक्य की क्रिया किस काल की है?

(a) संदिग्ध वर्तमान काल (b) संभाव्य भविष्य काल
(c) सामान्य भविष्य काल (d) संदिग्ध भूतकाल

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'वह खाता होगा' वाक्य में संदिग्ध वर्तमान काल होगा। जिस काल में क्रिया से कार्य होने या करने में संदेह प्रकट हो, उसे 'संदिग्ध वर्तमान काल' कहते हैं।

398. 'वह काम बहुत ढंग से करते हैं।' वाक्य का काल पहचानिए।

(a) सामान्य भविष्यकाल (b) सामान्य भूतकाल
(c) संभाव्य भविष्यकाल (d) सामान्य वर्तमानकाल

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर: (d) 'वह काम बहुत ढंग से करते हैं।' वाक्य का काल– 'सामान्य वर्तमान काल' है। क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया का वर्तमान काल में होना पाया जाये, 'सामान्य वर्तमान काल' कहलाता है। इसमें क्रिया व्यापार का आरम्भ वाक्य के बोलने के समय से ही हो जाता है; जैसे– वह आता है; वह देखता है; वह सोता है आदि।

399. 'सुबह में चिड़िया चहचहाने लगती है।' वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानिये।

(a) अपूर्ण वर्तमानकाल (b) सामान्य वर्तमानकाल
(c) सामान्य भविष्यकाल (d) पूर्ण भूतकाल

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'सुबह में चिड़िया चहचहाने लगती है।' वाक्य में प्रयुक्त काल है– 'सामान्य वर्तमान काल'। क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया का वर्तमान काल में होना पाया जाए, 'सामान्य वर्तमान' कहलाता है।

400. 'दुनिया को नई राह दिखाता है।' वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानिए।

(a) सामान्य वर्तमान (b) अपूर्ण भूतकाल
(c) पूर्ण वर्तमानकाल (d) सामान्य भविष्य

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) 'दुनिया को नई राह दिखाता है।' वाक्य में सामान्य वर्तमान काल है।

401. 'लिखित भाषा में हम अपने विचार लिखकर प्रकट करते हैं।' वाक्य का काल पहचानिए।

(a) सामान्य भूतकाल (b) सामान्य वर्तमानकाल
(c) पूर्ण वर्तमानकाल (d) संभाव्य भविष्यकाल

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'लिखित भाषा में हम अपने विचार लिखकर प्रकट करते हैं।' इस वाक्य में सामान्य वर्तमान काल है।

402. 'प्रेम अनदेखी राहों की तरह ही आकर्षक होता है।' वाक्य का काल पहचानिए।

(a) सामान्य भूतकाल (b) पूर्ण वर्तमान काल
(c) सामान्य वर्तमान काल (d) अपूर्ण वर्तमान काल

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'प्रेम अनदेखी राहों की तरह ही आकर्षक होता है।' इस वाक्य में 'सामान्य वर्तमान काल' है। वर्तमान काल के पाँच भेद हैं– सामान्य वर्तमान, अपूर्ण वर्तमान, संदिग्ध वर्तमान, संभाव्य वर्तमान, पूर्ण वर्तमान।

403. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है।' वाक्य का काल है–

(a) सामान्य वर्तमान (b) पूर्ण वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) संभाव्य वर्तमान

UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (b) 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है।' वाक्य में पूर्ण वर्तमान काल है। जिस वर्तमान काल में क्रिया के होने या करने की पूर्णता का बोध होता है, उसे 'पूर्ण वर्तमान काल' कहते हैं।

404. 'मेरी जेब में दस रुपये हैं।' वाक्य में प्रयुक्त काल कौन-सा है?

@RexstarPdf

(a) संदिग्ध वर्तमान काल
(b) अपूर्ण वर्तमानकाल
(c) संदिग्ध वर्तमानकाल
(d) पूर्ण वर्तमानकाल

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (d) प्रश्नगत वाक्य 'मेरी जेब में दस रुपये हैं।' में पूर्ण वर्तमान काल है। पूर्ण वर्तमानकाल में कार्य की पूर्ण सिद्धि का बोध होता है।

405. 'उस डाली पर एक तोता बैठा है।' वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानिए।

(a) पूर्ण भूतकाल (b) पूर्ण वर्तमानकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) सामान्य भूतकाल

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'उस डाली पर एक तोता बैठा है।' वाक्य में प्रयुक्त काल 'पूर्ण वर्तमान काल' है।

406. 'मंदिर में जाने के बाद मन को शांति मिली है।' दिए गए वाक्य का काल पहचानिए।

(a) सामान्य भूतकाल (b) पूर्ण वर्तमानकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) सामान्य वर्तमानकाल

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (b) 'मंदिर में जाने के बाद मन को शांति मिली है।' वाक्य का काल 'पूर्ण वर्तमान काल' है।

407. निम्नलिखित वाक्यों में से पूर्ण वर्तमान काल को स्पष्ट कीजिए।

(a) अब हमारे पढ़ने का समय हो गया है।
(b) वह घूमने जा रही है।
(c) वह पढ़ रहा था।
(d) मैं बाहर जाऊँगी।

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (a)	वाक्य	काल
1.	अब हमारे पढ़ने का समय हो गया है	पूर्ण वर्तमान काल
2.	वह घूमने जा रही है	तात्कालिक वर्तमान काल
3.	वह पढ़ रहा था	अपूर्ण भूतकाल
4.	मैं बाहर जाऊँगी	सामान्य भविष्य काल

408. क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया होने का संदेह हो उसे ..... कहते हैं।

(a) सामान्य भविष्यत (b) संदिग्ध वर्तमान
(c) सामान्य वर्तमान (d) संदिग्ध भूत

UPSI Batch - II 16 Dec.2017
UPSI Batch - I 19 Dec.2017
UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर: (b) क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया होने का संदेह हो, उसे 'संदिग्ध वर्तमान' कहते हैं। जैसे– वह पढ़ता होगा, शायद आज वर्षा हो आदि।

409. 'तुम बैठो, मैं अभी आया' - इस वाक्य में प्रयुक्त काल कौन-सा है?

(a) भूतकाल (b) वर्तमानकाल
(c) भविष्यकाल (d) संभाव्य भूतकाल

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'तुम बैठो, मैं अभी आया' में **वर्तमान काल** का प्रयोग हुआ है। इसमें 'संभाव्य वर्तमान काल' है। इससे वर्तमानकाल में काम के पूरा होने की संभावना रहती है; जैसे- वह आया हो, वह लौटा हो आदि।

410. 'राम खाता होगा।' – किस काल का उदाहरण है?

(a) संदिग्ध वर्तमान (b) संदिग्ध भूत
(c) संदिग्ध भविष्य (d) सामान्य भविष्य

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (a) : वाक्य 'राम खाता होगा' में संदिग्ध वर्तमान काल है।
जिससे क्रिया के संपन्न होने में तो संदेह प्रकट हो, परंतु उसकी वर्तमानता में संदेह न हो, संदिग्ध वर्तमान काल कहलाता है।
जैसे- गाड़ी आती होगी।
वह खाता होगा।

411. निम्न में से कौन सा वाक्य वर्तमान काल का है?

(a) मानव पढ़ता है (b) मोहन गया।
(c) सीता सो रही थी। (d) वह जाएगा

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्यों में 'मानव पढ़ता है' सामान्य वर्तमान काल का रूप है। शेष वाक्य विभिन्न कालों का प्रतिनिधित्व करते हैं। **जैसे–**
मोहन गया – सामान्य भूतकाल
सीता सो रही थी – अपूर्ण भूतकाल
वह जायेगा – सामान्य भविष्यकाल

412. वर्तमान काल के कितने भेद हैं?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (d) : वर्तमान काल के कुल 5 भेद हैं-
1. सामान्य वर्तमान
2. तात्कालिक वर्तमान
3. पूर्ण वर्तमान
4. संदिग्ध वर्तमान
5. सम्भाव्य वर्तमान।

@RexstarPdf

413. वह आयी हो तो मेरी चिट्ठी उसे दे देना। कौन-सा काल है?

(a) संदिग्ध वर्तमान (b) संभाव्य वर्तमान
(c) तात्कालिक वर्तमान (d) सामान्य वर्तमान

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : 'वह आयी हो तो मेरी चिट्ठी उसे दे देना।' वाक्य संभाव्य वर्तमान काल का उदाहरण है। शेष सभी कालों के उदाहरण इस प्रकार हैं–

संदिग्ध वर्तमान- वह पढ़ता होगा।

तात्कालिक वर्तमान- मैं खाना खा रहा हूँ।

सामान्य वर्तमान- सूर्य पूरब में उगता है।

414. निम्नलिखित में से कौन सा वर्तमान काल का भेद नहीं है?

(a) तात्कालिक वर्तमान (b) पूर्ण वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) हेतुहेतुमद् वर्तमान

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (d) : 'हेतुहेतुमद् वर्तमान' वर्तमान काल का भेद नहीं है। वर्तमान काल के कुल पाँच भेद होते हैं, जो इस प्रकार हैं-

1. सामान्य वर्तमान 2. तात्कालिक वर्तमान 3. पूर्ण वर्तमान
4. संदिग्ध वर्तमान 5. संभाव्य वर्तमान।

इसी प्रकार भूतकाल एवं भविष्यत् काल का विवरण है–

भूतकाल– (कुल छः भेद)

1. सामान्य भूत 2. आसन्न भूत 3. पूर्ण भूत
4. अपूर्ण भूत 5. संदिग्ध भूत 6. हेतुहेतुमद् भूत

भविष्यत काल– (कुल तीन भेद)

1. सामान्य भविष्य 2. संभाव्य भविष्य 3. हेतुहेतुमद् भविष्य।

7. भविष्यकाल

415. 'संभव है कि कल हम सिनेमा देखने जायेंगे।' वाक्य किस काल में व्यक्त हुआ है?

(a) संभाव्य भविष्यत् काल
(b) सामान्य भविष्यत् काल
(c) हेतुहेतुमद भविष्यत् काल
(d) हेतुहेतुमद भूतकाल

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिया गया वाक्य 'संभव है, कि कल हम सिनेमा देखने जायेंगे ' संभाव्य भविष्यत् काल का उदाहरण है।

संभाव्य भविष्य :– जिससे भविष्य में किसी कार्य के होने की संभावना का बोध होता हो, संभाव्य भविष्य काल है।

जैसे– संभव है, सुरेश कल आये।

416. इनमें से किस वाक्य में भविष्य काल है?

(a) मैं आपकी प्रतीक्षा करूंगा।
(b) मैं पुस्तक पढ़ने वाला था।
(c) मैं आपका आभारी रहूँगा।
(d) मैंने एक पेड़ काट लिया।

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'मैं आपकी प्रतीक्षा करूंगा।' यह वाक्य भविष्य काल का है। क्रिया के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि कार्य आने वाले समय में सम्पन्न होगा, ऐसी क्रियाएँ भविष्य कालिक क्रियाएँ कहलाती हैं।

जैसे- श्याम पत्र लिखेगा।

भविष्य काल को तीन भागों में विभाजित किया गया है।

(1) सामान्य भविष्य (2) सम्भाव्य भविष्य (3) हेतु-हेतुमद् भविष्य

417. 'आप गाएँ तो मैं नाचूँ ।' – इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) हेतु-हेतुमद् भविष्यत् (b) हेतु-हेतुमद्भूत
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य वर्तमान

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'आप गाएँ तो मैं नाचूँ।' यह वाक्य क्रिया के हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल का बोध करा रहा है। क्रिया के जिस रूप से एक कार्य का पूरा होना दूसरे आने वाले समय की क्रिया पर निर्भर करता है उसे हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल कहते हैं। **जैसे**- वह कमाए तो खाए।

418. 'अध्यापिका नृत्य सिखाएंगी।'- इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) सामान्य भविष्यत् (b) सामान्य वर्तमान
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य भूत

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'अध्यापिका नृत्य सिखाएंगी।' इस वाक्य में क्रिया सामान्य भष्यित् काल का बोध करा रही है। जिस वाक्य में क्रिया के सामान्य रूप से भविष्य में घटित होने का बोध हो रहा हो वह वाक्य सामान्य भविष्यत् काल का वाक्य कहलाता है।

जैसे - सीता गीत गाएगी।
राम वन को जाएंगे।

419. 'मैं पढ़ूँगा' किस काल का उदाहरण है?

(a) संभाव्य भविष्य का (b) सामान्य भविष्य का
(c) इनमें से कोई नहीं (d) हेतुहेतुमद भविष्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'मैं पढ़ूँगा' सामान्य भविष्य काल का उदाहरण है।

420. 'इशिता गीत गाएगी।' यह वाक्य किस काल का सूचक है?

(a) वर्तमान काल (b) सामान्य वर्तमान काल
(c) भविष्य काल (d) भूत काल

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : वाक्य 'इशिता गीत गाएगी' में भविष्य काल है। क्रिया के जिस रूप से क्रिया के आने वाले समय में पूरा होने का पता चले उसे भविष्य काल कहते हैं। भविष्य काल के तीन भेद होते हैं– (i) सामान्य भविष्य काल (ii) संभाव्य भविष्य काल (iii) हेतु-हेतुमद् भविष्य काल।

@RexstarPdf

421. 'शायद कल यहाँ निर्माण का शिलान्यास होगा।'-इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) अपूर्ण वर्तमान (b) सामान्य भविष्य
(c) सामान्य भूत (d) संभाव्य भविष्य

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'शायद कल यहाँ निर्माण का शिलान्यास होगा 'वाक्य में क्रिया 'संभाव्य भविष्य काल' का बोध करा रही है।

422. 'आप पढ़ें तो मैं लिखूँ।'- इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) सामान्य वर्तमान (b) हेतु-हेतुमद् भविष्य
(c) हेतु-हेतुमद् भूत (d) अपूर्ण वर्तमान

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'आप पढ़े तो मैं लिखूँ।' इस वाक्य में क्रिया हेतु-हेतु मद् भविष्य काल का बोध करा रही है

हेतु-हेतुमद भविष्य काल- इस काल की क्रिया से यह पता चलता है कि भविष्य में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया पर निर्भर करता है **जैसे-** अध्यापक आएँ तो पढ़ाएँ।

423. 'गुरुजी योग सिखाएंगे।'- इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) अपूर्ण वर्तमान (b) सामान्य भविष्य
(c) सामान्य वर्तमान (d) सामान्य भूत

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'गुरुजी योग सिखाएंगे' यह वाक्य सामान्य भविष्य काल का बोध करा रहा है। क्रिया के जिस रूप से आने वाले समय में किसी कार्य के सामान्य रूप से होने का बोध हो उसे, सामान्य भविष्य काल कहते हैं।

भविष्यकाल– भविष्यकाल में होने वाली क्रिया को भविष्यकाल की क्रिया कहते हैं। **जैसे**– वह कल घर जायेगा।

भविष्यकाल के तीन भेद हैं–

1. सामान्य भविष्य, 2. सम्भाव्य भविष्य, 3. हेतु-हेतुमद् भविष्य

424. 'अध्यापक पाठ पढ़ाएंगे।'- इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) सामान्य भूत (b) अपूर्ण वर्तमान
(c) सामान्य वर्तमान (d) सामान्य भविष्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्य में क्रिया सामान्य भविष्य काल का बोध करा रही है। क्रिया के जिस रूप से क्रिया के सामान्य रूप का भविष्य में होने का पता चलता है उसे भविष्य काल कहते हैं। **जैसे**- मैं खेलूँगा, वह खाना खाएगा। क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया का वर्तमान में होना पाया जाता है, सामान्य वर्तमान काल कहलाता है। **जैसे**- राम लिखता है।

जिससे भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान हो उसे सामान्य भूतकाल कहते हैं।

जैसे- राम गया।
मैने खाया।

425. 'संभवतः कल इस पुस्तक का विमोचन होगा।' - इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(a) संभाव्य भविष्य (b) सामान्य भूत
(c) सामान्य भविष्य (d) अपूर्ण वर्तमान

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'संभवतः कल इस पुस्तक का विमोचन होगा।' यह वाक्य संभाव्य भविष्य काल का उदाहरण है। क्रिया के जिस रूप से आगे कार्य होने या करने की संभावना का पता चले उसे संभाव्य भविष्य काल कहते हैं।

426. भविष्यकाल के ..... भेद होते हैं।

(a) 5 (b) 4
(c) 2 (d) 3

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) क्रिया के जिस रूप से, क्रिया के भविष्य में होने का बोध हो, उसे 'भविष्य काल' कहते हैं। इसके तीन भेद हैं–

1. **सामान्य भविष्यकाल** – रमेश विद्यालय जायेगा।
2. **संभाव्य भविष्य काल** – संभव है, कल परीक्षा परिणाम घोषित हो।
3. **हेतुहेतुमद् भविष्यकाल** – माँ खाना बनाये तो मैं खाऊँ।

427. निम्नलिखित वाक्यों में से भविष्य काल को पहचानिए :

(a) गाय घास चरती है। (b) रोहन मुंबई गया था।
(c) मैं कल घूमने जाऊँगी (d) माँ बच्चों को पढ़ा रही है।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों के काल क्रमशः इस प्रकार हैं-

मैं कल घूमने जाऊँगी।	– भविष्यत काल
गाय घास चरती है।	– सामान्य वर्तमान
रोहन मुंबई गया था।	– पूर्ण भूतकाल
माँ बच्चों को पढ़ा रही है।	– तात्कालिक वर्तमान

428. निम्नलिखित में से किस वाक्य में भविष्य काल है?

(a) मैं आपकी प्रतीक्षा करूँगा।
(b) मैंने एक पेड़ काट लिया।
(c) मैं पुस्तक पढ़ने वाला था।
(d) मैं आपका आभारी हूँ।

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर– (a) : दिए गए वाक्यों के काल क्रमशः इस प्रकार हैं-

मैं आपकी प्रतीक्षा करूंगा।	– भविष्यकाल
मैंने एक पेड़ काट लिया।	– आसन्न भूत
मैं पुस्तक पढ़ने वाला था।	– अपूर्ण भूत
मैं आपका आभारी हूँ।	– सामान्य वर्तमान

429. 'कल तापमान अधिक होगा।' इस वाक्य का काल पहचानिए।

@RexstarPdf

(a) पूर्ण भूतकाल (b) भविष्यकाल
(c) भूतकाल (d) वर्तमानकाल

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) 'कल तापमान अधिक होगा' वाक्य में भविष्यकाल है।

430. 'प्रधानमंत्री बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे' वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) सामान्य भविष्यकाल (b) सामान्य भूतकाल
(c) संभाव्य भविष्यकाल (d) सामान्य वर्तमानकाल

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (a) 'प्रधानमंत्री बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे' इस वाक्य में सामान्य भविष्य काल है। क्रिया के जिस रूप से भविष्य में क्रिया के सामान्यतः घटित होने का बोध हो, वह 'सामान्य भविष्य काल' कहलाता है। जैसे– वर्षा होगी।, मैं पढ़ूंगा।

431. 'प्रेरणा स्टूडियो जाएगी'-

(a) अपूर्ण वर्तमान काल
(b) सामान्य वर्तमान काल
(c) सामान्य भविष्य काल
(d) संभाव्य भविष्य काल

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'प्रेरणा स्टूडियो जायेगी' में 'सामान्य भविष्य काल' है।

432. 'शायद कल बाजार बन्द रहेगा' में कौन-सा भविष्य काल है?

(a) सामान्य
(b) इसमें भविष्यकाल का वर्णन नहीं है
(c) सम्भाव्य
(d) हेतुहेतुमद्

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'शायद कल बाज़ार बन्द रहेगा' वाक्य संभाव्य भविष्यकाल का उदाहरण है। जिन वाक्यों में भविष्य में होने वाले कार्य की सम्भावना व्यक्त की जाती है, वहाँ 'संम्भाव्य भविष्यकाल' होता है; जैसे– शायद कल पिता जी गाँव जायेंगे।

433. 'कदाचित शाम तक वो वापस आ जाएँ', इस वाक्य में प्रयुक्त काल को पहचानें।

(a) संदिग्ध भूतकाल (b) संभाव्य भविष्यत
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) सामान्य भविष्यत्

UPSI Batch - II 12 Dec.2017
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (b) 'कदाचित शाम तक वो वापस आ जाएँ।' में 'संभाव्य भविष्यतकाल' होगा।

434. 'कल शायद परीक्षा परिणाम घोषित हो'– इस वाक्य में कौन-सा काल प्रयुक्त हुआ है?

(a) सामान्य भविष्यकाल (b) संभाव्य भविष्यकाल
(c) भविष्यकाल (d) अपूर्ण भविष्यकाल

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'कल शायद परीक्षा परिणाम घोषित हो' इस वाक्य में 'संभाव्य भविष्यकाल' है, क्योंकि इस वाक्य में शायद शब्द प्रयुक्त हुआ है, जिससे कि परिणाम घोषित होने की संभावना व्यक्त हो रही है। जैसे- संभव है, रमेश कल आये।

435. 'वह आये तो मैं जाऊं', प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा काल है?

(a) संभाव्य भविष्य काल (b) हेतुहेतुमद् भविष्य काल
(c) सामान्य भविष्य काल (d) भूतकाल

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'वह आये तो मैं जाऊँ' में हेतुहेतुमद् भविष्यकाल होगा। इस काल में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया के होने पर निर्भर करता है; जैसे– वह पढ़ाये तो मैं पढ़ूँ।, वह कमाये तो खायें।

8. कर्तृवाच्य

436. ''जिलाधिकारी ने सबको उपस्थित रहने का निर्देश दिया है'' में कौन-सा वाच्य है?

(a) कर्म वाच्य (b) कर्तृ वाच्य
(c) कर्म एवं कर्तृ वाच्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (b) : ''जिलाधिकारी ने सबको उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।'' इस वाक्य में कर्तृ वाच्य है। 'क्रिया के जिस रूप से कर्ता के प्रधानता का बोध होता है, उसे कर्तृ वाच्य कहते हैं।' कर्तृ वाच्य में सकर्मक तथा अकर्मक दोनों क्रियाएँ उपस्थित होती हैं।
उदाहरण - रमेश आम खाता है।
गोपाल बाजार से दूध लाता है।

437. 'राम किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में वाच्य का कौन सा प्रकार है?

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'राम किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' है।
कर्तृ वाच्य–कर्तृ वाच्य क्रिया के उस रूपान्तर को कहते हैं, जिससे यह ज्ञात होता है कि वाक्य का उद्देश्य क्रिया का कर्ता है, अर्थात् क्रिया में कर्ता की प्रधानता रहती है।
जैसे- बच्चा खेलता है।, राम किताब पढ़ता है।

438. जब किसी वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार हो तब वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है?

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाववाच्य (d) ये सभी

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : जब किसी वाक्य की क्रिया का लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार हो तब वाक्य कर्तृवाच्य में होगा। वाच्य के तीन भेद (कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य एवं भाववाच्य) होते हैं। क्रिया के उस परिवर्तन को वाच्य कहते हैं जिसके द्वारा वाक्य के कर्ता, कर्म एवं भाव की प्रधानता का बोध होता है।

@RexstarPdf

439. 'मैं बाजार जाता हूँ।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'मै बाजार जाता हूँ' इस वाक्य में कर्तृ वाच्य है। क्रिया के जिस रूप में कर्ता प्रधान हो, सकर्मक और अकर्मक दोनों क्रियाएँ हों उसे कर्तृवाच्य कहते हैं।
जैसे:– कृष्ण सेब खाता है।

440. 'उससे दो पत्र लिखे जाएंगे।' इस वाक्य को कर्तृवाच्य में लिखिए।

(a) वह दो पत्र लिखेगा। (b) वह दो पत्र लिखता है।
(c) उसने दो पत्र लिखे। (d) उसने दो पत्र लिखा।

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'उससे दो पत्र लिखे जाएंगे। यह वाक्य 'कर्मवाच्य' का वाक्य है। इस वाक्य का कर्तृवाच्य इस प्रकार होगा– 'वह दो पत्र लिखेगा।'

441. 'उसने अपने भाई को पढ़ाया।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) कर्म वाच्य (b) भाव वाच्य
(c) कर्तृ वाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'उसने अपने भाई को पढ़ाया।' यह वाक्य कर्तृवाच्य का उदाहरण है। इस वाक्य का कर्मवाच्य इस प्रकार होगा-
उसके द्वारा अपने भाई को पढ़ाया गया।

442. 'सीता नहीं पढ़ती है।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) भाव वाच्य (b) इनमें से कोई नहीं
(c) कर्तृ वाच्य (d) कर्म वाच्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : वाक्य 'सीता नहीं पढ़ती है।' में कर्तृ वाच्य है। जिस वाक्य में कर्ता मुख्य हो और क्रिया कर्ता के लिंग, वचन एवं पुरुष के अनुसार हो, उसे कर्तृवाच्य कहते हैं।

443. वाच्य क्या है?

(a) क्रिया का रूपांतरण (b) कर्ता का रूपांतरण
(c) कर्म का रूपांतरण (d) सभी सही हैं।

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : वाक्य के अंतर्गत कर्ता, कर्म या भाव की प्रधानता का बोध कराने के लिए क्रिया के रूपांतरण को वाच्य कहते हैं। वाच्य तीन प्रकार के होते हैं।
(i) कर्तृवाच्य
(ii) कर्मवाच्य
(iii) भाववाच्य

444. इनमें से कर्तृवाच्य का उदाहरण कौन-सा है?

(a) भारत ने एक नया उपग्रह छोड़ा
(b) माँ ने बेटी को पुकारा
(c) श्याम के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई
(d) उपरोक्त सभी

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'भारत ने एक नया उपग्रह छोड़ा' यह वाक्य कर्तृवाच्य का उदाहरण है। कर्तृवाच्य के वाक्यों में क्रिया का सीधा संबंध कर्ता से होता। इन वाक्यों में कर्ता की प्रधानता होती है। क्रिया के लिए लिंग भी कर्ता के अनुसार निर्धारित होते हैं।
जैसे– राधा कपड़े धो रही है।
वे घूम रहे हैं।

445. वाच्य कितने प्रकार के होते हैं?

(a) चार (b) दो
(c) तीन (d) पांच

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPP Constable 19.06.2018 IInd Shift
UPP Constable - 2017

उत्तर : (c) : वाच्य–: क्रिया के उस परिवर्तन को वाच्य कहते हैं जिसके द्वारा इस बात का बोध होता है कि वाक्य के अन्तर्गत कर्ता, कर्म अथवा भाव इनमें से किसकी प्रधानता है। इनमें किसके अनुसार क्रिया के पुरुष वचन आदि आए हैं। वाच्य के तीन भेद होते हैं।
1. कर्तृवाच्य 2. कर्मवाच्य 3. भाववाच्य

446. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' का प्रयोग हुआ है?

(a) मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।
(b) छात्रों द्वारा सजावट की गई।
(c) आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।
(d) मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।' इस वाक्य में कर्तृवाच्य का प्रयोग हुआ है। जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है, वह वाक्य कर्तृवाच्य का वाक्य होता है। **जैसे**-रामू क्रिकेट खेल रहा है। शेष विकल्पों में दिये गये वाक्य **जैसे**-'मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।'-'भाववाच्य' का तथा छात्रों द्वारा सजावट की गई एवं आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। यह दोनों वाक्य 'कर्मवाच्य' के उदाहरण हैं।

447. 'कोहली द्वारा शतक लगाया गया' इस वाक्य का कर्तृवाच्य में रूपांतरित वाक्य क्या होगा?

(a) कोहली शतक लगाएगा (b) कोहली ने शतक लगाया
(c) कोहली ने शतक मारा (d) कोहली ने शतक बना

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः (b) 'कोहली द्वारा शतक लगाया गया।' उक्त वाक्य कर्मवाच्य में दिया गया है। इसका कर्तृवाच्य में रूपांतरित वाक्य इस प्रकार होगा- 'कोहली ने शतक लगाया।'

448. 'आज प्राचार्य द्वारा मधुर गीत गाया गया।' इस वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तित रूप है-

(a) आज प्राचार्य गीत को गायेंगे।
(b) प्राचार्य द्वारा आज गाया गीत मधुर गीत था।
(c) आज प्राचार्य ने मधुर गीत गाया।
(d) आज प्राचार्य मधुर गीत गायेंगे।

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'आज प्राचार्य द्वारा मधुर गीत गाया गया।' उक्त वाक्य कर्मवाच्य का वाक्य है। इस वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तित रूप होगा – 'आज प्राचार्य ने मधुर गीत गाया।' हिंदी व्याकरण में वाच्य के तीन भेद होते हैं।

1- कर्तृवाच्य 2- कर्मवाच्य 3- भाववाच्य

449. 'राम आम खाता है' में वाच्य का कौन–सा रूप है?

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) उभयवाच्य (d) कर्तृवाच्य

उत्तर. (d) : 'राम आम खाता है' में 'कर्तृवाच्य' है। वाक्य में जब कर्ता की प्रधानता हो अर्थात् क्रिया का लिंग, वचन कर्ता के अनुसार हो तो उसे कर्तृवाच्य कहते हैं।

450. जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है, लिंग, वचन प्रायः कर्ता के अनुसार होते हैं, वे वाक्य ..... कहलाते हैं।

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाववाच्य (d) सरल वाक्य

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है तथा लिंग, वचन प्रायः कर्ता के अनुसार होते हैं, वे वाक्य 'कर्तृवाच्य' कहलाते हैं; जैसे- 1. राम पुस्तक पढ़ता है।
2. प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर गये।
इन उदाहरणों में क्रिया कर्ता की प्रधानता को व्यक्त कर रहा है। कर्तृवाच्य सकर्मक और अकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है।

451. निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य का वाक्य बताइए –

(a) तुलसीदास ने रामचरितमानस लिखी।
(b) राम द्वारा रावण को मारा गया।
(c) आज टहलने चला जाए।
(d) छात्रों द्वारा फुटबाल खेली जाती है।

(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)

उत्तर. (a) दिये गये विकल्पों में 'तुलसीदास ने रामचरितमानस लिखी' कर्तृवाच्य का उदाहरण है, जबकि 'राम द्वारा रावण को मारा गया', 'छात्रों द्वारा फुटबॉल खेली जाती है' कर्मवाच्य के उदाहरण हैं। 'उससे खाया नहीं गया' में भाववाच्य है।

452. निम्नलिखित में से कौन-सा कर्तृवाच्य नहीं दर्शाता है

(a) विनय से चला नहीं जाता (b) रौशनी फल नहीं बेचती
(c) मैं अब काम नहीं करता (d) राम कपड़े सिलता है

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) 'विनय से चला नहीं जाता' भाववाच्य को दर्शाता है, जबकि अन्य सभी विकल्प कर्तृवाच्य के उदाहरण हैं।

9. कर्मवाच्य

453. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है?

(a) उससे खाना नहीं खाया गया।
(b) छात्र द्वारा पुस्तक पढ़ी गयी।
(c) दोषी व्यक्ति द्वारा क्षमा याचना की गयी।
(d) बालक खिलखिलाकर हँस रहा था।

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'बालक खिलखिलाकर हँस रहा था।' इस वाक्य में कर्म वाच्य नहीं अपितु कर्तृवाच्य है। जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता हो अर्थात मुख्य बिंदु कर्म हो उस वाक्य को कर्मवाच्य कहते हैं। विकल्प में दिये गये शेष वाक्यों में कर्मवाच्य है।

454. 'मुख्यमंत्री ने घोषणा की' को कर्मवाच्य में बदलने पर क्या होगा?

(a) मुख्यमंत्री ने घोषित किया
(b) मुख्यमंत्री घोषित करते हैं
(c) मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गई
(d) मुख्यमंत्री ने घोषणा कही।

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'मुख्यमंत्री ने घोषणा की' को कर्मवाच्य में बदलने पर 'मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गई' होगा।

455. क्रिया के जिस रूप में कर्म की प्रधानता होती है और क्रिया का सीधा संबंध कर्म से होता, उसे क्या कहते हैं?

(a) कर्मवाच्य (b) वाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) भाववाच्य

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : कर्मवाच्य- क्रिया के जिस रूप में कर्म की प्रधानता होती है, और क्रिया का सीधा संबंध कर्म से होता है। कर्मवाच्य कहलाता है।
उदाहरण–किसानों द्वारा हल चलाए गये।

456. 'आम खाया जाता है।' इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(a) भाववाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) क्रियावाच्य (d) कर्मवाच्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'आम खाया जाता है।' इस वाक्य में कर्मवाच्य है। क्रिया के उस रूप को कर्मवाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो। अर्थात वाक्य में कर्म प्रधान होता है।

@RexstarPdf

457. 'राजन द्वारा किताब पढ़ी जाती है।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) कर्तृवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्मवाच्य (d) इनमे से कोई नहीं

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'राजन द्वारा किताब पढ़ी जाती है।' इस वाक्य में कर्म वाच्य है। क्रिया के जिस रूप में कर्म की प्रधानता का बोध हो उसे कर्मवाच्य कहते हैं।

458. कर्ता और कर्म यदि परसर्ग-युक्त हों तो ऐसा वाच्य क्या कहलाता है?

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) ये सभी

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : कर्ता और कर्म यदि परसर्ग युक्त हों तो ऐसा वाच्य 'कर्मवाच्य' कहलाता है। कर्मवाच्य में कर्म की प्रधानता होती है। **जैसे**- रोटी माता के द्वारा बनायी गयी।
राम के द्वारा चित्र बनाया गया ।

459. इनमें से किस वाक्य में कर्मवाच्य है?

(a) श्याम पुस्तक पढ़ेगा
(b) श्याम पुस्तक पढ़ रहा है
(c) श्याम के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई
(d) श्याम ने पुस्तक पढ़ी

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : ' श्याम के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।' यह वाक्य कर्म वाच्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है वह कर्मवाच्य का वाक्य कहलाता है।

जैसे- पुस्तक श्याम के द्वारा पढ़ी गई।
या
श्याम के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।

उपर्युक्त उदाहरण में 'पुस्तक' कर्म है, जिसकी प्रधानता का बोध हो रहा है। अतः यह वाक्य कर्म वाच्य का वाक्य होगा।

460. 'राम से पत्र लिखे गए।' यह किस वाच्य का उदाहरण है?

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) कर्तृकर्मवाच्य (d) भाववाच्य

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : कर्मवाच्यः- जिस वाक्य में कर्म मुख्य हो तथा क्रिया के लिंग, वचन, व पुरुष कर्म के अनुसार हो, उसे कर्मवाच्य कहते हैं।

जैसे- 'राम से पत्र लिखे गए'
मोहन द्वारा पुस्तक पढ़ी जा रही है।

461. इनमें से कौन-सा वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है?

(a) राम पढ़ता है
(b) रीना रोती है
(c) किसानों द्वारा फसल काट ली गई है
(d) कुत्ता भौंकता है

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) क्रिया के उस रूपान्तरण को कर्मवाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो।
जैसे- किसानों द्वारा फसल काट ली गई।

462. कर्मवाच्य में किस प्रकार की क्रिया का प्रयोग होता है?

(a) संयुक्त क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) कर्मवाच्य में कर्म उपस्थित रहता है और क्रिया सकर्मक होती है। जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है तथा क्रिया का प्रयोग कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार होता है और कर्ता की स्थिति में स्वयं कर्म होता है, वहाँ कर्मवाच्य होता है।

463. 'आम खाया जाता है।' में कौन-सा वाच्य है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) क्रियावाच्य

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (b) 'आम खाया जाता है।' वाक्य में 'आम' कर्म है तथा इसके अनुसार क्रिया 'खाया जाता' का प्रयोग हुआ है। अतः यह वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है।

464. जिस वाक्य में कर्म के अनुसार क्रिया में परिवर्तन होता है, उस वाक्य को कहते हैं :

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) संयुक्तवाच्य

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) जिस वाक्य में कर्म के अनुसार क्रिया में परिवर्तन होता है, उस वाक्य को 'कर्मवाच्य' कहते हैं। कर्मवाच्य क्रिया में कर्म की प्रधानता का बोध कराता है। इस वाच्य में कर्ता के आगे 'से' या 'द्वारा' कारक चिह्न लग जाते हैं, किंतु कर्म के पश्चात् किसी भी कारक चिह्न का प्रयोग नहीं किया जाता जैसे– 'छात्रों द्वारा फुटबॉल खेला जाता है'। कभी-कभी बिना कर्ता के भी कर्मवाच्य के वाक्य बनते हैं; जैसे–'पत्र लिखा जाता है'। कर्मवाच्य केवल सकर्मक क्रिया में होता है।

465. कर्मवाच्य में प्रधान होता है

(a) कर्ता (b) भाव
(c) विचार (d) कर्म

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (d) कर्मवाच्य में 'कर्म' की प्रधानता होती है। कर्ता की प्रधानता कर्तृवाच्य में तथा भाव की प्रधानता भाववाच्य में होती है।

466. 'रमा पुस्तक पढ़ेगी' को कर्मवाच्य में परिवर्तित करें।

(a) रमा पुस्तक पढ़ सकती है।
(b) रमा पुस्तक पढ़ती है।
(c) रमा पुस्तक नहीं पढ़ेगी।
(d) रमा के द्वारा पुस्तक पढ़ी जायेगी।

UPPCL Stenographer, 2018

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'रमा पुस्तक पढ़ेगी' वाक्य का कर्मवाच्य रूप ''रमा के द्वारा पुस्तक पढ़ी जायेगी'' होगा।

467. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्मवाच्य दर्शाता है?

(a) मजदूरों द्वारा पेड़ काटा गया।
(b) राधा से चला नहीं जाता।
(c) मैं लेख लिखता हूँ।
(d) रमेश कपड़े धो रहा है।

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'मजदूरों द्वारा पेड़ काटा गया' वाक्य कर्मवाच्य को दर्शाता है। 'मैं लेख लिखता हूँ' और 'रमेश कपड़े धो रहा है' वाक्य कर्तृवाच्य के उदाहरण हैं तथा 'राधा से चला नहीं जाता' भाववाच्य का उदाहरण है।

468. श्याम को पुस्तक पढ़नी है। यह किस वाच्य में है?

(a) भाववाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) कर्तृ और कर्मवाच्य (d) कर्मवाच्य

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) : 'श्याम को पुस्तक पढ़नी है' वाक्य में कर्मवाच्य है। उक्त वाक्य में कर्म प्रधान है तथा यहाँ क्रिया कर्ता के अनुसार परिवर्तित न होकर कर्म के अनुसार परिवर्तित हो रही है।

469. निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य चुनें।

(a) ऐसा कहते हैं कि.....।
(b) तुम लिख नहीं सकते।
(c) बिल्ली के हाथों चूहा मारा गया।
(d) उसे सब कुछ बता दें।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में से 'बिल्ली के हाथों चूहा मारा गया' वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है, क्योंकि यहाँ 'मारा गया' क्रिया का कर्म 'चूहा' वाक्य का उद्देश्य है और क्रिया में कर्म की प्रधानता होने से यहाँ कर्मवाच्य है।

470. 'पुस्तक पढ़ी जाती है।' में कौन–सा वाच्य है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) क्रियावाच्य

UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (b) 'पुस्तक पढ़ी जाती है।' वाक्य में कर्मवाच्य है। वाक्य में 'पुस्तक' कर्म है तथा इसके अनुसार क्रिया 'पढ़ी जाती' का प्रयोग हुआ है।

471. 'राम से पत्र लिखे गए।' - किस वाच्य का उदाहरण है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) कर्तृ-कर्मवाच्य

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b) : कर्ता, कर्म और भाव की प्रधानता के अनुसार वाच्य तीन प्रकार के होते हैं। जिन वाक्यों में कर्म की प्रधानता होती है उसे कर्मवाच्य कहते हैं; **जैसे**- राम से पत्र लिखे गए।

472. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है?

(a) शीला से पढ़ा भी नहीं जाता
(b) शीला से हँसा भी नहीं जाता
(c) शीला से चला भी नहीं जाता
(d) शीला से हिला भी नहीं जाता

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (a) 'शीला से पढ़ा भी नहीं जाता' वाक्य में कर्मवाच्य है। 'पढ़ना' एक सकर्मक क्रिया है और सकर्मक क्रियाएँ सदैव कर्मवाच्य में प्रयुक्त होती हैं। शेष सभी वाक्य भाववाच्य के उदाहरण हैं, इनमें अकर्मक क्रियाएँ प्रयुक्त हैं। भाववाच्य सदैव अकर्मक क्रिया में होता है।

10. भाववाच्य

473. अकर्मक धातुओं से बनने वाला और सदैव एकवचन पुल्लिंग और अन्य पुरुष की क्रिया वाला वाच्य कौन-सा संभव है?

(a) भाववाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) कर्मवाच्य और भाववाच्य (d) कर्मवाच्य

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (a) : अकर्मक धातुओं से बनने वाला और सदैव एकवचन पुल्लिंग और अन्य पुरुष की क्रिया वाला वाच्य भाववाच्य है। यदि किसी वाक्य में प्रयुक्त क्रिया के लिंग एवं वचन में होने वाला परिवर्तन कर्ता एवं कर्म दोनों ही के अनुसार नहीं हो, बल्कि भाव के अनुसार हो तो उस वाक्य में प्रयुक्त वाच्य को भाववाच्य कहते हैं।

474. 'मुझसे अब नहीं चला जाएगा।'- इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) इनमें से कोई भी नहीं

UP TET 2021 (Re Exam) 23.01.2022
CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (b) : प्रश्नगत वाक्य 'मुझसे अब नहीं चला जाएगा' में भाववाच्य है। क्रिया के उस रूपांतरण को भाववाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में क्रिया अथवा भाव की प्रधानता का बोध हो।

475. ''उससे दौड़ा नहीं जाता'' वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) इनमें से कोई भी नहीं

CGPSC (Pre) 2020

उत्तर : (c) : 'उससे दौड़ा नहीं जाता' भाववाच्य का उदाहरण है।

476. इनमें से भाववाच्य का उदाहरण कौन-सा है?

(a) आम खाया जाता है। (b) मैंने पुस्तक पढ़ी।
(c) पुस्तक पढ़ी जाती है। (d) धूप में चला नहीं जाता।

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC Lower 30.09.2019 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) वाक्य 'धूप में चला नहीं जाता' में भाववाच्य है। वाच्य क्रिया के उस रूपान्तर को कहते हैं। जिससे कर्ता, कर्म और भाव के अनुसार क्रिया के परिवर्तन का ज्ञान होता है।

वाच्य के भेद- (1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य।

जिस वाक्य में अकर्मक क्रिया का भाव मुख्य हो, उसे भाववाच्य कहते हैं।

477. किस वाच्य में क्रियाएँ सदैव एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष में होती हैं?

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य

(c) भाववाच्य (d) सभी में

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c): क्रिया के जिस रूप से न तो कर्ता और न ही कर्म की, बल्कि क्रिया के 'भाव' की प्रधानता हो वहाँ 'भाववाच्य' होता है। 'भाववाच्य' में क्रियाएँ सदैव एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष में होती हैं।

जैसे- मुझसे चला नहीं जाता।

478. 'उसके द्वारा लिखा नहीं जा सकेगा।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य

(c) भाववाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'उसके द्वारा लिखा नहीं जा सकेगा।' भाववाच्य का उदाहरण है।

479. निम्नलिखित में से भाववाच्य वाक्य का चयन कीजिए।

(a) मैं उठ नहीं सकता।

(b) हमारे द्वारा रास्ता आसानी से पार किया गया।

(c) उसके द्वारा भोजन पकाया गया।

(d) मेरे भाई से लड़ा नहीं जा सका।

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d): 'मेरे भाई से लड़ा नहीं जा सका' इसमें भाववाच्य वाक्य है।

'जिस वाक्य में वाच्य बिन्दु न तो कर्ता हो और न ही कर्म बल्कि क्रिया का भाव ही मुख्य हो उसे भाववाच्य कहा जाता है।'

जैसे– मुझसे चला नहीं जाता है।

480. भाववाच्य में किस प्रकार की क्रिया का प्रयोग किया जाता है?

(a) संयुक्त क्रिया (b) सकर्मक

(c) द्विकर्मक क्रिया (d) अकर्मक

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : भाववाच्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग किया जाता है। लिंग, वचन और पुरुष के कारण क्रिया के रूप में जो परिवर्तन होता है, उसे वाच्य कहा जाता है। वाच्य के तीन भेद होते हैं।

(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

481. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'भाववाच्य' का प्रयोग हुआ है?

(a) दादी से चला नहीं जाता।

(b) मोहन ने खाना नहीं खाया

(c) कुलियों ने सामान नहीं उठाया।

(d) मैंने दरवाजा नहीं खोला।

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में 'दादी से चला नहीं जाता'। इसमें भाववाच्य प्रयोग हुआ है। क्रिया के जिस रूप में न तो कर्ता की प्रधानता हो न कर्म की प्रधानता हो, बल्कि क्रिया का भाव ही प्रधान हो, वहाँ भाववाच्य होता है। **जैसे**– मोहन से टहला नहीं जाता है।

482. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'भाववाच्य' है?

(a) लोग खुलकर हँस रहे थे।

(b) 'रामचरितमानस' ग्रंथ तुलसी द्वारा लिखा गया।

(c) वृद्ध आराम से बैठ नहीं सकता।

(d) सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) वाक्य 'सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता' में भाववाच्य है। क्रिया के उस रूपांतर को भाववाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में क्रिया या भाव की प्रधानता का बोध हो।

483. 'उसके द्वारा अपने भाई को पढ़ाया गया।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) कर्तृवाच्य (b) भाववाच्य

(c) कर्मवाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) 'उसके द्वारा अपने भाई को पढ़ाया गया।' यह वाक्य कर्मवाच्य में दिया गया है। जिस वाक्य में वाच्य बिंदु कर्ता न होकर कर्म हो, वह वाक्य कर्मवाच्य का वाक्य कहलाता है।

जैसे- माता के द्वारा खाना पकाया गया।

रोटी माता के द्वारा बनायी गयी।

कर्तृवाच्य-क्रिया के उस रूपान्तर को कर्तृवाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो। **जैसे**- लड़का खाता है, मैनें पुस्तक पढ़ी।

भाववाच्य- जिससे वाक्य में क्रिया अथवा भाव की प्रधानता का बोध हो। **जैसे**- राम से टहला ही नहीं जाता।

484. ''रोगी चल नहीं सकता'' का भाववाच्य में रूपांतरण क्या होगा?

(a) रोगी से चला नहीं जाता (b) रोगी चल नहीं पाएगा

(c) रोगी चल नहीं पा रहा है (d) रोगी नहीं चलेगा

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) वाक्य 'रोगी चल नहीं सकता' का भाववाच्य में रूपांतरण 'रोगी से चला नहीं जाता' होगा। क्रिया का वह रूप जिसमें वाक्य का उद्देश्य क्रिया व्यापार का ही बोध कराए अर्थात् वाक्य में भाव की प्रधानता हो उसे भाववाच्य क्रिया कहते हैं।

@RexstarPdf

485. 'सर्दी में उससे काम नहीं किया जाता।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है?

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाववाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (c) 'सर्दी में उससे काम नहीं किया जाता।' इस वाक्य में 'भाववाच्य' का प्रयोग किया गया है। जिस वाक्य में वाच्य के रूप में 'भाव' की प्रधानता होती है, वह वाक्य 'भाववाच्य' का वाक्य कहलाता है। **जैसे**– उससे अब चला नहीं जाता।

486. जब वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता अथवा कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार न होकर एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष हों तब वाक्य में कौन- सा वाच्य होता है?

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाव वाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : जब वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता अथवा कर्म के लिंग वचन और पुरुष के अनुसार न होकर एक वचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष हों तब वाक्य में ' भाववाच्य' होता है। भाववाच्य के वाक्यों में कर्ता अथवा कर्म की नहीं बल्कि भाव की प्रधानता होती है।

487. निम्न में भाव वाच्य का उदाहरण है–

I. उससे बैठा नहीं जाता।
II. राम से खाया नहीं जाता।
III. राम पत्र लिखता है।
IV. सीता पुस्तक पढ़ती है।

(a) I, II एवं IV (b) I एवं II
(c) I, II एवं III (d) I, II, III एवं IV

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (b) : 'उससे बैठा नहीं जाता' एवं 'राम से खाया नहीं जाता' ये दोनों वाक्य भाववाच्य के उदाहरण हैं। क्रिया का वह रूपांतर जिससे कर्ता, कर्म या भाव की प्रधानता प्रकट होती है, 'वाच्य' कहलाता है। भाववाच्य में 'क्रिया' भाव के अनुरूप होती है, इसमें सदैव अकर्मक क्रिया का प्रयोग होता है। भाववाच्य की क्रिया सदैव एकवचन में होती है।

488. निम्नलिखित में से 'भाववाच्य' का उदाहरण कौन-सा है?

(a) अब चला जाए
(b) रवि आम चूसता है
(c) मोहिनी पत्र लिखती है
(d) शीला से खाया नहीं जाता

UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर:(a/d) 'अब चला जाय' तथा 'शीला से खाया नहीं जाता' वाक्य में भाववाच्य है। क्रिया के जिस रूपांतरण से वाक्य में क्रिया अथवा भाव की प्रधानता का ज्ञान हो, उसे 'भाववाच्य' कहते हैं। ऐसे वाक्यों में क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्ता तथा कर्म के अनुसार न होकर भाव के अनुसार होते हैं तथा सदैव एकवचन, पुल्लिंग और अन्य पुरुष में रहते हैं। जैसे– गर्मी के कारण मुझसे खेला नहीं जाता। भाववाच्य में सदैव अकर्मक क्रिया होती है।

489. मुझसे खड़ा भी हुआ नहीं जाता। इस वाक्य का वाच्य होगा:

(a) भाववाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) अन्य

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (a) क्रिया के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वाक्य में क्रिया द्वारा संपादित विधान का विषय कर्ता/कर्म/भाव है, वाच्य कहते हैं। क्रिया का ऐसा रूपान्तर जिससे वाक्य में भाव की प्रधानता का बोध होता हो, भाववाच्य कहलाता है। 'मुझसे खड़ा भी हुआ नहीं जाता' इस वाक्य में अस्वस्थता रूपी भाव की प्रधानता है। अतः यहाँ भाववाच्य का होना निश्चित है।

490. निम्न में भाववाच्य है :

(a) मोहन पुस्तक पढ़ता है। (b) श्याम पत्र लिखता है।
(c) मोहन से बैठा नहीं जाता। (d) पत्र लिखा जाता है।

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'मोहन से बैठा नहीं जाता' वाक्य में 'बैठा नहीं जाता' से एक भाव स्पष्ट हो रहा है। इस वाक्य में कर्ता और कर्म की प्रधानता का बोध नहीं हो रहा तथा क्रिया भाव के अनुसार है। अतः यह वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है। 'मोहन पुस्तक पढ़ता है' तथा 'श्याम पत्र लिखता है' में कर्तृवाच्य तथा 'पत्र लिखा जाता है' में कर्मवाच्य होगा।

491. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य भाववाच्य दर्शाता है?

(a) नानी द्वारा कहानी सुनाई जाती है
(b) रवि बात करता है
(c) मुझसे खाया नहीं जाता
(d) मैं पुस्तक का विमोचन करता हूँ

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में से 'मुझसे खाया नहीं जाता' वाक्य भाववाच्य को दर्शाता है। शेष वाक्यों में 'नानी द्वारा कहानी सुनायी जाती है' कर्मवाच्य का तथा 'रवि बात करता है' 'और' मैं पुस्तक का विमोचन करता हूँ' कर्तवाच्य के उदाहरण हैं।

492. भाव वाच्य छाँटिए:

(a) दादाजी के द्वारा अनिल को डाँटा गया।
(b) तोते से उड़ा नहीं गया।
(c) अशोक ने आइसक्रीम खाई।
(d) चोर पकड़ा गया।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में से 'तोते से उड़ा नहीं गया' भाववाच्य का उदाहरण है, क्योंकि इसमें क्रिया अथवा भाव की प्रधानता अधिक है। 'दादाजी के द्वारा अनिल को डाँटा गया' वाक्य कर्मवाच्य का तथा 'अशोक ने आइसक्रीम खाई' और 'चोर पकड़ा गया' कर्तृवाच्य के उदाहरण हैं।

493. निम्नलिखित में कौन वाक्य भाववाच्य का है?

(a) राम से चला नहीं जाता।
(b) पुस्तक महँगे दाम में खरीदी गयी।
(c) लड़के ने तीर से चिड़िया को मार दिया।
(d) तुलसी ने विनयपत्रिका लिखी है।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'राम से चला नहीं जाता' यह वाक्य भाववाच्य में है। जब क्रिया का रूप कर्ता या कर्म के अनुसार न परिवर्तित होकर भाव के अनुसार परिवर्तित होता है, तब उसे भाववाच्य कहते हैं। दिये गये वाक्यों का वाच्य इस प्रकार है-

वाक्य	वाच्य
राम से चला नहीं जाता	भाववाच्य
पुस्तक महँगे दाम में खरीदी गयी।	कर्मवाच्य
लड़के ने तीर से चिड़िया को मार दिया	कर्तृवाच्य
तुलसी ने विनयपत्रिका लिखी है।	कर्तृवाच्य

विविध

494. निम्न में से क्या काल कहलाता है?

(a) क्रिया के घटित होने का समय
(b) क्रिया का सामान्य रूप
(c) क्रिया का मूल रूप
(d) क्रिया का पूर्ण रूप

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) : व्याकरण में क्रिया के घटित होने के समय को 'काल' कहते हैं। काल के तीन भेद हैं– वर्तमानकाल, भूतकाल, भविष्यकाल।

495. इनमें से किस शब्द का एकवचन और बहुवचन रूप समान होता है?

(a) डाकू (b) पाठक
(c) जाति (d) वधू

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) 'डाकू' शब्द का एकवचन और बहुवचन में समान रूप होता है और शेष तीनों विकल्प असंगत हैं।

496. निम्नलिखित में से कौन–सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) बेटी–बेटियाँ (b) डिबिया–डिबियें
(c) श्रोता–श्रोतागण (d) वधु–वधुएँ

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'डिबिया-डिबियें' विकल्प एकवचन और बहुवचन की दृष्टि से उचित नहीं है। डिबिया एक वचन शब्द है, इसका बहुवचन 'डिबियाँ' होता है। शेष विकल्प सही हैं।

497. 'अध्यापिकाएँ' शब्द के वचन के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों में से सही संधि–विच्छेद का चयन करें।

(a) अध्यापिका + ए (b) अध्यापिका + एँ
(c) अध्यापिका + इकाएँ (d) अध्यापिका + ऐ

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) अध्यापिकाएँ शब्द के वचन के आधार पर सही सन्धि विच्छेद है– 'अध्यापिका + एँ'।

498. किन शब्दों से वचन की पहचान नहीं होती है?

(a) संज्ञा (b) क्रिया
(c) क्रिया विशेषण (d) विशेषण

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : क्रिया-विशेषण' शब्दों से वचन की पहचान नहीं होती। व्याकरणिक प्रयोग के आधार पर विकारी एवं अविकारी दो तरह के शब्द होते हैं। प्रत्येक के चार भेद हैं। संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया 'विकारी शब्द' कहलाते हैं। ये ऐसे शब्द हैं जिनमें लिंग, वचन, पुरुष एवं कारक के आधार पर विकार (रूप परिवर्तन) होता है । समुच्चयबोधक, सम्बन्धबोधक, क्रिया-विशेषण एवं विस्मयादिबोधक अविकारी शब्द होते हैं, जिनमें लिंग, वचन, पुरुष एवं कारक के आधार पर कोई विकार नहीं होता। अतः क्रिया-विशेषण ऐसा ही शब्द है जिसके आधार पर वचन की पहचान सम्भव नहीं है।

499. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द उभयलिंगी है?

(a) डॉक्टर (b) विद्वान
(c) अभिनेत्री (d) गायक

(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)

उत्तर (a): दिये गये विकल्पों में 'डॉक्टर' शब्द स्त्री और पुरुष दोनों ही के लिए प्रयुक्त होता है। अतः यह 'उभयलिंगी' है जबकि अन्य सभी विकल्प या तो पुल्लिंग हैं या तो स्त्रीलिंग । विद्वान का स्त्रीलिंग 'विदुषी', अभिनेत्री का पुल्लिंग 'अभिनेता', 'नर्तकी' का पुल्लिंग 'नर्तक' तथा 'गायक' का स्त्रीलिंग 'गायिका' होगा।

500. ऐसे कौन से शब्द हैं, जिनका प्रयोग स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों रूपों में होता है?

(a) अशोक, आम (b) हिमालय, विंध्याचल
(c) राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री (d) रविवार, सोमवार

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में **राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री** शब्द स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों रूपों में प्रयुक्त होते हैं। अतः ये उभयलिंगी शब्द कहे जाते हैं।

501. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग स्त्रीलिंग दोनों में प्रयुक्त होता है?

(a) चित्रकार (b) चील
(c) विद्वान (d) खरगोश

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में 'चित्रकार' शब्द उभयलिंगी है। यह पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों रूपों में प्रयुक्त होता है। शेष शब्दों में 'चील' स्त्रीलिंग और 'विद्वान' व 'खरगोश' पुल्लिंग शब्द हैं।

@RexstarPdf

502. उच्चारण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा विकल्प सही है?

(a) चाँदी-सोना (b) पिता-माता
(c) पुरुष-स्त्री (d) दस-बीस

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : उच्चारण (क्रम) की दृष्टि से दस-बीस सही है। अन्य विकल्पों का शुद्ध रूप इस प्रकार होगा-

सोना - चाँदी
माता - पिता
स्त्री - पुरुष

503. स्त्रीलिंग-पुल्लिंग का कौन-सा जोड़ा सही नहीं हैं?

(a) देव-देवी (b) मामा-मामी
(c) कान्त-कान्ती (d) गधा-गधी

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर: (c) दिए गए विकल्पों में 'कान्त-कान्ती' सही स्त्रीलिंग-पुल्लिंग युग्म नहीं हैं। इसका सही युग्म होगा - कान्त - कान्ता।

504. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
A. साहब	**I. साँपिन**
B. पिता	**II. हथिनी**
C. हाथी	**III. माता**
D. साँप	**IV. मेम**

	A	B	C	D
(a)	IV	III	II	I
(b)	III	IV	I	II
(c)	II	I	IV	III
(d)	I	II	III	IV

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (a)

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
साहब	मेम
पिता	माता
हाथी	हथिनी
साँप	साँपिन

505. निम्न प्रश्न लिंग से संबंधित हैं।

निम्न कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर चुनिए:

1. अकारांत तथा आकारांत पुल्लिंग शब्दों को ईकारांत कर देने से वे स्त्रीलिंग हो जाते हैं।

2. जातिबोधक शब्दों के अंतिम स्वर का लोप कर उनमें कहीं 'इन' और कही 'आइन' प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाया जाता है।

(a) केवल 1 सही है (b) केवल 2 सही है
(c) 1 और 2 दोनों सही हैं (d) 1 और 2 दोनों गलत है

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (c) दिये गये विकल्प के दोनों ही कथन सत्य हैं।

1. अकारान्त तथा आकारान्त पुल्लिंग शब्दों को ईकारान्त कर देने से वे स्त्रीलिंग हो जाते हैं–

जैसे– नर-नारी, लड़का-लड़की
हिरन-हिरनी, मोटा-मोटी
पुत्र-पुत्री नाना-नानी

2. जातिबोधक शब्दों के अंतिम स्वर का लोप कर उनमें कहीं 'इन' और कहीं 'आइन' प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाया जाता है, जैसे–

माली- मालिन, बाघ-बाघिन
लाला– ललाइन, हलवाई-हलवाइन

506. निम्नलिखित युग्मों में से एक लिंग की दृष्टि से शुद्ध है:

(a) सम्राट - सम्राटी
(b) वीरांगना - वीरांगना
(c) गोप - गोपिनी
(d) सुलोचन - सुलोचना

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर. (d) 'सुलोचन- सुलोचना' युग्म लिंग की दृष्टि से शुद्ध है। लिंग की दृष्टि से शेष युग्मों का शुद्ध रूप इस प्रकार है-

सम्राट - साम्राज्ञी
वीर - वीरांगना
गोप - गोपी

507.अप्राणिवाचक शब्दों के लिंग निर्णय का आधार है :

(a) उनके साथ प्रयुक्त क्रिया
(b) उनके साथ प्रयुक्त विशेषण
(c) उनके साथ प्रयुक्त अव्यय
(d) ए और बी दोनों सही हैं।

UP PGT 2013

उत्तर. (d) अप्राणिवाचक शब्दों के लिंग निर्णय का आधार उनके साथ प्रयुक्त क्रिया तथा उनके साथ प्रयुक्त विशेषण होता है। अतः विकल्प (d) 'ए और बी दोनों सही हैं' सही उत्तर होगा।

508.क्रिया के किस रूप में कर्त्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नहीं होता है–

(a) वर्तमानकालिक रूप में (b) भविष्यकालिक रूप में
(c) भूतकालिक रूप में (d) आज्ञार्थक रूप में

UP PGT 2009

उत्तर. (d) क्रिया के आज्ञार्थक रूप में कर्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नहीं होता। जब क्रिया के रूप में आज्ञा, प्रार्थना, इच्छा आदि का बोध हो तो इसे आज्ञार्थक क्रिया के रूप में जाना जाता है। इसके दोनों लिंगों में रूप समान होता है।

509.निम्नलिखित शब्दों में किस एक का लिंग परिवर्तन हिंदी भाषा में प्रचलित नहीं है?

(a) चाचा (b) बहन
(c) कोयल (d) भैंसा

UP PGT 2004

@RexstarPdf

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में से 'कोयल' शब्द का लिंग परिवर्तन हिंदी भाषा में प्रचलित नहीं है। 'कोयल' स्त्रीलिंग शब्द है। शेष विकल्पों में से चाचा व भैंसा का स्त्रीलिंग रूप क्रमशः 'चाची' तथा 'भैंस' और बहन का पुल्लिंग रूप 'भाई' होगा।

510. लिंग सम्बन्धी अनुपयुक्त विकल्प निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) भगवन – भगवती (b) कर्ता – कर्ती

(c) विद्वान – विदुषी (d) सम्राट – साम्राज्ञी

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में लिंग संबंधी अनुपयुक्त जोड़ा 'कर्ता–कर्ती' इसका शुद्ध रूप 'कर्ता - कर्त्री' होता है। शेष तीनों विकल्प सही हैं।

511. शरीर के अंग के आधार पर दिए गए पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों का सही जोड़ा कौन-सा है?

(a) उँगली-एड़ी (स्त्रीलिंग)

(b) हाथ-पैर (पुल्लिंग)

(c) कलाई-तलवा (पुल्लिंग)

(d) बाँह-जाँघ (स्त्रीलिंग)

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में शरीर के अंग के आधार पर पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग का सही जोड़ा 'कलाई-तलवा' है। इसमें 'कलाई' स्त्रीलिंग तथा 'तलवा' पुल्लिंग है। शरीर के अंगों के नाम पुल्लिंग होते हैं, किंतु कुछ अंग सदैव स्त्रीलिंग रूप में प्रयुक्त होते हैं; जैसे-कोहनी, कलाई, नाक, आँख, जीभ, ठोड़ी, खाल, बाँह, नस, हड्डी, इन्द्रिय, उँगली, एड़ी, जाँघ आदि।

512. निम्नलिखित शब्दों में नपुंसक लिंग का चयन कीजिए–

(a) स्त्री (b) दारा

(c) कलत्र (d) पत्नी

UP PGT 2013

उत्तर. (c) 'कलत्र' नपुंसक लिंग शब्द है। जबकि दारा पुल्लिंग तथा स्त्री, पत्नी, स्त्रीलिंग शब्द हैं। मराठी, गुजराती, अंग्रेजी आदि कई अनेक भाषाओं में 'नपुंसक लिंग' लिंग का प्रकार है, किंतु हिंदी व पंजाबी में मात्र 2 लिंग हैं। नपुंसक लिंग में ऐसे पदार्थों का समावेश होता है, जो न तो पुल्लिंग होते हैं और न ही स्त्रीलिंग।

513. लिंग की दृष्टि से एक शुद्ध है

(a) कालिदास की पत्नी बहुत बुद्धिमान थी।

(b) सावित्री के पुत्रवान होने का वरदान माँगा।

(c) लक्ष्मीबाई बहुत बलवान् थीं।

(d) भगवती लक्ष्मी भक्त पर प्रसन्न हुई।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : लिंग की दृष्टि से वाक्य 'भगवती लक्ष्मी भक्त पर प्रसन्न हुई' शुद्ध है। अन्य शुद्ध वाक्य इस प्रकार हैं–

अशुद्ध वाक्यः (a) कालिदास की पत्नी बहुत बुद्धिमान थी।

शुद्ध वाक्यः कालिदास की पत्नी बुद्धिमती थी।

अशुद्ध वाक्यः (b) सावित्री के पुत्रवान होने का वरदान मांगा।

शुद्ध वाक्यः सावित्री ने पुत्रवान होने का वरदान मांगा।

अशुद्ध वाक्यः (c) लक्ष्मीबाई बहुत बलवान थी।

शुद्ध वाक्यः लक्ष्मीबाई बहुत बलवती थी।

514. 'उत्तम पुरुष' सर्वनाम के किस भेद का एक प्रकार है?

(a) निजवाचक

(b) पुरुषवाचक

(c) सम्बन्धवाचक

(d) निश्चयवाचक

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (b) 'उत्तम पुरुष' पुरुष वाचक सर्वनाम का एक भेद है। जो सर्वनाम पुरुषों (स्त्री या पुरुष) के नाम के स्थान पर प्रयोग किये जाते हैं, पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। इसके तीन भेद हैं-

उत्तम पुरुष - मैं, हम

मध्यम पुरुष - तू, तुम, आप

अन्य पुरुष - यह, ये, वह, वे

515. पुल्लिंग परिवर्तन का सही विकल्प चुनिए।

(a) साम्राज्ञी-सम्राट

(b) रानी-राज

(c) कवियत्री-कवि

(d) ठकुराइन-ठकुर

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में पुल्लिंग परिवर्तन का सही विकल्प है–'साम्राज्ञी-सम्राट'। 'साम्राज्ञी' स्त्रीलिंग व 'सम्राट' पुल्लिंग शब्द है। 'राजा' का स्त्रीलिंग 'रानी', 'कवि' का स्त्रीलिंग 'कवयित्री' तथा 'ठाकुर का स्त्रीलिंग 'ठकुराइन' है।

516. नीचे दिए पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों को सुमेलित इस प्रकार किया जाना चाहिए:

(अ) विद्वान	**(ब) सभानेत्री**
(स) सम्राट	**(द) कार्यकर्त्री**
(य) कार्यकर्त्ता	**(र) विदुषी**
(ल) सभापति	**(व) साम्राज्ञी**

(a) अ - द (b) स - व

(c) य - र (d) य – द

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : विकल्प के अनुसार स का मिलान व से होगा अर्थात सम्राट का स्त्रीलिंग साम्राज्ञी होगा।

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
विद्वान	विदुषी
सम्राट	साम्राज्ञी
कार्यकर्ता	कार्यकर्त्री
सभापति	सभानेत्री

@RexstarPdf

10.

कारक एवं परसर्ग

1. परिभाषा एवं भेद

1. संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकाशित होता है, उसे क्या कहते हैं?

(a) क्रिया-विशेषण (b) संबंध सूचक
(c) कारक (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UGC NET December 2019
UPPSC Degree College Exam. 2008

उत्तर : (c) संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकाशित होता है, उसे कारक कहते हैं। कारक के आठ भेद होते हैं जो निम्नलिखित हैं–

कारक		विभक्ति चिह्न
कर्त्ता	–	ने
कर्म	–	को
करण	–	से, के द्वारा
संप्रदान	–	के लिए
अपादान	–	से (अलगाव के अर्थ में)
संबंध	–	का के, की, रा, रे, री, ना, ने, नी
अधिकरण	–	में, पर।
सम्बोधन	–	हे!, अरे!, हो!

2. निम्नलिखित कारक और कारक चिह्न की दृष्टि से कौन-सा शब्द युग्म असंगत है?

(a) कर्म - को (b) करण - से
(c) अधिकरण - का (d) अपादान - से

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) कारक और कारक चिह्न की दृष्टि से 'अधिकरण - का' शब्द युग्म असंगत है। इसका संगत शब्द युग्म 'अधिकरण - में, पर' होगा। अन्य कारक एवं परसर्ग युग्म सही हैं।

3. 'परसर्ग' वे सहायक शब्द हैं जो–

(a) शब्दों के बीच संबंध स्थापित करते हैं
(b) जो शब्दों के मध्य में आते हैं
(c) जो शब्दों के प्रारंभ में आते हैं
(d) जो विसर्ग से मिलते-जुलते हैं

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'परसर्ग' वे सहायक शब्द हैं जो शब्दों के बीच संबंध स्थापित करते हैं। परसर्ग को कारक चिह्न भी कहते हैं।

4. कारक के भेद हैं -

(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ

UP PGT 2004
Jharkhand TGT 2017

उत्तर : (d) किसी वाक्य, मुहावरा या वाक्यांश में संज्ञा या सर्वनाम का वाक्य के अन्य पदों (विशेषतः क्रिया) के साथ जो सम्बन्ध होता है, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में कारकों की संख्या आठ मानी गयी है–कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण तथा सम्बोधन।

5. आचार्य किशोरीदास वाजपेयी के मत से हिन्दी में कितने कारक हैं?

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 5

UP PGT 2000

उत्तर : (a) संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ विशेषतः क्रिया के साथ ज्ञात होता है, उसे 'कारक' कहते हैं। आचार्य किशोरीदास वाजपेयी ने हिन्दी में 6 कारक बताये हैं वार्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान एवं अधिकरण। इन्होंने संबंध तथा संबोधन को कारक नहीं माना है।

6. क्रियापरक व्याकरणिक कोटि चिह्नित कीजिए।

(a) कारक (b) लिंग
(c) वचन (d) पक्ष

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) कारक क्रियापरक व्याकरणिक कोटि का है। व्याकरण की वह कोटि जिसमें क्रिया निहित हो, कारक कहलाती है। कारक का शाब्दिक अर्थ है – करने वाला अर्थात् क्रिया को पूरी तरह करने में किसी न किसी भूमिका को निभाने वाला। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उनका सम्बन्ध क्रिया से पता चले, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में इनकी संख्या आठ होती है जबकि लिंग से स्त्री या पुरुष जाति तथा वचन से एक या अनेक होने का पता चलता है।
नोट : आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) अर्थात 'पक्ष' माना है।

2. कर्त्ता कारक

7. 'लड़के ने कुत्ते को मारा।' वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) करण और अपादान
(b) संबंध और करण
(c) अधिकरण और करण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (e) 'लड़के ने कुत्ते को मारा' वाक्य में कर्त्ता और कर्म कारक है। 'ने' परसर्ग कर्त्ता कारक तथा 'को' परसर्ग कर्म कारक से संबंधित हैं।

8. कारक चिह्नों की पहचान की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत वाक्य है :

(a) माणिक ने पत्र लिखा – कर्त्ता कारक
(b) माँ के लिए दवा ले आओ – सम्प्रदान कारक
(c) रमेश कमरे में बैठा है – अधिकरण कारक
(d) मैंने उसे तार द्वारा सूचित किया – करण कारक

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) दिया गया वाक्य 'माणिक ने पत्र लिखा - कर्त्ता कारक' कारक चिह्नों की दृष्टि से असंगत है। इसमें कर्म कारक होगा।

9. दिए गए वाक्य में प्रयुक्त गलत विभक्ति चिह्न के स्थान पर सही विभक्ति चिह्न होगा-
छुट्टियों में सभी बच्चों का अपने मम्मी-पापा के साथ घूमने का कार्यक्रम बना लिया था।

(a) ने (b) पर
(c) से (d) द्वारा

SSC GD Constable 12012023 (11.45-12.45)

उत्तरः (a) उपर्युक्त वाक्य के संदर्भ में 'ने' विभक्ति चिह्न प्रयुक्त होगा। 'ने' विभक्ति चिह्न कर्त्ता कारक का है। 'ने' विभक्ति चिह्न का प्रयोग सकर्मक क्रिया कर्तृवाच्य तथा अपूर्ण भूत को छोड़कर शेष पाँच भूतकालों में होता है। इस प्रकार शुद्ध विभक्ति चिह्न युक्त वाक्य होगा– छुट्टियों में सभी बच्चों ने अपने मम्मी-पापा के साथ घूमने का कार्यक्रम बना लिया था।

10. 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं' वाक्य में कौन-सा शब्द कर्त्ता है?

(a) कपड़े (b) कुछ नए
(c) छोटी बच्ची (d) मुझे

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं' वाक्य में 'मुझे' शब्द कर्त्ता है। जो शब्द वाक्य में कार्य को करता है, वह कर्ता कहलाता है। कर्त्ता वाक्य का वह रूप होता है जिससे कार्य को करने वाले का पता चलता है। कर्त्ता कारक का विभक्ति चिह्न 'ने' होता है।

11. निम्नलिखित में से कर्त्ता कारक वाला वाक्य छाँटिए :

(a) मोहन को जाना है। (b) शीला को रोटी खिलाओ।
(c) शाम को मत आना। (d) विमा को पुस्तक दे दो।

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (a) उपर्युक्त विकल्पों में से 'मोहन को जाना है' वाक्य कर्त्ता कारक वाला है। इस वाक्य में 'को' ने का आशय दे रहा है। अतः यहाँ कर्त्ता कारक होगा। शेष वाक्य कर्मकारक वाले हैं।

12. सभी चिट्ठियाँ डाक से भेजी गईं। इसमें कर्त्ता है :

(a) डाक (b) भेजी गई
(c) सभी (d) चिट्ठियाँ

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) 'सभी चिट्ठियाँ डाक से भेजी गईं।' इस वाक्य में डाक – करण कारक, भेजी गई- क्रिया, सभी-विशेषण तथा चिट्ठियाँ – कर्त्ता (स्त्रीलिंग शब्द) है।

13. प्रवीण के भाई ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उपर्युक्त वाक्य में कर्त्ता है-

(a) प्रवीण (b) पुरस्कार
(c) भाई (d) प्रवीण का भाई

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (d) उपर्युक्त वाक्य में कर्त्ता – 'प्रवीण का भाई' है। जिसके द्वारा कार्य किया जाता है, वह कर्त्ता कहलाता है।

14. 'ने' किस कारक का चिह्न है?

(a) कर्त्ता (b) कर्म
(c) करण (d) संप्रदान

KVS TGT Hindi-2017
UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift
UPP Constable 2017
UK PCS AE 2012

उत्तर : (a) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के करने वाले का बोध होता है, उसे कर्त्ता कारक कहते हैं। इसका कारक चिह्न 'ने' होता है। जैसे– राहुल ने चोर को पकड़ा।

कारक	**विभक्तियाँ/चिह्न**
कर्त्ता	ने
कर्म	को
करण	से, के द्वारा
सम्प्रदान	को, के लिए, हेतु
अपादान	से (अलग होने के अर्थ में)
सम्बन्ध	का, के, की, रा, री, रे
अधिकरण	में, पर, विषय में
सम्बोधन	हे!, अरे!, ओ!, हाय!

15. 'उसने टेढ़ी चाल चली' वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) कर्म कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) कर्त्ता कारक

KVS PGT Hindi 2016
UPP CONSTABLE, 2017
इलाहाबाद हाईकोर्ट 'D' ग्रुप परीक्षा 2017

उत्तर : (d) 'उसने टेढ़ी चाल चली' वाक्य में कर्त्ता कारक है।
कारक- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप में वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका संबंध सूचित हो उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में कारकों की संख्या आठ (8) है।

16. हिन्दी में 'ने' परसर्ग का प्रयोग किस स्थिति में किया जाता है?

(a) कर्त्ता के साथ सदैव
(b) भूतकाल में सकर्मक क्रिया के रहने पर कर्त्ता के साथ।
(c) भविष्यकाल के कर्त्ता के साथ
(d) वर्तमान काल की क्रिया और कर्त्ता के होने पर।

[UPPSC AE 2013]
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर. (b) हिन्दी में 'ने' परसर्ग का प्रयोग **'भूतकाल में सकर्मक क्रिया के रहने पर कर्त्ता के साथ'** किया जाता है। **जैसे-**
मोहन **ने** पुस्तक लिखी।
रहीम **ने** खाना खाया।
राघव **ने** गीत गाया।

@RexstarPdf

3. कर्म कारक

17. 'आजकल लेखक उपन्यास लिख रहा है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?

(a) करण कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) कर्म कारक (d) अपादान कारक

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिए गए प्रश्न के रेखांकित शब्द में 'कर्मकारक' का प्रयोग हुआ है।

कर्म कारक – संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का प्रभाव या फल पड़े, उसे कर्म कारक कहते है। या दूसरे शब्दों में वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे कर्मकारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'को' है।

18. 'मोहिनी ने चिड़ियाघर में पक्षी देखे।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?

(a) कर्त्ता कारक (b) कर्म कारक
(c) करण कारक (d) संप्रदान कारक

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य 'मोहिनी ने चिड़ियाघर में पक्षी देखे' के रेखांकित शब्द में 'कर्म कारक' है।

कर्मकारकः- वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे कर्म कहते हैं। इसकी विभक्ति 'को' है। यह चिह्न बहुत से स्थानों पर नहीं लगता। बुलाना, सुलाना, कोसना आदि क्रियाओं के प्रयोग में अगर कर्म संज्ञा हो,तो 'को' विभक्ति जरूर लगती है।
जैसे– सोहन ने साँप को मारा।
वाक्य में 'मारने' की क्रिया का फल 'साँप' पर पड़ा है। अतः साँप कर्म कारक है, इसके साथ परसर्ग 'को' लगा है।

19. निम्न में से कौन से वाक्य में कर्मकारक का गलत प्रयोग हुआ है?

(a) लड़का कुत्ते को मारता है।
(b) सीता ने चिट्ठी लिखी।
(c) रमेश ने गोपाल को मारा।
(d) कविता पत्र को लिखती है।

SSC GD CONS.- 24-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (b) दिए गए वाक्य 'सीता ने चिट्ठी लिखी में कर्मकारक का गलत प्रयोग हुआ है। शेष अन्य विकल्पों में कर्मकारक का सही प्रयोग हुआ है।

20. ''अध्यापक को पुरस्कार दीजिए''-इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) संबोधन कारक (b) अधिकरण कारक
(c) कर्म कारक (d) संबंध कारक

High Court Review Officer 2021 (I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'अध्यापक को पुरस्कार दीजिए' वाक्य में कर्म कारक है। कर्मकारक का चिह्न 'को' होता है। उल्लेखनीय है कि कारक मुख्यतः आठ प्रकार के होते हैं- (1) कर्त्ता कारक (2) कर्म कारक (3) करण कारक (4) सम्प्रदान कारक (5) अपादान कारक (6) सम्बन्ध कारक (7) अधिकरण कारक (8) सम्बोधन कारक।

21. ''मजदूर को मजदूरी दीजिए।'' -इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) कर्म कारक (b) संबंध कारक
(c) संबोधन कारक (d) अधिकरण कारक

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'मजदूर को मजदूरी दीजिए।' इस वाक्य में 'कर्मकारक' है। संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे कर्म-कारक कहते हैं। कर्म कारक का विभक्ति चिह्न 'को' है।

उदाहरण → राम ने रावण को मारा।
माँ बच्चे को सुलाती है।

22. इनमें से कर्म कारक का चिह्न कौन-सा है?

(a) में (b) से
(c) ने (d) को

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
KVS TGT Hindi-2016
GIC PGT (2012)
UK PSC AE 2012
UP PGT 2009
UP TGT 2009

उत्तरः (d) दिये गये विकल्पों में 'को' परसर्ग कर्म कारक का चिह्न है। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका संबंध सूचित हो उसे कारक कहते हैं। हिंदी व्याकरण में कुल आठ प्रकार के कारकों का विधान किया गया है, जो परसर्ग सहित इस प्रकार हैं–

कारक	–	परसर्ग
कर्त्ता	–	ने
कर्म	–	को
करण	–	से/के द्वारा
सम्प्रदान	–	के लिए
अपादान	–	से (अलगाव)
संबंध	–	का, के, की, ना, ने, नी, रा, रे, री
अधिकरण	–	में, पर
सम्बोधन	–	हे!, ओ!, अरे!, अजी!

23. प्रवीण के भाई ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उपर्युक्त वाक्य में कर्म है-

(a) प्रवीण (b) प्रथम
(c) पाया (d) प्रथम पुरस्कार

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (d) उपर्युक्त वाक्य में 'प्रथम पुरस्कार' कर्म है। क्रिया का प्रभाव जिस पर पड़े, वह कर्म कहलाता है।

24. 'हरिमोहन अपनी बहन को पुस्तक देता है' वाक्य में रेखांकित पद में कारक है–

(a) कर्म (b) सम्पद्रान
(c) संबंध (d) अधिकरण

High Court Review Officer 2021
UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (a) 'हरिमोहन अपनी **बहन को पुस्तक देता है।**' वाक्य के रेखांकित पद में 'कर्म कारक' है। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का प्रभाव पड़ता है, उसे कर्म कारक कहते हैं। इसके साथ 'को' विभक्ति का प्रयोग होता है।

@RexstarPdf

25. माँ ने बाजार से कपड़ा खरीदा। रेखांकित का कारक बताइए।

(a) कर्त्ता कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) अधिकरण कारक

UPP CONSTABLE, 2017

उत्तर. (c) माँ ने बाजार से **कपड़ा** खरीदा में रेखांकित पद में 'कर्म कारक' है। जिस पर क्रिया का प्रभाव पड़े उसे 'कर्म' कारक कहते हैं।

26. मैं प्रतिदिन दूध पीता हूँ। वाक्य के रेखांकित पद में कारक है :

(a) करण (b) कर्म
(c) संप्रदान (d) संबंध

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'दूध' में 'कर्म कारक' है। वह कारक जो क्रिया से प्रभावित होता है, उसे कर्म कारक कहते हैं। इसका कारक चिह्न 'को' होता है। जैसे- 'मैं प्रतिदिन दूध पीता हूँ।' इस वाक्य में मैं-कर्त्ता, पीता-क्रिया, दूध-कर्म तथा प्रतिदिन-विशेषण है।

27. मैं रात को देर से लौटूँगा। आप घर ही रहिएगा। आपसे टेलीफोन पर बात करूँगा।
इनमें 'रात को' का कारक है:

(a) कर्म (b) अधिकरण
(c) करण (d) संबोधन

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) मैं रात को देर से लौटूँगा। आप घर ही रहिएगा। आप से टेलीफोन पर बात करूँगा। वाक्य में 'रात को' में **कर्मकारक** है।

4. करण कारक

28. 'सुरेश ने पेंसिल से पत्र लिखा' वाक्य में रेखांकित शब्द कारक है:

(a) कर्म (b) करण
(c) संप्रदान (d) अपादान

एडिसनल प्राइवेट सेक्रेटरी 2021
KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'सुरेश ने पेंसिल से पत्र लिखा' वाक्य में रेखांकित शब्द में 'करण कारक' है। वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के संबंध का बोध होता हो, उसे करण कारक कहते हैं।

29. 'वह चम्मच से चावल खाता है।' – वाक्य में 'चम्मच से' में कौन-सा करक है?

(a) करण कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) कर्त्ता कारक

High Court Asst. Review Officer 2021 (I)
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) वह चम्मच से चावल खाता है। वाक्य में 'चम्मच से' में 'करण कारक' है। जिस शब्द से क्रिया से संबंध का बोध हो, उसे करण कारक कहते हैं। इसका परसर्ग 'से', 'के द्वारा' होता है।

30. भीम ने गदा से दुर्योधन को मारा। यहाँ 'गदा से' पद में कौन सा कारक है?

(a) करण कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) अधिकरण कारक

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर: (a) भीम ने गदा से दुर्योधन को मारा। यहाँ 'गदा से' पद में करण कारक है। 'कर्त्ता अपनी क्रिया को सम्पादित करने के लिए जिस साधन का प्रयोग करता है, उस साधन विशेष में 'करण कारक' संज्ञा होती है। 'करण' कारक का चिह्न 'से', के द्वारा है।
जैसे– लकड़हारा **कुल्हाड़ी से** वृक्ष काटता है।
वह **कलम से** पत्र लिखता है।

31. 'वह पब्लिक के हाथों मारा गया।' इसमें कौन-सा कारक है?

(a) अधिकरण (b) कर्म
(c) संप्रदान (d) करण

High Court Asst. Review Officer 2021 (I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'वह पब्लिक के हाथों मारा गया' में करण कारक है। वह साधन जिसके द्वारा क्रिया पूरी होती है अर्थात् जिसके जरिये कोई भी कार्य पूरा किया जाता है, उसे करण कारक कहा जाता है। करण कारक में 'से' एवं 'के द्वारा' विभक्ति चिह्न का प्रयोग होता है।

32. 'बच्चे बस से पाठशाला जाते हैं।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) कर्म (b) करण
(c) अपादान (d) सम्प्रदान

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'बच्चे बस से पाठशाला जाते हैं' वाक्य में करण कारक है। साधन के रूप में प्रयुक्त किये जाने वाले शब्द व्याकरणिक दृष्टि से करण कारक कहलाते हैं।

विभक्ति	कारक	चिह्न
प्रथमा	कर्त्ता	ने
द्वितीया	कर्म	को
तृतीया	करण	से, के द्वारा
चतुर्थी	सम्प्रदान	को, के लिए
पंचमी	अपादान	से, (अलग होने पर)
षष्ठी	सम्बन्ध	का, की, के, रा, री, रे
सप्तमी	अधिकरण	में, पर
अष्टमी	सम्बोधन	हे!, ओ!, अरे!

33. 'कानों सुनी बात पर यकीन मत करो।' रेखांकित पद का कारक बताइए।

(a) कर्त्ता (b) कर्म
(c) करण (d) संप्रदान

High Court Asst. Review Officer 2021 (I)
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (c) उपर्युक्त वाक्य में दिये गये रेखांकित पद का कारक 'करण कारक' होगा। करण कारक का चिह्न 'से' है, जो वाक्य में क्रिया के सम्बन्ध का बोध कराता है। जैसे-'कानों सुनी- कान से सुनी' यहाँ करण कारक का चिह्न 'से' है जो क्रिया (सुनना) का सम्बन्ध कान से स्थापित कर रहा है।

34. 'करण कारक' किस वाक्य में है?

(a) राम को फल दो।
(b) वह कलम से लिखता है।
(c) यह राम की पुस्तक है।
(d) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
Ashram Paddhati PGT. 2012

@RexstarPdf

उत्तर: (b) 'वह कलम से लिखता है' वाक्य में करण कारक है। उक्त वाक्य में करण कारक की विभक्ति 'से' का प्रयोग किया गया तथा लिखने का कार्य कलम से हो रहा है। अतः जिस वाक्य में किसी की सहायता से कोई कार्य होता है, वहाँ करण कारक होता है।

35. ''उसने उसे छल से पराजित किया'' में छल से में कौन सा कारक है?

(a) कर्त्ता (b) करण
(c) अपादान (d) कर्म

UP PGT 2013

उत्तर : (b) 'उसने उसे छल से पराजित किया' वाक्य में 'छल से' में 'करण कारक' है। करण का अर्थ होता है–साधन या माध्यम। अतः क्रिया के करने अथवा होने के साधन या माध्यम वाले संज्ञा या सर्वनाम पद करण कारक कहलाते हैं। इसका परसर्ग 'से' तथा 'के द्वारा' होता है।

36. 'से', के द्वारा' किस कारक का परसर्ग है?

(a) अपादान (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) अधिकरण

CGPSC (Pre.) 2020
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'से', 'के द्वारा' करण कारक का परसर्ग है।

5. सम्प्रदान कारक

37. 'माँ के लिए दवा ले आओ' वाक्य में रेखांकित शब्द है?

(a) कर्त्ता कारक (b) कर्म कारक
(c) करण कारक (d) संप्रदान कारक

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'माँ के लिए दवा ले आओ' वाक्य में रेखांकित शब्द में संप्रदान कारक है।

38. 'मोहन ने सोहन को गुब्बारे दिए। वाक्य के रेखांकित अंश में कारक है :

(a) कर्म (b) संप्रदान
(c) अपादान (d) अधिकरण

High Court Review Officer 2021
KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'मोहन ने सोहन को गुब्बारे दिए' वाक्य में रेखांकित अंश में संप्रदान कारक है। जिसके लिए कुछ किया जाए या जिसको कुछ दिया जाए, इसका बोध कराने वाले शब्द को संप्रदान कारक कहते हैं।

39. 'के लिए' किस कारक का चिह्न है?

(a) कर्म (b) संप्रदान
(c) सम्बन्ध (d) अपादान

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023
UKPSC AE-2017

उत्तर : (b) 'के लिए' संप्रदान कारक का चिह्न है। जब वाक्य में किसी के लिए कुछ किया जाय या किसी को कुछ दिया जाय, वहाँ पर संप्रदान कारक होता है।

40. 'हरि मोहन को रुपये देता है।' रेखांकित में कौन सा कारक है?

(a) कर्म कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) अधिकरण कारक

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर: (c) 'हरि मोहन को रुपये देता है' इस वाक्य के रेखांकित पद में 'सम्प्रदान कारक' है।

सम्प्रदान कारक- जब कर्त्ता किसी दूसरे के लिए कुछ करता है तब वह दूसरा व्यक्ति सम्प्रदान कारक संज्ञा कहलाता है। इसका परसर्ग 'के लिए' होता है।

नोट-जब कर्त्ता किसी को कुछ देने की क्रिया करता है तब 'को' परसर्ग के साथ वहाँ सम्प्रदान कारक प्रयुक्त होता है।

कर्म कारक- वाक्य में कर्त्ता द्वारा किए गए क्रिया का परिणाम जिस पर पड़ता है वह कर्म कारक संज्ञा कहलाता है। इसका परसर्ग 'को' होता है।

उदाहरण-(1) हरि मोहन को बुलाता है। (कर्म कारक)
(2) हरि मोहन को रुपये देता है। (सम्प्रदान कारक)
(3) हरि मोहन के लिए पुस्तक खरीदता है। (सम्प्रदान कारक)

41. अधोलिखित में से किस वाक्य में सम्प्रदान कारक का प्रयोग है?

(a) मैंने अपने पिताजी को अस्पताल में भरती करा दिया है।
(b) लेखक आज-कल उपन्यास लिखने में व्यस्त है।
(c) अमेरिका से पाकिस्तान को आर्थिक मदद मिलती रही है।
(d) तुम अपने काम को ठीक तरह से पूरो करो।

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) अमेरिका से पाकिस्तान को आर्थिक मदद मिल रही है। वाक्य में संप्रदान कारक है।

42. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित कारक चिन्ह से करें- श्याम मीरा _____ खिलौने लाया।

(a) ने (b) का
(c) में (d) के लिए

SSC GD Constable 10-01-2023 (5:15-6:15)

उत्तर : (d) श्याम मीरा के लिए खिलौने लाया। इस वाक्य में सम्प्रदान कारक है जिसका चिह्न 'के लिए' होता है। जिसके लिए कोई क्रिया की जाती है उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं।

43. 'मेरे दोस्त के लिए चाय लाइए।'' - इस वाक्य में कौन-सा कारक है ?

(a) अधिकरण कारक (b) अपादान कारक
(c) संबंध कारक (d) संप्रदान कारक

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) वाक्य ''मेरे दोस्त के लिए चाय लाइए।'' में संप्रदान कारक है। जिसके लिए कोई कार्य किया जाए, उसे संप्रदान कारक कहते हैं। **जैसे**- 'गुरु जी को फल दो।''

@RexstarPdf

44. निम्न वाक्य 'गरीबों को दान दो' में 'गरीब' किस कारक का उदाहरण है?

(a) कर्म (b) सम्प्रदान
(c) अपादान (d) करण

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPSI 16/11/2021 (Shift-I)
UPPCL RO/ARO (2016)

उत्तर : (b) 'गरीबों को दान दो' इस वाक्य में 'गरीब' शब्द 'सम्प्रदान कारक' का उदाहरण है।
जब कर्त्ता के द्वारा दान देने की क्रिया हो, वहाँ 'सम्प्रदान कारक' संज्ञा होगी।
जैसे–वह भिखारी को कम्बल देता है।

45. यह ताले की चाबी है। रेखांकित में कौन-सा कारक है?

(a) सम्प्रदान कारक (b) अपादान कारक
(c) करण कारक (d) कर्त्ता कारक

UPP Constable, 2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के अनुसार सबसे सही उत्तर सम्प्रदान कारक है। वस्तुतः यहाँ संबंध कारक है परन्तु विकल्प न होने के कारण सम्प्रदान कारक मान लिया गया है। उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा इस प्रश्न का उत्तर सम्प्रदान कारक को माना गया है।

46. 'राजा ने ब्राह्मण को धन दिया' वाक्य के रेखांकित पद में कारक है-

(a) कर्त्ता कारक (b) कर्म कारक
(c) संप्रदान कारक (d) अपादान कारक

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) राजा ने ब्राह्मण को धन दिया। इस वाक्य में राजा द्वारा धन दिया जा रहा है। जहाँ देने का भाव होता है, वहाँ 'को' में 'सम्प्रदान कारक' होता है।

47. रेखांकित पद का कारक पहचान कर सही विकल्प चुनिए:
उसने अपने मित्र को दो पुस्तकें दीं।

(a) कर्त्ता (b) संबंध (c) कर्म (d) संप्रदान

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) 'उसने अपने **मित्र को** दो पुस्तकें दीं' वाक्य में सम्प्रदान कारक है। जहाँ पर किसी को कुछ दिया जाता है वहाँ सम्प्रदान कारक का प्रयोग होता है। अतः इस वाक्य में सम्प्रदान कारक है। शेष कारक संगत नहीं हैं।

48. 'मैंने राधा के लिए कपड़े खरीदे।' इस वाक्य में कारक का प्रकार बताइए।

(a) अपादान (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) कर्त्ता

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) 'मैंनें राधा के लिए कपड़े खरीदे।' वाक्य में 'सम्प्रदान कारक' है। जिसके लिए कोई क्रिया सम्पन्न की जाय या जिसे कुछ प्रदान किया जाय, वहाँ सम्प्रदान कारक होता है। इसका कारक चिह्न–'को, के लिए' होता है।

6. अपादान कारक

49. 'कारक' चिह्न की दृष्टि से असंगत वाक्य है :

(a) मोहन आम खाता है – कर्त्ता कारक
(b) राधा ने पेन्सिल से पत्र लिखा – करण कारक
(c) संन्यासी को दान दे दो – सम्प्रदान कारक
(d) बस से सामान गिरा – कर्म कारक

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'बस से सामान गिरा-कर्मकारक' कारक चिह्न की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म है- बस से सामान गिरा-अपादान कारक।

50. 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं।' वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) करण कारक
(b) अपादान कारक
(c) संबंध कारक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)
KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)
UKPSC AE-2018
गन्ना पर्यवेक्षक, 2016
असिस्टेंट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015
परिचालक परीक्षा, 2015
Ashram Paddhati PGT 2012
UP NT Exam-2008

उत्तर : (b) 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं।' वाक्य में अपादान कारक हैं। संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता हो, वहाँ अपादान कारक होता है। यहाँ पेड़ से पत्ते का अलगाव होने के कारण अपादान कारक होगा। संज्ञा के जिस रूप से किसी अन्य शब्द के साथ संबंध या लगाव प्रतीत हो, उसे संबंध कारक कहते हैं।

51. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अपादान कारक का प्रयोग हुआ है?

(a) मोहन ने पत्र लिखा। (b) हम आँखों से देखते हैं।
(c) बिल्ली छत से कूद पड़ी। (d) गीता का भाई आया।

VDO 26-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'बिल्ली छत से कूद पड़ी' इस वाक्य में अपादान कारक का प्रयोग हुआ है। से (अलग होने के अर्थ में) प्रयुक्त चिह्न अपादान कारक का संकेत देता है।

52. अपादान कारक युक्त वाक्य है :

(a) वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है।
(b) छत से उतरी हुई लता मुरझा गई है।
(c) शिकारी ने खरगोश को मारा।
(d) माँ ने बच्चों को बुलाया।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तरः (b) 'छत से उतरी हुई लता मुरझा गई है।' यह वाक्य अपादान कारक युक्त वाक्य है। संज्ञा के जिस रूप से एक वस्तु का दूसरी से अलग होना पाया जाए तो वहाँ अपादान कारक होता है।

- अपादान कारक की विभक्ति 'से' (अलग होना) है।

जैसे – → राम अयोध्या से वन में गये।
→ मोहन ने घड़े से पानी निकाला।

53. 'मेरा घर स्कूल से बहुत दूर है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?

(a) संप्रदान कारक (b) संबोधन कारक
(c) अपादान कारक (d) अधिकरण कारक

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य 'मेरा घर स्कूल से बहुत दूर है, के रेखांकित शब्द में 'अपादान कारक' है। संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे अपादान कारक कहते हैं। जिस शब्द में अपादान की विभक्ति लगती है, उससे किसी दूसरी वस्तु के पृथक होने का बोध होता है। इसका विभक्ति चिह्न 'से' है।

54. 'से' किस कारक का (विभक्ति) चिह्न होता है?

(a) अधिकरण (b) संबोधन
(c) अपादान (d) कर्म

UK SSSC LT 2020
VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
UPPSC AE 13.12.2020
UPSSSC Junior Assitant Re-Exam 31.05.2019

उत्तर : (c) विकल्प में 'से' अपादान कारक विभक्ति है।

कारक	परसर्ग
कर्म	को
अपादान	से
अधिकरण	में, पर
सम्बोधन	हे!, अजी!, अरे !

55. दिए गए वाक्य में 'गंगा नदी गंगोत्री से' में उपयोग हुए कारक के रूप की पहचान कीजिए।
गंगा नदी गंगोत्री से निकलती है।

(a) सम्बन्ध (b) करण
(c) अपादान (d) सम्प्रदान

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (c) दिए गए वाक्य में 'गंगा नदी गंगोत्री से' में अपादान कारक होगा।

अपादान कारक – अपादान का अर्थ है 'अलग होना' है। जिस संज्ञा या सर्वनाम से किसी वस्तु के अलग होने का ज्ञान होता है या अलगाव का बोध होता है, उसे 'अपादान कारक' कहा जाता है

56. 'वह घर से बाहर गया'- इस वाक्य में 'से' कौन-सा कारक है?

(a) कर्त्ता (b) कर्म
(c) करण (d) अपादान

NVS. PGT. 2014

उत्तर : (d) 'वह घर से बाहर गया' वाक्य में अपादान कारक है, जहाँ अलगाव का भाव होता है वहाँ अपादान कारक होता है। अलगाव के अलावा कारण, तुलना, भिन्नता, आरम्भ, सीमा आदि में भी अपादान कारक होता है।

57. 'उससे अच्छे तो आप हैं' में कौन सा कारक है?

(a) अधिकरण (b) अपादान
(c) करण (d) संबोधन

UP PGT 2013
अमीन परीक्षा 2016

उत्तर : (b) वाक्य में 'उससे' की तुलना 'आपसे' की गयी है अतः 'उससे' में अपादान कारक होगा।

अपेक्षार्थे पंचमी– तुलना में जिससे श्रेष्ठ बताया जाय उसमें पंचमी विभक्ति होती है। जैसे–धनात् विद्या गरीयसी। धन से विद्या महान है। वाक्य में धन की तुलना विद्या से की गयी है।

नोट–जब दो व्यक्तियों में तुलना की जाती है तो वहाँ पंचमी विभक्ति होती है परन्तु जब बहुत से व्यक्तियों में किसी एक को श्रेष्ठ बताया जाता है तो वहाँ सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे–कविषु कालिदासः श्रेष्ठः। कवियों में कालिदास श्रेष्ठ हैं।

58. 'मेरे घर से आपका घर पाँच किलोमीटर दूर है' इस वाक्य में 'घर से' में कौन-सा कारक है?

(a) कर्म (b) करण
(c) सम्बन्ध (d) अपादान

UP PGT 2003

उत्तर : (d) 'मेरे घर से आपका घर पाँच किलोमीटर दूर है।' इस वाक्य में 'घर से' में अपादान कारक है। अलगाव होने की स्थिति में अपादान कारक होता है।

59. सीमा कुत्ते से डरती है। इस वाक्य में कौन सा कारक है?

(a) अपादान कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्बोधन कारक

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) सीमा कुत्ते से डरती है इस वाक्य में 'अपादान कारक' है। भय एवं रक्षा के भाव में अपादान कारक होता है।

60. 'वह मुझसे अलग रहता है'। रेखांकित शब्द के आधार पर बताइए कि यहाँ कौन सा कारक हैं?

(a) सम्प्रदान (b) अपादान
(c) करण (d) अधिकरण

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'वह मुझसे अलग रहता है।' वाक्य में रेखांकित शब्द में 'अपादान कारक' है क्योंकि वाक्य में अलगाव का बोध हो रहा है इसलिए यहाँ अपादान कारक होगा।

7. सम्बन्ध कारक

61. 'यह मेरा चश्मा है' वाक्य के रेखांकित शब्द में कारक है:

(a) कर्त्ता (b) करण
(c) संबंध (d) अधिकरण

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
DSSB PRT 28.03.2022 (Shift-II)
UPSI 14/11/2021
UP PGT-2011

उत्तरः (c) 'यह मेरा चश्मा है' वाक्य के रेखांकित शब्द में संबंध कारक है। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से एक वस्तु का संबंध दूसरी वस्तु से जाना जाए उसे संबंध कारक कहते हैं।

@RexstarPdf

62. 'मोहन की बहन घर आ गई है।' वाक्य के रेखांकित अंश में कारक है-

(a) कर्त्ता कारक (b) कर्म कारक
(c) संबंध कारक (d) करण कारक

High Court Asst. Review Officer 2021 (I)
KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'मोहन की बहन घर आ गई है' वाक्य के रेखांकित अंश में 'संबंध कारक' है।

63. इनमें से संबंध कारक का चिह्न कौन-सा है?

(a) की (b) हे
(c) से (d) को

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'की' संबंध कारक का चिह्न है। ऐसे शब्द जिनके माध्यम से संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जो किन्हीं दो वस्तुओं के बीच में संबंध बताता हो, उसे संबंध कारक कहते हैं। संबंध कारक के विभक्ति चिह्न के रूप में का,की,के, ना,नी,ने,रा,रे,री, इत्यादि का प्रयोग होता है।

64. माँ का लड़का कहाँ गया? उद्देश्य का विस्तार भेद लिखिए।

(a) विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) संबंध कारक (d) वाक्यांश

High Court Review Officer 2021 (II)
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) माँ का लड़का कहाँ गया? वाक्य में उद्देश्य का विस्तार भेद 'संबंध कारक' है।

65. वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के संबंध का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं?

(a) संबंध कारक (b) अपादान कारक
(c) करण कारक (d) संप्रदान कारक

High Court Asst. Review Officer 2021 (II)
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के संबंध का बोध होता है उसे 'सम्बन्ध कारक' कहते हैं।
संबंध कारक– संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जो हमें किन्हीं दो वस्तुओं के बीच संबंध का बोध कराता है वह संबंध कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न का, की, के, रा, री, रे है, **जैसे–** यह साहिल का बैग है।

66. 'मेरी लड़की कौन है?'– वाक्य में कौन सा कारक है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प की पहचान कीजिए:

(a) सम्बन्ध कारक (b) अधिकरण कारक
(c) संप्रदान कारक (d) कर्त्ता कारक

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (a) 'मेरी लड़की कौन है?' वाक्य में संबंध कारक है। सम्बन्ध कारक का विभक्ति चिह्न का, की, के, रा, री, रे होता है।

8. अधिकरण कारक

67. 'गहने अलमारी में हैं।' अलमारी पद में कारक है–

(a) करण कारक (b) अधिकरण कारक
(c) संबंध कारक (d) अपादान कारक

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) 'गहने अलमारी में हैं।' वाक्य में अधिकरण कारक है।
अधिकरण कारक-कर्ता द्वारा की जाने वाली क्रिया का जो आधार होता है या जिस स्थल विशेष पर वह क्रिया की जाती है, उसकी अधिकरण कारक संज्ञा होती है। इसका परसर्ग 'में','पर' होता है।

68. ''पुस्तक मेज पर है।''-इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) अधिकरण कारक (b) संबंध कारक
(c) संप्रदान कारक (d) अपादान कारक

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) वाक्य ''पुस्तक मेज पर है।'' में अधिकरण कारक है। अधिकरण कारक का विभक्ति चिह्न 'में', 'पर' है। जिस शब्द से क्रिया के आधार का बोध हो, उसे अधिकरण कारक कहते हैं।

69. ''मेरे हाथ में कलम है।''- इस वाक्य में कौन- सा कारक है?

(a) अधिकरण कारक (b) अपादान कारक
(c) संप्रदान कारक (d) संबंध कारक

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर: (a) ''मेरे हाथ में कलम है।'' इस वाक्य में अधिकरण कारक का प्रयोग हुआ है। कर्त्ता द्वारा की जाने वाली क्रिया का जो आधार होता है अर्थात जिस आधार पर कोई क्रिया की जाती है वह अधिकरण कारक कहलाती है।
जैसे- नाव जल में तैरती है।
दुकान पर कोई नहीं था।
अधिकरण कारक के परसर्ग के रूप में 'पर' तथा 'में' का प्रयोग किया जाता है।

70. इनमें से अधिकरण का बोधक चिह्न कौन-सा है?

(a) से (b) में
(c) को (d) ने

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC VDO 22/12/2018 (Shift-I)
UPSSC Cane Supervisor 30.08.2019
UP PGT-2011

उत्तर : (b) अधिकरण का बोधक चिह्न 'में' है। कारक एवं उनके बोधक चिह्न निम्न हैं–

कारक	-	**बोधक चिह्न**
कर्त्ता	-	ने,
कर्म	-	को,
करण	-	से, के द्वारा,
सम्प्रदान	-	को, के लिए,
अपादान	-	से (अलगाव के अर्थ में),
संबंध	-	का, की, के, रा, री, रे,
अधिकरण	-	में, पर
सम्बोधन	-	हे!, ओ!, अरे!, अजी!,

71. क्रिया का आधार सूचित करने वाला कारक है :

(a) अपादान कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) सम्प्रदान कारक

DIET PGT. 2014

@RexstarPdf

उत्तर : (c) क्रिया का आधार सूचित करने वाला कारक 'अधिकरण कारक' कहलाता है, जबकि जहाँ किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट हो उसे अपादान कारक तथा जिस शब्द से किसी के साथ सम्बन्ध या लगाव प्रतीत हो वहाँ सम्बन्ध कारक और जहाँ कोई वस्तु किसी को पूर्ण रूप से दान दी जाती हो वहाँ पर सम्प्रदान कारक होता है।

72. 'ठीक समय पर आ जाना' में कौन–सा कारक है?

(a) कर्म (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) अधिकरण

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) वह कारक जो क्रिया के समय, स्थान, अवसर आदि का बोध कराये तो वहाँ 'अधिकरण कारक' होता है। अधिकरण कारक का चिह्न 'में, पर' है। जैसे–

- चिड़िया पेड़ पर बैठी है।
- ठीक समय पर आ जाना।
- घड़े में पानी है।

73. 'वह अगले साल आएगा' ..... इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) अपादान कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) कर्म कारक

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'वह अगले साल आएगा' इस वाक्य में अधिकरण कारक है। **अधिकरण कारक –** क्रिया आधार को सूचित करने वाले संज्ञा या सर्वनाम के स्वरूप को 'अधिकरण कारक' कहते हैं। इसका कारक चिह्न 'में, पर' है। अधिकरण का शाब्दिक अर्थ 'आधार' है। जैसे– सिंह वन में रहता है, पुस्तक मेज पर है, सौम्य घर में है।

74. मुख्य अतिथि के सम्मान में यह आयोजन किया गया है। इस वाक्य में रेखांकित शब्द में कारक बताइये।

(a) अधिकरण (b) कर्त्ता
(c) कर्म (d) सम्प्रदान

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'मुख्य अतिथि के सम्मान में यह आयोजन किया गया है।' वाक्य में रेखांकित शब्द में अधिकरण कारक प्रयुक्त हुआ है।

75. 'मेरे हाथ में लेखनी है' वाक्य में कौन सा परसर्ग है?

(a) कर्म (b) अपादान
(c) अधिकरण (d) सम्प्रदान

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]
[UPPCL RO/ARO 2016]
CTET (I-V) 2019

उत्तर : (c) मेरे हाथ में लेखनी है वाक्य में अधिकरण परसर्ग है। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका वाक्य के अन्य शब्दों विशेष क्रिया से संबंध ज्ञात हो, उसे कारक कहते हैं। कारक को सूचित करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के साथ जो चिह्न लगाये जाते हैं, उन्हें विभक्तियाँ कहते हैं एवं विभक्ति के चिह्न ही कारक चिह्न या परसर्ग हैं।

76. वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही शब्द निर्दिष्ट कीजिए:
अधिकारी कुर्सी.....बैठा है।

(a) में (b) के ऊपर
(c) के साथ (d) पर

[UPPSC AE 2008]

उत्तर.(d) दिए गए शब्दों में अधिकारी कुर्सी **पर** बैठा है। इसमें 'अधिकरण कारक' का प्रयोग हुआ है। क्रिया या आधार को सूचित करने वाली संज्ञा या सर्वनाम के स्वरूप को अधिकरण कारक कहते हैं।

9. सम्बोधन कारक

77. निम्नलिखित में से कौन संबोधन कारक चिह्न है?

(a) हो (b) से (c) अरे (d) ने

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)

उत्तर : (c) दिए गए विकल्पों में 'अरे' संबोधन कारक चिह्न है। संज्ञा के जिस रूप से किसी के पुकारने का या संकेत करने का भाव पाया जाता है, उसे संबोधन कारक कहते हैं।

78. दिए गए वाक्य का कारक ज्ञात कीजिए।
ऐ रमेश, यहा आओ।

(a) अधिकरण (b) कर्ता
(c) संबोधन (d) करण

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)
वनरक्षक परीक्षा 2015

उत्तर : (c) दिए गए वाक्य 'ऐ रमेश, यहाँ आओ।' में संबोधन कारक होगा।
संबोधन कारक - संज्ञा के जिस रूप से किसी को पुकारने या सावधान करने का बोध होता है, उसे 'सम्बोधन कारक' कहते हैं।

79. 'अरी गुलाबों! झाड़ू ठीक से लगा' में कौन-सा कारक है?

(a) कर्म कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) करण कारक (d) संबोधन कारक

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (d) 'अरी गुलाबों! झाड़ू ठीक से लगा' में संबोधन कारक है।

80. ''हे भाई! मुझे बचाओ।''- इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) संप्रदान कारक (b) संबोधन कारक
(c) अधिकरण कारक (d) अपादान कारक

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'हे भाई! मुझे बचाओ' इस वाक्य में संबोधन कारक है। कारक मुख्यतः 8 प्रकार के होते हैं। हिन्दी कारकों के विभक्तियों के चिह्न इस प्रकार हैं–

कारक	-	विभक्ति
कर्त्ता	-	ने
कर्म	-	को
करण	-	से/के द्वारा
सम्प्रदान	-	को, के लिए
अपादान	-	से (अलगाव)
संबंध	-	का, के, की, रा, रे, री
अधिकरण	-	में, पर
संबोधन	-	हे! अजी! अहो! इत्यादि।

81. ''भाइयों और बहनों ! नोट के लिए किसी को वोट मत दो।'' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) अधिकरण कारक (b) कर्म कारक
(c) संबंध कारक (d) संबोधन कारक

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) ''भाइयों और बहनों ! नोट के लिए किसी को वोट मत दो।'' वाक्य में संबोधन कारक है। ऐसे शब्द जिनके माध्यम से संज्ञा और सर्वनाम के रूप में किसी को बुलाने, पुकारने और बोलने का बोध कराया जाता है उन्हें 'सम्बोधन कारक' कहा जाता है।
उहाहरण- हे भगवान ! मेरे साथ ऐसा क्यों किया।

82. ''प्यारे दोस्तों! आप सब अवश्य आइए।'' - इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) संबंध कारक (b) अधिकरण कारक
(c) संबोधन कारक (d) अपादान कारक

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (c) ''प्यारे दोस्तों! आप सब अवश्य आइए' इस वाक्य में सम्बोधन कारक है। जिस संज्ञा पद से किसी को पुकारने, सावधान करने अथवा संबोधित करने का बोध हो उसे 'संबोधन कारक' कहते हैं। संबोधन प्रायः कर्त्ता का ही होता है। इसको पहचानने का चिह्न (!) है। शब्दों में हे, अरे!, अजी!, ओ! इत्यादि का प्रयोग होता है।

83. ''साथियों! हार्दिक स्वागत।'' - इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) संबोधन कारक (b) अपादान कारक
(c) संबंध कारक (d) अधिकरण कारक

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) ''साथियों! हार्दिक स्वागत।'' में संबोधन कारक है। ऐसे शब्द जिनके माध्यम से संज्ञा और सर्वनाम के रूप में किसी को बुलाने, पुकारने और बोलने का बोध कराया जाता है। उन्हें संबोधन कारक कहा जाता है। इसका चिह्न (!) है।

84. 'हे मेरे प्यारे देशवासियों! गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है।''- इस वाक्य में 'हे मेरे प्यारे देशवासियों!' में कौन-सा कारक है?

(a) अधिकरण कारक (b) संबंध कारक
(c) कर्म कारक (d) संबोधन कारक

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)
UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'हे मेरे प्यारे देशवासियों!' में संबोधन कारक है।
संबोधन कारक:- संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जिससे किसी को बुलाने, पुकारने या बोलने का बोध होता है, तो वह सम्बोधन कारक कहलाता है। सम्बोधन कारक में अरे! हे! अजी! आदि विभक्ति चिह्न का प्रयोग होता है। संबोधन कारक में विराम चिह्न के रूप में विस्मयादिबोधक (!) चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

85. ''हे राम! मेरी रक्षा करो।''– इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(a) अपादान कारक (b) संप्रदान कारक
(c) अधिकरण कारक (d) संबोधन कारक

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) हे राम! मेरी रक्षा करो। इस वाक्य में- 'संबोधन' कारक होगा।

86. निम्नलिखित वाक्य को पढ़िए तथा उसमें कारक के सही भेद को पहचानिए :
हे प्रभो! मेरी इच्छा पूर्ण करो।

(a) अधिकरण कारक (b) संबंध कारक
(c) संबोधन कारक (d) अपादान कारक

UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर: (c) 'हे प्रभो! मेरी इच्छा पूर्ण करो।' वाक्य में सम्बोधन कारक प्रयुक्त है। किसी को पुकारने या बुलाने के लिए इस कारक का प्रयोग करते हैं तथा सम्बोधन के शब्दों के साथ सम्बोधन चिह्न (विस्मय बोधक चिह्न-!) का प्रयोग करते हैं। इसके अतिरिक्त विस्मय बोधक चिह्न का प्रयोग खुशी, हर्ष, घृणा, दुख, करुणा आदि प्रकट करने के लिए भी किया जाता है।

9. अन्य

87. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कारक का उदाहरण नहीं है?

(a) सब ही भाग्य को रोते हैं।
(b) मैंने लाठी से सांप मारा।
(c) बच्चे गेंद से खेल रहे हैं।
(d) वह कलम से पत्र लिख रही थी।

SSC GD Constable 13-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (a) 'सब ही भाग्य को रोते हैं।' वाक्य कारक का उदाहरण नहीं है, जबकि दिए गए अन्य विकल्प कारक के उदाहरण हैं।

88. माता–पिता अपने बच्चों के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है?

(a) विशेषण (b) परसर्ग
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (b) दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द **'के लिए'** परसर्ग है। परसर्ग वे अक्षर होते हैं जो किसी धातु या मूल रूप के अंत में लगकर उसके अर्थ में कोई विशेषता लाते हैं। कारक को प्रकट करने वाले सहायक तत्वों या चिह्नों को परसर्ग कहते हैं, जैसे- को, ने, के लिए, में, पर इत्यादि, जबकि संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहे जाते हैं। जिन शब्दों से वस्तु, भाव और जीव विशेष के नाम का बोध होता है उसे संज्ञा कहते हैं तथा संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

89. ''दशरथ के पुत्र राम ने रावण को मारा'' इस वाक्य में कौन–सा पद कारक बनने की सबसे कम योग्यता रखता है?

(a) राम (b) रावण
(c) दशरथ (d) पुत्र

UP PGT 2000

उत्तर : (d) 'दशरथ के पुत्र राम ने रावण को मारा' इस वाक्य में पुत्र पद कारक बनने की सबसे कम योग्यता रखता है क्योंकि 'दशरथ के पुत्र' पद सम्बन्ध कारक (षष्ठी विभक्ति) 'रावण को' पद में कर्म कारक (द्वितीया विभक्ति) तथा 'राम ने' में कर्त्ता कारक प्रथमा विभक्ति होगी।

90. संज्ञाओं के साथ आने वाली विभक्तियों को क्या कहा जाता है?

(a) संश्लिष्ट (b) विश्लिष्ट
(c) श्लिष्ट (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP PGT 2005

उत्तर : (b) हिन्दी में दो तरह की विभक्तियाँ हैं - (i) विश्लिष्ट और (ii) संश्लिष्ट। संज्ञाओं के साथ आने वाली विभक्तियाँ विश्लिष्ट होती हैं अर्थात् पृथक रहती हैं। जैसे-श्याम ने, वृक्ष पर, लड़को को, लड़कियों के लिए आदि में विभक्ति वाची शब्द संज्ञा से अलग हैं।

@RexstarPdf

11.

शब्द भण्डार

(तत्सम, तद्भव, देशज एवं विदेशज शब्द वर्ण क्रमानुसार)

1. अर्दली

(a) अरबी (b) फारसी
(c) पुर्तगाली (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : अर्दली शब्द अंग्रेजी भाषा के शब्द 'आर्डरली' का विकृत रूप है। विकल्प में अंग्रेजी न होने के कारण उपर्युक्त विकल्पों में कोई भी सही नहीं है।

2. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद किए गए हैं। निम्नलिखित में से कौन सा भेद गलत है?

(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) यौगिक (d) विदेशी

UP SI 12.11.2021 (Shift-III)
DSSSB PGT 24.07.2018 (9 am-12 pm)
KVS PGT 2018, UP PGT - 2016
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) उत्पत्ति के आधार पर शब्द के चार भेद होते हैं–
1. तत्सम् 2. तद्भव
3. देशज 4. विदेशी
अतः यौगिक इसका भेद नहीं है बल्कि रचना के आधार पर शब्द का भेद है।

3. निम्नलिखित शब्द युग्मों में तत्सम-तद्भव का असंगत युग्म है:

(a) अंगूठा - अंगुष्ठ (b) कुष्ठ - कोढ़
(c) क्षण - छिन (d) काष्ठ - काठ

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) दिये गये शब्द युग्मों में असंगत तत्सम-तद्भव युग्म होगा- अंगूठा - अंगुष्ठ अन्य सभी विकल्प संगत हैं। इसमें अंगुष्ठ तत्सम एवं अंगूठा तद्भव होगा।

4. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है:

(a) आँसू (b) आँख
(c) असीस (d) अक्षर

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPPSC RO/ARO Re-Exam 2016
UP TGT 2010

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'अक्षर' तत्सम शब्द है जबकि अन्य सभी शब्द तद्भव हैं।

तत्सम		तद्भव
अक्षर	-	आखर/अच्छर
अश्रु	-	आँसू
अक्षि	-	आँख
आशीष	-	असीस

5. तत्सम शब्द 'अप्सरा' का छत्तीसगढ़ी तद्भव रूप है–

(a) अपसरा (b) आपसरा
(c) अपछरा (d) अवसरा

CGPSC (Pre) 2020

उत्तर : (c) : तत्सम शब्द 'अप्सरा' का छत्तीसगढ़ी तद्भव रूप 'अपछरा' होगा।

6. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।

(a) फीता (b) मजबूर (c) उम्मीद (d) डोंगा

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)
DSSSB PRT 25.03.2020 (Shift- I)

उत्तर : (d) : डोंगा देशज शब्द है जबकि अन्य विदेशी भाषा के शब्द हैं। जिन शब्दों के विषय में हमको ज्ञान नहीं होता कि वे किस भाषा से लिये गये हैं तथा सामान्य बोलचाल की भाषा में उनका प्रयोग होता है उन्हें देशज शब्द कहते हैं।
फीता – पुर्तगाली भाषा का शब्द है।
मजबूर – अरबी भाषा का शब्द है।
उम्मीद – फारसी भाषा का शब्द है।

7. इनमें से 'अपील' शब्द क्या है?

(a) देशज (b) विदेशज
(c) तद्भव (d) तत्सम

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : अपील शब्द 'विदेशज' है। यह 'अंग्रेजी' भाषा का शब्द है। अन्य शब्द कोर्ट, मजिस्ट्रेट, जज, पेपर, स्कूल, वोट, पेंशन, माचिस आदि अंग्रेजी भाषा के शब्द हैं।

8. 'अलमारी' किस भाषा का शब्द है?

(a) अरबी (b) पुर्तगाली
(c) फ्रेंच (d) फारसी

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
व्यायाम प्रशिक्षक 16.09.2018 द्वितीय पाली
नायब तहसीलदार परीक्षा, 1992

उत्तर : (b): 'अलमारी' पुर्तगाली भाषा का शब्द है। तम्बाकू, बाल्टी, साबुन, कमीज, पादरी, तिजोरी आदि शब्द पुर्तगाली भाषा के शब्द हैं।
अरबी भाषा के शब्द – किताब, गरीब, फ़कीर, मीनार, अदालत, कलम, ऐनक आदि।
फ्रेंच भाषा के शब्द – कूपन, कारतूस, रिपोर्ताज आदि।
फारसी भाषा के शब्द – आराम, अदा, गवाह, खुश आदि।

9. आर्द्रक का तद्भव क्या है?

(a) अदरख (b) आर्द्र
(c) अदरक (d) अद्रख

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
UPSSSC Computer Operator 10.01.2020

@RexstarPdf

उत्तर: (c) तत्सम	तद्भव
आर्द्रक	अदरक
अग्नि	आग
रात्रि	रात
ज्येष्ठ	जेठ
क्षार	खार
अक्षि	आँख

10. इनमें से 'अँगरखा' शब्द क्या है?

(a) तत्सम (b) देशज
(c) विदेशज (d) तद्भव

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्प में 'अँगरखा' शब्द तद्भव है जिसका तत्सम शब्द अंगरक्षक है।

11. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) आठ (b) आम
(c) आधा (d) अग्नि

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : तत्सम	तद्भव
अष्ट	आठ
आम्र	आम
अर्द्ध	आधा
अग्नि	आग

12. इनमें से कौन-सा शब्द 'एकल' का तद्भव शब्द है?

(a) अकल (b) अकिल
(c) अकेला (d) कोई नहीं

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.) 2014

उत्तर : (c) : तत्सम	–	तद्भव
एकल	–	अकेला
आम्र	–	आम
अग्नि	–	आग
चूर्ण	–	चूरन
ताम्र	–	ताँबा

13. 'अज्ञान' शब्द का 'तद्भव' रूप कौन-सा होगा?

(a) अजाना (b) अजान
(c) अंजान (d) अजाँना

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) : 'अज्ञान' का तद्भव रूप 'अजान' होता है।

तत्सम		तद्भव
अज्ञान	-	अजान
अग्नि	-	आग
धैर्य	-	धीरज
श्रावण	-	सावन
क्षार	-	खार

14. इनमें से कौन-सा तत्सम शब्द है?

(a) आक (b) आँत
(c) अंक (d) अंजली

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : तत्सम	तद्भव
अर्क	आक
आंत्र	आँत
अंक	आँक
अंजलि/अन्जलि	अंजली

15. 'अनाड़ी' का तत्सम रूप कौन-सा होगा?

(a) अनार्य (b) अन्यत
(c) अट्टालिका (d) अन्यत्र

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'अनाड़ी' का तत्सम रूप 'अनार्य' होगा। शेष सभी विकल्प असंगत हैं। 'अट्टालिका' और 'अन्यत्र' के तद्भव रूप क्रमशः 'अटारी' और 'अनत' होंगे।

16. अँगोछा किसका तद्भव शब्द है?

(a) अंगप्रौंछा (b) अंगरखा
(c) अंत्र (d) अग्रहायन

[UPSI 24.07.2017 Shift I]
UP SI 20.07.2017 Shift II

उत्तर. (a) : अँगोछा एक तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द अंगप्रौंछा होता है।

17. एक तद्भव शब्द है

(a) अटल (b) आतुर
(c) अतिथि (d) अजिर

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (a) : आतुर, अतिथि और अजिर तत्सम शब्द हैं जबकि 'अटल' तद्भव शब्द है।

18. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है–

(a) अचरज (b) अंधकार
(c) अंगरक्षक (d) आशा

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (a) अचरज तद्भव शब्द है।

तत्सम	तद्भव
आश्चर्य	अचरज
अंधकार	अंधेरा
अंगरक्षक	अँगरखा
आशा	आस

19. निम्नलिखित में से कौन-सा तद्भव शब्द है?

(a) इष्टिका (b) कुपुत्र
(c) अमिय (d) उलूक

लोअर-II भर्ती परीक्षा 15-07-2018
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) अमिय तद्भव शब्द है। इष्टिका, कुपुत्र, उलूक तत्सम शब्द हैं। अमिय का तत्सम 'अमृत' होता है जबकि बाकी तीन के तद्भव क्रमशः ईंट, कपूत और उल्लू होता है।

20. 'अकार्य' शब्द का तद्भव रूप है

(a) अकाम (b) अकाज
(c) अकारथ (d) इनमें से कोई नहीं

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर. (b) 'अकार्य' शब्द का तद्भव रूप है – अकाज।

@RexstarPdf

21. अन्ध का तद्भव क्या होगा?

(a) अन्धा (b) ओत्र
(c) अध (d) आम्र

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'अन्ध' का तद्भव 'अन्धा' होता है।

22. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का तद्भव रूप है।
अट्टालिका

(a) अटारी (b) कमरा
(c) हँसी (d) कमरा

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]
[UPRO (Mains), 2014]
UP S.D.I. Exam. 2008

उत्तर : (a) 'अट्टालिका' का तद्भव शब्द अटारी, हास्य का तद्भव हँसी है। शेष विकल्प असंगत हैं।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) दाँत (b) अधर
(c) आँख (d) कान

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'अधर' शब्द तद्भव नहीं है बल्कि यह तत्सम् शब्द है। अन्य तद्भव – तत्सम इस प्रकार हैं –

तद्भव	तत्सम
दाँत	दन्त
आँख	अक्षि
कान	कर्ण

24. निम्नलिखित में से अर्द्ध तत्सम शब्द को पहचानिए:

(a) दैव (b) पंख
(c) अच्छर (d) बच्चा

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (c) अर्द्ध तत्सम शब्द 'अच्छर' है जिसका तत्सम 'अक्षर' होता है।

25. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) आज (b) आँख
(c) अग्र (d) आग

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में से तत्सम 'अग्र' है जबकि आज, आँख, आग तद्भव शब्द हैं।

26. 'अखरोट' शब्द का तत्सम रूप है

(a) अक्षवाट (b) अक्षोट
(c) अक्षरोट (d) अषरोट

UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019s
UP RO (Pre), 2010

उत्तर. (b) अखरोट शब्द का तत्सम रूप है – अक्षोट।

27. 'अंगीठी' का तत्सम है

(a) अग्निका (b) अंनिष्ठिका
(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी

UP RO (Main) 2010
UP RO (Pre) 2010

उत्तर. (c) 'अंगीठी' का तत्सम रूप अग्निष्ठिका है; न कि अग्निका, अग्निष्ठिकी एवं अंनिष्ठिका।

28. दिए गए शब्दों में एक शब्द तत्सम है, उसे चिह्नित कीजिए।

(a) पोथी (b) पानी
(c) घर (d) अन्न

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : 'अन्न' तत्सम शब्द है इसका तद्भव 'अनाज' होगा। अन्य तद्भव- तत्सम शब्द इस प्रकार हैं-

तद्भव	तत्सम
पोथी	पुस्तक
पानी	पानीय
घर	गृह

29. 'अगहन' का तत्सम रूप कौन–सा है?

(a) अग्रहायण (b) अगहण
(c) आग्रहण (d) अग्रासन

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'अगहन' का तत्सम रूप 'अग्रहायण' है। अगहन हिन्दू पंचांग का एक महीना है। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना परिवर्तन के हिन्दी में ले लिया गया है, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

30. संस्कृत से हिंदी में प्रयुक्त मूल शब्द से वर्तमान स्थायी तद्भव रूप तक पहुँचने के मध्य में, संस्कृत के अशुद्ध या टूटे-फूटे स्वरूप में प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(a) तत्सम (b) विदेशी
(c) देशज (d) अर्द्ध तत्सम

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (d) संस्कृत से हिंदी में प्रयुक्त मूल शब्द से वर्तमान स्थायी तद्भव रूप तक पहुँचने के मध्य में संस्कृत के अशुद्ध या टूटे-फूटे स्वरूप में प्रयुक्त होने वाले शब्द 'अर्द्ध तत्सम' शब्द कहलाते हैं।

31. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) माँ (b) मछली
(c) केला (d) अमूल्य

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'अमूल्य' तत्सम शब्द है। सभी विकल्प के तद्भव-तत्सम रूप निम्नवत हैं-

तद्भव	तत्सम
अमोल	अमूल्य
केला	कदली
मछली	मत्स्य
माँ	माता

32. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) तीखा (b) आदमी
(c) जीभ (d) ढीठ

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'आदमी' शब्द तद्भव शब्द नहीं है। अपितु फारसी भाषा का शब्द है। शेष विकल्पों में दिये गये शब्द तीखा, जीभ, ढीठ तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम शब्द क्रमशः तीक्ष्ण, जिह्वा एवं धृष्ठ हैं।

33. कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) आसरा (b) अट्टालिका
(c) कृपा (d) चक्र

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

@RexstarPdf

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'आसरा' एक तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'आश्रय' होता है; जबकि अट्टालिका, कृपा, चक्र तत्सम शब्द हैं। 'अट्टालिका' का तद्भव 'अटारी' तथा 'चक्र' का तद्भव 'चाक', कृपा का तद्भव 'किरपा' होता है।

34. 'अष्ट' का तद्भव रूप है –

(a) अष्ट (b) अस्सी
(c) अठारह (d) आठ

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) 'अष्ट' का तद्भव रूप 'आठ' है, जबकि अशीति का तद्भव 'अस्सी' तथा अष्टादश का तद्भव 'अट्ठारह' होता है।

35. 'अक्षि' का तद्भव शब्द है –

(a) अक्षर (b) अच्छा
(c) आँख (d) आकार

UDA/LDA परीक्षा, 2015
UPRO (Pre.) 2010

उत्तर. (c) 'अक्षि' का तद्भव शब्द आँख होता है।

36. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए?

(a) आलस (b) कुष्ठ
(c) अंधकार (d) उल्लास

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) दिये गये शब्दों में 'आलस' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम आलस्य होता है।

तत्सम	तद्भव
आलस्य	आलस
कुष्ठ	कोढ़
अन्धकार	अँधेरा
उल्लास	हुलास

37. 'तद्भव' शब्द निर्दिष्ट कीजिए –

(a) आधा (b) कूप
(c) विद्या (d) व्योम

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
(UPPSE AE 2008)
(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर. (a) दिये गये विकल्पों में 'कूप', 'विद्या' और 'व्योम' तीनों विकल्प तत्सम् शब्द के हैं, 'आधा' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम रूप 'अर्द्ध' है।

38. इनमें से कौन-सा तद्भव शब्द है?

(a) अंधकार (b) आक
(c) आषाढ़ (d) अश्रु

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'आक' शब्द तद्भव है जिसका तत्सम शब्द 'अर्क' है।

तद्भव		तत्सम
आक	–	अर्क
अंधेरा	–	अंधकार
असाढ़	–	आषाढ़
आँसू	–	अश्रु

39. 'आवाँ' का तत्सम रूप होगा–

(a) आग (b) अग्नि
(c) आव (d) आपाक

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) 'आवाँ' का तत्सम रूप 'आपाक' होगा। दिए गये शब्दों में 'अग्नि' आग का तत्सम रूप है।

40. आदर्शिका का तद्भव शब्द है

(a) आँच (b) आरसी (c) आदर्श (d) अदरक

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर : (b) :

तद्भव		तत्सम
आँच	-	अर्चि
आरसी	-	आदर्शिका, आदर्श
अदरक	-	आर्द्रक

41. 'आम' का तत्सम शब्द है

(a) अंबु (b) आंबु
(c) आम्र (d) आंब्र

UPLA RO/ARO 22.11.2020
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : 'आम' का तत्सम शब्द '**आम्र**' होता है। 'तत्सम' (तत् + सम) शब्द का अर्थ है। 'उसके समान' अर्थात संस्कृत के वे शब्द जो ज्यों के त्यों हिन्दी में प्रयुक्त किये जाते हैं; तत्सम शब्द कहलाते हैं।
तद्भव-'तदभव' (तत् + भव) शब्द का अर्थ है- उससे होना अर्थात संस्कृत से समान अतः संस्कृत के परिवर्तित शब्द जो हिन्दी में प्रयुक्त किये जाते है, तद्भव शब्द कहलाते हैं।

42. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है–

(a) आस (b) आँख
(c) कान (d) आमलक

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (d) : 'आँवला' का तत्सम आमलक होता है। आँख का अक्षि, कान का कर्ण, आस का आशा तत्सम रूप है।

43. इनमें से तत्सम - तद्भव का एक शब्द युग्म अशुद्ध है, वह है–

(a) इच्छिका - छाछ (b) ईख - इक्खु
(c) उद्वर्तन - उबटन (d) गोमय - गोबर

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (a&b) : 'छाछ' का तत्सम 'तक्र' होता है न कि 'इच्छिका' तथा 'ईख' का तत्सम 'इक्षु' होता है न कि इक्खु। अतः दोनों ही विकल्प अशुद्ध हैं।

44. इनमें से कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) आश्चर्य (b) इलायची
(c) उल्लास (d) अग्नि

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) :

तद्भव	तत्सम
इलायची	एला
हुलास	उल्लास
अचरज	आश्चर्य
आग	अग्नि

45. इनमें से 'ईमानदार' शब्द क्या है?

(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) विदेशज (d) देशज

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) ईमानदार शब्द 'विदेशज' है। हिन्दी भाषा में विदेशी भाषाओं से लिए गए शब्द या प्रयोग किये जाने वाले शब्द विदेशज शब्द कहलाते हैं। ये अरबी, तुर्की, फारसी, पुर्तगाली, अंग्रेजी भाषा के शब्द हैं। ईमानदार 'अरबी' भाषा का शब्द है।

46. 'ईक्षु' का तद्भव रूप है-

(a) गन्ना (b) ईक्ख
(c) ईख (d) इक्क्षु

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]
UPSI-Exam, 2018
जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर. (c) 'ईक्षु' का तद्भव रूप ईख है। अन्य सभी विकल्प तद्भव रूप के दृष्टि से तर्क संगत नहीं हैं।

47. निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द है–

(a) ईंट (b) राजा
(c) पृथ्वी (d) नवीन

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (a) : ईंट का तत्सम – इष्टिका होता है।

48. 'उर्दू' शब्द किस भाषा से लिया गया है?

(a) अपभ्रंश (b) तुर्की
(c) फारसी (d) अरबी

UP PGT- 2021
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'उर्दू' शब्द तुर्की भाषा से लिया गया है। वे विदेशी शब्द जो हिंदी में आम बोल-चाल की भाषा में प्रयोग किये जाते हैं, उन्हें विदेशज या आगत शब्द कहते हैं। तुर्की भाषा के कुछ महत्वपूर्ण शब्द इस प्रकार हैं- कालीन, कैंची, कुली, कुर्की, चेचक, चमचा, तमगा, तोप, लफंगा, बेगम, बहादुर, लाश, सौगात, सुराग आदि।

49. 'अंगुलि' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) अंगुल (b) गुलमिल
(c) अँजली (d) उँगली

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : अंगुली का तद्भव रूप उँगली है।

• संस्कृत के मूल शब्दों में समय के साथ कुछ परिवर्तन आ गया है, ऐसे शब्दों को तद्भव शब्द कहते हैं, **जैसे**- सूरज, बारिश, धरती आदि।

50. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) खेत (b) उद्गम
(c) दरसन (d) कोर्ट

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : निम्न में 'उद्गम' तत्सम शब्द है।

तत्सम	-	तद्भव
क्षेत्र	-	खेत
दर्शन	-	दरसन
पर्यंक	-	पलंग
उद्गम	-	उगना

51. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) उल्लास (b) उच्छवास
(c) निःश्वास (d) उजास

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : 'उजास' शब्द तद्भव है। इसका तत्सम 'उज्ज्वल' होता है। अन्य तद्भव – तत्सम इस प्रकार हैं –

तद्भव	तत्सम
हुलास	उल्लास
उसास	उच्छ्वास

52. 'हुलास' शब्द का तत्सम रूप है –

(a) हिलास (b) विलास
(c) हास्य (d) उल्लास

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर. (d) 'हुलास' का तत्सम रूप है – उल्लास। हँसी का तत्सम हास्य होता है।

53. उछाह का तत्सम बताइये?

(a) उत्साह (b) उगाह
(c) उल्लास (d) उज्जड़

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'उछाह' का तत्सम 'उत्साह' होता है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) उर्वर (b) कोंकण (c) उलझन (d) कोण

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : 'उलझन' तत्सम शब्द नहीं है। जबकि उर्वर, कोंकण, कोण तत्सम शब्द हैं।

55. निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम नहीं है?

(a) गायक (b) नायक (c) शावक (d) उपखान

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : 'उपखान' तत्सम शब्द नहीं है। जबकि गायक का तद्भव गवैया तथा शेष शब्द तत्सम हैं।

56. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से कौन युग्म त्रुटिपूर्ण है?

(a) घृत - घी (b) उट्र - ऊँट
(c) त्वरित - तुरत (d) तिक्त - तीता

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर. (b) निर्दिष्ट शब्द युग्म में सही जोड़े हैं – घृत-घी, त्वरित-तुरत, तिक्त-तीता। उट्र - ऊँट अशुद्ध शब्द है, इसका शुद्ध रूप होगा – उष्ट्र - ऊँट।

57. 'ऊन' का तत्सम रूप है

(a) ऊन्य (b) ऊर्ण्य
(c) ऊरण (d) ऊर्ण

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (d) 'ऊन' एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'ऊर्ण' होता है।

58. 'ग्यारह' का तत्सम रूप है –

(a) एकम (b) प्रतिपदा
(c) एकादश (d) ग्यारस

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) 'ग्यारह' का तत्सम रूप 'एकादश' होता है।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) तीक्ष्ण (b) ओखली
(c) नासिक (d) पुत्र

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में तद्भव शब्द 'ओखली' है। शेष तत्सम-तद्भव के विवरण इस प्रकार हैं–

तत्सम	-	तद्भव
तीक्ष्ण	-	तीखा
उलूखन	-	ओखली
नासिक	-	नाक
पुत्र	-	पूत

60. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है–

(a) उछाह (b) उजला
(c) उल्लू (d) ओष्ठ

UP S.D.I. Exam 2008
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d): 'ओष्ठ' तत्सम शब्द है। अन्य शब्दों के तद्भव–तत्सम रूप हैं –

तद्भव		तत्सम
ओठ	–	ओष्ठ
उछाह	–	उत्साह
उजला	–	उज्ज्वल
उल्लू	–	उलूक

61. इनमें से 'किताब' शब्द क्या है?

(a) तत्सम (b) विदेशज
(c) देशज (d) तद्भव

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPLA RO/ARO 22.11.2020

उत्तर : (b) 'किताब' शब्द विदेशज शब्द है। विदेशी भाषा के वे शब्द जो हिन्दी भाषा में प्रयोग किये जाते हैं उन्हें विदेशी शब्द कहते हैं। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी, पुर्तगाली इत्यादि हैं। किताब 'अरबी' भाषा का शब्द है।

62. एक युग्म अशुद्ध है-

(a) धूमधड़ाका - अनुकरणवाचक शब्द
(b) जूता - देशज शब्द
(c) औरत - हिन्दी शब्द
(d) रेल - अंग्रेजी शब्द

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : औरत-हिन्दी शब्द युग्म अशुद्ध है क्योंकि औरत एक विदेशी (अरबी) शब्द है। औरत का हिन्दी शब्द स्त्री है। शेष शब्द युग्म शुद्ध हैं।

63. काक

(a) फिसफिस (b) काग
(c) पिशुन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : काक का तद्भव काग, पिशुन दोनों होता है। काक का अन्य पर्यायवाची शब्द कौआ, वायस, करठ आदि है।

64. काष्ठ

(a) काँटा (b) काठ
(c) लकड़ी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'काष्ठ' शब्द का तद्भव काठ तथा लकड़ी दोनों होंगे अतः संगत उत्तर एक से अधिक होगा।

65. तत्सम तद्भव का असंगत युग्म है।

(a) स्वर्ण - सोना (b) जिह्वा - जीभ
(c) कोयल - कोकिल (d) क्षार - खार

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UPSI 21.07.2017 (Shift-II)
UP RO (Mains) 2014

उत्तर : (c) : 'कोयल-कोकिला' तत्सम-तद्भव का असंगत युग्म है। दिये गये युग्मों का संगत युग्म निम्न हैं-

तत्सम	-	तद्भव
कोकिल	-	कोयल
स्वर्ण	-	सोना
जिह्वा	-	जीभ
क्षार	-	खार

66. 'कर्पट' का तद्भव रूप है -

(a) कपट (b) कारपेट
(c) कपूर (d) कपड़ा

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
UP RO (Pre.) 2014
UPUDA (Mains) 2010
UP S.D.I. Exam 2008

उत्तर : (d) : 'कर्पट' का तद्भव रूप 'कपड़ा' है।

शब्द – ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्ण समुदाय शब्द कहलाते हैं। उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द चार प्रकार के होते हैं- (1) तत्सम, (2) तद्भव, (3) देशज, (4) विदेशी

तत्सम शब्द – किसी भाषा के वे मूल शब्द जो संस्कृत से होते हुए ज्यों के त्यों हिन्दी में आए हैं तत्सम शब्द कहलाते हैं।
जैसे- कर्पट, आम्र, पुष्प, मयूर, चत्वारि, खर्पर आदि।

67. इनमें से तत्सम - तद्भव का शुद्ध युग्म है–

(a) श्रेष्ठ - सेठ (b) अरहट्ट - रहट
(c) कंकती - कंघी (d) मिष्ठ - मीठा

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (c) : 'कंकती - कंघी', तत्सम - तद्भव का शुद्ध युग्म है। जबकि अन्य तत्सम - तद्भव के शुद्ध युग्म निम्न हैं–

तत्सम	तद्भव
श्रेष्ठी	सेठ
अरघट्ट	रहट
मिष्ट	मीठा

68. निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम शब्द है?

(a) कंगन (b) कचहरी
(c) कुक्कुर (d) कछुआ

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSSSC VDO 22/12/2018 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिए गए प्रश्न में विकल्प के अनुसार तत्सम शब्द 'कुक्कुर' होगा। शेष शब्दों का तत्सम निम्न होगा–

@RexstarPdf

तद्भव	–	तत्सम
कंगन	–	कंकण
कचहरी	–	कृत्यगृह
कछुआ	–	कच्छप

69. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन सा है?

(a) कृपा (b) झरना
(c) मकड़ी (d) कटहल

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'कृपा' तत्सम शब्द है इसका तद्भव 'किरपा' होगा।

तद्भव	तत्सम
झरना	निर्झर
मकड़ी	मर्कटी
कटहल	कंटफल

70. इनमें से कौन-सा तद्भव है ?

(a) कंधा (b) मत्स्य
(c) दन्त (d) मृत्यु

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPPSC AE 2013

उत्तर : (a) :

तत्सम	तद्भव
स्कंध	कंधा
मत्स्य	मछली
दन्त	दाँत
मृत्यु	मौत

71. 'कर्तरी' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) कैंची (b) कचहरी
(c) कर्ता (d) कर्तब

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) :

तत्सम	तद्भव
कर्तरी	कैंची
कृत्यग्रह	कचहरी
कर्पूर	कपूर
कर्तव्य	करतब
कर्म	काम

72. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) कचहरी (b) कमल
(c) कंगन (d) कछुआ

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPPSC AE 2012

उत्तर : (b) :

तत्सम		तद्भव
कृत्यगृह	–	कचहरी
कमल	–	कँवल
कंकण	–	कंगन
कच्छप	–	कछुआ

73. 'कुक्षि' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) कोख (b) अक्षि
(c) आँत (d) कक्ष

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
CTET (VI-VIII) 08.01.2020

उत्तर : (a) :

तत्सम		तद्भव
कुक्षि	-	कोख
आंत्र	-	आँत
अक्षि	-	आँख
पक्षी	-	पंछी

74. 'किवाड़' शब्द इनमें से क्या है?

(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

तत्सम		तद्भव
कपाट	-	किवाड़
कर्पूर	-	कपूर
कोटि	-	करोड़
किरण	-	किरन
गोधूम	-	गेहूँ

75. निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम शब्द है?

(a) स्थायी (b) केवड़ा
(c) केतकी (d) करेला

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'केतकी' तत्सम शब्द है। जबकि अन्य शब्द तद्भव हैं। 'केवड़ा' तथा 'करेला' का तत्सम क्रमशः 'केविका' तथा 'कारुवेल्ल' होता है।

76. निम्न में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) स्त्री (b) भोजन
(c) कमरा (d) भाष

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : कमरा शब्द तत्सम नहीं है।

तत्सम		तद्भव
सपत्नी	–	सौत
सर्प	–	साँप
स्वर्ण	–	सोना
भिक्षा	–	भीख

कमरा शब्द पुर्तगाली भाषा का शब्द है।

77. 'कान' शब्द का तत्सम रूप कौन-सा है?

(a) करण (b) कर्ण
(c) कर्णम् (d) कर्न

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC Lower-II Re-Exam 2016
KVS PGT Hindi 2017

उत्तर : (b) : 'कान' तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'कर्ण' होगा। शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

78. हिन्दी भाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द फ्रेंच भाषा से लिया गया है?

(a) गार्ड (b) सूटकेस
(c) कारतूस (d) अलमारी

UPPCL ARO, 2018

@RexstarPdf

उत्तर : (c) हिन्दी भाषा में फ्रेंच भाषा से लिया गया शब्द– 'कारतूस' है। फ्रेंच भाषा से लिये गये अन्य प्रचलित शब्द–कर्फ्यू, कूपन, अंग्रेज, लाम, फ्रांस, फ्रांसीसी आदि हैं।

79. निम्नलिखित शब्दों में से एक शब्द विदेशी भाषा का है-

(a) प्रतिबिम्ब (b) कुसुम
(c) हाथी (d) कबूतर

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'कबूतर' फारसी भाषा का शब्द है जबकि 'हाथी' हिन्दी भाषा का शब्द है तथा प्रतिबिम्ब और कुसुम संस्कृत भाषा का शब्द है।

80. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द हिन्दी में विदेशी स्त्रोतों से आया है?

(a) कालीन (b) किवाड़
(c) अँगोछा (d) कंगन

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : 'कालीन' शब्द का आगमन विदेशी स्त्रोतों से हुआ है। यह तुर्की भाषा का शब्द है। अन्य शब्द तद्भव हैं जिनके तत्सम इस प्रकार हैं-

तद्भव	तत्सम
किवाड़	कपाट
अँगोछा	अंगप्रौछा
कंगन	कंकण

81. निम्न में कौन सा शब्द देशज है?

(a) गोबर (b) घोड़ा
(c) हल्दी (d) कटोरा

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) निम्नलिखित शब्दों में 'कटोरा' 'देशज' शब्द है। अन्य देशज शब्द– तेन्दुआ, चिड़िया, खखरा, ठेठ, ठुमरी, चसक आदि हैं, जबकि गोबर, घोड़ा और हल्दी तद्भव शब्द हैं।

82. 'कैवर्त्त' शब्द का तद्भव रूप है –

(a) मल्लाह (b) केवट
(c) नाविक (d) केवल

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर. (b) 'कैवर्त्त' शब्द का तद्भव रूप है - केवट

83. निम्न में कौन सा शब्द तद्भव है?

(a) वत्स (b) रात्रि
(c) काज (d) वायु

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017
जूनियर इंजीनियर परीक्षा-2015

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में काज तद्भव शब्द है। अन्य तद्भव–तत्सम का विवरण है–

तद्भव	तत्सम
काज	कार्य
बेटा/बछड़ा	वत्स
रात	रात्रि
हवा	वायु

84. निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द छाँटिए–

(a) कपूर (b) पक्ष
(c) मयूर (d) मानसिक

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)
UP RO (Mains) 2014

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'कपूर' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम शब्द 'कर्पूर' होगा; जबकि पक्ष, मयूर तथा मानसिक तत्सम शब्द हैं।

85. तद्भव शब्द है?

(a) शकट (b) घात
(c) काँच (d) गोपाल

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) विकल्प में काँच तद्भव शब्द है इसका तत्सम शब्द 'काच' है, अन्य शब्द तत्सम हैं।

86. इनमें से एक शब्द तद्भव है :

(a) दिन (b) अंधकार
(c) स्कन्ध (d) कपास

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर. (d) दिये गये विकल्पों में कपास शब्द तद्भव है। इसका तत्सम रूप कर्पास होगा, जबकि अन्य सभी तत्सम शब्द हैं।

87. निम्नलिखित शब्दों में एक तत्सम शब्द है, उसे चयनित कीजिए–

(a) कुपुत्र (b) औतार
(c) गुफा (d) घड़ा

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर. (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'कुपुत्र' तत्सम शब्द है। शेष सभी विकल्प तद्भव रूप हैं।

88. निम्न में से कौन सा 'काटना' का तत्सम है?

(a) कटन (b) कटित
(c) कर्तन (d) कट्टित

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) 'काटना' का तत्सम रूप 'कर्तन' होता है। तत्सम संस्कृत के शुद्ध शब्दों को कहते हैं।

89. तत्सम शब्द वाला विकल्प चुनिए -

(a) कान्ह (b) कन्हैया
(c) किशन (d) कृष्ण

UP PGT- 2021
DSSSB PGT 23.07.2018
मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) उक्त चारों विकल्पों में 'कृष्ण' तत्सम शब्द है। अन्य शब्द-कान्ह, कन्हैया, और किशन तद्भव शब्द हैं।

90. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द को पहचानिए:

(a) कारण (b) लोहा
(c) बन्दर (d) दूध

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से 'कारण' तत्सम शब्द है।

तद्भव		तत्सम
कारन	-	कारण
लोहा	-	लौह
बन्दर	-	वानर
दूध	-	दुग्ध

91. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) कपाट (b) कीटक
(c) कूची (d) कुम्भकार

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में से 'कूची' शब्द तत्सम नहीं है, जिसका तत्सम रूप 'कूर्चिका' है।

तत्सम		तद्भव
कपाट	–	किवाड़
कीटक	–	कीड़ा
कूर्चिका	–	कूची
कुम्भकार	–	कुम्हार

92. 'तत्सम' शब्द है –

(a) क्लिष्ठ (b) कठोर
(c) कठिन (d) मजबूत

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर. (a) दिये गये विकल्पों में 'क्लिष्ठ' तत्सम शब्द है। वैसे इसका शुद्ध रूप क्लिष्ट होता है। अतः विकल्प (a) सही है। अन्य तीनों विकल्प कठोर, कठिन और मजबूत तद्भव शब्द हैं।

93. ''किंचित'' तत्सम शब्द का तद्भव शब्द बताइए।

(a) परन्तु (b) लेकिन
(c) कुछ (d) थोड़ा

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (c) 'किंचित' तत्सम शब्द का तद्भव 'कुछ' होता है। 'थोड़ा' तद्भव है, इसका तत्सम शब्द 'स्तोक' है।

94. निम्नांकित में तत्सम शब्द है?

(a) अचरज (b) कुमारकः
(c) ईख (d) निठुर

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'कुमारकः' तत्सम शब्द है। अन्य तत्सम व तद्भव इस प्रकार हैं-

तद्भव		तत्सम
अचरज	–	आश्चर्य
कुँवार	–	कुमारकः
ईख	–	इक्षु
निठुर	–	निष्ठुर

95. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) किशन (b) कटि
(c) कर्क (d) कृशकाय

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'किशन' तत्सम शब्द नहीं है। यह तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'कृष्ण' होता है। अन्य तद्भव – तत्सम इस प्रकार है-

तद्भव	तत्सम
किशन	कृष्ण
कमर	कटि
केकड़ा	कर्कट

96. 'कपित्थ' का तद्भव शब्द है–

(a) कपूर (b) कैथा
(c) केला (d) खजूर

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : 'कपित्थ' का तद्भव 'कैथा' है। अन्य शब्दों के तत्सम हैं– कपूर– कर्पूर, केला– कदली, खजूर–खूर्जर।

97. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।

(a) अलमारी (b) आवाज़
(c) खिड़की (d) मशहूर

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)
DSSSB PRT 10.11.2018(Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त विकल्पों में 'खिड़की' देशज शब्द है।
देशज– वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता नहीं होता परन्तु वे क्षेत्रीय बोलियों में प्रचलन में रहते हैं देशज शब्द होते है। जैसे- लोटा, कटोरा, पगड़ी, कलाई आदि।
अलमारी – पुर्तगाली भाषा का शब्द है।
आवाज – फारसी भाषा का शब्द है।
मशहूर – अरबी भाषा का शब्द है।

98. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।

(a) सराय (b) आमदनी
(c) खचाखच (d) खराब

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : देशज शब्द–वे शब्द जिनके उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों तथा जिसका प्रयोग स्थानीय भाषा के रूप में किया जाता है देशज शब्द कहलाता है। जैसे– खचाखच, खिचड़ी, खिड़की, डिबिया आदि।
जबकि सराय तथा आमदनी फारसी भाषा के शब्द हैं तथा खराब अरबी भाषा का शब्द है।

99. इनमें से कौन-सा शब्द विदेशी है?

(a) तालाब (b) खुद
(c) पेड़ (d) खण्ड

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : दिया गया शब्द 'खुद' विदेशी शब्द है। 'खुद' शब्द 'फारसी' भाषा का है। शेष विकल्पों में दिए गए शब्द तालाब, पेड़ एवं खण्ड हिंदी के शब्द हैं। तालाब एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'तड़ाग' होता है। पेड़ शब्द का तत्सम 'वृक्ष' होता है।

100. तत्सम शब्द का उदाहरण है :

(a) क्षीर (b) खीर
(c) गोबर (d) काम

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)
UPLA RO/ARO 22.11.2020
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'क्षीर' तत्सम शब्द का उदाहरण है। इसका तद्भव शब्द 'खीर' होगा। जबकि गोबर, काम तथा खीर तद्भव शब्द हैं। इसका तत्सम क्रमशः गोमय, कर्म तथा क्षीर होगा।

101. 'क्षत्रिय' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) छत्री (b) कत्री
(c) खत्री (d) छात्र

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'क्षत्रिय' शब्द तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'खत्री है।

102. 'खिचड़ी' किस प्रकार का शब्द है?

(a) देशज (b) तत्सम
(c) विदेशज (d) तद्भव

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : खिचड़ी 'देशज' शब्द है। देशज शब्द ऐसे शब्द हैं, जिनकी उत्पत्ति का कोई पता नहीं है। ये शब्द स्थानीय लोगों द्वारा आवश्यकतानुसार समय–समय पर गढ़ लिये गये हैं।

@RexstarPdf

103. खग का तद्भव होगा–

(a) विहग (b) द्विज
(c) खगी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : प्रश्नगत विकल्पों में विहग एवं द्विज दोनों तत्सम शब्द हैं जबकि प्रश्न में खग का तद्भव शब्द पूछा गया है। अतः यह उत्तर उपर्युक्त में से कोई नहीं होगा। खग का तद्भव शब्द पक्षी होगा।

104. तद्भव शब्द का उदाहरण है:

(a) दंत (b) ग्रामीण
(c) खंभा (d) गृहिणी

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'खंभा' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'स्तम्भ' होगा। शेष विकल्पों के तद्भव-तत्सम निम्न हैं।

तद्भव	तत्सम
दाँत	दंत
ग्रामीण	गंवार
ग्रहणी	घरनी

105. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) क्षुर (b) क्षेत्र (c) वानर (d) खार

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper
UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर : (d) :

तद्भव		तत्सम
खार	–	क्षार
बन्दर	–	वानर
खुर	–	क्षुर
खेत	–	क्षेत्र

106. सूची-I में चार शब्द एवं सूची-II में संबंधित शब्द-भंडार के प्रकार दिए गए हैं। सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I	सूची-II
(a) खाट	**(i) तत्सम शब्द**
(b) कमीज	**(ii) तद्भव शब्द**
(c) गाँव	**(iii) देशज शब्द**
(d) जनपद	**(iv) विदेशज शब्द**

कूट:

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(c)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(d)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

CGPSC (Pre) 2021
UPNT Exam, 2008

उत्तर : (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

शब्द	शब्द प्रकार
खाट	देशज शब्द
कमीज	विदेशज शब्द
गाँव	तद्भव शब्द
जनपद	तत्सम शब्द

107. कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) खर्पर (b) खजूर
(c) रुक्ष (d) पल्लव

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPPSC AE 2013

उत्तर : (b) : दिए गए विकल्पों में 'खजूर' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम शब्द 'खर्जूर' होता है। अन्य शब्द तत्सम है। खर्पर, रुक्ष तथा पल्लव शब्दों के तद्भव शब्द क्रमशः खपरा, रूखा तथा पल्ला होता है।

108.खेत का सही तत्सम शब्द चुनिए –

(a) खलिहान (b) क्षेत्र
(c) छेत्र (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
CTET (I-V) 08.01.2019
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) 'खेत' का सही तत्सम शब्द 'क्षेत्र' है। 'तत्सम' (तत + सम) शब्द का अर्थ है - उसके समान अर्थात संस्कृत के समान। हिन्दी में अनेक शब्द संस्कृत से सीधे आए हैं और आज भी उसी रूप में प्रयोग हो रहे हैं। अतः संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे- अग्नि, वायु, पत्र, सूर्य आदि।

109. 'छुरी' का तत्सम रूप है-

(a) क्षुरी (b) क्षुरि
(c) क्षुरिका (d) क्षुरिक

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : छुरी का तत्सम रूप 'क्षुरिका' है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

110. निम्नलिखित शब्दों में से एक तद्भव शब्द नहीं है

(a) तुरंत (b) आज
(c) धीरज (d) खर्पर

UP RO (Main), 2010
UPUDA Mains 2010

उत्तर. (d) दिये गये विकल्प में 'खर्पर' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'खप्पर' होगा। आज, तुरंत, धीरज आदि तद्भव शब्द हैं इनका तत्सम अद्य, त्वरित, धैर्य होगा।

111.'खँड़हर' का तत्सम शब्द है –

(a) खण्डहर (b) खंडघर
(c) खण्डगृह (d) खड़हर

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर. (c) 'खँडहर' का तत्सम शब्द 'खण्डगृह' होता है; न कि खण्डहर, खंडघर और खड़हर।

112. दिए गए शब्दों में एक शब्द तत्सम है, उन्हें चिह्नित कीजिए।

(a) देवर (b) ससुर
(c) पोंगा (d) खल

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : निम्नलिखित में से 'खल' तत्सम शब्द है। जबकि देवर का तत्सम द्विवर और ससुर का तत्सम श्वसुर होता है।

@RexstarPdf

113. गणेश

(a) एकदन्त
(b) नन्दी
(c) नन्दन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'गणेश' का तद्भव 'एकदन्त' होता है। गणेश को पर्यायवाची शब्द विनायक, गणपति, गजानन, लम्बोदर, गौरी नन्दन आदि हैं।

114. 'गोधूम' का तद्भव शब्द है-

(a) गोत (b) गोद
(c) गेहूँ (d) गोह

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPRO (Pre.) 2010

उत्तर : (c) : 'गोधूम' का तद्भव शब्द गेहूँ होगा।

तद्भव शब्द		तत्सम शब्द
गोत	-	गोत्र
गोद	-	क्रोड
गोह	-	गोधा

115. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है -

(a) अंगना (b) गयंद
(c) अंगी (d) वानर

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में तद्भव शब्द 'गयंद' होगा।
गयंद शब्द का अर्थ गजेन्द्र या हाथी होता है। अन्य शब्द तत्सम हैं। जिसके तद्भव इस प्रकार है-

तत्सम		तद्भव
अंगना	-	आँगन
वानर	-	बंदर

116. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) तिनका
(b) गृहिणी
(c) धरती
(d) दाहिना

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

तद्भव	-	तत्सम
तिनका	-	तृण
घरनी	-	गृहिणी
धरती	-	धरित्री
दाहिना	-	दक्षिण

117. इनमें से 'गवैया' शब्द क्या है?

(a) तत्सम (b) देशज
(c) तद्भव (d) विदेशज

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'गवैया' शब्द तद्भव शब्द है जिसका तत्सम रूप 'गायक' होता है अतः विकल्प (c) सही है

118. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) मोती (b) लौंग
(c) गोपाल (d) सितार

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) :

तत्सम		तद्भव
गोपाल	–	ग्वाल
मौक्तिक	–	मोती
लवंग	–	लौंग
सप्ततार	–	सितार

119. निम्नलिखित शब्दों में से विदेशी शब्द को पहचानिए:

(a) ग्लास (b) अचल
(c) आश्चर्य (d) छाता

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'ग्लास' विदेशी शब्द है, जबकि अचल, आश्चर्य और छाता देशी शब्द हैं।
महत्वपूर्ण विदेशी शब्द– इस्तिरी, कमीज, काजू, गमला, नीलाम, पिस्तौल, मेज, तम्बाकू, कैंची, कुली, रुई, वकील, आलपीन, चाबी इत्यादि।
महत्वपूर्ण देशी शब्द– तेन्दुआ, चिड़िया, कटरा, अण्टा, खखरा, ठेठ, कटोरा, ठुमरी, चसक, पगड़ी, वियाना, लोटा, डोंगा आदि।

120. 'गृध्र' शब्द का तद्भव रूप है –

(a) गीधना (b) गृध
(c) गीधी (d) गीध

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UP RO (Pre.), 2014

उत्तर. (d) 'गृध्र' शब्द का तद्भव रूप गीध है।

121. 'ग्रंथि' का 'तद्भव' शब्द है:

(a) गाँठ (b) गांठ
(c) गट्ठी (d) गुत्थी

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)
[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) 'ग्रंथि' का तद्भव रूप 'गाँठ' होता है।

122. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) आग (b) आँख
(c) गजानन (d) पीठ

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : 'गजानन' शब्द तद्भव नहीं है बल्कि तत्सम शब्द है। आग, आँख तथा पीठ तद्भव शब्द है।

123. नीचे दिये गये शब्दों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए-

(a) गाय (b) गो
(c) गेय (d) गय्या

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) 'गो' गाय का तत्सम है। 'गय्या' देशज शब्द है तथा गाय तद्भव शब्द है।

124. 'गधा' का तत्सम रूप है–

(a) गदहा (b) गदर्भ
(c) गद्रभ (d) गर्दभ

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) 'गधा' का तत्सम रूप 'गर्दभ' होता है।

@RexstarPdf

125. 'गोबर' का तत्सम रूप है

(a) गुर्बर (b) गोमय
(c) गह्वर (d) गुब्बर

UP RO (Pre), 2010

उत्तर. (b) गोबर का तत्सम रूप है – गोमय/गोविष्ट/गोविट/गोमल

126. निम्नलिखित में तत्सम है–

(a) गधा (b) गाय
(c) घड़ा (d) ग्राहक

UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift

उत्तर : (d)

तत्सम		तद्भव
गर्दभ	–	गधा
गो	–	गाय
घट	–	घड़ा
ग्राहक	–	गाहक

127. 'गागर' का तत्सम रूप है-

(a) गर्गर (b) गार्गर
(c) गर्गार (d) गरगर

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : गागर का तत्सम **'गर्गर'** है। जबकि शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

128. दिए गए विकल्पों में तत्सम-तद्भव का सही युग्म है–

(a) घट-घड़ा (b) घट-घाट
(c) घट-घटा (d) घठ-घी

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)
[UPSI 22.07.2017 Sift I]
(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में तत्सम-तद्भव का सही युग्म घट-घड़ा है।

129. इनमें से 'घोटक' शब्द क्या है?

(a) देशज (b) तद्भव
(c) तत्सम (d) विदेशज

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर : (c) : 'घोटक' शब्द तत्सम है जिसका तद्भव 'घोड़ा' होता है।

130. निम्नलिखित में संकर शब्द कौन-सा है?

(a) नारिकेल (b) चुगलखोर
(c) आतिशबाजी (d) लफंगा

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) 'चुगलखोर' संकर शब्द है। दो भिन्न भाषाओं के मेल से बने शब्द संकर शब्द कहलाते हैं। जैसे- थानेदार, लाजशर्म, मोटरगाड़ी, रेलगाड़ी, टिकटघर।
'नारिकेल' तत्सम शब्द है 'आतिशबाजी' विदेशी शब्द है तथा 'लफंगा' देशज शब्द है।

131. चुल्लिः

(a) चूल्हा (b) चौकी
(c) चोंच
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

HSSC CET Group-D (2023)
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPPSC AE 2011

उत्तर : (a) : 'चुल्लिः' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'चूल्हा' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

132. निम्नलिखित में किस समूह में कोई भी तद्भव शब्द नहीं है?

(a) मत, आह्लाद, प्रसाद, धीरज
(b) बटन, मटन, कॉटन, परसाद
(c) चौका, चूल्हा, चिमटा,कॉलेज
(d) घड़ा, द्वार, घर, हाथ

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त विकल्पों में (चौका, चूल्हा, चिमटा, कॉलेज) में कोई भी तद्भव शब्द नहीं है। इस समूह में चौका, चूल्हा तथा चिमटा 'देशज' शब्द हैं तथा कॉलेज अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

133. 'चौथा' का तत्सम शब्द है -

(a) चतुष्पद (b) चतुष्क
(c) चतुष्काठ (d) चतुर्थ

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (d) : 'चौथा' का तत्सम शब्द 'चतुर्थ' है।
तत्सम – संस्कृत भाषा के वे शब्द जो हिन्दी भाषा में ज्यों का त्यों प्रयुक्त होते हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।

134. 'चाम' का तत्सम रूप क्या है?

(a) चर्म (b) चमड़ा
(c) चरम (d) चार्म

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPNT Exam, 2008

उत्तर : (a) : 'चाम' का तत्सम रूप 'चर्म' होगा। तत्सम शब्द संस्कृत भाषा के दो शब्दों तत्+सम से मिलकर बना है। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के हिन्दी में ले लिया जाता है, उसे तत्सम शब्द कहते हैं।

135. निम्नलिखित में से 'चिक्कण' शब्द का तद्भव शब्द कौन-सा है?

(a) चिकना (b) चक्रवाक
(c) चित्रकार (d) चतुर्थ

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'चिक्कण' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव शब्द 'चिकना' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

136. विदेशज शब्द है :

(a) चश्मा (b) जूता
(c) जीभ (d) वायु

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'चश्मा' विदेशज शब्द है। यह फारसी भाषा का शब्द है। शेष शब्दों में से जूता-देशज शब्द, जीभ–तद्भव शब्द, जिसका तत्सम् रूप जिह्वा तथा वायु तत्सम शब्द हैं।

@RexstarPdf

137. तद्भव 'चबूतरा' का तत्सम रूप है

(a) चर्वतर (b) चर्वुतरा
(c) चार्वूतरा (d) चत्वाल

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (d) 'चबूतरा' एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम शब्द 'चत्वाल' अथवा 'चत्वर' होता है।

138. 'चतुष्पदी' का तद्भव है-

(a) चारपाई (b) चौपाया
(c) चौपाई (d) चौपाल

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (c) 'चतुष्पदी' का तद्भव रूप 'चौपाई' है। अन्य सभी विकल्प तर्क पूर्ण नहीं हैं।

139.''चौकी'' का तत्सम शब्द है –

(a) चौपाया (b) चतुष्पद
(c) चतुष्पादिका (d) चतुष्कोण

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) 'चौकी' का तत्सम शब्द 'चतुष्पादिका' है। संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

140. तत्सम शब्द है:

(a) चत्वारि (b) अढ़ाई
(c) मोर (d) बैन

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : 'चत्वारि' तत्सम शब्द है इसका तद्भव चार होता है। अन्य शब्द अढ़ाई, मोर, बैन तद्भव शब्द हैं। इनका तत्सम शब्द क्रमशः अर्धतृतीय, मयूर तथा वचन होता है।

141. निम्न में कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) वचन (b) शलाका
(c) तिक्त (d) चार

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) 'चार' तत्सम शब्द नहीं है। शेष तत्सम-तद्भव इस प्रकार हैं–

तत्सम	तद्भव
वचन	बचन
शलाका	सलाई
तिक्त	तीता
चत्वारि	चार

142. 'चना' का तत्सम रूप है

(a) चणक (b) चणा
(c) चाणक (d) चणाक

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (a) चना एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'चणक' होता है अतः प्रश्नगत विकल्प (a) सत्य है।

143.'चूरन' का तत्सम शब्द है –

(a) चौर (b) चूर्ण
(c) चर्म (d) चक्षु

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर. (b) चूरन का तत्सम शब्द चूर्ण होता है; न कि चक्षु, चौर, चर्म।

144. निम्न में कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) चक्र (b) चाँद
(c) छेद (d) छत

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
[UPSSSC Stenographer 10.03.2019]

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'चक्र' शब्द तत्सम है। हिन्दी भाषा में संस्कृतनिष्ठ शब्दों की शृंखला तत्सम और उनसे उत्पन्न स्थानीय शब्द तद्भव कहलाते हैं। इस सन्दर्भ में उपस्थित विकल्पों में 'चक्र' तत्सम शब्द है। अन्य शब्दों के तत्सम रूप निम्नवत हैं–

तद्भव		तत्सम
चाँद	–	चन्द्रमा
छेद	–	छिद्र
क्षत	–	छत्र

145. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) चैत (b) ज्येष्ठ
(c) आषाढ़ (d) फाल्गुन

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : 'चैत' शब्द तत्सम नहीं है बल्कि यह तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'चैत्र' होता है। शेष इस प्रकार हैं–

तद्भव	तत्सम
जेठ	ज्येष्ठ
फागुन	फाल्गुन

146. निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द है–

(a) चतुर्दश (b) चतुर्थ
(c) चौदह (d) चत्वारि

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : दिए गये शब्दों में 'चौदह' तद्भव शब्द है। जबकि चतुर्दश, चतुर्थ और चत्वारि तत्सम शब्द हैं।

147. निम्नलिखित शब्द युग्मों में तत्सम–तद्भव का असंगत युग्म है:

(a) अंगुष्ठ-अंगूठा (b) कुष्ठ-कोढ़
(c) काष्ठ-काठ (d) छिन-क्षण

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'छिन-क्षण' तत्सम तद्भव का असंगत युग्म है। इसका संगत तत्सम-तद्भव युग्म 'क्षण-छिन' होगा। शेष विकल्पों के शब्द युग्म संगत हैं।

148. किस विकल्प में सभी शब्द तद्भव हैं?

(a) सुत, झरना नयन (b) गात, गणपति, ग्राहक
(c) सहज, संजोग, समंदर (d) छकड़ा, काजल, खेत

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गए विकल्पों में 'छकड़ा, काजल, खेत' सभी तद्भव शब्द हैं। इनका तत्सम क्रमशः शकट, कज्जल, क्षेत्र होगा।

149. निम्न में कौन सा शब्द तद्भव है?

(a) चूर्ण (b) छिद्र
(c) ज्ञान (d) छत

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) 'छत' शब्द तद्भव है। जिसका तत्सम 'क्षत' है। संस्कृत शब्दों से विकृत (परिवर्तित) होकर बने शब्द तद्भव कहलाते हैं, जैसे- छत, उजला, कपूर, आग .... इत्यादि।

@RexstarPdf

150. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द कौन-सा है ?

(a) कायर (b) छेद
(c) कोयल (d) छत्र

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'छत्र' एक तत्सम शब्द है जिसका तद्भव 'छाता' होगा, जबकि 'कोयल' एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम- 'कोकिल' तथा तद्भव शब्द 'छेद' का तत्सम 'छिद्र' होगा।

151.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) छाया (b) छाता
(c) छेद (d) छुरी

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (a) : 'छाया' शब्द तत्सम है। शेष शब्द छाता, छेद, छुरी, तद्भव हैं।

तत्सम् – ऐसे शब्द जो संस्कृत से सीधे हिन्दी में प्रयोग कर लिये गये हैं तत्सम् शब्द कहलाते हैं।

जैसे– आम्र, उष्ट्र, चुल्लिः, शलाका

तद्भव – ऐसे शब्द जो संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आये हैं तद्भव कहलाते हैं। **जैसे -** आँवला, आग, ईख

तद्भव	**–**	**तत्सम्**
छाँह	-	छाया
छेद	-	छिद्र
छुरी	-	क्षुरिका
छाता	-	छत्रक।

152. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) नाक (b) धूरि
(c) जनवास (d) जंबुल

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) :

तद्भव	**तत्सम**
जामुन	जंबुल
नाक	नक्र/नासिका
धूरि	धूलि
जनवास	जन्यवास

153. निम्न में से कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है?

(a) जोगी (b) जटा
(c) यम (d) यौवन

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) :

तत्सम	**तद्भव**
योगी	जोगी
जटा	जड़
यम	जम
यौवन	जोबन

154. इनमें से तत्सम शब्द का चयन कीजिए।

(a) जलद (b) हवा
(c) बादल (d) पानी

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'जलद' शब्द तत्सम शब्द है, जबकि हवा, बादल एवं पानी तद्भव शब्द हैं। जिनके तत्सम क्रमशः वायु, वारिद एवं पानीय होगा।

155. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए:

(a) प्रस्तर (b) जामुन
(c) तैल (d) पौत्र

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली
UP RO (Pre.) 2016

उत्तर : (b) तद्भव शब्द 'जामुन' का तत्सम 'जंबुल' होता है। शेष शब्द प्रस्तर, तैल तथा पौत्र तत्सम शब्द है।

156. निम्न में कौन सा शब्द तद्भव है?

(a) यौवन (b) निर्झर
(c) जीभ (d) स्थान

DSSSB PRT 10/11/2018, I Sift
UPSSSC Stenographer 10.03.2019
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) दिये गये शब्दों में 'जीभ' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम शब्द 'जिह्वा' होता है जबकि 'यौवन', निर्झर', तथा 'स्थान' तत्सम शब्द है। इनके तद्भव शब्द क्रमशः 'जोबन', 'झरना' तथा 'थान' होते हैं।

157. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है–

(a) यजमान (b) जाड्य
(c) जमुना (d) जंघा

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (c) : जमुना का तत्सम 'यमुना' होता है। यजमान का तद्भव जजमान होता है। जाँघ का तत्सम जंघा होता है।

158. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है–

(a) दही (b) जीर्ण (c) गयंद (d) गाहक

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : निम्नलिखित शब्दों में 'जीर्ण' तत्सम शब्द है। जीर्ण का तद्भव 'झीना' (पुराना) और गयंद का अर्थ हाथी होता है। गयंद, दही और गाहक तद्भव शब्द हैं, इनका तत्सम क्रमशः है- गज, दधि और ग्राहक।

159. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।

(a) फैसला (b) चेहरा
(c) पैदावार (d) झंझट

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)
DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) : दिए गए विकल्पों में 'देशज शब्द' 'झंझट' होगा।

देशज शब्द - वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं। ये शब्द आमतौर पर क्षेत्रीय भाषा में प्रयोग किये जाते हैं। लोटा, कटोरा, झंझट, डोंगा, डिबिया, जूता, ठेठ आदि।

160. एक तद्भव शब्द है-

(a) पंजर (b) पंचाली
(c) पंडित (d) पंजीरी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (d) पंजर, पंचाली और पंडित तत्सम शब्द हैं जबकि 'पंजीरी' तद्भव शब्द है।

161. जालक का तद्भव है–

(a) झरोखा (b) चालक
(c) झलक (d) नालक

UPSI, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

@RexstarPdf

उत्तर : (a) तद्भव (तत् + भव) शब्द का अर्थ है– 'उससे होना' अर्थात् संस्कृत शब्दों से विकृत होकर (परिवर्तित होकर) बने शब्द। हिन्दी में अनेक ऐसे शब्द हैं, जो निकले तो संस्कृत से ही हैं, पर प्राकृत, अपभ्रंश, पुरानी हिन्दी से गुजरने के कारण बहुत बदल गये हैं, ऐसे शब्द ही 'तद्भव शब्द' कहलाते हैं। दिये गये विकल्पों में से 'झरोखा' शब्द जालक का तद्भव रूप है।

162.'पर्ण' का तद्भव शब्द है-

(a) पत्र (b) पण
(c) पन्ना (d) पत्रा

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर. (a) पर्ण का तद्भव शब्द पत्र होगा; न कि पण, पत्रा और पन्ना।

163. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है–

(a) पुस्तक (b) सात
(c) कान (d) हाथी

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (a) : पुस्तक तत्सम शब्द है।
सात का तत्सम – सप्त,
कान का तत्सम – कर्ण,
हाथ का तत्सम – हस्त
हाथी का तत्सम – हस्ती

164. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द देशज नहीं हैं?

(a) टक्कर (b) धड़ाम
(c) टेलीफोन (d) तोंद

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त विकल्पों में टक्कर, धड़ाम तथा तोंद देशज शब्द हैं जबकि टेलीफोन अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

165. निम्न में कौन सा शब्द विदेशी है?

(a) टिकट (b) मध्य
(c) मयूर (d) वचन

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) दिये गये शब्दों में 'टिकट' शब्द विदेशी शब्द है जो अंग्रेजी भाषा से आगत है; जबकि 'मध्य', 'मयूर' तथा 'वचन' तत्सम शब्द हैं।

166.'टकसाल' का तत्सम रूप है-

(a) टंकशाला (b) टंकशाल
(c) टकशाल (d) टकशाला

UP RO (Pre), 2010

उत्तर. (a) टकसाल का तत्सम रूप है – टंकशाला।

167. ठग

(a) जालसाज (b) खौफ
(c) त्रास
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'ठग' का तद्भव 'जालसाज' होता है। ठग का अन्य पर्यायवाची शब्द-छली, छलिया, वंचक, फरेबी आदि है।

168.कौन तुर्की शब्द नहीं है-

(a) बावर्ची (b) बेगम
(c) डेरा (d) दरोगा

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) तुर्की शब्द– बावर्ची, बेगम, दरोगा, कालीन, कैंची, कुली, कुर्की, तलाश, चेचक, चाबुक आदि हैं। दिये गये विकल्पों में से 'डेरा' तुर्की शब्द नहीं है अपितु उर्दू शब्द है।

169. देशज शब्द छाँटिए :

(a) तारीख (b) डिबिया
(c) सूरज (d) जनम

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में 'डिबिया' शब्द देशज शब्द है। उत्पत्ति/स्रोत/इतिहास के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं:-

1. तत्सम – संस्कृत से लिये गये शब्द - अग्नि, वायु, सूर्य
2. तद्भव – संस्कृत से लिये गये शब्द का विकृत शब्द - आग, हवा, सूरज
3. देशज – वे शब्द जिनकी उत्पत्ति का पता न हो - डिबिया, लोटा, ठेठ
4. विदेशी– विदेशी भाषाओं से लिये गये शब्द - अफसर, अजब, दरोगा

170. एक तत्सम शब्द है-

(a) अनहित (b) विनती
(c) डाकिनी (d) अटारी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (c) 'अनहित', 'विनती' और अटारी तद्भव शब्द हैं जबकि 'डाकिनी' एक तत्सम शब्द है जिसका तद्भव 'डाइन' होता है।

171. तद्भव शब्द है :

(a) सुर्ख (b) शत
(c) ढाई (d) भक्त

DSSSB PRT 06/10/2018
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'ढाई' शब्द तद्भव है, इसका तत्सम रूप है– 'अर्धतृतीय'। शेष विकल्पों में 'सुर्ख' फारसी भाषा का शब्द है। 'भक्त' तथा 'शत' तत्सम शब्द हैं जिनका तद्भव रूप क्रमशः 'भगत' तथा 'सौ' है।

172. तौलिया-

(a) देशी भाषा (b) पुर्तगाली
(c) फारसी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UGC NET June, 2019
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
UPSSSC Computer Operator 10.01.2020

उत्तर : (b) : 'तौलिया' शब्द पुर्तगाली भाषा से लिया गया है। पुर्तगाली भाषा से लिए गए अन्य शब्द इस प्रकार हैं- अलकतरा, चाबी, ऑलपीन, गमला, पिस्तौल, तंबाकू, बाल्टी आदि।

173. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन सा है?

(a) स्थल (b) होलिका (c) शिक्षा (d) तीरथ

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UP RO (Pre.) 2010

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'तीरथ' शब्द तद्भव है।

तद्भव	-	तत्सम
थल	-	स्थल
होली	-	होलिका
सीख	-	शिक्षा

@RexstarPdf

174. निम्नलिखित में से 'तड़ाग' शब्द का तद्भव शब्द कौन सा है?

(a) तृण (b) तीक्ष्ण
(c) तालाब (d) तुन्द

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPSI 22.07.2017 (Shift-I)

उत्तर : (c) निम्नलिखित में से 'तड़ाग' शब्द का तद्भव 'तालाब' होगा।

तत्सम	-	तद्भव
तृण	-	तिनका
तीक्ष्ण	-	तीखा
तुन्द	-	तोंद

175. 'तिलक' किस प्रकार का शब्द है?

(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) संकर (d) देशज

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) : 'तिलक', 'तत्सम' शब्द है, जिसका तद्भव 'टीका' होता है। वे शब्द जो संस्कृत से सीधे-सीधे हिंदी में प्रयोग किये जाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

जैसे– तत्सम	–	तद्भव
अष्टादश	–	अठारह
अक्षवाट	–	अखाड़ा
अग्रहायण	–	अगहन

176. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) जल (b) नग्न
(c) तीन (d) भ्रमर

UP RO (Main), 2014

उत्तर. (c) 'तीन' शब्द तद्भव है। इसका तत्सम रूप 'त्रीणि' होता है। शेष सभी तत्सम शब्द हैं। जल, नग्न एवं भ्रमर का तद्भव क्रमशः पानी, नंगा तथा भौंरा होता है।

177. 'त्वरित' का तद्भव शब्द है –

(a) शीघ्र (b) तुरंत
(c) तुरन्त (d) (b), (c) दोनों

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) 'त्वरित' का तद्भव शब्द 'तुरन्त' या तुरंत दोनों होता है, जबकि 'शीघ्र' तत्सम शब्द है।

178. निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द तद्भव नहीं है?

(a) तस्कर (b) पत्ता
(c) हाथ (d) अंधेरा

नायब तहसीलदार परीक्षा, 1992

उत्तर. (a) प्रश्नगत विकल्पों में केवल 'तस्कर' शब्द तत्सम शब्द का रूप है, जबकि पत्ता, हाथ और अंधेरा आदि शब्द तद्भव शब्द रूप हैं।

179. 'तिक्त' शब्द का तद्भव है –

(a) तीता (b) तीखा
(c) तिक्ता (d) तिखन

(UPUDA Pre. 2013)
UP RO (Pre.) 2013

उत्तर. (a) तीता शब्द का उद्भव 'तिक्त' शब्द से हुआ है। अतः तिक्त शब्द का तद्भव 'तीता' होगा।

180. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है

(a) वानर (b) तेल
(c) पीत (d) घोटक

DSSSB PGT- 23.07.2018
UPPSC AE 13.12.2020
वनरक्षक परीक्षा-2015

उत्तर. (b) : वानर, पीत, घोटक तत्सम शब्द हैं जबकि तेल तद्भव शब्द है। वानर-बंदर, पीत-पीला, घोटक-घोड़ा के तत्सम शब्द हैं। जबकि तेल का तत्सम 'तैल' होता है।

181. इनमें से कौन-सा शब्द 'देशज शब्दों' की श्रेणी में आता है?

(a) स्टेशन (b) टेलीविजन
(c) तारीख (d) थप्पड़

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) दिये गये शब्दों में 'थप्पड़' शब्द देशज है, जबकि स्टेशन, टेलीविजन, तारीख तीनों विदेशज शब्द हैं।

182. इनमें से कौन-सा शब्द 'देशज शब्दों' की श्रेणी में आता है?

(a) टेलीविजन (b) कॉफी
(c) लॉटरी (d) थैला

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) 'थैला' देशज शब्द है, जबकि टेलीविजन, काफी तथा लाटरी तीनों विदेशज शब्द हैं।

183. देह

(a) वपु (b) क्षीर
(c) पय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'देह' का तत्सम 'वपु' होता है। देह के पर्यायवाची शब्द शरीर, काया, अंग, गात, आदि हैं।

184. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है -

(a) नग्न (b) दक्षिण
(c) द्राक्षा (d) दाढ़ी

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (d) : दिये गये शब्दों में 'दाढ़ी' तद्भव शब्द है जिसका तत्सम दंष्ट्रिका होगा। जबकि नग्न, दक्षिण तथा द्राक्षा तत्सम शब्द हैं। मूल भाषा संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी भाषा में ज्यों के त्यों प्रयुक्त होते हैं उन्हें 'तत्सम' शब्द कहते हैं। जैसे- आम्र, कर्ण, अर्पण आदि।

185. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) दूध (b) दमन
(c) दूज (d) दही

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'दमन' शब्द तद्भव नहीं है। 'दमन' एक तत्सम शब्द है जिसका तद्भव 'दबना' होता है। दूज, दूध, दही तद्भव हैं। 'दूध' का तत्सम 'दुग्ध' है, दही का तत्सम 'दधि' है तथा दूज का तत्सम द्वितीया होता है।

@RexstarPdf

186. इनमें से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) दृग (b) ताला
(c) तमोली (d) दृक

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिया गया शब्द 'दृक' तद्भव शब्द नहीं है। सभी विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं–

तद्भव	–	तत्सम
दृग	–	दृक
ताला	–	तालक
तमोली	–	ताम्बूलिक
भीतर	–	आभ्यन्तर

187. 'मुक्ता' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?

(a) मुक्त (b) मुक्ति
(c) मौत (d) मोती

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'मुक्ता' शब्द का तद्भव रूप 'मोती' है। मुक्त, मुक्ति, मौत ये सभी असंगत हैं।

188. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) दीपक (b) दीठि
(c) तिलक (d) तैल

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)
UPSI 16/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Mains), 2013

उत्तर : (b) : 'दीठि' शब्द तत्सम शब्द नहीं हैं। दीठि का तत्सम दृष्टि है। दीपक, तिलक, तैल ये सभी तत्सम शब्द के उदाहरण हैं।

189. 'देवर' शब्द का तत्सम रूप कौन-सा है?

(a) दूभर (b) द्विवर
(c) दुर्बह (d) द्वितीय वर

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UP RO (Mains) 2010
UP RO (Pre.) 2010

उत्तर : (b) : देवर शब्द का तत्सम 'द्विवर' होता है। निम्नलिखित के तत्सम और तद्भव इस प्रकार हैं -

तत्सम		तद्भव
द्विवर	-	देवर
द्विपट	-	दुपट्टा
धैर्य	-	धीरज
धर्म	-	धरम

190. इनमें से कौन-सा युग्म 'तत्सम' शब्दों का युग्म नहीं है?

(a) मत्स्य-मृग (b) ज्ञान-क्षेत्र
(c) कर्म-विद्या (d) दधि-भात

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
(UP UDA Mains 2010)

उत्तर : (d) दिये गये विकल्प में 'दधि-भात' तत्सम शब्द युग्म नहीं है जिसका शुद्ध तत्सम-तद्भव शब्द- दधि-दही है। शेष सभी शब्द युग्म **जैसे**– 'मत्स्य-मृग', 'ज्ञान-क्षेत्र', 'कर्म-विद्या' तत्सम शब्द युग्म हैं।

191. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन-सा है?

(a) मस्तक (b) दस
(c) वधू (d) लक्ष

UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (b) 'दस' संस्कृत शब्द 'दश' से निर्मित है। अतः यह तद्भव शब्द है। अन्य सभी शब्द तत्सम हैं।

192. 'दर्शन' का तद्भव रूप है–

(a) दर्सन (b) दरसन
(c) दर्स (d) दर्शन

UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर : (b) 'दर्शन' का तद्भव रूप है– दरसन। कुछ तत्सम–तद्भव शब्द इस प्रकार हैं–

तत्सम	तद्भव	तत्सम	तद्भव	तत्सम	तद्भव
आभीर	अहीर	अक्षि	आँख	कर्म	काम
अनार्य	अनाड़ी	हस्त	हाथ	क्षीर	खीर
आश्चर्य	अचरज	अशीति	अस्सी	गर्दभ	गधा
अग्नि	आग	उद्धर्तन	उबटन	छिद्र	छेद
आम्रचूर्ण	अमचुर	कर्तव्य	करतब	दधि	दही

193. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) धरती (b) दीपावली (c) नेवला (d) नाच

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (b) : 'दीपावली' शब्द तद्भव नहीं है, बल्कि यह तत्सम शब्द है। इसका तद्भव दीवाली होगा। शेष इस प्रकार हैं–

तद्भव	तत्सम
धरती	धरित्री
नेवला	नकुल
नाच	नृत्य

194. निम्नलिखित शब्दों में से अर्ध-तत्सम शब्द को पहचानिए :

(a) रात्रि (b) दई
(c) बच्चा (d) कान

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में 'दई' शब्द अर्द्ध-तत्सम है, 'देव' तत्सम शब्द है। जबकि रात्रि तत्सम है और बच्चा तथा कान तद्भव शब्द हैं।

195. 'दाहिना' का तत्सम रूप है–

(a) दक्षिण्य (b) दक्षिण
(c) दाहिणा (d) दायाँ

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर. (b) प्रश्नगत विकल्पों में दाहिना का तत्सम 'दक्षिण' है। शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

196. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है

(a) करोड़ (b) तेल
(c) पीपल (d) दिवस

KVS PGT HINDI - 2017
UP RO (Main), 2010
UP S.D.I. Exam, 2008

उत्तर. (d) प्रश्नगत विकल्पों में से 'दिवस' तत्सम शब्द है जबकि करोड़, तेल और पीपल तद्भव शब्द रूप हैं।

197. दिए गए शब्दों में एक शब्द तत्सम है, उन्हें चिह्नित कीजिए।

(a) आधा (b) दिन
(c) कुआँ (d) आखर

[UPPSC AE 2007]

@RexstarPdf

उत्तर. (*): निम्नलिखित में से सभी शब्द तद्भव शब्द हैं अतः प्रश्न असंगत है। शब्दों के तत्सम रूप इस प्रकार हैं–

तद्भव		तत्सम
आखर	-	अक्षर
आधा	-	अर्ध
कुआँ	-	कूप
दिन	-	दिवस

198. इनमें से कौन-सा तद्भव नहीं है?

(a) धैर्य (b) धोती
(c) दाहिना (d) धान

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a): दिये गये विकल्पों में 'धैर्य' शब्द तद्भव नहीं है। यह तत्सम शब्द है।

तत्सम	-	तद्भव
धैर्य	-	धीरज
धौत्र	-	धोती
दक्षिण	-	दाहिना
धान्य	-	धान

199. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द देशज है?

(a) धड़ाम (b) लाश
(c) औरत (d) पतलून

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (a) : 'धड़ाम' देशज शब्द है। 'लाश' तुर्की, 'औरत' अरबी और 'पतलून' अंग्रेजी भाषा के शब्द हैं। कुछ महत्त्वपूर्ण देशज शब्द हैं– खिड़की, खिचड़ी, पगड़ी, जूता इत्यादि।

200. 'धूरि' का मानक शब्द रूप लिखिए।

(a) ध्यान (b) पृथ्वी केन्द्र
(c) धर्म (d) धूल

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'धूरि' का मानक शब्द रूप 'धूल' होता है।

201. 'ढीठ' शब्द का तत्सम है –

(a) दृष्ट (b) पुष्ट
(c) दृश्य (d) धृष्ट

DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-II)
UP RO (Mains) 2014
UP RO (Pre.), 2013
UPPSC AE 2007

उत्तर. (d) ढीठ का तत्सम शब्द 'धृष्ट' होता है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

202. 'निम्न में से कौन-सा तद्भव शब्द नहीं है?

(a) निष्ठुर (b) नाई
(c) निडर (d) नया

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'निष्ठुर' शब्द तद्भव नहीं बल्कि तत्सम् शब्द है। जबकि नाई, निडर, नया शब्द तद्भव हैं।

203. इनमें से तद्भव शब्द का चयन कीजिए।

(a) निडर (b) कमल
(c) गति (d) सुर

कानूनगो भर्ती परीक्षा (2015)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'निडर' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'निर्भय' होगा।

तत्सम	–	तद्भव
कमल	–	कँवल
ताम्र	–	ताँबा
जीर्ण	–	झीना

204. 'नृत्य' का तद्भव रूप कौन-सा होगा?

(a) नृत (b) नाच
(c) नचाना (d) नाचना

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'नृत्य' शब्द तत्सम है जिसका तद्भव रूप 'नाच' होता है। तत्सम शब्द वे शब्द होते हैं जो संस्कृत से सीधे बिना किसी बदलाव के हिन्दी में प्रयोग होते हैं।

205. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) नेवला (b) नया
(c) नैन (d) नव्य

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'नव्य' शब्द तत्सम है। इसका तद्भव 'नया' होगा।

तत्सम	-	तद्भव
नकुल	-	नेवला
निम्ब	-	नीम
नयन	-	नैन

206. 'नारियल' का तत्सम शब्द कौन-सा होगा?

(a) नारिकेला (b) नारिकेली
(c) नारीकेल (d) नारिकेल

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.) 2014

उत्तर : (d) : 'नारियल' शब्द का तत्सम 'नारिकेल' होगा।

तत्सम		तद्भव
कृषक	-	किसान
कृत्यगृह	-	कचहरी
अमृत	-	अमिय
आर्द्रक	-	अदरक

207. 'लवण' का तद्भव क्या होगा?

(a) नोन (b) नमक
(c) लवंग (d) क्षार

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) 'लवण' का तद्भव 'नोन' होगा। नमक, क्षार समानार्थी शब्द हैं। 'लवंग' लौंग का तत्सम शब्द है।

208. निम्नांकित में से तद्भव शब्द है:-

(a) सूर्य (b) चन्द्र
(c) ग्रह (d) नखत

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'नखत' तद्भव शब्द है। दिये गये शब्दों के तद्भव व तत्सम इस प्रकार हैं-

तद्भव	तत्सम
नखत	नक्षत्र
सूरज	सूर्य
चाँद	चन्द्र
घर	गृह

@RexstarPdf

209. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए:

(a) तीखा (b) अटारी
(c) निकृष्ट (d) गहरा

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में से तत्सम शब्द निकृष्ट है। तीखा शब्द का तत्सम तीक्ष्ण है, अटारी का तत्सम 'अट्टालिका' तथा गहरा का तत्सम 'गंभीर' होगा।

210. तत्सम शब्द पहचानिए–

(a) निद्रा (b) कान
(c) मोर (d) बंदर

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में 'निद्रा' तत्सम शब्द है।

तद्भव		तत्सम
नींद	–	निद्रा
मोर	–	मयूर
कान	–	कर्ण
बंदर	–	वानर

211. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) नेह (b) नग्न
(c) क्षमा (d) नख

कानूनगो भर्ती परीक्षा (2015)
DSSSB PRT 13/10/2018
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : 'नेह' शब्द तत्सम नहीं है। यह तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'स्नेह' होगा। शेष इस प्रकार हैं–

तत्सम	तद्भव
नग्न	नंगा
क्षमा	छमा
नख	नाखून

212. निम्न में से तत्सम शब्द है:

(a) सुआ (b) पलंग
(c) पुष्प (d) पिया

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (c) : पुष्प तत्सम शब्द है। इसका तद्भव फूल होगा। सुआ, पलंग, पिया तद्भव शब्द हैं। जिसका तत्सम शब्द शुक, पर्यंक एवं प्रिय होगा।

213. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है -

(a) पंक्ति (b) पंख
(c) पंदरह (d) पंगत

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (a) : दिये गये शब्दों में 'पंक्ति' तत्सम शब्द है जिसका तद्भव पंगत होगा।

214. निम्नलिखित में तत्सम - तद्भव का गलत युग्म है–

(a) सुघट्ट - सुघड़ (b) ज्ञातिगृह - नैहर
(c) पण्यशालिक - पनसारी (d) प्रतिवेशी - मवेशी

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) : 'प्रतिवेशी - मवेशी' तत्सम - तद्भव की दृष्टि से गलत युग्म है। 'प्रतिवेशी' का तद्भव 'पड़ोसी' होगा। जबकि अन्य युग्म सही हैं।

215. तत्सम-तद्भव शब्दों का कौन-सा युग्म असंगत है?

(a) छत्र-छत (b) चैत्र - चैत
(c) चक्र - चक्का (d) पत्र - पर्ण

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में से 'पत्र-पर्ण' युग्म असंगत है, क्योंकि दोनों शब्द तत्सम है। 'पत्ता' का तत्सम शब्द' 'पत्र' होगा अन्य युग्म सुसंगत हैं।

216. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) हिरन (b) बच्चा
(c) भालू (d) पाषाण

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'पाषाण' तत्सम शब्द है। ऐसे शब्द जो बिना किसी परिवर्तन के संस्कृत से हिन्दी में शामिल कर लिए गए हैं, तत्सम कहलाते हैं।

217. निम्नलिखित में से तत्सम और तद्भव का कौन सा युग्म सही नहीं है।

(a) पौत्र - पुत्तर (b) वर्तिका - बत्ती
(c) वणिक - बनिया (d) वधू - बहू

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिया गया शब्द-युग्म 'पौत्र-पुत्तर' तत्सम और तद्भव की दृष्टि से सही नहीं है। इसका शुद्ध-युग्म 'पौत्र-पोता' होगा। अन्य शब्द–युग्म सही हैं।

218. 'पदाति' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?

(a) पैदल (b) पद
(c) प्रदत्त (d) पदेन

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'पदाति' शब्द का तद्भव रूप 'पैदल' है। पद, प्रदत्त, पदेन ये सभी शब्द तत्सम हैं।

219. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) पंख (b) पारा
(c) पवन (d) पकवान

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : तत्सम	तद्भव
पक्ष	पंख
पारद	पारा
पवन	पौन
पक्वान्न	पकवान

220. 'पलंग' शब्द का तत्सम कौन-सा होगा?

(a) प्लंग (b) प्लवंग
(c) परमंग (d) पर्यंक

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
(UPUDA Spl. Mains 2010)
उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2010

उत्तर : (d) : पलंग शब्द का तत्सम पर्यंक होगा।

तत्सम		तद्भव
प्रस्तर	-	पत्थर
पंचदश	-	पन्द्रह
बलीवर्द	-	बैल

@RexstarPdf

221. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) पंख (b) पत्थर
(c) पंछी (d) प्रकट

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

तत्सम	तद्भव
पक्ष	पंख
प्रस्तर	पत्थर
पक्षी	पंछी
प्रकट	प्रगट

222. निम्न में से कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है ?

(a) प्रहार (b) स्पर्श
(c) पटल (d) पान

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) :

तत्सम	तद्भव
स्पर्श	परस
पटल	पलड़ा
ताम्बूल	पान
प्रत्यभिज्ञान	पहचान

223. कौन सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है?

(a) पैगम्बर (b) बेगम
(c) चेचक (d) बारूद

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर. (a) 'पैगम्बर' शब्द तुर्की भाषा का नहीं है बल्कि यह अरबी भाषा का शब्द है। पैगम्बर का अर्थ होता है पैगाम देने वाला। जबकि बेगम, चेचक तथा बारूद शब्द तुर्की भाषा के शब्द हैं।

224. 'गमला' और 'आलपीन' किस भाषा के शब्द हैं?

(a) फ्रेंच (b) अंग्रेजी
(c) पुर्तगाली (d) जापानी

[UPCSA 2019]

उत्तर. (c) : 'गमला' और 'आलपीन' पुर्तगाली भाषा के शब्द हैं। कुछ अन्य पुर्तगाली शब्द हैं–आलमारी, बाल्टी, चाबी, फीता, तंबाकू, इस्पात, कमीज आदि। हिन्दी में प्रयोग होने वाले कुछ अन्य विदेशी भाषाओं के शब्द इस प्रकार हैं–

फारसी शब्द– अफसोस, आबरू, आतिशबाजी, आराम, आवारा, आवाज, आईना, खामोश, गवाह, कबूतर, गुलाब, चरखा, मुर्गा, सरकार, सौदागर इत्यादि।

अरबी शब्द– अमीर, अजायब, आदमी, इनाम, इज्जत, इमारत, इलाज, औरत, कुर्सी, किताब, खत, जहाज, मौसम, मुसाफिर, लिफाफा, वकील इत्यादि।

तुर्की– कालीन, कैंची, चकमक, तमगा, तोप, बेगम, बहादुर, लफंगा, लाश इत्यादि।

जापानी– रिक्शा, सुनामी आदि।

225. निम्नलिखित में से एक तद्भव शब्द है

(a) पूंजी (b) नयन
(c) मूर्ख (d) शकुन

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (a) 'पूंजी' एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम शब्द पुञ्ज होता है।

226. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए।

(a) पाषाण (b) कंकन
(c) प्यासा (d) पक्ष

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)
राजस्व लेखपाल परीक्षा-2015

उत्तर : (c) प्यासा तद्भव शब्द है। अन्य तत्सम-तद्भव इस प्रकार हैं–

तत्सम	तद्भव
पाषाण	पाहन
कंकन या कंकण	कंगन
पक्ष	पंख
पिपासु	प्यासा

227. निम्नलिखित में कौन सा शब्द तद्भव है?

(a) पंख (b) अक्षर
(c) कार्य (d) आज्ञा

UP TGT - 2021
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
(UP NT Exam. 2008)
[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) : पंख तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'पक्ष' होता है, जबकि अक्षर, कार्य व आज्ञा तत्सम शब्द हैं।

तत्सम		तद्भव
अक्षर	-	आखर
कार्य	-	काज
आज्ञा	-	आन

228.'पत्थर' का तत्सम है–

(a) प्रस्तर (b) पाहन
(c) चट्टान (d) कंकरीट

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर. (a) प्रश्नगत विकल्पों में से पत्थर का तत्सम 'प्रस्तर' है। शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

229.'तत्सम-तद्भव' से बने सही शब्द-युग्म को चिह्नित कीजिए–

(a) हत्ता-हाथ (b) रत्ता- रात
(c) पत्ता-पत्र (d) नच्चा-नाँच

UPSSSC VDO 22/12/2018 (Shift-II)
(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में तद्भव से बना सही शब्द-युग्म, 'पत्ता-पत्र' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

230.'पोखर' का तत्सम रूप है–

(a) पुष्कर (b) प्रखर
(c) पोषक (d) प्रकर

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर. (a) प्रश्नगत विकल्पों में पोखर का तत्सम 'पुष्कर' है। शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

231. 'पनही' शब्द का तत्सम रूप है-

(a) तांबूल (b) पर्ण
(c) पर्णहि (d) उपानह

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर. (d) 'पनही' का तत्सम रूप 'उपानह' है। अन्य सभी विकल्प तत्सम की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

@RexstarPdf

232. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) प्रिय (b) पिया
(c) मोर (d) चार

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'प्रिय' शब्द, तत्सम है। अन्य तत्सम-तद्भव के विवरण हैं-

तत्सम	तद्भव
प्रिय	पिय
मयूर	मोर
चतुर्थ	चार

233.इनमें से तत्सम शब्द है :

(a) भैंस (b) बारह
(c) सच (d) पद

UP RO (Pre), 2010

उत्तर. (d) प्रश्नगत विकल्पों में से 'पद' तत्सम शब्द है तथा तद्भव शब्द पैर है। जबकि भैंस, बारह और सच ये सभी शब्द तद्भव रूप में प्रस्तुत हैं।

234. 'पाँव' का तत्सम रूप क्या है?

(a) पाद (b) पादु
(c) पैर (d) पद

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'पाँव' का तत्सम रूप 'पाद' होता है। संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों-का-त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे– अग्नि, वायु, पत्र, सूर्य आदि।

235. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम शब्द नहीं है?

(a) शोक (b) पृथ्वी
(c) चंद्र (d) परख

UPP CONSTABLE, 2017
UP PSC AE 2013

उत्तर : (d) किसी भी भाषा के मूल शब्द को तत्सम शब्द कहते हैं और उसके विकृत रूप को तद्भव शब्द कहते हैं। परख तत्सम शब्द नहीं है।

जैसे-	तत्सम	तद्भव
	परीक्षा	परख
	अग्नि	आग
	पृथ्वी	प्रथवी
	चन्द्र	चाँद

236. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) पश्चाताप (b) जमुना
(c) शक्कर (d) श्राप

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (a) 'पश्चाताप' शब्द तत्सम है। अन्य तत्सम-तद्भव इस प्रकार है–

तत्सम	-	तद्भव
शाप	-	श्राप, सराप
पश्चाताप	-	पछतावा
यमुना	-	जमुना
शर्करा	-	शक्कर

237. 'पुराना' का तत्सम शब्द है-

(a) पुराण (b) पुरातन
(c) प्राचीन (d) पौराणिक

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'पुराना' का तत्सम 'पुरातन' होता है।

238. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) नरक (b) स्वर्ग
(c) खग (d) पुहुमी

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : 'पुहुमी' तद्भव शब्द है जो कि संस्कृत शब्द 'भूमि' का विकृत रूप है और मूलतः प्राकृत भाषा में प्रचलित है। शेष नरक, स्वर्ग एवं खग तत्सम शब्द हैं।

293. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) पुष्प (b) पुहुप
(c) सुमन (d) प्रसून

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में 'पुहुप' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम रूप 'पुष्प' होता है। सुमन, प्रसून 'पुष्प' के पर्यायवाची शब्द हैं।

240. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) परतीत (b) प्रतीत
(c) प्रतिमान (d) प्रतिबिम्ब

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'परतीत' शब्द तत्सम नहीं है बल्कि यह तद्भव शब्द है। इसका तत्सम् 'प्रतीत' होगा। जबकि प्रतीत, प्रतिमान, प्रतिबिम्ब तत्सम शब्द है।

241. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) धृष्ट (b) पृष्ठ
(c) पानिप (d) पंक

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : 'पानिप' (चमक) तत्सम शब्द नहीं है। अन्य सभी तत्सम शब्द हैं, जिनका तद्भव रूप इस प्रकार है –

तत्सम	तद्भव
धृष्ट	ढीठ
पृष्ठ	पीठ
पंक	पाँक

242. 'परिवा' का तत्सम रूप है–

(a) परवा (b) परेवा
(c) प्रतिपदा (d) पड़ीवा

VDO Re-Exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : 'परिवा' का तत्सम 'प्रतिप्रदा' है। हिन्दी माह के प्रत्येक पक्ष के प्रथम तिथि को प्रतिप्रदा कहते हैं।

243. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज शब्द नहीं हैं?

(a) तलाश (b) फुनगी
(c) तौलिया (d) पटाखा

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : 'फुनगी' शब्द विदेशज शब्द नहीं है। 'फुनगी' देशज शब्द है। जबकि तलाश तुर्की भाषा, तौलिया पुर्तगाली भाषा तथा पटाखा चीनी भाषा का शब्द है।

@RexstarPdf

फुनगी का अर्थ - पेड़ की शाखा का अग्र भाग।
देशज शब्द - वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हो। ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं।

244. निम्न में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) अग्नि (b) चतुर्दश
(c) वत्स (d) फूल

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
जूनियर इंजीनियर परीक्षा-2015

Ans : (d) फूल शब्द तत्सम नहीं है। फूल का तत्सम 'पुष्प' होता है। जबकि अग्नि, चतुर्दश, वत्स तत्सम शब्द हैं।

245. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'देशज' है?
(a) आग (b) मोती
(c) फटफटिया (d) खेत

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : 'फटफटिया' देशज शब्द है। 'देशज' (देश + ज) शब्द का अर्थ है- 'देश में जन्मा।' अतः ऐसे शब्द जो क्षेत्रीय प्रभाव के कारण परिस्थिति के आवश्यकतानुसार बनकर प्रचलित हो गये हैं देशज शब्द कहलाते हैं; **जैसे-** लोटा, ठेठ, गडबड़, फटाफट इत्यादि।

246. 'हिन्दी' किस भाषा का शब्द है?
(a) अंग्रेजी (b) चीनी
(c) अरबी (d) फारसी

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : 'हिन्दी' शब्द 'फारसी' भाषा का शब्द है। अन्य भाषा व शब्द इस प्रकार हैं–

भाषा	**शब्द**
अंग्रेजी	ऑफीसर, डॉक्टर, बॉटल
चीनी	चाय, लीची, चीकू
अरबी	जवाब, जनाब, दुकान, वकील
फारसी	कबूतर, कमीना, खरगोश, गुलाब, आबरू

247. 'दवा' किस भाषा का शब्द है?
(a) हिंदी (b) उर्दू
(c) फारसी (d) तुर्की

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (c) : 'दवा' फारसी भाषा का शब्द है। ध्यातव्य है कि हिन्दी में विदेशी भाषाओं के बहुत से शब्द प्रचलित हैं, ऐसे शब्दों को आगत शब्द की श्रेणी में रखते हैं। उद्भव या स्रोत की दृष्टि से हिन्दी में प्रचलित शब्दों को मूलतः पाँच भागों में बाँटा जाता है जो निम्न हैं–
1. तत्सम 2. तद्भव 3. देशज
4. विदेशज/आगत 5. संकर।
हिन्दी में प्रचलित फारसी एवं तुर्की भाषा के कुछ महत्त्वपूर्ण शब्द निम्न प्रकार हैं–
फारसी– आराम, आफत, आवाज, आईना, कबूतर, कुश्ती, किशमिश, खामोश, खरगोश, चश्मा, जहर, जिंदगी, तमाशा, देहात, दुकान आदि।
तुर्की–उर्दू, कालीन, कैंची, कुली, कुर्की, चेचक, चमचा, तोप, तलाश, बेगम, बहादुर, लफंगा, लाश, सुराग, सौगात आदि।

248. दिए गए शब्दों में एक शब्द तत्सम है, उसे चिह्नित कीजिए।
(a) गेहूँ (b) फल
(c) पत्थर (d) गोबर

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : 'फल' तत्सम शब्द है। अन्य शब्दों का तत्सम रूप इस प्रकार हैं-

तद्भव	**तत्सम**
गेहूँ	गोधूम
पत्थर	प्रस्तर
गोबर	गोमय

249. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है।
(a) खाट (b) खेत
(c) खाँसी (d) क्षत्रिय

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'क्षत्रिय' तत्सम शब्द का उदाहरण है। इसका तद्भव शब्द 'खत्री' होता है। निम्न का तत्सम इस प्रकार है–

तद्भव शब्द	**-**	**तत्सम शब्द**
खाट	-	खट्वा
खेत	-	क्षेत्र
खाँसी	-	कास
खत्री	-	क्षत्रिय

250. बेगम
(a) अरबी
(b) फारसी
(c) पुर्तगाली
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : 'बेगम' शब्द तुर्की भाषा का शब्द है। अतः उपर्युक्त में से कोई भी सही नही है। तुर्की भाषा के अन्य शब्द- आगा, आका, तमगा, तोप, तलाश, लफंगा इत्यादि हैं।

251. निम्नलिखित में से 'बंध्या' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
(a) बांध (b) बंझा
(c) बाँझ (d) बंध

VDO 27/06/2023 (Shift-II)
UPPSC RO/ARO (Pre.) 2021

उत्तर : (c) : 'बंध्या' का तद्भव रुप 'बाँझ' होगा। संस्कृत भाषा के वे शब्द जो सीधे न आकर परिवर्तित होकर हिंदी भाषा में आये हैं, तद्भव शब्द कहलाते हैं।

252. 'विद्युत' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
(a) बीघा (b) बूंद
(c) बींधना (d) बिजली

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'विद्युत' शब्द का तद्भव रूप 'बिजली' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

@RexstarPdf

253. 'वासगृह' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?

(a) बसेरा (b) आवास
(c) गृहवास (d) घोंसला

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'वासगृह' का तद्भव रूप 'बसेरा' होगा।

तत्सम	–	तद्भव
अग्नि	–	आग
ऊर्ण	–	ऊन
यंत्र	–	जंतर
नारिकेल	–	नारियल

254. दिए गए विकल्पों में से तत्सम शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव शब्द कौन-सा है?

(a) बड़ा (b) पुत्र
(c) देवर (d) छोटा

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये विकल्पों में तत्सम शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव शब्द 'बड़ा' होगा। देवर का तत्सम 'द्विवर' तथा छोटा का तत्सम रूप 'कनिष्ठ' होगा।

255. 'वर्तिका' का तद्भव रूप है –

(a) बत्ती (b) बाती
(c) बरतिक (d) वात

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) 'वर्तिका' का तद्भव रूप 'बाती' है, जबकि दिए गये अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

256.तद्भव शब्द का चयन कीजिए–

(a) धूलि (b) पवन
(c) वानर (d) बन्दर

(UPUDA Spl. Main 2010)
(UP S.D.I. Exam. 2008)
UDA/LDA परीक्षा-2015

उत्तर. (d) दिये गये विकल्पों में से 'बन्दर' तद्भव है, जबकि अन्य शब्द अपने तत्सम रूप में उपस्थित हैं।

257. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द को पहचानिए :

(a) नासिका (b) बच्चा
(c) ग्रीष्म (d) लक्ष्मी

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift
UKPSC AE 2017
UPCSA 2019

उत्तर. (b) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'बच्चा' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'वत्स' होगा। शेष शब्द तत्सम हैं।

258. निम्नलिखित में तद्भव शब्द हैं–

(a) भण्डार (b) कुक्कुर
(c) कटुक (d) मयंद

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (a) : 'भण्डार' तद्भव' शब्द है जिसका तत्सम भांडागार होगा। अन्य शब्द तत्सम हैं, जिनका तद्भव रूप निम्न है–

तत्सम	तद्भव
कुक्कुर	कुत्ता
कटुक	कड़ुआ

259. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) भिक्षा (b) पशु
(c) बिंदु (d) भौंरा

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
UPUDA Mains, 2013
(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (d) :

तत्सम	–	तद्भव
भ्रमर	–	भौंरा
भिक्षा	–	भीख
परशु	–	फरसा
बिंदु	–	बूँद

260. निम्न में कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) भ्राता (b) कान
(c) सब (d) बयार

DSSSB TGT Maths 22/09/2018, IShift
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (a)

तद्भव	तत्सम
भाई	भ्राता
कान	कर्ण
सब	सर्व (सम्पूर्ण)

बयार शब्द देशज शब्द है, जिसका अर्थ है – हवा/वायु

261. 'बहन' का तत्सम शब्द होगा-

(a) वहिनी (b) बहेन
(c) भगिनी (d) भ्रातृनी

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : बहन का तत्सम शब्द 'भगिनी' होगा।

262. 'आभ्यंतर' का तद्भव शब्द है–

(a) अन्दर (b) भीतर
(c) बाहर (d) गहरा

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : आभ्यंतर का तद्भव शब्द 'भीतर' है। गहरा का तत्सम 'गम्भीर' है। बाहर का तत्सम 'बहिर' होता है।

263. तत्सम-तद्भव का असंगत युग्म है –

(a) सर्प-साँप (b) माथा-मस्तक
(c) आश्चर्य-अचरज (d) शुष्क-सूखा

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'माथा-मस्तक' तत्सम-तद्भव का असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म होगा-

तत्सम	-	तद्भव
मस्तक	-	माथा
सर्प	-	साँप
आश्चर्य	-	अचरज
शुष्क	-	सूखा

264. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) आम (b) हाथ
(c) दूध (d) मयूर

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'मयूर' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'मोर' होगा। आम, हाथ, दूध इत्यादि तद्भव शब्द हैं, इनका तत्सम क्रमशः आम्र, हस्त, दुग्ध होगा।

@RexstarPdf

265. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है?

(a) मीत (b) पीत
(c) लज्जा (d) हस्त

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'मीत' शब्द तद्भव शब्द है।

तद्भव	तत्सम
मीत	मित्र
पीला	पीत
लाज	लज्जा
हाथ	हस्त

266. इनमें से कौन-सा शब्द 'विदेशी' है?

(a) निवास (b) महल
(c) प्रासाद (d) घर

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) महल शब्द विदेशी है।

267. 'मृत्तिका' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) मिर्च (b) मिट्टी
(c) मोती (d) मौत

VDO 27/06/2023 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) :

तत्सम	तद्भव
मृत्तिका	मिट्टी
मौक्तिक	मोती
मृत्यु	मौत
कोकिल	कोयल
मयूर	मोर
मिर्च	मरीच

268. 'मंत्रकारी' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) मदारी (b) तंत्रकारी
(c) यंत्रकारी (d) मिठाई

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'मंत्रकारी' शब्द का तद्भव रूप 'मदारी' होता है 'मिठाई' शब्द तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम 'मिष्टान्न' होता है।

269. 'मत्सर' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?

(a) मच्छर (b) मछली
(c) मीत (d) मक्खी

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) :

तत्सम		तद्भव
मत्सर	-	मच्छर
मत्स्य	-	मछली
मित्र	-	मीत
मक्षिका	-	मक्खी

270. 'मौक्तिक' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) मोती (b) मृत्तिका
(c) मौसी (d) मात्रिक

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UP RO (Pre.) 2010

उत्तर : (a) : तत्सम तद्भव

मौक्तिक	–	मोती
मृत्तिका	–	मिट्टी
मातृश्वसा	–	मौसी
मृत्यु	–	मौत

271. इनमें से 'तत्सम' शब्द कौन-सा है?

(a) जूता (b) सूरज
(c) घर (d) मनुष्य

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त विकल्पों में 'मनुष्य' शब्द तत्सम है।

तद्भव	तत्सम
सूरज	सूर्य
घर	गृह
मानुस	मनुष्य

दिये गये विकल्प में 'जूता' शब्द देशज शब्द है।

272. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम शब्द है?

(a) मेघ (b) जेठ
(c) ठेस (d) भौंरा

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'मेघ' तत्सम शब्द कहलाता है।

तत्सम	तद्भव
मेघ	मेह
ज्येष्ठ	जेठ
भ्रमर	भौंरा
पर्यंक	पलंग

273. निम्नलिखित में से एक शब्द फारसी भाषा का है-

(a) सिंह (b) सियार
(c) वानर (d) मुर्गा

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'मुर्गा' शब्द मूलतः फारसी भाषा का है। जबकि सिंह-शेर, सियार-शृंगाल और वानर-बन्दर हिंदी के तत्सम एवं तद्भव रूप में हैं।

274. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द देशज है?

(a) खीर (b) काम
(c) मक्खन (d) शांति

UPPCL ARO, 2018
UP RO (Mains) 2010

उत्तर : (c) 'मक्खन' देशज शब्द है। वे शब्द जो विभिन्न बोलियों या भारतीय भाषाओं से हिन्दी में आए हैं, देशज शब्द कहलाते हैं। जैसे– लोटा, थाली, गमछा, पगड़ी, चप्पल, खिचड़ी, टाँग, कटोरी आदि।

275. निम्न में कौन सा शब्द विदेशी है?

(a) मयूर (b) मील
(c) वचन (d) मध्य

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'मील' शब्द विदेशी है जो दूरी का मात्रक है।

276. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन-सा है?

(a) ग्राम (b) अश्रु
(c) सूर्य (d) माथा

UPP Constable, 2017
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

@RexstarPdf

उत्तर. (d) : 'माथा' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम रूप 'मस्तक' है ग्राम, अश्रु, और सूर्य तत्सम शब्द हैं, जिनका तद्भव क्रमशः गाँव, आँसू और सूरज हैं।

277.तद्भव शब्द है –

(a) मानव (b) मनई
(c) मनुष्य (d) मानो

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर. (b) दिये गये विकल्पों में 'मनई' तद्भव शब्द है।

278. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) मुमुक्षु (b) बरिष्ठ
(c) अँगूठा (d) उष्मा

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) 'मुमुक्षु' तत्सम शब्द है। इसका अर्थ 'मोक्ष की कामना करने वाला' है। शेष तद्भव हैं। शेष शब्दों का तत्सम- अँगूठा-अंगुष्ठ, बरिष्ठ-वरिष्ठ एवं ऊष्मा-ऊष्ण है।

279. 'मक्षिका' किसका तत्सम शब्द है?

(a) मछली (b) मक्खी
(c) मच्छर (d) मिट्टी

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
UPRO (Pre) 2014
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर. (b) 'मक्षिका', 'मक्खी' का तत्सम शब्द है। 'मच्छर' का तत्सम शब्द 'मशक' तथा 'माटी' का तत्सम शब्द 'मृत्तिका' होता है।

280.'माँ' शब्द का तत्सम है –

(a) माता (b) मातृका
(c) मातृ (d) अम्मा

UP RO (Pre.), 2013
UP RO (Pre.), 2010

उत्तर. (a) माँ का तत्सम शब्द 'माता' होता है।

281. 'मुदरी' का तत्सम रूप है–

(a) मुद्री (b) मुन्दरी
(c) मुदरिका (d) मुद्रिका

UP RO (Main), 2013

उत्तर. (d) दिये गये विकल्पों में मुदरी का तत्सम रूप 'मुद्रिका' होता है। अन्य तीनों विकल्प गलत हैं।

282.निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है –

(a) कान (b) जीभ
(c) मुख (d) दाँत

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
DSSSB TGT Hindi 28/08/2018, Shift-II
UP RO (Pre.), 2010

उत्तर. (c) दिये गये विकल्पों में 'मुख' तत्सम शब्द है जबकि इसका तद्भव शब्द 'मुँह' होता है। अन्य विकल्प कान, जीभ और दाँत तद्भव शब्द हैं जिनका तत्सम रूप क्रमशः होगा- कर्ण, जिह्वा और दंत।

283. 'मेंढक' का तत्सम रूप क्या है?

(a) मंडूक (b) बंदूक
(c) मुद्ग (d) मुष्टि

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : 'मेंढक' का तत्सम रूप' 'मंडूक' है। शेष विकल्प प्रश्न की दृष्टि से अनुचित हैं।

284. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'तत्सम' है?

(a) मध्य (b) कैंची
(c) इंजन (d) तोप

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) : 'मध्य' तत्सम शब्द है। शेष सभी विदेशी शब्द हैं। 'कैंची', 'तोप' तुर्की शब्द हैं तथा 'इंजन' अंग्रेजी शब्द है।

285. निम्न में से कौन-सा विकल्प तत्सम-तद्भव की दृष्टि से सही नहीं है?

(a) पाषाण-पाहन (b) रात्रि-निशा
(c) शूकर-सूअर (d) नृत्य-नाच

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPRO (Pre.) 2013

उत्तर : (b) : तत्सम-तद्भव की दृष्टि से 'रात्रि-निशा' सही युग्म नहीं है। 'रात्रि' शब्द का सही तद्भव रूप 'रात' होता है। अन्य विकल्पों में दिये गये शब्द-युग्म तत्सम- तद्भव की दृष्टि से सही हैं।

286. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द कौन-सा है?

(a) रात (b) यमुना
(c) जनेऊ (d) बिजली

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

तत्सम	तद्भव
यमुना	जमुना
रात्रि	रात
यज्ञोपवीत	जनेऊ
विद्युत	बिजली

287. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द है -

(a) जोगी (b) जोवन
(c) जमाई (d) यौवन

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (d) : दिये गये शब्दों में 'यौवन' तत्सम शब्द है इसका तद्भव 'जोबन' होगा जबकि जोगी, जोबन तथा जमाई तद्भव शब्द हैं।

288. 'एवम्' का तद्भव रूप क्या होगा?

(a) एवं (b) और
(c) तथा (d) यों

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (d) : 'एवम्' का तद्भव रूप 'यों' होता है, शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

289. रिक्शा

(a) जापानी (b) चीनी
(c) अरबी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
UPSSSC VDO 23/12/2018 (Shift-I)
UPPCL ARO 2018

उत्तर : (a) : 'रिक्शा' जापानी भाषा का शब्द है। हिंदी में विदेशी भाषा से लिए गये शब्द आगत शब्द कहलाते हैं।

290. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विदेशज शब्द है ?

(a) रेडियो (b) पगड़ी
(c) कर्राटा (d) सर-सर

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) : 'रेडियो' अंग्रेजी भाषा का विदेशज शब्द है।
विदेशज शब्द – अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिन्दी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं।
जैसे - अदालत, रेडियो, ऑफिस, बुखार, हजम इत्यादि।
* पगड़ी देशज शब्द है।

291. 'राज्ञी' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
(a) राखी (b) रोना
(c) रात्री (d) रानी
UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'राज्ञी' शब्द का तद्भव रूप 'रानी' होता है।

292. 'रक्षासूत्र' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
(a) राख (b) राजपूत
(c) राखी (d) रस्सी
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'रक्षासूत्र' शब्द का तद्भव रूप 'राखी' होता है। राजपूत, राख और रस्सी तद्भव शब्द हैं जिनके तत्सम रूप क्रमशः राजपुत्र, क्षार और रज्जु होते हैं।

293. 'रज्जु' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?
(a) रजस (b) रस्सी
(c) रज (d) राजू
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'रज्जु' शब्द तत्सम् शब्द है जिसका तद्भव 'रस्सी' होगा। तत्सम शब्द वे शब्द होते हैं जिनको संस्कृत भाषा से हिंदी में ज्यों का त्यों ले लिया गया है।

294. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) रुक्ष (b) सूरज
(c) सावन (d) बिच्छु
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'रुक्ष' शब्द तत्सम है। इसका तद्भव 'रुखा' है। अन्य विकल्प तद्भव हैं।

295. 'रजनी' का तद्भव रूप है-
(a) रात (b) रात्रि
(c) रैन (d) रयनी
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : रजनी का तद्भव 'रैन' है जबकि 'रात्रि' एवं 'रात' तत्सम-तद्भव युग्म हैं।

296. 'लालटेन' शब्द इनमें से क्या है?
(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) विदेशज
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
लोअर-2 परीक्षा-2015

उत्तर : (d) : 'लालटेन' अंग्रेजी भाषा का शब्द है। अतः दिये गये विकल्पों के अनुसार 'लालटेन' विदेशज शब्द होगा। हिंदी भाषा में प्रयोग किये जाने वाले वे शब्द जो विदेशी भाषा के हों विदेशज शब्द कहलाते हैं। **जैसे–**तुर्की, जापानी, अरबी, फारसी, पुर्तगाली आदि भाषा के शब्द।

297. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द भिन्न है?
(a) लावारिस (b) सजग
(c) संयोग (d) विदेश
UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'लावारिस' शब्द भिन्न है। यह अरबी भाषा का शब्द है। शेष हिन्दी भाषा के शब्द हैं।

298. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'देशज' है?
(a) अफ़सर (b) आफ़त
(c) वत्स (d) लोटा
[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'लोटा' देशज शब्द है। 'देशज' वे शब्द होते हैं, जिनकी जन्म (व्युत्पत्ति) का पता नहीं चलता ये अपने ही देश में बोलचाल से बने हैं, इसलिए इन्हें देशज कहते हैं। **जैसे-** लोटा, कटोरा, ठुमरी, चसक, जूता, पगड़ी आदि जबकि अफ़सर, आफ़त फ़ारसी शब्द हैं तथा 'वत्स' तत्सम शब्द हैं।

299. 'बेंत' का तत्सम रूप है
(a) वेन्त (b) वेत्र
(c) वेन्त्र (d) वेंतृ
UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (b) 'बेंत' तद्भव शब्द है जिसका तत्सम शब्द 'वेत्र' होता है।

300. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?
(a) साँप (b) चिह्न
(c) बीणा (d) विस्मय
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) 'विस्मय' तत्सम शब्द है। शेष तद्भव शब्द हैं।

301. निम्नलिखित में तत्सम शब्द का चयन कीजिए-
(a) बारात (b) वर्षा
(c) हाथी (d) आँसू
UPSI 25/11/2021 (Shift -III)
[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : वर्षा तत्सम शब्द है, इसका तद्भव बरसात होता है। बारात, हाथी और आंसू तद्भव शब्द हैं। इसका तत्सम क्रमशः वर-यात्रा, हस्ति तथा अश्रु है। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के ले लिया जाता है, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।

302. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?
(a) व्याघ्र (b) साँप
(c) पत्थर (d) नींद
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPRO (Pre) 2013
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : व्याघ्र शब्द तत्सम् है। जिसका तद्भव बाघ होता है। अन्य विकल्प साँप, पत्थर, नींद तद्भव शब्द हैं जिनका तत्सम् शब्द क्रमशः सर्प, प्रस्तर, निद्रा होगा।

303. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है
(a) विवाह (b) ईख
(c) खीर (d) गिद्ध
UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (a) : विवाह तत्सम शब्द है जिसका तद्भव बरात शब्द है। जबकि ईख का ईक्षु, खीर का क्षीर एवं गिद्ध का गृध तत्सम शब्द है।

304. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) मजबूत (b) जमीन
(c) शून्य (d) खुद
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'शून्य' शब्द तत्सम है जिसका तद्भव शब्द 'सूना' होता है। विकल्पों में दिये गये अन्य शब्द- **जैसे-** 'मजबूत', 'जमीन' एवं 'खुद' विदेशज शब्द हैं।

305. हिन्दी भाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द फारसी भाषा से लिया गया है?

(a) औलाद (b) साफ
(c) शर्म (d) साल

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c&d) 'शर्म' तथा 'साल' फारसी भाषा के शब्द हैं। फारसी भाषा के अन्य शब्द बीमार, मजा, आदि हैं जबकि औलाद तथा साफ अरबी भाषा के शब्द हैं।

306. निम्न में से शलाका का तद्भव रूप है :

(a) श्लेष (b) सलाई (c) सलाका (d) सिलाई

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

उत्तर : (b) : 'शलाका' का तद्भव रूप 'सलाई' होता है।
अन्य विकल्प असंगत हैं।
कुछ परीक्षोपयोगी तत्सम - तद्भव-

तत्सम		तद्भव
अंगप्रौछा	-	अंगोछा
उलूखल	-	ओखली
चटिका	-	चिड़िया
विरूप	-	बुरा

307. सूची-I में चार तत्सम शब्द एवं सूची-II में उनके प्रचलित अर्थ वाले नाम दिए गए हैं। सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I	सूची-II
(a) शूलपाणि	**(i) विष्णु**
(b) दंडपाणि	**(ii) इन्द्र**
(c) वज्रपाणि	**(iii) शिव**
(d) सारंगपाणि	**(iv) यमराज**

कूट:

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(b)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(c)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(d)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)

CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

तत्सम शब्द	प्रचलित अर्थ
शूलपाणि	शिव
दंडपाणि	यमराज
वज्रपाणि	इन्द्र
सारंगपाणि	विष्णु

308. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन–सा है?

(a) शिखा (b) चंदा
(c) रात (d) बात

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : 'शिखा' तत्सम शब्द है। अन्य तद्भव शब्द हैं–

तद्भव शब्द		तत्सम शब्द
चंदा	–	चन्द्रमा
रात	–	रात्रि
बात	–	वार्ता

309. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) सोलह (b) शोभन
(c) सोता (d) सोना

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) दिए गए विकल्प में 'शोभन' शब्द तत्सम् है।
'सोलह' का तत्सम् → षोडश
'सोता' का तत्सम् → स्रोत
'सोना' का तत्सम् → स्वर्ण।

310. 'सींग' शब्द का तत्सम रूप है –

(a) श्रृंग (b) शिंग
(c) शृंग (d) सिंग

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर. (c) 'सींग' का तत्सम रूप है – शृंग।

311. कौन सा शब्द तत्सम है?

(a) शुश्रूषा (b) सुन्नर
(c) अपजस (d) अच्छर

UP RO (Main), 2013

उत्तर. (a) दिये गये चारों विकल्पों में तत्सम शब्द शुश्रूषा है, जबकि अन्य तीनों विकल्प सुन्नर, अच्छर और अपजस तीनों शब्द तद्भव हैं।

312. 'सिंगार' शब्द का तत्सम है –

(a) श्रृंगार (b) श्रंगार
(c) शृंगार (d) शिंगार

UPSI Batch-II 20 Dec. 2017
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC Krishi Pravidhik (15-02-2019)
UP RO (Pre.), 2010
UP RO (Mains), 2013

उत्तर. (c) 'सिंगार' का तत्सम रूप 'शृंगार' शब्द है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

313. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?

(a) बहू (b) जोग
(c) श्वसुर (d) ब्याह

UPPSC AE, 2008
UP RO (Pre.), 2013
UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (c) 'श्वसुर' संस्कृत का शब्द है, अतः यह तत्सम शब्द है। जिसका तद्भव 'ससुर' है।

314. सिनेमा

(a) पुर्तगाली (b) फारसी
(c) अंग्रेजी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'सिनेमा' शब्द अंग्रेजी भाषा का शब्द है। अंग्रेजी भाषा से लिए अन्य शब्द इस प्रकार हैं- इंजन, टेलीफोन, नंबर, सिगरेट, क्रिकेट, नोटिस, पाउडर आदि।

@RexstarPdf

315. स्वर्ण

(a) स्वर्णकार (b) सोना
(c) सुनार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'स्वर्ण' शब्द का तद्भव 'सोना' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

316. सूचि

(a) सत्तू (b) सलाई
(c) सूई
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UDA/LDA परीक्षा-2015
UP NT Exam-2008

उत्तर : (c) : 'सूचि' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'सूई' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

317. निम्न में से कौन-सा शब्द तत्सम शब्द है?

(a) खीर (b) घोड़ा (c) सपत्नी (d) सत्तू

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'सपत्नी' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'सौत' होता है। खीर, घोड़ा, सत्तू ये सभी तद्भव शब्द हैं।

318. 'सलावण्य' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?

(a) सललित (b) लवण
(c) सलोना (d) लावण्या

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'सलावण्य' शब्द का तद्भव 'सलोना' होता है। जबकि 'लवण' एक तत्सम शब्द है जिसका तद्भव 'नोन' होता है। अतः विकल्प (c) सही है।

319. 'सप्तशती' शब्द का तद्भव रूप क्या है ?

(a) सतहत्तर (b) सत्तासी
(c) सत्रह (d) सतसई

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) :

तत्सम		तद्भव
सप्तशती	-	सतसई
सप्तदश	-	सत्रह
सप्ताशीति	-	सत्तासी
सप्तसप्तति	-	सतहत्तर

320. 'श्रावण' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) यौवन (b) श्रवण (c) छावनी (d) सावन

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : श्रावण शब्द का तद्भव 'सावन' होता है। निम्न का तत्सम तद्भव इस प्रकार है -

तत्सम		तद्भव
यौवन	-	जोबन
श्रवण	-	सुनना
यदा	-	जब
श्रावण	-	सावन

321. 'सौभाग्य' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है?

(a) सौमिलन (b) सुहाग
(c) शोभन (d) सोलह

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'सौभाग्य' शब्द का तद्भव रूप 'सुहाग' होता है सौमिलन, शोभन, सोलह ये सभी असंगत हैं।

322. इनमें एक शब्द देशज नहीं है:

(a) खोखा (b) पेटी
(c) पान (d) सुपारी

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : 'पान' शब्द देशज नहीं है। वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं। ये शब्द आमतौर पर क्षेत्रीय भाषा में प्रयोग किये जाते हैं। जैसे- लोटा, कटोरा, पगड़ी, खिचड़ी, सुपारी।

323. एक शब्द वर्ण संकर कोटि का नहीं है-

(a) स्कूलमास्टर (b) रेलयात्रा
(c) पानदान (d) राजमहल

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'स्कूलमास्टर' शब्द में 'स्कूल' एवं 'मास्टर' दोनों शब्द अंग्रेजी भाषा के हैं जबकि रेलयात्रा में 'रेल' अंग्रेजी का और 'यात्रा' हिंदी का शब्द है, पानदान में 'पान' हिंदी का शब्द है जबकि 'दान' (पात्र) उर्दू का प्रत्यय है। अतः यह वर्ण संकर की कोटि में आता है और राजमहल में 'राज' हिन्दी भाषा का एवं 'महल' शब्द 'अरबी' भाषा का शब्द है।

324.निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) दुआर (b) सायं
(c) गिरिस्ती (d) पाँव

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर. (b) 'सायं' शब्द तद्भव नहीं है। शेष विवरण निम्न हैं–

तत्सम	तद्भव
द्वार	दुआर
सायं	साँझ
गृहस्थी	गिरिस्ती
पाद	पाँव

325. दिए गए विकल्पों में से तद्भव शब्द का चयन करें।

(a) संगम (b) विद्युत (c) कंकण (d) रात्रि

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में 'संगम' एक तद्भव शब्द है जबकि अन्य तीनों विकल्प विद्युत, कंकण तथा रात्रि तत्सम शब्द हैं जिनके तद्भव शब्द क्रमशः बिजली, कंगन तथा रात हैं।

326.निम्नलिखित में से कौन तद्भव शब्द है?

(a) दिनकर (b) दिवाकर
(c) प्रभाकर (d) सूरज

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर. (d) उक्त दिये गये विकल्पों में तत्सम शब्द दिनकर, दिवाकर और प्रभाकर हैं; जबकि सूरज शब्द तद्भव है। सूरज का तत्सम शब्द 'सूर्य' होगा।

327. 'थाली' का तत्सम रूप है-

(a) स्थाली (b) थालिका
(c) थ्याली (d) थालि

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (a) 'थाली' एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'स्थाली' होता है।

@RexstarPdf

328. निम्नलिखित में कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(a) पक्ष (b) वायु
(c) साई (d) राजा

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (c) : 'साई' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम 'स्वामी' होता है। जबकि पक्ष, वायु व राजा तत्सम शब्द हैं।
जैसे - पक्ष - पंख, राजा - राय।

329. 'हरिद्रा' शब्द का तद्भव रूप क्या है?

(a) हरी (b) हार (c) हरा (d) हल्दी

UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा-2022
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UP RO (Pre.), 2010
कानूनगो भर्ती परीक्षा-2015

उत्तर : (d) : 'हरिद्रा' शब्द तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'हल्दी' होता है।

330. दिए गए विकल्पों में से तद्भव शब्द का चयन करे।

(a) विधवा (b) वचन
(c) शौर्य (d) हँसी

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर : (d) 'हँसी' तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'हास्य' होता है। वचन, विधवा एवं शौर्य तत्सम शब्द हैं जिसका तद्भव क्रमशः बचन, बेवा एवं शूर होता है।

331. 'हस्ती' का तद्भव रूपांतरण क्या होगा?

(a) हथेली (b) हस्त (c) हाथ (d) हाथी

UPPSC RO/ARO (Pre.) 2021
DSSSB TGT Science 29/02/2018, I Shift
UPPSC Stenographer, 2018
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'हस्ती' का तद्भव रूपांतरण हाथी होगा।
तत्सम शब्द–हिन्दी में प्रयुक्त संस्कृत के शब्दों (शुद्ध रूप में) को तत्सम (तत् + सम – उसके समान) शब्द कहते हैं। जैसे– अग्नि, अक्षर, ऋतु, ओष्ठ, माता, प्रकाश आदि।
तद्भव शब्द–वे शब्द जो संस्कृत शब्दों से विकृत होकर (परिवर्तित होकर) हिन्दी में प्रयोग होते हैं, तद्भव शब्द कहलाते हैं। जैसे– उजला, कपूर, आँख, अमोल, किरन ..... आदि।

	तत्सम शब्द		तद्भव शब्द
1.	हस्ती	–	हाथी
2.	हस्त	–	हाथ
3.	मौक्तिक	–	मोती
4.	अक्षवाट	–	अखाड़ा

332. निम्नलिखित में तद्भव शब्द का चयन कीजिये-

(a) हस्त (b) हस्ति (c) हींग (d) हीरक

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर. (c) 'हींग' तद्भव शब्द है इसका तत्सम रूप हिंगु होता है। हस्त, हस्ति, हीरक तत्सम शब्द हैं इनके तद्भव रूप क्रमशः हाथ, हाथी तथा हीरा होंगे।

333. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'तद्भव' है?

(a) नेत्र (b) कटि
(c) चरण (d) हाथ

[UPPSC AE 2008]
UPNT Exam, 2008

उत्तर. (d) : हाथ तद्भव शब्द है जिसका तत्सम शब्द हस्त है। अन्य तद्भव-तत्सम इस प्रकार हैं-

तत्सम	तद्भव
नेत्र	नैन
कटि	कमर
चरण	चरन

334. 'हिरन' का तत्सम रूप है–

(a) हिरण (b) हरिण
(c) हिरन (d) हरिकेण

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (b) : हिरन का तत्सम – हरिण होता है।

335. इनमें से कौन-सा शब्द तद्भव है?

(a) धतूरा (b) डोरा (c) जुआ (d) सभी

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : धतूरा, डोरा और जुआ ये सभी तद्भव शब्द हैं। इनके तत्सम शब्द क्रमशः धर्त्तूर, डोरक और द्यूत हैं। संस्कृत भाषा के जिन शब्दों का रूप बदलकर प्रयोग किया जाता है, तद्भव शब्द कहलाते हैं।

336. स्रोत की दृष्टि से शब्दों को कितने भागों में बाँटा जा सकता है?

(a) चार (b) तीन (c) दस (d) पाँच

UK PSC Lecturer 2020
DSSSB PGT 30.07.2018
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : स्रोत की दृष्टि से शब्दों को 'चार' भागों मे बाँटा जा सकता है।
1. तत्सम 2. तद्भव 3. देशज 4. विदेशज एवं संकर

337. 'डाकघर' एक ..... शब्द है।

UPPCL ARO, 2018

(a) देशज (b) विदेशी
(c) तद्भव (d) संकर

उत्तर : (d) 'डाकघर' एक संकर शब्द है। दो भिन्न स्रोतों से आये शब्दों के मेल से बने नए शब्दों को संकर शब्द कहते हैं। जैसे–
रेल (अंग्रेजी) + गाड़ी (हिन्दी) – रेलगाड़ी।
सील (अंग्रेजी) + बंद (फारसी) – सीलबंद।

338. 'छायादार' शब्द किसका उदाहरण है?

(a) तत्सम (b) देशज
(c) विदेशज (d) संकर

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (d) : 'छायादार' शब्द 'संकर' शब्द का उदाहरण है। दो भिन्न स्रोतों से आये शब्दों के मेल से बने नए शब्द को 'संकर शब्द' कहते हैं।
[छाया (संस्कृत) + दार (फारसी) = छायादार] संस्कृत तथा फारसी शब्दों के मेल से बना है।
उदाहरण–रेल (अंग्रेजी) + गाड़ी (हिन्दी) – रेलगाड़ी
सील (अंग्रेजी) + बंद (फारसी) – सीलबंद

339. 'रेलगाड़ी' शब्द है-

(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) संकर

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर. (d) दो भिन्न स्रोतों से आए शब्दों के मेल से बने नए शब्द को 'संकर शब्द' कहते हैं जैसे–
छाया (संस्कृत) + दार (फारसी) = छायादार
रेल (अंग्रेजी) + गाड़ी (हिन्दी) = रेलगाड़ी
सील (अंग्रेजी) + बंद (फारसी) = सीलबंद

340. ध्वनि के अनुकरण के आधार पर जो शब्द निर्मित हो गए हैं और जिनकी व्युत्पत्ति अज्ञात है, ऐसे शब्दों को क्या कहा जाता है?
(a) तत्सम शब्द (b) देशज शब्द
(c) विदेशज शब्द (d) प्राकृत शब्द
[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों, ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं। ये शब्द आमतौर पर क्षेत्रीय भाषा में प्रयोग किए जाते हैं। जैसे- लड़का, खिड़की लोटा, ढम-ढम, सोंय आदि।

341. देशज शब्द वे हैं-
(a) जिनकी व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता।
(b) जो देशी भाषा से विकसित हुए हैं।
(c) जिनका जन्म अपने ही देश में हुआ है।
(d) जो संस्कृत की परंपरा से जुड़े हैं।
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : 'जिनका जन्म अपने ही देश में हुआ है' देशज शब्द हैं। **देशज** (देश + ज) शब्द का अर्थ है- 'देश में जन्मा'। अतः ऐसे शब्द जो क्षेत्रीय प्रभाव के कारण परिस्थिति व आवश्यकता अनुसार बनकर प्रचलित हो गए हैं। देशज या देशी शब्द कहलाते हैं। **जैसे-** डिबिया, कलाई, जूता आदि।

342. निम्नलिखित में से एक युग्म अशुद्ध है, वह है :
(a) सौदागर – फारसी शब्द
(b) समन – अंग्रेजी शब्द
(c) अलमारी – तुर्की शब्द
(d) किताब – अरबी शब्द
GIC. PGT 2015

उत्तर. (c) अलमारी 'तुर्की' शब्द अशुद्ध है। शब्दों का शुद्ध युग्म होगा-
सौदागार - फारसी शब्द
समन - अंग्रेजी शब्द
अलमारी - पुर्तगाली शब्द
किताब - अरबी शब्द

343. 'लाश' किस भाषा का शब्द है?
(a) फारसी (b) अरबी
(c) पुर्तगाली (d) तुर्की
KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (d) : 'लाश' तुर्की भाषा का शब्द है। तुर्की भाषा के अन्य प्रमुख शब्द – कैंची, कालीन, चेचक, जाजिम, तलाश, बेगम, बहादुर आदि।

344. हिन्दी भाषा में विदेशी भाषा के शब्दों के अन्तर्गत अरबी, फारसी पश्तो, तुर्की, अंग्रेजी और ..... भाषा के शब्द प्रयुक्त हो रहे हैं।
(a) अफ्रीका (b) पुर्तगाली
(c) पोलिश (d) श्रीलंकाई
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : हिन्दी में अफ्रीकी, पोलिश और श्रीलंकाई भाषा के शब्दों का प्रयोग प्रायः नहीं होता है जबकि पुर्तगाली शब्दों का प्रयोग देखने को मिल जाता है। **जैसे-** मिस्त्री, बाल्टी, बोतल आदि।

345. एक युग्म अशुद्ध है
(a) लालटेन - अंग्रेजी (b) बोतल - अंग्रेजी
(c) पंड़ा - पुर्तगाली (d) चिड़िया - संस्कृत
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'बोतल-अंग्रेजी' युग्म अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'बोतल' पुर्तगाली है। शेष सभी युग्म शुद्ध हैं।

346. 'रेल' शब्द क्या है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशी
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'रेल' शब्द 'विदेशी' है। किसी भी दूसरे देश की भाषा के शब्द जिनका हिन्दी भाषा में प्रयोग किया जाता है उन्हें **विदेशी शब्द** कहते हैं। 'रेल' अंग्रेजी भाषा का शब्द है। **जैसे-** रेलगाड़ी, कैची, औरत।
तत्सम- जो शब्द संस्कृत भाषा से हिन्दी में आए हैं और ज्यों के त्यों प्रयुक्त होते हैं, तत्सम शब्द कहते हैं। **जैसे-**अश्रु, घृत, आम्र।
तद्भव- जो संस्कृत शब्द कुछ रूप परिवर्तन के साथ हिन्दी शब्दावली में आ गए हैं। उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं। **जैसे-** नयन, नेह, हार।
देशज- देशज शब्द वे शब्द होते हैं। जो अपने ही देश में उपजे हों। **जैसे-** लोटा, थरिया, जूता, खिड़की आदि।

347. कौन सा शब्द तद्भव है?
(a) पिता (b) आज्ञा
(c) किसान (d) अग्नि
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (*) दिये गये विकल्पों में 'पिता' तथा 'किसान' दोनों शब्द तद्भव हैं। इनका तत्सम शब्द क्रमशः 'पितृ' तथा 'कृषक' है, जबकि 'अग्नि' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव शब्द 'आग' होगा।

348.'सुवरन' शब्द है-
(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) विदेशी (d) देशज
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) 'सुवरन' शब्द तद्भव है। इसका तत्सम 'स्वर्ण' है। वे शब्द जिनकी उत्पत्ति संस्कृत शब्दों से हुई है, तद्भव होते हैं।

349. 'उन्मेख' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) आगत
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) 'उन्मेख' शब्द तद्भव है।

350. तद्भव शब्द बने हैं–
(a) हिंदी के मूल शब्दों से
(b) विदेशी शब्दों से
(c) उर्दू शब्दों में बदलाव से
(d) संस्कृत शब्दों में कुछ बदलाव से
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)
UPP Constable, 2017
UK PSC AE 2017

@RexstarPdf

उत्तर. (d) : 'तद्भव (तत् + भव) शब्द का अर्थ है– 'उससे होना' अर्थात् संस्कृत शब्दों से विकृत होकर (परिवर्तित होकर) बने शब्द तद्भव शब्द हैं।

351. किस विकल्प में सभी शब्द तदभव शब्द हैं?

UPP CONSTABLE, 2017

(a) आग, जीभ, घर (b) पत्र, फूल, हाथी
(c) बरखा, रात, सत्य (d) उच्च, दुर्बल, पुष्प

उत्तर : (a) दिए गए विकल्पों में तद्भव शब्द आग, जीभ, घर है। जिनके तत्सम रूप अग्नि, जिह्वा और गृह है। शेष विकल्प असंगत हैं।

352. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?

(a) उपज (b) तद्भव
(c) उपला (d) उबाल

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'तद्भव' शब्द तत्सम है अतः विकल्प (b) सही है।

353. संस्कृत भाषा से हिंदी में बिना परिवर्तन के प्रयुक्त होने वाले शब्द को क्या कहते हैं?

(a) तद्भव शब्द (b) तत्सम शब्द
(c) देशज शब्द (d) विदेशी शब्द

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPPSC (Pre.) 2020
[UPSSSC Junior Assistant Re-exam 31.05.2019 Shift II]
UPSI Batch - II 19 Dec.2017
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018
UPSC AE 2008

उत्तर. (b) संस्कृत भाषा से हिन्दी में बिना परिवर्तन के प्रयुक्त होने वाले शब्द को 'तत्सम' कहते हैं और इनके विकृत रूप को 'तद्भव' कहते हैं। आवश्यकता अनुसार बने शब्दों को 'देशज' शब्द कहते हैं, जबकि विदेशी भाषाओं से हिन्दी में आये हुए शब्दों को 'विदेशज' शब्द कहते हैं।

354. रेलमंत्री किस कोटि का शब्द है?

(a) संकर (b) तद्भव
(c) तत्सम (d) विदेशी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'रेलमंत्री' **संकर** शब्द का उदाहरण है। यहाँ रेल अंग्रेजी भाषा का शब्द और मन्त्री हिन्दी भाषा का शब्द है, जो शब्द दो भिन्न-भिन्न भाषाओं के मेल से बने होते हैं। उन्हें संकर शब्द कहते हैं। **जैसे-**रेल- अंग्रेजी भाषा
मन्त्री - हिन्दी भाषा।

355. 'कारज' किस प्रकार का शब्द है?

(a) तत्सम (b) अर्द्धतत्सम
(c) तद्भव (d) देशज

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (b) 'कारज' एक अर्द्धतत्सम शब्द है। अर्द्धतत्सम वे शब्द हैं, जो आधुनिक भाषा काल में सीधे संस्कृत से लिये गये हैं और सामान्य भाषा में प्रयुक्त होने के कारण इनमें थोड़ा सा परिवर्तन हुआ है। अर्द्धतत्सम शब्दों के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं- दई, रात, अच्छर, अगिन, बच्छ, अग्याँ इत्यादि।

356. प्रयोग के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

(a) दो (b) चार
(c) छः (d) आठ

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (a) प्रयोग के आधार पर शब्दों के दो भेद हैं–
(1) विकारी शब्द–जिन शब्दों के रूप में लिंग, वचन और कारक के कारण परिवर्तन होता रहता है, वे 'विकारी शब्द' हैं। 'संज्ञा', 'सर्वनाम', 'विशेषण' और 'क्रिया' विकारी शब्द हैं।
(2) अविकारी शब्द–के रूपों में लिंग, वचन, कारक के अनुसार कोई परिवर्तन नहीं होता। इसके अन्तर्गत 'क्रिया विशेषण', 'सम्बंधबोधक अव्यय', 'समुच्चयबोधक अव्यय' व 'विस्मयादिबोधक अव्यय' आते हैं।

357. सूर्य, गौ तथा जल आदि शब्द हैं-

(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) विदेशी (d) देशज

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) : सूर्य, गौ तथा जल आदि शब्द तत्सम हैं।
तद्भव- ऐसे शब्द, जो संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिंदी में आए हैं, तद्भव कहलाते हैं।
विदेशी- विदेशी भाषाओं से हिंदी भाषा में आए शब्दों को विदेशी शब्द कहते हैं।
देशज- देशज वे शब्द हैं, जो स्थानीय आवश्यकता के अनुसार गढ़ लिए जाते हैं।

358. तद्भव और इसके तत्सम का कौन-सा मेल गलत है?

(a) लौंग-लवंग (b) आँत-अंत्र
(c) लुनाई-लावण्यता (d) आयसु-आदेश

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (b & c) : दिये गये युग्म में 'लुनाई-लावण्यता' का मेल गलत है। अन्य युग्म सही हैं। 'लावण्यता' का अर्थ सुन्दरता होता है जबकि 'लुनाई' का तत्सम लवणता होगा। तद्भव तत्सम की दृष्टि से आँत-अंत्र सही है। आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (b&c) दोनों विकल्पों को माना है।

359. हिंदी कोश में पहले कौन-सा शब्द आयेगा?

(a) दक्ष (b) द्रव्य
(c) दंड (d) द्वय

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : हिन्दी शब्द कोश में पहले 'दंड' शब्द आयेगा।
दक्ष = द् + अ + क् + ष् + अ
द्रव्य = द् + र् + अ + व् + य् + अ
दण्ड = द् + अं + ड् + अ
द्रय = द् + र् + अ + य् + अ।
नोट– शब्द कोश में 'अनुस्वार' ह्रस्व अ से पहले आता है।

360. 'परिव्राजक' का शब्दार्थ निर्देशित कीजिए।

(a) पर्यटक
(b) भ्रमणशील संन्यासी
(c) आप्रवासी
(d) वर्जना करने वाला

[UPPSC AE 2008]

@RexstarPdf

उत्तर. (b) : 'परिव्राजक' का अर्थ है- 'भ्रमणशील संन्यासी' जबकि **पर्यटक** का अर्थ- घूमने फिरने वाला तथा 'आप्रवासी' का अर्थ किसी दूसरे देश में जाकर बस जाने वाला व्यक्ति।

361. 'पंकज' शब्द किस शब्द भेद का उदाहरण है?

(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) योगरूढ़ (d) देशी

उत्तर. (c) : 'पंकज' शब्द योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है- पंक+ज का अर्थ है 'कीचड़ से उत्पन्नः पर इससे केवल 'कमल' अर्थ लिया जायेगा, अतः पंकज योगरूढ़ है- ऐसे शब्द जो यौगिक तो होते हैं पर अर्थ के विचार से अपने सामान्य अर्थ को छोड़ किसी परंपरा से विशेष अर्थ के परिचायक हैं, **योगरूढ़** कहलाते हैं। **जैसे-** जलज, लंबोदर, चक्रपाणि, दशानन आदि।

362. इनमें से कौन-सा शब्द-रूप भिन्न है?

(a) कमसिन (b) बदकिस्मत
(c) लापरवाह (d) निगोड़ा

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'निगोड़ा' शब्द भिन्न है। विकल्पगत शब्दों में कमसिन, बदकिस्मत एवं लापरवाह फारसी भाषा के शब्द है जबकि निगोड़ा देशज शब्द है।

363. निम्नलिखित में रूढ़ शब्द है–

(a) दूधवाला (b) घुड़सवार
(c) नाक (d) लम्बोदर

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (c) 'नाक' रूढ़ शब्द है। बनावट के आधार पर शब्दों के तीन भेद होते हैं:-

1. रूढ़ शब्द– वे शब्द जो स्वतंत्र होते हैं, रूढ़ शब्द कहलाते हैं, जैसे– नाक, कान, कलम, आम ..... .इत्यादि।

2.यौगिक शब्द – जो दो शब्दों के योग से बनते हैं उन्हें यौगिक शब्द कहते हैं, जैसे- छात्रावास, विद्यार्थी, दूधवाला, घुड़सवार, ... इत्यादि।

3. योगरूढ़ शब्द – जो शब्द दो से अधिक खण्डों के योग से बनते हैं एवं अपना सामान्य अर्थ छोड़कर कोई विशेष अर्थ देते हैं योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं, जैसे- पंकज, पीताम्बर, चतुर्भुज।

364. निम्न में योगरूढ़ शब्द है :

(a) पीला (b) जलज
(c) पर (d) दूधवाला

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) वे शब्द जो यौगिक तो होते हैं, परन्तु जिनका अर्थ रूढ़ (विशेष अर्थ) हो जाता है (अर्थात् ये सामान्य अर्थ न प्रकट कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं) योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं।

जैसे– जलज (जल में उत्पन्न होने वाला – कमल)
लम्बोदर (लम्बा है उदर जिसका – गणेश)
नीलकंठ (नीला है कंठ जिसका – शंकर)

365. प्रयोग के आधार पर शब्द भेद हैं-

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर. (a) : प्रयोग के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं–

(1) विकारी शब्द–वे शब्द जिनमें लिंग, वचन तथा कारक के आधार पर उनके मूल शब्द में परिवर्तन हो जाता है विकारी शब्द कहलाते हैं जैसे–लड़का, लड़की, मैं, तू, अच्छा, बुरा आदि

(2) अविकारी शब्द–वे शब्द जिनमें लिंग, वचन तथा कारक के आधार पर उनके मूल शब्द में कोई परिवर्तन नहीं होता है, अविकारी शब्द कहलाते हैं जैसे–आज, कल, परन्तु, हाय!, के ऊपर, से आगे आदि।

366. 'शब्द का अर्थबोध कराने वाला' कौन-सा शब्द है?

(a) शब्द-शक्ति (b) वाक्य
(c) एकार्थक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : शब्द का अर्थबोध कराने वाला 'शब्द शक्ति' है। शब्द शक्ति तीन प्रकार की होती है- (1) अभिधा (2) व्यंजना (3) लक्षणा।

367. चारपाई _____शब्द है।

(a) रूढ़ (b) यौगिक
(c) योगरूढ़ (d) अर्थतत्त्व

UPSI, 2016

उत्तर : (c) चारपाई योगरूढ़ शब्द है। योगरूढ़, वे शब्द होते हैं, जिनका अर्थ रूढ़ (विशेष अर्थ) होता है। यौगिक होते हुए भी ये शब्द एक इकाई हो जाते हैं यानी ये सामान्य अर्थ को न प्रकट कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं। **जैसे**– पीताम्बर, जलज, लम्बोदर, दशानन, नीलकंठ, चारपाई आदि।

368. पंकज, जलज, आदि किस प्रकार के शब्द हैं?

(a) रुढ़ (b) यौगिक
(c) योगरूढ़ (d) मिश्रित

DSSSB PGT 23.07.2018 (2:00 pm-5 pm)
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift
वनरक्षक परीक्षा-2015

उत्तर. (c) : पंकज, जलज योगरूढ़ शब्द हैं।

रचना के आधार पर शब्द भेद–

1. योगरूढ़:– ऐसे शब्द जो सामान्य अर्थ को न प्रकट कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं, योगरुरूढ कहलाते हैं।

2. यौगिक शब्द:– दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बनते हैं, जैसे–विज्ञान (वि+ज्ञान), प्रयोगशाला (प्रयोग+शाला)।

3. रूढ़ शब्द:– जिन शब्दों के सार्थक खण्ड न हों, जैसे–दिन, रात, घर, ... इत्यादि।

369. 'मेधावी' शब्द का अर्थ है :

(a) आज्ञाकारी (b) दौड़ने वाला
(c) परिश्रमी (d) प्रतिभाशाली

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'मेधावी' शब्द का अर्थ 'प्रतिभाशाली' होता है। अन्य सभी विकल्प अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

370. 'ऋतु का' अर्थ है :

(a) सत्य (b) इत्र
(c) रूप (d) कृत

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (*) 'ऋत्' शब्द का अर्थ 'सत्य' होता है। प्रश्न में 'ऋतु' शब्द दिया गया है, जिसका संगत अर्थ किसी भी विकल्प में निहित नहीं है।
शब्द 'ऋतु' का अर्थ 'मौसम' है। आयोग के उत्तर के अनुसार शब्द 'ऋतु' के स्थान पर 'ऋत्' शब्द होना चाहिए जिसका अर्थ 'सत्य', 'मोक्ष' तथा 'यथार्थ' होता है। 'ऋत' शब्द का विलोम 'अनृत' होता है।

शब्द		अर्थ
1. ऋद्ध	–	समृद्ध
2. ऋद्धि	–	समृद्धि, धन
3. ऋक्थ	–	धन, जायदाद
4. ऋषीक	–	ऋषि पुत्र

371. 'विलक्षण और विचक्षण' शब्द के अर्थ हैं –

(a) विशेष और बुरा (b) विभिन्न और ज्ञानी
(c) सज्जनता और विविधता
(d) विलासी और विचरण करने वाला
(e) विचित्र और दक्ष

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर. : (e) विलक्षण और विचक्षण शब्द के आशय क्रमशः हैं विचित्र और दक्ष न कि विशेष और बुरा, विभिन्न और ज्ञानी, सज्जनता और विविधता, विलासी और विचरण करने वाला।

372. 'स्वयंभू' शब्द का अर्थ है –

(a) स्वावलम्बी (b) स्वतः उत्पन्न
(c) सर्वश्रेष्ठ (d) सर्वोपरि

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. : (b) स्वयंभू का आशय 'स्वतः उत्पन्न होने वाला' है जबकि स्वावलम्बी का आशय आत्मनिर्भर, सर्वश्रेष्ठ का आशय सबसे श्रेष्ठ और सर्वोपरि का आशय सबसे ऊपर होता है।

373. 'संकर' शब्द का क्या अर्थ है?

(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) विदेशी
(d) दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) संकर शब्द– दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द ही संकर शब्द होता है।
जो शब्द संस्कृत के मूलरूप हिन्दी में प्रयुक्त हैं, **तत्सम** कहलाते हैं।
वे शब्द जो प्राकृत, पालि, अपभ्रंश से होते हुए हिन्दी में प्रचलित हैं, **तद्भव** कहलाते हैं। जैसे–अखाड़ा, ओस, अगहन, आँसू आदि। वे शब्द जो भारतीय आर्य भाषाओं से भिन्न विदेशी जाति या परिवार से हैं, **विदेशी शब्द** होते हैं। जैसे– अरबी, फारसी अंग्रेजी, फ्रेंच, जापानी, चीनी, तुर्की आदि भाषा के शब्द।

374. 'वलय' शब्द का अर्थ चिह्नित कीजिए।

(a) वृक्ष की छाल (b) गोलाकार घेरा
(c) मृग छाल (d) आवरण

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर. : (b) 'वलय' शब्द का शाब्दिक अर्थ 'गोलाकार घेरा' होता है।

375. अरण्य-चन्द्रिका

(a) जंगल की सुन्दरी (b) जंगल में मंगल
(c) निष्प्रयोजन पदार्थ (d) निरर्थक बनाव-शृंगार

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर–(d) अरण्य- चन्द्रिका का अर्थ 'निरर्थक बनाव – शृंगार' है।

376. 'कौन्तेय' कहा जाता है–

(a) अर्जुन (b) श्रीकृष्ण
(c) कर्ण (d) दुर्योधन

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर. : (a) कौन्तेय 'अर्जुन' के लिए प्रयुक्त शब्द है। कौन्तेय का आशय 'कुन्ती का पुत्र' है।

377. निम्न में कौन शब्द बौद्ध भिक्षु का अर्थ देता है–

(a) श्रवण (b) श्रमण (c) श्रावण (d) श्रावक

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर. : (b) 'श्रमण' शब्द बौद्ध भिक्षु का अर्थ देता है।

378. महाभारत में पार्थ शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(a) कर्ण (b) अर्जुन
(c) भीष्म (d) रुक्मिणी

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. : (b) महाभारत में पार्थ शब्द का प्रयोग 'अर्जुन' के लिए किया गया है।

379. 'मीनाक्षी' का अर्थ क्या होता है?

(a) मोरनी
(b) मछली की तरह गोल आँखों वाली
(c) यमुना नदी
(d) पूनम की चाँदनी

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) 'मीनाक्षी' का अर्थ मछली की तरह गोल आँखों वाली होता है।

380. 'सलिल' शब्द का सही अर्थ है :

(a) पानी (b) मलिन
(c) आग (d) सरल

DSSSB-हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर : (a) 'सलिल' शब्द का सही अर्थ 'पानी' है जबकि मलिन का अर्थ गंदा/धब्बा होता है।

381. 'प्रतीक्षा करना' इसका अर्थ है–

(a) परीक्षा करना (b) राह देखना
(c) प्रदक्षिण करना (d) पहचानना

DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)

उत्तर: (b) 'प्रतीक्षा करना' का अर्थ है 'राह देखना'। शेष विकल्प गलत हैं।

@RexstarPdf

12.

उपसर्ग-प्रत्यय

1. उपसर्ग

निर्देशः निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर सही विकल्प उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

1. सुडौल

(a) स
(b) ल
(c) सुह
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (e) : 'सुडौल' शब्द में 'सु' उपसर्ग लगा है। अतः उपर्युक्त में से कोई विकल्प सही नहीं है।

2. अभ्युदय

(a) अ
(b) अभ्
(c) अभि
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'अभ्युदय' शब्द में 'अभि उपसर्ग' लगा है। 'अभि' उपसर्ग से बने शब्द हैं- अभियोग, अभियुक्त, अभिमान, अभिशाप आदि।

3. बदमाश

(a) बद
(b) ब
(c) श
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'बदमाश' शब्द में 'बद' उपसर्ग है। 'बद' उपसर्ग से बने शब्द हैं- बदहवास, बदजात, बदसूरत, बदकिस्मत आदि।

4. संपूर्ण

(a) स
(b) सम्
(c) संन्
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'संपूर्ण' शब्द में 'सम्' उपसर्ग है। 'सम्' उपसर्ग से बने शब्द हैं- संकल्प, संयोग, संतोष, सम्मेलन, संस्कार आदि।

5. सहकारी

(a) स
(b) सह
(c) कारी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'सहकारी' में 'सह' उपसर्ग है। 'सह' उपसर्ग से बने शब्द 'सहकर्मी', सहयोगी, सहपाठी, सहभागी आदि।

6. निम्नलिखित में 'निर्' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है :

(a) निकृष्ट (b) निर्भय
(c) निर्वाह (d) निर्दोष

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'निकृष्ट', 'निर' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है। जबकि निर्भय, निर्वाह तथा निर्दोष 'निर' उपसर्ग से बने शब्द हैं।

7. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग तथा प्रत्यय (दोनों) का प्रयोग हुआ है?

(a) अपयश, अनुशासन (b) परित्यक्ता, अनुनादित
(c) लालवाब, लापरवाह (d) पत्रकार, वाहवाही

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (b) 'परित्यक्ता' में 'परि' उपसर्ग 'त्यक्त' मूलशब्द तथा 'अ' प्रत्यय है, तथा 'अनुनादित' में 'अनु' उपसर्ग 'नाद' मूलशब्द तथा 'इति' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
उपसर्ग मूलशब्द के आगे तथा प्रत्यय पीछे प्रयुक्त होकर शब्द को प्रभावी बनाते हैं।

8. 'पराधीन' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) पर (b) प्रा
(c) परा (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) 'पराधीन' में 'पर' उपसर्ग है। उपसर्ग वे शब्द होते हैं जो मूल शब्द के आगे जुड़कर शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

9. 'अनुगामी' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) आ (b) अ
(c) अनु (d) अन

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) 'अनुगामी' शब्द में 'अनु' उपसर्ग है। उपसर्ग वे शब्द होते हैं,जो मूल शब्द के आगे जुड़कर शब्द के अर्थ को परिवर्तित कर देते हैं।

10. 'अ' उपसर्ग और 'ता' प्रत्यय के योग से बनने वाला शब्द कौन सा है?

(a) अनुगुणता (b) अवसरवादिता
(c) अनन्यता (d) असहनशीलता

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) मूल शब्द 'सहनशील' में 'अ' उपसर्ग और 'ता' प्रत्यय के योग से बनने वाला शब्द 'असहनशीलता' है।
'उपसर्ग' मूलशब्द के आगे तथा 'प्रत्यय' मूलशब्द के पीछे जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

11. निम्नलिखित में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में हुआ है?

(a) निराशा (b) निष्कासन
(c) निष्फल (d) निगम

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) दिए हुए प्रश्न में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग विकल्प 'निगम' में हुआ है।
उपसर्ग-: वे शब्दांश, जो किसी शब्द के आरंभ में लगाकर उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं या उनके अर्थ को बदल देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

12. निम्न में से 'अत्याचार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अत्य (b) चार
(c) अति (d) अत्

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'अत्याचार' शब्द में 'अति' उपसर्ग है। अति उपसर्ग से बने अन्य शब्द निम्न हैं– अत्यधिक, अत्यंत, अत्याचार, अतिशय आदि। 'वे शब्दांश जो किसी शब्द के आदि (प्रारंभ) में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।'

13. 'अध्यक्ष' शब्द में उपसर्ग कौन सा है?

(a) अध (b) आधि
(c) अधि (d) अध्

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPSSSC VDO 23/12/2018 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'अध्यक्ष' शब्द में 'अधि' उपसर्ग है। उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है। जैसे– 'राज' शब्द में 'अधि' उपसर्ग लगाने से 'अधिराज' शब्द बना।
'अधि' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द– अधिकरण, अधिकार, अध्यात्म, अधिपति इत्यादि।

14. 'बातजुर्बा' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?

(a) बात (b) आ
(c) जुर्बा (d) बा

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'बातजुर्बा' शब्द में 'बा' उपसर्ग है।
उपसर्ग :– उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करते हैं,
जैसे – 'इज्जत' में 'बा' उपसर्ग लगने से 'बाइज्जत' शब्द बना।
'बा' उपसर्ग से बने अन्य शब्द हैं– बाकायदा, बाअदब, बामौका इत्यादि।

15. हिंदी में विदेशी भाषाओं से आए उपसर्ग क्या कहलाते हैं?

(a) प्रत्यय (b) आगत उपसर्ग
(c) अव्यय (d) निपात

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) हिन्दी में विदेशी भाषाओं से आए उपसर्ग को 'आगत उपसर्ग' कहते हैं। हिन्दी में उपसर्ग तीन भागों में विभाजित किया गया है। 1- संस्कृत उपसर्ग, 2-हिन्दी उपसर्ग 3-आगत उपसर्ग।
आगत उपसर्ग के उदाहरण = गैर, कम, खुश, हम (उर्दू) सब, जनरल, वॉइस, हेड, चीफ (अंग्रेजी) आदि।

16. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बने शब्द का सही विकल्प हो।

(a) बलिष्ठ (b) पुष्पित
(c) पंचायत (d) व्याधि

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) प्रश्न में बलिष्ठ, पुष्पित तथा पंचायत शब्द में क्रमशः इष्ठ, इत तथा आयत प्रत्यय का प्रयोग हुआ है जबकि व्याधि शब्द में 'वि' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

17. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बने शब्द का सही विकल्प नहीं हो।

(a) अवतार (b) प्रकृति
(c) संभव (d) पवित्र

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) 'पवित्र' शब्द में उपसर्ग नहीं है। जबकि अवतार में 'अव' उपसर्ग है। प्रकृति में 'प्र' उपसर्ग है। संभव में 'सम्' उपसर्ग है।
उपसर्ग - वह शब्दांश जो शब्द के पहले लगकर शब्द का अर्थ बदल दें।

18. दिए गए शब्द का उपसर्ग ज्ञात कीजिए।
अधोमुखी

(a) अध (b) अतः
(c) अधः (d) अधो

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) अधोमुखी में उपसर्ग 'अधः' होगा।
अधः का अर्थ - नीचे
अधोमुखी का वाक्य प्रयोग - उसका चेहरा अधोमुखी था।
उपसर्ग–शब्द 'उप' तथा 'सर्ग' शब्द से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है समीप आकर नया शब्द बनाना अर्थात् जो शब्दांश शब्दों के आदि (शुरुआत) में जुड़कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता लाते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

19. दिए गए शब्द का उपसर्ग ज्ञात कीजिए।
दुराशा

(a) दुर् (b) द्र
(c) दूर (d) दुरा

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (a) 'दुराशा' शब्द में 'आशा' मूल शब्द 'दुर' उपसर्ग के प्रयोग से मिलकर बना शब्द है। 'दुर्' का अर्थ बुरा होता है।

20. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बने शब्द का सही विकल्प नहीं हो।

(a) सुहावना (b) परिचय
(c) सफल (d) आग्रह

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'सुहावना' शब्द में प्रत्यय 'आवना' का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ लुभावना होता है।
सुहा + आवना ।
जबकि अन्य शब्द परिचय, सफल तथा आग्रह में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

21. 'आच्छादन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) आछ् (b) अ
(c) आ (d) आः
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'आच्छादन' शब्द में 'आ' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। **जैसे**- आ + छादन = आच्छादन।
'आ' उपसर्ग से बने शब्द हैं- आजीवन, आमरण, आगमन, आरक्षण, आभूषण आदि।

22. 'आमरण' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) आम (b) आमर
(c) रण (d) आ
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'आमरण' शब्द में 'आ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। आ + मरण = आमरण
'उपसर्ग' वे शब्दांश हैं जो किसी शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं। 'आ' उपसर्ग से बने शब्द इस प्रकार हैं-
'आ' → आजीवन, आगमन, आरक्षण, आक्रमण, आजन्म आदि।

23. इनमें से कौन-सा उपसर्ग अरबी/फारसी का है?
(a) भर (b) गैर
(c) उप (d) कु
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) दिए गए विकल्पों में 'ग़ैर' उपसर्ग अरबी/फ़ारसी का उपसर्ग है जबकि 'उप' हिंदी का तथा 'कु' संस्कृत का उपसर्ग है। इन उपसर्गों से बने शब्द निम्न प्रकार हैं-
'गैर' → ग़ैरहाजिर, ग़ैरकानूनी, ग़ैरजिम्मेदार, ग़ैरमुल्क आदि।
'उप' → उपकार, उपहार, उपद्रव, उपचार, उपवन आदि।
'कु' → कुपुत्र, कुकर्म, कुरूप, कुमति, कुख्यात आदि।

24. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
(a) विरासत (b) व्यापार
(c) वीक्षक (d) विकल
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'विरासत' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं किया गया है। जबकि व्यापार, वीक्षक तथा विकल में 'वि' उपसर्ग के रूप में प्रयोग हुआ है।

25. निम्नलिखित में से कौन-सा उपसर्ग उर्दू का नहीं है?
(a) खुश (b) कम
(c) उन (d) गैर
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'उन' उपसर्ग 'उर्दू' का नहीं बल्कि 'हिन्दी' का उपसर्ग है। **जैसे**-उन्नीस, उन्चास आदि। शेष विकल्पों में दिये शब्द जैसे खुश, कम तथा गैर उर्दू के उपसर्ग हैं।

26. निम्नलिखित में से हिंदी/संस्कृत का उपसर्ग कौन-सा है?
(a) बे (b) बिल
(c) हम (d) परा
UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) उपसर्ग के रूप में दिया गया शब्द 'परा' हिन्दी/संस्कृत का उपसर्ग है।
जैसे- पराजय, पराक्रम, परामर्श, परावृत्त, पराभूत आदि।
अन्य विकल्पों में दिये गये उपसर्ग 'बे', 'बिल' तथा 'हम' अरबी/फारसी के उपसर्ग हैं।

27. किस शब्द में 'अन्' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?
(a) अनुपम (b) अनुचित
(c) अनिच्छा (d) अनुगमन
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'अन्' उपसर्ग का प्रयोग अनुगमन शब्द में नहीं हुआ है, अनुगमन में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'अनु' उपसर्ग से बनने वाले शब्द- अनुशासन, अनुवाद, अनुभव, अनुराग, अनुशीलन और अनुकरण हैं।

28. इनमें से कौन-सा शब्द हिंदी के उपसर्ग से नहीं बना है?
(a) अनजान (b) बिनचखा
(c) बिनजाना (d) लापता
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'लापता' शब्द में हिन्दी के उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है। अनजान में 'अन', बिनचखा में 'बिन' तथा बिनजाना में 'बिन' उपसर्ग का उपयोग किया गया है।

29. 'उत्थान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) उत् (b) उथ्
(c) उ (d) उता
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'उत्थान' शब्द में उत् उपसर्ग है। उपसर्ग मूलशब्द के आगे प्रयुक्त होकर शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

30. 'आजीवन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) वन (b) आजी
(c) आ (d) जीवन
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'आजीवन' शब्द में 'आ' उपसर्ग है। उपसर्ग मूलशब्द के आगे जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

31. 'अधिष्ठाता' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) अधिक (b) अधि (c) अय (d) अ
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'अधिष्ठाता' शब्द में 'अधि' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'अधि' उपसर्ग से बने अन्य शब्द इस प्रकार हैं-
अधिकरण, अधिकार, अध्यक्ष, अधिपति आदि।

32. निम्न में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?
(a) नीरस (b) नीरंध्र
(c) नीरव (d) नीरज
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'नीरज' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं किया गया है। अन्य सभी शब्दों में 'निः' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। 'नीर' शब्द में 'ज' विशेषण लगाकर 'नीरज' शब्द बना है जिसका अर्थ 'कमल' होता है।

33. किस शब्द में 'अनु' उपसर्ग नहीं है?
(a) अनुर्वर (b) अनुनय
(c) अनूरित (d) अन्वेषण
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) शब्द 'अनुर्वर' में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है। अनुर्वर शब्द में 'अन्' उपसर्ग का प्रयोग होगा।
जैसे- अन् + उर्वर = अनुर्वर
'अनु' उपसर्ग से बने शब्द हैं- अनुनय, अन्वेषण, अनुगामी, अनुसरण, अनुरूप, अनुग्रह, अनुशासन अनूरित आदि।

34. निम्न में से कौन-सा शब्द 'अन्' उपसर्ग के योग से बना है ?
(a) अनेक (b) अन्याय
(c) अनार (d) अनहद
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) विकल्प में दिये गये शब्द 'अनेक' में 'अन्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। यथा– अन् + एक = अनेक
अतः स्पष्ट है कि 'अनेक' शब्द 'अन्' उपसर्ग के योग से बना है।

35. 'उपचार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) उप (b) चार
(c) आर (d) उ
UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'उपचार' शब्द में 'उप' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। वह शब्दांश जो शब्द के पहले लगकर शब्द का अर्थ बदल दें उसे उपसर्ग कहते हैं।
जैसे - उपकार, उपपद, अनुकरण, अनुवाद।

36. इनमें से 'उपसर्ग' सहित शब्द कौन-सा है?
(a) प्रयोग (b) ममता
(c) प्रस्ताव (d) प्रतिभा
UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'प्रयोग' शब्द में 'प्र' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। जब कोई शब्दांश मूल शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देता है तो उसे उपसर्ग कहते हैं।
जैसे- सम् उपसर्ग से निर्मित शब्द - संस्कार, संगम, संभव

37. इनमें से कौन-सा शब्द एक से अधिक उपसर्गों से बना है?
(a) पर्यावरण (b) असुरक्षित
(c) अधकचरा (d) अत्याचार
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'पर्यावरण' शब्द एक से अधिक उपसर्गों से बना है। परि+आ+वरण। उपसर्ग ऐसे शब्दांश हैं जो किसी शब्द के पूर्व जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं या उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं
जैसे-

विच्छेद	-	शब्दरूप	-	उपसर्ग
प्र + हार =		प्रहार	-	प्र
सम् + हार =		संहार।	-	सम्
अध + कचरा =		अधकचरा	-	अध
अति + आचार =		अत्याचार	-	अति
अ + सुरक्षित =		असुरक्षित	-	अ

38. 'विज्ञान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) विज्ञ (b) वि
(c) आन (d) विग्या
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'विज्ञान' शब्द में 'वि' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। वह शब्दांश या अव्यय जो किसी शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता लाए या उसका अर्थ ही बदल दे उपसर्ग कहलाते हैं।
जैसे– प्र + बल = प्रबल
अप + यश = अपयश
परि + भ्रमण = परिभ्रमण

39. इनमें से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं लगा है ?
(a) अद्वितीय (b) अयोगात्मक
(c) अज्ञान (d) अक्लमंदी
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'अक्लमंदी' में 'अ' उपसर्ग नहीं लगा है। अद्वितीय, अयोगात्मक, अज्ञान में 'अ' उपसर्ग लगा है। जब कोई शब्दांश किसी भी मूल शब्द के आगे जुड़ता है और अर्थ में परिवर्तन करता है, तो उसे उपसर्ग कहते हैं।

40. निम्न में से कौन-सा शब्द 'क' उपसर्ग से बना है?
(a) कलाई (b) कलाधर
(c) कपूत (d) कमबख्त
UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) 'कपूत' शब्द 'क' उपसर्ग से बना है। उपसर्ग ऐसे शब्दांश होते हैं जो किसी शब्द के पूर्व में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं या उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं।

41. 'प्रतिवाद' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) प्रतिवा (b) द
(c) वाद (d) प्रति
High Court ARO 2021
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'प्रतिवाद' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है तथा 'वाद' मूल शब्द है। 'प्रति' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द-प्रतिकार, प्रतिक्षण, प्रतिनिधि आदि हैं।

42. 'आत्मत्याग' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) ग (b) त्याग
(c) आ (d) आत्म
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'आत्मत्याग' शब्द में 'आत्म' उपसर्ग है। 'आत्म' उपसर्ग से बने शब्द निम्न हैं- आत्मकथा, आत्मघात, आत्मबल, आत्मचरित, आत्मज्ञान आदि।

43. इनसें कौन- सा शब्द हिंदी/संस्कृत उपसर्ग से निर्मित शब्द- रूप है?
(a) बेइज्जत (b) अपवाद
(c) बिल्कुल (d) नादान
UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'अपवाद' शब्द हिंदी/संस्कृत उपसर्ग से निर्मित शब्द-रूप है। जबकि 'बेइज्जत' एवं 'नादान' में अरबी/फारसी का उपसर्ग प्रयोग किया गया है।

44. 'अहिंसा शब्द मैं कौन-सा उपसर्ग है?
(a) हिंसा (b) अहिं
(c) अ (d) सा
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'अहिंसा' शब्द में 'अ' उपसर्ग है।
अ + हिंसा = अहिंसा।
वे शब्दांश जो किसी शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं, 'उपसर्ग' कहलाते हैं। **जैसे**- 'अ' → अमूल्य, अथाह, अज्ञान आदि।

45. 'बदनसीब' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) नसीब (b) ब
(c) बदन (d) बद
UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'बदनसीब' में 'बद' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'बद' अरबी, फारसी का उपसर्ग है जिसका अर्थ 'बुरा' होता है। 'बद' उपसर्ग से बने कुछ शब्द इस प्रकार हैं-
बद → बुरा → बदनाम, बदसूरत, बदहज़मी, बदगुमान, बदहवास आदि।

46. 'परिवाद' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) परि (b) परा
(c) पर (d) वाद
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'परिवाद' शब्द में 'परि' उपसर्ग है। उपसर्ग ऐसे शब्दांश हैं, जो किसी शब्द के पूर्व में जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं या उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं। **जैसे**- परि उपसर्ग से निर्मित शब्द - परिहास, परिक्रमण, परिजन, परिपूर्ण, परिश्रम आदि।

47. 'पुरातन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) पुरा (b) पु
(c) तन (d) पुर
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'पुरातन' शब्द में 'पुरा' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। वे शब्दांश जो किसी मूल शब्द के पूर्व में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं अर्थात् नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।
जैसे - उपहार - उप + हार
परिहास - परि + हास

48. इनमें से 'सम' उपसर्ग से निर्मित शब्द-रूप कौन-सा है?
(a) संस्कृत (b) सम्मेलन
(c) संस्कार (d) उपर्युक्त सभी
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि-8.05.2022)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'सम' उपसर्ग से निर्मित शब्द हैं- संस्कृत, सम्मेलन, संस्कार। अतः उपर्युक्त सभी शब्द 'सम्' उपसर्ग से निर्मित हैं।

49. इनमें से कौन-सा शब्द 'प्रति' उपसर्ग से निर्मित शब्द-रूप है?
(a) प्रत्येक (b) प्रत्यक्ष
(c) प्रतिध्वनि (d) उपर्युक्त सभी
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC JA Baclog 19.02.2019
UPSI 21.07.2017 (Shift-II)
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) दिये गये सभी विकल्प 'प्रति' उपसर्ग से निर्मित हैं–
प्रति उपसर्ग से बनने वाले शब्द:

उपसर्ग	शब्द	अर्थ
प्रति	प्रत्येक	हर एक
प्रति	प्रत्यक्ष	सामने, स्पष्ट
प्रति	प्रतिध्वनि	गूंज, टकराकर वापस आई ध्वनि

50. 'अभिमान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) मान (b) अ (c) अभि (d) अभ
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (c) अभिमान शब्द में 'अभि' उपसर्ग है।
उपसर्ग:- उपसर्ग वह शब्दांश है, जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उसके अर्थ में (मूल शब्द के अर्थ में) विशेषता ला दे या उसका अर्थ ही बदल दे।
'अभि' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द हैं - अभिमान, अभिप्राय, अभियोग, अभिसार, अभिमुख आदि।

51. 'परोपकार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) ओपकार (b) पर
(c) परो (d) उपकार
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'परोपकार' शब्द में 'पर' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है–
जैसे - परिक्रमा में 'परि' उपसर्ग है।
प्रतिक्षण में 'प्रति' उपसर्ग है।

52. इनमें से उर्दू के उपसर्ग से बना शब्द कौन-सा है?
(a) कपूत (b) उन्नीस
(c) अधपका (d) खुशबू
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) 'खुशबू' शब्द उर्दू के उपसर्ग से बना शब्द है। खुशबू में 'खुश' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है । 'खुश' उपसर्ग के अन्य उदाहरण -खुशकिस्मत, खुशदिल, खुशहाल, खुशखबरी आदि।

53. 'प्रातःकाल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) प्रातः (b) अहकाल
(c) प्रात (d) काल
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'प्रातःकाल' शब्द में प्रातः उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। उपसर्ग का प्रयोग मूल शब्द के साथ होने पर वह शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देता है।

54. 'स्वाभिमान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) अभि (b) स्व (c) मान (d) स्वाभि
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (b) स्वाभिमान शब्द में 'स्व' उपसर्ग है। उपसर्ग वे शब्दांश होते हैं। जो मूल शब्द के आगे जुड़कर शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

55. 'प्राक्कथन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) प्रा (b) कथन
(c) प्र (d) प्राक्
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'प्राक्कथन' में 'प्राक्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। उपसर्ग मूलशब्द के आगे जुड़कर उसमें परिवर्तन लाते हैं।

56. इनमें से कौन-सा शब्द उपसर्ग- रहित है?

(a) अत्यधिक (b) विदेश
(c) सुयोग (d) सुरेश

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO-2016

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'सुरेश' उपसर्ग रहित शब्द है। जबकि अत्यधिक, विदेशी तथा सुयोग में क्रमशः 'अति', 'वि' एवं 'सु' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।

57. 'ऐनवक्त' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) ऐनव (b) वक्त
(c) ऐ (d) ऐन

UP ASI 05/12/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'ऐनवक्त' शब्द में 'ऐन' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'ऐन' उपसर्ग विदेशी भाषा (अरबी, फारसी) का उपसर्ग है। 'ऐन' उपसर्ग से बने शब्द इस प्रकार हैं-
'**ऐन**' ⟶ ऐनवक्त, ऐनजगह, ऐनमौके आदि।

58. निम्न में से कौन-सा शब्द उपसर्ग-रहित है?

(a) न्यून (b) विधान
(c) उज्ज्वल (d) त्र्यम्बक

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d): दिए गए विकल्पों में 'त्र्यम्बक' शब्द उपसर्ग रहित शब्द है जबकि 'न्यून', 'विधान' तथा 'उज्जवल' में क्रमशः 'नि', 'वि' तथा 'उत्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।
नि + ऊन ⟶ न्यून
वि + धान ⟶ विधान
उत् + ज्वल ⟶ उज्ज्वल

59. किस शब्द में 'उपसर्ग' नहीं है?

(a) अपवाद (b) प्रभाव
(c) ओढ़ना (d) पराजय

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'ओढ़ना' शब्द में उपसर्ग नहीं है। अपवाद में 'अप' प्रभाव में 'प्र' तथा पराजय में 'परा' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।

60. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है?

(a) प्रत्युत (b) प्रति (c) प्रत्यु (d) प्र

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
GIC PGT - 2012

उत्तर : (b) : 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है।
उपसर्ग वे शब्दांश होते हैं, जो किसी शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं।
जैसे– प्रति + उत्पन्नमति = प्रत्युत्पन्नमति।
'प्रति' उपसर्ग से बने शब्द- प्रत्येक, प्रत्यक्ष, प्रतिनिधि, प्रतिकूल आदि।

61. इनमें से कौन-सा शब्द उपसर्ग-रहित है?

(a) प्रत्यर्पण (b) संगम
(c) विमोचन (d) क्रोध

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) दिये गये विकल्प में 'क्रोध' उपसर्ग रहित शब्द है। जबकि 'प्रत्यर्पण' में 'प्रति' 'संगम' में 'सम्' तथा 'विमोचन' में 'वि' उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है।

62. 'सदाचार' शब्द में कौन-सा 'उपसर्ग' प्रयुक्त है?

(a) अव (b) सत्
(c) अचार (d) आ

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'सदाचार' शब्द में 'सत्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।
सत् उपसर्ग से बने शब्द इस प्रकार हैं–
सत्– सत्कर्म, सत्कार, सत्कीर्ति, सज्जन आदि।

63. 'निष्काम' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) निर (b) निस्
(c) निष् (d) निह

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'निष्काम' में निस् उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'निस्' उपसर्ग से बनने वाले शब्द– निष्कंप, निष्कर्ष, निष्करुण, निष्क्रिय, निष्कासन, निष्क्रमण
उपसर्ग वे शब्दांश होते हैं, जो मूल शब्दों के आगे प्रयुक्त होकर शब्दों के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

64. 'अलंकार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अलम् (b) अल
(c) अ (d) कार

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)
UPTET (I-V) 18.11.2018

उत्तर : (a) अलंकार' शब्द में 'अलम्' उपसर्ग है। वे शब्दांश जो किसी मूल शब्द से पूर्व में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं अर्थात् नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।
हिन्दी व्याकरण में उपसर्ग तीन प्रकार के होते हैं–
1. संस्कृत उपसर्ग, 2. हिन्दी उपसर्ग, 3. अरबी-फारसी उपसर्ग।
संस्कृत उपसर्गों की संख्या 19 है। हिन्दी उपसर्ग 10 होते हैं। जबकि अरबी, उर्दू 12 होते हैं।

65. इनमें से कौन-सा शब्द उर्दू के उपसर्ग से नहीं बना है?

(a) नाराज (b) लाचार
(c) दुबला (d) बेवकूफ

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिया गया शब्द 'दुबला' उर्दू के उपसर्ग से नहीं बना है। 'दुबला' शब्द में 'दु' उपसर्ग है जो कि हिंदी का उपसर्ग है 'दु' उपसर्ग से बने शब्द इस प्रकार हैं-

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
'दु'	(दो,बुरा,हीन)	दुरंगा,दुनाली,दुपहरी,दुबला आदि।

66. 'परिपूर्ण' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) परि (b) प (c) पूर्ण (d) पर

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : परिपूर्ण शब्द में 'परि' उपसर्ग है। उपसर्ग मूल शब्द के आगे जुड़कर शब्दों के अर्थ में परिवर्तन लाते हैं।

67. इनमें से कौन-सा उपसर्ग अरबी/फ़ारसी का है?

(a) अ (b) अन्
(c) बे (d) उप

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (c): 'बे' उपसर्ग अरबी/फारसी का उपसर्ग है। अ, अन्, उप सभी हिंदी भाषा के उपसर्ग हैं।

68. इनमें से कौन-सा उपसर्ग अरबी/फ़ारसी का है?

(a) उप (b) कु
(c) ना (d) पर

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'ना' उपसर्ग अरबी/फरसी भाषा का उपसर्ग है उप, कु, पर इत्यादि उपसर्ग हिंदी भाषा के हैं। उपसर्ग मूलशब्द के आगे प्रयुक्त होकर शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

69. 'अत्युक्ति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अत्यु (b) अति
(c) उक्ति (d) क्ति

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (b) 'उपसर्ग' उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करते हैं। उपसर्ग शब्द दो शब्दों से मिल कर बनता है। उप + सर्ग के योग से बनता है। 'उप' का अर्थ 'समीप' निकट या पास है। 'सर्ग' का अर्थ है सृष्टि करना। उपसर्ग का अर्थ है- पास में बैठकर दूसरा नया अर्थ वाला शब्द बनाना।

⇒ हिंदी में जो उपसर्ग मिलते हैं, वे संस्कृत, हिंदी और उर्दू भाषा के हैं। इन भाषाओं से प्राप्त उपसर्गों की संख्या निम्न हैं-

- संस्कृत में उपसर्ग-[19]
- हिन्दी में उपसर्ग- [10]
- उर्दू में उपसर्ग- [12]

नोट- संस्कृत-हिन्दी उपसर्गः- अति, अधि, अनु, अप, अभि, अव, आ, उत्, उद्, उप, दुर्, दुस्, निः, निर-निस्, परा, परि, प्र, प्रति, वि, सम्, सु, अ-अन, अध, ऊन, औ (अव), दु, नि, बिन, भर, कु, सु आदि।

70. इनमें से उर्दू का उपसर्ग कौन-सा है?

(a) उप (b) भर
(c) अन (d) अल

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'अल' उपसर्ग 'उर्दू' का उपसर्ग है।
जैसे- अलबत्ता, अलगाव, अलविदा, अलबेला आदि।
'वे शब्दांश जो किसी शब्द के पूर्व में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता लाते हैं। उपसर्ग कहलाते हैं।'
जैसे- 'बर' = बरखास्त, बरदास्त, बरवक्त आदि
'अन' = अनजान, अनमोल, अनपढ़, आदि

71. 'उपदेश' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) श (b) देश
(c) उप (d) उ

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'उपदेश' शब्द में 'उप' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। वे शब्दांश जो किसी मूल शब्द के पूर्व में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं अर्थात् नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।
जैसे–उपकार, उपभेद, अवगुण, आरक्षण आदि।

72. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग है? सही विकल्प बताइए।

(a) अनेक (b) अमर
(c) अतिशय (d) अधिभार

KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) 'अमर' शब्द में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

शब्द		उपसर्ग
अनेक	-	अन्
अतिशय	-	अति
अधिभार	-	अधि

73. 'अवतरण' शब्द में कौन सा उपसर्ग है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) अवत (b) अ
(c) अव (d) रण

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (c) 'अवतरण' शब्द में 'अव' उपसर्ग लगा है।

74. लोगों ने उसे मार-मार कर अध-मरा किया। रेखांकित शब्द क्या है?

(a) संज्ञा (b) उपसर्ग
(c) अव्यय (d) प्रत्यय

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द उपसर्ग है।

75. 'असुरक्षित' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?

(a) अ (b) सु
(c) अ + सु (d) इत

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर (c) - 'असुरक्षित' शब्द में 'अ' और 'सु' दोनों उपसर्ग लगे हैं। मूलधातु 'रक्ष्' होती है जिसका अर्थ है- रक्षा करना। जिसमें 'अ' एवं 'सु' उपसर्ग एवं 'इत' प्रत्यय लगाने से शब्द बनता है- असुरक्षित।

76. 'अधिमानता' में प्रयुक्त उपसर्ग बताएँ-

(a) अ (b) अध
(c) अधि (d) ता

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर-(c) 'अधिमानता' में प्रयुक्त उपसर्ग 'अधि' है। 'अधि' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द – अधिकरण, अधिकार, अधिराज, अध्यात्म, अधिपति, अध्यक्ष इत्यादि हैं।

77. निम्न में से कौन सा 'अ' उपसर्ग से नहीं बना शब्द है?

(a) अत्याचार (b) अध्यादेश
(c) अपवाद (d) अनाथ

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर-(*) दिये गये प्रश्न के चारों विकल्पों में सिर्फ अनाथ में 'अ' उपसर्ग लगा है शेष शब्दों अत्याचार में 'अति', अध्यादेश में 'अधि' तथा अपवाद में 'अप' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। चूँकि 'अ' उपसर्ग से एक शब्द बना है जिसके कारण प्रश्न त्रुटिपूर्ण है।
नोट : आयोग ने इस प्रश्न को निरस्त कर दिया था।

78. 'अभ्यागत' शब्द में उपसर्ग है–

(a) अभि (b) अ
(c) अभ्य (d) अंभ

वन रक्षक परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर- (a) 'अभ्यागत' में 'अभि' उपसर्ग है। अभि उपसर्ग से बने अन्य शब्द– अभिगमन, अभ्युदय आदि हैं। 'अ' उपसर्ग से बने शब्द-अचूक, अमिट, अडिग आदि हैं।

79. उपसर्ग बताइए :
अतींद्रिय

(a) अति (b) अतो
(c) अ (d) अत

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर (a) : 'अतींद्रिय' शब्द में 'अति' उपसर्ग है। अति संस्कृत भाषा का उपसर्ग है; जिसका अर्थ है 'अधिक', 'ऊपर', 'उस पार'। 'अति' उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द इस प्रकार हैं- अतिकाल, अतिरिक्त, अतिशय, अत्यन्त, अत्याचार, अत्युक्ति, अतिव्याप्ति, अतिक्रमण इत्यादि।

80. हमें अपशब्द नहीं बोलना चाहिए।
व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है?

(a) विशेषण (b) संज्ञा
(c) उपसर्ग (d) अव्यय

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) हमें अपशब्द नहीं बोलना चाहिए। व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द में अप उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। उपसर्ग उस शब्दांश को कहते हैं जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करते हैं।

81. 'अधिकारी' में उपसर्ग कौन सा है?

(a) अ (b) अधि
(c) री (d) इ

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'अधिकारी' शब्द में 'अधि' उपसर्ग है। अधि उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं– अधिराज्य, अधिलाभ, अधिगत, अधिकरण आदि।

82. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं लगा है?

(a) अकथ (b) अभेद
(c) अचूक (d) अनुज

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (d) दिए गए शब्द अकथ, अभेद तथा अचूक में 'अ' उपसर्ग है तथा अनुज में 'अ' उपसर्ग नहीं है। अ उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं– अयोग्य, अजर, अचल, अवैतनिक इत्यादि।

83. किस शब्द में 'अ' उपसर्ग है?

(a) अभिमान (b) अनजान
(c) अभाव (d) अवमान

UP TGT 2013

उत्तर- (c) 'अभाव' शब्द में 'अ' उपसर्ग है। यहाँ (अ+भाव) 'अ' उपसर्ग तथा 'भाव' मूल शब्द है। शेष शब्दों में 'अ' उपसर्ग नहीं है।

84. 'अतीव' शब्द में निम्नलिखित में से कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अती (b) अपि
(c) अधि (d) अति

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) अतीव (अति + इव) में अति उपसर्ग लगा है। 'अति' उपसर्ग से बने अन्य शब्द हैं- अत्यधिक, अत्याचार, अतीन्द्रिय इत्यादि।

85. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) अपमान (b) अपराध
(c) अपयश (d) अपमति

UPP Constable 19.06.2018 I[st] Shift
UGC NET III[rd] Paper Dec. 2013

उत्तर–(b) 'अपराध' में कोई उपसर्ग नहीं है।
अप + मान = अपमान
अप +यश = अपयश
अप + मति = अपमति

86. 'अधि' उपसर्ग का उदाहरण इनमें से किस शब्द के माध्यम से दिया जा सकता है?

(a) आधार (b) अधूरा
(c) अधर (d) अध्याय

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (d) : अध्याय शब्द में 'अधि' उपसर्ग एवं 'आय' मूल शब्द है। शेष शब्द 'अधि' उपसर्ग की दृष्टि से असंगत हैं।

87. 'अधोमुख' शब्द का संधि-विच्छेद करने पर ....., उपसर्ग के रूप में प्राप्त होगा।

(a) अधो (b) अधः
(c) आधा (d) अध्

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) 'अधोमुख' शब्द का संधि-विच्छेद करने पर अधः उपसर्ग के रूप में प्राप्त होगा उदाहरण–

शब्द		संधि-विच्छेद
अधोमुख	=	अधः + मुख
अधोगति	=	अधः + गति
मनोयोग	=	मनः + योग
निष्पाप	=	निः + पाप

88. 'अवनत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

(a) नत (b) अ
(c) अव (d) अवन

UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर : (c) 'अवनत' शब्द में 'अव' उपसर्ग तथा 'नत्' मूल शब्द है। उपसर्ग वे शब्दांश होते हैं जो मूलशब्द के पूर्व प्रयुक्त होते हैं और उसके अर्थ में विकार उत्पन्न करते हैं। उपसर्ग का अर्थ होता है, परन्तु प्रत्यय अर्थहीन होते हैं।

89. दिये गये विकल्पों में से किसमें उपसर्ग 'अति' का उपयोग नहीं हुआ है?

(a) अतिथि (b) अत्यधिक
(c) अत्यंत (d) अतिरिक्त

UP PCL ARO 2018
[UPPSC AE 2007-08]

उत्तर. (a) : दिए गए विकल्पों में से 'अतिथि' शब्द में उपसर्ग 'अति' का प्रयोग नहीं हुआ है। इसमें 'अ' उपसर्ग व 'तिथि' मूलशब्द है। इसके अतिरिक्त सभी में 'अति' उपसर्ग व अधिक, अन्त तथा रिक्त क्रमशः मूलशब्द हैं।

@RexstarPdf

90. निम्नलिखित में से किस शब्द में कोई भी स्वतंत्र शब्द नहीं है।

(a) अनपढ़ (b) अवस्था
(c) भारतीय (d) विद्यादान

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'अवस्था' स्वतंत्र शब्द नहीं है, जबकि अनपढ़, भारतीय और विद्यादान तीनों स्वतंत्र शब्द हैं। अवस्था शब्द का निर्माण स्था में 'अव' उपसर्ग जोड़कर किया गया है। 'अव' उपसर्ग से बनने वाले शब्द-अवकाश, अवकीर्ण, अवगत, अवगुण इत्यादि।

91. 'अत्याचार' शब्द में उपसर्ग है

(a) अति (b) आ
(c) अत् (d) अत्यु

DSSSB PRT 13/11/2019, II Sift
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : 'अत्याचार' शब्द में 'अति' उपसर्ग लगा हुआ है। 'अति + आचार' अर्थात् 'सीमा से अधिक किया जाने वाला दुर्व्यवहार।' 'अति' संस्कृत उपसर्ग है, जिसका अर्थ है - अधिक, ऊपर, उस पार। 'अति' उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द - अतिकाल, अतिरिक्त, अतिशय, अत्यन्त आदि।

92. निम्नलिखित शब्दों में किस किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) मिलान (b) सुपुत्र
(c) अधर्म (d) सुकर्म

UP TGT 2010

उत्तर– (a) दिये गये विकल्प में 'मिलान' शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है। अन्य शब्दों सुपुत्र में 'सु' उपसर्ग, अधर्म में 'अ' उपसर्ग और सुकर्म में 'सु' उपसर्ग है।

93. किस शब्द में उपसर्ग का योग है?

(a) अगहन (b) अगरु
(c) अकड़ (d) अधीर

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'अधीर' शब्द में उपसर्ग का योग है। इस शब्द में 'अ' उपसर्ग तथा 'धीर' मूल शब्द है।

94. एक शब्द में उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है-

(a) अचरज (b) अधकच्चा
(c) अखरोट (d) अचकन

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'अधकच्चा' शब्द में अध उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है। अध का अर्थ आधा होता है।

95. एक में उपसर्ग नहीं है-

(a) अधन्ना (b) अधूरा
(c) अरहर (d) अधर्म

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : 'अरहर' शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है। शेष शब्दों में उपसर्ग हैं। 'अरहर' एक स्त्रीलिंग शब्द है।

96. एक में उपसर्ग का योग नहीं है

(a) अनाथ (b) अमर
(c) अटल (d) अश्व

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d): 'अश्व' में कोई उपसर्ग नहीं है। अन्य उपसर्ग व मूल शब्द इस प्रकार हैं–

उपसर्ग	मूल शब्द	शब्द
अ	नाथ	अनाथ
अ	मर	अमर
अ	टल	अटल

97. एक में उपसर्ग का योग है-

(a) अजगर (b) अषाढ़
(c) अपनापन (d) अथाह

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : अथाह शब्द में उपसर्ग 'अ' का योग है।

98. निम्नांकित शब्दों में से उपसर्ग युक्त शब्द छाँटिए:-

(a) गँवार (b) ढोलक
(c) अनमोल (d) लिखावट

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों में से उपसर्ग युक्त शब्द 'अनमोल' है। इसमें 'अन' उपसर्ग है तथा 'मोल' मूल शब्द है। उपसर्ग उस शब्दांश को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है। यह दो शब्द से मिलकर बना है- उप+सर्ग अर्थात 'उप' का अर्थ 'समीप', 'निकट' तथा सर्ग का अर्थ 'सृष्टि' करना। इस प्रकार उपसर्ग का अर्थ है- पास में बैठकर दूसरा नया अर्थ वाला शब्द बनाना। **जैसे-** अनजान, अनमोल आदि।

99. 'अधिकरण' में उपसर्ग और मूल शब्द है-

(a) अधिक + करण (b) अधिक + रण
(c) अ + धिकरण (d) अधि + करण

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) 'अधिकरण' में, 'अधि' उपसर्ग एवं 'करण' मूलशब्द है।

100. 'अधिकार' में उपसर्ग है:

(a) कर (b) कार
(c) अधि (d) अ

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (c) 'अधिकार' शब्द में **'अधि'** उपसर्ग जुड़ा हुआ है। उपसर्ग किसी शब्द विशेष के पहले जुड़कर उसका विशेष अर्थ प्रकट करते हैं। अधिकार का अर्थ 'प्रभुत्व, कब्जा, हक' होता है जबकि अधिकार का विपरीतार्थक शब्द 'अनधिकार' होता है।

101. किस शब्द में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?

(a) अम्लीय (b) अम्लान
(c) अमोलक (d) अमूल्य

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : अम्लीय शब्द में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है जबकि अम्लान, अमोलक, अमूल्य में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। अम्लीय शब्द में 'इय' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

102. 'आगमन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? नीचे दिए गए विकल्पों में से चयन कीजिए:

(a) अव (b) आग
(c) अ (d) आ

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
KVS PGT Hindi, 2016
UP TGT 2013

@RexstarPdf

उत्तर. (d) आगमन शब्द में 'आ' उपसर्ग लगा है।

उपसर्ग		शब्द
अव	-	अवकाश, अवनति, अवशेष, अवहेलना
अ	-	असत्य, अकारण, अहित, अमिर, आकथ्य
आ	-	आजीवन, आगमन, आमरण, आजन्म

103. दिये गये वाक्य में एक शब्द रेखांकित है उस शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग किस कोटि का है, चिह्नित कीजिए- 'विद्यालय का उपप्रधानाचार्य जिम्मेदार व्यक्ति होता है'-

(a) तत्सम उपसर्ग (b) तद्भव उपसर्ग
(c) विदेशज उपसर्ग (d) देशज उपसर्ग

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर-(a) दिये गये वाक्य के रेखांकित शब्द में 'उप' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है, जिसका अर्थ होता है– निकटता, सदृश, गौण, सहायक, हीनता। 'उप' संस्कृत का उपसर्ग है, इसे तत्सम उपसर्ग भी कहा जाता है।

104. समीप, छोटा तथा गौण के अर्थ में कौन सा उपसर्ग आता है?

(a) उर् (b) उत्
(c) उव् (d) उप्

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d) : समीप, छोटा तथा गौण के अर्थ में 'उप्' उपसर्ग आता है, जबकि 'उत्' उपसर्ग का अर्थ 'श्रेष्ठ कोटि' होता है।

105. 'उन्नीस' शब्द में उपसर्ग है–

(a) उत् (b) उत
(c) उन (d) उन्

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर- (c) 'उन्नीस' में 'उन' उपसर्ग है। उन उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द– उनसठ, उनतालीस, उनतीस, उन्नासी आदि।

106. निम्न शब्द में प्रयुक्त सही उपसर्ग का चयन कीजिए- उत्कीर्ण

(a) उत् (b) उद् (c) उप (d) अ

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर- (a) 'उत्कीर्ण' में उत् उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। इससे निर्मित अन्य शब्द– उत्पाद, उत्तम आदि हैं।

107.'उच्चारण' शब्द में उपसर्ग है–

(a) उ (b) उच्
(c) उत् (d) उच्च।

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 29/12/2013
UP PGT 2010

उत्तर – (c) उच्चारण में 'उत्' उपसर्ग लगा हुआ है। 'उपसर्ग' उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है। यह दो शब्दों (उप + सर्ग) के योग से बनता है। उप का अर्थ समीप, निकट या पास में है। सर्ग का अर्थ है सृष्टि करना।

108. 'अडिग' शब्द में निम्न में से कौन सा प्रयुक्त किया गया है?

(a) अव्यय (b) संज्ञा
(c) उपसर्ग (d) प्रत्यय

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर :(c) अडिग शब्द में 'उपसर्ग' प्रयुक्त हुआ है। इसमें 'अ' उपसर्ग प्रयुक्त है। 'अ' एक हिंदी उपसर्ग है, जो निषेध के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इससे निर्मित अन्य शब्द– अमोल, अपढ़, अजान, अगाध, अथाह इत्यादि हैं।

109. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करें–

..... और ..... दोनों शब्दांश हैं, जिन्हें मूल शब्दों में जोड़कर नए शब्दों का निर्माण किया जाता है।

(a) सन्धि, समास (b) क्रिया, समास
(c) उपसर्ग, प्रत्यय (d) संज्ञा, विशेषण

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (c) निम्नलिखित विकल्पों में सही विकल्प 'उपसर्ग, प्रत्यय' होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'उपसर्ग' और 'प्रत्यय' दोनों शब्दांश हैं, जिन्हें मूल शब्दों में जोड़कर नये शब्दों का निर्माण किया जाता है।

110. वे शब्दांश जो शब्द के आरंभ में लगकर नए शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

(a) प्रत्यय (b) उपसर्ग
(c) पद (d) पदबंध

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा-2023
CG PSC (Pre.) 2021
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
Jharkhand TGT 2017
NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : वे शब्दांश जो शब्द के आरम्भ में लगकर नये शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं।

जैसे-	उपसर्ग	मूल शब्द	बने शब्द
	उप	+ हार	= उपहार
	प्र	+ हार	= प्रहार
	वि	+ हार	= विहार
	अप	+ शब्द	= अपशब्द
	अप	+ व्यय	= अपव्यय

111. निम्नलिखित शब्दों में से एक में उपसर्ग का योग है:

(a) उचक्का (b) उड़द
(c) उड़ान (d) ऊन

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'उचक्का' में उपसर्ग का योग है। इस शब्द में 'उ' उपसर्ग है। 'उ' उपसर्ग से बनने वाले शब्द-उजड़ना, उछलना, उखाड़ना इत्यादि।

112. निम्नलिखित शब्दों में से एक में उपसर्ग का प्रयोग नहीं है

(a) कुख्यात (b) कुचाल
(c) कुलीन (d) कुयोग

GIC. PGT 2012
GIC. PGT 2009
[UPPSC AE 2007]

उत्तर–(c) 'कुलीन' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं किया गया है। जबकि कुख्यात, कुचाल तथा कुयोग में कु उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

@RexstarPdf

113. 'अनु' उपसर्ग से बना शब्द है–

(a) अनुचर (b) अनुपमा
(c) अंतर (d) अनुत्तर

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (a) : 'अनुचर' शब्द 'अनु' उपसर्ग से बना है, जो संस्कृत उपसर्ग है। अनु का अर्थ है– क्रम, पीछे, समानता। अनु उपसर्ग से बने अन्य शब्द– अनुगमन, अनुस्वर, अनुरूप, अनुज, अनुशासन, अनुकरण, अनुवाद, अनुक्रम आदि हैं।

114. किस शब्द में उपसर्ग का योग नहीं है?

(a) कुशल (b) कुठांव
(c) कुबेला (d) कुचाल

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'कुशल' शब्द में उपसर्ग का योग नहीं है। जबकि कुठांव, कुबेला, कुचाल में उपसर्ग का योग है। इन शब्दों में 'कु' उपसर्ग तथा ठांव, बेला, चाल मूल शब्द हैं।

115. किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग है?

(a) कुमुद (b) कुपित
(c) कुबेर (d) कुटेव

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'कुटेव' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग है। इस शब्द में 'कु' उपसर्ग है तथा 'टेव' (आदत) मूल शब्द है।

116. 'सरकार का संकल्प है कि बेईमानी को बेअसर कर देगी'- वाक्य में हैं-

(a) दो उपसर्ग (b) तीन उपसर्ग
(c) चार उपसर्ग (d) पाँच उपसर्ग

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : सरकार का संकल्प है कि बेईमानी को बेअसर कर देगी। वाक्य में चार उपसर्ग हैं। वे शब्दांश जो शब्दों के आरम्भ में जुड़ कर उनके अर्थ में विशेषता लाते हैं, वे उपसर्ग कहलाते हैं।

उपसर्ग	मूल शब्द	शब्द
बे (फारसी)	ईमानी	बेईमानी
बे (फारसी)	असर	बेअसर
सर (फारसी)	कार	सरकार
सम् (संस्कृत)	कल्प	संकल्प

117. 'बेसुरा भी भरपूर अभ्यास से सुरीला गायक बन सकता है'- वाक्य में है

(a) तीन उपसर्ग तथा दो प्रत्यय
(b) दो उपसर्ग तथा दो प्रत्यय
(c) दो उपसर्ग तथा तीन प्रत्यय
(d) तीन उपसर्ग तथा तीन प्रत्यय

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : 'बेसुरा' भी भरपूर अभ्यास से सुरीला गायक बन सकता है। वाक्य में **तीन उपसर्ग** तथा **तीन प्रत्यय** हैं।

उपसर्ग	मूल शब्द	शब्द
बे	सुरा	बेसुरा
भर	पुर	भरपूर
अभि	आस	अभ्यास
मूल शब्द	प्रत्यय	शब्द
सुर	ईला	सुरीला
गै	अक	गायक
बे	सुर + आ(प्रत्यय)	बेसुरा

118. दुकाल में कैसा उपसर्ग है?

(a) उर्दू (b) फारसी
(c) हिन्दी (d) अरबी

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'दुकाल' शब्द में हिन्दी उपसर्ग 'दु' का प्रयोग हुआ है। 'दु' का अर्थ बुरा, हीन होता है। जैसे- दुकाल, दुबला। हिन्दी उपसर्ग इस प्रकार हैं- अ, नि, अन, अध, कु, उन, औ (अव), बिन, भर, सु।

119. निम्नलिखित शब्दों में से एक में उपसर्ग का योग है:

(a) दुकान (b) दुनिया
(c) दुबला (d) दुमदार

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : दिए गए शब्दों में 'दुबला' शब्द उपसर्ग का योग से बना है। इसमें 'दु' उपसर्ग है। इसका अर्थ बुरा, हीन होता है।

120. इनमें से किस में निर उपसर्ग नहीं है?

(a) निःशेष (b) निर्देश
(c) निर्बल (d) निर्वाह

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : 'निःशेष' शब्द में निर् उपसर्ग नहीं है, क्योंकि निःशेष में 'निः' उपसर्ग लगा हुआ है, जबकि अन्य शब्द निर्देश, निर्बल, निर्वाह में 'निर' उपसर्ग लगा हुआ है।
'निर्' का अर्थ – बिना, बाहर, निषेध, निरपराध है।

121. निम्न में से कौन सा 'निस्संकोच' शब्द में प्रयुक्त संस्कृत उपसर्ग है?

(a) निस् (b) निःस (c) नि (d) निः

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर-(d) निस्संकोच में प्रयुक्त उपसर्ग 'निः' है। उपसर्ग का अर्थ है उप (समीप) + सर्ग (सृष्टि करना) - किसी शब्द के समीप आकर नया शब्द बनाना। निः - उपसर्ग से बने शब्द हैं - निवारण, निपात, नियोग, निषेध आदि।

122. 'निर्गुण' शब्द में उपसर्ग है–

(a) नि (b) नी (c) निर् (d) निर्गु

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018
UPP Constable, 2017

उत्तर. (c) : निर्गुण शब्द में 'निर्' उपसर्ग होगा। निर् का अर्थ है– बाहर, निषेध, रहित। यह संस्कृत भाषा का उपसर्ग है। इससे निर्मित अन्य शब्द– निर्वास, निर्भय, निर्वाह, निर्दोष आदि हैं।

123. निम्नलिखित शब्दों में किसमें उपसर्ग का निर्देश अशुद्ध है?

(a) निम् + अज्जित = निमज्जित
(b) नि + खरा = निखरा
(c) अध + सेरा = अधसेरा
(d) उत् + ग्रीव = उद्ग्रीव

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

@RexstarPdf

उत्तर. (a) 'निम् + अज्जित = निमज्जित' शब्द में उपसर्ग का निर्देश अशुद्ध है। इसका शुद्ध शब्द 'नि + मज्जित = निमज्जित' होगा जिसका अर्थ है, नहाया हुआ। उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है। हिन्दी में उपसर्गों की संख्या 10 है। **जैसे–**

अति	–	अत्याचार, अतिक्रमण
अनु	–	अनुशासन, अनुवाद
अभि	–	अभिभावक, अभ्यास
उप	–	उपासना, उपकार

124. निश्चल में उपसर्ग बताइये?

(a) नि (b) निर
(c) निश् (d) नी

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : निश्चल में 'निश्' उपसर्ग है। वह शब्दांश जो किसी शब्द के पूर्व अथवा पहले लगकर उस शब्द का अर्थ बदल देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं। निश्चित, निश्छल इत्यादि में भी निश् उपसर्ग है।

125. निम्नलिखित में से एक शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है, वह शब्द है

(a) सहज (b) अनुभव
(c) संचार (d) नयन

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों में 'नयन' में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है। जबकि सहज में 'स', अनुभव में 'अनु' एवं संचार में 'सम्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'नयन' (नी + अन) में प्रत्यय प्रयोग हुआ है।

126.निम्नलिखित शब्दों में से एक में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है :

(a) निगाह (b) निवाला
(c) निढाल (d) निशाचर

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर–(c) 'निढाल' शब्द में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है, जबकि शेष शब्द उपसर्ग रहित हैं।

127. 'प्रत्याशा' शब्द में उपसर्ग है:

(a) अ (b) प्र
(c) प्रति (d) प्रत्या

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : 'प्रत्याशा' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है। प्रति (उपसर्ग)+ आशा (मूल शब्द)। प्रति का अर्थ–विरोध, प्रत्येक, हर एक आदि है।

128. 'परिक्रमा' में उपसर्ग है–

(a) आ (b) प
(c) पर (d) परि

KVS PRT 22/12/2018

उत्तर : (d) 'परिक्रमा' में 'परि' उपसर्ग है। उपसर्ग किसी शब्द के आदि (प्रारंभ) में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन उत्पन्न करते हैं। संस्कृत उपसर्ग 'परि' का का अर्थ आसपास, चारों ओर, पूर्ण अतिशय त्याग है। इससे बनने वाले अन्य शब्द – परिभ्रमण, परिधि, परिशीलन आदि हैं।

129. 'परिभाषा' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अव (b) अपि
(c) प्र (d) परि

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर-(d) परिभाषा में 'परि' उपसर्ग है। 'परि' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द हैं- परिज्ञान, परिचय, परिकर, परिणय, परिसर, परिचालन।
'प्र' उपसर्ग से बने शब्द - प्रशंसा, प्रशांत, प्रवास, प्रवीण, प्रबंध, प्रशाखा, प्रवेश, प्रबल, प्रयोग।
'अव' उपसर्ग से बने शब्द - अवज्ञा, अवतार, अवदशा, अवतरण।

130.निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?

(a) प्रश्न (b) प्रतिष्ठा
(c) अधिकार (d) संस्कार

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर–(a) 'प्रश्न' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है, जबकि प्रतिष्ठा में 'प्रति' उपसर्ग, अधिकार में 'अधि' उपसर्ग तथा संस्कार में 'सम' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

131. उपसर्ग 'परा' का क्या अर्थ होता है?

(a) दुरी (b) अभाव
(c) सहित (d) उल्टा

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) 'परा' उपसर्ग का उपयुक्त अर्थ 'उल्टा' अनादर, नाश 'परा' से बनने वाले शब्द– पराजय, पराक्रम, पराभव, परामर्श, पराभूत इत्यादि।

132. 'प्रतिष्ठा' शब्द में उपसर्ग है।

(a) प्र (b) प्रा
(c) प्रति (d) प्रतिष्

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (c) 'प्रतिष्ठा' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है। 'प्रति' उपसर्ग से बनने वाले कुछ अन्य शब्द- प्रतिकूल, प्रतिष्ठित, प्रतिक्षण, प्रत्यक्ष, प्रत्येक आदि।

133. 'प्रत्येक' शब्द में उपसर्ग है-

(a) प्र (b) प्रति
(c) प्रा (d) प्ररि

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)
UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift
UPSSSC Lower 30/09/2019, I Shift

उत्तर : (b) 'प्रत्येक' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है। वे शब्दांश जो शब्दों के आदि में जुड़कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता लाते हैं, उन्हें 'उपसर्ग' कहते हैं। 'प्रति' उपसर्ग से बनने वाले कुछ शब्द हैं– प्रतिकूल, प्रत्यक्ष, प्रतिक्षण आदि।

134. 'प्रत्यर्पण' शब्द में .....उपसर्ग लगा है।

(a) प्र (b) प्रति (c) प्रत्य (d) पर

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (b) 'प्रत्यर्पण' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग लगा है। यह संस्कृत का उपसर्ग है जो अर्पण शब्द में प्रयुक्त हुआ है- 'प्रति+अर्पण'। प्रति उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द इस प्रकार हैं- प्रतिक्षण, प्रतिध्वनि, प्रतिनिधि, प्रतिकार, प्रत्येक, प्रतिदान, प्रत्यक्ष, प्रत्युपकार इत्यादि।

@RexstarPdf

135. 'पराजय' में उपसर्ग है–

(a) प (b) पर
(c) परा (d) जय

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)
UP TGT-2010
UP TGT-2005

उत्तर : (c) 'पराजय' में 'परा' उपसर्ग है। यह एक संस्कृत उपसर्ग है, जिसका अर्थ है– उल्टा, अनादर, नाश। 'परा' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द–पराभव, परामर्श, पराक्रम, पराभूत।

136.शब्द रचना में किसका योगदान नहीं होता?

(a) प्रत्यय (b) पद
(c) धातु (d) उपसर्ग

UGC NET II[nd] Paper June. 2008

उत्तर – (b) प्रत्यय, धातु, उपसर्ग, इत्यादि के योग से शब्द का निर्माण होता है जबकि शब्दों के संघात से पद का निर्माण होता है। अतः शब्दों से पद बनता है; न कि पदों से शब्द।

137.'उपसर्ग' से सम्बन्धित सूत्र है :

(a) प्रादयः (b) परश्च
(c) गतिश्च (d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2005

उत्तर-(a) 'प्रादयः' उपसर्ग से सम्बन्धित सूत्र है। जो अव्यय धातु या धातु से बने हुए विशेषण संज्ञा आदि शब्दों के पूर्व जोड़े जाते हैं उनको उपसर्ग कहते हैं। इनके द्वारा धातु का अर्थ कुछ परिवर्तित हो जाता है। प्र, परा, अय, सम, अनु, अव आदि उपसर्ग हैं।

138. 'प्रागैतिहासिक' में किस उपसर्ग का प्रयोग है?

(a) प्राक् (b) प्राग
(c) प्रा (d) प्रागैति

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : 'प्रागैतिहासिक' में 'प्राक्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है जो व्यंजन संधि के प्रभाव से 'प्रागैतिहासिक' शब्द के रूप में उच्चारित होता है। जैसे– प्राक् + ऐतिहासिक = प्रागैतिहासिक

139 . 'दुरात्मा' में कौन सा उपसर्ग है?

(a) दूर (b) दुरा
(c) दुर (d) दुस्

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (c) दिये गये विकल्प में 'दुरात्मा' में 'दुर' उपसर्ग शब्द प्रयोग किया गया है। 'दुर' उपसर्ग से बनने वाले शब्द-दुर्दांत, दुर्गम हैं तथा 'दुस्' उपसर्ग से बनने वाले शब्द - दुष्प्राप्य, दुष्कृत्य हैं।

140. 'उस लाचार विधवा की दुर्दशा देखकर सरदार को हमदर्दी हुई'- वाक्य में है

(a) दो उपसर्ग (b) तीन उपसर्ग
(c) चार उपसर्ग (d) पाँच उपसर्ग

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : वाक्य 'उस लाचार विधवा की दुर्दशा देखकर सरदार को हमदर्दी हुई' में पाँच उपसर्ग हैं। उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका अर्थ प्रकट करता है। उप का अर्थ समीप, सर्ग का अर्थ है सृष्टि करना अर्थात् उपसर्ग का अर्थ है पास में बैठकर दूसरा नया अर्थ वाला शब्द बनाना है। **जैसेः-** हार के पहले 'प्र' उपसर्ग लगा दिया गया तो एक नया शब्द प्रहार बन गया, जिसका नया अर्थ हुआ मारना।

उपसर्ग	मूलशब्द	शब्द
ला	आचार	लाचार
दुर	दशा	दुर्दशा

141. 'उपसर्ग' शब्द में कहाँ लगता है?

(a) अंत में (b) मध्य में
(c) प्रारंभ में (d) कही नहीं

UPSSSC VDO 23/12/2018 (Shift-I)
[UKPSC AE 2017]
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा-2015

उत्तर. (c) : उपसर्ग शब्द के 'प्रारम्भ' में लगता है। उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है। यह दो शब्दों से मिलकर बना है– उप+सर्ग अर्थात् उप का अर्थ समीप तथा सर्ग का अर्थ सृष्टि करना। उपसर्ग का अर्थ पास में बैठकर दूसरा नया अर्थ वाला शब्द बनाना। **जैसे–** 'अन' उपसर्ग से 'बन' शब्द से पहले रख देने से 'अनबन' बनता है जिसका विशेष अर्थ 'मनमुटाव' है।

142. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) निर्दयी (b) पाठशाला
(c) निरंकुश (d) अनावश्यक

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : 'पाठशाला' शब्द में 'उपसर्ग' नहीं है। यह यौगिक शब्द है जबकि निर्दयी, निरंकुश में 'निर्' तथा 'अनावश्यक' में 'अन' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

143. 'बहिर्मुखी' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) बहिर् (b) बहिर
(c) बहिस (d) बहि

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर- (a) 'बहिर्मुखी' शब्द का उपसर्ग 'बहिर्' है। 'बहिर्' का अर्थ 'बाहर' होता है। बहिर उपसर्ग से बने शब्द-बहिर्गमन, बहिर्जगत, बहिष्कार, बर्हिद्वार

144. 'ब' उपसर्ग किसमें है?

(a) बदबू (b) बदौलत
(c) बदनाम (d) बदहजमी

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में से 'बदौलत' में 'ब' उपसर्ग है, शेष शब्दों में 'बद' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है जो कि उर्दू का उपसर्ग है।

145. इनमें एक शब्द उपसर्ग रहित है:

(a) सुलभ (b) दुर्लभ
(c) अलभ्य (d) बहुल

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : 'बहुल' शब्द उपसर्ग रहित है यह प्रत्यय युक्त शब्द है इसमें ल प्रत्यय है। अन्य शब्द एवं उपसर्ग इस प्रकार हैं-

@RexstarPdf

उपसर्ग	मूल शब्द	शब्द
सु	लभ्	सुलभ
दुर	लभ्	दुर्लभ
अ	लभ्य	अलभ्य

146. 'निरभिमानी' शब्द में मूलशब्द क्या है?

(a) मान (b) अभिमानी
(c) अभिमान (d) मानी

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (a) 'निरभिमानी' शब्द में मूल शब्द 'मान' है। इसमें मान मूल शब्द में निर् और अभि उपसर्ग तथा इसमें 'ई' प्रत्यय है।

147. 'अप' उपसर्ग दिए गए विकल्पों में से किस के साथ प्रयुक्त हो सकता है?

(a) जय (b) राम
(c) मान (d) रण

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'अप' उपसर्ग 'मान' के साथ प्रयुक्त होगा, अतः इसका शुद्ध रूप 'अपमान' बनेगा। अप उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं– अपशब्द, अपहरण, अपराध, अपकार, अपभ्रंश, अपयश, अपवाद इत्यादि। यह संस्कृत का उपसर्ग है, जिसका अर्थ है– लघुता, हीनता, विरुद्ध तथा अभार।

148. उपसर्ग को कहते हैं-

(a) शब्दांश (b) वाक्यांश
(c) शब्द (d) पद

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर-(a) उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है जैसे–'हार' शब्द के पहले 'प्र' उपसर्ग लगने से बनने वाला शब्द 'प्रहार' है जिसका अर्थ 'मारना' है।

149.सुशिक्षित में उपसर्ग है-

(a) पर (b) सु
(c) उ (d) सी

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर-(b) 'सुशिक्षित' में 'सु' उपसर्ग है। 'पर' उपसर्ग से निर्मित शब्द हैं– परकीय, परजीवी, परतंत्र, परदादा, परदेश आदि।

150. 'संग्राम' में उपसर्ग बताइए।

(a) सन् (b) सम्
(c) स (d) सत

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) संग्राम (सम्+ग्राम), 'सम्' उपसर्ग से निर्मित शब्द हैं। 'सम्' उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द-समकक्ष, समग्र, समक्ष, समबाहु, समीकरण आदि हैं।

151.'स्वाभाविक','स्वागत' इन दोनों शब्दों में कौन सा उपसर्ग है?

(a) दोनों में 'स्व' है।
(b) दोनों में 'सु' है।
(c) दोनों में क्रमशः 'स्व' और 'सु' है।
(d) दोनों में क्रमशः 'सु' और 'स्व' है।

UGC NET II[nd] Paper Dec. 2007

उत्तर – (c) स्व + भाव + इक = स्वाभाविक
सु + आगत = स्वागत
दोनों में क्रमशः 'स्व' और 'सु' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। 'उपसर्ग' सदैव शब्द के आरम्भ में लगता है, जबकि 'प्रत्यय' शब्द के अन्त में।

152. 'संगम' शब्द का संधि-विच्छेद करने पर ....., उपसर्ग के रूप में प्राप्त होगा।

(a) सन (b) सम
(c) सम् (d) सन्

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'संगम' शब्द का संधि-विच्छेद करने पर सम् उपसर्ग के रूप में प्राप्त होगा। वे शब्दांश (अव्यय) जो किसी शब्द के पूर्व प्रयुक्त होकर उसके अर्थ में विशेषता प्रकट करते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं। 'सम्' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द – संयोग, संस्कार, सम्मान, संस्कृत आदि।

153. संगम, संवाद, संतोष, संस्कार, संयुक्त आदि शब्दों में ..... उपसर्ग है।

(a) सम् (b) सन
(c) सत्र (d) सण

DSSSB PRT 06/10/2018, II Shift
UPTET (I-V) 18.11.2018
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO 2016
UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : संगम, संवाद, संतोष, संस्कार, संयुक्त शब्दों में 'सम्' उपसर्ग है। जो शब्दांश शब्दों के पहले जुड़ कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता उत्पन्न करते हैं, वे 'उपसर्ग' कहलाते हैं। 'सम्' संस्कृत का उपसर्ग है, जिसका अर्थ 'पूर्णता' तथा 'संयोग' है।

154. 'प्रति' उपसर्ग हिंदी भाषा में किस भाषा से आया है?

(a) हिंदी (b) संस्कृत
(c) अंग्रेजी (d) फारसी

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) 'प्रति' उपसर्ग संस्कृत भाषा का उपसर्ग है, जो हिंदी भाषा में भी प्रयुक्त होता है। इसका अर्थ है- विरोध, बराबरी, प्रत्येक तथा परिवर्तन। 'प्रति' उपसर्ग से निर्मित शब्द- प्रत्येक, प्रत्युपकार, प्रत्यक्ष, प्रतिकार, प्रतिनिधि, प्रतिध्वनि, प्रतिकूल, प्रतिवादी, प्रतिदान, प्रतिरक्षण आदि हैं।

155. 'संयोग' में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(a) सम् (b) सन्
(c) सं (d) सु

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]
UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'संयोग' में 'सम्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'सम्' उपसर्ग से बने अन्य शब्द हैं- संकल्प, संग्रह, सन्तोष, संन्यास आदि।

156. 'लोकसभा में मन्त्रियों का पागलपन स्पष्ट दिखाई देता है' वाक्य में रेखांकित शब्द किस कोटि का उपसर्ग है-

(a) विदेशज (b) तत्सम
(c) देशज (d) तद्भव

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर-(*) रेखांकित शब्द पागलपन एक पूर्ण शब्द है न कि उपसर्ग। 'पागल' मूल शब्द में 'पन' प्रत्यय लगाने से 'पागलपन' शब्द बना है। 'पन' हिन्दी का तद्धित प्रत्यय है जो संज्ञा/विशेषण में लगाने से भाववाचक संज्ञा का निर्माण करता है। जैसे - बचपन, लड़कपन, अपनापन, सूनापन आदि।
नोट - आयोग ने इसका उत्तर विकल्प (c) को माना है।

157. बुरे अर्थ में प्रयुक्त होने वाला 'बद' उपसर्ग किस भाषा का है?

(a) संस्कृत (b) अंग्रेजी
(c) उर्दू–फारसी (d) हिन्दी

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : बुरे अर्थ में प्रयुक्त होने वाला 'बद' उपसर्ग उर्दू–फारसी भाषा का है। 'बद' उपसर्ग से बनने वाले कुछ शब्द हैं– बदमाश, बदनाम, बदकिस्मत, बदबू आदि।

158. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) अपवाद (b) पराजय
(c) प्रभाव (d) ओढ़ना

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर-(d) 'ओढ़ना' शब्द में उपसर्ग नहीं है। यह क्रिया है। 'अपवाद' में 'अप', 'पराजय' में 'परा' तथा 'प्रभाव' में 'प्र' उपसर्ग लगा है।

159. निम्नलिखित शब्दों में किस किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) मिलान (b) सुपुत्र
(c) अधर्म (d) सुकर्म

UP TGT 2010

उत्तर– (a) दिये गये विकल्प में 'मिलान' शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है। अन्य शब्दों सुपुत्र में 'सु' उपसर्ग, अधर्म में 'अ' उपसर्ग और सुकर्म में 'सु' उपसर्ग है।

2. प्रत्यय

160. स्वाधीन

(a) धीन
(b) न
(c) अधीन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : स्वाधीन शब्द 'अधीन' प्रत्यय से मिलकर बना है।
स्व + अधीन = स्वाधीन
प्रत्यय वह शब्दांश है जो किसी शब्द के पीछे जुड़कर नया शब्द बनाता है और मूल शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देता है।

161. भुलौवल

(a) वल
(b) औवल
(c) ल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : भुलौवल शब्द 'औवल' प्रत्यय से मिलकर बना है।
भूल + औवल = भुलौवल

162. बढ़िया

(a) या
(b) इया
(c) ईया
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

High Court RO 2022
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'बढ़िया' शब्द में 'इया' प्रत्यय है।
बढ़ + इया = बढ़िया

163. झगड़ालू

(a) ड़ालू
(b) लू
(c) आलू
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
VDO Re-Exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'झगड़ालू' शब्द में 'आलू' प्रत्यय है और झगड़ मूल शब्द है।
झगड़ + आलू = झगड़ालू

164. मनौती

(a) औती (b) ती
(c) औति
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'मनौती' शब्द में 'औती' प्रत्यय है और मन मूल शब्द है।
मन + औती = मनौती

165. 'मिलाप' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है?

(a) आप (b) प
(c) अनु (d) अन

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.06.2018 (द्वितीय पाली)
KVS PGT Hindi-2017

उत्तर : (a) : मिलाप शब्द में 'आप' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।
प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं, जो मूल शब्द के पीछे लगकर शब्द के अर्थ को परिवर्तित कर देते हैं।

166. 'बंगाली' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(a) ई (b) ली
(c) आली (d) अली

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

@RexstarPdf

उत्तर : (a) 'बंगाली' में 'ई' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं, जो मूल शब्द के पीछे जुड़े होते हैं तथा शब्द के अर्थ को परिवर्तित कर देते हैं।

167. 'केंद्रित' और 'अधिकता' में क्रमशः प्रत्यय इस प्रकार हैं–

(a) द्रित, ता (b) ईत, आ
(c) इत, ता (d) ईत, ता

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'केन्द्रित और अधिकता' में क्रमशः इत और ता प्रत्यय है।

168. 'रक्तिमा' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है?

(a) मा (b) अमा
(c) इमा (d) ईमा

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (c) : 'रक्तिमा' शब्द में 'इमा' प्रत्यय है।
रक्त + इमा = रक्तिमा
'वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।'
जैसे- लाल + इमा = लालिमा

169. 'सावधानी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है

(a) ई (b) इ
(c) धानी (d) आनी

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (a) 'सावधानी' शब्द में 'ई' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।

170. 'प्रत्यय' शब्द कितने शब्दों से बना है?

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) छह

CGPSC (Pre) 2019

उत्तर : (a) : 'प्रत्यय' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है। 'प्रति + अय' = प्रत्यय

171. 'विश्वसनीय' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है:

(a) य (b) ईय
(c) इय (d) अनीय

CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (d) : विश्वसनीय शब्द में 'अनीय' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है। शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है उसे प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय के दो प्रकार हैं-कृत तथा तद्धित

172. 'राखनहार' शब्द में निम्नलिखित में से कौन से प्रकार का प्रत्यय है?

(a) तद्धित प्रत्यय (b) कृदन्त प्रत्यय
(c) क्रिया प्रत्यय (d) कर्तृवाचक तद्धित प्रत्यय

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'राखनहार' शब्द में 'कृदन्त प्रत्यय' का प्रयोग हुआ है।
कृदन्त प्रत्यय- क्रिया या धातु के अन्त में लगते हैं तथा इनसे बने शब्दों को कृदन्त कहते हैं।

173. 'अनुकरणीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है?

(a) णीय (b) ईय
(c) अनु (d) नीय

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'अनुकरणीय' शब्द में 'अनुकरण' मूल शब्द है तथा 'ईय' प्रत्यय है।
अनुकरणीय = अनुकरण + ईय

174. 'समझौता' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?

(a) औता (b) झौता
(c) आ (d) ता

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिए गए शब्द 'समझौता' में 'औता' प्रत्यय है। जो शब्दांश किसी शब्द के बाद लगकर उसके अर्थ को बदल देते हैं और नये अर्थ का बोध कराते हैं, उसे प्रत्यय कहते हैं। हिन्दी में प्रत्यय दो प्रकार के हैं – कृत् प्रत्यय एवं तद्धित प्रत्यय।

175. दिए गए शब्द का प्रत्यय ज्ञात कीजिए।
'रनिवास'

(a) वास (b) अस
(c) निवास (d) आस

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (a) रनिवास शब्द का प्रत्यय 'वास' होगा।

176. दिए गए शब्द का प्रत्यय ज्ञात कीजिए।
चिल्लाहट

(a) ट (b) लाहट
(c) हट (d) आहट

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d): चिल्लाहट शब्द में प्रत्यय 'आहट' है। 'चिल्ला' मूल शब्द है।
चिल्लाहट का अर्थ - शोर गुल, हो हल्ला।
* यहाँ आहट कृत् प्रत्यय है, तथा 'चिल्ला' कृदन्त शब्द है।

177. दिए गए शब्द का प्रत्यय ज्ञात कीजिए।
डिबिया

(a) बि (b) इया
(c) अया (d) डि

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : डिब्बा (मूल शब्द) + इया (प्रत्यय)
दिया गया शब्द 'डिबिया' लघुतावाचक प्रत्यय है ये ऐसे प्रत्यय होते हैं। जिनसे लघुता (न्यूनतम) का बोध होता है।

178. दिए गए शब्द का प्रत्यय ज्ञात कीजिए।
सुनार

(a) आर (b) नार
(c) अर (d) र

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) : सोना + आर = सुनार
अतः सुनार में 'आर' प्रत्यय और 'सोना' मूल शब्द है।
प्रत्यय → वे शब्दांश हैं जो दूसरे शब्दों के अन्त में जुड़कर, अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

@RexstarPdf

179. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो प्रत्यय से बने शब्द का सही विकल्प हो।

(a) अलगरज (b) गँवार
(c) चौराहा (d) नास्तिक

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : प्रत्यय से बना शब्द 'गँवार' होगा। गँवार शब्द 'आर' प्रत्यय से मिलकर बना है।
प्रत्यय - जो शब्दांश धातु रूप या शब्दों के अंत में लगकर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।

180. 'मिलनसार' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) र (b) मिलन
(c) मिल (d) सार

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'मिलनसार' शब्द में 'सार' प्रत्यय लगा हुआ है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं।
जैसे –मिलनसार, शर्मसार, खाकसार, एकसार आदि।

181. 'अल्पायु' में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) यु (b) वायु
(c) आयु (d) अल्प

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'अल्पायु' शब्द में 'आयु' प्रत्यय लगा हुआ है। अल्प + आयु = अल्पायु

182. इनमें से 'धड़ाक' में कौन सा प्रत्यय है?

(a) धड़क (b) आक
(c) अक (d) धड़

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
जूनियर इंजीनियर परीक्षा-2015

उत्तर : (b) : 'धड़ाक' शब्द में 'आक' प्रत्यय लगा हुआ है। जो शब्दांश किसी शब्द के अन्त में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता ला देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।

183. इनमें से 'पांडित्य' में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?

(a) य (b) तय
(c) इय (d) ईया

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : शब्द 'पांडित्य' में 'य' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है। इसका मूल शब्द पंडित् है। प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं। **जैसे-** समाज + इक = सामाजिक।

184. 'गाड़ीवाला' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) ड़ीवाला (b) गाड़ी
(c) वाला (d) ला

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : गाड़ीवाला शब्द में 'वाला' प्रत्यय के रूप में प्रयुक्त हुआ है। प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं।
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय
'वाला' प्रत्यय तद्धित प्रत्यय के अंतर्गत आता है। संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अन्त में लगने वाले प्रत्यय को तद्धित प्रत्यय कहा जाता है। **जैसे**- 'वाला' - गाड़ीवाला, दूधवाला, टोपीवाला

कृत प्रत्यय - कृत प्रत्यय क्रिया अथवा धातु के अंत में लगते हैं तथा इनसे बने शब्दों को कृदन्त कहते हैं। **जैसे**- पढ़ाई (आई प्रत्यय), पठनीय (नीय प्रत्यय)।

185. इनमें से 'लड़ाई' में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?

(a) इ (b) अइ (c) ई (d) आई

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'लड़ाई' शब्द में 'आई' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं अर्थात नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय के मुख्यतः दो प्रकार होते हैं।
1. कृत (कृदन्त) प्रत्यय 2. तद्धित प्रत्यय

186. इनमें से 'तंद्रालु' में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?

(a) अल (b) लु
(c) आलु (d) अलू

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'तंद्रालु' में 'आलु' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता ला देते हैं।
जैसे- 'आलु' ⇒ तंद्रालु, ईर्ष्यालु, निद्रालु आदि

187. प्रत्यय का प्रयोग इनमें से कहाँ किया जाता है?

(a) शब्दों के पहले (b) शब्दों के बाद
(c) शब्दों के बीच में (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (b) : वे शब्दांश जो शब्दों के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। अर्थात प्रत्यय का प्रयोग शब्दों के बाद किया जाता है। प्रत्यय से बनने वाले शब्द

जैसे -	आई	-	चढ़ाई, भलाई, बुराई
	आवट	-	लिखावट, बनावट, सजावट
	औती	-	कटौती, चुनौती, पनौती

188. 'कृत्' और 'तद्धित' इनमें से किसके भेद हैं?

(a) अव्यय (b) उपसर्ग
(c) प्रत्यय (d) सर्वनाम

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : प्रत्यय- वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन करते हैं या नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। हिंदी व्याकरण में प्रत्यय के दो भेद होते हैं-
(1) कृत (कृदन्त) प्रत्यय- मूल धातु के साथ जुड़ते हैं।
(2) तद्धित प्रत्यय- संज्ञा, सर्वनाम या विशेषण शब्दों के साथ जुड़ते हैं।

189. 'भावना' में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) इक (b) अक
(c) अना (d) वना

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'भावना' शब्द में 'अना' प्रत्यय है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं या नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय के दो भेद होते हैं।
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय।

@RexstarPdf

190. 'भक्षण' में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) क्षण (b) आन
(c) अन (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'भक्षण' शब्द में 'अन' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो दूसरे शब्दों के अंत में जुड़कर अपनी प्रकृति के अनुसार शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं। प्रत्यय के दो भेद होते हैं।

191. 'नशीला' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) शीला (b) ईला
(c) ला (d) नशा

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'नशीला' शब्द में 'ईला' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। ईला प्रत्यय से बनने वाले शब्द–चमकीला, पथरीला, शर्मीला, हठीला आदि हैं।

192. 'वेदना' में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) अना (b) आना
(c) दना (d) वदन

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वेदना में 'अना' प्रत्यय है। 'अना' प्रत्यय से बने शब्द–घटना, तुलना, वन्दना, वेदना आदि। यह कृत प्रत्यय का उदाहरण है।

193. 'चतुराई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?

(a) आई (b) चतुर
(c) च (d) राई

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : शब्द 'चतुराई' में 'आई' प्रत्यय है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लग कर उसके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता ला देते हैं उन्हें प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय के दो भेद होते हैं–
1. कृत् प्रत्यय, 2. तद्धित प्रत्यय। 'आई' प्रत्यय से निर्मित अन्य शब्द– लिखाई, पढ़ाई, मिठाई आदि।

194. 'करुणामय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) मय (b) णामय
(c) य (d) करूणा

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'करुणामय' शब्द में 'मय' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं। (1) कृत प्रत्यय (2) तद्रित प्रत्यय।

195. 'पूजा' में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) आ (b) पूज
(c) पू (d) पूज्

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'पूजा' में 'आ' प्रत्यय है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं या नए अर्थ का बोध कराते हैं उन्हें 'प्रत्यय' कहते हैं।
जैसे- सामाजिक = समाज + इक।
नाटककार = नाटक + कार।

196. सनसनाहट' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त है?

(a) सन (b) सनसन
(c) हट (d) आहट

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
DSSSB TGT Math 22/09/2018

उत्तर : (d) 'सनसनाहट' शब्द में 'आहट' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। प्रत्यय मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं-
(i) कृत प्रत्यय (ii) तद्धित प्रत्यय
'आहट' प्रत्यय से बने कुछ शब्द इस प्रकार हैं-
आहट- घबराहट, खिलखिलाहट आदि।

197. 'कुलीन' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) ईन (b) न
(c) कुल (d) लीन

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a): 'कुलीन' शब्द में 'ईन' प्रत्यय है। प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो दूसरे शब्दों के अंत में जुड़कर अपनी प्रकृति के अनुसार शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं। प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं।
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय।
उदाहरण - लघुता = लघु + ता
चाटनी = चाट + नी

198. 'प्रादेशिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) प्रा (b) इक
(c) क (d) देशिक

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'प्रादेशिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय है। प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो शब्दों के अन्त में जुड़कर, अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं। प्रत्यय के दो भेद होते हैं -
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय
उदाहरण - सामाजिक = समाज + इक
टिकाऊ = टिक + आऊ

199. 'संबंधित' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) सं (b) इत
(c) धित (d) बंधित

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'संबंधित' शब्द में 'इत' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'इत' प्रत्यय से बने अन्य शब्द हैं– पठित, व्यथित, फलित, पुष्पित आदि।
वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता उत्पन्न कर देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।
जैसे-'अक' प्रत्यय से- पाठक, गायक, लेखक, योजक, पाचक, मारक आदि।
'एय' प्रत्यय से - कौन्तेय, गांगेय, राधेय, आग्नेय, पाथेय आदि।

200. 'आध्यात्मिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) अध्यात्म (b) क
(c) आत्मिक (d) इक

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) आध्यात्मिक शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं अर्थात नए अर्थ का बोध कराते हैं। प्रत्यय कहलाते हैं।
जैसे - सामाजिक = समाज + इक
सुगन्धित = सुगंध + इत

201. इनमें से कौन-सा शब्द 'एला' प्रत्यय से निर्मित नहीं है?
(a) अधेला (b) अकेला
(c) मटैला (d) बघेला
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) 'मटैला' शब्द 'एला' प्रत्यय से निर्मित नहीं है। मटैला में ऐला प्रत्यय लगा है। 'एला' प्रत्यय से निर्मित शब्द हैं:- अधेला, अकेला, बघेला।

202. 'नीलिमा' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(a) लिमा (b) इमा (c) मा (d) नीलि
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : नीलिमा में 'इमा' प्रत्यय जुड़ा हुआ है।

कृत प्रत्यय	क्रिया	शब्द
वाला	गाना	गानेवाला
इया	छलना	छलिया
ति	शक्	शक्ति

203. 'राष्ट्रीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(a) रा (b) ष्ट्रीय
(c) ईय (d) राष्ट्र
CTET July - 2023
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : राष्ट्रीय (राष्ट्र + ईय) शब्द में 'ईय' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'ईय' प्रत्यय से बनने वाले शब्द- दर्शनीय, स्वर्गीय, भारतीय, जातीय, मृगीय इत्यादि।

204. 'गायक' में इनमें से कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त है?
(a) इक (b) ओक
(c) एक (d) अक
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : गै + अक = गायक
अतः 'गायक' में 'अक' प्रत्यय और 'गै' मूल शब्द है। यहाँ पर मूल शब्द 'गै' एक धातु है जिसमें कृत-प्रत्यय (संस्कृत कृत-प्रत्यय) 'अक' जुड़ने से बना शब्द 'गायक' कर्तृवाचक संज्ञा शब्द कहा जाएगा।

205. इनमें से 'नयन' शब्द में प्रयुक्त कृत् प्रत्यय कौन-सा है?
(a) इक (b) इन
(c) उन (d) अन
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'नयन' शब्द में प्रयुक्त कृत प्रत्यय 'अन' है तथा मूल शब्द 'ने' (ने + अन = नयन) है।

206. 'नवीन' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(a) ईन (b) वीन
(c) नव (d) न
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'नवीन' शब्द में **'ईन'** प्रत्यय है।
प्रत्यय - शब्दों के अन्त में जुड़कर शब्दों के अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश **'प्रत्यय'** कहलाते हैं।
प्रत्यय के दो भेद होते हैं।
(1) कृदन्त (2) तद्धित
तद्धित प्रत्यय - संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण शब्दों के अंत में लगने वाले प्रत्यय को तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

प्रत्यय	संज्ञा विशेषण	तद्धितांत
ईन	कुल	कुलीन
ईन	नव	नवीन
इक	तर्क	तार्किक
इय	क्षत्र	क्षत्रिय

207. इनमें से 'रक्तिमा' में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?
(a) इमा (b) मा
(c) अमा (d) आ
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'रक्तिमा' शब्द में 'इमा' प्रत्यय है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं अर्थात नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं।
(i) कृत प्रत्यय। (ii) तद्धित प्रत्यय।

208. इनमें से 'तृ' प्रत्यय से बना शब्द कौन-सा है?
(a) दानशील (b) पितृभक्ति
(c) शिक्षक (d) निंदक
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'तृ' प्रत्यय से बना शब्द 'पितृभक्ति' है। इसमें संस्कृत का 'तच्' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
प्रत्यय उस शब्दांश को कहते हैं जो किसी शब्द या धातु के पीछे लगकर कोई नया शब्द बनाये। **जैसे**- मूर्ख में 'ता' प्रत्यय जोड़कर मूखर्ता शब्द बनाया जाता है।
कृत् प्रत्यय क्रिया या धातु के अंत मे प्रयुक्त होते हैं जबकि तद्धित प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण अव्यय के अंत में जुड़ते हैं।

209. शिष्टता शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(a) आ (b) शि
(c) शिष्ट (d) ता
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : शिष्टता शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। प्रत्यय मूल शब्द के पीछे प्रयुक्त होकर उनके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं।

210. किस शब्द में 'प्रत्यय' प्रयुक्त नहीं है?
(a) पशुओं (b) लोगों
(c) पीढ़ी (d) सदस्यों
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : विकल्प में दिया गया शब्द 'पीढ़ी' प्रत्यय रहित शब्द है अन्य विकल्प पशुओं, लोगों तथा सदस्यों में 'ओं' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
पशु + ओं → पशुओं
लोग + ओं → लोगों
सदस्य + ओं → सदस्यों

@RexstarPdf

211. इनमें से 'कनिष्ठ' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?

(a) इस्ट (b) इष्ट
(c) इष्ठ (d) श्त

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'कनिष्ठ' शब्द में 'इष्ठ प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है 'वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता लाते हैं प्रत्यय कहलाते हैं' 'इष्ठ' प्रत्यय से बने शब्द इस प्रकार हैं।
'**इष्ठ**' → वरिष्ठ, घनिष्ठ, बलिष्ठ आदि।

212. 'दासत्व' शब्द में कौन-सा 'प्रत्यय' प्रयुक्त है?

(a) व (b) त्व
(c) तव (d) सत्व

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'दासत्व' शब्द में 'त्व' प्रत्यय है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो दूसरे शब्दों के अन्त में जुड़कर, अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं। प्रत्यय के दो भेद होते हैं।
(1) कृत प्रत्यय
(2) तद्धित प्रत्यय।

213. इनमें से कौन-सा शब्द प्रत्यय से बना है?

(a) अभियोग (b) व्यायाम
(c) अपमान (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में कोई भी शब्द प्रत्यय से नहीं बना है। अभियोग, व्यायाम एवं अपमान में क्रमशः अभि, वि तथा अप उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।
प्रत्यय - शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है। प्रत्यय कहलाता है। **जैसे** - भला + आई = भलाई
भूल + आवा = भुलावा

214. 'नैतिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) तिक (b) क (c) नै (d) इक

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'नैतिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगा हुआ है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं।
जैसे - 'इक' प्रत्यय से बनने वाले शब्द→ नैतिक, आर्थिक, धार्मिक, मासिक, वार्षिक, राजनैतिक आदि।

215. 'फलित' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) लित (b) त
(c) इत (d) फल

High Court RO - 2021
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर: (c) 'फलित' शब्द में 'इत' प्रत्यय है। प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो दूसरे शब्दों के अन्त में जुड़कर, अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।
'इत' प्रत्यय से बनने वाले शब्द-प्रमाणित, द्रवित, मुखरित, झंकृत, शिक्षित, मोहित, चर्चित, विकसित आदि।

216. 'कथनीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) अनीय (b) ईय
(c) नीय (d) कथ

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'कथनीय' शब्द में 'ईय' प्रत्यय है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं अर्थात् नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय के मुख्यतः दो भेद होते हैं– 1. कृत (कृदन्त) प्रत्यय। 2. तद्धित प्रत्यय।

217. इनमें से कौन-सा प्रत्यय 'लेखक' शब्द के अंत में प्रयुक्त हुआ है?

(a) क (b) आक
(c) इक (d) अक

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्प में 'लेखक' शब्द में 'अक' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में लगकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं अर्थात् नए अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।
'अक' प्रत्यय से बनने वाले शब्द- लेखक, पाठक, कारक, गायक आदि

218. 'पढ़नेवाला' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(a) देशज (b) तद्धित
(c) कृदन्त (d) विदेशज

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'पढ़नेवाला' में कृदन्त प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
प्रत्यय वे शब्दांश होते हैं जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं।
प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं– 1. कृदन्त प्रत्यय, 2. तद्धित प्रत्यय
कृदन्त प्रत्यय सदैव क्रिया पदों के साथ जोड़े जाते हैं, जबकि तद्धित प्रत्यय सदैव संज्ञा पदों से जोड़े जाते हैं।

219. 'महत्त्व' में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) महत (b) व
(c) त्व (d) मह

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'महत्त्व' में 'त्व' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'त्व' प्रत्यय से बने शब्द इस प्रकार हैं–
जैसे– महत्त्व, गुरूत्व, लघुत्व, व्यक्तित्व, देवत्व, अपनत्व आदि।

220. 'छलिया' में प्रयुक्त प्रत्यय इनमें से कौन-सा है?

(a) इया (b) अया
(c) वैया (d) ऐया

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'छलिया' शब्द में 'इया' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।
अन्य प्रत्यय शब्द–जड़िया, घुनिया तथा लखिया हैं।
जैसे-छल + इया = छलिया

221. 'धैर्य' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) अर्य (b) धीर
(c) ऐर्य (d) य

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

Ans. (d): धैर्य शब्द में 'य' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। यह भाववाचक तद्धित प्रत्यय है। 'य' प्रत्यय से बनने वाले शब्द पाण्डित्य, चातुर्य, माधुर्य, सौन्दर्य इत्यादि।

222. 'लड़ाकू' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) आकू (b) कू
(c) लड़ (d) डाकू

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'लड़ाकू' शब्द में 'आकू' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। प्रत्यय मूल शब्द के पीछे प्रयुक्त होकर शब्द के अर्थ में परिवर्तन लाता है।

223. सहानुभूति शब्द में मूलशब्द, प्रत्यय का सही विकल्प क्या है?

(a) सहान, भूति (b) सहन, भूति
(c) सह, अनुभूति (d) सहा, अनुभूति

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : सहानुभूति शब्द में मूलशब्द प्रत्यय का सही विकल्प 'सह, अनुभूति' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

224. 'तैराक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) आक (b) तैर
(c) क (d) राक

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'तैराक' शब्द में 'आक' प्रत्यय है।प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं - (1) कृत (कृदन्त) (2) तद्धित प्रत्यय।

225. 'गौरव' शब्द किस तद्धित प्रत्यय के योग से बना है?

(a) अ (b) इक
(c) आयन (d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2009

उत्तर–(a) गौरव शब्द 'अ' तद्धित प्रत्यय के योग से बना है। तद्धित प्रत्यय वे हैं जो क्रिया से भिन्न अर्थात् विशेषण संज्ञा के अंत में लगते हैं। गुरु + अ = गौरव।

226. 'भुलक्कड़' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(a) भू (b) ड
(c) अक्कड़ (d) भूल

UP TET 2021- Re-Exam
UPASI 05/12/2021 (Shift-II)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (c) : भुलक्कड़ शब्द में 'अक्कड़' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। प्रत्यय अविकारी शब्दांश हैं जिसको शब्दों के अन्त में जोड़ा जाता है प्रत्यय, दो शब्दों से बना है, 'प्रति + अय', प्रति का अर्थ साथ में, अय का अर्थ चलने वाला, इस प्रकार प्रत्यय का शाब्दिक अर्थ साथ चलने वाला है।

227. 'भलाई' में प्रत्यय है–

(a) ई (b) आई
(c) लाई (d) भ

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (b) 'भलाई' शब्द में 'भला' मूल शब्द तथा 'आई' प्रत्यय प्रयुक्त है।

228. 'बहाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?

(a) बह (b) हाव
(c) आव (d) आवा

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर-(c) 'बहाव' शब्द में 'आव' प्रत्यय है। 'आव' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द हैं– घुमाव, बनाव, चढ़ाव, पड़ाव, खिचाव, चुनाव आदि। 'आवा' प्रत्यय से बने शब्द - छलावा, डरावा, दिखावा, पछतावा आदि।

229. 'कडुआहट' शब्द में .....प्रत्यय है।

(a) हट (b) ट
(c) आहट (d) आह

UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016
KVS PGT Hindi - 2016

उत्तर : (c) कडुआहट' शब्द में 'आहट' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है- कडु+आहट। आहट प्रत्यय के योग से निर्मित अन्य शब्द हैं। चिल्लाहट, घबराहट, चिकनाहट इत्यादि।

230. 'लिखावट' में प्रत्यय है–

(a) वट (b) वट्
(c) अवट (d) आवट

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (d) 'लिखावट' शब्द में 'आवट' प्रत्यय है। वे शब्दांश जो शब्दों के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता लाते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। 'आवट' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द– कसावट, बिनावट, बनावट, सजावट, अमावट आदि हैं।

231. 'मिठास' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?

(a) मीठा (b) ठास
(c) आस (d) प्यास

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर- (c) मिठास शब्द में 'आस' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। जो शब्दांश शब्दों के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता लाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं। जैसे - 'आस' इच्छावाचक प्रत्यय है। इससे बनने वाले शब्द - मिठास, प्यास, निकास आदि हैं।

232. 'बुनाई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(a) ई (b) आई
(c) नाई (d) उपर्युक्त सभी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'बुनाई' शब्द में 'आई' प्रत्यय है। आई प्रत्यय से बनने वाले शब्द- बुनाई, धुलाई, खुदाई, पढ़ाई, पेराई, सिलाई, कसाई आदि हैं।

233. 'कहावत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -

(a) हावत (b) वत
(c) कह (d) आवत

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर- (d) 'कहावत' शब्द में 'आवत' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

@RexstarPdf

234. 'बुढ़ापा' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?

(a) आपा (b) पा
(c) प (d) बुढ़ा

UPPCL TG2 , 2015

उत्तर: (a) 'बुढ़ापा' शब्द में 'आपा' प्रत्यय लगा है। 'आपा' प्रत्यय लगाकर भाववाचक संज्ञा बनायी जाती है। जैसे – बुढ़ापा, मोटापा, सुघड़ापा आदि।

235. 'पिछाड़ी' शब्द का सन्धि-विच्छेद करने पर प्रत्यय के रूप में क्या प्राप्त होगा?

(a) अड़ी (b) छाड़ी
(c) आड़ी (d) छड़ी

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) पिछा + आड़ी = पिछाड़ी। अतः पिछाड़ी का संधि विच्छेद करने पर प्रत्यय के रूप में आड़ी प्राप्त होगा।

236. 'औपचारिक' शब्द में प्रत्यय लगा है:

(a) अ (b) क
(c) इक (d) ईक

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : 'औपचारिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगा है। उपचार+इक = औपचारिक। अन्य प्रत्यय अ, क, ईक असंगत हैं।

237. 'आंशिक' शब्द में प्रत्यय क्या है?

(a) अ (b) क
(c) इक (d) शिक

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा 29/12/2013
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर- (c) 'आंशिक' शब्द में इक प्रत्यय है। 'इक' प्रत्यय से बने अन्य शब्द वैज्ञानिक, वैदिक, लौकिक, दैनिक इत्यादि हैं।

238. 'इक' प्रत्यय लगाने पर 'सप्ताह' का रूप क्या होगा?

(a) सप्ताहिक (b) साप्ताहिक
(c) साप्तहिक (d) सप्तहिक

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर- (b) 'इक' प्रत्यय लगाने पर 'सप्ताह' का रूप 'साप्ताहिक' होगा। इक प्रत्यय से बने शब्द हैं– तार्किक, पाशविक, वैज्ञानिक, वैदिक, आलंकारिक आदि।

239. 'विचार' में 'इक' प्रत्यय लगाने से बनता शब्द:

(a) वेचारिक (b) विचारिक
(c) विचौरिक (d) वैचारिक

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर-(d) 'विचार' में 'इक' प्रत्यय लगाने से 'वैचारिक' शब्द बनेगा। प्रत्यय का अर्थ है 'पीछे लगना' अर्थात वे शब्द जो किसी शब्द में पीछे जुड़कर नये शब्द बनाते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।

240.'लौकिक' शब्द में प्रत्यय है–

(a) लोइक् (b) किक
(c) अक (d) इक

UP PGT 2009

उत्तर-(d) लौकिक शब्द में 'इक' प्रत्यय है। लोक + इक = लौकिक

241. 'प्रामाणिक' शब्द के मूल शब्द और प्रत्यय का सही अलगाव है

(a) प्रमाण + ईक (b) प्रमाण + इक
(c) प्रा : माणिक (d) प्रमा + आणिक

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर–(b) 'प्रामाणिक = प्रमाण + इक' मूल शब्द और प्रत्यय का सही अलगाव है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

242. 'दर्शिका' शब्द में प्रत्यय है :

(a) आ (b) इका
(c) शिका (d) ईका

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (b) 'दर्शिका' शब्द में 'इका' प्रत्यय है। इका प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द- नायिका, गायिका आदि। 'प्रत्यय' उस शब्दांश को कहते हैं, जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन उत्पन्न करते हैं।

243. 'वैज्ञानिक' शब्द में प्रत्यय लगा है

(a) क (b) इक
(c) ईक (d) आई

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (b) 'वैज्ञानिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगा है। वे शब्दांश जो शब्दों के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन ला देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। 'इक' एक तद्धित प्रत्यय है, जो विज्ञान (संज्ञा शब्द) के अन्त में जुड़ा है। 'इक' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द– दैनिक, वैदिक, लौकिक, ऐतिहासिक, औद्योगिक आदि हैं।

244. 'बढ़िया' में मूल शब्द और प्रत्यय हैं-

(a) बढ़ + इया (b) बढ़ना + इया
(c) बढ़ा + इया (d) बढ़ि + इया

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : बढ़ (मूल शब्द) + इया (प्रत्यय) = बढ़िया।

245. 'धार्मिक' में प्रत्यय है -

(a) क (b) इक
(c) मिक (d) धर्म

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (b) 'धार्मिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगा हुआ है। संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण के अन्त में लगने वाले प्रत्यय को तद्धित प्रत्यय कहा जाता है तथा संस्कृतनिष्ठ संज्ञाओं के अन्त में तद्धित-प्रत्यय लगाने से भाववाचक, अपत्यवाचक तथा गुणवाचक विशेषण बनते हैं। 'इक' संस्कृतनिष्ठ तद्धित प्रत्यय है जो 'धर्म' संज्ञा के पीछे जुड़कर गुणवाचक विशेषण 'धार्मिक' बन जाता है।

246. अंतिम में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(a) अ (b) म
(c) इम (d) तिम

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (c) : 'अंतिम' शब्द में 'इम' प्रत्यय तथा 'अंत' मूलशब्द है।

247. 'रसोइया' में प्रत्यय है :

(a) या (b) इया
(c) आ (d) रस

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

@RexstarPdf

उत्तर : (b) 'रसोइया' शब्द में 'इया' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'इया' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द– जड़िया, बढ़िया, घटिया आदि हैं।

248. 'पुस्तकीय' शब्द में प्रत्यय बताइए–

(a) कीय (b) य
(c) ईय (d) इय

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : 'पुस्तकीय' शब्द में 'ईय' प्रत्यय लगा है। 'ईय' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द–भवदीय, राष्ट्रीय, पाणिनीय, भारतीय आदि हैं।

249. 'सावधानी' में कौन सा प्रत्यय है?

(a) नी (b) धानी
(c) ई (d) आनी

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'सावधानी' शब्द में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। वे शब्दांश जो शब्दों के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता लाते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। 'ई' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द– किसानी, बदमाशी, महाजनी, दलाली, जालसाजी आदि हैं।

250. 'जिन्दगी' में कौन सा प्रत्यय है?

(a) गी (b) ई
(c) दगी (d) यी

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift
UP PGT 2004

उत्तर : (b) 'जिन्दगी' में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'ई' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द– दोस्ती, चोरी, सफेदी, नरमी, सुस्ती, गर्मी आदि हैं।

251. 'रंगीला' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(a) गीला (b) इला
(c) ला (d) ईला

UPP, 2017

उत्तर : (d) रंगीला शब्द में 'ईला' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। ईला प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द-पथरीला, खर्चीला, गर्वीला, लजीला आदि हैं।

252. 'लड़का' और 'दादा' शब्दों के लिंग-परिवर्तन में किस प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है?

(a) इया (b) ई
(c) नी (d) आनी

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : 'लड़का' और 'दादा' शब्दों के लिंग- परिवर्तन में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है। संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो उसे लिंग कहते हैं। इसके दो भेद हैं- पुल्लिंग, स्त्रीलिंग।

253. निम्न में से कौन सा 'लुटेरा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है?

(a) एरा (b) रा
(c) आ (d) इरा

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UPPCL ARO, 2018
असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015
UPPSC AE 2011

उत्तर-(a) लुटेरा में 'एरा' प्रत्यय है। 'एरा' प्रत्यय वाले अन्य शब्द–चितेरा, बटेरा, सँपेरा, कँसेरा आदि हैं।

254. कौन-सा प्रत्यय हिन्दी भाषा में बहुवचन के रूप में जाना जाता है?

(a) ओं (b) ए
(c) एँ (d) आँ

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर- (a) 'ओं' प्रत्यय हिन्दी भाषा में बहुवचन के रूप में जाना जाता है। जैसे – कोस का कोसों।

255. 'खिलौना' शब्द में मूल शब्द है–

(a) खिल (b) खेल
(c) औना (d) ना

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018
UPP Constable, 2017
UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में 'खिलौना' शब्द का मूल शब्द खेल है, जिसमें 'औना' प्रत्यय जोड़कर 'खिलौना' बना है।

256. 'बिछौना' में मूल शब्द और प्रत्यय है-

(a) बिछाना + औना (b) बिछा + औना
(c) बिछाव + औना (d) बिछो + ओना

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'बिछा' मूल शब्द + औना प्रत्यय = बिछौना

257. 'बैठक' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(a) बै (b) बैठ
(c) अक (d) क

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (d) : बैठक शब्द में 'क' प्रत्यय है। 'क' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द-घटक, ठंढक, शतक, सप्तक आदि हैं।

258. निम्नलिखित पद में कौन सा पद 'वैया' प्रत्यय लगाने से बना है?

(a) रवैया (b) डटैया
(c) खवैया (d) बचैया

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर-(c) 'खा' क्रिया में 'वैया' प्रत्यय लगाने से 'खवैया' शब्द बनता है। यह एक कृदन्त प्रत्यय है। कृदन्त प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। इसके अतिरिक्त 'डाटना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'डटैया' तथा 'बचाना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'बचैया' शब्द बनता है।

259. धातु पर ..... प्रत्यय जोड़कर वर्तमानकालिक कृदन्त बनते हैं।

(a) या (b) आ
(c) कर (d) ता

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) धातु या मूल शब्द में कृत प्रत्यय (कृदन्त प्रत्यय) जोड़ने से मूल शब्द का अर्थ बदल जाता है। मूल शब्द में 'ता' कृत प्रत्यय जोड़ने से वर्तमानकालिक कृदन्त बनता है।

@RexstarPdf

	मूल शब्द/धातु		कृत प्रत्यय	उदाहरण
1.	लिख	+	ता	लिखता
2.	पढ़	+	ता	पढ़ता

260. 'महानता' शब्द में प्रत्यय है–

(a) म (b) महा
(c) नता (d) ता

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'महानता' शब्द में 'ता' प्रत्यय है। जिसका मूलरूप 'महान + ता' है।

261. किस शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग नहीं है?

(a) लता (b) समता
(c) मूर्खता (d) निर्ममता

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) : 'लता' शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग नहीं है जबकि समता, मूर्खता तथा निर्ममता में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

262. निम्न शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय के लिए सही विकल्प चुनिए- मच्छरदानी

(a) अनीय (b) अन
(c) इया (d) दानी

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर- (d) 'मच्छरदानी' शब्द में 'दानी' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। जैसे – मच्छर + दानी = मच्छरदानी, शृंगार + दानी = शृंगारदानी आदि।

263. 'बच्चा' में 'पन' प्रत्यय जोड़ने से निर्मित शब्द है–

(a) बच्चापन (b) बचावन
(c) बचावपन (d) बचपन

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018
KVS PGT Hindi-2017
Ashram Paddhati PGT-2012

उत्तर. (d) : 'बच्चा' में 'पन' प्रत्यय जोड़ने से बनने वाला शब्द 'बचपन' है। 'पन' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द हैं–लड़कपन, कालापन, धीमापन आदि।

264. निम्नलिखित में से किस शब्द में तद्धित प्रत्यय लगा है?

(a) पठनीय (b) कृपालु
(c) गंतव्य (d) हँसोड़

UPPCL ARO-2018
Ashram Paddhati PGT 2012
GIC PGT-2009
UP TGT 2013

उत्तर–(b) 'कृपालु'शब्द में तद्धित प्रत्यय लगा है। 'कृपालु' कृपा (संज्ञा) + आलु (प्रत्यय) से बना है। वे प्रत्यय जो संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय आदि के अंत में जुड़कर नए शब्दों की रचना करते हैं, तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं। शेष दिए गए शब्द पठनीय, गंतव्य तथा हँसोड़ में कृदन्त प्रत्यय लगा है।

265. शीतल शब्द का संधि-विच्छेद करने पर प्रत्यय के रूप में क्या प्राप्त होगा?

(a) अल (b) ल्
(c) ल (d) तल

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) शीतल = शीत + ल में 'ल' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। 'ल' प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द – श्यामल, वत्सल, मांसल आदि हैं।

266. 'ला' प्रत्यय है –

(a) कर्ताकारकीय (b) कर्मकारकीय
(c) करणकारकीय (d) संप्रदानकारकीय

उत्तर – (a) ला प्रत्यय कर्ताकारकीय होता है। इससे निर्मित अन्य शब्द हैं – गमला, शीतला, अगला, मझला, पिछला आदि।

267. निम्नलिखित में से किस शब्द में तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(a) वार्षिक (b) भिड़ंत
(c) लड़ाई (d) मिलाप

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (a) : वार्षिक शब्द में 'इक' तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। वर्ष + इक = वार्षिक शेष में 'कृत' प्रत्यय है विवरण इस प्रकार हैं-
जैसे- भिड़ + अंत = भिड़ंत
लड़ + आई = लड़ाई
मिल + आप = मिलाप

268. 'तीसरा' शब्द का संधि-विच्छेद करने पर प्रत्यय के रूप में क्या प्राप्त होगा?

(a) ईसरा (b) रा
(c) सरा (d) आ

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) तीसरा शब्द का संधि विच्छेद करने पर 'सरा' प्रत्यय के रूप में प्राप्त होगा। सरा प्रत्यय से बनने वाला अन्य शब्द 'दूसरा' है।

269. आहट, आवट, आस आदि किस प्रकार के तद्धित प्रत्यय हैं?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाचक (d) संबंधवाचक

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : आहट, आवट, आस आदि भाववाचक तद्धित प्रत्यय हैं। इनसे निर्मित शब्द–
कड़वा + आहट = कड़वाहट
आम + आवट = अमावट
मीठा + आस = मिठास

270. निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय नहीं है?

(a) गुणवान (b) दूजा
(c) इकहरा (d) दुबला

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर- (d) 'दुबला' शब्द में कोई प्रत्यय नहीं है। इसमें 'दु' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है। 'गुणवान' में 'वान' प्रत्यय है 'इकहरा' में 'हरा' प्रत्यय तथा 'दूजा' में 'जा' प्रत्यय है।

@RexstarPdf

271. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'नी' प्रत्यय नहीं लगा है?

(a) शेरनी (b) मोरनी
(c) नौकरानी (d) कुटनी

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) नौकरानी में प्रयुक्त प्रत्यय 'आनी' है। नौकरानी शब्द में 'नी' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है। 'आनी' प्रत्यय से निर्मित अन्य शब्द– देवरानी, सेठानी, जेठानी आदि हैं।
शेरनी, मोरनी तथा कुटनी में 'नी' प्रत्यय है। 'नी' प्रत्यय से निर्मित अन्य शब्द–कहनी, सुननी, ठगनी, नटनी हैं।

272. 'पाण्डव' शब्द में कैसा प्रत्यय है?

(a) कृदन्त (b) तद्धित
(c) स्त्री (d) प्रत्यय नहीं है

UP PGT 2000

उत्तर –(b) 'पाण्डव' शब्द में 'तद्धित' प्रत्यय है। 'पाण्डव' शब्द पाण्डु में 'अ' प्रत्यय जुड़ने से बना है।

273. निम्नलिखित में से किस शब्द में रूप साधक प्रत्यय है?

(a) बचपन (b) लड़के
(c) मातृत्व (d) एकता

UGC NET II[nd] Paper June. 2008

उत्तर – (b) 'लड़के' शब्द से पुरुष जाति या रूप का बोध होता है। अतः 'लड़के' में रूप साधक प्रत्यय है। बचपन, मातृत्व, एकता शब्द भाववाचक हैं। अतः इन शब्दों में भावसाधक प्रत्यय है।

274. निम्न में से प्रत्यय रहित शब्द है –

(a) दर्शनीय (b) दुर्गुण
(c) भिक्षुक (d) कर्त्तव्य

UP TGT 2013

उत्तर – (b) 'दुर्गुण' प्रत्यय रहित शब्द है। (दुर्+गुण) 'दुर्गुण' शब्द 'दुर्' उपसर्ग तथा 'गुण' शब्द मिलकर बना है। शेष अन्य वैकल्पिक शब्दों में प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। दर्शनीय में 'ईय' प्रत्यय, भिक्षुक में 'उक' प्रत्यय तथा कर्तव्य में 'तव्य' प्रत्यय लगा है।

275. निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय का एक साथ प्रयोग किया गया है?

(a) हिस्सेदार (b) अभिमानी
(c) कृपालुता (d) भारतीयता

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) अभिमानी शब्द में उपसर्ग एवं प्रत्यय का एक साथ प्रयोग किया गया है। विवरण है–

अभिमानी–	अभि	+	मान	+	ई
	(उपसर्ग)		(मूल शब्द)		(प्रत्यय)
हिस्सेदार–	हिस्सा	+	ए	+	दार
	(मूल शब्द)		(प्रत्यय)		(प्रत्यय)
कृपालुता–	कृपा	+	लु	+	ता
	(मूल शब्द)		(प्रत्यय)		(प्रत्यय)
भारतीयता–	भारत	+	ईय	+	ता
	(मूल शब्द)		(प्रत्यय)		(प्रत्यय)

स्पष्टतः 'अभिमानी' में उपसर्ग (अभि) तथा प्रत्यय (ई) का प्रयोग हुआ है, जबकि अन्य तीनों में प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है।

276. सूची-I में दिए गए धातु को सूची- II में दिए प्रत्यय से सुमेलित कीजिए:

सूची- I	सूची- II
A. पाठ	I. इक
B. चाल	II. आ
C. झटक	III. आक
D. पशु	IV. अक

	A	B	C	D
(a)	I	II	III	IV
(b)	IV	III	II	I
(c)	III	IV	I	II
(d)	II	III	IV	I

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (b) सही सुमेल है–

धातु	प्रत्यय	निर्मित शब्द
A. पाठ	अक	पाठक
B. चाल	आक	चालाक
C. झटक	आ	झटका
D. पशु	इक	पाशविक

277. निम्नलिखित में से किसमें तद्भव प्रत्यय निहित है?

(a) टिकाऊ (b) देवरानी
(c) घुमक्कड़ (d) असलियत

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (a) टिकाऊ शब्द में 'आऊ' तद्भव प्रत्यय है जिसका अर्थ 'वाला' होता है, इससे बनने वाले शब्द हैं- खाऊ, बिकाऊ, पंडिताऊ।

278. धातु के अंत में जोड़े जाने वाले प्रत्यय हैं :

(a) क्रिया द्योतक प्रत्यय (b) कृत प्रत्यय
(c) तद्धित प्रत्यय (d) भाव द्योतक प्रत्यय

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : धातु के अंत में जोड़े जाने वाले प्रत्ययों को कृत प्रत्यय या कृदन्त प्रत्यय कहते हैं। शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है उसे प्रत्यय कहते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं–
(1) कृत प्रत्यय (2) तद्धित प्रत्यय
संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अन्त में लगने वाले प्रत्यय तद्धित प्रत्यय कहे जाते हैं।

279. निम्नलिखित शब्दों में से एक में प्रत्यय का योग नहीं है:

(a) ममता (b) आलता
(c) सुन्दरता (d) समता

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'आलता' शब्द में प्रत्यय का योग नहीं है। जबकि ममता, सुन्दरता, समता में 'ता' प्रत्यय एवं क्रमशः मम, सुन्दर तथा सम मूल शब्द हैं।

280. इन शब्दों में एक प्रत्यय वाला शब्द है:

(a) सुगम (b) अगम
(c) दुर्गम (d) अगम्य

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (*): दिये गये विकल्पों के शब्द उपसर्ग युक्त हैं। इनमें से किसी भी विकल्प में प्रत्यय नहीं है। अतः चारों विकल्प असंगत हैं। इसमें मूल शब्द गम् है इनमें उपसर्ग का निर्देश निम्नलिखित प्रकार से हुआ है–

@RexstarPdf

उपसर्ग	शब्द
सु	सुगम
अ	अगम
दुर्	दुर्गम
अ	अगम्य

281. हिन्दी में 'कृत' प्रत्ययों की संख्या है-

(a) 28 (b) 30
(c) 42 (d) 50

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : हिन्दी में 'कृत' प्रत्ययों की संख्या 28 है। क्रिया अथवा धातु के बाद जो प्रत्यय लगाये जाते हैं, उन्हें कृत-प्रत्यय कहते हैं। कृत प्रत्यय के मेल से बने शब्दों को कृदन्त कहते हैं।

282. प्रत्यय होता है-

(a) शब्दांश (b) वाक्यांश
(c) पदांश (d) पद्यांश

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर-(a) प्रत्यय एक शब्दांश है, जो शब्दों के अन्त में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन ला देते हैं जैसे–'लेखक' में 'लेख' शब्द के अन्त में 'अक' जुड़ने से इसके अर्थ में विशेषता आ गई है। अतः यहाँ 'अक' शब्दांश प्रत्यय है।

283. कृदन्त प्रत्यय किन शब्दों के साथ जुड़ते हैं?

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) अव्यय

उत्तर–(c) कृदन्त प्रत्यय क्रिया के साथ जुड़ते हैं। जिन कृदन्त शब्दों के द्वारा क्रियाओं के भाव का स्पष्टीकरण हो, भाववाचक कृदन्त कहलाते हैं।

284. 'अगर मन में कड़वाहट है तो होठों पर बोली की मिठास नहीं फबती' वाक्य में प्रत्यय हैं-

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : अगर मन में कड़वाहट है तो होठों पर बोली की मिठास नहीं फबती वाक्य में चार (कड़वाहट, मिठास, बोली और फबती) प्रत्यय हैं।

मूल शब्द	प्रत्यय	शब्द
कड़वा	आहट	कड़वाहट
मीठा	आस	मिठास
फब	ती	फबती
बोल	ई	बोली

285. 'समझदार और दुनियादार लोग इस महँगाई में भी बचत की चतुराई से खुशहाल हैं'-वाक्य में हैं

(a) चार प्रत्यय (b) पाँच प्रत्यय
(c) छह प्रत्यय (d) सात प्रत्यय

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : वाक्य 'समझदार और दुनियादार लोग इस महँगाई में भी बचत की चतुराई से खुशहाल हैं।' इस वाक्य में पाँच प्रत्यय हैं।

मूल शब्द	प्रत्यय	शब्द
समझ	दार	समझदार
दुनिया	दार	दुनियादार
महँगा	आई	महँगाई
चतुर	आई	चतुराई
खुश	हाल	खुशहाल

286. 'पोती की विदाई के समय ममतालू दादी रुआँसी हो गयी' वाक्य में हैं

(a) दो प्रत्यय (b) तीन प्रत्यय
(c) चार प्रत्यय (d) पाँच प्रत्यय

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : वाक्य 'पोती की विदाई के समय ममतालू दादी रुआँसी हो गयी' में 'तीन प्रत्यय' (विदाई, ममतालू और रुआँसी) हैं।

मूल शब्द	प्रत्यय	शब्द
विदा	आई	विदाई
मम्	ता और आलु	ममतालू
रोना	आस् + ई	रूआँसी

287. जो संज्ञा, सर्वनाम आदि शब्दों से जुड़कर नए शब्दों की रचना करते हैं, वे कौन से प्रत्यय कहलाते हैं?

(a) तद्धित प्रत्यय (b) कृदन्त प्रत्यय
(c) संस्कृत प्रत्यय (d) अनीय प्रत्यय

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]
UPSI 22.07.2017 (Shift-I)

उत्तर : (a) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण शब्दों के अन्त में जुड़कर नये शब्दों की रचना करने वाले प्रत्ययों को 'तद्धित प्रत्यय' कहा जाता है। इनसे बनें शब्द 'तद्धितान्त' कहलाते हैं। क्रिया या मूल धातुओं के पीछे जुड़ने वाले प्रत्यय 'कृत् प्रत्यय' तथा उनसे निर्मित शब्द 'कृदन्त' कहे जाते हैं।

288. सुहावना, लिखाई व छलिया में निहित प्रत्यय के लिए सही विकल्प का चयन कीजिये:

(a) अवना, खायी, या (b) वना, आई. इया
(c) आवना, ई, या (d) आवना, आई. इया

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के अनुसार सुहावना, लिखाई, व छलिया में क्रमशः आवना, आई, इया प्रत्यय हैं।

289. 'गेरू' एक संज्ञा शब्द है।
इसके बदले कौन-सा प्रत्यय युक्त शब्द उपयुक्त होगा?

(a) गजल (b) गेरुआ (c) ममेरा (d) गरज

SSC GD 30/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : गेरू में 'आ' प्रत्यय लगाने से गेरुआ शब्द बनेगा। प्यासा, भूखा, रूखा, लेखा, ठंडा, प्यारा, फेरा, जोड़ा, पीड़ा, झगड़ा, अटका, भटका, मटका, आदि 'आ' प्रत्यय से बनने वाले शब्द हैं।

290. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द संबंधवाची है?

(a) देव (b) देवी (c) दैवीय (d) देवता

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) हिन्दी में किसी शब्द के संबंधवाची आशय उसके साथ 'ईय' प्रत्यय लगने से प्रकट होता है। जैसे- दैव+ईय = दैवीय, मानव + ईय = मानवीय, जाति + ईय = जातीय आदि

@RexstarPdf

13.

विलोम शब्द

1. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विलोम-युग्म सही नहीं है?

(a) औचक-अकसर (b) डाँवाँडोल-अस्थिर
(c) झिड़कना-पुचकारना (d) गाफिल-खबरदार

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में विकल्प 'डाँवाँडोल-अस्थिर' विलोम युग्म सही नहीं है। सही विलोम युग्म 'डाँवाँडोल-स्थिर' होगा। अन्य सभी विकल्प संगत हैं।

2. जीवन में उत्साह बना रहना चाहिए।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए।

(a) वित्साह (b) निरुत्साह
(c) हतुत्साह (d) प्रत्साह

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य 'जीवन में उत्साह बना रहना चाहिए'। में रेखांकित शब्द 'उत्साह' का सही विलोम शब्द 'निरुत्साह' होगा।

3. हमें पाप से बचना चाहिए।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए।

(a) दान (b) पुण्य
(c) अपाप (d) कुपाप

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'पाप' का सही विलोम शब्द 'पुण्य' होगा।

4. 'अनुराग' का विलोम है-

(a) विराग (b) सुहाग
(c) वियोग (d) विहंग

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

शब्द		विलोम
अनुराग	-	विराग
वियोग	-	संयोग

5. 'संपन्न को सब सुख प्राप्त हो जाते हैं और____ सदा तरसता ही रह जाता है।''
'संपन्न' के विलोम शब्द से उक्त पूर्ण करें।

(a) वीर (b) अपंग
(c) विपन्न (d) शाही

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (c) : दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु 'संपन्न' शब्द का विलोम 'विपन्न' प्रयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- संपन्न को सब सुख प्राप्त हो जाते हैं और विपन्न सदा तरसता ही रह जाता है।

6. अपना गुस्सा काबू में करो, शांत रहो।
निम्न में से किस विकल्प में उपरोक्त वाक्य में प्रयुक्त 'शांत' शब्द का विलोम नहीं दिया गया है?

(a) उद्विग्न (b) स्थिर
(c) उत्तेजित (d) अशांत

SSC GD 12/01/2023 (Shift-II)

Ans. (b): दिये गये वाक्य 'अपना गुस्सा काबू में करो, शांत रहो।' में प्रयुक्त 'शांत' शब्द का विलोम 'स्थिर' नहीं है जबकि उद्विग्न, उत्तेजित तथा अशांत इसके विलोम शब्द हैं।

7. निम्नलिखित विकल्पों में किस एक वाक्य में 'आरम्भ' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?

(a) हर व्यक्ति अंत सुनिश्चित है।
(b) समय की कद्र करना चाहिए।
(c) शिमला भारत में है।
(d) देश को श्रमजीवी लोगों की जरूरत है।

SSC GD 08/02/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (a) : हर व्यक्ति का अंत सुनिश्चित है; इस वाक्य में 'आरम्भ' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है क्योंकि 'आरम्भ' का विलोम 'अन्त' होता है।

8. निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द-युग्मों में असंगत है :

(a) अंतरंग-बहिरंग (b) अल्पायु-दीर्घायु
(c) अनुराग-राग (d) अमर-मर्त्य

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'अनुराग-राग' विलोम की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म 'अनुराग-विराग' होगा।

9. निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द युग्मों में असंगत है:

(a) अल्पज्ञ – अज्ञानी (b) अल्पायु – दीर्घायु
(c) अंतरंग – बहिरंग (d) अक्षर – सक्षम

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a&d) : 'अल्पज्ञ - अज्ञानी' तथा अक्षर - सक्षम विलोमार्थी शब्द युग्मों में असंगत हैं। इसका सही शब्द युग्म - 'अल्पज्ञ-बहुज्ञ' तथा 'अक्षर - क्षर' होगा। शेष विकल्पों के विलोमार्थी शब्द-युग्म संगत हैं।

10. निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द-युग्मों में असंगत है:

(a) अथ - इति (b) अवनति - पतन
(c) अल्पज्ञ - बहुज्ञ (d) अनुकूल - प्रतिकूल

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'अवनति-पतन' विलोमार्थी शब्द - युग्मों में असंगत है। इसका संगत युग्म होगा-
'अवनति - उन्नति अन्य सभी विकल्प संगत हैं।

@RexstarPdf

11. 'आविर्भाव' का विलोम शब्द है–

(a) तिरोभाव (b) विरक्ति
(c) अंत (d) अधोगति

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UP PSC AE 2017
KVS TGT 2016
UP PCS RO/ARO Re-Exam, 2016
UDA/LDA परीक्षा, 2015
UP RO (Pre.), 2015
UP UDA Pre. 2013
[UK PSC AE 2012]

उत्तर : (a) : 'आविर्भाव' का विलोम शब्द है-तिरोभाव। विरक्ति का विलोम 'अनुरक्ति',अंत का विलोम 'प्रारंभ' तथा अधोगति का विलोम 'ऊर्ध्वगति' है।

12. 'अमावस्या' का विलोम शब्द है-

(a) पूर्णिमा (b) प्रतिपदा
(c) कृष्णपक्ष (d) प्रज्ञा

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)
UPPCL TGT 2016

उत्तर : (a) : शब्द – विलोम

अमावस्या	पूर्णिमा
कृष्णपक्ष	शुक्लपक्ष
प्रज्ञा	अविवेक
कृतज्ञ	कृतघ्न

13. 'अनिवार्य' का विलोम शब्द है

(a) जरूरी (b) वैकल्पिक
(c) पसंद (d) गैर जरूरी

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
[UPSI 21.07.2017 Shift-II]
वन रक्षक परीक्षा, 2015

Ans : (b) 'अनिवार्य' का विलोम 'वैकल्पिक' होता है। विकल्प में दिये गये अन्य शब्द-पसंद का विलोम नापसंद एवं जरूरी का विलोम गैर जरूरी होता है।

14. 'अमृत' का विलोम है

(a) अर्क (b) पीयूष
(c) मधुर (d) विष

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPSSSC JA 19/02/2019
UPSSSC VDO 22/12/2018 (Shift-II)
DSSSB DASS Grade-II, 25/06/2017
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) : अमृत का विलोम विष होगा।
दिये गये विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं-

शब्द		विलोम शब्द
मधुर	-	कटु, कर्कश
पीयूष	-	विष

15. निम्नलिखित में 'अनघ' का विलोम है–

(a) निरघ (b) निष्पाप
(c) कृती (d) अघी

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) : 'अनघ' का विलोम 'अघी' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं–

शब्द	विलोम
निष्पाप	पाप
कृती	अकृती

16. 'अनय' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है

(a) आदि (b) उपरि
(c) नय (d) अनघ

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (c) :

शब्द	विलोम
अनय	नय
आदि	अंत
उपरि	अधः
अनघ	अघ

17. सभ्य व्यक्ति किसी का अपमान नहीं करते हैं।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।

(a) भद्र (b) शील
(c) शालीन (d) असभ्य

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)

उत्तर : (d) : 'सभ्य' का विलोम शब्द 'असभ्य' होगा।

18. विलोम शब्दों का निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) अपना-पराया (b) आस्था-अनास्था
(c) आकाश-पाताल (d) अग्नि-आग

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (d) : निम्न विलोम शब्दों में 'अग्नि–आग' युग्म सुमेलित नहीं है। अग्नि का विलोम शब्द जल होता है।

19. दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
उर्ध्वगामी

(a) अधोगामी (b) विमुख
(c) अधम (d) उदयाचल

UPSI Batch-I 22 Dec-2017
DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (a) :

शब्द		विलोम
उर्ध्वगामी	–	अधोगामी
विमुख	–	सम्मुख
उदयाचल	–	अस्ताचल/पश्चिमांचल
अधम	–	उत्तम

20. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।
क्रुद्ध

@RexstarPdf

(a) क्रोधित (b) शांत
(c) अधिक (d) अक्सर

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) : क्रुद्ध का विलोम शब्द शांत होता है।

शब्द	–	विलोम
क्रोधित	–	शांत
अधिक	–	न्यून
अक्सर	–	कभी-कभी/कभी-कभार

21. इनमें से कौन-सा शब्द 'उदय' का विलोम है?

(a) डूबना (b) अप्रकट
(c) परोक्ष (d) अस्त

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
UPSI Batch 3rd, 15 Dec. 2017
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) :

शब्द	विलोम
उदय	अस्त
अप्रकट	प्रकट
परोक्ष	प्रत्यक्ष
डूबना	तैरना

22. इनमें से कौन-सा शब्द 'अतिवृष्टि' का विलोम है?

(a) रेगिस्तान (b) आर्द्र
(c) बाढ़ (d) अनावृष्टि

SSC GD 10/01/2023 (Shift-I)
UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा–2018
UPSI Batch-III 14 Dec. 2017
DSSSB PGT- 24.07.2018 (2 pm-5 pm)
UPSSSC JE 2016
UPUDA Mains 2013
UPPSC AE 2008

उत्तर : (d) :

शब्द	विलोम
अतिवृष्टि	अनावृष्टि
आर्द्र	शुष्क
रेगिस्तान	उपजाऊ
बाढ़	सूखा

23. इनमें से कौन-सा शब्द 'हिंसा' का विलोम है?

(a) अहिंसा (b) क्रांति
(c) प्रतिक्रांति (d) अशांति

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

शब्द	विलोम
हिंसा	अहिंसा
अशांति	शांति

24. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'आरोह' का विलोम है?

(a) प्ररोह (b) अवरोह
(c) समारोह (d) निर्मोह

KVS PRT 22-03-2023 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'आरोह' का विलोम शब्द 'अवरोह' होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

25. 'अल्प' का विलोम शब्द क्या है?

(a) ज्ञान (b) कल्प
(c) स्वल्प (d) अति

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : अल्प का विलोम शब्द 'अति' होगा। अति का अर्थ अधिक होगा और अल्प का अर्थ- थोड़ा होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

26. निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द–युग्मों में असंगत है:

(a) अमृत–विष (b) अनुकुल–प्रतिकूल
(c) आयात–निर्यात (d) आविर्भाव–विभाव

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) : 'अविर्भाव-विभाव' विलोमार्थी शब्द युग्मों में असंगत है। इसका संगत विलोमार्थी शब्द-युग्म 'आविर्भाव-तिरोभाव' होगा।

27. इनमें से विलोम-शब्दों का सही युग्म है-

(a) आकुंचन-प्रसारण (b) अल्पज्ञ-अवज्ञ
(c) सन्मुख-उन्मुख (d) स्थावर-चंचल

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'आकुंचन-प्रसारण' विलोम-शब्दों का सही युग्म है। विकल्पों में दिये गये अन्य विलोम-शब्दों के सही युग्म इस प्रकार हैं-

शब्द		विलोम
सन्मुख	–	विमुख
अल्पज्ञ	–	बहुज्ञ
स्थावर	–	जंगम

28. 'आवर्तक' का विपरीतार्थक शब्द है -

(a) प्रवर्तक (b) अनावर्तक
(c) आवृत (d) प्रकर्षक

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (b) : 'आवर्तक' का विपरीतार्थक शब्द 'अनावर्तक' है। निम्न शब्दों के विपरीतार्थक शब्द –

शब्द	-	विपरीतार्थक शब्द
प्रवर्तक	-	अप्रवर्तक
आवृत	-	अनावृत
अज्ञ	-	विज्ञ

29. 'आधुनिक' का विलोम है -

(a) समीचीन (b) अर्वाचीन
(c) प्राचीन (d) समसामयिक

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : आधुनिक का विलोम 'प्राचीन' है जबकि प्राचीन का विलोम नवीन, अर्वाचीन तथा आधुनिक होता है, तथा 'समीचीन' का विलोम शब्द 'असमीचीन' होगा।

30. इनमें से विलोम शब्दों का एक सही युग्म है-

(a) आपत्ति - विपत्ति (b) अवर्षण – अनावर्षण
(c) गणतन्त्र – जनतन्त्र (d) आदृत – तिरस्कृत

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

@RexstarPdf

उत्तर : (d) आदृत – तिरस्कृत, विलोम शब्दों का एक सही युग्म है।

शब्द		विलोम
आपत्ति	-	संपत्ति
अवर्षण	-	वर्षण
गणतंत्र	-	राजतंत्र
स्त्री	-	पुरुष
गुण	-	अवगुण

31. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म है–

(a) आग्रह - विग्रह (b) गणतन्त्र - लोकतन्त्र
(c) आकीर्ण - विकीर्ण (d) थोक - परचून

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (c) : 'आकीर्ण - विकीर्ण' विलोम शब्द का सही युग्म है। जबकि अन्य शब्दों का सही विलोम युग्म इस प्रकार है–

शब्द	विलोम
आग्रह	दुराग्रह
गणतन्त्र	राजतंत्र
थोक	फुटकर
अनुग्रह	विग्रह

32. निम्न में से किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं हैं?

(a) आसक्ति × नास्तिक
(b) झुकाव × तनाव
(c) जटिल × सरल
(d) मिलन × वियोग

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) :

शब्द		विलोम
आस्तिक	-	नास्तिक
झुकाव	-	तनाव
जटिल	-	सरल
मिलन	-	वियोग

33. इनमें से कौन-सा शब्द 'आसक्त' का विलोम है?

(a) अनासक्त (b) अधम
(c) निरुत्साह (d) निमग्न

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UP TGT 2013

उत्तर : (a) :

शब्द		विलोम
आसक्त	-	अनासक्त
अधम	-	उत्तम
निरुत्साह	-	उत्साह
निमग्न	-	अमग्न/ अनिमग्न

34. 'आदि' का विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) अयादि (b) अंत
(c) व्यादि (d) आद्य

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'आदि' का विलोम शब्द 'अंत' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

35. 'सर्वज्ञ' का विलोम कौन-सा होगा?

(a) बहुज्ञ (b) कृतज्ञ
(c) अभिज्ञ (d) अल्पज्ञ

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UDLA, RO/ARO 22.11.2020
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) : 'सर्वज्ञ' का विलोम अल्पज्ञ होगा।

शब्द	विलोम
सर्वज्ञ	अल्पज्ञ
अभिज्ञ	अनभिज्ञ
कृतज्ञ	कृतघ्न
संकीर्ण	विस्तीर्ण

36. 'व्याप्त' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?

(a) अव्यक्त (b) अव्यापक
(c) अव्याप्त (d) अव्याप्य

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'व्याप्त' शब्द का विलोम शब्द 'अव्याप्त' होगा। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

शब्द	विलोम
ईहा	अनीहा
अपेक्षा	उपेक्षा
इष्ट	अनिष्ट
उद्धत	विनीत

37. 'विज्ञ का विलोम कौन-सा होगा?

(a) प्रज्ञ (b) सुविज्ञ
(c) अविज्ञ (d) अज्ञ

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UP RO (Pre.) 2014
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर : (d) : 'विज्ञ' का विलोम 'अज्ञ' होगा। अन्य के विलोम इस प्रकार हैं।

शब्द		विलोम
प्रज्ञ	-	मूढ़/अप्रज्ञ
जागरण	-	शयन
उपकार	-	अपकार
आदर	-	अनादर

38. 'शिष्ट' का विलोम कौन-सा होगा?

(a) अवशिष्ट (b) अशिष्ट
(c) निकृष्ट (d) विशिष्ट

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'शिष्ट' का विलोम 'अशिष्ट' होता है। शेष शब्दों के विलोम इस प्रकार हैं।

शब्द	-	विलोम
निकृष्ट	-	उत्कृष्ट
विशिष्ट	-	साधारण/सामान्य
अवशिष्ट	-	अशेष

विलोम - वे शब्द जो अपने सामने वाले शब्द के सर्वदा विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं। विलोम शब्द कहलाते हैं। **जैसे** - अथ - इति

39. 'विवेकी' का विलोम कौन-सा होगा?

(a) मूढ़ (b) विनम्र
(c) विपन्न (d) अविवेकी

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (d)	शब्द		विलोम
	विवेकी	-	अविवेकी
	मूढ़	-	ज्ञानी
	विनम्र	-	उद्दण्ड/अविनम्र
	विपन्न	-	संपन्न

40. इनमें से 'अनभिज्ञ' शब्द का विलोम कौन-सा है?

(a) अज्ञ (b) भिज्ञ
(c) अविज्ञ (d) अभिज्ञ

VDO Re-Exam 26/06/2023 (Shift-II)
High Court ARO 2022
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016
DSSSB TGT 28/12/2014
UPUDA Special Mains, 2010
UPUDA Pre. 2010
UPNT EXAM, 2008
UP TGT 2005

उत्तर : (d) : शब्द	–	विलोम
अनभिज्ञ	–	अभिज्ञ
अज्ञ	–	विज्ञ
अर्थ	–	अनर्थ
असीम	–	ससीम

41. 'ऐश्वर्य' का विलोम शब्द कौन-सा होगा?

(a) अनैश्वर्य (b) दरिद्रता
(c) वैभव (d) विलासिता

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : शब्द	–	विलोम
ऐश्वर्य	–	अनैश्वर्य
दरिद्रता	–	सम्पन्नता
वैभव	–	दारिद्रय
अर्जन	–	व्ययन
संकीर्ण	–	विस्तीर्ण

42. 'बहुमत' का विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) हार (b) अल्पमत (c) भिन्नमत (d) जीत

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'बहुमत' का विलोम शब्द 'अल्पमत' है। हार का विलोम जीत एवं भिन्नमत का विलोम सहमत होता है।

43. 'स्वच्छता' का विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) विस्वच्छता (b) शुद्धता
(c) असाध्य (d) अस्वच्छता

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : शब्द		विलोम
शुद्ध	–	अशुद्ध
स्वच्छता	–	अस्वच्छता
साध्य	–	असाध्य

44. दिए गए विकल्पों में से अवनि का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है?

(a) अमन (b) चक्षु
(c) अग्नि (d) अंबर

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा-2015
UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'अवनि' का विलोम शब्द **अंबर** होता है। अवनि 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द है।

45. 'प्रकाश' का विलोम है-

(a) अंधेरा (b) अँधियारा
(c) तम (d) अंधकार

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'प्रकाश' का विलोम **अंधकार** है। तम का विलोम 'आलोक' है। अँधियारा का विलोम उजियारा है।

46. 'साहचर्य' का विलोम शब्द है –

(a) वैमनस्य (b) असहयोग
(c) विनियोग (d) अलगाव

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) साहचर्य का विलोम 'अलगाव' होता है। असहयोग का विलोम सहयोग होता है। वैमनस्य का विलोम सौमनस्य होता है।

47. 'स्पृश्य' का विलोम शब्द है –

(a) स्पृस्य (b) अस्पृस्य
(c) अश्पृष्य (d) अस्पृश्य

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) स्पृश्य का विलोम **अस्पृश्य** होता है।

48. 'साधु' का विलोम शब्द है –

(a) साधुनी (b) संन्यासिनी
(c) साध्वी (d) असाधु

(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (d) 'साधु' का विलोम शब्द **असाधु** होता है; न कि साध्वी, संन्यासिनी और साधुनी।

49. सहोदर

(a) परोदर (b) अधर
(c) अन्योदर (d) कुधर

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) सहोदर का विलोम – अन्योदर होता है।
धर का विलोम – अधर

50. सन्तोष महाधन है।
रेखांकित शब्द का सटीक विलोम होगा:

(a) असंतोष (b) अस्वीकार
(c) असहयोग (d) असार

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'संतोष' का सटीक विलोम **असंतोष** होगा। अस्वीकार का विलोम स्वीकार, सहयोग का विलोम असहयोग तथा असार का विलोम सारगर्भित होगा।

51. लौकिक जगत की माया में सभी फँसे हुए हैं। रेखांकित शब्द का सटीक विलोम बताइए।

(a) अलौकिक (b) कुटिल
(c) सांसारिक (d) दुनियावी

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

@RexstarPdf

उत्तर: (a) शब्द		विलोम
लौकिक	–	अलौकिक
कुटिल	–	सरल
सांसारिक	–	पारलौकिक

52. 'यश' का विलोम है-

(a) हानि (b) अपमान
(c) अपयश (d) दुर्भाग्य

SSC GD 11/02/2019
KVS PGT 2016
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (c) शब्द		विलोम
यश	–	अपयश
लाभ	–	हानि
मान	–	अपमान
भाग्य	–	दुर्भाग्य

53. 'मितव्यय' का विलोम.....होता है।

(a) अपव्यय (b) अल्पव्यय
(c) कृपण (d) बहुव्यय

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016
UPTGT 2009

उत्तर : (a) 'मितव्यय' का विलोम शब्द 'अपव्यय' है। शेष शब्दों में से कृपण का विलोम 'दानी/उदार' है तथा अल्पव्यय का 'बहुव्यय' विलोम शब्द है।

54. ''हमारा 'भावी' जीवन निःसंदेह उज्ज्वल होगा।'' में रेखांकित शब्द का विलोम बताइए।

(a) पूर्व (b) अतीत
(c) भविष्य (d) वर्तमान

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'भावी' का विलोम शब्द 'अतीत' होता है। 'पूर्व' का विलोम 'पश्चिम' तथा 'भविष्य' का विलोम 'भूत' होगा।

55. 'बहिरंग' का विलोम शब्द है –

(a) सर्वाङ्ग (b) अंतरंग (c) चतुरंग (d) अभ्यङ्ग

UPPCL Stenographer, 2018
UP SI 24.07.2017 Shift-II
UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) बहिरंग का विलोम 'अंतरंग' है।

56. दिए गए विकल्पों में 'प्रचुर' का विलोम शब्द कौन सा है?

(a) उर्ध्व (b) अल्प
(c) मृदुल (d) निम्न

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'प्रचुर' शब्द का विलोम 'अल्प' होगा। मृदुल का विलोम 'कठोर' तथा निम्न का विलोम 'उच्च' होगा।

57. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'प्रभावी' का विलोम नहीं है?

(a) अप्रभावी (b) निष्प्रभावी
(c) अप्रयुक्त (d) प्रभावशून्य

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) शब्द 'अप्रभावी', 'प्रभावशून्य' तथा 'निष्प्रभावी' 'प्रभाव' के विलोम हैं। 'अप्रयुक्त' शब्द 'प्रयुक्त' का विलोम है।

58. 'न्यून' शब्द का विलोम है-

(a) अधिक (b) नवीन
(c) नवनीत (d) नगर

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
DSSSB PGT Hindi 15/09/2018, II Shift
(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (a) न्यून शब्द का विलोम 'अधिक' होगा, जबकि नवीन का विलोम 'प्राचीन' तथा नगर का 'ग्राम' होता है।

59. 'दीर्घायु' का विलोम होगा

(a) चिरायु (b) अल्पायु
(c) नश्वर (d) क्षणिक

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (b) 'दीर्घायु' अथवा 'चिरायु' का विलोम शब्द **अल्पायु** है जबकि 'नश्वर' अथवा 'क्षणिक' का विपरीतार्थक शब्द 'शाश्वत' है।

60. गुण

(a) सगुण (b) गुणातीत
(c) अवगुण (d) गान

DSSSB PRT 15/11/2019, I Shift
(UP UDA Spl. Main 2010)
KVS. PGT. 2014

उत्तर : (c) 'गुण' का विलोम शब्द 'अवगुण'होगा। 'गुण' का एक और विलोम 'दोष' भी होता है। शेष दिए गए विकल्प असंगत हैं।

61. 'कथित' शब्द का विलोम है–

(a) कथ्य (b) अकथ्य
(c) अकथित (d) कथनीय

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'जो कहा गया है' उसे 'कथित' कहा जाता है। अत: इसका विलोम शब्द अकथित (जो न कहा गया हो) होगा। 'जो कहा न जा सके' उसे अकथ्य तथा 'जो कहने योग्य हो' उसे कथ्य/कथनीय कहा जाता है।

62. नीचे दिये शब्द युग्म में कौन-सा त्रुटिपूर्ण है?

(a) अनुग्रह – आग्रह (b) अनन्त – सान्त
(c) जड़ – चेतन (d) आकृष्ट – विकृष्ट

UP RO (Main), 2010

उत्तर : (a) अनन्त का सान्त, जड़ का चेतन और आकृष्ट का विकृष्ट विलोम होगा, जबकि अनुग्रह का विलोम विग्रह होगा; न कि आग्रह।

63. दिए गए विकल्पों में से उपार्जित का विरुद्धार्थी शब्द चुनिए।

(a) अर्जित (b) विसर्जित
(c) सृजित (d) अनुपार्जित

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) 'उपार्जित' का विरुद्धार्थी या विलोम 'अनुपार्जित' होगा।

64. 'उन्नति' शब्द का विलोम पहचानिए।

(a) प्रोन्नति (b) असफल
(c) पतन (d) अवनति

UPSI Batch- II 12 Dec. 2017
UPPCL JE Electrical, 2015

उत्तर : (d) 'उन्नति' का विलोम **अवनति** होगा। 'असफल' का विलोम 'सफल' तथा 'पतन' का विलोम 'उत्थान' है।

@RexstarPdf

65. इच्छा

(a) अइच्छा
(b) आशा
(c) अनिच्छा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'इच्छा' का विलोम शब्द 'अनिच्छा' होता है जबकि 'आशा' का विलोम 'निराशा' होता है।

66. गलत विलोमार्थक युग्म चुनिए।

(a) अचेत - सचेत (b) अर्जन – वर्जन
(c) आगत - अनागत (d) इष्ट - अभिष्ट

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (d) :

शब्द	विलोम
अचेत	सचेत
अर्जन	वर्जन, व्ययन
आगत	अनागत
इष्ट	अनिष्ट

67. 'उदात्त' का विलोमार्थी शब्द है–

(a) उद्धत (b) दानशील
(c) अनुदात्त (d) क्षमावान्

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (c) उदात्त का विलोमार्थक शब्द 'अनुदात्त' है, जबकि शेष शब्द उद्धत, दानशील, क्षमावान आदि असंगत हैं।

68. वह एक उत्तम व्यक्ति है।
उक्त वाक्य में रेखांकित पद 'उत्तम' का विलोम क्या है?

(a) स्वतंत्र (b) शाश्वत
(c) कृतघ्न (d) अधम

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)
KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)
UPSI Batch-II 21 Dec. 2017

उत्तर : (d) : 'वह एक उत्तम व्यक्ति है।' उक्त वाक्य में रेखांकित पद उत्तम का विलोम 'अधम' होगा।

शब्द	विलोम
स्वतंत्र	परतंत्र
शाश्वत	क्षणिक
कृतघ्न	कृतज्ञ
अधम	उत्तम

69. दिए गए बाईं ओर के शब्दों को दाईं ओर के उनके विलोम शब्दों से मिलाइए–

1.	उर्वर	A.	ऊसर
2.	बंजर	B.	उपजाऊ
3.	गरिमा	C.	दुराग्रह
4.	आग्रह	D.	लघिमा

(a) 1-C, 2-D, 3-C, 4-B (b) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
(c) 1-A, 2-B, 3-D, 4-C (d) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (c) :

शब्द	-	विलोम
उर्वर	-	ऊसर
बंजर	-	उपजाऊ
गरिमा	-	लघिमा
आग्रह	-	दुराग्रह

70. 'उपत्यका' का विलोम शब्द है–

(a) अनुत्यका (b) अधित्यका
(c) उचत्यका (d) अपत्यका

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
UP TGT 2003

उत्तर : (b) : 'उपत्यका' का विलोम 'अधित्यका' होगा।

71. 'उन्मीलन' शब्द का विलोम निम्न में से क्या है?

(a) निमीलन (b) अवमीलन
(c) अनुमीलन (d) निर्मीलन

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UP UDA Pre. 2013
UP RO (Pre.) 2010

उत्तर : (a) : 'उन्मीलन' शब्द का विलोम है– 'निमीलन'। शेष विकल्प असंगत हैं।

72. कर्कश

(a) मधुर
(b) कोमल
(c) कठोर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015
UPSI 2001

उत्तर : (d) : 'कर्कश' का विलोम 'मधुर' तथा 'कोमल' दोनों होता है जबकि 'मुलायम' का विलोम 'कठोर' होता है।

73. निम्नलिखित में 'विलोम' शब्द की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) कड़वा – अकड़वा (b) जटिल – सरल
(c) तीव्र – मंद्र (d) परतंत्र – स्वतंत्र

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'तीव्र-मंद्र' विलोम शब्द की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म 'तीव्र-मंद' होगा। शेष विकल्पों के शब्द युग्म विलोम की दृष्टि से संगत हैं।

74. 'कोप' का विलोम शब्द है–

(a) कृपा (b) असंतुष्ट
(c) खेद (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तरः (a) कोप का विलोम शब्द कृपा होता है। असंतुष्ट का विलोम संतुष्ट तथा खेद का विलोम प्रसन्नता होता है।

75. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है ?

(a) करुण - निष्ठुर (b) आस्तिक - अधार्मिक
(c) संकल्प - अकल्प (d) सुदूर - विस्तार

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'करुण-निष्ठुर' विलोम युग्म सही है। शेष असंगत हैं।

76. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है?

(a) साँझ - दोपहर (b) कृपण - दाता
(c) शुष्क - क्षुद्र (d) प्रसन्न - प्रफुल्लन

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'कृपण-दाता' सही विलोम युग्म है। अन्य विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं-

शब्द		विलोम
साँझ	-	भोर
शुष्क	-	आर्द्र
क्षुद्र	-	विराट
प्रसन्न	-	अप्रसन्न
प्रफुल्ल	-	म्लान

77. 'गुप्त' का विलोम शब्द है:

(a) निष्ठ (b) जानना
(c) प्रकट (d) गूढ़

UPSSSC PET 2022 (Shift-I) 16/10/2022
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]
DSSSB TGT, PGT Computer Science, 21/06/2017

उत्तर : (c) : 'गुप्त' का विलोम शब्द 'प्रकट' होता है।

शब्द		विलोम
गूढ़	-	अगूढ़
निष्ठा	-	अनिष्ठा

78. दिए गए बाईं ओर के शब्दों को दाईं ओर के उनके विलोम शब्दों से मिलाइए–

1.	गणतंत्र	A.	राजतंत्र
2.	स्वतंत्र	B.	परतंत्र
3.	वैतनिक	C.	अवैतनिक
4.	दहन	D.	शमन

(a) 1-C, 2-D, 3-A, 4-B (b) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
(c) 1-A, 2-B, 3-C, 4-D (d) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (c) :

शब्द		विलोम
गणतंत्र	-	राजतंत्र
स्वतंत्र	-	परतंत्र
वैतनिक	-	अवैतनिक
दहन	-	शमन

79. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं हैं?

(a) अमावस्या-पूर्णिमा (b) आचार-अनाचार
(c) गुप्त-मुक्त (d) कुटिल-सरल

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'गुप्त-मुक्त' सही विलोम युग्म नहीं है। शेष विलोम युग्म संगत हैं। गुप्त का विलोम 'प्रकट' तथा मुक्त का विलोम 'बंधन' होगा।

80. 'चिरन्तन' का सही विलोम शब्द है :

(a) नश्वर (b) अचिन्तन
(c) अचर (d) अचेतन

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)
MPSC (Pre) 2021
उत्तर प्रदेश पी. सी. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, द्वितीय प्रश्नपत्र, 2016
उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रीलिम्स), 2010

उत्तर–(a)

व्याख्या–'चिरन्तन' शब्द का सही विलोम 'नश्वर' है। जबकि 'अचर' का 'चर', 'अचेतन' का 'चेतन' एवं 'अचिन्तन' का 'चिन्तन' विलोम शब्द होता है।

81. जंगम

(a) वन
(b) स्थावर
(c) जंगल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
UPSI 12/12/2021 (Shift-III)
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UPPCL Stenographer, 2018
UPSI 16/12/2017 (Shift-III)
UP RO (Pre.), 2014
DSSSB-DASS Grade Tier-12 05/06/2014
UPPGT-2013

उत्तर : (b) : 'जंगम' का विलोम 'स्थावर' होता है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

82. निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द युग्मों में असंगत है:

(a) कुटिल - सहज (b) ज्योति - तम
(c) जीवित - मृत (d) ताप - शीत

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
UPTGT 2013

उत्तर : (a) : 'कुटिल-सहज' विलोमार्थी शब्द युग्मों में असंगत है। इसका संगत शब्द-युग्म 'कुटिल-सरल' है।

83. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म हैं?

(a) नेकी – भलाई (b) तरूण – किशोर
(c) विभक्त – पृथक (d) दीर्घकाय – कृशकाय

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (d) : 'दीर्घकाय-कृशकाय' सही विलोम-युग्म हैं।
नेकी का भलाई समानार्थी शब्द है।
तरुण का किशोर समानार्थी शब्द है।
विभक्त का पृथक समानार्थी शब्द है।

@RexstarPdf

84. 'दक्षिण' शब्द का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है?

(a) वाम (b) दायाँ

(c) पश्चिम (d) पूरब

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'दक्षिण' का विलोम 'वाम' होता है। जबकि दायाँ का बायाँ तथा पूरब का विलोम 'पश्चिम' होता है।

85. 'धर्म' का विलोम शब्द है–

(a) अनिष्ट (b) अधर्म

(c) अन्याय (d) अधर्मी

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)
UPPCL JE Electrical, 2016
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) : 'धर्म' का विलोम शब्द 'अधर्म' है। शेष विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं-

शब्द		विलोम
न्याय	-	अन्याय
धर्मी	-	अधर्मी
इष्ट	-	अनिष्ट

86. 'निर्यात' का विलोम है –

(a) पर्याय (b) आयातित

(c) आयात (d) आगम

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)
DSSSB TGT, 28/12/2014
UPSI Batch-III 20 Dec. 2017

उत्तर : (c) : 'निर्यात' का विलोम 'आयात' है जबकि 'आगम' का विलोम 'लोप' होता है।

87. 'निरक्षर' का विलोम शब्द चुनिए।

(a) अक्षर (b) साक्षर

(c) अनपढ़ (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)
UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)
[UPSI 17.07.2017 Shift-II]

उत्तर : (b) : 'निरक्षर' शब्द का विलोम 'साक्षर' होगा। जबकि 'अनपढ़' का विलोम 'पढ़ा-लिखा' तथा 'अक्षर' शब्द का विलोम 'क्षर' होता है।

88. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है?

(a) नूतन - पुरातन (b) निषिद्ध - तुच्छ

(c) कर्कश - खुरखुरा (d) जोड़ - मेल

UPSSSC PET 2022 15/10/2022 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

शब्द	विलोम
नूतन	पुरातन
कर्कश	मधुर
निषिद्ध	विहित
तुच्छ	महान

89. 'परवलंबी' का विलोम शब्द है-

(a) स्वावलंबी (b) आत्मनिर्भर

(c) परतंत्र (d) स्वतंत्र

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'परवलंबी' का विलोम 'स्वावलंबी' होगा। अन्य विकल्पों के विलोम शब्द हैं-

शब्द	विलोम
आत्मनिर्भर	पराश्रित
परतंत्र	स्वतंत्र

90. विलोम शब्दों की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(a) ताप – शीत (b) दुर्लभ – सुलभ

(c) पारम्परिक – शासकीय (d) तोड़ना – जोड़ना

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : विलोम शब्दों की दृष्टि से 'पारम्परिक-शासकीय' असंगत युग्म हैं। इसका संगत युग्म - 'पारम्परिक-अपारम्परिक' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

91. इनमें से 'प्रथम' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा-

(a) प्रधान (b) गौण

(c) अंतिम (d) प्रत्यक्ष

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'प्रथम' का उपयुक्त विपरीतार्थशब्द 'अंतिम' होगा।

शब्द	विलोम
प्रधान	गौण
प्रथम	अंतिम
प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
प्रवर	अवर

92. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है?

(a) प्रशंसा - निंदा (b) स्वकीय - परकीय

(c) सज्जन - दुर्जन (d) प्रलय - ध्वंस

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिए हुए प्रश्न में विकल्प 'प्रलय-ध्वंस' विलोम-युग्म सही नहीं हैं। प्रलय का विलोम शब्द सृष्टि होगा।

93. निम्नलिखित में असंगत विलोमार्थी शब्द युग्म है :

(a) फायदा-नुकसान (b) बलवान-मजबूत

(c) ज्यादा-कम (d) बंद-खुला

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'बलवान-मजबूत' विलोमार्थी शब्द-युग्म असंगत हैं। इसका संगत युग्म 'बलवान-निर्बल' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

94. 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द होगा–

(a) सुकुमार (b) चिक्कण

(c) रुक्ष (d) नरम

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (c) : 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द 'रुक्ष' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं–

शब्द	विलोम
सुकुमार	कमासुत
चिक्कण	खुरदुरा
नरम	कड़ा/कठोर

@RexstarPdf

95. निम्नलिखित में से 'मौन और संपन्न' शब्दों के क्रमशः सही विलोम शब्दों का चयन कीजिए:

(a) भाषण, निष्पन्न (b) मूक, विपन्न
(c) मुखर, विपन्न (d) मौखिक, आसन्न

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए शब्दों 'मौन और संपन्न' का सही विलोम शब्द 'मुखर और विपन्न' होगा। अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

96. निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द - युग्मों में असंगत है:

(a) ध्वंस - विध्वंस (b) परतंत्र - स्वतंत्र
(c) निंदा - स्तुति (d) पाप - पुण्य

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
UPSI Batch-I 21 Dec. 2014
UP S.D.I Exam-2003

उत्तर : (a) : 'ध्वंस-विध्वंस' विलोमार्थी शब्द-युग्मों में असंगत है- इनका संगत विलोमार्थी युग्म निम्न हैं-

शब्द	-	**विलोम**
ध्वंस	-	निर्माण
परतंत्र	-	स्वतंत्र
निंदा	-	स्तुति
पाप	-	पुण्य

97. निम्नलिखित में किस युग्म में सही विलोम है?

(a) दुकूल-प्रतिकूल (b) अजर-अविनाशी
(c) सत्कर्म-निष्कर्म (d) विश्वास-अविश्वास

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'विश्वास-अविश्वास' विलोम की दृष्टि से सही शब्द-युग्म हैं। शेष विकल्प विलोम शब्द-युग्म की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं जिसका सही रूप इस प्रकार होगा–
अनुकूल-प्रतिकूल, अजर-जरा, सत्कर्म-दुष्कर्म

98. निम्नलिखित में से 'व्यष्टि' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

(a) वृष्टि (b) समष्टि
(c) अक्षि (d) दृष्टि

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
UPRO (Pre.) 2016
DIET PGT 2014

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'व्यष्टि' का विलोम 'समष्टि' होगा।

शब्द	**विलोम**
वृष्टि	अनावृष्टि
दृष्टि	अदृष्टि

99. शासक

(a) शासित
(b) पोषक
(c) सत्ताधारी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'शासक' का विलोम 'शासित' होता है जबकि 'पोषक' का विलोम 'शोषक' होता है।

100. निम्नलिखित में असंगत विलोम शब्द युग्म है:

(a) अथ - इति (b) अवनति - उन्नति
(c) सात्विक - शुद्ध (d) ज्योति - तम

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)
UPSSSL Tubewell operator, 12-01-2019

उत्तर : (c) : 'सात्विक-शुद्ध' असंगत विलोम शब्द युग्म है। इसका संगत विलोम शब्द युग्म 'सात्विक – तामसिक' होगा। शेष विकल्पों के युग्म संगत हैं।

101. किस युग्म का विलोम रूप शुद्ध नहीं है?

(a) संधि - समास (b) औदार्य - अनौदार्य
(c) श्वास – निःश्वास (d) उत्कर्ष - अपकर्ष

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023
High Court RO 2021
UPSI Batch-III 15 Dec. 2017

उत्तर : (a) : सही सुमेलन निम्नलिखित है:-

शब्द		**विलोम शब्द**
संधि	–	विग्रह
श्वास	–	निःश्वास
औदार्य	–	अनौदार्य
उत्कर्ष	–	अपकर्ष

102. दिए गए बाईं ओर के शब्दों को दाईं ओर के उनके विलोम शब्दों से मिलाइए–

1.	स्थूल	A.	स्नेहारिक्त
2.	स्नेहासिक्त	B.	सूक्ष्म
3.	विराट	C.	सस्वर
4.	मौन	D.	क्षुद्र

(a) 1-C, 2-D, 3-A, 4-B (b) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
(c) 1-A, 2-B, 3-D, 4-C (d) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (b) :

शब्द		**विलोम**
स्थूल	-	सूक्ष्म
स्नेहासिक्त	-	स्नेहारिक्त
विराट	-	क्षुद्र/सूक्ष्म
मौन	-	सस्वर

103. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है?

(a) सुगम-संगम (b) भोक्ता-भोग्य
(c) प्रसन्न- विपण्ण (d) समास-व्यास

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021
UPPCL RO/ARO 2016

उत्तर : (a) : 'सुगम-संगम' युग्म सही विलोम युग्म नहीं है। सुगम का सही विलोम दुर्गम होगा।

104. 'संन्यासी' का विलोम शब्द है-

(a) संतापी (b) इनमें से कोई नहीं
(c) गृहस्थ (d) विरक्त

UPSSSC PET 2022 (Shift-II) 16/10/2022
[UPSI 21.07.2017 Shift-II]

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'संन्यासी' का विलोम शब्द 'गृहस्थ' है जबकि 'विरक्त' का विलोम 'अनुरक्त' होता है।

105. 'साहस' का विलोम शब्द है

(a) असाहस (b) निर्भय
(c) भय (d) अभय

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (c) 'साहस' का विलोम शब्द 'भय या निस्साहस' होता है।

106. निम्न में से 'संयुक्त' शब्द के विलोम शब्द की पहचान करें।

(a) वियुक्त (b) पाहन
(c) चालुक्य (d) वियोग

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (a) :

शब्द	-	विलोम
संयुक्त	-	वियुक्त
वियोग	-	संयोग
परुष	-	कोमल
पत्थर	-	मोम

107. 'सदाचार' का विलोम है-

(a) आचार (b) कदाचार
(c) अपराध (d) अन्याय

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPSSSC Lower 30.09.2019 (Shift-I)

उत्तर : (b) : सदाचार का विलोम शब्द 'कदाचार' होगा।
दिये गये विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं–

शब्द		विलोम शब्द
आचार	-	अनाचार
अपराध	-	निरपराध
अन्याय	-	न्याय

108. किस विकल्प में विलोम युग्म सही नहीं है?

(a) वरदान × अभिशाप
(b) सधवा × निर्धवा
(c) रुक्ष × स्निग्ध
(d) समास × व्यास

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) :

शब्द	विलोम
सधवा	विधवा
वरदान	अभिशाप
रुक्ष	स्निग्ध
समास	व्यास

109. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा शब्द 'उदार' का विलोम है?

(a) कठोर (b) निर्भय
(c) अपव्यय (d) अनुदार

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (d) दिए विकल्पों में उदार शब्द का विलोम अनुदार होगा। शेष शब्द-विलोम इस प्रकार हैं–

शब्द		विलोम
उदार	–	अनुदार
व्यय	–	आय
निर्भय	–	भयभीत
कृतज्ञ	–	कृतघ्न

110. 'उपमेय' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है

(a) अनुपमेय (b) अतुलनीय
(c) अनुपम (d) अनुपमित

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) 'उपमेय' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द 'अनुपमेय' है। अतुलनीय का तात्पर्य है जिसकी तुलना न की जा सके जबकि अनुपम का अर्थ है जिसकी कोई उपमा न हो।

111. 'उक्त' शब्द का विलोम है –

(a) अनुक्त (b) उपयुक्त
(c) अनुपयुक्त (d) उपर्युक्त

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (a) उक्त का विलोम **अनुक्त** होता है, जबकि उपयुक्त का विलोम 'अनुपयुक्त' होता है।

112. 'उपकार' शब्द का विलोम है –

(a) विकार (b) अनुपकार
(c) अपकार (d) तिरस्कार

वन रक्षक परीक्षा 2015
(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (c) 'उपकार' शब्द का विलोम 'अपकार' है न कि विकार, अनुपकार और तिरस्कार।

113. 'ईप्सित' शब्द का विलोम है

(a) अनीप्सित (b) अभीप्सित
(c) अधीप्सित (d) कुत्सित

UP RO (Pre.), 2014
(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (a) 'ईप्सित' शब्द का विलोम **अनीप्सित** है, अभीप्सित, अधीप्सित एवं कुत्सित इससे पृथक शब्द हैं।

निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उचित विलोम छाँटकर उसे चिह्नित करें।

114. उसका <u>उत्तरीय</u> उस पर बहुत जँच रहा था।

(a) टोपी (b) साड़ी
(c) कोट (d) अधोवस्त्र

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'उत्तरीय' शब्द का विलोम 'अधोवस्त्र' होता है।

निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, सही विकल्प छांटिए।

115. थोड़ा सा भी प्रमाद आपकी <u>सफलता</u> को _____ में बदल सकता है-

(a) असफलता (b) निर्भयता
(c) स्थिरता (d) सम्पन्नता

UPPCL TG2, 2016

@RexstarPdf

उत्तर.: (a) थोड़ा सा भी प्रमाद (आलस्य) आपकी सफलता को असफलता में बदल सकता हैं, वाक्य में सफलता का विलोम असफलता है।

निम्नलिखित प्रश्न में दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार विकल्प प्रस्तावित हैं। इनमें सबसे उचित विकल्प छांटिए।

116. आगरा जाने के लिए पूर्वाह्न में तो गाड़ियाँ हैं किन्तु _____ में कोई गाड़ी नहीं है-

(a) गोधूलि (b) रात्रि
(c) भोर (d) अपराह्न

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) आगरा जाने के लिए पूर्वाह्न में तो गाड़ियाँ हैं किन्तु अपराह्न में कोई गाड़ी नहीं है। पूर्वाह्न का आशय दोपहर के पहले का समय तथा अपराह्न का आशय दोपहर के बाद का समय से होता है।

117. 'आवरण' शब्द का विलोम है –

(a) अनावरण (b) आचरण
(c) सुवरण (d) अवज्ञा

UP TGT 2009

उत्तर : (a) 'आवरण' शब्द का विलोम 'अनावरण' होगा। आचरण का अर्थ व्यवहार से है। सुवरण का अर्थ सुन्दर वर्ण या सुन्दर रूप से है, जबकि अवज्ञा का अर्थ है - आज्ञा न मानने वाला।

118.'आचार' का विलोम शब्द है –

(a) अनाचार (b) आनाचार
(c) अत्याचार (d) विचार

UP TGT 2005

उत्तर : (a) 'आचार' का विलोम शब्द 'अनाचार' होता है।

119. 'आहूत' का विलोम शब्द है–

(a) हूत (b) अनहूत
(c) अपहूत (d) अनाहूत

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (d) 'आहूत' का विलोम 'अनाहूत' है। शेष अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

120.'अधिकृत' शब्द का विलोम है-

(a) अनाधिकृत (b) अनधिकृत
(c) अनाधिकारिक (d) प्राधिकृत

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (b) 'अधिकृत' का विलोम 'अनधिकृत' होता है; जबकि प्राधिकृत, अनाधिकृत और अनाधिकारिक का अधिकृत से कोई सम्बन्ध नहीं है।

121. 'आवेशित' शब्द का विलोम है–

(a) अनावेशित (b) अनावृष्टि
(c) अनावृत्त (d) अनाश्रित

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'आवेशित' का विलोम शब्द 'अनावेशित' होता है। 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द 'अनावृष्टि' तथा 'आश्रित' का विलोम शब्द 'अनाश्रित' होता है।

122. 'अत्यधिक' का विलोम क्या है?

(a) अत्यल्प (b) अत्याधिक
(c) अनधिगत (d) अनधीन

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (a): 'अत्यधिक' का अर्थ है 'अधिक मात्रा से भी ज्यादा' जिसका सटीक विलोम 'अत्यल्प' होगा।

123. 'ऋत' का विलोम क्या है?

(a) अनृत (b) वक्र
(c) विकीर्ण (d) अनैक्य

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : 'ऋत' शब्द का विलोम 'अनृत' है। 'ऋत' शब्द का अर्थ 'ठीक से जुड़ा हुआ, सत्य, सही या सुव्यवस्थित' होता है और अनृत का अर्थ 'असत्य, गलत या अव्यवस्थित' होता है।

124. उत्कर्ष का विलोम है–

(a) अपकर्ष (b) नित्कर्ष
(c) अधोकर्ष (d) निष्कर्ष

UKPSC AE 2012
UPUDA 2013
UPUDA Mains 2013
[UPSI 21.07.2017 Shift II]
UPSI Batch-III 19 Dec. 2017
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर. (a) : 'उत्कर्ष' का विलोम 'अपकर्ष' होता है। एक-दूसरे के विपरीत या उल्टा अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।

125. विशुद्ध का विपरीत शब्द क्या होगा?

(a) शुद्ध (b) अशुद्ध
(c) निशुद्ध (d) प्रशुद्ध

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : विशुद्ध का विपरीत शब्द अशुद्ध है। वे शब्द जो दिये गये शब्द का विपरीत अर्थ दें वो विपरीत शब्द कहलाते हैं।

126. आहत का विलोम शब्द होगा?

(a) अनाहत (b) हत
(c) अनाहूत (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : आहत का विलोम अनाहत होगा। शेष शब्दों का विलोम है–
हत– आहत
अनाहूत– आहूत

127. चारू का विलोम शब्द बताइये?

(a) विचारू (b) अचारू
(c) निचारू (d) सुचारू

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : चारू का विलोम अचारू है।

128. 'शुभ' का विपरीतार्थक शब्द है-

(a) लाभ (b) अमुंगल
(c) आपत्ति (d) अशुभ

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'शुभ' का विपरीतार्थक शब्द **'अशुभ'** है। अन्य शब्दों का विलोम इस प्रकार है-

@RexstarPdf

शब्द	विलोम
लाभ	हानि
अमंगल	मंगल
आपत्ति	अनापत्ति

129. 'आहार' का विपरीतार्थक शब्द है

(a) विहार (b) अनाहार
(c) फाका (d) अभोजन

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'आहार' का विपरीतार्थक शब्द **'अनाहार'** है। आहार का विलोम 'निराहार' भी होता है।

130. 'आवृत' शब्द का विलोम है-

(a) विमोचित (b) आच्छन्न
(c) परिच्छिन्न (d) अनावृत

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : 'आवृत' शब्द का विलोम 'अनावृत' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

131. 'मूर्त' शब्द का विलोम है-

(a) अमूर्त (b) प्रतिमूर्त
(c) सम्मूर्त (d) अदृष्ट

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'मूर्त' शब्द का विलोम अमूर्त है। अन्य विकल्प असंगत हैं। कुछ अन्य विलोम शब्द हैं–

शब्द		विलोम
अनाहूत	-	आहूत
आविर्भाव	-	तिरोभाव
अभिज्ञ	-	अनभिज्ञ
अमृत	-	विष, गरल, हलाहल

132. निम्नलिखित में से 'अग्रज' शब्द का विलोम कौन सा है?

(a) आत्मज (b) जलज
(c) सहज (d) अनुज

UPP Constable-25/10/2018
UPPCL अपर निजी सचित परीक्षा 2018
UPPSSRO/ARO ReExam-2016
[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'अग्रज' का विलोम शब्द **अनुज** है जबकि 'सहज' का विलोम 'असहज' तथा 'आत्मज' का विलोम 'आत्मजा' होता है।

133. निम्नलिखित में से 'सम्मान' शब्द का विलोम कौन सा है?

(a) मान (b) अपमान
(c) स्वाभिमान (d) असमान

[UKPSC AE 2017]
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : 'सम्मान' शब्द का विलोम **अपमान** है जबकि 'समान' का विलोम 'असमान' होता है।

134. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों की दृष्टि से एक युग्म गलत है, वह है–

(a) मौन–मुखर (b) शानदार–शर्मनाक
(c) बर्बर–सभ्य (d) अनुचर–परिचर

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d) : विलोम शब्दों की दृष्टि से गलत युग्म 'अनुचर–परिचर' है। दोनों का अर्थ सेवक है। मौन का विलोम मुखर, शानदार का विलोम शर्मनाक और बर्बर का विलोम सभ्य सही है।

135. निम्नलिखित में से मर्त्य का विपरीतार्थक शब्द है–

(a) अमृत (b) जीवन
(c) अमर (d) अजर

UPLA, RO/ARO 22.11.2020
(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों के विलोम शब्द हैं।

शब्द		विलोम
मर्त्य	–	अमर
अमृत	–	विष
जीवन	–	मरण
अजर	–	ज़रा

136. 'यथार्थ' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?

(a) कृत्रिम (b) अनुचित
(c) आदर्श (d) उचित

UPUDA Pre-2010
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) :

शब्द		विलोम
यथार्थ	-	आदर्श
कृत्रिम	-	प्राकृतिक
अनुचित	-	उचित
आहूत	-	अनाहूत

137. दिय गये विकल्पों में से 'स्फूर्ति' का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा?

(a) परोक्ष (b) विगत
(c) उर्वर (d) आलस्य

उत्तर. (d) : 'स्फूर्ति' का विपरीतार्थक 'आलस्य' है। इसके अतिरिक्त 'परोक्ष' का अपरोक्ष या प्रत्यक्ष, 'विगत' का 'आगामी' तथा 'उर्वर' का 'ऊसर' तथा 'आगत' का विलोम 'अनागत' होता है।

138. 'पृथ्वी' का विलोम बताइए।

(a) आकाश (b) पाताल
(c) गोचर (d) लौकिक

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (a)

शब्द	विलोम
पृथ्वी	आकाश/गगन
गोचर	अगोचर
लौकिक	अलौकिक

139. प्रसारण का विलोम शब्द है-

(a) प्रतिपादन (b) आरक्षण
(c) आकुंचन (d) संदर्शन

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'प्रसारण' का विलोम शब्द **आकुंचन** है, जबकि आरक्षण का विलोम अनारक्षण होता है।

@RexstarPdf

140. 'तिमिर' का विलोम शब्द है–

(a) प्रकाश (b) आलोक
(c) ज्योतिर्मय (d) आभास

UPSI 01/12/2021 Shift I[st]
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPLA, RO/ARO 22.11.2020
UPUDA Pre 2013
(UP S.D.I. Exam. 2008)
UPSC AE 2007
UP PGT-2002

उत्तर : (b) 'तिमिर' का विलोम 'आलोक' होता है, जबकि प्रकाश, ज्योतिर्मय, आभास शब्द असंगत हैं।

141. 'गमन' का विलोम शब्द है–

(a) निर्गम (b) गमनागमन
(c) आगमन (d) प्रत्यागमन

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (c) 'गमन' का विलोम शब्द 'आगमन' होगा।

142.'कौटिल्य' का विलोम शब्द है

(a) मृदुलता (b) आर्तव
(c) मार्दव (d) आर्जव

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'कौटिल्य' का विलोम 'आर्जव', आर्तव का विलोम अनार्तव, मृदु का विलोम कठोर होता है।

विलोम शब्द का चयन कीजिये–

143. 'भौतिक' का विलोम शब्द है–

(a) आध्यात्मिक (b) दार्शनिक
(c) सांस्कृतिक (d) राजनीतिक

[UPSI 21.07.2017 Shift-II]
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'भौतिक' का विलोम शब्द 'आध्यात्मिक' है। भौतिक एवं आध्यात्मिक विशेषण शब्द हैं। विशेषण का विलोम सदैव विशेषण होता है। विलोम शब्द का अर्थ उल्टा या विपरीत होता है।

144. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अथ' का विलोम है?

(a) अर्थ (b) अध
(c) अंत (d) इति

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)
UPSI 25/11/2021 Shift II[nd]
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
UPPCL ARO 2018
UPSI Batch II[nd] Dec. 2017
UPRO (Mains) 2014
UPUDA Pre 2010
UPPGT 2010

उत्तर : (d) : शब्द	विलोम
अथ	इति
अर्थ	अनर्थ
अंत	आदि
अधः	उपरि

145. 'बर्बर' का विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) पंडित (b) सभ्य
(c) संगत (d) बलिष्ठ

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC Supervisor 30.08.2019

उत्तर : (b) : शब्द	विलोम
बर्बर	सभ्य
पंडित	मूर्ख
संगत	असंगत
बलिष्ठ	दुर्बल

146. उद्यम किसका विलोम है?

(a) आलसी (b) परिश्रमी
(c) पेशा (d) इनमें से कोई नहीं

वन रक्षक परीक्षा, 2015
DSSSBPRT 14/11/2019, Shift-II[nd]
[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (d) : 'उद्यम' का विलोम 'निरुद्यम' होता है। विलोम वे शब्द होते हैं, जो एक-दूसरे के विपरीत अर्थ दें।

147. श्रीगणेश

(a) समाहार (b) विसर्जन
(c) समापन (d) इतिश्री

ग्राम पंचायत अधिकारी, 2015
UPUDA Spl. Pre. 2010
UPNT EXAM 2018
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : 'श्रीगणेश' का विलोम शब्द 'इतिश्री' है। जबकि विसर्जन शब्द का विलोम आह्वान और समापन शब्द का विलोम आरंभ है।

148. 'सौम्य' शब्द का विलोम है-

(a) सौभाग्य (b) उग्र
(c) शत्रु (d) दुराशय

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (b) 'सौम्य' का विलोम 'उग्र' होता है। इसी प्रकार सौभाग्य का विलोम 'दुर्भाग्य', शत्रु का विलोम 'मित्र' और दुराशय का विलोम 'सदाशय' होता है।

149. 'शीत' का विलोम होगा–

(a) ठण्ड (b) गीत
(c) कृष्ण (d) उष्ण

UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift
UPSI Batch-I 15 Dec. 2017

उत्तर : (d) दिए गए विकल्पों में शीत का विलोम उष्ण है।

शब्द	विलोम
शीत	उष्ण
कृष्ण	शुक्ल
ठंड	गर्म

@RexstarPdf

नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, सही विकल्प छांटिए।

150. निम्नलिखित में से 'विलोम' शब्द का अर्थ कौन सा है?

(a) सीधा (b) सामने
(c) आड़ा (d) उलटा

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'विलोम' शब्द का अर्थ **उलटा** होता है जबकि 'सीधा' का अर्थ 'सरल' होता है।

151. कृत्रिम का प्राकृतिक से वही सम्बन्ध है, जो उर्वरा का ..... से है।

(a) ऊसर (b) अस्त
(c) कर्कश (d) निर्वर्त्य

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) जिस प्रकार कृत्रिम का विलोम प्राकृतिक होता है उसी प्रकार उर्वरा का विलोम **ऊसर** होता है। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'कृत्रिम का प्राकृतिक से वही सम्बन्ध है, जो उर्वरा का **ऊसर** से है।'

जबकि अस्त का विलोम 'उदय' तथा कर्कश का विलोम 'मधुर' होता है।

152. 'कोमल' का विलोम शब्द क्या है?

(a) मल (b) विमल
(c) कुटिल (d) कठोर

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

शब्द	विलोम
कोमल	कठोर
कुटिल	सरल
स्थावर	जंगम
अनाथ	सनाथ
प्रमुख	गौण

153. इनमें से कौन-सा शब्द 'सुकर्म' का विलोम है?

(a) निष्कर्ष (b) कुकर्म
(c) सकर्म (d) सुपथ

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'सुकर्म' का विलोम शब्द 'कुकर्म' है। सुपथ का विलोम कुपथ है। सकर्म का विलोम अकर्म है।

154. 'शुक्ल' का विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) निः शुल्क (b) कृष्ण
(c) सशुल्क (d) सरस

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 Shift-III[rd]
UPSDI Exam-2008
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'शुक्ल' का विलोम 'कृष्ण' होता है। 'सशुल्क' का विलोम 'निःशुल्क', सरस का 'नीरस' होता है।

155. 'मधुर' का विलोम है–

(a) अम्ल (b) तीक्ष्ण
(c) क्षरित (d) कटु

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (d)

शब्द	विलोम
मधुर	कटु
तीक्ष्ण	मंद
ऋजु	वक्र
श्रीगणेश	इतिश्री

156. परुष का विलोम शब्द है –

(a) बल (b) शक्ति
(c) कोमल (d) इनमें से कोई नहीं

UP TGT 2002, 2013

उत्तर : (c) 'परुष' शब्द का विलोमार्थक शब्द 'कोमल' होता है।

157. 'नैसर्गिक' का विलोम है-

(a) प्राकृतिक (b) अप्राकृतिक
(c) अस्वाभाविक (d) कृत्रिम

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UP PCS RO/ARO (Pre.) 2021
UKPSC AE 2021
UPLA, RO/ARO 22/11/2020
UP S.D.I Exam 2008
उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (d) 'नैसर्गिक' का विलोम 'कृत्रिम' होता है, जबकि प्राकृतिक 'नैसर्गिक' का समानार्थी शब्द है।

158. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों का कौन सा एक युग्म गलत है?

(a) निषिद्ध – विहित
(b) वक्र – ऋजु
(c) कटु – तिक्त
(d) पाश्चात्य – प्राच्य

GIC. PGT 2015

उत्तर : (c & d) निम्नलिखित विलोम शब्दों का सही युग्म है –

शब्द		विलोम
निषिद्ध	-	विहित
वक्र	-	ऋजु
कटु	-	मृदु/मधुर
पाश्चात्य		पौर्वात्य

159.'कृतज्ञ' का विलोम है –

(a) अकृतज्ञ (b) संवेदनहीन
(c) कृतघ्न (d) जड़

(UPUDA Pre. 2010)
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015
UP PGT 2005 इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (c) 'कृतज्ञ' का विलोम शब्द 'कृतघ्न' होता है; जबकि 'जड़' का विलोम 'चेतन', 'संवेदनहीन' का विलोम 'संवेदनशील' होगा।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। उचित विलोम छाँटकर उसे चिह्नित करें।

160. ज्येष्ठ मास में निर्जला एकादशी का व्रत बहुत कठिन होता है।

(a) श्रेष्ठ (b) आदर्श
(c) हीन (d) कनिष्ठ

NVS TGT 2013
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'ज्येष्ठ' शब्द का विलोम 'कनिष्ठ' है, जबकि 'निम्न' का विलोम उच्च/श्रेष्ठ है। कनिष्ठ का विलोम 'वरिष्ठ' भी होता है।

161. निष्कलुष का विलोम शब्द है-

(a) कुख्यात (b) कृतघ्न
(c) कलुष (d) कडुवा

UPSI 24/07/2017 Shift-I[st]
[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : 'निष्कलुष' का विलोम शब्द **कलुष** होगा। 'कुख्यात' का विलोम शब्द 'विख्यात', 'कृतघ्न' का विलोम शब्द 'कृतज्ञ', तथा 'मीठा' का विलोम शब्द '-कड़वा' है।

162. 'सन्मार्ग' शब्द का विलोम है:

(a) सहज मार्ग (b) सुमार्ग
(c) अमार्ग (d) कुमार्ग

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : 'सन्मार्ग' का विलोम शब्द 'कुमार्ग' है। सहजमार्ग का विलोम कठिनमार्ग होगा।

163. 'पुष्ट' शब्द का विलोम है

(a) क्षीण (b) दुष्ट
(c) पुरस्कार (d) प्रकृति

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (a) 'पुष्ट' का विलोम 'क्षीण' होता है, जबकि 'प्रकृति' का विलोम 'कृत्रिम', पुरस्कार का विलोम 'दण्ड' एवं 'दुष्ट' का विलोम 'सज्जन' होता है।

164. 'विराट्' का विलोम शब्द है –

(a) वृहद् (b) वृहत्
(c) छोटापन (d) क्षुद्र

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) विराट का विलोम 'क्षुद्र' होता है। वृहत का विलोम 'लघु' एवं छोटापन का 'बड़ापन' होता है।

165. इनमें से भूगोल का विलोम शब्द क्या है?

(a) खगोल (b) इतिहास
(c) पाताल (d) समाज

UPRO (Pre.), 2016
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : शब्द	विलोम
खगोल	भूगोल
पाताल	आकाश
इतिहास	भविष्य
समाज	व्यक्ति

166. 'अर्पण' का विलोम कौन-सा होगा?

(a) प्राप्ति (b) तर्पण
(c) स्वीकार करना (d) ग्रहण

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'अर्पण' का विलोम 'ग्रहण' होता है। अन्य के विलोम इस प्रकार हैं-

शब्द		विलोम
अक्षम	-	सक्षम
अथ	-	इति
अवर	-	प्रवर

167. चपल का विलोम शब्द है –

(a) गंभीर (b) वाचाल
(c) चंचल (d) उद्यमी

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा 25/08/2013
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) चपल का विलोम 'गंभीर' है; जबकि गंभीर का विलोम अगंभीर या छिछला, वाचाल का विलोम 'मूक', चंचल का विलोम - अचंचल या स्थिर एवं उद्यमी का विलोम आलसी या निरुद्यमी होगा।

168. प्रमुख का विलोम शब्द क्या होगा?

(a)गौण (b) अनिवार्य
(c)वैकल्पिक (d) महत्त्वपूर्ण

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : प्रमुख का विलोम 'गौण' होता है। एक दूसरे के विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।

169. 'उथला' शब्द का विलोम है:

(a) गहरा (b) छिछला
(c) समतल (d) उभार

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
UPSI Batch-I 20 Dec. 2017
UPPCL TGT 2016

उत्तर. (a) : 'उथला' का विलोम शब्द 'गहरा' है।

170. 'जोड़' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है

(a) गुणा (b) भाग
(c) घटाव (d) बाकी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (c) 'जोड़' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द 'घटाव' होता है जबकि 'गुणा' का विपरीतार्थक शब्द 'भाग' होता है।

171. 'जड़' का विलोम है–

(a) जल (b) मूर्ख
(c) विद्वान (d) चेतन

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d)

शब्द		विलोम
जड़	–	चेतन
जल	–	थल
मूर्ख	–	पण्डित

172. इनमें से कौन-सा शब्द 'सरल' का विलोम है?

(a) सर्पिल (b) घुमावदार
(c) जटिल (d) वक्र

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (c) : दिये गये शब्द 'सरल' का विलोम 'जटिल' होगा। उपर्युक्त शब्दों का विलोम इस प्रकार है–

शब्द	विलोम
सरल	जटिल
वक्र	ऋजु
घुमावदार	सीधा

@RexstarPdf

173. इनमें से कौन-सा शब्द 'अग्नि' का विलोम है?

(a) वायु (b) घृत (c) तेल (d) जल

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों के अनुसार 'अग्नि' का विलोम 'जल' होगा। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण/असंगत हैं।

174. 'सुप्त' का विरुद्धार्थी शब्द बताइए।

(a) पौरस्त्य (b) घालक
(c) जागृत (d) गरमी

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
आश्रम पद्धति PGT-2012
DSSSB Steno Grade-III, 11/06/2017
UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर: (c) 'सुप्त' का विरुद्धार्थी **जागृत** है। 'ठंडी' का विलोम 'गरमी' है।

175.निम्नलिखित में से कौन–सा विपरीतार्थक युग्म सही सुमेलित है?

(a) उद्योगी – अनुद्यत
(b) औरस – जारज
(c) उन्मत – विमुख
(d) उच्छवास – अनुच्छिष्ट

UP PGT 2000

उत्तर: (b) 'औरस' का विलोम जारज/अनौरस होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

176. दिए गए विकल्पों में से 'मुर्दनी' शब्द के विपरीतार्थक शब्द का चयन कीजिए।

(a) तात्कालिक (b) विषाद
(c) स्थायी (d) जीवंतता

High Court ARO -2021
UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (d): 'मुर्दनी' शब्द का विपरीतार्थक शब्द **जीवंतता** है।

शब्द	विलोम
स्थायी	अस्थायी
विषाद	हर्ष
तात्कालिक	दूरगामी

177. दिए गए विकल्पों में से थल का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है?

(a) वायु (b) भोज
(c) जल (d) कपट

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) 'थल' का विरुद्धार्थी शब्द (विलोम शब्द) 'जल' होगा।

178. 'तरल' का विलोम शब्द है–

(a) सरल (b) ठोस
(c) तीक्ष्ण (d) जटिल

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

शब्द	विलोम
तरल	ठोस
सरल	जटिल/कठिन
तीक्ष्ण	कुन्द/मंदबुद्धि

179. 'ज्योति' का विलोम शब्द है-

(a) मंद (b) दिव्य
(c) तम (d) प्रकाश

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) :

शब्द	विलोम
ज्योति	तम
मंद	तीव्र/प्रखर
प्रकाश	अंधकार
प्राचीन	नवीन/अर्वाचीन
प्रेम	घृणा

180. 'महान' का विपरीतार्थक शब्द क्या है?

(a) वीर (b) धीर
(c) तुच्छ (d) सज्जन

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (c) उक्त शब्दों के विपरीतार्थक शब्द हैं– 1. महान –तुच्छ, 2. वीर –कायर, 3. सज्जन–दुर्जन, शठ, खल, 4. धीर– अधीर।

181. 'तृषा' शब्द का सही विलोम है–

(a) वृषा (b) तृप्ति
(c) मृषा (d) दिशा

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों के विलोम शब्द हैं।

तृषा – तृप्ति
दिशा – दिशाहीन

182. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।

दुत्कार

(a) बंध (b) स्वागत
(c) शोक (d) कृतघ्न

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)
UPLA RO/ARO 22.11.2020
UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर : (b) :

शब्द	विलोम
दुत्कार	स्वागत/सत्कार
शोक	आनन्द
कृतघ्न	कृतज्ञ

183. इनमें से कौन-सा शब्द 'सौभाग्य' का विलोम है?

(a) सुपरिणाम (b) सुसंगति
(c) दुर्भाग्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) :

शब्द	-	विलोम
सुपरिणाम	-	कुपरिणाम
सुसंगति	-	कुसंगति
सौभाग्य	-	दुर्भाग्य

@RexstarPdf

184. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कृपण' का विलोम है?

(a) कनिष्ठ (b) कृतघ्न
(c) अधम (d) दानी

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
DSSSB ग्रेड-III 24/09/2017
UPSI Batch-I 13 Dec. 2017
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) :

शब्द		विलोम
कृपण	–	दानी
कनिष्ठ	–	वरिष्ठ
अधम	–	उत्तम
कृतघ्न	–	कृतज्ञ

185. 'सुलभ' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है

(a) दुष्प्राप्य (b) अलब्ध
(c) अप्राप्य (d) दुर्लभ

UPLA, RO/ARO 22.11.2020
UP RO (Pre.), 2016
(UK PSC AE 2013)

उत्तर : (d) 'सुलभ' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द **दुर्लभ** है जबकि दुष्प्राप्य अथवा अप्राप्य का विलोम शब्द प्राप्य है और 'लब्ध' का विपरीतार्थक शब्द 'अलब्ध' अथवा 'प्रदत्त' है।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। उचित विलोम छाँटकर उसे चिह्नित करें।

186. जैन मत को मानने वालों में श्वेताम्बर बड़ी संख्या में हैं।

(a) दिगम्बर (b) नीलाम्बर
(c) अम्बर (d) पीताम्बर

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'श्वेताम्बर' का विलोम **दिगम्बर** है।

अधोलिखित शब्द के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिए हैं। उनमें से उचित विकल्प चुनिए।

187. मानवीय

(a) दैवी (b) दानवीय
(c) सांसारिक (d) लौकिक

UPPCL TG2, 2014

उत्तर. (b) : मानवीय का विलोम **दानवीय** होगा। मानव का विलोम दानव होता है। मानव से मानवीय विशेषण बनता है तो दानव से दानवीय विशेषण बनेगा। संज्ञा का विलोम संज्ञा, विशेषण का विशेषण, तत्सम का तत्सम तथा तद्भव का तद्भव शब्द होता है। अतः मानवीय का विलोम दानवीय होगा (दोनों विशेषण हैं)।

188. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''मनुज'' का विलोमार्थी है?

(a) मानुष (b) दनुज
(c) मनोज (d) अनुज

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (b) दिये गये शब्द 'मनुज' का विलोमार्थी शब्द 'दनुज' होगा।

189. 'महात्मा' शब्द का सही विलोम होगा :

(a) दुष्ट (b) दुर्जन
(c) दुरात्मा (d) पापी

UP PGT 2004

उत्तर : (c)

शब्द		विलोम
महात्मा	–	दुरात्मा
दुर्जन	–	सज्जन

190. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'क्रूर' का विरुद्धार्थी शब्द दर्शाता है?

(a) सबल (b) दयालु
(c) अच्छा (d) बदन

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'क्रूर' का विरुद्धार्थी शब्द 'दयालु' होता है। 'सबल' का विलोम 'निर्बल' तथा 'अच्छा' का विलोम 'बुरा' है।

191. 'इकाई' का विलोम शब्द है-

(a) काई (b) सैकड़ा
(c) अकाई (d) दहाई

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (d) : 'इकाई' का विलोम **दहाई** होता है।

192. दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
ऋणात्मक

(a) धनात्मक (b) सृजनात्मक
(c) अलगावत्मक (d) रचनात्मक

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त विकल्पो में धनात्मक, ऋणात्मक का विलोम शब्द है।

शब्द	–	विलोम
सृजन	–	विनाश
अलगाव	–	लगाव
रचना	–	ध्वंस

193. दिए गये विकल्पों में से 'छाया' का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा?

(a) प्रतिबिम्ब (b) रौशनी
(c) धूप (d) आभास

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'छाया' का विलोम 'धूप' होगा तथा प्रतिबिम्ब, रौशनी और आभास तीनों असंगत हैं।

194. प्रशंसनीय का विलोम होगा-

(a) अभिनंदनीय (b) निंदनीय
(c) स्तुत्य (d) अनिंदनीय

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)

उत्तर : (b) : प्रशंसनीय का विलोम निंदनीय होगा।

195. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।
कपटी

@RexstarPdf

(a) स्थिर (b) कुख्यात (c) पक्का (d) निष्कपट

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) : शब्द - विलोम शब्द

कपटी	-	निष्कपट
स्थिर	-	चंचल, चपल
कुख्यात	-	विख्यात
पक्का	-	कच्चा

196. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है। ओजस्वी

(a) निस्तेज (b) तेजस्वी (c) सुंदर (d) बदसूरत

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) : शब्द विलोम

ओजस्वी	–	निस्तेज
सुंदर	–	बदसूरत

197. इनमें से कौन-सा शब्द 'आमिष' का विलोम है?

(a) सामिष (b) शुष्क
(c) निरामिष (d) इनमें से कोई नहीं

DSSSB PGT 18.07.2021 (Shift-II)
LT Hindi 2018
DSSSB PRT 24/03/2022 Shift-II[nd]
UPPGT 2000
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : शब्द विलोम

आमिष	निरामिष
सामिष	निरामिष
शुष्क	आर्द्र
उज्ज्वल	धूमिल
निर्मल	मलिन

198. इनमें से कौन-सा शब्द 'स्तुति' का विलोम है?

(a) समालोचना (b) निंदा
(c) आलोचना (d) समीक्षा

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPSI 14 Dec. 2017 Batch-II[nd]
UPNE Exam 2008

उत्तर : (b) : 'स्तुति' का विलोम शब्द 'निंदा' है। आलोचना का विलोम प्रशंसा होता है।

199. 'विधि का विलोम' शब्द कौन-सा है?

(a) कानून (b) सौभाग्य
(c) निषेध (d) गति

UPSI 17/11/2021 Shift-I[st]
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : शब्द विलोम

विधि	-	निषेध
सौभाग्य	-	दुर्भाग्य
सदगति	-	दुर्गति
मौन	-	मुखर
स्थावर	-	जंगम

200. 'अस्त्रीकरण' का विलोम शब्द क्या है?

(a) निरस्त्रीकरण (b) यंत्रीकरण
(c) वस्त्रीकरण (d) शस्त्रीकरण

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'अस्त्रीकरण' का विलोम शब्द 'निरस्त्रीकरण' होगा। दिये गये अन्य विकल्प प्रश्न से असंगत हैं।

201. 'वंद्य' का विलोम शब्द क्या है?

(a) दंड्य (b) निंद्य
(c) वंदनीय (d) मंद्य

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'वंद्य' का विलोम शब्द 'निंद्य' है तथा 'वंदनीय' का विलोम 'निंदनीय' होगा।

202. 'अंकुश' का ठीक विपरीत शब्द लिखें:

(a) निरंकुश (b) बेलगाम
(c) उद्दंड (d) स्वच्छन्द

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : अंकुश का विपरीतार्थक 'निरंकुश' होगा। जबकि उद्दंड का विनम्र होगा।

203. 'साकार' का विपरीत शब्द दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) विकार (b) निराकार
(c) आकार (d) प्रकार

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (b) 'साकार' का विपरीतार्थक 'निराकार' होता है।

204. 'सापेक्ष' का विलोम शब्द है –

(a) असापेक्ष (b) निष्पक्ष
(c) निरपेक्ष (d) आपेक्ष

DSSSB Steno Grade-III, 11/06/2017
(UPUDA Pre. 2010)
UPSI 30/11/2021 Shift-I[st]

उत्तर : (c) 'सापेक्ष' का विलोम 'निरपेक्ष' होता है।

205. `सगुण' शब्द का विलोम है-

(a) अवगुण (b) अगुण
(c) दुर्गुण (d) निर्गुण

SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)
(UPUDA Main 2013)

उत्तर : (d) सगुण शब्द का विलोम शब्द **निर्गुण** होता है; न कि अवगुण, अगुण और दुर्गुण।

206. सम्पन्नता का विलोम शब्द कौन सा है?

(a) आपत्ति (b) निर्धनता
(c) आफत (d) विपत्ति

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'सम्पन्नता' का विलोम निर्धनता, 'आपत्ति' का विलोम अनापत्ति, 'विपत्ति' का विलोम सम्पत्ति तथा 'आफत' का विलोम शांत होता है।

207. उदय का अस्त से वही सम्बन्ध है, जो शंकित का ..... से है।

(a) निःशंक (b) शंका
(c) टंकित (d) अंकित

UPPCL ARO, 2018

@RexstarPdf

उत्तर : (a) जिस प्रकार उदय का विलोम अस्त होता है उसी प्रकार शंकित का विलोम निःशंक होता है। **अतः पूर्ण वाक्य होगा–** ''उदय का अस्त से वही सम्बन्ध है, जो शंकित का 'निःशंक' से है।'' शेष अन्य तीनों असंगत हैं।

208. प्रवृत्ति का विलोम शब्द है –

(a) वृत्ति (b) अनावृत्ति
(c) निवृत्ति (d) सद्वृत्ति

UPPSC AE 13.12.2020
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) प्रवृत्ति का विलोम शब्द **निवृत्ति** है। प्रवृत्ति एवं वृत्ति समानार्थी हैं जिनका अर्थ 'आदत' होता है। सद्वृत्ति का अर्थ अच्छी आदत है एवं निवृत्ति का अर्थ छुटकारा होता है।

209. भजन की सभा में धनी और ....साथ-साथ बैठते हैं?

(a) विद्वान (b) विवेकी
(c) निर्धन (d) पापी

UP RO (Pre), 2010
UP SI 2001

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर **निर्धन** शब्द भरा जायेगा क्योंकि 'धनी' का विपरीतार्थक शब्द 'निर्धन' होता है।

210. उत्कृष्ट

(a) अपकृष्ट (b) निकृष्ट
(c) व्यर्थ (d) विकराल

DSSSB Grade-IV Exam, 17/09/2017
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'उत्कृष्ट' का विलोम 'निकृष्ट' तथा 'विकराल' का विलोम 'अविकराल' होता है।

211. आशा जीवन में प्रकाश का संचार करती है। रेखांकित शब्द का उचित विलोम शब्द बताइए।

(a) उदास (b) दुःख
(c) निराशा (d) हताशा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) वाक्य 'आशा जीवन में प्रकाश का संचार करती है।' में रेखांकित शब्द 'आशा' का विलोम शब्द 'निराशा' होगा।

212. सजल का विलोम बताइये?

(a) अजल (b) निर्जल
(c) जल (d) अतिजल

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : सजल का विलोम **निर्जल** होता है। जल का विलोम थल होता है।

213. 'सार्थक' का विपरीतार्थक शब्द है-

(a) निरर्थक (b) असार्थक
(c) विरर्थक (d) विसार्थक

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'सार्थक' का विपरीतार्थक शब्द **'निरर्थक'** है। अन्य विकल्प असंगत एवं त्रुटिपूर्ण हैं।

214. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा शब्द 'सरल' शब्द का विलोम शब्द नहीं है?

(a) कुटिल (b) वक्र
(c) कठिन (d) निरर्थक

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (d) 'सरल' का विलोम शब्द 'निरर्थक' नहीं है। शेष शब्द कुटिल, वक्र तथा कठिन 'सरल' के विलोम शब्द हैं। निरर्थक 'सार्थक' का विलोम है।

215. 'स्वर्ग' शब्द का विलोम है:

(a) बैकुंठ (b) देवलोक
(c) नरक (d) परमधाम

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (c) : 'स्वर्ग' का विलोम शब्द 'नरक' है जबकि बैकुंठ, देवलोक तथा परमधाम, स्वर्ग के समानार्थी शब्द हैं।

216. 'आस्तिक का विलोम है

(a) पापी (b) राक्षस
(c) नास्तिक (d) पुजारा

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : आस्तिक का विलोम **नास्तिक** है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

217. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।

उदास

(a) ऊसर (b) अस्त (c) चढ़ाव (d) प्रफुल्ल

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) :

शब्द	विलोम शब्द
उदास	प्रफुल्ल
ऊसर	उर्वर
अस्त	उदय
चढ़ाव	उतार

218. इनमें से कौन-सा शब्द 'पाश्चात्य' का विलोम है?

(a) पौर्वात्य (b) शाश्वत
(c) पूर्ववर्ती (d) विदेशी

High Court ARO - 2021
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

शब्द		विलोम
पाश्चात्य	–	पौर्वात्य
शाश्वत	–	क्षणिक
पूर्ववर्ती	–	उत्तरवर्ती/परवर्ती
विदेशी	–	देशी

219. 'स्वार्थ' का विलोम होगा –

(a) परमार्थ (b) निःस्वार्थ
(c) परोपकार (d) इनमें से कोई नहीं

CTET July 2023

UP TGT 2004

उत्तर : (a) स्वार्थ का विलोम (विपरीतार्थक) शब्द परमार्थ होता है।

220. 'सहयोगी' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है

(a) प्रतियोगी (b) प्रतिद्वन्द्वी
(c) प्रतिरोधी (d) प्रतिकूल

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) 'सहयोगी' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द 'प्रतियोगी' होता है, जबकि 'प्रतिकूल' का विपरीतार्थक शब्द 'अनुकूल' होता है।

@RexstarPdf

221. 'सृष्टि' का विलोम शब्द है –

(a) विसृष्टि (b) प्रलय
(c) व्यष्टि (d) समष्टि

UP RO (Pre.), 2014
आश्रम पद्धति PGT-2012

उत्तर : (b) सृष्टि का विलोम **प्रलय** होता है, जबकि व्यष्टि का विलोम समष्टि होता है।

222. विजय के साथ किसी की.....जुड़ी रहती है।

(a) खुशी (b) मेहनत
(c) वीरता (d) पराजय

UP SI 2001

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर 'पराजय' शब्द भरा जायेगा क्योंकि 'विजय' का विपरीतार्थक शब्द 'पराजय' होता है।

223. 'वादी' का विलोम शब्द है–

(a) अवादी (b) विवादी
(c) प्रतिवादी (d) अनावादी

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (c) 'वादी' का विलोम शब्द **प्रतिवादी** होगा। शेष अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

224. 'पूर्ववर्ती' का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) पूर्वज (b) परव्रत
(c) पूर्वव्रत (d) परवर्ती

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (d) 'पूर्ववर्ती' का विलोम शब्द 'परवर्ती' होगा। शेष असंगत विकल्प हैं।

225. 'प्रत्यक्ष' का विलोम है –

(a) समक्ष (b) विपक्ष
(c) परोक्ष (d) अदृश्य

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)
DSSSB PRT 11/11/2019, II Shift
परिचालक परीक्षा-2015
UP TGT 2005
UP UDA Pre. 2013

उत्तर : (c) 'प्रत्यक्ष' का विलोम शब्द 'परोक्ष' है। पक्ष शब्द का विलोम विपक्ष, दृश्य शब्द का विलोम अदृश्य है।

226. 'प्रच्छन्न' शब्द का विलोम है–

(a) प्रत्यक्ष (b) प्रतिपन्न
(c) अप्रतिबद्ध (d) गौण

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'प्रच्छन्न' शब्द का विलोम **प्रतिपन्न** होता है। 'प्रत्यक्ष' का विलोम शब्द 'अप्रत्यक्ष' या 'परोक्ष', 'प्रतिबद्ध' का विलोम 'अप्रतिबद्ध' तथा 'मुख्य/प्राथमिक' का विलोम 'गौण' होता है।

227. निम्न में से कौन सा विलोम शब्द सुमेलित नहीं है?

(a) पौराणिक – प्राचीन (b) कनिष्ठ – ज्येष्ठ
(c) उग्र – सौम्य (d) ध्वंस – निर्माण

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से 'पौराणिक-प्राचीन' सुमेलित नहीं है। पौराणिक का विलोम अपौराणिक तथा प्राचीन का विलोम-अर्वाचीन होगा। शेष विकल्प के विलोम शब्द सुमेलित हैं।

228. 'गाढ़ा' शब्द का विलोम बताइए।

(a) सुख (b) पतला
(c) ढीठ (d) गड्ढा

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) 'गाढ़ा' शब्द का विलोम 'पतला' होता है। 'सुख' का विलोम 'दुख' होता है।

229. कलह का सुलह से वही सम्बन्ध है, जो कंटक का ..... से है।

(a) पुष्प (b) कृपा
(c) क्षमा (d) दानी

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) जिस प्रकार कलह का विलोम सुलह है, ठीक उसी प्रकार कंटक का विलोम **पुष्प** होता है।

शब्द		विलोम
कलह	–	सुलह
कंटक	–	पुष्प
क्षमा	–	दण्ड/क्रोध
कृपा	–	कोप
दानी	–	कृपण

230. 'उत्थान' का विलोम शब्द क्या है?

(a) प्रस्थान (b) पतन
(c) विस्थापन (d) अनुत्थान

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UP SI Batch IInd 14-dec-2017
UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift
UP PGT 2011

उत्तर : (b) 'उत्थान' का विलोम शब्द **पतन** होता है। अन्य शब्द-विलोम के विवरण इस प्रकार हैं–

शब्द		विलोम
उत्थान	–	पतन
प्रस्थान	–	आगमन
विस्थापन	–	संस्थापन

231. दिए गए विकल्पों में से 'अनुकूल' का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है?

(a) प्रतिकूल (b) अन्याय
(c) नियमित (d) नकली

UPSI Batch - III 13 Dec.2017
UP Constable, 2019
UKPSC AE 2012

उत्तर : (a) 'अनुकूल' का विरुद्धार्थी शब्द 'प्रतिकूल' होगा। अन्याय का विलोम 'न्याय', नियमित का विलोम 'अनियमित', असली का विलोम 'नकली' है।

232. 'भवन का <u>अग्र</u> हिस्सा अति भव्य है।' ..... रेखांकित शब्द का विलोम शब्द चुनिए।

(a) पीछे (b) पश्च
(c) पृष्ठ (d) आगे

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPSI Batch - III 20 Dec.2017
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर : (b) 'भवन का अग्र हिस्सा अति भव्य है।' में 'अग्र' का विलोम **पश्च** होगा। आगे का विलोम 'पीछे' तथा पृष्ठ का विलोम 'मुख' होगा।

नीचे दिए गए प्रश्न के, वाक्य में शब्दों के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प छांटिए–

233. 'अवर' का विलोम शब्द है–

(a) लघु (b) प्रवर
(c) सुवर (d) कनिष्ठ

UP ASI 04/12/2021 (Shift-II)
UP RO (Main), 2014

उत्तर : (b) 'अवर' का विलोम शब्द **प्रवर** होगा, जबकि 'लघु' का विलोम 'गुरु' तथा 'कनिष्ठ' का विलोम 'ज्येष्ठ' एवं 'सुवर' का विलोम 'कुवर' होगा।

234.'अनुलोम' शब्द का विलोम है-

(a) सुलोम (b) प्रतिलोम
(c) अनलोम (d) अवलोम

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (b) अनुलोम शब्द का विलोम 'प्रतिलोम' होता है।

235.'अमित' शब्द का विलोम है

(a) सुमित (b) कुमित
(c) परिमित (d) दुर्मित

UPSI 20/12/2021 (Shift-II)
(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (c) अमित का विलोम 'परिमित' होता है। कुमित, दुर्मित एवं सुमित का इस शब्द से कोई आशय नहीं है।

236. 'आकाश' का विलोम बताइए।

(a) धरती (b) पाताल
(c) अनर्थ (d) अनघ

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 29/12/2013
UPUDA Mains-2013
UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift
UPPSC AE, 2007

उत्तर : (b)

शब्द	विलोम
आकाश	पाताल
पृथ्वी	गगन
अनर्थ	अर्थ
अनघ	अघ

237. 'अर्वाचीन' शब्द का विलोम होगा :

(a) प्राचीन (b) अद्यतन
(c) अधुनातन (d) सनातन

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
DSSSB PGT 24.07.2018 (2 pm - 5 pm)
[UPTET (I-V) 18.11.2018]
UPSI Batch -III 22/12/2017
UP TGT 2011
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप D परीक्षा, 2016
मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015
UPPGT 2004

उत्तर. (a) : 'अर्वाचीन' शब्द का अर्थ 'नवीन' है जिसका विलोम शब्द 'प्राचीन' होगा। 'अद्यतन' का 'अनद्यतन' तथा अधुनातन का 'पुरातन' विलोमार्थी शब्द है।

238. पुरोगामी का विलोम क्या होगा?

(a) पश्चगामी (b) अग्रगामी
(c) पुष्टगामी (d) अनुगामी

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : पुरोगामी का विलोम पश्चगामी है। किसी शब्द के विपरीत अर्थ देने वाला शब्द विलोम शब्द कहलाता है।

239. इहलोक का विलोम शब्द है-

(a) अंतरिक्ष लोक (b) वेद लोक
(c) परलोक (d) पृथ्वी लोक

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : इहलोक का विलोम शब्द **परलोक** होता है।

240. शीर्षस्थ

(a) पदस्थ (b) पादस्थ
(c) अपदस्थ (d) इनमें कोई नहीं

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : शीर्षस्थ का विलोम शब्द **पादस्थ** है। जबकि पदस्थ शब्द का विलोम **अपदस्थ** होता है।

241. निम्नलिखित शब्दों में से 'आगमन' का विलोम क्या है?

(a) आदान (b) प्रदान
(c) महान (d) प्रस्थान

DSSSB TGT 24.07.2018 (2 pm - 5 pm)
UP TGT 2009
[UKPSC AE 2013]
(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर. (d) : दिए गए शब्दों में 'आगमन' का विलोम 'प्रस्थान' है। अन्य विलोम शब्द इस प्रकार हैं-

शब्द	विलोम
आगमन	प्रस्थान
आदान	प्रदान
महान	तुच्छ

242. कौन-सा शब्द 'ऐहिक' शब्द का विलोम है?

(a) भौतिक (b) सांसारिक
(c) पारलौकिक (d) ऐहलौकिक

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा NVS PGT, 13/06/2019
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में से 'ऐहिक' शब्द का विलोम 'पारलौकिक' है। भौतिक का विलोम आध्यात्मिक है, लौकिक का विलोम पारलौकिक है।

243. 'घृणा' शब्द का विलोम है:

(a) प्रेम (b) नफरत
(c) प्रताड़ना (d) हिंसा

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

@RexstarPdf

उत्तर. (a) : 'घृणा' का विलोम शब्द 'प्रेम' है। शेष इस प्रकार हैं-

शब्द		विलोम
नफरत	–	मुहब्बत
प्रताड़ना	–	प्यार
हिंसा	–	अहिंसा

244. 'स्वाधीन' शब्द का विलोम है:

(a) स्वतंत्र (b) स्वच्छंद
(c) पराधीन (d) निरंकुश

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (c) : स्वाधीन शब्द का विलोम 'पराधीन' होता है। शेष इस प्रकार हैं–

शब्द		विलोम
स्वतंत्र	–	परतंत्र
स्वच्छंद	–	नियंत्रित
स्वाधीन	–	पराधीन
निरंकुश	–	अंकुश

245. 'लोक' शब्द का विलोम है-

(a) द्युलोक (b) अलोक
(c) विलोक (d) परलोक

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : 'लोक' शब्द का विलोम **परलोक** होता है, जबकि अलोक अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप आलोक होगा। आलोक का विलोम 'तिमिर' होगा अन्य विकल्प असंगत हैं।

246. 'प्राची' शब्द का विपरीतार्थक है–

(a) उदीची (b) प्रतीची
(c) नवीन (d) समीची

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों के विपरीतार्थक शब्द इस प्रकार हैं–

शब्द	विलोम
प्राची (पूरब)	प्रतीची (पश्चिम)
उदीची (उत्तर)	अवाची (दक्षिण)
नवीन	प्राचीन

समीची का अर्थ प्रशंसा है।

247. ''अप्रतिम'' शब्द का अर्थ दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?

(a) प्रतिमा (b) बेजोड़
(c) प्रथम (d) प्रियतम

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : ''अप्रतिम'' शब्द का अर्थ बेजोड़ होता है तथा इसके विलोम शब्द प्रतिम, तुल्य हैं।

248. 'अन्तर्मुखी' का विलोम लिखिए।

(a) जगत्मुखी (b) वाचाल
(c) चतुर्मुखी (d) बहिर्मुखी

(UPUDA Main 2013)

उत्तर : (d) अंतर्मुखी का विलोम शब्द **बहिर्मुखी** होता है।

249. 'आभ्यंतर' का विलोम होता है

(a) बाह्य (b) अंदर का
(c) मध्य (d) अभी-अभी

[UPCSA 2019]

उत्तर. (a) : 'आभ्यंतर' का विलोम **बाह्य** होता है जबकि अन्दर का विलोम 'बाहर' होगा अन्य शब्द तर्कसंगत नहीं हैं।

250. गाय का विलोम शब्द क्या है?

(a) भैंस (b) बैल
(c) सिंह (d) बिल्ली

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : गाय का विलोम शब्द **बैल** होता है। शेष शब्दों का विलोम इस प्रकार है–

शब्द		विलोम
भैंस	–	भैंसा
सिंह	–	सिंहनी
बिल्ली	–	बिलौटा

251. अल्पज्ञ

(a) सर्वज्ञ (b) बहुज्ञ
(c) सुविज्ञ (d) अभिज्ञ

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : अल्पज्ञ का विलोम शब्द **बहुज्ञ** है। जबकि अभिज्ञ का विलोम अनभिज्ञ है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

252. निम्नलिखित में से ''एकल'' शब्द का विलोम क्या है?

(a) शकल (b) विकल
(c) पंकिल (d) बहुल

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'एकल' शब्द का विलोम 'बहुल' होगा। एकल का अर्थ अकेला होता है जबकि बहुल का अर्थ बहुत या अधिक होता है।

निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। उचित विलोम छाँटकर उसे चिह्नित करें।

253. भारतीय लोक जीवन में <u>योग</u> को अति महत्वपूर्ण समझा जाता है।

(a) नियोग (b) भोग
(c) अभियोग (d) रोग

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'योग' का विलोम 'भोग' है; जबकि 'रोग' का विलोम 'नीरोग' है।

254. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।

मूक

(a) बड़ा (b) वाचाल
(c) घृणा (d) अचर

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)
CG PSC (Pre) 2021
CG PSC (Pre) 2020
UPPSC ARO, 2018
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
DSSSB Grad IV Exam 17/09/2017
UPPGT- 2016
UPPCL AR/ARO, 2016
UKPSC AE, 2012
UP TGT 2007
UPSI 2001
UP TGT - 2001
नायाब तहसीलदार परीक्षा, 1992

@RexstarPdf

उत्तर : (b)

शब्द	–	विलोम
मूक	–	वाचाल
बड़ा	–	छोटा
घृणा	–	प्रेम
अचर	–	चर

255. 'लिखित' का विलोम शब्द क्या है?

(a) मौखिक (b) निरक्षर
(c) संचलित (d) स्वलिखित

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) :

शब्द	विलोम
लिखित	मौखिक
निरक्षर	साक्षर
गौरव	लाघव
उन्मूलन	रोपड़
उन्मीलन	निमीलन

256. इनमें से कौन-सा शब्द 'क्षुद्र' का विपरीतार्थक है?

(a) भव्य (b) महान
(c) खोटा (d) लघु

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

शब्द		विलोम/विपरीतार्थक
क्षुद्र	-	महान
लघु	-	गुरु/दीर्घ
खोटा	-	खरा
भव्य	-	साधारण

257. 'खिन्न' का विलोम शब्द क्या है?

(a) मुदित (b) विखिन्न
(c) भूल (d) मृधु

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : शब्द एवं उनके विलोम हैं–

शब्द	विलोम
खिन्न	मुदित
मौन	मुखर
अनाथ	सनाथ
सम्मुख	विमुख
कृतज्ञ	कृतघ्न

258. इनमें से कौन-सा शब्द 'ऋणी' का विलोम है?

(a) उऋण (b) उऋणी
(c) कृतज्ञ (d) अऋणी

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) :

शब्द	विलोम
ऋणी	उऋण
कृतज्ञ	कृतघ्न
अनासक्त	आसक्त
एकत्र	विकीर्ण

259. 'पंडित' का विलोम शब्द क्या है?

(a) अन्यायी (b) निरक्षर
(c) परुष (d) मूर्ख

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d)

शब्द	विलोम
पंडित	मूर्ख
अन्यायी	न्यायी
निरक्षर	साक्षर
परुष	कोमल

260. 'तीव्र' का विलोम शब्द है-

(a) क्षिप्र (b) तेज
(c) जलद (d) मंथर

High Court ARO 2021
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPSI 12/12/2017 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'तीव्र' का विलोम 'मंथर' है। जबकि 'क्षिप्र' का विलोम 'मंद' एवं तेज का विलोम 'धीमा' होता है।

261. इसमें से 'तीक्ष्ण' शब्द का विलोम कौन-सा है?

(a) प्रखर (b) क्षीण
(c) मंद (d) तीव्र

DSSSB PRT 07. 03. 2022 ,(Shift - II)
UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift- II
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
DSSSB हेड कांसटेबल परीक्षा, 29/06/2014
UP SDI Exam, 2008

उत्तर : (c) :

शब्द	–	विलोम
प्रखर	–	मंद
क्षीण	–	पुष्ट
तीक्ष्ण	–	मंद
तीव्र	–	मंद/शिथिल

262. 'मौन' शब्द का विलोम है–

(a) मुखरता (b) मूकता
(c) वाचालता (d) प्रगल्भता

(UP S.D.I. Exam. 2008)
UPPSC AE. 2007

उत्तर : (a) 'मुखरता', 'मौन' शब्द का विलोम है; जबकि मूकता, वाचालता, प्रगल्भता असंगत शब्द हैं।

263. 'बंधन' शब्द का उचित विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) स्वतंत्र (b) कैद (c) मुक्ति (d) बंदी

High Court ARO 2021
UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'बन्धन' का उचित विलोम 'मुक्ति' होगा। 'स्वतंत्र' का विलोम 'परतंत्र' होता है।

264. 'निर्मल' का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?

(a) अभद्र (b) विषम
(c) मलिन (d) कोमल

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (c) 'निर्मल' का विलोम 'मलिन' होता है। अभद्र का विलोम 'भद्र', विषम का विलोम 'सम' तथा कोमल का विलोम 'कठोर' होता है।

265. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''तिक्त'' का विलोमार्थी है?

(a) सट्टा (b) मीठा
(c) रिक्त (d) मसालेदार

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'तिक्त' का विलोमार्थी शब्द 'मीठा' होगा।

@RexstarPdf

266. दिए गए विकल्पों में से 'गति' का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है?

(a) मंद (b) आयतन
(c) दुर्गति (d) प्रगति

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (a) 'गति' का विरुद्धार्थी शब्द 'मंद' होता है।

267. गौरव का लाघव से वही सम्बन्ध है, जो नकल का ..... से है।

(a) अंकल (b) मूल
(c) सकल (d) दिमाग

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) जिस प्रकार 'गौरव' का विलोम शब्द 'लाघव' होता है, उसी प्रकार 'नकल' का विलोम शब्द 'मूल' होता है।

268. ग्रस्त का विलोम शब्द है –

(a) स्वच्छन्द (b) मुक्त
(c) खुला (d) अग्रस्त

UDA/LDA परीक्षा, 2015
UP RO (Pre)-2014
नायब तहसीलदार परीक्षा, 1996

उत्तर : (b) ग्रस्त का विलोम शब्द 'मुक्त' है। ग्रस्त का अर्थ जकड़ा हुआ या प्रभावित होता है जबकि मुक्त का अर्थ बंधनहीन या स्वतन्त्र होता है।

अधोलिखित शब्द में विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिए हैं। उनमें से सबसे उचित विकल्प चुनिए।

269. कुशाग्र

(a) मन्द (b) नीच
(c) चंचल (d) श्रेष्ठ

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a)

शब्द		विलोम
कुशाग्र	–	मन्द
ऊँच	–	नीच
निम्न	–	श्रेष्ठ
अचंचल/गंभीर	–	चंचल

270. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'उम्मीद' का विलोम शब्द है?

(a) आशा (b) असंतोष
(c) अवनति (d) मायूसी

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'उम्मीद' का विलोम **मायूसी** होगा। 'आशा' का विलोम 'निराशा', असंतोष का विलोम 'संतोष' तथा अवनति का विलोम 'उन्नति' होगा।

271. 'खण्डन' का विलोम है

(a) अखण्डन (b) विखण्डन
(c) मण्डन (d) निखण्डन

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : खण्डन का विलोम 'मण्डन' होता है।

272. निम्नलिखित में से 'गौण' शब्द का विलोम कौन सा है?

(a) विशेष (b) मुख्य
(c) सामान्य (d) अनिवार्य

High Court RO 2021
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) : 'गौण' शब्द का विलोम 'मुख्य' है जबकि विशेष का सामान्य, अनिवार्य का वैकल्पिक होगा।

273. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।

दाता

(a) व्यय (b) प्रकट
(c) याचक (d) प्रेम

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) :

शब्द	विलोम
दाता	याचक
व्यय	आय
प्रकट	लुप्त/गुप्त
प्रेम	नफरत/घृणा

274. दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।

कल्पित

(a) कृत्रिम (b) अनभिप्रेत
(c) कर्मण्य (d) यथार्थ

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) :

शब्द		विलोम
कल्पित	-	यथार्थ
कृत्रिम	-	प्राकृतिक/नैसर्गिक
कर्मण्य	-	अकर्मण्य

275. 'शांति' का विलोम शब्द क्या है?

(a) प्रशांति (b) युद्ध
(c) भलाई (d) अबोध

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'शांति' का विलोम 'युद्ध' होता है।
भलाई का विलोम 'बुराई', अबोध का विलोम बोध होगा।

276. 'बहुधा' का विलोम कौन-सा होगा?

(a) बेमेल (b) सदैव
(c) यदाकदा (d) बाध्य

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) बहुधा का विलोम 'यदाकदा' होगा। अन्य विलोम इस प्रकार हैं-

शब्द	विलोम
बहुधा	यदाकदा
बेमेल	संगत
बाध्य	अबाध्य
एकत्र	विस्तीर्ण

@RexstarPdf

277. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'हास्य' का विलोमार्थी है?

(a) शौर्य (b) उपहास
(c) रुदन (d) हास

UPPCL ARO, 2018
UDA /LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'हास्य' का विलोमार्थी 'रुदन' होगा।

निम्नलिखित शब्दों के लिए इनका उपयुक्त विलोम शब्द (विपरीतार्थक) छाँटिए :

278. गणतन्त्र

(a) प्रजातंत्र (b) हृदयतंत्र
(c) यन्त्रतंत्र (d) राजतंत्र

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (d) 'गणतन्त्र' शब्द का विलोम (विपरीतार्थक शब्द) राजतंत्र होगा। शेष दिए गए विकल्प असंगत हैं।

279.उन्मूलन का सही विपरीतार्थक शब्द चुनिए –

(a) आरोपण (b) प्रत्यारोपण
(c) निरोपण (d) रोपण

UK SSSC LT 2020
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
KVS TGT Hindi, 2017
UDA/LDA परीक्षा, 2015
UP UDA Special, 2010
Food Inspector, 1996

उत्तर : (d) उन्मूलन का विपरीतार्थक शब्द **रोपण** है। 'उन्मूलन' शब्द का अर्थ है- 'जड़ से उखाड़ना' जबकि रोपण का अर्थ है- लगाना'।

280. 'हानि' का विलोम.....है।

(a) फायदा (b) मुनाफा
(c) आमदनी (d) लाभ

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'हानि' का उचित विलोम 'लाभ' होता है। मुनाफा तथा फायदा 'लाभ' के पर्याय शब्द हैं। मुनाफा का विलोम 'नुकसान' है।

281. 'गौरव' का विलोम शब्द है–

(a) लाघव (b) रौरव
(c) लज्जा (d) अपमान

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPSI 13/11/2021 (I)
UP RO (Pre), 2014
(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (a) 'गौरव' का विलोम शब्द 'लाघव' और 'अपमान' का विलोम शब्द 'सम्मान' होता है।

282. इनमें से कौन-सा शब्द 'एकत्र' का विलोम है?

(a) एकता (b) विकीर्ण
(c) अनेकता (d) संकीर्ण

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
UPSI Batch -I 14 Dec.2017

उत्तर : (b)

शब्द	-	**विलोम**
एकत्र	-	विकीर्ण
एकता	-	अनेकता
संकीर्ण	-	विस्तीर्ण
जड़	-	चेतन

283. इनमें से कौन-सा शब्द 'संयोग' का विपरीतार्थक है?

(a) प्रयोग (b) द्वेष
(c) वियोग (d) विरह

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPUDA Main 2013
UPUDA Main 2010

उत्तर : (c) :

शब्द	-	**विलोम**
प्रयोग	-	अप्रयोग
द्वेष	-	प्रीति/राग
संयोग	-	वियोग
विरह	-	मिलन
पुरातन	-	नूतन

284. संधि का विलोम शब्द है-

(a) संचय (b) विभेद
(c) विग्रह (d) विरत

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch -III 15 Dec. 2017
UPUDA Pre. 2010
[UPPSC AE 2007]

उत्तर : (c) : 'संधि' का विलोम शब्द 'विग्रह' है। 'संचय' का विलोम 'व्यय' होता है।

285. 'स्वजाति' शब्द का विलोम क्या होगा?

(a) कुजाति (b) विजाति
(c) सुजाति (d) अजाति

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
UPUDA SPL. Pre 2010
आश्रम पद्धति PGT 2012

उत्तर : (b) : 'स्वजाति' शब्द का विलोम 'विजाति' होगा।

शब्द	–	**विलोम**
यति	–	गृहस्थ
वनस्थल	–	मरुस्थल
छादन	–	प्रकाशन
तारूण्य	–	वार्द्धक्य

286. ''हर्ष'' का विलोम बताएँ–

(a) खुशी (b) विषाद
(c) उल्लास (d) आनन्द

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
UKPSC AE 2012
UP PGT 2011
(UP S.D.I. Exam. 2003)

उत्तर : (b) 'हर्ष' का विलोम **विषाद** होता है।

287. 'ह्रास' शब्द का विलोम है

(a) हास्य (b) वृद्धि
(c) हँसी (d) हस्त

(UPUDA Spl. Main 2010)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) ह्रास का विपरीतार्थक 'वृद्धि' होगा, जबकि हास्य का विलोम 'रुदन' और हस्त का विलोम 'पाद' होता है।

288. संश्लेषण का विलोम है

(a) श्लेषण (b) विश्लेष
(c) विश्लेषण (d) श्लेषार्थ

[UP TET (I-V) 18.11.2018]
UPSI, 2016

उत्तर : (c)

शब्द	–	विलोम
संश्लेषण	–	विश्लेषण
सापेक्ष	–	निरपेक्ष
सौभाग्य	–	दुर्भाग्य

289. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'स्मरण' का विलोमार्थी शब्द है?

(a) अनस्मरण (b) विस्मरण
(c) अस्मरण (d) अनुस्मरण

UP SI 29/11/2021 (Shift -II)
UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (b) 'स्मरण' का विलोम 'विस्मरण' होगा। शेष तीनों असंगत हैं।

290. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'संक्षिप्त' का विलोम शब्द है?

(a) सीमा (b) विकास
(c) विस्तृत (d) स्थिर

UPSI Batch-II 22 Dec. 2017
UPSI Batch - II 20 Dec.2017
वन रक्षक परीक्षा, 2015
UP PCL TG2 Electrical, 2015
UPSI 2001

उत्तर. (c) : 'संक्षिप्त' का विलोम 'विस्तृत' होगा। 'स्थिर' का विलोम 'अस्थिर' तथा विकास का 'ह्रास' होगा।

291. 'संकीर्ण' का विलोम है –

(a) संक्षेप (b) विस्तार
(c) विकीर्ण (d) विस्तीर्ण

CTET July - 2023
(UPUDA Pre. 2010)
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'संकीर्ण' का विलोम 'विस्तीर्ण' होता है; न कि विस्तार, और संक्षेप।

292.'सामान्य' शब्द का विलोम है –

(a) श्रेष्ठ (b) सर्वज्ञ
(c) साधारण (d) विशिष्ट

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (d) 'सामान्य' का विलोम शब्द 'विशिष्ट' है। श्रेष्ठ, सर्वज्ञ और साधारण इसके विलोम शब्द नहीं हैं, जबकि साधारण का 'असाधारण' और श्रेष्ठ का विलोम 'निम्न' होता है।

निर्देश : निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द चुनें।

293. सदैव

(a) विरत (b) विरद
(c) विरज (d) विरल

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b)

शब्द		विलोम
सदैव	–	विरद/प्रायः
विरल	–	सघन/घना
विरत	–	'निरत'

निम्नलिखित प्रश्न में दिये गये प्रत्येक वाक्य में रेखांकित शब्दों के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। इनमें सबसे उचित विकल्प छांटिए।

294. मैत्री तो सबसे भली: किन्तु _____ किसी के साथ भी अच्छा नहीं होता

(a) विराग (b) बैर
(c) स्वार्थ (d) अनुराग

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b) मैत्री तो सबसे भली; किन्तु बैर किसी के साथ भी अच्छा नहीं होता। विदित हो कि प्रश्नगत मैत्री का विलोम बैर होगा।

295. 'परिश्रम' का विलोम है-

(a) आश्रम (b) विश्रम
(c) विश्राम (d) बिश्रांत

Ashram Paddhati PGT 2012
(UPUDA Spl. Pre. 2010)
GIC. PGT 2009, 2012

उत्तर : (c) परिश्रम का विपरीतार्थक शब्द 'विश्राम' होगा, जबकि दिये गये अन्य विकल्पों में प्रयुक्त शब्द आश्रम, विश्रम और विश्रान्त का विलोम से कोई आशय नहीं है।

296. दिए गए विकल्पों में से ''निर्माण'' शब्द का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है?

(a) योजना (b) जोड़ना
(c) बनाना (d) विनाश

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (d) 'निर्माण' का विरुद्धार्थी शब्द 'विनाश' है। 'जोड़ना' का विरुद्धार्थी शब्द 'घटाना', बनाना का विरुद्धार्थी शब्द 'बिगाड़ना' होगा।

297. 'निषिद्ध' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है

(a) निश्चित (b) विहित
(c) उचित (d) निर्मित

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (b) 'निषिद्ध' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द 'विहित' है, जबकि 'निश्चित' का विलोम 'अनिश्चित', 'उचित' का विलोम 'अनुचित' और 'निर्मित' का विलोम 'अनिर्मित' होता है।

अधोलिखित शब्द के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिए हैं। उनमें से उचित विकल्प चुनिए।

298. ढीठ

(a) सज्जन (b) शरीफ
(c) भला (d) विनयी

UPPCL TG2, 2014

उत्तर. (d) : ढीठ का विलोम विनयी होगा, जबकि भला का विलोम बुरा, सज्जन का विलोम दुर्जन होता है।

299. 'क्रय' का विपरीतार्थक पहचानिए।

(a) विक्री (b) खेद
(c) खरीद (d) विक्रय

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (d) 'क्रय' का विपरीतार्थक शब्द 'विक्रय' होगा। खेद का विलोम 'प्रसन्नता' है।

@RexstarPdf

300. कृपण का शुक्ल से वही सम्बन्ध है, जो कुसुम का ..... से है।

(a) गुमशुदा (b) गुमसुम
(c) पत्ती (d) वज्र

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) प्रश्न में दिये गये शब्द कृपण के स्थान पर कृष्ण शब्द होगा। जिस प्रकार कृष्ण का विलोम शुक्ल होता है उसी प्रकार कुसुम का विलोम वज्र होता है। अतः पूर्ण वाक्य होगा– कृष्ण का शुक्ल से वही सम्बन्ध है, जो कुसुम का 'वज्र' से है।

301. 'ऋजु' शब्द का विलोम है

(a) वक्र (b) तक्र
(c) सीधा (d) विरल

DSSSB TGT English, 02/09/2018
UP RO (Main), 2010
Ashram Paddhati PGT. 2012
CTET (I-V) 08/01/2019
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPPCS AE 2007
UPSI Bath-II 12/12/2007
UPUDA Main 2010
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2009
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015,
UPPSC AE 2008

उत्तर : (a) ऋजु शब्द का विलोम 'वक्र' होता है। सीधा का विलोम टेढ़ा होता है और विरल का विलोम सघन होता है।

302. उद्धत का सही विपरीतार्थक शब्द चुनिए –

(a) विनीत (b) अनीत
(c) सुमित (d) कुनीत

UDA/LDA परीक्षा, 2015
UPSI 21/07/2017 (Shift- II)
लोअर- 2 परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'उद्धत' का विपरीतार्थक शब्द 'विनीत' है। उद्धत का शाब्दिक अर्थ है - उग्र, प्रचंड, अक्खड़, दुष्ट, उजड्ड आदि।

303. उन्मुख

(a) प्रमुख (b) विमुख
(c) सन्मुख (d) त्रिमुख

वन रक्षक परीक्षा, 2015
UPPSC AE 2011

उत्तर : (b) 'उन्मुख' का विलोम 'विमुख' होता है, 'सन्मुख' विमुख का समानार्थी शब्द है। 'प्रमुख' का विलोम 'गौण' होगा।

304. घर की आय का हिसाब माँ ही रखती है। 'आय' का विलोम.....है।

(a) गए (b) खर्च
(c) व्यय (d) घटा

UPSI Batch-I 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'घर की आय का हिसाब माँ ही रखती है।' वाक्य में प्रयुक्त 'आय' शब्द का विलोम 'व्यय' होगा।

305. 'आवाहन' का विलोम है –

(a) अवगाहन (b) तिरोभाव
(c) विसर्जन (d) धन्यवाद

UP TGT 2013
UKPSC AE 2013
UP ACL ARO 2013

उत्तर : (c) 'आवाहन' का विलोम 'विसर्जन' है, जबकि आविर्भाव का विलोम 'तिरोभाव' है।

306.'आकलन' शब्द का विलोम है

(a) विकलन (b) संकलन
(c) समाकलन (d) प्राक्कलन

(UPUDA Main 2010)

उत्तर : (a) 'आकलन' का विलोम 'विकलन' होता है।

307. 'अर्जन' शब्द का विलोम है–

(a) अर्जित (b) व्ययन
(c) अमृत (d) अनर्थ

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'अर्जन' का विलोम शब्द 'व्ययन' या 'वर्जन' होता है। 'अर्थ' का विलोम शब्द 'अनर्थ' तथा 'अमृत' का विलोम शब्द 'विष' होता है।

308. 'अनुरक्त'शब्द का विलोम है–

(a) अनुरक्ति (b) विरक्ति
(c) अनर्थ (d) विरक्त

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) शब्द 'अनुरक्त' का विलोम 'विरक्त' होता है।

309. इनमें से 'अनुग्रह' शब्द का विलोम कौन है?

(a) आग्रह (b) संग्रह
(c) ग्रहण (d) विग्रह

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (पीए) परीक्षा, 2017
UP UDA SPL. Main 2010

उत्तर : (d) 'अनुग्रह' का विलोम शब्द 'विग्रह' होता है। 'आग्रह' 'दुराग्रह' का तथा 'ग्रहण' 'त्याग' का विलोम है।

310. वर का विलोम शब्द बताइए–

(a) वधू (b) दुल्हन
(c) स्त्री (d) सुवर

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : वर का विलोम वधू होता है। शेष शब्दों के विलोम निम्न हैं–

स्त्री	–	पुरुष
दुल्हन	–	दुल्हा

311. 'अनुरक्ति ' का विपरीतार्थक शब्द है-

(a) आसक्ति (b) विरक्ति
(c) संन्यास (d) सुरागी

UPPSC RO/ARO (Pre.) 2021
DSSSB PRT 13/11/2019, II Sift
लोअर-II भर्ती परीक्षा 15/07/2018
[UPPSC AE 2013]
UPUDA Pre. 2010

उत्तर. (b) : 'अनुरक्ति' का विपरीतार्थक शब्द 'विरक्ति' है। अन्य शब्दों का विलोम इस प्रकार है-

शब्द	विलोम
आसक्ति	अनासक्ति
संन्यास/संन्यस्त	गृहस्थ

@RexstarPdf

312. क्रम

(a) पराक्रम (b) व्यतिक्रम
(c) अनुक्रम (d) विक्रम

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : क्रम का विलोम शब्द व्यतिक्रम है जबकि पराक्रम का विलोम भीरूता होता है।

313. 'अनुराग' का विपरीतार्थक शब्द है-

(a) राग (b) उच्चराग
(c) विराग (d) अग्रराग

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'अनुराग' का विपरीतार्थक शब्द 'विराग' है। 'राग' का भी विपरीतार्थक शब्द 'द्वेष' होता है। 'अग्रराग' का विलोम 'पश्चराग' होगा।

314. 'आकर्षण' का विलोम होगा:

(a) कर्षण (b) विकर्षण
(c) घर्षण (d) अपमान

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]
UPPSC AE 2013

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'आकर्षण' का विपरीतार्थक शब्द 'विकर्षण' है। कर्षण का अर्थ, 'जोती गयी जमीन' या 'हल' चलाना तथा घर्षण का अर्थ 'घिसना' होता है। अपमान का विलोम 'सम्मान' होता है।

315. 'तृष्णा' के विपरीतार्थक शब्द का चयन कीजिए:

(a) वितृष्णा (b) वितृष्णा
(c) तृप्ति (d) लोभ

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]
UPRO (Pre) 2016

उत्तर : (b) 'तृष्णा' का विलोम शब्द 'वितृष्णा' है, जबकि तृप्ति अतृप्ति का तथा लोभ, त्याग का विलोम शब्द है।

316. 'राग' शब्द का विलोम है :

(a) अनुराग (b) विराग
(c) आसक्ति (d) अनुरक्ति

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
UPSDI Exam 2003

उत्तर. (b) : 'राग' का विलोम शब्द 'विराग' है जबकि अनुराग, राग का समानार्थी शब्द है। 'आसक्ति' का विलोम शब्द 'अनासक्ति' तथा 'अनुरक्ति' का विलोम शब्द 'विरक्ति' है।

317. 'सम्मुख' शब्द का विलोम है-

(a) विमुख (b) प्रमुख
(c) पार्श्व (d) समक्ष

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]
UPPCL AE Electrical 2016
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'सम्मुख' शब्द का विलोम 'विमुख' है, जबकि प्रमुख का गौण होगा।

318. 'सम' शब्द का विलोम है-

(a) खसम (b) भसम
(c) विषम (d) कसम

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : 'सम' शब्द का विलोम 'विषम' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

319. दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
क्षणिक

(a) अनित्य (b) शाश्वत
(c) आंगिक (d) अचिर

DSSSB TGT (Female) 04.09.2021(Shift- II)
DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016
UPPSC RO/ARO Re Exam 2016

Ans : (b)

शब्द		विलोम
क्षणिक	-	शाश्वत
अनित्य	-	नित्य
अचिर	-	चिर

320. 'पोषक' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा:

(a) चूषण (b) अनपोषक
(c) शोषक (d) क्षीणकारी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (c) 'पोषक' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द 'शोषक' होता है।

321. 'आर्द्र' का विलोम शब्द है –

(a) नम (b) शुष्क
(c) गीला (d) लचीला

UPSI Batch-I 16 Dec. 2017
DSSSB TGT Hindi 15/09/2015, III Shift
UP TGT 2013

उत्तर : (b) 'आर्द्र' का विलोम 'शुष्क' होता है, जबकि गीला का विलोम 'सूखा', लचीला का विलोम 'कठोर' होता है।

322. 'अपशकुन' का विलोम है–

(a) अशकुन (b) शकुन
(c) पुण्य (d) पावन

(UPUDA Main 2013)

उत्तर : (b) 'अपशकुन' का विलोम शब्द 'शकुन' होता है, न कि पावन, पुण्य और अशकुन।

323. इनमें से 'अश्लील' शब्द का विलोम है–

(a) श्लील (b) दुश्लील
(c) विश्लील (d) कुश्लील

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'अश्लील' का विलोम शब्द 'श्लील' होता है।

324. शेरनी का विलोम क्या होगा?

(a) शेर (b) बाघ
(c) चीता (d) चूहा

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : शेरनी का विलोम **शेर** होता है। किसी शब्द का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द को विपरीतार्थक या विलोम शब्द कहते हैं। **जैसे-** सुख-दुख, हार-जीत आदि।

@RexstarPdf

325. 'वक्ता' शब्द का विलोम है-

(a) आयोजक (b) प्रायोजक
(c) श्रोता (d) व्याख्याता

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : 'वक्ता' शब्द का विलोम 'श्रोता' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

326. दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
व्यभिचारी

(a) सदाचारी (b) अभिचारी
(c) आचरणशून्य (d) अविनय

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (a)

शब्द		विलोम
व्यभिचारी	-	सदाचारी
अविनय	-	विनय

327. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विलोम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।
मिथ्या

(a) सत्य (b) असत्य
(c) झूठ (d) गलत

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त विकल्पों में सत्य, मिथ्या का विलोम शब्द है जबकि असत्य, झूठ तथा गलत मिथ्या के समानार्थी शब्द हैं।

328. 'लापरवाह' का विलोम शब्द कौन-सा है?

(a) सावधान (b) विश्राम
(c) उदय (d) अपरवाह

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) :

शब्द		विलोम
लापरवाह	-	सावधान
विश्राम	-	परिश्रम
उदय	-	अस्त
आदि	-	अंत

329. इनमें से कौन-सा शब्द 'सफेद' का विलोम है?

(a) बेदाग (b) उजला
(c) स्याह (d) काला

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) 'सफेद' शब्द का विलोम 'स्याह' है। उजला का विलोम 'मैला' तथा काला का विलोम गोरा है।

330. 'अशक्त' का विलोम शब्द क्या है?

(a) विशक्त (b) नशक्त
(c) आसक्त (d) सशक्त

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'अशक्त' का विलोम शब्द 'सशक्त' है।
विलोम शब्द:- विपरीत अर्थ में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को विलोम शब्द अथवा विपरीतार्थक शब्द कहा जाता है। **जैसे-**

शब्द	विलोम
अलभ्य	लभ्य
अज्ञ	विज्ञ
अधम	उत्तम
अवनत	उन्नत

331. 'असीम' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?

(a) अनंत (b) ससीम
(c) अम्बर (d) अवकाश

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

शब्द		विलोम
असीम	-	ससीम
अनंत	-	अंत
अम्बर	-	अवनि
अवकाश	-	अनवकाश

332. 'निराधार' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?

(a) साक्षर (b) साल
(c) साध्य (d) साधार

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

शब्द		विलोम
निराधार	-	साधार/आधार
साक्षर	-	निरक्षर
साध्य	-	असाध्य
खण्डन	-	मण्डन

333. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''स्थूल'' का विलोमार्थी है?

(a) भयावह (b) स्थिर
(c) सूक्ष्म (d) विकराल

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC Junior Assistant 04/01/2020 (Shift-I)
DSSSB PRT 13/10/2018
UPPCL Stenographer, 2018
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा 13/10/2018

उत्तर : (c)

	शब्द		विलोम शब्द
1.	स्थूल	–	सूक्ष्म
2.	भयभीत	–	निर्भय/निडर/निर्भीक/अभय
3.	विराट	–	क्षुद्र
4.	सच्चरित्र	–	दुश्चरित्र

334. दिए गए विकल्पों में से ''व्यापक'' शब्द का विरुद्धार्थी शब्द चुनिए।

(a) विस्तार (b) संकुचित
(c) अध्यापक (d) व्यापार

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (b) 'व्यापक' शब्द का विपरीतार्थक शब्द 'संकुचित' होता है।

335. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''वैमनस्य'' का विलोमार्थी है?

(a) सौमनस्य (b) मानस
(c) लड़ाई (d) आदर

UPPCL Stenographer, 2018

@RexstarPdf

उत्तर : (a)

शब्द		विलोम शब्द
वैमनस्य	–	सौमनस्य
आदर	–	अनादर
अतिवृष्टि	–	अनावृष्टि
व्यष्टि	–	समष्टि

अधोलिखित शब्द में विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिए हैं। उनमें से सबसे उचित विकल्प चुनिए।

336. लाचार

(a) समर्थ (b) सशक्त
(c) सबल (d) सामर्थ्यशाली

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b)

शब्द		विलोम
लाचार	–	सशक्त
असमर्थ	–	समर्थ
निर्बल	–	सबल

निर्देश–विलोम शब्द का चयन कीजिये–

337. विपद् का विलोम शब्द है –

(a) आपद (b) संपद्
(c) संबद्ध (d) आबद्ध

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) विपद् का विलोम शब्द 'संपद्' है। विलोम की दृष्टि से शेष सभी असंगत हैं। संबद्ध का विलोम आबद्ध होगा।

338. 'व्यास' का विलोम शब्द है-

(a) समास (b) संश्लेषण
(c) संक्षेप (d) लघु

UP TET Re. Exam 2021
जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'व्यास' का विलोम 'समास' होता है जबकि 'संक्षेप' का विलोम 'विस्तृत' तथा 'लघु' का विलोम 'दीर्घ' होता है।

339. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'यथेष्ट' का विलोमार्थी है?

(a) अमंगल (b) स्वल्प
(c) यथावत (d) कृपण

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'यथेष्ट' का विलोमार्थी शब्द 'स्वल्प' होगा शेष विकल्प असंगत हैं। अमंगल का विलोम मंगल होगा।

340. रुग्ण का विलोम शब्द है –

(a) स्थूल (b) स्वस्थ
(c) बीमार (d) कर्मठ

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) रुग्ण का विलोम 'स्वस्थ' होता है, जबकि स्थूल का विलोम 'सूक्ष्म' और बीमार का विलोम 'स्वस्थ' होता है। रुग्ण का शाब्दिक अर्थ 'रोगी' होता है।

341. निम्नलिखित शब्द के विलोम शब्द का चयन, दिए गए विकल्पों में से करें।
नष्ट-

(a) एकत्रित (b) जोड़
(c) सर्जन (d) समग्र

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर. (c): 'नष्ट' शब्द का विलोम शब्द 'सर्जन' होता है; जबकि जोड़ का विलोम घटाव तथा एकत्रित का विलोम विकीर्णित होगा।

342. निम्नलिखित में एक 'निर्भीक' का विलोम नहीं है–

(a) साहसी (b) डरपोक
(c) कातर (d) कायर

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (a) उपर्युक्त विकल्पों में कातर, डरपोक, कायर ये सभी निर्भीक के विलोम शब्द हैं, जबकि साहसी इसका विलोम शब्द नहीं है।

343. 'निर्दय' का विलोम शब्द है–

(a) सहृदय (b) सह्य
(c) सभय (d) सदय

UP RO (Pre.) 2013
(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (d) 'निर्दय' शब्द का विलोम शब्द 'सदय' होता है। शेष सहृदय, सभय, सह्य असम्बद्ध हैं।

अधोलिखित शब्द में विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिए हैं। उनमें से सबसे उचित विकल्प चुनिए।

344. तिरस्कार

(a) स्वागत (b) सम्मान
(c) आतिथ्य (d) प्रशंसा

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b)

शब्द		विलोम
तिरस्कार	–	सम्मान
प्रशंसा	–	निन्दा/अप्रशंसा
आतिथ्य	–	भर्त्सना
स्वागत	–	अवहेलना

345. 'जटिल' का विलोम होगा–

(a) कठिन (b) रूढ़
(c) सरल (d) मुश्किल

DSSSB PRT 24.03.2022 (Shift-III)
UP RO (Main), 2014
UPSSSC VDO, 22-dec-2018 (I[st] Shift)
UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift

उत्तर : (c) दिए गए विकल्पों के विवरण–

शब्द		विलोम
जटिल	–	सरल
रूढ़	–	यौगिक
सरल	–	कठिन
मुश्किल	–	आसान

निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए प्रत्येक वाक्य में शब्दों के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प छांटिए–

346. निरन्तर अभ्यास करने में जड़मति भी..... बन जाता है–

(a) सज्जन (b) सुजान
(c) सुबोध (d) सुयोग्य

UPPCL TG2 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिये गये रिक्त स्थान मे उचित शब्द **सुजान** भरा जाएगा। **अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा–** 'निरन्तर अभ्यास करने से जड़मति भी सुजान बन जाता है। जड़मति का अर्थ मूर्ख होता है जिसका विलोम सुजान (ज्ञानी) होगा।

निर्देश : नीचे लिखे शब्द का सही विलोम चुनिए।

347. गरल

(a) शर्बत (b) सुधा
(c) रस (d) जल

DSSSB ग्रेड-III, परीक्षा 24/09/2017
परिचालक परीक्षा, 2015
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) 'गरल' का विलोम 'सुधा', 'जल' का विलोम 'थल' होता है।

348. हमें <u>अनाथ</u> बच्चों की मदद करनी चाहिए। रेखांकित शब्द का विलोम बताइए।

(a) सनाथ (b) अज्ञ
(c) अपाहिज (d) जिसका कोई न हो

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift
UK PSC AE 2013
UPSI 17/07/2017 (Shift-II)

उत्तर : (a) दिए गए विकल्पों के विवरण–

शब्द		**विलोम**
अनाथ	–	सनाथ
अज्ञ	–	विज्ञ
आहूत	–	अनाहूत
अमर	–	मर्त्य

349. 'अलभ्य' का विलोम शब्द है–

(a) सुगम (b) सहज
(c) सरल (d) सुलभ

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (d) अलभ्य का विलोम शब्द **सुलभ** होगा, जबकि सुगम का विलोम 'दुर्गम', सहज का विलोम 'असहज' व सरल का विलोम 'कठिन' होता है।

निर्देश : निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द चुनिए।

350. असुर का इनमें विरोधी क्या है?

(a) सुर (b) देवता
(c) भगवान (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : असुर का विरोधी सुर है। विलोम शब्द अर्थात ऐसा शब्द जो दिये गये शब्द का उल्टा अर्थ बताये। **सुर** का समानार्थी शब्द - भगवान, देव या देवता, अमर, विबुध, त्रिदस, गीर्वाण आदि है।

351. विस्तार का विलोम बताइए–

(a) लघु (b) छोटा
(c) सूक्ष्म (d) संक्षेप

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (d) : विस्तार का विलोम संक्षेप होता है। लघु, दीर्घ का तथा छोटा, बड़ा का विलोम है, जबकि सूक्ष्म, स्थूल का विलोम है।

352. एकाधिकार का विलोम शब्द है–

(a) अनेकाधिकार (b) सर्वाधिकार
(c) पराधिकार (d) परमाधिकार

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : एकाधिकार का विलोम **सर्वाधिकार** होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

353. यायावर का विलोम क्या होगा?

(a) दिवा (b) रात्रि
(c) स्थिर (d) चंचल

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (c) : शब्द एवं उनके विलोम हैं–

शब्द		**विलोम**
यायावर	–	स्थिर
दिवा	–	रात्रि
चंचल	–	स्थिर

354. मंथर गति

(a) सत्वर गति (b) द्रुत गति
(c) उक्त दोनों (d) उक्त दोनों नहीं

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : मंथर गति का विलोम शब्द **सत्वर गति** है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

355. जागृति

(a) विश्राम (b) सुषुप्ति
(c) निद्रा (d) आलस्य

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : जागृति शब्द का विलोम शब्द **सुषुप्ति** है। जबकि निद्रा का विलोम शब्द जागरण होता है। अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

356. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सही विलोम शब्द नहीं है?

(a) स्वजन–दुर्जन (b) श्याम–श्वेत
(c) सृजन–संहार (d) संक्षेप–विस्तार

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (a) : दिये गये शब्दों के विलोम शब्द हैं।

शब्द		**विलोम**
स्वजन	–	परिजन
दुर्जन	–	सज्जन
सृजन	–	संहार
संक्षेप	–	विस्तार

357. 'स्तुत्य' का विलोम है :

(a) व्हास (b) हास
(c) हेय (d) हानि

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'स्तुत्य' का विलोम 'हेय' है। 'हास' का विलोम 'रुदन' तथा 'हानि' का विलोम 'लाभ' होता है।

@RexstarPdf

निर्देश : लिखित शब्द का विलोम शब्द चुनिए।

358. 'कृश'

(a) विटप (b) हृष्ट-पुष्ट
(c) केश (d) भव

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) 'कृश' का विलोम 'हृष्ट-पुष्ट' होता है। कृश का अर्थ 'दुबला-पतला' होता है।

359. निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प विलोम की दृष्टि से सही नहीं है?

(a) सुबुद्धि – असुबुद्धि (b) आरोह – अवरोह
(c) उत्कर्ष – अपकर्ष (d) कीर्ति – अपकीर्ति

UP TET 2019
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (a) : दिये गये शब्द युग्मों में विलोम की दृष्टि से 'सुबुद्धि–असुबुद्धि' शब्द युग्म सही नहीं है। सही युग्म इस प्रकार होगा-

शब्द	विलोम शब्द
सुबुद्धि	दुर्बुद्धि
उत्कर्ष	अपकर्ष
कीर्ति	अपकीर्ति
आरोह	अवरोह

360. विलोम शब्दों के अनुचित जोड़े को पहचानिए–

(a) लभ्य – अलभ्य (b) शेष – अशेष
(c) शिष्ट – परिशिष्ट (d) शीर्ष – तल

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विलोम शब्दों में 'शिष्ट – परिशिष्ट' जोड़ा अनुचित है। शिष्ट का विलोम 'अपशिष्ट होगा।

361. विपरीतार्थक शब्दों की दृष्टि से एक युग्म सही नहीं है-

(a) मुख्य - गौण (b) विवाद - निर्विवाद
(c) जय - पराजय (d) व्यस्त – निरस्त

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : विपरीतार्थक शब्दों की दृष्टि से **'व्यस्त-निरस्त'** युग्म सही नहीं है। जिसका शुद्ध रूप इस प्रकार है-

शब्द	विलोम
व्यस्त	अव्यस्त
मुख्य	गौण
विवाद	निर्विवाद
जय	पराजय

362. शब्द और विलोम की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?

(a) यौवन-वार्धक्य (b) लोलुप-संतुष्ट
(c) विश्लेषण-विवेचन (d) एकांगी-सर्वांगीण

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (c) : शब्द और विलोम की दृष्टि से 'विश्लेषण' का विलोम संश्लेषण होना चाहिए न कि विवेचन।

363. निम्नलिखित विकल्पों में दो शब्दों का जोड़ा (प्रथमः द्वितीय) दिया जा रहा है। वह जोड़ा ज्ञात करें, जिसमें द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के विपरीत हो।

(a) व्योमःनभ (b) मुक्तहस्तःकृपण
(c) दैत्यःदनुज (d) भिन्नःपृथक्

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में **मुक्तहस्त** : कृपण' जोड़ा द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के विपरीत है। शेष विकल्पों के शब्द युग्म समानार्थी हैं।

364. नीचे दिये शब्द युग्म में कौन-सा त्रुटिपूर्ण है?

(a) अनुग्रह – आग्रह (b) अनन्त – सान्त
(c) जड़ – चेतन (d) आकृष्ट – विकृष्ट

(UPUDA Main 2010)

उत्तर : (a) अनन्त का विलोम सान्त, जड़ का विलोम चेतन और आकृष्ट का विलोम विकृष्ट होगा। अनुग्रह का विलोम विग्रह होता है न कि आग्रह।

365. निम्नलिखित में से गलत विलोम शब्द युग्म कौन है?

(a) प्रवेश – नवेश
(b) मूक – वाचाल
(c) भूत – भविष्य
(d) पुरस्कार – तिरस्कार

आडिटर परीक्षा, 1996

उत्तर : (a) मूक का विलोम वाचाल; भूत का विलोम भविष्य, पुरस्कार का तिरस्कार और प्रवेश का विलोम निषेध होता है; 'नवेश' नहीं।

366. निम्नलिखित विलोम युग्मों में एक शब्द युग्म शुद्ध नहीं है–

(a) आयात-निर्यात (b) पाप-पुण्य
(c) बद्ध-मुक्त (d) नूतन-सनातन

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (d) आयात का विलोम शब्द 'निर्यात', पाप का विलोम शब्द 'पुण्य', बद्ध का विलोम शब्द 'मुक्त' होगा, जबकि नूतन और सनातन विलोम नहीं हैं। जबकि नूतन का विलोम 'पुरातन' होगा।

367. इनमें से असंगत विलोम शब्द का जोड़ा कौन-सा है?

(a) गुप्त-प्रकट (b) कुटिल-सरल
(c) दोस्त-सखा (d) गुरु-लघु

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'दोस्त– सखा' युग्म विलोम की दृष्टि से असंगत है, क्योंकि 'दोस्त' का विलोम 'दुश्मन' होता है। शेष विलोम युग्म के जोड़े संगत हैं।

368. 'नैसर्गिक एवं जंगम' शब्दों के उचित विलोम है–

(a) नूतन–चेतन
(b) कृत्रिम–स्थावर
(c) पौरस्त्य–तृप्ति
(d) अकृत्रिम–लाघव

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

@RexstarPdf

उत्तर. (b) दिये गये शब्दों के विलोम शब्द हैं-

शब्द		विलोम
नैसर्गिक	–	कृत्रिम
जंगम	–	स्थावर
चेतन	–	जड़
नूतन	–	पुरातन
पौरस्त्य	–	पाश्चात्य
तृप्ति	–	तृष्णा
अकृत्रिम	–	कृत्रिम
लाघव	–	गौरव

369. अनुचित विकल्प जोड़ा कौन-सा है?

(a) अनुराग-विराग (b) कटु-मधुर
(c) उन्नत-उन्नति (d) अल्पज्ञ-बहुज्ञ

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) 'उन्नत-उन्नति' परस्पर विलोम नहीं हैं। उन्नत का विलोम 'अवनत' तथा उन्नति का विलोम 'अवनति' होगा। शेष सभी परस्पर विलोम शब्द हैं।

370. निम्नलिखित में कौन सा विलोम युग्म त्रुटिपूर्ण है?

(a) अपेक्षा - उपेक्षा (b) अग्रज - अनुज
(c) उन्नत - अवगत (d) आदान - प्रदान

(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (c) दिये गये विलोम युग्म में अपेक्षा - उपेक्षा, अग्रज - अनुज और आदान - प्रदान सही विलोम युग्म हैं, जबकि 'उन्नति' का विलोम 'अवनति' होता है; न कि अवगत।

371. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों की दृष्टि से एक युग्म गलत है, वह है–

(a) विधि–निषेध (b) आह्वान–विसर्जन
(c) आग्रह–विग्रह (d) अमिय–हलाहल

DSSSB PGT 25.07.2018
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : विलोम की दृष्टि से गलत युग्म 'आग्रह–विग्रह' है। सही विलोम युग्म हैं–

शब्द		विलोम
विधि	–	निषेध
आह्वान	–	विसर्जन
आग्रह	–	दुराग्रह
अमिय	–	हलाहल
संधि	–	विग्रह

372. विलोम शब्द की दृष्टि से इनमें से सही युग्म है–

(a) अकीर्ण–विकीर्ण (b) ईप्सित–अभीप्सित
(c) आदृत–निरादृत (d) दोष–सदोष

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : विलोम की दृष्टि से सही युग्म आदृत–निरादृत है। अन्य शब्दों का सही विलोम है– संकीर्ण–विकीर्ण, ईप्सित–अनीप्सित, अदोष–सदोष, दोष–गुण।

373. विलोम शब्द की दृष्टि से इनमें एक युग्म गलत है, वह है–

(a) अमित–परिमित
(b) सत्कार–तिरस्कार
(c) आच्छादित–परिच्छन्न
(d) सुख–दुःख

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : विलोम शब्दों की दृष्टि से 'आच्छादित–परिच्छन्न' गलत युग्म है। आच्छादित का विलोम अनाच्छादित होता है। विलोम की दृष्टि से अन्य युग्म सही हैं।

374. निम्नलिखित में कौन-सा विलोम-युग्म त्रुटिपूर्ण है?

(a) क्षर – अक्षर
(b) समास – व्यास
(c) स्वल्पायु – चिरायु
(d) आहार – विहार

(UPUDA Main 2010)

उत्तर : (d) क्षर का विलोम 'अक्षर', समास का 'व्यास' और स्वल्पायु का 'चिरायु' होता है। आहार का विलोम 'विहार' न होकर 'निराहार' होता है।

375. इनमें से सही विलोम शब्द युग्म कौन-सा है?

(a) आदान–प्रदान
(b) आदान–निदान
(c) प्रदान-विदान
(d) आदान-समाधान

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (a) : 'आदान-प्रदान' सही विलोम युग्म है।

376. निम्नलिखित विकल्पों में दो शब्दों का जोड़ा (प्रथमःद्वितीय) दिया जा रहा है। वह जोड़ा ज्ञात करें, जिसमें द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के विपरीत हो।

(a) अधमःउत्तम
(b) सत्वःसार
(c) स्वत्वःअधिकार
(d) छटाःशोभा

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'अधम : उत्तम' शब्दों का जोड़ा एक-दूसरे के विपरीतार्थक हैं, जबकि अन्य सभी विकल्पों में शब्दों के जोड़े एक-दूसरे के समानार्थी हैं।

377. इनमें कौन सी विपरीत शब्दों की उचित जोड़ी नहीं है?

(a) अपाच्य × कुपाच्य
(b) शुक्ल × कृष्ण
(c) बर्बर × सभ्य
(d) अज्ञ × विज्ञ

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर :(a) निम्न विकल्पों में से 'अपाच्य-कुपाच्य' जोड़ा उचित नहीं है, क्योंकि 'कुपाच्य' का विलोम 'सुपाच्य' होता है। शेष विकल्पों की जोड़ी उचित है।

@RexstarPdf

14.

पर्यायवाची शब्द

1. निम्न विकल्पों में से कौन सा शब्द दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है? मेरे घर के सामने जो बाग है, वह फूलों और 'लता' से भरा है।

(a) वल्लरी (b) वेल्ली
(c) बेल (d) तरंग

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : निम्न विकल्पों में से 'तरंग' शब्द दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है। लता के निम्न पर्यायवाची हैं– लतिका, बेल, वल्लरी, मंजरी, कलगी आदि।

2. 'कंदर्प', 'पंचशर' और पुष्पधन्वा' यह निम्नलिखित में से किसके पर्यावाची शब्द हैं?

(a) कामदेव (b) गौरीसुत
(c) वंशीधर (d) यक्षराज

म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2018
UP TGT 2010
DSSSB PGT - 25.07.2018 (9:00 am - 12:00 pm)
UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

ANs. (a) : दिये गये शब्द 'कंदर्प, पंचशर और पुष्पधन्वा शब्द 'कामदेव' के पर्यायवाची हैं। अन्य विकल्पों के पर्यायवाची निम्न हैं-

शब्द		पर्यायवाची
वंशीधर	-	गिरधर, गोपाल, मुरारी, माखनचोर
गौरीसुत	-	गणपति, लंबोदर, गजमुख, मूषकवाहन
यक्षराज	-	कुबेर, धनद, धनपति

3. 'रामू बेहद गरीब है'।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उपयुक्त पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।

(a) निस्सार (b) निर्धन
(c) निर्बाध (d) निबद्ध

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य रामू बेहद गरीब है। में रेखांकित शब्द 'गरीब' का पर्यायवाची शब्द निर्धन होगा।
निर्धन के अन्य पर्यायवाची शब्द - दरिद्र, कंगाल, दीन, रंक, मुफलिज आदि।

4. निम्न समानार्थी शब्दों में से उचित शब्द का प्रयोग करके दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति करें-
विधानसभा का चुनाव एक निश्चित _____ के लिए होता है।

(a) समय (b) अवधि
(c) काल (d) युग

SSC GD 06/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : विधानसभा का चुनाव एक निश्चित अवधि के लिए होता है। प्रश्नगत विकल्पों में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'अवधि' उचित शब्द है।

5. विकल्पों में दिया गया कौन-सा शब्द निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
मेरा घर मेरे विद्यालय के 'पास' ही है।

(a) निकट (b) समीप
(c) दूर (d) सन्निकट

SSC GD 06/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : पास का पर्यायवाची शब्द 'दूर' नहीं है। बल्कि पास का पर्यायवाची शब्द- निकट, समीप, सन्निकट, करीब, आस-पास, नजदीक आदि हैं।

6. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है?

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)
UPSSSC सहायक संख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)
UPSI 28/11/2021 (Shift -II)
UPSI 21/11/2021(Shift -III)
UPSI 21.07.2017 Shift-II
इलाहाबाद हाईकोर्टगुप 'D' परीक्षा -2017
लोअर-2 परीक्षा, 2015
DSSSB हेड कांस्टेबल परीक्षा-29/09/2014

उत्तर : (b) अर्थ के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं-
(1) एकार्थी शब्द (2) अनेकार्थी शब्द (3) समानार्थी/पर्यायवाची शब्द (4) विपरीतार्थी/ विलोम शब्द।

7. 'अंक' शब्द का अर्थ नहीं होता है

(a) गोद (b) चिह्न
(c) संख्या (d) अंग

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
[UPCSA 2019]
UPSSSC वनरक्षक 02.02.2018 (Shift-II)

उत्तर. (d) : 'अंग' अंक शब्द का अर्थ नहीं है जबकि गोद, चिह्न और संख्या अंक का ही अर्थ है। अंग का अर्थ हैं- शरीर, शरीर का कोई अवयव, अंश और शाखा।

8. द्रवहु सो दशरथ 'अजिर' बिहारी में रेखांकित शब्द का क्या अर्थ है?

(a) बूढ़ा (b) अमर
(c) आंगन (d) ज्वर रहित

[लेखपाल भती परीक्षा 2008]

उत्तर : (c) 'द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी' में रेखांकित शब्द 'अजिर' का आशय 'आंगन' होता है।

@RexstarPdf

9. 'अनिल' का पर्यायवाची शब्द है:

(a) पवन (b) चक्रवात (c) अनल (d) पावस

UPSSSC PET 2022 (Shift-I) 16/10/2022

उत्तर : (a) 'अनिल' का पर्यायवाची शब्द 'पवन' है। अनिल के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- समीर, वात, पवमान, समीरण, प्रवात, मारुत आदि। अनल के पर्यायवाची शब्द हैं- अग्नि, पावक, हुताशन, कृशानु, वैश्वानर, दहन, धूमकेतु आदि।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा 'अंधकार' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) तिमिर (b) ध्वांत (c) तमिस्र (d) निलय

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में से 'निलय' अंधकार का पर्यायवाची शब्द नहीं है। 'निलय' के पर्यायवाची शब्द हैं- गृह, वास, आलय, निकेतन, शाला, सदन इत्यादि।

11. 'अनी' शब्द का सही पर्यायवाची बताइए।

(a) स्वादिष्ट (b) शफरी (c) सेना (d) सेतु

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'अनी' शब्द का सही पर्यायवाची 'सेना' है। स्वादिष्ट, दुष्ट, सेतु इत्यादि असंगत हैं।

12. 'आनंद' शब्द का उचित पर्यायवाची शब्द है

(a) मोद, हर्ष (b) अचल, प्रमोद

(c) तनुज, आमोद (d) शाल, उल्लास

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'आनन्द' शब्द का उचित पर्यायवाची शब्द मोद तथा हर्ष होगा। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द निम्न हैं- हर्ष, आमोद, प्रमोद, उल्लास, आह्लाद आदि।

13. 'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची है -

(a) औरत (b) देवांगना

(c) आराधना (d) पार्वती

UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UP TGT - 2021

उत्तर : (d) : 'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची 'पार्वती' होगा। अपर्णा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गौरी, गिरिजा, पार्वती, भवानी, रुद्राणी।
दिये गये अन्य विकल्पों के पर्यायवाची शब्द निम्न हैं –

शब्द		पर्यायवाची शब्द
स्त्री	-	स्त्री, वनिता, कान्ता, रमणी, नारी, अबला
आराधना	-	प्रार्थना, पूजा, अर्चना
देवांगना	-	मेनका, देवबाला, अप्सरा

14. इनमें से 'अरण्य' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(a) शस्य (b) कुलीन

(c) कांतार (d) आभारी

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
UPPCS (Pre) 2022
UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
SSC GD 14/02/2019 (Shift-II)
UPSI Batch-III 14 Dec.2017
UP NT Exam 2008
UPPSC AE 2007

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में से 'कांतार' शब्द अरण्य' का पर्यायवाची शब्द है। अरण्य के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- वन, कानन, विपिन, बीहड़, विटप, अख्य इत्यादि।

15. 'आडम्बर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(a) ढोंग (b) पाखंड (c) दर्प (d) ढकोसला

उत्तर : (c) : 'आडम्बर' का पर्यायवाची 'दर्प' नहीं है, 'दर्प' के पर्यायवाची शब्द हैं– अहंकार, अभिमान, घमंड इत्यादि, जबकि ढोंग, पाखंड तथा ढकोसला 'आडम्बर' के पर्यायवाची शब्द हैं।

16. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

(a) अक्स (b) नजरिय

(c) लोचन (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
UPLA.RO/ARO 22.11.2020
UPSSSC Junior Assistant 04/01/2020 (Shift-II)
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा -2018
UPSI 19.07.2017 Shift-II
जूनियर इंजीनियर परीक्षा -2015

उत्तर : (c) : 'आँख' का पर्यायवाची शब्द 'लोचन' होगा। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द निम्न हैं-
आँख– नेत्र, नयन, लोचन, चक्षु, अंबक आदि।
अक्स– प्रतिबिम्ब, छाया, आदि।
नजरिया– दृष्टिकोण, मत, परिप्रेक्ष्य आदि।

17. इनमें से 'आगार' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा नहीं है?

(a) घर (b) घाम (c) भवन (d) आवास

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
SSC GD 02/03/2019 (Shift-I)
UPSI Batch-II 21/11/2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा-2015
लोअर-2 परीक्षा 2015
DIET PGT 2014

उत्तर : (b) : घाम शब्द 'आगार' का पर्यायवाची नही है। शेष सभी 'आगार' के पर्यायवाची हैं।
आगार के पर्यायवाची – घर, सदन, भवन, धाम, निकेतन, निवास, आयतन, आलय, निलय, मंदिर, आवास।

18. किसान बहुत मेहनत करते हैं।

(a) खेतीजीवी (b) सुरपति

(c) किन्नराधिपति (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'खेतीजीवी' किसान का पर्यायवाची शब्द है। किसान के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- काश्तकार, कृषिजीवी, हलधर, खेतिहर, अन्नदाता आदि।

@RexstarPdf

19. 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है:

(a) पट (b) वसन
(c) धरित्री (d) चीर

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 13/10/2018
UPPSC AE 2013

उत्तर : (c) : 'कपड़ा' का पर्यायवाची शब्द 'धरित्री' नहीं है। 'धरित्री' धरती का पर्यायवाची शब्द है। धरती के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- अचला, धरा, मही, 'रत्नगर्भा', क्षिति, उर्वी, भूमि, पृथ्वी, धरणी, वसुंधरा आदि। जबकि पट, वसन तथा चीर, कपड़ा के पर्यायवाची शब्द हैं।

20. 'कोकिला' का पर्यायवाची शब्द है-

(a) तनय (b) चातक
(c) कोयल (d) पपीहा

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'कोकिला' का पर्यायवाची शब्द 'कोयल' है। कोकिला के अन्य पर्यायवाची शब्द – कोयल, श्यामा, बसंतदूत, कादम्बरी।

21. 'केला' का पर्यायवाची शब्द है:

(a) कदली (b) कुमुद
(c) कैरव (d) भानु

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'केला' का पर्यायवाची शब्द 'कदली' है। केला के अन्य पर्यायवाची शब्द – रम्भा, भानुफल आदि।

22. 'किनारा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) तट (b) मुहाना
(c) तीर (d) कर

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'किनारा' का पर्यायवाची शब्द 'कर' नहीं है। कर 'लगान' का पर्यायवाची शब्द है। जबकि तट, मुहाना तथा तीर, किनारा के पर्यायवाची शब्द हैं।

23. निम्न में से 'कौशल' और 'चातुर्य' का पर्यायवाची कौन सा नहीं है?

(a) पटुता (b) प्रवीणता
(c) दक्षता (d) सुरसरिता

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPSI Batch-III 16 Dec.2017
DSSSB LDC 30/08/2015

उत्तर : (d) : दिये गये शब्द 'कौशल' और 'चातुर्य' का पर्यायवाची 'सुरसरिता' नहीं है। 'सुरसरिता' गंगा का पर्यायवाची है। जबकि पटुता, प्रवीणता तथा दक्षता, कौशल और चातुर्य के पर्यायवाची शब्द हैं।

24. गंगा का पर्यायवाची शब्द नहीं है-

(a) भगीरथ (b) त्रिपथगा
(c) रवितनया (d) देवनदी

UP TGT 2004
UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'रवितनया' गंगा का पर्यायवाची नहीं है जबकि भगीरथ, त्रिपथगा एवं देवनदी गंगा के पर्यायवाची हैं।

यमुना के पर्यायवाची – रवितनया, कालिंदी, कालगंगा, भानुजा, अर्कजा, कृष्णा, तरणि-तनुजा आदि।
गंगा के पर्यायवाची – मंदाकिनी, देवपगा, सुरसरिता, ध्रुवनंदा, त्रिपथगा, नदीश्वरी आदि।

25. निम्न में से 'पक्षी' शब्द का पर्यायवाची नहीं है:

(a) विहंग (b) गाछ (c) खग (d) शकुन्त

DSSSB PGT - 24.07.2018 (9:00 am - 12:00 pm)
UP TGT 2021
KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)
KVS PRT 28.02.2023 (Shift-I)
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Shift-II
UPPSC AE 13/12/2020
SSS GD 06/03/2019, Shift-I
UPP Constable 19.06.2018 IInd Shift
DSSSB TGT Hindi, 28/08/2018, III Shift
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
DSSSB DASS Grade-II (Tior-I) 25/06/2017
Ashram Paddhati PGT 2012

Ans : (b) पक्षी के पर्यायवाची शब्द–पतंग, पक्षी, खग, विहग परिन्दा, चिड़िया, गगनचर, पखेरू, विहंग, शकुन्त, अण्डज, खेचर आदि है, जबकि गाद्य पक्षी का पर्यायवाची नहीं है। गाछ के पर्यायवाची-द्रुम, वृक्ष, पेड़, पादप, विटप, तरु होता है।

26. चंद्रमा रात्रि की शोभा बढ़ाता है।

(a) अंशुमाली (b) सुधांशु
(c) प्रभाकर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Haryana TGT 2020
SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
SSC GD Constable 06/01/2022 (9.00-10.00)
UPSI Batch-II Dec 2017
UKPSC AE 2017
UPSI Batch-III 22 Dec 2017
UPPSC RO/ARO Re. Exam-2016
जूनियर इंजीनियर परीक्षा-2015
DSSSB LDC 31/08/2015
UPPCL 2004

उत्तर : (b) : 'चंद्रमा' रात्रि की शोभा बढ़ाता है। वाक्य में रेखांकित शब्द 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची शब्द 'सुधांशु' होगा। चन्द्रमा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- शशि, रजनीश, राकापति, विधु, मयंक आदि।

27. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?

(a) रसना, जिह्वा, जबान (b) चाप, धनु, चपला
(c) निर्वाण, कैवल्य, मुक्ति (d) कुबेर, राजराज, यक्षराज

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (b) : चाप, चपला, आपस में पर्यायवाची नहीं हैं। चाप व धनु आपस में पर्यायवाची हैं।

शब्द	पर्यायवाची
धनु	सारंग, चाप, शरासन, धनुष, धनुही इत्यादि
चपला	विद्युत, दामिनी, तडित, चंचला इत्यादि

@RexstarPdf

28. 'नागर' का पर्याचवाची शब्द है-

(a) नगर (b) देवनागरी
(c) चतुर (d) ढोल

UPSSSC PET 2022 (Shift-II) 16/10/2022

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'नागर' का पर्यायवाची शब्द 'चतुर' है। नागर के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- विज्ञ, दक्ष, निपुण कुशल, प्रवीण, पटु आदि।

29. 'चोर' का पर्यायवाची शब्द है-

(a) खनक (b) उदक
(c) धूसर (d) थलचर

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (a) : 'चोर' का पर्यायवाची शब्द 'खनक' है।
खनक – चोर, दस्यु, रजनीचर, तस्कर, कुम्भिल, कंभिज
उदक – पानी, नीर, सलिल, अम्बु, तोय, पय, अमृत, सारंग।
धूसर – गदहा, खर, गर्दभ, वैशाखनन्दन, रासभ, चक्रीवान, गधा।

30. निम्नलिखित विकल्पों में से 'चंचरीक' शब्द का पर्यायवाची चुनिए -

(a) हवा (b) भ्रमर
(c) मित्र (d) पुत्र

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)
KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UP NT Exam 2008

उत्तर : (b) : 'चंचरीक' शब्द का पर्यायवाची 'भ्रमर' होगा।
भ्रमर शब्द के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – भौंरा, लंपट, मधुप, कामुक, अलि, षट्पद, मधुकर, द्विरेफ
दिये गये अन्य विकल्पों के अन्य पर्यायवाची शब्द निम्न हैं –
हवा - पवन, अनिल, समीर, वायु, बयार
मित्र - सखा, दोस्त, सहचर, सुहृद, संगी
पुत्र - पूत, तनय, लाल, छोरा, आत्मज

31. जल ही जीवन है।

(a) समीर (b) ललित
(c) इला
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
SSC GD Constable 10-11-2023 (5:15-6:15)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UPP Constable 19.06.2018 Shift-I
UPSI Batch-I 19 Dec. 2017

उत्तर : (e) : दिए गए विकल्पों में 'जल' का पर्यायवाची शब्द उपर्युक्त में से कोई नहीं है। जल के पर्यायवाची शब्द हैं- वारि, अम्बु, नीर, पानी आदि।

32. 'जलवृष्टि के कारण चारों ओर हरियाली छा गई' वाक्य के रेखांकित शब्द की जगह कौन-सा पर्यायवाची शब्द उपयुक्त हो सकता है?

(a) बादल (b) वर्षा
(c) काली घटा (d) बूँद

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर: (b) दिये गये वाक्य 'जलवृष्टि के कारण चारों ओर हरियाली छा गई' के रेखांकित शब्द 'जलवृष्टि' की जगह पर्यायवाची शब्द 'वर्षा' उपयुक्त होगा। 'वर्षा' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- बरसात, बारिश, वृष्टि, जलार्णव, मेह, पावस इत्यादि।

33. निम्न में से कौन से विकल्प में पर्यायवाची युग्म सही नहीं है?

(a) जलधि – अम्बुद (b) सरोवर – पुष्कर
(c) पुरन्दर – अमरपति (d) फणी – उरग

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में 'जलधि-अम्बुद' पर्यायवाची युग्म सही नहीं हैं, क्योंकि जलधि 'समुद्र' का तथा अम्बुद 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है। अन्य पर्यायवाची युग्म सही हैं।

34. देह का पर्यायवाची नहीं है-

(a) काया (b) शरीर
(c) तन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : 'देह' का पर्यायवाची शब्द – काया, शरीर, तन, बदन, गात्र आदि हैं। उपर्युक्त में से सभी देह के पर्यायवाची शब्द है अतः उपर्युक्त में से कोई विकल्प सही नही है।

35. दुर्जन

(a) शठ (b) कपटी
(c) कंजूस
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'कंजूस' शब्द 'दुर्जन' का पर्यायवाची शब्द नहीं है। दुर्जन के पर्यायवाची शब्द – शठ, कपटी, खल, दुष्ट आदि हैं।

36. 'प्रत्युत्पन्नमति' का अर्थ है:

(a) उल्टी खोपड़ी (b) सहनशील
(c) तत्परबुद्धि (d) मंदबुद्धि

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : 'प्रत्युत्पन्नमति' का अर्थ तत्परबुद्धि होगा।
प्रत्युत्पन्नमति का अर्थ है- जो शीघ्र किसी बात को सोच ले अर्थात् तत्परबुद्धि। अन्य शब्दों के अर्थ इस प्रकार होंगे-

शब्द	अर्थ
मंदबुद्धि	कम अक्लवाला
सहनशील	सहन करने वाला
उल्टी खोपड़ी	ऐसा जो उचित ढंग के विपरीत आचरण करता हो।

@RexstarPdf

37. निम्नलिखित शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द होंगे, क्रमशः–

ब्रह्मा, सेवक, ग्रीष्म

(a) प्रजापति, चाकर, शीत (b) नौकर, विधाता, ताप
(c) चतुरानन, भृत्य, निदाघ (d) विधि, विप्र, गरमी

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में से चतुरानन, भृत्य, निदाघ क्रमशः ब्रह्मा, सेवक तथा ग्रीष्म के पर्यायवाची शब्द होंगे।

38. 'पत्नी' शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं–

(a) विभावरी, रजनी (b) चंचला, तड़ित
(c) भार्या, प्राणप्रिया (d) वधू, तनुजा

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
CGPSC (Pre.) 2019
UDA/LDA परीक्षा-2015

उत्तर : (c) : पत्नी शब्द के पर्यायवाची शब्द-भार्या, प्राणप्रिया।
रात्रि के पर्यायवाची-विभावरी, रजनी।
विद्युत के पर्यायवाची-चंचला, तड़ित आदि हैं।

39. जीवन धन का समानार्थी शब्द है?

(a) यमराज (b) पति (स्वामी)
(c) आदमी (d) महीपति

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (b) जीवन धन का समानार्थी शब्द पति (स्वामी) है। यमराज के समानार्थी शब्द-यम, धर्मराज, मृत्यु, अन्तक आदि हैं। आदमी के समानार्थी शब्द-मानव, मनुष्य, मनुज, मानुष, इंसान तथा महीपति के समानार्थी शब्द-अवनीश, नरपति, नरेन्द्र, महिपाल आदि हैं।

40. निम्न में से 'प्रज्ञा और मनीषा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?

(a) विवेक (b) मेधा
(c) मति (d) विधाता

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'प्रज्ञा और मनीषा' का पर्यायवाची विधाता नहीं है। शेष विकल्प 'प्रजा और मनीषा' के पर्यायवाची हैं। प्रज्ञा तथा मनीषा के अन्य पर्याय – बुद्धि, प्रतिभा, ज्ञान, मति, समझ, अक्ल, मेधा, विवेक आदि।

41. बिजली का पर्यायवाची नहीं है-

(a) विद्युत् (b) आभा
(c) चंचला
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)
SSS GD Constable 13/01/2023
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO (Pec.) 2021
UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 Shift-I
UPLA RO/ARO 22.11.2020
SSC GD 11/02/2019 Shift-II
DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am - 12 pm)
GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा - 2017
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित -2016
UPPCS RO/ARO Re. Exam 2016
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा 2015
UPUDA Pre. 2013

उत्तरः (b) 'आभा' शब्द बिजली का पर्यायवाची शब्द नहीं है जबकि विद्युत, चंचला, दामिनी, तड़ित आदि बिजली के पर्यायवाची शब्द हैं। 'आभा' शब्द 'ज्योति' का पर्यायवाची शब्द है।

निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य में एक शब्द रेखांकित है। रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C), (D) और (E) विकल्प है। इनमें से रेखांकित शब्द के लिए, अर्थ की दृष्टि से, उपयुक्त विकल्प में चिह्नित कीजिए।

42. आकाश में काले बादल हैं।

(a) मेघ (b) अभ्र
(c) वारिधर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC Junior Assistant 04/01/2020 (Shift-I)
SSC GD 14/02/2019 Shift-II
UPSI Batch-II 16 Dec. 2017
UPPCS RO/ARO Re. Exam -2016
SSC GD (CRPF) 04/10/2015 (Shift-I)
UP TGT 2011
UP PGT - 2005
UP TGT 2002

उत्तर : (d) : उपर्युक्त में से एक से अधिक विकल्प बादल के पर्यायवाची हैं। बादल के पर्यायवाची शब्द हैं- मेघ, अभ्र, वारिधर, जलद, पर्जन्य, अंबुद आदि।

43. निम्नलिखित में से कौन-से 'यमुना' के सही पर्यायवाची शब्द हैं?

(a) अर्कसुता, रवितनया, कालिंदी
(b) चंचरीक, दुहिता, अर्कजा
(c) कालिंदी, क्षिति, शंकुत
(d) रवितनया, कालिंदी, बसुमती

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)
UPPCL ARO- 2018
UPSI 24.07.2017 Shift-I
UP RO (Pre.) 2016
UPPSC AE 2013
UPPSC Pre. 2013
UPPSC AE 2008

उत्तरः (a) दिये गये विकल्पों में से 'यमुना' के सही पर्यायवाची शब्द हैं- अर्कसुता, रवितनया, कालिंदी, कृष्णा, अर्कजा, सूर्यसुता इत्यादि। शेष विकल्प असंगत हैं।

44. 'रात' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं हैः

(a) रजनी (b) कामिनी
(c) यामिनी (d) विभावरी

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)
UPSSSC सहा. संख्या की अधिकारी (परीक्षा तिथि - 22.05.2022)
SSS GD 18/02/2019
UPSI Batch-II 20 Dec. 2017

@RexstarPdf

UDA/LDA परीक्षा-2015
DSSSB हेड कांस्टेबल परीक्षा -29/06/2014
UPUDA Pre. 2013

उत्तर : (b) 'कामिनी' शब्द रात का पर्यायवाची नहीं है। जबकि दिये गये अन्य विकल्प 'रात' के पर्यायवाची हैं।
कामिनी के पर्यायवाची शब्द हैं- नारी, स्त्री, रमणी, वामा इत्यादि।

45. 'जीभ' का पर्यायवाची है-

(a) वचन (b) रसना (c) ध्वनि (d) जीव

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (b) : 'जीभ' का पर्यायवाची शब्द 'रसना' है। जीभ के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- जिह्वा, रसज्ञा, रसिका, जबान आदि।
'जीव' के पर्यायवाची शब्द – रूह, प्राण, आत्मा, जीवात्मा।
'ध्वनि' के पर्यायवाची शब्द – नाद, रव, स्वर, ताल, आवाज।
'वचन' के पर्यायवाची शब्द – आश्वासन, वादा, प्रण, प्रतिज्ञा।

46. लक्ष्मी का पर्यायवाची नहीं है-

(a) उमा (b) रमा
(c) कमला
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'उमा' शब्द 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है जबकि रमा, कमला, श्री, इंदिरा, पद्मा आदि लक्ष्मी के पर्यायवाची शब्द हैं। 'उमा' शब्द 'पार्वती' का पर्यायवाची शब्द हैं।

47. 'लहू' का समानार्थी शब्द है–

(a) उपल (b) शोणित (c) सेना (d) सेतु

DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-II)
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : 'लहू' का समानार्थी शब्द शोणित होता है। शेष असंगत हैं।

48. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?

(a) कनक, कंचन, निनाद (b) वदन, आनन, आस्य
(c) नियति, विधि, धीवर (d) आशुग, तीर, प्राज्ञता

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : वदन, आनन, आस्य मुँख के पर्यायवाची हैं।

49. 'वनिता' शब्द का पर्यायवाची शब्द है–

(a) महिला (b) शफरी
(c) विधु (d) जानकी

DSSSB PGT - 23.07.2018
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'वनिता' शब्द का पर्यायवाची शब्द 'महिला' है। महिला के अन्य पर्यायवाची-अबला, रमणी, औरत, कामिनी, मादा, नारी।

50. इनमें से 'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द है -

(a) विपुला (b) शर्वरी
(c) धेनुका (d) पयस्विनी

DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am-12 pm)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (a) : 'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द 'विपुला' है।
वसुधा के अन्य पर्यायवाची शब्द – भू, इला, भूमि, धरती, धरित्री, धरणी, वसुंधरा हैं।

51. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?

(a) वृक्ष, द्रुम, विटप (b) हंस, मराल, सारंग
(c) वसंत, रत्नाकर, मधुकर (d) मोती, मुक्ता, मरकट

SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC JE 2016(19/12/2021)
DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am-12 pm)
DSSSB TGT Maths 29/09/2018
DSSSB TGT 21/05/2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा-2015
वनरक्षक परीक्षा-2015

उत्तर : (a) : वृक्ष, द्रुम, विटप परस्पर पर्यायवाची शब्द हैं। वृक्ष के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– पेड़, तरू, पादप, गाद्द, अगम, रूक्ष आदि।

52. निम्नलिखित में से कौन से विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची हैं?

(a) कमला, ज्योति, रोशनी (b) मतंग, कुंजर, कपीश्वर
(c) कुटिल, दुर्जन, इंदीवर (d) शशि, शशांक, सुधांशु

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : शशि, शशांक, सुधांशु शब्द चन्द्रमा पर्यायवाची हैं। चन्द्रमा के अन्य पर्यायवाची शब्द है – रजनीश, राकापति, राकेश, छपाकर, निशाकर, विधु, मयंक आदि।

53. स्त्री का पर्यायवाची नहीं है-

(a) वनिता (b) कांता
(c) सविता
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UP PGT 2010

उत्तर : (c) : 'सविता' शब्द 'स्त्री' का पर्यायवाची शब्द नहीं है बल्कि सूर्य का पर्यायवाची शब्द है। वनिता, कांता, महिला, औरत, नारी, कामिनी, ललना आदि स्त्री के पर्यायवाची शब्द हैं।

54. निम्नलिखित में एक शब्द-युग्म 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है-

(a) हेम-हिरण्य (b) गिरा-वीणापाणि
(c) शारदा-वागीशा (d) भारती-वाणी

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'हेम-हिरण्य' शब्द-युग्म 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है। 'सरस्वती' के पर्यायवाची- शारदा, वागीशा, भारती, वाणी, गिरा, वीणापाणि आदि।
'स्वर्ण' के पर्यायवाची - हेम, सोना, कनक, कुंदन, कंचन आदि।

55. निम्नलिखित में 'पर्यायवाची' शब्द की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(a) बादल – जलधर, मेघ, वारिद
(b) हाथी – गज, हस्ति, केसरी
(c) घर – ग्रह, निकेतन, आलय
(d) सूरज – सूर्य भानु, दिनकर

HSSC CET Group-D 2023
KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)
KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) हाथी – गज, हस्ति, केसरी पर्यायवाची की दृष्टि से अंसगत युग्म है। 'केसरी' सिंह का पर्यायवाची शब्द है। शेष विकल्पों के शब्द-युग्म संगत हैं।

56. 'हिरण' शब्द का पर्यायवाची शब्द है-

(a) धूसर (b) तुरंग (c) सारंग (d) शार्दूल

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'सारंग' शब्द 'हिरण' शब्द का पर्यायवाची शब्द है। हिरण के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं-मृग, हरिण, कुरंग, सुरभी आदि। विकल्पों में दिये गये अन्य शब्द जैसे-धूसर, तुरंग एवं शार्दूल क्रमशः गर्दभ, अश्व एवं सिंह के पर्यायवाची शब्द हैं।

57. 'अकस्मात' शब्द के लिए इनमें से उपयुक्त पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(a) अचानक (b) अदृश्य (c) अभंज (d) अनिवार्य

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)

उत्तर : (a) : 'अकस्मात' शब्द का उपयुक्त पर्यायवाची अचानक है।

58. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का विकल्प नहीं है। ओस -

(a) तुहिन (b) फाका (c) शबनम (d) तुषार

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त विकल्पों में तुहिन, शबनम, तुषार ओस के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि फाका उपवास का समानार्थी शब्द है।

ओस का पर्यायवाची– तुहिन, तुषार, शीत, कण, नीहार आदि।

फाका के पर्यायवाची– उपवास, अनशन, व्रत, निराहार आदि।

59. इनमें से कौन-सा शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) वैश्वानर (b) अनल
(c) अमिय (d) रोहिताश्व

DSSSB PGT - 23.07.2018
High Court ARO 2021
UP TET - 2021 (निरस्त)
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UP RO/ARO (Pre.) 2021
UPLA, RO/ARO 22/11/2020
UPSI 20.07.2017 (Shift-II)
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
स्टेनोग्राफर परीक्षा-2016
UP RO (Pre.) 2016
UP NT Exam-2008

उत्तर : (c) : अमिय, अग्नि का पर्यायवाची नहीं है।

अमिय के पर्यायवाची– अमृत, सुधा, अमिय, पियूष, सोम, जीवनोदक।

अग्नि के पर्यायवाची– आग, ज्वाला, दहन, वैश्वानर, वायुसखा, हुताशन, अनल, पावक, कृशानु।

60. इनमें से कौन-सा शब्द 'शत्रु' का पर्यायवाची है?

(a) अरि (b) कुमार्गी
(c) कुपात्र (d) सारंग

लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2020
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'अरि' शब्द शत्रु का पर्यायवाची है। **शत्रु के अन्य पर्यायवाची–**रिपु, दुश्मन, बैरी, अमित्र, प्रतिपक्षी, विपक्षी एवं अराति।

अमृत के पर्यायवाची–सुधा, पीयूष, अमिय, सोम, सुरभोग, जीवनोदक, अमी।

आँख के पर्यायवाची–नेत्र, नयन, चक्षु, दृग, लोचन, अक्षि, दृष्टि, विलोचन।

61. इनमें से 'आकाश' का पर्यायवाची कौन-सा नहीं है?

(a) व्योम (b) अवनि
(c) नभ (d) अनंत

High Court ARO 2021
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
MPPSC (Pre.) 2021
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UK PSC AE 2021
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC VDO 22/11/2018 (Shift-II)
परिचालक परीक्षा-2015
UP PGT 2013

उत्तर :(b): अवनि, आकाश का पर्यायवाची न होकर पृथ्वी का पर्याय है।

आकाश के पर्यायवाची–आसमान, गगन, मंडल, व्योम, तारापथ, नभ, नभमण्डल, शून्य, अंतरिक्ष, द्यौ, अनंत।

पृथ्वी के पर्यायवाची–भू, धरा, वसुंधरा, अचला, वसुधा, रत्नगर्भा, धरती, क्षिति, उर्वी, भूमि, अवनि।

62. दिए गए विकल्पों में से ''सुधा'' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) प्यासा (b) नीर
(c) अमृत (d) तृष्णा

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)
SSC GD 11/02/2019 (Shift-III)
UPPCL ARO 2018
UPSI Batch-II 22 Dec.2017
DSSSB Librarian Exam, 31/08/2014
वनरक्षक परीक्षा-2015

उत्तर : (c) सुधा का समानार्थी शब्द 'अमृत' है। नीर शब्द 'जल' का पर्याय है।

अमृत के अन्य पर्यायवाची शब्द– सोम, सुधा, अमिय, पीयूष, मधु, सुरभोग आदि हैं।

63. 'स्थिर' शब्द का पर्याय है

(a) स्थिरता (b) निश्चलता
(c) अडिग (d) दृढ़ता

GIC. PGT 2012

उत्तर : (c) 'स्थिर' शब्द का पर्याय 'अडिग' है।

'स्थिर' शब्द के अन्य पर्याय है- निश्चल,दृढ़, स्थायी, स्थावर आदि।

64. 'मार' शब्द पर्यायवाची है-

(a) 'जादू' का (b) 'स्वर्ण' का
(c) 'अधम' का (d) 'अनंग' का

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (d) मार शब्द का पर्यायवाची 'अनंग' है। अनंग का आशय कामदेव से है, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – मन्मथ, मदन, रतिपति, कुसुमेश, मनसिज, मकरध्वज, कन्दर्प, मीनकेतु आदि।

@RexstarPdf

65. इनमें 'मदिरा' का पर्यायवाची कौन सा नहीं है?

(a) सुरा (b) मधु
(c) अमी (d) मद

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प 'अमी' शब्द 'मदिरा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

शब्द	पर्यायवाची
मदिरा	सुरा, मद, शराब, सोमरस, मधु
अमृत	अमी, पीयूष, सुधा, अमिय
शहद	पुष्परस, मधु, आसव, रस, मकरन्द

66. 'बोध' शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) अनुभूति (b) विस्मृति
(c) बोझ (d) शांत

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (a) 'बोध' शब्द का समानार्थी शब्द 'अनुभूति' है। अनुभूति एक मानसिक वृत्ति है।

67. इनमें से एक शब्द 'बैल' का पर्यायवाची नहीं है, उसे चयनित कीजिए–

(a) अश्म (b) वृषभ
(c) बलीवर्द (d) गो

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (a) 'अश्म' बैल का पर्यायवाची शब्द नहीं है जबकि वृषभ, बलीवर्द, गो बैल के पर्यायवाची शब्द हैं। 'अश्म' का अर्थ पर्वत, पत्थर है।

68. 'धन' का मतलब क्या होता है?

(a) अंक (b) अर्थ
(c) स्वार्थ (d) कोष

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में 'धन' का मतलब 'अर्थ' होता है। इसके अन्य अर्थ– सम्पत्ति, योग आदि जबकि अंक का अर्थ– अध्याय, चिह्न, संख्या आदि।

69. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'दूध' का पर्याय नहीं है?

(a) दुग्ध (b) पय
(c) गोरस (d) अमिय

UPP Constable, 2017

उत्तर : (d) 'अमिय' शब्द दूध का पर्याय नहीं है। बल्कि यह अमृत का पर्याय है अमृत के अन्य पर्याय- पीयूष, सुधा, जीवनोदक इत्यादि हैं जबकि दुग्ध, पय और गोरस दूध के पर्याय हैं।

70. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'तरक्की' का पर्याय नहीं है?

(a) विकास (b) वृद्धि
(c) अपकर्ष (d) उन्नति

UPPCL JE Electrical, 2015

उत्तर (c) : 'अपकर्ष' तरक्की का पर्याय नहीं है, जबकि वृद्धि, विकास, उन्नति आदि तरक्की के पर्याय हैं।

71. गंगा का पर्यायवाची नहीं है

(a) भागीरथी (b) सुरसरि
(c) अवतरणी (d) मंदाकिनी

UP TGT - 2010
KVS. PGT. 2014
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UP TGT 2004
ग्राम विकास अधिकारी 2016
UK PSC AE 2013
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर. (c) गंगा का पर्यायवाची शब्द- भागीरथी, मंदाकिनी, सुरसरि, विष्णुपदी, देवनदी, जाह्नवी, सुरसरिता आदि है, जबकि अवतरणी गंगा का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

72. 'कौशल' का पर्यायवाची नहीं है

(a) दक्षता (b) कुशलता
(c) अभ्यागत (d) पटुता

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : 'अभ्यागत' कौशल का पर्यायवाची नहीं है बल्कि यह अतिथि का पर्यायवाची है। अतिथि के अन्य पर्यायवाची-मेहमान, आगन्तुक आदि जबकि दक्षता, कुशलता, पटुता, 'कौशल' के पर्यायवाची हैं।

73. दिए गए विकल्पों में से कौन सा 'अतुल' का समानार्थी शब्द नहीं है?

(a) अनुपम (b) अनल
(c) अनोखा (d) अपूर्व

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'अतुल' का समानार्थी शब्द अनुपम, अनोखा, अपूर्व हैं, जबकि 'अनल' अतुल का समानार्थी शब्द न होकर 'अग्नि' का समानार्थी शब्द है।

74. उसकी शिकायत पूर्णतया सही थी। रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द है?

(a) प्रतिअक्षर (b) प्रक्षर
(c) अक्षरशः (d) प्रतिशब्द

UPSI 2001

उत्तर : (c) 'अक्षरशः' शब्द 'पूर्णतया' का समानार्थी शब्द है। अतः 'पूर्णतया' के स्थान पर 'अक्षरशः' शब्द का प्रयोग सही है।

75. 'अतः' शब्द का समानार्थी पहचानिए?

(a) अन्यथा (b) अतएव
(c) परिणामतः (d) अस्तु

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'अतः' शब्द का समानार्थी शब्द 'अतएव' है।

76. आविर्भाव का समानार्थी क्या है?

(a) विश्लेषण (b) अवतरण
(c) रूपगत (d) सम्प्रदाय

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) 'आविर्भाव' का समानार्थी शब्द 'अवतरण' होगा।

77. 'आसक्ति' शब्द का अर्थ क्या है?

(a) अनुराग (b) पिकप्रिय
(c) हुताशन (d) जन्मदात्री

स्टोनोग्राफर परीक्षा, 2016
UPSI Batch - II 15 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर : (a) 'आसक्ति' शब्द का अर्थ– अनुराग (प्रेम) है।

शब्द	अर्थ
हुताशन	अग्नि
जन्मदात्री	माँ
पिकप्रिय	आम

निम्नलिखित शब्दों के नीचे चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें से उचित पर्याय चुनकर उसे चिह्नित करें।

78. निम्नलिखित में से कौन सा एक 'अनाथ' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) बेसहारा (b) यतीम
(c) अनाड़ी (d) निराश्रित

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) 'अनाथ' के पर्यायवाची– बेसहारा, यतीम, निराश्रित हैं जबकि 'अनाड़ी', अनाथ का पर्यायवाची नहीं है।

79. अर्क के लिए बेमेल शब्द पहचानिए

(a) अफवन (b) काढ़ा
(c) अंतर (d) सूर्य

UPSI, 2016

उत्तर : (c) 'अर्क' के लिए बेमेल शब्द 'अंतर' है। अफवन, काढ़, सूर्य 'अर्क' के समानार्थी शब्द हैं।

80. निम्नलिखित में कौन शब्द 'कंधा' का समानार्थी है?

(a) अंश (b) अंशु
(c) अश्रु (d) अंस

[लेखपाल भर्ती परीक्षा 2008]

उत्तर : (d) कन्धा का समानार्थी शब्द 'अंस' है जबकि अंश का अर्थ भाग (हिस्सा), अंशु का अर्थ 'किरण' एवं अश्रु का अर्थ 'आँसू' है। कन्धा के अन्य समानार्थी शब्द- स्कंध, भुजमूल, मोढ़ा आदि हैं।

81. मुद्रिका का पर्यायवाची क्या होगा?

(a) अंगूठी (b) कंगन
(c) मुद्रा (d) मौन

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'मुद्रिका' का पर्यायवाची 'अंगूठी' होता है। इसके अन्य पर्यायवाची हैं– अंगुलिका, छाप, रिंग, वलय, मुंदरी आदि।

82. अनुपम का पर्यायवाची क्या होगा?

(a) अपूर्व (b) सामान्य
(c) अनावश्यक (d) साधारण

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'अनुपम' का पर्यायवाची 'अपूर्व' होता है। इसके अन्य पर्यायवाची इस प्रकार हैं– अद्वितीय, अप्रतिम, निरूपम, अतुल, अनूठा, अनोखा, बेजोड़ आदि।

83. दर्प का पर्यायवाची शब्द है-

(a) तिरस्कार (b) अहंकार
(c) गर्व (d) स्वाभिमान

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : 'दर्प' का पर्यायवाची शब्द 'अहंकार' है। समान अर्थ देने वाले शब्द को पर्यायवाची शब्द कहते हैं। 'अहंकार' शब्द के अन्य पर्यायवाची शब्द निम्न हैं - अभिमान, मद, घमंड, दंभ आदि।

84. साँप का पर्यावाची है–

(a) अहि (b) कहरि
(c) अरूणशिखा (d) शार्दूल

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)
UPPCL ARO 2018
UPSI Batch-I 12 Dec. 2017
[UPSI 17.07.2017 Shift II]
जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा-2016
UPRO (Pre.) 2014
UPUDA Pre. 2010

उत्तर. (a) : साँप के पर्यायवाची-अहि, व्याल, भुजंग, पवनाग, विषधर, पन्नग, सारंग, मणिधर, उरग आदि केहरि तथा शार्दूल शब्द सिंह के पर्यायवाची हैं।

85. अभिलाषा का पर्यायवाची क्या नहीं होगा?

(a) कामना (b) लालसा
(c) इच्छा (d) अनिच्छा

[UPSI 22.07.2017 Shift I]
UPSI Batch-I 13 Dec. 2017
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) : अभिलाषा का पर्यायवाची अनिच्छा नहीं होगा। अभिलाषा के पर्यायवाची - कामना, लालसा, इच्छा, आकांक्षा, उत्कण्ठा, तृष्णा, मनोरथ, चाह इत्यादि हैं।

86. निम्नलिखित में से कौन सा 'उत्कंठित' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) इच्छुक (b) लालायित
(c) उत्सुक (d) अभिलाषा

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (d) : अभिलाषा शब्द 'उत्कंठित' का पर्यायवाची नहीं है, जबकि इच्छुक, लालायित व उत्सुक शब्द 'उत्कंठित' के पर्यायवाची शब्द हैं।

87. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'पहाड़' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) अचल (b) अचला
(c) गिरि (d) अद्रि

DSSSB PGT - 24.07.2018 (9 am - 12 pm)
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
SSS GD 22/02/2019 , Sift-II
KV PRT 22/12/2018
UPPSC RO/ARO 2018
UPSI 22.07.2017 Shift-I
DSSSB TGT 21/05/2017
UPSI 20/07/2017 (Shift-II)
DSSSB TGT/PGT Computer Science, 21/06/2017
UK PSC AE 2013
NVS TGT 2013
[UPPSC AE 2013]
UPPSC AE 2008

उत्तर. (b) : 'अचला' शब्द पहाड़ का पर्यायवाची नहीं है। यह पृथ्वी का पर्यायवाची शब्द है जबकि अचल, गिरि तथा अद्रि पहाड़ के पर्यायवाची शब्द हैं। पहाड़ के अन्य पर्यायवाची शब्द-नग, भूधर, महीधर, शैल, नगपति, तुंग, धरणीधर आदि हैं।

@RexstarPdf

88. निम्नलिखित में से कौन-सा 'कुशल' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) दक्ष (b) अक्ष
(c) निपुण (d) प्रवीण

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'अक्ष' शब्द कुशल का पर्यायवाची नहीं है जबकि दक्ष, निपुण, प्रवीण कुशल के पर्यायवाची हैं। कुशल के अन्य पर्याय हैं – होशियार, चतुर, पारंगत आदि।

89. इनमें से कौन-सा शब्द 'गुस्से' का समानार्थी नहीं है?

(a) क्रोध (b) अमर्ष (c) अपकर्ष (d) रोष

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों में 'अपकर्ष' शब्द 'गुस्से' का समानार्थी नहीं है। अपकर्ष का अर्थ - अवनति, उतार, ह्रास होता है। अन्य विकल्प क्रोध, अमर्ष, रोष 'गुस्से' के समानार्थी हैं।

90. भोजन का पर्याय है

(a) आसन (b) असन
(c) आसन्न (d) असनि

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : 'असन' 'भोजन' का पर्याय है। भोजन के अन्य पर्याय हैं- आहार, असन, भोग, पारणा, खाद्य वस्तु, भोज्य सामग्री आदि।

91. निम्नलिखित में से एक शब्द सूर्य का पर्यायवाची नहीं है:

(a) पतंग (b) अम्बर
(c) आदित्य (d) दिनकर

UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 (Shift-I)
SSS GD 08/05/2019
UP SSSC JA Back log 19/02/2019
व्यायाम शिक्षक, 16-09-2018 द्वितीय पाली
UPSI 19/07/2017 (Shift-II)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा 2017
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
UP PGT 2015
UP UDA Pre, 2010
UP RO (Pre) 2010
UP UDA Pre. 2013
UK PSC AE 2012
UP TGT 2005
UP PGT 2005
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : 'अम्बर' सूर्य का पर्यायवाची नहीं है बल्कि अम्बर शब्द के पर्यायवाची- व्योम, अनन्त, आसमान, आकाश, नभ, गगन आदि। 'आदित्य' सूर्य का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्याय– पतंग, आदित्य, दिनकर, रवि, भानु, भास्कर, दिवाकर, अर्क, तरणि, सविता, हंस, अंशुमाली, मार्तण्ड आदि।

92. निम्नांकित शब्दों में से एक शब्द 'माता' का पर्यायवाची नहीं है, वह है–

(a) अम्ब (b) अम्बु
(c) अम्बा (d) जननी

UPLA RO/ARO 22.11.2020
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) 'अम्बु' शब्द माता का पर्यायवाची नहीं है अपितु 'पानी' का पर्यायवाची हैं अम्ब, अम्बा, जननी, मातृ, धात्री आदि माता के पर्यायवाची हैं।

93. इनमें से कौन-सा शब्द 'आलोचना' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) समीक्षा (b) टिप्पणी
(c) नुक्ताचीनी (d) सोचना

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'सोचना' शब्द आलोचना का पर्यायवाची शब्द नहीं है। आलोचना के पर्यायवाची शब्द हैं- समीक्षा, टिप्पणी, नुक्ताचीनी, छिद्रान्वेषण, निरूपण आदि।

94. इनमें से 'रसाल' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(a) आम (b) नींबू
(c) जामुन (d) इमली

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
SSC GD 08/03/2019 (Shift-II)
DSSSB-PRT 06/10/2018, (Shift-II)
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016
UP RO (Pre.) 2016
GIC PGT 2015

उत्तर : (a) : रसाल, पिकबंधु, आम्र, सौरभ, सहकार, फलश्रेष्ठ, अमृतफल, अतिसौरभ आदि सभी आम के पर्यायवाची शब्द हैं। शेष विकल्पों में दिये गये शब्दों के पर्यायवाची शब्द इस प्रकार हैं–

इमली – अम्लीका, चिंचा, तेतर आदि।
नींबू – निंबूक, जंबीर, लेमूँ, जंतुमारी आदि।
जामुन – जंबुल, जमाली, रामजन, जंबूफल आदि।

95. 'बाण' का पर्याय है –

(a) हय (b) अर्चि
(c) उर्वी (d) आशुग

DSSSB TGT (Female) 05.09.2021 (Shift-II)
UP TET 2021 (Re. Exam)
UP PGT 2000

उत्तर : (d) 'बाण' शब्द के पर्यायवाची-आशुग, तीर, तोमर, विशिख, शिलीमुख, नाराच, शर आदि हैं।

96. पुत्री शब्द का पर्याय नहीं है :

(a) सुता (b) बेटी
(c) आत्मज (d) दुहिता

NVS PGT 17.09.2019
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (c) 'पुत्री' शब्द का पर्याय 'आत्मज' नहीं है, जबकि सुता, बेटी, दुहिता, 'पुत्री' शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं 'पुत्री' के अन्य पर्यायवाची शब्द- तनया, आत्मजा, नन्दिनी, तनुजा आदि हैं। 'आत्मज' पुत्र का पर्यायवाची शब्द है इसके अन्य पर्यायवाची शब्द- बेटा, सुत, तनय, नन्दन, पूत, नन्द आदि हैं।

97. पाहुना का पर्यायवाची होगा:

(a) कृषक (b) जंबुक
(c) आगंतुक (d) आदित्य

SSS GD 11/02/2019 , Sift-II
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift
UP TGT 2009

उत्तर. (c) : 'पाहुना' शब्द का पर्यायवाची 'आगंतुक' होगा। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द– अतिथि, पाहुन, अभ्यागत, मेहमान आदि।

@RexstarPdf

कृषक के पर्यायवाची– भूमिपुत्र, हलधर, खेतिहर, अन्नदाता, किसान, कृषिजीवी, हलवाह।
जंबुक के पर्यायवाची– शृंगाल, शिवा, सियार, गीदड़
आदित्य के पर्यायवाची– दिनकर, सूर्य, दिवाकर, भानु, भास्कर, दिनेश आदि।

98. प्रकाश का पर्यायवाची क्या होगा?
(a) आलोक (b) दिनकर
(c) दिवाकर (d) तिमिर
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
DSSSB-PRT 13/11/2019, II Sift
[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर (a) : 'प्रकाश' का पर्यायवाची 'आलोक' होता है। अन्य पर्यायवाची शब्द-नूर, तेज, आभा, क्रांति इत्यादि।

99. आकार का समानार्थी है–
(a) आकृति (b) निराकार
(c) दृश्य (d) नजारा
[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : 'आकार' का समानार्थी शब्द 'आकृति' है। जबकि दृश्य का समानार्थी शब्द 'नजारा' है।

100. व्योम किसका पर्यायवाची है?
(a) आकाश (b) पृथ्वी
(c) रोशनी (d) समुद्र
DSSSB लीवर डिवीजन क्लर्क, 16/11/2014
DSSSB TGT ST, 09/09/2018
[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'व्योम' आकाश का पर्यायवाची है। समान अर्थ वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। व्योम के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- अम्बर, नभ, गगन, शून्य, अनन्त, अंतरिक्ष आदि।

101. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'नम' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) गीला (b) भीगा
(c) आर्द्र (d) आर्द्रा
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : 'आर्द्रा' शब्द 'नम' का पर्यायवाची नही है, जबकि गीला, भीगा, आर्द्र तीनों 'नम' के पर्यायवाची हैं। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – तर, गीला, भीगा आदि। आर्द्रा एक नक्षत्र का नाम है जो आषाढ़ माह के अंतर्गत आता है। इस नक्षत्र में वर्षा एवं खेती का आरम्भ होना उत्तम माना जाता है।

102. इनमें से कौन-सा शब्द 'इंद्र' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) जीमूतवाहन (b) वासव
(c) शक्र (d) पुलोमजा
DSSSB PGT - 24.07.2018 (9 am - 12 pm)
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
KVS, PGT 2014
UP RO (Pre) 2014
UPPSC AE 2007

उत्तर : (d) : पुलोमजा शब्द 'इन्द्र' का पर्यायवाची नहीं है। इन्द्र के पर्यायवाची- देवेन्द्र, सुरेश, सुरपति, वज्री, वासव, वज्रधर, वृषा, शचीश, अमरपति, सुरेन्द्र, शक्र, पुरंदर, देवराज, मधवा, महेन्द्र, मेघवाहन, जीमूतवाहन आदि। पुलोमजा, इन्द्राणी का पर्यायवाची शब्द है।

103. इनमें से कौन-सा शब्द 'संपर्क' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) मिलन (b) संयोग
(c) इश्क (d) भेंट
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : संपर्क के पर्यायवाची– मिलन, संयोग, भेंट। 'इश्क' शब्द संपर्क का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

104. 'विडौजा' पर्यायवाची शब्द है-
(a) 'नक्षत्र' का (b) 'अप्सरा' का
(c) 'इन्द्र' का (d) 'पत्थर' का
(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (c) 'विडौजा' इन्द्र का पर्यायवाची शब्द है। इन्द्र के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – सुरपति, शचीपति, मघवा, शक्र, पुरन्दर, देवराज, अमरपति, वज्रधर आदि।

105. इनमें से कौन-सा शब्द 'अतिथि' शब्द का समानार्थी नहीं है?
(a) यात्री (b) यज्ञ में सोमलता लाने वाला
(c) उत्तर (d) साधु
UP TGT - 2009
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'उत्तर' शब्द 'अतिथि' का समानार्थी नहीं है। शेष विकल्पों में दिये गये शब्द अतिथि के समानार्थी शब्द हैं। अतिथि के अन्य समानार्थी शब्द इस प्रकार हैं- आगंतुक, पाहुन, मेहमान, गृहागत आदि।

106. इनमें से कौन-सा शब्द 'उपमा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) खाद (b) तुलना
(c) मिलान (d) सादृश्य
DSSSB PRT 29.03.2022 (Shift-II)
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : उपमा के पर्यायवाची– तुलना, मिलान, सादृश्य, समता, साम्य, जोड़, सादृश्यता आदि। खाद 'उपमा' का पर्याय नहीं है।

107. 'संरचना' शब्द के लिए कौन-सा पर्याय शब्द अनुचित है?
(a) संघटना (b) रचना विन्यास
(c) उद्भावना (d) विरचित
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) उद्भावना शब्द संरचना का पर्याय नहीं है। 'संरचना' शब्द के पर्यायवाची शब्द–ढाँचा, बनावट, निर्माण, आकार, संघटना, रचना विन्यास, विरचित आदि हैं।

108. 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है–
(a) पाहन (b) उपल
(c) पाषाण (d) उरग
DSSSB TGT-21/05/2017
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
UP ARP (Pre) 2016
UPPSC AE 2011

उत्तर. (d) : 'उरग' 'सर्प' का पर्यायवाची शब्द है यह 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है। 'सर्प' के अन्य पर्यायवाची शब्द–अहि, नाग, भुजंग, विषधर, व्याल, पन्नग, साँप, सारंग आदि हैं। जबकि पाषाण, अश्म, प्रस्तर, पाहन आदि पत्थर के पर्यायवाची हैं।

@RexstarPdf

109. ''नदी'' का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन सा नहीं है?

(a) तटिनी (b) नद्य
(c) सरिता (d) उषा

UP TGT - 2021
DSSSB वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा, 25/08/2013-14
UPSI Batch - III 13 Dec.2017
UPSI 13 Dec.2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'उषा' नदी का पर्यायवाची नहीं है। उषा 'किरण' का पर्यायवाची है। शेष सभी नदी के पर्यायवाची शब्द हैं– तटिनी, नद्य, सरिता।

110. आविर्भाव

(a) निर्माण (b) उद्भव
(c) विकास (d) जन्म

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर. (b) उद्भव शब्द 'आविर्भाव' का पर्याय है; इसके अन्य पर्यायवाची शब्द – उत्पत्ति, उद्गम आदि हैं।

111. इनमें से कौन-सा शब्द 'खर' शब्द का समानार्थी नहीं है?

(a) एक राक्षस का नाम (b) तिनका
(c) एक मात्र (d) गधा

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO 2009

उत्तर : (c) : 'एकमात्र' शब्द 'खर' का समानार्थी नहीं है खर के समानार्थी शब्द- एक राक्षस का नाम, तिनका, गधा, धूसर।

112. निम्न में से कौन-सा शब्द 'कुबेर' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) किन्नरपति (b) धनपति
(c) यक्ष (d) मुनि

SSC GD Constable 10-01-2023 (2.30-3.30)
UP PGT 2005

उत्तर : (d) : मुनि शब्द 'कुबेर' का पर्यायवाची नहीं है। 'कुबेर के पर्याय- किन्नरपति, धनपति, यक्ष, धनिक, धनेश, धनाध्यक्ष इत्यादि हें।

113. भगवान विष्णु ने एक अवतार कूर्म के रूप में भी लिया था। उपरोक्त वाक्य में प्रयुक्त 'कूर्म' शब्द का पर्याय होगा?

(a) श्वान (b) कछुआ
(c) सिंह (d) सूकर

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)

उत्तर : (b) : 'कूर्म' शब्द के पर्याय - कछुआ, कमठ, कच्छप होता है।
श्वान के पर्याय- कुक्कुर, श्वा इत्यादि।
सिंह के पर्याय- हरि, केहरी, शेर, केशरी इत्यादि।
सूकर के पर्याय- सुअर, वराह इत्यादि हैं।

114. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का विकल्प नहीं है।
कोमल का पर्याय कौन नहीं है।

(a) सुकुमार (b) श्याम
(c) मुलायम (d) मृदु

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) सुकुमार, मुलायम तथा मृदु 'कोमल' के समानार्थी शब्द हैं जबकि श्याम इनसे भिन्न शब्द है।
श्याम के समानार्थी शब्द - काला, कृष्ण, साँवला इत्यादि।

115. अनूढ़ा शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(a) बालिका (b) युवती
(c) प्रौढ़ा (d) कुमारी

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : कुमारी, अविवाहिता, अपरिणीता, कुँवारी आदि 'अनूढ़ा' के पयार्यवाची शब्द हैं।

116. इनमें से 'कौमुदी' का समानार्थी शब्द कौन-सा है?

(a) टीका (b) व्याख्या
(c) दिवाली (d) सभी

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में टीका,व्याख्या तथा दिवाली ये सभी कौमुदी शब्द के समानार्थी शब्द हैं। कौमुदी शब्द के अन्य समानार्थी शब्द इस प्रकार हैं- चाँदनी, विवेचन, ज्योत्स्ना, चन्द्रिका, आदि।

117. इनमें से कौन-सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) राजीव (b) नलिन
(c) उत्पल (d) रसाल

SSC GD Constable 13-01-2023 (2:30-3:30)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)
CGPSC (Pre.) 2021
UPSSSC Junior Assistant 04-01-2020 (Shift-I)
SSC GD 11/02/2019 (Shift-III)
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO 2019
DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am - 12 pm)
UK PSC AE 2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
लेखपाल परीक्षा, 2015
UK PSC AE 2013
UP PSC AE 2011
UP TGT 2010
[UP PSC AE 2008]
UPSDI Exam-2008
UP TGT 2005

उत्तर : : (d) 'रसाल' कमल का पर्यायवाची शब्द नहीं है। 'रसाल' आम का पर्यायवाची शब्द है। कमल के पर्यायवाची शब्दः- नलिन, अरविन्द, उत्पल, अंबुज, तामरस, पुष्कर, महोत्पल, राजीव, पंकज, नीरज, सरोज।

118. इनमें से 'हिरण्य' का पर्यायवाची कौन-सा है?

(a) कुरंग (b) कंचन
(c) केशरी (d) सारंग

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UP SSSC Mandi Parisad 30/05/2019 (Shift-II)

उत्तर : (b) : हिरण्य के पर्यायवाची– कंचन, सोना, सुवर्ण हैं।
कुरंग के पर्याय– मृग, हिरण, सारंग, हरित आदि।
केशरी के पर्याय– केहरी, शेर, केशी, पशुराज, शार्दूल आदि।
सारंग के पर्याय– मोर, कोयल, भ्रमर आदि।

@RexstarPdf

119. इनमें से कौन-सा शब्द 'कौशल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) योग्यता (b) कला
(c) हुनर (d) कपाल

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'कपाल' शब्द 'कौशल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।
कौशल के पर्यायवाची– योग्यता, कला, हुनर, निपुणता, दक्ष।
कपाल के पर्यायवाची–खोपड़ी, ललाट, सिर, मस्तक।

120. 'कपूत' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(a) कुपुत्र (b) धूर्त
(c) कबूतर (d) राक्षसी

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'कपूत' का पर्यायवाची 'कुपुत्र' होता है। धूर्त का पर्यायवाची दुष्ट, दुराचारी, कपटी इत्यादि होता है।
राक्षसी के पर्यायवाची- पिशाचिनी, चुड़ैल इत्यादि होता है। कबूतर के पर्यायवाची- कपोत, रक्तलोचन, पारावत, कलरव, हारिल आदि हैं।

121. 'विधिक' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(a) उल्टी दिशा (b) वैदिक
(c) कानूनी (d) ज्ञात

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (c) : 'विधिक' शब्द का पर्यायवाची शब्द 'कानूनी' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द–वैध, वैधानिक, विधिसम्मत, विधि संगत, अदालती, तरीका, विधान, ढंग, रीति, प्रमुख हैं।

122. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'हाथ' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) कटि (b) हस्त
(c) पाणि (d) कर

DSSSB फायर ऑपरेटर परीक्षा, 31/08/2014
(UPUDA Pre. 2010)
UP RO (Pre), 2010
SSC GD 14/02/2019, Sift-III

उत्तर : (a) 'हाथ' का पर्यायवाची शब्द 'कटि' नहीं होता जबकि हस्त, पाणि और कर हाथ के पर्यायवाची शब्द हैं। 'कटि' शब्द 'कमर' के लिए प्रयुक्त होता है।

123. 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है-

(a) वाणी (b) वीणा पाणि
(c) कमला (d) शारदा

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016
SSS GD 18/02/2019, Sift-II
UPSI Batch-I 21/11/2017
UP PGT 2013
UPUDA Pre. 2010
UP RO Pre. 2010

उत्तर : (c) 'कमला' 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है जबकि वाणी, वीणापाणि तथा शारदा इसके पर्यायवाची शब्द हैं। 'सरस्वती' के अन्य पर्यायवाची शब्द–गिरा, भारती, विमला, वागीश्वरी आदि हैं। कमला लक्ष्मी का पर्यायवाची शब्द है।

124. 'वेश्या' के चार पर्याय दिये गये हैं। इनमें त्रुटिपूर्ण कौन सा है?

(a) गणिका (b) वारांगना
(c) कुलटा (d) रंडी

UP PGT 2013

उत्तर:(c) 'वेश्या' के पर्याय हैं–वारांगना, गणिका, पतुरिया, मंगलमुखी, रामजनी आदि, जबकि 'कुलटा' 'वेश्या का पर्याय न होकर व्यभिचारिणी का पर्याय है। इसके अन्य पर्याय हैं– स्वैरिणी, पुंश्चली, आदि।

125. निम्नलिखित में से एक 'विष्णु' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) कमलेश (b) कमलाकान्त
(c) कमलापति (d) कमलासन

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) कमलासन 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची है। कमलेश, कमलाकान्त, कमलापति, श्रीपति, लक्ष्मीपति चक्रपाणि, जनार्दन, हरि और नारायण 'विष्णु' के पर्यायवाची शब्द हैं

126. 'मुकुल' निम्नलिखित में से किस शब्द का समानार्थी है?

(a) कमल (b) मीन
(c) कनक (d) कली

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'मुकुल' शब्द का समानार्थी शब्द 'कली' होता है।

127. मोर का पर्यायवाची शब्द है–

(a) कलापी (b) तड़ित
(c) विशिख (d) विचक्षण

UP TGT - 2003
UPSI 21.07.2017 Shift-II
UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UP PGT 2003

उत्तर : (a) मोर का पर्यायवाची शब्द कलापी होता है। मोर के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – मयूर, शिखण्डी, केकी, नीलकण्ठ, सारंग, ध्वजी आदि।

128. मनसिज का पर्यायवाची है

(a) पुष्पसेज (b) मंडप
(c) कामदेव (d) मंदिर

UPSI 24/07/2017 Shift-I
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 29/12/2013
UP TGT 2010

उत्तर : (c) 'मनसिज', 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है, इनके अन्य पर्यायवाची शब्द – मदन, मकरध्वज, केतन, मनोभव, कन्दर्प, अनंग, पुष्पधन्वा, पंचशर, मीनकेतु, रतिपति इत्यादि हैं।

129. 'वंसत' के चार पर्याय दिये गये हैं। इनमें त्रुटिपूर्ण कौन है?

(a) ऋतुपति (b) कुसुमाकार
(c) मधुमास (d) कांतार

UP PGT 2013
UDI/CDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'वसंत' का पर्याय है ऋतुपति, ऋतुराज, कुसुमाकर, मधुमास, बहार। जबकि 'कांतार' अटवी, जंगल, अरण्य, कानन, विपिन, वन के पर्याय हैं।

130. 'बगीचा' का पर्यायवाची शब्द है

(a) निर्जन (b) व्यजन
(c) आराम (d) कल्पशाल

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (d) आयोग ने बगीचा का पर्यायवाची शब्द कल्पशाल माना है। इसके अतिरिक्त आराम भी बगीचा का पर्यायवाची होता है।

@RexstarPdf

131. निम्न में एक 'देवता' का पर्यायवाची नहीं है-

(a) निर्जर (b) त्रिदश (c) किंकर (d) गीर्वाण

DSSSB PGT - 23.07.2018
लोअर-III परीक्षा, 2016
UP PSC AE 2011

उत्तर : (c) 'किंकर' देवता का पर्यायवाची नहीं है, बल्कि यह सेवक का पर्यायवाची है। सेवक के अन्य पर्यायवाची- नौकर, चाकर, दास, भृत्य, परिचारक, चेरा आदि हैं, जबकि निर्जर, त्रिदश, गीर्वाण देवता के पर्यायवाची हैं। देवता के अन्य पर्यायवाची अमर, देव, सुर, विबुध, अमृतेश, आदि हैं।

132. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''तरकस'' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं?

(a) तूणीर (b) त्रोण (c) निषंग (d) करवाल

UP PGT 2010
UP PG 2010
इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (d) 'तरकस' का पर्यायवाची- तूण, तूणीर, त्रोण, निषंग तथा इषुधी है जबकि करवाल शब्द तलवार का पर्यायवाची है।

133. 'जंगल' शब्द का पर्यायवाची है –

(a) प्रमोद (b) विश्रान्ति (c) कान्तार (d) दिव

UPSI Batch-II 14/11/2017
UPSI Batch-II 12 Dec. 2017
इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO-2016
(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर. (c) जंगल का पर्यायवाची कान्तार है न कि प्रमोद, विश्रान्ति और दिव। जंगल के अन्य पर्यायवाची हैं विपिन, कानन, वन, अटवी, कान्तार आदि।

134. 'चन्द्रहास' शब्द का पर्यायवाची है–

(a) चाँदनी (b) पक्षी (c) मन्मथ (d) करवाल

UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
KVS PGT 2014
UPPCL TG2, 2014

उत्तर. (d) 'चन्द्रहास' शब्द करवाल का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द–असि, खड्ग, शमशीर, कृपाण आदि हैं। मन्मथ 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है।

135. चंद्रिका का पर्याय है –

(a) चन्द्रहास (b) रजत
(c) कौमुदी (d) स्वर्णकिरण

UP TGT 2013

उत्तर. (c) 'चंद्रिका' का पर्याय 'कौमुदी' है। इसके अन्य पर्याय हैं चाँदनी, ज्योत्स्ना, चन्द्रकला आदि। 'चन्द्रहास' तलवार का तथा 'रजत' चाँदी का पर्यायवाची है।

136. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'चाँदनी' के लिए प्रयुक्त नहीं होता?

(a) कौमुदी (b) कालिंदी
(c) चंद्रिका (d) ज्योत्स्ना

UPSI Batch -II 16/11/2017
UPPCL JE Electrical, 2016
असिस्टेंट एकाउण्टेन्ट परीक्षा-2015
UP UDA Pre. 2010
UP RO Pre. 2010

उत्तर: (b) कौमुदी, चन्द्रिका तथा ज्योत्स्ना, चाँदनी के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि कालिंदी, यमुना का पर्यायवाची शब्द है।

137. 'कलश' का पर्याय है –

(a) जल (b) कुम्भ
(c) पात्र (d) उपस्कर

UP TGT 2013

उत्तर. (b) 'कलश' का पर्याय 'कुम्भ' है, इसके अन्य पर्याय - घड़ा, घट, गगरा आदि हैं, जबकि 'जल' पानी का, 'पात्र' बरतन का पर्याय है।

138. 'कोप' और 'रोष' किस शब्द के समानार्थी शब्द हैं?

(a) मोद (b) हर्ष
(c) आनंद (d) क्रोध

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'कोप' और 'रोष' क्रोध के समानार्थी हैं।
क्रोध के पर्यायवाची शब्द– रोब, कोप, गुस्सा, अमर्ष आदि।
हर्ष के पर्यायवाची शब्द– आनंद, प्रसन्नता, खुशी, आमोद, आह्लाद आदि।

139. दक्ष का पर्यायवाची शब्द है–

(a) जवान (b) कुशल (c) चंचला (d) परीश्रमी

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : 'दक्ष' का पर्यायवाची 'कुशल' होता है। निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची हैं–
जवान– तरुण, युवा
चंचला– बिजली, दामिनी, तड़ित

140. पंक किसका पर्यायवाची है?

(a) कीचड़ (b) जल
(c) समुद्र (d) आकाश

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'पंक' शब्द का पर्यायवाची कीचड़ है। एक ही शब्द के एक से अधिक अर्थ निकले उसे पर्यायवाची शब्द कहते हैं। 'पंक' के अन्य पर्यायवाची शब्द - चहला, कर्दम, कीच आदि।

141. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'निंदा' का पर्यायवाची है?

(a) कुत्सा (b) बरखुरदार
(c) अपस्मार (d) स्तुति

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]
SSS GD 08/03/2019 , Sift-III

उत्तर. (a) : 'कुत्सा' शब्द निंदा का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय – बुराई, गर्हणा, भर्त्सना, ताड़ना, फटकार आदि। जबकि बरखुरदार का अर्थ – सौभाग्यशाली होता है। अपस्मार का अर्थ - मिरगी रोग होता है। स्तुति के पर्यायवाची हैं– पूजा, अर्चना, प्रशंसा, प्रार्थना, आराधना आदि।

142. 'सोना' का पर्यायवाची शब्द है–

(a) अर्क (b) वर्क
(c) माणिक्य (d) कनक

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)
UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 Shift-I
SSS GD 01/03/2019, Shift-I
UPSSSC वनरक्षक 20/12/2018 Shift-I
UPSSSC वनरक्षक 02.12.2018 Shift-I
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

@RexstarPdf

उत्तर. (d): 'सोना' का पर्यायवाची शब्द 'कनक' है। इसके अन्य पर्याय हैं– स्वर्ण, सुवर्ण, हेम, हाटक, कंचन आदि। अर्क के पर्यायवाची– सूर्य, रवि, भानु, दिनकर, दिवाकर, भास्कर आदि हैं।

143. मुकुल, कोरक, गुंचा आदि शब्द निम्न में से किसके पर्यायवाची हैं?

(a) कस्तूरी (b) कलिका
(c) कान (d) कटि

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (b) : मुकुल, कोरक, गुंचा आदि 'कलिका' के पर्यायवाची शब्द हैं।

शब्द	पर्याय
कस्तूरी	मृग
कान	कर्ण
कमर	कटि

144. क्षपाकर

(a) निशाकर (b) रजनीचर
(c) दिवाकर (d) प्रभाकर

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : 'क्षपाकर' निशाकर का समानार्थी शब्द है क्योंकि दोनों का अर्थ चन्द्रमा है। जबकि रजनीचर-राक्षस का पर्याय तथा दिवाकर और प्रभाकर सूर्य के पर्यायवाची शब्द हैं।

145. 'गरुड़' का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन-सा है?

(a) खगेश (b) मघवा
(c) पक्षीनाथ (d) जातवेद

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'गरुड़' के पर्यायवाची शब्द– खगेश, पन्नगारि, उरगारि, हरियान, वातनेय, खगपति, सुपर्ण, विषमुख, पक्षीराज। जातवेद के पर्यायवाची शब्द– अग्नि, अनल, कृशानु, पावक, आग, हुताशन, वैश्वानर, धूमकेतु, वह्नि।

146. इनमें से कौन-सा शब्द 'खल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) कुटिल (b) पुर्जा
(c) धूर्त (d) अधम

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
MPPSC (Pre.) 2021
UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'पुर्जा' शब्द 'खल' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैं। खल के पर्यायवाची शब्द हैं- कुटिल, धूर्त, अधम, दुष्ट, दुर्जन, बदमाश, पामर आदि।

147. 'शशक' का पर्यायवाची शब्द है–

(a) चंद्रमा (b) शिशु
(c) खरगोश (d) मृग

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (c) शशक का पर्यायवाची शब्द खरगोश है, जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

148. इनमें से कौन-सा शब्द 'पराक्रम' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) शक्ति (b) ताकत
(c) पुरुषार्थ (d) गरिमा

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) 'पराक्रम' का पर्यायवाची शब्द 'गरिमा' नहीं है। गरिमा के पर्यावाची शब्द- गौरव, गुरुता, आत्मश्लाघा, गर्व, इत्यादि। **पराक्रम के पर्यायवाची**- शक्ति, ताकत, पुरुषार्थ आदि।

149. इनमें से कौन-सा शब्द 'भाल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) ललाट (b) मस्तक
(c) गेंद (d) कपाल

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'गेंद' शब्द 'भाल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।
भाल के पर्यायवाची–ललाट, मस्तक, कपाल, माथा।
गेंद के पर्यायवाची–कन्दुक, गेन्दुक।

150. दिए गये विकल्पों में से कौन-सा 'विष' का एक पर्यायवाची है?

(a) गरल (b) व्योम
(c) तमस (d) तुरंग

DSSSB PRT 14/11/2019, II Shift
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में विष का पर्याय 'गरल' है विष के अन्य पर्याय हैं– हलाहल, माहुर, जहर, कालकूट आदि। जबकि व्योम 'आकाश' का तमस 'अंधकार' का तथा तुरंग 'घोड़ा' का पर्याय है।

151. 'धूसर' किसका पर्याय है?

(a) अश्व (b) मेघ
(c) गर्दभ (d) अजा

UP TET 2021 (23-01-2022)
DSSSB TGT Sience 29/09/2018, II Shift
UP PGT 2000

उत्तर : (c) 'धूसर' शब्द गर्दभ का पर्यायवाची है। गर्दभ शब्द के अन्य पर्यायवाची– रासभ, वैशाखनन्दन, वेशर, चक्रीवान, खर इत्यादि हैं। इसी प्रकार अश्व शब्द के पर्यायवाची हय, बाजि, तुरंग, घोटक, घोड़ा, रविसुत, सैंधव हैं। मेघ शब्द के पर्यायवाची धाराधर, घन, जलचर, वारिद, जीमूत, बादल, नीरद हैं।

निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द चुनें।

152. ग्रीवा

(a) पैर (b) कलाई
(c) पृष्ठ (d) गरदन

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) ग्रीवा का पर्यायवाची 'गरदन' है। 'पैर' के पर्यायवाची– पद, चरण, पांव, डग, कदम तथा पृष्ठ के पर्यायवाची – प्रति, पन्ना हैं।

153. दिए गए विकल्पों में से 'काया' शब्द का समानार्थी विकल्प कौन सा है?

(a) चक्षु (b) तम (c) तरु (d) गात

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'काया' शब्द का समानार्थी शब्द 'गात' है। 'काया' के अन्य समानार्थी शब्द – शरीर, देह, तन, बदन, वपु आदि हैं।

154. 'पाटल' का अर्थ है:-

(a) चमेली (b) गुलाब
(c) चंपा (d) सूर्यमुखी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : पाटल का अर्थ **'गुलाब'** है।

@RexstarPdf

155. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'गणेश' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) लंबोदर (b) गजानन
(c) गणपति (d) गोपाल

[UKPSC AE 2017]
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
UP PSC AE 2013

उत्तर. (d) : गोपाल शब्द 'गणेश' का पर्यायवाची नहीं है बल्कि गोपाल कृष्ण का पर्यायवाची है। गोपाल के अन्य पर्याय– श्याम, मोहन, वंशीधर, मुरलीधर, नंदलाल, गोविंद आदि हैं जबकि **गणेश** के पर्यायवाची– लंबोदर, गजानन, गणपति, विनायक, गणनायक, गजवदन, गौरीनंदन, एकदंत, उमासुत आदि हैं।

156. 'अश्व' का पर्यायवाची शब्द है?

(a) घोटक (b) अनन्त
(c) सुरपति (d) दिनकर

MPPSC (Pre.) 2021
DSSSB PRT 06/10/2018 Shift-II
UPSI Batch-I 19 Dec. 2017
UPSI 22.07.2017 Shift-I
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016
DSSSB Stano Exam 27/07/2014
UPRO (Pre.) 2014
DIET PGT 2014
UP PGT 2011
UP UDA Spl. Pre. 2010
UP NT Exam 2008
A/C PGT 2009
UP TGT 2003

उत्तर : (a) अश्व के पर्यायवाची–घोटक, हय, बाजि, तुरंग, घोड़ा, रविसुत, सैंधव।
अनन्त के पर्यायवाची–अपार, असीम, बेहद, बेशुमार, निस्सीम।
सुरपति के पर्यायवाची–इन्द्र, शचीपति, मघवा, शक्र, पुरन्दर, कौशिक, देवराज, मेघपति, सुरेन्द्र, सुरेश, सहस्राक्ष, अमरपति, पुरहुत, बिबुधेश, वज्रधर।
दिनकर के पर्यायवाची–सूर्य, रवि, भानु, दिवाकर, भास्कर, प्रभाकर, सविता, पतंग, आदित्य।

157. इनमें से कौन-सा शब्द 'चंदन' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) मलयज (b) नौध
(c) गंधराज (d) दारुसार

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (b) : चंदन का पर्यायवाची 'नौध' नहीं है। नौध का अर्थ नया पौधा होता है।
मलयज, गंधराज, दारूसार, 'चंदन' शब्द के पर्यायवाची हैं।

158. 'शिखा' के लिए इनमें से कौन-सा शब्द उपयुक्त है?

(a) आकाश (b) सूर्य
(c) चोटी (d) बादल

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : शिखा के पर्याय- चोटी, शिखर, चूड़ा आदि।
आकाश के पर्याय- अंबर, अंतरिक्ष, अभ्र, गगन, नभ, व्योम आदि।
सूर्य के पर्याय - दिनकर, रवि, भास्कर, प्रभाकर, मार्तण्ड, अर्क, मरीची आदि।
बादल के पर्याय - मेघ, जलद, अभ्र, अंबुद, नीरद आदि।

159. इनमें से कौन-सा शब्द 'चैत्र' का समानार्थी नहीं है?

(a) युद्धभूमि (b) बौद्ध भिक्षु
(c) यज्ञभूमि (d) संवत का प्रथम मास

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (a) युद्धभूमि 'चैत्र' का समानार्थी शब्द नहीं है। 'चैत्र' का समानार्थी शब्द हैः- संवत् का प्रथम मास, यज्ञभूमि, बौद्धभिक्षु, देवालय।

160. 'शिव' का कौन-सा अर्थ नहीं है?

(a) महादेव (b) पशुपति
(c) चक्रपाणि (d) शंकर

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा-2023
UPSSS JE (परीक्षा तिथि-16.04.2022)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UP UDA Pre. 2010
UP PGT 2004

उत्तर : (c) 'चक्रपाणि' विष्णु का पर्यायवाची शब्द है जबकि शिव के पर्यायवाची शब्द-शंकर, उमापति, शंभु, भोलेनाथ, त्रिपुरारि, महादेव, महेश आदि हैं।

161. 'शशांक' शब्द का पर्यायवाची है–

(a) सूर्य (b) किरण
(c) चन्द्रमा (d) बादल

UPSI Batch-I 13 Dec. 2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'शशांक' 'चंद्रमा' का पर्यायवाची शब्द है। चन्द्रमा के अन्य पर्यायवाची शब्द- सोम, सुधांशु, द्विजराज, राकापति, मयंक, शशि, निशाकर, राकेश, हिमकर, मृगांक, इन्दु, सुधाकर, सोम, रजनीपति, निशानाथ, तथा तारकेश्वर इत्यादि हैं।

162. 'सुन्दर' शब्द का पर्यायवाची है–

(a) चारु (b) केशी
(c) अम्बुद (d) पुष्कर

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)
UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (a) 'सुन्दर' के पर्यायवाची शब्द- चारु, 'ललित', 'ललाम', 'मंजुल', 'कमनीय', 'सुरम्य', 'सुहावना', चित्ताकर्षक', 'मनोहर', रम्य हैं। 'अम्बुद' बादल का, 'केशी' सिंह का तथा 'पुष्कर' तालाब का पर्याय है।

163. कौन-सा शब्द 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) कमलासन (b) चतुरानन
(c) चतुर्मुख (d) चतुर्भुज

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
DSSSB TGT Science 29/09/2018, II Shift
UDA/LDA परीक्षा-2015
UP RO (Pre.), 2014
UP RO (Pre.) 2014

उत्तर : (d) उक्त विकल्पों में 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची 'चतुर्भुज' नहीं है। 'चतुर्भुज' का पर्याय विष्णु होता है। विष्णु के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – नारायण, हरि, चक्रपाणि, चतुर्भुज, मुकुन्द, जनार्दन, गोविन्द, लक्ष्मीपति आदि। ब्रह्मा के पर्यायवाची शब्द हैं – कमलासन, विरंचि, पितामह, चतुरानन, प्रजापति, स्वयंभू आदि।

@RexstarPdf

164. दिए गए विकल्पों में से 'लघु' शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा विकल्प है?

(a) छोटा (b) विशाल
(c) दीर्घ (d) बड़ा

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से 'लघु' का समानार्थी शब्द 'छोटा' होता है।

165. 'अवगाहन' शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) स्वागत करना (b) आसन
(c) जाना (d) छानबीन

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (d) 'अवगाहन' शब्द का समानार्थी 'छानबीन' होता है। इसके अन्य समानार्थी शब्द– चिन्तन, मनन, मंथन, अन्वेषण इत्यादि।

166. निम्नलिखित में से एक 'समुद्र' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) जलधि (b) जलधाम
(c) जलनिधि (d) जलाधिप

VDO Re-Exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC JA Backlog 19.02.2019
UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019
KVS PGT Hindi, 2017
UP PGT 2017
UP RO (Pre.), 2016
चकबंदी लेखपाल परीक्षा, 2015
DSSSB फायर ऑपरेटर परीक्षा 31/08/2014
DSSSB वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा, 22/06/2014
[UK PSC AE 2013]
UP RO (Pre), 2010
UP UDA (Pre.) 2010

उत्तर : (d) जलधि, जलधाम, जलनिधि और सागर, समुद्र के पर्यायवाची शब्द हैं, जबकि 'जलाधिप' शब्द वैदिक देवता वरुण का पर्यायवाची शब्द है।

167. इनमें से एक शब्द 'मछली' का पर्यायवाची नहीं है :

(a) मत्स्य (b) मीन
(c) शफरी (d) जलोदरी

(UPUDA Spl. Pre. 2010)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UP SSSC कृषि प्राविधिक 18/02/2019

उत्तर : (d) जलोदरी मछली का पर्यायवाची नहीं है। 'मछली' के पर्यायवाची शब्द मीन, मत्स्य, शफरी हैं।

168. 'देहधारी' शब्द पर्यायवाची है–

(a) जिह्वा का (b) जीव का
(c) जल का (d) जय का

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (b) 'देहधारी' शब्द जीव का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय हैं- प्राणी, प्राणधारी, देही, जीवधारी आदि। जबकि 'जिह्वा' जीभ का तथा 'जल' पानी का पर्याय है।

169. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
प्रख्यात

(a) प्रसिद्ध (b) विमुख
(c) हस्ती (d) शोणित

SSC GD 11/02/2019 (Shift-III)

उत्तर: (a) 'प्रख्यात' शब्द का पर्यायवाची 'प्रसिद्ध' होता है। शेष विकल्प के पर्यायवाची निम्न हैं–

शब्द		पर्यायवाची
विमुख	–	उदासीन, विरक्त, अनसक्त
हस्ती	–	नाग, हाथी, राज, कुंजर, कूम्भा, मतंग, वारण, गज।
शोणित	–	रक्त, रूधिर, खून, लहू, लोहित।

170. समानार्थी शब्द का चयन कीजिये-
संविदा

(a) बातचीत (b) झगड़ा
(c) ठेका (d) वादा

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'संविदा' का समानार्थी शब्द 'ठेका' होता है।

171. 'प्रतारक' किसका पर्यायवाची है?

(a) ठग का (b) टेक का
(c) टीका का (d) डर का

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (a) 'प्रतारक' शब्द ठग का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय हैं- वंचक, अड़ीमार, प्रवंचक, जालसाज आदि।

निम्नलिखित में असमानार्थक शब्द का चयन कीजिए।

172. (a) वीर (b) निडर
(c) शूर (d) डरपोक

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) वीर, निडर, शूर, निर्भय, दिलेर, निधड़क, बेधड़क समानार्थक शब्द हैं। डरपोक शब्द दिये गये विकल्पों से भिन्न शब्द है।

173. इनमें से 'ईर्ष्या' का पर्यायवाची कौन-सा होगा?

(a) आह (b) स्पर्धा
(c) प्रतिस्पर्धा (d) डाह

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'डाह' शब्द 'ईर्ष्या' का पर्यायवाची है। ईर्ष्या के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– जलन, कुढ़न, द्वेष, विद्वेष, हसद, मत्सर, रश्क आदि।

174. इनमें से कौन-सा शब्द 'स्नेह' का समानार्थी शब्द नहीं है?

(a) तेल (b) चिकनाहट
(c) गोद (d) प्रेम

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'गोद' शब्द स्नेह का समानार्थी नहीं है। शेष तेल, चिकनाहट, तथा प्रेम स्नेह के समानार्थी शब्द हैं।

175. 'ओघ' शब्द पर्यायवाची है-

(a) ढेर का (b) ढोंग का
(c) ढीठ का (d) डेरा का

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (a) 'ओघ' शब्द ढेर का पर्यायवाची है। ढेर के अन्य पर्याय हैं- अंबार, राशि, जमाव, पुंज आदि।

176. इनमें से कौन-सा शब्द 'उपस्थित' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) तैयार (b) विद्यमान
(c) हाजिर (d) प्रस्तुत

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर: (a) उपस्थित शब्द का पर्याय विद्यमान, हाज़िर, प्रस्तुत, मौजूद, समुपस्थित इत्यादि हैं। तैयार शब्द उपस्थित का पर्याय नहीं है।

177. ''फूल'' का पर्यायवाची नहीं है-

(a) सुमन (b) पुष्प
(c) तनुजा (d) कुसुम

DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-III)
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
DSSSB PGT - 23.07.2018
UPSI 24/07/2017 Shift-I
UPSI 20/07/2017 Shift-II
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015
DSSSB PGT 30/11/2014
हेड कांस्टेबल परीक्षा, 29/06/2014

उत्तर : (c) सुमन, पुष्प, कुसुम 'फूल' के पर्यायवाची शब्द हैं, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द प्रसून, लता, मंजरी, गुल हैं, जबकि तनुजा, बेटी या पुत्री का पर्यायवाची शब्द है।

178. 'नवनीत' शब्द का समानार्थी निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) गृह (b) नया चाँद
(c) ताजा मक्खन (d) जल

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (c) 'नवनीत' शब्द का समानार्थी 'ताजा मक्खन' है। अन्य समानार्थी शब्द- घी, अमृत, मसका, घृत इत्यादि।

179. 'नाव' का समानार्थी शब्द निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा नहीं है?

(a) नौका (b) डोंगी
(c) तरुणी (d) तरी

DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-III)
UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
DSSSB PRT 11/11/2018, I Shift
UPSI Batch - II 16 Dec.2017
UDA/LDA Exam-2015
GIC PGT 2009

उत्तर : (c) निम्नलिखित शब्दों में 'नाव' का समानार्थी शब्द 'तरुणी' नहीं होगा। नाव के समानार्थी शब्द हैं– नौका, डोंगी, तरी, जलयान आदि। जबकि तरुणी के समानार्थी शब्द हैं- युवती, यौवनवती, रमणी, नवयुवती आदि।

180. दिए गए विकल्पों में से 'किशोर' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) कोलाहल (b) पारिवारिक
(c) समझदार (d) तरुण

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) 'किशोर'शब्द का समानार्थी 'तरुण' होता है।

181. 'आशय' शब्द का पर्यायवाची है–

(a) आहार (b) आँचल
(c) तात्पर्य (d) अपरिहार्य

उत्तर : (c) 'आशय' का पर्यायवाची शब्द 'तात्पर्य' होता है।

182. निम्न में एक शब्द हाथी का पर्याय नहीं है, उस शब्द का चयन कीजिए –

(a) द्विज (b) द्विरद
(c) तरणि (d) सिंधूर

लेखपाल भती परीक्षा 2008.

उत्तर: (c) निर्दिष्ट विकल्पों में 'हाथी' का पर्याय 'तरणि' नहीं है। तरणि का पर्याय सूर्य होता है। सूर्य के अन्य पर्यायवाची हैं – आदित्य, दिवाकर, दिनेश, मार्तण्ड, पतंग, रवि, प्रभाकर, अरुण आदि। इसी प्रकार हाथी के पर्यायवाची शब्द है – द्विज, सिंधुर, हस्ती, कुंजर, द्विरद आदि।

183. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये शब्द के समानार्थी शब्द का विकल्प नहीं है।

दुःख -

(a) शोक (b) दशन
(c) विषाद (d) क्षोभ

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : 'दुःख' के समानार्थी शब्द-शोक, विषाद, क्षोभ, तकलीफ कष्ट, वेदना आदि होते हैं।
जबकि दशन, दाँत का समानार्थी शब्द है। इसे अन्य समानार्थी शब्द- उंत, कवच, रदन, द्विज आदि होते हैं।

184. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के सही अर्थ का उचित विकल्प है।

घमंड

(a) तुरग (b) विधु
(c) दर्प (d) घट

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)
UP UDA Pre. 2013

उत्तर : (c) : उपर्युक्त विकल्पों में दर्प का अर्थ घमंड होता है।
जबकि अन्य शब्दों के अर्थ निम्न है–

तुरंग	–	घोड़ा
विधु	–	भगवान विष्णु/बुद्धिमान
घट	–	घड़ा

185. विरासत का पर्यायवाची है-

(a) देय (b) प्रदेय
(c) दाय (d) धाय

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'विरासत' का पर्यायवाची शब्द 'दाय' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - न्यास, धरोहर, थाती आदि।

186. निम्नलिखित में से किस शब्द का अर्थ 'लहर' नहीं है?

(a) तरंग (b) दुकूल
(c) हिलोर (d) वीची

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)
UPSI Batch-III 20 Dec. 2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UP S.D.I. Exam 2003
UP UDA Pre. 2013
UP UDA Spl. Pre. 2010

उत्तर : (b) प्रश्नगत् विकल्पों में दुकूल का अर्थ लहर नहीं होता है। यह 'वस्त्र' का पर्यायवाची है। तरंग, हिलोर तथा वीची लहर के पर्यायवाची शब्द हैं।

187. प्रेक्षा का पर्यायवाची है–

(a) दीक्षा (b) परीक्षा
(c) शिक्षा (d) दृष्टि

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (d) 'प्रेक्षा' का पर्यायवाची शब्द 'दृष्टि' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - नेत्र, नयन, लोचन, दृग, आँख आदि।

निम्नलिखित में असमानार्थक शब्द का चयन कीजिए।

188. (a) स्नेह (b) अनुराग
(c) द्वेष (d) प्रीति

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) स्नेह, अनुराग, प्रीति, प्रेम, प्रणय, अनुरक्ति समानार्थक शब्द हैं , जबकि द्वेष असमानार्थक शब्द है।

189.इनमें से कौन-सा शब्द 'कृष्णा' का पर्यायवाची है?

(a) राधा (b) रुक्मिणी
(c) द्रौपदी (d) यशोदा

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर. (c) 'द्रौपदी' शब्द कृष्णा का पर्यायवाची है, इसके अन्य पर्यायवाची-द्रुपदसुता, पांचाली, याज्ञसेनी आदि हैं।

190. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'पुत्री' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) दुहिता (b) दौहित्र
(c) तनया (d) सुता

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'दौहित्र' शब्द पुत्री का पर्यायवाची नहीं है बल्कि 'बेटी का बेटा' अर्थात् 'नाती' को 'दौहित्र' कहते हैं। जबकि 'पुत्री' का पर्यायवाची है – दुहिता, तनया, सुता, नंदिनी, तनुजा, आत्मजा, बेटी आदि।

191. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'मेघ' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) पयोधर (b) जलधर
(c) वारिधर (d) दामोधर

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d) : 'दामोधर' शब्द मेघ का पर्यायवाची नहीं है। मेघ के पर्यायवाची शब्द हैं– पयोधर, जलधर, वारिधर, धाराधर, वारिद, बादल, जीमूत, नीरद आदि। दामोधर शब्द अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप दामोदर होता है जिसके पर्यायवाची हैं– जनार्दन, चक्रपाणि, विश्वम्भर, मुकुन्द, नारायण, केशव, माधव, चतुर्भुज, कृष्ण आदि।

192. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?

(a) वन,कानन, बानन (b) कटक, दल, बल
(c) अभ्यागत, भाग, वित्त (d) धन, द्रव्य, मुद्रा

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त विकल्पों में धन, द्रव्य, मुद्रा परस्पर पर्यायवाची शब्द हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं।
वन, कानन,, विटप, जंगल के पर्यायवाची हैं जबकि बानन निरर्थक शब्द है।
कटक, दल, फौज, लश्कर, सेना के पर्याय शब्द हैं जबकि बल और ताकत, शक्ति के पर्यायवाची शब्द हैं।

193. इनमें से कौन-सा शब्द 'अगुआ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) सरदार (b) अग्रणी
(c) मुखिया (d) धनाढ्य

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों में अगुआ का पर्यायवाची धनाढय नहीं है।
अगुआ के पर्यायवाची–सरदार, अग्रणी, मुखिया, पथ-प्रदर्शक, नेता, नायक, अग्रदूत, प्रधान, लीडर आदि।
धनाढ्य के पर्यायवाची–धनवान, रईस, धनी, समृद्ध, साहूकार, संपन्न, अमीर आदि।

194. इनमें से 'कोदण्ड' का पर्यायवाची कौन-सा है?

(a) भाला (b) तलवार
(c) फावड़ा (d) धनुष

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'धनुष' शब्द 'कोदण्ड' का पर्यायवाची शब्द है। 'धनुष' के अन्य पर्यायवाची इस प्रकार हैं– धनु, कमान, मेहराब, शरासन, धनुक आदि।
तलवार– करवाल, चंद्रहास, खड़ग, असि, कृपाण आदि।
भाला– बरछा, नेजा आदि।

195. ''वसुधा'' शब्द का अर्थ बताइए।

(a) सुधा (b) चन्द्रमा
(c) प्रकृति (d) धरती

UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
UPSI Batch-III 14 Dec.2017

उत्तर : (d) 'वसुधा' शब्द का अर्थ 'धरती' है। वसुधा के अन्य समानार्थी शब्द– भू, अचला, मेदिनी, मही, धरणी आदि हैं।

196. गाय का पर्यायवाची क्या होगा?

(a) धेनु (b) अरूणशिखा
(c) चतुष्पद (d) वासुकी

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'गाय' का पर्यायवाची धेनु है। इसके अन्य पर्यायवाची गौरी, सुरभि, भद्रा, गो इत्यादि हैं।

197. पाखंडी का पर्यायवाची क्या होगा?

(a) धूर्त (b) होशियार
(c) बुद्धिमान (d) ईमानदार

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'पाखंडी' का पर्यायवाची 'धूर्त' होगा। समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं। पाखंडी के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - ढोंगी, आडम्बरी आदि।

198. इनमें से कौन-सा शब्द 'आलसी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) नासमझ (b) सुस्त
(c) निठल्ला (d) ठलुआ

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में 'नासमझ' शब्द 'आलसी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है जबकि सुस्त, निठल्ला, ठलुआ, निकम्मा, काहिल, निखट्टू , निरूद्योगी आदि आलसी के पर्यायवाची शब्द हैं।

199. इनमें से कौन-सा शब्द 'केवट' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) निपुण (b) धीवर
(c) मांझी (d) मल्लाह

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'निपुण' शब्द 'केवट' का अर्थ नहीं है। केवट का अर्थ धीवर, मांझी, मल्लाह है।
निपुण का पर्याय–कुशल, चतुर, अनुभवी, योग्य, काबिल, अभिज्ञ, पूर्णतः आदि।

@RexstarPdf

200. 'आसन्न' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(a) नज़दीक (b) तैयार
(c) कुर्सी (d) प्रतीक्षा

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (a) : 'आसन्न' शब्द का पर्यायवाची शब्द 'नजदीक' है इसके अन्य पर्यायवाची शब्द– निकट, पास, समीप, करीब, सन्निकट आदि हैं।

201. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''हिमांशु'' का पर्यायवाची शब्द है?

(a) निशाकर (b) सलिल (c) मतंग (d) सुरम्य

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (a) 'हिमांशु' के पर्यायवाची शब्द- हिमकर, निशाकर, सोम, सुधांशु, राकापति, विधु, मयंक, शशि, चन्द्रमा, चन्द्र तथा निशापति हैं।

202. 'सरसिज' शब्द का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) नलिन (b) नौकर
(c) आदेश (d) दृग

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (a) 'सरसिज' का पर्यायवाची शब्द 'नलिन' है। नौकर के पर्यायवाची– दास, अनुचर, भृत्य आदि हैं, वहीं 'दृग' के पर्यायवाची– अक्षि, नैन, आँख इत्यादि हैं। सरसिज एवं नलिन दोनों ही कमल के पर्यायवाची हैं।

203. 'स्वच्छ' शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए।

(a) पंकिल (b) नीरज
(c) नीरद (d) निर्मल

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'स्वच्छ' शब्द का पर्यायवाची 'निर्मल' होता है जिसका अर्थ साफ-सुथरा या पवित्र होता है। पंकिल का अर्थ गंदा या मैला होता है। नीरज 'कमल' का तथा नीरद 'बादल' का पर्याय शब्द है।

204. यातुधान का पर्यायवाची शब्द है–

(a) वसन (b) आग
(c) अश्व (d) निशिचर

High Court ARO 2021
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'यातुधान' के पर्यायवाची–निशिचर, राक्षस, असुर, दैत्य, दानव, सुरारि, रजनीचर।
'वसन' के पर्यायवाची- कपड़ा, वस्त्र, पट, चीर
'आग' के पर्यायवाची – अग्नि, अनल, पावक, वह्नि, हुताशन
'अश्व' के पर्यायवाची – घोड़ा, तुरंग, वाजि, घोटक, हय, सैंधव, रविसुत।

205. 'प्रयोजन' का समानार्थी शब्द नहीं है–

(a) लक्ष्य (b) हेतु
(c) नियोजन (d) उद्देश्य

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर (c) : 'नियोजन' शब्द 'प्रयोजन' का समानार्थी नहीं है। नियोजन का अर्थ 'नियुक्त' करना होता है। हेतु, उद्देश्य एवं लक्ष्य प्रयोजन के समानार्थी शब्द हैं।

206. राजा का पर्यायवाची होगा–

(a) मूक (b) नृप
(c) प्रजा (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) राजा के पर्यायवाची 'नृप' नरेन्द्र, भूप, भूपति, नरपति, नरेश, नरेन्द्र आदि होंगे जबकि 'मूक' गूँगे का, 'प्रजा' जनता का पर्यायवाची शब्द है।

207. निम्नलिखित में से 'अर्जुन' का पर्यायवाची कौन सा शब्द नहीं है?

(a) कौन्तेय (b) पार्थ
(c) नारायण (d) धनंजय

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : 'नारायण' शब्द 'अर्जुन' का पर्यायवाची नही है, बल्कि विष्णु का पर्याय है। विष्णु के अन्य पर्याय– गरुड़ध्वज, अच्युत, जनार्दन, विभु, विश्वरूप, हृषिकेश आदि जबकि 'धनंजय' के पर्याय– अर्जुन, पार्थ, गांडीवधर, कौन्तेय, गुडाकेश आदि हैं।

208. निम्नलिखित शब्दों में से 'हनुमान' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(a) रामभक्त (b) पवनसुत
(c) बजरंगबली (d) कपीश्वर

UP TGT 2009

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'रामभक्त' शब्द हनुमान का पर्यायवाची नहीं है। हनुमान के पर्यायवाची हैं - महावीर, कपीश, रामदूत, मारुतिनंदन, बजरंगी, पवनसुत, पवनकुमार, कपीश्वर इत्यादि।

209. दिए गए शब्द का पर्यायवाची शब्द ज्ञात कीजिए।
अंकुश

(a) पाबंदी (b) अंश
(c) हरि (d) दर्प

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (a) : अंकुश के पर्यायवाची शब्द – पाबंदी, रोक, दबाव, गजांकुश आदि। शेष विकल्प अशुद्ध हैं। अन्य विकल्पों के पर्यायवाची शब्द निम्न हैं–
अंश – हिस्सा, भाग, खंड, टुकड़ा, अवयव आदि।
हरि – विष्णु, ईश्वर, सूर्य, पीला, आदि।
दर्प – मद, घमंड, दंभ, अहंकार, अभिमान आदि।

210. इनमें से कौन-सा शब्द 'तत्पर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) सन्नद्ध (b) प्रबुद्ध
(c) तैयार (d) कटिबद्ध

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'प्रबुद्ध' शब्द 'तत्पर' का पर्यायवाची नहीं है। प्रबुद्ध का अर्थ बुद्धिमान होता है। तत्पर के पर्यायवाची सन्नद्ध, तैयार, कटिबद्ध इत्यादि हैं।

211. इनमें से कौन-सा शब्द 'त्रुटि' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) गलती (b) अशुद्धि
(c) भूल-चूक (d) पल

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'त्रुटि' के पर्यायवाची - गलती, अशुद्धि, भूल-चूक कमी, न्यूनता, अभाव, अपराध, खराबी इत्यादि हैं।
पल, शब्द त्रुटि का पर्यायवाची नहीं है। पल के पर्यायवाची - क्षण, लम्हा आदि।

@RexstarPdf

212. 'वृषभानुजा' किस शब्द का समानार्थी है?

(a) सीता (b) जानकी
(c) राधा (d) पार्वती

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (c) 'वृषभानुजा' शब्द 'राधा' का समानार्थी शब्द है–
राधा – हरिप्रिया, राधिका, ब्रजरानी, वृषभानुजा आदि।
सीता – जानकी, वैदेही, जनकसुता, जनकतनया आदि।
पार्वती – गिरिजा, गौरी, उमा, शैलजा, भवानी आदि।

213. 'विचित्र' के तीन समानार्थी शब्द दिए गए हैं, उस शब्द का चयन करें जो समानार्थी नहीं है।

(a) अनूठा (b) विलक्षण
(c) रहस्यमय (d) भिन्न

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (c) 'रहस्यमय' विचित्र का समानार्थी शब्द नहीं है, शेष तीनों शब्द– विलक्षण, अनूठा तथा भिन्न 'विचित्र' के समानार्थी हैं।

214. कौन-सा शब्द 'रक्त' का समानार्थी अर्थ प्रकट नहीं करता ?

(a) रिपु (b) लहू
(c) रुधिर (d) शोणित

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के अनुसार 'रिपु' शब्द रक्त का समानार्थी अर्थ नहीं प्रकट करता है। शेष शब्द रक्त के समानार्थी शब्द हैं, जैसे– लहू, रुधिर, शोणित। रिपु के अन्य समानार्थी शब्द हैं– बैरी, दुश्मन, अरि, अमित्र आदि।

215. ''रतिपति'' शब्द का समानार्थी शब्द पहचानिए।

(a) निशाचर (b) जगदीश
(c) पंचशर (d) अलकापुरी

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) 'रतिपति' का समानार्थी शब्द 'पंचशर' है, जिसका अर्थ कामदेव है।

216. मेधावी का पर्यायवाची है–

(a) निष्ठावान (b) विद्वान
(c) विचारशील (d) प्रतिभाशाली

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'मेधावी' का पर्यायवाची-'प्रतिभाशाली', विज्ञ, प्रज्ञ, समझदार, बुद्धिमान, अक्लमंद आदि। विद्वान के पर्यायवाची-विशारद, ज्ञानी, पंडित, सुधी, विशेषज्ञ आदि, निष्ठावान के पर्यायवाची-श्रद्धावान, आस्थावान, विश्वासी आदि।

217. 'फल' का पर्यायवाची शब्द है–

(a) फरेब (b) फणी
(c) परिणाम (d) फिराक

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (c) 'फल' का पर्यायवाची शब्द 'परिणाम' होता है। 'फणी' 'नाग' का पर्यायवाची शब्द है। 'फिराक' का अर्थ वियोग या जुदाई होता है।

218. दिए गए विकल्पों में 'प्रतिक्रिया' का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?

(a) प्रत्युत्तर (b) भनभनाहट
(c) बदस्तूर (d) यथानियम

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर: (a) 'प्रतिक्रिया' शब्द का दिये गये विकल्पों में सही पर्यायवाची 'प्रत्युत्तर' होगा।

219. समान अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(a) विलोम शब्द (b) अनेकार्थी शब्द
(c) पर्यायवाची शब्द (d) सामान्य शब्द

UPP CONSTABLE, 2017

उत्तर. (c) : समान अर्थ बताने वाले शब्द को पर्यायवाची शब्द कहते हैं जैसे-आँख के पर्यायवाची शब्द नेत्र, नयन,दृष्टि, लोचन, दृग, अक्षि आदि हैं। विलोम का अर्थ उलटा/विपरीत होता है और हिन्दी में कुछ ऐसे शब्द होते हैं, जिनके अनेक अर्थ होते है, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं।

220. निम्नलिखित शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन, दिए गए विकल्पों में से करें।
तालाब

(a) पुष्कर (b) अर्णव
(c) तड़ित (d) पयोद

NVS TGT - 18.09.2019
KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)
UPPCL JE Electrical, 2018
UPSI Batch III 12 Dec. 2017

उत्तर : (a) तालाब का पर्यायवाची सर, सरोवर, पुष्कर, जलाशय, तड़ाग पद्माकर, ह्रद, सरसी होता है। समुद्र के पर्यायवाची- सागर, सिन्धु, उदधि, वारीश, पयोनिधि, अर्णव होता है। बिजली के पर्यायवाची- चपला, चंचला, दामिनी, सौदामिनी, तड़ित होता है। बादल के पर्यायवाची- घन, जलद, जलधर, नीरद,पयोद होता है।

221. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'पताका' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) झण्डा (b) निशान
(c) प्रस्तर (d) ध्वज

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UP TGT 2005
UP TGT 2009

उत्तर : (c) 'पताका' शब्द के पर्यायवाची - झण्डा, निशान, ध्वज इत्यादि। जबकि प्रस्तर शब्द का अर्थ होता है पत्थर। पत्थर शब्द 'पताका' का पर्यायवाची नहीं है।

222. गँदला, मैला, मलिन किस शब्द के पर्यायवाची हैं?

(a) प्रलय (b) धवल
(c) पंकिल (d) पामर

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) गँदला, मैला, मलिन शब्द 'पंकिल' के पर्यायवाची शब्द हैं। धवल का अर्थ उजला, प्रलय का अर्थ विनाश होता है।

223. 'प्राची' का पर्यायवाची शब्द है –

(a) प्राचीन (b) प्रकृत
(c) पूर्व (d) प्रज्ञा

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (c) 'प्राची' का पर्यायवाची शब्द पूर्व है न कि प्राचीन, प्रकृत और प्रज्ञा है।

@RexstarPdf

224. ''तनय, सुत, आत्मज.....'' विकल्पों में से सही पर्यायवाची शब्द चुनिए –

(a) पुत्र (b) पुत्री
(c) भाई (d) पिता

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
DSSSB फायर ऑपरेटर परीक्षा, 31/08/2014
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'तनय, सुत, आत्मज ये सभी 'पुत्र' के पर्यायवाची शब्द हैं। इनके अन्य पर्यायवाची–बेटा, अंशज, आत्मज आदि हैं। जबकि पुत्री के पर्याय–सुता, बेटी, अंशजा, आत्मजा, तनया, भाई के पर्याय–अनुज, अग्रज, भ्राता, भातृ एवं पिता का पर्याय–जनक, तात, पित्र, बाप आदि हैं।

225. 'नैसर्गिक' का पर्यायवाची है –

(a) सत्कृत (b) चमत्कृत
(c) प्राकृतिक (d) चतुर्दिक्

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UP RO (Pre.), 2010
UPPCL TG2 2016

उत्तर : (c) 'नैसर्गिक' का पर्यायवाची शब्द 'प्राकृतिक' होता है, जबकि सत्कृत, चमत्कृत और चतुर्दिक का नैसर्गिक शब्द से कोई सम्बन्ध नहीं है।

226. 'थोक' का पर्यायवाची है-

(a) परचून (b) थाक
(c) थोया (d) पर्यायिक

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर. (d) 'थोक' का पर्यायवाची शब्द 'पर्यायिक' है। अन्य सभी विकल्प पर्यायवाची की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

227. 'जटिल' का अर्थ बताइए।

(a) व्यर्थ (b) गंदा
(c) असंभव (d) पेचीदा

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (d) जटिल का अर्थ 'पेचीदा' होता है।

228. 'जीभ' का पर्याय है –

(a) वचन (b) रसना
(c) ध्वनि (d) जीव

DSSSB फायर ऑपरेटर परीक्षा, 31/08/2014
(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर. (b) 'जीभ' का पर्यायवाची शब्द 'रसना' होता है जबकि वचन, ध्वनि और जीव, जीभ के पर्याय नहीं हैं।

229. दिए गए विकल्पों में से ''किल्विष'' का समानार्थी शब्द चुनिए।

(a) भयंकर (b) महाविष
(c) पाप (d) विषैला

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (c) 'किल्विष' का समानार्थी शब्द 'पाप' होगा। अन्य समानार्थी शब्द हैं- दोष, अपराध, छल, कपट आदि।

230. इनाम का समानार्थी शब्द क्या होगा?

(a) पुरस्कार (b) ईमानदारी
(c) यश (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a): 'इनाम' का समानार्थी शब्द 'पुरस्कार' है। ऐसे शब्द जिनके अर्थ समान हों समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। जैसे- बख्शीश, पारितोषिक, उपहार आदि।

231. 'डोरे डालना' का अर्थ क्या है?

(a) प्रेम में फांसना (b) दुःखी करना
(c) बाधना (d) फन्दे डालना

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'डोरे डालना' का सही अर्थ 'प्रेम में फांसना' है।

232. इनमें एक शब्द 'पाप' का पर्याय है:

(a) पतित (b) पूत
(c) पातक (d) पत्रक

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : 'पातक' शब्द 'पाप' का पर्यायवाची शब्द है। शब्दों के पर्यायवाची निम्नलिखित हैं-

शब्द	**पर्यायवाची**
पाप	अघ, पातक, गुनाह, कलुष
पतित	अधम, निकृष्ट, निम्न, नीच, भ्रष्ट
पूत	तनय, आत्मज, सुत, औरस
पत्रक	दल, पर्ण, पल्लव, पात

233. इनमें से एक शब्द 'दुख' का पर्यायवाची नहीं है, छाँटिए:-

(a) क्लेश (b) संताप
(c) पीड़ा (d) पश्चाताप

SSC GD Constable 12/12/2023
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'पश्चाताप' दुख का पर्यायवाची नहीं है। पश्चाताप का अर्थ 'पछतावा' होता है। जबकि क्लेश, संताप, पीड़ा, 'दुख' के पर्यायवाची हैं। इसके अन्य पर्याय- व्यथा, कष्ट, उद्वेग, वेदना, खेद, विषाद, संकट आदि।

234. 'पद' शब्द की एक के साथ संगति नहीं है-

(a) पेड़ (b) शब्द
(c) पैर (d) दर्जा

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'पद' शब्द की **पेड़** के साथ संगति नहीं है। 'शब्द; पैर एवं दर्जा 'पद' शब्द का समानार्थी है।

235. 'क्षिति' का पर्यायवाची है-

(a) कमल (b) बादल
(c) सरोवर (d) पृथ्वी

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'क्षिति' का पर्यायवाची 'पृथ्वी' है। क्षिति के अन्य पर्याय हैं- धरा, वसुन्धरा, अचला, मही, मेदिनी, उर्वी, अवनि, इला आदि। अन्य विकल्प के पर्यायवाची इस प्रकार हैं-

कमल-जलज, पंकज, अंबुज, नीरज, सरोज, राजीव, इन्दीवर आदि।

बादल - घन, मेघ, नीरद, जीमूत, वारिधर, पयोदि, जलद, सारंग, अभ्र आदि।

सरोवर- पोखर, ताल, तालाब, तड़ाग, कासार, सरसी, पुष्कर, ह्रद, जलाशय आदि।

@RexstarPdf

236. 'उसके प्राण–पखेरू उड़ गये।' इस वाक्य में 'पखेरू' शब्द किसका पर्यायवाची है?

(a) पक्षी (b) जल्दी
(c) पखवाड़ा (d) पखारना

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'उसके प्राण–पखेरू उड़ गये।' इस वाक्य में पखेरू शब्द पक्षी का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय हैं– अंडज, विहग, खग, विहंग, शकुनि, पतंग, परिन्दा, चिड़िया आदि। जल्दी का पर्याय तीव्र, द्रुत होगा।

237. कोयल का सही पर्यायवाची है–

(a) पिक (b) काक
(c) सारंग (d) उरग

UPLA, RO/ARO 22.11.2020
UPSI Batch-III 21 Dec. 2017
UPPSC AE 2007

उत्तर. (a) : पर्यायवाची शब्दों के विवरण-
कोयल - पिक, कोकिला, काकपाली, बसंतदूत, सारिका, वनप्रिया, कुहुकिनी।
काक – कौआ, वायस, काग, पिशुन, करठ
सारंग – हिरण, मृग, हरिन, कुरंग, सिंह
उरग – साँप, तक्षक, नाग, विषधर, मणिधर, भुजंग।

238. दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है-
बच्चे को <u>बच्चा</u> बनकर ही समझ सकते हैं।

(a) बाल (b) बालक
(c) वायु (d) शिशु

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)

उत्तर : (c) : 'बच्चा' का पर्यायवाची 'वायु' नहीं है जबकि बाल, बालक, शिशु 'बच्चा' के पर्याय हैं।

239. संरचना का पर्यायवाची है

(a) सुधार (b) बनावट या गठन
(c) उपचार (d) रचित

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (b) 'संरचना' का उचित पर्यायवाची 'बनावट या गठन' होता है। संरचना के अन्य पर्याय हैं– ढाँचा, बनावट, संघ, व्यवस्थापन, संस्था आदि।

240. 'विप्र' शब्द का समानार्थी है .....।

(a) सहचर (b) विधाता
(c) ब्राह्मण (d) याचक

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (c) 'विप्र' के समानार्थी शब्द हैं – ब्राह्मण, भूदेव, पुरोहित, महीसुर, द्विज आदि।

241. मर्कट का पर्यायवाची है–

(a) पानी (b) पुत्र (c) बंदर (d) मित्र

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'मर्कट' के पर्यायवाची-बंदर, कपि, वानर, शाखामृग हरि। 'पुत्र' के पर्यायवाची-आत्मज, सुत, बेटा, तनय, पूत, लड़का आदि। मित्र के पर्यायवाची-सखा, दोस्त, यार, हमदम, मीत आदि। 'पानी' के पर्यायवाची- 'अम्बु', जल, नीर, सलिल आदि।

242. निम्नलिखित में से किस शब्द का अर्थ अन्य से भिन्न है?

(a) अबला
(b) बला
(c) नारी
(d) महिला

UPPCL TG2 , 2015

उत्तर: (b) बला का अर्थ अन्य से भिन्न है। अबला, नारी एवं महिला परस्पर पर्यायवाची शब्द हैं, जबकि 'बला' का शाब्दिक अर्थ 'आफत' या 'समस्या' होता है।

243. इनमें से कौन-सा शब्द 'उच्च' का समानार्थी नहीं है?

(a) टीला
(b) श्रेष्ठ
(c) बड़ा
(d) उठा हुआ

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : 'टीला' शब्द 'उच्च' का समानार्थी नहीं है जबकि बड़ा, श्रेष्ठ तथा उठा हुआ, उच्च के समानार्थी शब्द हैं।

244. इनमें से कौन-सा शब्द 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) भारती (b) चंचला
(c) अमला (d) इंदिरा

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPPCS RO/ARO Exam 2016

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'भारती' शब्द 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है। जबकि चंचला, अमला, इंदिरा, श्री, कमला, हरिप्रिया, पद्मा, रमा आदि 'लक्ष्मी' के पर्यायवाची शब्द हैं।
भारती, वागेश्वरी, वाग्देवी, शारदा, हंसवाहिनी, ज्ञानदा आदि सरस्वती का पर्याय हैं।

245. 'षट्पद' का पर्यायवाची शब्द है-

(a) तितली (b) भ्रमर
(c) मकड़ी (d) केकड़ा

KVS PRT 28-06-2023 (Shift-II)
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018
लोअर-II भर्ती परीक्षा 15-07-2018
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
UPDA Spl. Pre. 2010
UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (b) 'षट्पद' का पर्यायवाची 'भ्रमर' है, भ्रमर के अन्य पर्यायवाची हैं - भौंरा, मधुप, मिलिंद, द्विरेफ, अलि, मधुकर आदि।

246. निम्नलिखित शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन, दिए गए विकल्पों में से करें। धेनु

(a) तनुजा (b) भद्रा
(c) गिरिजा (d) शैलजा

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर. (b): 'धेनु' का पर्यायवाची शब्द 'भद्रा' है, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द– गौ, गाय, सुरभि, मौनी, दोग्धी आदि हैं, जबकि तनुजा 'बेटी' का, गिरिजा तथा शैलजा पार्वती के पर्यायवाची शब्द हैं।

@RexstarPdf

247. कौन-सा शब्द 'दैत्य' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) राक्षस (b) दानव (c) भूसुर (d) निशाचर

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'दैत्य' का पर्याय 'भूसुर' नहीं होता जबकि अन्य तीनों विकल्प इसके पर्याय हैं। 'भूसुर' का पर्याय ब्राह्मण होता है।

248. 'उच्छृंखल' के तीन समानार्थी शब्द दिए गए हैं, एक शब्द समानार्थी नहीं है उस शब्द का चयन करें जो समानार्थी नहीं है–

(a) भुक्खड़ (b) उद्दंड
(c) निरकुंश (d) अक्खड़

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (a) 'उच्छृंखल' का समानार्थी शब्द 'भुक्खड़' नहीं होगा, शेष तीनों शब्द उच्छृंखल के समानार्थी शब्द हैं– निरंकुश, उद्दण्ड, अक्खड़।

249. निम्न में से कौन सा अज्ञानी का पर्याय नहीं है?

(a) अज्ञ (b) भिज्ञ
(c) मूर्ख (d) अनभिज्ञ

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'अज्ञानी' का पर्याय अज्ञ, मूर्ख, अनभिज्ञ, पागल, मूढ़ आदि है भिज्ञ शब्द अज्ञानी का पर्याय नहीं है जबकि 'भिज्ञ' का विलोम 'अनभिज्ञ' होता है।

250. 'गांगेय' किसके लिए प्रयुक्त होता है?

(a) भगीरथ (b) शिव
(c) परीक्षित (d) भीष्म

[लेखपाल भती परीक्षा 2008]

उत्तर : (d) 'गांगेय' शब्द भीष्म से सम्बन्धित है। गंगा का पुत्र होने के कारण उन्हें 'गांगेय' से सम्बोधित किया जाता है।

251. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द समान अर्थ वर्ग का नहीं है?

(a) भय (b) कष्ट
(c) दुःख (d) पीड़ा

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : 'भय' शब्द समान अर्थ वर्ग का नहीं है बल्कि भय का अर्थ- डर तथा खौफ होता है जबकि कष्ट, दुःख, पीड़ा समानार्थी शब्द हैं।

252. कर्म ऐसा है कि कुछ भी करो, बात नहीं बनती। उक्त वाक्य में कर्म शब्द का पर्यायवाची है-

(a) कार्य (b) कर्तव्य
(c) भाग्य (d) मृतक संस्कार

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : कर्म ऐसा है कि कुछ भी करो, बात नहीं बनती। उक्त वाक्य में कर्म शब्द का पर्यायवाची 'भाग्य' है।

253. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प नहीं है।

यत्न

(a) परिश्रम (b) मृषा
(c) मेहनत (d) प्रयास

DSSSB PRT 30.03.2022 (Shift- I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्प में 'मृषा' यत्न का पर्यायवाची शब्द न होकर झूठ का पर्यायवाची शब्द है।
यत्न का पर्यायवाची शब्द– परिश्रम, मेहनत, प्रयास, चेष्टा, जतन आदि।
मृषा के पर्यायवाची शब्द– व्यर्थ, झूठ, मिथ्या आदि।

254. 'चंदन' का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन-सा है?

(a) मलयज (b) मंडन
(c) सोम (d) मरीचि

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'मलयज' शब्द 'चंदन' का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द इस प्रकार हैं- गंधराज, गंधसार, मलयज आदि।

255. इनमें से कौन-सा शब्द 'आश्रय' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) सहारा (b) आधार
(c) मिलान (d) भरोसा

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'मिलान' शब्द 'आश्रय' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।
आश्रय के पर्यायवाची- सहारा, आधार, भरोसा आदि हैं।

256. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'हंस' का पर्यायवाची है-

(a) कुरंग (b) भुजंग
(c) मराल (d) पंचवाण

UP PGT 2004

उत्तर : (c) हंस के पर्यायवाची शब्द- मुक्तभुक्, मराल, वाहन आदि हैं।

257. दिए गए विकल्पों में 'भाल' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) प्रलय (b) मस्तक
(c) भाला (d) उन्नत

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'भाल' शब्द का समानार्थी 'मस्तक' होता है।

258. 'सतर्कता' शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) सार्थकता। (b) उचित।
(c) समझदारी। (d) मुस्तैदी।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'सतर्कता' शब्द का समानार्थी शब्द 'मुस्तैदी' है।

259. दिए गए विकल्पों में से ''संक्षिप्त'' का अर्थ कौन-सा है?

(a) व्याख्या (b) मुखसर
(c) विराम (d) मुख्य

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में संक्षिप्त का अर्थ है– 'मुखसर'।

@RexstarPdf

260. दिये गये विकल्पों में से 'सखा' का समानार्थी शब्द चुनिए।

(a) सुखी (b) सूखा
(c) मित्र (d) सखी

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में 'सखा' का समानार्थी शब्द 'मित्र' होता है।

261. निम्नलिखित में असमानार्थक शब्द का चयन कीजिए।

(a) जन्म (b) मृत्यु
(c) उगना (d) उत्पादन

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) मृत्यु असमानार्थी शब्द है। जन्म, उगना, उत्पादन, उदय होना, निकल आना, पैदा होना, प्रकट होना समानार्थी शब्द हैं।

262. 'मृषा' किस शब्द का पर्याय है?

(a) मिथ्या (b) मृत्यु
(c) मुक्ति (d) मित्र
(e) चूहा

(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)

उत्तर : (a) 'मृषा' शब्द मिथ्या का पर्याय शब्द है। दिये गये विकल्पों में अन्य विकल्प मित्र, मृत्यु और मुक्ति या चूहा सही विकल्प नहीं हैं।

263. 'पथ' शब्द का उचित समानार्थी शब्द है–

(a) मार्ग (b) भोजन
(c) यात्री (d) पथिक

UPP CONSTABLE, 2017

उत्तर : (a) 'पथ' शब्द का समानार्थी शब्द 'मार्ग' है। मार्ग के अन्य समानार्थी रास्ता, सड़क, डगर और राह आदि हैं जबकि पथिक, यात्री का समानार्थी है और भोजन का समानार्थी खाना, भोज्य, आहार शब्द हैं।

264. निम्नलिखित शब्दों मे से कौन सा शब्द 'केसरी' का पर्यायवाची है?

(a) मृगेन्द्र (b) भुजंग
(c) तुरंग (d) अनंग

DSSSB PGT - 25.07.2018 (9 am - 12 pm)
DSSSB Grade Grade IV Exam 17/09/2017
UPSI Batch -II 14 Dec.2017
DSSSB LDC, 30/08/2015
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UP UDA Spl. Pre. 2010

उत्तर. (a) 'केसरी' के पर्यायवाची शब्द– सिंह, शेर, केहरि, मृगेंद्र, नखायुध, मृगराज, व्याघ्र इत्यादि हैं। 'भुजंग' 'सर्प' का, 'तुरंग' 'घोड़े' का तथा 'अनंग' 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है।

265.निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'अरविन्द' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) मिलिन्द (b) पंकज
(c) जलज (d) अम्बुज

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्प में 'मिलिन्द' अरविन्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है। अरविन्द के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – पंकज, जलज, अम्बुज, सरसिज, राजीव, अम्भोज, सरोज, नलिन आदि। मिलिन्द भौंरा का पर्याय है।

266. आनन का समानार्थी क्या होगा?

(a) मुँख (b) हाथ (c) आइना (d) आंख

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : आनन का समानार्थी शब्द - मुँख है। इसके निम्न समानार्थी शब्द हैं - चेहरा, मुखड़ा इत्यादि।

267. कौन सा शब्द विष्णु का पर्यायवाची नहीं है?

(a) केशव (b) चक्रपाणि
(c) दामोदर (d) मुक्तपुरुष

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (d) : 'विष्णु' के पर्यायवाची शब्द केशव, दामोदर, चक्रपाणि, गोविन्द हैं, जबकि तपस्वी, महात्मा, मनीषी, मुक्तपुरुष 'संत' के पर्यायवाची शब्द हैं।

268. निम्न में 'चंद्रमा' का पर्यायवाची है–

(a) मुरारि (b) निशान
(c) मृगांक (d) निलय

DSSSB TGT - 15.09.2018
UPLA, RO/ARO 22.11.2020
SSS GD 14/02/2019 , Sift-I

उत्तर. (c) : 'चन्द्रमा' के पर्यायवाची शब्द – मृगांक, चाँद, चन्द्र, हिमकर, विभाकर, सुधाकर, शशि, तारापति, रजनीश, अंशुमाली, मयंक, इंदु, निशाकर, तारकेश, विधु हैं।
'निलय' घर का, मुरारि – कृष्ण का पर्यायवाची शब्द है।
'निशान' – झंडा, पताका, ध्वजा, ध्वज, केतु के पर्यायवाची शब्द हैं।

269. निम्नलिखित में से 'नौकर' शब्द का पर्यायवाची है–

(a) परिचालक (b) अंशज
(c) आर्यपुत्र (d) भृत्य

DSSSB Grade IV Exam, 17/09/2017
UPLA, RO/ARO 22.11.2020
SSS GD 15/02/2019

उत्तर. (d) : 'नौकर' का पर्यायवाची शब्द भृत्य है। इसके अन्य पर्याय- चाकर, किंकर, अनुचर, परिचर, सेवक आदि।

270. निम्नलिखित में से 'किरण' शब्द का पर्यायवाची है–

(a) मनोज (b) अनल (c) मरीचि (d) मृगांक

NVS TGT 18.09.2019
SSC GD Constable 23/01/2023
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPLA, RO/ARO 22.11.2020
UPSI 24.07.2017 (Shift-I)
फूड इंस्पेक्टर-1996

उत्तर. (c) : पर्यायवाची शब्द का विवरण-
किरण – रश्मि, अंशु, मरीचि, कर, केतु।
मनोज – कामदेव, मदन, मन्मथ, अदेह, मार, रतिपति।
अनल – अग्नि, आग, पावक, वह्नि, हुताशन।
मृगांक – चन्द्रमा का पर्यायवाची है।

271. इनमें से कौन-सा शब्द ''योगदान'' शब्द का समानार्थी नहीं है?

(a) हाथ बँटाना (b) हित
(c) सहयोग (d) योगदीक्षा

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'योगदीक्षा' शब्द 'योगदान' शब्द का समानार्थी नहीं है जबकि सहयोग, हाथ बँटाना तथा हित शब्द योगदान के समानार्थी हैं।

272. इनमें से कौन-सा शब्द 'ओझल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) अदृश्य (b) अंतर्धान
(c) रोशनी (d) तिरोहित

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'ओझल' के पर्यायवाची शब्द:- अदृश्य, अंतर्धान, तिरोहित, लुप्त, छिपा हुआ, गायब, विलुप्त आदि।
'रोशनी' के पर्यायवाची शब्द:- उजाला, प्रकाश, जगमगाहट, चमक आदि।

273. इनमें से कौन-सा 'अनूठा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) अद्‌भुत (b) विचित्र
(c) अनोखा (d) लक्षण

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'लक्षण' शब्द अनूठा का पर्यायवाची नहीं है। शेष अद्‌भुत, विचित्र, अनोखा इसके पर्यायवाची हैं।

274. इनमें से कौन-सा शब्द 'कादम्बरी' का समानार्थी नहीं है?

(a) मैना (b) लक्ष्मी
(c) सरस्वती (d) मदिरा

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'लक्ष्मी' शब्द 'कादम्बरी' शब्द का समानार्थी शब्द नहीं है जबकि मैना, सरस्वती एवं मदिरा कादम्बरी के समानार्थी शब्द हैं।
हरिप्रिया, श्री, इंदिरा, कमला, पद्‌मा, रमा आदि 'लक्ष्मी' के समानार्थी शब्द हैं।

275.'सौमित्र' शब्द निम्न में से किसका समानार्थी है?

(a) लक्ष्मण (b) अर्जुन
(c) भीम (d) राम

UPSI Batch - III 21 Dec.2017
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'सौमित्र' का आशय सुमित्रा का पुत्र अर्थात् 'लक्ष्मण' है।

276. दिए गए शब्द का पर्यायवाची शब्द ज्ञात कीजिए।
विष

(a) अनिल (b) गरल
(c) पवन (d) हवा

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : 'गरल' शब्द विष का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय - कालकूट, जहर, हलाहल। जबकि अनिल, पवन, हवा, वायु के पर्याय हैं।

277. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प नहीं है।
ग़रुड

(a) वैनतेय (b) पक्षिराज
(c) खगेश (d) विघ्नेश

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर: (d) उपर्युक्त विकल्पों में 'विघ्नेश' गणेश का पर्यायवाची शब्द है न कि गरुड़ का जबकि वैनतेय, पक्षिराज तथा खगेश गरुड के पर्यायवाची शब्द हैं।
गणेश के अन्य पर्यायवाची शब्द– गजानन, लम्बोदर, गणपति, विघ्नहर्ता आदि।

278. इनमें से 'आसमान' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(a) रसाल (b) व्योम (c) वासण (d) केतन

UP PGT 2016
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : आसमान के पर्यायवाची–व्योम, आकाश, नभ, गगन, अम्बर, अनन्त, अंतरिक्ष, अभ्र, तारापथ, नभमंडल, शून्य।
रसाल के पर्यायवाची–आम्र, अमृतफल, आम, अतिसौरभ, च्यूत, पिकबंधु, अंब, सहकार, फलश्रेष्ठ।
केतन के पर्यायवाची–ध्वज, झण्डा, पताका, परचम।

279. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कानन' का पर्यायवाची है?

(a) मधुकर (b) पुष्प
(c) लता (d) वन

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'कानन' शब्द का पर्यायवाची शब्द 'वन' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द- जंगल, अरण्य, अटवी, कान्तार, विपिन आदि हैं।

280. इनमें से कौन-सा शब्द 'कसक' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) पीड़ा (b) दर्द (c) दुःख (d) विवाद

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'कसक' का पर्यायवाची शब्द 'विवाद' नहीं है पीड़ा, दर्द, दुःख-ये सब कसक का पर्यायवाची शब्द हैं।
'विवाद' के पर्यायवाची शब्द- बखेड़ा, झंझट, झगड़ा, लड़ाई, हगांमा, फसाद आदि।

281. इनमें से कौन-सा शब्द 'विहंग' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) विमान (b) बादल (c) विलास (d) पक्षी

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : विहंग के पर्यायवाची शब्द-विमान, बादल, पक्षी होते है जबकि विलास विहंग शब्द का अर्थ नहीं होता है।

282. इसमें से कौन-सा शब्द 'कदर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) आदर (b) श्रद्धा
(c) महत्त्व (d) विस्मय

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : विस्मय शब्द कदर का पर्यायवाची नहीं है।
कदर के पर्यायवाची–मान, प्रतिष्ठा, बड़ाई, इज्जत, अहमियत, आदर, श्रद्धा, महत्त्व।
विस्मय के पर्यायवाची–आश्चर्य, अचरज, अचंभा, कौतूहल, हैरानी, कौतुक, वैकल्य।

283. 'शाखामृग' शब्द का पर्यायवाची है :

(a) हिरण (b) वानर
(c) तोता (d) भौंरा

UK SSSC LT 2020
DIET PGT. 2014
UP PSC AE, 2007
UK PSC AE, 2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) 'शाखामृग' वानर का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्याय हैं- बन्दर, कपि, कपीश, हरि, मर्कट, कीश आदि।

284. निम्नलिखित में से 'विचित्र' का पर्यायवाची क्या होगा?

(a) विरुद्ध (b) प्रतिकूल
(c) विलक्षण (d) विपरीत

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) विचित्र के पर्यायवाची हैं– अजूबा, विलक्षण, अनूठा, अनोखा, निराला आदि। विरुद्ध, प्रतिकूल 'विपरीत' के पर्यायवाची शब्द हैं।

285. दिए गए विकल्पों में से 'नम्रता' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) अभद्रता (b) विनीत
(c) साधारण (d) मुलायम

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (b) 'नम्रता' का समानार्थी शब्द 'विनीत' होता है।

286. निम्न में से कौन–सा 'नारी' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?

(a) वनिता (b) कामिनी
(c) रमणी (d) विनीता

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (d) 'विनीता' शब्द नारी का पर्यायवाची नहीं है, जबकि वनिता, कामिनी तथा रमणी 'नारी' के पर्यायवाची शब्द हैं। नारी के अन्य पर्यायवाची शब्द– स्त्री, महिला, ललना, वामा, औरत आदि हैं।

287. इनमें से कौन-सा शब्द ''नदी'' का समानार्थी नहीं है?

(a) वारि (b) निर्झरिणी
(c) सरिता (d) तटिनी

UPSI Batch-I 12 Dec. 2017
MP TET (I-V) 2011

उत्तर. (a) : नदी का समानार्थी शब्द 'वारि' नहीं है, 'वारि' शब्द 'पानी' का समानार्थी है; शेष शब्द नदी के पर्यायवाची हैं।

288. 'देवता' का पर्यायवाची शब्द है-

(a) अनीक (b) विबुध
(c) अलकेश (d) ज्योतिष्क

GIC. PGT 2009
UP RO (Pre.), 2010
UP UDA Spl Pre 2010

उत्तर : (b) देवता का पर्यायवाची 'विबुध' होता है। इसके अन्य पर्यायवाची- देव, सुर, निर्जर, गीर्वाण, त्रिदश, अमर्त्य होगा। अनीक के पर्यायवाची सेना, सैन्य, फौज, वाहिनी, कटक, लश्कर हैं।

289. 'जनार्दन' किसका पर्यायवाची है?

(a) राम (b) कृष्ण
(c) विष्णु (d) ब्रह्मा

(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर (c) 'जनार्दन' शब्द विष्णु का पर्यायवाची शब्द है। जनार्दन के अन्य पर्यायवाची हैं – हरि, लक्ष्मीकान्त, कमलापति, अच्युत, चक्रपाणि, विभु आदि।

290. खगेश का पयार्यवाची है :

(a) वासुदेव (b) वाक्
(c) वैनतेय (d) विधु

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) खगेश का पर्यायवाची शब्द 'वैनतेय' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गरुड़, सर्पारि, हरियान, नागांतक। 'वासुदेव' श्रीकृष्ण का तथा 'विधु' चन्द्रमा का पर्यायवाची है।

291. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा 'कपड़ा' का एक पर्यायवाची है?

(a) वसन (b) मृदु (c) वृष्टि (d) सरोज

DSSSB PGT - 24.07.2018 (2 pm - 5 pm)
DSSSB PRT 13/10/2018
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
UPSSSC VDO 23/12/2018 Shift-I
UPSI Batch-III 14 Dec. 2017
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
UP PSC AE 2013
UPPSC AE 2011

उत्तर : (a) 'वसन' शब्द कपड़ा का पर्यायवाची है, जबकि मृदु का आशय 'मीठा/मधुर' है एवं वृष्टि शब्द 'वर्षा' का पर्याय है तथा सरोज कमल का पर्यायवाची है।

292. ऋतुराज पर्याय है:-

(a) वसंत का
(b) शीत का
(c) शिशिर का
(d) उपर्युक्त में से किसी का नहीं

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : ऋतुराज 'वसंत' का पर्याय हैं। 'वसंत' के अन्य पर्यायवाची शब्द इस प्रकार हैं- वसंत, कुसुमाकर, ऋतुपति, मधुमाह इत्यादि।

293. निम्न में पण्डित का पर्यायवाची शब्द है–

(a) अज्ञानी (b) विद्वान
(c) विदूषक (d) मूर्ख

DSSSB DASS Grade-II (Tier-I), 25/06/2017
UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (b) : 'पण्डित' का पर्यायवाची शब्द विद्वान है, इनके अन्य पर्याय-सुधी, कोविद, बुध, धीर, मनीषी, प्राज्ञ, विचक्षण।
अज्ञानी – अज्ञ, अनभिज्ञ, मूढ़, बेसमझ, अनाड़ी, अबोध।

294. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प नहीं है।
तारा

(a) नक्षत्र (b) शर
(c) नखत (d) तारिका

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : नक्षत्र, नखत तथा तारिका 'तारा' के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि शर- शब्द तारा का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

295. निम्न विकल्पों में से कौन-सा 'सरोवर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) तड़ाग (b) शतदल
(c) सर (d) जलाशय

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) 'सरोवर' शब्द का पर्यायवाची 'शतदल' नहीं है। सरोवर के पर्यायवाची शब्द हैं– तालाब, तड़ाग, सर, ताल, पुष्कर आदि। शतदल का पर्यायवाची 'कमल' होता है।

@RexstarPdf

296. 'वागीश्वरी' का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(a) कमला (b) शारदा
(c) सुखदा (d) प्रेमदा

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'वागीश्वरी' का पर्यायवाची 'शारदा' है। कमला लक्ष्मी का पर्याय शब्द है। वागीश्वरी के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- भारती, वीणा, गिरा, इला, ब्राह्मी, वागीशा, निधात्री, महाश्वेता आदि।

297. 'बाण' के पर्यायवाची के लिए कौन सा विकल्प उचित है?

(a) शर, शिलीमुख (b) तीर, विभूति
(c) सायक, वार (d) शर, तोप

CTET (VI-VIII) 08.01.2020
DSSSB DASS Grade-II (Tier-I), 25/06/2017
UDA/LDA परीक्षा, 2015
NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : 'बाण' के पर्यायवाची शर, शिलीमुख है। बाण के अन्य पर्यायवाची- तीर, तोमर, विशिख, नाराच, शर, ईषु, सायक इत्यादि जबकि शेष तीनों असंगत हैं।

298. 'पुलोमा' का पर्यायवाची शब्द है-

(a) शची (b) उमा
(c) कंज (d) पंचशर

GIC. PGT 2015

उत्तर : (a) 'पुलेमा' शब्द का पर्यायवाची 'शची' होगा। शची के अन्य पर्याय हैं– इन्द्राणी, इन्द्रा। निम्नलिखित शब्द उनके पर्यायवाची शब्द –

शब्द	पर्यायवाची शब्द
उमा	पार्वती, गौरी, भवानी, दुर्गा गिरिजा, कुमारी, सती, शैल सुता।
कंज	कमल, कुवलय, राजीव, तामरस, इन्दीवर, पंकज, अम्बुज, पुण्डरीक, सरोरुह, जलज, नीरज, कोकनद, नलिन।
पंचशर	कामदेव, मदन, स्मर, मनसिज, कन्दर्प, अनंग, मनोज, मयन, कुसुमशर, पुष्पधन्वा, मीनकेतु, रतिपति, केतन।

299. मृगधर का पर्यायवाची है–

(a) सिंह (b) चंद्रमा
(c) शिव (d) मयूर

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) पशुपति होने के कारण शिव को 'मृगधर' कहा जाता है। प्राचीन काल में मृग का प्रयोग समस्त पशुओं के लिए होता था यही कारण है कि सिंह का पर्याय मृगेन्द्र या मृगराज होता है, जबकि मृगांक 'चंद्रमा' का पर्यायवाची शब्द है।

300. 'नाहर' के लिए समुचित पर्यायवाची शब्द है–

(a) नदी (b) व्याघ्र
(c) सरिता (d) शेर

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'नाहर' के लिए समुचित पर्यायवाची शब्द 'शेर' है। नाहर के अन्य पर्यायवाची हैं– शार्दूल, केशरी, केहरी, पंचमुख, मृगराज, मृगेंद्र। नदी के पर्यायवाची – सरिता, तटिनी, अपगा, निम्नगा, निर्झरिणी, कूलंकषा, तरंगिणी आदि हैं।

301. चिरन्तन का पर्यायवाची है?

(a) कटु (b) स्मरणीय
(c) शाश्वत (d) अंतिम

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर. (c) चिरन्तन का शाब्दिक अर्थ है-हमेशा रहने वाला, अत: चिरन्तन का पर्याय 'शाश्वत' होगा।

302.'काँच' का पर्यायवाची शब्द है –

(a) शीशा (b) सीसा
(c) शिपा (c) शिसा

UP PGT 2002

उत्तर. (a) 'काँच' का पर्यायवाची शब्द 'शीशा' है। शेष तीनों विकल्प असंगत हैं।

303. दिए गए विकल्पों में से 'ऊर्जा' का समानार्थी शब्द चुनिए।

(a) शक्ति (b) उदग्र
(c) ऊर्ध्वांग (d) ईंधन

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिए गये विकल्पों में से 'ऊर्जा' का समानार्थी शब्द 'शक्ति' होगा। ऊर्जा के अन्य समानार्थी शब्द हैं–बल, सामर्थ्य, जोर, क्षमता, ताकत आदि।

304. 'अनाज' का पर्यायवाची शब्द है-

(a) चाह (b) शस्य
(c) सलिल (d) रूपा

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'शस्य', अनाज का पर्यायवाची शब्द है। अनाज के अन्य पर्यायवाची शब्द-अन्न, गल्ला, धान्य हैं।
चाह के पर्यायवाची शब्द– इच्छा, अभिलाषा, वांछा, कामना, आकांक्षा।
सलिल के पर्यायवाची शब्द– जल, पानी, नीर, वारि, अंबु, तोय, उदक।

305. उमापति किसका पर्यायवाची है?

(a) शंकर (b) ब्रह्मा
(c) विष्णु (d) इंद्र

[UPSI 22.07.2017 Sift I]
UP RO (Pre.) 2016

उत्तर (a) : 'उमापति' शब्द शंकर का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्यायवाची हैं– महादेव, महेश, शिव, शम्भु, देवाधिदेव, कैलाशपति, त्रिपुरारि आदि।

306. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'डर' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) शीति (b) भीति
(c) भय (d) त्रास

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'शीति' शब्द डर का पर्यायवाची नहीं है जबकि भीति, भय, त्रास शब्द डर के पर्यायवाची शब्द हैं। डर के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – आतंक, खौफ आदि।

307. इनमें से कौन-सा शब्द 'मद' का समानार्थी नहीं है?

(a) शिथिल (b) गर्व
(c) मद्य (d) नशा

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

@RexstarPdf

उत्तर. (a): दिये गये शब्दों में 'शिथिल' शब्द 'मद' का समानार्थी नही है। 'शिथिल' शब्द के समानार्थी - ढीलापन, सुस्ती, आलस होगा। अन्य विकल्प गर्व, मद्य, नशा के समानार्थी हैं।

308. निम्नलिखित में असमानार्थक शब्द का चयन कीजिए।

(a) स्वर (b) आवाज
(c) श्रवण (d) ध्वनि

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) स्वर, आवाज, ध्वनि समानार्थी शब्द हैं, जबकि 'श्रवण' असमानार्थक शब्द है।

309. दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
रासबिहारी बोस दिल्ली 'षडयन्त्र' के मुख्य अभियुक्त थे।

(a) कुचक्र (b) साजिश
(c) साजिद (d) दुरभिसंधि

SSC GD Constable 10-01-2023 (5:15-6:15)

उत्तर : (c) : 'षडयन्त्र' का पर्यायवाची साजिद नहीं होता। कुचक्र, साजिश तथा दुरभिसंधि 'षडयन्त्र' के पर्यायवाची हैं।

310. निम्नलिखित शब्द का पर्यायवाची नहीं है, ज्ञात कीजिए।
धीरज

(a) संतोष (b) धैर्य
(c) तरिणी (d) दिलासा

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans : (c) 'धीरज' का पर्यायवाची शब्द 'तरिणी' नहीं है। तरिणी के अन्य पर्यायवाची हैं– नाव, जलयान, डोंगी 'धीरज' के पर्यायवाची शब्द - दिलासा, धैर्य, सन्तोष, संतुष्टि, सांत्वना।

311. दिए गए शब्द का पर्यायवाची शब्द ज्ञात कीजिए।
उत्कर्ष

(a) निस्तार (b) मुक्ति
(c) समृद्धि (d) युक्ति

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (c) : 'समृद्धि' शब्द उत्कर्ष का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय-उत्थान, उन्नति, अभ्युदय, आरोह, उत्क्रमण।

312. चींटी का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन-सा है?

(a) सीमिका (b) चित्ती
(c) चुहंटी (d) संदेशिका

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : चींटी के पर्याय- सीमिका, पिपीलिका, पिपली,।

313. इनमें से कौन-सा शब्द 'स्वाधीनता' का पर्यायवाची है?

(a) संप्रभुता (b) आत्मनिर्भरता
(c) स्वतंत्रता (d) स्वच्छंदता

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'स्वतंत्रता', स्वाधीनता का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची-स्वायत्त, आजाद, मुक्त, रिहा आदि हैं।

314. इनमें से कौन-सा शब्द 'स्त्री' का पर्यायवाची है?

(a) कलत्र (b) दारा
(c) कांता (d) उपर्युक्त सभी

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) स्त्री के पर्यायवाची- नारी, महिला, सुन्दरी, कान्ता, कलत्र, वनिता, अबला, औरत, कामिनी, रमणी, दारा। **पत्नी के पर्यायवाची**- भार्या, अर्धांगिनी, जोरू, वामांगिनी, बहू, प्राणप्रिया, गृहलक्ष्मी, संगिनी, सहचरी, बेगम इत्यादि।

315. 'अमृत का पर्यायवाची क्या होगा?

(a) राघव (b) सोम
(c) दादुर (d) विपिन

DSSSB PGT - 23.07.2018
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : सुधा, सोम, पीयूष, अमिय, सुरभोग, जीवनोदक आदि सभी अमृत के पर्यायवाची शब्द हैं।
'दादुर' के पर्यायवाची शब्द–मेंढक, मंडूक, वर्षाप्रिय, भेंक आदि।
'विपिन' के पर्यायवाची शब्द–वन, जंगल, अरण्य, कानन, कांतार, आदि।
'राघव' के पर्यायवाची शब्द – अवधेश, रामचन्द्र, रघुवर, रघुनाथ, कमलेन्द्र आदि।

316. 'सुयश' का पर्याय बताइए।

(a) उतपातु (b) सृजन
(c) सुकीर्ति (d) दिक्

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (c) 'सुयश' का पर्याय है –'सुकीर्ति'।

317. सभा का पर्यायवाची कौन सा नहीं है?

(a) सम्मिलित (b) परिषद्
(c) बैठक (d) महावर्तन

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'सम्मिलित' शब्द सभा का पर्यायवाची नहीं है। सम्मिलित का अर्थ है 'शामिल होना'। शेष सभी 'सभा' के पर्यायवाची शब्द हैं।

318. इनमें कौन-सा शब्द 'वायु' का समानार्थी शब्द नहीं है?

(a) समीर (b) समर
(c) अनिल (d) मारुत

UPSI Batch-III 22 Dec. 2017
UPSI Batch-II 22 Dec. 2017

उत्तर. (b) 'वायु' का समानार्थी 'समर' नहीं है। शेष सभी शब्द वायु के पर्यायवाची हैं। 'समर' का आशय है 'युद्ध'। 'समर' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– युद्ध, रण, जंग। वायु के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– वात, हवा, पवन आदि।

319. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'प्रत्यक्ष' शब्द का समानार्थी शब्द है?

(a) नक्षत्र (b) साक्षात
(c) भावस्मरणीय (d) अविस्मरणीय

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : प्रत्यक्ष का समानार्थी शब्द 'साक्षात्' होता है।

320. 'प्रतिष्ठा' का अर्थ कौन सा विकल्प दर्शाता है?

(a) सौभाग्य (b) प्रभावी
(c) सम्मान (d) धन्य

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : प्रतिष्ठा का अर्थ 'सम्मान' होता है।

321. 'देवता' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(a) सुर (b) अमर
(c) देव (d) सुधाकर

UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift

@RexstarPdf

उत्तर: (d) 'सुधाकर' शब्द देवता का पर्यायवाची शब्द नहीं है, बल्कि यह चन्द्रमा का पर्यायवाची शब्द है। चन्द्रमा के अन्य पर्यायवाची शब्द– सोम, सुधांशु, राकापति, द्विजराज, विधु, मयंक, निशाकर, राकेश, हिमकर, कलाधर, इन्दु, मृगांक आदि हैं।
देवता के पर्यायावाची शब्द– देव, सुर, आदित्य, निर्जर, वृन्दारक आदि होगा।

322. 'जल' शब्द का पर्यायवाची है :
(a) सलिल (b) अनल
(c) अमिय (d) जीवनक
High Court ARO 2021
TET PGT 2014
DIET PGT. 2014
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर. (a) 'जल' शब्द सलिल का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्याय हैं- तोय, नीर, अम्बु आदि, जबकि 'अनल' आग का तथा 'अमिय' अमृत का पर्यायवाची शब्द है।

323. नीचे लिखे शब्द का उपयुक्त पर्यायवाची बताइये– जलनिधि
(a) सागर (b) बादल (c) बारिश (d) तालाब
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) 'जलनिधि' का पर्यायवाची–अर्णव, नदीश, सागर, सिंधु, उदधि, पारावार, रत्नाकर, अब्धि आदि हैं। 'तालाब' के पर्यायवाची-तड़ाग, पुष्कर, जलाशय, सर, सरोवर आदि। 'बादल' के पर्यायवाची-मेघ, जलधर, अभ्र, घन, नीरद आदि। 'बारिश' के पर्यायवाची-वर्षा, वृष्टि, पावस, बरसात आदि हैं।

324. दिए गए विकल्पों में से 'गोष्ठी' का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?
(a) काया (b) सभा
(c) कोष (d) कलेवर
UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'गोष्ठी' का पर्यायवाची शब्द 'सभा' होगा। काया तथा कलेवर, 'शरीर' के समानार्थी हैं।

325. 'कर' का अर्थ नहीं होता है–
(a) सूर्य (b) हाथ
(c) किरण (d) टैक्स
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'कर' का अर्थ 'सूर्य' नहीं होगा। 'कर' एक अनेकार्थी शब्द है इसके अन्य अर्थ– हाथ, टैक्स, किरन, सूँड़ आदि हैं।

326. कौन सा शब्द 'अनीक' का पर्यायवाची है?
(a) अर्जुन (b) सेना
(c) अग्नि (d) घोड़ा
UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) 'अनीक' शब्द 'सेना' का पर्यायवाची है। 'सेना' के अन्य पर्यायवाची शब्द– सैन्य, फौज, वाहिनी, कटक, लश्कर, अनीकिनी आदि।
अग्नि के पर्यायवाची शब्द– आग, पावक, अनल, वह्नि, हुताशन आदि।
घोड़ा के पर्यायवाची शब्द– तुरंग, बाजि, घोटक, हय, अश्व आदि।
अर्जुन के पर्यायवाची शब्द– धनंजय, पार्थ, गांडीवधारी आदि।

327. 'पर्यायवाची' शब्द का अर्थ है –
(a) विलोमवाची (b) प्रतिविलोमवाची
(c) समानाभास (d) समानार्थी
(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर. (d) : पर्यायवाची शब्द का आशय 'समानार्थी' से होता है। वे शब्द जिनके अर्थों में समानता हो, पर्यायवाची शब्द कहे जाते हैं।

328. आँगन का पर्यायवाची है–
(a) अँगना (b) द्वार
(c) पुष्कर (d) अखाड़ा
[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'अँगना', अहाता, प्राँगण इत्यादि पर्यायवाची आँगन का है।

329. निम्न में कौन सा हवा का पर्यायवाची नहीं है?
(a) वायु (b) समीर
(c) पवन (d) सलिल
[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'सलिल' हवा का पर्यायवाची नहीं है बल्कि यह 'जल' का पर्यायवाची शब्द है। अन्य सभी विकल्प वायु, समीर, पवन, हवा के पर्यायवाची हैं।

330. 'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द है–
(a) स्वरूप (b) सुविज्ञता
(c) समालोचन (d) निष्क्रिय
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : 'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द 'समालोचन' है। इसके अन्य पर्याय हैं– समीक्षा, आलोचना, विवेचना, निरूपण आदि।

331. 'हिमाद्रि' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द क्या है?
(a) पर्वत (b) शैल
(c) हिम (d) हिमालय
SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (d) : 'हिमाद्रि' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द हिमालय होगा। हिमाद्रि के अन्य पर्याय- हिमगिरी, हिमाचल, गिरिराज, पर्वतराज, नगपति, हिमपति इत्यादि।

332. इनमें से कौन-सा शब्द 'नाग' का समानार्थी है?
(a) रथ (b) हाथी
(c) मोक्ष (d) पारा
UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'नाग' का समानार्थी 'हाथी' होता है। इसके अन्य समानार्थी शब्द – विषधर, भुजंग, अहि, काकोदर, फणीश आदि हैं।

333. इनमें से कौन-सा शब्द 'हनुमान' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) महावीर (b) आग्नेय
(c) हरीश (d) मारूति
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : हनुमान के पर्यायवाची शब्द– महावीर, हरीश, मारूति, पवनसुत, रामदूत, आंजनेय, कपीश्वर, केशरी नंदन कपीश, बजरंगबली आदि हैं। आग्नेय इसका पर्यायवाची शब्द नहीं है।

@RexstarPdf

334. दिए गए विकल्पों में से 'पराजय' एवं 'माला' का एक समानार्थी शब्द क्या है?

(a) जीत (b) हार (c) गला (d) जय

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (b) 'पराजय' एवं 'माला' का समानार्थी शब्द 'हार' होता है।

335. इनमें से 'हाथी' का समानार्थी शब्द कौन सा नहीं है?

(a) हस्त (b) करि (c) दंती (d) हस्ती

UPSI Batch-I 19 Dec. 2017
UPPCL JE Electrical 2013

उत्तर. (a) : इनमें 'हस्त' शब्द हाथी का समानार्थी नहीं है। शेष शब्द–करि, दंती तथा हस्ती 'हाथी' के पर्यायवाची हैं, जबकि 'हस्त' हाथ का पर्यायवाची है। हाथ के अन्य पर्यायवाची हैं–कर, पाणि आदि।

336. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सीता' का एक पर्याय नहीं है?

(a) जानकी (b) भूमिजा
(c) हेमा (d) वैदेही

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) 'हेमा' शब्द 'सीता' का पर्याय नहीं है। हेमा का अर्थ सुन्दर स्त्री होता है।

	शब्द	पर्यायवाची शब्द
1.	सीता	– वैदेही, जानकी, भूमिजा, रामप्रिया, जनकतनया, जनकसुता, जनकनन्दिनी।
2.	षडानन	– कार्तिकेय, षट्मुख
3.	चन्द्रमा	– हिमकर, निशाकर, क्षपानाथ, चन्द्र
4.	हिरण	– मृग, सारंग, हिरन, सुरभी

337. 'आमोद' शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?

(a) विकास (b) प्रवीण
(c) तरिका (d) हर्ष

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'आमोद' का समानार्थी शब्द 'हर्ष' है।

338. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) दिनकर (b) दिवाकर
(c) हिमकर (d) प्रभाकर

HSSC CET Group-D 2021
UP PGT - 2021
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (c) : 'हिमकर' शब्द सूर्य का पर्यायवाची नहीं है। यह 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची है जबकि दिनकर, दिवाकर तथा प्रभाकर, सूर्य के पर्यायवाची हैं। सूर्य के अन्य पर्यायवाची शब्द- रवि, अर्क, तरणि, पतंग, मार्तण्ड, अंशुमाली, आदित्य, सविता, भास्कर आदि हैं।

339. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द गणेश का पर्यायवाची नहीं है?

(a) एकदन्त (b) विनायक
(c) हयवदन (d) हेरम्ब

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : 'हयवदन', 'गणेश' का पर्यायवाची नहीं है। गणेश के पर्याय हैं- एकदन्त, विनायक, गजानन, हेरम्ब, विघ्ननाशक, गणपति, लम्बोदर आदि।

340. 'समीर' का पर्यायवाची है-

(a) जल (b) हवा
(c) तूफान (d) आँधी

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : 'हवा' शब्द 'समीर' का पर्यायवाची है। इनके अन्य पर्याय- वायु, पवन, हवा, वात, मारूत, अनिल इत्यादि।

341. निम्नलिखित में असमानार्थक शब्द का चयन कीजिए।

(a) पीड़ा (b) संकट
(c) व्यथा (d) दर्द

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) पीड़ा, व्यथा, दर्द तीनों समानार्थी शब्द हैं, जबकि संकट, तीनों से भिन्न है।

342. निम्नलिखित शब्दों में कौन 'सरिता' का पर्याय नहीं है?

(a) तटिनी (b) त्रिपथगा
(c) निम्नगा (d) तरंगिणी

UP RO (Pre.) 2016
आडिटर परीक्षा, 1996

उत्तर : (b) 'त्रिपथगा' शब्द सरिता का पर्याय नहीं वरन् यह गंगा का पर्याय है। सरिता के पर्याय–तटिनी, निम्नगा, तरंगिणी, निर्झरणी, पयस्विनी, स्रोतस्विनी, आपगा, तरंगवती, लरमाला, नदिया इत्यादि हैं।

343. इनमें से किस शब्द के पर्यायवाची गलत हैं –

(a) कमल - जलज, पंकज, सरोज
(b) पुष्प - कुसुम, फूल, सुमन
(c) सरस्वती - गिरा, भारती, वाणी
(d) सूर्य - दिवस, याम, वासर

UP TGT 2009

उत्तर : (d) सूर्य शब्द के लिए दिये गये शब्द असंगत हैं क्योंकि दिवस, वासर, याम यह दिन के पर्यायवाची हैं जबकि सूर्य के पर्यायवाची–रवि, भानु, भास्कर, दिवाकर, सविता आदि।

344. पर्यायवाची की दृष्टि से एक वर्ग शुद्ध है

(a) सिंह, पंचानन, नाहर, मृगारि
(b) सूर्य, रवि, दिनकर, तरणी
(c) अग्नि, पावक, अनल, पिशुन
(d) महेश, रमेश, भूतेश, सतीश

UP RO (Pre.), 2016
UP NE Exam 2008

उत्तर : (a) सिंह, केसरी, नाहर, वनराज, मृगेन्द्र, मृगारि, पंचानन 'शेर' के पर्यायवाची शब्द हैं। पर्यायवाची की दृष्टि से दिया गया वर्ग शुद्ध है। रवि, दिनकर, दिवाकर 'सूर्य' के पर्यायवाची हैं जबकि तरणी 'नौका' का पर्यायवाची है। इसी प्रकार अग्नि, पावक और अनल 'आग' के पर्यायवाची शब्द हैं।

345. इनमें से 'वृहत' का पर्यायवाची क्या है?

(a) शुक्ष्म (b) अंधकार
(c) अलौकिक (d) व्यापक

UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (d) इनमें 'वृहत' का पर्यायवाची 'व्यापक' होगा। वृहत के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– विराट, विशाल, दीर्घ, महान।

346. 'विघ्न' का समानार्थी शब्द है _____। रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें।

@RexstarPdf

(a) दुःख (b) अंतराय
(c) मुसीबत (d) मुश्किल

UPSI Batch - III 22 Dec. 2017

उत्तर. (b) : विघ्न का समानार्थी शब्द– 'अंतराय' होगा।

347. 'विभु' का पर्यायवाची है

(a) सर्वव्यापक, नित्य (b) ब्रह्मा, आत्मा
(c) महान, ईश्वर (d) चिरस्थायी, दृढ़

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर: (a) 'विभु' का पर्यायवाची 'सर्वव्यापक' तथा 'नित्य' है जबकि अन्य सभी विकल्प पर्यायवाची की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

348. समानार्थी शब्द के आधार पर 'यमुना' शब्द के लिए उचित समूह को चुनिए।

(a) तरंगिनी, तटिनी, कालिंदी
(b) अंबुद, कालिंदी, सूर्यसुता
(c) कालिंदी, कृष्णा, सूर्यसुता
(d) कृष्णा, सुर्यसुता, तटिनी

High Court ARO 2021
UPSI Batch - I 21 Dec. 2017
DIET PGT 2014

उत्तर : (c) दिये गये विकल्प के आधार पर यमुना के समानार्थी शब्द समूह 'कालिंदी, कृष्णा, सूर्यसुता' है। विकल्प (a) में 'तरंगिनी' तथा 'तटिनी' नदी के पर्याय हैं और 'कालिन्दी' यमुना का पर्याय है, (b) विकल्प में 'अंबुद' बादल का पर्याय तथा 'कालिंदी' व 'सूर्यसुता' यमुना के पर्याय हैं। (d) विकल्प में 'कृष्णा' तथा 'सूर्यसुता' यमुना के पर्याय और 'तटिनी' नदी का पर्याय है।

349. दिए गए विकल्पों में से ''मनोहर'' का समानार्थी शब्द चुनिए।

(a) दिलचस्प (b) दासता (c) रोचक (d) सुहावना

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'मनोहर' का समानार्थी शब्द– 'सुहावना' होगा।

350. दिए गए विकल्पों में से 'मंतव्य' का समानार्थी शब्द चुनिए।

(a) सुमति (b) मत्दवैध (c) कुमति (d) सम्मति

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'मंतव्य' का समानार्थी शब्द 'सम्मति' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

351. महाश्वेता किसका पर्यायवाची है?

(a) लक्ष्मी (b) सरस्वती (c) पार्वती (d) सीता

UP TGT 2003

उत्तर : (b) 'महाश्वेता', वागीश्वरी, इला, विधात्री, वाक्, ब्राह्मी, शारदा, वीणापाणि, भारती, गिरा आदि सरस्वती के पर्यायवाची शब्द हैं। वैदेही, जानकी, रामप्रिया, जनकनन्दिनी, भूमिजा तथा जनकतनया आदि सीता के पर्यायवाची, कमला, रमा, इन्दिरा, चपला, हरिप्रिया, पद्मा, श्री, लोकमाता तथा भार्गवी लक्ष्मी के पर्यायवाची तथा उमा, गिरिजा, भवानी, गौरी, शिवा तथा अम्बिका पार्वती के पर्यायवाची शब्द हैं।

352. नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प गलत है?

(a) बादल–मेघ, वायु, समीर
(b) युद्ध–रण, संग्राम, समर
(c) सहचर–संगी, साथी, दोस्त
(d) मत्स्य–मछली, मीन, मकर

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) 'बादल–मेघ, वायु, समीर' पर्यायवाची समूह की दृष्टि से गलत हैं। 'बादल' और 'मेघ' एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं, परन्तु 'वायु' एवं 'समीर' हवा के पर्यायवाची हैं। शेष सभी विकल्प पर्यायवाची समूह की दृष्टि से संगत हैं।

353. दिए गए विकल्पों में से 'फितरत' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) समय (b) आराम
(c) स्वभाव (d) खूबसूरत

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) 'फितरत' का समानार्थी शब्द 'स्वभाव' होगा।

354. पर्याय शब्दों का कौन-सा समूह सही नहीं है?

(a) पाठशाला, विद्यालय, स्कूल (b) नारी, महिला, औरत
(c) पहाड़, पर्वत, पुस्तक (d) आग, अग्नि, अनल

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (c) : पहाड़, पर्वत, पुस्तक– समूह सही नहीं है। अन्य सभी समूह सही हैं, क्योंकि ये किसी विशेष शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं।

355. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ''पत्नी'' का एक पर्याय नहीं है?

(a) सहधर्मिणी (b) भार्या
(c) धरनी (d) अंगजा

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) 'अंगजा' शब्द पत्नी का पर्याय नहीं है यह बेटी का पर्याय है। बेटी के अन्य पर्याय – तनुजा, बनिता, तनया, पुत्री आदि हैं। शेष विकल्प पत्नी का पर्याय हैं।

356. निम्नलिखित में से समानार्थी जोड़ी को स्पष्ट कीजिए:

(a) पार्वती – महेश्वरी
(b) व्यावहारिक – अव्यावहारिक
(c) शेर – शेरनी
(d) लड़का – लड़के

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) समान अर्थ को व्यक्त करने वाले शब्दों को समानार्थी शब्द कहते हैं। दिये गये विकल्पों में से 'पार्वती-महेश्वरी' विकल्प समानार्थी जोड़ी को स्पष्ट कर रहा है। जबकि व्यावहारिक का विलोम अव्यावहारिक, शेर का शेरनी और 'लड़का' का बहुवचन लड़के हैं।

357. 'नृप' नीचे दिए गए विकल्पों में से किस शब्द का समानार्थी शब्द है?

(a) भूदेव, महादेव (b) नलिन, राजीव
(c) भूप, महीप (d) त्रिलोचन, रुद्र

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर: (c) 'नृप' प्रश्नगत विकल्पों में भूप, महीप का समानार्थी है। इसके अन्य पर्यायवाची हैं– नृप, नरेश, भूपति, महीपति आदि।

358. समानार्थी शब्द की जोड़ी नहीं है:

(a) सुमन-पुष्प (b) निशा-निशाचर
(c) चारपाई- खटिया (d) पाठशाला- विद्यालय

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) 'निशा-निशाचर' समानार्थी शब्द की जोड़ी नहीं है, क्योंकि निशा का अर्थ - रात्रि तथा निशाचर का अर्थ राक्षस होता है।

359. निम्न में से अनुपयुक्त समानार्थी जोड़ा पहचानिए।

(a) बादल-नीर (b) केश-बाल
(c) केला-कदली (d) द्रव्य-वित्त

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर.(*) दिये गये विकल्पों में (a) एवं (d) दोनों विकल्प अनुपयुक्त समानार्थी हैं। जबकि विकल्प (b) एवं (c) समानार्थी विकल्प है।

निम्नलिखित शब्दों के लिए पर्यायवाची शब्द दिये गये हैं। प्रत्येक में किसी एक सर्वाधिक उपयुक्त युग्म को चुनिये

360. दृष्टि

(a) नजर, निगाह (b) अवलोकन, टकटकी
(c) अभिप्राय, ध्यान (d) अनुमान, नीयत

UPPCL TG2, 2014

उत्तर. (a): 'दृष्टि' का सर्वाधिक उपयुक्त पर्यायवाची युग्म–'नजर, निगाह' है।

361. निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों के लिए सही विकल्प चुनें।

दूध

(a) स्तन्य (b) खीर
(c) पेय (d) नवनीत

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर (a) 'दूध' के पर्यायवाची शब्द हैं- दुग्ध, पय, क्षीर, अमृत, स्तन्य आदि।
'नवनीत' के पर्यायवाची शब्द हैं- मक्खन, माखन, दधिसार आदि।

362. 'तमस' शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?

(a) तमाशा (b) प्रकाश
(c) रस्सी (d) अंधकार

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'तमस' शब्द का समानार्थी शब्द 'अंधकार' है। तमस के अन्य समानार्थी शब्द- तम, तमिस्रा, ध्वांन्त, अँधेरा आदि हैं।

363. पर्यायवाची की दृष्टि से एक वर्ग शुद्ध है-

(a) इन्द्र, रतीश, सहस्राक्ष, मघवा
(b) घर, निकेतन, आयतन, निलय
(c) यमुना, कालिन्दी, भानुतनया, जाह्नवी
(d) वस्त्र, पाटक, अम्बर, चीर

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर. (b) घर, निकेतन, आयतन, निलय, गृह शब्द के पर्यायवाची हैं। मघवा और सहस्राक्ष 'इन्द्र' के पर्यायवाची हैं। कालिन्दी और भानुतनया यमुना के पर्यायवाची हैं, जबकि जाह्नवी गंगा का पर्यायवाची है। इसी प्रकार चीर 'वस्त्र' का पर्याय है और अम्बर 'आकाश' का पर्यायवाची है।

364. निम्नलिखित विकल्पों में दो शब्दों का जोड़ा (प्रथमःद्वितीय) दिया गया है। वह जोड़ा ज्ञात करें, जिसमें द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के समान हो।

(a) गरुड़ : पन्नगारि (b) गुण : अलंकार
(c) मेगा : रविनंदिनी (d) पुरु : धेनु

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a)

शब्द	समान अर्थ वाले शब्द (पर्यायवाची शब्द)
गरुड़	– पन्नगारि, खगेश, सर्पारि, नागांतक आदि।
गंगा	– भागीरथी, त्रिपथगा, सुरसरि, देवनदी आदि।
रविनंदनी	– यमुना, रवितनया, सूर्यसुता आदि।
गुरु	– शिक्षक, अध्यापक, आचार्य, उस्ताद आदि।
धेनु	– सुरभि, गौरी, भद्रा, दोग्धी आदि।

365. निम्नलिखित विकल्पों में दो शब्दों का जोड़ा (प्रथमःद्वितीय) दिया गया है। वह जोड़ा ज्ञात करें, जिसमें द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के समान हो।

(a) गजबसा : भानुफल (b) धनंद : आभूषण
(c) कूल : तीर (d) धाम : घाम

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a/c)

शब्द	समान अर्थ वाले शब्द (पर्यायवाची)
गजबसा	– भानुफल, केला, कुंजरासरा, रंभा आदि।
आभूषण	– अलंकार, जेवर, जवाहरात आदि।
कूल	– किनारा, तीर, करार, तट आदि।
तीर	– शर, बाण, सायक, नाराच, आदि।
धाम	– गृह, आलय, मंदिर, निकेतन आदि।
घाम	– धूप, आतप, निदाघ, धर्म आदि।

366. गंगा का एक नाम है –

(a) हंससुता (b) सुरसरि
(c) विष्णुपदी (d) धेनुमती

UP TGT 2010

उत्तर.(b&c) उपर्युक्त प्रश्न में गंगा के दो पर्यायवाची सुरसरि तथा विष्णुपदी दिए गए हैं। अतः विकल्प (b & c) सही है। गंगा के अन्य पर्यायवाची निम्नलिखित हैं – भागीरथी, सुरसरि, देवसरि, त्रिपथगा, नदीश्वरी, मन्दाकिनी, अलकनन्दा, देवपगा आदि।

367. दिए गए विकल्पों में से 'गेह' के समानार्थी शब्द कौन से हैं?

(a) तम, तमस, तिमिर (b) सभा, परिषद, गोष्ठी
(c) कंचन, हेम, स्वर्ण (d) सदन, भवन, निकेतन

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d): गेह के समानार्थी शब्द- सदन, भवन, निकेतन, घर, गृह, मकान, आवास आदि हैं।

	शब्द		समानार्थी शब्द
1.	अँधेरा	–	तम, तमस, तिमिर, ध्वांत
2.	सोना	–	कंचन, हेम, स्वर्ण, कनक, सुवर्ण
3.	समिति	–	सभा, परिषद, गोष्ठी, संघ, संस्था, मण्डली

368.'केतु' का पर्यायवाची है :

(a) राहु (b) नाग
(c) अंशुक (d) ध्वज

DIET PGT. 2014
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर. (d) 'केतु' का पर्यायवाची 'ध्वज' है। इसके अन्य पर्याय हैं- झण्डा, पताका, निशान आदि, जबकि नाग शब्द सर्प का पर्यायवाची है। 'नाग' शब्द का प्रयोग हाथी के अनेकार्थी शब्द के रूप में होता है।

369.'क्रोध' के लिए इन दिये गये पर्यायवाची शब्दों में एक गलत शब्द है, उसे चयनित कीजिए :

(a) रोष (b) अमर्ष (c) स्वत्व (d) कोप

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर. (c) 'स्वत्व' क्रोध का पर्यायवाची शब्द नहीं है, जबकि शेष रोष, अमर्ष, कोप, क्रोध के पर्यायवाची हैं।

370. निम्नलिखित में से समानार्थी शब्द का कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) दाँत – दंत, रदन (b) झंडा – ध्वज, पताका
(c) कमल – अंबु, आब (d) चाँद – राकेश, शशि

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर (c) दिये गये जोड़ों में 'कमल-अंबु, आब' सही जोड़ा नहीं है क्योंकि अम्बु तथा आब 'पानी' के पर्याय हैं। 'अम्बुज' कमल का पर्यायवाची है।

371.'कल्पवृक्ष' का पर्यायवाची है-

(a) पारिजात (b) कल्पतरु (c) देववृक्ष (d) ये सभी

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) पारिजात, कल्पतरु, देववृक्ष, देवद्रुम, मन्दार, हरिचन्दन, कल्पद्रुम आदि 'कल्पवृक्ष' के पर्यायवाची शब्द हैं।

372. ऋतुपति का उचित पर्याय चुनकर चिह्नित करें।

(a) बसंत (b) मधुमास (c) सूर्य (d) वर्ष

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a/b) 'ऋतुपति' का पर्याय 'बसंत' है, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द - ऋतुराज, मधुमास, कुसुमाकर आदि हैं। विकल्प (a) एवं (b) दोनों ऋतुपति के पर्याय हैं। अत: प्रश्न त्रुटिपूर्ण है।

373. समानार्थी जोड़े का अनुपयुक्त विकल्प चुनिए।

(a) उपयोगी–उपादेय, इष्टकर (b) काक–सारंग, मयूर
(c) पुष्कर–जलाशय, ताल (d) भूमि–मही, धरा

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से विकल्प (b) अनुपयुक्त है, क्योंकि काक के समानार्थी शब्द– काग, काण, वायस, पिशुन तथा करठ हैं। शेष समानार्थी जोड़े उपयुक्त हैं।

374. दिए गए विकल्पों में से 'उत्कण्ठा' के समानार्थी शब्द कौन-से हैं?

(a) कौतुहल, कौतुक (b) हर्ष, प्रमोद
(c) उत्सुकता, अभिलाषा (d) विराम, विलम्ब

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) दिए गए विकल्पों में से 'उत्कण्ठा' के समानार्थी शब्द 'उत्सुकता' व 'अभिलाषा' हैं, जबकि 'कौतुहल', 'कौतुक', आश्चर्य के तथा 'हर्ष', 'प्रमोद' आनन्द के समानार्थी हैं।

375. दिए गए विकल्पों में 'अकुलाना' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

(a) प्रसन्न होना (b) अभिवादन
(c) संवरना (d) व्याकुल होना

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (d) 'अकुलाना' का समानार्थी शब्द 'व्याकुल होना' है। शेष तीनों शब्द असंगत हैं।

376. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'अंगना' शब्द का समानार्थी शब्द है?

(a) आंगन (b) पल्लू (c) स्त्री (d) गांव

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'अंगना' का समानार्थी शब्द 'स्त्री' होता हैं। शेष तीनों विकल्प 'अंगना' शब्द से संगत नहीं हैं।

377. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर चुनिए:

1. हिन्दी के पर्यायवाची शब्द संस्कृत के तद्भव शब्द हैं।
2. पर्यायवाची शब्द को 'प्रतिशब्द' भी कहते हैं।
3. जिन शब्दों के अर्थ में समानता हो, उन्हें 'पर्यायवाची शब्द' कहते हैं।

(a) केवल 1 सही है (b) केवल 2 सही है
(c) 1 और 3 सही है (d) 2 और 3 सही हैं

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर: (d) दिये गये कथनों में से विकल्प (2) पर्यायवाची शब्द को प्रतिशब्द कहते हैं और विकल्प (3) जिन शब्दों के अर्थ में समानता हो, उन्हें 'पर्यायवाची शब्द' कहते हैं, सही हैं परन्तु विकल्प (1) 'हिन्दी के पर्यायवाची शब्द संस्कृत के तद्भव शब्द हैं, असंगत है।

378. लोचन किसका पर्यायवाची है?

(a) हाथ (b) आँख (c) कान (d) पैर

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर (b) : लोचन शब्द 'आँख' का पर्यायवाची है। ये दोनों शब्द एक दूसरे का समान अर्थ देते हैं। इसके अन्य पयार्यवाची शब्द– नयन, नेत्र, चक्षु, दृग, विलोचन आदि हैं।

379. निम्नलिखित में से 'खिड़की' का पर्यायवाची है

(a) वातायन (b) बारी
(c) दरीचा (d) उपर्युक्त सभी

[UPCSA 2019]

उत्तर. (d) वातायन, बारी और दरीचा तीनों ही खिड़की के पर्यायवाची हैं। खिड़की के अन्य पर्यायवाची हैं- गवाक्ष, झरोखा आदि।

380. पर्यायवाची की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है-

(a) गंगा - जाह्नवी (b) घर - सदन
(c) पानी - पाणि (d) यमुना – कालिंदी

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c): पर्यायवाची की दृष्टि से अशुद्ध युग्म **'पानी-पाणि'** है। इसका शुद्ध रूप इस प्रकार है-

गंगा- जाह्नवी, भागीरथी, विपथगा, विष्णुपदी आदि।
घर- सदन, गृह, निकेतन, धाम आदि।
पानी- जल, नीर, सलिल, अम्बु, पय आदि।
पाणि- हाथ, कर, हस्त आदि।
यमुना- जमुना, कालिन्दी, अर्कजा, रवितनया आदि।

381. पर्यायवाची की दृष्टि से एक युग्म सही नहीं है-

(a) आकाश - अनन्त (b) अनन्त - विष्णु
(c) कृष्ण - वेदव्यास (d) महादेव – गिरिजानन्दन

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c&d) : पर्यायवाची की दृष्टि से कृष्ण – वेदव्यास, महादेव – गिरिजानन्दन युग्म सही नहीं है बल्कि 'वेदव्यास' 'महाभारत' के रचयिता हैं तथा गिरिजानन्दन का अर्थ गणेश है।

382. पर्यायवाची की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है

(a) बल - सेना (b) आपत्ति - ऐतराज
(c) जल - जीवन (d) कमल – अंबुद

[UPPSC AE 2011]

उत्तर (d): 'कमल-अंबुद' युग्म अशुद्ध है। अम्बुद बादल का पर्यायवाची है। शेष सभी विकल्प पर्याय की दृष्टि से शुद्ध हैं, जो इस प्रकार हैं–

शब्द	पर्यायवाची
बल	: सेना, दल, अनी, कटक, चमू, अनीक
आपत्ति	: ऐतराज, आपदा, संकट, मुसीबत।
जल	: जीवन, पानी, नीर, पय, वारि, सलिल।
कमल	: पंकज, जलज, अम्बुज, वारिज, राजीव, अरविन्द।

383. किस समूह में सभी शब्द 'पुष्प' के पर्यायवाची हैं?

(a) प्रसून, कुसुम, मयंक (b) सुमन, कुसुम, प्रसून
(c) पुष्प, पल्लव, सुमन (d) प्रसून, मुकुल, कुसुम

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : सुमन, प्रसून, कुसुम शब्द 'पुष्प' के पर्यायवाची हैं। इसके अन्य पर्याय- फूल, सुमन, गुल, कुसुम, मंजरी, पुहुप आदि।

@RexstarPdf

384. अशुद्ध पर्याय समूह का चयन करें।

(a) अरविंद, कंज, नलिन (b) आगार, निलय, धाम
(c) दस्यु, मोषक, खनक (d) पीयूष, सुधा, दृग

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (d) : 'पीयूष, सुधा, दृग' अशुद्ध पर्याय समूह हैं। पीयूष एवं सुधा 'अमृत' के तथा 'दृग' आँख का पर्यायवाची शब्द है। शेष का विवरण निम्नवत् है–
कमल–अरविन्द, कंज, नलिन।
घर–आगार, निलय, धाम।
चोर–दस्यु, मोषक, खनक।

385. 'गजवदन' का पर्यायवाची है

(a) गर्जन (b) मेघनाद
(c) गणपति (d) विष्णु

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तरः (c) 'गजवदन' का पर्यायवाची शब्द - विनायक, विघ्ननाशक, भवानीनंदन, गौरीनंदन, गजानन, गणेश, गणपति, गणनायक, लंबोदर, वक्रतुंड,

386. 'दर्प' का पर्यायवाची कौन-सा है?

(a) तिरस्कार (b) अहंकार
(c) व्यथा (d) स्वाभिमान

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तरः (b) : दर्प के पर्यायवाची–अहंकार, दंभ, घमंड, मान अभिमान, गर्व
व्यथा के पर्यायवाची–दुःख, वेदना, विपदा, शोक, खेद, कष्ट, संताप अफसोस।
स्वाभिमान के पर्यायवाची–आत्मगौरव, आत्म सम्मान।

387. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द 'तरंगिणी' शब्द के पर्यायवाची हैं?

(a) ललना, रमणी, सरिता
(b) वनिता, कामिनी, आपगा
(c) सरिता, तटिनी, निम्नगा
(d) निर्झरिणी, निमग्ना, विभावरी

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : सरिता, तटिनी, निम्नगा, कूलकषा, नदी आदि तरंगिणी के पर्यायवाची शब्द हैं। अन्य विकल्पगत शब्द असंगत हैं।

388. पक्षी पेड़ों पर अपना.....बनाते हैं। सही शब्द भरिए–

(a) नीर (b) नीम
(c) नीड़ (d) नीद

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (c) : पक्षी पेड़ों पर अपना 'नीड़' (घोंसला) बनाते हैं।

389. इन्द्र के हाथी का नाम ..... है–

(a) पिनाक (b) सारंग
(c) ऐरावत (d) पंचजन्य

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

Ans : (c) इन्द्र के हाथी का नाम 'ऐरावत' है।

390. 'भुजंग' शब्द का अर्थ :

(a) गज (b) सुअर
(c) भुजाएँ (d) साँप

DSSSB-हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर : (d) 'भुजंग' शब्द का अर्थ 'साँप' है तथा 'गज' का अर्थ 'हाथी' होता है।

जिस शब्द का अर्थ अन्य तीन शब्दों से पूर्णत: भिन्न हो, उसे छाँटिए :

391. (a) भुवन (b) गृह
(c) घर (d) गेह

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (a) : प्रस्तुत विकल्पों में से 'भुवन' शब्द पूर्णत: भिन्न है जिसका अर्थ 'संसार' होता है। शेष शब्द परस्पर समानार्थी हैं।

392. (a) मित्र (b) सहपाठी
(c) सखा (d) दोस्त

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (b) : 'सहपाठी' सभी विकल्पों में सर्वाधिक भिन्न है जिसका अर्थ साथ पढ़ने वाला होता है। शेष शब्द परस्पर समानार्थी हैं।

393. (a) पत्ता (b) पत्र
(c) प्रस्तर (d) पल्लव

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (c) : प्रस्तुत विकल्पों में से 'प्रस्तर' भिन्न शब्द है जिसका अर्थ 'पत्थर' होता है। शेष शब्द परस्पर समानार्थी हैं।

394. (a) आगन्तुक (b) अतिथि
(c) मेहमान (d) मेजबान

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (d) : प्रस्तुत विकल्पों में से 'मेजबान' भिन्न शब्द है जिसका अर्थ अतिथ्य करने वाला होता है। शेष शब्द परस्पर समानार्थी हैं।

395. (a)प्रभाकर (b) दिवाकर
(c)दिनकर (d) शशि

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (d) : प्रस्तुत विकल्पों में से 'शशि' शब्द का अर्थ चंद्रमा है जबकि शेष शब्द सूर्य के पर्यायवाची हैं।

396. 'जब वे उठे तो उन्होंने अपने को हल्का अनुभव किया।' में रेखांकित का अर्थवाची शब्द निर्दिष्ट कीजिए।

(a) कम (b) घटिया
(c) स्वस्थ (d) खाली

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) 'जब वे उठे तो उन्होंने अपने को **हल्का** अनुभव किया। में रेखांकित का अर्थवाची शब्द **स्वस्थ** है।

397. 'नियत बेला आने पर वे आक्रमण की तैयारी करने लगे' में रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द निर्दिष्ट कीजिए।

(a) कटोरा (b) फूल
(c) समुद्रतट (d) समय

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : नियत **बेला** आने पर वे आक्रमण की तैयारी करने लगे में बेला शब्द का समानार्थी शब्द **'समय'** है।

398. हिन्दी शब्दकोश में कौन सा शब्द सबसे पहले आयेगा?

(a) अंक (b) अकंठ
(c) अंब (d) अंग

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : हिन्दी शब्द कोश में 'अंक' शब्द सबसे पहले आयेगा। दिये गये चारों विकल्पों का क्रम इस प्रकार होगा-
अंक → अंग → अंब → अकंठ।

@RexstarPdf

15.

अनेकार्थी शब्द

1. निम्नलिखित में से 'अंतर' का अर्थ नहीं होता है-

(a) दूरी (b) आकाश
(c) शेष (d) हृदय

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)

उत्तरः (b) दिये गये विकल्पों में 'आकाश' शब्द 'अतंर' का अर्थ नहीं है। जबकि दूरी, शेष और हृदय शब्द 'अंतर' के अनेकार्थी शब्द है।

2. 'आँख में अंजन दांत में मंजन।' वाक्य में प्रयुक्त 'अंजन' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(a) रात (b) काजल
(c) लेप (d) माया

SSC GD 06/02/2023 (Shift-I)

उत्तरः (b) 'आँख में अंजन दाँत में मंजन' वाक्य में प्रयुक्त 'अंजन' शब्द का अर्थ 'काजल' है।

3. निम्नलिखित में से क्या 'मान' का अर्थ नहीं है?

(a) इज्जत (b) अभिमान
(c) श्रेष्ठ (d) सम्मान

SSC GD 07/02/2023 (IV)

उत्तरः (c) : दिये गये शब्द 'मान' का अर्थ 'श्रेष्ठ' नहीं है। 'मान' का अर्थ है- इज्जत, अभिमान, सम्मान, जबकि 'गुरु' शब्द का अर्थ है - शिक्षक, श्रेष्ठ, भार।

4. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(a) गुलाब (b) बेला
(c) चमेली (d) रातरानी

SSC GD 07/02/2023 (IV)

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में 'बेला' अनेकार्थी शब्द है।
'बेला' शब्द के अर्थ हैं - समय, एक फूल, कटोरा, लहर इत्यादि।

5. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(a) मेंढक (b) मुद्रा
(c) बोरा (d) मोती

SSC GD 01/02/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (b) मुद्रा का अर्थ सिक्का, मोहर, अँगूठी, छाप, चिह्न, आकृति आदि है।

6. 'अनंत विश्व में अनेक देवताओं की कहानियाँ प्रचलित हैं।' इस वाक्य मे प्रयुक्त 'अनंत' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(a) अंतहीन (b) ईश्वर
(c) शेष (d) आकाश

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तरः (a): दिये गये वाक्य में 'अनंत' शब्द अंतहीन को व्यक्त करता है।

7. निम्न में से किस वाक्य में 'कर' के सही अनेकार्थी शब्द का प्रयोग हुआ है?

(a) विकास अत्यंत उत्साही था।
(b) नयन ने वह कार्य पूरा नहीं किया।
(c) राजीव ने अपने हाथ खड़े कर दिए।
(d) यह अत्यंत गंभीर मामला है।

SSC GD 24/01/2023 (Shift-I)

उत्तरः (c) उपर्युक्त विकल्प में से 'राजीव' ने अपने हाथ खड़े कर दिए' वाक्य में 'कर' के सही अनेकार्थी शब्द 'हाथ' का प्रयोग हुआ है।

8. 'फैला अपने रवि कर जाल।'
उपरोक्त वाक्य में प्रयुक्त 'कर' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(a) हाथ (b) किरण
(c) टैक्स (d) सूँड़

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दी गयी पंक्ति 'फैला अपने रवि कर जाल' में प्रयुक्त 'कर' शब्द 'किरण' को व्यक्त करता है।
'कर' एक अनेकार्थी शब्द है, इसके अन्य अर्थ - हाथ, सूँड, टैक्स आदि है।

9. कौन-सा शब्द भिन्न अर्थ और प्रकृति का है?

(a) चिरंतन (b) शाश्वत
(c) सनातन (d) अधुनातन

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (d) : अधुनातन शब्द का अर्थ है– आज तक का घटित काल जबकि अन्य तीन शब्दों के अर्थ लम्बे समय से चले आ रहे सतत् कालखण्ड से हैं।

10. 'अरुण' शब्द का अनेकार्थी है-

(a) सूर्य, गुलाबी (b) प्रातः कालीन सूर्य, सिन्दूर
(c) सिन्दूर, आक (d) सूर्य, नवीन

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : प्रातःकालीन सूर्य, सिन्दूर तथा रक्तवर्ण आदि अरुण के अनेकार्थी शब्द हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं।

11. बेमेल अनेकार्थक शब्द-युग्म चुनिए ।

(a) अक्ष - आँख
(b) अज – भेड़ा
(c) अड्डा – खेत की मेड़
(d) अंक - अनंत

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (d) : 'अंक' का अनेकार्थी शब्द– गोद, चिह्न, संख्या, भाग्य, गिनती के अंक तथा नाटक के अंक हैं न कि अनंत।

@RexstarPdf

12. निम्नलिखित में किस विकल्प के सभी शब्द अनेकार्थी हैं?

1. दल, अनी, रिपु **2. कर, श्रद्धा, खग**
3. अनंत, कल, कर **4. दल, गुरु, पतंग**

(a) 1, 2 (b) 1, 4
(c) 3, 4 (d) 2, 3

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्प 3 और 4 के सभी शब्द अनेकार्थी है।

- अनंत (आकाश, अंतहीन), कल (आने वाला कल, मशीन), कर (हाथ,टैक्स, किरण)
- दल (समूह, सेना), गुरु (शिक्षक, श्रेष्ठ, भार), पतंग (सूर्य, टिड्डी,पक्षी)

13. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(a) अंक (b) दोस्त
(c) कबूतर (d) परिवार

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)
UPP Constable 2017
परिचालक परीक्षा-2015

उत्तर : (a) : 'अंक' अनेकार्थी शब्द है। निशान, गिनती की संख्या, गोद ये 'अंक' के अनेकार्थी शब्द हैं।

14. इनमें से कौन-सा शब्द 'अलि' शब्द का अर्थ है?

(a) गले का आभूषण (b) भ्रमर
(c) सखी (d) सहेली

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : अलि शब्द का अर्थ भ्रमर है जबकि 'अलि' का अर्थ सखी, सहेली होगा।

15. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'हंस' की जगह प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है?

(a) सूर्य (b) योगी
(c) श्वेत (d) अमृत

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) दिये गये शब्द 'हंस' की जगह 'अमृत' शब्द नहीं प्रयुक्त किया जा सकता है, जबकि– सूर्य, योगी और श्वेत हंस के पर्याय हैं।

16. इनमें से कौन-सा शब्द 'वन' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) पानी (b) जंगल
(c) जीत (d) वाटिका

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'वन' का अर्थ 'जीत' शब्द नहीं है। जबकि जंगल, वाटिका, पानी इसके अभिन्न अर्थ होते हैं।

17. निम्न में कौन सा शब्द अनेकार्थी है?

(a) अर्थ (b) अनुरोध
(c) अपराध (d) अधिक

BIHAR Primary Teacher 2023 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017
UPP CONSTABLE, 2017
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) दिये गये शब्दों में 'अर्थ' अनेकार्थी शब्द है। इसका अन्य अर्थ – धन, अभिप्राय, निमित्त आदि है।

18. निम्न विकल्पों में से अनेकार्थक शब्द का चयन कीजिए-

(a) नासिका (b) कान
(c) अंग (d) नेत्र

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में अंग अनेकार्थी शब्द है। अंग के अर्थ हैं- भेद, पक्ष, टुकड़ा, अंश, शरीर, अवयव, एक देश का नाम।

19. निम्न में कौन सा शब्द अनेकार्थक है?

(a) साहस (b) पुस्तक
(c) अंबर (d) बालक

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'अंबर' अनेकार्थक शब्द है जिसका अर्थ वस्त्र, आकाश, बादल आदि होता है।

20. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो रेखांकित शब्द के लिए उचित विकल्प है।

बूढ़े माता-पिता का एकमात्र <u>सहारा</u> उनका बेटा ही था।

(a) अविलंब (b) अवलंब
(c) अवसर (d) अमूल्य

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (b) वाक्य- 'बूढ़े माता-पिता का एकमात्र सहारा उनका बेटा ही था' में सहारा के लिए उचित शब्द 'अवलंब' होगा। जबकि अविलम्ब का अर्थ - शीघ्र, विलम्ब रहित, अमूल्य का अर्थ - अनमोल, बहुमूल्य होता है।

21. निम्नलिखित में एक शब्द भिन्न अर्थ वाला है। भिन्नार्थक शब्द का चयन कीजिए।

(a) अनुजा (b) तनुजा
(c) दुहिता (d) सुता

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : अनुजा भिन्न अर्थ वाला शब्द है। इसका अर्थ छोटी बहन होता है जबकि तनुजा, दुहिता, सुता शब्द पुत्री के पर्यायवाची शब्द हैं।

22. इनमें से किस शब्द का एक अर्थ 'एतराज' भी है?

(a) विपत्ति (b) संकट
(c) आपत्ति (d) आफत

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'एतराज' का एक अर्थ आपत्ति भी है।
विपत्ति का अर्थ संकट भी होता है।
विपत्ति का पर्याय- आफत, मुसीबत, आपदा, विपदा।

@RexstarPdf

23. इनमें से कौन-सा शब्द 'अनंत' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) शेषनाग (b) अंतहीन
(c) आकाश (d) आशा

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिए गये विकल्पों में 'आशा' शब्द अनंत शब्द का अर्थ नहीं है। अनन्त का अर्थ- विष्णु, शेषनाग, ब्रह्मा, आकाश, अविनाशी, अन्तहीन इत्यादि हैं। 'आशा' का अर्थ- उम्मीद, विश्वास, भरोसा आदि हैं।

24. इनमें एक शब्द का अर्थ है- 'गंध':

(a) वास (b) बास
(c) बाँस (d) वासक

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : 'बास' का अर्थ गंध होता है। जबकि 'वास' का अर्थ निवास से है, बाँस का अर्थ तिनके की प्रजाति का एक लम्बा सीधा पौधा या बम्बू से है तथा वासक विशेषण शब्द है इसका अर्थ सुवासित करने वाला होता है।

25. इनमें से कौन-सा शब्द 'आराम' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) आहत (b) वाटिका
(c) फुलवाड़ी (d) विश्राम

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'आराम' शब्द का अर्थ है- वाटिका, फुलवाड़ी, विश्राम आदि। 'आहत' आराम शब्द का अर्थ नहीं है।

26. इनमें से कौन-सा शब्द 'आचरण' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) व्यवहार (b) आकांक्षा
(c) आदत (d) चाल-चलन

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'आकांक्षा' शब्द आचरण शब्द का अर्थ नहीं है। जबकि 'व्यवहार', आदत, चाल-चलन, चरित्र आदि आचरण के समानार्थी शब्द हैं।

27. 'अपेक्षा' शब्द का अर्थ है

(a) अवहेलना (b) देखना
(c) आशा (d) सर्वेक्षण

UPSI Batch - I 22 Dec. 2017
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : दिए गए शब्दों में **अपेक्षा** शब्द का अर्थ - **आशा** होता है। जबकि **अवहेलना** का अर्थ- अनादर करना तथा **सर्वेक्षण** का अर्थ- आधिकारिक निरीक्षण करना है।

28. इनमें से 'खोज' का अनेकार्थी शब्द कौन-सा नहीं है ?

(a) अनुसंधान (b) जिज्ञासा
(c) तलाश (d) इच्छापूर्ति

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : खोज के अनेकार्थी शब्द – अनुसंधान, जिज्ञासा, तलाश, अन्वेषण, छानबीन, शोध आदि।
इच्छापूर्ति का अनेकाकार्थी शब्द – मंगल, आनंद।

29. इनमें से कौन-सा शब्द 'अर्क' का अनेकाकार्थी शब्द है?

(a) इन्द्र (b) विष्णु
(c) पहाड़ (d) चन्द्रमा

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : अर्क का अनेकार्थी शब्द 'इन्द्र' है। अर्क के अन्य अनेकार्थी शब्द हैं – सूर्य, रस, ताँबा, काढा आदि।

30. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्द का दूसरा अर्थ बताइए।
'अज-अजन्मा'

(a) आजन्म (b) निर्भीक
(c) आजीवन (d) ईश्वर

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'अज-अजन्मा' का अर्थ होता है जिसका कभी जन्म और मृत्यु न हो अर्थात् ईश्वर; जिसका न तो जन्म होता है और न ही मृत्यु।

31. उत्तर

(a) उत्तर दिशा (b) उल्टा
(c) हल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'उत्तर' शब्द का अनेकार्थी शब्द 'उल्टा' नहीं होगा। जबकि उत्तर दिशा, हल तथा जबाब, उत्तर शब्द का अनेकार्थी शब्द है।

32. अनेकार्थी शब्द दिए गए हैं/एक अर्थ के साथ ही लिखा है, दूसरा अर्थ बताइए।
'प्रमत्त-स्वेच्छाचारी'

(a) उन्मत्त (b) प्रपीड़ित
(c) परितप्त (d) उत्कृष्ट

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'प्रमत्त-स्वेच्छाचारी' का एक अन्य अर्थ उन्मत्त भी होता है, जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

33. इनमें से कौन सा शब्द शरीर का अंग नहीं है?

(a) तर्जनी (b) उत्तरीय
(c) कपोल (d) उदर

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : उत्तरीय 'शरीर' का अंग नहीं है बल्कि इसका अर्थ 'चादर' है। शेष सभी शब्द शरीर के अंग हैं जो इस प्रकार हैं-
तर्जनी - हाथ की एक अंगुली
कपोल - गाल
उदर - पेट

34. इनमें एक शब्द का अर्थ है- 'ताकतवर':

(a) दारा (b) करम
(c) रुस्तम (d) कुरंग

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : रुस्तम शब्द का अर्थ ताकतवर होता है। यह पुल्लिंग शब्द है।

शब्द	**अर्थ**
दारा	एक समुद्री मछली
करम	कार्य
कुरंग	बुरे रंग का, भद्दा

@RexstarPdf

35. इनमें से कौन-सा शब्द 'कनक' का अर्थ नहीं है?

(a) धतूरा (b) सोना
(c) खजूर (d) केश

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'केश' शब्द 'कनक' शब्द का अर्थ नहीं है जबकि धतूरा, सोना, खजूर आदि कनक के अनेकार्थी शब्द हैं।

36. अर्थ की दृष्टि से कौन-सा शब्द 'अज' से संबद्ध नहीं है?

(a) दशरथ के पिता का नाम (b) बकरा
(c) कमल (d) ब्रह्मा

Bihar Primary Teacher 2023 (Shift-II)
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UPPSC AE, 2017

उत्तर : (c) : 'अज' के तीन अर्थ दशरथ के पिता का नाम, बकरा, शिव, ब्रह्मा हैं जबकि कमल 'अज' का अर्थ नहीं है।

37. 'कर' शब्द का सही अनेकार्थक समूह है-

(a) कृ, क्रिया, विशेषण
(b) सुधाकर, दीवाकर, हिमकर
(c) दुष्कर, पीकर, खाकर
(d) हाथ, किरण, करना

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
UPPCL ARO, 2018
UP Constable 18/06/2018 (Shift-I)

उत्तर : (d) : विकल्प (d) में दिये गये शब्द समूह हाथ, किरण, करना 'कर' शब्द के अनेकार्थक शब्द समूह हैं।

38. 'द्विज' शब्द का अर्थ नहीं है–

(a) चन्द्रमा (b) दाँत
(c) पक्षी (d) कपूर

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'कपूर' शब्द 'द्विज' का अर्थ नहीं है। द्विज के अनेकार्थी शब्द हैं– चन्द्रमा, दाँत, पक्षी, ब्राह्मण, गणेश आदि।

39. इनमें से कौन-सा शब्द 'काल' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) यमराज (b) समय
(c) आनेवाला कल (d) शत्रु

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'काल' शब्द का अर्थ यमराज, समय, तथा शत्रु होता है। आने वाला कल का सम्बन्ध अगले दिन से होता है।

40. इनमें से कौन-सा शब्द 'उद्योग' का अनेकार्थी शब्द है?

(a) कारखाना (b) रोजगार
(c) साधारण (d) सरल

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'कारखाना' शब्द उद्योग का अनेकार्थी शब्द है। ऐसे शब्द जिनके अनेक या एक से अधिक अर्थ होते हैं उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं। **जैसे**-अमृत-स्वर्ण, जल, पारा, दूध, अन्न।

41. इनमें से कौन-सा शब्द 'अरुण' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) गरूड़ (b) केसर (c) कर्ण (d) सिंदूर

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : अरुण शब्द के अर्थ 'गरुड़', 'केसर', 'सिंदूर' इत्यादि होते हैं। कर्ण इसका अर्थ नहीं होता है।

42. 'कोटि' का अर्थ श्रेणी होता है। कोटि का अन्य अर्थ ..... होता है।

(a) लगन (b) समूह (c) करोड़ (d) बहुत

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) 'कोटि' शब्द के अर्थ हैं- श्रेणी, करोड़, धनुष का सिरा
अंक– निशान, गोद, संख्या, नाटक का अध्याय।
अम्बर– वस्त्र, आकाश, बादल।
सारंग– कोयल, सिंह, घोड़ा, हाथी, धनुष, भौंरा, बादल, समुद्र, शंख, कामदेव, सोना, चन्द्रमा।

43. निम्नलिखित में से एक का अर्थ 'तिरछी नजर' है:

(a) कटाक्ष (b) व्यंग्य (c) ताना (d) आक्षेप

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a): 'कटाक्ष' का अर्थ 'तिरछी नजर' है। अन्य शब्द के अर्थ इस प्रकार हैं-

शब्द	**अर्थ**
व्यंग्य	व्यंजना शक्ति द्वारा निकाला गया अर्थ
ताना	व्यंग्य पूर्ण चुभने वाली बात।
आक्षेप	व्यंग्य पूर्ण दोषारोपण करना।

44. इनमें से कौन-सा शब्द 'परिकर' का अनेकार्थी नहीं है?

(a) समूह (b) कमरबंद
(c) परिवार (d) क्षत्रिय

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'क्षत्रिय' शब्द 'परिकर' का अनेकार्थी शब्द नहीं है, शेष शब्द-समूह, कमर बंद, परिवार इसके अनेकार्थी शब्द हैं।

45. इनमें से कौन-सा शब्द 'आनंद' का अनेकार्थी शब्द है?

(a) खुशी (b) कबूतर
(c) वस्त्र (d) पानी

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : विकल्प में दिया गया शब्द 'खुशी' 'आनन्द' का अनेकार्थी शब्द है। आनंद के अन्य अनेकार्थी शब्द हैं- मदिरा शिव, एक छंद इत्यादि।

46. कौन-सा शब्द 'खर' के लिए प्रयुक्त नहीं होता ?

(a) दुष्ट (b) गधा
(c) तिनका (d) खरा

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) 'खरा' शब्द 'खर' के लिये उपयुक्त नहीं है, जबकि दुष्ट, तिनका, एक राक्षस तथा गधा 'खर' के अनेकार्थी शब्द हैं।

47. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'गो' का अर्थ नहीं है?

(a) गज (b) गाय
(c) नदी (d) इन्द्रिय

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (a): 'गज' शब्द 'गो' का अर्थ नहीं है, शेष शब्द गाय, नदी, इन्द्रिय इसके अर्थ हैं।
गो के अनेकार्थी शब्द - रश्मि, गाय, गौ, नदी, धरती इत्यादि।
गज के अनेकार्थी - हाथी, हस्ती, मतंग, मदकल।

48. निम्न में अनेकार्थी शब्द कौन सा है?

(a) आयु (b) आदेश
(c) ग्रंथ (d) गुरु

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर: (d) 'गुरु' शब्द के कई अर्थ हैं– आचार्य, बड़ा, दीर्घ, बुजुर्ग, चालाक, बहुत बड़ा धूर्त आदि, जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

49. इनमें से कौन-सा शब्द 'ताल' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) ताड़ का वृक्ष (b) झील
(c) संगीत का ताल (d) चाबी

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : चाबी 'ताल' शब्द का अर्थ नहीं है। ताल का अर्थ ताड़ का वृक्ष, झील, संगीत का ताल होता है।

50. इनमें से कौन-सा शब्द 'भाव' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) विचार (b) दर
(c) श्रद्धा (d) चमक

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'भाव' शब्द का अर्थ - विचार, दर, श्रद्धा है। जबकि 'चमक' इसका अर्थ नहीं है ।

51. एक का अर्थ 'पुराना' है

(a) चर (b) प्राचीर
(c) चीर (d) चिर

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d): चिर शब्द का अर्थ **पुराना** है। अन्य शब्द के अर्थ इस प्रकार हैं–

शब्द	**अर्थ**
चर	नौकर, दूत
प्राचीर	चहारदीवारी
चीर	कपड़ा

52. जलज

(a) कमल (b) नक्षत्र
(c) जाला
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'जलज' शब्द का सही अर्थ कमल होगा जबकि नक्षत्र तथा जाला असंगत हैं। जलज का अनेकार्थी शब्द है- मोती, शंख, मछली, जोंक, चन्द्रमा, आदि। अतः उपर्युक्त में से एक से अधिक उत्तर सही नहीं है।

53. जल, प्राण, पुत्र इनमें से किस शब्द के अनेकार्थी हैं?

(a) तत्व (b) सार
(c) जीवन (d) औषधि

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
लोअर III परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'जीवन' शब्द जल, प्राण, पानी तथा पुत्र के लिए अनेकार्थी शब्द हैं। शेष विकल्पों में दिये शब्द असंगत हैं।

54. इनमें से कौन-सा शब्द 'मूल' का अनेकार्थी शब्द है?

(a) भूमि (b) जड़
(c) पत्थर (d) जोड़

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : मूल शब्द के अनेकार्थी शब्द- जड़, पहला, आरंभ का भाग, कंद, पूँजी आदि है।

55. कमल, मोती, पानी में उत्पन्न होने वाला–ये किस शब्द के अनेकार्थी शब्द हैं?

(a) इन्द्रधनुष (b) जलद
(c) जलज (d) पयोधर

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : कमल, मोती, एवं पानी में उत्पन्न होने वाला ये सभी 'जलज' के अनेकार्थी शब्द हैं।

56. इनमें से कौन सा शब्द अंग्रेजी में अपनाया गया है जिसका अर्थ भिन्न होता है?

(a) ईश्वर (b) जगन्नाथ
(c) प्रभु (d) भगवान

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिए गए शब्दों में 'जगन्नाथ' शब्द अंग्रेजी में अपनाया गया है।

57. 'आम' शब्द में निहित अर्थ का सम्बंध एक से नहीं है

(a) मामूली (b) सर्वसाधारण
(c) फल विशेष (d) जनता

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d): 'आम' शब्द में निहित अर्थ का सम्बंध **जनता** से नहीं है। आम शब्द का प्रयोग 'मामूली', 'सर्वसाधारण', 'फल विशेष' के लिए किया जा सकता है, **जैसे:-**

1. आम (मामूली) बातों पर झगड़ा करना उचित नहीं है
2. आम (सर्वसाधारण) को सूचित किया जाता है कि यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें।
3. आम फल विशेष के लिए।

58. निम्नलिखित में से किस शब्द का सम्बन्ध 'सूर्य' से नहीं है?

(a) उदय (b) अस्त
(c) ज्योत्स्ना (d) तेज

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : ज्योत्स्ना शब्द का अर्थ सूर्य से नहीं है क्योंकि इसका अर्थ 'चाँदनी' होता है जबकि उदय, अस्त, तेज का सम्बन्ध सूर्य से है।

59. इनमे से कौन से शब्द का अर्थ हिंदी और अंग्रेजी में भिन्न होता है?

(a) लूट (b) डूंगरी
(c) ठग (d) अवतार

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों लूट, डूंगरी, ठग, अवतार में 'डूंगरी' का अर्थ हिन्दी और अंग्रेजी में भिन्न होता है।

@RexstarPdf

60. अक्ष का अनेकार्थी बताइये–

(a) धुरी (b) स्थिर
(c) आज्ञा (d) प्रकाश

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'अक्ष' का अनेकार्थी धुरी होगा। जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं। अक्ष के अनेकार्थी शब्द इस प्रकार हैं- ज्ञान, सर्प, रथ, मंडल, आत्मा आदि।

61. एक का अर्थ 'घोड़ा' है

(a) तुरंग (b) तुरन्त
(c) तुरई (d) तरंग

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : तुरंग का अर्थ 'घोड़ा' है। अन्य शब्दों के अर्थ निम्नलिखित हैं–

शब्द	**अर्थ**
तुरन्त	ठीक इसी समय/जल्दी से जल्दी
तुरई	तोरी नामक बेल जिसके लम्बे फलों की सब्जी बनाई जाती है। (तोरी या तररोई)
तरंग	हिलोर/लहर

62. निम्नलिखित में से 'कंकाल' शब्द का अर्थ कौन सा है?

(a) एक शहर का नाम (b) हड्डियों का ढाँचा
(c) अकिंचन (d) कंगाल

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में 'कंकाल' शब्द का अर्थ– 'हड्डियों का ढाँचा है।' अन्य शब्द अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

63. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'व्याल' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) साँप (b) शेर
(c) राजा (d) दुर्गा

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (d) : दिये गये शब्दों में 'दुर्गा' व्याल का अर्थ नहीं है। साँप, शेर एवं राजा व्याल के अर्थ हैं। व्याल के अन्य अर्थ इस प्रकार हैं- चीता, ठग, धूर्त, दुष्ट, क्रूर, पापिष्ठ आदि।

64. इनमें से कौन-सा शब्द 'खराबी' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) विकार (b) दोष
(c) नकली (d) अवगुण

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) :'खराबी' शब्द का अर्थ नकली नहीं है। विकार, दोष, अवगुण इसके समानार्थी शब्द हैं। **खराबी शब्द के पर्याय** - दोष, अवगुण, बुराई, बेकार इत्यादि हैं।

65. 'लक्ष्य' का अनेकार्थक शब्द है-

(a) निशाना, उद्देश्य (b) नाम, बल
(c) गति, चाल (d) सही, गलत

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : 'लक्ष्य' के अनेकार्थी शब्द- निशाना, उद्देश्य, ध्येय, गन्तव्य इत्यादि हैं।

66. इनमें एक 'धनुष' विशेष है:

(a) जावक (b) पावक
(c) शावक (d) नावक

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : 'नावक' शब्द धनुष विशेष है। अन्य शब्द एवं उनके अर्थ निम्न हैं–

शब्द	**अर्थ**
जावक	मेंहदी
पावक	अग्नि
शावक	शेर का बच्चा
नावक	धनुष के तीर की भांति

67. एक का अर्थ सत्य है

(a) नियत (b) निर्यात
(c) नीयन (d) नियंना

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : दिये गये शब्दों में **नियत** का अर्थ सत्य है। 'निर्यात' का अर्थ 'माल बाहर भेजना' है।

68. निम्नलिखित में से 'पट' का अर्थ क्या नहीं होता है?

(a) डालना (b) वस्त्र
(c) पर्दा (d) किवाड़

SSC GD Constable 13-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (a) : डालना शब्द पट का अर्थ नहीं है। जबकि वस्त्र, पर्दा तथा किवाड़ आदि पट के अनेकार्थी शब्द हैं।

69. निम्नलिखित में से क्या 'पानी' का अर्थ नहीं होता है?

(a) चमक (b) बिजली
(c) इज्जत (d) जल

SSC GD Constable 24-01-2023 (11.45-12.45)
UPSI 29/11/2021 (Shift-I)
UP PCL, ARO, 2018

उत्तर : (b): बिजली पानी का अर्थ नहीं है जबकि चमक, इज्जत एवं जल पानी के अनेकार्थी शब्द हैं।

70. 'पक्ष' शब्द किस अर्थ का वाचक नहीं है?

(a) पखेरू (b) पार्श्व
(c) पंख (d) पखवाड़ा

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'पक्ष' शब्द पखेरू शब्द का 'वाचक' नहीं है। शेष सभी शब्द 'पक्ष' के वाचक शब्द हैं।

71. अनेकार्थी शब्द 'प्रभाव' का इनमें से एक अर्थ नहीं है, वह है-

(a) सामर्थ्य (b) महिमा
(c) विग्रह (d) दबाव

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'विग्रह' शब्द 'प्रभाव' का अनेकार्थी शब्द नहीं है। अन्य शब्द महिमा, सामर्थ्य तथा दबाव 'प्रभाव' के अनेकार्थी शब्द हैं।

@RexstarPdf

72. 'सर' का अनेकार्थक शब्द है

(a) सेहत (b) अमृत
(c) पराजित (d) शुद्ध

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'सर' का अनेकार्थक शब्द 'पराजित' है । इसके अन्य अनेकार्थक शब्द हैं – तालाब तथा सिर

73. अनेकार्थी शब्द 'पतंग' का इनमें से एक अर्थ नहीं है

(a) बादल (b) नाव
(c) चंग (d) पक्षी

UPPCS (Pre) 2022

उत्तरः (a) : दिये गये विकल्पों में से 'बादल' पतंग का अनेकार्थी शब्द नहीं है, जबकि नाव, पक्षी तथा चंग 'पतंग' के अनेकार्थी शब्द हैं।

74. इनमें से कौन-सा शब्द 'पुत्र' का अनेकार्थी शब्द है?

(a) पुरुष (b) ईश्वर
(c) राधा (d) पूत

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : पुत्र का अनेकार्थी शब्द - पूत, शख, सुत, पार्थिव, आत्मज। ईश्वर का अनेकार्थी शब्द - परमात्मा, शिव, स्वामी, पारा। पुरुष का अनेकार्थी शब्द - शिखि, मनुज।

75. 'पत्र' शब्द का अनेकार्थक शब्द समूह निम्न है-

(a) पानी, पत्र, सूर्य (b) पवित्र, पन्ना, साँप
(c) पत्ता, चिट्ठी, पंख (d) पन्ना, पंख, मोती

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPP Contable 18/06/2018 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'पत्र' शब्द का अनेकार्थी शब्द है- पत्ता, चिट्ठी, पंख। अतः विकल्प (c) में दिया गया शब्द समूह (पत्ता, चिट्ठी, पंख) पत्र का अनेकार्थक शब्द समूह होगा।

76. 'पंच' शब्द का अनेकार्थी शब्द नहीं है

(a) पाँच (b) ग्राम सरपंच
(c) निर्णय करने वाला (d) पंचानन

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तरः (d) 'पंच' के अनेकार्थी शब्द- पाँच, ग्राम पंचायत, ग्राम सरपंच, निर्णय करने वाला होता है, जबकि 'पंचानन' के अनेकार्थी शब्द-सिंह, शिव, प्रकांड विद्वान होता है।

77. कौन सा शब्द ज्ञानेन्द्रिय नहीं है?

(a) नेत्र (b) नासिका
(c) पाणि (d) श्रोत्र

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : पाणि शब्द ज्ञानेन्द्रिय नहीं है। इसका हिन्दी अर्थ 'हाथ' है जबकि नेत्र, नासिका, कान, त्वचा, जिह्वा आदि ज्ञानेन्द्रियाँ हैं।

78. 'प्रतिपदा' के सही अर्थ का चयन कीजिए।

(a) पूर्णिमा
(b) एकादशी
(c) विरोधिनी
(d) पक्ष या पखवारे की पहली तिथि

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d): 'प्रतिपदा' का अर्थ है 'पक्ष या पखावारे की पहली तिथि'। अन्य शब्द के अर्थ इस प्रकार हैं-

शब्द	अर्थ
पूर्णिमा	शुक्ल पक्ष की 15वीं/मास पक्ष की 30वीं तिथि
एकादशी	मास के किसी पक्ष की 11वीं तिथि
विरोधी	विरोध करने वाला

79. इनमें से कौन-सा शब्द 'आहार' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) भक्ष्य (b) बोझ
(c) खुराक (d) भोजन

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में भक्ष्य, खुराक, तथा भोजन 'आहार' शब्द के अर्थ हैं जबकि बोझ शब्द आहार का अर्थ नहीं है।

80. नीचे दिये गये रेखांकित शब्द का अनेकार्थी शब्द लिखिए।
आजकल के घरों में एक <u>सुसज्जित कक्ष</u> अवश्य होता है।

(a) कमरा (b) अन्तःपुर
(c) खाना खान (d) बैठक

UP Constable, 2009

उत्तर : (d) 'आजकल के घरों में 'एक <u>सुसज्जित कक्ष</u>' अवश्य होता है' वाक्य में 'सुसज्जित कक्ष' के लिए सही शब्द 'बैठक' है। अन्य सभी विकल्प वाक्य की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

81. 'चंचरीक' शब्द का अर्थ है-

(a) भौंरा (b) तितली
(c) कोयल (d) एक फूल विशेष

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) दिए गए शब्दों में चंचरीक शब्द का अर्थ **भौंरा** होता है।

82. इनमें से कौन-सा शब्द 'खग' शब्द का अर्थ नहीं है ?

(a) द्विज (b) पक्षी
(c) मृदुल (d) पखेरू

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
NVS TGT 18.09.2019

उत्तर : (c) : मृदुल शब्द 'खग' का अर्थ नहीं है। द्विज, पक्षी, पखेरू, खग के अर्थ हैं। जबकि मृदुल का अर्थ कोमल होता है।

83. कौन-सा शब्द अर्थ की दृष्टि से दूसरे शब्दों से भिन्न है?

(a) सिंह (b) हरि
(c) मनुष्य (d) शिव

UPPCL JE Electrical, 2013

उत्तर (c) : 'मनुष्य' शब्द अर्थ की दृष्टि से दूसरे शब्दों से भिन्न है। जबकि दिए गए अन्य विकल्प अनेकार्थक शब्द हैं। हरि के अन्य अर्थ हैं– हाथी, इन्द्र, पहाड़, सिंह, घोड़ा, सर्प, वानर, मेढ़क, यमराज, ब्रह्मा, शिव, कोयल, हंस आदि।

84. अनेकार्थी शब्द 'अब्ज' के गलत विकल्प का चयन कीजिए–

(a) शंख (b) चन्द्रमा
(c) मेघ (d) कपूर

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'अब्ज' के अनेकार्थी शब्द कपूर, चन्द्रमा, शंख, कमल इत्यादि होते हैं। मेघ 'अब्ज' शब्द से संबंधित नहीं है।

@RexstarPdf

85. निम्नलिखित में से एक अर्थ की दृष्टि से भिन्न है

(a) कल (b) चैन
(c) यंत्र (d) मृत्यु

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : अर्थ की दृष्टि से 'मृत्यु' शब्द अन्य तीनों से भिन्न है जबकि कल, चैन, यंत्र ये सभी शब्द मशीनों से संम्बंधित शब्द हैं।

86. इनमें से कौन-सा शब्द 'मत्सर' शब्द का अनेकार्थी रूप नहीं है?

(a) द्वेष (b) क्रोध
(c) राग (d) ईर्ष्या

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'मत्सर' का अनेकार्थी शब्दः- द्वेष, क्रोध, ईर्ष्या, कुढ़न जलन आदि हैं 'राग' मत्सर का अनेकार्थी रूप नहीं है।

87. 'दारु' का अर्थ है

(a) शराब (b) स्त्री
(c) पर्वत (d) लकड़ी

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : दिए गए शब्दों में दारु शब्द का अर्थ **लकड़ी** होता है। जबकि 'दारू' शब्द का अर्थ 'शराब' होता है।

88. इनमें से कौन-सा 'अब्द' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) वाटिका (b) साल
(c) आकाश (d) बादल

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में 'वाटिका' शब्द 'अब्द' शब्द का अर्थ नहीं है, जबकि साल, वर्ष, आकाश, बादल, मेघ आदि अब्द के अर्थ हैं। वाटिका का अर्थ - बगीचा होता है।

89. इनमें से कौन-सा शब्द 'कसरत' का अनेकार्थी शब्द है?

(a) कारखाना (b) साधारण
(c) व्यायाम (d) निरापद

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : इनमें से 'कसरत' व्यायाम का अनेकार्थी शब्द है। कारखाना, साधारण, निरापद ये शब्द असंगत हैं।

90. इनमें से कौन-सा शब्द 'क्षेत्र' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) तीर्थ (b) वीर
(c) शरीर (d) प्रकृति

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'वीर' क्षेत्र का अर्थ नहीं है। शरीर, प्रकृति, तीर्थ ये सभी क्षेत्र के अर्थ हैं।

91. अनेकार्थी शब्द 'मूक' के गलत विकल्प का चयन कीजिए।

(a) चुप (b) विवश
(c) वाचाल (d) गूंगा

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : मूक का अनेकार्थी शब्द चुप, विवश, गूंगा होता है। जबकि वाचाल, मूक का विलोम शब्द है।

92. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अन्य शब्दों से अलग है?

(a) वारि (b) तोय
(c) वात (d) सलिल

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों में 'वात' भिन्न है। 'वात' शब्द वायु (हवा) का पर्याय है, जबकि शेष तीनों शब्द वारि, तोय, सलिल सभी जल के पर्याय हैं।

93. 'अम्बर' का अर्थ आकाश होता है। अम्बर का अन्य अर्थ ..... होता है।

(a) वस्त्र (b) सूर्य
(c) मोक्ष (d) स्वर्ण

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'अम्बर' का अर्थ आकाश होता है। यह एक अनेकार्थी शब्द है। 'अम्बर' के अन्य अर्थ वस्त्र, कपास, एक इत्र, अभ्रक, एक नजर, मेघ आदि हैं।

94. 'आयत' का अनेकार्थी शब्द बताइये?

(a) वर्ग (b) विशाल
(c) त्रिभुज (d) समकोण

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : 'आयत' का अनेकार्थी - विशाल, चिह्न, निशान, लम्बा, विस्तृत होता है।

95. 'उत्तर' शब्द से किसका सम्बन्ध नहीं है?

(a) जवाब (b) दिशा
(c) बाद का (d) वस्त्र

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : वस्त्र का सम्बन्ध 'उत्तर' शब्द से नहीं है। 'जवाब' 'दिशा' और बाद का शब्द 'उत्तर' के समानार्थी हैं **जैसे-**
1. आपने मेरे प्रश्न का उत्तर (जवाब) नहीं दिया।
2. भारत के उत्तर (एक दिशा) में नेपाल स्थित है।
3. जिस समास में उत्तर (बाद का) पद प्रधान होता है उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

96. 'शिखा' का कौन सा अर्थ गलत है?

(a) दीपक की लौ (b) कलँगी
(c) शिखर (d) शिक्षा

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : शिखा का अर्थ **शिक्षा** गलत है बल्कि शिक्षा का अर्थ- ज्ञान, नसीहत, सीख है जबकि दीपक की लौ, कलँगी, शिखर, शिखा का अर्थ है।

97. इनमें से कौन-सा शब्द 'घट' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) मन (b) शरीर
(c) घड़ा (d) समूह

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'समूह' शब्द 'घट' शब्द का अर्थ नहीं है। 'घट' एक अनेकार्थी शब्द है, जिसके अनेकार्थक शब्द इस प्रकार हैं- घड़ा, किनारा, हृदय, कलश, शरीर, कम आदि।

@RexstarPdf

98. किस शब्द का अर्थ सूर्य, पंडित, अंधा, शूरवीर आदि होता है?

(a) भानु (b) सूर
(c) भास्कर (d) सुर

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : सूर्य, पंडित, अंधा, शूरवीर आदि शब्द विकल्प (b) में दिए गए शब्द 'सूर' के अनेकार्थी शब्द हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं।

99. सैंधव का आशय निम्न में से कौन नहीं है?

(a) नमक (b) सोना
(c) घोड़ा (d) समुद्र

उत्तर : (b) सैन्धव का आशय नमक, सिन्धु देश का घोड़ा एवं समुद्र से है; जबकि सोना का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है।

100. 'वर्ण' का अर्थ नहीं होता है–

(a) अक्षर (b) रंग
(c) जाति (d) सुन्दर

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (d) 'वर्ण' का अर्थ 'सुन्दर' नहीं होता है। 'वर्ण' एक अनेकार्थी शब्द है, जिसका अर्थ– रंग, अक्षर, रूप, जाति आदि होता है।

101. निम्नलिखित शब्दों में से एक का अर्थ 'तेल' भी है–

(a) प्रणय (b) प्रीति
(c) स्नेह (d) अनुराग

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) दिए गए विकल्पों में 'स्नेह' का एक अर्थ 'तेल' होता है, जबकि प्रीति, प्रणय, अनुराग तथा स्नेह सभी प्रेम के पर्यायवाची शब्द हैं।

102. अनेकार्थी शब्द दिए गए हैं/एक अर्थ के साथ ही लिखा है, दूसरा अर्थ बताइए।
'कनक-धतूरा'

(a) प्रसाद (b) कसौटी
(c) आभूषण (d) सोना

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'कनक' का एक अर्थ सोना होता है क्योंकि सोना को भी कनक कहा जाता है और दूसरे कनक का अर्थ धतूरा होता है।

103. निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द अनेकार्थी नहीं है?

(a) कनक (b) अनंत
(c) महावीर (d) हत्या

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (d) 'हत्या' अनेकार्थी शब्द नहीं है अन्य शब्दों के अर्थ हैं –

	शब्द		अनेक अर्थ
1.	कनक	–	सोना, धतूरा, गेहूँ.....
2.	अनंत	–	आकाश, असीम, विष्णु, अविनाशी.....
3.	महावीर	–	हनुमान, बहुत बलवान, 24वें जैन तीर्थंकर

104. अनेकार्थी शब्द 'नाग' का निम्नलिखित में से एक अर्थ है–

(a) रथ (b) पारा
(c) हाथी (d) मोक्ष

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c)'नाग' शब्द का अर्थ साँप, बादल, पर्वत तथा हाथी होता है।

105. सर्प, मेढक, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द है :

(a) पशु (b) शिव
(c) हरि (d) कपिश

Bihar Primary Teacher 2023 (Shift-II)
MPPSC (Pre.) 2021
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift
UPPCL ARO, 2018

उत्तर. (c) : सर्प, मेढक, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द हरि है। 'हरि' अनेकार्थक शब्द है।

106. 'और' शब्द के अनेकार्थी शब्द–समूह का चयन कीजिए–

(a) अन्य–उसका (b) दूसरा–तथा
(c) सब–परंतु (d) परंतु–अपना

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (b) : 'और' शब्द का अनेकार्थी शब्द समूह– 'दूसरा-तथा' है।

107. निम्नलिखित में से एक का अर्थ सोना (स्वर्ण) है :

(a) रजत (b) ताम्र
(c) हाटक (d) पीत

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों में 'हाटक' का अर्थ सोना (स्वर्ण) है। अन्य शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं-

शब्द	अर्थ
रजत	चाँदी
ताम्र	ताँबा
पीत	पीला रंग

108. अनेकार्थक शब्द 'सारंग' का निम्नलिखित में से एक अर्थ नहीं है

(a) भौंरा (b) कामदेव
(c) तलवार (d) ज्योतिषी

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (d) : ज्योतिषी सारंग का अर्थ नहीं है। सारंग का अर्थ– कोयल, चातक, मोर, हंस, बाज, सिंह, घोड़ा, हाथी, सूर्य, चंद्रमा, सोना, भौंरा, तलवार, धनुष, बादल, समुद्र, शेष, कामदेव आदि होता है।

109. अनेकार्थी शब्दों का कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(a) नाना-अनेक, माँ के पिता (b) अयन-दिशा, वन
(c) सैन्धव-नमक, घोड़ा (d) नाक-स्वर्ग, नासिका

DSSSB-LDC (30-08-2015)

उत्तर : (b) : प्रश्नगत अनेकार्थी शब्दों के युग्म में से 'अयन-दिशा, वन' युग्म सही नहीं है। अयन का अर्थ काल, समय, गति, गृह, आश्रम इत्यादि होता है।

@RexstarPdf

16.

युग्म शब्द

1. निम्नलिखित में से संज्ञा और विशेषण की दृष्टि से कौन-सा शब्द युग्म असंगत है?

(a) ईश्वर -ईश्वरीय (b) झगड़ा - झगड़ालू
(c) कुल - कुलीन (d) अज्ञान - अज्ञानता

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)

उत्तर: (d) संज्ञा और विशेषण की दृष्टि से 'अज्ञान–अज्ञानता' शब्द-युग्म असंगत है। इसका संगत युग्म 'अज्ञान–अज्ञानी' होगा। शेष विकल्पों के शब्द – युग्म संगत हैं।

2. समश्रुत शब्द 'अलि-अली' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?

(a) कंधा-हिस्सा (b) दसन-दर्शन
(c) दमन-दामन (d) भौंरा-सखी

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC PET 2022 (Shift-II) 16/10/2022
UPSSSC Stenographer 10/03/2018
UP Constable 19/06/2018 Shift-I
UPSSSC VDO 23/12/2018 Shift-I

उत्तर : (d) : समश्रुत शब्द — अर्थ

अलि-अली	–	भौंरा-सखी
अंस-अंश	–	कंधा-हिस्सा
दमन-दामन	–	दबाना-साड़ी का किनारा
दसन-दर्शन	–	दांत-देखना

3. 'अभय - उभय' के समरूपी भिन्नार्थक हैं–

(a) निडर - दोनों (b) निडर - एक
(c) भयभीत - दोनों (d) दोनों - एक

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC VDO 23/12/2018 Shift-I

उत्तर: (a) अभय-उभय के समरूपी भिन्नार्थक 'निडर-दोनों' है। शेष असंगत हैं।

4. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) अनिल - अनल	हवा - आग
(b) अंश - अंस	हिस्सा - कंधा
(c) अपेक्षा - उपेक्षा	आशा - निरादर
(d) अवलंब - अविलम्ब	अधर - विलोकित

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSSSC PET 2022 15/10/2022 (Shift-I)
UPSSSC JA Backlog 19/02/2019
व्यायाम प्रशिक्षक 16/09/2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (d) : शब्द-युग्म — अर्थ-भेद

अनिल - अनल	हवा - आग
अंश - अंस	हिस्सा - कंधा
अपेक्षा - उपेक्षा	आशा - निरादर
अवलंब - अविलम्ब	सहारा - तुरंत

5. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है?

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) और-ओर	दूसरा-तथा
(b) उर-उरु	हृदय-नदी
(c) इतर-इत्र	भिन्न-इत्यादि
(d) अपरा-अपार	दूसरी-जिसे पार न किया जा सके

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में शब्द-युग्म 'अपरा-अपार' का अर्थ- भेद सही है। अन्य विकल्प सुमेलित नहीं हैं।

6. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'चरम-चर्म' का उचित अर्थ है–

(a) टूटना - शाश्वत
(b) श्रेष्ठ - शक्तिहीन
(c) अंतिम सीमा - चमड़ा
(d) चमड़ा - अंतिम सत्य

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'चरम - चर्म' का उचित अर्थ है – 'अंतिम सीमा – चमड़ा।'

श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द :– ऐसे शब्द जो पढ़ने और सुनने में लगभग एक से लगते हैं, परन्तु अर्थ की दृष्टि से भिन्न होते हैं, श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं।

जैसे–	शब्द		अर्थ
(i)	अवधि	-	समय
	अवधी	-	भाषा
(ii)	अम्बुज	-	कमल
	अंबुधि	-	सागर

7. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है।

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) अभिराम – अविराम	स्थिर – लगातार
(b) आदि – आदी	आरम्भ – अभ्यस्त
(c) अचल – अंचल	स्थिर – क्षेत्र
(d) अयश – अयस	बदनामी – लोहा

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) : दिए गए शब्द-युग्म 'अभिराम-अविराम = स्थिर-लगातार' का अर्थ- भेद सही नहीं है।

• अभिराम' का अर्थ 'सुन्दर' तथा 'अविराम' का अर्थ 'लगातार' होता है।

अन्य विकल्पों के शब्द-युग्म अर्थ-भेद की दृष्टि से सही है।

@RexstarPdf

8. एक युग्म अशुद्ध है

(a) अनुराग - विराग (b) अन्त - आदि
(c) अस्त - निरस्त (d) अमावस्या - पूर्णिमा

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : 'अस्त-निरस्त' अशुद्ध युग्म है। सही शब्द युग्म 'अस्त-उदय' होगा। शेष शब्द युग्म शुद्ध हैं।

9. दिये गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
अम्बु : अम्ब

(a) हवा : आग (b) आम : हवा
(c) जल : माता (d) पवित्र : हवा

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (c) दिए गए शब्द युग्म 'अम्बु : अम्ब' का सही शब्द युग्म जल : माता है।

10. 'अभिज्ञ-अनभिज्ञ' शब्दों का सही अर्थ बताइये।

(a) अज्ञान – ज्ञानी (b) ज्ञानी – पढ़ना
(c) जानकार – नाजानकार (d) अगम्य – गम्य

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (c) : 'अभिज्ञ-अनभिज्ञ' शब्दों का सही अर्थ 'जानकार-नाजानकार' है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

11. 'पुरुष और स्त्री का जोड़ा' कहलाता है-

(a) पति-पत्नी (b) युग्म
(c) युगल (d) दम्पति

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : 'पुरुष और स्त्री का जोड़ा' युगल कहलाता है। जबकि पति-पत्नी का जोड़ा 'दम्पति' कहलाता है।

12. ऐसे शब्द जो उच्चारण और वर्तनी की दृष्टि से समान हों, पर व्युत्पत्ति तथा अर्थ की दृष्टि से भिन्न हों ..... कहलाते हैं।

(a) पर्यायवाची शब्द
(b) समरूप या समोच्चारित शब्द
(c) विपर्याय या विलोम शब्द
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[UPCSA 2019]

उत्तर. (b) : ऐसे शब्द जो उच्चारण और वर्तनी की दृष्टि से समान हों, पर व्युत्पत्ति तथा अर्थ की दृष्टि से भिन्न हों समरूप या समोच्चारित शब्द कहलाते हैं। जबकि वाक्य में यदि एक शब्द के स्थान पर दूसरा शब्द रखा जा सके और अर्थ में कोई अन्तर न पड़ता हो तो उस शब्द समूह को 'पर्यायवाची शब्द' कहा जाता है। उल्टे या विपरीत अर्थ में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को विपरीतार्थक या 'विलोम शब्द' कहा जाता है।

जैसे– • विरोधी, विपक्षी, प्रतिद्वन्द्वी, बैरी (पर्यायवाची शब्द)
• संधि-विग्रह, शुक्ल-कृष्ण (विलोम शब्द)

13. युग्म की कौन सी जोड़ी सही है?

(a) न्याय – अन्याय (b) धरा – पृथ्वी
(c) अचल – अचला (d) मान – अपमान

राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा - 2015
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में से 'अचल-अचला' युग्म शब्द की जोड़ी सही है। अचल का अर्थ है– 'स्थिर' तथा अचला का अर्थ है– 'पृथ्वी'। न्याय-अन्याय और मान-अपमान विलोम शब्द हैं तथा धरा 'पृथ्वी' का पर्याय शब्द है।

14. सही अर्थवाला शब्द-युग्म कौन-सा है?

(a) आकर-आकार = खान-आकृति
(b) कुल-कूल = वंश-शीतल
(c) निर्जर-निर्झर = शून्य-झरना
(d) शर-सर = बाण-भला आदमी

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से सही अर्थ वाला युग्म 'आकर-आकार = खान-आकृति' है। अन्य विकल्प युग्म के सही अर्थ इस प्रकार हैं– कुल-कूल = वंश-किनारा
निर्जर-निर्झर = देवता-झरना
शर-सर = बाण-तालाब

15. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'आकार-आगार' का उचित अर्थ है-

(a) आकृति-धाम (b) प्राप्ति-ज्वाला
(c) खजाना-शरीर (d) भंडार-शरीर

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये शब्द-युग्म 'आकार-आगार' का उचित अर्थ 'आकृति-धाम' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

16. निम्न में से कौन सा 'आधि-व्याधि' शब्द युग्म में आधि का अर्थ है?

(a) मानसिक कष्ट (b) आधा
(c) पागलपन (d) अधकपारी जैसे रोग

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'आधि' का अर्थ 'मानसिक कष्ट' होता है, जबकि व्याधि का अर्थ 'रोग, बीमारी, पीड़ा' आदि होता है। **उदाहरण** - गाँव के लोग आधि-व्याधि से पीड़ित हैं।

17. 'इति-ईति' का सही अर्थ भेद है:

(a) पूर्णता - इच्छा (b) समाप्ति - विघ्न
(c) प्रारंभ - विश्वास (d) पीड़ा - समापन

UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'इति-ईति' शब्द युग्म का सही अर्थ भेद है–' समाप्ति - विघ्न'। अन्य विकल्प असंगत हैं।

18. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
इंद्रा : इंद्र

(a) बाधा : इंद्राणी (b) इंद्राणी : सुरपति
(c) उद्भूत : देवी (d) देवी : शिक्षा

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ -
इंद्रा का अर्थ - इंद्राणी
इंद्र का अर्थ - सुरपति

19. दिए गए शब्द का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
उत्पात : उत्पाद

(a) उपद्रव : उत्पन्न वस्तु (b) अंश : उतारना
(c) प्रथम : उपद्रव (d) अंश : वस्तु

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : दिये गये शब्द-युग्म 'उत्पात : उत्पाद' का सही अर्थ उपद्रव : उत्पन्न वस्तु होता है।

@RexstarPdf

20. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?

(a) अन्यान्य–और-और (b) अन्योन्य–परस्पर
(c) कृति-रचना (d) कृती-निकृष्ट पुरुष

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (d) : 'कृती-निकृष्ट पुरुष' शब्द-युग्म का अर्थ सही नहीं है। 'कृती' का अर्थ कुशल, दक्ष या पुण्यात्मा होता है जबकि 'निकृष्ट पुरुष' का अर्थ नीच या अधम पुरुष होता है।

21. कृपण तथा कृपाण शब्दों के क्रमशः अर्थ हैं -

(a) धनवान तथा कटार (b) कंजूस तथा कटार
(c) कृपालु तथ कटार (d) कटार तथा कंजूस

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (b) : कृपण तथा कृपाण श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द हैं। जहाँ 'कृपण' का अर्थ 'कंजूस' तथा 'कृपाण' का अर्थ 'कटार' होता है।

22. 'प्रसाद-प्रासाद' युग्म का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) कृपा – पूजा की सामग्री (b) महल – महानता
(c) फल – कृपा (d) कृपा - महल

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'प्रसाद-प्रासाद' युग्म का सही अर्थ 'कृपा-महल' होगा।

23. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
कलि : कली

(a) दुर्ग : कीर (b) कीर : कलियुग
(c) कलिका : दुर्ग (d) कलियुग : कलिका

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (d) : सही शब्द युग्म है कलियुग : कलिका

24. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
कुजन : कूजन

(a) पक्षियों की चहचहाहट : निपुणता
(b) कुँआ : दुष्ट
(c) निपुणता : बुरा
(d) दुष्ट : पक्षियों की चहचहाहट

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) : सही शब्द युग्म कुजनःकूजन का अर्थ है → दुष्ट : पक्षियों की चहचहाहट।

25. शब्द युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए–
अम्बुज-अम्बुद

(a) कमल-बादल (b) जल-कमल
(c) समुद्र-कमल (d) बादल-समुद्र

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : शब्द युग्म 'अम्बुज–अम्बुद' का सही अर्थ भेद 'कमल–बादल' होगा।

26. 'चपला - चपल' के समरूपी भिन्नार्थक हैं–

(a) बिजली – तेज (b) तेज – बिजली
(c) बादल - गर्जन (d) गर्जन - बादल

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) 'चपला-चपल' के समरूपी भिन्नार्थक हैं-'बिजली-तेज'। शेष असंगत हैं।

27. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के सही अर्थ का उचित विकल्प हो।
वरण - वरन्

(a) चुनना - बल्कि (b) चुनना - विस्तृत
(c) डर-बल्कि (d) विस्तृत - बल्कि

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त शब्द-युग्म 'वरण–वरन्' में वरण शब्द का अर्थ 'चुनना' तथा वरन् का अर्थ 'बल्कि' होता है।

28. सही शब्द – युग्म का चयन कीजिए ।

(a) द्विष - हाथी (b) तरंग – घोड़ा
(c) दूत - जुआ (d) पथ्य - रास्ता

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (*) : दिये गए सभी विकल्पों में से कोई भी विकल्प का शब्द युग्म सही नहीं हैं । सही शब्द युग्म इस प्रकार हैं –

द्विष	=	शत्रु
तुरंग	=	घोड़ा
दूत	=	राजदूत
पथ	=	रास्ता

नोट–मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा इस प्रश्न को हटा दिया गया है ।

29. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) प्रवाल-प्रवार	मूँगा-वस्त्र
(b) दामन-दमन	आँचल-दबाना
(c) नेति-नेती	अनंत -बंधन
(d) अनल-अनिल	आग-हवा

DSSSB PRT 30.03.2022 (Shift-II)
UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (c) : 'नेति-नेती' शब्द युग्म का अर्थ अनंत-बंधन नहीं होगा, इसका सही अर्थ 'नेति 'अनन्त, 'नेती' मथानी की रस्सी होगा।

30. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) बली - बलि	बलवान - गाय
(b) नागर - नगर	नगर में रहने वाला - शहर
(c) कुल - कूल	वंश - नदी का किनारा
(d) अनल - अनिल	अग्नि - पवन

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'बली-बलि' शब्द युग्म का अर्थ भेद सही नहीं है। इस शब्द-युग्म का सही अर्थ भेद है-

शब्द-युग्म	अर्थ भेद
बली - बलि	वीर - बलिदान

31. भवन और भुवन का अर्थ किस विकल्प में सही है?

(a) आकाश -संसार (b) चौदह लोक - प्रासाद
(c) महल - जगत (d) गृह - वन

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (c) भवन का अर्थ - 'महल' होता जबकि भुवन का अर्थ- 'जगत' होता है।

32. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'लक्ष्य' और 'लक्ष' का उचित अर्थ है–

(a) उद्देश्य – लाख (गिनती) (b) देखने योग्य – संपत्ति
(c) तीर – रुपया (d) लाख – उद्देश्य

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'लक्ष्य' और 'लक्ष' का उचित अर्थ है– उद्देश्य और लाख (गिनती)। अन्य विकल्प असंगत हैं।

33. सही अर्थ वाले श्रुतिसम भिन्नार्थक युगल का चयन करें।

(a) शित - शीत : ठंडक - तुषार
(b) शित -शीत : श्वेत - स्त्री का अपहरण
(c) शीत-शित : ठंडा - तेज किया गया
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : शीत-शित : ठंडा - 'तेज किया गया', सही श्रुतिसम भिन्नार्थक युगल हैं। शेष असंगत हैं।

34. एक युग्म अशुद्ध है

(a) अनाथ - अनाथा (b) अश्व - अश्वा
(c) चातक - चातकी (d) सुलोचन –सुलोचनी

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : सुलोचन-सुलोचनी अशुद्ध युग्म है। इसका शुद्ध शब्द युग्मः सुलोचन-सुलोचना होगा जिसमें सुलोचन का अर्थ है सुन्दर नयन वाला पुरुष व सुलोचना का अर्थ है सुन्दर नयन वाली स्त्री।

35. 'श्वेत' और 'स्वेद' का अर्थ हैः

(a) स्वक्ष और पसीना (b) सफेद और मनमाना
(c) सफेद और पसीना (d) निजी और सफेद

UPSSSC PET 2022 (Shift-I) 16/10/2022

उत्तर : (c) : 'श्वेत' और 'स्वेद' समरूपी भिन्नार्थक शब्द हैं। दिये गये विकल्पों में 'सफेद' और 'पसीना' क्रमशः 'श्वेत' और 'स्वेद' का उपयुक्त अर्थ है। अन्य विकल्प अर्थ की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

36. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।

इंदु : इंदुर

(a) समाप्ति : चंद्रमा (b) कृतज्ञता : आज्ञा
(c) चंद्रमा : चूहा (d) आज्ञा : चूहा

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए शब्द युग्म– 'इंदु : इंदुर' में इंदु का अर्थ – 'चंद्रमा' तथा इंदुर का अर्थ – 'चूहा' है।

37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के अर्थ का सबसे अच्छा विकल्प है।

नीवार-निवार

(a) रस्सी-रोकना
(b) रोकना-अनंत
(c) जंगली धान-रोकना
(d) जंगली-धान

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (c) : दिये गये शब्द-युग्म 'नीवार-निवार' का अर्थ 'जंगली धान-रोकना' होता है।
नीवार का अर्थ जलीय भूमि में स्वतः उत्पन्न होने वाला धान (तिन्नी धान) होता है तथा निवार का अर्थ रोकना होता है।

38. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के सही अर्थ वाला विकल्प हो।

शकल-शक्ल

(a) टुकड़ा-चेहरा
(b) मल-चेहरा
(c) लाज-चेहरा
(d) टुकड़ा-लाज

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : दिए गए शब्द युग्म - 'शकल - शक्ल' का सही अर्थ 'टुकड़ा - चेहरा' होगा।

39. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प में से, सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के सही अर्थ का उचित विकल्प हो।

तनी-तनि

(a) बंधन-थोड़ा (b) गर्म-बंधन
(c) तराजू-थोड़ा (d) लहर-बंधन

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त शब्द-युग्म में तनी का अर्थ बंधन तथा तनि का अर्थ थोड़ा होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

40. निम्नलिखित विकल्पों में दो शब्दों का जोड़ा (प्रथमःद्वितीय) दिया गया है। वह जोड़ा ज्ञात करें, जिसमें द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के समान न हो।

(a) पामरःखल (b) प्रपातःवैजयंती
(c) कलेवरःकाया (d) असिःकरवाल

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'प्रपात : वैजयंती' में द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के समान नहीं है, जबकि अन्य विकल्पों में द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के समान है।

@RexstarPdf

41. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
परिणाम : परिमाण
(a) नगर : नतीजा (b) नतीजा : मात्रा
(c) मात्रा : किस्म (d) निषेध : किस्म
DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans : (b) दिए गए विकल्प में सही शब्द युग्म है - नतीजा : मात्रा

42. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के ही अर्थ का उचित विकल्प हो।
विभात - विभाति
(a) रचनेवाला - कानून (b) प्रभात - शोभा
(c) रचनेवाला - शोभा (d) कानून-शोभा
DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : दिए गए शब्द-युग्म 'विभात-विभाति' का सही अर्थ 'प्रभात-शोभा' होता है।
विभात का अर्थ प्रभात तथा विभाति का अर्थ शोभा/सुन्दरता होती है।

43. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
शुल्क : शुक्ल
(a) फीस : टैक्स (b) टैक्स : लय
(c) टैक्स : रात (d) फीस : उजला
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) सही शब्द युग्म :
* शुल्क का अर्थ - फीस
* शुक्ल का अर्थ - उजला
समश्रुत शब्द → कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनमें स्वर, मात्रा अथवा व्यंजन में थोड़ा-सा अंतर होता है। वे बोलचाल में लगभग एक जैसे लगते हैं, परन्तु उनके अर्थ में भिन्नता होती है।ऐसे शब्द 'समश्रुत/श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं।

44. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के सही अर्थ का उचित विकल्प हो। बल-वल
(a) ताकत-अक्षर (b) ताकत-जंगल
(c) ताकत-मेघ (d) शक्ति-बेल
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (c) : बल-वल का सही अर्थ का शब्द युग्म 'ताकत-मेघ' होगा। बल का अर्थ ताकत तथा वल का अर्थ मेघ होता है।

45. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
बान : बाण
(a) रंग : अक्षर (b) आदत : तीर
(c) बहुत : मुख (d) रास्ता : हिस्सा
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : बान : बाण का सही शब्द युग्म - आदत : तीर।
* बान का अर्थ - आदत
बान का वाक्य प्रयोग - इस बर्तन की बान चली गई है।
* बाण का अर्थ - तीर
बाण का वाक्य प्रयोग- मेघनाथ के बाण से लक्ष्मण घायल हो गए थे।

46. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
मनुज : मनोज
(a) मनुष्य : कामदेव (b) आनंद : रत्न
(c) बादल : यज्ञ (d) जड़ : मस्त
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : मनुज : मनोज का शब्द युग्म - मनुष्य : कामदेव
* मनुज का अर्थ - मनुष्य
* मनोज का अर्थ - कामदेव

47. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के अर्थ का सबसे अच्छा विकल्प है। रद-रद्द
(a) झगड़-खराब (b) दांत - खराब
(c) लीन-खराब (d) दांत - लीन
DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (b) : रद–रद्द शब्द–युग्म का अर्थ दांत–खराब होगा। रद का अर्थ दांत तथा रद्द का अर्थ खराब होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

48. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
आर्षी : आरसी
(a) वेद संबंधी : आईना (b) छिपाना : पर्दा
(c) आईना : छिपाना (d) पर्दा : वेद संबंधी
DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म होगा - वेद संबंधी : आईना

49. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के अर्थ का सबसे अच्छा विकल्प है।
व्रण-वर्ण
(a) व्रत और रंग (b) व्रत और वाव
(c) घाव और पत्ता (d) घाव और रंग
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) : व्रण-वर्ण शब्द युग्म का सही अर्थ - घाव और रंग।
व्रण का वाक्य प्रयोग - उसके पैर के खुले व्रण से खून रिस रहा था। वर्ण का वाक्य प्रयोग - इन्द्रधनुष सात वर्णों का समूह है।

50. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
इत्रः इतर
(a) सत्य : झूठ (b) सुगंध : दूसरा
(c) सुगंध : विरक्त (d) विरक्त : सत्य
DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) : शब्द-युग्म इत्रःइतर का सही शब्द-युग्म 'सुगंध–दूसरा' होगा। इत्र का अर्थ सुगंध तथा इतर का अर्थ दूसरा होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

51. 'अनु' का अर्थ ..... होता है, परन्तु 'अणु' का अर्थ कण होता है। ये समरूपी भिन्नार्थक शब्द हैं।

(a) छोटा (b) पीछे
(c) बारीक (d) सिलवट

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये रिक्त स्थान में 'पीछे' शब्द भरा जायेगा अतः पूर्ण वाक्य–'अनु' का अर्थ 'पीछे' होता है, परन्तु 'अणु' का अर्थ कण होता है।

52. 'अनिष्ट' का अर्थ ..... होता है, परन्तु 'अनिष्ठ' का अर्थ निष्ठाहीन होता है। ये समरूपी भिन्नार्थक शब्द हैं।

(a) हानि (b) गुस्सा (c) निर्भय (d) प्रलोभन

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) दिये गये रिक्त स्थान में **हानि** शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'अनिष्ट' का अर्थ 'हानि' होता है, परन्तु 'अनिष्ठ' का अर्थ निष्ठाहीन होता है। ये समरूपी भिन्नार्थक शब्द हैं।

53. 'असक्त' का अर्थ .... होता है, परन्तु 'अशक्त' का अर्थ शक्तिविहीन होता है। ये समरूपी भिन्नार्थक शब्द हैं।

(a) हानि (b) विरक्त
(c) प्रभावशाली (d) दुष्प्रभाव

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) दिये गये रिक्त स्थान में 'विरक्त' शब्द भरा जायेगा अतः पूर्ण वाक्य होगा–'असक्त' का अर्थ विरक्त होता है, परन्तु 'अशक्त' का अर्थ शक्तिविहीन होता है।

54. ''अब्ज'' का अर्थ कमल होता है, परन्तु इसके समरूपी शब्द ''अब्द'' का अर्थ ..... होता है।

(a) रूप (b) अवयव
(c) बादल (d) आवाज़

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) अब्द का अर्थ बादल होता है। अन्य विवरण हैं –

समरूपी शब्द		**अर्थ**
अब्ज	–	कमल, पंकज, जलज, नीरज, सरोज, अम्बुज, वारिज, राजीव, उत्पल।
अब्द	–	बादल, घन, नीरद, पयोद, वारिद, वारिधर।

55. 'अन्न-अन्य' शब्द-युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए।

(a) अनाज-दूसरा (b) अनाज-फल
(c) पेड़-पौधे (d) दूसरा-पराया

UPP Constable-2017

उत्तर. (a) : 'अन्न-अन्य' शब्द युग्म का सही अर्थ– 'अनाज-दूसरा' होगा।

56. कौन–सा जोड़ा समरूपी भिन्नार्थक है?

(a) अवधि – अवधी
(b) अनुचर – नौकर
(c) आदि – अन्त
(d) अभिनय – नाटक

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (a) समरूपी भिन्नार्थक शब्द अवधि–अवधी है।
अवधि का अर्थ– काल, समय
अवधी का अर्थ– अवध देशीय भाषा

57. 'अनिल–अनल' का सही अर्थ देने वाला शब्द युग्म है–

(a) वायु–अग्नि (b) अग्नि–वायु
(c) हवा–पानी (d) आग–पानी

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'अनिल–अनल' का सही अर्थ देने वाला शब्द युग्म 'वायु–अग्नि' होगा।

- वायु के पर्यायवाची शब्द– अनिल, हवा, पवन, समीर, वात, मारुत आदि।
- अग्नि के पर्यायवाची शब्द– अनल, पावक, दहन, वैश्वानर, धूमकेतु, कृशानु, आग आदि।

58. 'कुल' का अर्थ वंश होता है, परन्तु इसके समरूपी शब्द 'कूल' का अर्थ ..... होता है।

(a) गर्म (b) किनारा
(c) खूँटी (d) नैपुण्य

UPPCL ARO, 2018
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) 'कुल' का अर्थ 'वंश' होता है, परन्तु इसके समरूपी शब्द 'कूल' का अर्थ 'किनारा' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

59. 'कृति' का अर्थ रचना होता है, परन्तु इसके समरूपी शब्द 'कृती' का अर्थ ..... होता है।

(a) रचनाकार (b) कपटी
(c) वानर (d) कुकर्मी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) दिये गये रिक्त स्थान पर 'रचनाकार' शब्द भरा जायेगा अतः पूर्ण वाक्य होगा– कृति का अर्थ रचना होता है, परन्तु इसके समरूपी शब्द 'कृती' का अर्थ 'रचनाकार' होता है।

60. चिर/चीर का अर्थ क्या है?

(a) नया/पुराना (b) किला/कास
(c) पुराना/कपड़ा (d) चर/अचर

UPP-2017
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : चिर/चीर का अर्थ है– पुराना/कपड़ा, जबकि नया/पुराना का अर्थ नवीन/प्राचीन, किला/कास का अर्थ गढ़/खाँसी और चर/अचर का अर्थ चलने वाला/अचल है।

@RexstarPdf

61. सही अर्थवाला 'शब्द युग्म' नहीं है–

(a) अनिल–अनल = हवा- आग
(b) अलि– अली = भौरा- सखी
(c) आदि– आदी = आरंभ- अभ्यस्त
(d) जलज– जलद = कमल- समुद्र

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में शब्द युग्म– 'जलज–जलद = कमल– समुद्र' अशुद्ध है। इसका शुद्ध युग्म होगा– 'जलज–जलद = कमल – बादल'

62. 'दिन–दीन' शब्द युग्म का सही अर्थ है :

(a) दिवस–गरीब (b) गरीब–दिवस
(c) सुबह–गरीब (d) दोपहर–गरीब

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) दिये गये शब्द युग्म 'दिन–दीन' का सही अर्थ 'दिवस–गरीब' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

63. 'मंदिर – मंदिरा' युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन सा होगा?

(a) पूजाघर – पुजारी (b) घर – सवारी
(c) गुफा – बड़ी गुफा (d) देवालय – अश्वशाला

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) मंदिर का अर्थ है देवालय या पूजाघर। मंदिरा का अर्थ अश्वशाला होता है।

64. सकल-शकल का अर्थ क्या होता है?

(a) कला और कृति (b) सन् और संवत्
(c) संपूर्ण और अंश (d) सबल और निर्बल

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) सकल-शकल का अर्थ-संपूर्ण और अंश होता है, जबकि कला-कृति का अर्थ - कौशल और रचना, 'सन् -संवत्' का अर्थ - वर्ष और देशी वर्ष, सबल-निर्बल का अर्थ- शक्तिशाली और कमजोर होता है।

65. 'क्षमा' का अर्थ माफ़ी होता है। क्षमा का अन्य अर्थ ..... होता है।

(a) पृथ्वी (b) बादल
(c) जोड़ (d) अमृत

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'क्षमा' का अर्थ 'माफ़ी' है, 'क्षमा' का अन्य अर्थ 'पृथ्वी' होता है।

66. 'नियत-नीयत' शब्द-युग्म के सही अर्थ-भेद का चयन कीजिये:

(a) इरादा-भाग्य (b) इरादा-निश्चित
(c) निश्चित-इरादा (d) भाग्य-निश्चित

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर :(c) शब्द युग्म 'नियत-नीयत' का सही अर्थ 'निश्चित - इरादा' होगा।

67. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित एकार्थी शब्दों का सही अर्थ-युग्म क्या होगा?

द्यूत <u>प्रथा</u> का दुष्परिणाम पांडवों के साथ उनकी माता <u>पृथा</u> को भी भुगतना पड़ा ।

(a) परंपरा- कुंती
(b) परंपरा-अलग
(c) सहानुभूति – विश्वास
(d) धारणा-परंपरा

SSC GD 30/01/2023 (Shift-I)

उत्तर: (a) वाक्य में रेखांकित प्रथा का अर्थ परंपरा से है तथा पृथा शब्द का अर्थ कुंती है। पृथा कुंती का दूसरा नाम है।

68. विहंगम-दृष्टि का अर्थ है–

(a) सरसरी दृष्टि (b) गहरी दृष्टि
(c) सम्यक् दृष्टि (d) पैनी दृष्टि

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (c) : विहंगम-दृष्टि का अर्थ 'सम्यक् दृष्टि' होता है।

69. हिंदी में कौन से शब्द ऐसे हैं जिनके दो-दो रूप समानांतर चल रहे हैं?

(a) गर्दन/गरदन (b) साधू/साधु
(c) समान/सामान (d) ओर/और

Jharkhand TGT 2017

उत्तर. : (a) हिन्दी में गर्दन/गरदन शब्द ऐसे हैं जिसके दो-दो रूप समानान्तर चलते है यानि 'गर्दन' एवं 'गरदन' दोनों ऐसे शब्द हैं जो एक ही आशय में प्रचलित हैं, जबकि प्रश्नगत अन्य शब्द युग्म परस्पर भिन्नार्थी हैं जैसे- 'साधू' संन्यासियों या बाबाओं के अर्थ में तथा 'साधु' सज्जन के अर्थ में; 'समान' तुलनाबोधक के रूप में एवं 'सामान' वस्तुओं के अर्थ में तथा 'ओर' दिशासूचक के रूप में एवं 'और' समुच्चय बोधक अव्यय के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

70. 'ऋत-ऋतु' शब्द-युग्म में क्या अर्थ भेद है?

(a) कठोर-मौसम (b) मिथ्या-मौसम
(c) असत्य-मौसम (d) सत्य-मौसम

NVS-TGT (2013)

उत्तर : (d) 'ऋत-ऋतु' शब्द-युग्म का अर्थ है, 'सत्य-मौसम'।

71. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असंगत है?

(a) अन्न-जल (b) आचार-विचार
(c) पीना-खाना (d) नोन-तेल

KVS-TGT (2018)

Ans : (c) दिये गये युग्मों में से अन्न-जल, आचार-विचार, नोन-तेल युग्म शुद्ध है, जबकि पीना-खाना के स्थान पर खाना-पीना शब्द युग्म होना चाहिए अत: यह विकल्प अशुद्ध है।

@RexstarPdf

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. 'जो मुकदमा दायर करता है' वाक्यांश के लिए इनमें से सही शब्द क्या है?

(a) मुकदमेबाज (b) गवाह
(c) प्रतिवादी (d) वादी

High Court ARO 2021 (II)
SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : जो मुकदमा दायर करता है वाक्यांश के लिए एक शब्द 'वादी' होगा। कुछ अन्य वाक्यांश इस प्रकार हैं-

सबसे पहले गिना जाने वाला	–	अग्रगण्य
जो इन्द्रियों का विषय न हो	–	अगोचर
जिस पर मुकदमा चल रहा हो	–	अभियुक्त

2. 'वह स्थान जहाँ से यमुना निकलती है' वाक्यांश के लिए उचित शब्द होगा?

(a) अस्ताचल (b) यमुनोत्री
(c) गंगोत्री (d) उदयांचल

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : वह स्थान जहाँ से यमुना निकलती है वाक्यांश के लिए एक शब्द 'यमुनोत्री' होगा। अन्य शब्दों के लिए वाक्यांश हैं-

वह स्थान जहाँ से गंगा निकलती हैं	–	गंगोत्री
पर्वत जिसके पीछे से सूर्य का उदय होता है	–	उदयाचल
पर्वत जिसके पीछे सूर्य अस्त होता है	–	अस्ताचल

3. 'द्विज' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्य खंड चुनिए।

(a) बहुत बोलने वाला (b) दो बार जन्म लेने वाला
(c) बहुत जानने वाला (d) पहले जन्म लेने वाला

High Court ARO 2021 (I)
SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) :

बहुत बोलने वाला	–	वाचाल
दो बार जन्म लेने वाला	–	द्विज
बहुत जानने वाला	–	बहुज्ञ
पहले जन्म लेने वाला	–	अग्रज

4. निम्न वाक्यांश के लिए एक सही शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
परलोक से संबंध रखने वाला

(a) पुरलौकिक (b) समलौकिक
(c) पारलोकिक (d) पारलौकिक

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्यांश 'परलोक से संबंध रखने वाला' के लिए उपयुक्त एक शब्द 'पारलौकिक' है।

5. 'फूल की रज' - वाक्य खंड के लिए उपयुक्त शब्द क्या होगा?

(a) पार्थिव (b) प्रदोष
(c) पतित (d) पराग

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

वाक्यांश		**एक शब्द**
फूल की रज	-	पराग
सूर्य के अस्त होने का समय	-	प्रदोष
पृथ्वी से संबंध रखने वाला	-	पार्थिव
जिसका नैतिक पतन हो चुका हो	-	पतित

6. 'सौ वर्ष का समय' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

(a) शताब्दी
(b) सहस्राब्दी
(c) युग
(d) वार्षिक

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

वाक्यांश		**एक शब्द**
सौ वर्ष का समय	-	शताब्दी
एक हजार वर्ष का समय	-	सहस्राब्दी
एक वर्ष का समय	-	वार्षिक

निर्देश : निम्नलिखित वाक्य के लिए एक शब्द चुनिए तथा (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

7. जिसके आने की तिथि न हो

(a) अतिथि
(b) पोषक
(c) सत्ताधारी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
SSC GD Constable 17.01.2023 (5:15-6:15)
High Court Group D - 2017
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) : 'जिसके आने की तिथि न हो' उसके लिए एक शब्द अतिथि होगा। अन्य विकल्पों का विवरण इस प्रकार है-
जो पोषण करता हो – पोषक
जो सत्ता को धारण किया हो – सत्ताधारी

@RexstarPdf

8. जिसका इलाज न हो सके

(a) अकरणीय
(b) असाध्य
(c) अल्पायु
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
VDO Re-Exam 26/06/2023 (Shift-II)
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UP RO Exam-2013

उत्तर : (b) : दिया गया वाक्यांश 'जिसका इलाज न हो सके' के लिए एक शब्द 'असाध्य' होगा।

वाक्यांश	एक शब्द
जिसकी आयु कम हो	अल्पायु
जो न करने योग्य हो	अकरणीय

9. 'जो दिखाई न दे' – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए।

(a) अदृश्य (b) अमर
(c) निष्प्राण (d) नेत्रहीन

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) :

वाक्यांश		एक शब्द
जो दिखाई न दे	–	अदृश्य
जिसकी मृत्यु न हो	–	अमर
जिसमें प्राण न हो	–	निष्प्राण
जो नेत्र विहीन हो	–	नेत्रहीन

10. 'जिसे इन्द्रियों से अनुभव न किया जा सके' अनेक पद के लिए एक शब्द है-

(a) अतीन्द्रिय (b) इन्द्रिय
(c) इन्द्रियशेष (d) इन्द्रजीत

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
UP TGT-2013

उत्तर : (a) : 'जिसे इन्द्रियों से अनुभव न किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अतीन्द्रिय' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

11. 'किसी व्यक्ति या सिद्धान्त का समर्थन करने वाला' अनेक पद के लिए एक शब्द है-

(a) अनुदान (b) अनुयायी
(c) अनुपथी (d) अनुभवी

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (b) :

वाक्यांश		एक शब्द
किसी व्यक्ति या सिद्धान्त का समर्थन करने वाला	—	अनुयायी
वह जो प्रयोग या अध्ययन द्वारा अनुभव प्राप्त किया हो	—	अनुभवी
जिसे बुलाया न गया हो	—	अनाहूत
जिसकी आशा न की जाय	—	अप्रत्याशित

12. 'बिना देखरेख का जानवर' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) पालतू (b) जंगली
(c) अनेर (d) खूंखार

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (c) 'बिना देख-रेख का जानवर' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनेर' होता है।

13. 'अज्ञ' का अर्थ है

(a) जो सब कुछ जानता है
(b) जिसे जाना जा सके
(c) जिसके आर-पार देखा जा सके
(d) जो कुछ नहीं जानता है

MPPSC (Pre) 2021
UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

वाक्यांश		एक शब्द
जो कुछ नहीं जानता है	–	अज्ञ
जो सब कुछ जानता है	–	सर्वज्ञ
जिसे जाना जा सके	–	ज्ञेय
जिसके आर-पार देखा जा सके	–	पारदर्शी

14. 'जिसका मूल्य न आँका जा सके' वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द क्या होगा?

(a) अमूल्य
(b) बहुमूल्य
(c) मूल्यवान
(d) मूल्यहीन

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)
CGPSC (Pre) 2020

उत्तर : (a) : 'जिसका मूल्य न आंका जा सके' के लिए एक शब्द 'अमूल्य' होगा।

15. 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो'-इन अनेक शब्दों के लिए एक शुद्ध शब्द है–

(a) अन्तर्ध्यान
(b) अन्तरध्यान
(c) अन्तर्धान
(d) अन्तरधान

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (c) : वाक्यांश 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' के लिए शुद्ध शब्द 'अन्तर्धान' होगा।

16. 'अंकेक्षक' शब्द के लिए सही वाक्यांश क्या है?

(a) अंक (गोद) में खेलने वाला बच्चा
(b) अंकों की गणना करने वाला
(c) अंकों के साथ खेलने वाला
(d) आय-व्यय के आंकड़ों की जाँच करने वाला

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'अंकेक्षक' का सही वाक्यांश- 'आय-व्यय के आंकड़ों की जाँच करने वाला' होगा।

@RexstarPdf

17. 'जहाँ जाया न जा सके।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) अधिगम (b) अगम्य
(c) निर्गम (d) सुगम

म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा - 2018
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'जहाँ जाया न जा सके।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 'अगम्य'। शेष विकल्प असंगत हैं।

18. 'अज्ञेय' शब्द के लिए एक वाक्यांश है–

(a) जिसे देखा न जा सके (b) जिसे जाना न जा सके
(c) जिसे रोका न जा सके (d) जिसे सुना न जा सके

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

वाक्य खंड	–	एक शब्द
जिसे देखा न जा सके	–	अदृश्य
जिसे जाना न जा सके	–	अज्ञेय
जिसे सुना न जा सके	–	अश्रव्य

19. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक है?

(a) व्याकरण जानने वाला – वीरप्रसु
(b) क्षण में नष्ट होने वाला – क्षतिपूर्ति
(c) जिसमें सबकी सम्मति है – सर्वज्ञ
(d) जो बिना वेतन काम करता हो – अवैतनिक

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वाक्यांश 'जो बिना वेतन काम करता हो' के लिए सार्थक शब्द 'अवैतनिक' होगा। अन्य वाक्यांशों के लिए एक शब्द हैं–

वाक्यांश	एक शब्द
व्याकरण जानने वाला	वैयाकरण
क्षण में नष्ट होने वाला	क्षणभंगुर
जिसमें सबकी सम्मति है	सर्वसम्मति

20. 'ईश्वर में विश्वास रखने वाला' - इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये।

(a) आस्तिक (b) भक्त
(c) नास्तिक (d) श्रद्धावान

UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UP PCL RO/ARO, 2016
UP NT Exam, 2008
UU PSC AE 2012

उत्तर : (a) : 'ईश्वर में विश्वास रखने वाला' शब्द समूह के लिए एक शब्द है–'आस्तिक'।
'ईश्वर में विश्वास न रखने वाला' शब्द समूह के लिए एक शब्द 'नास्तिक' होता है।

21. 'वह कवि जो तत्काल कविता करे, के लिए एक शब्द है-

(a) सुकवि (b) रससिद्ध कवि
(c) महाकवि (d) आशुकवि

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016
UP SDI Exam-2008

उत्तर : (d) : 'वह कवि जो तत्काल कविता करे' के लिए एक शब्द 'आशुकवि' होगा। अन्य वाक्यांश इस प्रकार हैं–
जो पुस्तकों की समीक्षा करता है - समीक्षक
जिसकी बुद्धि कुश के अग्र की तरह पैनी हो - कुशाग्रबुद्धि
किसी के स्थान पर कार्य करने वाला - प्रतिनिधि

22. आशुभाषण का अर्थ है-

(a) विषय को एक दिन पहले बता देना
(b) विषय पर चर्चा- परिचर्चा करवाना
(c) किसी विषय पर तत्काल बोलना
(d) विषय को रटकर बोलना

[MPTET (I-V) 2011]

उत्तर. (c) : आशुभाषण का अर्थ है–किसी विषय पर तत्काल बोलना।

23. 'अंडे से जन्म लेने वाला' वाक्यांश के लिए शब्द क्या होगा?

(a) अंडक (b) जलज
(c) अंडज (d) अंडाणु

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (c) : 'अंडे से जन्म लेने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अंडज' होगा, जबकि जो जल से उत्पन्न हो- जलज

24. 'जिसे वचन द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सके' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?

(a) अनुकरणीय (b) अलौकिक
(c) अनिवार्य (d) अनिर्वचनीय

SSC GD Constable 16.01.2022(9:00-10.00 am)

उत्तर : (d) : 'जिसे वचन द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनिर्वचनीय' होगा।
- नकल करने योग्य - अनुकरणीय
- जो इस लोक में सम्भव न हो- अलौकिक
- जिसका निवारण न हो सकता हो- अनिवार्य

25. नीचे दिए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए-
जो सबके आगे रहता हो

(a) अग्रिम (b) अग्रज
(c) अग्रगण्य (d) अग्रणी

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (d) : 'जो सबके आगे रहता हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'अग्रणी' होगा।
- आगे आनेवाला - अग्रिम
- जिसकी गिनती पहले हो - अग्रगण्य

@RexstarPdf

26. 'जो देखने योग्य न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए-

(a) अवर्णीय (b) अप्रत्यक्ष
(c) अदर्शनीय (d) अदृश्य

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (c) : 'जो देखने योग्य न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'अदर्शनीय' होगा।

- जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता है- अवर्णनीय
- जो दिखाई न दे- अप्रत्यक्ष
- जो वस्तु हमारी आँखों से दिखाई न दे- अदृश्य

27. 'जिसका जन्म बाद में हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द क्या होगा?

(a) अनुज (b) अग्रज
(c) ज्येष्ठ (d) अग्रजा

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)

उत्तर : (a) : 'जिसका जन्म बाद में हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'अनुज' है।

- जो पहले जन्मा हो- अग्रज
- बड़ी बहन - अग्रजा

28. नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

अन्यमनस्क

(a) जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो
(b) किसी और स्थान पर
(c) जो पहले न हुआ हो
(d) जो नया न हो

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)
UPTGT - 2013

उत्तर : (a) : वाक्यांश	एक शब्द
जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो	अन्यमनस्क
किसी और स्थान पर	अन्यत्र
जो पहले न हुआ हो	अभूतपूर्व
जो नया न हो	अनूतन

29. नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए-

अभूतपूर्व

(a) जो किसी पर अभियोग लगाए
(b) जिस पर अभियोग लगाया गया हो
(c) जो पहले घटित न हुआ हो
(d) जो भेदा न जा सके

SSC GD Constable 13-01-2023 (9-10am)
UPTGT - 2009
UPTGT - 2001

उत्तर : (c) : वाक्यांश	एक शब्द
जो पहले घटित न हुआ हो	अभूतपूर्व
जो किसी पर अभियोग लगाए	अभियोगी
जिस पर अभियोग लगाया गया हो	अभियुक्त
जो भेदा न जा सके	अभेद्य

30. 'जिसमें शक्ति न हो' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) अशक्त (b) शकत
(c) अशक्य (d) अशोक

SSC GD Constable 13-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (a) : 'जिसमें शक्ति न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'अशक्त' होगा। जबकि अन्य विकल्प असंगत हैं।

31. निम्नलिखित विकल्पों में से 'जो भेदा न जा सके' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?

(a) अभेद्य (b) निर्द्वन्द्व
(c) द्वंद्व (d) प्रतिबन्ध

SSC GD Constable 24-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (a) : 'जो भेदा न जा सके' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द 'अभेद्य' होगा, जबकि- अन्य विकल्प असंगत हैं।

32. अंक में स्थान पाया हुआ' वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?

(a) अकिंचन (b) अंकुर
(c) अंकस्थ (d) अंडज

SSC GD CONS.- 24-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (c) : 'अंक में स्थान पाया हुआ' वाक्यांश के लिए एक शब्द अंकस्थ होगा।

- जिसके पास कुछ न हो- अकिंचन
- अण्डे से जन्म लेनेवाला- अंडज

33. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।

आग से झुलसा हुआ

(a) आत्मघाती (b) अनलदग्ध
(c) अनन्य (d) यज्ञ

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (b) : 'आग से झुलसा हुआ' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनलदग्ध' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

34. 'दोपहर के बाद का समय' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।

(a) पूर्वाह्न (b) मध्याह्न
(c) अपराह्न (d) विहान

KVS TGT Hindi, 2016
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
UPSI AE 2012
UPSI AE 2008

उत्तर : (c) : 'दोपहर के बाद का समय' इस वाक्यांश के लिए 'अपराह्न' शब्द उपयुक्त होगा।
दोपहर के पहले का समय– पूर्वाह्न
दोपहर का समय– मध्याह्न

35. 'जिस पर आक्रमण न किया गया हो' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) जीवट (b) भयानक
(c) अछूता (d) अनाक्रांत

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UP SDI Exam 2008

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'जिस पर आक्रमण न किया गया हो' इस वाक्यांश के लिए सही शब्द 'अनाक्रांत' होगा।

36. 'जिनका जन्म पहले हुआ हो' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) अग्रणी (b) अग्र
(c) अग्रज (d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2004
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UP TGT 2004

उत्तर : (c) : वाक्यांश 'जिनका जन्म पहले हुआ हो' के लिए एक शब्द 'अग्रज' होता है।

वाक्यांश	-	एक शब्द
सबसे आगे रहने वाला	-	अग्रणी।
जो बाद में जन्मा हो	-	अनुज।
जिसका कभी अन्त न हो	-	अनन्त।
आगे आने वाला	-	आगामी।

37. 'किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा' के लिए उपयुक्त शब्द इनमें से कौन-सा होगा?

(a) अपेक्षा (b) अभीप्सा
(c) अपेक्षित (d) अरसिक

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : वाक्यांश 'किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा' के लिए उपयुक्त शब्द 'अभीप्सा' है।
जिस पुस्तक में आठ अध्याय हों- अष्टाध्यायी।
जिसकी गहराई का पता न चल सके- अथाह।
जिसके आदि का पता न हो- अनादि।

38. 'जो कहा न जा सके' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) अविश्वसनीय (b) अकरणीय
(c) रहस्य (d) अकथनीय

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
UPSI 17/07/2017 (Shift-II)

उत्तर : (d) : वाक्यांशों का विवरण है –

वाक्यांश	एक शब्द
जो कहा न जा सके	अकथनीय
जिस पर विश्वास न किया जा सके	अविश्वसनीय
जिसका अंत न हो	अनन्त
दूसरे के मन की बात जानने वाला	अन्तर्यामी

39. 'सबसे पहले गिना जाने वाला' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द क्या है?

(a) अग्रहरि (b) अग्रगणक
(c) अग्रगामी (d) अग्रगण्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

वाक्यांश		एक शब्द
सबसे पहले गिना जाने वाला	–	अग्रगण्य
जो पहले जन्मा हो	–	अग्रज
सबसे आगे रहने वाला	–	अग्रणी
ऊपर कहा हुआ	–	उपर्युक्त

40. 'जहाँ जाना संभव न हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन- सा है?

(a) अगम (b) सुगम्य (c) आयत्र (d) अजय

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'जहाँ जाना संभव न हो' - इस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अगम' होगा। अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं।
सुगम → जहाँ सरलता से जाया जा सके।
अजय → जिससे जीता न जा सके।

41. 'जो पीने योग्य नहीं हो' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) नापेय (b) जहर (c) अपेय (d) अमृत

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) :

वाक्यांश		एक शब्द
जो पीने योग्य न हो	-	अपेय
किसी की हँसी उड़ाना	-	उपहास
कम जानने वाला	-	अल्पज्ञ
किसी कार्य में दखल देना	-	हस्तक्षेप

42. 'जो न जाना गया हो'–इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) अज्ञात (b) ज्ञात (c) न जान (d) उनजान

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'जो न जाना गया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अज्ञात' होगा। कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक विचारों की अभिव्यक्ति के लिए वाक्यांशों के लिए 'एक शब्द' का प्रयोग बहुउपयोगी होता है ऐसे शब्दों को अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द भी कहते हैं। 'जिसे न जाना गया हो' उसके लिये एक शब्द होगा 'अज्ञेय'। 'जिसकी सीमा न हो' उसका एक शब्द होगा 'असीम'। 'हाथ में पकड़कर हथियार का प्रयोग करने के लिए' एक शब्द 'शस्त्र' होगा।

43. 'जो पढ़ा न गया हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) अपठित (b) आस्तिक
(c) जटिल (d) अपठनीय

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वाक्यांशों का विवरण है–

वाक्यांश		एक शब्द
'जो पढ़ा न गया हो'	-	अपठित
जो ईश्वर में विश्वास रखता हो	-	आस्तिक
जो सरल न हो	–	जटिल
जो पढ़ने योग्य न हो	-	अपठनीय

44. 'जिनकी आशा न की गई हो' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) अप्रत्याशित (b) प्रत्याशित
(c) अपेक्षित (d) इनमें से कोई नहीं

High Court ARO - 2021 (II)
UP TET 2021 (Re. Exam)- 23.01.2022
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
UP TGT 2005
UP NT Exam 2008
वन रक्षक परीक्षा 2015

@RexstarPdf

उत्तर : (a) वाक्यांश के लिए एक शब्द इस प्रकार है -

वाक्यांश		एक शब्द
जिसकी आशा न की गई हो	-	अप्रत्याशित
जिसकी आशा की गयी हो	-	प्रत्याशित
जिसकी चाह या आशा हो	-	अपेक्षित
जिस पुस्तक में आठ अध्याय हों	-	अष्टाध्यायी

45. 'ज्ञात या कल्पित तथ्यों के आधार पर लिया गया निर्णय' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द क्या है?

(a) अपठित (b) अनुमोदन
(c) अध्याहरण (d) परिकल्पना

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'ज्ञात या कल्पित तथ्यों के आधार पर लिया गया निर्णय' के लिए उपुयक्त शब्द -'अध्याहरण' है।
अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं।

तर्क के लिए किसी बात की कल्पना करना	–	**परिकल्पना**
किसी मत या कार्य पर सहमति प्रकट करना	–	**अनुमोदन**
जो पढ़ा न गया हो	–	**अपठित**

46. 'जिसे जीता न जा सके' वाक्य के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?

(a) अगेय (b) अनंत
(c) अजेय (d) अगाध

DSSSB PGT - 23.07-2018
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UP UDA Pre. - 2013

उत्तर : (c) :

वाक्यांश		एक शब्द
जिसे जीता न जा सके	-	अजेय
जिसका अंत न हो	-	अनंत
जो गाया न जा सके	-	अगेय
किये जाने योग्य न हो	-	अकर्मण्य
जिसकी सीमा न हो	-	असीमित
जो बहुत गहरा हो	-	अगाध

47. जो स्त्री सूर्य भी न देख सके के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?

(a) असूर्यस्पर्शा (b) असूर्यपश्या
(c) असूर्यदर्शना (d) असूर्यदृष्टा

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UP UDA Mains 2010

उत्तर : (b) : 'जो स्त्री सूर्य भी न देख सके' उसके लिए एक शब्द 'असूर्यपश्या' होगा।

वाक्यांश		एक शब्द
जो पहले जन्मा हो	-	अग्रज
जिसके पास कुछ न हो	-	अकिंचन

48. 'जो संविधान के अनुकूल न हो' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) संवैधानिक (b) राजनीतिक
(c) असंवैधानिक (d) अराचक

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) :

वाक्यांश		एक शब्द
जो संविधान के अनुकूल न हो	–	असंवैधानिक
जो संविधान के अनुकूल हो	–	संवैधानिक
जो कम बोलता हो	–	अल्पभाषी
सिर से पाव तक	–	आपादमस्तक
जिंदा रहने की इच्छा	–	जिजीविषा
तैरने की इच्छा	–	तितीर्षा

49. 'जो भविष्य की बात सोचता हो' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?

(a) भविष्यचिंतक (b) भावी चिंतक
(c) चिंताकुल (d) अग्रसोची

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वाक्यांश – एक शब्द

जो भविष्य की बात सोचता हो	–	अग्रसोची
अत्यधिक बढ़ा-चढ़ा कर कही गई बात	–	अतिशयोक्ति
जो मापा न जा सके	–	अपरिमेय
जो पीने योग्य न हो	–	अपेय
जिस पर अभियोग लगाया गया हो	–	अभियुक्त

50. धरती और आकाश के बीच का स्थान– इस अभिव्यक्ति के लिए एक उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) स्वर्ग (b) प्राकृति (c) नरक (d) अन्तरिक्ष

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तरः (d) धरती और आकाश के बीच का स्थान 'अंतरिक्ष' कहलाता है। धरती का वह स्थान जहाँ से आकाश की शुरुआत होती है, 'क्षितिज' कहलाता है।

51. जो कानून के विरुद्ध हो -इस अभिव्यक्ति के लिए एक उपयुक्त शब्द कौन -सा है?

(a) अनैतिक (b) अनुचित
(c) अवैध (d) अधार्मिक

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) :

जो कानून के विरुद्ध हो	-	अवैध
जो नीति के विरुद्ध हो	-	अनैतिक
जो उचित न हो	-	अनुचित
जो धार्मिक न हो	-	अधार्मिक

52. जो सदा से चला आ रहा है- इस अभिव्यक्ति के लिए एक उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) अनंतिम (b) निश्छल
(c) अनवरत (d) अविचल

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : जो सदा से चला आ रहा है - अनवरत
अनंतिम - जिसका अंत निश्चित न हो।
निश्छल - जो छली न हो।
अविचल - जो कभी विचलित न हो।

53. 'जिसका अनुभव किया गया हो' के लिए एक शब्द क्या होगा?

(a) अनुभाव्य (b) अनुभवी
(c) अनुभव योग्य (d) अनुभूत

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : वाक्यांश – एक शब्द

जिसका अनुभव किया गया हो	–	अनुभूत
किसी प्रस्ताव का समर्थन करने की क्रिया	–	अनुमोदन
जिसका कोई घर नहीं हो	–	अनिकेत
परंपरा से चली आ रही कथा	–	अनुश्रुति

@RexstarPdf

54. जिसका विभाजन नहीं किया जा सके उसके लिए इनमें से उपयुक्त शब्द क्या होगा?

(a) अविभाज्य (b) अविभक्त
(c) अखंड (d) अखंडित

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'जिसका विभाजन नहीं किया जा सके' उसके लिए उपयुक्त शब्द 'अविभाज्य' है। जिसको विभक्त न किया जा सके, उसके लिए एक शब्द 'अविभक्त' है।

55. जो भूमि उपजाऊ हो

(a) बंजर (b) अजर
(c) उर्वर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिया गया वाक्यांश 'जो भूमि उपजाऊ हो' के लिए एक शब्द 'उर्वर' होगा।

वाक्यांश	एक शब्द
जो भूमि उपजाऊ न हो	बंजर
जो बूढ़ा होता ही नहीं	अजर

56. 'जिसने ऋण चुका दिया हो'-इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये।

(a) ऋणी (b) उऋण
(c) कृतज्ञ (d) कर्जदार

Ashram Paddhati PGT - 2012
GIC PGT 2009
UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (b) : 'जिसने ऋण चुका दिया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'उऋण' होता है।

वाक्यांश	एक शब्द
जिसने ऋण/उधार लिया हो-	ऋणी
जो उपकार को मानता हो-	कृतज्ञ

57. 'उपनिवेश से सम्बन्ध हो जिसका' उसके लिए एक शब्द है

(a) उपनिवेशिक (b) औपनिवेशिक
(c) औपन्यासिक (d) उपनिवेशवाद

Aashram Paddhati PGT - 2012
(UPUDA Spl. Pre. 2010)
GIC. PGT - 2009

उत्तर : (b) 'उपनिवेश से सम्बन्ध हो जिसका' उसके लिए एक शब्द 'औपनिवेशिक' है।

58. तिलक लगाने में किस अन्न का प्रयोग उपयुक्त होता है?

(a) गेहूँ (b) अक्षत
(c) जौ (d) उड़द

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (b) तिलक लगाने में 'अक्षत' का प्रयोग किया जाता है। अक्षत में कच्चे चावल के साबुत दाने का प्रयोग किया जाता है।

59. 'महल के भीतरी भाग' को किस शब्द में जानते हैं?

(a) गर्भगृह (b) भीतरी तल
(c) अन्त:पुर (d) रनिवास

(UPUDA Main 2013)

उत्तर: (c) महल के भीतरी भाग को 'अन्त:पुर' के नाम से जाना जाता है, जबकि मंदिर का मुख्य भाग 'गर्भगृह' कहलाता है। महल का वह भाग जहाँ रानियाँ निवास करती हैं, 'रनिवास' कहा जाता है।

60. 'जिसे बुलाया न गया हो' वाक्य के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है –

(a) अतिथि (b) अभ्यागत
(c) अनाहूत (d) रिश्तेदार

(UPUDA Pre. 2010)
(UP RO Pre. 2010)
UP SI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) 'जिसे बुलाया न गया हो' वाक्य के लिए एक शब्द है 'अनाहूत', जबकि 'जिसके आने की कोई तिथि ज्ञात न हो- अतिथि' है।

61. 'जिस पेड़ के पत्ते झड़ गये हों'– के लिए एक शब्द है

(a) प्रपर्ण (b) अपर्णा
(c) पत्रहीन (d) अपत

(UPUDA Main 2010)

उत्तर : (d) 'जिस पेड़ के पत्ते झड़ गये हों', उसे 'अपत' कहा जाता है, जबकि 'गिरा हुआ पत्ता' 'प्रपर्ण' कहलाता है। 'अपर्णा' पार्वती को कहा जाता है।

62. 'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है-

(a) गुरुकुलवासी (b) छात्रावासी
(c) अन्तेवासी (d) आश्रमवासी

UPUDA Pre., 2014
(UP RO Pre. 2010)
(UPUDA Spl. Pre. 2010)
UP SI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है 'अन्तेवासी'। शेष विकल्प असंगत हैं।

63. 'जो क्षमा करने योग्य नहीं है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) अदम्य (b) अक्षम्य
(c) निर्गुण (d) सक्षम

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य 'जो क्षमा करने योग्य नहीं है' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा – अक्षम्य जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

64. 'जिसके पास कुछ भी न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) अकिंचन (b) किंचित्
(c) आकुंचन (d) अलभ्य

वनरक्षक-2015
(UP Ro Pre-2010)
(DIET PGT-2014)
(UPUDA Pre-2010)
(UP S.D.I. Exam. 2008)
DSSSB PRT 06/10/2018, II Shift
UP SI 15/11/2021 (Shift-I)
UP SI 29/11/2021 (Shift-III)
UP SI 30/11/2021 (Shift-III)
UP PCS RO/ARO Re-Exams 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'जिसके पास कुछ न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अकिंचन' होगा; न कि किंचित, आकुंचन और अलभ्य।

65. 'जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके'–

(a) अच्युत (b) अटूट
(c) अटल (d) अदेय

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : वाक्यांशों का विवरण–

वाक्यांश	एक शब्द
• जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके	अच्युत
• न टूटने वाला	अटूट
• जो अपनी बात से न टले	अटल
• जो दिया न जा सके	अदेय

66. 'ऐसी जीविका जिसका कुछ ठीक-ठिकाना न हो' के लिए एक शब्द है

(a) आकाश कुसुम (b) आकाशवृत्ति
(c) आकाश सलिल (d) आकाशफल

VDO 27-06-2023 (Shift-II)
UP RO (Pre.), 2016
UP S.D.I. Exam - 2008

उत्तर : (b) 'ऐसी जीविका जिसका कुछ ठीक-ठिकाना न हो' के लिए एक शब्द 'आकाशवृत्ति' प्रयुक्त होता है। 'आकाशफल' शब्द 'संतान' अथवा 'संतति' के लिए प्रयुक्त होता है, जबकि 'अनहोनी' या असंभव बात के लिए 'आकाश कुसुम' शब्द प्रयुक्त होता है।

67. 'कनिष्ठिका और मध्यमा के बीच की अँगुली' को कहते हैं–

(a) अनामी (b) अनिमिका
(c) अनामीका (d) अनामिका

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) 'कनिष्ठिका और मध्यमा के बीच की अंगुली' को 'अनामिका' कहते हैं।

68. 'पीछे-पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

(a) अनुचर (b) अनुगामी
(c) अनुवर्ती (d) अनुगमनीय

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) 'पीछे-पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है – अनुगामी।
नोट – आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (b) अर्थात् अनुगामी और अनुचर दोनों माना है।

69. 'जिसकी कोई कीमत न हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

(a) कीमती (b) अमूल्य
(c) बहुमूल्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) 'जिसकी कोई कीमत न हो सके' एक शब्द है-अमूल्य। जो बहुत कीमती हो, उसे बहुमूल्य कहा जाता है।

70. 'बढ़ा चढ़ा कर कहना' के लिए एक शब्द है

(a) अतिवादी (b) अतिशय
(c) अत्यन्त (d) अतिशयोक्ति

UP RO (Main) 2010
(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'बढ़ा-चढ़ाकर कहना' के लिए उपयुक्त शब्द है – अतिशयोक्ति।

71. 'जिस पर अनुग्रह किया गया हो' वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शुद्ध एक शब्द है –

(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रही (d) अनुग्रहित

UP TGT 2005

उत्तर : (b) 'जिस पर अनुग्रह किया गया हो' वाक्यांश के स्थान पर प्रयुक्त होने वाला एक शब्द 'अनुगृहीत' होगा। उल्लेखनीय है कि 'अनुग्रहीत' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। शेष असंगत हैं।

72. 'निष्फल न होने वाला' कहलाता है –

(a) निश्चित (b) सही
(c) सटीक (d) अमोघ

UP TGT 2010

उत्तर : (d) निष्फल न होने वाला 'अमोघ' कहलाता है।

73. वह भाई जो अन्य माता से उत्पन्न हुआ हो कहलाता है–

(a) अन्योदर (b) दूरस्थ
(c) औरस (d) सहोदर

UP PGT 2000

उत्तर : (a) वह भाई जो अन्य माता से उत्पन्न हुआ हो, वह 'अन्योदर' कहलाता है, जबकि एक ही माता से उत्पन्न संतानों को 'सहोदर' कहा जाता है।

74. 'वह स्त्री जिसका पति परदेश से आने वाला हो' के लिए एक शब्द है–

(a) आगतपतिका (b) प्रव्रत्स्यतपतिका
(c) प्रोषितपतिका (d) आगमिस्यतपतिका

UP PGT 2005

उत्तर : (d) वह स्त्री जिसका पति परदेश से आने वाला हो, उसे एक शब्द में 'आगमिस्यतपतिका' कहा जाता है, जबकि वह स्त्री जिसका पति परदेश से लौट आया हो उसे 'आगतपतिका' कहते हैं। साहित्य मर्मज्ञों ने अवस्था के अनुसार नायिकाओं के आठ भेद किये हैं – स्वाधीन पतिका, खण्डिता, अभिसारिका, कलहान्तरिता, वासक सज्जा, विप्रलब्धा, प्रोषितपतिका और विरहोत्कंठित।

75. 'वह स्त्री जिसका पति दूसरा विवाह कर ले'–इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) 'अध्यूढ़ा' (b) 'परित्यक्ता'
(c) 'अनूढ़ा' (d) 'खण्डिता'

GIC. PGT 2015

उत्तर : (a) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द इस प्रकार होंगे-
• वह स्त्री जिसका पति दूसरा विवाह कर ले -- अध्यूढ़ा/अध्गूढ़ा
• वह स्त्री जिसका पति रात को किसी अन्य स्त्री के पास रहकर प्रातः उसके पास आता हो -------खंडिता
• वह स्त्री जिसे पति ने त्याग (छोड़ा) दिया हो --- परित्यक्ता

76. 'जिसका निवारण न हो सके' के लिए एक शब्द है :

(a) अविकल (b) अनिर्धार्य
(c) अनिर्णीत (d) अनिवार्य

DIET PGT. 2014

उत्तर : (d) 'जिसका निवारण न हो सके' के लिए एक शब्द 'अनिवार्य' है, जबकि 'जिसका निर्णय न हो सके' उसके लिए एक शब्द 'अनिर्णीत है'। शेष विकल्प असंगत हैं।

@RexstarPdf

77. जिसके समान दूसरा न हो

(a) अद्वितीय (b) अनोखा
(c) अकेला (d) असमान

DSSSB PGT 24.07.2018 (9 am-12 pm)
KVS. PGT. 2014

उत्तर : (a) 'जिसके समान दूसरा न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'अद्वितीय' है; जबकि जिसकी उपमा किसी और से न की जा सके, उसे 'अनुपम' कहते हैं।

78. जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हो

(a) असफल (b) अनुत्तीर्ण
(c) अयोग्य (d) अवनति

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (b) जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हो वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनुत्तीर्ण' होगा; जबकि जो परीक्षा में पास हो, उसे उत्तीर्ण कहते हैं।

79. 'देश में विदेश से माल आने की क्रिया' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए–

(a) आयात (b) निर्यात
(c) निगमन (d) आगमन

SSC GD Constable 17-01-2023 (5:15- 6:15 PM)

उत्तर : (a) : 'देश मे विदेश से माल आने की क्रिया' वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'आयात' होगा। जबकि, देश से विदेश में माल जाने की क्रिया हेतु उचित शब्द 'निर्यात' होगा।

80. 'धन से सम्बन्ध रखने वाला' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?

(a) मालिक (b) आर्थिक
(c) मूल्यवान (d) कीमती

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (b) : 'धन से सम्बन्ध रखने वाला' वाक्यांश के लिए उचित शब्द 'आर्थिक' होगा।

81. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
गुण-दोषों का विवेचन करने वाला-

(a) आलोचक (b) गांगेय
(c) ग्रहस्थ (d) अन्तेवासी

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) : वाक्यांश एवं उनसे सम्बन्धित एक शब्द हैं –

वाक्यांश	वाक्यांश के लिए एक शब्द
गुण-दोषों का विवेचन करने वाला	आलोचक
गंगा से उत्पन्न	गांगेय
गुरुकुल या छात्रावास में रहने वाला छात्र	अन्तेवासी

82. जिनका सम्बन्ध अध्यात्म से है– के लिए एक शब्द होगा:

(a) आध्यात्मिक (b) धार्मिक
(c) शास्त्रीय (d) नैतिक

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (a) वाक्यांशों का विवरण–

वाक्यांश	एक शब्द
• जिसका संबंध अध्यात्म से है	– आध्यात्मिक
• जिसका संबंध धर्म से है	– धार्मिक
• जिसका संबंध शास्त्र से है	– शास्त्रीय

83. 'अपने जीवन पर स्वयं लिखी कथा' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–

(a) रेचाचित्र (b) संस्मरण
(c) आत्मग्लानि (d) आत्मकथा

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (d) : 'अपने जीवन पर स्वयं लिखी गयी कथा' के लिए एक शब्द– 'आत्मकथा' होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

84. वाक्यांश 'जो शुद्ध न किया गया हो', उसे संक्षिप्त रूप से एक ही शब्द में व्यक्त करने वाला शब्द है :

(a) नीतिज्ञ (b) उत्तराधिकारी
(c) अपरिमार्जित (d) अग्रज

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2009

उत्तर : (c) 'जो शुद्ध न किया गया हो' के लिए एक शब्द 'अपरिमार्जित' होगा।

85. वाक्यांश के लिए एक शब्द से संबंधित कौन-सा जोड़ा गलत है?

(a) जिसका इलाज कठिन हो-दु:साध्य
(b) जो मनुष्यता से दूर हो-अमानुषिक
(c) जो कम खर्च करने वाला हो–अपव्ययी
(d) जो इतिहास लिखे जाने के युग से पूर्व का हो– प्रागैतिहासिक

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (c) : कम खर्च करने वाले को 'मितव्ययी' कहा जाता है, जबकि आवश्यकता से अधिक खर्च करने वाले को 'अपव्ययी' कहा जाता है। अन्य युग्म संगत हैं।

86. 'जिसका जन्म छोटी जाति (निचले वर्ण) में हुआ हो' – के लिए उपयुक्त शब्द है –

(a) अण्डज (b) शूद्र
(c) अन्त्यज (d) अछूत

(UPUDA Pre. 2013)
(UP S.D.I. Exam 2008)

उत्तर : (c) वाक्यांशों का विवरण–
• जिसका जन्म छोटी जाति में हुआ हो - 'अन्त्यज'
• अंडें से उत्पन्न जीव – अण्डज
• जो छूने योग्य न हो – अछूत

87. जो मापा न जा सके-

(a) अपरिमेय (b) अमापित
(c) अनुपेय (d) अपर

UP TGT - 2013
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'जो मापा न जा सके' वाक्यांश के लिये एक शब्द 'अपरिमेय' होगा; न कि अमापित, अनुपेय और अपर होगा।

@RexstarPdf

88. निम्न में से कौन सा 'पीछे चलने वाला' शब्द समूह हेतु एक शब्द है?

(a) अनुगत (b) पिछलग्गू
(c) पिच्छल (d) आगत

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'पीछे चलने वाला' शब्द समूह के लिए एक शब्द 'अनुगत' होता है, जबकि आया हुआ के लिए एक शब्द 'आगत' तथा 'किसी का अंधानुयायी बनकर उसके पीछे चलने वाला' के लिए एक शब्द 'पिछलग्गू' होता है।

89. 'जो कभी बूढ़ा न हो' – उपयुक्त शब्द का चयन करें –

(a) अमर (b) अजर (c) सदाबहार (d) तरुण

UDA/LDA परीक्षा, 2015
UP SI 20/11/2021 (Shift - I)

उत्तर : (b) 'जो कभी बूढ़ा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अजर' है, जबकि अन्य शब्दों के लिये उपयुक्त वाक्यांश निम्नवत् हैं–

- जो कभी मृत्यु को प्राप्त न हो – अमर
- युवावस्था को प्राप्त करने वाला– तरुण
- प्रत्येक परिस्थिति में एकसमान बने रहना – सदाबहार

90. जिसके बराबर कोई न हो :

(a) विलक्षण (b) अनुपम
(c) असाधारण (d) लोकातीत

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) वाक्यांशों का विवरण–

- जिसके बराबर कोई न हो - अनुपम
- अत्यंत विशिष्ट लक्षणों वाला – विलक्षण
- जो साधारण न हो – असाधारण
- लोकातीत असाधारण का पर्याय है।

91. विशिष्ट अवसर पर विशिष्ट लोगों के समक्ष दिया गया विद्वतापूर्ण भाषण-

(a) सम्भाषण (b) अभिभाषण
(c) अपभाषण (d) अनुभाषण

वन रक्षक परीक्षा, 2015
व्यायाम प्रशिक्षक 16/09/2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) विशिष्ट अवसर पर विशिष्ट लोगों के समक्ष दिया गया विद्वतापूर्ण भाषण **अभिभाषण** जबकि दो लोगों या अधिक लोगों के बीच किया गया वार्तालाप **सम्भाषण** कहलाता है। किसी की कही हुई बात को दुबारा कहना या कथोपकथन **अनुभाषण** तथा निंदा करना या गाली देना **अपभाषण** कहलाता है।

92. आदि से अन्त तक-

(a) आद्योपान्त (b) आदि
(c) दिगन्त (d) अन्तिम

SSC GD 31.01.2023 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) आदि से अन्त तक – आद्योपान्त। जहाँ से किसी चीज की शुरुआत हो उसके लिए एक शब्द 'आदि' है, जबकि दिगन्त तथा अन्तिम समानार्थी शब्द हैं।

93. 'जिस पर आक्रमण किया गया हो'– वाक्यांश के लिए उचित शब्द चुनें।

(a) आक्रमण (b) आक्रामक
(c) आक्रांत (d) आत्मघाती

UP SDI Exam-2003
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) वाक्यांशों का विवरण–

- जिस पर आक्रमण किया गया हो – आक्रांत
- जो अपनी हत्या आप करे – आत्मघाती
- आक्रमण करने वाला – आक्रामक
- सीमा का बलात् उल्लंघन या हमला करना– आक्रमण

94. पृथ्वी, ग्रहों, तारों आदि का स्थान - वाक्यांश के लिए उचित शब्द होगा।

(a) समंदर (b) अन्तरिक्ष
(c) धरती (d) विश्व

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'पृथ्वी, ग्रहों, तारों आदि का स्थान' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है – अंतरिक्ष।

95. 'जिसे प्रमाण द्वारा सिद्ध न किया जा सके' उसके लिए सही शब्द है-

(a) अप्रमाणित (b) अनुप्रमेय
(c) अप्रमेय (d) अप्रामाणिक

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UP RO Pre - 2010
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
कानूनगो भर्ती परीक्षा 2015
UP PSC AE - 2008

उत्तर : (c) 'जिसे प्रमाण द्वारा सिद्ध न किया जा सके – अप्रमेय। जो प्रमाणित न हो–अप्रमाणित। जिसका कोई प्रमाण न हो– अप्रामाणिक।

96. 'जो क्षीण न हो सके' – उसके लिए उपयुक्त शब्द है –

(a) अमिट (b) अपार
(c) अक्षय (d) अनंत

(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (c) वाक्यांशों का विवरण–

- जो क्षीण न हो सके - अक्षय
- जो मिट न सके – अमिट
- जिसका कोई पार न हो – अपार
- जिसका कोई अंत न हो - अनंत

97. 'गोद में सोने वाली स्त्री' के लिए एक शब्द है–

(a) अंकशायिनी (b) अनीन्द्रिय
(c) सिदित (d) कोई नहीं

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) 'गोद में सोने वाली स्त्री' के लिए एक शब्द– 'अंकशायिनी' है। अंक का अर्थ गोद तथा शायिनी का अर्थ सोने वाली होगा।

98. 'आशा से बहुत अधिक' शब्द के लिए एक शब्द बताइए–

(a) आशातीत (b) आशावान
(c) अप्रत्याशित (d) प्रत्याशित

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)
[UPSI 19.07.2017 Shift II]

@RexstarPdf

उत्तर. (a): 'आशा से बहुत अधिक' शब्द के लिए एक शब्द 'आशातीत' है। जिसकी आशा की जाय, वह प्रत्याशित होता है तथा जिसकी आशा न की जाय, उसे अप्रत्याशित कहते हैं।

99. 'अवश्य होने वाला' के लिए एक शब्द है-

(a) अनिवार्य (b) आवश्यक
(c) अवश्यम्भावी (d) अवश्यमेव

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'अवश्य होने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है- **'अवश्यम्भावी'** जबकि जिसका निवारण न हो का एक शब्द 'अनिवार्य' होगा।

100. 'जिसके बिना कार्य न चल सके' शब्द समूह के लिए एक शब्द है:-

(a) अत्यावश्यक (b) अपरिहार्य
(c) आवश्यक (d) अपेक्षित

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'जिसके बिना कार्य न चल सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द **'अपरिहार्य'** हैं। जबकि 'अपेक्षित' का वाक्यांश 'जिसकी अपेक्षा (आशा) की गयी हो

101. 'जो स्थिर न रह सके' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है:-

(a) अस्थिर (b) अडिग
(c) चंचल (d) चलायमान

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'जो स्थिर न रह सके' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द **अस्थिर** है। अडिग, स्थिर, चलायमान शब्द असंगत हैं।

102. 'जो नहीं हो सकता' के लिए एक शब्द है

(a) असंभव (b) व्याकरण पंडित
(c) व्याकरणज्ञाता (d) व्याकरणाचार्य

उत्तर. (a) : 'जो नहीं हो सकता' के लिए प्रयुक्त एक शब्द **असंभव** है।

103. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्याशों के लिए एक शब्द का विकल्प है।
जो थोड़ा जानता है।

(a) अवज्ञ (b) अल्प
(c) अल्पज्ञ (d) सर्वज्ञ

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) वाक्यांश 'जो थोड़ा जानता है' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त एक शब्द 'अल्पज्ञ' है। शेष विकल्पों के अर्थ निम्नलिखित हैं-

अल्प - थोड़ा/कम।
सर्वज्ञ - जो सब कुछ जानता हो।

104. अवसर के अनुरूप बदल जाने वाले को कहते हैं:

(a) यथास्थितिवादी (b) आदर्शवादी
(c) भाववादी (d) अवसरवादी

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : अवसर के अनुरूप बदल जाने वाला – अवसरवादी कहलाता है।

105. जो खाने योग्य न हो-

(a) अखाद्य (b) पथ्य (c) अपाच्य (d) अलभ्य

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'जो खाने योग्य न हो' अखाद्य कहलाता है। अन्य दिये गये शब्दों के अर्थ इस प्रकार हैं –

शब्द	**अर्थ**
पथ्य -	(1) पथ संबंधी
	(2) जो स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हो।
	(3) रोगी को दिया जाने वाला हल्का भोजन।
अपाच्य -	(1) जो पच न सके
अलभ्य -	(1) जो न मिलता हो। (2) दुर्लभ।

106. जिसके पास घर न हो-

(a) गृही (b) अनिकेत
(c) अभिषेक (d) अकिंचन

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'जिसके पास घर न हो' को 'अनिकेत' कहा जाता है। अन्य विकल्पों के अर्थ इस प्रकार हैं –

शब्द	**अर्थ**
अभिषेक -	(1) जल छिड़कना,
	(2) राजा के सिंहासनारोहण का अनुष्ठान
अकिंचन -	(1) बहुत गरीब,
	(2) जिसके पास कुछ भी न हो

107. 'आद्यन्त' शब्द का अर्थ है-

(a) जिसका अन्त न हो (b) अन्त से पूर्व
(c) आदि से अन्त तक (d) जिसका अन्त निश्चित हो

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : 'आद्यन्त' शब्द का अर्थ 'आदि से अन्त तक' है। 'जिसका अन्त न हो' के लिए एक शब्द 'अनन्त' होगा।

108. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द मृत्यु के लिए प्रयुक्त नहीं होता है?

(a) अनागत (b) चल बसा
(c) महानिद्रा (d) इन्तकाल

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : अनागत शब्द मृत्यु के लिए प्रयुक्त नहीं है बल्कि अनागत का अर्थ 'न आया हुआ।' 'मृत्यु' के लिए प्रयुक्त शब्द चल बसा, महानिद्रा, इन्तकाल आदि है।

109. जिस व्यक्ति पर अभियोग लगाया गया हो

(a) अभियोक्ता (b) अपराधी
(c) अभियुक्त (d) वदी

राजस्थान स्कूल शिक्षा प्राध्यापक परीक्षा - 2018
DSSSB PGT 25.07.2018
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : जिस व्यक्ति पर अभियोग लगाया गया हो- **अभियुक्त** जबकि 'अपराधी' का अर्थ है 'अपराध करने वाला' तथा 'वादी' का अर्थ वह जो किसी के विरुद्ध वाद (मुकदमा) पेश करे।

110. वह स्त्री जो छिपकर अपने प्रिय से मिलने जाती है

(a) प्रेमिका (b) नायिका
(c) अभिसारिका (d) मनिनी

[UPPSC AE 2008]

@RexstarPdf

उत्तर. (c) वह स्त्री जो छिपकर अपने प्रिय से मिलने जाती है- **अभिसारिका**। प्रेम करने वाली स्त्री- प्रेमिका।

111. 'परंपरा से चली आ रही बात' के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है–

(a) प्रतिश्रुति (b) व्याजस्तुति
(c) अनुलोम (d) अनुश्रुति

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
UP SI 13/11/2021 (shift-II)

उत्तर. (d) : 'परम्परा से चली आ रही बात के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द 'अनुश्रुति' है। प्रतिश्रुति किसी बात के लिए दिया जाने वाला वचन को कहते हैं। व्याजस्तुति, निंदा के बहाने स्तुति को कहते हैं और अनुलोम यथाक्रम या ऊपर से नीचे की ओर आने वाले के लिए प्रयुक्त होता है।

112. 'जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) अजेय (b) शत्रुजयी
(c) अजातशत्रु (d) शत्रुविहीन

DSSSB Steno Grade-III, 11/06/2017
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)
UPASI 05/12/2021 (Shift-II)
UPPSC AE - 2007
UP PGT 2005
कानूनगो भर्ती 2015

उत्तर. (c) : वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

शब्द	**वाक्यांश**
अजातशत्रु	जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है।
अजेय	जिसे जीता न जा सके।
शत्रुजयी	जिसने शत्रु को जीत लिया हो।
शत्रुविहीन	जिसका कोई शत्रु न हो।

113. 'खोज करने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) अन्वेषक (b) अनुपम
(c) अन्विति (d) निवेशक

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'खोज करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अन्वेषक' है। अनुपम– 'जिसकी उपमा न हो' है, निवेशक– निवेश करने वाला/पूँजी लगाने वाला है। अन्विति का अर्थ 'परस्पर सम्बद्धता' या 'एकता' होता है।

114. 'बहुत कम बरसात होने' के लिए कौन सा एक शब्द प्रयोग किया जाता है?

(a) अल्पवृष्टि (b) अतिवृष्टि
(c) अनावृष्टि (d) वृष्टि

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (a) : 'बहुत कम बरसात होने के लिए' एक शब्द 'अल्पवृष्टि' है। अन्य शब्द के विवरण–
वर्षा का अत्यधिक होना – अतिवृष्टि
वर्षा का बिल्कुल न होना –अनावृष्टि

115. जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो-

(a) इन्द्रजेय (b) इन्दु
(c) इन्द्रजीत (d) जितेन्द्रिय

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो' वह 'इन्द्रजीत' कहलाता है, जबकि 'इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला' 'जितेन्द्रिय' कहलाता है। शेष शब्द असंगत हैं।

116. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
पूरब और उत्तर के बीच की दिशा

(a) आग्नेय (b) ईशान
(c) वायव्य (d) नैऋत्य

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
UP NT Exam. 2008

उत्तर : (b) पूरब और उत्तर के बीच की दिशा – ईशान कोण
पूरब और दक्षिण के बीच की दिशा – आग्नेय
दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा – नैऋत्य
उत्तर और पश्चिम के बीच की दिशा – वायव्य।

117. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्याशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
आकाश से तारे का टूटना।

(a) अणिमा (b) उपही
(c) उपप्लव (d) अधीत

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (c) : 'आकाश से तारे का टूटना' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'उपप्लव' होता है।

118. 'पर्वत की तलहटी'

(a) द्रोण (b) बेसिन
(c) घाटी (d) उपत्यका

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) पर्वत की तलहटी को 'उपत्यका' कहते हैं, जबकि दो पर्वतों के बीच का संकरा मार्ग या पर्वतीय प्रदेशों के मध्य का मैदान 'घाटी' कहलाता है।

119. 'ऊपर की ओर उछाला हुआ' के लिए एक शब्द होगा–

(a) प्रक्षिप्त (b) उत्क्षिप्त
(c) आरोहण (d) उत्थान

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों का विवरण इस प्रकार है–
उत्क्षिप्त – ऊपर की ओर उछाला हुआ
प्रक्षिप्त – फेंका हुआ
आरोहण – सवार होना
उत्थान – उठना, उठाना

120. ऊपर की ओर जाने वाला।
उपरोक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

(a) उपही (b) उरक्षत
(c) ऊर्ध्वगामी (d) अस्ताचल

SSC GD Constable 13-01-2023 (11.45-12.45)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'ऊपर की ओर जाने वाला' वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द 'ऊर्ध्वगामी' होगा।

121. 'वह जमीन जिसमें कुछ भी पैदा न हो' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।

(a) भुभूड (b) वनखंडी
(c) ऊसर (d) उर्वरा

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'वह जमीन जिसमें कुछ भी पैदा न हो' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'ऊसर' होगा। 'वह भूमि जिसमें अन्न उपजता हो' के लिए एक शब्द 'उर्वरा' होगा।

122. 'छाती के बल चलने वाला' के लिये एक शब्द क्या होगा?

(a) ऊरग (b) भुजंग
(c) कुरंग (d) तुरंग

UP TGT 2011

उत्तर : (a) 'छाती के बल चलने वाला' वाक्य के लिए एक शब्द 'ऊरग' होता है। भुजंग का अर्थ साँप, कुरंग का अर्थ हिरन तथा तुरंग का अर्थ घोड़ा होता है। उरग साँप का पर्यायवाची है।

123. 'इस संसार से सम्बद्ध' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है–

(a) भौतिक (b) ऐहिक
(c) सांसारिक (d) अलौकिक

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (b) : इस संसार से सम्बद्ध – ऐहिक।
इस लोक या संसार से संबंध रखने वाला – सांसारिक।
जो इस लोक से संबंधित न हो – अलौकिक।

124. 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' - इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है–

(a) जरायुज (b) जारज
(c) दत्तक (d) औरस

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (d) : वाक्यांश 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' के लिए एक शब्द 'औरस' होगा।
जरायुज - शिशु/जीव जो खेड़ी में लिपटा हुआ पैदा हो।
जारज - उपपति/गैर पुरुष से उत्पन्न पुत्र।
दत्तक - उत्तराधिकार के लिए गोद लिया गया पुत्र।

125. 'कंजूसी से धन व्यय करने वाला'

(a) कृपण (b) मसृण
(c) मितव्ययी (d) अल्पव्ययी

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'कंजूसी से धन व्यय करने वाले' को 'कृपण' कहते हैं, परन्तु अपनी सारी जरूरतों को कम खर्चे में पूरी करने वाला 'मितव्ययी' कहलाता है।

126. 'जो किये गए उपकारों को मानता है' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?

(a) कृतन्घ (b) कृतज्ञ
(c) कृपापात्र (d) उपकारी

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2020
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UPPCL JE 2013
AHC Group C -2017
परिचालक परीक्षा, 2015
DSSSB हेड कांस्टेबल परीक्षा, 29/06/2014
[UKPSC AE 2012]

उत्तर : (b) : वाक्यांश		एक शब्द
जो किए गये उपकारों को मानता है	-	कृतज्ञ
जो किए गये उपकारों को नहीं मानता है	-	कृतघ्न
जो किसी पक्ष में न हो	-	तटस्थ
ईश्वर में विश्वास न रखने वाला	-	नास्तिक
जो ईश्वर में विश्वास करता हो	-	आस्तिक

127. निम्न वाक्यांश के लिए सही एक शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
जो कल्पना से परे हो

(a) कालातीत (b) काल्पनिक
(c) प्रामाणिक (d) कल्पनातीत

SSC GD Constable 16.01.2022(9:00-10.00 am)

उत्तर : (d) : जो कल्पना से परे हो' हेतु उपयुक्त शब्द 'कल्पनातीत' होगा।
- जिसका समय बीत गया हो- कालातीत
- जो केवल कल्पना से निकला या बना हो - काल्पनिक

128. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
तेज़ बुद्धि वाला

(a) कुशाग्रबुद्धि (b) अल्पबुद्धि
(c) तपस्वी (d) विद्यार्थी

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)
UPPSC AE 2007

उत्तर : (a) : वाक्यांश	एक शब्द
तेज बुद्धि वाला	कुशाग्र बुद्धि
कम बुद्धि वाला	अल्पबुद्धि
तप करने वाला	तपस्वी
विद्या ग्रहण करने वाला	विद्यार्थी

129. 'जिसकी उत्पत्ति स्वभावगत न हो' – इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) द्विज (b) कृत्रिम
(c) स्वाभाविक (d) उद्भूत

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : वाक्यांश	एक शब्द
जिसकी उत्पत्ति स्वभावगत न हो	कृत्रिम
जिसका वर्णन न हो सके	अवर्णनीय
जिसका पति जीवित हो	सधवा
किए गए उपकार को माननेवाला	कृतज्ञ

@RexstarPdf

130. 'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

(a) कृतघ्न (b) अपकारी
(c) कृतज्ञ (d) अनुपकारी

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UP PGT- 2009
UPPSC AE 2008

उत्तर : (a) : 'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 'कृतघ्न'।
किए गए उपकार को मानने वाला 'कृतज्ञ' कहलाता है।

131. 'गुप्तचर' इस शब्द के लिए कौन-सा वाक्यांश सही है?

(a) छिपकर टोह लेने वाला
(b) हर बात छुपाने वाला
(c) छिपाने योग्य
(d) जो गुप्त स्थान पर रहता हो

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'गुप्तचर' शब्द के लिए सही वाक्यांश है– छिपकर टोह लेने वाला। अन्य विकल्प असंगत हैं।

132. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?

(a) जल में जन्मने वाला - जलज
(b) जहाँ केवल रेत ही रेत हो – मरुस्थल
(c) अनुचित बात के लिए आग्रह – दुराग्रह
(d) जो सब कुछ जानता है – बहुज्ञ

KVS PGT Hindi 2016
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : विकल्प (d) के वाक्यांश में प्रयुक्त शब्द सार्थक नही है।

वाक्यांश	एक शब्द
जल में जन्मने वाला	जलज
जहाँ केवल रेत ही रेत हो	मरुस्थल
अनुचित बात के लिए आग्रह	दुराग्रह
जो सब कुछ जानता हो	सर्वज्ञ

133. जो लज्जा से रहित हो

(a) निर्मम
(b) निर्लज्ज
(c) बेशर्म
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'जो लज्जा से रहित हो' उसके लिए एक शब्द निर्लज्ज, बेशर्म दोनों होगा। 'जिसके अन्दर ममता न हो' उसके लिए एक शब्द 'निर्मम' होगा।

134. इनमें से कौन-सा शब्द 'फल' शब्द का अर्थ नहीं है?

(a) पंख (b) संतान
(c) परिणाम (d) लाभ

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'पंख' शब्द 'फल' शब्द का अर्थ नहीं है जबकि संतान, परिणाम, लाभ 'फल' शब्द के अर्थ हैं।

135. 'जिसका उत्तर देकर खण्डन किया गया हो।' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) प्रत्युत्तर (b) प्रत्युच्चार
(c) विवृत्ति (d) प्रत्युक्त

UPPCS (Pre) 2022
UP RO (Pre) 2016

उत्तर : (d) :

वाक्य खण्ड		एक शब्द
जिसका उत्तर देकर खण्डन किया गया हो	–	प्रत्युक्त
उत्तर मिलने पर दिया गया उत्तर	–	प्रत्युत्तर
लौटकर आया हुआ	–	प्रत्यागत

136. परिव्राजक

(a) पर्यटक (b) आप्रवासी
(c) संन्यासी (d) वर्जना करने वाला

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : परिव्राजक का सही अर्थ संन्यासी होगा।

137. 'उन्नतमना' शब्द का सही अर्थ है–

(a) अच्छे भावों एवं विचारों से युक्त
(b) समान भावों एवं विचारों से युक्त
(c) सामान्य भावों एवं विचारों से युक्त
(d) उच्च भावों एवं विचारों से युक्त

Delhi K.V. PGT. 2015

उत्तर : (d) 'उन्नतमना' शब्द का सही अर्थ है– उच्च भावों एवं विचारों से युक्त।

138. 'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है–

(a) किसी वस्तु की आभा (b) किसी वस्तु का बाहरी भाग
(c) किसी वस्तु से भिन्न (d) किसी वस्तु का भीतरी भाग

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (d) : किसी वस्तु का भीतरी भाग 'आभ्यन्तर' कहलाता है। आभ्यन्तर का विलोम 'बाह्य' होता है।

139. 'जिसके पार देखा जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) पारदर्शक (b) पादर्शन
(c) पारदर्शनीय (d) अपारदर्शक

SSC GD Canstable 13-01-2023 (9-10 am)
UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
UPPSC AE- 2008

Ans : (a) 'जिसके पार देखा जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'पारदर्शक' होता है। शेष सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

140. 'जो तोला जा सके' के लिए एक शब्द होगा-

(a) अपरिमेय (b) अनुमेय
(c) परिमेय (d) विनिमय

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'जो तोला जा सके' के लिए एक शब्द 'परिमेय' होगा।
अपरिमेय - जो तोला न जा सके
अनुमेय - अनुमान करने योग्य
विनिमय - किसी वस्तु के बदले किसी दूसरी वस्तु का आदान-प्रदान करना।

@RexstarPdf

141. 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द है–

(a) अनैतिहासिक (b) ऐतिहासिक
(c) प्रागैतिहासिक (d) इनमें से कोई नहीं

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
इलहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा- 2017

उत्तर : (c) : वाक्यांश 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द 'प्रागैतिहासिक' होगा।
अनैतिहासिक - जो इतिहास से संबंधित न हो।
ऐतिहासिक - जो इतिहास से संबंधित हो।

142. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द के लिए सही वाक्यांश निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) जो फिर से उत्पन्न हुआ हो
(b) जिसकी बुद्धि में तुरंत नई सूझ उत्पन्न हो
(c) जो तत्काल शांत हो जाए
(d) उत्तर न देने की क्षमता वाला

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
लोअर- 2 परीक्षा-2015
UP TGT- 2013
UP PSC AE- 2008

उत्तर : (b) : 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द के लिए सही वाक्यांश 'जिसकी बुद्धि में तुरंत नई सूझ उत्पन्न हो' होगा। अन्य वाक्यांशों के लिए लिए एक शब्द निम्न प्रकार होंगे :–
जो फिर से उत्पन्न हुआ हो – द्विज
जिसका उत्तर न दिया गया हो – अनुत्तरित

143. जो सिंहासन का अधिकारी हो

(a) युवराज
(b) युग निर्माता
(c) गद्दीधारी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) :

वाक्यांश		एक शब्द
जो सिंहासन का अधिकारी हो	–	युवराज
युग का निर्माण करने वाला	–	युग निर्माता
गद्दी को धारण करने वाला	–	गद्दीधारी

144. 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' – इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है -

(a) धरोहर (b) उत्तराधिकृत
(c) रिक्थ (d) परिसम्पत्ति

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021
UPUDA Spl. Pre. 2010
UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर : (c) : 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति के लिए' एक शब्द 'रिक्थ' होगा।
वह मूल्यवान वस्तु जिस पर किसी का अधिकार हो - परिसम्पत्ति

145. वर्ष में एक बार होने वाला

(a) वर्ष भर (b) वार्षिक
(c) सालों तक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'वर्ष में एक बार होने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'वार्षिक' होगा।

146. जो वचन से परे हो

(a) अकथनीय (b) वर्णनातीत
(c) अचिन्त्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (e) : दिया गया वाक्यांश 'जो वचन से परे हो' के लिए एक शब्द 'वचनातीत' होगा। जो कि दिये गये विकल्पों में नहीं है। अतः उपयुक्त उत्तर उपर्युक्त में से कोई नहीं होगा।

वाक्यांश		एक शब्द
जो न कहने योग्य हो	–	अकथनीय
जो वर्णन से परे हो	–	वर्णनातीत
जिसका चिंतन न किया जा सके	–	अचिन्त्य

147. 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द है–

(a) सव्यसाची (b) वामपंथी
(c) वज्रपाणि (d) वीणापाणि

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (a) : वाक्यांश 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द 'सव्यसाची' होगा।
वामपंथी - साम्यवादी विचारधारा का व्यक्ति।
वज्रपाणि - जिसके हाथ में वज्र रहता है।
वीणापाणि - जिसके हाथ में वीणा रहती हो।

148. 'हरिश्चन्द्र होना' पद से सम्बन्धित अन्तर्कथा को ध्यान में रखते हुए सही अर्थ बताइए।

(a) साहसी होना।
(b) यशस्वी होना।
(c) सत्यवादी होना।
(d) नाना प्रकार की विपत्तियाँ सहना।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : हरिश्चन्द्र होना का अर्थ **सत्यवादी होना** है। अन्य अर्थ व शब्द इस प्रकार हैं-

शब्द	अर्थ
साहसी होना	साहसपूर्ण कार्य करने वाला होना
यशस्वी होना	कीर्तिमान स्थापित करने वाला होना

149. उच्च कुल में पैदा व्यक्ति-

(a) धनी (b) सवर्ण
(c) श्रेष्ठ (d) कुलीन

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (d) उच्च कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति 'कुलीन' कहलाता है, जबकि एक ही जाति या वर्ण के लोगों को 'सवर्ण' कहते हैं।

150. 'कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष लगना' उपयुक्त शब्द का चयन करें–

(a) अपयश (b) अपकीर्ति
(c) कलंक (d) दुश्चरित्र

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष लगना' के लिए उपयुक्त शब्द 'कलंक' होगा। दुश्चरित्र का अर्थ निंदनीय आचरण होता है तथा अपयश व अपकीर्ति समानार्थी शब्द हैं।

151. जिसका जन्म कन्या के गर्भ से हुआ हो –

(a) कन्यापुत्र (b) कानीन
(c) अवैध पुत्र (d) कुमारीसुत

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (b) 'जिसका जन्म कन्या (अविवाहित) के गर्भ से हुआ हो', उसे 'कानीन' कहते हैं; न कि अवैध पुत्र, कन्यापुत्र व कुमारीसुत।

152. 'अपना उद्देश्य पूर्ण होने पर संतुष्ट' ऐसे व्यक्ति के लिए एक शब्द है-

(a) चिरप्रसन्न (b) कृतज्ञ
(c) आभारी (d) कृतार्थ

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)
(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (d) 'अपना उद्देश्य पूर्ण होने पर संतुष्ट व्यक्ति' को 'कृतार्थ' कहा जाता है, जबकि 'जो हमेशा प्रसन्न रहने वाला है' उसके लिए 'चिरप्रसन्न' शब्द उपयुक्त होगा। 'जो किये हुए उपकार को मानता है', उसे 'कृतज्ञ' कहते हैं।

153.'नियमविरुद्ध, असामाजिक कार्य करने वालों की सूची' के लिए एक शब्द है-

(a) अपराधसूची (b) कालीसूची
(c) अवैधसूची (d) श्वेतसूची

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (b) 'नियमविरुद्ध, असामाजिक कार्य करने वालों की सूची' के लिए एक शब्द है-'कालीसूची'।

154. 'जो अपने कर्तव्य का निश्चय न कर सके' इस वाक्य को एक शब्द में कह सकते हैं–

(a) द्वन्द्वग्रस्त (b) भ्रमित
(c) किंकर्त्तव्यविमूढ़ (d) द्विविधाग्रस्त

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (c) 'जो अपने कर्तव्य का निश्चय न कर सके' इस वाक्य में एक शब्द 'किंकर्तव्यविमूढ़' होगा, जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

155. कलभ

(a) भैंस का बच्चा (b) कुत्ते का बच्चा
(c) मुरगी का बच्चा (d) हाथी का बच्चा

UPSI, 2016

उत्तर : (d) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

हाथी का बच्चा	–	कलभ
मुर्गी का बच्चा	–	चूजा
कुत्ते का बच्चा	–	पिल्ला
भैंस का बच्चा	–	कटड़ा

156. 'सफलता न मिलने पर दु:खी होना' को क्या कहते हैं?

(a) क्षोभ (b) दया
(c) दु:ख (d) कृपा

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : सफलता न मिलने पर दु:खी होने को 'क्षोभ' कहते हैं। शेष विकल्प असंगत हैं।

157. 'जिसका कुछ क्षणों में ही नाश हो जाए'-इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) क्षण-भंगुर (b) अनश्वर
(c) क्षणद (d) अल्पज

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'जिसका कुछ क्षणों में ही नाश हो जाए' इस वाक्यांश के लिए सही शब्द होगा-'क्षणभंगुर' अन्य सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं ।

158.'जो नभ में चलता है' के लिए शब्द है-

(a) खेचर (b) खच्चर
(c) नभोत्पन्न (d) नभचाली

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (a) 'जो नभ में चलता है' के लिए केवल एक शब्द है-'खेचर'। 'खे' का आशय 'आकाश' होता है तथा 'चर' का आशय 'चलना'।

159. 'गतानुगतिक' शब्द का सही अर्थ है–

(a) प्राचीन आदर्श के अनुसार चलने वाला
(b) पीछे चलने वाला
(c) अनुसरण करने वाला
(d) गत को नहीं मानने वाला

UP PGT 2009

उत्तर : (a) 'गतानुगतिक' का आशय प्राचीन परम्पराओं के तहत चलने वाला है, जबकि पीछे चलने वाला 'अनुवर्ती' होता है।

160. 'गंगा का उद्गम स्थान' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है–

(a) गंगानगरी (b) गंगालय
(c) गंगाधाम (d) गंगोत्री

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (d) : 'गंगा का उद्गम स्थान' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'गंगोत्री' है।

161. 'मदिरा पीने का प्याला' के लिए एक शब्द है

(a) चश्म (b) चशक
(c) चश्क (d) चषक

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (d) 'मदिरा पीने का प्याला' के लिए एक शब्द 'चषक' प्रयुक्त होता है। 'चषक' एक विशेष प्रकार का प्याला होता है जिससे मदिरा या अन्य द्रवों को पिया जाता है। इसमें अक्सर बीच में एक तंग गर्दन होती है और नीचे एक चौड़ा हिस्सा होता है जिस पर इसे टिकाया जाता है।

@RexstarPdf

162. 'जिसके सिर पर चंद्रमा हो' के लिए एक शब्द है-

(a) चंद्रशेखर (b) शिवाचंद्र
(c) चंद्रचूड़ (d) इंद्र

[UPUDA Pre-2013]
[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'जिसके सिर पर चंद्रमा हो' के लिए एक शब्द है- 'चंद्रशेखर'। यह अनेक शब्द का एक शब्द के अंतर्गत आता है। इसी प्रकार - जिसके चूड़ा (बालों) में चंद्रमा हो उसे 'चंद्रचूड़' कहते हैं।

163. जो हर समय दूसरों की बुराइयाँ खोजता हो, उसे कहते हैं

(a) परनिन्दक (b) सर्वनिन्दक
(c) छिद्रान्वेषी (d) आलोचक

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : जो हर समय दूसरों की बुराइयों को खोजता है- **छिद्रान्वेषी** जबकि जो किसी के गुण दोषों की आलोचना करता हो- **अलोचक**।

164. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।

किसी के सम्पूर्ण जीवन के कार्यों का विवरण

(a) जीवनचरित (b) टीकाकार
(c) क्रमानुसार (d) तटस्थ

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (a) :

वाक्यांश	वाक्यांश के लिए एक शब्द
किसी के सम्पूर्ण जीवन के कार्यों का विवरण	जीवनचरित
किसी गूढ़ ग्रंथ का अर्थ स्पष्ट करने के लिए सरल भाषा में लिखने वाला व्यक्ति	टीकाकार
एक के बाद एक	क्रमानुसार
तट या किनारे पर रहने वाला/परस्पर विरोधी पक्षों से अलग रहने वाला	तटस्थ

165. 'जानने की इच्छा रखने वाला' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?

(a) तत्पर (b) जिज्ञासु
(c) उत्साही (d) जिज्ञासा

SSC GD Constable 12012023 (11.45-12.45)
UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]
UPPCL RO/ARO, 2016
UPPSC AE 2008
नायब तहसीलदार, 1992

उत्तर : (b) 'जानने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा– 'जिज्ञासु'। शेष विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं–

वाक्यांश		एक शब्द
जानने की इच्छा	–	जिज्ञासा
आनंद तथा तत्परता से काम में लगने वाला	–	उत्साही
जो काम करने के लिए सदैव तैयार हो	–	तत्पर

166. निम्नलिखित शब्द का क्या अर्थ है?

अभिज्ञ .....

(a) न जानने वाला (b) जानने वाला
(c) कम जानने वाला (d) इनमें से कोई नहीं

UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर : (b) 'अभिज्ञ' का अर्थ है– जानने वाला, ज्ञाता। न जानने वाले के लिए 'अनभिज्ञ' तथा कम जानने वाले के लिये 'अल्पज्ञ' शब्द प्रयुक्त होते हैं।

167.'आजानुबाहु' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए सही है :

(a) जिसकी भुजाएँ छोटी हों
(b) जिसकी भुजाएँ लम्बी हों
(c) जिसकी भुजाएँ घुटनों तक लम्बी हों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP PGT 2004

उत्तर: (c) 'आजानुबाहु' शब्द 'जिसकी भुजाएँ (जानु) घुटने तक लम्बी हों' वाक्यांश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

168. 'अनियमित' के लिए उचित वाक्यांश चुनें'–

(a) जिस पर कोई नियंत्रण न हो
(b) जो नियमानुकूल न हो
(c) जिसके संबंध में कोई निर्णय न हुआ हो
(d) जिसका निवारण न हो सकता हो

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'अनियमित' के लिए उचित वाक्यांश 'जो नियमानुकूल न हो' है। अन्य वाक्यांशों के लिऐ उपयुक्त एक शब्द निम्नवत् है–

- जिस पर कोई नियंत्रण न हो–अनियंत्रित
- जिसके संबंध में कोई निर्णय न हुआ हो– अनिर्णीत
- जिसका निवारण न हो सकता हो– अनिवार्य

169. अदृश्य शब्द का उचित वाक्यांश चुनें–

(a) जो दूर हो (b) जो दिखाई दे
(c) जो दिखाई न दे (d) दूर दिखने वाला

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (c) 'अदृश्य' शब्द का अर्थ 'जो दिखाई न दे' होगा। 'जो दूर हो' के लिए 'सुदूर' तथा 'जो दिखाई दे' के लिए 'दृश्य' शब्द प्रयुक्त होता है।

170. 'अलौकिक' का अर्थ है

(a) बहुत सुन्दर (b) अद्भुत
(c) अनोखा (d) जो लोक में संभव न हो

उत्तर. (d) : 'अलौकिक' का अर्थ 'जो लोक में संभव न हो।' यह विशेष शब्द है, इसमें 'अ' उपसर्ग 'लोक' मूल शब्द एवं 'इक' प्रत्यय है।

@RexstarPdf

171. 'अपरिणीत' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होता है?

(a) जिसका परिणाम न निकलता हो।
(b) जिसका विवाह न हुआ हो।
(c) जिसका विवाह हो चुका हो।
(d) जो देखने में प्रीतिकर न हो।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : 'जिसका विवाह न हुआ हो' के लिए एक शब्द 'अपरिणीत' है। 'जिसका विवाह हो चुका हो' के लिए एक शब्द 'परिणीत' होगा।

172. 'उपकृत' शब्द के लिए सही वाक्यांश है–

(a) जिससे उपकार हुआ हो
(b) जिसने उपकार किया हो
(c) जो उपकार न मानता हो
(d) जिस पर उपकार किया गया हो

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर : (d) दिया गया शब्द 'उपकृत' के लिए सही वाक्यांश होगा– 'जिस पर उपकार किया गया हो' जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

173. प्रायोगिक-

(a) जिसका प्रयोग कई वस्तुओं के योग से किया जाए
(b) जिसका पहले प्रयोग किया जा चुका हो
(c) जिसका प्रयोग भविष्य में हो
(d) जिसका नित्य प्रयोग किया जाए

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) दिया गया वाक्य 'प्रायोगिक' के लिए वाक्यांश होगा – 'जिसका नित्य प्रयोग किया जाए' जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

174. 'सद्यः स्नाता' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश पर लागू होता है?

(a) जो सदा स्नान करती हो
(b) जो सदा नत बनी रहती हो
(c) जिसने अभी–अभी स्नान किया हो
(d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2002

उत्तर : (c) 'जिसने अभी-अभी स्नान किया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सद्यःस्नाता' होता है।

175. 'सधवा' के लिए कौन सा शब्द-समूह उपयुक्त है?

(a) जो विदुषी हो, ऐसी स्त्री।
(b) जो पतियुक्ता हो, ऐसी स्त्री।
(c) जो साधु स्वभाव की हो, ऐसी स्त्री।
(d) जो धनसम्पन्ना हो, ऐसी स्त्री।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : दिए गए शब्द समूह में जो पतियुक्ता हो ऐसी स्त्री या जिस स्त्री का पति जीवित हो उसे **'सधवा'** कहते हैं।

176. 'इन्द्रियों को जीत लिया हो जिसने' के लिए एक शब्द है–

(a) इन्द्रियाधिपति (b) जितेन्द्रिय
(c) जीतेन्द्रिय (d) इन्द्र

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31/05/2019

उत्तर: (b) 'इन्द्रियों को जीत लिया हो जिसने' के लिए एक शब्द 'जितेन्द्रिय' होता है।

177. 'पेट की अग्नि' के लिए शुद्ध शब्द है –

(a) दावाग्नि (b) बड़वाग्नि
(c) जठराग्नि (d) मन्दाग्नि

(UPUDA Pre. 2010)
UPUDA Spl. Pre. 2010 UP RO Mains-2010
UP RO (Pre. & Main), 2010
UP TGT 2002

उत्तर : (c) वाक्यांशों का विवरण–
'पेट की अग्नि' – 'जठराग्नि'
समुद्र की अग्नि – बड़वाग्नि
जंगल की अग्नि – दावाग्नि

178. 'जीने की इच्छा'–

(a) जिज्ञासु (b) जिजीविषा
(c) जिगीषु (d) पिपासु

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 29/12/2013
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15/07/2018

उत्तर. (b) : वाक्यांशों का विवरण–

वाक्यांश	**एक शब्द**
जीने की इच्छा	– जिजीविषा
जो जानने को उत्सुक हो	– जिज्ञासु
जो जीत/विजय का इच्छुक हो	– जिगीषु
जो प्यासा हो/जो पीने का इच्छुक हो	– पिपासु

179. आयु में बड़े व्यक्ति को क्या कहेंगे?

(a) पूज्यनीय (b) ज्येष्ठ
(c) वरिष्ठ (d) कनिष्ठ

UP SI 2001

उत्तर : (b) आयु में बड़े व्यक्ति को 'ज्येष्ठ' कहते हैं, जबकि जो पूजा करने योग्य हो उसे 'पूजनीय' तथा जो पद, उम्र आदि के विचारों से, औरों से अपेक्षाकृत छोटा हो उसे 'कनिष्ठ' कहते हैं।

180. 'जो बात लोगों से सुनी गई हो' वाक्यांश के लिए सही शब्द है–

(a) लोकोक्ति (b) अनुमोदन
(c) जनश्रुति (d) पांडुलिपि

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (c) : जो बात लोगों से सुनी गई हो – जनश्रुति
लोगों द्वारा कही गयी उक्ति – लोकोक्ति
कार्य की स्वीकृति प्रदान करना – अनुमोदन
पुस्तक की हस्तलिखित प्रति – पांडुलिपि

181. निम्नलिखित विकल्पों में से 'तीनों कालों की बात जानने वाला, वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?

(a) सर्वशक्तिमान (b) विद्वान
(c) बुद्धिमान (d) त्रिकालज्ञ

SSC GD Constable 17-01-2023 -(5:15- 6:15 PM)

उत्तर : (d) : 'तीनों कालों की बात जानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'त्रिकालज्ञ' होगा।

@RexstarPdf

182. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।

एक व्यक्ति द्वारा चलाई जाने वाली शासन प्रणाली

(a) पंच (b) कानून
(c) तानाशाही (d) सरकार

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (c) : वाक्य खंड — एक शब्द

एक व्यक्ति द्वारा चलायी जाने वाली शासन प्रणाली	–	तानाशाही
पाँच मनुष्यों का समुदाय	–	पंच

183. 'तैरने की इच्छा' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) तितीर्षा (b) चिकीर्षा (c) जिघांसा (d) अचिर्षा

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UP RO Pre. 2016

उत्तर : (a) : 'तैरने की इच्छा' वाक्यांश के लिए 'तितीर्षा' उपयुक्त शब्द है। शेष सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

184. 'तैरने या पार होने का इच्छुक' के लिए एक शब्द है

(a) तैराक (b) तितीर्षु
(c) तारक (d) तारणक

G.I.C. प्रवक्त भर्ती परीक्षा, 2017
UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (b) 'तैरने या पार करने का इच्छुक' के लिए एक शब्द 'तितीर्षु' प्रयुक्त होता है, जबकि 'तैराक' उसके लिए प्रयुक्त होता है जो खूब अच्छी तरह तैरना जानता हो और 'तारक' का तात्पर्य 'आँख की पुतली' अथवा 'तारों से भरा हुआ' है।

185. तुषाग्नि

(a) जंगल की आग (b) भूसी की आग
(c) समुद्र की आग (d) पेट की आग

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : भूसी की आग को 'तुषाग्नि' कहते हैं। अन्य विकल्पों का विवरण है –

शब्द		अर्थ
दावानल	–	जंगल की आग
बड़वाग्नि	–	समुद्र की आग
जठराग्नि	–	पेट की आग

186. 'तर्क के द्वारा जो माना गया हो'- वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से क्या होगा?

(a) तर्कसम्मत (b) तर्कसंगत
(c) तकावी (d) तटस्थ

UPSI 17.11.2021 (Shift-III)
[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (a) : वाक्यांशों का विवरण–

वाक्यांश		वाक्याशों के लिए एक शब्द
तर्क के द्वारा जो माना गया हो	–	तर्कसम्मत
जो तर्क के आधार पर सही सिद्ध हो	–	तर्कसंगत
किसी भी पक्ष का समर्थन न करने वाला	–	तटस्थ
किसानों को सरकार द्वारा दिया जाने वाला ऋण	–	तकावी

187. 'जो मुश्किल से खाया जा सके' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।

(a) दुष्कर (b) विषम
(c) दुर्भक्ष (d) दुर्लभ

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'जो मुश्किल से खाया जा सके' के लिए एक शब्द दुर्भक्ष होगा। 'जो बहुत कठिनाई से मिले' के लिए एक शब्द 'दुर्लभ' होगा, जिसे करना बहुत कठिन हो, के लिए एक शब्द दुष्कर होगा।

188. 'हर काम को देर से करनेवाला' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।

(a) दीर्घसूत्री (b) दीर्घदर्शी
(c) अदूरदर्शी (d) विलम्बी

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्प में 'हर काम को देर से करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'दीर्घसूत्री' है।

189. 'अनुचित बातों के लिए आग्रह'–इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है ?

(a) सत्याग्रह (b) दुराग्रह
(c) दुष्टग्रह (d) दुरभिग्रह

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : वाक्यांश — शब्द

अनुचित बातों के लिए आग्रह	–	दुराग्रह।
सत्य के लिए आग्रह	–	सत्याग्रह।
जिनकी उपमा न हो	–	अनुपम।
जो उचित समय पर न हो	–	असामयिक।
साधारण नियम के विरुद्ध बात	–	अपवाद।

190. 'जिसकी दो माताएँ हों' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द क्या है?

(a) द्वैमातुर (b) द्वैमातृका
(c) सौतेला (d) द्विमाता

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : वाक्यांश — एक शब्द

जिसकी दो माताएँ हों	–	द्वैमातुर
जिसके पास कुछ न हो	–	अकिंचन
जो चक्र धारण करता हो	–	चक्रधर
गोद में सोने वाली स्त्री	–	अंकशायिनी

191. 'जो दंड पाने योग्य हो' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) भयानक (b) अकिंचन
(c) दंडनीय (d) जीवट

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) :

वाक्यांश		एक शब्द
जो दंड पाने योग्य हो	-	दंडनीय
जिसके पास कुछ न हो	-	अकिंचन
किसी कार्य के लिए दी जाने वाली सहायता	-	अनुदान
किसी कथा के अंतर्गत आने वाली दूसरी कथा	-	अंतःकथा

@RexstarPdf

192. 'देखने की इच्छा' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) दिदृक्षा (b) दृष्य
(c) दित्सा (d) अभीप्सा

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'देखने की इच्छा' के लिए उपयुक्त शब्द है- 'दिदृक्षा'। अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं।
जो दिखाई दे सके – दृश्य
देने की इच्छा – दित्सा
किसी वस्तु को प्राप्त करने की प्रबल इच्छा – अभीप्सा

193. 'जंगल में लगने वाली आग' वाक्यांश का एक शब्द बतलाएँ?

(a) जठरानल (b) बड़वानल
(c) कामानल (d) दावानल

UPALDA 2015
NVS. PGT. 2014
असिस्टेण्ट अकाउण्टेंट - 2015
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा- 2015
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UK PSC AE 2012
UP TGT 2009

उत्तर : (d) वाक्यांशों के एक शब्द होंगे-

वाक्यांश		**एक शब्द**
जंगल में लगने वाली आग	–	दावानल
पेट में लगने वाली आग	–	जठरानल
समुद्र में लगने वाली आग	–	बड़वानल

194. 'जो देने योग्य है' के लिए एक शब्द है :

(a) गेय (b) देय (c) पेय (d) दान

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) वाक्यांशों का विवरण–

वाक्य		**एक शब्द**
जो देने योग्य है	–	देय
जो पीने योग्य हो	–	पेय
जो गाने योग्य हो	–	गेय
दिया जाने वाला	–	दान

195. 'दिशाएं ही जिनका वस्त्र है' उन्हें कहा जाता है –

(a) विश्वम्भर (b) दिक्पाल
(c) दिगम्बर (d) पैगम्बर

(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (c) 'दिशायें ही जिनका वस्त्र हैं' उन्हें 'दिगम्बर' कहा जाता है; न कि विश्वम्भर, दिक्पाल एवं पैगम्बर।

196. 'बुरे उद्देश्य से की गयी गुप्त मंत्रणा' के लिए एक शब्द है

(a) दुरतिक्रम (b) दुरधिगम
(c) दुरभिसंधि (d) दुरभियोजन

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (c) 'बुरे उद्देश्य के साथ की गयी गुप्त मंत्रणा' के लिए एक शब्द 'दुरभिसंधि' प्रयुक्त किया जाता है। किसी को संकट में डालने के लिए बनाई जाने वाली योजना को 'दुरभियोजन' कहा जाता है और जो कठिनाई से मिलता हो, उसके लिए एक शब्द 'दुर्लभ' प्रयोग किया जाता है।

197. 'जिसके पेट में माँ ने रस्सी (दाम) बाँध दी हो', उसे कहते हैं–

(a) दामाद (b) दामाद इतर
(c) दाम (d) दामोदर

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (d) 'जिसके पेट में माँ ने रस्सी (दाम) बाँध दी हो', उसे दामोदर कहते हैं।

198. 'जो कठिनाई से समझने योग्य है'– के लिए एक शब्द है–

(a) अगम (b) क्लिष्ट
(c) दुर्बोध (d) दुर्गम

UP RO (Main), 2014
UP PSC AE 2013

उत्तर : (c) 'जो कठिनाई से समझने योग्य है' के लिए एक शब्द 'दुर्बोध' है। वाक्यांशों के लिए कुछ शब्द इस प्रकार हैं–

- जो गमन रहित हो – अगम
- जहाँ या जिसके अंदर न जाया जा सके – अगम्य
- जो समझने में कठिन हो (भाषा के सम्बन्ध में) – क्लिष्ट
- जहाँ जाना कठिन हो – दुर्गम

199. 'जो कठिनाई से मिलता है'– के लिए एक शब्द है–

(a) दुर्लभ
(b) अलभ्य
(c) अप्राप्त
(d) अनुपलब्ध

UPSSSC Junior Assistant 04/01/2020(Shift-I)
UPLDA RO/ARO 22.11.2020
UPSI 22/07/2017 (Shift-I)
UP RO (Main), 2014
UP Constable-2018

उत्तर : (a) 'जो कठिनाई से मिलता है' के लिए एक शब्द 'दुर्लभ' होता है। शेष शब्दों के लिए उपयुक्त वाक्यांश निम्नवत् हैं–

- जिसे प्राप्त न किया जा सके – अलभ्य
- जो प्राप्त न हो – अप्राप्य
- जो उपलब्ध न हो – अनुपलब्ध

200. आगरा में <u>देखने योग्य</u> स्थान है। रेखांकित का एक शब्द बताइए।

(a) दर्शन (b) दर्शनीय
(c) देखना (d) ऐतिहासिक

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016
SSC GD 11/02/2019, Shift-II

उत्तर : (b) आगरा में देखने योग्य स्थान हैं।' वाक्य में रेखांकित 'देखने योग्य' के लिए एक शब्द 'दर्शनीय' होगा। 'दर्शन' व 'देखना' परस्पर समान अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। जो इतिहास से सम्बद्ध हो उसे ' ऐतिहासिक' कहते हैं।

201. 'जिसे करना बहुत कठिन हो' के लिए एक शब्द होगा–

(a) दुष्कर (b) पुष्कर
(c) दुर्जेय (d) दुराग्रह

UPP-2017
DSSSB PRT 13/10/2018
UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

@RexstarPdf

उत्तर : (a) वाक्यांशों का विवरण–

जिसे करना बहुत कठिन हो	–	दुष्कर
जिस पर विजय पाना कठिन हो	–	दुर्जेय
अनुचित बात के लिए आग्रह	–	दुराग्रह

202. दीर्घसूत्री

(a) टिकाऊ
(b) दीर्घकालिक
(c) काम जल्दी निपटाने वाला
(d) देर लगाकर काम करने वाला

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : दीर्घसूत्री का अर्थ 'देर लगाकर काम करने वाला' होता है।

203. 'गोद लिया हुआ पुत्र' के लिए उपयुक्त एक शब्द क्या होगा?

(a) दत्त (b) दत्तक
(c) दत्तचित्त (d) दंपती

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : 'गोद लिया हुआ पुत्र' के लिए उपयुक्त शब्द 'दत्तक' है। किसी काम को चित्त लगाकर करने वाला - दत्तचित्त, पति-पत्नी का जोड़ा - दम्पती, दिया हुआ - दत्त।

204. 'अनुचित बात के लिए आग्रह करने वाले' के लिए एक शब्द कौन सा है?

(a) धृष्ट (b) हठी
(c) हठयोगी (d) दुराग्रही

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 25/08/2013
[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'अनुचित बात के लिये आग्रह करने वाले'- **दुराग्रही**

205. निम्नलिखित में 'जहाँ पहुँचना कठिन हो' के लिए एक शब्द कौन सा है?

(a) दुर्लभ (b) दुर्जेय
(c) दुर्गम (d) दुर्भद्य

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : 'जहाँ पहुँचना कठिन हो'- **दुर्गम।** अन्य वाक्यांश व शब्द इस प्रकार है-

- जो बहुत कठिनाई से मिलता हो - दुर्लभ
- जो कठिनता से जाना जा सके - दुर्ज्ञेय
- ऐसा समय जिसमें भिक्षा या भोजन कठिनता से मिले - दुर्भिक्ष

206. निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'दुर्निवार' प्रयुक्त होता है?

(a) जिसे दूर करना कठिन हो।
(b) जिस पर वार करना कठिन हो।
(c) जिसे देख पाना कठिन हो।
(d) जिसे जीत पाना कठिन हो।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : 'जिसे दूर करना कठिन हो' के लिए एक शब्द 'दुर्निवार' होता है। 'जिसे जीत पाना कठिन हो' के लिए एक शब्द 'दुर्जेय' होगा।

207. 'धर्म में आस्था रखने वाला'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) धर्मशाला (b) भक्त
(c) धर्मात्मा (d) धारक

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'धर्म में आस्था रखने वाला' वाक्यांश के लिए सही शब्द 'धर्मात्मा' है।

208. 'शक्तिशाली, दयालु, शांत-धीर और योद्धा नायक' के लिए एक शब्द है–

(a) धीरललित (b) धीरोद्धत
(c) धीरोदात्त (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) मृदुस्वभाव वाला कला-प्रेमी नायक को 'धीरललित' तथा शक्तिशाली, दयालु, शांत-धीर, योद्धा नायक को 'धीरोदात्त'कहा जाता है। जो अत्यधिक चंचल, दुष्ट, तथा अपनी प्रशंसा करने वाला नायक हो, उसे 'धीरोद्धत' कहा जाता है।

209. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है-

बिना स्वार्थ के कार्य करने वाला

(a) निस्वार्थी (b) सहायक
(c) हितेषी (d) स्वार्थी

SSC GD Constable 10-01-2023 (2.30-3.30)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : बिना स्वार्थ के कार्य करने वाला वाक्यांश के लिए एक शब्द - निस्वार्थी होगा।

210. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग का वाक्यांश के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए।

जिसका कोई आकार न हो

(a) नाकार (b) निराकार
(c) विकार (d) अल्पकार

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)
परिचालक परीक्षा-2015

उत्तर : (b) : 'जिसका कोई आकार न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द निराकार होगा। जबकि विकार का अर्थ खराबी या रोग आदि होता है।

211. 'नीति-ज्ञान रखने वाला' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।

(a) नीति-निपुण (b) नीतिज्ञ
(c) नीतिदक्ष (d) नीतिवान

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) :

वाक्यांश		एक शब्द
नीति ज्ञान रखने वाला	–	नीतिज्ञ
जिसे ईश्वर में विश्वास न हो	–	नास्तिक
जिसमें तेज नहीं है	–	निस्तेज
जिसके हृदय में ममता नहीं	–	निर्मम
जिसका कोई आकार न हो	–	निराकार

@RexstarPdf

212. जो ईश्वर को नहीं मानता

(a) आस्तिक (b) अधर्मी
(c) नास्तिक (d) संन्यासी

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : दिए गए वाक्य 'जो ईश्वर को नहीं मानता' उसके लिए प्रयुक्त शब्द 'नास्तिक' होगा। अन्य वाक्यांशों के लिए एक शब्द होगा–

जो ईश्वर को मानता है – आस्तिक
जो अधर्म करता हो – अधर्मी
त्यागी और विरक्त व्यक्ति – संन्यासी

213. रात में विचरण करने वाले प्राणी को कहा जाता है-

(a) निशाकर (b) बनचर
(c) तमचोर (d) निशाचर

DSSSB PRT 13/11/2019, II Shift
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]
SSC GD 11/02/2019, Shift-II

उत्तर. (d) : 'रात मे विचरण करने वाले प्राणी' को 'निशाचर' कहा जाता है।

214. 'जिसके हृदय में ममता नहीं है' –के लिए उपयुक्त शब्द है –

(a) मर्माहत (b) क्रूर
(c) निर्मम (d) निर्दय

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
(UPUDA Pre. 2013)
लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'जिसके हृदय में ममता नहीं हो' उसके लिए उपयुक्त शब्द 'निर्मम' होता है; जबकि 'जिसके हृदय में दया न हो' उसके लिए 'निर्दय' शब्द का प्रयोग होता है।

215. 'झगड़ा लगाने वाला मनुष्य' एक शब्द में कहा जाता है?

(a) जयचन्द (b) शकुनी
(c) विभीषण (d) नारद

(UPUDA Main 2013)

उत्तर : (d) 'झगड़ा लगाने वाले मनुष्य' के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द 'नारद' है, जबकि किसी भी धोखेबाज, देशद्रोही या गद्दार के लिए 'जयचन्द' शब्द का प्रयोग मुहावरे की भाँति होता है।

216. आधी रात का समय –

(a) शर्वरी (b) विभावरी
(c) निशा (d) निशीथ

(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (d) वाक्यांशों का विवरण–

आधी रात का समय – निशीथ
चाँदनी रात – शर्वरी
तारों भरी रात – विभावरी

217. 'रंगमंच के पर्दे के पीछे का स्थान' कहा जाता है –

(a) पृष्ठभूमि (b) नेपथ्य
(c) मंचपृष्ठ (d) गुह्यमंच

(UPUDA Pre. 2010)

उत्तर : (b) रंगमंच के परदे के पीछे का स्थान 'नेपथ्य' कहा जाता है; न कि पृष्ठभूमि, मंचपृष्ठ एवं गुह्यमंच।

218. 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द है :

(a) निष्पलक (b) निस्पृह
(c) निर्निमेष (d) निर्विकार

UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : दिये गये शब्दों के संगत अर्थ इस प्रकार हैं–

बिना पलक झपकाए – निर्निमेष
इच्छा रहित – निःस्पृह
विकार रहित – निर्विकार

219. 'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा –

(a) निःस्पृहा (b) निःस्पृह
(c) निस्पृह (d) निस्पृहीन

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) 'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा – निःस्पृह।
नोट – आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (b) और (c) अर्थात् निःस्पृह एवं निस्पृह दोनों को माना है।

220. देवताओं का उपवन–

(a) नन्दन कानन (b) अशोकवाटिका
(c) स्वर्ग (d) कोई नहीं

UP TGT 2003

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य 'देवताओं का उपवन' के लिए एक शब्द 'नन्दन कानन' होगा, शेष विकल्प असंगत हैं।

221. जो किसी का पक्ष न ले

(a) निष्पक्ष (b) तटस्थ
(c) अपक्षधर (d) आदर्श

High Court ARO - 2021
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) 'जो किसी का पक्ष न ले' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'निष्पक्ष' होता है।

222. जिसे भय नहीं है वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

(a) बहादुर (b) श्रेष्ठ
(c) निर्दय (d) निर्भय

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) 'जिसे भय नहीं है' वाक्य के लिए उपयुक्त एक शब्द 'निर्भय' है; जबकि 'जिसके मन में या हृदय में दया न हो' वाक्य के लिए एक शब्द 'निर्दय' है।

223. निम्नलिखित विकल्पों में से 'पृथ्वी से सम्बन्ध रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?

(a) सार्थक (b) पार्थिव
(c) अपार्थिव (d) निरर्थक

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)
UP RO Mains - 2014
UPPSC AE 2013
लोअर-2 परीक्षा-2015

उत्तर : (b) : 'पृथ्वी से सम्बन्ध रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द - 'पार्थिव' होगा।

@RexstarPdf

224. 'जो स्त्री प्रिय बोलती है', वाक्यांश के लिए शब्द _____ है

(a) कर्णप्रिय (b) प्रेयसी
(c) प्रियंवदा (d) कोमलांगी

SSC GD Constable 13-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (c) : 'जो स्त्री प्रिय बोलती है' वाक्यांश के लिए एक शब्द- 'प्रियंवदा' होगा।

225. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए।
किसी विषय या क्षेत्र का पूरा ज्ञान रखने वाला

(a) पारंगत (b) ज्ञानी
(c) पाशविक (d) पूरक

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans : (a)

वाक्यांश	**एक शब्द**
किसी विषय या क्षेत्र का पूरा ज्ञान रखने वाला	पारंगत
पूरा करने वाला	पूरक
जो पशु जैसा आचरण करे	पाशविक
जिसने बहुत अधिक विद्या अर्जित की हो	ज्ञानी

226. 'पाप करने के बाद स्वयं दंड पाना' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।

(a) प्रताड़ना (b) पश्चाताप
(c) प्रायश्चित (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'पाप करने के बाद स्वयं दंड पाना।' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'प्रायश्चित' होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

227. पूर्व दिशा के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) प्राची (b) उदीची
(c) प्रतीची (d) अवाची

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'प्राची' शब्द पूर्व दिशा के लिए उपयुक्त शब्द होगा।
दिये गये सभी विकल्पों का विवरण इस प्रकार होगा–

प्राची	–	पूर्व
उदीची	–	उत्तर
प्रतीची	–	पश्चिम
अवाची	–	दक्षिण

228. 'पीने की इच्छा वाला' –इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) प्रेमी (b) पापी
(c) धीरोदात्त (d) पिपासु

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

वाक्यांश	–	**एक शब्द**
पीने की इच्छा वाला	–	पिपासु
भावनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखने वाला	–	धीरोदात्त
जिसका निवारण न किया जा सके	–	अनिवार्य
जिसका वर्णन न किया जा सके	–	अवर्णनीय
पाने की इच्छा	–	'लिप्सा'

229. पृथ्वी के तीन ओर पानी वाला स्थान –

(a) द्वीप (b) प्रायद्वीप
(c) महाद्वीप (d) उपरोक्त कोई नहीं

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) पृथ्वी के तीन ओर पानी वाला स्थान 'प्रायद्वीप' कहलाता है, जबकि समुद्र तल से ऊपर उठे हुये पृथ्वी के विशाल भूखंड को 'महाद्वीप' कहते हैं। स्थलखंड के ऐसे भाग, जिसके चारों ओर जल पाया जाता है, उन्हें 'द्वीप' कहते हैं।

230. सख्यभाव मिश्रित अनुराग को कहा जाता है:

(a) प्रणय (b) श्रद्धा
(c) प्रेम (d) सम्मान

UDA/LDA-2015
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : सख्यभाव मिश्रित अनुराग को 'प्रणय' कहा जाता है। 'प्रेम' का अर्थ प्रीति या प्यार होता है। किसी पर किया जाने वाला विश्वास 'श्रद्धा' कहलाता है। किसी के प्रति आदरपूर्ण भाव रखना 'सम्मान' कहलाता है।

231. 'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द है-

(a) पतित (b) लुंठित
(c) धराशायी (d) पाल्की

UPUDA Spl. Pre. 2010
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द 'पतित' होगा जबकि लूटा हुआ या लुढ़का हुआ के लिये एक शब्द 'लुंठित' होगा और पृथ्वी पर लेटा हुआ के लिये एक शब्द 'धराशायी' होगा।

232. 'किसी प्रतियोगिता में विजयी होने पर दिया जाता है' उपयुक्त शब्द का चयन करें –

(a) पुरस्कार (b) पारितोषिक
(c) उपहार (d) प्रेमोपहार

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) पारितोषिक - किसी प्रतियोगिता में विजयी होने पर दिया जाता है; जबकि पुरस्कार - किसी कार्य या सेवा के लिए प्रदान किया जाता है तथा उपहार - अपने से बराबर या छोटों को भेंट स्वरूप दिया जाता है।

233. खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए दी जाती है –

(a) स्वल्पाहार (b) पथ्य
(c) पाथेय (d) उपाहार

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPLDA RO/ARO 22.11.2020
(UPUDA Pre. 2010)
UPPSC AE 2007
UP SDI Exam-2003

उत्तर : (c) खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए प्रदान की जाती है, उसे 'पाथेय' कहा जाता है। रोगी को दिया जाने वाला हल्का भोजन 'पथ्य' कहलाता है।

234. 'जो अपने पद से हटाया गया हो' के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा –

(a) पदभ्रष्ट (b) पदानवत
(c) पदानुगत (d) पदच्युत

High Court ARO - 2021
UP RO (Pre.), 2014

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'जो अपने पद से हटाया गया हो' के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा – पदच्युत। जो अपने पद का दुरुपयोग करता है उसे 'पदभ्रष्ट' कहा जाता है।

235. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए दिए गए विकल्पों में से सटीक शब्द का चयन कीजिए: 'दूसरों का उपकार करने वाला:

(a) विधर्मी (b) परोपकारी
(c) दुभाषिया (d) परदेशी

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) : 'दूसरों का उपकार करने वाला' वाक्य के लिए एक शब्द 'परोपकारी' होगा; जबकि जो धर्म विहीन हो, उसे 'विधर्मी' कहते हैं। दो भाषा बोलने वाले को 'दुभाषिया' तथा परदेश में रहने वाले को 'परदेशी' कहते हैं।

236. 'जो पूजा के योग्य हो' उसे कहा जाएगा :

(a) पूज्यनीय (b) पूज्य
(c) पुज्यनीय (d) पुजनीय

UP PGT 2005

उत्तर : (b) 'जो पूजा के योग्य हो', उसे 'पूज्य' कहा जाएगा। इस अर्थ के लिए एक अन्य शब्द 'पूजनीय' भी है।

237. देश-विदेश से घूमने वाले कश्मीर पहुँचे। रेखांकित का एक शब्द बताइए।

(a) यात्री (b) भीड़
(c) पर्यटक (d) घुमक्कड़

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'देश–विदेश से घूमने वाले कश्मीर पहुँचे।' वाक्य में रेखांकित 'देश–विदेश में घूमने वाले' के लिए 'पर्यटक', 'बहुत अधिक घूमने वालो' के लिए 'घुमक्कड़' और 'अव्यवस्थित जनसमूह' के लिए 'भीड़' शब्द प्रयुक्त होता है।

238. अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया के फलस्वरूप पद से नीचे उतारने को क्या कहते हैं?

(a) प्रोन्नति (b) पदोन्नति
(c) पदावनति (d) पदावधि

UP SI 2001

उत्तर : (c) अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया के फलस्वरूप पद से नीचे उतारने को 'पदावनति' कहते हैं; जबकि पद से ऊपर उठने को 'पदोन्नति' कहते हैं।

239. विनोद को उस विद्यालय में इम्तहान लेने वाला बनकर जाना है।

(a) विशेषज्ञ (b) परीक्षक
(c) अध्यापक (d) समन्वयक

UP SI 2001

उत्तर : (b) 'इम्तहान लेने वाला' के लिए सही शब्द 'परीक्षक' है। विषय का विशेष का ज्ञान रखने वाला – विशेषज्ञ कहलाता है।

240. 'अपराध बोध से होने वाली ग्लानि' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-

(a) लज्जा (b) निंदा
(c) आत्मग्लानि (d) पश्चाताप

UPP, 2017

उत्तर: (d) किसी विस्तृत बात को संक्षेप में कहना वाक्यांश के लिए एक शब्द कहलाता है। **जैसे-** अपराध बोध से होने वाली ग्लानि के लिए एक शब्द 'पश्चाताप' होगा; जबकि अपने आप में ग्लानि का भाव होना, के लिए एक शब्द 'आत्मग्लानि' होगा।

241. 'आज गाँवों की प्रमुख समस्या है लोगों का घर छोड़कर चले जाना'।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) बहिष्कार (b) निष्कासन
(c) निर्वासन (d) पलायन

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (d) 'आज गाँवो में प्रमुख समस्या है 'लोगों का घर छोड़कर चले जाना' वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त एक शब्द 'पलायन' होगा।

242. प्राणदा के लिए अनेक शब्द है :

(a) प्राण रहने का मंत्र (b) जीवन देने वाली दवा
(c) जीवन चाहने वाली राह (d) प्राण रहने का अभ्यास

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : 'प्राणदा' शब्द 'जीवन देने वाली दवा' के लिये एक शब्द है।

243. 'वह नायिका जो अपने पति के परदेश में होने के कारण दु:खी हो' वह है–

(a) प्रोषितपतिका (b) वियोगिनी
(c) विरहविदग्धा (d) खंडिता

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'वह नायिका जो अपने पति के परदेश में होने के कारण दु:खी हो' के लिए उचित शब्द हैं – 'प्रोषितपतिका'।

244. 'जो आँखों के सामने हो' के लिये एक शब्द बताइये।

(a) सामाजिक (b) प्रत्यक्ष
(c) सुलभ (d) प्रियतम

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]
UPSI- 2001

उत्तर. (b) : जो आँखों के सामने हो- प्रत्यक्ष
जो आसनी से प्राप्त हो सके – सुलभ
जो समाज से लगाव रखता हो – सामाजिक
जो सबसे प्रिय हो – प्रियतम।

245. जिस स्त्री से विवाह किया जाये उसे कहते हैं

(a) प्रेमिका (b) प्रणीता
(c) परिणीता (d) प्रेयसी

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) जिस स्त्री से विवाह किया जाये उसे **परिणीता** कहते हैं।

246. वाक्यांशों और उनके लिए प्रयुक्त शब्दों के निम्नलिखित युग्मों में सही युग्म का चयन कीजिए।

(a) जो स्त्री अभिनय करे – अभिनेता
(b) जो व्याकरण जानता हो – व्याकरणिक
(c) आँखों से परे – प्रत्यक्ष
(d) लौटकर आया हुआ – प्रत्यागत

UPLA, RO/ARO 22.11.2020
DSSSB PRT 14/11/2019, I Shift
UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

@RexstarPdf

उत्तर. (d): शब्द और वाक्यांश का सही रूप है–

वाक्यांश		शब्द
लौटकर आया हुआ	–	प्रत्यागत
जो स्त्री अभिनय करे	–	अभिनेत्री
जो व्याकरण जानता हो	–	वैयाकरण
आँखों से परे	–	परोक्ष/अप्रत्यक्ष
आँखों के सामने	–	प्रत्यक्ष

247. 'प्रज्ञाचक्षु' के लिए वाक्यांश :

(a) चक्षु ही जिसकी प्रज्ञा हो
(b) बुद्धि जिसका नेत्र हो
(c) प्रज्ञा और चक्षु जिसके समान हों
(d) बुद्धि और ज्ञान होने वाली प्रज्ञा

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : 'प्रज्ञाचक्षु' के लिए उपयुक्त वाक्यांश है– 'बुद्धि जिसका नेत्र हो'। शेष विकल्प इसके अर्थ की दृष्टि से असंगत हैं।

248. 'खाने की इच्छा' है:

(a) विभूक्षा (b) बुभुक्षा
(c) वीभुक्षा (d) भूभूक्षा

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : 'खाने की इच्छा' है का अर्थ 'बुभुक्षा' होता है न कि विभूक्षा, वीभुक्षा और भूभूक्षा। ये सभी असंगत हैं।

249. 'बहुत सी भाषाओं को जानने वाला'– के लिए एक शब्द है–

(a) बहुभाषाविद् (b) बहुभाषाभाषी
(c) दुभाषिया (d) बहुभाषिया

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (a) 'बहुत सी भाषाओं को जानने वाला' के लिए एक शब्द 'बहुभाषाविद्' है। बहुत सी भाषाओं को बोलने वाला – बहुभाषी। शेष असंगत हैं।

250. 'किसी व्यक्ति या वस्तु को न अपनाना' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए:

(a) बहिष्कार (b) परिष्कार
(c) तिरस्कार (d) परोपकार

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) 'किसी व्यक्ति या वस्तु को न अपनाना' के लिए उपयुक्त शब्द 'बहिष्कार' है, जबकि स्वच्छ और शुद्ध करने की क्रिया 'परिष्कार', उपेक्षापूर्वक त्यागने को 'तिरस्कार' एवं किसी की भलाई या हित करने की क्रिया 'परोपकार' है।

251. 'भविष्य में होने वाला' के लिए एक शब्द है–

(a) भावी (b) गत
(c) विगत (d) आभास

उत्तर : (a) भविष्य में होने वाले के लिए एक शब्द 'भावी' होगा।

252. 'जो पहले था, पर अब नहीं है' के लिए एक शब्द है–

(a) पूर्वज (b) अंत्यज
(c) भूतपूर्व (d) अनागत

UP RO (Main), 2014

उत्तर : (c) 'जो पहले था, पर अब नहीं है' के लिए एक शब्द– भूतपूर्व होता है। शेष इस प्रकार हैं–

- जिसका जन्म पूर्व में हुआ हो –पूर्वज
- जो निम्न जाति में पैदा हुआ हो –अंत्यज
- जो न आया हो –अनागत

253. भूमि के अन्दर की जानकारी रखने वाले को कहा जाता है:

(a) भूगर्भवेत्ता (b) पुरातत्ववेत्ता
(c) नृतत्वशास्त्री (d) भूकम्पवेत्ता

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : भूमि के अंदर की जानकारी रखने वाला – भूगर्भवेत्ता प्राचीन संस्कृति तथा सभ्यता से जुड़े हुए तत्वों की जानकारी रखने वाला – पुरातत्त्ववेत्ता, मानव की उत्पत्ति और विकास आदि का अध्ययन करने वाला – नृतत्त्वशास्त्री एवं भूकम्प से सम्बन्धित तथ्यों का अध्ययन करने वाला – भूकंपवेत्ता कहलाता है।

254. 'जो बहुत मंद गति से कार्य करता हो' उसके लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन सा है?

(a) मंथर (b) मंदाक्रान्ता
(c) दीर्घसूची (d) सत्वर

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (a) : 'जो बहुत मंद गति से कार्य करता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-'मंथर'। अतः अन्य तीनों विकल्प असंगत हैं।

255. 'ऐसा फूल जो पूरा खिला न हो' इसके लिए उपयुक्त शब्द क्या है?

(a) मुकुल (b) अधखिला
(c) कमल (d) पुष्प

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'ऐसा फूल जो पूरा खिला न हो' मुकुल कहलाता है। ऐसा फूल जो आधा खिला हो को अधखिला कहते हैं।

256. 'मोक्ष की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है –

(a) योगी (b) मुक्तिकामी
(c) मुमुक्षु (d) तपस्वी

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021
DSSSB TGT Maths 22/09/2018, I Shift
UPLDA RO/ARO 22.11.2020
SSC GD 11/02/2019 (Shift-I)
UP SI 2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UP RO (Pre.), 2010
JE-2015, UPPGT-2003
(UPUDA Spcl. (Pre.), 2010)

उत्तर : (c) मोक्ष की इच्छा रखने वाला 'मुमुक्षु' कहा जाता है न कि योगी, मुक्तिकामी एवं तपस्वी।

257. 'जो कम खर्च करता हो'। इस वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा।

(a) कंजूस (b) लोभी
(c) मितव्ययी (d) मक्खीचूस

UP PGT - 2021
DSSSB हेड कांस्टेबल परीक्षा, 29/06/2014
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (c): 'जो कम खर्च करता हो' इस वाक्यांश के लिये एक शब्द 'मितव्ययी' होगा। 'कंजूस' ऐसे व्यक्ति को कहा जाता है जो पास में धन होने पर भी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उसका उपयोग न करता हो। लालच या लोभ की इच्छा रखने वाला व्यक्ति 'लोभी' कहलाता है। 'मक्खीचूस' शब्द अत्यधिक कंजूस व्यक्ति के लिये प्रयुक्त किया जाता है।

258. मरणासन्न अवस्था वाला के लिए एक शब्द है

(a) मैमर्त्य (b) मुमूर्षु
(c) मृतगामी (d) निर्विकारी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) 'मरणासन्न अवस्था के लिए एक शब्द' 'मैमर्त्य प्रयुक्त होता है। मृतगामी का तात्पर्य है जो मृत्यु को प्राप्त कर चुका हो, जबकि निर्विकारी का आशय विकार से रहित होने से है। उल्लेखनीय है कि जिसे मर जाने की कामना हो' के लिए 'मुमूर्षु' और 'मर जाने की कामना' के लिए 'मुमूर्षा' शब्द प्रयुक्त होता है।

259. 'थोड़ा नपा-तुला भोजन करने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है –

(a) मितव्ययी (b) मितव्यय
(c) मिताहारी (d) मितहारीन

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (c) 'थोड़ा नपा-तुला भोजन करने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है – मिताहारी। जो कम खर्च करने वाला हो – मितव्ययी।

260. 'जिसके हृदय पर आघात हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा –

(a) मर्माहित (b) मर्माहत
(c) मर्माहुत (d) मर्माहूत

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर : (b) 'जिसके हृदय पर आघात हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त एक शब्द 'मर्माहत' है।

261.'जिसने मृत्यु को जीत लिया है' कहलाता है –

(a) अमरत्व (b) मृत्युञ्जय
(c) अभयदान (d) अभयमुद्रा

UP TGT 2013

उत्तर : (b) 'जिसने मृत्यु को जीत लिया है', वह 'मृत्युञ्जय' कहलाता है। शेष विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

262. 'दोपहर का समय'- के लिए निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा उपयुक्त है? चिह्नित कीजिए।

(a) रात (b) सन्ध्या
(c) अपराह्न (d) मध्याह्न

UPSI, 2001
KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (d) :

वाक्यांश	- एक शब्द
• दोपहर का समय	- मध्याह्न
• दोपहर के बाद का समय	- अपराह्न
• दोपहर के पूर्व (पहले) का समय	- पूर्वाह्न
• शाम का समय	- संध्या
• शाम के बाद का समय	- रात

263. 'कम बोलने वाला' के लिए एक शब्द है–

(a) वाचाल (b) कृपण
(c) मूक (d) मितभाषी

SSC GD Constable 12/01/2023 (11:45-12:45)
SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)
SSC GD Constable 10-01-2023 (5:15-6:15)
UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : कम बोलने वाले के लिए 'मितभाषी' शब्द होता है

शब्द	वाक्यांश
वाचाल	अधिक बोलने वाला
कृपण	कंजूसी से धन खर्च करने वाला
मूक	न बोलने वाला

264. 'मृत्यु के इच्छुक' - इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) मुमुक्षा (b) मुमूर्षु
(c) मुमूर्षा (d) मुमुक्षु

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (b) : मृत्यु का इच्छुक – मुमूर्षु
मृत्यु की इच्छा – मुमूर्षा
मोक्ष की इच्छा – मुमुक्षा
मोक्ष की इच्छा रखने वाला – मुमुक्षु

265. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' उसे कहते हैं–

(a) युद्ध-स्थविर (b) युद्ध-थिरक
(c) युधिष्ठिर (d) युद्धस्थायी

(UPUDA Main 2010)

उत्तर: (c) 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' उसे कहते हैं – 'युधिष्ठिर'। अन्य सभी विकल्प वाक्य की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

266. 'युद्ध की इच्छा रखने वाला' के लिए एक शब्द है

(a) योद्धा (b) युद्धरत
(c) युद्धवीर (d) युयुत्सु

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)
UP RO (Pre.), 2016
UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर : (d) ''युद्ध की इच्छा रखने वाले' के लिए एक शब्द 'युयुत्सु' प्रयुक्त किया जाता है जबकि 'जो युद्ध में लगा हुआ हो' के लिए एक शब्द 'युद्धरत' प्रयुक्त किया जाता है।

267. 'वह धन जो आधिकारिक रूप से राज्य को मिलता हो' - वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा।

(a) राजस्व (b) चुंगी
(c) कर (d) राजधन

SSC GD Constable 10-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (a) : 'वह धन जो आधिकारिक रूप से राज्य को मिलता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'राजस्व' होगा।

268. 'राजनीतिज्ञों एवं राजदूतों की नीति संबंधी कला' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) राजनीति (b) कूटनीति
(c) गृहनीति (d) अर्थनीति

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) 'राजनीतिज्ञों एवं राजदूतों की नीति संबंधी कला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'कूटनीति' है।

269. इनमें से एक के लिए प्रयोज्य शब्द है– 'असूर्यंपश्या' :
(a) वह स्थान जहाँ सूर्य दिखायी न दे।
(b) वह स्थान जहाँ सूर्य का प्रखर प्रकाश बड़ा कष्टकारी होता है।
(c) वे प्राणी जो सूर्य का दर्शन न कर पायें।
(d) रनिवास में कड़े पर्दे में रहने वाली स्त्री।

UP RO (Pre), 2010

उत्तर : (d) असूर्यंपश्या का आशय है – रनिवास में कड़े पर्दे में रहने वाली स्त्री।

270. किसी संस्था के 25 वर्ष पूरे होने पर होने वाले उत्सव के लिए शब्द है–
(a) हीरक जयंती (b) रजत जयंती
(c) शताब्दी (d) स्वर्ण जयंती

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : 'रजत जयंती' का प्रयोग 25वीं वर्षगांठ के लिये किया जाता है।
संस्था के 50 वर्ष पूरे होने पर – स्वर्ण जयंती
संस्था के 75 वर्ष पूरे होने पर – हीरक जयंती
संस्था के 100 वर्ष पूरे होने पर – शताब्दी जयंती

271. 'वह व्यक्ति जो लोहे को पीटकर अपना गुजारा चलाता है'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?
(a) लोहा (b) लोहक
(c) गुजारा (d) लोहार

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : वह व्यक्ति जो लोहे को पीटकर अपना गुजारा चलाता है– इस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'लोहार' होगा।

272. 'बच्चों को सुलाने के लिए गाया जाने वाला गीत' है
(a) प्रभाती (b) विहाग
(c) लोरी (d) सोहर

(UPUDA Spl. Main 2010)

उत्तर : (c) बच्चों को सुलाने के लिए गाया जाने वाला गीत **'लोरी'** है, जबकि 'सोहर' बच्चे के जन्म के समय गाया जाता है।

273. 'जिसने प्रतिष्ठा प्राप्त की हो' के लिए एक शब्द है:-
(a) प्रतिष्ठ (b) प्रतिष्ठित
(c) प्रतिस्थापित (d) लब्धप्रतिष्ठ

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'जिससे प्रतिष्ठा प्राप्त की हो' के लिए एक शब्द- **'लब्धप्रतिष्ठ'** है।

274. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प है।
जो इस लोक की बात है।
(a) अलौकिक (b) स्वर्गीय
(c) पाश्चात्य (d) लौकिक

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) वाक्यांश 'जो इस लोक की बात है' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'लौकिक' है। शेष शब्दों के अर्थ निम्नलिखित हैं-
स्वर्गीय - स्वर्ग से सम्बन्धित
पाश्चात्य - पश्चिमी देश का
अलौकिक - जो इस लोक से परे हो।

275. 'किसी पदार्थ या राज्य का दूसरे पदार्थ या राज्य में मिल जाना'- वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-
(a) एकीकरण (b) विलय
(c) संगम (d) सहयोग

SSC GD Constable 10-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (b) : 'किसी पदार्थ या राज्य का दूसरे पदार्थ या राज्य में मिल जाना' वाक्यांश के लिए एक शब्द-'विलय' होगा।

276. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए।
जो किसी विषय की विशेष जानकारी रखता हो
(a) वैध (b) विषयासक्त
(c) वैज्ञानिक (d) विशेषज्ञ

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)
UP RO/ARO (Pre.) 2021

उत्तर : (d) : वाक्य खंड	**–**	**एक शब्द**
जो किसी विषय की विशेष जानकारी रखता हो	–	विशेषज्ञ
जो विज्ञान जानता है	–	वैज्ञानिक
जो विषयों में आसक्त है	–	विषयासक्त
जो विधि के अनुसार हो	–	वैध

277. 'उचित-अनुचित का ज्ञान रखने वाला' वाक्यांश के लिए सही शब्द है–
(a) विवेकी (b) ज्ञानी
(c) चतुर (d) दूरदर्शी

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (a) वाक्यांश 'उचित अनुचित का ज्ञान रखने वाला' के लिए सही शब्द 'विवेकी' होगा।

278. 'वह कन्या जिसके साथ विवाह का वचन दिया गया है'- के लिए एक शब्द है-
(a) वाग्दत्ता (b) वाग्दान
(c) वाग्बद्ध (d) वाग्विदग्ध

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) 'वह कन्या जिसके साथ विवाह का वचन दिया गया है' के लिए एक शब्द 'वाग्दत्ता' प्रयुक्त किया जाता है। 'वाग्दान' का अर्थ है 'कन्या के विवाह की बात किसी से पक्की करना और उसे कन्यादान का वचन देना', जबकि 'वाग्बद्ध' का तात्पर्य 'मौन' अथवा 'वचनबद्ध' होने से है।

279. 'जो अधिक बोलता है' उसे कहते हैं –
(a) मितभाषी (b) मृदुभाषी
(c) वक्ता (d) वाचाल

DSSSB Steno Grade-III, 11/06/2017
UPUDA Pre. 2013
UP TGT 2013
UP RO (Pre.), 2013

@RexstarPdf

उत्तर: (d) 'जो अधिक बोलता है', उसे वाचाल कहते हैं; जबकि 'जो कम बोलता है', उसे 'मितभाषी' कहते हैं। जो मधुर बोलता है, उसे 'मृदुभाषी' तथा बोलने वाले को 'वक्ता' कहते हैं।

280. जिसे अपनी जगह से अलग कर दिया गया हो, के लिए एक शब्द है

(a) विस्थापित (b) अवस्थापित
(c) संस्थापित (d) संस्थाजित

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (a) 'जिसे अपनी जगह से अलग कर दिया गया हो' के लिए एक शब्द 'विस्थापित' प्रयुक्त होता है, जबकि 'संस्थापित' का आशय स्थापित किया हुआ या बनाया हुआ से है।

281. 'जिसमें संसार के प्रति मोह न रहा हो' – उपयुक्त शब्द का चयन करें –

(a) वीतरागी (b) शीतरागी
(c) अनुरागी (d) रागी

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'जिसमें संसार के प्रति मोह न रहा हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'वीतरागी' होगा, जबकि 'जिसमें संसार के प्रति मोह हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अनुरागी' होगा।

282. निम्न वाक्यांश के लिये उचित एक शब्द चुनिए– कानून का रूप देने के लिए प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव या मसौदा-

(a) प्रारूप (b) मसौदा (c) विधेयक (d) प्रश्नोत्तर

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) कानून का रूप देने के लिए प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव या मसौदा के लिए उचित शब्द 'विधेयक' होगा। इसी का पूर्वगामी रूप 'प्रारूप' कहलाता है। 'मसौदा' प्रारूप का पर्याय शब्द है।

283. 'जो व्याकरण जानता है.....' एक शब्द के क्रम में सही विकल्प चुनिए –

(a) शास्त्री (b) व्याकरण विद
(c) वैयाकरण (d) इनमें से कोई नहीं

UP NT Exam-2008
UPPSC -2011
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'जो व्याकरण को जानता है' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'वैयाकरण' होता है, जबकि 'जिन्हें शास्त्रों का ज्ञान हो' के लिए एक शब्द 'शास्त्री' है।

284. 'जिस पुरुष की पत्नी साथ नहीं है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

(a) अपत्नीक (b) वियोगी
(c) विधुर (d) विपत्नीक

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPPCL TGT-2016
(UPUDA Main 2010)

उत्तर : (d) 'जिस पुरुष की पत्नी साथ नहीं है' उसके लिए उपयुक्त शब्द होगा – 'विपत्नीक'। जिसकी पत्नी मर चुकी हो, उसे 'विधुर' कहा जाता है तथा जिसका किसी से वियोग हो गया हो, उसे 'वियोगी' कहा जाता है।

285. जिसकी पत्नी मर गयी उसको क्या कहते हैं?

(a) विधुर (b) विपत्निक
(c) सधवा (d) सपत्निक

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a): 'जिसकी पत्नी मर गयी हो' उसे 'विधुर' कहते हैं। जबकि जिसका पति जीवित हो उसे 'सधवा' कहते हैं।

286. वीर पुत्र को जन्म देने वाली स्त्री

(a) वीरांगना (b) वीरमहिषी
(c) वीरप्रसूता (d) वीरात्मा

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : दिए गए विकल्पों में 'वीर पुत्र को जन्म देने वाली स्त्री' को - **वीरप्रसूता** कहा जाता है।

287. जिसका कोई अंग बेकार हो, उसे

(a) अंगहीन कहते हैं। (b) लँगड़ा कहते हैं।
(c) अशक्त कहते हैं। (d) विकलांग कहते हैं।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : जिसका कोई अंग बेकार हो उसे **विकलांग** कहते हैं।

288.'शस्त्र क्या है.....' उपयुक्त शब्द का चयन करें –

(a) वह हथियार जो फेंक कर चलाया जाता है।
(b) वह हथियार जो हाथ में थाम कर चलाया जाता है।
(c) एक तरह की विद्या।
(d) इनमें से कोई नहीं।

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) वह हथियार जो हाथ में थामकर चलाया जाता है, उसे 'शस्त्र' कहते हैं; जबकि वह हथियार जो फेंककर चलाया जाता है, उसे 'अस्त्र'कहते हैं।

289. 'हमेशा रहने वाला'- एक शब्द बतलाएँ?

(a) शाश्वत (b) समसामयिक
(c) प्राणदा (d) पार्थिव

NVS. PGT. 2014
UPUDA Mains - 2010

उत्तर : (a) वाक्यांशों के लिए उपयुक्त एक शब्द निम्नवत् होंगे–

वाक्यांश	**एक शब्द**
• हमेशा रहने वाला	शाश्वत
• एक ही समय में होने वाला	समसामयिक
• प्राण देने वाली औषधि	प्राणदा
• जो पृथ्वी से सम्बन्धित हो	पार्थिव

290. 'शिव की आराधना करने वाले' को क्या कहते हैं? निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चिह्नित कीजिए:

(a) वैष्णव (b) सिद्ध
(c) शाक्त (d) शैव

KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) : वाक्यांश	**एक शब्द**
• शिव की आराधना करने वाले	- शैव
• विष्णु की आराधना करने वाले	- वैष्णव
• शक्ति (दुर्गा) की उपासना करने वाले	- शाक्त

291. 'शक्ति की उपासना करने वाले' को क्या कहते हैं? सही विकल्प बताइए।

(a) शैव (b) वैष्णव
(c) शाक्त (d) नाथपंथी

KVS TGT Hindi, 2016, 2017

@RexstarPdf

उत्तर. (c): 'शक्ति की उपासना करने वाले' को 'शाक्त' कहते हैं। अन्य शब्दों के वाक्य खण्ड इस प्रकार हैं-
- शैव – शिव की उपासना करने वाले।
- वैष्णव – विष्णु की उपासना करने वाले।
- नाथपंथी – नाथ (गोरखनाथ) सम्प्रदाय को मानने वाले।

292. 'सौ वर्षों के समाहार' को ..... को कहते हैं।
(a) मिलेनियम (b) शताब्दी
(c) सहस्राब्दी (d) सवसाल

UPPCL Stenographer, 2018
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (b)

वाक्यांश		एक शब्द
• सौ वर्ष का समाहार	–	शताब्दी
• एक हजार वर्षों का समाहार	–	मिलेनियम/सहस्राब्दी
• तीनों लोकों का समाहार	–	त्रिलोक
• तीनों कोणों का समाहार	–	त्रिकोण

293. शोषक
(a) गुस्सा करने वाला (b) लड़ाई करने वाला
(c) क्रोध करने वाला (d) शोषण करने वाला

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : 'शोषण करने वाला ही' शोषक कहलाता है। अन्य विवरण इस प्रकार हैं–

शब्द		अर्थ
गुस्सैला	–	गुस्सा करने वाला
क्रोधी	–	क्रोध करने वाला
लड़ाकू	–	लड़ाई करने वाला

294. 'शत्रुघ्न' कहते हैं
(a) शत्रु से लड़ने वाले को।
(b) शत्रु पर घन बरसाने वाले को।
(c) शत्रु को पराजित करने वाले को।
(d) शत्रु की हत्या करने वाले को।

MPPSC (Pre.) 2021
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : शत्रु की हत्या करने वाला- **शत्रुघ्न** कहलाता है।

295. 'जिसने राष्ट्र के हित में अपने प्राणों का बलिदान कर दिया हो' उसे क्या कहते हैं?
(a) देशभक्त (b) शहीद
(c) राष्ट्रभक्त (d) सेनानी

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : 'जिसने राष्ट्र के हित में अपने प्राणों का बलिदान कर दिया हो' उसे **शहीद** कहते हैं।

296. निम्न वाक्यांश के लिए विकल्पों में से उपयुक्त शब्द चुनें।
ऊँट पर रखकर चलायी जाने वाली तोप
(a) बंदूक (b) शरासन
(c) मुकुल (d) सुतुरनाल

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (d) : 'ऊँट पर रखकर चलायी जाने वाली तोप' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सुतुरनाल' होगा।

297. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
फल-फूल और मांस सब कुछ खाने वाला
(a) वनचर (b) सर्वाहारी
(c) मांसाहारी (d) शाकाहारी

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) :

वाक्यांश		एक शब्द
फल-फूल और मांस सब कुछ खाने वला	–	सर्वाहारी
वन/जंगल में रहने वाला	–	वनचर
मांस खाने वाला	–	मांसाहारी
फल-फूल सब्जियाँ खाने वाला	–	शाकाहारी

298. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग का वाक्यांश के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए ।
अपनी इच्छानुसार आचरण करने वाला
(a) सत्यवादी (b) सदाचारी
(c) वर्णनातीत (d) स्वेच्छाचारी

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) :

वाक्यांश		एक शब्द
अपनी इच्छानुसार आचरण करने वाला	-	स्वेच्छाचारी
अच्छे आचरण वाला व्यक्ति	-	सदाचारी
वह जो सत्य बोलता हो	-	सत्यवादी
जिसका वर्णन संभव न हो	-	वर्णनातीत

299. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
एक ही समय में उत्पन्न होने वाला
(a) समकालीन (b) समसामयिक
(c) मासिक (d) सजातीय

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) :

वाक्यांश	एक शब्द
एक ही समय में उत्पन्न होने वाला	- समकालीन
एक ही समय में वर्तमान	- समसामयिक
एक ही जाति के	- सजातीय

300. 'पिता के घर पर रहने वाली युवती' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है ?
(a) सुहागिनी (b) सुवासिनी
(c) सिकता (d) गृहिणी

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'पिता के घर पर रहने वाली युवती' के लिए एक शब्द 'सुवासिनी' है।
जिसका पति जीवित हो – सधवा,
जिसकी पत्नी साथ हो – सपत्नीक,
जिसकी पत्नी मर गयी हो – विधुर,

@RexstarPdf

301. 'स्पर्शजन्य बीमारी' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) संक्रमित (b) संक्रमणीय
(c) संक्रांति (d) संक्रामक

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(d) 'स्पर्शजन्य बीमारी' के लिए उपयुक्त शब्द 'संक्रामक' होगा।

302. 'सावधान रहने वाला व्यक्ति' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?

(a) सतर्क (b) सुरक्षित (c) संरक्षित (d) सावधानी

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'सावधान रहने वाला व्यक्ति' - इस वाक्यांश के लिए एक सही शब्द 'सतर्क' होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

303. 'जहाँ खाना मुफ्त मिलता है' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) सदाव्रत (b) यथाशक्ति
(c) भोजनालय (d) रसोई

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) :

वाक्यांश		एक शब्द
जहाँ खाना मुफ्त मिलता है	-	सदाव्रत
शक्ति के अनुसार	-	यथाशक्ति
सीमा का अनुचित उल्लंघन	-	अतिक्रमण
गुरु के समीप रहकर पढ़ने वाला	-	अन्तेवासी

304. 'हवन में जलाने वाली लकड़ी' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?

(a) वन काष्ठ (b) शुष्क काष्ठ
(c) समिधा (d) हवन सामग्री

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UP UDA Pre. - 2019

उत्तर : (c) :

वाक्यांश		एक अर्थ
हवन में जलाने वाली लकड़ी	-	समिधा
जानने की इच्छा रखने वाला	-	जिज्ञासु
जो क्षमा करने के योग्य हो	-	क्षम्य
जो जन्म से अंधा हो	-	जन्मांध

305. 'सब में व्याप्त रहने वाला' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

(a) सर्वयापी (b) सरव्यापी
(c) सर्वाव्यापी (d) सर्वव्यापी

High Court ARO - 2021
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'सब में व्याप्त रहने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'सर्वव्यापी' होगा। शेष सभी विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

306. किसी साहित्यिक कृति की समालोचना करने वाला–

(a) प्रेक्षक (b) समीक्षक
(c) उपेक्षक (d) परीक्षक

MPPSC (Pre.) 2021
UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (b) किसी साहित्यिक कृति की समालोचना करने वाले के लिए एक शब्द 'समीक्षक' है।

307. जो हर समय अपना मतलब साधता हो, उसे क्या कहा जाता है?

(a) परमार्थी (b) स्वार्थी
(c) स्वारथी (d) मतलबी

UP TET 2021 VI-VIII
High Court ARO - 2021
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'जो हर समय अपना मतलब साधता हो' के लिए एक शब्द 'स्वार्थी' होगा। अन्य शब्दों के लिए उपयुक्त वाक्यांश निम्नवत् हैं–

- दूसरों का भला चाहने वाला - परमार्थी।
- जो केवल अपने मतलब से सम्बन्ध रखता हो - मतलबी।

308. 'किसी की सहायता करने वाला।'

(a) सहायक (b) सहृदय
(c) सहचर (d) सहकार

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) किसी की सहायता करने वाले को 'सहायक' कहते हैं। जो हृदयवान हो, 'सहृदय' कहलाता है। साथ चलने वाला 'सहचर' कहलाता है।

309. किसी कथन पर सहमत होना:

(a) समर्थन (b) अनुमोदन
(c) स्वीकृति (d) सहमति

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'किसी कथन पर सहमत होना' के लिए एक शब्द 'सहमति' है। जब कोई संस्था या विभाग आपके किसी प्रयोज्य पर अपनी सहमति देता/देती है तो वह 'अनुमोदन' होता है। स्वीकृति- किसी बात पर स्वीकार का भाव प्रकट करना।

310. 'जहाँ लोगों का मिलन हो.....' एक शब्द के क्रम में सही विकल्प चुनिए –

(a) मेला (b) भीड़
(c) सम्मेलन (d) सम्मिलन

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) वाक्यांश का विवरण–
जहाँ लोगों का मिलन हो - सम्मेलन
दो व्यक्तियों या वस्तुओं का मिलना - सम्मिलन
एक स्थान पर अनियमित ढंग से लोगों का इकट्ठा होना - भीड़
उत्सव, त्योहार आदि विशिष्ट अवसर व्यापार के रूप में – मेला

311. 'जिस स्त्री का पति जीवित है'–उसके लिए उपयुक्त शब्द है–

(a) पतिव्रता (b) सधवा
(c) विवाहिता (d) अनुरक्ता

(UPUDA Mains 2013)
(UPUDA Pre. 2013)

उत्तर : (b) वाक्यांश के विवरण निम्न हैं–

जिस स्त्री का पति जीवित हो	–	**सधवा**
पति के प्रति अनन्य भक्ति रखने वाली स्त्री	–	**पतिव्रता**
ब्याही गयी स्त्री	–	**विवाहित**
अनुरागी प्रेमिका	–	**अनुरक्ता**

312. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए दिए गए विकल्पों में से सटीक शब्द का चयन कीजिए:
'सब कुछ जानने वाला':

@RexstarPdf

(a) सर्वज्ञ (b) सर्वत्र
(c) बुद्धिमान (d) ज्ञानवान

Bihar Primary Teacher 2023 (Shift-II)
UPPCS RO/ARO (Pre.) 2021
UPSSSC Mandi Parisad 30/05/2019(Shift-II)
DSSSB Steno Grade, 11/06/2017
KVS PGT Hindi, 2016
UPPCL RO/ARO-2016
UP UDA Pre-2016
उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013
(UP S.D.I. Exam. 2003)

उत्तर. (a) : 'सब कुछ जानने वाला' वाक्य खण्ड के लिए सटीक शब्द 'सर्वज्ञ' होगा; जबकि अन्य शब्द सर्वत्र, बुद्धिमान तथा ज्ञानवान संगत नहीं हैं।

313. 'अनेक युगों से चले आने वाले' वाक्यांश के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा–

(a) समीचीन (b) प्राचीन
(c) कालान्तर (d) सनातन

UP NT Exam-2008
(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर : (d) दिया गया वाक्यांश - 'अनेक युगों से चले आने वाले' के लिए एक शब्द 'सनातन' होगा; न कि समीचीन, प्राचीन और कालान्तर।

314. जो स्त्री के वशीभूत है, के लिए एक शब्द है

(a) स्त्री प्रेमी (b) स्त्रैण
(c) स्त्रियोचित (d) त्रियावशी

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर : (b) 'जो स्त्री के वशीभूत है' के लिए एक शब्द 'स्त्रैण' प्रयुक्त होता है। स्त्रियोचित का तात्पर्य स्त्रियों के समान गुण वाले से है जबकि जो स्त्री से प्रेम करता है उसे 'स्त्री प्रेमी' कहा जाता है।

315. समस्त पृथ्वी से सम्बन्ध रखने वाला कहलाता है –

(a) सार्वभौमिक (b) सार्वकालिक
(c) सार्वदेशिक (d) सर्वज्ञ

UP TGT 2013, 2021

उत्तर: (a)समस्त पृथ्वी से सम्बन्ध रखने वाला 'सार्वभौमिक' कहलाता है; जबकि जो सब कुछ जानता हो 'सर्वज्ञ' और सब कालों में होने वाला 'सार्वकालिक' तथा सब देशों में होने वाला 'सार्वदेशिक' कहलाता है।

316. 'न बहुत गर्म न बहुत ठण्डा' कहलाता है –

(a) समशीत (b) समउष्ण
(c) उष्णकटिबन्ध (d) समशीतोष्ण

UP TGT 2013

उत्तर : (d) 'न बहुत गर्म न बहुत ठण्डा' समशीतोष्ण कहलाता है।

317. 'दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) भंडारा (b) दातव्य (c) सदावर्त्त (d) धर्मार्थ

GIC. PGT 2009
Aashram Paddhati PGT-2012

उत्तर : (c) वाक्यांश का विवरण–

दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था	–	सदावर्त्त
एक साथ बहुत लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था	–	भंडारा
धर्म के प्रति किया गया कार्य	–	धर्मार्थ
वह स्थान जहाँ औषधियाँ दानस्वरूप मिलती हैं	–	दातव्य

318. माँ <u>सोने के गहने बनाने वाले</u> के पास गयी है। रेखांकित अंश के लिए एक शब्द बताइए।

(a) लुहार (b) बढई
(c) सुनार (d) दरजी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'माँ सोने के गहने बनाने वाले के पास गयी है।' वाक्य में रेखांकित वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सुनार' होगा।

319. विवेक और श्रुति लगभग <u>एक ही उम्र के</u> हैं।

(a) वयस्क (b) मित्र
(c) समवयस्क (d) अभिपूरक

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (c) 'एक ही उम्र के' लिए सही शब्द 'समवयस्क' है। अतः रेखांकित शब्दों के स्थान पर 'समवयस्क' शब्द का प्रयोग उचित होगा।

320. निम्नलिखित वाक्य खण्डों में से एक के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है 'स्वयंसेवक' :

(a) सबकी सेवा करने वाला।
(b) स्वयं की सेवा करने वाला।
(c) अपनी इच्छा से दूसरों की सेवा करने वाला।
(d) बिना वेतन के काम करने वाला सेवक।

Bihar Primary Teacher-2023 (Shift-II)
(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर : (c) 'अपनी इच्छा से दूसरों की सेवा करने वाला' के लिए उपयुक्त शब्द 'स्वयंसेवक' है, जबकि 'बिना वेतन के काम करने वाले को' 'अवैतनिक' कहा जाता है।

321. 'सहन करना जिसका स्वभाव है' के लिए एक शब्द है-

(a) विनम्र (b) सह्यार्द्र (c) सहनीय (d) सहनशील

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'सहन करना जिसका स्वभाव है' वाक्यांश के लिए एक शब्द **'सहनशील'** है जबकि अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

322. 'स्वेद से उत्पन्न होने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) स्वेदज (b) अण्डज (c) पिण्डज (d) उभयज

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : वाक्यांश और एक शब्द से सम्बन्धित हैं–

शब्द	**वाक्यांश**
स्वेदज	स्वेद से उत्पन्न होने वाला
अण्डज	अण्डे से उत्पन्न
पिण्डज	जिसका जन्म शरीर से हो।

323. 'जिसकी ग्रीवा सुन्दर हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) पार्थिव (b) सुग्रीव (c) सुधीर (d) सुनील

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : 'जिसकी ग्रीवा सुन्दर हो' के लिए एक शब्द 'सुग्रीव' है। 'पृथ्वी से संबंध रखने वाला' के लिए एक शब्द 'पार्थिव' होगा। सुधीर का अर्थ 'धैर्यवान', दृढ़ होता है।

324. 'दूसरों की बातों में दखल देना' के लिए – एक शब्द क्या होगा?

(a) हस्तक्षेप (b) आक्षेप
(c) दूरदर्शी (d) उपकारी

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'दूसरों की बात में दखल देना' के लिये एक शब्द है– 'हस्तक्षेप'। अन्य शब्दों के लिए उपयुक्त वाक्यांश निम्नवत् हैं–
- आक्षेप - व्यंग्यपूर्ण दोषारोपण करना।
- दूरदर्शी - जो आगे की सोचता हो।
- उपकारी - उपकार करने वाला।

325. 'भला चाहने वाला'-
(a) नि:स्वार्थ (b) पुण्यात्मा
(c) हितैषी (d) सहायक

UPSI 22.07.2017 (Shift-I)
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'भला चाहने वाला' को 'हितैषी' कहते हैं। सहायता करने वाला 'सहायक' तथा पुण्य कर्म करने वाला 'पुण्यात्मा' कहलाता है।

326. 'हाथी की पीठ पर रखे जाने वाले आसन' के लिए शुद्ध शब्द है
(a) जीन (b) हौदा (c) काठी (d) बख्तर

(UPUDA Spl. Pre. 2010)
Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (b) 'हाथी की पीठ पर रखे जाने वाले आसन' को 'हौदा' के नाम से जाना जाता है। गाड़ियों पर सुरक्षा के लिए 'बख्तर' का प्रयोग किया जाता है। घोड़े की पीठ पर रखी जाने वाली गद्दी 'जीन' कहलाती है।

327. 'तीनों लोकों का स्वामी' - इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?
(a) त्रिभुवन (b) गोस्वामी
(c) त्रिस्वामी (d) त्रिलोकी

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) :

वाक्यांश		एक शब्द
तीनों लोकों का स्वामी	-	त्रिलोकी
तैरने की इच्छा	-	तितीर्षा
किसी भी पक्ष का समर्थन न करने वाला	-	तटस्थ
तीन लोकों का समूह	-	त्रिलोक
तीन नदियों का संगम	-	त्रिवेणी

328. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
(a) जो वर्णन के बाहर है –वर्णनातीत
(b) जो देखा नहीं जा सकता – अदृश्य
(c) जो आमिष नहीं खाता – सामिष
(d) जो पहरा देता है – प्रहरी

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020
UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर. (c) : 'जो आमिष (मांस) नहीं खाता–सामिष' वाक्यांशों के लिए एक शब्द में यह सुमेलित नहीं है क्योंकि सामिष एवं आमिष दोनों ही शब्दों का अर्थ है-जो मांस खाता है। शेष वाक्यांश सही सुमेलित हैं।

329. 'मन को हरने वाला' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिए:
(a) मर्मान्तक (b) मनोहर
(c) मदमस्त (d) मदमयी

High Court ARO - 2021 (I)
DSSSB PRT 24.03.2022 (Shift-II)
UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर: (b) मन को हरने वाला - मनोहर, मर्म तक पहुँचकर उस पर अनिष्ट प्रभाव डालनेवाला - मर्मांतक एवं जो मद में उन्मत्त हो - मदमस्त कहलाता है।

330. 'काँटों से भरा हुआ' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिये:
(a) कंटक (b) विकीर्ण
(c) कुचैला (d) कंटकाकीर्ण

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (d) :

वाक्यांश	एक शब्द
काँटों से भरा हुआ	कंटकाकीर्ण
छितशया या फैलाया हुआ	विकीर्ण
जिसका अंत न हो	अनन्त
जिसका वर्णन न हो सके	अवर्णनीय

331. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए एक शब्द सही नहीं है?
(a) गिरने से कुछ ही बचे इमारत - ध्वंसावशेष
(b) पूर्णिमा की रात - कुहू
(c) शिव का धनुष - पिनाक
(d) ऐसी भूमि जो उपजाऊ न हो - ऊसर

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'पूर्णिमा की रात-कुहू' वाक्यांश एवं एक शब्द युग्म असंगत है। 'पूर्णमासी' को पूर्णिमा की रात कहा जाता है तथा कुहू 'अमावस्या' की रात को कहा जाता है, जिसमें चन्द्रमा भी न दिखाई दे। वाक्यांश एवं उनके शब्दों के अन्य विकल्प संगत हैं।

332. 'किंकर्त्तव्य-विमूढ़' शब्द का सही अर्थ है–
(a) जिसे अपने कर्त्तव्य का बोध न हो,
(b) जिसे यह न सूझ पड़े कि अब क्या करना चाहिए
(c) जो कर्तव्य से विमुक्त हो।
(d) जो कर्त्तव्य से अविमुक्त हो।

UP PGT 2010

उत्तर. : (b) 'किंकर्त्तव्य-विमूढ़' शब्द का सही अर्थ है - जिसे यह न सूझ पड़े कि अब क्या करना चाहिए।

333. अध्याहार का अर्थ है :
(a) वाक्य में आधा अर्थ प्रकट होना।
(b) वाक्य में किसी अंग का लोप हो जाना।
(c) वाक्य में कर्त्ता और कर्म का जुड़ जाना।
(d) वाक्य में संपर्क छिन्न हो जाना।

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'अध्याहार' शब्द का उपयुक्त अर्थ है– 'वाक्य में कर्त्ता और कर्म का जुड़ जाना।' मूलतः अध्याहार का शाब्दिक अर्थ है– तर्क-वितर्क, ऊहापोह। वाक्य को पूरा करने के लिए उसमें कुछ शब्द ऊपर से जोड़ना या अस्पष्ट वाक्यों को दूसरे शब्दों में स्पष्ट करने की क्रिया 'अध्याहार' कहलाती है।

334. 'किसी वस्तु को व्यवहार में लाना' इसका आशय किस शब्द से है?
(a) उपयोग (b) अनुपयोग (c) प्रयोग (d) सदुपयोग

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) उपयोग- किसी वस्तु को व्यवहार में लाना
अनुपयोग- जिसे व्यवहार में न लाया गया हो/ न हो।
प्रयोग- किसी वस्तु की उपयोगिता की दृष्टि से की गई जाँच।
सदुपयोग- किसी वस्तु का उचित उपयोग।
नोट- आयोग द्वारा इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) माना है।

@RexstarPdf

18.

संधि

1. परिभाषा एवं भेद

1. निम्नलिखित में से कौन सा स्वर सन्धि का भेद नहीं है?

(a) हल सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) दीर्घ संधि (d) गुण संधि

VDO 27/06/2023 (Shift-II)
VDO Re-Exam 27-06-2013 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिए हुए प्रश्न में 'हल संधि' स्वर-संधि का भेद नहीं हैं। शेष विकल्प स्वर संधि के भेद हैं। मूल रूप से स्वर-संधि के 5 भेद हैं।
(i) दीर्घ, (ii) गुण, (iii) अयादि, (iv) वृद्धि, (v) यण

2. संधि विच्छेद में यदि किसी वर्ग के 'प्रथम वर्ण' से परे कोई अनुनासिक वर्ण हो, तो संधि करते समय, प्रथम वर्ण के स्थान पर उसी वर्ग का कौन सा वर्ण हो जाएगा?

(a) उसी वर्ग का तृतीय वर्ण
(b) उसी वर्ग का अनुनासिक अर्थात् पंचम वर्ण
(c) उसी वर्ग का चतुर्थ वर्ण
(d) उसी वर्ग का प्रथम वर्ण

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) संधि विच्छेद में यदि किसी वर्ग के 'प्रथम वर्ण' से परे कोई अनुनासिक वर्ण हो, तो संधि करते समय, प्रथम वर्ण के स्थान पर उसी वर्ग का अनुनासिक अर्थात् पंचम वर्ण हो जाएगा, जैसे यदि 'क्', 'च्', 'ट्', 'त्','प्' के बाद 'न' या 'म' आये, तो 'क्', 'च्', 'ट्', 'त्','प्' अपने वर्ग के पंचम वर्ण में बदल जाते हैं, जैसे- वाक्+मय= वाङ्मय
अप् +मय = अम्मय

3. निम्न में से संधि का कौन सा युग्म गलत है?

(a) अनूदित = अनु + उदित
(b) अवनींद्र = अवनी + इंद्र
(c) श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद
(d) भूद्धा = भू + उद्धार

DSSSB PGT Hindi (Male) 18.07.2021 (Shift-I)
UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

ANs. (c) : दिये गये विकल्पों में 'श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद' संधि का युग्म गलत है। इसका शुद्ध रूप होगा- 'श्रद्धा + आनंद' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। अन्य सभी विकल्प युग्म शुद्ध हैं।

4. यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई' आए तो दोनों मिलकर 'ए' हो जाते हैं। यह स्वर संधि कहलाती है –

(a) दीर्घ स्वर संधि (b) वृद्धि स्वर संधि
(c) गुण स्वर संधि (d) अयादि स्वर संधि

UPSSSC Tubewell operator, 12-01-2019
UP PGT 2002

उत्तर: (c) यदि 'अ' या 'आ' के पश्चात् 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आए तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाते हैं। यह **गुण संधि** के अन्तर्गत आता है। जैसे- देव + इन्द्र = देवेन्द्र, देव + ईश = देवेश, देव + ऋषि = देवर्षि।

5. 'सन्धि' के कितने भेद होते हैं?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

NVS TGT, 2013
UK PSC AE 2013
UP SSSC VDO 2018
UPSSSC JA Baclog 19.02.2019
UPSSSC VDO 22.12.2019
UPSI Batch -III 21.12.2019

उत्तर : (c) वर्णों के आधार पर संधि के 3 भेद हैं-
(1) **स्वर संधि**- दो स्वरों के मेल से उत्पन्न विकार अथवा रूप परिवर्तन को 'स्वर संधि' कहते हैं।
(2) **व्यंजन संधि**- व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को 'व्यंजन संधि' कहते हैं।
(3) **विसर्ग संधि**- विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को 'विसर्ग संधि' कहते हैं।

6. दो निकटवर्ती वर्णों के परस्पर मेल से जो परिवर्तन होता है उसे क्या कहते हैं?

(a) समास (b) संधि
(c) कारक (d) उपसर्ग

DSSSB PGT 04.07.2021 (Shift-I)
Jharkhand TGT 2017
UPSI Batch-I 21/12/2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : दो निकटवर्ती वर्णों के परस्पर मेल से जो परिवर्तन होता है, उसे संधि कहते हैं।
- संधियाँ मुख्यतः तीन प्रकार की होती हैं; स्वर संधि, व्यंजन संधि एवं विसर्ग संधि।
- शब्दों के परस्पर मेल को समास कहते हैं।
- क्रिया के साथ सम्बन्ध बताने वाले को कारक कहते हैं।
- उपसर्ग वे शब्दांश हैं जो किसी शब्द से पूर्व जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता ला देते हैं।

7. निम्नलिखित में से एक कथन गलत है–

(a) दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को संधि कहते हैं।
(b) दो स्वरों के मेल से उत्पन्न विकार को स्वर संधि कहते हैं।
(c) व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन संधि कहते हैं।
(d) विसर्ग के साथ विसर्ग के मेल से उत्पन्न विकार को विसर्ग संधि कहते हैं।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
छत्तीसगढ़ पी.एस.एस. PCS (Pre) परीक्षा 2016-17

@RexstarPdf

उत्तर : (d) विसर्ग के साथ विसर्ग के मेल से उत्पन्न विकार को विसर्ग संधि कहते हैं– संधि के सम्बन्ध में यह कथन गलत है जबकि विसर्ग के बाद स्वर अथवा व्यंजन आने पर विसर्ग में जो विकार होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं। शेष विकल्प सही हैं।

8. स्वर संधि कितने प्रकार की होती है?

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पाँच

DSSSB PGT 18.07.2021 (Shift-II)
DSSSB PGT 23.07.2018 (Shift-I)
[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]
कनिष्क सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर. (d) : स्वर संधि–स्वर के बाद स्वर अर्थात् दो स्वरों के मेल से जो विकार (परिवर्तन) होता है, स्वर संधि कहलाता है: **जैसे–**
सूर्य + अस्त = सूर्यास्त
महा + आत्मा = महात्मा
स्वर संधि के निम्नलिखित **पाँच** भेद हैं-
1. दीर्घ संधि 2. गुण संधि 3. वृद्धि संधि
4. यण संधि 5. अयादि संधि

9. स्वर संधि में किसका मेल होता है?

(a) स्वरों का (b) व्यंजनों का
(c) शब्दों का (d) मात्रा का

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) : स्वर संधि में 'स्वरों का मेल' होता है जैसे- 'हिमालय' (हिम + आलय), जबकि व्यंजन संधि में व्यंजन का मेल स्वर व व्यंजन दोनों से ही होता है। इसी प्रकार विसर्ग संधि में विसर्ग का मेल स्वर तथा व्यंजन से होता है।

2. दीर्घ स्वर संधि

10. 'महाशय' शब्द में कौन-सी स्वर संधि है?

(a) स्वर संधि (b) दीर्घ स्वर संधि
(c) यण स्वर संधि (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा 2017

उत्तर : (b) : 'महाशय' शब्द में दीर्घ स्वर संधि है। 'महाशय' का संधि-विच्छेद 'महा + आशय' होता है। यदि पूर्व पद के अंत में ह्रस्व/दीर्घ अ, इ, उ के समान स्वर आये तो दीर्घ आ, ई, ऊ आदेश हो जाता है जैसे–
नदी + ईश ⇒ नदीश
महा + आत्मा ⇒ महात्मा

11. 'कोणार्क' का संधि-विच्छेद है-

(a) कोण+क (b) कोण+आर्क
(c) कोण+अर्क (d) कोणा+अर्क

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'कोणार्क' का संधि-विच्छेद 'कोण+अर्क' होगा यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है।
दीर्घ स्वर संधि:- यदि 'अ', 'आ', 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आएँ, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'आ', 'ई', 'ऊ' और ॠ हो जाते हैं।
जैसे- शिवालय – शिव + आलय
विद्यालय – विद्या + आलय

12. 'भोजनालय' का संधि-विच्छेद है–

(a) भोजन + आलय (b) भोजन + लय
(c) भोजना + लय (d) भोजना + आलय

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)
[MP TET (I-V) 2011]

उत्तर : (a) : 'भोजनालय' का संधि-विच्छेद 'भोजन + आलय' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है।

13. 'सत्यार्थी' शब्द का सही संधि-विच्छेद बताइए।

(a) सत + अर्थी (b) स + अत्यार्थी
(c) सत्य + अर्थी (d) सता + अर्थी

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'सत्यार्थी' शब्द का सन्धि विच्छेद 'सत्य + अर्थी' होगा। यह दीर्घ स्वर सन्धि का उदाहरण है। यदि अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, और ऋ के बाद वे ही ह्रस्व और दीर्घ स्वर आये, तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ और ॠ हो जाते हैं। जैसे-
विद्या + अर्थी = विद्यार्थी
शिव + आलय = शिवालय

14. निम्नलिखित में से सही संधि विच्छेद का चयन कीजिए:

(a) पत्र + अलय (b) मरण + असन्न
(c) वीर + अंगना (d) यथा + आर्थ

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : निम्नलिखित में 'वीर + अंगना' = वीरांगना सही सन्धि विच्छेद होगा। यह दीर्घ स्वर सन्धि का उदाहरण है।
अन्य विकल्पों के शुद्ध सन्धि विच्छेद इस प्रकार होंगे-
पत्र + आलय - पत्रालय (दीर्घ स्वर सन्धि)
मरण + आसन्न- मरणासन्न (दीर्घ स्वर सन्धि)
यथा + अर्थ - यथार्थ (दीर्घ स्वर सन्धि)

15. 'अभीष्ट' का सही संधि-विग्रह है :

(a) अभि + ईष्ट (b) अभी + ईष्ट
(c) अभी + इष्ट (d) अभि + इष्ट

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019
UPPSC AE 2011

उत्तर : (d) : 'अभीष्ट' का सही संधि-विग्रह है– 'अभि + इष्ट' है। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। यदि अ/आ, इ/ई तथा उ/ऊ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आए, तो दोनों के मेल से क्रमशः दीर्घ आ, ई तथा ऊ हो जाता है। इस मेल से बनने वाली संधि दीर्घ स्वर संधि कहलाती है। जैस- मही + इन्द्र = महीन्द्र

16. 'कल्पांत' शब्द में कौन सी संधि है?

(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) दीर्घ संधि (d) व्यंजन संधि

NVS PGT, 13/06/2019
DIET PGT. 2014

उत्तर : (c) 'कल्पांत' शब्द में दीर्घ संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ 'अ' 'इ' 'उ' 'ऋ' के पश्चात क्रमशः ह्रस्व या दीर्घ 'अ' 'इ' 'उ' 'ऋ' स्वर आए तो दोनों को मिलाकर दीर्घ 'आ' 'ई' 'ऊ' 'ॠ' हो जाते हैं; जैसे-
देव + आलय = देवालय कवि + इन्द्र = कवीन्द्र
लघु + ऊर्मि = लघूर्मि कल्प + अंत = कल्पांत

@RexstarPdf

17. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के सही संधि-विच्छेद का विकल्प हो।

परमात्मा

(a) पर + मात्मा (b) परमा + तमा
(c) परम + आत्मा (d) पर + आत्मा

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (c) : परमात्मा का सन्धि विच्छेद – 'परम + आत्मा है यह दीर्घ सन्धि का उदाहरण है।

18. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के सही संधि विच्छेद का विकल्प हो।

परमाणु

(a) परम + णु (b) पर + अणु
(c) परम + अणु (d) पर + माणू

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (c) : 'परमाणु' शब्द का सन्धि विच्छेद परम + अणु होगा यह दीर्घ स्वर सन्धि का उदाहरण है।

दीर्घ स्वर सन्धि– यदि प्रथम शब्द के अन्त में ह्रस्व या दीर्घ स्वर (अ इ उ ऋ) में से कोई एक वर्ण हो और दूसरे शब्द के प्रारम्भ में समान वर्ण हो तो दोनों के स्थान पर दीर्घ हो जाता है।

19. 'त्रिपुरारि' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) त्रिपुर + अरि (b) त्रिपुर + रारी
(c) त्रिपुरा + री (d) त्रिपुरा + आर्री

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर:(a)'त्रिपुरारि' का सही संधि-विच्छेद 'त्रिपुर + अरि' होगा। त्रिपुरारि में दीर्घ संधि है। जब ह्रस्व अ,इ,उ,ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ समान स्वर आता है, तो दोनों के स्थान पर 'दीर्घ स्वर' हो जाता है।

जैसे- विद्या + अर्थी = विद्यार्थी
कपि + ईश = कपीश
गुरु + उपदेश = गुरुपदेश

20. 'स्थानापन्न' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) स्थान + पन्न (b) स्थाना + पन्न
(c) स्थान + आपन्न (d) स्थापन + न

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'स्थानापन्न' का सही संधि-विच्छेद है– 'स्थान + आपन्न'। शब्द के सन्धि-विच्छेद में 'अ + आ = आ' नियम लागू हो रहा है अतः इसमें दीर्घ सन्धि है।

21. 'नयनाभिराम' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) नयना+अभिराम (b) नयन+अभिराम
(c) नय+नाभिराम (d) नयना+भिराम

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'नयनाभिराम' का सही संधि-विच्छेद 'नयन+अभिराम' है। यहाँ दीर्घ स्वर संधि है। जब अ, आ, इ, ई, उ, ऊ के बाद समान स्वर आये तो दोनों मिलकर दीर्घ स्वर हो जाते हैं।

जैसे- पुस्तक + आलय = पुस्तकालय (अ + आ + आ)।

22. 'आज्ञानुपालन' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) आज्ञा + पालन (b) आ + ज्ञानुपालन
(c) आग + यापालन (d) आज्ञा + अनुपालन

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'आज्ञानुपालन' का सही संधि-विच्छेद 'आज्ञा + अनुपालन' है। यहाँ दीर्घ स्वर संधि है। जब अ, आ, इ, ई, उ, ऊ एवं ऋ के बाद ह्रस्व एवं दीर्घ के रूप में समान स्वर आए तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ एवं ऋ हो जाते हैं।

23. 'गीतांजलि' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) गीता + अंजलि (b) गीता + अंजली
(c) गीतां + जलि (d) गीत + अंजलि

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'गीतांजलि' शब्द का सही संधि विच्छेद 'गीत + अंजलि' है। यहाँ पर दीर्घ स्वर संधि है।

24. 'स्वर्गारोहण' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) स्वर + गारोहण (b) स्वर्गा + रोहण
(c) स्व + गारोहण (d) स्वर्ग + आरोहण

DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'स्वर्गारोहण का संधि-विच्छेद = 'स्वर्ग + आरोहण' होता है। यहाँ पर दीर्घ स्वर संधि है।

25. 'ब्रह्मर्षि' का सही संधि- विच्छेद कौन-सा है?

(a) ब्रह्म + रूषि (b) ब्रह्म + रूषी
(c) ब्रह्म+ ऋषि (d) ब्रह्मा + ऋशि

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'ब्रह्मर्षि' का सही संधि-विच्छेद 'ब्रह्म+ऋषि' होता है। **स्वर संधि**- यदि अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, और ऋ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आएँ तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ और ऋ हो जाते हैं। **जैसे**- पितृ + ऋण = पितृण, गिरि + ईश = गिरीश

26. 'आग्नेयास्त्र' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) आग्नेय + अस्त्र (b) आग्नेयास +त्र
(c) आग्नेय + यास्त्र (d) आग+ नेयास्त्र

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'आग्नेयास्त्र' का सही संधि विच्छेद 'आग्नेय +अस्त्र' होता है। यह दीर्घस्वर संधि का उदाहरण है।

27. 'हिमालय' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) हिमा + लय (b) हिमा + अलय
(c) हिमा + आलय (d) हिम + आलय

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : हिमालय का सही संधि-विच्छेद– 'हिम + आलय' होगा, जो कि दीर्घ संधि का उदाहरण है। एक ही स्वर के दो रूप ह्रस्व या दीर्घ एक दूसरे के बाद आएं तो दोनों मिलकर दीर्घ स्वर हो जाते हैं।

28. गिरीश का संधि विच्छेद होगा:-

(a) गिरी + श (b) गिरि + ईश
(c) गिर + ईश (d) गिरा + श

High Court ARO - 2021
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-II)
[UKPSC AE 2013]

@RexstarPdf

उत्तर. (b): गिरीश का संधि-विच्छेद - गिरि + ईश होगा। यह दीर्घ संधि का उदाहरण है। यदि अ, आ, इ, ई, उ, ऊ और 'ऋ' के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आएँ तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई ऊ और 'ऋ' हो जाते हैं। **जैसे-** गिरि + इंद्र = गिरींद्र
पृथ्वी + ईश = पृथ्वीश।

29. 'कुशासन' का संधि-विच्छेद' होगा।

(a) कु + शासन (b) कुशा + असन
(c) कुश + आसन (d) कुशा आसन

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'कुशासन' का संधि-विच्छेद 'कुश + आसन' होगा। 'कुशासन' में दीर्घ संधि है।

30. 'वार्तालाप' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) वार्ता + आलाप (b) वार्ता + अलाप
(c) वार्त + आलाप (d) वार्त + अलाप

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'वार्तालाप' का संधि-विच्छेद 'वार्ता+ आलाप' होगा। यह दीर्घ संधि का उदाहरण है।

31. 'देवीच्छा' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) देवि + इच्छा (b) देवि + ईच्छा
(c) देवी + इच्छा (d) देवी + ईच्छा

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'देवीच्छा' का संधि-विच्छेद 'देवी + इच्छा' होगा। यह दीर्घ संधि का उदाहरण है। दो समान स्वर वर्ण मिलकर दीर्घ हो जाते हैं, यदि 'अ', 'आ', 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आएँ, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'आ' 'ई' 'ऊ' और 'ऋ' हो जाते हैं।

32. 'मातृणाम्' का शुद्ध संधि-विच्छेद है

(a) मात + ऋणाम् (b) मातृ + ऋणाम्
(c) मात + रिणाम् (d) मातर + इणाम्

[UPCSA 2019]

उत्तर. (b) : मातृ + ऋणाम् = मातृणाम् शुद्ध संधि विच्छेद है। इसमें दीर्घ संधि है। अ, आ, इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आये, तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ और ॠ हो जाता है, तो वहाँ दीर्घ संधि होती है।
जैसे – पितृ + ऋण = पितृण, भानु + उदय = भानूदय,
गिरि + ईश = गिरीश।

33. 'श्रद्धानंद' का संधि विच्छेद क्या है?

(a) श्रद्धा+ नंद (b) श्रद्धा + आनंद
(c) श्र + द्धनंद (d) श्रद्ध + आनंद

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (b) 'श्रद्धानंद' शब्द का संधि विच्छेद है– श्रद्धा+आनंद।
यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। दीर्घ स्वर संधि में 'अ', आ, इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद समान स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) आने पर दोनों मिलकर क्रमश: आ, ई, ऊ और ॠ हो जाते हैं। इसके कुछ अन्य उदाहरण हैं– अन्नाभाव, शिवालय, गिरीश,पितृण आदि।

34. 'पुस्तकालय' में कौन सी सन्धि है?

(a) दीर्घ (b) गुण
(c) वृद्धि (d) यण

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) पुस्तकालय- 'पुस्तक+आलय' में दीर्घ स्वर संधि है। इस संधि के नियमानुसार यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद समान स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) अ, इ, उ, ऋ आये तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ, ॠ हो जाते हैं।

35. 'धातूष्मा' में प्रयुक्त सन्धि है–

(a) अयादि (b) गुण
(c) दीर्घ (d) यण्

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) धातूष्मा = धातु + ऊष्मा में दीर्घ स्वर संधि है।
इसके नियमानुसार जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ आये तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ, ॠ बन जाते हैं। जैसे–
लघु + ऊर्मि = लघूर्मि, सिंधु + ऊर्मि = सिंधूर्मि, साधु + ऊर्जा = साधूर्जा, वधू + उत्सव = वधूत्सव।

36. भूर्ध्व का संधि विच्छेद है-

(a) भू: + ध्व (b) भू + उर्ध्व
(c) भु: + ध्व (d) भू: + व

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'भूर्ध्व' का संधि विच्छेद- भू + उर्ध्व है। इसमें दीर्घ स्वर संधि है।

37. 'सत्याग्रह' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) सत्या + ग्रह (b) सत + आग्रह
(c) सत्य + ग्रह (d) सत्य + आग्रह

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015
UPSI 02/12/2021 (Shift -III)

उत्तर : (d) 'सत्याग्रह' का सही संधि विच्छेद 'सत्य + आग्रह' होगा। यहाँ दीर्घ स्वर संधि है। इसमें दो स्वर 'अ' और 'आ' मिलकर दीर्घ 'आ' बन जाते हैं।

38. दिये गये सन्धि विच्छेद में सही विकल्प चुनिए– रूपांतरण

(a) रूप + अंतरण (b) रुप + आंतरण
(c) रुपा + अंतरण (d) रुपा + आतरण

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'रूपांतरण' का संधि विच्छेद 'रूप + अंतरण' होता है यह दीर्घ संधि है। ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद क्रमश: ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ स्वर आये तो दोनों मिलकर आ, ई, ऊ, ॠ हो जाते हैं।

39. वधूर्मि का सन्धि विच्छेद है –

(a) वधू + उर्मि (b) वधू + ऊर्मि
(c) वधु + उर्मि (d) वधु + ऊर्मि

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर : (b) दीर्घ संधि के अनुसार ह्रस्व या दीर्घ 'अ', 'इ', 'उ', के बाद क्रमशः समान ह्रस्व या दीर्घ 'अ', 'इ', 'उ', ऋ स्वर आएँ तो दोनों मिलकर दीर्घ (आ, ई, ऊ, ॠ) हो जाते हैं। जैसे-
धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
वधू + ऊर्मि = वधूर्मि
नारी + ईश्वर = नारीश्वर

40. 'सरयूर्मि' में सन्धि है-
(a) दीर्घ (b) यण्
(c) व्यंजन (d) स्वर

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'सरयूर्मि' = सरयू+ऊर्मि' में दीर्घ स्वर संधि है। इनके नियमानुसार जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ आए तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ, ॠ हो जाते हैं।

41. 'रत्नाकर' का संधि विच्छेद होगा–
(a) रत्न + आकर (b) रत्न + आकार
(c) रत्ना + कर (d) रति + आकार

उत्तर : (a) रत्न + आकर, रत्नाकर का संधि विच्छेद है जो दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। जब ह्रस्व या दीर्घ अ,इ,उ,ऋ, के बाद समान ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ,ऋ आये तो दोनों मिलकर आ, ई ऊ,ॠ हो जाता है।

42. 'भूर्जा' का संधि-विच्छेद होगा :
(a) भूज + अर्जा (b) भु + ऊर्जा
(c) भू + ऊर्जा (d) भुज + र्रा

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'भूर्जा' का सन्धि विच्छेद 'भू + ऊर्जा' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। जब समान स्वर मिलते हैं तो उनका दीर्घीकरण हो जाता है।

43. दैत्य+अरिः = दैत्यारिः एक उदाहरण है–
(a) व्यंजन संधि का (b) स्वर संधि का
(c) विसर्ग संधि का (d) इनमें से कोई नहीं

UP TGT 2010

उत्तर : (b) दैत्य + अरिः= दैत्यारिः में दीर्घ स्वर सन्धि है। इसका सूत्र **अकः सवर्णे दीर्घः** है। जब लघु या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ, के उपरांत लघु या दीर्घ समान स्वर आये तो दोनों के स्थान पर दीर्घ हो जाता है। जैसे – अ + अ = आ।

44. 'विद्याभ्यास' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
(a) विद्या + अभयास (b) विद्य + अभ्यास
(c) विद्या + अभ्यास (d) विद्या + भ्यास

UP TGT 2011

उत्तर : (c) 'विद्याभ्यास' का संधि विच्छेद 'विद्या + अभ्यास' होता है। यहाँ दीर्घ संधि है। जब दो समान स्वर मिलते हैं तो उनका दीर्घीकरण हो जाता है। जैसे-विद्या + आलय = विद्यालय, रवि + ईश = रवीश, वधू + उत्सव = वधूत्सव आदि।

45. 'शब्द + अर्थ' संधि से कौन-सा शब्द बना है?
(a) शब्दअर्थ (b) शब्दाअर्थ
(c) शब्दर्थ (d) शब्दार्थ

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) : शब्द + अर्थ = 'शब्दार्थ' होगा। इसमें दीर्घ स्वर संधि है और शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

46. निम्नलिखित विकल्पों में से 'देवालय' शब्द का सन्धि-विच्छेद चिह्नित कीजिए:
(a) देवा + लय (b) देवाः + लय
(c) देव + आलय (d) दे + वालय

KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (c) : 'देवालय' का संधि विच्छेद होगा- 'देव + आलय'। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है।

47. 'छात्रावास' में कौन सी सन्धि है? सही विकल्प बताइए।
(a) दीर्घ (b) गुण
(c) वृद्धि (d) अयादि

KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (a) : 'छात्रावास' में दीर्घ संधि है जिसका संधि विच्छेद है- छात्र + आवास। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है।

48. दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) रमेश (b) रामाधार
(c) उल्लंघन (d) प्रत्युत्तर

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) :

शब्द		विच्छेद	संधि
रामाधार	=	राम + आधार	= दीर्घ
रमेश	=	रमा + ईश	= गुण
प्रत्युत्तर	=	प्रति + उत्तर	= यण्
उल्लंघन	=	उत् + लंघन	= व्यंजन

49. 'अपीक्षते' का सही संधि-विच्छेद है
(a) अपी + क्षते (b) अप + ईक्षते
(c) अपि + ईक्षते (d) अपि + इक्षते

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (d) 'अपीक्षते' का सही संधि विच्छेद 'अपि + इक्षते है। शेष दिए गए विकल्पों के संधि-विच्छेद असंगत हैं।

50. 'अवनीश' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
(a) अवन + ईश (b) अव + नीश
(c) अवनि + ईश (d) अवन + इश

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) अवनीश का सन्धि-विच्छेद 'अवनि + ईश' होगा। इसमें दीर्घ स्वर संधि है। दीर्घ स्वर संधि में समान स्वरों का मेल होता है तथा दोनों स्वर मिलकर दीर्घ स्वर हो जाते हैं।

51. 'परमार्थ' का संधि विच्छेद है–
(a) परम + अर्थ (b) पर + अर्थ
(c) पर + अर्थ (d) परमो + अर्थ

HSSC CET - 2023 (II)
DSSSB PGT 04.07.2021 (Shift-I)
UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (a) 'परमार्थ' का संधि विच्छेद 'परम + अर्थ' है। यह दीर्घ संधि का उदाहरण है। इसके नियमानुसार यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ आये तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ हो जाते हैं। जैसे– वीर + अंगना = वीरांगना
सत्य + आग्रह = सत्याग्रह
अति + इव = अतीव

@RexstarPdf

52. 'विद्यालय' में किस संधि की योजना है?

(a) स्वर संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) कोई नहीं

UPTGT 2011, [UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) : 'विद्यालय' में **स्वर संधि** की योजना है। इसका संधि विच्छेद विद्या+आलय है। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है।

53. 'सावधान' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) साव + धान (b) सा + वधान
(c) स + आवधान (d) स + अवधान

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : स + अवधान = सावधान में दीर्घ संधि है। दीर्घ संधि में समान स्वर मिलकर दीर्घ हो जाते हैं।

54. 'विद्यार्थी' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) विद्या + रथी (b) विद्या + अर्थी
(c) विद्य + अर्थी (d) विद्या + आर्थी

UP TET 2021 (23.01.2022) Class- VI-VIII
UP PGT 2011
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : विद्यार्थी का संधि विच्छेद – 'विद्या + अर्थी' होगा। विद्यार्थी में दीर्घ स्वर संधि है। जब अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद समान स्वर आये तो दोनों मिलकर दीर्घ (आ, ई, ऊ, ॠ) हो जाता है।
जैसे – सेवा + अर्थ = सेवार्थ, नयन + अभिराम = नयनाभिराम

55. 'सूक्ति' का सही संधि-विच्छेद है:

(a) सु + उक्ति (b) सू + उक्ति
(c) सूक्त + इ (d) सू + क्ति

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
मलेरिया इन्सपेक्टर परीक्षा 2015

उत्तर. (a) : 'सूक्ति' का सही संधि-विच्छेद 'सु + उक्ति' है। इसमें दीर्घ स्वर संधि है।

56. निम्नलिखित में से किस शब्द में स्वर संधि है?

(a) नमस्कार (b) जगदीश
(c) भानूदय (d) दुर्लभ

DSSSB PGT 04.07.2021 Shift-I
Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (c) 'भानूदय' शब्द में स्वर संधि है। दिए गए वैकल्पिक शब्दों में संधि इस प्रकार होगी-

शब्द	संधि-विच्छेद	संधि
नमस्कार	नमः + कार	- विसर्ग संधि
जगदीश	जगत् + ईश	- व्यंजन संधि
भानूदय	भानु + उदय	- स्वर संधि
दुर्लभ	दुः + लभ	- विसर्ग संधि

3. गुण स्वर संधि

57. 'पर + उपकार' की संधि है:

(a) परउपकार (b) परोउपकार
(c) परोपकार (d) परपकार

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'पर + उपहार' = परोपकार। यह गुण संधि का उदाहरण है। यदि 'अ' या 'आ' के बाद इ, ई या 'उ' 'ऊ' और 'ऋ' आये तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाता है।
जैसे – देव + इन्द्र = देवेन्द्र

58. देव+इंद्र की संधि से बनने वाला शब्द है :

(a) देवेंद्र (b) देवइंद्र
(c) देवींद्र (d) देवोंद्र

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'देव+इन्द्र' की संधि से बनने वाला शब्द 'देवेन्द्र' है। यह गुण स्वर संधि का उदाहरण है। यदि ह्रस्व या दीर्घ 'अ' के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ आये तो क्रमशः ए, ओ तथा अर् हो जाता है।

59. नीचे दिए गए उदाहरणों के साथ संधि का नाम किस विकल्प में अशुद्ध है?

(a) सदैव – वृद्धि संधि (b) दिगंबर – व्यंजन संधि
(c) वनोत्सव – दीर्घ संधि (d) महार्णव – दीर्घ संधि

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (c) : सदैव – वृद्धि संधि = सदा + एव
दिगंबर – व्यंजन संधि = दिक् + अम्बर
महार्णव – दीर्घ संधि = महा + अर्णव
वनोत्सव – गुण संधि = वन + उत्सव
वन + उत्सव = वनोत्सव, नियम- अ + उ = ओ

60. 'धरेश' का सही संधि विच्छेद है-

(a) धराः + अश (b) धरा + इश
(c) धरा + ईश (d) धर + ईश

UPSSSC PET 2022 (Shift-II) 16/10/2022

उत्तर : (c) : 'धरेश' का सही संधि विच्छेद है- धरा + ईश।
यह गुण संधि का उदाहरण है।
यदि पूर्व पद के अंत में 'अ' अथवा 'आ' हो तथा पर पद के शुरू में 'इ' अथवा 'ई' हो तो दोनों मिलकर 'ए' हो जाते हैं।
जैसे- धरा + ईश = धरेश
गण + ईश = गणेश

61. 'शुभेच्छा' का संधि–विच्छेद है–

(a) सु + इच्छा (b) शुभ + इच्छा
(c) शुभ + येच्छा (d) शुभ + अच्छा

High Court ARO 2021 - II
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'शुभेच्छा' का संधि विच्छेद 'शुभ + इच्छा' होगा।
गुण स्वर संधि-जब संधि करते समय अ या आ के बाद इ या ई आए तो दोनों मिलकर 'ए' हो जाते हैं, अ या आ के बाद उ या ऊ आए तो दोनों मिलकर 'ओ' हो जाते हैं, और अ या आ के बाद ऋ आए तो दोनों मिलकर 'अर्' हो जाते हैं। **उदाहरण**-उमेश, महेंद्र, महर्षि आदि।

62. 'सर्वोपरि' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) सर्व+उपरि (b) सर्वे+परि
(c) स+ऊपरी (d) सर्वो+परि

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'सर्वोपरि' का सही संधि-विच्छेद होगा- 'सर्व + उपरि'।
यह गुण संधि का उदाहरण है।
जब 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आए तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ', और 'अर्' हो जाता है।
जैसे - नर + इन्द्र = नरेन्द्र
सूर्य + उदय = सूर्योदय

@RexstarPdf

63. 'जितेंद्रिय' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) जितें + द्रिय (b) जित् + इंद्रिय
(c) जिति + इंद्रिय (d) जीत + इंद्रिय

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'जितेन्द्रिय' का सही संधि-विच्छेद 'जित् + इंद्रिय' होगा। यहाँ पर गुण स्वर संधि है। जब अ, आ के बाद इ, ई आये तो दोनों जुड़कर 'ए' हो जाते हैं और उ, ऊ आये तो 'ओ' तथा ऋ आये तो 'अर्' हो जाता है।
जैसे - नरेन्द्र = नर + इन्द्र = अ + इ = ए।
सूर्योदय = सूर्य + उदय = अ + उ = ओ।

64. नवोन्मेष का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) नवो+नमेष (b) नव+उन्मेष
(c) नवा+उन्मेष (d) नवो+उन्मेष

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : नवोन्मेष → नव+उन्मेष में गुण स्वर संधि है।
गुण स्वर संधि –यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आये, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और 'अर् ' हो जाते हैं।

65. 'गुडाकेश' शब्द का संधि विच्छेद कौन-सा होगा?

(a) गुडा+ केश (b) गुडाके+ईश
(c) गुडाका+ ईश (d) गुड+ आकेश

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'गुडाकेश' शब्द का संधि विच्छेद 'गुडाका + ईश' है। यहाँ गुण स्वर संधि है। जब संधि करते समय अ, आ के बाद इ, ई आये तो 'ए' तथा जब अ, आ के बाद उ, ऊ आये तो 'ओ' बनता है और जब अ, आ, के बाद ऋ आये तो 'अर्' बनता है। **जैसे**- नरेश = नर + ईश = अ + ई = ए।

66. 'चंद्रोदय' में कौन-सी संधि है?

(a) दीर्घ (b) वृद्धि (c) गुण (d) यण

High Court ARO 2021 - I
RPSC Assistant Professor 2020 Paper-I
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'चंद्रोदय' में गुण संधि है। जब अ, आ के बाद इ, ई आये तो 'ए' तथा उ, ऊ आये तो 'ओ' बन जाता है और ऋ आये तब 'अर्' बन जाता है।
जैसे–महा + ईश = महेश।
महोत्सव = महा + उत्सव

67. 'देवर्षि' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) देव + ऋषि (b) देव + अर्षि
(c) दे + वर्षी (d) देवर + ऋषि

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a): 'देवर्षि' का संधि-विच्छेद देव + ऋषि है। यहाँ गुण स्वर संधि है। अ के साथ ऋ जोड़ने पर 'अर्' हो जाता है। नियमतः जब भी अ या आ के बाद ऋ आए तो दोनों के मिलने से 'अर्' बन जाता है।
गुण संधि–यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और ऋ आये तो दानों मिलकर क्रमशः 'ए', ओ और अर् हो जाते हैं। **जैसे**– महा + ऋषि = महर्षि
गंगा + ऊर्मि = गंगोर्मि

68. सूर्योदय शब्द में कौन-सी संधि प्रयुक्त है?

(a) दीर्घ संधि (b) वृद्धि संधि
(c) गुण संधि (d) यण् संधि

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
UPP Constable, 2017
UP PGT 2011
लोअर -II भर्तीपरीक्षा 15/07/2018

उत्तर : (c) : 'सूर्योदय' शब्द में 'गुण स्वर संधि' है। जब 'अ' अथवा 'आ' के पश्चात लघु या दीर्घ इ, उ, ऋ आये तो क्रमशः ए, ओ, अर् हो जाता है।
उदाहरण– देव + इन्द्र = देवेन्द्र
जल + ऊर्मि = जलोर्मि
महा + ऋषि = महर्षि

69. नवोढ़ा का संधि विच्छेद है :

(a) नव + उढ़ा (b) नवो + ढ़ा
(c) नव + ऊढ़ा (d) न + ओढ़ा

UP PGT 2004

उत्तर : (c) यदि प्रथम शब्द के अन्त में ह्रस्व या दीर्घ अ हो और दूसरे शब्द के आदि में ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ में से कोई वर्ण हो तो अ + इ = ए, आ + उ = ओ, अ + ऋ = अर् हो जाते हैं। यह गुण संधि कहलाती है। नव + ऊढ़ा में अ + ऊ से = ओ हुआ, जिससे इसकी संधि **नवोढ़ा** हुई है।

70. 'महर्षि' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) महत + ऋषि (b) महान + ऋषि
(c) महा + ऋषि (d) महाप + ऋषि

UPSSSC PET 2022 15/10/2022 (Shift-I)
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]
UP PCL 2018

उत्तर. (c) : महा + ऋषि = महर्षि। यहाँ पर गुण संधि है।

71. 'यथोचित' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) यथो + उचित (b) यथा + उ + चित
(c) यथा + उचित (d) यथा + ओचित

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : 'यथोचित' का संधि विच्छेद होगा – यथा + उचित। इसमें गुण संधि है। जब अ, आ के साथ इ, ई हो तो इ/ई का 'ए', उ, ऊ का ओ और ऋ का अर् हो जाता है, इसे ही गुण संधि कहते हैं। **जैसे** – देव + इन्द्र = देवेन्द्र, प्राप्त + उदक = प्राप्तोदक

72. सप्तर्षि में कौन-सी संधि है?

(a) स्वर संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) इनमें से कोई नहीं

High Court ARO 2021 - I
UP PCL AE 2016
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : सप्तर्षि में 'गुण स्वर संधि' है। इसका समुचित संधि-विच्छेद-सप्त+ ऋषि होता है।

73. 'हितोपदेश' शब्द में कौन-सी संधि है?

(a) दीर्घ संधि (b) गुण संधि
(c) विसर्ग संधि (d) स्वर संधि

[UKPSC AE 2013]

@RexstarPdf

उत्तर. (b): 'हितोपदेश' में **गुण सन्धि** है। यदि अ, आ के बाद इ, ई या उ, ऊ व ऋ आये तो इनका क्रमशः ए, ओ, अर् हो जाता है।
जैसे- हितोपदेश = हित + उपदेश
चन्द्रोदय = चन्द्र + उदय

74. 'ब्रह्मर्षि' का संधि विच्छेद है:-
(a) ब्रहम + र्षि (b) ब्रहमा + ऋषि
(c) ब्रहम + रिषि (d) ब्रह्म + ऋषि
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'ब्रह्मर्षि' का संधि-विच्छेद ब्रह्म+ऋषि है। यह गुण संधि का उदाहरण है। यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आए, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और अर् हो जाते हैं; **जैसे-** समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि
गंगा + ऊर्मि = गंगोर्मि
देव + ऋषि = देवर्षि

75. इन शब्दों में गुण सन्धि किसमें है?
(a) यशोदा (b) महेन्द्र
(c) जगन्नाथ (d) तथैव
[UPPSC AE 2007]
UPSSSC stenographer 10/02/2019

उत्तर. (b) : महेन्द्र (महा + इन्द्र) शब्द में गुण सन्धि है।
गुणसन्धि- यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और ऋ आए, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाते हैं, **जैसे-** देव + इंद्र (अ + इ = ए) = देवेन्द्र
अन्य विकल्पों के सन्धि विच्छेद इस प्रकार हैं-
यशोदा = यशः + दा (विसर्ग संधि)
जगन्नाथ = जगत् + नाथ (व्यंजन संधि)
तथैव = तथा + एव (वृद्धि स्वर संधि)

76. 'शीतर्तु' का संधि-विच्छेद कौन-सा है?
(a) शि + रतु (b) शिता + रुतु
(c) शीत + ऋतु (d) शित + रितु
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'शीतर्तु' का संधि विच्छेद 'शीत + ऋतु' है। यहाँ गुण संधि है। संधि के नियमानुसार 'अ' या 'आ' के बाद ऋ आये तो दोनो मिलकर अर् हो जाते हैं।

77. 'महा + ईश' का सन्धि रूप होगा -
(a) माहीश (b) महीश
(c) महेश (d) महिश
UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020
UKPSC AE 2017
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016
DSSSB मैट्रन व वार्डन परीक्षा - 29/06/2014 Shift-I
NVS TGT, 2013

उत्तर : (c) 'महा + ईश' का संधि रूप 'महेश' होगा। यहाँ गुण संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ 'अ' के बाद स्वर (इ, उ, ऋ) आये तो यह क्रमश: ए, ओ और अर् हो जाता है।

78. 'बालोचित' शब्द का संधि विच्छेद होगा:
(a) बोलो + चित (b) बाल + उचित
(c) बाला + चित (d) बा + लोचित
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : 'बालोचित' शब्द का संधि विच्छेद बाल + उचित होगा। यहाँ गुण स्वर संधि है। इसके नियमानुसार यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ या ई, उ या ऊ और 'ऋ' स्वर आये तो दोनों मिलकर क्रमश 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाते हैं।
जैसे- नव + ऊढ़ा = नवोढ़ा
महा + ईश = महेश
नोट- आयोग ने बोलोचित शब्द दिया है जबकि सही शब्द बालोचित होगा।

79. 'समुद्रोर्मि' का सही संधि-विच्छेद क्या है?
(a) समुद्र: + ऊर्मि (b) समुद्र + ओर्मि
(c) समुद्र + ऊर्मि (d) समुद्रो + ऊर्मि
नायब तहसीलदार परीक्षा, 1996

उत्तर : (c) 'समुद्रोर्मि' का सही संधि-विच्छेद 'समुद्र + ऊर्मि' है, जो गुण स्वर सन्धि का उदाहरण है।

निम्नलिखित शब्द में संधि-विच्छेद करते समय दिए गए विकल्पों में से सही रूप छाँटिए :

80. वीरोचित
(a) वीर + उचित (b) वीर + औचित
(c) वीरा + चित (d) वि + उचित
KVS. PGT. 2014

उत्तर : (a) 'वीरोचित' शब्द का संधि विच्छेद 'वीर + उचित' होगा। यह गुण स्वर संधि का उदाहरण है। गुण संधि- जब 'अ' या 'आ' के बाद ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, और ऋ आता है तो अ + इ का ए तथा अ + उ का ओ तथा अ + ऋ का अर हो जाता है। जैसे- भारत + उदय = भारतोदय।

81. 'मदोन्मत्त' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
(a) मदन + उन्मत्त (b) मदोंन + मत
(c) मद + उन्मत्त (d) मदों + उन्मत्त
KVS PGT, 2014
UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) 'मदोन्मत्त' का सन्धि-विच्छेद 'मद + उन्मत्त' होगा। मदोन्मत्त में गुण संधि है। यदि 'अ' और 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और ऋ स्वर आये, तो दोनों के मिलने से क्रमशः 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाता है।

82. महोत्सव का संधि–विच्छेद है–
(a) महो + उत्सव (b) महा + उत्सव
(c) महि + उत्सव (d) म + उत्सव
UP SSSC VDO 2018
UPP Constable 18.06.2018 I Shift

उत्तर : (b) 'महोत्सव' का सही संधि विच्छेद 'महा + उत्सव' है। इसमें गुण संधि है। इस संधि के नियमानुसार यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' स्वर आये तो दोनों मिलकर क्रमश: 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाते हैं।

@RexstarPdf

4. यण स्वर संधि

83. 'स्वल्प' का संधि विच्छेद क्या होगा?

(a) सू + अल्प (b) स्व + अल्प
(c) स् + अल्प (d) सु + अल्प

UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'स्वल्प' का संधि विच्छेद 'सु + अल्प' होगा। यह यण संधि का उदाहरण है। यदि किसी शब्द के पूर्व पद के अंत में इ/ई, उ/ऊ या ऋ हो तथा पद के शुरू में कोई भिन्न स्वर हो तो क्रमशः इ/ई, उ/ऊ तथा ऋ के स्थान पर य्, व् तथा र् आदेश हो जाता है।
जैसे–सु + अल्प = स्वल्प
सु + आगत = स्वागत

84. 'नद्यागम' शब्द का संधि-विग्रह है–

(a) नद्या + गम (b) नद्य + गम
(c) नदी + आगम (d) नदि + आगम

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : यण स्वर संधि-जब इ/ई, उ/ऊ तथा ऋ प्रत्यय के बाद कोई असमान स्वर आए तो इ/ई का 'य्', उ/ऊ का 'व्' तथा ऋ का 'र्' हो जाता है।
उदाहरण-प्रत्यागम, यद्यपि आदि।

85. मधु+अरि में संधि कीजिए।

(a) मद्वरि (b) मध्वरि
(c) मध्वरी (d) माधुरी

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (b) : मधु + अरि = मध्वरि।
मध्वरि शब्द में यण संधि है। 'जब ह्रस्व या दीर्घ (इ, उ, ऋ) के पश्चात कोई असमान स्वर आये तो इ, उ, ऋ के स्थान पर क्रमशः य्, व्, र् आदेश हो जाता है।
जैसे – इति + आदि = इत्यादि।
अनु + अय = अन्वय।

86. 'अत्यधिक' में कौन-सी संधि है।

(a) गुण संधि (b) वृद्धि संधि
(c) यण संधि (d) अयादि संधि

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper
NVS TGT Hindi, 2016
कानूनगो भर्ती परीक्षा-2015

उत्तर : (c) : 'अत्यधिक' में यण संधि है। यदि पूर्व पद के अंत में इ/ई, उ/ऊ, ऋ आये तथा उत्तर पद के आदि में कोई असमान स्वर आये तो इ/ई, उ/ऊ तथा ऋ के स्थान पर क्रमशः य्, व् तथा र् आदेश हो जाता है।
उदाहरण- अति + अधिक = अत्यधिक
सु + आगत = स्वागत

87. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के सही संधि विच्छेद का विकल्प हो।
इत्यादि

(a) इत + यदि (b) इति + आदी
(c) इत् + यादि (d) इति + आदि

UP PGT - 2016
DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)
UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा- 2022
UPSI 30/11/2021 (Shift -II)
कानूनगो भर्ती परीक्षा 2015

उत्तर : (d) : 'इत्यादि' का संधि विच्छेद इति+ आदि होता है। इसमें यण् संधि है। यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आए, तो इ, ई का 'य्', 'उ', ऊ का 'व्' और ऋ का 'र्' हो जाता है।

88. 'अत्यल्प' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) अत्य+अल्प (b) अति+यल्प
(c) अति+अल्प (d) अत्य+ल्प

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'अत्यल्प' का संधि-विच्छेद 'अति+अल्प' होगा। इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद भिन्न स्वर आए तो इ, ई का य्, उ, ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है।
जैसे- अति + अधिक = अत्यधिक

89. 'मात्राज्ञा' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) मात्रा+आज्ञा (b) मात्र+आज्ञा
(c) मात्रा+ज्ञा (d) मातृ+आज्ञा

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'मात्राज्ञा' का सही संधि विच्छेद मातृ+आज्ञा होगा। इसमें यण स्वर संधि होगी। जहाँ इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद कोई अन्य स्वर हो तो इ, ई का 'य्', उ, ऊ का 'व्' तथा ऋ का र् बन जाता है, वहाँ यण संधि होती है।

90. इनमें से अभ्युदय शब्द का सही संधि विच्छेद कौन-सा है?

(a) अभ्यु + उदय (b) अभि + उदय
(c) अभी + उदय (d) आभ + उदय

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC VDO 23/12/2018 Shift-I

उत्तर : (b) : 'अभ्युदय' शब्द का सही संधि-विच्छेद 'अभि + उदय' है। यहाँ पर यण संधि है। जब संधि करते समय 'इ,' 'ई,' 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर हो तो इ, ई का 'य्' तथा उ,ऊ का 'व्' और ऋ का र् बन जाता है।
जैसे - अध्याय - अधि + आय = इ + आ = या।

91. 'प्रत्यक्ष' शब्द में कौन-सी संधि है?

(a) अयादि (b) यण
(c) गुण (d) दीर्घ

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UP TGT 2002

उत्तर : (b) : 'प्रत्यक्ष' शब्द (प्रति+अक्ष) में यण संधि है।
जब इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आता है तो इ, ई का 'य्', उ, ऊ का व् तथा ऋ का र् हो जाता है।
जैसे–यद्यपि = यदि + अपि
अन्वेषण = अनु + एषण

92. 'व्याप्त' शब्द में कौन-सी संधि है?

(a) गुण (b) दीर्घ
(c) अयादि (d) यण

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'व्याप्त' शब्द में 'यण संधि' है।
जब ह्रस्व या दीर्घ इ/ई, उ/ऊ, ऋ के पश्चात कोई असमान स्वर आये, तो इ/ई, उ/ऊ, ऋ के स्थान पर क्रमशः य्, व्, र् हो जाता है।
उदाहरण– वि + आप्त = व्याप्त
अनु + अय = अन्वय
मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

93. 'यद्यपि' का सन्धि विच्छेद है-
(a) यदि + अपि (b) यद्य + पि
(c) यद् + अपि (d) य + अपि

DSSSB PGT 23.07.2018
DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
UP PGT 2011
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) यदि + अपि = यद्यपि (यण सन्धि)
इकोयणचि – ह्रस्व अथवा दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद यदि कोई अवर्ण (इनसे भिन्न) स्वर आता है तो इ अथवा ई के बदले य्, उ अथवा ऊ के बदले व्, ऋ के बदले र् हो जाता है। इसे यण स्वर सन्धि कहते हैं।

94. किस संधि में स्वरों का परिवर्तन य, र, ल्, व् में होता है?
(a) अयादि सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) यण् सन्धि

High Court ARO 2021 (II)
UPSSSC वन रक्षक 02.12.2018 Shift-I
UP PGT 2011

उत्तर : (d) यण् सन्धि (इकोयणचि) – ह्रस्व अथवा दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ के बाद यदि कोई अवर्ण (इनसे भिन्न) स्वर आता है तो इ अथवा ई के बदले य्, उ अथवा ऊ के बदले व् तथा ऋ के बदले र् हो जाता है तथा ऌ के बदले ल् हो जाता है।

95. 'रीति + अनुसार' से संधि के बाद शब्द बनेगा
(a) रीत्यानुसार (b) रीतिअनुसार
(c) रीतोनुसार (d) रीत्यनुसार

GIC. PGT 2012
राजस्व लेखपाल परीक्षा 2015

उत्तर : (d) 'रीति + अनुसार' से संधि के बाद 'रीत्यनुसार' शब्द बनेगा। यह यण् संधि का उदाहरण है। जब इ,ई,उ,ऊ, ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इ, ई का य्, उ, ऊ का 'व्' तथा ऋ का 'र्' हो जाता है।
जैसे- अति + आचार = अत्याचार
अति + आवश्यक = अत्यावश्यक

96. 'अन्वीक्षा' का सन्धि-विच्छेद है
(a) अन + वीक्षा (b) अन् + वीक्षा
(c) अनु + ईक्षा (d) अन्व + ईक्षा

High Court ARO 2021 (I)
लोअर-III परीक्षा, 2016
GIC. PGT 2015

उत्तर : (c) अन्वीक्षा का संधि विच्छेद '**अनु + ईक्षा**' होगा। यह यण् स्वर संधि का उदाहरण है।

97. 'अत्यावश्यक' में संधि-विच्छेद है
(a) अति + आवश्यक (b) अत्य + आवश्यक
(c) अत्या + वश्यक (d) अत्या + आवश्यक

GIC. PGT 2009

उत्तर : (a) अति + आवश्यक = अत्यावश्यक, इसमें यण संधि है।

98. दिए विकल्पों में से 'स्वागत' का विच्छेद क्या होगा?
(a) सु + आगत (b) स्व + आगत
(c) स्व + अगत (d) स्वा + गत

UKPSC AE 2017
UPSI Batch - I 22 Dec. 2017
UPSI Batch–III 12 Dec. 2017
DSSSB TGT - 15.09.2018
UKPSC AE 2017
DSSSB Grade-III परीक्षा, 24/09/2017
UPSI 30 Dec. 2017(Shift-II)

उत्तर. (a) : 'सु + आगत = स्वागत।' यह 'यण् सन्धि' का उदाहरण है। इस संधि के नियमानुसार यदि ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये, तो इनके स्थान पर क्रमशः य्, व्, र् हो जाता है। यण् संधि के अन्य उदाहरण हैं– पितृ + आदेश– पित्रादेश, गुरु + औदार्य– गुर्वौदार्य, अति + ऊष्म– अत्यूष्म आदि।

99. 'यण् सन्धि' का सम्बन्ध किस संधि विशेष से है?
(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि
(c) स्वर संधि (d) दीर्घ संधि

UP PGT 2004

उत्तर : (c) यण् संधि का सम्बन्ध स्वर संधि से है। यण् संधि स्वर संधि का एक भेद है। स्वर संधि के भेद हैं-दीर्घ संधि, यण् संधि, गुण संधि, अयादि संधि, वृद्धि संधि।

100. उपरि + उक्त का सन्धियुक्त शब्द होगा-
(a) उपरोक्त (b) उपर्युक्त
(c) उपर्युक्ति (d) उपर्यूक्त

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : उपरि + उक्त का संधियुक्त शब्द उपर्युक्त होगा। यह यण संधि का उदाहरण है। नियम– 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो 'इ-ई' का 'य्' तथा 'उ-ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का र् हो जाता है।

101. 'व्यवहार' का संधि-विच्छेद है-
(a) वि + अव + हार (b) व्यव + हार
(c) व्य + वहार (d) व्य + व + हार

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : वि + अव + हार = व्यवहार। यहाँ पर इ + अ = य बना है। जब ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद यदि कोई भिन्न स्वर आता है तो इ/ई के स्थान पर 'य्', उ/ऊ के स्थान पर 'व्' और ऋ के स्थान पर 'र्' हो जाता है; जैसे- यदि + अपि = यद्यपि।

102. 'अत्याचार' का सही संधि-विच्छेद है:
(a) अतिया + चार (b) अत् + आचार
(c) अति + आचार (d) अत्या + चार

UP TGT 2016
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

@RexstarPdf

उत्तर. (c) : 'अत्याचार' का सही संधि-विच्छेद अति + आचार है। इसमें स्वर संधि है। इनके नियमानुसार यदि ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद यदि कोई अवर्ण (इनसे भिन्न) स्वर आता है तो 'इ' अथवा 'ई' के स्थान पर 'य्', 'उ' अथवा 'ऊ' के स्थान पर 'व्' तथा 'ऋ' के स्थान पर 'र्' हो जाता है।

103. 'देव्यागम' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) देवी + आगम (b) देव + आगम
(c) देव्य + आगम (d) देव्या + अगम

DSSSB प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा, 31/05/2015
[UPPSC AE 2013]
GIC PGT 2015

उत्तर. (a) : 'देव्यागम' का संधि-विच्छेद 'देवी + आगम' होगा। यह **यण संधि** का उदाहरण है। यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आए, तो 'इ-ई' का 'य्', 'उ-ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है, जैसे- अति + आवश्यक = अत्यावश्यक।

104. 'न्यून' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) न्यु + ऊन (b) न्या + ऊन
(c) न्यु + उन (d) नि + ऊन

High Court RO 2021
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'न्यून' का संधि-विच्छेद 'नि + ऊन' होगा। यह यण संधि का उदाहरण है। 'नि' का 'इ' और 'ऊन' का 'ऊ' मिलकर 'यू' बना देते हैं। अतः यहाँ पर यण संधि है।

105. 'मात्रानन्द' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) मातृ + आनन्द (b) मात्रा + आनन्द
(c) मात्र + आनन्द (d) मात्र + नन्द

DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'मात्रानन्द' का संधि-विच्छेद 'मातृ + आनन्द' होगा। यह 'यण संधि' का उदाहरण है। यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आए, तो 'इ-ई' का 'य्' 'उ-ऊ' का व् और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है,
जैसे- अति + ऊष्म = अत्यूष्म
अनु + अय = अन्वय
मधु + आलय = मध्वालय।

106. 'अत्युक्ति' शब्द में संधि है:

(a) दीर्घ (b) गुण
(c) यण् (d) अयादि

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : 'अत्युक्ति' शब्द में यण् संधि होगा। अति + उक्ति = अत्युक्ति। यदि इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद भिन्न स्वर आए; इ, ई, का य्, उ, ऊ का व् तथा ऋ का र् हो जाता है।
जैसे– अति + अधिक = अत्यधिक
अनु + ऐषण = अन्वेषण
मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

107. 'वाणी + औचित्य' का सही संधि शब्द कौन-सा है?

(a) वाण्यौचित्य (b) वाणैचित्य
(c) वाण्यैचित्य (d) वाणौचित्य

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'वाणी + औचित्य' का संधि 'वाण्यौचित्य' है। यहाँ यण संधि है। संधि के नियमानुसार इ, ई, उ, ऊ, और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये, तो इ, ई का य्, उ, ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है।

108. पितृ + अनुमति का सही संधिपद है–

(a) पित्रानुमति (b) पित्रीनुमति
(c) पित्रनुमति (d) पित्रानूमति

High Court RO 2021 (I)
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) पितृ + अनुमति = पित्रनुमति
ऋ + अ = र (यण संधि)
यदि इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद भिन्न स्वर आये तो 'इ' और 'ई' का 'य्', उ और ऊ का 'व्' तथा ऋ का 'र्' हो जाता है।

109. अन्वेषण का शुद्ध सन्धि विच्छेद है।

(a) अन्वेष + ण (b) अन्वे + षण
(c) अनु + वेषण (d) अनु + एषण

UP PGT 2004
DSSSB PGT 09.07.2021 Shift-I
UK PSC Lecturer 2020
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'अन्वेषण' का सही संधि-विच्छेद 'अनु+एषण' है। इसमें यण स्वर संधि है। इसके नियमानुसार यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो 'इ' और 'ई' का 'य्' 'उ' और 'ऊ' का 'व्' तथा 'ऋ' का 'र्' हो जाता है।

110. 'सख्यागमन' का सही सन्धि-विच्छेद है–

(a) सखी + आगमन (b) सखि + आगमन
(c) सखी + गमन (d) सख्या + गमन

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : 'सख्यागमन' का सही संधि-विच्छेद सखी + आगमन है। इसमें 'यण् स्वर संधि' है। इसके नियमानुसार यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद भिन्न स्वर आये तो 'इ' और 'ई' का 'य्', 'उ' और 'ऊ' का व् तथा 'ऋ' का 'र्' हो जाता है।

111. प्रति + आरोपण = ?

(a) प्रति आरोपण (b) प्रतिरोपण
(c) प्रत्यारोपण (d) प्रतआरोपण

UP TGT 2010

उत्तर : (c) प्रति + आरोपण = प्रत्यारोपण। इसमें यण सन्धि है। जब लघु या दीर्घ इ, उ, ऋ, के उपरांत कोई असमान स्वर आये तो इ, उ, ऋ, के स्थान पर क्रमशः य्, व्, र्, हो जाता है। इ + आ = या।

112. प्रति + आघात का संधि रूप क्या होगा?

(a) प्रत्याघात (b) प्रतियाघात
(c) प्रतीयाघात (d) प्रतीआघात

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

@RexstarPdf

उत्तर : (a) दो वर्णों के मेल से उत्पन्न विकार (परिवर्तन) को संधि कहते हैं। संधि तीन प्रकार की होती है– (1) स्वर संधि (2) व्यंजन संधि (3) विसर्ग संधि। दिये गये शब्द के अनुसार प्रति + आघात = प्रत्याघात (इ + आ = या) यण् स्वर संधि का उदाहरण है।

113. 'प्रत्येक' शब्द का सन्धि-विच्छेद होगा –

(a) प्रति + एक (b) प्रत्य + एक
(c) प्रति + इक (d) प्रत्य + इक

UK PCS Lecturer - 2020
Computer Assistant 2021 - I
UP ASI 05/12/2021 (Shift-I)
UPPCS GIC 2017
KVS PGT Hindi 2017
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा 29/12/2013
UP TGT 2013
UKPSC AE 2012
UP PSC AE 2008

उत्तर. (a): 'प्रत्येक' का सन्धि-विच्छेद है- प्रति +एक = प्रत्येक। 'प्रत्येक' शब्द में यण सन्धि है। यण सन्धि 'इकोयणचि' - ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ के बाद यदि कोई अवर्ण (इनसे भिन्न) स्वर आता है तो इ अथवा ई का य्, उ अथवा ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है।

114.स्वर संधि का उदाहरण है-

(a) अन्वय (b) किंचित्
(c) तद्रूप (d) नीरस

UPPCS GIC 2017
DSSSB TGT (Male) 28.08.2018
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में अन्वय (अनु+अय) यण स्वर संधि का उदाहरण है। विकल्प में दिये अन्य शब्दों के संधि विच्छेद तथा संधि प्रकार निम्नवत हैं-

शब्द	संधि विच्छेद	संधि प्रकार
किंचित्	= किम् + चित्	= व्यंजन संधि
तद्रूप	= तद् + रूप	= व्यंजन संधि
नीरस	= निः +रस	= विसर्ग संधि

5. वृद्धि स्वर संधि

115. 'एकैक' शब्द का संधि-विच्छेद है-

(a) एक + एक (b) एके + एक
(c) एक + ऐक (d) एके + ऐक

NVS TGT 18.09.2019
UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (a) : 'एकैक' शब्द का संधि-विच्छेद है-'एक + एक'= एकैक। इसमें वृद्धि संधि है। 'जब लघु या दीर्घ 'अ' के उपरांत ए, ऐ, ओ, औ आए तो ए और ऐ के स्थान 'ऐ' तथा ओ और औ के स्थान पर 'औ' हो जाता है।
जैसे- मत + ऐक्य = मतैक्य, दिन + एक = दिनैक

116. महा + ओजस्वी का संधि रूप है–

(a) महौजस्वी (b) महोजस्वी
(c) म्होजस्वी (d) महाजस्वी

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'महा + ओजस्वी' का संधि रूप 'महौजस्वी' होगा। इसमें वृद्धि स्वर संधि हैं।
यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आये, तो दोनों के स्थान में 'ऐ' तथा 'ओ' या 'औ' आये तो दोनों के स्थान में 'औ' हो जाता है।
जैसे- परम + ओजस्वी = परमौजस्वी
महा + औषध = महौषध

117. 'परमौषध' शब्द का संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) परम + पौध (b) परम + ओषध
(c) परम + औषध (d) पर + औषध

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift

उत्तर : (c) : 'परमौषध' का संधि विच्छेद परम् + औषध है। यह वृद्धि स्वर संधि का उदाहरण है। इसमें अ तथा आ के बाद ओ अथवा औ आने पर औ (दीर्घ) हो जाता है।

118. 'सदैव' शब्द में संधि है–

(a) गुण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) वृद्धि संधि (d) अयादि संधि

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
UPP Constable 18.06.2018 II Shift
UPPCL JE Electrical 2018
DSSSB Steno Grade-III, 11/06/2017
नायब तहसीलदार -1996

उत्तर : (c) 'सदैव = सदा + एव' में वृद्धि संधि है। इस संधि के नियमानुसार यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आये तो दोनों मिलकर 'ऐ' हो जाते है तथा 'अ' या 'आ' के बाद 'ओ' या 'औ' आए तो दोनों मिलकर 'औ' हो जाते है। जैसे–
एक + एक = एकैक
रमा + ऐश्वर्य = रमैश्वर्य
वन + औषधि = वनौषधि
महा + औदार्य = महौदार्य

119. मतैक्य किस संधि का उदाहरण है?

(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) वृद्धि संधि (d) व्यंजन संधि

UK PSC Lecturer - 2020
NVS TGT - 18.09.2019
UP SI 2017 II Shift
UP PCL JE 2016
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'मतैक्य' शब्द वृद्धि संधि का उदाहरण है। इसका संधि विच्छेद मत + ऐक्य होगा। यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आये, तो दोनो के स्थान पर 'ऐ' तथा 'ओ' या 'औ' आये तो दोनों के स्थान पर 'औ' हो जाता है। वृद्धि संधि के अन्य उदाहरण हैं–
एक + एक = एकैक, सदा + एव = सदैव,
महा + औषध = महौषध, महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

120. महैश्वर्य = महा + ऐश्वर्य में कौन-संधि नियम समाहित है?

(a) अ + अ = ऐ (b) अ + ऐ = ऐ
(c) आ + ए = ऐ (d) आ + ऐ = ऐ

NVS PGT 17.09.2019
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

@RexstarPdf

उत्तर : (d) महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य [आ+ऐ= ऐ]
यह वृद्धि संधि का उदाहरण है। वृद्धि संधि में 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आए तो दोनों के मेल से 'ऐ' हो जाता है तथा 'अ' और 'आ' के बाद 'ओ' या 'औ' आए तो दोनों के मेल से 'औ' हो जाता है।

121. 'नैतत्' में संधि-विच्छेद होगा-

(a) न + ऐतत् (b) न + एतत
(c) ना + एतत् (d) ना + इतत्

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (a) 'नैतत' का संधि विच्छेद न + ऐतत् होगा। यह वृद्धि स्वर संधि का उदाहरण है।

122. निम्नलिखित सन्धि-विच्छेद की सन्धि क्या होगी?
'जल + ओध'

(a) जलोध (b) जलोद
(c) जलोढ़ (d) जलौध

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) 'जल + ओध' का संधि 'जलौध' होगा। जो वृद्धि सन्धि का उदाहरण है। वृद्धि सन्धि में 'अ' या 'आ' के बाद ए, ऐ, या ओ, औ आये तो अ + ए का ऐ तथा अ + ओ का औ हो जाता है।
जैसे- तथैव = तथा + एव

123. 'हितैषी' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?

(a) हिते + षी (b) हित + एषी
(c) हितेष + ई (d) हित + षी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'हितैषी' शब्द का सही संधि विच्छेद हित + एषी होता है। यह वृद्धि स्वर संधि का उदाहरण है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

6. अयादि स्वर संधि

124. 'पवित्र' शब्द का संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) पोः + इत्र (b) पिव + इत्र
(c) पो + वित्र (d) पो + इत्र

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'पवित्र' शब्द का संधि-विच्छेद 'पो + इत्र' होगा। इसमें अयादि स्वर संधि है। यदि ए, ऐ, ओ, औ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो 'ए' का अय्, 'ऐ' का आय्, 'ओ' का 'अव्' और 'औ' का आव् हो जाता है।
जैसे– पौ+अन = पावन
पो+अन = पवन

125. 'पवन' का शुद्ध सन्धि-विच्छेद है–

(a) पो + अन (b) पव + अन्
(c) पः + अवन (d) पव + न्।

म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2018
UK PSC Lecturer- 2020
UPPSC AE 13/12/2020
[UPSI 20.07.2017 Shift II]
DSSSB प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा, 31/05/2015
चकबन्दी लेखपाल 2015
DIET PGT 2014
UP PGT 2010

उत्तर : (a) ए, ऐ, ओ, औ के बाद जब कोई स्वर आता है तब 'ए' के स्थान पर 'अय्', ओ के स्थान पर 'अव्', ऐ के स्थान पर आय् तथा औ के स्थान पर 'आव्' हो जाता है। यह अयादि सन्धि कहलाती है।
जैसे– पो + अन = पवन
पो + इत्र = पवित्र
ने + अन = नयन
गै + अक = गायक

126. 'नायक' का सही सन्धि विच्छेद क्या है?

(a) ना + अक (b) नौ + अक
(c) ने + अक (d) नै + अक

UP PGT 2011
UPSI 20/07/2017 (Shift-II)

उत्तर : (d) नै + अक = नायक (अयादि सन्धि)। ए, ऐ, ओ अथवा औ के बाद जब कोई स्वर आता है तब 'ए' के स्थान पर 'अय्,' ओ के स्थान पर 'अव्', ऐ के स्थान पर 'आय्' तथा औ के स्थान पर 'आव्' हो जाता है। यह अयादि सन्धि कहलाती है।

127. 'भावुक' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?

(a) भौ + उक (b) भा + वुक
(c) भावु + क (d) भाव + उक

UPPCL ARO 2018

उत्तर : (a) भावुक का संधि विच्छेद भौ + उक होता है। इसमें अयादि संधि है। जब ए, ऐ, ओ, औ के बाद कोई स्वर आता है, तो ए का अय, ऐ का आय्, ओ का अव् तथा औ का आव् हो जाता है। जैसे– नयन = ने + अन, पवन = पो + अन।

128. 'गवीश' में प्रयुक्त संधि का नाम है-

(a) दीर्घ संधि (b) गुण संधि
(c) यण संधि (d) अयादि संधि

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO 2016

उत्तर : (d) गवीश में अयादि संधि प्रयुक्त है। यदि 'ए', 'ऐ', 'ओ', 'औ' स्वरों का मेल दूसरे स्वरों से हो तो 'ए' का 'अय्', 'ऐ' का 'आय्', 'ओ' का 'अव्' तथा 'औ' का 'आव्' हो जाता है।
जैसे- ओ + ई = अवी
गो + ईश = गवीश

129. 'नाविक' का सही संधि-विच्छेद है:

(a) नाव् + इक (b) नौ + इक
(c) ना + विक (d) नावी + क

UK PSC Lecturer- 2020
UPPSC AE 2013
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I,II]
UPPSC वनरक्षक 02/02/2018(Shift-II)

उत्तर. (b) : 'नाविक' का सही संधि-विच्छेद '**नौ + इक**' है। इसमें अयादि स्वर संधि है। इसके नियमानुसार यदि ए, ऐ, ओ अथवा 'औ' के बाद कोई भिन्न स्वर आता है तो 'ए' के स्थान पर 'अय, 'ऐ' के स्थान पर 'आय्' 'ओ' के स्थान पर 'अव्' तथा 'औ' के स्थान पर 'आव्' हो जाता है। **जैसे–** ने + अन = नयन
नै + अक = नायक

130. 'द्वावपि'का सन्धि-विच्छेद होगा–

(a) द्व + आवपि (b) द्वौ + अपि
(c) दव + अयापि (d) इनमें से कोई नहीं

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर : (b) अयादि संधि के अनुसार 'औ' तथा 'अ' मिलकर 'आव्' हो जाते हैं। अत: अयादि संधि के अनुसार द्यौ + अपि = द्यावपि का सन्धि विच्छेद सम्यक है।

7. व्यंजन संधि

131. निम्नलिखित में से किस शब्द में व्यंजन संधि नहीं है?

(a) विस्मरण (b) अनुसरण (c) हस्तिदंत (d) नाविक

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'नाविक' शब्द में व्यजंन संधि नहीं होगी। 'नाविक' शब्द अयादि संधि का उदाहरण है। इसका संधि विच्छेद होगा- 'नौ + इक' = नाविक

132. 'उद्धार' का संधि-विच्छेद है –

(a) उद् + हार (b) उत् + हार
(c) उध + हार (d) उद्ध + आर

UPPSC AE 13.12.2020
KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'उद्धार' का संधि विच्छेद उत् + हार होगा। नियम- यदि वर्ग के अंतिम वर्णों को छोड़कर शेष वर्णों के बाद 'ह' आए, तो 'ह' पूर्व वर्ण के वर्ग का चतुर्थ वर्ण हो जाता है और 'ह्' के पूर्व वाला वर्ण अपने वर्ग का तृतीय वर्ण हो जाता है।

133. 'सद्भावना' का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(a) सम् + भावना (b) सत् + भावना
(c) स + द्भावना (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC PET 2022 (Shift-I) 16/10/2022

उत्तर : (b) : 'सद्भावना' का संधि-विच्छेद है- सत् + भावना।
यह व्यंजन सन्धि का उदाहरण है।
'यदि पूर्व पद के अंत में किसी वर्ग का प्रथमाक्षर हो तथा उत्तर पद के आदि में किसी वर्ग का तृतीयाक्षर, चतुर्थाक्षर, पंचमाक्षर, स्वर या अन्तःस्थ वर्ण आए तो पूर्व पद का प्रथमाक्षर अपने ही वर्ग का तृतीयाक्षर हो जाता है।'
जैसे- सत् + भावना = सद्भावना।
वाक् + ईश = वागीश।

134. शंकर शब्द का संधि-विच्छेद है–

(a) शम् + कर (b) शं + कर
(c) शंक + र (d) शन् + कर

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (a) 'शंकर' शब्द का संधि-विच्छेद शम् + कर = शंकर है। शंकर शब्द में व्यंजन संधि है। दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को संधि कहते हैं।

135. 'षण्मास' का संधि-विच्छेद होगा:

(a) षट + मास (b) षण् + मास
(c) षट् + मास (d) षन् + मास

CGPSC (Pre) 2019

उत्तर : (c) : 'षण्मास' का संधि विच्छेद
षट् + मास होगा। इसमें व्यंजन संधि होगी।

136. इनमें से 'किन्नर' का सन्धि-विच्छेद है

(a) किम् + नर (b) किन्न् + अर
(c) किन् + नर (d) कित् + नर

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर : (a) : 'किन्नर' शब्द का सही संधि विच्छेद 'किम् + नर' होगा। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को 'व्यंजन संधि' कहते हैं।
जैसे- उत् + नायक = उन्नायक
उत् + नति = उन्नति

137. 'तदुपरांत' शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा:

(a) तत् + उपरांत (b) तद् + उपरांत
(c) तद + उपरांत (d) तथा + उपरांत

CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (a) : तदुपरांत का संधि विच्छेद
तत् + उपरांत = तदुपरांत
यह एक व्यंजन संधि है। यदि क, च, ट, त, प के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आता है या कोई स्वर आता है या य, र, ल, व आता है तो क, च, ट, त, प के स्थान में अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।
जैसे- तत् + रूप = तद्रूप

138. जब प्रथम वर्ण व्यंजन और दूसरा वर्ण स्वर हो तो उनके मध्य की संधि होगी–

(a) व्यंजन संधि (b) अयादि संधि
(c) विसर्ग संधि (d) स्वर संधि

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : जब प्रथम वर्ण व्यंजन और दूसरा वर्ण स्वर हो, तो उनके मध्य की संधि व्यंजन संधि होगी।
व्यंजन संधि के उदाहरण हैं–
उल्लास = उत् + लास
जगन्नाथ = जगत् + नाथ

139. दिए गए शब्द का संधि विच्छेद ज्ञात कीजिए।
संचय

(a) सम्म् + चय (b) सम् + चय
(c) संन + चय (d) सन + चय

DSSSB PRT 23/03/2022(Shift- II)

उत्तर : (b) संचय शब्द में व्यंजन संधि है। संचय का संधि विच्छेद- सम् + चय होगा।

140. दिए गए शब्दों की संधि ज्ञात कीजिए।
तृष् + ना

(a) तृषना (b) तृषंण (c) तृषण (d) तृष्णा

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : तृष् + ना का संधि – तृष्णा होगा। यह व्यंजन सन्धि का उदाहरण है।

141. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के सही संधि विच्छेद का विकल्प हो।
सदाचार

(a) सदा + आचार (b) सदा + चार
(c) सद + आचार (d) सत् + आचार

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)
कानूनगो भर्ती परीक्षा-2015

उत्तर : (d) : 'सदाचार' शब्द का सन्धि विच्छेद सत् + आचार होगा, इसमें व्यंजन सन्धि है।

@RexstarPdf

नियम – जब पहले शब्द का अन्तिम वर्ण क् , च् , ट् , त् , प् में से कोई एक हो तथा दूसरे शब्द का पहला वर्ण कोई स्वर हो/अन्तस्थ व्यंजन हो/प्रत्येक वर्ग का तीसरा एवं चौथा वर्ण हो तो पहले शब्द का अन्तिम वर्ण अपने वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।
जैसे- दिगम्बर – दिक् + अम्बर
उद्घाटन – उत् + घाटन
वागीश – वाक् + ईश

142. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के सही संधि-विच्छेद का विकल्प हो।
संरक्षण
(a) सम् + रक्षण (b) संर + क्षण
(c) सं + आरक्षण (d) सं + रक्षण
DSSSB PGT Hindi (Male) 18.07.2021 Shift-I
DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) संरक्षण का संधि विच्छेद = सम् + रक्षण होगा। इसमें व्यंजन संधि है।
व्यंजन संधि - व्यंजन का व्यंजन अथवा किसी स्वर के समीप होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

143. 'तत्पुरुष' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?
(a) तत् + पुरुष (b) तद् + पुरुष
(c) तत्य + पुरुष (d) तदा + पुरुष
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'तत्पुरुष' का सही संधि विच्छेद होगा-
तद् + पुरुष = तत्पुरुष
यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। यदि प्रथम पद के अंत में 'द्' हो तथा उसके पश्चात् क्, त्, थ्, प्, स् आये तो 'द्' के स्थान पर 'त्' हो जाता है।
जैसे - उद् + कर्ष → उत्कर्ष
उद् + कीर्ण → उत्कीर्ण
उद् + थान → उत्थान

144. सन्मार्ग में प्रयुक्त संधि कौन-सी है?
(a) विसर्ग संधि (b) स्वर संधि
(c) व्यंजन संधि (d) इनमें से कोई नहीं
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा 2015
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPSI 19/07/2017 (Shift-II)
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : सन्मार्ग में व्यंजन संधि है। जिसका संधि विग्रह 'सन्मार्ग = सत् + मार्ग होगा।' व्यजंन सन्धि का नियम - यदि क् , च् , ट् , त् , प् के बाद न् या म् आए तो क् , च् , ट् , त् , प् अपने वर्ग के पंचम वर्ण में बदल जाते हैं।
जैसे - षणमार्ग = षट् + मार्ग
जगन्नाथ = जगत् + नाथ

145. 'जगन्नाथ' शब्द में कौन-सी संधि है?
(a) स्वर (b) विसर्ग
(c) व्यंजन (d) इनमें से कोई नहीं
DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UP TGT 2013

उत्तर : (c) : 'जगन्नाथ' शब्द में व्यंजन संधि है। यदि वर्ग का पहला वर्ण (क् , च् , ट्, त् , प्) का मेल किसी अनुनासिक वर्ण (केवल न्, म्) से हो तो उसके स्थान पर पाँचवाँ वर्ण (ङ् , ञ् , ण् , न् , म्) हो जाता है।
जैसे- जगत् + नाथ = जगन्नाथ
चित् + मय = चिन्मय
वाक् + मय = वाङ्मय

146. 'विपत् + जाल = विपज्जाल' में कौन सी संधि है?
(a) स्वर संधि (b) व्यंजन संधि
(c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि
[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (b) विपत् + जाल = विपज्जाल में 'व्यंजन संधि' है। व्यंजन का स्वर या व्यंजन के साथ मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं। क्, च् , ट्, त् , प् के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए अथवा य्, र्, ल्, व् या कोई स्वर आए तो क् , च् , ट् , त् , प् की जगह अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।
उदाहरण- दिक् + गज = दिग्गज
जगत् + ईश = जगदीश

147. 'सद्धर्म' का सही संधि-विच्छेद है-
(a) सद् + धर्म (b) सद् + अधर्म
(c) स + द्धर्म (d) सत् + धर्म
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : सत् + धर्म = सद्धर्म। इसमें व्यंजन संधि है। यदि क्, च्, ट्, त्, प् के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए या य, र, ल, व या कोई स्वर आए तो क्, च्, ट्, त्, प् के स्थान पर अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।
जैसे- सत् + वाणी = सद्वाणी, अच् + अंत = अजंत,
अप् + इंधन = अबिंधन।

148. 'जगदीश' शब्द में कौन सी संधि है?
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं
DSSSB PGT 25.07.2018 (9 am-12 pm)
DSSSB TGT (Male) 18.09.2021 Shift-II
[UKPSC AE 2012]
UP TGT 2001

उत्तर. (b) : 'जगदीश' शब्द में व्यंजन संधि है। इसका संधि विच्छेद- जगत् + ईश है। यदि 'क्' 'च्', 'ट्', 'त्' 'प्' के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए या य्, र्, ल्, व् या कोई स्वर आए, तो 'क्' 'च्' 'ट्' 'त्' 'प्' के स्थान में अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है। जैसे- सत् + वाणी = सद्वाणी।

149. 'उज्ज्वल' का सही संधि-विच्छेद है:
(a) उत् + ज्वल (b) उज् + ज्वल
(c) उज्ज + वल (d) उजु + ज्वल
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
UP PGT - 2013
UP PGT - 2003
UP PGT 2008
UP PGT 2018

उत्तर. (a) : 'उज्ज्वल' का सही संधि-विच्छेद 'उत् + ज्वल' है। इसमें व्यंजन संधि है। इनके नियमानुसार यदि 'त्' या 'द्' के बाद 'ज्' या 'झ्' हो तो 'त्' या 'द्' के स्थान पर 'ज्' हो जाता है।
जैसे- सत् + जन = सज्जन
विपद् + जाल = विपज्जाल।

@RexstarPdf

150. 'दिगम्बर' का सही संधि-विच्छेद है:

(a) दिग + अम्बर (b) दिग् + अम्बर
(c) दिक + अम्बर (d) दिक् + अम्बर

DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : 'दिगम्बर' का सही संधि–विच्छेद 'दिक् + अम्बर' है। इसमें व्यंजन संधि है। इसके नियमानुसार यदि क्, च्, ट्, च्, प् के बाद वर्ण का तृतीय अथवा चतुर्थ वर्ण (ग्, घ्, ज्, झ्, द्, ध्, ब्, भ्) अथवा य्, र्, ल्, व् अथवा कोई स्वर आये तो क्, च्, ट्, त्, प् के स्थान पर उसी वर्ग का तीसरा अक्षर (ग्, ज्, ड्, द्, ब्) हो जाता है। जैसे- वाक् + ईश = वागीश
सत् + आचार = सदाचार
सुप + अन्त = सुबन्त

151. 'उल्लंघन' का सही संधि-विच्छेद है:

(a) उत + लंघन (b) उत् + लंघन
(c) उल + लंघन (d) उ + लंघन

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
KVS PGT 2017

उत्तर. (b) : 'उल्लंघन' का सही संधि विच्छेद 'उत् + लंघन' है। इसमें व्यंजन संधि है। इसके नियमानुसार यदि 'त्' या 'द्' के बाद 'ल्' हो तो 'त्' या 'द्' के स्थान पर 'ल्' हो जाता है।
जैसे- तत् + लीन = तल्लीन
उत् + लास = उल्लास

152. 'तल्लीन' में संधि प्रकार है

(a) स्वर संधि (b) विसर्ग संधि
(c) व्यंजन संधि (d) इनमें से कोई नहीं

DSSSB TGT Maths, 22/09/2018
[UPPSC AE 2011]
KVS PGT 2016
UP PGT 2004
फूड इंस्पेक्टर 1996

उत्तर. (c) : तत् + लीन (त् + ल = ल्) = तल्लीन में व्यंजन संधि है। व्यंजन के बाद स्वर या व्यंजन आने से जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं। नियमः- यदि 'त्' के बाद यदि 'ल' हो तो 'त्', 'ल्' में बदल जाता है।
जैसे- उत् + लास = उल्लास
उत् + लेख = उल्लेख

153. अभिषेक में संधि बताइये-

(a) गुण (b) व्यंजन संधि
(c) वृद्धि (d) दीर्घ

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : अभिषेक में व्यंजन संधि है। इसका विच्छेद अभि + सेक होता है। 'षत्व' अर्थात् 'स्' का 'ष्'- इस नियम के अनुसार संधि में 'स्' से पहले 'अ','आ' से भिन्न कोई स्वर हो तो 'स्' का 'ष्' हो जाता है।

154. 'दिग्गज' का संधि-विच्छेद क्या है?

(a) दिग् + गज (b) दिक् + गज
(c) दिः + गज (d) दिग् + अगज

DSSSB PGT- 23.07.2018
DSSSB PGT - 24.07.2018 (2 pm - 5 pm)
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]
NVS PGT 2014

उत्तर. (b) : 'दिक् + गज', 'दिग्गज' का उचित संधि विच्छेद है, जो कि व्यंजन संधि के अंतर्गत आता है। इस संधि के नियमानुसार यदि क्, च्, ट्, त्, प् के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आये या य्, र्, ल्, व् या कोई स्वर आये, तो क्, च्, ट्, त्, प् के स्थान पर अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।

155. 'उड्डयन' के संधि-विच्छेद का सही विकल्प कौन-सा है?

(a) उत् + डयन (b) उड् + डयन
(c) उच्च + डयन (d) उड + डयन

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (a) : व्यंजन संधि के नियमानुसार त् या द् के बाद 'ट्' या 'ड' हो, तो त् या द् के स्थान पर 'ड्' हो जाता है। अतः उड्डयन का 'उत् + डयन' सही संधि विच्छेद होगा।

156. 'ऋग्वेद' का संधि–विच्छेद क्या है?

(a) ऋ + वेद (b) ऋक् + वेद
(c) ऋ + गवेद (d) ऋग + वेद

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (b) : ऋग्वेद = ऋक् + वेद यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। यदि क्, च्, ट्, त्, प् के बाद वर्ग का तीसरा-चौथा वर्ण या अन्तस्थ व्यंजन अथवा कोई स्वर आये तो क्, च्, ट्, त्, प् अपने ही वर्ग के तीसरे व्यंजन में परिवर्तित हो जाते हैं। व्यंजन संधि के अन्य उदाहरण हैं– सत् + वाणी = सद्वाणी, दिक् + भ्रम = दिग्भ्रम, षट् + यंत्र = षड्यंत्र।

157. 'तद्धित' का सन्धि–विच्छेद क्या है?

(a) तत + धित (b) तद् + धित
(c) तत् + हित (d) तद + हित

UP TET Class - VI - VIII 2019 (08.01.2020)
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (c) : 'तद्धित' का संधि विच्छेद 'तत् + हित' होगा। 'तद्धित' शब्द में व्यंजन संधि है। इसमें वर्गों के अंतिम वर्णों को छोड़ शेष वर्णों के बाद 'ह' आए, तो 'ह' पूर्व वर्ण के वर्ग का चतुर्थ वर्ण में बदल जाता है और 'ह' के पूर्व वाला वर्ण अपने वर्ग का तृतीय वर्ण हो जाता है।
जैसे- उत् + हत = उद्धत।
उत् + हार = उद्धार।
वाक् + हरि = वाग्घरि।

158. 'उद्विग्न' का सन्धि–विच्छेद क्या है?

(a) उद + दिग्न (b) उत + दिग्न
(c) उत् + विग्न (d) उत + विन्न

UP TET Class - VI-VIII 2019 (08.01.2020)
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (c) : 'उत् + विग्न' 'उद्विग्न' का सही संधि विच्छेद है। इसमें व्यंजन संधि है। यदि 'क्', 'च्', 'ट्', 'त्', 'प्' के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए, या य, र, ल, व या कोई स्वर आए तो 'क्', 'च्', 'ट्', 'त्', 'प्' के स्थान पर अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।

159. 'सदानन्द' का सन्धि विच्छेद कीजिए।

(a) सत् + आनन्द (b) सत + आनन्द
(c) सद + आनन्द (d) सदा + आनन्द

DSSSB PGT - 24.07.2018
UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) 'सदानन्द' का सही संधि विच्छेद- 'सत् + आनन्द' है। इसमें व्यंजन संधि है। इसके नियमानुसार यदि किसी वर्ग के पहले वर्ण (क्, च्, ट्, त्, प्) का मेल किसी स्वर अथवा व्यंजन वर्ग के तीसरे वर्ण (ग्, ज्, ड्, द्, ब्) या चौथे वर्ण (घ्, झ्, ढ्, ध्, भ्) अथवा अन्तःस्थ व्यंजन (य्, र्, ल्, व्) से होने पर वर्ग का वर्ण अपने ही वर्ग के तीसरे वर्ण (ग्, ज्, ड्, द्, ब्) में परिवर्तित हो जाता है।

@RexstarPdf

160. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन संधि का उदाहरण नहीं है?

(a) जगदम्बा (b) विद्यालय
(c) संतोष (d) अहंकार

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) व्यंजन का व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं। जगदम्बा, संतोष तथा अहंकार व्यंजन संधि का उदाहरण है जबकि विद्यालय स्वर संधि का उदाहरण है।

161. कौन-सा व्यंजन संधि नहीं है?

(a) उद्धरण (b) तद्धित
(c) वाग्जाल (d) रसायन

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) : उपर्युक्त विकल्पों में से 'रसायन' शब्द में व्यंजन संधि नहीं है।' रसायन' में दीर्घ स्वर संधि है जिसका विच्छेद इस प्रकार है– रस + आयन। अन्य तीनों शब्द व्यंजन संधि के उदाहरण हैं जिनका संधि विच्छेद इस प्रकार है–

उद्धरण = उत् + हरण
तद्धित = तत् + हित
वाग्जाल = वाक् + जाल

162. उच्चारण का संधि-विच्छेद होगा-

(a) उच् + आरण (b) उत: + चारण
(c) उत् + चारण (d) उच: + चारण

DSSSB PRT 06/10/2018, II Shift
लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) उच्चारण का संधि विच्छेद 'उत् + चारण' होगा। इसमें व्यंजन संधि है। जब 'त्' के बाद 'च' अथवा 'छ' हो तो 'त्' का 'च्' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं- सत् + चरित्र = सच्चरित्र, शरत् + चन्द्र = शरच्चन्द्र।

163. निम्न में से कौन सा 'उच्छ्वास' का संधि विच्छेद है?

(a) उत् + 'छ्वास' (b) उच् + श्वास
(c) उच्छ + वास (d) उत् + श्वास

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015
असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015
UPPCL JE Electrical, 2016
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (d) 'उच्छ्वास' का संधि विच्छेद उत् + श्वास है। इसमें व्यंजन संधि है। संधि के समय यदि त् के बाद श् आये तो 'त्' 'च्' में और 'श्' 'छ्' में परिवर्तित हो जाता है।

164. 'आच्छादित' का उचित विच्छेद निम्न में से कौन-सा है?

(a) आत् + छादित (b) आक् + छादित
(c) आ + छादित (d) आच् + छादित

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) आच्छादित = 'आ + छादित'
यह एक व्यंजन संधि है। किसी भी ह्रस्व स्वर या 'आ' का मेल 'छ' से होने पर 'छ' से पहले 'च' जोड़ दिया जाता है।
जैसे– स्व + छंद = स्वच्छंद, परि + छेद = परिच्छेद
अनु + छेद = अनुच्छेद, वि + छेद= विच्छेद

165.'वाग्जाल' का संधि विच्छेद होगा –

(a) वाक् + जाल (b) वाक + जाल
(c) वाग् + जाल (d) वाग + जाल

नायब तहसीलदार परीक्षा, 1995

उत्तर : (a) 'वाग्जाल' का संधि विच्छेद वाक् + जाल होगा। यदि क्, च्, ट्, त्, प् के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आये अथवा य्, र्, ल्, व् अथवा कोई स्वर हो तो, क्, च्, ट्, त्, प् के स्थान पर उसी वर्ग का तीसरा अक्षर (ग्, ज्, ड्, द्, ब्) हो जायेगा। जैसे–
वाक् + ईश = वागीश, वाक् + जाल = वाग्जाल
दिक् + गज = दिग्गज, अच् + अन्त = अजन्त,
सत् + वाणी = सद्वाणी

166. 'दिग्दर्शन' का सन्धि-विच्छेद होगा -

(a) दिग + दर्शन (b) दिक + दर्शन
(c) दिग् + दर्शन (d) दिक् + दर्शन

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'दिग्दर्शन' का संधि विच्छेद 'दिक् + दर्शन' होगा। इसमें व्यंजन संधि है। व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को 'व्यंजन संधि' कहते हैं। 'दिग्दर्शन' में निम्नलिखित नियम के अनुसार संधि हुई है- 'यदि क्,च्, ट्, त्, प् के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए या य, र, ल, व या कोई स्वर आये तो क्, च्, ट्, त्, प् के स्थान पर अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है।' यहाँ क् के बाद तवर्ग का तीसरा वर्ण (द्) आने के कारण क् → ग् में परिवर्तित हो जाता है और दिक् + दर्शन = दिग्दर्शन हो जाता है।

167. 'सच्छास्त्र' का समुचित संधिविच्छेद है–

(a) सच् + छास्त्र (b) सत् + शास्त्र
(c) सत् + छास्त्र (d) सच् + शास्त्र

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'सच्छास्त्र' का समुचित संधिविच्छेद 'सत् + शास्त्र' है। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। जब 'त्' के बाद 'श' आये तो 'त्' का 'च्' तथा 'श' का 'छ' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं–
उत् + शिष्ट = उच्छिष्ट
उत् + शृंखल = उच्छृंखल
उत् + श्वास = उच्छ्वास

168.'अनन्त' शब्द की सही सन्धि होगी :

(a) अन + अन्त (b) अन् + अन्त
(c) अ + नन्त (d) अनन् + त

UP TGT 2001
UP TGT 2002

उत्तर : (b) 'अनन्त' शब्द का सही सन्धि विच्छेद अन्+अन्त होगा। इसमें व्यंजन सन्धि होगी क्योंकि इसमें व्यंजन 'न्' के पश्चात् स्वर 'अ' आया है। व्यंजन 'न्' तथा स्वर 'अ' के बीच संधि होने पर अनन्त शब्द बना। किसी व्यंजन के साथ अन्य व्यंजन अथवा स्वर के संयोग से उस व्यंजन में जो रूपान्तरण होता है, उसे 'व्यंजन संधि' कहते हैं।

169. 'संसार' का सही संधि विच्छेद चुनें?

(a) सं + सम्हार (b) सन + सार
(c) संस् + हर (d) सम् + सार

DSSSB PGT 24.07.2018 (9 am - 12 pm)
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) 'संसार' का सही संधि विच्छेद 'सम् + सार' होगा। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। इस संधि के नियमानुसार, यदि 'म्' के बाद 'य्', 'र्', 'ल्', 'व्' अथवा 'श्', 'ष्', 'स्', 'ह' हो तो 'म्' अनुस्वार में बदल जाता है। जैसे- सम् + शय = संशय

@RexstarPdf

170. सज्जन का संधि – विच्छेद क्या है ?

(a) सज + जन (b) सत् + जन
(c) सज्ज + न (d) स + ज्जन

DSSSB वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा, (22/06/2014)
UPPCL JE Electrical, 2016
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर : (b) 'सज्जन' शब्द का संधि विच्छेद 'सत् + जन' होगा। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। 'त्' के बाद यदि 'ज', हो तो 'त्' 'ज्' में बदल जाता है। जैसे–
जगत् + जननी = जगज्जननी, विषत् + जाल = विषज्जाल

171. 'वागीश' का संधि विच्छेद होगा-

(a) वाग् + ईश (b) वाक् + ईश
(c) वाग + ईश (d) वाक् + इश

UK PSC Lecturer 2020
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (b) वाक् + ईश = वागीश इसमें व्यंजन संधि है।

172. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए शब्द में प्रयुक्त सन्धि के प्रकार का चयन उसके नीचे दिए गए विकल्प में से कीजिए।
तन्मय

(a) व्यंजन सन्धि (b) विसर्ग सन्धि
(c) स्वर सन्धि (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर : (a) 'संधि' शब्द का अर्थ है- मेल। दो निकटवर्ती वर्णों के परस्पर मेल से जो विकार (परिवर्तन) होता है, संधि कहलाता है। व्यंजन का व्यंजन अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं
अतः तन्मय– (तत् + मय) में व्यंजन संधि है।

173. 'तच्छरण' का सही संधि-विच्छेद.....है।

(a) तत् + शरण (b) तत + शरण
(c) तत् + छरण (d) तत + छरण

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (a) 'तच्छरण' का संधि विच्छेद तत् + शरण होगा। यह व्यंजन संधि है- 'त्' के बाद यदि 'श' हो तो 'त्' का 'च्' और 'श' का 'छ' हो जाता है।

174. 'संग्रहालय' का सही संधि-विच्छेद..... है।

(a) सम् + ग्रह + आलय (b) सम + ग्रह + आलय
(c) सत् + ग्रह + आलय (d) सत + ग्रह + आलय

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (a) 'संग्रहालय' का संधि विच्छेद 'सम् + ग्रह + आलय' होगा। म् का मेल 'क' से 'म' तक के किसी भी व्यंजन वर्ग से होने पर 'म्' उसी वर्ग के पंचमाक्षर (अनुस्वार) में बदल जाता है जैसे-
सम् + कलन = संकलन/सङ्कलन
सम् + गति = संगति
सम् + ग्रह = संग्रह
संग्रह में आलय प्रत्यय लगाने से संग्रहालय बना है।

175. भगवद्गीता का संधि-विच्छेद है-

(a) भगवद् + गीता (b) भग + वद् + गीता
(c) भगवत् + गीता (d) भग + वद्गीता

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (c) : भगवद्गीता का संधि-विच्छेद भगवत् + गीता होता है। यह व्यंजन संधि के अंतर्गत आता है। जब संधि करते समय व्यंजन के साथ स्वर या किसी व्यंजन के मिलने से जो रूप में परिवर्तन होता है, उसे ही व्यंजन संधि कहते हैं।

8. विसर्ग संधि

176. निम्नलिखित में से किस शब्द में विसर्ग संधि नहीं है?

(a) षडानन (b) दुश्शासन
(c) निस्संदेह (d) पुरस्कार

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में 'षडानन' शब्द में विसर्ग संधि नहीं है। इसका संधि विच्छेद 'षट् + आनन' होगा। 'षडानन' शब्द में व्यंजन संधि होगी। अन्य सभी विकल्प विसर्ग संधि के उदाहरण हैं।

177. निम्नलिखित में किस शब्द में विसर्ग संधि नहीं है:

(a) विस्मरण (b) अधोगति
(c) यशोदा (d) बहिर्मुख

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'विस्मरण' शब्द में विसर्ग संधि नहीं है। वि+स्मरण = विस्मरण। जबकि अधोपति, यशोदा तथा बहिर्मुख में विसर्ग संधि है। जो निम्न है-
अधः + गति = अधोगति
यशः + दा = यशोदा
बहिः + मुख = बहिर्मुख

178. 'निर्जल' में कौन सी संधि है?

(a) स्वर (b) विसर्ग
(c) अयादि (d) व्यंजन

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021
UP PGT 2013

उत्तर : (b) : 'निर्जल' में विसर्ग संधि है।
निर्जल → निः + जल
विसर्ग संधि → विसर्ग (:) के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार होता है, उसे 'विसर्ग सन्धि' कहते हैं।
उदाहरण - निः+ चय → निश्चय
दुः+चरित्र → दुश्चरित्र
ज्योतिः+ चक्र → ज्योतिश्चक्र
निः+ छल → निश्छल

179. मनः + अनुकूल की संधि है–

(a) मनोनुकूल (b) मनोनुकुल
(c) मनौकूह (d) मनोनकूल

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : विसर्ग संधि-विसर्ग (:) का स्वर तथा व्यंजन से मेल होने से जो परिवर्तन होता है। उसे विसर्ग संधि कहते हैं। दूसरे शब्दों में विसर्ग का व्यंजन या स्वर के परस्पर मेल से जो भी परिवर्तन होता है। उसे विसर्ग संधि कहते हैं।
उदाहरण-तपोबल, पुरोहित आदि।

180. 'दुश्शासन' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) दुष + शासन (b) दुश + शासन
(c) दुः + शासन (d) इनमें से कोई नहीं

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

@RexstarPdf

उत्तरः (c) 'दुश्शासन' का सन्धि-विच्छेद 'दुः + शासन' होगा। यह विसर्ग सन्धि का उदाहरण है।

विसर्ग सन्धि- विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन के मिलने पर जो विकार उत्पन्न होता है, उसे विसर्ग सन्धि कहते हैं।

नियम- यदि पूर्व पद के अंत में विसर्ग (:) हो तथा पर पद के आदि में श, स, ष हो तो संधि करने पर विसर्ग (:) के स्थान पर क्रमशः श्, स्, ष् आदेश हो जाता है।

दुः + शासन = दुश्शासन या दुःशासन

निः + शंक = निश्शंक या निःशंक

निः + संदेह = निस्संदेह या निःसंदेह

181. दिए गए शब्द का संधि विच्छेद ज्ञात कीजिए।
इतस्ततः

(a) इति + स्ततः (b) इतः + ततः
(c) इता + सतः (d) इतः + स्त

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : इतस्ततः का संधि विच्छेद होगा – इतः + ततः। इतस्ततः में विसर्ग संधि होगी।

182. दिए गए शब्द का संधि विच्छेद ज्ञात कीजिए।
बहिर्मुख

(a) बहः + मुख (b) बरि + मुर्ख
(c) बहीः + मूर्ख (d) बहिः + मुख

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) : यह विसर्ग सन्धि का उदाहरण हैं। बहिर्मुख का सन्धि विच्छेद ' बहिः + मुख' होगा।

183. 'मनोहर' शब्द में कौन-सी संधि प्रयुक्त है?

(a) व्यंजन (b) विसर्ग (c) यण (d) स्वर

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
कानूनगो परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) : 'मनोहर' शब्द में 'विसर्ग संधि' प्रयुक्त है। यदि विसर्ग (:) के पूर्व 'अ' और उसके बाद स्पर्शी व्यंजन का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण, 'य्, र्, व्, ल्' तथा 'ह्' आये तो अ और विसर्ग (:) के स्थान पर 'ओ' हो जाता है।

उदाहरण– मनः + हर = मनोहर
मनः + रमा = मनोरमा
यशः + दा = यशोदा

184. निरीह का संधि-विच्छेद इनमें से क्या है?

(a) निः + रीह (b) निः + ईह
(c) निरि + ईह (d) निर + ईह

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : शब्द 'निरीह' का संधि विच्छेद नि : + ईह है। यहाँ पर विसर्ग संधि है। विसर्ग का स्वर या व्यंजन के साथ मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं।

जैसे - निश्चय = निः + चय।
तपोवन = तपः + वन।

185. 'निष्करुण' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) निष + करुण (b) निः + करुण
(c) निः + क्रोण (d) निष्क + रुण

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'निष्करुण' का सही संधि-विच्छेद होगा- निः + करुण निष्करुण में विसर्ग संधि है।

जैसे- निः + कपट = निष्कपट
निः + चल = निश्चल

186. 'मनोदशा' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) मनो+दशा (b) मनः+दशा
(c) मन+ दशा (d) मनहोत+दशा

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
UPSI 21.07.2017 Shift-III

उत्तरः (b) 'मनोदशा' का सही संधि विच्छेद 'मनः+दशा' होगा। मनोदशा में विसर्ग सन्धि है। विसर्ग के पहले यदि 'अ' और बाद में भी 'अ' अथवा वर्गों के तीसरे, चौथे, पाँचवें वर्ण अथवा य, र, ल, व हो तो विसर्ग का 'ओ' हो जाता है।

जैसे - मनः + अनुकूल = मनोनुकूल

187. इनमें से 'विसर्ग संधि' का उदाहरण कौन-सा है?

(a) निरंतर (b) दिग्गज
(c) महीश (d) जगदीश

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में 'निरंतर' शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है। निः + अंतर = निरंतर

अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं–

दिक् + गज = दिग्गज	→	व्यंजन संधि
मही + ईश = महीश	→	दीर्घ संधि
जगत् + ईश = जगदीश	→	व्यंजन संधि

188. 'निर्गुण' शब्द में कौन-सी संधि है?

(a) विसर्ग संधि (b) व्यंजन संधि
(c) इनमें से कोई नहीं (d) स्वर संधि

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPSI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'निर्गुण' शब्द में विसर्ग संधि है। विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन वर्ण के आने पर विसर्ग में जो विकार उत्पन्न होता है उसे विसर्ग संधि कहते हैं।

जैसे- तपोवन - तपः + वन
निश्छल - निः + छल
निर्गुण - निः + गुण

189. 'अतएव' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(a) अतः + एव (b) अति + एव
(c) अत + एव (d) अती + एव

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'अतएव' शब्द का संधि विच्छेद 'अतः + एव' होता है। यहाँ पर विसर्ग संधि है। विसर्ग (:) के बाद 'अ' को छोड़कर कोई स्वर हो, तो विसर्ग का लोप हो जाता है।

@RexstarPdf

190. 'निर्विवाद' शब्द का संधि-विच्छेद कौन-सा है?

(a) निर + विवाद (b) निर्व + वाद
(c) निः + विवाद (d) नी + विर्वाद

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'निर्विवाद' शब्द का संधि विच्छेद निः + विवाद होगा। यह विसर्ग संधि का उदाहरण है।

191. 'निश्चल' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) निः + चल (b) निश् + चल
(c) निस् + चल (d) निः + अचल

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]
NVS TGT, 2013

उत्तर. (a) : निः + चल = निश्चल। यहां पर विसर्ग संधि है। जब विसर्ग (:) के बाद च, छ आये तो विसर्ग (:) के स्थान पर 'श्'। 'ट, ठ' हो तो 'ष्' और 'त, थ' हो तो 'स्' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं – निः + चय = निश्चय, निः + छल = निश्छल, निः+तार = निस्तार।

192. 'नि:+कपट' निम्नलिखित में से किस संधि का भेद है?

(a) हल संधि (b) विसर्ग संधि
(c) वृद्धि संधि (d) वृद्धि संधि

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) 'निः+कपट' में विसर्ग संधि है। संधि करने पर इसका रूप 'निष्कपट' होगा। इस संधि के नियमानुसार यदि विसर्ग के पहले इकार या उकार आये और विसर्ग के बाद का वर्ण क्, ख्, प्, फ् हो, तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है। इसके कुछ अन्य उदाहरण हैं–
निः+कारण = निष्कारण, दुः+कर = दुष्कर आदि।

193. 'दुस्तर' का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(a) दुस् + तर (b) दुश् + तर
(c) दुः + तर (d) दुर् + तर

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]
Ashram Paddhati PGT 2021

उत्तर. (c) : 'दुस्तर' का संधि विच्छेद 'दुः + तर' होगा। यह विसर्ग संधि का उदाहरण है। विसर्ग के बाद 'त्' या 'थ्' आने पर विसर्ग (:) का 'स्' हो जाता है। जैसें- निः+तार = निस्तार

194. 'दुरुपयोग' का संधि विच्छेद होगा-

(a) दुः + उपयोग (b) दुर + उपयोग
(c) दुर् + उपयोग (d) दुरुप + योग

DSSSB TGT Science, 29/09/2018
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'दुरुपयोग' का संधि विच्छेद दुः + उपयोग होगा।
यदि विसर्ग के पहले 'अ', 'आ' को छोड़कर कोई दूसरा स्वर हो और विसर्ग के बाद कोई 'स्वर' या किसी वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण या 'य्', 'र्', 'ल्', 'व्', 'ह्', में से कोई हो तो विसर्ग के स्थान पर 'र्' हो जाता है।
जैसेः- निः + धन = निर्धन
दुः + बल = दुर्बल

195. 'नीरस' में संधि प्रकार है-

(a) विसर्ग संधि
(b) व्यंजन संधि
(c) स्वर संधि
(d) इनमें से कोई नहीं

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'नीरस' में विसर्ग संधि होगी। इसका संधि विच्छेद निः + रस = नीरस होता है।
नियमः- यदि 'इ', 'उ' के बाद विसर्ग हो और इसके बाद 'र्' आये तो 'इ' 'उ' का दीर्घ 'ई', 'ऊ' हो जाता है और विसर्ग लुप्त हो जाता है।
जैसे- निः + रव = नीरव
निः + रोग = नीरोग

196. 'मनोरंजन' शब्द में कौन-सी संधि है?

(a) स्वर संधि (b) विसर्ग संधि
(c) व्यंजन संधि (d) इनमें से कोई नहीं

वनरक्षक परीक्षा - 2015
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'मनोरंजन' शब्द में विसर्ग संधि है। इसका संधि-विच्छेद मनः+ रंजन = मनोरंजन है। यदि विसर्ग के पहले 'अ' आए और उसके बाद किसी वर्ग का तृतीय, चतुर्थ या पंचम वर्ण आए या य, र, ल, व, ह रहे, तो विसर्ग का 'उ' हो जाता है और यह उ पूर्ववर्ती 'अ' से मिलकर गुणसंधि द्वारा 'ओ' हो जाता है। **जैसे-**
वयः+वृद्ध = वयोवृद्ध
यशः+धरा = यशोधरा।

197. 'नमस्कार' में कौन सन्धि है?

(a) वद्धि (b) व्यंजन
(c) गुण (d) विसर्ग

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : नमस्कार (नमः + कार) में विसर्ग संधि है।
यदि विसर्ग (:) के पहले 'अ' हो और विसर्ग के बाद क्, ख्, प्, फ् हो तो विसर्ग ज्यों का त्यों रहता है। जैसे- अंतः + करण = अंतःकरण
परंतु 'नमः' और 'पुरः' का 'नमस्' और 'पुरस्' हो जाता है। जैसे- नमः + कार = नमस्कार, पुरः + कार = पुरस्कार
- अंतः + करण = अन्तःकरण
- अंतः + गत = अंतर्गत
- अंतः + ध्यान = अंतर्धान
- अंतः + राष्ट्रीय = अंतर्राष्ट्रीय

198. 'यशोदा' में प्रयुक्त संधि का नाम है -

(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
UP PSC GIC 2021
UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
लोअर-2 परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (c) यशोदा = यश: + दा इसमें विसर्ग संधि है। यदि विसर्ग के पहले 'अ' हो और उसके बाद वर्ग के प्रथम तथा द्वितीय वर्ण को छोड़कर अन्य कोई वर्ण अथवा य्, र्, ल्, व्, ह् हो तो 'अ' और विसर्ग मिलकर 'ओ' हो जाता है।

199. दिये गये सन्धि विच्छेद में सही विकल्प चुनिए-
दुराशा

(a) दुरा + आशा (b) दुरा + शा
(c) दु: + आशा (d) दुर + आशा

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'दुराशा' का संधि विच्छेद 'दु: + आशा' है। यहाँ विसर्ग संधि है। यदि विसर्ग के पूर्व 'इ', 'उ' हो एवं विसर्ग के बाद सघोष ध्वनि हो या कोई स्वर हो अथवा य्, र्, ल्, व्, ह् हो तो विसर्ग के स्थान पर 'र्' हो जाता है। जैसे- दु: + आशा = दुराशा, नि: + आहार = निराहार।

200. 'नि: + कलंक' का सही संधि शब्द कौन-सा है?

(a) निस्कलंक (b) निश्कलंक
(c) निष्कलक (d) निष्कलंक

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) नि:+कलंक का संधि है 'निष्कलंक'। यह विसर्ग संधि का उदाहरण है। यदि विसर्ग के पहले इकार या उकार आये और विसर्ग के बाद का वर्ण क,ख, प, फ, हो तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है।

201. नीचे लिखे शब्दों के सही संधि-विच्छेद का चयन कीजिए।
तिरस्कार

(a) तिरस + कार (b) तिर: + कार
(c) ति: + कार (d) तिर + कार

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) तिरस्कार का संधि विच्छेद 'तिर: + कार'। यहाँ विसर्ग संधि है। इसमें विसर्ग का स् हो जाता है, जैसे - नम: + कार = नमस्कार, पुर: + कार = पुरस्कार।

202. निम्नलिखित में से कौन विसर्ग सन्धि है?

(a) निरन्तर (b) दिग्गज
(c) जगदीश (d) महीश

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) विसर्ग संधि के नियमानुसार यदि विसर्ग के पहले 'अ', या 'आ' के अलावा कोई दूसरा स्वर हो और बाद में कोई स्वर हो, या वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण या 'य्', 'र्', 'ल्', 'व्','ह्' में से कोई हो, तो विसर्ग का 'र्' हो जाता है।

जैसे- नि: + अंतर = निरन्तर
नि: + आशा = निराशा

दु: + बल = दुर्बल
दु: + उपयोग = दुरुपयोग

203. 'गौ: + चरति' की सन्धि है-

(a) गोस्चरति (b) गौचरति
(c) गौश्चरति (d) गौहचरति

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'गौ: +चरति' की सन्धि 'गौश्चरति' है क्योंकि यदि विसर्ग के बाद 'च-छ' हो तो विसर्ग का 'श्', 'ट-ठ' हो तो 'ष्' और 'त-थ' हो तो 'स्' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं- नि: + चय = निश्चय
धनु: + टंकार = धनुष्टंकार
नि: + तार = निस्तार
नि: + छल = निश्छल

204. पयोधि का संधि विच्छेद होगा:

(a) पय: + धि (b) पय: + दधि
(c) पय: + उदधि (d) पय: + दधी

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : पयोधि का संधि विच्छेद पय: + धि होगा। यहाँ विसर्ग संधि है। इसके नियमानुसार यदि विसर्ग के पहले 'अ' और बाद में प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण या 'य', 'र', 'ल', 'व', 'ह' हो तो विसर्ग का 'ओ' हो जाता है। जैसे– पय: + धन = पयोधन, तप: + बल = तपोबल

205. विसर्ग संधि है :

(a) निष्कर्म (b) संयोग
(c) सदैव (d) गिरीश

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (a) : विसर्ग संधि का उदाहरण है– निष्कर्म। निष्कर्म का संधि विच्छेद है- नि: + कर्म। शेष दिए हुए शब्दों का संधि विच्छेद इस प्रकार है–
संयोग = सम् + योग (व्यंजन संधि)
सदैव = सदा + एव (वृद्धि स्वर संधि)
गिरीश = गिरि + ईश (दीर्घ स्वर संधि)

206. 'दुष्प्रकृति' शब्द का संधि विच्छेद है –

(a) दुस् + प्रकृति
(b) दुः + प्रकृति
(c) दुश्य् + प्रकृति
(d) दुसप्र + कृति

UP TGT 2010

उत्तर : (b) 'दुष्प्रकृति' शब्द का संधि विच्छेद है - दु: + प्रकृति। इसमें विसर्ग संधि है। विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन के मिलाने से जो विकार उत्पन्न होता है, विसर्ग सन्धि कहलाती है। यदि 'इः', 'उः' के उपरांत 'क', 'ख', 'ट', 'ठ' या 'प', 'फ' हो तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है।
जैसे- दु: + प्रकृति = दुष्प्रकृति

207. 'कः + अपि' की संधि होगी –

(a) कपि (b) कपिः
(c) कर्पि (d) कोऽपि

UP TGT 2010

उत्तर : (d) 'कः + अपि' = कोऽपि। यदि विसर्ग से पहले और बाद में अ हो तो पहले अ और विसर्ग के स्थान पर ओ हो जाता है। जैसे – अः + अ = ओ।

@RexstarPdf

208. विसर्ग संधि में किसका मेल होता है?

(a) विसर्ग के साथ स्वर
(b) विसर्ग और व्यंजन का
(c) विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन
(d) विसर्ग के साथ विसर्ग

DSSSB PGT 04.07.2021 Shift-I
KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : विसर्ग संधि में विसर्ग के साथ स्वर एवं व्यंजन का मेल होता है; जैसे- निः + आशा = निराशा, निः + रोग = नीरोग

209. 'निराकार' का संधि-विच्छेद है-

(a) निः + आकार (b) निर् + आकार
(c) निरा + आकार (d) निराका + र

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (a) : निराकार का सही संधि विच्छेद निः + आकार होगा इसमें विसर्ग संधि है। शेष त्रुटिपूर्ण हैं।

210. किस शब्द में विसर्ग संधि है?

(a) मतैक्यम् (b) महौषधि
(c) तरोश्छाया (d) विष्णवे

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (c) निम्नलिखित शब्द और उनमें संधियाँ–

शब्द	विच्छेद	संधि
मतैक्य -	मत + ऐक्य	वृद्धि स्वर संधि
महौषधि -	महा + औषधि	वृद्धि स्वर संधि
तरोश्छाया -	तरोः + छाया	विसर्ग संधि
विष्णवे -	विष्णो + ए	अयादि स्वर संधि

निम्नलिखित शब्द में संधि-विच्छेद करते समय दिए गए विकल्पों में से सही रूप छाँटिए :

211. निष्काम

(a) निष् + काम (b) निः + काम
(c) निश + काम (d) निस् + काम

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (b) 'निष्काम' शब्द का संधि विच्छेद निः + काम होगा। यह विसर्ग संधि का उदाहरण है। शेष दिए गए विकल्पों के संधि विच्छेद त्रुटिपूर्ण हैं।

212. 'निः+ पाप', में कौन सी संधि है?

(a) अयादि (b) यण
(c) विसर्ग (d) गुण

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर : (c) निः + पाप = 'निष्पाप' में विसर्ग संधि है। इस संधि के नियमानुसार यदि विसर्ग के पहले इ, उ और बाद में क, ख, ट, ठ, प, फ में से कोई वर्ण आये तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है।
जैसे- निः + कपट = निष्कपट
धनुः + टंकार = धनुष्टंकार

213. 'बहिष्कार' का संधि-विच्छेद क्या है?

(a) वहिः + ष्कार (b) बहिष + अकार
(c) बहिः + कार (d) बहिर + कार

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (c) : बहिष्कार का संधि विच्छेद - 'बहिः + कार' होगा। यह **विसर्ग संधि** के नियमानुसार है।
नियम- यदि विसर्ग के पहले इकार या उकार आये और विसर्ग के बाद का वर्ण क, ख, प, फ हो तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है।

9. अन्य

214. निम्न में से कौन सा संधि-विच्छेद सही नहीं है?

(a) एकः + एक (b) ऋ + न
(c) जगत् + ईश (d) तपः + वन

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (a) : 'एकः + एक' संधि विच्छेद अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'एक + एक' होगा

एक + एक = एकैक → वृद्धि संधि
ऋ + न = ऋण → व्यंजन संधि
जगत् + ईश = जगदीश → व्यंजन संधि
तपः+वन = तपोवन → विसर्ग संधि

215. 'इंसानियत' का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(a) इंसान + आयत (b) इंसान + इयत
(c) इंसानी + अत (d) इंसानी + यत

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'इंसानियत' शब्द का सही संधि विच्छेद 'इंसान + इयत' होगा।

216. 'बाजारूपन' का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(a) बाज़ार + ऊ + पन (b) बाज़ार + उपन
(c) बाजारू + पन (d) बाजारू + उ + पन

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'बाजारुपन' का सही संधि विच्छेद– 'बाजार + ऊ + पन' होगा। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

217. इनमें से कौन-सा विकल्प असंगत है?

(a) हरि + वाली (b) अभि + यान
(c) उप + हार (d) पत्थर + ईला

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) 'हरि + वाली' विकल्प असंगत है। इसके अतिरिक्त– अभि + यान = अभियान, उप + हार = उपहार तथा पत्थर + ईला = पथरीला सही शब्द हैं।

218. 'संहार' का सही संधि-विच्छेद क्या होता है?

(a) सन + हार (b) सन् + हार
(c) सम + हार (d) सम् + हार

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (d) संहार का सही संधि विच्छेद सम् उपसर्ग के साथ हार के रूप (सम् + हार) में प्राप्त होता है, जिसका तात्पर्य 'सम्पूर्ण विनाश' से है।

219. पितृ + इच्छा के योग से कौन-सा शब्द बनेगा?

(a) पितरूच्छा (b) पित्रीच्छा
(c) पितृच्छा (d) पित्रिच्छा

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'पितृ + इच्छा' के योग्य से 'पित्रिच्छा'शब्द बनेगा। यहाँ यण संधि है। इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद किसी भिन्न स्वर के आने पर यण संधि के नियम से इ, ई का 'य' उ, ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है।

@RexstarPdf

19.

समास

1. अव्ययीभाव समास

1. यथाशक्ति में समास है-

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

DSSSB PGT 25.07.2018 (9 am - 12 pm)
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
DSSSB 16/03/2022 (Shift-III)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
DSSSB PGT 25.07.2018 (9 am - 12 pm)
DSSSB PGT 23.07.2018
व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली
UP PGT 2011

उत्तर : (e) : यथाशक्ति में अव्ययीभाव समास होगा। अतः उपर्युक्त में से कोई नहीं उत्तर होगा। जिस समास में पूर्वपद की प्रधानता हो और सामासिक या समास पद अव्यय हो जाए। उसे 'अव्ययीभाव समास' कहते हैं।

2. किस युग्म में अशुद्धि है?

(a) दालरोटी – द्वंद्व समास
(b) सतसई - द्विगु समास
(c) आजन्म – अव्ययीभाव समास
(d) प्रतिवर्ष - कर्मधारय समास

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (d) : 'प्रतिवर्ष - कर्मधारय समास' में अशुद्धि है। प्रतिवर्ष में अव्ययीभाव समास है ना कि कर्मधारय। अव्ययीभाव समास में प्रथम पद अव्यय होता है तथा उसका अर्थ प्रधान होता है। जैसे – प्रतिवर्ष = हर वर्ष, आजन्म = जन्म से, बेकाम = बिना काम के, बेलगाम = बिना लगाम के आदि।

3. 'यथोचित' किस समास का उदाहरण है?

(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) द्विगु समास

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : अव्ययीभाव समास-इस समास का पहला पद प्रधान होता है और समस्त पद वाक्य में क्रिया विशेषण का काम करता है। इसका पूर्वपद अव्यय होता है।
उदाहरण-यथामति, आजन्म, प्रतिदिन, यथावत, प्रतिमाह, प्रतिदिन आदि।

4. 'आपादमस्तक' किस समास का उदाहरण है?

(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) द्विगु समास

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (b) आपादमस्तक (पाद से लेकर मस्तक तक) अव्ययीभाव समास का उदाहरण है।

5. समास के कितने भेद हैं?

(a) तीन (b) चार
(c) पाँच (d) छह

CGPSC (Pre) 2019

उत्तर : (d) : समास के 'छह' भेद होते हैं। द्वंद समास, द्विगु समास, कर्मधारय समास, तत्पुरुष समास, बहुव्रीहि समास, अव्ययीभाव समास।

6. 'प्रतिदिनम्' शब्द का समास विग्रह कीजिये?

(a) दिनं दिनं व (b) दिनं दिनं प्रति
(c) दिनम् दिनम् (d) दिनं व दिनं

GIC PGT 2015
UP TGT 2011

उत्तर : (b) 'प्रतिदिनम्' शब्द का समास विग्रह-'दिनं दिनं प्रति' होगा। इसमें अव्ययीभाव समास है। अव्ययीभाव समास में प्रथम पद अव्यय एवं प्रधान होता है और समस्त पद अव्यय की भाँति कार्य करता है। इसके अन्य उदाहरण-यथाशक्ति, प्रतिदिन, उपगंगम् आदि हैं।

7. निम्नलिखित पदों में से कौन सा पद अव्ययीभाव समास का नहीं है?

(a) राजपुत्र (b) प्रतिदिन
(c) यथाशक्ति (d) प्रत्येक

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : 'राजपुत्र' पद में अव्ययीभाव समास नहीं है जबकि दिये गये अन्य विकल्पों प्रतिदिन, यथाशक्ति और प्रत्येक में अव्ययीभाव समास है। 'राजपुत्र' पद में सम्बन्ध तत्पुरुष समास है जिसका समास विग्रह 'राजा का पुत्र' होगा।

8. दिए गए शब्द का समास ज्ञात कीजिए।
यथासंभव

(a) तत्पुरुष समास (b) द्वंद्व समास
(c) कर्मधारय समास (d) अव्ययीभाव समास

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)
UPSI 14.11.2021(Shift- I)
DSSSB - 24.07.2018 (2 pm - 5 pm)
UP SSSC VDO 23.12.2018(Shift- I)
इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (d) : यथासंभव में अव्ययीभाव समास है।
अव्ययीभाव समास- इस समास में पहला पद प्रधान होता है और सामासिक पद या समस्त पद अव्यय होता है।

9. 'भरपेट' में कौन-सा समास है ?

(a) तत्पुरुष समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) द्विगु समास

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'भरपेट' में 'अव्ययीभाव समास' है। जिस सामासिक शब्द में प्रथम पद की प्रधानता होती है तथा वह एक अव्यय के रूप में होता है, वह सामासिक शब्द अव्ययीभाव समास कहलाता है। **जैसे**– आमरण, भरपेट, आजीवन, यथाशक्ति, यथारूप, इत्यादि।

@RexstarPdf

10. 'यथास्थान' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) द्विगु समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) कर्मधारय समास

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'यथास्थान' शब्द में अव्ययीभाव समास है। इस समास में पहला या पूर्वपद अव्यय होता है और उसका अर्थ प्रधान होता है। **उदाहरण**- आजन्म, प्रतिदिन, यथासमय।

11. किस समास का समस्त पद वाक्य में क्रिया विशेषण का काम करता है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्वंद्व समास (d) द्विगु समास

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : अव्ययीभाव समास का समस्त पद वाक्य में क्रियाविशेषण का काम करता है। जिस समास में समस्त पद (प्रथम पद) अव्यय या उपसर्ग हो तथा दूसरा पद संज्ञा हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। **जैसे**– यथाशक्ति, प्रतिलिपि, कुमार्ग।

12. 'हररोज' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) बहुव्रीहि

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (a) जिस समास का पहला पद (पूर्वपद) अव्यय तथा प्रधान हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। **जैसे**- पहला पद अनु, आ, प्रति, भर, यथा, यावत, हर आदि होता है।
(पूर्वपद - अव्यय) + (उत्तरपद) = समस्त पद
प्रति + दिन = प्रतिदिन
आ + जन्म = आजन्म
हर + रोज = हररोज

13. 'प्रतिक्षण' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) कर्मधारय समास (d) द्विगु समास

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : प्रतिक्षण में अव्ययीभाव समास होगा। **अव्ययीभाव समास**- वह समास जिसका विग्रह करने पर प्रथम पद अव्यय होता है अव्ययीभाव समास कहलाता है। **जैसे**– यथाशक्ति, प्रतिदिन आदि।

14. 'यथारुचि' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) द्वंद्व

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'यथारुचि' में 'अव्ययीभाव समास' है। इस समास में पहला पद प्रधान होता है और सामासिक पद अव्यय होता है।
उदाहरण–यथाशक्ति, आजीवन, आमरण, भरपेट, यथारूप आदि।

15. 'यथासमय' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'यथासमय' में अव्ययीभाव समास है।
अव्ययीभाव समास- इस समास का पहला पद प्रधान होता है तथा अव्यय की भाँति कार्य करता है, इसी कारण से अव्ययीभाव का समस्तपद सदा लिंग, वचन, विभक्तिहीन रहता है।

16. 'अनुरूप' में कौन-सा समास होता है?

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : अनुरूप - रूप के अनुसार। अनुरूप शब्द में अव्ययीभाव समास है। इस समास में पहला पद अव्यय और दूसरा पद संज्ञा होता है। समस्त पद में अव्यय के अर्थ की प्रधानता रहती है; **जैसे –** यथाशीघ्र – जितना शीघ्र हो।

17. 'आमरण' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (b) : 'आमरण' शब्द में अव्ययीभाव समास है। जिस सामासिक शब्द का प्रथम पद प्रधान हो और अव्यय भी हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं, जैसे- बखूबी, प्रतिदिन, आजीवन, भरसक आदि।

18. 'आजन्म' शब्द में समास है

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) बहुव्रीहि

UP TGT 2009
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'आजन्म' शब्द में अव्ययीभाव समास है। जिस समास का पहला पद अव्यय तथा प्रधान हो, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। जैसे-

प्रति + दिन = प्रतिदिन	प्रत्येक दिन
अनु + रूप = अनुरुप	रूप के अनुसार
प्रति + कूल = प्रतिकूल	इच्छा के विरुद्ध

19. प्रतिदिन में कौन-सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष (d) द्विगु

DSSS प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 29/12/2013
[UPSI 20.07.2017 Shift I]
GIC-PGT 2015

उत्तर. (b) : प्रतिदिन में अव्ययीभाव समास है। जिस समास का पहला पद अव्यय तथा प्रधान हो उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। प्रतिदिन का विग्रह-दिन-दिन होगा।

20. जिस समास का पहला पद अव्यय हो तथा प्रथम पद प्रधान हो, उसे कौन सा समास कहते हैं?

(a) बहुव्रीहि (b) अव्ययीभाव
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]
Jharkhand TGT 2017
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : जिस समास का पहला पद अव्यय हो तथा वह प्रधान हो, उसे 'अव्ययीभाव समास' कहते हैं। जैसे- यथासम्भव, प्रतिदिन, बार-बार, आजन्म, हाथोंहाथ, बेखटके, भरपेट, प्रत्यक्ष, आजीवन आदि।

21. अव्ययीभाव समास का उदाहरण है :

(a) पल - पल (b) अन्न - जल
(c) अंत - अनंत (d) धर्माधर्म

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (a) विकल्प 'पल-पल' अव्ययीभाव समास का उदाहरण है। जिस समास का पूर्व पद प्रधान हो और समस्त पद अव्यय हो अव्ययीभाव कहलाता है। अन्न-जल में इतरेतर द्वन्द्व समास, अंत-अनंत तथा धर्माधर्म में वैकल्पिक द्वन्द्व समास है।

22. धीरे-धीरे का समास :

(a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्विगु समास

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) शब्द 'धीरे-धीरे' में 'अव्ययीभाव समास है। जिस समास का प्रथम पद प्रधान हो, अव्यय भी हो तथा दूसरा पद संज्ञा हो; उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। जैसे-प्रत्येक = एक-एक के प्रति, यहाँ 'प्रति' प्रधान (अव्यय) तथा 'एक' संज्ञा है। जिस शब्द के दोनों पद प्रधान हों, वहाँ द्वन्द्व समास होता है। जैसे भाई-बहन, माता-पिता आदि। जिस शब्द का प्रथम पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो; 'कर्मधारय समास' होता है, जैसे- 'परम + ईश्वर' = परमेश्वर। जिस शब्द में प्रथम पद संख्यावाची तथा दूसरा पद संज्ञा हो, 'द्विगु समास' होता है। जैसे- इकतारा, दुगुना।

23. 'प्रतिमान' में समास है–

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

उत्तर : (b) प्रतिमान में अव्ययीभाव समास है क्योंकि 'प्रति' अव्यय शब्द होता है। जिस सामासिक पद की शुरुआत में अनु, आ, प्रति, भर जुड़े हों अव्ययीभाव समास में आते हैं। जैसे- अनुरूप, आजन्म, प्रतिदिन, भरपेट।

24. 'मनमाना' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) बहुब्रीहि

UP TGT 2003

उत्तर : (a) 'मनमाना' शब्द में अव्ययीभाव समास है। इसका विग्रह 'मन के अनुसार' होगा। जिस शब्द में पूर्व पद की प्रधानता हो और सामासिक या समस्त पद अव्यय हो, वहाँ अव्ययीभाव समास होता है। जहां पूर्व पद विशेषण होने के कारण गौण तथा उत्तर पद विशेष्य होने के कारण प्रधान होता है, वहाँ पर तत्पुरुष समास होता है। जिस समास में विशेष्य-विशेषण या उपमान-उपमेय सम्बन्ध हो, वहाँ कर्मधारय समास तथा जहाँ पर दोनों पदों को छोड़कर किसी अन्य पद की प्रधानता हो, वहाँ बहुब्रीहि समास होता है।

25. निम्नलिखित में 'यथाविधि' का सही समास कौन-सा है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुब्रीहि

DSSSB PGT - 23.07.2018
UP PGT 2010

उत्तर : (a) अव्ययीभाव समास – इस समास में पहला पद अव्यय और दूसरा पद संज्ञा होता है तथा जिस समास के समस्त पद में अव्यय के अर्थ की प्रधानता रहती है, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। जैसे –

- यथाविधि – विधि के अनुसार
- प्रतिदिन – दिन-दिन
- यथाशक्ति – शक्ति के अनुसार

तत्पुरुष समास – जिस समास का उत्तर पद अर्थात् अंतिम पद प्रधान हो और बीच में कारक चिह्न लुप्त हो, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

जैसे –

- गगनचुम्बी – गगन को चूमने वाला
- नेत्रहीन – नेत्र से हीन
- रोगग्रस्त – रोग से ग्रस्त
- देशभक्ति – देश के लिए भक्ति
- धनहीन – धन से हीन
- गंगाजल – गंगा का जल
- ग्रामवास – ग्राम में वास

कर्मधारय समास – कर्मधारय समास का प्रथम पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य अथवा संज्ञा होता है। जैसे –

- नराधम – अधम है नर जो
- महौषधि – महान है जो औषधि

बहुव्रीहि समास – इस समास में कोई भी पद प्रधान नहीं होता है, दोनों शब्द मिलाकर एक नया अर्थ प्रकट करते हैं, इसमें समस्तपद ही किसी अन्य पद का विशेषण होता है। उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। जैसे –

- चक्रधर – चक्र को धारण करने वाले अर्थात् विष्णु
- दशानन – दश हैं आनन जिसके अर्थात् रावण

26. 'अनुरूप' में कौन सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) अव्ययीभाव (d) द्विगु

UP PGT 2013

उत्तर : (c) जिस समास का पूर्व पद अव्यय तथा प्रधान हो उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। अनुरूप का समास विग्रह 'रूप के अनुसार' होगा। यहाँ पूर्व पद 'अनु' उपसर्ग तथा प्रधान है, अतः यहाँ अव्ययीभाव समास होगा।

27. 'रातोंरात' शब्द में समास है

(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

UP PGT - 2021
GIC. PGT 2015
DSSSB TGT ST 15/10/2018, III Shift
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर : (c) रातोंरात (रात ही रात में) में अव्ययीभाव समास है। जिस समास का प्रथम पद अव्यय हो या कोई उपसर्ग हो, वहाँ अव्ययी भाव समास होता है।

28. 'बखूबी' में कौन-सा समास पाया जाता है?

(a) अव्ययीभाव (b) द्वंद्व
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'बखूबी'– 'खूबी के साथ' में अव्ययीभाव समास है। इस समास में पहला पद प्रधान होता है और सामासिक पद या समास पद अव्यय होता है।

उदाहरण– आमरण – मरण तक
आपादमस्तक – पाद से मस्तक तक
यथाशक्ति – शक्ति के अनुसार।

29. 'यह पुस्तक भी हाथोंहाथ बिक गई।' वाक्य के रेखांकित पद में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय

UPPCL JE Electrical, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (a) जिस समास में पहला पद अव्यय और दूसरा पद संज्ञा होता है तथा समस्त पद में अव्यय के अर्थ की प्रधानता रहती है वह अव्ययीभाव समास कहलाता है।
जैसे - हाथोंहाथ, प्रतिदिन, प्रत्येक

30. भीष्म पितामह ने <u>आजीवन</u> शादी न करने का प्रण लिया था। रेखांकित शब्द का समास होगा :
(a) अव्ययीभाव समास (b) तत्पुरुष समास
(c) कर्मधारय समास (d) द्विगु समास

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-I)
UPSI 12.11.2021 (Shift-II)
UPP Constable, 19.06.2018 (Shift-II)
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) रेखांकित शब्द 'आजीवन' में अव्ययीभाव समास है। इसमें पहला पद (पूर्व पद) अव्यय तथा प्रधान होता है।
जैसे - यथाशीघ्र, यथाशक्ति, आजन्म

2. तत्पुरुष समास

31. निम्नलिखित में से कौन सा समास का प्रकार सही नहीं है?
(a) पंचवटी – द्विगु समास
(b) विद्याभंडार – तत्पुरुष समास
(c) पर्णकुटी – द्वंद्व समास
(d) यथानियम – अव्ययीभाव समास

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए विकल्पों में, 'पर्णकुटी' में द्वंद्व समास नहीं है। 'पर्णकुटी' शब्द में तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष समास 6 कारकों में विभक्त है।
तत्पुरुष समास :– जिस समास का उत्तर पद प्रधान हो और पूर्वपद गौण हो, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।
जैसे :– पर्णकुटी = पत्तों की कुटिया
राजपुत्र = राजा का पुत्र

32. 'पुस्तकालय' शब्द किस समास का उदाहरण है?
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्वंद (d) कर्मधारय

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (a) : पुस्तकालय में तत्पुरुष समास प्रयुक्त है।
तत्पुरुष समास में कारक चिह्न छिपे हुए होते हैं।
उदाहरण -पुस्तक के लिए आलय → 'पुस्तकालय' यह सम्प्रदान तत्पुरुष का उदाहरण है।

33. 'योगदान' शब्द किस समास का उदाहरण है?
(a) तत्पुरुष
(b) बहुव्रीहि
(c) द्वंद्व
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'योगदान' शब्द 'तत्पुरुष समास' का उदाहरण है। तत्पुरुष समास में पहला पद गौण होता है और अन्तिम पद की प्रधानता होती है। कर्त्ता कारक और सम्बोधन को छोड़कर शेष सभी कारकों में विभक्तियाँ लगाकर इसका समास-विग्रह होता है।

34. किस शब्द में तत्पुरुष समास नहीं है?
(a) विश्वविख्यात (b) आश्चर्यचकित
(c) विषधर (d) हिमपात

GIC. PGT 2015

उत्तर : (c) 'विषधर' में तत्पुरुष समास नहीं है। विषधर – विष को धारण करने वाला अर्थात सर्प या शिव। अतः विषधर में बहुव्रीहि समास होगा।

35. 'रसोईघर' का समास-विग्रह है :
(a) रसोई के लिए घर (b) रसोई का घर
(c) घर की रसोई (d) रसोई और घर

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)
DIET PGT. 2014

उत्तर : (a) रसोईघर का समास- विग्रह 'रसोई के लिए घर' होगा। यह सम्प्रदान तत्पुरुष समास का उदाहरण है।

36. कौन से शब्द में कर्मधारय समास नहीं है?
(a) नीलगाय (b) प्रियसखा
(c) कृताकृत (d) विद्याभ्यास

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'विद्याभ्यास' अर्थात् 'विद्या का अभ्यास'। इसमें तत्पुरुष समास है। नीलगाय, प्रियसखा, कृताकृत कर्मधारय समास के उदाहरण हैं। जिस समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो, कर्मधारय समास कहलाता है।

37. निम्नलिखित में से एक तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है:
(a) मुँहमाँगा (b) रसोईघर
(c) कामचोर (d) कूड़ाकचरा

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'कूड़ाकचरा' तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है। अन्य शब्द एवं समास इस प्रकार हैं-

शब्द	समास
कूड़ाकचरा	द्वन्द्व समास
मुँहमाँगा	तत्पुरुष समास
रसोईघर	तत्पुरुष समास
कामचोर	तत्पुरुष समास

38. 'राजदरबार' में कौन सा समास है?
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

DSSSB लैब सहायक परीक्षा, 26/04/2015
[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (b) 'राजदरबार' में सम्बन्ध तत्पुरुष समास है क्योंकि राजदरबार का समास विग्रह होगा 'राजा का दरबार'। यहाँ सम्बन्ध कारक विभक्ति 'का' प्रयुक्त हुआ है। अतः यहाँ सम्बन्ध तत्पुरुष समास है।

@RexstarPdf

39. 'प्रेमसागर' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) तत्पुरुष समास
(c) द्वंद्व समास (d) द्विगु समास

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b): 'प्रेमसागर' शब्द में 'तत्पुरुष समास' है। जिस सामासिक शब्द में उत्तर पद की प्रधानता होती है, वह तत्पुरुष समास कहलाता है। **जैसे**- प्रेमसागर- प्रेम का सागर।

40. दिए गए शब्द का समास ज्ञात कीजिए।
प्राप्तांक

(a) तत्पुरुष समास (b) कर्मधारय समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्विगु समास

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (a) 'प्राप्तांक' शब्द में तत्पुरुष समास है।
तत्पुरुष समास - इसमें पहला पद गौण होता है और अंतिम पद की प्रधानता होती है। और सामान्यतः प्रथम पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है।

41. 'मातृहंता' में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय समास (b) तत्पुरुष समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) द्विगु समास

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'मातृहंता' में तत्पुरुष समास है। जिसका विग्रह 'माता की हत्या करने वाला' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं। जिस सामासिक शब्द में उत्तर पद की प्रधानता होती है और बीच में कारक चिह्न लुप्त होता है। वह तत्पुरुष समास कहलाता है।

42. 'स्वर्गप्राप्त' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) तत्पुरुष समास

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'स्वर्गप्राप्त' में 'तत्पुरुष समास' है।
स्वर्गप्राप्त = स्वर्ग को प्राप्त (कर्म तत्पुरुष)
तत्पुरुष समास में द्वितीय पद की प्रधानता होती है। इस समास में कर्त्ता कारक और सम्बोधन कारक के अतिरिक्त शेष द्वितीया से सप्तमी कारक तक के विभक्ति का लोप होता है।
जैसे- मनोहर = मन को हरने वाला
गृहागत = गृह को आगत
स्वर्गप्राप्त = स्वर्ग को प्राप्त

43. 'मतदाता' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) द्विगु समास
(c) द्वंद्व समास (d) तत्पुरुष समास

LT Hindi - 2018
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : मतदाता शब्द में तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष वह समास होता है, जिसमें उत्तर पद प्रधान होता है अर्थात् प्रथम पद गौण होता है एवं उत्तर पद की प्रधानता होती है। समास करते वक्त बीच की विभक्ति का लोप हो जाता है।
जैसे - पाकेटमार, गृहागत, स्वर्गप्राप्त, गगनचुम्बी, आदि।

44. 'देशार्पण' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष समास (b) द्विगु समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) कर्मधारय समास

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'देशार्पण' में तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष समास वह समास होता है जिसमें उत्तरपद प्रधान होता है। अर्थात् प्रथम पद गौण होता है एवं समास करते समय बीच की विभक्ति का लोप हो जाता है। **उदाहरण**- मूर्तिकार, शाकाहारी, माखनचोर आदि।

45. 'नेत्रहीन' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) द्वंद्व (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'नेत्रहीन' शब्द में तत्पुरुष समास है। वह समास जिसमें उत्तरपद प्रधान है, तथा प्रथम पद गौण होता है एवं समास करते वक्त बीच में विभक्ति का लोप हो जाता है। उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

46. जिस समास में पूर्व-पद गौण तथा उत्तर पद प्रधान हो, उसे कौन-सा समास कहते हैं?

(a) द्वन्द्व समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्विगु समास (d) तत्पुरुष समास

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 25/08/2015
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]
UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 Shift-II
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर : (d) जिस समास में पूर्व पद गौण तथा उत्तर पद प्रधान हो और बीच में कारक चिह्न लुप्त हो, तो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। इसके उदाहरण हैं- प्रेमसिक्त, कामचोर, राहखर्च, गोशाला, लोकोत्तर, खरारि, राजपुत्र, शास्त्रप्रवीण आदि।

47. 'कलाप्रवीण' में कौन सा समास है?

(a) बहुव्रीहि (b) तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) अव्ययीभाव

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (b) : 'कलाप्रवीण' में तत्पुरुष समास है। 'कलाप्रवीण' का समास विग्रह है– 'कला में प्रवीण' अतः यह अधिकरण तत्पुरुष समास का उदाहरण है। तत्पुरुष समास का उत्तरपद प्रधान होता है।

48. तत्पुरुष समास का उदाहरण है:-

(a) आजीवन (b) राष्ट्रपति
(c) सादर (d) निशाचर

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : राष्ट्रपति तत्पुरुष समास का उदाहरण है- जिस समास का प्रथम पद गौण (अप्रधान) तथा अन्तिम पद प्रधान हों, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं; **जैसे-**

सामासिक पद	**समास विग्रह**	**समास नाम**
राष्ट्रपति	राष्ट्र का पति	तत्पुरुष समास
आजीवन	जीवन भर	अव्ययीभाव
सादर	आदर सहित	अव्ययीभाव
निशाचर	निशा (रात्रि) में विचरण करने वाला	बहुव्रीहि

49. जलपुरुष में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) द्वन्द्व

KVS TGT, 2018
[UPSI 24.07.2017 Sift I]

@RexstarPdf

उत्तर. (a) जलपुरुष में तत्पुरुष समास है। जिस समास में बाद का अथवा उत्तर पद प्रधान होता हैं तथा दोनों पदों के बीच का कारक-चिह्न लुप्त हो जाता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। जैसे
राजपुत्र - राजा का पुत्र
रोगग्रस्त - रोग से ग्रस्त

50. जन्मांध में समास बताइये-

(a) तत्पुरुष समास (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) द्वन्द्व

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : जन्मांध में तत्पुरुष समास है। इसका विग्रह 'जन्म से अंधा' होता है। जिसमें उत्तरपद प्रधान तथा प्रथम पद गौण हो, तत्पुरुष समास कहलाता है। जैसे-मूर्तिकार, कालजयी, मांसाहारी, राजद्रोही, आत्मघाती आदि।

51. पुरुषोत्तम में कौन सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) तत्पुरुष

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (d) : पुरुषोत्तम में तत्पुरुष समास है। समास विग्रह-पुरुषों में उत्तम। वह समास जिसमें उत्तरपद प्रधान तथा प्रथम पद गौण होता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। अन्य उदाहरण - कालजयी, शाकाहारी, आत्मघाती आदि।

52. राजनेता में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : राजनेता में तत्पुरुष समास होता है। इसका विग्रह-राज्य का नेता होगा।

53. किस शब्द में तत्पुरुष समास है?

(a) दौड़धूप (b) मधुमक्खी
(c) पीताम्बर (d) त्रिभुवन

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में 'मधुमक्खी' शब्द में तत्पुरुष समास है। इसका समास विग्रह होगा 'मधु की मक्खी' शेष शब्दों का विवरण निम्नलिखित है–

शब्द	समास विग्रह	समास
पीताम्बर	पीला है अम्बर (वस्त्र) जिसका अर्थात– विष्णु	बहुव्रीहि
त्रिभुवन	तीन भुवनों (संसार) का समूह	द्विगु
दौड़धूप	दौड़ या धूप	द्वन्द्व

54. तत्पुरुष समास में 'तत्पुरुष' का शब्दार्थ क्या होता है?

(a) मेरा पुरुष (b) उसका पुरुष
(c) जिस का पुरुष (d) किस का पुरुष

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) तत्पुरुष समास में 'तत्पुरुष' का शब्दार्थ 'उसका पुरुष' होता है। इस समास में अन्तिम पद की प्रधानता होती है।

55. मुंबई में गगनचुम्बी इमारतें बहुत हैं।
रेखांकित शब्द में कौन सा समास समाहित है?

(a) तत्पुरुष समास (b) कर्मधारय समास
(c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) जिस समास का उत्तर पद अर्थात् अन्तिम पद प्रधान हो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। कर्त्ता कारक और सम्बोधन को छोड़कर शेष सभी कारकों में विभक्तियाँ लगाकर इसका समास विग्रह होता है। जैसे–
गगनचुम्बी– गगन को चूमने वाला अर्थात् गगनचुम्बी में कर्म तत्पुरुष समास है।

56. 'बैलगाड़ी' में समास है :

(a) द्वंद्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

UP TGT - 2021
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) 'बैलगाड़ी' में तत्पुरुष समास है। इस समास में बाद का अथवा उत्तरपद प्रधान होता है तथा दोनों पदों के बीच कारक चिह्न का लोप होता है। जैसे– राजकुमार (राजा का कुमार), शोकग्रस्त (शोक से ग्रस्त)
बैलगाड़ी = बैलों से चलने वाली गाड़ी।

57. शास्त्रप्रवीण महाविद्यालय में पीतांबर धारण करने आते हैं।
इस वाक्य में तत्पुरुष समास कौन-से शब्द में है?

(a) शास्त्रप्रवीण (b) महाविद्यालय
(c) पीतांबर (d) धारण करके

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift
इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर. (a) : 'शास्त्रप्रवीण महाविद्यालय में पीतांबर धारण करने आते हैं' वाक्य में 'शास्त्रप्रवीण' शब्द में तत्पुरुष समास है। इसका समास विग्रह 'शास्त्र में प्रवीण' होगा। प्रस्तुत शब्द में अधिकरण तत्पुरुष है।

58. पथभ्रष्ट में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) जिस समास में उत्तर पद प्रधान हो तथा दोनों पदों के मध्य का कारक चिह्न लुप्त हो जाए तो वहाँ पर 'तत्पुरुष समास' होता है। नामों के आधार पर तत्पुरुष समास को छः प्रमुख भागों में बाँटा गया है। पथ भ्रष्ट = पथ से भ्रष्ट, यहाँ अपादान कारक है, अतः यहाँ 'अपादान तत्पुरुष' या 'पंचमी तत्पुरुष' समास होगा।

59. 'राजपुत्र' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय

KVS PGT Hindi 2017
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) जिस समास में अन्तिम पद प्रधान होता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। सामान्यतः कारकों (कर्त्ता व सम्बोधन को छोड़कर) की विभक्ति प्रथम पद और दूसरे पद के बीच लुप्त होती है।
जैसे -राजपुत्र - राजा का पुत्र (षष्ठी तत्पुरुष)
रोगग्रस्त - रोग से ग्रस्त (तृतीया तत्पुरुष)

60. इसमें कौन सा तत्पुरुष समास है?

(a) आजन्म (b) आशातीत
(c) शीतोष्ण (d) अष्टाध्यायी

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'आशातीत' में तत्पुरुष समास है। 'आजन्म' में अव्ययी भाव समास है, 'शीतोष्ण' में द्वन्द्व समास तथा 'अष्टाध्यायी' में द्विगु समास है। आशातीत = आशा को अतीत (लाँघकर गया हुआ)

@RexstarPdf

61. 'गंगाजल' शब्द में समास का भेद बताइये-

(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'गंगाजल' अर्थात् 'गंगा का जल' तत्पुरुष समास का उदाहरण है। तत्पुरुष समास में अन्तिम पद प्रधान होता है। जिस समास के दोनों पद प्रधान हों वहाँ द्वन्द्व समास होता है। जैसे–भाई-बहन, माता-पिता, ऊँचा-नीचा आदि। जिस समास का प्रथम पद अव्यय तथा दूसरा पद संज्ञा हो अव्ययीभाव समास होता है। जैसे- आजन्म, प्रतिदिन, भरपेट, प्रत्येक, प्रत्याहार आदि।

62. 'गोशाला' में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

परिचालक परीक्षा, 2015
UP TGT 2009
UP TET (I-V) 18/11/2018

उत्तर : (c) 'गोशाला' में तत्पुरुष समास है। जिस समास का उत्तर पद प्रधान हो, वहाँ तत्पुरुष समास होता है। जिस समास का प्रथम पद संख्यावाची तथा दूसरा पद संज्ञा हो, द्विगु समास है, जैसे- चौराहा, त्रिलोकी, पंचपात्र, पंचवटी। जिस समास का प्रथम पद प्रधान व अव्यय तथा दूसरा पद संज्ञा हो, अव्ययीभाव कहलाता है। जैसे-प्रतिदिन, भरपेट, प्रत्याहार, आमरण, यथाशक्ति।

63. 'जलधि' में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'जलधि' में तत्पुरुष समास है जिसका विग्रह होगा - 'जल को धारण किया हुआ'। इसमें कर्म तत्पुरुष समास है। जिस समास में अन्तिम पद प्रधान होता है और दोनों पदों के मध्य कारक चिह्न लुप्त हो जाए तो वहाँ पर तत्पुरुष समास होता है।

64. 'सिंहद्वार' शब्द में समास है –

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) इनमें से कोई नहीं

UP TGT 2001

उत्तर : (a) सिंहद्वार में तत्पुरुष समास है तथा इसका विग्रह 'सिंह का द्वार' होगा। जिस समास में अंतिम पद प्रधान होता है तथा दोनों पदों के बीच कारक चिह्न लुप्त हो जाता है। वह तत्पुरुष समास कहलाता है। जैसे -

तुलसीकृत – तुलसी से कृत
विद्याभ्यास – विद्या का अभ्यास

65. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्पुरुष समास का उदाहरण है? सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) हरि-शंकर (b) राजपुरुष
(c) पीताम्बर (d) रात-दिन

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) : 'राजपुरुष' तत्पुरुष समास का उदाहरण है।

शब्द	समास विग्रह	समास
राजपुरुष	राजा का पुरुष	तत्पुरुष
हरिशंकर	हरि और शंकर	द्वन्द्व
रात-दिन	रात और दिन	द्वन्द्व
पीताम्बर	पीत है अम्बर अर्थात विष्णु	बहुव्रीहि

66. `सद्गति' शब्द में समास होगा –

(a) तत्पुरुष समास (b) कर्मधारय समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्विगु समास

UP PGT 2002

उत्तर : (a) सद्गति शब्द में तत्पुरुष समास होगा। इसमें षष्ठी तत्पुरुष होगा। सद्गति का समास-विग्रह 'सत्य की ओर गति' होगा।

67. 'शोकाकुल' में समास है–

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव

UP PGT 2003

उत्तर : (a) शोकाकुल में तत्पुरुष समास है, जिसका समास-विग्रह शोक से आकुल होगा तथा इसमें करण तत्पुरुष है।

68. 'अकालपीड़ित' में समास होगा :

(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

UP PGT 2004

उत्तर : (c) 'अकालपीड़ित' में तत्पुरुष समास है। इसका विग्रह होगा अकाल से पीड़ित तत्पुरुष समास में अंतिम पद प्रधान होता है तथा विभक्ति चिह्नों का लोप हो जाता है।

69. 'पर्णकुटी' शब्द का समास है–

(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि।

UP PGT 2010

उत्तर : (a) पर्णकुटी शब्द में 'तत्पुरुष समास' है। इसका विग्रह होगा 'पत्तों की कुटी'। अतः यहाँ तत्पुरुष समास होगा। समास का अर्थ संक्षेप होता है। कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक अर्थ प्रकट करना समास का मुख्य प्रयोजन है। समास में कम से कम दो पदों का योग होता है।

70. 'ध्यानमग्न' में कौन सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

UP PGT 2013

उत्तर : (c) `ध्यानमग्न' में तत्पुरुष समास होगा। इसका विग्रह होगा 'ध्यान में मग्न'। इस प्रकार यह अधिकरण तत्पुरुष समास है।

71. 'मुँहतोड़' शब्द में समास है-

(a) तत्पुरुष समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) कर्मधारय समास (d) द्विगु समास

Ashram Paddhati PGT. 2012
UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'मुँहतोड़' (मुँह को तोड़ने वाला) में तत्पुरुष समास है। जिस समास का प्रथम पद गौण हो तथा उत्तर पद प्रधान हो साथ ही साथ विभक्तियों का लोप होता है, वहाँ पर तत्पुरुष समास होता है।
भरसक – अव्ययीभाव समास
परमेश्वर – कर्मधारय समास
पंचवटी – द्विगु समास

72. 'अकृतम्' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व

Ashram Paddhati PGT. 2012

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'अकृतम' में नञ तत्पुरुष समास होगा। 'नञ तत्पुरुष समास तत्पुरुष का एक भेद है। इसमें निषेधात्मक भाव निहित होता है तथा पहला पद अधिकांशतः निषेधवाची होता है।

73. अधोलिखित शब्दों में से किस शब्द में तत्पुरुष समास है?

(a) मुनिवर (b) सुसंग
(c) पराधीन (d) दत्तचित्त

DIET PGT. 2014

उत्तर : (c) 'पराधीन' शब्द में तत्पुरुष समास है। पराधीन का समास विग्रह- 'पर (दूसरे) के अधीन'। यहाँ सम्बन्ध तत्पुरुष समास है। जिस समास का पूर्वपद गौण रहता है तथा उत्तर पद प्रधान हो एवं दोनों पदों के बीच कारक चिह्न लुप्त हो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। जैसे- राजपुत्र-राजा का पुत्र।

74. 'राजकुमार' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय समास
(c) द्वन्द समास (d) बहुव्रीहि समास

UKPSC AE 2021
UPPCL JE Electrical, 2018
[UKPSC AE 2017]

उत्तर : (a) जिस समास में उत्तरपद प्रधान होता है तथा दोनों पदों के बीच का कारक चिह्न लुप्त हो जाता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं; जैसे–

- राजा का कुमार – राजकुमार
- धर्म का ग्रंथ – धर्म ग्रंथ
- रचना करने वाला – रचनाकार

75. 'देशभक्ति' में समास है–

(a) द्वंद्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UP TET (I-V) 2018
UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift
UPSSSC VDO 22.12.2018 IInd Shift
MP TET (I-V) 2011

उत्तर : (c) 'देशभक्ति' का समास विग्रह 'देश के लिए भक्ति' में तत्पुरुष समास है। इस समास में बाद का पद या उत्तर पद प्रधान होता है तथा दोनों पदों के बीच का कारक–चिह्न लुप्त होता है। जैसे–

- डाकगाड़ी – डाक के लिए गाड़ी – सम्प्रदान तत्पुरुष
- शोकग्रस्त – शोक से ग्रस्त – करण तत्पुरुष
- पथभ्रष्ट – पथ से भ्रष्ट – अपादान तत्पुरुष

(i) करण तत्पुरुष

76. 'हस्तलिखित' शब्द उदाहरण है।

(a) कर्मधारय समास का (b) तत्पुरुष समास का
(c) द्विगु समास का (d) बहुव्रीहि समास का

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) : 'हस्तलिखित' शब्द तत्पुरुष समास का उदाहरण है। इसका समास विग्रह - 'हस्त से लिखित' होगा।

77. 'गोबर-गणेश' यह किस समास का उदाहरण है?

(a) संबंध तत्पुरुष (b) संप्रदान तत्पुरुष
(c) करण तत्पुरुष (d) अधिकरण तत्पुरुष

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'गोबर गणेश' यह करण तत्पुरुष समास का उदाहरण है जिसका समास विग्रह 'गोबर से निर्मित गणेश' है; जबकि संप्रदान तत्पुरुष का उदाहरण डाक गाड़ी 'डाक के लिए गाड़ी' है, सम्बन्ध तत्पुरुष का उदाहरण है गंगातट 'गंगा का तट' है तथा अधिकरण तत्पुरुष का उदाहरण आपबीती 'आप पर बीती' है।

(ii) सम्प्रदान तत्पुरुष

78. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के लिए सही तत्पुरुष समास के विग्रह का विकल्प हो।

राज्यभवन

(a) राज्य से भवन (b) राज्य के लिए भवन
(c) भवन रूपी राज्य (d) राज्य पर भवन

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : राज्यभवन तत्पुरुष समास का उदाहरण है जिसका समास विग्रह निम्न होगा–
'राज्य के लिए भवन'

79. 'परीक्षा-केंद्र' में इनमें से कौन-सा समास है?

(a) अपादान तत्पुरुष (b) अधिकरण तत्पुरुष
(c) संप्रदान तत्पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : संप्रदान तत्पुरुष समास:- जिस समास का उत्तरपद प्रधान हो और पूर्वपद गौण एवं 'के लिए' चिह्न का लोप हो उसे संप्रदान तत्पुरुष समास कहते हैं।
जैसे:- परीक्षा-केंद्र परीक्षा के लिए केन्द्र
युद्धाभ्यास युद्ध के लिए अभ्यास

80. 'नीतिनिपुण' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्वंद्व समास (d) द्विगु समास

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : नीतिनिपुण में तत्पुरुष समास है क्योंकि इसमें पूर्व पद गौण तथा उत्तर पद प्रधान है और इसका विग्रह है **नीति में निपुण।**

81. 'सत्याग्रह' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) 'द्वंद्व समास' (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) तत्पुरुष समास

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'सत्याग्रह' शब्द में 'तत्पुरुष' समास है। **तत्पुरुष समास**- जिसमें उत्तर पद प्रधान होता है, अर्थात प्रथम पद गौण होता है एवं उत्तर पद की प्रधानता होती है व समास करते वक्त बीच की विभाक्ति का लोप हो जाता है। इस समास में आने वाले कारक चिह्नों का लोप हो जाता है।

82. 'पुत्रशोक' में कौन-सा समास है?

(a) द्वंद्व समास (b) कर्मधारय समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'पुत्रशोक' में 'तत्पुरुष समास' है। तत्पुरुष समास में उत्तर पद की प्रधानता होती है।
जैसे– पुत्रशोक– पुत्र के लिए शोक।

@RexstarPdf

83. समास विग्रह और उनके भेद की जानकारी दे रहे प्रस्तुत वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्पों का चयन करें–
''देशभक्ति'' का समास विग्रह है ..... और समास विग्रह का भेद है .....।
(a) देश पर भक्ति, अधिकरण तत्पुरुष
(b) देश से भक्ति, करण तत्पुरुष
(c) देश की भक्ति, सम्बन्ध तत्पुरुष
(d) देश के लिए भक्ति, सम्प्रदान तत्पुरुष

UPSI Batch - II 16 Dec. 2017
MP TET (I-V) 2011

उत्तर : (d) दिये गये रिक्त स्थान पर देश के लिए भक्ति, सम्प्रदान तत्पुरुष भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'देशभक्ति' का समास विग्रह है– देश के लिए भक्ति और समास विग्रह का भेद है– सम्प्रदान तत्पुरुष। शेष विकल्प असंगत हैं।

(iii) अपादान तत्पुरुष

84. निम्नलिखित में से कौन सा सामासिक युग्म सही है?
(a) बेमिसाल- द्वंद्व समास
(b) दुरात्ता- द्विगु समास
(c) कर्महीन- तत्पुरुष समास
(d) चतुरानन- अव्ययीभाव समास

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिए हुए प्रश्न में सामासिक युग्म का सही विकल्प 'कर्महीन-तत्पुरुष समास' है।
कर्महीन का विग्रह कर्म से हीन होगा तथा इसमें तत्पुरुष समास है।
तत्पुरुष समास- जिस समास में द्वितीय या उत्तर पद प्रधान हो, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।
इस समास में द्वितीया से सप्तमी तक विभक्ति का लोप होता है।

85. ''आशातीत'' में कौन-सा तत्पुरुष समास पाया जाता है?
(a) अपादान (b) सम्प्रदान
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) आशातीत-आशा से अतीत में अपादान तत्पुरुष (पंचमी तत्पुरुष) है। इसमें कारक की विभक्ति 'से' (अलग होने के अर्थ में) लुप्त हो जाती है। जैसे–
पापमुक्त – पाप से मुक्त
जलहीन – जल से हीन
पदच्युत – पद से च्युत

86. ऋणमुक्त में कौन-सा समास है?
(a) करण तत्पुरुष समास (b) अपादान तत्पुरुष समास
(c) अधिकरण तत्पुरुष समास (d) संप्रदान तत्पुरुष समास

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तर : (b) ऋणमुक्त में अपादान तत्पुरुष है। अपादान तत्पुरुष (पंचमी तत्पुरुष) में अपादान कारक की विभक्ति 'से' (अलग होने का भाव) लुप्त हो जाता है। जैसे-
- ऋण से मुक्त → ऋणमुक्त
- धन से हीन → धनहीन
- पथ से भ्रष्ट → पथभ्रष्ट

(iv) सम्बन्ध तत्पुरुष

87. 'वातावरण' में कौन-सा समास है?
(a) अव्ययीभाव (b) षष्ठी तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) कर्मधारय

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'वातावरण' में षष्ठी तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष समास में दूसरा पद प्रधान होता है। यह कारक से जुड़ा समास होता है। इसमें दो पदों के बीच कारक चिह्नों का लोप होता है।
उदाहरण- देश भक्ति, राजमहल।

88. 'घुड़दौड़' शब्द किन दो पदों के योग से बना है?
(a) घोड़ा + दौड़ (b) घुड़ + दौड़
(c) घोड़ + दौड़ (d) इनमें से कोई नहीं

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014
[लेखपाल भर्ती परीक्षा 2008]

उत्तर : (a) 'घुड़दौड़' शब्द 'घोड़ा+दौड़' पद के योग से बना है। यह शब्द तत्पुरुष समास का उदाहरण है, इसका समास विग्रह होगा– घोड़ों की दौड़।

89. 'गंगातट' में कौन-सा समास पाया जाता है?
(a) अधिकरण तत्पुरुष (b) सम्बन्ध तत्पुरुष
(c) करण तत्पुरुष (d) कर्म तत्पुरुष

UPPCL ARO, 2018
लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर : (b) 'गंगातट' पद में सम्बन्ध तत्पुरुष समास होता है। यथा–
गंगातट = गंगा का तट (किनारा) – सम्बन्ध तत्पुरुष
जलमग्न = जल में मग्न (डूबा) – अधिकरण तत्पुरुष
तुलसीकृत = तुलसी द्वारा कृत – करण तत्पुरुष
सर्वप्रिय = सर्व (सब) को प्रिय – कर्म तत्पुरुष

(v) अधिकरण तत्पुरुष

90. 'गृहकलह' शब्द का सही समास-विग्रह क्या होगा?
(a) गृह और कलह (b) गृह से कलह
(c) गृह के लिए कलह (d) गृह में कलह

CGPSC (Pre) 2020

उत्तर : (d) : 'गृहकलह' का सही समास विग्रह– 'गृह में कलह' होगा। इसमें तत्पुरुष समास होगा।

91. निम्नलिखित में से कौन सा समास नाम सही है?
(a) सज्जन – अव्ययीभाव समास
(b) अष्टाध्यायी – द्वंद्व समास
(c) यथामति – कर्मधारय समास
(d) शरणागत – तत्पुरुष समास

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों मे 'शरणागत' में तत्पुरुष समास है। शरणागत' का समास विग्रह है– शरण में आया हुआ। इसमें 'में' चिह्न का लोप हुआ है।
तत्पुरुष समासः तत्पुरुष समास में उत्तरपद प्रधान होता है और पूर्वपद गौण होता है तथा सामासिक पद में विभक्ति का लोप हो जाता है।
जैसे– नरोत्तम = नरों में उत्तम
शोकाकुल = शोक से आकुल

@RexstarPdf

92. 'आपबीती' शब्द में समास है–

(a) कर्मधारय समास (b) द्वन्द्व समास
(c) द्विगु समास (d) तत्पुरुष समास

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (d) : 'आपबीती' शब्द में अधिकरण तत्पुरुष समास है। 'अपने आप पर बीती' इसका समास विग्रह है। ध्यातव्य है कि तत्पुरुष समास का उत्तर पद प्रधान एवं पूर्व पद गौण होता है। तत्पुरुष समास के मुख्यतः छः भेद होते हैं–
(i) कर्म तत्पुरुष (ii) करण तत्पुरुष (iii) सम्प्रदान तत्पुरुष
(iv) अपादान तत्पुरुष (v) सम्बन्ध तत्पुरुष (vi) अधिकरण तत्पुरुष

(vi) अलुक् तत्पुरुष

93. 'वाचस्पति' किस समास का समस्तपद है?

(a) नञ् तत्पुरुष (b) अलुक् तत्पुरुष
(c) संबंध तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'वाचस्पति' में अलुक् तत्पुरुष है। इस समास में पूर्व पद की विभक्ति का लोप नहीं होता है। जैसे युधिष्ठिर, आत्मनेपद, अन्तेवासी, परस्मैपद। जिस शब्द के पूर्वपद में निषेधार्थक 'अ' या 'अन्' शब्द का प्रयोग होता है, उसे नञ् तत्पुरुष समास कहा जाता है। जैसे- अनश्व, अगति, अनागत, अनुचित।
संबन्ध तत्पुरुष- राजपुरुष, विद्यालय, देवपूजक, रामानुज आदि।
बहुव्रीहि समास -जहाँ अन्य पद का अर्थ प्रधान हो, वहाँ बहुव्रीहि समास होता है। जैसे पीताम्बर, लम्बोदर, चन्द्रमौलिक, चक्रपाणि।

94. 'युद्ध में स्थिर रहने वाला' – किस समास का विग्रह पद है?

(a) करण तत्पुरुष (b) अलुक् तत्पुरुष
(c) संप्रदान तत्पुरुष (d) संबध तत्पुरुष

अमीन परीक्षा, 2016
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'युद्ध में स्थिर रहने वाला' युधिष्ठिर का समास विग्रह है। इसमें अलुक् तत्पुरुष समास है। अलुक्, तत्पुरुष समास का उपभेद है। इसमें समास करने पर पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता है। जैसे–मनसिज, आत्मनेपद, युधिष्ठिर इत्यादि।

3. कर्मधारय समास

95. कर्मधारय समास का उदाहरण है:

(a) दशानन (b) गजानन
(c) पनचक्की (d) राजकुमार

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'पनचक्की' कर्मधारय समास का उदाहरण है। पनचक्की का समास विग्रह होगा - पानी से चलती है जो चक्की।

96. कर्मधारय समास का उदाहरण है:

(a) नीलकंठ (b) हस्तलिखित
(c) ध्यानमग्न (d) कालीमिर्च

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'कालीमिर्च' कर्मधारय समास का उदाहरण है। इसका विग्रह होगा- काली है जो मिर्च। जिसका पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य अथवा एक पद उपमान तथा दूसरा पद उपमेय हो वह कर्मधारय समास कहलाता है। अन्य शब्दों में समास निम्न हैं-

नीलकण्ठ	- नीला है कण्ठ जिसका अर्थात-शिव	- बहुव्रीहि समास
ध्यानमग्न	- ध्यान में मग्न	- तत्पुरुष समास
हस्तलिखित	- हाथ से लिखित	- तत्पुरुष समास

97. निम्न में से कौन कर्मधारय समास का उदाहरण है?

(a) सतसई (b) राजगृह
(c) चतुर्भुज (d) श्यामसुंदर

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (d) : श्यामसुंदर में कर्मधारय समास है।
सतसई (सात सौ का समाहार) → द्विगु समास
राजगृह (राजा का गृह) → तत्पुरुष समास
चतुर्भुज (चार भुजाओं वाला) → द्विगु समास या बहुव्रीहि समास

98. वचनामृत समस्तपद का विग्रह होगा :

(a) अमृत रूपी वचन (b) वचन और अमृत
(c) अमृत जैसी वाणी (d) वचन रूपी अमृत

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) : 'वचनामृत' का विग्रह 'वचन रूपी अमृत' है। इसमें कर्मधारय समास है। कर्मधारय समास के पूर्वपद एवं उत्तर पद के मध्य या तो 'उपमेय-उपमान' का सम्बन्ध होता है या विशेषण-विशेष्य का। यहाँ 'वचन' उपमेय तथा 'अमृत' उपमान है अत: यहाँ कर्मधारय समास है।

99. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के लिए सही कर्मधारय समास के विग्रह का विकल्प हो।
लौहपुरुष

(a) लौह का पुरुष
(b) लोहे के समान कठोर एवं शक्तिशाली पुरुष
(c) लोहा और पुरुष
(d) पुरुष के सामान लोहा

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : 'लौह पुरुष' शब्द का समास विग्रह - 'लोहे के समान कठोर एवं शक्तिशाली पुरुष' है। इसमें उपमान वाचक कर्मधारय समास है।
कर्मधारय समास - पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है अथवा इसके पूर्वपद और उत्तर पद में उपमान और उपमेय का संबंध होता है।

100. 'नीलकमल' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययी भाव समास (d) कर्मधारय समास

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'नीलकमल' शब्द में 'कर्मधारय समास' हैं। ऐसे सामासिक शब्द जिनके दोनों पदों के बीच 'विशेष्य-विशेषण' या 'उपमेय-उपमान' का संबंध हो, कर्मधारय समास कहलाते हैं।
जैसे- नीलकमल → नीला है जो कमल
कमलनयन → कमल के समान नयन

101. 'परमेश्वर' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) अव्यवीभाव
(c) द्विगु (d) कर्मधारय

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तरः (d) 'परमेश्वर' में कर्मधारय समास है। ऐसा समास जिसका पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य है एवं पूर्व पद तथा उत्तर पद में उपमान और उपमेय का संबंध हो, उन्हें कर्मधारय समास कहा जाता है। अन्य उदाहरण- नील कमल, महारत्न।

102. जिस समास में पूर्व पद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य हो, तो वह किस प्रकार का समास कहलाता है?

(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) कर्मधारय समास (d) अव्ययीभाव समास

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPPCL Stenographer, 2018
जूनियर इंजीनियर तकनीकि परीक्षा-2016

उत्तर : (c) : कर्मधारय समास-जिस समास का पूर्वपद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य हो तो वह कर्मधारय समास कहलाता है।
जैसे- पीताम्बर- 'पीला' अम्बर, कमलनयन- 'कमल के समान नयन'।

103. 'चंद्रमुखी' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) कर्मधारय समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) द्विगु समास

UP TGT 2016
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'चंद्रमुखी' शब्द में 'कर्मधारय समास' होगा।
चंद्रमुखी - चंद्र के समान मुख वाली।
जिस सामासिक शब्द में विशेष्य- विशेषण अथवा उपमेय- उपमान का संबंध हो वह सामासिक शब्द 'कर्मधारय समास' कहलाता है।
जैसे- नीलाम्बर → नीला है जो अम्बर
नीलोत्पल → नीला है जो उत्पल

104. 'मीनाक्षी' में इनमें से कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'मीनाक्षी' में कर्मधारय समास है। ऐसा समास जिसका प्रथम पद विशेषण,दूसरा पद विशेष्य होता है और पूर्व पद एवं उत्तर पद में उपमान और उपमेय का संबंध होता हैं वहाँ कर्मधारय समास होता है **जैसे**- नीलकमल, महारत्न

105. 'भलामानस' में कौन सा समास है?

(a) कर्मधारय समास (b) तत्पुरुष समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) बहुव्रीहि समास

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (a) : 'भलामानस' में कर्मधारय समास है। इसका समास विग्रह है-भला (अच्छा) मानस (मनुष्य)। कर्मधारय समास का उत्तर पद प्रधान होता है तथा दोनों पद (पूर्व पद एवं उत्तर पद) के मध्य विशेषण-विशेष्य अथवा उपमेय उपमान का सम्बन्ध पाया जाता है। 'भलामानस' में विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध है।

106. कमलनयन में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय समास (b) तत्पुरुष समास
(c) द्वन्द्व समास (d) द्विगु समास

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'कमलनयन' में **कर्मधारय** समास है जिसका समास विग्रह कमल के समान नयन होगा। इस समास में दोनों पद विशेषण या दोनों पद विशेष्य या प्रथम पद विशेषण दूसरा पद विशेष्य या पहला पद विशेष्य दूसरा पद विशेषण होता है। **जैसे** - कमलनयन, नरसिंह, नीलगाय आदि।

107. 'बीचोबीच' में कौन समास है?

(a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव
(c) द्विगु (d) तत्पुरुष

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a): 'बीचोबीच' में **कर्मधारय** समास है।
वह समास जिसका पहला पद विशेषण एवं दूसरा पद विशेष्य होता है अथवा पूर्वपद एवं उत्तरपद में उपमान-उपमेय का सम्बन्ध माना जाता है 'कर्मधारय समास' कहलाता है।
• इस समास का उत्तरपद प्रधान होता है एवं विग्रह करते समय, दोनों पदों के बीच में 'के समान', 'है जो', 'रूपी' में से किसी एक शब्द का प्रयोग होता है।
उदाहरण-
• चरण कमल - कमल के समान चरण
• नीलगगन - नीला है जो गगन
• चन्द्रमुख - चन्द्र जैसा मुख

108. सुपुरुष में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : 'सुपुरुष' में कर्मधारय समास है। इसका विग्रह है - सुंदर पुरुष। वह समास जिसका पहला पद विशेषण एवं दूसरा पद विशेष्य होता है, कर्मधारय समास कहलाता है।

109. कर्मधारय समास किसमें है?

(a) कामचोर (b) स्वर्णाक्षर
(c) पंचवटी (d) रोगपीड़ित

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : स्वर्णाक्षर में कर्मधारय समास है। इसका विग्रह 'स्वर्ण है जो अक्षर।' वह समास जिसका पहला पद विशेषण एवं दूसरा पद विशेष्य होता है, 'कर्मधारय समास' कहलाता है। उदाहरण- चरणकमल, नीलगगन, चंद्रमुख, रोगपीड़ित में तत्पुरुष समास है। जबकि पंचवटी में द्विगु समास है।।

110. निम्न में से कर्मधारय समास का उदाहरण कौन सा है?

(a) प्रियसखा (b) कामचोर
(c) आजन्म (d) सपरिवार

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में से 'प्रियसखा' में कर्मधारय समास है। कर्मधारय समास में उत्तर पद प्रधान होता है तथा पूर्व पद व उत्तर पद में उपमान-उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य का सम्बन्ध होता है। इसके अन्य उदाहरण हैं– नीलपीत, शीतोष्ण, महात्मा, पीताम्बर, सज्जन, कदन्न, कापुरुष, नीलोत्पल इत्यादि।
कामचोर – काम से चोर – तत्पुरुष समास
आजन्म – जन्म पर्यन्त – अव्ययीभाव समास
सपरिवार – जो परिवार के साथ हो – बहुव्रीहि समास

111. 'परमेश्वर' में कौन सा समास है?

(a) द्वंद्व (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) 'परमेश्वर-(परम + ईश्वर)' में कर्मधारय समास है। इस समास में उत्तर पद प्रधान होता है तथा पूर्व पद व उत्तर पद में उपमान-उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य का सम्बन्ध होता है।
जैसे– प्राणप्रिय– प्राणों के समान प्रिय
लालमणि– लाल है जो मणि

@RexstarPdf

112. निम्न में से कौन सा कर्मधारय समास है?

(a) नीलगगन (b) त्रिफला
(c) पतझड़ (d) गाँव-शहर

DSSSB प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा, 1/05/2015
असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'नीलगगन' में कर्मधारय समास है। जिसका समास विग्रह नीला है जो गगन। जिस समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो वहाँ कर्मधारय समास होता है। जैसे 'नील गगन' में नील विशेषण तथा गगन विशेष्य है।

113. 'देशांतर' में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) द्वंद्व

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) देशांतर में कर्मधारय समास है। देशों के बीच जितने डिग्री दूरी है उसे देशांतर कहते हैं अर्थात् देशों के बीच अंतर है।

114. 'गुरुदेव' शब्द में समास है–

(a) अव्ययीभाव समास (b) तत्पुरुष समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) कर्मधारय समास

उत्तर : (d) जिस समस्त पद का उत्तर पद प्रधान हो तथा पूर्व पद का उत्तर पद से विशेषण-विशेष्य अथवा उपमान-उपमेय का संबंध हो तो वहाँ कर्मधारय समास होता है। इस समास में विग्रह करने पर दोनों के मध्य में 'है जो', या 'के समान' आदि शब्द आते हैं।

जैसे– गुरुदेव ⇒ देव के समान गुरु
चरणकमल ⇒ कमल के समान चरण
लाल मणि ⇒ लाल है जो मणि
परमानंद ⇒ परम है जो आनंद

115. 'परमानंद' में समास है–

(a) द्वन्द्व समास (b) कर्मधारय समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) बहुव्रीहि समास

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UPTGT, 2013

उत्तर : (b) जिस समास के विग्रह में 'के समान' अथवा 'है जो' आता है, वह कर्मधारय समास कहलाता है। इसमें दोनों पदों के मध्य विशेषण-विशेष्य या उपमेय-उपमान का सम्बन्ध होता है।

जैसे– परमानंद = परम है जो आनंद
प्राणप्रिय = प्राणों के समान प्रिय

116. 'महाजन' शब्द में समास है–

(a) कर्मधारय समास (b) द्वन्द्व समास
(c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) जिस समस्त पद का उत्तर पद प्रधान हो और पूर्व पद तथा उत्तर पद में उपमान और उपमेय अथवा विशेषण, विशेष्य का संबंध हो, कर्मधारय समास कहलाता है। जैसे–महाजन ⇒ महान है जो जन। यहाँ 'जन' प्रधान पद के साथ-साथ विशेष्य है तथा महान विशेषण है, अत: महाजन में कर्मधारय समास होगा। इसी प्रकार अन्य उदाहरण क्रोधाग्नि, अधमरा, परमेश्वर, महाशय इत्यादि हैं।

117. कर्मधारय समास का उदाहरण है–

(a) गगनचुम्बी (b) पाठशाला
(c) श्वेतपत्र (d) नीलकण्ठ

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c)

शब्द	समास विग्रह	समास
गगनचुम्बी	गगन को चूमने वाला	तत्पुरुष समास
पाठशाला	पठन के लिए शाला	तत्पुरुष समास
श्वेत पत्र	श्वेत है जो पत्र	कर्मधारय समास
नीलकण्ठ	नीला है कण्ठ जिसका (शिव)	बहुव्रीहि समास

118. 'मैं श्रीरामचन्द्र जी के चरणकमल की वन्दना करती हूँ' रेखांकित शब्द किस समास का उदाहरण है?

(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) अव्ययीभाव

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (a) : 'मैं श्रीरामचन्द्र जी के चरणकमल की वन्दना करती हूँ' वाक्य में रेखांकित शब्द 'चरणकमल' में 'कर्मधारय समास' है। इस समास में समस्त पद का उत्तरपद प्रधान होता है तथा पूर्वपद व उत्तर पद में उपमान-उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य का संबंध होता है।

जैसे– कनकलता – कनक सी लता
चन्द्रमुख – चन्द्र के समान मुख
क्रोधाग्नि – क्रोध रूपी अग्नि

119. 'नीलाम्बर' शब्द में कौन–सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) द्वंद्व
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d) : 'नीलाम्बर' शब्द में कर्मधारय समास है।

कर्मधारय समास– इसमें समस्त पद समान रूप से प्रधान होता है इसके लिंग एवं वचन भी समान होते हैं। इस समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य होता है, विग्रह करने पर कोई नया शब्द नहीं बनता है। जैसे चन्द्रमुख, चरणकमल आदि।

नीलाम्बर = नीला है जो अम्बर
चन्दमुख = चन्द्रमा के समान मुख
चरणकमल = चरण है जो कमल के समान

120. कृताकृत में समास है :

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्विगु

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'कृताकृत' शब्द में कर्मधारय समास है। इसका समास विग्रह है 'कृत + अकृत'। कर्मधारय समास के कुछ अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं– सद्भावना, छुटभैये, कदन्न, महापुरुष, नीलोत्पल, पीताम्बर, शीतोष्ण, नीलपीत, अधरपल्लव, चरणकमल, मुखचन्द्र, नरसिंह, शैलोन्नत आदि।

तत्पुरुष समास के उदाहरण– अकालपीड़ित, गोशाला, पदच्युत, राजभवन, शास्त्रप्रवीण।

अव्ययीभाव समास के उदाहरण– यथार्थ, आपादमस्तक, प्रत्येक, उपकूल, निर्भय।

द्विगु समास के उदाहरण– दोपहर, शतांश, पंचप्रमाण, नवरत्न।

121. 'नीलगाय' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

UP TGT 2011

@RexstarPdf

उत्तर: (c) 'नीलगाय' में कर्मधारय समास है। जिस समास में उत्तरपद प्रधान हो तथा पूर्वपद व उत्तरपद में उपमेय-उपमान या विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध हो, कर्मधारय समास कहलाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं - चरणकमल, कमलनयन, चन्द्रमुख, नीलकण्ठ, महादेव, महापुरुष आदि।
कमलनयन = कमल के समान नयन
महादेव = महान है जो देव
महापुरुष = महान है जो पुरुष
नीलगाय = नीली है जो गाय

122. निम्नलिखित में से एक में कर्मधारय समास है :
(a) हाथो-हाथ (b) प्रत्यक्ष
(c) आरामकुर्सी (d) भुजदंड

GIC. PGT 2015

उत्तर : (d) निम्नलिखित पद और उनमें समास-

पद	**समास**
हाथो-हाथ	अव्ययीभाव
प्रत्यक्ष	अव्ययीभाव
आरामकुर्सी	तत्पुरुष
भुजदंड	कर्मधारय

123. 'नीलोत्पल' शब्द में समास है–
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

UP TGT 2009
UP TGT 2002
UP TGT 2001

उत्तर : (c) 'नीलोत्पल' शब्द का समास विग्रह होगा 'नीला है जो उत्पल'। यहाँ 'उत्पल' का विशेषण 'नीला' है। अतः विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध होने के कारण 'नीलोत्पल' में कर्मधारय समास होगा। कर्मधारय को समानाधिकरण तत्पुरुष समास भी कहते हैं। अव्ययीभाव समास में पूर्वपद की प्रधानता तथा अव्यय होता है। तत्पुरुष समास में पूर्व पद गौण तथा उत्तरपद प्रधान होता है। बहुव्रीहि समास में अन्य पद की प्रधानता होती है। तत्पुरुष समास के बीच में कारक चिह्न छुपा रहता है।

124. 'महात्मा' शब्द में कौन सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययी भाव
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

UP TGT 2011

उत्तर : (c) 'महात्मा' शब्द में कर्मधारय समास है। इसका विग्रह महान है जो आत्मा। कर्मधारय समास के पूर्व एवं उत्तर पद में विशेषण-विशेष्य या उपमेय-उपमान का सम्बन्ध होता है। इसके अन्य उदाहरण हैं-नीलगगन, कमलनयन, चन्द्रमुख आदि।

125. इनमें से कौन सा शब्द कर्मधारय समास का उदाहरण है?
(a) अंधकूप (b) गृह प्रवेश
(c) तिरंगा (d) सुख-दुख

UP PGT 2013

उत्तर : (a) 'अंधकूप' शब्द कर्मधारय समास का उदाहरण है। जिस समास के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य अथवा उपमेय उपमान का संबंध होता है तथा उत्तर पद प्रधान होता है, वह कर्मधारय समास कहलाता है। अंधकूप का समास विग्रह है 'अंधा है जो कूप'। यहाँ 'अंध' विशेषण तथा 'कूप' विशेष्य है।
तिरंगा – द्विगु समास
सुख-दुख – द्वन्द्व समास

126. 'सज्जन' शब्द में समास है।
(a) कर्मधारय समास (b) तत्पुरुष समास
(c) द्वंद्व समास (d) द्विगु समास

UPP Constable, 2017

उत्तर : (a) 'सज्जन' शब्द में कर्मधारय समास है। कर्मधारय समास में 'विशेषण विशेष्य' या 'उपमेय उपमान' का संबंध होता है। जैसे 'महाकवि' का विग्रह होगा महान है जो कवि।

127. 'सद्भावना' शब्द में समास है–
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्विगु

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (c) 'सद्भावना = सच्ची भावना' में विशेषण – विशेष्य का संबंध है। अतः यहाँ 'कर्मधारय समास' है। जिस समास के समस्त पद का उत्तरपद प्रधान हो तथा पूर्वपद व उत्तरपद में विशेष्य–विशेषण संबंध हो, वहाँ कर्मधारय समास होता है। जैसे– देहलता– देह रूपी लता, प्राणप्रिय– प्राण के समान प्रिय, अधमरा– आधा मरा है जो।

128. निम्न में से कौन सा शब्द कर्मधारय समास का एक उदाहरण है?
(a) राजकुमार (b) पीताम्बर
(c) कलाश्रेष्ठ (d) गृहप्रवेश

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर. (b) : पीताम्बर अर्थात् 'पीला कपड़ा' में कर्मधारय समास है। जिस समास में समस्त पद का उत्तरपद प्रधान तथा पूर्व पद व उत्तर पद में उपमान-उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य का सम्बन्ध हो, कर्मधारय समास कहलाता है। जैसे–
- चरण कमल – कमल के समान चरण
- देहलता – लता के सदृश्य देह

129. 'मृगनयन' में समास है-
(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) द्वन्द्व

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (b) : जिस समस्त-पद का उत्तर पद प्रधान हो तथा पूर्वपद व उत्तर पद में उपमान- उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य संबंध हो, कर्मधारय समास कहलाता है, जैसे-
कमल के समान नयन – कमलनयन
मृग के समान नयन – मृगनयन

4. द्विगु समास

130. सूची-I में चार सामासिक पद एवं सूची-II में संबंधित समास के नाम दिए गए हैं। सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I	**सूची-II**
(a) त्रिभुज	**(i) द्वन्द समास**
(b) त्रिपुरारी	**(ii) अव्ययी भाव समास**
(c) भाई-भाई	**(iii) बहुब्रीहि समास**
(d) भाई-बहन	**(iv) द्विगु समास**

@RexstarPdf

कूटः

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(c)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(d)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (a) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

सामासिक पद	समास
त्रिभुज	द्विगु समास
त्रिपुरारी	बहुब्रीहि समास
भाई-भाई	अव्ययीभाव समास
भाई-बहन	द्वन्द्व समास

131. त्रिभुवन

(a) द्विगु
(b) द्वंद्व
(c) तत्पुरुष
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSI 23.11.2021 Shift-II
UPSI 22.07.2017 Shift-I
UP TGT 2010

उत्तर : (a) : त्रिभुवन शब्द में द्विगु समास है। इसका विग्रह 'तीन भुवनों का समाहार' होगा। जिस समास का प्रथम पद संख्यावाची होता है, उसे द्विगु समास कहते हैं।

132. निम्न में से कौन-सा द्विगु समास का उदाहरण है?

(a) भला-बुरा (b) पंसेरी
(c) नवयुवक (d) बखूबी

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : द्विगु समास-यदि किसी सामासिक पद में प्रथम पद संख्यावाचक शब्द हो एवं द्वितीय पद संज्ञा शब्द हो तथा समस्त पद समूह का बोध करवाए तो उसे द्विगु समास कहते हैं।
उदाहरण-दोपहर, पंचतंत्र, नवरात्र आदि।

133. 'नवरत्न' किस समास का उदाहरण है?

(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) द्विगु समास

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

Ans : (d) 'नवरत्न' द्विगु समास का उदाहरण है। जिस सामासिक शब्द में पहला पद संख्यावाचक विशेषण हो और अन्य सभी पद किसी समूह या किसी समाहार का बोध करवाते हों, उन्हे द्विगु समास कहा जाता है।

134. दिए गए शब्दों में द्विगु समास ज्ञात कीजिए।

(a) भला-बुरा (b) चतुर्भुज
(c) माखनचोर (d) भुजदण्ड

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) द्विगु समास – जिस समास का प्रथम पद संख्यावाचक और अंतिम पद संज्ञा हो, उसे द्विगु समास कहते हैं। दिये गये विकल्पों में चतुर्भुज 'द्विगु' समास का उदाहरण है।

135. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के लिए सही द्विगु समास के विग्रह का विकल्प हो।
त्रिभुज

(a) त्रि का भुज (b) भुँजायें हैं तीन
(c) तीन भुजाएँ
(d) तीन भुजाओं का समाहार

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)
UP TGT 2011

उत्तर : (d) : द्विगु समास– वह समास जिसमें पहला पद संख्यावाचक विशेषण हो और समस्त पद किसी समूह या समाहार का बोध करवाते हो वहां 'द्विगु' समास होता है।
त्रिभुज – तीन भुजाओं का समाहार
दशक – दस सालों का समूह

136. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के लिए सही द्विगु समास के विग्रह का विकल्प हो।
त्रयम्बकेश्वर

(a) तीन लोकों के लोग (b) तीन का ईश्वर
(c) त्रिकोण वाला ईश्वर (d) तीन लोकों का ईश्वर

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : त्रयम्बकेश्वर का समास विग्रह - तीन लोकों का ईश्वर।
समास विग्रह → सामासिक शब्दों के बीच के संबंध को स्पष्ट करना समास - विग्रह कहलाता है।

137. 'अठकोना' में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्वंद समास (d) तत्पुरुष समास

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'अठकोना' में द्विगु समास है। वह समास जिसमें पहला पद संख्यावाचक हो वहाँ द्विगु समास होता है।
उदा- अष्टाध्यायी, सप्तशती, पंचशती।

138. 'पंचामृत' में इनमें से कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) द्विगु समास
(c) अव्ययीभाव (d) द्वंद्व

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'पंचामृत' में 'द्विगु समास' है। वह सामासिक शब्द जिसका पूर्व पद संख्यावाची विशेषण हो तथा समस्त पद किसी समूह का बोध करा रहा हो, द्विगु समास कहलाता है।
उदाहरण– त्रिफला, अष्टाध्यायी, चौराहा, पंचतत्व, त्रिवेणी, दोपहर आदि।

139. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द द्विगु समास का उदाहरण है?

(a) दशानन (b) सन्मार्ग
(c) नीला-पीला (d) तिमाही

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'तिमाही' शब्द द्विगु समास का उदाहरण है। जिस सामासिक शब्द में प्रथम पद संख्यावाची होता है, उसे द्विगु समास कहते हैं जैसे- तिमाही, चौराहा, दोपहर, चौथाई आदि। शेष विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं।

दशानन	→	बहुव्रीहि समास
सन्मार्ग	→	कर्मधारय समास
नीला-पीला	→	द्वन्द्व समास

140. 'चौराहा' शब्द में समास है-

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) अव्ययीभाव (d) द्विगु

UP TET - 2021 (Re. Exam)
म. प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा - 2018
UK PSC Lecturer 2020
UPPSC AE 13.12.2020
CTET (VI-VIII) 18.11.2018

उत्तर. (d) : चौराहा में द्विगु समास है।
परिभाषा–वह समास जिसका पूर्व पद (प्रथम पद) संख्यावाचक हो तथा जिसके समस्त पद से समूह का बोध हो, वह द्विगु समास कहलाता है। इसमें प्रथम पद विशेषण एवं द्वितीय पद विशेष्य होता है।

141. 'सतसई' में कौन सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

[UKPSC AE 2013]
DSSSB TGT Hindi 15/09/2018, II Shift
UPSSSC Lower (1.10.2019) Shift-I

उत्तर. (b) : 'सतसई' में द्विगु समास है- जिस समास का पूर्वपद संख्यावाची होता है, वह द्विगु समास कहलाता है।
जैसे-

द्विगु समास	**समास विग्रह**
सतसई-	सात सौ का समाहार
त्रिकाल-	तीन कालों का योग
पंचवटी-	पाँच वटों का योग

142. जिस सामासिक शब्दों में पहला पद संख्या को व्यक्त करने वाला विशेषण होता है वे शब्द कहलाते हैं:

(a) द्वंद्व समास (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) अव्ययीभाव समास

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]
ग्राम पंचायत अधिकारी, 2015
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UP PGT, 2013

उत्तर : (b) वह समास जिसमें पूर्वपद संख्यावाचक विशेषण हो, 'द्विगु समास' कहलाता है। इसमें समूह या समाहार का ज्ञान होता है।
जैसे-

- सप्तसिन्धु - सात सिन्धुओं का समूह
- दोपहर - दो पहरों का समूह
- त्रिलोक - तीन लोकों का समाहार

143. निम्नलिखित में से 'शताब्दी' में कौन सा समास है?

(a) द्विगु (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a): 'शताब्दी' में **द्विगु समास** है। जिस समास में प्रथम पद संख्यावाची होता है और अंतिम पद संज्ञा उसे 'द्विगु समास' कहते हैं। **जैसे–**पंचपात्र - पाँच पात्रों का समाहार
नवरत्न - नौ रत्नों का समाहार
पंचरत्न - पाँच रत्नों का समूह

144. इकतीस में समास कौन-सा है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : इकतीस में द्विगु समास है। वह समास जिसका पहला पद संख्यावाचक होता है तथा समस्त पद किसी समूह का बोध कराता है। द्विगु समास कहलाता है। जैसे - पंचतंत्र, सप्ताह, शताब्दी आदि।

145. तिराहा में कौन-सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : तिराहा में द्विगु समास है। जिसका विग्रह तीन राहों का समूह। जिस समास में प्रथम पद संख्यावाची होता है, वहाँ द्विगु समास होता है। जैसे– त्रिलोक, नवरात्र, अठन्नी, दुसूती आदि।

146. पंचवटी शब्द में कौन सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

UP TGT 2013, 05
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'पंचवटी' शब्द में द्विगु समास है। द्विगु समास - जिस समास का पूर्व पद संख्यावाची होता है तथा समस्त पद समूह का बोध कराता हो, द्विगु समास कहलाता है।
जैसे- नवरत्न – नव रत्नों का समूह
पंचवटी – पाँच वटों का समूह

147. अष्टाध्यायी शब्द में कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि (b) द्विगु
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

DSSSB TGT 22/09/2018, II Shift
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) जिस समस्त पद में पूर्व पद संख्यावाचक विशेषण हो तथा जिसके समस्त पद से समूह का बोध हो तो उसे द्विगु समास कहते हैं। जैसे अष्टाध्यायी ⇒ आठ अध्यायों का समाहार। इसी प्रकार चौपाया, पंचवटी, पसेरी, त्रिगुण द्विगु समास के उदाहरण हैं।

148. 'त्रिवेणी' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) द्वन्द्व

DSSSB प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा, 31/05/2015
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) त्रिवेणी शब्द में द्विगु समास है। इसका विग्रह है- तीन वेणियों (नदियों) का समाहार। द्विगु समास के अन्य उदाहरण – चौराहा, पंचवटी, नवरत्न।
चौराहा- चार राहों का समाहार
पंचवटी – पाँच वटों का समाहार

@RexstarPdf

149. 'तिरंगा' में कौन-सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
UPSI 20/11/2021 (Shifi-I)
UP TGT, 2009

उत्तर. (b) : 'तिरंगा' शब्द में 'द्विगु समास' है। जिस समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है और उससे समूह का बोध होता है, उसे द्विगु समास कहते हैं। उदाहरण–
- चतुर्भुज – चार भुजाओं का समाहार
- त्रिफला – तीन फलों का समाहार

150. ''चवन्नी'' में कौन-सा समास पाया जाता है?

(a) बहुव्रीहि (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) तत्पुरुष

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'चवन्नी' शब्द में द्विगु समास है, जिसका विग्रह होगा– चार आनों का समाहार। जिस समास का पहला पद संख्यावाची होता है तथा विग्रह करने पर समाहार का बोध होता है, उसे द्विगु समास कहते हैं।

151. शब्द 'चौमासा' समास की किस श्रेणी में आता है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) द्विगु समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास

DSSSB LDC, 30/08/2015
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (b) 'चौमासा' शब्द में द्विगु समास है, जिसका विग्रह है– चौमासा = चार मासों का समाहार। इस समास में पूर्व पद संख्यावाचक विशेषण होता है। इसमें समूह या समाहार का बोध होता है। जैसे त्रिलोक–तीनों लोकों का समाहार।

5. द्वंद्व समास

152. शीतोष्ण

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (e) : 'शीतोष्ण' शब्द में द्वंद्व समास है। इसका विग्रह 'शीत और ऊष्ण' होगा। जिस समास के दोनों पद प्रधान हों, और विग्रह करने पर 'और', 'एवं', 'या', अथवा शब्द लगता है उसे द्वंद्व समास कहते हैं।

153. अन्न-जल

(a) द्वंद्व
(b) द्विगु
(c) बहुव्रीहि
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : अन्न-जल (अन्न और जल) में द्वंद्व समास होगा। जिस समास के दोनों पद प्रधान होते हैं, उसे द्वंद्व समास कहते हैं।

154. 'गौरीशंकर' शब्द किस समास का उदाहरण है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) कर्मधारय समास
(c) द्वंद्व समास (d) तत्पुरुष समास

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : द्वंद्व समास-गौरीशंकर में द्वंद्व समास है। द्वंद्व समास का विग्रह करने पर इसमें 'और' एवं 'या' जैसे शब्दों की प्रयुक्ति होती है। समास का वह रूप जिसमें प्रथम व द्वितीय दोनों पद प्रधान होता है, द्वन्द्व समास कहलाता है।

155. 'अपना-पराया' किस समास का उदाहरण है?

(a) द्वंद्व समास (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) तत्पुरुष समास

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'अपना-पराया' द्वन्द्व समास का उदाहरण है।
द्वन्द्व समास- द्वन्द्व समास में शब्दों के दोनों पद प्रधान होते हैं तथा दोनों पदों के मध्य योजक शब्द और, अथवा, या, एवं लुप्त हो जाता है।
जैसेः- अपना-पराया - अपना और पराया
माता-पिता - माता और पिता

156. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है? सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) हरिशंकर (b) दिन-दिन
(c) धन-धान्य (d) घर-बाहर

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : 'दिन - दिन' अव्ययीभाव समास का उदाहरण है न कि द्वन्द्व समास का। 'दिन-दिन' का समास विग्रह होगा- दिन प्रति दिन। शब्दों के दोहराव जैसे- पल-पल, घड़ी-घड़ी, बार-बार आदि में अव्ययी भाव समास होता है और इनके मध्य में योजक चिह्न भी प्रयुक्त होता है। शेष हरिशंकर → हरि और शंकर, धन - धान्य → धन और धान्य व घर - बाहर → घर और बाहर द्वन्द्व समास के उदाहरण हैं। आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) माना है।

157. निम्नलिखित में से एक द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है:

(a) धन-दौलत (b) कोकिलकंठी
(c) लेन-देन (d) मोटा-ताजा

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'कोकिलकंठी' में कर्मधारय समास है जबकि धन-दौलत, लेन-देन और मोटा-ताजा द्वन्द्व समास का उदाहरण हैं।

158. 'घासफूस' में कौन सा समास है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वंद्व समास
(c) द्विग समास (d) बहुव्रीहि समास

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये शब्द 'घासफूस' में 'द्वन्द्व समास' है। जिस सामासिक शब्द के दोनों पद प्रधान होते हैं तथा उनका विग्रह करने पर योजक चिह्न (–) स्वयं (या, और, अथवा) का प्रयोग होता है। उसे 'द्वन्द्व समास' कहते हैं।

@RexstarPdf

159. ''थोड़ा-बहुत' में इनमें से कौन-सा समास है?

(a) इतरेतर द्वंद्व (b) वैकल्पिक द्वंद्व
(c) अव्ययीभाव (d) समाहार द्वंद्व

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : थोड़ा - बहुत में वैकल्पिक द्वंद्व समास है। जिस समास में समस्तपद के दोनों पद प्रधान हों वहाँ द्वंद्व समास होता है। इस समास में 'और' 'अथवा' 'या', 'एवं' आदि का लोप होता है।

द्वंद्व समास के तीन प्रकार होते हैं–

1. इतरेतर द्वंद्व 2. वैकल्पिक द्वंद्व 3. समाहार द्वंद्व

160. धर्माधर्म में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु समास (b) द्वंद्व समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) कर्मधारय समास

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : धर्माधर्म शब्द का विग्रह धर्म और अधर्म होगा ।
इस समास में दोनों पद धर्म और अधर्म प्रधान हैं। दोनों पदों का संयोजक शब्द 'और' लुप्त है अतः धर्माधर्म में द्वंद्व समास है।
द्वंद्व समासः- जिस समास में दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने के लिए दोनों पदों के बीच में 'और' अथवा 'या' जैसे योजक अव्यय का प्रयोग होता है उसे द्वंद्व समास कहते हैं।

161. 'राम-कृष्ण' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) द्वंद्व (b) अव्ययीभाव
(c) बहुव्रीहि (d) द्विगु

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'राम-कृष्ण' शब्द में द्वंद्व समास है।

162. 'खानपान' में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्वंद्व समास

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'खानपान' में 'द्वन्द्व समास' है। जिस सामासिक शब्द के दोनों पद प्रधान होते हैं तथा विग्रह करने पर और, अथवा, या, एवं लगता है, वह द्वन्द्व सामासिक शब्द कहलाता है। **जैसे-** अन्न-जल, खान-पान, गंगा-यमुना आदि।

163. निम्नलिखित में से 'माता-पिता' में कौन सा समास है?

(a) द्विगु (b) द्वंद्व
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : 'माता-पिता' में **द्वंद्व** समास है। जिस समस्त पद के दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने पर 'और' 'अथवा' या 'एवं' लगता हो वह द्वंद्व समास कहलाता है; **जैसे-**

नदी- नाले – नदी और नाले
दिन-रात = दिन और रात

164. जिस समास में दोनों पद समान रूप से प्रधान हों, उसे क्या कहते हैं?

(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्वन्द्व समास

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
GIC PGT 2021
[UPSSS Junior Assistant 04/01/2020 Shift-I]
DSSSB लैब सहायक परीक्षा 26/04/2015

उत्तर. (d) : जिस समास में दोनों पद समान रूप से प्रधान हों, उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। **जैसे-** राम-श्याम, राम और श्याम

समास	परिभाषा/पहचान
द्विगु समास	जिसका पहला पद संख्यावाची होता है।
अव्ययीभाव समास	जिसका पहला पद अव्यय हो तथा दूसरा पद संज्ञा हो वहाँ पर अव्ययीभाव समास होता है।
बहुव्रीहि समास	जिसके दोनों पद प्रधान नहीं होते हैं। इसमें अन्य पद की प्रधानता होती है।

165. 'कंकर पत्थर' में प्रयुक्त समास है-

(a) अव्ययीभाव (b) द्वंद्व
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : कंकर पत्थर' में प्रयुक्त समास द्वंद्व है।
द्वंद्व समासः- यदि किसी संयुक्त पद के दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने पर 'और', 'अथवा', 'या', 'एवं' लगता हो तो वह द्वंद्व समास कहलाता है
जैसेः- नदी और नाले = नदी नाले
देश और विदेश = देश विदेश

166. द्वन्द्व समास का उदाहरण हैः-

(a) कलमदवात (b) माखन चोर
(c) पथभ्रष्ट (d) आजीवन

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : कलमदवात द्वन्द्व समास का उदाहरण है। अन्य सामासिक पद व समास के नाम इस प्रकार हैं-

सामासिक पद	समास नाम
माखनचोर	तत्पुरुष समास
पथभ्रष्ट	तत्पुरुष समास
आजीवन	अव्ययीभाव

167. धक्का-मुक्की में कौन सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) तत्पुरुष

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (c) : धक्का-मुक्की में द्वंद्व समास है। इसका समास विग्रह धक्का और मुक्की होगा। जिस सामासिक पद के दोनों पद प्रधान हों द्वन्द्व समास कहलाता है।

168. माता-पिता में कौन-सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

High Court RO - 2021
[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : माता-पिता में द्वन्द्व समास है। इसका समास विग्रह माता और पिता होगा। जब दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर जो नया शब्द बनता है उस शब्द को समास कहते हैं।

169. निम्न शब्द के लिये उपयुक्त समास का चयन कीजिए- सुख-दुख

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

फाइलेरिया/मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) सुख-दुख में द्वन्द्व समास है। इसमें दोनों शब्दों की प्रधानता समान होती है।

@RexstarPdf

170. कतर ब्योंत में कौन सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) बहुब्रीहि

UP TGT 2003

उत्तर : (a) 'कतर ब्योंत' शब्द में द्वन्द्व समास है। द्वन्द्व समास में सभी पद प्रधान होते हैं। इसके तीन भेद हैं – (a) इतरेतर द्वन्द्व (b) समाहार द्वन्द्व (c) वैकल्पिक द्वन्द्व। बहुब्रीहि समास में अन्य पद की प्रधानता होती है। द्विगु समास में उत्तर पद प्रधान एवं विशेष्य होता है, जबकि पूर्व पद संख्यावाची विशेषण होता है। तत्पुरुष समास में अन्तिम (उत्तर) पद प्रधान होता है तथा पूर्व पद गौण होता है। तत्पुरुष समास में दोनों पदों के बीच कारक चिह्न लुप्त होता है।

171. 'हानि-लाभ' में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु समास (b) तत्पुरुष समास
(c) बहुब्रीहि समास (d) द्वन्द्व समास

UP TGT 2004

उत्तर : (d) 'हानि-लाभ' में दोनों पद प्रधान हैं तथा दोनों पदों के बीच 'और' समुच्चय बोधक अव्यय छिपा हुआ है। अतः यहां द्वन्द्व समास होगा। द्वन्द्व समास में सभी पद या दोनों पद प्रधान होते हैं तथा उनका पृथक्-पृथक् अस्तित्व भी होता है। बहुब्रीहि समास में अन्य पद की प्रधानता तथा तत्पुरुष समास में उत्तर पद (अन्तिम पद) की प्रधानता होती है। द्विगु समास में पूर्व पद संख्या बोधक होता है।

172. 'जय-पराजय' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययी-भाव (b) बहुब्रीहि
(c) द्वन्द्व (d) द्विगु

UP TGT 2005
UP PGT, 2004

उत्तर : (c) जय-पराजय, माता-पिता, भाई-बहन, गाय-बैल, राम-कृष्ण, बेटा-बेटी आदि में द्वन्द्व समास है।

173. निम्नलिखित में द्वन्द्व समास बताइए।

(a) शोकाकुल (b) सर्वोत्तम
(c) वीरपुरुष (d) पाप-पुण्य

DSSSB प्रशासनिक परीक्षा, 31/05/2015
UP TGT 2013

उत्तर : (d) पाप-पुण्य (पाप और पुण्य) में द्वन्द्व समास है। द्वन्द्व समास में दोनों ही पद प्रधान होते हैं। इसका विग्रह करने पर योजक शब्दों का प्रयोग होता है। जैसे - रात-दिन = रात और दिन, माता-पिता = माता और पिता, जबकि शोकाकुल (शोक से आकुल) में करण तत्पुरुष, सर्वोत्तम (सभी में उत्तम) में अधिकरण तत्पुरुष तथा वीर पुरुष (वीर है जो पुरुष) में कर्मधारय समास है।

174. 'धनुर्बाण' में किस तरह का समास है?

(a) तत्पुरुष (b) बहुब्रीहि
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

UP PGT 2000

उत्तर : (d) जिसके दोनों पद प्रधान हों, दोनों संज्ञाएं अथवा विशेषण हों वह द्वन्द्व समास कहलाता है। इसका विग्रह करने के लिए दो पदों के बीच 'और' अथवा 'या' जैसा योजक अव्यय लिखा जाता है। 'धनुर्बाण' शब्द का विग्रह धनुष और बाण होगा। रामलक्ष्मणौ शब्द का विग्रह राम और लक्ष्मण होगा।

175. निम्नलिखित में 'द्वंद्व समास' का शब्द है–

(a) आज- कल (b) रातो-रात
(c) दिन-दिन (d) वीर पुरुष।

DSSSB TGT Hindi 15/09/2015, III Shift
UP PGT 2010

उत्तर : (a) द्वन्द्व समास – जिसके दोनों पद प्रधान हों, दोनों संज्ञाएँ अथवा विशेषण हों, वह द्वन्द्व समास कहलाता है। इसका विग्रह करने के लिए दो पदों के बीच 'और' अथवा 'या' जैसा योजक अव्यय लिखा जाता है।
जैसे – रात-दिन = रात और दिन
आज-कल = आज और कल
सीता-राम = सीता और राम
माता-पिता = माता और पिता
दिन-दिन में अव्ययीभाव समास, रातों-रात में अव्ययीभाव समास वीर पुरुष में कर्मधारय समास है।

176. 'भाई-बहन' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) अव्ययीभाव

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (b) जिस समास में समस्त पद के दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने पर 'और' अथवा 'या' 'एवं' लगता हो, वह द्वन्द्व समास कहलाता है। जैसे–
राजा – प्रजा = राजा और प्रजा
भाई – बहन = भाई और बहन
पाप – पुण्य = पाप और पुण्य

6. बहुब्रीहि समास

177. वज्रदेह में समास बताइये-

(a) बहुब्रीहि समास (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'वज्रदेह' में बहुब्रीहि समास है। जिसका विग्रह होगा– वज्र के समान देह है जिसका अर्थात हनुमान। जिस समास में दोनों पद प्रधान न होकर कोई अन्य पद की प्रधानता होती है। उसे बहुब्रीहि समास कहते हैं।

178. ''पाँच नदियों के क्षेत्र'' को किस नाम (समास) से सम्बोधित किया जाता है?

(a) पाँचसलिला (b) पाँचआब
(c) पंजाब (d) पंचनदी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'पाँच नदियों का क्षेत्र' को पंजाब नाम से सम्बोधित किया जाता है, जो बहुब्रीहि समास का उदाहरण है। शेष विकल्प असंगत हैं।

179. निम्नलिखित समास-विग्रह को अन्य किस नाम से सम्बोधित किया जाता है?
'अंशु है माला जिसकी'

(a) सूर्य (b) यम
(c) शनि (d) गणेश

UPPCL ARO, 2018

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'अंशुमाली' का समास विग्रह 'अंशु है माला जिसकी अर्थात् सूर्य' है। यहाँ बहुव्रीहि समास है। जिस समास के समस्त पद में कोई पद प्रधान नहीं होता है तथा दोनों पद मिलकर तीसरे पद का विशेषण होता है। उसमें बहुव्रीहि समास होता है। जैसे–

- लम्बोदर– लम्बा है उदर जिसका अर्थात् गणेश
- विषधर– विष को धारण करने वाला अर्थात् सर्प या शिव

180. निम्नलिखित समास-विग्रह को अन्य किस नाम से सम्बोधित किया जाता है?
''पद्म आसन है जिसका''

(a) पार्वती (b) सरस्वती
(c) लक्ष्मी (d) शंकर

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'पद्मासन' का समास विग्रह 'पद्म आसन है जिसका अर्थात् सरस्वती' है। यहाँ बहुव्रीहि समास है। जिस समास के समस्त पद में कोई पद प्रधान नहीं होता है तथा दोनों पद मिलकर तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं, उसमें बहुव्रीहि समास होता है। जैसे–

- त्रिलोचन– तीन हैं लोचन जिसके अर्थात् शिव
- दशानन– दश हैं आनन जिसके अर्थात् रावण

181. निम्नलिखित समास-विग्रह को अन्य किस नाम से सम्बोधित किया जाता है?
''चार हैं मुख जिसके''

(a) विष्णु (b) शनि
(c) ब्रह्मा (d) शंकर

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'चतुरानन' बहुव्रीहि समास का उदाहरण है, जिसका विग्रह होगा– 'चार हैं मुख जिसके' अर्थात् ब्रह्मा। बहुव्रीहि समास में अन्य पद की प्रधानता रहती है।

182. ''पंक में पैदा हो जो''

(a) कमल (b) जासमीन
(c) गुलाब (d) सिंह

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) पंकज – पंक में पैदा हो जो अर्थात् कमल। यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है।

183. निम्नलिखित समास-विग्रह को अन्य किस नाम से सम्बोधित किया जाता है?
''शूल है पाणि में जिसके''

(a) सरस्वती (b) इंद्र
(c) ब्रह्मा (d) शंकर

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) बहुव्रीहि समास के निम्नलिखित उदाहरण हैं-

समास-विग्रह		सामासिक शब्द
• शूल है पाणि में जिसके अर्थात्	–	शंकर
• वीणा है पाणि में जिसके अर्थात्	–	सरस्वती
• वज्र है पाणि में जिसके अर्थात्	–	इन्द्र
• चक्र है पाणि में जिसके अर्थात्	–	विष्णु

184. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द के लिए सही बहुव्रीहि समास के विग्रह का विकल्प हो।
दुरात्मा

(a) दूर की आत्मा (b) डर का आत्मा
(c) दूर से आत्मा (d) बुरी आत्मा वाला

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (d) : दुरात्मा शब्द का समास विग्रह 'बुरी आत्मा वाला' होता है यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है।
बहुव्रीहि समास – वह सामासिक पद जिसमें कोई पद प्रधान न होकर अन्य पद प्रधान हो वहाँ बहुव्रीहि समास होता है।
जैसे– दशानन– दस है आनन (सिर) जिसके अर्थात् रावण।
चन्द्रशेखर – चन्द्र है जिसके शिखर (मस्तक) पर अर्थात शिव।

185. 'पवनाशन' में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्वंद समास (d) अव्ययीभाव समास

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'पवनाशन' में बहुव्रीहि समास है।
'जिस समास में कोई पद प्रधान न होकर किसी अन्य पद की प्रधानता होती है।'
उदा.- चन्द्रशेखर, निर्जन, पीताम्बर इत्यादि।

186. 'त्रिलोचन' में इनमें से कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) : 'त्रिलोचन' शब्द 'बहुव्रीहि समास' का उदाहरण है। ऐसे सामासिक शब्द जिनके दोनों पदों में किसी की भी प्रधानता नहीं होती तथा दोनों मिलकर किसी अन्य पद की ओर संकेत करते हैं, 'बहुव्रीहि समास' कहलाते हैं। इस समास में अन्य पद की प्रधानता होती है।
जैसे- त्रिलोचन- तीन हैं लोचन जिसके (शिव)
लम्बोदर- लम्बा है उदर जिसका (गणेश)

187. 'नीलकंठ ' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) कर्मधारय समास
(c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास

BIHAR Primary Teacher. 2023 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
UPPSCAE 2007

उत्तर : (a) : नीलकंठ ' शब्द में बहुव्रीहि समास है। जिस समास में कोई पद प्रधान न होकर पूरा समस्त पद ही किसी अन्य पद का विशेषण होता है उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।
नोट- नीलकंठ कर्मधारय समास का भी उदाहरण है।

188. ''दीर्घबाहु'' में कौन-सा समास है?

(a) द्वंद्व समास (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) अव्ययीभाव समास

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'दीर्घबाहु' में बहुव्रीहि समास है। इसका विग्रह है- लम्बी हैं भुजाएँ जिसकी अर्थात् विष्णु। बहुव्रीहि समास में दोनों पद प्रधान न होकर कोई अन्य पद अर्थात् तीसरा पद प्रधान होता है।
जैसे- लम्बोदर, दशानन, गजानन, चक्रपाणि इत्यादि।

@RexstarPdf

189. 'अद्वितीय' में कौन सा समास है?

(a) बहुव्रीहि समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) द्विगु समास (d) द्वंद्व समास

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'अद्वितीय' में बहुव्रीहि समास है जिनके दोनों पद गौण होते हैं तथा दोनों पद मिलकर किसी अन्य तीसरे पद की प्रधानता का बोध कराते हैं बहुव्रीहि समास कहलाते हैं।
जैसे – **अद्वितीय** - ऐसा जिसके समान दूसरा न हो
लम्बोदर - लम्बा है उदर जिसका (गणेश)

190. 'गिरधर' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) द्विग समास (b) द्वंद्व समास
(c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
KVS PGT Hindi 2017

उत्तर : (d) : 'गिरधर' शब्द में 'बहुव्रीहि समास' है। 'ऐसे सामासिक शब्द जिसके दोनों पद मिलकर किसी तीसरे संज्ञा शब्द की प्रधानता का बोध कराएँ, 'बहुव्रीहि समास' कहलाता है।
उदाहरण- गिरधर ⟶ गिरि को धारण करने वाला (श्री कृष्ण)

191. 'मुरारी' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) द्विगु समास (d) बहुव्रीहि समास

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'मुरारी' शब्द में बहुव्रीहि समास है। जिस समास में कोई पद प्रधान न होकर (दिये गये पदों में) किसी अन्य पद की प्रधानता होती है, या अपने पदों से भिन्न किसी विशेष संज्ञा का विशेषण होता है, उसको बहुव्रीहि समास कहा जाता है।

192. ''चतुर्भुज'' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) अव्यवीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

DSSSB प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा, 31/05/2015
लोअर-2 परीक्षा, 2015
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'चतुर्भुज' शब्द में बहुव्रीहि समास है। बहुव्रीहि समास में अन्य पद प्रधान होता है। चतुर्भुज का समास विग्रह होगा- चार हैं भुजाएँ जिसकी अर्थात् विष्णु।

193. 'त्र्यम्बक' शब्द में कौन सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : 'त्र्यम्बक' शब्द में बहुव्रीहि समास है। जिसका समास विग्रह होगा- तीन आँखों वाला अर्थात शिव। समास में आए पदों को छोड़कर जब किसी अन्य पद की प्रधानता हो तब उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। इस समास के समासगत पदों में कोई भी पद प्रधान नहीं होता बल्कि पूरा समस्तपद ही किसी अन्य पद का विशेषण होता है।

194. 'पीतांबर' में कौन-सा समास है?

(a) द्विगु (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

UP PGT 2016
DSSSB TGT ST, 09/09/2018
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 13/10/2018
[UPCSA 2019]
[UPSI 19.07.2017 Shift II]
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर. (d): 'पीतांबर' में बहुव्रीहि समास है। इसका समास विग्रह होगा-पीत है अंबर जिसका अर्थात् श्री कृष्ण। समास में आये पदों को छोड़कर जब किसी अन्य पद की प्रधानता हो, तब उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।
नोट- पीत+अम्बर = पीताम्बर। पीताम्बर शब्द में कर्मधारय समास भी होता है परन्तु विकल्प में कर्मधारय और बहुव्रीहि होने पर बहुव्रीहि ही माना जायेगा।

195. किस समास में कोई पद प्रधान नहीं होता?

(a) द्विगु (b) अव्ययीभाव
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
[UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 Shift-II]
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]
जूनियर इंजीनियर तकनीकी परीक्षा, 2016
परिचालक परीक्षा, 2015
कानूनगो परीक्षा-2015

उत्तर. (c) : 'बहुव्रीहि' समास में कोई पद प्रधान नहीं होता अपितु दोनों पद मिलकर एक नया अर्थ प्रकट करते हैं, इसमें पूरा समस्तपद ही किसी अन्य पद का विशेषण होता है। जैसे 'चक्रधर' में दो पद हैं– 'चक्र' एवं 'धर', परन्तु इसका नया अर्थ 'विष्णु' है (जो चक्र को धारण करता है)। 'अव्ययीभाव समास' में पूर्व पद प्रधान होता है तथा 'तत्पुरुष समास' में अन्तिम पद प्रधान होता है।

196. 'कमलनयन' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष समास (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) द्वंद्व समास

UP TGT 2004

उत्तर : (c) 'कमलनयन' शब्द में कमल एवं नयन से विशेष्य विशेषण भाव प्राप्त होने के कारण कर्मधारय समास होगा। परन्तु कर्मधारय समास' विकल्पों में नहीं दिया गया। अतः सही विकल्प के अभाव में इस शब्द में अन्य पद प्रधान (कमलवत नेत्र हैं जिसके अर्थात् भगवान राम) बहुव्रीहि समास नजदीकी उत्तर होगा।

197. कौन सा शब्द बहुव्रीहि समास के अन्तर्गत आता है?

(a) वीणापाणि (b) दुमाता
(c) लालपीला (d) विद्याभ्यास

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'वीणापाणि' शब्द में 'बहुव्रीहि समास' है। जब दो शब्द मिलकर किसी तीसरे शब्द का विशेषण बन जाएँ तो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।

शब्द	समास विग्रह	समास
वीणापाणि	वीणा है हाथ में जिसके (सरस्वती)	बहुव्रीहि
दुमाता	जिसकी दो माता है	द्विगु समास
लाल-पीला	लाल और पीला	द्वन्द्व समास
विद्याभ्यास	विद्या का अभ्यास	तत्पुरुष समास

@RexstarPdf

198. ''पंचानन'' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) द्विगु

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'पंचानन' का अर्थ 'पाँच है आनन जिसके' अर्थात् 'शंकर'। यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है। बहुव्रीहि समास में कोई पद प्रधान नहीं होता है तथा दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं। जैसे लम्बोदर, दशानन, चक्रपाणि आदि।

199. निम्न में से कौन सा 'चक्रपाणि' में प्रयुक्त समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'चक्रपाणि' में बहुव्रीहि समास है। जब दो शब्द मिलकर किसी तीसरे शब्द का विशेषण बन जाएँ, वहाँ बहुव्रीहि समास होता है। जैसे-
चतुर्भुज – चार हैं भुजाएँ जिसकी अर्थात विष्णु
पीताम्बर – पीत है अम्बर जिसका (विष्णु) बहुव्रीहि समास
दशानन – दश है आनन जिसके (रावण) बहुव्रीहि समास
चक्रपाणि – चक्र है हाथ मे जिसके (विष्णु) बहुव्रीहि समास

200. 'आठ अध्याय हैं जिसमें' यह किस समास का उदाहरण है?

(a) द्विगु (b) बहुव्रीहि
(c) द्वंद्व (d) कर्मधारय

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'आठ अध्याय हैं जिसमें' अर्थात् 'अष्टाध्यायी', यहाँ बहुव्रीहि समास है। बहुव्रीहि समास में कोई भी पद प्रधान नहीं होता तथा दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद का विशेषण होता है।

201. 'तीन वेणियाँ मिलती हैं जहाँ' यह किस समास का उदाहरण है?

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि समास
(c) कर्मधारय समास (d) द्विगु समास

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'तीन वेणियाँ मिलती हैं जहाँ' अर्थात् 'त्रिवेणी'। यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है। जिस समास का कोई पद प्रधान नहीं होता तथा दोनों पद मिलकर तीसरे पद की विशेषता बताते हैं, बहुव्रीहि समास कहलाते हैं। जैसे – त्रिनेत्र, दशमुख, नेकनाम, लम्बोदर, चतुर्भुज।

202. 'बारहसिंगा' शब्द में समास है–

(a) बहुव्रीहि समास (b) कर्मधारय समास
(c) द्वन्द्व समास (d) अव्ययीभाव समास

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) जिस समस्त पद में कोई पद प्रधान नहीं होता बल्कि दोनों मिलकर तीसरे पद का विशेषण होता है। उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं।
जैसे– बारहसिंगा ⇒ बारह सींगों वाला (कोई विशेष जानवर)
अनहोनी ⇒ न होने वाली घटना (कोई विशेष घटना)
चौलड़ी ⇒ चार लड़ियाँ हैं जिसमें (माला)
मृगेंद्र ⇒ मृगों (पशुओं) के इंद्र (सिंह)

203. 'धनंजय' में समास है –

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव

UP TGT 2002

उत्तर : (c) 'धनंजय' में बहुव्रीहि समास है। इस पद में कोई पद प्रधान नहीं है। समस्त पद 'अर्जुन' का विशेषण है, अतः यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है।

204. 'लंबोदर' उदाहरण है –

(a) बहुव्रीहि समास का (b) द्वन्द्व समास का
(c) द्विगु समास का (d) कर्मधारय समास का

UP TGT 2009

उत्तर : (a) जहाँ अनेक पद होते हुए भी अन्य पद प्रधान होता है वहां बहुव्रीहि समास होता है अर्थात् जहाँ दो या दो से अधिक पद मिलकर किसी अन्य पद का बोध कराते हैं, वहाँ बहुव्रीहि समास होता है यहाँ लम्बोदर का अर्थ है - लम्बा है उदर जिसका अर्थात् गणेश।

205. 'कुसुमाकर' में समास है

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) बहुव्रीहि

GIC. PGT 2015

उत्तर : (d) कुसुमाकर' में बहुव्रीहि समास है। वह जिसके कुसुम के शर हैं अर्थात कामदेव बहुव्रीहि समास में कोई भी पद प्रधान नहीं होता बल्कि पूरा समस्त पद ही किसी अन्य पद का विशेषण होता है।

206. 'पतझड़' में कौन सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) अव्ययीभाव (d) द्विगु

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (b) 'पतझड़' में बहुव्रीहि समास है। इसका विग्रह 'झड़ते हैं पत्ते जिस मौसम में' होता है। जिस समास के समस्त पद में कोई पद प्रधान नहीं होता है तथा दोनों पद मिलकर किसी अन्य पद का विशेषण होता है। वह बहुव्रीहि समास कहलाता है।

207. 'कूपमंडूक' में किस समास की योजना है?

(a) बहुव्रीहि (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (a) 'कूपमंडूक' (जिसका ज्ञान सीमित हो वह) में बहुव्रीहि समास होगा।

208. 'निर्दय' में समास है-

(a) कर्मधारय समास (b) द्वन्द्व समास
(c) द्विगु समास (d) बहुव्रीहि समास

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (d) 'निर्दय' में बहुव्रीहि समास है, जिसका विग्रह 'नहीं है दया जिसमें' होगा।

209. 'निशाचर' में कौन–सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) नञ् (d) बहुव्रीहि

UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर : (d) 'निशाचर' में बहुव्रीहि समास है। निशाचर का समास विग्रह– 'निशा (रात्रि) में विचरण करने वाला' अर्थात योनि विशेष (राक्षस)। जिस समास के दोनों पद अप्रधान हो और समस्तपद के अर्थ के अतिरिक्त कोई सांकेतिक अर्थ प्रधान हो, वहाँ बहुव्रीहि समास होता है। जैसे–दशानन–दश है आनन जिसके अर्थात् रावण, नीलकण्ठ–नीला है कण्ठ जिसका अर्थात शिव।

@RexstarPdf

210. 'दशानन' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) द्विगु

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c)

पद	समास विग्रह	समास
दशानन	दश है आनन जिसके अर्थात रावण	बहुव्रीहि
नीलकमल	नीला है जो कमल	कर्मधारय
ऋणमुक्त	ऋण से मुक्त	तत्पुरुष
चौराहा	चार राहों का समाहार	द्विगु

7. अन्य

211. समास के सन्दर्भ में इनमें से कौन-सा कथन सही है?

(a) द्वंद्व समास में सभी पद प्रधान होते हैं।
(b) जिस कर्मधारय या पूर्वपद संख्या बोधक हो, वह द्विगु कर्मधारय समास कहलाता है।
(c) तत्पुरुष समास में साधारणतः प्रथम पद विशेषण और द्वितीय पद विशेष्य होता है।
(d) सभी सही हैं।

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : समास के संदर्भ में सभी कथन सही हैं।
द्वंद समास का दोनों पद प्रधान होता है। इस समास में 'और' का लोप होता है। **जैसे**- राधा-कृष्ण = राधा और कृष्ण।
जिस कर्मधारय का पूर्वपद संख्या बोधक हो, वहाँ द्विगु समास होता है। **जैसे**- तिराहा, चतुर्भुज। तत्पुरुष समास में साधारणतः प्रथम पद विशेषण और द्वितीय पद विशेष्य होता है।

212. समास के सन्दर्भ में इनमें से कौन-सा कथन गलत है?

(a) बहुव्रीहि समास में दोनों पद गौण होते हैं
(b) अव्ययीभाव में पूर्वपद की प्रधानता होती है और समास पद अव्यय होते हैं
(c) तत्पुरुष समास में अंतिम पद गौण होता है
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'तत्पुरुष' समास में अंतिम पद गौण होता है। यह कथन गलत है। जिस समास में बाद या उत्तर पद प्रधान होता है तथा दोनों के बीच कारक चिह्न लुप्त हो जाता है। उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। **जैसे**–यश प्राप्त– यश को प्राप्त।

213. समास का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(a) संबंध (b) सरल
(c) उदाहरण (d) संक्षेप

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : समास का शाब्दिक अर्थ 'संक्षेप' होता है। समास संक्षेप करने की एक प्रक्रिया है। दो या दो से अधिक शब्दों को इस प्रकार साथ रख देना जैसे उनके आकार में कुछ कमी भी हो जाये तथा अर्थ भी पूर्ण विदित हो। **जैसे**- 'ज्ञानसागर' अर्थात् 'ज्ञान का भण्डार'।

214. समास-योजना की दृष्टि से इनमें से एक अशुद्ध युग्म है

(a) सतसई – द्विगु समास
(b) तुलसीकृत – तत्पुरुष समास
(c) मंदोदरी – बहुव्रीहि समास
(d) मरणासन्न – अव्ययीभाव समास

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (d) : सतसई – द्विगु, तुलसीकृत – तत्पुरुष एवं मंदोदरी में बहुव्रीहि समास है। मरणासन्न में तत्पुरुष समास है। जिस समास के दोनों पदों के बीच कारक चिह्न लुप्त हो जाता है। उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

215. समास की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है-

(a) भरपेट -अव्ययीभाव
(b) राष्ट्रभक्त - तत्पुरुष
(c) देशनिकाला - बहुव्रीहि
(d) हुक्कापानी - द्वन्द्व

उत्तर. (c) : **'देशनिकाला'** में अपादान तत्पुरुष समास है। इसका समास विग्रह है– देश से निकाला हुआ। अतः यह युग्म अशुद्ध है। जबकि अन्य समास युग्म सही हैं।

216. निम्न प्रश्न समास से संबंधित हैं, सुमेलित करें–
सूची-I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I (शब्द)	सूची-II (समास)
A. विदेशगमन	I. बहुव्रीहि
B. गिरिधर	II. तत्पुरुष
C. देश-विदेश	III. अव्ययीभाव
D. यथाशीघ्र	IV. द्वंद्व

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

	A	B	C	D
(a)	III	I	II	IV
(b)	I	III	IV	II
(c)	II	I	IV	III
(d)	II	IV	I	III

उत्तर : (c)

शब्द	समास	समास विग्रह
विदेशगमन	तत्पुरुष	विदेश को गमन
गिरिधर	बहुव्रीहि	पर्वत को धारण करने वाला अर्थात् कृष्ण
देश-विदेश	द्वंद्व	देश और विदेश
यथाशीघ्र	अव्ययीभाव	जितना शीघ्र हो

217. समास के पदों को अलग करने को क्या कहा जाता है?

(a) विच्छेद (b) बदलाव
(c) विग्रह (d) विभक्ति

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 25/08/2013
UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : समास के पदों को अलग करने को विग्रह कहा जाता है। वर्णों के मेल को संधि तथा अलगाव को विच्छेद कहते हैं। शब्द के रूपांतरित अंग को विभक्ति कहते हैं। विभक्ति चिह्न को परसर्ग कहते हैं।

218. निम्नलिखित में से कौन सा समास नहीं है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) कर्मकारक समास
(c) द्वन्द्व समास (d) बहुव्रीहि समास

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (b) समास मुख्यत: इस प्रकार हैं–
1. अव्ययी भाव समास
2. तत्पुरुष समास
3. कर्मधारय समास
4. द्विगु समास
5. द्वंद्व समास
6. बहुव्रीहि समास

219. इन युग्मों में से कौन-सा सही नहीं है?
(a) नीलोत्पलम् - कर्मधारय समास
(b) दशानन - बहुव्रीहि समास
(c) रामलक्ष्मणौ - अव्ययीभाव समास
(d) दिवारात्रि - द्वन्द्व समास

DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 13/10/2018
UP TGT 2009

उत्तर : (c) जब कोई एक खण्ड विशेषण या उपमा सूचक शब्द हो तो कर्मधारय समास होता है। जब दो शब्द मिलकर किसी तीसरे शब्द का विशेषण बन जाएँ तो वहाँ बहुव्रीहि समास होता है तथा जहाँ कोई शब्द क्रिया विशेषण की विशेषता बतलाता है, वहाँ अव्ययीभाव समास होता है। जहाँ दोनों पद प्रधान होते हैं, वहाँ द्वन्द्व समास होता है। अतः उपरोक्त पद के क्रम संख्या तीन में राम-लक्ष्मणौ में अव्ययी भाव समास न होकर द्वन्द्व समास होगा क्योंकि राम और लक्ष्मण दोनों पद प्रधान हैं।

220.निम्नलिखित शब्दों को उनके समास के साथ सुमेलित कीजिए।

(A)	वनवास	(i) कर्मधारय
(B)	दान-पुण्य	(ii) अव्ययीभाव
(C)	त्रिनेत्र	(iii) द्वन्द्व
(D)	यथाविधि	(iv) बहुव्रीहि
(E)	क्रोधाग्नि	(v) तत्पुरुष

कोड-

	A	B	C	D	E
(a)	iii	ii	v	i	iv
(b)	v	iii	iv	ii	i
(c)	v	ii	iii	i	v
(d)	i	iv	iii	v	ii

UGC NET II[nd] Paper Dec. 2007

उत्तर : (b)

शब्द	समास	समास विग्रह
वनवास	तत्पुरुष समास	वन में वास
दान-पुण्य	द्वन्द्व समास	दान और पुण्य
त्रिनेत्र	बहुव्रीहि समास	तीन हैं नेत्र जिसके अर्थात भगवान शंकर
यथाविधि	अव्ययीभाव समास	विधि के अनुसार
क्रोधाग्नि	कर्मधारय	क्रोध रूपी अग्नि

221. निम्नलिखित युग्मों में से एक समास की दृष्टि से अशुद्ध है :
(a) भरपेट - अव्ययीभाव
(b) रसोईघर - तत्पुरुष
(c) दालरोटी - द्वन्द्व
(d) चालचलन - अव्ययीभाव

GIC PGT, 2009
Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (d) 'चालचलन- अव्ययीभाव' युग्म समास की दृष्टि से अशुद्ध है। चालचलन (चाल और चलन) में द्वन्द्व समास है जबकि भरपेट - अव्ययीभाव, रसोईघर-तत्पुरुष तथा दालरोटी- द्वन्द्व, समास की दृष्टि से शुद्ध युग्म है।

222. निम्नलिखित में से किस शब्द में एक से अधिक प्रकार के समास पाए जाने की संभावना है?
(a) वेद-पुराण (b) वचनामृत
(c) चंद्रशेखर (d) चतुर्भुज

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) चतुर्भुज पद में एक से अधिक समास पाये जाने की सम्भावना है-
- द्विगु– चार भुजाओं का समाहार
- बहुव्रीहि– चार भुजाएँ हैं जिसकी अर्थात् विष्णु।

223. विग्रह की दृष्टि से दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अनुचित है?
(a) वन में वास
(b) देश पर निकाला
(c) चन्द्र का प्रकाश
(d) जल की धारा

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में विग्रह की दृष्टि से 'देश पर निकाला' अनुचित है, जिसका उचित विग्रह है– देश से निकाला।
- वन में वास = वनवास
- चन्द्र का प्रकाश = चन्द्रप्रकाश
- जल की धारा = जलधारा

ये सब तत्पुरुष समास के उदाहरण हैं।

224. सामासिक पद को तोड़ना कहलाता है?
(a) संधि (b) समास
(c) समास विग्रह (d) समास विच्छेद

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (c) : सामासिक पद को तोड़ना 'समास विग्रह' कहलाता है। जबकि संधि को तोड़ना 'संधि विच्छेद' कहलाता है। दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को 'संधि' कहते हैं तथा दो या दो से अधिक शब्दों का संयोग 'समास' कहलाता है।

225. कौन सा अधिकरण तत्पुरुष समास नहीं है।
(a) पुरुषोत्तम (b) देशाटन
(c) कुलश्रेष्ठ (d) धर्मभ्रष्ट

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d) : धर्मभ्रष्ट में अपादान तत्पुरुष समास होगा, जिसका समास विग्रह 'धर्म से भ्रष्ट' होता है। अन्य विकल्प अधिकरण तत्पुरुष समास के उदाहरण हैं–

शब्द	समास विग्रह	समास
पुरुषोत्तम	पुरुषों में उत्तम	अधिकरण तत्पुरुष
देशाटन	देश में अटन (भ्रमण)	अधिकरण तत्पुरुष
कुलश्रेष्ठ	कुल में श्रेष्ठ	अधिकरण तत्पुरुष

@RexstarPdf

20.

वाक्य रचना

1. परिभाषा

1. 'राम ने कहा कि मैं पढ़ूँगा' वाक्य में 'कि मैं पढ़ूँगा' है-

(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : जो आश्रित उपवाक्य, प्रधान वाक्य की क्रिया के कर्त्ता, कर्म अथवा पूरक के रूप में प्रयुक्त हों, उन्हें 'संज्ञा उपवाक्य' कहते हैं। अतः राम ने कहा कि मैं पढ़ूँगा वाक्य में 'कि मैं पढ़ूँगा' एक 'संज्ञा उपवाक्य' है।

2. वाक्य में प्रयुक्त शब्द को क्या कहते हैं ?

(a) पदबंध (b) पद
(c) शब्दकोश (d) उपवाक्य

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : वाक्य में प्रयुक्त शब्द को 'पद' कहते हैं।
जैसे- वह सेब खाता है।
वह– पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक।
सेब– जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग कर्मकारक।
खाता है– सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग कृतवाच्य, वर्तमान काल।

3. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?
'गीत गाती हुई स्त्रियाँ पानी भरने जा रही हैं'

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) विशेषण (d) क्रिया

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश विशेषण पदबंध है।
गीत गाती हुई स्त्रियाँ पानी भरने जा रही हैं।
विशेषण पदबंध विशेष्य कर्म क्रिया

4. 'जब बादल गरजते हैं, तब मोर नाचते हैं' वाक्य में 'जब बादल गरजते हैं' है-

(a) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) संज्ञा उपवाक्य (d) उपर्युक्त सभी

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : जब बादल गरजते हैं तब मोर नाचते हैं, वाक्य में 'जब बादल गरजते हैं' **'क्रिया विशेषण उपवाक्य'** है। क्रिया- विशेषण उपवाक्य क्रिया की विशेषता बताते हैं।

5. तुम कहाँ जा रहे हो? वाक्य का प्रकार स्पष्ट कीजिए:

(a) विधिवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) विस्मयवाचक वाक्य

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर: (b) अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद होते हैं-
1. विधि वाचक वाक्य – मोहन किताब पढ़ता है।
2. निषेधात्मक वाक्य – राम विद्यालय नहीं गया।
3. आज्ञावाचक वाक्य – खड़े हो जाओ।
4. प्रश्नवाचक वाक्य – तुम कहाँ जा रहे हो?
5. विस्मयवाचक वाक्य – वाह! कितना सुन्दर दृश्य है।
6. संदेहवाचक वाक्य – शायद वह कल आये।
7. इच्छावाचक वाक्य – भगवान आपको सफल करें।
8. संकेतवाचक वाक्य– यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य सफल होंगे।

6. सामान्यतया कर्ता, क्रिया आदि के सार्थक शब्द समूह को क्या कहते हैं?

(a) शब्द (b) पद
(c) वाक्य (d) शब्दों का समुच्चय

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (c) सामान्यतया कर्त्ता, क्रिया आदि के सार्थक शब्द समूह को 'वाक्य' कहते हैं। रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद हैं- 1. सरल वाक्य, 2. संयुक्त वाक्य, 3. मिश्रवाक्य।

7. वाक्यों का वर्गीकरण कितने आधारों पर किया गया है?

(a) दो (b) चार
(c) आठ (d) तीन

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]
लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) वाक्यों का वर्गीकरण दो आधारों पर किया गया है। शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं। अर्थात् शब्दों का ऐसा समूह जिससे कोई अर्थ निकल रहा हो, वह वाक्य कहलाता है।
वाक्यों का वर्गीकरण निम्नलिखित दो आधारों पर किया जाता है-
1. रचना के आधार पर
2. अर्थ के आधार पर

रचना के आधार पर वाक्य के भेद

2. सरल वाक्य

8. 'गीता ने कहानी लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया।' वाक्य किसका उदाहरण है?

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : यह सरल वाक्य का उदाहरण है।
सरल वाक्य-ऐसा वाक्य जिसमें एक ही क्रिया एवं एक ही कर्त्ता हो और उन वाक्यों का एक ही उद्देश्य हो, ऐसे वाक्य को सरल वाक्य कहा जाता है।
उदाहरण-श्याम किताब पढ़ता है।

@RexstarPdf

9. मिश्र वाक्य - 'जब तुम मेरे घर आये थे तब चार बजा था।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

(a) घर आये तुम चार बजे मेरे थे।
(b) तुम चार बजे मेरे घर आये थे।
(c) घर चार बजे तुम मेरे आये थे।
(d) चार बजा जब तुम मेरे घर आये थे तब था।

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)

उत्तर : (b) : उक्त मिश्र वाक्य का सरल वाक्य होगा- तुम चार बजे मेरे घर आये थे।

10. मिश्र-वाक्य - 'जब मैंने तुम्हें देखा था, तुम रुग्णावस्था में थे।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन-सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

(a) मैंने तुम्हें रुग्णावस्था में देखा था।
(b) जब तुम्हें देखा था, तुम रुग्णावस्था में थे।
(c) तुम रुग्णावस्था में जब मैंने तुम्हें देखा था।
(d) रुग्णावस्था में जब तुम्हें देखा था।

SSC GD Constable 13-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (a) : उक्त मिश्र वाक्य का सरल वाक्य होगा- मैंने तुम्हें रुग्णावस्था में देखा था।

11. संयुक्त वाक्य- 'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

(a) वह दंड से बचना चाहता था भाग गया।
(b) बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।
(c) दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
(d) वह बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (c) : उक्त संयुक्त वाक्य का सरल वाक्य होगा- दंड से बचने के लिए वह भाग गया।

12. मिश्र वाक्य- 'इस गाँव का जो प्रधान है, वह अच्छा आदमी नहीं है।'
उपर्युक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

(a) प्रधान अच्छा आदमी इस गाँव का नहीं है।
(b) जो प्रधान है, वह बिलकुल अच्छा आदमी नहीं है।
(c) इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।
(d) गाँव का जो प्रधान वह अच्छा आदमी नहीं है।

SSC GD Constable 24-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (c) : उक्त मिश्र वाक्य का सरल वाक्य होगा- इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।

13. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) जो व्यक्ति राष्ट्र के लिए मर मिट जाता है इसलिए वह राष्ट्रभक्त कहलाता है।
(b) राष्ट्र के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है।
(c) वह व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है, जो राष्ट्र के लिए मर मिटे।
(d) जब व्यक्ति राष्ट्र के लिए मर मिट जाता है, तो वह सच्चा राष्ट्रभक्त कहलाता है।

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में सरल वाक्य होगा - 'राष्ट्र के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है।'
सरल वाक्य - जिस वाक्य में केवल एक ही विधेय होता है, उसे 'सरल वाक्य' कहते हैं।

14. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) वर्षा हुई और मोर नाचने लगे।
(b) जब वर्षा हुई, तो मोर नाचने लगे।
(c) वर्षा होते ही मोर नाचने लगे
(d) जैसे ही वर्षा हुई, मोर नाचने लगे

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में से सरल वाक्य होगा - वर्षा होते ही मोर नाचने लगे।
सरल वाक्य - जिस वाक्य में केवल एक ही विधेय होता है, उसे 'सरल वाक्य' कहते हैं।

15. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) नेहा रात-भर पढ़ती है, क्योंकि वह परीक्षा में सफल होना चाहती है।
(b) नेहा रात-भर परीक्षा में सफल होने के लिए पढ़ती है।
(c) रात-भर नेहा इसलिए पढ़ती है कि वह परीक्षा में सफल हो जाए।
(d) नेहा रात-भर पढ़ती है जिससे परीक्षा में सफल हो सके।

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में सरल वाक्य होगा - 'नेहा रात-भर परीक्षा में सफल होने के लिए पढ़ती है।
* सरल वाक्य - ऐसे वाक्य जिनमें एक ही क्रिया एवं एक ही कर्त्ता होता है या जिस वाक्य में एक ही उद्देश्य एवं एक ही विधेय होता है, वे वाक्य सरल वाक्य कहलाते हैं।
जैसे– राकेश पढ़ता है, कमला और विमला मंदिर जाती है।

16. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) यदि ट्रैफिक में न फँसा होता तो जल्दी जाता।
(b) ट्रैफिक में फँसने के कारण जल्दी नहीं आ सकता।
(c) जब मैं ट्रैफिक में फँसा हुआ था, इसलिए जल्दी नहीं आ पाया।
(d) मैं जल्दी नहीं आ सका क्योंकि मैं ट्रैफिक में फँसा हुआ था।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (b): उपर्युक्त वाक्यों में निम्न वाक्य सरल वाक्य का उदाहरण है– ट्रैफिक में फँसने के कारण जल्दी नहीं आ सकता।
सरल वाक्य – जिन वाक्यों में एक ही विधेय एवं एक ही क्रिया होती है उन्हे सरल या साधारण वाक्य कहते हैं। जैसे– अभिषेक थैला लेकर चला गया।

@RexstarPdf

17. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) जब सुमिता ने पानी पीया, तब वह चली गई।
(b) सुमिता पानी पीकर चली गई।
(c) सुमिता ने पानी पीया और चली गई।
(d) जैसे ही सुमिता ने पानी पीया और वह चली गई।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में सरल वाक्य होगा - सुमिता पानी पीकर चली गई।
सरल वाक्य - ऐसा वाक्य जिसमें एक ही क्रिया एवं एक ही कर्त्ता और उन वाक्यों का एक ही उद्देश्य हो, ऐसे वाक्य को सरल वाक्य कहा जाता हैं।

18. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) जैसे ही दिपांशु आया वैसे ही रोने लगा।
(b) जब दिपांशु आया तब वह रोने लगा।
(c) दिपांशु आते ही रोने लगा।
(d) दिपांशु आया और आते ही रोने लगा।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में सरल वाक्य होगा - 'दिपांशु आते ही रोने लगा'।
सरल वाक्य - जिस वाक्य में केवल एक ही विधेय होता है। उसे 'सरल वाक्य' कहते हैं।

19. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए ।

(a) वह व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को भी अपने जैसा समझता है।
(b) जो व्यक्ति जैसा होता है वह दूसरों का भी वैसा ही समझता है।
(c) वह व्यक्ति ऐसा होता है इसलिए दूसरों को भी अपने जैसा समझता है।
(d) वह व्यक्ति दूसरों को भी अपनी तरह समझता है।

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में सरल वाक्य है - 'वह व्यक्ति दूसरों को भी अपनी तरह समझता है।'
सरल वाक्य - जिस वाक्य में केवल एक ही विधेय होता है। उसे 'सरल वाक्य' कहते हैं।

20. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) यदि ठंड ज्यादा होती तो मैं बाहर नहीं जाता।
(b) जब ठंड बहुत ज्यादा थी तब मैं बाहर नहीं गया।
(c) ठंड बहुत ज्यादा थी इसलिए मैं बाहर नहीं गया।
(d) ठंड बहुत ज्यादा होने के कारण मै बाहर नहीं गया।

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) : दिये गए वाक्यों में सरल वाक्य होगा – 'ठंड बहुत ज्यादा होने के कारण मै बाहर नहीं गया।

21. निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित करें।
'अतिथि आये और कार्यक्रम शुरू हुआ'

(a) अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हुआ
(b) अतिथि आये, कार्यक्रम शुरू हुआ
(c) अतिथि के आने पर ही कार्यक्रम शुरू हो पाया
(d) दिए हुए वाक्य में परिवर्तन संभव नहीं है।

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर: (a) 'अतिथि आये और कार्यक्रम शुरू हुआ' एक संयुक्त वाक्य है। इसका सरल वाक्य 'अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हुआ', होगा।

रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं।

(1) सरल वाक्य–जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है, उन्हें सरल वाक्य या साधारण वाक्य कहते हैं। **जैसे–** (1) राम पढ़ता है। (2) मीरा विद्यालय जा रही है।

(2) संयुक्त वाक्य–जब दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (और, तथा, एवं, या, अतः, ...) से जुड़े हों, तो उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं। **जैसे–** मोहन खाना खाया और सो गया।

(3) मिश्र वाक्य–जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हो, जो आपस में 'कि', क्योंकि, जो, जितना, उतना, जैसा, वैसा, जब, तब, जहाँ, वहाँ, आदि से मिश्रित हों, उन्हें मिश्रित वाक्य कहते हैं। **जैसे–** वह लड़का जो खाना खा रहा है, वह मेरा भाई है।

22. निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिये।
'उसने कहा कि मैं विदेशी हूँ।'

(a) दिए हुए वाक्य में परिवर्तन सम्भव नहीं है।
(b) उसने अपने आप को विदेशी बताया।
(c) उसने अपने आप को विदेशी बनाया।
(d) वह बोला की वह विदेशी है।

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) 'उसने कहा कि मैं विदेशी हूँ।' मिश्र वाक्य है, जिसका सरल वाक्य 'उसने अपने आप को विदेशी बताया' होगा।

23. 'नीली कमीज़ वाले छात्र को यह कलम दे दो।' रचना के आधार पर वाक्य का सही भेद पहचानिए।

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) आज्ञावाचक वाक्य

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (a) : 'नीली कमीज़ वाले छात्र को यह कलम दे दो।' रचना के आधार पर यह सरल वाक्य है। सरल वाक्य में एक उद्देश्य एवं एक विधेय होता है। सरल वाक्य की सटीक पहचान है कि इसमें मात्र एक ही मुख्य क्रिया होती है। प्रस्तुत वाक्य में 'दे दो' एकमात्र मुख्य क्रिया है।

24. एक ही विधेय हो जिसमें :

(a) मिश्र वाक्य (b) कर्मपूरक वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : एक ही विधेय वाले वाक्य को सरल वाक्य कहते हैं। सरल वाक्यों में एक प्रमुख क्रिया तथा एक ही उद्देश्य होता है।
उदाहरण- बिजली चमकती है, पानी बरसा, वे सब सो गये।
मिश्र वाक्य- जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य/उपवाक्य हो, मिश्र वाक्य कहलाता है।
उदाहरण- उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।

@RexstarPdf

संयुक्त वाक्य– जिस वाक्य में साधारण या मिश्र वाक्यों का योग संयोजक अवयवों द्वारा होता है उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।
उदाहरण- सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।

25. वाक्य और उसके भेद से संबंधित कौन-सा जोड़ा गलत है?

(a) बच्चे नाश्ता करके विद्यालय गए - सरल वाक्य
(b) जो प्रथम आएगा वह पुरस्कार पाएगा- मिश्र वाक्य
(c) नेता ने भाषण दिया और चला गया - संयुक्त वाक्य
(d) लक्ष्मी गयी और सोफिया आ गयी - सरल वाक्य

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (d) : 'लक्ष्मी गयी और सोफिया आ गयी' सरल वाक्य का उदाहरण नहीं, बल्कि संयुक्त वाक्य का उदाहरण है। 'संयुक्त वाक्य' में संयोजक अव्ययों द्वारा वाक्यों को जोड़ा जाता है।

26. निम्न में कौन सा वाक्य सरल वाक्य नहीं है?

(a) लड़का दौड़ता है।
(b) बंदर पेड़ पर चढ़ रहे थे।
(c) मैंने लड़के को बुलाया।
(d) इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो।

उत्तर : (d) दिये गये वाक्यों में 'इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो' वाक्य मिश्र वाक्य का उदाहरण है, न कि सरल वाक्य का। रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

1. सरल वाक्य – जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है सरल वाक्य कहलाते हैं।
जैसे– लड़का दौड़ता है। बन्दर पेड़ पर चढ़ रहे थे, मैंने लड़कों को बुलाया।

2. संयुक्त वाक्य – जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (और, फिर भी, नहीं तो, किन्तु, अतः अथ्रवा, परंतु, आदि) द्वारा जुड़े हों संयुक्त वाक्य कहलाते हैं।
जैसे- उसने परिश्रम किया किन्तु सफलता नहीं मिली।

3. मिश्रवाक्य– जिन वाक्यों में एक मुख्य उपवाक्य हो और अन्य आश्रित (गौण) उपवाक्य हो उन्हें मिश्रवाक्य कहते हैं;
जैसे- मैं जानता हूँ कि तुम्हारे पास किताब नहीं हैं।

3. संयुक्त वाक्य

27. संयुक्त वाक्य– 'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया। निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

(a) वह दंड से बचना चाहता था भाग गया।
(b) बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।
(c) दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
(d) वह बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।

SSC GD 24/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : संयुक्त वाक्य–'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।' के लिए सरल वाक्य दिए गए विकल्पों में से 'दंड से बचने के लिए वह भाग गया' होगा।
संयुक्त वाक्य वह होता है। जिसमें दो वाक्यों को जोड़ा जाता है।

28. तुम जाओ और अपने पिताजी से कहना

(a) सरल वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'तुम जाओ और अपने पिताजी से कहना' संयुक्त वाक्य है। जिस वाक्य में दो या दो से अधिक वाक्य किसी समुच्चय बोधक द्वारा जुड़े हो उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

29. संयुक्त वाक्य की पहचान क्या होती है?

(a) वाक्य में मुख्य क्रिया एक ही होती है।
(b) इसमें दो वाक्य होते हैं।
(c) एक प्रधान और एक समानाधिकरण उपवाक्य होता है और दोनों उपवाक्य आपस में स्वतंत्र रहते हुए किसी योजक (और, अथवा, किन्तु आदि) से जुड़े होते हैं।
(d) एक प्रधान उपवाक्य और एक या अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं।

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (c) : संयुक्त वाक्य की पहचान में एक प्रधान और एक समानाधिकरण उपवाक्य होता है और दोनों उपवाक्य आपस में स्वतंत्र रहते हुए किसी योजक (और, अथवा, किन्तु आदि) से जुड़े होते हैं।

30. 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।'

(a) मिश्र वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) सरल वाक्य

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
High Court ARO- 2021 (II)

उत्तरः (c) 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाये रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता। केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते हैं।

31. 'नरेश घर गया। उसने माँ को देखा।' वाक्य संश्लेषण द्वारा निर्मित संयुक्त वाक्य होगा-

(a) नरेश ने घर जाकर माँ को देखा।
(b) नरेश घर गया जहाँ उसने माँ को देखा।
(c) नरेश घर गया, तब उसने माँ को देखा।
(d) नरेश घर गया और (उसने) माँ को देखा।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'नरेश घर गया। उसने माँ को देखा'। वाक्य का संश्लेषण करने पर निर्मित संयुक्त वाक्य होगा – नरेश घर गया और (उसने) माँ को देखा। अन्य वाक्य असंगत है।

32. 'मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है।' यह वाक्य है–

(a) साधारण वाक्य (b) आज्ञार्थक वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) दिया गया वाक्य ' मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

संयुक्त वाक्य - संयुक्त वाक्य उस वाक्य समूह को कहते हैं, जिसमें दो या दो से अधिक सरल वाक्य अथवा मिश्र वाक्य अव्ययों द्वारा संयुक्त हों।

जैसे - मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गयी।

नोट - यहाँ याद रखने की बात है कि संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाये रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता, केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते हैं।

33. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य मिश्र वाक्य है?

(a) यज्ञदत देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(b) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।
(c) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(d) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबंध है।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गया वाक्य 'मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबंध है' मिश्र वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। मिश्र वाक्य के उपवाक्य प्रायः कि, जो, जहाँ, जिसने, ज्यों ही, जैसे-वैसे, क्योंकि, यदि तो, आदि व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते हैं।

जैसे– मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत जीतेगा।

34. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है?

(a) जो परिश्रम करेगा, उसे सफलता मिलेगी।
(b) यह वही बच्चा है जो कल गिर गया था।
(c) शाम हुई और गाय घर लौट आई।
(d) बगीचे में सुन्दर फूल खिले हैं।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिया गया वाक्य 'शाम हुई और गाय घर लौट आई' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल, संयोजक अवयवों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाए रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता है, केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते हैं।

जैसे - मैं आया और वह गया।

35. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
जल्दी तैयार हो जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) : दिया गया वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

संयुक्त वाक्य– जिन वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतन्त्र उपवाक्य किसी समुच्चय बोधक अव्यय से जुड़े होते हैं जैसे– इसलिए, और, या, नहीं तो इत्यादि।

जैसे– जल्दी तैयार हो जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

36. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
जल्दी चले जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

(a) संयुक्त वाक्य (b) इच्छावाचक वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) सरल वाक्य

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तरः (a): संयुक्त वाक्य - जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतन्त्र वाक्य या प्रधान उपवाक्य उपस्थित हो, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्य में प्रयुक्त सभी उपवाक्य स्वतन्त्र होते हैं।

जैसे - जल्दी चले जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

37. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) जब मुझे ऑफिस जाना था तब तेज़ वर्षा हो रही थी।
(b) तेज वर्षा हो रही थी इसलिए मैं आज ऑफिस नहीं गया।
(c) मैं आज ऑफिस नहीं गया क्योंकि तेज़ वर्षा हो रही थी।
(d) तेज वर्षा होने से मैं आज ऑफिस नहीं गया।

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

उत्तरः (b) 'तेज वर्षा हो रही थी इसलिए मैं आज ऑफिस नहीं गया।' संयुक्त वाक्य है।

संयुक्त वाक्यः - ऐसे वाक्य जिनमें दो या दो से अधिक उपवाक्य शामिल हो एवं सभी उपवाक्य प्रधान हो, तथा वे आपस में बोधक (और, इसलिए, या, तो आदि) अव्यय से जुड़े हों, उन वाक्य को संयुक्त वाक्य कहते हैं।

38. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) उसके पास टूटा हुआ खिलौना था।
(b) उसके पास खिलौना तो था, किन्तु वह टूटा हुआ था।
(c) जब उसके पास खिलौना था जब वो टूटा हुआ था।
(d) जो खिलौना उसके पास था, वह टूटा हुआ था।

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (b) दिए गए वाक्यों में संयुक्त वाक्य 'उसके पास खिलौना तो था, किन्तु वह टूटा हुआ था'।

संयुक्त वाक्य – ऐसे वाक्य जिनमें दो या दो से अधिक उपवाक्य शामिल हो एवं सभी उपवाक्य प्रधान हों, उन वाक्य को संयुक्त वाक्य कहा जाता है। ये वाक्य एक दूसरे पर आश्रित नहीं होते तथा संयोजक अव्यय इन वाक्यों को मिलाता है। संयोजक अव्यय - और, एवं, फिर, तो, नहीं तो, या, अथवा, परन्तु, इसलिए इत्यादि।

जैसे – उसने झूठी गवाही न दी होती तो राम जेल से बाहर होता।

39. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
तुम अगर अपना काम पूरा कर लो तो हम खेलने जा सकते हैं।

(a) विधानवाचक वाक्य (b) संदेहवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : तुम अगर अपना काम पूरा कर लो तो हम खेलने जा सकते हैं।

उपर्युक्त वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

@RexstarPdf

संयुक्त वाक्य– जिस वाक्य में दो या दो से अधिक प्रधान उपवाक्य हों एवं आपस में समुच्चयबोधक अव्यय (इसलिए, या, और, परन्तु, किन्तु, फिर, तो आदि) द्वारा जुड़े हों वे संयुक्त वाक्य कहलाते हैं।

40. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
जल्दी तैयार हो जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) : दिया गया वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।
संयुक्त वाक्य– जिन वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंन्त्र उपवाक्य किसी समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते हैं जैसे– इसलिए, और, या, नहीं तो इत्यादि।
जैसे– जल्दी तैयार हो जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

41. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) मैं घर पहुँचा और देखा सब बच्चे लड़ रहे हैं।
(b) मैंने घर पहुँचकर सब बच्चों को लड़ते हुए देखा।
(c) जैसे ही मैं घर पहुँचा और देखा सब बच्चे आपस में लड़ रहे हैं।
(d) सभी बच्चे आपस में लड़ रहे थे क्योंकि मैं घर पर नहीं था।

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : दिये गऐ वाक्यों मे संयुक्त वाक्य है – मैं घर पहुंचा और देखा सब बच्चे लड़ रहे हैं।

42. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) यदि वह बोलता तो वह चला जाता
(b) उसने बोला और वह चला गया
(c) उसके बोलने से वह चला गया
(d) जैसे ही उसने बोला वैसे ही वह चला गया

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में संयुक्त होगा - 'उसने बोला और वह चला गया'।
संयुक्त वाक्य - जब दो या दो से अधिक वाक्य आपस में जुड़े हुए होते हैं, तो उन्हें 'संयुक्त वाक्य' कहते हैं।

43. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) वह पढ़ता भी है और नौकरी भी करता है।
(b) वह पढ़ने के लिए नौकरी करता है।
(c) यदि वह नौकरी करता है, तो साथ में पढ़ता भी है।
(d) वह पढ़ने के अलावा नौकरी भी करता है।

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : दिये गये वाक्यों मे संयुक्त वाक्य का उदाहरण निम्न होगा- वह पढ़ता भी है और नौकरी भी करता है।
संयुक्त वाक्य – जिन वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतन्त्र उपवाक्य किसी समुच्चय बोधक अव्यय से जुड़े होते हैं (जैसे - इसलिए, और, या, नहीं, तो इत्यादि) उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं।

44. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) यदि विजय दौड़ में भाग लेता तो वह प्रथम स्थान प्राप्त करता।
(b) विजय ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
(c) जब विजय ने दौड़ में भाग लिया तो उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
(d) विजय ने दौड़ में भाग लिया और उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d): उपर्युक्त विकल्पों में संयुक्त वाक्य निम्न होगा– विजय ने दौड़ में भाग लिया और उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
संयुक्त वाक्य– जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक स्वतन्त्र उपवाक्य समानाधिकरण योजक शब्दों (और, परन्तु, इसलिए आदि) के माध्यम से जुड़े रहते है उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं।
जैसे– राम ने पढ़ाई नहीं किया इसलिए वह परीक्षा मे अनुत्तीर्ण हो गया।

45. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) जब आप वहाँ जाएँ तो बैठ जाएँ।
(b) उधर जाक बैठिये।
(c) वहाँ जाकर बैठिये।
(d) वहाँ जाइए और बैठिये।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में संयुक्त वाक्य होगा - ''वहाँ जाइए और बैठिये'' ।
संयुक्त वाक्य - जब दो या दो से अधिक वाक्य आपस में जुड़े हुए होते हैं, तो उन्हें 'संयुक्त वाक्य' कहते हैं।

46. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) तुम नहीं जानते कि वह कौन है?
(b) वह तुम्हें नहीं जानता और तुम कौन हो?
(c) जो तुम्हें जानता है, वह कौन है?
(d) तुम कौन हो क्योंकि वह तुम्हें नहीं जानता है।

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में संयुक्त वाक्य होगा - ''वह तुम्हें नहीं जानता और तुम कौन हो ?''
संयुक्त वाक्य - जब दो या दो से अधिक वाक्य आपस में जुड़े हुए होते हैं, तो उन्हें 'संयुक्त वाक्य' कहते हैं।

47. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) छुट्टियाँ होते ही हम हांगकांग अवश्य जाएँगे।
(b) जब छुट्टियाँ होगी तब हम हांगकांग अवश्य जाएँगे।
(c) यदि छुट्टियाँ हुई तो हम हांगकांग अवश्य जाएँगे।
(d) छुट्टियाँ हुई फिर भी हम हांगकांग नहीं गये।

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में संयुक्त वाक्य छुट्टियाँ हुई फिर भी हम हांगकांग नही गये।
संयुक्त वाक्य – जब दो या दो से अधिक वाक्य आपस मे जुड़े हुए होते हैं, तो उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं।

@RexstarPdf

48. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) यदि वह झूठी गवाही नहीं देता तब राम जेल से बाहर होता।
(b) झूठी गवाही न देने के कारण राम जेल से बाहर है।
(c) राम जेल में है क्योंकि उसने झूठी गवाही दी थी।
(d) उसने झूठी गवाही न दी होती तो राम जेल से बाहर होता।

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (d) : संयुक्त वाक्य – ऐसे वाक्य जिनमें दो या दो से अधिक उपवाक्य शामिल हों एवं सभी उपवाक्य प्रधान हों, उन वाक्य को संयुक्त वाक्य कहा जाता है। ये वाक्य एक दूसरे पर आश्रित नहीं होते तथा संयोजक अव्यय इन वाक्यों को मिलाता है। संयोजक अव्यय - और, एवं, फिर, तो, नहीं तो, या, अथवा, परन्तु, इसलिए इत्यादि।
जैसे – उसने झूठी गवाही न दी होती तो राम जेल से बाहर होता।

49. 'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।' यह एक संयुक्त वाक्य है। इसका सरल रूप होगा–

(a) क्योंकि वह दंड से बचना चाहता था इसलिए भाग गया।
(b) दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
(c) वह भाग गया क्योंकि दंड से बचना चाहता था।
(d) वह भागा क्योंकि उसे दंड से बचना था।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया, का सरल रूप होगा– 'दंड से बचने के लिए वह भाग गया।'

50. शुद्ध 'संयुक्त वाक्य' का उदाहरण है –

(a) मैं परीक्षा देने के लिए इलाहाबाद जा रहा हूँ।
(b) मुझे परीक्षा देनी है, अतः दिल्ली जा रहा हूँ।
(c) मुझे परीक्षा देनी है और मैं गोरखपुर जा रहा हूँ।
(d) मैं वाराणसी जा रहा हूँ क्योंकि मुझे परीक्षा देनी है।

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर: (c) उक्त चारों विकल्पों में संयुक्त वाक्य का सही उदाहरण है- मुझे परीक्षा देनी है और मैं गोरखपुर जा रहा हूँ।

51. निम्नलिखित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करें। ''पढ़ने के अतिरिक्त वह लिखता भी है।''

(a) वह पढ़ाई-लिखाई कर लेता है।
(b) वह पढ़ाई-लिखाई करता रहता है।
(c) दिए हुए वाक्य में परिवर्तन संभव नहीं है।
(d) वह केवल पढ़ता ही नहीं बल्कि लिखता भी है।

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d) 'पढ़ने के अतिरिक्त वह लिखता भी है' मिश्र वाक्य है जिसका संयुक्त वाक्य होगा– 'वह केवल पढ़ता ही नहीं बल्कि लिखता भी है।'

52. निम्नलिखित वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिये।
'राम आया और श्याम चल दिया।'

(a) दिए हुए वाक्य में परिवर्तन संभव नहीं है।
(b) जैसे ही राम आया, श्याम चल दिया।
(c) राम के आने पर श्याम चला गया।
(d) श्याम चल दिया, राम आ गया।

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) 'राम आया और श्याम चल दिया।' यह संयुक्त वाक्य है, जिसका मिश्र वाक्य 'जैसे ही राम आया, श्याम चल दिया', होगा।

53. निम्नलिखित वाक्यों में कौन सा वाक्य संयुक्त वाक्य नहीं है?

(a) वह आया और पानी पीकर चला गया।
(b) करो या मरो।
(c) वह आकर पानी पीकर चला गया।
(d) उसने परिश्रम किया, परन्तु सफल न हो सका।

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'वह आकर पानी पीकर चला गया।' यह संयुक्त वाक्य नहीं है बल्कि यह सरल वाक्य है। सरल वाक्य में एक उद्देश्य एवं एक विधेय होता है। यहाँ 'वह' उद्देश्य एवं 'आकर पानी पीकर चला गया' विधेय है। अतः यह सरल वाक्य है। जबकि संयुक्त वाक्य में दो या दो से अधिक उपवाक्य समुच्चय बोधक अव्यय के माध्यम से जुड़े होते हैं। ये समुच्चय बोधक अव्यय - और, एवं, तथा, व, या, अथवा, लेकिन, किन्तु, परन्तु आदि हैं। अतः 'वह आया और पानी पीकर चला गया।', 'करो या मरो' तथा 'उसने परिश्रम किया, परन्तु सफल न हो सका।' वाक्यों में क्रमशः 'और' 'या' एवं 'परन्तु' समुच्चय बोधक अव्यय प्रयुक्त होने के कारण संयुक्त वाक्य हैं।

54. 'बादल घिर आए और बारिश होने लगी।' रचना की दृष्टि से वाक्य है–

(a) सरल (b) आज्ञावाचक
(c) निषेधवाचक (d) संयुक्त

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (d) : 'बादल घिर आये और बारिश होने लगी' यह वाक्य रचना की दृष्टि से संयुक्त वाक्य है। संयुक्त वाक्य दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (एवं, या, तथा, और, अथवा, इसलिए, तो फिर, किन्तु, लेकिन, परन्तु आदि) द्वारा जुड़े होते हैं। **जैसे**–उसने बहुत परिश्रम किया किन्तु सफलता नहीं मिली।

55. 'शीला आई और अंधे को सहारा दिया।' यह वाक्य किस वाक्य-भेद का उदाहरण है? सही विकल्प बताइए।

(a) संयुक्त वाक्य (b) मिश्र वाक्य
(c) नकारात्मक वाक्य (d) प्रश्नवाचक वाक्य

KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (a) : 'शीला आयी और अंधे को सहारा दिया' यह संयुक्त वाक्य है। संयुक्त वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक (और, किन्तु, परन्तु, आदि) अवयवों द्वारा होता है।

56. 'सर्वत्र बाध्यता और विवशता ही दिखाई देती है।' वाक्य का भेद बताएँ।

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) आश्रित उपवाक्य

UPSI 12 Dec.2017 Batch-II

@RexstarPdf

उत्तर: (c) 'सर्वत्र बाध्यता और विवशता ही दिखाई देती है।' यह संयुक्त वाक्य है, इस वाक्य में सरल वाक्य और मिश्र वाक्य के मेल से बने हैं। वाक्य संयुक्त होते हैं।

57. जिस वाक्य में साधारण और मिश्रवाक्य का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है उसे कहते हैं.....।

(a) मिश्रवाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) सरल वाक्य
(d) प्रश्नवाचक वाक्य

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) जिस वाक्य में साधारण और मिश्रवाक्य का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। **उदाहरणार्थ-** राम ने पढ़ाई की और श्याम ने कहा कि मुझे नहीं पढ़ना।

58. जिस वाक्य में इसलिए, और, क्योंकि, लेकिन, परन्तु आदि समुच्चयबोधक शब्द जुड़ते हैं।

(a) संयुक्त वाक्य (b) मिश्र वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) विधान वाक्य

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) जिस वाक्य में इसलिये, और, क्योंकि, लेकिन आदि समुच्चयबोधक शब्द जुड़ते हैं, उस वाक्य को संयुक्त वाक्य कहते हैं। **जैसे–** सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।

मिश्र वाक्य– जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं **यथा-** राम ने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।

सरल वाक्य– जिस वाक्य में एक क्रिया होती है और एक कर्त्ता होता है, उसे 'साधारण या सरल वाक्य' कहते हैं।

यथा- सूर्य पूर्व से उगता है।

विधान वाक्य– ऐसा वाक्य जिससे किसी बात के होने का बोध हो, विधान या विधिवाचक वाक्य कहलाता है।

जैसे- हम खा चुके।

59. कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है?

(a) न कोई आया, न कोई गया।
(b) वह जैसे आया वैसे ही गया।
(c) वह आया और गया।
(d) वह आया तभी तो गया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (c) जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (और, एवं, तथा, या, अथवा, इसलिए, फिर भी, नहीं तो, परन्तु, किन्तु, लेकिन आदि) से जुड़े हो, उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं।

जैसे- वह आया और गया, उसने बहुत परिश्रम किया किन्तु सफलता नहीं मिली। जबकि शेष दिये गये वाक्य मिश्र वाक्य के उदाहरण हैं।

60. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य की पहचान कीजिए।

(a) न तुम पढ़ाओगे, न वह पढ़ेगा।
(b) सौरभ दीनू को पत्र लिखता है।
(c) मेरे इस परिश्रम का उद्देश्य है कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करूँ।
(d) जब भी उस भिखारी को देखता हूँ, मेरा मन करुणा से भर जाता है।

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (a): दिये गये वाक्य एवं उनके भेद निम्नवत् हैं–

वाक्य		भेद
1. न तुम पढ़ाओगे, न वह पढ़ेगा।	–	संयुक्त वाक्य
2. सौरभ दीनू को पत्र लिखता है।	–	सरल वाक्य
3. मेरे इस परिश्रम का उद्देश्य है कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करूँ।	–	मिश्रित वाक्य
4. जब भी उस भिखारी को देखता हूँ, मेरा मन करुणा से भर जाता है।	–	मिश्रित वाक्य

61. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिये।

(a) आप बताएँ कि आपकी समस्या क्या है?
(b) मैं तुम्हारे साथ व्यापार करना चाहता हूँ।
(c) उसने खाना खाया और सो गया।
(d) परिश्रम करके सफलता प्राप्त करो।

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) वाक्य 'उसने खाना खाया और सो गया' एक संयुक्त वाक्य है। वह वाक्य समूह जो दो या दो से अधिक सरल वाक्यों को योजकों द्वारा संयुक्त करता हो, संयुक्त वाक्य कहलाता है। जैसे– आप चाय पियेंगे या मैं ठण्डा मंगवाऊँ।

62. 'डॉक्टर ने मरीज को देखा और उसे दवा दी।' यह वाक्य किस वाक्य-भेद का उदहारण है? सही विकल्प को चिह्नित कीजिए:

(a) संयुक्त वाक्य
(b) संयुक्त-मिश्र वाक्य
(c) सरल वाक्य
(d) मिश्र वाक्य

KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : 'डॉक्टर ने मरीज को देखा और उसे दवा दी।' वाक्य भेद में यह संयुक्त वाक्य है। संयुक्त वाक्य में साधारण या मिश्र वाक्य का योग संयोजक (और, तथा, एवं, या, अथवा, वा....आदि) अवयवों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

63. निम्नलिखित विकल्पों में से दिए गए वाक्य का सही वाक्य भेद पहचानिए।

पुस्तक बाजार में बहुत महँगी थी, इसलिए पुस्तकालय से ले ली।

(a) विधानवाचक वाक्य
(b) सरल वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) संयुक्त वाक्य

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

@RexstarPdf

उत्तर: (d) दिया गया वाक्य 'पुस्तक बाजार में बहुत महँगी थी, इसलिए पुस्तकालय से ले ली' संयुक्त वाक्य है। इस वाक्य की पहचान– और, एवं, तथा, या, अथवा, इसलिए, अतः, फिर भी, तो, नहीं तो, किन्तु, परन्तु, लेकिन, पर आदि। जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंग वाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। दूसरे शब्दों में जिस वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के अलावा एक या अधिक समापिका क्रियाएँ हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।

4. मिश्र वाक्य

64. मिश्र वाक्य-'लोग समझते हैं कि तुम मूर्ख हो।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

(a) तुम मूर्ख हो, लोग समझते हैं।
(b) मूर्ख लोग समझते हैं।
(c) मूर्ख लोग समझते तुम्हें हैं।
(d) लोग तुम्हें मूर्ख समझते हैं।

SSC GD 07/02/2023 (IV)

उत्तर : (d) 'लोग समझते हैं कि तुम मूर्ख हो' यह मिश्र वाक्य का उदाहरण है। इसका सरल वाक्य - लोग तुम्हें मूर्ख समझते हैं।

निम्नलिखित वाक्यों के सही प्रकार चुनिए तथा (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

65. उसने कहा कि मैं कल आऊँगी।

(a) सरल वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'उसने कहा कि मैं कल आऊँगी।' मिश्र वाक्य है। ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई दूसरा उपवाक्य भी हो तो ऐसे वाक्य मिश्र वाक्य कहलाते हैं।

66. 'मैंने एक बूढ़े आदमी को देखा, जो बहुत बीमार था।' वाक्य किसका उदाहरण है?

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) सरल एवं संयुक्त दोनों

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'मैंने एक बूढ़े आदमी को देखा, जो बहुत बीमार था।' यह 'मिश्र वाक्य' का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य-ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्यों को मिश्र वाक्य कहा जाता है। मिश्र वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के अलावा एक या अधिक क्रियाएँ होती हैं। मिश्र वाक्य के निर्माण में प्रधान वाक्य और आश्रित उपवाक्य को जोड़ने के लिए संयोजक का प्रयोग होता है।

जैसे-कि, जो, क्योंकि, जितना, उतना, जैसा, वैसा, अब, तब आदि।

67. नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं, उनको जोड़कर एक मिश्रित वाक्य की रचना की गई है। सही मिश्रित वाक्य कौन सा है?

धृतराष्ट्र अंधे थे। दुर्योधन धृतराष्ट्र के पुत्र थे।
दुर्योधन शक्तिशाली थे। दुर्योधन को गदा युद्ध में भीम ने परास्त किया।

1. दुर्योधन अंधे धृतराष्ट्र के शक्तिशाली पुत्र थे और उनको भीम ने गदा-युद्ध में परास्त किया।
2. अंधे धृतराष्ट्र के शक्तिशाली पुत्र दुर्योधन को भीम ने गदा-युद्ध में परास्त किया।
3. दुर्योधन अंधे धृतराष्ट्र के शक्तिशाली पुत्र थे जिनको भीम ने गदा-युद्ध में परास्त किया।
4. जिन शक्तिशाली दुर्योधन को भीम ने गदा-युद्ध में परास्त किया, (ये) अंधे धृतराष्ट्र के पुत्र थे।

(a) 1, 2 (b) 2, 3
(c) 3, 4 (d) 2, 3, 4

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर: (c) उपर्युक्त वाक्यों में सही मिश्रित वाक्य केवल 3 व 4 हैं। प्रथम वाक्य संयुक्त वाक्य तथा द्वितीय वाक्य सरल वाक्य का उदाहरण है।

मिश्रित वाक्य–ऐसे वाक्य जिसमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उसे मिश्र वाक्य कहा जाता है। मिश्र/मिश्रित वाक्य का निर्माण एक से अधिक साधारण वाक्य से होता है।

68. निम्नलिखित विकल्प में से कौन सा वाक्य मिश्रित वाक्य का उदाहरण है?

(a) जब मैं छोटी थी तब साइकिल चलाती थी।
(b) छोटी बच्ची साइकिल चलाती थी।
(c) मैं छुटपन में साइकिल चलाती थी।
(d) मै छोटी थी और साइकिल चलाती थी।

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'जब मैं छोटी थी तब साइकिल चलाती थी।' मिश्रित वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य- जिस वाक्य में एक से अधिक वाक्य मिले हों, किंतु एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य हो, तो उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।

69. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?

(a) बीमार होने के कारण रमेश आज खेलने नहीं आया है।
(b) यह वही भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था।
(c) महेश खेलता है और रमेश पढ़ता है।
(d) आकाश भागता रहता है।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'यह वही भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था।' वाक्य, मिश्र वाक्य का उदाहरण है। मिश्र वाक्य में एक सरल वाक्य होता है तथा दूसरा आश्रित उपवाक्य होता है।

@RexstarPdf

70. 'श्यामलाल, जो गांधी गली में रहता है, मेरा मित्र है। यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) संयुक्त वाक्य (b) जटिल वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'श्यामलाल, जो गाँधी गली में रहता है, मेरा मित्र है' यह मिश्र वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य :– जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंग वाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। मिश्र वाक्य में प्रधान वाक्य को आश्रित उपवाक्य से जोड़ने के लिए कि, जो, जितना, उतना, यद्यपि, तथापि इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

जैसे– अमित ने वह घर खरीदा, जो उसके चाचा का था।

71. विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे। यह किस वाक्य का उदाहरण है?

(a) संयुक्त वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिया गया वाक्य 'विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे' मिश्र वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के अलावा एक या अधिक समापिका क्रियाएँ हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। इसमें मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय से जो वाक्य बनता है, उसे मुख्य उपवाक्य और दूसरे वाक्यों को आश्रित उपवाक्य कहते है। मिश्र वाक्य के उपवाक्य प्रायः कि, जो, जब, जहाँ, जिसने, ज्यों ही, जैसे-वैसे, यदि तो इत्यादि व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते हैं।

जैसे– मैने देखा कि बाजार में चहल-पहल थी,

यहाँ दोनों उपवाक्य 'कि' व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े हैं।

72. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो। जब उसके पिता की मृत्यु हो गई तब वह दिल्ली छोड़कर चला गया।

(a) संयुक्त वाक्य (b) आज्ञावाचक वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) : मिश्र वाक्य - जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हों उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। मिश्र वाक्य में जब-तब, जैसा-वैसा, जितना-उतना, कि आदि योजक शब्द का प्रयोग किया जाता है।

* इस प्रकार - 'जब उसके पिता की मृत्यु हुई तब वह दिल्ली छोड़कर चला गया।' मिश्र वाक्य होगा।

73. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) मुझे देखा और चोर भाग गए।
(b) मुझे देखकर चोर भाग गए।
(c) मुझे देखते ही चोर भाग गए।
(d) जब चोर ने मुझे देखा तो भाग गए।

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans:(d) 'जब चोर ने मुझे देखा तो भाग गए' में मिश्र वाक्य होगा।

मिश्रवाक्य - ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्य को मिश्र वाक्य कहा जाता हैं। मिश्र वाक्य में प्रधान वाक्य को आश्रित उपवाक्य से जोड़ने के लिए योजक शब्दों (कि, जो, जब, आदि) का प्रयोग होता है।

74. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) श्रेयसी स्कूल नहीं आई क्योंकि वह नानी के घर गई थी।
(b) श्रेयसी स्कूल नहीं आयी, वह नानी के घर गयी थी।
(c) श्रेयसी नानी के घर गई थी, अतः स्कूल नहीं आई।
(d) श्रेयसी स्कूल इसलिए नहीं आई वह नानी के घर गयी थी।

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (a) दिए गए वाक्यों में मिश्र वाक्य ''श्रेयसी स्कूल नहीं आई क्योंकि वह नानी के घर गई थी''।

मिश्र वाक्य - इसमें एक सरल उपवाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित सरल उपवाक्य होते हैं।

75. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो। जो तुम्हारे पड़ोसी हैं वे इस समय तुम्हारी सहायता करने वाले एक मात्र व्यक्ति हैं।

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) संदेहवाचक वाक्य

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त वाक्य मिश्र वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य– ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्यों को मिश्र वाक्य कहा जाता है। मिश्र वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के अलावा एक या अधिक क्रियाएँ होती हैं। मिश्र वाक्य के निर्माण में प्रधान वाक्य और आश्रित उपवाक्य को जोड़ने के लिए संयोजक का प्रयोग होता है।

जैसे– जो, क्योंकि, जितना, कि जैसा, वैसा इत्यादि।

वाक्य– जो तुम्हारे पड़ोसी हैं वे इस समय तुम्हारी सहायता करने वाले एक मात्र व्यक्ति हैं।

76. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो। उसे पूरा विश्वास है कि वह अपने काम में सफल हो जाएगा।

(a) सरल वाक्य (b) आज्ञावाचक वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)
DSSSB PRT 26-03-2022 (Shift-II)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त वाक्य मिश्र वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य– जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य आपस में संयोजक अव्ययों (कि, जो, जिसे, उसे, अगर, यद्यपि आदि) के माध्यम से जुड़े हों, मिश्र वाक्य कहलाते हैं।

जैसे–उसे पूरा विश्वास है कि वह अपने काम में सफल हो जाएगा।

जो व्यक्ति गरीब है, वह कुछ नहीं खरीद सकता।

@RexstarPdf

77. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) लू चल रही थी और मैं घर से बाहर नहीं निकला।
(b) लू चलने के कारण मैं घर से बाहर नहीं निकला।
(c) लू चल रही थी इसलिए मैं घर से बाहर नहीं निकला।
(d) जब लू चल रही थी तब मैं घर से बाहर नहीं निकला।

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में मिश्र वाक्य है – जब लू चल रही थी तब मैं घर से बाहर नहीं निकला।
मिश्र वाक्य – इसमें एक सरल उपवाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित सरल उपवाक्य होते हैं।

78. निम्नलिखित वाक्य में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) उनका सम्मान कोई नहीं करता इसलिए वह झूठ बोलते हैं।
(b) जो झूठे व्यक्ति होते हैं उनका कोई भी सम्मान नहीं करता है।
(c) उन व्यक्तियों का कोई सम्मान नहीं करता अतः वह झूठ बोलते हैं
(d) झूठे व्यक्ति का कोई भी सम्मान नहीं करता है।

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त वाक्य 'जो झूठे व्यक्ति होते हैं उनका कोई भी सम्मान नहीं करता है' मिश्र वाक्य है।
मिश्र वाक्य – ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्यों को मिश्र वाक्य कहा जाता है। मिश्र वाक्य में प्रधान वाक्य और आश्रित उपवाक्य को जोड़ने के लिए संयोजक का प्रयोग होता है।
जैसे– जो, क्योंकि, जितना, कि, जैसा, वैसा, इत्यादि।

79. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) राम ने एक पुरानी कार खरीदी है।
(b) राम ने एक कार खरीदी और वह पुरानी है।
(c) राम ने एक कार खरीदी है, वह पुरानी है।
(d) राम ने जो कार खरीदी है, वह पुरानी है।

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में मिश्र वाक्य होगा– 'राम ने जो कार खरीदी है, वह पुरानी है।
मिश्र वाक्य - इसमें एक सरल उपवाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित सरल उपवाक्य होते हैं तथा आश्रय या आश्रित उपवाक्य के अभाव में अर्थपूर्ण नहीं होता।

80. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) अभिमीत और अभिषेक खेल रहे हैं।
(b) अभिमीत, अभिषेक दोनों खेल रहे हैं।
(c) अभिमीत के साथ अभिषेक खेल रहा है।
(d) अभिमीत खेल रहा है क्योंकि उसके साथ अभिषेक भी है।

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में मिश्र वाक्य होगा - अभिमीत खेल रहा है क्योंकि उसके साथ अभिषेक भी है।
मिश्र वाक्य– ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्य को मिश्र वाक्य कहा जाता है। मिश्र वाक्य का निर्माण एक से अधिक साधारण वाक्य से होता है।
उदा0- वह कौन-सा व्यक्ति है, जिसने नरेन्द्र मोदी का नाम ना सुना हो।

81. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) रूबी घर गई फिर भी काम में नहीं लगी।
(b) रूबी घर जाकर भी काम में नही लगी।
(c) यद्यपि रूबी घर गई तथापि काम में नहीं लगी।
(d) रूबी घर गई और काम में नहीं लगी।

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) 'यद्यपि रूबी घर गई तथापि काम में नहीं लगी। में मिश्र वाक्य होगा।
मिश्र वाक्य → ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई भी दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्य को मिश्र वाक्य कहा जाता है।

82. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य ज्ञात कीजिए।

(a) मुकेश मेरे पास आया इसलिए मैं कर्नाटक चला गया।
(b) मुकेश मेरे पास आते ही मैं कर्नाटक चला जाऊँगा।
(c) जब मुकेश मेरे पास नहीं आएगा तब मैं कर्नाटक चला जाऊँगा।
(d) यदि मुकेश मेरे पास आता तो मैं कर्नाटक चला जाऊँगा।

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में मिश्र वाक्य – 'यदि मुकेश मेरे पास आता तो मैं कर्नाटक चला जाऊँगा।
मिश्रित वाक्य – इसमें एक सरल उपवाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित सरल उपवाक्य होते हैं।

83. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
जो आदमी समझदार है वह अपने भविष्य का ध्यान रखता है।

(a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) सरल वाक्य

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : दिया गया वाक्य - 'जो आदमी समझदार है वह अपने भविष्य का ध्यान रखता है।' मिश्र वाक्य है।
मिश्र वाक्य - इसमें एक सरल उपवाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं।

84. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
उसके मौन से प्रमाणित होता है कि वह अपराधी है।

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (a) : दिया गया वाक्य 'उसके मौन से प्रमाणित होता है कि वह अपराधी है' मिश्र वाक्य होगा।

85. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
यह वही बच्चा है जिसे कल बैल ने सींग मारा था।

(a) मिश्र वाक्य (b) विधानवाचक वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) संयुक्त वाक्य

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) उपर्युक्त वाक्य मिश्र वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य– जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य तथा एक या अधिक आश्रित उपवाक्य हो उन्हें मिश्र वाक्य कहते हैं। ये आपस में संयोजक अव्ययों (कि, जो, क्योंकि, जिसे-उसे, जिधर, उधर यद्यपि, अगर आदि) के माध्यम से जुड़े रहते हैं।

जैसे– यह वही बच्चा है जिसे कल बैल ने सींग मारा था।

मै चाहता था कि तुम क्रिकेट खेलो।

86. 'मै चाहता हूँ कि तुम्हारे साथ खेलूँ।'–यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) निषेध वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) सरल वाक्य

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'मैं चाहता हूँ कि तुम्हारे साथ खेलूँ।' यह 'मिश्र वाक्य' का उदाहरण है। जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा वाक्य हो उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।

'रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद होते हैं।'

(i) साधारण वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य
(iii) मिश्र वाक्य

87. जिस वाक्य में एक सरल वाक्य के अलावा अन्य उपवाक्य आश्रित होकर आयें कहते हैं:

(a) संयुक्त वाक्य (b) साधारण वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) सरल वाक्य

DSSSB-स्पेशल एजुकेशन शिक्षक परीक्षा (28-04-2013)

उत्तर : (c) जिस वाक्य में एक से अधिक वाक्य मिले हों किन्तु एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य हों 'मिश्र वाक्य' कहलाता है। जैसे– मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत जीतेगा, सफल वही होता है, जो परिश्रम करता है।

उपर्युक्त वाक्यों में 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि' तथा 'सफल वही होता है' मुख्य उपवाक्य हैं, और 'भारत जीतेगा' तथा 'जो परिश्रम करता है' गौण उपवाक्य है। इसलिए ये मिश्रित वाक्य है।

88. निम्नलिखित वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तित करें। 'जिसका मुझे भय था, वही हुआ।'

(a) दिए हुए वाक्य में परिवर्तन संभव नहीं है।
(b) जो मुझे हुआ है वह भय है।
(c) वही हुआ, जिसका मुझे भय लगा हुआ था।
(d) वही हुआ जिसका मुझे भय था।

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'जिसका मुझे भय था, वही हुआ' वाक्य मिश्रित वाक्य है। अतः इसे मिश्रित वाक्य में परिवर्तित करना सम्भव नहीं है।

89. 'आचार्यों ने कहा है कि अहिंसा ही परमधर्म है।' संरचना के आधार पर वाक्य भेद बताएँ–

(a) सरल वाक्य (b) उपवाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'आचार्यों ने कहा है कि अहिंसा ही परम धर्म है।' संरचना के आधार पर यह मिश्र वाक्य का उदाहरण है। संरचना या बनावट की दृष्टि से वाक्य तीन प्रकार के होते हैं। – (1) सरल (2) संयुक्त, (3) मिश्र

जिस वाक्य में एक क्रिया एवं एक कर्त्ता होते हैं, उसे सरल वाक्य कहते हैं। **जैसे-**मोहन पुस्तक पढ़ता है। जिस वाक्य में दो स्वतन्त्र वाक्यों को संयोजक (तथा, और, एवं, व आदि) के द्वारा जोड़ दिया जाता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। **जैसे–** रमेश गया और मोहन आया। इसी तरह जिस वाक्य में एक सरल वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे 'मिश्र वाक्य' कहते हैं। **जैसे–** शिक्षक ने बताया कि कल विद्यालय बन्द रहेगा। इसमें प्रायः कि, क्योंकि, जो कि आदि का प्रयोग होता है।

90. यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दुःखी है :

(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) उपरोक्त में से कोई नही

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) प्रस्तुत वाक्य 'मिश्र वाक्य' का उदाहरण है। जहाँ दो या दो से अधिक सरल वाक्य हों तथा इन वाक्यों को जोड़ने के लिए समुच्चय बोधक अव्यय (यद्यपि, तथापि, ज्यों ही, जब, तक आदि) का प्रयोग हो तो संयुक्त वाक्य कहलाता है।

91. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है –

(a) मेरे आते ही वर्षा होने लगी।
(b) उसके जाने के बाद वर्षा होने लगी।
(c) वह घर से निकला और वर्षा होने लगी।
(d) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो तथा दूसरा आश्रित (गौण) उपवाक्य हो तथा दोनों वाक्य आपस में जब-तब, जहाँ-वहाँ, अगर, तो इत्यादि से जुड़े हों तो उन वाक्यों को मिश्र वाक्य की श्रेणी में रखा जाता है। **जैसे-**

ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।
राम नहीं आता तो गीता चली जाती।
जहाँ राधा नाचती है वहाँ भीड़ जुट जाती है।

92. निम्न में कौन सा वाक्य मिश्र वाक्य है?

(a) विद्वान सब जगह पूजा जाता है।
(b) अच्छा लड़का माता–पिता की आज्ञा मानता है।
(c) वह पुस्तक राम की थी।
(d) जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए।

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) दिये गये वाक्यों में 'जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए' मिश्र वाक्य है। इस प्रकार के वाक्यों में एक प्रधान (मुख्य) वाक्य तथा अन्य आश्रित उपवाक्य (गौण) होते हैं तथा दोनों आपस में– कि, जो, वह, जितना, उतना आदि से जुड़े होते हैं। शेष सभी साधारण वाक्य हैं।

93. मुझे बताओ तो तुम्हारा जन्म कब और कहाँ हुआ था? वाक्य का भेद बताइए:

(a) सरल वाक्य (b) आश्रित वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift
High Court ARO - I

उत्तर. (d) : दिया गया वाक्य 'मुझे बताओ तो तुम्हारा जन्म कब और कहाँ हुआ था' मिश्र वाक्य है।

मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और अन्य आश्रित उपवाक्य आपस में कि, जो, क्योंकि, जैसा,..... वैसा, जब,..... तब, यद्यपि, तथापि, तो, आदि से जुड़े होते हैं जबकि संयुक्त वाक्य में दो सरल वाक्य आपस में योजक शब्दों और, तथा, अतः, इसलिए, अथवा, किन्तु, पर, या से जुड़े होते हैं।

@RexstarPdf

94. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का चयन कीजिए–

(a) प्रातःकाल होने पर चिड़िया चहचहाने लगती है।
(b) सुबह पहली बस पकड़ कर शाम तक लौट आओ।
(c) जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा।
(d) राजकुमार ने भाई को मार डाला और स्वयं राजा बन गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : 'जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा' मिश्र वाक्य है। जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हों वह मिश्र वाक्य कहलाता है।

95. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य कौन सा है?

(a) रण में सेनापति को वीरता दिखाने के कारण राष्ट्रपति ने उसे वीरचक्र प्रदान किया।
(b) उसे लूटने के अतिरिक्त पीटा भी गया।
(c) उसने मान लिया कि दोष उसका है।
(d) मेरा मित्र आया और हम दोनों सैर करने चल पड़े।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (c) जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे 'मिश्र वाक्य' कहते हैं। 'उसने मान लिया कि दोष उसका है' मिश्र वाक्य है। उक्त वाक्य में 'उसने मान लिया' एक साधारण वाक्य है तथा 'दोष उसका है' उपवाक्य है।

96. मिश्र वाक्य है–

(a) उसने अपना घर लुटा दिया
(b) सूरज उगने पर कुहासा फट गया
(c) उसके पास जो कुछ था, वह खो गया
(d) उसका सब कुछ खो गया

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : प्रश्नगत विकल्पों में 'उसके पास जो कुछ था, वह खो गया।' मिश्र वाक्य है। रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद हैं– (1) साधारण वाक्य (2) मिश्र वाक्य (3) संयुक्त वाक्य। जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय रहता है उसे साधारण वाक्य कहते हैं, जबकि जिस वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के सिवा एक से अधिक समापिका क्रियाएँ रहती हैं, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं तथा दो साधारण वाक्यों के मेल से निर्मित वाक्य संयुक्त वाक्य कहलाता है।

97. निम्नलिखित में से कौन–सा मिश्र वाक्य है?

(a) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(b) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबन्ध है।
(c) यज्ञदत्त देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(d) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में से 'मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबन्ध है।' मिश्र वाक्य है।

मिश्र वाक्य– जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे 'मिश्र वाक्य' कहते हैं।

अन्य वाक्य इस प्रकार हैं–

यज्ञदत्त देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है	– सरल वाक्य
वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है	– सरल वाक्य
उसमें न पत्ते थे, न फूल थे	– संयुक्त वाक्य

98. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो वृत्ति के सही वाक्य भेद का विकल्प है। माँ ने कहा था कि उन्हें बाजार जाना है।

(a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य 'माँ ने कहा था कि उन्हें बाजार जाना है।' मिश्र वाक्य है। जिस वाक्य में एक से अधिक सरल वाक्य हों तथा उनमें एक प्रधान हो और शेष उसके आश्रित हों, उसे 'मिश्र वाक्य' कहते हैं।

अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद

5. विधानवाचक वाक्य

99. अर्थ के आधार पर वाक्य का प्रकार बताइए:

(a) प्रश्नवाचक (b) विधानवाक्य
(c) निषेधात्मक वाक्य (d) आज्ञावाचक वाक्य

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'बच्चे खेल रहे हैं' विधानवाचक वाक्य का उदाहरण है। जिससे किसी बात के होने का बोध हो, विधानवाचक वाक्य कहलाता है।

प्रश्नवाचक वाक्य में किसी प्रकार के प्रश्न किये जाने का बोध होता है, जैसे- तुम क्या खा रहे हो?

निषेधात्मक वाक्य में किसी बात के होने का बोध होता है, जैसे- हमने खाना नहीं खाया।

आज्ञावाचक वाक्य में किसी प्रकार की आज्ञा का बोध होता है, जैसे- तुम खाओ।

100. निम्नलिखित वाक्य का प्रकार क्या है?
''बहुत सुन्दर मकान है।''

(a) इच्छावाचक (b) निषेधवाचक
(c) विस्मयादिबोधक (d) विधिवाचक

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) 'बहुत सुन्दर मकान है' वाक्य– विधि वाचक है। जिस वाक्य में किसी बात के होने का बोध हो उसे विधि वाचक वाक्य कहते हैं। अर्थ के अनुसार वाक्य के आठ भेद हैं। विधि-वाचक, इच्छावाचक, निषेधवाचक, विस्मयवाचक, प्रश्नवाचक, सन्देहवाचक, संकेतवाचक और आज्ञावाचक।

6. निषेधवाचक वाक्य

101. यह चित्र इस दीवार पर असंगत है।

(a) आज्ञावाचक
(b) निषेधवाचक
(c) विधिवाचक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'यह चित्र इस दीवार पर असंगत है' निषेधवाचक वाक्य है। जिन वाक्यों से किसी कार्य के निषेध का बोध हो तो ऐसे वाक्य को हम निषेधवाचक वाक्य कहते हैं।

@RexstarPdf

102. 'यहाँ प्रदर्शित वस्तुओं को छूना मना है।' - यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) संकेतवाचक वाक्य (b) निषेधवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) प्रश्नवाचक वाक्य

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'यहाँ प्रदर्शित वस्तुओं को छूना मना है।' यह निषेधवाचक वाक्य है।
जिन वाक्यों में किसी क्रिया को न करने के लिए जोर दिया जाता है वे वाक्य 'निषेधवाचक' वाक्य कहलाते हैं। अर्थ के आधार वाक्य के 8 भेद होते हैं।
(1) विधानवाचक वाक्य (2) निषेधवाचक वाक्य
(3) आज्ञावाचक वाक्य (4) प्रश्नवाचक वाक्य
(5) इच्छावाचक वाक्य (6) संदेहवाचक वाक्य
(7) संकेतवाचक वाक्य (8) विस्मयादिबोधक वाक्य

103. ''इस चित्र को छूना मना है।'' - यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) निषेधवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : ''इस चित्र को छूना मना है।'' यह वाक्य निषेधवाचक वाक्य है। ऐसे वाक्य जिनमें किसी भी कार्य के निषेध (न होने) का बोध होता है, उन वाक्यों को निषेधवाचक वाक्य कहा जाता है।
उदाहरण- मैं स्कूल नहीं जाऊंगा ।
अर्थ की दृष्टि से वाक्य 8 प्रकार के होते हैं-
(1) विधिवाचक (2) निषेधवाचक (3) आज्ञावाचक
(4) प्रश्नवाचक (5) विस्मयवाचक (6) संदेहवाचक
(7) इच्छावाचक (8) संकेतवाचक

104. ''अंदर आना मना है।''- यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) निषेधवाचक वाक्य (b) संकेतवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) प्रश्नवाचक वाक्य

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'अंदर आना मना है वाक्य निषेधवाचक वाक्य है। जिस वाक्य में निषेध सूचित शब्दों का प्रयोग होता है वह 'निषेधवाचक वाक्य' कहलाता है।

105. ''आप यात्रा न कीजिए।''-यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) निषेधवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) ''आप यात्रा न कीजिए।'' यह 'निषेधवाचक वाक्य' है। ऐसे वाक्य जिनमें किसी भी कार्य के निषेध का बोध होता है, उन वाक्यों को निषेधवाचक वाक्य कहा जाता है।
जैसे - आज हिंदी के अध्यापक नहीं आएंगे। मैं घर नहीं जाऊँगा।

106. ''मैं विदेश नहीं जाऊँगा''- यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) संकेतवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) ''मैं विदेश नहीं जाऊँगा'' वाक्य निषेधवाचक वाक्य है।
निषेधवाचक वाक्य- जिस वाक्य में कर्त्ता कार्य का निषेध कर रहा हो, वह निषेधवाचक वाक्य कहलाता है।

107. निम्नलिखित वाक्य का प्रकार क्या है?
''उसने कोई उपाय नहीं छोड़ा।''

(a) विस्मयादिबोधक (b) इच्छावाचक
(c) निषेधवाचक (d) आज्ञावाचक

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) ''उसने कोई उपाय नहीं छोड़ा।'' निषेधवाचक वाक्य का प्रकार है।
अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं–
1. **विधानवाचक-** राम पढ़ रहा है।
2. **निषेधवाचक-** उसने कोई उपाय नहीं छोड़ा।
3. **आज्ञावाचक-** (Imperative) बड़ों का सम्मान करो।
4. **प्रश्नवाचक-** तुम क्या कर रहे हो?
5. **संदेहवाचक-** हो सकता है राम आ जाये।
6. **विस्मयवाचक-** शाबाश! तुमने मैच जीत लिया।
7. **इच्छावाचक-** तुम्हारा कल्याण हो।
8. **संकेतवाचक,** जैसे– यदि परिश्रम करोगे, तो अवश्य सफल होगे।

7. आज्ञावाचक वाक्य

108. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
कृपया पुस्तकालय जाने का रास्ता बताइए।

(a) विध्यर्थ (b) सम्भावनार्थ
(c) संदेहार्थ (d) संकेतार्थ

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (a) : दिया गया वाक्य 'कृपया पुस्तकालय जाने का रास्ता बताइए। में वृत्ति के भेद 'विध्यर्थ' होगा।
विध्यर्थ वृत्ति - विधि सम्बन्धी तात्पर्य अथवा क्रिया करने देने का भाव ।

109. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
गृहकार्य करने में मेरी सहायता कीजिए।

(a) संदेहार्थ (b) संभावनार्थ
(c) विध्यर्थ (d) निश्चयार्थ

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (c) विध्यर्थ वाक्य: जिन वाक्यों से आज्ञा, प्रार्थना, उपदेश आदि का बोध होता है उसे विध्यर्थ वाक्य कहते हैं। विध्यर्थ को आज्ञार्थक वाक्य भी कहा जाता है।
जैसे – गृहकार्य करने में मेरी सहायता कीजिये।

110. दिए गए वाक्य की वृत्ति ज्ञात कीजिए।
एक गिलास पानी देना।

(a) आज्ञार्थक (b) निश्चियार्थक
(c) बाध्यता सूचक (d) संकेतार्थक

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : दिए गए वाक्य 'एक गिलास पानी देना' में आज्ञार्थक वृत्ति होगा। अतिरिक्त विकल्प असंगत हैं।

@RexstarPdf

आज्ञार्थक वृत्ति - जिन वाक्यों से आज्ञा, प्रार्थना, उपदेश आदि का ज्ञान होता है, उन्हें आज्ञार्थक वृत्ति कहते हैं।
जैसे - बाजार जा कर फल ले आओ।
- बड़ों का सम्मान करो।

111. निम्नलिखित वाक्य का प्रकार क्या है?
''आशीष, तुम अपनी पढ़ाई करो।''
(a) विस्मयादिबोधक (b) निषेधवाचक
(c) आज्ञावाचक (d) विधिवाचक
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य 'आशीष, तुम अपनी पढ़ाई करो' आज्ञावाचक वाक्य है। आज्ञावाचक वाक्य द्वारा 'आज्ञा' का बोध होता है।

8. इच्छावाचक वाक्य

112. तुम सदा सुखी रहो।
(a) इच्छार्थक (b) आज्ञार्थक
(c) विधिवाचक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'तुम सदा सुखी रहो' यह वाक्य इच्छार्थक वाक्य है। वे वाक्य जिसमें हमें वक्ता की कोई इच्छा, कामना, आकांक्षा, आशीर्वाद आदि का बोध हो तो ऐसे वाक्य को इच्छावाचक वाक्य या इच्छार्थक वाक्य कहते हैं।

113. ''आपकी विदेश-यात्रा मंगलमय हो।''-यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) इच्छावाचक वाक्य (b) संकेतवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(a) 'आपकी विदेश-यात्रा मंगलमय हो' यह वाक्य 'इच्छावाचक' वाक्य है। अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद होते हैं।
(i) विधानवाचक वाक्य (ii) निषेधवाचक वाक्य
(iii) प्रश्नवाचक वाक्य (iv) आज्ञावाचक वाक्य
(v) इच्छावाचक वाक्य (vi) संदेहवाचक वाक्य
(vii) संकेतवाचक वाक्य (viii) विस्मयादिवाचक वाक्य

114. ''आपकी यात्रा सुखद हो।'' – यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) निषेधवाचक वाक्य (b) इच्छावाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) प्रश्नवाचक वाक्य
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : ''आपकी यात्रा सुखद हो।'' इच्छावाचक वाक्य है। जिन वाक्यों से किसी इच्छा, आशा, आशीर्वाद या शुभकामना का बोध होता है, उन्हें इच्छावाचक वाक्य कहते हैं।
उदाहरण- नववर्ष मंगलमय हो। ईश्वर करे, सब कुशल लौटें।

115. ''आपका सेवा-निवृत्त जीवन आनंदमय हो।'' -यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) संकेतवाचक वाक्य (b) इच्छावाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर:(b) 'आपका सेवा-निवृत्त जीवन आनंदमय हो' यह इच्छावाचक वाक्य है।
वाक्य - मनुष्य के विचार को पूर्णतया से प्रकट करने वाले पद समूह वाक्य कहलाते हैं।
अर्थ की दृष्टि से वाक्य आठ प्रकार के होते हैं।
(1) विधि वाचक (2) निषेधवाचक (3) आज्ञावाचक
(4) प्रश्नवाचक (5) विस्मय वाचक (6) संदेहवाचक
(7) इच्छावाचक (8) संकेतवाचक
इच्छावाचक वाक्य- वह वाक्य जिसमें हमें वक्ता की कोई इच्छा, आकांक्षा, आशीर्वाद, कामना इत्यादि का पता चलता है उन्हें इच्छावाचक वाक्य कहते हैं।
उदाहरण- भगवान सदा तुम्हारे साथ हैं।

116. ''आपका वैवाहिक जीवन सुखद हो।'' –यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) विधानवाचक वाक्य (b) संकेताचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) इच्छावाचक वाक्य
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर :(d) 'आपका वैवाहिक जीवन सुखद हो।' यह वाक्य इच्छावाचक वाक्य है। वे वाक्य जिसमें हमें व्यक्ति की कोई इच्छा, आकांक्षा, आशीर्वाद, कामना इत्यादि का पता चलता है। उन वाक्य को इच्छावाचक वाक्य कहते हैं।
जैसे–भगवान करे सब सकुशल वापस आएं।

117. ''आपको शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले।'' -यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) संकेतवाचक वाक्य
(b) निषेधवाचक वाक्य
(c) प्रश्नवाचक वाक्य
(d) इच्छावाचक वाक्य
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d)'आपको शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले' इच्छावाचक वाक्य है।

118.''ईश्वर तुम्हें दीर्घायु दे''। अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ।
(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) विस्मयवाचक वाक्य
(c) इच्छावाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) जिस वाक्य से इच्छा, स्तुति या आशीर्वाद का बोध होता है, उसे इच्छावाचक वाक्य कहते हैं। अतः ''ईश्वर तुम्हें दीर्घायु दे'' इच्छावाचक वाक्य है।

119. 'सदा सच बोलना चाहिए' यह किस प्रकार का वाक्य-भेद है?
(a) संदेह वाचक (b) इच्छावाचक
(c) आज्ञावाचक (d) संकेतवाचक
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'सदा सच बोलना चाहिए' 'इच्छावाचक' वाक्य है, जबकि जिस वाक्य में संदेह का बोध हो, संदेहवाचक वाक्य कहलाता है। **जैसे –** वह मोहन है कि श्याम?
जिस वाक्य में आज्ञा का बोध हो, आज्ञावाचक कहलाता है।
जैसे – राम घर जाओ।

@RexstarPdf

120. इच्छावाचक वाक्य का उदाहरण है-

(a) मोहन कल आएगा।
(b) आपकी यात्रा मंगलमय हो।
(c) कल कौन आया था?
(d) वह घर पहुँच गया होगा।

[MPTET (I-V) 2011]

उत्तर. (b) : आपकी यात्रा मंगलमय हो। यह इच्छावाचक वाक्य का उदाहरण है। ऐसे वाक्य जिनसे हमें वक्ता की कोई इच्छा, कामना, आकांक्षा, आशीर्वाद आदि का बोध हो, वहाँ पर इच्छावाचक वाक्य होता है।

121. 'भगवान तुम्हारा भला करे' वाक्य है:-

(a) प्रश्नात्मक (b) आदेशात्मक
(c) इच्छात्मक (d) संकेतात्मक

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'भगवान तुम्हारा भला करे' **इच्छात्मक वाक्य है।** जिससे किसी प्रकार की इच्छा या शुभकामना का बोध हो। **जैसे-** तुम अपने कार्य में सफल रहो।

प्रश्नात्मक वाक्य- जिसमें किसी प्रकार के प्रश्न किये जाने का बोध हो, **जैसे**- क्या तुम खा रहे हो? तुम्हारा क्या नाम हैं?

संकेतात्मक वाक्य - जहाँ एक वाक्य दूसरे वाक्य की संभावना पर निर्भर हो, **जैसे** पानी न बरसता तो धान सूख जाता।

आदेशात्मक वाक्य - जिससे किसी तरह की आज्ञा का बोध हो, **जैसे-** तुम खाओं। तुम पढ़ो।

9. विस्मयादिबोधक वाक्य

122. अरे! तुम अभी यहीं खड़े हो।

(a) विस्मयबोधक
(b) आश्चर्यबोधक
(c) आज्ञार्थक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'अरे! तुम अभी यहीं खड़े हो' यह वाक्य विस्मयबोधक और आश्चर्यबोधक दोनों है। ऐसे वाक्य जो आश्चर्य, हर्ष, शोक, घृणा आदि का भाव व्यक्त करता है तो ऐसे वाक्य को विस्मयबोधक वाक्य या आश्चर्यबोधक वाक्य कहते हैं।

123. ''अहा! हिमालय की प्रकृति कितनी मनमोहक है।'' - यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) विस्मयवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : अहा ! हिमालय की प्रकृति मनमोहक है। विस्मयवाचक वाक्य है।

विस्मयवाचक या विस्मयादिबोधक वाक्य-

ऐसे वाक्य जिनमें हमें आश्चर्य, शोक, घृणा, अत्यधिक खुशी, स्तब्धता आदि भावों का बोध हो ऐसे वाक्य विस्मयादिबोधक वाक्य कहलाते हैं।

इन वाक्यों में विस्मय (!) चिह्न का प्रयोग होता है।

124. निम्नलिखित वाक्य का प्रकार क्या है?
''वाह! क्या सुन्दर दृश्य है।''

(a) विस्मयादिबोधक (b) इच्छावाचक
(c) निषेधवाचक (d) विधिवाचक

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'वाह! क्या सुन्दर दृश्य है' वाक्य में विस्मयादिबोधक वाक्य है। जिन शब्दों से विस्मय, घृणा, आश्चर्य आदि भाव व्यक्त हो तथा जिनमें विस्मयादिबोधक चिह्न लगे हों, ऐसे वाक्य विस्मयादिबोधक वाक्य कहलाते हैं।

10. संकेतवाचक वाक्य

125. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
अगर गृहकार्य समाप्त हो जाए तो मै खेलने जा सकता हूँ।

(a) निश्चयार्थ (b) सम्भावनार्थ
(c) संदेहार्थ (d) संकेतार्थ

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (d) 'अगर गृहकार्य समाप्त हो जाए तो मै खेलने जा सकता हूँ।' उक्त वाक्य संकेतार्थ वाक्य है।

संकेतार्थ वृत्ति– जिस क्रिया रूप में एक कार्य का होना दूसरे कार्य पर निर्भर हो, उसे संकेतार्थ कहते हैं।

जैसे– वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।

126. ''जो सेवा करै, सो मेवा पावै।''- यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) विधानवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : सार्थक शब्दों का समूह जो भाव एवं विचार को व्यक्त करें, वाक्य कहलाता है। जब वाक्य में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया पर निर्भर करता है तो वह संकेतवाचक वाक्य कहलाता है।

जैसे- अच्छी तैयारी की होती, तो चयन हो जाता।

उपर्युक्त वाक्य में एक वाक्य दूसरे पर निर्भर है, अतः संकेतवाचक वाक्य का उदाहरण है।

अतः ''जो सेवा करै, सो मेवा पावै''। संकेतवाचक वाक्य है।

127. ''आपने बुलाया होता तो हम अवश्य आते।'' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद है–

(a) संदेहवाचक वाक्य
(b) इच्छावाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य
(d) आज्ञावाचक वाक्य

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'आपने बुलाया होता तो हम अवश्य आते।' अर्थ के आधार पर यह संकेतवाचक वाक्य है। जिस वाक्य में एक कार्य दूसरे की संभावना पर निर्भर हो, उसे संकेतवाचक वाक्य कहते हैं, जबकि जिस वाक्य से कार्य के होने या न होने में संदेह व्यक्त हो रहा, उसे संदेहवाचक वाक्य कहते हैं और जिस वाक्य में इच्छा या शुभकामना व्यक्त हो, उसे इच्छावाचक वाक्य कहते हैं तथा इसी तरह जिस वाक्य से किसी तरह के आदेश का बोध हो, उसे आज्ञावाचक वाक्य कहते हैं।

@RexstarPdf

128. 'पानी न बरसता तो धान सूख जाता।'- किस प्रकार का वाक्य है?

(a) आज्ञावाचक (b) संकेतवाचक
(c) संदेहवाचक (d) इच्छावाचक

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (b) : जिस वाक्य में एक कार्य दूसरे की संभावना पर निर्भर हो उसे संकेतवाचक वाक्य कहते हैं। जैसे– 'पानी न बरसता तो धान सूख जाता'। यह संकेतवाचक वाक्य है क्योंकि इसमें एक कार्य दूसरे की संभावना पर निर्भर है।

11. संदेहवाचक वाक्य

129. 'शायद कल निकुंज यहाँ आये।' वाक्य किसका उदाहरण है?

(a) विधानवाचक वाक्य (b) संदेहवाचक वाक्य
(c) प्रश्नवाचक वाक्य (d) इच्छावाचक वाक्य

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : संदेहवाचक वाक्य-जिन वाक्यों के कार्य के होने में संदेह अथवा संभावना का बोध हो, उन्हें संदेहवाचक वाक्य कहते हैं।
जैसे- संभवतः वह सुधर जाए। शायद वह चला गया होगा।

130. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
उनका खेल खत्म हो चुका होगा।

(a) सम्भावनार्थ (b) विध्यर्थ
(c) निश्चयार्थ (d) संदेहार्थ

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : वाक्य 'उनका खेल खत्म हो चुका होगा' में कार्य के होने में सन्देह प्रतीत होता है। अतः यह सन्देहार्थ वृत्ति होगा।
सन्देहार्थ – क्रिया के जिस रूप में कार्य के होने में सन्देह हो।

131. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
उसने अपना काम खत्म कर दिया होगा।

(a) सम्भावनार्थ (b) संदेहार्थ
(c) निश्चयार्थ (d) विध्यर्थ

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : सन्देहार्थ वाक्य– वे वाक्य जिनमें संदेह या संभावना का बोध हो, उसे सन्देहार्थक वाक्य कहते हैं।
जैसे- उसने अपना काम खत्म कर दिया होगा।

132. दिए गए वाक्य की वृत्ति ज्ञात कीजिए।
उसने गोल्ड मैडल जीता होगा।

(a) संकेतार्थक (b) निश्चिवार्थक
(c) आज्ञार्थक (d) संदेहार्थक

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्य - "उसने गोल्ड मैडल जीता होगा" में संदेहार्थक वृत्ति होगा।
संदेहार्थक वृत्ति - क्रिया के जिस रूप में कार्य के होने या न होने की दुविधा प्रकट हो।

133. 'शायद पिताजी आ जाएँ।'- किस प्रकार का वाक्य है?

(a) आज्ञार्थक (b) संदेहार्थक
(c) इच्छार्थक (d) संकेतवाचक

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b) : जिन वाक्यों से संदेह या संभावना व्यक्त होती है, उन्हें संदेहवाचक वाक्य कहते हैं। दिये गये वाक्य में पिताजी के आने की संभावना व्यक्त हो रही है अतः यह संदेहवाचक वाक्य है।

12. प्रश्न वाचक वाक्य

134. निम्नलिखित वाक्य का प्रकार क्या है?
"क्या रमेश पढ़ रहा है?"

(a) विस्मयादिबोधक (b) इच्छावाचक
(c) निषेधवाचक (d) प्रश्नवाचक

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) "क्या रमेश पढ़ रहा है?" यह प्रश्नवाचक वाक्य है, प्रश्नवाचक वाक्य में प्रश्न किये जाने का बोध होता है।

135. 'विश्व धर्म सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था?' -यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) विधानवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) विस्मयवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : वाक्य "विश्व धर्म सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था" प्रश्नवाचक वाक्य है। ऐसे वाक्य जिनसे किसी प्रश्न का बोध हो, उन्हें प्रश्नवाचक वाक्य कहा जाता है। इस वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाया जाता है।

136. "क्या आप हिंदी जानते हैं?"-यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) संकेतवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : "क्या आप हिंदी जानते हैं?" यह वाक्य 'प्रश्नवाचक वाक्य' का उदाहरण है। अर्थ के आधार पर वाक्य के 8 भेद होते हैं। जो इस प्रकार हैं–

(i) विधानवाचक वाक्य (ii) निषेधार्थक वाक्य
(iii) आज्ञार्थक वाक्य (iv) प्रश्नवाचक वाक्य
(v) इच्छार्थक वाक्य (vi) संदेहार्थक वाक्य
(vii) संकेतार्थक वाक्य (viii) विस्मयादिबोधक वाक्य

137. "मथुरा किस राज्य में है?"- यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) निषेधवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : "मथुरा किस राज्य में है?" यह प्रश्नवाचक वाक्य है। अर्थ के आधार पर वाक्य 8 प्रकार के होते हैं।

(1) विधिवाचक (2) निषेधवाचक
(3) आज्ञावाचक (4) प्रश्नवाचक
(5) विस्मयवाचक (6) इच्छावाचक
(7) संदेहवाचक (8) संकेतवाचक

@RexstarPdf

138. ''क्या आप अख़बार पढ़ते हैं?''-यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) विधानवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'क्या आप अखबार पढ़ते हैं?' उक्त वाक्य 'प्रश्नवाचक वाक्य' है। ऐसे वाक्य जिनमें किसी प्रश्न का बोध हो, प्रश्नवाचक वाक्य कहलाते हैं।
उदाहरण :- राधा तुम विद्यालय कब जाओगी?

139. ''ताजमहल कहाँ है?'' - यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) निषेधवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य (d) संकेतवाचक वाक्य

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : वाक्य ''ताजमहल कहाँ है ?'' प्रश्नवाचक वाक्य है। ऐसे वाक्य जिनमें प्रश्न करने का बोध हो, उन्हें प्रश्नवाचक वाक्य कहा जाता है। प्रश्नवाचक वाक्य के अंत में प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग किया जाता है।

140. ''क्या इस निरीह की रक्षा करने वाला कोई वीर बचा है?''- यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) संकेतवाचक वाक्य (b) विधानवाचक वाक्य
(c) प्रश्नवाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : क्या इस निरीह की रक्षा करने वाला कोई वीर बचा है? यह वाक्य प्रश्नवाचक वाक्य है। '?' चिह्न प्रश्नवाचक को प्रदर्शित करता है।

141. ''वुहान किस देश में है?'' -यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) संकेतवाचक वाक्य (b) निषेधवाचक वाक्य
(c) प्रश्नवाचक वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : ''वुहान किस देश में है?'' यह प्रश्नवाचक वाक्य है। जिस वाक्य में प्रश्न पूछने का भाव हो उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं। **उदाहरण**– मैं यहाँ क्या कर रहा हूँ?

13. अन्य

142. दिए गए वाक्य का पक्ष ज्ञात कीजिए।
रेल जा रही है।

(a) सातत्य बोधक (b) आवृत्ति सूचक
(c) नित्य पक्ष (d) पूर्ण पक्ष

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans : (a) दिए गए वाक्य 'रेल जा रही है' में सातत्य बोधक पक्ष होगा।
सातत्य बोधक पक्ष - इसमें उस समय का बोध होता है। जब कार्य निरंतर चल रहा हो।

143. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
दीपक समाचार देख रहा है।

(a) संकेतार्थ (b) निश्चयार्थ
(c) विध्यर्थ (d) संदेहार्थ

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) : निश्चयार्थ वृत्ति– क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य की निश्चितता का बोध हो उसे निश्चयार्थ वृत्ति कहते हैं।
जैसे– दीपक समाचार देख रहा है।
राम ने खाना खा लिया है।

144. दिए गए वाक्य का पक्ष ज्ञात कीजिए।
रेलगाड़ी चली गयी है।

(a) सातत्य बोधक (b) पूर्ण पक्ष
(c) नित्य पक्ष (d) आवृत्ति सूचक

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्य में पूर्ण पक्ष होगा ।
• रेलगाड़ी चली गयी है।
• क्रिया के पूर्ण हो जाने की स्थिति में पूर्ण पक्ष और क्रिया के पूर्ण न होने की स्थिति में अपूर्ण पक्ष। क्रिया के अपूर्ण रहने की अवस्था में यदि क्रिया की आवृत्ति होती रहती है तो उसे नित्य पक्ष कहा जाता है और यदि क्रिया में निरंतरता रहती है तो इसे सातत्य पक्ष कहते हैं।

145. दिए गए वाक्य का पक्ष ज्ञात कीजिए।
मधु इंजीनियर है।

(a) नित्य पक्ष (b) पूर्ण पक्ष
(c) अपूर्ण पक्ष (d) स्थित्यामक पक्ष

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : मधु इंजीनियर है। वाक्य नित्य पक्ष का उदाहरण है।
नित्य पक्ष – इस पक्ष में किया के नित्य अर्थात सदा बने रहने का बोध होता है।

146. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए वृत्ति के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
संभव है आज मौसा जी घर पर आएं।

(a) सम्भावनार्थ (b) संदेहार्थ
(c) निश्चयार्थ (d) विध्यर्थ

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (a) : संभव है आज मौसा जी घर पर आए। वाक्य सम्भावनार्थ वाक्य का उदाहरण है।
जिस वाक्य में किसी कार्य के होने की सम्भावना प्रकट हो सम्भावनार्थ वाक्य कहलाता है।

147. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए पक्ष के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
वह दिन भर मेहनत करता था तब जाकर घर खरीद सका।

(a) नित्यताद्योतक पक्ष (b) पूर्णताद्योतक पक्ष
(c) अभ्यासद्योतक पक्ष (d) प्रगतिद्योतक पक्ष

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) अभ्यास बोधक पक्ष - क्रिया व्यापार के बार-बार होने की स्थितियों को अभ्यास बोधक पक्ष के अन्तर्गत विश्लेषित किया जाता है।
जैसे - वह दिन भर मेहनत करता था तब जाकर घर खरीद सका।

148. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के लिए पक्ष के भेद का सबसे अच्छा विकल्प है।
अब रोहन ने पढ़ाई जोरों से शुरू की है।
(a) पूर्णताद्योतक (b) आरंभद्योतक
(c) सातप्यबोधक (d) प्रगतिबोधक

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य 'अब रोहन ने पढ़ाई जोरों से शुरू की है।' में वाक्य का आरम्भद्योतक पक्ष है।
आरम्भद्योतक– आरम्भद्योतक पक्ष में वर्तमान में कार्य के प्रारम्भ होने की सूचना का बोध होता है।
जैसे– गाड़ी जाने वाली है।
मै वहाँ से चलने लगा।

149. 'मेरा सारा दूध छोटी बिल्ली पी गई' वाक्य में कितने पदबंध हैं?
(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 4

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : वाक्य 'मेरा सारा दूध छोटी बिल्ली पी गई।' में तीन पदबंध हैं। वाक्य में जब एक से अधिक पद मिलकर एक व्याकरणिक इकाई का काम करते हैं तब उस बंधी हुई इकाई को पदबंध कहते हैं। पदबंध को वाक्यांश भी कहा जाता है।
जैसे–किसी व्यक्ति या समाज का उत्थान अनुशासन पर निर्भर है।

150. 'चूँकि' के साथ आने वाला दूसरा उपवाक्य इनमें से किससे शुरू होता है?
(a) प्रायः (b) इसलिए
(c) क्योंकि (d) जबकि

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'चूँकि' के साथ आने वाला दूसरा उपवाक्य 'इसलिए' से शुरू होता है। ऐसे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्द, वाक्य या वाक्यांशों को जोड़ने का काम करते हैं सम्बन्धबोधक शब्द कहलाते हैं।

151. निम्नलिखित वाक्य में प्रधान उपवाक्य है: मेरा यह सोचना कि लोकेश प्रतिभाशाली छात्र है, सही निकला।
(a) मेरा यह सोचना
(b) लोकेश प्रतिभाशाली छात्र
(c) सही निकला
(d) मेरा यह सोचना, सही निकला

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्य-''मेरा यह सोचना कि लोकेश प्रतिभाशाली छात्र है, सही निकला।'' में प्रधान उपवाक्य है- 'मेरा यह सोचना, सही निकला' जबकि अन्य दिये गये उपवाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

152. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य-विधेय है:
नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।

उद्देश्य	विधेय
i. नदी-तट का	a. रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।
ii. नदी-तट का रमणीय	b. दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।
iii. नदी-तट का रमणीय दृश्य	c. मेरे मन-मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।
iv. नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन-मस्तिष्क पर	d. पूरी तरह छा गया।

(a) i, b (b) ii, d
(c) iii, c (d) iv, a

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : ''नदी-तट का रमणीय दृश्य मेरे मन मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।'' वाक्य में उद्देश्य होगा- 'नदी-तट का रमणीय दृश्य' और 'मेरे मन मस्तिष्क पर पूरी तरह से छा गया।' विधेय होगा शेष विकल्प असंगत हैं।

153. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य-विधेय है:
कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने नाटक देखा।

उद्देश्य	विधेय
a. कल हमारे विद्यालय के	a. कल, नाटक देखा
b. कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने	b. बच्चों ने नाटक देखा
c. बच्चों ने के;	c. कल हमारे विद्यालय नाटक देखा
d. हमारे विद्यालय के बच्चों ने	d. नाटक देखा

(a) a, b (b) b, d
(c) d, a (d) c, c

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : ''कल हमारे विद्यालय के बच्चों ने नाटक देखा'' वाक्य में उद्देश्य है- ''हमारे विद्यालय के बच्चों ने'' जबकि विधेय है- ''कल, नाटक देखा''।

154. उपवाक्य पहचानिए-
''वह आदमी जो कल आया था, आज भी आया है।''
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया विशेषण उपवाक्य (d) क्रिया उपवाक्य

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) ''वह आदमी जो कल आया था, आज भी आया है।'' इस वाक्य में 'जो कल आया था' आश्रित उपवाक्य विशेषण उपवाक्य का उदाहरण है। जो आश्रित उपवाक्य विशेषण की तरह कार्य करते हैं, विशेषण उपवाक्य कहलाते हैं। इसमें प्रायः जो, जैसा, जितना इत्यादि शब्दों का प्रयोग होता है।

155. उद्देश्य में कर्त्ता के साथ और क्या रहता है?
(a) कर्त्ता–विस्तार (b) कर्त्ता–पूरक
(c) कर्त्ता–विधेय (d) विधेय–पूरक

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (a): उद्देश्य में कर्त्ता के साथ कर्ता के विस्तार का प्रयोग करते हैं, जबकि शेष विकल्प असंगत हैं।

156. मैं पत्र लिख रहा था। वाक्य में कौन-सा भूतकाल है?

(a) पूर्ण (b) अपूर्ण
(c) आसन्न संदिग्ध (d) संदिग्ध

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : 'मैं पत्र लिख रहा था' वाक्य में अपूर्ण भूतकाल है। जिस क्रिया के भूतकाल में होने का ज्ञान हो, किन्तु उसकी समाप्ति का ज्ञान न हो उसे अपूर्ण भूतकाल कहते हैं।

157. 'अब आप चल सकते हैं।' वाक्य में कौन-सी वृत्ति है?

(a) सामर्थ्यसूचक (b) निश्चयार्थ
(c) बाध्यतासूचक (d) इच्छार्थक

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (a) वाक्य 'अब आप चल सकते हैं।' में सामर्थ्यसूचक है।

158. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया पदबंध क्या है?
आशना सिलाई का काम करती है।

(a) सिलाई का काम (b) काम करती है
(c) करती है (d) आशना सिलाई का

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में क्रिया पदबंध 'काम करती है', होगा। जैसे-आशना सिलाई का **काम करती है**।

159. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?
''माँ बच्चे को खाना <u>खिला रही है</u>।''

(a) क्रिया-विशेषण (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश क्रिया पदबंध है।
माँ बच्चे को खाना <u>खिला रही है</u>।
क्रिया पदबंध

160. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया पदबंध क्या है?
पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं।

(a) उड़ रहे हैं (b) रहे हैं
(c) पक्षी (d) आकाश में उड़ रहे हैं

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में क्रिया पदबंध 'उड़ रहे हैं', होगा। जैसे-पक्षी आकाश में <u>उड़ रहे हैं</u>।
क्रिया पदबंध

161. 'तुम बहुत अच्छे बच्चे हो।' इस वाक्य में कौन-सा पदबंध विशेषण पदबंध है?

(a) तुम बच्चे हो (b) बहुत अच्छे
(c) तुम अच्छे (d) अच्छे बच्चे हो

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : 'तुम बहुत अच्छे बच्चे हो।' इस वाक्य में विशेषण पदबन्ध 'बहुत अच्छे' होगा। किसी संज्ञा की विशेषता बताने वाला पद समूह विशेषण पदबंध होता है।

162. 'बीना जल्दी चली आ।' में विधेय विस्तारण है-

(a) आ (b) चली
(c) जल्दी (d) बीना

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर:(c) 'बीना जल्दी चली आ।' में विधेय विस्तारण 'जल्दी' है।

163. पदबंध को व्यक्त करने के लिए कौन-सा विकल्प सर्वोचित है?

(a) पदबंध पदों का समूह है, जो अनेक पदों का कार्य करता है।
(b) पदबंध शब्दों का समूह है, जो वाक्य से स्वतंत्र होता है।
(c) पदबंध उपवाक्य का दूसरा नाम है।
(d) पदबंध एक से अधिक शब्दों का समूह है, जो मिलकर एक पद की इकाई के रूप में कार्य करता है।

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (d) वाक्य की रचना अनेक पदों के मेल से होती है और एक से अधिक पद मिलकर जब एक इकाई का काम करते हैं तो वे पदबंध कहलाते हैं। पदबंध की निम्न विशेषताएं होती हैं:-
– पदबंध वाक्य का एक अंश है।
– पदबंध में एक से अधिक पद होते हैं।
– प्रत्येक पदबंध में एक मुख्य पद होता है।
प्रश्नानुसार विकल्प (d) उपयुक्त उत्तर है।

14. वाक्य अशुद्धि

164. निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) भारत के इतिहास में पंद्रह अगस्त का बहुत महत्व है।
(b) रात उसका प्राण-पखेरू उड़ गया।
(c) आज भी लाल बहादुर शास्त्री जी को याद किया जाता है।
(d) क्या आप मेरे साथ चलेंगे?

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

ANs. (b) : दिये गये विकल्पों में अशुद्ध वाक्य है- 'रात उसका प्राण-पखेरू उड़ गया' इसका कुछ शुद्ध रूप होगा- 'रात उसके प्राण-पखेरू हो गये। जबकि अन्य सभी विकल्प शुद्ध हैं।

165. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?

(a) महादेवी छायावादी कवयित्रि है।
(b) जब भी आप आओ, मुझे मिलें।
(c) आपका दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।
(d) रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans.(d): दिये गये विकल्पों में 'रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्पगत वाक्यों का शुद्ध रूप होगा-
अशुद्ध वाक्य- महादेवी छायावादी कवयित्रि है।
शुद्ध वाक्य- महादेवी छायावादी कवयित्री हैं।
अशुद्ध वाक्य- जब भी आप आओ, मुझे मिलें।
शुद्ध वाक्य- आप जब आयें, तो मुझसे मिलें।
अशुद्ध वाक्य- आपका दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।
शुद्ध वाक्य- आपके दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया।

166. हमारे देश से आयात-निर्यात काफी होता है।
इस वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

(a) हमारे देश में आयात-निर्यात काफी होता है।
(b) हमारा देश में आयात-निर्याता होता है।
(c) हमारा देशको आयात-निर्यात काफी होता है।
(d) हमारे देश में आयात-निर्यात पर्याप्त होती हैं।

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तरः (a) हमारे देश से आयात-निर्यात काफी होता है। यह वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य होगा– हमारे देश में आयात-निर्यात काफी होता है।

167. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) यदि इसकी तलाशी लोगे तो घड़ी मिल जाएगी।
(b) स्वस्थ रहने वाले लोगों को वैद्य के पास नहीं जाना पड़ता।
(c) वह इंकार कर देने का परिणाम जानता है।
(d) यौवन वह काल है जब चरित्र का निर्मान होता है।

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तरः (d) वर्तनी की दृष्टि से 'यौवन वह काल है जब चरित्र का निर्मान होता है' अशुद्ध वाक्य है। वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'यौवन वह काल है जब चरित्र का निर्माण होता है।'

168. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) काम पूरा कर डोलों, नहीं तो जूर्माना होगा।
(b) इस समय सरदी है, इसलिए कोट पहन लो।
(c) वक्त निकल जाता है, पर बात याद रह जाती है।
(d) दोश तुम्हारा है, और इसका मुझे विश्वास है।

SSC GD 12/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'वक्त निकल जाता है, पर बात याद रह जाती है।' यह वाक्य वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। विकल्प में दिये गये शेष वाक्यों का वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य निम्न है-

* काम पूरा कर डालो, नहीं तो जुर्माना होगा।
* इस समय सर्दी है, इसलिए कोट पहन लो।
* दोष तुम्हारा है और इसका मुझे विश्वास है।

169. निम्नलिखित वाक्य में कौन से भाग में त्रुटि है?
'बिद्वानों का दल आ रहा है।'

(a) दल (b) आ रहा है। (c) का (d) बिद्वानों

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्य 'बिद्वानों का दल आ रहा है।' में बिद्वानों' शब्द त्रुटिपूर्ण है।
इसका शुद्ध का रूप होगा - विद्वानों का दल आ रहा है।

170. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है-

(a) हमलग उत्तर लिखते हैं। (b) हमलोग उत्तर लिखत हैं।
(c) हम लोग उत्तर लिखते हैं। (d) हमलोग उतर लिखते हैं।

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तरः (c)दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- हम लोग उत्तर लिखते हैं।

171. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) विनय चुसत न हो पर है समझदार।
(b) यदि वह घर पर मिलेगा तो मैं अवशय जाऊँगा।
(c) ज्यों ही मैं वहाँ पहुँचा त्यों ही घंटा बजा।
(d) वह मरणासन्न था, इसीलिए मैंने उसे छमा कर दिया।

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है- ज्यों ही मैं वहाँ पहुँचा त्यों ही घंटा बजा।

172. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है-

(a) गोपियाँ कृष्ण की रोह में आँखें बिछाए बैठी थीं।
(b) गोपियों किसन की राह में आँखें बिछाए बैठी थीं।
(c) गोपियाँ कृष्ण की राह में आँखें बिठाकर बैठी थीं।
(d) गोपियाँ कृष्ण की राह में आँखें बिछाए बैठी थीं।

SSC GD 02/02/2023 (Shift-IV)

उत्तरः (d) 'गोपियाँ कृष्ण की राह में आँखें बिछाए बैठी थीं।' यह वाक्य शुद्ध होगा, क्योंकि इसमें वचन, मात्रा, वर्तनी सभी की शुद्धि है जबकि अन्य विकल्पों में अशुद्धता है।

173. 'अपना हस्ताक्षर लगा दो'। इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द के प्रयोग से वाक्य को शुद्ध करें।

(a) सटा (b) जोड़
(c) जोड़ (d) कर

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्य 'अपना हस्ताक्षर लगा दो' में रेखांकित शब्द 'लगा' के स्थान पर 'कर' शब्द का प्रयोग उपयुक्त होगा।
अतः शुद्ध वाक्य होगा- अपना हस्ताक्षर कर दो।

174. उन्होंने बोल उठे।
उपरोक्त वाक्य में त्रुटि पहचानकर वाक्य शुद्ध कीजिए।

(a) वे बोल उठे। (b) वे ने बोल उठे।
(c) उसने बोल उठे। (d) उन्होंने बोल उठें।

SSC GD 12/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य 'उन्होंने बोल उठे।' में सर्वनाम सम्बन्धी त्रुटि है, जिसमें 'उन्होंने' के स्थान पर 'वे' का प्रयोग उचित होगा।
अतः शुद्ध वाक्य होगा- वे बोल उठे।

निम्नलिखित वाक्यों में ऐसी हिन्दी का प्रयोग कीजिए जो बोलचाल की भाषा है तथा (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

175. परीक्षाएँ सन्निकट हैं।

(a) परीक्षाएँ दूर है। (b) परीक्षाएँ पास हैं।
(c) परीक्षाएँ भविष्य में है। (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) बोलचाल की भाषा के अनुसार 'परीक्षाएँ पास हैं।' सही वाक्य है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

176. बरसात में सरिताओं में बाढ़ आ जाती है।

(a) बरसात में नदियों में बाढ़ आ जाती है।
(b) बरसात में पहाड़ों पर भी बाढ़ आ जाती है।
(c) बरसात में पूरी सृष्टि बाढ़ में डूब जाती है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'बरसात में नदियों में बाढ़ आ जाती है।' बोलचाल की भाषा के अनुसार सही वाक्य है। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

176. मैं आपसे नितांत अपरिचित हूँ।

(a) मैं आपसे बिल्कुल अपरिचित हूँ।
(b) मैं आपसे एकदम अपरिचित हूँ ।
(c) मैं आपसे सर्वथा अपरिचित हुँ।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) : 'मैं आपसे बिलकुल अपरिचित हूँ।' या 'मैं आपसे एकदम अपरिचित हूँ।' ये दोनों वाक्य बोलचाल की भाषा के अनुसार सही वाक्य हैं।

177. दूरदर्शन की अनेक शृंखलाएँ प्रसिद्ध हैं।

(a) दूरदर्शन के अनेक नाटक प्रसिद्ध है।
(b) दूरदर्शन के अनेक फिल्में प्रसिद्ध है।
(c) दूरदर्शन के अनेक धारावाहिक प्रसिद्ध हैं।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर: (c) 'दूरदर्शन के अनेक धारावाहिक प्रसिद्ध हैं।' बोलचाल की भाषा के अनुसार सही वाक्य है। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

178. वे अभी नवधनाढ्य हुए हैं।

(a) वह अभी धनी हुए है।
(b) वह अभी नए अमीर हुए हैं।
(c) वह अभी नौ दौलत मंद हुए है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'वह अभी नए अमीर हुए हैं।' बोलचाल की भाषा के अनुसार सही वाक्य है। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

अशुद्ध वाक्य दिए गए हैं, अतः शुद्ध वाक्य का चयन कर (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

179. हमने जो कहे थे वही सत्य है।

(a) हमने कहे थे वहीं सत्य है।
(b) हमने जो कहे रहे वही सत्य है।
(c) हमने जो कहा था वही सत्य है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'हमने जो कहा था वही सत्य है।' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

180. आपका पत्र धन्यवाद सहित मिला।

(a) आपका पत्र धन्यवाद के साथ मिला।
(b) आपका पत्र मिला धन्यवाद।
(c) धन्यवाद के साथ आपका पत्र मिला।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'आपका पत्र मिला धन्यवाद।' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

181. कृपया करके कार्यक्रम में पधारें।

(a) कृपया कार्यक्रम में पधारें।
(b) कृपा कर कार्यक्रम में पधारे।
(c) कार्यक्रम में पधारे।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में कृपया कार्यक्रम में पधारें।' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

182. मुझसे बेफिजूल बात मत करो।

(a) मुझसे फिजूल बात मत करें।
(b) मुझसे बेफिजूल में बात मत करो।
(c) बेफिजूल में मुझसे बात मत करो।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में 'मुझसे फिजूल बात मत करें।' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

183. बिहारी ने गागर में सागर भर दिया है।

(a) बिहारी गागर में सागर भर दिए है।
(b) बिहारी ने गागर में सागर भरा है।
(c) बिहारी ने गागर में सागर भर दिए रहे।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b): दिये गये विकल्पों में 'बिहारी ने गागर में सागर भरा है।' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

दिए गए वाक्य के लिए शुद्ध वाक्य चुनिए तथा (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

184. वह शनिवार के दिन चला गया।

(a) वह चला गया शनिवार के दिन।
(b) वह शनिवार को चला गया।
(c) वह चला गया शनिवार को।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'वह शनिवार को चला गया' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

185. कमला बहुत विद्वान है।

(a) कमला विद्वान है बहुत।
(b) कमला विदुषी है बहुत।
(c) कमला बहुत विदुषी है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'कमला बहुत विदुषी है।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

186. वे कहाँ जाना है?

(a) वो कहाँ जाना है?
(b) उन्होंने कहाँ जाना है?
(c) उन्हें कहाँ जाना है?
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'वे कहाँ जाना है?' वाक्य का शुद्ध रूप 'उन्हें कहाँ जाना है?' होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

187. मुझे फल आम का अच्छा लगता है।

(a) मुझे आम अच्छा लगता है।
(b) मुझे अच्छा लगता आम है।
(c) मुझे आम का फल अच्छा लगता है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'मुझे आम का फल अच्छा लगता है।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

188. 'हम और तुम और श्याम को अवश्य जाना है।' उक्त वाक्य में कौन-सा भाग गलत है?

(a) हम और तुम (b) और श्याम
(c) को अवश्य (d) जाना है

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (a) : 'हम और तुम और श्याम को अवश्य जाना है' उक्त वाक्य के 'हम और तुम' वाले भाग में त्रुटि है। इसके स्थान पर 'हम, तुम' होगा। इस प्रकार शुद्ध वाक्य होगा- 'हम, तुम और श्याम को अवश्य जाना है।'

189. 'वह किला जिसे तुमने देखा था, वह अब खंडहर हो गया।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा भाग गलत है?

(a) वह किला जिसे (b) तुमने देखा था
(c) वह अब (d) खंडहर हो गया

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (c) : दिये गये वाक्य 'वह किला जिसे तुमने देखा था, वह अब खंडहर हो गया' में 'वह अब' वाले भाग में त्रुटि है। यहाँ 'वह अब' के स्थान पर 'अब' का प्रयोग उपयुक्त होगा। इस प्रकार शुद्ध वाक्य होगा- वह किला जिसे तुमने देखा था, अब खंडहर हो गया।

190. 'तुम रात को कहानी सुनाई।' उक्त वाक्य में कौन-सा भाग गलत है?

(a) तुम (b) रात को (c) कहानी (d) सुनाई

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (a) : 'तुम रात को कहानी सुनाई' वाक्य में 'तुम' वाले भाग में त्रुटि है। यहाँ 'तुम' के स्थान पर 'तुमने' का प्रयोग उचित होगा। इस प्रकार शुद्ध वाक्य होगा- तुमने रात को कहानी सुनाई।

191. व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा शुद्ध वाक्य है?

(a) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।
(b) उसे अनुत्तीर्ण होने का शक है।
(c) उसे अनुत्तीर्ण होन की आशा है।
(d) उसे अनुत्तीर्ण होने का संशय है।

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (a) : 'उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका हैं। वाक्य शुद्ध है। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

192. वाक्य का कौन सा भाग शुद्ध नहीं है?
बड़े दुःख की बात है कि डॉक्टर के आने से पहले ही उसका प्राण पंखेरू उड़ गये।

(a) कोई त्रुटि नहीं
(b) डॉक्टर के आने से पहले ही
(c) उसका प्राण पंखेरू उड़ गये।
(d) बड़े दुःख की बात है कि

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (c) : वाक्य में 'प्राण पंखेरू उड़ गये' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'प्राण पखेरू उड़ गये' होगा।

193. व्याकरण की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मेरे को आपका काम बहुत पसंद है।
(b) वह आदमी अच्छा नहीं है।
(c) एक दूध का ग्लास दो।
(d) प्रत्येक चित्र बुरे नहीं होते।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (b) 'वह आदमी अच्छा नहीं है' वाक्य शुद्ध है। शेष अशुद्ध हैं।

194. व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) कृपया आप ही बताएँ।
(b) बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।
(c) पुलाव बहुत लजीज है।
(d) उसके प्राण-पखेरू उड़ गये।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : 'बंदूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है' वाक्य अशुद्ध है। शेष शुद्ध हैं।

195. व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) तूने कहाँ जाना है।
(b) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
(c) शीला प्रतिदिन स्कूल जाती है।
(d) उसका प्राण पखेरू उड़ गया।

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper
UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (c) : व्याकरण की दृष्टि से निम्न वाक्य शुद्ध है-
'शीला प्रतिदिन स्कूल जाती है।'
अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप निम्न हैं-

अशुद्ध वाक्य	**शुद्ध वाक्य**
तूने कहाँ जाना है?	तुम्हें कहाँ जाना है?
श्री कृष्ण के अनेकों नाम हैं।	श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
उसका प्राण पखेरू उड़ गया।	उसके प्राण पखेरू उड़ गये।

196. 'आज की सभा में अनेकों लोग उपस्थित थे।' वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है?

(a) आज की (b) सभा में
(c) अनेकों लोग (d) उपस्थित थे।

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'आज की सभा में अनेकों लोग उपस्थित थे।' वाक्य में 'अनेकों लोग' भाग अशुद्ध है क्योंकि अनेक शब्द स्वयं बहुवचन के रूप में प्रयुक्त होता है। अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'आज की सभा में अनेक लोग उपस्थित थे।'

@RexstarPdf

197. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

1. उसे मृत्युदण्ड की सजा दी गई।
2. खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।
3. मेरी करनी का फल भोग रहा हूँ।
4. कृपया यहाँ बैठने की कृपा करें।

(a) 1,3 (b) 2,4
(c) सभी शुद्ध हैं (d) सभी अशुद्ध हैं

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)
लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (d) उपर्युक्त दिये गये वाक्यों में कोई भी वाक्य शुद्ध नहीं है। दिये गये वाक्यों के शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार है–

अशुद्ध वाक्य		शुद्ध वाक्य
उसे मृत्युदण्ड की सजा दी गई	–	उसे मृत्युदण्ड दिया गया।
खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ	–	गाजर काटकर खरगोश को खिलाओ।
मेरी करनी का फल भोग रहा हूँ	–	मैं अपनी करनी का फल भोग रहा हूँ।
कृपया यहाँ बैठने की कृपा करें	–	कृपया यहाँ बैठें।

198. निम्न वाक्यों में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) आकाशवाणी से समाचार प्रकाशित होता है।
(b) माँ-बच्चा दोनों ही गायब हो गए।
(c) भारत और नेपाल के बीच घोर संबंध है।
(d) दीपावली की घटना पर अवश्य आना।

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्यों में 'माँ-बच्चा दोनों ही गायब हो गए।' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार होगा-

- आकाशवाणी से समाचार प्रसारित होता है।
- भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ संबंध है।
- दीपावली पर अवश्य आना।

199. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) उसको दुर्जन कहकर पुकारना अनुचित है।
(b) उसको घमंडी कहकर पुकारना ज्यादती है।
(c) यहाँ अशोभनीय वातावरण उपस्थित है।
(d) यह ग्रंथ विद्वत्ता से भरा है।

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्यों में 'यह ग्रंथ विद्वत्ता से भरा है।' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार होगा-

(i) उसको दुर्जन कहना अनुचित है।
(ii) उसको घमंडी कहना ज्यादती है।
(iii) यहाँ अशोभनीय वातावरण है।

200. 'उसकी ख्याति सारे देश भर में फैली हुई है।' उक्त वाक्य में कौन-सा भाग गलत है?

(a) फैली हुई है (b) सारे देश
(c) भर में (d) उसकी ख्याति

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) : 'उसकी ख्याति सारे देश भर में फैली हुई है' उक्त वाक्य में 'सारे' का प्रयोग अनावश्यक हुआ है। अतः शुद्ध वाक्य है- उसकी ख्याति देश भर में फैली हुई है।

201. 'मै संध्या के समय को नित्य खेलने जाता हूँ।' उक्त वाक्य में कौन-सा भाग गलत है?

(a) के समय (b) मैं संध्या
(c) जाता हूँ (d) नित्य खेलने

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (a) : 'मैं संध्या के समय को नित्य खेलने जाता हूँ'
उक्त वाक्य में 'के समय' शब्द अशुद्ध है, क्योंकि वाक्य में एक ही अर्थ या भाव को सूचित करने वाले दो शब्द प्रयुक्त नहीं होने चाहिए यहाँ संध्या और समय का प्रयोग दोषपूर्ण है। अतः शुद्ध वाक्य होगा- मैं संध्या को नित्य खेलने जाता हूँ।

202. निम्नलिखित में से किस एक वाक्य के शब्द में व्यंजन-वर्ण सम्बन्धी अशुद्धि है?

(a) जमींदार के पास दो सिपाही थे
(b) उसे धोखा देकर लूट लिया
(c) तुम किस कक्षा में पढ़ते हो
(d) लोग मजदूरों का शोषण करते हैं

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य 'उसे धोखा देकर लूट लिया'। शब्द में व्यंजन वर्ण संबंधी अशुद्धि है। शुद्ध वाक्य इस प्रकार है- 'उसने धोखा देकर लूट लिया।'

203. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-

(a) उसने मुक्तकण्ठ से बड़ाई की।
(b) उसने मुक्तहस्त धन लुटाया।
(c) समस्त प्राणिमात्र का कल्याण करो।
(d) आपकी आयु चालीस वर्ष है।

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तरः (b) निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य 'उसने मुक्तहस्त धन लुटाया' होगा। बाकी विकल्प वाक्य की दृष्टि से अशुद्ध है।
अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं-

- उसने मुक्तकण्ठ प्रशंसा की।
- प्राणी मात्र का कल्याण करो।
- आपकी अवस्था चालीस वर्ष है।

204. निम्नांकित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-

(a) मैं अनेकों बार विदेश गया।
(b) इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।
(c) बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है।
(d) आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।

UPPCS RO/ARO (Pre) 2021

उत्तर : (c) : बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है। यह वाक्य शुद्ध है।
अशुद्ध- मैं अनेकों बार विदेश गया।
शुद्ध – मैं अनेक बार विदेश गया।
अशुद्ध – इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।
शुद्ध – इस हीरे का मूल्य आँका नहीं जा सकता।
अशुद्ध – आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।
शुद्ध – आप इतना ही काम कर दीजिए।

@RexstarPdf

205. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ।
(b) व्यायाम करना चाहिए जिससे कि स्वस्थ रहें।
(c) एक-एक करके सभी मर गए।
(d) तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी।

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर: (*) : दिए गए सभी वाक्य अशुद्ध है, इनका शुद्ध रूप निम्न हैं–

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य
मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ।	मेरे लिए बर्फ और आग लाओ।
व्यायाम करना चाहिए जिससे कि स्वस्थ रहें।	व्यायाम करना चाहिए ताकि स्वस्थ रहें।
एक-एक करके सभी मर गए।	एक-एक कर सभी मर गए।
तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी।	तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगा।

206. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) इसका तात्कालिक प्रभाव पड़ा।
(b) पत्र किसके नाम पर लिखा गया है।
(c) एक रुपये में कितने पैसे होते हैं?
(d) भारत एक समृद्धिशाली देश है।

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (b) : 'पत्र किसके नाम पर लिखा गया है' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप - 'पत्र किसके नाम लिखा गया है' होगा। शेष वाक्य शुद्ध हैं।

207. निम्नलिखित में से एक अशुद्ध वाक्य है–

(a) पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए।
(b) दक्षिण भारत के लोग हिन्दीतर भाषी हैं।
(c) सुरेखा ने गीत की दो-चार कड़ियाँ गायीं।
(d) अब परीक्षा-प्रणाली बदलनी चाहिए।

UPPCS RO/ARO (Mains) 2021

उत्तर : (a)पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए में 'पूज्यास्पद' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप 'पूजास्पद' होगा। जबकि शेष वाक्य शुद्ध हैं।

208. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।

(a) अनाधिकार प्रवेश मना है।
(b) अनधिकार प्रवेश मना है।
(c) अनधीकार प्रवेश मना है।
(d) अनाधिकारी प्रवेश मना है।

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (b) उपर्युक्त विकल्पों में 'अनधिकार प्रवेश मना है' शुद्ध वाक्य है।

209. निम्नलिखित वाक्यों मे से अशुद्ध वाक्य छाँटिए ।

(a) वह जोर-जोर से रोने लगा।
(b) यह बात किसी को मत बताना।
(c) उसने जोर-जोर से रोने लगा।
(d) सुनते – सुनते कान भर गये।

MPPSC (Pre) 2021

उत्तर : (c) : 'उसने जोर-जोर से रोने लगा' अशुद्ध वाक्य है । इसका शुद्ध वाक्य वह जोर-जोर से रोने लगा होगा।

210. निम्नलिखित वाक्यों में से एक शुद्ध वाक्य है

(a) वह सातवें कक्षा में पढ़ता है।
(b) सरयू नदी का घाट बहुत लम्बा है।
(c) जो लोग बाहर जाना चाहते हैं, वह जा सकते हैं।
(d) कृपया एक गिलास पानी दीजिए।

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्यों में से 'कृपया एक गिलास पानी दीजिए' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं। अन्य वाक्य शुद्ध इस प्रकार होंगे–
(1) वह सातवीं कक्षा में पढ़ता है।
(2) सरयू नदी का पाट बहुत लम्बा है।
(3) जो लोग बाहर जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं।

211. निम्न में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) बालक छत में खेल रहे है।
(b) श्वेता मेरे पास दौड़ती हुई आई।
(c) एक किताब कहानी की दे दीजिए।
(d) आप क्या किताब पढेंगे?

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिए हुए प्रश्न में शुद्ध वाक्य है– श्वेता मेरे पास दौड़ती हुई आई है।

212. 'शीर्षक को चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए।' वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।

(a) शीर्षक को चयन (b) परख कर लेनी चाहिए।
(c) भावों और विचारों की
(d) करते समय अनुच्छेद में निहित

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये वाक्य 'शीर्षक को चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए' के भाग-'शीर्षक को चयन' में त्रुटि है। यहाँ 'शीर्षक को चयन' के स्थान पर 'शीर्षक का चयन' उपयुक्त होगा, अतः शुद्ध वाक्य होगा- शीर्षक का चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए।

213. निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) इतना तेज क्यों चल रहे हो?
(b) कितना सुंदर चित्र है यह!
(c) हमने बहुत आम खाए।
(d) ये पत्र किसने लिखे है?

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्यों में 'कितना सुन्दर चित्र है यह' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप होगा– यह कितना सुन्दर चित्र है। अन्य वाक्य शुद्ध हैं।

214. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए:

(a) वन में प्रातःकाल के समय बहुत की मनोहर दृश्य होता है।
(b) वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है।
(c) वन में प्रातःकाल के समय बहुत ही सुहाना दृश्य होता है।
(d) वन में प्रातःकाल के समय दृश्य क्या खूबसूरत होता है।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) दिए गए वाक्यों में 'वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है' शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध है,क्योंकि प्रातःकाल में समय शामिल है । अतः इसके साथ समय लगाने की आवश्यकता नहीं है।

215. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन सा है?

(a) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशा है।
(b) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) काटकर फल बच्चे को खिलाओ।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में 'भारत में अनेक जातियाँ हैं' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य निम्न प्रकार शुद्ध होंगे।

→ उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।
→ आज का अवकाश देने की कृपा करें।
→ फल काटकर बच्चे को खिलाओ।

216. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) मनुष्य स्वभावतः अकेलापन पसंद नहीं करता।
(b) विकास के सूत्र मानव के हाथ में हैं।
(c) देश में सर्वस्व शांति होना चाहिए।
(d) मनुष्यता मनुष्य की अमूल्य निधि है।

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (c) : देश में सर्वस्व शांति होना चाहिए। वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप है- देश में सर्वस्व शांति होनी चाहिए।

217. निम्नलिखित वाक्यों में त्रुटि वाले वाक्य की पहचान कीजिए।

(a) रामा घर को जाती है। (b) राधा बाजार जाती है।
(c) राम घर जाता है। (d) राधिका पुस्तक पढ़ रही है।

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (a) : दिए गए वाक्य – 'रामा घर को जाती है' त्रुटि युक्त वाक्य है। अतः शुद्ध वाक्य होगा – रामा घर जाती है।

218. इनमें से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) मैंने पुस्तक पढ़ा। (b) राम के अनेकों नाम हैं।
(c) मैंने पुस्तक पढ़ी। (d) मेरे को जाना है।

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : विकल्प (c) में दिया गया वाक्य 'मैंने पुस्तक पढ़ी।' शुद्ध वाक्य है।
अन्य विकल्प इस प्रकार हैं– (a) राम के अनेक नाम हैं।
(b) मुझे जाना है।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में चार वाक्यांश दिए गए हैं। त्रुटिपूर्ण अंश के अनुसार (a), (b) (c) और त्रुटिरहित होने पर (d) पर चिह्न लगाएँ

219. (a) सरदार पटेल से अच्छी
(b) इस देश में फिर नहीं हुआ
(c) राजनीतिज्ञ एवं प्रशासक
(d) कोई त्रुटि नहीं।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) सरदार पटेल से **अच्छा** राजनीतिज्ञ एवं प्रशासक इस देश में फिर नहीं हुआ।

220.कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) दही खट्टी है। (b) दही खट्टा है।
(c) दही खटास है। (d) दही खटाई है।

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में 'दही खट्टा है' शुद्ध वाक्य है। ध्यातव्य हो कि दही शब्द पुल्लिंग के अर्थ में प्रयोग किया जाता है। दूध एवं दूध से बने पदार्थ हमेशा पुल्लिंग होते हैं।

221. लिंग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है-

(a) मोटा सा आदमी आया है।
(b) आपकी चरित्र अच्छी है।
(c) तुम्हारी जेब खाली है।
(d) उसकी कलम खो गयी है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'आपकी चरित्र अच्छी है' अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध रूप है– 'आपका चरित्र अच्छा है'।

222. लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य कौन सा है?

(a) मेरा पुस्तक अच्छा है।
(b) आपकी नाक कट गयी।
(c) आपका नाक कट गया।
(d) गुलाब की रंग लाल है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017
SSC GD 22/02/2019, Shift-II

उत्तर : (b) लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य – 'आपकी नाक कट गयी' है, जबकि वाक्य 'मेरा पुस्तक अच्छा है।' का शुद्ध रूप – 'मेरी पुस्तक अच्छी है।' तथा वाक्य 'गुलाब की रंग लाल है।' का शुद्ध रूप – 'गुलाब का रंग लाल है।' होगा।

223. ''वह महिला बहुत विद्वान है।'' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) लिंग (b) वचन
(c) कारक (d) संज्ञा

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) ''वह महिला बहुत विद्वान है।'' इस वाक्य में **लिंग** की अशुद्धि है। अतः यहाँ पर विद्वान के स्थान पर 'विदुषी' शब्द प्रयोग होना चाहिए। शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा – वह महिला बहुत विदुषी है।

224. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य अशुद्ध है-

(a) यह राम का भवन है। (b) यह राम की इमारत है।
(c) यह राम की बैठक है। (d) यह राम का गौशाला है।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'यह राम का गौशाला है' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध वाक्य है- **यह राम की गौशाला है।** अन्य वाक्य यह राम का भवन है, यह राम की इमारत है और यह राम की बैठक है तीनों शुद्ध वाक्य हैं। ध्यातव्य है कि 'गौशाला' स्त्रीलिंग शब्द है, अतः 'का' के स्थान पर 'की' का प्रयोग होगा।

225. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है-

(a) दही बहुत खट्टी है।
(b) उसका छाजन टपकता है।
(c) मेरा घर बड़ा है, पर बैठक छोटा है।
(d) सिपाही की पगड़ी लाल है।

[UPPSC AE 2013]

@RexstarPdf

उत्तर. (d): लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है- **सिपाही की पगड़ी लाल है।** जबकि अन्य विकल्पों का शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
- दही बहुत खट्टा है।
- उसकी छाजन टपकती है।
- मेरा घर बड़ा है, पर बैठक छोटी है।

226. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है-
(a) बालू बहुत गीला है। (b) खटिया टूट गया।
(c) टेसू खूब फूल रही है। (d) ईख बहुत मीठी है।
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (*) : इस प्रश्न में a और d दोनों विकल्प सही हैं। अन्य विकल्प इस प्रकार हैं-
- बालू बहुत गीला है।
- खटिया टूट गयी।
- टेसू खूब फूल रहा है।
- ईख बहुत मीठी है।

227. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है-
(a) पार्वती ने सीता को आयुष्मान होने का वरदान दिया।
(b) यह स्त्री परम सौभाग्यवान है।
(c) यह मेरी बलवान कामना है।
(d) राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की पत्नी रवीन्द्र संगीत की बहुचर्चित गायिका हैं।
[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की पत्नी रवीन्द्र संगीत की बहुचर्चित गायिका हैं। - लिंग की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है। जबकि अन्य विकल्पों का शुद्ध रूप होगा-
- पार्वती ने सीता को आयुष्मती होने का वरदान दिया।
- यह स्त्री परम सौभाग्यवती है।
- यह मेरी बलवती इच्छा/कामना है।

228. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य अशुद्ध है
(a) मोती सफेद होता है (b) चुन्नी लाल होता है
(c) पन्ना हरा होता है (d) नीलम नीला होता है
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : लिंग की दृष्टि से 'चुन्नी लाल होता है', वाक्य अशुद्ध है। चुन्नी लाल होती है, शुद्ध वाक्य होगा। अन्य वाक्य शुद्ध हैं।

229. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है
(a) लीची मीठा है (b) नाशपाती खट्टा है
(c) जामुन खट्टा-मीठा है। (d) खरबूजा फीका है।
[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : लिंग की दृष्टि से 'खरबूजा फीका है' वाक्य शुद्ध है।

230. इनमें से एक वाक्य शुद्ध है, वह है
(a) मेरा प्राण संकट में है।
(b) सोमवार को रेलवे के कई कर्मचारी गिरफ्तार हुए।
(c) अपराधी को मृत्युदंड की सजा दी गयी है।
(d) महादेवी वर्मा छायावाद की प्रसिद्ध कवयित्री हैं।
UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (d) :

विकल्प		शुद्ध वाक्य
A	–	मेरे प्राण संकट में हैं।
B	–	सोमवार को रेलवे के अनेक कर्मचारी गिरफ्तार किए गये।
C	–	अपराधी को मृत्युदंड दिया गया।
D	–	महादेवी वर्मा छायावाद की प्रसिद्ध कवयित्री हैं।

231. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) लता ने दो चिट्ठियाँ लिखीं (b) लता ने दो चिट्ठी लिखी
(c) लता ने दो चिट्ठी लिखी (d) लता दो चिट्ठी लिखी
UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'लता ने दो चिट्ठियाँ लिखी' है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

232. इनमें से शुद्ध वाक्य का चयन करें।
(a) भारत में अनेक बोली हैं।
(b) भारत में अनेकों बोलियाँ हैं।
(c) भारत में अनेक बोलियाँ हैं।
(d) भारत में अनेकों बोली हैं।
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में वाक्य 'भारत में अनेक बोलियाँ हैं।' शुद्ध है, शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

233. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) लड़की दौड़ती है। (b) शहर अच्छा है।
(c) बादशाह खाँसती है। (d) होटल ठीक है।
KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (c) : दिये गये वाक्यों में 'बादशाह खाँसती है' अशुद्ध है जबकि इसका शुद्ध रूप होगा- 'बादशाह खाँसते हैं' क्योंकि बादशाह पुल्लिंग है,परन्तु आदर सूचक क्रिया के प्रयोग के कारण बहुवचन क्रिया होगी। शेष वाक्य शुद्ध हैं।

234. निम्नलिखित में से सही वाक्य चुनिए –
(a) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
(b) आपका पत्र सधन्यवाद मिला।
(c) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
(d) बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।
UP TGT 2005
SSC GD 03/03/2019, Shift-II
उ.प्र. पुलिस कास्टेबल 18/06/2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (c) प्रश्न में दिए गए चारों वाक्यों में 'श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं' - यह वाक्य सही है। ज्ञातव्य है कि अनेक शब्द स्वयं में बहुवचन है अतः इससे बनाया गया 'अनेकों' शब्द अशुद्ध है। प्रथम वाक्य 'श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं' अनेकों शब्द के प्रयोग के कारण अशुद्ध है। 'बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है' का शुद्ध वाक्य होगा - बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है अर्थात् बन्दूक अस्त्र होता है न कि शस्त्र।

235. इनमें से शुद्ध वाक्य कौन-सा है –
(a) मेरे प्राण निकल गये। (b) मेरा प्राण निकल गया।
(c) मेरा प्राण निकल गये। (d) मेरी प्राण निकल गई।
UP TGT 2003

@RexstarPdf

उत्तर : (a) प्रश्न में दिया गया वाक्य 'मेरे प्राण निकल गए' शुद्ध वाक्य है क्योंकि प्राण शब्द का प्रयोग सदैव बहुवचन में होता है। प्रश्न में दिए गए शेष तीनों वाक्य अशुद्ध हैं।

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों में चार वाक्य दिए गए हैं। इनमें से तीन वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं। त्रुटिरहित वाक्य का चयन कीजिए।

236. (a) मैं ने अनेक पुस्तकें लिखी।
(b) मैं अनेक पुस्तकें लिखीं।
(c) मैंने अनेक पुस्तकें लिखीं।
(d) मै ने अनेक पुस्तकें लिखीं।

UPPCL TG2 2016
SSC GD 11/03/2019, Shift-II

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों में सही वाक्य है– 'मैंने अनेक पुस्तकें लिखीं।' अन्य वाक्य गलत हैं।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन गद्यांश दिये गये हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

237. (a) महामहिम राष्ट्रपति
(b) हमारे संस्थान में स्वर्ण जयंती समारोह का
(c) उद्घाटन करेगा
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) इस वाक्यांश का सही रूप 'उद्घाटन करेंगे' होगा क्योंकि सम्माननीय व्यक्तियों के लिए सदैव बहुवचन का प्रयोग किया जाता है।

238. निम्नलिखित वाक्यों में एक अशुद्ध है–
(a) उसने अपने प्राण की बाजी लगा दी थी।
(b) राम, सीता और लक्ष्मण वन को गये।
(c) उसकी आँखों से आँसू निकल पड़े।
(d) आपकी महत्ता से सभी लोग परिचित हैं।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (c) दिये गये वाक्यों में 'उसकी आँखों से आँसू निकल पड़े' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'उसकी आँख से आँसू निकल पड़े'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

239. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) गुरू आ रहा है। (b) गुरू आ रहे है।
(c) गुरु आ रहे हैं। (d) गुरूजी आ रहे हैं।

UP RO (Main), 2013
SSC GD 06/03/2019, Shift-I

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'गुरु आ रहे हैं' शुद्ध वाक्य है क्योंकि सम्माननीय होने के संदर्भ में क्रिया सदैव बहुवचन होती है।

240. इनमें से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?
(a) हर एक खिलाड़ी मैदान में पहुँच गए।
(b) सड़क पर बहुत भीड़ है।
(c) अध्ययन के लिए अच्छी पुस्तकें आवश्यक हैं।
(d) साहित्य और संस्कृति का गहरा संबंध है।

UP RO (Main), 2013

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में (i) सड़क पर बहुत भीड़ है। (ii) अध्ययन के लिए अच्छी पुस्तकें आवश्यक हैं। (iii) साहित्य और संस्कृति का गहरा सम्बन्ध है। ये तीनों वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध हैं, जबकि हर एक खिलाड़ी मैदान में पहुँच गए में हर एक के साथ एकवचन की क्रिया 'गया' प्रयुक्त होनी चाहिए। अतएव विकल्प (a) अशुद्ध है।

241. 'बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती हैं' वाक्य का शुद्ध रूप है
(a) बाघ-बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
(b) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।
(c) बाघ और बकरी एक ही घाट पर पानी पीती हैं।
(d) बाघ और बकरी पानी पीती हैं।

UP RO (Main) 2010

उत्तर: (b) यदि वाक्य में दोनों लिंग के एकवचन के विभक्ति रहित अनेक कर्त्ता और/या इसी अर्थ में व्यवहृत किसी अन्य अव्यय से संयुक्त हो, तो क्रिया प्रायः बहुवचन और पुल्लिंग होगी।

242. वचन की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है-
(a) प्रत्येक व्यक्ति यही कहेगा।
(b) हर एक कुआँ मीठे जल का नहीं होता।
(c) मैं उनकी सज्जनता पर मुग्ध हूँ।
(d) उसका प्राण निकल गया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'उसका प्राण निकल गया' वाक्य अशुद्ध है क्योंकि 'प्राण' शब्द बहुवचन होता है इसलिए शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा– उसके प्राण निकल गये।

243. वचन की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है-
(a) हाथियाँ आती है।
(b) लोग खड़ा है।
(c) प्रेम और हरि तुम्हारा मामा है।
(d) बालक पढ़ता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (*) वचन की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में तीनों वाक्य अशुद्ध हैं–'हाथियाँ आती है', 'लोग खड़ा है' तथा 'प्रेम और हरि तुम्हारा मामा है'। इनके शुद्ध रूप क्रमशः निम्नवत होने चाहिये–
- हाथी आते हैं।
- लोग खड़े हैं।
- प्रेम और हरि तुम्हारे मामा हैं।

'बालक पढ़ता है' केवल यही वाक्य वचन की दृष्टि से शुद्ध है।

निम्नलिखित वाक्यों के किस अंश में त्रुटि है?

244. असमय वर्षा/के कारण/अधिकतर फ़सल/नष्ट हो गई
(a) असमय वर्षा (b) के कारण
(c) अधिकतर फ़सल (d) नष्ट हो गई

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (c) असमय वर्षा/के कारण/अधिकतर फसल/नष्ट हो गई। इस वाक्य में 'अधिकतर फसल' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि 'अधिकतर' शब्द का प्रयोग बहुवचन बनाने के लिए होता है अतः शुद्ध रूप होगा–असमय वर्षा के कारण अधिकतर फसलें नष्ट हो गईं।

@RexstarPdf

245. 'अच्छाइयों को ग्रहण करो और बुराई का त्याग।' रेखांकित शब्द की त्रुटि सुधारें।

(a) बुराई (b) बुराइयो
(c) बुराइयों (d) बुरा

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (c) 'अच्छाइयों को ग्रहण करो और बुराई का त्याग'। इस वाक्य में रेखांकित शब्द 'बुराई' में त्रुटि है। इसका शुद्ध रूप होगा– ''अच्छाइयों को ग्रहण करो और बुराइयों का त्याग।''

246. 'मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिया।' इस त्रुटियुक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचानें।

(a) मैंने हस्ताक्षर कर दिया।
(b) मैंने अपने हस्ताक्षर कर दिए।
(c) मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिए।
(d) मैंने हस्ताक्षर कर दिए।

UPSI Batch - II 21 Dec.2017
SSC GD 07/03/2019, Sift-III

उत्तर. (d) : 'हस्ताक्षर' नित्य बहुवचन शब्द है, अतः क्रिया भी बहुवचन की होगी। इस त्रुटिपूर्ण वाक्य का शुद्ध रूप होगा– मैंने हस्ताक्षर कर दिए।

247. यह जूते अच्छे हैं। यह वाक्य कहाँ पर अशुद्ध है?

(a) यह (b) जूते
(c) अच्छे (d) अशुद्ध नहीं है

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : वाक्य में 'यह' शब्द अशुद्ध है। जब वाक्य में बहुवचन का प्रयोग हो रहा है, तो सर्वनाम भी बहुवचन होना चाहिए। अतः 'यह' के स्थान पर 'ये' होना चाहिए।

248. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) सारा राज्य उसके लिए थाती था।
(b) ऐसी एकाध बात और देखने में आती है।
(c) इन दोनों में केवल यही अंतर है।
(d) मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (c) : 'इन दोनों में केवल यही अंतर है'। इस वाक्य में वचन संबंधी अशुद्धि है अतः शुद्ध वाक्य होगा– इन दोनों में यही अंतर है।

249. निम्नलिखित में 'शुद्ध वाक्य' कौन सा है?

(a) आज रविवार का दिन है।
(b) वह अनेकों लोगों से मिल कर आ रहा है।
(c) अपनी स्वेच्छा से जाना है तो जाइये।
(d) चार आदमियों ने हरिद्वार की यात्रा की।

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'चार आदमियों ने हरिद्वार की यात्रा की।' शुद्ध वाक्य है। अन्य शुद्ध वाक्य इस प्रकार हैं-

- आज रविवार है।
- वह अनेक लोगों से मिलकर आ रहा है।
- स्वेच्छा से जाना है तो जाइये।

250. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन सा है ?

(a) उसने भगवान की मूर्ति का दर्शन किया।
(b) वह प्रातःकाल के समय घूमने जाता है।
(c) यह किसके हस्ताक्षर हैं?
(d) अध्यापक ने छात्रगणों को समझाया।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'यह किसके हस्ताक्षर हैं?' है। अन्य विकल्पों का शुद्ध वाक्य निम्न है।
A. उसने भगवान की मूर्ति के दर्शन किये।
B. वह प्रातःकाल घूमने जाता है।
D. अध्यापक ने छात्रों को समझाया।

251. दिए गए वाक्यों में से किस वाक्य में सही विभक्ति चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है?

(a) मैदान में कुछ बच्चे झूलों पर झूल रहे हैं।
(b) गेंद खेलने में अन्य लोगों पर चोट लग सकती है।
(c) मैदान में इस तरह गेंद से खेलना ठीक नहीं।
(d) कुछ बच्चों के हाथों में गेंद है।

SSC GD Constable 17-01-2023 -(5:15- 6:15 PM)

उत्तर : (b) : 'गेंद खेलने में अन्य लोगों पर चोट लग सकती है' वाक्य में सही विभक्ति चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है। इसका शुद्ध रूप है- गेंद खेलने में अन्य लोगों को चोट लग सकती है।

252. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?
सूर्य पूर्व पर उगता है।

(a) सूर्य (b) पर
(c) उगता (d) पूर्व

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (b) : सूर्य पूर्व पर उगता है। वाक्य के विकल्प (b) में त्रुटि है। इसका शुद्ध रूप है- सूर्य पूर्व में उगता है।

253. 'अचला नदी में पानी भरने गयी।'
उपरोक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रृटि पहचानकार निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) अचला नदी ने पानी भरने गयी।
(b) अचला नदी को पानी भरने गयी।
(c) अचला नदी के लिए पानी भरने गयी।
(d) अचला नदी से पानी भरने गयी।

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (d) : 'अचला नदी में पानी भरने गयी।' वाक्य में पद 'नदी में' कारक संबंधी त्रुटि है। इसका शुद्ध रूप हैं- अचला नदी से पानी भरने गयी।

254. निम्नलिखित वाक्य में किस प्रकार की त्रुटि है?
'इस प्रकार की निबंध में समाज का समग्र चित्र दिखाई देता है।'

(a) लिंग सम्बन्धी त्रुटि
(b) क्रिया सम्बन्धी त्रुटि
(c) अनुपयुक्त शब्द प्रयोग त्रुटि
(d) कारक सम्बन्धी त्रुटि

SSC GD CONS.- 24-01-2023 (2.30-3.30)

@RexstarPdf

उत्तर : (d): 'इस प्रकार की निबंध में समाज का समग्र चित्र दिखाई देता है' वाक्य में कारक संबंधी त्रुटि है। इसका शुद्ध रूप है- इस प्रकार के निबंध में समाज का समग्र चित्र दिखाई देता है।

255. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र को से ही संभव है।
(b) सभ्यता से विकास आदर्श चरित्र को संभव है।
(c) सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।
(d) सभ्यता को विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (c) सबसे शुद्ध वाक्य है अन्य वाक्यों में व्याकरणिक अशुद्धियाँ हैं।
शुद्ध वाक्य–: सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।

256. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो शुद्ध वाक्य का सही विकल्प है।

(a) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता पर कोई अर्थ नहीं।
(b) विनम्रता से बिना स्वतंत्रता पर कोई अर्थ नहीं।
(c) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं।
(d) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का सब अर्थ है।

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : ''विनम्रता के बिना स्वतन्त्रता का कोई अर्थ नहीं।'' शुद्ध वाक्य होगा जबकि अन्य वाक्य अशुद्ध हैं।

257. ''हनुमान ने संजीवनी बूटी से लक्ष्मण के लिए होश लाये।'' वाक्य में की त्रुटि का आधार पहचानिए।

(a) कारक (b) वचन
(c) विशेषण (d) लिंग

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में कारक 'की' विभक्ति में त्रुटि है। अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा– ''हनुमान, संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को होश में लाये।''

258. ''हमारा समाज उन्नति के पथ में है''-इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) वचन (b) कारक
(c) संज्ञा (d) लिंग

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्य में कारक संबंधी अशुद्धि है। दिये गये वाक्य में 'पथ में' प्रयोग किया गया है जिसके स्थान पर 'पथ पर' होना चाहिए। अतः शुद्ध वाक्य होगा – ''हमारा समाज उन्नति के पथ पर है।''

259. इनमें से एक वाक्य अशुद्ध है, वह है :

(a) मैं दर्शन करने आया हूँ।
(b) मैं अपनी बात का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार हूँ।
(c) लड़का मिठाई लेकर दौड़ता हुआ घर आया।
(d) वहाँ भीड़ लगी थी।

GIC. PGT 2015

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'मैं अपनी बात का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार हूँ' अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध वाक्य रूप होगा-'मैं अपनी बात के स्पष्टीकरण के लिए तैयार हूँ'। शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।

260. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य को चुनिए –

(a) राम रोटी खाया है। (b) राम ने रोटी खाया है।
(c) राम ने रोटी खाई है। (d) राम रोटी खा लिया है।

UP TGT 2004
डिप्टी जेलर परीक्षा -1991

उत्तर : (c) यदि किसी वाक्य में कर्ता 'ने' विभक्ति से युक्त हो और कर्म विभक्ति रहित हो, तो उस वाक्य की क्रिया कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार होगी। इसी नियम के अनुसार 'राम ने रोटी खाई है' वाक्य में कर्त्ता 'राम' के साथ 'ने' आया है' तथा कर्म 'रोटी' विभक्ति रहित है। अतः क्रिया कर्म रोटी के अनुसार स्त्रीलिंग एकवचन में 'खाई है' होगी।

निर्देशः निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में चार वाक्यांश दिए गए हैं। त्रुटिपूर्ण अंश के अनुसार (a), (b) (c) और त्रुटिरहित होने पर (d) पर चिह्न लगाएँ

261. विद्यालय में/जलपान को/ उत्तम प्रबंध है / कोई त्रुटि नहीं

(a) विद्यालय में (b) जलपान को
(c) उत्तम प्रबंध है (d) कोई त्रुटि नहीं

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015
SSC GD 12/02/2019, Shift-II

उत्तर : (b) 'विद्यालय में **जलपान का** उत्तम प्रबंध है' यह शुद्ध वाक्य है परन्तु उपर्युक्त वाक्य में 'जलपान को' लिखा है, जो शुद्ध नहीं है। यहाँ 'जलपान का' होना चाहिए।

262. वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए–

(a) समय का (b) सदुपयोग द्वारा
(c) मनुष्य देवता (d) बन जाता है

वन रक्षक परीक्षा, 2015
जू.इ./तकनीकी परीक्षा, 2016
SSC GD 15/02/2019, Shift-I

उत्तर : (a) शुद्ध वाक्य है **'समय के** सदुपयोग द्वारा मनुष्य देवता बन जाता है।'' **समय का** के स्थान पर **समय के** शुद्ध होगा।

263. 'श्याम जल से पौधे सींच रहा है' वाक्य का शुद्ध रूप होगा–

(a) श्याम पौधे को जल से सींच रहा है।
(b) पौधे का जल से सींच रहा है श्याम।
(c) श्याम पौधे सींच रहा है।
(d) जल से सींच रहा है श्याम पौधे को।

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर: (c) दिये गये वाक्यों में 'श्याम पौधे सींच रहा है' शुद्ध वाक्य है। यह प्रमाणित है कि सींचने का कार्य जल से ही होता है, किसी अन्य पदार्थ से नहीं ऐसी दशा में अन्य सभी वाक्यों में 'जल' का प्रयोग निरर्थक व दोषपूर्ण है।

264. नीचे दिए गए वाक्य के त्रुटिपूर्ण खण्ड को चिह्नित कीजिए, यदि कोई त्रुटि न हो तो (D) भाग को चिह्नित कीजिए।

पुलिस द्वारा चोरी / का माल बरामद /
(a) (b)
हो गया है / कोई त्रुटि नहीं /
(c) (d)

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (a) शुद्ध वाक्य होगा- 'पुलिस को चोरी का माल बरामद हो गया।' भाग-(a) में 'द्वारा' के स्थान पर 'को' का प्रयोग उचित है।

265. निम्नलिखित वाक्य के कौन-से हिस्से में त्रुटि रह गयी है?
हर युग से जनता रामराज्य के आने के स्वप्न देखती आई है।

(a) देखती आई है। (b) हर युग से
(c) जनता रामराज्य के (d) आने के स्वप्न

UPSI Batch - I 12 Dec.2017
SSC GD 13/02/2019, Shift-II

उत्तर. (b) : प्रश्नगत वाक्य में अशुद्ध भाग के रूप में 'हर युग से' को चिह्नित किया गया है। अतः इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार होगा – 'हर युग में जनता रामराज्य के आने का स्वप्न देखती आयी है।'

266. विकल्पों में वर्णित वाक्यों में से गलत वाक्य कौन सा है?

(a) हमें उपलब्ध सभी सुख सुविधाएँ विज्ञान की ही देन हैं।
(b) विज्ञान ने हमें जादू नगरी में पहुँचा दिया है।
(c) जिधर दृष्टि डालो, विज्ञान के चमत्कार दिखायी पड़ते हैं।
(d) विज्ञान से अनेक असंभव लगने वाली बातों को संभव कर दिखाया है।

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) प्रस्तुत विकल्पों में 'विज्ञान से अनेक असंभव लगने वाली बातों को संभव कर दिखाया है।' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप निम्नवत् है– 'विज्ञान ने अनेक असंभव लगने वाली बातों को संभव कर दिखाया है।'

267. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है, पहचानिए–
महादेवी वर्मा को आधुनिक हिन्दी के सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण 'आधुनिक मीरा' के नाम से भी जाना जाता है।

(a) 'आधुनिक मीरा' के नाम
(b) से भी जाना जाता है
(c) महादेवी वर्मा को आधुनिक हिन्दी के सबसे सशक्त कवयित्रियों
(d) में से एक होने के कारण

UPSI Batch - I 14 Dec.2017
SSC GD 19/02/2019, Shift-I

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में अशुद्ध भाग है– महादेवी वर्मा को 'आधुनिक हिन्दी के सबसे सशक्त कवयित्रियों'। इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार है– ''महादेवी वर्मा को आधुनिक हिन्दी की सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण 'आधुनिक मीरा' के नाम से भी जाना जाता है।''

268. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है, पहचानिए–

(a) शादी के कार्यक्रम दस दिनों तक चलता रहा।
(b) भारतीय परंपरा के अनुसार मनुष्य को परम सत्ता का साक्षात् ज्ञान हो सकता है।
(c) जब जातिवाद पनपता है, तो वह किसी दूसरी जाति के खिलाफ ही पनपता है।
(d) महाभारत हिन्दुओं का एक प्रमुख काव्य ग्रंथ है।

UPSI Batch - I 15 Dec.2017
SSC GD 13/02/2019, Shift-II

उत्तर : (a) दिये गये वाक्यों में 'शादी के कार्यक्रम दस दिनों तक चलता रहा।' वाक्य अशुद्ध है। इस वाक्य में 'शादी के' स्थान पर 'शादी का' होना चाहिए। अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा– 'शादी का कार्यक्रम दस दिनों तक चलता रहा।'

269. निम्न वाक्य में कौन से हिस्से में त्रुटि रह गयी है?
करवा चौथ के व्रत की पूर्ण वर्णन वामन पुराण में किया गया है।

(a) करवा चौथ के (b) में किया गया है
(c) व्रत की पूर्ण (d) वर्णन वामन पुराण

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) प्रश्नगत वाक्य में अशुद्ध भाग के रूप में 'व्रत की पूर्ण' को चिह्नित किया गया है। इस वाक्य का शुद्ध रूप निम्नवत् है– 'करवा चौथ के व्रत का पूर्ण वर्णन वामन पुराण में किया गया है।'

270. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिये।

(a) वे भारत के भावी प्रधानमंत्री हैं।
(b) वह दण्ड देने योग्य है।
(c) वह सोमवार को आयेगा।
(d) उसकी कमीज नई है।

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'वह दण्ड देने योग्य है।' वाक्य अशुद्ध है, जिसका शुद्ध रूप है– वह दण्ड के योग्य है। शेष वाक्य शुद्ध हैं।

271. निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
रूस का समुद्र किनारे जमा हो रहे बर्फ के इन गोलों का रहस्य क्या है?

(a) बर्फ के इन गोलों का (b) रूस का समुद्र किनारे
(c) जमा हो रहे (d) रहस्य क्या है?

UPSI Batch - III 15 Dec.2017
SSC GD 15/02/2019, Shift-II

उत्तर. (b) : प्रश्नगत वाक्य में अशुद्ध भाग है 'रूस का समुद्र किनारे'। इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार है– 'रूस के समुद्र किनारे जमा हो रहे बर्फ के इन गोलों का रहस्य क्या है?'

272. निम्नलिखित में से विभक्ति सम्बन्धी त्रुटि वाला वाक्य पहचानिए।

(a) रामा घर को जाती हैं।
(b) राधा बाजार जाती है।
(c) राधिका पुस्तक पढ़ रही है।
(d) राम घर जाता है।

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में ''रामा घर को जाती है।'' अशुद्ध वाक्य है। शुद्ध वाक्य होगा रामा घर जाती है,–वाक्य में 'को' विभक्ति चिह्न का प्रयोग निरर्थक एवं त्रुटिपूर्ण है। शेष विकल्प वाक्य उचित रूप में हैं।

273. दिए गए वाक्यों में त्रुटिहीन वाक्य कौन-सा है?

(a) शरीर से ताकत होनी चाहिए।
(b) शरीर के अंदर ताकत होनी चाहिए।
(c) शरीर में ताकत होनी चाहिए।
(d) शरीर पर ताकत होनी चाहिए।

SSC GD 05/03/2019, Shift-II
UPSI Batch- II 22.Dec.2017
UPSI Batch - I 22 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (c) : दिये गये वाक्यों में 'शरीर में ताकत होनी चाहिए।' वाक्य त्रुटिहीन है। शेष सभी वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

274. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
आधी रात से सोने के कीमत में भी उछाल आया है।
(a) आधी रात से (b) सोने के कीमत
(c) उछाल आया है। (d) में भी भारी

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में 'सोने के कीमत' इस भाग में त्रुटि है। अतः वाक्य का शुद्ध रूप है– ''आधी रात से सोने की कीमत में भी उछाल आया है।''

275.'अपने हाथ से स्वयं काम करो' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?
(a) अपना काम स्वयं करो।
(b) अपने से अपना काम करो।
(c) स्वयं से काम करो।
(d) हाथ से अपना काम करो।

UP TGT 2011
SSC GD 15/02/2019, Shift-II

उत्तर : (a) 'अपने हाथ से स्वयं काम करो' वाक्य का शुद्ध रूप 'अपना काम स्वयं करो' होगा। यह स्वयंसिद्ध है कि काम हाथ से ही किया जाता है। अतः 'हाथ से' का प्रयोग निरर्थक है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

276. 'तुलसीदास ने अवधी भाषा में अनेकों ग्रन्थ लिखे हैं' में अशुद्धि पहचानिए।
(a) ने (b) अवधी भाषा में
(c) अनेकों (d) सही है

[UPSI 19.07.2017 Shift II]
UP Ro (Pre) 2014

उत्तर. (c) : 'अनेक' स्वयं बहुवचन है। अतः अनेकों के स्थान पर 'अनेक' शब्द होगा। इस प्रकार शुद्ध वाक्य होगा– तुलसीदास ने अवधी भाषा में अनेक ग्रन्थ लिखे हैं।

277. निम्नलिखित में से किस वाक्य में कारक संबंधी अशुद्धि है?
(a) पिताजी ने मुझसे कहा।
(b) बन्दर पेड़ पर बैठे है।
(c) यह समाचार दूरदर्शन में प्रसारित हुआ था।
(d) चार बजने में दस मिनट है।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020
SSC GD 08/02/2019, Shift-II

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में कारक संबंधी अशुद्धि 'यह समाचार दूरदर्शन में प्रसाारित हुआ था।' में है। यहाँ के स्थान पर 'से' होगा। जैसे-यह समाचार दूरदर्शन से प्रसारित हुआ था। शेष विकल्प शुद्ध हैं।

278. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) गया था मैं कानपुर। (b) मैं कानपुर गया।
(c) मैं कानपुर गया हूँ। (d) मैं कानपुर गया था।

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'मैं कानपुर गया था।' वाक्य शुद्ध है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

279. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से दिए गए वाक्य का सही काल वाला विकल्प पहचानिए।
दीपा पौधों को पानी दे रही थी।
(a) अपूर्ण भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल
(c) पूर्ण भूतकाल (d) संदिग्ध भूतकाल

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य 'दीपा पौधों को पानी दे रही थी।' में वाक्य का सम्यक् काल अपूर्ण भूतकाल के रूप में प्रस्तुत है। अपूर्ण भूतकाल के अन्तर्गत क्रिया भूतकाल में तो होती है, परन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं चलता। उपर्युक्त वाक्य में 'दीपा ने पौधों को पानी देना कब समाप्त किया।'' यह प्रश्न अनुत्तरित है।

280. निम्न में से कौन सा वाक्य काल संबंधी शुद्ध वाक्य है?
(a) आज हम चाय नहीं पिए।
(b) हम खाना खा लिए हैं।
(c) हमें दिल्ली जाना है।
(d) मैं आज नाश्ता नहीं किया।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'हमें दिल्ली जाना है।' है। अन्य विकल्पों के शुद्ध वाक्य निम्न हैं।
A. आज मैं चाय नहीं पिया।
B. मैं खाना खा लिया हूँ।
D. मैने आज नाश्ता नहीं किया।

281. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि से शुद्ध है?
(a) सुमन के अनुसार शत्रुत्व अच्छे नहीं है।
(b) सुमन के अनुसार शत्रुपण अच्छा नहीं है।
(c) सुमन के अनुसार शत्रुता अच्छी नहीं है।
(d) सुमन के अनुसार शत्रु अच्छी नहीं है।

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)

उत्तर : (c) : सुमन के अनुसार शत्रुता अच्छी नहीं है। वाक्य संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि शुद्ध है।

282. निम्न वाक्य में द्रव्य वाचक संज्ञा का गलत प्रयोग हुआ है। त्रुटि पहचानिए। घर में घी पीसा गया।
(a) पीसा (b) गया
(c) घी (d) घर में

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (c) : घर में घी पीसा गया। वाक्य में द्रव्यवाचक संज्ञा 'घी' का गलत प्रयोग किया गया है। शुद्ध रूप होगा घर में हल्दी पीसा गया क्योंकि 'घी' पीसा नहीं जाता 'घी' बनाया जाता है।

283.निम्नलिखित में एक वाक्य अशुद्ध है–
(a) हम लोग आपका आभार मानते हैं।
(b) तुमने उसे बैठने को क्यों नहीं कहा?
(c) अगले शनिवार को शीला छुट्टी पर रहेगी।
(d) वह कमरे में जाकर सो गया है।

(UP NT Exam. 2008)
SSC GD 03/03/2019, Shift-I

@RexstarPdf

उत्तर: (a) दिये गये वाक्यों में 'हम लोग आपका आभार मानते हैं' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'हम आपका आभार मानते हैं'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

284.निम्नलिखित में एक वाक्य अशुद्ध है–

(a) उसका कहना था कि आप उसे जानते हैं।
(b) राम गाते-गाते सरोवर तक गया।
(c) वह प्रायः मेरे यहाँ आता था।
(d) आम सभा में प्रतिनिधि उपस्थित थे।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (d) दिये गये वाक्यों में 'आम सभा में प्रतिनिधि उपस्थित थे' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'सभा में प्रतिनिधि उपस्थित थे'। ध्यातव्य है कि 'आम सभा' में सामान्य लोग उपस्थित होते हैं। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

285. दिए गये चार वाक्यों में से एक हिन्दी व्याकरण वाक्य रचना के अनुसार शुद्ध नहीं है। सही विकल्प का चुनाव करें–

(a) हम तो आज भी उसका इन्तजार कर रहे हैं।
(b) वहाँ आज तक कोई नहीं गया।
(c) जल्दी करो आठ बजने को सिर्फ दस मिनट हैं।
(d) दूसरों की बुराई करने से क्या होगा?

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों में 'जल्दी करो आठ बजने को सिर्फ दस मिनट हैं।' वाक्य गलत है, जिसका शुद्ध रूप है– 'आठ बजने **में** दस मिनट हैं।'

286. कल जो आदमी को/आपने बुलाया था/वह आज/ आ गया है।

(a) कल जो आदमी को (b) आपने बुलाया था
(c) वह आज (d) आ गया है

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (a) 'कल जो आदमी को' वाक्य का यह भाग त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर 'कल जिस आदमी को' का प्रयोग होगा। 'जो' का प्रयोग त्रुटिपूर्ण है। अतः सम्यक वाक्य होगा–'कल जिस आदमी को आपने बुलाया था, वह आज आ गया है।'

287. ''वह, तुम और हम बाजार जाएँगे'' वाक्य को शुद्ध कीजिए।

(a) तुम, वह और हम बाजार जाएँगे।
(b) वह, तुम और हम बाजार जाएँगे।
(c) हम, तुम और वह बाजार जाएँगे।
(d) वह, हम और तुम बाजार जाएँगे।

UPSI Batch - II 16 Dec.2017
SSC GD (CRPF) 04/10/2015, Shift-I

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्य ''वह, तुम और हम बाजार जाएँगे'' का शुद्ध रूप इस प्रकार है, तुम, वह और हम बाजार जायेंगे। शेष त्रुटिपूर्ण वाक्य हैं। कामता प्रसाद गुरु का मत है कि पहले मध्यम पुरुष प्रयुक्त होता है उसके बाद अन्य पुरुष और अंत में उत्तम पुरुष का प्रयोग होता है। यदि वाक्य में तीनों पुरुष एक साथ कर्त्ता बनकर आते हैं तो क्रिया उत्तम पुरुष के अनुसार होगी।

288. सभी मिलकर स्कूल जाता है।–वाक्य का शुद्ध रूप होगा–

(a) सभी मिलकर स्कूल गए।
(b) सभी मिलकर साथ स्कूल जाते हैं।
(c) सभी मिलकर स्कूल जाते हैं।
(d) सभी साथ स्कूल जाते हैं।

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (d) : सभी मिलकर स्कूल जाता है। वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'सभी साथ स्कूल जाते हैं।' होगा।

289. निम्नलिखित में से 'सम्बन्धवाचक सर्वनाम' सम्बन्धी अशुद्धि वाले वाक्य की पहचान कीजिए।

(a) यह वह आदमी है, जिसका पुत्र परीक्षा में अव्वल आया है।
(b) जो मेहनत करते हैं, वे सफल होते हैं।
(c) यह वहीं फिल्म है, जिसे तुम देखना चाहते हो।
(d) मेरी वह किताब खो गयी एक मैंने कल पुस्तक मेले से खरीदा था।

SSC GD Constable 16.01.2022(9:00-10.00 am)

उत्तर : (d) : मेरी वह किताब खो गयी एक मैंने कल पुस्तक मेले से खरीदा था। वाक्य संबंधवाचक सर्वनाम की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा - मेरी वह किताब खो गयी जिसे मैंने कल पुस्तक मेले में खरीदा था।

290. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सर्वनाम शब्द त्रुटिपूर्ण है?

(a) तुम तो बहुत व्यस्त हो।
(b) उसने अपने माली को काम से निकाल दिया।
(c) हमारे से अब यह सब नहीं होता।
(d) आप लोग बहुत बड़े आदमी हैं।

SSC GD Constable 13-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (c) : हमारे से अब यह सब नहीं होता। वाक्य में 'हमारे' सर्वनाम शब्द त्रुटिपूर्ण है। इसका शुद्ध रूप होगा- 'हमसे अब यह सब नहीं होता।'

291. ''घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसको विचार किया।'' इस वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसमें विचार किया।
(b) घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इस पर विचार किया।
(c) घर के सभी सदस्यों मिलकर इस पर विचार किया।
(d) घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसे विचार किया।

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (b) : 'घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इसको विचार किया।' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप होगा- घर के सभी सदस्यों ने मिलकर इस पर विचार किया।

292. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो शुद्ध वाक्य का सही विकल्प है।

(a) मेको यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोला जाए।
(b) मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोला जाए।
(c) मेरो यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोलू जाए।
(d) मुझे यह अच्छा नहीं लगता की आहिस्ता बोला जाए।

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिए गए विकल्प में शुद्ध वाक्य होगा - 'मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोला जाए।

293. इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) मेरा यहाँ कोई काम नहीं है।
(b) तुम्हे हम अब नही समझा सकूँगी।
(c) उससे बोलकर मैं थक गया
(d) उसके बाद मेरा काम कर दीजिए

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : विकल्प (b) में दिया गया वाक्य 'तुम्हे हम अब नहीं समझा सकूँगी' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'तुम्हें मैं अब नहीं समझा सकूँगी'।
अन्य विकल्पों में दिए गए वाक्य शुद्ध हैं।

294. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) सीमा अपने से ही चली गई।
(b) सीमा खुद चली गई।
(c) सीमा आपके आप चली गई।
(d) सीमा अपने-आप चली गई।

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'सीमा अपने-आप चली गई।' है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

295. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य को पहचानिए:

(a) श्रीमती गाँधी भारत की प्रधानमंत्री थीं।
(b) मेरे ऊपर कृपा करें।
(c) मेरे घर के सामने पाठशाला है।
(d) वहाँ भारी भीड़ थी।

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'मेरे ऊपर कृपा करें' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध वाक्य 'मुझ पर कृपा करें' होगा जबकि अन्य सभी शुद्ध वाक्य हैं।

296. तुमको मुझे पढ़ाना है।
अशुद्ध अंश को पहचानिए:

(a) तुमको (b) मुझे
(c) पढ़ाना (d) है।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) 'तुमको मुझे पढ़ाना है' वाक्य का अशुद्ध अंश 'तुमको' है। इसके स्थान पर 'तुम्हें' प्रयुक्त होगा। इस प्रकार शुद्ध वाक्य होगा- तुम्हें मुझे पढ़ाना है।

297. कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) मैंने नहाकर पूजा की। (b) मैंने नहा लिया है।
(c) मैंने नहाना है। (d) मैंने स्नान नहीं किया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014
SSC GD 01/03/2019, Shift-I

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में से 'मैने नहाना है।' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'मुझे नहाना है।' होगा।

298. 'मैंने यह काम कर लेना चाहिए' वाक्य में अशुद्ध अंश है–

(a) मैंने (b) यह
(c) काम (d) कर लेना चाहिए

UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift
व्यायाम प्रशिक्षक 16.07.2018 प्रथम पाली

उत्तर : (a) 'मैंने यह काम कर लेना चाहिए' वाक्य में अशुद्ध अंश 'मैंने' है। यहाँ 'मैंने' के जगह 'मुझे' होना चाहिए। अतः शुद्ध वाक्य होगा– 'मुझे यह काम कर लेना चाहिए।'

299. ''मेरे को बाज़ार जाना है। वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) वचन (b) सर्वनाम
(c) संज्ञा (d) लिंग

UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) प्रश्नगत वाक्य में सर्वनाम की अशुद्धि है, जिसका सही रूप है– 'मुझे बाजार जाना है।'

300. दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य बताइए।

(a) उनका अंग–अंग काटा गया।
(b) उसका अंग–अंग काटा गया।
(c) उनके अंग–अंग काटे गये।
(d) उसके अंग–अंग काटे गए।

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य है–''उसके अंग-अंग काटे गए।'' 'उनका अंग-अंग काटा गया' वाक्य कर्त्ता और क्रिया के वचन में भेद होने के कारण त्रुटिपूर्ण है। वाक्य में लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार कर्त्ता-क्रिया का परस्पर संबंध होने चाहिए अन्यथा वाक्य त्रुटिपूर्ण होता है।

301. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य का चुनाव कीजिए।

(a) हमें किसी से कुछ नहीं कहना।
(b) मुझे वही सामान लेना है।
(c) कल तुमको कहाँ जाना है।
(d) जिसे देखो, वह व्यस्त है।

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'कल तुमको कहाँ जाना है।' वाक्य त्रुटिपूर्ण है। 'तुमको' के स्थान पर 'तुम्हें' एवं पूर्णविराम (।) के स्थान पर प्रश्नवाचक (?) चिह्न प्रयुक्त होगा। शुद्ध वाक्य इस प्रकार बनेगा–'कल तुम्हें कहाँ जाना है?'

302. 'मेरे से पढ़ा नहीं जाता।' इस त्रुटियुक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचानें।

(a) मेरे को पढ़ा नहीं जाएगा।
(b) मैंने पढ़ा नहीं जा रहा।
(c) मुझे पढ़ा नहीं जाएगा।
(d) मुझसे पढ़ा नहीं जाता।

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों में वाक्य 'मेरे से पढ़ा नहीं जाता' त्रुटिपूर्ण वाक्य है इसका शुद्ध रूप 'मुझसे पढ़ा नहीं जाता' होगा।

303. ''उन्होंने कहाँ जाना है?'' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) सर्वनाम सम्बन्धी (b) संज्ञा सम्बन्धी
(c) क्रिया सम्बन्धी (d) विशेषण सम्बन्धी

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) : 'उन्होंने कहाँ जाना है'। वाक्य में सर्वनाम संबंधी अशुद्धि है, जिसका शुद्ध रूप 'उसे कहाँ जाना है?' है।

@RexstarPdf

304. 'मैंने घर जाना था।' वाक्य में अशुद्ध अंश है–

(a) मैंने (b) घर
(c) जाना (d) था

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)
SSC GD 08/03/2019, Shift-II

उत्तर : (a) 'मैंने घर जाना था।' वाक्य में अशुद्ध अंश 'मैंने' है। इस वाक्य में 'मैंने' की जगह 'मुझे' शब्द प्रयुक्त होगा। अत: शुद्ध वाक्य– 'मुझे घर जाना था।' होगा।

305. इनमें अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) सप्रमाण उत्तर दीजिए।
(b) शीला ने मोतियों की एक माला खरीदी।
(c) मुझसे यह काम संभव नहीं है।
(d) मैंने अभी बाज़ार जाना है।

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'मैंने अभी बाज़ार जाना है' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा-'मुझे अभी बाजार जाना है।' अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

306. शुद्ध वाक्य निर्दिष्ट कीजिए।

(a) हम कहता हूँ आप बैठ जाओ।
(b) मैं कहते हैं आप सब बैठ जाओ।
(c) मैं कहता हूँ आप सब बैठो न।
(d) मैं कहता हूँ आप सब बैठ जाइए।

[UPPSC AE 2008]
SSC GD 05/03/2019, Shift-II

उत्तर. (d) : मै कहता हूँ आप सब बैठ जाइए। शुद्ध वाक्य है।

307. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि है?

(a) वह एक भले आदमी हैं।
(b) इस गाँव में बाढ़ से क्षति हुई।
(c) यह डाल बहुत मोटी है।
(d) सबसे मीठा बोलो।

SSC GD Constable 17-01-2023 -(5:15- 6:15 PM)

उत्तर : (b) : इस गाँव में बाढ़ से क्षति हुई। वाक्य में विशेषण संबंधी अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप होगा- इस गांव में बाढ़ से बहुत क्षति हुई।

308. इनमें से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) आज अधिक सरदी है (b) आज बेशुमार सर्दी है
(c) आज बेहद सर्दी है (d) आज अनाधिक सरदी है

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'आज बेहद सर्दी है।' यह वाक्य व्याकरण एवं वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

309. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए:

(a) मैंने आपके लिए शहर के अच्छी होटल से खाना मँगवाया है।
(b) हेमा मुझसे प्यार करती है।
(c) गीता अच्छी पुस्तक है।
(d) संजय देखने में सुन्दर लगता है।

KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : दिये गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है- मैंने आपके लिए शहर के अच्छी होटल से खाना मँगवाया है।'' जबकि इसका शुद्ध वाक्य होगा - मैनें आपके लिए शहर के अच्छे होटल से खाना मँगवाया है।

निम्नलिखित प्रश्न में तीन वाक्यांश दिये गये हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

310. (a) पल्स-पोलियो से बचाव के लिए
(b) सबसे सरलतम उपाय
(c) शिशुओं को निरोधक खुराक देना है
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) इस वाक्यांश का सही रूप 'पल्स पोलियो से बचाव के लिए सरलतम उपाय शिशुओं को निरोधक खुराक देना है' होगा। यहाँ 'सबसे' का प्रयोग निरर्थक है।

निम्नलिखित प्रश्न में तीन वाक्यदांश दिये गये हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

311. (a) हमारी दुग्धशाला में शुद्ध गाय का घी बिकता है
(b) मिलावट सिद्ध करने पर
(c) पाँच हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त करें।
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) वाक्यांश 'हमारी दुग्धशाला में शुद्ध गाय का घी बिकता है' में त्रुटि है जिसका शुद्ध रूप है - 'हमारी दुग्धशाला में गाय का शुद्ध घी मिलता है'। अन्य वाक्यांश शुद्ध हैं।

312. निम्नलिखित में एक वाक्य शुद्ध नहीं है–

(a) उसने केवल मुझे निमंत्रित किया।
(b) सभी को देश की संस्कृति का सम्मान करना चाहिए।
(c) आपने उसे टका सा जवाब दे दिया।
(d) शिष्य गुरू जी के पैर में गिर पड़े।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (d) दिये गये वाक्यों में 'शिष्य गुरू जी के पैर में गिर पड़े' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'शिष्य गुरु जी के चरणों पर गिर पड़े'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

313. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
मृत्यु के मुख में जा रहा व्यक्ति सदैव सच को बोलता है।

(a) जा रहा व्यक्ति (b) मृत्यु के मुख में
(c) बोलता है (d) सदैव सच को

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) प्रश्नगत वाक्य में अशुद्ध भाग के रूप में 'सदैव सच को' चिह्नित किया गया है। जबकि इस वाक्य का शुद्ध रूप निम्नवत् है– 'मृत्यु के मुख में जा रहा व्यक्ति सदैव सत्य बोलता है।'

314. ''बगीचे की सुंदरता अनूठा है।'' सही वाक्य का चयन करें।

(a) बगीचे की सुंदरता अनूठा है।
(b) बगीचे का सुंदरता अनूठी है।
(c) बगीचे की सुंदरता अनूठी है।
(d) बगीची की सुंदरता अनूठा है।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (c) प्रश्नगत वाक्य 'बगीचे की सुंदरता अनूठा है।' त्रुटिपूर्ण है जिसका शुद्ध रूप होगा 'बगीचे की सुंदरता अनूठी है।' शेष सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

315. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) यह एक गंभीर समस्या है।
(b) मुझे बड़ी भूख लगी है।
(c) मैंने राम से पूछा।
(d) वह घर गया।

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (b) : वाक्य 'मुझे बड़ी भूख लगी है, व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है, यहाँ पर 'बड़ी' के स्थान पर 'बहुत' शब्द का प्रयोग होगा। अतः वाक्य बनेगा 'मुझे बहुत भूख लगी है'। शेष सभी विकल्प शुद्ध हैं।

316. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में क्रिया सम्बन्धी अशुद्धि है?

(a) आप वहाँ जाने सकेंगे।
(b) मैंने उस पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए।
(c) उसका कहना था कि आप उन्हें जानते हैं।
(d) वह भोजन कर चुका है।

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (a) : 'आप वहाँ जाने सकेंगे।' वाक्य में क्रिया संबंधी अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप होगा- आप वहाँ जा सकेंगे।

317. इसमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) रमेश धीरे-धीरे भोजन करता है
(b) रमेश धीरे-धीरे भोजन क्यों नहीं करता है?
(c) तुम्हारा काम जल्दी हो जाएगा।
(d) मैं खाया हूँ

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : वाक्य 'मैं खाया हूँ' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'मैं खा चुका हूँ।' होगा शेष वाक्य शुद्ध हैं।

318. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मोहन सुबह ही पटना सिधार गया
(b) मोहन सुबह ही पटना चला गया
(c) मोहन सुबह ही पटना को चला गया
(d) मोहन सुबह ही पटना में पधार गया

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) शुद्ध वाक्य है- मोहन सुबह ही पटना चला गया। शेष दिये गए विकल्प अशुद्ध वाक्य हैं।

319. निम्न में अशुद्ध वाक्य बताइए –

(a) पुस्तक मेज पर रखी है।
(b) कच्चे तेल की कीमत घट गया है।
(c) यह मेरे सपनों का है।
(d) कानपुर भारत की औद्योगिक राजधानी है।

UP TGT 2010

उत्तर : (b) कच्चे तेल की कीमत घट गया है अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध वाक्य होगा 'कच्चे तेल की कीमतें घट गयी हैं', जबकि अन्य तीनों वाक्य सही हैं।

निर्देश - निम्नलिखित प्रश्न में तीन वाक्य दिए गए हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनिए और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाइए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाइए।

320.(a) जब मोहन सभा स्थल (b) पर पहुँचा तब सभा
(c) विसर्जन हो चुकी थी (d) कोई त्रुटि नहीं

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'जब मोहन सभा स्थल पर पहुँचा तब सभा विसर्जित हो चुकी थी' शुद्ध वाक्य होगा। अतः विसर्जन (संज्ञा) की जगह 'विसर्जित' क्रिया (विशेषण) होगा।

321. ''मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।'' शुद्ध वाक्य चुनिए –

(a) मैं आपका श्रद्धा करता हूँ।
(b) मैं आप पर श्रद्धा करता हूँ।
(c) मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ।
(d) आपकी मैं श्रद्धा करता हूँ।

SSC GD 06/03/2019, Shift-I
SSC GD 18/02/2019, Shift-I
UPSI Bath-II 16 Dec. 2017
UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ।' शुद्ध वाक्य है। श्रद्धा, भक्ति आदि के साथ 'करना' क्रिया उपयुक्त नहीं होती बल्कि 'रखना' क्रिया सटीक रूप से प्रयुक्त होती है।

322. मुझे/रेलगाड़ी में यात्रा करना/अच्छी लगती है/कोई त्रुटि नहीं।

(a) मुझे (b) रेलगाड़ी में यात्रा करना
(c) अच्छी लगती है (d) कोई त्रुटि नहीं

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यांशों में 'अच्छी लगती है' त्रुटिपूर्ण है। इसमें क्रिया के लिंग संबंधी त्रुटि है। शुद्ध वाक्य होगा–मुझे रेलगाड़ी में यात्रा करना अच्छा लगता है।

323. मुझे कल/दो किलो/लीची खरीदने हैं/कोई त्रुटि नहीं।

(a) मुझे कल (b) दो किलो
(c) लीची खरीदने हैं (d) कोई त्रुटि नहीं

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) इस वाक्यांश का सही रूप है- 'मुझे कल दो किलो लीची खरीदनी है' न कि लीची खरीदने हैं।

324.निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य अशुद्ध है-

(a) कवि ने संपादक को एक कविता भेजी।
(b) अध्यापक ने शिष्य से प्रश्न पूछा।
(c) बच्चे ने कहा था, पर आप ने नहीं सुना।
(d) अमित ने जेब से दस रुपये का नोट निकाला।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (b) दिये गये वाक्यों में 'अध्यापक ने शिष्य से प्रश्न पूछा' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'अध्यापक ने शिष्य से प्रश्न किया'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

325. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य अशुद्ध है :

(a) काशी सदैव से भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है।
(b) गाँधीजी का चरखा चलाना 'स्वदेशी' का प्रतीक था।

@RexstarPdf

(c) वन-जीवन के कष्टों का भय भी सीता को राम के अनुगमन से रोक नहीं सका।
(d) अपनी कुशल रणनीति से शिवाजी ने विपक्षियों के छक्के छुड़ा दिये थे।

UP RO (Main), 2014

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में 'काशी सदैव से भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है' अशुद्ध वाक्य है क्योंकि इस वाक्य में 'काशी' शब्द कर्त्ता है जो सदैव स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होता है। अतः 'रहा है' के स्थान पर 'रही है' होना चाहिए। शेष सभी शुद्ध वाक्य हैं।

326. दिए गए चार वाक्यों में से केवल एक हिन्दी व्याकरण वाक्य रचना के अनुसार शुद्ध नहीं है। सही विकल्प का चुनाव करें।
(a) सबके सामने पोल खुलते हि मानों उसपर घड़ों पानी गिर गया।
(b) जब देखो तब वह अपनी बहादुरी के किस्से ही सुनाता रहता है।
(c) हमें जल्द से जल्द यहाँ से निकल जाना चाहिए।
(d) क्या तुम अब भी उसकी बातों पर यकीन करोगे?

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) दिये गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है– ''सबके सामने पोल खुलते हि मानों उस पर घड़ों पानी गिर गया।'' जिसका शुद्ध रूप इस प्रकार है– ''सबके सामने पोल खुलते ही मानों उस पर घड़ों पानी पड़ गया।''

327. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया संबंधित शुद्ध वाक्य बताइए।
(a) वह सोते-सोते जाग पड़ा।
(b) वे सोता-सोता जाग पड़ा।
(c) वह सोते-साते जाग पड़ा।
(d) वह सो-सो कर जाग पड़ा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'वह सोते–सोते जाग पड़ा' वाक्य क्रिया सम्बन्धित शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

328. आपने इनकी/बात सुन ली/अब मेरी भी/सुनने की कृपा करो
(a) आपने इनकी (b) बात सुन ली
(c) अब मेरी भी (d) सुनने की कृपा करो

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (d) प्रश्नगत वाक्यांश 'सुनने की कृपा करो' के स्थान पर 'सुनने की कृपा कीजिए' होगा क्योंकि सम्मान प्रकट करने के लिए बहुवचन का प्रयोग होता है और वाक्य का प्रारम्भ सम्मानजनक शब्द 'आपने' से हुआ है। अतः वाक्य का शुद्ध रूप होगा–'आपने इनकी बात सुन ली, अब मेरी भी सुनने की कृपा कीजिए।'

329. कौन–सा वाक्य अशुद्ध है?
(a) नहीं, आज समय नहीं है
(b) आप हमारे घर कब आओगे?
(c) मैं कल आऊँगा।
(d) आज नहीं आ सकते क्या ?

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (b) उपर्युक्त विकल्प में 'आप हमारे घर कब आओगे? अशुद्ध वाक्य है। इस वाक्य का शुद्ध रूप– 'आप हमारे घर कब आयेंगे?' होगा।

330. ''आप निःसंकोच चले जाओ।'' इस वाक्य की त्रुटि सुधारने के लिए निम्न में से सही वाक्य छाँटे।
(a) तुम निःसंकोच चले जाइए।
(b) आप निःसंकोच चला जाओ।
(c) आप निःसंकोच चले जाइए।
(d) आप निःसंकोच चले जाइगा।

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (c) 'आप निःसंकोच चले जाइए।' इस वाक्य की त्रुटि सुधारने के लिए निम्न में से सही वाक्य होगा – 'आप निः संकोच चले जाइए।' जबकि शेष वाक्य शुद्ध हैं।

331. नीचे दिए गए 4 वाक्यों में से गलत वाक्य की पहचान कीजिए।
(a) कुत्ता चिल्ला रहा है।
(b) नदियाँ गा रही हैं।
(c) कोयल कूक रही है।
(d) घोड़ा हिनहिना रहा है।

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में वाक्य 'कुत्ता चिल्ला रहा है' गलत है क्योंकि कुत्ता चिल्लाता नहीं, भौंकता है। अन्य विकल्पों में जन्तुओं की ध्वनियाँ सम्बन्धित जन्तुओं के साथ सुसंगत हैं। **जैसे**–कोयल कूकती है, घोड़ा हिनहिनाता है।

332. 'राजा ने चोर को मृत्यु दंड की सजा दी' वाक्य में क्या त्रुटि है?
(a) सजा दी (b) मृत्यु दंड
(c) चोर को (d) राजा ने

UPSI Batch - II 21 Dec.2017
DSSSB- DASS Grade-II (Tier-I) 25-06-2017

उत्तर. (a) : दिये गये वाक्य में 'सजा दी' में त्रुटि है क्योंकि दण्ड में 'सजा' का भाव अंतर्निहित है। पुनः 'सजा' का प्रयोग पुनरूक्ति दोष है। अतः शुद्ध वाक्य होगा– 'राजा ने चोर को मृत्युदण्ड दिया।'

333. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा कथन अशुद्ध है।
(a) हमारे पास समय कम है।
(b) कल लोगों की भीड़ जमेगी।
(c) कहाँ जाना है?
(d) शायद बारिश हो रही है।

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में 'कल लोगों की भीड़ जमेगी।' अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध रूप इस प्रकार है – कल भीड़ इकट्ठा होगी।

334. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य पहचानिए।
(a) उसे जल्दी घर जाना था।
(b) मुझे वहाँ नहीं जाना है।
(c) वे लोग जा रहे हैं।
(d) पिता ने मेरे से कहा।

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य– 'पिता ने मेरे से कहा।' इसका शुद्ध रूप – 'पिता ने मुझसे कहा।' है।

@RexstarPdf

335. एक वाक्य में 'फूट' का शुद्ध प्रयोग है-

(a) उसका गुस्सा फूट पड़ा।
(b) उसका फोड़ा फूट गया।
(c) पेड़ की शाखाएँ फूट गयीं।
(d) बादल छाये और फूट पड़े।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'उसका गुस्सा फूट पड़ा।' वाक्य में फूट क्रिया का शुद्ध प्रयोग है।

336. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) पढ़ने में आलस्य ठीक नहीं है।
(b) यह आप पर निर्भर है।
(c) आज बजट पर बहस होगी।
(d) राम ने साँप देखा और भाग गया।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों में अशुद्ध वाक्य 'राम ने साँप देखा और भाग गया।' है। जिसका शुद्ध वाक्य- 'राम साँप देखकर भाग गया' होगा।

337. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिए:

(a) मेरे को भूख है। (b) कल घर आऊँगा।
(c) राजा जरूर मरेगी। (d) वह बोले।

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- 'कल घर आऊँगा।'

अशुद्ध वाक्य		**शुद्ध वाक्य**
मेरे को भूख है।	-	मुझे भूख है।
राजा जरूर मरेगी	-	राजा जरूर मरेंगे।
वह बोले	-	वह बोला।

338. इनमें से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) चन्द्रगुप्त के विभिन्न नाम है
(b) चन्द्रगुप्त के कई नाम है
(c) चन्द्रगुप्त के विविध नाम है
(d) चन्दगुप्त के कई नाम हैं

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'चन्द्रगुप्त के कई नाम हैं'। शेष विकल्प गलत हैं।

339.शब्दानुक्रम में सही वाक्य है–

(a) वह गरीब आदमी था। (b) वह आदमी गरीब था।
(c) था वह गरीब आदमी। (d) था गरीब वह आदमी।

(UPUDA Main 2013)

उत्तर: (b) दिये गये चारों विकल्पों में वह गरीब आदमी था या था वह गरीब आदमी अथवा था गरीब वह आदमी तीनों विकल्प शब्दानुक्रम की दृष्टि से अशुद्ध हैं। जबकि शुद्ध रूप है - **वह आदमी गरीब था।**

340. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) कल जो दाँत तोड़ा था उसमें अभी तक बड़ी दर्द है।
(b) कल जो दाँत तोड़ी थी उसमें अभी तक बड़ा दर्द है।
(c) कल जो दाँत तोड़ा था, उसमें अभी तक बहुत दर्द है।
(d) कल जो दाँत तोड़ी उसमें बड़ी दर्द है अभी तक।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : 'कल जो दाँत तोड़ा था, उसमें अभी तक बहुत दर्द है।' शुद्ध वाक्य है।

341. 'महाभारत के युद्ध में कृष्ण ने कौरवों की मदद के लिए ग्यारह अक्षोहिणी सेनाएँ दी थीं।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द निम्न में से कौन-सा है?

(a) महाभारत (b) कौरवों
(c) कृष्ण (d) अक्षोहिणी

SSC GD Constable 23-01-2023 (9:30 - 10:30 am)

उत्तर : (d) : वाक्य मे अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द अक्षोहिणी है। इसका शृद्ध रूप होगा- महाभारत के युद्ध में कृष्ण ने कौरवों के लिए ग्यारह अक्षौहिणी सेनायें दी थी।

342. नीचे दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?

'एक और एक <u>बारह</u> होना'

(a) नौ (b) ग्यारह
(c) तेरह (d) दस

SSC GD Constable 23-01-2023 (9:30 - 10:30 am)

उत्तर : (b) : एक और एक <u>बारह</u> होना। रेखांकित अंश के स्थान पर ग्यारह होगा। इसका शुद्ध रूप होगा- 'एक और एक ग्यारह होना' होगा।

343. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनीगत अशुद्धि है?

भगवान शिव का निवास स्थान केलश है।

(a) निवास (b) केलाश
(c) शिव (d) भगवान

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)

उत्तर : (b) : भगवान शिव का निवास स्थान केलश है। वाक्य में केलाश अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इस का शुद्ध रूप होगा- भगवान शिव का निवास स्थान कैलाश है।

344. वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए-

जब तक परीक्षा का दिन नहीं आया था तब तक उसने एक अक्छर नहीं पढ़ा था।

(a) तब तक उसने एक (b) जब तक परीक्षा का
(c) दिन नहीं आया था (d) अक्छर नहीं पढ़ा था।

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)

उत्तर : (d) : उक्त वाक्य में 'अक्छर नहीं पढ़ा था' अशुद्ध भाग है। इसका शुद्ध रूप होगा- जब तक परीक्षा का दिन नहीं आया था तब तक उसने एक अक्षर नहीं पढ़ा था।

345. उसने मेरे साथ गद्देदारी की है।

उपरोक्त वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है?

(a) मेरे साथ (b) की है।
(c) उसने (d) गद्देदारी

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (d) : उसने मेरे साथ गद्देदारी की है। उक्त वाक्य में गद्देदारी शब्द अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा- उसने मेरे साथ गद्दारी की है।

@RexstarPdf

346. 'महादेवी वर्मा महान कवियत्री थी।' इस वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

(a) महादेवी (b) कवियत्री
(c) वर्मा (d) महान

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)

उत्तर : (b) : महादेवी वर्मा महान कवियत्री थी।' इस वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द कवियत्री है। इसका शुद्ध रूप- 'महादेवी वर्मा महान कवयित्री थी' होगा।

347. निम्नलिखित वाक्य में से अशुद्धि पहचानें।
आपकी घड़ी में कै बजे हैं?

(a) बजे (b) घड़ी
(c) कै (d) आपकी

SSC GD Constable 13-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (c) : आपकी घड़ी में कै बजे हैं। वाक्य में 'कै' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप होगा- आपकी घड़ी में कितने बजे हैं।

348. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है?
तुफान से डरकर नौका पार नहीं होती।

(a) पार (b) तुफान
(c) डरकर (d) नौका

SSC GD Constable 12012023 (11.45-12.45)

उत्तर : (b) : तुफान से डरकर नौका पार नहीं होती। वाक्य में तुफान अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है- तूफानों से डरकर नौका पार नहीं होती।

349. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) गली का तीसरा मकान मेरा घर है।
(b) ये इमारतें ऊँचाई में भिन्न नहीं हैं।
(c) गाड़ी के समय पर आने की सम्भावना है।
(d) लड़की अपनी पुस्तक पड़ रही है।

SSC GD Constable 24-01-2023 (11.45-12.45)

उत्तर : (d) : लड़की अपनी पुस्तक पड़ रही है। अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप होगा- लड़की अपनी पुस्तक पढ़ रही है।

350. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) क्या दीवार बहुत ऊँची है?
(b) क्या दीवाल बहुत ऊँची है?
(c) क्या दिवार बहुत ऊँची है?
(d) क्या दिवाल बहुत ऊँची है?

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिए गए विकल्पों में 'क्या दीवार बहुत ऊँची है' वाक्य शुद्ध है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

351. ''यह रास्ता द्रुगम है, सावधानी पूर्वक चलें।'' वाक्य में दी गई त्रुटि का उचित रूप पहचानिए।

(a) दुरगम (b) दुर्गम
(c) र्दुर्गम (d) दुग्रम

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) ''यह रास्ता द्रुगम है, सावधानी पूर्वक चलें'' वाक्य में 'द्रुगम' शब्द त्रुटिपूर्ण है, जिसका सही रूप है– 'दुर्गम'।

352. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–

(a) उसे मृत्युदंड मिला है।
(b) उसे मृत्यु की सजा मिली है।
(c) उसे तत्काल मौत की सजा मिली है।
(d) उसे मृत्यु का दंड मिला है।

NVS TGT Hindi, 2016
UPPSC AE 2007

उत्तर. (a) : सही वाक्य है- उसे मृत्युदण्ड मिला है। शेष तीनों वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

353. वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि –

(i) वह गीत की दो-चार लड़ियाँ गाती है।
(ii) वह गीत की दो-चार कड़ियाँ गाती है।
(a) (i) वाक्य सही है।
(b) (ii) वाक्य सही है।
(c) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(d) (i) और (ii) कोई भी वाक्य सही नहीं है।

UDA/LDA परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) वह गीत की दो-चार कड़ियाँ गाती है। गाने की दो-चार कड़ियाँ होती हैं। लड़ियाँ तो मालाओं की होती है।

354. वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि –

(i) पति-पत्नी के झगड़े का हेतु क्या हो सकता है?
(ii) पति-पत्नी के झगड़े का कारण क्या हो सकता है?
(a) केवल (i) वाक्य सही है।
(b) (ii) वाक्य सही है।
(c) (i) और (ii) दोनों वाक्य सही हैं।
(d) (i) और (ii) कोई भी वाक्य सही नहीं है।

UDA/LDA परीक्षा, 2015
SSC GD 06/03/201 (Shift-II)
SSC GD 08/03/2019 (Shift-II)
UPRO (Mains) 2010

उत्तर : (b) 'पति पत्नी के झगड़े का कारण क्या हो सकता है'। यह वाक्य सही है। 'हेतु' विशिष्ट अर्थ में और 'कारण' साधारण अर्थ में प्रयुक्त होता है। 'हेतु' का शाब्दिक अर्थ है - वह उद्देश्य, जिससे कोई कार्य किया जाय।

355. वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग का चयन कीजिये। यदि कोई त्रुटि न हो तो (D) भाग का चयन कीजिये।

भारत/ सबसे बड़ा / लोकतंत्रिक देश है। कोई त्रुटि नहीं
(A) (B) (C) (D)

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) सही वाक्य है:- 'भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।'

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। त्रुटि वाले वाक्य को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c), पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हों, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

356. (a) लिपि के माध्यम से भाषा के उच्चारण तत्त्वों को समझना आवश्यक हो जाता है।
(b) भाषा का उच्चरित रूप भाषा का वास्तविक रूप है।
(c) लिखित भाषा उच्चरित भाषा के सभी तत्वों को दिखाती है।
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (c) `लिखित भाषा उच्चरित भाषा के सभी तत्वों को दिखाती है' वाक्य त्रुटिहीन है। यहाँ 'दिखाती' शब्द के स्थान पर 'दर्शाती' शब्द का प्रयोग होना चाहिए। 'तत्वों' की शुद्ध वर्तनी 'तत्त्वों' होगा।

357. इन वाक्यांशों में एक अशुद्ध वाक्य है, उसका चयन कीजिए–

(a) उसमें बचपन है। (b) उसमें बचपना है।
(c) वह बचपन से नटखट है। (d) तुम बचपन से सीधे हो।

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर: (a) दिये गये वाक्यों में 'उसमें बचपन है' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'उसमें बचपना है'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

358. निम्नलिखित में एक वाक्य त्रुटिपूर्ण है–

(a) संभवतः मैं रविवार को आ जाऊँगा।
(b) जीती मक्खी निगली नहीं जाती है।
(c) विद्या सदेव रहने वाला धन होता है।
(d) मुझे आशंका है कि निष्पक्ष चुनाव नहीं हो पाएँगे।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (c) दिये गये वाक्यों में 'विद्या सदेव रहने वाला धन होता है' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है -'विद्या सदैव रहने वाला धन होता है'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

359. निम्नलिखित में एक वाक्य त्रुटिपूर्ण है–

(a) निरपराधी को सज़ा नहीं देनी चाहिए।
(b) वह सकुशल घर पहुँच गया।
(c) मोती सीप में पलता है।
(d) व्यापारी ने पाँच कुंतल कोयला खरीदा।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (a) दिये गये वाक्यों में 'निरपराधी को सज़ा नहीं देनी चाहिए' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है- 'निरपराध को सज़ा नहीं देनी चाहिए'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

360. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) कामायनी उच्च कोटि का काव्य है।
(b) माता-पिता पुज्यनीय हैं।
(c) आपका भविष्य उज्ज्वल हो।
(d) इस पुस्तक का नया संस्करण प्रकाशित हो रहा है।

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में 'माता-पिता पुज्यनीय हैं' वाक्य वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य 'माता-पिता पूजनीय हैं' होगा।

361. निम्नलिखित में से अनुपयुक्त शब्द प्रयोग संबंधी अशुद्धि किस वाक्य में है?

(a) उसने आसन ग्रहण किया।
(b) पूज्यनीय पिताजी आ गए।
(c) आज बेहद गर्मी है।
(d) उसकी जन्मतिथि क्या है?

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'पूज्यनीय पिताजी आ गए', में अनुपयुक्त शब्द प्रयोग संबंधी अशुद्धि है। यहाँ 'पूज्यनीय' के स्थान पर 'पूजनीय' होना चाहिए। शेष विकल्प शुद्ध हैं।

362. निम्नलिखित में से व्याकरणिक दृष्टि से अशुद्ध वाक्य कौन सा है?

(a) वे अनेक विषय के ज्ञाता थे।
(b) इस समय चार बजे है।
(c) सब लोग अपनी राय दें।
(d) आँसू से मेरा रूमाल भीग गया।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) दिए गए विकल्पों में से अशुद्ध वाक्य है– 'इस समय चार बजे है', जिसका शुद्ध रूप होगा– 'इस समय चार बजे हैं।'

363. किस वाक्य में वर्तनी संबंधी अशुद्धि है?

(a) ईश्वर अंतर्यामी है।
(b) उज्जवल चाँदनी में सैर कर आनंद आता है।
(c) आपका स्वास्थ्य अब कैसा है।
(d) विद्यार्थी को स्वावलम्बी होना चाहिए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (b) उज्जवल शब्द अशुद्ध है जिसका शुद्ध रूप – उज्ज्वल (उत् + ज्वल) होता है।

364. किस वाक्य में वर्तनी संबंधी अशुद्धि है?

(a) यह उच्च कोटि का ग्रंथ है।
(b) बच्चों को मेरा आर्शिवाद देना।
(c) मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ।
(d) यह पत्र गोपनीय है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017
SSC GD 06/03/2019, Shift-II

उत्तर : (b) दिये गये वाक्यों में वर्तनी संबंधी अशुद्ध वाक्य – 'बच्चों को मेरा आर्शिवाद देना' है। इसका शुद्ध रूप – 'बच्चों को मेरा आशीर्वाद देना' होगा।

365. ''भारत में स्त्रीयों का सम्मान किया जाता है।'' प्रस्तुत वाक्य में त्रुटिवाचक शब्द कौन-सा है?

(a) किया (b) स्त्रीयों
(c) सम्मान (d) भारत

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (b) : ''भारत में स्त्रीयों का सम्मान किया जाता है।'' में त्रुटिवाचक शब्द 'स्त्रीयों' है; जिसका शुद्ध रूप है– स्त्रियों'। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा–''भारत में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है''।

366. हिन्दी वर्तनी के आधार पर सही वाक्य का चयन करें।

(a) तुम इसके दाम देते जाओ।
(b) तुम इसका दाम देते जाओ।
(c) तुम इसके दाम दैते जाओ।
(d) तुम इसका दाम देते जाओ।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (a) हिन्दी व्याकरण के आधार पर सही वाक्य है– 'तुम इसके दाम देते जाओ।' 'दाम' नित्य बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है। अन्य सभी वाक्यों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

367. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है? हम कब तक सहते रहेंगे और अप्मान का घुट पीते रहेंगे।

(a) सहते रहेंगे और (b) हम कब तक
(c) अप्मान का घुट (d) पीते रहेंगे

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये वाक्य में 'अप्मान का घुट' भाग में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है। अप्मान की जगह 'अपमान' तथा घुट की जगह 'घूँट' होगा। शुद्ध वाक्य इस प्रकार है– 'हम कब तक सहते रहेंगे और अपमान का घूँट पीते रहेंगे।'

368. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
इसके लिए एक प्रमाणिक कथा प्रचलित है।
(a) इसके लिए (b) कथा
(c) एक प्रमाणिक (d) प्रचलित है।

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में 'एक प्रमाणिक' भाग में त्रुटि है। 'प्रमाणिक' की वर्तनी अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप 'प्रामाणिक' होगा।

369. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
कुछ दरबारी बीरबल को मुसिबत में फँसाने के तरीके सोचते रहते थे।
(a) कुछ दरबारी (b) बीरबल को मुसिबत
(c) सोचते रहते थे (d) में फँसने के तरीके

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग के रूप में 'बीरबल को मुसिबत' को चिह्नित किया गया है जिसका शुद्ध वाक्य रूप है– ''कुछ दरबारी बीरबल को मुसीबत में फँसाने के तरीके सोचते रहते थे।''

370. ''प्लेटो प्रत्ययवादी या आत्मवादी दार्शनीक थे।'' प्रस्तुत वाक्य में त्रुटिवाचक शब्द कौन सा है?
(a) दार्शनीक (b) प्लेटो
(c) प्रत्ययवादी (d) आत्मवादी

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रस्तुत वाक्य में त्रुटिपूर्ण शब्द 'दार्शनीक' है जिसका शुद्ध रूप दार्शनिक है। प्रस्तुत वाक्य का शुद्ध रूप होगा- 'प्लेटो प्रत्ययवादी या आत्मवादी दार्शनिक थे।'

371. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है, पहचानिए–
(a) शुष्क इलाकों में पानी की आपूर्ति के लिये बारिश या बर्फबारी बढ़ाई जा सकती है।
(b) युद्ध के समय गीता को लिखना कृष्ण के ही बस की बात थी।
(c) स्वयं वे भी अपनी बिमारी को लेकर दुखी थे।
(d) हम जानते हैं कि सूर्य ऊर्जा का एक अथाह भण्डार है।

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में अशुद्ध वाक्य – 'स्वयं वे भी अपनी बिमारी को लेकर दुखी थे' है। इसका शुद्ध वाक्य– 'स्वयं वे भी अपनी बीमारी के कारण दुखी थे' है। इस वाक्य में 'लेकर' के स्थान पर 'कारण' हो जायेगा।

372. 'वह बेक्ती नियाय प्रिय था।' वर्तनीगत त्रुटि सुधारें।
(a) वह व्यक्त न्याय प्रिय था।
(b) वह व्यक्ती नियाय प्रिय था।
(c) वह व्यक्ति नियाय प्रिय था।
(d) वह व्यक्ति न्यायप्रिय था।

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'वह बेक्ती नियाय प्रिय था' इस वाक्य में वर्तनीगत त्रुटि है। इसका शुद्ध रूप होगा– वह व्यक्ति न्यायप्रिय था।

373. वर्तनी की दृष्टि से एक वाक्य अशुद्ध है
(a) यह दावत किस उपलक्ष्य में है?
(b) यह मेरी आजीवका का प्रश्न है।
(c) मैं परिश्रम करने का अभ्यस्त नहीं हूँ।
(d) आर्थिक समानता के लिए गाँधीजी ने विकेन्द्रीकरण का सिद्धान्त दिया।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : वाक्य 'यह मेरी आजीवका का प्रश्न है' में आजीवका शब्द की शुद्ध वर्तनी 'आजीविका' है। अतः विकल्प (b) वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।

374. वर्तनी की दृष्टि से एक वाक्य अशुद्ध है-
(a) मैं आपका अनुग्रहीत हूँ।
(b) भगवान् वरदान देकर अन्तर्धान हो गये।
(c) भारतवासी वर्षो तक विदेशियों के अधीन रहे।
(d) बंगाल में भयानक अकाल पड़ा।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : 'मैं आपका अनुग्रहीत हूँ' वाक्य अशुद्ध है। 'अनुग्रहीत शब्द की शुद्ध वर्तनी 'अनुगृहीत' है।

375. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है-
(a) भागवान् कृष्ण द्वारका चले गये।
(b) अहल्या गौतम ऋषि की पत्नी थीं।
(c) संन्यासी गेरुवा वस्त्र पहने था।
(d) हम प्रदर्शिनी देखने गये।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : वाक्य 'हम प्रदर्शिनी देखने गये' वाक्य अशुद्ध है। इस वाक्य में 'प्रदर्शिनी' शब्द की शुद्ध वर्तनी 'प्रदर्शनी' है। अतः शुद्ध वाक्य होगा– 'हम प्रदर्शनी देखने गये' शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।

376. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(a) यहाँ शुद्ध भैंस का दूध मिलता है।
(b) ग्रीष्मकाल में दिन छोटा होते हैं।
(c) वह सोमवार के दिन आएगा।
(d) विंध्याचल पर्वत भारत के मध्य भाग में स्थित है।

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (d) : निम्नलिखित विकल्पों में शुद्ध वाक्य होगा- विंध्याचल पर्वत भारत के मध्य भाग में स्थित है।

377. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो शुद्ध वाक्य का सही विकल्प है।
(a) नहीं कमाए जीवन-निर्वाह संभव बिना।
(b) बे कमाए जीवन-निर्वाह संभव नहीं।
(c) बिना कमाए जीवन-निर्वाह संभव नहीं।
(d) बिना जीवन-निर्वाह कमाए संभव नहीं।

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (c) : निम्न विकल्पों में शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा– बिना कमाए जीवन-निर्वाह संभव नहीं।

378. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) वहाँ केवल दो लोग ही थे।
(b) दो लोग केवल वहाँ थे।

@RexstarPdf

(c) वहाँ केवल दो लोग थे।
(d) केवल वहाँ दो लोग थे।

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) :'वहाँ केवल दो लोग थे।' वाक्य शुद्ध है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

379. इनमें से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(a) बच्चे को काटकर अनार खिलाओ
(b) काटकर अनार बच्चे को खिलाओ
(c) बच्चे को अनार काटकर खिलाओ
(d) अनार बच्चे को काटकर खिलाओ

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : दिये गये वाक्य में 'बच्चे को अनार काटकर खिलाओ' शुद्ध वाक्य है जबकि शेष विकल्प व्याकरणिक दृष्टि से अशुद्ध हैं।

380. इनमें से 'शुद्ध वाक्य' कौन-सा है?
(a) पत्ता गिरा पड़ा पेड़ों से (b) पेड़ से पत्ता गिरा
(c) पेड़ में से पत्ता गिरा (d) पेड़ की पत्ता गिरी

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'पेड़ से पत्ता गिरा।' यह वाक्य व्याकरणिक एवं वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

नीचे दिये गए वाक्यों में से एक खण्ड में त्रुटि है, उसे छाँटिए-

381. (a) भारतवर्ष के पर्वतीय क्षेत्र की
(b) सुन्दरता, सारे विश्व में
(c) सबसे सर्वोत्तम है
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) इस वाक्यांश का त्रुटि वाक्य 'सबसे सर्वोत्तम है' के स्थान पर सिर्फ 'सर्वोत्तम है' होना चाहिए। शेष विकल्प सही हैं।

382. (a) राम ने अपनी (b) गलती के लिए
(c) क्षमा (d) की भीख मांगी

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर: (d) शुद्ध वाक्य होगा 'राम ने अपनी गलती के लिए क्षमा मांगी'। प्रश्न में दिये गये वाक्य में 'की भीख' शब्द का प्रयोग अनावश्यक किया गया है।

383. (a) कल 27 अगस्त को (b) कौन-सा
(c) तारीख (d) होगा

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर: (c) शुद्ध वाक्य होगा 'कल 27 अगस्त को कौन-सा दिन होगा' है। प्रश्न में दिये गये वाक्य में '27 अगस्त' एक तारीख है। अतः तारीख ज्ञात होने पर 'तारीख' शब्द का प्रयोग अनुचित है।

384. (a) शीर्षक को छोटा
(b) आकर्षक और विषय
(c) अबद्ध रखना चाहिए
(d) कोई त्रुटि नहीं

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) शुद्ध वाक्य होगा 'शीर्षक को छोटा, आकर्षक और विषय से सम्बद्ध होना चाहिए।' प्रश्न में दिये गये वाक्य में 'अबद्ध रखना चाहिए' के स्थान पर 'सम्बद्ध होना चाहिए' का प्रयोग उचित है।

385. (a) धनवान को व्यर्थ (b) बेकार में
(c) सहायता देकर (d) कोई लाभ न होगा

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016
ग्राम पंचायत अधिकारी, 2016

उत्तर : (b) शुद्ध वाक्य 'धनवान को व्यर्थ सहायता देकर कोई लाभ न होगा' है। प्रश्न में दिये गये वाक्य में 'बेकार' शब्द का प्रयोग अनावश्यक किया गया है।

इन प्रश्नों में एक वाक्य दिया गया है। वाक्य के जिस भाग में गलती हो, उसके अनुक्रम a, b या c चुनिए। यदि कोई गलती न हो तो आपका उत्तर d होगा।

386.
किसी कार्य के (a) कर सकने की (b)
शारीरिक शक्ति साम कहलाती है। (c) कोई गलती नहीं (d)

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य के दूसरे भाग (कर सकने की) में त्रुटि है जिसका शुद्ध रूप है– करने की। अतः सही वाक्य है– किसी कार्य के करने की शारीरिक शक्ति साम (नीति) कहलाती है।

387.
आज प्रत्येक भा (a) को विकासशील बनकर
संपूर्ण ज्ञान घसीटते हुए (b) चलना है। (c) कोई गलती नहीं (d)

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (a) पहले भाग में 'भा' के स्थान पर भाषा होना चाहिए। अतः सही वाक्य होगा– 'आज प्रत्येक भाषा को विकासशील बनकर संपूर्ण ज्ञान घसीटते हुए चलना है।'

इन प्रश्नों में एक वाक्य दिया गया है। वाक्य के जिस भाग में गलती हो, उसके अनुक्रम (a), (b) या (c) को चुनिए। यदि कोई गलती न हो, तो आपका उत्तर (d) होगा।

388. महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के समय पर (a) आचार्य महोदय ने (b)
वार्षिक प्रगति (c) का विवरण प्रस्तुत किया। कोई गलती नहीं (d)

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (a) अनुक्रम त्रुटिपूर्ण है। 'महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के समय पर' के स्थान पर 'महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर' होगा। अतः शुद्ध वाक्य है– 'महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर आचार्य महोदय ने वार्षिक प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया'।

389. अपने जीवन दर्शन के प्रकटीकरण (a) करने के लिए ही (b)
साहित्यकार सृजनात्मक कृति की रचना करता है (c)
कोई गलती नहीं (d)

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (b) अनुक्रम त्रुटिपूर्ण है। 'करने के लिए ही' के स्थान पर 'के लिए ही' होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा –'अपने जीवन दर्शन के प्रकटीकरण के लिए ही साहित्यकार सृजनात्मक कृति की रचना करता है।

@RexstarPdf

390. पदक्रम की दृष्टि से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) विराट तेज खेलता है (b) विराट खेलता तेज है
(c) तेज खेलता है विराट (d) खेलता है तेज विराट

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (a) : पदक्रम की दृष्टि से 'विराट तेज खेलता है।' वाक्य शुद्ध है। हिन्दी में सामान्यतः 'कर्त्ता + कर्म + क्रिया' के प्रारूप से वाक्य बनता है। कर्त्ता, कर्म एवं क्रिया का विस्तार उनके इसी संगत क्रम में इनके ठीक पूर्व ही संलग्न होता है।

391. निम्नलिखित में से एक वाक्य अशुद्ध है, वह है–

(a) मोहन गेहूँ पिसवाने चक्की पर गया है।
(b) निर्दय व्यक्ति से मित्रता नहीं करनी चाहिए।
(c) उसके घर के पास एक मिठाई की दुकान है।
(d) उपर्युक्त कथन असत्य है।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : दिए गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य हैं– 'उसके घर के पास एक मिठाई की दुकान है।' इसका शुद्ध रूप होगा– 'उसके घर के पास मिठाई की एक दुकान है।' अन्य वाक्य शुद्ध है।

392. निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) आज मैं यहीं रहूँगा।
(b) सज्जन लोग भला ही सोचते हैं।
(c) क्या तुम कॉलेज जाते हो?
(d) अभी तक पत्र नही मिला है।

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)
SSS GD 13/02/2019 (Shift-II)

उत्तर : (b) दिये गये वाक्यों में 'सज्जन लोग भला ही सोचते हैं' अशुद्ध वाक्य है। इस वाक्य में 'लोग' शब्द का प्रयोग निरर्थक है 'सज्जन' का अर्थ होता है - 'अच्छे लोग'। ऐसी दशा में पुनः 'लोग' लिखना त्रुटिपूर्ण है, इस प्रकार शुद्ध वाक्य होगा – 'सज्जन भला ही सोचते हैं'।

393. निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम पदबंध क्या है?
जो लड़का कल आया था वह पढ़ता है।

(a) कल आया था (b) पढ़ता है
(c) जो लड़का कल आया था (d) जो लड़का

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य में 'जो लड़का कल आया था' सर्वनाम पदबंध है।

394. निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम पदबंध क्या है?
परेशानी में उलझा हुआ मैं कुछ भी नहीं कर पाया।

(a) कुछ भी नहीं कर पाया
(b) उलझा हुआ मैं
(c) परेशानी में
(d) परेशानी में उलझा हुआ मैं

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) किसी वाक्य में जब कोई शब्द मिलकर सर्वनाम की तरह कार्य करे, तो वहाँ सर्वनाम पदबन्ध होता है। **जैसे–** 'परेशानी में उलझा हुआ मैं कुछ भी नहीं कर पाया' वाक्य में सर्वनाम पदबन्ध है– 'परेशानी में उलझा हुआ मैं'

395. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है? 'बढ़-चढ़ कर बातें करने वाले तुम संजीदा क्यों हो गए।'

(a) संज्ञा (b) क्रिया-विशेषण
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'बढ़-चढ़ कर बातें करने वाले तुम संजीदा क्यों हो गए' वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम पदबन्ध है। शेष विकल्प असंगत हैं।

396. उसने तरह-तरह के चमड़े के जूते खरीदे।
उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) उसने चमड़े के अलग-अलग जूता खरीदे।
(b) वह तरह-तरह के चमड़े जूते खरीदे।
(c) उन्होंने तरह-तरह की चमड़े जूते खरीदी।
(d) उसने चमड़े के तरह-तरह के जूते खरीदे।

SSC GD Constable 23-01-2023 (9:30 - 10:30 am)

उत्तर : (d) : उसने चमड़े के तरह-तरह के जूते खरीदे। वाक्य शुद्ध है अन्य सभी असंगत हैं।

397. दूध में कौन पड़ गया?
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर कौन-सा शब्द उचित होगा?

(a) मैं (b) कोई
(c) यह (d) क्या

SSC GD Constable 17-01-2023 -(5:15- 6:15 PM)

उत्तर : (d) शुद्ध वाक्य है- दूध में क्या पड़ गया। अन्य असंगत हैं।

398 निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?
उसकि गर्दन शर्म से नीची थी।

(a) नीची (b) उसकि
(c) गर्दन (d) शर्म

SSC GD Constable 17-01-2023 -(5:15- 6:15 PM)

उत्तर : (b) : उसकि गर्दन शर्म से नीची थी। वाक्य में अशुद्धि 'उसकि' है। उसकि के स्थान पर उसकी होगा। इसका शुद्ध रूप है- उसकी गर्दन शर्म से नीची थी।

399. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?
अत्यधिक कार्य स्वास्थ को बिगाड़ देता है।

(a) बिगाड़ (b) कार्य
(c) अत्यधिक (d) स्वास्थ

SSC GD Constable 17-01-2023 (2:30 - 3:30pm)

उत्तर : (d) : अत्यधिक कार्य स्वास्थ को बिगाड़ देता है। में अशुद्ध शब्द स्वास्थ है। जिसका स्वास्थ्य शुद्ध रूप है।

400. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा? चेहरे पर मिठाईयां उड़ना।

(a) दवाईयां (b) हवाईयां
(c) कलाईयां (d) रुलाईयां

SSC GD Constable 24-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (b) : दिए गए मुहावरे में चेहरे पर मिठाईयां उड़ना में मिठाईयां के स्थान पर हवाइयां शब्द होगा।

@RexstarPdf

401. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(a) वह आरोग्य हो गया।
(b) चरखा चलाना चाहिए।
(c) एक-एक करके सभी के सभी मर गए।
(d) चरखा कातनी चाहिए।

SSC GD CONS.- 24-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (b) शुद्ध वाक्य उत्तर (b) चरखा चलाना चाहिए। चरखा 'चलाया' जाता है और उस पर धागे काते जाते हैं। अन्य सभी विकल्प गलत हैं।

402. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) भारत भूमि हमका माता है और हम उसका पुत्र है।
(b) भारत भूमि हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं।
(c) भारत भूमि हमारा माता है और हम उसके पुत्र है।
(d) भारत भूमि हम सबका माता है और हम उसका पुत्र है।

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) निम्नलिखित प्रश्न में– 'भारत भूमि हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं।' शुद्ध वाक्य का सबसे उपयुक्त विकल्प है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

403. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) जो गरीबों की सहायता करते हैं वे धर्मात्मा होते हैं।
(b) जो गरीबों की सहायता करते हैं वे धर्मात्मा होता हैं।
(c) जो गरीबों की सहायता करता हैं वे धर्मात्मा होते हैं।
(d) जो गरीबों का सहायता करते हैं वे धर्मात्मा होते हैं।

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य निम्न होगा–
जो गरीबों की सहायता करते हैं वे धर्मात्मा होते हैं।

404. इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) तुमसे कुछ नहीं हो सकता है।
(b) तुम्हें मैं अब नहीं समझा सकता।
(c) तुमको मैं कैसे समझाऊ।
(d) तुमसे बात करना ही व्यर्थ है।

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'तुमको मै कैसे समझाऊ' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'तुम्हें मैं कैसे समझाऊँ' होगा।

405. (a) हमने पिताजी से मिलना है
(b) हमने पिजाजी को मिलना है।
(c) हमें पिताजी से मिलना है।
(d) हमें पिजाजी में मिलना है।

NVS (2016)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में से 'हमें पिताजी से मिलना है' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

406. (a) होटल के बाहर साफ-साफ लिखा था।
(b) होटल को बाहर साफ-साफ लिखा था।
(c) होटल पर बाहर साफ-साफ लिखा था।
(d) होटल में बाहर साफ-साफ लिखा था।

NVS (2016)

उत्तर : (a) : दिए गए वाक्यों में से 'होटल के बाहर साफ-साफ लिखा था' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

407. (a) वाच्य परिवर्तन के कुल तीन-तीन नियम हैं।
(b) वाच्य परिवर्तन के कुल तीन नियम हैं।
(c) वाच्य परिवर्तन के कुल तीनों नियम हैं।
(d) वाच्य परिवर्तन के कुल तीनों तीन नियम हैं।

NVS (2016)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में से 'वाच्य परिवर्तन के कुल तीन नियम हैं।' शुद्ध वाक्य हैं। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

408. (a) देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगी।
(b) देनदारी घटेगा तो ब्याज भी घटेगा।
(c) देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगा।
(d) देनदारी घटेगा तो ब्याज भी घटेगी।

NVS (2016)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में से 'देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगा' शुद्ध है शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

409. (a) जब आप मुंबई जाएँ तो मुझे भी ले चलें।
(b) जब आप मुंबई जाओं तो मैं भी चलूँगा।
(c) जब आप मुंबई जाइए तो मुझे भी ले चलो।
(d) जब आप मुंबई जाइए तो हमें भी चलाइए।

NVS (2016)

उत्तर : (a) : दिए गए वाक्यों में से 'जब आप मुंबई जाएँ तो मुझे भी ले चलें' शुद्ध है, शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

410. (a) छुट्टी होती ही दफ्तरों में ताला लग गया।
(b) छुट्टी होते ही दफ्तरों में ताले लग गए।
(c) छुट्टी होते ही दफ्तरों में सब ताले लग गए।
(d) छुट्टी होते ही सब दफ्तरों में ताला लग गया।

NVS (2016)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में से 'छुट्टी होते ही दफ्तरों में ताले लग गए' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

411. (a) दोनों नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं।
(b) नर्मदा और ताप्ती पूर्व और पश्चिम बहती हैं।
(c) नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं।
(d) नर्मदा और ताप्ती दोनों पूर्व-पश्चिम चलती हैं।

NVS (2016)

उत्तर : (c) : दिए गए वाक्यों में से 'नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

412. (a) दोनों आतंकवाद संलिप्तता में पाए गए हैं।
(b) दोनों की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है।
(c) दोनों आतंकी की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है।
(d) दोनों आतंकवादी संलिप्तता में पाए गए हैं।

NVS (2016)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में से 'दोनों की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

@RexstarPdf

413. (a) यदि आप आते तो आपको मालूम होता था।
(b) यदि आप आते तो आपको मालूम होता होगा।
(c) यदि आप आते तो आपको मालूम होता है।
(d) यदि आप आते तो आपको मालूम होता।

NVS (2016)

उत्तर : (d) : दिए गए वाक्यों में से 'यदि आप आते तो आपको मालूम होता' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

414. (a) कार्यशाला समाप्त हो गई तो मैं आऊँ।
(b) कार्यशाला सम्पन्न हो जाए तो मैं आऊँगा।
(c) कार्यशाला पूरा हो गया तो मैं आऊँगा।
(d) कार्यशाला समाप्त हो जाता तो मैं आता था।

NVS (2016)

उत्तर : (b) : दिए गए वाक्यों में से 'कार्यशाला सम्पन्न हो जाए तो मैं आऊँ' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

415. आपने अभी मेरे साथ चलना है। वाक्य का शुद्ध रूप होगा:
(a) अभी मेरे साथ चलना होता है।
(b) आपको अभी मेरे साथ चलना है।
(c) मेरे साथ चलना आपको अभी है।
(d) अभी मेरे आपको साथ चलना है।

NVS-PGT (13-06-2019)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य का शुद्ध रूप है- 'आपको अभी मेरे साथ चलना है।' प्रश्नगत वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि है। 'ने' के स्थान पर 'को' विभक्ति चिह्न का प्रयोग सर्वाधिक उपयुक्त है।

416. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(a) हम सब जा रहे हैं, आप भी चलोगे?
(b) बैठक का समय चार बजकर दस मिनट होगा।
(c) इस बार फसल अच्छी होगी।
(d) जब वर्षा होगी तब देखा जाएगा।

KVS-PRT (22-12-2018

उत्तर : (b) : उपर्युक्त वाक्यों में से वाक्य 'बैठक का समय चार बजकर दस मिनट होगा' अशुद्ध वाक्य है, शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।

व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य को चुनकर लिखिए।

417. (a) मेरी सहेली का नाम गीता है।
(b) मेरी सहेली नाम गीता है।
(c) मेरे सहेली नाम गीता है।
(d) मेरे सहेली के नाम गीता है।

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर : (a) : प्रश्नगत विकल्पों में से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'मेरी सहेली का नाम गीता है' होगा।

418. (a) सरला फल खायी
(b) सरला फल खाये
(c) सरला ने फल खाया
(d) सरला फल खाया

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में से व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'सरला ने फल खाया' होगा।

419. (a) राम ने मारीच को वर देता था।
(b) राम ने मारीच को वर दिया।
(c) राम मारीच को वर दिया
(d) राम मारीच को वर दी।

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पो में से व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'राम ने मारीच को वर दिया' होगा।

420. (a) रानी आम खायी। (b) रानी ने आम खाया।
(c) रानी आम खाती। (d) रानी आम खाता।

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों में से 'रानी ने आम खाया' व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य है।

एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है जिसमें से एक भाग में त्रुटि हो सकती है। यदि त्रुटि है, तो उस भाग का चयन करें। यदि नहीं है, तो (D) को चुनें।

421. (a) कमल को (b) एक और लड़का
(c) हुआ है (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)

Ans : (a) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'कमल को' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'को' के स्थान पर 'के' का प्रयोग होना चाहिए। अत: सम्यक वाक्य विन्यास है– कमल के एक और लड़का हुआ है।

422. (a) बुरा से बुरा आदमी (b) भी सम्मान
(c) चाहता है (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)

Ans : (a) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'बुरा से बुरा आदमी' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'बुरा' के स्थान पर 'बुरे' का प्रयोग होना चाहिए। अत: सम्यक् वाक्य विन्यास है– बुरे से बुरा आदमी भी सम्मान चाहता है।

423. (a) पूरे समय तक (b) उसकी निगाह
(c) मेरे ओर ही थी (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)

Ans : (a) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'पूरे समय तक' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'तक' का प्रयोग अनुचित है, अत: सही वाक्य विन्यास है– 'पूरे समय उसकी निगाह मेरी ओर ही थी।'

424. (a) यदि तुम नहीं जा सकते तो (b) किसी और दूसरे
(c) आदमी को भेज दो (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)

Ans : (b) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'किसी और दूसरे' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'और' के साथ 'दूसरे' का प्रयोग अनुचित है, अत: वाक्य विन्यास इस प्रकार होना चाहिए:– यदि तुम नहीं जा सकते तो किसी और आदमी को भेज दो।

निम्नलिखित प्रश्नों में शुद्ध वाक्य चुनें।

425. (a) शब्द संकेत मात्र है
(b) शब्द केवल संकेत मात्र हैं
(c) शब्द केवल एकमात्र संकेत हैं
(d) केवल संकेत मात्र हैं– शब्द

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

@RexstarPdf

Ans: (a) प्रस्तुत विकल्पों में से 'शब्द संकेत मात्र है' शुद्ध वाक्य है। 'मात्र' एवं 'केवल' समानार्थी हैं।

426. (a) ऐसी एकाध बातें और देखने में आती हैं।
(b) ऐसी एकाध बातें और सुनने में आती हैं
(c) ऐसी एकाध बात और सुनने में आती है
(d) ऐसी एकाध बातें और जानकारी में आती हैं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (c) प्रस्तुत विकल्पों में से 'ऐसी एकाध बात और सुनने में आती है' शुद्ध वाक्य है। 'एकाध' के साथ एकवचन का विशेष्य प्रयुक्त होगा।

427. (a) दुर्घटना स्थल पर भारी–भरकम भीड़ जमा थी
(b) दुर्घटना स्थल पर बहुत भारी भीड़ जमा थी
(c) दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा थी
(d) दुर्घटना स्थल पर बहुत भारी भीड़ जमा थी

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (c) प्रस्तुत विकल्पों में से 'दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा थी' शुद्ध वाक्य है।

428. (a) बिजली जाने पर सब लोग छत के उपर चले गए
(b) बिजली जाने से सब लोग छत पर चले गए
(c) बिजली जाने से सब लोग छत के ऊपर चले गए
(d) बिजली जाने पर सब लोग छत पर चले गए

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (d) प्रस्तुत विकल्पों में से 'बिजली जाने पर सब लोग छत पर चले गए' शुद्ध वाक्य है।

एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है जिसमें से एक भाग में त्रुटि हो सकती है। यदि है, तो उस भाग का चयन करें। यदि नहीं है, तो (d) को चुनें।

429. (a) उनके गाँव के भीतर (b) दो कुएँ हैं
(c) किन्तु एक सूखा हुआ है (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (a) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'उनके गाँव के भीतर' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यहाँ 'के भीतर' के स्थान पर 'में' का प्रयोग होना चाहिए।

430. (a) हम सबने मिलकर (b) इस विषय का
(c) विचार विमर्श का (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (b) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'इस विषय का' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यहाँ 'का' के स्थान पर 'पर' का प्रयोग होना चाहिए।

431. (a) गाँधी जी (b) नित्य चरखा
(c) चलाते थे (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (d) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में कोई भी भाग त्रुटिपूर्ण नहीं है।

432. (a) आजन्म अविवाहित रहने की भीषण प्रतिज्ञा
(b) कोई शान्तनु–पुत्र देवव्रत
(c) ही कर सकता है
(d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (a) दिये गये वाक्य खण्डों में से 'आजन्म अविवाहित रहने की भीषण प्रतिज्ञा' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि प्रतिज्ञा के साथ 'दृढ़' शब्द का प्रयोग होता है; न कि भीषण का।

433. (a) हमारे देश का विकास (b) हिमालय से
(c) हिन्द महासागर तक है (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (a) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'हमारे देश का विकास' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यहाँ 'विकास' के स्थान पर 'विस्तार' शब्द होना चाहिए।

434. (a) वह प्रतिदिन (b) प्रात: काल
(c) के समय घूमने जाता है (d) कोई त्रुटि नहीं

DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)

Ans : (c) दिये गये वाक्य खण्डों में से 'के समय घूमने जाता है' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि वाक्य खण्ड (2) में जब प्रात:काल का प्रयोग हुआ है तो अगले वाक्य खण्ड में समय का प्रयोग अनुचित है।

435. शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिए।
(a) तुम क्या करता है (b) तुम क्या करते हो
(c) तुम क्या करते हैं (d) तुम क्या करता हूँ

DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)

उत्तर : (b) : दिए गए विकल्पों में से वाक्य 'तुम क्या करते हो' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

436. 'मेरा वह हार खो गया जो सोने से बना था'- में आश्रित उपवाक्य है
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया विशेषण उपवाक्य (d) इनमें से कोई नहीं

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'मेरा वह हार खो गया जो सोने से बना था' में **विशेषण** आश्रित उपवाक्य है। क्योंकि जो आश्रित उपवाक्य प्रधान वाक्य की संज्ञा पद की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण उपवाक्य कहते हैं।

437. जो धैर्यवान है, वह कभी असफल नहीं होता- वाक्य में 'जो धैर्यवान है' है-
(a) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) संज्ञा उपवाक्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : जो धैर्यवान है, वह कभी असफल नहीं होता में 'जो धैर्यवान है' **'विशेषण उपवाक्य'** है। यहाँ धैर्यवान विशेषता बता रहा है। विशेषण उपवाक्य विशेषण की भाँति कार्य करते हैं।

438. 'तुम बहुत अच्छे बच्चे हो।' इस वाक्य में कौन-सा पदबंध विशेषण पदबंध है?
(a) तुम बच्चे हो (b) बहुत अच्छे
(c) तुम अच्छे (d) अच्छे बच्चे हो

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : 'तुम बहुत अच्छे बच्चे हो।' इस वाक्य में विशेषण पदबन्ध 'बहुत अच्छे' होगा। किसी संज्ञा की विशेषता बताने वाला पद समूह विशेषण पदबंध होता है।

@RexstarPdf

439. निम्नलिखित वाक्य में विशेषण पदबंध क्या है?
रोज कसरत करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।
(a) लोग स्वस्थ रहते हैं
(b) रोज़ कसरत करने वाले लोग
(c) रोज़ कसरत करने वाले
(d) रोज़ कसरत

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) वे पदबंध जो वाक्य में विशेषण (संज्ञा, सर्वनाम की विशेषता बताने) का कार्य करते हैं, वे विशेषण पदबंध कहलाते हैं। अतः 'रोज कसरत करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।' वाक्य में वाक्यांश 'रोज कसरत करने वाले' विशेषण पदबंध हैं।

440. निम्नलिखित वाक्य में विशेषण पदबंध क्या है?
'सात बजे आने वाली गाड़ी आज एक बजे आएगी।'
(a) सात बजे (b) सात बजे आने वाली
(c) एक बजे (d) एक बजे जाएगी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य 'सात बजे आने वाली गाड़ी आज एक बजे आएगी' में 'सात बजे आने वाली' विशेषण पदबंध है। जब एक से अधिक पद मिलकर किसी संज्ञा की विशेषता प्रकट करें, उन्हें विशेषण पदबन्ध कहते हैं। जैसे– मुझे चार किलो पिसी हुई लाल मिर्च ला दो।

441. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) गाय का शुद्ध दूध यहाँ मिलता है।
(b) यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
(c) शुद्ध गाय का यहाँ दूध मिलता है।
(d) यहाँ मिलता है गाय का दूध शुद्ध।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016
कनिष्ठ सहायक परीक्षा 2016

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में सही वाक्य है- 'यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।' शेष सभी वाक्यों में दुष्क्रमत्व दोष है तथा सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

442. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) उनके पास कोई सामान खाने के लिए नहीं है।
(b) कोई भी खाने का सामान उनके पास नहीं है।
(c) उनके पास खाने का कुछ भी सामान नहीं है।
(d) सामान नहीं है कोई भी उनके पास खाने का।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- 'उनके पास खाने का कुछ भी सामान नहीं है' शेष सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

443. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) मेरे पिताजी के चित्र पर गुलाब की एक माला टँगी है।
(b) एक गुलाब की माला मेरे पिताजी के चित्र पर टँगी है।
(c) एक गुलाब की माला टँगी है मेरे पिताजी के चित्र पर।
(d) एक गुलाब की माला चित्र पर टँगी है मेरे पिताजी के।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : दिये गये चारों विकल्पों में सही वाक्य है- 'मेरे पिता जी के चित्र पर गुलाब की एक माला टँगी है।' शेष सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

444. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) एक फूलों की माला लाओ।
(b) फूलों की एक माला लाओ।
(c) एक माला फूलों की लाओ।
(d) फूल की माला एक लाओ।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016
SSC GD 11/02/2019 (Shift-I)
SSC GD 01/03/2019 (Shift-II)

उत्तर. (b) : दिये गये चारों वाक्यों में सही वाक्य है- 'फूलों की एक माला लाओ।' अन्य तीनों त्रुटिपूर्ण हैं।

445. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह हटाने लगते हैं।
(b) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं।
(c) उधार लेनेवाले प्रायः ऋणदाता से मुँह बनाने लगते हैं।
(d) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से हटाने लगते हैं।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- 'उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं' शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

446. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा।
(b) पंडित नेहरू का आभारी रहेगा सदा देश।
(c) पंडित नेहरू का देश रहेगा आभारी सदा।
(d) देश सदा अभारी रहेगा पंडित नेहरू का।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : सही वाक्य- 'देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा' अन्य सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

447. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) भारत में कई दर्शनीय स्थल योग्य हैं।
(b) भारत में कई स्थल दर्शनीय हैं।
(c) भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं।
(d) देखने योग्य स्थल भारत में कई हैं।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है – 'भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं।' अन्य सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

448. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) बाढ़ के प्रकोप से लोग तबाह हो गए।
(b) बाढ़ के प्रकोप से अनेक लोग तबाह हो गए।
(c) अनेक लोग तबाह हो गए बाढ़ के प्रकोप से।
(d) बाढ़ अनेकों लोगों को तबाह करती है।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में सही वाक्य है- 'बाढ़ के प्रकोप से अनेक लोग तबाह हो गये।' शेष सभी त्रुटिपूर्ण वाक्य हैं।

449. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) आप नौ बजे के करीब आए होंगे।
(b) आप लगभग नौ बजे आए होंगे।
(c) आप लगभग नौ बजे आए हैं।
(d) करीब-करीब नौ बजे आप आए हैं।

NVS TGT/PGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में से सही वाक्य है- 'आप लगभग नौ बजे आए हैं।' अन्य तीनों विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

@RexstarPdf

450. इनमें कौन–सा वाक्य शुद्ध है?

(a) सीता ने यह कहा। (b) सीता ने यह कही।
(c) सीता यह कही। (d) सीता यह कहा।

UP PGT 2002

उत्तर : (a) 'सीता ने यह कहा' शुद्ध वाक्य है, जबकि शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

451.निम्न में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है –

(a) राम ने पेट भर मिठाई खाई।
(b) राम ने पेट भर के मिठाई खाई।
(c) राम ने भरपेट मिठाई खाई।
(d) इनमें से सभी शुद्ध हैं।

UP PGT 2009

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'राम ने भरपेट मिठाई खाई' वाक्य शुद्ध है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

452. कौन-सा वाक्य सही है-

(a) बैल और बकरी घास चरती हैं।
(b) बैल और बकरी घास चरते हैं।
(c) बैल और बकरी घास चरता है।
(d) बैल और बकरी घास चरती है।

UP PGT 2005

उत्तर : (b) व्याकरणात्मक दृष्टि से बैल और बकरी घास चरते हैं, वाक्य शुद्ध होगा क्योंकि वाक्य रचना के नियम के अनुसार यदि विभिन्न लिंगों के कर्ता 'और' अव्यय से जुड़े हों तो क्रिया सदैव पुल्लिंग बहुवचन में होती हैं। यहाँ बैल (पुल्लिंग) तथा बकरी (स्त्रीलिंग) दोनों 'और' अव्यय से जुड़े हैं, अतः वाक्य रचना में इनकी क्रिया पुल्लिंग बहुवचन की होगी।

453.निम्न में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मैं आपकी सौजन्याता पर मुग्ध हूँ।
(b) मैं आपके सौजन्य पर मुग्ध हूँ।
(c) मैं आपकी सुजन्य पर मुग्ध हूँ।
(d) इनमें से तीनों वाक्य अशुद्ध हैं।

UP PGT 2009

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में से 'मैं आपके सौजन्य पर मुग्ध हूँ। सौजन्यता, सुजन्य अशुद्ध शब्द के रूप में वाक्य (a) और वाक्य (c) में प्रयुक्त किये गये हैं।

454. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :

(a) स्नेहा ने गीत की दो-चार लड़ियाँ गायीं।
(b) परीक्षा की प्रणाली बदलना चाहिए।
(c) मुझे बड़ी भूख लगी है।
(d) केरल अहिन्दी भाषी प्रान्त है।

GIC. PGT 2012

उत्तर : (d) केरल अहिन्दी भाषी प्रांत है। शुद्ध वाक्य है शेष दिए गए विकल्पों के शुद्ध वाक्य होंगे–

- स्नेहा ने गीत की दो-चार कड़ियाँ गाई ।
- परीक्षा प्रणाली बदलनी चाहिए।
- मुझे बहुत भूख लगी है।

455.निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मैंने पार्टी में आठ-दस रसगुल्ला खाया।
(b) प्रेम का मूल्य आँका नहीं जा सकता।
(c) इतने में हल्की-सी हवा का एक झोंका आया।
(d) प्रत्येक श्रमिकों को दो-दो रुपये मिले।

Ashram Paddhati PGT. 2012
SSS GD 11/02/2019 (Shift-I)

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'प्रेम का मूल्य आँका नहीं जा सकता' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी अशुद्ध वाक्य हैं। इनके शुद्ध रूप क्रमशः होंगे-

- मैंने पार्टी में आठ-दस रसगुल्ले खाए।
- इतने में हवा का एक झोंका आया।
- प्रत्येक श्रमिक को दो-दो रुपये मिले।

456. निम्न विकल्पों में से सही वाक्य पहचानिए–

(a) पद्मावत के रचयिता कबीर हैं।
(b) पद्मावत के रचयिता बिहारी है।
(c) पद्मावत के रचयिता जायसी हैं।
(d) पदमावत के रचयिता तुलसी हैं।

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों में सही वाक्य है– 'पद्मावत के रचयिता जायसी हैं। यह सूफी काव्य परम्परा का महाकाव्य माना जाता है। यह अवधी बोली और दोहा–चौपाई छंद में लिखा गया है।

457. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिए:

(a) मैंने तीन कुर्सियाँ खरीदीं।
(b) मेरे भाई के शादी के लिए अनेकों प्रस्ताव आये।
(c) दादी का प्राण निकल गया।
(d) चार आदमी के लिए खाना बना दो।

KVS PGT Hindi, 2016
SSC GD 19/02/2019, Shit-II

उत्तर. (a) : दिये गए वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- 'मैंने तीन कुर्सियाँ खरीदीं', जबकि शेष वाक्य अशुद्ध हैं।
अशुद्ध वाक्य- मेरे भाई के शादी के लिए अनेकों प्रस्ताव आये।
शुद्ध वाक्य- मेरे भाई की शादी के लिए अनेक प्रस्ताव आये।
अशुद्ध वाक्य- दादी के प्राण निकल गया।
शुद्ध वाक्य- दादी के प्राण निकल गये।
अशुद्ध वाक्य- चार आदमी के लिए खाना बना दो।
शुद्ध वाक्य- चार आदमियों के लिए खाना बना दो।

458. शुद्ध वाक्य चुनिए –

(a) मुरझाया हुआ फूल वर्षा की फुहार से अभिसिंचित होकर पुनः खिल उठा।
(b) मुरझाई हुई फूल वर्षा की फुहार से अभिसिंचित होकर पुनः खिल उठा।
(c) मुरझाया हुआ फूल वर्षा की फुहार से अभिसिंचित होकर पुनः खिल उठी।
(d) मुरझाया हुआ फूल वर्षा के फुहार द्वारा अभिसिंचित होकर पुनः खिल उठे।।

UP TGT 2009

उत्तर : (a) प्रश्नगत वाक्यों में 'मुरझाया हुआ फूल वर्षा की फुहार से अभिसिंचित होकर पुनः खिल उठा' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य व्याकरण के विभिन्न प्रतिमानों के आधार पर अशुद्ध हैं।

@RexstarPdf

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों में चार वाक्य दिए गए हैं। इनमें से तीन वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं। त्रुटिरहित वाक्य का चयन कीजिये।

459. (a) उसने सुख का साँस लिया।
(b) उसने सुख से साँस लिया।
(c) उसने सुख के साँस लिए।
(d) उसने सुख की साँस ली।

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (d) सही वाक्य है– 'उसने सुख की साँस ली।' शेष गलत वाक्य हैं।

निर्देश - निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन वाक्य दिए गए हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनिए और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाइए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाइए।

460. (a) मैं जिस बस से (b) जा रहा था वह
(c) बहुत भरी हुई थी (d) कोई त्रुटि नहीं

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016
SSC GD 03/03/2019 (Shift-II)

उत्तर : (d) वाक्य में कोई त्रुटि नहीं है।

निर्देश - निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन वाक्य दिए गए हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनिए और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाइए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाइए।

461. (a) उसने लिखा था कि (b) उसकी दुकान पर शुद्ध गाय
(c) का घी मिलता है (d) कोई त्रुटि नहीं

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'उसने लिखा था कि उसकी दुकान पर गाय का शुद्ध घी मिलता है।' शुद्ध वाक्य होगा न कि शुद्ध गाय का घी।

462. (a) ठंड के दिनों में (b) प्रातःकाल के समय
(c) सर्दी काफी बढ़ जाती है (d) कोई त्रुटि नहीं

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) शब्द 'प्रातः काल' के साथ 'समय' शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है क्योंकि प्रातःकाल स्वयं समय का सूचक है।

463. शुद्ध वाक्य पहचानिये :
(a) मेरी 5 बहनें और एक भाई हैं।
(b) मेरी पाँच बहनें और एक भाई हैं।
(c) मेरा एक भाई और पाँच बहनें हैं।
(d) मेरी एक भाई और पाँच बहनें हैं।

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'मेरा एक भाई और पाँच बहनें हैं।' शुद्ध वाक्य है।

464. शुद्ध वाक्य का चयन करें।
(a) माता-पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए।
(b) तूफान आने का संदेह है।
(c) अनेक निरपराध दंड के भागी हुए।
(d) इसके एकमात्र दो कारण हो सकते हैं।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'अनेक निरपराध दण्ड के भागी हुए' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- माता-पिता की सेवा करनी चाहिए।
- तूफान आने की आशंका है।
- इसके मात्र दो कारण हो सकते हैं।

ध्यातव्य है कि 'शुश्रुषा' शब्द का प्रयोग रोगी की सेवा के संदर्भ में किया जाता है।

465. शुद्ध वाक्य का चयन करें।
(a) इस ग्रंथ का निर्माण तुलसीदास ने किया।
(b) समाज की वर्तमान दशा चिंताजनक है।
(c) मैंने तरह-तरह के रेशम के कपड़े पसंद किए।
(d) तुम्हारी दृष्टि तुम्हारी पुस्तक पर होनी चाहिए।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015
SSC GD, 12/02/2019 (Shift-III)

उत्तर : (b) दिये गये वाक्यांश में शुद्ध वाक्य है- समाज की वर्तमान दशा चिंताजनक है। अन्य विकल्पों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
- इस ग्रंथ के रचनाकार तुलसीदास हैं।
- मैंने तरह-तरह के रेशमी कपड़े पसंद किए।
- तुम्हारी दृष्टि पुस्तक पर होनी चाहिए।

466. शुद्ध वाक्य का चयन करें।
(a) मध्यकालीन युग में कलाओं की बहुत उन्नति हुई।
(b) साहब ने कहा है कि, किसी को अन्दर न जाने दिया जाए।
(c) इस समय मोहन की आयु 20 वर्ष है।
(d) वे चाहे भले ही न आएँ, पर तुम्हें आना होगा।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015
SSC GD, 03/03/2019 (Shift-II)

उत्तर : (b) शुद्ध वाक्य 'साहब ने कहा है कि, किसी को अन्दर न जाने दिया जाए।' होगा अन्य वाक्यांशों के शुद्ध रूप निम्नवत हैं- मध्यकाल में कलाओं की बहुत उन्नति हुई। इस समय मोहन की अवस्था बीस वर्ष है। वे भले ही न आएँ, पर तुम्हें आना होगा।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चयन कर उत्तर चिह्नित करें।

467. (a) नदी के किनारे बहुत पेड़ खड़ा है।
(b) छात्र अनुशासनप्रिय होना चाहिए।
(c) युद्ध मनुष्य को अमानवीय बनाता है।
(d) साधनों का विकास करने होंगे।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) शुद्ध वाक्य है – युद्ध मनुष्य को अमानवीय बनाता है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं, इनके शुद्ध वाक्य क्रमशः होंगे–
- नदी के किनारे बहुत पेड़ खड़े हैं।
- छात्र अनुशासनप्रिय होने चाहिए।
- साधनों के विकास करने होंगे।

468. (a) माँ को अपने पुत्र में ममता होती है।
(b) माँ को अपने पुत्र पर ममता होती है।
(c) माँ को अपने पुत्र से ममता होती है।
(d) माँ को अपने पुत्र की ममता होती है।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) शुद्ध वाक्य है – माँ को अपने पुत्र से ममता होती है।

@RexstarPdf

निर्देश– लिखित वाक्यों में से सही वाक्य का चयन कीजिए।

469. (a) तुलसी अवधी के श्रेष्ठ कवि और ब्रजभाषा के सूर हैं।
(b) तुलसी अवधी के श्रेष्ठ कवि है और सूर ब्रजभाषी हैं।
(c) तुलसी और सूर अवधी और ब्रजभाषी के श्रेष्ठ कवि हैं।
(d) तुलसी और सूर क्रमशः अवधी और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि हैं।

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'तुलसी और सूर क्रमशः अवधी और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि हैं' – यह वाक्य व्याकरण के अनुसार सुव्यवस्थित है।

470. (a) जीवन और साहित्य का निकट सम्बन्ध है।
(b) जीवन और साहित्य का घोर सम्बन्ध है।
(c) जीवन और साहित्य का अगाध सम्बन्ध है।
(d) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

राजस्व लेखपाल परीक्षा,2015

उत्तर : (d) 'जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है' शुद्ध वाक्य है, जबकि शेष विकल्प असंगत हैं

निर्देश : लिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

471. (a) वह एक महिला विद्वान थी।
(b) वह एक विदुषी महिला थी।
(c) एक विदुषी महिला थी वह।
(d) वह एक विद्वान महिला थी।

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'वह एक विदुषी महिला थी' शुद्ध वाक्य है। महिला के लिये विदुषी शब्द का इस्तेमाल होता है।

472. (a) वह प्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।
(b) वह सप्रमाण के साथ अपनी बात बताएगा।
(c) एक प्रमाण के सहित अपनी बात बताएगा।
(d) वह सप्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'वह प्रमाण सहित अपनी बात बताएगा' शुद्ध वाक्य होगा। शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

473. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) भारत में अनेक जाति हैं।
(b) भारत में अनेकों जाति हैं।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) भारत में अनेकों जातियाँ है।

परिचालक परीक्षा, 2015
SSC GD, 22/02/2019 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'भारत में अनेक जातियाँ हैं।' शुद्ध वाक्य है।

474. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है–
(a) उसने मिष्टान्न खरीदा।
(b) भोजन बहुत गरिष्ट था।
(c) पन्तजी की षष्ठिपूर्ति पर 'रूपाम्बरा' कृति भेंट में दी गयी।
(d) आप तो अन्तर्ध्यान हो गये।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है-उसने मिष्ठान्न खरीदा, जबकि शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

475. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(a) विद्या श्रेष्ठ धन होती है।
(b) विद्या श्रेष्ठ धन होता है।
(c) विद्या श्रेष्ठ धन मानी जाती है।
(d) विद्या श्रेष्ठ धन नहीं होती है।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'विद्या श्रेष्ठ धन मानी जाती है' वाक्य सर्वाधिक शुद्ध है।

476. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहील्या था।
(b) राजीव निरपराधी है।
(c) अंगद-रावण सम्वाद पर प्रकाश डालिए।
(d) अग्नि प्रज्वलित हो रही है।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) प्रश्नगत वाक्यों में 'अग्नि प्रज्वलित हो रही है' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहल्या था।
- राजीव निरपराध है।
- अंगद-रावण संवाद पर प्रकाश डालिए।

477. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है–
(a) यहाँ गन्ने का ताजा रस बिकता है।
(b) यहाँ ताजे गन्ने का रस बिकता है।
(c) ताजा गन्ने का रस यहाँ बिकता है।
(d) ताजी गन्ने की रस यहाँ बिकती है।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'यहाँ गन्ने का ताजा रस बिकता है' वाक्य सर्वाधिक शुद्ध है।

478. 'शेर को देखकर उसका होश उड़ गया' का शुद्ध रूप है–
(a) शेर को देखकर वह भयभीत हो गया।
(b) शेर को देखकर वह बेहोश हो गया।
(c) शेर को देखकर उसका होश भाग गया।
(d) शेर को देखकर उसके होश उड़ गये।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'शेर को देखकर उसके होश उड़ गये' वाक्य सर्वाधिक शुद्ध है।

479. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चिह्नित कीजिए-
(a) उसके प्राण निकल गये।
(b) उसका प्राण निकल गया।
(c) उसका प्राणपखेरू उड़ गया।
(d) प्राण उसका खत्म हो गया।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- 'उसके प्राण निकल गये' जबकि शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

480. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा शुद्ध है?
(a) मैंने बाजार से सामान खरीदा।
(b) उसने बाजार नहीं जाना है।
(c) हम तो आपको बता दिये थे।
(d) मुझे अपने गुरु के ऊपर श्रद्धा है।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'मैंने बाजार से सामान खरीदा' वाक्य सर्वाधिक शुद्ध है।

481. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिये-
(a) आज घोड़ा दौड़ भी होगी।
(b) मेरे लिए गणित कठोर विषय है।
(c) बाण शस्त्र और बन्दूक अस्त्र है।
(d) गरीबों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था है।

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में 'गरीबों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था है' शुद्ध वाक्य है, जबकि विकल्प (a) के वाक्य में 'भी' का प्रयोग उचित नहीं है। विकल्प (b) में 'कठोर' के स्थान पर 'कठिन' शब्द का प्रयोग उचित है और वह हथियार जो हाथ में लेकर चलाया जाता है, उसे 'शस्त्र' तथा जो फेंक कर चलाया जाता है, उसे 'अस्त्र' कहा जाता है। अतः 'बाण अस्त्र और बन्दूक शस्त्र है' एक शुद्ध वाक्य है।

निर्देश : निम्नलिखित चार वाक्यों में तीन त्रुटिपूर्ण हैं। त्रुटिरहित वाक्य छाँटकर उसे चिह्नित करें।

482. (a) गीतों की पुस्तक एक ला दीजिए।
(b) गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए।
(c) एक गीतों की पुस्तक ला दीजिए।
(d) एक गीत की पुस्तक ला दीजिए।

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए' शुद्ध है। अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

483. (a) मैं सारी रात भर जागता रहा।
(b) मैं पूरी रात भर जागता रह गया।
(c) मैं पूरी रात में जागता रहा।
(d) मैं सारी रात जागता रहा

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015
SSC GD 11/02/2019 (Shift-I)

उत्तर : (d) त्रुटि रहित वाक्य है– 'मैं सारी रात जागता रहा'।

484. (a) जब तक मैं नहीं आऊँ इस समय तक तुम पढ़ते रहना।
(b) जब तक मैं न आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना।
(c) जब तक मैं न आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना।
(d) जब तक मैं नहीं आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना।

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) त्रुटि रहित वाक्य 'जब तक मैं न आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना है।' शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

485. (a) यह काम में आसानी सहित कर सकता हूँ।
(b) यह काम मैं आसानी से कर सकता हूँ।
(c) यह काम मैं आसानी पूर्वक कर सकता हूँ।
(d) यह काम मैं आसानी के साथ कर सकता हूँ।

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) त्रुटि रहित वाक्य 'यह काम मैं आसानी से कर सकता हूँ' है।

486. शुद्ध वाक्य चुनिये- (विराम चिह्न)
(a) आप शायद पटना के रहने वाले हैं।
(b) आप शायद पटना के रहने वाले है।
(c) ''आप शायद पटना के रहने वाले हैं''
(d) आप शायद पटना के रहने वाले हैं?

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग प्रश्नावाचक वाक्यों के साथ-साथ संदेह प्रकट करने वाले वाक्यों के अंत में प्रयुक्त किया जाता है। **जैसे-** आप शायद पटना के रहने वाले हैं? तुम कहाँ जा रहे हो?

निर्देश–निम्नलिखित चार-चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

487. (a) प्रत्येक को दो-दो पुस्तकें दीजिए।
(b) प्रत्येक को दो पुस्तकें दीजिए।
(c) हर एक को दो-दो पुस्तकें दीजिए।
(d) प्रत्येक व्यक्ति को दो पुस्तकें दीजिए।

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) शुद्ध वाक्य – `प्रत्येक को दो पुस्तकें दीजिए।'

488. (a) उसे अनुत्तीर्ण होने का संशय है।
(b) उसे अनुत्तीर्ण होने का शक है।
(c) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशा है।
(d) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) ``उसे अनुर्त्तीर्ण होने की आशंका है।' वाक्य शुद्ध है।

489. ''एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।'' शुद्ध वाक्य चुनिए –
(a) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।
(b) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही है।
(c) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।
(d) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहा हैं।

UDA/LDA परीक्षा, 2015
SSC GD 14/02/2019, Shift-I

उत्तर : (c) 'एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।' शुद्ध वाक्य है। यदि वाक्य में दोनों लिंग और वचन के अनेक विभक्तिरहित कर्त्ता और या किसी अन्य अव्यय से युक्त हों, तो क्रिया बहुवचन में होगी और उसका लिंग अन्तिम कर्त्ता के अनुसार होगा।

490. अपने-अपने किताबें/बस्ते में/डाल लो/कोई त्रुटि नहीं।
(a) अपने-अपने किताबें (b) बस्ते में
(c) डाल लो (d) कोई त्रुटि नहीं

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'अपनी-अपनी किताबें बस्ते में डाल लो' शुद्ध होगा अर्थात् अपने-अपने का प्रयोग गलत है।

निर्देशः निम्नलिखित वाक्य त्रुटिपूर्ण अथवा त्रुटिहीन है। त्रुटिपूर्ण अंश का चयन कीजिए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाइए।

491. <u>मेरा भाई</u> (a) <u>जिसका शादी कल है</u> (b) <u>घर गया।</u> (c)
<u>कोई त्रुटि नहीं</u> (d)

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) वाक्य में त्रुटि है, 'जिसका' के स्थान पर 'जिसकी' शब्द का प्रयोग सही होगा, क्योंकि शादी स्त्रीलिंग है। अतः शुद्ध वाक्य 'मेरा भाई जिसकी शादी कल है घर गया।' होगा।

@RexstarPdf

492. इधर आजकल (a) मौसम की वर्षा (b) हो रही है। (c) कोई त्रुटि नहीं (d)

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) प्रश्नगत वाक्य का सही रूप इस प्रकार है–'इधर आजकल वर्षा हो रही है'। प्रस्तुत वाक्य में 'मौसम' का प्रयोग अनावश्यक है। शुद्ध वाक्य-इधर आजकल वर्षा हो रही है।

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। त्रुटि वाले वाक्य को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c), पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हों, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

493. (a) कुछ उसके प्राप्त करने में दांव-पेंच लगा रहे हैं।
(b) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अधिकतर लोग ऐसे ही हैं।
(c) जिनमें कुछ सुख-सम्पन्नता भोगने और उसका लाभ उठाने में मग्न हैं।
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'कुछ उसके प्राप्त करने में दाव-पेंच लगा रहे हैं।' वाक्य त्रुटिपूर्ण है। इस वाक्य में 'उसके' के स्थान पर 'उसको' होना चाहिए।

494. (a) मनुष्य की अनुभूतियों का प्राकृतिक रूप पशु प्रवृत्तियों से अभिन्न है।
(b) शिक्षा मानव-समाज की अत्यंत महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है।
(c) मनुष्य संसार में अपनी स्वाभाविक और प्राकृतिक विशेषताओं सहित उत्पन्न होता है।
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) कोई त्रुटि नहीं।

495. (a) तुमने अपनी (b) स्वेच्छा से (c) यह काम किया है (d) कोई त्रुटि नहीं

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) शुद्ध वाक्य है 'तुमने स्वेच्छा से यह काम किया है।' अतः 'अपनी' निरर्थक शब्द है।

496. (a) तुलसीदास ने (b) अवधी भाषा में (c) अनेकों ग्रंथ (d) लिखे

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) शुद्ध वाक्य होगा - 'तुलसीदास ने अवधी भाषा में अनेक ग्रंथ लिखे'। इसमें 'अनेक' स्वयं बहुवचन है। अतः अनेकों शब्द अशुद्ध है।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में चार वाक्यांश दिए गए हैं। त्रुटिपूर्ण अंश के अनुसार (a), (b) (c) और त्रुटिरहित होने पर (d) पर चिह्न लगाएँ

497. (a) किसी भी न्यायालय में दी गई गवाही
(b) जब तक वह शपथ लेकर नहीं दी गई हो
(c) तब तक अधिप्रमाणित नहीं मानी जाती है
(d) कोई त्रुटि नहीं।

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य के किसी भी खण्ड में कोई त्रुटि नहीं है।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन गद्यांश दिये गये हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

498. (a) कई रेलवे के कर्मचारी भी
(b) इस विराट प्रदर्शन में
(c) भाग लेने के लिए पहुँचे
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) इस वाक्यांश का सही रूप 'रेलवे के कई कर्मचारी भी' होगा।

499. (a) सरदार पटेल से अच्छी
(b) राजनीतिज्ञ एवं प्रशासक
(c) इस देश में फिर नहीं हुआ
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) इस वाक्यांश का सही रूप 'सरदार पटेल से अच्छा' होगा।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन गद्यांश दिये गये हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।

500. (a) महापुरुष किसी भी देश, जाति अथवा धर्म में जन्म लेकर
(b) उसी देश, जाति अथवा धर्म तक सीमित नहीं रहते
(c) वे तो सम्पूर्ण मानवता के पथ प्रदर्शक होते हैं।
(d) कोई त्रुटि नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) प्रस्तुत वाक्यांशों में कोई त्रुटि नहीं है।

501. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(a) यह व्यर्थ बात करने से कोई लाभ नहीं है।
(b) संपूर्ण देश भर में निराशा छा गई।
(c) भाई ने भाई के साथ सलाह की।
(d) कृपया पत्रोत्तर शीघ्र दें।

नायब तहसीलदार परीक्षा, 1996

उत्तर: (d) प्रश्नगत विकल्पों में शुद्ध वाक्य है – कृपया पत्रोत्तर शीघ्र दें। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–

- व्यर्थ बात से कोई लाभ नहीं है।
- देश भर में निराशा छा गई।
- भाई ने भाई से सलाह की।

502. शुद्ध वाक्य छांटिए-
(a) उस वन में प्रातः काल के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(b) उस वन में सुबह के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।

@RexstarPdf

(c) उस वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(d) उस वन में सवेरे के समय का दृश्य बड़ा ही मनोरम होता था।

लोअर-III परीक्षा, *2016*

उत्तर: (c) ''उस वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।'' वाक्य शुद्ध है। प्रातःकाल, सुबह एवं सवेरे के साथ 'समय' शब्द का प्रयोग नहीं होता है। अतः शेष तीनों विकल्प में निहित वाक्य अशुद्ध हैं।

503. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(a) फूलों की सौन्दर्यता दर्शनीय है।
(b) यहाँ ताजा और गर्म भैंस का दूध मिलता है।
(c) उसे मृत्युदंड की सजा दी गई।
(d) ऊपर के वाक्यों में कोई शुद्ध नहीं है।

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर: (d) विकल्प में अंकित कोई भी वाक्य शुद्ध नहीं है। इन वाक्यों का शुद्ध रूप क्रमशः 'फूलों का सौन्दर्य दर्शनीय है।' 'यहाँ भैंस का ताजा एवं गर्म दूध मिलता है।' तथा 'उसे मृत्युदण्ड दिया गया।' है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

504. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य को चयनित कीजिए–
(a) वह उद्दण्डनीय है।
(b) वह दण्ड भोगने के योग्य है।
(c) वह दण्ड योग्य है।
(d) वह दण्ड देने के योग्य है।

(UP S.D.I. Exam. 2008)

उत्तर: (c) दिये गये कथनों में 'वह दण्ड योग्य है' शुद्ध वाक्य है, अन्य सभी वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

505. निम्नलिखित वाक्यों में एक वाक्य शुद्ध है–
(a) पेड़ की पत्ता गिरी। (b) पेड़ में से पता गिरा।
(c) पत्ता गिर पड़ा पेड़ो से। (d) पेड़ से पत्ता गिरा।

(UP NT Exam. 2008)

उत्तर: (d) दिये गये वाक्यों में 'पेड़ से पत्ता गिरा' शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

506. इनमें से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(a) मेरा गुप्त रहस्य कोई नहीं जानता।
(b) श्याम सज्जन आदमी है।
(c) उत्तर का अधिकांश भाग पहाड़ी है।
(d) इनमें से एक भी वाक्य शुद्ध नहीं है।

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में विकल्प (a) में 'गुप्त रहस्य' शब्द का प्रयोग एक भाव पुनरावृत्ति का द्योतक है। अतः 'रहस्य' ही पर्याप्त आशय रखता है। इसी प्रकार श्याम 'सज्जन आदमी' है। यहाँ पर श्याम सज्जन है से भाव की पूर्ति हो जा रही है। विकल्प (c) में अधिकांश भाग में अधिक + अंश 'पुनः' आगे प्रयुक्त 'भाग' अंश शब्द का पुनरावृत्ति है। अतः यह वाक्य भी दोषपूर्ण है। अगला वाक्य 'इनमें से एक भी शुद्ध नहीं है'। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

507. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :
(a) यह रूमाल अच्छी है।
(b) उसकी दही खट्टी है।
(c) कई हाथियां जा रही हैं।
(d) उसका मकान बहुत अच्छा है।

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर: (d) प्रश्नगत विकल्पों में से 'उसका मकान बहुत अच्छा है' शुद्ध वाक्य है। शेष अशुद्ध वाक्य हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- यह रूमाल अच्छा है।
- इसका दही खट्टा है।
- कई हाथी जा रहे हैं।

508. इनमें से शुद्ध वाक्य है :
(a) डॉ. गुप्ता हमारे पृभारी हैं।
(b) आज मैं इकतिस वर्ष का हो गया हूँ।
(c) इस वर्ष पहाड़ों पर जमकर तुषारपात हुआ है।
(d) हमें कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए।

(UPUDA Spl. Pre. 2010)

उत्तर: (d) प्रश्नगत विकल्पों में से 'हमें कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए' शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी वाक्यों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं जिनके रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- डॉ. गुप्ता हमारे प्रभारी हैं।
- आज मैं इकतीस वर्ष का हो गया हूँ।
- इस वर्ष पहाड़ों पर जमकर तुषारापात हुआ।

509. शुद्ध वाक्य चुनिए–
(a) वाह! कितना सुंदर दृश्य हैं!
(b) वाह! कितना सुंदर दृश्य है।
(c) 'वाह' कितना सुंदर दृश्य है।
(d) वाह? कितना सुंदर दृश्य है।

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018
UPSI Batch-I 14 Dec. 2017

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है–वाह! कितना सुंदर दृश्य है।

510. शुद्ध वाक्य है :
(a) गाय के पूँछ होती है। (b) उसकी बेटी हुई।
(c) गोपाल को लड़का हुआ। (d) मर्द की दाढ़ी होती है।

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्यों में 'मर्द की दाढ़ी होती है' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्यों के शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- उसको बेटी हुई।
- गाय की पूँछ होती है।
- गोपाल के लड़का हुआ।

511. शुद्ध वाक्य छाँटिए:
(a) हम तो अवश्य ही जाएँगे।
(b) यह कहना आपकी भूल है।
(c) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
(d) शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा दुःख हुआ।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (d): दिये गये वाक्यों में 'शास्त्री जी की मृत्यु से हमें बड़ा दुःख हुआ' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप क्रमशः होगा–

- हम अवश्य जाएंगे।
- ऐसा कहना आपकी भूल है।
- मुझसे यह काम नहीं हो सकता।

512. शुद्ध वाक्य छाँटिए:

(a) तुम इसका दाम देने जाओ।
(b) उसका संतान अच्छा है।
(c) मुझे आपका काम बहुत पसंद है।
(d) बेफजूल बात मत करो।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में 'मुझे आपका काम बहुत पसंद है' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–

- तुम इसके दाम देते जाओ।
- उसकी संतान अच्छी है।
- फिजूल बात मत करो।

513. शुद्ध वाक्य छाँटिए:

(a) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
(b) वह बिल्कुल बात करना नहीं चाहती थी।
(c) मैं आपकी भक्ति करता हूँ।
(d) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती हैं।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b): दिये गये वाक्यों में 'वह बिल्कुल बात करना नहीं चाहती थी' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध वाक्य क्रमशः होंगे–

- मुझसे यह काम नहीं हो सकता।
- बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।
- मैं आपके प्रति भक्ति रखता हूँ।

514. वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग का चयन कीजिए। यदि कोई त्रुटि न हो, तो (d) भाग को चिह्नित कीजिए।

(a) अनेक अध्यापकों
(b) शिक्षाविदों तथा भाषा-शास्त्रियों
(c) का सहयोग मिला है
(d) कोई त्रुटि नहीं

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में अनेक अध्यापकों के बाद (,) 'अल्प-विराम' का प्रयोग आवश्यक है।

515. शुद्ध वाक्य छाँटिए:

(a) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(b) इस समय आपकी अवस्था चालीस वर्ष की है।
(c) हम तो अवश्य ही जाएँगे।
(d) मैं हल करने की तलाश में हूँ।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में 'इस समय आपकी अवस्था चालीस वर्ष की है' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः होंगे–

- रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
- हम अवश्य ही जाएँगे।
- मैं हल करने के प्रयास में हूँ।

516. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है :

(a) वे सब प्रकार के दोषों से विहीन हैं।
(b) वे सब दोषों से हीन हैं।
(c) वे सब प्रकार के दोषों से मुक्त हैं।
(d) वे सभी ही दोषों से मुक्त हैं।

UP RO (Main), 2014

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'वे सब प्रकार के दोषों से मुक्त हैं' शुद्ध वाक्य है, जबकि 'वे सब प्रकार के दोषों से विहीन हैं' तथा 'वे सब दोषों से हीन हैं' वाक्यों में क्रमशः 'विहीन' एवं 'हीन' शब्दों का प्रयोग अनुपयुक्त है। इसी प्रकार 'वे सभी ही दोषों से मुक्त हैं' वाक्य में 'सभी ही' शब्द का प्रयोग अनुपयुक्त है। चूँकि 'सभी→ सब + ही' होता है। स्पष्ट है कि 'ही' का प्रयोग अतिरिक्त है। अतः वाक्य त्रुटिपूर्ण है।

517. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है :

(a) पृथ्वीराज चौहान ने यदि राजनीतिक चातुर्य का परिचय दिया होता तो आज भारत का इतिहास कुछ और ही होता।
(b) गिलास ऊपर तक दूध से ठसाठस भरा हुआ था।
(c) प्रबुद्ध विद्यार्थियों को शिक्षक का केवल संकेत मात्र ही पर्याप्त होता है।
(d) शिक्षक ने विद्यार्थियों को आतंकवाद के ऊपर निबन्ध लिखने का आदेश दिया।

UP RO (Main), 2014

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में 'पृथ्वीराज चौहान ने यदि राजनीतिक चातुर्य का परिचय दिया होता तो आज भारत का इतिहास कुछ और ही होता।' वाक्य शुद्ध है, जबकि 'गिलास ऊपर तक दूध से ठसाठस भरा हुआ था' वाक्य में 'ठसाठस' का प्रयोग अनुपयुक्त है। 'प्रबुद्ध विद्यार्थियों को शिक्षक का केवल संकेत मात्र ही पर्याप्त होता है' वाक्य में दो शब्द 'केवल' एवं 'मात्र' समानार्थी' हैं। अतः यहाँ दोनों शब्दों का साथ में प्रयोग अनुपयुक्त है। वाक्य 'शिक्षक ने विद्यार्थियों को आतंकवाद के ऊपर निबंध लिखने का आदेश दिया' अशुद्ध है क्योंकि 'के ऊपर' शब्द का प्रयोग अनुपयुक्त है। इसके स्थान पर 'पर' शब्द प्रयुक्त होना चाहिये।

518. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है –

(a) देखो! फूलों पर भौंरे भिनभिना रहे हैं।
(b) देखो! फूलों पर भौंरे गुंजार कर रहे हैं।
(c) देखो! फूलों के ऊपर भौंरे गुंजारते हैं।
(d) देखो! फूलों के ऊपर भौंरे भिनभिना रहे हैं।

UP RO (Pre.), 2014

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है – देखो! फूलों पर भौंरे गुंजार कर रहे हैं।

519. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है –

(a) उसकी शंका का निवारण हो गया है।
(b) उसकी शंका समाप्त हो गयी है।
(c) उसकी शंका का समाधान हो गया है।
(d) उन्हें अब शंका नहीं रही है।

UP RO (Pre.), 2014

@RexstarPdf

उत्तर: (c) उक्त विकल्पों में सही विकल्प है- उसकी शंका का समाधान हो गया है।

520. एक वाक्य शुद्ध है

(a) भारतवर्ष के अतीत में कई निर्दयी शासक हुए हैं
(b) एकत्रित भीड़ जयजयकार कर रही है
(c) गाँधीजी चरखा चलाते थे
(d) एक-एक करके प्रत्येक छात्र कक्षा से निकल गए

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर: (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'गाँधीजी चरखा चलाते थे' वाक्य शुद्ध है। विकल्प (a) में 'निर्दयी' के स्थान पर 'निर्दय' शब्द प्रयुक्त होना चाहिए। विकल्प (b) में 'एकत्रित' शब्द का प्रयोग अनुचित है जबकि विकल्प (d) में 'एक-एक' और 'प्रत्येक' दोनों का एक साथ प्रयोग अनुचित है।

521. एक वाक्य शुद्ध है-

(a) स्वामी विवेकानंद का भाषण सुनकर उपहास उड़ाने वाले अमरीकियों पर घड़ों पानी पड़ गया।
(b) बाजार का साप्ताहिक अवकाश सोमवार को रहता है।
(c) वह दुखी स्त्री वैधव्यता का जीवन बिता रही है।
(d) मैं सपरिवार सानन्दित हूँ।

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर: (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'स्वामी विवेकानंद का भाषण सुनकर उपहास उड़ाने वाले अमरीकियों पर घड़ों पानी पड़ गया' वाक्य शुद्ध है जबकि विकल्प (b) में 'अवकाश' के स्थान पर 'बंदी' शब्द प्रयुक्त होना चाहिए, विकल्प (c) में 'वैधव्यता' के साथ 'स्त्री' का प्रयोग निरर्थक है। विकल्प (d) में 'सानान्दित' के स्थान पर 'आनन्दित' शब्द प्रयुक्त होना चाहिए।

522. एक वाक्य शुद्ध है-

(a) खेत जोतने के पारम्परिक उपादान हल का स्थान अब ट्रैक्टर ने ले लिया है।
(b) निरपराधी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही का किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।
(c) श्रीमती रेड्डी जिस स्तर की नृत्यांगना है उनके पति उस स्तर के नृत्यांगन नहीं है।
(d) शिक्षा प्रणाली जनोपयोगी होनी चाहिए।

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'शिक्षा प्रणाली जनोपयोगी होनी चाहिए' शुद्ध वाक्य है, जबकि विकल्प (a) में 'उपादान' शब्द का प्रयोग अशुद्ध है। उपादान का तात्पर्य व्यवहार में आने वाली वस्तुओं के बनाने की सामग्री से है। विकल्प (b) में प्रयुक्त 'निरपराधी' के स्थान पर 'निरपराध' शब्द प्रयुक्त होना चाहिए और विकल्प (c) में 'नृत्यांगन' शब्द के स्थान पर 'नर्तक' शब्द प्रयुक्त होना चाहिए।

523. एक वाक्य शुद्ध है-

(a) यह तो अच्छा हुआ कि चोरों का पदार्पण होते ही मैं जाग गया।
(b) अच्छे लेखन के लिए शब्द संयम आवश्यक है।
(c) कक्ष में असंख्य जनसमूह उपस्थित था।
(d) 'रामचरित मानस' तुलसी की सबसे सुन्दरतम कृति है।

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर: (b) 'अच्छे लेखन के लिए शब्द संयम आवश्यक है' शुद्ध वाक्य है, जबकि विकल्प (a) में 'पदार्पण' के साथ 'होते ही' अशुद्ध है। विकल्प (c) में असंख्य' के साथ 'जनसमूह' शब्द का प्रयोग अशुद्ध है जबकि विकल्प (d) में 'सबसे' के साथ 'सुन्दरतम' का प्रयोग अशुद्ध है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (b) शुद्ध है।

524. एक वाक्य शुद्ध है

(a) पर्वतीय प्रदेश में प्रातःकाल का दृश्य बहुत चित्ताकर्षक होता है।
(b) प्रत्येक धर्म के लिए अच्छा सद्भाव रखना हमारा कर्त्तव्य है।
(c) मेरे वेतन का अधिकांश भाग बच्चों की पढ़ाई में ही खर्च हो जाता है।
(d) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है।

UP RO (Pre.), 2016

उत्तर: (a) 'पर्वतीय प्रदेश में प्रातःकाल का दृश्य बहुत चित्ताकर्षक होता है' शुद्ध वाक्य है, जबकि विकल्प (b) में 'अच्छा' के साथ 'सद्भाव' शब्द प्रयुक्त हुआ है जो अशुद्ध है। विकल्प (c) में 'अधिकांश' के साथ 'भाग' शब्द का प्रयोग अशुद्ध है। इसी प्रकार विकल्प (d) में 'स्पष्टीकरण' के साथ 'करना' शब्द प्रयुक्त हुआ है, जो अशुद्ध है।

525. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) सुरेश को एक पाती लिखना है।
(b) सुरेश ने एक पाती लिखनी है।
(c) सुरेश के लिए एक पत्र लिखनी है।
(d) सुरेश के लिए एक पत्र लिखना है।

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'सुरेश के लिए एक पत्र लिखना है' शुद्ध वाक्य है, जबकि अन्य तीनों वाक्य व्याकरण की दृष्टि से गलत हैं।

526. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) यह आँखों से देखी घटना है।
(b) यह आँखों देखी घटना है।
(c) यह आँखों द्वारा देखी गई घटना है।
(d) यह आँखों द्वारा देखी सुनी-सुनी घटना है।

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में 'यह आँखों देखी घटना है' शुद्ध वाक्य है। ध्यातव्य हो कि आँखों की उपयोगिता देखने में ही होती है। अतएव इसके साथ किसी भी कारक विभक्ति का प्रयोग उचित नहीं है।

527. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) आइन्स्टीन के पास विलक्षण बुद्धि थी।
(b) आईन्स्टीन के पास विचित्र बुद्धि थी।
(c) आईन्स्टीन के पास अलौकिक बुद्धि थी।
(d) आईन्स्टीन के पास दैवीय बुद्धि थी।

UP RO (Pre.), 2013

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में आइंस्टीन के पास विलक्षण बुद्धि थी, वाक्य सही है। अन्य तीनों विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

528. कौन सा वाक्य शुद्ध है –

(a) शरत्कालीन दिनों में चंद्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(b) शरद् काल के दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(c) शरत् काल में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(d) शरत् काल के दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।

UP RO (Pre.), 2013

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में 'शरत्काल में चंद्रमा की शोभा देखने योग्य होती है' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध हैं क्योंकि काल और दिन एक साथ प्रयोग नहीं होते हैं।

529. सुसंगत शब्द प्रयोग में कौन सा वाक्य सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) दुष्ट को सजा मिलनी चाहिए।
(b) अपराधी को सजा मिलनी चाहिए।
(c) अशिष्ट को सजा मिलनी चाहिए।
(d) शत्रु को सजा मिलनी चाहिए।

UP RO (Main), 2013

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में दुष्ट को सजा मिलनी चाहिए; अशिष्ट को सजा मिलनी चाहिए और शत्रु को सजा मिलनी चाहिए – ये तीनों वाक्य अशुद्ध हैं, जबकि 'अपराधी को सजा मिलनी चाहिए' यह वाक्य शुद्ध है।

530. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) यह आपकी अनाधिकार चेष्टा है।
(b) यह आपकी अनधिकार चेष्टा है।
(c) यह आपकी चेष्टा अनाधिकार है।
(d) यह चेष्टा आपका अनाधिकार है।

UP RO (Main), 2010

उत्तर: (b) 'यह आपकी अनधिकार चेष्टा है' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्यों में वर्तनीगत दोष है।

531. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) उसने अपनी कमाई का अधिकांश भाग गँवा दिया।
(b) वह अपनी कमाई का अधिकांश भाग गँवा बैठा।
(c) उसने कमाई का अधिकांश भाग गँवा डाला।
(d) उसने अपनी कमाई का अधिकांश गँवा दिया।

JE Exam-2015
UP RO (Main), 2010

उत्तर: (d) "उसने अपनी कमाई का अधिकांश भाग गँवा दिया।" इस वाक्य में अधिकांश में अधिक **अंश** शब्द जुड़ा हुआ है जिसका अर्थ होता है – भाग। अतः अधिकांश के बाद **भाग** शब्द लगाना गलत है। इस वाक्य में पुनुरुक्ति दोष है, अतः शुद्ध वाक्य होगा – उसने अपनी कमाई का अधिकांश गँवा दिया।

532. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सही है?

(a) श्री राम चौदह वर्ष के बाद वन से वापस लौटे।
(b) श्रीराम चौदह वर्ष के बाद वनवास से वापस लौटे।
(c) श्रीराम चौदह वर्ष बाद वन से वापस लौटे।
(d) श्री राम चौदह वर्ष के बाद वन से लौटे।

UP RO (Main), 2010

उत्तर: (d) "श्री राम चौदह वर्ष के बाद वन से लौटे।" शुद्ध वाक्य है। 'वापस लौटे' दोनों शब्द एक समानार्थक भावों को व्यक्त करते हैं। अतः यहाँ पर दोनों शब्दों का साथ-साथ प्रयोग पुनरुक्ति दोष होगा।

533. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) आपका शासन सम्बन्धी कार्य अधिक विख्यातपूर्ण है।
(b) आपको भूमि-भवन-वाहन का अभिनव सुख की प्राप्ति होगी।
(c) यह समाचार पूरे देश भर में तुरन्त फैल गया।
(d) तुम्हें कल कुछ हो जाये तो मैं कहीं का नहीं रहूँगा।

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'तुम्हें कल कुछ हो जाये तो मैं कहीं का न रहूँगा' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप निम्नवत् हैं–

- आपका शासन सम्बन्धी कार्य अधिक विख्यात है।
- आपको भूमि-भवन-वाहन के अभिनव सुख की प्राप्ति होगी।
- यह समाचार देश भर में तुरन्त फैल गया।

534. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) रोगी अपनी कमजोरियों के कारण उठ तक नहीं पा रहा था।
(b) राजपथ की सड़क से झाँकियाँ वापस लौट गईं।
(c) शिकारी उस पर गोली चलाई पर वह शेर बच निकला।
(d) उस समय चरखा चलाना भी एक अनुशासन था।

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर: (d) दिये गये विकल्पों में 'उस समय चरखा चलाना भी एक अनुशासन था' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः निम्नवत् हैं–

- रोगी अपनी कमजोर अवस्था के कारण उठ तक नहीं पा रहा था।
- राजपथ से झाँकियां वापस गईं।
- शिकारी ने शेर पर गोली चलाई पर वह बच निकला।

535. नीचे दिये वाक्यों में कौन सा वाक्य त्रुटिहीन है?

(a) मेरे घर के पास एक पान की दूकान है।
(b) मेरे घर के पास एक पान की दूकान स्थित है।
(c) मेरे घर के पास एक पानों की दूकान है।
(d) मेरे घर के पास पान की एक दुकान है।

SSC GD IS 15/02/2019, Shift-I
UP RO (Main) 2010
UP RO (Pre.) 2014

उत्तर: (d) मेरे घर के पास एक पान की दूकान है। उसमें क्रम का दोष है। अक्रमत्व दोष के कारण भी प्रायः वाक्य अशुद्ध हो जाते हैं। यहाँ पर एक पान ठीक न होकर एक दुकान सार्थक आशय देता है। विकल्प (d) 'मेरे घर के पास पान की एक दुकान है' सही वाक्य है।

536. दिए गए चार वाक्यों में से केवल एक हिन्दी व्याकरण वाक्य रचना के अनुसार शुद्ध है। सही विकल्प का चुनाव करें।

(a) यहाँ गणित विज्ञान के साथ-साथ कढ़ाई बुनाई भी पढ़ाया जाता है।
(b) धीमी स्वर में बोलोगे तो कोई नहीं सुन पायेगा।
(c) हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।
(d) मैं यह काम पहले कभी नहीं किया हूँ।

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है– 'हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।' शेष सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

537. दिए गये चार वाक्यों में से केवल एक हिंदी व्याकरण वाक्य रचना के अनुसार शुद्ध नहीं है। सही विकल्प का चुनाव करें।

(a) कभी ना कभी तो सच बाहर आना ही था।
(b) जरूरत से ज्यादा खर्च करना दरिद्रता को निमन्त्रण देने जैसा है।
(c) ऐसा नहीं था की उसने पहले कभी झूठ ना बोला हो।
(d) जिसकी जितनी मर्जी वो उतना दान दे सकता है।

@RexstarPdf

उत्तर. (c): 'ऐसा नहीं था की उसने पहले कभी झूठ ना बोला हो।' वाक्य त्रुटिपूर्ण है। वाक्य में 'की' के स्थान पर 'कि' का प्रयोग होना चाहिए। अतः शुद्ध वाक्य होगा– 'ऐसा नहीं था कि उसने पहले कभी झूठ न बोला हो।'

538. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए–

(a) अधिकारियों ने कागजात का निरीक्षण किया।
(b) अधिकारियों ने कागजात का परिक्षण किया।
(c) अधिकारियों ने कागजात की जाँच की।
(d) अधिकारियों ने कागजात का अन्वेषण किया।

UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (c) 'अधिकारियों ने कागजात की जाँच की' एक शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी विकल्प वाक्य अशुद्ध हैं।

539. नीचे दिए गए वाक्यों में शुद्ध वाक्य कौन सा है?

(a) शत्रु मैदान से दौड़ खड़ा हुआ।
(b) शत्रु मैदान से भाग खड़ा हुआ।
(c) शत्रु मैदान में भाग खड़ा हुआ।
(d) शत्रु मैदान से दौड़ कर गया।

UPPCL JE Electrical, 2013

उत्तर (b) : दिये गये विकल्पों में से 'शत्रु मैदान से भाग खड़ा हुआ' शुद्ध वाक्य है। दौड़ना सामान्य एवं भागना भय के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

540. कौन सा वाक्य अर्थ की दृष्टि से असंगत नहीं है?

(a) देश की हालत देखकर बहुत दुःख होता है
(b) वह चुपचाप अपनी बात कहता ही रहा
(c) मैं मर कर भी आपको याद करूंगा
(d) मेरा यह पत्र न मिले तो मुझे बताना

UPPCL TG2 , 2015

उत्तर: (a) 'देश की हालत देखकर बहुत दुःख होता है।' अर्थ की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है।

541. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है ?

(a) वे वापिस लौट आए।
(b) यह मुझसे नहीं हो पाएगा।
(c) वह गाने का अभ्यास करता है।
(d) प्रत्येक व्यक्ति जीना चाहता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (a) उपर्युक्त विकल्पों में 'वे वापिस लौट आए' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य - 'वे लौट आए' होगा। शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।

542. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अर्थ की दृष्टि से सही है?

(a) मैं रात भर जागा।
(b) हम रात भर जागा।
(c) मैंने रात भर जागा।
(d) हमने रात भर जागा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'मैं रात भर जागा' वाक्य अर्थ की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि शेष वाक्यों में 'क्रिया' कर्त्ता के संगत वचन में न होने के कारण त्रुटिपूर्ण है।

543. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) उसका शिमला जाना है।
(b) उसने शिमला जाना है
(c) उससे शिमाला जाना है
(d) उसे शिमला जाना है

UPP Constable, 2017

उत्तर : (d) दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य उसे शिमला जाना है' जबकि शेष विकल्प अशुद्ध है।

544. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य को पहचानिए।

(a) राधा घर नहीं है।
(b) राम पाठशाला बैठा है।
(c) आप अवश्य सुने होंगे।
(d) मैंने एक नाटक का अनुवाद किया।

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (d): दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है– 'मैंने एक नाटक का अनुवाद किया।' अन्य दिये गये विकल्पों के शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–

- राधा घर पर नहीं है।
- राम पाठशाला में बैठा है।
- आपने अवश्य सुना होगा।

545. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।

(a) तीन नगर का नाम बताइए।
(b) तीन नगरों के नाम बताइए।
(c) तीन नगरों का नाम बताइए।
(d) तीन नगर के नाम बताइए।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य – 'तीन नगरों के नाम बताइए' है। अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

546. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य छाँटिए:

(a) अनेक देखने योग्य दर्शनीय स्थल भारत में हैं।
(b) भारत में अनेक दर्शनीय स्थल हैं।
(c) भारत में दर्शनीय स्थल अनेक देखने योग्य हैं।
(d) भारत में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं।

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'भारत में अनेक दर्शनीय स्थल हैं।' दर्शनीय का अर्थ 'देखने योग्य' होता है। अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

547. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।

(a) स्वभाव के प्रतिकूल तुम्हें यह कार्य करना चाहिए।
(b) स्वभाव के अनुकूल तुम्हें यह कार्य करना चाहिए।
(c) स्वाभावारूप तुम्हें यह कार्य करना चाहिए।
(d) स्वाभाव के अनुरूप तुम्हें यह कार्य करना चाहिए।

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'स्वभाव के अनुकूल तुम्हें यह कार्य करना चाहिए।' अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

548. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिये।

(a) वह स्वयं आएगा।
(b) वाक्य और वाक्य के भेदों पर प्रकाश डालिए।
(c) दूध में कौन पड़ गया
(d) वह सुन्दर शोभा धारण कर रहा था।

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर : (a) उपर्युक्त विकल्पों में व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है– **'वह स्वयं आएगा'।**
शेष विकल्प के शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- वाक्य और उसके भेद पर प्रकाश डालिये।
- दूध में क्या पड़ गया?
- वह सुशोभित हो रहा था।

549. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।
(a) उसने धीमी स्वर में बताया।
(b) युद्ध के कारण लोग बर्बाद हो गए।
(c) उसने कुछ देर से उत्तर दी।
(d) राम और सीता वन को गई।

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (b) उपर्युक्त वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है– 'युद्ध के कारण लोग बर्बाद हो गए।'
शेष वाक्यों के शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–
- उसने धीमे स्वर में बताया।
- उसने कुछ देर से उत्तर दिया।
- राम और सीता वन को गए।

550. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।
(a) मोर के पंख सुंदर होते हैं।
(b) मोरों के पंख सुंदर होते हैं।
(c) मोर का पंख सुंदर होते हैं।
(d) मोरो के पंख सुंदर होते हैं।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है– मोर के पंख सुन्दर होते हैं। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं।

551. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।
(a) मैं आपको परनाम किया हूँ।
(b) मैंने आपसे प्रणाम किया था।
(c) मैंने आपको प्रणाम किया था।
(d) मैं आपको प्रणाम किया था।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'मैंने आपको प्रणाम किया था।' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

552. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।
(a) डर के मारे चोर दौड़ गया।
(b) परिवर्तन से ही विकास के चरण आगे बढ़ते है।
(c) ललित को दो बेटियाँ हैं।
(d) कर्म ही जीवन की कसौती है।

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में सही वाक्य है– परिवर्तन से ही विकास के चरण आगे बढ़ते हैं।
शेष वाक्यों के शुद्ध रूप क्रमशः निम्न हैं–
- डर के मारे चोर भाग गया।
- ललित की दो बेटियाँ हैं।
- कर्म ही जीवन की कसौटी है।

553. नैतिकता धर्म से सम्बन्धित है, क्योंकि .....।
(a) दोनों की उपेक्षा से मनुष्य डरता है।
(b) दोनों ही सामाजिक व्याख्याओं से सम्बन्धित हैं।
(c) दोनों ही अलौकिक संसार से सम्बन्ध है।
(d) नैतिकता और धर्म दोनों में अटूट रिश्ता है।

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) नैतिकता धर्म से सम्बन्धित है, क्योंकि 'दोनों ही सामाजिक व्याख्याओं से संबंधित हैं।''

554. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य पहचानिए।
(a) ईमानदारी मनुष्य का श्रेष्ठ लक्षण है।
(b) ईमानदारी मनुष्य का श्रेष्ठ आचरण है।
(c) ईमानदारी मनुष्य का श्रेष्ठ व्यवहार है।
(d) ईमानदारी मनुष्य का श्रेष्ठ गुण है।

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से सही वाक्य 'ईमानदारी मनुष्य का श्रेष्ठ गुण है।' अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

555. विकल्पों में वर्णित वाक्यों में से सही वाक्य का चयन करें?
(a) शरीर को स्वस्थ रखने का एक ही साधन खेल भी है।
(b) खेल-कूद की शिक्षा के अनिवार्य अंग मान महत्व दिया जाता है।
(c) समाज में खिलाड़ियों को आदर प्रदान किया जाता है।
(d) क्रिकेट, टेनिस या कोई भी खेल को खेलने से हमारा शरीर तो चुस्त और तंदरुस्त बनता है।

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों में 'समाज में खिलाड़ियों को आदर प्रदान किया जाता है।' शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः निम्नलिखित हैं–
- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी एक साधन है।
- खेल-कूद को शिक्षा का अनिवार्य अंग मान कर महत्व दिया जाता है।
- क्रिकेट, टेनिस या कोई भी खेल खेलने से हमारा शरीर चुस्त और तंदुरुस्त बनता है।

556. दिए गए विकल्पों में से उचित एवं शुद्ध वाक्य पहचानिए।
(a) आजकल शिक्षा को बड़ा महत्व दिया जा रहा है।
(b) शिक्षा पर आजकल बड़ा महत्व है।
(c) आजकल शिक्षा का बड़ा प्रचलन है।
(d) आजकल शिक्षा पर बड़ा महत्व है।

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- 'आजकल शिक्षा को बड़ा महत्व दिया जा रहा है।' शेष तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

557. 'यहाँ लगभग कोई दो दर्जन के करीब संतरे है।' इस वाक्य की अशुद्धि दूर करने के लिए निम्न में से सही वाक्य पहचानिए।
(a) यहाँ करीब कोई दो दर्जन संतरे है।
(b) यहाँ लगभग दो दर्जन संतरे हैं।
(c) यहाँ लगभग दो दर्जन के करीब संतरे है।
(d) यहाँ कोई दो दर्जन के करीब संतरे है।

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (b) 'यहाँ लगभग कोई दो दर्जन के करीब संतरे हैं।' वाक्य की अशुद्धि दूर करने के लिए सही वाक्य होगा- यहाँ लगभग दो दर्जन संतरे हैं। शेष सभी अशुद्ध विकल्प हैं।

@RexstarPdf

558. निम्न विकल्पों में से सही वाक्य पहचानिये–

(a) हमें परस्पर प्रेम से रहना चाहिए
(b) हमें परस्पर से प्रेम में रहना चाहिए
(c) हमें परस्पर में प्रेम से रहना चाहिए
(d) हमें परस्पर में प्रेम रखना चाहिए

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है– 'हमें परस्पर प्रेम से रहना चाहिए।' शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

559. दिए गए विकल्पों में शुद्ध वाक्य की पुष्टि कीजिए।

(a) मेरा नाम मोहन है
(b) मेरा नाम मोहन जी है
(c) मेरा नाम श्री मोहन जी है
d) मेरा नाम श्री मोहन है

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है– 'मेरा नाम मोहन है।' अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं क्योंकि स्वयं का परिचय देते हुए नाम के साथ 'श्री', 'जी' का प्रयोग अनुचित है।

560. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।

(a) मजदूरों को अनेक काम है।
(b) मजदूरों को अनेकों काम हैं।
(c) मजदूरों को अनेकों काम है।
(d) मजदूरों को अनेक काम हैं।

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से शुद्ध वाक्य है– 'मजदूरों को अनेक काम हैं।' शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

561. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए–

(a) जब तुम फोन करोगे तो मैं आऊँगा।
(b) वह बहुत तेज-तेज दौड़कर चला गया।
(c) बुराई को बढ़ावा नहीं दो।
(d) देश के लिए उसने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'जब तुम फोन करोगे तो मैं आऊँगा' वाक्य शुद्ध है। शेष वाक्यों का शुद्ध रूप निम्नवत् है–

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य
वह बहुत तेज-तेज दौड़कर चला गया	वह बहुत तेज दौड़कर चला गया
बुराई को बढ़ावा नहीं दो	बुराई को बढ़ावा मत दो
देश के लिए उसने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया	'देश के लिए उसने सर्वस्व न्योछावर कर दिया

562. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।

(a) आसमान को घने बादल छाए हुए हैं
(b) आसमान पर घने बादल छाए हुए है
(c) आसमान से घने बादल छाए हुए हैं
(d) आसमान में घने बादल छाए हुए हैं

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है– 'आसमान में घने बादल छाए हुए हैं।' अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

563. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
देशप्रेम के कारण ही किसी देश के निवासियों में उसके देष के प्रति श्रद्धा की भावना जागृत होती है।

(a) देश के निवासियों में
(b) उसके देष के प्रति श्रद्धा
(c) देशप्रेम के कारण ही किसी
(d) की भावना जागृत होती है।

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (b) प्रश्नगत वाक्य में अशुद्ध भाग के रूप में 'उसके देष के प्रति श्रद्धा' को चिह्नित किया गया है। प्रस्तुत वाक्य का शुद्ध रूप निम्नवत् है– 'देश प्रेम के कारण ही किसी देश के निवासियों में उस देश के प्रति श्रद्धा की भावना जागृत होती है।'

564. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।

(a) श्री राम और रावण के बीच घोर युद्ध हुआ।
(b) यह लड़की ने कोई काम ठीक से नहीं किया।
(c) रविवार को हम चर्च को जाते हैं।
(d) दुर्जन लोगों को सुधारना कठिन है।

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'श्रीराम और रावण के बीच घोर युद्ध हुआ।' वाक्य शुद्ध है। शेष वाक्यों का शुद्ध रूप निम्नवत् है–

अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य
यह लड़की ने कोई काम ठीक से नहीं किया।	इस लड़की ने कोई काम ठीक से नहीं किया।
रविवार को हम चर्च को जाते हैं।	रविवार को हम चर्च जाते हैं।
दुर्जन लोगों का सुधारना कठिन है।	दुर्जन को सुधारना कठिन है।

565. प्रेमचंद का साहित्य राष्ट्रीय चेतना का पुंजिभूत ज्योतिस्तूप है। रेखांकित शब्द की त्रुटि सुधारें।

(a) पुंजीभूत (b) पूंजीभूत
(c) पूंजीभुत (d) पुंजिभूत

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) इस पंक्ति में पुंजिभूत के स्थान पर 'पूंजीभूत' शब्द होना चाहिए। अन्य शब्द वर्तनी के आधार पर अशुद्ध हैं।

566. 'यह निबंध मैं लिखा हूँ, इस अशुद्ध वाक्य के लिए निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) मैंने यह निबंध लिखा हूँ।
(b) मैं यह निबंध लिखा हूँ।
(c) यह निबंध मैंने लिखा है।
(d) यह निबंध मैं लिखा हूँ।

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'यह निबंध मैं लिखा हूँ।' इस अशुद्ध वाक्य का शुद्ध रूप है– 'यह निबंध मैंने लिखा है।'

567. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध नहीं है, पहचानिए।

(a) कभी-कभी सिर्फ एक शब्द, एक वाक्य या एक विचार हमारी जिंदगी बदल सकता है।
(b) कई बार हम कोई चीज़ से प्रेरित होकर कोई ऐसा काम शुरू कर देते हैं पर उसे पूरा नहीं कर पाते।
(c) सत्य बोलने के लिये कोई तैयारी नहीं करनी पड़ती, सच हमेशा दिल से निकलता है।
(d) स्वर्ग या नरक में जाने की कुंजी भगवान ने हमारे हाथ में दे रखी है।

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (b): 'कई बार हम कोई चीज से प्रेरित होकर कोई ऐसा काम शुरू कर देते हैं पर उसे पूरा नहीं कर पाते।' यह वाक्य शुद्ध नहीं है। जबकि इसका शुद्ध रूप इस प्रकार होगा– 'कई बार हम किसी चीज से प्रेरित होकर विशेष कार्य शुरू करते हैं किन्तु उसे पूरा नहीं कर पाते'।

568. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।

(a) विश्वनाथ अपने परिवारियों के साथ किसी महानगर में एक छोटे तंग मकान में रहता है।
(b) यदि हमें जीवन में कुछ प्राप्त करना है, तो पुरुषार्थ को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए।
(c) कई सालों से निर्मला के मन में तीर्थयात्राओं की बड़ी लालसा थी।
(d) गर्मी की उमस होने के बाद वर्षा शुरू होने को हुई।

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (b): 'यदि हमें जीवन में कुछ प्राप्त करना है, तो पुरुषार्थ को जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए।' यह वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है। शेष तीनों वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

569. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध नहीं है, पहचानिए।

(a) हमारे जीवन में सोच-विचार का बहुत महत्व होता है।
(b) मन बंदर की भाँति होता है, सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान पर छलांग लगाता है।
(c) आप फल आहार से अपनी आँते साफ कर सकते हैं।
(d) एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है।

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'आप फल आहार से अपनी आँतें साफ कर सकते हैं।' यह अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध वाक्य 'आप फलाहार से अपना पेट साफ कर सकते हैं' है। जबकि शेष सभी विकल्प शुद्ध हैं।

570. 'विहान कब आया।' वाक्य में त्रुटि बताएँ।

(a) मात्रा (b) व्याकरण
(c) विराम चिह्न (d) काल

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्प में विराम चिह्न की त्रुटि है। 'विहान कब आया।' का शुद्ध वाक्य होगा 'विहान कब आया?' वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग होगा।

571. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चुनिए–

(a) वे अब झगड़ा करेंगे, ऐसी आशा है।
(b) यात्री अत्यंत दूर से आए हैं।
(c) बेफिजूल मत झगड़ो।
(d) मेरे पास कहानियों की अनेक पुस्तकें हैं।

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर :(d) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- 'मेरे पास कहानियों की अनेक पुस्तकें हैं।' इसके अतिरिक्त सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

572. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) उसने वहाँ पहुँचकर शोर मचाया।
(b) उसका घर मेरे को मालुम नहीं।
(c) मैंने यह कब बोला।
(d) मेरे से मत उलझो, घर जाओ।

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर: (a) प्रश्नगत विकल्पों में से 'उसने वहाँ पहुँचकर शोर मचाया।' शुद्ध वाक्य है। इसके अलावा शेष विकल्प अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–

- उसका घर मुझे नहीं मालूम।
- मैंने यह कब बोला?
- मुझसे मत उलझो, घर जाओ।

573. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य छांटिये।

(a) मेरे जूतों तुमसे अच्छे हैं।
(b) वह शायद से आज आयेगा।
(c) गाँधी जी ईश्वर के पक्के भक्त थे।
(d) चाकू से बच्चों को काटकर फल दो।

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में 'गाँधी जी ईश्वर के पक्के भक्त थे।' शुद्ध वाक्य हैं। इसके अतिरिक्त सभी वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं। शुद्ध वाक्य होंगे-

- मेरे जूते तुमसे अच्छे हैं।
- वह शायद आज से आयेगा।
- चाकू से फल काटकर बच्चों को दो।

574. निम्न में से किस विकल्प में त्रुटि नहीं है?

(a) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए।
(b) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिया।
(c) मैंने उस कागज में हस्ताक्षर कर दिए।
(d) मैंने हस्ताक्षर कर दिया उस कागज पर।

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में 'उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिये।' शुद्ध वाक्य है। इसके अतिरिक्त सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

575. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य का चयन करें।

(a) तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।
(b) तलवार एक उपयोगी फौलाद है।
(c) तलवार एक उपयोगी शस्त्र है।
(d) तलवार एक उपयोगी शास्त्र है।

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये वाक्यों में 'तलवार एक उपयोगी शस्त्र है।'– वाक्य शुद्ध है क्योंकि हाथ में लेकर लड़े जाने वाले हथियार को 'शस्त्र' जबकि हाथ से फेंक कर चलाये जाने वाले हथियार को 'अस्त्र' कहा जाता है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

576. निम्नलिखित वाक्य को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि कौन से हिस्से में त्रुटि है?

'आधुनिक परिवार का एक हिस्सा बनकर जिंदगी मानसिक तनाव से गुजर गई है।'

(a) एक हिस्सा बनकर। (b) गुजर गई है।
(c) जिंदगी मानसिक तनाव से।(d) आधुनिक परिवार का।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'आधुनिक परिवार का एक हिस्सा बनकर जिंदगी मानसिक तनाव से गुजर गई है।' वाक्य में त्रुटिपूर्ण हिस्से के रूप में 'गुजर गई है' को चिह्नित किया गया है। अतः शुद्ध वाक्य विन्यास है– 'आधुनिक परिवार का एक हिस्सा बनकर जिंदगी मानसिक तनाव से गुजर रही है।'

@RexstarPdf

577. 'नेताजी ने आजाद हिन्दी फौजी का नियंत्रण किया।' वाक्य की त्रुटियाँ सुधारें।

(a) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किया
(b) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का निर्भय किया।
(c) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नियंत्रण किया।
(d) नेताजी ने आजाद हिन्द फौजी का नियंत्रण किया।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : शुद्ध वाक्य – ''नेता जी ने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किया।'' है।

578. 'यद्यपि वह बीमार था; परन्तु वह मेला गया।' वाक्य की त्रुटियाँ सुधारें।

(a) यदयपि वह बीमार था; लेकिन वह मेला गया।
(b) यदयपि का बिमार था; फिर भी वह मेला गया।
(c) यद्यपि वह बीमार था; तथापि वह मेला गया।
(d) यद्यपि वह बीमार था; किन्तु वह मेला गया।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : अशुद्ध वाक्य–'यदयपि वह बीमार था; परन्तु वह मेला गया।'
शुद्ध वाक्य– यद्यपि वह बीमार था; तथापि वह मेला गया।

579. निम्नलिखित वाक्य को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि कौन से हिस्से में त्रुटि है?
'तेनालीराम ने कहीं सुना था की एक दुश्ट आदमी साधु का भेष बनाकर लोगों को अपने जाल में फंसा लेता है।'

(a) तेनालीराम ने कहीं सुना था।
(b) की एक दुश्ट आदमी साधु।
(c) को अपने जाल में फंसा लेता है।
(d) का भेष बनाकर लोगों।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्य में अशुद्ध भाग के रूप में 'की एक दुश्ट आदमी साधु' को चिह्नित किया गया है। अतः इसका शुद्ध रूप इस प्रकार होगा-
तेनालीराम ने कहीं सुना था कि एक दुष्ट आदमी साधु का भेष बनाकर लोगों को अपने जाल में फँसा लेता है।

580. चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिए।

(a) आकाशवाणी से यह समाचार कहा गया।
(b) आकाशवाणी से यह समाचार सुनाया गया।
(c) आकाशवाणी से यह समाचार प्रसारित किया गया।
(d) आकाशवाणी से यह समाचार बताया गया।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में 'आकाशवाणी से यह समाचार प्रसारित किया गया' वाक्य शुद्ध है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

581. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।

(a) कई सालों से निर्मला के मन में तीर्थयात्राओं की बड़ी लालसा थी।
(b) गर्मी की उमस के बाद वर्षा शुरू हुई।
(c) विश्वनाथ अपने परिवारियों के साथ किसी महानगर में एक छोटे तंग मकान में रहता है।
(d) यदि हमने जीवन में सब कुछ प्राप्त करना है, तो पुरुषार्थ को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए।

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में 'गर्मी की उमस के बाद वर्षा शुरू हुई।' वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

582. सही वाक्य है

(a) आपकी कृपा-पत्र मिली (b) आपका कृपा-पत्र मिला
(c) आपकी कृपा-पत्र मिला (d) आपका कृपा-पत्र मिली

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'आपका कृपा–पत्र मिला' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं क्योंकि 'पत्र' पुल्लिंग शब्द है जिसके कारण सर्वनाम और सहायक क्रिया भी पुल्लिंग की होगी।

583. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) निरपराधी को दंड देना उचित नहीं है
(b) न्यायालय ने उसको निर्दोष ठहराया
(c) न्यायालय ने उसको निर्दोष बनाया
(d) न्यायालय ने उसको अपराधी लगाया

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : प्रश्नगत विकल्पों में 'न्यायालय ने उसको निर्दोष ठहराया' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं क्योंकि उनमें असंगत क्रियाएं प्रयुक्त हुई हैं।

584. उचित एवं शुद्ध वाक्य पहचानिए।

(a) लड़की सेब खा रही है।
(b) लड़कियों सेब खा रही हैं।
(c) लड़कियाँ सेब खा रही हैं।
(d) लड़की सेब खा रही हैं।

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (a/c) दिये गये विकल्पों में दो वाक्य शुद्ध है पहला है (a) लड़की सेब खा रही है और दूसरा है (c) लड़कियाँ सेब खा रही हैं। जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

निर्देश : नीचे दिये गये प्रश्नों में एक वाक्य दिया हुआ है जिसके किसी भाग में गलती हो सकती है। वाक्य के जिस भाग में गलती हो, उसके अनुक्रम (a), (b) या (c) का चयन कीजिए। यदि कोई गलती न हो, तो आपका उत्तर (d) होगा।

585. कभी-कभी अचानक ही विधाता हमें ऐसे विलक्षण (a)
व्यक्तियों से मिला देता है (b)
जिन्हें देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता छोटी लगती है। (c)
कोई गलती नहीं (d)

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है- जिन्हें देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता छोटी लगती है जबकि पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- कभी-कभी अचानक ही विधाता हमें ऐसे विलक्षण व्यक्तियों से मिला देता है जिन्हें देखकर अपने जीवन की रिक्तता छोटी लगती है।

586. पश्चिमी देशों के विचारक चाहे जो कहे (a)
पर हम भारतीयों का आज भी यही मानना है कि (b)
हमें सेवा कार्य को अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए (c)
कोई गलती नहीं (d)

UPPCL RO/ARO, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये वाक्यांशों में से विकल्प (c) गलत है जिसका शुद्ध रूप इस प्रकार होगा-सेवाकार्य को अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए। अतः पूर्ण वाक्य होगा, पश्चिमी देशों के विचारक चाहे जो कहें पर हम भारतीयों का आज भी यही मानना है कि सेवा कार्य को अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए।

587. **यदि हमें पृथ्वी पर अपना अस्तित्व बनाये रखना है**
(a)
तो पर्यावरण से मित्रता
(b)
बनाये रखना होगा
(d)
कोई गलती नहीं

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य शुद्ध हैं जो इस प्रकार हैं – यदि हमें पृथ्वी पर अपना अस्तित्व बनाये रखना है तो पर्यावरण से मित्रता बनाये रखना होगा।

588. **निम्न वाक्य में कौन से हिस्से में त्रुटि रह गयी है? कुछ लोगों को लगता है की बदला लेने से कलेजे को ठंडक पहुँचती है।**
(a) को ठंडक पहुचती है।
(b) कुछ लोंगों को
(c) बदला लेने से कलेजे
(d) लगता है की

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में 'लगता है की' भाग में त्रुटि है। अतः इसका शुद्ध रूप 'लगता है कि' होगा। शुद्ध वाक्य इस प्रकार है– 'कुछ लोगों को लगता है कि बदला लेने से कलेजे को ठंडक पहुँचती है।'

589. **'मुझे आज खाने का मन नहीं होती है।'**
उपर्युक्त वाक्य में अशुद्ध अंश स्पष्ट कीजिए।
(a) मुझे (b) आज
(c) खाने का (d) मन नहीं होती है।

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में अशुद्ध अंश के रूप में 'मन नहीं होती है' को चिह्नित किया गया है, जिसका शुद्ध वाक्य– 'मुझे आज खाने का मन नहीं है'।

590. **निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिए:**
(a) मैंने तीन कुर्सियाँ खरीदीं।
(b) मेरे भाई के शादी के लिए अनेकों प्रस्ताव आये।
(c) दादी का प्राण निकल गया।
(d) चार आदमी के लिए खाना बना दो।

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- मैंने तीन कुर्सियाँ खरीदीं, जबकि शेष दिये वाक्य अशुद्ध हैं।
अशुद्ध वाक्य- मेरे भाई के शादी के लिए अनेको प्रस्ताव आये।
शुद्ध वाक्य- मेरे भाई की शादी के लिए अनेक प्रस्ताव आये।
अशुद्ध वाक्य- दादी के प्राण निकल गया।
शुद्ध वाक्य- दादी के प्राण निकल गये।
अशुद्ध वाक्य- चार आदमी के लिए खाना बना दो।
शुद्ध वाक्य- चार आदमियों के लिए खाना बना दो।

591. **शुद्ध वाक्य है-**
(a) मुझे केवल दस रुपए चाहिए।
(b) मुझे केवल मात्र दस रुपए चाहिए।
(c) मुझे केवल दस रुपए मात्र चाहिए।
(d) मुझे मात्र दस रुपए केवल चाहिए।

[MPTET (I-V) 2011]

उत्तर. (a) : शुद्ध वाक्य है – मुझे केवल दस रुपए चाहिए। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

अग्रलिखित प्रश्नों के वाक्यों में शुद्ध वाक्य के विकल्प को पहचानिए-

592. (a) उसने यह लड़ाई जी लिया है।
(b) उसने यह लड़ाई जित लिया है।
(c) उसने यह लड़ायी जी ली है।
(d) उसने यह लड़ाई जीत ली है।

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : 'उसने यह लड़ाई जीत ली है।' सही विकल्प है।

593. (a) हम यह पूरा मैच देखे हैं।
(b) हमने यह मैच देखे हैं।
(c) हम से पूरे मैच देख हैं।
(d) हमने यह पूरा मैच देखा है।

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्य में 'हमने यह पूरा मैच देखा है।' वाक्य सही है।

594. (a) नौजवान युवक होकर भी तुम डरते हो?
(b) नौजवान होकर भी तुम डरते हो?
(c) युवक होकर भी तुम डरते हो?
(d) नवजवान यूवक होकर भी तुम डरते हो

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : नौजवान होकर भी तुम डरते हो? वाक्य शुद्ध है।

595. (a) उसने मुझे एक किताब दिया।
(b) उसने मुझे एक किताब दी।
(c) उसने मेरे को एक किताब दिया।
(d) उसने मुझको एक किताब दीया।

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : उसने मुझे एक किताब दी। वाक्य शुद्ध है।

596. (a) मेरा दो लड़का अभी पढ़ता है।
(b) मेरा दो लड़का लोग अभी पढ़ता है।
(c) मेरे दो लड़के अभी पढ़ते हैं।
(d) मेरे दो लड़के पढ़ते हैं अभी।

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : मेरे दो लड़के अभी पढ़ते हैं। वाक्य सही है।

597. **कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**
(a) लक्ष्मी सदैव गतिमाना होती है।
(b) शिवानी हिन्दी की प्रतिष्ठित लेखक हैं।
(c) मैं 'धर्मयुग' की नियमित पाठिका हूँ।
(d) मेरी माँ ही मेरी संरक्षक हैं।

[UPPSC AE 2013]

@RexstarPdf

उत्तर. (c): मैं 'धर्मयुग' की नियमित पाठिका हूँ। शुद्ध वाक्य है जबकि अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
- लक्ष्मी सदैव गतिमान होती हैं।
- शिवानी हिन्दी की प्रतिष्ठित लेखिका हैं।
- मेरी माँ ही मेरी संरक्षिका है।

598. निम्नांकित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है:-
(a) पेड़ों पर कौआ बैठा है।
(b) हम हमारे घर जा रहे हैं।
(c) वह प्रातः काल के समय घूमता है।
(d) सीता गीत गा रही है।

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य 'सीता गीत गा रही है।'

अशुद्ध	**शुद्ध**
पेड़ो पर कौआ बैठा हैं।	पेड़ पर कौआ बैठा है।
हम हमारे घर जा रहे हैं।	हम घर जा रहे हैं।
वह प्रातः काल के समय घूमता है।	वह प्रातःकाल घूमता है।

599. निम्नांकित में से शुद्ध वाक्य है:-
(a) उनकी सौजन्यता से यह कार्य हुआ है।
(b) राम को मकान खरीदना है।
(c) यह असली गाय का दूध है।
(d) पुलिस द्वारा चोरी का माल बरामद हुआ।

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- 'राम को मकान खरीदना है।' अन्य शुद्ध वाक्य इस प्रकार हैं-
- उनके सौजन्य से यह कार्य हुआ है।
- यह गाय का दूध है।
- पुलिस ने चोरी का माल बरामद किया ।

600. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है:
(a) प्रिंस बिस्मार्क एक निर्दयवान शासक था।
(b) भारतीय सैनिक जान पर कुरबान होने के लिए तत्पर रहते हैं
(c) मीरा आटा गूंथ रही है।
(d) राम और श्याम घनिष्ठ मित्र हैं।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'राम और श्याम घनिष्ठ मित्र हैं।' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
* प्रिंस विस्मार्क एक **निर्दयी** शासक था।
* भारतीय सैनिक देश पर कुर्बान होने को तत्पर रहते हैं।
* मीरा आटा **गूँध** रही है।

601. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है:
(a) शाहजहाँ की रत्नजड़ित मयूरासन बहुमूल्य था।
(b) उनका आमंत्रण मेरे लिए अग्राह्यकर था।
(c) आपका सुन्दर उपवन सचमुच निरानंदपूर्ण है।
(d) अरे! सूरज डूब गया और तुम घर नहीं गये।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'अरे! सूरज डूब गया और तुम घर नहीं गये।' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं। जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है-

अशुद्ध- शाहजहाँ की रत्नजड़ित मयूरासन बहुमूल्य था।
शुद्ध - शाहजहाँ का रत्नजड़ित मयूरासन बहुमूल्य है।
अशुद्ध- उनका आमंत्रण मेरे लिए अग्राह्यकर था।
शुद्ध - उनका आमंत्रण मेरे लिए अग्राह्य था।
अशुद्ध- आपका सुन्दर उपवन सचमुच निरानंदपूर्ण है।
शुद्ध - आपका सुन्दर उपवन सचमुच आनन्दपूर्ण है।

602. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है:
(a) आपका विचार परम उत्तम है।
(b) यह दवा बहुत तत्काल असर दिखाती है।
(c) मैंने उसका गुप्त रहस्य जान लिया है।
(d) प्रायः ऐसे अवसर आते हैं, जबकि लोगों को अपना मत बदलना पड़ता है।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्यों में **'प्रायः ऐसे अवसर आते हैं, जबकि लोगों को अपना मत बदलना पड़ता है।'** वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य इस प्रकार हैं-
अशुद्ध- आपका विचार परम उत्तम है।
शुद्ध - आपका विचार उत्तम है।
अशुद्ध- यह दवा बहुत तत्काल असर दिखाती है।
शुद्ध - यह दवा तत्काल असर दिखाती है।
अशुद्ध- मैंने उसका गुप्त रहस्य जान लिया है।
शुद्ध- मैंने उसका रहस्य जान लिया है।

603. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है:
(a) उन्हें व्यर्थ रूपये देने से लाभ नहीं।
(b) उनके यहाँ सब तरह का सामान ढुलाई होता है।
(c) उन्होंने हमें नहीं बुलाया था, इसलिए हम वहाँ नहीं गये थे।
(d) भाषा की यह पुस्तक बहुत ही विद्वत्तापूर्ण लिखी गयी है।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'उन्होंने हमें नहीं बुलाया था, इसलिए हम वहाँ नहीं गये थे।' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य इस प्रकार हैं-
अशुद्ध- उन्हें व्यर्थ रूपये देने से लाभ नहीं।
शुद्ध- उन्हें रुपये देने से लाभ नहीं।
अशुद्ध- उनके यहाँ सब तरह का सामान ढुलाई होता है।
शुद्ध- उनके यहाँ सब तरह के सामान की ढुलाई होती है।
अशुद्ध- भाषा की यह पुस्तक बहुत ही विद्वत्तापूर्ण लिखी गयी है।
शुद्ध- भाषा की यह पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी है।

604. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है:
(a) राम का दर्शन पा कर अहल्या धन्य हुई।
(b) भांडा फूटने पर उसकी गरदन लज्जा से नीचे हो गयी।
(c) इस चिकित्सालय में सर्वोत्कृष्ट रोगों की चिकित्सा उपलब्ध है।
(d) भाषा के मानकीकरण के लिए व्याकरण जरूरी है।

[UPPSC AE 2013]

@RexstarPdf

उत्तर. (d): दिये गये वाक्यों में **'भाषा के मानकीकरण के लिए व्याकरण जरूरी है।'** वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
- राम के दर्शन पाकर अहल्या धन्य हुई।
- भांडा फूटने पर उसका सिर शर्म से झुक गया।
- इस चिकित्सालय में घातक रोगों की चिकित्सा उपलब्ध है।

605. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है:
(a) पाँच रुपये मजदूरों को मिले।
(b) सभी मजदूरों के पाँच रुपये मिले।
(c) प्रत्येक मजदूर को पाँच रुपये मिले।
(d) प्रत्येक मजदूरों को पाच रुपये मिले।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : निम्न वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- **'प्रत्येक मजदूर को पाँच रुपये मिले'** जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

606. एक वाक्य शुद्ध है-
(a) लड़के ने सोया। (b) लड़के ने बोला।
(c) लड़के ने बताया। (d) लड़के ने ठहरा।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : दिये गये वाक्यों में 'लड़के ने बताया।' में लिंग के अनुसार सही क्रिया प्रयुक्त हुई है।

607. एक वाक्य शुद्ध है-
(a) राधा उनकी पालित पुत्री है।
(b) नायिकाओं की एक कोटि श्याम नायिका की है।
(c) राधा कृष्ण की प्रियतमा थीं।
(d) यह तो विद्वान् हैं ही, उनकी पत्नी भी विद्वान है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : राधा कृष्ण की प्रियतमा थीं, वाक्य शुद्ध है।

608. एक वाक्य शुद्ध है
(a) उसने अपनी कमाई का अधिकांश भाग गंवा दिया।
(b) अपनी कमाई का उसने अधिंकांश भाग गंवा दिया।
(c) उसने कमाई का अधिकांश भाग गंवा दिया।
(d) उसने अपनी कमाई का अधिकांश गंवा दिया।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : उसने अपनी कमाई का अधिकांश गवां दिया। वाक्य शुद्ध है।

609. एक वाक्य शुद्ध है
(a) प्रेमचंद की 'ईदगाह' नामक शीर्षक कहानी का नायक हामिद है।
(b) प्रेमचंद की 'ईदगाह' नामक के शीर्षक वाली कहानी का नायक हामिद है।
(c) प्रेमचंद की 'ईदगाह' नामक शीर्षक कहानी का नायक हमीद है।
(d) प्रेमचंद की 'ईदगाह' शीर्षक कहानी का नायक हामिद है।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : प्रेमचंद की 'ईदगाह' शीर्षक कहानी का नायक हामिद है। वाक्य शुद्ध है।

610. एक वाक्य शुद्ध है
(a) प्रातःकाल के समय चिड़ियाँ चहचहाती हैं।
(b) चिड़ियाँ प्रातःकाल के समय चहचहाती हैं।
(c) प्रातःकाल चिड़ियाँ चहचहाती हैं।
(d) प्रातः के समय चिड़ियाएँ चहचहाती हैं।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : प्रातःकाल चिड़ियाँ चहचहाती हैं। वाक्य शुद्ध है।

611. एक वाक्य शुद्ध है
(a) हमको परस्पर एक दूसरे के साथ मिल कर रहना चाहिए।
(b) हम सबको परस्पर एक दूसरे के साथ मिल कर रहना चाहिए।
(c) सबको परस्पर एक दूसरे के साथ मिल कर रहना चाहिए।
(d) हमको परस्पर मिल कर रहना चाहिए।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : हमको परस्पर मिलकर रहना चाहिए। शुद्ध वाक्य है।

612. एक वाक्य शुद्ध है
(a) बन्दूक खतरनाक अस्त्र है।
(b) साहित्य और जीवन का अभिन्न सम्बन्ध है।
(c) मेरे घर के नुक्कड़ पर एक पान की दुकान है
(d) वहाँ भारी भीड़ लगी थी।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : बन्दूक खतरनाक अस्त्र है। शुद्ध वाक्य है।

613. एक वाक्य शुद्ध है।
(a) शोक है कि आपने मेरे पत्रों का कोई उत्तर नहीं दिया।
(b) मुझे शोक है कि आपने मेरे पत्रों का कोई उत्तर नहीं दिया।
(c) मुझे शोक है कि आपने मेंरे पत्रों का उत्तर नहीं दिया।
(d) खेद है कि आपने मेरे पत्रों का कोई उत्तर नहीं दिया।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d): खेद है कि आपने मेरे पत्रों का कोई उत्तर नहीं दिया। वाक्य शुद्ध है।

614. एक वाक्य शुद्ध है
(a) घर के लोग जान नहीं पाये कि कब घर में चारों ने पदार्पण कर दिया।
(b) युद्ध का श्रीगणेश होते ही मंहगाई बढ़ जाती है।
(c) बरतन में तेल ठसाठस भरा था।
(d) कमरा लोगों से ठसाठस भरा था।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्यों में 'कमरा लोगों से ठसाठस भरा था।' वाक्य शुद्ध है।

615. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।
(a) दो लड़के इधर आ रहे हैं।
(b) दो लड़का उधर आ रहे हैं।
(c) दो लड़के इधर आ रहे है।
(d) दो लड़का इधर आ रहा है।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

@RexstarPdf

उत्तर: (a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- 'दो लड़के इधर आ रहे हैं।' शेष विकल्पों में वचन तथा क्रिया की अशुद्धियाँ विद्यमान हैं।

616. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) हम आप से कहा था। (b) हमने आपसे कहाँ था।
(c) हमने आपसे कहा था। (d) हम आप से कहे थे।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- 'हमने आपसे कहा था।' अन्य विकल्पों में परसर्ग तथा क्रिया सम्बन्धी त्रुटियाँ हैं।

617. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) वहाँ दिल्ली अवश्य ही आएगा।
(b) दिल्ली अवश्य आएगा वह।
(c) वह दिल्ली अवश्य आएगा।
(d) वह दिल्ली आवश्यक आएगा।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वाक्य का सर्वाधिक उचित विकल्प है-'वह दिल्ली अवश्य आएगा।' शेष विकल्पों में क्रम दोष तथा अशुद्ध शब्द चयन जैसी त्रुटियाँ स्पष्ट हैं।

618. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) एक कविताओं की पुस्तक मुझे दीजिए।
(b) एक कविता की एक पुस्तक मुझे दे।
(c) कविताओं की एक पुस्तक मुझे दीजिए।
(d) कविता की एक पुस्तक मुझे दे दो।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है- 'कविताओं की एक पुस्तक मुझे दीजिए।' अन्य विकल्पों में शब्द क्रम एवं व्याकरणिक दोष है।

619. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।

(a) मुझे केवल 4 रोटियाँ मात्रा दीजिए।
(b) मुझे केवल 4 रोटियाँ दो।
(c) मुझे 4 रोटियाँ केवल मात्रा दीजिए।
(d) मुझे केवल 4 रोटियाँ दीजिए।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का सर्वाधिक उचित विकल्प है 'मुझे केवल 4 रोटियाँ दीजिए।' शेष विकल्पों में (a) तथा (c) में 'केवल' तथा 'मात्रा' का प्रयोग है जो त्रुटिपूर्ण हैं। विकल्प (b) भी आंशिक रूप से उचित है किन्तु उसमें आज्ञार्थक पुट ज्यादा है।

620. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है।
(b) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।
(c) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(d) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020
[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (a) : दिये गये वाक्यों में 'बंदूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है' शुद्ध है जबकि अन्य विकल्पों में दिये गये वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है-
बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।
रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
श्रीकृष्ण के अनेक नाम है।

621. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन सा है?

(a) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।
(b) इस बात के कहने में किसी को संकोच न होगा।
(c) मैं अपनी बात के स्पष्टीकरण के लिए तैयार हूँ।
(d) ऐसी एकाध बातें और देखने में आती हैं।

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (c) : दिये गये वाक्यों में शुद्ध वाक्य है- मैं अपनी बात के स्पष्टीकरण के लिए तैयार हूँ। शेष का क्रमशः शुद्ध रूप इस प्रकार है–
→ मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।
→ इस बात को कहने में किसी को संकोच न होगा।
→ ऐसी एकाध बात और देखने में आती हैं।

622. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) आयुष और ऋचा बाजार गई।
(b) राह चलते दोनों में तकरार हो गई।
(c) इस कहानी को एक स्त्री लेखिका ने लिखा है।
(d) बच्चे ने कहा पापा आ गई।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'राह चलते दोनों में तकरार हो गई' शुद्ध वाक्य है जबकि अन्य विकल्पों का शुद्ध रूप इस प्रकार है –
→ आयुष और ऋचा बाजार गये।
→ इस कहानी को एक लेखिका ने लिखा है।
→ बच्चे ने कहा पापा आ गये।

623. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) गन्दा पानी उबालकर पियें।
(b) पड़ोसी ने मुझे स्वतंत्रता दिवस की बधाई दिया ।
(c) यमुना का पानी गन्दा और प्रदूषित है
(d) बच्चा लोग क्रिकेट खेलता है।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'गन्दा पानी उबालकर पियें' शुद्ध वाक्य है जबकि अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है–
→ पड़ोसी ने मुझे स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।
→ यमुना का पानी प्रदूषित है।
→ बच्चे क्रिकेट खेलते हैं।

624. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-

(a) सीधी लकीर खींचना बहुत कठिन है।
(b) जंक फूड से मोटापा बढ़ती है
(c) हरा पेड़ ऑक्सीजन देते हैं।
(d) मेरे घर में तुम्हारी स्वागत है।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

@RexstarPdf

उत्तर. (a): 'सीधी लकीर खींचना बहुत कठिन है।' शुद्ध वाक्य है जबकि अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है –
→ जंक फूड से मोटापा बढ़ता है।
→ हरे पेड़ आक्सीजन देते हैं।
→ मेरे घर में आपका स्वागत है।

625. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-
(a) ऑफिस में हर एक और प्रत्येक की चर्चा हो रही थी।
(b) भूस्खलन से सैकड़ों घर तबाह हो गए।
(c) यह आदमी सबकी राज जानता है।
(d) बीज अंकुरित होने वाली है।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'भूस्खलन से सैकड़ों घर तबाह हो गए' वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है –
→ ऑफिस में प्रत्येक की चर्चा हो रही थी।
→ यह आदमी सबके राज जानता है।
→ बीज अंकुरित होने वाला है।

626. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-
(a) चाय ठंडा हो गया।
(b) हलवा गरम गरम अच्छी लगती है।
(c) पकने से पहले जामुन हरी होती है।
(d) पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ' वाक्य शुद्ध है जबकि अन्य शुद्ध वाक्य हैं –
→ चाय ठंडी हो गयी।
→ हलवा गरम-गरम अच्छा लगता है।
→ पकने से पहले जामुन हरा होता है।

627. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-
(a) मनुष्य के शरीर में स्थित आलस्य उसका सबसे बड़ा दुश्मन है।
(b) वो जा रहे हैं।
(c) सुबह की हवा स्वास्थ के लिए अच्छी होती है।
(d) उन्होंने छक कर पेट भर खाना खाया।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : वाक्यों का शुद्ध रूप इस प्रकार है –
→ मनुष्य के शरीर में स्थित आलस्य उसका सबसे बड़ा दुश्मन है।
→ वे जा रहे हैं।
→ सुबह की हवा स्वास्थ्य के लिए अच्छी होती है।
→ उन्होंने छककर खाना खाया।

628. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) बाल पक जाने से कोई अनुभवी नहीं हो जाता।
(b) बाल पक जाने से लोग अनुभवी हो जाता है।
(c) बाल पक जाने से ही लोग अनुभवी होता है।
(d) बाल पक जाने से लोगों का अनुभव बढ़ते हैं।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों में 'बाल पक जाने से कोई अनुभवी नहीं हो जाता।' शुद्ध वाक्य है। शेष भाव की दृष्टि से असंगत वाक्य हैं।

629. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) कृपया करके खुले पैसे दें।
(b) कृपया खुले पैसे देने की कृपा करें।
(c) कृपया खुले पैसे दें।
(d) कृपया करके खुले पैसे देने की कृपा करें।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (c) : 'कृपया खुले पैसे दें।' व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है। शेष में असंगत या अतिरिक्त पद दोष होने के कारण अशुद्ध वाक्य हैं।

630. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) चिड़िया ने दनादन पाँच दाना चुग गई।
(b) चिड़िया दनादन पाँचों दाने चुग गई।
(c) चिड़िया दनादन पाँच दाना चुग लिए।
(d) चिड़िया दनादन पाँच दाना चुग गई।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (b) : उपर्युक्त विकल्पों में वाक्य 'चिड़िया दनादन पाँचों दानें चुग गई।' शुद्ध वाक्य है, अन्य सभी वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

631. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) भारत में चंद्रयान-2 लॉन्च किए हैं।
(b) भारत में चंद्रयान-2 लॉन्च की है।
(c) भारत ने चंद्रयान-2 लॉन्च किए हैं।
(d) भारत ने चंद्रयान-2 लॉन्च किया है।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : उपर्युक्त वाक्यों में 'भारत ने चंद्रयान-2 लांच किया है।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प व्याकरण की दृष्टि से असंगत हैं।

632. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) बत्तखों का झुण्ड पानी में तैर रहा था।
(b) बत्तखों के झुण्ड पानी में तैर रहा था।
(c) बत्तखों का झुण्ड पानी में तैर रहे थे।
(d) बत्तखों का झुण्ड पानी में तैरते थे।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : 'बत्तखों का झुण्ड पानी में तैर रहा था'। उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य है।

633. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) नदियों के पानियों से सिंचाई की जाती है।
(b) नदियों के पानियों से सिंचाइयाँ की जाती है।
(c) नदियों के पानी से सिंचाइयाँ की जाती है।
(d) नदियों के पानी से सिंचाई की जाती है।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : 'नदियों के पानी से सिंचाई की जाती है।' उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य है। पानी एवं सिंचाई का बहुवचन नहीं होता ये स्वयं बहुवचन में प्रयुक्त किए जाने वाले शब्द है।

634. सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य है।
(a) कृपया मेरे पत्र पर ध्यान देने की कृपा करें।
(b) कृपया मेरे पत्र पर ध्यान दें।
(c) मेरे पत्र पर ध्यान दे कृपया
(d) कृपा करके मेरे पत्र भी ध्यान दे।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (b) 'कृपया मेरे पत्र पर ध्यान दें।' शुद्ध वाक्य है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

635. सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य है–
(a) वह सारी रात भर पढ़ता रहा।
(b) वह सारी रात पढ़ता रहा।

@RexstarPdf

(c) रात भर पढ़ता रहा वह।
(d) पढ़ता रहा वह सारी रात भर।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (b) 'वह सारी रात पढ़ता रहा' वाक्य शुद्ध है, शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

636. सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य है।

(a) तुम तुम्हारा काम करो (b) तुम तुमका काम करो।
(c) तुम मेरा काम करो। (d) तुम अपना काम करो।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (d) 'तुम अपना काम करो' वाक्य शुद्ध है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

637. सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य है।

(a) मैंने गुरुजी का दर्शन किया।
(b) मैंने गुरुजी को दर्शन किया।
(c) मैंने गुरुजी को दर्शन किए।
(d) मैने गुरुजी के दर्शन किए।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (d) वाक्य 'मैंने गुरूजी के दर्शन किए' शुद्ध है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

638. सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य है।

(a) घर पर सब ठीक-ठाक होंगे।
(b) घर में सब ठीक-ठाक होंगे।
(c) घर में सब ठीक-ठाक होएंगे।
(d) घर को सब ठीक होंगे।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (b) वाक्य 'घर में सब ठीक-ठाक होंगे' शुद्ध है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

639. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है–

(a) मुझसे यह काम सम्भव नहीं हो सकता।
(b) यह बिल्कुल भी बात नहीं करना चाहता।
(c) यह कविता अनेक भाव प्रकट करती है।
(d) इन दोनों में केवल यही अंतर है।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (c) : 'यह कविता अनेक भाव प्रकट करती है' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप है–

- मुझसे यह काम सम्भव नहीं।
- वह बिल्कुल बात नहीं करना चाहता।
- इन दोनों में यही अंतर है।

640. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है, वह है–

(a) इसके बावजूद भी हमसे हिन्दी लिखने में बहुत भूल हो जाती है।
(b) इसके बावजूद भी हमसे हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती है।
(c) इसके बावजूद भी हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूल हो जाती है।
(d) इसके बावजूद हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती हैं।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (d): शुद्ध वाक्य है– 'इसके बावजूद हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती हैं।' अन्य वाक्यों में 'बावजूद' के बाद 'भी' लगाया गया है जो कि अशुद्ध है।

641. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) पुलिस द्वारा डाकुओं का पीछा किया गया।
(b) देश की वर्तमान मौजूदा हालात ठीक नहीं है।
(c) मैं पुस्तकालय में नित्य समय पर पहुँचता हूँ।
(d) तुम चिन्ता न करो, मैं कोई न कोई रास्ता निकालूँगा।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (b) : दिए गये वाक्यों में अशुद्ध वाक्य है– 'देश की वर्तमान मौजूदा हालात ठीक नहीं है।' इसका शुद्ध वाक्य होगा– देश की वर्तमान/मौजूदा हालात ठीक नहीं है। मौजूदा और वर्तमान शब्द एक साथ नहीं प्रयुक्त होंगे।

642. निम्नलिखित में से एक शुद्ध वाक्य है, वह है–

(a) प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।
(b) हरेक विद्यार्थियों को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।
(c) हरेक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेकों पुस्तकें पढ़े।
(d) हरेक विद्यार्थियों के चाहिए कि वह हिन्दी की अनेकों पुस्तकें पढ़े।

UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016

उत्तर. (a) : उक्त वाक्यों में शुद्ध वाक्य हैं– 'प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।' अन्य वाक्य अशुद्ध हैं।

643. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य बताइए–

(a) पधारकर अनुगृहीत करें।
(b) मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ
(c) पूजनीय पिताजी को सादर चरण-स्पर्श।
(d) व्यक्ति यौवन में भूलें करता है।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (a): दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'पधारकर अनुगृहीत करें' है।
अन्य विकल्पों का शुद्ध वाक्य निम्न हैं–
B. मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।
C. पूजनीय पिताजी को चरण-स्पर्श।
पिताजी को सादर चरण-स्पर्श।
D. व्यक्ति यौवन में भूल करता है।

644. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?

(a) यह आँखों से देखी घटना है।
(b) आज मैं प्रातःकाल वहाँ गया।
(c) यह घी की शुद्ध दुकान है।
(d) ऐक्यता से उन्नति होती है।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (b): दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य है–'आज मैं प्रातःकाल वहाँ गया।
अन्य विकल्पों का शुद्ध वाक्य निम्न है–
A. यह आँखों देखी घटना है।
C. यह शुद्ध घी की दुकान है।
D. एकता से उन्नति होती है।

@RexstarPdf

645. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?

(a) आदरणीय बहनजी कहा गयी।
(b) आप कहाँ पर रह रहे हैं?
(c) राम ने चार बात सुनाई।
(d) लड़की है तो बुद्धिमती।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (d): दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'लड़की है तो बुद्धिमती' है।
अन्य विकल्पों का शुद्ध वाक्य निम्न हैं-
A. आदरणीय बहन जी कहाँ गयी?
B. आप कहाँ रहते हैं?
C. राम ने चार बातें सुनाई।

646. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए–

(a) तमाम देश में यह बात फैल गई।
(b) उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सा उतार-चढ़ाव देखा था।
(c) कई कचहरी के वकील ऐसा कहते हैं।
(d) मैं गरम गाय का दूध पीता हूँ।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'तमाम देश में यह बात फैल गई है।
अन्य वाक्यों का शुद्ध वाक्य निम्न है–
उसने अपने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखा था।
कचहरी के कई वकील ऐसा कहते हैं।
मैं गाय का गरम दूध पीता हूँ।

647. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है–

(a) आपसे सानुरोध उचित प्रार्थना है कि आप हमारे पास अवश्य पधारे
(b) आपसे सानुरोध प्रार्थना है कि आप उचित तरीके से हमारे पास अवश्य पधारें।
(c) आपसे सानुरोध प्रार्थना है, कि हमारे घर अवश्य पधारें।
(d) आपसे सानुरोध उचित प्रार्थना है कि हमारे घर अवश्य पधारें।

UPLA, RO/ARO 22.11.2020

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'आपसे सानुरोध प्रार्थना है, कि हमारे घर अवश्य पधारें। शेष विकल्प गलत हैं।

14. रिक्त स्थान

648. 'नीली कमीज वाला लड़का अभी-अभी गया है।' रेखांकित पद..... है।

(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया विशेषण उपवाक्य (d) प्रधान उपवाक्य

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य के रेखांकित पद 'नीली कमीज वाला लड़का' विशेषण उपवाक्य है। वह आश्रित उपवाक्य जो प्रविशेषण की भाँति व्यवहार करे विशेषण उपवाक्य कहलाता है।

649. रिक्त स्थान के लिए उचित पर्याय का चयन करें। हमें ऋषि-मुनियों की संतान होने का ——— है।

(a) अभिमान (b) गर्व
(c) दर्प (d) घमंड

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (b) : रिक्त स्थान के लिए उचित पर्याय (शब्द) 'गर्व' है। इस प्रकार पूर्ण वाक्य होगा–'हमें ऋषि-मुनियों की संतान होने का गर्व है।'

650. '30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की..... हुई थी' उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित शब्द चुनिए।

(a) मृत्यु (b) हत्या
(c) वध (d) इतिश्री

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b): 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गाँधी की 'हत्या' हुई थी।

651. यह समाचार लखनऊ रेडियो स्टेशन से.....किया गया। उक्त वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है

(a) घोषित (b) प्रचारित
(c) प्रकाशित (d) प्रसारित

[UPPSC AE 2008]
UPPSC AE 2007

उत्तर. (d) : पूर्ण वाक्य है- यह समाचार लखनऊ रेडियो स्टेशन से 'प्रसारित' किया गया।

652. 'इस वर्ष अच्छी फसल होने की.....है।' इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है

(a) कल्पना (b) आशंका
(c) सम्भावना (d) भावना

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : दिए गए शब्दों में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है- 'सम्भावना'। अतः पूर्ण वाक्य होगा- इस वर्ष अच्छी फसल होने की 'सम्भावना' है।

653. 'पिताजी की मृत्यु का समाचार सुनकर मैं.....हो उठा।' में रिक्त स्थान की पूर्ति किस उपयुक्त शब्द से होगी?

(a) शोकाकुल (b) व्याकुल
(c) दुःखी (d) चिन्तित

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (a) : दिया गया पूर्ण वाक्य है- पिताजी की मृत्यु का समाचार सुनकर मैं **'शोकाकुल'** हो उठा।

654. कर्म वाच्य क्रिया के उस विधान को कहते हैं, जिसमें क्रिया का प्रत्यक्ष संबंध कर्म से होता है और क्रिया में रूपांतर ..... के अनुसार होता है।

(a) कर्ता (b) कर्म
(c) भाव (d) कर्म और भाव

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान के लिये उपयुक्त विकल्प 'कर्म' है। कर्मवाच्य क्रिया के उस विधान को कहते हैं, जिसमें क्रिया का प्रत्यक्ष संबंध कर्म से होता है और क्रिया में रूपांतर कर्म के अनुसार होता है। वाच्य के तीन भेद होते हैं–
1. कर्तृवाच्य, 2. कर्मवाच्य, 3. भाववाच्य।

655. 'मैंने _____ में सोचा कि भला ऐसा क्यों होता है।' – उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए।

@RexstarPdf

(a) अंतःकरण (b) मन
(c) चित्त (d) आत्मा

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (b): दिए गए वाक्य में रिक्त स्थान पर 'मन' शब्द का प्रयोग होगा।
अतः वाक्य होगा- मैंने 'मन' में सोचा कि भला ऐसा क्यों होता है।

656. 'तैरती चलती है इसलिए नाव को..... कहते है।'- रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द आएगा?
(a) तरणि (b) तरणी
(c) तरुणी (d) तरुणि

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (b) : प्रस्तुत रिक्त स्थान में उपर्युक्त शब्द 'तरणी' होगा जिसका अर्थ होता है 'नाव' अतः पूर्ण वाक्य होगा–
तैरती चलती है इसलिए नाव को 'तरणी' कहते हैं।

657. इस महाकाव्य में सोलह ..... हैं।' रिक्त स्थान भरने के लिए उचित शब्द चुनें।
(a) सर्ग (b) स्वर्ग (c) सर्व (d) शर्व

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (a) : दिये गये शब्दों में से रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उचित शब्द 'सर्ग' है जिसका अर्थ खण्ड होता है। अतः पूर्ण वाक्य होगा- इस महाकाव्य में सोलह 'सर्ग' हैं। महाकाव्य में सर्ग का अभिप्राय 'अध्याय' (खण्ड) से है।

658. 'इस वर्ष हिन्दी साहित्य की ..... कुछ अवरुद्ध रही।' रिक्त स्थान भरने के लिए उपयुक्त शब्द चुनें।
(a) उन्नति (b) प्रगति
(c) वृद्धि (d) विकास

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b) : दिये गये शब्दों में से रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द 'प्रगति' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा-
इस वर्ष हिन्दी साहित्य की 'प्रगति' कुछ अवरुद्ध रही।

659. 'गुरूजी, मेरा _____स्वीकार करें।
रिक्त स्थान भरने के लिए नीचे दिए विकल्पों में से उपयुक्त शब्द चुनें।
(a) अभिनंदन (b) स्वागत
(c) अभिवादन (d) अभिमान

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द 'अभिवादन' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा–गुरूजी मेरा 'अभिवादन' स्वीकार करें।

660. काला अक्षर ..... बराबर। रिक्त स्थान की पूर्ति करें–
(a) भैंस (b) गाय
(c) बैल (d) भैंसा

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : काला अक्षर '**भैंस**' बराबर लोकोक्ति है अतः रिक्त स्थान पर 'भैंस' होगा।

प्रश्नों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त वैकल्पिक शब्दों से कीजिए।

661. 'मानस' के सात..... है।
(a) सर्ग (b) सोपान
(c) खण्ड (d) अध्याय

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b): 'मानस' के सात 'सोपान' हैं। मानस के सोपानों को 'कांड' भी कहा जाता है। **जैसे**- बालकांड, अयोध्याकांड आदि।

662. कुछ माँगें नही मानी गयी..... वे गलत थीं।
(a) क्योंकि (b) ताकि
(c) जबकि (d) कि

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : उपर्युक्त वाक्य कुछ माँगे नही मानी गयीं.... में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'क्योंकि' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। जबकि ताकि, जबकि और कि को रिक्त स्थान पर प्रयोग करने से वाक्य का सही अर्थ नहीं प्राप्त होगा।

663. सभागार दर्शकों से.....भरा था।
(a) ठसाठस (b) लबालब
(c) कसमकस (d) बरबस

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : सभागार दर्शकों से 'ठसाठस' भरा था। यहाँ 'ठसाठस' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है।

664. जहाँ राजमहल था वहाँ अब..... मात्र दिखते हैं।
(a) ध्वंसावशेष (b) भस्मावशेष
(c) अस्थिशेष (d) पुराविशेष

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : पूर्ण वाक्य होगा- जहाँ राजमहल था वहाँ अब 'ध्वंसावशेष' मात्र दिखते हैं।

665. उसे अपनी..... माँ से बड़ा स्नेह मिला।
(a) श्रद्धालु (b) दयालु
(c) ममतालु (d) कृपालु

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c): उसे अपनी 'ममतालु' माँ से बड़ा स्नेह मिला। यहाँ ममता भाववाचक संज्ञा है जिसमें 'आलु' प्रत्यय लगाकर 'ममतालु' विशेषण शब्द बना है।

666. मैं, तुम और वह साथ.....।
(a) चलेगा (b) चलेंगे
(c) चलूँगा (d) चलोगे

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : मैं, तुम और वह साथ 'चलेंगे'। इस वाक्य में रिक्तस्थान की पूर्ति के लिए 'चलेंगे' शब्द सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प है।

667. कुसंगति का प्रभाव..... पर पड़ता है।
(a) आवरण (b) आभरण
(c) आचरण (d) आमरण

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : कुसंगति का प्रभाव 'आचरण' पर पड़ता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

668. न नौ मन तेल होगा न राधा .....। रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
(a) जायेगी (b) गाएगी
(c) नाचेगी (d) आएगी

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी। लोकोक्ति में रिक्त स्थान पर 'नाचेगी' शब्द आयेगा।

@RexstarPdf

669. जोरू का .....। रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(a) नौकर (b) मालिक
(c) गुलाम (d) दास

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : जोरू का..... मुहावरा में रिक्त स्थान पर 'गुलाम' शब्द होगा।

670. रिक्त स्थान की पूर्ति करें–
चुनाव क्षेत्र का समय-समय पर..... किया जाता है–

(a) परीक्षण (b) परिगणन
(c) परिसीमन (d) परिमापन

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (c) : चुनाव क्षेत्र का समय-समय पर 'परिसीमन' किया जाता है। अतः रिक्त स्थान पर 'परिसीमन' होगा। परिसीमन का अर्थ है– सीमा निर्धारण।

671. अधजल गगरी ..... जाय। खाली स्थान को भरें।

(a) छलकत (b) छलकती
(c) बिखरी (d) उछलती

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : अधजल गगरी 'छलकत' जाय। इसका अर्थ होता है ओछे व्यक्ति का इतरा कर चलना। अतः रिक्त स्थान पर 'छलकत' शब्द आयेगा।

672. थोथा चना ..... घना। रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(a) बजे (b) बाजे
(c) बजाय (d) बोले

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : पूर्ण वाक्य होगा- थोथा चना 'बाजे' घना। इसका अर्थ होता है- अकर्मण्य बात अधिक करता है।

673. असतो मा सदगमय ..... मा जयोतिर्गमय। रिक्त स्थान की पूति करें–

(a) असतो (b) तसमो
(c) हसतो (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : पूर्ण वाक्य होगा- 'असतो मा सदगमय तमसो मा ज्योतिर्गमय' इसका अर्थ है, हे माँ मुझे असत्य के मार्ग से सत्य मार्ग की ओर ले चलो और अंधकार से प्रकाश की तरफ ले चलो।

674. बिन माँगे मोती मिले माँगे मिले न .....। खाली स्थानों को पूरा कीजिए।

(a) पैसा (b) राज-काज
(c) दान (d) भीख

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (d) : बिन माँगे मोती मिले, माँगे मिले न 'भीख' लोकोक्ति है। अतः रिक्त स्थान पर 'भीख' होना चाहिए।

675. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषा–विकास के लिए जरूरी है कि ..... समृद्धि का भाषा, ... व अन्य विषयगत शिक्षण युक्ति में उपयोग किया जाए।

(a) कलात्मक, साहित्य (b) भाषिक, साहित्य
(c) परिवेश, भाषिक (d) साहित्य, कला

[CTET 2019 (VI-VII) 07.07.2019]

उत्तर : (b) उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषा विकास के लिए जरूरी है कि भाषिक समृद्धि का भाषा, साहित्य व अन्य विषयगत शिक्षण युक्ति में उपयोग किया जाए। उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों में एक से अधिक भाषायी क्षमताओं की झलक मिलती है। इन भाषागत क्षमताओं का प्रयोग भाषा, साहित्य, सामाजिक विज्ञान, गणित जैसी अन्य विधाओं में किया जाना चाहिए। उच्च प्राथमिक स्तर तक उनका भाषा कौशल समृद्ध हो जाता है तथा वे विभिन्न भाषागत दक्षताओं में पारंगत हो जाते हैं जिनका प्रयोग करना आवश्यक होता है। अतः रिक्त स्थान पर 'भाषिक' और साहित्य शब्द का प्रयोग किया जाएगा।

676. सही विकल्प को चुनकर निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:
सिंहासन खाली करो कि.....आती है।

(a) देवता (b) असुर
(c) जनता (d) लोक

KVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : प्रश्नगत विकल्पों में से दिये गये रिक्त स्थान के लिए 'जनता' शब्द सर्वाधिक उपयुक्त है। अतः पूर्ण पंक्ति इस प्रकार होगी- 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।' उक्त काव्य पंक्ति राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की है।

677. '_____न हो तो प्रकाश को कौन पूछे।' रिक्त स्थान हेतु उचित विकल्प चुनिए।

(a) धुंधला (b) अंधकार
(c) उजाला (d) अँधेरा

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान के लिए 'अंधकार' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है जिसके जुड़ने के बाद वाक्य विन्यास इस प्रकार है– '**अंधकार** न हो तो प्रकाश को कौन पूछे।'

678. 'वह जल्दी चला गया_____ट्रेन पकड़ सके।' रिक्त स्थान हेतु उचित विकल्प चुनिए।

(a) ताकि (b) और
(c) कि (d) इसलिए

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों के आधार पर प्रश्नगत रिक्त स्थान के लिए 'ताकि' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है जिसके जुड़ने के बाद वाक्य कुछ ऐसा बनेगा– 'वह जल्दी चला गया **ताकि** ट्रेन पकड़ सके।'

679. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर रिक्त स्थानों को भरे..... सोता है ..... खोता है।

(a) सो, जो (b) जो, उसे
(c) जो, वह (d) जो, वही

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (c) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान हेतु 'जो, वह' सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प हैं। इनके जुड़ने के बाद वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार है– ''**जो** सोता है **वह** खोता है।''

680. रिक्त स्थान भरे–
धन ..... हो जाता है, तन जर्जर हो जाता है, साथी और सहयोगी ..... जाते हैं।

(a) खत्म, वापस चलें (b) नष्ट, छूट
(c) भस्म, भाग (d) समाप्त, छोड़ के

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर प्रश्नगत रिक्त स्थान हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'नष्ट, छूट' है। इनके जुड़ने के बाद वाक्य विन्यास है– 'धन **नष्ट** हो जाता है, तन जर्जर हो जाता है, साथी और सहयोगी **छूट** जाते हैं।'

681. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें–
जम्मू–कश्मीर उत्तर भारत का एक ऐसा राज्य हैं, जहाँ पर्यटन की संभावनाएं बहुत ही ..... हैं।
(a) प्रबल (b) सुहानी
(c) अमल (d) सफल

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'प्रबल' है। इसके जुड़ने के बाद वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार होगा– 'जम्मू कश्मीर उत्तर भारत का एक ऐसा राज्य है, जहाँ पर्यटन की संभावनाएँ बहुत ही **प्रबल** हैं।'

682. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें–
विचार तो सबके भीतर होते हैं, लेकिन उन विचारों को एक..... देना हर किसी के बस की बात नहीं।
(a) दिशा (b) पुष्टि
(c) मार्ग (d) दृढ़ता

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर प्रश्नगत रिक्त स्थान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'दिशा' है। अतः वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार होगा– 'विचार तो सबके भीतर होते हैं लेकिन उन विचारों को एक **दिशा** देना हर किसी के बस की बात नही है।'

683. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें–
विवाह केवल स्त्री और पुरुष के गृहस्थ जीवन में प्रवेश का ही ..... नहीं है बल्कि यह जीवन को ..... देने का अवसर है।
(a) प्रसंग, संपूर्णता (b) माध्यम, नतीजा
(c) साधन, मार्ग (d) शुरुआत, दिशा

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर प्रश्नगत रिक्त स्थानों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'प्रसंग, सम्पूर्णता' है। सम्यक् वाक्य विन्यास इस प्रकार है– विवाह केवल स्त्री व पुरुष के गृहस्थ जीवन में प्रवेश का ही **प्रसंग** नहीं बल्कि जीवन को **सम्पूर्णता** देने का अवसर है।

684. दिए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें :
'यह रास्ता_____है, सावधानी पूर्वक चलें।'
(a) दुर्गम (b) उऋण
(c) अनुमोदन (d) अवाई

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों में दिये गये रिक्त स्थान हेतु 'दुर्गम' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। इस प्रकार सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'यह रास्ता **दुर्गम** है, सावधानी पूर्वक चलें।'

685. 'जौ खग हो तो बसेरो करौं मिली कालिंदी कूल _____की डाल।' रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिये।
(a) निम (b) पात
(c) छाँव (d) कदम्ब

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान में 'कदम्ब' शब्द भरा जायेगा। अतः पंक्ति इस प्रकार होगी – 'जौ खग हो तो बसेरो करौं मिली कालिंदी कूल कदम्ब की डाल।'

686. 'अगर तुमने यह ..... बोला था, तो किसने बोला था? दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर, रिक्त स्थान भरें।
(a) ही (b) भी
(c) नहीं (d) क्यों

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'नहीं' है। इस प्रकार शुद्ध वाक्य है- 'अगर तुमने यह **नहीं** बोला था, तो किसने बोला था?'

687. 'हार ..... मानूंगा, रार नहीं .....।' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर, अटल बिहारी वाजपेयी की इन पंक्तियों को पूरा करें।
(a) तो, कहूँगा। (b) नहीं, चाहूँगा।
(c) ही, जानूंगा। (d) नहीं, ठानूँगा।

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थान के लिए सही शब्द 'नहीं, ठानूँगा' हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार है– 'हार **नहीं** मानूंगा, रार नहीं **ठानूँगा**'

688. 'हुए बहुत दिन बुढ़िया एक, चलती थी लाठी को टेक। उसके पास बहुत था माल, जाना था उसको ..... ।।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर, रिक्त स्थान भरें।
(a) ससुराल (b) घर
(c) ननिहाल (d) दुकान

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'ससुराल' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास होगा– 'हुए बहुत दिन बुढ़िया एक, चलती थी लाठी को टेक।
उसके पास बहुत था माल, जाना था उसको **ससुराल**।।'

689. 'राधाकृष्णन ..... स्वाध्याय ..... ।' दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों सही विकल्पों का चयन कर वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) हमेशा, करता है। (b) हमेशा, करते थे।
(c) हमेशा, करती हैं। (d) हमेशा, करते हैं।

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'हमेशा, करते थे' हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास होगा– 'राधाकृष्णन **हमेशा** स्वाध्याय **करते थे**।'

690. 'हम सब ..... एक दूसरे ..... मदद करनी चाहिए।' दिए गए विकल्पों में रिक्त स्थानों में सही विकल्पों का चयन कर वाक्य पूर्ण कीजिए।

@RexstarPdf

(a) की, के (b) को, का
(c) की, की (d) को, की

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'को, की' शब्द सर्वाधिक उपयुक्त हैं। सही वाक्य 'हम सब **को** एक दूसरे **की** मदद करनी चाहिए'।

691. रचना के आधार पर सरल वाक्य, ... और ..... वाक्य के भेद हैं।
(a) संयुक्त, मिश्रित (b) संकेतवाचक, मिश्रित
(c) प्रश्नवाचक, निषेधात्मक (d) विधानात्मक, संयुक्त

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये रिक्त स्थान पर 'संयुक्त', 'मिश्रित' शब्द भरा जाएगा अतः पूर्ण वाक्य होगा- रचना के आधार पर सरल वाक्य, संयुक्त और मिश्रित वाक्य के भेद हैं।

692. दिये गये विकल्पों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए।
परभृत, ... का पर्याय है।
(a) रंग (b) कोयल
(c) बगुला (d) साँप

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये रिक्त स्थान पर 'कोयल' शब्द होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा। 'परभृत' कोयल का पर्याय है।

693. किसी की/का ..... पाकर उसके प्रति ..... का भाव प्रकट करना आवश्यक है।
दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए।
(a) सहायता, कृतज्ञता (b) उपकार, गुलामी
(c) अनुदान, कृतघ्न (d) मदद, कर्ज

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'सहायता, कृतज्ञता' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार है– 'किसी की/का **सहायता** पाकर उसके प्रति **कृतज्ञता** का भाव प्रकट करना आवश्यक है।'

694. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए। जब कंधे पर ..... का भार पड़ेगा, तब ..... का भाव मालूम हो जाएगा।
(a) गृहस्थी, आटे-दाल (b) बीबी, घर
(c) दोस्ती, रुपयों (d) मज़बूरी, गली-कुंचों

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थानों हेतु 'गृहस्थी, आटे–दाल' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'जब कंधे पर **गृहस्थी** का भार पड़ेगा, तब **आटे–दाल** का भाव मालूम पड़ेगा।'

695. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें :
'मंत्र वह _____ है जो अक्षरों एवं शब्दों के ___ से बनती है।'
(a) शक्ति, मिश्रण। (b) वचन, जुड़ने।
(c) बोल, संगीत। (d) ध्वनि, समूह।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थानों हेतु 'ध्वनि, समूह' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'मंत्र वह **ध्वनि** है जो अक्षरों एवं शब्दों के **समूह** से बनती है।'

696. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें :
'ये चारों _____ आपस में वैज्ञानिक विषयों पर ____ करते रहते हैं।'
(a) अकसर, चर्चा। (b) मिलकर, प्रयोग।
(c) जुड़कर टिप्पणी। (d) एकत्रित, पढ़ाई।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थानों हेतु 'अकसर चर्चा' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'ये चारों **अकसर** आपस में वैज्ञानिक विषयों पर **चर्चा** करते रहते हैं।'

697. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :
'कन्या की____ के आरोप में उन्हें आजीवन जेल हुई।'
(a) बारी। (b) पगड़ी।
(c) हत्या। (d) दृष्टी।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान हेतु 'हत्या' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'कन्या की **हत्या** के आरोप में उन्हें आजीवन जेल हुई।'

698. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें :
'धन के ____ में आज भी कुछ लोग____ बन जाते हैं।'
(a) लालच, जयचंद्र (b) भ्रष्टचार, हरक्षिद्र
(c) राष्ट्र, वीरता (d) बंधू, मर्द

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों हेतु 'लालच, जयचंद' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं, जिसके जुड़ने के बाद सम्यक् वाक्य विन्यास है 'धन के **लालच** में आज भी कुछ लोग **जयचन्द** बन जाते हैं।'

699. 'अनुशासन सफलता की ..... है', दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
(a) जड़ (b) उन्नति
(c) कुंजी (d) प्रगति

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान हेतु 'कुंजी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है, जिसके जुड़ने के बाद सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'अनुशासन सफलता की **कुंजी** है।'

700. 'मै छुपाना जानता तो ..... मुझे ..... समझता', दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करे रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) मित्र, धूर्त (b) नीच, भिखारी
(c) जग, साधु (d) लोग, पशु

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (c): प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों हेतु 'जग, साधु' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं, जिसके जुड़ने के बाद सम्यक् वाक्य विन्यास है 'मैं छुपाना जानता तो **जग** मुझे **साधु** समझता'

701. 'उसके बात करने का तरीका मुझे अत्यंत ..... करता है।', दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(a) प्रभावित (b) अनुशासित
(c) संतुलित (d) प्रचारित

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थान पर 'प्रभावित' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। सम्यक् वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार है– 'उसके बात करने का तरीका मुझे अत्यन्त **प्रभावित** करता है।'

702. 'जिस तरह मजबूत इमारतों के लिए मजबूत ..... की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह सफलता के लिए भी साफ ..... की जरूरत होती है।' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) बुनियाद, नजरिये (b) कारीगर, प्रतिष्ठान
(c) इंट, बुनियाद (d) जड़, विचार

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (a) : प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर दिये गये रिक्त स्थानों हेतु 'बुनियाद, नजरिये' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'जिस तरह मजबूत इमारतों के लिए मजबूत **बुनियाद** की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह सफलता के लिए भी साफ **नजरिये** की जरूरत होती है।'

703. 'छोटा..... जितना अक्खड़ है, बड़ा भाई उतना ही .....' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) भाई, मंथर (b) भाई, मंदर
(c) भाई, भद्र (d) भाई, मंद्र

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'भाई, भद्र' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास कुछ इस प्रकार है– 'छोटा **भाई** जितना अक्खड़ है, बड़ा भाई उतना ही **भद्र**'।

704. 'उन्होंने अपने ज्ञान को स्वयं तक.....नहीं रखा बल्कि ज्ञान को चाणक्य नीति में लिखकर.....आने वाली पीढ़ियों को भी दिया।' दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों के लिए सही का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) सीमित, भविष्य में (b) छुपा, आगे की
(c) सीमित, अपनी (d) नियत, अपने

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'सीमित, अपनी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'उन्होंने अपने ज्ञान को स्वयं तक **सीमित** नहीं रखा बल्कि ज्ञान को चाणक्य नीति में लिखकर **अपनी** आने वाली पीढ़ियों को भी दिया।'

705. 'जिसका दमन न किया जा सके, वह ..... कहलाता है।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) कृतज्ञ (b) अदम्य
(c) दम्य (d) दामिनी

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'अदम्य' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'जिसका दमन न किया जा सके, वह **अदम्य** कहलाता है।'

706. 'पिछले दो दिनों से पड़ रही ठण्ड और शीतलहर से .....जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) व्यक्ति (b) जन
(c) व्यक्तिगत (d) लोक

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'जन' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'पिछले दो दिनों से पड़ रही ठंड और शीतलहर से **जन**-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।'

707. 'प्रत्येक.....सिखाता है कि आपस में.....से रहो।' दिए गए विकल्प में से रिक्त स्थानों के लिए सही का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) धर्म, भाई-चारे (b) व्यक्ति, स्वार्थ
(c) समाज, मित्रता (d) व्यक्ति, मिलजुल

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'धर्म, भाई चारे' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'प्रत्येक **धर्म** सिखाता है कि आपस में **भाई चारे** से रहो।'

708. 'उत्साह वास्तव में.....और.....की मिली-जुली अनुभूति है।'
दिए गए विकल्पों में से रिक्त स्थानों के लिए सही का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) कर्म, फल (b) कर्म, कर्तव्य
(c) फल, कर्म (d) धर्म, अधर्म

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'कर्म, फल' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'उत्साह वास्तव में **कर्म** और **फल** की मिली-जुली अनुभूति है।'

709. रिक्त स्थान भरें :
विश्व में.....पांच व्यक्तियों में से चार व्यक्ति विकास.....देश में रहते हैं।

(a) पैदा, मुक्त (b) प्रत्येक, शील
(c) आज, केन्द्रित (d) हर, पूर्वक

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'प्रत्येक, शील' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य है– 'विश्व में **प्रत्येक** पाँच व्यक्तियों में चार व्यक्ति विकास**शील** देश में रहते हैं।'

@RexstarPdf

710. रिक्त स्थान भरें :
भारत विश्व की उन प्रथम सभ्यताओं में से है जहाँ सिक्कों का.....शुरू हुआ।
(a) विकार (b) प्रचलन
(c) परिवर्तन (d) उलट-फेर
UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'प्रचलन' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'भारत विश्व की उन प्रथम सभ्यताओं में से है जहाँ सिक्कों का **प्रचलन** शुरू हुआ।'

711. रिक्त स्थान भरें :
शरीर की सुंदरता.....है उसका चेहरा और चेहरे की सुंदरता.....है उसकी आँखें।
(a) होता, होती (b) होती, होती
(c) होती, होता (d) होता, होता
UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'होती, होती' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'शरीर की सुन्दरता **होती** है उसका चेहरा और चेहरे की सुन्दरता **होती** है उसकी आँखें।'

712. रिक्त स्थान भरें।
व्यक्ति का गौरव तथा.....की एकता .....द्वारा सुनिश्चित होते हैं।
(a) राष्ट्र, बंधुत्व (b) विश्व, समानता
(c) नीति, शिक्षा (d) देश, स्वतन्त्रता
UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'देश, स्वतंत्रता' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'व्यक्ति का गौरव तथा **देश** की एकता **स्वतंत्रता** द्वारा सुनिश्चित होते हैं।'

713. गाँधीजी का शरीर शक्तिशाली नहीं था किन्तु वे ..... सशक्त थे।
(a) अहिंसा से (b) करोड़ों भारतीय से
(c) विचार एवं भावना से (d) ब्रिटिश साम्राज्य से
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'विचार एवं भावना से' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'गाँधी जी का शरीर शक्तिशाली नहीं था, किन्तु वे **विचार एवं भावना से** सशक्त थे।'

714. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये–
भारतीय ..... में रोशनी के महापर्व दीपावली में घरौंदा और रंगोली बनाये जाने की ..... रही है।
(a) मानसिकता, अधिमान (b) संस्कृति, परम्परा
(c) त्योहारों, सिद्धान्त (d) देश, कोशिश
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) इस पंक्ति में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए 'संस्कृति, परम्परा' शब्द आयेंगे। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है–
भारतीय **संस्कृति** में रोशनी के महापर्व दीपावली में घरौंदा और रंगोली बनाये जाने की **परम्परा** रही है।

715. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये–
केले ..... छिलकों ..... सब्जी खाइए।
(a) के, की (b) के, का
(c) का, का (d) की, का
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'के, की' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'केले **के** छिलकों **की** सब्जी खाइए।'

716. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये–
..... पानी में लोग डूबते हैं, तो कहीं ..... ख़रीदा जाता है।
(a) कोई, तेल (b) कट्टी, लोग
(c) कुछ, पानी (d) कहीं, पानी
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'कहीं, पानी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– '**कहीं** पानी से लोग डूबते हैं तो कहीं **पानी** खरीदा जाता है।'

717. कवि के हृदय में जो भाव स्वत:..... होते हैं, वे गीत का रूप धारण कर लेते हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
(a) उच्छवासित (b) उच्छ्वसित
(c) उछवासित (d) उच्छविसत
UPSI Batch-III 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'उच्छवासित' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'कवि के हृदय में जो भाव स्वत: **उच्छवासित** होते हैं, वे गीत का रूप धारण कर लेते हैं।'

718. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये–
लोग आजीवन ..... की तरह जूझते रहते हैं।
(a) बीमारी (b) टट्टू
(c) घुंघरू (d) उल्लू
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'टट्टू' शब्द सर्वाधिक उपयुक्त है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'लोग आजीवन **टट्टू** की तरह जूझते रहते हैं।'

719. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें–
'इंडोनेशिया में एक बार फिर ज्वालामुखी ने ..... बरपाया है।'
(a) क्रोध (b) कहर
(c) रूप (d) तहलका
UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'कहर' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास होगा–'इंडोनेशिया में एक बार फिर ज्वालामुखी ने **कहर** बरपाया है।'

720. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करें–
हम जिनसे कुछ ..... रखते हैं, वह हमारी ..... करते हैं।

@RexstarPdf

(a) उम्मीद, मदद (b) अपकार, उपकार
(c) अपेक्षा, उपेक्षा (d) चिन्ता, सहायता

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'अपेक्षा, उपेक्षा' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास होगा– 'हम जिनसे कुछ **अपेक्षा** रखते हैं, वह हमारी **उपेक्षा** करते हैं।'

721. प्रश्न-पत्र में कुछ प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त लिखने होते हैं, तो कुछ ..... से। दिए हुए में से उचित विकल्प का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) लघु (b) विस्तृत
(c) विस्तार (d) दीर्घ

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'विस्तार' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'प्रश्न पत्र में कुछ प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त लिखने होते हैं तो कुछ **विस्तार** से।'

722. 'निज ..... उन्नति अहे सब ..... को मूल'। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी की ये पंक्तियाँ पूर्ण करें।

(a) भाव, भाषा (b) भाषा, उन्नति
(c) भाषा, भाव (d) उन्नति, भाषा

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये रिक्त स्थानों में 'भाषा, उन्नति' शब्द भरे जायेंगे। अतः भारतेन्दु जी कि पंक्ति इस प्रकार पूर्ण होगी–
'निज **भाषा** उन्नति अहे सब **उन्नति** को मूल।'

723. 'वैदिकी हिंसा ..... न भवति' नाटक के शीर्षक को पूर्ण करें।

(a) अहिंसा (b) पीड़ा
(c) जन (d) हिंसा

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'हिंसा' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः नाटक का पूर्ण शीर्षक इस प्रकार होगा– 'वैदिकी हिंसा–**हिंसा** न भवति'। यह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र कृत नाटक है।

724. 'कहत, नटत, रीझत ....., मिलत, खिलत, ...' सही शब्दों का चयन करते हुए प्रस्तुत दोहे को पूर्ण कीजिये।

(a) खिझत, लजियात (b) खिझत, बतियात
(c) हँसत, लजियात (d) हँसत, खिझत

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'खिझत, लजियात' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। बिहारी के इस अद्वितीय दोहे का सम्यक् रूप है–
'कहत, नटत, रीझत, **खिझत**, मिलत, खिलत **लजियात**।'

725. उचित विकल्प से रिक्त स्थान पूर्ण करें।
'नरेन्द्र दामोदरदास मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं। भारत के राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने उन्हें 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री ..... दिलायी।'

(a) पद पर शपथ (b) पद की शपथ
(c) पद पे शपथ (d) पद से शपथ

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर: (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'पद की शपथ' सर्वाधिक उपयुक्त पद है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'नरेन्द्र दामोदरदास मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं। भारत के राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने उन्हें 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री **पद की शपथ** दिलायी।'

726. 'साहित्य का _____ प्रत्येक मनुष्य के लिए अनिवार्य है।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके वाक्य पूर्ण करें।

(a) पहचान (b) ज्ञान
(c) परख (d) पथ

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'ज्ञान' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'साहित्य का ज्ञान प्रत्येक मनुष्य के लिए अनिवार्य है।'

727. 'देश में राजनीति के प्रति लोगों की _____को देखते हुए 25 जनवरी को देश में मतदाताओं को _____करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का संकल्प लिया गया है।' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके वाक्य पूर्ण करें।

(a) अंधविश्वास, प्रोत्साहित (b) स्नेह, शिक्षित
(c) उत्सुकता, इकट्ठा (d) उदासीनता, जागरूक

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'उदासीनता, जागरूक' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'देश में राजनीति के प्रति लोगों की **'उदासीनता'** को देखते हुए 25 जनवरी को देश में मतदाताओं को **'जागरूक'** करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का संकल्प लिया गया है।'

728. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके वाक्य पूर्ण करें। 'जिसमें ____प्राप्त करने की इच्छा हो, वह ____कहलाता है।'

(a) मोक्ष, मुमुक्षु (b) मोक्ष, पारंगत
(c) मोक्ष, पारदर्शक (d) स्वर्ग, जिज्ञासु

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (a) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'मोक्ष, मुमुक्षु' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'जिसमें **मोक्ष** प्राप्त करने की इच्छा हो, वह **मुमुक्षु** कहलाता है।'

729. 'जिस वाक्य समूह में एक वाक्य _____हो और अन्य वाक्य उसके _____ हों, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके वाक्य पूर्ण करें।

(a) प्रधान, गोठी (b) प्रधान, आश्रित
(c) मुख्य, प्रधान (d) आश्रित, प्रधान

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'प्रधान, आश्रित' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'जिस वाक्य समूह में एक वाक्य **प्रधान** हो और अन्य वाक्य उसके **आश्रित** हों, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।'

@RexstarPdf

730. 'यक्ष' देवों की एक .....होती है। वाक्य को उचित विकल्प से पूर्ण करें।

(a) प्रकार (b) जाति
(c) कोटि (d) रूप

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'जाति' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'यक्ष' देवों की एक **जाति** होती है।

731. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरिए: 'वे दिन गए जब लोग मेहमान ..... देखकर अपने ..... धन्य समझते थे।'

(a) को, को (b) को, स्वयं
(c) का, नसीब को (d) को, ने

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'को, को' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य है– 'वे दिन गए जब लोग मेहमान **को** देखकर अपने **को** धन्य समझते थे।'

732. 'जो असफलता से नहीं घबराता, वही ..... का स्वाद चख पता है।'

(a) उदासी (b) सफलता
(c) अनुत्तीर्ण (d) नाकामी

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'सफलता' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार है– 'जो असफलता से नहीं घबराता, वही **सफलता** का स्वाद चख पाता है।'

733. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरिए:
'..... बच्चे ने आग से सब को बचाया था, ... पुरस्कृत किया गया।'

(a) जिसने, उसे (b) जिसको, उसे
(c) जिस, उसको (d) किन, उन्हें

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'जिस, उसको' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– '**जिस** बच्चे ने आग से सबको बचाया था, **उसको** पुरस्कृत किया गया।'

734. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरिए:
'सावित्री को सत्यवान के प्राणों की चिंता में ..... और .... नहीं लग रही थी।'

(a) सुध, बुध (b) लोक, लिहाज
(c) भूख, प्यास (d) अच्छा, बुरा

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'भूख, प्यास' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'सावित्री को सत्यवान के प्राणों की चिन्ता में **भूख** और **प्यास** नहीं लग रही थी।'

735. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें
सड़क को ..... करने से लेकर इमारतों को लाल पत्थर और नानक शाही ईंटों से ..... झलक देने की कोशिश की गई है।

(a) चमचमा, आधुनिक (b) ठीक, सुंदर
(c) चौड़ा, विरासती (d) साफ, पसंदीदा

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'चौड़ा, विरासती' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'सड़क को **चौड़ा** करने से लेकर इमारतों को लाल पत्थर और नानक शाही ईंटों से **विरासती** झलक देने की कोशिश की गई है।'

736. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थानों को भरें–
'रोहन ने समाज कल्याण कार्य में ..... योगदान दिया किन्तु कुछ लोगों को इस तथ्य पर ..... था।'

(a) भरपूर, सन्देह (b) अथक, विश्वासघात
(c) जी तोड़ अटूट (d) बेहद, युति

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'भरपूर, सन्देह' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'रोहन ने समाज कल्याण कार्य में **भरपूर** योगदान दिया किन्तु कुछ लोगों को इस तथ्य पर **सन्देह** था।'

737. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थानों को भरें–
'..... ऐसा व्यक्ति नहीं हूँ ..... आपको अधिकारपूर्वक कह सकूँ।'

(a) में, कि (b) मैं, जो
(c) हम, जोकि (d) तुम, और

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'मैं, जो' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्णवाक्य है– '**मैं** ऐसा व्यक्ति नहीं हूँ, **जो** आपको अधिकारपूर्वक कह सकूँ।'

738. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थानों को भरें–
'मैं अध्यक्ष ..... अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने ..... निवेदन करता हूँ।'

(a) के, हेतु (b) को, का
(c) की, के लिए (d) को, पर

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'को, का' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– 'मैं अध्यक्ष **को** अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने **का** निवेदन करता हूँ।'

739. सौम्यता ही नारी का सच्चा ..... है?

(a) शिरंगर (b) सौन्दर्य
(c) शृंगार (d) आभूषण

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'शृंगार' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– 'सौम्यता ही नारी का सच्चा **शृंगार** है।'

740. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर प्रस्तुत वाक्य को पूर्ण कीजिए।
'गणेश जी महाभारत लिखने को तैयार हो गये, ... उन्होंने एक शर्त रखी कि कलम एक बार उठा लेने के बाद काव्य..... होने तक वे बीच में नहीं रूकेंगे।'
(a) परंतु, घोषित (b) और, अघोष
(c) लेकिन, कंपन (d) किन्तु, समाप्त

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'किन्तु, समाप्त' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– 'गणेश जी महाभारत लिखने को तैयार हो गये, **किन्तु** उन्होंने एक शर्त रखी कि कलम एक बार उठा लेने के बाद काव्य **समाप्त** होने तक वे बीच में नहीं रुकेंगे।'

741. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें–
इस घटना के बाद आजादी हासिल करने की इच्छा और जोर से ..... पड़ी।
(a) गुमराह (b) गरज
(c) उमड़ (d) भनक

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'उमड़' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– 'इस घटना के बाद आजादी हासिल करने की इच्छा और जोर से **उमड़** पड़ी।'

742. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर प्रस्तुत वाक्य को पूर्ण कीजिए :
'रवीन्द्रनाथ ठाकुर को नोबेल पुरस्कार मिलने के ..... में ब्रिटिश समाचार पत्रों में मिश्रित ..... हुई।'
(a) समाचार, उत्तेजना (b) खुशी, प्रेम
(c) भाषा, रचना (d) संबंध, प्रतिक्रिया

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'संबंध, प्रतिक्रिया' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– 'रवीन्द्रनाथ ठाकुर को नोबेल पुरस्कार मिलने के **सम्बन्ध** में ब्रिटिश समाचार पत्रों में मिश्रित **प्रतिक्रिया** हुई।'

743. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें–
इस ग्रंथ को इतिहास की ..... से भी एक महत्वपूर्ण रचना माना गया है।
(a) दृष्टि (b) तुलना
(c) पन्ने (d) ओर

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए **'दृष्टि'** सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'इस ग्रंथ को इतिहास की **दृष्टि** से भी एक महत्वपूर्ण रचना माना गया है।'

744. प्रस्तुत पंक्ति को पूर्ण करने के लिए दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें –
'एक ..... मोतियों से .....
(a) बूंद, जड़ा (b) थाल, जड़ा
(c) जाल, जड़ा (d) घड़ा, खड़ा

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'थाल, जड़ा' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य है– 'एक **थाल** मोतियों से **जड़ा**'।

745. मेरी बहन उच्च शिक्षा ..... ऑस्ट्रेलिया जा रही है। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) में (b) पर
(c) को (d) के लिए

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'के लिए' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– 'मेरी बहन उच्च शिक्षा **के लिए** ऑस्ट्रेलिया जा रही है।'

746. दिल्ली ..... मेरठ ..... दूरी लगभग सत्तर किलोमीटर है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) और, में (b) का, से
(c) तथा, का (d) से, की

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'से, की' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य होगा– 'दिल्ली **से** मेरठ **की** दूरी लगभग सत्तर किलोमीटर है।'

747. ..... खिड़की का शीशा तोड़ा है ..... बता दे। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) वो, कौन (b) उसने, तुम्हारे
(c) जिसने, वह (d) वह,कुछ

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'जिसने, वह' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– **'जिसने** खिड़की का शीशा तोड़ा है **वह** बता दे।'

748. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें :
माता–पिता किशोरों को स्वयं के ..... से सीखने में मदद करते हैं।
(a) अनुभवों (b) मर्यादा
(c) माध्यम (d) भोगों

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'अनुभवों' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'माता–पिता किशोरों को स्वयं के **अनुभवों** से सीखने में मदद करते हैं।'

@RexstarPdf

749. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें:
अगर विद्यार्थी.....होंगे तो देश का भविष्य..... होगा।
(a) आदर्शवादी, उज्ज्वल (b) अक्लमंद, तेज
(c) अचेत, गरिमाजनक (d) निडर, उत्साही
UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'आदर्शवादी, उज्ज्वल' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'अगर विद्यार्थी **आदर्शवादी** होंगे तो देश का भविष्य **उज्ज्वल** होगा।'

750. जो मैं ऐसा जानती, रे ..... कियां दुख होय। नगर ..... पीटती रे प्रीत न करियो कोय॥ गीत की इस पंक्ति में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्पों का चयन करें।
(a) पश्चाताप, डफली (b) राग, ढोलक
(c) प्रेम, तबला (d) प्रीत, ढुंढेरौ
UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'प्रीति, ढुंढेरौ' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः पूर्ण दोहा कुछ इस प्रकार है–
'जो मैं ऐसा जानती, रे **प्रीति** कियां दुख होय।
नगर **ढुंढेरौ** पीटती रे प्रीत न करियो कोय।।'

751. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें:
जब कोई मर्यादा को ..... जाता है तो अपनी ..... खो बैठता है।
(a) खो, आदर्श (b) भूल, आप
(c) नजरअंदाज, जिन्दगी (d) लांघ, गरिमा
UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'लांघ, गरिमा' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'जब कोई मर्यादा को **लांघ** जाता है तो अपनी **गरिमा** को खो बैठता है।'

752. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें:
चित्र–वर्णन एक ऐसी कला है जिसमें मन के भाव..... होते हैं।
(a) भयभीत (b) समक्ष
(c) विस्तृत (d) प्रकट
UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'प्रकट' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य है– 'चित्र वर्णन एक ऐसी कला है जिसमें मन के भाव **प्रकट** होते हैं।'

753. रिक्त स्थान भरें:
चेहरा हमारे विचारों का ..... है वो वही दिखाता है जो ..... है।
(a) मन, दौड़ता (b) चित्र, असत्य
(c) उल्लंघन, जागृत (d) दर्पण, सच
UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर. (d): दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'दर्पण, सच' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'चेहरा हमारे विचारों का **दर्पण** है वो वही दिखाता है जो **सच** है।'

754. 'अगुआ बनकर ..... दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक कहलाता है' रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द का चयन करें।
(a) मंजिल (b) रास्ता
(c) लक्ष्य (d) स्थान
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'रास्ता' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'अगुआ बनकर **रास्ता** दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक कहलाता है।'

755. नैतिकता है .....।
(a) धर्म (b) परम्पराएँ और रूढ़ियाँ
(c) कर्तव्य (d) आचार-शास्त्र
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्प में नैतिकता है **'आचार- शास्त्र'।**

756. 'स्वास्थ्य से ..... समस्याओं के लिए हम दवाओं का सेवन करते हैं और कई उपाय ..... हैं।' रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प कौन-सा है?
(a) कई, ढूँढते (b) निकली, निकालते
(c) जुड़ी, आजमाते (d) सम्बन्धित, नहीं
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'जुड़ी, आजमाते' सर्वाधिक उपर्युक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'स्वास्थ्य से **जुड़ी** समस्याओं के लिए हम दवाओं का सेवन करते हैं और कई उपाय **आजमाते** हैं।'

757. 'ताजमहल..... का अद्भुत नमूना है'। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त थान की पूर्ति करें।
(a) चित्रकला (b) शिल्पकला
(c) मूर्तिकला (d) स्थापत्यकला
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'स्थापत्यकला' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'ताजमहल **स्थापत्यकला** का अद्भुत नमूना है।'

758. 'क्रोध ..... का ही एक .....रूप है।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन का रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।
(a) आत्मीयता, अन्य (b) नाराजगी, सहज
(c) सात्विकता, उत्तम (d) तामसिकता, घिनौना
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'तामसिकता, घिनौना' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है–'क्रोध **तामसिकता** का ही एक **घिनौना** रूप है।'

759. ..... और ..... ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करते।
(a) सिख–ईसाई (b) पारसी–मुस्लिम
(c) जैन–बौद्ध (d) हिंदू
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'जैन, बौद्ध' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास इस प्रकार होगा– '**जैन** और **बौद्ध** ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करते।'

760. 'दिल्ली की ..... एशिया में ..... स्थान रखती है।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

(a) नफासत, अलौकिक (b) धोखाधड़ी, अजीब
(c) कुतुबमीनार, विशेष (d) गलियां, अद्भुत

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'कुतुबमीनार, विशेष' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'दिल्ली की **कुतुबमीनार** एशिया में **विशेष** स्थान रखती है।'

761. 'चुनाव क्षेत्रों का पुनः ..... किया जाना चाहिए।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(a) परिसीमन (b) परिगणन
(c) परीक्षण (d) परिक्षालन

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'परिसीमन' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है–'चुनाव क्षेत्रों का पुनः **परिसीमन** किया जाना चाहिए।'

762. 'सुरक्षित वातावरण बनाने का सही और सीधा तरीका यह है कि प्रसन्नता, संतोष, उत्साह, उल्लास की .....बनाए रखने का पूर्ण ..... किया जाए'। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

(a) स्थिति, प्रयत्न (b) मनः स्थिति, प्रयत्न
(c) अव्यस्थित, प्रयत्न (d) परिस्थिति, प्रयत्न

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'मनःस्थिति, प्रयत्न' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'सुरक्षित वातावरण बनाने का सही और सीधा तरीका यह है कि प्रसन्नता, संतोष, उत्साह, उल्लास की **मनःस्थिति** बनाये रखने का पूर्ण **प्रयत्न** किया जाए।'

763. 'यह कथा उस समय की है जब लंका जाने के लिए भगवान श्रीराम ने सेतु ____ के पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग ____ किया था।'

(a) पारने, रचना (b) लांघने, ध्यान
(c) जोड़ने, पूजा (d) निर्माण, स्थापित

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'निर्माण, स्थापित' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'यह कथा उस समय की है जब लंका जाने के लिए भगवान श्री राम ने सेतु **निर्माण** के पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग **स्थापित** किया था।'

764. 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्राचीनकाल की/के____से लेकर इस शताब्दी में प्राप्त महान सफलताओं की एक लंबी और____परंपरा रही है।'
रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।

(a) विजय, अभय (b) उपलब्धियों, अनूठी
(c) नवाचारों, आहत (d) कर्मो, अकाट्य

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'उपलब्धियों, अनूठी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्राचीन काल की **उपलब्धियों** से लेकर इस शताब्दी में प्राप्त महान सफलताओं की एक लम्बी और **अनूठी** परम्परा रही है।'

765. 'निरंतर___करने से कामयाबी जरूर हासिल होती है।'

(a) हंगामा (b) प्रयास
(c) कार्य (d) चीत्कार

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'प्रयास' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है–'निरन्तर **प्रयास** करने से कामयाबी जरूर मिलती है।'

766. सियार का गुण–स्वभाव _____और _____है।
रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।

(a) धूर्तता, चालाकी (b) सफेद, चालाक
(c) सुस्त, मूर्ख (d) गंदा, वीभत्स

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'धूर्तता, चालाकी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'सियार का गुण स्वभाव **धूर्तता** और **चालाकी** है।'

767. ब्रह्मा,____महेश, ये तीनों____जगत का संचालन करती हैं।

(a) विष्णु, शक्तियाँ (b) शिव, भगवान
(c) कृष्णा, देवियां (d) ऋषि, देवता

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'विष्णु, शक्तियाँ' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'ब्रह्म, **विष्णु**, महेश, ये तीनों **शक्तियाँ** जगत का संचालन करती हैं।'

768. 'संसार में सभी तरह के लोग रहते हैं, कोई उदार तो कोई ....., कोई धनवान तो कोई .....।' सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(a) संकीर्ण, निर्धन (b) अनुदार, रंक
(c) अनुदार, योगी (d) संकीर्ण, मितव्यय

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'संकीर्ण, निर्धन' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'संसार में सभी तरह के लोग रहते हैं कोई उदार तो कोई **संकीर्ण,** कोई धनवान तो कोई **निर्धन।**'

@RexstarPdf

769. 'अर्थ के अनुसार ..... के कुल ..... भेद हैं।' सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(a) संबंध बोधक अव्यय, आठ
(b) क्रिया विशेषण, सात
(c) निपात, चार
(d) समुच्चय बोधक, आठ

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये रिक्त स्थान के लिए 'सम्बन्धबोधक अव्यय, आठ' उपयुक्त शब्द हैं अतः पूर्ण वाक्य होगा– अर्थ के अनुसार **सम्बन्धबोधक अव्यय** के कुल **आठ** भेद हैं।

770. 'तेज गर्मी में चलने के कारण वह ..... हो गया।' सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान भरें।

(a) अचेतन (b) मृत
(c) निर्जीव (d) निश्चेतन

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (a) 'अचेतन' दिये गये विकल्पों में सर्वथा उपयुक्त विकल्प है। परन्तु दिये गये विकल्पों में से कोई भी सटीक अर्थ प्रदान नहीं कर रहा है। अतः उचित शब्द **अचेत** होगा। तब शुद्ध वाक्य होगा 'तेज गर्मी में चलने के कारण वह **अचेत** हो गया।'

771. विदित ने ..... मित्रों से कहा कि ..... उदित की गेंद चाहिए। सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(a) अपने, उसको (b) उनके, आप
(c) आपके, उनको (d) इन, उसे

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'अपने, उसको' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'विदित ने **अपने** मित्रों से कहा कि **उसको** उदित की गेंद चाहिए।'

772. उसकी बात का उत्तर कोई न दे सका, सब..... हो गए। सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान भरें।

(a) निरादर (b) निरुत्तर
(c) निरंतर (d) शर्मिंदा

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'निरुत्तर' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'उसकी बात का उत्तर कोई न दे सका सब **निरुत्तर** हो गये।'

773. 'श्रीकृष्ण की भक्ति ही ..... है, अन्य सब .....।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थानों को भर कर, प्रस्तुत पंक्ति को पूर्ण करें।

(a) सत्य, असत्य (b) असत्य, सत्य
(c) सत्य, मिथ्या (d) मिथ्या, सत्य

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'सत्य, मिथ्या' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है–'श्रीकृष्ण की भक्ति ही **सत्य** है, अन्य सब **मिथ्या** है।'

774. 'महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की ..... व गौरवशाली ..... रही है।' दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए।

(a) उन्नतिशील, रूप (b) शौर्यकथा, बात
(c) जगत्प्रसिद्ध, भूमिका (d) वैभवशाली, परंपरा

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'वैभवशाली, परम्परा' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की **वैभवशाली** व गौरवशाली **परम्परा** रही है।'

775. 'मानव आदिकाल से ही ..... के ..... पर चला आ रहा है।' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थानों को भर कर, प्रस्तुत वाक्य पूर्ण करें।

(a) प्रगति, राह (b) पथ, प्रगति
(c) प्रगति, पथ (d) उन्नति, राह

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थानों के लिए 'प्रगति, पथ' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः सम्यक् वाक्य विन्यास है– 'मानव आदिकाल से ही **प्रगति** के **पथ** पर चलता आ रहा है।'

776. पक्षी पेड़ों पर अपना.....बनाते हैं। सही शब्द भरिए–

(a) नीर (b) नीम
(c) नीड़ (d) नीद

UPP Constable, 2017

उत्तर. (c) : रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द 'नीड़' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा-पक्षी पेड़ों पर अपना 'नीड़' (घोंसला) बनाते हैं।

777. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए कौन-सा शब्द उपयुक्त है?
बम विस्फोट में आज पचास लोगों.....

(a) की हत्या हो गई (b) की मृत्यु हो गई
(c) का देहांत हो गया (d) का देहावसान हो गया

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (b) पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- बम विस्फोट में आज पचास लोगों की मृत्यु हो गई।

778. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए कौन-सा शब्द उपयुक्त है?
भगवान बड़े दयालु हैं——— सबकी सुनते हैं।

(a) वह (b) वे
(c) वो (d) आप

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (b) पूर्ण वाक्य होगा - भगवान बड़े दयालु हैं **वे** सबकी सुनते हैं। शेष विकल्प असंगत है।

779. निम्न वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द बताइए। बारिश _____ठण्ड बढ़ गई।

(a) से (b) की वजह से
(c) के कारण (d) के लिए

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर:(c) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'के कारण' उपयुक्त शब्द होगा और पूरा वाक्य होगा–'बारिश **के कारण** ठण्ड बढ़ गई।' शेष असंगत शब्द हैं।

780. प्रथम आने _____मैंने कठिन परिश्रम किया।

(a) इसलिए (b) और
(c) क्योंकि (d) के लिए

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर: (d) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'के लिए' उपयुक्त शब्द होगा और पूरा वाक्य होगा– 'प्रथम आने **के लिए** मैंने कठिन परिश्रम किया।

781. शिक्षिका ने बताया _____कल छुट्टी है।

(a) की (b) कि
(c) क्योंकि (d) तथा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'कि' उपयुक्त शब्द है और पूरा वाक्य होगा– शिक्षिका ने बताया **कि** कल छुट्टी है।'

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए है। इनमें एक विकल्प ठीक है, उसका चयन कीजिए

782. पच्चीस वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में कल हमारा विद्यालय .....मनाएगा।

(a) स्वर्ण जयन्ती (b) रजत जयन्ती
(c) कांस्य जयन्ती (d) हीरक जयन्ती

UPPCL TG2, 2014, 16

उत्तर. (b) : किसी संस्था के 25 वर्ष पूरे होने पर 'रजत जयन्ती', 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयन्ती, 75 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयन्ती एवं 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मनाया जाता है। अतः रिक्त स्थान पर 'रजत जयंती' भरा जाएगा।

783. मैं..... में विश्वास नहीं करता हूँ बल्कि वास्तविक गुणों का पक्षपाती हूँ।

(a) उदृश्य (b) आडम्बर
(c) रंग-रोगन (d) तड़क-भड़क

UPPCL TG2, 2014, 16

उत्तर. (b) : पूर्ण वाक्य होगा - मैं 'आडम्बर' में विश्वास नहीं करता बल्कि वास्तविक गुणों का पक्षपाती हूँ।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनिए।

784. विश्वास है कि इस पत्र को पाकर आप उचित _____ करेंगे।

(a) संत्रास (b) परिहास
(c) करतूत (d) कार्यवाही

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (d) रिक्त स्थान पर **कार्यवाही** शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- विश्वास है कि इस पत्र को पाकर आप उचित कार्यवाही करेंगे।

785. मैं मंत्री की _____से आपको धन्यवाद देता है

(a) क्षमता (b) शक्ति
(c) हैसियत (d) प्रतिष्ठा

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (c) दिये गये रिक्त स्थान में **'हैसियत'** शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- मैं मंत्री की **हैसियत** से आपको धन्यवाद देता हूँ।

786. रामायण और महाभारत का समय ..... हो गया, पर ये ग्रंथ अभी तक नए हैं।

(a) अतीत (b) अभिभूति
(c) अविनीत (d) कालातीत

UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (d) दिया गया पूर्ण वाक्य होगा - रामायण और महाभारत का समय **'कालातीत'** हो गया है, पर ये ग्रंथ अभी तक नए हैं।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनिए।

787. संसद के दोनों सदनों में इस विवाद ने शीघ्र ही एक ..... रूप ले लिया।

(a) अपेक्षित (b) अप्रत्याशित
(c) उपेक्षित (d) आपेक्ष

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (b) दिये गये रिक्त स्थान में– 'अप्रत्याशित' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– संसद के दोनों सदनों में इस विवाद ने शीघ्र ही एक **अप्रत्याशित** रूप ले लिया।

788. सरकारी कर्मचारियों को चाहिए कि वे उचित ..... से आवेदन करें।

(a) विचार (b) अधिकार
(c) प्रकार (d) माध्यम

UPPCL AE Electrical, 2016

उत्तर : (d) 'सरकारी कर्मचारियों को चाहिए कि वे उचित **माध्यम** से आवेदन करें।' स्पष्ट है कि रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु 'माध्यम' अभीष्ट शब्द है।

789. एक दशक से अधिक वर्षों की राजनीतिक उपेक्षा के कारण, यह एक गंभीर रणनीतिक.....बन गई है।

(a) कमजोरी (b) विशेषता
(c) बहस (d) जरूरत

उत्तर. (a) : 'एक दशक से अधिक वर्षों की राजनीतिक उपेक्षा के कारण, यह एक गम्भीर रणनीतिक **कमजोरी** बन गई है।' स्पष्ट है कि रिक्त स्थान पर 'कमजोरी' शब्द प्रयुक्त होगा।

790. वह इनके बिना जीवित नहीं रह सकता है। परंतु इन सबके लिए श्रम अथवा परिश्रम की.....होती है।

(a) आवश्यकता (b) आलोचना
(c) संभावना (d) उपयोगिता

उत्तर. (a) : 'वह इनके बिना जीवित नहीं रह सकता है। परन्तु इन सबके लिए श्रम अथवा परिश्रम की **आवश्यकता** होती है।' अतः स्पष्ट है कि रिक्त स्थान पर 'आवश्यकता' शब्द प्रयुक्त होगा।

@RexstarPdf

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें एक विकल्प ठीक है: उसका चयन कीजिए।

791. उसके____व्यक्तित्व ने मुझे बेहद प्रभावित किया है

(a) कलंकित (b) दूषित
(c) कुत्सित (d) चुम्बकीय

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) दिये गये रिक्त स्थान में 'चुम्बकीय' शब्द उपयुक्त है। अतः पूर्ण वाक्य होगा- उसके **चुम्बकीय** (आकर्षक अथवा प्रभावोत्पादक) व्यक्तित्व ने मुझे बेहद प्रभावित किया है।

792. खूब सोच-विचार करने के बावजूद भी हम किसी _____ पर नहीं पहुँच सके।

(a) निदान (b) प्रमाण
(c) परिणाम (d) परिमाण

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (c) खूब सोच-विचार करने के बावजूद भी हम किसी **परिणाम** पर नहीं पहुँच सके।

793. अब न तो उन्हें रट्टा लगाकर सवालों के जवाब देने पड़ेंगे और न ही उनका ज्ञान केवल किताबों तक ..... रहेगा।

(a) केन्द्रित (b) सीमित
(c) विकसित (d) बंद

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (b) दिये गये रिक्त स्थान में **'सीमित'** शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा 'अब न तो उन्हें रट्टा लगाकर सवालों के जवाब देने पड़ेंगे और न ही उनका ज्ञान केवल किताबों तक सीमित रहेगा।'

794. 'ऊँटों का ..... जा रहा है' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपर्युक्त शब्द से कीजिए।

(a) कारवाँ (b) जत्था
(c) काफिला (d) बेड़ा

UP RO (Pre.), 2010

उत्तर : (c) दिये गये रिक्त स्थान में काफिला शब्द भरा जायेगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा– 'ऊँटों का काफिला जा रहा है'।

795. '_____ को कोई नहीं टाल सकता।'

(a) नियत (b) नियति
(c) निमित्त (d) नमित

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) दिये गये रिक्त स्थान में उचित शब्द 'नियति' चुने जाने से वाक्य सार्थक बन जाएगा। पूर्ण वाक्य होगा– नियति को कोई नहीं टाल सकता।

796. 'अपने _____ के लिए लड़ना धर्म है।' रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द चुनें।

(a) सत्त्व (b) स्वत्व
(c) सम्मति (d) सम्मत

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (b) दिये गये रिक्त स्थान पर 'स्वत्व' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा–अपने स्वत्व के लिए लड़ना धर्म है।

रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से कीजिए।

797. आज के वैज्ञानिक नए-नए.....द्वारा हमारे जीवन को सुखमय बना रहे हैं।

(a) अनुसंधानों (b) आविष्कारों
(c) पदार्थों (d) विचारों

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (b) : आज के वैज्ञानिक नए-नए **आविष्कारों** द्वारा हमारे जीवन को सुखमय बना रहें है। अतः उपर्युक्त दिये गये रिक्त स्थान पर 'आविष्कारों' शब्द उचित है।

798. यदि इस रोग को आरम्भ में ही काबू न किया गया, तो यह ..... हो सकता है।

(a) संक्रामक (b) आक्रामक
(c) अतिक्रामक (d) अभिक्रामक

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : दिये गये रिक्त स्थान पर 'संक्रामक' शब्द उचित है। अतः पूर्ण वाक्य है-यदि इस रोग को आरम्भ में ही काबू न किया गया, तो यह **संक्रामक** हो सकता है।

799. 'आज आकाश में.....छाए हैं।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।

(a) जलज (b) जलधि
(c) जलद (d) नीरज

लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018

उत्तर. (c) : रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित शब्द 'जलद' होगा। पूर्ण वाक्य–'आज आकाश में **जलद** छाए हैं' होगा। बादल के अन्य पर्यायवाची शब्द–घन, जलधर, नीरद, पयोद, मेघ, वारिद, वारिधर आदि हैं।

800. 'प्राचार्य जी आ रहे हैं.....प्रणाम करो' वाक्य में रिक्त स्थान पर उपयुक्त सर्वनाम होगा।

(a) उसे (b) उसको
(c) उन्होंने (d) उनके लिए
(e) उन्हें

(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)

उत्तर : (e) दिये गये रिक्त स्थान पर 'उन्हें' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा - 'प्राचार्य जी आ रहे हैं **उन्हें** प्रणाम करो।'

801. 'महान् व्यक्तियों में भौतिक वस्तुओं के प्रति....पाई जाती है'–वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द छांटिए–

(a) निर्लिप्तता (b) लिप्तता
(c) निष्कपटता (d) निपटता

आडिटर परीक्षा, 1996

उत्तर : (a) महान व्यक्तियों में भौतिक वस्तुओं के प्रति **निर्लिप्तता** पाई जाती है। यहाँ पर 'निर्लिप्तता' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान भरना है। प्रत्येक वाक्य की पूर्ति के लिए चार विकल्प दिए गये हैं। उचित विकल्प को चिह्नित करें।

802. संगति द्वारा व्यक्ति का _____ प्रभावित होता है।

(a) शरीर (b) आचरण
(c) अधिकार (d) कर्त्तव्य

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (b) संगति द्वारा व्यक्ति का **आचरण** प्रभावित होता है। यहाँ पर 'आचरण' शब्द रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

803. भारत में निर्धनता-निर्मूलन कार्य _____ गति से नहीं हो सका है।

(a) प्रशंसनीय (b) स्तुत्य
(c) संस्तुत्य (d) अनुशंसनीय

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) भारत में निर्धनता-निर्मूलन कार्य **प्रशंसनीय** गति से नहीं हो सका है। दिये गये विकल्पों में 'प्रशंसनीय' शब्द रिक्त स्थान में सर्वाधिक उपयुक्त है।

804. गाँधीजी का रामराज्य का स्वप्न आज तक _____ नहीं हुआ है।

(a) साकार (b) स्वीकार
(c) आकार (d) निराकार

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) गाँधी जी का रामराज्य का स्वप्न आज तक **साकार** नहीं हुआ है। स्पष्ट है कि रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए साकार शब्द उचित है।

805. अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन का _____ स्वयं में बड़ा काम है।

(a) प्रयोजन (b) आरक्षण
(c) आयोजन (d) संगठन

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन का **आयोजन** स्वयं में बड़ा काम है।

806. वायुयान के उतार-चढ़ाव से यात्री घबरा गए, पर चालक ने उन्हें _____ किया।

(a) निरस्त (b) विश्वस्त
(c) आश्वस्त (d) संतुष्ट

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) दिये गये रिक्त स्थान पर आश्वस्त शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा - वायुयान के उतार-चढ़ाव से यात्री घबरा गए, पर चालक ने उन्हें **आश्वस्त** किया।

807. रिक्त स्थान में सही विकल्प भरिए–
वह जिधर .....जीवन लहरा उठा, जिधर झुका प्रेम बरस पड़ा।

(a) मुड़ा (b) गया
(c) रुका (d) बहा

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) दिये गये रिक्त स्थान में 'मुड़ा' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- वह जिधर **मुड़ा** जीवन लहरा उठा, वह जिधर झुका प्रेम बरस पड़ा।

808. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये-
करत-करत अभ्यास के जड़मति होत.....।

(a) स्वजन (b) सुजान
(c) प्रियजन (d) मेहमान

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'सुजान' शब्द ही रिक्त स्थान की पूर्ति करता है। अर्थात करत-करत अभ्यास के जड़मति होत **सुजान।**

809. वृष्टि न होने से सूखा पड़ने की..... है

(a) आशा (b) चिन्ता
(c) संभावना (d) आशंका

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) पूर्ण वाक्य होगा- वृष्टि न होने से सूखा पड़ने की **आशंका** है। यहाँ पर 'आशंका' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

810. रूस में एक बार .....हुई।

(a) काति (b) क्लाति
(c) क्रांति (d) कृान्ति

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) पूर्ण वाक्य होगा- रूस में एक बार **क्रांति** हुई। यहाँ पर **'क्रांति'** शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

811. दूध जमाने पर दही के रूप में .....हो जाता है

(a) प्रणत (b) परिणत
(c) परिणिति (d) परिणीत

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) पूर्ण वाक्य होगा- दूध जमाने पर दही के रूप में परिणत हो जाता है। यहाँ पर 'परिणत' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

812. रुपये_____हैं। (रिक्त स्थान हेतु शब्द चुनिए)

(a) बोलते (b) बजते
(c) खनकते (d) आवाज करते

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- रुपये 'खनकते' हैं। यहाँ पर 'खनकते' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

813. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें:
व्यंग्य लेखक सामाजिक—पर तीखा प्रहार करता है।

(a) अनुरुपता (b) अभिरामता
(c) संगति (d) विद्रूपता

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- व्यंग्य लेखक सामाजिक 'विद्रूपता' पर तीखा प्रहार करता है। यहाँ 'विद्रूपता' दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है।

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरने के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनकर तदनुसार चिह्न लगाएँ।

814. मनुष्य के____में पुस्तकें उसकी मित्र, मार्गदर्शक, प्रेरक और साथी होती हैं।

(a) कष्ट (b) सुख
(c) एकांत (d) तनाव

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- मनुष्य के **एकांत** में पुस्तकें उसकी मित्र, मार्गदर्शक, प्रेरक और साथी होती है। यहाँ पर 'एकांत' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

@RexstarPdf

815. धोखे भरे आधुनिक समाज में____की प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

(a) प्रत्यावर्तन (b) प्रवंचन
(c) प्रवचन (d) प्रवर्तन

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए प्रवंचन शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- धोखे भरे आधुनिक समाज में **प्रवंचन** की प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यहाँ पर 'प्रवंचन' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है। प्रवंचन का शाब्दिक अर्थ 'ठगी' होता है।

816. जाति सामाजिक स्तरीकरण की एक____व्यवस्था है।

(a) मानकीय (b) क्रमिक
(c) आंतरिक (d) आदर्श

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) जाति सामाजिक स्तरीकरण की एक **मानकीय** व्यवस्था है। यहाँ पर 'मानकीय' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

817. उसका हृदय इतना कोमल है कि मित्र तो क्या वह अपने.....को भी चोट नहीं पहुँचा सकता।

(a) शत्रु (b) सहयोगी
(c) विपक्षी (d) प्रतिरोधी

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) उसका हृदय इतना कोमल है कि मित्र तो क्या वह अपने **शत्रु** को भी चोट नहीं पहुँचा सकता, जबकि विपक्ष (विपरीत या भिन्न) दूसरा या विरोधी पक्ष, विरोध, खण्डन होता है। सहयोगी – जो हमारी सहायता करे सहयोगी कहलाता है। प्रतिरोधी – जो किसी बात का विरोध करे प्रतिरोधी है। यहाँ पर 'शत्रु' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

818. देश-रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को.....रहना चाहिए।

(a) उद्धृत (b) प्रबुद्ध
(c) सम्बद्ध (d) उद्यत

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) देश-रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को **उद्यत** रहना चाहिए। यहाँ पर 'उद्यत' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

निर्देश : वाक्यों में आए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

819. माताजी को -----।

(a) आर्शीवाद (b) शुभाकांक्षा
(c) प्रणाम (d) स्नेह

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) रिक्त स्थान पर प्रणाम शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा-माताजी को **प्रणाम।** माँ-बाप हमसे बहुत बड़े हैं और अपने से बड़ों को हमेशा प्रणाम करना चाहिये। नमस्ते-नमस्ते, अपने से छोटे या बराबर वालों को किया जाता है।

820. अंधों में _____ राजा।

(a) लंगड़ा (b) पहलवान
(c) काना (d) चतुर

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर: (c) पूर्ण वाक्य होगा 'अंधों में काना राजा।' यहाँ पर **काना** शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

821. _____के अंधे को हरा ही हरा नजर आता है।

(a) बचपन (b) सावन
(c) आँख (d) बात

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'सावन' के अंधे को हरा ही हरा नजर आता है।' यहाँ पर रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए **'सावन'** शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

822. काला अक्षर _____बराबर।

(a) उल्लू (b) गाय
(c) भैंस (d) कोयल

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) पूर्ण वाक्य होगा 'काला अक्षर **भैंस** बराबर' यहाँ पर 'भैंस' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

823. गाँधीजी का अर्थशास्त्र धर्म और.....पर आधारित है।

(a) न्याय (b) यश
(c) प्रशासन (d) अहिंसा

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) दिये गये रिक्त स्थान पर 'न्याय' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा - 'गाँधीजी का अर्थशास्त्र धर्म और **'न्याय'** पर आधारित है। यहाँ पर 'न्याय' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

824. .....दृष्टि राष्ट्रीयता का आधार है।

(a) धर्मसम्मत (b)धर्मसापेक्ष
(c) धर्मानुसार (d)धर्मनिरपेक्ष

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'धर्मनिरपेक्ष' दृष्टि राष्ट्रीयता का आधार है। यहाँ पर 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

825. लोकतंत्र राज्य जनता में राष्ट्रीय भावना.....रूप में जागृत करता है।

(a) संकीर्ण (b) अस्वाभाविक
(c) अनिरंजित (d) स्वाभाविक

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए स्वाभाविक शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- लोकतंत्र राज्य जनता में राष्ट्रीय भावना **स्वाभाविक** रूप में जागृत करता है।

826. विकास के लिए आर्थिक.....आवश्यक होती है।

(a) विविधता (b) आत्मनिर्भरता
(c) सक्षमता (d) बहुलता

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा विकास के लिए आर्थिक **आत्मनिर्भरता** आवश्यक होती है। यहाँ पर 'आत्मनिर्भरता' शब्द दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक उपयुक्त है।

827. रिक्त स्थान हेतु दिए गए विकल्पों में उचित विकल्प चुनिए।
रामू की .....केवल इसलिए हुई, क्योंकि

@RexstarPdf

राजीव उसकी ..... अधिक बुद्धिमान है।

(a) अपेक्षा, अपेक्षा (b) अपेक्षा, उपेक्षा
(c) उपेक्षा, अपेक्षा (d) उपेक्षा, उपेक्षा

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'उपेक्षा', 'अपेक्षा' शब्द भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा –
रामू की **उपेक्षा** केवल इसलिए हुई, क्योंकि राजीव उसकी **अपेक्षा** अधिक बुद्धिमान था।

दिए गये गद्यांश में से कुछ शब्दों को रिक्त स्थानों से प्रतिस्थापित कर दिया गया है।
गद्यांश को सही अर्थ के साथ पूरा करने के लिए हर रिक्त स्थान के लिए दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प को चुने।

'मुगल शहंशाह की .... [1] .... थी कि अगर यमुना में नाव में खड़े होकर ताजमहल का .... [2] .... किया जाए तो महताब बाग में बने काले ताजमहल के रूप में उसकी परछाईं नजर आए। .... [3] .... शाहजहाँ का यह सपना अधूरा रह गया।'

828. रिक्त स्थान संख्या [1] की जगह इनमें से कौन-सा शब्द हो सकता है?

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

(a) समझ (b) महत्वाकांक्षा
(c) सिफारिश (d) ख्वाहिश

उत्तर : (d) दिये गये गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान में 'ख्वाहिश' शब्द भरा जायेगा। शेष विकल्प असंगत है।

829. रिक्त स्थान संख्या .... [2] .... की जगह इनमें से कौन-सा शब्द हो सकता है?

(a) दीदार (b) सुधार
(c) रुख (d) निरीक्षण

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) दिये गये गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान पर 'दीदार' शब्द भरा जायेगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

830. रिक्त स्थान संख्या .... [3] .... की जगह इनमें से कौन-सा शब्द हो सकता है?

(a) जबकि (b) हालांकि
(c) क्यूंकि (d) इसलिए

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (b) दिये गये गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान में 'हालांकि' शब्द भरा जायेगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

निम्नलिखित अनुच्छेद में कुछ शब्द निकाल दिए गए हैं। वे शब्द प्रत्येक रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में सम्मिलित हैं। अनुच्छेद को पढ़कर उसका विषय समझिए और दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों को भरिए :

...(654)... का काम मांग तथा मांग की पूर्ति के नियमों का पता लगाना है। मांग को पूरा करने के लिए भिन्न-भिन्न उपायों का प्रयोग होता है। कोई व्यापार करके दूसरों की मांग को पूरी करता है, कोई उद्योग धंधे से, कोई ...(655)... करके। ये व्यापार, उद्योग धंधे, मजदूरी ...(656)... पर्यावरण से निश्चित होते हैं। अगर किसी जगह कच्चा माल, जूट, कोयला, लोहा, नमक आदि है तो वहाँ उनके कारखाने खुल जाते हैं, कोयले की खाने खुद जाती हैं, हजारों और लाखों की संख्या में मजदूर वहाँ आ ...(657)... हैं।

831. (a) सरकार (b) बाजार
(c) व्यापारी (d) अर्थशास्त्र

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) 'अर्थशास्त्र' का काम माँग तथा माँग की पूर्ति के नियमों का पता लगाना है। माँग को पूरा के लिए भिन्न-भिन्न उपायों का प्रयोग होता है।

832. (a) परिश्रम (b) कामचोरी
(c) मजदूरी (d) चोरी

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (c) कोई व्यापार करके दूसरों की माँग पूरी करता है, कोई उद्योग धंधे से, कोई 'मजदूरी' करके माँग को पूरा करता है।

833. (a) सामाजिक (b) समाजशास्त्रीय
(c) रासायनिक (d) भौगोलिक

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) ये व्यापार उद्योग धंधे, मजदूरी 'भौगोलिक' पर्यावरण से निश्चित होते है क्योंकि भौगोलिक धरातल पर ही मानव जीवन का कार्य-व्यापार संभव है।

834. (a) टिकते (b) टपकते
(c) धमकते (d) बसते

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) अगर किसी जगह कच्चा-माल, जूट, कोयला, लोहा, नमक आदि है तो वहाँ उनके कारखाने खुल जाते हैं, कोयले की खाने खुद जाती है, हजारों और लाखों की संख्या में मजदूर वहाँ आ 'बसते' है।

गद्यांश में दिए गए रिक्त स्थानों के लिए उनके सम्मुख अंकित संख्या में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

अनंत जलराशि का भार वहन करने वाली नदियाँ प्रभात से संध्या तक अनवरत रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान तक .....(658) क्यों? केवल दूसरों के कल्याण के लिए। वृक्ष स्वयं धूप सहन करते हैं, परन्तु पथिकों को छाया ....(659) मेघ जल बरसा कर धरती को हरा-भरा कर...(660) किंतु बदले में कुछ नहीं मांगते हैं। भारतीय संस्कृति की पृष्ठभूमि में मानव मात्र के कल्याण की....(661) मानव जीवन की सार्थकता इसी में है कि मानव अपने कल्याण के साथ दूसरों के कल्याण के.....(662)।

835. (a) प्रवाहित होते रहते हैं।
(b) प्रवाहित होती रहती हैं।
(c) प्रवाहित होती रहती थी।
(d) प्रवाहित होती रहेंगी।

UP SI 2001

उत्तर : (b) रिक्त स्थान के जगह 'प्रवाहित होती रहती हैं' विकल्प (b) तर्कसंगत हैं।

836. (a) प्रदान करते हैं।
(b) प्रदान करते रहे हैं।
(c) प्रदान करते रहेंगे।
(d) प्रदान करेंगे।

UP SI 2001

@RexstarPdf

उत्तर: (a) रिक्त स्थान की जगह पर 'प्रदान करते हैं' विकल्प (a) तर्कसंगत है।

837. (a) अन्न उगाते थे।
(b) अन्न उगाते रहते हैं।
(c) अन्न उगाते हैं।
(d) अन्न उगायेंगे।

UP SI 2001

उत्तर : (c) रिक्त स्थान की जगह 'अन्न उगाते हैं' विकल्प (c) तर्कसंगत हैं।

838. (a) भावना प्रवाहित है (b) भावना निहित है
(c) भावना संश्लेषित है (d) भावना सारगर्भित थी

UP SI 2001

उत्तर : (b) रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'भावना निहित है' विकल्प (b) तर्कसंगत है।

839. (a) विषय में भी सोचें (b) विषय में ही सोचें
(c) विषय में ही सोचता रहे (d) विषय में सोचा करे

UP SI 2001

उत्तर : (a) रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'विषय में भी सोचें' विकल्प तर्क संगत है।

840. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?
''असहाय की बात आजकल नहीं सुनी जाती है।''
(a) क्रिया-विशेषण (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश क्रिया पदबंध है।

असहाय	की	बात	आजकल	नहीं	सुनी जाती है।
संज्ञा	कारक	संज्ञा	अव्यय	निषेधवाचक	क्रिया पदबंध

841. वर्ण → शब्द → ..... → वाक्यांश → .....
रिक्त स्थानों में उचित विकल्प लिखिए–
(a) वाक्य,पद्यांश (b) पद, वाक्य
(c) शब्दांश, पद्यांश (d) पद्यांश, पद

UPSI Batch-I 21 Dec.2017

उत्तर :(b) उचित विकल्प- पद, वाक्य हैं, जैसे–
वर्ण → शब्द → पद → वाक्यांश → वाक्य

पदक्रम

निम्नलिखित वाक्यों के प्रथम और अंतिम भागों को क्रमशः 1 और 6 की संख्या दी गई है। उनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बांटकर य र ल व की संज्ञा दी गई हैं। चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित करना है। वाक्य को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से इनका उचित क्रम चुनिए।

842. (1) स्वस्थ मानव की बुद्धि ठीक रहती है
य. मन्द हो जाती है जिससे उस की
र. स्मरण शक्ति के चले जाने से
ल. स्मरण शक्ति खत्म हो जाती है तथा
व. और अस्वस्थ मानव की बुद्धि
(6) अनेक प्रकार की बुराइयाँ आ जाती हैं
(a) व य ल र (b) य र ल व
(c) ल र व य (d) र व य ल

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) व य ल र के क्रम में वाक्य व्यवस्थित होगा – स्वस्थ मानव की बुद्धि ठीक रहती है और अस्वस्थ मानव की बुद्धि मन्द हो जाती है। जिससे उसकी स्मरण शक्ति खत्म हो जाती है तथा स्मरण शक्ति के चले जाने से अनेक प्रकार की बुराइयाँ आ जाती हैं।

843. (1) आधुनिक भारत में नवयुवकों
य. पड़ता है तथा सामाजिक और
र. आर्थिक चिन्ताएँ उसे हर समय
ल. को रोजगार केन्द्रों की दिनों- दिन
व. खाक छानकर भी निराश होना
(6) फाड़ खाने को दौड़ाती है
(a) य र ल व (b) ल व य र
(c) र ल व य (d) व य र ल

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b) ल व य र के क्रम में वाक्य व्यवस्थित होगा – आधुनिक भारत में नवयुवकों को रोजगार केन्द्रों की दिनों–दिन खाक छानकर भी निराश होना पड़ता है तथा सामाजिक और आर्थिक चिन्ताएँ उसे हर समय फाड़ खाने को दौड़ाती है।

844. (1) शान्ति के समय में भी जब
य. पड़ती है तो हमारे सैनिक जी-जान
र. के निवारण के लिए सहायता की आवश्यकता
ल. बाढ़, सूखा, महामारी
व. और हड़तालों आदि समस्याओं
(6) से देशवासियों की सहायता करते हैं
(a) र ल व य (b) व य ल र
(c) ल व र य (d) य र ल व

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (c) ल व र य के क्रम में वाक्य व्यवस्थित होगा– शांति के समय में भी जब बाढ़, सूखा, महामारी और हड़तालों आदि समस्याओं के निवारण के लिए सहायता की आवश्यकता पड़ती है तो हमारे सैनिक जी–जान से देशवासियों की सहायता करते हैं।

845. नीचे दिए चार वाक्यांशों को उचित अनुक्रम में व्यवस्थित करें, जिससे एक अर्थपूर्ण गद्यांश बन सके।
1. एक दिन वह दाना पानी के चक्कर में अच्छी फसल वाले खेत में पहुँच गया।
2. उस खुशी में रात को वह घर आना भूल गया और उसके दिन मजे में वहीं बीतने लगे।
3. एक चिड़ा पेड़ पर घोंसला बनाकर मजे से रहता था।
4. वहाँ खाने पीने की मौज से बड़ा ही खुश हुआ।
इस गद्यांश के आखिरी वाक्य की वाक्य संख्या क्या है?
(a) 1 (b) 4 (c) 2 (d) 3

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों का व्यवस्थित अर्थ पूर्ण गद्यांश इस प्रकार बनेगा। (3.) 'एक चिड़ा पेड़ पर घोंसला बनाकर मजे से रहता था। (1.) एक दिन वह दाना पानी के चक्कर में अच्छी फसल वाले खेत में पहुँच गया। (4.) वहाँ खाने-पीने की मौज से बड़ा ही खुश हुआ। (2.) उस खुशी में रात को वह घर आना भी भूल गया और उसके दिन मजे में वहीं बीतने लगे।'

@RexstarPdf

अतः आखिरी वाक्य होगा- उसी खुशी में रात को वह घर आना भी भूल गया और उसके दिन मजे में वहीं बीतने लगे।

846. इस गद्यांश का तीसरा वाक्य कौन-सा होगा?

(a) 1 (b) 4 (c) 2 (d) 3

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (b) व्यवस्थित गद्यांश के आधार पर तीसरा वाक्य होगा– वहाँ खाने-पीने की मौज से बड़ा ही खुश हुआ।

847. इस गद्यांश का पहला वाक्य कौन-सा होगा?

(a) 1 (b) 4 (c) 2 (d) 3

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) व्यवस्थित गद्यांश के आधार पर पहला वाक्य होगा– एक चिड़ा पेड़ पर घोंसला बनाकर मजे से रहता था।

848. वर्णित वाक्यों को सही क्रम में लगाएं।

(A) महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे।

(B) मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहाँ उनसे कहा गया–नरक चलो।

(C) महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी।

(D) उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए।

(a) CBAD (b) CADB

(c) CBDA (d) CDAB

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों के आधार पर CBAD वाक्यों का सम्यक् क्रम है।

849. इन वाक्यों को सही क्रम में लगायें।

A. रावण तो सिर्फ रावण है।

B. रावण ..... दुनिया में इस नाम का दूसरा कोई नहीं है।

C. राजाधिराज लंकाधिपति महाराज रावण को दशानन भी कहते हैं।

D. राम तो बहुत मिल जाएंगे, लेकिन रावण नहीं।

(a) BADC (b) ABDC

(c) BCAD (d) BDAC

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों में BDAC वाक्यों का सही क्रम है।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों के प्रथम और अंतिम भागों को क्रमशः 1 और 6 की संख्या दी गई है। उनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बांटकर य र ल व की संज्ञा दी गई है। चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित करना है। वाक्य को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से इनका उचित क्रम चुनिए।

850. (1) शिक्षा के क्षेत्र में आचारवान

य. प्रभाव से विद्यार्थियों को

र. व महान शिक्षाशास्त्रियों को ही

ल. सुपथ पर ला सके और उन्हें जीने

व. स्थान देना चाहिए जो अपने व्यक्तिगत

(6) की सही राह दिखा सके।

(a) व य ल र (b) य र ल व

(c) ल र व य (d) र व य ल

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (d) विकल्प में र व य ल सही होगा। इसका उचित क्रम है (1) शिक्षा के क्षेत्र में आचारवान (र) व महान शिक्षाशास्त्रियों को ही (व) स्थान देना चाहिए जो अपने व्यक्तिगत (य) प्रभाव से विद्यार्थियों को (ल) सुपथ पर ला सकें और उन्हें जीने (6) की सही राह दिखा सकें।

851. (1) आज से लगभग एक शताब्दी पूर्व

य. एडीसन नामक अमेरिकन

र. प्रकाश की किरणों से कुछ

ल. छाया चित्र प्रस्तुत कर के

व. विद्वान ने समतल दीवार पर

(6) चलचित्र को जन्म दिया था

(a) र व य ल (b) य व र ल

(c) ल र य व (d) व र य ल

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (b) विकल्प में य व र ल सही उत्तर होगा। इसका उचित क्रम है– (1) आज से लगभग एक शताब्दी पूर्व (य) एडीसन नामक अमेरिकन (व) विद्वान ने समतल दीवार पर (र) प्रकाश की किरणों से कुछ (ल) छाया चित्र प्रस्तुत कर के (6) चलचित्र को जन्म दिया था।

852. (1) व्यायाम से रोगों की उत्पत्ति

य. करने से रक्त में रहने वाले

र. और वे रोग पैदा करने वाले

ल. कीटाणु सबल हो जाते हैं

व. नहीं हो पाती है, क्योंकि व्यायाम

(6) कीटाणुओं को नष्ट कर देते हैं।

(a) र व य ल (b) ल र व य

(c) य र ल व (d) व य ल र

UPPCL TG2, 2016

उत्तर. : (d) विकल्प में व य ल र सही उत्तर होगा। इसका उचित क्रम है– (1) व्यायाम से रोगों की उत्पत्ति (व) नहीं हो पाती है, क्योंकि व्यायाम (य) करने से रक्त में रहने वाले (ल) कीटाणु सबल हो जाते हैं (र) और वे रोग पैदा करने वाले (6) कीटाणुओं को नष्ट कर देते हैं।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों के प्रथम और अंतिम भागों को क्रमशः 1 और 6 की संख्या दी गई है। उनके बीच में आने वाले अंशों को चार भागों में बांटकर य र ल व की संज्ञा दी गई है। चारों भाग उचित क्रम में नहीं है। इन अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित करना है। वाक्य को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से इनका उचित क्रम चुनिए–

853. (1) सैनिक शिक्षा से हमारे भीतर

य. परिवर्तित होने लगेगा और

र. अनुशासन की भावना आ जाएगी,

ल. जिससे हमारा जीवन क्रमबद्ध

व. व सुव्यवस्थित रूप से

(6) एक आदर्श जीवन बन जाएगा।

(a) व य ल र (b) र ल व य

(c) य र ल व (d) ल व र य

UPPCL TG2 2016

@RexstarPdf

उत्तर:(b) दिये गये वाक्यों का र ल व य सही क्रम इस प्रकार है– (1) सैनिक शिक्षा से हमारे भीतर (र) अनुशासन की भावना आ जाएगी, (ल) जिससे हमारा जीवन क्रमबद्ध (व) व सुव्यवस्थित रूप से (य) परिवर्तित होने लगेगा और (6) एक आदर्श जीवन बन जाएगा।

854. (1) शिक्षा के द्वारा ऐसे नागरिक
य. कल्याण के लिए — र. अपना सर्वस्व बलिदान
ल. तैयार होने चाहिए जो — व. समाज कल्याण व राष्ट्र
(6) करने को तैयार रहें–
(a) र ल व य (b) य र ल व
(c) ल व य र (d) व य र ल

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (c) दिये गये वाक्यों का सही क्रम इस प्रकार होगा– (1) शिक्षा के द्वारा ऐसे नागरिक (ल) तैयार होने चाहिए जो (व) समाज कल्याण व राष्ट्र (य) कल्याण के लिए (र) अपना सर्वस्व बलिदान (6) करने को तैयार रहें।

855. इस प्रश्न के पहले और अन्तिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बाँटकर (य) (र) (ल) (व) की संख्या दी गई है। ये चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन चारों भागों को दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम में लगाए, ताकि एक सही वाक्य का निर्माण हो।
(1) आप सबको धोखा
(य) धोखा दे सकते हो, पर (र) दे सकते हैं, पर
(ल) दे सकते, आप खुद को (व) खुद को नहीं
(6) वक्त को नहीं दे सकते।
(a) ल य व र (b) य ल व र
(c) व ल य र (d) र व ल य

UPPCL TG2 2016

उत्तर. (d) : दिये गये वाक्य को उचित क्रम–आप सबको धोखा दे सकते हैं, खुद को नहीं दे सकते, आप खुद को धोखा दे सकते हो, पर वक्त को नहीं दे सकते। अतः वाक्य खण्डों का उचित क्रम–र व ल य है।

856. (1) भारतीय गाँवों के
(य) अभी भारत सरकार को (र) सुधार के लिए
(ल) और राज्य सरकारों को (व) बहुत प्रयत्न
(6) करना होगा
(a) ल र य व (b) र य ल व
(c) र य व ल (d) ल य र व

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'भारतीय गाँवों के सुधार के लिए अभी भारत सरकार को और राज्य सरकारों को बहुत प्रयत्न करना होगा।' अतः वाक्य खंड का सही क्रम 'र य ल व' है।

857. (1) समाचार – पत्रों में
(य) प्रकाशित विज्ञापनों (र) आवश्यक तथा उत्तमोत्तम
(ल) पदार्थों से (व) द्वारा लोग उपयोगी
(6) परिचित होते हैं।
(a) र य व ल (b) र ल य व
(c) य र ल व (d) य व र ल

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर: (d) 'समाचार-पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों द्वारा लोग उपयोगी आवश्यक तथा उत्तमोत्तम पदार्थों से परिचित होते हैं।' अतः वाक्य खंडों का सम्यक क्रम 'य व र ल' है।

858. (1) प्राचीन काल में
(य) अनेक पुस्तकें उपलब्ध कराना
(र) जिससे एक व्यक्ति
(ल) पुस्तकें हस्तलिखित होती थीं,
(व) के लिए विविध विषयों पर
(6) बड़ा कठिन था।
(a) य र ल व (b) ल र व य
(c) य व ल र (d) ल व र य

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'प्राचीन काल में पुस्तकें हस्तलिखित होती थीं, जिससे एक व्यक्ति के लिए विविध विषयों पर अनेक पुस्तकें उपलब्ध कराना बड़ा कठिन था।' अतः वाक्य खंडों का सम्यक क्रम 'ल र व य' है।

859. (1) भारत जैसे
(य) देशों के लिए (र) कुटीर उद्योग
(ल) अधिक जनसंख्या वाले (व) अत्यन्त उपयोगी सिद्ध
(6) हो सकता है।
(a) ल य र व (b) र व य ल
(c) ल र य व (d) य र व ल

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'भारत जैसे अधिक जनसंख्या वाले देशों के लिए कुटीर उद्योग अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो सकता है।' अतः वाक्य खंडों का सही क्रम 'ल य र व' है।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम संख्या अंश संख्या 1 से 6 के अन्तर्गत दिये गये हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनें।

860. (1) प्रतियोगिता में भेजे गये फोटो
(य) अवश्य भेजें ताकि फोटो अस्वीकृत
(र) के साथ उचित आकार का, पर्याप्त डाक
(ल) होने पर उसे वापस भेजा जा सके, वरना अस्वीकृत
(व) टिकट लगा और अपने पते वाला लिफाफा
(6) फोटो वापस नहीं भेजा जाएगा।
(a) य ल व र (b) व र य ल
(c) व ल र य (d) र व य ल

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) दिये गये अंशों का उचित क्रम है– प्रतियोगिता में भेजे गये फोटो के साथ उचित आकार का, पर्याप्त डाक टिकट लगा और अपने पते वाला लिफाफा अवश्य भेजें ताकि फोटो अस्वीकृत होने पर उसे वापस भेजा जा सके, वरना अस्वीकृत फोटो वापस नहीं भेजा जायेगा। अतः विकल्प र व य ल सही है।

861. (1) फोटो के साथ प्रतियोगी फोटोग्राफर
(य) व्यक्ति की अनुमति प्राप्त कर ली है और
(र) इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य
(ल) इस विषय में प्रकाशक को होने वाले नुकसान
(व) संलग्न करें कि उसने फोटो खिंचे
(6) हानि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
(a) र व य ल (b) य र ल व
(c) व य ल र (d) ल व य र

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (a) अंशों का उचित क्रम निम्न है- फोटो के साथ प्रतियोगी फोटोग्राफर इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें कि उसने फोटो खिचें, व्यक्ति की अनुमति प्राप्त कर ली है और इस विषय में प्रकाशक को होने वाले नुकसान हानि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अतः विकल्प (a) र व य ल सही है।

862. (1) प्रोफेसर ने मुझे समझाया कि इंसान को कभी भी
(य) जिसके गुण सुन्दर हैं। क्या मैं सुन्दर हूँ? पोलियो का
(र) अपना आत्मविश्वास खोना चाहिए। सुन्दर वही है
(ल) हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए और न ही
(व) रोगी होते हुए भी, मैं कभी हीन भावना-ग्रस्त नहीं रहा,
(6) न ही अपना आत्मविश्वास डगमगाने दिया।
(a) य व र ल (b) व य र ल
(c) ल र य व (d) र ल व य
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) अंशों का उचित क्रम निम्नवत् है –
प्रोफेसर ने मुझे समझाया कि इंसान को कभी भी हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए और न ही अपना आत्मविश्वास खोना चाहिए। सुन्दर वही है जिसके गुण सुन्दर हैं। क्या मैं सुन्दर हूँ? पोलियो का रोगी होते हुए भी, मैं कभी हीन भावना ग्रस्त नहीं रहा, न ही अपना आत्मविश्वास डगमगाने दिया।

863. (1) व्यावसायिक बाराती अपने अनुभव का लाभ उठा
(य) गाँव में घुसपैठ करते। मीठे से ऊबे हुए छाछ
(र) मसोस कर रह जाते। निपुण बाराती अपनी पहचान
(ल) रबड़ी का जुगाड़ बिठा लेते। दूसरे लोग तब मन
(व) निकालकर अच्छे बिस्तर, स्थान का लाभ उठाते और
(1) इसी समय का सदुपयोग करके नए रिश्तों का तानाबाना बुनते।
(a) ल र य व (b) व य ल र
(c) र व य ल (d) य ल र व
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) अंशों का उचित क्रम निम्नवत है-
व्यावसायिक बाराती अपने अनुभव का लाभ उठा गाँव में घुसपैठ करते। मीठे से ऊबे हुए छाछ, रबड़ी का जुगाड़ बिठा लेते। दूसरे लोग तब मन मसोस कर रह जाते। निपुण बाराती अपनी पहचान निकालकर अच्छे बिस्तर, स्थान का लाभ उठाते और इसी समय का सदुपयोग करके नए रिश्तों का तानाबाना बुनते।

864. (1) तुलसीदास जी कई वर्षों तक काशी में रहने के पश्चात्
(य) वह कभी-कभी काशी और चित्रकूट भी चले जाते थे।
(र) रामचरितमानस के अतिरिक्त उन्होंने कई अन्य
(ल) अयोध्या चले गए। वहाँ उन्होंने रामचरितमानस लिखा
(व) पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें विनय-पत्रिका, गीतावली,
(6) कवित्त रामायण, रामललानहछू और हनुमान बाहुक अधिक प्रसिद्ध हैं।
(a) ल य र व (b) र व ल य
(c) व ल य र (d) य र व ल
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) अंशों का सही क्रम निम्नवत् है-
तुलसीदास जी कई वर्षों तक काशी में रहने के पश्चात् अयोध्या चले गए। वहाँ उन्होंने रामचरितमानस लिखा। वह कभी-कभी काशी और चित्रकूट भी चले जाते थे। रामचरितमानस के अतिरिक्त उन्होंने कई अन्य पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें विनय-पत्रिका, गीतावली, कवित्त रामायण, रामललानहछू और हनुमान बाहुक अधिक प्रसिद्ध हैं।

865. नीचे दिए गये वाक्य के पहले और अंतिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है इनके बीच के अंशों को चार भागों में बांट कर (य), (र), (ल) तथा (व) की संज्ञा दी गई हैं। ये चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं इन चारों को उचित क्रम में लगाए ताकि एक सही वाक्य बन सके।
(1) जिस प्रकार
(य) दहकना है उसी प्रकार
(र) उसके स्वभाव का
(ल) मनुष्य का धैर्य
(व) अग्नि का धर्म
(6) पर्याय होना चाहिये।
(a) र ल य व (b) व य र ल
(c) व य ल र (d) ल य व र
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) वाक्य का सही क्रम है- जिस प्रकार अग्नि का धर्म दहकना है, उसी प्रकार मनुष्य का धैर्य उसके स्वभाव का पर्याय होना चाहिये।

866. नीचे दी गई पंक्तियों में पहली और अन्तिम पंक्ति को क्रमशः (1) और (6) संख्या दी गई है। बीच में चार वाक्यों को उचित क्रम में लगायें जिससे अर्थ पूर्ण वाक्य बन सके।
(1) एक
(य) एक राष्ट्रीय चेतना
(र) की समष्टि ही
(ल) लेकर रहने वाले व्यक्तियों
(व) भौगोलिक सीमा में
(6) देश है
(a) य र ल व (b) य ल व र
(c) व य ल र (d) व र ल य
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) (1) 'एक भौगोलिक सीमा में एक राष्ट्रीय चेतना लेकर रहने वाले व्यक्तियों की समष्टि ही देश है।' अतः वाक्यांशों का सही क्रम विकल्प (c) व य ल र है।

867. अव्यवस्थित वाक्य खंडों से क्रमबद्ध वाक्य बनाइए और उचित क्रम चुनिये:
(i) भारतीय
(ii) बिना हिंसक विरोध के
(iii) शुरू से ही
(iv) सहते
(v) आर्थिक और सामाजिक अन्याय को
(vi) चले आये हैं
(a) ii, iii, v, iv, i, vi (b) v, ii, iii, iv, vi, i
(c) ii, v, iii, iv, vi, I, (d) iii, v, ii, i, iv, vi
असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) वाक्य का उचित क्रम होगा–
शुरू से ही /आर्थिक और सामाजिक अन्याय को
(iii) (v)
/बिना हिंसक विरोध के /भारतीय /सहते /चले आये हैं।
(ii) (i) (iv) (vi)

@RexstarPdf

निर्देशः निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अंतिम अंश, संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) बिना क्रम के हैं। चारों अंशो को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर उचित विकल्प चुनें।

868. (1) अपने सुधी पाठकों के लिए हम आज से
(य) ताकि इसकी ऐतिहासिक गरिमा अक्षुण्ण रहे
(र) 'चंद्रकांता' उपन्यास का अविकल रूप प्रस्तुत कर रहे हैं,
(ल) किसी फिल्मी अनुवाद द्वारा परिवर्तित होकर नहीं।
(व) और नई पीढ़ी तक यह अपने मूलस्वरूप में जाये,
(6) अतएव हमने इसको उसी रूप में रहने दिया है, जैसा यह था।

(a) य र ल व (b) र ल य व
(c) र य व ल (d) ल य व र

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) सही क्रम है- अपने सुधी पाठकों के लिए हम आज से, 'चंद्रकांता' उपन्यास का अविकल रूप प्रस्तुत कर रहे हैं, ताकि इसकी ऐतिहासिक गरिमा अक्षुण्ण रहे, और नई पीढ़ी तक यह अपने मूलस्वरूप में जाये, किसी फिल्मी अनुवाद द्वारा परिवर्तित होकर नहीं। अतएव हमने इसको उसी रूप में रहने दिया है, जैसा यह था। अतः विकल्प (c) र य व ल उचित है।

869. (1) दूरदर्शन पर प्रदर्शित दो धारावाहिक
(य) लोग इनकी पहले से प्रतीक्षा करते रहते हैं
(र) इतने लोकप्रिय रहे हैं कि
(ल) और इन्हें देखने के लिए
(व) पहले 'रामायण' और अब 'महाभारत'
(6) अपने सारे काम-काज छोड़ देते हैं।

(a) ल व य र (b) र य ल व
(c) य व ल र (d) व र य ल

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) सही क्रम व र य ल है- दूरदर्शन पर प्रदर्शित दो धारावाहिक, पहले 'रामायण' और अब 'महाभारत', इतने लोकप्रिय रहे हैं कि, लोग इनकी पहले से प्रतीक्षा करते रहते हैं, और इन्हें देखने के लिए अपने सारे काम-काज छोड़ देते हैं।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश, संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) बिना क्रम के हैं। चारों अंशो को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर उचित विकल्प चुनें।

870. (1) आवश्यकता आविष्कार की जननी है।
(य) त्यों-त्यों मनुष्य उसकी पूर्ति के लिए
(र) तभी नए-नए आविष्कार होते हैं।
(ल) तरह-तरह के नए उपाय सोचता है
(व) ज्यों-ज्यों मनुष्य की आवश्यकता बढ़ती जाती है
(6)इसलिए वर्तमान युग को वैज्ञानिक युग कहा जाता है

(a) व ल य र (b) व र य ल
(c) व य ल र (d) र व य ल

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) सही क्रम व य ल र है-आवश्यकता आविष्कार की जननी है। ज्यों-ज्यों मनुष्य की आवश्यकता बढ़ती जाती है, त्यों-त्यों मनुष्य उसकी पूर्ति के लिए तरह-तरह के नए उपाय सोचता है, तभी नए-नए आविष्कार होते हैं। इसीलिए वर्तमान युग को वैज्ञानिक युग कहा जाता है।

निर्देश : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनें।

871. (1) होलोग्राफी एक विशेष
(य) यह साधारण फोटोग्राफी से बिलकुल
(र) आवश्यकता नहीं पड़ती है, इसलिए इसे
(ल) भिन्न है। इस फोटोग्राफी में किसी कैमरे की
(व) प्रकार की फोटोग्राफी है।
(6) लेंसलेस फोटोग्राफी भी कहते हैं।

(a) र य ल व (b) य र ल व
(c) ल य र व (d) व य ल र

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 1. होलोग्राफी एक विशेष
(व) प्रकार की फोटोग्राफी है।
(य) यह साधारण फोटोग्राफी से बिल्कुल
(ल) भिन्न है। इस फोटोग्राफी में किसी कैमरे की
(र) आवश्यकता नहीं पड़ती है, इसलिए इसे
6. लेंसलेस फोटोग्राफी भी कहते हैं।
क्रम → व, य, ल, र

872. (1) भाषा जब
(य) प्रशासनिक भाषा बन जाती है
(र) साहित्यिक रूप लेने के बाद
(ल) सम्पर्क भाषा से
(व) तो उसका उत्तरदायित्व
(6) बहुत बढ़ जाता है।

(a) र य व ल (b) ल य र व
(c) ल र य व (d) र व ल य

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) भाषा जब
(ल) सम्पर्क भाषा से
(र) साहित्यिक रूप लेने के बाद
(य) प्रशासनिक भाषा बन जाती है
(व) तो उसका उत्तरदायित्व
2. बहुत बढ़ जाता है।
क्रम→ ल, र, य, व

873. (1) अवकाश के समय की गतिविधियाँ
(य) सामाजिक परिवर्तन की
(र) को दूर करने का प्रयत्न करते हैं
(ल) सूचक होती हैं जिसके जरिए
(व) हम तनावों, निराशाओं आदि
(6) और मनोरंजन के साथ रचनात्मक कार्य भी करते हैं।

(a) ल य र व (b) र ल व य
(c) ल र व य (d) य ल व र

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) अवकाश के समय की गतिविधियाँ
(य) सामाजिक परिवर्तन की
(ल) सूचक होती हैं जिसके जरिए
(व) हम तनावों, निराशाओं आदि
(र) को दूर करने का प्रयत्न करते हैं।
6. और मनोरंजन के साथ रचनात्मक कार्य भी करते हैं।
क्रम → य, ल, व, र

@RexstarPdf

874. (1) मजदूरों की बस्तियों में
(य) वहाँ के बेकार रहने वाले व्यक्तियों के
(र) व्यक्तियों के अपेक्षाकृत अनजान होने से
(ल) और कल्याणकारी कार्यकलापों के न होने से
(व) तथा मनोरंजन, शिक्षा आदि की सुविधाओं
(6) बिगड़ने की संभावना रहती है।
(a) र व ल य (b) य ल र व
(c) व ल य र (d) ल र व य
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015
चकबंदी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (a) 1. मजदूरों की बस्तियों में
(र) व्यक्तियों के अपेक्षाकृत अनजान होने से
(व) तथा मनोरंजन, शिक्षा, आदि की सुविधाओं
(ल) और कल्याणकारी कार्यकलापों के न होने से
(य) वहाँ के बेकार रहने वाले व्यक्तियों के
6. बिगड़ने की सम्भावना रहती है।
क्रम–र, व, ल, य

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए है। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर उचित विकल्प चुनें।

875. (1) कुल मिलाकर आत्मरक्षा
(य) की रपट तथा पुलिस अधिकारियों की
(र) बातों से यही निष्कर्ष सामने आता है कि
(ल) छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सुरक्षा के तरीकों में
(व) के मामले में महिला आयोग
(6) निपुण किया जाता है।
(a) ल य र व (b) र ल व य
(c) व य र ल (d) य र ल व
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) वाक्य का सही क्रम - कुल मिलाकर आत्मरक्षा के मामले में महिला आयोग की रपट तथा पुलिस अधिकारियों की बातों से यही निष्कर्ष सामने आता है कि छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सुरक्षा के तरीकों में निपुण किया जाता है। सही क्रम- व य र ल

876. (1) तब चेचक के समानांतर
(य) एक और बीमारी थी-गौशीतला,
(र) इसका शिकार हो जाता है और उसके
(ल) आम धारणा थी कि बीमार गाय का दूध पीने वाला
(व) प्रायः यह रोग गाय के थनों में होता है,
(6) हाथों में छोटे घाव व फुंसियाँ हो जाती है।
(a) य र ल व (b) य व ल र
(c) य ल र व (d) य र व ल
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) वाक्य का सही क्रम -
तब चेचक के समानान्तर एक और बीमारी थी- गौशीतला, प्रायः यह रोग गाय के थनों में होता है। आम धारणा थी कि बीमार गाय का दूध पीने वाला इसका शिकार हो जाता है और उसके हाथों में छोटे घाव व फुंसियाँ हो जाती हैं।

877. (1) देश में संतुलित क्षेत्रीय विकास
(य) केन्द्र सरकार द्वारा उन उद्यमों में,
(र) योजनागत और योजनेतर संसाधनों द्वारा
(ल) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के जरिए
(व) की प्रगति का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण
(6) सीधे निवेश किया जाना है।
(a) व ल य र (b) य ल र व
(c) व ल र य (d) र व य ल
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015
चकबंदी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) वाक्य का सही क्रम- देश में संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्रगति का सबसे महत्वपूर्ण कारण सरकारी क्षेत्रों के उपक्रमों के जरिए केन्द्र सरकार द्वारा उन उद्यमों में योजनागत और योजनेतर संसाधनों द्वारा सीधे निवेश किया जाना है।

878. (1) राज्यों को विभिन्न योजनाओं के लिए
(य) जो संसाधन दिए जाते हैं
(र) योजना आयोग के माध्यम से
(ल) देश के विभिन्न भागों का
(व) उनका उद्देश्य
(6) संतुलित क्षेत्रीय विकास करना है।
(a) व य ल र (b) र य व ल
(c) य ल व र (d) ल व य र
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) राज्यों को विभिन्न योजनाओं के लिए (र) योजना आयोग के माध्यम से (य) जो संसाधन दिए जाते हैं (व) उनका उद्देश्य (ल) देश के विभिन्न भागों का संतुलित क्षेत्रीय विकास करना है। अतः विकल्प (b) सही है।

879. अनुच्छेद के निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम में लगाएँ
(A) इसका सबूत जिले के विभिन्न स्थानों पर पाए जाने वाले शिलालेख, सिक्के, (दुर्गा मंदिर) व अन्य वस्तुएँ हैं जिनका संबंध समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त और स्कन्दगुप्त के शासन काल से था।
(B) सिंग्रामपुर में मिले पौराणिक काल के पाषाण हथियार इस बात के साक्ष्य हैं कि यह स्थान करोड़ों वर्ष पहले से मानव सभ्यता का पालना रहा है
(C) 5वीं शताब्दी में यह पाटलिपुत्र के भव्य एवं शक्तिशाली गुप्त साम्राज्य का हिस्सा था।
(D) दमोह का इतिहास बहुत प्राचीन है।
(a) BADC (b) DBCA
(c) DCAB (d) ADCB
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर: (b) अनुच्छेद में जो वाक्य दिये गये हैं उनका सही क्रम विकल्प अनुसार DBCA होगा।

880. इस प्रश्न में वाक्य के पहले और अन्तिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बांटकर (य), (र), (ल), (व) संख्या दी गई है। यह चारों उचित क्रम में नहीं है। इन चारों को उचित क्रम में लगाइए। ताकि एक शुद्ध वाक्य का निर्माण हो।
(1) सामाजिक जीवन में
(य) क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है
(र) मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से
(ल) यदि क्रोध न हो तो
(व) कष्टों की चिर निवृत्ति का
(6) उपाय ही न कर सके।
(A) य ल र व (B) व य र ल
(C) र य ल व (D) ल र व य
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (a) सही वाक्य क्रम 'सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है, यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिर निवृत्ति का उपाय ही न कर सके। अतः सही क्रम य, ल, र, व है।

निर्देशः निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।

881. (1) समय को परखने वाला

(य) और समय की (र) रंक से धनाढ्य
(ल) करोड़पति से भिखारी (व) उपेक्षा करने वाला
(6) हो जाता है।

(a) र ल य व (b) ल य र व
(c) र य व ल (d) ल र य व

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) सही वाक्य क्रम है- 'समय को परखने वाला रंक से धनाढ्य और समय की उपेक्षा करने वाला करोड़पति से भिखारी हो जाता है।' सही क्रम- र य व ल

882. निम्नलिखित वाक्य में प्रथम तथा अंतिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशो को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।

(1) गृहिणी गृहस्थ जीवन-रूपी नौका की वह पतवार है

(य) इस नौका को (र) बचाती हुई
(ल) थपेड़ों और भँवरों से
(व) जो अपनी बुद्धिमत्ता, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से
(6) किनारे तक पहुँचाती है ।

(a) य र ल व (b) र ल य व
(c) ल र व य (d) व य ल र

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) सही वाक्य क्रम- गृहिणी गृहस्थ जीवन रूपी नौका की वह पतवार है (व) जो अपनी बुद्धिमत्ता, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से (य) इस नौका को (ल) थपेड़ों और भँवरों से (र) बचाती हुई किनारे तक पहुँचाती है।

883. दिए गए प्रश्न में वाक्य के पहले और अंतिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बाँटकर (य) (र) (ल) (व) की संख्या दी गई है। यह चारों उचित क्रम में नहीं है। ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का उचित क्रम चुनिए जिससे सही वाक्य का निर्माण हो।

(1) सकारात्मक सोच

(य) सार्थकता ही (र) सार्थकता है
(ल) ही जीवन की
(व) सफलता है और सफलता
(6) ही सार्थकता है!

(a) व य र ल (b) ल र य व
(c) य र ल व (d) र ल व य

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर:(b) सही वाक्य है- सकारात्मक सोच ही जीवन की सार्थकता है, सार्थकता ही सफलता है और सफलता ही सार्थकता है। अतः वाक्य का उचित क्रम ल र य व होगा।

निर्देशः निम्नलिखित वाक्यों के प्रथम और अंतिम भागों को क्रमशः 1 और 6 की संख्या दी गई है। उनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बांटकर य र ल व की संज्ञा दी गई है। चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित करना है। वाक्य को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्पों में से इनका उचित क्रम चुनिए।

884. (1) मनुष्य मननशील प्राणी है

य. शक्ति रखता है। वह सदा अपने जीवन में इस
र. जिससे उसकी उन्नति एवं विकास हो और उसका
ल. वह अपना भला बुरा सोचने की
व. प्रकार के कार्यों में लगे रहने का प्रयत्न करता है
(6) जीवन सुख समृद्धि से पूर्ण हो सके।

(a) य व र ल (b) र ल व य
(c) व र य ल (d) ल य व र

UPPCL TG2, 2014

उत्तर. (d) : वाक्यांशों का उचित क्रम निम्नलिखित प्रकार से होगा–
1. मनुष्य मननशील प्राणी है
ल. वह अपना भला-बुरा सोचने की
य. शक्ति रखता है। वह सदा अपने जीवन में इस
व. प्रकार के कार्यों में लगे रहने का प्रयत्न करता है
र. जिससे उसकी उन्नति एवं विकास हो और उसका
6. जीवन सुख समृद्धि से पूर्ण हो सके।

885. 'वह आंख से कुबड़ा है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के अर्थ स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?

(a) दृष्टिहीन (b) गूंगा (c) वाचाल (d) बहरा

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये वाक्य 'वह ऑख से कुबड़ा है' में रेखांकित शब्द 'कुबड़ा' के स्थान पर 'दृष्टिहीन' शब्द का प्रयोग उपयुक्त है। अतः शुद्ध वाक्य होगा - वह आँख से दृष्टिहीन है।

886. कोई आदमी धन की चाहत रखता है, तो कोई संतान की। उपर्युक्त वाक्य के आधार पर नीचे दिए गए कौन से शब्द भेद अशुद्ध हैं?

(a) प्रथम कोई शब्द सार्वनामिक विशेषण है।
(b) दूसरी बार आया कोई शब्द सर्वनाम है।
(c) दोनों बार आया कोई शब्द सर्वनाम है।
(d) 'कोई' शब्द का प्रयोग 'सर्वनाम' और 'विशेषण' दोनों रूपों में हो सकता है।

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'कोई आदमी धन की चाहत रखता है, तो कोई संतान की।' यहाँ प्रथम बार 'कोई' शब्द विशेषण तथा दूसरी बार सर्वनाम के रूप में प्रयुक्त है। 'कोई' शब्द का प्रयोग सर्वनाम एवं विशेषण दोनों रूपों में हो सकता है। जब 'कोई' शब्द का प्रयोग किसी संज्ञा से पूर्व होगा तब वह सार्वनामिक विशेषण के रूप में कार्य करेगा। प्रस्तुत वाक्य में 'आदमी' जातिवाचक संज्ञा है अतः इसके पूर्व का 'कोई' शब्द विशेषण है। दूसरी बार 'कोई' शब्द उसी 'आदमी' के स्थान पर प्रयुक्त है। अतः अनिश्चयवाचक सर्वनाम है।

887. वाक्य में प्रयुक्त शब्दों में परस्पर सामंजस्य को कहते हैं:

(a) पदक्रम (b) अन्वय (c) उद्देश्य (d) विधेय

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) वाक्य में प्रयुक्त शब्दों में परस्पर सामंजस्य या वाक्य के शब्दों को वाक्य रचना के नियमानुसार रखने की क्रिया को अन्वय कहते हैं।

@RexstarPdf

21.

रस

1. परिभाषा एवं भेद

1. विभाव किसे कहते हैं?

(a) स्थायी भाव के उद्‌बोधक कारक
(b) जिसमें रस उत्पन्न हो
(c) जिसको रस उत्पन्न हो
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : स्थायी भाव के उद्‌बोधक कारक को विभाव कहते हैं। विभाव के दो भेद हैं-
(i) आलम्बन विभाव (ii) उद्दीपन विभाव

2. करुण रस का स्थायी भाव है–

(a) भय (b) बिस्मय
(c) शोक (d) जुगुप्सा

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
DSSSB PGT-23.07.2018
HIGHER EDU. Exam-2015
LT HINDI-2018

उत्तर : (c) :

रस		स्थायी भाव
करुण	-	शोक
श्रृंगार	-	रति
वात्सल्य	-	वत्सलता
वीर	-	उत्साह

3. विभाव के दो प्रकार कौन-से हैं?

(a) आलंबन, उद्दीपन (b) स्थायी, संचारी
(c) अनुभाव स्थायी (d) आलंबन, संचारी

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : विभाव- जो व्यक्ति, पदार्थ अथवा बाह्य विकार अन्य व्यक्ति के हृदय में भावोद्रेक करता है, उन कारकों को विभाव कहा जाता है। इसके दो भेद हैं–
(क) - आलंबन विभाव (ख) - उद्दीपन विभाव

4. स्थायी भाव के उत्पत्ति के कारण को क्या कहते हैं ?

(a) अनुभाव (b) समभाव
(c) संचारी भाव (d) विभाव

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : स्थायी भाव के उत्पत्ति के कारण को विभाव कहते हैं। ये रस की उत्पत्ति में आधारभूत माने जाते हैं। विभाव के दो भेद हैं– 1. आलम्बन विभाव, 2. उद्दीपन विभाव।

5. रस के अवयवों की संख्या कितनी है?

(a) नौ (b) चार
(c) आठ (d) सात

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारी भाव के संयोग से हृदय में जागृत विभिन्न भावनाओं को रस कहते हैं। रस के अवयवों की संख्या 4 (चार) मानी गयी है।
(i) विभाव (ii) अनुभाव
(iii) स्थायी भाव (iv) संचारी/व्यभिचारी भाव

6. निम्नलिखित में से उद्दीपन का कार्य कौन करता है?

(a) प्रेम-पात्र की मधुरवाणी (b) भयानक
(c) वीर (d) रौद्र

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'प्रेम-पात्र की मधुर वाणी' उद्दीपन का कार्य करती है। वाह्य वातावरण में होने वाले परिवर्तनों के प्रति अनुक्रिया को उद्दीपन कहते हैं अथवा जिन वस्तुओं या परिस्थितियों को देखकर स्थायी भाव उद्दीप्त होने लगता है उद्दीपन विभाव कहलाता है।
जैसे- नायक या नायिका की शारीरिक चेष्टाएं, मधुर वाणी,रमणीक उद्यान, चांदनी आदि।

7. स्थायी भावों को अनुभूति के योग्य कौन बनाता है?

(a) अनुभाव (b) आश्रय
(c) संचारी भाव (d) विभाव

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : स्थायी भावों को अनुभूति के योग्य विभाव बनाता है। वे सभी साधन जिनके कारण हमारे मन में भाव उत्पन्न होते हैं, उन्हें विभाव कहते हैं।

8. जो व्यक्ति, वस्तु या परिस्थितियाँ स्थायी भावों को उद्दीपन या जागृत करती हैं उन्हें कौन-सी संज्ञा दी जाती है?

(a) विभाव (b) अनुभाव
(c) संचारी भाव (d) स्थायी भाव

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : जो व्यक्ति, वस्तु या परिस्थितियाँ स्थायी भावों को उद्दीपन या जागृत करती हैं उन्हें विभाव कहते हैं।

9. रावण ने राम में क्रोध नामक भाव जगाया। इसमें आलंबन कौन है?

(a) रावण (b) राम
(c) क्रोध (d) राम और रावण दोनों

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (a) भावों का उद्‌गम जिस मुख्य भाव या वस्तु के कारण हो वह काव्य का आलंबन भाव कहा जाता है।
रावण ने राम में क्रोध नामक भाव जगाया।
इसमें रावण आलंबन हुआ।

@RexstarPdf

10. आचार्य भरत ने रसों की संख्या कितनी मानी है?

(a) 9 (b) 7
(c) 4 (d) 8

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UK Ast. Prof. 2017
कानूनगो भर्ती परीक्षा 2015
DSSSB TGT (Female)-5.9.2021 (Shift - II)
DSSSB PGT- 25.07.2018 (9 am - 12 pm)
UPOSC Degree College Exam-2008
KVS PGT HINDI-2017
DSSSB PGT-23.07.2018
Chhatisgarh Asst Pro.-2009

उत्तर : (d) : आचार्य भरत ने रसों की संख्या आठ बतायी है। ये निम्न हैं।

रस	-	स्थायी भाव	रस	-	स्थायी भाव
शृंगार	-	रति	हास्य	-	हास
करुण	-	शोक	रौद्र	-	क्रोध
वीर	-	उत्साह	भयानक	-	भय
विभत्स	-	जुगुत्सा/घृणा	अद्भुत	-	आश्चर्य/विस्मय

11. हृदय में मूलरूप से विद्यमान रहने वाले भावों को क्या संज्ञा दी जाती है?

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) स्थायी भाव (d) संचारी भाव

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)
म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा - 2018

उत्तर : (c) : हृदय में मूल रूप से विद्यमान रहने वाले भावों को 'स्थायी भाव' की संज्ञा दी जाती है।
सर्वप्रथम आचार्य भरतमुनि ने 8 स्थायी भावों की चर्चा की थी किन्तु परवर्ती आचार्य 'मम्मट' और 'अभिनव गुप्त' ने रसों की संख्या 9 मानी है। आचार्य उद्भट ने 'निर्वेद' को भी स्थायीभावों का एक भेद माना है। अतः इस कारण से स्थायीभावों की कुल संख्या 9 मानी जाती है।

रस		स्थायी भाव	रस		स्थायी भाव
शृंगार रस	-	रति	हास्य रस	-	हास
रौद्र रस	-	क्रोध	करुण रस	-	शोक
वीभत्स रस	-	जुगुप्सा	भयानक रस	-	भय
वीर रस	-	उत्साह	अद्भुत रस	-	विस्मय
शांत रस	-	निर्वेद			

12. साहित्य में रस का क्या अर्थ है?

(a) साहित्य की मिठास
(b) किसी रस का आनंद
(c) किसी फल का स्वाद
(d) साहित्य से मिलने वाली आनंदानुभूति

UPP Constable, 2017

उत्तर : (d) साहित्य में रस का अर्थ है साहित्य से मिलने वाली आनन्दानुभूति अर्थात् रस का शाब्दिक अर्थ 'आनन्द' है। किसी काव्य को पढ़ने या सुनने से जिस आनन्द की प्राप्ति होती है, उसे रस कहते हैं।

13. 'सहृदय' की अवधारणा किस सम्प्रदाय से सम्बद्ध है?

(a) ध्वनि (b) अलंकार
(c) रस (d) वक्रोक्ति

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (c) : सहृदय, सामाजिक तथा साधारणीकरण की अवधारणा 'रस' सम्प्रदाय से सम्बद्ध है। सहृदय श्रोता तथा पाठक को कहा जाता है।

14. किस भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है?

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) संचारीभाव (d) स्थायीभाव

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (d) : स्थायीभाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है। स्थायी भाव ही रस का आधार है। स्थायीभाव की संख्या नौ मानी गई है। एक रस में मूलतः एक ही स्थायीभाव होता है, जो काव्य के शुरू से आखिर तक होता है। परन्तु भरतमुनि ने स्थायीभावों की संख्या आठ मानी है। स्थायी भाव विभाव अनुभाव एवं संचारी भाव के संयोग से ही किसी रस की निष्पत्ति होती है।

15. स्थायी भावों की संख्या मानी गई है-

(a) तीन (b) चार
(c) आठ (d) नौ

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001
UPSI 02/12/2021 (Shift- II)

उत्तर : (d) स्थायी भाव का अर्थ 'प्रधान भाव' है ,जो विभाव, अनुभाव एवं संचारी भावों के संयोग से रस की अवस्था तक पहुँचता है। काव्य या नाटक में एक स्थायी भाव शुरू से अन्त तक होता है। स्थायी भावों की संख्या **नौ** मानी गयी। ये स्थायी भाव ही रस के आधार हैं। भरतमुनि स्थायीभावों की संख्या 8 मानते हैं।

1. रति
2. हास
3. शोक
4. क्रोध
5. उत्साह
6. भय
7. जुगुप्सा
8. विस्मय

नोट-आचार्य उद्भट्ट ने 'निर्वेद' को भी स्थायी भावों का एक प्रकार माना है। इस प्रकार स्थायी भावों की कुल संख्या 9 है।

16. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' कहने वाले आचार्य हैं–

(a) मम्मट (b) विश्वनाथ
(c) भरत (d) राजशेखर

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' अर्थात् 'रसात्मक वाक्य ही काव्य है।' यह वाक्य रस-संप्रदाय के आचार्य **'विश्वनाथ'** ने अपने ग्रंथ 'साहित्य दर्पण' में कहा है।

17. भरत के 'रससूत्र' में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है?

(a) विभाव (b) अनुभाव
(c) स्थायीभाव (d) संचारीभाव

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) : रस संप्रदाय के प्रवर्तक भरतमुनि के रससूत्र **'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'** अर्थात् विभाव अनुभाव तथा व्यभिचारी (संचारी) के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। अतः भरत मुनि के रस सूत्र में **स्थायीभाव** का उल्लेख नहीं है।

@RexstarPdf

18. निम्नलिखित में से कौन भरत मुनि के रस सूत्र का एक उत्तरकार नहीं है?

(a) भट्ट लोलट (b) क्षेमेन्द्र
(c) शंकुक (d) अभिनव गुप्त

UP TGT 2001
Uttarkhank Assi Pro.-2017
DSSSB PGT-24.07.2018 (9 am - 12 pm)

उत्तर. (b) : 'नाट्यशास्त्र' के प्रणेता आचार्य भरतमुनि के प्रसिद्ध रस सूत्र **'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'** के प्रमुख व्याख्याकार भट्ट लोल्लट (नौवीं सदी), भट्टशंकुक (नौवीं सदी), भट्टनायक (ग्यारहवीं सदी) तथा अभिनवगुप्त (ग्यारहवीं सदी) हैं। भट्टलोल्लट का रस सिद्धान्त 'उत्पत्तिवाद', भट्टशंकुक का रस सिद्धान्त 'अनुमितिवाद', भट्टनायक का रस सिद्धान्त 'भुक्तिवाद' तथा अभिनव गुप्त का रस सिद्धान्त 'अभिव्यक्तिवाद' कहलाता है; जबकि आचार्य **क्षेमेन्द्र** 'औचित्य सम्प्रदाय' के प्रवर्तक हैं और इनके काव्यशास्त्रीय ग्रंथ का नाम **औचित्यविचारचर्चा** है।

19. आचार्य भरत के रससूत्र का उत्तर करते हुए 'अनुमितिवाद' की स्थापना किसने की?

(a) आचार्य भट्टलोल्लट (b) आचार्य अभिनवगुप्त
(c) आचार्य शंकुक (d) आचार्य भट्टनायक

KVS PGT Hindi, 2016
DSSSB PGT-24.07.2018 (9 am - 12 pm)
DSSSB PGT-25.7.2008 (9 am - 12 pm)
Higher Education Exam - 2015

उत्तर. (c) : वाद	**आचार्य**
अनुमितिवाद	- शंकुक
उत्पत्तिवाद	- भट्ट लोल्लट
भुक्तिवाद/भोगवाद	- भट्ट नायक
अभिव्यक्तिवाद	- अभिनव गुप्त

20. आचार्य भरत के रससूत्र के व्याख्याता शंकुक के सिद्धान्त का नाम है:

(a) अनुमितिवाद (b) भोगवाद
(c) अभिव्यक्तिवाद (d) आरोपवाद

Uttrakhand Asst. Prof. 2017
MP Asst. Prof. Hindi, 2017

उत्तर : (a) आचार्य भरतमुनि के रस सूत्र के व्याख्याता शंकुक के सिद्धान्त का नाम 'अनुमितिवाद' है।

आचार्य	**सिद्धान्त**
भट्टलोल्लट	उत्पत्तिवाद या आरोपवाद
भट्टशंकुक	अनुमितिवाद या अनुमानवाद
भट्टनायक	भुक्तिवाद या भोगवाद
अभिनवगुप्त	अभिव्यक्तिवाद

21. 'चित्रतुरंग न्याय' पर किस आचार्य का सिद्धांत आधारित है?

(a) अभिनव गुप्त (b) शंकुक
(c) वामन (d) भट्ट नायक

MP Asst. Prof. Hindi, 2017
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपर-I) 2014

उत्तर. (b) : 'चित्रतुरंग न्याय' पर आचार्य शंकुक का सिद्धान्त आधारित है। **अनुमितिवाद** आचार्य शंकुक का सिद्धान्त है। ये भरत के रससूत्र के व्याख्याता में से एक हैं। रससूत्र के चारों व्याख्याता भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक व अभिनव गुप्त हैं। भट्टनायक साधारणीकरण से सम्बन्धित हैं।

22. रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं-

(a) अभिनवगुप्त (b) भरत मुनि
(c) भामह (d) आनन्दवर्धन

KVS PGT Hindi, 2017
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : प्रवर्तक		**सम्प्रदाय**
भरतमुनि	-	रस सम्प्रदाय
भामह	-	अलंकार सम्प्रदाय
आनन्दवर्धन	-	ध्वनि सम्प्रदाय

नोट - अभिनव गुप्त रससूत्र के व्याख्याकार हैं।

2. अनुभाव

23. आलंबन तथा उद्दीपन के द्वारा आश्रय के हृदय में स्थायी भाव जागृत या उद्दीप्त होने पर आश्रय में जो चेष्टाएँ होती हैं, उन्हें क्या संज्ञा दी जाती है ?

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) स्थायी भाव (d) संचारी भाव

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
UPPSC Degree Collage Exam 2013

उत्तर : (a) : आलंबन तथा उद्दीपन के द्वारा आश्रय के हृदय में स्थायी भाव जागृत या उद्दीप्त होने पर आश्रय मे जो चेष्टाएँ होती हैं, उन्हें अनुभाव कहते हैं। **जैसे**- उत्साह में शत्रु को ललकारना। अनुभाव के चार भेद होते हैं।

1. सात्विक अनुभाव, 2. कायिक अनुभाव,
3. मानसिक अनुभाव, 4. आहार्य अनुभाव

24. सात्विक अनुभाव कितने प्रकार के होते हैं?

(a) दस (b) आठ
(c) सात (d) नौ

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
DSSSB PGT-4.7.2021 (Shift-I)
DSSSB PGT-23.7.2018 (Shift-I)
DSSSB PGT-24.7.2008 (Shift-I)

उत्तर : (b) : आश्रय की शरीर से उसके बिना किसी बाहरी प्रयत्न के स्वतः उत्पन्न होने वाली चेष्टाएँ सात्विक अनुभाव कहलाते हैं।' सात्विक अनुभव 'आठ' प्रकार के होते हैं।

(I) स्तंभ (II) स्वेद (III) रोमांच
(IV) स्वरभंग (V) कम्प (VI) वैवर्ण्य
(VII) अश्रु (VIII) प्रलय

25. अनुभाव के कितने रूप माने गए हैं?

(a) चार (b) नौ
(c) तीन (d) दस

MP Asst. Prof. Hindi, 2017
MP Asst. Prof. - 2017
DSSSB PGT-24.7.2018 (9 am - 12 pm)

उत्तर. (a) : अनुभाव के **चार** रूप माने गये हैं- (1) कायिक (2) वाचिक (3) आहार्य (4) सात्विक । रस को प्रकाशित करने वाली अनुकार्य की चेष्टाओं को **अनुभाव** कहते हैं।

@RexstarPdf

3. व्यभिचारी या संचारी भाव

26. आश्रय के चित्त में उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारों को कौन-सी संज्ञा दी जाती है?

(a) विभाव (b) स्थावी भाव
(c) अनुभाव (d) संचारी भाव

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : आश्रय के चित्त में उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारों को 'संचारीभाव' की संज्ञा दी जाती है। संचारी भाव को व्यभिचारी भाव भी कहा जाता है। इसकी संख्या 33 है।

27. प्रत्येक 'रस' में संचरण करने वाले 'भाव' को क्या कहते हैं?

(a) उद्दीपन (b) संचारी भाव
(c) अनुभाव (d) स्थायी भाव

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : प्रत्येक 'रस' में संचरण करने वाले भाव को संचारी भाव कहते हैं। भरतमुनि ने संचारी भावों की संख्या 33 बताई है। संचारी भाव को व्यभिचारी भाव भी कहा जाता है। भरतमुनी ने रसों की संख्या 8 बतायी है।

28. संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गई है?

(a) 30 (b) 31
(c) 32 (d) 33

कानूनगो भर्ती परीक्षा (2015)
[UPSI 2017 Shift 2] [UKPSC AE 2017]
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UKSSSC LT-2020

उत्तर. (d) : संचारी भावों की संख्या **33** मानी गई है। जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण कर के चले जाते हैं वे संचारी भाव या व्यभिचारी भाव कहलाते हैं। जो अनुकूल परिस्थितियों में घटते-बढ़ते रहते हैं। **भरत मुनि** के अनुसार– ये पानी में आप ही आप विलीन होने वाले बुलबुलों के समान हैं।

29. अमर्ष क्या है?

(a) एक काव्य दोष (b) एक संचारी भाव
(c) एक काव्य गुण (d) एक अलंकार

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर. (b) : मन में आने-जाने वाले (संचरण करने वाले) भावों को संचारी भाव अथवा व्यभिचारी भाव कहा जाता है। संचारी भावों की कुल संख्या तैंतीस हैं। **अमर्ष** भी एक **संचारी भाव** है जो विरोधी का अपकार करने की अक्षमता से उत्पन्न तथा दुःख के कारण उत्पन्न होता है। यह अपने अपमान या तिरस्कार के कारण उत्पन्न क्षोभ है।

4. शृंगार रस

30. 'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाई' – पंक्ति में कौन-सा रस है?

(a) शृंगार रस (b) शान्त रस
(c) वात्सल्य रस (d) अद्‌भुत रस

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
DSSSB PGT-4.7.2021 (Shift-I)
DSSSB TGT (Male)-18.9.2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाईं'– पंक्ति में शृंगार रस है। शृंगार रस का स्थायी भाव 'रति' है।
'विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के संयोग से अभिव्यक्त होने वाला परिपुष्ट रति नामक स्थायी भाव शृंगार रस कहलाता है।'

31. निम्नलिखित उदाहरणों में शृंगार रस का उदाहरण कौन सा है?

(a) गिरता न कभी चेतक-तन पर,
राणा प्रताप का कोड़ा था।
वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर,
या आसमान पर घोड़ा था।।

(b) उद्वेलित कर अश्रु-रश्मियाँ
हृदय चिताएँ धधकाकर
महा महामारी प्रचंड हो
फ़ैल रही थी इधर-उधर

(c) पानी केरा बुदबुदा अस मानस की जात।
देखत ही छिप जायगा ज्यों तारा परभात।।

(d) पास ही मिलकर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सर पर चढ़ाकर
कह रही है जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : पास ही मिलकर ..... दान उसको।
उपर्युक्त पंक्तियों में शृंगार रस है, शृंगार रस का स्थायी भाव 'रति/प्रेम' है।
शृंगार रस :– जब किसी काव्य में नायक-नायिका के प्रेम, मिलन, विरह आदि जैसी क्रियाओं का वर्णन होता है, तो वहाँ शृंगार रस होता है। यह दो प्रकार का होता है।
(क) संयोग शृंगार
(ख) वियोग शृंगार
उदाहरण (1) बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय
सौंह करे भौहनि हँसे, देन कहै नटि जाय
(2) हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी।
तुम देखी सीता मृगनैनी।।

32. वियोग के अन्तर्गत कितनी कामदशाएँ मानी गयी हैं?

(a) 11 (b) 8
(c) 10 (d) 9

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : वियोग के अंतर्गत 10 कामदशाएँ मानी गयी हैं।

33. इनमें से किसे उज्ज्वल रस या मधुर रस भी कहते हैं?

(a) भक्ति (b) शृंगार
(c) हास्य (d) वत्सल

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'भक्ति रस' को उज्ज्वल रस या मधुर रस भी कहते हैं। हालांकि नाट्य शास्त्र में 'शृंगार रस' की परिभाषा में उज्जवल रस शब्द का प्रयोग किया गया है। तथा अनेक ग्रंथों में शृंगार रस का वर्णन मधुर एवं उज्ज्वल रस के रूप में किया गया है। किन्तु आयोग द्वारा विकल्प (a) भक्ति रस को सही माना गया है।

@RexstarPdf

34. माधुर्य गुण किस रस में प्रयुक्त होता है?

(a) रौद्र (b) शृंगार
(c) वीर (d) शांत

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : माधुर्य गुण, शृंगार रस में प्रयुक्त होता है। शृंगार रस को 'रसराज' या 'रसपति' कहा जाता है। इसका स्थायी भाव रति है। शृंगार रस का आलंबन (विभाव) नायक और नायिका तथा उद्दीपन (विभाव) आलंबन का सौंदर्य, प्रकृति, रमणीक उपवन आदि हैं।

35. जिन पंक्तियों में नायक-नायिका का मिलन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से कौन-सा शृंगार होता है?

(a) अद्भुत (b) संयोग
(c) वियोग (d) हास्य

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : जिन पंक्तियों में नायक-नायिका का मिलन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से संयोग शृंगार होता है।

उदाहरण-बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करै, भौंहनु हँसै, दैन कहै, नटि जाय।।

शृंगार रस के दो भेद होते हैं।
(1) संयोग शृंगार (2) वियोग शृंगार

36. जिन पक्तियों में नायक– नायिका के संयोग या वियोग का वर्णन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से कौन-सा रस होता है?

(a) हास्य रस (b) शृंगार रस
(c) करुण रस (d) अद्भुत रस

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : नायक-नायिका के प्रेम सम्बंधी वर्णन तथा उनके सौंदर्य की परिपक्व अवस्था को शृंगार रस कहते हैं। इसका स्थायी भाव 'रति' होता है। इसके दो भेद होते हैं-

(i) **संयोग शृंगार-** जहाँ नायक और नायिका की संयोगावस्था का वर्णन होता है वहां संयोग शृंगार होता है।

(ii) **वियोग शृंगार-** जहाँ नायक-नायिका की वियोगावस्था का वर्णन होता है वहां वियोग शृंगार होता है।

37. किस रस को रसराज कहा जाता है?

(a) शृंगार रस (b) वीर रस
(c) शांत रस (d) करुण रस

DSSSB PGT (Male)-18.7.2021 (Shift-I)
NVS PGT-2014
वन रक्षक परीक्षा, 2015
ग्राम पंचायत अधिकारी, 2015
UKPSC AE 2013
UPSI 2017 (Shift-II)

उत्तर. (a) : 'शृंगार रस' को **रसराज** कहा जाता है। शृंगार रस के दो भेद हैः- (1) संयोग शृंगार (2) वियोग शृंगार।

संयोग शृंगार- जहाँ नायक और नायिकाओं के मिलन का वर्णन हो। **जैसे-** बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।

वियोग शृंगार– जहाँ नायक और नायिका के विरह का वर्णन हो। **जैसे–**

हे खग मृग, हे मधुकर श्रेनी!
तुम देखी सीता मृग नैनी।।

38. 'निसदिन बरसत नैन हमारे' इस पंक्ति में किस रस का वर्णन है?

(a) वीर (b) भयानक
(c) वात्सल्य (d) शृंगार

वन रक्षक परीक्षा, 2015
परिचालक परीक्षा 2013

उत्तर. (d) : 'निसदिन बरसत नैन हमारे' में '**शृंगार रस**' है। इसमें वियोग शृंगार है। जहाँ पर हृदय में उत्साह उत्पन्न हो, वहाँ वीर रस होता है। **जैसे**–फहरी ध्वजा फड़की भुजा, बलिदान की ज्वालामुखी। जहाँ भय उत्पन्न करने वाली वस्तु या दृश्य को देखकर भय की सृष्टि हो, वहाँ भयानक रस होता है। **जैसे**–'उधर गरजती सिंधु लहरिया कुटिल काल के जालों सी'।

निम्नलिखित में कौन-सा रस है, चयन कीजिए।

39. मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।

(a) शांत (b) शृंगार
(c) करुण (d) हास्य

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : 'मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई। जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।' में **शृंगार रस** है। सांसारिक वस्तुओं तथा व्यक्तियों के प्रति वैराग्य की भावना से शांत रस की निष्पत्ति होती है **जैसे-** मोहन महल की प्रथम सीढ़ी या बिन ज्ञान चरित्र सम्यक्ता न लहै। किसी वस्तु या विकृति, वेशभूषा को देखकर मन (हृदय) में हास्य की भावना उत्पन्न होती है, **जैसे-** देखि सियहिं सुरतिय मुस्काती वर लायक दुलहिन जग नाहीं।।

40. किस रस को सभी रसों का अधिपति माना जाता है?

(a) हास्य रस (b) भक्ति रस
(c) शृंगार रस (d) वीर रस

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर : (c) शृंगार रस का स्थायी भाव रति/प्रेम होता है। इसके दो प्रकार संयोग शृंगार और वियोग शृंगार होता है। शृंगार रस को '**रसराज**', '**रसपति**' कहा जाता है।

41. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा रस है?
बतरस-लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।
सौंह करैं भौंहनु हँसैं, दैन कहैं नटि जाइ।

@RexstarPdf

(a) शांत (b) वात्सल्य
(c) शृंगार (d) अद्भुत

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर: (c) जहाँ सहृदय के चित्त में रति नामक स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव तथा संचारी भाव का संयोग होता है, वहाँ शृंगार रस की उत्पत्ति होती है।
जैसे– कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन में करत हैं नैनहुँ हीं सो बात।।

42. हा रघुबीर! देव रघुराया,
केहि अपराध बिसारेहु दाया।।
उपर्युक्त पद्यांश में कौन सा रस है?
(a) संयोग शृंगार (b) वियोग शृंगार
(c) करुण रस (d) शांत रस

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) : हा रघुबीर! देव रघुराया,
केहि अपराध बिसारेहु दाया।।
उपर्युक्त पद्यांश में **वियोग शृंगार** है। शृंगार रस का स्थायीभाव 'रति' है। शृंगार रस के दो भेद हैं- (1) संयोग शृंगार (2) वियोग शृंगार। राजाभोज ने शृंगार रस को **रसराज** की उपाधि दी।

43. प्रश्न में प्रयुक्त रस के लिए सही विकल्प चुनिए-
'हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी।
तुम देखी सीता मृगनैनी।।'
(a) करुण रस (b) रौद्र रस
(c) संयोग शृंगार रस (d) वियोग शृंगार रस

मलेरिया/फाइलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) : उक्त पंक्तियों में '**वियोग शृंगार रस**' है। इसमें भगवान राम सीता के वियोग में दुःखी होकर जंगल के पशु-पक्षियों से सीता के विषय में पूछते हैं।

44. निम्नलिखित में से कौन-सा रस 'वीभत्स' का विरोधी है?
(a) भयानक (b) वीर
(c) शृंगार (d) करुण

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (c) : वीभत्स रस का स्थायी भाव **जुगुप्सा** (घृणा) से सम्बन्धित है। इसका विरोधी रस शृंगार रस है जिसका स्थायी भाव है रति (प्रेम)। भयानक रस का स्थायी भाव 'भय' है। वीर रस का स्थायी भाव 'उत्साह' तथा करुण रस का स्थायी भाव 'शोक है'।

45. अखियाँ हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहें रूप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रूखीं।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?
(a) वीर रस
(b) वियोग शृंगार रस
(c) शान्त रस
(d) संयोग शृंगार रस

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (b): 'अखियाँ हरि दरसन की भूखी। कैसे रहें रूप रस राँची ए बतियाँ सुनि रूखीं' इसमें **वियोग शृंगार रस** है क्योंकि इसमें हरि के दर्शन के लिये आँखें तरस रही हैं। 'सूरसागर' का यह पद्यांश गोपियों की विरह दशा का मार्मिक वर्णन करता है।

5. हास्य रस

46. हास्य रस का स्थायीभाव क्या होता है?
(a) निर्वेद (b) रति
(c) शोक (d) हास

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25/10/2018

उत्तर : (d) हास्य रस का स्थायी भाव 'हास' होता है। निम्नलिखित रसों का स्थायीभाव इस प्रकार है–

रस	-	**स्थायी भाव**
शृंगार रस		रति
हास्य रस		हास
रौद्र रस		क्रोध
करूण रस		शोक
वीर रस		उत्साह
अद्भुत रस		आश्चर्य
वीभत्स रस		जुगुप्सा/घृणा
भयानक रस		भय
शांत रस		निर्वेद

6. करुण रस

47. करुण रस के देवता इनमें से कौन हैं?
(a) महेन्द्र (b) यम
(c) कामदेव (d) गंधर्व

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : करुण रस के देवता 'यम' हैं। वीर रस के देवता महेन्द्र, शृंगार के देवता 'विष्णु' तथा अद्भुत रस के देवता गंधर्व/ब्राह्म हैं।

48. 'देखि सुदामा की दीनदशा, करुणा करिकै करुनानिधि रोये' में कौन सा रस है–
(a) वियोग शृंगार (b) रौद्र
(c) करुण (d) शान्त

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर. (c): 'देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करिकै करुणानिधि रोये' में '**करुण रस**' है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण अपने मित्र सुदामा की दशा देखकर अपने आँसू बहा रहे हैं। जहाँ नायक और नायिका के विरह (बिछड़ने) का वर्णन हो, वियोग श्रृंगार कहा जाता है।
जैसे – 'हे खग मृग हे, मधुकर श्रेनी! तुम देखी सीता मृगनयनी।'

49. दी गई पंक्तियों में रस बताइए–
''प्रिय वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ है,
दुख जल निधि में डूबी का सहारा कहाँ है।''
(a) श्रृंगार (b) रौद्र
(c) करुण (d) शांत

UP SI 2001

उत्तर : (c) किसी प्रिय व्यक्ति के चिर विरह अथवा इच्छित वस्तु की अप्राप्ति से उत्पन्न होने वाला शोक आदि भाव के सम्मिश्रण को 'करुण रस' कहते हैं अर्थात् शोक स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव तथा संचारी भाव के संयोग से 'करुण रस' की निष्पत्ति होती है। अतः प्रश्नगत पंक्ति में '**करुण रस**' है।

7. रौद्र रस

50. रौद्र रस का स्थायीभाव क्या होता है ?
(a) भय (b) क्रोध
(c) रति (d) शोक

UKPSC Lecture-2020
हरियाणा असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा-2017
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
UKPSC AE 2012
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
चकबन्दी लेखपाल 2015

उत्तर : (b) : रौद्र रस का स्थायीभाव क्रोध होता है।

8. वीर रस

51. 'प्राकृत पैंगलम' के छंद किस रस से संबंधित हैं?
(a) श्रृंगार रस
(b) वीर रस
(c) अद्भुत रस
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'प्राकृत पैंगलम' के छंद वीर रस से संबंधित हैं। 'प्राकृत पैंगलम' में विद्याधर, सार्ङ्गधर, जज्जल तथा बब्बर आदि कवियों की रचनाओं को संकलित किया गया है।

52. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है?
हे सारथे! हे द्रोण क्या, देवेंद्र भी आकर अड़ें,
है खेल क्षत्रिय बालकों का, व्यूह-भेदन कर लड़े।
मैं सत्य कहता हूँ सखे! सुकुमार मत जानो मुझे,
यमराज से भी युद्ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे।
(a) वीर रस (b) करुण रस
(c) श्रृंगार रस (d) भयानक रस

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (a): उपर्युक्त दी गई पंक्तियों में 'वीर रस' है।
वीर रस – जब किसी रचना या वाक्य से वीरता जैसे स्थायी भाव की उत्पत्ति होती है, तो वहाँ वीर रस होता है। युद्ध अथवा किसी कार्य को करने के लिए हृदय में जो उत्साह का भाव जागृत होता है उसमें भी वीर रस होता है। वीर रस का स्थायी भाव 'उत्साह' है। वीर रस के चार प्रकार होते हैं– (i) युद्धवीर (ii) दानवीर (iii) दयावीर (iv) धर्मवीर

53. वीर रस में इनमें से कौन-से गुण की प्रधानता रहती है?
(a) ओज (b) प्रसाद
(c) माधुर्य (d) ये सभी

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : वीर रस में 'ओज' गुण की प्रधानता रहती है। वीर रस का स्थायी भाव उत्साह है। भरतमुनि ने वीर रस के तीन प्रकार बताए हैं- (1) दानवीर (2) धर्मवीर (3) युद्धवीर।
आचार्यो ने वीर रस के चार भेद किये हैं –'दानवीर, धर्मवीर, युद्धवीर एवं दयावीर' हैं।

54. 'आगे नदियाँ हैं बड़ी अपार' में कौन-सा रस है?
(a) रौद्र रस (b) वीर रस
(c) करुण रस (d) शांत रस

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : आगे नदियाँ हैं बड़ी आपार
घोड़ा कैसे उतरे पार
राणा ने सोचा इस पार
तब तक चेतक था उस पार
इसमें **वीर रस** तथा स्थायी भाव - उत्साह है।

55. 'कुरुक्षेत्र' कविता में मुख्य रस कौन सा है?
(a) वीर (b) श्रृंगार
(c) करुण (d) वात्सल्य

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (a): रामधारी सिंह 'दिनकर' कृत कुरुक्षेत्र में '**वीर रस**' का प्रयोग हुआ है, जबकि श्रृंगार, करुण तथा वात्सल्य रस असंगत हैं।

56. 'वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो। सामने पहाड़ हो कि सिंह की दहाड़ हो', में कौन सा रस है?
(a) श्रृंगार रस (b) हास्य रस
(c) वीर रस (d) भक्ति रस

UPPCL JE Electrical, 2018

@RexstarPdf

उत्तर. (c) : प्रश्नगत पंक्तियों में **वीर रस** है। वीर रस का स्थायी भाव 'उत्साह' होता है। उत्साह नामक स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव और संचारी भाव के संयोग से वीर रस की दशा प्राप्त करता है।

उदाहरण–

मानव समाज में अरुण पड़ा,
जल जन्तु बीच हो वरुण पड़ा।
इस तरह भभकता राणा था,
मानों सर्पो में गरुड़ पड़ा।।

दी गई पंक्तियों में रस बताइए।

57. ''हिमाद्रि तुंग श्रृंग से, प्रबुद्ध शुद्ध भारती।
स्वयं प्रभा समुज्जवला स्वतंत्रता पुकारती॥

(a) श्रृंगार (b) वीर
(c) हास्य (d) भयानक

UP SI 2001

राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपरी-I)-2014

उत्तर : (b) प्रस्तुत पंक्तियों में '**वीर रस**' है। जिस काव्य को पढ़ने से मन में 'उत्साह' नामक स्थायी भाव की जागृति होता है, वहाँ 'वीर रस' की निष्पत्ति होती है। उक्त पंक्ति जयशंकर प्रसाद कृत नाटक 'चन्द्रगुप्त' से उद्धृत है।

58. चमक उठी सन सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी।–रस भेद बताइए।

(a) भक्ति रस (b) वीर रस
(c) हास्य रस (d) श्रृंगार रस

UPP CONSTABLE 2017, (Shift I 2018)

उत्तर. (b) : 'चमक उठी सन सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी' **वीर रस** का उदाहरण है। वीर रस का स्थायी भाव '**उत्साह**' है।

9. वीभत्स रस

59. ''रिपु-आंतन की कुंडली करि जोगिनी चबात। पीबहि में पागी मनो, जुबति जलेबी खात।'' यहाँ कौन-सा रस है?

(a) क्रोध (b) भयानक
(c) रौद्र (d) वीभत्स

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : ''रिपु-आंतन की कुंडली करि जोगिनी चबात, पीबहि में पागी मनो, जुबति जलेबी खात।'' में वीभत्स रस है। इसका स्थायी भाव जुगुप्सा है।

60. जुगुप्सा का स्थायी भाव किस रस से सम्बन्धित है?

(a) करुण रस (b) रौद्र रस
(c) वीभत्स रस (d) अद्भुत रस

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
AHC Group C 2017
UPPCL JE, Electrical, 2016
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (c): 'जुगुप्सा' **वीभत्स रस** का स्थायी भाव है। जब किसी दृश्य को देखकर या यादकर मन में जुगुप्सा या घृणा के भाव की परिपक्वता पायी जाए तो वहाँ वीभत्स रस होता है; **जैसे** –

सिर पर बैठ्यो काग आँख दोउ खात निकारत।
खींचत जीभहिं स्यार अतिहिं आनंद उर धारत।।
गीध जांघ को खोदि-खोदि कै माँस उपारत।
स्वान आंगुरिन काटि-काटि कै खात विदारत।।

61. ''जहँ-तहँ मज्जा माँस रुचिर लखि परत बगारे।
जित-जित छिटके हाड़, सेत कहुँ, कहुँ रतनारे॥''
इस अवतरण में है–

(a) वीभत्स रस
(b) अद्भुत रस
(c) भयानक रस
(d) हास्य रस

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) : ''जहँ-तहँ मज्जा माँस रुचिर लखि परत बगारे।
जित-जित छिटके हाड़, सेत कहुँ, कहुँ रतनारे।।''
पंक्ति में वीभत्स रस है। जिस काव्य को पढ़कर मन में जुगप्सा तथा घृणा के भाव आते हैं वहाँ वीभत्स रस होता है।

10. अद्भुत रस

62. कबीर की उलटबाँसियों में कौन-सा रस प्रमुख है?

(a) बीभत्स रस (b) अद्भुत रस
(c) करुण रस (d) शांत रस

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : कबीर की उलटबाँसियों में 'अद्भुत रस' की प्रमुखता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

63. यह देख, गगन मुझमें लय है,
यह देख पवन मुझमें लय है,
मुझमें विलीन झंकार सकल,
मुझमें लय है संचार सकल।
अमरत्व फूलता है मुझमें।
संसार झूलता है मुझमें।
उपरोक्त पंक्तियों में कौन-सा रस है?

(a) रौद्र रस (b) अद्भुत रस
(c) शांत रस (d) वीर रस

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : दिये गये पद्यांश में अद्भुत रस है। अद्भुत रस का स्थायी भाव आश्चर्य होता है। जब व्यक्ति के मन में विचित्र या आश्चर्य जनक वस्तु देखकर जो भाव उत्पन्न होता है उसे अद्भुत रस कहते हैं।

64. 'अद्भुत-रस' के देवता इनमें से किसे माना जाता है?

(a) गंधर्व (b) शिव
(c) विष्णु (d) काम

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) : 'अद्भुत रस' के देवता गंधर्व को माना जाता है। जब किसी व्यक्ति के मन में किन्हीं वस्तुओं को देखकर आश्चर्य का भाव उत्पन्न हो वहां अद्भुत रस होता है। इसका स्थायी भाव 'आश्चर्य' है।

65. ''विस्मय'' स्थायी भाव किस रस में होता है?

(a) हास्य (b) शांत
(c) अद्भुत (d) वीभत्स

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
UPP Constable, 19/06/2018 (Shift-I)
DSSSB LDC, 30/08/2015
UP SI 2001
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. (c)

'अद्भुत रस' का स्थायी भाव	– विस्मय/आश्चर्य
'हास्य' रस का स्थायी भाव	– हास
'शांत' रस का स्थायी भाव	– निर्वेद/शम/वैराग्य
'वीभत्स' रस का स्थायी भाव	– जुगुप्सा (घृणा)

66. भारतीवृत्ति का सम्बन्ध किस रस से है?

(a) वीर (b) वीभत्स
(c) अद्भुत (d) हास्य

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर. (c): 'भारतीवृत्ति' का सम्बन्ध 'अद्भुत रस' से है। वृत्तियाँ चार प्रकार की होती हैं–
1. भारती, 2. कैशिकी, 3. सात्वती, 4. आरभटी

67. ''केशव कहि न जाइ का कहिये।
देखत तव रचना विचित्र अति समुझि मनहिं मन रहिये।'' में है–

(a) रौद्र रस
(b) शान्त रस
(c) भयानक रस
(d) अद्भुत रस

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) : 'केशव कहि न जाई का कहिये।
देखत तव रचना विचित्र अति समुझि मनहिं मन रहिये'।
यहाँ काव्य में केशव (कृष्ण/राम/ईश्वर) के अद्भुत रूप का बोध होता है अतः इस काव्य में **अद्भुत रस** होगा।

11. शान्त रस

68. 'अब लौ नसानी अब न नसैहों', इसमें कौन सा रस है?

(a) करुण रस (b) अद्भुत रस
(c) शांत रस (d) वीर रस

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिए हुए प्रश्न के दी गयी पंक्ति में 'शांत रस' का प्रयोग हुआ है।

शांत रस– जब मनुष्य मोह-माया को त्याग कर सांसारिक कार्यों से मुक्त हो जाता है और वैराग्य धारण कर परमात्मा के वास्तविक स्वरूप का दर्शन करता है तो मनुष्य के मन को जो शांति मिलती है, उसे शांत रस कहते हैं। इस रस का स्थायी भाव –निर्वेद होता है।

69. 'कबहुँक हों यहि रहनि रहौंगो
श्री रघुनाथ कृपालु कृपा ते संत सुभाव गहोंगो।
जथा लाभ संतोष सदा काहूँ सो कछु न चहौंगो।
परहित निरत निरंतर मन-क्रम-वचन नेम निवहोंगो।
उपर्युक्त पंक्तियों में निहित रस कौन सा है ?

(a) भायानक रस
(b) वीर रस
(c) रौद्र रस
(d) शांत रस

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : कबहुँक हों ..... निवहोंगो।
उपर्युक्त पंक्तियों में शांत रस है। शांत रस का स्थायी भाव 'निर्वेद' है, भरतमुनि के अनुसार रस 8 प्रकार के होते हैं।
शांत रस :– जब कभी ऐसे काव्यों को पढ़कर मन में असीम शांति एवं दुनिया से मोह भंग होने का भाव प्रकट हो, तो वहाँ शांत रस होता है।
जैसे – मेरौ मन अनंत सुख पावै
जैसे उड़ि जहाज को पंछी फिरि जहाज पे आवै।

70. शांत रस का स्थायीभाव क्या होता है?

(a) निर्वेद (b) भय
(c) शोक (d) रति

UKSSSC LT-2020
UK PSC Lecture-2020
DSSSB PGT-25.7.2018
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UKPSC AE 2012-13
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
Uttarakhand Assi. Pro. 2017
DSSSB LDC, 30/08/2015

उत्तरः (a) : शांत रस का स्थायी भाव 'निर्वेद' होता है। अन्य रस इस प्रकार हैं–

रस	-	स्थायीभाव
भयानक	-	भय
करुण	-	शोक
श्रृंगार	-	रति

71. हिंदी साहित्य का नौवाँ रस इनमें से कौन-सा है?

(a) भक्ति (b) शांत
(c) वात्सल्य (d) करुण

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (b): हिंदी साहित्य में नौवाँ रस शांत रस है। भरतमुनि ने आठ प्रकार के रस की चर्चा की है। परन्तु अधिकतर विद्वानों ने नौ रस बताए हैं। जो निम्न हैं- श्रृंगार रस, हास्य रस, रौद्र रस, करुण रस, वीर रस, अद्भुत रस, भयानक रस, शांत रस, वीभत्स रस।

72. मन रे तन कागद का पुतला।
लागै बूँद बिनसि जाय छिन में,
गरब करे क्या इतना॥
इन पंक्तियों में कौन-सा रस है?

(a) भक्ति रस (b) श्रृंगार रस
(c) करुण रस (d) शांत रस

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर. (d) : जिन विषयों या उद्दीपनों से परमात्मा के वास्तविक रूप का ज्ञान होता है और अन्य विषयों से वैराग्य हो जाता है वहाँ **शान्त रस** की निष्पत्ति होती है।
'मन रे . . . . . क्या इतना।'।
इस पद्य में कवि ने तन को कागज के पुतले के समान माना है जो क्षण भर में पानी की बूँदों से नष्ट हो सकता है फिर भी इस तन पर इतना गुमान क्यों? यहाँ पर कवि तन को छोड़कर परमात्मा के प्रति अनुराग पैदा करता है अतः उपरोक्त पद्य में **शान्त रस** होगा।

12. अन्य

73. भयानक रस का स्थायी भाव क्या होता है?

(a) रति (b) भय
(c) शोक (d) निर्वेद

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : किसी भयानक दृश्य को देखकर मन में उत्पन्न भय की अवस्था को भयानक रस कहते हैं। इसका स्थायी भाव 'भय' होता है। 'रति' श्रृंगार रस का, 'शोक', करुण रस का तथा 'निर्वेद' शान्त रस का स्थायी भाव है।

74. 'भक्तिरस' के प्रतिष्ठापक आचार्य इनमें से कौन हैं?

(a) रूपगोस्वामी
(b) आचार्य भरत
(c) आचार्य विश्वनाथ
(d) आचार्य मम्मट

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a) भक्ति रस :- भक्ति रस के प्रतिष्ठापक आचार्य रूप गोस्वामी हैं। इसका स्थायी भाव देव विषयक रति है। इस रस में ईश्वर के प्रति प्रेम का वर्णन किया जाता है।

75. माधुर्य गुण में किस तरह के वर्ण रहते हैं?

(a) ऊष्ण वर्ण वाले
(b) र-ल आदि कोमल वर्ण
(c) ह-ठ वाले
(d) समासयुक्त बड़े शब्द

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'माधुर्य गुण' श्रृंगार, शांत रसों में प्रयुक्त होता है। यह अनुस्वार तथा कोमल वर्णों से युक्त होता है। स्पर्शी वर्णों के 'ट' वर्ग के व्यंजनों को छोड़कर सभी वर्ण तथा अंतःस्थ वर्ण के 'र, ल' आदि कोमल वर्णों के प्रयोग का संबंध काव्य के माधुर्य गुण से है।

76. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प रस के अन्तर्गत नहीं है?

(a) व्यंग्य (b) हास्य
(c) रौद्र (d) भयानक

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : 'व्यंग्य' रस के अन्तर्गत नहीं आता है। हास्य, रौद्र, भयानक रस के अन्तर्गत आते हैं। रसों की संख्या 'नौ' है, जो इस प्रकार हैं- (1) श्रृंगार रस (2) हास्य रस (3) करुण रस (4) रौद्र रस (5) वीर रस (6) भयानक रस (7) वीभत्स रस (8) अद्भुत रस (9) शांत रस।

77. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है?
किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद के आँगन, बिंब पकरिबैं धावत ॥
कबहुँ निरखि हरि आपु छाहँ को, कर सौं पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पनि-पनि तिहिं अवगाहत ॥

(a) श्रृंगार रस
(b) वात्सल्य रस
(c) शांत रस
(d) वीर रस

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'किलकत कान्ह .....अवगाहत।'
उपर्युक्त पंक्तियों में वात्सल्य रस है। इसका स्थायी भाव 'वत्सलता' है। माता-पिता का अपनी संतान के प्रति जो प्रेम व स्नेह का भाव जागृत होता है, उसे वात्सल्य कहते हैं। यही वात्सल्य नामक स्थायी भाव जब विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के सहयोग से रस रूप में परिणत होता है, तो उसे 'वात्सल्य' रस कहते हैं।
जैसे– मैया मोरी दाऊ ने बहुत खिझायो।
मोसों कहत मोल की लीन्हो तु जसुमति कब जायो।

78. 'भाव जिसके हृदय में रहते हैं' उसे कहते हैं–

(a) आश्रय (b) आलंबन
(c) उद्दीपन (d) आलंबनजन्य उद्दीपन

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (a) भाव जिसके हृदय में जाग्रत होते हैं या रहते हैं, उसे 'आश्रय' कहते हैं; जबकि जिसे देखकर भाव पैदा होते हैं, वह 'आलम्बन' होता है। प्रकृति चित्रण, वातावरण इत्यादि जो भावों को तीव्र करते हैं, **'उद्दीपन'** होते हैं।

@RexstarPdf

22.

छन्द

1. परिभाषा

1. छंदों की गणना किससे की जाती है?

(a) शब्द और वर्ण
(b) धातु और स्वर
(c) वर्ण और मात्रा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : छंदों की गणना 'वर्ण और मात्रा' से की जाती है। अक्षरों की संख्या एवं क्रम, मात्रा गणना तथा यति-गति से संबद्ध विशिष्ट नियमों से नियोजित पद्यरचना छंद कहलाती है। वर्ण और मात्रा के विचार सें छंद के चार भेद होते हैं– (1) वर्णिक छंद (2) वर्णिक वृत्त (3) मात्रिक छंद (4) मुक्त छंद।

2. 'कमला' में कौन- सा गण-रूप है?

(a) जगण (b) रगण
(c) मगण (d) सगण

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'कमला' में 'सगण' (IIS) गण-रूप है। वर्णिक छंदों की गणना 'गण' के क्रमानुसार की जाती है। तीन वर्णों का एक गण होता है। गणों की कुल संख्या '8' होती है। **जैसे**- यगण, मगण, तगण, रगण, जगण, भगण, नगण, सगण। गणों को निम्न सूत्र से पहचाना जाता है। -यमाताराजभानसलगा'।
अतः 'कमला' में 'सगण गण-रूप है जिसमें दो लघु और एक गुरु वर्ण है।

3. छंद की दृष्टि से गणों की संख्या कितनी है?

(a) 9 (b) 4
(c) 8 (d) 16

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)
UPASI 25/11/2021 (Shift-II)

Ans. (c) : छंद की दृष्टि से गणों की संख्या 8 है। आठ गण इस प्रकार हैं। यगण, मगण, तगण, रगण, जगण, भगण, नगण, सगण।

4. अनुष्टुप है –

(a) एक छंद (b) एक अलंकार
(c) एक रस (d) एक गुण

UP TGT 2009

उत्तर. (a) छन्द 'छद्' धातु से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है - ऊपर छा जाना अथवा बंधन करना। इसीलिए पद्यबद्ध रचना छन्द के अंतर्गत आती है। जिसमें यह बंधन नहीं होता, वह गद्य रचना होती है। **अनुष्टुप छंद** वैदिक संस्कृत का एक प्रमुख छंद है। अन्य छंदों में गायत्री एवं जगती छंद प्रमुख हैं।

5. छप्पय में होते हैं –

(a) प्रथम चार चरण रोला के और अंतिम दो चरण उल्लाला के
(b) प्रथम दो चरण रोला के और अंतिम चार चरण उल्लला के
(c) प्रथम चार चरण चौपाई के और अंतिम दो चरण दोहा के
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Delhi K.V. PGT 2015
मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015
UP PGT 2002

उत्तर. (a) छप्पय विषम मात्रिक एवं संयुक्त छन्द है। इसमें कुल छः चरण होते हैं। प्रथम चार चरण रोला छंद के तथा अन्तिम या शेष चरण उल्लाला छंद के होते हैं।

2. चौपाई

6. इनमें से सोलह मात्राओं वाला छंद कौन-सा है?

(a) चौपाई (b) घनाक्षरी
(c) दोहा (d) रोला

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'चौपाई' सममात्रिक छंद के अंतर्गत आता है। इसमें 4 (चार) चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। पहले चरण की तुक दूसरे से तथा तीसरे चरण की तुक चौथे से मिलती है। प्रत्येक चरण के अंत में यति होता है।
उदाहरण- जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर।।

7. 'बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।।
अमिअ मूरियम चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू ।।' में कौन-सा छन्द है ?

(a) तोटक (b) छप्पय
(c) कुण्डलिया (d) चौपाई

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।।
अमिअ मूरियम चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू ।।'
उक्त पंक्तियों में 'चौपाई' छंद का प्रयोग हुआ है।
चौपाई छंद सममात्रिक छंद होते हैं। इसमें चार चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएं होती हैं। पहले चरण की दूसरे से तथा तीसरे चरण की चौथे से तुक बनती है। चरण के अंत में जगण और तगण का आना निषेध है।

@RexstarPdf

8. 'रामकथा सुन्दर करतारी, संसय विहग उड़ावन हारी' इस पंक्ति में कौन सा छन्द है?

(a) दोहा (b) सोरठा
(c) चौपाई (d) रोला

DSSSB LDC, 30/08/2015
MP Asst. Prof. Hindi, 2017

उत्तर. (c) : राम कथा सुन्दर करतारी।
संसय विहग उड़ावन हारी।।
उपर्युक्त पंक्ति में चौपाई छन्द है। चौपाई सममात्रिक छन्द है जिसमें चार चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। इस प्रकार पूरे छन्द में कुल 64 मात्राएँ होती हैं।
जैसे- मंगल भवन अमंगल हारी।
द्रवहु सुदशरथ अजिर बिहारी।।

9. जो मात्रिक सम छंद है। प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती है उसे कहते हैं :

(a) चौपाई (b) दोहा
(c) सोरठा (d) रोला

UASI 05/12/2021 (Shift-I)
UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift
UKPSC AE-2017
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा 2015
वनरक्षक परीक्षा-2015
UPTGT-2004

उत्तर : (a) चौपाई एक सम मात्रिक छंद है जिसमें चार चरण तथा प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं।
जैसे– विषई जीव पाई प्रभुताई।
मूढ़ मोह बस होहिं जनाई।
रोला– सममात्रिक छंद, 24 मात्राएँ (प्रत्येक चरण में)
दोहा– अर्द्धसम मात्रिक छंद, 13–11–13–11 मात्राएँ
सोरठा– अर्द्धसम मात्रिक छंद, 11–13–11–13 मात्राएँ

10. दामिनी दमक रह न घन मांही।
खल कै प्रीति जथा थिर नांही॥
इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है?

(a) सवैया (b) दोहा
(c) चौपाई (d) सोरठा

उत्तर : (c)
दामिनि दमक रह न घन मांही।
खल कै प्रीति जथा थिर नांही।।
उपर्युक्त पंक्ति में चौपाई छंद है। इसके प्रत्येक चरण में 16–16 मात्राएँ होती हैं तथा अंत में दो गुरु शुभ माने जाते हैं। यह एक सममात्रिक छंद है।

11. मंगल भवन अमंगल हारी
द्रवहु सुदशरथ अजिर बिहारी॥
इन पंक्तियों में किस छन्द का प्रयोग हुआ है?

(a) दोहा (b) चौपाई
(c) सोरठा (d) सवैया

UP TGT 2011

उत्तर. (b) "मंगल भवन अमंगल हारी
द्रवहु सुदशरथ अजिर बिहारी।"
इसमें **चौपाई छन्द** है। चौपाई एक सममात्रिक छन्द है। इसमें चार चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। सवैया एक वर्णिक छन्द है। वर्णिक वृत्तों में 22 से 26 अक्षर के चरण वाले जाति छन्द को सामूहिक रूप से हिन्दी में सवैया कहते हैं। सवैया के उदाहरण रसखान के काव्य में प्रचुर मात्रा में हैं-
मानुष हो तो वही रसखान,
बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन.....।

12. दी गई पंक्तियों में छंद बताइए।
सुन सिय सत्य असीस हमारी।
पूजहि मन कामना तुम्हारी॥

(a) चौपाई (b) दोहा
(c) सोरठा (d) बरवै

UP SI 2001

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्ति में चौपाई छन्द है। यह एक सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। चरण के अन्त में जगण (ISI) और तगण (SSI) का आना वर्जित है। यति प्रत्येक चरण के अन्त में होती है।

13. 'चौपाई' छंद का पूर्व रूप है :

(a) पद्धड़िया (b) पज्झटिका
(c) अरिल्ल (d) चौपई

UGC NET III[rd] Paper June. 2016

उत्तर. (d) चौपाई छंद का पूर्व रूप **चौपई** है। अपभ्रंश तथा अवहट्ठ में चौपाई को **चउपई** कहा जाता है। अपभ्रंश तथा अवहट्ट में चउपई (चौपाई) 15 मात्राओं का छन्द होता था जबकि आधुनिक चौपाई 16 मात्राओं का छन्द है तथा अरिल्ल (अडिल्ल) में सोलह (16) मात्राएँ एवं पद्धरि में भी सोलह (16) मात्राएँ होती हैं।

3. रोला

14. वह सम मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में 24-24 मात्रायें हों तथा प्रत्येक चरण में 11वीं एवं 13वीं मात्रा पर यति होती हो, कौन-सा छंद कहा जायेगा?

(a) रोला (b) सोरठा
(c) सवैया (d) कवित्त

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UP TGT 2009

उत्तर. (a) रोला सममात्रिक छंद है; जिसके प्रत्येक चरण में 24-24 मात्राएँ एवं 11 व 13 मात्रा पर यति होती है। प्रत्येक चरण के अंत में दो गुरु या दो लघु वर्ण होते हैं। दो-दो चरणों में तुक आवश्यक है।

4. हरिगीतिका

15. "अन्याय सहकर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म है, न्यायार्थ अपने बन्धु को भी, दण्ड देना धर्म है। इस तत्व पर ही कौरवों से, पाण्डवों का रण हुआ, जो भव्य भारतवर्ष के, कल्पान्त का कारण हुआ।" में कौन-सा छन्द है?

@RexstarPdf

(a) भुजंगप्रयात (b) हरिगीतिका
(c) मालिनी (d) शार्दुलविक्रीडित

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : हरिगीतिका छंद- हरिगीतिका चार चरणों वाला एक सममात्रिक छंद होता है, इसके प्रत्येक चरण में 16 व 12 मात्राओं पर यति तथा अंत में लघु तथा गुरु आना अनिवार्य है। प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ होती हैं। अधिकांशतः यह छंद ईश वंदना में प्रयोग किया जाता है।

16. हरिगीतिका छंद में कितनी मात्राएं होती हैं?

(a) 27 (b) 24
(c) 28 (d) 30

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) 'हरिगीतिका' एक मात्रिक समछन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ होती हैं। इसमें क्रमशः 16 एवं 12 मात्राओं पर यति तथा चरण के अन्त में लघु, गुरु आते हैं।

17. हम जो कुछ देख रहे हैं, सुन्दर है सत्य नहीं है।
यह दृश्य जगत भासित है, बिन कर्म शिवत्व नहीं है।।
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में निम्नलिखित में से कौन-सा छन्द है?

(a) चौदह-चौदह मात्राओं की यति से 28 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द
(b) दस-दस वर्णों की यति से 20 वर्णों वाला वर्णिक छन्द
(c) तेरह-तेरह मात्राओं की यति से 26 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द
(d) पन्द्रह-पन्द्रह मात्राओं की यति से 30 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द

UP PGT 2005

उत्तर. (a) प्रस्तुत छन्द में 14-14 मात्राओं की यति से मात्रिक छन्द है अर्थात कुल 28 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द के अन्त में दीर्घ होता है। यहाँ हरि गीतिका छंद है।

।। ऽ ।। ऽ। । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ

हम जो कुछ देख रहे हैं, सुन्दर है सत्य नहीं है।

।। ऽऽ ।।। ऽ। । ऽ ।। ।ऽ ।।ऽ ।ऽ ऽ

यह दृश्य जगत भासित है, बिन कर्म शिवत्व नहीं है।

इस प्रकार यह सम मात्रिक छन्द है।

18. 'मंगल करनि, कलि मल हरनि, तुलसी कथा,
रघुनाथ की'। उपर्युक्त पंक्ति में कौन सा छंद है?

(a) चौपाई (b) हरिगीतिका
(c) रोला (d) मालिनी

DIET PGT. 2014

उत्तर. (b) उपर्युक्त पंक्ति में हरिगीतिका छन्द है। हरिगीतिका सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ होती हैं, जबकि 'चौपाई' तथा 'रोला' सममात्रिक छन्द हैं। चौपाई के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ तथा रोला के प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती हैं। मालिनी वर्णिक छन्द है, इसके प्रत्येक चरण में 15 वर्ण होते हैं।

19. 'कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।'
इस पंक्तियों में कौन सा छन्द है?

(a) रोला (b) हरिगीतिका
(c) सोरठ (d) बरवै

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (b) 'कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।'
इन पंक्तियों में हरिगीतिका छन्द है। हरिगीतिका छन्द के प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ होती हैं। सोरठा में चार चरण होते हैं तथा इसके पहले तथा तीसरे में 11-11 मात्राएँ एवं दूसरे तथा चौथे में 13-13 मात्राएँ होती हैं।

5. बरवै

20. अवधी का निजी छंद है –

(a) बरवै (b) कवित्त
(c) रोला (d) छप्पय

UP TGT 2004

उत्तर. (a) अवधी का निजी छंद **बरवै** है। बरवै अर्द्धसममात्रिक छंद है इसमें चार चरण होते हैं, इसके विषम चरणों (पहला तथा तीसरा) में 12-12 मात्राएँ तथा सम चरणों (दूसरा तथा चौथा) में 7-7 मात्राएँ होती हैं।

21. जिस छन्द के प्रथम तथा तृतीय चरण में 12-12 मात्राएँ एवं द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में 7-7 मात्राएं होती हैं, साथ ही सम चरणों के अन्त में जगण (। ऽ ।) होता है, वह छन्द है –

(a) मालिनी (b) बरवै
(c) रोला (d) इन्द्रवज्रा

GIC PGT 2012
UP TGT 2005

उत्तर. (b) बरवै मात्रिक छंद है। इसके विषम चरणों अर्थात् प्रथम एवं तृतीय में 12-12 मात्रायें तथा सम चरणों अर्थात् दूसरे और चौथे चरणों में 7-7 मात्राएँ होती हैं। मालिनी छन्द के प्रत्येक चरण में 15 वर्ण होते हैं तथा यह वार्णिक छन्द है।

22. 'अवधि-शिला का उर पर, था गुरु भार।
तिल-तिल काट रही थी, दृग जल धार।।'
इस उद्धरण में प्रयुक्त छन्द है

(a) 'दोहा' (b) 'सोरठा'
(c) 'बरवै' (d) 'गीतिका'

UP TGT 2021
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
GIC. PGT 2015

उत्तर. (c) उपर्युक्त उद्धरण में प्रयुक्त **बरवै** छन्द है। बरवै अर्धसममात्रिक छन्द है। इस छन्द के विषम चरणों (पहला और तीसरा) में 12-12 और सम चरणों (दूसरे और चौथे) में 7-7 मात्राएँ होती हैं। सम चरणों के अन्त में जगण या तगण आने से इस छन्द में मिठास बढ़ती है। यति प्रत्येक चरण के अन्त में होती है।

6. दोहा

23. इनमें से अर्ध सम मात्रिक जाति का छंद कौन-सा है?

(a) कुण्डलियाँ (b) दोहा
(c) रोला (d) चौपाई

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) दोहा, अर्द्ध सममात्रिक छंद है। इसमें चार चरण होते हैं। इसके विषम चरण प्रथम एवं तृतीय में 13-13 मात्राएं एवं सम चरणों द्वितीय एवं चतुर्थ में 11-11 मात्राएँ होती हैं।

जैसे- मुरली वाले मोहना, मुरली नेक बजाय।
तेरी मुरली मन हरे, घर अँगना न सुहाय।।

छंद के दो भेद हैं-

वर्णिक	मात्रिक
सवैया	चौपाई
द्रष्टव्य	रोला
मनहरण कवित्त	हरिगीतिका
द्रुतविंलवित	बरवै
मालिनी	दोहा
मंदाक्रांता	सोरठा

24. रहिमन चुप ह्वै बैठिये देखि दिनन के फेर।
जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहैं बेर॥
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा छंद है?

(a) दोहा (b) सोरठा
(c) रोला (d) चौपाई

DSSSB LDC, 30/08/2015
UP TGT 2009

उत्तर. (a) उपर्युक्त पंक्तियों में दोहा नामक अर्द्धसम मात्रिक छंद है जिसके प्रथम चरण एवं तृतीय चरण में 13-13 मात्राएं एवं द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएं होती हैं।

25. ''श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुरु सुधार।
बरनौ रघुवर विमल जस, जो दायक फल चारि॥''
में छन्द है–

(a) दोहा (b) सोरठा
(c) रोला (d) बरवै

UP SI 2001

उत्तर : (a) 'श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार।
बरनऊँ रघुवर विमल जसु, जो दायक फल चारि।।'
में **दोहा छन्द** है। इसके प्रथम और तृतीय चरण में 13-13 मात्राएँ और द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं। 'सोरठा' दोहा का उल्टा होता है अर्थात् इसके प्रथम व तृतीय चरण में 11-11 तथा द्वितीय व चतुर्थ चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं। बरवै अवधी का छन्द हैं जिसमें 12 व 7 मात्रा पर यति होती है। रोला 24 मात्राओं का मात्रिक सम छंद है।

26. दोहा छंद में कितने चरण होते हैं?

(a) दो (b) छह
(c) तीन (d) चार

UPP Constable, 2017

उत्तर : (d) दोहा छन्द में चार चरण होते हैं। यह अर्द्धसम मात्रिक छन्द है। इस छन्द के प्रथम और तृतीय चरणों में 13–13 मात्राएँ और द्वितीय और चतुर्थ चरणों में 11-11 मात्राएँ होती हैं।

जैसे- श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुरु सुधार।
बरनौ रघुवर बिमल जसु, जो दायकु फल चारि।।

27. 'दोहा' के प्रथम चरण में कितनी मात्राएं होती हैं?

(a) 11 (b) 12
(c) 13 (d) 14

UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift

उत्तर: (c) दोहा एक अर्द्ध सम मात्रिक छन्द है। इसके प्रथम और तृतीय चरण में 13–13 मात्राएँ तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में 11–11 मात्राएँ होती हैं। जैसे–

मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।
जा तन की झाईं परे, स्याम हरित दुति होइ।।

28. निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कौ मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान कै, मिटै न हिय कौ शूल॥
इन पंक्तियों में कौन सा छन्द है?

(a) दोहा (b) रोला
(c) चौपाई (d) वरवै

UP SI 2001
UP TGT 2011

उत्तर. (a) ''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय कौ शूल।।''
इस पंक्ति में दोहा छन्द है। यह मात्रिक छन्द है। इसके चार चरण होते हैं। प्रथम एवं तृतीय चरण में 13-13 तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं। बरवै अर्द्ध सममात्रिक छन्द है। इसके विषम चरणों में 12-12 तथा सम चरणों में 7-7 मात्राएँ होती हैं। बरवै का उदाहरण निम्नलिखित है-

चम्पक हरवा अंग मिलि, अधिक सुहाय।
जानि परै सिय हियरे, जब कुम्हलाय।।

29. मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाँई परै, स्याम हरित दुति होय॥
- उपर्युक्त में निम्नलिखित में से कौन सा छंद है?

(a) गीतिका (b) सवैया
(c) सोरठा (d) दोहा

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : उपर्युक्त पंक्ति में 'दोहा छंद' है। दोहा अर्ध सममात्रिक छंद है। इसमें चार चरण होते हैं, जिनमें (13, 11, 13, 11 मात्राएँ) विषम चरणों में 13 और समचरणों में 11 मात्राएँ होती हैं। जबकि सवैया छंद चार चरणों का है, यह 22 वर्णों से 26 वर्णों तक कई प्रकार का होता है। सोरठा चार चरणों का मात्रिक छंद है। इसमें 11,13,11,13 मात्राओं का क्रम होता है। यह दोहे के विपरीत होता है।

30. 'दोहा' छंद की प्रत्येक पंक्ति में कितनी मात्राएँ हैं?

(a) 16 (b) 12
(c) 24 (d) 28

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : 'दोहा' छंद की प्रत्येक पंक्ति में 24 मात्राएँ होती हैं। इस छंद के विषम चरणों (प्रथम और तृतीय) में 13 मात्राएँ और सम चरणों (द्वितीय और चतुर्थ) में 11 मात्राएँ होती हैं। यति चरण के अन्त में होती है। **जैसे-**

श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुरु सुधार।
बरनौ रघुवर विमल जसु, जो दायक फल चारि।।

28 मात्राएँ 'हरिगीतिका' छंद में होती हैं तथा बरवै छन्द में 12, 7 के योग से 19 मात्राएं एवं चौपाई छन्द में 16 मात्राएँ होती हैं।

@RexstarPdf

7. सोरठा

31. 'सुनि केवट के बैन, प्रेम लपेटे अटपटे। बिहसे करुणाऐन चितई जानकी लखन तन ।।'' में कौन-सा छन्द है?

(a) छप्पय (b) सोरठा
(c) गीतिका (d) उल्लाला

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : यह सोरठा छन्द है। सोरठा एक मात्रिक छन्द है। यह दोहा का उल्टा होता है। इसके विषम चरणों में 11–11 मात्राएँ और सम चरणों में 13–13 मात्राएँ होती हैं। विषम चरणों के अन्त में एक गुरु और एक लघु मात्रा होती है।
जैसे– ''सुनि केवट के बैन प्रेम लपेटे अटपटे बिहले
करुणाऐन चितई जानकी लखन तन ।।''

32. 'सोरठा' के प्रथम चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं?

(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

UP TGT 2004

उत्तर. (b) सोरठा एक अर्द्ध सम मात्रिक छंद है। इसके पहले एवं तीसरे चरण में 11-11 मात्राएँ तथा दूसरे एवं चौथे चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं। यह दोहे का उल्टा होता है। **उदाहरण-**
जो सुमिरत सिधि होय, गननायक करिवर बदन।
करहु अनुग्रह सोय, बुद्धि रासि सुभ गुन सदन।।

33. ''जिहि सुमिरत सिधि होइ। गननायक करिवर बदन। करहु अनुग्रह सोइ। बुद्धि राशि सुभ गुन सदन।।'' उपर्युक्त पंक्तियों में छन्द है –

(a) दोहा (b) सोरठा
(c) बरवै (d) रोला

UP PGT 2000

उत्तर. (b) उपर्युक्त पंक्तियाँ कविता-कानन केसरी, कवि कुल कलाधार, सन्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा विरचित प्रसिद्ध महाकाव्य 'रामचरितमानस' से उद्धृत हैं। यह पंक्तियाँ सोरठा छन्द में निबद्ध हैं। सोरठा छन्द 'दोहे' के विपरीत होता है। इसके पहले और तीसरे चरण में 11-11 मात्राएं होती हैं तथा दूसरे और चौथे चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं।

34. मात्रा-क्रम की दृष्टि से दोहा के ठीक विपरीत पड़ने वाले छंद का नाम है :

(a) रोला (b) चौपाई
(c) सोरठा (d) हरिगीतिका

म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षा भर्ती परीक्षा - 2018
UP TGT 2001
UP PGT 2001
UP TGT 2004

उत्तर. (c) मात्रा क्रम की दृष्टि से 'दोहा' के ठीक विपरीत पड़ने वाला छन्द सोरठा है। दोहा **अर्द्धसम मात्रिक** छन्द है। इसके विषम चरणों (प्रथम और तृतीय) में 13-13 मात्राएँ तथा सम चरणों (द्वितीय और चतुर्थ) में 11-11 मात्राएँ होती हैं। दोहा छंद के ठीक विपरीत सोरठा छंद में विषम चरणों (प्रथम और तृतीय) में 11-11 तथा सम (द्वितीय एवं चतुर्थ) में 13-13 मात्राएँ होती हैं। इस प्रकार दोहा तथा सोरठा दोनों में कुल 48-48 मात्राएँ होती हैं। चौपाई के चार चरणों में प्रत्येक में 16 मात्राएँ (कुल-64) होती हैं। मात्रिक सम छंद रोला के दो चरणों में से प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ (कुल 24+24=48) होती हैं। मात्रिक सम छंद हरिगीतिका के दो चरणों में से प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ (कुल 28+28=56) होती हैं।

8. कुंडलिया

35. कुण्डलिया छंद किन दो छंदों के योग से बनता है?

(a) दोहा-रोला
(b) रोला-उल्लास
(c) दोहा-सोरठा
(d) दोहा-उल्लास

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : कुंडलिया छंद 'दोहा एवं रोला' के संयोग से बनता है। इस छंद के 6 चरण होते है। प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती हैं। कुंडलिया छंद का प्रारंभ जिस शब्द या शब्द - समूह से होता है, छंद का अंत भी उसी शब्द या शब्द समूह से होता है।
उदाहरण - सावन बरसा जोर से, प्रमुदित हुआ किसान।
लगा रोपने खेत में, आशाओं के धान।
आशाओं के धान, मधुर स्वर कोयल बोले।
लिए प्रेम-सन्देश, मेघ सावन के डोले।
ठकुरेला कविराय, लगा सबको मनभावन।
मन में भरे उमंग, झूमता गाता सावन

36. किस छंद का प्रथम व अंतिम शब्द एक-सा होता है?

(a) कुंडलियाँ (b) रोला
(c) दोहा (d) सोरठा

Delhi K.V. PGT 2015
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर. (a) कुंडलियाँ छंद का प्रथम व अंतिम शब्द एक सा होता है। इसमें कुल 6 चरण होते है, जिसमें दो चरण दोहा के और शेष चार चरण रोला के होते हैं। रोला छन्द में चार चरण होते हैं। प्रत्येक चरण में 11-13 के विराम से 24 मात्राएँ होती हैं। दोहा छन्द **अर्द्धसम मात्रिक** छन्द है। इसके प्रथम, तीसरे चरण में 13-13 मात्राएँ तथा दूसरे, चौथे चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं। सोरठा छन्द दोहे का उल्टा होता है। इसके प्रथम, तीसरे चरण में 11-11 तथा दूसरे, चौथे चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं।

37. कुंडलियाँ छंद में कितने चरण होते हैं?

(a) दस (b) छह
(c) तीन (d) चार

UP SI 2001
UP SI 13/11/2021 (Shift -I)

उत्तर. (b) : कुंडलियाँ में छह (6) चरण होते हैं कुंडलियाँ विषम मात्रिक संयुक्त छन्द है। जो दोहा और रोला छन्दों को मिलाने से बनता है। इस छंद के प्रथम चरण की रचना दोहे से और अंतिम चरण की रचना रोला में होती है।

@RexstarPdf

9. सवैया

38. इनमें से कौन-सा छंद वर्णिक है?

(a) सोरठा (b) सवैया
(c) बरवै (d) छप्पय

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UP TGT 2013

उत्तर : (b) : जिन छंदों की रचना वर्णों की गणना के आधार पर होती है, उसे वर्णिक छंद कहते हैं। 'सवैया' छंद वर्णिक छंद के अंतर्गत आता है।

39. 'या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँपुर को तजि डारौ।' में प्रयुक्त छन्द है–

(a) कवित्त (b) सवैया
(c) बरवै (d) दोहा

UP PGT 2003

उत्तर. (b) 'या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँपुर को तजि डारौं' में प्रयुक्त छंद सवैया है।

सवैया छंद – सवैया एक समवृत्त वर्णिक छन्द है जिसके एक चरण में 22 से लेकर 26 तक अक्षर होते हैं।

दोहा छंद – दोहा मात्रिक समवृत्त छंद है जिसके विषम चरणों (प्रथम एवं तृतीय) में 13-13 मात्राएँ तथा समचरणों (द्वितीय एवं चतुर्थ) में 11-11 मात्राएँ होती हैं।

बरवै छंद – बरवै भी मात्रिक अर्द्धसम छंद है जिसके विषम चरणों में 12-12 तथा सम चरणों में 7-7 मात्राएँ होती हैं।

10. गीतिका

40. किस छन्द में 26 मात्राएँ होती हैं तथा 14–12 पर यति होती है?

(a) वीर (b) सोरठा
(c) गीतिका (d) छप्पय

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : गीतिका एक सम मात्रिक छंद है। इसके प्रत्येक पंक्ति में 26 मात्राएँ होती हैं तथा प्रत्येक पद में 14-12 या 12-14 मात्राओं की संख्या यति के अनुसार होती है। पदांत में लघु-गुरु वर्ण होना चाहिए।

उदाहरण–

हे! प्रभो आनंददाता, ज्ञान हमको दीजिए
शीघ्र सारे दुर्गुणों से, दूर हमको कीजिए
लीजिए हमको शरण में, हम सदाचारी बनें
ब्रह्मचारी धर्म रक्षक, वीर व्रतधारी बनें.....

11. घनाक्षरी

41. घनाक्षरी छन्द है :

(a) मात्रिक (b) वर्णिक
(c) आक्षरिक (d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2005
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर. (b) घनाक्षरी या कवित्त छंद वर्णिक छन्द का एक रूप है। घनाक्षरी छंद में 31 वर्णों का एक चरण होता है और 16-15 वर्णों पर प्रधान यति तथा समस्त चरण में (8, 8, 8 - 7) वर्णों पर साधारण यति होती है।

12. मंदाक्रान्ता

42. निम्नलिखित में से मात्रिक छंद कौन-सा नहीं है?

(a) मन्दाक्रान्ता (b) हरिगीतिका
(c) रोला (d) दोहा

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : मन्दाक्रान्ता मात्रिक छन्द नहीं है, बल्कि मन्दाक्रान्ता 17 वर्णों वाला वर्णिक छन्द है; जबकि हरिगीतिका (28 मात्राएँ), रोला (24 मात्राएँ) तथा दोहा (13 + 11 = 24 मात्राएँ) तीनों मात्रिक छन्द हैं।

13. अन्य

43. 'द्रुतविलंबित' मे गणों का क्रम क्या होता है?

(a) रगण, नगण, भगण, भगण
(b) नगण भगण रगाण भगण
(c) नगण, भगण, भगण रगण
(d) भगण, नगण, रगण भगण

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'द्रुतविलम्बित' वर्णिक छंद के अंतर्गत आता है। इसके प्रत्येक चरण में नगण, भगण, भगण, रगण के क्रम में कुल 12 वर्ण होते हैं।

44. आल्हा छंद में कितनी मात्राएं होती हैं?

(a) 29 (b) 30
(c) 31 (d) 27

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : आल्हा छंद में 31 मात्राएं होती हैं। यह सममात्रिक छंद है। इसमें कुल चार चरण होते हैं। इसे वीर छंद भी कहते हैं।
उदा0-बारह बरिस लै कुक्कर जीऐं, औ तेरह लौ जियें सियार।
बरिस अठारह छत्री जिये, आगे जीवन को धिक्कार।।

45. इनमें से कवित्त छंद का भेद कौन-सा नहीं है?

(a) देवघनाक्षरी (b) मनहरण
(c) रूपघनाक्षरी (d) मत्तगयन्द

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'मत्तगयन्द' कवित्त छंद का भेद नहीं है। मत्तगयंद सवैया समवर्ण वृत्त या वर्णिक छन्द है। इसमें 23 वर्ण होते हैं। 'देवघनाक्षरी' मनहरण, रूपघनाक्षरी कवित्तछन्द के भेद हैं।

46. वसंततिलका का दूसरा नाम क्या है?

(a) सिंहोन्नता (b) चंद्रकला
(c) सुंदरी (d) चंद्रमुखी

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : वसंततिलका का दूसरा नाम 'सिंहोन्नता' है। वसंततिलका छंद में 14 वर्ण होते हैं। यह सम वर्ण वृत्त छन्द है। तगण, भगण, जगण, जगण और दो गुरुओं के क्रम से इसका प्रत्येक चरण बनता है। पद्य में इसका लक्षण इस प्रकार है– उक्ता बसन्ततिलका तभजाः जगौगः।

@RexstarPdf

47. ''बात बड़ी सरस थे कहते बिहारी, छोटे बड़े सकल का हित चाहते थे। अत्यंत प्यार सँग थे मिलते सबों से, वे थे सहायक बड़े दुःख के दिनों के।'' में कौन-सा छन्द है?

(a) वसंततिलका (b) मंदाक्रांता
(c) सवैया (d) बरवै

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : ''बात बड़ी सरस थे कहते बिहारी, छोटे बड़े सकल का हित चाहते थे। अत्यंत प्यार सँग थे मिलते सबों से, वे थे सहायक बड़े दुःख के दिनों के'' में वसंततिलका छंद है। यह एक सम वर्णिक छंद है इसके प्रत्येक चरण में 1 तगण, 1 भगण, 2 जगण, तथा दो गुरु क्रम में कुल 14 वर्ण होते हैं।

48. ''साँप!''
तुम सभ्य तो हुए नहीं,
नगर में बसना
भी तुम्हें नहीं आया।
एक बात पूछूँ (उत्तर दोगे?)
तब कैसे सीखा डसना
विष कहाँ पाया?''
उपर्युक्त कविता में कौन-सा छन्द है?

(a) मुक्तक छन्द (b) सोरठा
(c) सवैया (d) कवित्त छन्द

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) दी गई कविता में मुक्तक छंद है, यह कविता अज्ञेय की है। चरणों की अनियमितता, स्वछंद गति और भावानुकूल यतिविधान ही मुक्तक छंद की विशेषता है। इसका कोई नियम नहीं होता है।
उदाहरण– वह तोड़ती पत्थर,
देखा मैने उसे
इलाहाबाद के पथ पर (मुक्तक छन्द)

49. ''मैं जो नया ग्रंथ विलोकता हूँ। भाता मुझे जो नव मित्र सा है।। देखू उसे मैं नित सार बाला। मानो मिला मित्र मुझे पुराना।।'' में कौन-सा छन्द है?

(a) इंद्रवज्रा (b) बरवै
(c) हरिगीतिका (d) कुण्डलिया

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : ''मैं जो नया ग्रंथ विलोकता हूँ।
भाता मुझे जो नव मित्र सा है।।
देखूँ उसे मैं नित सार बाला।
मानो मिला मित्र मुझे पुराना।।''
इस पंक्ति में 'इन्द्रवज्रा' छंद है। यह एक सम वर्ण वृत्त छंद है। प्रत्येक चरण में 11-11 वर्ण होते हैं।

50. ''दिनान्त था, थे दिननाथ डूबते, सधेनु आते गृह ग्वाल बाल थे। दिगंत में गो रज थी समुत्थिता, विषाण नाना बजते सवेणु थे।'' में कौन-सा छन्द है?

(a) सोरठा (b) वंशस्थ
(c) भुजंगप्रयात (d) दोहा

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) ''दिनान्त था, थे दिननाथ डूबते,
सधेनु आते गृह ग्वाल बाल थे।
दिगंत में गो रज थी समुत्थिता,
विषाण नाना बजते सवेणु थे।''
उपर्युक्त पंक्ति में 'वंशस्थ' छंद है। वंशस्थ छंद 'वर्णिक छंद' के अंतर्गत आता है। इसमें प्रत्येक चरण में जगण, तगण, जगण, रगण के क्रम में कुल '12 वर्ण' होते हैं।

51. ''हे शरणदायिनी देवी! तू करती सबका त्राण है। तू मातृभूमि, संतान हमें, तू जननी, तू प्राण है।'' में कौन-सा छन्द है?

(a) उल्लाला (b) इंद्रवज्रा
(c) रोला (d) वसंततिलका

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : ''हे शरणदायिनी देवी! तू करती सबका त्राण है।
तू मातृभूमि, संतान हम, तू जननी, तू प्राण है।''
उक्त पंक्ति में 'उल्लाला' छंद है। इस छंद में प्रथम और तृतीय चरण में 15 तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण में 13 मात्राएँ होती हैं।

52. 'छप्पय' किन दो छंदों का मिश्रण है?

(a) कुण्डलियां और दोहा (b) दोहा और रोला
(c) रोला और उल्लाला (d) सोरठा और दोहा

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'छप्पय' रोला एवं उल्लाला छंदो के मिश्रण से बनता है। यह विषम मात्रिक और संयुक्त छंद है। छप्पय छंद में 6 चरण होते हैं। प्रथम चार चरण रोला छंद के होते हैं और आखिरी दो चरण उल्लाला छंद के होते हैं।

53. ''बना लो जहाँ ही वहीं स्वर्ग होगा, स्वयंभूत थोड़ा कहीं स्वर्ग होगा। खलों को कहीं भी नहीं स्वर्ग होगा, भलों के लिए तो यहीं स्वर्ग होगा।' में कौन-सा छन्द है?

(a) मालिनी (b) भुजंगप्रयात
(c) उल्लाला (d) वसंततिलका

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'बना लो जहाँ ही वहीं स्वर्ग होगा, स्वयंभूत थोड़ा कहीं स्वर्ग होगा। खलों को कहीं भी नहीं स्वर्ग होगा, भलों के लिए तो यहीं स्वर्ग होगा।।' उक्त पंक्तियों में 'भुंजगप्रयात' छंद है। यह एक वर्णिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में कुल 12 वर्ण होते हैं।

54. प्रथम और तीसरे चरणों को क्या कहा जाता है?

(a) विषम चरण (b) सम चरण
(c) सम और विषम चरण दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : छंद के प्रथम और तीसरे चरण को विषम चरण तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण को सम चरण कहा जाता है। छंद को पढ़ते समय ठहराव को 'यति' कहते हैं छंद में पदों के अंत में अक्षरों के परस्पर समानता को 'तुक' कहा जाता है।

@RexstarPdf

55. 'सरसी' छन्द में होती है –

(a) 27 मात्राएँ, 16, 11 पर यति, अंत में लघु – गुरु
(b) 28 मात्राएँ 16, 12 पर यति, अंत में लघु – गुरु
(c) 28 मात्राएँ, 16, 12 पर यति, अंत में गुरु – लघु
(d) 27 मात्राएँ, 16, 11 पर यति, अंत में गुरु – लघु

UP PGT 2000

उत्तर. (d) सरसी छन्द के प्रत्येक चरण में 27 मात्राएँ होती हैं। इसमें 16 और 11 मात्राओं पर यति होती है और अन्त में गुरु लघु होता है। पहली 16 मात्राओं की लय चौपाई की तरह और शेष 11 मात्राओं की लय दोहे के दूसरे चरण की तरह होती हैं।

उदाहरण–

अंशुमालि के शुभागमन की, बेला समझ समीप।
नभ में बुझा चुके थे सुर भी, अपने घर के दीप।।

56. इनमें से कौन-सी छन्दशास्त्र की प्रथम पुस्तक है?

(a) काव्य प्रकाश (b) छन्द सूत्र
(c) रसिक प्रिया (d) छन्द प्रभाकर

Delhi K.V. PGT. 2015

उत्तर. (b) आचार्य पिङ्गल द्वारा रचित 'छंद सूत्र' (छंदशास्त्र) सबसे प्राचीन उपलब्ध ग्रंथ है, इस शास्त्र को पिंगल शास्त्र भी कहा जाता है।

57. मात्रिक छन्दों में मात्रा कितने प्रकार की होती हैं?

(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) पाँच

KVS. PGT. 2014

उत्तर. (b) मात्रिक छन्दों में मात्रा दो प्रकार की होती है–(a) ह्रस्व (b) दीर्घ। मात्रा के सन्दर्भ में ह्रस्व को लघु तथा दीर्घ को गुरु मात्रा कहते हैं। निम्नलिखित मात्रिक छन्द हैं- दोहा, सोरठा, चौपाई, बरवै, रोला, उल्लाला, कुण्डलियाँ, छप्पय आदि।

58. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके छंदों के साथ सुमेलित कीजिए -

	सूची-I	सूची-II
(A)	जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहिं।	(i) सवैया
(B)	राम को रूप निहारत जानकी कंकन के नग की परछाहीं।	(ii) कवित्त
(C)	जानत है वह सिरजन हारा, जो कछु है मन मरम हमारा।	(iii) रूपमाला
(D)	अधर लगे हैं आनि करकै प्रयान-प्रान चाहत चलन ये सँदसो लै सुजान को।	(iv) दोहा
		(v) चौपाई (अर्द्धाली)

कोड-

	A	B	C	D
(a)	ii	iv	i	iii
(c)	iv	ii	iii	v

	A	B	C	D
(b)	v	iii	ii	i
(d)	iv	i	v	ii

UGC NET III[rd] Paper June, 2013

उत्तर. (d)

पंक्ति	छन्द
जब मैं था..... मैं नाहि	दोहा
राम को रूप .....की परिछाहीं	सवैया
जानत हैं वह .....मरम हमारा	चौपाई
अधर लगे हैं ..... सुजान को	कवित्त

59. 'अराति–सैन्य सिन्धु में सुबाडवाग्नि से जलो, प्रवीर हो जयी बनो, बढ़े चलो।' में कौन से गण हैं?

(a) जगण रगण जगण रगण जगण गुरु
(b) रगण जगण तगण तगण जगण गुरु
(c) रगण रगण जगण जगण मगण गुरु
(d) मगण भगण नगण तगण तगण गुरु

UP PGT 2000

उत्तर. (a) उपर्युक्त पंक्तियों में जगण, रगण, जगण, रगण, जगण गुरु नामक गण हैं। जगण में मध्य गुरु होता है। रगण में मध्य लघु होता है और अंत में गुरु होता है।

60. निम्नलिखित में से कौन-सा छंद प्रकार नहीं है?

(a) दृष्टांत (b) चौपाई
(c) दोहा (d) सोरठा

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर. (a) दृष्टांत' छंद का प्रकार नहीं है। 'चौपाई', 'दोहा', 'सोरठा', 'उल्लाला', 'कुण्डलियाँ', 'छप्पय', 'अहीर', 'रोला', 'आल्हा', 'हरिगीतिका', बरवै इत्यादि छंद के प्रकार हैं।

61. छंद पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं?

(a) गति (b) यति
(c) तुक (d) गण

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर. (b) छंद में नियमित वर्ण या मात्रा पर साँस लेने के लिए रुकना पड़ता है, इसी रुकने के स्थान को 'यति' कहा जाता है। छोटे छंदों में साधारणतया यति चरण के अन्त में होती है, लेकिन बड़े छंदों में एक ही चरण में एक से अधिक 'यति' या 'विराम' होते हैं।

62. 'छन्दशास्त्र' के प्रणेता आचार्य माने जाते हैं?

(a) पतंजलि (b) पिंगल
(c) पाणिनि (d) मनु

UP TGT 2011

उत्तर. (b) 'छन्दशास्त्र' पिंगल द्वारा रचित है। यह 'छन्द' का मूल ग्रन्थ है। यह 'सूत्रशैली' में लिखा गया है। छन्दशास्त्र में छन्दों की रचना पद्धति एवं छन्द सम्बन्धी गणना इत्यादि का वर्णन किया गया है। पाणिनि द्वारा रचित 'अष्टाध्यायी' व्याकरण ग्रन्थ है। मनु ने 'मनुस्मृति' की रचना की है जो हिन्दू धर्म का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्राचीन धर्मशास्त्र है।

63. निम्न में सम मात्रिक छंद का कौन-सा उदाहरण है?

(a) दोहा (b) सोरठा
(c) चौपाई (d) सभी

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर. (c) 'चौपाई' एक सम मात्रिक छंद है, जबकि 'दोहा' और 'सोरठा' **अर्द्धसम मात्रिक** छन्द है। जिन छन्दों के सभी चरण समान होते हैं, वे सम मात्रिक छंद कहलाते हैं। जैसे–चौपाई, रोला, हरिगीतिका तथा जिन छन्दों के कुछ चरण (पहला तथा तीसरा) एक समान होते हैं और अन्य (दूसरा तथा चौथा) कुछ उनसे भिन्न होते हैं, पर आपस में समान होते हैं। वे अर्द्धसम मात्रिक छंद कहलाते हैं, जैसे–दोहा, सोरठा तथा उल्लाला।

64. चरण में मात्राओं की संख्या (कम से अधिक) के आधार पर मात्रिक छंदों का सही अनुक्रम कौन सा है?

(a) पीयूषवर्धक- रोला- गीतिका- चौपाई
(b) रोला- गीतिका- चौपाई- पीयूषवर्धक
(c) गीतिका- चौपाई- पीयूषवर्धक-रोला
(d) चौपाई- पीयूषवर्धक- रोला- गीतिका

UGC NET II[nd] Paper Dec. 2013

उत्तर. (d) मात्राओं की संख्या के अनुसार छन्दों का सही क्रम है–

छन्द	चरण	मात्राओं की संख्या
चौपाई	चार	16
पीयूष वर्धक	चार	19
रोला	चार	24
गीतिका	चार	26

65. निम्न में कौन मात्रिक छन्द है?

(a) दोहा (b) चौपाई
(c) रोला (d) ये सभी

KVS. PGT. 2014
UP TGT 2011

उत्तर. (d) दोहा, चौपाई, रोला ये सभी मात्रिक छन्द हैं। वह व्यवस्था जिसके कारण काव्य में लयात्मकता आती है, छन्द कहलाती है। छन्द मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं - (a) वर्णिक, (b) मात्रिक। पुनः मात्रिक छन्द मुख्यतः निम्न प्रकार के होते हैं – (i) सम मात्रिक, (ii) विषम मात्रिक, (iii) अर्द्धसम मात्रिक।

(a) **दोहा-** कुल चार चरण, प्रथम व तृतीय चरण में 13-13 तथा द्वितीय व चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएँ।

(b) **रोला-** सम मात्रिक, इसके प्रत्येक चरण में 24 मात्राएं होती हैं। विषम चरणों में 11-11 तथा सम चरणों में 13-13 मात्राओं पर यति अधिक प्रचलित है। प्रत्येक चरण के अंत में दो गुरु या दो लघु वर्ण होते हैं। दो-दो चरणों में तुक आवश्यक है।

(c) **सोरठा-** दोहे का उल्टा।

(d) **चौपाई -** सम मात्रिक छन्द है इसमें कुल चार चरण होते हैं। प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ।

(5) कुण्डलियाँ- यह विषम मात्रिक छंद है। इसमें दो चरण 'दोहा' और चार चरण रोला के मिलकर 'कुण्डलियाँ' बनती हैं। जिसके छः चरण होते हैं। इसके प्रत्येक चरण में 24-24 मात्राएँ होती हैं। कुण्डलियाँ की शुरुआत जिस शब्द से होती है, उसी से उसका समापन भी होता है।

66. चरण में वर्णों की संख्या (कम से अधिक) के आधार पर इन वर्णिक छंदों का सही अनुक्रम कौन सा है?

(a) बसन्ततिलका -मन्दाक्रान्ता -शार्दूल विक्रीडित- इन्द्रवज्रा
(b) मन्दाक्रान्ता -शार्दूल विक्रीडित -इन्द्रव्रजा- बसन्ततिलका
(c) शार्दूल विक्रीडित -इन्द्रवज्रा- बसन्ततिलका- मन्दाक्रान्ता
(d) इन्द्रवज्रा- वसन्ततिलका- मन्दाक्रान्ता-शार्दूल विक्रीडित

UGC NET II[nd] Paper June. 2013

उत्तर. (d) चरणों में वर्णों की संख्या का क्रम- इन्द्रवज्रा (11वर्ण), बसन्ततिलका (14 वर्ण), मन्दाक्रांता (17 वर्ण), शार्दूलविक्रीडित (19वर्ण) है।

67. वर्णिक छन्दों में किसका विचार होता है?

(a) वर्ण का (b) मात्रा और वर्ण का
(c) मात्रा का (d) वर्ण की गुरुता का

UP PGT 2000

उत्तर. (a) वर्ण गणना के आधार पर रचा गया छन्द वर्णिक छन्द कहलाता है वर्ण और मात्रा के विचार से छन्द के चार भेद हैं – 1. मात्रिक छन्द, 2. वर्णिक छन्द, 3. वर्णिक वृत्त, 4. मुक्तक छन्द। वर्णिक छन्दों में केवल वर्ण का विचार होता है। इन छन्दों में वर्णों की संख्या और नियम का ध्यान रखा जाता है। **उदाहरणार्थ** - चाहे जो करो शरण्य शरण तिहारे हैं।

68. निम्नलिखित में से कौन सा वर्णिक छंद है?

(a) छप्पय (b) सोरठा
(c) उपेंद्रवज्रा (d) रोला

GIC. PGT 2012

उत्तर. (c) 'उपेन्द्रवज्रा' वर्णिक छंद है। इसके प्रत्येक चरण में 11 वर्ण होते हैं। अन्य वर्णिक छन्द हैं- इन्द्रवज्रा (11वर्ण), वसंततिलका (14वर्ण), मालिनी (15 वर्ण), द्रुतविलम्बित (12 वर्ण) जबकि छप्पय, सोरठा तथा रोला मात्रिक छंद हैं।

69. वर्णिक छन्दों में गण कितने प्रकार के होते हैं?

(a) चार (b) सात
(c) आठ (d) दस

KVS. PGT. 2014
आबकारी सिपाही परीक्षा 2015

उत्तर. (c) वर्णिक छन्दों में गण आठ प्रकार के होते हैं। मात्राओं और वर्णों की 'संख्या' और 'क्रम' की सुविधा के लिए तीन वर्णो का एक-एक गण मान लिया गया है। इन गणों के अनुसार मात्राओं का क्रम वर्णिक छन्दों में होता है, अतः इन्हें वर्णिक गण भी कहते हैं। गण में तीन वर्ण होते हैं जो इस प्रकार हैं-
यगण, मगण, तगण, रगण, जगण, भगण, नगण, सगण। इसका सूत्र है- 'यमाताराजभानसलगा'

70. छन्द का सर्वप्रथम उल्लेख कहाँ मिलता है?

(a) ऋग्वेद (b) यजुर्वेद
(c) सामवेद (d) उपनिषद

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) छन्द का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। मात्राओं के नियमित संख्या के विन्यास से यदि आह्लाद पैदा हो तो उसे छंद कहते हैं।

@RexstarPdf

23.

अलंकार

1. परिभाषा एवं भेद (शब्दालंकार एवं अर्थालंकार के संदर्भ में)

1. 'न कान्तामपिनिर्भूषंविभातिवनितामुखम्' अलंकार के संबंध में यह कथन किस आचार्य का है?

(a) भामह (b) दण्डी
(c) जयदेव (d) वामन

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'न कान्तामपिनिर्भूषंविभातिवनितामुखम्' अलंकार के सम्बंध में यह कथन आचार्य 'भामह' का है। आचार्य भामह को अलंकार सम्प्रदाय का जनक कहते हैं।

2. अलंकार के सन्दर्भ में इनमें से कौन-सा कथन सही है?

(a) तात्पर्यमात्र के भेद से शब्द और अर्थ दोनों की पुनरुक्ति को लाटानुप्रास कहते हैं।
(b) श्लिष्ट पदों में अनेक अर्थों का कथन श्लेष अलंकार है
(c) भिन्नार्थ अर्थात निरर्थक स्वर-व्यंजन समुदाय की आवृत्ति को यमक कहते हैं
(d) उपर्युक्त सभी

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में लाटानुप्रास, श्लेष एवं यमक अलंकार की परिभाषाएँ सही दी गयी हैं। अतः उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

3. अलंकार के सन्दर्भ में कौन-सा कथन गलत है?

(a) उपमा में सादृश्य की प्रधानता होती है और रूपक में तादात्म्य (अभेद) की।
(b) रूपक में उपमेय में उपमान का आरोप होता है, उत्प्रेक्षा में संभावना।
(c) यमक में केवल शब्दों की आवृत्ति होती है, लाटानुप्रास में शब्द और अर्थ दोनों की आवृत्ति होती है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) अलंकार के सन्दर्भ में दिये गये सभी कथन सही हैं। अतः विकल्प (d) सही है।

4. इनमें से कौन-सा कथन सही है?

(a) कारण के अभाव में कार्य की उत्पत्ति का वर्णन विभावना अलंकार है।
(b) प्रस्तुत और अप्रस्तुत दोनों का एक धर्म से संबंध दीपक अलंकार है।
(c) उपमेय में उपमान की संभावना उत्प्रेक्षा अलंकार है
(d) सभी

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (d) अलंकार संबंधी प्रश्नगत् दिये गये विकल्प में सभी कथन सही हैं।

5. 'पीपर पात सरिस मन डोला' में 'पीपर पात' क्या है?

(a) उपमान (b) उपमेय
(c) वाचक (d) साधारण धर्म

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) : 'पीपर पात सरिस मन डोला' में 'पीपर पात' उपमान (अप्रस्तुत) है जबकि 'मन' उपमेय (प्रस्तुत) है। सरिस वाचक शब्द है तथा डोला साधारण धर्म है।

6. 'काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।' इस उक्ति में प्रयुक्त 'धर्म' शब्द का क्या अर्थ है?

(a) मजहब (b) गुण
(c) सत्कर्म (d) कर्तव्य

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (b) : 'काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।' यहाँ 'धर्म' से आशय, गुण, तत्त्व, घटक या अवयव से है। इस उक्ति में प्रयुक्त 'धर्म' शब्द का अर्थ 'गुण' है।

7. अलंकार का शाब्दिक अर्थ होता है–

(a) वस्त्र (b) वर्ण
(c) आभूषण (d) विशिष्ट

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'अलंकार' का शाब्दिक अर्थ है 'आभूषण', जबकि 'वर्ण' भाषा की सबसे छोटी इकाई है इसके दो भेद हैं- (1) स्वर (2) व्यंजन।

8. अलंकारों की महत्ता के सम्बन्ध में इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) अलंकारों से काव्य-सौन्दर्य में वृद्धि होती है।
(b) अलंकारों के बिना काव्य-रचना संभव नहीं है।
(c) अलंकार काव्य-सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं।
(d) अलंकारों से काव्य में रोचकता और प्रभविष्णुता आती है।

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (c) अलंकारों की महत्ता के संबंध में यह कथन 'अलंकार काव्य सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं।' सही नहीं है; जबकि अलंकारों से काव्य सौन्दर्य में वृद्धि होती है, परन्तु यह काव्य सौन्दर्य उत्पन्न नहीं कर सकते।

9. भाषा में शब्द और अर्थ की दृष्टि से सौंदर्य उत्पन्न करते हैं-

(a) रस (b) अलंकार
(c) गुण (d) छंद

UPP Constable, 2017

उत्तर : (b) भाषा में शब्द और अर्थ की दृष्टि से सौंदर्य उत्पन्न करने वाले को अलंकार कहते हैं अर्थात् जो किसी काव्य को अलंकृत करे उसे अलंकार कहते हैं। अलंकार के मुख्यतः तीन भेद हैं-
1. शब्दालंकार, 2. अर्थालंकार, 3. उभयालंकार

@RexstarPdf

10. अलंकार के मुख्यतः भेद निम्न में से कौन-से माने जाते हैं?

(a) शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा उभयालंकार।
(b) शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा रसालंकार।
(c) शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा मिश्रालंकार।
(d) भावालंकार, मिश्रालंकार तथा उभयालंकार।

KVS PGT 2014
UPSI Batch-III 22 Dec. 2017

उत्तर. (a) : शब्दालंकार, अर्थालंकार, उभयालंकार अलंकार के भेद हैं। जहाँ अलंकारगत रमणीयता, शब्द प्रयोग पर आश्रित हो, वह 'शब्दालंकार' कहलाता है। अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति इत्यादि शब्दालंकार के भेद हैं। अर्थ को चमत्कृत या अलंकृत करने वाले 'अलंकार' अर्थालंकार हैं। उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अन्योक्ति, अतिशयोक्ति, उल्लेख, विरोधाभास इत्यादि अर्थालंकार के अन्तर्गत आते हैं। जो अलंकार शब्द और अर्थ दोनों पर आश्रित रहकर दोनों को चमत्कृत करते हैं, वे 'उभयालंकार' कहलाते हैं।

11. ..... बताते हैं कि यहाँ शब्दों में चमत्कार है तथा ..... बताते हैं यहाँ अर्थ में अद्भुत सौंदर्य है।

(a) यमक, शब्दालंकार (b) रूपक, उपमा
(c) शब्दालंकार, अर्थालंकार (d) अनुप्रास, श्लेष

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये रिक्त स्थानों पर क्रमशः शब्दालंकार और अर्थालंकार शब्द भरा जाएगा। अतः **पूर्ण वाक्य होगा**– 'शब्दालंकार बताते हैं कि यहाँ शब्दों में चमत्कार है तथा अर्थालंकार बताते हैं कि यहाँ अर्थ में अद्भुत सौन्दर्य है।'

12. अलंकारों के मुख्य भेद कितने हैं?

(a) पाँच (b) छः
(c) दस (d) दो

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (d) विकल्प के आधार पर अलंकार के मुख्यतः दो भेद होते हैं–
(1) शब्दालंकार-
(1) अनुप्रास (2) यमक (3) श्लेष (4) वक्रोक्ति (5) वीप्सा आदि।
(2) अर्थालंकार– (1) उपमा, (2) प्रतीप (3) संदेह (4) रूपक (5) उल्लेख (6) भ्रांतिमान (7) उत्प्रेक्षा (8) अन्योक्ति आदि।

13. जहाँ पर वर्णों की आवृत्ति बार-बार होती है वहाँ पर इनमें से क्या होता है?

(a) रस (b) छन्द
(c) अलंकार (d) समास

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (c) : जहाँ पर वर्णों की आवृत्ति बार-बार होती है वहाँ पर (अनुप्रास) अलंकार होता है। 'अलंकरोति इति अलंकारः अर्थात शोभाकारक पदादि को अलंकार कहते हैं।' जिस गुण के द्वारा उपमेय तथा उपमान में समानता स्थापित की जाए उसे उपमा अलंकार कहते हैं।

14. निम्नलिखित में 'साधारण धर्म' क्या है?
''कोमल कलाइयाँ कमल कुसुम सी, नयन मृग नयन से सुन्दर''

(a) कलाइयाँ (b) सी, से
(c) कोमल, सुन्दर (d) नयन, कमल

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर: (c) ''कोमल कलाइयाँ कमल कुसुम सी, नयन मृग नयन से सुन्दर'' में साधारण धर्म 'कोमल, सुन्दर' हैं।

उपमा अलंकार में एक वस्तु की समता दूसरी वस्तु से की जाती है। उपमा का अर्थ दो वस्तुओं को एक-दूसरे के समीप रखकर तौलना।

वस्तुओं की समता आकार, रंग, गुण के आधार पर की जाती है। उपमा के चार अंग होते हैं–

1. उपमेय– जिसकी तुलना की जाती है।

2. उपमान– जिससे तुलना की जाती है।

3. साधारण धर्म– जिस विशेषण की समानता के कारण तुलना की जाती है।

4. वाचक शब्द– जिस शब्द से तुलना प्रकट होती है। सा, सी, से, समान, सम, सदृश, ... आदि वाचक शब्द हैं।

जैसे–

मुख चन्द्र-सा सुन्दर है।

उपमेय–मुख	साधारण धर्म–सुन्दर
उपमान-चन्द्र	वाचक शब्द-सा

15. श्लेष अलंकार होता है –

(a) शब्दालंकार (b) अर्थालंकार
(c) उभयालंकार (d) उपर्युक्त सबसे अलग

UP PGT 2002

उत्तर : (a) अलंकार तीन प्रकार के होते हैं– (1) शब्दालंकार, (2) अर्थालंकार, (3) उभयालंकार। शब्दालंकार में शब्दों की लयात्मकता होती है, अर्थों की नहीं। श्लेष अलंकार 'शब्दालंकार' का भेद है।

16. अर्थालंकार की संख्या कितनी है?

(a) 45 (b) 48
(c) 50 (d) 51

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : अर्थालंकार की संख्या 45 है।

17. 'जहाँ उपमालंकार का सौन्दर्य अर्थ में निहित हो' वह कौन-सा अलंकार कहलाता है?

(a) शब्दालंकार (b) अर्थालंकार
(c) उभयालंकार (d) अलंकार

UPSI Batch-I 14 Dec. 2017
UPSI Batch-II 15 Dec. 2017
UPSI Batch-II 14 Dec. 2017

उत्तर : (b) जहाँ उपमालंकार का सौन्दर्य अर्थ में निहित हो, वहाँ 'अर्थालंकार' होता है। 'उपमा अलंकार' भी अर्थालंकार का ही एक भेद है। काव्य की शोभा बढ़ाने वाले शब्दों को 'अलंकार' कहते हैं। अलंकार काव्य को रमणीयता प्रदान करते हैं। इसके भेद हैं– (1) शब्दालंकार (2) अर्थालंकार

शब्दालंकार– जहाँ शब्दों के कारण कविता में सौन्दर्य या चमत्कार आ जाता है, वहाँ शब्दालंकार होता है।

अर्थालंकार– जहाँ अर्थ के कारण काव्य में रमणीयता आती है वहाँ अर्थालंकार हो जाता है।

उभयालंकार–जहाँ शब्द और अर्थ दोनों में ही विशेषता आ जाने से सौन्दर्य या चमत्कार उत्पन्न हो जाये वहाँ **'उभयालंकार'** होता है।

@RexstarPdf

18. ''सागर-सा गंभीर हृदय हो, गिरि-सा ऊँचा हो जिसका मन'' प्रस्तुत पंक्ति में साधारण धर्म कौन-सा है?

(a) मन (b) हृदय
(c) सागर और गिरि (d) गंभीर और ऊंचा

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : प्रस्तुत पंक्ति में उपमा अलंकार है। इसमें 'सागर और गिरि' उपमान, 'मन और हृदय' उपमेय, 'गंभीर और ऊँचा' साधारण धर्म तथा 'सा' वाचक शब्द हैं।

19. निम्नलिखित में ''साधारण धर्म'' क्या है?
''मखमल के झूले पड़े, हाथी-सा टीला''

(a) इसमें साधारण धर्म लुप्त है(b) टीला
(c) सा (d) हाथी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) ''मखमल के झूले पड़े, हाथी-सा टीला'' पंक्ति में ''टीला'' उपमेय, 'हाथी' उपमान, 'सा'' वाचक शब्द हैं, परन्तु यहाँ 'साधारण धर्म का लोप है'। अतः यहाँ लुप्तोपमा अलंकार है, जहाँ उपमा के चारों तत्वों (उपमेय, उपमान, वाचक व साधारण धर्म) में से एक या एक से अधिक का लोप हो, वहाँ लुप्तोपमा अलंकार होता है। **जैसे–** 'कुंद इंदु सम देह!'

शब्दालंकार

1. अनुप्रास

20. 'सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावै' में कौन सा अलंकार है?

(a) उपमा अलंकार (b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) अनुप्रास अलंकार

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'सेस महेश गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावै' में अनुप्रास अलंकार है।

अनुप्रास अलंकार :– वर्णों की आवृत्ति को अनुप्रास कहते हैं। आवृत्ति का अर्थ किसी वर्ण का एक से अधिक बार आना है।
जैसे– मुदित महीपति मंदिर आए।
सेवक सचिव सुमंत बुलाए।।
यहाँ पहले पद में 'म' वर्ण की आवृत्ति और दूसरे में 'स' वर्ण की आवृत्ति हुई है। अतः यहाँ अनुप्रास अलंकार है।

21. 'मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) रूपक अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) उपमा अलंकार (d) यमक अलंकार

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSI Batch-III 21 Dec. 2017
High Court Asst. Review Officer- 2021 (I)

उत्तर : (b) : मुदित महीपति मंदिर आए।
सेवक सचिव सुमंत बुलाए।
इस पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है।
'जहाँ वर्गों की बार-बार आवृति होने से चमत्कार उत्पन्न हो जाए, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।'

22. जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों के अंत में एक ही वर्ण और एक ही स्वर की आवृत्ति होती है तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) वृत्यानुप्रास अलंकार (b) छेकानुप्रास अलंकार
(c) श्रुत्यानुप्रास अलंकार (d) अंत्यानुप्रास अलंकार

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों के अंत में एक ही वर्ण और एक ही स्वर की आवृत्ति होती है तो वहाँ पर अंत्यानुप्रास अलंकार होता है। अनुप्रास अलंकार के पाँच भेद होते हैं-
(1) छेकानुप्रास (2) वृत्यानुप्रास (3) लाटानुप्रास (4) अंत्यानुप्रास (5) श्रुत्यानुप्रास अलंकार।

23. 'तुलसीदास सीदति निस दिन देखत तुम्हार निठुराई'- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) श्रुत्यानुप्रास अलंकार (b) अन्त्यानुप्रास अलंकार
(c) लाटानुप्रास अलंकार (d) वृत्यानुप्रास अलंकार

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : प्रस्तुत पंक्ति में श्रुत्यानुप्रास अलंकार है। क्योंकि इसमें त, द और न वर्णों की आवृत्ति हो रही है। जब किसी पद में एक ही उच्चारण स्थान वाले वर्णों की बार-बार आवृत्ति होती है तो वहाँ श्रुत्यानुप्रास अलंकार होता है यह सुनने में अत्यंत प्रिय लगता है।

24. जिन पंक्तियों में एक ही उच्चारण स्थान से उच्चरित होने वाले वर्णों की आवृत्ति होती है तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) लाटानुप्रास अलंकार (b) श्रुत्यानुप्रास अलंकार
(c) छेकानुप्रास अलंकार (d) वृत्यानुप्रास अलंकार

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : जिन पंक्तियों में एक ही उच्चारण स्थान से उच्चरित होने वाले वर्णों की आवृत्ति होती है तो वहाँ श्रुत्यानुप्रास अलंकार होता है।
जैसे- दिनान्त था, थे दीननाथ डूबते,
सधेनु आते गृह ग्वाल बाल थे ।
अनुप्रास शब्दालंकार का भेद है-
अनुप्रास अलंकार - वर्णों की आवृत्ति को अनुप्रास कहते हैं।
इसके निम्न भेद हैं-
(1) छेकानुप्रास (2) वृत्यानुप्रास (3) श्रुत्यानुप्रास
(4) लाटानुप्रास (5) अत्यानुप्रास

25. एक या अनेक वर्णों की पास-पास तथा क्रमानुसार आवृत्ति को कौन-सा अलंकार माना जाता है?

(a) अनुप्रास अलंकार (b) मानवीकरण अलंकार
(c) वक्रोक्ति अलंकार (d) श्लेष अलंकार

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPP Constable, 2017
UP PGT 2011

उत्तर : (a): अनुप्रास अलंकार – एक या अनेक वर्णों की पास-पास तथा क्रमानुसार आवृत्ति को ''अनुप्रास अलंकार'' माना जाता है।
अनुप्रास अलंकार मुख्यतया पाँच प्रकार के होते हैं। अंत्यानुप्रास, श्रुत्यानुप्रास, छेकानुप्रास, लाटानुप्रास, वृत्यानुप्रास।

@RexstarPdf

26. राम रमापति कर धनु लेहु– यहाँ कौन सा अलंकार है?

(a) यमक (b) श्लेष
(c) अनुप्रास (d) वक्रोक्ति

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'राम रमापति कर धनु लेहु' पंक्ति में 'अनुप्रास अलंकार' है। अनुप्रास दो शब्दों से मिलकर बना है। अनु + प्रास 'अनु' का अर्थ है– बार-बार तथा 'प्रास' का अर्थ 'वर्ण' होता है। अर्थात् 'किसी वर्ण के बार-बार आवृत्ति होने से जो चमत्कार उत्पन्न होता है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता हैं।'
उदाहरण– ''तरनि–तनूजा तट तमाल तरुवर बहुछाये।''

27. 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रहीं हैं जल-थल में' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) अन्योक्ति (d) अनुप्रास

[UKPSC AE 2012]
UPSI 2017 (Shift-III)

उत्तर. (d) : 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रहीं हैं जल-थल में' इस पंक्ति में **अनुप्रास अलंकार** है। जहाँ किसी पंक्ति के शब्दों में एक ही वर्ण एक से अधिक बार आता है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। **जैसे** -चारु चन्द्र की चंचल किरणें। यहाँ 'च' वर्ण की आवृत्ति एक से अधिक बार हुई है।
जैसे- सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनो नीलमनि सैल पर, आतप पर्‌यो प्रभात।
प्रस्तुत उदाहरण में स वर्ण की आवृत्ति बार-बार हुई है।
यह उदाहरण उत्प्रेक्षा अलंकार का भी है।
अन्योक्ति - जब अप्रस्तुत के वर्णन द्वारा प्रस्तुत का बोध कराया जाता है तो उसे अन्योक्ति अलंकार कहते हैं। **जैसे-**
नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहि काल।
अली कली ही सों बिध्यों, आगे कौन हवाल।।

28. कूलन में केलि में कछारन में कुंजन में क्यारिन में कलित कलीन किलकंत है।
इस काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास (b) रूपक (c) यमक (d) श्लेष

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : प्रश्नोक्त पंक्ति में 'अनुप्रास' अलंकार है। इसमें 'क' वर्ण की आवृत्ति हुई है।

29. अनुप्रास अलंकार क्या है?

(a) व्यंजन वर्ण की आवृत्ति
(b) व्यंजन वर्ण की आवृत्ति एक भी बार न हो
(c) प्रस्तुत के माध्यम से अप्रस्तुत का वर्णन
(d) एक शब्द की अधिक बार

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : अनुप्रास अलंकार में वर्णों की आवृत्ति होती है।
उदारहण- मधुर मधुर मुस्कान मनोहर, मनुज देश का उजियाला।
उपर्युक्त उदाहरण में 'म' वर्ण की आवृत्ति हो रही है।

30. 'सो सुख सुजस सुलभ मोहि स्वामी' में कौन-सा अलंकार है?

(a) उत्प्रेक्षा (b) रूपक
(c) अनुप्रास (d) व्यतिरेक

UP TGT 2002
एडिसनल प्राइवेट सेक्रेटरी - 2021

उत्तर : (c) समान वर्णों की दो या दो से अधिक बार आवृत्ति होने पर 'अनुप्रास अलंकार' होता है। प्रश्न में दी गई पंक्ति में 'स' वर्ण की आवृत्ति तीन बार हुई है, अतः यहाँ अनुप्रास अलंकार का विधान हुआ।

31. इनमें से जो अनुप्रास अलंकार का लक्षण न हो, उसे छाँटिए:

(a) शब्द के प्रारम्भ अथवा अन्त में वर्णों की आवृत्ति
(b) एक या अनेक वर्णों की क्रमानुसार आवृत्ति
(c) पंक्ति की सम्पूर्णतया आवृत्ति
(d) एक ही उच्चारण स्थान से बोले जाने वाले वर्णों की आवृत्ति

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (c) पंक्ति की संपूर्णतया आवृत्ति अनुप्रास अलंकार का लक्षण नहीं है, जबकि दिए गये अन्य विकल्प अनुप्रास अलंकार के लक्षण हैं।

32. 'कितनी करुणा कितने संदेश' में कौन-सा अलंकार है?

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) श्लेष (d) उत्प्रेक्षा

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दी गयी पंक्ति 'कितनी करुणा कितने संदेश' में अनुप्रास अलंकार है। जहाँ वर्णों की आवृत्ति एक से अधिक बार हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। **जैसे–** ''तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।''

33. 'रीझि रीझि रहसि रहसि हँसि हँसि उठै, साँसैं भरि आँसू भरि कहत दई दई।'
उपरोक्त पंक्ति में कौन सा अलंकार निहित है?

(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) उपमा (d) रूपक

UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्ति में 'अनुप्रास अलंकार' है। जहाँ वर्णों की आवृत्ति हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।

34. जहाँ किसी पंक्ति के शब्दों में एक ही वर्ण एक से अधिक बार आता है' वहाँ अलंकार होता है-

(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) उपमा (d) रूपक

UPP Constable 19.06.2018 Shift-II
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर : (a) जहाँ किसी पंक्ति के शब्दों में एक ही वर्ण एक से अधिक बार आता है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। दूसरे शब्दों में ''जहाँ पर वर्णो की आवृत्ति हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।''
जैसे– सो सुख सुजस सुलभ मोहिं स्वामी।

35. 'मुदित मनोहर मानस देखा' पंक्ति में अलंकार है–

UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) रूपक

उत्तर : (b) 'मुदित मनोहर मानस देखा' पंक्ति में 'म' वर्ण की आवृत्ति हुई है। अतः यहाँ 'अनुप्रास अलंकार' होगा।

@RexstarPdf

अनुप्रास अलंकार– जब वर्णों की आवृत्ति होती है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है; **जैसे**– 'चारुचन्द्र की चंचल किरणें।'

यमक अलंकार– जहाँ एक शब्द एक से अधिक बार आये तथा प्रत्येक जगह उसके अर्थ भिन्न हों तो यमक अलंकार होता है। **जैसे**– सूर–सूर तुलसी शशि, उडुगन केशवदास।

उपमा अलंकार– जब उपमेय और उपमान में तुलना की जाती है तथा वाचक शब्द (सो, सम, सरिस, सी, इव आदि) से समान धर्म का वर्णन हो उपमा अलंकार होता है। **जैसे**– मुख चन्द्र सा सुन्दर है।

रूपक अलंकार– जहाँ उपमेय और उपमान में भेद रहित (कोई भेद न हो) आरोप हो वहाँ रूपक अलंकार होता है; **जैसे**– चरण कमल बंदौ हरिराई।

36. ''मैया मोरि मैं नहिं माखन खायो'' पंक्ति में 'म' व्यंजन की आवृत्ति हुई है। वर्ण की आवृत्ति किस अलंकार में होती है?

(a) श्लेष (b) यमक
(c) अनुप्रास (d) अतिशयोक्ति

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (c) ''मैया मोरि मैं नहिं माखन खायो।'' पंक्ति में 'म' व्यंजन की आवृत्ति हुई है। वर्ण की आवृत्ति 'अनुप्रास अलंकार' में होती है।

श्लेष अलंकार– जब एक पंक्ति में एक ही शब्द के अनेक अर्थ होते हैं, तब वहाँ श्लेष अलंकार होता है, **जैसे**–

चरन धरत चिंता करत, चितवत चारहुँ ओर।
सुबरन को खोजत फिरत, कवि, व्यभिचारी, चोर।

यमक अलंकार– जहाँ एक शब्द की आवृत्ति दो या दो से अधिक बार होती है, परन्तु उनके अर्थ अलग–अलग होते हैं, वहाँ यमक अलंकार होता है। **जैसे**– तीन बेर खाती थी वो तीन बेर खाती है।

अतिशयोक्ति अलंकार– जहाँ किसी व्यक्ति या वस्तु का बढ़ा चढ़ा कर वर्णन या प्रशंसा किया जाय, वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है। **जैसे**–

लेवत मुख में घास मृग, मोर तजत नृत जात
आँसू गिरियत जर लता, पीरे–पीरे पात।

37. दिए गए विकल्पों में से अनुप्रास अलंकार का उचित उदाहरण पहचानिए-

(a) सारंग ले सारंग चली।
(b) नवजीवन दो घनश्याम हमें।
(c) अब जीवन में नहीं जीवन है।
(d) कानन कठिन भयंकर भारी।

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'कानन कठिन भयंकर भारी' अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है, क्योंकि यहाँ 'क' वर्ण की आवृत्ति बार-बार हुई है। किसी पंक्ति में एक से अधिक बार वर्णों की आवृत्ति को 'अनुप्रास अलंकार' कहते हैं, जबकि 'नवजीवन दो घनश्याम हमें' इसमें 'श्लेष अलंकार' है, क्योंकि यहाँ नवजीवन का दो अर्थ है– 1. जीवन, 2. पानी तथा घनश्याम के भी दो अर्थ हैं– 1. कृष्ण, 2. बादल। 'सारंग ले सारंग चली' यह 'यमक अलंकार' का उदाहरण है, यहाँ पहले सारंग का अर्थ है– दिया तथा दूसरे सारंग का अर्थ है– सुंदरी।

38. ''रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाये पर वचन न जाई।'' प्रस्तुत पंक्ति में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

(a) अन्त्यानुप्रास (b) श्रुत्यानुप्रास
(c) वृत्यानुप्रास (d) लाटानुप्रास

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (a) : दी गई पंक्तियों में 'अन्त्यानुप्रास अलंकार' है। जहाँ पदान्त में एक ही स्वर और एक ही व्यंजन की आवृत्ति हो, वहाँ 'अन्त्यानुप्रास अलंकार' होता है।

(i) छेकानुप्रास

39. जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों में एक या अनेक वर्गों की एक ही क्रम में एक बार आवृत्ति हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) लाटानुप्रास अलंकार (b) वृत्यानुप्रास अलंकार
(c) छेकानुप्रास अलंकार (d) श्रुत्यानुप्रास अलंकार

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त प्रश्नानुसार यहाँ 'छेकानुप्रास' अलंकार होता है। जो किसी वस्तु को अलंकृत करे वह अलंकार है। अलंकार के मुख्यतः तीन भेद होते हैं।
(i) शब्दालंकार (ii) अर्थालंकार (iii) उभयालंकार

40. ''इस करुणा कलित हृदय में, अब विकल रागिनी बजती''- इस पंक्ति में 'करुणा कलित' अभिव्यक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अंत्यानुप्रास अलंकार (b) श्रुत्यानुप्रास अलंकार
(c) लाटानुप्रास अलंकार (d) छेकानुप्रास अलंकार

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)
DSSSB TGT (Female) 4/9/2021 Shift (III)

उत्तर : (d) : 'इस करूणा कलित हृदय में, अब विकल रागिनी बजती' इस पंक्ति के 'करूणा कलित' में छेकानुप्रास अलंकार है।

छेकानुप्रास अलंकार- जहाँ अनेक व्यंजनों की एक बार आवृत्ति हो, वहाँ 'छेकानुप्रास अलंकार' होता है।

अनुप्रास अंलकार - वर्णों की आवृति को अनुप्रास कहते हैं।
इसके निम्न भेद हैं-
(1) श्रुत्यानुप्रास (2) लाटानुप्रास (3) वृत्यानुप्रास
(4) छेकानुप्रास (5) अंत्यानुप्रास

41. जहाँ अनेक व्यंजनों की एक बार स्वरूपतः व क्रमशः आवृत्ति हो, वहाँ कौन सा अनुप्रास प्रयुक्त होता है?

(a) वक्रोक्ति (b) लाटानुप्रास
(c) वृत्यानुप्रास (d) छेकानुप्रास

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (d) जहाँ अनेक व्यंजनों की एक बार स्वरूपतः व क्रमशः आवृत्ति हो, वहाँ 'छेकानुप्रास' होता है।

जैसे– रीझि रीझि रहसि रहसि हँसि हँसि उठै,
साँसै भरि आँसू भरि कहत दई दई।।

लाटानुप्रास– जहाँ एक शब्द या वाक्य खण्ड की आवृत्ति उसी अर्थ में हो, पर तात्पर्य में भेद हो, वहाँ 'लाटानुप्रास' होता है।

जैसे– राम हृदय जाके नहीं, बिपति सुमंगल ताहि
राम हृदय जाके, नहीं बिपति सुमंगल ताहि।

@RexstarPdf

वृत्यानुप्रास–जहाँ वृत्ति के अनुसार एक या अनेक वर्णों की अनेक बार आवृत्ति होती है, वहाँ 'वृत्यानुप्रास' होता है।
जैसे– सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहुँ जाहि निरन्तर गावै।
वक्रोक्ति अलंकार– जहाँ पर वक्ता के कथन का श्रोता द्वारा वक्ता के अभिप्रेत आशय से श्लेष अथवा काकु उक्ति से भिन्न अर्थ लगाया जाय, वहाँ 'वक्रोक्ति अलंकार' होता है।
जैसे– मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू।
तुमहि उचित तप मो कह भोगू।।

(ii) वृत्यानुप्रास

42. ''कंकन, किंकिनि, नूपुर, धुनि, सुनि'' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) अंत्यनुप्रास अलंकार (b) लाटानुप्रास अलंकार
(c) श्रुत्यनुप्रास अलंकार (d) वृत्यानुप्रास अलंकार
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'कंकन, किंकिनि, नूपुर, धुनि, सुनि' इस पंक्ति में वृत्यानुप्रास अलंकार है। जहाँ एक या अनेक वर्णों की अनेक बार आवृत्ति हो वहाँ वृत्यानुप्रास अलंकार होता है। **जैसे**- ''चारु चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही थी जल-थल में।''

43. ''तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए।
झुके कूल सो जल परमन हित मनहुँ सुहाए।।''
उपर्युक्त पक्तियों में अलंकार है –
(a) उत्प्रेक्षा (b) वृत्यानुप्रास
(c) शब्दार्थालंकार (d) स्वाभावोक्ति
VDO 26-06-2023 (Shift-I)
UPSI Batch-I 21 Dec. 2017
UKPSC AE 2017
UP PGT 2000

उत्तर : (b) एक व्यंजन की अनेक बार आवृत्ति होने के कारण उक्त पंक्तियों में 'वृत्यानुप्रास अलंकार' होगा। पंक्तियों में 'त' वर्ण की आवृत्ति कई बार हुई है।

44. जहाँ एक व्यंजन की आवृत्ति एक या अनेक बार हो, वहाँ होता है–
(a) छेकानुप्रास अलंकार (b) वृत्यानुप्रास अलंकार
(c) लाटानुप्रास अलंकार (d) यमक अलंकार
UPPSC Degree College Exam. 2013
Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (b) जहाँ एक व्यंजन की आवृत्ति एक या अनेक बार हो, वहाँ 'वृत्यानुप्रास' होता है। **जैसे–** सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरन्तर गावैं।
यहाँ 'स' वर्ण की आवृत्ति अनेक बार हुई है। अतः यहाँ 'वृत्यानुप्रास अलंकार' होगा।

45. ''रघुपति राघव राजा राम।'' में कौन सा अलंकार है?
(a) श्लेष (b) अनुप्रास
(c) रूपक (d) उपमा
UPSI Batch-II 12 Dec. 2017

उत्तर : (b) 'रघुपति राघव राजा राम' में 'र' वर्ण की आवृत्ति चार बार हुई है, अतः यहाँ 'अनुप्रास अलंकार' होगा। एक ही वर्ण की आवृत्ति दो से अधिक बार होने के कारण यहाँ 'वृत्यानुप्रास' है।

(iii) लाटानुप्रास

46. जिन पंक्तियों में समानार्थक शब्दों या वाक्यांशों की आवृत्ति हो परंतु अन्वय करने पर अर्थ में अंतर हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?
(a) छेकानुप्रास अलंकार (b) लाटानुप्रास अलंकार
(c) श्रुत्यनुप्रास अलंकार (d) वृत्यानुप्रास अलंकार
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : जिन पंक्तियों में समानार्थक शब्दों या वाक्यांशों की आवृत्ति हो परन्तु अन्वय करने पर अर्थ में अंतर हो तो वहाँ 'लाटानुप्रास अलंकार' होता है।
जैसे- तेग बहादुर, हाँ, वे ही थे गुरू-पदवी के पार्थ समर्थ,
तेग बहादुर, हाँ, वे ही थे गुरू-पदवी थी जिनके अर्थ।

47. ''पूत सपूत, तो क्यों धन संचय? पूत कपूत, तो क्यों धन संचय''- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) अंत्यनुप्रास अलंकार (b) श्रुत्यनुप्रास अलंकार
(c) वृत्यानुप्रास अलंकार (d) लाटानुप्रास अलंकार
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
DSSSB PGT 24.07.2018

उत्तर : (d) : 'पूत सपूत, तो क्यों धन संचय? पूत कपूत, तो क्यों धन संचय' इस पंक्ति में लाटानुप्रास अलंकार है। लाटानुप्रास में ऐसे शब्द या वाक्य दुबारा आते हैं जिनका सामान्य अर्थ तो एक ही होता है किन्तु अन्वय करने से पूरे वाक्य का अर्थ बदल जाता है। अनुप्रास अलंकार मुख्यतया 5 प्रकार के होते हैं। श्रुत्यनुप्रास, वृत्यानुप्रास, लाटानुप्रास, छेकानुप्रास, अन्त्यानुप्रास प्रमुख हैं।

48. 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक
असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे' में **लाटानुप्रास** अलंकार है। यह अनुप्रास अलंकार का एक भेद है इसमें 'मनुष्य' शब्द की आवृत्ति दो बार हुई है। दोनों का अर्थ 'आदमी' है। पर तात्पर्य या अन्वय में भेद है। पहला मनुष्य 'कर्त्ता' है और दूसरा 'सम्प्रदान'।

49. 'जननी तू जननी भई, विधि सन कछु न बसाय' में कौन सा अलंकार है?
(a) छेकानुप्रास (b) वृत्यानुप्रास
(c) लाटानुप्रास (d) इनमें से कोई नहीं
UP TGT 2002

उत्तर : (c) प्रस्तुत पंक्ति में लाटानुप्रास अलंकार है। जब किसी शब्द या वाक्यखण्ड की आवृत्ति हो परन्तु अर्थ एक ही रहे अर्थात् आवृत्ति से अर्थ में कोई परिवर्तन न हो, केवल अन्वय या तात्पर्य करने पर अर्थ बदले, वहाँ पर लाटानुप्रास अलंकार होता है। छेकानुप्रास में स्वरूप और क्रम से अनेक व्यंजनों की आवृत्ति एक बार होती है, जबकि वृत्यानुप्रास में एक व्यंजन की आवृत्ति एक या अनेक बार होती है।

50. ''राम हृदय जाके नहीं, विपति सुमंगल ताहि। राम हृदय जाके, नहीं विपति सुमंगल ताहि।'' इसमें कौन सा अनुप्रास है?

@RexstarPdf

(a) श्रुत्यानुप्रास
(b) वृत्यानुप्रास
(c) लाटानुप्रास
(d) छेकानुप्रास

UP PGT 2013

उत्तर : (c) उक्त पंक्ति में 'लाटानुप्रास' है। जहाँ शब्दों या वाक्यों की आवृत्ति समान हो और उसका अर्थ भी एक हो, केवल अन्वय करने पर तात्पर्य बदल जाता है, वहाँ लाटानुप्रास होता है।

2. यमक

51. 'काली घटा का घमंड घटा नभ मंडल तारका वृन्द खिले', इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(a) उपमा अलंकार
(b) रूपक अलंकार
(c) श्लेष अलंकार
(d) यमक अलंकार

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPSI 2017 (Shift-II)
राजस्व लेखपाल परीक्षा-2015

उत्तर : (d) : उपर्युक्त पंक्ति में 'यमक अलंकार' है।
यमक अलंकार:- जिस अलंकार में एक शब्द का प्रयोग 'दो' बार होता है और दोनों बार उसके अर्थ अलग-अलग होते हैं।
उदाहरण:- काली घटा का घमंड घटा नभ मंडल तारका वृन्द खिले
↓ ↓
(बादल छाना) (कम होना)

52. 'कबीरा सोई पीर है, जे जाने पर पीर। जे पर पीर न जानई सो काफिर बेपीर॥' में कौन-सा अलंकार है?

(a) श्लेष (b) रूपक
(c) पुनरुक्ति (d) यमक

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'कबीरा सोई पीर है, जे जाने पर पीर। जे पर पीर न जानई सो काफिर बेपीर।।' में यमक अलंकार है।
यमक अलंकार- जहाँ एक ही शब्द दो या दो से अधिक बार आए तथा उनके अर्थ भिन्न-भिन्न हों वहाँ 'यमक अलंकार' होता है।

53. जिन पंक्तियों में एक शब्द या शब्द समूह अनेक बार आए किंतु उनका अर्थ प्रत्येक बार भिन्न हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) वक्रोक्ति अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) अनुप्रास अलंकार (d) यमक अलंकार

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) जिन पंक्तियों में एक शब्द या शब्द समूह अनेक बार आए किंतु उनका अर्थ प्रत्येक बार भिन्न हो तो वहाँ यमक अलंकार होता है।
जैसे- कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय ।
या खाए बौराय जग या पावै बौराय ।।

54. निम्नलिखित में कौन–सा शब्दालंकार है?

(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) यमक

UPPCL ARO, 2018
UPP Constable 18.06.2018 Shift-I

उत्तर: (d) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले शब्दों को अलंकार कहते हैं। अलंकार के मुख्य दो भेद होते हैं:-
(1) शब्दालंकार– जहाँ किसी पंक्ति या कविता में शब्दों के कारण रमणीयता आती है, वहाँ शब्दालंकार होता है। शब्दालंकार के मुख्य भेद– अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति आदि।
(2) अर्थालंकार– जहाँ किसी पंक्ति या कविता में अर्थ के कारण रमणीयता आती है, वहाँ अर्थालंकार होता है। अर्थालंकार के मुख्य भेद–उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक, अतिशयोक्ति, दृष्टांत, भ्रान्तिमान, संदेह, उल्लेख आदि।

55. माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर।
इस दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(a) रूपक (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) यमक

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]
DSSSB PGT Hindi (Male) 18.07.2021 Shift - I

उत्तर. (d) : माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर।
इस दोहे में **यमक अलंकार** है। जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार प्रयोग किया जायें, लेकिन उस शब्द का अर्थ हर बार अलग-अलग हो, वहाँ यमक अलंकार होता है। उपर्युक्त दोहे में मनका (माला की मोती) तथा मनका (मन का मोती-हृदय) को एक ही शब्द से दर्शाया गया है परन्तु अर्थ भिन्न-भिन्न हैं।

56. 'सारंग लै सारंग चली कई सारंग की ओट
सारंग झीनो पाइकें सारंग कई गई चोट।'
उक्त पद्य में कौन-सा अलंकार विद्यमान है?

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) यमक अलंकार (d) रूपक अलंकार

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) जहाँ पर एक शब्द की आवृत्ति एक से अधिक बार हो लेकिन उनके अर्थ अलग-अलग हों तो वहाँ पर 'यमक' अलंकार होता है। यहाँ 'सारंग' का प्रयोग एक से अधिक बार प्रयोग किया गया है तथा इसका अर्थ अलग-अलग हैं। अतः यहाँ 'यमक अलंकार' होगा।

57. 'तीन बेर खाती थी वो तीन बेर खाती है।' में कौन सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक

वन रक्षक परीक्षा, 2015
Assistant Accountant Exam-2015
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर: (b) 'तीन बेर खाती थी वो तीन बेर खाती है' में यमक अलंकार है यहाँ प्रथम 'तीन बेर' का अर्थ 'समय' से है और द्वितीय 'तीन बेर' का अर्थ 'फल' से है, जबकि जहाँ वाक्य में वर्णों की आवृत्ति हो, **अनुप्रास अलंकार** होता है। **जैसे**–तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बाहु छाए' में 'त' वर्ण कई बार आया है, और जहाँ वाक्य में एक ही शब्द के कई अर्थ निकले, श्लेष अलंकार होता है। श्लेष अर्थात् चिपका हुआ। **जैसे**–रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून, पानी गये न उबरे मोती मानुष चून। पानी का तीन अर्थ है – मोती के लिए चमक, मनुष्य के लिए सम्मान तथा चूने के लिए जल (पानी) तथा जहाँ उपमेय को उपमान का रूप मान लिया जाये, रूपक अलंकार' होता है। **जैसे**–'समय सिंधु चंचल है भारी।'

58. 'जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं' इस वाक्य पंक्ति में दिए गए विकल्पों में सही अलंकार का चयन कीजिए-

(a) उपमा (b) रूपक
(c) यमक (d) श्लेष

[MPTET (I-V) 2011]
High Court Review Officer - 2021 (I)
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं' पंक्ति में यमक अलंकार है। जब एक शब्द का प्रयोग कई बार होता है और प्रत्येक बार उसके अर्थ अलग-अलग होते हैं तब वहाँ 'यमक अलंकार' होता है। **उदाहरण–** ऊँचे घोर मन्दर के अंदर रहन बारी, ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहती है।

59. 'कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में कौन सा अलंकार है?

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) श्लेष (d) इनमें से कोई नहीं

UP TGT 2004
UP TGT 2009
UPSI 2017 (Shift-II)
UPSI 2017 (Shift-I)
UPSI Batch -II 16/12/2017
UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UPSI Batch- I 15/12/2017

उत्तर : (a) 'कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में 'यमक अलंकार' है। इस पंक्ति में कनक शब्द के दो बार अलग-अलग अर्थों में प्रयुक्त होने के कारण यमक अलंकार हुआ। यहाँ पर पहले 'कनक' का अर्थ 'सोना' और दूसरे 'कनक' का अर्थ 'धतूरा' है। जबकि वर्णों की आवृत्ति होने पर 'अनुप्रास अलंकार' तथा एक ही शब्द के कई अर्थों में प्रयुक्त होने पर 'श्लेष अलंकार' का होता है।

60. तो पर वारौं उर बसी, सुन राधिके सुजान।
तू मोहन की उर बसी कैं ह्वै उरबसी समान।
उपर्युक्त दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) श्लेष (d) वक्रोक्ति

UP TGT 2010
DSSSB PGT 18.07.2021 Shift - II
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा, 2014

उत्तर : (a) उपर्युक्त दोहे में यमक अलंकार हैं क्योंकि उर बसी शब्द तीन बार आया है और हर बार उसमें अर्थ भिन्न है। प्रथम उरबसी का अर्थ– 'अप्सरा (उर्वशी)' है द्वितीय उरबसी का अर्थ– 'हृदय में बसी' तथा तृतीय उरबसी का अर्थ– 'कण्ठाहार (माला)' है अतः यहाँ यमक अलंकार है।

61. 'सूर-सूर तुलसी शशि उड्गन केशवदास।
और कवि खद्योत सम जँह तँह करत प्रकास।।'
इन पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) उत्प्रेक्षा (d) विरोधाभास

UP TGT 2011

उत्तर : (b) 'सूर-सूर तुलसी शशि उड्गन केशवदास,
और कवि खद्योत सम जँह-तँह करत प्रकास।'
पंक्ति में 'यमक अलंकार' है। जब कोई शब्द एक से अधिक बार आये और प्रत्येक बार उसका अर्थ अलग-अलग हो तो यमक अलंकार होता है। यहाँ 'सूर' शब्द दो बार आया है, जिसका एक अर्थ 'सूर्य' एवं दूसरा 'सूरदास' है। अतः यहाँ यमक अलंकार है, जबकि अनुप्रास में वर्णों की आवृत्ति होती है और उत्प्रेक्षा में उपमेय में उपमान की कल्पना की जाती है तथा विरोध न होते हुए भी उसका आभास होना विरोधाभास अलंकार है।

62. निम्नांकित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार बताइये :
रुनित भृंग घंटावली झरित दान मधुनीर।
मंद-मंद आवत चल्यो कुंजरु कुंज समीर।।

(a) उत्प्रेक्षा (b) रूपक
(c) यमक (d) श्लेष

UP PGT 2004

उत्तर : (c) जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार प्रयुक्त हो एवं अर्थ भी प्रत्येक बार भिन्न हो, वहाँ 'यमक अलंकार' होता है।

63. 'तरिणी के ही संग तरल तरंग में, तरणिडूबी थी हमारी ताल में।' इसमें प्रयुक्त अलंकार है–

(a) श्लेष (b) यमक
(c) रूपक (d) उत्प्रेक्षा

UP PGT 2003

उत्तर : (b) उक्त पंक्ति में 'यमक अलंकार' है। इसमें सर्वप्रथम तरणि का अर्थ 'सूर्य' है जबकि दूसरी तरणि का अर्थ 'नाव' है। जब एक ही शब्द दो अथवा दो से अधिक बार प्रयुक्त हों किन्तु अर्थ अलग-अलग हों वहाँ पर 'यमक अलंकार' होता है।

64. 'खग कुल कुल-कुल सा बोल रहा' रेखांकित शब्दों का अलंकार है–

(a) यमक (b) श्लेष
(c) उपमा (d) रूपक

UP PGT 2010

उत्तर : (a) उपर्युक्त रेखांकित शब्दों में 'यमक अलंकार' प्रयोग हुआ है। जहाँ कोई शब्द एक से अधिक बार प्रयुक्त हो किन्तु उसके अर्थ अलग-अलग हो, वहाँ 'यमक अलंकार' होता है।

65. दिए गए वाक्य में प्रयुक्त अलंकार के भेद का चयन दिए गए विकल्पों में से करें।
ऊंचे घोर मन्दर के अन्दर रहन वारी,
ऊंचे घोर मन्दर के अन्दर रहाती है।

(a) श्लेष (b) यमक
(c) उपमा (d) रूपक

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर : (b) दिये गए पंक्ति में 'यमक अलंकार' है। इसमें शब्दों की आवृत्ति एक से अधिक बार होती है और उनके अर्थ अलग-अलग होते हैं। यहाँ पर ऊंचे घोर मन्दर का अर्थ ऊंचे विशाल घर-महल और ऊंचे विशाल पहाड़ होगा।

@RexstarPdf

66. जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार आए तथा भिन्न-भिन्न अर्थ हों वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) यमक (d) अर्थालंकार

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (c) : जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार आये तथा भिन्न-भिन्न अर्थ हों, तो वहाँ **यमक अलंकार** होता है।
उदाहरण– माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
करका मनका डारि कै, मनका मनका फेर।।

67. ''.....'', यह पंक्ति यमक अलंकार का भेद नहीं है?

(a) सूरज है जग का बुझा-बुझा
(b) तीन बेर खाती थीं वो तीन बेर खाती है
(c) कर का मनका डारि दे मन का मनका फेर
(d) खगकुल कुल-कुल- सा बोल रहा

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) 'सूरज है जग का बुझा-बुझा' इस में यमक अलंकार नहीं है बल्कि इस पंक्ति में 'पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार' है। काव्य में जहाँ एक समान शब्द की क्रमशः आवृत्ति है, पर अर्थ भिन्नता न हो, वहाँ **पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार** होता है। शेष सभी विकल्पों में यमक अलंकार का प्रयोग हुआ है। मधुर वचन कहि, कहि परतोषी।
उपर्युक्त पंक्ति में कहि शब्द का एक से अधिक बार प्रयोग हुआ है। इसके कारण काव्य के सुंदरता में वृद्धि हुई है।
अतः यहाँ **पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार** होता है।

68. 'कहे कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लीनी।' इसमें कौन से अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) यमक (b) उपमा
(c) रूपक (d) अन्योक्ति

UPSI Batch - I 15 Dec.2017
DSSSB PGT Hindi (Male) 18.07.2021 Shift - I

उत्तर : (a) दी गयी पंक्ति – 'कहे कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लीनी' में **यमक अलंकार** है। इसमें 'बेनी' शब्द दो बार आया है, जिसमें प्रथम बेनी का आशय 'कवि बेनी' (बेनी नामक रीतिकालीन कवि) से है, जबकि द्वितीय बेनी का आशय 'चोटी' (बाल की चोटी) से है।

69. 'सजना है मुझे सजना के लिए।' में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) रूपक (d) छेकानुप्रास

UPSI Batch-III 14 Dec. 2017
[UPSI 19.07.2017 Shift-II]

उत्तर : (a) 'सजना है मुझे सजना के लिए।' इस पंक्ति में 'यमक अलंकार' है। जहाँ एक शब्द एक से अधिक बार आये और प्रत्येक जगह उसके अर्थ भिन्न हों, वहाँ 'यमक अलंकार' होता है। इस उदाहरण में 'सजना' शब्द दो बार आया है। पहले स्थान पर सजना का अर्थ है 'शृंगार करना', जबकि दूसरे स्थान पर सजना का अर्थ है– पिया (पति)। अतः यमक अलंकार है।

3. श्लेष

70. निम्नलिखित में से किस अलंकार में शब्द का प्रयोग एक ही बार किया जाता है पर उसके एक से अधिक अर्थ निकलते हैं?

(a) उपमा अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) यमक अलंकार

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI Batch-II Dec. 2017
UPSI Batch-III 21 Dec. 2017
UP TGT 2001

उत्तर : (b) : जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग-अलग निकले वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। श्लेष का अर्थ होता है 'चिपका हुआ'। उदाहरण- रहिमन पानी राखिये, बिन पानी, सब सून। पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून।। यहाँ पानी को तीन अर्थों में प्रयोग किया गया है, पहला मनुष्य के संदर्भ में, दूसरा अर्थ आभा या तेज के संदर्भ में तथा तीसरा अर्थ जल के संदर्भ में है।

71. 'चीरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर।।' में कौन-सा अलंकार है ?

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) यमक (d) श्लेष

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
UCG NET II[nd] Paper June 2016
UP PGT 2013

उत्तर : (d) : 'चीरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर।।'
उक्त पंक्ति में 'श्लेष अलंकार' है। यहाँ वृषभानुजा और हलधर शब्द के दो-दो अर्थ हैं।
वृषभानुजा – वृषभानु की पुत्री 'राधा'
– वृषभ की अनुजा 'गाय'
हलधर – 'बलराम'
– हल को धारण करने वाला 'बैल'
जहाँ कोई एक शब्द एक बार ही प्रयोग होता है, किंतु उसके अर्थ एक से अधिक होते हैं वहाँ श्लेष अलंकार होता है। श्लेष का अर्थ है–चिपका, अर्थात एक शब्द के साथ दो या दो से अधिक अर्थ चिपके हुए होते हैं।

72. 'माया महाठगनी हम जानि। तिरगुन फाँस लिए कर डोलै बोलै मधुरी बानी।' में कौन-सा अलंकार है?

(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) श्लेष (d) रूपक

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'माया महाठगनी हम जानि। तिरगुन फाँस लिए कर डोलै बोलै मधुरी बानी।' उक्त पंक्ति में श्लेष अलंकार है।
जब काव्य में प्रस्तुत किसी एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हों, वहाँ श्लेष अलंकार होता है।
जैसे- पानी गये न ऊबरे, मोती मानुष चून।
यहाँ पानी शब्द का अर्थ मोती के लिए 'चमक' मनुष्य के लिए 'इज्जत' तथा चून (आटा) के लिए 'जल' है।

73. 'श्लेष अलंकार' कौन-सा अलंकार है?

(a) अर्थालंकार (b) शब्दालंकार
(c) उभयालंकार (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः (b) : श्लेष अलंकार, शब्दालंकार का भेद है। जब एक ही शब्द के अनेक अर्थ निकलते हैं तो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।
जैसे- रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरे, मोती मानुष चून।।

74. मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाँईं परै, स्याम हरित दुति होय॥
उपर्युक्त दोहे में कौन-सा अलंकार है?
(a) अन्योक्ति (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक
[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (c & d) : c और d दोनों ही सही उत्तर हैं। बिहारी का यह दोहा 'श्लेष' और 'रूपक' अलंकार का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।
'श्लेष अलंकार' के अन्तर्गत शब्द का एक ही अर्थ होता है जो दो या दो से अधिक पक्षों में लागू होता है तथा उनके पर्यायवाची शब्दों के प्रयुक्त होने पर भी ये अर्थ अपरिवर्तित रहते हैं, **जैसे–** यहाँ पर बिहारी राधा की वन्दना करते हुए उनसे अपनी सांसारिक बाधाओं के निवारण की प्रार्थना कर रहे हैं साथ ही में राधा की महिमा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि हे नगरों में विचरने वाली कृष्ण की प्रिय राधा! तुम मेरी सभी सांसारिक कठिनाइयों का नाश करो, क्योंकि तुम्हारी केवल शरीर की छाया मात्र से ही श्याम की छवि हरित हो उठती है अर्थात् वे उमंग के सागर में डूब जाते हैं। दूसरे अर्थ के सन्दर्भ में राधा के स्मरण मात्र से ही व्यक्ति को प्रेमाध्यात्म का विराट वातावरण उपलब्ध होता है जहाँ वह मोक्ष रूपी आनन्द में डूब जाता है।

75. रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरे, मोती मानुस चून॥
उपर्युक्त दोहे में अलंकार हैः-
(a) यमक (b) अतिशयोक्ति
(c) सन्देह (d) श्लेष
DSSSB PGT 04.07.2021 (Shift- I)
DSSSB PGT 18.07.2021 (Shift- II)
DSSSB TGT (Female) 05.09.2021 (Shift- II)
High Court Asst. Review Officer 2021 (II)
VDO 27/06/2023 (Shift-II)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
[CTET (I-V) 08.01.2019]
UP PCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
UPSI 15.12.2017 Shift-II
UPSI 13.12.2017 Shift-II
NVS TGT Hindi - 2016
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : उपर्युक्त दोहे में **श्लेष अलंकार** है, यहाँ पर पानी शब्द के तीन अर्थ हैं– **प्रथम** मोती के लिए 'चमक', **दूसरा** मनुष्य के लिए 'इज्जत (प्रतिष्ठा)' **तीसरा** वास्तविक 'जल' जो चूने के लिए। अतः 'पानी' शब्द के एक से अधिक अर्थ होने के कारण यहाँ 'श्लेष अलंकार' है।

76. बिन घनश्याम धाम–धाम ब्रज मण्डल में,
उधौ नित बसति बहार बरसा की है।
इसमें प्रयुक्त अलंकार है–
(a) रूपक (b) उपमा
(c) यमक (d) श्लेष
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (d) : उक्त पंक्ति में श्लेष अलंकार है। श्लेष अलंकार के लक्षण के अनुरूप 'घनश्याम' शब्द के एकाधिक अर्थ हैं– इसका एक अर्थ 'श्रीकृष्ण' एवं दूसरा अर्थ 'काले बादल' हैं। अतः यहाँ 'घनश्याम' शब्द के दो अर्थ देने के कारण श्लेष अलंकार है।

77. 'रावण सिर सरोज बनचारी।
चलि रघुवीर सिली-मुख धारी।'
'सिली-मुख' में अलंकार है–
(a) श्लेष (b) लाटानुप्रास
(c) वृत्यनुप्रास (d) उपमा
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) जब काव्य में किसी शब्द का प्रयोग एक बार किया गया हो लेकिन उसके अर्थ एक से अधिक हों तो वहाँ 'श्लेष अलंकार' होता है। प्रश्न में दिए गए चौपाई में 'सिली-मुख' के दो अर्थ (बाण तथा भौंरा) है। अतः यहाँ 'श्लेष अलंकार' होगा।

78. 'अजौं तरयौना ही रह्यो श्रुति सेवत इक रंग' में अलंकार है –
(a) श्लेष (b) रूपक
(c) उपमा (d) उत्प्रेक्षा
UP TGT 2005

उत्तर : (a) 'अजौं तरयौना ही रह्यो श्रुति सेवत इक रंग', पंक्ति में 'श्लेष अलंकार' है। जहाँ कोई शब्द एक से अधिक अर्थों में प्रयुक्त हुआ हो वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। उपर्युक्त पंक्ति में 'श्रुति' शब्द दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है पहला अर्थ 'सुनना' तथा दूसरा अर्थ 'कान' होता है। अतः यहाँ श्लेष अलंकार का विधान है।

79. 'सुवरन को ढूँढ़त फिरत, कवि व्यभिचारी, चोर' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017
RPSC Asst. Prof. 2020 Paper - I

उत्तर : (c) श्लेष अलंकार– श्लेष का अर्थ 'चिपकना' होता है। अतः जब कोई शब्द एक बार आए और उसका अर्थ अनेक हो अर्थात् उसके अर्थ एक से अधिक चिपके हो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।
उदाहरण–
चरन–धरत चिन्ता करत, चितवत चारिहुँ ओर,
सुवरन को ढूँढ़त फिरत, कवि व्यभिचारी चोर।
उक्त काव्य पंक्ति में 'सुवरन' का तीन अर्थ निकल रहा है- 'सुन्दर वर्ण', 'सुन्दर स्त्री' तथा 'स्वर्ण (सोना)' जिसमें कवि सुन्दर वर्ण, व्यभिचारी सुन्दर स्त्री तथा चोर स्वर्ण खोज रहा है।

80. 'जो घनी भूत पीड़ा थी मस्तक में स्मृति सी छाई।
दुर्दिन में आँसू बनकर वह आज बरसने आई।।'
(a) श्लेष (b) वक्रोक्ति
(c) यमक (d) अनुप्रास
UPSI, 2016

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्ति में श्लेष अलंकार है। **श्लेष अलंकार**– एक शब्द में एक से अधिक अर्थ जुड़े हों, वहाँ 'श्लेष अलंकार' होता है।
जैसे – मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।
जा तन की झांई परै, श्याम हरित दुति होई।।

@RexstarPdf

81. 'जहाँ गाँठ तहाँ रस नहीं, यह जानत सब कोई।' में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) उपमा (b) यमक
(c) श्लेष (d) अनुप्रास

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर: (c) श्लेष अलंकार- श्लिष्ट पदों से अनेक अर्थों के कथन को 'श्लेष' कहते हैं। इनमें दो बातें आवश्यक हैं–(क) एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हों, (ख) एक से अधिक अर्थ प्रकरण में अपेक्षित हों।
उक्त पंक्ति 'जहाँ गाँठ तहाँ रस नहीं, यह जानत सब कोई' में श्लेष अलंकार है। यहाँ गाँठ के दो अर्थ हैं एक है 'ईर्ष्या' तथा दूसरा है 'गन्ना' (गन्ने का जोड़)। इसी प्रकार रस के भी हिन्दी अर्थ हैं– 'प्रेम व रस।'

82. निम्नलिखित में से कौन अर्थालंकार का एक भेद नहीं है?

(a) उपमा (b) रूपक
(c) श्लेष (d) उत्प्रेक्षा

UPSI Batch III 20 Dec. 2017
UPSI Batch III 22 Dec. 2017
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'श्लेष अलंकार' शब्दालंकार का भेद है। शब्दालंकार के अन्य भेद अनुप्रास, यमक, श्लेष, पुनरुक्ति, वीप्सा, वक्रोक्ति आदि हैं; जबकि अन्य विकल्प अर्थालंकार के भेद हैं।

4. वक्रोक्ति

83. 'मो सम कौन कुटिल खल कामी।' में कौन-सा अलंकार है ?

(a) उत्प्रेक्षा (b) विभावना
(c) वक्रोक्ति (d) उपमा

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'मो सम कौन कुटिल खल कामी।'
उक्त पंक्ति में 'वक्रोक्ति' अलंकार है जहाँ कथन को सुनने वाला कथन के अर्थ की कल्पना दूसरे भाव में कर लेता है, वहाँ वक्रोक्ति अलंकार होता है।

84. 'मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू?' –इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) सभंग श्लेष (b) अभंग श्लेष
(c) श्लेष वक्रोक्ति (d) काकु वक्रोक्ति

Delhi K.V. PGT. 2015

उत्तर : (d) 'मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू' – इस पंक्ति में 'काकु वक्रोक्ति' अलंकार है। इसमें सीता द्वारा स्वयं को कोमल तथा अपने पति राम को 'वन के योग्य' होने का 'व्यंग्य' किया गया है।

अर्थालंकार

5. उपमा

85. उपमा अलंकार का निम्नलिखित में से कौन-सा अंग है?

(a) उपमेय (b) उपमान
(c) साधारण धर्म
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : उपमा अलंकार में उपर्युक्त में से एक से अधिक अंग हैं। दो वस्तुओं में समान धर्म के प्रतिपादन को 'उपमा' कहते हैं। उपमा के लिए चार बातें आवश्यक हैं–
(1) उपमेय (2) उपमान (3) साधारण धर्म (4) समानतावाचक पद।

86. 'प्रतीप' अलंकार इनमें से किससे संबंधित है?

(a) यमक (b) रूपक
(c) उपमा (d) श्लेष

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : जब किसी व्यक्ति या वस्तु की तुलना किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु से की जाए वहाँ पर उपमा अलंकार होता है।
उदा.- पीपर पात सरिस मन डोला।
उपमा अलंकार के तीन भेद होते हैं–
(1) पूर्णोपमा, (2) लुप्तोपमा, (3) मालोपमा।

87. 'मोम-सा तन घुल चुका अब दीप-सा मन जल चुका है।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) पूर्णोपमा (b) रशनोपमा
(c) लुप्तोपमा (d) मालोपमा

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
DIET PGT 2014

उत्तर : (a) : 'मोम-सा तन घुल चुका अब दीप-सा मन जल चुका है।' पंक्ति में पूर्णोपमा अलंकार है। जिस वाक्य में उपमा के चारों अंग अर्थात् उपमेय, उपमान, समान धर्म तथा वाचक शब्द उपस्थित रहते हैं, वे पूर्णोपमा अलंकार कहलाते हैं।

88. 'के वह टूटी-सी छानी हती, कहँ कंचन के सब धाम सुहावत।' में कौन-सा अलंकार है?

(a) यमक (b) उपमा
(c) रूपक (d) श्लेष

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'के वह टूटी सी छानी हती, कहँ कंचन के सब धाम सुहावत।' उक्त पंक्ति में 'उपमा अलंकार' है। जहाँ उपमेय की उपमान से वाचक शब्दों द्वारा तुलना की जाए तथा दोनों का साधारण धर्म एक ही हो वहाँ उपमा अलंकार होता है।
जैसे – पीपर पात सरिस मन डोला।

उपमेय	-	मन
उपमान	-	पीपल का पत्ता
वाचक शब्द	-	सरिस
साधारण धर्म	-	डोलना

यह पंक्ति नरोत्तमदास कृत् सुदामा चरित से है।

89. 'राम का मुख चन्द्रमा के समान सुन्दर' है–

(a) रूपक (b) यमक
(c) अन्योक्ति (d) उपमा

NVS PGT, 13/06/2019
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'राम का मुख चन्द्रमा के समान सुन्दर' है में 'उपमा अलंकार' है। जहाँ पर उपमेय में उपमान की समानता या तुलना की जाय, वहाँ पर उपमा अलंकार होता है। इसके चार भाग उपमेय, उपमान, साधारण धर्म, वाचक होते हैं।
'रूपक अलंकार'- जहाँ उपमेय में उपमान का भेद रहित आरोप हो वहाँ पर रूपक अलंकार होता है।

@RexstarPdf

'यमक अलंकार' - जहाँ पर एक ही शब्द दो बार आए तथा दोनों शब्दों के अर्थ अलग-अलग हों, वहाँ पर यमक अलंकार होता है। **'अन्योक्ति अलंकार'**- जहाँ अप्रस्तुत के माध्यम से प्रस्तुत का वर्णन किया जाय, वहाँ पर अन्योक्ति अलंकार होता है।

90. 'पीपर-पात सरिस मन डोला' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) प्रतीप (d) उपमा

DSSSB PGT 25.07.2018
VDO Re-Exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)
[UPPCL ARO, 2018]
[UPSI 20.07.2017 Shift II]
[UPSI 12.12.2017 Shift III]
[UP TGT, 2013]
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'पीपर पात सरिस मन डोला' उक्त पंक्ति में 'मन' (उपमेय) की तुलना 'पीपल के पत्ते' (उपमान) से की गयी हैं अर्थात् मन को पीपल के पत्ते के समान चंचल बताया गया है अतः उपमा अलंकार है।

91. उपमा अलंकार क्या है

(a) भिन्न पदार्थों का सादृश्य प्रतिपादन
(b) एक ही पदार्थ का सादृश्य प्रतिपादन
(c) प्रस्तुत व अप्रस्तुत दोनों का एक धर्म सम्बन्ध बताना
(d) एक ही वस्तु का अनेक प्रकार से उल्लेख

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : उपमा अलंकार में समान गुण, धर्म वाले पदार्थों की परस्पर तुलना की जाती है। उपमेय, उपमान में समानता का बोध होता है। **उदाहरण**– 'पीपर पात सरिस मन डोला।' उतर रही है संध्या सुंदरी परी सी।

92. 'सो सिवधनु मृनाल की नाई।
तोरहूँ राम गणेन गोसाई।'
इस पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग है?

(a) विभावना (b) वक्रोक्ति
(c) अर्थन्तरन्यास (d) उपमा

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) उक्त पंक्ति में 'उपमा अलंकार' है। जहाँ दो वस्तुओं में रूप, रंग, गुण या धर्म के आधार पर समानता का बोध कराया जाय वहाँ पर 'उपमा अलंकार' होता है।

93. 'खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई, चल गई'-पंक्ति में अलंकार है

(a) उपमा (b) अनुप्रास
(c) संभावना (d) उत्प्रेक्षा

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई चल गई– पंक्ति में उपमा अलंकार है। जब एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाए' तो उसे **उपमा अलंकार** कहा जाता है। तुलना प्रकट करने वाले शब्द, सा, सी, से, सरिस, समान आदि जबकि जहाँ वर्णों की आवृत्ति बार-बार हो **अनुप्रास अलंकार** कहा जाता है। जैसे - 'चारु चंद्र की चंचल किरणें' पंक्ति में 'च' वर्ण कई बार आया है।

उत्प्रेक्षा अलंकार 'जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना की जाए' सम्भावना करने वाले शब्द जनु, जानों, मनु, मानों, मनुहुँ, जनहुँ इत्यादि।

94. 'दीप सा मन जल चुका है।' इस पंक्ति में 'वाचक' शब्द है-

(a) दीप (b) सा
(c) मन (d) जल चुका

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर: (b) 'दीप सा मन जल चुका है' इस पंक्ति में 'वाचक शब्द' 'सा' है। यह 'उपमा अलंकार' का उदाहरण है। उपमा के चार अवयव या अंग हैं- उपमेय, उपमान, साधारण धर्म एवं वाचक शब्द हैं। प्रमुख वाचक शब्द निम्न हैं- से, सी, सा, सरिस, सम, तैसे, इव आदि।

95. 'नील परिधान बीच सुकुमार,
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग।
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ बन बीच गुलाबी रंग।'
इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?

(a) उत्प्रेक्षा (b) श्लेष
(c) रूपक (d) उपमा

UP TGT 2011

उत्तर: (d) 'नील परिधान बीच सुकुमार,
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग।
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ बन बीच गुलाबी रंग।।'
उक्त पंक्ति में **उपमा अलंकार** है। यहाँ नायक नील परिधान पहने हुए नायिका के कान्तिमय अंगों की तुलना नीले बादल के बीच कान्तिमय बिजली से करता है। दोनों के बीच समानता या तुलना करने के लिए 'ज्यों' वाचक शब्द आया है, जबकि जब उपमेय में उपमान की कल्पना या सम्भावना प्रकट की जाय तो 'उत्प्रेक्षा अलंकार' जब इनका भेद रहित आरोपण हो तो 'रूपक अलंकार' होता है और श्लेष में एक ही शब्द के अनेक अर्थ होते हैं।

96. 'आती है शून्य क्षितिज से क्यों लौट प्रतिध्वनि मेरी।
टकराती बिलखाती-सी पगली-सी देती फेरी ?'
उक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) विभावना

Uttarakhand Assi. Pro. 2017

उत्तर. (c) पंक्तियों में 'उपमा अलंकार' है। जहाँ उपमेय व उपमान में समानता बताई जाय या तुलना की जाय वहाँ उपमा अलंकार होता है। इन पक्तियों में 'प्रतिध्वनि' उपमेय तथा 'पगली' (पागल औरत) उपमान है। इसके अन्य उदाहरण हैं-

1. पीपर पात सरिस मन डोला।
2. कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा, व्यर्थ धरहुँ धनु वान कुठारा।

97. निम्नलिखित में कौन-सा अलंकार है?
''यह देखिये अरविन्द से शिशु वृंद कैसे सो रहे''

(a) उपमा (b) रूपक
(c) श्लेष (d) उत्प्रेक्षा

UPPCL ARO, 2018
UPSI 16-12-2017 (Shift-II)
UPSI 22.10.2017 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'यह देखिये अरविन्द से शिशु वृंद कैसे सो रहे' पंक्ति में शिशु की तुलना अरविन्द अर्थात् कमल से की जा रही है। अतः यहाँ **उपमा अलंकार** होगा। जहाँ एक वस्तु की तुलना दूसरे वस्तु (आकार, रंग तथा गुण के आधार पर) से की जाये, वहाँ उपमा अलंकार होता है।

जैसे– मोम सा तन घुल चुका,
अब दीप सा मन जल चुका है।

98. 'फूलसी सुकोमल मृदु भावमयी देवयानी; कच के बिना न जी सकेगी, यह निश्चित है।'

(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) अतिशयोक्ति

UPSI, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (a) 'फूलसी सुकोमल मृदु भावमयी देवयानी;
कच के बिना न जी सकेगी, यह निश्चित है।'
उक्त पंक्ति में 'उपमा अलंकार' है। किसी समानता वाचक पद के द्वारा जहाँ उपमेय का उपमान के साथ समान धर्म का प्रतिपादन हो, वहाँ उपमा अलंकार होता है।

99. 'चंद्रमा सी अलौकिकता वाले घनश्याम, तुम्हें मेरा प्रणाम' प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

(a) उपमा (b) रूपक
(c) उपमेय (d) अनुप्रेक्षा

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (a) : दी गयी पंक्तियों में **उपमा अलंकार** का प्रयोग हुआ है। उपमा का अर्थ है- समता, तुलना या बराबरी। उपमा के लिए चार बातें आवश्यक हैं– उपमेय, उपमान, समानवाचक पद (ज्यों, सम, सा, सी, तुल्य इत्यादि) और समान धर्म। **रूपक-** उपमेय पर उपमान का आरोप या उपमान और उपमेय का अभेद ही 'रूपक' है। **उत्प्रेक्षा-** उपमेय प्रस्तुत में कल्पित उपमान (अप्रस्तुत) की सम्भावना को 'उत्प्रेक्षा' कहते हैं। उत्प्रेक्षा का अर्थ है, किसी वस्तु को सम्भावित रूप में देखना।

100. 'काजल की रेख-सी कतार है खजूर की'–इस पंक्ति में अर्थालंकार का कौन सा भेद झलकता है?

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) मानवीकरण

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'काजल की रेख–सी कतार है खजूर की' इस पंक्ति में वाचक शब्द 'सी' प्रयुक्त हुआ है, अतः इस पंक्ति में **उपमा अलंकार** होगा। जहाँ समान धर्म, स्वभाव, शोभा, गुण आदि के आधार पर एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाती है वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है। इसके वाचक शब्द हैं– सा, सम, सी, सरिस, तुल्य। **उदाहरण–**'मुख चन्द्र सा सुन्दर है।' यहाँ पर मुख-उपमेय, चन्द्र-उपमान, समान धर्म- सुन्दरता, सादृश्य वाचक शब्द - सा है।

101. 'हीरक सी समीर माला जप' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानें-

(a) अनुप्रास (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) यमक

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर (b): 'हीरक सी समीर माला जप' इस पंक्ति में सादृश्य वाचक शब्द 'सी' के कारण इसमें **उपमा अलंकार** है। उपमा अलंकार के अन्य वाचक शब्द हैं– सा, ऐसा, जैसा, ज्यों, सरिस, सदृश, समान आदि।

102. 'छाया है माथे पर आशीर्वाद सा' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानें-

(a) पुनरुक्ति (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) श्लेष

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'छाया है माथे पर आशीर्वाद–सा'। इसमें **उपमा अलंकार** है। सी, सा, तुल्य, सम, जैसा, ज्यों, के समान आदि सादृश्य वाचक शब्द उपमा अलंकार में प्रयुक्त होते हैं।

103. 'तब तो बहता समय शिला-सा जम जायेगा।' इस पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) श्लेष (b) रूपक (c) उपमा (d) यमक

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) 'तब तो बहता समय शिला-सा जम जायेगा।' इस पंक्ति में **उपमा अलंकार** है। जब उपमेय एवं उपमान में समान गुण-धर्मों के आधार पर तुलना की जाय या समानता बताई जाय, वहाँ उपमा अलंकार होता है। सा, सम, सरिस आदि इसके वाचक शब्द हैं।

104. उपमेय और उपमान के बीच समानता बताने वाले शब्द को.....कहते हैं।

(a) रूपक (b) वाचक
(c) उपमान (d) उपमा

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : उपमेय और उपमान के बीच समानता बताने वाले को अथवा तुलना प्रकट करने वाले शब्द को 'वाचक' शब्द कहते हैं। उपमा अलंकार के चार अंग हैं- (i) उपमेय, (ii) उपमान, (iii) वाचक शब्द, (iv) साधारण धर्म। 'रूपक' में अति समानता के कारण उपमेय में उपमान का अभेद (भेद रहित) आरोप कर दिया जाता है।

105. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा उपमा अलंकार का भेद नहीं है?

(a) साधारणधर्म (b) उपमान
(c) वाचक (d) लक्षण

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दो वस्तुओं में समानधर्म के प्रतिपादन को 'उपमा' कहते हैं। उपमा में चार बातें आवश्यक होती हैं:-
1. उपमेय – जिसकी उपमा दी जाय।
2. उपमान – जिससे उपमा की जाय।
3. समानता वाचक शब्द– ज्यों, सम, सा, सी, तुल्य इत्यादि।
4. समानधर्म– उपमेय और उपमान के समानधर्म को व्यक्त करने वाला शब्द।
उदाहरण – नवल सुन्दर श्याम शरीर की,
सजल नीरद-सी कल कान्ति थी।
शरीर-उपमेय, नीरद कल- उपमान, वाचक शब्द- सी तथा साधारण धर्म-नवल, सुन्दर और कान्ति।
नोट-'लक्षण' उपमालंकार का भेद नहीं है।

@RexstarPdf

106. 'एक रम्य उपवन था, नंदन वन-सा सुन्दर' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) उत्प्रेक्षा (b) विभावना
(c) विरोधाभास (d) उपमा

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'एक रम्य उपवन था, नन्दन वन सा–सुन्दर' इस पंक्ति में उपमा अलंकार है। दो वस्तुओं में समान धर्म के प्रतिपादन को **उपमा** कहते हैं। समान धर्म, स्वभाव, शोभा, गुण आदि के आधार पर जहाँ एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाती है वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है। उक्त पंक्ति में 'रम्य उपवन' की तुलना 'नंदन वन' से की जा रही है। यहाँ वाचक शब्द 'सा' प्रयुक्त हुआ है।

107. 'दूर-दूर तक विस्तृत था हिम, स्तब्ध उसी के हृदय समान' में कौन-सा अलंकार है?

(a) रूपक (b) मानवीकरण
(c) सन्देह (d) उपमा

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'दूर–दूर तक विस्तृत था हिम, स्तब्ध उसी के हृदय समान' में **उपमा अलंकार** है। उपमा अलंकार में उपमेय और उपमान में समता, तुलना या बराबरी का उल्लेख किया जाता है।

108. 'सागर–सा गंभीर हृदय हो,
गिरि-सा ऊँचा हो जिसका मन।'– इस वाक्य में कौन सा अलंकार है?

(a) श्लेष (b) यमक
(c) उपमा (d) उत्प्रेक्षा

UPSI Batch - II 14 Dec.2017
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shift - II

उत्तर : (c) सागर–सा गंभीर हृदय हो।
गिरि–सा ऊँचा हो जिसका मन।।
इन पंक्तियों में **उपमा अलंकार** है। जहाँ उपमेय की उपमान से तुलना या समानता दिखाई जाय, वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है। यहाँ पर हृदय व मन (उपमेय) की तुलना सागर व गिरि (उपमान) से की गयी है। 'सा' वाचक शब्द है ऊँचा और गम्भीर साधारण धर्म है जो उपमा अलंकार के लक्षण हैं।

109. 'वे तुम सम, तुम उन सम स्वामी' में अलंकार का कौन-सा रूप है?

(a) उपमा (b) रूपक
(c) भ्रांतिमान (d) सन्देह

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) दी गयी पंक्तियों में **उपमा अलंकार** है। इसमें समतावाचक शब्द 'सम' का प्रयोग किया गया है। समतावाचक शब्द उपमा अलंकार का लक्षण है।
उपमा अलंकार-दो वस्तुओं में समानधर्म के प्रतिपादन को 'उपमा' कहते हैं। उपमा का अर्थ है- समता, तुलना या बराबरी।

110. 'हरिपद कोमल कमल से' इस उक्ति में कौन सा अलंकार है

(a) उत्प्रेक्षा (b) उपमा
(c) रूपक (d) यमक

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (b) उपमा अलंकार– जहाँ वस्तु की समता दूसरी वस्तु से की जाय, वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है। 'उप' का अर्थ होता है– समीप, 'मा' का– मापन या तोलना। अतः उपमा का अर्थ है 'दो वस्तुओं को एक दूसरे के समीप रखकर तोलना।'

उदाहरण- 'हरिपद कोमल कमल से' में उपमा अलंकार है। यहाँ हरिपद (भगवान के चरण) की तुलना कमल से की गयी है।

111. 'उपमा अलंकार' में 'उप' का अर्थ क्या है?

(a) ऊपर (b) बादल
(c) समीप (d) तौलना

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (c) उपमा अलंकार में उप का अर्थ 'समीप' होता है। उपमा का आशय है– तुलना, समता, बराबरी।

112. ''उपमेय, उपमान, साधारण धर्म और वाचक'' किस अलंकार के भेद हैं?

(a) श्लेष अलंकार (b) यमक अलंकार
(c) वीप्सा अलंकार (d) उपमा अलंकार

UPSI Batch-II 12 Dec. 2017

उत्तर : (d) 'उपमेय, उपमान, साधारण धर्म और वाचक' उपमा अलंकार के अंग हैं।

113. 'वह दीपशिखा–सी शांत भाव में लीन'। उक्त पंक्ति में अलंकार है –

(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) श्लेष

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्ति में **उपमा अलंकार** है। जहाँ किसी काल्पनिक वस्तु की तुलना किसी दूसरी विद्यमान वस्तु से किया जाता है या जहाँ उपमेय (जो प्रस्तुत हो) की तुलना उपमान से की जाय वहाँ उपमा अलंकार होता है।

6. रूपक

114. निम्नलिखित में से कौन सा अर्थालंकार का एक प्रकार है?

(a) यमक अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) वक्रोक्ति अलंकार (d) श्लेष अलंकार

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
KVS PGT 2016
UP TGT 2013
UGC NET IInd Paper Dec. 2004

उत्तर : (b) : दिए गए अलंकारों में से 'रूपक अलंकार' अर्थालंकार का एक प्रकार है। अन्य अलंकार शब्दालंकार के प्रकार हैं।
आचार्य वामन के अनुसार, जो किसी वस्तु को अलंकृत करे, वह अलंकार है। अलंकारों के मुख्यतः तीन वर्ग किये गये हैं–
1. शब्दालंकार **2.** अर्थालंकार **3.** उभयालंकार
1. शब्दालंकार में अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति, विप्सा आते हैं।
2. अर्थालंकार में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति, मानवीकरण, भ्रांतिमान, संदेह आदि आते हैं।
3. उभयालंकार में संसृष्टि व संकर आते हैं।

115. 'चरण कमल बंदौ हरि राई।'-इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) श्लेष अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) उपमा अलंकार (d) रूपक अलंकार

DSSSB TGT 25.07.2018
UPSI 14/12/2021 (Shift-I)
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा-2022
असिटेंट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर : (d) "चरण कमल बंदौ हरि राई।" इस पंक्ति में 'रूपक अलंकार' है। जहाँ उपमेय में उपमान का अभेद निरूपण हो अर्थात जहाँ उपमेय को ही उपमान मान लिया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है।
उदाहरण- चरण कमल बंदौ हरि राई।
यहाँ हरि के चरण को कमल के समान नहीं बल्कि कमल ही मान लिया गया है।

116. कर-सरोज जयमाल उठाई।
प्रेम विवश पहिराइ न जाई॥
उपर्युक्त पंक्तियों मे निहित प्रमुख अलंकार है:
(a) उपमा (b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक (d) अनुप्रास
NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : कर सरोज जयमाल उठाई।
प्रेम विवश पहिराई न जाई।।
उपर्युक्त पंक्ति में 'रूपक अलंकार' है। 'कर' उपमेय में 'सरोज' उपमान का भेद रहित आरोपण होने के कारण रूपक अलंकार है।

117. 'मुख रूपी चाँद पर राहु भी धोखा खा गया' वाक्य में कौन-सा अलंकार है?
(a) रूपक (b) श्लेष
(c) यमक (d) उत्प्रेक्षा
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'मुख रूपी चाँद पर राहु भी धोखा खा गया' वाक्य में रूपक अलंकार है।
रूपक अंलकार - जब गुण की अत्यंत समानता के कारण उपमेय को ही उपमान मान लिया जाए यानी उपमेय और उपमान में अभिन्नता दर्शायी जाए, तब वहाँ रूपक अलंकार होता है।
जैसे - बीती विभावरी जाग री। अंबर - पनघट में डुबों रही तारा घट ऊषा-नागरी।

118. निम्नलिखित में कौन-सा शब्दालंकार नहीं है–
(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक
UPPCL Stenographer, 2018
UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift
UPSI BATCH-I, 22.DEC.2017

उत्तर : (d) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्म को अलंकार कहते हैं। अलंकार का शाब्दिक अर्थ– शृंगार, सजावट, आभूषण होता है।
(1) शब्दालंकार– जहाँ किसी काव्य में शब्दों के कारण रमणीयता आती है, वहाँ शब्दालंकार होता है।
शब्दालंकार के प्रमुख भेद– अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति आदि।
(2) अर्थालंकार– जहाँ किसी काव्य में अर्थों के कारण रमणीयता आती है, वहाँ अर्थालंकार होता है।
अर्थालंकार के प्रमुख भेद– उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक, अतिशयोक्ति, दृष्टांत, उल्लेख, भ्रान्तिमान आदि हैं।

119. 'शशि मुख पर घूँघट डाले' में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) यमक
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'शशि मुख पर घूँघट डाले' ऊपर दिये गये उदाहरण में मुख (उपमेय) पर शशि (उपमान) का आरोप है, उपमेय का उपमान में अभेद दिखाया गया है अतः यह 'रूपक अलंकार' होगा।

120. 'ये तेरा शिशु जग है उदास' में अलंकार है–
(a) यमक (b) रूपक
(c) उपमा (d) अन्योक्ति
[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : प्रस्तुत पंक्ति महादेवी वर्मा की कृति 'नीरजा' से ली गयी है। 'ये तेरा शिशु जग है उदास' में 'रूपक अलंकार' है।
जहाँ, उपमेय में उपमान का भेद रहित आरोप हो, वहाँ रूपक अलंकार होता है।

121. जहाँ उपमेय में उपमान का भेद रहित आरोप हो, तो कौन-सा अलंकार होगा?
(a) रूपक (b) अपन्हुति
(c) प्रतीप (d) सहोक्ति
[UPSI 20.07.2017 Shift II]
UPSI 1/12/2021 (Shift-I)
कानूनगो भर्ती परीक्षा 2015
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' 2017

उत्तर. (a) : जहाँ उपमेय में उपमान का भेद रहित आरोप हो, तो 'रूपक अलंकार' होता है। **जैसे**- 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।'

122. 'बीती विभावरी जाग री
अम्बर-पनघट में डुबो रही
तारा घट उषा नागरी'
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन–सा अलंकार है?
(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक (d) उपमा
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015
UPTGT 2021
DSSSB PGT Hindi (Male), 2021
UKPSC Lecturer 2020
High Court Review Officer - 2021 (I)
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर. (c) : उक्त पंक्ति में 'रूपक अलंकार' है। इसमें अम्बर (उपमेय) पर 'पनघट' (उपमान) का 'तारा' (उपमेय) पर 'घट' (उपमान) का तथा 'उषा' (उपमेय) पर 'नागरी' (उपमान) का अभेद आरोप है। अतः इन पंक्तियों में **रूपक अलंकार** है।

123. मुख-कमल समीप सजे थे,
दो किसलय दल पुरइन के।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?
(a) रूपक (b) अतिशयोक्ति
(c) उत्प्रेक्षा (d) उपमा
UP PGT 2005

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्तियों में **रूपक अलंकार** है। यहाँ मुख-कमल अर्थात् मुखरूपी कमल में रूपक अलंकार है। जहाँ उपमेय पर उपमान का आरोप करके उनकी एकरूपता का प्रतिपादन किया जाय वहाँ रूपक अलंकार होता है। यहाँ पर उपमेय उपमान का रूप धारण कर लेता है।

@RexstarPdf

124. निम्नलिखित दोहे में कौन-सा अलंकार है?
बढ़त-बढ़त संपत्ति-सलिल, मन-सरोज बढ़ जाइ
घटत-घटत सुन फिरि घटे, बरु समूल कुम्हिलाइ।
(a) रूपक (b) यमक
(c) उत्प्रेक्षा (d) उपमा
इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014

उत्तर : (a) बढ़त-बढ़त सम्पति-सलिल, मन-सरोज बढ़ जाइ।
घटत-घटत सुन फिरि घटे, बरु समूल कुम्हिलाई।।
उपर्युक्त पंक्ति में **रूपक अलंकार** है।

125. ''संतौ भाई आई ग्यान की आँधी रे''-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) उपमा (b) अन्योक्ति
(c) रूपक (d) अतिशयोक्ति
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर: (c) ''संतौ-भाई आई ग्यान की आँधी रे''–पंक्ति में 'रूपक अलंकार' है। जहाँ गुण की अत्यंत समानता के कारण उपमेय में ही उपमान का अभेद आरोप कर दिया हो वहाँ 'रूपक अलंकार' होता है।
उदाहरण– ''मैया मैं तो चन्द्र खिलौना लैहों।

126.'उदित उदय-गिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग' में कौन-सा अलंकार है?
(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) भ्रांतिमान
(e) मानवीकरण
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shift - II
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shift - III
GIC PGT-2009
UPTET 2021 (28.11.2021 Class-IV)
UP TGT-2009
(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)

उत्तर : (b) 'उदित उदय-गिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग' में रूपक अलंकार है। जहाँ उपमेय और उपमान का भेद रहित आरोप होता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है।

127.''सखि नील नभस्सर से निकला, यह हंस अहा तिरता-तिरता। अब तारक मौक्तिक शेष नहीं, निकला जिनको चरता-चरता।।'' में रूपक अलंकार का कौन-सा प्रकार प्रयुक्त हुआ है?
(a) सांग रूपक (b) निरंग रूपक
(c) परंपरित रूपक (d) इनमें से कोई नहीं
UP TGT 2009

उत्तर : (a) जहाँ उपमेय में उपमान का आरोप होता है तथा गुण की अत्यंत समानता के कारण उपमेय में उपमान का अभेद्य आरोप कर दिया गया हो वहाँ **सांगरूपक अलंकार** होता है। अतः उपरोक्त पंक्ति में सांगरूपक अलंकार है।

128. 'मैया मैं तो चन्द्रखिलौना लैहों' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) उपमा (b) अनुप्रास
(c) रूपक (d) उत्प्रेक्षा
UPSI 22.12.2017 (Shift-I)
UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (c) जहाँ पर उपमेय को ही उपमान का निषेध रहित आरोप मान लिया जाये, वहाँ पर 'रूपक अलंकार' होता है। 'मैया मैं तो चन्द्रखिलौना लैहों' इसमें चन्द्रमा को खिलौना स्वीकारा गया है अतः यहाँ **रूपक अलंकार** है।

129.'मेरो मन अनत कहां सुख पावै,
जैसे उड़ि जहाज कौ पंछी पुनि जहाज पै आवै,
कमलनैन कौ छांड़ि महातम और देव को ध्यावै॥'
'कमल नयन' में अलंकार है-
(a) रूपक (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) श्लेष
UP SI 2001

उत्तर : (a) 'कमल नयन' में **रूपक अलंकार** है। जहाँ पर उपमेय को ही उपमान का रूप दिया जाए, वहाँ रूपक अलंकार होता है। कवि के शब्दों में–'उपमेय उपमान जहाँ एकै रूप कहाय'।
'कमल नयन' में नयन को कमल के रूप में स्वीकार किया गया है।

130. 'बसंत में नाचा बहुत मेरा मनमयूर।' रेखांकित अंश में-.....अलंकार है।
(a) यमक (b)उत्पेक्षा
(c) रूपक (d)उपमा
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (c) दिये गये वाक्य के रेखांकित अंश 'मेरा मन मयूर' में 'रूपक अलंकार' है। जहाँ उपमेय में उपमान का अभेद आरोपण हो वहाँ रूपक अलंकार होता है अर्थात उपमेय तथा उपमान के मध्य कोई अन्तर नहीं रहता। 'मन मयूर' पद में मन (उपमेय) तथा मयूर (उपमान) के मध्य कोई अन्तर नहीं है। मन तथा मयूर को एक मान लिया गया है।

131.''प्रश्न चिह्नों में उठी हैं, भाग्य-सागर की हिलोरें।'' इस काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त है?
(a) यमक (b)अनुप्रास
(c) उपमा (d)रूपक
UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (d) : जहाँ उपमेय पर उपमान का अभेद आरोप हो, वहाँ **रूपक अलंकार** होता है। प्रश्नगत पंक्तियों में 'रूपक अलंकार' है, क्योंकि यहाँ उपमेय (भाग्य) पर उपमान (सागर) का भेदरहित आरोप है।

132. ''तुलसी मन–मंदिर में बिहरैं', यह पंक्ति किस अलंकार से अलंकृत की गई है?
(a) मानवीकरण (b)रूपक
(c) पुनरुक्ति प्रकाश (d)उपमा
UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर :(b) यहाँ पर 'रूपक अलंकार' है। मन (उपमेय) पर मन्दिर (उपमान) का भेदरहित अरोप है। **मानवीकरण–** जहाँ जड़ वस्तुओं या प्रकृति में मानवीय गुणों का आरोपण किया जाता है, वहाँ 'मानवीकरण अलंकार' होता है।
पुनरुक्ति प्रकाश– किसी शब्द को काव्य में दोहराना ही 'वीप्सा' या 'पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार' कहलाता है।
उपमा– समान धर्म, स्वभाव, शोभा, गुण आदि के आधार पर जहाँ एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाती है, वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है।

@RexstarPdf

133. ''बिरह हस्ति तन सालै, घाय करै चित चूर'', इसमें किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) विशेषोक्ति (b) श्लेष (c) पुनरुक्ति (d) रूपक

राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा, 2014
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) ''बिरह-हस्ति तन सालै, घाय करै चित्त चूर'' में 'रूपक अलंकार' है।

रूपक अलंकार- उपमेय का उपमान में आरोप या उपमान और उपमेय का अभेद रूप 'रूपक अलंकार' कहलाता है। इसके लिए तीन बातों का होना आवश्यक है- (1) उपमेय को उपमान का रूप देना, (2) वाचक पद का लोप तथा (3) उपमेय और उपमान का साथ-साथ वर्णन।

134. ''पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो।'' पंक्ति के आधार पर सही अलंकार चुनिए।

(a) रूपक अलंकार (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) उत्प्रेक्षा अलंकार

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (a) ''पायो जी मैंने राम–रतन धन पायो।'' में 'रूपक अलंकार' है, जिसमें धन (उपमान) में राम (उपमेय) का आरोप होने से रूपक का चमत्कार है।

135. ''यह जीवन क्या है, निर्झर है।'' इस वाक्य में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) व्यतिरेक अलंकार

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) ''यह जीवन क्या है, निर्झर है'' अर्थात् जीवन झरने के समान निरन्तर प्रवाहित होने वाला है। इसमें वाचक पद का लोप है और उपमेय (प्रस्तुत) तथा उपमान (अप्रस्तुत) दोनों का साथ–साथ वर्णन हुआ है। यहाँ **रूपक अलंकार** का प्रयोग हुआ है।

7. उत्प्रेक्षा

136. 'फूले काँस सकल महि छाई। जनु बरसा रितु प्रकट बुढ़ाई।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) यमक अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) उत्प्रेक्षा अलंकार (d) श्लेष अलंकार

High Court Review Officer 2021 (I)
UPTET-2021 (निरस्त) Class I-V
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त पंक्ति में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' है।
'जहाँ उपमान के न होने पर उपमेय को ही उपमान मान लिया जाता है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।'

उदाहरण →

सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनो नील मनि सैल पर आतप परयो प्रभात।

उत्प्रेक्षा अलंकार में वाचक शब्दों के रूप में जनु, जानौ, मनु, मानो, मनहुँ, जनहुँ आदि का प्रयोग किया जाता है।

137. ''जाग पड़ता नेत्र देख बड़े-बड़े हीरकों में गोल नीलम हैं जड़े।'' इसमें कौन- सा अलंकार है?

(a) वस्तूत्प्रेक्षा (b) हेतूत्प्रेक्षा
(c) संदेह (d) फलोत्प्रेक्षा

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) ''जाग पड़ता नेत्र देख बड़े-बड़े
हीरको में गोल नीलम हैं जड़े ।''

उक्त पंक्यिों में 'वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार' है। जहाँ उपमेय रूप वस्तु में उपमान रूपी वस्तु की सम्भावना की जाय, वहाँ वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार होता है।
जैसे- उस काल मारे क्रोध के तनु कांपने उसका लगा ।
मानों हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा ।।

138. जहाँ उपमेय में उपमान की समानता की संभावना व्यक्त की जाती है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) उत्प्रेक्षा (b) उपमा (c) रूपक (d) संदेह

DSSSB TGT (male) 18.07.2021 Shift - I
DSSSB PGT 04.07.2021 Shift - I
RPSC Asst. Prof. 2020 Paper- I
UPSI 17/11/2021 (Shift- I)
[UPSI 24.07.2017 Sift I]
UPSI Batch I 22/12/2017
UPSI Batch. III 20 Dec. 2017
UP PGT 2002

उत्तर. (a) : जहाँ उपमेय में उपमान की समानता की संभावना व्यक्त की जाती है, वहाँ **उत्प्रेक्षा अलंकार** होता है। रूपक में उपमेय उपमान में अभेद अरोप किया जाता है। 'उपमा' में उपमेय एवं उपमान के मध्य उनके समान धर्म (गुण) के कारण समानता व्यक्त की जाती है।

139. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।
झुके कूल सों जल परसन हित मनहुं सुहाये।
इस कविता की दूसरी पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास (b) रूपक (c) यमक (d) उत्प्रेक्षा

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (d) : तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।
झूके कूल सों जल परसन हित मनहुं सुहाये।।

इस कविता की दूसरी पंक्ति में 'उत्प्रेक्षा' अलंकार है। जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना या कल्पना की जाए, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। यदि पंक्ति में-मनु, जनु, जानों, मानहु, मानो, निश्चय, इव, ज्यों आदि आता है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।

140. 'ले चला साथ मैं तुझे कनक ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक' में अलंकार बताइये?

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) श्लेष

वन रक्षक परीक्षा, 2015
Assistant Accountant Exam, 2015

उत्तर : (b) 'ले चला साथ मैं तुझे कनक ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक' इस पंक्ति में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' है। जिस वाक्य में **जनु, जानो, मनु, मानो, मनहुँ, ज्यों** आदि वाचक शब्द आये वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है जबकि जिस वाक्य में **सा, सी, से, सरिस, समान** आदि वाचक शब्द आये वहाँ उपमा अलंकार होता है और श्लेष का अर्थ है 'चिपका हुआ' जिस वाक्य में एक शब्द के अनेक अर्थ निकले, वह श्लेष अलंकार होता है। **जैसे-**

रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरे, मोती मानुष चून।।

जहाँ उपमेय में उपमान का भेद रहित आरोप हो रूपक अलंकार होता है। **जैसे**– उदित उदय गिरि मंच पर रघुवर-बाल पतंग।

@RexstarPdf

141. 'सखिन्ह सहित हरषी अति रानी।
सूखत धानु परा जनु पानी।'
इस पंक्ति में अलंकार है-

(a) संभावना (b) विभावना
(c) उत्प्रेक्षा (d) श्लेष

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) उक्त पंक्ति में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' है। जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना की जाए, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। वाचक शब्द - मनु, मानों, मनहुँ, जनु, जनहुँ, जानो, ज्यों आदि शब्द का प्रयोग किया जाता है।

142. निम्नलिखित पद्यांश में अलंकार है:–
झरनों का पानी लेकर गज छिड़क रहे मतवाले।
मानो जल बरस रहे हों सावन घन काले-काले॥

(a) उपमा (b) श्लेष
(c) यमक (d) उत्प्रेक्षा

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) : दिये गये पद्यांश में 'झरनों का पानी लेकर.....सावन घन काले-काले' पद्यांश में **उत्प्रेक्षा अलंकार** है। जहाँ उपमेय की उपमान रूप में संभावना व्यक्त की जाए वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है; जबकि **उपमा अलंकार** में किसी प्रकार की समानता के कारण एक वस्तु दूसरी वस्तु के समान कही जाती है। श्लेष अलंकार के अन्तर्गत ऐसे शब्दों का प्रयोग होता है जिनमें एक से अधिक अर्थ संश्लिष्ट होते हैं और **यमक अलंकार** में एक शब्द भिन्न अर्थों में एक से अधिक बार प्रयुक्त होता है।

143. निम्नलिखित में से कौन उत्प्रेक्षा अलंकार का उदाहरण नहीं है?

(a) सोहत ओढ़े पीत पट स्याम सलोने गात
(b) निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है
(c) मनहु नील मनि सैल पर आतप पर्‌यौ प्रभात
(d) हरि मुख मानो मधुर मयंक

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) 'निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है' उपमा अलंकार का उदाहरण है।

उत्प्रेक्षा अलंकार में उपमेय में उपमान की संभावना व्यक्त की जाती है। इसके बोधक शब्द– जनु, मनु, जानो, मानो, जनहु, मनहु होते हैं। **उदाहरण–** मुख मानो चन्द्र है।

144. 'सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनो नीलमनि सैलपर आतप पर्‌यौ प्रभात॥'

(a) रूपक (b) अतिशयोक्ति
(c) उत्प्रेक्षा (d) अनुप्रास

UPSI, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (c) उत्प्रेक्षा अलंकार– जब उपमेय में उपमान की सम्भावना व्यक्त की जाय, वहाँ 'उत्प्रेक्षा अलंकार' होता है।
(बोधक शब्द– मानो, मनु, मनहु, जाने, जनु, जनहु)
जैसे– (1) सोहत ओढ़े पीत पट, श्याम सलोने गात।
मनो नील मनि सैल पर आतप पर्‌यौ प्रभात।।
(2) मुख **मानो** चन्द्र है।

145. निम्नलिखित में से 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का उदाहरण चुनिए–

(a) काली घटा का घमंड घटा
(b) मानो घर-घर न हो, कोई चिड़ियाघर हो
(c) ये हैं सरस ओस की बूँदें या हैं मंजुल मोती
(d) उषा उदास आती है

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (b) 'मानो घर–घर न हो, कोई चिड़ियाघर हो' में **उत्प्रेक्षा अलंकार** होगा।
उत्प्रेक्षा अलंकार–जब उपमेय में उपमान की संभावना की जाती है वहाँ 'उत्प्रेक्षा अलंकार' होता है जबकि 'काली घटा का घमंड घटा' में **यमक अलंकार**, 'उषा उदास आती है' में मानवीकरण अलंकार तथा 'ये हैं सरस ओस की बूँदें या हैं मंजुल मोती' **में संदेह अलंकार** है।

146. 'अति कटु वचन कहति कैकई। मानहु लोन जरे पर देई।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(a) श्लेष (b) विभावना
(c) यमक (d) उत्प्रेक्षा

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (d) : उक्त पंक्ति में उत्प्रेक्षा अलंकार है।
उत्प्रेक्षा अलंकार- उपमेय (प्रस्तुत) में कल्पित उपमान (अप्रस्तुत) की सम्भावना को 'उत्प्रेक्षा अलंकार' कहते हैं। उत्प्रेक्षा का अर्थ है– 'किसी वस्तु को सम्भावित रूप में देखना'। **मनु, मानो, मनहुँ, जनु, जानो, जनहु** इसके वाचक शब्द हैं।

8. अतिशयोक्ति

147. पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सो पग धोये। इसमें कौन-सा अलंकार है?

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा
(c) रूपक (d) उत्प्रेक्षा

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल से पग धोये' में अतिशयोक्ति अलंकार है। जहाँ किसी वस्तु का इतना बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जाए कि सामान्य लोक सीमा का उल्लंघन हो जाए वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है।

148. 'देख लो साकेत नगरी है यही। स्वर्ग से गगन में मिलने जा रही॥'
उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अतिशयोक्ति (b) व्यतिरेक
(c) संदेह (d) अन्योक्ति

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : देख लो साकेत नगरी है यही।
स्वर्ग से गगन में मिलने जा रही।। में अतिशयोक्ति अलंकार का प्रयोग हुआ है। पंक्ति में साकेत नगरी अर्थात् अयोध्या के ऊंचे भवनों को आकाश की ऊंचाई छूते दिखाया गया है, जो सम्भव नहीं है। साथ ही साकेत नगरी की तुलना स्वर्ग की समृद्धि से करने का अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन है।
अतिशयोक्ति अलंकार :- जिसमें किसी बात को बढ़ा चढ़ाकर कहा जाए। वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है।

@RexstarPdf

149. ..... अर्थालंकार का एक प्रकार है–

(a) अनुप्रास (b) अतिशयोक्ति
(c) यमक (d) श्लेष

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर :(b) अर्थ को चमत्कृत या अलंकृत करने वाले शब्दों को 'अर्थालंकार' कहते हैं। अर्थालंकार के भेद हैं- उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, विरोधाभास, उल्लेख, दृष्टांत आदि।
अतिशयोक्ति अलंकार- जहाँ किसी का वर्णन इतना बढ़ा–चढ़ा कर किया जाये कि सीमा या मर्यादा का उल्लंघन हो जाये, वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है। **जैसे**-राणा की पुतली फिरि नहीं तब तक चेतक मुड़ जाता था। शेष सभी विकल्प शब्दालंकार के भेद हैं।

150. बाँधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से।
मणिवाले फणियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से॥
इन काव्य-पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) यमक (d) अतिशयोक्ति

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d) : बाँधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से।
मणिवाले फणियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से।। इन काव्य-पंक्तियों में अतिशयोक्ति अलंकार है। जहाँ किसी का वर्णन इतना बढ़ा-चढ़ाकर किया जाए कि सीमा या मर्यादा का उल्लंघन हो जाए, वहाँ 'अतिशयोक्ति' अलंकार होता है। उपर्युक्त उदाहरण में मोतियों से भरी हुई प्रिया की माँग का कवि ने वर्णन किया है। विधु या चन्द्र से मुख का, काली जंजीरों से केश और मणिवाले फणियों से मोती भरी माँग का बोध होता है।

151. 'नितप्रति पुन्यौई रहै आनन ओप उजास' में अलंकार है–

(a) उत्प्रेक्षा (b) उपमा
(c) अनुप्रास (d) अतिशयोक्ति

UP TGT 2004

उत्तर : (d) प्रस्तुत
पंक्ति में अतिशयोक्ति अलंकार की प्रस्तुति हुई है। जहाँ किसी का वर्णन इतना बढ़ा-चढ़ा कर किया जाय कि मर्यादा का उल्लंघन हो जाय, वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है। यहाँ सुन्दरी स्त्री के रूप का उजाला पूर्णिमा के चन्द्र प्रकाश से भी बढ़कर बताया जा रहा है जिससे अतिशयोक्ति अलंकार पूर्णतः परिपक्व हो उठता है।

152.'वह शर इधर गाण्डीव गुण से भिन्न जैसे ही हुआ। धड़ से जयद्रथ का उधर सिर छिन्न वैसे ही हुआ।' उपर्युक्त पंक्ति में कौन–सी अतिशयोक्ति है –

(a) असम्बन्धातिशयोक्ति (b) सम्बन्धतिशयोक्ति
(c) अक्रमातिशयोक्ति (d) अत्यन्ताशियोक्ति

UP PGT 2000

उत्तर : (c) उक्त पंक्ति में 'अक्रमातिशयोक्ति' है। जहाँ पर कार्य-कारण एक साथ घटित होते दिखाया गया हो वहाँ अक्रमातिशयोक्ति अलंकार होता है।

153. 'दुलहिन अँगिया काहे न धोवाई' इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार है?

(a) वक्रोक्ति (b) श्लेष
(c) रूपकातिशयोक्ति (d) दृष्टान्त

Higher Edu. Exam. 2015

उत्तर : (c) 'दुलहिन अँगिया काहे न धोवाई' पंक्ति में रूपकातिशयोक्ति अलंकार है। जहाँ केवल उपमान के वर्णन से उपमेय का बोध कराया जाय वहाँ रूपकातिशयोक्ति अलंकार होता है।

154. 'आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।'
राणा ने देखा इस पार, तब तक चेतक था उस पार॥'
दी गई पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) अनुप्रास

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : ''आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने देखा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।''
प्रस्तुत पंक्ति में राणा अभी नदी पार करने की सोच ही रहे थे, कि चेतक नदी के पार हो गया, यह यथार्थ में असम्भव है। अतः यहाँ पर **अतिशयोक्ति अलंकार** है।

155. 'हनुमान की पूंछ में लग न पाई आग, लंका सिगरी जल गई गए निशाचर भाग' इस उक्ति में कौन–सा अलंकार है?

(a) श्लेष वक्रोक्ति (b) अन्योक्ति
(c) काकु वक्रोक्ति (d) अतिशयोक्ति

UPSI Batch - I 13 & 14 Dec.2017
UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) अतिशयोक्ति अलंकार–जहाँ किसी वस्तु का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जाय अथवा सीमा के बाहर की बात कही जाय, वहाँ 'अतिशयोक्ति अलंकार' होता है। **जैसे-** 'हनुमान की पूंछ में लग पाई आग, लंका सगरी जल गई गए निशाचर भाग'।

9. अर्थान्तरन्यास

156. जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए, वहाँ कौन-सा अलंकार होगा?

(a) विरोधाभास (b) सन्देह
(c) अर्थान्तरन्यास (d) विशेषोक्ति

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए तो वहाँ **अर्थान्तरन्यास अलंकार** होता है। **जैसे–**

जो 'रहीम' उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।

157. जो रहीम उत्तम प्रकृति का करि सकत कुसंग।
चन्दन विष व्यापत नहीं लपटे रहत भुजंग॥ - इस दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(a) निदर्शना (b) अनुप्रास
(c) अर्थान्तरन्यास (d) सन्देह

NVS. PGT. 2014

उत्तर : (c) उपर्युक्त दोहे में **अर्थान्तरन्यास** अलंकार है। जहाँ किसी साधारण बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का साधारण बात से समर्थन किया जाय, वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है।

@RexstarPdf

10. काव्यलिंग

158. किसी युक्ति से समर्थित की गयी बात में कौन सा अलंकार होता है?

(a) व्यतिरेक (b) प्रतिवस्तूपमा
(c) दृष्टान्त (d) काव्यलिंग

UP TGT 2003

उत्तर : (d) किसी युक्ति से समर्थित की गयी बात में **काव्यलिंग** अलंकार होता है। यहाँ किसी बात के समर्थन में कोई न कोई युक्ति या कारण अवश्य दिया जाता है जबकि **दृष्टांत अलंकार** वहाँ होता है जहाँ उपमेय और उपमान तथा उनके साधारण धर्मों में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव हो और जहाँ उपमेय और उपमान को पृथक्-पृथक् वाक्यों में एक ही समान धर्म दो भिन्न-भिन्न शब्दों द्वारा कहा जाय वहाँ **प्रतिवस्तूपमा अलंकार** होता है।

11. उल्लेख

159. दिए गए वाक्य में प्रयुक्त अलंकार के भेद का चयन दिए गए विकल्पों में से करें।
तू रूप है किरण में, सौंदर्य है सुमन में।

(a) यथा संख्या (b) उल्लेख
(c) विभावना (d) रूपक

UPPCL JE Electrical, 2018

उत्तर. (b) : तू रूप है किरन में, सौंदर्य है सुमन में।' इस पंक्ति में **उल्लेख अलंकार** है। जहाँ एक वस्तु का वर्णन अनेक प्रकार से किया जाय, वहाँ उल्लेख अलंकार होता है। उपर्युक्त पंक्ति में 'रूप' का किरण तथा सुमन का कई रूपों में उल्लेख है।

12. विरोधाभास

160. विरोधाभास अलंकार निम्नलिखित में से किस अलंकार की श्रेणी में आता है?

(a) अर्थालंकार (b) शब्दालंकार
(c) क और ख दोनों (d) दोनों में से कोई भी नहीं

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : विरोधाभास अलंकार 'अर्थालंकार' की श्रेणी में आता है। काव्य में जहाँ अलंकार का सौन्दर्य अर्थ में निहित हो, वहाँ अर्थालंकार होता है। **विरोधाभास**– जब दो विरोधी पदार्थों का संयोग एक साथ दिखाया जाए तब विरोधाभास अलंकार होता है।
उदाहरण– सुलगी अनुराग की आग वहाँ
जल से भरपूर तड़ाग वहाँ।

161. 'पापी मनुज भी आज मुख से, राम नाम निकालते'- इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है

(a) विरोधाभास (b) दृष्टान्त
(c) विभावना (d) उदाहरण

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) उक्त पंक्ति में **विरोधाभास अलंकार** है शेष विकल्प असंगत हैं।

162. 'तंत्रीनाद कवित्त रस सरस राग रति रंग, अनबूड़े बूड़े तिरे जे बूड़े सब अंग' इस दोहा में कौन-सा अलंकार है?

(a) उपमा (b) विरोधाभास
(c) दृष्टान्त (d) रूपक

UGC NET II[nd] Paper June. 2006

उत्तर: (b) विरोधाभास अलंकार- जहाँ विरोध न रहने पर भी विरोध का आभास हो, वहाँ विरोधाभास अलंकार होता है।
दृष्टान्त अलंकार-जहाँ उपमेय और उपमान के साधारण धर्म का बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव दर्शित किया जाये तथा वाचक शब्द का उल्लेख न हो, वहाँ दृष्टान्त अलंकार होता है।
जैसे-पगी प्रेम नन्दलाल के हमैं न भावत भोग।
मधुप राजपद पाय के, भीख न माँगत लोग।।
उपमा अलंकार-जब एक ही वाक्य में उपमेय और उपमान का सादृश्य अथवा साम्य प्रतिपादित किया जाए और विपरीत धर्म की कोई चर्चा न हो तो वहाँ उपमा अलंकार होता है।
जैसे- पीपर पात सरिस मन डोला।
रूपक अलंकार-जहाँ उपमेय और उपमान में भेदरहित आरोप किया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है।
जैसे-उदित उदय गिरिमंच पर रघुवर बाल पतंग।
विकसे सन्त सरोज सब, हरषै लोचन- भृंग।।

163. निम्न में से किसमें विरोधाभास अलंकार का बोध होता है?

(a) देख लो साकेत नगरी है यही स्वर्ग को जा रही।
(b) जान पड़ता है नेत्र देख बड़े-बड़े।
(c) विरह है अथवा यह वरदान।
(d) प्रियतम को समक्ष पा कामिनी, न जा सकी न ठहर सकी।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'प्रियतम को समक्ष पा कामिनी,
न जा सकी न ठहर सकी।'
इस पंक्ति में विरोध न होने पर भी विरोध का भाव है, इसलिए इसमें 'विरोधाभास अलंकार' होगा। 'देख लो साकेत नगरी है यही स्वर्ग को जा रही' में अतिशयोक्ति अलंकार तथा 'जान पड़ता नेत्र देख बड़े–बड़े' में उत्प्रेक्षा अलंकार है। 'विरह है अथवा यह वरदान' संदेह अलंकार का उदाहरण है।

164. 'जब से है आँख लगी तब से न आँख लगी' इसमें कौन-से अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) सन्देह अलंकार (b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) अन्योक्ति अलंकार (d) विरोधाभास अलंकार

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : ''जब से है आँख लगी तब से न आँख लगी'' पंक्ति में 'विरोधाभास अलंकार' है। जहाँ विरोध के न होते हुए भी उसका आभास हो, वहाँ **विरोधाभास अलंकार** होता है। उक्त पंक्ति में किसी प्रेमी का वर्णन है, जो कहता है कि जब से प्रेम हो गया है तब से नींद नहीं आती।

165. 'अचल दृग हो उठते चंचल। चपल पग हो जाते अविचल।' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।

(a) भ्रांतिमान (b) उपमा
(c) विरोधाभास (d) संदेह

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (c) : दी गयी पंक्ति में 'विरोधाभास अलंकार' है।
विरोधाभास अलंकार– जब दो विरोधी पदार्थों का संयोग एक साथ दिखाया जाय, तब 'विरोधाभास अलंकार' होता है। **जैसे–**
या अनुरागी चित्त की, गति समुझै नहीं कोय।
ज्यों-ज्यों बूड़े श्याम रंग, त्यों-त्यों उज्ज्वल होय।।

@RexstarPdf

166. 'आई ऐसी अद्भुत बेला
ना रो सका न विहँस सका।'
दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(a) विरोधाभास अलंकार
(b) अनुप्रास अलंकार
(c) वीप्सा अलंकार
(d) उपमा अलंकार

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (a) विवरण निम्नवत् है-
'आई ऐसी अद्भुत बेला,
ना रो सका न विहँस सका।'
इन पंक्तियों में 'विरोधाभास अलंकार' है। यहाँ पर रोना और हँसना दो परस्पर विरोधी बातों का वर्णन एक साथ किया गया है। अतः यह विरोधाभास अलंकार का उदाहरण है।

14. दृष्टान्त

167.निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?
एक म्यान में दो तलवारें कभी नहीं रह सकती हैं।
किसी और पर प्रेम नारियाँ पति का क्या सह सकती हैं?

(a) दृष्टान्त (b) समासोक्ति
(c) विभावना (d) विरोधाभास

UP PGT 2010
UP Degree College Exam 2013

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्तियों में ''दृष्टांत अलंकार'' है। जहाँ पहले कोई बात कहकर उससे मिलती-जुलती बात द्वारा उदाहरण दिया जाय लेकिन समानता किसी शब्द द्वारा प्रकट न हो, वहाँ 'दृष्टांत अलंकार' होता है। जहाँ प्रस्तुत से अप्रस्तुत का बोध हो, वहाँ **समासोक्ति** अलंकार होता है। जहाँ बिना कारण के ही कार्य हो जाय, वहाँ 'विभावना अलंकार' होता है। जब दो विरोधी पदार्थों का संयोग एक साथ दिखाया जाय, तो वहाँ 'विरोधाभास अलंकार' होता है।

168. यदि उपमेय–उपमान में बिम्ब–प्रतिबिम्ब भाव हो तो अलंकार होता है:

(a) विभावना (b) दृष्टान्त
(c) उत्प्रेक्षा (d) रूपक

Higher Edu. Exam. 2015

उत्तर : (b) यदि उपमेय–उपमान में बिम्ब–प्रतिबिम्ब भाव हो तो 'दृष्टान्त अलंकार' होता है।
→ जहाँ कारण के बिना कार्य की उत्पत्ति हो जाय वहाँ 'विभावना अलंकार' होता है।
→ जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना या कल्पना कर ली जाय, वहाँ 'उत्प्रेक्षा अलंकार' होता है।
→ जहाँ उपमेय और उपमान में भेदरहित आरोप किया जाता है, वहाँ 'रूपक अलंकार' होता है।

14. विभावना

169. जहाँ बिना कारण के ही कार्य की संभावना व्यक्त की गई हो, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) विभावना (b) निदर्शना
(c) असंगति (d) अर्थान्तरन्यास

UPSI 30/11/2021(Shift-II)
UPSI 28/11/2021(Shift-III)
UP PGT 2010, UP PGT 2013
DIET PGT 2014
स्टोनोग्राफर-2015
KVS PGT Hindi 2016
UGC NET III[rd] Paper Nov. 2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत अलंकार एवं उनके उदाहरण इस प्रकार है–

अलंकार	लक्षण	उदाहरण
1. विभावना	बिना कारण के ही कार्य की संभावना	बिनु पग चलै सुनै बिनु काना
2. निदर्शना	उपमेय का गुण उपमान में या उपमान का गुण उपमेय में आरोपित होना	रवि ससि नखत दिपिहि ओहि जोति। रतन पदारथ मानिक मोती।।
3. असंगति	कार्य एवं कारण में संगति का अभाव	दृग उरझत टूटत कुटुम
4. अर्थान्तरन्यास	सामान्य का विशेष या विशेष का सामान्य से समर्थन	जे रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग। चंदन विष व्यापत नही, लपटे रहत भुजंग।।

170.'बिनु पद चलै सुनै बिनु काना।
कर बिनु कर्म करै विधि नाना'
में कौन-सा अलंकार है -

(a) विभावना (b) विशेषोक्ति
(c) असंगति (d) दृष्टांत

UPTET 2021 (23.01.2022) (Class- VI - VIII)
UPHSC असिस्टेंट प्रोफेसर, 2016
UPSI Batch-I 12 Dec. 2017
UPSI 13.12.2017 Shift-I
कानून भर्ती परीक्षा, 2015
UP PGT 2004

उत्तर : (a) उपर्युक्त पंक्ति में **विभावना अलंकार** है। विभावना अलंकार वहाँ होता है जहाँ कारण के अभाव में कार्य हो रहा हो। वह पैरों के बिना चलता है, बिना कानों के सुनता है और बिना हाथों के विविध कार्य करता है। कारण के अभाव में कार्य होने के कारण यहाँ **विभावना अलंकार** है।

171. 'निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय।
बिनु पानी साबुन बिना, निरमल करत सुभाय॥
पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए–

(a) विभावना (b) विशेषोक्ति
(c) उपमा (d) विरोधाभास

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर : (a) निदंक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय।
बिनु पानी साबुन बिना, निरमल करत सुभाय।।
इन पंक्तियों में कारण के अभाव में कार्य की उत्पत्ति का वर्णन है। अतः यहाँ **विभावना अलंकार** होगा।

15. अन्योक्ति

172. 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास इहिं काल। अली कली ही सौं बिध्यों आगे कौन हवाल।' उपर्युक्त दोहे में कौन-सा अलंकार का प्रयोग किया गया है?

(a) अन्योक्ति अलंकार
(b) अपहनुति अलंकार
(c) अतिशयोक्ति अलंकार
(d) व्यतिरेक अलंकार

UPSI Batch - II 15 Dec.2017
UPSI Batch - I 13 Dec.2017
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहिं काल।
अली कली ही सौं विध्यों, आगे कौन हवाल।।
इस दोहे में **अन्योक्ति अलंकार** है। जहाँ पर किसी अन्य कथन (उक्ति) द्वारा किसी तथ्य को समझाया जाता है ,वहाँ 'अन्योक्ति अलंकार' होता है। इस दोहे में कली और भौंरे की उक्ति द्वारा राजा जयसिंह को समझाया गया है।

173. 'जहाँ किसी की बात किसी और पर डाल कर कही जाये', वह कौन सा अलंकार है?

(a) अतिशयोक्ति (b) असंगति
(c) दृष्टांत (d) अन्योक्ति

UPSI Batch - II 14 Dec.2017
UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर : (d) जहाँ किसी की बात किसी और पर डालकर कही जाये, वहाँ **अन्योक्ति अलंकार** होता है। **जैसे–**
नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहि काल।
अली कली ही सौं विध्यों, आगे कौन हवाल।।

16. व्यक्तिरेक

174. किस अलंकार में उपमान की अपेक्षा उपमेय को काफी बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाता है?

(a) रूपक (b) अतिश्योक्ति
(c) संदेह (d) व्यतिरेक

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) व्यतिरेक अलंकार में उपमान की अपेक्षा उपमेय को काफी बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाता है। व्यतिरेक का अर्थ होता है 'आधिक्य'।
उदाहरण-जनम सिंधु पुनि बंधु विष, दिन मलीन सकलंक।
सिय मुख समता पाव किमि, चंद बापुरो रंग।।

175. 'सम सुबरन सुखमाकर सुखद न थोर।
सीय अंग सखि कोमल कनक कठोर।।'
-इस उद्धरण में अलंकार है-

(a) उपमा
(b) परिसंख्या
(c) अतिशयोक्ति
(d) व्यतिरेक

GIC. PGT 2015

उत्तर : (d) उपर्युक्त उद्धरण में 'व्यतिरेक' अलंकार है। व्यतिरेक अलंकार-उपमेय की उपमान से अधिकता या न्यूनता सूचित करने वाले अलंकार को 'व्यतिरेक' कहते हैं।
उदाहरण- जन्म सिन्धु पुनि बन्धु विष, दिन मलीन सकलंक।
सिय मुख समता पाव किमि, चन्द्र बापुरो रंक।।

176. 'जनम सिंधु पुनि बंधु विष, दिन मलीन सकलंक।
सिय मुख समता पाव किमि चन्द्र बापुरो रंक।।'
पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?

(a) अनन्वय
(b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा
(d) व्यतिरेक

GIC. PGT 2009

उत्तर : (d) उपर्युक्त पंक्ति में 'व्यतिरेक अलंकार' का प्रयोग किया गया है। जहाँ उपमेय में उपमान से सकारण उत्कर्ष दिखाया जाए, वहाँ 'व्यतिरेक' अलंकार होता है।

177. 'रघुवर जस प्रताप के आगे।
चन्द मन्द, रवि तापहिं त्यागे।।'
उपर्युक्त पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(a) उल्लेख (b) विभावना
(c) उत्प्रेक्षा (d) व्यतिरेक

DIET PGT. 2014

उत्तर : (d) उपर्युक्त पंक्ति में 'व्यतिरेक अलंकार' है। जहाँ उपमान की अपेक्षा उपमेय का व्यतिरेक यानी उत्कर्ष का वर्णन किया जाय, वहाँ व्यतिरेक अलंकार होता है।

178. खंजन मील सरोजनि की छवि गंजन नैन लला दिन होनो।
भौंह कमान सो जोहन को सर बेधन प्राननि नंद को छोनो। इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन सा है–

(a) अनुप्रास (b) रूपक
(c) व्यतिरेक (d) यमक

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (c) ''खंजन मील सरोजनि की छवि गंजन नैन लला दिन होनो।''
'भौंह कमान सो जोहन को सर बेधन प्राननि नंद को छोनो।'

@RexstarPdf

उपर्युक्त पंक्तियों में 'व्यतिरेक अलंकार' है। जहाँ उपमान की अपेक्षा अधिक गुण होने के कारण उपमेय का उत्कर्ष हो, वहाँ व्यतिरेक अलंकार होता है। व्यतिरेक का अर्थ है– 'आधिक्य'। व्यतिरेक में कारण का होना अनिवार्य है।

17. अपह्नुति

179. 'मैं जो कह रघुवीर कृपाला।
बंधु न होइ मोर यह काला॥'
इस उद्धरण में कौन सा अलंकार है?

(a) भ्रान्तिमान (b) सन्देह
(c) प्रतीप (d) अपह्नुति

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (d) उपर्युक्त उद्धरण में **अपह्नुति** अलंकार है। जहाँ उपमेय में उपमान का आरोप (निषेध सहित) अथवा जहाँ पर वर्णन करते समय श्रोता गुप्त बात समझ जाता है, और उसका चतुराई से निषेध करके मिथ्या समाधान किया जाता है, वहाँ पर अपह्नुति अलंकार होता है।

180. किस पंक्ति में 'अपह्नुति' अलंकार है?

(a) इसका मुख चन्द्रमा के समान है।
(b) चन्द्र इसके मुख के समान है
(c) इसका मुख ही चन्द्र है।
(d) यह चन्द्र नहीं मुख है।

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) जहाँ उपमेय में उपमान का निषेध हो वहाँ 'अपह्नुति अलंकार' होता है। **जैसे**–यह मुख नही चंद्र है।

18. संदेह

181. निम्नलिखित विकल्पों में से 'संदेह अलंकार' का उदाहरण कौन-सा विकल्प है?

(a) मानो घर-घर ना हो, कोई चिड़ियाघर हो
(b) एक रम्य उपवन था, नन्दन वन-सा सुन्दर
(c) यह काया है या शेष उसी की छाया
(d) रति सम रमणीय मूर्ति राधा की

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) 'यह काया है या शेष उसी की छाया' यह पंक्ति 'संदेह अलंकार' का उदाहरण है। जब उपमेय-उपमान में परस्पर संदेह की स्थिति बनी रहे और निर्णय न होने पाए तो वहाँ पर 'संदेह अलंकार' होता है। यहाँ काया (उपमेय) एवं छाया (उपमान) में निर्णय नहीं हो पा रहा है, संदेह बना हुआ है। अतः यहाँ संदेह अलंकार है। विकल्प (a) में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' तथा विकल्प (b) और (d) में उपमा अलंकार है।

19. भ्रांतिमान

182.पाइ महावर दैन कौं नाइनि बैठी आइ।
फिरि-फिरि जानि महावरी, एड़ी मीड़ति जाइ।''
में कौन सा अलंकार है?

(a) अतिशयोक्ति (b) भ्रांतिमान
(c) संदेह (d) प्रतीप

RPSC Asst. Prof. 2020
Chhattisgarh Asst. Prof. 2014
UP PGT 2013

उत्तर: (b) जहाँ सादृश्य समानता के कारण उपमेय को भ्रमवश उपमान समझ लिया जाय वहाँ भ्रांतिमान अलंकार होता है। उक्त पंक्ति में एड़ी (उपमेय) और महावर (उपमान) में लाल रंग की समानता होने के कारण नाइन को भ्रम हो गया। अतः नाइन एड़ी की स्वाभाविक लालिमा को महावर समझकर बार-बार एड़ी को रगड़ रही है। अतः यहाँ उपमेय को उपमान समझ लेने के कारण **भ्रांतिमान अलंकार** है।

183. 'नाक का मोती अधर की कान्ति से,
बीज दाड़िम का समझकर भ्रान्ति से।
देखकर सहसा हुआ शुक मौन है,
सोचता है अन्य शुक यह कौन है?'
इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

(a) भ्रांतिमान अलंकार (b) प्रतीप अलंकार
(c) समुच्चय अलंकार (d) एकावली अलंकार

UPSI Batch -III 15 Dec. 2017
UPSI Batch - II 21 Dec.2017
UPSI Batch - II 22 Dec.2017
UP PGT 2010

उत्तर. (a) : जहाँ सादृश्य के आधार पर किसी वस्तु को कुछ और ही समझ उसका चमत्कार पूर्ण वर्णन किया जाए, वहाँ 'भ्रांतिमान अलंकार' होता है। उर्मिला की नाक में पहने हुए मोती पर ओठों की लाल आभा पड़ती है, जिससे वह अनार का बीज लगता है। तोता उर्मिला के नाक की मोती को अनार का दाना समझने लगता है। इस भ्रम के कारण यहाँ **भ्रांतिमान अलंकार** होता है।

184. 'जानि श्याम घनश्याम को नाचि उठे वन मोर''– पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) सन्देह (b) उत्प्रेक्षा
(c) भ्रांतिमान (d) असंगति

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (c) ''जानि श्याम घनश्याम को नाचि उठे वन मोर।'' अर्थात् श्याम (श्री कृष्ण) को श्याम वर्ण से घनश्याम (बादल) की भ्रांति होने के कारण जंगल में मोर नाचने लगते थे। इस पंक्ति में 'भ्रांतिमान अलंकार' है।
सादृश्य के कारण एक वस्तु को दूसरी वस्तु मान लेना 'भ्रांतिमान अलंकार' कहलाता है।

185. दिए गये विकल्पों में से भ्रान्तिमान अलंकार का उदाहरण कौन-सा है?

(a) ओस-बिन्दु चुग रही हंसिनी मोती उनको जान
(b) हरिमुख मानो मधुर मयंक
(c) तारे आसमान के है आये मेहमान बनि
(d) सखि! मयंक तव मुख सम सुंदर

UPSI Batch - II 13 Dec.2017
UPSI Batch - I 16 Dec.2017
UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) उपर्युक्त विकल्पों में से **ओस-बिन्दु चुग रही हंसिनी मोती उनको जान'** भ्रांतिमान अलंकार का उदाहरण है। यहाँ हंसिनी को मोती और ओस की बूँदों में भ्रम हो रहा है। जबकि 'हरिमुख मानो मधुर मयंक' में उत्प्रेक्षा अलंकार है, क्योंकि यहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार के वाचक शब्द 'मानो' का प्रयोग हुआ है और 'तारे आसमान के हैं आये मेहमान बनि' संदेह अलंकार का उदाहरण तथा 'सखि! मयंक तब मुख सम सुंदर' में उपमा अलंकार है।

@RexstarPdf

20. व्याजस्तुति

186. 'गंगा क्यों टेढ़ी चलती हो, दुष्टों को शिव कर देती हो' इस वाक्य में कौन सा अलंकार है?

(a) व्याजनिंदा अलंकार (b) व्याजस्तुति अलंकार
(c) विभावना अलंकार (d) विशेषोक्ति अलंकार

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : गंगा क्यों टेढ़ी चलती हो, दुष्टों को शिव कर देती हो।'' यहाँ पर **'व्याजस्तुति अलंकार'** है। यहाँ देखने, सुनने में गंगा की निंदा प्रतीत हो रही है, किंतु वास्तव में यहाँ गंगा की प्रशंसा की जा रही है। काव्य में जहाँ देखने, सुनने में निंदा प्रतीत हो, किंतु वह वास्तव में प्रशंसा हो, वहाँ 'व्याजस्तुति अलंकार' होता है।

21. मानवीकरण

187. दिवसावसान का समय
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या-सुन्दरी परी सी
धीरे-धीरे-धीरे
इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?

(a) रूपक (b) उपमा
(c) श्लेष (d) मानवीकरण

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) जिस पंक्ति में निर्जीव वस्तु का वर्णन सजीव (मानव) की तरह किया जाय या निर्जीव वस्तु का मानवीकरण कर दिया जाय तो वहाँ पर 'मानवीकरण अलंकार' होता है।

188. 'उषा सुनहले तीर बरसाती
जयलक्ष्मी सी उदित हुई।'
इसमें अलंकार है–

(a) मानवीकरण (b) दृष्टान्त
(c) सन्देह (d) विरोधाभास

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) जिस काव्य में निर्जीव वस्तु का मानवीकरण (सजीव) कर दिया जाय तो वहाँ पर मानवीकरण अलंकार होता है। इस काव्य में सुबह के सुनहरी किरणों का मानवीकरण कर दिया गया है, अतः यहाँ 'मानवीकरण अलंकार' है।

189. अलंकार के सन्दर्भ में 'मानवीकरण' से क्या अभिप्राय है?

(a) जीवात्मा का मानव बन जाना।
(b) मनुष्य द्वारा करने योग्य।
(c) वशीकरण द्वारा अन्य जीवों को मानव बना देना।
(d) वह अलंकार जिसमें भावनाओं में मानव-गुण व कार्य का आरोप किया जाए।

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (d) अलंकार के संदर्भ में 'मानवीकरण' से अभिप्राय है- वह अलंकार जिसमें भावनाओं में मानव-गुण व कार्य का आरोप किया जाए।

190. 'है अमानिशा उगलता गगन घन अंधकार' में अलंकार है:-

(a) मानवीकरण (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) यमक

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (a) : दी गई पंक्ति- ''है अमानिशा, उगलता गगन घन अंधकार'' में 'मानवीकरण अलंकार' है। जहाँ पर प्रकृति का, निर्जीव या जड़ का मानव की तरह वर्णन किया जाय वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है। यहाँ पर उगलने का वर्णन मानव की तरह किया गया है। अतः यह मानवीकरण का उदाहरण है।

191. जहाँ अचेतन प्रकृति में भी मानवीय क्रियाओं का आरोप हो, वहाँ होता है :

(a) अमूर्त्तवर्णन (b) बिंब विधान
(c) प्रतीक योजना (d) मानवीकरण

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (d) जहाँ अचेतन प्रकृति में भी मानवीय क्रियाओं का आरोप हो, वहाँ 'मानवीकरण अलंकार' होता है। दूसरे शब्दों में जहाँ किसी निर्जीव वस्तु को सजीव रूप में वर्णित किया जाता है, वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है। **उदाहरणार्थ-**

प्रकृति मुस्कुराती खड़ी कह रही थी,
सबक सीख लो तू मनुजता का अब भी।।

192. जहाँ अमानव में मानवीय गुणों का आरोपण हो, वहाँ ..... माना जाता है-

(a) उपमा (b) अर्थालंकार
(c) दृष्टांत (d) मानवीकरण

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (d) जहाँ जड़ वस्तुओं या प्रकृति में मानवीय गुणों का आरोपण हो, वहाँ 'मानवीकरण अलंकार' माना जाता है। **जैसे–** जगीं वनस्पतियाँ अलसाई, मुख धोती शीतल जल से (प्रसाद)

193. 'देख दशा रघुवीर की, वृक्ष फूट फूट कर रोये' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

(a) शब्दालंकार (b) प्रतीप अलंकार
(c) अंगज अलंकार (d) मानवीकरण अलंकार

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : दिये गये विकल्पों के आधार पर इसमें 'मानवीकरण अलंकार' होगा। मानवीकरण – जहाँ जड़ वस्तुओं या प्रकृति पर मानवीय चेष्टाओं का आरोप किया जाता है, वहाँ 'मानवीकरण अलंकार' होता है। रोना एक मानवीय गुण है, जिसका आरोपण वृक्षों पर किया गया है।

194. ''उषा उदास आती है।'' इसमें किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) उपमा (b) मानवीकरण
(c) यमक (d) विभावना

UPSI Batch - II 19 Dec.2017
UPSI Batch - III 21 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) ''उषा उदास आती है'' इसमें 'मानवीकरण अलंकार' है। जब मानवीय क्रियाओं का आरोपण निर्जीव व प्राकृतिक अवयवों पर किया जाता है, तो 'मानवीकरण अलंकार' होता है। हँसना, बोलना, मुस्कुराना, उदास होना, सजना-सँवरना, सोना-जागना आदि मानवीय क्रियाएँ हैं, जब इनका प्रयोग जड़ वस्तुओं या प्रकृति के लिए हो, **जैसे–**'फूल हँसे कलियाँ मुस्काए' तो वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है। यहाँ भी 'उषा' उषाकाल के लिए प्रयुक्त है।

195. अंखियाँ हरि दरसन की भूखी। इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) उपमा (b) वृत्यानुप्रास
(c) वक्रोक्ति (d) मानवीकरण

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) ''अँखियाँ हरि दरसन की भूखी'' में मानवीकरण अलंकार है। भूखा रहना मानव का गुण है परन्तु यहाँ आखें भूखीं हैं अर्थात् मानवी गुण का आरोपण आखों पर कर दिया गया है।

196. ''जहाँ जड़ पर चेतन का आरोप हो'', वहाँ ..... अलंकार होता है।

(a) श्लेष (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) मानवीकरण

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (d) ''जहाँ जड़ पर चेतन का आरोप हो'' वहाँ पर 'मानवीकरण अलंकार' होता है। **जैसे–** 'उषा उदास आती है।'

22. प्रतीप

197. 'छिपा रही घुंघट में सुंदरी, क्या अपना आनन तू?
आनन-सा ही चंद्र चमकता, ऊपर फेर नयन तू।'
पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) उल्लेख (b) प्रतीप
(c) दृष्टांत (d) अन्वय

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'छिपा रही घुंघट में सुंदरी, क्या अपना आनन तू?
आनन-सा ही चंद्र चकमता, ऊपर फेर नयन तू।'
उक्त पंक्ति में 'प्रतीप अलंकार' है। प्रतीप का अर्थ उल्टा होता है। यह उपमा अलंकार के विपरीत होता है।

198. ''दूर दूर तक विस्तृत था हिम, स्तब्ध उसी के हृदय समान'' यह पंक्ति किस अलंकार का उदाहरण है?

(a) उत्प्रेक्षा (b) प्रतीप
(c) व्यतिरेक (d) संदेह

DSSSB PGT 24.07.2018
UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (b): ''दूर दूर तक विस्तृत था हिम, स्तब्ध उसी के हृदय समान'' पंक्ति में 'प्रतीप अलंकार' है। प्रतीप अलंकार उपमा का उलटा होता है। दूर दूर तक फैले हुए बर्फ की शांति हृदय की शान्ति के समान है।

199. माँ के शुचि उपकारों का, जीवन में अन्त नहीं है।
निस्वार्थ साधना पथ पर, माँ जैसा सन्त नहीं है।
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में मुख्य रूप से कौन-सा अलंकार लक्षित हो रहा है?

(a) विभावना (b) विशेषोक्ति
(c) प्रतीप (d) अनन्वय

UP PGT 2005

उत्तर : (c) उपमेय से उपमान की हीनता का वर्णन होने पर 'प्रतीप अलंकार' होता है। **उदाहरणार्थ-** उपमेय माँ के शुचि उपकारों का से उपमान निःस्वार्थ साधना की हीनता का वर्णन है। अतएव यहाँ पर प्रतीप अलंकार है।

200. 'उत्तरि नहाए जमुन जल जो शरीर सम स्याम।'–इस रस उद्धरण में अलंकार है:

(a) व्यतिरेक (b) विभावना
(c) प्रतीप (d) असंगति

GIC. PGT 2015

उत्तर : (c) 'उत्तरि नहाए जमुन जल जो शरीर सम स्याम।' में 'प्रतीप अलंकार' है। प्रतीप अलंकार में उपमा अलंकार से विपरीत स्थिति होती है अर्थात् जहाँ उपमान का अपकर्ष वर्णित हो वहां प्रतीप अलंकार होता है।

201. 'तरनि-तनूजा-नीर सोहत स्याम-शरीर सम' में अलंकार है-

(a) परिसंख्या (b) व्यतिरेक
(c) असंगति (d) प्रतीप

GIC. PGT 2009

उत्तर : (d) तरनि-तनूजा नीर सोहत स्याम-शरीर सम।
तन मन की सब पीर, दरसन परसन तै दुरै।।
इस पंक्ति में 'प्रतीप अलंकार' का प्रयोग किया गया है। जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाय और कारण न दिया हो, वहाँ प्रतीप अलंकार होता है। प्रतीप शब्द का अर्थ है- विलोम, विरुद्ध या उल्टा। इस अलंकार में उपमा अलंकार के विपरीत कार्य होता है।

202. 'उसी तपस्वी से लम्बे थे देवदार दो-चार खड़े' में अलंकार है–

(a) श्लेष (b) अतिशयोक्ति
(c) परिसंख्या (d) प्रतीप

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'उस तपस्वी से लम्बे थे देवदार दो-चार खडे' में 'प्रतीप अलंकार' है। प्रतीप का अर्थ होता है उल्टा अर्थात् जहाँ पर प्रसिद्ध उपमान को उपमेय बना दिया जाय वहाँ 'प्रतीप अलंकार' होता है। वाक्य में स्पष्ट है कि प्रसिद्ध उपमान (देवदार) को उपमेय तथा उपमेय (तपस्वी) को उपमान मानकर वर्णन किया गया है।

@RexstarPdf

23. अन्य

203.'एक म्यान में दो तलवारें कभी नहीं रह सकती हैं, किसी और पर प्रेम नारियाँ पति का क्या सह सकती हैं?' इसमें अलंकार है–

(a) विरोधाभास (b) अतिशयोक्ति
(c) दृष्टांत (d) व्यतिरेक

UPPSC Degree College Exam. 2013

उत्तर : (c) जहाँ उपमेय में उपमान तथा उनके साधारण धर्मों में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव हो, वहाँ दृष्टांत अलंकार होता है। **जैसे–** एक म्यान में दो तलवारें कभी नहीं रह सकती हैं, किसी और पर प्रेम नारियाँ पति का क्या सह सकती हैं? प्रथम पंक्ति का दूसरी पंक्ति में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होने के कारण 'दृष्टांत अलंकार' है।

204. जहाँ उपमेय और उपमान वाक्यों के अर्थ में भिन्नता होते हुए भी उनमें समानता की कल्पना की जाती है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) अर्थान्तरन्यास (b) दृष्टांत
(c) निदर्शना (d) प्रतिवस्तूपमा

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : जहाँ उपमेय और उपमान वाक्यों के अर्थ में भिन्नता होते हुए भी उनमें समानता की कल्पना की जाती है, वहाँ पर निदर्शना अलंकार होता है।
उदाहरण–यह प्रेम को पंथ कराल 'महा', तरवारि की धार पै धावनो है।

205. 'वीप्सा' में कौन-सा अलंकार है?

(a) शब्दालंकार (b) अर्थालंकार
(c) उभयालंकार (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'वीप्सा' में शब्दालंकार है। जिस अलंकार में शब्दों के प्रयोग करने से चमत्कार उत्पन्न हो जाता है उसे शब्दालंकार कहते हैं। शब्दालंकार के भेद- (1) अनुप्रास अलंकार (2) यमक अलंकार (4) वीप्सा अलंकार (5) वक्रोक्ति अलंकार (6) श्लेष अलंकार।

206. 'धरती ने खिलाये हैं ज्वलंत लाल लाल', पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानें।

(a) पुनरुक्ति प्रकाश (b) अनुप्रास
(c) मानवीकरण (d) उत्प्रेक्षा

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (a) : ''धरती ने खिलाये है ज्वलंत लाल लाल'', इस पंक्ति में **पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार** है। जब काव्य में ही शब्द एक से अधिक बार आये और उनके अर्थ एक हों, पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार होता है। उक्त पंक्ति में 'लाल' शब्द दो बार आया है तथा दोनों का अर्थ एक है।

207. 'वीप्सा अलंकार' को दूसरे किस नाम से जाना जाता है?

(a) पूर्णोपमा अलंकार (b) लुप्तोपमा अलंकार
(c) प्रश्न अलंकार (d) पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) 'वीप्सा' अलंकार को 'पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार' के नाम से भी जाना जाता है। मनोभावों को प्रकट करने के लिए शब्द को दुहराना 'वीप्सा अलंकार' कहलाता है। **जैसे–**मधुर-मधुर मेरे दीपक जल। इसमें छिः–छिः, राम-राम, देखो-देखो इस तरह से एक ही शब्द की पुनरावृत्ति कर मनोभाव की तीव्रता को व्यक्त किया जाता है।

208. 'दृग उरझत, टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति' परत गाँठ दुरजन हिए, दई नई यह रीति' उक्त पद्यांश में कौन सा अलंकार है?

(a) असंगति (b) विषम
(c) प्रतीप (d) संदेह

[UKPSC AE 2013]
UP PGT 2005
UP PGT 2010
UGC NET III Paper Dec. 2012

उत्तर. (a) : असंगति अलंकार- जहाँ कारण कहीं और कार्य कहीं हो वह असंगति अलंकार होता हैं। उक्त पद्यांश में उलझती आँखे हैं पर टूटता कुटुम्ब (परिवार) है। चतुरों (प्रेमियों) का हृदय जुड़ रहा है परन्तु गाँठ दुर्जनों के हृदय में पड़ रही है।
प्रतीप अलंकार- जहाँ उपमेय का उत्कर्ष किया जाय तथा उपमान का अपकर्ष (निंदा, घटाकर) किया जाये लेकिन कारण न दिया जाये वहाँ प्रतीप अलंकार होता है।
जैसे बहुरि विचार कीन्ह मनमाही।
सीय वदन सम हिमकर नाही।।
उक्त पद्यांश में उपमेय 'सीता के वदन' (मुखमण्डल) को उपमान 'चन्द्रमा' से श्रेष्ठ बताया गया अतः यहाँ प्रतीप अलंकार है।
संदेह अलंकार- जहाँ उपमेय में उपमान के होने की शंका या संशय हो वहाँ 'संदेह अलंकार' होता है। इसमें संदेह निरन्तर बना रहता है। उसका निवारण नहीं हो पाता।
जैसे- (1) को तु श्यामल गौर शरीरा। क्षत्रिय रूप फिरौ बलवीरा।।
(2) का तुम तीन दोउ मय कोउ। नर-नरायण की तुम दोउ।।

209. 'वह दीपशिखा-सी शांत भाव में लीन' – इस वाक्य में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।

(a) मालोपमा (b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक (d) सांगरूपक

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (*) : प्रश्नगत पंक्तियों में 'पूर्णोपमा अलंकार' है। इसमें 'वह' उपमेय, 'दीपशिखा' उपमान, 'सी' वाचक पद तथा 'शांत भाव में लीन' समान धर्म है। पूर्णोपमा अलंकार में उपमा के चारों अंग विद्यमान होते हैं।

210. निम्न पंक्ति में सही अलंकार का चयन कीजिए।
पानी विच मीन प्यासी।
मोहि सुनि सुनि आवै हासी॥

(a) विभावना (b) अतिशयोक्ति
(c) विशेषोक्ति (d) उपमा

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) जहाँ पर कारण के रहते हुए भी कार्य का न होना पाया जाय, वहाँ 'विशेषोक्ति' अलंकार होता है। यहाँ मछली के पानी में रहते हुए भी मछली के प्यासे होने की बात कही जा रही है। अतः यहाँ 'विशेषोक्ति अलंकार' होगा।

@RexstarPdf

211. प्रत्यक्ष के द्वारा अप्रत्यक्ष का चमत्कारपूर्ण वर्णन किस अलंकार का लक्षण है?

(a) अनुमान (b) एकावली
(c) परिकर (d) कारणमाला

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) प्रत्यक्ष के द्वारा अप्रत्यक्ष का चमत्कारपूर्ण वर्णन 'अनुमान अलंकार' का लक्षण है।

212.'बूँद अघात सहै गिरि कैसे। खल के बचन सन्त सह जैसे।' में अलंकार है –

(a) उपमा (b) उदाहरण
(c) उत्प्रेक्षा (d) रूपक

UP TGT 2002

उत्तर : (b) जब दो वाक्यों में जिनका साधारण धर्म भिन्न हों, किसी वाचक शब्द द्वारा समता दिखाई जाती है। तब वहाँ पर उदाहरण अलंकार होता है। प्रश्न में दी गई चौपाई - 'बूँद अघात सहै गिरि कैसे। खल के बचन सन्त सह जैसे।' का अर्थ है कि वर्षा की बूँद के आघात को पर्वत उसी प्रकार सहते हैं जिस प्रकार सन्त पुरुष दुष्ट के वचनों को सहन कर लेते हैं। यहाँ पर प्रथम वाक्य - 'पर्वत का वर्षा के बूँद का आघात सहन करना' की द्वितीय वाक्य 'सन्त पुरुषों द्वारा दुष्टों के वचनों को सहन करना' साधारण धर्म भिन्न होते हुए समता दिखाई गई है अतः यहाँ 'उदाहरण अलंकार' होगा।

213. 'जगत जनायो जिहिं सकल, सो हरि जान्यो नाहिं। ज्यों आँखिन सब देखियै, आँखि न देखी जाहिं॥' उक्त दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(a) दृष्टांत (b) उदाहरण
(c) उपमा (d) प्रतिवस्तूपमा

UGC NET II[nd] Paper Jan. 2017

उत्तर : (b) 'जगत जनायो जिहिं सकल, सो हरि जान्यो नाहिं।
ज्यों आँखिन सब देखियै, आँखि न देखी जाहि।।'
उक्त दोहे में 'उदाहरण अलंकार' है।

उदाहरण अलंकार- जहाँ पहले कोई बात कहकर उससे मिलती जुलती बात द्वारा उदाहरण दिया जाय, लेकिन समानता किसी शब्द द्वारा प्रकट न हो वहाँ उदाहरण अलंकार होता है।

जैसे– बूँद अघात सहें गिरि कैसे। खल के वचन सन्त सँह जैसे।

उपमा अलंकार- जहाँ दो भिन्न वस्तुओं में रूप, गुण, आकृति आदि को लेकर समता प्रदर्शित की जाय, वहाँ उपमा अलंकार होता है।

उधर गरजती सिंधु लहरिया, कुटिल काल के जालों सी
चली आ रहीं फेन उगलती, फन फैलाये ब्यालों सी।

प्रतिवस्तूपमा अलंकार- जहाँ उपमेय और उपमान सम्बन्धी वाक्यों में एकार्थ अथवा समानार्थ सूचक शब्दों से एक ही या समान धर्म का कथन किया जाए वहाँ प्रतिवस्तूपमा अलंकार होता है।

सिंह सुता क्या कभी स्यार से प्यार करेगी?
क्या पर नर का हाथ कुलस्त्री कभी धरेगी?

214. जहाँ समानार्थक विशेषणों से प्रस्तुत के वर्णन द्वारा अप्रस्तुत का बोध कराया जाय, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(a) समासोक्ति (b) सहोक्ति
(c) विनोक्ति (d) व्यतिरेक

UGC NET III[rd] Paper Jan. 2017

उत्तर: (a) समासोक्ति अलंकार- जहाँ समानार्थक विशेषणों से प्रस्तुत के वर्णन द्वारा अप्रस्तुत का बोध कराया जाय, वहाँ 'समासोक्ति अलंकार' होता है।

जैसे–मिलहु सखी,हम तहँवा जाही। जाँह जाइ पुनि आउब नाहीं।
सात समुद्र पार वह देशा। कित रे मिलब कित आव संदेशा।।

व्यतिरेक अलंकार- जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाय और उसका कारण भी दिया जाय, वहाँ व्यतिरेक अलंकार होता है।

जैसे–कुंदन को रंग फीको लगै, झलकै अति अंगिनि चारू गोराई।
आंखिन में अलसानि, चितौन में मंजु विलासन की सरसाई।।

सहोक्ति अलंकार- जहाँ 'सह' संग आदि वाचक पदों द्वारा बहुत सी बातों का कथन एवं साथ किया जाय, वहाँ सहोक्ति अलंकार होता है।

जैसे–जस प्रताप वीरता बड़ाई । नाक धिनावहि संग सिधाई।।

विनोक्ति अलंकार- जहाँ बिना, रहित आदि शब्दों की सहायता से एक बिना दूसरा पदार्थ शोभित अथवा अशोभित कहा जाय, वहाँ विनोक्ति अलंकार होता है।

जैसे–जिय बिनु देह नदी बिनु वारि। तैसेहि नाथ पुरुष बिनु नारि।।

215. 'सघन कुंज छाया सुखद सीतल मंद समीर। मन ह्वै जात अजौं वहै, वा जमुना के तीर॥' इस उद्धरण में अलंकार है :

(a) भ्रांतिमान अलंकार (b) स्मरण अलंकार
(c) उल्लेख अलंकार (d) संदेह अलंकार

GIC. PGT 2015

उत्तर : (b) उपर्युक्त उद्धरण में 'स्मरण अलंकार' है। सदृश या विसदृश वस्तु के प्रत्यक्ष से पूर्वानुभूत वस्तु का स्मरण, स्मरण अलंकार कहलाता है। **जैसे –** चन्द्र को देख मुख याद आता है।

216. 'कौन रोक सकता है उसकी गति? गरज उठते जब मेघ, कौन रोक सकता विपुल नाद?' पंक्तियों की रचनानुसार अलंकार पहचानिए।

(a) अर्थ श्लेष अलंकार (b) प्रश्न अलंकार
(c) वीप्सा अलंकार (d) शब्द श्लेष अलंकार

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'कौन रोक सकता है उसकी गति?
गरज उठते थे जब मेघ,
कौन रोक सकता विपुल नाद?' ।
जिस पंक्ति में प्रश्नवाचक चिह्न व प्रश्नवाचक शब्द होते हैं, वहाँ 'प्रश्न अलंकार' होता है। अतः उक्त पंक्ति में प्रश्न अलंकार है।

217. 'राम साधु, तुम साधु सुजाना। राम मातु, भली मैं पहिचाना।' वर्णित लोकोक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।

(a) विशेषोक्ति (b) व्याजस्तुति
(c) विभावना (d) व्याजनिंदा

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर. (d) : राम साधु, तुम साधु सुजाना।
राम मातु, भली मैं पहिचाना।
इस उक्ति में 'व्याजनिंदा अलंकार' होगा क्योंकि यहाँ पर ऐसा प्रतीत होता है कि कैकेयी राजा दशरथ की प्रशंसा कर रही है, किन्तु ऐसा नहीं है, वह प्रशंसा की आड़ में निंदा कर रही है।

व्याजनिंदा अलंकार– काव्य में जहाँ देखने, सुनने में प्रशंसा प्रतीत हो, किन्तु वह वास्तव में निंदा हो, वहाँ व्याजनिंदा अलंकार होता है।

@RexstarPdf

218. 'बूँद अघात सहहिं गिरि कैसे। खल के बचन संत सह जैसें॥' इस पंक्ति में कौन-से अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(a) विभावना (b) दृष्टांत
(c) रूपक (d) उपमा

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (b) : दी गई पंक्तियों में 'दृष्टांत अलंकार' है। जहाँ पहले कोई बात कहकर, उससे मिलती–जुलती बात द्वारा दृष्टांत दिया जाय, लेकिन समानता किसी शब्द द्वारा प्रकट न हो, वहाँ दृष्टांत अलंकार होता है। इसमें उदाहरण अलंकार है, परंतु विकल्प में न होने के कारण और दृष्टांत के अधिक निकट होने के कारण आयोग ने इसका उत्तर विकल्प (b) माना है।

219. निम्नलिखित में से कौन सादृश्यमूलक अलंकार नहीं है?

(a) उपमा (b) रूपक
(c) विशेषोक्ति (d) उत्प्रेक्षा

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) उपमा, रूपक तथा उत्प्रेक्षा अलंकार, सादृश्यमूलक अलंकार है जबकि 'विशेषोक्ति' सादृश्यमूलक अलंकार नहीं है। जहाँ पर कारण के पूर्ण होने पर भी कार्य सम्पन्न नहीं होता, वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है।

220. इन कथनों के साथ उनके अलंकारों को सुमेलित कीजिए

(A) वह आदमी नहीं हैवान है (i) उत्प्रेक्षा
(B) वे तो मानो देवता हैं (ii) रूपक
(C) कहीं यह उसकी चाल तो नहीं (iii) भ्रांतिमान
(D) आप तो साक्षात् इन्द्र हैं (iv) विरोधाभास
(v) अपन्हुति

	A	B	C	D
(a)	iv	v	ii	i
(b)	iii	i	iv	v
(c)	ii	iv	v	iii
(d)	v	i	iii	ii

UGC NET II[nd] Paper Dec. 2007

उत्तर : (d)

कथन	अलंकार
(a) वह आदमी नहीं,हैवान है	अपन्हुति
(b) वे तो मानो देवता हैं	उत्प्रेक्षा
(c) कहीं यह उसकी चाल तो नहीं	भ्रान्तिमान
(d) आप तो साक्षात् इन्द्र हैं	रूपक
(e) 'या अनुरागी चित्त की गति समुझहिं नहि कोय। ज्यों-ज्यों बूड़ै स्याम रंग त्यों-त्यों उज्ज्वल होय।'	विरोधाभास

221. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके सही अलंकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

(A) मुख नहीं चंद्रमा है (i) संदेह
(B) मुख तो चंद्र ही है (ii) अपह्नुति
(C) मुख देखकर चाँद का आभास हुआ (iii) रूपक
(D) मुख है कि चाँद (iv) भ्रांतिमान
(v) उत्प्रेक्षा

	A	B	C	D
(a)	v	ii	i	iii
(b)	iii	v	ii	iv
(c)	ii	iii	iv	i
(d)	i	v	ii	iii

UGC NET II[nd] Paper June. 2008

उत्तर : (c)

पंक्ति	अलंकार		परिभाषा
(a) मुख नहीं चंद्रमा है	अपह्नुति	-	जहाँ प्रस्तुत या उपमेय का प्रतिषेध करके अप्रस्तुत या उपमान की स्थापना की जाय।
(b) मुख तो चंद्र ही है	रूपक	-	जहाँ उपमेय में उपमान का आरोपण किया जाय।
(c) मुख देखकर चाँद का आभास हुआ	भ्रांतिमान	-	समानता के कारण उपमेय को उपमान मान लेना
(d) मुख है कि चाँद	संदेह	-	साम्य के कारण संशय या अनिश्चित का होना
(e) मुख मानो चाँद है	उत्प्रेक्षा	-	जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना की जाय।

222. निम्नलिखित काव्यांश में अलंकार है:
रवि को चाहत सरोज ज्यों, ससि को चाहत चकोर।
घन को चाहत मोर ज्यों, त्यों तुम को मन मोर॥

a. उपमा b. रूपक
c. श्लेष d. यमक
(a) a, b (b) b, c
(c) c, d (d) a, c

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (a) : 'रवि को चाहत सरोज ज्यों, ससि को चाहत चकोर, घन को चाहत मोर ज्यों, त्यों तुम को मन मोर' काव्यांश में **उपमा और रूपक** दोनों अलंकार है। जहाँ एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाए वहाँ उपमा अलंकार होता है और उपमेय में उपमान का आरोप रूपक कहलाता है।

223. निम्नलिखित काव्यांश में अलंकार हैं–
हीरे सा हृदय हमारा
कुचला शिरीष कोमल ने।

a. उपमा b. श्लेष
c. उत्प्रेक्षा d. अनुप्रास
(a) a, b (b) b, c
(c) c, d (d) a, d

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (d) : हीरे सा हृदय हमारा।
कुचला शिरीष कोमल ने।।
काव्यांश में 'हृदय' उपमेय की तुलना 'हीरा' उपमान से होने के कारण उपमा तथा 'ह' वर्ण की आवृत्ति के कारण अनुप्रास अलंकार है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

224.उपमा अलंकार के सर्वाधिक प्रयोग के लिए इनमें से कौन-से कवि अधिक प्रसिद्ध हैं?

(a) माघ (b) कालिदास
(c) वाल्मीकि (d) भास

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : महाकवि कालिदास उपमा अलंकार के सर्वाधिक प्रयोग के लिए प्रसिद्ध हैं। इनकी प्रमुख रचना–अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम्, कुमारसंभवम्, रघुवंशम्, मेघदूतम्, ऋतुसंहार है।

@RexstarPdf

24.

लोकोक्तियाँ एवं मुहावरे

1. लोकोक्ति

1. 'अशर्फियाँ लुटें और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?

(a) बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना।
(b) सराहना के बिना योग्यता का व्यर्थ हो जाना।
(c) स्वाभाविक दोषों का किसी अन्य कारण से और अधिक बढ़ जाना।
(d) एक वस्तु में होने वाला लाभ दूसरी वस्तु में हुई हानि में नष्ट हो जाना।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

Ans. (a) : दी गयी लोकोक्ति 'अशर्फियाँ लूटें और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का सही अर्थ होगा-बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना।

2. 'होनहार बिरवान के होते चिकने पात' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से क्या है?

(a) होनहार व्यक्ति सदा दिखावा करता है।
(b) होनहार व्यक्ति हमेशा दूसरों के दोष निकालता है
(c) होनहार व्यक्ति बहुत ही परिश्रम करता है।
(d) होनहार व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है।

DSSSB TGT (male) 18.09.2021 (Shit- II)
UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (d) प्रश्नगत लोकोक्ति 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' का अर्थ होगा- होनहार व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है।

3. गूँगे का गुड़

(a) अवर्णनीय दुःख (b) अवर्णनीय सुख
(c) निन्दनीय कार्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'गूँगे का गुड़' लोकोक्ति का अर्थ 'अवर्णनीय सुख' होगा।

4. आगे नाथ न पीछे पगहा

(a) मूर्ख धनवान (b) माँ-बाप का न होना
(c) किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा 04.12.2016

उत्तरः (c) 'आगे नाथ न पीछे पगहा' लोकोक्ति का अर्थ किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना है।

5. 'कंगाली में आटा गीला' लोकोक्ति का सटीक अभिप्राय है:

(a) गरीबी में रहना (b) कष्ट पर कष्ट आना
(c) रोजगार न मिलना (d) आटा कम और पानी ज्यादा

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)
KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)
MPTET (I-V) 2017
UPSI Batch-II 16 Dec. 2017

उत्तर : (b) : 'कंगाली में आटा गीला' लोकोक्ति का सटीक अर्थ है- कष्ट पर कष्ट आना।

6. प्रस्तुत विकल्पों में से लोकोक्ति को पहचानिए।

(a) आ बैल मुझे मार
(b) टेढ़ी उँगली से अचार निकालना
(c) घाट-घाट का जूस पीना
(d) तिल का लड्डू बनाना

UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPSSSC Lower-2019
CTET (VI-VIII) 18.11/2018

उत्तर. (a) 'आ बैल मुझे मार' लोकोक्ति है, इसका अर्थ है– 'जान–बूझ कर मुसीबत मोल लेना'। इसके अलावा अन्य मुहावरों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं–

- टेढी ऊँगली से घी निकालना– बलपूर्वक काम निकालना।
- घाट–घाट का पानी पीना – संसार का अनुभव प्राप्त करना।
- तिल का ताड़ बनाना – छोटी बात को बढ़ा चढ़ाकर कहना।

7. 'यह मुँह और मसूर की दाल' - लोकोक्ति का अर्थ बताएँ।

(a) मजबूरी में आदमी सब कुछ करता है।
(b) केवल ऊपरी दिखावा।
(c) पुराना गौरव समाप्त।
(d) अपनी औकात से बढ़कर होना या करना।

NVS TGT 18.09.2029
[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (d) : 'यह मुँह और मसूर की दाल' लोकोक्ति का अर्थ 'अपनी औकात से बढ़कर होना या करना' होता है।

8. मूल रूप में लोकोक्ति शब्द का प्रयोग किस भाषा में मिलता है?

(a) संस्कृत (b) हिंदी
(c) उर्दू (d) फारसी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : मूलरूप में लोकोक्ति शब्द **संस्कृत** भाषा का शब्द है। यह लोगों द्वारा कहा गया कथन होता है। मुहावरा वाक्यांश होता है जबकि लोकोक्ति पूर्ण वाक्य या पूर्ण कथन होती है। मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है। हिन्दी में इसके लिए 'वाग्धारा' शब्द प्रयुक्त होता है।

@RexstarPdf

9. लोकोक्ति का सामान्य अर्थ है–

(a) लोक की उक्ति (b) लोक की बातें
(c) लोगों के लेख (d) अच्छी बातें

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर. (a) लोकोक्ति का सामान्य अर्थ– 'लोक की उक्ति' होता है। जब कोई पूरा कथन किसी प्रसंग विशेष में उद्धृत किया जाता है, तो उसे 'लोकोक्ति' कहते हैं। जैसे – 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' एक लोकोक्ति है, जिसका अर्थ है– 'एक व्यक्ति के करने से कोई कठिन काम पूरा नहीं होता।'

10. '.....चंगा तो कठौती में .....', लोकोक्ति को पूरा करने के लिए सही विकल्पों का चयन करें।

(a) विचार, जल (b) मन, गंगा
(c) धन, यमुना (d) तन, नंगा

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (b) 'मन चंगा, तो कठौती में गंगा' लोकोक्ति का पूर्ण रूप है, जिसका अर्थ है– 'यदि मन शुद्ध है तो घर पर ही तीर्थ है'। अतः विकल्प (b) सही है।

11. 'बहुत कंजूसी' का आशय व्यक्त करने के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है–

(a) घर की मुर्गी दाल बराबर
(b) चट मंगनी पट ब्याह
(c) चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए
(d) आम के आम गुठलियों के दाम

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (c) : 'बहुत कंजूसी' का आशय व्यक्त करने के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है– चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए। विकल्प में दिए गए अन्य लोकोक्ति का अर्थ है–
घर की मुर्गी दाल बराबर – सुलभ चीजों का महत्वहीन होना।
चट मंगनी पट ब्याह – प्रस्तावित कार्य शीघ्रता से पूर्ण करना
आम के आम गुठलियों के दाम – दोहरा लाभ लेना

12. ''बिल्ली के गले में घंटी बांधना।'' के अर्थ का उचित विकल्प चुनिये।

(a) बिल्ली को सजाना।
(b) घंटी सुनने के मजे लेना।
(c) अपने को संकट में डालना।
(d) बिल्ली को क्रोधित करना।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'बिल्ली के गले में घण्टी बाँधना' का अर्थ होगा– 'अपने को संकट में डालना।'

13. 'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का' लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) गधा बनना (b) हेरा-फेरी करना
(c) घर पर न होना
(d) कहीं ठौर-ठिकाना न होना

UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (d) 'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का' लोकोक्ति का सही अर्थ कहीं ठौर–ठिकाना न होना' है।

14. ''बूंद-बूंद से घट भरे .....।'' सही विकल्प का चयन करके लोकोक्ति पूरी कीजिए।

(a) टपकत रीतो होय (b) घट भरे सो टपकत जाय
(c) घट भरे सो खाली होय (d) घट रितो होय

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर:(a)''बूँद-बूँद से घट भरे टपकत रीतो होय'' यह पूर्ण लोकोक्ति है। अतः स्पष्ट है कि 'टपकत रीतो होय' रिक्त स्थान को पूरित करेगा। इसका अर्थ है– 'थोड़ा–थोड़ा करने से बड़े–बड़े कार्य पूर्ण हो जाते हैं तथा थोड़ी–थोड़ी हानि होने से एक दिन सारा काम बिगड़ जाता है।

15. 'बोये पेड़ बबूल का आम कहाँ से होय' लोकोक्ति का सही अर्थ है :

(a) कर्म के अनुसार फल नहीं मिलता
(b) जैसा कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा
(c) कर्म और फल का कोई संबंध नहीं
(d) कर्म करो, फल की इच्छा मत करो

UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I
UPSI 17.07.2017 Shift-II

उत्तर: (b) 'बोये पेड़ बबूल का आम कहाँ से होय' लोकोक्ति का सही अर्थ– 'जैसा कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा' होता है।

16. ''बैल न कूदे, कूदे तंगी''- कहावत का अर्थ है-

(a) वीरता पर विश्वास होना
(b) गड्ढे में कूदना
(c) साहसिक कार्य करना
(d) स्वामी के बल पर सेवक का साहस

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'बैल न कूदे, कूदे तंगी' कहावत का अर्थ 'स्वामी के बल पर सेवक का साहस' है। शेष कहावतें के अर्थ से असंगत हैं।

17. 'बाँझ क्या जाने प्रसव की पीड़ा' का अर्थ है–

(a) दूसरों का दुःख-दर्द नहीं समझना
(b) सहानुभूति नहीं दिखाना
(c) सन्तानहीन होना
(d) जिस पर बीतती है, वही जानता है

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) कहावत 'बाँझ क्या जाने प्रसव की पीड़ा' का सही अर्थ जिस पर बीतती है, वही जानता है' अथवा 'जिसको दुःख नहीं हुआ है, वह दूसरे के दुःख को नहीं समझ सकता' है।

18. 'चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात'- लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) थोड़े दिन का सुख (b) चाँद न दिखाई देना
(c) चार दिन चाँद दिखना (d) सुख ही सुख होना

UPP, 2017

उत्तर : (a) 'चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात' लोकोक्ति का अर्थ है- थोड़े दिन का सुख। लोकोक्ति में वाक्य पूर्ण होता है, जबकि मुहावरा में वाक्य पूर्ण नहीं होता है।

19. चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते

(a) कंजूसी करना
(b) सीमित साधनों से काम चलाना
(c) छोटा होकर बड़ा काम करना
(d) सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते

वन रक्षक परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (d) 'चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते' लोकोक्ति का अर्थ है- 'सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते।'

20. 'जिस पत्तल में खाना, उसी पत्तल में छेद करना' कहावत का अर्थ है

(a) अपने हाथों अपना ही नुकसान करना
(b) कृतघ्न होना
(c) परोसे गये भोजन का निरादर करना
(d) मूर्खतापूर्ण कार्य करना

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (b) जिस पत्तल में खाना, उसी पत्तल में छेद करना कहावत का अर्थ है- कृतघ्न होना शेष विकल्प असंगत हैं।

21. जबरदस्ती का मेहमान अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है-

(a) ऊँची दुकान फीकी पकवान
(b) अधजल गगरी छलकत जाए
(c) आंख के अंधे नाम नयन सुख
(d) मान न मान मैं तेरा मेहमान

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017

उत्तर: (d) 'जबरदस्ती का मेहमान' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति 'मान न मान मैं तेरा मेहमान' है;

- ऊँची दुकान फीका पकवान – बाहर ढकोसला भीतर कुछ नहीं,
- अध जल गगरी छलकत जाय – थोड़ी विद्या, धन, बल पाकर इतराना तथा
- आँख के अंधे नाम नयन सुख – गुण के विरुद्ध नाम होना।

22. ''नौ दिन चले अढ़ाई कोस'' से तात्पर्य है –

(a) 'नौ दिन में अढ़ाई कोस' चलना
(b) धीरे-धीरे चलना
(c) चलने की कोशिश करना
(d) अधिक परिश्रम का थोड़ा फल मिलना

UPSI Batch-III 20 Dec. 2017
UP TGT 2010

उत्तर : (d) 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' से तात्पर्य है– अधिक परिश्रम का थोड़ा फल मिलना।

23. ''नया मुल्ला प्याज ज्यादा खाता है।''

(a) प्रारम्भ में अधिक शौक का होना
(b) मुल्ला प्याज का शौकीन होता है
(c) खाने पीने का शौकीन होना
(d) मुल्ला की प्याज प्रियता

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : नया मुल्ला प्याज ज्यादा खाता है लोकोक्ति का अर्थ है- 'प्रारंभ में अधिक शौक का होना'। अन्य तीनों विकल्प असंगत हैं।

24. जहाँ न पहुँचे रवि, वहां पहुँचे कवि –

(a) कवि बहुत तर्कशील होते हैं
(b) कवि बहुत भाव प्रवण होते हैं
(c) कवि बहुत विचारशील होते हैं
(d) कवि बहुत कल्पनाशील होते हैं

UP PGT 2000

उत्तर : (d) 'जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि' अर्थात् सूर्य की किरणें जहाँ नहीं पहुँचती वहाँ कवि की कल्पना पहुँचती है। अतः विकल्प 'कवि बहुत कल्पनाशील होते हैं' सही है।

25. 'जमात में करामात' का अर्थ है-

(a) भीड़ में रहने वाले लोग कुछ न कुछ गड़बड़ी करते हैं
(b) भीड़ में लोग बहुत अच्छे होते हैं
(c) भीड़ में रहकर ही अच्छा काम किया जा सकता है
(d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : 'जमात में करामात' का अर्थ है- भीड़ में रहने वाले लोग कुछ न कुछ गड़बड़ी करते हैं।

26. 'जिन खोजा तिन पाइयां' लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) खोए हुए व्यक्ति का मिल जाना
(b) जो श्रम करते हैं, उन्हें ही सफलता मिलती है।
(c) करे कोई, भरे कोई
(d) जिनको चाहा, वही बेवफा निकला

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : जिन खोजा तिन पाइयां लोकोक्ति का अर्थ है- जो श्रम करते हैं, उन्हें ही सफलता मिलती है। जबकि करे कोई भरे कोई का अर्थ है अपराध कोई करे, दण्ड किसी और मिलें। अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

27. 'आग लगाकर पानी को दौड़ना' कहावत का अर्थ है-

(a) अत्यन्त लज्जित होना।
(b) अड़चन डालना।
(c) पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना।
(d) व्यर्थ का काम करना।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'आग लगाकर पानी को दौड़ना- कहावत का अर्थ **'पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना'** है। अन्य मुहावरे इस प्रकार हैं-

मुहावरा	**अर्थ**
घड़ों पानी पड़ जाना	अत्यन्त लज्जित होना
गाड़ी के आगे काठ रखना	अड़चन डालना।

28. निम्नलिखित में से कौन-सी लोकोक्ति लाक्षणिक अर्थ सहित सही है?

(a) जो बोले सो घी को जाए- महाकृपण
(b) टके का सब खेल है-पैसा सब कुछ करता है
(c) जर का ज़ोर पूरा है और सब अधूरा है- स्वाभिमान
(d) जी जाए, घी न जाए- दान देने वाला

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (b) : लोकोक्ति लाक्षणिक अर्थ सहित दिये गये विकल्पों में 'टके का सब खेल है-पैसा सब कुछ करता है।' सही है, अन्य विकल्पों में दिये गये लोकोक्तियों, लाक्षणिक अर्थ सहित सही नहीं है। इन लोकोक्तियों का सही लाक्षणिक अर्थ है-

- जो बोले सो घी को जाए-जो सलाह दे, वही उस काम को करे।
- जर का जोर पूरा है और सब अधूरा है- धन में सब कार्य सिद्ध करने की शक्ति है।
- जी जाए घी न जाए – महा कंजूस होना।

@RexstarPdf

निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक कहावत के लिए चार-चार समानार्थक वाक्यांश दिए गए हैं। उनमें से सही उत्तर के रूप में विकल्प का चयन कीजिए।

29. पत्थर को जोंक नहीं लगती

(a) सबल का शोषण नहीं होता
(b) मजबूत चीज़ आसानी से खराब नहीं होती
(c) दो धूर्तों में प्राय: टकराव नहीं होता
(d) हठी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) पत्थर को जोंक नहीं लगती कहावत का अर्थ 'हठी / निर्मम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता' है।

30. पढ़े फारसी बेचे तेल, यह देखो कुदरत का खेल –

(a) शिक्षित होकर बेकार रहना
(b) योग्यता होते हुए भी विवशता के कारण निम्न स्तर का कार्य करना
(c) विद्या का अपमान करना
(d) फारसी पढ़े लोगों को प्रायः तेल बेचना पड़ता है

UP PGT 2000
NVS TGT 18.09.2019
UP TGT 2000

उत्तर : (b) 'पढ़े फारसी बेचे तेल, यह देखो कुदरत का खेल'- लोकोक्ति का अर्थ है- योग्यता होते हुए भी विवशता के कारण निम्न स्तर का कार्य करना।

31. ''पैसे से ही आदमी की इज्जत है'' के लिए निम्नलिखित में से उचित लोकोक्ति का चयन कीजिये–

(a) अपनी पगड़ी अपने हाथ
(b) होनहार बिरवान के होत चिकने पात
(c) जैसी तेरी कामरी वैसे मेरे गीत
(d) जर है तो नर नहीं तो खण्डहर

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) ''पैसे से ही आदमी की इज्जत है'' के लिए उचित लोकोक्ति है– 'जर है तो नर, नहीं तो खण्डहर'। शेष लोकोक्तियों के अर्थ इस प्रकार हैं–

- जैसी तेरी कामरी वैसे मेरे गीत – जैसा दोगे वैसा लोगे।
- होनहार बिरवान के होत चिकने पात – बचपन से ही अच्छे लक्षणों का दिखाई देना।
- अपनी पगड़ी अपने हाथ – अपनी प्रतिष्ठा अपने हाथ।

32. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्तियों का सही अर्थ वाला विकल्प है।

प्रभुता पाइ काहु मद नहीं।

(a) शक्ति पाने पर व्यक्ति अभिमानी हो जाता है।
(b) बड़ा होकर भी कुछ न पाना
(c) बेकार चीज
(d) असंभव कार्य

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रश्नगत लोकोक्ति 'प्रभुता पाइ काहु मद नहीं' का सही अर्थ है- 'शक्ति पाने पर व्यक्ति अभिमानी हो जाता है।' 'पानी में आग लगाना' का अर्थ असंभव कार्य तथा 'फूँक कर पहाड़ उड़ाना' का भी अर्थ असंभव कार्य करना होता है।

33. 'घाट घाट का पानी पीना' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है-

(a) अनेक क्षेत्रों का अनुभव
(b) जीवन में स्थिरता का अभाव
(c) दर का भटकना
(d) परोपकार के लिए यहाँ वहाँ घूमना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'घाट – घाट का पानी पीना' का अर्थ अनेक क्षेत्रों का अनुभव या संसार का अनुभव प्राप्त करना। **वाक्य प्रयोग –** मुझे किसी मामले में कम मत आँको, मैंने भी घाट–घाट का पानी पिया है।

34. ''गुण के विपरीत नाम'' इसके अर्थ को दर्शाती उपयुक्त लोकोक्ति का चयन कीजिए।

(a) आँख का अंधा नाम नयनसुख
(b) आँख के अंधे गाँठ के पूरे
(c) अंधों में काना राजा
(d) अपना हाथ जगन्नाथ

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) 'गुण के विपरीत नाम' इस अर्थ को दर्शाने वाली लोकोक्ति है– 'आँख का अंधा नाम नयन सुख'। 'आँख के अंधे गाँठ के पूरे' लोकोक्ति का अर्थ है– 'मूर्ख धनवान', 'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ है– 'मूर्खों में अल्पज्ञ (थोड़ा जानकार)' तथा 'अपना हाथ जगन्नाथ' लोकोक्ति का अर्थ होता है– 'अपना किया हुआ लाभदायक होता है'।

35. 'गुड़ ना दे, गुड़ की .....' इस लोकोक्ति को उचित विकल्प से पूर्ण कीजिए।

(a) रोष तो करे (b) लड़ाई तो करे
(c) सी बात तो करे (d) राज तो करे

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (c) रिक्त स्थान में 'सी बात तो करे' शब्द भरे जायेंगे। 'गुड़ ना दे, गुड़ की सी बात तो करे' पूर्ण लोकोक्ति है, जिसका अर्थ है– 'कोई कुछ दे चाहे न दे, पर मीठा बोल तो बोले'।

36. ''छोटा ..... बड़ी बात'' लोकोक्ति को पूरा करें।

(a) मुँह (b) साथ
(c) बालक (d) सिक्का

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रश्नगत लोकोक्ति का पूर्ण रूप है 'छोटा मुँह बड़ी बात'', जिसका अर्थ है– 'हैसियत से अधिक बात करना'।

37. 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का अर्थ बताइये।

(a) सच्चे व्यक्ति को हर कोई झुठला सकता है।
(b) सच्चे व्यक्ति से सभी व्यक्ति प्रसन्न होते हैं।
(c) सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं।
(d) सच्चे व्यक्ति को डरने की आवश्यकता है।

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का सही अर्थ है– सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं'।

38. ''एक अनार सौ बीमार'' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) एक वस्तु के ग्राहक अनेक।
(b) संघ न होना
(c) प्राण सबसे प्रिय होते हैं।
(d) कपटपूर्ण व्यवहार करना।

KVS TGT 2016
VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर: (a) दिये गये लोकोक्ति 'एक अनार सौ बीमार' का अर्थ है- एक वस्तु के ग्राहक अनेक।
वाक्य प्रयोग - नौकरी के दस पद के लिए लाखों आवेदन-पत्र देखकर एक अनार सौ बीमार वाली कहावत चरितार्थ होती है।

39. 'मान न मान मै तेरा मेहमान' – कहावत का अर्थ बताइए।
(a) जबरदस्ती गले पड़ना (b) मेहमान नवाजी करना
(c) मेहमान न बनना (d) मेजबानी करना

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
UP PGT 2016

उत्तर : (a) : दी गई कहावत 'मान न मान मै तेरा मेहमान' का अर्थ है– जबरदस्ती गले पड़ना।
वाक्य प्रयोग :– रमेश मैं तुम्हें अपने घर नहीं ले जा सकता, क्यों मेरे गले पड़ रहे हो। तुम तो मान न मान मै तेरा मेहमान वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हो।

40. 'ठीक-ठीक न्याय हो जाना- के लिए उचित लोकोक्ति चुनें।
(a) तेल देखो तेल की धार देखो
(b) दुल्हा को पत्तल नहीं बजनिए को थाल
(c) दूध का दूध पानी का पानी
(d) तू डाल डाल, मैं पात-पात

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (c): 'ठीक-ठीक न्याय हो जाना' के लिए उचित लोकोक्ति 'दूध का दूध पानी का पानी' होना। अन्य विकल्प इस प्रकार हैं-
तेल न देखो तेल की धार देखो - सावधानी और धैर्य से काम लो।
दुल्हा को पत्तल नहीं बजनिए को थाल - जिसका जो हक है वह उसे नहीं मिलता।
तू डाल डाल, मैं पात-पात - एक से बढ़कर दूसरा चालाक।

41. 'थोथा ..... बाजे .....' – लोकोक्ति को उचित विकल्प से पूर्ण कीजिए।
(a) काला, घोड़ा (b) चना, घना
(c) घोड़ा, काला (d) घना, चना

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-II 14 Dec. 2017
UPSI Batch-III 12 Dec. 2017

उत्तर : (b) रिक्त स्थानों में 'चना, घना' शब्द भरे जायेंगे। अतः वाक्य लोकोक्ति पूर्ण होगी– 'थोथा **चना** बाजे **घना**'। इसका अर्थ है– 'कम ज्ञान या गुण रखने वाला व्यक्ति बढ़ा चढ़ा कर बातें करता है'।

42. 'नीम हकीम खतरे जान' का अर्थ है–
(a) अल्प ज्ञान हानिकारक होता है
(b) नीम के कड़वेपन का ज्ञान होना
(c) नीम का प्रयोग हकीम द्वारा करना
(d) उक्त में से कोई नहीं

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'नीम हकीम खतरे जान' का अर्थ 'अयोग्य से हानि' या 'अल्प ज्ञान हानिकारक होता है' है।

43. थाली का बैंगन
(a) अधिक चिकना (b) चौड़ा होना
(c) गोल होना (d) सिद्धान्तहीन व्यक्ति

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) 'थाली का बैगन' मुहावरे का अर्थ 'सिद्धान्तहीन व्यक्ति' होता है।

44. ''दिन में यह सोफा बन जाता है और रात को पलंग, इसे कहते हैं .....''।
(a) जहाँ चाह वहाँ राह
(b) आम के आम गुठलियों के दाम
(c) एक पंथ दो काज
(d) चित्त भी मेरी पट्ट भी मेरी

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (c) 'दिन में यह सोफा बन जाता है और रात को पलंग'' इसके लिए उपयुक्त लोकोक्ति 'एक पंथ दो काज' होगा; जब कि 'आम तो आम गुठलियों के दाम' लोकोक्ति का अर्थ सब तरह से लाभ ही लाभ तथा 'चित्त भी मेरी पट्ट भी मेरी' लोकोक्ति का अर्थ हर स्थिति में लाभ प्राप्त होना है।

45. ''ढोल के अन्दर पोल'' कहावत का अर्थ, निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा है?
(a) कहीं ठौर ठिकाना नहीं
(b) मूर्ख व्यक्ति शेखी बघारता है
(c) औकात से बढ़कर सपने देखना
(d) दिखावा कुछ और गुण कुछ नहीं

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर: (d) ''ढोल के अन्दर पोल'' कहावत का अर्थ है – 'दिखावा कुछ और गुण कुछ नहीं'।

46. निम्नलिखित में से अनुचित जोड़े को छाँटिये–
(a) डंके की चोट पर – स्पष्ट शब्दों में
(b) जहर की पुड़िया – धोखेबाज
(c) ढेर करना – हरा देना
(d) तूती बोलना – विरक्ति होना

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये जोड़ों में से अनुचित जोड़ा है–
'तूती बोलना – विरक्ति होना' शेष तीनों जोड़े सही हैं। 'तूती बोलना' का अर्थ 'धाक जमना' होता है।

47. 'तुच्छ मनुष्य की मित्रता शीघ्र ही समाप्त हो सकती है'–भाव को व्यक्त करने वाली लोकोक्ति है –
(a) अधजल गगरी छलकत जाय
(b) थोथा चना बाजे घना
(c) कबहुँ निरामिष होय न कागा
(d) ओछे की प्रीत बालू की भीत

UP TGT 2005

उत्तर : (d) 'ओछे की प्रीत बालू की भीत'' इस लोकोक्ति (कहावत) का भावार्थ है–तुच्छ मनुष्य की मित्रता शीघ्र ही समाप्त हो सकती है अर्थात् ऐसी मित्रता अल्पकालिक होती है। 'अधजल गगरी छलकत जाय' लोकोक्ति का अर्थ है अधूरा ज्ञान घमण्ड पैदा करता है। 'थोथा चना बाजे घना' लोकोक्ति का अर्थ है - अल्पज्ञानी हमेशा अपने ज्ञान की डींग मारता है।

48. 'तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ :
(a) तीनों लोकों में मथुरा न होना।
(b) सबसे निराला।
(c) मथुरा का बखान तीनों लोकों में हैं।
(d) बहुत सुन्दर मथुरा का होना।

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (b) 'तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ 'सबसे निराला' होता है।

49. ''तू डाल-डाल, मैं पात-पात'' का अर्थ है :

(a) खतरा उठाना
(b) आगे-आगे दौड़ना
(c) पेड़ पर चढ़कर खेलना
(d) चालाकी का जवाब चालाकी से देना

UP PGT 2004

उत्तर: (d) तू डाल-डाल, मैं पात-पात' का अर्थ है–चालाकी का जवाब चालाकी से देना, चालाकी में मात देना या चालकी समझ जाना।

50. 'घर का भेदी लंका ढाए' – कहावत का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) घर का भेद बताने से लंका नहीं ढहती।
(b) आपसी फूट से लंका ढह जाती है।
(c) आपसी फूट से सर्वनाश होता है।
(d) घर का भेद बताने से लंका ढह जाती है।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'घर का भेदी लंका ढाए' कहावत का अर्थ है– आपसी फूट से सर्वनाश होता है।

51. आगे कुआँ, पीछे खाई

(a) दोनों ओर विपत्ति होना
(b) दोनों ओर हरे गड्डे होना
(c) पहले कुआँ खोदना, फिर खाई
(d) सामने कुआँ, पीठ पीछे खाई होना

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (a) 'आगे कुआँ, पीछे खाई, लोकोक्ति का सही अर्थ है दोनों ओर विपत्ति होना। मोहन की माँ और पत्नी में हमेशा ठनी रहती है। यदि वह पत्नी का पक्ष लेता है तो माँ अपनी कोख कोसने लगती है और यदि माँ का पक्ष लेता है तो पत्नी कुआँ, पोखर में कूदने चल पड़ती है। मोहन की स्थिति आगे कुआँ पीछे खाई वाली हो गयी है।

52. 'एक से बढ़कर एक' का अर्थ व्यक्त करने के लिए सही लोकोक्ति है–

(a) समरथ को नहिं दोष गोसाईं
(b) सेर को सवा सेर
(c) सइयां भये कोतवाल अब डर काहे का
(d) सखी न सहेली, भली अकेली

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

उत्तर : (b)

लोकोक्ति	अर्थ
1. समरथ को नहिं दोष गोसाईं	- सामर्थ्यवान के दोष/अपराध भी क्षम्य हैं।
2. सेर को सवा सेर	- एक से बढ़कर एक।
3. सईयां भये कोतवाल, अब डर काहे का	- अपने अधिकारों का अनुचित लाभ ठाना।
4. सखी न सहेली, भली अकेली	- अकेले रहना अच्छा।

53. 'कोई कमाए कोई खाए', इसके अर्थ को दर्शाती सही लोकोक्ति निम्न में से कौन सी है?

(a) खरी मजूरी चोखा काम (b) अंधी पीसे कुत्ता खाये
(c) घर की मुर्गी दाल बराबर (d) चट मँगनी पट ब्याह

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b): 'कोई कमाए कोई खाए' इस अर्थ को दर्शाने वाली लोकोक्ति है– 'अंधी पीसे कुत्ता खाये'। 'खरी मजूरी चोखा काम' का अर्थ होता है– 'अच्छा निवेश करने से काम अच्छा होता है'। 'घर की मुर्गी दाल बराबर' का अर्थ होता है– 'अपनी चीज या अपने आदमी की कद्र नहीं होती'। इसी तरह 'चट मँगनी पट ब्याह' का अर्थ होता है– 'तत्काल कार्य होना'।

54. करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान-इस लोकोक्ति का तात्पर्य क्या है?

(a) अनिश्चय में सफलता मिलती है।
(b) अभ्यास मूर्ख को भी चतुर बना देता है।
(c) अभ्यास से जड़मति होती है।
(d) सुजान अभ्यास से जड़ हो जाता है।

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान' लोकोक्ति का अर्थ है– 'अभ्यास मूर्ख को भी चतुर बना देता है'।

55. कोयले की दलाली में मुँह काला' – इस लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दर्शाता है?

(a) बुरा काम बदनामी का कारण बन जाता है।
(b) तुच्छ व्यक्ति अधिक प्रदर्शन करता है
(c) अपराधी स्वयं ही डरा डरा रहता है
(d) सभी वस्तुएँ समान नहीं होती

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर : (a) 'कोयले की दलाली में मुँह काला' लोकोक्ति का अर्थ है– ''बुरा काम बदनामी का कारण बन जाता है।''

56. 'कागा चला हंस की चाल .....।' यह लोकोक्ति पूर्ण करने हेतु उचित विकल्प चुनिए।

(a) हंस चला कागा की चाल (b) हंस चला हंस की चाल
(c) हंस रहा न कागा (d) कागा रहा न हंस

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'कागा चला हंस की चाल **हंस रहा न कागा'** इस लोकोक्ति का अर्थ है– 'अंधानुकरण करने पर हानि ही उठानी पड़ती है'।

57. कुजगह फोड़ा और ससुर वैद्य-कहावत का अर्थ है :

(a) दोनों में दोष (b) मरीज वैद्य में संपर्क
(c) दोनों का त्याग (d) धर्म संकट की स्थिति

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) : 'कुजगह फोड़ा और ससुर वैद्य' कहावत का अर्थ 'धर्म संकट की स्थिति' है।

निर्देश : निम्नलिखित प्रत्येक कहावत के लिए चार-चार समानार्थक वाक्यांश दिए गए हैं। उनमें से सही उत्तर के रूप में विकल्प का चयन कीजिए।

58. काटो तो खून नहीं का अर्थ होगा-

(a) पीड़ा शांत हो जाना
(b) बिल्कुल निर्जीव हो जाना
(c) भय के कारण स्तब्ध हो जाना
(d) गुस्सा शांत हो जाना

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'काटो तो खून नहीं' कहावत का सही अर्थ 'भय के कारण स्तब्ध हो जाना' है।

@RexstarPdf

59. 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती' का अर्थ है-

(a) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
(b) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती
(c) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
(d) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता

राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015
Jharkhand TGT 2017
UP SI 2017
CTET (VI-VIII) 18.11/2018

उत्तर : (d) 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती' का अर्थ है कि छल कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता। जैसे- मोहन धोखा खाने के बाद कहता है कि काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती।

60. 'कब बबा मरही त कब बरा चुरही' का अर्थ है –

(a) किसी के लिए अपशगुन शब्द कहना
(b) कार्य का अनिश्चित होना
(c) प्रसन्नता व्यक्त करना
(d) किसी का इंतजार करना

नायब तहसीलदार, 1992

उत्तर : (b) 'कब बबा मरहीं त कब बरा चुरही' का आशय 'कार्य का अनिश्चित होना' होता है। अन्य विकल्प लोकोक्ति के आशय से त्रुटिपूर्ण हैं।

61. 'कड़ाही से गिरा चूल्हे में आ पड़ा' का भाव है –

(a) एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में आ पड़ना
(b) कड़ाही और चूल्हा पास-पास होता है
(c) एक बार भूल होती है तो बार-बार होती है
(d) कड़ाही चूल्हे में गिर गई

UP TGT 2013

उत्तर : (a) 'कड़ाही से गिरा चूल्हे में आ पड़ा' का भाव है, एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में आ पड़ना।

62. 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का सही अर्थ है–

(a) पढ़ा लिखा न होना (b) पढ़ा लिखा होना
(c) विद्वान होना (d) मूर्ख होना

SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)
UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift
UPSI 24.07.2017 Shift-I
UPSI Batch-II 22 Dec. 2017

उत्तर : (a) 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का सही अर्थ 'पढ़ा लिखा न होना' होता है।

63. 'कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली' लोकोक्ति का अर्थ होगा :

(a) विशिष्ट और सामान्य व्यक्ति की तुलना
(b) दोनों बराबर होना
(c) किसी तरह की जिम्मेदारी न उठाना
(d) गुण

UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift
UP TGT 2005

उत्तर : (a)

	लोकोक्ति		अर्थ
1.	कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली	–	विशिष्ट और सामान्य व्यक्ति की तुलना।
2.	चोर की दाढ़ी में तिनका	–	अपराधी सदैव सशंकित रहता है।
3.	जैसा देश वैसा भेष	–	परिस्थिति के अनुसार बदलना
4.	जर है तो नर, नहीं तो खंडहर	–	पैसे से ही आदमी की इज्जत है।

64. 'का बरखा जब कृषि सुखाने' तब कहा जाता है, जब कोई-

(a) समय पर काम नहीं हो
(b) समय को व्यर्थ गँवा दिया जाता हो
(c) समय का लाभ न उठाता हो
(d) समय का पालन करता है

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (a) 'का बरखा जब कृषि सुखाने' तब कहा जाता है जब कोई कार्य उचित समय पर न हो। शेष विकल्प असंगत हैं।

65. 'एक पंथ दो काज' लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) एक काज होना
(b) लाभ ही लाभ होना
(c) एक काम से चार लाभ होना
(d) एक ही काम से दो लाभ होना

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018
UPP 2017
UPSI Batch - I 14 Dec.2017
UKPSC AE 2012

उत्तर. (d): 'एक पंथ दो काज' लोकोक्ति का अर्थ है- 'एक ही काम से दो लाभ होना।' लोकोक्ति पूर्ण वाक्य होते हैं, जबकि मुहावरे वाक्यांश होते हैं।

66. ''एक करेला _____।'' लोकोक्ति पूर्ण करें।

(a) दूजा भांग चढ़ा (b) दूजा पेड़ चढ़ा
(c) दूजा पेड़ भला (d) दूजा नीम चढ़ा

KVS TGT, 2018
UPSI Batch - III 21 Dec.2017
UPPSC AE 2008
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर. (d) : दी गयी लोकोक्ति का पूर्ण रूप ''एक तो करेला दूजा नीम चढ़ा'' होगा। जिसका अर्थ है– 'बुरे की और बुरे के साथ संगति'।

67. एक अनार सौ बीमार का अर्थ है–

(a) एक वैद्य सौ बीमार
(b) किसी वस्तु की पूर्ति कम माँग अधिक
(c) महामारी के दिनों में दवाओं में कमी
(d) किसी वस्तु की आपूर्ति समाप्त हो जाना।

[UPSI 19.07.2017 Shift II]
UP PSC AE 2007
KVS PGT Hindi 2016
UPPSC AE 2008

उत्तर. (b) : एक अनार सौ बीमार का अर्थ है– किसी वस्तु की पूर्ति कम माँग अधिक।

68. एक आँख न भाना

(a) उपेक्षा करना (b) विरक्त होना
(c) तटस्थ होना (d) बिल्कुल अच्छा न लगना

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016
SSS GD 12/02/2019, Shift-II

@RexstarPdf

उत्तर: (d) 'एक आँख न भाना' कहावत का अर्थ 'बिल्कुल अच्छा न लगना' है।

69. 'ईश्वर की माया ..... ।' लोकोक्ति को पूर्ण करने हेतु उचित विकल्प कौन-सा है?

(a) कहीं छाया कहीं धूप (b) कहीं धूप कहीं छाया
(c) सबसे न्यारी (d) वो ही जाने

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (b) ईश्वर की माया कहीं धूप कहीं छाया - पूर्ण लोकोक्ति है, जिसका अर्थ है– 'भगवान की माया विचित्र है, 'कहीं सुख है तो कहीं दुःख'।

70. 'उपाय वही सही होता है जिसका लोहा विरोधी भी मानें' – इसके लिए सही लोकोक्ति है –

(a) आधा तीतर, आधा बटेर
(b) चमत्कार को नमस्कार
(c) जादू वही जो सिर चढ़कर बोले
(d) इनमें से कोई नहीं

UP TGT 2010

उत्तर : (c) 'उपाय वही सही होता है जिसका लोहा विरोधी भी मानें'–इसके लिए सही लोकोक्ति है 'जादू वही जो सिर चढ़कर बोले'।

71. निम्नलिखित में सही 'कहावत' कौन सी है?

(a) फीकी दुकान ऊँचा पकवान
(b) फीका पकवान ऊँची दुकान
(c) ऊँची दुकान फीका पकवान
(d) फीकी दुकान फीका पकवान

[UKPSC AE 2017]
UPPCL TG2 2015

उत्तर. (c): निम्नलिखित में सही 'कहावत' ऊँची दुकान फीका पकवान है। इसका अर्थ है- दिखावा ही दिखावा/आडम्बर ही आडम्बर।

72. आग लगने पर कुआँ खोदना - लोकोक्ति का सही अर्थ होगा:

(a) जल्दी से कार्य करना
(b) संकट के समय बचाव के लिए सोचना
(c) मुसीबत आने से घबरा जाना
(d) कुआँ खोदकर पुण्य कमाना

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UP SI Dec. 2017

उत्तर : (b) आग लगने पर कुआँ खोदना' लोकोक्ति का उचित अर्थ है– संकट के समय बचाव के लिये सोचना।
वाक्य प्रयोग- बरसात जब शुरू हो जायेगी तब तुम छत बनवाओगे, ये तो वही हाल है कि आग लगने पर कुआँ खोदना।

73. 'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) बहुत निपुण बनना
(b) साधन न होने पर भी काम कर लेना
(c) सर्वथा अयोग्य
(d) योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी मारना

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) 'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ है- योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी मारना।

74. 'आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास' लोकोक्ति का सही अर्थ है–

(a) साधुओं की संगति छोड़ देना
(b) वांछित कार्य को छोड़कर अन्य कार्य में लग जाना
(c) भक्ति छोड़कर व्यापार करने लगना
(d) गृहस्थी के झंझटों में फँस जाना

आडिटर परीक्षा, 1996
UPSI Batch-II 20 Dec. 2017
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर : (b) 'आये थे हरि भजन को ओटन लगे कपास' लोकोक्ति का आशय है वांछित कार्य को छोड़कर अन्य कार्य में लग जाना।

75. 'नेकी कर दरिया में डाल' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है:

(a) मदद करके मदद की उम्मीद करना
(b) उपकार करके उपकार की बात को भूल जाना
(c) घृणा के बदले प्रेम करना
(d) कष्ट सहकर परोपकार करना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (b) : 'नेकी कर दरिया में डाल' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ– उपकार करके उपकार की बात को भूल जाना है।

76. 'रस्सी जल गई पर ऐंठन नहीं गई' मुहावरे/लोकोक्ति का सटीक अभिप्राय है:

(a) अहंकार कभी समाप्त नहीं होता
(b) बरबाद हो जाने पर भी अहंकार बना रहना
(c) रस्सी की मजूबूती के कारण ऐंठन बनी रहना
(d) व्यक्ति चालाकी से बाज नहीं आता

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'रस्सी जल गई पर ऐंठन न गई' मुहावरे/लोकोक्ति का सटीक अभिप्राय होगा- 'बरबाद हो जाने पर भी अहंकार बना रहना।'

77. 'बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए' का अर्थ है–

(a) रौब पहले ही दिन पड़ता है, बाद में नहीं।
(b) भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए।
(c) जिस व्यक्ति के आश्रय में रहना, उसी को हानि पहुंचाना।
(d) बुरा समय आते ही सचेत हो जाना चाहिए।

UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-II)

उत्तर: (b) 'बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए' मुहावरे का अर्थ है– 'भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए।' अन्य विकल्प असंगत हैं।

78. लोकोक्तियों को उनके सही अर्थों से मिलान करें–

1.	मान न मान मैं तेरा मेहमान	A.	बिलकुल अनपढ़
2.	सुनिए सबकी करिए मन की	B.	दोनों ही दुष्ट
3.	काला अक्षर भैंस बराबर	C.	जबदरदस्ती गले पड़ना
4.	जैसे नाग नाथ वैसे साँप नाथ	D.	अंतःकरण की बात माननी चाहिए

@RexstarPdf

(a) 1-A, 2-B, 3-C, 4-D
(b) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B
(c) 1-A, 2-C, 3-D, 4-B
(d) 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (d) : सही सुमेलित है-

लोकोक्ति	-	**अर्थ**
मान न मान मैं तेरा मेहमान	-	जबरदस्ती गले पड़ना
सुनिए सबकी करिए मन की	-	अंतःकरण की बात माननी चाहिए
काला अक्षर भैंस बराबर	-	बिलकुल अनपढ़
जैसे नाग नाथ वैसे साँप नाथ	-	दोनों ही दुष्ट

79. 'आ बैल मुझे मार' इस कहावत का सही अर्थ बताइए।

(a) छेड़छाड़ करना।
(b) जानबूझ कर मुसीबत में पड़ना।
(c) बलशाली के सामने वीरता दिखाना।
(d) कायर होते हुए भी वीरता का प्रदर्शन करना।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : 'आ बैल मुझे मार' कहावत का सही अर्थ 'जानबूझ कर मुसीबत में पड़ना' है।

80. 'अपनी करनी पार उतरनी' लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) अपने अच्छे कर्म से ही व्यक्ति का कल्याण होता है।
(b) बुरे कर्मों का फल बुरा होता है।
(c) अपना कर्म अपना होता है।
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI Batch-III 16 Dec. 2017
UPCSA-2017

उत्तर : (d) : 'अपनी करनी पार उतरनी' लोकोक्ति का अर्थ-अपने कर्म का फल स्वयं भोगना पड़ता है।

81. 'अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप' लोकोक्ति का अर्थ है–

(a) अधिक बारिश होना।
(b) अधिक धूप निकलना।
(c) किसी भी बात या वस्तु का अधिक होना ठीक नहीं।
(d) बरसात में धूप निकलना।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (c) : 'अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप' लोकोक्ति का अर्थ 'किसी भी बात या वस्तु का अधिक होना ठीक नहीं'।

82. 'सावन हरे ना भादों सूखे' कहावत का अर्थ बताइये।

(a) सदा एकसमान रहना
(b) मौसम का बदलना
(c) बारिश का न होना
(d) कभी-कभी बदलना

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)
UPSSSC वनरक्षक 02.02.2018 Shift-II
Ashram Paddhati PGT 2012

उत्तर:(a) 'सावन हरे न भादों सूखे' कहावत का अर्थ 'सदा एकसमान रहना' होता है।
वाक्य प्रयोग-रमेश सुख तथा दुःख किसी भी स्थिति में धैर्य बना कर काम करता है तथा दोनों स्थितियों में एकसमान रहता है। 'सावन हरे न भादों सूखे' कहावत रमेश पर यथार्थ सिद्ध होता है।

83. 'लेना एक न देना दो' लोकोक्ति का अर्थ है-

(a) उधार वापस न करना
(b) किसी से उधार न लेना
(c) किसी से कुछ मतलब न रखना
(d) पैसों की लेनदेन करना

UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)

उत्तर : (c) : 'लेना एक न देना दो' लोकोक्ति का अर्थ है- 'किसी से कुछ मतलब न रखना'।

84. 'आप काज महा काज' का अर्थ है

(a) अपना काम निकाल लेना सबसे बड़ी चतुराई है।
(b) मरने के बाद कौन देखने आता है। कि क्या हुआ?
(c) काम को अपने आप करना सबसे अच्छा होता है।
(d) सबको अपने समान समझना सबसे बड़ा काम है।

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (c) 'आप काज महा काज' का अर्थ है काम को अपने आप करना सबसे अच्छा होता है।

85. कोयले की दलाली में मुँह काला का अर्थ है

(a) कोयले का व्यापार करना
(b) बुरे काम से बुराई मिलना
(c) झूठ बोलना
(d) व्यापार में घाटा होना

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (b) कोयले की दलाली में मुँह काला का अर्थ 'बुरे काम से बुराई मिलना' होता है।

86. 'बेकार आदमी व्यर्थ के काम करता है।' अर्थ किस लोकोक्ति से संबंधित है?

(a) अंधा बाँटे रेवड़ी, फिर-फिर अपनों को देय
(b) कहने से धोबी गधे पर नहीं चढ़ता
(c) खाली बनिया क्या करै, इस कोठी के धान उस कोठी में धरै
(d) अंधे के हाथ बटेर लगना

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (c) : मुहावरा/लोकोक्ति - अर्थ

- खाली बनिया क्या करै, इस कोठी के धान उस कोठी में धरै - बेकार आदमी व्यर्थ के काम करता है।
- अंधा बांटे रेवड़ी, फिर-फिर अपनो को देय - अधिकार मिलने पर अपने ही लोगों का फायदा करना।
- कहने से धोबी गधे पर नहीं चढ़ता - अपनी इच्छा से कार्य करना
- अंधे के हाथ बटेर लगना- बिना परिश्रम के अच्छी वस्तु हाथ लगना

87. 'लाठी टूटे न सांप मरे'-इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) मार खाए बिना सीधे होना
(b) न पूरी होने वाली आशा

@RexstarPdf

(c) मार खाए बिना सीधे नहीं होना
(d) किसी की हानि के बिना स्वार्थ सिद्धि

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'लाठी टूटे न साँप मरे' इस लोकोक्ति का अर्थ है – 'किसी की हानि के बिना स्वार्थ सिद्धि'।

88. 'जिन ढूँढ़ा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठ' लोकोक्ति का अर्थ है.....।

(a) परिश्रम का फल अवश्य मिलता है
(b) जल-समाधि ले लेना
(c) परिश्रम करते रहना
(d) पानी में ढूंढना

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (a) लोकोक्ति 'जिन ढूँढा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठ' का अर्थ है- 'परिश्रम का फल अवश्य मिलता है।' लोकोक्ति का अर्थ है लोक की उक्ति (लोक प्रचलित कथन)। किसी कथन को रोचक एवं सजीव बनाने में लोकोक्ति की विशिष्ट भूमिका होती है।

89. 'आप मियाँजी माँगते द्वार खड़े दरवेश' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है।

(a) माँगने में शर्म न करना
(b) किसी निर्धन के घर भिखारियों की भीड़ होना।
(c) शेखी मारना
(d) भीख मांग कर भी दान देने वाला

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'आप मियाँजी माँगते द्वार खड़े दरवेश' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– 'किसी निर्धन के घर भिखारियों की भीड़ होना।'

90. 'खग जाने खग की भाषा' - इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) वाचाल खग
(b) सब अपने-अपने संपर्क के लोगों का हाल समझते हैं।
(c) बोलने में सक्षम खग
(d) बड़ा भाषाविद

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
DSSSB TGT Hindi 15/09/2018 Shift-II
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'खग जाने खग की भाषा' - इस लोकोक्ति का अर्थ है- सब अपने-अपने सम्पर्क के लोगों का हाल समझते हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं।

91. 'इन तिलों में तेल नहीं' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(a) किसी प्रकार के लाभ की संभावना का न होना
(b) निराशा हाथ लगना
(c) तिलों से तेल की आशा न करना
(d) तिलों से तेल का न निकलना

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-II 22 Dec. 2017

उत्तरः (a) 'इन तिलों में तेल नहीं' लोकोक्ति का सही अर्थ 'किसी प्रकार के लाभ की संभावना का न होना' है।

92. 'कहने से कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(a) किसी के कहने से गलत काम करना बुद्धिमानी नहीं है।
(b) जो कहो उससे विपरीत काम करने वाला
(c) हठी मनुष्य किसी का कहना नहीं मानता
(d) अपने काम के प्रति लज्जा करना

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'कहने पर कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है- 'हठी मनुष्य किसी का कहना नहीं मानता।' अतः विकल्प (c) सही है।
नोट- ''कुम्हार'' की जगह ''धोबी'' शब्द उपयुक्त होगा।

93. 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(a) बड़े लोगों की बातें बड़ी होती हैं।
(b) बड़े लोगों से काम कराना बहुत कठिन होता है।
(c) कार्य करने के लिए कोई असाधारण शर्त रख देना।
(d) बड़े घर की लड़कियों के नखरे भी बड़े होते हैं।

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
UP TGT 2004

उत्तर : (c) : 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी'
इस लोकोक्ति का सही अर्थ है- 'कार्य करने के लिए कोई असाधारण शर्त रख देना।' अतः विकल्प (c) सही है।

94. 'ऊधौ का लेन न माधौ का देन'-इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) किसी से कोई वास्ता न रखना (b) धोखा देना
(c) अन्याय न करना (d) दोहरा कटुत्व

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'ऊधौ का लेन न माधौ का देन' लोकोक्ति का अर्थ किसी से कोई वास्ता न रखना है।

95. 'जब तक साँस तब तक आस' – इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) न पूरी होनेवाली आशा
(b) साँस रुकने की चिंता होना
(c) आशा जीवन पर्यंत बनी रहती है
(d) साँस रहने तक जीवित रहना

DSSSB PRT 30.03.2022 (Shift-I)
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त लोकोक्ति का अर्थ इस प्रकार है–

लोकोक्ति	अर्थ
जब तक साँस तब तक आस	आशा जीवन पर्यंत बनी रहती है।
आँख का अंधा नाम नयनसुख	गुण के विपरीत नाम होना।
न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी	न कारण होगा, न कार्य होगा।
जंगल में मोर नाचा किसने देखा	गुण की कदर गुणवानों के बीच होती है।

96. 'आसमान से गिरा तो खजूर में अटका'–इस लोकोक्ति का अर्थ क्या होता है ?

(a) भूलोक की तृष्णा
(b) किसी से कोई वास्ता न रखना
(c) एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में फंसना
(d) खजूर पेड़ पसंद करना

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 (Shift-I)

उत्तर : (c) : लोकोक्ति 'आसमान से गिरा तो खजूर में अटका' का अर्थ 'एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में फंसना' है।

@RexstarPdf

97. 'घोड़ों का घर कितनी दूर' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है-
(a) जो इच्छा करता है वही प्राप्त करता है
(b) तेजी से काम करने से वह जल्दी निपट जाता है।
(c) स्वभाव से चंचल व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है।
(d) कर्मठ व्यक्ति के लिए सफलता सरल होती है।

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) :

लोकोक्ति	अर्थ
घोड़ों का घर कितनी दूर	कर्मठ व्यक्ति के लिए सफलता सरल होती है।
जिसे पिया चाहे वही सुहागिन	जिस पर मालिक की कृपा होती है।
आसमान से गिरा खजूर में अटका	एक मुसीबत से छूटकर दूसरी मुसीबत में पड़ जाना।
आ बैल मुझे मार	विपत्ति को स्वयं बुलाना।

98. 'गंगा गए गंगादास जमुना गए जमुनादास'-इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) जो व्यक्ति सामने आए उसकी प्रशंसा करना
(b) संक्षेप में विस्तृत बात कह देना
(c) गंगा व जमुना की यात्रा करना
(d) दास-प्रथा के लिए प्रतिबद्धता

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
GIC PGT-2015
UPPSC AE 2008
U.K. PSC Licture

उत्तर : (a)

लाकोक्ति	अर्थ
गंगा गए गंगादास जमुना गए जमुनादास	जो व्यक्ति सामने आए उसकी प्रशंसा करना या अवसरवादी होना (एक मत न रहना, सिद्धान्त बदलने वाला)
गागर में सागर भरना	संक्षेप में विस्तृत बात कह देना।
ऊँची दुकान फीका पकवान	केवल बाह्य प्रदर्शन।
छछूँदर के सिर पर चमेली का तेल	अयोग्य के पास योग्य वस्तु का होना।

99. 'जितने मुँह उतनी बातें'– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) मुँह ज्यादा होना
(b) मुँह के अनुसार बातें
(c) एक ही बात पर भिन्न-भिन्न कथन
(d) ज्यादा बातें करना

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'जितने मुँह उतनी बातें' लोकोक्ति का अर्थ 'एक ही बात पर भिन्न-भिन्न कथन' होता है।

100. 'एक मुँह दो बात'- इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) जो व्यक्ति सामने आए उसकी प्रशंसा करना
(b) अपनी बात से पलट जाना
(c) ज़्यादा फर्क होना
(d) संक्षेप में विस्तृत बात कह देना

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'एक मुँह दो बात'- इस लोकोक्ति का अर्थ है- अपनी बात से पलट जाना। **वाक्य प्रयोग**– मोहन ने 10 रुपये देने का वादा किया था पर वह अपनी बात से पलट गया।

101. 'ऊंट के गले में बिल्ली'- इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) बेमेल संबंध (b) अच्छी दोस्ती
(c) ख़तरनाक (d) तमाशा का खेल

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'ऊंट के गले में बिल्ली' इस लोकोक्ति का अर्थ 'बेमेल सम्बंध' है। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

102. 'तीन में न तेरह में'- इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) हर काम में सफलता (b) गणित में माहिर
(c) नगण्य
(d) हर किसी की गिनती में होना

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'तीन में न तेरह में' लोकाक्ति का अर्थ 'नगण्य' अर्थात् कहीं का न होना है।

लोकोक्ति	अर्थ
ताली एक हाथ से नहीं बजती	- प्रेम या लड़ाई एक तरफ से नहीं होती
तीन में न तेरह में	- कहीं का नहीं होना (नगण्य)
तेते पाँव पसारिए, जैती लाँबी सौर	- आय के अनुसार ही व्यय करना चाहिए

103. 'आई तो रोजी नहीं तो रोजा'– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) धोखा देना
(b) किसी से कोई वास्ता न रखना
(c) कमाया तो खाया, नहीं तो भूखे
(d) अन्याय न करना

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : दिए गए विकल्प में 'आई तो रोजी नहीं तो रोजा' लोकोक्ति का सही अर्थ 'कमाया तो खाया नहीं तो भूखे' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

104. 'कच्ची गोली खेलना'– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) तमाशा करना (b) असंभव कार्य करना
(c) अनुभवहीन होना (d) गोली न सुखाना

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'कच्ची गोली खेलना' का सही अर्थ है- 'अनुभव हीन होना।' अन्य विकल्प असंगत हैं।

105. 'आदमी पानी का बुलबुला है'- इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) तमाशा करना
(b) मनुष्य जीवन नश्वर है
(c) अनुभवहीन होना
(d) मनुष्य पानी पसंद करता है

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'आदमी पानी का बुलबुला है' (लोकोक्ति) का अर्थ है→ 'मनुष्य जीवन नश्वर है।'
वाक्य प्रयोग:- आदमी का जीवन तो पानी का बुलबुला है जाने कब फूट जाए।

@RexstarPdf

106. 'दाम संवारे काम'-इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) दूसरे के धन का फायदा उठाना
(b) पैसा सब काम करता है
(c) शत्रु का उपकार करना
(d) साँस रुकने की चिंता होना

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'दाम संवारे काम' लोकोक्ति का अर्थ 'पैसा सब काम करता है।' होगा।

107. 'अस्सी की आमद नब्बे खर्च'-इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) अपनी कुशलता देखना (b) अधिक दुराशा
(c) पूर्ण स्वतंत्र होना (d) आय से अधिक खर्च

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'अस्सी की आमद नब्बे खर्च' लोकोक्ति का अर्थ 'आय से अधिक खर्च' है।

108. 'नाक दबाने से मुँह खुलता है'- इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) ज्यादा बातें करना
(b) मुँह के अनुसार बातें
(c) एक ही बात पर भिन्न-भिन्न कथन
(d) कठोरता से कार्य सिद्ध होता है

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'नाक दबाने से मुँह खुलता है' लोकोक्ति का अर्थ है- 'कठोरता से कार्य सिद्ध होता है'।

109. 'नया दाना नया पानी'- इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) नई नौकरी (b) नई शादी
(c) गलत ढंग से कमाई (d) नई उपज

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'नया दाना नया पानी' लोकोक्ति का अर्थ 'नई नौकरी' है।

110. 'थका ऊँट सराय ताकता है' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(a) दिनभर की मेहनत के बाद घर की याद आती है।
(b) असाध्य रोग से ग्रस्त व्यक्ति मौत चाहता है।
(c) विश्राम जीवन की अनिवार्यता है।
(d) गुलाम अपने मालिक के संकेत पर चलता है।

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'थका ऊँट सराय ताकता है।' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है- 'दिनभर की मेहनत के बाद घर की याद आती है।'

111. 'छटांक चून चौबारे रसोई' -इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) संपन्नता का निशान (b) झूठा दिखावा और शान
(c) बेईमानी के पैसे (d) शानदार जीवन

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'छटांक चून चौबारे रसोई'- इस लोकोक्ति का अर्थ है- 'झूठा दिखावा और शान'। 'जुँए में सब कुछ हारने के बाद रमेश का इस तरह का ठाट-बाट दिखाना छटांक चून चौबारे रसोई के समान है।'

112. 'नया नौ दिन पुराना सौ दिन' –इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) पुरानी चीजें ज्यादा दिन चलती हैं
(b) न पूरी होने वाली आशा
(c) सर्वत्र विजय हासिल होना
(d) समयानुसार काम

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : लोकोक्ति – अर्थ

नया नौ दिन पुराना सौ दिन	–	पुरानी चीजें ज्यादा दिन चलती हैं।
ऊँची दुकान फीका पकवान	–	केवल बाह्य प्रदर्शन।
आ बैल मुझे मार	–	जान-बूझकर विपत्ति में पड़ना।
आगे कुआँ, पीछे खाई	–	दोनों तरफ विपत्ति होना।

113. 'नेकी का फल बदी' -इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) जो व्यक्ति सामने आए उसकी प्रशंसा करना
(b) भलाई का बदला बुराई
(c) सर्वत्र विजय हासिल करना
(d) अधूरा ज्ञान

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : लोकोक्ति – अर्थ

नेकी का फल बदी	भलाई का बदला बुराई।
न लेना एक न देना दो	कोई संबंध न रखना।
नौ दिन चले अढ़ाई कोस	बहुत सुस्ती से काम करना।
नेकी और पूछ-पूछ	भलाई करने में संकोच कैसा।

114. 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात'-इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) दुराशा का शिकार न हो जाना
(b) अपनी आमदनी के हिसाब से खर्च करना
(c) एक से बढ़कर दूसरा चालाक
(d) सावधानी और धैर्य से काम लेना

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : प्रमुख लोकोक्तियाँ व उनके अर्थ हैं–

लोकोक्ति	अर्थ
तू डाल-डाल, मैं पात-पात	एक से बढ़कर दूसरा चालाक।
एक पंथ दो काज	एक काम के साथ दूसरा काम हो जाना।
अपनी करनी पार उतरनी	मनुष्य को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है।
आम के आम गुठलियों के दाम	दोहरा लाभ होना।

115. 'चिराग तले अंधेरा' इस लोकोक्ति का क्या अर्थ है?

(a) दूसरों को प्रकाशित करना
(b) आत्म-प्रकाशन
(c) अपनी बुराई न देखना
(d) इसमें से कोई नहीं

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)
UPPCL JE Electrical, 2016
UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'चिराग तले अंधेरा' लोकोक्ति का अर्थ 'अपनी बुराई न देखना' है।

@RexstarPdf

116. 'औंधी खोपड़ी, उलटा .....।' सही विकल्प का चयन करके लोकोक्ति को पूर्ण कीजिए।

(a) सर (b) गम
(c) मत (d) खत

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प 'मत' है, जो इस प्रकार लोकोक्ति को पूर्ण करता है–'औंधी खोपड़ी, उलटा मत' **इसका अर्थ है–** 'मूर्ख का विचार उल्टा ही होता है।'

117. 'अंधे के हाथ बटेर लगना' कहावत का आशय क्या है?

(a) अंधा भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है।
(b) किसी अयोग्य व्यक्ति को महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त हो जाना।
(c) भाग्य से कोई वस्तु मिल जाना।
(d) बिना परिश्रम के सफलता मिल जाना।

SSS GD 11/02/2019, Shift-I
SSC GD 11/03/2019, Shift-I
UPSI Batch - I 22 Dec.2017
वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. (b) : 'अंधे के हाथ बटेर लगना' का अर्थ है- 'किसी अयोग्य व्यक्ति को महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त हो जाना।'

118. अत्याचार का फल अच्छा नहीं, यह वाक्य किस लोकोक्ति का अर्थ प्रकट करता है?

(a) आसपास बरसे दिल्ली पड़ी तरसे
(b) तलवार का खेत हरा नहीं होता
(c) चमगादड़ के मेहमान उलटे लटकते हैं
(d) जंगल में मोर नाचा, किसने देखा

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर:(b) 'अत्याचार का फल अच्छा नहीं होता' वाक्य के लिए उपयुक्त लोकोक्ति 'तलवार का खेत हरा नहीं होता' है। 'आस-पास बरसे दिल्ली पड़ी तरसे' लोकोक्ति का अर्थ 'जिसको आवश्यकता है उसे न मिले', 'चमगादड़ के मेहमान उल्टे लटकते हैं' लोकोक्ति का अर्थ 'गरीब आदमी आवभगत करने में असमर्थ होता है' तथा 'जंगल में मोर नाचा किसने देखा' लोकोक्ति का अर्थ 'अनुपयुक्त स्थान पर गुण प्रदर्शन करना' है।

119. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' का अर्थ है–

(a) एक चना किसी काम का नहीं
(b) एक चना शक्तिहीन होता है
(c) अकेला व्यक्ति शक्तिशाली नहीं होता
(d) एक चने से भूख नहीं मिटती

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' मुहावरे का सही अर्थ 'अकेला व्यक्ति शक्तिशाली नहीं होता' है।

120. 'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ है:

(a) गुणहीनों के बीच एक गुणवान व्यक्ति
(b) ओछे व्यक्ति में ऐठन होती है
(c) बहुत ही लालची
(d) अकेला आदमी मजबूर होता है

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर: (a) 'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ गुणहीनों के बीच एक गुणवान व्यक्ति होता है।

121. अपने मरे बिना स्वर्ग नहीं दिखता-का अर्थ होगा –

(a) स्वयं प्रयत्न करने पर ही काम बनता है
(b) विपत्ति में बड़े बिना अच्छा फल नहीं मिलता
(c) प्रयत्न किये बिना वास्तविकता सामने नहीं आती
(d) स्वयं ही सब कार्य करना पड़ता है

UPSI Batch - II 15 Dec.2017
UP TGT 2003

उत्तर : (a) 'अपने मरे बिना स्वर्ग नहीं दिखता' लोकोक्ति (कहावत) का अर्थ होगा - स्वयं प्रयत्न करने पर ही काम बनता है।

122. निम्नलिखित में से लोकोक्ति को चुनिए –

(a) अंधे की लकड़ी होना (b) नौ दो ग्यारह होना
(c) गले पड़ना (d) अधजल गगरी छलकत जाय

UPSI Batch-III 20 Dec. 2017
UP TGT 2004

उत्तर : (d) 'अधजल गगरी छलकत जाय' लोकोक्ति है। इसका अर्थ है-अधूरा ज्ञान घमण्ड पैदा करता है। अंधे की लकड़ी होना (एकमात्र सहारा), नौ दो ग्यारह होना (भाग जाना) गले पड़ना (मुसीबत बनना) तीनों मुहावरे हैं।

123. 'अंदर-अंदर कड़ाही में गुड़ पगना' का अर्थ है-

(a) ज्ञान होना (b) गुप्त मंत्रणा होना
(c) अपने में सीमित होना (d) काम न आना

UPPSE AE 13.12.2020
[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (b) : 'अन्दर-अन्दर कड़ाही में गुड़ पगना' का अर्थ 'गुप्त मंत्रणा होना' होता है।

124. अमा निशा-

(a) अंधेरा की अंधेरी (b) धुंधला अंधकार
(c) गहन अंधकार (d) अंधेरे में उजाले की तलाश

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) 'अमा निशा' लोकोक्ति का अर्थ **गहन अंधकार** होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

125. अंधा बांटै रेवड़ी-

(a) विकलांग व्यक्ति का शोषण करना
(b) अपनो को लाभ पहुँचाना
(c) अपना ही हित करना
(d) अंधेर मचाना

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : अंधा बांटै रेवड़ी लोकोक्ति का अर्थ है- 'अपनों को लाभ पहुँचाना' जबकि अपना ही हित करने के लिए 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरा होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

126. इनमें अपयश कारक है-

(a) ईद का चाँद (b) चौदहवीं का चाँद
(c) अमावस का चाँद (d) चौथ का चाँद

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : इन विकल्पों में अपयश कारक 'अमावस का चाँद' है जिसका अर्थ 'अशुभ होना है' जबकि 'ईद का चाँद' का अर्थ बहुत दिनों के बाद दिखाई देना और 'चौदहवीं का चाँद' का अर्थ 'बहुत सुंदर व्यक्ति' होता है।

@RexstarPdf

127. उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ है।

आँख का अंधा गाँठ का पूरा।

(a) अच्छा व्यक्ति (b) मूर्ख धनी

(c) सोच समझकर करना (d) कठोर व्यक्ति

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]
UPSSSC Tube well operator-12-01-2019
UPPGT 2010
CTET (VI-VIII) 2017

उत्तर : (b) 'आँख का अंधा गांठ का पूरा' लोकोक्ति का अर्थ 'मूर्ख धनी' होगा। शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

128. 'आँधी आवे बैठ गंवावे' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है–

(a) संकट से मुँह फेरना

(b) विपरीत परिस्थिति में उपयुक्त समय आने का इंतजार करना

(c) विपत्ति से टकराने का हौसला रखना

(d) आँधी के बाद पानी बरसने का इंतजार करना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (b) : 'आँधी आवे बैठ गंवावे' लोकोक्ति का अर्थ है– विपरीत परिस्थिति में उपयुक्त समय आने का इन्तजार करना। अन्य विकल्प असंगत हैं।

129. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

घर में नहीं दाने बुढ़िया चली भुनाने–

(a) अज्ञान में रहना

(b) झूठा दिखावा करना

(c) अच्छी वस्तु तो थोड़ी भी भली

(d) बिना प्रयत्न के सफलता नहीं मिलती

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तरः (b): घर में नहीं दाने बुढ़िया चली भुनाने लोकोक्ति का अर्थ झूठा दिखावा करना होता है।

वाक्य प्रयोग – असलम पंचर की दुकान चलाता है फिर भी ऐसे बन-ठन कर निकलता है जैसे लखपति हो। उसके ऊपर यह लोकोक्ति चरितार्थ होती है– घर में नहीं दाने, अम्मा चली भुनाने।

130. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

गुड़ खाए और गुलगुलों से परहेज

(a) एक निष्ठ होकर काम करना

(b) सम्मान न होना

(c) झूठा ढ़ोंग रचना

(d) मूर्ख सब जगह मिलते हैं

High Court Review Officer - 2021
DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)
[UPPSC AE 2013]

उत्तर : (c) : 'गुड़ खाए और गुलगुलों से परहेज' लोकोक्ति का अर्थ' झूठा ढोंग रचना' होता है।

वाक्य प्रयोग– वैसे तो अफजल चोरी, डाका, छिनैती सब करता है पर कल जब मैंने कहा कि मेरे साथ अदालत चलकर मेरे हक में गवाही दे तो कहने लगा मैं झूठी गवाही नहीं देता। वाह गुड़ खाये और गुलगुले से परहेज।

131. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

आधा तीतर आधा बटेर–

(a) विपत्ति में आना (b) लाभ की आशा न होना

(c) अनिश्चितता होना (d) अनमेल मिश्रण

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)
UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020
UPSI Batch-I 16 Dec. 2017
UPSI Batch-III Dec. 2017

उत्तर : (d) : 'आधा तीतर आधा बटेर' लोकोक्ति का अर्थ अनमेल मिश्रण या बेमेल चीजों का मिश्रण होता है।

132. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

भई गति साँप छछूंदर जैसी

(a) दुविधा में पड़ना

(b) भूख लगने पर कुछ भी अच्छा नही लगना

(c) ज़बरदस्ती गले पड़ना

(d) विरोध करना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) : 'भई गति साँप छछूंदर जैसी' लोकोक्ति का अर्थ 'दुविधा में पड़ना' होता है।

वाक्य प्रयोग– रमेश ने सुरेश को उधार देकर स्वयं को भई गति साँप छछुंदर जैसी स्थिति में डाल दिया है।

133. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

गुरू कीजै जान, पानी पीवै छान

(a) बिना प्रयत्न के लाभ

(b) झूठा दिखावा

(c) अच्छी तरह समझ-बूझकर काम करना

(d) अवसर का लाभ

DSSSB PRT 26.03.2023(Shift-II)
DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : 'गुरू कीजै जान, पानी पीवै छान' लोकोक्ति का सही अर्थ 'अच्छी तरह समझ-बूझकर काम करना' होता है।

वाक्य प्रयोग– जल्दबाजी में किया कार्य अक्सर सफल नहीं होता, बुजुर्गों ने ठीक ही कहा है- गुरू कीजै जान, पानी पीवै छान।

134. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

चलती का नाम गाड़ी

@RexstarPdf

(a) बहुत कंजूस होना (b) बहुत अधिक बातें करना
(c) लाभ पर लाभ होना (d) काम का चलते रहना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (d) :

लोकोक्ति	**– अर्थ**
चलती का नाम गाड़ी	– काम का चलते रहना
चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए	– बहुत कंजूस होना।
गज भर की जुबान	– बहुत बढ़-बढ़ कर बातें करना।

135. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

तीर नहीं तो तुक्का ही सही

(a) काम में व्यर्थ दखल देना
(b) अनियंत्रित व्यक्ति का जाना
(c) पूरा नहीं तो जो कुछ मिल जाए उसमें ही संतोष करना
(d) सबसे अलग विचार रखना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) : 'तीर नहीं तो तुक्का ही सही' लोकोक्ति का सही अर्थ होगा - पूरा नहीं तो जो कुछ मिल जाए उसमें ही संतोष करना।
वाक्य प्रयोग - प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न कठिन थे फिर भी उसने अनुमान लगाकर प्रश्न हल ही कर लिए अब तीर नहीं तो तुक्का ही सही।

136. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

घर बैठे गंगा आना

(a) अपना काम होते रहना
(b) झूठा दिखावा करना
(c) बिना प्रयत्न के लाभ मिलना
(d) बहुत कंजूस होना

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर: (c) 'घर बैठे गंगा आना' लोकोक्ति का सही अर्थ - बिना प्रयत्न के लाभ मिलना'।
वाक्य प्रयोग - आप क्या आये घर बैठे गंगा आ गयी। मैं तो इस समस्या को लेकर आपके पास आने वाला था।

137. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

आठ कनौजिए नौ चूल्हे

(a) लाभ की आशा न होना (b) सबसे अलग
(c) फूट होना (d) विपरीत आचरण

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)
असिस्टेंट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर: (c) 'आठ कनौजिए नौ चूल्हे' लोकोक्ति का अर्थ फूट होना होता है।
वाक्य प्रयोग – दोनों सगे भाईयों के परिवार में आपस में बैर है जैसे कि आठ कनौजिए नौ चूल्हे हों।

2. मुहावरा

138. 'नाकों चने चबवाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) अपनी बातों से परेशान करना
(b) बहस करना
(c) बातूनी होना
(d) बहुत तंग करना

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : मुहावरा	**अर्थ**
नाकों चने चबवाना –	बहुत तंग करना
खिच-खिच में पड़ना –	बहस करना
बक-बक करना –	बहुत बोलना, बातूनी होना
खोपड़ी खाना –	प्रश्न करके परेशान करना

139. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए- पट्टी पढ़ाना

(a) बुरी राय देना (b) याद करवाना
(c) पढ़ाई करवाना (d) बहुत कुछ बताना

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये मुहावरे 'पट्टी पढ़ाना' का उचित अर्थ - बुरी राय देना है।
वाक्य प्रयोग - तुमने मेरे बेटे को कैसी पट्टी पढ़ाई कि वह घर जाता ही नहीं।

140. हमारे माता-पिता का तो कहना ही यही है कि सबके साथ भला करो, यदि _____ । रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।

(a) परोपकार सर्वोपरि है (b) अपना काम स्वयं करो
(c) आप काज महाकाज (d) आप भले तो जग भला

SSC GD 27/01/2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु 'आप भले तो जग भला' मुहावरे का प्रयोग सर्वाधिक उपयुक्त होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - हमारे माता-पिता का तो कहना ही यही है कि सबके साथ भला करो, यदि आप भले तो जग भला।

141. 'फूंक से पहाड़ उड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) असम्भव कार्य करने की कोशिश करना
(b) बड़ा काम करना
(c) झूठी बातें करना
(d) बड़ी-बड़ी बातें करना

SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV)

उत्तर : (a) दिये गये मुहावरे 'फूंक से पहाड़ उड़ना' का सही अर्थ - 'असम्भव कार्य करने की कोशिश करना' है।
वाक्य प्रयोग - धीरज फूंक से पहाड़ उड़ाना चाहता है।

142. पुलिस ने मयंक से जब चोरी के बारे में पूछा तो मयंक _____ झूठ बोल गया। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरा शब्द द्वारा कीजिए।

(a) एकदम (b) सफेद
(c) सभी (d) काला

SSC GD 09/02/2023 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर: (b): दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उपयुक्त मुहावरा 'सफेद झूठ' होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा- पुलिस ने मयंक से जब चोरी के बारे में पूछा तो मयंक सफेद झूठ बोल गया।

143. 'बंदर क्या जाने नींबू का स्वाद' इस मुहावरे में कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(a) क्या (b) नींबू
(c) स्वाद (d) बंदर

SSC GD 06/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'बंदर क्या जाने नींबू का स्वाद।' इसमें नींबू के स्थान पर अदरक का प्रयोग होगा। बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, मुहावरे का अर्थ अज्ञानी व्यक्ति गुणवान वस्तु की कदर नहीं करता है।

144. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) झगड़े में दोनों पक्ष दोषी होते हैं।
(b) हर बात पर ताली नहीं बजती।
(c) काम करने के लिए दोनों हाथों की जरूरत होती है।
(d) अकेला आदमी झगड़ा नहीं करता।

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPSSSC Stenographer 10.03.2019

उत्तर: (a) 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' मुहावरे का सही अर्थ है- झगड़े में दोनों पक्ष दोषी होते हैं। अन्य विकल्प दिये गये मुहावरे से असंगत हैं।

145. 'घोंघा बसंत' मुहावरे का अर्थ है- '

(a) वश में होना (b) मूर्ख
(c) बुद्धिमान (d) व्यवहार कुशल

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर: (b) 'घोंघा बसंत' मुहावरे का अर्थ है- मूर्ख। वाक्य प्रयोग- रवि 'घोंघा बसंत' ही था जो उसने अजय को कुश्ती में चुनौती दिया।

146. इनमें से मुहावरों तथा उसके अर्थ को सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

मुहावरा	अर्थ
(क) छाती लगाना	(अ) प्रसन्नता से फूले न समाना
(ख) छाती पर साँप लोटना	(ब) बहुत अधिक दुःख या वेदना होना
(ग) छाती उमड़ना	(स) ईर्ष्या के कारण व्यथित होना
(घ) छाती फटना	(द) आलिंगन करना

	क	ख	ग	घ
(a)	द	अ	ब	स
(b)	अ	स	द	ब
(c)	द	स	अ	ब
(d)	ब	द	अ	स

UPPCS (Pre) 2022

उत्तर: (c)

मुहावरा		अर्थ
छाती लगाना	-	आलिंगन करना
छाती पर साँप लोटना	-	ईर्ष्या के कारण व्यथित होना
छाती उमड़ना	-	प्रसन्नता से फूले न समाना
छाती फटना	-	बहुत अधिक दुःख या वेदना होना

147. 'दाँत काटी रोटी होना' मुहावरे का अर्थ है:

(a) थोड़े समय का साथी होना
(b) एक ही स्वभाव का होना
(c) गहरी शत्रुता होना
(d) गहरी मित्रता होना

CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (d) दाँत काटी रोटी होना मुहावरे का अर्थ 'गहरी मित्रता होना' होता है।

148. 'घड़ों पानी पड़ जाना' का सही अर्थ है:

(a) स्नान करना (b) परेशान करना
(c) अत्यंत लज्जित होना (d) सिर पर पानी डालना

CGPSC (Pre) 2019
UP PGT 2021, 2000

उत्तर : (c) : 'घड़ों पानी पड़ जाना' मुहावरे का सही अर्थ 'अत्यंत लज्जित होना' है।
वाक्य प्रयोग– चोरी करके पकड़े जाने पर रोहन के घड़ों पानी पड़ गये।

149. 'गुदड़ी का लाल होना' का सही अर्थ क्या है?

(a) निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति
(b) अत्यन्त अनुभवी होना
(c) बनी बात बिगाड़ देना
(d) घर की आशा होना

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर: (a) 'गुदड़ी का लाल होना' का सही अर्थ – 'निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति' होगा।

150. 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे
(b) मजबूत और सुदृढ़ टाँगों वाला
(c) स्थिर कदम जो कभी विचलित नहीं होते
(d) राम का परम भक्त

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए गए प्रश्न में 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ है– 'प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे या अत्यन्त दृढ़ संकल्प' होना।

151. 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) खुशियाँ मनाना (b) अपमानित करना
(c) थप्पड़ मारना (d) डींग मारना

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ 'डींग मारना' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।
वाक्य प्रयोग – पाकिस्तान, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होने के बाद भी प्रायः गाल बजाता रहता है।

152. 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) अच्छे-बुरे का अंतर न करना
(b) बात बिगाड़ना
(c) मूर्ख बनाना
(d) तानाशाह होना

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ 'अच्छे-बुरे का अन्तर न करना' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

153. 'सामने शेर को दहाड़ता देखकर मेरे प्राण सूख गए।' रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) बड़ी मुसीबत आना। (b) साहसी होना।
(c) नजदीक जाना। (d) बहुत डर जाना।

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्य 'सामने शेर को दहाड़ता देखकर मेरे प्राण सूख गए' में रेखांकित मुहावरे का अर्थ है–बहुत डर जाना।
मुहावरा–:ऐसा वाक्यांश, जो सामान्य अर्थ का बोध न कराकर किसी विलक्षण अर्थ की प्रतीति कराये, मुहावरा कहलाता है। मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है।

154. 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

(a) अत्यधिक अभिमान करना।
(b) अत्यधिक प्रशंसा करना।
(c) बहुत शोर करना।
(d) कठिन काम के लिए प्रेरित करना ।

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये मुहावरे 'आसमान पर चढ़ाना' का अर्थ है- अत्यधिक प्रशंसा करना।
वाक्य प्रयोग - रमेश ने अपने बेटे को आसमान पर चढ़ा रखा है इसलिए वह उन लोगों की बात नहीं मानता है।

155. 'घी के दिए जलाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) मर जाना।
(b) बुराई करना।
(c) जरूरत से ज्यादा बड़ाई करना ।
(d) खुशियाँ मनाना।

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UP PGT 2010

उत्तर : (d) दिये गये मुहावरे 'घी के दिए जलाना' का अर्थ है- खुशियाँ मनाना ।
वाक्य प्रयोग - राम के अयोध्या वापस लौटने पर अयोध्यावासियों ने घी के दिए जलाए।

156. 'कान कतरना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) क्षमा माँगना।
(b) बहुत अधिक चालाक होना।
(c) गलती स्वीकारना।
(d) बुरा काम करना।

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) : 'दिये गये मुहावरे 'कान कतरना' का अर्थ है– बहुत अधिक चालाक होना।
वाक्य प्रयोग– मोहन उम्र में छोटा जरूर है लेकिन चालाकी में बड़े-बड़े के कान कतरता है।

157. 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ है?

(a) अति आलसी (b) अति कमजोर
(c) अति दुखी (d) अति प्रिय

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिए गए मुहावरे 'आँखों का तारा' होना का अर्थ है– अति प्रिय।
वाक्य प्रयोग :– बच्चा कैसा भी हो, माँ-बाप की आंखों का तारा ही होता है।

158. 'गर्दन पर सवार होना' मुहावरे का अर्थ है-

(a) गर्दन पर बैठ जाना (b) पीछा न छोड़ना
(c) जान से मार डालना (d) गर्दन दबाना

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : दिये गये मुहावरे 'गर्दन पर सवार होना' का सामान्य अर्थ 'पीछा न छोड़ना' है।

159. 'शहर की दाई'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) शक्ति संचित नारी (b) अपराधिनी
(c) समाज सेवा करना
(d) घर-घर की खबर रखने वाली स्त्री

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'शहर की दाई'– मुहावरे का अर्थ है- 'घर-घर की खबर रखने वाली स्त्री'।
वाक्य प्रयोग – रमेश ने सुरेश से कहा 'यदि तुम्हें किसी के घर के बारे में कुछ जानना हो तो रेखा से मिलो क्योंकि वह शहर की दाई है।'

160. 'आटा गीला होना'- मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) क्रोधित होना (b) रोटी नहीं बना पाना
(c) कठिनाई में पड़ना (d) बरबाद होना

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (c) 'आटा गीला होना' मुहावरे का अर्थ है- 'कठिनाई में पड़ना'।
वाक्य प्रयोग – सभी मजदूरों ने मिलकर मालिक के खिलाफ हड़ताल करके अपना आटा गीला कर लिया।

161. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) एक कोने में पड़े रहना (b) बदनाम करना
(c) परेशान करना (d) अधिक प्यारा होना

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
लोअर-I 2015
UPPSC AE 2007

@RexstarPdf

उत्तर:(d) 'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ 'अधिक प्यारा होना' है।

मुहावरा	अर्थ
छोटा मुँह बड़ी बात	औकात से अधिक बात करना।
दिल बाग-बाग होना	अत्यधिक हर्ष होना।
घोड़े बेचकर सोना	बेफ्रिक होना।
घाट-घाट का पानी पीना	अनुभवी होना।

162. 'काठ होना' मुहावरे का इनमें से क्या अर्थ है?

(a) सचेत होना (b) लकड़ी होना
(c) मूर्ख होना (d) स्तब्ध होना

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI Batch-III 14 Dec. 2017

उत्तर : (d) : मुहावरा - अर्थ

काठ होना	-	स्तब्ध होना।
कान खड़े होना	-	सावधान या सचेत होना।
दिल बाग-बाग होना	-	अत्यधिक हर्ष होना।
घोड़ा बेचकर सोना	-	बेफिक्र होना।

163. 'अब-तब करना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) शीघ्र मदद करना (b) बहाना बनाना
(c) परेशान करना (d) मरने के करीब होना

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (b) 'अब-तब करना' मुहावरे का सही अर्थ 'बहाना बनाना' होता है।

164. 'अंकुश न मानना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) न डरना (b) खुश हो जाना
(c) पाबंदी लगाना (d) अपेक्षा करना

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (a) : 'अंकुश न मानना' मुहावरे का अर्थ 'न डरना' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

165. 'मक्खी पर मक्खी मारना'- मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(a) अपने को बहुत बड़ा समझना (b) हत्या करना
(c) कुछ न करना (d) पूरी नकल करना

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) मुहावरा 'मक्खी पर मक्खी मारना' का अर्थ पूरी नकल करना है।

मुहावरा - अर्थ

दिल बाग-बाग होना – अत्यधिक हर्ष होना।
प्राणों की बाजी लगाना - जान की परवाह न करना।
घोड़े बेचकर सोना - बेफिक्र होना।

166. 'थपड़ी बजाना'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) खेती का नुकसान (b) उपहास करना
(c) अंदाज लेना (d) उपहार देना

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : प्रमुख मुहावरे व उनके अर्थ हैं–

मुहावरा	अर्थ
थपड़ी बजाना	उपहास करना
आँखों में धूल झोंकना	धोखा देना।
आग में घी डालना	क्रोध/झगड़े को और भड़काना।
आधा तीतर आधा बटेर	बेमेल काम।
आस्तीन का साँप	कपटी मित्र

167. 'अरण्य रोदन' – मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) रूठना (b) जंगल में उदासी
(c) व्यर्थ प्रयास (d) जंगल में खो जाना

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-III 14 Dec. 2017

उत्तर : (c) : मुहावरा	अर्थ
अरण्य रोदन	व्यर्थ प्रयास
अंग टूटना	थकावट
अक्ल का दुश्मन	मूर्ख
अपना उल्लू सीधा करना	मतलब निकालना।
अँगूठे पर मारना	परवाह न करना।

168. 'दांत गिनना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) गहरी दोस्ती (b) उम्र पता लगाना
(c) चकित करना (d) बोलने से रोकना

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : मुहावरा		अर्थ
दाँत गिनना	–	उम्र पता लगाना।
दिन गँवाना	–	समय नष्ट करना।
पासा पलटना	–	स्थिति उलट जाना।
तिनके का सहारा	–	थोड़ी सी मदद।

169. ' अक्ल के घोड़े दौड़ाना'- मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) बुद्धि काम में लाना (b) मूर्खता दिखाना
(c) घुड़सवार बन जाना (d) केवल कल्पनाएँ करते रहना

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'अक्ल के घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ है- केवल कल्पनाएँ करते रहना। **वाक्य प्रयोग**- अध्यापक ने छात्रों को सम्बोधित करके कहा कि केवल अक्ल के घोड़े दौड़ाने से सफलता प्राप्त नहीं होती।

170. 'अधर में लटकना'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) झगड़ा करना (b) दुविधा में पड़ा रह जाना
(c) क्रोधित होना (d) प्यार करना

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्प में 'अधर में लटकना'-मुहावरे का अर्थ 'दुविधा में पड़ा रह जाना' होता है।
वाक्य प्रयोग– सरकारें बदलने से प्रायः विकास परियोजनाएँ अधर में लटक जाती हैं।

171. ' नौ दिन चले अढ़ाई कोस' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) काम में मन नहीं लगाना
(b) ज्यादा समय में कम काम करना
(c) ज्यादा समय में थोड़ी ही दूर जाना
(d) चलने में कमजोरी महसूस करना।

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (b) 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' मुहावरे का सही अर्थ होगा- ज्यादा समय में कम काम करना।

172. 'धब्बा लगाना'- मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) कलंकित करना (b) डाकिया का काम करना
(c) मूर्खता दिखाना (d) मुहर लगाना

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'धब्बा लगाना' मुहावरे का अर्थ- 'कलंकित करना' होता है।
वाक्य प्रयोग- चोरी करते हुए पकड़े जाने पर राकेश ने अपने चरित्र पर धब्बा लगा लिया

173. 'पाटी पढ़ना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) खुश होना (b) ध्यान करना
(c) सबक सीखना (d) नगाड़ा बजाना
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) :

मुहावरा		अर्थ
पाटी पढ़ना	-	सबक सीखना
पानी उतारना	-	बेइज्जत करना
पेट में चूहे कूदना	-	जोर की भूख लगना
पट्टी पढ़ाना	-	बुरी राय देना/बहका देना

174. 'छक्के छुड़ाना' इस मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) हारना (b) जीतना
(c) हराना (d) जिताना
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) :

मुहावरा		अर्थ
छक्के छुड़ाना	-	हराना
छप्पर फाड़कर देना	-	बिना मेहनत अधिक धन पाना
छक्के छूटना	-	बुरी तरह पराजित होना
छाती पर मूँग दलना	-	पास रहकर कष्ट देना
छाती फूलना	-	गर्व होना

175. सिर उठाना - इसका तात्पर्य क्या है?
(a) विरोध करना (b) लज्जा का त्याग करना
(c) शुरू होना (d) साहसी बनना
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) :

मुहावरा		अर्थ
सिर उठाना	-	विरोध करना
सिक्का जमना	-	प्रभाव जमना
सिर ऊँचा उठाना	-	मान-सम्मान में वृद्धि करना
सिर पर कफ़न बाँधना	-	मरने के लिए तैयार रहना

176. 'ताक पर रहना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) पाबंदी लगाना (b) मौका देखते रहना
(c) उपेक्षा करना (d) खुश हो जाना
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b)

मुहावरा		अर्थ
ताक पर रहना	-	मौका देखते रहना ।
तकदीर फूट जाना	-	भाग्यहीन होना ।
तलवे चाटना	-	खुशामद करना ।
तिल का ताड़ करना	-	छोटी-सी बात को बड़ी बनाना।
तीन-पाँच करना	-	बहाना करना

177. 'आग पर पानी डालना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) झगड़ा मिटाना (b) जलते घर को बचा लेना
(c) कुछ भी जलने न देना (d) आग बुझाना
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a)

मुहावरा		अर्थ
आग पर पानी डालना	-	झगड़ा मिटाना।
आसमान टूट पड़ना	-	अचानक घोर विपत्ति आ जाना ।
आसमान से बातें करना	-	बहुत बढ़-चढ़कर बोलना।
आग में घी डालना	-	क्रोध या झगड़े को और भड़काना।
आग-बबूला होना	-	अत्यधिक क्रोध करना ।

178. 'तार-तार करना' -मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) खुश होना (b) धज्जियाँ उड़ाना
(c) मंत्र जपना (d) ध्यान करना
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) :

मुहावरा		अर्थ
तार-तार करना	-	धज्जियाँ उड़ाना
तलवे चाटना	-	खुशामद करना
तिल का ताड़ करना	-	छोटी-सी बात को बड़ी बनाना
तीन-पांच करना	-	बहाना करना

179. 'उंगली पकड़ के पहुँचा पकड़ना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) प्यार करने के लिए हाथ पकड़ना
(b) धीरे धीरे साहस को बढ़ने देना
(c) ताकत का अनुमान लगाना
(d) मन बढ़ना
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) 'उंगली पकड़ के पहुँचा पकड़ना' मुहावरे का अर्थ है 'धीरे-धीरे साहस को बढ़ने देना' या 'अधिक लालसा करना' अर्थात् किसी के द्वारा हल्की सी मदद मिलने पर अनुचित ढंग से और अधिक मदद के लिए प्रयास करना, उंगली पकड़कर पहुँचा पकड़ना कहलाता है।

180. 'अर्श पर होना'– मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) अपने को बहुत बड़ा समझना
(b) क्रोधित होना
(c) प्यार करना
(d) उद्देश्य की सिद्धि
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : मुहावरा उन वाक्यों अथवा वाक्यांशों को कहते हैं जो अपने शब्दों का सामान्य वाच्यार्थ न प्रकट कर, कुछ विलक्षण अर्थ प्रकट करते हैं मुहावरा शब्द मूलतः अरबी भाषा का शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है- 'अभ्यास' करना।
अतः अर्श पर होना मुहावरे का अर्थ होगा- अपने को बहुत बड़ा समझना।

181. 'चौकड़ी भूल जाना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) बुद्धि काम में लाना (b) मूर्खता न दिखाना
(c) घबरा जाना (d) कभी न आना
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'चौकड़ी भूल जाना' मुहावरे का अर्थः- **घबरा जाना** होता है।
वाक्य प्रयोग:- धन सम्पत्ति नष्ट हो जाने पर अच्छे-अच्छे चौकड़ी भूल जाते हैं।

@RexstarPdf

182. 'पान खिलाना'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) किसी से किसी काम की प्रतीक्षा करना
(b) बिना काम का काम करना
(c) पान का बीड़ा तैयार करना
(d) सगाई करना

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'पान खिलाना' मुहावरे का अर्थ 'सगाई करना' है। **वाक्य प्रयोग**- शादी की बात पक्की होने के बाद रवीन्द्र और मीना ने 'पान खिलाने' की रश्म अदा की।

183. 'नौकरी खाला का घर नहीं' इस मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) नौकरी हमेशा के लिए नहीं होती
(b) नौकरी करना सबको अच्छी नहीं लगता
(c) नौकरी करने से घर वाले खुश होते हैं
(d) नौकरी करना आसान काम नहीं

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

मुहावरा	**- अर्थ**
नौकरी खाला का घर नहीं	- नौकरी करना आसान काम नहीं
नौ दो ग्यारह होना	- भाग जाना,
नाक रखना	- इज्जत रखना,
न घर का न घाट का	- कहीं का न होना।

184. 'वार खाली जाना'- मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) जंगल में खो जाना (b) युक्ति का सफल न होना
(c) आक्रमण करना (d) रूठना

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'वार खाली जाना' मुहावरे का अर्थ 'युक्ति का सफल न होना' है। **वाक्य प्रयोग**- राहुल का मनोज पर कॉलेज का प्रतिस्पर्धी वार खाली चला गया।

185. 'प्याला देना'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) शराब पिलाना (b) इच्छा की पूर्ति करना
(c) खुश हो जाना (d) गर्भपात करना

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'प्याला देना'-मुहावरे का अर्थ 'शराब पिलाना' है। **वाक्य प्रयोग**- राम ने अपने घर के समारोह में रोहन को प्याला देने की इच्छा जाहिर की।

186. 'कभी नाव पर गाड़ी कभी गाड़ी पर नाव' इस मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) गाड़ी अलग चल रही है और नाव अलग
(b) कभी छोटा महत्वपूर्ण हो जाता है कभी बड़ा।
(c) जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं।
(d) जल और स्थल हर जगह है।

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'कभी नाव पर गाड़ी कभी गाड़ी पर नाव' इस मुहावरे का अर्थ है- जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

187. 'तृण पकड़ना'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) घास काटना (b) बिना मतलब का काम करना
(c) फूल गुच्छा तैयार करना (d) शरण में जाना

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) 'तृण पकड़ना' मुहावरे का अर्थ है- 'शरण में जाना' **वाक्य प्रयोग**→ भगवान शिव से वरदान पाकर भस्मासुर नामक राक्षस ने स्वर्ग पर चढ़ाई कर दी जिससे सभी देवता भयभीत होकर भगवान विष्णु का तृण पकड़ लिये।

188. 'धड़ा उठाना'- मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) धक्का देना (b) तौलना
(c) शब्द उत्पन्न करना (d) नष्ट करना

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) :

मुहावरा	**– अर्थ**
धड़ा उठाना	– तौलना।
डंका बजाना	– प्रभाव जमाना।
जख्म पर नमक छिड़कना	– दुःखी को और दुःख देना।
ठिकाने लगाना	– मार डालना।

189. 'बाग-बाग होना' मुहावरे का अर्थ कौन-सा है?

(a) मेहनत करना (b) असंभावित कार्य करना
(c) अति प्रसन्न होना (d) मधुर वचन बोलना

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) :

मुहावरा	**– अर्थ**
बाग-बाग होना	– अति प्रसन्न होना।
बीड़ा उठाना	– दायित्व लेना।
बगुला भगत	– ढोंगी व्यक्ति।
बाँसों उछलना	– बहुत खुश होना।
बात बनाना	– झूठ बोलना।

190. 'अक्ल का दुश्मन होना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) महापंडित (b) शत्रु
(c) मित्र (d) महामूर्ख

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा-2015

उत्तर : (d) :

मुहावरा		**अर्थ**
अक्ल का दुश्मन होना	-	महामूर्ख
आँख का तारा	-	बहुत प्रिय
दिन गँवाना	-	समय नष्ट करना
तिनके का सहारा	-	थोड़ी-सी मदद
दिल बाग-बाग होना	-	अत्यधिक हर्ष होना

191. 'बाधा डालना' मुहावरे का अर्थ क्या होता है?

(a) पाला पड़ना (b) दांतों में जीभ होना
(c) बरस पड़ना (d) रोड़ा अटकाना

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'बाधा डालना' मुहावरे का अर्थ 'रोड़ा अटकाना' है।

मुहावरा	**-**	**अर्थ**
आँख का तारा	-	बहुत प्यारा।
दिन गँवाना	-	समय नष्ट करना।
पासा पलटना	-	स्थिति उलट जाना।

192. 'पंच की दुहाई'-मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) झगड़ा करना (b) क्रोधित होना
(c) सहायता की पुकार (d) प्यार करना

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'पंच की दुहाई' मुहावरे का अर्थ 'सहायता की पुकार' है। **वाक्य प्रयोग-** राहुल का मकान गिरने पर सरोज से उसने पंच की दुहाई की।

@RexstarPdf

193. ताबड़तोड़– मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) रौब दिखाना (b) अस्तव्यस्त
(c) तोड़-फोड़ (d) लगातार

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'ताबड़तोड़' मुहावरे का अर्थ है– 'लगातार'। रौब दिखाना, अस्तव्यस्त, तोड़-फोड़ यह सभी असंगत हैं।
वाक्य प्रयोग–सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में ताबड़तोड़ शतकीय पारियाँ खेली।

194. आँख उठाकर न देखना– का अर्थ क्या है?

(a) अपेक्षा करना (b) बहुत थक जाना
(c) अंधा हो जाना (d) उपेक्षा करना

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : आँख उठाकर न देखना–उपेक्षा करना। किसी से आशा रखना–अपेक्षा करना, अंग-अंग ढीला होना–बहुत थक जाना।

195. पस्त होना- का अर्थ क्या है?

(a) बदल जाना (b) भूखे रहना
(c) मौज उड़ाना (d) हार जाना

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : दिये गये विकल्प में 'पस्त होना' का अर्थ 'हार जाना' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

196. गाँठ बाँधना -मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) याद रखना (b) अच्छी तरह समझा देना
(c) चोरी करना (d) धन संग्रह करना

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'गाँठ बाँधना' मुहावरे का अर्थ है– याद रखना।
वाक्य प्रयोग–रोहन ने सोहन से रीता की बात को गांठ बांधने के लिए कहा।

197. खिचड़ी पकाना - मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) स्वादिष्ट भोजन बनाना
(b) षडयंत्र करना
(c) रोटी के लिए तरसना
(d) गुप्त धन खोज निकालना

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) 'खिचड़ी पकाना' मुहावरे का अर्थ 'षड्यंत्र करना' होता है।
वाक्य प्रयोग- महिलाएँ गाँव के हादसे के बाद अपनी अलग खिचड़ी पका रही थीं।

198. झंडा उठाना - मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) नेतृत्व करना (b) प्रचार के लिए तैयार होना
(c) प्रतिरोध करना (d) झंडा लहराना

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'झंडा उठाना' मुहावरे का अर्थ 'नेतृत्व करना' है।
वाक्य प्रयोग- नेता अपने दलों का झंडा उठाकर काम करते हैं।

199. 'घी के दिए जलाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) उत्सव मनाना
(b) अप्रत्याशित लाभ पर प्रसन्न होना
(c) दीपावली मनाना
(d) विवाह करना

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
उ.प्र.पु. कास्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)
UPPGT 2010

उत्तर: (b) 'घी के दिये जलाना' मुहावरे का सही अर्थ है– 'अप्रत्याशित लाभ पर प्रसन्न होना'। 'घी के दिये जलाना' मुहावरे का अनेक अर्थ होता है।
जैसे–बहुत अधिक खुशी मनाना, अत्यंत प्रसन्न होना।
वाक्य प्रयोग–रमेश को नौकरी मिलने पर उसके परिवारजनों ने घी के दिये जलाए।

200. 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) हार जाना (b) भोजन खा लेना
(c) भाग जाना (d) गिर पड़ना

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
Ashram Paddhati, 2012

उत्तर : (a) : 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ 'हार जाना' होता है।
वाक्य प्रयोग–जब-जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया है तब-तब उसे मुँह की खानी पड़ी है।

201. 'कलम तोड़ना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) अच्छा लिखना
(b) सही लिखना
(c) ज्यादा लिखना
(d) बेकार लिखकर प्रायश्चित करना

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'कलम तोड़ना' मुहावरे का अर्थ 'अच्छा लिखना' होता है।
वाक्य प्रयोग–रमेश एक बहुत अच्छा कवि है, वह अपनी सभी कविताओं में मानो जैसे कलम ही तोड़ देता है।

202. 'कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) भेद प्रकट होना (b) रंग उतर जाना
(c) चमक गायब हो जाना (d) सच्चाई का पता लगाना

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है–भेद खुलना/भेद प्रकट होना।
वाक्य प्रयोग–रमेश के किए गए घोटाले की कलई खुल जाने पर उसे कम्पनी से निकाल दिया गया।

203. 'शुक्र करना' –मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) एहसान मानना
(b) शक्ति संचित नहीं कर पाना
(c) बरबाद होना
(d) क्रोधित होना

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : मुहावरा – अर्थ
शुक्र करना – एहसान मानना।
शह देना – उत्साह बढ़ाना।
शकुन देखना – शुभ-अशुभ का विचार करना।
शामत आना – बुरा समय आना।

204. 'जान पर खेलना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) बहुत बड़ा जोखिम लेना।
(b) सारी ताकत लगाकर खेल दिखाना।
(c) जीत के लिए कुछ भी करना।
(d) बहुत परेशान होना।

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) मुहावरा 'जान पर खेलना' का अर्थ 'बहुत बड़ा जोखिम लेना' है।

मुहावरा	– अर्थ
खून का प्यासा	- जानी दुश्मन होना।
दिन गँवाना	- समय नष्ट करना।
तिनके का सहारा	- मुसीबत के समय की गई थोड़ी सी मदद।

205. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

चित्त से उतरना

(a) बात न करना (b) उपेक्षित होना
(c) बुरा मानना (d) भला-बुरा कहना

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)

Ans : (b) चित्त से उतरना मुहावरे का अर्थ उपेक्षित होना होता है। वाक्य प्रयोग - जब से प्रेमी के साथ सुधा घर से भागी तभी से वह सबके चित्त से उतर गई है।

206. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।

छछूंदर के सिर में चमेली का तेल

(a) सबसे प्रिय
(b) अयोग्य व्यक्ति के पास अच्छी वस्तु का होना
(c) लाभ में लाभ होना
(d) आशान्वित होना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) : 'छछुंदर के सिर में चमेली का तेल' लोकोक्ति का अर्थ 'अयोग्य व्यक्ति के पास अच्छी वस्तु का होना' होता है।
वाक्य प्रयोग– निरक्षर व्यक्ति को पुस्तक प्रदान करना 'छछूंदर के सिर में चमेली के तेल' के समान है।

207. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो लोकोक्ति का सही विकल्प है।

कभी घी घना तो कभी मुट्ठी चना–

(a) परिस्थितियाँ कभी एक सी नहीं रहती
(b) अधिक परिश्रम कम लाभ
(c) थोड़े में बहुत कुछ कहना
(d) एक निष्ठ होकर काम करना

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : 'कभी घी घना तो कभी मुट्ठी भर चना' लोकोक्ति का अर्थ 'परिस्थितियाँ कभी एक सी नहीं रहती' होगा
वाक्य प्रयोग– व्यापार में कभी ज्यादा लाभ तो कभी ज्यादा नुकसान लगा ही रहता है इसीलिए कहते हैं– कभी घी घना तो कभी मुट्ठी भर चना।

208. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

गर्दन पर छुरी फेरना

(a) दायित्व से मुक्ति पाना (b) अत्याचार करना
(c) खुशियाँ मनाना (d) लोभ में पड़ना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (b) 'गर्दन पर छुरी फेरना' मुहावरे का अर्थ अत्याचार करना होता है।
वाक्य प्रयोग – मोहम्मद विरोधियों से मिलकर भोली-भाली जनता के गले पर छुरी फेर रहा था।

209. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का ही अर्थ वाला विकल्प है।

जहर उगलना –

(a) बहुत कम बोलना (b) कड़वी बात कहना
(c) समय नष्ट करना (d) चापलूसी करना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)

उत्तर : (b) : 'जहर उगलना' मुहावरे का अर्थ कड़वी बात कहना होता है।
वाक्य प्रयोग - पड़ोसी देश भारत की तरक्की देख अक्सर जहर उगलते रहते हैं।

210. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

छोह दिखाना

(a) लापरवाही को कम करना (b) ऊपरी प्रेम प्रकट करना
(c) जन्मजात शत्रु होना (d) अत्यन्त क्रोधित होना

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (b) 'छोह दिखाना' मुहावरा का अर्थ - ऊपरी प्रेम प्रकट करना।
वाक्य प्रयोग - वह तो हमेशा ही श्याम के प्रति छोह दिखाती है।

211. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

कसौटी पर कसना

(a) अपने किसी अच्छे कार्य को समाप्त कर देना
(b) किसी बुरे आदमी का स्थान छोड़ना
(c) हैसियत में अंतर होना
(d) अच्छी तरह जाँच करना

DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)

Ans : (d) 'कसौटी पर कसना' मुहावरा का अर्थ - अच्छी तरह जाँच करना।
वाक्य प्रयोग - मैं ये जमीन कसौटी पर कसने के बाद ही खरीदूंगा।

212. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

कलेजा मुँह को आना

(a) बहुत परेशान (b) प्रिय बनना
(c) काम आना (d) संतुष्ट होना

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तरः (a) 'कलेजा मुँह को आना' मुहावरे का अर्थ बहुत परेशान होना होता है।
वाक्य प्रयोग– आतंकवादी हमले में घायल सैनिकों के क्षत-विक्षत अंग को देखकर लोगों के कलेजे मुँह में आ गये।

213. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
खून खौलना
(a) गुस्सा होना (b) व्यंग्य करना
(c) भयभीत होना (d) तैयार होना

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) : 'खून खौलना' मुहावरे का अर्थ 'गुस्सा होना' होता है।
वाक्य– जब से अनवर ने राजीव के पैसे चुराने की कोशिश की तब से अनवर को देखकर राजीव का खून खौल जाता है।

214. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
पानी पीकर जात पूछना
(a) मुसीबत आना
(b) जीवन निर्वाह करना
(c) बेइज्जत करना
(d) काम करके फिर जानकारी लेना

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (d) : पानी पीकर जात पूछना मुहावरे का अर्थ 'काम करके फिर जानकारी लेना' होता है।
वाक्य प्रयोग– किसी भी व्यापार को शुरू करने से पहले उसके लाभ-हानि के विषय में पर्याप्त जानकारी प्राप्त कर लेना चाहिए क्योंकि पानी पीकर जात पूछने का कोई मतलब नहीं रह जाता।

215. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
पीठ ठोकना -
(a) आदत छोड़ना (b) हिम्मत देना
(c) सहायता करना (d) बहाना करना

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) : 'पीठ ठोकना' मुहावरे का अर्थ हिम्मत देना या शाबाशी देना होता है।
वाक्य प्रयोग – गणतंत्र दिवस के अवसर पर रमेश का भाषण सुनकर शिक्षकों ने उसकी खूब पीठ ठोंकी।

216. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
आँखों से गिरना
(a) आदर कम होना (b) डराना
(c) गुस्सा करना
(d) वास्तविकता का बोध होना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)

उत्तरः (a) 'आँखों से गिरना' मुहावरे का अर्थ आदर कम होना होता है।
वाक्य प्रयोग– जब से राजू पर कुकर्म का आरोप लगा वह समाज में लोगों की आँखों से गिर गया।

217. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
अपनी खिचड़ी अलग पकाना
(a) आत्मनिर्भर होना (b) भाग्य खुलना
(c) सबसे अलग रहना (d) बुद्धिभ्रष्ट होना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)
UPSI Batch-I 16 Dec. 2017

उत्तर : (c) : 'अपनी खिचड़ी अलग पकाना' मुहावरे का अर्थ 'सबसे अलग रहना' होता है।
वाक्य प्रयोग– राजेश का किसी से कुछ लेना-देना नहीं रहता वह अपनी खिचड़ी अलग ही पकाता रहता है।

218. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
ज़बानी जमा खर्च करना
(a) कड़वी बात सुनकर रह जाना
(b) बहुत कम बोलना
(c) केवल बात करना, कुछ काम न करना
(d) हृदय कठोर करना

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)
DSSSB PRT 16.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : 'ज़बानी जमा खर्च करना' मुहावरे का अर्थ 'केवल बात करना, कुछ काम न करना' होता है।
वाक्य प्रयोग– सरकार के द्वारा गरीबों के लिए निकाली गई योजनाएँ केवल जबानी जमा खर्च होती हैं।

मुहावरा		अर्थ
खून के घूँट पीना	-	कड़वी बात सुनकर रह जाना

219. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
तिलांजलि देना
(a) खूब प्रभाव होना (b) त्याग देना
(c) तितर-बितर होना (d) समर्पित होना

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (b) 'तिलांजलि देना' मुहावरे का अर्थ 'त्याग देना' होता है।
वाक्य प्रयोग–: झूठ को तिलांजलि दिए बिना तुम जिन्दगी में सफलता नहीं प्राप्त कर सकते।

220. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
कदम पर कदम रखना
(a) चौकस रहना (b) निगरानी रखना
(c) अनुसरण करना (d) घमंड होना

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'कदम पर कदम रखना' मुहावरा का अर्थ 'अनुसरण करना' होता है।
वाक्य प्रयोग–महापुरुषों के कदम पर कदम रखना अच्छी आदत है।

221. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
जूतियाँ चटकाते फिरना
(a) बेकार की बातें करना (b) बहुत सुंदर होना
(c) मारा-मारा फिरना (d) समाप्त करना

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c):'जूतियाँ चटकाते फिरना' मुहावरा का अर्थ - मारा मारा फिरना।
वाक्य प्रयोग – रामू अपनी जमीन होते हुए भी खेती नहीं करना चाहता और शहर में उसे नौकरी मिल नहीं रही है इसलिए वह अब अपनी जूतियाँ चटका रहा है।

222. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
पाँव में बेड़ी पड़ना
(a) नियंत्रण में होना
(b) धन की अच्छी प्राप्ति होना
(c) काम में बुरी तरह जुटे रहना
(d) दिन-रात परिश्रम करना

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर:(a) दिए गए मुहावरे ''पाँव में बेडी पड़ना'' का अर्थ 'नियंत्रण में होना' होगा।
वाक्य प्रयोग-मल्लिका का विवाह क्या हुआ बेचारी के पाँवों में बेड़ी पड़ गई है। उसके सास-ससुर उसे कही आने-जाने ही नहीं देते।

223. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
गले का हार होना
(a) एक बात पर स्थिर न रहना
(b) धन देकर काम करवाना
(c) निश्चित रहना
(d) अत्यन्त प्रिय होना

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d): 'गले का हार होना' मुहावरा का अर्थ - अत्यन्त प्रिय होना' ।
वाक्य प्रयोग - भगवान राम लक्ष्मण से इतना प्रेम करते थे मानो वह उनके गले का हार हो।

224. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
निन्यानबे के फेर में पड़ना
(a) धन कमाने में लगा रहना
(b) मूर्खता के कार्य कर बैठना
(c) परिवार झंझटों में फंसे रहना
(d) चक्कर में आ जाना

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : 'निन्यानबे के फेर में पड़ना' मुहावरे का अर्थ धन कमाने में लगे रहना होता है।
वाक्य प्रयोग – जब से राकेश ने अपना नया कपड़ों का व्यापार शुरू किया तब से वह निन्यानबे के फेर में पड़ा रहता है उसे किसी से मिलने का भी समय नहीं रहता है।

225. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
ईंट तक बिकवा देना
(a) पागल होना (b) कृपा की प्रार्थना करना
(c) सर्वस्व नष्ट करना (d) जोश में आना

DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (c) : ईंट तक बिकवा देना' मुहावरे का अर्थ 'सर्वस्व नष्ट करना' होता है।
वाक्य प्रयोग – रमेश, सुरेश का ईंट तक बिकवा दिया लेकिन सुरेश ने अपने स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं किया।

226. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से , उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
तोते उड़ जाना –
(a) अलग-अलग होना (b) बहुत प्रभाव होना
(c) घबरा जाना (d) प्रभावहीन व्यक्ति

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) : तोते उड़ जाना मुहावरे का अर्थ घबरा जाना होता है।
वाक्य प्रयोग– अंकुर अपने घर से पैसे चुरा रहा था कि अचानक से अपने पिता जी को सामने देख उसके तोते उड़ गए।

227. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का ही अर्थ वाला विकल्प है।
दो-दो हाथ करना -
(a) आश्चर्यचकित होना (b) निराश होना
(c) अनुभवहीन होना
(d) अंतिम निर्णय के लिए तैयार होना

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : दो-दो हाथ करना मुहावरे का अर्थ अन्तिम निर्णय के लिए तैयार होना/मुकाबला करना होता है।
वाक्य प्रयोग–: सीमा पर जवानों को दुश्मनों के साथ दो-दो हाथ करने पड़ते हैं।

228. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
टका सा जवाब देना–
(a) बुरी तरह पराजित करना (b) दर-दर भटकना
(c) कोरा उत्तर देना (d) मौज करना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) मुहावरा – अर्थ

टका सा जवाब देना	–	कोरा उत्तर देना
छक्के छूटना	–	बुरी तरह पराजित होना
दर - दर भटकना	–	मारे - मारे फिरना
चैन की बंशी बजाना	–	मौज करना

229. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

अंगारे बरसाना–

(a) अत्यंत गुस्से से देखना (b) काबू करना
(c) बहुत ऊँचा होना (d) वश में करना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : मुहावरा – अर्थ

अंगारे बरसाना	–	अत्यंत गुस्से से देखना
मुठ्ठी में करना	–	काबू में करना
ऊँचा होना	–	बढ़कर या श्रेष्ठ होना

230. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

गज-भर की छाती होना

(a) अत्यधिक गर्व का अनुभव करना
(b) व्यर्थ की परेशानी
(c) विवश होना
(d) बिल्कुल भी प्रभावित न होना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : मुहावरा व उनके अर्थ–
(1) गज-भर की छाती होना – अत्यधिक गर्व का अनुभव करना।
(2) जी का जंजाल – व्यर्थ की परेशानी।

231. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

झेंप खाना

(a) लजा जाना (b) कलंकित होना
(c) बेचैन होना (d) अलग हो जाना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (a) : मुहावरा व उनके अर्थ–
झेंप खाना – लजा जाना
मुँह काला होना – कलंकित होना
घबरा उठना – बेचैन होना

232. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

पत्थर पर दूब जमना

(a) काम बिगड़ जाना (b) सफलता मिलना
(c) हानि पहुँचाना (d) असम्भव बात होना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : मुहावरा – अर्थ

पत्थर पर दूब जमना	–	असम्भव बात होना
पानी फिर जाना	–	काम बिगड़ जाना

वाक्य प्रयोग – राहुल गाँधी का प्रधानमन्त्री बनना पत्थर पर दूब जमने के समान लगता है।

233. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

कंधा लगाना

(a) प्रतिष्ठा खत्म करना (b) मुसीबत मोल लेना
(c) कहे अनुसार करना (d) मुसीबत को दूर करना

DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) : मुहावरा – अर्थ

कंधा लगाना	–	मुसीबत को दूर करना
इज्जत मिट्टी में मिलाना–		प्रतिष्ठा या सम्मान नष्ट करना।
मुसीबत मोल लेना	–	व्यर्थ का झगड़ा मोल लेना।

234. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

चोटी का पसीना एड़ी तक आना

(a) खाकर भी सेहत न बनाना (b) दुविधा में पड़ा रह जाना
(c) कड़ा परिश्रम करना (d) पसीने से नहा लेना

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)
UPSI Batch-I 13 Dec. 2017

उत्तर : (c) : 'चोटी का पसीना एड़ी तक आना' मुहावरे का अर्थ कड़ा परिश्रम करना होता है।
वाक्य प्रयोग– लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने मे चोटी का पसीना एड़ी तक आ जाता है।

235. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

खून सफेद हो जाना

(a) अपमान होना
(b) दया, मोह न रह जाना
(c) कोई बात कहे बिना न रह पाना
(d) असंभव कार्य करना

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (b) : 'खून सफेद हो जाना' मुहावरे का अर्थ दया, मोह न रह जाना होता है।
अन्य मुहावरे एवं उनके अर्थ–

मुहावरा	–	अर्थ
घड़ों पानी पड़ना	–	अपमानित होना।
पेट का हल्का होना	–	कोई बात कहे बिना न रह पाना।
हथेली पर सरसों उगाना–		असंभव कार्य करना।

236. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

@RexstarPdf

खीसें निपोरना

(a) कड़ी मेहनत करना (b) भला-बुरा कहना
(c) गिड़गिड़ाकर माफी माँगना (d) दर-दर भटकना

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तरः (c) : 'खींसे निपोरना' मुहावरे का अर्थ गिड़गिड़ाकर माफी माँगना होगा।
वाक्य प्रयोग- कायर व्यक्ति टेढ़ी नजर देखते ही खींसे निपोर देते हैं।

237. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

घोड़े पर चढ़े आना

(a) असंभव-सा कार्य करना (b) बहुत बड़ी आपत्ति आना
(c) उतावली में आना (d) मन ही मन खुश होना

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (c) 'घोड़े पर चढ़े आना' मुहावरा का अर्थ - 'उतावली में आना'।
वाक्य प्रयोग - थोड़ा धैर्य रखकर आया करो यहां हर काम नियमपूर्वक होता है। घोड़े पर चढ़े आने से कभी काम नहीं होगा।

238. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

जल-थल एक होना

(a) जल में थल दिखना (b) सफलता मिलना
(c) खूब वर्षा होना (d) जमीन आसमान एक करना

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (c) : मुहावरा व उनके अर्थ -

जल - थल एक होना	-	खूब वर्षा होना।
कामयाब होना	-	सफल होना।
जमीन आसमान एक करना	-	बहुत अधिक परिश्रम करना।

239. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

खाकर डकार नहीं लेना

(a) हजम कर जाना (b) परवाह नहीं करना
(c) बदनाम होना (d) हजम न होना

DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)

उत्तर : (a) मुहावरा व उनके अर्थः-

मुहावरें		**अर्थ**
खाकर डकार नहीं लेना	-	हजम कर जाना
अँगूठे पर मारना	-	परवाह न करना
देहरी लाँघतें पाप लगना	-	बदनाम होना
खाना हजम न होना	-	कोई बात पेट में न पचना।

240. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

ईमान बगल में दबाना

(a) अड़चन दूर करना (b) धोखा देना
(c) बेईमानी करना (d) याद रखना

DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (c) 'ईमान बगल में दबाना' मुहावरे का अर्थ बेईमानी करना होता है।
वाक्य प्रयोग - व्यापारी से हेराफेरी करके उसने अपना ईमान बगल में दबा दिया।

241. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

अन्त बिगाड़ना

(a) बेकदर होना (b) परिणाम खराब करना
(c) निंदा करना (d) कुछ भी ध्यान न देना

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (b) : 'अन्त बिगाड़ना' मुहावरा का अर्थ – परिणाम खराब करना।
वाक्य प्रयोग – अच्छा-भला काम चल रहा था, उसकी एक करतूत ने अंत बिगाड़ दिया।

242. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

नाच नचाना

(a) घमंड चूर करना (b) थका देना
(c) बंदर का खेल दिखाना (d) मनचाही करवाना

DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)

उत्तर : (d) : 'नाच नचाना' मुहावरा का अर्थ – मनचाही करवाना
वाक्य प्रयोग – उसने काम के लिए मुझे खूब नाच नचाया हैं

243. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

आटे दाल का भाव मालूम होना

(a) बड़ी कठिनाई में पड़ना
(b) बहुत मेहनत करना
(c) आदर कम होना
(d) धोखा देना

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)
SSC GD 11/02/2019, Shift-III
UPSI Batch-II 12 Dec. 2017

उत्तर : (a) : 'आटे दाल का भाव मालूम होना' मुहावरे का अर्थ बड़ी कठिनाई में पड़ना/कष्टों का अनुभव होना होता है।
वाक्य प्रयोग– इस महँगाई में मकान बनाओगो तो आटे-दाल का भाव मालूम हो जायेगा।

244. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

आँचल पसारना

(a) याचना करना (b) बहुत शोर करना
(c) पश्चाताप करना (d) बुरा लगना

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift- I)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) 'आँचल पसारना' मुहावरे का अर्थ 'याचना करना' होता है।
वाक्य प्रयोग– ईश्वर से यही विनती है कि जीवन में भगवान के सिवाय किसी और के समक्ष आँचल पसारने की नौबत न आये।

245. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
कुँए में भांग पड़ना
(a) जिम्मेदारी लेना
(b) बदल जाना
(c) आँख बचाकर खिसक जानाा
(d) सबकी बुद्धि मारी जाना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (d) :

मुहावरा		अर्थ
कुँए में भांग पड़ना	-	सबकी बुद्धि मारी जाना।
आँख बचाकर खिसक जाना	-	कतराकर या चोरी छिपे।
आँखे बदल जाना	-	अपनापन न रहना।

246. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
कोल्हू का बैल होना
(a) तैयार होना
(b) हर समय श्रम करने वाला
(c) परेशान करना
(d) चुगली करना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)

उत्तर : (b) :

मुहावरा		अर्थ
कोल्हू का बैल होना	-	हर समय श्रम करने वाला।
खून के आँसू रुलाना	-	बहुत सताना या परेशान करना
कान भरना	-	चुगली करना
कमर कसना	-	तैयार होना

247. निम्नलिखित प्रश्न में. चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
उलटी गंगा बहाना
(a) मूर्ख बनाना
(b) वश में करना
(c) प्रचलन के विपरीत काम करना
(d) बहुत अनुभवी होना

SSC GD Constable 10.01.2023 (5 : 15 - 6:15)
DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (c) : 'उलटी गंगा बहाना' मुहावरा का सही अर्थ - 'प्रचलन के विपरीत काम करना।
वाक्य प्रयोग - सोहन पढ़ाई में तो ठीक-ठाक है लेकिन उसका अव्वल आना उलटी गंगा बहाने जैसा काम है।

248. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
एक आँख से देखना
(a) ज़िम्मेदारी लेना (b) बदल जाना
(c) भेदभाव न करना (d) सही रास्ते पर न चलना

DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (c) : 'एक आँख से देखना' मुहावरा का सही अर्थ - भेदभाव न करना।
वाक्य प्रयोग- हमारी माता हम सब भाइयों को एक आँख से देखती हैं।

249. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
थैली खोलना
(a) जी खोलकर खर्च करना (b) स्पष्ट कहना
(c) सर्वत्र होना (d) लाभ होना

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (a) 'थैली खोलना' मुहावरे का अर्थ जी खोलकर खर्च करना होता है।
वाक्य प्रयोग– 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने इस बार के बजट में जनमानस के लिए थैली खोल दिया।

250. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
चैन की बंसी बजाना
(a) कायरता दिखाना (b) काबू में होना
(c) वाद्य यंत्र बजाना (d) आराम से रहना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)
UPTGT 2009
SSC GD Cons. 24-01-2023 (2:30-3:30)

उत्तर : (d) : 'चैन की बंसी बजाना' मुहावरे का अर्थ 'आराम से रहना' होता है।
वाक्य प्रयोग– जब से सुमित की दसवीं की परीक्षा समाप्त हुई है वह चैन की बंसी बजा रहा है।

251. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
गाँठ में कुछ न होना।
(a) अत्याचार करना (b) पैसा पास न होना
(c) हानि पहुँचना (d) मौज उड़ाना

DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)

उत्तर : (b) : 'गाँठ में कुछ न होना' मुहावरे का अर्थ पैसा पास न होना होता है। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा	–	अर्थ
गला घोंटना	–	अत्याचार करना
गले पर छूरी चलाना	–	अत्यधिक हानि पहुँचाना
गुलछर्रे उड़ाना	–	मौज उड़ाना

@RexstarPdf

252. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

अँधेर खाता होना

(a) जिद्दी बनना (b) उपदेश देना
(c) प्रकृति और नियम के विरुद्ध कार्य करना
(d) नियम बनाना

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

उत्तर : (c) : 'अँधेर खाता होना' मुहावरा का सही अर्थ – 'प्रकृति और नियम के विरुद्ध कार्य करना।
वाक्य प्रयोग – सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत दिए काम ही नहीं होता है। पूरी तरह से अँधेर खाता है।

253. नीचे दिए मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों से चुनिए-

शैतान की आँत

(a) बुरी बात (b) लम्बी बात
(c) कड़वी बात (d) धोखे की बात

SSC GD Constable 17-01-2023 (5:15- 6:15 PM)
अमीन परीक्षा-2016

उत्तर : (b) : 'शैतान की आँत' मुहावरे का अर्थ है– बहुत लम्बी बातें या लंबी चौड़ी वस्तु।

मुहावरे		अर्थ
शैतान की खाला	–	बहुत ही दुष्ट स्त्री
शैतान के कान कतरना	–	बहुत चालाक होना
शान में बट्टा लगना	–	शान घटना

254. निम्नलिखित मुहावरे के लिये उपयुक्त सार्थक शब्द है- जी अच्छा होना

(a) तबियत ठीक होना (b) बहाना करना
(c) रंग तिरंगी (d) हिम्मत करना

SSC GD Constable 10-01-2023 (5:15-6:15)

उत्तर : (a) : 'जी अच्छा होना' मुहावरे के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द 'तबियत ठीक होना' है। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
जी का जंजाल	–	व्यर्थ का झंझट
जी खट्टा होना	–	मन में वैराग पैदा होना
जी चुराना	–	काम करने से कतराना
जी पर आ बनना	–	मुसीबत में फँस जाना
जी भर आना	–	दुःखी होना

255. 'लेने के देने पड़ना' मुहावरे का उचित अर्थ है-

(a) बहुत अधिक लाभ होना (b) लाभ के बदले हानि
(c) व्यापार करना (d) कुछ न देना

SSC GD Constable 10-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (b) : 'लेने के देने पड़ना' मुहावरे का अर्थ है– लाभ के बदले हानि होना। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरे		अर्थ
लुटिया डुबोना	–	काम खराब कर देना
लँगोटी में फाग खेलना	–	दरिद्रता में आनन्द लूटना
लाख का घर राख हो जाना	–	धनी का निर्धन हो जाना
लिफाफा खुल जाना	–	भेद खुल जाना

256. निम्नलिखित मुहावरे का उचित अर्थ विकल्पों में से चुनिए।

नाक रगड़ना

(a) क्रोधित होना (b) परेशान करना
(c) दीनता पूर्वक प्रार्थना करना
(d) तंग करना

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)
KVS PGT - 2014

उत्तर : (c) : 'नाक रगड़ना' मुहावरे का अर्थ है दीनतापूर्वक प्रार्थना करना या गिड़गिड़ाना। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
नाक में नकेल डालना	–	वश में करना
नाको चने चबवाना	–	बहुत तंग करना
हाथ में देना	–	दुर्दशा करना

257. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?

'जेठ की गर्मी _____ जैसी होती है'

(a) अंगार बरसने जैसी
(b) अंधकार जैसी
(c) ठंडी जैसी
(d) सर्दी जैसी

SSC GD Constable 12.01.23 (5.15-6.15)

उत्तर : (a) : वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा होगा– जेठ की गर्मी **अंगार बरसने** जैसी होती है। शेष विकल्पों के कथन असंगत हैं।

258. 'बाँछे खिल जाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) सुन्दर हो जाना (b) फूल खिल जाना
(c) प्रसन्न हो जाना (d) दोस्त मिल जाना

SSC GD Constable 16.01.2022(9:00-10.00 am)

उत्तर : (c) : 'बाँछे खिल जाना' मुहावरे का अर्थ है– प्रसन्न हो जाना। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
बछिया का ताऊ	–	मूर्ख
बड़े घर की हवा खाना	–	जेल जाना
बल्लियों (या बाँसो) उछलना	–	बहुत खुश होना
बासी कढ़ी में उबाल आना	–	उचित समय बीत जाने पर इच्छा जागना

259. मुहावरों और उनके अर्थ का निम्न में से कौन-सा एक युग्म सही है?

(a) बालू से तेल निकालना-असंभव को संभव करना
(b) रंग बदलना-अपरिवर्तनशील होना
(c) मन मैला करना-अत्यधिक प्रसन्न होना
(d) माथा ठनकना-खुशामद करना

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (a) : 'बालू से तेल निकालना' मुहावरे का अर्थ असंभव को संभव करना, सही युग्म है। शेष मुहावरों व उनके अर्थ असंगत हैं। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

@RexstarPdf

मुहावरे		अर्थ
रंग बदलना	–	परिवर्तन होना
मन मैला करना	–	खिन्न होना
माथा ठनकना	–	संशय होना

260. 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का उचित अर्थ है-

(a) धोखा देना (b) ध्यान न देना
(c) कुछ न देखना (d) इशारा करना

SSC GD Constable 13-01-2023 (2.30-3.30)

उत्तर : (a) : 'आँखों में धूल झोकना' मुहावरे का अर्थ धोखा देना है। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
आँख मारना	–	इशारा करना
आँखों पर चर्बी चढ़ना	–	अधिक घमंड होना
आँखों में सरसो फूलना	–	विवेक न होना

261. 'घोड़े बेचकर सोना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) नींद न आना (b) गहरी नींद सोना
(c) जिम्मेदारी न लेना (d) खुश होना

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)
SSC GD Constable 16.01.2022 (9:00-10:00)
UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)
UKPSC AE 2013

उत्तर : (b) : 'घोड़े बेचकर सोना' मुहावरे का अर्थ गहरी नींद में सोना या निश्चिंत हो जाना है।

मुहावरा		अर्थ
घी खिचड़ी होना	–	खूब मिल-जुल जाना
घास काटना	–	फूहड़ काम करना
घर काट खाना	–	घर में कोई न होने से अकेलापन अखरना

262. 'हुक्का पानी बंद करना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) नशा छोड़ना (b) खाना देना बंद करना
(c) जाति से बहिष्कृत करना (d) नशा करना

SSC GD Constable 13-01-2023 (5.15-6.15)
NVS TGT 18.09.2019

उत्तर : (c) : 'हुक्का पानी बंद करना' मुहावरे का अर्थ जाति से बहिष्कृत करना है। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
हीरे की कनी चाटना	–	प्राणनाशक कार्य करना
हिन्दी की चिन्दी निकालना	–	बात की तह तक पहुँचना
हवा से बातें करना	–	तेज चलना

263. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए-
अपना किया पाना

(a) कर्म का फल भोगना (b) कुछ न करना
(c) कम काम करना (d) अपनी वस्तु पाना

SSC GD Constable 13-01-2023 (9-10am)

उत्तर : (a) : 'अपना किया पाना' मुहावरे का अर्थ कर्म का फल भोगना है। अन्य मुहावरे व उनके अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
अपना-अपना राग अलापना	–	अपनी ही बातें कहना
अपनी खाल में मस्त रहना	–	अपनी दशा से संतुष्ट रहना
अपने पैरों पर खड़ा होना	–	स्वावलम्बी होना

264. निम्न में से किस मुहावरे का अर्थ बुरी तरह पछताना है?

(a) आठ-आठ आंसू रोना (b) आँखें चार होना
(c) कुएं में गिरना (d) अंगारों पर लोटना

SSC GD Constable 24-01-2023 (11.45-12.45)
UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'आठ-आठ आँसू रोना' मुहावरे का अर्थ बुरी तरह पछताना है। शेष मुहावरे व उनके अर्थ निम्नलिखित हैं–

मुहावरा		अर्थ
आँखें चार होना	–	आमने-सामने होना
कुएँ में गिरना	–	विपत्ति में पड़ना
अंगारों पर लोटना	–	बहुत बड़े जोखिम का काम करना

265. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
नाम कमाना –

(a) खरीदारी करना (b) प्रसिद्ध होना
(c) बदनामी होना (d) भाग जाना

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (b) : 'नाम कमाना' मुहावरे का अर्थ 'प्रसिद्ध होना' होता है।
वाक्य प्रयोग– कपड़े के व्यवसाय में सियाराम ने बहुत ही नाम कमाया है।

266. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
धाक जमाना -

(a) रोब जमाना (b) नष्ट करना
(c) ठोकरें खाना (d) विरोध करना

DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- III)

उत्तर : (a) : 'धाक जमाना' मुहावरे का अर्थ रोब जमाना है।
वाक्य प्रयोग - श्रुति शर्मा ने आई.ए.एस. की परीक्षा में टॉप करके अपनी धाक जमा ली है।

267. 'बुद्धि भ्रष्ट होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या है?

(a) अक्ल की दुम। (b) अपना उल्लू सीधा करना।
(c) अक्ल पर पत्थर पड़ना। (d) अक्ल का दुश्मन।

DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shit-II
UPPCL JE Electrical, 2016

उत्तर : (c) 'बुद्धि भ्रष्ट होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' है।

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के चार विकल्प दिये गये हैं। इनमें से सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए

268. नई-नई बहू अभी से अपने पति को <u>अंगुली पर नचाने</u> लगी है

(a) वश में रखना (b) बहुत काम कराना
(c) इशारा करना (d) संत्रास देना

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे 'अंगुली पर नचाना' का अर्थ होता है –वश में रखना।

@RexstarPdf

269. 'अंगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) सहमत होना (b) धोखा देना
(c) जीत जाना (d) उत्तीर्ण होना

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016
SSC GD 11/02/2019, Shift-II
[UPSI 24.07.2017 Shift-I]

उत्तर : (b) 'अंगूठा दिखाना मुहावरे का अर्थ है- धोखा देना'; न कि 'सहमत होना', 'जीत जाना' या 'उत्तीर्ण होना।
वाक्य प्रयोग– दोस्त वही जो मुसीबत में काम आये न कि अंगूठा दिखाये।

270. अंजर-पंजर ढीले करना

(a) पिंजरे की मरम्मत करना (b) पिंजरा खाली करना
(c) बुरी तरह मारना (d) बुरी तरह सताना

UPSI, 2016
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shift-II
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (c) मुहावरा		**अर्थ**
अंजर–पंजर ढीले करना	–	बुरी तरह मारना
अंक भरना	–	लिपट जाना/गोद में भर लेना
अंग में अंग चुराना	–	शरमाना
अड़ियल टट्टू	–	रुक–रुक कर काम करना

वाक्य प्रयोग– सुमित ने राहुल के अंजर-पंजर ढ़ीले कर दिये।

271. 'गर्व करना' विकल्पों में से दिए हुए किस मुहावरे का अर्थ है?

(a) ऐंठ कर चलना (b) दिन काटना
(c) ओले पड़ना (d) डींग हाँकना

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) – 'ऐंठ कर चलना' मुहावरे का अर्थ है– 'गर्व करना'। अन्य मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है–
- दिन काटना – जैसे–तैसे समय काटना
- डींग हाँकना – मिथ्याभिमान करना
- ओले पड़ना – विपत्ति आना।

272. 'अंडे का शहजादा' मुहावरे का अर्थ है-

(a) कमजोर व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति
(c) अनुभवी व्यक्ति (d) अनुभवहीन व्यक्ति

NVS. PGT. 2014
NVS PGT 2014
लोअर 2 परीक्षा-2015

उत्तर : (d) 'अंडे का शहजादा' मुहावरे का अर्थ है- 'अनुभवहीन व्यक्ति'।

273. 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है:-

(a) मुसीबत में पड़ जाना
(b) कठिन मेहनत करना
(c) अपना स्वार्थ साधना
(d) अपनी हानि आप करना

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरा का उचित अर्थ 'अपना स्वार्थ साधना' होता है। अन्य मुहावरे व अर्थ इस प्रकार हैं-

मुहावरे	**अर्थ**
मुसीबत में पड़ जाना	संकट में आ जाना।
हाड़-तोड़ परिश्रम करना	कठिन मेहनत करना।
अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना	अपनी हानि स्वयं आप करना।

274. निम्नलिखित में 'चाँद पर थूकना' मुहावरे का अर्थ कौन सा है?

(a) अच्छे व्यक्ति की निन्दा करना।
(b) अच्छा कार्य करना।
(c) मूर्खतापूर्ण व्यवहार।
(d) सामान्य के साथ असामान्य आचरण।

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) : चाँद पर थूकना मुहावरे का अर्थ है– 'अच्छे व्यक्ति की निन्दा करना है।'

275. ''अन्धे को दीपक दिखाना'' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए-

(a) अन्धे का रास्ता रोशन करना
(b) ना समझ को उपदेश देना
(c) ना समझ को रोशनी देना
(d) अन्धे की सहायता करना

आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'अंधे को दीपक दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ 'ना समझ को उपदेश देना' है।

276. 'अंडे सेना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) मुर्गी का चूजों के ऊपर बैठना
(b) स्वावलम्बी होना
(c) स्वार्थ सिद्ध करना
(d) घर में बेकार बैठना

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'अंडे सेना' मुहावरे का सही अर्थ 'घर में बेकार बैठना' है।

277. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) मूर्ख बन जाना
(b) अपमानजनक बात कहना
(c) बुद्धि भ्रष्ट होना
(d) बेफिक्र होना

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015
SSS GD 11/02/2019, Shift-III
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर : (c) 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ 'बुद्धि भ्रष्ट होना' है।

278. 'अंग-अंग फूले न समाना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(a) गुस्सा होना
(b) दुखी होना
(c) बहुत आनंदित होना
(d) बीमारी होना

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

@RexstarPdf

उत्तर: (c)

मुहावरा	अर्थ
1. अंग-अंग फूले न समाना	- बहुत आनंदित होना।
2. आँख दिखाना	- क्रोध/गुस्सा प्रकट करना।
3. अंगारों पर पैर रखना	- जोखिम/मुसीबत मोल लेना।
4. गोबर गणेश	- मूर्ख, बुद्धू, निकम्मा।

279. 'अंगारों पर पैर रखना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) मूर्ख होना (b) समझदार होना
(c) नुकसान होना (d) जोखिम मोल लेना

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

उत्तर : (d) 'अंगारों पर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ है जोखिम मोल लेना।

280.'अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना' मुहावरा है –

(a) अपनी बातें छिपाना
(b) अपनी निंदा स्वयं करना
(c) अपनी प्रशंसा स्वयं करना
(d) अपनी चर्चा करना

म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती-2018
UP TGT 2013
SSS GD 11/02/2019, Shift-II

उत्तर : (c) 'अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना' मुहावरे का अर्थ है – अपनी प्रशंसा स्वयं करना।

281.अदृश्य शत्रु' अर्थ के अनुरूप उपयुक्त मुहावरा है -

(a) मीठी छुरी (b) मुँह में राम बगल में छुरी
(c) पेट में दाढ़ी (d) आस्तीन का साँप

UP PGT 2004

उत्तर : (d) 'अदृश्य शत्रु' अर्थ के अनुरूप उपयुक्त मुहावरा आस्तीन का साँप है। इसका अर्थ विश्वासघाती भी होता है।

282.'अवांछित संवाद' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है–

(a) सिर खपाना (b) सिर खाना
(c) सिर नीचा होना (d) सिर पड़ना

UP PGT 2009

उत्तर : (b) 'अवांछित संवाद' के लिए उपयुक्त मुहावरा 'सिर खाना है'। सिर खपाने का अर्थ 'सोच विचार करना' है। सिर नीचा होना का अर्थ 'लज्जित होना' है। सिर पड़ना का अर्थ 'दायित्व आना' होता है।

283. 'अपना राग अलापना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) अपनी ही बात कहते रहना
(b) सुन्दर गीत गाना
(c) मजाक उड़ाना
(d) स्वार्थ की बात करना

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) 'अपना राग अलापना' मुहावरे का अर्थ है– अपनी ही बात को कहते रहना।

284. व्यापार में ज्यादा धन लगाने की सीख न मानकर राजन ने अपने पैरों पर आप ही कुल्हाड़ी मार ली।

(a) कष्ट सहना
(b) अपना नुकसान खुद करना
(c) बीमारी बुलाना
(d) काम करते नुकसान होना

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर: (b) दिये गये वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा 'अपने पैरों पर आप ही कुल्हाड़ी मारना' का अर्थ है– अपना नुकसान खुद करना।

इन प्रश्नों में कुछ मुहावरे दिए गए हैं। प्रत्येक के नीचे चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। मुहावरों का सही अर्थ चुनिए–

285. अपना रंग जमाना

(a) प्रभावित करना (b) उपेक्षा करना
(c) शेखी बघारना (d) किसी की बात न सुनना

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (a) 'अपना रंग जमाना' मुहावरे का दिये गये विकल्पों में सही अर्थ है–'प्रभावित करना'। शेष अन्य तीनों विकल्प 'उपेक्षा करना, शेखी बघारना, किसी की बात न सुनना, असंगत हैं।

286. ''अचानक घबरा जाना'' अर्थ के लिए निम्नलिखित में से उचित मुहावरा कौन-सा विकल्प है?

(a) हक्का-बक्का रह जाना
(b) हाथों के तोते उड़ना
(c) भीगी बिल्ली बनना
(d) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (b) निम्नलिखित विकल्पों में 'अचानक घबरा जाना' के लिए उचित मुहावरा होगा – 'हाथों के तोते उड़ना।' अन्य मुहावरों के अर्थ इस प्रकार हैं– हक्का–बक्का रह जाना– भौचक रह जाना।
भीगी बिल्ली बनना– भयभीत हो जाना/डर जाना।
अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना–जानबूझकर स्वयं का नुकसान करना।

287. ''अधजल गगरी छलकत जाए''..... उक्त मुहावरे के लिए वाक्य बताएं।

(a) कम गुण वाला व्यक्ति दिखावा बहुत करता है।
(b) फूटी हुई गगरी से जल टपकता है।
(c) आधे जल से भरी गगरी नहीं ले जानी चाहिए।
(d) आधे जल से भरी गगरी छलकत जाती है।

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (a) अधजल गगरी छलकत जाए मुहावरे का उचित अर्थ है 'कम गुण वाला व्यक्ति दिखावा बहुत करता है' जैसे- चार अक्षर अंग्रेजी के क्या पढ़ गया, सब पर अपनी टूटी-फूटी अंग्रेजी का रोब झाड़ता रहता है। ठीक ही कहा गया है कि अधजल गगरी छलकत जाए।

दिए गए मुहावरे-लोकोक्तियों का सही अर्थ छाँटिए:

288. 'आलोचना करना' के अर्थ हेतु उचित मुहावरा दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?

(a) जी छोटा करना (b) दांत दिखाना
(c) दो टूक बात करना (d) टीका टिप्पणी करना

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'आलोचना करना' हेतु मुहावरा है – 'टीका टिप्पणी करना'। शेष मुहावरों के अर्थ निम्न हैं–

मुहावरा		अर्थ
जी छोटा करना	–	दुःखी होना
दाँत दिखाना	–	खीस काढ़ना
दो टूक बात करना	–	स्पष्ट कह देना

289. ''अंगार सिर पर धर लेना'' दिए गए विकल्पों में से मुहावरे के सही अर्थ का चयन करें।

(a) कठिन विपत्ति सहना (b) दूसरे को डराना
(c) मरने को उद्यत होना (d) विनाशकारी बन जाना

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (a) ''अंगार सिर पर धर लेना'' मुहावरे का सही अर्थ 'कठिन विपत्ति सहना' होता है।

290. 'आनाकानी करना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) इधर उधर करना (b) मना करना
(c) बुराई करना (d) टाल-मटोल करना

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (d) 'आनाकानी करना' मुहावरे का उचित अर्थ है– 'टाल मटोल करना'।

291. मोहन ने अपने मित्र के साथ ऐसा दगा किया कि अब वह उससे आँखें मिलाने की हिम्मत नहीं कर सकता-

(a) सामना करना (b) साहस करना
(c) चिन्ता करना (d) बदहवास करना

UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (a) दिये गये वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा 'आँख मिलाना' का अर्थ होगा – सामना करना।

292. आकाश-पाताल एक करना

(a) दूर की कहना
(b) पूरी शक्ति लगा देना
(c) कल्पना लोक की बात करना
(d) इनमें से कोई नहीं

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)
Ashram Paddhati PGT. 2012
SSS GD 08/03/2019, Shift-III
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b) 'आकाश–पाताल एक करना' मुहावरे का अर्थ है – पूरी शक्ति लगा देना।

293. दिए गए विकल्पों में से किसमें निम्नलिखित मुहावरे का सही आशय स्पष्ट किया गया है?
'आँख बिछाना'

(a) प्रतीक्षा करना (b) अनदेखा करना
(c) अत्यधिक स्नेह देना (d) धमकाना

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018
KVS PGT Hindi, 2017
KVS PGT 2014

उत्तर : (a) 'आँख बिछाना' मुहावरे का अर्थ– प्रतीक्षा करना होगा, जबकि 'अनदेखा करना' मुहावरे का अर्थ ध्यान न देना, 'अत्यधिक स्नेह देना' मुहावरे का अर्थ आँखों में बसाना और 'धमकाना' का अर्थ आँख दिखाना होता है।

294. 'आँख फेरना' मुहावरे का अर्थ है-

(a) प्रेमपूर्ण दृष्टि डालना।
(b) पहले जैसा प्रेम न रखना।
(c) किसी वस्तु को ऊपर से नीचे तक देखना।
(d) किसी वस्तु पर उड़ती नजर डालना।

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
SSS GD 09/03/2019, Shift-III
GIC. PGT 2009

उत्तर : (b) 'आँख फेरना' मुहावरे का अर्थ 'पहले जैसा प्रेम न रखना होता है। 'आँखें मिलाना' का अर्थ 'प्रेमपूर्ण दृष्टि डालना' होता है।

295. 'आँख का काजल चुराना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) सामने या पास की वस्तु चुरा लेना।
(b) आँख में लगाने वाले काजल की चोरी करना।
(c) मामूली वस्तु की चोरी करना।
(d) असंभव प्रकार की चोरी का प्रयत्न करना।

GIC. PGT 2009

उत्तर : (a) 'आँख का काजल चुराना' मुहावरे का अर्थ 'सामने या पास की वस्तु चुरा लेना' होता है।

296. 'आँख की किरकिरी होने' का अर्थ है –

(a) अप्रिय लगना (b) धोखा देना
(c) कष्टदायक होना (d) बहुत प्रिय होना

UP TGT 2009
फूड इंस्पेक्टर, 1996

उत्तर : (a) 'आँख की किरकिरी होने' का अर्थ है– अप्रिय लगना। जो देखने में बार-बार खटकता रहे उसे 'आँख की किरकिरी होना' कहा जाता है।

297. 'आँखें चार होना' मुहावरे के अर्थ का दिए गए विकल्पों में से चयन कीजिए।

(a) प्रेम होना (b) दृष्टि गिनना
(c) रतौंधी होना (d) परेशान होना

KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (a): 'आँखें चार होना' मुहावरे का अर्थ है- 'प्रेम होना' जबकि अन्य अर्थ त्रुटिपूर्ण हैं।

298. आँख लगना का अर्थ है-

(a) आशंका होना (b) मृत्यु होना
(c) नींद आना (d) प्रेम होना

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'आँख लगना' मुहावरे का अर्थ है, 'नींद आना'। 'दिल्लगी होना' मुहावरे का अर्थ है- 'प्रेम होना'। 'जान से हाथ धोना' मुहावरे का अर्थ है- 'मृत्यु होना'।

299. आग लगाना

(a) जला देना (b) गुस्सा दिलाना
(c) झगड़ा लगाना (d) चुगली करना

उत्तर : (c) 'आग लगाना' मुहावरे का अर्थ 'झगड़ा लगाना' होगा।

300. आँख का पानी ढल जाना

(a) बुढ़ापा आ जाना
(b) प्रिय व्यक्ति का बिछुड़ जाना
(c) निर्लज्ज हो जाना
(d) देखने की ताकत कमजोर पड़ना

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर: (c) 'आँख का पानी ढल जाना' मुहावरे का अर्थ 'निर्लज्ज हो जाना'

301 'आसमान फट जाना' मुहावरे का सही अर्थ है :

(a) असंभव काम होना (b) बहुत शोर करना
(c) चुगली करना (d) अचानक आफत आ पड़ना

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) 'आसमान फट जाना' मुहावरे का सही अर्थ– 'अचानक आफत आ पड़ना' होता है।

302 उसने तो मेरी आँखें खोल दी।
रेखांकित मुहावरे का अर्थ होगा:

(a) भ्रम को दूर करना।
(b) किसी बात पर ध्यान न देना।

@RexstarPdf

(c) स्वागत के लिए राह देखना।
(d) अंधकार दूर करना।

DSSSB Grade-IV Exam, 17/09/2017
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (a) 'आँखे खोल दी' मुहावरे का अर्थ है– भ्रम को दूर करना।
वाक्य प्रयोग– भला हो बेटा, तुमने तो मेरी आँखें खोल दी।

303. 'आग में घी डालना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) होम करना (b) अपव्यय करना
(c) अनुचित बढ़ावा देना (d) दुरुपयोग करना

DSSSB TGT ST, 09/09/2018
SSS GD 12/02/2019, Shift-III
UP PGT - 2009
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : आग में घी डालना मुहावरे का सही अर्थ है 'अनुचित बढ़ावा देना'। जबकि विसर्जित करना मुहावरे का अर्थ 'होम करना' होता है, अंधाधुंध लुटाना मुहावरे का अर्थ 'अपव्यय करना' होता है।

304. निम्नलिखित में से एक मुहावरे का अर्थ 'सावधान रहना' है:

(a) आँखे फाड़कर देखना। (b) आँखों में गड़ना।
(c) आँखें उठाना। (d) आँख-कान खुले रखना।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (d): 'आँख-कान खुले रखना' मुहावरे का अर्थ है- 'सावधान रहना।' अन्य मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है-

मुहावरा	अर्थ
आँखें फाड़कर देखना	आश्चर्य से देखना
आँखें उठाना	नुकसान पहुँचाने की कोशिश करना
आँखों में गड़ना	बुरा लगना।

305. 'आदमी बनना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है:

(a) किसी अन्य जीव का आदमी में परिवर्तित होना
(b) आदमी जैसा दिखना
(c) अच्छा व्यवहार सीखना
(d) कृत्रिम ढंग से आदमी का प्रतिरूप बनाना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (c) : 'आदमी बनना' मुहावरे का अर्थ अच्छा व्यवहार सीखना है। जैसे वह ठोकर खाएगा तो आदमी बन जाएगा एवं अपनी जिम्मेदारियां निभाएगा।

306. आँख खुलना मुहावरे का सही अर्थ है :

(a) ज्ञान होना (b) भ्रम में होना
(c) आँख किरकिराना (d) लज्जा दूर होना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]

उत्तर. (a) : आँख खुलना' मुहावरे का सही अर्थ– ज्ञान होना या वास्तविकता से अवगत होना है।

307. 'आँसू पीकर रह जाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) आँसू बहने न देना।
(b) अन्न के अभाव में आँसू से भूख मिटाना।
(c) गुस्सा होना।
(d) चुपचाप दुःख सह लेना।

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (d): 'आँसू पीकर रह जाना' मुहावरे का अर्थ है–चुपचाप दुःख सह लेना। **वाक्य प्रयोग –** बेटे की मौत पर पंडित जी आँसू पीकर रह गये। जबकि 'लाल पीला होना' का अर्थ गुस्सा होना होता है।

308. ''आग उगलना'' है–

(a) लोकोक्ति (b) क्रिया
(c) मुहावरा (d) विशेषण

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c): 'आग उगलना' मुहावरा है। इसका अर्थ 'कड़वी बातें कहना' है।
मुहावरा- सामान्य अर्थ का बोध न कराकर किसी विलक्षण अर्थ की प्रतीत कराता है।
लोकोक्ति- लोकोक्ति के पीछे कोई कहानी या घटना होती है।
क्रिया- जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाए।
विशेषण-जो संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बतलाए।

309. कभी-कभी बहुत हानि होने पर भी राहत और सुख का अनुभव होता है। इसे अभिव्यक्त करने के लिए सबसे उपयुक्त मुहावरा है

(a) न होगा बाँस न बजेगी बाँसुरी।
(b) अंगूर बहुत खट्टे हैं।
(c) आँख फूटी पीर गई।
(d) बिल्ली के भाग्य से छिकहर टूटा।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : कभी-कभी बहुत हानि होने पर भी राहत और सुख का अनुभव होता है के लिये- **आँख फूटी पीर गई** मुहावरे का प्रयोग किया जाता है।

310. 'इस हाथ दे, उस हाथ ले' है–

(a) मुहावरा (b) लोकोक्ति
(c) वाक्य (d) पदबंध

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) : 'इस हाथ दे, उस हाथ ले' लोकोक्ति है। जिसका अर्थ है– कर्मफल तुरंत मिलता है। किसी विशिष्ट अर्थ के लिए प्रयुक्त कथन लोकोक्ति है। लोकोक्ति और मुहावरे में मुख्य अंतर यह है कि लोकोक्ति स्वतंत्र कथन है जबकि मुहावरे वाक्यांश हैं।

311. 'बहुत दिनों बाद दिखना' अर्थ के लिए मुहावरा है–

(a) कोसों दूर होना
(b) गुदड़ी का लाल होना
(c) ईद का चाँद होना
(d) अब-तब होना

UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर : (c)

मुहावरा		अर्थ
ईद का चाँद होना	–	बहुत दिनों बाद दिखना
कोसों दूर होना	–	बहुत अलग होना
गुदड़ी का लाल होना	–	गरीब के घर गुणवान का उत्पन्न होना
अब तब होना	–	परेशान करना या मरने के करीब होना

@RexstarPdf

312. डपोरशंख मुहावरे का अर्थ है–
(a) विशेष तरह का शंख
(b) बे सिर-पैर की बातें करने वाला
(c) बहुत बड़ी गिनती
(d) भारतीय शंख

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'डपोरशंख' मुहावरे का सही अर्थ 'बे सिर-पैर की बातें करने वाला' है।

313. ''उल्लू सीधा करना'' मुहावरे का अर्थ है
(a) कर्ज़ अदा करना (b) सबको एक जैसा समझना
(c) बहुत परिश्रम करना (d) स्वार्थ सिद्ध करना

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है-स्वार्थ सिद्ध करना सबको एक जैसा समझना के लिए मुहावरा है- एक आँख से सबको देखना। 'बहुत परिश्रम करना' के लिए 'हाड़तोड़ मेहनत करना' मुहावरा प्रयुक्त होता है।

314. राधे लाल ने विनय को राजी करने की बड़ी कोशिश की किन्तु विनय तो उड़ती चिड़िया पहचानता था, वह उसकी मीठी बातों में नहीं आया
(a) अटकले लगाना (b) चालाकी भांप जाना
(c) सावधान रहना (d) पक्षियों का विशेषज्ञ होना

DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shift- II
SSS GD 07/03/2019, Shift-II
UPSI 17.07.0217 Shift-II
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (b) दिये गये वाक्य खण्ड में प्रयुक्त मुहावरे 'उड़ती चिड़िया पहचानना' का अर्थ होगा – चालाकी भांप जाना।

315. 'उलटी माला फेरना' दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा प्रस्तुत मुहावरे का सही अर्थ दर्शाता है?
(a) गलत काम करना (b) ठगना
(c) व्यंग्य करना (d) किसी का बुरा सोचना

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (d): 'उलटी माला फेरना' मुहावरे का अर्थ है– 'किसी का बुरा सोचना'।

316.उँगली उठाना कहावत का सही अर्थ है–
(a) क्षमा माँगना (b) अपना महत्व व्यक्त करना
(c) दोष की ओर संकेत करना (d) अस्वीकार करना

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016
म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती, 2018

उत्तर : (c) 'उँगली उठाना' कहावत का सही अर्थ 'दोष की ओर संकेत करना' है।

317. 'ऊँट के मुँह में जीरा' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) बहुत थोड़ा
(b) ऊँट के मुँह में पीड़ा होना
(c) ऊँट को जीरा खिलाना
(d) पेट भरने के लिए कुछ भी खाना

[UPSI 19.07.2017 Shift II]
UP PGT-2011
राजस्व लेखपाल-2015
[UPPSC AE 2011]
KVS PGT Hindi-2017
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर. (a) : ऊँट के मुँह में जीरा मुहावरे का अर्थ– बहुत थोड़ा है।

318. ''ऐरा गैरा, नत्थू खैरा।'' मतलब बताइए।
(a) कमजोर आदमी (b) मामूली आदमी
(c) होशियार आदमी (d) गंवार आदमी

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : ऐरा-गैरा नत्थू खैरा का अर्थ 'मामूली आदमी (सामान्य आदमी)' होता है। अन्य विकल्प जैसे- कमजोर आदमी होशियार आदमी तथा गँवार आदमी से इसका कोई मतलब नहीं है।

319. 'ओखली में सिर देना' मुहावरे का अर्थ है–
(a) मुसीबत झेलना (b) स्वागत करना
(c) बहुत श्रम करना
(d) साहसपूर्वक चुनौती स्वीकारना

SSS GD 15/02/2019, Shift-II
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : ओखली में सिर देना मुहावरे का सही अर्थ है **मुसीबत झेलना**। जबकि आँखें बिछाना मुहावरे का अर्थ 'स्वागत करना', दिन-रात एक करना मुहावरे का अर्थ 'बहुत श्रम करना' तथा गज भर छाती होना मुहावरे का अर्थ 'साहसपूर्वक चुनौती स्वीकारना' होता है।

320. 'परीक्षा में कठिन प्रश्नों को देखकर मेरी अकल चकराने लगी।' वाक्य में आये मुहावरे का अर्थ कौन सा विकल्प दर्शाता है?
(a) कुछ समझ में न आना (b) अनदेखा करना
(c) शर्मिंदा होना (d) गुस्से से भर जाना

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'परीक्षा में कठिन प्रश्नों को देखकर मेरी **अकल चकराने** लगी।' इस वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे का सही अर्थ होगा– 'कुछ समझ में न आना।'

321. 'काठ का उल्लू' का अर्थ क्या है?
(a) अडिग। (b) निर्जीव।
(c) अत्यधिक सरल। (d) मूर्ख।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'काठ का उल्लू' मुहावरे का अर्थ 'मूर्ख' होता है।

322. दिए गए विकल्पों में से ''कोढ़ में खाज होना''– इस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता सही विकल्प कौन सा है?
(a) समस्याओं में कमी होना
(b) दुःख पर और दुःख होना
(c) किसी बीमार व्यक्ति को अन्य बीमारी होना
(d) समस्या का समाधान हेतु साधनों का अभाव

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (b) 'कोढ़ में खाज होना' मुहावरा का अर्थ 'दुख पर और दुःख होना' होता है।

323. 'काफूर होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(a) कलंकित होना (b) भाग जाना
(c) बड़ा काम करना (d) गद्दार होना

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) 'काफूर होना' मुहावरे का सही अर्थ 'भाग जाना है'।

324. 'कट जाना' मुहावरे का अर्थ क्या होता है?
(a) शर्मिंदा होना (b) टुकड़ों में बंटना
(c) विभाजित करना (d) आँखें चुराना

असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'कट जाना' मुहावरे का अर्थ आँखें चुराना होता है।

@RexstarPdf

325. 'कान का कच्चा होना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) बहरा होना
(b) सुनी-सुनायी बातों पर विश्वास करना
(c) सभी पर अविश्वास करना
(d) कम सुनायी देना

कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) मुहावरा 'कान का कच्चा होना' का सही अर्थ 'बिना सोचे किसी की बात पर विश्वास करना' या 'सुनी-सुनायी बातों पर विश्वास करना' है।

326. 'कूप मंडूक होना' का अर्थ है–

(a) कुएँ में गिरना
(b) मूर्ख होना
(c) मात देना
(d) सीमित ज्ञान या सीमित अनुभव होना

UPSI Batch-I 20 Dec 2017
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'कूप मंडूक होना' मुहावरे का अर्थ 'सीमित ज्ञान या सीमित अनुभव होना' है।

327. 'कलई खुलना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(a) रंग उतर जाना
(b) सच्चाई का पता लगना
(c) भेद प्रकट करना
(d) चमक का गायब होना

UP TGT 2005

उत्तर : (c) 'कलई खुलना' इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ 'भेद प्रकट करना है। 'दूध पानी अलग-अलग होना' मुहावरे का अर्थ 'सच्चाई का पता लगना है।

328. 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ है –

(a) धोखा देना (b) चाणक होना
(c) चुगली करना (d) असर न होना

High Court ARO-2021
UPPCL JE Electrical, 2018
UP TGT 2009
UPSI 19.07.2017 Shift-II

उत्तर : (c) कान भरना मुहावरे का वास्तविक अर्थ होता है 'चुगली करना'।

329. अंक भरना

(a) खाली स्थानों को भरना
(b) भाग्य चमकना
(c) स्नेह से लिपटा लेना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'अंक भरना' मुहावरे का अर्थ स्नेह से लिपटा लेना होता है।
वाक्य प्रयोग:- परीक्षा में उत्तीर्ण होने के उपरान्त माँ ने अपने बेटे को अंक भर लिया।

330. आस्तीन का साँप

(a) कपटी मित्र
(b) मित्र को खतरा
(c) मित्र को साँप काटना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर: (a): 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का अर्थ कपटी मित्र होता है।

331. किस खेत की मूली

(a) अधिकारहीन
(b) शक्तिहीन
(c) हैसियत वाला
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'किस खेत की मूली' मुहावरे का अर्थ अधिकारहीन, शक्तिहीन, होता है।
वाक्य प्रयोगः- वेतन समय पर न देने के वजह से मनीष ने अली को कहा कि तुम किस खेत की मूली हो।

332. घड़ों पानी पड़ना

(a) विजयी होना
(b) पराजित होना
(c) गर्वित होना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP PGT 2021, 2000
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरे का अर्थ शर्मिंदा होना होता है।
वाक्य प्रयोगः- रग्घू हमेशा कक्षा में प्रथम आता था लेकिन इस बार नकल करते समय पकड़े जाने पर उस पर घड़ों पानी पड़ गया।

333. नाच नचाना

(a) तंग करना
(b) नृत्य सिखाना
(c) नाच के लिए प्रेरित करना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'नाच नचाना' मुहावरे का अर्थ तंग करना होता है।
वाक्य प्रयोग:- जब तक महाजन ने पैसा नहीं दिया तब तक उनके कर्मचारियों उन्हें नाच नचाते रहे।

334. कान देना

(a) दण्ड देना
(b) बिल्कुल ध्यान न देना
(c) ध्यान देना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c): 'कान देना' मुहावरे का अर्थ 'ध्यान देना' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

335. अंगारों पर पैर रखना

(a) खतरनाक कार्य करना
(b) रोष और जलन के मारे कुढ़ना
(c) अत्यंत दुःख सहना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिया गया मुहावरा 'अंगारों पर पैर रखना' का उपयुक्त अर्थ होगा-खतरनाक कार्य करना।

336. आम के आम गुठलियों के दाम

(a) सही मोल-भाव करना
(b) एक काम से दूसरा काम हो जाना
(c) अधिक लाभ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'आम के आम गुठलियों के दाम' मुहावरे का अर्थ 'अधिक लाभ' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

337. 'सीधी उँगली से घी नहीं निकलता' मुहावरे/लोकोक्ति का सटीक अर्थ है:

(a) सीधा काम आसानी से नहीं होता
(b) अच्छे कार्यफल के लिए मेहनत करनी पड़ती है
(c) बुरे से बुरा व्यवहार ही करना पड़ता है
(d) आसानी से काम करना चाहिए

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिया गया मुहावरा 'सीधी उँगली से घी नहीं निकलता' का सटीक अर्थ होगा- 'अच्छे कार्यफल के लिए मेहनत करनी पड़ती है।' अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

338. 'न तीन में न तेरह में' मुहावरे का सटीक अर्थ है:

(a) कहीं का न रहना
(b) बेकार हो जाना
(c) किसी का पक्षधर न होना
(d) निष्पक्षता का व्यवहार करना

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-II)
UPSI Batch-II 19 Dec. 2017

उत्तर : (a) : 'न तीन में न तेरह में' मुहावरे का सटीक अर्थ है- कहीं का न रहना।

339. 'नाक कटना' मुहावरे का सटीक अर्थ है:

(a) नीचे गिर जाना
(b) पतन होना
(c) बहुत अपमानित होना
(d) बेइज्जती कराना

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'नाक कटना' मुहावरे का सटीक अर्थ 'बहुत अपमानित होना' है।

340. मुहावरा और उसके अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित में कौन-सा असंगत है?

(a) नाक भौं सिकोड़ना – कमियाँ निकालना
(b) कलई खुलना – सच्चाई पता चल जाना
(c) ऊँट के मुँह में जीरा होना – आवश्यकता अधिक पर मिलना बहुत कम
(d) दिया तले अंधेरा – दिया के पास में अंधेरा होता है

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'दिया तले अंधेरा- दिया के पास में अंधेरा होता है। मुहावरा और उसके अर्थ की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म है। दीप तले अँधेरा- अपनी बुराई दिखाई न देना।

341. 'खाक में मिलना' - मुहावरे का अर्थ है:

(a) सब कुछ नष्ट हो जाना।
(b) बेचैन या परेशान होना।
(c) दबी हुई बात फिर से उभरना।
(d) अकड़ में रहना।

UPSSSC PET 2022 (Shift-I) 16/10/2022

उत्तर : (a) : 'खाक में मिलना' मुहावरे का अर्थ है- 'सब कुछ नष्ट हो जाना'।
वाक्य प्रयोग- अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। अहंकार के कारण ही दुर्योधन का सब कुछ खाक में मिल गया।

342. मुहावरों को उनके सही अर्थों से मिलान करें–

1.	आँचल पसारना	A.	प्रार्थना करना
2.	उड़ती चिड़िया पहचानना	B.	मन की बात जान लेना
3.	कंचन बरसना	C.	लाभ ही लाभ होना
4.	कलम तोड़ना	D.	बहुत अच्छा लिखना

(a) 1-A, 2-B, 3-C, 4-D (b) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B
(c) 1-A, 2-C, 3-D, 4-B (d) 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (a) : सही सुमेलित है-

मुहावरा	-	**अर्थ**
आँचल पसारना	-	प्रार्थना करना
उड़ती चिड़िया पहचानना	-	मन की बात जान लेना
कंचन बरसना	-	लाभ ही लाभ होना
कलम तोड़ना	-	बहुत अच्छा लिखना

343. 'मस्ती में गाड़ी चला रहे सुमोन के सामने अचानक ट्रक आ जाने से वह गहरी नींद से जाग गया।' प्रस्तुत वाक्य के रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा होगा–

(a) अपना रंग दिखाना (b) गिरह बाँधना
(c) साये से भागना (d) तंद्रा भंग हो जाना

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (d) : दिये गये वाक्य के रेखांकित अंश 'गहरी नींद से जाग गया'- के लिए उचित मुहावरा होगा- 'तंद्रा भंग हो जाना'।

@RexstarPdf

344. 'छोटी-सी गलती पर पिताजी ने ऐसे उपदेश दिए कि मैं नतमस्तक हो गया।' प्रस्तुत वाक्य के रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा होगा–

(a) अँचरा पसारना (b) सूक्ति-बाण चलाना
(c) साये से भागना (d) कल पड़ना

UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य के रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा 'सूक्ति बाण चलाना' होगा जिसका अर्थ है- व्यंग्यपूर्ण चुभती बातें कहना। शेष विकल्प असंगत हैं।

345. 'गोटी लाल करना' मुहावरे का अर्थ है:

(a) मन न लगना
(b) क्रोध को दबा देना
(c) रूठ कर न बोलना
(d) अपना प्रयोजन सिद्ध करना

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (d) : 'गोटी लाल करना' मुहावरे का अर्थ अपना प्रयोजन सिद्ध करना है।
वाक्य प्रयोग -आप पाँच लाख के लोभ से ठेकेदारी हेतु लग गए अगर गोटी लाल हो जाती तो आप पाँच लाख के स्वामी होते।

346. 'कोल्हू का बैल होना' का अर्थ है-

(a) बुरी तरह काम में लगे रहना।
(b) मन लगाकर काम नहीं करना।
(c) निर्धन होना।
(d) बहुत दिनों बाद दिखाई देना।

UPSSSC PET 2022 (Shift-II) 16/10/2022

उत्तर : (a) : 'कोल्हू का बैल होना' मुहावरे का अर्थ है- बुरी तरह काम में लगे रहना।

347. 'बात का धनी' मुहावरे का अर्थ है-

(a) वायदे का पक्का। (b) बहुत बातें करना।
(c) बात से धनी होना। (d) समझदार होना।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'बात का धनी' मुहावरे का अर्थ 'वायदे का पक्का' होगा।
वाक्य प्रयोग-सौरभ बात का काफी धनी व्यक्ति है।

348. 'आटा गीला होना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) अप्रासंगिक बातें करना।
(b) कठिनाई में पड़ना।
(c) कठिन परिश्रम करना।
(d) हर प्रकार का अनुभव होना।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (b) : 'आटा गीला होना' मुहावरे का अर्थ कठिनाई में पड़ना होता है।

349. 'फूँक-फूँक कर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) धीरे-धीरे चलना।
(b) डर कर कदम रखना।
(c) पैर रखते हुए फूँक मारना।
(d) सोच विचार कर काम करना।

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (d) 'फूँक-फूँक कर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ 'सोच विचार कर काम करना' है।
वाक्य प्रयोग-सौरभ विश्वविद्यालय के काम में फूँक-फूँक कर पैर रखता है।

350. 'नमक मिर्च लगाना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए।

(a) तीखा होना
(b) बढ़ा-चढ़ा कर कहना
(c) मसाला डालना
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (b) : 'नमक मिर्च लगाना' मुहावरे का अर्थ 'बढ़ा-चढ़ा कर कहना' होता है।
वाक्य प्रयोग-कुछ लोगों की आदत नमक मिर्च लगाकर बात करने की होती है, जो मैं पसन्द नहीं करता।

351. 'कब्र में पैर लटकना' मुहावरे का सही अर्थ है

(a) मृत्यु के समीप होना (b) मृत्यु से कोसों दूर रहना
(c) कब्र के पास बैठना (d) इनमें से कोई नहीं

लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022

उत्तर : (a) : 'कब्र में पैर लटकना' मुहावरे का अर्थ 'मृत्यु के समीप होना' होता है।
वाक्य प्रयोग- सक्सेना जी के तो कब्र में पाँव लटक रहे हैं, अब वे लम्बी यात्रा नहीं कर सकते हैं।

352. 'कान में तेल डालना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) परेशान करना (b) बहुत बोलना
(c) बदनाम करना (d) कुछ न सुनना

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (d) 'कान में तेल डालना' मुहावरे का सही अर्थ है कुछ न सुनना।

353. 'कच्ची गोलियाँ खेलना' मुहावरे का सही अर्थ है

(a) कंचे खेलना (b) गोली खाना
(c) अनुभव होना (d) अनुभव की कमी होना

UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)

Ans : (d) 'कच्ची गोलियाँ खेलना' मुहावरे का सही अर्थ 'अनुभव की कमी होना' है।

354. 'स्वाहा हो जाना' मुहावरे का अर्थ है-

(a) पूरी तरह जलकर नष्ट हो जाना
(b) घर में यज्ञ-हवन आदि कराना
(c) घी की आहुति देना
(d) कोई षडयंत्र हो जाना

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (a) : 'स्वाहा हो जाना' मुहावरे का अर्थ है-'पूरी तरह जलकर नष्ट हो जाना।'

355. उसने पहलवान को कुश्ती में हरा दिया।
'हरा दिया' के स्थान पर कौन सा मुहावरा आ सकता है?

(a) नानी याद दिलवा दी (b) नाकों चने चबवा दिए
(c) ऐसी की तैसी कर दी (d) चारों खाने चित्त कर दिया

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

@RexstarPdf

उत्तर : (d): उसने पहलवान को कुश्ती में हरा दिया। 'हरा दिया' के स्थान पर 'चारों खाने चित्त कर दिया' मुहावरे का प्रयोग हो सकता है।
वाक्य प्रयोग–उसने पहलवान को कुश्ती में चारों खाने चित्त कर दिया।

356. निम्नलिखित मुहावरों को उनके सही अर्थों के साथ मिलान करने वाले विकल्प को चुनें-

1. गीदड़ भभकी	**a. विरोध करना**
2. घड़ों पानी पड़ना	**b. क्रोध दबाना**
3. गुस्सा पीना	**c. लज्जित होना**
4. आवाज उठाना	**d. व्यर्थ की हाँकना**

(a) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d (b) 1-d, 2-c, 3-a, 4-b
(c) 1-c, 2-a, 3-b, 4-b (d) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

मुहावरा	-	**अर्थ**
गीदड़ भभकी	-	व्यर्थ की हाँकना
घड़ों पानी पड़ना	-	लज्जित होना
गुस्सा पीना	-	क्रोध दबाना
आवाज उठाना	-	विरोध करना

357. 'जनता में सरकार का पतन नेताओं के अलग-अलग मत होने से हुआ है।' वाक्य में रेखांकित अर्थ के लिए सही मुहावरा होगा-

(a) ढाक के तीन पात
(b) डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना
(c) ताली एक हाथ से नहीं बजती
(d) टेढ़ी उंगली से घी निकालना

UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)

उत्तर : (b) : दिये गये वाक्य 'जनता में सरकार का पतन नेताओं के अलग-अलग मत होने से हुआ है' में रेखांकित अर्थ के लिए सही मुहावरा होगा- डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना।
अन्य मुहावरे 'ढाक के तीन पात' का अर्थ है- सदा एक सा बने रहना। 'ताली एक हाथ से नहीं बजती' का अर्थ है- झगड़ा एक ओर से नहीं होता तथा 'टेढ़ी उंगली से घी निकालना' का अर्थ है- आसानी से काम न होना।

358. 'खयाली पुलाव पकाना' - मुहावरे का अर्थ है:

(a) गुणात्मक वृद्धि होना
(b) भूला हुआ दुःख पुनः याद आना
(c) असंभव बातों की कल्पना करना
(d) उपद्रव मचाना

UPSSSC PET 2022 15/10/2022 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'खयाली पुलाव पकाना'-मुहावरे का अर्थ है–'असंभव बातों की कल्पना करना'।
वाक्य प्रयोग–शीर्ष पर पहुंचने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना पड़ेगा, सिर्फ खयाली पुलाव पकाने से कुछ हासिल नहीं होता है।

359. 'कपटी मित्र' किस मुहावरे का सही अर्थ है?

(a) काठ का उल्लू होना (b) अक्ल का दुश्मन
(c) आस्तीन का साँप (d) इनमें में कोई नहीं

UP PGT 2003

उत्तर: (c) 'कपटी मित्र' के अर्थ वाला मुहावरा है – आस्तीन का साँप जबकि 'काठ का उल्लू होना' का अर्थ महामूर्ख होना एवं 'अक्ल का दुश्मन होना' का अर्थ है 'मूर्ख' होना।

360. 'कीचड़ उछालना' मुहावरा का सही अर्थ है -

(a) मल फेंकना (b) दूसरे के कपड़े गन्दे करना
(c) बदनाम करना (d) दलदल में फँसना

UP PGT 2009

उत्तर : (c) कीचड़ उछालना का आशय 'बदनाम करना' होता है। दलदल में फँसना, मल फेंकना या दूसरे के कपड़े गन्दे करना उक्त मुहावरे से कोई मेल नहीं खाते।

361. 'कागजी घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का अर्थ होगा–

(a) नकली घोड़े दौड़ना
(b) बहुत परिश्रम करना
(c) व्यर्थ की लिखा-पढ़ी करना
(d) जाँच-पड़ताल करना

UP PGT 2009

उत्तर : (c) 'कागजी घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का अर्थ 'व्यर्थ की लिखा पढ़ी करना है'। यथा- वर्तमान सरकार की बहुतायत योजनाएं तो कागजी घोड़े दौड़ाकर ही पूरी हो जा रही हैं और जनता तो केवल अखबारों में पढ़कर मौन है।

362. कान पकड़ना

(a) प्रतिज्ञा करना (b) कान पक जाना
(c) गलती करने पर दूसरे के कान पकड़ना
(d) यह मुहावरा नहीं है।

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (a) 'कान पकड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है- प्रतिज्ञा करना। शेष दिए गये विकल्प असंगत हैं।

363. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है?
''किनारे लगाना''

(a) अलग रहना (b) काम पूरा करना
(c) अलग करना (d) बेचैन होना

UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 Shift-I
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'किनारे लगाना' मुहावरे का सही अर्थ 'काम पूरा करना' है। शेष विकल्प बेमेल हैं।

364. 'एक तो नौकरी गई और पैसों से भरा बैग चोरी हो गया।' के लिए कौन-सा मुहावरा उपयुक्त होगा?

(a) कभी घना, कभी मुट्ठी भर चना।
(b) कंगाली में आटा गीला।
(c) खग जाने खग की ही भाषा।
(d) काला अक्षर भैंस बराबर।

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों में प्रश्नगत वाक्य हेतु सर्वाधिक उपयुक्त मुहावरा 'कंगाली में आटा गीला' है जिसका अर्थ है 'मुसीबत के समय और मुसीबत आ जाना'।

- कभी घी घना, कभी मुट्ठी–भर चना→ मनुष्य की स्थिति एक समान नहीं रहती।
- खग जाने खग ही की भाषा → जो जिस संगत में रहता है उसका पूरा भेद जानता है।
- काला अक्षर भैंस बराबर → अनपढ़ मनुष्य

@RexstarPdf

365. निम्नलिखित में से एक मुहावरे का अर्थ 'अनाड़ी या अनुभवहीन होना' है:

(a) कच्चा करना (b) कच्ची गोटियाँ खेलना
(c) गिन-गिन कर पैर रखना (d) अक्ल का दुश्मन

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'कच्ची गोटियाँ खेलना' मुहावरे का अर्थ 'अनाड़ी या अनुभवहीन होना' है। अन्य मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है-

मुहावरा	अर्थ
कच्चा करना	व्यर्थ करना
गिन-गिन कर पैर रखना	बहुत संभलकर कार्य करना
अक्ल का दुश्मन	मूर्ख होना।

366. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ है।

कमर टूटना।

(a) निराश होना (b) जीत जाना
(c) कमर टूट जाना (d) चोट लगना

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) 'कमर टूटना' का अर्थ- 'निराश होना' होगा। शेष विकल्प जीत जाना, कमर टूट जाना व चोट लगना असंगत हैं।

367. 'कच्चा चिट्ठा खोलना' का उपयुक्त अर्थ है-

(a) सारा भेद खोल देना
(b) कच्चे काम को पक्का करना
(c) भेद छिपाना
(d) कान का कच्चा होना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (a) : 'कच्चा चिट्ठा खोलना' का अर्थ है – सारा भेद खोल देना। **वाक्य प्रयोग-** मेरा हिस्सा दे दो, नहीं तो तुम्हारा सारा कच्चा चिट्ठा खोल दूँगा। जबकि कान का कच्चा होना का अर्थ - हर एक की बात मान लेना होता है।

368. 'किताब का कीड़ा होना' का उपयुक्त अर्थ है-

(a) बहुमूल्य वस्तु को नष्ट करने वाला
(b) अनुपयुक्त जगह रहने वाला
(c) बहुत अधिक पढ़ने वाला
(d) ज्ञान का दुश्मन

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर. (c) : 'किताब का कीड़ा होना' का अर्थ है – बहुत अधिक पढ़ने वाला। **वाक्य प्रयोग-** वह तो किताबी कीड़ा है किसी खेल कूद में नहीं रहता। अन्य विकल्प असंगत हैं।

369. 'काठ मार जाना' का अर्थ है

(a) लाठी से चोट खाना।
(b) आश्चर्य चकित हो जाना।
(c) मर जाना।
(d) संज्ञाशून्य या चेतना रहित हो जाना।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : 'काठ मार जाना' मुहावरे का सही अर्थ है **आश्चर्य चकित हो जाना** जबकि 'मर जाना' अर्थ का मुहावरा है- काल के गाल में जाना।

370. 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' का अर्थ है-

(a) अपनी शर्म छिपाने के लिए व्यर्थ झुंझलाना
(b) अपने से बड़ों पर क्रोध करना
(c) कायरतापूर्ण व्यवहार करना
(d) किसी बात पर शर्मिंदा होकर क्रोध करना

राजस्व लेखपाल परीक्षा 2015
UP SI Batch III 2017

उत्तर : (a) 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' का अर्थ होता है– अपनी गलती को छिपाने के लिये दूसरे पर आरोप मढ़ना या अपनी शर्म छुपाने के लिए व्यर्थ झुंझलाना ।

371. 'खल की दवा, पीठ की पूजा' दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रस्तुत मुहावरे का उचित अर्थ दर्शाता है?

(a) लज्जित होकर बहुत क्रोध करना।
(b) केवल रूप बदलने से गुण नहीं बदलते।
(c) हर बीमारी का एक ही इलाज़।
(d) दुष्ट लोग पीटने से ही ठीक रहते हैं।

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'खल की दवा, पीठ की पूजा' मुहावरे का उचित अर्थ है– 'दुष्ट लोग पीटने से ही ठीक रहते हैं।'

372. 'खिचड़ी पकाना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) भोजन बनाना
(b) चावल-दाल मिलाकर बनाना
(c) किसी षड्यंत्र की तैयारी करना
(d) किसी के लिए खाना पकाना

नायब तहसीलदार, 1992

उत्तर : (c) 'खिचड़ी पकाना' मुहावरे का सही अर्थ 'किसी षड्यंत्र की तैयारी करना' है।

373. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है– ''खुशामद करना''?

(a) नखरे उठाना (b) नाक में दम करना
(c) नाक चढ़ाना (d) नाकों चने चबाना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a)

मुहावरा		अर्थ
नखरे उठाना	–	खुशामद करना
नाक में दम करना	–	तंग करना
नाक चढ़ाना	–	घृणा व्यक्त करना
नाकों चने चबाना	–	बहुत तंग होना

374. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है? ''खाना न पचना''

(a) पेट खराब होना (b) मन खराब हो जाना
(c) चैन न पड़ना (d) कब्जियत होना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) 'खाना न पचना' मुहावरे का सही अर्थ 'चैन न पड़ना' है। शेष तीनों असंगत हैं।

375. ''खराद पर चढ़ना'' का अर्थ कौन सा विकल्प है?

(a) शत्रु के आमने-सामने आना
(b) कठिनाई में पड़ना
(c) जाँच में आना
(d) सच्चाई का सामना करना

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (c): 'खराद पर चढ़ना' मुहावरे का अर्थ है– 'जाँच में आना'।

@RexstarPdf

376. ''प्रश्न करके परेशान करना''- कौन सा विकल्प इसके लिए उचित मुहावरा है?

(a) खोपड़ी खुजलाना (b) खोपड़ी गंजी करना
(c) खोपड़ी खाना (d) खोपड़ी मानना

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'प्रश्न करके परेशान करना वाक्य' के लिए उचित मुहावरा है– 'खोपड़ी खाना'।
- खोपड़ी गंजी करना- खूब पिटाई करना
- खोपड़ी मानना- बुद्धि का लोहा मानना

377. ''खटाई में पड़ना'' मुहावरे का आशय है।

(a) पछतावा होना (b) निर्णय न होना
(c) बहुत कष्ट होना (d) नुकसान होना

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (b) 'खटाई में पड़ना' मुहावरे का अर्थ है – 'निर्णय न होना'। 'पछतावा होना' वाक्य के लिए 'हाथ मलना' मुहावरा प्रयुक्त किया जा सकता है।

378. किस मुहावरे का अर्थ 'बहुत नाजुक होना' है?

(a) पानी-पानी होना।
(b) चूड़ियाँ पहनना।
(c) खिचड़ी खाते पहुँचा उतरना
(d) दूध के दाँत न टूटना।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : 'खिचड़ी खाते पहुँचा उतरना' मुहावरा का अर्थ 'बहुत नाजुक होना' है। अन्य मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है-

मुहावरा	अर्थ
पानी पानी होना	लज्जित होना
चूड़ियाँ पहनना	कायर होना
दूध के दाँत न टूटना	अनुभवहीन होना

379. किस मुहावरे का अर्थ 'बहुत डर जाना' है?

(a) खून पानी हो जाना। (b) खून सूखना।
(c) खून के आँसू रोना (d) खून सफेद होना।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'खून सूखना' मुहावरे का अर्थ 'बहुत डर जाना' है। अन्य मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है-

मुहावरा	अर्थ
खून के आँसू रोना	असह्य कष्ट या दुःख होना
खून सफेद होना	दया, मोह न रह जाना

380. 'खुदा गंजे को नाखून न दे' कहावत का अर्थ है-

(a) ओछे आदमी का धन और अधिकार पाना ठीक नहीं।
(b) आय से अधिक व्यय उचित नहीं।
(c) किसी की निन्दा करना गलत है।
(d) अधिकारहीन होना।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'खुदा गंजे को नाखून न दे' कहावत का अर्थ **'ओछे आदमी का धन और अधिकार पाना ठीक नहीं।'** है।

381. 'खेत रहना' का अर्थ है

(a) युद्ध में मारा जाना।
(b) खेत बचाने की चेष्टा।
(c) फसल की सुरक्षा के लिए खेत में निवास।
(d) खेत को गिरवी रख देना

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
CGPSC (Pre.) 2020
[UP TGT-2004]
[UP PGT-2002]
[UPPSC AE 2008]
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : 'खेत रहना' मुहावरे का सही अर्थ है- युद्ध में मारा जाना।

382. गंगा नहाना का अर्थ है-

(a) पवित्र होना
(b) कार्य पूरा कर निश्चिन्त होना
(c) नदी में स्नान करना
(d) प्रशंसा करना

DSSSB DASS Grade-II Tirer-I, 25/06/2017
परिचालक परीक्षा, 2015
SSS GD 05/03/2019, Shift-II

उत्तर : (b) 'गंगा नहाना' मुहावरे का अर्थ है, कार्य पूरा कर निश्चिन्त होना।

383. 'गुदड़ी का लाल' इस मुहावरे से क्या आशय है?

(a) निर्धन परिवार में धन का आना
(b) धोखेबाज मित्र
(c) निर्धन परिवार में गुणी का जन्म होना
(d) निर्धन परिवार में बेटे का जन्म होना

UPSI Batch-II 13 Dec. 2017
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (c) 'गुदड़ी का लाल' या 'गुदड़ी में लाल होना' मुहावरे का अर्थ है- 'निर्धन परिवार में गुणी का जन्म होना' या 'गरीबी में गुणवान होना' जैसे- यह भिखमंगा बड़ा कलाकार है, यों कहो कि गुदड़ी में लाल है।

384. 'गुड़ गोबर करना' दिए गए विकल्पों में से मुहावरे का उचित अर्थ कौन-सा है?

(a) भग्नाश होना
(b) अच्छा और बुरा एक करना
(c) मजा किरकिरा करना
(d) अच्छी चीज को बुरा कहना

UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-II
SSS GD 19/02/2019, Shift-II
UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (c) 'गुड़ गोबर करना' मुहावरे का उचित अर्थ होता है– 'मजा किरकिरा करना अथवा बना बनाया काम बिगाड़ देना'।

385. 'गंगाजली उठाना' मुहावरे का अर्थ है –

(a) गंगा नहाना (b) एक पात्र में गंगा जल भरना
(c) कसम खाना (d) बड़बोलापन

आडीटर परीक्षा, 1993

उत्तर : (c) गंगाजली उठाना मुहावरे का आशय कसम खाने से है; न कि गंगा नहाने, एक पात्र में गंगा जल भरने, गंगा जल छिड़कने और बड़बोलापन से।

@RexstarPdf

386. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(a) फूल की तरह खिलना (b) अति प्रसन्न होना
(c) दुर्लभ वस्तु (d) सुगन्धित होना

SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10 am)
GIC. PGT-2012
High Court ARO 2021
UPSSSC 2019 Shift I
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ 'दुर्लभ वस्तु' है। अन्य सभी विकल्प अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं हैं।

387. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है।
गागर में सागर भरना

(a) असम्भव काम करना
(b) थोड़े शब्दों में अधिक कहना
(c) मूर्खतापूर्ण काम करना
(d) सरस दोहों की रचना करना

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
MP TET (I-V) 2011
UP PCL EXAM 2018
UPPCL JE Electrical, 2018
SSS GD 14/02/2019, Shift-III

उत्तर. (b) : गागर में सागर भरना, मुहावरे का सही अर्थ 'थोड़े शब्दों में अधिक कहना है।

388. 'कठिन कार्य में सफलता प्राप्त करना'-इस वाक्य के लिए उचित मुहावरा चुनिये।

(a) जान हथेली पर रखना (b) छक्के छुड़ाना
(c) गढ़ जीत लेना (d) गंगा नहाना

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'कठिन कार्य में सफलता प्राप्त करना' इस मुहावरे का सही अर्थ है– 'गढ़ जीत लेना', जबकि 'जान हथेली पर रखना' का अर्थ 'प्राणों की परवाह न करना', 'छक्के छुड़ाने' का अर्थ 'खूब परेशान करना' तथा 'गंगा नहाना' का अर्थ 'कठिन कार्य का पूरा होना' होता है।

389. 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है

(a) पुरातात्त्विक उत्खनन कार्य।
(b) कब्र खोदना
(c) पुरानी विस्मृत बातों की चर्चा करना।
(d) मुर्दों का व्यापार करना।

[UPPSC AE 2008]
SSS GD 18/02/2019, Shift-II

उत्तर. (c) : 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है- पुरानी विस्मृत बातों की चर्चा करना। जबकि 'कब्र खोदना' का अर्थ है- किसी को हानि पहुँचाने का उपाय करना।

390. घड़ी में तोला घड़ी में माशा का अर्थ है –

(a) बहुत ही नाजुक मिजाज
(b) डण्डी मारने में कुशल व्यापारी
(c) ऐसा व्यापार जिसमें एक पल मुनाफा हो तो दूसरे कहीं नुकसान
(d) जरा सी बात पर खुश और नाराज होना

UP TGT 2002

उत्तर : (d) 'घड़ी में तोला घड़ी में माशा' इस (लोकोक्ति) का अर्थ है - जरा सी बात पर खुश और नाराज होना।

391. घर का जोगी जोगड़ा

(a) गृहस्थ कभी योगी नहीं हो सकता
(b) सच्ची साधना गृहस्थ ही करता है
(c) निकटवर्ती व्यक्ति उपेक्षित रहता है
(d) घर में ढोंग नहीं छिप सकता

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : घर का जोगी जोगड़ा लोकोक्ति का अर्थ है- 'निकटवर्ती व्यक्ति उपेक्षित रहता है'। अन्य विकल्प असंगत हैं।

392. दिए हुए में से कौन सा विकल्प ''घड़ियाँ गिनना'' का अर्थ दर्शाता है?

(a) बहुत बैचेनी से इंतजार करना
(b) अधिक बीमार होना
(c) बहुत कमजोर होना
(d) मृत्यु का समय दूर होना

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'घड़ियाँ गिनना' मुहावरे का अर्थ है– 'बहुत बेचैनी से इंतजार करना'।

393. ''घी–खिचड़ी होना'' इस कहावत का अर्थ बताएं।

(a) खूब घुलना–मिलना
(b) पौष्टिकता में वृद्धि होना
(c) स्वाद बढ़ाना
(d) मकर संक्रांति पर्व मनाना

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (a) घी खिचड़ी होना कहावत का अर्थ है– 'खूब मिलना-जुलना। जैसे- पड़ोसियों को घी खिचड़ी होकर रहना चाहिए।

394. मुहावरा 'घड़ों पानी पड़ जाना' का सही अर्थ है-

(a) स्नान करना (b) परेशान करना
(c) अत्यंत लज्जित होना (d) सिर पर पानी डालना

UP PGT-2000
[UPPSC AE-2008]
[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (c) : 'घड़ों पानी पड़ जाना' मुहावरे का सही अर्थ 'अत्यंत लज्जित होना' है।

395. चोरी करके तुमने ऐसा कार्य किया है कि तुम्हें ..... चाहिए। सही मुहावरे को छाँटकर वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) चादर तानकर सोना
(b) छठी का दूध याद आना
(c) चुल्लू भर पानी में डूब मरना
(d) चैन की बंसी बजाना

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) ''चोरी करके तुमने ऐसा कार्य किया है कि तुम्हें चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।'' जिसका अर्थ- 'शर्म के कारण मुँह न दिखाना' होता है।

मुहावरा	अर्थ
1. चादर तानकर सोना –	निश्चिंत होना
2. छठी का दूध याद आना –	बहुत कष्ट होना
3. चैन की बंसी बजाना –	सुख से समय बिताना

@RexstarPdf

396. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ 'असंभव होना' नहीं होगा :

(a) चांद पर थूकना (b) खरगोश के सींग निकलना
(c) पानी से घी निकलना (d) बालू से तेल निकलना

DSSSB Forest Gaurd Exam, 28/09/2014
UP PGT 2002

उत्तर : (a) विकल्प में दिए गए मुहावरों में से 'चाँद पर थूकना' मुहावरे का अर्थ निर्दोष पर कलंक लगाना है। शेष तीनों मुहावरे– खरगोश के सींग निकलना, पानी से घी निकलना, बालू से तेल निकलना का अर्थ असंभव होना है।

दिए गए मुहावरे-लोकोक्तियों का सही अर्थ छाँटिए:

397. 'चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना' का अर्थ है:

(a) तेजी से चलना (b) घबरा जाना
(c) जवाब न देना (d) क्रोधित होना

NVS. PGT. 2014
SSC GD 13/02/2019, Shift-II

उत्तर : (b) 'चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना' का अर्थ है- 'घबरा जाना'।

398. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है?
''चक्कर में डालना''

(a) धोखा देना (b) चकित करना
(c) चक्कर मारना (d) घुमा देना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) 'चक्कर में डालना' मुहावरे का अर्थ 'चकित करना' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

399. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है– ''घूस देना''?

(a) गाल बजाना (b) घड़ा खोदना
(c) चार चाँद लगाना (d) चांदी का जूता देना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (d)

मुहावरा	अर्थ
गाल बजाना	– डींग मारना
चार चाँद लगाना	– चौगुनी शोभा या इज्जत होना
चाँदी का जूता देना	– घूस देना/रुपये का जोर

400. 'चिराग गुल पगड़ी गायब' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) मौका मिलते ही धन को उड़ा दिया जाना।
(b) अंधेरा होने पर संख्या समय
(c) दीया बुझाना
(d) चिराग में पगड़ी सटाना।

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'चिराग गुल पगड़ी गायब' मुहावरे का अर्थ मौका मिलते ही धन को उड़ा दिया जाना है। जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ को व्यक्त करे ऐसे वाक्यांश को 'मुहावरा' कहते हैं।

401. 'चमड़ी जाय पर दमड़ी न जाय' मुहावरे का अर्थ है-

(a) बहुत कंजूस होना
(b) अत्यधिक खर्चीला होना
(c) चमड़े का व्यापार करना
(d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 20.07.2017 Shift II]
UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (a): 'चमड़ी जाय पर दमड़ी न जाय' मुहावरे का अर्थ 'बहुत कंजूस होना' है। मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ अभ्यास होता है। हिन्दी में ऐसे वाक्यांश को मुहावरा कहा जाता है, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़ कर विशेष अर्थ को व्यक्त करते हैं।

402. 'चिकना घड़ा होना' का क्या तात्पर्य है?

(a) चिकना होना (b) समृद्ध होना
(c) निर्लज्ज होना (d) भयभीत होना

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
[UPSI 24.07.2017 Shift I]
DSSSB वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा, 22/06/2014

उत्तर. (c) 'चिकना घड़ा होना' का सही अर्थ 'निर्लज्ज होना' होता है।

दिए गए मुहावरे-लोकोक्तियों का सही अर्थ छाँटिए:

403. 'छछून्दर के सिर में चमेली का तेल' का अर्थ है -

(a) दान के लिए सुपात्र न होना
(b) गंजे व्यक्ति के सिर पर सुगन्धित तेल लगाना
(c) बिल्कुल अनपढ़ व्यक्ति को धन मिलना
(d) अयोग्य व्यक्ति को अच्छा पद मिलना

NVS. PGT. 2014
[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर : (d) 'छछून्दर के सिर पर चमेली का तेल' का अर्थ है- 'अयोग्य व्यक्ति को अच्छा पद मिलना'।

404. 'छक्का-पंजा करना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(a) झगड़ा लगाना
(b) ओछी हरकत से कार्य सिद्ध करना
(c) चापलूसी करना
(d) नारदगीरी करना

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'छक्का पंजा करना' मुहावरे का सही अर्थ ओछी हरकत से कार्य सिद्ध करना है जबकि झगड़ा लगाना, चापलूसी करना तथा नारदगीरी करना मुहावरे के अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है।

405. 'छठी का दूध याद आना' का सही अर्थ क्या है?

(a) बुरा हाल होना (b) पराजित होना
(c) बचपन की याद करना (d) भूख लगना

UP TGT 2011

उत्तर : (a) 'छठी का दूध याद आना' मुहावरे का सही अर्थ है-'बुरा हाल होना'। जबकि पराजित होना के लिए 'मुँह की खाना', 'भूख लगना' के लिए 'पेट में चूहे दौड़ना' मुहावरों का प्रयोग किया जाता है।

406. किस मुहावरे का अर्थ 'ईर्ष्या से हृदय जल उठना' है?

(a) छाती पर साँप लोटना। (b) आठ-आठ आँसू रोना।
(c) कुआँ-खोदना। (d) मिट्टी पलीद करना।

[UPPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : 'छाती पर साँप लोटना' मुहावरे का अर्थ 'ईर्ष्या से हृदय जल उठना' है। अन्य मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है-

मुहावरा	अर्थ
आठ आठ आँसू रोना	बहुत अधिक रोना
कुआँ खोदना	किसी को हानि पहुँचाने की कोशिश करना
मिट्टी पलीद करना	दुर्दशा करना।

@RexstarPdf

407. ''जमीन आसमान एक करना'' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) पूरी तरह से नष्ट करना। (b) घोर प्रयत्न करना।
(c) मतलब निकालना। (d) व्यर्थ का कार्य करना।
UPSI Batch - I 20 Dec.2017
SSS GD 13/02/2019

उत्तर. (b) : 'जमीन आसमान एक करना' का अर्थ 'घोर प्रयत्न करना' होता है।

408. ''अपने कठिन परिश्रम से व्यापार में लोग अपनी जड़ जमा लेते हैं।'' रेखांकित मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) आस जगाना (b) स्थिति डाँवाडोल करना
(c) स्थिति हिला देना (d) स्थिति मजबूत करना
UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (d) प्रश्नगत रेखांकित मुहावरे 'जड़ जमा लेना' का अर्थ है– 'स्थिति मजबूत करना'।
वाक्य प्रयोग–कमलेश ने चूड़ी व्यापार में अपनी जड़ें जमा ली हैं।

409. 'जमीन पर पैर न पड़ना' इस मुहावरे का सही अर्थ बताइए।
(a) कल्पनाशील होना (b) थक जाना
(c) नाजुक होना (d) अभिमानी होना
UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'जमीन पर पैर न पड़ना' इस मुहावरे का सही अर्थ है– 'अभिमानी होना'। 'कल्पनाशील होना' के लिए 'खयाली पुलाव पकाना' तथा 'थक जाना' के लिए 'अंग-अंग ढीला होना' मुहावरे प्रयुक्त होते हैं।

410. ''जबरदस्ती चिपका हुआ''। इसके अर्थ को दर्शाता सही मुहावरा दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?
(a) नाक में नकेल डालना (b) नाकों चने चबाना
(c) गले का ढोल (d) गले पड़ना
UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (d) ''जबरदस्ती चिपका हुआ'' के लिए उचित मुहावरा होगा 'गले पड़ना'। प्रश्नगत शेष मुहावरों के अर्थ इस प्रकार हैं–

मुहावरा		अर्थ
नाक में नकेल डालना	–	वश में करना
नाको चने चबाना	–	परेशान होना
गले का ढोल	–	विवश होकर कोई काम करना

411.'जबान पर लगाम न होना'
(a) स्पष्टवादी होना
(b) अनावश्यक रूप से स्पष्टवादी होना
(c) सदैव कठोर वचन कहना
(d) सर्वत्र अपनी वाग्मिता दिखाना
जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015
[UPPSC AE 2013]

उत्तर : (b) 'जबान पर लगाम न होना' मुहावरे का अर्थ है, अनावश्यक रूप से स्पष्टवादी होना।

412. ''जूते चाटना का अर्थ है-
(a) इधर-उधर घूमना
(b) घूस देना
(c) जूतों को चमकदार बनाना
(d) खुशामद करना
राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) 'जूते चाटना' का अर्थ है किसी की जरूरत से ज्यादा तारीफ करना अर्थात् उसकी खुशामद करना है।

413. 'जूतम पैजार' मुहावरे का अर्थ है–
(a) लड़ाई-झगड़ा होना (b) लूट मचना
(c) छीनाझपटी करना (d) किसी वस्तु की बहुतायत
कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015

उत्तर: (a) 'जूतम पैजार' मुहावरे का सही अर्थ 'लड़ाई-झगड़ा होना' है।

414. 'जूतियों में दाल बाँटना' मुहावरे का सही अर्थ है –
(a) दु:खी होना (b) अपमान करना
(c) चापलूसी करना (d) लड़ाई–झगड़ा हो जाना
UP PGT 2000

उत्तर : (d) 'जूतियों में दाल बाँटना' मुहावरे का अर्थ है- लड़ाई-झगड़ा हो जाना। अपमान करना 'हुज्जत करना' मुहावरे का अर्थ है। चापलूसी करना 'अंगूठा चूमना' मुहावरे का अर्थ है।

415. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है?
''जबान पर चढ़ना''
(a) याद होना (b) मुंह में आ जाना
(c) स्वादिष्ट लगना (d) भूख लगना
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'जबान पर चढ़ना' मुहावरे का सही अर्थ– 'याद होना' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

416. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है–''काम से बचने के लिए बहाना बनाना''?
(a) दम साधना (b) जी चुराना
(c) जी छोटा होना (d) जी मचलना
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये विकल्पों में 'जी चुराना' मुहावरे का अर्थ 'काम से बचने के लिए बहाना बनाना' है, शेष विकल्प असंगत हैं।

417. 'जैसे नाग नाथ वैसे साँप नाथ' का अर्थ है-
(a) दोनों एक से (b) दोनों अलग
(c) दोनों विषधर (d) दोनों अयोग्य
[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'जैसे नाग नाथ वैसे साँप नाथ' दोनों का अर्थ एक जैसा होना। जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ को व्यक्त करे, ऐसे वाक्यांश को मुहावरा कहा जाता है।

418. दिए गये विकल्पों में से किसमें निम्नलिखित मुहावरे का सही आशय स्पष्ट किया गया है?
''टोपी उछालना''
(a) बेवजह प्रशंसा करना (b) ध्यान खींचना
(c) ध्यान भटकाना (d) अपमानित करना
UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) 'टोपी उछालना' मुहावरे का अर्थ 'अपमानित करना' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

419. 'तलवे चाटना' इस मुहावरे का प्रयोग तब होता है जब कोई-
(a) पाँव दबाता है (b) चापलूसी करता है
(c) इधर-उधर की हाँकता है
(d) तलवों में छाले हो जाते हैं
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016
[UPPSC AE-2008]

@RexstarPdf

उत्तर:(b) 'तलवे-चाटना' मुहावरे का उचित अर्थ है- 'चापलूसी करना'। शेष विकल्प असंगत हैं।

420. तेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर

(a) पर्याप्त परिश्रम करना चाहिए
(b) पर्याप्त विश्राम करना चाहिए
(c) साधनों के अनुसार रहन सहन होना चाहिए
(d) साधनों से अधिक आकांक्षाएँ होनी चाहिए

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : तेते पाँव पसारिए जेती लंबी सौर लोकोक्ति का अर्थ है- 'साधनों के अनुसार रहन-सहन होना चाहिए'। अन्य तीनों विकल्प असंगत हैं।

421. तलवार की धार पर चलना

(a) नुकीला होना (b) पराजित कर देना
(c) ईर्ष्या करना (d) कठिन कार्य करना

वन रक्षक परीक्षा, 2015
SSS GD 11/03/2019, Shift-III

उत्तर : (d) 'तलवार' की धार पर चलना' मुहावरे का अर्थ 'कठिन कार्य करना' होता है।

422. 'तन पर नहीं लत्ता, पान खाये अलबत्ता' का सही अर्थ होगा–

(a) बुरी आदत का शिकार होना
(b) झूठा दिखावा करना
(c) बहुत गरीब होना
(d) रोब डालना

UP PGT 2010

उत्तर : (b) 'तन पर नहीं लत्ता, पान खाये अलबत्ता' का सही अर्थ 'झूठा दिखावा करना' होता है।

423. 'तिलांजलि देना'– इस मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दर्शाता है?

(a) मार देना (b) जला देना
(c) त्याग देना (d) नाश कर देना

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (c) 'तिलांजलि देना' मुहावरे का उचित अर्थ 'त्याग देना' होता है।
वाक्य प्रयोग–कमलेश ने तम्बाकू खाने की लत को तिलांजलि दे दी।

424. 'तालू में जीभ न लगना' का अर्थ है –

(a) भूख से तड़पना (b) प्यास से परेशान होना
(c) चुप न रहना (d) स्वाद न मिलना

उत्तर : (c) तालू में जीभ न लगना का अर्थ है - चुप न रहना, अर्थात् ज्यादातर बोलते रहना, बकवास करते रहना।

425. एक वाक्य में मुहावरे का प्रयोग सही नहीं है

(a) उसकी बातों से मेरे कान खड़े हो गये।
(b) मेरे कान मत खाओ।
(c) तुम्हारे बालों में जूँ भरी है पर कान पर जूँ नहीं रेंग रही।
(d) तुम्हारी बे सिर-पैर की बातों से मेरे कान पक गये।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c): तुम्हारे बालों में जूँ भरी है पर कान पर जूँ नहीं रेंग रही। वाक्य में मुहावरे का सही प्रयोग नहीं है।

मुहावरा	अर्थ
कान खड़े होना	होशियार होना या सचेत होना
कान खाना	बेकार की बातें करना
कान पर जूँ न रेंगना	कुछ भी परवाह न करना
कान पकना	फिजूल की बातें करना

426. 'त्रिशंकु होना' का उपयुक्त अर्थ है-

(a) चारों और ध्यान होना (b) किसी ओर का न रहना
(c) तीन तरफ ध्यान होना (d) केवल ऊपर देखना

[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]
SSS GD 03/03/2019, Shift-I

उत्तर. (b) : 'किसी ओर का न रहना' – 'त्रिशंकु होना' का उपयुक्त अर्थ है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

427. 'दोहरा लाभ' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है-

(a) अंधे के हाथ बटेर
(b) भागते भूत की लँगोटी ही सही
(c) अंत भला सो भला
(d) आम के आम गुठलियों के दाम

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (d)

लोकोक्ति		अर्थ
आम के आम गुठलियों के दाम	–	दोहरा लाभ
अंधे के हाथ बटेर	–	बिना प्रयास बड़ी वस्तु पाना
भागते भूत की लंगोटी ही सही	–	जो मिल जाये वही काफी
अन्त भला तो सब भला	–	परिणाम अच्छा तो सब कुछ अच्छा

428. 'आश्चर्य' से संबंधित मुहावरा/लोकोक्ति है:

(a) दाँतों तले तिनका दबाना
(b) दाँतों तले उंगली दबाना
(c) 32 दाँतों के तले जीभ का होना
(d) हाथों से तोते उड़ना

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : दाँतों तले उंगली दबाना आश्चर्य से संबंधित है, जिसका अर्थ है-'दंग रह जाना'। अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

429. ''द्रौपदी का चीर'' का अर्थ है–

(a) नारी का अपमान करना (b) शर्मनाक कार्य
(c) कभी समाप्त न होना (d) सुन्दर स्त्री

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
UP SI 2017 Shift II

उत्तर : (c) 'द्रौपदी का चीर' मुहावरे का अर्थ 'कभी न समाप्त होने वाला या अनन्त' है।

430. दिए गये विकल्पों में से किसमें निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ दिया गया है?
'दाँत काटी रोटी'

(a) समाज से बाहर (b) असाधारण घटना
(c) पक्की मित्रता (d) बिलकुल बेकार

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा 2018
UP SSSC वन रक्षक 2018

@RexstarPdf

उत्तर: (c) दिये गये मुहावरे 'दाँत काटी रोटी' का उपयुक्त अर्थ 'पक्की मित्रता' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

इन प्रश्नों में कुछ मुहावरे दिए गए हैं। प्रत्येक के नीचे चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। मुहावरों का सही अर्थ चुनिए–

431. दाँत पीसना

(a) क्रोध प्रकट करना
(b) चुप हो जाना
(c) पूरी बात न कहना
(d) चबा–चबा कर भोजन करना

UPPCL TG2 2016

उत्तर : (a) 'दाँत पीसना' मुहावरे का उचित अर्थ है– 'क्रोध प्रकट करना'। शेष अन्य विकल्प असंगत हैं।

432. 'दुर्गति करना' अर्थ को व्यक्त करने के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(a) धज्जियाँ उड़ाना (b) पगड़ी उछालना
(c) नाक रगड़ना (d) नाकों चने चबवाना

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017

उत्तर : (a) 'दुर्गति करना' अर्थ को व्यक्त करने के लिए उपयुक्त मुहावरा 'धज्जियाँ उड़ाना' है, जबकि 'पगड़ी उछालना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ 'इज्जत उतारना', 'नाक रगड़ना', मुहावरे का उपयुक्त अर्थ 'मिन्नत करना' तथा 'नाकों चने चबाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ 'खूब तंग करना' है।

433. निम्नलिखित में से मुहावरा कौन-सा है ?

(a) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।
(b) दाँत खट्टे करना।
(c) नाच न जाने आँगन टेढ़ा।
(d) दूर के ढोल सुहावने।

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017
[UPSI 21.07.2017 Shift-II]

उत्तर : (b) 'दाँत खट्टे करना' एक मुहावरा है, जिसका उपयुक्त अर्थ 'पस्त करना' हैं, जबकि 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी', 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' तथा 'दूर के ढोल सुहावने' प्रचलित लोकोक्ति हैं जिसका अर्थ क्रमशः - 'न बड़ा प्रबंध होगा न काम होगा,' 'खुद तो ज्ञान नहीं रखना और दूसरों को दोष देना' तथा 'दूर से कोई भी चीज अच्छी लगती है' होता है।

434. 'दूध का धुला होना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) निर्दोष होना (b) दोषी होना
(c) पाप करना (d) चोरी करना

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)

उत्तर : (a) 'दूध का धुला होना' मुहावरे का अर्थ 'निर्दोष होना या निष्कलंक होना' है।

435. 'दूर के ढोल सुहावने लगना। इस मुहावरे का सही अर्थ बताइए।

(a) परनिन्दा अच्छी लगना।
(b) अनदेखी वस्तु भाना
(c) कानों सुनी बात पर विश्वास करना।
(d) ढोल की ध्वनि दूर से ही अच्छी सुनाई पड़ती है।

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (b) 'दूर के ढोल सुहावन लगना' का अर्थ होता है– 'अनदेखी वस्तु भाना होता है।'

436. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है?
''दमड़ी के तीन होना''

(a) परास्त हो जाना (b) बहुत सस्ता होना
(c) मर जाना (d) ध्वस्त हो जाना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b)

मुहावरा		अर्थ
मुँह की खाना	–	परास्त हो जाना
दमड़ी के तीन होना	–	बहुत सस्ता होना
काल की गाल में जाना	–	मर जाना
ईंट से ईंट बजना	–	ध्वस्त हो जाना

437. 'दिनों का फेर होना'- मुहावरे का अर्थ बताएँ।

(a) अजीब हालत होना (b) बहुत जल्दी- जल्दी होना
(c) भाग्य का चक्कर (d) दिन काटे न कटना

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (c) : 'दिनों का फेर होना' मुहावरें का अर्थ 'भाग्य का चक्कर होना' होता है।

438. आजकल के बच्चे माता-पिता की आँखों में धूल झोंकने में कुशल हैं। रेखांकित का अर्थ होता है:

(a) धोखा देना (b) उपद्रव करना
(c) मान न देना (d) घमंड दिखाना

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (a) आजकल के बच्चे माता-पिता की आँखों में धूल झोंकने में कुशल हैं। रेखांकित अंश का अर्थ 'धोखा देना' होता है।

439. वाक्य में प्रयुक्त लोकोक्ति का उचित शाब्दिक अर्थ- FRESH-BLOOD

(a) ताजा खून (b) स्वच्छ खून
(c) नया खून (d) साफ खून

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) "FRESH-BLOOD" लोकोक्ति का उचित शाब्दिक अर्थ- 'नया खून' होता है जबकि ताजा खून, स्वच्छ खून या साफ खून लोकोक्ति के अर्थ के दृष्टि से असंगत हैं।

440. सही विकल्प को चुनकर निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए: 'नाच न आवे.....टेढ़ा'

(a) उंगली (b) पैर
(c) आँगन (d) घड़ों

UPSI Batch-III 13 Dec. 2017
KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर. (c) : दिये गये रिक्त स्थान में 'आँगन' शब्द भरा जायेगा, अतः पूर्ण लोकोक्ति इस प्रकार होगी- 'नाच न आवे आँगन टेढ़ा।'

441. निम्नलिखित में से कौन गलत सुमेलित है?

(a) अँगूठे पर मारना – परवाह न करना
(b) कान काटना – मात करना
(c) नजर करना – भेंट करना
(d) नजर पर चढ़ना – आँख बचाना

UP PGT 2000

@RexstarPdf

उत्तर: (d) प्रश्नगत विकल्पों में 'नजर पर चढ़ना - आँख बचाना' जोड़ा सुमेलित नहीं है। 'नजर पर चढ़ना' मुहावरे का अर्थ होता है - खटकना अथवा सन्देह हो जाना।

442. 'नाक कटना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) खून बहना (b) बदनामी होना
(c) नुकसान होना (d) इज्जत करना

DSSSB TGT Hindi 15/09/2018, II Shift
UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift

उत्तर : (b) 'नाक कटना' मुहावरे का सही अर्थ 'बदनामी होना' होता है।

443. ''नौ-दो ग्यारह होना''– इस मुहावरे का अर्थ दिए हुए में से कौन सा विकल्प दर्शाता है?

(a) गायब कर देना (b) बहुत से मित्र इकट्ठे होना
(c) भाग जाना (d) नौ और दो गिनना

UPSSSC JA Baclog 19.02.2019
DSSSB TGT Hindi 15/09/2018
DSSSB TGT Maths, 22/09/2018
UPSI Batch-III 19 Dec. 2017
AHC Group D 2017
DSSSB फायर ऑपरेटर परीक्षा 31/08/2014
UP TGT 2005

उत्तर. (c) : 'नौ दो ग्यारह होना' का अर्थ है- भाग जाना।

444. नमक-मिर्च लगाना, इस मुहावरे के उचित अर्थ का चयन करें।

(a) ईर्ष्या करना (b) बढ़ा-चढ़ाकर कहना
(c) तीखा खाना (d) गुस्सा दिलाना

UPSI Batch - III 16 Dec.2017
SSS GD 19/02/2019, Shift-II

उत्तर : (b) 'नमक मिर्च लगाना' मुहावरे का अर्थ है– बढ़ा–चढ़ाकर कहना, जैसे- जरा सी बात पर, लड़की ने नमक मिर्च लगाकर प्रधानाचार्य से शिकायत की।

445. 'नई ज़मीन तोड़ना' के चार अर्थ दिये गये हैं, सही का चयन कीजिए :–

(a) पुराने को मिटाना (b) लिखे हुए को काटना
(c) अनूठा प्रयोग (d) बड़ी लकीर खींचना

UP PGT 2013

उत्तर : (c) 'नयी जमीन तोड़ना' का सही अर्थ 'अनूठा प्रयोग' होता है।

उद्धृत किये गए मुहावरों का सही अर्थ बताइए।

446. नाक रगड़ना

(a) खुजली करना
(b) माफ़ी माँगना
(c) नाक में फुंसी होने पर रगड़ना
(d) अर्थ ज्ञात नहीं

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (b) 'नाक रगड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है-माफी माँगना। शेष दिए गए विकल्प असंगत है।

447. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है?
'नाक में दम होना'

(a) तंग होना (b) परास्त हो जाना
(c) मर जाना (d) ध्वस्त हो जाना

DSSSB Grade, 11/06/2017
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'नाक में दम होना' मुहावरा का अर्थ है- तंग होना 'मुहावरा' मूलतः अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ बात-चीत करना या उत्तर देना होता है।

448. दिए गए विकल्पों में से किसमें निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ समझाया गया है?
'नाक रखना'

(a) मान रखना (b) घमण्डी होना
(c) सजग रहना (d) हस्तक्षेप करना

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (a) 'नाक रखना' मुहावरे का अर्थ 'मान रखना' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

449. 'बेइज्जत करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है-

(a) पाँव उखाड़ना (b) बखिया उधेड़ना
(c) पगड़ी उछालना (d) भीगी बिल्ली बनना

इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017

उत्तर : (c) 'बेइज्जत करना' मुहावरे का अर्थ 'पगड़ी उछालना' होता है।

450. 'पानी पीकर जात पूछना' का अर्थ है-

(a) अनोखा काम करना
(b) विपरीत काम करना
(c) काम निकलने के बाद सोचना
(d) आराम से विचार करना

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'पानी पीकर जात पूछना' मुहावरे का अर्थ 'काम निकलने के बाद सोचना' होता है।

451. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ क्या है?
''पानी देवा ना नाम लेवा''

(a) अपमानित करना
(b) वंश का बिल्कुल नाश हो जाना
(c) दखल देना
(d) नष्ट कर देना

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) दिये गये मुहावरे 'पानी देवा ना नाम लेवा' का अर्थ 'वंश का बिल्कुल नाश हो जाना' है।

452. निम्नलिखित मुहावरे/कथन/सूक्ति का हिन्दी भाषा में क्या आशय होता है?
''पत्थर की लकीर''

(a) गोपनीय बात (b) पक्की बात
(c) धुंधली यादें (d) नजरों का धोखा

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (b) दिये गये मुहावरे **'पत्थर की लकीर'** का उपयुक्त अर्थ 'पक्की बात' होता है।

इन प्रश्नों में कुछ मुहावरे दिए गए हैं, प्रत्येक के नीचे चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। मुहावरे का जो अर्थ सही हो, उसे चुनिए।

@RexstarPdf

453. पानी-पानी होना

(a) क्षमा माँगना (b) बहुत लज्जित होना
(c) घबड़ा जाना (d) रोने लगना

DSSSB, PRT 15/11/2019, II Shift
UPPCL RO/ARO, 2016
UPPSC AE 2008

उत्तर : (b) 'पानी–पानी होना' मुहावरे का अर्थ 'बहुत लज्जित होना' होता है।

454. ''पुराने रीति-रिवाजों में जकड़ा होना'' पर आधारित मुहावरा, दिए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प है?

(a) ढाक के तीन पात (b) लकीर का फकीर
(c) मक्खी पर मक्खी मारना (d) सीधी राह चलना

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (b) :

मुहावरे	अर्थ
लकीर का फकीर होना	– पुराने रीति-रिवाजों में जकड़ा होना
ढाक के तीन पात होना	– सदा एक ही दशा में रहना।
मक्खी पर मक्खी मारना	– बेकार बैठे रहना।

455. 'पारा न उतरना' इस मुहावरे का उचित अर्थ क्या है?

(a) शांत होना (b) घमंड दिखाना
(c) अशांत होना (d) हद कर देना

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (c) 'पारा न उतरना' का उचित अर्थ है- अशांत होना। शेष विकल्प मुहावरे के अर्थ की दृष्टि से उचित नहीं हैं।

456. दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प मुहावरा है?

(a) नाम बड़े और कथन छोटे
(b) पत्थर की लकीर होना
(c) बल्ब तले अंधेरा
(d) कंगाली में चावल गीला

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (b) 'पत्थर की लकीर होना' मुहावरा है। शेष तीनों विकल्प लोकोक्ति हैं। जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है– नाम बड़े और दर्शन छोटे, चिराग तले अंधेरा, कंगाली में आटा गीला। इन मुहावरों एवं लोकोक्तियों के अर्थ इस प्रकार हैं–
पत्थर की लकीर होना– अटल इरादा होना या पक्की बात होना।
नाम बड़े और दर्शन छोटे– प्रसिद्धि के अनुसार गुण न होना।
चिराग तले अंधेरा– निकट के दोष को न देख पाना या भलाई में बुराई।
कंगाली में आटा गीला– विपत्ति पर विपत्ति आना।

457. 'पुराने चावल' मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?

(a) आकांक्षी (b) शातिर
(c) अनुभवी (d) घमण्डी

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (c) 'पुराने चावल' मुहावरे का सही अर्थ 'अनुभवी' होता है।

458. ''पाप की पराकाष्ठा होना'' इस मुहावरे का अर्थ बताएं।

(a) पाप उदय होना (b) पाप मोल लेना
(c) पाप कमाना (d) पाप का घड़ा भरना

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर: (d) 'पाप की पराकाष्ठा होना' का अर्थ 'पाप का घड़ा भरना' होता है।

459. 'पौ बारह होना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) उपद्रव करना (b) भाग खड़ा होना
(c) हानि में रहना (d) अति लाभ में होना

DSSSB Grade IV Exam 17/09/2017
परिचालक परीक्षा -2015
UK PSC AE 2012
GIC PGT 2009
[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (d) : पौ बारह होना मुहावरे का सही अर्थ है- अति लाभ में होना जबकि धमाचौकड़ी मचाना मुहावरे का अर्थ 'उपद्रव करना', नौ दो ग्यारह होना मुहावरे का अर्थ 'भाग खड़ा होना' और चपत लगना मुहावरे का अर्थ 'हानि में रहना' होता है।

460. 'पीठ फेर लेना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) उदासीन हो जाना (b) परास्त हो जाना
(c) करवट बदलना (d) असावधान रहना

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : पीठ फेर लेना मुहावरे का सही अर्थ 'उदासीन हो जाना' है जबकि मुँह की खाना मुहावरे का अर्थ 'परास्त हो जाना' है, बेचैन होना मुहावरे का अर्थ 'करवट बदलना' है तथा सतर्क न होना मुहावरे का अर्थ असावधान रहना है।

461. 'पहाड़ टूट पड़ना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है

(a) बारूद से पहाड़ तोड़ना। (b) भारी विपत्ति आना।
(c) बीमार पड़ना। (d) आर्थिक हानि होना।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'पहाड़ टूट पड़ना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है- **भारी विपत्ति आना।**

462. 'फूँक-फूँक कर कदम रखना' मुहावरे का अर्थ है

(a) धीरे-धीरे चलना
(b) डर कर कदम रखना
(c) फूँक मारते हुए पैर रखना
(d) सोच-विचार कर काम करना

Ashram Paddhati PGT. 2012
SSS GD 01/03/2019, Shift-I

उत्तर : (d) 'फूँक-फूँक कर कदम रखना' मुहावरे का अर्थ 'सोच-विचार कर काम करना होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

463. निम्नलिखित में से 'बहुत प्रसन्न होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन सा है?

(a) बाजी मारना (b) बांसों उछालना
(c) छक्के छुड़ाना (d) रोंगटे खड़े होना

DSSSB TGT Hindi 28/08/2018, II Shift
UPPCL JE Electrical, 2015

उत्तर (b) : 'बाँसों उछालना' मुहावरे का अर्थ 'बहुत प्रसन्न होना' होता है।' अन्य के अर्थ इस प्रकार हैं-

- बाजी मारना- आगे निकलना
- छक्के छुड़ाना –पूरी तरह परास्त कर देना तथा
- रोंगटे खड़े होना – हर्ष या भय से रोमांच होना।

@RexstarPdf

464. निम्नलिखित वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा/लोकोक्ति है:
आतंकवाद का मुकाबला ..... नहीं है।
(a) भीगी बिल्ली होना (b) बहती गंगा में हाथ धोना
(c) बाएँ हाथ का खेल (d) मक्खी मारना
DSSSB TGT English, 02/09/2018
NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : दिये गये रिक्त स्थान की पूर्ति 'बाएँ हाथ का खेल' से होगी। अतः पूर्ण वाक्य होगा- आतंकवाद का मुकबला बाएँ हाथ का खेल नहीं है। शेष विकल्प असंगत हैं।

465. ''बालू से तेल निकालना।'' दिए गए विकल्पों में से मुहावरे के सही अर्थ का चयन करें।
(a) बालों से तेल निकालना
(b) असम्भव को सम्भव करना
(c) मूखर्ता करना
(d) जमीन से कच्चा तेल निकालना
UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (b) 'बालू से तेल निकालना' मुहावरे का सही अर्थ है – ''असम्भव को सम्भव करना।''

466. बीमारी तथा व्यापार में घाटा होने के कारण बेचारे रामदेव पर बिजली सी गिर पड़ी
(a) वज्रपात होना
(b) झटका लगना
(c) बड़ी विपत्ति का आना
(d) बरसात में बिजली का चमकना
UPPCL TG2, 2014

उत्तर. (c) : वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे 'बिजली गिरना' मुहावरे का अर्थ है–बड़ी विपत्ति का आना।

467. 'बरस पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(a) अत्यधिक क्रोधित होना (b) वर्षा का होना
(c) प्रेम करना (d) सम्मान देना
DSSSB LDC, 30/08/2015
UP TGT 2011

उत्तर : (a) 'बरस पड़ना' मुहावरे का अर्थ है- अत्यधिक क्रोधित होना। शेष विकल्पों का इस मुहावरे से कोई सम्बन्ध नहीं है।

468. 'बहती गंगा में हाथ धोना' का सही अर्थ है -
(a) चातुर्यवृत्ति से काम निकालना (b) अपना काम निकालना
(c) पुण्य का कार्य कराना (d) अवसर का लाभ उठाना
HSSC CET Group 'D'
UP PGT 2004

उत्तर : (d) बहती गंगा में हाथ धोना का अर्थ है - अवसर का लाभ उठाना।

उद्धृत किये गए मुहावरों का सही अर्थ बताइए।

469. बात बनाना
(a) कहानी कहना (b) सोचना
(c) बातें करना (d) बहाना करना
KVS. PGT. 2014

उत्तर : (d) 'बात बनाना' मुहावरे का सही अर्थ है-बहाना करना, जबकि शेष दिए गये विकल्प असंगत नहीं हैं।

470. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है– ''बचपन से ही बहुत चतुर होना''
(a) पेट में दाढ़ी होना
(b) पेट का पानी ना हिलना
(c) पेट में बात न पचना
(d) पेट में आग लगना
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) 'पेट में दाढ़ी होना' मुहावरे का अर्थ–'बचपन से ही बहुत चतुर होना' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

471. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है–''बात का धनी''?
(a) ज्यादा बात करने वाला
(b) अच्छी बात करने वाला
(c) बड़ी-बड़ी बातें हाँकने वाला
(d) वचन का पक्का
UPSI Batch - III 15 Dec.2017
UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d)

	मुहावरा	अर्थ
1.	बात का धनी –	वचन का पक्का/दृढ़ प्रतिज्ञ/वादे का पक्का
2.	बात चलाना –	चर्चा करना।

इन प्रश्नों में कुछ मुहावरे दिए गए हैं, प्रत्येक के नीचे चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। मुहावरे का जो अर्थ सही हो, उसे चुनिए।

472. बाल की खाल निकालना
(a) हजामत करना (b) खाल का व्यापार करना
(c) कष्ट पहुँचाना (d) अधिक छानबीन करना
UPP 2017
UPPCL RO/ARO, 2016

उत्तर : (d) 'बाल की खाल निकालना' मुहावरे का अर्थ 'अधिक छानबीन करना' होता है।

473. पाखण्डी के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?
(a) बछिया के ताऊ (b) बगुला भगत
(c) बट्टा लगाना (d) झक मारना
[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : पाखण्डी के लिए उपयुक्त मुहावरा 'बगुला भगत' है। ऐसे वाक्यांश को मुहावरा कहा जाता है, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ को व्यक्त करते हैं।

474. 'बीरबल की खिचड़ी पकाना' का अर्थ है-
(a) राजसी वैभव के साथ खिचड़ी पकाना।
(b) न होने वाले काम के लिए देर तक प्रतीक्षा करना।
(c) कच्ची खिचड़ी पकाना।
(d) जली हुई खिचड़ी बनाना।
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (b) : 'बीरबल की खिचड़ी पकाना' मुहावरे का अर्थ है- न होने वाले काम के लिये देर तक प्रतीक्षा करना।

@RexstarPdf

475. 'भई गति साँप छछून्दर केरी' लोकोक्ति का अर्थ है –

(a) साँप और छछून्दर जैसा होना
(b) साँप का छछून्दर जैसा होना
(c) दुविधा में पड़ जाना
(d) छछून्दर का साँप हो जाना

UP TGT 2010
[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]

उत्तर : (c) 'भई गति साँप छछून्दर केरी' लोकोक्ति का अर्थ है – दुविधा में पड़ जाना।

476. 'भूंजी भांग न होना' का अर्थ है –

(a) नशे में चूर होना
(b) दरिद्र होना
(c) होश में न रहना
(d) भांग न मिलने से नशा ढूंढना

DSSSB DASS Grade (Tier-I), 25/06/2017
[लेखपाल भती परीक्षा 2008]

उत्तर : (b) भूंजी भांग न होना का अर्थ है - दरिद्र होना अथवा अकिंचन होना या कुछ भी न होना।

477. म्याऊँ का ठौर

(a) ननिहाल (b) खाला का घर
(c) खतरे का स्थान (d) सुरक्षित स्थान

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (c) : म्याऊँ का ठौर लोकोक्ति का अर्थ है **खतरे का स्थान**। इसका पूरा वाक्य 'म्याऊँ का ठौर पकड़ना' होता है जिसका अर्थ खतरे में पड़ना होता है। जबकि 'ननिहाल' माता का मायका और मौसी के घर को खाला का घर कहा जाता है।

478. जब कोई वाक्यांश अपना सामान्य अर्थ छोड़कर विशेष अर्थ की ओर संकेत करता है, उसे ..... कहते हैं–

(a) मुहावरा (b) आशुवाक
(c) वाक्यांश (d) लोकोक्ति

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (a) जब कोई वाक्यांश अपना सामान्य अर्थ छोड़कर विशेष अर्थ की ओर संकेत करता है तो उसे 'मुहावरा' कहते हैं।
जैसे- अंक भरना- स्नेह से लिपटना।

479. गुलाब जामुन देख कर रमेश के मुँह में पानी आ गया। रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) भूख लगना (b) उल्टी आना
(c) लालच होना (d) लार टपकना

उत्तर : (c) 'गुलाब जामुन देखकर रमेश के मुँह में पानी आ गया' रेखांकित मुहावरे का अर्थ है–लालच होना, जबकि 'लार टपकाना' और 'मुँह में पानी आना' समानार्थक मुहावरे हैं। शेष असंगत हैं।

480. 'मेंढकी को जुकाम होना' का अर्थ है

(a) बिना जान-पहचान के लेनदेन
(b) बिना योग्यता के योग्य होने का नखरा
(c) भयंकर बरसात होना
(d) भयंकर सर्दी होना

Ashram Paddhati PGT. 2012

उत्तर : (b) 'मेंढकी को जुकाम होना' का अर्थ है- बिना योग्यता के योग्य होने का नखरा अथवा अनहोनी होना। शेष विकल्प असंगत हैं।

481. 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ है-

(a) भोजन करना (b) चोट खाना
(c) बुरी तरह हारना (d) गिर पड़ना

Ashram Paddhati PGT. 2012
SSS GD 08/03/2019, Shift-II
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ है- बुरी तरह हारना। शेष विकल्प असंगत हैं।

482. मन की बात ताड़ने वाले' के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा-

(a) हवा का रुख पहचानना
(b) लिफाफा देखकर खत का मजमून जानना
(c) सूरत देखकर हाल बताना
(d) उड़ती चिड़िया को भांपना

UPPCL JE Electrical, 2013

उत्तर (d) : 'मन की बात ताड़ने वाले' के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा–उड़ती चिड़िया को भांपना।

483. मुहावरे अपना सामान्य अर्थ न देकर.....अर्थ प्रकट करते हैं।

(a) विशेष (b) विपरीत
(c) पर्याय (d) असामान्य

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) : 'मुहावरे' अपना सामान्य अर्थ न देकर 'विशेष' अर्थ प्रकट करते हैं, जबकि 'विलोम' अपना विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं और 'पर्यायवाची' शब्द अपना समान अर्थ प्रकट करते हैं।

484. 'मुहावरा' शब्द किस भाषा का शब्द है?

(a) अरबी (b) उर्दू
(c) फारसी (d) हिन्दी

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'मुहावरा' अरबी भाषा का शब्द है। अरबी भाषा के अन्य शब्द– अदालत, अक्ल, इज्जत, मुसाफिर, मदद, हाजिर, हकीम, हलवाई, जहाज, खिदमत, खयाल आदि हैं।

485. ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' मुहावरे का सही अर्थ दर्शाने वाला उचित विकल्प चुनें।

(a) गंगा मन को पवित्र कर देती है
(b) यदि मन पवित्र है तो घर ही तीर्थ है
(c) कठौती में गंगा को लाने से मन चंगा हो जाता है
(d) गंगा और चंगा दोनों कठौती की बहनें हैं।

UPSI Batch-I 16 Dec. 2017
UPSI Batch-II 22 Dec. 2017

उत्तर : (b) ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' मुहावरे का अर्थ है– 'यदि मन पवित्र है तो घर ही तीर्थ है।'

486. 'मिट्टी का माधो' होने का अर्थ है–

(a) समझदार होना (b) मिट्टी की मूर्ति
(c) कृष्ण की मूर्ति (d) बहुत ही मूर्ख

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

@RexstarPdf

उत्तर. (d): 'मिट्टी के माधो' मुहावरे का अर्थ 'बहुत ही मूर्ख' होता है। इस अर्थ में प्रयुक्त होने वाले कुछ अन्य मुहावरे इस प्रकार हैं–

- काठ का उल्लू होना
- अक्ल का दुश्मन
- औंधी खोपड़ी का

487. 'मिट्टी के मोल बिकना' का सही अर्थ है:-

(a) बहुत सस्ता बिकना
(b) मिट्टी का दाम देना
(c) मूल्य निर्धारित करने की मूर्खता करना
(d) मिट्टी के लिए मोल-तोल करना

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) : मिट्टी के मोल बिकना' का सही अर्थ 'बहुत सस्ता बिकना' है।

488. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ है।

माथे पर बल पड़ना।

(a) सिर दर्द होना (b) पसंद करना
(c) गुस्सा करना (d) असंतोष प्रकट करना

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (d) 'माथे पर बल पड़ना' मुहावरे का अर्थ 'असंतोष प्रकट करना' है।

489. 'मल्हार अलापना' मुहावरे का उचित अर्थ चुनिए?

(a) अपनी ही बड़ाई करते रहना
(b) व्यर्थ की आशा पर प्रसन्न रहना
(c) चैन से जिन्दगी कटना
(d) झूठी बातें उड़ाना

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) 'मल्हार अलापना' मुहावरे का उचित अर्थ 'चैन से जिंदगी कटना' है।

490. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ 'शर्मिंदा होना' नहीं है?

(a) पानी-पानी होना
(b) अपना-सा मुँह लेकर रह जाना
(c) टका-सा मुँह लेकर रहना
(d) मुँह में पानी आना

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (d) : दिये गये मुहावरों में 'मुँह में पानी आना' का अर्थ है– 'जी ललचाना' है, न कि 'शर्मिन्दा होना'। शेष-पानी पानी होना, अपना-सा मुँह लेकर रह जाना तथा टका-सा मुँह लेकर रहना का केन्द्रीय भाव (अर्थ) 'शर्मिन्दा होना' होता है।

491. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।

मूंग की दाल खाने वाला।

(a) सोच समझकर काम करना (b) सीधा-साधा व्यक्ति
(c) कमजोर (d) सुंदर होना

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) मुहावरा 'मूंग की दाल खाने वाला' का अर्थ 'कमजोर' होता है। शेष विकल्पों के मुहावरे इस प्रकार हैं-

मुहावरा		अर्थ
फूँक-फूँक कर कदम रखना	–	सोच समझ कर काम करना
अगले जमाने का आदमी	–	सीधा साधा व्यक्ति
अँधेरे का उजाला	–	सुन्दर होना

492. रंग में भंग का अर्थ बताइये।

(a) अच्छे काम को खराब करना।
(b) रंग में भांग मिलाना
(c) किसी काम को और अच्छा करना
(d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : रंग में भंग का अर्थ 'अच्छे काम को खराब करना' है।

493. निम्नलिखित में से 'धूर्त' शब्द से संबधित मुहावरा पहचानिए–

(a) हाथ साफ करना (b) रंगा सियार
(c) जहर उगलना (d) नाकों चने चबवाना

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(b) 'रंगा सियार' मुहावरे का अर्थ 'धूर्त' होता है।
'हाथ साफ करना' का अर्थ– 'चोरी करना', 'जहर उगलना' का अर्थ– 'कष्टदायक बातें करना' तथा 'नाकों चने चबवाना' का अर्थ– 'अत्यधिक तंग करना है'।

494. 'रंचमात्र भी अभिमान न था' का तात्पर्य कौन सा विकल्प दर्शाता है?

(a) कम अभिमान न था
(b) जरा-सा भी अभिमान न था
(c) बहुत अभिमान न था
(d) अधिक अभिमान न था

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर 'रंचमात्र भी अभिमान न था' का तात्पर्य होगा– 'जरा-सा भी अभिमान न था'।

495. 'रंग उड़ना मुहावरे का सही अर्थ है–

(a) घबरा जाना (b) रंग फीका होना
(c) गुलाल बिखेरना (d) रंग में डूबना

KVS. PGT. 2014

उत्तर : (a) 'रंग उड़ना' मुहावरे का सही अर्थ 'घबरा जाना' होता है यथा पुलिस के अचानक छापा मारने पर चोरों के रंग उड़ गये।

496. 'राई का पहाड़ बनाना' का अर्थ है-

(a) छोटी बात को अनावश्यक बढ़ा-चढ़ा कर पेश करना
(b) रूई से घर बनाना
(c) छोटी-छोटी बात पे झगड़ा करना
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSI Batch - III 14 Dec.2017
[UPSI 24.07.2017 Sift I]
UP SI 17.7.2017 Shift-II

उत्तर. (a) : 'राई का पहाड़ बनाना' मुहावरे का सही अर्थ 'छोटी बात को अनावश्यक बढ़ा-चढ़ा कर पेश करना है'।

@RexstarPdf

497. 'रास्ता देखना' मुहावरे का अर्थ है:

(a) समय नष्ट करना (b) पता लगाना
(c) निराश होना (d) प्रतीक्षा करना

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (d) 'रास्ता देखना' मुहावरे का अर्थ 'प्रतीक्षा करना' है।

498. 'लाभ ही लाभ' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है :

(a) पाँचों उँगलियाँ घी में
(b) पाँचों उँगलियाँ बराबर नहीं होती
(c) नेकी कर और कुएँ में डाल
(d) नेकी और पूछ–पूछ

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (a) उपर्युक्त लोकोक्तियों का अर्थ होगा-

लोकोक्ति	**अर्थ**
पाँचों उँगलियाँ घी में	– सब लाभ ही लाभ
नेकी और पूछ–पूछ	– भलाई के लिए पूछना क्या
पाँचों उँगलियाँ बराबर नहीं होती	– सब आदमी एक जैसे नहीं होते
नेकी कर और कुएँ में डाल	– भलाई का काम करके फल की आशा मत करो

नोट– इस मुहावरे का सही रूप है- **नेकी कर दरिया में डाल**

499. 'लश्कर में ऊँट बदनाम' का अर्थ है :

(a) गुणवान का बदनाम
(b) ऊँट का सदा एकरस
(c) मोल-ताल कर बदनाम होना
(d) दोष किसी का पर नाम किसी और का

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (d) : 'लश्कर में ऊँट बदनाम' का उचित अर्थ है- दोष किसी का, पर नाम किसी और का।

500. माता–पिता लोहे के चने चबाकर बच्चों को पढ़ाते हैं। रेखांकित मुहावरा का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(a) बहुत कठिनाई झेलना। (b) स्पष्ट बात करना।
(c) बहुत ही विश्वास रखना। (d) बहुत ही आशा रखना।

SSS GD 02/03/2019, Shift-I
UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift
UPSI Batch-I 14 Dec. 2017
UPPSC AE 2007

उत्तर : (a)

	मुहावरा		**अर्थ**
1.	लोहे के चने चबाना	–	बहुत कठिनाई झेलना/पराजित होना।
2.	नारद मोह में पड़ा	–	आसक्ति होना। मोह–माया में पड़ना।
3.	द्रौपदी का चीर होना	–	अन्त न होना।
4.	किंकर्तव्यविमूढ़ होना	–	अनिश्चयात्मक स्थिति।

501. 'लोहा मानना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) पराजय स्वीकार करना (b) बुद्धिमान होना
(c) श्रेष्ठता स्वीकारना (d) शक्तिशाली बनना

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'लोहा मानना' मुहावरे का अर्थ है– 'श्रेष्ठता स्वीकार करना' जबकि 'पराजय स्वीकार करना' के लिए 'मुँह की खाना', 'बुद्धिमान होना' के लिए 'अक्ल का पुतला होना' मुहावरे का प्रयोग होता है।

502. ''लड़कों में लड़का बूढ़ों में बूढ़ा'' इस मुहावरे का अर्थ बताएं।

(a) कुशल खिलाड़ी होना (b) बहरूपिया होना
(c) सभी के साथ खेलना (d) सर्वप्रिय होना

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (d) ''लड़कों में लड़का बूढ़ों में बूढ़ा'' मुहावरे का अर्थ होगा 'सर्वप्रिय होना'।

503. 'लकीर का फ़क़ीर' मुहावरे का शब्दिक अर्थ क्या है?

(a) पुरानी परिपाटी पर चलने वाला
(b) सबसे अलग रहने वाला
(c) बहाना बनाने वाला
(d) बहुत घमंड होना

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) 'लकीर का फकीर होना' मुहावरे का अर्थ है– 'पुरानी परिपाटी पर चलने वाला', जैसे– इस युग में भी बहुत से पढ़े-लिखे लोग लकीर के फकीर बने हुए हैं।

504. 'लाल–पीला होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) बिल्कुल बदल जाना
(b) लाल और पीला रंग डालना
(c) अत्यधिक घमंड होना
(d) बहुत क्रोध करना

DSSSB TGT/PGT Computer Science, 21/06/2017
DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 13/10/2018
SSS GD 08/03/2019
UPSI Batch - III 12 Dec.2017
[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर : (d) 'लाल–पीला होना' मुहावरे का सही अर्थ है– 'बहुत क्रोधित होना (बहुत क्रोध करना)'।
वाक्य प्रयोग– कमलेश को शराब पीते देख पिता जी लाल-पीले हो गये।

505. 'लुटिया डुबोना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है

(a) जल भरने का पात्र पानी में डूब जाना
(b) काम बिगाड़ना
(c) शिकायत करना
(d) द्वैव भाव रखना

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'लुटिया डुबोना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है- **काम बिगाड़ना।**

506. विहंगम दृष्टि का अर्थ होगा-

(a) गहरी नज़र (b) तीखी नज़र
(c) मंद नज़र (d) सरसरी नज़र

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) 'विहंगम दृष्टि' या 'विहंगमावलोकन' का अर्थ 'सरसरी नज़र' है।

507. विपत्ति मोल लेना

(a) बिना पत्ते की सब्जी लेना
(b) जान-बूझ कर संकट में पड़ना
(c) एक दवाई खरीदना
(d) मुसीबत खरीदना

KVS. PGT. 2014

@RexstarPdf

उत्तर: (b) विपत्ति मोल लेना मुहावरे का सही अर्थ है- जानबूझकर संकट में पड़ना।
वाक्य प्रयोग- अनुराग को डॉक्टर ने चलने से मना किया था, परन्तु उसने क्रिकेट खेल कर विपत्ति मोल ले ली।

508. 'वचन से फिरना' के लिए उचित मुहावरा चुनें।
(a) थूककर चाटना (b) तलवे चाटना
(c) दमड़ी के तीन होना (d) दाँत तालू में जमना
[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (a) : वचन से फिरना के लिए उचित मुहावरा 'थूककर चाटना' होगा। अन्य विवरण हैं–

मुहावरा	–	अर्थ
तलवे चाटना	–	खुशामद करना
दमड़ी के तीन होना	–	सस्ते होना
दाँत तालू में जमना	–	बुरे दिन आ जाना।

509. 'श्वान निद्रा', मुहावरे का अर्थ क्या है?
(a) चतुर होना (b) धोखे से शिकार करना
(c) सजग निद्रा (d) दूसरे को धोखा देना
UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (c) 'श्वान निद्रा' मुहावरे का अर्थ है– 'सजग निद्रा'।

510. 'शोक करना' के लिए मुहावरा है :
(a) सिर भारी होना (b) सिर चढ़ाना
(c) सिर पीटना (d) सिर पर सवार होना
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 Shift-II
UP Constable, 2009

उत्तर. (c) : 'शोक करना' के लिए 'सिर पीटना' मुहावरा प्रयुक्त होता है। शेष मुहावरों का अर्थ इस प्रकार है–
सिर भारी होना– सिर में पीड़ा होना
सिर पर सवार होना– किसी बात की धुन होना/किसी वस्तु के लिए जिद करना।

511. गांव के जमींदार का अपमान करके सरजू ने शेर के मुंह में हाथ डालने जैसा दुस्साहस किया है
(a) ताकत दिखाना
(b) अपने से अधिक ताकतवर से लड़ने का जोखिम उठाना
(c) शेर का शिकार करना
(d) मरने की तैयारी करना
UPPCL TGT, 2014

उत्तर. (b) : वाक्य में प्रयुक्त 'शेर के मुँह में हाथ डालना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है–अपने से अधिक ताकतवर से लड़ने का जोखिम उठाना।

512. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
शहद लगाकर चाटना।
(a) किसी चीज को व्यर्थ लेकर बैठे रहना
(b) कीमती होना
(c) पसंदीदा होना
(d) बढ़ा-चढ़ा कर कहना
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रस्तुत मुहावरे 'शहद लगाकर चाटना' का सम्यक् अर्थ 'किसी चीज को व्यर्थ लेकर बैठे रहना' है।

513. ''सब की एक सी दशा है'' - प्रस्तुत वाक्यांश के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित लोकोक्ति कौन-सी है?
(a) अपनी पगड़ी अपने हाथ।
(b) अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग।
(c) घर घर मटियाले चूल्हे हैं।
(d) अपने दही को खट्टा कौन कहे।
UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : ''सब की एक सी दशा है'' के लिये लोकोक्ति 'घर घर मटियाले चूल्हे' हैं। अन्य लोकोक्तियों के अर्थ निम्नलिखित हैं–
अपने दही को खट्टा कौन कहे– स्वयं की वस्तु को कोई बुरा नहीं कहता।
अपनी पगड़ी अपने हाथ– अपनी इज्जत स्वयं बचाना।
अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग– सबका मत पृथक–पृथक होना।
नोट- सही लोकोक्ति है- **अपनी डफली अपना राग**

514. 'स्वावलंबी होने' के लिए सही मुहावरा है :
(a) पौ बारह होना
(b) पानी फेर देना
(c) पैरों पर खड़ा होना
(d) फूँक–फूँक कर पैर रखना
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) दिये गये मुहावरे का सही अर्थ होगा : पैरों पर खड़ा होना। अन्य मुहावरों के अर्थ निम्नलिखित हैं-

मुहावरा		अर्थ
पौ बारह होना	–	खूब लाभ होना
पानी फेर देना	–	बिगाड़ देना
पैर पर खड़ा होना	–	स्वावलंबी होना
फूँक–फूँक कर पैर रखना	–	सावधानी से कार्य करना

515. 'सिर से पानी गुजर जाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या है?
(a) गहरे पानी में स्नान करना
(b) सहनशीलता की सीमा टूट जाना
(c) अच्छे प्रकार से सिर धोना
(d) डूबने से बच जाना
नायब तहसीलदार परीक्षा, 1996

उत्तर : (b) ''सिर से पानी गुजर जाना'' मुहावरे का अर्थ है – सहनशीलता की सीमा टूट जाना।

516. 'सोने में सुगन्ध' मुहावरा का सही अर्थ है–
(a) सुन्दर वस्तु में और गुण होना
(b) सुगन्ध से युक्त आभूषण
(c) सुन्दर आभूषण होना
(d) सुगन्धित सोना
UP PGT 2010

उत्तर : (a) 'सोने में सुगन्ध' मुहावरे का सही अर्थ है - सुन्दर वस्तु में और गुण होना।

निर्देशः उद्धृत किये गए मुहावरों का सही अर्थ बताइए।

517. सिर मढ़ना
(a) ज़बरदस्ती आरोप लगाना (b) सिर को सजाना
(c) सिर में कुछ गूँथना (d) सिर में दर्द होना
KVS. PGT. 2014

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'सिर मढ़ना' मुहावरे का अर्थ है- जबरदस्ती आरोप लगाना। शेष दिए गये विकल्प असंगत है।

518. दिए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प ''सब्ज बाग दिखाना'' मुहावरे का अर्थ दर्शाता है?

(a) हरे-भरे उद्यानों की सैर करना।
(b) हिम्मत बँधाना।
(c) सब्जियों के बाग दिखाना।
(d) झूठे वायदे करना।

High Court ARO 2021
UPTET (I-V) 18.11.2018
UPSI Dec. 2017
UPSI Batch - I 22 Dec.2017
UPSI, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित-2016

उत्तर. (d) : 'सब्ज बाग दिखाना' मुहावरे का अर्थ है- 'झूठे वादे करना अथवा लालच देकर उल्लू बनाना।'

519. 'समझौता करना' निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है?

(a) खाई पाटना (b) मुँह की खाना
(c) कान भरना (d) कान भरना

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (a) : ''समझौता करना'' वाक्य के लिए उचित मुहावरा है– खाईं पाटना जैसे– रमेश व महेश में दुश्मनी थी, लेकिन कल दोनों ने समझौता कर लिया अर्थात् आपस की खाईं पाट दिया। 'मुँह की खाना, मुहावरे का अर्थ– 'पराजित होना' तथा 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ– 'शिकायत करना या चुगली करना' होता है।

520. ''साँप को दूध पिलाना।'' दिए गए विकल्पों में इस मुहावरे के सही अर्थ का चयन करें–

(a) अच्छा कार्य करना
(b) जहरीले जीव को दूध पिलाना
(c) बुरे व्यक्ति के साथ नेकी करना
(d) सांप के विष को कम करना

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) 'साँप को दूध पिलाना' मुहावरा का सही अर्थ है– 'बुरे व्यक्ति के साथ नेकी करना।'

521. 'सिक्का जमाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) सफलता प्राप्त करना (b) प्रभाव स्थापित करना
(c) कड़ी टक्कर देना (d) जीत जाना

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'सिक्का जमाना' मुहावरे का अर्थ है – 'प्रभाव स्थापित करना।'

522.'सिर उठाना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(a) रंग उतर जाना (b) भेद प्रकट करना
(c) बहुत पछताना (d) विद्रोह करना

UP TGT 2009

उत्तर : (d) सिर उठाना मुहावरे का सही अर्थ होगा - विद्रोह करना अर्थात् किसी सत्ता के विरुद्ध विद्रोह करना सिर उठाना कहा जाता है।

523. 'सिर पर सवार रहना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) पीछे पड़ना (b) बाधक होना
(c) भाग जाना (d) मरने–मारने पर उतारू होना

High Court Review Officer - 2021
[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (a): 'सिर पर सवार रहना' मुहावरे का अर्थ है 'पीछे पड़ना'। अन्य दिये गये अर्थों के संगत मुहावरे निम्नलिखित हैं–

संगत मुहावरे		अर्थ
भाग जाना	–	नौ दो ग्यारह होना
मरने मारने पर उतारू होना	–	जान पर खेलना/ सिर पर खून सवार होना
बाधक होना	–	रास्ते का काँटा होना

524. 'सिर मुड़ाते ही ओले पड़ना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) उपकार के बदले उपकार होना
(b) आरंभ में ही विघ्न
(c) असमय संकट
(d) असुरक्षित होना

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (b) : सिर मुड़ाते ही ओले पड़ना मुहावरे का सही अर्थ है- आरंभ में ही विघ्न पड़ना होता है।

525. 'दुविधा ग्रस्त' का भाव व्यक्त करने वाला मुहावरा है

(a) इधर की उधर करना (b) साँप छछूंदर की गति
(c) रंग उतरना (d) मुँह लटकाना

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (b) : 'दुविधा ग्रस्त' का भाव व्यक्त करने वाला मुहावरा है- 'साँप छछूँदर की गति'। अन्य के अर्थ हैं–
इधर की उधर करना – चुगली करना
मुँह लटकाना – दुःखी होना
रंग उतरना – भय अथवा लज्जा से मुँह विवर्ण हो जाना

526. 'सिर पर आ जाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है

(a) बहुत समीप होना (b) जिम्मेदारी आ जाना
(c) बोझ आ पड़ना (d) पीछा पकड़ना

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : सिर पर आ जाना - बहुत समीप होना
वाक्य प्रयोग: परीक्षा सिर पर आ गई है, तब भी छात्रों की मौज मस्ती जारी है।

527. 'सावधान करना' के अर्थ में मुहावरा है-

(a) आँख दिखाना (b) कान खोलना
(c) ओंठ चबाना (d) खून पीना

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (b) : 'सावधान करना' के अर्थ में 'कान खोलना' उपयुक्त मुहावरा है। शेष विकल्प के अर्थ निम्न प्रकार से हैं-
आँख दिखाना - डाँटना, धमकाना
ओठ चबाना - अत्यधिक क्रोध में आ जाना
खून पीना - गुस्सा पचा जाना।

528. निम्नलिखित में से 'पलक बिछाना' का अर्थ कौन-सा है?

(a) बलिदान करना
(b) सपना देखना
(c) मदिरा पान करना
(d) स्वागत के लिए उत्सुक रहना

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'पलक बिछाना' मुहावरे का अर्थ है- स्वागत के लिए उत्सुक होना।

@RexstarPdf

529. ''हिन्दी न फारसी, लालजी की .....'' सही विकल्प का चयन कर, इस लोकोक्ति को पूरा करें।

(a) आलसी (b) हुलासी
(c) बनारसी (d) मशालची

UPSI Batch - III 19 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'हिन्दी न फारसी लाल जी **बनारसी**'- यही सही लोकोक्ति है। अतः रिक्त स्थान पर **बनारसी** शब्द होगा।

530. 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है–

(a) होनहार बालक सुंदर होता है।
(b) सुंदर बालक होनहार होता है।
(c) होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं
(d) होनहार बालक सुंदर नहीं होता है।

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

उत्तर : (c) 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का अर्थ होगा-'होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं।'

531. हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा-लोकोक्ति का अर्थ:

(a) बहुत खर्च खराब काम (b) बिना खर्च अच्छा काम
(c) खर्च कम काम अच्छा (d) न काम न खर्च

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : ''हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा'' इस लोकोक्ति का अर्थ है– बिना खर्च अच्छा काम। शेष विकल्प इसके अर्थ के सम्बन्ध में असंगत हैं।

532. 'हृदय पवित्र तो सब कुछ ठीक' के अर्थ में लोकोक्ति है-

(a) मान न मान मै तेरा मेहमान
(b) मार-मार कर हकीम बनाना
(c) पराये धन पर लक्ष्मीनारायन
(d) मन चंगा तो कठौती में गंगा

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (d) : 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' लोकोक्ति का अर्थ 'हृदय पवित्र तो सब कुछ ठीक' है। अन्य विकल्पों के अर्थ निम्न हैं-
मान न मान मैं तेरा मेहमान - जबरदस्ती गले पड़ना
मार-मार कर हकीम बनाना - जबरदस्ती आगे बढ़ाना
पराये धन पर लक्ष्मीनारायन - दूसरे का धन पाकर अधिकार जमाना

533. 'हथियार डाल देना'– मुहावरे का सही अर्थ बताइए।

(a) मात्र कल्पना करते रहना (b) हथियार गिरा देना
(c) हथियार उठा लेना (d) हार मान लेना

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (d) 'हथियार डाल देना'– मुहावरे का अर्थ है– हार मान लेना।

इन प्रश्नों में कुछ मुहावरे दिए गए है। प्रत्येक के नीचे चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। मुहावरों का सही अर्थ चुनिए–

534. हाथ–पाँव फूल जाना

(a) प्रसन्न होना (b) बीमार हो जाना
(c) बुरी तरह घबरा जाना (d) चोट लग जाना

UPPCL TG2 2016
SSS GD 03/03/2019, Shift-II

उत्तर: (c) 'हाथ-पाँव फूल जाना' मुहावरे का सही अर्थ है– 'बुरी तरह घबरा जाना'। अन्य तीनों– 'प्रसन्न होना, बीमार होना, चोट लग जाना' असंगत हैं।

535. 'हाथ मलते रह जाना', इस मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

(a) क्रोध करना (b) दुःखी होना
(c) पछताना (d) हाथों को मसलना

UPSI Batch - III 16 Dec.2017
SSS GD 11/03/2019, Shift-III

उत्तर:(c) 'हाथ मलते रह जाना' या 'हाथ मलना' मुहावरे का अर्थ 'पछताना या कुछ प्राप्त न होना' होता है जैस- मेरे साथी को इनाम मिला और मैं हाथ मलता रह गया।

536. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
हिसाब बैठना।

(a) सही लगना (b) ध्यान देना
(c) पूछताछ करना (d) सुभीता होना

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) प्रश्नगत मुहावरे 'हिसाब बैठना' का उचित अर्थ 'सुभीता (सुविधा) होना' है।

537. 'हालत पतली होना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है

(a) दुबला-पतला होना।
(b) बीमार होना।
(c) कंजूस होना।
(d) आर्थिक स्थिति खराब होना।

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : 'हालत पतली होना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है- 'आर्थिक स्थिति खराब होना' जबकि 'कौड़ी-कौड़ी पर जान देना' का अर्थ है- कंजूस होना।

538. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' का अर्थ है

(a) हाथ में कंगन पहनने के लिए आरसी की आवश्यकता नहीं है।
(b) हाथ में कंगन हो तो आरसी का क्या काम?
(c) हाथ को आरसी नहीं, कंगन चाहिए।
(d) प्रत्यक्ष के लिए दूसरे प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

VDO Re-Exam 27-06-2023 (Shift-I)
KVS PGT Hindi, 2017
[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : 'हाथ कंगन को आरसी क्या' मुहावरे का सही अर्थ है- 'प्रत्यक्ष के लिये दूसरे प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।'

539. लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है, जबकि मुहावरा होता है .....।

(a) वाक्यांश (b) पूर्ण इकाई
(c) अर्थ विशेष (d) परम्परागत कथन

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (a) यहाँ पर स्पष्ट किया गया है कि लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है, जबकि मुहावरा वाक्यांश होता है।

@RexstarPdf

540. ''जैसे नागनाथ वैसे.....''–लोकोक्ति को पूर्ण कीजिए।

(a) साँपनाथ (b) रामनाथ
(c) श्यामनाथ (d) सोमनाथ

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (a) ''जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ।'' लोकोक्ति पूर्ण है। जिसका अर्थ है– 'सबका एक जैसा होना'।

541. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा गलत है?

(a) लोहा लेना- सामना करना
(b) रास्ता नापना- आकलन करना
(c) रग-रग जानना- अच्छी तरह से परिचित होना
(d) शैतान के कान काटना- बहुत चतुर होना

[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]

उत्तर. (b) : रास्ता नापना का अर्थ 'चले जाना' होता है, न कि 'आकलन करना'। अतः विकल्प (b) गलत है।

542. निम्न प्रश्न मुहावरे से संबंधित है, सुमेलित करें-
सूची-I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर चुनिए:

सूची- I (मुहावरा)	सूची- II (अर्थ)
A. कान लगाना	I. चौकन्ना होना
B. कान खड़े करना	II. सजग होना
C. आँख लगाना	III. ध्यान देना
D. आँखें खुलना	IV. निगाह रखना

	A	B	C	D
(a)	III	IV	II	I
(b)	I	II	III	IV
(c)	I	II	IV	III
(d)	III	I	IV	II

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (d) सूची-I और सूची-II का सही मिलान इस प्रकार है-

मुहावरा		अर्थ
कान लगाना	–	ध्यान देना
कान खड़े करना	–	चौकन्ना होना
आँख लगाना	–	निगाह रखना
आँखें खुलना	–	सजग होना

543. 'अँगूठी का नगीना' मुहावरे का अर्थ है-

(a) अंगूठी में नागिन होना (b) सुंदर और सजीला
(c) एक-दूसरे से जुड़ना (d) बहुत कठोर होना

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : 'अँगूठी का नगीना' मुहावरे का अर्थ 'सुंदर और सजीला' है।

544. एक वाक्य में मुहावरे का अशुद्ध प्रयोग है

(a) भूख के मारे पेट में चूहे कूद रहे हैं।
(b) कृतघ्न व्यक्ति तोते की तरह आँख फेर लेता है।
(c) भीगी बिल्ली बने रहने से काम नहीं होगा। हिम्मत दिखाओ।
(d) उसके ऊपर दिन दूनी रात चौगुनी मुसीबत आ पड़ी।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : उसके ऊपर दिन दूनी रात चौगुनी मुसीबत आ पड़ी। वाक्य में मुहावरे का अशुद्ध प्रयोग है।

मुहावरा	अर्थ
पेट में चूहे कूदना	भूख लगना
आँखे फेर लेना	प्रतिकूल हो जाना
हिम्मत दिखाना	साहसी होना/दृढ़ निश्चयी होना
दिन दूनी रात चौगनी होना	बहुत जल्दी-जल्दी होना

545. एक वाक्य में मुहावरे का प्रयोग सही नहीं है

(a) नट के करतब देखकर लोगों ने दाँतों तले उँगली दबा ली।
(b) इस वर्ष के जाड़े में दाँत से दाँत बज गये।
(c) मेरी जायदाद पर तुम क्यों दाँत जमाना चाहते हो?
(d) तुम्हारी दाँत काटी रोटी में नहीं खाऊँगा।

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : तुम्हारी दाँत काटी रोटी में नहीं खाऊँगा। वाक्य में मुहावरे का प्रयोग सही नहीं है।

मुहावरा	अर्थ
दाँतों तले उँगली दबाना	दंग रह जाना
दाँत से दाँत बजना	अत्यधिक सर्दी होना
दाँत जमाना	अधिकार पाने के लिए दृढ़ता दिखाना
दाँत काटी रोटी	घनिष्ठ मित्रता

546. 'दूध का दूध और पानी का पानी करना' मुहावरे का अर्थ है:

(a) दुग्ध इन्सपेक्टर होना (b) मिल-जुलकर रहना
(c) पक्षपातपूर्ण निर्णय करना (d) उचित निर्णय करना

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (d) : व्याख्या - अर्थ

दूध का दूध और पानी का पानी - उचित निर्णय करना।
अन्धे की लाठी होना - एकमात्र सहारा होना।
अक्ल पर पत्थर पड़ना - बुद्धि नष्ट होना।
काला अक्षर भैंस बराबर - अनपढ़।
एक और एक ग्यारह होना - एकता में शक्ति होना।

547. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(a) दोहों की रचना करना
(b) थोड़े में बहुत कहना
(c) बहुत बोलना
(d) कम बोलना

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (b) :

मुहावरा	-	अर्थ
गागर में सागर भरना	-	थोड़े में बहुत कहना
अल्पभाषी	-	कम बोलने वाला
अंग-अंग मुस्कुराना	-	बहुत प्रसन्न होना
लोहा मानना	-	हार मानना

548. 'हाथ को हाथ न सूझना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) असमंजस में पड़ना। (b) कुछ काम न सूझना।
(c) बहुत घना अँधेरा होना। (d) भौंचक रह जाना।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'हाथ को हाथ न सूझना' मुहावरे का अर्थ है- बहुत घना अँधेरा होना।

@RexstarPdf

25.

हिन्दी भाषा एवं साहित्य

(रचना एवं रचनाकार तथा विधाएँ)

1. साहित्य का इतिहास

1. निम्नलिखित में से कौन-सा हिन्दी साहित्य का काल-विभाजन नहीं है?

(a) आधुनिक काल (b) भक्ति काल
(c) रीति काल (d) संयुक्त काल

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) हिन्दी साहित्य का संयुक्त काल के रूप में विभाजन नहीं किया गया गया है। आचार्य शुक्ल के अनुसार काल विभाजन-
1. आदिकाल (1050 सं0 से 1375)
2. भक्तिकाल (1375 सं0 से 1700)
3. रीतिकाल (1700 सं0 से 1900)
4. आधुनिक काल (1900 सं0 से अब तक)

2. हिन्दी साहित्य को कितने काल-खंडों में विभक्त किया गया है?

(a) दो (b) चार (c) पाँच (d) तीन

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य को चार काल खण्डों में विभाजित किया है तथा इनका काल विभाजन हिन्दी साहित्य में सर्वाधिक वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक माना जाता है। आचार्य शुक्ल के अनुसार हिन्दी साहित्य का काल विभाजन निम्नवत है–

आदिकाल	–	सं. 1050 – 1375
भक्तिकाल	–	सं. 1375 – 1700
रीतिकाल	–	सं. 1700 – 1900
आधुनिक काल	–	सं. 1900 – 1984

3. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक कौन हैं?

(a) रामचंद्र शुक्ल
(b) डॉ. रामकुमार वर्मा
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(d) रामविलास शर्मा

NVS PGT 2014
Uttarakhand Assistant Prof. 2017
UGC NET II Paper June 2005
DSSSB PGT Hindi (MALE) 18.07.2021
[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (c) : 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी हैं। अन्य लेखकों की रचनाएं इस प्रकार हैं-

लेखक	–	**रचनाएँ**
रामचन्द्र शुक्ल	–	हिन्दी साहित्य का इतिहास, चिंतामणि, हिन्दी शब्द सागर,आदि।
डॉ. रामकुमार वर्मा	–	अंजलि, अभिशाप, निशीथ, जौहर, चित्तौड़, पिता आदि।
हजारीप्रसाद द्विवेदी	–	हिन्दी साहित्य की भूमिका, सूर साहित्य, अशोक के फूल, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, नाथ सम्प्रदाय आदि।
रामविलास शर्मा	–	प्रेमचन्द्र और उनका युग, प्रगति और परम्परा, भाषा और समाज, भाषा साहित्य और संस्कृति आदि।

4. आदिकाल का संभावित समयारंभ कौन-सा माना गया है?

(a) 1375 वि.सं. (b) 1900 वि.सं.
(c) 1700 वि.सं. (d) 1050 वि.सं.

UP PGT 2000 KVS PGT 2018
DSSSB PGt - 23.07.2018
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा किया गया काल विभाजन-
(a) आदिकाल (वीरगाथा काल सं. 1050-1375)
(b) पूर्व-मध्यकाल (भक्तिकाल सं. 1375-1700)
(c) उत्तर मध्यकाल (रीतिकाल सं. 1700-1900)
(d) आधुनिककाल (गद्यकाल सं. 1900-1984)

5. भक्ति काल को हिंदी साहित्य का 'स्वर्ण युग' इनमें से किसने कहा है?

(a) जार्ज ग्रियर्सन (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) बाबू गुलाब राय (d) श्यामसुन्दर दास

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : भक्तिकाल को हिंदी साहित्य का 'स्वर्णयुग' श्याम सुंदरदास ने कहा है। जबकि जार्ज ग्रियर्सन ने भक्तिकाल को 'स्वर्णकाल', कहा। रामचन्द्र शुक्ल ने 'भक्तिकाल', हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'लोक जागरण' काल कहा है।

6. पूर्व मध्यकाल का समय कौन-सा माना जाता है?

(a) 1900 - 1984 वि.सं. (b) 1375 - 1700 वि.सं.
(c) 1700 - 1900 वि.सं. (d) 1050 - 1375 वि.सं.

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : हिंदी साहित्य के काल विभाजन के सम्बंध में आचार्य रामचंद्र शुक्ल का महत्वपूर्ण योगदान है। शुक्ल जी ने हिंदी साहित्य के 900 वर्षों के इतिहास को चार कालों में विभाजित किया।
आदिकाल - 1050-1375 वि.सं.
पूर्व मध्यकाल- 1375-1700 वि.सं.
उत्तर मध्यकाल- 1700-1900 वि.सं.
आधुनिक काल - 1900 - 1984 वि.सं.
अतः स्पष्ट है, कि पूर्व मध्यकाल का समय 1375-1700 वि.सं. माना जाता है।

@RexstarPdf

7. पूर्व मध्यकाल को हिन्दी साहित्य में इस नाम से भी जाना जाता है–

(a) आदिकाल (b) रीतिकाल
(c) भक्तिकाल (d) गद्यकाल

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : हिन्दी साहित्य में पूर्व मध्यकाल को 'भक्तिकाल' के नाम से भी जाना जाता है।

शेष विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-

आदिकाल	-	वीरगाथा काल
उत्तर मध्य काल	-	रीति काल
आधुनिक काल	-	गद्य काल

8. हिंदी साहित्य के इतिहास में काल विभाजन का सर्वप्रथम प्रयास इनमें से किसने किया था?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) डॉ. ग्रियर्सन
(c) मिश्रबन्धु (d) गार्सा द तासी

DSSSB PGT 24.07.2018 (9 am - 12 pm)
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : हिन्दी साहित्य के इतिहास में काल विभाजन का सर्वप्रथम प्रयास डॉ. ग्रियर्सन ने किया था। ये ब्रिटिश नौकरशाह तथा बहुभाषाविद् थे। ये बंगाल की रॉयल एशियाटिक सोसाइटी तथा नागरी प्रचारिणी सभा के सदस्य थे। इन्होंने हिन्दी भाषा साहित्य में अनेक कार्य किया।

9. हिन्दी साहित्य के प्रथम कालखंड को 'बीजवपन काल' नाम किसने दिया?

(a) धीरेन्द्र वर्मा (b) शिवसिंह सेंगर
(c) मिश्र बंधु (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UP PGT 2005
GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2017
UP TGT 2013

उत्तर : (d) हिंदी साहित्य के प्रथम कालखण्ड को बीजवपन काल नाम महावीर प्रसाद द्विवेदी ने दिया। अन्य विद्वानों द्वारा किया गया नामकरण निम्नलिखित है–

विद्वान	नामकरण
मिश्र बंधु	प्रारंभिक काल
रामचंद्र शुक्ल	वीरगाथा काल
हजारी प्रसाद द्विवेदी	आदिकाल

10. रीति काल को 'श्रृंगार काल' इनमें से किसने कहा है?

(a) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (b) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) मिश्रबंधु

UP PGT 2021
UGC NET December (Paper- III)
DSSSB PGT 24.07.2018
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : रीतिकाल को 'श्रृंगारकाल' विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने कहा है। इनकी प्रमुख रचनाएँ 'हिन्दी साहित्य का अतीत', हिन्दी का सामयिक इतिहास, काव्यांग कौमुदी,सत्य हरिश्चन्द्र इत्यादि।

11. किशोरीलाल गुप्त की पुस्तक 'हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास' इनमें से किस पुस्तक का अनुवाद है?

(a) इस्तवार द ला लित्रेत्युर एन्दुई एन्दुस्तानी
(b) ए हिस्ट्री ऑफ हिंदी लिटरेचर
(c) द मॉडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान
(d) स्केच ऑफ हिंदी लिटरेचर

GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा - 2017
GIC PGT 2015
UP TET 2021
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा- 2014 (Paper-II)
UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : किशोरीलाल गुप्त की पुस्तक 'हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास' पुस्तक 'द माडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान' का अनुवाद है। इसके लेखक जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन है। इनकी अन्य रचना 'सूरसागर की टीका' चार खण्डों में है।

12. साहित्य को 'जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिंब' इनमें से किसने कहा है?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) रामविलास शर्मा (d) महावीरप्रसाद द्विवेदी

GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा - 2017
UP PGT 2004
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने साहित्य को 'जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिंब' कहा है। इनकी प्रमुख रचनाएं- हिन्दी साहित्य का इतिहास, चिन्तामणि (निबन्ध), सूरदास, रसमीमांसा, त्रिवेणी (तीनों आलोचना) आदि हैं।

13. भक्ति आंदोलन को इनमें से किस विद्वान ने 'इस्लामी आक्रमण की प्रतिक्रिया' कहा है?

(a) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : रामचन्द्र शुक्ल ने भक्ति आन्दोलन के प्रारम्भ को 'इस्लामी आक्रमण की प्रतिक्रिया' कहा है।

14. हिंदी साहित्येतिहास का प्रथम लेखक किसे माना जाता है?

(a) गार्सा-द-तासी (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) ग्रियर्सन (d) श्यामसुंदर दास

UGC NET II Paper June 2005
UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (a) हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखने का प्रथम प्रयास 'गार्सा-द-तासी' ने किया। ये फ्राँस के विद्वान थे। इन्होंने हिन्दी साहित्य का इतिहास सर्वप्रथम लिखने का प्रयास किया। इनकी पुस्तक 'इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐन्दुई ऐ ऐन्दुस्तानी' है।

15. 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' किसने लिखा?

(a) रामकुमार वर्मा (b) डॉ. नगेन्द्र
(c) राहुल सांकृत्यायन (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

UK SSSC LT 2020
KVS PGT 2018
GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा - 2017
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' के लेखक डॉ. रामकुमार वर्मा हैं। हिंदी साहित्य में डॉ. रामकुमार वर्मा को एक प्रसिद्ध नाटककार एकांकीकार के रूप में जाना जाता है। इनकी कुछ प्रसिद्ध रचनाएँ हैं- एकलव्य, रेशमी टाई, सप्तकिरण, कौमुदी महोत्सव, पृथ्वीराज की आँखें, जौहर, दीपदान आदि।

16. 'ज्ञानराशि के संचित कोश का नाम साहित्य है' यह कथन किसका है?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) रामविलास शर्मा (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

DSSSB PGT - 24.07.2018 (9 am - 12 pm)
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d) ''ज्ञानराशि के संचित कोश का नाम साहित्य है'' यह कथन आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का है। ये हिन्दी के महान साहित्यकार, पत्रकार एवं युगप्रवर्तक थे। इनके अतुलनीय योगदान के कारण से इनके नाम आधुनिक हिंदी साहित्य का नाम 'द्विवेदी युग (1900-1920)' पड़ा।

17. 'हिंदी साहित्य का आदिकाल' किस आलोचक की कृति है?

(a) रामचंद्र शुक्ल (b) बाबू गुलाबराय
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) श्यामसुंदर दास

DIET PGT 2014
UPSI 01/12/2021 (Shift-III)
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'हिंदी साहित्य का आदिकाल' हजारी प्रसाद द्विवेदी की कृति है। ये प्रसिद्ध हिंदी निबंधकार, आलोचक एवं उपन्यासकार थे। इनकी प्रमुख आलोचनात्मक कृतियाँ-सूर साहित्य, हिन्दी साहित्य की भूमिका, नाथ संप्रदाय, साहित्य का मर्म, हिन्दी साहित्य का उद्भव एवं विकास, सहज साधना आदि हैं।

18. ''काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है''- यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) अज्ञेय (b) जयशंकर प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b)''काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है।'' 'जयशंकर प्रसाद' का कथन है। अज्ञेय प्रयोगवादी कवि हैं तथा इन्हें नई कविता के जनक के रूप में भी जाना जाता है। महादेवी वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला' छायावाद के चार स्तंभों में गिने जाते हैं।

19. ''श्रद्धा एवं प्रेम के योग का नाम भक्ति है।'' यह किसका प्रसिद्ध कथन है?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) मुक्तिबोध
(c) श्यामसुंदर दास (d) रामचंद्र शुक्ल

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'श्रद्धा एवं प्रेम के योग का नाम भक्ति है' यह प्रसिद्ध कथन 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल' द्वारा लिखित निबंध 'श्रद्धा और भक्ति' से लिया गया है।

20. हिंदी साहित्य के आदिकाल को इनमें से किसने 'सिद्ध-सामंत काल' नाम दिया है?

(a) राहुल सांकृत्यायन
(b) डॉ. रामकुमार वर्मा
(c) डॉ. श्याम सुंदर दास
(d) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPPSC GDC 2021
DSSSB PGT 23.07.2018
DSSSB PGT 25.07.2018
GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा - 2017
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा-2015
UP GDC Degree College Exam. 2008
UGC NET June, 2007 (Paper-II)
UP TGT 2001

उत्तर : (a) : राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'सिद्ध सामंत काल' नाम दिया है।
विभिन्न विद्वानों ने आदिकाल का नामकरण इस प्रकार दिया है-

नामकरण	**विद्वान**
वीरगाथाकाल	रामचन्द्र शुक्ल
चारण काल, संधि काल	रामकुमार वर्मा
आदिकाल	हजारी प्रसाद द्विवेदी
वीजवपन काल	महावीर प्रसाद द्विवेदी

21. किस इतिहासकार ने कवियों का क्रम वर्णानुक्रम से रखा है?

(a) गार्सा द तासी (b) मिश्रबन्धु
(c) रमाशंकर शुक्ल रसाल (d) एडविन ग्रीब्ज

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'गार्सा द तासी' ने 'इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐंदुई ए ऐंदुस्तानी' हिंदी पुस्तक में कवियों का क्रम वर्णानुक्रम में रखा है। एडविन ग्रीव्स ने 'ए स्केच ऑफ हिंदी लिटरेचर' पुस्तक लिखा है।

22. किस काल को गद्यकाल के नाम से भी जाना जाता है?

(a) वीरगाथा काल (b) रीतिकाल
(c) भक्तिकाल (d) आधुनिक काल

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) हिंदी साहित्य के इतिहासकारों में आचार्य रामचंद्र शुक्ल का नाम सर्वोपरि है। शुक्ल जी द्वारा किये गये हिंदी साहित्य का काल विभाजन और उसका नामकरण सबसे प्रामाणिक माना जाता है। इनके अनुसार 'आधुनिक काल' को 'गद्य काल' के नाम से भी जाना जाता है।

23. हिंदी साहित्य का आधुनिक काल सामान्यतया कब से माना जाता है?

(a) 1850 ई. से (b) 1700 ई. से
(c) 1750 ई. से (d) 1900 ई. से

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) अधिकांश विद्वानों के द्वारा हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल सामान्यतः सन् 1850 ई. से प्रारंभ माना जाता है। हिन्दी साहित्य का काल विभाजन निम्नलिखित है-
1. आदिकाल - 1050 से 1375 वि. स. तक
2. भक्तिकाल - 1375 से 1700 वि. स. तक
3. रीतिकाल - 1700 से 1900 वि. स. तक
4. आधुनिक काल - 1900 से अद्यतन।

@RexstarPdf

आधुनिक काल को पुनः चार युगों में विभक्त किया गया है-
(1) भारतेन्दु युग (1850 ई. से 1900 ई. तक)
(2) द्विवेदी युग (1900 ई. से 1918 ई. तक)
(3) छायावाद (1918 ई. से 1936 ई)
(4) छायावादोत्तर युग (1936- अब तक)

2. आदिकाल

24. आल्हा खंड किस बोली (भाषा) में लिखा गया है?
(a) भोजपुरी (b) बुंदेली
(c) मैथिली (d) बघेली

UP TET 2021 Re. Exam.
UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (b) : आल्हा खण्ड 'बुंदेली' भाषा की रचना है इसे 'परमाल रासो' के नाम से भी जाना जाता है। इसके रचनाकार कवि 'जगनिक' हैं। इसमें आल्हा और ऊदल नामक दो प्रसिद्ध वीरों की 52 लड़ाइयों का रोमांचकारी वर्णन है।

25. 'कीर्तिलता' किस भाषा की रचना है?
(a) मगही (b) मैथिली
(c) अपभ्रंश (d) खड़ी बोली

DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'कीर्तिलता' अपभ्रंश भाषा की रचना है, यह विद्यापति की प्रमुख रचनाओं में से एक है। विद्यापति की अन्य रचनाएँ– पदावली, कीर्तिपताका, पुरुष परीक्षा, भू-परिक्रमा आदि हैं।

26. इनमें से किसे 'कवियों में राजकुमार' के रूप में जाना जाता है?
(a) जगनिक (b) जयदेव
(c) अमीर खुसरो (d) विद्यापति

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'अमीर खुसरो' को 'कवियों में राजकुमार' के रूप में जाना जाता है। अमीर खुसरो प्रमुख कवि, शायर, गायक और संगीतकार थे। खुसरो प्रथम मुस्लिम कवि थे जिन्होंने हिन्दी खड़ी बोली के शब्दों का खुलकर प्रयोग किया। खड़ी बोली के प्रथम प्रयोग का श्रेय भी अमीर खुसरो को दिया जाता है।
अमीर खुसरो द्वारा रचित कुछ प्रसिद्ध पंक्तियाँ इस प्रकार हैं-
ऐ री सखी मोरे पिया घर आए
छाप तिलक सब छीन्ही रे
जो मैं जानती बिसरत हैं सैय्या।

27. कालिदास त्रिवेदी किसके दरबारी कवि थे?
(a) औरंगजेब (b) शाहजहाँ
(c) मोहम्मद शाह रंगीले (d) बहादुरशाह जफर

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'कालिदास त्रिवेदी' औरंगजेब के दरबारी कवि थे। इन्होंने औरंगजेब के समय की अनेक विजय अभियानों का वर्णन किया है। 'वरवधू विनोद' राधा माधव बुध मिलन विनोद, कालिदास हजारा इत्यादि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

28. 'देसिल बअना सब जन मिट्ठा, तै तैसन जपओ अवहट्ठा।' यह किसका प्रसिद्ध कथन है?
(a) स्वयंभू (b) मुंज
(c) विद्यापति (d) सरहपा

DSSSB PGT - 24.07.2018 (2 pm - 5 pm)
UGC NET December 2008 (Paper-II)
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपर-II) 2014
UK PSC Lecturer 2020
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : ''देसिल बअना सब जन मिट्ठा, तै तैसन जपओ अवहट्ठा।'' यह प्रसिद्ध कथन महाकवि 'विद्यापति' का है। ये संस्कृत, अवहठ, मैथिली आदि अनेक भाषाओं के प्रकाण्ड विद्वान थे। इन्हें मैथिली के सर्वोपरि कवि के रूप में जाना जाता है। तथा इन्हें 'मैथिल कोकिल' के नाम से जाना जाता है। इनकी कुछ महत्वपूर्ण रचनाएँ इस प्रकार हैं– कीर्तिलता, कीर्तिपताका, पदावली, गोरक्षविजय आदि।

29. ''रासो चरित काव्य है और उसकी रचना 'रासक' शैली में हुई थी।'' - यह कथन है
(a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) आचार्य चतुरसेन शास्त्री
(c) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(d) आचार्य क्षिति मोहन सेन

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016
UPSI Batch I Dec. 2017
UPSI Batch I 15 Dec. 2017
UPSI 2016

Ans : (a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन है कि–''रासो चरित काव्य है और उसकी रचना 'रासक' शैली में हुई है।'' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'रासो' शब्द की उत्पत्ति 'रसायण' से माना है। वे लिखते हैं- ''चन्दबरदाई हिन्दी के प्रथम महाकवि माने जाते हैं और इनका पृथ्वीराजरासो हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है।'' हजारी प्रसाद द्विवेदी 'रासो' शब्द की उत्पत्ति 'रासक' (उपरूपक) शब्द से माना है।

30. इनमें से किसे अपभ्रंश वाल्मीकि कहा जाता है?
(a) अरिष्टनेमी (b) सरहपा
(c) स्वयंभू (d) शबरपा

UP TGT 2013
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) 'स्वयंभू' को अपभ्रंश का वाल्मीकि कहा जाता है। स्वयंभू, अपभ्रंश भाषा के महाकवि थे। इनकी प्रमुख रचना- पउमचरिउ, रिट्ठणेमिचरिउ, स्वयंभू छंद हैं। इनकी रचनाओं में महाकाव्य के सभी गुण विकसित मिलते हैं।

31. ''गोरी सोवै सेज पर मुख पर डारे केस'' यह किसका प्रसिद्ध कथन है?
(a) विद्यापति (b) अमीर खुसरो
(c) जगनिक (d) चंदबरदाई

DSSSB PGT 23.07.2018
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) : ''गोरी सोवै सेज पर मुख पर डारे केस
चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहु देस''
– यह पंक्ति अमीर खुसरो की है। इनकी प्रमुख रचना– खालिकबारी, मुकरिया, दो सुखने, खुसरो की पहेलियाँ, मुकरिया, रुबाई आदि।

32. 'खुमाण रासो' किसकी प्रसिद्ध रचना है?

(a) शारंगधर (b) नरपति नाल्ह
(c) दलपति विजय (d) जगनिक

NVS TGT 18.09.2019
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c)

कवि	रचना
दलपति विजय	खुमाण रासो
शारंगधर	हम्मीर रासो
नरपति नाल्ह	बीसलदेव रासो
जगनिक	आल्हा खण्ड (परमाल रासो)

33. ''जहि मन पवन न संचरई, रवि ससि नहिं पवेस ।'' - यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) गोरखनाथ (b) बोधा
(c) स्वयंभू (d) सरहपा

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'जाहि मन पवन न संचरई,
रवि ससि नहिं पवेस ।'
यह उक्ति 'सरहपा' की है। सिद्ध कवियों में सरहपा का स्थान प्रमुख है। ये हिन्दी के प्रथम कवि माने जाते हैं। इन्हें सरोजवज्र, राहुलभद्र आदि नामों से जाना जाता है।

34. 'पउमचरिउ' किस भाषा की रचना है?

(a) मैथिली (b) खड़ीबोली
(c) मगही (d) अपभ्रंश

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (d) : 'पउमचरिउ' अपभ्रंश भाषा की रचना है। इसके रचयिता स्वयंभू हैं। स्वयंभू हिन्दी साहित्य के आदिकाल के कवि हैं। डा. रामकुमार वर्मा ने अपभ्रंश भाषा का प्रथम कवि स्वयंभू को हिन्दी का प्रथम कवि माना है। स्वयंभू को अपभ्रंश का वाल्मीकि कहा जाता है। इनकी अन्य रचना रिट्ठणेमिचरिउ, स्वयंभू छंद आदि हैं।

35. 'छंदानुशासन' के रचयिता इनमें से कौन हैं?

(a) क्षेमेन्द्र (b) भट्टकेदार
(c) सायंण (d) हेमचन्द्र

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : छंदानुशासन के रचयिता आचार्य हेमचन्द्र हैं। छंदशास्त्र ग्रन्थ 'सुवृत्तितिलक' के रचयिता क्षेमेन्द्र हैं। भट्ट केदार कृत 'वृत्तरत्नाकर' में छंदशास्त्र का विशद विवेचन हुआ है।

36. इनमें से 'सन्देश रासक' के रचयिता कौन हैं?

(a) धनपाल (b) अब्दुर्रहमान
(c) हेमचन्द्र (d) मेरुतुंग

UP TGT 2002
UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'सन्देश रासक' के रचयिता अब्दुर्रहमान हैं। यह अपभ्रंश भाषा में रचित एक काव्य है।

37. प्राकृत का 'पाणिनी' किसे कहा जाता है?

(a) मार्कण्डेय (b) हेमचन्द्र
(c) विद्यानाथ (d) विद्याभूषण

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : प्राकृत का 'पाणिनी' हेमचन्द्र को कहा जाता है। आचार्य हेमचन्द्र एक भारतीय जैन विद्धान, कवि, गणितज्ञ थे। इन्होंने व्याकरण, दर्शन, गणित एवं छंद पर पुस्तकें लिखी हैं। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्हें कलिकालसर्वज्ञ (अपने समय के सभी ज्ञान के ज्ञाता) की उपाधि प्रदान की गयी।

38. इनमें से चौरासी सिद्धों में प्रथम सिद्ध कौन हैं?

(a) शबरपा (b) डोम्भिपा
(c) सरहपा (d) लुईपा

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c)चौरासी सिद्धों का संबंध बौद्ध धर्म से है। ये भारत के पूर्वी भाग में सक्रिय थे। चौरासी सिद्धों में सरहपा, शबरपा, डोम्भिपा, लुईपा आदि मुख्य कवि थे जिनमें 'सरहपा' को प्रथम सिद्ध कवि माना गया है। राहुल सांकृत्यायन ने इन्हें हिंदी का प्रथम कवि माना है।

39. इनमें से खड़ी बोली हिन्दी के पहले कवि कौन हैं?

(a) अमीर खुसरो (b) सरहपा
(c) स्वयंभू (d) भारतेन्दु

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
KVS PGT Hindi-2017

उत्तर : (a) : खड़ी बोली हिन्दी के पहले कवि अमीर खुसरो हैं। अमीर खुसरो कवि, संगीतज्ञ एवं इतिहासकार थे। इनकी प्रमुख रचना- खालिकबारी, मुकरियाँ, हालात-ए-कन्हैया। आशिका, नूह-सिपिहर, तुगलकनामा। इन्हें खड़ी बोली हिन्दी का जनक माना जाता है।

40. रामचन्द्र शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का प्रथम महाकाव्य' इनमें से किसे माना है?

(a) पृथ्वीराज विजय (b) पृथ्वीराज रासो
(c) रामचरितमानस (d) बीसलदेव रासो

UK PSC Lecturer 2020
DSSSB PGT Hindi 2021 Shift-I
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का प्रथम महाकाव्य 'पृथ्वीराज रासो' को माना है। पृथ्वीराज रासो हिंदी भाषा में लिखा गया प्रथम महाकाव्य है। इसमें चौहान वंश के शासक पृथ्वीराज चौहान के जीवन चरित्र का वर्णन किया गया है। इसके रचयिता 'चंदरबरदाई' पृथ्वीराज चौहान के राजकवि एवं बचपन के मित्र थे।

41. विद्यापति द्वारा रचित कितने ग्रंथ अवहट्ट में हैं?

(a) 4 (b) 2
(c) 3 (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) : विद्यापति द्वारा रचित 2 ग्रंथ अवहट्ट में हैं। विद्यापति ने संस्कृत, अवहट्ट एवं मैथिली आदि भाषाओं में लेखन कार्य किया। इनकी प्रमुख रचना– (अवहट्ट में)- 'कीर्तिलता' एवं 'कीर्तिपताका' है। (मैथिली में) - 'पदावली' है। (संस्कृत में)- भूपरिक्रमा, पुरूष परीक्षा, शैवसर्वस्वसार, दुर्गा भक्तितरंगिणी हैं।

42. 'पृथ्वीराज रासो' किस काल की रचना है?

(a) आदिकाल (b) रीतिकाल
(c) भक्तिकाल (d) आधुनिक काल

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) 'पृथ्वीराज रासो' आदिकाल की रचना है। इसके रचयिता 'चन्दबरदाई' हैं। आदिकाल की अन्य रचनाएँ- बीसलदेवरासो (नरपतिनाल्ह), परमालरासो (जगनिक), विजयपालरासो (नल्हसिंह) दलपति विजय (खुमाण रासो) आदि हैं।

43. अमीर खुसरो का वास्तविक नाम क्या था?

(a) अब्दुल राही (b) शिवप्रसाद
(c) अबुल हसन (d) सुदर्शन

UP TET 2021
UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (c) अमीर खुसरो का वास्तविक नाम 'अबुल हसन' था। ये निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। ये खड़ी बोली के आदि कवि कहे जाते हैं। खुसरो द्वारा रचित ग्रंथों की संख्या 100 बताई जाती है, जिनमें से कुछ महत्त्वपूर्ण ग्रंथ इस प्रकार हैं– खालिकबारी, पहेलियाँ, मुकरिया, दो सुखने, ग़ज़ल आदि।

44. अमीर खुसरो का समय है–

(a) 10वीं शताब्दी (b) 12वीं शताब्दी
(c) 13वीं शताब्दी (d) 14वीं शताब्दी

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) अमीर खुसरो का जन्म 1253 ई. में उत्तर प्रदेश के एटा जिले के 'पटियाली गांव' में हुआ था। इनका वास्तविक नाम अबुल हसन था। अमीर खुसरो को 'हिन्द का तोता' कहा जाता है।

45. .....'मैथिली' के सुप्रसिद्ध कवि हैं।

(a) विद्यापति (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) नागार्जुन (d) भिखारी ठाकुर

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch - I 19 Dec. 2017

उत्तर. (a) : मैथिली के प्रसिद्ध कवि **'विद्यापति'** हैं। विद्यापति ने 'पदावली' की रचना मैथिली भाषा में की है, जिसके कारण इन्हें 'मैथिल कोकिल' भी कहा जाता है। इन्होंने कीर्तिलता एवं 'कीर्तिपताका' की रचना 'अवहट्ट भाषा' में की है।

46. विद्यापति की 'पदावली' किस भाषा में लिखी गई है?

(a) भोजपुरी (b) ब्रज
(c) अवधी (d) मैथिली

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (d) विद्यापति की 'पदावली' मैथिली भाषा में लिखी गयी है। इनके द्वारा रचित-कीर्तिलता, कीर्तिपताका अवहट्ट भाषा में है। आदिकाल के श्रृंगार रस के सिद्धवाक् कवि के रूप में विख्यात विद्यापति का संस्कृत, अवहट्ट तथा मैथिली पर समान अधिकार था।

47. 'पृथ्वीराज रासो' किस कवि की रचना है?

(a) सारंगधर (b) नरपति नाल्ह
(c) चंदबरदाई (d) जगनिक

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UP TGT 2011
DSSSB PGT 23.07.2018
UP PGT 2005
UP PGT 2016
UP TGT 2009
UPSI Batch - I 15 Dec.2017
UPSI 20.07.2017 Shift-II
UK PSC AE 2012

उत्तर : (c) 'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता 'चंदबरदाई' हैं। 'पृथ्वीराज रासो' रासो परंपरा का प्रतिनिधि एवं सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ है। अन्य रासो ग्रंथ तथा उनके रचनाकार का विवरण निम्न है–

रचनाकार	रासो ग्रंथ
दलपति विजय	खुमाण रासो
नरपति नाल्ह	बीसलदेव रासो
जगनिक	परमाल रासो
नल्ह सिंह	विजयपाल रासो
शार्ङ्गधर	हम्मीर रासो

48. हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ कौन-सा है?

(a) सतसई
(b) रामलला नहछू
(c) पृथ्वीराज रासो
(d) आल्हा उदल

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ 'पृथ्वीराजरासो' है। कवि चन्दबरदाई द्वारा रचित इस महाकाव्य में पृथ्वीराज चौहान के जीवन-चरित्र का वर्णन किया गया। 'पृथ्वीराज रासो' हिन्दी साहित्य में वीर रस का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य है।

49. 'जयचंद प्रकाश' नामक महाकाव्य के लेखक हैं

(a) बलदेवचंद्र (b) भगवान सिंह
(c) चंदबरदाई (d) भट्ट केदार

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) 'जयचंद प्रकाश' काव्य के रचनाकार 'भट्ट केदार' हैं। यह वीर रस का प्रबन्धकाव्य है जिसकी रचना संवत् 1224 में हुई थी।

50. आदिकाल को चारणकाल की संज्ञा किसने दी?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) वीरगाथा काल
(c) ग्रियर्सन (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

[UPTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर : (c) 'जॉर्ज ग्रियर्सन' ने आदिकाल को 'चारणकाल' की संज्ञा दी।

@RexstarPdf

51. आदिकाल को वीरगाथा काल किसने कहा?

(a) पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) डॉ. राम विलास शर्मा
(c) पं. रामचन्द्र शुक्ल
(d) पं. विश्वनाथ मिश्र

UP TGT 2009
UP TGT 2011
KVS TGT Hindi, 2017

उत्तर : (c) आदिकाल को जार्ज ग्रियर्सन ने 'चारण काल', आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'वीरगाथा काल', रामकुमार वर्मा ने 'संधि अथवा चारण काल' मिश्र बन्धु ने 'प्रारम्भिक काल' और राहुल सांकृत्यायन ने 'सिद्ध सामंत काल' कहा है।

3. भक्तिकाल
(i) संत

52. मुगल बादशाह शाहजहाँ ने किस कवि को 'महाकविराय' की पदवी दी थी?

(a) सेनापति (b) कादिर
(c) बनारसीदास (d) सुंदरदास

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) मुगल बादशाह शाहजहाँ ने कवि 'सुंदरदास' को 'महाकविराय' की उपाधि दी।

53. निम्नलिखित दोहा किसका है?

माला तो कर में फिरै जीभ फिरै मुख माहिं ।
मनुआ तो चहुँ दिसि फिरै यह तो सुमिरन नाहिं ॥

(a) तुलसीदास
(b) दादूदयाल
(c) कबीरदास
(d) रहीम

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त दोहा 'कबीरदास' का है। कबीरदास कहते हैं कि हाथ में माला फेरना तथा मुख में जीभ फेरना भजन नहीं है, जब तक मन में लगन न हो, प्रभु स्मरण के समय भी मन चारों दिशाओं में फिरे अर्थात सांसारिक कार्यों में लगा रहे तो वह सुमिरन नहीं है।

54. कबीरदास की भाषा कौन सी है?

(a) ब्रज (b) पंचमेल खिचड़ी
(c) राजस्थानी (d) अवधी

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : कबीरदास की रचनाओं में अरबी, फारसी, पंजाबी, बुन्देलखंडी, ब्रजभाषा, खड़ी बोली आदि के शब्द मिलते हैं, इसलिए इनकी भाषा को 'पंचमेल खिचड़ी' या 'सधुक्कड़ी' भाषा कहा जाता है।

55. 'बीजक' किसकी रचनाओं का संग्रह है?

(a) कबीर (b) जायसी
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

DSSSB PGT 23.07.2018
UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift
UPSI Batch-I 14Dec. 2017
उ.प्र. पुलिस कांस्टेबल 18/06/2018 (प्रथम पाली)
उ. प्र.उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (a) बीजक कबीर की रचनाओं का संग्रह है।

रचना		रचनाकार
बीजक (साखी, सबद, रमैनी)	–	कबीरदास
पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम	–	जायसी
सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी	–	सूरदास
रामचरितमानस, गीतावली, रामलला नहछू कवितावली, विनयपत्रिका, पार्वती मंगल	–	तुलसीदास

56. दिए गए विकल्पों में से निर्गुण भक्ति काव्य के प्रमुख कवि कौन हैं?

(a) सूरदास (b) कबीर
(c) तुलसीदास (d) केशव

KVS PGT 2018
DSSSB TGT - 15-09-2018
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'कबीर' 'निर्गुण भक्ति धारा' के कवि थे। इन्होंने जाति-प्रथा, धार्मिक कर्मकाण्ड, बाह्य आडम्बर, मूर्तिपूजा, जप-तप, अवतारवाद आदि का घोर विरोध करते हुए एकेश्वरवाद एवं निराकार ब्रह्म की उपासना को महत्व दिया।

57. कबीर के प्रमुख शिष्य थे–

(a) रैदास (b) धर्मदास
(c) दादू (d) सुंदरदास

UPSI, 2016

उत्तर : (b) कबीरदास निर्गुण भक्ति काव्य धारा के प्रतिनिधि सन्त कवि थे। कबीर के शिष्यों में प्रमुख 'धर्मदास' थे, जिन्होंने कबीर की वाणी का संकलन बीजक नाम से किया। इन्होंने कबीर का शिष्यत्व प्राप्त करने के लिए अपनी सारी सम्पत्ति दान कर दी थी।

58. 'गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागों पाय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय॥'
उक्त पद्यांश के रचयिता हैं–

(a) रहीमदास (b) दादू
(c) कबीरदास (d) तुलसीदास

UPSI, 2016

उत्तर : (c) उक्त पद्य पंक्तियाँ 'कबीरदास' द्वारा विरचित हैं, जो 'बीजक' से ली गई हैं।

@RexstarPdf

59. कबीर ने समाज सुधार के अंतर्गत किसका उपदेश नहीं दिया?

(a) मूर्ति पूजा का विरोध
(b) जाति प्रथा का खंडन
(c) स्त्री-पुरुष की समानता
(d) हिन्दू-मुस्लिम पाखंड का खंडन

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर: (c) कबीर ने समाज सुधार के अंतर्गत स्त्री-पुरुष की समानता का उपदेश नहीं दिया है। इसके अतिरिक्त मूर्ति पूजा का विरोध, जाति प्रथा का खण्डन तथा हिन्दू-मुस्लिम पाखंड का खंडन किया है। कबीर कवि बाद में; **समाज सुधारक** पहले हैं।

60. निम्नलिखित में से कौन ज्ञानाश्रयी शाखा के कवि हैं?

(a) कबीरदास (b) तुलसीदास
(c) रहीमदास (d) मलिक मुहम्मद जायसी

व्यायाम प्रशिक्षक 16.09.2018 द्वितीय पाली
UPSI Batch-I 15 Dec. 2017
UKPSC AE, 2017
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) ज्ञानाश्रयी शाखा के कवि 'कबीरदास' हैं। रामभक्ति शाखा के कवि 'तुलसीदास', कृष्णभक्ति शाखा के कवि 'रहीमदास' तथा सूफी प्रेममार्गी काव्य धारा के कवि 'मलिक मुहम्मद जायसी' हैं।

61. निर्गुण कवियों में सर्वाधिक शिक्षित संत इनमें से कौन है?

(a) सुंदरदास (b) दादूदयाल
(c) धर्मदास (d) मलूक दास

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UP TGT 2003, 2001
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपर-II) 2014

उत्तर : (a) : निर्गुण कवियों में सर्वाधिक शिक्षित संत 'सुंदरदास' हैं। सुंदरदास, संत दादू के शिष्य थे। इन्होंने काशी में रह कर विद्याध्ययन किया। इनकी प्रमुख रचनाएँ- ज्ञानसमुद्र, सुदंरविलास, सर्वांगयोगप्रदीपिका, पंचेद्रिय चरित्र, सुख समाधि, अद्भुत उपदेश, स्वप्न प्रबोध, वेद विचार, पंच प्रभाव इत्यादि हैं।

62. इनमें से वारकरी संप्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(a) कबीरदास (b) ज्ञानेश्वर
(c) एकनाथ (d) देवनाम

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'वारकरी' संप्रदाय के प्रवर्तक- 'ज्ञानेश्वर'।
नोट- वारकरी संप्रदाय के संस्थापक तुकाराम थे। इस संप्रदाय के प्रमुख संत ज्ञानेश्वर एवं नामदेव थे।

63. आलवार भक्तों की संख्या कितनी मानी जाती है?

(a) बारह (b) आठ
(c) ग्यारह (d) दस

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : आलवार भक्तों की संख्या 'बारह' मानी जाती है। नयनार भक्तों की संख्या 63 है। सिद्धों की संख्या 84 है। नाथों की संख्या 9 है। आलवार और नयनार भक्तों का सम्बंध दक्षिण भारत से है। आलवार संत 'वैष्णव' तथा नयनार संत 'शैव' धर्म के उपासक थे।

64. संत सींगा की भाषा क्या थी?

(a) पंजाबी (b) अवधी
(c) राजस्थानी (d) निमाड़ी

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : संत सींगा की भाषा 'निमाड़ी' थी। निमाड़ी मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र में बोली जाती है। निमाड़ी बोली जाने वाला जिला बड़वानी खण्डवा, पूर्वी निमाड़ प्रमुख हैं।

65. कबीरदास की वाणियों की भाषा कौन-सी है?

(a) सधुक्कड़ी (b) ब्रज
(c) मैथिली (d) अवधी

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
ग्राम विकास अधिकारी, 2016

उत्तर: (a) कबीरदास की वाणियों की भाषा 'सधुक्कड़ी' (पंचमेल खिचड़ी) है। कबीर भक्तिकाल के निर्गुण काव्य धारा के प्रमुख कवि थे। इनकी प्रमुख रचना - बीजक (साखी, सबद, रमैनी) है।

रचना		भाषा
रमैनी	-	ब्रजभाषा और पूर्वी बोली
सबद	-	ब्रजभाषा और पूर्वी बोली
साखी	-	राजस्थानी, पंजाबी मिली खड़ी बोली

66. इनमें से कबीर किस मुगल शासक के समकालीन थे?

(a) अलाउद्दीन (b) मुहम्मद तुगलक
(c) सिकंदर लोदी (d) अकबर

UP TGT2013
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : कबीर, कवि और समाज सुधारक थे। कबीर सिकन्दर लोदी के समकालीन थे। कबीरदास भक्ति काल के संत काव्य परंपरा के प्रतिनिधि कवि थे। कबीरदास का जन्म वाराणसी में हुआ था और उनकी मृत्यु उत्तर प्रदेश के मगहर में हुई थी।

67. इनमें से आलवार महिला संत का नाम क्या है?

(a) गार्गी (b) आण्डाल
(c) अपाला (d) राबिया

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : विष्णु या नारायण की उपासना करने वाले भक्त 'आलवार' कहलाते हैं। आलवार संतों की संख्या 12 मानी जाती है जिनमें मात्र एक महिला संत थी, जिन्हें 'आण्डाल' के नाम से जाना जाता है।

68. 'बेगमपुरा' की अवधारणा को इनमें से किस कवि ने प्रस्तुत किया?

(a) कबीरदास (b) रविदास
(c) तुलसीदास (d) सूरदास

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) : 'बेगमपुरा' की अवधारणा को भक्तिकाल के महान संत 'रविदास' ने प्रस्तुत किया था। यह एक राजनीतिक-आर्थिक-सामाजिक अवधारणा है। संत रविदास ने बेगमपुर शहर में एक दुःखविहीन समाज की कल्पना की है, जिसमें ऊँच-नीच, अमीर-गरीब और छूआछूत का भेद नहीं है।

69. शंकराचार्य किस वाद के प्रवर्तक आचार्य माने जाते हैं?

(a) अद्वैतवाद (b) विशिष्टाद्वैतवाद
(c) द्वैतवाद (d) द्वैताद्वैतवाद

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए गए सभी विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं।

वाद/मत		प्रवर्तक
अद्वैतवाद	→	शंकराचार्य
विशिष्टाद्वैतवाद	→	श्रीरामानुजाचार्य
द्वैतवाद	→	माध्वाचार्य
द्वैताद्वैतवाद	→	निम्बार्काचार्य
शुद्धाद्वैतवाद	→	वल्लभाचार्य

70. ''बरियाँ बीती बल गया, अस बुरा कमाया।
हरि जिन छाँड़ै हाथ थैं, दिन नेड़ा आया॥''
उक्त पंक्ति के रचनाकार कौन हैं?

(a) कबीरदास (b) रहीम
(c) सूरदास (d) घनानंद

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016
UPSI 2016

उत्तर: (a) प्रस्तुत पंक्ति 'कबीरदास' की है। कबीरदास भक्तिकाल के निर्गुण काव्यधारा की उपशाखा 'ज्ञानाश्रयी शाखा' के प्रतिनिधि कवि हैं। इनके गुरु रामानन्द हैं। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने कबीर को 'भाषा का डिक्टेटर' कहा है। रामचन्द्र शुक्ल कबीर की भाषा को 'सधुक्कड़ी', श्यामसुन्दर दास ने 'पंचमेल खिचड़ी' कहा है। 'बीजक' इनकी रचना है।

71. 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी' पंक्ति किस कवि की है?

(a) कबीरदास (b) रैदास
(c) हरिदास निरंजनी (d) दादूदयाल

UK PSC Lecturer 2020
DSSSB PGT 24.07. 2018 Shift-III
UPSI 27/11/2024 (Shift-I)
VDO Re-Exam 26/06/2023 (Shift-II)
UPP Jail Warden/Fireman Eaxm Date 19/12/2020 Shift-I
UP TET(I-V) 08/01/2019

उत्तर : (b) : 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी' पंक्ति संत काव्यधारा के प्रमुख कवि 'रैदास' द्वारा रचित है। संत कवि रैदास का जन्म काशी में चर्मकार कुल में हुआ था। इनकी रचनाओं को 'आदि गुरु ग्रंथ साहिब' में संकलित किया गया है। रैदास 'रामानन्द' के शिष्य थे तथा प्रसिद्ध कृष्ण भक्ति काव्यधारा की कवयित्री 'मीराबाई' के गुरु माने जाते हैं।

72. ''दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना। राम नाम का मरम है आना॥''-यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) परमानंद दास (b) केशवदास
(c) कबीरदास (d) तुलसीदास

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : ''दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना।
राम नाम का मरम है आना।।''
यह पंक्ति कबीरदास द्वारा रचित है। कबीरदास भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के प्रमुख कवि थे। इनकी प्रमुख रचना - साखी, सबद, रमैनी (बीजक में संगृहित) है।

73. ''मोको कहाँ ढूँढे बंदे मैं तो तेरे पास में'' - यह उक्ति किस संत कवि की है?

(a) दादू दयाल (b) कबीर
(c) नानकदेव (d) रैदास

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) ''मोको कहाँ ढूँढ़ै बंदे मैं तो तेरे पास में'' यह उक्ति संत 'कबीरदास' की है। कबीरदास की वाणी का संग्रह 'बीजक' के नाम से प्रसिद्ध है। इसके तीन भाग हैं- (i) रमैनी (ii) सबद (iii) साखी। कबीरदास की कुछ प्रसिद्ध पंक्तियाँ निम्न हैं-

- बीत गये दिन भजन बिना रे।
- काहे री नलिनी तू कुमिलानी।

74. ''होनहार बलवान इसे मत मानो झूठी''-यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) विद्यापति (b) सूरदास
(c) नानकदेव (d) कबीरदास

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'होनहार बलवान इसे मत मानो झूठी'- यह उक्ति 'गुरुनानक देव' द्वारा रचित है। इनकी अन्य रचानाएँ इस प्रकार से हैं– जपुजी साहिब, आसदीवार, रहिरास, सोहिला, नसीहतनामा।
विद्यापति आदिकाल के कवि हैं। इनकी रचना- कीर्तिलता, पदावली, गोरक्ष विजय आदि हैं। सूरदास सगुण भक्ति धारा के प्रमुख कवि हैं। इनकी रचना- सूरसरावली, साहित्य लहरी आदि हैं। कबीरदास भक्तिकाल के ज्ञानाश्रयी शाखा के कवि हैं। इनकी रचना 'बीजक' में संकलित है।

75. 'हरडेबानी' किसकी रचना है?

(a) सुन्दरदास
(b) धरमदास
(c) दादू दयाल
(d) नानकदेव

DSSSB PGT 23.07.2018
UP TGT 2003
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (c) 'हरडेबानी' दादूदयाल की रचना है। इनकी मुख्य रचनाएँ- काया बोली, अंगवधू हैं। दादू दयाल भक्तिकाल के ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख संत कवि थे। इन्होंने एक निर्गुणवादी संप्रदाय की स्थापना की जो दादूपंथ के नाम से जाना जाता है।

@RexstarPdf

76. ''हेत प्रीति से जो मिले, तासो मिलिए धाय'' - यह उक्ति किस संत कवि की है?

(a) रैदास (b) दादू दयाल
(c) नानकदेव (d) कबीर

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'हेत प्रीति से जो मिले, तासो मिलिए धाय।'
यह उक्ति कबीर की है। कबीरदास की प्रमुख रचना बीजक (साखी, सबद, रमैनी) है। इनकी भाषा सधुक्कड़ी (पंचमेल खिचड़ी) थी।

77. इनमें से 'श्री गुरु ग्रंथ साहब' का संकलन किसने किया?

(a) गुरु अर्जुन देव (b) गुरु हरगोविंद सिंह देव
(c) गुरुनानक देव (d) गुरु गोविन्द सिंह

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : सिखों के प्रसिद्ध धर्मग्रंथ 'श्री गुरु ग्रंथ साहब' का संकलन उनके पाँचवें गुरु 'अर्जुन देव' द्वारा सन् 1604 ई. में किया गया। गुरु ग्रंथ साहब को आदिग्रंथ भी कहा जाता है।

78. निम्न में से किस कवि की उलटवासियाँ प्रसिद्ध हैं?

(a) बिहारी (b) सूरदास
(c) कबीरदास (d) रहीम

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : कबीरदास उलटबाँसियों के लिए प्रसिद्ध हैं। शेष कवियों की प्रसिद्धि के कारण इस प्रकार हैं-

कवि	**प्रसिद्धि**
बिहारी-	श्रृंगारपरक एवं भक्तिपरक दोहे
सूरदास-	वात्सल्य कृष्ण भक्ति के पद
रहीमदास-	नीति के दोहे

79. 'नानक' किस काव्यधारा के कवि हैं?

(a) संत काव्यधारा
(b) सूफी काव्यधारा
(c) राम काव्यधारा
(d) कृष्ण काव्यधारा

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (a) : 'नानक' भक्तिकाल के संत काव्यधारा के कवि हैं। जबकि सूफी काव्यधारा में प्रमुख कवि जायसी, कुतुबन, मंझन आदि आते हैं। राम काव्यधारा में तुलसी, नाभादास, रामानंद आदि हैं और कृष्ण काव्यधारा में सूरदास, वल्लभाचार्य, बिट्ठलनाथ आदि प्रमुख कवि आते हैं।

80. 'मसि कागद छुयौ नहीं, कलम गह्यो नहिं हाथ' पंक्ति किसने लिखी है?

(a) सूरदास (b) तुलसीदास
(c) कबीरदास (d) रहीम

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) 'मसि कागद छुयौ नहीं, कलम गह्यो नहिं हाथ' पंक्ति कबीरदास ने कही है। अन्य पंक्ति व रचयिता हैं–

पंक्ति	**रचयिता**
ऊधौ! तुम अपनो जतन करो	सूरदास
सुरतिय, नरतिय, नागतिय, सब चाहत अस होय	तुलसीदास
गोद लिये हुलसी फिरैं, तुलसी सो सुत होय	रहीम

(ii) सूफी काव्य

81. रचनाकार और रचना का कौन सा युग्म सही नहीं है?

(a) तुलसी – रामचरित मानस
(b) कुतबन – मृगावत
(c) जायसी – पद्मावत
(d) मंझन – चित्रावली

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (d) : मंझन–चित्रावली युग्म रचनाकार और रचना की दृष्टि से सही नहीं है। रचनाकार और रचना का सही विवरण है–

रचनाकार	**–**	**रचना**
तुलसीदास	–	रामचरितमानस
कुतुबन	–	मृगावती
जायसी	–	पद्मावत
मंझन	–	मधुमालती
शेख उस्मान	–	चित्रावली

82. ज्ञानदीप किसकी रचना है?

(a) वृंद (b) भूषण
(c) शेखनबी (d) रहीम

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (c) ज्ञानदीप 'शेखनबी' की रचना है। 'शेखनबी' जौनपुर जिले में दौसपुर के पास मऊ नामक स्थान के रहने वाले थे। इन्होंने 'ज्ञानदीप' नामक एक आख्यान काव्य लिखा, जिसमें राजा ज्ञानदीप और रानी देवयानी की कथा है।

83. चन्दायन किस कवि की रचना है?

(a) मलिक मुहम्मद जायसी (b) कुतुबन
(c) मंझन (d) मुल्लादाउद

[UPSI 20.07.2017 Shift II]
UP Degree College Exam. 2008
UGC NET 2004 (Paper-II)

उत्तर. (d) : चन्दायन 'मुल्लादाउद' की रचना है, जो हिन्दी का प्रथम सूफी प्रेमकाव्य माना जाता है। 14वीं शताब्दी के अंतिम दशकों में इसकी रचना का अनुमान किया जाता है। डॉ0 माता प्रसाद गुप्त ने 'चंदायन' को लोरकहा या लोरकथा नाम से अभिहित किया है।

84. मुल्लादाउद कृत 'लोरकहा' की भाषा इनमें से कौन-सी है?

(a) ब्रजभाषा (b) अवधी
(c) अपभ्रंश (d) राजस्थानी

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तरः (b) : मुल्लादाउद कृत 'लोरकहा' की भाषा 'अवधी' है। 'लोरकहा' को ही अब 'चंदायन' नाम से जाना जाता है। इसे हिंदी का प्रथम सूफी काव्य माना गया है।

85. इनमें से हिंदी के प्रथम सूफी कवि कौन हैं?

(a) जायसी (b) मुल्ला दाउद
(c) मुल्लावजही (d) नूर मुहम्मद

UP TET 2021
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (b) 'मुल्ला दाउद' मध्यकालीन हिंदी सूफी काव्य परंपरा के प्रथम कवि हैं। सूफी संतों की शैली मसनवी है।इनकी प्रमुख रचना-चन्दायन है।

86. हीरामन सुआ का उल्लेख आता है–

(a) कबीर ग्रंथावली
(b) पद्मावत
(c) सूरसागर
(d) रामचरित मानस

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016
UPSI 2016

Ans : (b) 'हीरामन सुआ' का उल्लेख 'पद्मावत' में आता है। यह जायसी द्वारा रचित सूफी काव्य परम्परा का महाकाव्य हैं। 'पद्मावत' में प्रयुक्त प्रतीकार्य इस प्रकार हैं–

रत्नसेन	–	मन (आत्मा)
सिंहल	–	हृदय
पद्मावती	–	श्रद्धा या सात्विक बुद्धि (परमात्मा)
सुवा या हीरामन तोता	–	गुरु
नागमती	–	दुनिया धंधा या सांसारिक बुद्धि
राघव चेतन	–	शैतान
अलाउद्दीन	–	माया।

87. 'चंदायन' इनमें से किस लोक-कथा पर आधारित है?

(a) चनैनी (b) युसूफ-जुलेखा
(c) लैला-मजनूं (d) शीरी-फरहाद

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'चंदायन' चनैनी लोक-कथा पर आधारित है। इसे लोरिकायन या लोरिकी के नाम से भी जाना जाता है। चंदायन मुल्ला दाऊद की रचना है। यह हिन्दी भाषा के प्रथम सूफी कवि थे। चंदायन में लोरिक एवं चनैनी मुख्य नायक-नायिका हैं। इसमें इन दोनों के प्रेम गाथा का वर्णन है।

88. 'चंदायन' किस भाषा का काव्य है?

(a) राजस्थानी (b) पहाड़ी
(c) अवधी (d) मैथिली

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'चंदायन' अवधी भाषा का काव्य है। यह मुल्ला दाऊद की रचना है। यह सूफी प्रेमकाव्य है। इसके प्रमुख पात्र चंदा, लोर एवं मैना हैं।

89. 'पद्मावत' किसकी रचना है?

(a) कबीर (b) जायसी
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift
UP SI, 1999

उत्तर : (b) 'पद्मावत' जायसी की रचना है–

रचनाकार		रचना
जायसी	–	पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम, कन्हावत।
कबीर	–	बीजक (साखी, सबद, रमैनी)।
सूरदास	–	सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी,
तुलसीदास	–	रामचरितमानस, गीतावली, कवितावली, विनयपत्रिका, जानकी मंगल आदि।

90. बसहि पक्षी बोलहि बहुभाखा,
करहि हुलास देखिके शाखा।
प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता कौन हैं?

(a) तुलसीदास (b) कबीर
(c) जायसी (d) रामानंद

इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016

उत्तरः (c) उपर्युक्त काव्य पंक्ति मलिक मुहम्मद जायसी के 'पद्मावत' ग्रन्थ से उद्धृत है। जायसी द्वारा रचित अन्य ग्रंथ अखरावट, आखिरीकलाम, चित्ररेखा, कहरानामा, मसलानामा और कान्हावत है।

91. जायसी किस धारा के कवि हैं?

(a) प्रेममार्गी भक्ति धारा (b) कर्ममार्गी भक्ति धारा
(c) ज्ञानमार्गी भक्तिधारा (d) उक्त में कोई नहीं

UK PSC AE, 2017
UP SI Batch-II 16 Dec. 2017

उत्तर : (a) 'मलिक मुहम्मद जायसी' निर्गुण प्रेममार्गी भक्ति धारा के सूफी कवि हैं। 'पद्मावत' जायसी की कालजयी रचना है। जिसमें अध्यात्म के नवीन स्तरों को स्वाभाविक ढंग से स्पर्श किया गया है और आलोचकों ने जायसी के इस प्रयास को भरपूर सराहा है। 'पद्मावत' में नागमती का 'बारहमासा' 'वियोग वर्णन' हिन्दी साहित्य की अनुपम निधि है।

92. कवि मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित पद्मावत की भाषा है -

(a) ब्रज (b) अवधी
(c) भोजपुरी (d) खड़ीबोली

UP 28/11/ 2021(Shift-II)
UPSI Batch-III 16 Dec. 2019
UP SI Batch-II 16 Dec. 2017
गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016
UPSI 2016
UK PSC AE 2013

@RexstarPdf

उत्तर: (b) कवि 'मलिक मुहम्मद जायसी' द्वारा रचित 'पद्मावत' की भाषा 'अवधी' है। जायसी भक्तिकाल के निर्गुण प्रेमाश्रयी धारा के सूफी कवि हैं। 'पद्मावत' में पद्मावती की प्रेम कथा का रोचक वर्णन है। रत्नसेन की पहली पत्नी नागमती के वियोग का अनूठा वर्णन है। यह कड़वक (दोहा - चौपाई) पद्धति में रचित ग्रन्थ है। मलिक मुहम्मद जायसी की अन्य रचनाएँ - अखरावट, आख़िरी कलाम, कहरानामा, चित्ररेखा आदि हैं।

93. जायसी द्वारा रचित 'पद्मावत' निम्न में से क्या है?

(a) वक्रोक्ति
(b) अन्योक्ति
(c) समासोक्ति
(d) रूपक काव्य

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) जायसी द्वारा रचित 'पद्मावत' समासोक्ति है। ऐसी उक्ति जिसमें सामासिक पदों की बहुलता हो, समासोक्ति कहलाता है। इनकी अन्य रचनाएँ हैं – अखरावट, आखिरी कलाम, कहरानामा, मसलानामा।

94. निम्नलिखित में से किस मुसलमान कवि की रचना 'प्रेम चिनगारी' है?

(a) शेखनवी (b) जायसी
(c) नूर मुहम्मद (d) नजफ अली

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) मुसलमान कवि नजफ अली की रचना 'प्रेम चिनगारी' है, जबकि जायसी ने 'पद्मावत', नूर मुहम्मद ने 'इन्द्रावती' तथा 'अनुराग बाँसुरी' और शेखनवी ने 'ज्ञानदीप' की रचना की है।

(iii) राम काव्य

95. कृष्ण गीतावली किसकी रचना है?

(a) मीराबाई
(b) तुलसीदास
(c) सूरदास
(d) नन्ददास

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : 'कृष्ण गीतावली' के रचनाकार गोस्वामी तुलसीदास हैं। इनकी रचनाएँ रामललानहछू, वैराग्यसंदीपनी, रामाज्ञाप्रश्न, जानकी-मंगल आदि हैं।

96. ''अस्थि चर्म मय देह मम, तामे ऐसी प्रीति।
तैसो जौ श्रीराम महँ होति न तौ भव भीति।।''
-किसका कथन है?

(a) मीरा (b) रत्नावली
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : उपर्युक्त पंक्ति रत्नावली की है। रत्नावली तुलसीदास की पत्नी का नाम है, तुलसीदास जी अपनी पत्नी पर इतने अनुरक्त थे कि एक बार मायके चले जाने पर वे बढ़ी नदी पार करके उनसे मिलने पहुँच गये उसी समय यह दोहा कहा-
''अस्थि चर्म मय देह मम, तामे ऐसी प्रीति।
तैसो जौ श्रीराम महँ होति न तौ भव भीति।।''

97. 'रत्नावली' किस कवि की पत्नी थीं?

(a) केशवदास (b) सूरदास
(c) तुलसीदास (d) कबीरदास

[UKPSC AE 2012]
[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : 'तुलसीदास' की पत्नी का नाम 'रत्नावली' था। तुलसीदास भक्तिकालीन रामभक्तिशाखा के प्रमुख कवि हैं। इसकी प्रसिद्ध रचना-रामचरितमानस है। जबकि 'सूरदास' भक्तिकाल में कृष्ण भक्तिशाखा के प्रमुख कवि हैं। इनकी रचना-सूरसागर, साहित्य लहरी, सूरसारावली आदि हैं। 'केशवदास' रीतिकाल के प्रमुख कवि हैं। इनकी रचनाएँ- कविप्रिया, रसिक प्रिया, विज्ञानगीता आदि हैं। 'कबीरदास' भक्तिकाल में निर्गुण काव्यधारा के अंतर्गत ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि हैं। इनकी रचना-साखी,सबद, रमैनी है।

98. 'रामचरितमानस' में वक्ता- श्रोता कौन हैं?

(a) शिव-पार्वती (b) काकभुसुंडि-गरूड़
(c) याज्ञवल्क्य-भरद्वाज (d) उपर्युक्त सभी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'रामचरितमानस' में वक्ता-श्रोता की संख्या चार हैं।
1. शिव-पार्वती
2. काकभुसुंडि-गरुड़
3. याज्ञवल्क्य-भरद्वाज
4. तुलसीदास-सन्तसमाज

99. दोहावली किसकी रचना है?

(a) कबीरदास (b) तुलसीदास
(c) सूरदास (d) रहीमदास

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (b) : 'दोहावली' तुलसीदास जी की रचना है। इनकी प्रमुख रचनाएँ - हनुमान बाहुक, गीतावली, कृष्णगीतावली आदि हैं।

100. विनयपत्रिका किसकी रचना है?

(a) तुलसीदास (b) सूरदास
(c) कालिदास (d) कबीरदास

UPSI Batch-III 19 Dec. 2017
[UPSI 22.07.2017 Sift I]
UPSI Batch-III 13 Dec. 2017
[UKPSC AE 2012]
UPSI 1999

@RexstarPdf

उत्तर. (a): विनयपत्रिका की रचना तुलसीदास ने की है। तुलसीदास का जन्म संवत् 1589 में उत्तर प्रदेश के राजापुर नामक ग्राम में हुआ था। इनके माता-पिता का नाम हुलसी तथा आत्माराम दुबे था। दीनबंधु पाठक की पुत्री रत्नावली से इनका विवाह हुआ था। महान रचनाकार तुलसीदास की अन्य रचनाएं इस प्रकार हैं - रामचरितमानस, रामललानहछू, पार्वती मंगल, गीतावली, कवितावली, दोहावली।

101. 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में हुई है?

(a) खड़ी बोली हिन्दी (b) ब्रजभाषा
(c) अवधी (d) मैथिली

UPSI 02/12/2021 Shift-III
[UPCSA 2019]
UPSI 17.02.2017 Shift-II
UK PSC AE 2017

उत्तर. (c) : 'रामचरितमानस' की रचना अवधी भाषा में हुई है। 'रामचरितमानस' तुलसीदास की रचना है। इनकी अवधी में रचित रचनाएँ हैं- रामाज्ञाप्रश्न, जानकी-मंगल, पार्वती मंगल और बरवै रामायण। रामचरितमानस सात काण्डों में रचित है। आचार्य शुक्ल ने 'रामचरितमानस' को 'लोकमंगल की साधनावस्था' का काव्य माना है जबकि 'कृष्णगीतावली' तुलसीदास की ब्रज भाषा में रचित कृति है। अयोध्यासिंह उपाध्याय कृत 'प्रियप्रवास' को खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है और विद्यापति ने 'पदावली' और 'गोरक्ष विजय' की रचना की है।

102. 'रत्नावली दोहा संग्रह' किसके द्वारा रचा गया?

(a) रत्नावली (b) तुलसीदास
(c) बिहारी (d) रामानंद

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'रत्नावली दोहा संग्रह' की रचना रत्नावली द्वारा की गयी है। इसकी रचना तुलसीदास के रामभक्ति प्रधान ग्रन्थों से प्रतिस्पर्द्धा के लिए की गयी थी।

103. ''परहित सरिस धरम नहीं भाई, परपीड़ा सम नहिं अधमाई।''-यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) नानकदेव (b) तुलसीदास
(c) रैदास (d) कबीरदास

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : ''परहित सरिस धरम नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई।'' यह उक्ति तुलसीदास जी द्वारा रचित है। तुलसीदास द्वारा रचित कुछ उक्तियाँ इस प्रकार हैं-

(i) तुलसी भरोसे राम के, निर्भय हो के सोए।
अनहोनी होनी नहीं, होनी हो सो होए।।

(ii) दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छोड़िए, जब लग बट में प्राण।।

104. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने तुलसी के प्रामाणिक ग्रंथों की संख्या कितनी मानी?

(a) दस (b) आठ
(c) ग्यारह (d) बारह

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने तुलसीदास जी के प्रामाणिक ग्रंथों की संख्या '12' (बारह) मानी है। जो कि इस प्रकार हैं-

(i) रामचरितमानस (ii) रामललानहछू
(iii) वैराग्यसंदीपनी (iv) बरवैरामायण
(v) पार्वती मंगल (vi) जानकी मंगल
(vii) रामाज्ञाप्रश्न (viii) दोहावली
(ix) कवितावली (x) गीतावली
(xi) कृष्णगीतावली (xii) विनयपत्रिका

105. हिंदी रामकाव्य परंपरा के अंतर्गत एक विशिष्ट कृति है-

(a) रामचंद्रिका
(b) कविप्रिया
(c) रसिकप्रिया
(d) विज्ञानगीता

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift-I

उत्तर : (a) : उपर्युक्त विकल्पों में 'रामचंद्रिका' हिन्दी रामकाव्य परम्परा के अन्तर्गत एक विशिष्ट कृति है। 'रामचंद्रिका' 'केशवदास' की कृति है। अन्य रचनाएँ कविप्रिया, रसिकप्रिया, एवं विज्ञानगीता, 'केशवदास' की ही कृति है, किन्तु ये रचनाएँ रामकाव्य परम्परा के अन्तर्गत नहीं आती हैं।

106. ''जाके प्रिय न राम वैदेहि, तजिये ताहि कोटि बैरी सम जदपि परम सनेही।'' यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है?

(a) तुलसीदास (b) नामदेव
(c) कबीर (d) सूरदास

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : ''जाके प्रिय न राम वैदेही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम जदपि परम सनेही।''
यह प्रसिद्ध उक्ति तुलसीदास की है। तुलसीदास रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि थे। रामचरितमानस, गीतावली, कवितावली, रामाज्ञाप्रश्नावली आदि इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं।

107. तुलसी कृत 'विनयपत्रिका' की भाषा कौन-सी है?

(a) अवधी (b) भोजपुरी
(c) खड़ी बोली (d) ब्रज

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : तुलसीदास जी द्वारा 'विनयपत्रिका' की रचना 'ब्रजभाषा' में की गयी है। तुलसीदास जी द्वारा ब्रजभाषा में की गयी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- कृष्णगीतावली, गीतावली, दोहावली, विनयपत्रिका, कवितावली, वैराग्य संदीपनी आदि।

108. तुलसीदास के गुरु कौन थे?

(a) वल्लभाचार्य (b) रामानंद
(c) नरहरिदास (d) राघवानंद

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) तुलसीदास के गुरु 'नरहरिदास' थे। तुलसी के दीक्षा गुरु नरहरिदास थे तथा इनके शिक्षा गुरु शेष सनातन थे। तुलसी की गुरु परम्परा इस प्रकार है-

राघवानन्द → रामानन्द → अनन्तानन्द → नरहरिदास → तुलसीदास। तुलसी की 12 रचनाएँ ही प्रामाणिक मानी जाती हैं- वैराग्य संदीपनी, रामाज्ञा प्रश्न, रामललानहछू, जानकीमंगल, पार्वतीमंगल, कृष्णगीतावली , गीतावली, विनयपत्रिका , दोहावली बरवै रामायण, कवितावली।

109. तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में कितने कांड हैं?

(a) आठ (b) पाँच
(c) सात (d) बारह

UPSI Batch - I 16 Dec.2017
UPSI, 2001
UK PSC AE 2017
UK PSC AE 2013

उत्तर : (c) गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' महाकाव्य में सात काण्ड हैं– (1) बालकाण्ड, (2) अयोध्याकाण्ड, (3) अरण्यकाण्ड, (4) किष्किन्धाकाण्ड, (5) सुन्दरकाण्ड, (6) लंकाकाण्ड, (7) उत्तरकाण्ड।

110. तुलसी की भक्ति–भावना किस प्रकार की थी?

(a) दास्य भाव की (b) प्रेम भाव की
(c) सखा भाव की (d) घृणा भाव की

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (a) गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति भावना 'दास्य भाव' की है; जबकि मीरा की भक्ति माधुर्य भाव (प्रेम भाव) की है और सूरदास की भक्ति 'सख्य भाव (सखा भाव)' की है।

111. 'अग्नि परीक्षा' किस रचनाकार की कृति है?

(a) कौटिल्य (b) प्रेमचन्द
(c) चतुरसेन (d) आचार्य तुलसी

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (d) : 'अग्नि परीक्षा' आचार्य तुलसी की रचना है। जबकि कौटिल्य की सबसे महत्त्वपूर्ण कृति 'अर्थशास्त्र' है। वैशाली की नगरवधू, वयं रक्षामः, सोमनाथ, गोली इत्यादि चतुरसेन शास्त्री जी के उपन्यास हैं।

112. ''सीय राममय सब जग जानी। करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी।'' यह रचना गोस्वामी तुलसीदास की किस कृति से है?

(a) गीतावली (b) दोहावली
(c) रामचरितमानस (d) जानकी मंगल

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : दी गयी पंक्तियाँ तुलसीदास के 'रामचरितमानस' से है। इसके अलावा अन्य विकल्प असंगत हैं।

113.राम काव्यधारा के प्रधान कवि का नाम बताइये।

(a) माधवाचार्य (b) शंकराचार्य
(c) गोस्वामी तुलसीदास (d) रैदास

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) रामकाव्य धारा के प्रधान कवि 'तुलसीदास' हैं। इन्होंने अपने आराध्य की जीवन कथा का विशद वर्णन किया है, जिसका निदर्शन रामचरितमानस महाकाव्य में होता है।

114.तुलसीदास का जन्म कहाँ पर हुआ था?

(a) मथुरा (b) काशी
(c) राजापुर (d) प्रयाग

UP TET - 2021
UP SI Batch-II 16 Dec. 2017

उत्तर : (c) तुलसीदास सगुण रामभक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि हैं। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के बाँदा जिले में राजापुर नामक स्थान पर तथा मृत्यु वाराणसी के अस्सी घाट पर हुआ था। इनका लोकप्रिय ग्रन्थ 'रामचरितमानस' है।

115. रामचरितमानस के रचयिता कौन हैं?

(a) गोस्वामी तुलसीदासजी (b) सूरदास
(c) मीराबाई (d) संत तुकाराम

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPSSSC IA Baclog 19.09.2019

उत्तर : (a) रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी हैं। तुलसीदास की अन्य रचनाएँ हैं– वैराग्य संदीपनी, रामाज्ञा प्रश्न, रामलला नहछू, जानकी मंगल, पार्वती मंगल, कृष्ण गीतावली, गीतावली, विनय पत्रिका, दोहावली, बरवै रामायण, कवितावली।

सूरदार की रचनाएँ– सूरसागर, साहित्य लहरी, सूरसारावली

मीराबाई की रचनाएँ– गीत गोविन्द की टीका, नरसी जी का मायरा, राग सोरठा, गीत गोविन्द, मलार राग।

संत तुकाराम की रचना– अभंग भक्ति कविता।

116. कौन–सी रचना तुलसीदास जी की नहीं है?

(a) दोहावली (b) गीतावली
(c) रामचरित मानस (d) यामा

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)

Ans : (d) 'यामा' 'तुलसीदास' की रचना नहीं है। 'यामा' महादेवी वर्मा की रचना है। महादेवी वर्मा की अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियाँ– नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत आदि। 'यामा' के लिए महादेवी वर्मा को वर्ष 1982 ई0 में ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया था। शेष रचनाएँ तुलसीदास की हैं। तुलसीदास की अन्य रचनाएँ-वैराग्य संदीपनी, रामाज्ञा प्रश्न, रामलला नहछू, कवितावली, जानकी मंगल आदि हैं।

(iv) कृष्ण काव्य

117. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस कवि/कवयित्री की है?

अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेमबेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गई, आणंद फल होयी

@RexstarPdf

(a) कबीरदास (b) सुभद्राकुमारी चौहान
(c) महादेवी वर्मा (d) मीराबाई

UP TET - 2021
VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिए हुए प्रश्न की पंक्तियाँ 'मीराबाई' की हैं।
मीराबाई:- मीराबाई 16वीं शताब्दी की एक कृष्ण भक्त कवयित्री थीं। इनका जन्म 1498 ई. में कुडकी (राजस्थान) में हुआ था।
इनकी प्रमुख रचना – नरसीजी का मायरा, राग गोविन्द, गीतगोविन्द की टीका।

118. रसखान कवि किस भाषा के कवि थे?
(a) ब्रज (b) खड़ीबोली
(c) उर्दू-फ़ारसी (d) अवधी

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'रसखान' ब्रज भाषा के कृष्ण भक्त कवि थे। इनके काव्य में शृंगार रस एवं भक्ति रस दोनों की प्रधानता है। सुजान रसखान एवं प्रेमवाटिका इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं।

119. 'हे री मैं तो प्रेम-दिवानी मेंरो दरद न जाणै कोय। दरद की मारी बन बन डोलूं बैद मिल्यो नही कोय।' यह पंक्तियाँ किसकी हैं?
(a) महादेवी वर्मा (b) सुभद्राकुमारी चौहान
(c) मीरा (d) रसखान

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर: (c): 'हे री मैं.....नहीं कोय।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ कृष्ण भक्त कवयित्री मीराबाई की है।
संत रैदास या रविदास मीराबाई के गुरु थे।

120. निम्नलिखित में से कौन सी रचना/रचना संग्रह ब्रज भाषा में है?
(a) रामचरित मानस (b) कबीर ग्रंथावली
(c) रसखान रचनावली (d) पद्मावत

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दी गई रचनाओं में 'रसखान रचनावली' ब्रजभाषा में है, जबकि रामचरितमानस, पद्मावत तथा कबीर ग्रंथावली 'अवधी' भाषा में है।

121.कृष्ण भक्ति का प्रथम और प्रधान ग्रन्थ है–
(a) गीता (b) श्रीमद्भागवत्
(c) गीतगोविन्द (d) सूरसागर

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर : (a)–कृष्ण भक्ति का प्रथम और प्रधान ग्रन्थ गीता है। इसमें ज्ञान, भक्ति और कर्म का समन्वय है। यही एक ऐसा ग्रन्थ है जिसमें निष्काम कर्म पर विशेष बल दिया गया है।

122.प्रेमवाटिका में किसका वर्णन है?
(a) सामान्य प्रणय का (b) राधा-कृष्ण की प्रेम लीला का
(c) श्रीकृष्ण की दिनचर्या का (d) कंस की नगरी मथुरा का

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर : (b) प्रेमवाटिका में राधा-कृष्ण की प्रेमलीला का वर्णन है। 'प्रेमवाटिका' **रसखान** की कृति है। यह 53 दोहा की लघु कृति है।

123. भ्रमरगीत परंपरा के प्रवर्तक कौन हैं?
(a) जगन्नाथदास रत्नाकर (b) हरिऔध
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : भ्रमरगीत परम्परा के प्रवर्तक सूरदास हैं। सूरदास हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल के महान कवि थे। ये भक्तिकाल के सगुण वर्ग के कृष्ण भक्ति शाखा के कवि थे। इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य-लहरी आदि हैं।

124. मीराबाई के पद राजस्थानी भाषा की किस बोली में लिखे गए हैं?
(a) मालवी (b) जयपुरी
(c) मेवाती (d) मारवाड़ी

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : मीराबाई के पद राजस्थानी भाषा की 'मारवाड़ी' बोली में लिखे गए हैं। राजस्थानी भाषा के अंतर्गत मुख्यतः चार बोलियाँ आती हैं।
(i) पश्चिमी राजस्थानी (मारवाड़ी) (ii) पूर्वी राजस्थानी (जयपुरी)
(iii) उत्तरी राजस्थानी (मेवाती) (iv) दक्षिणी राजस्थानी (मालवी)

125. सूरदास की कृतियों की भाषा कौन-सी है?
(a) मैथिली (b) सधुक्कड़ी
(c) ब्रज (d) अवधी

UP TET- 2021
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UP PCL Stanographer 2018
UK PSC AE 2017

उत्तर: (c) कृष्णभक्ति काव्यधारा के कवियों में सूरदास का स्थान सर्वोपरि है। इनकी कृतियाँ 'ब्रजभाषा' में रचित हैं। ये ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि माने जाते हैं। सूरदास जी की प्रमुख रचनाएँ हैं– साहित्य लहरी, सूरसागर, सूर सारावली इत्यादि।

126. पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक कौन हैं?
(a) कृष्णदास (b) वल्लभाचार्य
(c) रामानुजाचार्य (d) सूरदास

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक वल्लभाचार्य हैं। सूरदास कृष्णभक्ति शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। रामानुजाचार्य अद्वैतवाद के प्रवर्तक हैं, कृष्णदास अष्टछाप के प्रमुख कवियों में प्रसिद्ध हैं।

127. रुद्र संप्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?
(a) विष्णु स्वामी (b) वल्लभाचार्य
(c) मध्वाचार्य (d) रामानुजाचार्य

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (a) : रुद्र संप्रदाय के प्रवर्तक 'विष्णु स्वामी' हैं।

संप्रदाय	**प्रवर्तक**
पुष्टिमार्गी संप्रदाय	वल्लभाचार्य
ब्रह्म संप्रदाय	मध्वाचार्य
श्री संप्रदाय	रामनुजाचार्य
सनकादिक संप्रदाय	निम्बार्काचार्य

@RexstarPdf

128. द्वैताद्वैतवाद के प्रवर्तक कौन हैं?

(a) निम्बार्क (b) रामानुजाचार्य
(c) बल्लभाचार्य (d) शंकराचार्य

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) :

मत	प्रवर्तक
द्वैताद्वैतवाद	निम्बार्काचार्य
अद्वैतवाद	शंकराचार्य
द्वैतवाद	मध्वाचार्य
शुद्धाद्वैतवाद	वल्लभाचार्य
विशिष्टाद्वैतवाद	रामानुजाचार्य

129. नन्ददास इनमें से किस ग्रंथ के लेखक हैं?

(a) भाव विलास (b) ललित ललाम
(c) रस मंजरी (d) छत्रसाल शतक

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift-II

उत्तर (c) नंददास – रसमंजरी
भूषण – छत्रसालदशक
मतिराम – ललितललाम
देव – भावविलास

130. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना नरोत्तमदास की है?

(a) सुदामाचरित (b) हनुमन्नाटक
(c) रुक्मिणी मंगल (d) जानकी मंगल

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift-II

उत्तर (a) सुदामाचरित – नरोत्तमदास
जनकीमंगल – तुलसीदास
रुक्मिणी मंगल – नंददास
हनुमान्नाटक – आदिकवि हृदयराम

131. इनमें अष्टछाप के कवि कौन नहीं हैं?

(a) नंददास (b) नाभादास
(c) सूरदास (d) कृष्णदास

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UK PSC AE 2012

उत्तर: (b) नाभादास अष्टछाप के कवि नहीं हैं। अष्टछाप के प्रमुख कवि–कुम्भनदास, परमानन्ददास, कृष्णदास, सूरदास, गोविन्दस्वामी, छीतस्वामी, चतुर्भुजदास, नंददास। अष्टछाप के कवियों में सूरदास जी सबसे प्रमुख थे। सूरदास की प्रमुख रचनाएँ- सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी हैं। नाभादास की रचना 'भक्तमाल' है।

132. इनमें से किस पुस्तक में सूरदास के दृष्टकूट पदों का संग्रह है?

(a) सूरसागर (b) साहित्य लहरी
(c) सूर संसार (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : सूरदास द्वारा लिखित पुस्तक 'साहित्य लहरी' में सूरदास के दृष्टकूट पदों का संग्रह है। दृष्टकूट पद ऐसी कविता को कहते हैं जिसका अर्थ केवल शब्दों के वाचक अर्थों से नहीं समझा जा सकता बल्कि प्रसंग या रूढ़ अर्थों से भी जाना जाता है। सूरदास जी हिंदी के भक्तिकालीन श्रेष्ठ कवि हैं। सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी आदि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

133. इनमें से कौन-से कवि अष्टछाप में सम्मिलित नहीं हैं?

(a) गोविन्द स्वामी (b) सूरदास
(c) हरिदास (d) छीत स्वामी

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा 04-12-2016

उत्तर : (c) : कवि 'हरिदास' अष्टछाप में सम्मिलित नहीं हैं। 'अष्टछाप' आठ कृष्ण भक्त कवियों का एक समूह था इसकी स्थापना श्री वल्लभाचार्य के पुत्र विठ्ठलनाथ ने किया था। अष्टछाप में सम्मिलित आठ कवियों के नाम इस प्रकार हैं –

(i) कुम्भनदास (ii) सूरदास (iii) परमानंददास
(iv) कृष्णदास (v) नंददास (vi) चतुर्भुजदास
(vii) छीतस्वामी (viii) गोविंदस्वामी

134. वात्सल्य रस का सम्राट किस कवि को कहा जाता है?

(a) सूरदास (b) तुलसीदास
(c) बिहारी (d) नंददास

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'सूरदास' को 'वात्सल्य रस' का सम्राट कहा जाता है। सूरदास ने अपने काव्य में श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया है। सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य-लहरी आदि सूरदास की प्रसिद्ध रचनाएँ हैं।

135. सूरदास, नंददास आदि अष्टछाप के कवियों ने कृष्ण-काव्य की रचना ..... में की थी।

(a) अवधी (b) ब्रजभाषा
(c) खड़ी (d) मैथिलि

UP TET - 2021
UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) कृष्ण भक्ति शाखा के आठ महान कवियों सूरदास, कुम्भनदास, कृष्णदास, परमानन्ददास, गोविन्दस्वामी, छीतस्वामी, चतुर्भुजदास तथा नन्ददास को 'अष्टछाप' कवि के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने विष्णु के अवतार के रूप में कृष्ण की उपासना को अपना लक्ष्य बनाया था। इस शाखा का प्रचार प्रमुख रूप से ब्रजमण्डल में था तथा उनकी भाषा ब्रजभाषा थी। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– सूरदास, नन्ददास आदि अष्टछाप के कवियों ने कृष्ण काव्य की रचना 'ब्रजभाषा' में की थी।

136. सूरदास के गुरु कौन थे?

(a) रामानन्द (b) रामदास
(c) वल्लभाचार्य (d) विट्ठलनाथ

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016
UK PSC AE 2017
UK PSC AE 2012

@RexstarPdf

उत्तर : (c) आगरा के समीप गऊघाट पर इनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई और ये उनके शिष्य बन गए। सूरदास हिन्दी साहित्य में भक्तिकाल के कृष्णकाव्य धारा और अष्टछाप कवियों में अग्रणी हैं। महाकवि सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट माने जाते हैं। सूरदास ने भगवत के द्वादश स्कंधों पर सवा लाख पदों की रचना की (जिनमें से अब 500 पद ही उपलब्ध हैं), जो 'सूर सागर' में संकलित हैं। ऐसा माना जाता है कि सूरदास जन्मांध थे लेकिन इस विषय में अभी भी मतभेद है। वल्लभाचार्य ने ही उनको पुष्टिमार्ग में दीक्षा देकर कृष्ण लीला के पद गाने के लिए कहा।

137.''पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।'' किसकी पंक्ति है।

(a) सूरदास (b) मीराबाई
(c) कबीरदास (d) तुलसीदास

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (b) उक्त पंक्ति मीराबाई से सम्बन्धित है। यह भक्ति साधना से सम्बन्धित पंक्ति है।

138.मीरा किसे अपना इष्टदेव (आराध्य) मानती थीं?

(a) श्रीराम (b) विट्ठलनाथ
(c) श्रीकृष्ण (d) राधा

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) मीरा अपना इष्टदेव (आराध्य) श्रीकृष्ण को मानती थीं। उन्होंने अपना सारा जीवन कृष्ण साधना में अर्पित कर दिया। रैदास इनके गुरु थे।

139. प्रेमवाटिका के रचनाकार कौन हैं?

(a) रसखान (b) तुलसीदास
(c) सूरदास (d) कालिदास

[UPSI 22.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a): प्रेमवाटिका के रचनाकार रसखान हैं। रसखान का जन्म 1548 में माना जाता है। इनका मूल नाम सैयद इब्राहिम था। वे दिल्ली के आस-पास के रहने वाले थे। कृष्ण के अनन्य भक्त थे। रसखान की दो प्रसिद्ध पुस्तकें - सुजान रसखान, प्रेमवाटिका हैं।

140. सूरदास की इनमें से कौन-सी रचना है?

(a) साहित्य लहरी
(b) साहित्यालोचन
(c) साहित्य दर्पण
(d) साहित्य मंजरी

UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I
[UPSI 24.07.2017 Sift I]
UPSI Batch-II 15 Dec. 2017
PSI Batch-II 14 Dec. 2017
UPSI 19.07.2017 Shift-III

उत्तर. (a) : सूरदास की रचनाएँ - साहित्य लहरी, सूर सारावली, सूरसागर आदि। जबकि 'साहित्यलोचन' श्यामसुन्दरदास द्वारा, 'साहित्यदर्पण' विश्वनाथ द्वारा रचित कृति है।

141. सुमेल कीजिए :

I.	**सत्यार्थ प्रकाश**	**A.**	**नाभादास**
II.	**रामचरितमानस**	**B.**	**सूरदास**
III.	**सूरसागर**	**C.**	**दयानंद सरस्वती**
IV.	**भक्तमाल**	**D.**	**तुलसीदास**

	I	II	III	IV
(a)	B	C	D	A
(b)	A	B	C	D
(c)	C	D	B	A
(d)	D	C	B	A

[UPTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (c) : सही सुमेल इस प्रकार है–

(I)	सत्यार्थ प्रकाश	C.	दयानंद सरस्वती
(II)	रामचरितमानस	D.	तुलसीदास
(III)	सूरसागर	B.	सूरदास
(IV)	भक्तमाल	A.	नाभादास

142. 'बिन गोपाल बैरिन भई कुंजै' किस कवि की पंक्ति है?

(a) रसखान (b) घनानंद
(c) सूरदास (d) मीरा

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : 'बिन गोपाल बैरिन भईं कुंजै' सूरदास की पंक्ति है।
अन्य पंक्ति व कवि हैं–

पंक्ति	**कवि**
सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहिं निरंतर गावैं।	रसखान
बदरा बरसै रितु में घिरकै नित ही अखियाँ उधरी बरसैं।	घनानंद
जोगी, मत जा, मत जाइ पाइ परूँ चेरी तेरी हौं।	मीरा

143. ''मैया, मैं नहिं माखन खायौ' पंक्ति किसने लिखी है?

(a) सूरदास (b) रैदास
(c) तुलसीदास (d) नंददास

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a): 'मैया मैं नहिं माखन खायौ' पंक्ति **सूरदास** ने लिखी है।
अन्य पंक्ति व रचयिता इस प्रकार हैं–

पंक्ति	**रचयिता**
गुन निर्गुन कहियत नहि जाके	रैदास
विधिहु न नारि हृदय गति जानी	तुलसीदास
वृन्दावन को रीझि मनहुँ पहिराइ माला	नंददास

144. निम्नलिखित में भक्ति काल का कवि कौन सा नहीं है?

(a) कबीरदास (b) जायसी
(c) मीरा (d) दिनकर

[UKPSC AE 2017]

@RexstarPdf

उत्तर. (d): दिनकर भक्ति काल के कवि नहीं हैं बल्कि ये राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना तथा प्रगतिवादी चेतना दोनों में विद्यमान हैं। इनका पूरा नाम रामधारी सिंह 'दिनकर' है जबकि कबीर, जायसी और मीरा भक्तिकाल के कवि हैं।

4. रीतिकाल

145.इनमें से कौन भक्तिकालीन कवि नहीं हैं?

(a) बिहारी (b) सूरदास
(c) कबीरदास (d) तुलसीदास

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर: (a) बिहारी मिर्जा राजा जयसिंह के दरबार में रहकर काव्य की रचना करने वाले रीतिकाल के कवि थे। सूरदास, कबीरदास तथा तुलसीदास भक्ति काल के कवि हैं। बिहारी की एकमात्र रचना 'बिहारी सतसई' है। इस काव्य संग्रह में 719 दोहे संकलित हैं। 'बिहारी सतसई' श्रृंगार रस की अत्यंत प्रसिद्ध और अनूठी कृति है।

146. 'बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाई'। यह पंक्ति किसकी है?

(a) देव (b) मतिराम
(c) घनानन्द (d) बिहारी

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाई'। यह पंक्ति बिहारी की है। बिहारी हिंदी के रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि थे। बिहारी की एकमात्र रचना सतसई है। यह मुक्तक काव्य है। यह ब्रजभाषा में रचित है। बिहारी की कविता का मुख्य विषय श्रृंगार है।

147. इनमें से किस कवि ने लक्षण ग्रंथ नहीं लिखा ?

(a) केशव (b) बिहारी
(c) देव (d) भूषण

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : कवि 'बिहारी' द्वारा लक्षण ग्रंथ नही लिखा गया है। जबकि केशव, देव, भूषण, पद्माकर, सेनापति, मतिराम आदि कवियों ने लक्षण ग्रंथ लिखे हैं।

148. इनमें से किस कवि को 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा गया है?

(a) केशवदास (b) मतिराम
(c) भिखारीदास (d) घनानन्द

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (a) कवि केशवदास को 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा गया है। **केशवदास की प्रमुख रचनाएँ–** रसिकप्रिया, कविप्रिया, नखशिख, छंदमाला, रामचन्द्रिका, वीरसिंहदेव चरित, रतनबावनी, विज्ञानगीता, जहाँगीर जसचंद्रिका हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इनकी रचनाओं में भाषायी और शाब्दिक क्लिष्टता के कारण इन्हें 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा है।

149. 'भावविलास' और 'रसविलास' कृति के लेखक हैं-

(a) भूषण (b) मतिराम
(c) पद्माकर (d) देव

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift-II

उत्तर : (d) : 'भावविलास' और 'रसविलास' कृति के लेखक रीतिकाल के श्रेष्ठ कवि 'देव' हैं। इन्होंने रीतिकालीन काव्य पद्धति पर लक्षण-ग्रंथ लिखे।

इनकी अन्य रचनाएँ हैं- भवानी-विलास, कुशल-विलास, सुजान-विलास ,प्रेम-चन्द्रिका आदि।

150. 'रसिकप्रिया' ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं?

(a) मतिराम (b) भूषण
(c) केशवदास (d) पद्माकर

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'रसिकप्रिया' ग्रंथ के रचनाकार केशवदास हैं। ये रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि थे। इनकी प्रमुख रचनाएँ - रसिकप्रिया, कविप्रिया, नखशिख, छंदमाला, रामचन्द्रिका, वीरसिंह देवचरित, रतनबावनी, विज्ञानगीता और जहाँगीर जसचंन्द्रिका आदि हैं।

151. ''मोहि तो मेरे कवित्त बनावत।'' यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है?

(a) चिंतामणि (b) घनानंद
(c) रसलीन (d) मीराबाई

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : ''मोहि तो मेरे कवित्त बनावत।'' यह प्रसिद्ध उक्ति घनानंद की है। कवि घनानंद रीतिकाल के रीतिमुक्त काव्यधारा के अग्रणी कवि थे।

152. 'शिवाबावनी' के रचयिता है:-

(a) बांकीदास (b) भूषण
(c) जोधराज (d) लालकवि

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : 'शिवाबावनी' के रचयिता भूषण हैं। भूषण वीर रस के कवि हैं, चित्रकूट के सोलंकी राजा रुद्र ने इन्हें 'कविभूषण' की उपाधि दी थी। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- शिवराज भूषण, छत्रशाल दशक।

153. 'रामचन्द्रिका' किस कवि की कृति है?

(a) मतिराम (b) वृंदकवि
(c) नरहरिदास (d) केशवदास

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]
[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'रामचन्द्रिका' केशवदास की कृति है। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- रसिक प्रिया, कवि प्रिया, विज्ञानगीता, जहाँगीर जसचन्द्रिका आदि। **मतिराम-** फूलमंजरी, लक्षण श्रृंगार, अलंकारपंचाशिका, वृत्तकौमुदी। **वृंदकवि**- वृन्दसतसई, भाव पंचाशिका, श्रृंगार शिक्षा, पवन पचीसी, हितोपदेश।

@RexstarPdf

154. केशवदास द्वारा रचित आध्यात्मिक ग्रंथ का नाम क्या था?

(a) रामचंद्रिका (b) विज्ञानगीता
(c) कविप्रिया (d) रसिकप्रिया

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) केशवदास द्वारा रचित आध्यात्मिक ग्रंथ विज्ञानगीता है जो प्रबोध चन्द्रोदय का अनुवाद है। जहाँ 'रसिकप्रिया' तथा 'कविप्रिया' काव्य शास्त्रीय ग्रंथों के रूप में केशवदास के साहित्य की शोभा बढ़ाते हैं, वहीं 'रामचन्द्रिका' राम के चरित्र पर आधारित काव्य है, जिसे केशवदास ने तुलसीदास के 'रामचरितमानस' की प्रतिस्पर्धा में एक रात्रि में ही पूर्ण किया था।

155. इनमें एक वीर रस के कवि थे:

(a) देव (b) भूषण
(c) बिहारी (d) घनानन्द

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) 'भूषण' वीर रस के कवि थे। जबकि देव, बिहारी, घनानन्द शृंगार रस के कवि थे, जिनकी रचनाएं इस प्रकार हैं-

रचनाकार	रचना
भूषण	शिवराज भूषण, शिवा बावनी, छत्रशाल दशक
देव	भाव विलास, अष्टयाम, राग रत्नाकर, देव चरित, सुजान विनोद, प्रेम तरंग
बिहारी	बिहारी सतसई
घनानन्द	सुजानसार, इश्कलता, विरहलीला, वियोगबेलि, कोकसार आदि हैं।

156. कवि भूषण किस काल के कवि थे?

(a) भक्तिकाल (b) आधुनिक काल
(c) आदिकाल (d) रीतिकाल

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिए गए प्रश्न में कवि भूषण 'रीतिकाल' के कवि हैं। इनकी प्रमुख रचना – शिवा बावनी, शिवराज भूषण है।

157. निम्नलिखित में कौन सा कवि रीतिकाल का नहीं है?

(a) बिहारी (b) घनानंद
(c) जयशंकर प्रसाद (d) केशवदास

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : 'जयशंकर प्रसाद' रीतिकालीन कवि नहीं हैं बल्कि छायावाद के प्रमुख कवि हैं जबकि बिहारी, घनानंद, केशवदास रीतिकाल के कवि हैं।

158. 'गागर में सागर' उक्ति किस कवि के लिए प्रसिद्ध है?

(a) घनानंद (b) केशव
(c) बिहारी (d) भूषण

[UKPSC AE 2017], [UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : 'गागर में सागर' उक्ति बिहारी लाल के लिये प्रसिद्ध है। ये रीतिकाल के अंतर्गत रीतिसिद्ध कवि हैं। इनकी एकमात्र रचना 'बिहारी सतसई' है जो 719 दोहा छंद में रचित है। इनकी भाषा परिनिष्ठित साहित्यिक ब्रजभाषा है।

आधुनिक काल

5. भारतेन्दु युग

159. निम्न में से कौन-सा कवि भारतेंदु युगीन नहीं है?

(a) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(b) ठाकुर जगमोहन सिंह
(c) पं. अंबिकादत्त व्यास
(d) श्रीधर पाठक

UPP Jailwarden/Fireman Exam. Date 20/12/2020 Shift-I

उत्तर : (d) : उपरोक्त विकल्पों में 'श्रीधर पाठक' के अतिरिक्त अन्य सभी कवि भारतेन्दु युग से संबंधित हैं। श्रीधर पाठक द्विवेदी युगीन कवि हैं।

160. इनमें से कौन भारतेंदु युग के रचनाकार नहीं हैं?

(a) रामचंद्र शुक्ल (b) प्रताप नारायण मिश्र
(c) प्रेमघन (d) सितारेहिन्द

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) रामचन्द्र शुक्ल, भारतेन्दु युग के रचनाकार नहीं हैं। प्रताप नारायण मिश्र, बद्री नारायण चौधरी 'प्रेमघन', शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द', अम्बिका दत्त व्यास, जगमोहन सिंह, राधाकृष्ण दास आदि। रामचन्द्र शुक्ल, द्विवेदी युग के लेखक थे।

161. अमीर खुसरो के ढंग पर मुकरियाँ किसने लिखी?

(a) अम्बिकादत्त व्यास (b) गिरधर कविराय
(c) हरिऔध (d) भारतेन्दु

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : अमीर खुसरो के ढंग पर मुकरियाँ भारतेन्दु जी ने लिखी हैं। हरिऔध ने 'प्रियप्रवास' नामक महाकाव्य लिखा है।

162. हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत कौन कहलाते हैं?

(a) राजाराममोहन राय (b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) सम्पूर्णानन्द

UPSI, 2016

उत्तर (b) हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत की संज्ञा 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र' को दी जाती है जिन्होंने अपने गद्य साहित्य में सम्प्रति हिन्दी भाषा को विशिष्टता प्रदान की।

163. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल' किसकी काव्य पंक्ति है?

(a) भवानीप्रसाद मिश्र
(b) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(c) मैथिलीशरण गुप्त
(d) महावीरप्रसाद द्विवेदी

MP Asst. Prof. Hindi, 2017

@RexstarPdf

उत्तर. (b): ''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।'' पंक्ति के रचनाकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र हैं। ये हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत कहलाते हैं। भारत-दुर्दशा, अंधेर नगरी, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, पाखण्ड विडम्बन आदि इनके प्रसिद्ध नाटक हैं।

164. आधुनिक हिन्दी गद्य का जन्मदाता किसे कहा जाता है?

(a) अमरी खुसरो
(b) भारतेंदु
(c) गंग कवि
(d) जयशंकर प्रसाद

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b): आधुनिक हिन्दी गद्य का जन्मदाता भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को कहा जाता है। इनका जन्म 1850 ई. में वाराणसी में हुआ था। भारतेन्दु ने हिन्दी को नये रूप में ढाला। भारतेन्दु की कुछ महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं– प्रेम मालिका, प्रेम माधुरी, भारत दुर्दशा, अंधेर-नगरी, कृष्णचरित्र आदि।

6. द्विवेदी युग

165. 'द्विवेदी युग' के प्रवर्तक निम्न में से कौन हैं?

(a) जयशंकर प्रसार
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(d) आचार्य महावीर प्रसाद

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

Ans. (d) : द्विवेदी युग के प्रर्वतक 'महावीर प्रसाद द्विवेदी' हैं। इनका जन्म 1864 ई. और मृत्यु 1938 ई. में हुई। ये हिन्दी के महान साहित्यकार,पत्रकार एवं युग प्रवर्तक थे। इन्होंने अपने युग की साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को दिशा और दृष्टि प्रदान की इनके इस अतुलनीय योगदान के कारण आधुनिक हिन्दी साहित्य का दूसरा युग द्विवेदी युग (1900-1918 ई.) के नाम से जाना जाता है। इन्होंने सन् 1903 से 1920 ई. तक सरस्वती पत्रिका सम्पादन किया।

166. 'कलम के जादूगर' किसे कहा गया है?

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी (d) मुंशी प्रेमचन्द

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (c) : 'रामवृक्ष बेनीपुरी' को 'कलम का जादूगर' कहा गया है। जबकि सुमित्रानन्दन पंत को प्रकृति का सुकुमार कवि और मुंशी प्रेमचन्द को 'कथा सम्राट' तथा मैथिलीशरण गुप्त को 'राष्ट्रकवि' कहा जाता है।

167. एक भारतीय आत्मा किनको कहा गया है?

(a) माखनलाल चतुर्वेदी (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर: (a) 'एक भारतीय आत्मा' माखनलाल चतुर्वेदी को कहा जाता है। राष्ट्रीयता माखन लाल चतुर्वेदी के काव्य का कलेवर तथा रहस्यात्मक प्रेम उनकी आत्मा रहीं है, उन्होनें स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया, इनकी प्रमुख रचनाएँ निम्न हैं– हिमकिरीटिनी, हिम तरंगिणी, युगचरण, साहित्य के देवता, समय के पाँव इत्यादि।

168. निम्नलिखित में से किस कवि की काव्य भाषा ब्रज नहीं है।

(a) भारतेन्दु हरिशचंद्र (b) सूरदास
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) बिहारी लाल

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिए गए कवियों में से 'मैथिलीशरण गुप्त' की काव्य भाषा खड़ी बोली है, जबकि अन्य कवियों की काव्य भाषा ब्रजभाषा है।

169. ''मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक। मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाएँ वीर अनेक।'' -इस पंक्तियों के रचयिता कौन हैं?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(d) माखनलाल चतुर्वेदी

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : ''मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाएँ वीर अनेक।'' पंक्ति के रचयिता माखनलाल चतुर्वेदी हैं। अन्य पंक्ति व रचयिता इस प्रकार हैं–

पंक्ति	रचयिता
केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए।	–मैथिलीशरण गुप्त
हो जाने दो गर्क नशे में, मत पड़ने दो फर्क नशे में।	–बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
जला अस्थियाँ बारी-बारी चिटकायी जिनमें चिंगारी।	–रामधारी सिंह 'दिनकर'

170. 'उद्धव शतक' के रचयिता हैं

(a) नाथूराम शंकर (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) दिनकर (d) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'उद्धव शतक' के रचयिता जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' हैं। इनकी अन्य रचनाएँ - श्रृंगार लहरी, कलकाशी, गंगावतरण, वीराष्टक, हिंडोला आदि हैं। अन्य रचनाकार की रचनाएँ इस प्रकार हैं-

रचनाकार	रचनाएं
नाथूराम शर्मा 'शंकर'	शंकर सरोज, गर्भरण्डारहस्य, शंकर सर्वस्व, अनुरागरत्न आदि।

@RexstarPdf

सुमित्रानंदन पंत	उच्छ्वास, ग्रंथि, वीणा, पल्लव, गुंजन, लोकायतन, चिदम्बरा, कला और बूढ़ा चाँद आदि।
दिनकर	रेणुका, रसवंती, दिल्ली, उर्वशी (गीति नाट्य) सामधेनी, हुंकार, धूप और धुँआ आदि।

171. इनमें से खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है?

(a) भक्ति सागर (b) प्रियप्रवास
(c) प्रेमसागर (d) सुखसागर

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UK PSC AE 2017
लेखपाल भर्ती परीक्षा 2008

उत्तर : (b) : खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य 'प्रियप्रवास' है। इसके रचनाकार अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' हैं। इनकी अन्य रचना- वैदेही वनवास, पारिजात, रस-कलश, चुभते-चौपदे चोखे-चौपदे, ठेठ हिंदी का ठाठ, अधखिला फूल, रुक्मिणी परिणय, हिन्दी भाषा और साहित्य का विकास आदि हैं।

172. यशोधरा, कैकेयी, उर्मिला इत्यादि नारी पात्रों पर कविता लिखने वाले कवि इनमें से कौन हैं?

(a) प्रसाद
(b) महादेवी वर्मा
(c) सियारामशरण गुप्त
(d) मैथिलीशरण गुप्त

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : यशोधरा, कैकेयी, उर्मिला इत्यादि नारी पात्रों पर 'मैथिलीशरण गुप्त' जी द्वारा कविता लिखी गयी हैं। मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्रकवि के रूप में जाना जाता है।

173. ''जयद्रथ वध'' किसकी रचना है?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(d) सुमित्रानंदन पंत

UPSI 30/11/201/21 (Shift-I)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)
UPSI Batch-III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) : 'जयद्रथ वध' मैथिलीशरण गुप्त की रचना है।

रचनाकार	रचना
जयशंकर प्रसाद	वनमिलन, शोकोच्छ्वास, अयोध्या का उद्धार, वभ्रुवाहन, कानन-कुसुम आदि।
सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला	बेला, आराधना, नये पत्ते, गीतगुंज, सांध्य काकली, अनामिका, परिमल आदि।
सुमित्रानंदन पंत	उच्छ्वास, ग्रंथि, ग्राम्या, लोकायतन, अतिमा, उत्तरा आदि।

174. निम्नलिखित कवियों में से गांधीजी ने किस कवि को राष्ट्रकवि का सम्मान दिया?

(a) महादेवी वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) सुमित्रानंदन पंत

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)
UKPSC AE 2017
UPSI 21.07.2017 Shift-II
UPSI 2016

Ans: (c) गांधीजी ने 'मैथिलीशरण गुप्त' को उनकी रचना 'भारत–भारती' (1912 ई.) के लेखन पर राष्ट्रकवि का सम्मान दिया था। इनके द्वारा रचित अन्य महत्त्वपूर्ण रचानाएँ हैं– साकेत, यशोधरा, अर्जन और विसर्जन, भारत–भारती, पृथ्वी पुत्र, पंचवटी सिद्धराज, हिन्दू, वैतालिक, द्वापर आदि। शेष से सम्बन्धित उपनाम इस प्रकार हैं–

कवि		उपनाम
जयशंकर प्रसाद	–	कलाधर
महादेवी वर्मा	–	आधुनिक युग की मीरा
सुमित्रानंदन पंत	–	प्रकृति के सुकुमार कवि

175. रचना और रचनाकार में कौन सुमेलित नहीं है?

(a) मैथिली शरण गुप्त – साकेत
(b) भारतेंदु हरिश्चंद्र – भारत-भारती
(c) अज्ञेय – नदी के द्वीप
(d) हरिऔध – प्रियप्रवास

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'भारत-भारती' और साकेत मैथिलीशरण गुप्त की रचना है। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने 'भारत दुर्दशा' नाटक की रचना की है। 'प्रियप्रवास' (1914) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध का प्रथम महाकाव्य है।

176. मैथिलीशरण गुप्त ने इतिहास के उपेक्षित नारी पात्र इनमें से किस पुस्तक में प्रतिष्ठित किए?

(a) द्वापर (b) रंग में भंग
(c) साकेत (d) भारत भारती

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPSI 19/07/2017 (Shift-II)
UK PSC AE 2012

उत्तर : (c) मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी रचना 'साकेत' में नारी पात्र की भूमिका को महत्व दिया है। साकेत में लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला को विषय बनाया गया है। इनकी प्रमुख रचनाएँ- यशोधरा, जयद्रथवध, भारत-भारती, पंचवटी, द्वापर, नहुष, जय भारत, सिद्धराज , उर्मिला, झंकार, पृथ्वीपुत्र इत्यादि हैं।

177. 'हिमकिरीटिनी' किसकी रचना है?

(a) माखनलाल चतुर्वेदी
(b) राहुल सांकृत्यायन
(c) निराला
(d) महादेवी वर्मा

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift-I

@RexstarPdf

उत्तर : (a) 'हिमकिरीटिनी' माखनलाल चतुर्वेदी की रचना है। माखनलाल चतुर्वेदी भारत के ख्यातिप्राप्त कवि, लेखक एवं पत्रकार थे। वे सरल भाषा और ओजपूर्ण भावनाओं के अनूठे हिंदी रचनाकार थे। सन् 1943 ई. में उस समय का हिंदी साहित्य का सबसे बड़ा 'देव पुरस्कार' माखनलाल जी को 'हिमकिरीटिनी' के लिए प्रदान किया गया था। सन् 1955 ई. का साहित्य अकादमी पुरस्कार हिमतरंगिणी रचना पर माखनलाल चतुर्वेदी को प्रदान किया गया।

178. 'रश्मिरथी' के रचयिता कौन हैं?

(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) श्यामसुन्दर दास
(c) शिवसिंह (d) पंडित जगन्नाथ

UPSI Batch - I 22 Dec. 2017

उत्तर. (a) : 'रश्मिरथी' के रचयिता रामधारी सिंह दिनकर हैं। यह रचना कर्ण के जीवन पर आधारित है। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ– उर्वशी, परशुराम की प्रतीक्षा, हारे के हरिनाम, नीम के पत्ते, नील कुसुम, रसवंती, रेणुका, हुंकार, द्वंद्वगीत, इतिहास के आंसू, धूप और धुँआ आदि हैं। 'उर्वशी' महाकाव्य के लिए इन्हें सन् 1972 में 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' प्रदान किया गया।

179. इनमें से मैथिलीशरण गुप्त की रचना कौन-सी नहीं है?

(a) साकेत (b) प्रिय प्रवास
(c) भारत-भारती (d) रंग में भंग

UPSI Batch - II 13 Dec. 2017

उत्तर : (b) 'प्रियप्रवास' अयोध्या सिंह उपाध्याय की रचना है। मैथिलीशरण गुप्त को **'आधुनिक युग का तुलसी'** कहा जाता है। इनके काव्य ग्रंथ हैं- हेमन्त, रंग में भंग, साकेत, भारत-भारती, झंकार, यशोधरा, द्वापर, जय भारत, पंचवटी आदि।

180. खड़ी बोली में सर्वप्रथम लोककवि कौन माने जाते हैं?

(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(c) श्याम नारायण पाण्डेय (d) मैथिली शरण गुप्त

UPSI, 2016

उत्तर : (d)– मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्रकवि/लोककवि कहा जाता है। हिन्दी भाषा के सांस्कृतिक प्रसंगों में सर्वाधिक अंशदान मैथिलीशरण गुप्त का है।

181. द्विवेदीयुगीन रचना 'जय भारत' के रचनाकार हैं–

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) बालमुकुन्द गुप्त (d) श्रीधर पाठक

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर: (a) द्विवेदी युगीन रचना 'जय भारत' (1952) के रचनाकार मैथिलीशरण गुप्त हैं, जबकि महावीर प्रसाद द्विवेदी की रचना 'रसज्ञरंजन', 'नाट्यशास्त्र', 'उपन्यास रहस्य' आदि हैं और बालमुकुन्द गुप्त की रचना 'शिवशम्भु का चिट्ठा' तथा श्रीधर पाठक की रचना- 'गुनवन्त हेमन्त', 'वनाष्टक', 'भारत गीत', 'जगत सचाई सार' आदि हैं।

182. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना मैथिलीशरण गुप्त कृत नहीं है?

(a) जयद्रथवध (b) यशोधरा
(c) नीलदेवी (d) साकेत

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'नील देवी' नाटक के रचनाकार भारतेन्दु हरिचन्द्र हैं। मैथिलीशरण गुप्त की काव्य रचनाएँ–यशोधरा, जयद्रथवध, साकेत, रंग में भंग, भारत-भारती, पंचवटी, झंकार, जय भारत, द्वापर आदि हैं।

183.मैथिलीशरण गुप्त का संबंध आधुनिक काल के किस युग से है?

(a) छायावादोत्तर युग (b) द्विवेदी युग
(c) छायावादी युग (d) शुक्ल युग

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) मैथिलीशरण गुप्त का संबंध आधुनिक काल के द्विवेदी युग से है। द्विवेदी युग के प्रवर्तक महावीर प्रसाद द्विवेदी हैं। **छायावादी युग के लेखक-** जयशंकर प्रसाद, निराला, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा। **छायावादोत्तर युग के कवि-** बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', माखन लाल चतुर्वेदी, भगवतीचरण वर्मा आदि हैं।

184. 'हल्दी घाटी' के रचनाकार कौन हैं?

(a) राणाप्रताप (b) हरिऔध
(c) श्याम नारायण पांडे (d) सोहनलाल द्विवेदी

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (c) 'हल्दी घाटी' के रचनाकार श्याम नारायण पाण्डेय हैं। 'हल्दी घाटी' काव्य विधा से सम्बन्धित है। इनकी अन्य रचनाएँ जौहर, तुमुल, रूपान्तर आरती तथा जय हनुमान आदि हैं।

185. भारत-भारती रचना है –

(a) धर्मवीर भारती की (b) नरेन्द्र मेहता की
(c) मैथिलीशरण गुप्त की (d) गोपालशरण सिंह नेपाली

[लेखपाल भर्ती परीक्षा 2008]
UP SI 19.07.2017 Shift-II
UPP Constable 19.06.2018 Shift-I

उत्तर: (c) भारत भारती राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की रचना है। गुप्तजी की अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं – पंचवटी, साकेत, यशोधरा, जयद्रथ वध आदि।

186. 'वैदेही वनवास' किसकी रचना है?

(a) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) मैथिलीशरण गुप्त
(d) श्रीधर पाठक

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

@RexstarPdf

उत्तर. (a) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' कृत 'वैदेही वनवास' राम द्वारा सीता के निर्वासन की कथा का मर्मान्तक वर्णन करता एक प्रबन्ध काव्य है, जिसकी रचना 1941 ई. में की गयी। हरिऔध द्विवेदी युग के प्रमुख कवि हैं। इनकी रचनाएँ हैं - प्रिय प्रवास, वैदेही वनवास, पारिजात, रसकलश, चुभते चौपदे, चोखे चौपदे, ठेठ हिन्दी का ठाठ आदि।

187. 'उर्वशी' किसकी रचना है?

(a) रामवृक्ष बेनीपुरी (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) सियाराम शरण (d) अज्ञेय

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (b) : 'उर्वशी' रामधारी सिंह दिनकर की रचना है। इसके लिए दिनकर जी को 1972 ई. में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। इनकी अन्य रचनाएँ– रश्मिरथी, हुंकार, कुरूक्षेत्र, परशुराम की प्रतीक्षा, रसवंती, रेणुका आदि हैं। अज्ञेय जी को 'कितनी नावों में कितनी बार' पर 1978 में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।

अज्ञेय जी की अन्य रचनाएँ हैं– भग्नदूत, चिन्ता, सुनहरे शैवाल, इत्यलम, कितनी नावों में कितनी बार, पूर्वा, सागरमुद्रा आदि।

रामवृक्ष बेनीपुरी जी की रचनाएँ– माटी की मूरतें, आम्रपाली, गेहूँ और गुलाब, मील के पत्थर, पतितों के देश में आदि हैं।

सियारामशरण गुप्त की रचनाएँ– मौर्यविजय, अनाथ, दूर्वादल, विषाद, आर्द्रा, आत्मोत्सर्ग, पाथेय, मृण्मयी, बापू आदि हैं।

7. छायावाद

188. निम्नलिखित में से कौन-सी 'सुमित्रानंदन पंत' की कृति नहीं है?

(a) पल्लव (b) कुरुक्षेत्र
(c) स्वर्णधूलि (d) वीणा

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (b) : सुमित्रानंदन पंत की प्रमुख काव्य कृति वीणा, पल्लव, स्वर्णधूलि, स्वर्णकिरण, ग्राम्या तथा गुंजन आदि हैं जबकि 'कुरुक्षेत्र' रामधारी सिंह 'दिनकर' की काव्य कृति है।

189. आचार्य शुक्ल के अनुसार छायावाद के प्रथम व प्रतिनिधि कवि हैं-

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) सूर्यकान्त त्रिपाठी
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुमित्रानंदन पंत

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार 'छायावाद' के प्रथम व प्रतिनिधि कवि सुमित्रानंदन पंत हैं।

190. निम्नलिखित में से रचनाकार और उनकी रचना के अनुसार कौन-सा युग्म गलत है?

(a) बाणभट्ट - कादम्बरी
(b) जयशंकर प्रसाद - लोकायतन
(c) वात्स्यायन - कामसूत्र
(d) मुंशी प्रेमचंद - गोदान

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : रचनाकार एवं उनकी रचना के अनुसार जयशंकर प्रसाद लोकायतन युग्म असंगत है क्योंकि 'लोकायतन' सुमित्रानंदन पंत की रचना है। जयशंकर प्रसाद की प्रमुख रचना 'कामायनी' है।

191. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से डॉ. हरिवंशराय बच्चन की रचनाओं का सही अनुक्रम है–

(a) मधुकलश, मधुबाला, मधुशाला, निशा निमंत्रण
(b) मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश, निशा निमंत्रण
(c) निशा निमंत्रण, मधुबाला, मधुकलश, मधुशाला
(d) मधुबाला, मधुशाला, निशा निमंत्रण, मधुकलश

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
[UPTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (b) 'मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश, निशा निमंत्रण' हरिवंशराय बच्चन की रचनाओं का सही अनुक्रम में रचनाएँ हैं। इनका प्रकाशन वर्ष निम्नलिखित हैं–

रचना	प्रकाशन वर्ष
मधुशाला	1935
मधुबाला	1936
मधुकलश	1937
निशा निमंत्रण	1938

192. 'कुकुरमुत्ता' के कवि कौन हैं?

(a) रामनरेश त्रिपाठी (b) अज्ञेय
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'कुकुरमुत्ता', सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की एक प्रसिद्ध कविता है। 'निराला' हिंदी छायावादी युग के चार स्तम्भों में एक माने जाते हैं। इनके द्वारा रचित कुछ प्रकाशित कृतियाँ इस प्रकार हैं - अनामिका, परिमल, गीतिका, अणिमा, बेला, आराधना, नये पत्ते, अप्सरा, काले कारनामे, इन्दुलेखा आदि।

193. मुक्तछंद के सर्वाधिक समर्थक छायावादी कवि कौन हैं?

(a) महादेवी वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सुमित्रानंदन पंत (d) निराला

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : मुक्तछंद के सर्वाधिक समर्थक छायावादी कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' हैं। हिंदी में मुक्त छंद की परम्परा 'निराला' ने ही आरम्भ की। मुक्त छंद को 'केचुआ छंद' भी कहा जाता है। निराला जी की कुछ प्रसिद्ध रचनाएँ इस प्रकार हैं-
परिमल, अनामिका, कुकुरमुत्ता, अणिमा, अपरा आदि।

194. 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग हैं?

(a) 14 (b) 16
(c) 15 (d) 13

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) : कामायनी में कुल '15' सर्ग हैं। यह हिंदी भाषा का एक महाकाव्य है। इसके रचयिता जयशंकर प्रसाद हैं। यह आधुनिक छायावादी युग का सर्वोत्तम महाकाव्य है। यह 'प्रसाद' जी की अंतिम काव्य रचना है जिसका प्रकाशन वर्ष 1935 ई. में हुआ।

195. कामायनी में 'श्रद्धा' किसका प्रतीक है?

(a) हृदय का (b) बुद्धि का
(c) मन का (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) कामायनी में 'श्रद्धा' को हृदय का प्रतीक माना गया है। कामायनी के 15 सर्गों (अध्यायों) का क्रमः- चिंता, आशा, श्रद्धा, काम, वासना, लज्जा, कर्म, ईर्ष्या, इड़ा, स्वप्न, संघर्ष, निर्वेद, दर्शन, रहस्य, आनंद।

196. आधुनिक युग की मीरा मानी जाती हैं-

(a) सुभद्रा कुमारी चौहान (b) महादेवी वर्मा
(c) चंद्रमुखी (d) चकोरी

UPSI Batch-I 21 Dec. 2017
UKPSC AE - 2017
उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

Ans : (b) महादेवी वर्मा को 'आधुनिक युग की मीरा' कहा जाता है। महादेवी वर्मा छायावाद के चार स्तम्भों में प्रमुख स्तम्भ हैं। इनके द्वारा रचित प्रमुख कृतियाँ–नीहार, दीपशिखा, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, यामा आदि हैं। 'यामा' के लिए इन्हें सन् 1982 में ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। सुभद्रा कुमारी चौहान वीर रस की एकमात्र कवयित्री हैं।

197. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' यह काव्य पंक्ति किनकी है?

(a) गजानन माधव मुक्तिबोध
(b) सुमित्रानंदन पंत
(c) महादेवी वर्मा
(d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'मैं नीर भरी दुख की बदली' यह काव्य पंक्ति 'महादेवी वर्मा' द्वारा रचित 'मै नीर भरी दुःख की बदली' कविता से है। महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तम्भों में से एक मानी जाती हैं। इन्हें आधुनिक युग की मीरा के नाम से भी जाना जाता है।

इनकी मुख्य रचनाएँ इस प्रकार हैं-नीहार, रश्मि, नीरजा, यामा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तपर्णा आदि।

198. महादेवी वर्मा का प्रथम काव्य-संग्रह कौन-सा है?

(a) नीहार (b) नीरजा
(c) रश्मि (d) सांध्यगीत

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : महादेवी वर्मा का प्रथम काव्य-संग्रह 'नीहार' (1930 ई.) है। इनकी प्रमुख कृतियाँ- रश्मि (1932 ई.), नीरजा (1935 ई.), सांध्यगीत (1936 ई.), दीपशिखा, सप्तपर्णा, प्रथम आयाम, अग्निरेखा, यामा, नीलांबरा आदि हैं। रेखाचित्र में अतीत के चलचित्र एवं स्मृति की रेखाएँ रचनाएँ संकलित हैं।
संस्मरण में- पथ के साथी, मेरा परिवार है।

199. ''तुमको पीड़ा में ढूँढ़ा, तुममें ढूँढूँगी पीड़ा...''– यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) अज्ञेय
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(d) महादेवी वर्मा

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : ''तुमको पीड़ा में ढूँढ़ा, तुममें ढूँढूँगी पीड़ा।'' यह उक्ति महादेवी वर्मा की है। इनकी प्रमुख रचनाएँ - नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तपर्णा, प्रथम आयाम, अभिरेखा (सभी कविता संग्रह)। **रेखाचित्र-** अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं। संस्मरण– पथ के साथी, मेरा परिवार। निबंध– क्षणदा, शृंखला की कड़ियाँ, विवेचनात्मक गद्य, साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध, संकल्पिता इत्यादि।

200. 'युगांत' के कवि कौन हैं?

(a) रामनरेश त्रिपाठी
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) सुमित्रानंदन पंत

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'युगान्त' के कवि सुमित्रानंदन पंत हैं। **सुमित्रानंदन पंत की प्रमुख रचनाएँ –** उच्छवास, ज्योत्सना, पल्लव, स्वर्णधूलि, वीणा, युगांत, गुंजन, ग्रंथि, ग्राम्या, मानसी, युगवाणी, स्वर्णकिरण, युगांतर, कला और बूढ़ा चाँद, अतिमा, उत्तरा, लोकायतन, चिदम्बरा, इत्यादि है।

201. 'कानन कुसुम' के कवि कौन हैं?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी ''निराला''
(c) रामनरेश त्रिपाठी
(d) सुमित्रानंदन पंत

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'कानन कुसुम' के कवि जयशंकर प्रसाद हैं। **इनकी अन्य रचनाएँ –** प्रेम पथिक, महाराणा का महत्त्व, चित्राधार, झरना, आँसू, लहर, कामायनी (सभी काव्य), कंकाल, तितली, इरावती (सभी उपन्यास), छाया, प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आँधी, इन्द्रजाल (कहानी-संग्रह), सज्जन, कल्याणी परिणय, प्रायश्चित, राज्यश्री, अजातशत्रु इत्यादि नाटक हैं।

202. ''छोड़ो मत यह सुख का कण है'' - यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) महादेवी वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (d) अज्ञेय

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (b): ''छोड़ो मत यह सुख का कण है''- उक्त पंक्ति जयशंकर प्रसाद की है। अन्य की उक्ति इस प्रकार हैं-

उक्ति	कवि
भोर का बावरा अहेरी पहले बिछाता है आलोक की लाल - लाल कनिया	अज्ञेय
धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध, धिक् साधन जिनके लिए सदा किया शोध	निराला
मिलन का नाम मत लो में विरह में चिर हूँ	महादेवी वर्मा

203. 'नीहार' किसकी रचना है?

(a) नागार्जुन (b) महादेवी वर्मा
(c) दिनकर (d) प्रेमचंद

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'नीहार', 'महादेवी वर्मा' का पहला कविता-संग्रह है। इसका प्रथम संस्करण सन् 1930 में प्रकाशित हुआ। इस कविता की भूमिका अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ने लिखी थी।

महादेवी वर्मा की अन्य रचनाएँ –

रश्मि (1932), नीरजा (1935), सांध्यगीत (1936), यामा (1940), दीपशिखा (1942), सप्तपर्णा (1960) आदि हैं।

204. ''सुख-दुःख की भावावेशमयी अवस्था विशेष का गिने-चुने शब्दों में स्वर साधना का उपयुक्त चित्रण कर देना ही गीत है।'' -यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) धर्मवीर भारतीय
(c) अज्ञेय
(d) महादेवी वर्मा

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (d) ''सुख-दुःख की भावावेशमयी अवस्था विशेष का गिने-चुने शब्दों में स्वर साधना का उपयुक्त चित्रण कर देना ही गीत है।'' -यह उक्ति आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा जी की है।

205. ''मिलन के पल केवल दो-चार, विरह के कल्प अपार''- यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) महादेवी वर्मा (d) जयशंकर प्रसाद

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) ''मिलन के पल केवल दो-चार, विरह के कल्प अपार'' यह उक्ति सुमित्रानंदन पंत की है। पंत जी की प्रमुख रचनाएँ– पल्लव, ग्रंथि, गुंजन, ग्राम्या, युगांत, स्वर्णकिरण, स्वर्णधूलि, कला और बूढ़ा चाँद, लोकायतन, चिदंबरा, सत्यकाम आदि। इन्होंने 'रूपाभ' नाम से मासिक पत्र का भी प्रकाशन किया।

206. 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?

(a) महादेवी वर्मा (b) सुमित्रानंदन पन्त
(c) जयशंकर प्रसाद (d) निराला

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
UPSI Batch-I 16 Dec. 2017

उत्तर : (b): छायावादी युग के कवि सुमित्रानंदन पंत जी को प्रकृति के सुकुमार कवि के नाम से हिन्दी साहित्य में जाना जाता है।

207. इनमें से कौन-सी रचना जयशंकर प्रसाद की नहीं है?

(a) प्रेम सरोवर (b) कामायनी
(c) प्रेमराज्य (d) प्रेम-पथिक

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'प्रेम सरोवर' रचना जयशंकर प्रसाद की नहीं है। यह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचना है इनकी अन्य काव्य संग्रह– प्रेमसरोवर, प्रेमश्रुवर्षण, प्रेममाधुरी, प्रेमतरंग, प्रेमप्रलाप, प्रेमफुलवारी आदि। कामायनी, प्रेमराज्य, प्रेम-पथिक जयशंकर प्रसाद की रचनाएँ है। इनकी अन्य रचनाएँ–चित्राधार, कानन-कुसुम, झरना, आँसू, लहर, करुणालय हैं।

208. 'भावों की मुक्ति छंदों की भी मुक्ति चाहती है.....'- यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) महादेवी वर्मा
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (d) अज्ञेय

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) 'भावों की मुक्ति छंदों की भी मुक्ति चाहती है।' यह उक्ति सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की है। ये छायावाद के प्रमुख स्तंभों में गिने जाते हैं।

209. जयशंकर प्रसाद की कौन-सी काव्य-रचना अतुकांत शैली में लिखी गई है?

(a) कानन कुसुम (b) करुणालय
(c) प्रेमपथिक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) जयशंकर प्रसाद द्वारा अतुकांत शैली में रचित काव्य रचना – 'प्रेम पथिक' है। 'करुणालय' की रचना गीति- नाट्य शैली में की गयी है। 'कानन कुसुम' – खड़ी बोली में रचित प्रथम काव्य संग्रह है।

210. ''दुःख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूँ आज जो कही नहीं।'' यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है?

(a) सुमित्रानंदन पंत (b) जयशंकर प्रसाद
(c) निराला (d) महादेवी वर्मा

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) ''दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज जो कही नहीं।''

यह प्रसिद्ध उक्ति सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की है। **इनकी प्रमुख रचनाएँ–** अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता, अणिमा, बेला, नये पत्ते, अर्चना, आराधना, गीत गुंज, सांध्य काकली, अपरा (सभी काव्य), अप्सरा, अलका, प्रभावती, निरुपमा, कुल्ली भाट, काले कारनामें, इन्दुलेखा (सभी उपन्यास) हैं।

@RexstarPdf

211. 'यामा' के रचनाकार कौन हैं?

(a) महादेवी वर्मा
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(d) सुमित्रानन्दन पन्त

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'यामा' की रचनाकार महादेवी वर्मा हैं। ज्योत्स्ना, पल्लव, हार आदि सुमित्रानन्दन पंत की प्रमुख रचनाएँ हैं। कामायनी, कंकाल, अजातशत्रु तथा आँसू, जयशंकर प्रसाद की प्रमुख रचनाएँ हैं। परिमल, गीतिका, अनामिका, चतुरी चमार आदि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की प्रमुख रचनाएं हैं।

212. ''दुःख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात''-यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सुमित्रानंदन पंत (d) महादेवी वर्मा

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : ''दुःख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात'' यह उक्ति 'जयशंकर प्रसाद' की है। प्रसाद, निराला, पंत एवं महादेवी छायावाद के चार प्रमुख स्तम्भों में है। इनकी प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार हैं- चित्राधार, कानन कुसुम, झरना, आँसू, लहर, कामायनी आदि।

213. ''जो गहन भाव, सीधी भाषा सीधे छंद में चाहता है, वह धोखेबाज है'' -यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) अज्ञेय (b) महादेवी वर्मा
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (d) जयशंकर प्रसाद

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : ''जो गहन भाव, सीधी भाषा सीधे छंद में चाहता है, वह धोखेबाज है'' यह उक्ति 'सूर्यकांत त्रिपाठी निराला' की है। निराला हिंदी साहित्य में छायावाद के प्रमुख स्तम्भ माने जाते हैं। इनकी कुछ प्रमुख रचनाएँ इस प्रकार हैं- अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता, अप्सरा, इन्दुलेखा, चतुरी चमार आदि

214. 'आँसू' के कवि कौन हैं?

(a) अज्ञेय (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (d) राम नरेश त्रिपाठी

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPSI, 2001

उत्तर : (b) : 'आँसू' विरह काव्यग्रंथ के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं। इसका प्रकाशन 1923 ई. में हुआ। झरना, लहर, कामायनी प्रसाद जी की अन्य काव्यकृतियां हैं। जयशंकर प्रसाद जी छायावाद के स्तंभों में गिने जाते हैं। 'निराला' ने 'अनामिका' काव्यसंग्रह लिखा है।

215. 'झरना' के रचनाकार कौन हैं?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) अज्ञेय
(c) जयशंकर प्रसाद (d) भारतेंदु हरिश्चंद्र

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (c) 'झरना' के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं जयशंकर प्रसाद के अन्य काव्यसंग्रह 'आँसू', लहर, कामायनी, छाया, प्रतिध्वनि, आँधी, इन्द्रजाल आदि हैं।

216. 'अनामिका' के रचनाकार कौन हैं?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (b) जयशंकर प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) सुमित्रानंदन पंत

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'अनामिका' काव्यसंग्रह के लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' हैं। जयशंकर प्रसाद की प्रमुख रचना कामायनी है। जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा तथा निराला ये चारों छायावाद के स्तंभ के रूप में जाने जाते हैं।

217. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को कैसा कवि माना जाता है?

(a) क्रान्तिकारी (b) भाग्यवादी
(c) पलायनवादी (d) अवसरवादी

UKPSC AE, 2017

उत्तर : (a) निराला को क्रान्तिकारी कवि माना जाता हैं। 'बादल राग' कविता में उनके क्रान्तिकारी व्यक्तित्व का प्रस्फुटन हुआ है। सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' छायावादी काव्य के अन्तर्गत 'शक्ति काव्य के प्रणेता' के रूप में स्वीकार किये जाते हैं।

218. 'तुलसीदास' के रचनाकार हैं–

(a) महादेवी वर्मा
(b) केशवदास
(c) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(d) डॉ. रामविलास शर्मा

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (c) : 'तुलसीदास' के रचनाकार सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हैं। यह निराला द्वारा रचित लम्बी कविता है। निराला द्वारा रचित अन्य रचनाएं हैं– अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, अणिमा, बेला, नये पत्ते, अर्चना, आराधना, गीत गुंज, सांध्य काकली।

219. कवि जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है:-

(a) आँसू (b) लहर
(c) दीपशिखा (d) झरना

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : दीपशिखा कवि जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है बल्कि महादेवी वर्मा की रचना है जबकि आँसू, लहर, झरना जयंशकर प्रसाद की रचनाएँ हैं। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- कामायनी, चित्राधार, शोकोच्छवास, कानन कुसुम आदि।

महादेवी वर्मा की रचनाएँ- नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, यामा आदि।

220. 'तोड़ती पत्थर' कविता किसकी है?

(a) महादेवी वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (d) अज्ञेय

[UKPSC AE 2017]

@RexstarPdf

उत्तर. (c) : 'तोड़ती पत्थर' सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविता है। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, बेला, अर्चना, आराधना, गीतगुंज, अपरा, राग-विराग इत्यादि।

221. 'वीणा वादिनी वर दे' पंक्ति किसने लिखी है?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) रामनरेश त्रिपाठी
(d) महादेवी वर्मा

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b): 'वीणा वादिनी वर दे' पंक्ति सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने लिखी है। अन्य पंक्ति व रचयिता इस प्रकार हैं–

पंक्ति	रचयिता
समरस थे जड़ या चेतन सुन्दर साकार बना था	जयशंकर प्रसाद
पराधीन रहकर अपना सुख शोक न कह सकता है	रामनरेश त्रिपाठी
मिलन का मत नाम लो विरह में मैं चिर हूँ	महादेवी वर्मा

222. महादेवी वर्मा का संबंध किस वाद से है?

(a) प्रगतिवाद (b) छायावाद
(c) प्रयोगवाद (d) नकेनवाद

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : महादेवी वर्मा का संबंध छायावाद से है जबकि केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन का संबंध प्रगतिवाद तथा अज्ञेय का संबंध प्रयोगवाद और नकेनवाद के अंतर्गत– नलिन विलोचन शर्मा, केशरी कुमार, नरेश आते हैं।

223. किस कवि को 'महाप्राण' कहा जाता है?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) कबीरदास
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(d) मैथिलीशरण गुप्त

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को 'महाप्राण' कहा जाता है। अन्य रचनाकार का उपनाम व उपाधियाँ हैं–

रचनाकार	उपनाम/उपाधियाँ
जयशंकर प्रसाद	कलाधर
मैथिलीशरण गुप्त	राष्ट्रकवि, दद्दा, रसिकेन्द्र

224. निम्नलिखित में छायावादी कवि कौन सा नहीं है?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) बिहारी लाल

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : बिहारी लाल छायावादी कवि नहीं हैं, बल्कि बिहारी रीति काल के अन्तर्गत रीतिसिद्ध कवि हैं जबकि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला', महादेवी वर्मा एवं जयशंकर प्रसाद छायावादी कवि हैं।

225. 'हिमगिरि के उत्तुंग शिखर पर बैठ शिला की शीतल छांह .....' ये पंक्तियाँ किस काव्य-रचना से हैं?

(a) रश्मिरथी (b) कामायनी
(c) गुंजन (d) साकेत

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (b) प्रस्तुत पंक्ति जयशंकर प्रसाद कृत 'कामायनी' से ली गयी हैं। छायावाद के वृहत्त्रयी में जयशंकर प्रसाद को स्थान मिला है, जहाँ इन्हें ब्रह्मा संबोधित किया जाता है। इनकी काव्य कृतियाँ हैं– उर्वशी, कामायनी, वन मिलन, प्रेमराज्य, कानन कुसुम, झरना, आँसू, लहर आदि।

226. 'निराला' द्वारा रचित ललित गीतों का संग्रह कौन सा है?

(a) गीतिका (b) गीतगुंज
(c) गीतावली (d) अणिमा

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (a) 'निराला' द्वारा रचित ललित गीतों का संग्रह **गीतिका** है। निराला छायावादी कवि हैं। इनका प्रथम काव्य संग्रह 'अनामिका' तथा अंतिम काव्य संग्रह 'सांध्यकाकली' है। 'जूही की कली' (1916) इनकी पहली कविता है तथा अंतिम कविता है– 'पत्रोंत्कंठित जीवन का विष बुझा हुआ' है।

227. कौन सी कृति महादेवी वर्मा की है?

(a) नीहार (b) साकेत
(c) कामायनी (d) प्रिय-प्रवास

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018

उत्तर. (a) महादेवी वर्मा छायावाद की कवयित्री हैं, जिनका जन्म 26 मार्च, 1907 को फर्रूखाबाद में हुआ था। इन्हें 'आधुनिक युग की मीरा' कहा जाता है। इनकी कृतियाँ– नीहार, रश्मि, सांध्यगीत, नीरजा, यामा इत्यादि हैं। जबकि 'साकेत' के लेखक मैथिलीशरण गुप्त, 'कामायनी' के लेखक जयशंकर प्रसाद और 'प्रिय प्रवास' हरिऔध जी की रचना है।

228. ''तुम रक्तहीन, तुम माँसहीन, हे अस्थिशेष, तुम अस्थिहीन।
तुम शुद्ध-बुद्ध आत्मा केवल, हे चिरपुराण, हे चिरनवीन॥''
महात्मा गाँधी के विषय में किस कवि ने यह विचार व्यक्त किया है?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) सुमित्रानन्दन पंत (d) हरिवंश राय बच्चन

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2009

उत्तर : (c) तुम रक्तहीन, तुम माँसहीन, हे अस्थिशेष, तुम अस्थिहीन। तुम शुद्ध-बुद्ध आत्मा केवल, हे चिरपुराण, हे चिरनवीन।'' सुमित्रानन्दन पंत द्वारा महात्मा गाँधी को समर्पित बापू के प्रति शीर्षक कविता संकलन से लिया गया है।

@RexstarPdf

229. निम्नलिखित में से कौन–सा रचनाकार छायावाद के चार स्तंभों में नहीं है?

(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा
(d) मैथिलीशरण गुप्त

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (d) मैथिलीशरण गुप्त छायावादी युग के चार स्तम्भों में नहीं हैं। नामवर सिंह के शब्दों में ''छायावाद शब्द का अर्थ चाहे जो हो परन्तु व्यवहारिक दृष्टि से यह प्रसाद, निराला, पंत और महादेवी की उन समस्त कविताओं का द्योतक है जो 1918 ई0 से 1936 ई0 (उच्छवास से युगान्तर) तक लिखी गई।'' छायावाद युग के चार स्तभ (चतुष्टय) जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानन्दन पंत, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' और महादेवी वर्मा हैं।

230. 'कामायनी' के रचनाकार हैं–

(a) जयशंकर प्रसाद (b) सुमित्रानन्दन पंत
(c) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (d) महादेवी वर्मा

UPSSSC Lower 1.10.2019
UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift
UPP Constable 19.06.2018 II[nd] Shift
UPSI Batch-III 16 Dec. 2017
UPP Constable 2017
UP SI 22.07.2017 Shift-I
UPSI Batch-I 20 Dec 2017
UK PSC AE 2017
MP PSC (Pre) Exam-II 2015

उत्तर : (a)

रचनाकार	रचना
जयशंकर प्रसाद	कामायनी (महाकाव्य), प्रेमराज्य, झरना, आँसू, लहर, कानन कुसुम आदि।
सुमित्रानन्दन पंत	वीणा, पल्लव, गुंजन, युगांतर, स्वर्ण किरण आदि।
सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'	अनामिका, गीतिका, परिमल, तुलसीदास आदि।
महादेवी वर्मा	नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत आदि।

231. निम्न में प्रसिद्ध छायावादी लेखक का नाम बताइये।

(a) महादेवी वर्मा (b) वियोगी हरि
(c) डॉ. राम विलास शर्मा (d) लक्ष्मी नारायण मिश्र

UP SI 2001

उत्तर : (a) महादेवी वर्मा छायावाद की प्रसिद्ध लेखिका हैं। अन्य छायावादी लेखक हैं–जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानन्दन पन्त और सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।

232.''नीचे जल था, ऊपर हिम था, एक तरल था एक सघन'' किसकी पंक्तियां हैं?

(a) माखनलाल चतुर्वेदी
(b) सूर्यकान्त त्रिपाठी
(c) महादेवी वर्मा
(d) जयशंकर प्रसाद

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) ''नीचे जल था, ऊपर हिम था, एक तरल था एक सघन'' जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित कामायनी की पंक्ति है।

233. महादेवी वर्मा का प्रथम काव्य-संग्रह कौन-सा है?

(a) नीहार (b) नीरजा
(c) रश्मि (d) सांध्यगीत

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
उ. प्र. पु. कांस्टेबल 25.10.2018
UPSI Batch-II 13 Dec. 2017

उत्तर : (a) : महादेवी वर्मा का प्रथम काव्य-संग्रह 'नीहार' (1930 ई.) हैं। इनकी प्रमुख कृतियाँ- रश्मि (1932 ई.), नीरजा (1935 ई.), सांध्यगीत (1936 ई.), दीपशिखा, सप्तपर्णा, प्रथम आयाम, अग्निरेखा, यामा, नीलांबरा आदि हैं। रेखाचित्र में अतीत के चलचित्र एवं स्मृति की रेखाएँ हैं। संस्मरण में- पथ के साथी, मेरा परिवार है।

234. ''स्वर्ग बनाया है जो मैंने उसे न विकल बनाओ, अरी अप्सरे! उस अतीत के नूतन गान सुनाओ।''
यह पंक्ति 'कामायनी' के किस सर्ग से ली गई है?

(a) कर्म सर्ग (b) श्रद्धा सर्ग
(c) आनंद सर्ग (d) वियोग सर्ग

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) उपर्युक्त दी हुयी पंक्ति 'कामायनी' के 'कर्म सर्ग' से ली गयी है। कामायनी के रचयिता जयशंकर प्रसाद हैं। जयशंकर प्रसाद छायावाद युग के कवि हैं। इनके प्रमुख उपन्यास–कंकाल, तितली, इरावती (अधूरा) हैं तथा प्रमुख नाटक– करुणालय, सज्जन, कामना, विशाख, कल्याणी परिणय, अजातशत्रु, एक घूँट, प्रायश्चित, चंद्रगुप्त आदि हैं। कामायनी महाकाव्य में कुल 15 सर्ग हैं।

235. निम्नलिखित में से छायावादी रचनाकार कौन हैं?

(a) नागार्जुन
(b) मुक्तिबोध
(c) सुमित्रानन्दन पंत
(d) त्रिलोचन शास्त्री

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों में से सुमित्रानंदन पंत छायावादी रचनाकार हैं। अन्य छायावादी रचनाकार हैं– जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला आदि जबकि नागार्जुन, मुक्तिबोध व त्रिलोचन शास्त्री छायावादोत्तर प्रगतिवादी काल के रचनाकार हैं।

@RexstarPdf

8. छायावादोत्तर काल

236. 'रश्मिरथी' इनमें से किसके जीवन पर केन्द्रित कृति है?

(a) राम (b) कृष्ण
(c) कर्ण (d) अर्जुन

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) 'रश्मिरथी' हिंदी के प्रसिद्ध कवि 'रामधारी सिंह दिनकर' द्वारा रचित खण्डकाव्य है। इसमें 7 सर्ग हैं। इस खण्डकाव्य में 'कर्ण' के चरित्र के सभी पक्षों का सजीव चित्रण किया गया है।

237. इनमें से वीर रस के कवि कौन हैं?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) हरिवंश राय 'बच्चन' (d) सियाराम शरण गुप्त

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : रामधारी सिंह दिनकर, वीर रस के कवि हैं। दिनकर जी की प्रमुख कृतियाँ– कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रेणुका, रश्मिरथी, बापू, छंदगीत, धूप छाँह, सूरज का ब्याह, मिर्च का मज़ा इत्यादि।
दिनकर जी को उर्वशी के लिए 1972 में ज्ञानपीठ पुरस्कार भी दिया गया। गद्य में इन्होंने मिट्टी की ओर, अर्धनारीश्वर, रेती के फूल, हमारी सांस्कृतिक एकता, संस्कृति के चार अध्याय, वेणुवन इत्यादि रचनाएँ की हैं।

238. 'आग और राग' का कवि किसे कहा जाता है?

(a) माखनलाल चतुर्वेदी (b) नागार्जुन
(c) निराला (d) रामधारी सिंह दिनकर

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'आग और राग' का कवि 'रामधारी सिंह दिनकर' को कहा जाता है। दिनकर को 'उर्वशी' पर 1978 ई. में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा 'रश्मिरथी', परशुराम की प्रतीक्षा इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

239. 'त्रिधारा' नामक ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं?

(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) महादेवी वर्मा
(c) सुभद्राकुमारी चौहान (d) सुमित्रानंदन पंत

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'त्रिधारा' नामक ग्रंथ की रचनाकार सुभद्रा कुमारी चौहान हैं। इनकी कुछ प्रमुख रचनाएँ - 'मुकुल' (कविता संग्रह), 'बिखरे मोती' (कहानी संग्रह), झांसी की रानी आदि हैं।

240. 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे' गीत के रचनाकार इनमें से कौन हैं?

(a) हरिवंशराय बच्चन (b) साहिर लुधियानवी
(c) अज्ञेय (d) मुक्तिबोध

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (a) 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे' गीत के रचनाकार 'हरिवंशराय बच्चन' हैं। इनकी प्रमुख रचनाएँ- मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश, निशा निमंत्रण, हलाहल, बंगाल का काल (कविता संग्रह) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, नीड़ का निर्माण फिर, बसेरे से दूर, दशद्वार से सोपान तक, (आत्मकथा) प्रवासी की डायरी (डायरी) इत्यादि हैं।

241. इनमें से 'नागार्जुन' द्वारा रचित रचना कौन-सी नहीं है?

(a) मैं उस जनपद का कवि हूँ
(b) बादलों को घिरते देखा है
(c) तुमने कहा था
(d) पुरानी जूतियों का कोरस

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) 'मैं उस जनपद का कवि हूँ' यह नागार्जुन की रचना नहीं है, बल्कि यह त्रिलोचन (शास्त्री) की रचना है। शेष सभी नागार्जुन की रचनाएँ हैं। नागार्जुन की अन्य रचनाएँ- पाषाणी, सिंदूर तिलकित भाल, तुम्हारी दंतुरित मुस्कान, अकाल और उसके बाद, युगधारा, भस्मांकुर, तालाब की मछलियाँ आदि हैं। त्रिलोचन की अन्य रचनाएँ– धरती, गुलाब और बुलबुल, दिगन्त, ताप के ताये हुये दिन, शब्द, फूल नाम है एक आदि हैं।

242. हरिवंशराय बच्चन ने अपने इंग्लैंड प्रवास काल में कौन सा गीत संग्रह लिखा?

(a) प्रणय पत्रिका (b) मिलन यामिनी
(c) संतरंगिनी (d) एकान्त संगीत

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (a) : हरिवंशराय बच्चन ने अपने इंग्लैण्ड प्रवास के समय 'प्रणय पत्रिका' गीत संग्रह लिखा। बच्चन 'हालावाद' के प्रवर्तक माने जाते हैं। इनकी ख्याति का आधार 'मधुशाला' काव्य ग्रंथ है। मधुशाला (1935 ई.), मधुबाला (1936 ई.) तथा मधुकलश (1937 ई.) हालावाद दर्शन के धर्म ग्रन्थ माने जाते हैं।

243. ''हुई वीरता की ..... के साथ सगाई झाँसी में''– सुभद्राकुमारी चौहान की इस पंक्ति को पूर्ण करें।

(a) वीरांगना (b) वैभव
(c) कायर (d) सम्पन्नता

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (b) दी गयी पंक्ति के रिक्त स्थान पर वैभव शब्द भरा जायेगा अतः पूर्ण वाक्य होगा- 'हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में। यह पंक्ति सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता 'झाँसी की रानी' से है।

244. अग्निपथ किसकी रचना है?

(a) हरिवंश राय बच्चन (b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) महादेवी वर्मा (d) दुष्यन्त कुमार

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : 'अग्निपथ' कविता के लेखक हरिवंशराय बच्चन हैं।

रचना	–	**रचनाकार**
कुरुक्षेत्र	–	रामधारी सिंह दिनकर
यामा	–	महादेवी वर्मा
साये में धूप	–	दुष्यन्त कुमार

@RexstarPdf

9. प्रयोगवाद

245. सीता वनवास से संबंधित एक काव्य रचना कौन-सी थी?

(a) शबरी (b) महाप्रस्थान
(c) संशय की एक रात (d) प्रवाद पर्व

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (d) प्रवाद पर्व सीता वनवास से संबंधित काव्य रचना है। इसमें कवि श्री नरेश मेहता ने सीता के चरित्र पर धोबी द्वारा लांछन लगाने एवं पूर्व में सीता के साथ हुए अनुचित व्यवहार से संबंधित तथ्यों का द्वन्द्वात्मक वर्णन किया है।

246. नागार्जुन का वास्तविक नाम था–

(a) वैद्यनाथ मिश्र (b) वैद्यदन्त मिश्रा
(c) गजानन माधव (d) मोहन राकेश

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a) : नागार्जुन का वास्तविक नाम 'वैद्यनाथ मिश्र' था। इनको 'पत्र हीन नग्न गाछ' नामक मैथिली रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

247. 'अंचल' किस साहित्यकार का उपनाम है?

(a) हरिवंश राय (b) बालकृष्ण शर्मा
(c) बद्रीनाथ भट्ट (d) रामेश्वर शुक्ल

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (d) 'अंचल' उपनाम रामेश्वर शुक्ल का है। अन्य कवियों के उपनाम इस प्रकार हैं–

कवि	उपनाम
हरिवंश राय	बच्चन
बालकृष्ण शर्मा	नवीन
बद्रीनाथ भट्ट	सुदर्शन

248. निम्न में से कौन रचनाकार उत्तराखण्ड का नहीं है?

(a) पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल (b) सुमित्रानन्दन पंत
(c) धर्मवीर भारती (d) लीलाधर जगूड़ी

UKPSC AE 2017
UKPSC AE 2013
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : 'धर्मवीर भारती' उत्तराखण्ड के रचनाकार नहीं हैं बल्कि इनका संबंध इलाहाबाद से है जबकि अन्य तीनों साहित्यकार उत्तराखण्ड से सम्बन्धित हैं। इन सभी का जन्म स्थान इस प्रकार है-

साहित्यकार	-	जन्मस्थान
पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल	-	पाली (पौढ़ी गढ़वाल), उत्तराखण्ड
सुमित्रानंदन 'पंत'	-	कौशानी (अल्मोड़ा), उत्तराखण्ड
धर्मवीर भारती	-	इलाहाबाद (प्रयागराज) उ0प्र0
लीलाधर जगूड़ी	-	टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड

249. 'कनुप्रिया' के रचनाकार कौन हैं?

(a) धर्मवीर भारती (b) रांगेय राघव
(c) भगवतीचरण वर्मा (d) नागार्जुन

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (a): कनुप्रिया के रचनाकार 'धर्मवीर भारती' हैं। यह काव्य विधा की रचना है। धर्मवीर भारती की अन्य काव्य रचनाएं हैं– ठण्डा लोहा, अंधा युग, सात गीत वर्ष, देशान्तर। शेष दिये गये साहित्यकारों की काव्य कृतियाँ निम्नलिखित हैं–

रांगेय राघव– अजेय खण्डहर, मेधावी, पांचाली, पिघलते पत्थर, राह के दीपक।

भगवती चरण वर्मा– मधुकण, प्रेमसंगीत, मानव, एक दिन।

नागार्जुन– युगधारा, सतरंगे पंखों वाली, प्यासी पथराई आँखे, भस्मांकुर, तालाब की मछलियाँ, खिचड़ी विप्लव देखा हमने, तुमने कहा था, हजार–हजार बाहों वाली, पुरानी जूतियों का कोरस।

250. इनमें से 'प्रयोगवाद' के प्रवर्तक कौन हैं?

(a) मुक्तिबोध (b) निराला
(c) महादेवी वर्मा (d) अज्ञेय

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : प्रयोगवाद के प्रवर्तक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय जी हैं। प्रयोगवाद (नयी कविता युग) का समय काल 1943 से 1954 तक मान जाता है। इस काल के प्रमुख कवि अज्ञेय, गिरिजाकुमार माथुर, प्रभाकर माचवे, मुक्तिबोध, धर्मवीर भारती, नरेश मेहता, रघुवीर सहाय, केदार नाथ सिंह इत्यादि थे।

251. 'आत्मजयी' इनमें से किस विधा की पुस्तक है ?

(a) नाटक (b) काव्य
(c) उपन्यास (d) एकांकी

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b): 'आत्मजयी' काव्य विधा की पुस्तक है। यह 'कुँवर नारायण' की रचना है। इस रचना के लिए उन्हें 2005 ई. में व्यास सम्मान दिया गया।

252. 'बात बोलेगी' के रचनाकार कौन हैं?

(a) शमशेर बहादुर सिंह (b) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(c) कुँवर नारायण (d) रघुवीर सहाय

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'बात बोलेगी' के रचनाकार 'शमशेर बहादुर सिंह' हैं। इनकी अन्य रचनाएँ हैं- कुछ कविताएँ, बात बोलेगी, सुकून की तलाश।

253. 'मैंने आहुति बनकर देखा, यह प्रेम यज्ञ की ज्वाला है।' - यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद (d) अज्ञेय

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (d) : 'मैंने आहुति बनकर देखा यह प्रेम यज्ञ की ज्वाला है।' उक्त पंक्ति के रचनाकार 'अज्ञेय' हैं। इनकी प्रमुख रचनाएं इस प्रकार हैं-
आंगन के पार द्वार, शेखर : एक जीवनी, त्रिशंकु इत्यादि।

254. 'हरी घास पर क्षण भर' संग्रह के रचनाकार निम्नलिखित में से कौन हैं?

(a) शमशेर बहादुर सिंह (b) अज्ञेय
(c) केदारनाथ अग्रवाल (d) रघुवीर सहाय

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b) 'हरी घास पर क्षण भर' रचना 'अज्ञेय' जी की है। इनकी अन्य रचनाएँ- भग्नदूत, चिंता, शरणार्थी, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार, कितनी नावों मे कितनी बार, सागर-मुद्रा, पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ, महावृक्ष के नीचे, असाध्य वीणा, पूर्वा, सुनहरे शैवाल, तार सप्तक (एक, दो, तीन, चार), पुष्करिणी, रूपांबरा इत्यादि।

255. 'सुई और तागे के बीच में' कविता किस रचनाकार की है?

(a) लीलाधर जगूड़ी (b) केदारनाथ सिंह
(c) मंगलेश डबराल (d) कुमार अम्बुज

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b): 'सुई और तागे के बीच में' कविता 'केदारनाथ सिंह' की है। इनकी अन्य कृतियाँ– अभी बिल्कुल अभी, जमीन पक रही है, यहाँ से देखो, बाघ, अकाल में सारस, सृष्टि पर पहरा, कल्पना और छायावाद, मेरे समय के शब्द, मेरे साक्षात्कार, आधुनिक हिंदी कविता में बिंबविधान, कविता दशक इत्यादि।

256. ''मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ, लेकिन मुझे फेंको मत।'' - यह उक्ति किस रचनाकार की है ?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) महादेवी वर्मा
(c) धर्मवीर भारती (d) अज्ञेय

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : '' मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ,
लेकिन मुझे फेंको मत ।''
यह उक्ति धर्मवीर भारती की है। धर्मवीर भारती की प्रमुख रचनाएं - ठेले पर हिमालय, पश्यंती (निबंध), गुनाहों का देवता, सूरज का सातवां घोड़ा, ग्यारह सपनों का देश, प्रारंभ व समापन (सभी उपन्यास), अंधा युग (पद्य नाटक), ठंडा लोहा, सात गीत वर्ष, कनुप्रिया, सपना अभी भी, आद्यन्त, देशांतर (सभी काव्य) मुर्दों का गांव, स्वर्ग और पृथ्वी, चाँद और टूटे हुए लोग, बंद गली का आखिरी मकान, साँस की कलम से (सभी नाटक) ।

257. 'चाँद का मुंह टेढ़ा है' इनमें से किस कवि की रचना है?

(a) महादेवी वर्मा (b) मुक्तिबोध
(c) अज्ञेय (d) निराला

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'चाँद का मुंह टेढ़ा है' यह रचना 'मुक्तिबोध' की है। इनका पूरा नाम 'गजानन माधव मुक्तिबोध' है। ये हिन्दी साहित्य के प्रमुख कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार, उपन्यासकार थे। **इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ–** एक साहित्यिक की डायरी, काठ का सपना, विपात्र, सतह से उठता आदमी, नई कविता का आत्मसंघर्ष, नये साहित्य का सौंदर्यशास्त्र इत्यादि हैं।

258. 'कितनी नावों में कितनी बार' के रचनाकार कौन हैं?

(a) अज्ञेय (b) धर्मवीर भारती
(c) नरेंद्र कोहली (d) रघुवीर चौधरी

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'कितनी नावों में कितनी बार' काव्य संग्रह के रचनाकार सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' हैं। अज्ञेय को इस रचना के लिए वर्ष 1978 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- इत्यलम, हरी घास पर क्षण भर, आँगन के पार द्वार, शेखरः एक जीवनी, अपने अपने अजनबी, नदी के द्वीप आदि।

259. 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता हैं-

(a) मनोहर श्याम जोशी (b) केदार नाथ सिंह
(c) मुक्तिबोध (d) रमेश कुन्तल मेघ

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता गजानन माधव 'मुक्तिबोध' हैं। मुक्तिबोध को 'गहन अनुभूति और तीव्र इन्द्रियबोध' का कवि कहा जाता है। चाँद का मुँह टेढ़ा है, भूरि-भूरि खाक धूल इनकी प्रमुख काव्य कृतियाँ हैं।

260. 'अज्ञेय' किस साहित्यकार का उपनाम है?

(a) श्रीकांत वर्मा (b) जैनेन्द्र
(c) माखनलाल चतुर्वेदी
(d) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'अज्ञेय' उपनाम सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन का है। साहित्यकार के उपनाम इस प्रकार हैं-

साहित्यकार (मूलनाम)	**उपनाम/उपाधियाँ**
आनन्दीलाल शर्मा	जैनेन्द्र, उत्तर भारत का शरतचंद
माखनलाल चतुर्वेदी	एक भारतीय आत्मा
सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन	अज्ञेय

261. 'कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास, कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास'। उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार हैं–

(a) नागार्जुन (b) नरेंद्र शर्मा
(c) शिवमंगल सिंह सुमन (d) सुभद्राकुमारी चौहान

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास, कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास'। पंक्ति के रचनाकार नागार्जुन हैं। यह पंक्ति नागार्जुन द्वारा रचित 'अकाल और उसके बाद' कविता से ली गयी है जिसमें नागार्जुन ने अकाल का भयानक चित्रण प्रस्तुत किया है। आठ पंक्तियों की कविता में कवि ने गृहस्थ जीवन के सम्पूर्ण अभाव की कहानी कह दी है। नागार्जुन द्वारा रचित अन्य रचनाएँ– रतिनाथ की चाची, बलचनमा, नई पौध, दुःखमोचन, वरुणा के बेटे, युगधारा आदि हैं।

262.निम्न में से कौन सी 'दिनकर' की रचना नहीं है?

(a) उर्वशी (b) कुरुक्षेत्र
(c) मृगनयनी (d) रश्मिरथी

(MPPSC (Pre) 2013)

उत्तर : (c) 'मृगनयनी' 'वृन्दावन लाल वर्मा' का उपन्यास है, जिसमें ग्वालियर के महाराजा मानसिंह एवं मृगनयनी के प्रणय का चित्रण है। शेष रचनाएँ 'दिनकर' की हैं।

263.हिन्दी साहित्य के किस कवि को 'कवियों का कवि' कहा गया है?

(a) अज्ञेय (b) भवानी प्रसाद मिश्र
(c) हरिवंश राय बच्चन (d) शमशेर बहादुर सिंह

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर: (d) प्रयोगवाद के कवि अज्ञेय ने 'शमशेर बहादुर सिंह' को 'कवियों का कवि' कहा है। शमशेर बहादुर सिंह की महत्वपूर्ण रचनाएँ- चुका भी हूँ नहीं मैं, इतने पास अपने, काल तुमसे होड़ है मेरी, कुछ कविताएँ, कुछ और कविताएँ आदि हैं।

264. 'झांसी की रानी' किसकी रचना है?

(a) दिनकर (b) हरिऔध
(c) गोपाल सिंह नेपाली (d) सुभद्रा कुमारी चौहान

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (d) : 'झांसी की रानी' 'सुभद्रा कुमारी चौहान' की रचना है। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं। त्रिधारा, मुकुल, झण्डे की इज्जत, स्वदेश के प्रति, जलियांवाला बाग में वसंत।

265. 'हुंकार' काव्य संग्रह के रचयिता कौन हैं?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) माखन लाल चतुर्वेदी
(c) नागार्जुन
(d) रामधारी सिंह दिनकर

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (d) : 'हुंकार' काव्य संग्रह के रचयिता डिप्टी राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' हैं। इन्हें 'समय–सूर्य' तथा 'अधैर्य का कवि' भी कहा जाता है। इनकी अन्य प्रसिद्ध कृतियाँ हैं– रेणुका, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी, परशुराम की प्रतीक्षा, हारे के हरिनाम आदि। शेष रचनाकारों की प्रसिद्ध कृतियाँ हैं–

मैथिलीशरण गुप्त– रंग में भंग, जयद्रथ वध, किसान, विकट भट, साकेत, भारत–भारती, झंकार, यशोधरा, द्वापर, जय भारत, विष्णु प्रिया, सिद्धराज, हिन्दू, वैतालिक, पंचवटी।
माखन लाल चतुर्वेदी– हिमकिरीटिनी, हिमतरंगिनी, माता, समर्पण, कैदी और कोकिला, पुष्प की अभिलाषा।
नागार्जुन– युगधारा, सतरंगे पंखों वाली, प्यासी पथराई आँखें, भस्मांकुर, तालाब की मछलियाँ, खिचड़ी विप्लव देखा हमने, तुमने कहा था, हजार–हजार बाहों वाली, पुरानी जूतियों का कोरस।

266. प्रगतिशील लेखक संघ का पहला अधिवेशन किस वर्ष में हुआ था?

(a) सन् 1938 (b) सन् 1943
(c) सन् 1936 (d) सन् 1954

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर : (c) प्रगतिशील लेखक संघ का भारत में प्रथम अधिवेशन 1936 ई0 में लखनऊ (उ0प्र0) में हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष कथा सम्राट 'मुंशी प्रेमचन्द' थे।

267. इनमें से कौन-सा कवि 'फूल बाबू' के नाम से भी जाना जाता है?

(a) सुमित्रानंदन पन्त (b) केदारनाथ अग्रवाल
(c) केदारनाथ सिंह (d) राजकमल चौधरी

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) राजकमल चौधरी को 'फूल बाबू' के नाम से भी जाना जाता है। आप एक भारतीय कवि लघु कथाकार, मैथिली, हिन्दी, और बंगाली भाषाओं के उपन्यासकार, आलोचक और विचारक थे। 'कंकावती', 'मुक्तिप्रसंग','इस अकाल बेला में' इनकी प्रमुख काव्य कृतियाँ हैं।

268. 'फिर भी कुछ रह जायेगा' कृति के रचनाकार कौन हैं?

(a) नरेश मेहता (b) विश्वनाथ तिवारी
(c) रमेशचंद्र शाह (d) मंगलेश डबराल

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर: (b): 'फिर भी कुछ रह जायेगा' कविता के रचनाकार 'विश्वनाथ प्रसाद तिवारी' जी हैं। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– मनुष्यता का दुख, अस्ति और भवति, प्रतिबद्धता, वर्तमान और भविष्य, गुनाहों के सबूत आदि।
हाल ही में 'अस्ति और भवति' के लिए इन्हें मूर्तिदेवी पुरस्कार-2019 से सम्मानित किया गया है।

269.'प्रेम सागर' किसकी कृति है?

(a) लल्लू लाल (b) सदा सुखलाल
(c) सदल मिश्र (d) इंशा अल्ला खां

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) 'प्रेम सागर' लल्लू लाल की कृति है। इनकी अन्य कृतियाँ राजनीति, शकुन्तला नाटक, माधवविलास, बैताल पच्चीसी, सिंहासन बत्तीसी हैं।

@RexstarPdf

270. 'सत्यार्थ प्रकाश' ग्रंथ की भाषा है-

(a) संस्कृत (b) हिंदी
(c) गुजराती (d) मराठी

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (b) 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना आर्य समाज के संस्थापक 'महर्षि दयानन्द सरस्वती' ने की थी। इस ग्रंथ की भाषा **हिन्दी** है। इनके द्वारा रचित अन्य कृतियाँ–ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका, पंच महायज्ञ विधि, गोकरुणानिधि, व्यवहार भानु आदि हैं।

271. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कहाँ हुई थी?

(a) दिल्ली (b) बनारस
(c) इलाहाबाद (d) कलकत्ता

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना सन् 1800 ई0 में कलकत्ता में हुई थी। इसकी स्थापना तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड वेलेजली ने की थी। लल्लू लाल एवं सदल मिश्र फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दी के प्राध्यापक थे तथा जॉन बोर्थविक गिलक्राइस्ट इसके प्रथम प्रधानाचार्य थे।

272. पंजाब में हिन्दी का प्रचार किसने किया?

(a) सदल मिश्र (b) श्रद्धाराम फिल्लौरी
(c) लल्लू लाल (d) राजा राम मोहन राय

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : पंजाब में हिन्दी का प्रचार श्रद्धाराम फिल्लौरी ने किया। सदलमिश्र और लल्लू लाल हिन्दी गद्य के चार प्रमुख स्तम्भों (इंशा अल्ला खाँ, सदल मिश्र, मुंशी सदासुख लाल, लल्लू लाल) में से हैं। राजा राम मोहन राय को 'भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत' और 'आधुनिक भारत का जनक' कहा जाता है।

273. उन्नीसवीं शती में हिन्दी खड़ीबोली के विकास में किस साहित्यकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

(a) अमीर खुसरो (b) ग्रियर्सन
(c) सदल मिश्र (d) मिश्र बंधु

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (c) 19वीं शती में हिन्दी के विकास में सदल मिश्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन्होंने 'नासिकेतोपाख्यान' नामक ग्रंथ की रचना की। ये फोर्ट विलियम कालेज (1800 ई.) में भाषा मुंशी थे।

274. 'सितारे हिंद' किस लेखक का उपनाम था?

(a) राजा लक्ष्मण सिंह (b) बाल मुकुंद गुप्त
(c) राजा शिव प्रसाद (d) राजेन्द्र प्रसाद

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

Ans : (c) 'सितारे हिन्द' उपनाम हिन्दी के उन्नायक साहित्यकार 'राजा शिव प्रसाद' का है। इनकी भाषा में फारसी तथा अरबी शब्दों का अधिक प्रयोग हुआ है। इनकी प्रमुख कृतियाँ–मानव धर्मसार, वामा मनोरंजन, राजा भोज का सपना, आलसियों का कोड़ा आदि हैं।

275. ''एक दिन बैठे-बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिये कि जिसमें 'हिन्दवी' छुट और किसी बोली का पुट न मिले'' पंक्ति किस लेखक की है?

(a) मलिक मोहम्मद जायसी
(b) मुंशी इंशा अल्ला खाँ
(c) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द'
(d) मुंशी सदासुखलाल

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) ''एक दिन बैठे-बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिये कि जिसमें 'हिन्दवी' छुट और किसी बोली का पुट न मिले'' यह पंक्ति मुंशी इंशा अल्ला खाँ की कृति 'रानी केतकी की कहानी' से उद्धृत है। हिन्दवी के सन्दर्भ में मलिक मोहम्मद जायसी की पंक्ति प्रसिद्ध है -

''तुरकी अरबी हिन्दवी भाषा जेतो आहि,
जामें मारग प्रेम का सबै सराहैं ताहि।''

10. नाटक एवं एकांकी

276. ''हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती.....'' –यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (d) अज्ञेय

राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा पेपर-I 2014
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : ''हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती.....''
यह उक्ति जयशंकर प्रसाद की है। प्रस्तुत उक्ति जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध नाटक 'चन्द्रगुप्त' के चौथे अंक के छठे दृश्य से लिया गया है, जो इस नाटक का अंतिम अंश है। प्रसाद के प्रमुख नाटक–सज्जन, कल्याणी परिणय, प्रायश्चित, राज्यश्री, विशाख, अजातशत्रु, जनमेजय का नागयज्ञ, कामना, स्कन्दगुप्त, एक घूँट, चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी है।

277. ''आह! वेदना मिली विदाई।''-यह उक्ति किस रचनाकार की है?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद (d) अज्ञेय

KVS PGT 2018
KVS PGT 2017
Jharkhand PGT 2018
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'आह!वेदना मिली विदाई' उक्ति जयशंकर प्रसाद की है। 'जयशंकर प्रसाद', सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', 'सुमित्रानंदन पंत', और 'महदेवी वर्मा' चारों छायावाद के चार स्तंभ हैं। अज्ञेय प्रयोगवादी कवि हैं।

278. 'करुणालय' के रचनाकार कौन हैं?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (b) जयशंकर प्रसाद
(c) अज्ञेय (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (b) : 'करुणालय' के रचनाकार, 'जयशंकर प्रसाद' हैं। इस रचना में 'गीतिनाट्य' के आधार पर राजा हरिश्चन्द्र की कथा का वर्णन है। इसका प्रथम प्रकाशन वर्ष 1913 में 'इंदु' नामक पत्रिका में किया गया था।

279. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक विजय तेंदुलकर की रचना नहीं है?

(a) नेफा की एक शाम (b) कमला
(c) खामोश ! अदालत जारी है (d) घासीराम कोतवाल

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : कमला, खामोश ! अदालत जारी है, घासीराम कोतवाल विजय तेंदुलकर की रचना है। जबकि 'नेफा की एक शाम' पुस्तक ज्ञानदेव अग्निहोत्री की है।

280. इनमें से कौन-सा नाटक उपनिषद् काल पर आधारित है?

(a) जनमेजय का नागयज्ञ (b) पाप और प्रकाश
(c) करुणालय (d) सज्जन

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'जनमेजय का नागयज्ञ' उपनिषद् काल पर आधारित है। यह पौराणिक पृष्ठभूमि पर लिखित जयशंकर प्रसाद का नाटक है। जयशंकर प्रसाद की अन्य कृतियाँ- प्रेम पथिक, चित्राधार, झरना, आँसू, लहर, कामायनी, इन्द्रजाल, आँधी, आकाशदीप, कंकाल, तितली, इरावती, अजातशत्रु, विशाख, राज्यश्री, एक घूँट, ध्रुवस्वामिनी इत्यादि हैं।

281. 'चन्द्रगुप्त' किसका प्रसिद्ध नाटक है?

(a) धर्मवीर भारती (b) जयशंकर प्रसाद
(c) लक्ष्मीनारायण लाल (d) भारतेन्दु

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPSI Constable 19/06/2018 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'चन्द्रगुप्त' जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध नाटक है। इनकी अन्य रचनाएँ– उर्वशी, सज्जन, कल्याणी परिणय, प्रायश्चित, राज्यश्री, विशाख, अजातशत्रु, जनमेजय का नाग–यज्ञ, कामना, एक घूँट, ध्रुवस्वामिनी, आदि। काव्य संग्रह हैं-प्रेम-पथिक, करुणालय, महाराणा का महत्व, चित्राधार, काननकुसुम, झरना, आँसू, लहर, कामायनी इत्यादि।

282. इनमें से, मध्यवर्ग की पारिवारिक समस्या को दर्शाने वाला मोहन रोकश का कौन-सा नाटक है?

(a) लहरों के राजहंस (b) आधे-अधूरे
(c) आषाढ़ का एक दिन (d) ये सभी

UP HSC असिस्टेंट प्रोफेसर- 2016
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा पेपर (II) 2014
UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'आधे-अधूरे' मोहन राकेश द्वारा लिखित हिन्दी का प्रसिद्ध नाटक है। यह नाटक एक मध्यमवर्गीय परिवार की आंतरिक कलह और उलझते रिश्तों के साथ-साथ समाज में स्त्री-पुरुष के बीच बदलते परिवेश तथा एक-दूसरे से दोनों की अपेक्षाओं को चित्रित करता है। इस नाटक का प्रकाशन 1969 ई. में हुआ था।

283. 'राज्यश्री' किस रचनाकार का प्रथम ऐतिहासिक नाटक माना जाता है?

(a) अमृतराय (b) शकुन्तला माथुर
(c) रामकुमार वर्मा (d) जयशंकर प्रसाद

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'राज्यश्री' जयशंकर प्रसाद का प्रथम ऐतिहासिक नाटक माना जाता है। इनके अन्य नाटक-उर्वशी, सज्जन, कल्याणी परिणय, प्रायश्चित, विशाल, अजातशत्रु, जनमेजय का नागयज्ञ, कामना, स्कन्दगुप्त, चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी एवं अग्निमित्र इत्यादि।

284. इनमें से 'हानूश' नाटक के लेखक कौन हैं?

(a) स्वदेश दीपक (b) धर्मवीर भारती
(c) भीष्म साहनी (d) सुरेन्द्र वर्मा

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर: (c) 'हानूश' नाटक के लेखक 'भीष्म साहनी' हैं। इसका प्रकाशन सन् 1977 ई. में हुआ था। 'भीष्म साहनी' की अन्य नाट्य कृतियाँ– भाग्यरेखा, माधवी, रंग दे बसंती चोला, आलमगीर, मुआवजे, कबिरा खड़ा बाजार में आदि।

285. 'कोर्ट मार्शल' किस विधा की रचना है?

(a) कहानी (b) नाटक
(c) उपन्यास (d) आत्मकथा

UP TGT 2005
UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'कोर्ट मार्शल' स्वदेश दीपक का सर्वश्रेष्ठ नाटक है जो सन् 1991 ई. में प्रकाशित हुआ था। स्वदेश दीपक द्वारा रचित कुछ प्रसिद्ध नाटक इस प्रकार हैं– नाटक बाल भगवान, कालकोठरी, जलता हुआ रथ, सबसे उदास कविता आदि।

286. आधुनिक ढंग से पहला एकांकी किसे माना जाता है?

(a) बादल की मृत्यु (b) एक घूँट
(c) कारवाँ (d) भोर का तारा

DSSSB TGT - 2015
DSSSB PGT 2018 (2 pm - 5 pm)
[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) प्रश्नगत विकल्पों में 'बादल की मृत्यु' आधुनिक ढंग की प्रथम एकांकी के रूप में स्वीकार्य है। हिन्दी एकांकी विधा के अन्तर्गत सर्वप्रथम पश्चिमी नाट्य विधानों को ध्यान में रखकर डॉ. रामकुमार वर्मा ने 'बादल की मृत्यु' की रचना सन् 1930 ई. में की थी। 'एक घूँट' एकांकी जयशंकर प्रसाद द्वारा, 'कारवाँ' एकांकी भुवनेश्वर तथा 'भोर का तारा' एकांकी जगदीश चन्द्र माथुर द्वारा रचित है।

287. 'रेशमी–टाई'– एकांकी संग्रह के रचयिता कौन हैं?

(a) वेद प्रताप वैदिक (b) रामकुमार वर्मा
(c) अमृता प्रीतम (d) रमाशंकर शर्मा रसाल

DSSSB TGT (Male) 28.08.2018
UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर: (b) 'रेशमी टाई' रामकुमार वर्मा का एकांकी संग्रह है। इनके द्वारा रचित अन्य एकांकियाँ इस प्रकार हैं– पृथ्वीराज की आँखें, चारुमित्रा, विभूति, सप्तीकरण, रूप–रंग, कौमुदी महोत्सव, दीपदान आदि।

@RexstarPdf

288. 'अंधेर नगरी' नाटक के रचयिता हैं–

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) मोहन राकेश
(c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(d) भीष्म साहनी

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)
UK PSC AE 2017

उत्तर: (c) 'अंधेर नगरी' नाटक के रचयिता भारतेन्दु हरिश्चंद्र हैं। इनके द्वारा रचित अन्य नाटक हैं– सतीप्रताप, नीलदेवी, भारत–दुर्दशा, प्रेम जोगिनी, चन्द्रावली, विषस्य विषमौषधम्, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति आदि। शेष रचनाकारों के नाटकों का विवरण निम्न हैं–

लेखक	नाटक
जयशंकर प्रसाद	सज्जन, कल्याणी परिणय, करूणालय, प्रायश्चित, राज्यश्री, विशाख, अजातशत्रु आदि।
मोहन राकेश	आषाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे–अधूरे।
भीष्म साहनी	हानूश, माधवी, मुआवजे, आलमगीर, रंग दे बसंती चोला, कबिरा खड़ा बाजार में।

289. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का कौन-सा नाटक बंगला भाषा से अनूदित है?

(a) विद्यासुन्दर
(b) चंद्रावली
(c) हिन्दी नयी चाल में ढली
(d) कविवचनसुधा

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का बंगला भाषा से अनूदित नाटक 'विद्यासुन्दर' है, जबकि 'चंद्रावली' भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की मौलिक नाटिका है और 'कविवचन सुधा' पत्रिका के सम्पादक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र हैं। सन् 1873 में कालचक्र के प्रकाशन पर भारतेन्दु ने लिखा 'हिन्दी नयी चाल में ढली'।

290. नाटक स्कन्दगुप्त की रचना किसने की?

(a) प्रेमचन्द्र
(b) जैनेन्द्र कुमार
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) मालती जोशी

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (c) 'स्कन्दगुप्त' नाटक की रचना जयशंकर प्रसाद ने की है। इनके अन्य नाटक– विशाख, अजातशत्रु, कामना, चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी आदि हैं।

291. 'आषाढ़ का एक दिन' किसकी रचना है?

(a) निर्मला वर्मा
(b) नरेश मेहता
(c) शंकर शेष
(d) मोहन राकेश

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के रचनाकार मोहन राकेश हैं। मोहन राकेश के अन्य नाटक हैं– आधे–अधूरे, लहरों के राजहंस आदि।

292. 'आधे-अधूरे' किस विधा की रचना है?

(a) नाटक
(b) एकांकी
(c) कहानी
(d) उपन्यास

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) 'आधे-अधूरे' मोहन राकेश की नाटक विधा की रचना है, जो आज जीवन के एक गहन अनुभव खण्ड को मूर्त करता है। इस नाटक के माध्यम से मोहन राकेश ने आज के परिवेश में जीने वाले के अधूरेपन और उसकी संवेदनात्मक छटपटाहट को व्यक्त किया है। इनके अन्य नाटक हैं– आषाढ़ का एक दिन तथा लहरों के राजहंस। अंडे के छिलके, सिपाही की माँ, प्यालियाँ टूटती हैं, बहुत बड़ा सवाल आदि इनकी एकांकियाँ हैं।

293. 'बिना दीवारों का घर' मन्नू भंडारी की यह कृति किस विधा पर आधारित है?

(a) कहानी
(b) नाटक
(c) एकांकी
(d) उपन्यास

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (b) 'बिना दीवारों का घर' मन्नू भंडारी का नाटक है, जिसमें पति–पत्नी के बीच के तनाव का चित्रण किया गया है। 1965 ई. इसका प्रकाशन वर्ष है। मन्नू भंडारी की अन्य कृतियाँ हैं– महाभोज– (इनके उपन्यास महाभोज का ही यह नाट्य रूपान्तर है।)

294. धर्मवीर भारती का नाटक, जिसमें महाभारत के कथानक को आधुनिक युग के अनुकूल प्रस्तुत किया गया है?

(a) स्कंदगुप्त
(b) आषाढ़ का एक दिन
(c) लहरों का राजहंस
(d) अंधायुग

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-I 21 Dec. 2017
इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014
UK PSC AE 2013
लेखपाल भर्ती परीक्षा-2008

उत्तर: (d) धर्मवीर भारती का काव्य नाटक अंधायुग भारतीय रंग मंच का एक महत्वपूर्ण नाटक है। महाभारत युद्ध के अंतिम दिन पर आधारित यह नाटक चार दशक से भारत की प्रत्येक भाषा में मंचित हो रहा है। इस कथानक की समकालीनता नाटक को नवीन व्याख्या और अर्थ प्रदान करती है, जिसमें वर्तमान युवा की कुंठा और संघर्ष उभरकर सामने आता है। धर्मवीर भारती द्वारा रचित कुछ अन्य महत्वपूर्ण रचनाएँ– गुनाहों का देवता, सूरज का सातवाँ घोड़ा, ठेले पर हिमालय, ग्यारह सपनों का देश, कनुप्रिया आदि हैं।

295. कहानी 'बूढ़ी काकी तथा अन्य नाटक' की रचनाकार कौन हैं?

(a) सुधा अरोड़ा
(b) चित्रा मुद्गल
(c) राजी सेठ
(d) कृष्णा सोबती

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (b): 'बूढ़ी काकी तथा अन्य नाटक' की रचनाकार चित्रा मुद्गल हैं। यह प्रेमचंद की कहानियों का नाट्य–रूपांतर है।

296. लेखक और उसकी रचना का कौन-सा जोड़ा गलत है?

(a) संस्कृति के चार अध्याय- रामधारी सिंह 'दिनकर'
(b) रसज्ञ-रंजन- आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) स्कन्दगुप्त– लक्ष्मीनारायण मिश्र
(d) अशोक के फूल- आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (c) : 'स्कन्दगुप्त' जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित नाटक है जिसमें स्कन्दगुप्त तथा देवसेना के पवित्र प्रेम का वर्णन है। अतः विकल्प (c) का युग्म गलत है।

297. 'भोर का तारा' एकांकी के लेखक कौन हैं?

(a) उपेंद्रनाथ अश्क (b) जगदीशचंद्र माथुर
(c) धर्मवीर भारती (d) मोहन राकेश

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b) : 'भोर का तारा' एकांकी के लेखक जगदीश चन्द्र माथुर हैं। जगदीश चन्द्र माथुर की अन्य महत्वपूर्ण रचनाएँ- कोणार्क, ओ मेरे सपने, पहला राजा, शारदीया आदि हैं।

11. उपन्यास

298. निम्नलिखित में से कौन सी प्रेमचंद की कृति नहीं है?

(a) कर्मभूमि
(b) मानसरोवर
(c) शतरंज के खिलाड़ी
(d) मैला आँचल

UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-II 22 Dec. 2017
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016
UPSI-1999

उत्तर : (d) : मैला आँचल, प्रेमचंद की कृति नहीं है। यह उपन्यास आँचलिक उपन्यासकार फणीश्वर नाथ 'रेणु' द्वारा रचित है। कर्मभूमि प्रेमचंद का प्रमुख उपन्यास है तथा मानसरोवर इनकी कहानियों का संग्रह है। प्रेमचंद को 'कथा सम्राट' के नाम से जाना जाता है।

299. निम्नलिखित में से कौन कवि नहीं है?

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) प्रेमचंद
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(d) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

[UKPSC AE 2017]

उत्तर(b): प्रेमचंद कवि नहीं हैं बल्कि ये उपन्यासकार एवं कहानीकार हैं, जबकि मैथिलीशरण गुप्त, रामधारी सिंह 'दिनकर' एवं अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' कवि हैं।

300. इनमें से कौन-सा उपन्यास 'अमीर खुसरो' के जीवन पर केन्द्रित है?

(a) खुसरो रैन सुहाग की (b) हिन्द की तूती
(c) चल खुसरो घर आपने (d) आईनासाज

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'आईनासाज' उपन्यास 'अमीर खुसरो' के जीवन पर केन्द्रित है। अमीर खुसरो का वास्तविक नाम अबुल हसन था, अमीर खुसरो की प्रसिद्ध रचनाएँ- किरान -उस सदामन, मिफ्ताह-उल-फुतूह,खजाइन-उल-फुतुह, आशिका, नूहे शिपिहर, तुगलकनामा इत्यादि।

301. 'मैला आँचल' उपन्यास में तहसीलदार विश्वनाथ प्रसाद के पौत्र का क्या नाम था?

(a) नीलकमल (b) नीलोत्पल
(c) उत्पल (d) उत्सव

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) मैला आंचल में तहसीलदार विश्वनाथ प्रसाद के पौत्र का नाम नीलोत्पल था। 'मैला आंचल' फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा रचित एक प्रसिद्ध आंचलिक उपन्यास है।

302. इनमें से हिन्दी की वह चर्चित रचना कौन-सी है जिस पर लोकप्रिय टीवी सीरियल बना था?

(a) परीक्षागुरू (b) चंद्रकांता
(c) गोदान (d) आधा गाँव

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'चन्द्रकान्ता' देवकीनन्दन खत्री द्वारा रचित पहला उपन्यास है। यह उपन्यास अत्यधिक लोकप्रिय हुआ था तथा इस उपन्यास के नाम से प्रसिद्ध टीवी सीरियल चन्द्रकान्ता बना था जिसका निर्देशन नीरजा गुलेरी ने किया।

303. इनमें से कौन सी 'रवीन्द्र नाथ टैगोर' की रचना नहीं है?

(a) गीतांजलि (b) चन्द्रकांता
(c) दो बहनें (d) पोस्ट ऑफिस

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

Ans : (b) 'चन्द्रकांता' उपन्यास के लेखक देवकीनन्दन खत्री हैं, जबकि गीतांजलि, दो बहनें, पोस्ट ऑफिस टैगोर जी की रचनाएँ हैं। रवीन्द्रनाथ टैगोर को 'गीतांजलि' के लिये 1913 ई. में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

304. 'मृगनयनी' (उपन्यास) किस लेखक की रचना है?

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) प्रेमचन्द
(c) जैनेन्द्र (d) वृन्दावनलाल वर्मा

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर: (d) 'मृगनयनी' उपन्यास वृन्दावन लाल वर्मा का है। इनके अन्य प्रमुख उपन्यास हैं–झांसी की रानी, विराट की पद्मिनी, कचनार, महारानी दुर्गावती, रामगढ़ की रानी, टूटे काँटे आदि। संगम, प्रत्यागत, लगन, कुण्डली चक्र इत्यादि इनके प्रारम्भिक उपन्यास हैं। वृंदावन लाल वर्मा को हिंदी में 'सर वाल्टर स्कॉट' की उपाधि दी जाती है।

@RexstarPdf

305. 'गबन' किस रचनाकार की रचना है?

(a) श्याम सुन्दर दास (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) मुंशी प्रेमचन्द (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तरः (c) 'गबन' औपन्यासिक कृति के रचनाकार मुंशी प्रेमचन्द हैं। मुंशी प्रेमचन्द के अन्य प्रमुख उपन्यास– प्रेमा, सेवासदन, वरदान, प्रेमाश्रम, कायाकल्प, रंगभूमि, निर्मला, प्रतिज्ञा, गोदान, कर्मभूमि, मंगलसूत्र (अपूर्ण) आदि हैं। ध्यातव्य है कि रामचन्द्र शुक्ल एवं श्यामसुन्दरदास प्रमुखतः आलोचक के रूप में प्रसिद्ध साहित्यकार हैं।

306. 'देवदास' उपन्यास पर तीन बार फिल्म बन चुकी है। उपन्यासकार का क्या नाम है?

(a) प्रेमचंदजी (b) शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय
(c) धर्मवीर भारती (d) रामचंद्र शुक्लजी

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 19.6.2018 (द्वितीय पाली)

Ans : (b) 'देवदास' उपन्यास के लेखक 'शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय' हैं इनके अन्य प्रमुख उपन्यास-श्रीकांत (चार खंड), गृहदाह, परिणीता, चरित्रहीन, मेजदीदी, विप्रदास, देना पावना आदि हैं।

लेखक	उपन्यास/कृतियाँ
प्रेमचंद	प्रेमा, सेवा–सदन, वरदान, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, कायाकल्प, निर्मला।
धर्मवीर भारती	गुनाहों का देवता, सूरज का साँतवा घोड़ा।
रामचन्द्र शुक्ल	उत्साह, करुणा, घृणा, लोभ और प्रीति, काव्य में अभिव्यंजनावाद, लोकमंगल की साधनावस्था।

307. निम्न उपन्यासों में कौन-सा मृदुला गर्ग द्वारा रचित नहीं है?

(a) उसक हिस्से की धूप (b) रुकोगी नहीं राधिका
(c) चित्त कोबरा (d) मैं और मैं

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
UPP Jailwarden/Fireman Exam. Date 20/12/2020 Shift-I

उत्तरः (b) 'रुकोगी नहीं राधिका' ऊषा प्रियंवदा की रचना है शेष रचनाएँ मृदुला गर्ग की हैं - उसके हिस्से की धूप (1975), चितकोबरा (1979), मैं और मैं (1984)

308. 'गंगा मैया' उपन्यास के लेखक हैं-

(a) नागार्जुन (b) भैरव प्रसाद गुप्त
(c) राही मासूम रज़ा (d) अब्दुल बिस्मिल्लाह

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift-II

उत्तर : (b) : 'गंगा मैया' उपन्यास के लेखक 'भैरव प्रसाद गुप्त' हैं, इस पुस्तक में भारतीय ग्रामीण-जीवन संघर्ष का वर्णन किया गया है। इनकी अन्य रचनाएँ– भाग्यदेवता, शोले, नौजवान, एक जीनियस की प्रेमकथा, सेवाश्रम आदि हैं।

309. अमृतलाल नागर के उपन्यास 'मानस का हंस' की कथावस्तु है-

(a) बुंदेलखंड का सांस्कृतिक जीवन
(b) ह्रासोन्मुख बुद्धकालीन भारत
(c) लोरिक-चंदा की लोककथा
(d) तुलसीदास का मानसिक विकास

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift-II

उत्तर : (d) : अमृतलाल नागर द्वारा रचित प्रतिष्ठित उपन्यास 'मानस का हंस' की कथावस्तु 'तुलसीदास का मानसिक विकास' है। यह उपन्यास तुलसीदास के जीवन को आधार बनाकर लिखा गया है।

310. इनमें से किस उपन्यास की पृष्ठभूमि में भारत विभाजन की त्रासदी है?

(a) राग दरबारी (b) कर्मभूमि
(c) शेखर एक जीवनी (d) झूठा सच

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d) 'झूठा सच' उपन्यास की पृष्ठभूमि में भारत विभाजन की त्रासदी का वर्णन है। इसके लेखक यशपाल हैं।

311. प्रेमचंद के अपूर्ण उपन्यास का क्या नाम है?

(a) रंगभूमि (b) सेवासदन
(c) गबन (d) मंगलसूत्र

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) : प्रेमचन्द के अपूर्ण उपन्यास का नाम 'मंगलसूत्र' है। जबकि रंगभूमि, सेवासदन, गबन, गोदान, कर्मभूमि इनके अन्य उपन्यास हैं।

312. इनमें से 'कलिकथा वाया बाईपास' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं?

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) अलका सरावगी
(c) महुआ माजी (d) जय प्रकाश कर्दम

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'कलिकथा वाया बाईपास' उपन्यास की रचनाकार 'अलका सरावगी' हैं। इनकी अन्य रचनाएँ हैं-शेष कादम्बरी, एक ब्रेक के बाद, कोई बात नहीं आदि। कलिकथा वाया बाइपास के लिए इन्हें (2001 ई.) में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

313. इनमें से किस रचना की पृष्ठभूमि में सांप्रदायिकता की त्रासदी है?

(a) शेखरः एक जीवनी (b) राग दरबारी
(c) तमस (d) कर्मभूमि

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'तमस' उपन्यास की पृष्ठभूमि में सांप्रदायिकता की त्रासदी है। तमस, भीष्म साहनी का प्रसिद्ध उपन्यास है। इसका प्रकाशन 1973 ई. में हुआ था। 1974 ई. में इस रचना हेतु इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया।

314. इनमें से किस उपन्यास की पृष्ठभूमि आंचलिक है?

(a) मित्रो मरजानी (b) कर्मभूमि
(c) मैला आँचल (d) कुरू कुरू स्वाहा

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'मैला आँचल' उपन्यास की पृष्ठभूमि आँचलिक है। मैला आँचल फणीश्वरनाथ रेणु का प्रसिद्ध उपन्यास है। यह हिन्दी का श्रेष्ठ और सशक्त आंचलिक उपन्यास है। इनकी अन्य रचनाएँ – ठुमरी, तीसरी कसम, अग्निखोर एवं आदिम रात्रि की महक (सभी कहानी) परती परिकथा (उपन्यास) इत्यादि हैं।

315. इनमें से कौन एक उपन्यासकार नहीं है?

(a) इलाचंद्र जोशी (b) प्रेमचंद
(c) श्रीलाल शुक्ल (d) हरिवंश राय बच्चन

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : हरिवंश राय बच्चन उपन्यासकार नहीं हैं बल्कि एक कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं, इनकी प्रसिद्ध कविता-मधुशाला है। इलाचंद्र जोशी, प्रेमचंद, श्रीलाल शुक्ल प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं।

316. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किसका प्रसिद्ध उपन्यास है?

(a) जैनेन्द्र
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) अमृतलाल नागर
(d) नागार्जुन

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (b) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित प्रसिद्ध उपन्यास है। इनकी कुछ प्रमुख रचनाएँ इस प्रकार हैं-कबीर, साहित्य की भूमिका, नाखून क्यों बढ़ते हैं, आलोक पर्व आदि।

317. 'अक्षयवट' के रचनाकार कौन हैं?

(a) प्रथा खेतान (b) मैत्रेयी पुष्पा
(c) नासिरा शर्मा (d) रवीन्द्र कालिया

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) 'अक्षयवट' की रचनाकार नासिरा शर्मा हैं। यह उपन्यास विधा की रचना है। इनके अन्य उपन्यास–सात नदियाँ एक समन्दर, शाल्मली, पारिजात, कागज़ की नाव, अजनबी ज़ज़ीरा, जीरो रोड, जिन्दा मुहावरे, ठीकरे की मँगनी इत्यादि हैं। इन्हें 2016 ई. में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

318. 'अर्द्धनारीश्वर' के रचनाकार कौन हैं?

(a) कमलेश्वर (b) मुकुटधर पांडेय
(c) अज्ञेय (d) विष्णु प्रभाकर

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'अर्द्धनारीश्वर', ढलतीरात, तट के बंधन, स्वप्नमयी आदि उपन्यास के रचनाकार 'विष्णु प्रभाकर' हैं। एक सड़क सत्तावन गलियाँ, लौटे हुए मुसाफिर, काली आँधी, कितने पाकिस्तान आदि कमलेश्वर के प्रमुख उपन्यास हैं। शेखरः एक जीवनी, नदी के द्वीप तथा अपने-अपने अजनबी अज्ञेय के प्रमुख उपन्यास हैं।

319. 'इदन्नमम् ' के उपन्यासकार कौन हैं ?

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) मृदुला गर्ग
(c) उषा प्रियंवदा (d) राजी सेठ

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a): 'इदन्नमम् ' उपन्यास मैत्रेयी पुष्पा का है। इनके अन्य उपन्यास - स्मृति दंश, बेतवा बहती रही, चाक, झूला नट, अल्मा कबूतरी, कही ईसुरी फाग, चिह्नार, गुनाह बेगुनाह है । आत्मकथा- कस्तूरी कुंड़ल बसै, गुड़िया भीतर गुड़िया है । लकीरें, (कविता संग्रह) अगनपाखी (यात्रा संस्मरण) खुली खिड़कियां (लेख संग्रह) आदि हैं।

320. 'ए.बी.सी.डी.' के रचनाकार कौन हैं?

(a) रवींद्र कालिया (b) नासिरा शर्मा
(c) मैत्रेयी पुष्पा (d) प्रभा खेतान

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'ए.बी.सी.डी' कृति के रचनाकार रवींद्र कालिया हैं, यह उपन्यास विधा की रचना है।

321. इनमें से 'देहाती दुनिया' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(a) महादेवी वर्मा (b) शिवपूजन सहाय
(c) रेणु (d) प्रेमचंद

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'देहाती दुनिया' उपन्यास के लेखक शिवपूजन सहाय हैं। 1926 ई. में लिखा गया यह एक आँचलिक उपन्यास है। इस उपन्यास के केन्द्र में बिहार का रामसहर नामक एक छोटा सा गांव है।

322. 'समय-सरगम' उपन्यास किसकी कृति है?

(a) मन्नू भंडारी (b) कृष्णा सोबती
(c) निर्मल वर्मा (d) मृदुला गर्ग

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'समय-सरगम' उपन्यास कृष्णा सोबती का है। इनकी अन्य कृतियाँ–सूरजमुखी अंधेरे के, जिन्दगीनामा, दिलो दानिश, सिक्का बदल गया, डार से बिछुड़ी, यारों के यार, तीन पहाड़, ऐ लड़की आदि हैं।
इनकी प्रमुख कहानी बादलों के घेरे में है। कृष्णा सोबती को उनके उपन्यास 'जिंदगीनामा' पर 1980 ई. का हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

323. 'शेखरः एक जीवनी' किसका प्रथम उपन्यास माना जाता है?

(a) बालगंगाधर तिलक
(b) अज्ञेय
(c) रामचंद्र शुक्ल
(d) डॉ. शिव प्रसाद सिंह

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'शेखर : एक जीवनी' अज्ञेय का प्रथम उपन्यास माना जाता है। इनका पूरा नाम सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' है। इनकी प्रमुख रचनाएँ - नदी के द्वीप, अपने-अपने अजनबी (दोनों उपन्यास) अरे यायावर याद रहेगा, एक बूँद सहसा उछली (दोनों यात्रा वृतान्त) विपथगा, परम्परा, कोठरी की बात, शरणार्थी, जयदोल (सभी कहानी) सबरंग, त्रिशंकु, आत्मनेपद, कहाँ है द्वारका, आलबाल (सभी निबंध) इत्यादि।

@RexstarPdf

324. 'मेरी तेरी उसकी बात' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं?

(a) अमृत राय (b) रघुवीर सहाय
(c) त्रिलोचन (d) यशपाल

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (d) 'मेरी तेरी उसकी बात' उपन्यास के रचनाकार यशपाल हैं। इनके अन्य उपन्यास - दादा कामरेड, देशद्रोही, दिव्या, पार्टी कामरेड, मनुष्य के रूप, अमिता, झूठा सच, बारह घंटे, अप्सरा का शाप, क्यो फँसे आदि हैं।

325. 'पहाड़ पर लालटेन' किसी रचना है?

(a) मंगलेश डबराल (b) केदारनाथ सिंह
(c) आलोक धन्वा (d) शिवप्रसाद सिंह

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'पहाड़ पर लालटेन' के रचनाकार 'मंगलेश डबराल' हैं। इनकी प्रमुख रचना 'पहाड़ पर लालटेन', 'घर का रास्ता', 'हम जो देखते हैं', 'आवाज भी एक जगह है' और 'नये युग में शत्रु है'। इसके अतिरिक्त इनके दो गद्य संग्रह 'लेखक की रोटी' एवं 'कवि का अकेलापन' तथा एक यात्रावृत्त 'एक बार आयोवा' है।

326. 'तितली' के रचनाकार कौन हैं?

(a) निराला (b) जगदीश चंद्र माथुर
(c) जयशंकर प्रसाद (d) महादेवी वर्मा

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : तितली के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं। यह इनका उपन्यास है। इनके अन्य उपन्यास कंकाल एवं इरावती हैं। कहानी संग्रह– छाया, प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आँधी, इन्द्रजाल है। काव्य संग्रह– प्रेम-पथिक, करूणालय, महाराणा का महत्व, चित्राधार, कानन कुसुम, झरना, आँसू, लहर एवं कामायनी है।

327. 'चन्द्रप्रभा' किस उपन्यासकार की रचना है?

(a) भगवतीचरण शर्मा
(b) श्रीनिवास दास
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(d) नागार्जुन

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'चन्द्रप्रभा' भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचना है। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह कहे जाते हैं। इनकी कुछ प्रसिद्ध रचनाएँ– भारतदुर्दशा, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, अंधेर नगरी, प्रेमजोगिनी, सती प्रताप, पूर्ण प्रकाश, बंदर सभा, बकरी विलाप आदि।

328. रचना और रचनाकार में कौन सुमेलित नहीं है?

(a) अमृत और विष – यशपाल
(b) ऐ लड़की – कृष्णा सोबती
(c) त्यागपत्र – जैनेंद्र
(d) राग दरबारी – श्रीलाल शुक्ल

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)
UPSI Batch-II 20 Dec. 2017

उत्तर : (a) 'अमृत और विष' यशपाल की रचना नहीं है। यशपाल की प्रमुख रचना 'झूठा सच' है। अमृत और विश अमृतलाल नागर की रचना है, जो साहित्य अकादमी से सम्मानित है। 'रागदरबारी' श्रीलाल शुक्ल का उपन्यास है।

329. 'आधा गाँव' के उपन्यासकार कौन हैं?

(a) फणीश्वरनाथ रेणु (b) राही मासूम रज़ा
(c) श्रीलाल शुक्ल (d) नरेश मेहता

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b) 'आधा गाँव' वर्ष 1966 में राही मासूम रजा द्वारा रचित एक उपन्यास है। इनके अन्य उपन्यास–दिल एक सादा कागज, ओस की बूँद, हिम्मत जौनपुरी, टोपी शुक्ला, कटरा वी आर्जू, मुहब्बत के सिवा, असंतोष के दिन, नीम के पेड़ आदि प्रमुख रचनाएँ हैं।

330. किस रचना के बारे में प्रसिद्ध है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी?

(a) परीक्षागुरू (b) चंद्रकांता
(c) गोदान (d) अद्भुत लाश

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'चंद्रकान्ता' हिंदी के आरम्भिक उपन्यासों में से एक है। जिसके लेखक देवकी नंदन खत्री हैं। यह उपन्यास अपने समय में अत्यधिक लोकप्रिय हुआ था तथा इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी भाषा सीखी थी।

331. 'निर्मला' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) प्रेमचंद
(c) यशपाल (d) भीष्म साहनी

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (b) 'निर्मला' उपन्यास के लेखक उपन्यास सम्राट मुन्शी प्रेमचन्द हैं। यह बेमेल विवाह पर आधारित उपन्यास है। मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित अन्य प्रसिद्ध उपन्यास हैं– सेवासदन, वरदान, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, कायाकल्प, गबन, कर्मभूमि, गोदान। 'मंगलसूत्र' इनका अधूरा उपन्यास है। शेष रचनाकारों के प्रसिद्ध उपन्यास हैं–
जयशंकर प्रसाद– कंकाल, तितली, इरावती (अपूर्ण)
यशपाल– दादा कामरेड, देशद्रोही, दिव्या, पार्टी कामरेड, मनुष्य के रूप, अमिता, झूठासच, बारह घण्टे, अप्सरा का श्राप, क्यों फँसे ?, मेरी तेरी उसकी बात (साहित्य अकादमी पुरस्कृत)।
भीष्म साहनी– झरोखे, कड़ियाँ, तमस, बसंती, मय्यादास की माड़ी, कुंतो, नीलू नीलिमा नीलोफर।

332. निम्नलिखित में मनोहरश्याम जोशी द्वारा लिखित उपन्यास कौन सा है?

(a) कसप
(b) लेकिन दरवाजा
(c) मुझे चाँद चाहिए
(d) गुनाहों का देवता

[UKPSC AE 2017]

@RexstarPdf

उत्तर. (a) मनोहरश्याम जोशी द्वारा लिखित उपन्यास 'कसप' है। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– कुरू कुरू स्वाहा, हरिया हरक्यूलिस की हैरानी, टा-टा प्रोफेसर, क्याप, हमज़ाद, कौन हूँ मैं इत्यादि जबकि 'मुझे चाँद चाहिए' सुरेन्द्र वर्मा तथा 'गुनाहों का देवता' धर्मवीर भारती का उपन्यास हैं।

333. 'मैला आँचल' किस विधा की रचना है?

(a) नाटक (b) संस्मरण
(c) उपन्यास (d) आत्मकथा

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) 'मैला आँचल' उपन्यास विधा की रचना है, इसके लेखक फणीश्वर नाथ रेणु हैं। इनके अन्य उपन्यास हैं– परती परिकथा, दीर्घतपा, जुलूस, कितने चौराहें तथा रामरतन राय इनका अपूर्ण उपन्यास है।

334. 'होरी' किस उपन्यास का नायक है?

(a) त्यागपत्र (b) कचनार
(c) गोदान (d) गबन

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (c) : 'होरी' गोदान उपन्यास का नायक है। यह प्रेमचंद द्वारा लिखा गया है। इस उपन्यास के अन्य पात्र- गोबर, धनिया, झुनिया, होरी, प्रो. मेहता, मालती हैं।

335. देवदास के लेखक कौन हैं?

(a) सतेन्द्रनाथ बनर्जी (b) शरतचन्द्र चटर्जी
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) देवकी नन्दन खत्री

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : देवदास, चरित्रहीन, दन्ता, श्रीकान्त इत्यादि रचनाएँ शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखी गयी हैं।

336. कथासम्राट प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था?

(a) धनपत राय (b) श्रीपत
(c) जीवन राय (d) अमृत राय

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (a) प्रेमचन्द (31 जुलाई, 1880 – 8 अक्टूबर, 1936) का मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। इन्हें 'नवाब राय' के नाम से भी जाना जाता है। बंगाली उपन्यासकार शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय ने इन्हें 'उपन्यास सम्राट' कहकर संबोधित किया था।

उपन्यास– गोदान, रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवासदन, गबन, मंगलसूत्र (अपूर्ण)

कहानी – नमक का दरोगा, शतरंज के खिलाड़ी, बूढ़ी काकी, ईदगाह आदि। इनकी कहानियों का संग्रह 'मानसरोवर' नाम से 8 खण्डों में प्रकाशित हुआ है।

337. 'रेहन पर रग्घू' किस लेखक का उपन्यास है?

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) काशीनाथ सिंह
(c) गोविन्द मिश्र (d) दूधनाथ सिंह

UPSI Batch - III 12 Dec. 2017

उत्तर: (b) 'रेहन पर रग्घू' प्रख्यात प्रगतिवादी उपन्यासकार काशीनाथ सिंह का चर्चित उपन्यास है जिसके लिए उन्हें सन् 2011 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा 'काशी का अस्सी', 'अपना मोर्चा' तथा 'महुवा चरित' काशीनाथ सिंह के प्रसिद्ध उपन्यास हैं।

338. आनंदमठ के लेखक हैं–

(a) शरतचंद्र (b) रबींद्रनाथ टैगोर
(c) ताराशंकर बंदोपाध्याय (d) बंकिमचंद्र चटर्जी

UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift

उत्तर: (d) 'आनन्दमठ' बांग्ला साहित्यकार बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित एक प्रसिद्ध उपन्यास है। इसी उपन्यास से गीत 'वंदेमातरम्' लिया गया जिसे बाद में भारत के राष्ट्रीय गीत होने का गौरव प्राप्त हुआ। इसी उपन्यास में संन्यासी विद्रोह (1773) का वर्णन किया गया है। इनकी अन्य रचनाएँ कपाल कुण्डला, देवी चौधरानी, दुर्गेशनन्दिनी इत्यादि हैं।

339. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किसकी रचना है?

(a) ज्योतिरीश्वर ठाकुर
(b) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(c) किशोरीदास बाजपेयी
(d) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (b)- 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा रचित उपन्यास है। 'अधखिला फूल' इनका अन्य उपन्यास है, जबकि ज्योतिरीश्वर ठाकुर की रचना 'वर्ण-रत्नाकर' नामक गद्य काव्य है। किशोरीदास वाजपेयी हिन्दी के सुप्रसिद्ध वैयाकरण थे। इनके द्वारा रचित हिन्दी शब्दानुशासन, हिन्दी शब्द मीमांसा, हिन्दी वर्तनी एवं शब्द विश्लेषण, भारतीय भाषा विज्ञान आदि इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं। पं. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की प्रसिद्ध कहानी 'उसने कहा था' है।

340. 'झूठा सच' के लेखक कौन हैं?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) विष्णु प्रभाकर
(c) कबीर
(d) यशपाल

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (d) 'झूठा-सच' उपन्यास के लेखक यशपाल हैं। यह उपन्यास भारत-पाकिस्तान विभाजन पर आधारित है। यह दो भागों में प्रकाशित हुआ। 1958 में प्रकाशित भाग–1 का विषय राष्ट्र विभाजन एवं त्रासदी है (वतन और देश) तथा 1960 में प्रकाशित भाग–2 में स्वतंत्रता प्राप्ति एवं देश के विकास तथा देश के भावी निर्माण में बुद्धिजीवियों की भूमिका का यथार्थ चित्रण किया गया है (देश का भविष्य)।

@RexstarPdf

341. 'जिंदगीनामा' के लेखक कौन हैं?

(a) कालिदास (b) केदारनाथ सिंह
(c) कैफ़ी आजमी (d) कृष्णा सोबती

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (d) 'जिंदगीनामा' की लेखिका कृष्णा सोबती हैं। जिंदगीनामा उपन्यास विधा से सम्बन्धित है। जिंदगीनामा पर 1980 में इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा 1996 में इन्हें साहित्य अकादमी फेलोशिप और 2017 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

342. 'मिलजुल मन' किसकी रचना है?

(a) चित्रा मुद्गल (b) मृदुला गर्ग
(c) नासिरा शर्मा (d) ममता कालिया

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (b) 'मिलजुल मन' (उपन्यास) की लेखिका मृदुला गर्ग हैं। इनके अन्य उपन्यास हैं– कठ गुलाब, चित्तकोबरा, उसके हिस्से की धूप आदि। मिलजुल मन (उपन्यास) पर ही इन्हें 2013 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

343. 'निष्कवच' उपन्यास किस लेखिका की कृति है?

(a) राजी सेठ (b) शिवानी
(c) कृष्णा सोबती (d) अमृता प्रीतम

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (a) – 'निष्कवच' उपन्यास की लेखिका राजी सेठ हैं। अन्य तीनों लेखिकाओं के उपन्यास इस प्रकार हैं–

लेखिका	**उपन्यास**
शिवानी	कृष्णकली, चौदह फेरे, करिए छिमा
कृष्णा सोबती	मित्रो मरजानी, समय सरगम, सूरजमुखी अंधेरे के
अमृता प्रीतम	पिंजर, कोरे कागज, उन्चास दिन, सागर और सीपियाँ।

344. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास के रचयिता कौन हैं?

(a) भीष्म साहनी
(b) नरेंद्र कोहली
(c) राजेन्द्र यादव
(d) संजीव

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर: (d) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास के लेखक संजीव हैं। संजीव के अन्य उपन्यास हैं– फाँस, किशनगढ़ के अहेरी, धार, सूत्रधार, सर्कस आदि।

345. 'फाँस' किस की रचना है?

(a) दूधनाथ सिंह (b) रवीन्द्र कालिया
(c) नंदकिशोर नौटियाल (d) संजीव

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'फाँस' उपन्यास के लेखक संजीव हैं।

	लेखक	**उपन्यास**
1.	दूधनाथ सिंह	आखिरी कलाम, निष्कासन, नमो अंधकारम्
2.	रवीन्द्र कालिया	17 रनाडे रोड, ए.बी.सी.डी., खुदा सही सलामत है।
3.	संजीव	धार, पाँव तले दूब, सर्कस, सूत्राधार, आकाश चम्पा।

346. 'ठीकरे की मंगनी' उपन्यास किसने लिखा है?

(a) मृदुला गर्ग (b) सुधा अरोड़ा
(c) सूर्यबाला (d) नासिरा शर्मा

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 'ठीकरे की मंगनी' उपन्यास की लेखिका नासिरा शर्मा हैं। इनके अन्य उपन्यास हैं– शाल्मली, जिन्दा मुहावरे, अक्षयवट, कुइयाँजान, जीरो रोड, अजनबी जजीरा आदि।

347. हिंदी के सफलतम उपन्यासों में गिना जाने वाला 'आपका बंटी' की उपन्यासकार कौन हैं?

(a) मन्नू भंडारी (b) कृष्णा सोबती
(c) मुदुला गर्ग (d) चित्रा मुद्गल

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (a) : मन्नू भण्डारी द्वारा लिखित उपन्यास 'आपका बन्टी' में तलाकशुदा दम्पति के बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव का निरूपण किया गया है। इनके अन्य उपन्यास हैं– महाभोज, बिना दीवारों का घर आदि।

348. टेढ़े-मेढ़े रास्ते (1946), अपने खिलौने (1957) और भूले-बिसरे चित्र (1959) उपन्यास किस साहित्यकार की रचना है?

(a) माखनलाल चतुर्वेदी
(b) वासुदेवशरण अग्रवाल
(c) अज्ञेय
(d) भगवती चरण वर्मा

UPSI Batch - III 16 Dec.2017
UKPSC AE 2013

उत्तर : (d) भगवतीचरण वर्मा व्यक्तिवादी एवं नियतिवादी उपन्यासकार हैं। इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं– पतन (1927), चित्रलेखा (1934), तीन वर्ष (1936), टेढ़े-मेढ़े रास्ते (1946), अपने खिलौने (1957), भूले-बिसरे चित्र (1959), सामर्थ्य और सीमा (1962), सबहिं नचावत राम गोसाईं (1970) आदि।

349. 'चारु चंद्रलेख' किस उपन्यासकार की रचना है?

(a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) अमृतलाल नागर
(c) हरिवंशराय बच्चन
(d) राम विलास शर्मा

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी एक ऐतिहासिक उपन्यासकार के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनके उपन्यास निम्नांकित हैं– बाणभट्ट की आत्मकथा (1946), चारुचन्द्र लेख (1963), पुनर्नवा (1973) एवं अनामदास का पोथा (1976)।

350. 'काशी का अस्सी' किसकी रचना है?

(a) काशीनाथ सिंह (b) भगवानदास मोरवाल
(c) गोविन्द मिश्र (d) संदीप लोटलीकर

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (a) काशीनाथ सिंह प्रगतिवादी उपन्यासकार के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनके अन्य उपन्यास हैं–काशी का अस्सी, अपना मोर्चा, रेहन पर रग्घू, महुआ चरित। जबकि भगवानदास मोरवाल एक आंचलिक उपन्यासकार हैं। काला पहाड़, बादल तेरे देश में और रेत इनके प्रमुख उपन्यास हैं। गोविन्द मिश्र के महत्वपूर्ण उपन्यास हैं– वह अपना चेहरा, उतरती हुई धूप, लाल पीली जमीन, हुजूर दरबार आदि।

351. 'आँचलिक उपन्यासकार' की संज्ञा इनमें से किसे दी गई है?

(a) यशपाल (b) जैनेंद्र
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी (d) फणीश्वरनाथ रेणु

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : आँचलिक उपन्यासकार के रूप में फणीश्वरनाथ रेणु जाने जाते हैं। रेणु के प्रमुख उपन्यास हैं- मैला आँचल, जुलूस, परती परिकथा, दीर्घतपा, कितने चौराहे आदि जबकि जैनेन्द्र मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकार हैं। परख, सुनीता, त्यागपत्र इत्यादि इनके उपन्यास हैं। प्रगतिवादी या मार्क्सवादी विचारधारा के प्रतिनिधि उपन्यासकार 'यशपाल' हैं। इनके प्रमुख उपन्यास दादा कामरेड, बारह घण्टे, तेरी मेरी उसकी बात, क्यों फँसे? इत्यादि हैं।

352. 'गोदान' किसका उपन्यास है?

(a) यशपाल
(b) प्रेमचन्द
(c) भीष्म साहनी
(d) अमरकान्त

उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (प्रथम पाली)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)
UPSSSC JA Baclog 19.02.2019
UKPSC AE 2017
UPPSC AE 2008

उत्तर: (b) 'गोदान' उपन्यास के लेखक मुंशी प्रेमचन्द हैं। इनके द्वारा रचित अन्य उपन्यास– सेवासदन, प्रेमाश्रम, निर्मला, रंगभूमि, काया–कल्प, कर्मभूमि, गबन, मंगलसूत्र (अधूरा) आदि हैं।
शेष लेखकों द्वारा रचित उपन्यासों का विवरण निम्न है–

लेखक	उपन्यास
यशपाल	दिव्या, देशद्रोही, पार्टी कामरेड, दादा कामरेड, झूठा–सच, मनुष्य के रूप, अमिता
भीष्म साहनी	झरोखा, कड़ियाँ, तमस, वसंती, मय्यादास की माड़ी, कुंतों, नीलू नीलिमा नीलोफर
अमरकांत	सूखा पत्ता, काले उजले दिन, इन्हीं हथियारों से, सुन्नर पांडे की पतोहू

353. 'पचपन खंभे लाल दीवारें' की लेखिका हैं :

(a) निरुपमा सेवती (b) मन्नू भंडारी
(c) उषा प्रियंवदा (d) कृष्णा सोबती

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (c) 'पचपन खंभे लाल दीवारें' ऊषा प्रियंवदा का पहला उपन्यास है। इसमें एक भारतीय नारी की सामाजिक आर्थिक विवशताओं से जन्मी मानसिक यंत्रणा का बड़ा ही मार्मिक चित्रण हुआ है। ऊषा प्रियंवदा द्वारा रचित अन्य रचनाएँ–शेष यात्रा, अन्तर्वशी, भए कबीर उदास तथा रुकोगी नहीं राधिका' आदि हैं।

354. निम्नलिखित कथन किस उपन्यास से उद्धृत है।
'क्षीण स्वर में बोला-मेरा कहा-सुना माफ करना धनिया! अब जाता हूँ। गाय की लालसा मन में ही रह गई'।

(a) गोदान (b) तमस
(c) स्कंदगुप्त (d) लहरों के राजहंस

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014

उत्तर : (a) उपर्युक्त कथन मुंशी प्रेमचन्द द्वारा रचित उपन्यास गोदान से उद्धृत है। यह उपन्यास प्रेमचन्द का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण उपन्यास माना जाता है। इसका प्रकाशन 1936 ई. में हुआ था। इस उपन्यास में औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत किसान का महाजनी व्यवस्था में चलने वाले निरंतर शोषण तथा उससे उत्पन्न संत्रास की कथा है, गोदान का नायक होरी एक किसान है जो किसान वर्ग के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद है। आजीवन संघर्ष के बावजूद उसकी एक गाय पालने की आकांक्षा पूर्ण नहीं हो पाती। यह भारतीय कृषक जीवन के संत्रासमय संघर्ष की कहानी है।

355.गोबर किस उपन्यास का पात्र है?

(a) क्या भूलूं क्या याद करूं (b) गोदान
(c) गबन (d) पथराई आँखें

उत्तर : (b) गोबर प्रेमचन्द द्वारा लिखित उपन्यास गोदान का पात्र है, जो अपने पिता होरी से इतर क्रान्तिकारी स्वभाव का युवक है।

356. 'लज्जा' किस लेखक/लेखिका की कृति है?

(a) यशपाल (b) तस्लीमा नसरीन
(c) कन्हैया लाल (d) जैनेन्द्र कुमार

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (b) 'लज्जा' उपन्यास की लेखिका तस्लीमा नसरीन हैं। तस्लीमा नसरीन बांग्लादेशी लेखिका हैं। 1993 में प्रकाशित 'लज्जा' इनका पाँचवाँ उपन्यास है, जिसमें बाबरी मस्जिद के तोड़े जाने के बाद समाज में फैले साम्प्रदायिक उन्माद का मार्मिक चित्रण किया गया है।

@RexstarPdf

357. 'मुंशी तोताराम', उपन्यासकार प्रेमचन्द द्वारा लिखित किस उपन्यास के पात्र हैं?

(a) गोदान (b) रंगभूमि
(c) निर्मला (d) कर्मभूमि

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2009

उत्तर : (c) 'मुंशी तोताराम' प्रेमचन्द द्वारा रचित प्रसिद्ध उपन्यास निर्मला का एक मुख्य पात्र है। निर्मला के पति का नाम मुंशी तोताराम है। यह उपन्यास मुख्यतः दहेज प्रथा और अनमेल विवाह को आधार बनाकर लिखा गया; जिसका प्रकाशन 1927 में हुआ था।

358. प्रेमचंद के किस उपन्यास का प्रमुख पात्र 'सूरदास' है?

(a) कर्मभूमि (b) गोदान
(c) गबन (d) रंगभूमि

इलाहाबाद हाईकोर्ट RGC, 2014

उत्तर : (d) 'सूरदास' प्रेमचन्द के प्रसिद्ध उपन्यास रंगभूमि का नायक है। प्रेमचन्द को इसके सृजन की प्रेरणा गाँव के एक अंधे भिखारी से मिली थी। 'रंगभूमि' का कथानक- औद्योगीकरण के दोष, पूँजीवादियों की शोषण नीति, अंग्रेजों के अत्याचार एवं भारतीय शिक्षितों की चरित्र हीनता का विश्लेषण व चित्रण है।

359. गुनाहों के देवता के लेखक कौन हैं?

(a) धर्मवीर भारती (b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

UP TET 2021
[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (a): 'गुनाहों के देवता' उपन्यास धर्मवीर भारती द्वारा लिखा गया है।

360. भगवतीचरण वर्मा की पुस्तक कौन-सी है?

(a) मैला आँचल (b) आधे-अधूरे
(c) चित्रलेखा (d) इनमें से कोई नहीं

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (c) : भगवतीचरण वर्मा का उपन्यास 'चित्रलेखा' है। यह उपन्यास पाप और पुण्य की समस्या पर आधारित है।

361. 'कितने पाकिस्तान' के लेखक कौन हैं?

(a) कमलेश्वर (b) हरिवंश राय बच्चन
(c) श्री लाल शुक्ल (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : कितने पाकिस्तान, एक सड़क सत्तावन गलियाँ, काली आँधी इत्यादि रचना कमलेश्वर की हैं।

362. रागदरबारी के लेखक हैं-

(a) श्रीलाल शुक्ल (b) बनवारी लाल मिश्र
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर' (d) भीष्म साहनी

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) रागदरबारी के लेखक श्रीलाल शुक्ल हैं। इन्हें इस उपन्यास के लिए सन 1969 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनका पहला प्रकाशित उपन्यास 'सूनी घाटी का सूरज' तथा पहला प्रकाशित व्यंग्य 'अंगद का पांव' है।

363. निम्नलिखित में से कौन सी रचना नागार्जुन की नहीं है?

(a) रतिनाथ की चाची (b) बाबा बटेसरनाथ
(c) इमरतिया (d) दादा कामरेड

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (d) : दादा कामरेड नागार्जुन की रचना नहीं है। 'दादा कामरेड' यशपाल का पहला उपन्यास है। इस उपन्यास में यशपाल ने क्रान्तिकारी जीवन का चित्रण किया है।

12. कहानी

364. कौन सी कहानी प्रेमचंद की नहीं है?

(a) झूठा सच (b) ईदगाह
(c) परीक्षा (d) बड़े भाई साहब

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर: (a) 'झूठा सच' प्रेमचन्द की कहानी नहीं है। 'झूठ सच' हिन्दी के सुप्रसिद्ध कथाकार 'यशपाल' का प्रसिद्ध उपन्यास है।
प्रेमचन्द की प्रमुख रचनाएँ : सेवा सदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, परीक्षा, ईदगाह, बड़े भाई साहब

365. निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी प्रेमचंद द्वारा रचित नहीं है?

(a) ईदगाह (b) दो बैलों की कथा
(c) पूस की रात (d) ताई

DSSSB PGT 24.07.2018
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'ताई' हिन्दी कहानियों में एक विशेष स्थान रखती है। इसके कहानीकार विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक' हैं। शेष विकल्पों में दी गई कहानियाँ– ईदगाह, दो बैलों की कथा, पूस की रात 'प्रेमचंद' की कहानियाँ हैं।

366. 'मानसरोवर' में किस कहानीकार की कहानियाँ संगृहीत हैं?

(a) हरिशंकर परसाई
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) प्रेमचंद
(d) कृष्णा सोबती

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) 'मानसरोवर' में मुंशी प्रेमचन्द की कहानियाँ संगृहीत हैं। उनके मरणोपरांत मानसरोवर नाम से 8 खण्डों में प्रकाशित इस संकलन में लगभग 300 कहानियों को शामिल किया गया है।

367. 'कर्बला' के रचनाकार कौन हैं?

(a) बेचन शर्मा उग्र (b) राही मासूम रजा
(c) प्रेमचंद (d) प्रभा खेतान

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'कर्बला' मुंशी प्रेमचंद का नाटक है। इनका एक अन्य नाटक 'संग्राम' है।

@RexstarPdf

368. 'मलबे का मालिक' कहानी के कहानीकार हैं-

(a) राजेंद्र यादव (b) मोहन राकेश
(c) कमलेश्वर (d) निर्मल वर्मा

NVS PGT 2014
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
UPP Jailwarden/Fireman Exam. Date 20/12/2020 Shift-I

उत्तर : (b) 'मलबे का मालिक' कहानी के कहानीकार - मोहन राकेश हैं। इनकी अन्य रचनाएँ - अण्डे के छिलके, आधे-अधूरे आदि।

369. इनमें से 'हार की जीत' कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(a) रांगेय राघव (b) यादवेंद्र शर्मा चंद्र
(c) कमलेश्वर (d) सुदर्शन

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'हार की जीत' कहानी के कहानीकार 'सुदर्शन' हैं। इनकी अन्य कहानियाँ इस प्रकार हैं– सुप्रभात, परिवर्तन, सुदर्शन सुधा, तीर्थयात्रा, पनघट, नगीनें, झरोखे इत्यादि।

370. उदय प्रकाश इनमें से किस विधा के चर्चित लेखक हैं?

(a) कहानी (b) निबंधकार
(c) नाटककार (d) महाकाव्य

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (a) : उदय प्रकाश एक प्रसिद्ध 'कहानीकार' हैं। इनके द्वारा रचित मुख्य कहानियाँ इस प्रकार हैं- दरियायी घोड़ा, पीली छतरी वाली लड़की, पॉलगोमरा का स्कूटर, मोहनदास, दत्तात्रेय का दुख आदि।

371. 'हिना' फिल्म किस कहानी पर आधारित है?

(a) मलबे का मालिक (b) दुविधा
(c) लौटा मुसाफिर (d) मुसाफिर

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'हिना' फिल्म मलबे का मालिक कहानी पर आधारित है। मलबे का मालिक कहानी के लेखक 'मोहन राकेश' हैं।

372. 'परीक्षा', 'शतरंज के खिलाड़ी', 'सवा सेर गेहूँ', 'कफ़न'- कहानियों के लेखक कौन हैं?

(a) जयशंकर प्रसाद (b) जैनेंद्र
(c) सुदर्शन (d) प्रेमचंद

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UKPSC AE 2012

उत्तर: (d): परीक्षा, शतरंज के खिलाड़ी, सवा सेर गेहूँ, कफन इत्यादि प्रेमचंद की कहानियाँ हैं। प्रेमचंद को कथा सम्राट की उपाधि दी जाती है। छाया, प्रतिध्वनि, आकाशदीप, इंद्रजाल, गुण्डा, मधुवा, पुरस्कार, आदि जयशंकर प्रसाद की, जैनेंद्र की फाँसी, वातायन, जयसंधि, पाजेब आदि तथा सुदर्शन की प्रमुख कहानियाँ हैं- सुप्रभात, परिवर्तन, तीर्थयात्रा, पनघट, झरोखे आदि हैं।

373. इनमें से 'चीफ़ की दावत' कहानी के रचनाकर कौन हैं?

(a) ज्ञानरंजन (b) भीष्म साहनी
(c) दूधनाथ सिंह (d) राजेन्द्र यादव

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'चीफ की दावत' कहानी के रचनाकार भीष्म साहनी हैं। इनकी अन्य कहानियाँ हैं – मौका परस्त, खून का रिश्ता, वाँग चू, पटरियाँ, भटकती राख। राजेन्द्र यादव ने 'एक दुनिया समानांतर' नाम से कहानी संकलन लिखा है।

374. ' वोल्गा से गंगा' इनमें से किस विधा की रचना है?

(a) उपन्यास (b) संस्मरण
(c) यात्रा वृतांत (d) कहानी -संग्रह

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'वोल्गा से गंगा' राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखी गई बीस काल्पनिक कहानियों का एक कहानी-संग्रह है। यह कहानी मानवीय सभ्यता के विकास की कड़ी को प्रदर्शित करती हैं। यह कहानी मातृसत्तात्मक समाज में स्त्रियों की वर्चस्वता का बेजोड़ वर्णन प्रस्तुत करती है। अन्य कहानी संग्रह-सतमी के बच्चे, बहुरंगी, मधुपुरी तथा कनैला की कथा प्रमुख रचना है।

375. रामचन्द्र शुक्ल ने इनमें से किसे हिंदी की प्रथम मौलिक कहानी माना है?

(a) ग्यारह वर्ष का समय (b) इंदुमती
(c) दुलाई वाली (d) एक टोकरी भर मिट्टी

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)
UPSI Batch-III 22 Dec. 2017

उत्तर : (b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' में 'इन्दुमती' (1900 ई) को प्रथम मौलिक कहानी माना है। 'सरस्वती' पत्रिका में किशोरीलाल गोस्वामी की कहानी 'इन्दुमती' प्रकाशित हुई, जिसे हिन्दी की प्रथम मौलिक कहानी का श्रेय दिया जाता है।
यह शेक्सपियर के 'टेम्पेस्ट' नाटक के आधार पर लिखी गई थी। शुक्ल जी ने 'ग्यारह वर्ष का समय,' बंग महिला 'दुलाईवाली' तथा माधवराव सप्रे नें 'एक टोकरी भर मिट्टी' नामक कहानियों की रचना की।

376. 'छाया', 'आकाश दीप', प्रतिध्वनि, पुरस्कार, आँधी-ये सब किस विधा की रचनाएँ हैं?

(a) नाटक (b) उपन्यास
(c) काव्य (d) कहानी

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) छाया, आकाशदीप, प्रतिध्वनि, पुरस्कार, आँधी इत्यादि कहानी विधा की रचनाएँ हैं। इन कहानियों के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं । 'छाया' प्रसाद की प्रथम कहानी संग्रह होने के साथ ही हिन्दी का भी प्रथम कहानी संग्रह है। जयशंकर प्रसाद की प्रथम कहानी 'ग्राम' (1911 ई.) है, और अन्तिम कहानी 'सालवती' को माना जाता है।

377. 'सुजान भगत', 'अलग्योझा', 'गृहदाह', 'नशा', 'माता का हृदय'-ये सब किस विधा की रचनाएँ हैं?

(a) कहानी (b) काव्य
(c) उपन्यास (d) नाटक

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तरः (a) 'सुजान भगत', 'अलग्योझा', 'गृहदाह','माता का हृदय' ये सब 'कहानी' विधा की रचनाएं हैं। ये चारों कहानियाँ मुंशी प्रेमचन्द्र द्वारा लिखित हैं। इनकी अन्य कहानियाँ इस प्रकार हैं- पूस की रात, सवा सेर गेहूँ, ईदगाह, कफन, नशा, बड़े भाई साहब , ठाकुर का कुआँ आदि।

378. 'पंचपरमेश्वर' किस रचनाकार की प्रथम कहानी मानी जाती है?

(a) फणीश्वरनाथ रेणु (b) मुंशी प्रेमचंद
(c) नंददुलारे वाजपेयी (d) श्यामसुन्दरदास

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)
UPSI Batch-I 20 Dec. 2017

उत्तर : (b) 'पंचपरमेश्वर' (1916 ई.) मुंशी प्रेमचन्द की प्रथम कहानी है। इनकी अन्य प्रमुख कहानियाँ - अनाथ लड़की, दो बैलों की कथा, ईदगाह, ममता, पूस की रात, परीक्षा, प्रायश्चित, नमक का दरोगा, बड़े भाई साहब इत्यादि हैं।

379. फणीश्वरनाथ रेणु' की पहली कहानी कौन-सी है?

(a) अग्निखोर (b) ठुमरी
(c) बटबाबा (d) अच्छे आदमी

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : फणीश्वरनाथ 'रेणु' बिहार के आँचलिक कथाकार हैं। इनकी पहली कहानी 'बटबाबा' है। 'मैला आँचल' इनका सुप्रसिद्ध, आंचलिक उपन्यास है, जो पूर्णिया जिला बिहार पर आधारित है।

380. शतरंज के खिलाड़ी किस विधा की रचना है?

(a) नाटक (b) उपन्यास
(c) निबंध (d) कहानी

MP Assit. Prof. Hindi 2017
[UKPSC AE 2013]

उत्तर (d) : 'शतरंज के खिलाड़ी' मुंशी प्रेमचंद की कहानी है। इनकी अन्य कहानियाँ इस प्रकार हैं– नमक का दारोगा, बूढ़ी काकी, मुक्तिमार्ग, पूस की रात, समर यात्रा, सद्गति, दो बैलों की कथा, नशा, ठाकुर का कुआँ, क़फ़न इत्यादि।

381. 'क़फ़न' कहानी किसने लिखी है?

(a) दूधनाथ सिंह (b) प्रेमचन्द
(c) शिवप्रसाद सिंह (d) मन्नू भंडारी

UP TET 2021
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b): 'क़फ़न' कहानी 'प्रेमचन्द' ने लिखी है। अन्य कहानी व कहानीकार इस प्रकार हैं-

कहानीकार	कहानी संग्रह
दूधनाथ सिंह	सपाट चेहरे वाला आदमी,सुखांत, पहला कदम, निष्कासन आदि।
शिव प्रसाद सिंह	आर-पार की माला, कर्मनाशा की हार, इन्हें भी इन्तजार है, भेड़िया, मुर्दा सराय आदि।
मन्नू भंडारी	यही सच है, मैं हार गई, त्रिशंकु आदि।

382. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक कौन हैं?

(a) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' (b) किशोरीलाल गोस्वामी
(c) माधवप्रसाद मिश्र (d) जयशंकर प्रसाद

मध्य प्रदेश उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018
DSSSB PGT 25.07.2018
[UKPSC AE 2017], [UKPSC AE 2012]
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर. (a) : 'उसने कहा था' कहानी के लेखक **चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'** हैं। इनकी अन्य रचना – बुद्धू का कांटा, सुखमय जीवन आदि हैं। अन्य कहानी व लेखक इस प्रकार हैं–

लेखक	कहानी
किशोरीलाल गोस्वामी	इंदुमती, गुलबहार
माधवप्रसाद मिश्र	मन की चंचलता, पुरोहित का आत्मत्याग
जयशंकर प्रसाद	मधुआ, नूरी, पुरस्कार, छोटा जादूगर

383. 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक का क्या नाम है?

(a) सदासुख लाल (b) इंशाअल्ला खाँ
(c) अब्दुल्ला खाँ (d) सदल मिश्र

UPSI 12/11/2021(Shift-II)
UPP Jail warden 19/12/2020(Shift-II)
DSSSB PGT 25.07.2018
[UKPSC AE 2017]
उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर. (b) : 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक इंशाअल्ला खाँ हैं जबकि सदासुख लाल ने 'सुखसागर' तथा सदल मिश्र 'नासिकेतोपाख्यान' या चंद्रावली के लेखक हैं।

384. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक कौन हैं?

(a) प्रेमचंद (b) सुदर्शन
(c) जयशंकर प्रसाद (d) जैनेन्द्र

[UKPSC AE 2017]

उत्तर (c) : 'पुरस्कार' कहानी के लेखक जयशंकर प्रसाद हैं। इनकी अन्य कहानियाँ– मधुआ, पत्थर की पुकार, नूरी, उस पार का योगी, चंदा, देवदासी, ममता, खण्डहर की लिपि, घीसू, चूड़ीवाली, गुण्डा, छोटा जादूगर आदि हैं।

385. 'पूस की रात' कहानी के लेखक कौन हैं?

(a) रवीन्द्र कालिया (b) दूधनाथ सिंह
(c) ज्ञानरंजन (d) प्रेमचंद

DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II
MP Assist. Prof. Hindi 2017
[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d) : 'पूस की रात' कहानी के लेखक **प्रेमचंद** हैं। इनकी अन्य कहानियाँ हैं– बूढ़ी काकी, बड़े घर की बेटी, ईदगाह, कफन, पंचपरमेश्वर आदि।

386. बिखरे मोती ..... का पहला कहानी संग्रह है?

(a) दूधनाथ सिंह (b) नंदकिशोर नौटियाल
(c) सुभद्रा कुमारी चौहान (d) बनारसीदास चतुर्वेदी

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) 'बिखरे मोती' हिन्दी की प्रख्यात महिला साहित्यकार सुभद्रा कुमारी चौहान का पहली कहानी संग्रह है जिसका प्रकाशन वर्ष 1932 ई. है। इसके अतिरिक्त सुभद्रा कुमारी चौहान की अन्य कहानी 'उन्मादिनी' है जिसका प्रकाशन वर्ष 1934 ई. है।

387. जयशंकर प्रसाद की पहली कहानी कौन-सी है?

(a) ग्राम (b) ममता
(c) पुरस्कार (d) गुंडा

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)
UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
UPSI Batch - III 20 Dec. 2017
UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II

उत्तर : (a) जयशंकर प्रसाद की पहली कहानी ग्राम है, जो 1911 ई. में इंदु पत्रिका में प्रकाशित हुई। 'छाया' प्रसाद की प्रथम कहानी संग्रह होने के साथ–साथ हिन्दी का भी प्रथम कहानी संग्रह है। 'सालवती' जयशंकर प्रसाद की अंतिम कहानी है। इनके अन्य प्रमुख कहानी संग्रह– प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आँधी तथा इंद्रजाल है। पत्थर की पुकार, उस पार का योगी, चंदा, देवदासी, ममता, घीसू, चूड़ीवाली इत्यादि इनकी चर्चित कहानियाँ हैं।

388. 'परिंदे' कहानी निम्न वर्णित में से किस कथाकार की है?

(a) भीष्म साहनी (b) मुक्तिबोध
(c) निर्मल वर्मा (d) प्रेमचंद

MP Assist. Prof. Hindi 2017
UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'परिन्दे' निर्मल वर्मा की कहानी है। नामवर सिंह ने इसे हिंदी की पहली कहानी माना है। प्रश्नगत लेखकों और उनके द्वारा रचित कहानियों का विवरण निम्न है–

लेखक	**कहानियाँ**
भीष्म साहनी	भाग्यरेखा, पहला पाठ, भटकती राख, पटरियाँ, वाँड्चू, शोभायात्रा आदि।
मुक्तिबोध	काठ का सपना, सतह से उठता आदमी।
निर्मल वर्मा	जलती झाड़ी, पिछली गर्मियों में, बीच बहस में, कव्वे और काला पानी।
प्रेमचंद	शान्ति, नशा, सद्गति, अलग्योझा, मुक्तिधन, दो सखियाँ, दुर्गा का मंदिर।

389. इनमें से कौन-सी रचना 'रांगेय राघव' की रचना नहीं है?

(a) अधूरी मूरत
(b) जीवन के पहलू
(c) देवदासी
(d) साम्राज्य का वैभव

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (b) : जीवन के पहलू रांगेय राघव की रचना नहीं है यह अमृतराय की कहानी है। अन्य तीनों रांगेय राघव की रचनाएँ हैं। रांगेय राघव की अन्य कहानियाँ हैं– इंसान पैदा हुआ, जीवन के दाने, समुद्र के फेन, घिसटता कम्बल, काई, नारी का विक्षोभ आदि।

390. इनमें से कौन-सी रचना प्रसिद्ध कथाकार मन्नू भंडारी की नहीं है?

(a) यही सच है (b) अकेली
(c) नयी नौकरी (d) पिंजरे की उड़ान

UPSI Batch - I 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'पिंजरे की उड़ान' कहानी मन्नू भण्डारी की नहीं, बल्कि यशपाल की है। शेष तीनों– 'यही सच है, अकेली, नयी नौकरी' मन्नू भण्डारी की कहानियाँ हैं। मन्नू भंडारी की अन्य महत्त्वपूर्ण कहानियाँ–मैं हार गई, एक प्लेट सैलाब, त्रिशंकु और तीन निगाहों की एक तस्वीर आदि हैं।

391. 'एक मुलाकात' कहानी की कथाकार कौन हैं?

(a) अलका सरावगी
(b) कृष्णा सोबती
(c) दीप्ति खण्डेलवाल
(d) उषा राजे

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (d) 'एक मुलाकात' कहानी की कथाकार **उषा राजे सक्सेना** हैं। उषा राजे युनाइटेड किंगडम में बसीं भारतीय मूल की लेखिका हैं। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं–

काव्य संग्रह– विश्वास की रजत सीपियाँ, इन्द्रधनुष की तलाश में।

कहानी संग्रह– प्रवास में, वॉकिंग पार्टनर, वह रात और अन्य कहानियाँ

392. निम्नलिखित में किशोरी लाल गोस्वामी रचित कहानी कौन सी है?

(a) प्लेग की चुडैल (b) पंडित और पंडितानी
(c) इन्दुमती (d) ग्यारह वर्ष का समय

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (c) : दी गई कहानियों एवं उनके रचनाकारों का विवरण इस प्रकार है-

रचना	**रचनाकार**
प्लेग की चुड़ैल	– मास्टर भगवान दास
ग्यारह वर्ष का समय	– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
पंडित और पंडितानी	– गिरिजा दत्त वाजपेयी
इंदुमती	– किशोरी लाल गोस्वामी

13. निबन्ध/आलोचना

393. हरिशंकर परसाई जी किस तरह की साहित्य रचना के लिए जाने जाते हैं?

(a) काव्यरचना (b) आलोचना
(c) समीक्षक (d) व्यंग्य

UPSI Batch-III 20 Dec. 2017

@RexstarPdf

उत्तर: (d) हरिशंकर परसाई व्यंग्य साहित्य रचना के लिए जाने जाते हैं। ये हिंदी के पहले ऐसे रचनाकार थे जिन्होंने साहित्य में व्यंग्य को विधा के रूप में दर्जा दिलाया। इनके प्रमुख व्यंग्यात्मक निबंध हैं– पगडंडियों का जमाना, जैसे उनके दिन फिरे, सदाचार की ताबीज, भूत के पाँव पीछे, अपनी–अपनी बीमारी, शिकायत मुझे भी है, सुनो भाई साधो इत्यादि।

394.'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' इस व्यंग्य संग्रह के व्यंग्यकार हैं

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) भवानीप्रसाद मिश्र
(c) धर्मवीर भारती (d) हरिशंकर परसाई

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) 'ठिठुरता हुआ गणतन्त्र' के व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई हैं। इनकी अन्य रचना हैं- निठल्ले की डायरी, भोलाराम का जीव आदि जबकि धर्मवीर भारती की रचनाएँ- गुनाहों का देवता, सूरज का सातवाँ घोड़ा, अंधायुग और मैथिलीशरण गुप्त की रचनाएँ- भारत भारती, रंग में भंग, पंचवटी, झंकार, साकेत आदि हैं।

395. 'चाबुक' निबंध संग्रह के रचनाकार हैं-

(a) प्रेमचंद
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(d) महादेवी वर्मा

UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift-II

उत्तर : (c) : 'चाबुक' निबंध संग्रह के रचनाकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' हैं। 'निराला' की अन्य रचनाएँ हैं –अनामिका, परिमल, जूही की कली, राम की शक्तिपूजा आदि।

396. 'आलंबनत्व धर्म का साधारणीकरण होता है' पंक्ति किस विद्वान की है?

(a) राममूर्ति त्रिपाठी (b) विश्वनाथ मिश्र
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) गुलाबराय

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'आलंबनत्व धर्म का साधारणीकरण होता है।' यह पंक्ति रामचन्द्र शुक्ल की है। इनकी प्रमुख रचनाएँ -
1. निबन्ध संग्रह - चिन्तामणि
2. इतिहास - हिन्दी साहित्य का इतिहास।
3. आलोचना - सूरदास, रसमीमांसा, त्रिवेणी।
4. संपादन - जायसी ग्रंथावली, तुलसी ग्रंथावली, भ्रमरगीत सार, हिन्दी शब्द सागर इत्यादि।

397. कविता को भावयोग किसने कहा?

(a) रामचंद्र शुक्ल (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) नामवर सिंह

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : कविता को भावयोग रामचन्द्र शुक्ल ने कहा था। इनकी प्रमुख रचनाएँ– चिन्तामणि, रसमीमांसा, तुलसी ग्रन्थावली, जायसी ग्रन्थावली, सूरदास आदि हैं।

398. 'अशोक के फूल' किसका प्रसिद्ध निबंध है?

(a) विद्यानिवास मिश्र (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) बाबू गुलाबराय

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 'अशोक के फूल' निबंध हजारी प्रसाद द्विवेदी का है। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अन्य निबंध हैं- कल्पलता, मध्यकालीन धर्म साधना, विचार और वितर्क, विचार प्रवाह, कुटज इत्यादि।

399. 'कहानी नई कहानी' किसकी प्रसिद्ध कृति है?

(a) मधुरेश (b) बच्चन सिंह
(c) डॉ. रघुवंश (d) नामवर सिंह

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'कहानी नई कहानी' 'नामवर सिंह' की प्रसिद्ध कृति है। नामवर सिंह की अन्य कृतियाँ इस प्रकार हैं- बकलम खुद, कविता के नये प्रतिमान, वाद विवाद संवाद, इतिहास और आलोचना आदि। इनकी कृति 'कविता के नये प्रतिमान' के लिए वर्ष 1971 में इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

400. ''श्रद्धा एवं प्रेम के योग का नाम भक्ति है।'' यह किसका प्रसिद्ध कथन है?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) मुक्तिबोध
(c) श्यामसुंदर दास (d) रामचंद्र शुक्ल

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) 'श्रद्धा एवं प्रेम के योग का नाम भक्ति है' यह प्रसिद्ध कथन 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल' द्वारा लिखित निबंध 'श्रद्धा और भक्ति' से लिया गया है।

401. 'आत्मनेपद' के रचनाकार कौन हैं?

(a) धर्मवीर भारती (b) रांगेय राघव
(c) अज्ञेय (d) गजानन माधव मुक्तिबोध

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (c) आत्मनेपद 'अज्ञेय' की रचना है। इनका पूरा नाम सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' है। इनकी प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार हैं:–
कहानियाँ:- विपथगा (1937), परम्परा (1940), कोठरी की बात (1945), शरणार्थी (1948), जयदोल (1951)।
उपन्यास:- शेखर : एक जीवनी-प्रथम भाग (उत्थान 1940), द्वितीय भाग (संघर्ष 1944), नदी के द्वीप (1951), अपने अपने अजनबी (1961)।
यात्रा वृतांत:- अरे यायावर याद रहेगा? (1953), एक बूंद सहसा उछली (1960)।
निबंध संग्रह:- सबरंग, त्रिशंकु, आत्मनेपद, आधुनिक साहित्य: एक आधुनिक परिदृश्य, आलबाल आदि।

402. 'संस्कृति के चार अध्याय' किसकी रचना है?

(a) श्याम नारायण पाण्डेय (b) सुभद्राकुमारी चौहान
(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) जयशंकर प्रसाद

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'संस्कृति के चार अध्याय' राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना है। इस पुस्तक में दिनकर जी ने भारत के सांस्कृतिक इतिहास को चार भागों में बाँट कर लिखने का प्रयास किया है। इस पुस्तक के लिए उन्हें सन् 1959 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इनकी अन्य रचनाएँ - मिट्टी की ओर, अर्द्धनारीश्वर, रेती के फूल, हमारी सांस्कृतिक एकता आदि।

403. ''निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।'' यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है?

(a) प्रतापनारायण मिश्र (b) भारतेन्दु
(c) सदन मिश्र (d) बालकृष्ण भट्ट

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।'
यह प्रसिद्ध उक्ति 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र' जी की है। जो उनकी रचना 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' से ली गई है।
भारतेन्दु जी की अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- कश्मीर कुसुम, कालचक्र, उदय पुरोदय, हिन्दी भाषा, नाटकों का इतिहास इत्यादि।

404. 'ठलुआ क्लब' रचना किसकी है?

(a) धर्मवीर भारती (b) गुलाब राय
(c) यशपाल (d) मन्नू भंडारी

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'ठलुआ क्लब' बाबू गुलाब राय की रचना है। यह एक निबंध संग्रह है। बाबू गुलाब राय के अन्य निबन्ध इस प्रकार हैं–
फिर निराशा क्यों, मेरी असफलताएँ, कुछ उथले कुछ गहरे।

405. 'आचरण की सभ्यता' निबंध के रचनाकार हैं?

(a) सरदार पूर्ण सिंह (b) प्रतापनारायण मिश्र
(c) बालमुकुन्द गुप्त (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a) 'आचरण की सभ्यता' निबन्ध के रचनाकार सरदार पूर्णसिंह हैं। इनके अन्य निबन्ध इस प्रकार हैं- सच्ची वीरता, मजदूरी और प्रेम, पवित्रता, कन्यादान आदि । प्रताप नारायण मिश्र के प्रमुख निबन्ध हैं- बात, खुशामद, परीक्षा, समझदार की मौत, ईश्वर की मूर्ति, दाँत, बालक आदि। बालमुकुन्द गुप्त - शिवशम्भु का चिट्ठा, आत्माराम। महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबन्ध- सम्पत्ति शास्त्र, रसज्ञ रंजन, महाकवि माघ का प्रभात वर्णन आदि।

406. निम्नांकित में से कौन निबंधकार नहीं है?

(a) सरदार पूर्णसिंह (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) मोहन राकेश (d) रामविलास शर्मा

[UKPSC AE 2013]

उत्तर (c) मोहन राकेश निबन्धकार नहीं हैं। बल्कि 'मोहन राकेश' प्रमुखतः नाटककार हैं। सरदार पूर्णसिंह, रामचन्द्र शुक्ल, रामाविलास शर्मा निबन्धकार हैं।

407. 'कछुआ धर्म और मारेसि मोहि कुठाँव' किसकी रचना है?

(a) अध्यापक पूर्ण सिंह
(b) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(c) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(d) रामवृक्ष बेनीपुरी

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (b) : 'कछुआ धर्म और मारेसि मोहि कुठाँव' चन्द्रधर शर्मा गुलेरी जी के प्रमुख निबंध हैं। चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म 7 जुलाई 1883 को गुलेर गाँव, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में हुआ। ये हिन्दी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार थे।

408. 'मजदूरी और प्रेम' के लेखक कौन हैं?

(a) सरदार पूर्णसिंह (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) नगेंद्र (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) : 'मजदूरी और प्रेम' के लेखक सरदार पूर्णसिंह हैं। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– आचरण की सभ्यता, सच्ची वीरता, पवित्रता, कन्यादान, अमरिका का मस्त कवि वाल्ट ह्विटमैन इत्यादि।

409. सरदार पूर्णसिंह निम्नलिखित में क्या थे?

(a) नाटककार (b) निबंधकार
(c) कहानीकार (d) उपन्यासकार

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) सरदार पूर्णसिंह निबंधकार थे। इनके निबंध इस प्रकार हैं– आचरण की सभ्यता, मजदूरी और प्रेम, सच्ची वीरता, कन्यादान, पवित्रता, अमरीका का मस्त कवि वाल्ट ह्विटमैन।

410. 'चिंतामणि' किसके निबंधों का संग्रह है?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) महावीरप्रसाद द्विवेदी (d) कुबेरनाथ राय

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a) 'चिंतामणि' रामचन्द्र शुक्ल के निबंधों का संग्रह है। इनमें संकलित निबंध–उत्साह, करुणा, घृणा, ईर्ष्या, भय, मानस की धर्मभूमि आदि हैं जबकि महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबन्ध– सम्पत्तिशास्त्र, रसज्ञ रंजन, लेखांजलि, नाट्यशास्त्र, उपन्यास रहस्य, भाषा और व्याकरण आदि हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबन्ध हैं– नाखून क्यों बढ़ते हैं, कुटज, देवदारु, आत्मदान का संदेशवाहक वसन्त, नया वर्ष, बसंत आ गया है आदि। कुबेरनाथ राय के निबन्ध-संग्रह – रस आखेटक, प्रिया नीलकंठी, गंधमादन, निषाद बाँसुरी, कामधेनु आदि हैं।

411. 'साधारणीकरण और व्यक्तिवैचित्र्यवाद' निबन्ध के लेखक हैं–

(a) आचार्य शुक्ल (b) डॉ. नगेन्द्र
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) महावीर प्रसाद

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 'साधारणीकरण और व्यक्तिवैचित्र्यवाद' निबंध के लेखक 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल' हैं। इनके अन्य निबंध हैं– रसात्मक बोध के विविध रूप, तुलसी का भक्तिमार्ग, मानस की धर्मभूमि, कविता क्या है? आदि।

412. निम्नलिखित में से हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित निबंध कौन–सा है?

(a) बुढ़ापा (b) उत्सव
(c) कुटज (d) कुछ

UPSI Batch - III 15 Dec.2017
UK PSC AE 2017

उत्तर. (c) : हिन्दी में 'ललित निबन्धकार' के रूप में 'हजारी प्रसाद द्विवेदी' को जाना जाता है। इनका निबन्ध 'कुटज' है। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अन्य निबन्ध हैं– अशोक के फूल, कल्पलता, मध्यकालीन धर्म साधना, विचार और वितर्क, विचार प्रवाह, साहित्य सहचर, आलोक पर्व आदि।

413. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का हिन्दी साहित्य में किस विधा में प्रवेश हुआ?

(a) आलोचना (b) कविता
(c) कहानी (d) उपन्यास

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का प्रवेश साहित्य की 'आलोचना' विधा में हुआ। इनकी प्रमुख आलोचनात्मक कृतियाँ हैं- काव्य में रहस्यवाद, काव्य में अभिव्यंजनावाद, रसमीमांसा आदि।

414. भारत में मार्क्सवादी चिंतन परंपरा और समालोचना के समर्थ प्रवक्ता हैं

(a) डॉ. नगेन्द्र (b) डॉ. रामविलास शर्मा
(c) डॉ. भास्कर (d) डॉ. चिन्मय

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (b) भारत में मार्क्सवादी चिंतन परम्परा और समालोचना के समर्थ प्रवक्ता डॉ. रामविलास शर्मा हैं। ये मार्क्सवादी मूल्यों के आधार पर साहित्य की आलोचना करते थे। ये केवल आर्थिक पक्ष के आधार पर वर्ग निर्धारण के मार्क्सवादी सिद्धांत से कभी पूरी तरह सहमत नहीं हुए बल्कि इनमें सांस्कृतिक, सामाजिक, भौगोलिक इत्यादि तत्वों के समावेशन के साथ आलोचना के क्षेत्र को और अधिक तात्विकता प्रदान की। इनकी महत्त्वपूर्ण आलोचनात्मक कृतियाँ– प्रेमचंद, प्रगति और परम्परा, साहित्य और संस्कृति, भारतेन्दु युग, प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ आदि हैं।

415. ''प्रेमचन्द शताब्दियों से पददलित, अपमानित और उपेक्षित कृषकों की आवाज थे।'' यह कथन किसका है?

(a) सम्पूर्णानन्द (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) अमृतलाल नागर

उत्तर: (c) 'प्रेमचन्द शताब्दियों से पददलित, अपमानित और उपेक्षित कृषकों की आवाज थे।'' यह हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन है।

416. निम्नलिखित आलोचकों में से कौन-सा उत्तराखण्ड से सम्बन्धित है?

(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) नन्ददुलारे बाजपेयी
(c) डॉ. नगेन्द्र
(d) डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : 'डॉ0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल' का सम्बन्ध उत्तराखण्ड से है। अन्य आलोचकों का सम्बन्ध इस प्रकार है:-

आलोचक	सम्बन्ध (जन्म)
आचार्य रामचन्द्र शुक्ल	(अगोना) बस्ती, उत्तर प्रदेश
नन्ददुलारे बाजपेयी	(मगरायल) उन्नाव, उत्तर प्रदेश
डॉ0 नगेन्द्र	(अतरौली) अलीगढ़

417. हिंदी में तुलनात्मक आलोचना का प्रारम्भ किसने किया?

(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (b) पद्मसिंह शर्मा
(c) मिश्र बंधु (d) लाला भगवान दीन

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : आधुनिक हिंदी आलोचना में 'तुलनात्मक आलोचना' का प्रारंभ पद्म सिंह शर्मा ने किया। 'महावीर प्रसाद द्विवेदी' द्विवेदी युग के प्रखर आलोचक हैं।

418. हिंदी में वैज्ञानिक आलोचना का सूत्रपात किसने किया?

(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (b) रामस्वरूप द्विवेदी
(c) रामविलास शर्मा (d) रामचन्द्र शुक्ल

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : हिंदी में वैज्ञानिक आलोचना का सूत्रपात आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किया। हिंदी निबंध के क्षेत्र में शुक्ल जी का महत्वपूर्ण योगदान है। भाव, मनोविकास संबंधी मनोविश्लेषणात्मक निबंध उनके प्रमुख हस्ताक्षर हैं। 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखित सर्वाधिक महत्वपूर्ण पुस्तक है।

419. 'कविता का अर्थात' किस विधा की रचना है?

(a) संस्मरण (b) आलोचना
(c) काव्य (d) निबंध

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'कविता का अर्थात' आलोचना विधा की रचना है। यह रचना प्रो. परमानंद श्रीवास्तव की है। इस रचना हेतु उन्हें व्यास सम्मान भी दिया गया। इन्होंने साहित्यिक पत्रिका 'आलोचना' का संपादन कार्य भी किया।

420. रामचंद्र शुक्ल द्वारा लिखित आलोचनात्मक ग्रंथ निम्न में से कौन-सा नहीं है ?

(a) रसमीमांसा (b) शिल्प और दर्शन
(c) भ्रमरगीत सार (d) जायसी ग्रंथावली

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तरः (b) दिये गये विकल्पों में 'रसमीमांसा', 'भ्रमरगीत सार', तथा 'जायसी ग्रंथावली' आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा लिखित आलोचनात्मक ग्रंथ है जबकि 'शिल्प और दर्शन' सुमित्रानंदन पंत जी की रचना है।

421. 'कबीर के आलोचक' पुस्तक के लेखक इनमें से कौन हैं?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) पुरुषोत्तम अग्रवाल
(c) डॉ. धर्मवीर (d) विजयेन्द्र स्नातक

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) 'कबीर के आलोचक' पुस्तक के लेखक डॉ0 धर्मवीर हैं। डॉ0 धर्मवीर की प्रमुख रचनाएँ हैं- प्रेमचंद की नीली आँखे, कबीर : डॉ. हजारी प्राद द्विवेदी का प्रक्षिप्त चिंतन, प्रेमचंद : सामन्त का मुंशी।

422. 'मेरे समय के शब्द' किस विधा की रचना है?

(a) आलोचना (b) निबंध
(c) चम्पू काव्य (d) काव्य

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : मेरे समय के शब्द 'आलोचना' विधा की रचना है। यह केदारनाथ सिंह की रचना है। इनकी अन्य रचनाएँ– कल्पना और छायावाद, आधुनिक हिंदी कविता में बिम्ब विधान, (सभी आलोचना), अकाल में सारस, बाघ, सृष्टि पर पहरा, यहाँ से देखो, जमीन पक रही है (काव्य संग्रह) इत्यादि। वर्ष 2013 में इन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया।

423. इनमें से कौन-सा नाम मिश्रबन्धुओं में सम्मिलित नहीं हैं?

(a) गणेश बिहारी (b) शुकदेव बिहारी
(c) श्याम बिहारी (d) कृष्ण बिहारी

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'कृष्ण बिहारी' का नाम मिश्र बन्धुओं में सम्मिलित नहीं है। मिश्रबन्धुओं में गणेश बिहारी, शुकदेव बिहारी एवं श्याम बिहारी का नाम शामिल है। मिश्रबंधुओं ने अपनी पुस्तक 'मिश्र बंधु विनोद' में हिन्दी साहित्य का काल विभाजन इस प्रकार किया है– 1. आरंभिक काल 2. माध्यमिक काल 3. अलंकृत काल, 4. परिवर्तन काल 5. वर्तमान काल।

424. निम्न में से सौष्ठववादी आलोचक कौन हैं?

(a) डॉ. नगेन्द्र
(b) विजयदेव नारायण साही
(c) रामचन्द्र शुक्ल
(d) नंददुलारे वाजपेई

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : नन्ददुलारे वाजपेई, सौष्ठववादी आलोचक थे। इनको छायावादी कविता के शीर्ष आलोचक के रूप में मान्यता प्राप्त है। इनकी प्रमुख रचनाएँ- हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी, आधुनिक साहित्य, महाकवि सूरदास, प्रेमचन्द : एक साहित्यिक विवेचन, नया साहित्य नये प्रश्न, राष्ट्रभाषा की कुछ समस्याएं, कवि निराला, नई कविता, आधुनिक साहित्यः सृजन एवं समीक्षा इत्यादि।

14. आत्मकथा/जीवनी

425. 'मैं भंगी हूँ' आत्मकथा के लेखक हैं?

(a) सूरजपाल चौहान
(b) मोहनदास नैमिशराय
(c) भगवान दास
(d) ओमप्रकाश वाल्मीकि

UPP Jailwarden/Fireman Exam. Date 20/12/2020 Shift-I

उत्तरः (c) 'मैं भंगी हूँ' (1981) आत्मकथा के लेखक भगवानदास हैं।

426. 'एक कहानी यह भी' आत्मकथा के रचनाकार कौन हैं?

(a) मन्नू भंडारी (b) मृदुला गर्ग
(c) कृष्णा सोबती (d) महादेवी वर्मा

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'एक कहानी यह भी' आत्मकथा की रचनाकार मन्नू भंडारी हैं। इनके द्वारा लिखे गये उपन्यास हैं– आपका बंटी, एक इंच मुस्कान, महाभोज कहानी– एक प्लेट सैलाब, मैं हार गई, तीन निगाहों की एक तस्वीर, यही सच है, त्रिशंकु, आंखो देखा झूठ है।

427. 'आवारा मसीहा' इनमें से किसके जीवन पर केन्द्रित कृति है?

(a) राहुल सांकृत्यायन (b) प्रेमचन्द्र
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर (d) शरतचन्द्र

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'आवारा मसीहा' शरतचन्द्र के जीवन पर केन्द्रित कृति है। 'आवारा मसीहा' विष्णु प्रभाकर द्वारा रचित प्रसिद्ध बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की जीवनी है। विष्णु प्रभाकर की अन्य रचनाएं–ढलती रात, स्वप्नमयी, अर्द्धनारीश्वर, धरती अब भी घूम रही है, क्षमादान, दो मित्र, पाप का घड़ा, (सभी उपन्यास), संघर्ष के बाद, मेरा वतन, खिलौने, आदि और अंत (कहानी संग्रह), पंखहीन (आत्मकथा) इत्यादि हैं।

428. 'अन्या से अनन्या' आत्मकथा किसकी है?

(a) मन्नू भंडारी (b) प्रभा खेतान
(c) सुषम वेदी (d) उषा प्रियंवदा

[UPET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (b) : 'अन्य से अनन्या' आत्मकथा प्रभा खेतान की है। यह आत्मकथा जीवन के अनुछुए पहलुओं को बेबाकी के साथ प्रकट करती है। इसका प्रकाशन वर्ष 2007 है।

429.सबसे पहले आत्मकथा हिन्दी में किसने लिखी?

(a) श्यामसुन्दर दास (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) राधाकृष्णन (d) जवाहर लाल नेहरू

उत्तरः (a) हिन्दी में आत्मकथा लिखने वाले सर्वप्रथम व्यक्ति श्यामसुन्दरदास थे। 1941 ई. में रचित 'मेरी आत्मकहानी' उनकी आत्मकथा है।

@RexstarPdf

430. निम्न में से कौन जीवनी है?

(a) अतीत के चलचित्र (b) चिन्तामणि
(c) आवारा मसीहा (d) नीड़ का निर्माण फिर

लोअर-III परीक्षा, 2016

उत्तर : (c) 'आवारा मसीहा' विष्णु प्रभाकर द्वारा रचित प्रसिद्ध बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की जीवनी है। जबकि 'अतीत के चलचित्र' महादेवी वर्मा द्वारा रचित एक रेखाचित्र है। और 'चिन्तामणि' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा रचित हिन्दी का निबंध संग्रह है। 'नीड़ का निर्माण फिर' हरिवंशराय बच्चन की आत्मकथा है।

431. पंडित बनारसी दास द्वारा लिखित हिंदी की पहली आत्मकथा का नाम क्या है?

(a) चाँद–सूरज के बीरन
(b) मेरा जीवन प्रवाह
(c) मेरी आत्मकहानी
(d) अर्द्धकथानक

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) सन् 1641 ई. में बनारसीदास ने ब्रजभाषा पद्य में अर्द्धकथानक की रचना की, जिसे हिन्दी की प्रथम प्राचीनतम आत्मकथा माना जाता है। 'मेरी आत्मकहानी' हिंदी की प्रथम प्रसिद्ध आत्मकथा मानी जाती है, जो 1941 ई. में डॉ. श्यामसुंदर दास जी द्वारा रचित है। 'मेरा जीवन प्रवाह' वियोगी हरि की तथा 'चाँद सूरज के वीरन' देवेन्द्र सत्यार्थी की आत्मकथा है।

432. जीवनी क्या है?

(a) लेखक स्वयं अपनी जीवनी प्रस्तुत करता है
(b) जीवनी दूसरे व्यक्ति द्वारा लिखी जाती है
(c) स्वयं की रचनाओं को प्रकाशित करना
(d) इनमें से कोई नहीं **[UPSI 20.07.2017 Shift II]**

उत्तर. (b) : किसी विशेष व्यक्ति के जीवन चरित्र का वर्णन किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा किया जाए, जीवनी कहलाती है। यह दूसरे व्यक्ति द्वारा लिखी जाती है जबकि आत्मकथा में लेखक स्वयं अपने जीवन चरित्र का वर्णन करता है।

15. अन्य गद्य विधाएँ

433. 'घुमक्कड़ शास्त्र' की रचना किसने की है?

(a) राहुल सांकृत्यायन
(b) प्रेमचंद
(c) महादेवी वर्मा
(d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)
UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'घुमक्कड़ शास्त्र' की रचना 'राहुल सांकृत्यायन' ने की है। इनकी अन्य रचनाएँ निम्न हैं– कनैला की कथा, सतमी के बच्चे, वोल्गा से गंगा, बहुरंगी मधुपुरी आदि। राहुल सांकृत्यायन की आत्मकथा– 'मेरी जीवन यात्रा' है।

434. राहुल सांकृत्यायन ने लेखन के लिए निम्नलिखित में से किस विधा को विशेष रूप से पसंद किया है?

(a) यात्रावृत्त (b) निबंध
(c) कविता (d) संस्मरण

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : राहुल सांकृत्यायन ने लेखन के लिए 'यात्रावृत्त' विधा को विशेष रूप से पसंद किया है। इसकी प्रमुख रचनाएँ इस प्रकार हैं– वोल्गा से गंगा, घुमक्कड़ शास्त्र, किन्नर देश में, मेरी तिब्बत यात्रा आदि।

435. 'कितना अकेला आकाश' किस विधा की रचना है?

(a) उपन्यास (b) आत्मकथा
(c) रेखा चित्र (d) यात्रावृत्त

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'कितना अकेला आकाश' की विधा यात्रावृत्त है। यह नरेश मेहता का यात्रा वृत्तान्त है।

436. 'पथ के साथी' किस विधा की रचना है?

(a) आत्मकथा (b) रेखा चित्र
(c) उपन्यास (d) यात्रा वृत्त

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'पथ के साथी' रेखाचित्र विधा की रचना है। यह महादेवी वर्मा की रचना है।
इनकी प्रमुख रचनाएँ– नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तपर्णा, अग्निरेखा (सभी कविता)। अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ (रेखाचित्र), मेरा परिवार (संस्मरण), क्षणदा (ललित निबंध), गिल्लू (कहानी) इत्यादि हैं।

437. 'माटी की मूरतें' किस लेखक की रचना है?

(a) जगदीशचंद्र (b) राकेश वर्मा
(c) रामचंद्र शुक्ल (d) रामवृक्ष बेनीपुरी

UPSI Batch - III 20 Dec.2017
चकबंदी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (d) 'माटी की मूरतें' रामवृक्ष बेनीपुरी का रेखाचित्र है। इनके द्वारा रचित अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियाँ इस प्रकार हैं– पतितों के देश में, चिता के फूल, गेहूँ और गुलाब, मील का पत्थर, गाँव का देवता, संघमित्रा, जंजीरें और दीवारें आदि।

438. 'दीप जले, शंख बजे' किस रचनाकार की कृति है?

(a) बंग महिला (b) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'
(c) रामचंद्र शुक्ल (d) श्रीलाल शुक्ल

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (b) 'दीप जले शंख बजे' रेखाचित्र के लेखक कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर' हैं। उनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं– माटी हो गई सोना, जिन्दगी मुस्कुरायी आदि। जबकि बंग महिला की कहानी 'दुलाई वाली' है। रामचन्द्र शुक्ल का निबन्ध संग्रह 'चिन्तामणि' है तथा श्रीलाल शुक्ल की प्रमुख कृति 'रागदरबारी' है।

439. हिन्दी रेखाचित्र का विकास _____ के बाद हुआ है।

(a) 1900 (b) 1936
(c) 1950 (d) 1955

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (b) हिन्दी रेखाचित्र का विकास **1936 ई.** के बाद हुआ। साहित्य में जिसे रेखाचित्र कहते हैं, उसमें कम-से कम शब्दों में कलात्मक ढंग से किसी वस्तु, व्यक्ति या दृश्य का अंकन किया जाता है। इसे 'शब्दचित्र' भी कहते हैं।

440. 'भक्तिन' ..... का प्रसिद्ध ..... रेखाचित्र है। रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

(a) महादेवी वर्मा, जीवनी (b) महादेवी वर्मा, संस्मरण
(c) सुभद्रा कुमारी, जीवनी (d) सुभद्रा कुमारी संस्मरण

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (b) 'भक्तिन' महादेवी वर्मा का प्रसिद्ध संस्मरण रेखाचित्र है। इनके द्वारा रचित अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियाँ– अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ, पथ के साथी, मेरा परिवार, गिल्लू, नीरजा, नीहार, सांध्यगीत, यामा आदि हैं।

441. 'अतीत के चलचित्र' किसकी रचना है?

(a) महादेवी वर्मा (b) अयोध्या सिंह
(c) सियारामशरण गुप्त (d) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 प्रथम पाली

UPSI 24.07.2017 Shift-I

उत्तर. (a) : 'अतीत के चलचित्र' महादेवी वर्मा द्वारा रचित रेखाचित्र है। इनकी इस विधा की अन्य कृतियाँ हैं– स्मृति की रेखाएँ मेरा परिवार।

रचनाकार	रचनाएँ
हरिऔध	प्रियप्रवास, पारिजात, वैदेही वनवास, कृष्ण शतक, रसिक रहस्य, पद्म प्रसून आदि।
सियाराम शरण गुप्त	नकुल, दैनिकी, उन्मुक्त, विषाद, बापू आदि।
सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'	-अनामिका, गीतिका, कुकुरमुत्ता, अणिमा, अर्चना, जूही की कली, सरोज स्मृति आदि।

442. हिंदी में रिपोर्ताज विधा का जनक किसे माना जाता है?

(a) रामकुमार वर्मा (b) रामविलास शर्मा
(c) शिवदान सिंह चौहान (d) नंद दुलारे वाजपेयी

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (c): हिन्दी में रिपोर्ताज विधा का जनक 'शिवदान सिंह चौहान' को माना जाता है। रूपाभ पत्रिका के दिसम्बर, 1938 ई. में प्रकाशित 'लक्ष्मीपुरा' को हिन्दी का प्रथम रिपोर्ताज माना जाता है। 'मौत के खिलाफ जिंदगी की लड़ाई' इनका एक अन्य रिपोर्ताज है।

443. 'किन्नर देश में – यात्रा संस्मरण के लेखक कौन हैं?

(a) सुमित्रानंदन पन्त
(b) भगवतीचरण शर्मा
(c) माखनलाल चतुर्वेदी
(d) राहुल सांकृत्यायन

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर: (d) 'किन्नर देश में' यात्रा संस्मरण के लेखक 'राहुल सांकृत्यायन' हैं। मेरी तिब्बत यात्रा, मेरी लद्दाख यात्रा, घुमक्कड़ शास्त्र, यात्रा के पन्नें, एशिया के दुर्गम भूखण्ड आदि इनके कुछ अन्य यात्रा साहित्य हैं।

16. पुरस्कार

(i) ज्ञानपीठ

444. इनमें से कौन ज्ञानपीठ से सम्मानित रचनाकार नहीं हैं?

(a) रघुवीर चौधरी (b) राजेन्द्र शाह
(c) मृदुला गर्ग (d) प न्नालाल पटेल

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'मृदुला गर्ग' ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित रचनाकार नहीं हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार, साहित्य के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। रघुवीर चौधरी, राजेन्द्र शाह और पन्ना लाल पटेल को यह पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। कोंकणी लेखक दमोदर माउजो को 2022 के 57वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

445. 'मूर्ति देवी पुरस्कार' किस संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है?

(a) साहित्य अकादमी (b) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान
(c) दिल्ली हिन्दी अकादमी (d) भारतीय ज्ञानपीठ

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'मूर्ति देवी पुरस्कार' भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रदान किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 1961 में हुई। प्रथम पुरस्कार वर्ष 1961 में सी.के. नागराज राव को दिया गया। वर्ष 2021 में विश्वनाथ तिवारी को 33वां मूर्तिदेवी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनकी कृति 'अस्ति व भवति' के लिए दिया गया।

446. निम्न में से किसे ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ?

(a) प्रेमचंद (b) रामधारीसिंह दिनकर
(c) नरेश मेहता (d) सुमित्रानंदन पंत

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) दिये गये विकल्पों में मुंशी प्रेमचंद को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ। शेष विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-

वर्ष	प्राप्तकर्ता	रचना
1968	सुमित्रानंदन पंत	चिदम्बरा (कविता)
1972	रामधारी सिंह दिनकर	उर्वशी (काव्य)
1992	नरेश मेहता	सम्पूर्ण साहित्य

447. ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए कुल कितनी भाषाओं के साहित्य को स्वीकार किया जाता है?

(a) 22 (b)18 (c) 25 (d) 16

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
UPSI 17/07/2017 (Shift-II)
ग्राम पंचायत अधिकारी पुर्नपरीक्षा 04-12-20216

उत्तर : (a) : ज्ञानपीठ पुरस्कार कुल 22 भाषाओं के साहित्य को स्वीकार किया जाता है।
ज्ञानपीठ पुरस्कार, भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित 22 भाषाओं में से किसी एक भाषा में प्रतिवर्ष उत्कृष्ट रचनाकार को दिया जाता है। यह केवल भारतीय नागरिकों को दिया जाता है। इसकी शुरुआत 1965 ई. में की गयी प्रथम पुरस्कार 1965 ई. में जी.शंकर कुरूप को मिला।

448. कुंवरनारायण को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस वर्ष मिला था?

(a) 2004 ई. (b) 2007 ई.
(c) 2006 ई. (d) 2005 ई.

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : वर्ष 2005 में कुंवर नारायण को साहित्य जगत के सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कुंवर नारायण की कुछ प्रकाशित कृतियाँ इस प्रकार हैं–चक्रव्यूह, परिवेशः हम-तुम, आमने सामने, आत्मजयी, कोई दूसरा नहीं, वाजश्रवा के बहाने आदि।

449. 'चिदंबरा' के लिए सुमित्रानंदन पंत को कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(a) सरस्वती सम्मान
(b) व्यास सम्मान
(c) साहित्य अकादमी
(d) ज्ञानपीठ पुरस्कार

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 2016
कनिष्ठ सहायक परीक्षा-2016

उत्तर : (d) : 'चिदंबरा' के लिए 1968 ई. में सुमित्रानंदन पंत को हिंदी का पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है। 'कला और बूढ़ा चाँद' पर पंत जी को 1960 ई. में, साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

450. नरेश मेहता को अपने संपूर्ण कृतित्व के आधार पर प्राप्त पुरस्कार कौन-सा है?

(a) ज्ञानपीठ पुरस्कार (b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) व्यास सम्मान (d) सरस्वती सम्मान

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर: (a) नरेश मेहता को अपनी संपूर्ण कृतित्व के आधार पर ज्ञानपीठ पुरस्कार (1992 ई.) प्राप्त हुआ। प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 ई. में मलयालम लेखक जी. शंकर कुरूप को प्रदान किया गया था। उस समय पुरस्कार की धनराशि एक लाख रुपया थी।

451. 'ज्ञानपीठ पुरस्कार-2017' से सम्मानित हिंदी साहित्यकार इनमें से कौन हैं?

(a) मन्नू भंडारी (b) कृष्णा सोबती
(c) केदारनाथ सिंह (d) ममता कालिया

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : ज्ञानपीठ पुरस्कार-2017 कृष्णा सोबती को दिया गया था। असमिया कवि नीलमणि फूकन जूनियर को वर्ष 2020 (56वाँ) व कोंकणी उपन्यासकार दामोदर मौजों को वर्ष 2021 (57वाँ) का ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।

452. हिंदी में दूसरा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' पाने वाले साहित्यकार कौन हैं?

(a) सुमित्रानंदन पन्त (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) अज्ञेय (d) अमृत राय

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)
UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : हिंदी में दूसरा ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर' हैं। इन्हें वर्ष 1972 ई. में 'उर्वशी' रचना के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
हिंदी में प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार सन् 1968 ई. में 'सुमित्रानंदन पंत' को उनकी रचना 'चिदम्बरा' के लिए प्रदान किया गया। 'अज्ञेय' को सन् 1979 ई. में उनकी रचना 'कितनी नावों में कितनी बार' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। कृष्णा सोबती 'ज्ञानपीठ पुरास्कार पाने वाली 11वीं रचनाकार हैं। उन्हें 2017 का ज्ञानपीठ पुरास्कार प्रदान किया गया है।

453. 'अज्ञेय' जी को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है?

(a) भग्नदूत
(b) इत्यलम
(c) हरी घास पर क्षण भर
(d) कितनी नावों में कितनी बार

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)
UPSI Batch III 21 Dec. 2017
UPSI Batch-II 14 Dec. 2017

उत्तर : (d) सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' को उनकी कृति 'कितनी नावों पर कितनी बार' के लिए सन् 1978 में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। इनके द्वारा रचित अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियाँ हैं– इत्यलम्, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, इन्द्रधनुष रौंदे हुए ये, आँगन के पार द्वार, नदी के द्वीप, एक बूँद सहसा उछली आदि।

@RexstarPdf

454. ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना किसने की थी?

(a) श्रीलाल शुक्ल (b) शान्ति प्रसाद जैन
(c) केलाश वाजपेयी (d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

[UPSI 17.07.2017 Sift II]

उत्तर. (b) : ज्ञानपीठ की स्थापना 1965 ई0 में शान्ति प्रसाद जैन द्वारा की गई। यह पुरस्कार राशि सर्वप्रथम 1 लाख रू0 से प्रारम्भ होकर, 2005 में 7 लाख रुपये तथा वर्तमान में 11 लाख रुपये हो गयी है। ज्ञानपीठ पुरस्कार को प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति मलयालयम लेखक जी. शंकर कुरूप हैं। 2019 का 55वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रख्यात मलयाली कवि अक्कीतम अच्युतन नंबूदरी को प्राप्त हुआ।

455. हिन्दी के लिए अब तक प्राप्त ज्ञानपीठ पुरस्कार

(a) 8 (b) 9 (c) 10 (d) 11

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (d) प्रश्नकाल के दौरान (2016 तक) हिंदी भाषा के लिये 10 ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हो चुके थे। वर्ष 2017 के लिये यह पुरस्कार कृष्णा सोबती को प्रदान किया गया, जो हिंदी का 11वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार है। हिंदी का प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार 1968 में पंत जी की 'चिदंम्बरा' को मिला। महादेवी वर्मा हिंदी की पहली कवयित्री हैं, जिन्हें 1982 में उनकी कृति 'यामा' के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ।

456. इनमें से ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता नहीं हैं

(a) नरेश मेहता (b) कुँवर नारायण
(c) कमलेश्वर (d) दिनकर

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016, UPSI, 2016

उत्तर : (c) प्रश्नगत लेखकों में से 'कमलेश्वर' को अभी तक ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है। हिंदी भाषा में प्राप्त ज्ञानपीठ पुरस्कारों का विवरण निम्न है–

वर्ष	रचनाकार	रचना
1968	सुमित्रानन्दन पंत	चिदम्बरा
1972	रामधारी सिंह 'दिनकर'	उर्वशी
1978	अज्ञेय	कितनी नावों में कितनी बार
1982	महादेवी वर्मा	यामा
1992	नरेश मेहता	(सम्पूर्ण साहित्य)
1999	निर्मल वर्मा	(सम्पूर्ण साहित्य)
2005	कुँवर नारायण	(सम्पूर्ण साहित्य)
2009	अमरकांत व श्रीलाल शुक्ल को संयुक्त रूप से	(सम्पूर्ण साहित्य)
2013	केदारनाथ सिंह	(सम्पूर्ण साहित्य)
2017	कृष्णा सोबती	(सम्पूर्ण साहित्य)

457. किस भाषा के लिए सन 1995 में साहित्यकार एम.टी. वासुदेव नायर को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) मलयालम (b) तमिल
(c) उर्दू (d) कन्नड़

UPSI Batch - III 20 Dec.2017

उत्तर : (a) 'मलयालम' भाषा के लिए सन् 1995 में साहित्यकार 'एम.टी. वासुदेव नायर 'को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता जी. शंकर कुरुप (1965ई.) थे जिन्हें उनकी कृति 'ओटक्कुष़ल' (मलयालम) के लिए मिला था। वर्ष 2017 का ज्ञानपीठ पुरस्कार कृष्णा सोबती को हिन्दी साहित्य के लिए तथा 2018 का 54वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार अंग्रेजी साहित्यकार अमिताभ घोष को दिया गया।

458. इनमें से कौन-सी रचना ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित नहीं है?

(a) यामा (b) चिदम्बरा
(c) बुनी हुई रस्सी (d) उर्वशी

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (c) प्रश्नगत कृतियों में 'बुनी हुई रस्सी' ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित नहीं है। यह भवानी प्रसाद मिश्र की कविता है। जबकि चिदम्बरा (सुमित्रानन्दन पंत) को 1968 ई. में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह हिन्दी साहित्य में प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार था। उर्वशी (रामधारी सिंह 'दिनकर') को 1972 ई. में तथा 'यामा' (महादेवी वर्मा) को 1982 ई. में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। महादेवी वर्मा ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला थीं।

459. 1982 में किसे 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) बंकिमचन्द्र चटर्जी
(c) मनीषा कुलश्रेष्ठ
(d) महादेवी वर्मा

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) 1982 ई0 में महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी रचना 'यामा' के लिए दिया गया। प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार सन् 1965 ई. में जी. शंकर कुरुप को 'ओटक्कुषल' (मलयालम) के लिए दिया गया था।

460. महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस कृति पर मिला है?

(a) दीपशिखा (b) नीरजा
(c) यामा (d) शृंखला की कड़ियाँ

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI 16/11/2021 (Shift-III)
UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift
UPSI Batch I[st] 12-Dec-2017
UPSI Batch –II 22 Dec. 2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) महादेवी वर्मा को उनकी रचना 'यामा' के लिए सन् 1982 ई. में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। इन्हें 'आधुनिक युग की मीरा' के उपनाम से भी जाना जाता है। महादेवी वर्मा ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली हिन्दी की प्रथम महिला साहित्यकार हैं। इनकी अन्य महत्त्वपूर्ण रचनाएँ हैं– नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तपर्णा, पथ के साथी, मेरा परिवार, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ आदि।

(ii) साहित्य अकादमी

461. अरुण कमल को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) अपनी केवल धार (b) सबूत
(c) पुतली में संसार (d) नये इलाके में

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : अरुण कमल को वर्ष 1998 में उनके कविता -संग्रह 'नये इलाके में' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं- सबूत, पुतली में संसार, कविता और समय, गोलमेज, अपनी केवल धार आदि।

462. किस कृति के लिए निर्मल वर्मा को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) लाल टीन की छत (b) रात का रिपोर्टर
(c) कव्वे और काला पानी (d) परिंदे

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : 1985 ई. में निर्मल वर्मा को 'कव्वे और काला पानी' कहानी के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

463. कैलाश वाजपेयी कृत 'हवा में हस्ताक्षर' के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(b) मूर्तिदेवी पुरस्कार
(c) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(d) व्यास सम्मान

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा -2015
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (a) कैलाश वाजपेयी को उनके द्वारा रचित काव्य रचना- 'हवा में हस्ताक्षर' लिखने पर उनको सन् 2009 का 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

464. 'अमृत और विष' कृति के लिए किन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(a) नरेश मेहता को (b) शमशेर बहादुर सिंह को
(c) धर्मवीर भारती को (d) अमृतलाल नागर को

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (d) अमृत लाल नागर को 'अमृत और विष' उपन्यास के लिए 1967 ई. साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया। इनके अन्य उपन्यास हैं- महाकाल, सेठ बाँकेलाल, बूँद और समुद्र, शतरंज के मोहरे, सुहाग के नुपूर, सात घूँघट वाला मुखड़ा, एकदा नैमिषारण्ये, मानस का हंस, नाच्यौ बहुत गोपाल, खंजन नयन, बिखरे तिनके, अग्निगर्भा, करवट, पीढ़ियाँ आदि।

465. किस कृति के लिए मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) कौन हूँ मैं (b) कपीश जी
(c) क्याप (d) वधस्थल

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'क्याप' 'मनोहर श्याम जोशी' द्वारा रचित उपन्यास है। इस रचना के लिए 2005 ई. में इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

466. गोविंद मिश्र कृत 'कोहरे में कैद रंग' उपन्यास के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) साहित्य अकादमी पुस्कार (b) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(c) मूर्तिदेवी पुरस्कार (d) व्यास सम्मान

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (a) गोविंद मिश्र को 'कोहरे में कैद रंग' (2004 ई.) उपन्यास के लिए 2008 ई. का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया था। इनकी अन्य रचनाएँ हैं- वह अपना चेहरा, उतरती हुई धूप, लाल पीली जमीन, हुजूर दरबार, तुम्हारी रोशनी में, धीर समीरें, पाँच आंगनों वाला घर, फूल इमारतें और बंदर, धूल पौधों पर इत्यादि।

467. गिरिजाकुमार माथुर कृत 'मै वक्त के हूँ सामने' के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(a) व्यास सम्मान (b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) ज्ञानपीठ (d) मूर्तिदेवी पुरस्कार

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : गिरिजाकुमार माथुर की रचना 'मैं वक्त के हूँ सामने' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार (1991 ई.) दिया गया। इनकी अन्य रचनाएँ- नाश और निर्माण, शिलापंख चमकीले, जो बँध नहीं सका, धूप के धान, मंजीर, पृथ्वीकल्प इत्यादि।

468. चित्रा मुद्गल को उनकी किस कृति के लिए 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से पुरस्कृत किया गया?

(a) एक जमीन अपनी (b) आँवाँ
(c) पोस्ट बॉक्स नंबर 203-नालासोपारा
(d) गिलगडु

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'चित्र मुद्गल' को उनकी कृति 'पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नालासोपारा' के लिए वर्ष 2018 में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2020 में 'अनामिका' को उनकी रचना 'टोकरी में दिगंत : थेरी गाथा' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया।

@RexstarPdf

469. कृष्णा सोबती को साहित्य अकादमी पुरस्कार उनकी किस कृति पर दिया गया?

(a) दिलोदानिश 1993 ई.
(b) समय सरगम 2000 ई.
(c) जिंदगीनामा 1979 ई.
(d) सूरजमुखी अंधेरे में 1958 ई.

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : कृष्णा सोबती को साहित्य अकादमी पुरस्कार सन् 1980ई. में उनकी कृति 'जिंदगीनामा' के लिए दिया गया। इनकी अन्य रचनाएं हैं-बादलों के घेरे, मित्रों मरजानी, यारों के यार, तीन पहाड़ आदि। वर्ष 2017 ई. में इन्हें समस्त साहित्यिक योगदान के लिए 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
नोट–कृष्णा सोबती को उनके उपन्यास 'जिंदगीनामा' पर वर्ष 1980 ई. में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ जबकि प्रश्न में 1979 ई. दिया गया है जो कि असंगत है वर्ष 1979 ई. में 'धूमिल' को मरणोपरांत 'कल सुनना मुझे' कविता पर साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया है।

470. केदारनाथ सिंह को उनकी किस पुस्तक पर 'साहित्य अकादमी' प्राप्त हुआ?

(a) ताल्स्ताय और साइकिल (b) अकाल में सारस
(c) जमीन पक रही है (d) यहाँ से देखो

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) 'अकाल में सारस' हिन्दी के विख्यात साहित्यकार केदारनाथ सिंह द्वारा रचित एक कविता-संग्रह है जिसके लिये उन्हें 1989 ई. में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

471. लीलाधर जगूड़ी को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) इस यात्रा में (b) नाटक जारी है
(c) अनुभव के आकाश में चाँद (d) रात अभी मौजूद है

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) लीलाधर जगूड़ी को उनकी प्रसिद्ध कृति 'अनुभव के आकाश में चाँद' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह सम्मान उन्हें सन् 1997 में दिया गया। इनकी प्रमुख रचनाएं- शंखमुखी शिखरों पर, बची हुई पृथ्वी, घबराए हुए शब्द, भय भी शक्ति देता है, महाकाव्य के बिना, खबर का मुँह विज्ञानपन से ढका है आदि।

472. सन् 2014 का 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार किसे मिला?

(a) रमेशचंद्र शाह (b) राजेश जोशी
(c) केदारनाथ सिंह (d) अमरकांत

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) सन् 2014 का साहित्य अकादमी पुरस्कार 'डॉ. रमेश चन्द्र शाह' को उनके द्वारा रचित उपन्यास 'विनायक' के लिए प्राप्त हुआ। डॉ. रमेशचन्द्र शाह हिंदी उपन्यासकार, नाटककार, निबंधकार तथा कुशल समालोचक हैं। इनकी अन्य रचनाएँ इस प्रकार हैं– गोबर गणेश, जंगल में आग, मुहल्ले का रावण, कछुए की पीठ पर, शैतान के बहाने, रचना के बदले आदि।

473. अज्ञेय कृत 'आँगन के पार द्वार' के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) ज्ञानपीठ पुरस्कार (b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) व्यास सम्मान (d) मूर्तिदेवी पुरस्कार

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) अज्ञेय कृत 'आँगन के पार द्वार' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार वर्ष 1964 ई. में दिया गया। इनके प्रमुख कविता संग्रह हैं– भग्नदूत, चिन्ता, इत्यलम्, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, इन्द्रधनुष रौंदे हुये ये, अरी ओ करुणा प्रभामय, कितनी नावों में कितनी बार, क्योंकि मैं उसे जानता हूँ, महावृक्ष के नीचे, नदी की बाँक छाया, आदि।

474. किस कृति के लिए गिरिराज किशोर को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) ढाई घर (b) अर्द्धनारीश्वर
(c) बेईमान (d) आवां

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a) 'ढाई घर' उपन्यास के लिए गिरिराज किशोर को साहित्य अकादमी पुरस्कार वर्ष 1992 ई. में दिया गया।
इनकी अन्य रचनाएँ–लोग, चिड़ियाघर, इंद्र सुने, दावेदार, तीसरी सत्ता, यथा प्रस्तावित, परिशिष्ट, अन्तर्ध्वंस, (सभी उपन्यास) नीम के फूल, चार मोती बेआब, पेपरवेट, शहर-दर-शहर (सभी कहानी), नरमेघ, प्रजा ही रहने दो, चेहरे-चेहरे किसके चेहरे, केवल मेरा नाम लो, (सभी नाटक) इत्यादि।

475. हिंदी में साहित्य अकादमी पुरस्कार सर्वप्रथम किस साहित्यकार को मिला था?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) भारत भूषण अग्रवाल
(c) राहुल सांस्कृत्यायन (d) माखन लाल चतुर्वेदी

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : हिंदी में साहित्य अकादमी पुरस्कार सर्वप्रथम माखनलाल चतुर्वेदी को मिला था। वर्ष 1955 ई. में माखनलाल चतुर्वेदी को 'हिमतरंगिनी' के लिए यह सम्मान दिया गया।
वर्ष 2021 ई. का साहित्य अकादमी पुरस्कार 'दया प्रकाश सिन्हा' को 'सम्राट अशोक' नाटक के लिए दिया गया है।

476. किस कृति के लिए अमरकांत को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) दीवार और आँगन (b) इन्हीं हथियारों से
(c) सूखा पत्ता (d) ग्राम सेविका

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'इन्हीं हथियारों से' कृति के लिए सन् 2007 में अमरकांत को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान हुआ। 1955 ई. में माखनलाल चतुर्वेदी को हिमतरंगिणी (काव्य) के लिए पहला साहित्य अकादमी प्राप्त हुआ था।

@RexstarPdf

477. साहित्य अकादमी की स्थापना कब हुई थी?

(a) 12 मार्च, 1954 (b) 4 मार्च, 1955
(c) 10 मार्च, 1956 (d) 10 मई, 1957

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : साहित्य अकादमी की स्थापना 12 मार्च, 1954 ई. को की गयी थी। प्रथम साहित्य अकादमी पुरस्कार वर्ष 1955 में माखन लाल चतुर्वेदी को उनकी रचना 'हिमतरंगिणी' के लिए दिया गया। वर्ष 2010 के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार (हिन्दी भाषा) उदय प्रकाश को उनके कहानी 'मोहनदास' के लिए दिया गया।

478. किस कृति के लिए अनामिका को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) पर कौन सुनेगा (b) टोकरी में दिगन्तः थेरीगाथा
(c) अवांतर कथा (d) दस द्वारे का पिंजरा

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (b) अनामिका को उनकी रचना 'टोकरी में दिगन्तः थेरीगाथा' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार-2020 दिया गया। वर्ष 2021 के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार 'दया प्रकाश सिन्हा' को 'सम्राट अशोक' (नाटक) के लिए दिया गया। अंग्रेजी साहित्य के लिए 'नमिता गोखले' की रचना (थिंग्स टू लीव बिहाइंड) को दिया गया।

479. 2019 का साहित्य अकादमी पुरस्कार इनमें से किसको दिया गया?

(a) पत्थर फेंक रहा हूं-चंद्रकांता देवताले
(b) रेहन पर रग्घू-काशीनाथ सिंह
(c) संशय आत्मा-ज्ञानेंद्रपति
(d) छीलते हुए अपने को-नंदकिशोर नवल

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : वर्ष 2019 का साहित्य अकादमी पुरस्कार 'आचार्य नन्दकिशोर नवल' को उनकी कविता 'छीलते हुए अपने को' के लिए प्रदान किया गया था।
चंद्रकांत देवताले को 'पत्थर फेंक रहा हूँ' के लिए वर्ष 2012 में तथा काशीनाथ सिंह को 'रेहन पर रग्घू' उपन्यास के लिए वर्ष 2011 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

480. केदारनाथ अग्रवाल को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) अपूर्वा (b) फूल नहीं रंग बोलते हैं।
(c) गुलमेहंदी (d) नींद के बादल

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : केदारनाथ अग्रवाल को कविता संग्रह 'अपूर्वा' के लिए सन् 1986 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– गुलमेंहदी, पंख और पतवार, आग का आइना, नींद के बादल आदि।

481. मंगलेश डबराल को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) पहाड़ पर (b) घर का रास्ता
(c) हम जो देखते हैं (d) नये युग में शत्रु

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : मंगलेश डबराल को सन् 2000 में उनकी सर्वश्रेष्ठ रचना 'हम जो देखते हैं' काव्य के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्हें एक प्रसिद्ध अनुवादक के रूप में जाना जाता है।

482. साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत रचना 'ताप के ताए हुए दिन' किसकी है?

(a) केदारनाथ अग्रवाल (b) शमशेर बहादुर सिंह
(c) त्रिलोचन (d) नागार्जुन

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : सन् 1981 में साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत रचना 'ताप के ताए हुए दिन' हिंदी के विख्यात साहित्यकार'त्रिलोचन' द्वारा रचित एक कविता-संग्रह है। त्रिलोचन जी आधुनिक हिंदी कविता के प्रगतिशील त्रयी के तीन स्तम्भों में से एक थे। इनकी अन्य प्रकाशित कृतियाँ इस प्रकार हैं-
गुलाब और बुलबुल, दिगंत, धरती, उस जनपद का कवि हूँ, मेरा घर, चैत्या, जीने की कला आदि।

483. सन् 2010 में साहित्य अकादमी पुरस्कार इनमें से किस रचनाकार को मिला है?

(a) गोविन्द मिश्र (b) कैलाश वाजपेयी
(c) काशीनाथ सिंह (d) उदय प्रकाश

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) वर्ष 2010 का साहित्य अकादमी पुरस्कार हिन्दी के लिए उदय प्रकाश को उनकी रचना 'मोहनदास' (कहानी) के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 2021 का साहित्य अकादमी पुरस्कार दया प्रकाश सिन्हा को उनके नाटक 'सम्राट अशोक' के लिए प्रदान किया गया।

484. हरिवंश राय बच्चन को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला?

(a) मुधशाला (b) दो चट्टानें
(c) मधुबाला (d) सतरंगिनी

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : हरिवंशराय बच्चन द्वारा लिखित दो चट्टानें पर साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया। हरिवंशराय बच्चन को 'हालावाद का प्रवर्तक' भी कहा जाता है।

485. भीष्म साहनी को साहित्य अकादमी किस रचना के लिए मिला?

(a) तमस (b) अरण्य
(c) मगध (d) नीला चाँद

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : भीष्म साहनी को तमस उपन्यास के लिए 1975 ई. का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। मगध–श्रीकांत वर्मा, अरण्या-नरेश मेहता, नीला चाँद–शिव प्रसाद सिंह की कृति है।

@RexstarPdf

486. किस वर्ष से लेखक और उनकी कृति के लिए 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' सम्मानित करना आरम्भ हुआ?

(a) 1955 (b) 1975 (c) 1945 (d) 1965

UPSI Batch - III 14 Dec.2017
UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर : (a) लेखक और उनकी कृति को सम्मानित करने के लिए 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' का प्रारम्भ **1955 ई0** से किया गया। सर्वप्रथम 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' **माखनलाल चतुर्वेदी** को उनके काव्य 'हिमतरंगिनी' के लिए दिया गया।

487. रामधारी सिंह 'दिनकर' को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला?

(a) कुरुक्षेत्र (b) उर्वशी
(c) संस्कृति के चार अध्याय (d) रश्मिरथी

UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift

उत्तर : (c) रामधारी सिंह 'दिनकर' को उनकी कृति 'संस्कृति के चार अध्याय' (भारतीय संस्कृति) के लिये वर्ष 1959 ई. में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। दिनकर जी की कुछ अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं– कुरुक्षेत्र, रेणुका, उर्वशी (इस काव्य संग्रह के लिए 1972 में ज्ञानपीठ पुरस्कार), रश्मिरथी, द्वंद्वगीत आदि।

488. जिस कृति के लिए कवि नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला वह किस भाषा में रचित है?

(a) संस्कृत (b) प्राकृत
(c) हिन्दी (d) मैथिली

UPSI Batch - II 22 Dec.2017
UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर: (d) कवि नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार 1968 में उनकी कविता संग्रह 'पत्रहीन नग्न–गाछ' के लिये प्रदान किया गया। जो कि **मैथिली** भाषा में रचित है।

489. 'आग की हँसी' उपन्यास के लिये किस साहित्यकार को सन् 2015 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) राजेन्द्र यादव (b) केदारनाथ अग्रवाल
(c) रामदरश मिश्र (d) रुस्तम सिंह

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (c) : 'आग की हँसी' (काव्य) के लिए **रामदरश मिश्र** को 2015 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्न में 'आग की हँसी' को उपन्यास बताया गया है जो कि असंगत है।

490. वरिष्ठ साहित्यकार काशीनाथ सिंह को उनकी कृति 'रेहन पर रग्घू' के लिए किस सम्मान से सम्मानित किया गया?

(a) साहित्य अकादमी (b) कथा सम्मान
(c) राजभाषा सम्मान (d) शरद जोशी

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर: (a) वरिष्ठ साहित्यकार काशीनाथ सिंह को उनकी कृति 'रेहन पर रग्घू' (उपन्यास) के लिए 2011 में **साहित्य अकादमी** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

491. हिन्दी साहित्य अकादमी से पुरस्कृत रचना 'कल सुनना मुझे' किसकी कृति है?

(a) धूमिल (b) श्री लाल शुक्ल
(c) भीष्म साहनी (d) यशपाल

UPSI Batch - II 19 Dec.2017

उत्तर : (a) हिन्दी साहित्य अकादमी से पुरस्कृत रचना 'कल सुनना मुझे' विख्यात साहित्यकार सुदामा पाण्डेय **धूमिल** द्वारा रचित काव्य संग्रह है। इस कृति को कृतिकार के मरणोपरान्त **1979 ई.** में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

492. 'कला और बूढ़ा चाँद' के लिए सुमित्रानंदन पंत को किस साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया?

(a) ज्ञानपीठ पुरस्कार (b) व्यास सम्मान
(c) मंगला प्रसाद पारितोषिक
(d) हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' कहे जाने वाले सुमित्रानन्दन पंत जी को 1960 ई. में 'कला और बूढ़ा चाँद' काव्य पर 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' मिला था। इन्हें 1968 में 'चिदम्बरा' पर 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' प्राप्त हुआ। सुमित्रानन्दन पंत छायावादी चतुष्ट्य कवियों में से एक हैं। इनकी प्रमुख रचनाएँ इस प्रकार हैं–
1. गिरजे का घंटा, 2. उच्छ्वास, 3. ग्रंथि, 4. वीणा, 5, पल्लव, 6. गुंजन, 7. युगांत, 8. युगवाणी, 9. ग्राम्या, 10. स्वर्ण किरण, 11. स्वर्ण धूलि, 12 युगपथ आदि।

493. निम्न में से कौन सी कृति सन् 1963 में साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता 'अमृत राय' की है?

(a) निराला की साहित्य साधना
(b) प्रेमचंद : कलम का सिपाही
(c) मुक्तिबोध
(d) रागदरबारी

UPSI Batch - I 15 Dec.2017

उत्तर: (b) सन् 1963ई0 में 'अमृत राय' को उनकी कृति प्रेमचन्द : कलम का सिपाही (जीवनी) के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया। 1966 ई. में जैनेन्द्र कुमार को उनके उपन्यास 'मुक्तिबोध' के लिए, 1969 ई. में श्रीलाल शुक्ल को उनके उपन्यास 'रागदरबारी' के लिए तथा 1970 में रामविलास शर्मा को उनकी कृति 'निराला की साहित्य साधना' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

494. सन् 1973 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त 'आलोक पर्व' किसकी रचना है?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) भीष्म साहनी
(c) भवानी प्रसाद मिश्र (d) शिवमंगल सिंह सुमन

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (a) 1973 ई0 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त 'आलोक पर्व' **हजारी प्रसाद द्विवेदी** का निबन्ध है। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– नाखून क्यों बढ़ते हैं, अशोक के फूल आदि। 1972 में 'बुनी हुई रस्सी' के लिए भवानी प्रसाद मिश्र को, 1974 ई. में 'मिट्टी की बारात' (काव्य) के लिए शिवमंगल सिंह 'सुमन' को तथा 1975 में 'तमस' (उपन्यास) के लिए भीष्म साहनी को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

495. 'अलका सरावगी' को किस रचना के लिए हिन्दी साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिला?

(a) यारों के यार (b) एक लड़की
(c) कलिकथा : वाया बाईपास (d) कितना बड़ा झूठ

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (c) अलका सरावगी को सन् 2001 में **कलि कथाः वाया बाईपास** उपन्यास पर हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। इनकी अन्य रचनाएँ हैं–शेष कादम्बरी, कोई बात नहीं, एक ब्रेक के बाद आदि।

496. सन् 2014 के साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता उपन्यासकार रमेशचंद्र शाह के उपन्यास का नाम क्या है?

(a) आग की हँसी (b) रेहन पर रग्घु
(c) विनायक (d) मिलजुल मन

UPSI Batch - I 13 Dec. 2017

उत्तर : (c) रमेशचंद्र शाह को उनके उपन्यास **विनायक** के लिए वर्ष 2014 ई. का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया। 'आग की हँसी' रामदरश मिश्र की, 'रेहन पर रग्घू' काशीनाथ सिंह की तथा 'मिलजुल मन' मृदुला गर्ग की रचनाएँ हैं, जिन्हें क्रमशः 2015, 2011 तथा 2013 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

497. 'मुक्तिबोध' के लिए जैनेन्द्र कुमार को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) सरस्वती पुरस्कार
(b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(d) मंगला प्रसाद परितोषिक

UPSI Batch - III 12 Dec. 2017

उत्तर : (b) 'मुक्तिबोध' उपन्यास के लिए जैनेन्द्र कुमार को **साहित्य अकादमी पुरस्कार** (1966 ई.) से सम्मानित किया गया।

498. मृदुला गर्ग के उपन्यास 'मिलजुल मन' को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(a) देव पुरस्कार (b) व्यास सम्मान
(c) ज्ञानपीठ
(d) साहित्य अकादमी पुरस्कार

UPSI Batch - I 12 Dec. 2017

उत्तर. (d) : मृदुला गर्ग के उपन्यास 'मिलजुल मन' को 2013 ई0 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मृदुला गर्ग के उपन्यास हैं– मैं और मैं, वंशज, चित्तकोबरा, कठगुलाब इत्यादि।

499. सन् 1974 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त शिवमंगल सिंह सुमन की रचना 'मिट्टी की बारात' किस विधा की कृति है?

(a) नाटक (b) काव्य
(c) उपन्यास (d) कथा

UPSI Batch - III 13 Dec. 2017

उत्तर : (b) 1974 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त शिवमंगल सिंह सुमन की रचना 'मिट्टी की बारात' **काव्य विधा** से सम्बन्धित है। इनकी अन्य रचनाएँ हैं– हिल्लोल, जीवन के गान, युग का मोल, सृजन, वाणी की व्यथा आदि।

500. साहित्य अकादमी द्वारा 2016 में नासिरा शर्मा को किस उपन्यास के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया?

(a) कागज़ की नाव (b) अक्षयवट
(c) अजनबी जज़ीरा (d) पारिजात

UPSI Batch - I 16 Dec. 2017

उत्तर : (d) सन् 2016 में नासिरा शर्मा को उनके उपन्यास **पारिजात** के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। इनके अन्य उपन्यास– शाल्मली, जिन्दा मुहावरे, सात नदियाँ एक समुन्दर आदि हैं।

501. निम्नलिखित में से किसको 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला?

(a) नामवर सिंह (b) प्रेमचन्द
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : दिए गए विकल्पों में नामवर सिंह को वर्ष 1971 में 'कविता के नए प्रतिमान (समालोचना) के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में की गयी रचनाओं के लिए प्रदान किया जाता है।

502. साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त 'निराला की साहित्य साधना' किसकी कृति है?

(a) राम विलास शर्मा (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) नामवर सिंह (d) भवानी प्रसाद मिश्र

UPSI Batch - III 19 Dec. 2017

उत्तर. (a) : 1970 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त 'निराला की साहित्य साधना' रामविलास शर्मा की कृति है। यह सूर्यकांत त्रिपाठी जी की जीवनी है। इनकी अन्य कृतियाँ हैं– भाषा और समाज, नयी कविता और अस्तित्ववाद, प्रेमचंद और उनका युग, प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ, प्रगति और परम्परा इत्यादि।

503. श्रीलाल शुक्ल को किस पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।

(a) राग दरबारी (b) मुक्तिबोध
(c) रस भूषण (d) छन्द विलास

[UPSI 17.07.2017 Shift II]

@RexstarPdf

उत्तर. (a): श्रीलाल शुक्ल को 'रागदरबारी'उपन्यास के लिए 1969 ई0 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीलाल शुक्ल के प्रमुख उपन्यास हैं– सूनी घाटी का सूरज, अज्ञातवास इत्यादि।

504. माखनलाल चतुर्वेदी को किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(a) हिमतरंगिनी (b) रश्मिरथी
(c) मधुशाला (d) हिमकिरीटिनी

[UPSI 17.07.2017 Sift II]
UPSI Batch - III 20 Dec. 2017

उत्तर. (a) : माखनलाल चतुर्वेदी को 1955 ई0 में 'हिमतरंगिनी' पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। जबकि 1943 ई0 में उनकी रचना हिमकिरीटिनी पर उन्हें हिन्दी साहित्य का सबसे बड़ा पुरस्कार 'देव पुरस्कार' प्राप्त हुआ था। रश्मिरथी–रामधारी सिंह दिनकर की एवं मधुशाला–हरिवंश राय बच्चन की रचना है।

(iii) व्यास

505. इनमें से किस पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त नहीं हुआ है?

(a) अल्मा कबूतरी (b) कठगुलाब
(c) आलोचना का पक्ष (d) पहला गिरमिटिया

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) 'अल्मा कबूतरी' पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त नहीं हुआ है।

रचना	लेखक	व्यास सम्मान वर्ष
कठगुलाब	- मृदुला गर्ग	- 2004
आलोचना का पक्ष	- रमेश चन्द्र शाह	- 2001
पहला गिरमिटिया	- गिरिराज किशोर	- 2000

506. 'फिर भी कुछ रह जाएगा' काव्य-कृति के लिए किन्हें, कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) कैलाश वाजपेयी को साहित्य अकादमी पुरस्कार
(b) रामेंन्द्र मिर को व्यास सम्मान
(c) निर्मल वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार
(d) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी को व्यास सम्मान

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'फिर भी कुछ रह जाएगा' काव्य - कृति के लिए विश्वनाथ प्रसाद तिवारी को व्यास सम्मान दिया गया। ये गोरखपुर से 'दस्तावेज' नामक त्रैमासिक पत्रिका का संपादन करते थे। इनकी रचनाएँ - आखर अनंत, चीजों को देखकर, साथ चलते हुए, बेहतर दुनिया के लिए, मनुष्यता का दु:ख, मंजिल, प्रतिबद्धता, स्त्री की तीर्थ-यात्रा, पूँजी, मुझे संतोष है, भवसागर, कैसे लोग थे हम (सभी काव्य) इत्यादि हैं।

507. गिरिराज किशोर को उनकी किस रचना के लिये व्यास सम्मान प्राप्त हुआ?

(a) परिशिष्ट (b) लोग
(c) पहला गिरमिटिया (d) दो

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : गिरिराज किशोर को उनकी रचना ' पहला गिरमिटिया' (उपन्यास) के लिए सन् 2000 ई. में व्यास सम्मान प्राप्त हुआ। इनकी अन्य प्रमुख रचनाएँ हैं-
तीसरी सत्ता, यथा प्रस्तावित, परिशिष्ट, ढाई घर आदि। गिरिराज किशोर की प्रसिद्ध रचना 'पहला गिरमिटिया' गाँधी जी के दक्षिण अफ्रीका अनुभव पर आधारित उपन्यास है।

508. 'जितने लोग उतने प्रेम' रचना के लिए किन्हें व्यास सम्मान प्राप्त हुआ?

(a) लीलाधर जगूड़ी (b) राजेश जोशी
(c) मंगलेश डबराल (d) अरूण कमल

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : ' जितने लोग उतने प्रेम' कविता संग्रह के रचनाकार लीलाधर जगूड़ी को वर्ष 2018 में 28 वाँ व्यास सम्मान प्राप्त हुआ। इनकी अन्य रचनाएँ हैं- नाटक जारी है, भय भी शक्ति देता है, अनुभव के आकाश में चाँद, ईश्वर की अध्यक्षता में, खबर का मुँह विज्ञापन से ढ़का है आदि।

509. ममता कालिया को 'दुक्खम सुक्खम' उपन्यास के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(a) ज्ञानपीठ पुरस्कार (b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) व्यास सम्मान (d) मूर्तिदेवी पुरस्कार

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : ममता कालिया को 'दुक्खम सुक्खम' उपन्यास के लिए व्यास सम्मान (2017) प्राप्त हुआ। ममता कालिया के प्रमुख उपन्यास हैं– बेघर, नरक दर नरक, लड़कियाँ, एक पत्नी के नोट्स आदि।

510. हिंदी साहित्य के लिए प्रथम व्यास सम्मान किन्हें प्राप्त हुआ?

(a) रामचंद्र शुक्ल
(b) धर्मवीर भारती
(c) शिवप्रसाद सिंह
(d) रामविलास शर्मा

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : हिंदी साहित्य के लिए प्रथम व्यास सम्मान 'रामविलास शर्मा' को उनकी कृति 'भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिंदी' के लिए वर्ष 1991 ई. में प्रदान किया गया।

511. इनमें से किस पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ था?

(a) व्योमकेश दरवेश
(b) अनामदास का पोथा
(c) कामायनी
(d) मधुशाला

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) विश्वनाथ त्रिपाठी द्वारा रचित 'व्योमकेश दरवेश' को वर्ष 2013 में व्यास सम्मान प्राप्त हुआ। यह पुस्तक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी की जीवनी के रूप में रचित है। दिये गये अन्य रचनाओं के विवरण इस प्रकार हैं-

अनामदास का पोथा	-	आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
कामायनी	-	जयशंकर प्रसाद
मधुशाला	-	हरिवंशराय बच्चन

512. इनमें से किस पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ था?

(a) आत्मजयी (b) कामायनी
(c) गुनाहों का देवता (d) गोदान

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'आत्मजयी' रचना को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ था। 'आत्मजयी' 'कुँवर नारायण' की काव्य रचना है। कुँवर नारायण को व्यास सम्मान के अतिरिक्त ज्ञानपीठ पुरस्कार (2005), साहित्य अकादमी पुरस्कार (1995) एवं 2009 में पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

513. 'कथा सतीसर' उपन्यास के लिए किन्हें व्यास सम्मान प्राप्त हुआ?

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) मृदुला गर्ग
(c) मन्नू भंडारी (d) चन्द्रकांता

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'कथा सतीसर' उपन्यास के लिए सन् 2005 ई. में चंद्रकांता को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ।

514. 'आम के पत्ते' किसकी रचना है, जिसके रचनाकार को 'व्यास सम्मान' भी मिला?

(a) मृदुला गर्ग (b) विश्वनाथ तिवारी
(c) रामदरश मिश्र (d) कृष्णा सोबती

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'आम के पत्ते' रचना के लिए 'रामदरश मिश्र' को 2011 में व्यास सम्मान दिया गया। इनकी प्रमुख रचनाएँ- पानी के प्राचीर, जल टूटता हुआ (दोनों उपन्यास), खाली घर, पक गई है धूप, कंधे पर सूरज, बारिश में भीगते बच्चे (काव्य संग्रह) हैं।

515. व्यास सम्मान प्राप्त शिव प्रसाद सिंह की कृति 'नीला चाँद' किस विधा की रचना है?

(a) उपन्यास (b) महाकाव्य
(c) आत्मकथा (d) नाटक

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (a) : वर्ष 1992 में व्यास सम्मान प्राप्त शिव प्रसाद सिंह की कृति 'नीला चाँद' एक उपन्यास विधा की रचना है। यह इतिहास का एक जीवंत दस्तावेज है।

516. श्रीलाल शुक्ल को उनकी किस कृति पर व्यास सम्मान प्रदान किया गया?

(a) आदमी (b) सीमाएँ टूटती हैं
(c) अज्ञातवास (d) विश्रामपुर का संत

UPSI Batch - III 21 Dec.2017

उत्तर. (d) : श्रीलाल शुक्ल को उनके उपन्यास विश्रामपुर का संत के लिए 1999 ई. में 'व्यास सम्मान' दिया गया। श्रीलाल शुक्ल जी की अन्य प्रमुख रचनाएँ निम्नलिखित हैं– सूनी घाटी का सूरज, अज्ञातवास, राग दरबारी, आदमी का जहर, मकान, पहला पड़ाव आदि।

517. 'व्यास' पुरस्कार से सम्मानित उपन्यास 'ना भूतो ना भविष्यति' किस लेखक की रचना है?

(a) कुँवर नारायण (b) रामदरश मिश्र
(c) नरेन्द्र कोहली (d) नरेश मेहता

UPSI Batch - II 13 Dec.2017, 22 Dec.2017

उत्तर : (c) 'ना भूतो ना भविष्यति' उपन्यास के लेखक नरेन्द्र कोहली हैं, इनको इस उपन्यास पर वर्ष 2012 में व्यास सम्मान से सम्मानित किया गया। कुँवर नारायण के काव्य 'आत्मजयी' को 1995 ई. में तथा रामदश मिश्र के काव्य 'आम के पत्ते' को 2011 ई. में व्यास सम्मान प्रदान किया गया।

(iv) अन्य

518. 'भाषा सम्मान' और 'बाल साहित्य सम्मान' किस संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है?

(a) मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी
(b) राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी
(c) साहित्य अकादमी
(d) भारतीय ज्ञानपीठ

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'भाषा सम्मान' और 'बाल साहित्य सम्मान' साहित्य अकादमी संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है। साहित्य अकादमी संस्था की स्थापना 1954 ई. में की गयी। इसके द्वारा प्रदत्त अन्य साहित्यिक सम्मान- युवा पुरस्कार, प्रेमचन्द फैलोशिप, अनुवाद पुरस्कार, साहित्य अकादमी फैलोशिप तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार दिये जाते हैं।

519. 'गणेशशंकर विद्यार्थी पुरस्कार' किस क्षेत्र में कार्य करने वालों को दिया जाता है?

(a) विज्ञान (b) शिक्षा
(c) समाज-सेवा (d) पत्रकारिता

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : गणेशशंकर विद्यार्थी पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य तथा विशिष्ट योगदान देने वालों को दिया जाता है। यह सम्मान 'केन्द्रीय हिंदी संस्थान' आगरा द्वारा प्रदान किया जाता है। यह सम्मान वर्ष 1989 ई. से प्रदान किया जा रहा है। प्रथम बार धर्मवीर भारती को यह सम्मान दिया गया।

@RexstarPdf

520. श्रीलाल शुक्ल को किस उपन्यास के लिए कई सारे पुरस्कार प्राप्त हुए?

(a) विश्रामपुर का संत (b) सूनी घाटी का सूरज
(c) अज्ञातवास (d) राग दरबारी

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : श्रीलाल शुक्ल को 'राग दरबारी' (1968 ई.) के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए।

521. 'भारत-भारती पुरस्कार–2014' किस साहित्यकार को मिला?

(a) शिवप्रसाद सिंह (b) ओम थानवी
(c) केदारनाथ सिंह (d) काशीनाथ सिंह

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : भारत-भारती पुरस्कार उत्तर-प्रदेश हिंदी संस्थान का प्रतिष्ठित व सर्वोच्च पुरस्कार है। भारत-भारती पुरस्कार-2014 हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार 'काशीनाथ सिंह' को उनके उत्कृष्ट साहित्य योगदान के लिए प्रदान किया गया।

522. मैथिलीशरण गुप्त को किस कृति पर मंगला प्रसाद पारितोषिक प्राप्त हुआ?

(a) भारत भारती (b) साकेत
(c) पंचवटी (d) यशोधरा

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch-I 14-Dec-2017

उत्तर : (b) : मैथिलीशरण गुप्त को 'साकेत' नामक महाकाव्य की रचना के लिए सन् 1932 में मंगला प्रसाद पारितोषिक प्राप्त हुआ। भारत-भारती, पंचवटी, यशोधरा, जयद्रथ वध, द्वापर, झंकार, जयभारत आदि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

523. हिंदी के किस रचनाकार को प्रथम भारत-भारती सम्मान मिला?

(a) अज्ञेय (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) महादेवी वर्मा (d) हरिवंश राय बच्चन

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch -I 15 Dec. 2017

उत्तर: (c) प्रथम भारत-भारती सम्मान छायावादी युग की प्रसिद्ध कवयित्री 'महादेवी वर्मा' को सन् 1982 में प्रदान किया गया। यह सम्मान उत्तर-प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ के माध्यम से साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। महादेवी वर्मा की प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार हैं- नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, यामा अतीत के चलचित्र, गिल्लू आदि।

524. 'मूर्ति देवी पुरस्कार' किस संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है?

(a) साहित्य अकादमी (b) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान
(c) दिल्ली हिन्दी अकादमी (d) भारतीय ज्ञानपीठ

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (d) 'मूर्ति देवी पुरस्कार' भारतीय ज्ञानपीठ संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है। इसी संस्था से ज्ञानपीठ पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 1982 में हुई। प्रथम पुरस्कार वर्ष 1983 में सी.के. नागराज राव को दिया गया। वर्ष 2019 में विश्वनाथ तिवारी को 33वां मूर्तिदेवी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनकी कृति 'अस्ति व भवति' के लिए दिया गया।

525. हिंदी के किस रचनाकार को प्रथम सरस्वती सम्मान मिला?

(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) महादेवी वर्मा
(c) हरिवंश राय बच्चन (d) अज्ञेय

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : सरस्वती सम्मान का आंरभ वर्ष 1991 ई. में किया गया था। पहला सरस्वती सम्मान हिन्दी के साहित्यकार डा0 हरिवंश राय बच्चन को उनकी चार खंडों की आत्मकथा दशद्वार सोपान तक के लिए दिया गया था।

526. सत्रहवें 'रमाकांत स्मृति कहानी पुरस्कार' से किसे सम्मानित किया गया था?

(a) चित्रा मुद्गल (b) असगर वजाहत
(c) इंद्रा डांगी (d) मनोज कुमार पाण्डेय

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) सत्रहवें 'रमाकान्त स्मृति कहानी' पुरस्कार से इंद्रा डांगी को सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनकी कहानी 'शुक्रिया इमरान साहब' के लिए मिला है।

527. सन् 2001 में कथाकार संजीव को उनकी किस रचना के लिए 'इंदु शर्मा अंतर्राष्ट्रीय कथा सम्मान, लंदन' दिया गया?

(a) सात समंदर पार (b) डायन
(c) जंगल जहाँ शुरू होता है (d) ऑपरेशन जोना की

UPSI Batch - II 12 Dec.2017

उत्तर : (c) सन् 2001 में कथाकार संजीव को उनकी कृति 'जंगल जहाँ शुरू होता है' के लिए 'इन्दु शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय कथा सम्मान, लन्दन' दिया गया। इस उपन्यास में आदिवासी जीवन की विषमताओं व विडम्बनाओं का चित्रण किया गया है।

528. जैनेन्द्र कुमार की किस रचना को हिन्दुस्तानी अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(a) कल्याणी (b) त्यागपत्र
(c) सुनीता (d) परख

UPSI Batch - III 15 Dec. 2017

उत्तर. (d) जैनेन्द्र कुमार के **परख** उपन्यास को 1929 में हिन्दुस्तानी अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। ये एक मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकार हैं। इनके उपन्यासों का मूल विषय काम-पीड़ा एवं अहं का समर्पण है। जैनेन्द्र के उपन्यास निम्न हैं-
परख, सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी, सुखदा, विवर्त, व्यतीत, जयवर्द्धन, मुक्तिबोध, अनामस्वामी आदि।

@RexstarPdf

529. 'लोकायतन' कृति के लिए 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' किसे दिया गया था?

(a) सुमित्रानंदन पंत (b) गोविन्द मिश्र
(c) केदारनाथ (d) रामविलास शर्मा

UPSI Batch - II 20 Dec.2017
UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर. (a) : 'लोकायतन' कृति के लिए **सुमित्रानंदन पंत** को 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' दिया गया था।

530. 'प्रेम में भगवान' रचना के लिए जैनेन्द्र को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(a) व्यास सम्मान
(b) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार
(c) सरस्वती सम्मान
(d) देव पुरस्कार

UPSI Batch - II 20 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'प्रेम में भगवान' (कहानी संग्रह) के लिए जैनेन्द्र को 'भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार' प्रदान किया गया था।

531. हिंदी अकादमी का ''शलाका पुरस्कार'' सबसे पहले किसे दिया गया?

(a) तुलसीदास जी (b) श्री विष्णु प्रभाकर
(c) डॉ. रामविलास शर्मा (d) रामचंद्र शुक्ल

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : डॉ0 रामविलास शर्मा को 1986–87 में हिन्दी अकादमी का 'शलाका पुरस्कार' सर्वप्रथम प्रदान किया गया था। जबकि 2016–17 में मैनेजर पाण्डेय को तथा 2017–18 में जावेद अख्तर को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

532. सन् 2006 में 'सार्क लिटरेरी अवार्ड' और सन् 2003 में 'सरोजनी नायडू पुरस्कार से पुरस्कृत होने वाली महिला लेखिका कौन सी हैं?

(a) मनीषा कुलश्रेष्ठ। (b) नमिता सिंह
(c) उषा प्रियवंदा (d) मैत्रेयी पुष्पा

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (d) : सन् 2006 में **सार्क लिटरेरी अवार्ड** और 2003 में 'सरोजनी नायडू पुरस्कार' से पुरस्कृत होने वाली महिला लेखिका 'मैत्रेयी पुष्पा' हैं।

533. महादेवी वर्मा को 'नीरजा' के लिये कौन सा पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

(a) ज्ञानपीठ (b) सक्सेरिया पुरस्कार
(c) द्विवेदी पदक (d) भारत भारती

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(b) महादेवी वर्मा को 'नीरजा' काव्य के लिए सन् 1934 ई. में **सक्सेरिया पुरस्कार** दिया गया जबकि 'यामा' काव्य संग्रह के लिए इन्हें 1982 ई. में 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

534. सन 2013 में 'धूल पौधों पर' के लिए गोविंद मिश्र को किस पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था।

(a) देव पुरस्कार (b) सरस्वती पुरस्कार
(c) व्यास सम्मान
(d) सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (b) सन् 2013 में 'धूल पौधों पर' के लिए गोविन्द मिश्र को **सरस्वती पुरस्कार** से पुरस्कृत किया गया और इन्हें वर्ष 1998 ई. में 'पाँच आँगनों वाला घर' के लिए व्यास सम्मान तथा वर्ष 2008 में 'कोहरे में कैद रंग' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

535. 'भारत रत्न' विभूषित कवि कौन से हैं?

(a) सुभद्रा कुमारी चौहान (b) गुलजार
(c) प्रदीप (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से भारत रत्न से किसी को विभूषित नहीं किया गया है।

536. 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम संपादक का नाम क्या है?

(a) बालकृष्ण भट्ट (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) प्रताप नारायण मिश्र (d) श्यामसुंदर दास

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (d): 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम संपादक **श्यामसुंदर दास** थे। अन्य पत्रिका व संपादक इस प्रकार हैं–

संपादक	पत्रिका	वर्ष
श्यामसुंदर दास	सरस्वती	1900-1902 ई.
महावीर प्रसाद द्विवेदी	सरस्वती	1903 ई.
बालकृष्ण भट्ट	हिन्दी प्रदीप	1877 ई.
प्रताप नारायण मिश्र	ब्राह्मण	1883 ई.

(vi) पत्र-पत्रिका

537. हिंदी का पहला समाचार-पत्र कौन सा है?

(a) अभ्युदय (b) बंगदूत
(c) हिंदी प्रदीप (d) उदन्त मार्तंड

UP TET - 2021
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
[UKPSC AE 2017]
[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (d) : उदन्त मार्तंड हिंदी का प्रथम समाचार पत्र था। इसका प्रकाशन 30 मई 1826 ई. में कलकत्ता से एक 'साप्तहिक पत्र' के रूप में शुरू हुआ था। इसके संपादक 'श्री जुगलकिशोर शुक्ल' थे। अन्य पत्र व संपादक हैं–

समाचार - पत्र	वर्ष	संपादक
अभ्युदय (साप्ताहिक)	1907	मदनमोहन मालवीय
बंगदूत (साप्ताहिक)	1829	राजाराममोहन राय
हिंदी प्रदीप (मासिक)	1877	बालकृष्ण भट्ट

@RexstarPdf

538. हिंदी की प्रमुख पत्रिका 'धर्मयुग' के सम्पादक निम्न में से कौन थे?

(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी (b) कमलेश्वर
(c) धर्मवीर भारती (d) प्रेमचंद

UPSI Batch - III 15 Dec.2017

उत्तर. (c) 'धर्मयुग' पत्रिका का सम्पादन 1950 में **धर्मवीर भारती** ने किया था। यह एक साप्ताहिक पत्रिका थी, जो बम्बई से प्रकाशित होती थी जबकि 1956 में 'निकष' नाम की एक साप्ताहिक पत्रिका का संपादन धर्मवीर भारती ने इलाहाबाद से किया है।

539. भारतेन्दु हरिश्चंद्र द्वारा संपादित पत्रिका इनमें से एक नहीं है, पहचानिए।

(a) आनंद कादम्बिनी (b) हरिश्चंद्र मैगजीन
(c) बालाबोधिनी (d) कविवचन सुधा

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) आनंद कादम्बिनी यह मासिक पत्रिका मिर्जापुर से 1881ई. में **बदरीनारायण चौधरी** द्वारा प्रकाशित की गयी थी। भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पत्रिकाएँ– हरिश्चंद्र मैगजीन (1873), बालाबोधिनी (1874), कविवचन सुधा (1868)।

540. 'मर्यादा' किस युग की प्रसिद्ध पत्रिका थी?

(a) भारतेन्दु युग (b) छायावाद युग
(c) द्विवेदी युग (d) छायावादोत्तर युग

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'मर्यादा' **द्विवेदी युग** की प्रसिद्ध पत्रिका थी। यह पत्रिका कृष्णकान्त मालवीय ने सन् 1909 में प्रयाग से प्रकाशित की थी। यह एक मासिक पत्रिका थी।

541. 'आलोचना' पत्रिका का क्या स्वरूप है?

(a) अर्धवार्षिक (b) त्रैमासिक
(c) द्विमासिक (d) मासिक

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (b) 'आलोचना' पत्रिका का प्रकाशन एक त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका के रूप में अक्टूबर 1951 में आरंभ हुआ। इसके संस्थापक संपादक 'शिवदान सिंह चौहान' थे।

542. महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' के संपादक किस वर्ष बने?

(a) 1901 (b) 1902
(c) 1903 (d) 1904

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'सरस्वती' हिंदी साहित्य की प्रसिद्ध पत्रिका थी। इस पत्रिका का प्रकाशन इण्डियन प्रेस, प्रयाग से सन् 1900 ई. से प्रारम्भ हुआ था। वर्ष 1903 में महावीर प्रसाद द्विवेदी इस पत्रिका के सम्पादक बने जो कि वर्ष 1920 ई. तक कार्यरत रहे।

543. केंद्रीय हिंदी निदेशालय की पत्रिका का नाम क्या है?

(a) बहुवचन (b) भारतीय साहित्य
(c) गगनांचल (d) भाषा

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 05/12/2021 (Shift-I)
UPSI 29/11/2021 (Shift-III)
UPSI 19/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 में हिंदी भाषा के विकास के लिए दिये गये निर्देश के तहत 1 मार्च 1960 ई. से शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा 'भाषा' नामक पत्रिका का संचालन किया जाता है।

544. भारत का प्रथम समाचार-पत्र कौन-सा था?

(a) उदंत मार्तण्ड (b) ब्राह्मण
(c) बंगाल गजट (d) समाचार दर्पण

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (c) भारत का प्रथम समाचार पत्र बंगाल गजट था। बंगाल गजट भारत मे प्रकाशित होने वाला अंग्रेजी भाषा का पहला समाचार पत्र था। इसके सम्पादक जेम्स ऑगस्टस हिक्की थे। यह एक साप्ताहिक समाचार-पत्र था, जो कोलकाता से सन् 1780 में आरंभ हुआ था। हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र 'उदंत मार्तण्ड' था।

545. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् की पत्रिका का नाम क्या है?

(a) बहुवचन (b) भारतीय साहित्य
(c) गगनांचल (d) वागर्थ

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्प में, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् की पत्रिका का नाम गगनांचल है। यह त्रैमासिक पत्रिका है। इसके वर्तमान संपादक डॉ. आशीष कंधवे हैं।

546. भारत का प्रथम समाचार-पत्र किस भाषा मे प्रकाशित हुआ ?

(a) उर्दू (b) हिन्दी
(c) अंग्रेजी (d) बांग्ला

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : भारत का प्रथम समाचार-पत्र 'अंग्रेजी' भाषा में प्रकाशित हुआ। भारत का प्रथम समाचार पत्र निकालने का श्रेय जेम्स ऑगस्टस हिक्की को जाता है, जिसने 'बंगाल गजट' नाम से सन् 1780 में प्रथम भारतीय समाचार-पत्र का प्रकाशन किया।

547. 'आजकल' हिन्दी पत्रिका का प्रकाशक कौन है?

(a) प्रकाशन विभाग
(b) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान
(c) भारतीय भाषा परिषद
(d) भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (a) 'आजकल' हिंदी पत्रिका का प्रकाशक 'प्रकाशन विभाग' करता है। प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। 'संवाद पथ', 'भावक' और 'प्रवासी जगत' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन केन्द्रीय हिंदी संस्थान द्वारा किया जाता है। इसकी स्थापना 1960 ई. में हुई थी। यह मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

548. 'क ख ग' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था?

(a) दिल्ली (b) वाराणसी
(c) कानपुर (d) इलाहाबाद

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'कखग' पत्रिका का प्रकाशन इलाहाबाद (प्रयागराज) से होता था। इसके संपादक रघुवंश ने इस पत्रिका का सम्पादान 1963 ई. से प्रारम्भ किया था। यह एक त्रैमासिक पत्रिका थी।

549. 'वागर्थ' पत्रिका के प्रकाशक कौन हैं?

(a) भारतीय भाषा परिषद
(b) केंद्रीय हिंदी संस्थान
(c) साहित्य अकादमी
(d) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (a) 'वागर्थ' हिन्दी की एक साहित्यिक पत्रिका है, यह भारतीय भाषा परिषद 'कोलकाता' से प्रकाशित होती है। यह एक मासिक पत्रिका है। इसके सम्पादक श्री शंभुनाथ जी हैं।

550. 'समकालीन भारतीय साहित्य' पत्रिका के प्रकाशक कौन हैं?

(a) साहित्य अकादमी (b) केंद्रीय हिंदी निदेशालय
(c) प्रकाशन विभाग (d) हिंदी अकादमी

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'समकालीन भारतीय साहित्य' साहित्य अकादमी, नई दिल्ली की प्रतिष्ठित द्वैमासिक हिन्दी पत्रिका है। इसका प्रकाशन 1980 ई. से हो रहा है, यह पत्रिका विभिन्न भारतीय भाषाओं में रचित श्रेष्ठ समकालीन साहित्य को प्रस्तुत करती रही है। इसके सम्पादक ब्रजेन्द कुमार त्रिपाठी हैं।

551. 'भारतेंदु' पत्र कहाँ से प्रकाशित होता था?

(a) कलकत्ता (b) बनारस
(c) मेरठ (d) वृन्दावन

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : भारतेंदु पत्र (सन् 1884) 'वृन्दावन' से प्रकाशित होता था। इसके सम्पादक 'पंडित राधाचरण गोस्वामी' जी थे।

552. 'गवेषणा' पत्रिका का प्रकाशक कौन है?

(a) केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
(b) प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली
(c) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नई दिल्ली
(d) केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'गवेषणा' पत्रिका का प्रकाशक केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा है। यह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक उच्चतर शैक्षणिक एवं शोध संस्थान है। इसका मुख्यालय आगरा है। इसकी स्थापना 1961 ई. में की गयी। संस्थान का मुख्य कार्य हिंदी भाषा से संबंधित शैक्षणिक कार्यक्रम चलाना, शोध कार्य संपन्न करना एवं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाना है।

553. 'युग मानस' पत्रिका का प्रकाशन किस राज्य से हुआ था?

(a) उत्तर प्रदेश (b) आंध्र प्रदेश
(c) केरल (d) कर्नाटक

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'युग मानस' पत्रिका का प्रकाशन 'आंध्र प्रदेश' राज्य से हुआ था। इसके सम्पादक 'जयशंकर बाबू' हैं।

554. इनमें से किस साप्ताहिक का संपादन महात्मा गाँधी ने किया था?

(a) हिंदी नवजीवन (b) हंस
(c) देश (d) भारत

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'हिंदी नवजीवन' नामक साप्ताहिक का संपादन महात्मा गांधी ने किया था। 'हंस' नामक पत्रिका का संपादन मुंशी प्रेमचन्द जी ने किया था। 'देश' (1920 ई.) साप्ताहिक पत्रिका का सम्पादन पटना से राजेन्द्र प्रसाद ने किया।

555. गुलेरी द्वारा संपादित पत्र कौन सा था?

(a) भारत मित्र (b) नागरी नीरद
(c) माधुरी (d) समालोचक

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) 'समालोचक' पत्र 'गुलेरी जी' द्वारा संपादित है।

पत्र/पत्रिका	सम्पादक
भारत मित्र	रुद्रदत्त
नागरी नीरद	बदरी नारायण चौधरी
माधुरी	विष्णुनारायण भार्गव
उदन्त मार्तंड	पं. जुगल किशोर शुक्ल
सुधावर्षण	श्याम सुन्दर

556. किस पत्रिका का संपादन भारतेन्दु ने नहीं किया?

(a) बालाबोधिनी (b) कविवचन सुधा
(c) हरिश्चंद मैगज़ीन (d) भारतेन्दु

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'बालाबोधिनी', 'कविवचन सुधा' तथा 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' पत्रिका का सम्पादन 'भारतेन्दु' ने किया। जबकि 'भारतेन्दु' समाचार पत्र का सम्पादन पं. राधाचरण गोस्वामी ने किया।

@RexstarPdf

557. 'ब्राह्मण' के संपादक कौन थे?

(a) प्रतापनारायण मिश्र
(b) बालकृष्ण भट्ट
(c) भारतेन्दु
(d) अम्बिकादत्त व्यास

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक प्रतापनारायण मिश्र जी थे। यह एक मासिक पत्रिका थी, जिसका प्रकाशन 15 मार्च, 1883 ई. को कानपुर से शुरू हुआ।

558. 'वार्षिकी' के प्रकाशक कौन हैं?

(a) साहित्य अकादमी (b) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
(c) प्रकाशन विभाग (d) हिन्दी अकादमी

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (b) 'वार्षिकी' का प्रकाशन केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा किया जाता है। इसकी स्थापना 1 मार्च,1960 ई. को की गयी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

559. 'संस्कृति' पत्रिका का प्रकाशन कौन है?

(a) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद
(b) प्रकाशन विभाग
(c) संस्कृति मंत्रालय
(d) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास-भारत

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'संस्कृति' पत्रिका का प्रकाशन, संस्कृति मंत्रालय करता है। इस पत्रिका का प्रकाशन 1959 में डॉ. राजेन्द्र द्विवेदी के कुशल संपादन में प्रारंभ हुआ। प्रारंभ में यह त्रैमासिक प्रकाशित होती थी। वर्तमान में छः माह में प्रकाशित होती है। वर्तमान में इसके संपादक रामचन्दर रमेश आर्य हैं।

560. निराला किस पत्रिका के संपादक थे?

(a) चाँद (b) इंदु
(c) मतवाला (d) भारत मित्र

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'मतवाला' पत्रिका के संपादक निराला जी थे। इनकी प्रमुख कृतियाँ- अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता, अणिमा, बेला, नये पत्ते, आराधना, अर्चना, गीतगुंज, सांध्य काकली, अपरा, अप्सरा, अलका, प्रभावती, निरूपमा, इन्दुलेखा, काले कारनामें इत्यादि।

561. 'अभ्युदय' के संपादक कौन थे?

(a) गुलाबराय (b) मदन मोहन मालवीय
(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) बालकृष्ण भट्ट

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'अभ्युदय' के संपादक मदन मोहन मालवीय थे। यह हिन्दी भाषा में प्रकाशित साप्ताहिक पत्र था। सन् 1907 में इस पत्र का संपादन मालवीय जी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ।

562. इनमें से किस पत्रिका का संपादन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने किया था?

(a) भारत बंधु (b) भारत मित्र
(c) बालाबोधिनी (d) काशी पत्रिका

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'बालाबोधिनी' पत्रिका का संपादन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने किया था। इन्होंने हरिश्चन्द्र चन्द्रिका, कविवचनसुधा पत्रिका का भी संपादन किया। इनकी प्रमुख रचनाएँ– वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, सत्य हरिश्चन्द्र, श्री चन्दावली, भारत दुर्दशा, अंधेर नगरी, भारत जननी, मुद्राराक्षस, प्रेम प्रलाप, प्रेम-तरंग, प्रेम सरोवर, पूर्ण प्रकाश, चन्द्रप्रभा इत्यादि हैं। 'भारत मित्र' के पण्डित हरमुकुन्द शास्त्री, 'काशी पत्रिका' के बलदेव प्रसाद और 'भारतबन्धु' के तोताराम सम्पादक थे।

563. 'आनंद कादम्बिनी' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(a) मिर्जापुर (b) जबलपुर
(c) काशी (d) कानपुर

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'आनन्द कादम्बिनी' पत्रिका मिर्जापुर से प्रकाशित होती थी। आनंद कादम्बिनी भारतेन्दु युग की पत्रिका थी जिसके संपादक 'बदरीनारायण चौधरी, प्रेमघन' थे।

564. इनमें से 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन थे?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (d) राजा शिव प्र.सि. हिन्द

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch III 22 Dec. 2017
UPSI 13/11/2021 (Shift - I)
UKPSC AE 2012

उत्तर : (b) : 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक महावीर प्रसाद द्विवेदी हैं। इनकी प्रमुख रचनाएँ- देवी-स्तुति शतक, कान्यकुब्जावलीव्रतम्, कान्य कुब्ज- अबला-विलाप, काव्य - मंजूषा, सुमन, द्विवेदी काव्य माला, कविता कलाप, विनय विनोद, स्नेहमाला, विहार वाटिका, गंगा लहरी, ऋतुतरंगिणी इत्यादि।

565. भारतेंदु हरिश्चंद्र किस पत्रिका के संपादक थे?

(a) इंदु (b) मतवाला
(c) कविवचन सुधा (d) प्रताप

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) भारतेंदु हरिश्चंद 'कविवचन सुधा' पत्रिका के संपादक थे।

566. इनमें से किस पत्रिका का संपादन अज्ञेय ने नहीं किया?

(a) नंदन (b) दिनमान
(c) विशाल भारत (d) नवभारत टाइम्स

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्पों में 'नंदन' नामक पत्रिका का संपादन 'अज्ञेय' ने नहीं किया है। इस पत्रिका का संपादन 'जयप्रकाश भारती' ने किया है। जय प्रकाश भारती को हिन्दी बाल साहित्य का युग निर्माता कहा जाता है।

@RexstarPdf

567. गुलेरी द्वारा संपादित पत्र कौन-सा था?

(a) भारत मित्र (b) नागरी नीरद
(c) माधुरी (d) समालोचक

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'समालोचक' पत्र 'गुलेरी जी' द्वारा संपादित है।

पत्र/पत्रिका	सम्पादक
भारत मित्र	रुद्रदत्त
नागरी नीरद	बदरी नारायण चौधरी
माधुरी	विष्णुनारायण भार्गव/प्रेमचन्द
उदन्त मार्तंड	पं. जुगल किशोर शुक्ल
सुधावर्षण	श्याम सुन्दर

568. प्रेमचंद इनमें से किस पत्रिका के संपादक थे?

(a) ज्ञानोदय (b) आजकल
(c) दिनमान (d) हंस

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
UPSI Batch -II 18Dec.2017
लोअर-2 परीक्षा 2015

उत्तर : (d) : 'हंस' पत्रिका के संपादक प्रेमचन्द थे। इसका प्रकाशन सन् 1930 ई. में बनारस से प्रारम्भ हुआ था। ये हंस पत्रिका के अलावा 'जागरण' तथा 'जमाना' का भी संपादन करते थे।

569. रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित किस पत्रिका का संपादन सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' ने किया था?

(a) रंगीला (b) मतवाला
(c) सुधा (d) समन्वय

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर:(d) रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित समन्वय पत्रिका का संपादन सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने किया। निराला छायावाद के प्रमुख कवि थे। इनके काव्यसंग्रह अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता, अणिमा, आराधना, नये पत्ते इत्यादि तथा उपन्यास में अप्सरा, प्रभावती, निरूपमा, कुल्ली भाट, तथा बिल्लेसुर बकरिया और कहानी संग्रह में चतुरी चमार, देवी, सखी इत्यादि हैं।

570. 'बहुवचन' पत्रिका के प्रकाशक कौन हैं?

(a) महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
(b) केंद्रीय हिंदी संस्थान
(c) केंद्रीय हिंदी निदेशालय
(d) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'बहुवचन' हिंदी साहित्य की महत्त्वपूर्ण त्रैमासिक पत्रिका है। इस पत्रिका का प्रकाशन महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा, 'महाराष्ट्र' से होता है। इस पत्रिका के सम्पादक 'अशोक मिश्र जी' हैं।

571. गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा संपादित पत्र का नाम क्या है?

(a) प्रताप (b) चाँद
(c) मतवाला (d) इंदु

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 17/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'प्रताप' पत्र का संपादन गणेश शंकर विद्यार्थी करते थे। 1913 ई. में कानपुर से स्वयं अपनी हिंदी साप्ताहिक पत्रिका 'प्रताप' का संपादन शुरू किया । इससे पूर्व इन्होंने 'सरस्वती' पत्रिका में सहायक के रूप में कार्य किया। अभ्युदय, कर्मयोगी, हितवार्ता एवं स्वराज्य पत्र के लिए भी कार्य किया ।

572. इनमें से किसने 'भारत' पत्र का संपादन किया था?

(a) अम्बिका प्रसाद वाजपेयी (b) मदन मोहन मालवीय
(c) नंददुलारे वाजपेयी (d) शिवपूजन सहाय

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (c) नंद दुलारे वाजपेयी हिन्दी के प्रसिद्ध पत्रकार, समीक्षक, साहित्यकार, आलोचक तथा सम्पादक थे। सन् 1930 में नंद दुलारे वाजपेयी ने इलाहाबाद से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'भारत' का संपादन शुरू किया। यह एक अर्द्ध साप्ताहिक पत्र था।

573. हिंदी भाषा के मानकीकरण का सचेष्ट प्रयास किस पत्रिका में किया गया है?

(a) सुदर्शन (b) हिंदी प्रदीप
(c) सरस्वती (d) आनन्द कादम्बिनी

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : हिंदी भाषा के मानकीकरण का सचेष्ट प्रयास 'सरस्वती' पत्रिका में किया गया है। उपर्युक्त पत्रों के सम्पादक इस प्रकार हैं।

समाचार पत्र	सम्पादक	वर्ष	स्थान
सुदर्शन	देवकीनंदन एवं माधव	1900 ई.	काशी
हिन्दी प्रदीप	बालकृष्ण भट्ट	1877 ई.	प्रयाग
आनन्द कादम्बिनी	बदरी नारायण चौधरी	1881 ई.	मिर्जापुर
सरस्वती	महावीर प्रसाद द्विवेदी	1903 ई.	प्रयाग

574. 'हिंदी प्रदीप' किस प्रकार का समाचार पत्र था?

(a) साप्ताहिक (b) पाक्षिक
(c) मासिक (d) दैनिक

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'हिंदी प्रदीप' 'मासिक' समाचार पत्र था। इस पत्रिका का सम्पादन 'बालकृष्ण भट्ट' के द्वारा प्रयाग से किया गया था। इसका प्रथम प्रकाशन सन् 1877 ई. में हुआ था।

(vii) विविध

575. हिंदी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म 'आलम आरा' किस वर्ष में रिलीज हुई थी?

(a) 1930 (b) 1947
(c) 1931 (d) 1990

UPSI Batch - II 21 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर. (c) : आलम आरा फिल्म **1931** में रिलीज हुई थी, जो हिन्दी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म थी। इसके निर्माता अर्देशिर ईरानी थे। इसका प्रथम प्रदर्शन मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में 14 मार्च 1931 को हुआ था।

576. गीता में कितने श्लोक हैं?

(a) 700 श्लोक (b) 1100 श्लोक
(c) 1800 श्लोक (d) 2100 श्लोक

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (a) 'गीता' में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश है। इसमें 700 श्लोक हैं। यह वेदव्यास द्वारा लिपिबद्ध किया गया है।

577. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित करें :

A. भक्ति ही ज्ञानहि नहिं कछु भेदा 1. अज्ञेय
B. हम राज्य लिए मरते हैं 2. बिहारी
C. ये उपमान मैले हो गए हैं 3. मैथिलीशरण गुप्त
D. बतरस लालच लाल की 4. तुलसीदास

	A	B	C	D
(a)	1	3	2	4
(c)	4	3	1	2

	A	B	C	D
(b)	1	2	3	4
(d)	4	1	2	3

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c)

काव्य पंक्तियाँ	रचनाकार
भक्ति ही ज्ञानहि नहिं कछु भेदा	तुलसीदास
हम राज्य लिये मरते हैं	मैथिलीशरण गुप्त
ये उपमान मैले हो गये हैं	अज्ञेय
बतरस लालच लाल की	बिहारी

578. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचना के साथ सुमेलित करके सही उत्तर चिह्नित करें :

A. नागमती वियोग वर्णन 1. अज्ञेय
B. ब्रह्मराक्षस 2. यशपाल
C. झूठा सच 3. मलिक मुहम्मद जायसी
D. असाध्यवीणा 4. मुक्तिबोध

	A	B	C	D
(a)	4	3	1	2
(c)	3	2	4	1

	A	B	C	D
(b)	3	4	2	1
(d)	3	4	1	2

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'नागमती वियोग वर्णन' के रचनाकार मलिक मोहम्मद **जायसी**, 'ब्रह्मराक्षस' कविता के रचनाकार 'मुक्तिबोध', 'झूठा सच' उपन्यास के रचनाकार 'यशपाल' तथा 'असाध्यवीणा' कविता के रचनाकार 'सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' हैं।

579. मिर्ज़ा गालिब किस शासक के दरबारी कवि रहे थे?

(a) बहादुर शाह ज़फर (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) हुमायूँ

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (a) मिर्जा गालिब **बहादुर शाह जफर** के दरबारी कवि थे। मिर्जा गालिब उर्दू एवं फारसी भाषा के महान शायर थे। 1850 में बहादुर शाह द्वितीय ने इन्हें 'दबीर-उल-मुल्क' तथा 'नज़्म-उद्-दौला' के खिताब से नवाजा।

580. अमृता प्रीतम किस भाषा की साहित्यकार हैं?

(a) हिन्दी (b) पंजाबी
(c) सिंधी (d) उर्दू

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर: (b) 'अमृता प्रीतम' का सम्बन्ध **पंजाबी** भाषा से है। उन्होंने अपने साहित्य की सर्जना इसी भाषा में की है।

581. 'कुमारसंभवं' के रचयिता कौन हैं?

(a) सूरदास (b) कालिदास
(c) कबीर (d) तुलसीदास

UPSI Batch - III 13 Dec.2017

उत्तर : (b) 'कुमारसंभवं' के रचयिता कालिदास हैं। जबकि सूरदास की सूरसागर, तुलसीदास की कवितावली एवं कबीर की रचना बीजक है।

582. रसखान, रहीम, देव, रत्नाकर आदि कवि मुख्यतः किस बोली में रचना करते थे?

(a) अवधी (b) ब्रजभाषा
(c) बघेली (d) मगधी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (b) रसखान, रहीम, देव, रत्नाकर, सूरदास, बिहारी, केशव आदि प्रमुख कवियों ने अपनी रचनाएँ ब्रजभाषा में लिखी हैं। ब्रजभाषा का मुख्य केन्द्र मथुरा है। इसके अलावा यह आगरा, अलीगढ़, भरतपुर और धौलपुर इत्यादि उत्तर-पश्चिमी भारतीय राज्यों में बोली जाती है। विक्रम की 13वीं शताब्दी से लेकर 20वीं शताब्दी तक भारत में साहित्यिक महत्व के कारण इसे ब्रजबोली नहीं अपितु ब्रजभाषा की संज्ञा दी जाती है।

583. बच्चों की कहानियाँ लिखने वाले और चाचा चौधरी पात्र के रचनाकार कौन हैं?

(a) आबिद सुरती। (b) प्राण कुमार शर्मा
(c) अनिल कुमार। (d) अनंत पाई।

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (b): 'बच्चों' की कहानियाँ लिखने वाले और **चाचा चौधरी** पात्र के रचनाकार **प्राण कुमार शर्मा** हैं। इन्होंने साबू, श्रीमतीजी, बिल्लू, पिंकी, रमन, दाबू आदि लोकप्रिय पात्रों की भी रचना इन्होंने की। 2015 में मरणोपरांत इन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया।

584. 'प्रथम विश्व हिन्दी साहित्य सम्मेलन सन् ..... में ..... में आयोजित किया गया था।' रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प कौन-सा है?

(a) 1955, दिल्ली (b) 1945, उदयपुर
(c) 1910, वाराणसी (d) 1975, नागपुर

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (d) प्रथम विश्व हिंदी साहित्य सम्मेलन सन् 1975 में नागपुर में आयोजित किया गया था। यह सम्मेलन राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से सम्पन्न हुआ था। विश्व हिंदी साहित्य सम्मेलन का आयोजन अंतराल पहले 4 वर्ष हुआ करता था किंतु अब यह अंतराल 3 वर्ष हो गया है।
द्वितीय विश्व हिंदी सम्मेलन पोर्टलुई मॉरीशस में हुआ था। तृतीय विश्व हिंदी सम्मेलन नई दिल्ली (भारत) में हुआ। चतुर्थ पोर्टलुई में, पांचवाँ पोर्ट ऑफ स्पेन (ट्रिनिडाड एण्ड टोबैगो) में संपन्न हुआ।

585. मेघदूत के लेखक कौन हैं?

(a) कालिदास (b) सूरदास
(c) तुलसीदास (d) कबीरदास

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : मेघदूत के लेखक **कालिदास** हैं। कालिदास की अन्य रचनाएँ हैं– रघुवंशम्, कुमारसंभवम्, ऋतुसंहार आदि। सूरदास, तुलसीदास तथा कबीरदास हिन्दी के भक्तिकालीन कवि हैं।

586. संगीतराज के रचयिता कौन हैं?

(a) राणा कुम्भा (b) जय देव
(c) देव (d) भूषण

[UPSI 21.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : संगीतराज पुस्तक के लेखक **राणा कुम्भा** हैं। राणा कुम्भा बहुत विद्वान थे और कई विद्वानों एवं साहित्यकारों के आश्रयदाता थे। इनकी एक अन्य प्रमुख रचना संगीत मीमांसा है।

587. रघुवंशम् किसकी कृति है?

(a) सूरदास (b) कालिदास
(c) तुलसीदास (d) रैदास

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (b) : रघुवंशम् **कालिदास** की कृति है। कालिदास जी की प्रमुख कृतियाँ हैं - मेघदूत, ऋतुसंहार, अभिज्ञानशाकुन्तलम् आदि। कालिदास संस्कृत भाषा के महान कवि और नाटककार थे। उन्होंने भारत की पौराणिक कथाओं और दर्शन को आधार बनाकर रचनाएं की।

588. मृच्छकटिकम् किसकी रचना है?

(a) शूद्रक (b) चाणक्य
(c) सूरदास (d) रैदास

[UPSI 20.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : मृच्छकटिकम् के रचयिता **शूद्रक** हैं। मृच्छकटिकम का अर्थ मिट्टी का खिलौना या मिट्टी की गाड़ी होता है।

589. भरतमुनि की रचना कौन-सी है?

(a) नाट्यशास्त्र (b) अंधेर नगरी
(c) चिन्तामणि (d) गबन

[UPSI 24.07.2017 Sift I]

उत्तर. (a) : भरतमुनि की रचना **नाट्यशास्त्र** है, जिसमें 'रस' की व्याख्या की गई है। इसे पंचमवेद की संज्ञा दी जाती है। अंधेरनगरी भारतेंदु हरिशचंद्र का नाटक है। चिंतामणि रामचंद्र शुक्ल का निबंध संग्रह है। गबन 'प्रेमचंद' का उपन्यास है।

590. दिये गये विकल्पों से रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प बताइये। आदि कवि '.....' ने संस्कृत में रामायण की रचना की।

(a) वाल्मीकि (b) बालमीकि
(c) बाल्मीकि (d) वाल्मीकि

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (a/d) प्रश्नगत वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प **वाल्मीकि** होगा, जो कि वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। इस प्रकार वाक्य का **पूर्ण रूप** होगा-'आदि कवि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण की रचना की।'
नोट- (a) और (d) दोनों विकल्प सही हैं।

591. कवि और उसकी रचना का कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) शिवराज भूषण-भूषण
(b) शब्द रसायन- देव
(c) परिमल- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(d) उद्धव शतक- भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

[UPTET (I-V) 18.11.2018]

उत्तर. (d) : 'उद्धव शतक' जगन्नाथदास 'रत्नाकर' की रचना है न कि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की। अन्य कवि अपनी रचनाओं के साथ सुमेलित हैं। हरिश्चन्द्र, गंगावतरण, हिंडोला, कलकाशी, वीराष्टक आदि जगन्नाथदास 'रत्नाकर' की रचनाएँ हैं।

592. 'शब्द-शक्ति' कितने प्रकार की होती है?

(a) दो (b) तीन
(c) पाँच (d) सात

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : 'शब्द-शक्ति' **तीन प्रकार** की होती है। जिस शक्ति के द्वारा शब्द का अर्थगत प्रभाव पड़ता है, उसे **शब्द-शक्ति** कहते हैं। शब्द का अर्थ बोध कराने वाली शक्ति-शब्द शक्ति है। इसके तीन भेद हैं–
अभिधा– जिसमें साक्षात् सांकेतिक मुख्य अर्थ का बोध हो।
लक्षणा– जहाँ मुख्य अर्थ में बाधा हो और लक्षणों के सहारे उससे संबंधित अर्थ को प्राप्त किया जाए वहाँ लक्षणा शब्द-शक्ति होगी।
व्यंजना– जहाँ पर अभिधा और लक्षणा शब्द शक्ति अपना कार्य समाप्त कर चुकी हों फिर भी अर्थ की संभावना हो, तब उसे व्यंजना शब्द शक्ति कहते हैं।

593. हिन्दी का प्रथम समाचार-पत्र 1826 ईस्वी में कहाँ से प्रकाशित हुआ था?

(a) दिल्ली (b) मुंबई
(c) कलकत्ता (d) मद्रास

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर : (c) हिन्दी का पहला समाचार पत्र 'उदंत मार्तण्ड' 30 मई 1826 ई. को कलकत्ता से प्रकाशित हुआ। इसका संपादन पं. जुगुल किशोर ने किया।

@RexstarPdf

594. भाषा को बोलते समय होने वाले उतार-चढ़ाव को क्या कहते हैं?

(a) अनुतान (b) संगम
(c) अवरोह (d) आरोह

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) भाषा को बोलते समय उसमें होने वाले उतार-चढ़ाव को **अनुतान** कहते हैं। भाषा का उच्चारण करते समय कुछ शब्दों पर हम ज्यादा जोर देते हैं और कुछ पर कम, इसे आरोह और अवरोह की प्रक्रिया कहते हैं। शब्दों के इस उतार-चढ़ाव की प्रक्रिया को ही अनुतान कहते हैं।

595. सितम्बर मास में दसवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन भारत के किस शहर में आयोजित किया गया था?

(a) नागपुर (b) भोपाल
(c) नई दिल्ली (d) जयपुर

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) सितम्बर माह 2015 ई. में दसवां विश्व हिन्दी सम्मेलन मध्य प्रदेश के **भोपाल** शहर में आयोजित किया गया था। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन जनवरी माह 1975 ई. में नागपुर में आयोजित हुआ।

596. 'हिन्दी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?

(a) 14 अगस्त (b) 14 नवम्बर
(c) 14 सितम्बर (d) 5 सितम्बर

परिचालक परीक्षा, 2015
UPSI Batch-II 21.12.2017
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) हिन्दी को 14 सितम्बर 1949 ई. को राजभाषा का दर्जा दिया गया। अत: 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। राजभाषा का अर्थ- राज-काज की भाषा या राजकीय कार्यों में प्रयुक्त होने वाली भाषा। भारतीय संविधान के भाग-17 के अनुच्छेद **343 - 351** तक में हिन्दी भाषा का उल्लेख है।

597. भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान किससे होता है?

(a) लिपि (b) व्याकरण
(c) लिखित भाषा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान व्याकरण से होता है।

598. भाषा में अभिव्यक्ति के कितने रूप हैं?

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पांच

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (b) भाषा में अभिव्यक्ति के मूलत: तीन रूप हैं-
(i) मौखिक, (ii) लिखित, (iii) सांकेतिक। मौखिक भाषा में बोलकर, लिखित भाषा में लिखकर तथा सांकेतिक भाषा में कायिक संकेतों द्वारा विचारों की अभिव्यक्ति की जाती है।

599. पालि किस धर्म की भाषा है?

(a) जैन (b) बौद्ध (c) पारसी (d) यहूदी

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर: (b) पालि बौद्ध धर्म की भाषा है जबकि प्राकृत जैनियों की।

600. भारत का शेक्सपियर किसे कहा जाता है–

(a) चाणक्य (b) कालिदास
(c) व्यास (d) अज्ञेय

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (b) संस्कृत के उत्कृष्ट विद्वान **कालिदास** को 'भारत का शेक्सपियर' कहा जाता है।

601. भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों की पुन: संरचना की गई थी–

(a) 1952 ई. में (b) 1953 ई. में
(c) 1954 ई. में (d) 1956 ई. में

UPPCL ARO 2018

उत्तर : (d) भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों की पुन: संरचना **1956 ई.** में की गई थी।

602. भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?

(a) पंजाब (b) जम्मू-कश्मीर
(c) राजस्थान (d) आंध्र प्रदेश

UPSI 2016

उत्तर (d) भाषाई आधार पर सर्वप्रथम **आंध्र प्रदेश** राज्य का गठन हुआ।

603. हिन्दी शब्द की उत्पत्ति फारसी प्रभाव के अन्तर्गत किस शब्द से हुई–

(a) हिन्द (b) सिन्धु (c) हिन्दी (d) हिन्दवी

उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक मृतक आश्रित 2016

उत्तर : (b) हिन्दी शब्द की व्युत्पत्ति फारसी प्रभाव के अन्तर्गत 'सिन्धु' शब्द से हुई है। हिन्दी शब्द का विकासक्रम निम्नवत है–
सिन्धु → हिन्दू → हिंद → हिन्दीक → हिन्दी

604. मानक हिन्दी की व्याकरणिक संरचना के संदर्भ में कौन सा तथ्य सही है?

(a) मानक हिन्दी में दस कारकों के लिए विभक्ति चिह्न निश्चित हैं।
(b) मानक हिन्दी की वाक्य संरचना में सामान्यतः पहले क्रिया फिर कर्त्ता और अंत में कर्म आता है।
(c) मानक हिन्दी में केवल एकवचन होता है।
(d) व्याकरणिक स्तर पर मानक हिन्दी के रूप परिवर्तनशील और अपरिवर्तनशील दोनों प्रकार के होते हैं।

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (d) मानक हिन्दी की व्याकरणिक संरचना के सन्दर्भ में सही तथ्य है-''व्याकरणिक स्तर पर मानक हिन्दी के रूप परिवर्तनशील और अपरिवर्तनशील दोनों प्रकार के होते हैं।''
कारकों की संख्या **आठ** है। वाक्य संरचना में कर्त्ता, कर्म, व क्रिया का क्रम होता है तथा इसमें दो वचन (एकवचन व बहुवचन) होते हैं।

605. स्वाधीनता संघर्ष के दौरान राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में इनमें से किसकी सक्रिय भूमिका रही है?

(a) जवाहरलाल नेहरु (b) इन्दिरा गाँधी
(c) अम्बेडकर (d) स्वामी दयानंद सरस्वती

Jharkhand PGT Hindi, 2018

@RexstarPdf

उत्तर: (d) स्वाधीनता संघर्ष के दौरान राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में स्वामी दयानन्द सरस्वती की सक्रिय भूमिका रही है। इनकी प्रमुख कृति 'सत्यार्थ प्रकाश' है। इसकी रचना सन् 1874 में खड़ी बोली हिन्दी गद्य में की गयी थी। शेष नाम असंगत दिये गये हैं।

606. स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हिन्दी किसका पर्याय बनी?

(a) पढ़े-लिखे भारत का (b) शिक्षित भारत का
(c) राष्ट्रीय एकता का (d) देश भर से सम्पर्क

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (c) स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान हिन्दी राष्ट्रीय एकता का पर्याय बनी। प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की एकता के लिए हिन्दी को हथियार बनाया और स्वतंत्रता आन्दोलन को बल दिया।

607. विज्ञापन के निम्नलिखित उद्देश्यों में से कौन-सा कथन असंगत है?

(a) उत्पाद निर्माता द्वारा विज्ञापन के कंटेंट का निर्धारण करना कि उस विज्ञापन में क्या जाएगा और उसको कितना लाभ होगा।
(b) विज्ञापन द्वारा उत्पाद का प्रचार-प्रसार ताकि लक्षित उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित किया जा सके।
(c) उत्पाद की खूबियों को आम उपभोक्ता तक निःशुल्क पहुँचाना।
(d) वर्गीकृत उपभोक्ता के अनुसार विक्रय के लक्ष्यों को निर्धारित करना।

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : विज्ञापन के उद्देश्यों के लिए असंगत कथन है- ''उत्पाद की खूबियों को आम उपभोक्ता तक निःशुल्क पहुँचाना।''

608. निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता समाचार लेखन से जुड़ी नहीं है?

(a) नवीनता (b) संक्षिप्तता
(c) स्पष्टता (d) विरोधाभास

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (d) : 'विरोधाभास' समाचार लेखन से जुड़ी विशेषता नही है, जबकि समाचार लेखन की विशेषताओं में नवीनता, संक्षिप्तता तथा स्पष्टता हैं। विरोधाभास समाचार लेखन का दोष है; विशेषता नहीं।

609. रेडियो लेखन के अन्तर्गत ध्वनि रूपक निर्माण के लिए आवश्यक नहीं है:

(a) संगीत (b) मंच सज्जा
(c) आलेख (d) सूत्रधार की ध्वनि

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (b): रेडियो लेखन के अन्तर्गत ध्वनि रूपक निर्माण के लिए मंच सज्जा आवश्यक नहीं है, जबकि संगीत आलेख तथा सूत्रधार की ध्वनि आवश्यक हैं। छोटे-छोटे भावपूर्ण वाक्यों में लिखा हुआ आलेख जब सूत्रधार द्वारा स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण के साथ संगीतयुक्त होकर प्रसारित होता है तो श्रोता स्वतः मंत्रमुग्ध हो जाता है।

610. 'विषय की मूल-वस्तु तक सीधे तथा तत्काल प्रवेश करो और अनावश्यक शब्दों और विशेषणों से बचो'- यह निर्देश किस लेखन से सम्बन्धित है?

(a) समाचार लेखन (b) साक्षात्कार
(c) सम्पादकीय (d) फीचर लेखन

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (d) : फीचर लेखन के लिए सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह है कि – 'विषय की मूल-वस्तु तक सीधे तथा तत्काल प्रवेश करो और अनावश्यक शब्दों और विशेषणों से बचो।' जबकि समाचार लेखन, साक्षात्कार तथा सम्पादकीय लेखन में यह निर्देश लागू नहीं होता।

611. दूरदर्शन के विज्ञापनों में प्रतिबंधित है-

(a) ज्ञानवर्धक सूचनाएँ
(b) सरकारी योजनाएँ
(c) हिंसा एवं यौन प्रसंग
(d) स्वास्थवर्धक जानकारियाँ

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (c):'हिंसा एवं यौन प्रसंग' दूरदर्शन के विज्ञापनों में प्रतिबंधित है, जबकि ज्ञानवर्धक सूचनाएँ, सरकारी योजनाएँ तथा स्वास्थ्यवर्धक जानकारियाँ दूरदर्शन पर प्रसारित की जाती हैं।

612. प्रयोजनमूलक हिन्दी में किस तत्त्व का अभाव होता है?

(a) स्पष्टता (b) तथ्यपरकता
(c) संप्रेषणीयता (d) कल्पनाशीलता

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (d) : प्रयोजनमूलक हिन्दी में 'कल्पनाशीलता' का अभाव होता है, जबकि स्पष्टता, तथ्यपरकता तथा संप्रेषणीयता का समावेश होता है।

613. प्रारूपण का अर्थ है-

(a) व्यक्तिगत पत्र लेखन
(b) सरकारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र
(c) सरकारी कार्य विधि में प्रयुक्त पत्र का कच्चा मसौदा
(d) प्रार्थना पत्र

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (c) : प्रारूपण (Drafting) का अर्थ है- 'सरकारी कार्य विधि में प्रयुक्त पत्र का कच्चा मसौदा (Rough work)' जबकि अन्य सभी अर्थ त्रुटिपूर्ण हैं।

614. टिप्पणी लेखन से तात्पर्य है-

(a) किसी पुस्तक की समीक्षा
(b) सरकारी पत्र व्यवहार का मसौदा
(c) किसी विषय पर उच्चाधिकारी द्वारा लिखी गई टिप्पणी
(d) अनुस्मारक भेजना

KVS PGT Hindi, 2017

उत्तर. (c): टिप्पणी लेखन से तात्पर्य है- 'किसी विषय पर उच्चाधिकारी द्वारा लिखी गयी टिप्पणी।' शेष दिये गये तात्पर्य त्रुटिपूर्ण हैं।

615. मध्यकाल में मुगलों के शासन के समय राजदरबार में कौन-सी भाषा राजकाज की भाषा थी?

(a) अरबी (b) पंजाबी
(c) हिन्दी (d) फ़ारसी

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) मध्यकाल में मुगलों के शासन के समय राजदरबार में राजकाज की भाषा 'फारसी' थी।

@RexstarPdf

616. हिन्दी_____भाषा की उत्तराधिकारिणी है।

(a) अवधी (b) ब्रज
(c) देवनागरी (d) संस्कृत

UPSI, 2016

उत्तर: (d) हिन्दी की आदि जननी भाषा **संस्कृत** है। संस्कृत, पालि, प्राकृत भाषा से होती हुई अपभ्रंश तक पहुंचती है। फिर अपभ्रंश, अवहट्ट से गुजरती हुई प्राचीन हिन्दी/प्रारम्भिक हिन्दी का रूप ले लेती है।

हिन्दी का विकास क्रम–

संस्कृत → पालि → प्राकृत → अपभ्रंश → अवहट्ट → प्राचीन हिन्दी/प्रारम्भिक हिन्दी

617. संसार की प्रमुख भाषाओं में हिन्दी का स्थान है-

(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

UPSI, 2016

उत्तर : (b) 'हिन्दी' विश्व की लगभग 3000 भाषाओं में से एक है। आकृति या रूप के आधार पर हिन्दी श्लिष्ट वियोगात्मक भाषा है। भाषा परिवार के आधार पर हिन्दी इन्डो यूरोपियन परिवार की भाषा है तथा संसार की प्रमुख भाषाओं में हिन्दी का द्वितीय स्थान है।

618. हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी को सन् 1835 में भारत की शिक्षा और प्रशासन की भाषा के रूप में किसने स्थापित किया?

(a) द लार्ड मिंटो (b) जान एडिम्स
(c) लार्ड मैकाले (d) वारेन हेस्टिंग

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (c) : हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी को सन् 1835 में भारत की शिक्षा और प्रशासन की भाषा के रूप में **लॉर्ड मैकाले** ने स्थापित किया था।

619. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा का मौखिक रूप है?

(a) निबन्ध (b) परिचर्चा
(c) परियोजना (d) पत्र

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'परिचर्चा' भाषा का मौखिक रूप है, जबकि निबन्ध, पत्र तथा परियोजना लिखित रूप हैं। 'परिचर्चा' का सामान्य अर्थ है– विषय संबंधित विस्तृत व्याख्या। किसी विषय, पुस्तक आदि पर विस्तृत रूप से की जाने वाली बातचीत परिचर्चा कहलाती है।

620. किस वर्ष में हिन्दी भाषा को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव था?

(a) 14 सितम्बर 1950 (b) 14 सितम्बर 1949
(c) 14 सितम्बर 1960 (d) 14 सितम्बर 1964

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर : (b) हिन्दी भाषा को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव **14 सितम्बर 1949** को हुआ था। इसी दिन हिन्दी भाषा को 'राजभाषा' का दर्जा दिया गया। प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' मनाया जाता है।

621. साहित्य के कलावादी दृष्टिकोण के अनुसार कौन-सा कथन सही है?

(a) कला का नैतिक मानदंडों में मूल्यांकन किया जा सकता है।
(b) कला का सौंदर्यपरक प्रतिमानों से मूल्यांकन किया जा सकता है।
(c) कला का राजनैतिक मानदंडों से मूल्यांकन किया जा सकता।
(d) कला का सामाजिक मानदंडों से मूल्यांकन किया जा सकता है।

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : कलावादी मानते हैं कि कलाकार की उपलब्धि मात्र कलागत सौंदर्य के स्वतंत्र एवं निरपेक्ष महत्त्व की प्रतिष्ठा में है। अतः साहित्य के कलावादी दृष्टिकोण के अनुसार 'कला का सौंदर्यपरक प्रतिमानों से मूल्यांकन किया जा सकता है' कथन सही है।

622. 'भाषा संवर्धिनी सभा' कहाँ स्थापित की गई थी?

(a) वाराणसी (b) अलीगढ़
(c) प्रयाग (d) देवरिया

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'भाषा संवर्धिनी सभा' अलीगढ़ में स्थापित की गयी थी। 'भाषा संवर्धिनी सभा' के संस्थापक 'बाबू तोताराम' थे। ये अलीगढ़ में प्रेस स्थापित कर 'भारत बंधु' नामक पत्र निकालते थे।

623. भारत में भाषा के आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?

(a) पंजाब (b) जम्मू-कश्मीर
(c) आंध्र प्रदेश (d) बिहार

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर :(c) भारत में भाषा के आधार पर सर्वप्रथम 'आन्ध्र प्रदेश' राज्य का गठन किया गया। आन्ध्र प्रदेश का गठन अक्टूबर 1953 में किया गया। दिसम्बर 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग की नियुक्ति की गयी जिसके अध्यक्ष फजल अली थे। दो अन्य सदस्य के. एम. पणिक्कर तथा हृदयनाथ कुंजरू थे।

624. भारतीय संविधान में किस भाषा को ''राजभाषा'' के रूप में स्वीकार किया गया है?

(a) अंग्रेजी (b) उर्दू
(c) हिन्दी (d) तमिल

ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

उत्तर. : (c) संविधान के भाग-17 के अनुच्छेद-343 के अनुसार संघ की राजभाषा 'हिन्दी' व लिपि 'देवनागरी' है।

625. हिंदी साहित्य के इतिहास में प्रसिद्ध कबीरदास, सूरदास, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद, हरिवंशराय बच्चन आदि किस प्रदेश से हैं?

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) उत्तर प्रदेश (d) आसाम

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (c) हिन्दी साहित्य के इतिहास में प्रसिद्ध साहित्यकार कबीरदास (वाराणसी), सूरदास (मथुरा), महावीर प्रसाद द्विवेदी (रायबरेली), प्रेमचंद (वाराणसी), हरिवंश राय बच्चन (इलाहाबाद) आदि सभी उत्तर प्रदेश से हैं।

@RexstarPdf

26.

हिन्दी भाषा एवं बोलियाँ

1. पश्चिमी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?

(a) पैशाची (b) मागधी
(c) ब्राचड़ (d) शौरसेनी

UPPCS (Pre) 2022
UPPSC GIC (2021)
DSSSB TGT (Male) 28.08.2018
हरियाणा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा, 2017
UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
MP Asst. Prof, HINDI, 2017
[UK PSC AE 2013]

उत्तर : (d) : अपभ्रंश — आधुनिक भारतीय भाषाएँ

(1)	शौरसेनी अपभ्रंश	-	पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती
(2)	पैशाची अपभ्रंश	-	लहँदा, पंजाबी
(3)	अर्द्धमागधी अपभ्रंश	-	पूर्वी हिन्दी
(4)	मागधी अपभ्रंश	-	बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमिया
(5)	खस अपभ्रंश	-	पहाड़ी, कुमायूँनी, गढ़वाली

2. हिंदी भाषा के उद्भव एवं विकास के संबंध में शोध करते हुए अधिकांश शोधकर्ताओं ने आज की हिंदी के प्रारंभिक रूप को 'पुरानी हिंदी' या 'अवहट्ट' के नाम से अभिहित किया है। इस 'अवहट्ट के उद्भव का सही क्रम' क्या है?

(a) संस्कृत > प्राकृत > पालि > अपभ्रंश > अवहट्ट
(b) संस्कत > पालि > अपभ्रंश > प्राकृत > अवहट्ट
(c) संस्कृत > अपभ्रंश > प्राकृत > अवहट्ट
(d) संस्कृत > पालि > प्राकृत > अपभ्रंश > अवहट्ट

BIHAR Primary Teacher- 2023 (Shift- II)
UPSI 24/11/2021 Shift -I
CGPSC (Pre) 2021

उत्तर : (d) : हिंदी के आरंभिक रूप को पुरानी हिंदी या अवहट्ट कहा जाता है।
अवहट्ट का विकास क्रम इस प्रकार है- संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट- हिन्दी।
अवहट्ट को 'अपभ्रंश का अपभ्रंश' अथवा परवर्ती अपभ्रंश भी कहा जाता है। अवहट्ट शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ज्योतिरीश्वर ठाकुर ने अपनी पुस्तक वर्णरत्नाकर में 1325 ई. में किया था। अवहट्ट भाषा के प्रमुख रचनाकार ज्योतिरीश्वर ठाकुर, अब्दुर रहमान, दामोदर पंडित, विद्यापति हैं।

3. भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण का आधार है-

(a) अर्थ (b) इतिहास
(c) रूपरचना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UGC NET IIIrd Paper June. 2012
BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण का आधार इतिहास है। पारिवारिक वर्गीकरण के लिए महत्वपूर्ण आधार निम्न है-
(1) पदरचना (2) वाक्यरचना (3) ध्वनि (4) अर्थ (5) शब्द और (6) स्थानिक समीपता।

4. मानक भाषा की विशेषता है-

(a) ऐतिहासिकता
(b) स्वायत्तता
(c) एकरूपता
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त में से एक से अधिक मानक भाषा की विशेषता है। ऐतिहासिकता, स्वायत्तता तथा एकरूपता मानक भाषा की विशेषताएं हैं।

5. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा आर्यभाषाओं में शामिल नहीं है?

(a) संस्कृत
(b) प्राकृत
(c) तुर्की
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'तुर्की' भाषा आर्यभाषा में शामिल नहीं है जबकि संस्कृत, प्राकृत तथा पालि आर्यभाषाओं में शामिल हैं।

6. वैदिक संस्कृत से लेकर आधुनिक युग तक की हिंदी के विकास का सही क्रम कौन-सा है?

(a) वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, अपभ्रंश, पालि, प्राकृत
(b) वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश
(c) वैदिक संस्कृत, अपभ्रंश, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत
(d) लौकिक संस्कृत, वैदिक संस्कृत, अपभ्रंश, प्राकृत, पालि

VDO 26-06-2023 Shift- I
कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तर : (b) : वैदिक संस्कृत से लेकर आधुनिक युग तक की हिंदी के विकास का सही क्रम निम्न है:-
वैदिक संस्कृत → लौकिक संस्कृत → पालि → पाकृत → अपभ्रंश → अवहट्ट → हिन्दी

@RexstarPdf

7. निम्नलिखित में कौन-कौन सी बोलियाँ उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती हैं?

1. मारवाड़ी **2. अवधी**
3. बुंदेली **4. मेवाती**

(a) 1, 2 (b) 3, 4
(c) 1, 4 (d) 2, 3

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'मारवाड़ी' एवं 'मेवाती' बोली उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती हैं। ये दोनों राजस्थान में बोली जाने वाली बोलियाँ हैं।

'बुंदेली' पश्चिमी हिंदी एवं 'अवधी' पूर्वी हिंदी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में बोली जाने वाली बोलियाँ हैं।

8. निम्नलिखित में कौन-कौन सी बोलियाँ उत्तर प्रदेश में बोली जाती हैं?

1. ब्रज **2. अवधी**
3. कन्नौजी **4. बघेली**

(a) 1,2,3 (b) 2,3,4
(c) उपर्युक्त सभी (d) कोई भी नहीं

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (a) : ब्रज, अवधी एवं कन्नौजी बोलियाँ उत्तर प्रदेश में बोली जाती हैं जबकि बघेली बोली मध्य प्रदेश में बोली जाती है। ब्रज एवं कन्नौजी उत्तर प्रदेश में, शौरसेनी अपभ्रंश के पश्चिमी हिंदी के अंतर्गत तथा अवधी अर्धमागधी अपभ्रंश के पूर्वी हिंदी के अंतर्गत बोली जाती है।

9. निम्नलिखित में कौन से राज्य हिंदी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं?

1. हिमाचल प्रदेश **2. उत्तराखंड**
3. मध्य प्रदेश **4. छत्तीसगढ़**

(a) 1, 2 (b) 3, 4
(c) 1, 2, 3 (d) सभी

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (d) : 'हिमाचल प्रदेश' उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़' ये सभी राज्य हिंदी भाषा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

हिंदी भाषा राज्य क्षेत्र–उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, हरियाणा, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली, चण्डीगढ़ (केन्द्रशासित प्रदेश) आदि।

10. लोधान्ती इनमें से किस बोली की उपभाषा के अन्तर्गत आती है?

(a) बुन्देली (b) मालवी
(c) गढ़वाली (d) छत्तीसगढ़ी

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तरः (a) 'लोधान्ती' बोली बुंदेली की उपभाषा है। बुंदेली भाषा बुंदेलखण्ड क्षेत्र में बोली जाती है। चम्बल और यमुना नदियों के बीच मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश का क्षेत्र बुंदेलखण्ड कहलाता है। बुंदेली बोली शौरशेनी अपभ्रंश के पश्चिमी हिन्दी के अंतर्गत आती है।

11. ''अवधी'' किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?

(a) शौरसेनी अपभ्रंश से (b) अर्द्ध मागधी अपभ्रंश से
(c) मागधी अपभ्रंश से (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper
[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift- I]

उत्तर : (b) : 'अवधी' बोली पूर्वी हिन्दी के अर्द्धमागधी अपभ्रंश के अंतर्गत विकसित हुई है। अर्द्धमागधी अपभ्रंश के अंतर्गत अवधी, बघेली तथा छत्तीसगढ़ी बोली आती है।

12. हिंदी की उप-भाषा कौन सी नहीं है?

(a) पूर्वी हिंदी (b) पहाड़ी
(c) पश्चिमी हिंदी (d) मालवी

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिए हुए प्रश्न में हिन्दी की उप-भाषा 'मालवी' नहीं है। हिन्दी की कुल 5 उपभाषाएँ हैं।

पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी, राजस्थानी हिन्दी, पहाड़ी हिन्दी तथा बिहारी हिन्दी।

13. हिंदी की उप-भाषाओं की संख्या है :

(a) 06 (b) 07
(c) 05 (d) 04

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)
UP TET 2021 (Re Exam)
DSSSB TGT (Female) 05.09.2021, Shift-II
Ashram Paddhati PGT 2012
DSSSB TGT 15.09.2018

उत्तर : (c) : हिन्दी की कुल पाँच उपभाषाएँ हैं जो निम्न हैं–

राजस्थानी, पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी, बिहारी तथा पहाड़ी।

सर्वमान्य मतों के अनुसार हिन्दी- भाषा के अंतर्गत 5 उपभाषाओं एवं 17 बोलियों को ही स्थान मिला है।

14. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है ?

(a) अनुच्छेद 346 (b) अनुच्छेद 342
(c) अनुच्छेद 344 (d) अनुच्छेद 343

UPPSC GDC 2021
Higher Edu. Exam 2015
KVS PGT 2015
Himanchal Pradesh PGT 2016
DSSSB PGT (Male) 18.07.2021 (Shift-I)
UK PSC Lecturer 2021
UPPSC Degree College Exam - 2008
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-II)
RPSC Assit. Prof. 2020
DSSSB PGT 24.07.2018 (2.00 PM - 5.00 PM)
Delhi KV PGT 2016
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा, 2014
UP TGT 2010
[UP SSSC Lower 30.09.2019 Shift- II]
BIHAR Primary Teacher- 2023 (Shift- II)
VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : अनुच्छेद 343– संघ की राजभाषा के अंतर्गत अनुच्छेद 343 (1) में यह वर्णित है कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।

अनुच्छेद 344– राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति।

@RexstarPdf

अनुच्छेद 345– राज्य की अधिकारिक भाषा या भाषाओं का उल्लेख करता है।

अनुच्छेद 346– एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच या किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की भाषा।

15. 'ब्रज' हिन्दी की किस उपभाषा के अंतर्गत है?

(a) पहाड़ी हिन्दी (b) पूर्वी हिन्दी
(c) पश्चिमी हिन्दी (d) राजस्थानी हिन्दी

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) 'ब्रज' हिन्दी की **पश्चिमी उपभाषा** के अन्तर्गत आती है। अन्य उपभाग एवं बोलियाँ इस प्रकार हैं–

उपभाषा	**बोलियाँ**
राजस्थानी	– मारवाड़ी, जयपुरी या ढूँढाड़ी, मेवाती, मालवी
पश्चिमी हिन्दी	– कौरवी या खड़ीबोली, हरियाणवी (बाँगरू), ब्रजभाषा, बुंदेली, कन्नौजी
पूर्वी हिन्दी	– अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
बिहारी	– भोजपुरी, मगही, मैथिली
पहाड़ी	– कुमाऊँनी, गढ़वाली

16. पश्चिमी हिन्दी के अंतर्गत कौन-सी बोली आती है?

(a) कन्नौजी (b) मेवाती
(c) बघेली (d) मगही

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a)

पश्चिमी हिन्दी – कन्नौजी, खड़ीबोली (कौरवी), ब्रजभाषा, हरियाणवी, बुन्देली, दक्खिनी।
पूर्वी हिन्दी – अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
बिहारी हिन्दी – मैथिली, मगही, भोजपुरी
राजस्थानी – मेवाती, मारवाड़ी, मालवी, जयपुरी

17. हिन्दी प्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित बोलियों के सामूहिक नाम को क्या कहते हैं?

(a) मध्य प्रदेश (b) पश्चिमी हिन्दी
(c) खड़ी बोली (d) बुंदेलखंडी

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (b) हिन्दी प्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित बोलियों के सामूहिक नाम को पश्चिमी हिन्दी कहते हैं जिसमें खड़ी बोली, ब्रजभाषा, कन्नौजी, बुन्देली तथा हरियाणवी बोलियाँ आती हैं।

18. निम्नलिखित में से पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है:

(a) ब्रजभाषा (b) कन्नौजी
(c) बुंदेली (d) मगही

UP TET (I-V) 08-01-2019
UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) मगही पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है अपितु यह बिहारी हिन्दी के अन्तर्गत आती है। पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत आने वाली बोलियाँ खड़ी बोली (कौरवी), ब्रजभाषा, हरियाणवी (बाँगरू), बुन्देली, कन्नौजी तथा दक्खिनी हैं; जबकि बिहारी हिन्दी के अन्तर्गत भोजपुरी, मगही, मैथिली बोलियाँ आती हैं। अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आने वाली बोलियाँ हैं।

19. 'खड़ीबोली' शब्द का प्रयोग:

(a) साहित्यिक हिन्दी खड़ीबोली के अर्थ में होता है।
(b) दिल्ली-मेरठ के आस-पास की लोक-बोली के अर्थ में होता है।
(c) खड़ीबोली का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है।
(d) खड़ीबोली में लोकसाहित्य बिल्कुल नहीं है।

कोड:

(a) (a) और (d) सही (b) (c) और (d) सही
(c) (a), (b) और (c) सही (d) (b) और (d) सही

[UPTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर : (c) 'खड़ी बोली' शब्द का प्रयोग साहित्यिक हिन्दी खड़ीबोली के अर्थ में होता है एवं दिल्ली-मेरठ के आस-पास की लोक-बोली के अर्थ में होता है। खड़ीबोली का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है। जबकि 'खड़ी-बोली में लोक साहित्य बिल्कुल नहीं है' यह तथ्य असत्य है।

20. किस बोली में 'ने' परसर्ग लगाया जाता है?

(a) ब्रजभाषा (b)खड़ी बोली
(c) राजस्थानी (d)अवधी

UPSI 17/11/2021 (Shift- I)
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015
GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा - 2017
आश्रम पद्धति PGT 2012

उत्तर : (b) खड़ी बोली में 'ने' परसर्ग लगाया जाता है। यह ओकार बहुला बोली है, इसमें मैंने, तुमने, तूने आदि शब्द प्रचलित हैं। अवधी बोली अकार बहुला है। इसमें जबन, तवन, कवन, तोर, हमार, तोका, मोका शब्द प्रचलित हैं। राजस्थानी बोली ओकार बहुला है। यहाँ 'ण' वर्ण की बोली अधिक बोली जाती है। **जैसे-** मारो, भारो, कोण, ठाढ़ा आदि। ब्रज की क्रिया पद की बोली ओकार बहुला बोली है। **जैसे-** गयौ, खायौ, भयौ, पढ़ायौ।

21. हिन्दी खड़ीबोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?

(a) मागधी (b) शौरसेनी
(c) ब्राचड़ (d) अर्द्धमागधी

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UK PSC Lecturer 2020

उत्तर : (b) हिन्दी खड़ीबोली शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित हुई है। शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित अन्य भाषाएँ – पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, ब्रजभाषा आदि हैं। मागधी अपभ्रंश से बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमिया। पैशाची-ब्राचड़ अपभ्रंश से सिंधी तथा अर्द्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वी हिन्दी, (अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी) आदि भाषाएँ विकसित हुई हैं।

@RexstarPdf

22. खड़ी बोली निकली है-

(a) पूर्वी हिन्दी से (b) पश्चिमी हिन्दी से
(c) बिहारी हिन्दी से (d) राजस्थानी हिन्दी से

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) 'खड़ीबोली' **पश्चिमी हिन्दी** उपभाषा के अन्तर्गत आती है। 'पश्चिमी हिन्दी' उपभाषा के अन्तर्गत –कौरवी, बाँगरू/ हरियाणवी, ब्रजभाषा, बुंदेली तथा कन्नौजी बोली आती है जबकि 'पूर्वी हिन्दी' उपभाषा के अन्तर्गत – अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, 'बिहारी उपभाषा' के अन्तर्गत – भोजपुरी, मगही, मैथिली तथा 'राजस्थानी हिन्दी' के अन्तर्गत मारवाड़ी, जयपुरी या ढूँढाड़ी, मेवाती तथा मालवी आती है।

23. भारत में सर्वाधिक खड़ी बोली वाली भाषा कौन-सी है?

(a) हिन्दी (b) संस्कृत
(c) तमिल (d) उर्दू

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) हिन्दी भारत में सर्वाधिक खड़ी बोली वाली भाषा है।

24. पंजाबी, राजस्थानी, हरियाणवी, ब्रज में प्रभावित साहित्यिक खड़ी बोली या देहलवी से किस हिन्दी का विकास हुआ?

(a) संस्कृतनिष्ठ हिन्दी (b) मानक हिन्दी
(c) पुरानी हिन्दी (d) कठिन हिन्दी

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (b) पंजाबी, राजस्थानी, हरियाणवी, ब्रज से प्रभावित साहित्यिक खड़ीबोली या देहलवी से मानक हिन्दी या परिनिष्ठित हिन्दी का विकास हुआ है।

25. मानक हिन्दी का विकास किस बोली से हुआ है?

(a) ब्रजभाषा (b) बाँगरु
(c) खड़ी बोली हिन्दी (d) अवधी

UPSI Batch-II 13.12.2017
Jharkhand PGT Hindi, 2018
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) मानक हिन्दी का विकास खड़ी बोली हिन्दी से हुआ है, जबकि अन्य बोलियाँ ब्रजभाषा, बाँगरू तथा अवधी से मानक हिन्दी का विकास नहीं हुआ है। खड़ीबोली उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के आस-पास की प्रमुख क्षेत्रीय बोली है तथा वहाँ की अधिकांश ग्रामीण जनता द्वारा बोली जाती है।

26. वर्तमान हिन्दी का 'खड़ी बोली' नाम किस कारण पड़ा है?

(a) इसमें खड़ी मात्रा का प्रयोग अधिक होता है।
(b) इसका ध्वनि-विन्यास कर्कश है।
(c) इसे खड़े-खड़े सीखा जा सकता है।
(d) इसमें खरी-खोटी कहने की क्षमता है।

KVS PGT Hindi, 2016

उत्तर.(a): वर्तमान हिन्दी का 'खड़ी-बोली' नाम इसलिए पड़ा क्योंकि इसमें खड़ी मात्रा का प्रयोग अधिक होता है। अन्य सभी तर्क त्रुटिपूर्ण हैं।

27. ..... बोली दिल्ली, मेरठ, बिजनौर और सहारनपुर के निकटवर्ती क्षेत्रों में बोली जाती है।

(a) कन्नौजी (b) ब्रजभाषा
(c) बुंदेली (d) खड़ी

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)
UPPCL Stenographer, 2018
K.V.S. PGT- 2014

उत्तर : (d) खड़ी बोली या कौरवी (मूलनाम) दिल्ली, मेरठ, बिजनौर और सहारनपुर के निकटवर्ती क्षेत्रों में बोली जाती है।

1. **खड़ी बोली** – मेरठ-दिल्ली का आस-पास क्षेत्र, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर, देहरादून
2. **ब्रजभाषा** – मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, बरेली, धौलपुर क्षेत्र।
3. **बुंदेलीभाषा** – बुंदेलखण्ड तथा उसके आस-पास का क्षेत्र।
4. **कन्नौजी** – कन्नौज तथा उसके आस-पास का क्षेत्र।

28. मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौनसी बोली, बोली जाती है?

(a) खड़ी बोली (b) अवधी
(c) बाँगरू (d) ब्रजभाषा

UPSI Batch - I 14 Dec.2017
व्यायाम प्रशिक्षक 16.09.2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (d) मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि क्षेत्रों में 'ब्रजभाषा' बोली जाती है। प्रश्नगत शेष बोलियों के क्षेत्र निम्नलिखित हैं–
खड़ी बोली/कौरवी– मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, दिल्ली, गाजियाबाद, रामपुर, बिजनौर आदि।
अवधी– अयोध्या, जौनपुर, इलाहाबाद, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, सीतापुर, फैजाबाद आदि।
बाँगरू/हरियाणवी– हरियाणा राज्य में।

29. बाँगरू किस उपभाषा वर्ग की बोली है–

(a) पश्चिमी हिन्दी (b) पूर्वी हिन्दी
(c) बिहारी (d) पहाड़ी

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) बाँगरू पश्चिमी हिन्दी उपभाषा वर्ग की बोली है। पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत- खड़ी बोली, ब्रज, बुन्देली, **कन्नौजी** आदि बोलियां आती हैं।

30. 'बाँगरू' भाषा ज्यादातर कौन-से राज्य में बोली जाती है?

(a) हरियाणा (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) बिहार

UPSI Batch - III 22 Dec.2017
UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (a) पश्चिमी हिन्दी उपभाषा से विकसित 'बाँगरू' एक बोली है, जो मुख्यतः हरियाणा राज्य में बोली जाती है। इसका अन्य नाम 'हरियाणवी' है। यह पश्चिमी हिन्दी की आकार बहुला उपवर्ग की बोली है।

@RexstarPdf

31. निम्नलिखित में से कौन सी बोली उत्तर प्रदेश में बोली जाती है?

(a) बाँगरू (b) हाड़ौती
(c) बुंदेली (d) कन्नौजी

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (d) उत्तर प्रदेश में बोली जाने वाली प्रमुख बोलियों में 'कन्नौजी' का प्रमुख स्थान है।

32. 'कौरवी' किस बोली को कहते हैं?

(a) मारवाड़ी (b) खड़ी बोली
(c) अवधी (d) छत्तीसगढ़ी

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
DSSSB TGT (Female) 05.09.2021 Shift-I
UPTGT 2021
UPPGT 2010
Himanchal Pradesh PGT 2016

उत्तर: (b) 'कौरवी' **खड़ी बोली** को कहते हैं। पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत आने वाली खड़ी बोली आज हिन्दी साहित्य की मानक भाषा के रूप में जानी जाती है।

33. 'कन्नौजी बोली' मुख्य रूप से निम्न में से कौन से जिले में बोली जाती है–

(a) कानपुर (b) इलाहाबाद
(c) फर्रुखाबाद (d) मुरादाबाद

UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर : (c) कन्नौजी बोली मुख्यतः **फर्रुखाबाद** जिले में बोली जाती है। इस बोली का विकास पश्चिमी हिन्दी उपभाषा से हुआ है तथा यह ओकार बहुला उपवर्ग की बोली है। यह बोली इटावा, हरदोई, पीलीभीत, शाहजहाँपुर इत्यादि क्षेत्रों में भी बोली जाती है।

34. पूर्वी हिन्दी क्षेत्र में कौन-सी बोली नहीं बोली जाती?

(a) अवधी (b) छत्तीसगढ़ी
(c) जयपुरी (d) बघेली

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift
UPPSC GDC (2021)

उत्तर : (c) पूर्वी हिंदी क्षेत्र में **जयपुरी** बोली नहीं बोली जाती है, यह राजस्थानी बोली के अन्तर्गत आती है।
पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ– अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।
राजस्थानी हिन्दी की बोलियाँ– जयपुरी, मारवाड़ी, मेवाती, मालवी
पश्चिमी हिंदी–खड़ीबोली (कौरवी), हरियाणवी (बाँगरू), दक्खिनी,
बिहारी हिंदी– भोजपुरी, मगही, मैथिली
पहाड़ी हिंदी– कुमाँऊनी, गढ़वाली

35.निम्न में से कौन-सी बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है?

(a) अवधी (b) बघेली
(c) छत्तीसगढ़ी (d) मगही

UP SSC VDO 22/12/2018 Shift -II
चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) मगही पूर्वी **हिन्दी** के अन्तर्गत नहीं आती है। अन्य विवरण हैं-
पूर्वी हिन्दी - अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
बिहारी हिन्दी - मैथिली, मगही, भोजपुरी
राजस्थानी - मेवाती, मालवी, मारवाड़ी, जयपुरी
पश्चिमी हिन्दी - ब्रज, खड़ीबोली, कन्नौजी, हरियाणवी, बुंदेली

36. अवधी शब्द का अर्थ है–

(a) अवध की भाषा (b) काल
(c) अवधवासी (d) अंधा

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) अवधी शब्द का आशय **अवध की भाषा** से है, जो अवध क्षेत्र में बोली जाती है। इसी प्रकार भोजपुरी भोजपुर से सम्बद्ध है।

37. अवधी किस उपभाषा वर्ग की बोली है?

(a) पश्चिमी हिन्दी (b) पूर्वी हिन्दी
(c) बिहारी हिन्दी (d) राजस्थानी हिन्दी

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
UPSI Batch - II 22 Dec.2017

उत्तर: (b) अवधी **पूर्वी हिन्दी** उपभाषा वर्ग की बोली है।

उपभाषा	बोली
पश्चिमी हिंदी	कौरवी (खड़ीबोली), ब्रजभाषा, कन्नौजी, बाँगरू (हरियाणवी) बुंदेली।
पूर्वी हिंदी	अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।
राजस्थानी हिंदी	मारवाड़ी, जयपुरी, मेवाती, मालवी।
बिहारी हिंदी	भोजपुरी, मगही, मैथिली।

38. बघेली बोली का क्षेत्र है-

(a) रीवाँ (b) इंदौर
(c) रायपुर (d) भोपाल

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)
MP Asst. Prof. Hindi, 2017
UP SSC VDO 22/12/2018 Shift -II

उत्तर. (a) : बघेली बोली का क्षेत्र रीवाँ है। **रीवाँ** के अतिरिक्त जबलपुर, मण्डला व मिर्जापुर भी बघेली के क्षेत्र हैं। बघेली बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आती है। पूर्वी हिन्दी की तीन बोलियाँ हैं- अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।

39. बघेली बोली का संबंध हिंदी की बोलियों के किस वर्ग से है?

(a) पहाड़ी (b) पूर्वी हिंदी
(c) पश्चिमी हिंदी (d) खड़ी बोली

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)
MP Asst. Prof. Hindi, 2017

उत्तर. (b) : बघेली बोली का सम्बन्ध **पूर्वी हिन्दी** से है। पूर्वी हिन्दी से अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी बोलियों का विकास हुआ है; जबकि पहाड़ी हिन्दी से गढ़वाली, कुमाउँनी तथा नेपाली का विकास हुआ है। पश्चिमी हिन्दी से खड़ीबोली, ब्रजभाषा, हरियाणवी, कन्नौजी, बुन्देलखण्डी बोलियों का विकास हुआ है।

@RexstarPdf

40. छत्तीसगढ़ी किस भाषा की बोली है?

(a) पश्चिमी हिन्दी
(b) राजस्थानी
(c) बिहारी
(d) पूर्वी हिन्दी

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) छत्तीसगढ़ी, बघेली तथा अवधी बोली 'पूर्वी हिन्दी' उपभाषा के अन्तर्गत आती हैं। 'पश्चिमी हिन्दी' उपभाषा के अन्तर्गत कौरवी/खड़ीबोली, ब्रजभाषा, बुंदेली तथा कन्नौजी आती हैं। पश्चिमी हिन्दी शौरसेनी अपभ्रंश तथा पूर्वी हिन्दी अर्द्ध-मागधी अपभ्रंश से विकसित हुई है।

41. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली राजस्थानी हिन्दी के अंतर्गत आती है?

(a) मगही (b) कन्नौजी
(c) मेवाती (d) बघेली

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) राजस्थानी हिन्दी–मेवाती, मालवी, मारवाड़ी, जयपुरी
पश्चिमी हिन्दी–ब्रजभाषा, खड़ीबोली, कन्नौजी, हरियाणवी, बुन्देली।
पूर्वी हिन्दी – अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।
बिहारी हिन्दी– मैथिली, मगही, भोजपुरी।

42. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली 'राजस्थानी' के अन्तर्गत नहीं आती है?

(a) मारवाड़ी (b) मेवाड़ी
(c) मागधी (d) मेवाती

UPPCL ARO, 2018
MP Asst. Prof. Hindi, 2017

उत्तर : (c) मागधी बोली राजस्थानी उपभाषा के अन्तर्गत नहीं आती है। यह बोली बिहारी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत आती है। इसे 'मगही बोली' के नाम से भी जाना जाता है।

- बिहारी उपभाषा के अन्तर्गत आने वाली प्रमुख बोलियाँ –भोजपुरी, मगही (मागधी), मैथिली हैं।
- राजस्थानी उपभाषा के अन्तर्गत आने वाली बोलियाँ– मारवाड़ी, जयपुरी (ढुँढाड़ी), मेवाती, मालवी।

43. जयपुरी का स्थानीय नाम है :

(a) दाशार्णी (b) बागड़ी
(c) ढुँढाड़ी (d) कुर्माञ्चल

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c): जयपुरी बोली का स्थानीय नाम **ढुँढाड़ी** है। यह राजस्थानी हिन्दी उपभाषा की एक बोली है। कुछ अन्य बोलियों के स्थानीय नाम निम्नवत् हैं–

हरियाणवी	– बाँगरू
ब्रजभाषा	– अन्तर्वेदी
बुन्देली	– बुन्देलखण्डी
अवधी	– कोसली, बैसवाड़ी, पूरनी
कौरवी	– खड़ीबोली
छत्तीसगढ़ी	– खल्टाही, लरिया
बघेली	– रीवाई

44. 'हड़ौती' बोली है -

(a) पश्चिमी राजस्थान की (b) पूर्वी राजस्थान की
(c) दक्षिणी राजस्थान की (d) उत्तरी राजस्थान की

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)
UP PCL ARO 2018
UPSI BATCH –I, 16 DEC. 2017
लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) हड़ौती **पूर्वी राजस्थान** की बोली है। इनका क्षेत्रीय आधार पर वर्गीकरण क्रम इस प्रकार है–
पश्चिमी राजस्थान- मारवाड़ी, मेवाड़ी, बागड़ी, शेखावटी
पूर्वी राजस्थान- जयपुरी (ढुँढाड़ी), हाड़ौती
उत्तरी राजस्थान- मेवाती, अहिरवाटी
दक्षिणी राजस्थान- मालवी, निमाड़ी

45. 'ढुँढाड़ी' बोली है–

(a) पश्चिमी राजस्थान की (b) पूर्वी राजस्थान की
(c) दक्षिणी राजस्थान की (d) उत्तरी राजस्थान की

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) 'ढुँढाड़ी' पूर्वी राजस्थान की बोली है 'ढुँढाड़ी' जयपुरी बोली का उपनाम है।

46. कौन–सी बोली बिहारी हिन्दी की नहीं है:

(a) भोजपुरी
(b) मगही
(c) जयपुरी
(d) मैथिली

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c): जयपुरी बोली बिहारी हिन्दी की बोली नहीं है। यह राजस्थानी उपभाषा की बोली है। इसका विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है, जबकि भोजपुरी, मगही, मैथिली 'बिहारी उपभाषा' की बोलियाँ हैं। बिहारी हिन्दी का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

47. निम्नलिखित में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है?

(a) कन्नौजी (b) ब्रजभाषा
(c) खड़ी बोली (d) जयपुरी

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d) : जयपुरी उत्तर प्रदेश की बोली नहीं है। जयपुरी बोली का प्रयोग पूर्वी राजस्थान के क्षेत्रों में होता है। इसीलिए इसे पूर्वी राजस्थानी भी कहते हैं। 'ब्रजभाषा'- मथुरा, अलीगढ़, आगरा में बोली जाती है। 'कन्नौजी'- कन्नौज, फर्रूखाबाद, हरदोई, शाहजहाँपुर के क्षेत्रों में बोली जाती है। 'खड़ीबोली'- मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर के क्षेत्रों में बोली जाती है।

@RexstarPdf

48. निम्न में कौन सी बोली उ.प्र. की नहीं है?

(a) मेवाती (b) कन्नौजी
(c) भोजपुरी (d) ब्रज

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

उत्तर : (a) कन्नौजी, भोजपुरी तथा ब्रज उत्तर प्रदेश की बोलियाँ हैं, जबकि **मेवाती**, मालवी, मारवाड़ी तथा जयपुरी राजस्थान की बोलियाँ हैं।

49. उत्तर प्रदेश में कौन-सी भाषा नहीं बोली जाती?

(a) ब्रजभाषा (b) कन्नौजी
(c) अवधी (d) पहाड़ी

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (d) उत्तर प्रदेश में **पहाड़ी भाषा** नहीं बोली जाती है। यह उत्तराखण्ड में बोली जाती है।

50. निम्नलिखित में से कौन एक पहाड़ी बोली है?

(a) मंडियाली (b) बांगरू
(c) कौरवी (d) हाड़ौती

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) मंडियाली कुमाऊँनी तथा गढ़वाली बोलियाँ पहाड़ी हिन्दी के अन्तर्गत आती हैं, जबकि बांगरू तथा कौरवी बोली पश्चिमी हिन्दी उपभाषा तथा हाड़ौती बोली राजस्थानी उपभाषा के अन्तर्गत आती है।

51. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली 'बिहारी' के अंतर्गत नहीं आती?

(a) भोजपुरी (b) मगही
(c) मैथिली (d) बघेली

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (d) 'बघेली' बिहारी नहीं बल्कि पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आती है–

उपभाषा		बोलियाँ
1. राजस्थानी	–	मारवाड़ी, मेवाती, मालवी, ढुँढाडी (जयपुरी)।
2. पश्चिमी हिन्दी	–	खड़ीबोली (कौरवी), ब्रजभाषा, बुंदेली, कन्नौजी।
3. पूर्वी हिन्दी	–	अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
4. बिहारी	–	भोजपुरी, मगही, मैथिली
5. पहाड़ी	–	कुमाऊनी, गढ़वाली, मंडियाली

52. गाजीपुर में बोली जाने वाली प्रमुख बोली है-

(a) अवधी (b) भोजपुरी
(c) खड़ी बोली (d) बघेली

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) गाजीपुर में बोली जाने वाली प्रमुख बोली **भोजपुरी** है। भोजपुरी मुख्यत: बिहार राज्य के भोजपुर, छपरा, बक्सर, सिवान जिले में एवं उत्तर प्रदेश के बलिया, आज़मगढ़, कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बनारस आदि जिले में बोली जाती है, जबकि 'अवधी' फैजाबाद, लखनऊ, सुल्तानपुर आदि जिले में, 'खड़ीबोली' मेरठ, सहारनपुर, रामपुर, दिल्ली आदि में तथा 'बघेली' रीवां जिले में बोली जाती है।

53. बिहारी हिंदी की बोली का नाम है–

(a) मगही (b) बघेली
(c) छत्तीसगढ़ी (d) बुंदेली

UP SSC वनरक्षक, 02-12-2018 Shift -I

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (a) बिहारी हिन्दी की बोली का नाम **मगही** है।
बिहारी हिन्दी–मगही, मैथिली, भोजपुरी
पूर्वी हिन्दी–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
पश्चिमी हिन्दी–बुन्देली, ब्रजभाषा, कौरवी

54. इनमें से कौन-सी बोली राजस्थानी से संबद्ध नहीं है?

(a) जयपुरी (b) मारवाड़ी
(c) मेवाती (d) मगही

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर: (d) मगही बोली का सम्बन्ध बिहारी हिन्दी से है बिहारी हिन्दी का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है। इसके अन्तर्गत तीन बोलियाँ आती हैं–(1) मगही (2) भोजपुरी (3) मैथिली। राजस्थानी उपभाषा का विकास, शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। इसके अन्तर्गत चार बोलियाँ आती हैं।
(1) जयपुरी (2) मारवाड़ी (3) मेवाती (4) मालवी।

55. निम्नलिखित बोलियों में से कौन-सी बोली उत्तर प्रदेश में सामान्यत: नहीं बोली जाती?

(a) अवधी (b) ब्रज
(c) मैथिली (d) खड़ी बोली

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर: (c) उत्तर प्रदेश में सामान्यत: अवधी, ब्रज, खड़ीबोली बोली जाती है, जबकि **मैथिली** बिहार राज्य के चम्पारन, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया आदि जिलों में बोली जाती है।

56. हिन्दी भाषी राज्य के अंतर्गत कौन-सा राज्य नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) झारखण्ड (d) महाराष्ट्र

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (d) हिंदी भाषी राज्य के अन्तर्गत **महाराष्ट्र** राज्य नहीं आता हैं। महाराष्ट्र में मूलत: 'मराठी बोली' बोली जाती है।
हिंदी भाषी राज्य हैं– हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, बिहार तथा पंजाब (कुछ भाग)।

57. हिन्दी भाषा की कितनी विख्यात बोलियाँ हैं?

(a) चार (b) दस
(c) आठ (d) पाँच

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

@RexstarPdf

उत्तर: (c) हिन्दी भाषा की आठ विख्यात बोलियाँ हैं। जिसके अन्तर्गत पूर्वी हिन्दी तथा पश्चिमी हिन्दी की बोलियां आती हैं- (i) पूर्वी हिन्दी (ii) पश्चिमी हिन्दी

पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत - अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।

पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत - खड़ी बोली, हरियाणवी, ब्रजभाषा, बुन्देली, कन्नौजी।

58. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

(a) शौरसेनी (b) पैशाची
(c) मागधी (d) अर्द्ध-मागधी

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPTGT -2021
UPTGT - 2016
कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (a) ब्रजभाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। इसके अंतर्गत अन्य बोलियाँ खड़ीबोली, कन्नौजी, बुंदेली इत्यादि हैं।

अपभ्रंश	उपभाषायें	बोलियां
1. शौरसेनी	पश्चिमी हिन्दी	कौरवी, हरियाणवी, ब्रजभाषा, बुंदेलखण्डी, कन्नौजी
	राजस्थानी हिन्दी	मारवाड़ी, जयपुरी (ढुँढाड़ी), मेवाती, मालवी
	पहाड़ी हिन्दी	कुमाऊनी, गढ़वाली
	गुजराती	
2. मागधी	बिहारी हिन्दी	मगही, मैथिली, भोजपुरी
	बंगाली, उड़िया, असमिया	
3. अर्द्धमागधी	पूर्वी हिन्दी	अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
4. महाराष्ट्री	मराठी	
5. ब्राचड-पैशाची	सिंधी, लहँदा, पंजाबी	

59. हिन्दी आकृति की दृष्टि से निम्नलिखित में से किस प्रकार की भाषा है?

(a) प्रश्लिष्ट योगात्मक (b) आयोगात्मक
(c) श्लिष्ट योगात्मक (d) अश्लिष्ट योगात्मक

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर : (*) आकृति की दृष्टि से हिन्दी 'श्लिष्ट वियोगात्मक' प्रकार की भाषा है। उपर्युक्त प्रश्न में वर्णित सभी विकल्प असत्य हैं।

श्लिष्ट वियोगात्मक–हिन्दी, अंग्रेजी, बांग्ला।

60. कौन हिन्दी की उपभाषा नहीं है?

(a) मराठी (b) पश्चिमी हिन्दी
(c) पूर्वी हिन्दी (d) राजस्थानी

जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) मराठी महाराष्ट्र राज्य की बोली है। हिन्दी की उपभाषा निम्नलिखित हैं-

(1) पश्चिमी हिन्दी - ब्रजभाषा, कन्नौजी, खड़ीबोली, बुन्देली, हरियाणवी।

(2) पूर्वी हिन्दी - अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।

(3) राजस्थानी - मारवाड़ी, मेवाती, मालवी, जयपुरी।

(4) बिहारी हिन्दी - भोजपुरी, मैथिली, मगही।

(5) पहाड़ी हिन्दी - नेपाली, गढ़वाली, कुमाऊनी।

61. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

(a) सौराष्ट्री (b) गुरुमुखी (c) देवनागरी (d) ब्राह्मी

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)
व्यायाम प्रशिक्षक 16.09.2018 द्वितीय पाली
MP Asst. Prof. Hindi 2017
[KVS PGT HIND 2017]
परिचालक परीक्षा 2015
वन रक्षक परीक्षा, 2015
[UK PSC AE 2013]
उ.प्र. उपनिरीक्षक 2001
म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2018

उत्तर: (c) हिन्दी भाषा **देवनागरी लिपि** में लिखी जाती है। 'ब्राह्मी लिपि' से गुप्त लिपि का विकास हुआ। पंजाबी भाषा 'गुरुमुखी' लिपि में लिखी जाती है। ब्राह्मी लिपि 'ऋग्वेद' की लिपि है।

62. हिन्दी के अतिरिक्त कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?

(a) सिंधी (b) पंजाबी
(c) बांग्ला (d) नेपाली

चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) हिन्दी के अतिरिक्त **नेपाली** भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। 'पंजाबी' पंजाब राज्य की भाषा है। 'बांग्ला' पश्चिम बंगाल राज्य की भाषा है। 'सिंधी' सिंधु क्षेत्र की भाषा है।

63. भारत में आर्यभाषा का आरंभ कब हुआ?

(a) 1600 ई. पूर्व के आसपास
(b) 1500 ई. पूर्व के आसपास
(c) 1400 ई. पूर्व के आसपास
(d) 1300 ई. पूर्व के आसपास

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (b) भारत में आर्यभाषा का आरम्भ 1500 ई.पू. के आसपास हुआ। प्राचीन भारतीय आर्यभाषा का प्रयोग लगभग 1500 ई.पू. - 500 ई.पू. तक हुआ। इसके अंतर्गत वैदिक संस्कृत व लौकिक संस्कृत का विकास हुआ। मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा (500 ई.पू. से - 1000 ई. तक) के अंतर्गत पालि, प्राकृत, अपभ्रंश भाषा का विकास हुआ तथा आधुनिक भारतीय आर्य भाषा (1000 ई. - अब तक) के अन्तर्गत हिन्दी और हिन्दीतर भाषाओं का विकास हुआ।

64. भारतवर्ष के लिए हिन्दी भाषा का नाम सबसे पहले किसने सुझाया?

(a) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (b) मदन मोहन मालवीय
(c) राजा राममोहन राय (d) महात्मा गाँधी

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) भारत वर्ष के लिए हिन्दी भाषा का नाम सबसे पहले **राजा राममोहन राय** ने सुझाया था।

@RexstarPdf

65. भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को मान्यता कब प्रदान की गई?

(a) 14 सितम्बर 1949 (b) 15 सितम्बर 1949
(c) 14 सितम्बर 1950 (d) 15 सितम्बर 1950

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
[UP SSSC JA Baclog 19.02.2019]
UK PSC Lecturer 2020
UPTGT 2016
UPPSC Degree College Exam 2008
UPPGT 2005
NVS TGT Hindi, 2016
इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016
उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (a) हिन्दी को भारत के राजभाषा के रूप में **14 सितम्बर 1949** को स्वीकार किया गया। इसके बाद संविधान में हिन्दी के संबंध में **अनु. 343 से 351** तक व्यवस्था की गयी। अनुच्छेद 343(1) के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिन्दी तथा लिपि देवनागरी होगी। हिन्दी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

66. 'कन्नड़' का संबंध किस भाषा परिवार से हैं?

(a) आर्य भाषा परिवार (b) द्रविड़ भाषा परिवार
(c) देव भाषा परिवार (d) भारोपीय भाषा परिवार

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर: (b) 'कन्नड़' का सम्बन्ध **द्रविड़ भाषा परिवार** से है। तमिल, तेलगू, कन्नड़, मलयालम आदि द्रविड़ भाषा परिवार की भाषाएँ हैं। इसके अतिरिक्त भारोपीय भाषा परिवार के अन्तर्गत संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, उड़िया, बंगाली, पंजाबी आदि भाषाएँ आती हैं।

67. लिपि की आवश्यकता होती है-

(a) भाषा बोलने में (b) भाषा लिखने में
(c) भाषा संकेत में (d) तीनों में

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) लिपि भाषा लिखने के लिए आवश्यक होती है। लिपि लिखित वर्ण संकेतों की सहायता से भाव व विचार की अभिव्यक्ति करती है। लिपि दृश्यमान होती है। भारत की सभी लिपियाँ ब्राह्मी लिपि से निकली हैं।

68. गोवा की स्वीकृत राजभाषा क्या है?

(a) कोंकणी (b) पुर्तगाली
(c) मराठी (d) गुजराती

स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (a) गोवा की स्वीकृत राजभाषा **कोंकणी** है।

69. निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?

(a) खड़ी बोली (b) ब्रज
(c) अवधी (d) पालि

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर : (d) पालि भाषा संस्कृत का बिगड़ा हुआ रूप है। पालि भारत की प्रथम देशज भाषा है। इसे सबसे पुरानी प्राकृत भी कहते हैं।

70. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली अथवा भाषा हिन्दी के अंतर्गत नहीं आती है?

(a) कन्नौजी (b) बाँगरू
(c) अवधी (d) तेलुगू

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) तेलुगू हिन्दी भाषा के अंतर्गत नहीं आती है। कन्नौजी, बाँगरू, (पश्चिमी हिंदी) तथा अवधी पूर्वी हिंदी की बोलियाँ हैं।

71. भारतवर्ष में हिन्दी को आप किस वर्ग में रखेंगे?

(a) राजभाषा (b) राष्ट्रभाषा
(c) विभाषा (d) तकनीकी भाषा

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)
UP SI 16-12-2017 Batch- II
UP SI 12-12-2017 Batch- II
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर : (a) भारतवर्ष में हिन्दी को **राजभाषा वर्ग** में रखेंगे।

72. 'ब्रजबुलि' नाम से जानी जाती है–

(a) पंजाबी (b) मराठी
(c) गुजराती (d) पुरानी बांग्ला

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर : (d) पुरानी बांग्ला **ब्रजबुलि** नाम से जानी जाती है।

73. मानक हिन्दी से क्या तात्पर्य है?

(a) आदर्श के रूप में हिन्दी का स्वीकार्य रूप
(b) केवल पढ़ने लिखने की हिन्दी
(c) साधारण बोलचाल की हिन्दी
(d) मध्यकालीन साहित्यिक हिन्दी

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (a) मानक हिन्दी से तात्पर्य आदर्श के रूप में हिन्दी का स्वीकार्य रूप होता है।

74. अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?

(a) शारदा लिपि (b) खरोष्ठी लिपि
(c) कुटिल लिपि (d) ब्राह्मी लिपि

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)
UKPSC AE 2013

उत्तर: (d) अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ।

75. गुरुमुखी किस भाषा की लिपि है?

(a) पंजाबी (b) मणिपुरी
(c) बांग्ला (d) गुजराती

NVS TGT Hindi 2016
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 Shift-II
UPPGT-2013

@RexstarPdf

उत्तर : (a) गुरुमुखी पंजाबी भाषा की लिपि है। इसी तरह देवनागरी हिन्दी भाषा की लिपि है।

76. प्राकृत किसकी भाषा है?

(a) बौद्धों की (b) जैनियों की
(c) आर्यों की (d) द्रविणों की

UPPCL Stenographer, 2018

उत्तर : (b) प्राकृत **जैनियों** की भाषा है, जबकि पालि बौद्धों की। आर्यों की भाषा संस्कृत है।

77. निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा युग्म गलत है?

(a) अवधी – पूर्वी हिन्दी
(b) ब्रजभाषा – पश्चिमी हिन्दी
(c) भोजपुरी – पूर्वी हिन्दी
(d) खड़ीबोली – पश्चिमी हिन्दी

UKPSC AE 2017

उत्तर : (c) भोजपुरी बोली **पूर्वी हिन्दी** की उपभाषा नहीं है। यह बिहारी हिन्दी उपभाषा की प्रमुख बोली है। बिहारी हिन्दी उपभाषा के अंतर्गत मगही तथा मैथिली बोलियाँ भी आती हैं।

78. देवनागरी लिपि में किये गये सुधार से संबंधित बाल गंगाधर तिलक द्वारा सुझाए गए फांट का क्या नाम है?

(a) तिलक फांट
(b) फांट
(c) देवनागरी फांट
(d) इनमें से कोई नहीं

अमीन परीक्षा 2016

उत्तर : (a) बाल गंगाधर तिलक द्वारा सुझाए गए फांट का नाम **तिलक फांट** है।

79. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?

(a) भीलवाड़ा (b) दिल्ली
(c) वाराणसी (d) सूरत

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)
ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c) : भाषायी परिवार के अनुसार काशिका एक भारतीय आर्य भाषा है, जो वाराणसी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बोली जाती है। काशिका भाषा का विस्तार भोजपुरी भाषा क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से से लेकर अवधी भाषा के क्षेत्र तक है। इस प्रकार यह भारतीय भाषा के पूर्वी शाखा के अन्तर्गत आती है। मुख्य रूप से काशिका भाषावादी जिले–वाराणसी, आजमगढ़, इलाहाबाद हैं। काशी के नाम पर इस भाषा का नाम काशिका पड़ा।

80. कौन सी प्राचीन भाषा नहीं है?

(a) अपभ्रंश (b) पंजाबी
(c) प्राकृत (d) संस्कृत

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b): पंजाबी प्राचीन भाषा नहीं है। भाषा विकास का क्रम है संस्कृत→ पालि→ प्राकृत→ अपभ्रंश→ अवहट्ट→ हिन्दी

81. देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग कहाँ हुआ था?

(a) पाणिनि कृत अष्टाध्यायी में
(b) अपभ्रंश साहित्य में
(c) अमीर खुसरो की पुस्तकों में
(d) जयभट्ट के शिलालेख में

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d) : देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग **जयभट्ट** के शिलालेख में हुआ था। यह शिलालेख 800 ई. में खुदवाया गया था।

82. बिहारी, बांग्ला, उड़िया, असमिया का जन्म अपभ्रंश के किस रूप से हुआ?

(a) मागधी (b) शौरसेनी
(c) पैशाची (d) अर्धमागधी

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (a) अपभ्रंश तथा उनसे विकसित उपभाषाएं

अपभ्रंश	**उपभाषाएं**
मागधी	बिहारी, बाँग्ला, उड़िया, असमिया
शौरसेनी	पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती।
पैशाची	पंजाबी, लँहदा
अर्द्धमागधी	पूर्वी हिन्दी (बघेली, अवधी, छत्तीसगढ़ी)।

83. निम्नलिखित में से भाषा के संदर्भ में अपभ्रंश शब्द का प्रयोग कब से प्रारम्भ हुआ?

(a) ग्यारहवीं शताब्दी
(b) नौवी शताब्दी
(c) दसवीं शताब्दी
(d)छठी शताब्दी

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (d) भाषा के सन्दर्भ में अपभ्रंश शब्द का प्रयोग **छठी** शताब्दी से प्रारम्भ हुआ। 'अपभ्रंश' शब्द का सर्वप्रथम प्रामाणिक प्रयोग पतंजलि के 'महाभाष्य' में मिलता है। भाषा विकास क्रम में संस्कृत, पालि और प्राकृत के बाद अपभ्रंश का स्थान है इसी अपभ्रंश से हिन्दी भाषा का विकास हुआ है। अपभ्रंश भाषा काल 500 ई. से 1000 ई. तक माना गया है। अपभ्रंश को संधिकालीन भाषा की संज्ञा भी दी जाती है।

84. भाषा के व्याकरण सम्मत आदर्श रूप को क्या कहते हैं?

(a) मानक भाषा (b) लोक भाषा
(c) काव्य भाषा (d) जन भाषा

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (a) भाषा के व्याकरण सम्मत आदर्श रूप को मानक भाषा (Standard Language) कहा जाता है। सर्वसाधारण में बोली जाने वाली भाषा को लोकभाषा कहते हैं। लोकभाषा के कविता में प्रयुक्त भाषा को काव्य भाषा या साहित्यिक भाषा कहते हैं।

85. स्वाधीनता आंदोलन के समय राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास के लिए इनमें से किस के सुझाव पर 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' की स्थापन की गयी?

@RexstarPdf

(a) बालगंगाधर तिलक
(b) महात्मा गाँधी
(c) बाबूराव विष्णु पराड़कर
(d) राजगोपालाचारी

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : **(b)** स्वाधीनता आन्दोलन के समय राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास के लिए महात्मा गाँधी के सुझाव पर दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना की गयी। इसकी स्थापना **मद्रास (अब चेन्नई)** में की गई।

86. राजभाषा से क्या अभिप्राय है?

(a) सरकारी कार्यालयों की भाषा
(b) राज्य में बोलचाल की भाषा
(c) राष्ट्रभाषा
(d) संविधान की भाषा

Jharkhand PGT Hindi, 2018

उत्तर : (a) राजभाषा से अभिप्राय है–'सरकारी कार्यालयों की भाषा।' भारतीय संविधान द्वारा राजभाषा का गौरव 'हिन्दी भाषा' को प्राप्त है। हिन्दी को 14 सितम्बर 1949 में राजभाषा घोषित किया गया। अनुच्छेद 343 (1) में यह घोषणा की गई है कि भारत की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।

87. वैज्ञानिक तथा तकनीकी साहित्य के प्रणयन हेतु आवश्यक शब्दावली और साहित्य सामग्री निर्माण के लिए भारत सरकार ने 1961 में किस आयोग की स्थापना की?

(a) वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग
(b) राजभाषा तकनीकी शब्दावली आयोग
(c) वैज्ञानिक ज्ञान आयोग
(d) शब्दावली आयोग

Jharkhand PGT Hindi, 2018
UPPSC Degree College Exam 2008

उत्तर : (a) वैज्ञानिक तथा तकनीकी साहित्य के प्रणयन हेतु आवश्यक शब्दावली और साहित्य सामग्री निर्माण के लिए भारत सरकार ने सन् 1961 ई. में 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' की स्थापना की।

88. निम्नलिखित बोलियों को उनके क्षेत्र के साथ सुमेलित कीजिए:

सूची I	सूची II
(A) खड़ीबोली	(i) बिलासपुर
(B) ब्रजभाषा	(ii) सुल्तानपुर
(C) बांगरू	(iii) आगरा
(D) अवधी	(iv) बिजनौर
	(v) करनाल

कोड:

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	(iii)	(iv)	(v)	(i)
(b)	(iv)	(iii)	(v)	(ii)
(c)	(iv)	(ii)	(iii)	(v)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)

UPTET (I-V) 08.01.2019

उत्तर : (b)

बोलियाँ	क्षेत्र
खड़ीबोली	बिजनौर
ब्रजभाषा	आगरा
बांगरू	करनाल
अवधी	सुल्तानपुर

89. कौन-सी लिपि दाईं ओर से बाईं ओर लिखी जाती है?

(a) रोमन (b) देवनागरी
(c) फारसी (d) रूसी

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : फारसी लिपि दायीं से बायीं ओर लिखी जाती है, जबकि देवनागरी, रोमन और रूसी लिपि बायें से दायें लिखी जाती है।

90. कौन सी भाषा द्रविड़ परिवार की नहीं है?

(a) कन्नड़ (b) मलयालम
(c) बंगाली (d) तेलुगू

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : बंगाली भाषा भारोपीय परिवार की भाषा है, जबकि कन्नड़, मलयालम तथा तेलुगू तीनों द्रविड़ परिवार की भाषाएं हैं।

91. भारत के किस प्रांत में कोंकणी भाषा बोली जाती है?

(a) केरल तथा कर्नाटक
(b) महाराष्ट्र तथा गोवा
(c) उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल
(d) आंध्र प्रदेश

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

उत्तर : (b) 'कोंकणी' भाषा महाराष्ट्र के दक्षिण भाग में, कर्नाटक के उत्तरी भाग में तथा गोवा राज्य में बोली जाती है। वर्तमान में गोवा की राजभाषा के रूप में 'कोंकणी' भाषा प्रतिष्ठित है।

92. भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहा जाता है?

(a) राज्य भाषा
(b) साहित्य
(c) राष्ट्रभाषा
(d) बोली

UPSI Batch - III 22 Dec.2017

उत्तर. (d) : भाषा के क्षेत्रीय रूप को **बोली** कहा जाता है। इसमें प्रधानता व्यक्तिगत बोलचाल के माध्यम की रहती है और देशज व घरेलू शब्दावली का बाहुल्य होता है। बोलियों का स्वरूप बदलता रहता है, इस सम्बन्ध में कहा भी गया है–

@RexstarPdf

कोस–कोस पर बदले पानी।
पाँच कोस पर बानी।।
लिपिबद्धता का अभाव एवं व्याकरणिक अशुद्धियों के होने के कारण इसमें साहित्यिक रचनाओं का अभाव रहता है।

93. हिंदी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है?

(a) ब्रज (b) ब्राचड़
(c) शौरसेनी (d) मागधी

UPSI Batch - III 21 Dec.2017
UPHESC Assit. Prof. 2021
UPPGT 2011

उत्तर. (c) : हिन्दी की उत्पत्ति 'शौरसेनी अपभ्रंश' से मानी जाती है, जबकि **ब्राचड़** से सिंधी की तथा मागधी से बिहारी हिन्दी की उत्पत्ति हुई है।

94. रोमन लिपि का प्रयोग किस भाषा के लिए नहीं होता है?

(a) कुल्लुई (b) फ्रेंच
(c) जर्मन (d) स्पेनिश

UPSI Batch - I 21 Dec.2017

उत्तर :(a) कुल्लुई भाषा के लिये रोमन लिपि का प्रयोग नहीं होता है, अन्य भाषायें जैसे– फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश के लिए रोमन लिपि का प्रयोग किया जाता है।

95. पुरानी हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी के मिश्रण से उत्पन्न नई जबान कौन-सी है?

(a) मानक भाषा
(b) पश्चिम भाषा
(c) हिन्दुस्तानी भाषा
(d) साहित्यिक भाषा

UPSI Batch - I 20 Dec.2017

उत्तर. (c) : पुरानी हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी के मिश्रण से उत्पन्न नई जबान **हिन्दुस्तानी भाषा** है। प्रयोग की दृष्टि से किसी भाषा का आदर्श रूप 'मानक भाषा' कहलाता है। इसे 'परिनिष्ठित भाषा' का भी नाम दिया जाता है। साहित्य लेखन में प्रयुक्त भाषा 'साहित्यिक भाषा' है।

96. 'राघड़ी बोली' कहाँ बोली जाती है?

(a) केरल (b) हरियाणा
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

UPSI Batch - I 19 Dec.2017

उत्तर. (b) : 'राघड़ी बोली' **हरियाणा** में बोली जाती है। यह हरियाणवी बोली के प्रचलित रूपों में से एक है। उच्चारण की दृष्टि से इसी से मिलती जुलती एक और बोली है– 'राँगड़ी', जो राजस्थान के दक्षिण–पूर्वी भाग में बोली जाती है।

97. भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?

(a) व्याकरण (b) बोली
(c) भाषा (d) लिपि

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (d) भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को **लिपि** कहते हैं। भावों और विचारों की अभिव्यक्ति के लिये रूढ़ अर्थों में प्रयुक्त ध्वनि संकेतों की व्यवस्था को 'भाषा' कहते हैं और भाषा के क्षेत्रीय रूप को 'बोली'। भाषा के शुद्ध और स्थायी रूप को निश्चित करने के लिये नियमबद्ध योजना 'व्याकरण' कहलाती है।

98. दिए गए विकल्पों में से द्रविड़ परिवार की भाषा कौन-सी है?

(a) बंगला (b) उड़िया
(c) असमिया (d) कन्नड़

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में द्रविड़ परिवार की भाषा **कन्नड़** है यह भारत के कर्नाटक राज्य में बोली जाती है तथा कर्नाटक की राजभाषा है। तेलुगू, तमिल, मलयालम आदि भाषायें भी द्रविड़ भाषा परिवार के अन्तर्गत आती हैं। उड़िया, असमिया तथा बंगला भाषा का जन्म मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

99. निम्नलिखित में से प्राचीन भारतीय आर्य भाषा कौन सी है?

(a) अपभ्रंश (b) प्राकृत
(c) वैदिक संस्कृत (d) पालि

UPSI Batch - II 14 Dec.2017

उत्तर : (c) उपर्युक्त में से प्राचीन भारतीय आर्य भाषा 'वैदिक संस्कृत' है। शेष तीनों भाषाएँ पालि, प्राकृत, और अपभ्रंश इसकी परवर्ती हैं अर्थात् मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा के अन्तर्गत आती हैं।

100. लौकिक संस्कृत ..... और ..... अपभ्रंश हिन्दी भाषा का उचित विकास क्रम है। रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प कौन-सा है?

(a) पालि, प्राकृत
(b) संस्कृत, प्राकृत
(c) वैदिक भाषा और पालि
(d) प्राकृत और पालि

UPSI Batch - II 13 Dec.2017

उत्तर : (a) लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत और अपभ्रंश हिन्दी भाषा का उचित विकास क्रम है।

नोट- संस्कृत→पालि→प्राकृत→अपभ्रंश→अवहट्ट→हिन्दी

101. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का काल कब से कब तक का है?

(a) 1 ई. से 500 ई. तक
(b) 500 ई. से 1000 ई. तक
(c) 1000 ई. से अब तक
(d) 1500 ई. पूर्व से 800 ई. पूर्व तक

UPSI Batch - I 13 Dec.2017

@RexstarPdf

उत्तर: (c) आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का काल 1000ई. से अब तक है।

नोट- भारतीय आर्यभाषा का इतिहास तीन कालों में बाँटा गया है।
1. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा (1500 ई.पू. 500 ई.पू. तक)
2. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा (500 ई.पू. से 1000 ई. तक)
3. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा (1000 ई. से अब तक)

102. हिंदी को विकास प्रदान करने वाली भाषा कौन–सी है?

(a) प्राकृत (b) अपभ्रंश
(c) पालि (d) संस्कृत

UPSI 10/11/2021 (Shift-I)
UPSI Batch - I 13 Dec.2017
अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) हिन्दी को विकास प्रदान करने वाली भाषा 'अपभ्रंश' है। हिन्दी का विकास क्रम इस प्रकार है–

संस्कृत→पालि → प्राकृत → अपभ्रंश → अवहट्ट → हिन्दी।

103. 'ब्राह्मी' से कौन सी लिपि की उत्पत्ति हुई है?

(a) देवनागरी (b) गुरमुखी
(c) कैथी (d) खरोष्ठी

UP ASI 05/12/2021 Shift -II
UPSI 12 Dec.2017(Batch - II)

उत्तर : (a) 'ब्राह्मी' से **देवनागरी लिपि** की उत्पत्ति हुई है। यह एक आक्षरिक लिपि है, जो बायें से दायें लिखी जाती है। पंजाबी भाषा की लिपि 'गुरूमुखी लिपि' है। 'कैथी' एक ऐतिहासिक लिपि है, जिसका प्रयोग मध्यकालीन भारत में प्रमुख रूप से उत्तर–पूर्व भारत (उत्तर प्रदेश एवं बिहार) में किया जाता था। कुछ विद्वान इसे 'बिहारी लिपि' का नाम देते हैं। 'खरोष्ठी लिपि' प्राचीन समय में प्रचलित लिपियों में से एक है, जो दायें से बायें लिखी जाती है। शाहबाज गढ़ी व मानसेरा में स्थित अशोक के अभिलेखों में इसका प्राचीनतम नमूना प्राप्त होता है।

104. निम्न में से कौन सी भाषा उत्तर प्रदेश की दूसरी राज्य भाषा है?

(a) अंग्रेजी (b) भोजपुरी
(c) उर्दू (d) हिन्दी

UP Constable, 2009

उत्तर : (c) उत्तर प्रदेश में अक्टूबर 1947 में देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी को राजभाषा के रूप में घोषित किया गया। 26 जनवरी 1968 को प्रदेश के सभी कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी को अनिवार्य कर दिया गया तथा 1989 में उर्दू को 7 प्रयोजनों हेतु द्वितीय राजभाषा के रूप में घोषित किया गया।

105. आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का विकास किससे हुआ है?

(a) पालि से (b) प्राकृत से
(c) अपभ्रंश से (d) संस्कृत से

UPSI Batch - I 12 Dec.2017

उत्तर. (c): आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का विकास 'अपभ्रंश' से हुआ है, जिनका विवरण निम्नलिखित है–

अपभ्रंश	**आधुनिक भाषायें**
शौरसेनी	पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, पहाड़ी, गुजराती
मागधी	बिहारी, बांग्ला, उड़िया, असमिया
अर्द्धमागधी	पूर्वी हिन्दी
महाराष्ट्री	मराठी
ब्राचड	सिंधी
पैशाची	लहंदा, पंजाबी

106. उत्तर प्रदेश में राजकीय कार्यों में किस भाषा का प्रयोग होता है?

(a) उर्दू (b) हिंदी
(c) अंग्रेजी (d) भोजपुरी

इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016

उत्तर : (b) उत्तर प्रदेश में राजकीय कार्यों में हिंदी भाषा का प्रयोग होता है। उर्दू को उत्तर प्रदेश की दूसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है।

107. जनगणना 2001, के हिसाब से भारत में निम्नलिखित भाषाओं में से सबसे अधिक कौन-सी भाषा बोली जाती है?

(a) गुजराती (b) मराठी
(c) बंगाली (d) तमिल

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001
UPSI Batch - II 21 Dec.2017

उत्तर. (c) : 2001 जनगणना के अनुसार भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा 'हिन्दी' है तथा दूसरे स्थान पर **बांग्ला भाषा** है। प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर विकल्प (c) सही होगा। भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं का क्रम इस प्रकार है–

हिन्दी → बांग्ला → मराठी → तेलुगू → तमिल।

108. भारत की संपर्क भाषा है-

(a) अंग्रेजी (b) हिंदी
(c) उर्दू (d) मराठी

KVS PGT 2014
NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (b) : भारत की सम्पर्क भाषा हिन्दी है, जबकि विश्व की सम्पर्क भाषा अंग्रेजी है। अलग - अलग क्षेत्रों के मध्य सम्पर्क साधने वाली भाषा सम्पर्क भाषा कहलाती है।

109. कौन सी भाषा रोमन लिपि में नहीं लिखी जाती है?

(a) जर्मन (b) अंग्रेजी
(c) चीनी (d) फ्राँसीसी

NVS TGT Hindi, 2016

उत्तर. (c) : चीनी भाषा रोमन लिपि में नहीं लिखी जाती है। चीनी भाषा मन्दारिन की लिपि चित्रात्मक लिपि है। जर्मन, अंग्रेजी तथा फ्रेंच तीनों रोमन लिपि में लिखी जाती हैं।

@RexstarPdf

110. भारत के संविधान के ..... में हिन्दी को भारत की राजभाषा बताया गया है।

(a) अनुच्छेद 343 (1)
(b) अनुच्छेद 272 (1)
(c) अनुच्छेद 132
(d) अनुच्छेद 13

UPPCL ARO, 2018
UPSSSC VDO 22.12.2018 (Shift-II)

उत्तर : (a) भारतीय संविधान के 8वीं अनुसूची में (अनुच्छेद 343 और 351 में) मान्यता प्राप्त भाषाओं का वर्णन किया गया है। अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी तथा लिपि देवनागरी होगी। अतः पूर्ण वाक्य होगा– 'भारत के संविधान के अनुच्छेद 343(I) में हिन्दी को भारत की राजभाषा बताया गया है।'

111. बंगाली किस भाषा-परिवार की भाषा है?

(a) आर्य (b) यूराल-अल्टाइक
(c) कन्नड़ द्रविड़ (d) सैमेटिक

UPPCL ARO, 2018

उत्तर: (a) 'बंगाली' आर्यभाषा परिवार की भाषा है। आर्यभाषा के अंतर्गत बांग्ला, उड़िया, असमिया, पंजाबी, सिंधी आदि भाषायें आती है।

112. लौकिक संस्कृत का विकास ..... से हुआ है।

(a) पालि-प्राकृत (b) अपभ्रंश
(c) वैदिक संस्कृत (d) मगधी

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (c) वैदिक संस्कृति का प्रयोग 1500 ई.पू - 1000 ई.पू में होता था। उसी से लौकिक संस्कृत का जन्म हुआ जिसका प्रयोग 1000ई.पू. - 500 ई.पू में होता था। **अतः पूर्ण वाक्य होगा** - 'लौकिक संस्कृत का विकास वैदिक संस्कृत से हुआ है।

113. माना जाता है कि उत्तर भारत की अधिकतर भाषाओं का मूल स्रोत ..... है।

(a) संस्कृत (b) ईरानी (c) हिन्दी (d) ग्रीक

UPPCL ARO, 2018

उत्तर : (a) उत्तर भारत के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली आतें हैं। इन क्षेत्रों में पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी, बिहारी, राजस्थानी, पहाड़ी आदि बोलियाँ बोली जाती हैं, जिनका मूल स्रोत संस्कृत है। **अतः पूर्ण वाक्य** होगा– माना जाता है कि उत्तर भारत की अधिकतर भाषाओं का मूल स्रोत 'संस्कृत' है।

114. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है?

(a) तमिल (b) मलयालम
(c) मराठी (d) तेलुगु

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

Ans (c) : मराठी भाषा 'महाराष्ट्री अपभ्रंश' की भाषा है। यह द्रविड़ भाषा परिवार की भाषा नहीं है। तमिल, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ इत्यादि द्रविड़ भाषाएँ हैं।

115. इनमें से कौन-सी बोली पहाड़ी बोली है?

(a) मगही (b) बघेली
(c) कुमाऊँनी (d) भोजपुरी

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : कुमाऊँनी बोली पहाड़ी बोली है। मगही, बघेली, भोजपुरी इत्यादि पहाड़ी बोली नहीं है। यह पूर्वी हिंदी तथा बिहारी हिंदी की बोलियाँ हैं।

116. इनमें से कौन-सी बोली पश्चिमी हिंदी की बोली नहीं है?

(a) बघेली (b) बुन्देली
(c) कन्नौजी (d) ब्रज

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)
UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'बघेली' पश्चिमी हिंदी की बोली नहीं है। शेष ब्रज, कन्नौजी, बुन्देली, खड़ी बोली, हरियाणवी आदि पश्चिमी हिन्दी की बोलियाँ है। बघेली, पूर्वी हिन्दी की बोली है। पूर्वी हिन्दी की अन्य बोलियाँ अवधी तथा छत्तीसगढ़ी हैं।

117. 'हिंदी' इनमें से किस भाषा-परिवार के अंतर्गत आती है?

(a) द्रविड़ (b) भारोपीय
(c) चीनी-तिब्बती (d) ऑस्ट्रिक

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)
UPSI 13/11/2021 (Shift-II)
परिचालक परीक्षा, 2015

उत्तर: (b): हिंदी, भारोपीय भाषा परिवार के अंतर्गत आती है। भारोपीय भाषा परिवार विश्व का सबसे बड़ा भाषा परिवार है। हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी, फ्रांसीसी, जर्मन, पुर्तगाली, स्पैनिश, डच, फारसी,रूसी, बांग्ला, पंजाबी इत्यादि भाषाएं भारोपीय भाषा-परिवार के अन्तर्गत आती हैं।

118. भारत में कितने प्रकार के भाषा-परिवार पाए जाते हैं?

(a) चार (b) छह
(c) पाँच (d) सात

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : भारत में पांच प्रकार के भाषा-परिवार पाए जाते हैं।
(i) हिन्द आर्य भाषा परिवार (ii) द्रविड़ भाषा परिवार
(iii) आस्ट्रो-एशियाटिक भाषा परिवार
(iv) चीनी-तिब्बती भाषा परिवार
(v) अंडमानी भाषा परिवार

119. मैथिली किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है?

(a) पंजाब (b) बिहार
(c) छत्तीसगढ़ (d) राजस्थान

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'मैथिली' बिहार-राज्य में ज्यादा बोली जाती है। यह बोली-दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और मुंगेर में बोली जाती है।
⇒ मैथिली भाषा 'मागधी' अपभ्रंश के 'बिहारी हिन्दी' के अन्तर्गत बोले जाने वाली विकसित बोली है।

@RexstarPdf

120. अपभ्रंश भाषा किस परिवार की भाषा है?

(a) आर्य (b) सेमेटिक
(c) आग्नेय (d) द्रविड़

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : अपभ्रंश भाषा का विकास ''आधुनिक'' आर्य भाषा परिवार से हुआ है। अपभ्रंश भाषा का समय - 500 ई. से 1000 ई. तक माना जाता हैं अपभ्रंश भाषा से ही हिन्दी का विकास हुआ है। अतः हिन्दी की जननी अपभ्रंश है। अपभ्रंश भाषा का प्रयोग साहित्य में 1200 ई. तक हुआ।

121. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा है?

(a) तेलुगु (b) बांग्ला
(c) ओड़िया (d) मराठी

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : द्रविड़ भाषा परिवार देश का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण भाषा परिवार है, जिसमें दक्षिण भारत में बोली जाने वाली लगभग सभी भाषाएं शामिल हैं। इसमें तमिल,कन्नड़,तेलुगू, तथा मलयालम भाषायें शामिल हैं। हिन्दी 'भारोपीय परिवार' की भाषा है।

122. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(a) असमिया, उड़िया का विकास मागधी अपभ्रंश से नहीं हुआ है।
(b) अवधी और बघेली बोलियों का विकास पूर्वी हिंदी से हुआ है।
(c) हरियाणवी, ब्रजभाषा बोलियों का विकास बिहारी उपभाषा से नहीं हुआ है।
(d) पूर्वी हिंदी का विकास अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (a) उपर्युक्त विकल्प (a) में दिया गया कथन सही नहीं है क्योंकि असमिंया, उड़िया, बिहारी, बांग्ला भाषाओं का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है। अर्द्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी बोलियों का विकास हुआ है। हरियाणवी, ब्रजभाषा, बुन्देली बोलियों का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत हुआ है। बिहारी उपभाषा के अन्तर्गत भोजपुरी, मगही, मैथिली बोलियों का विकास हुआ।

123. इनमें से किस जिले में 'कन्नौजी' बोली जाती है?

(a) उरई (b) झाँसी
(c) हरदोई (d) जालौन

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : कन्नौजी उत्तर प्रदेश के हरदोई कन्नौज, औरैया, मैनपुरी, इटावा, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, कानपुर, पीलीभीत, आदि जिलों के ग्रामीण अंचल में बहुतायत से बोली जाती है। कन्नौजी भाषा पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत आती है।

124. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ परिवार की भाषा नहीं है?

(a) कन्नड़ (b) मलयालम
(c) कुई (d) खासी

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d): खासी, द्रविड़ परिवार की भाषा नहीं है। कन्नड़, मलयालम, कुई इत्यादि द्रविड़ परिवार की भाषा है। खासी, आस्ट्रो-एशियाई परिवार की भाषा है।

125. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है?

(a) मलयालम (b) कुई
(c) मालवी (d) कन्नड़

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : प्रश्नगत विकल्पों में मालवी भाषा, द्रविड़ भाषा परिवार के अन्तर्गत नहीं आती है। द्रविड़ भाषा- परिवार दक्षिण भारत की अनेक भाषाओं का समूह है जिसमें मुख्यतः तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम आदि भाषाएँ शामिल हैं। इसमें उत्तर पूर्व भारत की भी कुछ भाषाएँ **जैसे**- ब्राहुई, गोंडी, कुडुख भी शामिल हैं।

126. 'बघेली' का प्रमुख क्षेत्र कौन-सा है?

(a) मिर्जापुर (b) गोरखपुर
(c) देवरिया (d) शाहाबाद

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : बारहवीं सदी में सोलंकी राजपूतों द्वारा बघेल वंश की नींव डाली गई। इस क्षेत्र का नाम बघेलखंड तथा बोली बघेली कहलाई। बघेली का केन्द्र रींवा है लेकिन बघेली रींवा के बाहर भी बोली जाती है।
बघेली का क्षेत्र पूर्व में छोटा नागपुर तथा बिलासपुर की पश्चिमी सीमाओं में मिर्जापुर से लेकर पश्चिम में दमोह एवं बांदा की पूर्वी सीमा तक तथा उत्तर में उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश की सीमा से लेकर दक्षिण में बालाघाट तक फैला है।

127. भाषा की दृष्टि से हिन्दी प्रदेश के अंतर्गत निम्न में से कौन शामिल नहीं है?

(a) बिहार
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) दिल्ली
(d) आंध्र प्रदेश

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (d) भाषा की दृष्टि से हिन्दी भाषी राज्यः- बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, झारखण्ड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, चण्डीगढ़ (केन्द्रशासित प्रदेश) एवं हरियाणा।
दिये गये विकल्प में आन्ध्र प्रदेश हिन्दी भाषी प्रदेश में शामिल नहीं है।

128. इनमें से कौन- सी भाषा द्रविड़ भाषा है?

(a) बांग्ला (b) मराठी
(c) तुलु (d) ओडिया

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'तुलु' भाषा द्रविड़ भाषा परिवार के अंतर्गत आती है। द्रविड़ भाषा परिवार के अंतर्गत निम्न भाषाएँ आती हैं- तमिल, तेलुगु, कन्नड़ मलयालम, तुलु आदि। इनमें से तमिल सबसे पुरानी है और इसे शास्त्रीय भाषा माना जाता है।

@RexstarPdf

129. मैथिली का सम्बन्ध किस अपभ्रंश से माना जाता है?

(a) पैशाची (b) नागर
(c) मागधी (d) शौरसेनी

UP SI 27/11/2021 Shift- III
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : मैथिली भाषा का संबंध मागधी अपभ्रंश से माना जाता है। मागधी अपभ्रंश से भोजपुरी, मगही, मैथिली का विकास हुआ है।

130. इनमें कौन-सी बोली पहाड़ी बोली नहीं है?

(a) कुमाऊँनी (b) जौनसारी
(c) बुंदेली (d) गढ़वाली

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये विकल्पों में 'बुंदेली' बोली का विकास पश्चिमी हिंदी के अंतर्गत हुआ है। अतः बुंदेली बोली पहाड़ी बोली के अंतर्गत नहीं आती है जबकि कुमाऊँनी, जौनसारी एवं गढ़वाली पहाड़ी बोली के रूप में जानी जाती हैं।

131. 'लहँदा' का विकास किससे हुआ है?

(a) राजस्थानी (b) पैशाची
(c) गढ़वाली (d) मागधी

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)
UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'लहँदा' का विकास 'पैशाची अपभ्रंश' से हुआ है जबकि राजस्थानी भाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश तथा गढ़वाली भाषा का विकास खस अपभ्रंश से हुआ है। मागधी अपभ्रंश के अंतर्गत बिहारी, बांग्ला, उड़िया एवं असमिया भाषा का विकास हुआ है।

132. सिन्धी भाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

(a) शौरसेनी (b) पैशाची
(c) मागधी (d) ब्राचड़

UPSI 17/11/2021 (Shift-I)
UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
UPTGT - 2016
DIET PGT - 2014
राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपर-I) 2015

उत्तर : (d) : 'सिन्धी' भाषा का विकास 'ब्राचड़' अपभ्रंश से हुआ है। शेष दिये गये विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं- पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी, पहाड़ी, गुजराती भाषा का विकास 'शौरसेनी अपभ्रंश' से, 'पंजाबी' भाषा का विकास 'पैशाची' अपभ्रंश से तथा बिहारी, बांग्ला, उड़िया एवं असमिया भाषा का विकास 'मागधी अपभ्रंश' से हुआ है।

133. प्राकृत किस परिवार की भाषा है ?

(a) द्रविड़ (b) आर्य
(c) सेमेंटिक (d) आग्नेय

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : प्राकृत आर्य परिवार की भाषा है। प्राकृत प्राचीनतम जनभाषा है। इसकी उत्पत्ति संस्कृत से हुई है।

134. पालि भाषा का अन्य एक नाम है?

(a) अपभ्रंश (b) प्राकृत
(c) ब्राचड़ (d) मागधी

UPSI 21/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : पालि भाषा का एक अन्य नाम 'मागधी' है। पालि मगध क्षेत्र की प्रचलित भाषा होने के कारण मागधी के नाम से भी जानी जाती है। आचार्य बुद्धघोष मानते हैं कि यह भाषा मूलतः मागधी थी।

135. निम्नलिखित में से कौन-सी एक बोली पश्चिमी हिंदी वर्ग की नहीं है?

(a) कन्नौजी (b) खड़ी बोली
(c) ब्रज (d) छत्तीसगढ़ी

UPSI 17/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'छत्तीसगढ़ी' बोली पश्चिमी हिंदी के अंतर्गत नहीं अपितु पूर्वी हिंदी वर्ग के अंतर्गत आती है। पूर्वी हिंदी 'अर्धमागधी अपभ्रंश' के अंतर्गत अवधी, बघेली तथा छत्तीसगढ़ी बोली आती है।
पश्चिमी हिंदी वर्ग 'शौरसेनी अपभ्रंश' के अंतर्गत खड़ी बोली, ब्रज, हरियाणी, बुंदेली तथा कन्नौजी बोली आती है।

136. इनमें से कौन-सी भाषा भारोपीय भाषा-परिवार की शाखा है?

(a) बुरूशस्की (b) द्रविड़
(c) आर्मीनी (d) अंडमानी

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'आर्मीनी भाषा' भारोपीय भाषा परिवार की शाखा है। आधुनिक-भारोपीय भाषा परिवार में हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, फ्रांसिसी, जर्मन, पुर्तगाली, डच भाषाएँ प्रमुख हैं। 'अण्डमानी' अण्डमानी भाषा परिवार की भाषा, द्रविड़ भाषा परिवार की भाषा मलयालम, कन्नड़, तमिल एवं तेलुगु प्रमुख भाषा हैं।

137. संस्कृत किस परिवार की भाषा है?

(a) आग्नेय (b) आर्य
(c) सेमेटिक (d) द्रविड़

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'संस्कृत' आर्य परिवार की भाषा है। कन्नड़, मलयालम ये सभी द्रविड़ परिवार की भाषा है। हिंदी भारोपीय परिवार की भाषा है।

138. मगही किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है?

(a) बिहार (b) राजस्थान
(c) छत्तीसगढ़ (d) पंजाब

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 01/01/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : मगही बिहारी हिंदी की भाषा है। यह मागधी के अंतर्गत आती है। यह बिहार में सर्वाधिक बोली जाती है।

@RexstarPdf

139. 'बनाफरी' इनमें से किस बोली की उप-बोली है?

(a) कौरवी
(b) बघेली
(c) ब्रज
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) 'बनाफरी' बुंदेली की उपबोली है। कौरवी, बुंदेली, ब्रज ये सभी पश्चिमी हिंदी की बोलियां हैं।

140. पाली भाषा के सर्वप्रथम वैयाकरण कौन हैं?

(a) पतंजलि (b) पाणिनी
(c) कच्चायन (d) हेमचन्द्र

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : पाली भाषा के सर्वप्रथम वैयाकरण 'कच्चायन' हैं।
पतंजलि ने महाभाष्य की रचना की है।
हेमचंद्र ने प्राकृत व्याकरण की रचना की है।

141. 'निबट्ठा' इनमें से किसकी उप-बोली है?

(a) अवधी (b) बघेली
(c) छत्तीसगढ़ी (d) कौरवी

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : 'निबट्ठा' बघेली की उपबोली है। अवधी, छत्तीसगढ़ी पूर्वी हिंदी की बोलियां हैं। कौरवी पश्चिमी हिंदी की बोली है।

142. हिन्दी भाषा का आरंभ कब से हुआ ?

(a) 1500 ई. (b) 1800 ई.
(c) 1000 ई. (d) 500 ई.

UPSI 17/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : हिन्दी भाषा का आरम्भ भारतीय आर्यभाषा के रूप मे माना जाता है। इसका आरम्भ 1000 ई. से माना जाता है। भारतीय आर्य भाषा को तीन कालों में विभाजित किया जाता है–
1. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा–(1500-500 ई.पू.)
2. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा–(500 ई.पू.-1000 ई.)
3. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा–(1000 ई. से अब तक)

143. इनमें से किस विद्वान ने अपभ्रंश के लिए 'पुरानी हिंदी' शब्द का प्रयोग किया?

(a) रामकुमार वर्मा (b) धीरेन्द्र वर्मा
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'चंद्रधर शर्मा गुलेरी' ने 'अपभ्रंश' के लिए 'पुरानी' हिंदी' शब्द का प्रयोग किया। आचार्य भरत मुनि ने अपभ्रंश को 'लोकभाषा/देशभाषा' के नाम से वर्णित किया।

144. खड़ी बोली या कौरवी का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के निम्नलिखित में से किस रूप से हुआ है?

(a) उत्तरी रूप (b) दक्षिणी रूप
(c) मध्यवर्ती रूप (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) खड़ी बोली या कौरवी का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के 'उत्तरी रूप' में हुआ है। खड़ी बोली या कौरवी पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख बोली है।

145. अपभ्रंश भाषा का काल कौन-सा है?

(a) 1500 ई.पू. से 500 ई.पू.
(b) 500 ई. से 1000 ई.
(c) 1000 ई. से 1500 ई.
(d) 500 ई.पू. से 1 ई.पू.

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPPGT 2016
UPHSC Asst. Prof. 2016

उत्तर :(b) मध्य कालीन आर्य भाषा का समय 500 ई. पू. से 1000 ई. तक है।
(a) पालि (प्राकृत प्रथम) 500 ई. पू. से 1 ई. तक
(b) प्राकृत (प्राकृत द्वितीय) 1 ई. से 500 ई. तक
(c) अपभ्रंश (प्राकृत तृतीय) 500 ई. से 1000 ई. तक

146. बिहारी हिंदी की बोली का नाम है-

(a) बुन्देली (b) मगही
(c) बघेली (d) छत्तीसगढ़ी

UPSI 15/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) :

अपभ्रंश	उपभाषा	बोली
मागधी	बिहारी हिन्दी	भोजपुरी, मगही, मैथिली
अर्धमागधी	पूर्वी हिन्दी	अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
शौरसेनी	पश्चिमी हिन्दी	कौरवी, बाँगरू, बुन्देली, ब्रजभाषा, कन्नौजी

147. इनमें से कौन-सी बोली 'ट' वर्ग बहुला है?

(a) मालवी (b) मगही
(c) मैथिली (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : मालवी बोली में 'ट' वर्ग की बहुलता होती है। मालवी, मालवा क्षेत्र की भाषा है। मालवी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में शैलेंद्र कुमार शर्मा की पुस्तक 'मालवी भाषा और साहित्य' का महत्वपूर्ण स्थान है। 'मालवी' राजस्थानी भाषा की उपबोली है।

148. दक्षिण भारत की भाषाएँ किस परिवार की हैं?

(a) द्रविड़ परिवार (b) आर्य परिवार
(c) उपर्युक्त दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : दक्षिण भारत की भाषाएँ द्रविड़ परिवार की भाषाएँ हैं। संस्कृत आर्य परिवार की भाषा है।

149. निम्नलिखित बोलियों में किस बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से नहीं हुआ है?

(a) बघेली (b) बुन्देली
(c) कन्नौजी (d) ब्रजभाषा

UPSI 16/11/2021 (Shift-III)

@RexstarPdf

उत्तरः (a) बघेली बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से नहीं हुआ है। बघेली (पूर्वी हिंदी) अर्द्धमागधी अपभ्रंश के अंतर्गत आती है।

150. 'ब्रजभाषा' इनमें से किस रूप में सर्वाधिक प्रसिद्ध है?

(a) काव्यभाषा (b) तकनीकी भाषा
(c) राजभाषा (d) राष्ट्रभाषा

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)
UP SI 13/12/2017 Batch- II

उत्तर : (a) : 'ब्रजभाषा', काव्यभाषा के रूप में सर्वाधिक प्रसिद्ध है। ब्रजभाषा के प्रमुख कवि सूरदास, रहीम, रसखान, केशव, घनानन्द, बिहारी हैं।
सूरदास की रचना- सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी।
तुलसीदास की रचना- गीतावली, विनयपत्रिका, कवितावली।
बिहारी- बिहारी सतसई।

151. इनमें से कौन-सी बोली सामान्यतः उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती है?

(a) खड़ी बोली (b) अवधी
(c) ब्रजभाषा (d) मैथिली

UPSI 15/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'मैथिली बोली' उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती है। खड़ी बोली, अवधी, ब्रज, भोजपुरी, कन्नौजी, बुंदेली आदि बोलियाँ उत्तर प्रदेश में बोली जाती हैं।

152. 'पूर्वी हिंदी' का विकास निम्न में से किस अपभ्रंश से हुआ है?

(a) शौरसेनी (b) पैशाची
(c) अर्धमागधी (d) मागधी

UPSI 14/11/2021 (Shift-II)
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)
UPPSC GDC 2021
GIC प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, 2017, 2015
UPHSC असिस्टेंट प्रोफेसर - 2016
UPPGT 2021
स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) : पूर्वी हिंदी का विकास 'अर्धमागधी' अपभ्रंश से हुआ है। पूर्वी हिंदी के अंतर्गत अवधी, बघेली, तथा छत्तीसगढ़ी बोलियाँ आती हैं। पंजाबी भाषा का विकास पैशाची अपभ्रंश से, ब्रजभाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से तथा बंगाली और बिहारी भाषा का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

153. विकास की दृष्टि से अपभ्रंश की पूर्वकालीन अवस्था का क्या नाम है?

(a) हिंदी (b) प्राकृत
(c) संस्कृत (d) पालि

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (b): विकास की दृष्टि से अपभ्रंश की पूर्वकालीन अवस्था 'प्राकृत' है। हिन्दी भाषा की उत्पत्ति एवं विकास क्रम – संस्कृत → पालि → प्राकृत → अपभ्रंश → हिन्दी।

154. मागधी अपभ्रंश से संबंधित भाषा इनमें से कौन-सी है?

(a) ब्रज (b) बांग्ला
(c) अवधी (d) बांगरू

UPSI 13/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : मागधी अपभ्रंश से संबंधित भाषा 'बांग्ला' है। मागधी, प्राचीन काल में मगध प्रदेश में प्रचलित लोक भाषा है। मागधी अपभ्रंश में बिहारी (भोजपुरी, मैथिली, मगही), बांग्ला, उड़िया और असमिया शामिल हैं।

155. इनमें से कौन-सी भाषा का विकास मागधी-अपभ्रंश से हुआ है ?

(a) बघेली (b) अवधी
(c) गढ़वाली (d) मगही

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : मगही भाषा का विकास मागधी-अपभ्रंश से हुआ है। यह भाषा मगध क्षेत्र में बोली जाती है। मागधी अपभ्रंश की उपभाषा बिहारी है, बिहारी के अतंर्गत बोली जाने वाली भाषा मगही, भोजपुरी और मैथिली है।

156. इनमें से कौन सी बोली 'उदासीन आकार' बहुला है?

(a) बघेली (b) ब्रज
(c) कन्नौजी (d) बुन्देली

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'बघेली' और 'अवधी' बोली 'उदासीन आकार बहुला' की बोली है। बघेली, रीवाँ, जबलपुर, मण्डला, मिर्जापुर में बोली जाती है। ब्रजभाषा, बुंदेली तथा कन्नौजी पश्चिमी हिंदी के अन्तर्गत तथा बघेली पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत आती है।

157. इनमें से किस भाषा की मुख्य बोली बिष्णुपुरिया है?

(a) उड़िया (b) बांग्ला
(c) गुजराती (d) असमी

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (d) 'असमी' भाषा की मुख्यबोली विष्णुपुरिया है। यह भाषा मणिपुर, त्रिपुरा, बांग्लादेश और म्यांमार में बोली जाती है।

158. इनमें से कौन सी बोली राजस्थानी की बोली नहीं है?

(a) मारवाड़ी (b) मालवी
(c) मेवाती (d) बुंदेली

UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये विकल्पों में 'बुन्देली' राजस्थानी बोली के अन्तर्गत नहीं बल्कि पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत आती है। राजस्थानी भाषा शौरसेनी अपभ्रंश के अन्तर्गत आती है।

159. ऋग्वेद में किस भाषा का प्रयोग हुआ है?

(a) अपभ्रंश (b) लौकिक संस्कृत
(c) प्राकृत (d) वैदिक संस्कृत

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः (d): ऋग्वेद में वैदिक संस्कृत भाषा का प्रयोग हुआ है। लौकिक संस्कृत में उपनिषदों एवं ब्राह्मण ग्रंथों की रचना हुई है। भाषाओं का विकास क्रम इस प्रकार है–
संस्कृत > पालि > प्राकृत > अपभ्रंश > अवहट्ट > हिन्दी

160. मराठी का संबंध किस अपभ्रंश से माना जाता है?

(a) पैशाची अपभ्रंश (b) महाराष्ट्र अपभ्रंश
(c) मागधी अपभ्रंश (d) शौरसेनी अपभ्रंश

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) मराठी भाषा को महाराष्ट्र अपभ्रंश से संबंधित माना जाता है।

मागधी अपभ्रंश	-	बिहारी हिन्दी
अर्द्धमागधी	-	पूर्वी हिन्दी
शौरसेनी	-	पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी हिन्दी,
खस	-	पहाड़ी
पैशाची	-	सिंधी, पंजाबी, लहंदा

161. इनमें से किसे 'पूरबी' भी कहते हैं?

(a) मैथिली (b) ब्रज
(c) भोजपुरी (d) बुंदेली

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) भोजपुरी भाषा को 'पूरबी' के नाम से भी जाना जाता है यह मागधी अपभ्रंश से उत्पन्न भाषा है।

162. असम में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है?

(a) काकबराक (b) बोड़ो
(c) असमिया (d) बांग्ला

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) असम में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा असमिया है। बांग्ला पश्चिम बंगाल की प्रमुख भाषा है। बोडो अरुणाचल प्रदेश की प्रमुख भाषा है। काकबराक त्रिपुरा की भाषा है।

163. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली हिंदी की नहीं है?

(a) ब्रज (b) भोजपुरी
(c) मलयालम (d) अवधी

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में ब्रज, भोजपुरी एवं अवधी, हिंदी की बोली है जबकि 'मलयालम' द्रविड़ की बोली है अतः विकल्प **(c)** सही है।

164. यह बोली पूर्वी हिन्दी वर्ग की बोली नहीं है।

(a) बुन्देली (b) अवधी
(c) छत्तीसगढ़ी (d) बघेली

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (a) दिए गए विकल्पों में अवधी, छत्तीसगढ़ी एवं बघेली पूर्वी हिंदी वर्ग की बोली है जबकि बुंदेली पश्चिमी हिंदी वर्ग की बोली है।

165. 'बुन्देली' का क्षेत्र है-

(a) जयपुर-अजमेर-जोधपुर (b) झाँसी-जालौन-दतिया
(c) आगरा-मथुरा-भरतपुर (d) पानीपत-सोनीपत-कुरूक्षेत्र

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b): बुंदेली भाषा शौरसेनी अपभ्रंश के पश्चिमी हिंदी के अंतर्गत आती है। झाँसी, जालौन तथा दतिया का क्षेत्र बुंदेली भाषा के अंतर्गत आता है। शेष विकल्पों का विवरण इस प्रकार है-

जयपुर, अजमेर, जोधपुर	-	राजस्थानी
आगरा, मथुरा, भरतपुर	-	ब्रजभाषा
पानीपत, सोनीपत, कुरूक्षेत्र	-	हरियाणी

166. मेवाती किस वर्ग की बोली है?

(a) बिहारी (b) राजस्थानी
(c) पहाड़ी (d) पश्चिमी हिंदी

UPSI 29/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : 'मेवाती' राजस्थानी वर्ग की बोली है। राजस्थानी वर्ग शौरसेनी अपभ्रंश के अंतर्गत आता है। राजस्थानी भाषा वर्ग को क्षेत्र के दृष्टिकोण से मुख्यतः चार भागों में बाँटा गया है।
जयपुरी, मेवाती, मालवी, मारवाड़ी

167. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है?

(a) मलयालम (b) तेलुगु
(c) तमिल (d) सौराष्ट्र

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'सौराष्ट्र' भाषा द्रविड़ भाषा परिवार की भाषा नहीं है। यह शौरसेनी अपभ्रंश भाषा की शाखा है। यह ब्राह्मी लिपि का अंग है जो वर्तमान में तमिलनाडु के मदुरै, तंजावुर और सलेम में प्रमुख रूप से बोली जाती है जबकि मलयालम, तेलगू, तथा तमिल द्रविड़ भाषा परिवार की भाषा है।

168. इनमें से कौन-सी बोली 'पश्चिमी हिंदी' की बोली नहीं है?

(a) अवधी (b) बुन्देली
(c) हरियाणवी (d) कौरवी

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'अवधी' बोली पश्चिमी हिंदी की बोली नहीं है।
पश्चिमी हिन्दी की बोली - खड़ी बोली (कौरवी), हरियाणवी, बाँगरू, बुन्देली और कन्नौजी।
पूर्वी हिन्दी की बोली - अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।

169. इनमें से हिन्दुस्तानी भाषा का रूप कौन-सा है?

(a) संस्कृतनिष्ठ (b) ब्रज-अवधी का मिश्रित रूप
(c) हिंदी - उर्दू मिश्रित (d) दक्खिनी हिंदी

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)
UPASI 04/12/2021 (Shift-II)
UPSI 12/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : हिंदी-उर्दू मिश्रित भाषा हिन्दुस्तानी भाषा का रूप है।

170. इनमें से हिंदी की आदि जननी कौन-सी है?

(a) प्राकृत (b) संस्कृत
(c) पालि (d) अपभ्रंश

DSSSB TGT (Female) 05.09.2021 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-II)
UPSI 30/11/2021 (Shift-III)
ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015

@RexstarPdf

उत्तरः (b) हिन्दी भाषा की आदि जननी संस्कृत है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है, संस्कृत को आर्य या देव भाषा भी कहा जाता है। हिंदी इसी आर्य भाषा संस्कृत की उत्तराधिकारिणी मानी जाती है।

171. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ परिवार की भाषा है?

(a) उड़िया
(b) बांग्ला
(c) असमिया
(d) कन्नड़

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'कन्नड़' द्रविड़ परिवार की भाषा है। द्रविड़ भाषा-परिवार दक्षिण भारत की कई संबंधित भाषाओं का समूह है जिसमें मुख्यतः तमिल, तेलगू, कन्नड़, मलयालम भाषा शामिल हैं। इन भाषाओं में तमिल - तमिलनाडु, मलयालम - केरल, कन्नड़ - कर्नाटक, तेलगू आंध्र प्रदेश में बोली जाती है।

172. वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप इनमें से कौन-सा है?

(a) खड़ी बोली
(b) अवधी
(c) ब्रजभाषा
(d) देवनागरी

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'खड़ी बोली' को वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप कहते हैं। खड़ी बोली को 'कौरवी' भी कहा जाता है। इसका विकास पश्चिमी हिंदी के अंतर्गत शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। खड़ी बोली ठेठ रूप में मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर में बोली जाती है। इनमें मेरठ की खड़ी बोली आदर्श और मानक मानी जाती है।

173. इनमें से कौन-सी भाषा भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है?

(a) हिंदी (b) मराठी
(c) मलयालम (d) गुजराती

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)
UPSI 15/11/2021 (Shift-III)
UPSI 2016

उत्तर : (c) 'मलयालम' भाषा भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है। मलयालम द्रविड़ परिवार की भाषा है, जबकि हिंदी, मराठी एवं गुजराती भारोपीय परिवार की भाषाएँ हैं।

174. त्रिपुरा राज्य की राजभाषा कौन-सी है?

(a) बांग्ला (b) मैथिली
(c) असमिया (d) खासी

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a) त्रिपुरा राज्य की राजभाषा 'बांग्ला' है।
भारतीय संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा से संबंधित है। वर्तमान में संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है।

175. कौन-सी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(a) गुजराती (b) बोडो
(c) मिजो (d) मलयालम

UP SI 23/11/2021 (Shift - II)
UP SI 16/11/2021 (Shift- III)
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPSI 22/11/2021 (Shift-III)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c): संविधान के आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है। आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाएँ इस प्रकार हैं–

(1) असमिया	(2) बाँग्ला	(3) गुजराती
(4) हिंदी	(5) कन्नड़	(6) कश्मीरी
(7) कोंकणी	(8) मलयालम	(9) मणिपुरी
(10) मराठी	(11) नेपाली	(12) ओड़िया
(13) पंजाबी	(14) संस्कृत	(15) सिंधी
(16) तमिल	(17) तेलुगू	(18) उर्दू
(19) बोडो	(20) डोगरी	(21) मैथिली

(22) संथाली

अतः स्पष्ट है कि 'मिजो' भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है।

176. इनमें से कौन सी बोली आकार बहुला है?

(a) ब्रजभाषा
(b) गढ़वाली
(c) कौरवी
(d) भोजपुरी

UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : कौरवी बोली 'आकार' बहुला है। कौरवी बोली (खड़ी बोली) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, मेरठ, हापुड़ गाजियाबाद, नोएडा तथा बुलंदशहर आदि जनपदों में बोली जाती है। पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ कौरवी, हरियाणवी, ब्रज, बुन्देली एवं कन्नौजी हैं।

177. शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित भाषाओं का सही क्रम क्या है?

1. राजस्थानी
2. गुजराती
3. पंजाबी
4. बांग्ला

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3
(c) 1, 2 (d) 2, 4

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित भाषाओं का सही क्रम राजस्थानी और गुजराती है। शौरसेनी अपभ्रंश की भाषा है-पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी, पहाड़ी, गुजराती। पंजाबी भाषा पैशाची अपभ्रंश तथा बांग्ला भाषा मागधी अपभ्रंश के अन्तर्गत विकसित हुई है।

@RexstarPdf

178. इनमें से किस राज्य की मुख्य राजभाषा हिंदी नहीं है?

(a) हिमाचल प्रदेश
(b) झारखंड
(c) असम
(d) छत्तीसगढ़

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : असम राज्य की राजभाषा हिन्दी न होकर 'असमिया' है। हिन्दी भारतीय संघ की राजभाषा है। हिन्दी भाषी राज्य - बिहार, हरियाणा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली है। हिन्दी को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है।

179. अपभ्रंश में कितने स्वर मौजूद थे?

(a) छह (b) सात
(c) आठ (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 13/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : अपभ्रंश में आठ स्वर मौजूद थे। अपभ्रंश में स्वर- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ हैं। अपभ्रंश में व्यंजन क, ख, ग, घ, च, छ, ज, झ, ट, ठ, ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म, य, र, ल, व, स, ह होते हैं। इनकी संख्या 29 (व्यंजन) होती है।

180. इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(a) सिंधी (b) कन्नड़
(c) नेपाली (d) तुलु

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची भारत की भाषाओं से संबंधित है। इस अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया गया है। दिये गये विकल्पों में 'तुलु' भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है।

181. भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग कितने वर्षों तक करने का सुझाव दिया गया था?

(a) 14 वर्षों तक (b) 15 वर्षों तक
(c) 20 वर्षों तक (d) हमेशा

UPSI 14/11/2021 (Shift-I)
Haryana TGT 2020

उत्तर : (b) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी है। इसके साथ ही संविधान में यह भी व्यवस्था की गई कि संघ के कार्यकारी, न्यायिक और वैधानिक प्रयोजनों के लिए 15 वर्षों तक अंग्रेजी का प्रयोग जारी रहेगा।

182. 'बिहारी' का नामकरण किस विद्वान ने किया है?

(a) कोलब्रुक (b) बाँकीदास
(c) ग्रियर्सन (d) रेमण्ड

UPSI 15/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'बिहारी' भाषा का नामकरण ग्रियर्सन ने किया है। बिहारी मागधी अपभ्रंश से विकसित भाषा है जो मुख्यतः भारत में बिहार एवं इसके पड़ोसी राज्यों में बोली जाती है। बिहारी भाषा के अन्तर्गत भोजपुरी, मगही, मैथिली भाषाएँ आती हैं। बिहारी शब्द को भाषा के रूप में प्रयोग करने का प्रयास 'जार्ज ग्रियर्सन' ने किया।

183. राजस्थान की राजभाषा कौन-सी है?

(a) गुजराती (b) राजस्थानी
(c) पंजाबी (d) हिंदी

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : राजस्थान की राजभाषा 'हिंदी' है। पंजाब की राजभाषा पंजाबी, सिक्किम की नेपाली, महाराष्ट्र की मराठी, गुजरात की गुजराती, कर्नाटक की कन्नड़, गोवा की कोंकणी, आंध्र प्रदेश की तेलुगु, केरल की राजभाषा मलयालम है।

184. गोवा की मुख्य राजभाषा कौन-सी है?

(a) कन्नड़ (b) हिंदी
(c) मराठी (d) कोंकणी

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर: (d) 'कोंकणी' गोवा की मुख्य राजभाषा है। 'हिन्दी' भारत की राजभाषा के साथ-साथ कई राज्यों की राजभाषा है। जबकि कन्नड़ कर्नाटक की राजभाषा तथा मराठी महाराष्ट्र की भाषा है।

185. तुलू किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है ?

(a) पंजाब (b) महाराष्ट्र
(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'तुलू' कर्नाटक राज्य में बोली जाती है। भाषाविदों के अनुसार तुलू की चार प्रमुख रूप या शैलियाँ हैं।
1. शिवल्लि, 2. जैन, 3. सामान्य, 4. आदिवासी।

186. गुजरात की राजभाषा कौन-सी है?

(a) मराठी (b) सोराष्ट्री
(c) गुजराती (d) हिंदी

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)
UPSI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर:(c) गुजरात की राजभाषा गुजराती है। हिंदी भारत की राजभाषा है। आंध्र प्रदेश की तेलुगु, गोवा की कोकंणी, कर्नाटक की कन्नड़, केरल की मलयालम, तमिलनाडु की राजभाषा तमिल है।

187. पालि भाषा का संबंध निम्न में से किस साहित्य से मुख्य रूप से जुड़ा हुआ है?

(a) सिद्ध साहित्य (b) इनमें से कोई नहीं
(c) बौद्ध साहित्य (d) जैन साहित्य

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : बौद्ध साहित्य का संबंध पालि भाषा से जुड़ा हुआ है। महात्मा बुद्ध ने अपने धर्म के प्रचार हेतु पालि का सर्वाधिक प्रयोग किया। पालि हिन्द-यूरोपीय भाषा परिवार की एक बोली है। अधिकतर बौद्ध ग्रंथ (त्रिपिटक) इसी भाषा में हैं।

@RexstarPdf

188. निम्नलिखित में से किस भाषा को 92वें संविधान अधिनियम, 2003 के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं शामिल किया गया?

(a) संथाली (b) मैथिली
(c) डोगरी (d) तमिल

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 92वें संविधान संशोधन अधिनियम 2003 के तहत आठवीं अनुसूची में 'तमिल' भाषा को शामिल नहीं किया गया था। 92वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में संथाली, मैथिली, डोगरी एवं बोडो भाषाओं को शामिल किया गया। 71वें संविधान संशोधन 1992 में कोंकणी, मणिपुरी एवं नेपाली भाषा तथा 21वें संविधान संशोधन 1967 में सिंधी भाषा को शामिल किया गया।

189. भारतीय संविधान के किस भाग में राजभाषा का प्रावधान है?

(a) भाग 8 (b) भाग 18
(c) भाग 17 (d) भाग 7

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : भारतीय संवधिान के 'भाग 17' में अनुच्छेद 343 से 351 में राजभाषा का प्रावधान है। जिसमें कहा गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।

190. संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्न में से कितनी भाषाओं का उल्लेख है?

(a) इक्कीस (b) तेईस
(c) बाईस (d) चौबीस

UPSSSC Lower 30.09.2019 (Shift-II)
UPSI 22/11/2021 (Shift-II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-I)
DSSSB TGT (Female) 04.09.2021 (Shift-II)
म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2018
DSSSB TGT (male) 28.08.2018

उत्तर : (c) : भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची भारत की भाषाओं से संबंधित है। इस अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया गया है।

191. भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कौन-सा विभाग है?

(a) साहित्य अकादमी
(b) विधायी विभाग
(c) उच्चतर शिक्षा विभाग
(d) राजभाषा विभाग

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : राजभाषा विभाग, भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कार्य करता है। राजभाषा विभाग की स्थापना वर्ष 1975 में की गयी। इसका उद्देश्य राजभाषा के बारे में संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों के अनुपालन तथा संघ के कार्यालयीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देना है।

192. इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(a) मगही (b) संथाली
(c) मणिपुरी (d) मराठी

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'मगही' भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है। आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाएँ - असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली एवं डोंगरी हैं।

193. भारत के प्रधानमंत्री किस समिति की अध्यक्षता करते हैं?

(a) संसदीय राजभाषा समिति
(b) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नई दिल्ली
(c) केंद्रीय हिंदी समिति
(d) विश्व हिंदी समिति

UPASI 05/12/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : भारत के प्रधानमंत्री केन्द्रीय हिंदी समिति की अध्यक्षता करते हैं। केन्द्रीय हिंदी समिति वह शीर्ष समिति है, जो हिंदी भाषा से सम्बन्धित नीति निर्धारण में बड़े स्तर पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है और राजभाषा नीति को लागू करने के लिए अंतरमंत्रालयी और अंतरविभागीय समन्वय सुनिश्चित करते हुए नीतिगत विषय से संबंधित निर्णयों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करती है।

194. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि राजभाषा हिंदी के लिए भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप का प्रयोग किया जाएगा?

(a) 344 (b) 350 (c) 351 (d) 343

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद-343 में उल्लेख मिलता है कि राजभाषा हिंदी के लिए भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप का प्रयोग किया जायेगा। संविधान के अनुच्छेद 344 में राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति अनुच्छेद 350 में शिकायत निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा अनुच्छेद 351 में हिन्दी भाषा के विकास के लिए निर्देश का उल्लेख किया गया है।

195. असम की राजभाषा कौन-सी है?

(a) असमिया (b) काकबराक
(c) बांग्ला (d) मणिपुरी

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) असम की राजभाषा 'असमिया' है। मणिपुरी, मणिपुर की राजभाषा है। ओड़िशा की ओड़िया, महाराष्ट्र की मराठी, केरल की मलयालम राजभाषा है।

@RexstarPdf

196. राजभाषा प्रगामी प्रयोग की समीक्षार्थ गठित संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता कौन करते हैं?

(a) भारत के गृहमंत्री
(b) भारत के राष्ट्रपति
(c) भारत के उपराष्ट्रपति
(d) भाारत के प्रधानमंत्री

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तरः (a) : संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष का चुनाव समिति के सदस्यों द्वारा किया जाता है। परम्परा के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री को समय-समय पर समिति का अध्यक्ष चुना जाता है। राजभाषा प्रगामी प्रयोग की समीक्षार्थ गठित संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता भारत के गृहमंत्री करते हैं।

197. केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है?

(a) विधायी विभाग (b) राजभाषा विभाग
(c) साहित्य अकादमी (d) उच्चतर शिक्षा विभाग

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) केन्द्र सरकारी कर्मचारियों के हिन्दी प्रशिक्षण हेतु गठित केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान राजभाषा विभाग के तहत कार्यरत है। राष्ट्रपति द्वारा गृह मंत्री को संबोधित 12 जून, 1955 के पत्र में दिए गए सुझावों पर कार्रवाई के अनुसरण में केंद्रीय सरकार के कर्मचारी को हिंदी सिखाने का कार्य गृह मंत्रालय को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया ।

198. 'विश्व हिंदी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 जनवरी (b) 15 अगस्त
(c) 14 सितंबर (d) 26 जनवरी

UPSI 22/11/2021 (Shift- III)
UP SI 20/11/2021 (Shift - II)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) विश्व हिन्दी दिवस प्रतिवर्ष **10 जनवरी** को मनाया जाता है। प्रथम विश्व हिन्दी दिवस 1975 ई. में नागपुर में मनाया गया।

199. 'भाटभाषा' इनमें से किसे कहा गया है?

(a) डिंगल (b) पिंगल
(c) ब्रज (d) बुन्देली

UPSI 25/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'भाटभाषा' को डिंगल कहा गया है। डिंगल का अर्थ है 'अनियमित या गँवारू'। डिंगल राजस्थान की प्रमुख बोली 'मारवाड़ी' का साहित्यिक रूप है।

200. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि संविधान के लागू होने के पंद्रह वर्ष तक अंग्रेजी का प्रयोग जारी रहेगा?

(a) 350 (b) 344 (c) 343 (d) 351

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) अनुच्छेद 343 में उल्लेख है कि संविधान लागू होने के 15 वर्ष तक अंग्रेजी का प्रयोग जारी रहेगा।

201. देवनागरी लिपि में किए गए सुधारों में पंचमाक्षर के बदले अनुस्वार के प्रयोग का सुझाव इनमें से किसने दिया था?

(a) श्यामसुंदर दास ने
(b) काशी नागरी प्रचारिणी सभा ने
(c) सावरकर बंधुओं ने
(d) बाल गंगाधर तिलक ने

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : देवनागरी लिपि में किए गए सुधारों में पंचमाक्षर के बदले अनुस्वार के प्रयोग का सुझाव श्यामसुंदर दास ने दिया था। शब्द चयन के बारे में बाबू श्यामसुंदर दास का मत था "सबसे पहला स्थान शुद्ध हिंदी के शब्दों को पीछे संस्कृत के सुगम एवं प्रचलित शब्दों को तथा फिर फारसी के शब्दों (विदेशी शब्द) को स्थान दिया जाए।

202. इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(a) उर्दू (b) राजस्थानी
(c) तमिल (d) नेपाली

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को स्थान दिया गया है। राजस्थानी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है। अंग्रेजी भाषा भी आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है।

203. सूरीनाम, मॉरिशस, गुयाना में बोली जाने वाली बोली कौन-सी है?

(a) राजस्थानी (b) ब्रज
(c) भोजपुरी (d) गढ़वाली

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : सूरीनाम, मॉरिशस, गुयाना में बोली जाने वाली बोली भोजपुरी है। यह मागधी अपभ्रंश के अंतर्गत आती है।

204. 'हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 10 जनवरी (b) 14 सितम्बर
(c) 25 जनवरी (d) 15 अगस्त

UP SI 29/11/2021 (Shift- I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPSI 15/11/2021 (Shift-II)
[UK PSC AE 2017]

उत्तर : (b) : 'हिन्दी दिवस' 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 ई. को हिन्दी को राजभाषा की मान्यता प्रदान की गई और इसी दिन को आधार मानकर प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। 15 अगस्त को 'स्वतंत्रता दिवस', 26 जनवरी को 'गणतंत्र दिवस' मनाया जाता है।

@RexstarPdf

205. देवनागरी लिपि मूलतः क्या है?

(a) वर्णनात्मक (b) चित्रात्मक
(c) प्रतीकात्मक (d) अक्षरात्मक

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : देवनागरी लिपि में अनेक भारतीय भाषाएँ तथा कई विदेशी भाषाएँ लिखी जाती हैं। यह बायें से दायें लिखी जाने वाली 'अक्षरात्मक' लिपि है। इसकी पहचान एक क्षैतिज रेखा से है जिसे 'शिरोरेखा' कहते हैं। देवनागरी की वर्णमाला का क्रम वैज्ञानिक है।

206. इनमें से किस राज्य में सबसे पहले 'देवनागरी लिपि' का प्रयोग हुआ है?

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : सर्वप्रथम देवनागरी लिपि का प्रयोग गुजरात के नरेश जयभट्ट के शिलालेख में मिलता है। देवनागरी लिपि प्राचीन ब्राह्मी परिवार से है। देवनागरी लिपि आक्षरिक है। देवनागरी की वर्णमाला का वर्णक्रम वैज्ञानिक है।

207. भारत में 'हिंदी किस वर्ग के अंतर्गत शामिल है?

(a) राजभाषा (b) राष्ट्र भाषा
(c) काव्य भाषा (d) तकनीकी भाषा

UPSI 28/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : भारत में 'हिंदी' राजभाषा वर्ग के अंतर्गत शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के संबंध में व्यवस्था की गयी है। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है। 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

208. संविधान के किस अनुच्छेद में सरकार के उन कर्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख किया गया है, जिनका पालन हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए किया जाता है?

(a) अनु.343 (b) अनु. 34
(c) अनु. 351 (d) अनु. 350

UPSI 27/11/2021 (Shift-II)
UPSI 28/11/2021 (Shift-II)
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : संविधान के 'अनुच्छेद 351' में सरकार के उन कर्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख किया गया है जिनका पालन हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए किया जाता है।

209. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों में प्रयुक्त भाषा के संबंध में उल्लेख है?

(a) 344 (b) 351
(c) 343 (d) 348

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) भारतीय संविधान के अनुच्छेद -348 में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों में प्रयुक्त भाषा के सम्बंध में उल्लेख है। जिसमें यह बताया गया है कि जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करे तब तक उच्चतम न्यायालय और सभी उच्च न्यायालय की कार्यवाहियाँ अंग्रेजी भाषा में होंगी।

210. देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि स्वीकार करने का सुझाव किसने दिया था?

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) सुनीति कुमार चटर्जी
(c) काका कालेलकर (d) भीमराव अम्बेडकर

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि स्वीकार करने का सुझाव सुनीति कुमार चटर्जी ने दिया था।

211. 'हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' किस वर्ष प्रकाशित हुआ था?

(a) 1967 (b) 1965
(c) 1968 (d) 1966

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' वर्ष 1967 में प्रकाशित हुआ था। यह शिक्षा मंत्रालय के अधीन प्रकाशित किया गया।
मानक देवनागरी वर्णमाला, परिवर्धित देवनागरी वर्णमाला और हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण इन तीनों पुस्तिकाओं के समन्वित रूप को संशोधन और परिवर्धन के साथ केन्द्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा सन् 1983 में देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण नामक पुस्तक का प्रकाशन किया गया।

212. 'दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा' का मुख्यालय किस शहर में है?

(a) मैसूर (b) बैंगलोर (c) हैदराबाद (d) चेन्नई

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा 'चेन्नई' (मद्रास) में स्थित हैं यह एक प्रमुख हिन्दी सेवी संस्था है जो भारत के दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक में बहुत पहले से हिन्दी का प्रचार-प्रसार का कार्य कर रही है। इसकी स्थापना सन् 1918 में की गयी थी।

213. इनमें से कौन-सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?

(a) ब्रजभाषा (b) पालि (c) खड़ी बोली (d) प्राकृत

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : हिन्दी की आदि जननी संस्कृत है। भाषा का विकास क्रम संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट, प्राचीन हिंदी और आधुनिक हिंदी के रूप में हुआ है। स्पष्ट है कि संस्कृत के बाद पालि भाषा का विकास हुआ। अतः संस्कृत भाषा की अपभ्रंश पालि भाषा है। अपभ्रंश का तात्पर्य विकृत या बिगड़ी हुई भाषा से है।

214. राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में है?

(a) 443–135 (b) 34–315
(c) 343–351 (d) 334–153

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः (c) राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद (343–351) में दिया गया है। भारतीय संविधान का भाग-17 राजभाषा से सम्बन्धित है। संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार भारत की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी होगी। अंको का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

215. प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष इनमें से कौन थे?

(a) सुनीति कुमार चटर्जी (b) पी. सुब्बोरोयान
(c) जी.बी. पन्त (d) बी.जी. खेर

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 344 में प्राप्त शक्तियों के आधार पर 7 जून 1955 को राजभाषा आयोग का गठन किया गया। राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष 'बाल गंगाधर खेर' थे।

216. कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(a) नेपाली (b) बोड़ो
(c) सिंहली (d) संथाली

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'सिंहली' भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल 22 भाषाएँ शामिल हैं।

217. पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत कौन-सी बोली नहीं आती है?

(a) भोजपुरी (b) अवधी
(c) छत्तीसगढ़ी (d) बघेली

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : पूर्वी हिन्दी के अंतर्गत भोजपुरी बोली नहीं आती है। पूर्वी हिन्दी की तीन बोलियाँ हैं - अवधी, बघेली एवं छत्तीसगढ़ी। भोजपुरी, हिन्दी की एक उपभाषा या बोली है। यह बिहारी हिन्दी के अंतर्गत आती है।

218. इनमें से कौन-सी बोली अर्धमागधी अपभ्रंश से निकली है?

(a) बुन्देली (b) भोजपुरी
(c) कौरवी (d) बघेली

UPSI 13/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : 'बघेली' बोली अर्धमागधी अपभ्रंश से निकली है। अर्धमागधी, मगध क्षेत्र की भाषा है। वर्तमान में बोली जाने वाली (पूर्वी हिन्दी) अवधी, बघेली एवं छत्तीसगढ़ी आदि बोलियाँ अर्धमागधी से ही निकली हैं।

219. गारो किस राज्य में बोली जाती है?

(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा
(c) सिक्किम (d) मेघालय

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'गारो' भाषा 'मेघालय' राज्य में बोली जाती है। यहाँ गारो नामक पहाड़ी है, जिसकी घाटी में गारो नामक जनजातियों का निवास है। गारो भाषा मुख्य रूप से गारो जनजातियों द्वारा ही बोली जाती है।

220. इनमें से कौन-सी बोली पहाड़ी बोली नहीं है?

(a) जौनसारी (b) कुमाऊँनी
(c) गढ़वाली (d) मालवी

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : मालवी बोली पहाड़ी बोली नहीं है। मालवी राजस्थान की बोली है। शेष बोलियाँ जौनसारी, कुमाऊँनी, गढ़वाली, पहाड़ी बोली के अंतर्गत आती हैं।

221. इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

(a) उर्दू (b) छत्तीसगढ़ी
(c) नेपाली (d) तमिल

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तर :(b) 'छत्तीसगढ़ी' भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है। छत्तीसगढ़ी भाषा, अर्धमागधी अपभ्रंश के पूर्वी हिंदी के अंतर्गत आती है। संविधान के आठवी अनुसूची में 22भाषाएँ शामिल हैं।

222. 'वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' कब बना?

(a) 1951 (b) 1971
(c) 1960 (d) 1961

UPSI 22/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : भारत सरकार ने 1 अक्टूबर, 1961 को प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. डी.एस. कोठारी की अध्यक्षता में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना की ताकि शब्दावली निर्माण का कार्य सही एवं व्यापक परिप्रेक्ष्य में कार्यान्वित किया जा सके।

223. 'अवधी' निम्नलिखित में से किस जिले में बोली जाती है?

(a) बरेली (b) मेरठ
(c) लखनऊ (d) बस्ती

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) 'अवधी' **लखनऊ** जिले में बोली जाती है जबकि बस्ती में भोजपुरी, 'बरेली' में 'ब्रज' तथा 'मेरठ' में 'खड़ी बोली' बोली जाती है।

224. हिन्दी की कौन सी बोली उत्तर प्रदेश एवं बिहार दो प्रान्तों में बोली जाती है?

(a) ब्रजभाषा (b) हरियाणी
(c) कन्नौजी (d) भोजपुरी

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (d) : भोजपुरी भाषा पूर्वी उत्तर-प्रदेश व बिहार प्रान्तों में बोली जाती है। अन्य बोली व प्रान्त इस प्रकार हैं–

बोली	**प्रान्त**
ब्रजभाषा	उत्तर प्रदेश (मथुरा)
हरियाणी (बाँगरू)	हरियाणा
कन्नौजी	उत्तर प्रदेश (कन्नौज), कानपुर

@RexstarPdf

225. निम्नलिखित में 'पूर्वी हिंदी' की बोली कौन सी नहीं है?

(a) कौरवी (b) अवधी
(c) छत्तीसगढ़ी (d) बघेली

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (a): कौरवी पूर्वी हिन्दी की बोली नहीं है बल्कि यह 'पश्चिमी हिन्दी' की बोली है। कौरवी को खड़ी बोली के नाम से भी जाना जाता है। इस बोली का क्षेत्र दिल्ली, मेरठ है जबकि अवधी, छत्तीसगढ़ी, बघेली पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ हैं।

226. निम्नलिखित में उत्तराखंड की राजभाषा कौन सी है?

(a) गढ़वाली (b) हिंदी (c) कुँमाऊनी (d) अंग्रेजी

[UKPSC AE 2017]

उत्तर. (b) : उत्तराखंड की राजभाषा **हिंदी** है जबकि गढ़वाली, कुँमाऊनी वहाँ की बोली है।

227. मानक लिपि से भाषा में क्या आती है?

(a) अनेकता (b) एकरूपता
(c) विभिन्नता (d) अर्थ भेदकता

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) : 'मानक लिपि' से भाषा में 'एकरूपता' आती है। मानक लिपि की एक बहुत बड़ी विशेषता है कि जो लिखा जाता है वही पढ़ा भी जाता है अर्थात् एकरूपता रहती है। जबकि अन्य में बोला कुछ जाता है और लिखा कुछ और जाता है।

228. हिन्दी वर्णमाला किस लिपि में लिखी जाती है?

(a) खरोष्ठी (b) ब्राह्मी (c) देवनागरी (d) गुरुमुखी

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (c) : हिन्दी वर्णमाला 'देवनागरी' लिपि में लिखी जाती है जबकि पंजाबी 'गुरुमुखी लिपि' में लिखी जाती है, खरोष्ठी और ब्राह्मी प्राचीन भारत की लिपियाँ हैं। सम्राट अशोक के कुछ अभिलेख खरोष्ठी लिपि तथा ज्यादातर अभिलेख 'ब्राह्मी लिपि' में मिलते हैं।

229. 'ब्रजभाषा' का केंद्रीय क्षेत्र है:

(a) लखनऊ (b) इलाहाबाद
(c) मथुरा (d) वाराणसी

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (c) ब्रजभाषा का केन्द्रीय क्षेत्र मथुरा है। इसके अन्य क्षेत्र हैं– आगरा, अलीगढ़, बरेली, बदायूँ, एटा, मैनपुरी, गुरुग्राम, भरतपुर, करौली इत्यादि। ब्रजभाषा शौरसेनी अपभ्रंश की पश्चिमी हिन्दी उपभाषा से ओकार बहुला रूप में विकसित है। इलाहाबाद व लखनऊ अवधी भाषा के क्षेत्र हैं, जबकि वाराणसी भोजपुरी भाषा क्षेत्र है

230. वाराणसी-गोरखपुर-आरा के मध्य कौन-सी भाषा बोली जाती है?

(a) अवधी (b) भोजपुरी
(c) कौरवी (d) मैथिली

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (b): वाराणसी गोरखपुर- आरा के मध्य भोजपुरी भाषा बोली जाती है। भोजपुरी भाषा का केन्द्र 'भोजपुर' है। इस बोली का प्रसार भारत के बाहर सूरीनाम, फिजी, मॉरिशस, गुयाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो में है। इस दृष्टि से भोजपुरी अंतर्राष्ट्रीय महत्व की बोली है।

231. 'बुंदेली' का क्षेत्र है-

(a)पानीपत-सोनीपत-कुरुक्षेत्र (b) झाँसी-जालौन-दतिया
(c)आगरा-मथुरा-भरतपुर (d) जयपुर-अजमेर-जोधपुर

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर:(b) 'बुंदेली' पश्चिमी हिन्दी की 'ओकार बहुला' वर्ग की बोली है। यह उत्तर प्रदेश के झाँसी, उरई, जालौन, हमीरपुर तथा मध्यप्रदेश के सागर, ओरछा, दतिया तथा होशंगाबाद में बोली जाती है।

232. बोली का क्षेत्र जब थोड़ा विकसित हो जाता है, और उसमें साहित्य की रचना होने पर वह क्या बन जाती है?

(a) ब्रजभाषा (b) उपभाषा
(c) लिपि (d) क्षेत्रीय रूप

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) बोली का क्षेत्र जब थोड़ा विकसित हो जाता है और उसमें साहित्य की रचना होने लगती है, तब बोली 'उपभाषा' के रूप में परिणित हो जाती है।

233. इनमें एक खड़ी बोली का क्षेत्र नहीं है:

(a) देहरादून (b) सहारनपुर
(c) बिजनौर (d) गोरखपुर

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (d) : गोरखपुर खड़ी बोली का क्षेत्र नहीं है। यह 'भोजपुरी' बोली का क्षेत्र है। खड़ी बोली के क्षेत्र निम्नलिखित हैं—मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर, देहरादून, अम्बाला। 'मेरठ' की खड़ी बोली आदर्श और मानक मानी जाती है।

234. एक ब्रजभाषा का क्षेत्र नहीं है-

(a) रायबरेली (b) मथुरा
(c) अलीगढ़ (d) हाथरस

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (a) : रायबरेली ब्रजभाषा का क्षेत्र नहीं है। यह 'अवधी' भाषा का क्षेत्र है। ब्रजभाषा के क्षेत्र मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, बरेली है।

235. यह भोजपुरी का क्षेत्र नहीं है-

(a) बलिया (b) बस्ती
(c) लखनऊ (d) बनारस

[UPPSC AE 2011]

उत्तर. (c) : लखनऊ भोजपुरी का क्षेत्र नहीं है। यह 'अवधी' भाषा का क्षेत्र है। भोजपुरी का क्षेत्र इस प्रकार है— बनारस, जौनपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, बस्ती, बिहार।

@RexstarPdf

27.

अनुवाद

1. किसी विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषित शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषित शब्द सही है?

(a) Workshop - संगोष्ठी (b) Preservation- आरक्षण
(c) Unauthorized - प्राधिकृत (d) Memorandum- ज्ञापन

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (d) : Memorandum का सही अर्थ 'ज्ञापन' होता है।
Workshop - कार्यशाला
Preservation - संरक्षण
Unauthorized - अनधिकृत

2. किस विकल्प में 'Deputation' शब्द का समकक्ष हिन्दी परिभाषित शब्द सही है?

(a) विभाग (b) प्रतिनियुक्ति
(c) स्थगत (d) प्रशासन

UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021

उत्तर : (b) : 'Deputation' शब्द का समकक्ष हिन्दी परिभाषित शब्द 'प्रतिनियुक्ति' सही है।

3. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए:

Healthy mind lives in healthy body.

(a) स्वस्थ मन में स्वस्थ शरीर रहता है।
(b) स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में रहता है।
(c) स्वस्थ मन में अस्वस्थ शरीर रहता है।
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (b) : निम्न वाक्य का शुद्ध हिन्दी अनुवाद-
Healthy mind lives in healthy body.
हिन्दी अनुवाद- स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में रहता है।

4. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए:

Authentication

(a) औद्योगीकरण (b) नवीनीकरण
(c) अमानकीकरण (d) प्रमाणीकरण

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (d)

शब्द		हिन्दी अनुवाद
Authentication	-	प्रमाणीकरण
Industrialisation	-	औद्योगीकरण
Renewal	-	नवीनीकरण

5. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए:

It is communicated through notification.

(a) यह अधिसूचना के माध्यम से संसूचित किया जाता है।
(b) यह विज्ञप्ति के माध्यम से संसूचित किया जाता है।
(c) यह परिपत्र के माध्यम से संसूचित किया जाता है।
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (a) : It is communicated through notification.
दिये गये वाक्य का शुद्ध हिन्दी अनुवाद-
यह अधिसूचना के माध्यम से संसूचित किया जाता है।

6. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिए:

आधिकारिक पत्रों को सभी पहलुओं में शुद्धता, संक्षिप्तता और स्पष्टता का अच्छा मिश्रण माना जाता है।

(a) The official letters are supposed to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.
(b) The official letters are fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.
(c) The official letters have to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.
(d) The official letters are supposed to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तर : (a) : 'आधिकारिक पत्रों को सभी पहलुओं में शुद्धता, संक्षिप्तता और स्पष्टता का अच्छा मिश्रण माना जाता है'- वाक्य का शुद्ध अंग्रेजी अनुवाद निम्न होगा-
The official letters are supposed to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.

7. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए:

The corrected copy is put up for signature.

(a) संशोधित प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है।
(b) जाँची हुई प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है।
(c) बदली हुई प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है।
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

@RexstarPdf

उत्तरः (a): The corrected copy is put up for signature.
वाक्य का सही हिन्दी अनुवाद इस प्रकार होगा-
संशोधित प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है।

8. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए:

Advertisement for the same is released on Monday.

(a) इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी है।
(b) इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी किया गया है।
(c) इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी किया जायेगा।
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022)

उत्तरः (b): Advertisement for the same is released on Monday, वाक्य का सही हिन्दी अनुवाद-
हिन्दी अनुवाद-इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी किया गया है।

9. 'निरीक्षण' का अंग्रेजी समानार्थी शब्द हो सकता है-

(a) Supervision (b) Inspection
(c) Checking (d) Examination

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (b) 'निरीक्षण' का अंग्रेजी समानार्थी शब्द Inspection होता है। शेष विकल्प में दिये गये अंग्रेजी शब्दों के हिंदी समानार्थी शब्द इस प्रकार हैं– Supervision –पर्यवेक्षण
Checking – जाँच
Examination – परीक्षण

10. अंग्रेजी शब्द 'ADMISSION' का कौन सा हिन्दी अर्थ सही नहीं है?

(a) दाखिला (b) स्वीकृति
(c) बहिर्गमन (d) प्रवेश

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (c) : अंग्रेजी शब्द 'ADMISSION' का हिन्दी अर्थ होता है- प्रवेश, स्वीकृति, दाखिला इत्यादि। दिये गये विकल्पों में 'बहिर्गमन' शब्द ADMISSION का सही हिंदी अर्थ नहीं है।

11. 'Action (एक्शन)' का हिंदी पर्याय क्या है?

(a) कार्यनीति (b) कार्यकारी
(c) कार्यवाही (d) कार्रवाई

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : अंग्रेजी शब्द	हिंदी शब्द
Action	कार्रवाई
Strategy	कार्यनीति
Executive	कार्यकारी

12. 'Order of merit' (ऑर्डर ऑफ मेरिट) का हिन्दी पर्याय कौन-सा है ?

(a) योग्यताक्रम (b) प्राथमिकता-क्रम
(c) वरिष्ठता-क्रम (d) पूर्वता-क्रम

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : Order of Merit (ऑर्डर ऑफ मेरिट) का हिन्दी पर्याय 'योग्यताक्रम' है।
प्राथमिकता क्रम - Order of Priority
वरिष्ठता क्रम - Order of Seniority

13. 'Requisition' (रेक्विजिशन) का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) मांग (b) निंदा
(c) आरक्षण (d) निराकरण

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : अंग्रेजी शब्द	–	हिंदी पर्याय
Requisition	–	मांग
Candemmation	–	निंदा
Reservation	–	आरक्षण
Solution	–	निराकरण

14. 'Employee evaluation' (एम्प्लोयी इवेल्यूएशन) का हिंदी पर्याय क्या है?

(a) कर्मचारी मूल्यांकन (b) कर्मचारी सहभागिता
(c) कर्मचारी मनोबल (d) कर्मचारी सहायता

UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'Employee evaluation' एम्प्लोयी इवेल्यूएशन का हिंदी पर्याय 'कर्मचारी मूल्यांकन' है।

15. 'एड्मिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) प्रशासनिक कार्यवाही (b) प्रशासनिक योग्यता
(c) प्रशासनिक सुविधा (d) प्रशासनिक नियंत्रण

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (d) एड्मिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल का हिन्दी में पर्याय प्रशासनिक नियंत्रण है।

16. 'Public interest (पब्लिक इन्टरेस्ट)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) लोक ब्यॉज (b) लोक रुचि
(c) लोक कल्याण (d) लोकहित

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : अंग्रेजी	–	हिन्दी
Public interest	–	लोकहित
Public welfare	–	लोककल्याण

@RexstarPdf

17. 'Mass consumption (मास कंज़म्पशन)' का हिंदी पर्याय कौन -सा है?

(a) भार प्रयोग
(b) जन संचार
(c) व्यापक उपभोग
(d) व्यापक प्रतिरक्षण

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (c) Mass consumption का हिंदी पर्याय 'व्यापक उपभोग होता है। अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-
जन संचार → Mass communication
व्यापक प्रतिरक्षण → Mass imunization

18. 'Manpower requirement (मैनपावर रिक्वायरमेंट)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) जनशक्ति भर्ती (b) जनशक्ति आवश्यकता
(c) जनशक्ति उपयोग (d) जनशक्ति आयोजन

UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (b) 'Manpower requirement (मैनपावर रिक्वायरमेंट)' शब्द का हिंदी पर्याय 'जनशक्ति' आवश्यकता है।

19. 'Inclusive (इंक्ल्यूसिव)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) समावेशी (b) अनुचित
(c) प्रासंगिक (d) प्रोत्साहन

UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : 'इंक्ल्यूसिव' का हिंदी पर्याय 'समावेशी' होता है।, अनुचित, प्रासंगिक, प्रोत्साहन, हिंदी पर्याय क्रमशः सही नहीं हैं।

20. 'Amalgamation (एमेल्गेमेशन)' का हिंदी पर्याय क्या है?

(a) संशोधन
(b) परिशोधन
(c) सम्मेलन
(d) समामेलन

UPSI 25/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : Amalgamation (एमेल्गेमेशन)' का हिंदी पर्याय-'समामेलन' है। अन्य शब्दों की अंग्रेजी इस प्रकार हैं।

संशोधन	Amendement
सम्मेलन	Convention
परिशोधन	Amorization

21. 'Designation (डेजिग्नेशन)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) गंतव्य (b) पदनाम
(c) प्रतिनियुक्ति (d) अभिकल्पन

UPSI 23/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b)

अंग्रेजी		हिन्दी
Designation	-	पदनाम
Destination	-	गंतव्य
Deputation	-	प्रतिनियुक्ति
Design	-	योजना

22. 'Adjournment (एडजर्नमेंट)' शब्द का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) समायोजन (b) न्यायनिर्णयन
(c) पार्श्वस्थ (d) स्थगन

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) :

अंग्रेजी		हिन्दी अर्थ
Adjournment	-	स्थगन
Adjustment	-	समायोजन
Adjudication	-	न्यायनिर्णयन
Lateral	-	पार्श्वस्थ

23. 'Implicate (इंप्लीकेट)' शब्द का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) कार्यान्वित करना (b) पदत्याग
(c) समायोजन (d) फंसाना

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) :

अंग्रेजी		अर्थ
Implicate	-	फंसाना
Implement	-	कार्यान्वित करना
Resignation	-	पदत्याग
Adjustment	-	समायोजन

24. 'Commissioning (कमिशनिंग)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) घूस लेना (b) चालू करना
(c) प्रशंसा करना (d) वचनबद्ध होना

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : Commissioning → चालू करना
Rake up → घूस लेना
Praise → प्रशंसा करना
To Commit → वचनबद्ध होना

@RexstarPdf

25. 'Resolution (रिज़ोल्यूशन)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) कार्यनीति (b) संकल्प
(c) उत्तर (d) अधिसूचना

UPSI 22/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) :

Resolution	--	संकल्प
Strategy	--	कार्यनीति
Notification	--	अधिसूचना
Answer	--	उत्तर

26. 'Farewell (फेयरवेल)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) विदाई (b) सही किराया
(c) ठीक करना (d) कार्यनीति

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a)

विदाई	--	Farewell
सही किराया	--	Fair rent
ठीक करना	--	Amend
कार्यसूची	--	Agenda

27. 'सरक्युलर' (Circular) का हिन्दी पर्याय क्या है?

(a) अधिनियम (b) संकल्प
(c) परिपत्र (d) अधिसूचना

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (c) सरक्युलर (Circular) का हिन्दी पर्याय परिपत्र होता है। वे सूचनाएँ एवं आदेश जो सभी अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों के संबंध में होते हैं वे परिपत्र के माध्यम से भेजे जाते हैं।

28. 'Employment Exchange(एम्प्लॉइमेंट एक्स्चेंज)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है?

(a) रोजगार विनिमय (b) नौकरी बदलाव
(c) रोजगार कार्यालय (d) रोजगार सूचना

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'Employment Exchange का हिंदी पर्याय रोजगार कार्यालय है।

रोजगार विनिमय	-	Employment Regulation
रोजगार सूचना	-	Employment Notice

29. 'Underdeveloped (अंडरडेवेलप्ड)' का हिन्दी पर्याय क्या है?

(a) विवादग्रस्त (b) अतिविकसित
(c) अल्पविकसित (d) पिछड़ापन

UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'Underdeveloped' (अंडरडेवलप्ड) का हिंदी पर्याय 'अल्पविकसित' है।

30. 'Minutes (मिनिट्स)' का हिंदी पर्याय क्या है?

(a) कार्योत्तर (b) कार्यसूची
(c) कार्यवृत्त (d) संकल्प

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) 'Minutes (मिनिट्स)' का हिंदी पर्याय 'कार्यवृत्त' होता है। विकल्पों में दिये गये शेष शब्दों के अंग्रेजी पर्याय इस प्रकार हैं-

कार्योत्तर	-	Post facto
कार्यसूची	-	Agenda
संकल्प	-	Resolution

31. 'Temporary appointment (टेम्परारी अपोइंटमेंट) का हिन्दी पर्याय कौन-सा है?

(a) अस्थायी रिक्ति (b) अस्थायी पद
(c) अस्थायी नियुक्ति (d) अस्थायी व्यवस्था

UPSI 29/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c)

अस्थायी नियुक्ति	→	Temporary appointment
अस्थायी रिक्ति	→	Temporary vacancy
अस्थायी पद	→	Temporary post
अस्थायी व्यवस्था	→	Temporary arrangement

32. यदि हिंदी प्रश्नवाचक वाक्य का उत्तर हाँ/न में दिया जा सके तो उसका अंग्रेजी अनुवाद करते समय वाक्य शुरू करते हैं:

(a) Interrgative word से
(b) Auxiliary verb से
(c) Infinitive से
(d) Finite verb से

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर: (b) Auxiliary verb का हिन्दी में शाब्दिक अर्थ 'सहायक क्रिया' होता है। ऐसे verbs जो क्रिया के काल को बताने के लिए या कोई प्रश्न या नकारात्मकता बनाने के लिए main verb के साथ प्रयोग होते हों, "Auxiliary verb" कहलाते हैं। इन्हें Helping verb भी कहते हैं। हाँ/न में दिये जाने वाले वाक्यों का अनुवाद करते समय Auxiliary verb से ही शुरू करते हैं।

जैसे- Does Ram sing a song?
क्या राम गाना गाता है?

33. 'हमारा सर्वोपरि कर्त्तव्य है देश की सेवा करना।' उपरोक्त वाक्य के सही अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिये:

@RexstarPdf

(a) Our duty is to serve our country.
(b) Serving of our country is our duty.
(c) Our foremost duty is to serve the country.
(d) Our foremost duty is to serving the country

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : **(c)** 'हमारा सर्वोपरि कर्त्तव्य है देश की सेवा करना' वाक्य का अंग्रेजी अनुवाद - Our foremost duty is to serve the country. है।

34. 'A vulgar mind is one who would like to command instead of asking or requesting.'
दिए गए विकल्पों में से उपरोक्त वाक्य के सही हिंदी अनुवाद का चयन कीजिये:

(a) एक अशिष्ट व्यक्ति कुछ कहता नहीं आदेश देता है।
(b) एक अशिष्ट व्यक्ति वह होता है जो कहने या प्रार्थना करने की अपेक्षा आदेश देने की इच्छा रखता है।
(c) एक दुष्ट व्यक्ति प्रार्थना करने की अपेक्षा आदेश देना पसंद करता है।
(d) एक शरारती व्यक्ति प्रार्थना की अपेक्षा आदेश देने की सोंचता है।

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : **(b)** 'A vulgar mind is one who would like to command instead of asking or requesting. का हिन्दी अनुवाद होगा 'एक अशिष्ट व्यक्ति वह होता है, जो कहने या प्रार्थना करने की अपेक्षा आदेश देने की इच्छा रखता है।'

35. 'मामला अभी भी विचाराधीन है।'– वाक्य का उचित अंग्रेजी अनुवाद क्या होगा?

(a) The matter is consideration
(b) The matter is under consideration
(c) The matter is still under consideration
(d) The matter still consideration

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : **(c)** 'मामला अभी भी विचाराधीन है।' का अंग्रेजी अनुवाद है– The matter is still under consideration.

36. 'Application may be rejected.' वाक्य का उचित हिंदी अनुवाद क्या होगा?

(a) आवेदन अस्वीकृत किया जाए।
(b) आवेदन अस्वीकार करें।
(c) आवेदन स्वीकार न करें।
(d) आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : **(d)** 'Application may be rejected' वाक्य का हिन्दी अनुवाद है – 'आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है'।

37. शिक्षा मनुष्य जीवन की नींव है - सही अनुवाद लिखिए:

(a) Education is the foundation of our life.
(b) Education is the foundation of human life.
(c) Education leads the better nation.
(d) Primary education must be free for all.

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) 'शिक्षा मनुष्य जीवन की नींव है, का सही अनुवाद है– Education is the foundation of human life.

38. अंग्रेजी का हिन्दी अनुवाद लिखिए - सही अनुवाद स्पष्ट कीजिए :

Disaster to environment is the biggest problem.

(a) प्रदूषण से बचना चाहिए।
(b) पर्यावरण को हानि पहुँचाना आज की बड़ी समस्या है।
(c) ध्वनि प्रदूषण हमारी समस्या है।
(d) प्रदूषण एक समस्या है।

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) Disaster to environment is the biggest problem का सही अनुवाद है– पर्यावरण को हानि पहुँचाना आज की बड़ी समस्या है।

39. 'AMENDMENT' के लिए सटीक हिन्दी अनुवाद है :

(a) शोधन (b) संशोधन
(c) प्रशोधन (d) समावेशन

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift
UPSI 27/11/2021 (Shift - II)

उत्तर : (b)

हिन्दी		**अंग्रेजी**
शोधन	–	Clearing/Refinement
संशोधन	–	Amendment
प्रशोधन	–	Evacuation
समावेशन	–	Inclusion

40. As mentioned Therein..... के लिए हिन्दी में होगा–

(a) जैसा कि उसमें उल्लेख किया गया है।
(b) यथोक्त विषय
(c) जैसा कि बताया जा चुका है।
(d) समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (a): 'As memtioned Therein .....' के लिये हिन्दी में उपयुक्त वाक्य 'जैसा कि उसमें उल्लेख किया गया है।' होगा।

41. Agenda is sent here with... के लिए हिन्दी में होगा–

(a) कार्यसूची साथ भेजी जा रही है

(b) तदनुसार सूचित करे

(c) सूची नीचे रखी है

(d) कार्यसूची संलग्न कीजिए

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (a) 'Agenda is sent here with .....' के लिये उपयुक्त हिन्दी वाक्य 'कार्यसूची साथ भेजी जा रही है' होगा।

42. उसने एक मुकदमा दायर किया। अंग्रेजी में अनुवाद होगा:

(a) He made a cases in the court.

(b) He filed a suit.

(c) He filed a cases against him.

(d) He filed a giut with him.

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) 'उसने एक मुकदमा दायर किया' वाक्य का अंग्रेजी अनुवाद 'He filed a suit' होगा।

43. Drowning man catches a straw का अर्थ है:

(a) डूबने वालों को तिनका सहारा देता है।

(b) डूबने वालों को भगवान बचाता है।

(c) डूबते को तिनके का सहारा।

(d) डूबने वाला खुद को बचाने को संघर्ष करता है।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c) Drowning man catches a straw, का अर्थ है- डूबते को तिनके का सहारा।

44. Grass on other side always looks greener. इसका हिन्दी अर्थ है:

(a) दूर के ढोल सुहावने लगते हैं।

(b) पेड़ धरती को सुंदर बनाते हैं।

(c) परिवर्तन प्रकृति का नियम है।

(d) जीवन मात्र ही संघर्ष पूर्ण है।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) Grass on other side always looks greener. इसका हिन्दी अर्थ है–दूर के ढोल सुहावने लगते हैं।

नोट- इस प्रश्न का हिंदी अर्थ होगा-दूसरी तरफ की घास हमेशा हरी दिखती है। आयोग ने जो उत्तर माना है वह इसके मुहावरे के रूप में है।

45. Hiring of accommodation on proposed terms not approved. इसका हिन्दी अनुवाद होगा:

(a) किराए पर स्थान का अनुमोदन नहीं मिला।

(b) प्रस्तावित शर्तों पर स्थान किराए पर लेने का अनुमोदन नहीं मिला।

(c) प्रस्ताव शर्त में स्थान किराए का नहीं मिला।

(d) प्रस्तावित शर्तों पर स्थान किराए पर अनुमोदन नहीं मिला।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) : Hiring of accommodation on proposed terms not approved इसका हिन्दी अनुवाद होगा– प्रस्तावित शर्तों पर स्थान किराए पर लेने का अनुमोदन नहीं मिला।

46. Gopal ought to be ashamed of himself for such conduct. इसका हिन्दी अनुवाद होगा:

(a) गोपाल को अपने आचरण पर स्वयं लज्जित होना चाहिए।

(b) गोपाल को अपना आचरण पर लज्जा करता है।

(c) गोपाल को स्वयं अपने आचरण पर लज्जित होना पड़ा।

(d) गोपाल को अपने इस आचरण पर स्वयं लज्जित होना चाहिए।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (a) : Gopal ought to be ashamed of himself for such conduct. इसका हिन्दी अनुवाद होगा–गोपाल को अपने आचरण पर स्वयं लज्जित होना चाहिए।

47. उनके द्वारा अपना काम अब तक समाप्त नहीं किया गया है। अंग्रेजी में अनुवाद होगा।

(a) By them their work has yet not been finished.

(b) Their work has not yet been finished by them.

(c) Their work has not been finished yet.

(d) Their works have not yet been completed by them.

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (b) उनके द्वारा अपना काम अब तक समाप्त नहीं किया गया का अंग्रेजी में अनुवाद होगा– Their work has not yet been finished by them.

48. ग्रामीण लोग यहाँ अधिकतर निरक्षर हैं। अंग्रेजी में होगा :

(a) Villagers are illiterate.

(b) Maximum are illiterate in this village.

(c) The villagers here mostly are illiterate.

(d) The villagers here are mostly illiterate.

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

@RexstarPdf

उत्तर. (d) 'ग्रामीण लोग यहाँ अधिकतर निरक्षर हैं' वाक्य का अंग्रेजी अनुवाद 'The villagers here are mostly illiterate.' होगा।

49. The teacher was a man of fearless spirit.
हिन्दी में होगा :

(a) शिक्षक एक साहसी आत्मा थे।
(b) शिक्षक एक डरनेवाले आदमी नहीं थे।
(c) शिक्षक निर्भीक व्यक्ति थे।
(d) शिक्षक किसी भूत-प्रेत को डरते नहीं थे।

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (c) : 'The teacher was a man of fearless spirit.' का हिन्दी रूपान्तरण 'शिक्षक निर्भीक व्यक्ति थे' होगा।

50. NOTIFICATION शब्द का हिन्दी रूपान्तरण है –

(a) टिप्पणी (b) सार-संक्षेप
(c) सूचना (d) अधिसूचना

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016
लोअर -1 परीक्षा, 2015
UPSI 14/11/2021 (Shift -III)

उत्तर : (d) 'NOTIFICATION' शब्द का हिन्दी रूपान्तरण अधिसूचना है। इसके अतिरिक्त टिप्पणी का COMMENT, सार-संक्षेपण का SUMMARY तथा सूचना का INFORMATION अंग्रेजी रूपान्तरण है।

51. 'संलग्न' का अंग्रेजी रूपान्तरण है

(a) ENDORSEMENT (b) STATEMENT
(c) ENCLOSED (d) NOTIFICATION

गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर: (c) 'संलग्न' का अंग्रेजी रूपान्तरण ENCLOSED है। शेष निम्नलिखित प्रकार से हैं-
ENDORSEMENT – अनुमोदन
STATEMENT – कथन
NOTIFICATION – अधिसूचना

52. भावयुक्त शुद्ध अनुवाद चुनिए-
'I was over-joyed'

(a) मैं उल्लिसित था। (b) मैं खुशी से ऊपर था।
(c) मेरा दिल बाग-बाग हो गया।
(d) मेरी खुशी ज्यादा थी।

लोअर-2 परीक्षा, 2015

उत्तर : (c) 'I was over-joyed' एक अंग्रेजी (English) का मुहावरा (Phrase) है, जिसका हिन्दी में भावयुक्त अनुवाद-'मेरा दिल बाग-बाग हो गया' होता है।

53. Testimonial का हिन्दी अनुवाद है -

(a) अनुशंसा पत्र
(b) प्रशंसा पत्र
(c) प्रमाण पत्र
(d) परिचय पत्र

लोअर-1 परीक्षा, 2015

उत्तर: (b) Testimonial का हिन्दी अनुवाद 'प्रशंसा पत्र' होता है।

54. According to Bijak cost works out ..... at the market rate–

(a) बही के अनुसार बाजारू लागत मूल्य ..... आया है।
(b) बीजक के अनुसार बाजार दर के हिसाब से लागत ..... बैठती है।
(c) बाजारू कीमत ..... पड़ती है।
(d) बीजक .... लागत कीमत बताता है।

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (b) "According to Bijak cost works out ..... at the market rate." का हिन्दी अनुवाद है– "बीजक के अनुसार बाजार दर के हिसाब से लागत ..... बैठती है।

55. Arrangements are being made to ensure timely submission of report–

(a) समयानुसार रिपोर्ट की प्रस्तुति वांछनीय है।
(b) रिपोर्ट जारी करने में देरी न की जाय।
(c) व्यवस्था कीजिए कि रिपोर्ट प्रकाशित हो जाय।
(d) रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जा रही है।

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर : (d) "Arrangements are being made to ensure timely submission of report". वाक्य का हिन्दी रूपान्तरण है– "रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जा रही है।"

56. 'प्राधिकारी' के लिए सटीक अँग्रेजी शब्द है–

(a) OFFICER (b) AUTHORITY
(c) LORD (d) PROPRIETOR

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

उत्तर : (b)

शब्द	अर्थ
1. OFFICER	– अफसर
2. AUTHORITY	– प्राधिकरण/प्राधिकारी
3. LORD	– भगवान
4. PROPRIETER	– मालिक/ स्वामी

57. 'ORDER' के लिए सटीक हिन्दी शब्द है-

(a) निर्देश (b) निदेश
(c) आदेश (d) अनुदेश

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली
UPSSSC Stenographer 10/03/2019

@RexstarPdf

उत्तर : (c) ORDER का सटीक हिन्दी शब्द 'आदेश' होता है जबकि Instruction का 'अनुदेश', Directive का 'निदेश' एवं Indication का 'निर्देश' सटीक हिन्दी शब्द है।

58. Authorization letter with specimen signature of the bearer–

(a) वाहक के नमूना हस्ताक्षर वाला प्राधिकार पत्र
(b) वाहक के नमूना हस्ताक्षर वाला अधिकार पत्र
(c) वाहक द्वारा जारी किया गया प्राधिकार पत्र
(d) नमूना हस्ताक्षर वाला अधिकार पत्र

अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर :(a) "Authorization letter with specimen signature of the bearer" का हिन्दी अनुवाद है– ''वाहक के नमूना हस्ताक्षर वाला प्राधिकार पत्र''

59. अंग्रेजी के Romanticism के लिए हिन्दी में प्रयुक्त शब्द है?

(a) प्रकृतिवाद (b) छायावाद
(c) स्वच्छन्दतावाद (d) साम्यवाद

उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016

उत्तर : (c) अंग्रेजी के 'Romanticism' के लिए हिंदी में 'स्वच्छंदतावाद' शब्द प्रयुक्त होता है। स्वछंदतावाद में आत्मानुभूति, कल्पना, प्रकृति चित्रण तथा उदात्त मानवतावादी दृष्टि की प्रमुखता है और परम्पराओं, रूढ़ियों का विरोध भी इसमें परिलक्षित होता है। अंग्रेजी साहित्य में 'स्वच्छंदतावाद' का उद्भव 1798 ई. में 'लिरिकल वैलेड्स' (वडर्सवर्थ) के प्रकाशन से माना जाता है। हिंदी साहित्य में इसका सूत्रपात 'श्रीधर पाठक' से माना जाता है।

60. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अंग्रेजी अनुवाद का सही विकल्प है।

स्वतंत्र भारत का सम्पूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ही हाथों में है।

(a) The some obligation of independent India is in the hands of the students today.
(b) The entire obligation of dependent India is in the hands of the students today.
(c) The entire obligation of independent India is in the hands of the students today.
(d) The entire obligation of independent India is on the hands of the Student today.

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) प्रश्नगत वाक्य 'स्वतंत्र भारत का सम्पूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ही हाथों में है' का सम्यक् अंग्रेजी अनुवाद 'The entire obligation of independent India is in the hands of the students today.' है।

61. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अंग्रेजी अनुवाद का सही विकल्प है।

खेलों के आयोजन से खेल भावना का विकास होना स्वाभाविक ही है।

(a) It is artificial to develop sports spirit by organizing sports.
(b) It is natural to develop sports spirit by NOT organizing sports.
(c) It is natural to discard sports spirit by organizing sports.
(d) It is natural to develop sports spirit by organizing sports.

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) प्रश्नगत वाक्य 'खेलों के आयोजन से खेल भावना का विकास होना स्वाभाविक ही है' का सम्यक् अंग्रेजी अनुवाद "It is natural to develop sports spirit by organizing sports."है।

62. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अंग्रेजी अनुवाद का सही विकल्प है।

यदि सच्चे दिल से समाज के हित के लिये कार्य किया जाए तो समर्थन अवश्य मिलता है।

(a) If false work is done for the benefit of the society, then support is given.
(b) If true work is done for the benefit of the society, then support is given.
(c) If true work is done for the loss of the society, then support is given.
(d) If true work is done for the benefit of the ourselves, then support is given.

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) प्रश्नगत वाक्य 'यदि सच्चे दिल से समाज के हित के लिए कार्य किया जाय तो समर्थन अवश्य मिलता है' का अंग्रेजी अनुवाद 'If true work is done for the benefit of the society, then support is given' है।

63. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अंग्रेजी अनुवाद का सही विकल्प है।

उद्योग तथा व्यवसाय में स्पर्धा होना स्वाभाविक है।

(a) Competition in industry and business. is natural.
(b) Competition in society and business is natural.
(c) Competition in industry and business is popular.
(d) Competition in industry or business is natural.

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

@RexstarPdf

उत्तर: (a) प्रश्नगत वाक्य 'उद्योग तथा व्यवसाय में स्पर्धा होना स्वाभाविक है' का सम्यक् अंग्रेजी अनुवाद 'Competition in industry and business is natural. है।

64. ऍरर (Error) का अनुवाद है:-

(a) पाप (b) गुनाह (c) दोष (d) त्रुटि

[UKPSC AE 2013]

उत्तर.(d) ऍरर (Error) का अनुवाद 'त्रुटि' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

65. फाउन्डर (Founder) का सही अनुवाद है:-

(a) संस्थापक (b) खोजनेवाला

(c) पानेवाला (d) नींव खोदनेवाला

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (a): फाउन्डर (Founder) का सही अनुवाद 'संस्थापक' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

66. इंटरनेट के लिए हिंदी में शब्द है:-

(a) आन्तरिक जाल (b) अंजाल (c) संजाल (d) सुजाल

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) : इंटरनेट के लिए हिन्दी में शब्द **संजाल** है। इसी तरह 'कम्प्यूटर' को 'संगणक' कहते हैं।

67. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अंग्रेजी अनुवाद का सही विकल्प है।

विद्यार्थियों को चाहिए कि पहले योग्य बनें फिर राजनीति करें।

(a) Students should be eligible before and then do politics.

(b) Students should do politics before and then be eligible.

(c) Students should NOT be eligible before and then do politics.

(d) Students should be eligible before and then don't do politics.

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर: (a) प्रश्नगत वाक्य 'विद्यार्थियों को चाहिए कि पहले योग्य बने फिर राजनीति करें, के अंग्रेजी अनुवाद का सही विकल्प 'Students should be eligible before and then do politics.' है।

68. TEACHING का हिन्दी अनुवाद होगा :

(a) अध्ययन (b) अध्यापन

(c) निरीक्षण (d) शिक्षण

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (b) TEACHING का हिन्दी अनुवाद 'अध्यापन' होगा। विकल्प में उपस्थित अन्य शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद निम्नवत् हैं :

अध्ययन – Study

निरीक्षण – Inspection

शिक्षण – Educational/Pedagogies

69. The magistrate ordered an enquiry.

हिन्दी में होगा:

(a) जाँच के उद्देश्य से मजिस्ट्रेट का आदेश आया।

(b) मजिस्ट्रेट ने जाँच के लिए आदेश दिया।

(c) एक पूछताछ के लिए मजिस्ट्रेट आदेश दिए।

(d) मजिस्ट्रेट जाँच के लिए आदेश दिए।

UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift

उत्तर. (b) : 'The magistrate ordered an enquiry.' का हिन्दी रूपान्तर 'मजिस्ट्रेट ने जाँच के लिये आदेश दिया' होगा।

70. राष्ट्रीय अनुवाद मिशन कहाँ पर स्थित है?

(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता

(c) वाराणसी (d) मैसूर

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : राष्ट्रीय अनुवाद मिशन 'मैसूर' में स्थित है। राष्ट्रीय अनुवाद मिशन भारत सरकार की परियोजना है। जिसका उद्देश्य अनुवाद को एक उद्योग के रूप में स्थापित करना एवं अनुवाद के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षकों को भारतीय भाषाओं में उच्च शिक्षा की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

71. हिंदी अनुवादकों, हिंदी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा सरकारी दस्तावेजों के अनुवाद कार्य में संलग्न केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो किस विभाग के तहत कार्यरत है?

(a) राजभाषा विभाग (b) उच्चतर शिक्षा विभाग

(c) विधायी विभाग (d) साहित्य अकादमी

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a): हिंदी अनुवादकों, हिन्दी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा सरकारी दस्तावेजों के अनुवाद कार्य में संलग्न केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो राजभाषा विभाग के तहत कार्यरत हैं। राजभाषा विभाग भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन एक विभाग है। इसकी स्थापना जून 1975 में की गयी।

72. मूलपाठ की उत्तर के साथ अनुवाद कहलाता है :

(a) शब्दानुवाद

(b) भावानुवाद

(c) सारानुवाद

(d) व्याख्यानुवाद

UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) मूलपाठ की व्याख्या के साथ अनुवाद 'व्याख्यानुवाद' कहलाता है।

73. मूलपाठ का शब्दशः अनुवाद कहलाता है–

(a) भावानुवाद (b) छायानुवाद

(c) व्याख्यानुवाद (d) शब्दानुवाद

व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली

उत्तर : (d) मूल पाठ का शब्दशः अनुवाद शब्दानुवाद कहलाता है।

@RexstarPdf

28.

पत्र लेखन

1. निम्नलिखित में कौन-सा पत्र औपचारिक पत्र नहीं है?

(a) पुस्तकें मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को लिखा जाने वाला पत्र

(b) अंकतालिका की नई प्रति प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षण बोर्ड को लिखा जाने वाला पत्र

(c) अवकाश के लिए विद्यालय-प्राचार्य को लिखा गया आवेदन पत्र

(d) कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुत्र के लिए पिता द्वारा लिखा जाने वाला बधाई पत्र

कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023

उत्तरः (d) कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुत्र के लिए पिता द्वारा लिखा जाने वाला बधाई पत्र औपचारिक पत्र के अन्तर्गत नहीं आता। वे पत्र जो किसी व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति को भेजे जाते हैं या ऐसे व्यक्तियों को जो व्यावसायिक जीवन से जुड़े हों औपचारिक पत्र कहलाते हैं।

2. किसी छात्र द्वारा अपने विद्यालय में मनाए गए वार्षिक उत्सव की उत्साहपूर्ण जानकारी अपने प्रिय मित्र को देनी है। यह किस प्रकार का पत्र कहलाएगा?

(a) कार्यालयीय पत्र

(b) वैयक्तिक पत्र

(c) निमंत्रण पत्र

(d) सूचना पत्र

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (b) : किसी छात्र द्वारा अपने विद्यालय में मनाए गये वार्षिक उत्सव की उत्साहपूर्ण जानकारी अपने प्रिय मित्र को देनी है, तो यह पत्र 'वैयक्तिक' पत्र कहलाएगा। वैयक्तिक पत्र अनौपचारिक पत्र की श्रेणी में आते हैं, जिन्हें व्यक्तिगत मामलों के सम्बन्ध में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों एवं अन्य प्रियजनों को लिखा जाता है।

3. यदि पूर्व पत्र के संदर्भ को दुबारा उद्धत करते हुए पुनः उसी सूचना को दोहराया जाता है तो यह किस विकल्प में आएगा?

(a) परिपत्र

(b) अनुस्मारक

(c) अधिसूचना

(d) कार्यालय आदेश

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तरः (b) यदि पूर्व पत्र के संदर्भ को दुबारा उद्धत करते हुए पुनः उसी सूचना को दोहराया जाता है तो यह पत्र 'अनुस्मारक' की श्रेणी में आता है। अनुस्मारक पत्र का उद्देश्य संबंधित अधिकारी को किसी पूर्व पत्र का स्मरण कराना और उसमें लिखित मामले का महत्व दर्शाते हुए शीघ्र उत्तर माँगना होता है। अनुस्मारक पत्र प्रायः मूल पत्र लिखने के एक महीने बाद लिखा जाता है। दूसरा अनुस्मारक पहले अनुस्मारक के दस दिन बाद लिखा जाना चाहिए।

4. पत्र-लेखन के बारे में कौन सा विकल्प सही नहीं लगता?

(a) अपने से छोटों को पत्र लिखते समय समापन तुम्हारा/ तुम्हारी शुभचिंतक/शुभाकांक्षी/हितैषी जैसे शब्दों से होना चाहिए

(b) सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन सादर नमस्ते लिखा जाना चाहिए।

(c) पिताजी, माताजी और अन्य बड़े लोगों के लिए पत्र में आदरणीय/ पूज्य जैसे शब्दों से प्रशस्ति होनी चाहिए।

(d) वैयक्तिक पत्रों में औपचारिकता नहीं होती है।

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (b) दिए हुए प्रश्न में पत्र-लेखन के बारे में 'सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन भवदीय लिखा जाना चाहिए' विकल्प सही नहीं है।

5. अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखे गए पत्र को किस प्रकार का पत्र कहेंगे?

(a) अनौपचारिक पत्र (b) व्यावसायिक पत्र

(c) व्यक्तिगत पत्र (d) औपचारिक पत्र

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)
VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तरः(d) अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखा गया पत्र 'औपचारिक' पत्र की श्रेणी में आता है। औपचारिक पत्र उन्हें कहा जाता है जिनसे हमारा कोई निजी संबंध न हो। औपचारिक पत्रों की भाषा स्पष्ट, संक्षिप्त एवं समझने योग्य होनी चाहिए।

6. एक औपचारिक पत्र में समाप्ति के पूर्व हस्ताक्षर और नाम के ऊपर कौन सा कथन उपयुक्त होगा?

(a) सादर प्रणाम

(b) आपका प्रिय

(c) भवदीय

(d) आपका आज्ञाकारी

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) : एक औपचारिक पत्र में समाप्ति के पूर्व हस्ताक्षर और नाम के ऊपर 'भवदीय' कथन उपयुक्त होगा।

मुख्य रूप से पत्रों को दो भागों में विभाजित किया जाता है-

1- अनौपचारिक पत्र (व्यक्तिगत पत्र)

2- औपचारिक पत्र (प्रार्थना पत्र, कार्यालयी पत्र, व्यावसायिक पत्र आदि)

7. निम्नलिखित में से कौन सा अनौपचारिक पत्र का उदाहरण है?

(a) मोहल्ले में बिजली की समस्या के लिए जिलाधिकारी को लिखा गया पत्र

(b) बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को लिखा गया पत्र

(c) गाँव में पुस्तकालय खुलवाने हेतु जिला परिषद् के अध्यक्ष को लिखा गया पत्र

(d) प्रधानाचार्य को दो दिनों के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (b) 'बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को लिखा गया पत्र' 'अनौपचारिक' पत्र का उदाहरण है। अनौपचारिक पत्र एक ऐसा पत्र होता है, जिसे निजी जीवन से जुड़े लोग जैसे परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और मित्रों के लिए लिखा जाता है।

8. निम्न में कौन सा कार्यालयी पत्र नहीं है?

(a) प्रार्थना पत्र

(b) प्रेस-विज्ञप्ति

(c) संपादक के नाम पत्र

(d) निमंत्रण पत्र

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों में से 'निमंत्रण पत्र' कार्यालयी पत्र का प्रकार नहीं है। यह सामाजिक पत्र के अन्तर्गत आता है। सामाजिक पत्र ऐसे पत्र हैं, जिन्हें सामान्य लोग अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में लाते हैं, जैसे- संबंधियों के नाम पत्र, बधाई पत्र, शोक पत्र, निमंत्रण पत्र आदि। शेष विकल्प कार्यालयी पत्र के अन्तर्गत आते हैं।

9. कार्यालयी आदेश सदैव प्रेषित होता है:

(a) कनिष्ठ से वरिष्ठ को

(b) वरिष्ठ से कनिष्ठ को

(c) दोनों ओर से

(d) व्यक्तिगत रूप से वरिष्ठ से कनिष्ठ को

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) कार्यालयी आदेश सदैव 'वरिष्ठ से कनिष्ठ' को प्रेषित किया जाता है। किसी मंत्रालय के कार्यालय द्वारा कर्मचारियों के लिए समय-समय पर निकाले गये आदेशों की सूचना 'कार्यालय आदेश' कहलाता है। इसमें सदैव राजभाषा का प्रयोग होता है तथा इसका प्रभाव क्षेत्र एक कार्यालय तक ही सीमित होता है। इसमें वाक्यों की रचना उत्तम पुरुष शैली में होती है।

10. किसी राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति, पदोन्नति, अवकाश-स्वीकृति और उनके स्थानांतरण की सूचना को राजपत्र में प्रकाशित करने के लिए किस पत्र का प्रयोग किया जाता है?

(a) परिपत्र

(b) शासनादेश

(c) अधिसूचना

(d) कार्यालय स्मृति-पत्र

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) किसी राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति, पदोन्नति, अवकाश स्वीकृति और उनके स्थानांतरण की सूचना को राजपत्र में प्रकाशित करने के लिए 'अधिसूचना' का प्रयोग किया जाता है।

11. अपने कार्यालय से अनुभव प्रमाण-पत्र लेने के लिए किसे आवेदन-पत्र लिखेंगे?

(a) संस्थापक महोदय

(b) व्यवस्थापक महोदय

(c) प्रचारक महोदय

(d) संपादक महोदय

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (b) अनुभव प्रमाण-पत्र को प्राप्त करने के लिए कम्पनी/संस्था के किसी मुख्य कार्यकर्त्ता या व्यवस्थापक महोदय को पत्र लिखा जाता है। जब आप एक कम्पनी अथवा संस्था को छोड़कर किसी दूसरी कम्पनी में नौकरी के लिए आवेदन करते हैं, तब यह नई कम्पनी आपसे पूर्व अनुभवों के प्रमाण-पत्र की माँग करती है। यह अनुभव प्रमाण-पत्र आपको वह कम्पनी अथवा संस्था देती है, जहाँ आपने पूर्व में अपनी सेवाएँ दी हैं।

12. दैनिक हिन्दुस्तान में संवाददाता के पद के लिए किसे आवेदन-पत्र लिखेंगे?

(a) कार्यकारी महोदय

(b) प्रचारक महोदय

(c) संपादक महोदय

(d) अधिकारी महोदय

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (c) दैनिक हिन्दुस्तान में 'संवाददाता' के पद के लिए 'संपादक महोदय' को पत्र लिखेंगे।

@RexstarPdf

13. बस स्टैण्ड के पास आवारा लड़कों के व्यवहार को बताते हुए तथा उनके खिलाफ छेड़खानी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के लिए किसे आवेदन-पत्र लिखेंगे?

(a) थानाध्यक्ष महोदय
(b) संस्थापक महोदय
(c) बस स्टैंड अधिकारी
(d) अधिकारी महोदय

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (a) बस स्टैण्ड के पास आवारा लड़कों के व्यवहार को बताते हुए तथा उनके खिलाफ छेड़खानी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के लिए 'थानाध्यक्ष' को आवेदन पत्र लिखा जाएगा।

14. औपचारिक पत्र में इनमें से कौन-सा विकल्प नहीं होगा?

(a) विषय (b) पता
(c) अभिवादन (d) दिनांक

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (c) औपचारिक पत्र उन लोगों को लिखा जाता है, जिनसे हमारा कोई निजी सम्बन्ध नहीं होता। इस प्रकार के पत्रों का प्रयोग कार्यालयों व सरकारी काम-काजों में होता है। औपचारिक पत्र में विषय, पता, दिनांक का प्रयोग होता है, जबकि अभिवादन का प्रयोग अनौपचारिक पत्रों में किया जाता है।

15. व्यवसाय संबंधी पत्र में संबोधन क्या होगा?

(a) आदरणीय (b) महोदय
(c) परमपूज्य (d) प्रिय

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (b) व्यवसाय संबंधी पत्र 'औपचारिक' पत्रों के अन्तर्गत आते हैं। व्यवसाय संबंधी पत्रों में संबोधन के लिए 'महोदय' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

16. शासकीय पत्र में पत्र संख्या के नीचे बायीं ओर क्या लिखा जाता है?

(a) दिनांक (b) सेवा में
(c) प्राप्तकर्ता का पदनाम
(d) प्रेषक पदाधिकारी का नाम, पदनाम

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (d): शासकीय पत्र में पत्र संख्या के नीचे बायीं ओर 'प्रेषक पदाधिकारी का नाम, पदनाम' लिखा जाता है।

17. अधिसूचना के संदर्भ में कौन सा कथन गलत है?

(a) सामान्यतः यह गजट में प्रकाशित होती है।
(b) इनमें प्रेषक का उल्लेख होता है।
(c) ये राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल की ओर से जारी की गई मानी जाती है।
(d) इसे विज्ञप्ति भी कहा जाता है।

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (b) : अधिसूचना के संदर्भ में इनमें 'प्रेषक का उल्लेख' होता है कथन गलत है।

18. निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत नियुक्ति, छुट्टियों की स्वीकृति तथा पदवृद्धि आदि की सूचनाएँ दी जाती हैं?

(a) पत्र
(b) परिपत्र
(c) प्रेस विज्ञप्ति
(d) कार्यालय आदेश

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (d) : सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों से संबंधित नियम अथवा सूचना के लिए जो पत्र लिखे जाते हैं, 'कार्यालय आदेश' कहलाते हैं।

सामान्यतः कार्यालय आदेश का प्रयोग नियुक्ति, पदोन्नति, अवकाश स्वीकृति, स्थानान्तरण एवं कार्य संपादन संबंधी नियम आदि के प्रयोग के लिए किया जाता है। इसमें संबोधन और स्वनिर्देश नहीं होता है।

19. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग सरकारी स्तर पर अधिकतर भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश, अधिकार और नियुक्तियों की सूचना के प्रसंग में होता है?

(a) कार्यालय आदेश
(b) अधिसूचना
(c) ज्ञापन
(d) परिपत्र

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (b) राजपत्रित अधिकारियों की नियुक्ति, पदोन्नति, स्थानान्तरण और उनके अवकाश स्वीकृति की सूचनाओं को राजपत्र में प्रकाशित करने के लिए 'अधिसूचना' का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा सरकारी अधिकारियों को अधिकार सौंपने, वापस लेने के लिए नए नियम उपनियमों व आदेशों को लागू करने के लिए अधिसूचना का प्रयोग किया जाता है।

20. परिपत्र के संबंध में कौन सा कथन गलत है?

(a) सबसे ऊपर परिपत्र संख्या लिखी जाती है।
(b) इसमें सम्बोधन की आवश्यकता नहीं होती।
(c) इसमें विषय का संकेत नहीं रहता।
(d) इसमें अधोलेख (भवदीय) की आवश्यकता नहीं होती।

[UPSSSC Stenographer 10.03.2019]

@RexstarPdf

उत्तर : (c) 'परिपत्र' के संबंध में 'विषय का संकेत नहीं रहता।' यह कथन गलत है। परिपत्र सरकारी पत्र का ही एक रूप है। एक ही विषम को, एक ही प्रेषक द्वारा, अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचना देने के लिए प्रयोग किया जाने वाला पत्र परिपत्र कहलाता है।

परिपत्र की विशेषताएँ–

1. परिपत्र में सबसे ऊपर पत्रांक संख्या या परिपत्र संख्या लिखी जाती है।
2. ये पूर्णतः औपचारिक होते हैं।
3. इसमे विषय का उल्लेख किया जाता है।
4. इसमें संबोधन हेतु महोदय/महोदया का प्रयोग होता है।
5. इसमें स्वनिर्देश हेतु भवदीय/भवदीया का प्रयोग होता है।

21. अर्द्धशासकीय पत्र के सन्दर्भ में कौन सा कथन गलत है?

(a) इसका स्वरूप व्यक्तिगत पत्र के समान होता है।
(b) यह पत्र अन्य पुरुष में लिखा जाता है।
(c) औपचारिक शब्दों से आरंभ करने की आवश्यकता नहीं होती।
(d) प्रायः समान स्तर के अधिकारी के साथ ऐसा पत्र व्यवहार होता है।

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर: (b) किसी सरकारी अधिकारी द्वारा अन्य सरकारी अधिकारी/कर्मचारी/गैर सरकारी व्यक्ति को सरकारी कार्य के संदर्भ में किसी खास मामले की ओर ध्यान आकर्षित कराने, विचार-विमर्श, सहमति, स्पष्टीकरण, सूचनाओं के आदान-प्रदान करने आदि हेतु व्यक्तिगत स्तर पर लिखा गया पत्र 'अर्द्ध-सरकारी पत्र' कहलाता है। अर्द्धसरकारी पत्र उत्तम पुरुष (प्रथम पुरुष) में मित्रतापूर्ण भाषा में लिखा जाता हैं। इसमें अभिवादन तथा संबोधन का विशेष महत्व होता है।

22. कक्षा दस के छात्र ने अपना अनुपस्थिति दंड माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक को पत्र लिखा। उसका यह पत्र किस वर्ग में आएगा?

(a) निमंत्रण पत्र
(b) आवेदन पत्र
(c) व्यावसायिक पत्र
(d) व्यापारिक पत्र

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (b) : कक्षा दस के छात्र ने अपना अनुपस्थिति दंड माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक को पत्र लिखा। उसका यह पत्र 'आवेदन पत्र' के वर्ग में आयेगा।

23. पत्र के संबंध में निम्नलिखित में से किसको 'अभिवादन' कहते हैं?

(a) पिता-पुत्र
(b) शुभाशीष
(c) प्रिय पुत्र
(d) आपका स्नेहाकांक्षी

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (b) : पत्र के संबंध में 'शुभाशीष' को अभिवादन कहते हैं। प्रणाम, नमस्ते एवं आशीर्वाद आदि अभिवादन की श्रेणी में आते हैं।

24. वैयक्तिक-पत्र किनके मध्य लिखा जाता है?

(a) व्यवसायियों के मध्य
(b) सरकारी अधिकारियों के मध्य
(c) सगे सम्बन्धियों–मित्रों के मध्य
(d) पाठक और सम्पादक के मध्य

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (c) : वैयक्तिक अथवा व्यक्तिगत पत्र अनौपचारिक पत्र की श्रेणी में आते हैं। वैयक्तिक पत्र से तात्पर्य ऐसे पत्रों से हैं, जिन्हें व्यक्तिगत मामलों के सम्बन्ध में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों एवं अन्य प्रियजनों को लिखा जाता है। हम कह सकते हैं, कि वैयक्तिक पत्र का आधार व्यक्तिगत सम्बन्ध होता है। ये पत्र हृदय की वाणी का प्रतिरूप होते हैं।

25. निम्नलिखित पत्रों में अभिनिवेदन के रूप में लिखा जाता है-

(a) आपका
(b) भवदीय
(c) शुभेच्छु
(d) शुभचिंतक

[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर. (b) : पत्रों में 'अभिनिवेदन' के रूप में 'भवदीय' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

26. माता-पिता द्वारा पुत्र को लिखे गये पत्र में माता-पिता द्वारा क्या अभिवादन किया जाना चाहिए?

(a) शुभाशीर्वाद
(b) सादर प्रणाम
(c) सादर नमस्कार
(d) प्रणाम

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर: (a) माता-पिता द्वारा पुत्र को लिखे गये पत्र में माता-पिता द्वारा 'शुभाशीर्वाद' का अभिवादन किया जाना चाहिए। ऐसे पत्र अनौपचारिक पत्र के अन्तर्गत आते हैं। इन्हे 'गैर-सरकारी पत्र' भी कहते हैं। 'अनौपचारिक पत्रों' के अनेक रूप प्रचलित हैं, जिन्हें लोग अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में लाते हैं। यथा (1) सम्बन्धियों के पत्र, (2) बधाई पत्र, (3) शोक पत्र, (4) परिचय पत्र, (5) निमंत्रण पत्र, (6) विविध पत्र।

27. इनमें से कौन सा कार्यालय आदेश के मूल गुण नहीं हैं?

(a) अनौपचारिकता
(b) नपा तुला
(c) निर्वैयक्तिक
(d) बाहरी भीतरी बातें

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

@RexstarPdf

उत्तर: (d) कार्यालय आदेश के मूल गुणों में 'बाहरी-भीतरी बातें' सम्मिलित नहीं हैं। अनौपचारिकता, नपा तुला, संतुलित तथा निर्वैयक्तिकता कार्यालयी आदेश के प्रमुख गुण हैं।

28. आयकर से माफी एवं पूर्ण मुक्ति के लिए किसे प्रार्थना-पत्र लिखेंगे?

(a) प्रशासन अधिकारी (b) संपादक अधिकारी
(c) आयकर अधिकारी (d) संपादन अधिकारी

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (c) आयकर की माफी तथा पूर्ण मुक्ति के लिए 'आयकर अधिकारी' को पत्र लिखना उचित है।

29. मुख्य बिजली के बल्बों के ऑर्डर के निरस्तीकरण की सूचना देते हुए किसे पत्र लिखेंगे?

(a) संभरक (b) बल्ब विभाग
(c) उपलब्धता विभाग (d) अध्यक्ष महोदय

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (a) मुख्य बिजली के बल्बों के ऑर्डर के निरस्तीकरण की सूचना देने के लिए 'संभरक' को पत्र लिखा जाना चाहिए।

30. कार्यालय आदेश किसके लिए निकाले गए आदेशों की सूचना है?

(a) मंत्रालय (b) संबद्ध विभाग-प्रभाग
(c) अनुभव (d) सभी विकल्प सही हैं

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (d) कार्यालय आदेश मंत्रालय, संबद्ध विभाग-प्रभाग तथा अनुभव इत्यादि के लिए निकाले गये आदेशों की सूचना है।

31. छोटे संबंधियों को पत्र में संबोधन क्या लिखेंगे?

(a) चिरंजीव (b) पूजनीय
(c) परमपूज्य (d) हितैषी

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर: (a) छोटे सम्बन्धियों को पत्र मे 'चिरंजीव' सम्बोधन लिखना उचित है।

32. व्यावसायिक पत्र के संबंध में सही कथन कौन सा है?

1. ऐसे पत्रों में किसी विशिष्ट नियम या शब्दावली अथवा रूपरेखा की कोई आवश्यकता नहीं होती है।

2. ऐसे पत्रों में संबोधन, 'महोदय, महाशय' आदि शब्दों द्वारा किया जाता है।

3. किसी भी कंपनी के मैनेजर से सामग्री या माल से संबंधित पत्राचार होता है।

(a) केवल 1 सही है (b) 1 और 2 सही हैं
(c) 2 और 3 सही हैं (d) केवल 3 सही है

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर: (c) दिये गये कथनों में से कथन (2) और कथन (3) सही हैं। जो पत्र व्यापारिक मामलों के सम्बन्ध में व्यापारियों अथवा कम्पनियों की ओर से लिखे जाते हैं, व्यावसायिक पत्र कहलाते हैं। ऐसे पत्रों में विशिष्ट नियम या शब्दावली अथवा रूपरेखा की आवश्यकता होती है।

33. व्यक्तिगत पत्र के संबंध में असत्य कथन है–

(a) इसके अंतर्गत बड़ों की तरफ से छोटों को पत्र लिखे जाते हैं
(b) इसके अंतर्गत छोटों की तरफ से बड़ों को पत्र लिखे जाते हैं
(c) इन पत्रों में सरलता और अपनी कुशलता के समाचार होते हैं
(d) इन पत्रों में आपसी संबंध का कोई प्रभाव पत्र पर नहीं पड़ता है

UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019

उत्तर : (d) 'व्यक्तिगत पत्र' के संबंध में असत्य कथन है– 'इन पत्रों में आपसी संबंध का कोई प्रभाव पत्र पर नहीं पड़ता है।' 'व्यक्तिगत' पत्र ऐसे पत्र हैं जो व्यक्तिगत मामलों के सम्बन्ध में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों एवं अन्य प्रिय जनों को लिखा जाता है। इस प्रकार के पत्र का आधार व्यक्तिगत सम्बन्ध होता है। इन पत्रों में मन की भावनाओं को प्रमुखता दी जाती है, न कि औपचारिकता को।

34. गंदगी की समस्या से पीड़ित मुहल्लेवासियों की ओर से नगरपालिकाध्यक्ष को लिखा गया पत्र निम्नलिखित में से किस श्रेणी के अंतर्गत आएगा?

(a) प्रार्थना-पत्र (b) आवेदन पत्र
(c) व्यापारिक पत्र (d) शिकायती पत्र

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (d) गंदगी की समस्या से पीड़ित मुहल्लेवासियों की ओर से नगरपालिका अध्यक्ष को लिखा गया पत्र 'शिकायती पत्र' की श्रेणी के अन्तर्गत आएगा।

35. निम्नलिखित में से कौन सी पत्र की विशेषता नहीं है?

(a) संक्षिप्तता (b) प्रेषक
(c) क्रमबद्धता (d) विनयशीलता

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर : (b) पत्र की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं –

1. सरल भाषा शैली
2. विचारों की सुस्पष्टता
3. संक्षेप और सम्पूर्णता
4. प्रभावान्विति
5. बाहरी सजावट
6. विनयशीलता।

अतः प्रेषक एक पत्र की विशेषता नहीं है।

@RexstarPdf

36. निम्नलिखित में से कौन सा पत्र वैयक्तिक पत्र की श्रेणी में आएगा?

(a) व्यापारिक पत्र
(b) प्रार्थना-पत्र
(c) मित्र को पत्र
(d) सम्पादक के नाम पत्र

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (c) 'वैयक्तिक अथवा व्यक्तिगत' 'पत्र' अनौपचारिक पत्र की श्रेणी में आते हैं। वैयक्तिक पत्र से तात्पर्य ऐसे पत्रों से है, जिन्हें व्यक्तिगत मामलों के सम्बन्ध में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों एवं अन्य प्रियजनों को लिखा जाता है।

37. जब कोई सरकारी पत्र ज्ञापन या कार्यालय ज्ञापन एक साथ अनेक प्रेषतियों को भेजा जाए उसे क्या कहते हैं?

(a) आदेश
(b) अनुस्मारक पत्र
(c) अधिसूचना
(d) परिपत्र

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (d) जब कोई सरकारी पत्र ज्ञापन या कार्यालय ज्ञापन एक साथ अनेक प्रेषतियों को भेजा जाए, तो उसे 'परिपत्र' कहते हैं। इसे 'गश्तीपत्र' भी कहते हैं। इसमें प्रेषक एक ही अधिकारी होता है तथा पाने वाले अनेक होते हैं।

38. जब एक अधिकारी दूसरे अधिकारी को व्यक्तिगत नाम से पत्र लिखता है उसे क्या कहते हैं?

(a) शासकीय पत्र
(b) अर्द्ध शासकीय पत्र
(c) टिप्पणी
(d) कार्यालयी ज्ञापन

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) सरकारी अधिकारियों के मध्य सरकारी काम से व्यक्तिगत शैली में लिखे जाने वाले पत्र 'अर्द्धशासकीय पत्र' कहलाते हैं। इनका उद्देश्य सरकारी कार्यों में तत्परता और द्रुतगामिता प्रदान करना है साथ ही किसी विशेष बात की ओर ध्यान आकृष्ट करना है।

39. एक विद्यार्थी को अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को अभिनिवेदन में क्या लिखना चाहिए?

(a) आपका
(b) भवदीय
(c) आपका आज्ञाकारी शिष्य
(d) आपका सेवक

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (c) एक विद्यार्थी को अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को अभिनिवेदन में 'आपका आज्ञाकारी शिष्य' लिखना चाहिए।

40. मच्छरों के प्रकोप के सम्बन्ध में शिकायत पत्र लिखना हो तो किसे लिखेंगे?

(a) माननीय स्वास्थ्य अधिकारी को
(b) प्रधानमंत्री जी को
(c) मा. प्रधानाध्यापक जी को
(d) मा. शिक्षाधिकारी को

UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift

उत्तर: (a) मच्छरों के प्रकोप के सम्बन्ध में शिकायत पत्र लिखना हो तो 'माननीय स्वास्थ्य अधिकारी को' लिखा जायेगा। अन्य विकल्प संगत नहीं हैं।

41. बाढ़ पीड़ितों की सहायता के संबंध में पत्र लिखा जाता है।

(a) लेखाधिकार महोदय को
(b) जिलाधिकारी को
(c) कुलपति महोदय को
(d) आचार्य महोदय को

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर : (b) बाढ़ पीड़ितों की सहायता के संबंध में पत्र जिलाधिकारी को लिखा जाता है।

42. किसी अधिकारी को पत्र लिखना हो तो संबोधन किया जाता है:

(a) माननीय महोदय
(b) प्रिय मित्र
(c) पूजनीय
(d) प्रिज आत्मज

व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली

उत्तर: (a) किसी अधिकारी को पत्र लिखना हो तो अधिकारी के लिए 'माननीय महोदय' का संबोधन किया जाता है।
1. मित्र को लिखे पत्र में संबोधन- प्रिय मित्र
2. गुरु को लिखे पत्र में संबोधन – आदरणीय
3. पुत्र को लिखे पत्र में संबोधन- प्रिय आत्मज
4. पिता को लिखे पत्र में संबोधन- पूजनीय

43. अधिसूचना का प्रयोग किस क्षेत्र में नहीं किया जाता?

(a) नियम (b) आदेश
(c) कर्त्तव्य (d) अधिकार

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c): अधिसूचना का प्रयोग 'कर्त्तव्य' क्षेत्र में नहीं किया जाता है। नियम, आदेश, अधिकार अधिसूचना के क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है। अधिसूचना का प्रयोग अन्य क्षेत्रों में भी किया जाता है। जैसे–विज्ञप्ति निकलना, विशेष सूचना प्रदान करना।

@RexstarPdf

44. यदि आपको अपने मित्र को पत्र लिखना पड़े तो संबोधन में लिखेंगे:

(a) आदरणीय मित्र!
(b) पूजनीय मित्र!
(c) प्रिय मित्र!
(d) महोदय!

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c): यदि अपने मित्र को पत्र लिखना पड़े तो संबोधन में लिखेंगे 'प्रिय मित्र!' जबकि आदरणीय का प्रयोग अपने से बड़ों के लिए प्रयोग किया जाता है।

45. कौन–सा कथन असत्य/गलत है:

(a) अर्धशासकीय पत्र मित्रतापूर्ण भाषा में लिखा जाता है।
(b) संबोधन के लिए 'प्रिय' लिखा जाता है।
(c) स्वनिर्देश के लिए आपका सद्भावी (सिंसियरली) लिखा जाता है।
(d) इसमें भेजने वाला हस्ताक्षर करके पद का उल्लेख भी करता है।

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (d): इसमें भेजने वाला हस्ताक्षर करके पद का उल्लेख भी करता है, यह कथन गलत है। इसमें भेजने वाला केवल हस्ताक्षर करता है।

46. सभी राज्य सरकारों को भेजा जाने वाला सरकारी पत्र कहलाता है:

(a) अनुस्मारक
(b) अधिसूचना
(c) परिपत्र
(d) कार्यालय आदेश

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. (c): सभी राज्य सरकारों को भेजा जाने वाला सरकारी पत्र 'परिपत्र' कहलाता है। वह पत्र जो स्मरण दिलाए, 'अनुस्मारक' कहलाता है।

47. मुख्य टिप्पण क्या होता है?

(a) सक्षम अधिकारी द्वारा लिखा जाने वाला
(b) विस्तृत रूप में लिखा जाने वाला
(c) सूक्ष्म रूप में लिखा जाने वाला
(d) किसी सहायक या लिपिक द्वारा सर्वप्रथम लिखा जाने वाला

UPPCL JE Electrical, 2013

उत्तर (d): 'किसी सहायक या लिपिक द्वारा सर्वप्रथम लिखा जाने वाला' लेख ही मुख्य टिप्पण कहलाता है।

48. संक्षेपण मूल पाठ से कितने शब्दों में लिखना चाहिए?

(a) आधे शब्दों में, 1/2
(b) एक-तिहाई शब्दों में, 1/3
(c) तीन-चौथाई शब्दों में, 3/4
(d) दो-तिहाई शब्दों में, 2/3

UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift

उत्तर : (b) संक्षेपण को लिखने के लिए मूल पाठ के एक-तिहाई (1/3) शब्दों का प्रयोग करना चाहिए।

49. कार्यालय आदेश में अधिकारी का हस्ताक्षर किस स्थान पर आएगा?

(a) नीचे दाहिनी ओर
(b)नीचे बाईं ओर
(c) ऊपर दाहिनी ओर
(d)ऊपर बाईं ओर

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (a) : कार्यालय आदेश किसी कार्यालय में दिया गया आदेश पत्र होता है इसमें अधिकारी का हस्ताक्षर 'नीचे दाहिनी ओर' होता है।

50. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग अधिकतर भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश आदि की सूचना के प्रसंग में होता है?

(a) पत्र
(b)परिपत्र
(c) अधिसूचना
(d)कार्यालय आदेश

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (c) : 'अधिसूचना' (Notification) भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश आदि की सूचना के प्रसंग में होता है। अधिसूचना में प्रत्येक विभाग के लिए विशिष्ट विषय निश्चित होता है अर्थात् प्रकाशनार्थ सामग्री का पूर्ण विवरण आवश्यक है कि वह किस भाग में प्रकाशित होनी है।

51. 'अधिसूचना' प्रकाशित होती है–

(a) सरकारी गजट में
(b) सरकारी पत्रिका में
(c) किसी भी पत्रिका में
(d) सामान्य पत्र के रूप में

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]

उत्तर: (a) 'अधिसूचना' सरकारी गजट में प्रकाशित होती है। अंग्रेजी भाषा में इसे 'NOTIFICATION' कहते हैं। सरकारी स्तर पर अधिसूचना का प्रयोग भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम आदेश, अधिकार और नियुक्तियों की सूचना के प्रसंग में होता है।

@RexstarPdf

29.

अपठित गद्यांश एवं पद्यांश प्रश्नोत्तर

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 1-5)

मेरे एक मित्र हैं, बड़े विद्वान, स्पष्टवादी और नीतिमान। वह इस राज्य के बहुत प्रतिष्ठित नागरिक हैं। उनसे मिलने से सदा नयी स्फूर्ति मिलती है। यद्यपि वह अवस्था में मुझसे छोटे हैं, तथापि मुझे सदा सम्मान देते हैं। इस देश में यह एक अच्छी बात है कि सब प्रकार से हीन होकर भी यदि कोई उम्र में बड़ा हो, तो थोड़ा-सा आदर पा ही जाता है। मैं भी पा जाता हूँ। मेरे इस मित्र की शिकायत थी कि देश की दुर्दशा देखते हुये भी मैं कुछ कह नहीं रहा हूँ, अर्थात् इस दुर्दशा के लिये जो लोग जिम्मेदार हैं उनकी भर्त्सना नहीं कर रहा हूँ। यह एक भयंकर अपराध है। कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी जिस प्रकार मौन धारण किया था, वैसे ही कुछ मैं और मेरे जैसे कुछ अन्य साहित्यकार चुप्पी साधे हैं। भविष्य इसे उसी तरह क्षमा नहीं करेगा जिस प्रकार भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया। मैं थोड़ी देर तक अभिभूत होकर सुनता रहा और मन में पापबोध का भी अहसास हुआ। सोचता रहा, कुछ करना चाहिये, नहीं तो भविष्य क्षमा नहीं करेगा। वर्तमान ही कौन क्षमा कर रहा है? काफी देर तक मैं परेशान रहा-चुप रहना ठीक नहीं है, कम्बख्त भविष्य कभी माफ नहीं करेगा। उसकी सीमा भी तो कोई नहीं है। पाँच हजार वर्ष बीत गये और अब तक बेचारे भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया। भविष्य विकट असहिष्णु है। काफी देर बाद भ्रम दूर हुआ। मैं भीष्म नहीं हूँ। अगर हिन्दी में लिखने वाला कोई भीष्म हो जाता हो, तो भी मुझे कौन पूछता है? बहुत ज्ञानी-गुणी भरे पड़े हैं। मुझसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे। मुझे कोई डर नहीं है। 'भविष्य' नामक महादुरन्त अज्ञात मुझे किसी गिनती में लेने वाला नहीं है। डरना हो तो वे ही लोग डरें, जिनकी गिनती हो सकती है। तुम क्यों घबराते हो, मनसाराम, तुम तो न तीन में, न तेरह में, बड़ी राहत मिली इस यथार्थबोध से।

1. 'न तीन में, न तेरह में' मुहावरे का कौन-सा अर्थ ठीक लगता है?

(a) धोखे में रहना।
(b) बहुत ही महत्वपूर्ण होना।
(c) धैर्यपूर्वक सोचना।
(d) किसी भी गिनती में न आना।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'न तीन में, न तेरह में' मुहावरे का अर्थ है- किसी भी गिनती में न आना।

मुहावरा-उस पदबंध या वाक्यांश को कहते हैं, जिसका अर्थ शाब्दिक न होकर विलक्षण और लाक्षणिक होता है।

जैसे-पानी फेर देना (बिगाड़ देना)।

2. 'भर्त्सना' का क्या तात्पर्य है?

(a) निंदा और तिरस्कार (b) अपमान
(c) चुगली (d) विरोध

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'भर्त्सना' का तात्पर्य 'निंदा और तिरस्कार' करना है।

3. लेखक की परेशानी का क्या कारण था?

(a) लेखक और उनके जैसे साहित्यकारों को भविष्य कभी क्षमा नहीं करेगा जैसे भीष्म को आज तक क्षमा नहीं किया गया।
(b) लेखक के मित्र ने शिकायत की और उन्हें बताया कि देश की दुर्दशा देखते हुये भी वह कुछ कह नहीं रहा है।
(c) लेखक ने सोचा कि उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं।
(d) भविष्य विकट असहिष्णु है और भविष्य की कोई सीमा नहीं होती।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : लेखक की परेशानी का कारण था कि लेखक और उनके जैसे साहित्यकारों को भविष्य कभी क्षमा नहीं करेगा जैसे भीष्म को आज तक क्षमा नहीं किया गया।

4. भीष्म पितामह को क्षमा क्यों नही किया गया?

(a) कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी मौन धारण किया था।
(b) क्योंकि भीष्म ने महाभारत के युद्ध में कौरवों के पक्ष में युद्ध किया था।
(c) भीष्म के मन में पापबोध का अहसास हुआ था।
(d) भीष्म बहुत बड़े ज्ञानी थे और पक्षपाती होने से उन्हें भविष्य ने क्षमा नहीं किया।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी मौन धारण किया था।' इसलिए भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया।

5. लेखक को किस यथार्थबाध से राहत मिली?

(a) लेखक के अभिभूत होकर सुनते रहने और मन में पापबोध का अहसास होने से राहत मिली।
(b) लेखक के मित्र ने जो शिकायत की थी वह सही नहीं थी।
(c) लेखक के मित्र उनसे अवस्था में छोटे थे और वे लेखक का सम्मान भी करते थे।
(d) लेखक भीष्म नहीं थे और उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं, उन्हें भविष्य नामक महादुरंत जंतु से डरना चाहिए।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तरः (d) लेखक भीष्म नहीं थे और उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं, उन्हें भविष्य नामक महादुरंत जंतु से डरना चाहिए। अतः लेखक को उक्त यथार्थबोध से राहत मिली।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 6-10)

राष्ट्र केवल ज़मीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में प्राप्त होती है। जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं-हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती है। ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है। राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है।

जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है। राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है-देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े। महात्मा गाँधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े, किंतु वे अपने निश्चय में अटल रहे। व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं।

जब-जब भारत में फूट पड़ी, तब-तब विदेशियों ने शासन किया। चाहे जातिगत भेदभाव हो या भाषागत-तीसरा व्यक्ति उससे लाभ उठाने का अवश्य यत्न करेगा। आज देश में अनेक प्रकार के आंदोलन चल रहे हैं। कहीं भाषा को लेकर संघर्ष हो रहा है तो कहीं धर्म या क्षेत्र के नाम पर लोगों को निकाला जा रहा है जिसका परिणाम हमारे सामने है। आदमी अपने अहं में सिमटता जा रहा है। फलस्वरूप राष्ट्रीय बोध का अभाव परिलक्षित हो रहा है। यदि हमारे राजनेता अपने स्वार्थ के लिए संस्कृति के इस मूल सन्देश को भूलकर देश की जनता को गलत दिशा देंगे, तब-तब देश के अंदर अस्थिरता, फूट, अंतर्विरोध, गृह-युद्ध जैसे हालात जन्म लेंगे और इसका फ़ायदा अन्य बाहरी देशों को होगा।

अतएव एक जागरूक नागरिक के रूप में हमें इस बात को गहराई से समझते हुए तुच्छ मतभेदों को त्यागकर अपने मत का सदुपयोग करना चाहिए, जिससे चुने गए हमारे प्रतिनिधि राष्ट्र के लिए निर्माणात्मक दिशा दे सकें। जाति, भाषा और धर्म से ऊपर उठकर और नेताओं के भाषणों से प्रभावित हुए बिना हमें विवेकपूर्वक देश के उत्थान में अपना सहयोग देना चाहिए।

6. राष्ट्र, सांस्कृतिक और विरासत क्रमशः कौन-सी व्याकरणिक इकाइयाँ हैं?

(a) संज्ञा, विशेषण और विशेषण
(b) विशेषण, संज्ञा और संज्ञा
(c) संज्ञा, संज्ञा और संज्ञा
(d) संज्ञा, विशेषण और संज्ञा

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : 'राष्ट्र, सांस्कृतिक और विरासत' में क्रमशः 'संज्ञा, विशेषण और संज्ञा' व्याकरणिक इकाइयाँ हैं।
संज्ञा-'संज्ञा' उस विकारी शब्द को कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो। जैसे-भारत, रामचरितमानस, राष्ट्र, विरासत आदि।
विशेषण-जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे विशेषण कहते हैं। जिसकी विशेषता बताई जाए वह विशेष्य कहलाता है। जैसे-धार्मिक, सांस्कृतिक, इत्यादि।

7. 'अंतर्विरोध' शब्द में किस प्रकार की संधि है?

(a) अयादि संधि (b) पूर्वरूप संधि
(c) विसर्ग संधि (d) हल् संधि

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'अंतर्विरोध' शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है।
विसर्ग संधि-विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार होता है, उसे 'विसर्ग संधि' कहते हैं। जैसे-अंतः + विरोध = 'अंतर्विरोध'।

8. व्यक्ति की दृष्टि कब संकुचित हो जाती है?

(a) जब व्यक्ति 'राष्ट्रीयता' को 'स्व' से ऊपर रखकर सोचता है।
(b) जब व्यक्ति राजनेताओं के भाषणों से प्रभावित होकर विवेकपूर्वक उनको वोट देता है।
(c) जब व्यक्ति धर्म, जाति, कुल आदि को प्रमुख मानने लगता है।
(d) जब राजनेता जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े वायदे करते हैं।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है।

9. एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारा क्या कर्तव्य है?

(a) धर्म, जाति, भाषा आदि के तुच्छ मतभेदों को भुलाकर एक सुयोग्य और कर्मठ व्यक्ति को मत दें।
(b) हम अपनी जाति, संप्रदाय और बिरादरी के उत्थान का ध्यान रखते हुए मतदान करें।
(c) सभी राजनेता एक जैसे ही होते हैं इसलिए किसी को भी वोट नहीं दें।
(d) हम नेताओं के भाषणों को बिलकुल भी नहीं सुनें और अपनी इच्छानुसार किसी भी नेता को वोट दें।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारा कर्तव्य है कि धर्म, जाति, भाषा आदि के तुच्छ मतभेदों को भुलाकर एक सुयोग्य और कर्मठ व्यक्ति को मत दें।

@RexstarPdf

10. देश में चलने वाले अनेक प्रकार के आन्दोलनों का क्या परिणाम होता है?

(a) लोगों को अधिकार प्राप्त होंगे और स्थानीय लोग उन आंदोलनकारियों को अपना नेता मानने लगेंगे।
(b) देश के अंदर स्थिरता पैदा होगी और आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ेगा।
(c) आपसी घृणा और विद्वेष पैदा कर देने से राजनैतिक दलों को अपने वोट बैंक बढ़ाने में मदद मिलेगी।
(d) आन्दोलनों से सरकार आंदोलनकारियों की बात सुन पाएगी।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : देश में चलने वाले अनेक प्रकार के आन्दोलनों के परिणाम के कारण 'आपसी घृणा और विद्वेष पैदा कर देने से राजनैतिक दलों को अपने वोट बैंक बढ़ाने में मदद मिलेगी।'

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

हमारे बाल्यकाल के संस्कार ही जीवन का ध्येय निर्धारित करते हैं, अतः यदि शैशव में हमारी संतान ऐसे व्यक्तियों की छाया में ज्ञान प्राप्त करेगी, जिनमें चरित्र तथा सिद्धांत की विशेषता नहीं है, जिनमें संस्कारजनित अनेक दोष हैं, तो फिर उनके चरित्र पर भी उसी की छाप पड़ेगी और भविष्य में उनके ध्येय भी उसी के अनुसार स्वार्थमय तथा अस्थिर होंगे। शिक्षा एक ऐसा कर्तव्य नहीं है जो किसी पुस्तक को प्रथम पृष्ठ से अंतिम पृष्ठ तक पढ़ाने से ही पूर्ण हो जाता हो, वरन् वह ऐसा कर्तव्य है जिसकी परिधि सारे जीवन को घेरे हुए है और पुस्तकें ऐसे साँचे हैं जिनमें ढालकर उसे सुडौल बनाया जा सकता है।

आत्मनिर्भरता का अर्थ है- अपने ऊपर निर्भर रहना। जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नहीं ताकते वे ही आत्मनिर्भर होते हैं। वस्तुतः आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है। आत्मनिर्भरता का अर्थ है- समाज, निज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना। व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना, आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। स्वावलंबन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए। स्वावलंबन व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता-प्राप्ति का महामंत्र है। स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है, वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है। सर्वांगीण उन्नति का आधार है।

जब व्यक्ति स्वावलंबी होगा, उसमें आत्मनिर्भरता होगी, तो ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे वह न कर सके। स्वाबलंबी मनुष्य के सामने कोई भी कार्य आ जाए, वह अपने दृढ़ विश्वास से, अपने आत्मबल से उसे अवश्य ही पूर्ण कर लेगा। स्वावलंबी मनुष्य जीवन में कभी भी असफलता का मुँह नहीं देखता। वह जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर कामयाब होता जाता है। सफलता तो स्वावलंबी मनुष्य की दासी बनकर रहती है। जिस व्यक्ति का स्वयं अपने आप पर ही विश्वास नहीं, वह भला क्या कर पाएगा? परंतु इसके विपरीत जिस व्यक्ति में आत्मनिर्भरता होगी, वह कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा। वह जो करेगा सोच समझकर धैर्य से करेगा। मनुष्य में सबसे बड़ी कमी स्वावलंबन का न होना है। सबसे बड़ा गुण भी मनुष्य की आत्मनिर्भरता ही है।

11. सर्वांगीण सफलता-प्राप्ति का महामंत्र लेखक के अनुसार क्या है?

(a) आत्मविश्वास और सहनशीलता
(b) अच्छे संस्कार और कर्तव्यनिष्ठता
(c) आत्मनिर्भरता और आत्मबल
(d) धैर्य और स्नेहयुक्त व्यवहार

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश के अनुसार सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र 'आत्मनिर्भरता और आत्मबल' है।

12. 'स्वार्थमय' तथा 'अस्थिर' शब्दों के विलोम रूप क्रमशः किस विकल्प में है?

(a) निस्स्वार्थी - चंचल (b) अचल - मतबली
(c) निश्चत - परार्थी (d) निःस्वार्थ - गतिहीन

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'स्वार्थमय' तथा 'अस्थिर' शब्दों के विलोम रूप क्रमशः 'निःस्वार्थ'-'गतिहीन' होगा।

13. ''सफलता'', ''कार्य'' और ''आत्मनिर्भरता'' शब्दों के लिंग क्रमशः हैं-

(a) पुल्लिंग, पुल्लिंग और स्त्रीलिंग
(b) स्त्रीलिंग, पुल्लिंग और पुल्लिंग
(c) स्त्रीलिंग, पुल्लिंग और स्त्रीलिंग
(d) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये शब्द 'सफलता', 'कार्य' और आत्मनिर्भरता शब्दों के लिंग क्रमशः स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, और पुल्लिंग हैं।

14. जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी कौन सी है?

(a) आत्मनिर्भर बनना।
(b) बच्चे में बाल्यकाल से अच्छे संस्कार विकसित करना।
(c) दृढ़ विश्वास जाग्रत करना।
(d) सहनशीलता उत्पन्न करना।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये गद्यांश के अनुसार जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी 'आत्मनिर्भर' बनना है।

15. शैशव के शिक्षकों का बच्चे पर क्या असर पड़ता है?

(a) बच्चे निर्दोष और अबोध होते हैं और शिक्षकों के स्वभावगत गुण-दोषों का खास असर नहीं होता।
(b) शिक्षकों के चरित्र के गुण-दोष सहज ही बच्चे में आ जाते हैं।
(c) बच्चों को पढ़ाई से मतलब होना चाहिए, शिक्षक की व्यक्तिगत जिन्दगी से उन्हें क्या लेना-देना।
(d) शिक्षक को बच्चे का पाठ्यक्रम पूरा करना है, और बच्चे से कुछ लेना-देना नहीं है।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : शैशव के शिक्षकों का बच्चे पर निम्न असर पड़ता है- शिक्षकों के चरित्र के गुण-दोष सहज ही बच्चे में आ जाते हैं।

@RexstarPdf

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

मृत्युंजय और संघमित्र की मित्रता पाटलिपुत्र के जन-जन की जानी बात थी। मृत्युंजय जन-जन द्वारा 'धन्वंतरि' की उपाधि से विभूषित वैद्य थे और संघमित्र समस्त उपाधियों से विमुक्त 'भिक्षु'। मृत्यंजय चरक और सुश्रुत को समर्पित थे, जो संघमित्र बुद्ध के संघ और धर्म को। प्रथम का जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में विश्वास था तो द्वितीय का जीवन के निराकरण और निर्वाण में। दोनों ही दो विपरीत तटों के समान थे, फिर भी उनके मध्य बहने वाली स्नेह-सरिता उन्हें अभिन्न बनाए रखती थी। यह आश्चर्य है, जीवन के उपासक वैद्यराज को उस निर्वाण के लोभी के बिना चैन ही नहीं था, पर यह परम आश्चर्य था कि समस्त रोगों को मलों की तरह त्यागने में विश्वास रखने वाला भिक्षु भी वैद्यराज के मोह में फँस अपने निर्वाण को कठिन से कठिनतर बना रहा था। वैद्यराज अपनी वार्ता में संघमित्र से कहते-निर्वाण (मोक्ष) का अर्थ है- आत्मा का मृत्यु पर विजय। संघमित्र हँसकर कहते-देह द्वारा मृत्यु पर विजय मोक्ष नहीं हैं। देह तो अपने आप में व्याधि है। तुम देह की व्याधियों को दूर करके कष्टों से छुटकारा नहीं दिलाते, बल्कि कष्टों के लिए अधिक सुयोग जुटाते हो। देह व्याधि से मुक्ति तो भगवान की शरण में है। वैद्यराज ने कहा - मैं तो देह को भगवान के समीप जीते ही बने रहने का माध्यम मानता हूँ। पर दृष्टियों का यह विरोध उनकी मित्रता के मार्ग में कभी बाधक नहीं हुआ। दोनों अपने कोमल हास और मोहक स्वर से अपने-अपने विचारों को प्रस्तुत करते रहते।

16. देह-व्याधि के निराकरण के बारे में संघमित्र का क्या विचार था?

(a) संघमित्र देह व्याधि से मुक्ति भगवान की शरण से मानते थे।
(b) संघमित्र शरीर को व्याधि-मुक्त मानते थे।
(c) संघमित्र जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में विश्वास रखते थे।
(d) संघमित्र के अनुसार देह-व्याधियों से मुक्ति संभव नहीं थी।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार देह-व्याधि के निराकरण के बारे में संघमित्र का विचार है- ये देह व्याधि से मुक्ति भगवान शरण से मानते हैं।

17. ''आत्मा की मृत्यु पर विजय ही मोक्ष है'' ऐसा किसका मानना है?

(a) मृत्युंजय का (b) संघमित्र का
(c) चरक और सुश्रुत का (d) बौद्ध धर्म का

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये गद्यांश के अनुसार, 'आत्मा का मृत्यु पर विजय ही मोक्ष है' यह कथन 'मृत्युंजय' का है।

18. व्याधि और सुयोग शब्दों में क्रमशः प्रयुक्त उपसर्ग हैं

(a) व्या और सु (b) आधि और ओग
(c) वि + आ और सु (d) वि और सु

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : व्याधि और सुयोग शब्दों में क्रमशः वि और सु उपसर्ग प्रयुक्त हैं।

19. संघमित्र और मृत्यंजय के विषय में कौन सा विकल्प सही है?

(a) मृत्युंजय सादा जीवन जीते हुए निर्वाण प्राप्ति के समर्थक थे, संघमित्र जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में विश्वास रखते थे।
(b) संघमित्र और मृत्युंजय दोनों मित्र थे और उनके जीवन-सिद्धांत एक-जैसे ही थे।
(c) संघमित्र जीवन को निरोग बनाकर आनंदपूर्वक जीने व दीर्घायु रहकर उपभोग का आनंद उठाने के समर्थक थे, मृत्युंजय चरक और सुश्रुत को समर्पित थे।
(d) मित्र होते हुए भी उन दोनों के जीवन सिद्धांत विपरीत थे।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : संघमित्र और मृत्युंजय दोनों मित्र थे लेकिन मित्र होते हुए भी दोनों के जीवन सिद्धांत विपरीत थे।

20. जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में किसका विश्वास था?

(a) पाटलिपुत्र के राजा का (b) पाटलिपुत्र की प्रजा का
(c) संघमित्र का (d) मृत्युंजय का

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में मृत्युंजय का विश्वास था।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र.सं. 21-25)

समाज की विषमता शोषण की जननी है। समाज में जितनी विषमता होगी, सामान्यतया शोषण उतना ही अधिक होगा। चूँकि हमारे देश में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक असमानताएँ अधिक हैं जिसकी वजह से एक व्यक्ति एक स्थान पर शोषक तथा वही दूसरे स्थान पर शोषित होता है। जब बात उपभोक्ता संरक्षण की हो तब पहला प्रश्न यह उठता है कि उपभोक्ता किसे कहते हैं? या उपभोक्ता की परिभाषा क्या है? सामान्यतः उस व्यक्ति या व्यक्ति समूह को उपभोक्ता कहा जाता है। जो सीधे तौर पर किन्हीं भी वस्तुओं अथवा सेवाओं का उपयोग करते हैं। इस प्रकार सभी व्यक्ति किसी-किसी रूप में उपभोक्ता होते हैं और शोषण का शिकार होते हैं।

हमारे देश में ऐसे अशिक्षित, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल अशक्त लोगों की भीड़ है जो शहर की मलिन बस्तियों में, फुटपाथ पर , सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे, गंदे नालों के किनारे झोपड़ी डालकर अथवा किसी भी अन्य तरह से अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। वे दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देशों

@RexstarPdf

की समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित हैं, जिन्हें आधुनिक सफेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग ने मिलकर बाँट लिया है। सही मायने में शोषण इन्हीं की देन है। सरकार कितनी भी योजनाएँ बना कर लागू करे, कोई बड़ा परिवर्तन संभव नहीं है।

उपभोक्ता शोषण का तात्पर्य केवल उत्पादकता व व्यापारियों द्वारा किए गए शोषण से ही लिया जाता है जबकि इसके क्षेत्र में वस्तुएँ एवं सेवाएँ दोनों ही सम्मिलित हैं, जिनके अंतर्गत डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, ऊँचे ओहदों पर बैठे सरकारी कर्मचारी, वकील आदि सभी आते हैं। इन सबने शोषण के क्षेत्र में जो कीर्तिमान बनाए हैं वे वास्तव में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने लायक हैं। कानून के हाथ कितने भी लम्बे हों, इन सभी तक नहीं पहुँच सकते क्योंकि रक्षक जब भक्षक बन जाए तो कौन बचाए? भ्रष्टाचार सभी की जड़ों में पहुँचा हुआ है- ऊपर से नीचे या नीचे से ऊपर। क्या कभी इन लोगों के अच्छे दिन आएँगे?

दूसरी ओर किसी तरह अपनी इज्जत-आबरू बचाता मध्यम वर्ग है जो न तो किसी पार्टी के वोट बैंक में है और न ज्यादा पढ़ा-लिखा सम्पन्न। न सरकार उसकी परेशानियों को समझती है और न कोई अन्य राजनैतिक पार्टी। जिनकों सरकारी पेंशन नहीं मिलती, ऐसे बड़े-बूढ़े लाचार लोगों की स्थिति और भी खराब है। न तो उनकी संस्कार-विहीन संतान उनका ध्यान रखने को तैयार है और न सरकार उनके लिए कुछ सोच पा रहीं है। क्या इस विषमता को हटाने की दिशा में कोई कदम उठाया जा रहा है? क्या पढ़े-लिखे नौजवानों को उपयुक्त रोजगार दिए जाने की दिशा में कुछ हो रहा है? क्या होगा इस देश का, भगवान ही जानता है।

21. हमारे देश में समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग कौन सा है?

(a) सरकारी पेंशन विहीन वयोवृद्ध जनों का वर्ग
(b) किसी तरह अपनी इज्जत-आबरू बचाता समाज का मध्यम वर्ग
(c) मलिन बस्तियों, फुटपाथ, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी डालकर रहने वाले अशिक्षित, दुर्बल और अशक्त लोगों का वर्ग
(d) आधुनिक सफेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी लोगों का वर्ग

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश के अनुसार हमारे देश में समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग-मलिन बस्तियों, फुटपाथ, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी डालकर रहने वाले अशिक्षित, दुर्बल और अशक्त लोगों का वर्ग है।

22. लेखक के अनुसार शोषण का शिकार कौन लोग होते हैं?

(a) पढ़े-लिखे उपयुक्त रोजगार विहीन नवयुवकरण
(b) वस्तु एवं सेवाओं का उपयोग करने वाला उपभोक्ता समूह
(c) उत्पादकता से जुड़ा व्यापारी मंडल
(d) नौकरशाह एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) दिये गये गद्यांश में लेखक के अनुसार वस्तु एवं सेवाओं का उपयोग करने वाला उपभोक्ता समूह शोषण के शिकार होते हैं।

23. समाज के मध्यम वर्ग की कौन-सी समस्या है?

(a) गरीब और श्रमिक वर्ग से सम्बन्धित
(b) उच्च शिक्षित और धनाढय
(c) घर का हर सदस्य मजदूरी करने के लिए विवश
(d) जीवन-यापन में आर्थिक परेशानी से सामाजिक प्रतिष्ठा पर खतरा

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार समाज के मध्यवर्ग की समस्या है- जीवन-यापन में आर्थिक परेशानी से सामाजिक प्रतिष्ठा पर खतरा।

24. समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग के शोषण के लिए कौन उत्तरदायी है?

(a) राजनेता, व्यापारी वर्ग, सरकारी तंत्र एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग
(b) समाज के धर्मपरायण, पंड़ित और कथावाचक लोग
(c) समाज का मध्यम वर्ग और उच्च वर्ग
(d) शिक्षित एवं सम्पन्न नौकरीपेशा वर्ग

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : गद्यांश के अनुसार राजनेता, व्यापारी वर्ग, सरकारी तंत्र एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग के शोषण के लिए उत्तरदायी हैं।

25. 'शैक्षणिक और सांस्कृतिक' शब्द किस व्याकरणिक इकाई से संबंधित हैं और किस प्रत्यय से मिलकर बने हैं?

(a) संज्ञा और विशेषण शब्द - अ प्रत्यय
(b) विशेषण और संज्ञा शब्द - णिक और तिक प्रत्यय
(c) विशेषण और विशेषण शब्द - इक प्रत्यय
(d) संज्ञा और संज्ञा शब्द -अणिक और अतिक प्रत्यय

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'शैक्षणिक और सांस्कृतिक' शब्द दोनों विशेषण इकाई से संबंधित हैं और दोनों शब्दों में इक प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्र. सं. 26-30)

भारत प्राचीन संस्कृति का देश है। यहाँ दान-पुण्य को जीवन-मुक्ति का अनिवार्य अंग माना गया था। जब दान देने को धार्मिक कृत्य मान लिया गया तो निश्चित तौर पर दान लेने वाले भी होंगे। हमारे समाज में भिक्षावृत्ति की जिम्मेदारी समाज के धर्मात्मा, दयालु व सज्जन लोगों की है। भारतीय समाज में दान लेना व दान देना-दोनों धर्म के अंग माने गए हैं। पहले दान देने से पूर्व दान लेने वाले की पात्रता देखी जाती थी और योग्य पात्र को दान दिया जाता था। धर्मशास्त्रों ने दान की महिमा का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया। जिसके

@RexstarPdf

कारण भिक्षावृत्ति को भी धार्मिक मान्यता मिल गई। धीरे-धीरे दान-दाताओं ने पात्रता पर ध्यान देना बंद कर दिया और दयावश निरीह, अपाहिज और गरीबों को दान दिया जाने लगा। शनैः-शनैः समाज में और मूल्यों में बदलाव आया और अधिकतर लोग गरीबों, ब्राह्मणों और भिखारियों को दान का पात्र समझने लगे। समाज में जब इस प्रकार के परिवर्तन हुए तो धीरे-धीरे लोगों ने भिक्षा को अपनी जीविका ही बना लिया। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगे। काम न मिलने से भी भिक्षावृत्ति को बल मिला और पूजा-स्थल, तीर्थ, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, गली-मुहल्ले आदि स्थानों पर हर जगह भिखारी दिखाई देने शुरू हो गए। इस कार्य में हर आयु के व्यक्ति शामिल होने लग गए। साल-दो साल के दूध मुँहे बच्चे से लेकर अस्सी-नब्बे वर्ष के बूढ़े तक को भीख माँगते देखा जा सकता है। आज तो भीख माँगने का भी एक कलापूर्ण व्यवसाय बनता जा रहा है।

कुछ खानदानी भिखारी होते हैं क्योंकि पुश्तों से उनके पूर्वज धर्मस्थानों पर अपना अड्डा जमाए हुए हैं। कुछ अपराधी बच्चों को उठा ले जाते है तथा उनसे भीख मँगवाते हैं। वे इतने निर्दय होते हैं कि भीख माँगने के लिए बच्चों का अंग-भंग भी कर देते हैं। कुछ भिखारी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं। इसके अलावा अनेक श्रेणी के और भी भिखारी होते हैं। कुछ भिखारी परिस्थिति से बनते हैं तो कुछ बना दिए जाते हैं। कुछ शौकिया भी इस व्यवसाय में आ गए हैं। जन्मजात भिखारी अपने स्थान निश्चित रखते हैं। कुछ भिखारी अपनी आमदनी वाली जगह दूसरे भिखारी को किराए पर देते हैं। बेरोजगारी और गरीबी के कारण कुछ वयोवृद्ध मजबूरीवश भिखारी बनते हैं। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगते हैं। काम न मिलना भी भिक्षावृत्ति को जन्म देता है। कुछ अपराधी बाकायदा इस काम की ट्रेनिंग देते हैं। भीख रोकर, गाकर, आँखें दिखाकर या हँसकर भी माँगी जाती है। भीख माँगने के लिए इतना आवश्यक है कि दाता के मन में करुणा जगे। अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर दाता करुणामय होकर भीख देने के लिए बाध्य हो जाता है।

क्या भिक्षवृत्ति देश की एक समस्या नहीं है? गरीबों और निर्बलों को छोड़कर कई पढ़े-लिखे और हट्टे-कट्टे भी इस वृत्ति को अपनाए हुए हैं। क्या सरकार को इस दिशा में कुछ करने की आवश्यकता नहीं है? क्या हम लोग इन भिखारियों को करुणावश भीख दे रहे हैं? थोड़ा सोचिए, क्या हम भी इस वृत्ति को बढ़ावा तो नहीं दे रहे हैं। अगर दान ही करना है तो गरीबों को पुस्तकें, पाठ्य-सामग्री दें। गरीबों और बीमारों को दवाएँ और अस्पताल की सुविधाएँ दिलाएँ। इन लोगों को भीख के स्थान पर रोजगार की व्यवस्था कराएँ। नकद देना बंद करें। भीख माँगने वालों को खाना खिलाएँ पर कभी उन्हें नकद पैसे न दें। अगर जनता और सरकार दोनों मिलकर काम करें और भीख माँगने वालों को पुलिस के हवाले करना शुरू कर दें, तो इस पर काबू पाया जा सकता है।

26. क्या भिक्षावृत्ति देश की एक समस्या है? आपका इस विषय में क्या विचार है?

(a) भिक्षावृत्ति समस्या नहीं है क्योंकि दान-पुण्य तो भारतीय संस्कृति का एक धार्मिक कृत्य है।

(b) भिक्षावृत्ति देश की समस्या को हल करती है, क्योंकि गरीबों, अपंगों और बेरोजगारों की जीविका इससे ही चल रही है।

(c) भिक्षावृत्ति देश की एक ज्वलंत समस्या बन गई है क्योंकि लोग इसको जानबूझकर अपना व्यवसाय बना रहे हैं।

(d) भिक्षावृत्ति में लोग स्वेच्छया दान दे रहे हैं इसलिए इसको समस्या नहीं माना जा सकता।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर :(c): गद्यांश के अनुसार भिक्षावृत्ति देश की एक ज्वलंत समस्या बन गई है क्योंकि लोग इसको जानबूझकर अपना व्यवसाय बना रहे हैं।

27. विभिन्न स्थलों पर लोग भीख देने के लिए क्यों बाध्य हो जाते हैं?

(a) भिखारी लोगों के पीछे लग जाते हैं और उन्हें भीख देने के लिए बाध्य कर देते हैं।

(b) अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर लोग भीख देने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

(c) धार्मिक स्थलों पर लोग दान-पुण्य की भावना से जाते हैं और कंगाल भिखारियों को दान के रूप में भीख देते हैं।

(d) लोगों के पास अन्याय, अनीति और चोरी का पैसा होता है और दान देकर वे अपनी आत्मा पर रखे बोझ को कम करते हैं।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) **:** गद्यांश के अनुसार, अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृक्षावस्था आदि देखकर लोग भीख देने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

28. भीख न देकर भी दूसरों की मदद करने के लिए कौन सा विकल्प सही नहीं है?

(a) गरीबों और निर्बलों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था करके मदद करना।

(b) पैसे देकर किसी भिखारी को रोजगार-धंधे के लिए प्रेरित करके मदद करना।

(c) गरीबों के बच्चों के स्कूल में फीस जमा करके और पुस्तकें और अन्य पाठ्य-सामग्री देकर मदद करना।

(d) रोगियों को चिकित्सा सुविधा दिलाकर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से परिचित कराके मदद करना।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : गद्यांश के अनुसार पैसे देकर किसी भिखारी को रोजगार-धंधे के लिए प्रेरित करके मदद करना। यह विकल्प भीख न देकर भी दूसरों की मदद करने के लिए सही विकल्प नहीं है।
अन्य सभी विकल्प संगत हैं।

@RexstarPdf

29. दान-पुण्य और जीवन-मुक्ति में कौन से समास है?

(a) तत्पुरुष और द्वंद्व (b) द्वंद्व और तत्पुरुष
(c) कर्मधारय और द्वंद्व (d) द्वंद्व और अव्ययीभाव

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर: (b) : 'दान-पुण्य' में द्वंद्व समास तथा 'जीवन-मुक्ति' में तत्पुरुष समास है।

30. खानदानी भिखारी कैसे होते हैं?

(a) जो खुद भिखारी न माँगकर अपने स्थान को दूसरे किसी भिखारी को भीख माँगने के लिए भाड़े पर दे देते हैं।
(b) जो छोटे बच्चों के अंग-भंग करके उनसे जबरदस्ती भीख मँगवाते हैं।
(c) जिनकी भीख माँगने की जगह पुश्तैनी है और पीढ़ियों से निश्चित है।
(d) जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : गद्यांश के अनुसार खानदानी भिखारी वे होते हैं जिनकी भीख माँगने की जगह पुश्तैनी होती है और उनकी वह जगह पीढ़ियों से निश्चित है।

निम्नलिखित गंद्याश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र. 31-35)

इस रत्नगर्भा वसुंधरा के अंतःस्थल में हीरे-मणि-माणिक्य और सम्पदा का अभाव नहीं है। धरती का विस्तीर्ण अतल गर्भ अनंत धनराशि से भरा पड़ा है। आवश्यकता है, इसके वक्ष को चीरकर उन्हें उगलवा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की। धरती के अंदर विद्यमान धनराशि के कारण ही धरती वसुंधरा कहलाती है। इस धरा पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि यदि भाग्य में नहीं है तो हथेली पर आई वस्तु भी नष्ट हो जाती है। जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं, तो हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते। प्रयत्न के अभाव में फल भी नहीं मिलता और लोग भाग्य को दोष देते रहते हैं। ऐसे भाग्यवादी लोगों को कायर माना जाता है। अकूत सम्पदा तो उसी को मिल सकती है जो पूर्ण संकल्प के साथ कार्य में प्रवृत्त हो। जैसे अर्जुन का ध्यान पक्षी की बेधे जाने वाली आँख पर था, उसी प्रकार जो लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ होकर सतत प्रयासशील रहता है, समय के परिपाक के साथ उस लक्ष्य को पाने में सफल हो जाता है। ऐसे लोग जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम-सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है, उन्हें जब असफलता का अँधेरा अपने चारों ओर घिरता दिखाई देता है, तब वे पछतावा करते हैं कि उन्होंने व्यर्थ ही समय गँवा दिया। मनुष्य के पास सभी कुछ पा लेने की क्षमता होती है, पर कैसे उसे पाया जाएगा उसके लिए संपूर्ण-निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम आवश्यक है। कई बार लक्ष्य के एकदम समीप पहुँच कर हम प्रयत्न करना छोड़ देते हैं और भाग्य को दोष देते हैं। भाग्य जैसी कोई वस्तु या तो होती ही नहीं है और या परिश्रम की चाबी के साथ मिलकर भाग्य की चाबी काम करती है। भाग्य की अकेली चाबी सफलता के ताले को नहीं खोल सकती। इसीलिए कवि तुलसीदास ने कहा है-

कायर मन कर एक अधारा। दैव दैव आलसी पुकारा।।

31. गद्यांश में कायर किसको माना गया है?

(a) जो अपेक्षित परिश्रम से डरकर भाग्य का आश्रय ले।
(b) जो युद्ध में शत्रु को पीठ दिखाकर भाग जाए।
(c) जो पड़ोसी के ललकारने पर घर के अंदर छिप जाए।
(d) जो मेहनत करने से पीछे न हटे।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जो अपेक्षित परिश्रम से डरकर भाग्य का आश्रय लेते हैं, ऐसे लोगों को कायर माना जाता है।

32. भाग्य को कौन लोग दोष देते रहते हैं?

(a) जो प्रयत्न के अभाव में फल न मिल पाने के कारण बचाव का बहाना खोजते हैं।
(b) जो परिश्रमशील होते हैं और सफल हो जाते हैं।
(c) जो किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।
(d) जिनको पहले से पता होता है कि उन्होंने मेहनत नहीं की है और वे सफल होने वाले नहीं हैं।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : गद्यांश के अनुसार भाग्य को ऐसे लोग दोष देते हैं, जो प्रयत्न के अभाव में फल न मिल पाने के कारण बचाव का बहाना खोजते रहते हैं।

33. 'परिश्रम' शब्द कौन-सी व्याकरणिक इकाई है?

(a) सर्वनाम (b) संज्ञा
(c) विशेषण (d) क्रिया-विशेषण

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'परिश्रम' संज्ञा शब्द है, इसका विशेषण रूप 'परिश्रमी' होगा। सर्वनाम ऐसे शब्द होते हैं, जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं तथा क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द 'क्रिया विशेषण' कहलाते हैं।

34. जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं तब क्या होता है?

(a) हम पूरी तरह से मेहनत करते हैं।
(b) हम सफल हो जाते हैं।
(c) हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते हैं और असफल होते हैं।
(d) संपूर्ण-निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम करने के कारण सफलता पा लेते हैं।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : गद्यांश के अनुसार, जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं, तब हम लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते हैं और फलस्वरूप हम असफल होते हैं।

35. जीवन में भाग्य का फल किसको मिलता है?

(a) जो भाग्य की अकेली चाबी से सफलता के ताले को खोलने का प्रयास करते हैं।
(b) जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम-सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है।

@RexstarPdf

(c) जो परिश्रम की चाबी के साथ भाग्य की चाबी मिलाकर सफलता का ताला खोलने का प्रयास करते हैं।

(d) जो दैव-दैव पुकार कर सफलता के ताले को खोलने का प्रयास करते हैं।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : जो लोग परिश्रम की चाबी के साथ भाग्य की चाबी मिलाकर सफलता का ताला खोलने का प्रयास करते हैं, उन्हीं को जीवन में भाग्य का फल भी प्राप्त होता है।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र. 36-40)

आज किसी भी व्यक्ति का सबसे अलग एक टापू की तरह जीना संभव नहीं रह गया है। भारत में विभिन्न पंथों और विविध मत-मतांतरों के लोग साथ-साथ रह रहे हैं। ऐसे में यह अधिक जरूरी हो गया है कि लोग एक-दूसरे को जानें; उनकी जरूरतों को, उनकी इच्छाओं-आकांक्षाओं को समझें उन्हें तरजीह दें और उनके धार्मिक विश्वासों, पद्धतियों, अनुष्ठानों को सम्मान दें। भारत जैसे देश में यह और भी अधिक जरूरी है, क्योंकि यह देश किसी एक धर्म, मत या विचारधारा का नहीं है। स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे। उनका दृढ़ मत था कि विभिन्न धर्मों-संप्रदायों के बीच संवाद होना ही चाहिए। वे विभिन्न धर्मों- संप्रदायों की अनेकरूपता को जायज और स्वाभाविक मानते थे। स्वामी जी विभिन्न धार्मिक आस्थाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के पक्षधर थे और सभी को एक ही धर्म का अनुयायी बनाने के विरुद्ध थे। वे कहा करते थे, ''यदि सभी मानव एक ही धर्म को मानने लगें, एक ही पूजा-पद्धति को अपना लें और एक-सी नैतिकता का अनुपालन करने लगें, तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी, क्योंकि यह सब हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्राणघातक होगा तथा हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से काट देगा''। हमें सभी धर्म-संप्रदाय-पंथ-विचारों के लोगों को और उनकी विचारधाराओं और उपासना पद्धतियों को उचित सम्मान देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को चाहे वह किसी जाति-धर्म और भाषा से सम्बन्धित है, प्रकृति ने समान बनाया है। सभी मनुष्यों में एक ही परमात्मा का वास है। जागतिक विकास की दृष्टि से कोई पिछड़ा हो सकता है। यदि कोई पिछड़ा हुआ है तो उसे अपने साथ ले लेने से मानवता खिल उठती है।

36. मानवता कब खिल उठती है?

(a) जब पिछड़ों को सहारा दिया जाता है।

(b) जब एकाधिक धर्मों को मानने वाले साथ रहते हैं।

(c) जब सभी में स्थित एक परमात्मा को ही एकमात्र सत्य स्वीकार किया जाता है।

(d) जब सभी का आध्यात्मिक विकास होगा।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : गद्यांश के अनुसार, जब पिछड़ों को सहारा दिया जाता है तब मानवता खिल उठती है।

37. 'आध्यात्मिक' शब्द में क्रमशः उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय हैं?

(a) अधि + आत्म + इक

(b) आधि + आत्मा + क

(c) अध्य + आत्म : इक

(d) आधि + आत्म + इक

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'आध्यात्मिक' शब्द अधि (उपसर्ग) + आत्म (मूलशब्द) + इक (प्रत्यय) के योग से बना है। उपसर्ग शब्दों के प्रारम्भ में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता अथवा परिवर्तन प्रकट करते हैं तथा प्रत्यय शब्दों के अंत में जुड़कर अर्थ परिवर्तन प्रकट करते हैं।

38. 'स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे।' वाक्य का प्रकार है

(a) मिश्रित वाक्य (b) सामान्य वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) विधिवाचक वाक्य

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'स्वामी विवेकानन्द' इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे। यह वाक्य संयुक्त वाक्य है। ऐसा वाक्य जो दो या दो से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य एक संयोजक अव्यय द्वारा जुड़े हों, संयुक्त वाक्य होते हैं।

39. गद्यांश के अनुसार धर्म-सम्प्रदायों के विषय में विवेकानंद का विचार था कि

(a) केवल हिन्दू धर्म की पूजा पद्धति सही है।

(b) सभी धर्म समान हैं और धर्म-सम्प्रदायों की अनेकरूपता जायज़ और स्वाभाविक है।

(c) हिन्दुओं को भारत में रहने और अपना धर्मपालन करने का अधिकार है।

(d) भारत में केवल एक धर्म का पालन होना चाहिए।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : गद्यांश के अनुसार धर्म-सम्प्रदायों के विषय में विवेकानन्द का विचार था कि सभी धर्म समान हैं और धर्म सम्प्रदाय की अनेकरूपता जायज और स्वाभाविक है।

40. हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए क्या प्राणघातक होगा?

(a) भारत जैसे देश में किसी एक धर्म का पालन।

(b) भारत में अनेक धर्मों का पालन।

(c) भारत में एक से अधिक धार्मिक विश्वासों का अपनाना।

(d) पिछड़े लोगों पर अन्याय करना।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : भारत जैसे देश में किसी एक धर्म का पालन करना हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्राणघातक होगा। भारत में सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं अतः यहाँ किसी एक धर्म का ही पालन करना सम्भव नहीं है।

@RexstarPdf

प्रश्न 41 से 45 तक के उत्तर निम्नांकित गद्यावतरण के आधार पर दीजिए।

किसी देश की संस्कृति को जाने के लिए वहाँ के (1).....का पूरा अध्ययन नितांत आवश्यक है। साहित्य किसी देश तथा जाति के विकास का प्रतीक है। साहित्य से उस जाति के धार्मिक विचारों, सामाजिक संगठन, ऐतिहासिक घटनाचक्र तथा राजनीतिक परिस्थितियों का प्रतिबिंब मिल जाता है। भारतीय संस्कृति के मूल आधार हमारे साहित्य के (2)..... ग्रंथ-रत्न हैं, जिनके विचारों से भारत की आंतरिक (3)..... का ज्ञान हो जाता है। हमारे देश की बाहरी विविधता भारतीय (4)..... के रूप में बहने वाली विचार और संस्कृति की एकता को ढक लेती है। वांग्मय की (5)..... एक है, पर वह अनेक भाषाओं, रूपों तथा परिस्थितियों में हमारे सामने आती है।

41. निम्नलिखित विकल्पों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान (1) की पूर्ति कीजिए।

(a) साहित्य (b) भूगोल
(c) राजनीति विज्ञान (d) संस्कृत

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान (1) पर विकल्प (a) 'साहित्य' शब्द सबसे उपयुक्त होगा। गद्यावतरण के आधार पर पूर्ण वाक्य– किसी देश की संस्कृति को जानने के लिए वहाँ के साहित्य का पूरा अध्ययन नितांत आवश्यक है।

42. रिक्त स्थान (2) की पूर्ति 'कीमती' के पर्यायवाची शब्द से कीजिए।

(a) दुर्मूल्य (b) अतुल्य
(c) अमूल्य (d) बाहुल्य

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान (2) पर दिये गये समस्त विकल्पों में से विकल्प (c) 'अमूल्य' सबसे उपयुक्त होगा। गद्यावतरण के आधार पर पूर्ण वाक्य– भारतीय संस्कृति के मूल आधार हमारे साहित्य के अमूल्य ग्रन्थ-रत्न हैं जिनके विचारों से भारत की आंतरिक एकता का ज्ञान हो जाता है।

43. रिक्त स्थान (3) की पूर्ति 'अनेकता' के विलोम शब्द से कीजिए।

(a) एकाग्रता (b) एकता
(c) समता (d) ममता

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान (3) पर दिये गये समस्त विकल्पों में से विकल्प (b) 'एकता' सबसे उपयुक्त होगा। गद्यावतरण के अनुसार पूर्ण वाक्य– भारतीय संस्कृति के मूल आधार हमारे साहित्य के अमूल्य ग्रन्थ-रत्न हैं जिनके विचारों से भारत की आंतरिक एकता का ज्ञान हो जाता है।

44. रिक्त स्थान (4) की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।

(a) वाहक (b) वांगमुख
(c) वांग्मय (d) वाग्वैभव

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार रिक्त स्थान (4) पर दिये गये समस्त विकल्पों में से विकल्प (c) 'वांग्मय' सबसे उपयुक्त होगा। गद्यावतरण के अनुसार पूर्ण वाक्य– हमारे देश की बाहरी विविधता भारतीय वांग्मय के रूप में बहने वाली विचार और संस्कृति की एकता को ढक लेती है।

45. स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द से रिक्त स्थान (5) की पूर्ति कीजिए।

(a) आत्मा (b) प्राण
(c) जीवन (d) भगवान

SSC GD 02/02/2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश के रिक्त स्थान (5) पर स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द की पूर्ति विकल्प (a) 'आत्मा' शब्द सबसे उपयुक्त विकल्प होगा। गद्यांश के अनुसार पूर्ण वाक्य- वांग्मय की आत्मा एक है, पर वह अनेक भाषाओं, रूपों तथा परिस्थितियों में हमारे सामने आती है।

Comprehension:

नीचे पूछे गए प्रश्न संख्या 46 से 50 के उत्तर निम्न गद्यांश के आधार पर दीजिए।

सौर परिवार में पृथ्वी पर ही जीवन का अस्तित्व है। सभी सजीवों (पौधे और जंतु) में उपापचयी क्रियाएँ (पोषण, श्वसन एवं उत्सर्जन), आकार में 1. _____, शरीर के विभिन्न अंगों में समन्वय, कार्य करने की क्षमता तथा उद्दीपन के प्रति संवेदना होती है। वृद्धि की विशेषावधि के पश्चात सभी पौधे तथा जंतु जनन द्वारा अपने जैसी ही संतति उत्पन्न करते हैं। सभी पौधे तथा जंतुओं की निश्चित 2. _____ होती है, परंतु कोई भी दो पौधे या जंतु एक समान नहीं होते हैं। ऐसी विभिन्नताएँ 3. _____ के समय उत्पन्न होती हैं तथा जैविक विकास के लिए मुख्य 4. _____ बनती हैं सजीव तंत्र के विलक्षण संगठन के कारण ही विभिन्न जैविक क्रियाएँ संभव हैं। संगठन के विभिन्न स्तर हैं आणविक, कोशिकीय, ऊतकीय, अंगतंत्र, व्यष्टि, समष्टि (जनसंख्या), समुदाय, पारिस्थितिक तंत्र एवं जीव मण्डल। संगठन के इन नौ स्तरों के अंतर्गत 5. _____ के गुण के पल कोशिकीय स्तर पर दिखाई देते हैं तथा जीवमंडल से आगे नहीं जाते। कोशिकाएँ विभिन्न आकार और आकृति की हो सकती हैं। कुछ जीव एककोशिकीय होते हैं, जबकि कुछ बहुकोशिकीय होते हैं। प्रत्येक कोशिका का एक निश्चित आकार होता है तथा उसमें विभिन्न कार्यों के लिए अनेक कोशिकांग होते हैं। इस प्रकार कोशिका किसी भी जीव की इकाई है और सभी कोशिकाएँ पहले से निर्मित कोशिका से विकसित होती हैं।

@RexstarPdf

46. रिक्त स्थान 1 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) ब्याज (b) ऋण
(c) वृद्धि (d) रत्न

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश में रिक्त स्थान (1) की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'वृद्धि' होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा - सभी सजीवों (पौधे ओर जंतु) में उपापचयी क्रियाएँ (पोषण, श्वसन एवं उत्सर्जन) आकार में वृद्धि, शरीर के विभिन्न अंगों में समन्वय, कार्य करने की क्षमता तथा उद्दीपन के प्रति संवेदना होती है।

47. रिक्त स्थान 2 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से वाक्य होगा?

(a) विन्यास (b) आकृति
(c) आकार (d) विकार

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये गद्यांश मे रिक्त स्थान (2) की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपर्युक्त शब्द 'आकृति' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- सभी पौधे एवं जन्तुओं की निश्चित आकृति होती है।

48. रिक्त स्थान 3के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) प्रवास (b) जनन
(c) जननी (d) मृत्यु

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये गद्यांश में रिक्त स्थान (3) की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'जनन' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा ऐसी विभिन्नताएँ जनन के समय उत्पन्न होती हैं।

49. रिक्त स्थान 4 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) आकार (b) रेखा
(c) प्रकार (d) आधार

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश मे रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'आधार' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- जैविक विकास के लिए मुख्य आधार बनती हैं।

50. रिक्त स्थान 5 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) विकास (b) मरण
(c) जीवन (d) जीव

SSC GD 31/01/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश में रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द 'जीवन' होगा। **अतः** पूर्ण वाक्य होगा- संगठन के इन नौ स्तरों के अंतर्गत जीवन के गुण केवल कोशिकीय स्तर पर दिखाई देते हैं।

निर्देश (प्रश्न सं. 51 से 55 तक): निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

संकटों से वीर घबराते नहीं,
आपदाएँ देख छिप जाते नहीं।
लग गए जिस काम में पूरा किया,
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं॥
कठिन पथ को देख मुस्कुराते सदा,
संकटों के बीच वे गाते सदा।
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,
सरल-संभव कर दिखाते वे सदा॥

51. पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है

(a) संकट के बादल
(b) वीर
(c) कठिन पथ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक 'वीर' है।

52. वीर संकटों को देखकर क्या करते हैं?

(a) छिप जाते हैं
(b) रोते हैं
(c) सोते हैं
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (e) : दिये गये पद्यांश के अनुसार वीर संकटो को देखकर घबराते नहीं हैं न तो आपदा आने पर छिपते हैं। अतः उपर्युक्त में से कोई नहीं सत्य है।

53. वीर सभी कार्य को कैसे करते हैं?

(a) सोचते हुए
(b) छिपते हुए
(c) मुस्कुराते हुए
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये पद्यांश के अनुसार वीर सभी कार्य मुस्कुराते हुए करते हैं।

54. वीर किसे देखकर मुस्कुराते हैं?

(a) मित्र
(b) कठिन पथ
(c) असंभव
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये पद्यांश के अनुसार वीर कठिन पथ को देखकर मुस्कुराते हैं।

@RexstarPdf

55. 'आपदाएँ' शब्द का अर्थ क्या है?

(a) विपत्ति
(b) सम्मति
(c) अनुमति
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये विकल्प में आपदाएँ शब्द का अर्थ विपत्ति होता है, जबकि अन्य को अर्थ भिन्न हैं।

निर्देश (प्रश्न सं. H-56 से H-60 तक) : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के लिए (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

पुराणों में देखा गया है कि तप देवता करते हैं और राक्षस भी जिस किसी को कुछ भी सिद्धि प्राप्त करनी है, तप किए बिना कोई चारा नहीं। इसमें उसकी नीयत अगर सात्विक रही, तो उसका और दुनिया का भला होता है। अगर उसकी नीयत बुरी रही, तो वह सारी दुनिया का नाश भी कर सकता है। मनुष्य ने ऐटम बम, हाइड्रोजन बम जैसे अस्त्र तैयार किए। यह सब मनुष्य की तपस्या का ही फल है। इस आसुरी तपस्या से दुनिया का तो नुकसान होता ही है, लेकिन ऐसी तपस्या करने वाला स्वयं आत्मनाश की तैयारी करता है।

56. 'कोई चारा नहीं' से तात्पर्य है

(a) कई रास्ते होना
(b) दूसरा रास्ता न होना
(c) सही रास्ता होना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'कोई चारा नहीं' से तात्पर्य है 'दूसरा रास्ता न होना।'

57. 'नीयत' से तात्पर्य है

(a) इरादा
(b) सोच
(c) अनिश्चय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'नीयत' से तात्पर्य है 'इरादा'। अन्य विकल्प तर्क संगत नहीं हैं।

58. सात्विक नीयत से क्या होता है?

(a) दुनियादारी
(b) दुनिया का बुरा
(c) दुनिया का भला
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : सात्विक नीयत से 'दुनिया का भला' होता है।

59. आसुरी तपस्या से मनुष्य ने क्या बनाया?

(a) शांति
(b) ऐटम बम
(c) हवाई जहाज
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : आसुरी तपस्या से मनुष्य ने ऐटम बम, हाइड्रोजन बम जैसे अस्त्र तैयार किए।

60. उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(a) सिद्धि
(b) तप
(c) ऐटम बम
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक 'तप' हो सकता है।

सुख-सुविधाओं के अतिरिक्त विज्ञान ने जो सबसे बड़ी चीज हमें दी है वह अमूल्य निधि है – जीवन के प्रति तार्किक पद्धति। विज्ञान ने मनुष्य को एक तर्कसंगत और व्यावहारिक दृष्टि दी है, जिसके कारण अंध-विश्वास और जड़ता का कुहासा छँटता जा रहा है। जर्जर विकृत परम्पराएँ ध्वस्त हो रही हैं। विज्ञान ने मनुष्य को सत्य-असत्य, उचित-अनुचित को परखने का और वस्तुगत विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष निकालने का दृष्टिकोण प्रदान किया है। मनुष्य ने जीवन के प्रत्येक पहलू को कारण और कार्य की कसौटी पर कसकर आगे बढ़ाना सीख लिया है।

61. मनुष्य ने आगे बढ़ना सीख लिया है?

(a) परिश्रम करके
(b) विज्ञान के आविष्कार करके
(c) जीवन के प्रत्येक पहलू को कारण और कार्य की कसौटी पर परखकर
(d) सत्य-असत्य और उचित-अनुचित का ज्ञान प्राप्त करके

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार - मनुष्य ने जीवन के प्रत्येक पहलू को कारण और कार्य की कसौटी पर कसकर आगे बढ़ाना सीख लिया है।

62. विज्ञान ने हमें कौन-सी अमूल्य निधि दी है:

(a) सुविधाजनक वाहन
(b) जीवन के प्रति तार्किक पद्धति
(c) मोबाइल फोन
(d) टेलीविजन

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार- विज्ञान ने हमें जो अमूल्य निधि दी है, वह है जीवन के प्रति तार्किक पद्धति।

@RexstarPdf

63. अंधविश्वास और जड़ता का कुहासा किसके कारण छंट रहा है?

(a) चमत्कार (b) शिक्षा
(c) तर्कसंगत और व्यावहारिक दृष्टि
(d) वैज्ञानिक दृष्टिकोण

KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार- अंधविश्वास और जड़ता का कुहासा तर्कसंगत और व्यवहारिक दृष्टि के कारण छँट रहा है।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्न का सटीक उत्तर दीजिए:

साहित्यिक समन्वय से हमारा तात्पर्य साहित्य में प्रदर्शित सुख-दुख, हर्ष-विषाद, उत्थान-पतन आदि विरोधी तथा विपरीत भावों के समीकरण तथा एक आलौकिक आनंद में उनके विलीन हो जाने में है। साहित्य के किसी अंश को लेकर देखिए, सर्वत्र यही समन्वय दिखाई देगा। भारतीय नाटकों में ही सुख और दुःख के प्रबल घात-प्रतिघात दिखाए गये हैं, पर सबका अवसान आनंद में ही किया गया है। इसका प्रधान कारण यह है कि भारतीयों का ध्येय सदा से जीवन का आदर्श स्वरूप उपस्थित करके उसका उत्कर्ष बढ़ाने और उसे उन्नत बनाने का रहा है। वर्तमान स्थिति से उसका इतना संबंध नहीं है जितना भविष्य की संभाव्य उन्नति से है। हमारे यहाँ यूरोपीय ढंग के दुखांत नाटक इसीलिए दिखाई नहीं पड़ते हैं। यदि आजकल ऐसे नाटक दिखाई पड़ने लगे हैं, तो वे भारतीय आदर्श से दूर और यूरोपीय आदर्श के अनुकरण मात्र हैं।

64. भारतीय नाटकों में दिखाया गया है:

(a) केवल सुख (b) केवल दुःख
(c) सुख-दुःख का सहभाव
(d) सुख-दुःख का प्रबल प्रतिघात

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश में भारतीय नाटकों में 'सुख-दुख' का प्रबल प्रतिघात दिखाया गया है।

65. भारतीयों का सदा से ध्येय रहा है:

(a) जीवन का केवल आदर्श रूप उपस्थित करना।
(b) जीवन का उत्कर्ष बढ़ाना।
(c) जीवन को उन्नत बनाना।
(d) जीवन का आदर्श स्वरूप उपस्थित करके, उसका उत्कर्ष बढ़ाकर उसे उन्नत बनाना।

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश के अनुसार भारतीयों का सदा से ध्येय रहा है- 'जीवन का आदर्श स्वरूप उपस्थित करके, उसका उत्कर्ष बढ़ाकर उसे उन्नत बनाना।

66. सुख-दुख के प्रबल प्रतिघात का अवसान भारतीय नाटकों में किया गया है:

(a) दुखांत में (b) दुख-सुखांत में
(c) त्रासदी में (d) आनंद में

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) भारतीय नाटकों में सुख-दुख के प्रबल प्रतिघात का अवसान 'आनंद' में किया गया है।

67. साहित्यिक समन्वय से अभिप्राय है:

(a) विरोधी तत्वों का सामंजस्य
(b) विरोधी तथा विपरीत तत्वों के समीकरण
(c) विरोधी तथा विपरीत तत्वों के समीकरण और अलौकिक आनंद में उनका विलीन होना
(d) विरोधी तथ्यों का केवल आनंद में विलीन होना

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश के अनुसार साहित्यिक समन्वय से अभिप्राय है- विरोधी तथा विपरीत तत्वों के समीकरण और अलौकिक आनंद में विलीन होना।

68. हमारे यहाँ यूरोपीय ढंग के दुखांत नाटक दिखाई देने का कारण है:

(a) भारतीयों की सोच में परिवर्तन
(b) जीवन में दुखों का अंबार
(c) यूरोपीय आदर्श का अनुकरण और भारतीय आदर्श से दूरी
(d) भारतीय आदर्श का त्याग

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश के अनुसार हमारे यहाँ यूरोपीय ढंग के दुखांत नाटक दिखाई देने का कारण है- 'यूरोपीय आदर्श का अनुकरण और भारतीय आदर्श से दूरी बनाना।'

केवल वही व्यक्ति सबकी अपेक्षा उत्तम रूप से कार्य करता है, जो पूर्णतया निःस्वार्थी है जिसे न तो धन की लालसा है, न कीर्ति की और न किसी अन्य वस्तु की ही। और मनुष्य जब ऐसा करने में समर्थ हो जाएगा तो वह भी एक बुद्ध बन जाएगा। उसके भीतर से ऐसी शक्ति प्रकट होगी, जो संसार की अवस्था को संपूर्ण रूप से परिवर्तित कर सकती है।

69. कैसा मनुष्य बुद्ध बन सकता है?

(a) जिसे घर-संसार त्यागने की इच्छा हो
(b) जिसे किसी भी वस्तु की लालसा न हो
(c) जिसे धन की लालसा न हो
(d) जो बुद्ध जैसा बनना चाहता है

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार वही मनुष्य बुद्ध बन सकता है, जो पूर्णतया निःस्वार्थी है जिसे न तो धन की लालसा है, न कीर्ति की और न किसी अन्य वस्तु की। अतः इसका तात्पर्य है कि जिसे किसी भी वस्तु की लालसा न हो।

70. कैसा व्यक्ति श्रेष्ठ कार्य कर सकता है?

(a) जो सक्षम है (b) जो सबल है
(c) जिसमें दया है (d) जिसमें स्वार्थ नहीं है

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश के अनुसार जो व्यक्ति निःस्वार्थी है वही श्रेष्ठ कार्य कर सकता है।

@RexstarPdf

71. गद्यांश में किसको परिवर्तित करने की चर्चा की गई है?

(a) विश्व को (b) समाज को
(c) व्यक्ति को (d) कार्यों को

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : गद्यांश में 'विश्व' को परिवर्तित करने की चर्चा की गई है।

72. बुद्धत्व की प्राप्ति पर किसके प्रकटन की चर्चा की गई है?

(a) संसार की अवस्था को यथावत बनाने की शक्ति
(b) व्यक्तियों के उन्नयन की शक्ति
(c) संसार को परिवर्तित करने की शक्ति
(d) व्यक्तियों की भोग-लालसा के समापन की शक्ति

KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (c): गद्यांश के अनुसार बुद्धत्व की प्राप्ति पर संसार को परिवर्तित करने की शक्ति की चर्चा की गई है।

नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्न का सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए-

अपने देश में नवीन राष्ट्र के निर्माण का कार्य भी विवेकानन्द आरंभ कर गए। व्यक्तियों के समष्टि को राष्ट्र कहते हैं। सच्चे मनुष्यों का निर्माण हुए बिना स्वाधीन और बलवान राष्ट्र का जन्म नहीं हो सकता। इसलिए उन्होंने कहा था, ''मानव-निर्माण ही मेरा लक्ष्य है।' तत्पश्चात् सच्चे मनुष्य के निर्माण के लिए उन्होंने किसी वर्ग विशेष की ओर अपनी दृष्टि केन्द्रित न करके समग्र समाज की ओर ध्यान दिया।

73. स्वामी विवेकानंद का जीवन लक्ष्य था –

(a) व्यक्तित्व-निर्माण (b) मानव-निर्माण
(c) समाज-निर्माण (d) समुदाय-निर्माण

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार- स्वामी विवेकानन्द के जीवन का लक्ष्य मानव निर्माण था।

74. व्यक्तियों के समूह को _____ कहते हैं।

(a) परिवार (b) समाज
(c) समुदाय (d) राष्ट्र

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार-व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र कहते हैं।

75. विवेकानंद कैसा राष्ट्र चाहते थे?

(a) विस्तृत एवं स्वतंत्र (b) स्वतंत्र एवं सामाजिक
(c) सामाजिक एवं सशक्त (d) सशक्त एवं स्वतंत्र

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार- विवेकानंद सशक्त एवं स्वतंत्र राष्ट्र चाहते थे।

76. विवेकानंद जी ने मानव-निर्माण के लिए –

(a) वर्ग विशेष को चुना (b) जाति विशेष को चुना
(c) समस्त समाज को चुना (d) धर्म विशेष को चुना

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार- विवेकानंद जी ने मानव-निर्माण के लिए समस्त समाज को चुना।

77. 'समष्टि' का विलोम है –

(a) व्यष्टि (b) एकल
(c) एकाकी (d) विस्तृत

KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'समष्टि' का विलोम व्यष्टि होता है। अन्य विकल्पों के शब्दों का विलोम निम्न हैं-

शब्द	-	विलोम
एकल	-	बहुल
एकाकी	-	दुकेला
विस्तृत	-	संक्षिप्त

नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्न का सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए।

यह कहीं ज्यादा अच्छा होगा कि लोक उच्च शिक्षा प्राप्त कर नौकरी के लिए दफ्तरों की खाक छानने की बजाय थोड़ी सी यांत्रिक शिक्षा प्राप्त करें। जिससे काम-धंधे से लगकर अपना पेट तो पाल सकेंगे। जो शिक्षा साधारण व्यक्ति को जीवन संग्राम में समर्थ नहीं बना सकती, सिंह के समान साहस नहीं ला सकती, वह भी कोई शिक्षा है?

78. जीवन यापन के लिए कैसी शिक्षा चाहिए?

(a) उच्च शिक्षा (b) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
(c) प्राथमिक शिक्षा (d) यांत्रिक शिक्षा

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : गद्यांश के अनुसार जीवन-यापन के लिए 'यांत्रिक शिक्षा' चाहिए।

79. शिक्षा व्यक्ति में किन गुणों का विकास करने वाली होनी चाहिए?

(a) सामर्थ्य एवं साहस (b) साहस एवं धनी
(c) निडरता एवं उत्साह (d) उत्साह एवं धनी

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : शिक्षा व्यक्ति में 'सामर्थ्य एवं साहस' गुणों का विकास करने वाली होनी चाहिए।

80. व्यक्ति से अपेक्षित है कि वह–

(a) जीवन की चुनौतियों से पलायन कर जाए
(b) जीवन की चुनौतियों का सामना कर सके
(c) यांत्रिक शिक्षा प्राप्त कर क्लर्क बने
(d) यांत्रिक शिक्षा प्राप्त कर विदेश जाए

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : गद्यांश के अनुसार व्यक्ति से अपेक्षित है कि वह जीवन की चुनौतियों का सामना कर सके।

81. शिक्षा और..... के बीच सम्बन्ध उद्घाटित हो रहे हैं।

(a) यांत्रिक शिक्षा (b) उच्च शिक्षा
(c) जीवन-संग्रामहीनता (d) जीविकोपार्जन

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : शिक्षा और जीविकोपार्जन के बीच संबंध उद्घाटित हो रहे हैं।

82. समूह से भिन्न शब्द है–

(a) साधारण (b) साहसी
(c) यांत्रिक (d) सिंह

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)

@RexstarPdf

उत्तर : (d): दिये गये विकल्पों में 'सिंह' शब्द संज्ञा है। जो कि समूह से भिन्न है। जबकि अन्य शब्द साधारण, साहसी और यांत्रिक विशेषण हैं।

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए –

स्त्रियों की समस्याएँ बहुत-सी हैं और गंभीर हैं। लेकिन उनमें एक भी ऐसी नहीं है जो जादू भरे शब्द 'शिक्षा' से हल न की जा सकती हों। पहले अपनी स्त्रियों को शिक्षा दो, उन्हें उनकी स्थिति पर छोड़ दो, तब वे तुम्हें बताएँगी कि उनके लिए क्या सुधार आवश्यक है? हमें नारियों को उस स्थिति में पहुँचा देना चाहिए, जहाँ वे अपनी समस्या को अपने ढंग से सुलझा सकें।

83. गद्यांश में किनकी समस्याओं का उल्लेख है?

(a) बालकों की (b) पुरुषों की
(c) स्त्रियों की (d) जन समूह की

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : गद्यांश में स्त्रियों की समस्याओं का उल्लेख किया गया है।

84. शिक्षा को 'जादू भरा' क्यों कहा गया होगा?

(a) शिक्षा वाले व्यक्ति जादूगर होते हैं।
(b) शिक्षा से समस्याएँ सदैव के लिए खत्म हो जाती है।
(c) शिक्षा अति शीघ्र समस्याएँ समाप्त कर देती है।
(d) शिक्षा समस्याएँ सुलझा सकती है।

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : गद्यांश के अनुसार शिक्षा को 'जादू भरा' इसलिए कहा गया क्योंकि शिक्षा समस्याएँ सुलझा सकती हैं।

85. गद्यांश के अनुसार स्त्रियों में इतनी सामर्थ्य है कि वे :

(a) अपनी समस्याएँ स्वयं सुलझा सकती हैं।
(b) पुरुष समाज को पीछे धकेल सकती हैं।
(c) स्वयं ही अपनी जाति को शिक्षित कर लें।
(d) समाज सुधार पर वक्तव्य दे सकती हैं।

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : गद्यांश के अनुसार, स्त्रियों में इतनी सामर्थ्य है कि वे अपनी समस्याएँ स्वयं सुलझा सकती हैं।

86. 'स्त्रियाँ स्वयं अपने सुधार का दायित्व वहन कर सकती हैं।' यह कथन :

(a) पूर्णतः सटीक है।
(b) पूर्णतः असंगत है।
(c) आंशिक रूप से विचारणीय है।
(d) आंशिक रूप से संगत है।

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'स्त्रियाँ स्वयं अपने सुधार का दायित्व वहन कर सकती हैं। यह कथन पूर्णतः सटीक है।

87. 'शिक्षा' से बनने वाला विशेषण शब्द है :

(a) शिक्षा क्रम (b) शिक्षित
(c) सीखना (d) सिखाने

KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : शिक्षा से बनने वाला विशेषण शब्द शिक्षित है।

निर्देश प्रश्न संख्या 88 से 92 के लिए-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 93 से 97 तक के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर दीजिए-

''हर एक राष्ट्र अपनी संस्कृति के बल पर ही प्रगति करता है। सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से ही वह अपना जीवन सुखी, उपयोगी, शान्त तथा आनन्दमय बना सकता है। सभ्यता एवं संस्कृति में घनिष्ठ सम्बन्ध होते हुए भी अंतर है। जीवन को श्रेष्ठ तथा उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम संस्कृति है और उन साधनाओं से प्राप्त जीवन प्रणाली का नाम सभ्यता है। किसी राष्ट्र की भौगोलिक परिस्थितियों का भी उनकी संस्कृति पर प्रभाव पड़ता है।''

88. गद्यांश का सही शीर्षक है-

(a) राष्ट्र के विकास में संस्कृति का योगदान
(b) राष्ट्र के विकास में सभ्यता का योगदान
(c) राष्ट्र के विकास में प्रकृति का योगदान
(d) राष्ट्र के विकास में परिस्थिति का योगदान

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है- 'राष्ट्र के विकास में संस्कृति का योगदान'।

89. राष्ट्र किस के बल पर प्रगति करते हैं?

(a) साहित्य के बल पर (b) कला के बल पर
(c) संगीत के बल पर (d) संस्कृति के बल पर

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'हर राष्ट्र संस्कृति के बल पर ही प्रगति करता है'। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

90. गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग नहीं है?

(a) संस्कृति (b) प्रकृति
(c) सभ्यता (d) परिस्थिति

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश में 'प्रकृति' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है।

91. प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहां की-

(a) भौगोलिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है
(b) औद्योगिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है
(c) कलात्मक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है।'

92. सभ्यता और संस्कृति में-

(a) केवल घनिष्ठ सम्बन्ध है
(b) केवल अंतर है
(c) कोई सम्बन्ध नहीं है
(d) घनिष्ठ सम्बन्ध होते हुए भी अंतर है

UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper

@RexstarPdf

उत्तरः (d) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'सभ्यता और संस्कृति में घनिष्ठ संबंध होते हुए भी अंतर है।' जीवन को श्रेष्ठ और उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम 'संस्कृति' है और उन साधनाओं से प्राप्त जीवन प्रणाली का नाम 'सभ्यता' है।

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से दें: (प्र. 93-97)

सच्ची मित्रता जितनी बहुमूल्य होती है, उसे बनाए रखना भी उतना ही कठिन है। इस मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्त्व हैं सहिष्णुता और उदारता। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ कमीं रहती ही है। पूर्ण निर्दोष और सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति कोई भी नहीं होता। अतः मित्र के अवगुणों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है। आज भौतिकवादी युग है। इस युग में सच्चे मित्र का मिलना वैसे भी कठिन है। अधिकतर मित्र अपना उल्लू सीधा करने के लिए मित्रता का स्वाँग रचते हैं और अपना काम बन जाने के बाद अँगूठा दिखाकर चलते बनते है। ऐसे मित्र सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं। अतः शास्त्रों का मत है कि ऐसे मित्र मुख पर अमृत वाले विष से भरे घट के समान त्याज्य हैं। रामचरितमानस में कहा गया है- 'जे न मित्र दुख होंहि दुखारी। तिन्हहिं विलोकत पातक भारी॥

93. कैसे मित्र विष से भरे घट के समान त्याज्य होते हैं?

(a) जो मित्र सिर्फ अप्रिय वचन बोलते है।
(b) जो मित्र सिर्फ चुप रहते हैं।
(c) जो सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते है।
(d) जो मित्र सिर्फ सच बोलते हैं।

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : दिए हुए गद्यांश के अनुसार सही उत्तर होगा– 'जो सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं।'

94. 'विषवमन' शब्द कौन से समास का उदाहरण है?

(a) द्वंद्व समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'विषवमन' में तत्पुरुष समास होगा। अतः विषवमन का अर्थ विष उगलना/कटु बात करना होगा।

95. 'पातक' शब्द का विलोम निम्नलिखित में से कौन सा शब्द है?

(a) पुण्य (b) उपकार
(c) अपराध (d) पाप

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a)दिए हुए प्रश्न में 'पातक' शब्द का विलोम 'पुण्य' होगा।

96. मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए..... सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व हैं। (उपयुक्त शब्दों में वाक्य पूरा कीजिए।)

(a) उधार लेना उधार देना
(b) समय पर सहायता न करना
(c) सहिष्णुता और उदारता
(d) बुराई करना और गुणों को छुपाना

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (c) : दिए हुए प्रश्न का सही उत्तर होगा– मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए 'सहिष्णुता' और 'उदारता' सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक तत्त्व हैं।

97. किस कारण से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है?

(a) दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से
(b) स्पष्ट और सीधी बात कहने से
(c) असहयोग करने से
(d) झूठी प्रशंसा करने से

VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : दिए हुए गद्यांश के अनुसार सही उत्तर होगा– मित्रता में दरार पैदा होने का भय- 'दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से होता है।

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (प्र. सं. 98-102)

एकता के महत्त्व से संबंधित अनेक लोकोक्तियाँ प्रचलित हैं, यथा- दस की लाठी एक का बोझ, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता इत्यादि। एक तिनके की क्या हस्ती? लेकिन जब वही तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है। एक ईंट की क्या बिसात? लेकिन जब यहीं ईंटें मिलकर दीवार बनाती हैं, तब उसे तोड़ना मुश्किल हो जाता है। एक बूँद जल का क्या अस्तित्व? लेकिन जब इन्हीं बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है, तो उसे लाँघना दुष्कर हो जाता है। एक चींटी की क्या औकात? लेकिल जब ये छोटी-सी चींटियाँ एक साथ हो जाती हैं, तब अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं। एकता के महत्त्व से संबंधित एक किसान और उसके बच्चों की और लकड़ी के टुकड़ों की कथा प्रचलित है। लकड़ी के टुकड़े जब अलग-अलग रहते हैं, तब बच्चों द्वारा वे आसानी से तोड़ दिये जाते हैं; परंतु वे ही टुकड़े जब संगठित होकर गट्ठर बन जाते हैं, तब बच्चे तोड़ नहीं पाते हैं। इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि 'एकता में ही बल है।'

98. जब चींटियाँ एक साथ जाती हैं तो ..... (वाक्य पूरा कीजिये)

(a) दूर तक चली जाती हैं।
(b) अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं।
(c) एक पंक्ति बना लेती हैं।
(d) काटना शुरू कर देती हैं।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थान में 'अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं।', भरा जायेगा।

99. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ है :

(a) अकेला व्यक्ति कुछ भी कर सकता है।
(b) अकेला चना कुछ नहीं कर सकता।
(c) अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।
(d) अकेला व्यक्ति भाड़ नहीं फोड़ सकता है।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) : गद्यांश के अनुसार, 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ, 'अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।' होगा।

100. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(a) बूँद से सागर का बनना (b) जीवन की सच्चाई
(c) संगठन में शक्ति है (d) अनेकता में एकता

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'संगठन में शक्ति' होगा। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

101. तिनके की क्या विशेषता है?

(a) तिनका घास का काम करता है।
(b) तिनके से चिड़िया घोंसला बनाती है।
(c) तिनका व्यर्थ का कचरा है।
(d) जब तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश में लेखक ने तिनके की विशेषता बताते हुए कहा है कि 'अकेले तिनके की कोई हस्ती नहीं होती है, लेकिन जब कई तिनके संगठित होकर रस्सी का रूप धारण करते हैं, तब इससे बलशाली हाथी भी बांधा जा सकता है।'

102. बूँदों के मेल का क्या महत्त्व है?

(a) बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है।
(b) बूँदों के मेल से घड़ा भर जाता है।
(c) पानी बन सकती हैं।
(d) बूँदों के मेल से कुछ नहीं होता है।

VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : गद्यांश में लेखक बूंद की विशेषता बताते हुए कहता है कि, 'एक बूंद जल का कोई महत्व नहीं होता है, लेकिन जब यही बूंद परस्पर संगठित हो जाती हैं तो सागर का रूप धारण कर लेती हैं।

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र. सं. 103-107)

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को वे समय की कमीं के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित हैं। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता ।

103. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?

(a) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य
(b) अपना बातूनीपन
(c) अपनी विभिन्न कमियाँ
(d) अपना निठल्लापन

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार कुछ लोग समय की कमीं के बहाने अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को छुपाते हैं।

104. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है–

(a) समय की दुहाई देना
(b) दृढ़ विश्वास बनाए रखना
(c) समय पर काम करना
(d) समय की कीमत समझना

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (d) उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है।

105. कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता?

(a) समय न आने पर
(b) समय अधिक होने पर
(c) समय बीत जाने पर
(d) समय कम होने पर

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

106. अकर्मण्यता शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय कौन से हैं?

(a) उपसर्ग अ एवं प्रत्यय ता
(b) उपसर्ग नही है, प्रत्यय ता
(c) उपसर्ग ता और प्रत्यय अ
(d) उपसर्ग अकर्मण्य एवं प्रत्यय ता

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद में दिये गये शब्द 'अकर्मण्यता' में 'अ' उपसर्ग एवं 'ता' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। इसमें 'कर्मण्य' मूल शब्द है।

उपसर्ग:– उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है, जैसे- 'भ्रमण' शब्द में 'परि' उपसर्ग लगने से 'परिभ्रमण' शब्द बना।

प्रत्यय :– शब्द के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते हैं। जैसे- 'भला' शब्द में 'आई' प्रत्यय लगने से 'भलाई' शब्द बना।

107. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?

(a) समय का पालन (b) समय का सदुपयोग
(c) समय की कीमत (d) समय का प्रयोगा

VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)

उत्तरः (b): उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग है।

@RexstarPdf

अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्र. सं. 108-112)

नहर अथवा नदी पर जल के प्रवाह को रोकने के लिए बाँध का उपयोग किया जा सकता है। बाँध लघु, मध्यम तथा बड़े आकार के हो सकते हैं। बड़े बाँधों का निर्माण करना अधिक जटिल होता है। इनके निर्माण में अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होता है। बाँध का निर्माण कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी किया जा सकता है। भाखड़ा बाँध, सरदार सरोवर, टिहरी बाँध इत्यादि बड़े बाँधों के उदाहरण हैं। एक बाँध के लिए अत्यावश्यक है कि इसमें इसके पीछे के पानी के भार को वहन करने की क्षमता हो। बाँध पर धकेले जाने वाली जल की मात्रा का जल-दाब जल की गहराई बढ़ने के साथ बढ़ता है। इसके परिणामस्वरूप कई बाँधों का तल चौड़ा होता है, जिससे यह सतह के काफी नीचे के भाग में बहने वाले जल का भार वहन कर सके। वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से जल की माँग बढ़ती जा रही है। अतएव जल संरक्षण आज की आवश्यकता बन गई है। वर्षा-जल-संचयन मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठे किए जल को भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लेने की प्रक्रिया है। इसके लिए यह आवश्यक है कि भू-जल की गिरावट को रोका जाए तथा भू-जल स्तर में सुधार किया जाए। साथ ही समुद्र के जल का अंतर्गमन अर्थात समुद्री जल को भूमि की तरफ आने से रोका जाए और वर्षा के मौसम में अधिकतम जल का संरक्षण किया जाए।

108. बड़े बाँधों का निर्माण करना अधिक जटिल क्यों होता है?

(a) कम जरूरत होने के कारण
(b) जनता के लिए हानिकारक होने के कारण
(c) व्यर्थ के खर्चों और शक्तियों के दुरुपयोग के कारण
(d) अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होने के कारण

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार बड़े बाँधों का निर्माण करना जटिल होता है क्योंकि इनके निर्माण में अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होता है।

109. जल की माँग क्यों बढ़ती जा रही है?

(a) औद्योगिकीकरण में वृद्धि, वर्षों से बढ़ती जनसंख्या तथा कृषि में विस्तार होने से
(b) वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, तापमान में वृद्धि तथा वनों में वृद्धि के कारण
(c) कृषि में ह्रास, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा पर्यावरण में बदलाव के कारण
(d) वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से जल की माँग बढ़ती जा रही है।

110. जल संचयन वह है जिसमें _____ (सही कथन से वाक्य पूरा करो।)

(a) वर्षा जल को मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठा करके भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लिया जाता है।
(b) जल को पानी की टंकियों एवं बड़े बर्तनों में भरकर भविष्य के लिए रखा जाता है।
(c) वर्षा जल को आगे काम में न लेने की प्रक्रिया होती है।
(d) वर्षा-जल भवनों की छतों पर इकट्ठा किया जाता है।

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार जल संचयन वह है जिसमें वर्षा जल को मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठे किए जल को भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लेने की प्रक्रिया है।

111. 'जल संरक्षण' का सही समास-विग्रह और समास का नाम है_____

(a) जल का संरक्षण – तत्पुरुष समास
(b) संरक्षण का जल – अव्ययीभाव समास
(c) संरक्षण किया जल है जिसका – बहुव्रीह समास
(d) जल के लिए संरक्षण – कर्मधारय समास

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'जल संरक्षण' में तत्पुरुष समास है। इसका समास विग्रह 'जल का संरक्षण' है।

तत्पुरुष समास – जिस समस्त पद का उत्तर पद प्रधान होता है, वहाँ तत्पुरुष समास होता है।

जैसे– राजपुत्र = राजा का पुत्र
रामचरित = राम का चरित्र

112. बाँध का निर्माण किया जा सकता है। (वाक्य पूरा कीजिए।)

(a) चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से ही
(b) केवल लकड़ी अथवा मिट्टी से
(c) कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी
(d) केवल कंक्रीट द्वारा

VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार बाँध का निर्माण कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी किया जा सकता है।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए :

'देहदान' शब्द सुनते या पढ़ते ही सबसे पहला विचार जो दिमाग में आता है, वह है– 'मृत्यु' अवश्यम्भावी है। आज नहीं तो कल, कोई पहले तो कोई बाद में मृत्यु को प्राप्त करता है। मृत्यु के नाम से ही मन में भय का संचार होने लगता है। मानव-शरीर-धारी भगवान राम और कृष्ण को भी समय आने पर यह शरीर त्यागना पड़ा था। जो जन्म के साथ ही निर्धारित है, उससे भय कैसा? इससे बचने का कोई उपाय नहीं है, चाहे कोई कितना ही बलवान, धनवान या तपस्वी हो, इससे बच नहीं पाया। सारे संसार के पुराण-इतिहास इस बात के गवाह हैं। प्राचीन या वर्तमान विज्ञान कितना उन्नत हो गया हो, लेकिन मृत्यु पर विजय हासिल

@RexstarPdf

करना एक सपना ही है। फिर इस क्षण-भंगुर और अंत में राख के ढेर में बदलने वाले शरीर या उसके अंगों को किसी जरूरतमंद के लिए समर्पित कर देने में क्या हर्ज है? और फिर इसे पाने के लिए आपने स्वयं कोई प्रयास नहीं किया है या धन भी खर्च नहीं किया है।

113. 'देहदान' सुनते ही सबसे बड़ा विचार कौन-सा आता है?

(a) मृत्यु सत्य है। (b) मृत्यु अवश्यम्भावी है।
(c) जीवन सुरक्षित नहीं है। (d) मृत्यु नहीं होगी।

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार 'देहदान' शब्द सुनते या पढ़ते ही सबसे पहला जो विचार दिमाग में आता है, वह है– 'मृत्यु' अवश्यम्भावी है।

114. पुराण और इतिहास किस बात के गवाह हैं?

(a) मृत्यु पर विजय प्राप्त की जा सकती है
(b) मृत्यु से कोई बच नहीं पाया
(c) मृत्यु किसी के वश में नहीं
(d) मृत्यु को कुछ समय तक टाला जा सकता है

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : पुराण और इतिहास इस बात के गवाह हैं, कि मृत्यु जन्म के साथ ही निर्धारित है इससे कोई बच नहीं पाया। इससे बचने का कोई उपाय नहीं है, चाहे कोई कितना भी बलवान, धनवान या तपस्वी हो।

115. 'क्षणभंगुर' शब्द का अर्थ क्या है?

(a) क्षण में भंग होने वाली
(b) सदा अमर रहने वाली
(c) समाप्त होने वाली
(d) कभी समाप्त न होने वाली

UPSI 02/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) 'क्षणभंगुर' शब्द का अर्थ है– 'क्षण में भंग होने वाली'।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए-

मनुष्य की 70-80 प्रतिशत लंबाई जीन्स द्वारा निर्धारित होती है। बाकी 20-30 प्रतिशत के लिए अनेक कारक उत्तरदायी होते हैं। पहला पोषण, जिसमें आहार में प्रोटीन की कुल मात्रा, खनिज खासकर विटामिन प्रमुख योगदान देते हैं। दूसरे हॉर्मोन, जिनमें मानव-वृद्धि हॉर्मोन (ग्रोथ हॉर्मोन), यौन हॉर्मोन, एंड्रोजन व ईस्ट्रोज तथा थायरॉइड हॉर्मोन प्रमुख हैं। इनमें मानव-वृद्धि हार्मोन तथा थायरॉइड हॉर्मोन प्रमुख हैं। इनमें मानव-वृद्धि हार्मोन का सबसे बड़ा योगदान रहता है। किसी व्यक्ति के शरीर में मानव-वृद्धि हॉर्मोन किस मात्रा में बनता है, इस प्रक्रिया को भी बहुत से कारक प्रभावित करते हैं। व्यक्ति कितनी शारीरिक कसरत करता है, उसे रात में पूरी नींद मिल पाती है या नहीं; ये दो कारक मानव-वृद्धि हार्मोन के नैसर्गिक उत्पादन में मुख्य भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य का भी लंबे होने की क्षमता पर प्रभाव पड़ता है, जो बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं या जिन्हें कोई दीर्घकालिक रोग हो जाता है, उनकी लंबाई अपेक्षानुसार नहीं बढ़ पाती।

116. मनुष्य की कितनी प्रतिशत लंबाई जीन्स द्वारा निर्धारित होती है?

(a) 50 (b) 70-80
(c) 100 (d) 20-30

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये गद्यांश के अनुसार मनुष्य की 70–80 प्रतिशत लंबाई जीन्स द्वारा निर्धारित होती है।

117. मानव-वृद्धि हॉर्मोन के नैसर्गिक उत्पादन में कौन-से कारक मुख्य भूमिका निभाते हैं?

(a) खनिज
(b) पोषण
(c) व्यक्ति कितनी शारीरिक कसरत करता है, उसे रात में पूरी नींद मिल पाती है या नहीं
(d) आहार में प्रोटीन की मात्रा

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'व्यक्ति कितनी शारीरिक कसरत करता है, उसे रात में पूरी नींद मिल पाती है या नहीं इत्यादि कारक मानव वृद्धि हॉर्मोन के नैसर्गिक उत्पादन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

118. लंबाई निर्धारित करने में किस हॉर्मोन का सबसे बड़ा योगदान रहता है?

(a) ईस्ट्रोज (b) यौन हॉर्मोन
(c) थायरॉइड हॉर्मोन (d) मानव-वृद्धि हॉर्मोन

UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : लंबाई निर्धारित करने में मानव-वृद्धि हार्मोन का सबसे बड़ा योगदान रहता है।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही जवाब चुनिए–

अनुमान है कि जीव-मंडल में शैवाल, फंगस और काइयों से लेकर उच्च श्रेणियों के पौधों की साढ़े तीन लाख जातियाँ हैं तथा एककोशीय प्राणी प्रोटोजोआ से लेकर मनुष्य तक एक करोड़ दस लाख प्रकार की प्राणि-जातियाँ इसमें सम्मिलित हैं। जैवमंडल इन सभी के लिए आवश्यक सामग्री जैसे प्रकाश, ताप, पानी, भोजन तथा आवास की व्यवस्था करता है। जीवमंडल में अनेक प्रकार के जैविक और भौतिक घटकों का संतुलन बहुत पहले से ही क्रियाशील रहा है। जीवन की इस निरंतरता के मूल में अन्य संबंधों का एक सुगठित तंत्र काम करता है। वायु, जल, मनुष्य, जीव-जंतु, वनस्पति एवं प्लावक, मिट्टी और जीवाणु ये सब जीवन-धारण प्रणाली में अदृश्य रूप से एक-दूसरे से गुंथे हुए हैं। यह व्यवस्था पर्यावरण कहलाती है। सौर ऊर्जा, जीवमंडल को बनाए रखती है और जीवमंडल को मिलने वाली कुल ऊर्जा का 99.88 प्रतिशत भाग इसी से प्राप्त होता है। सूर्य सतत् रूप से सौर-ताप के रूप में अपनी ऊर्जा को उड़ेलता रहता है। जीवमंडल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रकाश रासायनिक क्रिया-कलाप, पौधों में होने वाला प्रकाश संश्लेषण है। प्रकाश संश्लेषण एक जटिल प्रक्रिया है।

@RexstarPdf

119. उक्त अनुच्छेद के अनुसार कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) जीव मंडल में अनेक प्रकार के जैविक और भौतिक घटकों का संतुलन बहुत पहले से ही क्रियाशील रहा है।
(b) सौर ऊर्जा जीवमंडल को बनाए रखती है और जीवमंडल को मिलने वाली कुल ऊर्जा का 99.88 प्रतिशत भाग इसी से प्राप्त होता है।
(c) जीव-मंडल में शैवाल, फंगस और काइयों से लेकर उच्च श्रेणियों के पौधों की साढ़े तीस लाख जातियाँ हैं।
(d) सूर्य सतत् रूप से सौर-ताप के रूप में अपनी ऊर्जा को उड़ेलता रहता है।

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : दिये गये गद्यांश के अनुसार विकल्प (c) का कथन गलत है। जीवमंडल में शैवाल, फंगस और काइयों से उच्च श्रेणियों के पौधों की साढ़े तीन लाख जातियाँ हैं, सही कथन है।

120. जीवन-धारण प्रणाली में अदृश्य रूप से एक-दूसरे से कौन-कौन गुंथे हुए हैं?

(a) वायु, जल, मनुष्य और जीवाणु।
(b) वायु, जल, मनुष्य, जीव-जंतु और जीवाणु।
(c) वायु, जल, प्लावक एवं मिट्टी।
(d) वायु, जल, मनुष्य, जीव-जंतु, वनस्पति एवं प्लावक, मिट्टी और जीवाणु ये सब

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : जीवन-धारण प्रणाली में अदृश्य रूप से वायु, जल, मनुष्य, जीव-जन्तु, वनस्पति, प्लावक, मिट्टी और जीवाणु ये सब गुथे हुए हैं।

121. वायु, जल, मनुष्य, जीव-जंतु, वनस्पति एवं प्लावक, मिट्टी और जीवाणु ये सब जीवन-धारण प्रणाली में अदृश्य रूप से एक-दूसरे से गुंथे हुए हैं, इस व्यवस्था को क्या कहते हैं?

(a) पर्यावरण (b) जीवमंडल
(c) प्रकाश संश्लेषण (d) रासायनिक क्रिया कलाप

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : वायु, जल, मनुष्य, जीव-जन्तु, वनस्पति एवं प्लावक, मिट्टी और जीवाणु ये सब जीवन-धारण प्रणाली में अदृश्य रूप से एक-दूसरे से गुंथे हुए हैं, इस व्यवस्था को पर्यावरण कहते हैं।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए-

हम लोग जब हिंदी की 'सेवा' करने की बात सोचते हैं, तो प्रायः भूल जाते हैं कि यह लाक्षणिक प्रयोग है। हिंदी की सेवा का अर्थ है उस मानव की सेवा, जिसके विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम हिंदी है। मनुष्य ही बड़ी चीज है, भाषा उसी की सेवा के लिए है। साहित्य-दृष्टि का भी यही अर्थ है। जो साहित्य अपने-आप के लिए लिखा जाता है उसकी क्या कीमत है मैं नहीं कह सकता, परंतु जो साहित्य मनुष्य समाज को रोग-शोक, दारिद्रता, अज्ञान तथा परमुखापेक्षिता से बचाकर उसमें आत्मबल का संचार करता है, वह निश्चय ही अक्षय निधि है।

122. 'अक्षय निधि' का अर्थ कौन-सा है?

(a) किसी का नाम
(b) कभी खत्म न होने वाली संपत्ति
(c) बिना क्षय रोग
(d) रोग-रहित निधि

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) 'अक्षय निधि' का अर्थ 'कभी खत्म न होने वाली संपत्ति' है।

123. 'परमुखापेक्षिता' से तात्पर्य क्या है?

(a) दूसरों से आशा रखना
(b) पराये सुख की अपेक्षा करना
(c) ईश्वर का सुख
(d) पराया सुख अच्छा लगना

UPSI 01/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a): दिये गये अनुच्छेद के अनुसार 'परमुखापेक्षिता' से तात्पर्य 'दूसरों से आशा रखना' है।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए:-

नहीं झुका करते जो दुनिया से करने को समझौता,
ऊँचे से ऊँचे सपनों को देते रहते जो न्योता,
दूर देखती जिनकी पैनी आँख भविष्य का तम चीर,
मैं हूँ उनके साथ खड़ी, जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

124. 'तम' शब्द का यहाँ कौन -सा अभिप्राय है?

(a) निशा (b) यामिनी
(c) अंधकार (d) रात्रि

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : 'तम' का अभिप्राय अंधकार है।
तम का पर्याय- अंधेरा, अंधकार, तिमिर, अँधियारा, तमस आदि।
वन का पर्याय-जंगल, अरण्य, कानन, अटवी, कांतार, विपिन आदि।

125. 'सीधी रीढ़' का यहाँ कौन-सा अर्थ है?

(a) स्वाभिमानी और स्वावलंबी होना
(b) आत्मनिर्भर होना
(c) अभिमानी होना
(d) सीधी बात कहना

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : दिये गये अनुच्छेद के अनुसार 'सीधी रीढ़' का अर्थ स्वाभिमानी और स्वावलंबी होना है।

126. कविता की पंक्तियों के अनुसार कविता किसके पक्ष में खड़ी है?

(a) जो उजाला फैलाते हैं
(b) जो केवल सपनों में खोए रहते हैं
(c) जो समझौता करके शांति फैलाते हैं
(d) जो स्वाभिमानी, साहसी और निर्भीक हैं

UPSI 30/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : कविता की पंक्तियों के अनुसार कविता, उनके पक्ष में खड़ी है। जो स्वाभिमानी, साहसी और निर्भीक हैं।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए:-

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के कार्य करते हैं। सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूधवाला, नगर-निगम का सफाईकर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल-अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है।

@RexstarPdf

किंतु यदि यही अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करता है तो उसका कार्य उस सचिव के कार्य से कहीं बेहतर है जो अपने काम में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्त्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता ।

127. 'बेहतर' के लिए हिंदी में कौन-सा अर्थ होगा?

(a) अच्छा (b) उत्कृष्टतम
(c) उत्कृष्टतर (d) उत्कृष्ट

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : बेहतर शब्द का अर्थ 'अच्छा' होगा।

128. दैनिक जीवन में किस स्तर पर कार्य करने वालों से हम मिलते हैं?

(a) उच्च स्तर (b) उच्च एवं निम्न स्तर
(c) निम्न स्तर (d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये गद्यांश के अनुसार दैनिक जीवन में हम उच्च एवं निम्न स्तर पर कार्य करने वालों से मिलते हैं।

129. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक कौन-सा होगा?

(a) स्तर-भेद (b) कर्मनिष्ठा की महिमा
(c) काम की महिमा (d) ऊँच-नीच

UPSI 30/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक 'कर्मनिष्ठा की महिमा' है।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए-

पिछली शताब्दी में विकास के सूत्र प्रकृति के हाथ से निकलकर मनुष्य के हाथ में पहुँच गए हैं, विज्ञान के हाथ में पहुँच गए हैं और इस बंद गली में पहुँचने का अर्थ मानवजाति का नाश भी हो सकता है। इसलिए नैतिक और आत्मिक मूल्यों को साथ-साथ विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे विज्ञान हमारे लिए भस्मासुर का हाथ न हो जाए। व्यक्ति की क्षुद्रता यदि राष्ट्र की क्षुद्रता बन जाती है, तो विज्ञान भस्मासुर बन जाता है। इस सत्य को प्रत्येक क्षण सामने रखकर ही अणु-विस्फोट को मानव प्रेम और लोकहित की मर्यादा दे सकेंगे। अपरिसीम भौतिक शक्तियों का स्वामी मानव आज अपने व्यक्तित्व के प्रति आस्थावान नहीं है और प्रत्येक क्षण अपने अस्तित्व के संबंध में शंकाग्रस्त है।

130. विज्ञान को हम भस्मासुर बनने से कैसे रोक सकते हैं?

(a) प्रकृति-जगत का पूर्ण स्वामित्व प्राप्त करके
(b) मानव सभ्यता का विनाश करके
(c) भौतिक जीवन मूल्यों का निर्धारण करके
(d) नैतिक-आत्मिक मूल्यों को विकसित करके

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश के अनुसार नैतिक-आत्मि मूल्यों को विकसित करके हम विज्ञान को भस्मासुर बनने से रोक सकते हैं।

131. हमारी विज्ञानाधृत शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण देन कौन-सी है?

(a) जीवन का सर्वांगीण विकास
(b) जीवन का अपरिसीम भौतिक विकास
(c) जीवन का एकांगी विकास
(d) गतिशील जीवन का प्रत्यावर्तन

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : हमारी विज्ञानाधृत शिक्षा की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देन जीवन का अपरिसीम भौतिक विकास है।

132. आधुनिक मानव विकास को सर्वांगीण क्यों नहीं कहा जा सकता है?

(a) साहित्य, कला, धर्म आदि मानव-चेतना से निर्वासित हैं।
(b) भौतिक परिवेश पूर्णतया परिवर्तित हो चुका है
(c) जीवन में आशातीत गतिशीलता का समावेश नहीं हुआ
(d) विकास के सूत्र मानव के हाथ में हैं।

UPSI 30/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : आधुनिक मानव विकास को सर्वांगीण नहीं कहा जा सकता क्योंकि साहित्य, कला, धर्म आदि मानव-चेतना से निर्वासित हैं।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए:-

किसी भी कार्य में सफलता पाने के लिए मन का स्थिर होना बहुत आवश्यक है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते समय मन को इधर-उधर न भटकाएँ और न ही किसी प्रकार का भय मन में आने दें। आपके आड़े कुछ भी नहीं आ सकता। अपने को सदैव अध्ययन और लक्ष्य पर एकाग्र रखें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना परीक्षार्थी के लिए अत्यन्त जरूरी है। सुबह की सैर, संगीत सुनना भी मन को शांति प्रदान करता है। परीक्षार्थी को भरपूर नींद की भी अत्यन्त जरूरत होती है। इससे परीक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इन सब विषयों पर ध्यान देने के द्वारा परीक्षार्थी सकारात्मक फल को प्राप्त कर सकता है।

133. प्रतियोगी द्वारा परीक्षा की तैयारी करते समय मन को इधर-उधर भटकाने और मन ही मन डरने से या भरपूर तैयारी न करने से क्या होता है?

(a) परीक्षा में असफल होंगे (b) परीक्षा में असफल न होंगे
(c) परीक्षा में शामिल न होंगे (d) परीक्षा में सफल होंगे

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए मन का स्थिर होना बहुत आवश्यक है। यदि कोई प्रतियोगी तैयारी के दौरान मन को इधर-उधर भटकाता है, मन ही मन डरता है और भरपूर नींद नहीं लेता है तो वह परीक्षा में असफल होगा।

134. सफल परीक्षार्थी का क्या लक्षण होता है?

(a) मन को चिंता युक्त रखना
(b) सकरात्मक चिंतन न अपनाना
(c) मन को लक्ष्य पर केन्द्रित करके सदैव अध्ययन करना
(d) नींद में डूबे रहना

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : सफल विद्यार्थी मन को इधर-उधर भटकाए बिना अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए मन को लक्ष्य पर केन्द्रित करके अध्ययन करता है।

@RexstarPdf

135. सुबह की सैर और संगीत सुनने से परीक्षार्थी को क्या लाभ मिलता है?

(a) मन पढ़ाई से विचलित हो जाता है
(b) समय व्यर्थ हो जाता है
(c) मन को शान्ति मिलती है
(d) कोई असर नहीं होता

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : सुबह की सैर और संगीत सुनने से मन को शांति मिलती है।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए–

सभ्यता का कोशगत अर्थ है-भलमानसी-सज्जनता अतः सभ्यता के अंतर्गत सामाजिक व्यवहार, रहन-सहन, शिष्टाचार, अभिवादन की प्रणालियाँ, सम्मानजनक व्यवहार की रीतियाँ, विनम्रता कृतज्ञता ज्ञापन आदि उदात्त मानवीय तत्व आ जाते हैं। इसके साथ ही रहन-सहन, खान-पान, रीति-रिवाज तथा उत्सव आदि का जो भी समावेश किसी देश या जाति विशेष में उपलब्ध होता है, सभ्यता के अंतर्गत आता है। किसी देश, जाति का चिन्तन, धार्मिक क्रियाएँ आदि भी सभ्यता में समाहित हो जाते हैं। अतः संक्षेप में सभ्यता किसी देश विशेष के बाह्याचार, शिष्टाचार और व्यवहार को कहते हैं। सभ्यता की प्रणालियाँ किसी जाति विशेष की सामाजिक प्रथाओं से संबद्ध होती है।

136. सामाजिक व्यवहार, रहन-सहन, शिष्टाचार, अभिवादन की प्रणालियाँ, सम्मानजनक व्यवहार की रीतियाँ, विनम्रता, कृतज्ञता ज्ञापन आदि उदात्त मानवीय तत्वों को कुल मिलाकर क्या कहा जाता है?

(a) राष्ट्र प्रेम (b) सभ्यता
(c) मनुष्यता (d) भाईचारा

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार- सामाजिक व्यवहार, रहन-सहन, शिष्टाचार, अभिवादन की प्रणालियाँ, सम्मानजनक व्यवहार की रीतियाँ, विनम्रता, कृतज्ञता ज्ञापन आदि उदात्त मानवीय तत्वों को कुल मिलाकर 'सभ्यता' कहा जाता है।

137. धार्मिक क्रियाओं को किसका भाग माना जाता है?

(a) धर्म प्रचार का (b) पूजा-पाठ का
(c) शिष्टाचार का (d) सभ्यता का

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार- धार्मिक क्रियाओं को 'सभ्यता' का भाग माना जाता है।

138. किसी भी समाज में किसी जाति-विशेष में फैली हुई प्रथाओं का संबंध किससे होता है?

(a) जातिप्रथा से (b) धार्मिक व्यवहारों से
(c) मनुष्यता से (d) सभ्यता की प्रणालियों से

UPSI 14/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार- 'सभ्यता की प्रणालियाँ किसी जाति विशेष की सामाजिक प्रथाओं से संबद्ध होती हैं।' अर्थात् किसी भी समाज में किसी जाति-विशेष में फैली हुई प्रथाओं का संबंध 'सभ्यता की प्रणालियों' से होता है।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए–

क्या आपको पता है कि विश्व में सबसे जटिल तंत्र आपके मस्तिष्क में ही स्थित है? शताब्दियों में मस्तिष्क (Brain) की तुलना मनुष्य द्वारा बनाई गई विभिन्न मशीनों से की जाती रही है। यह सब जानते हैं कि सबसे आधुनिक मशीन कंप्यूटर है जिससे मस्तिष्क की तुलना की जाती है। कंप्यूटर की क्रिया बहुत ही तेज होती है, लेकिन उसके कार्य सीमित हैं क्योंकि कंप्यूटर मनुष्य द्वारा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार ही काम करता है। इस तरह कोई भी मशीन मस्तिष्क की बराबरी नहीं कर सकती। मस्तिष्क में असंख्य तंत्रिका कोशिकाएँ (Nerve cells) जटिल रूप से जुड़ी रहती हैं जिनके कारण इसको सूचना प्राप्त करने, मस्तिष्क में उनका संग्रह करने, स्तरण करने और सूचनाओं को प्रोसेस करने और साथ ही साथ नए-नए विचार उत्पन्न करने की क्षमता मिलती है। वैज्ञानिक 'बुद्धिमान' कंप्यूटर बनाने की जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं लेकिन यह अलग ही कहानी है। यदि हम मानव सभ्यता के इतिहास की ओर देखें तो पता चलता है कि मन (Mind) और इसकी मानसिक प्रक्रियाएँ सदैव से ही दार्शनिकों के बीच रोचक चर्चा किंतु मतभेद का विषय रही हैं। अभी कुछ ही समय पहले तक हम मस्तिष्क की प्रकृति के बारे में या शरीर से इसके संबंध में बहुत कुछ नहीं जानते थे। यहाँ तक कि मन, जिसे आध्यात्मिक माना जाता था, और मस्तिष्क, जिसे सांसारिक समझा जाता था, दोनों के बीच संबंध के बारे में भी मतभेद था।

139. मस्तिष्क में जटिल रूप से क्या जुड़ी रहती हैं?

(a) मशीन की क्षमताएँ (b) तंत्रिका कोशिकाएँ
(c) बुद्धिमान कंप्यूटर प्रणालियाँ (d) मन की भावनाएँ

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तरः (b) : मस्तिष्क में जटिल रूप से तंत्रिका कोशिकाएँ जुड़ी रहती हैं।

140. किन दोनों के बीच संबंध के बारे में मतभेद था?

(a) मन और मनुष्य (b) वैज्ञानिक और कंप्यूटर
(c) मन और मस्तिष्क (d) मनुष्य और कंप्यूटर

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : मन और मस्तिष्क के बीच संबंध के बारे में मतभेद था।

141. विश्व में सबसे जटिल तंत्र कहाँ स्थित है?

(a) मशीन में (b) कंप्यूटर में
(c) मन में (d) मस्तिष्क में

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : विश्व में सबसे जटिल तंत्र मस्तिष्क में स्थित है।

142. मस्तिष्क की तुलना किससे की जाती है?

(a) वैज्ञानिकों से (b) मन से
(c) कंप्यूटर से (d) विज्ञान से

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : गद्यांश के अनुसार मस्तिक की तुलना कंप्यूटर से की जाती है।

@RexstarPdf

143. इस अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?

(a) मानसिक प्रक्रियाएँ (b) आध्यात्मिकता
(c) मानव-मस्तिष्क (d) कंप्यूटर प्रणाली

UPASI 05/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : इस अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक मानव मस्तिष्क हो सकता है। मानसिक क्रियाएँ, आध्यात्मिकता, कम्प्यूटर प्रणाली असंगत हैं।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए–

हरे पौधों में होने वाली प्रकाश संश्लेषण की क्रिया पौधों एवं अन्य जीवित प्राणियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्रिया है। इस क्रिया में पौधे सूर्य के प्रकाशीय ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित कर देते हैं तथा CO_2 पानी जैसे साधारण पदार्थों से जटिल कार्बन यौगिक कार्बोहाइड्रेट्स बन जाते हैं। इन कार्बोहाइड्रेट्स द्वारा ही मनुष्य एवं जीवित प्राणियों को भोजन प्राप्त होता है। इस प्रकार पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा संपूर्ण प्राणी-जगत के लिए भोजन-व्यवस्था करते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स प्रोटीन एवं विटामिन आदि को प्राप्त करने के लिए विभिन्न फसलें उगाई जाती हैं तथा इन सब पदार्थों का निर्माण प्रकाश संश्लेषण द्वारा ही होता है। रबड़, प्लास्टिक, तेल, सेल्यूलोज एवं कई औषधियाँ भी पौधों में प्रकाश संश्लेषण क्रिया में उत्पन्न होती हैं। हरे वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में कार्बन डाईऑक्साइड को लेते हैं और ऑक्सीजन को निकालते हैं, इस प्रकार वातावरण को शुद्ध करते हैं। ऑक्सीजन सभी जंतुओं को साँस लेने के लिए अति आवश्यक है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी इस क्रिया का बहुत महत्त्व है। मत्स्य-पालन के लिए भी प्रकाश संश्लेषण का बहुत महत्त्व है। जब प्रकाश संश्लेषण की क्रिया धीमी हो जाती है, तो जल में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है। इसका 5 सी.सी. प्रतिलीटर से अधिक होना मत्स्य-पालन हेतु हानिकारक है।

144. इस अनुच्छेद के लिए उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?

(a) कार्बोहाइड्रेट्स की उत्पति
(b) प्रकाशीय ऊर्जा का महत्त्व
(c) प्राणी-जगत की भोजन-व्यवस्था
(d) प्रकाश संश्लेषण का महत्त्व

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के लिए 'प्रकाश संश्लेषण का महत्त्व' उपयुक्त शीर्षक हो सकता है क्योंकि पूरे अनुच्छेद में प्रकाश संश्लेषण के सम्बन्ध में बात बताई गई है।

145. प्रकाश संश्लेषण की क्रिया धीमी हो जाने पर पानी में किस रसायन की मात्रा बढ़ जाती है?

(a) नाइट्रोजन डाईऑक्साइड (b) क्लोरिन
(c) कार्बन डाईऑक्साइड (d) ऑक्सीजन

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : जब प्रकाश संश्लेषण की क्रिया धीमी हो जाती है, तो जल में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है।

146. प्रकाश संश्लेषण किसके लिए महत्त्वपूर्ण है?

(a) प्राणी-जगत की भोजन-व्यवस्था के लिए
(b) सभी के लिए
(c) मछलियों के पालन के लिए
(d) औषधियों की तैयारी के लिए

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : प्रकाश संश्लेषण प्राणी-जगत की भोजन व्यवस्था के लिए, मछलियों के पालन के लिए और औषधियों की तैयारी के लिए महत्त्वपूर्ण कारक है।

147. प्रकाश संश्लेषण की क्रिया कहाँ होती है?

(a) हवा में (b) हरे पौधों में
(c) मिट्टी में (d) पहाड़ों में

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b) दिये गये विकल्प में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया हरे पौधों में होती है। हरे पौधों की कोशिकाओं में सूर्य के प्रकाश की उपस्थित में CO_2 एवं H_2O के संयोग से कार्बन युक्त यौगिकों के निर्माण करने की क्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहते हैं।

148. प्रकाश संश्लेषण होने के लिए किसकी आवश्यकता नहीं है?

(a) मिट्टी (b) कार्बन डाईऑक्साइड
(c) जल (d) प्रकाश

UPASI 05/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : प्रकाश संश्लेषण होने के लिए मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती है जबकि जल, प्रकाश, कार्बन डाईऑक्साइड महत्त्वपूर्ण तत्व होते हैं।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए :

ईसवी संवत के आरंभ तक जर्मनी के लोग गोत्र अथवा कुल समुदायों में रहते थे और गोत्र कबीलों में संयुक्त थे। जर्मन लोग मवेशी और कुक्कुट पालते थे, जानवरों का शिकार करते मगर कृषि उनका मुख्य उद्यम था। वे पेड़ों को काटकर और जड़ों को उखाड़कर खेत बनाते थे। उस पर वे तब तक खेती करते थे, जब तक मिट्टी अनुर्वर नहीं हो जाती थी। दो-तीन साल बाद छोड़ दिया जाता था और जंगल को साफ करके नया खेत बना लिया जाता था। जमीन को अब सिर्फ कुदालों- फावड़ों से ही काश्त नहीं किया जाता था। उसे अकसर हलके हलों से जोतकर पटरों से बराबर किया जाता था। हलों को बैल खींचते थे। जर्मनों ने रोमनों को दो-खेत आवर्तन पद्धति से खेती करते देखा और उसे ग्रहण कर लिया। इस पद्धति में कृषिभूमि को दो भागों में बाँटा जाता था- एक खेत को काटकर किया जाता था और दूसरे को खाली रहने दिया जाता था। जोते गये और खाली खेतों की हर साल अदल-बदल होती थी। दो-खेत आवर्तन पद्धति (दुखेतिया) परिणामस्वरूप कृषि में श्रम उत्पादिता में वृद्धि आई है।

149. जोती गई ज़मीन किससे बराबर की जाती थी?

(a) फावड़ों से (b) कुदालो से
(c) लकड़ी के पटरों से (d) हलों से

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (c) : जोती गई जमीन लकड़ी के पटरों से बराबर की जाती थी।

@RexstarPdf

150. जर्मनी का मुख्य उद्यम क्या था?

(a) व्यापार (b) कृषि
(c) जंगलों को काटना (d) जानवरों को पालना

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : दिये गये गद्यांश के अनुसार जर्मनी का मुख्य उद्यम कृषि ही था।

151. जंगलों को काटकर नया खेत बनाने में कितने साल लगते थे?

(a) एक-दो साल (b) दस साल
(c) पाँच साल (d) छह महीने

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) जंगलों को काटकर नया खेत बनाने में एक-दो साल लगते थे।

152. जर्मन कृषिभूमि को कितने भागों में बाँटते थे?

(a) किसानो की संख्या के मुताबिक
(b) दो भागों में
(c) तीन भागों में
(d) चार भागों में

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) जर्मन कृषि भूमि को दो भागों में बाँटते थे। एक खेत को काट कर किया जाता और दूसरे खेत को खाली रहने दिया जाता है।

153. श्रम उत्पादिता में वृद्धि कैसे हुई थी?

(a) कुक्कुटों के कारण (b) वर्षा के कारण
(c) भाग्य के कारण (d) दुखेतिया पद्धति के कारण

UPASI 04/12/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) श्रम उत्पादिता में वृद्धि दुखेतिया पद्धति के कारण हुई थी।

अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए :

ध्वनि-प्रभाव संकेत रेडियो-नाटक के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। ध्वनि-प्रभाव संवादों के लिए आधार स्तंभ की भांति है। संवादों की भावनाओं की रसात्मकता ध्वनि-संकेतों से बढ़ सकती है। संवादों में उत्साह, आनंद, दुःख, व्यंग्य, लयात्मकता, उतार-चढ़ाव आदि के लिए संकेत होते हैं। संवाद-संकेतों की जीवंतता, सार्थकता और संदर्भयुक्तता के लिए अपेक्षित होते हैं। संवाद के अंतर्गत पात्र का हँसना, दुःख प्रकट करना, रोना, दीर्घ साँस लेना जैसे संदर्भों का संकेत देने के लिए संवाद-संकेतों की जरूरत पड़ती है। वास्तव में रेडियो केवल श्रव्य-माध्यम होने के कारण इन ध्वनि-प्रभाव संकेतों के बिना दृश्यावली स्थापित करने में कठिनाई होती है। उदाहरण के लिए नाटक की घटना में पात्रों को किसी रेलवे स्टेशन में संवाद करते हुए पाया जाता है तो इसके लिए रेल के आने-जाने, उद्घोषणा, यात्रियों और चाय-नाश्ता बेचने वालों को शोरगुल आदि दृश्य का सृजन ध्वनि-प्रभाव संकेतों से ही संभव है और इसी प्रकार के दृश्यों के लिए कई प्रकार की आवाज़ें यथा- दरवाजा खुलने, बंद होने, गाड़ियों के आने-जाने, किसी के आने-जाने की आहटें, बच्चों के खेलने की आवाजें आदि का सृजन इससे संभव है। आमतौर पर नाटक के दौरान उत्पादित ध्वनियाँ, कुछ पूर्व-रिकार्डेड ध्वनियाँ होती हैं। सामान्यतः रेडियो-नाटक का रिकार्डिंग स्टूडियों पर होता है, अतः सभी प्रकार की ध्वनियाँ, ध्वनि-प्रभाव प्रत्यक्षतः नाटक के रिकार्डिंग के दौरान ही उत्पन्न करने में कठिनाई होती है, अतः पूर्व में रिकार्ड की गई ध्वनियों का इस्तेमाल किया जाता है।

154. यह अनुच्छेद किस विषय पर केंद्रित है?

(a) रेडियो संवादों में उत्साह
(b) रेडियो संवादों में लयात्मकता
(c) रेडियो-नाटक लेखन में ध्वनि-प्रभाव संकेत
(d) रेडियो-नाटकों की संदर्भयुक्ता

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : यह अनुच्छेद 'रेडियो नाटक लेखन में ध्वनि प्रभाव संकेत' पर केंद्रित है।

155. इस अनुच्छेद के लिए उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?

(a) रेडियो-नाटक की रिकार्डिंग
(b) रेडियो-नाटक लेखन के तकनीकी पहलू
(c) संगीत-संकेत
(d) रेडियो-नाटक

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : इस अनुच्छेद के लिए उपर्युक्त शीर्षक रेडियो नाटक लेखन के तकनीकी पहलू हो सकता है।

156. रेडियो-नाटक लेखन में ध्वनि-प्रभाव संकेतों का उद्देश्य क्या है?

(a) संवादों की रसात्मकता
(b) दृश्यावली स्थापित करना
(c) नाटक को प्रभावशाली बनाना
(d) उपरोक्त सभी

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : रेडियो नाटक लेखन में ध्वनि प्रभाव संकेतों का उद्देश्य संवादों की रसात्मकता, दृश्यावली स्थापित करना, नाटक को प्रभावशाली बनाना है।

157. संवाद-संकेत क्यों अपेक्षित हैं?

(a) संवादों की जीवंतता के लिए
(b) संवादों की सार्थकता के लिए
(c) संवादों की संदर्भ युक्तता के लिए
(d) उपरोक्त सभी

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (d) : संवाद संकेत उपरोक्त सभी के लिए अपेक्षित हैं। ये अपेक्षाएँ निम्न हैं –
(i) संवादों की जीवंतता।
(ii) संवादों की सार्थकता।
(iii) संवादों की संदर्भयुक्तता।

158. रेडियो-नाटक लेखन में रेलवे स्टेशन का शोर, दरवाजा खुलने, बंद होने की आवाज़ आदि के लिए किन संकेतों का प्रयोग होता है?

(a) संवाद-संकेत (b) संगीत-संकेत
(c) ध्वनि-प्रभाव संकेत (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

UPASI 04/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) रेडियो नाटक लेखन में रेलवे स्टेशन का शोर, दरवाजा खुलने, बंद होने की आवाज़ आदि के लिए ध्वनि प्रभाव संकेतों का प्रयोग होता है।

@RexstarPdf

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :

''आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा हो, जिसमें राष्ट्र के हृदय-मन-प्राण के सूक्ष्मतम और गम्भीरतम संवेदन मुखरित हों और हमारा पाठ्यक्रम यूरोप तथा अमेरिका के पाठ्यक्रम आधारित न होकर हमारी अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं एवं आवश्यकताओं का प्रतिनिधित्व करें। भारतीय भाषाओं, भारतीय इतिहास, भारतीय दर्शन, भारतीय धर्म और भारतीय समाजशास्त्र को हम सर्वोपरि स्थान दें। उन्हें अपने शिक्षाक्रम में गौण स्थान देकर या शिक्षित जन को उनसे वंचित रखकर हमने राष्ट्रीय संस्कृति में एक महान रिक्ति को जन्म दिया है, जो नयी पीढ़ी को भीतर से खोखला कर रहा है। हम राष्ट्रीय परम्परा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं। विदेशी पश्चिमी चश्मों के भीतर से देखने पर अपने घर के प्राणी भी बे-पहचाने और अजीब से लगने लगे हैं। शिक्षित जन और सामान्य जनता के बीच खाई बढ़ती गई और विश्व संस्कृति के दावेदार होने का दम्भ करते हुए भी हम घर में वामन ही बने रह गए हैं। इस स्थिति को हास्यास्पद ही कहा जा सकता है।''

159. उपरोक्त गद्यांश का इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या है?

(a) हमारा शिक्षा माध्यम और पाठ्यक्रम
(b) शिक्षा का माध्यम
(c) हमारी सांस्कृतिक परम्परा
(d) शिक्षित जन और सामान्य जनता

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : 'हमारा शिक्षा माध्यम और पाठ्यक्रम' उपर्युक्त गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक होगा। अतः विकल्प (a) सही है।

160. उपरोक्त गद्यांश के अनुसार हमारी शिक्षा का माध्यम किस भाषा में होना चाहिए?

(a) अंग्रेजी-हिंदी दोनों में (b) मिश्रित भाषा में
(c) विदेशी भाषाओं में (d) भारतीय भाषा में

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर: (d) उपरोक्त गद्यांश के अनुसार हमारी शिक्षा का माध्यम 'भारतीय भाषा' में होना चाहिए। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

161. उपरोक्त गद्यांश के अनुसार हम किस तरह के जीवन-प्रवाह से दूर होते जा रहे हैं?

(a) खुशहाल जीवन प्रवाह से
(b) हम राष्ट्रीय परम्परा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं।
(c) सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन से
(d) इनमें से कोई नहीं

UPSI 02/12/2021 (Shift-I)

उत्तर: (b) उपरोक्त गद्यांश के अनुसार 'हम राष्ट्रीय परम्परा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं।

अनुच्छेद पढ़कर दिए गए सवालों के सही जवाब चुनिए:

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि सम्मानजनक शब्द उदात्त और महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता भी होता है जो अपने व्यक्तित्व, शैली बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

162. शिक्षक वर्ग को कैसे बोलना चाहिए?

(a) बिना सोचे-समझे (b) तुरंत
(c) ज्यादा (d) सोच-समझकर

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार 'शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता भी होता है जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।' अतः शिक्षक वर्ग को सोच-समझकर बोलना चाहिए।

163. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होना चाहिए?

(a) साहित्यक भाषा (b) बातचीत की कला
(c) शब्दों का चयन (d) व्यक्तित्व का प्रभाव

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (c) : उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक 'शब्दों का चयन' होना चाहिए। क्योंकि गद्यांश में यही बताया गया है कि बातचीत के दौरान शब्दों का चयन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

164. बातचीत में किसका आदान-प्रदान होता है?

(a) विचारों एवं व्यक्तित्व का (b) भाषा का
(c) विचारों का (d) व्यक्तित्व का

UPSI 02/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार बातचीत में 'विचारों एवं व्यक्तित्व' का आदान-प्रदान होता है।

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (165-169) के उत्तर चुनिए:

स्वतंत्रता संग्राम मनुष्य में उत्तम और स्पृहणीय विशेषताएँ पैदा करता है और भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम भी इसका अपवाद नहीं है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में यह युद्ध बिना किसी ईर्ष्या-द्वेष तथा खून-खराबे के लड़ा गया था। गाँधीजी इसे सत्याग्रह कहते थे। इसके पीछे उनकी शिक्षा, धार्मिक आस्था तथा अन्य उपलब्धियों का उतना हाथ नहीं था जितना उनके सदाचरण और व्यवहार का। इस स्वातंत्र्य आंदोलन को स्मरण रखने का मुख्य कारण यह है कि यह जनतांत्रिक था अर्थात् इसमें देश के हर वर्ग और जाति के लोग सम्मिलित थे, चाहे वे धनी हों या गरीब, नर हों या नारी हों अथवा विभिन्न संप्रदायों के। इसके साथ ही यह एक धर्मनिरपेक्ष और स्वतंत्रता कर्मियों का संघर्षशील राष्ट्रीय आंदोलन था। स्वतंत्र भारत के नागरिक के रूप में हम आज जनतांत्रिकता और धर्म-निरपेक्षता का लाभ उठा रहे हैं। हम सोच नहीं सकते कि इतने बड़े देश में अपना शासन करने के लिए हम अपना प्रतिनिधि नहीं चुन सकते थे या कोई गंदा कानून लागू कर दिया जाता तो हम उसके विरुद्ध आवाज नहीं उठा सकते थे और हम अपनी राज स्वतंत्रतापूर्वक व्यक्त नहीं कर सकते थे।

@RexstarPdf

165. उपयुक्त गद्यांश में प्रयुक्त 'स्पृहणीय' शब्द का अर्थ है-

(a) प्राप्त करने योग्य (b) प्राप्त की हुई
(c) त्याग करने योग्य (d) त्याग की हुई

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (a) : उपर्युक्त गद्यांश में प्रयुक्त 'स्पृहणीय, शब्द का अर्थ 'प्राप्त करने योग्य' है।

166. उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने मुख्य रूप से बताया है कि

(a) आजादी में क्रांतिकारियों की विशेष भूमिका थी।
(b) आजादी के संघर्ष में कृषकों का क्या योगदान था।
(c) गुलाम देश की दशा कैसी थी।
(d) महात्मा गाँधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन कैसा था।

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (d): उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने 'महात्मा गाँधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन कैसा था' को मुख्य रूप से बताया है।

167. उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का उद्देश्य क्या है?

(a) धार्मिक आस्थाओं और सदव्यवहार को बढ़ावा देना।
(b) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की विशेषता बताना।
(c) अंग्रेजी राज्य के दोष गिनाना।
(d) जनतांत्रिकता से हानि बताना।

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (b) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक का उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की विशेषता बताना है।

168. धर्मनिरपेक्षता से अभिप्राय है

(a) सभी धर्मों का आदर (b) धर्म में हस्तक्षेप न करना
(c) धर्म की अवज्ञा
(d) किसी भी धर्म को न मानना

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (a) : दिये गये गद्यांश के अनुसार धर्मनिरपेक्षता का अभिप्राय 'सभी धर्मों का आदर' करना है।

169. कैसे माना जाए कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम जनतांत्रिक था?

(a) यह महात्मा गाँधी के सद्व्यवहार और सदाचरण का प्रतीक था।
(b) इसमें हिन्दू और मुसलमान सम्मिलित हुए थे।
(c) यह स्वतंत्रता-प्रेमियों का आंदोलन था।
(d) इसमें सभी जातियों, वर्गों, धर्मों के लोगों ने भाग लिया था।

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (d) : हमारा स्वतंत्रता संग्राम जनतांत्रिक था क्योंकि इसमें सभी जातियों, वर्गों, धर्मों के लोगों ने भाग लिया था।

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (170-174) के उत्तर चुनिए:

विधाता-रचित इस सृष्टि का सिरमौर है मनुष्य। उसकी कारीगरी का सर्वोत्तम नमूना। इस मानव को ब्रह्माण्ड का लघु रूप मानकर भारतीय दार्शनिकों ने 'यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे' की कल्पना की थी। उनकी यह कल्पना मात्र कल्पना नहीं थी, प्रत्युत यथार्थ भी थी क्योंकि मानव-मन में जो विचारणा के रूप में घटित होता है, उसी का कृति रूप ही तो सृष्टि है। मन तो मन, मानव का शरीर भी अप्रतिम है। देखने में इससे भव्य, आकर्षक एवं लावण्यमय रूप सृष्टि से अन्यत्र कहाँ है? अद्भुत एवं अद्वितीय है मानव-सौन्दर्य! साहित्यकारों ने इसके रूप-सौन्दर्य के वर्णन के लिए कितने ही अप्रस्तुतों का विधान किया है और इस सौन्दर्य-राशि से सभी को आप्यायित करने के लिए अनेक काव्य सृष्टियाँ रच डाली हैं।

साहित्यशास्त्रियों ने भी इसी मानव की भावनाओं का विवेचन करते हुए अनेक रसों का निरूपण किया है। परन्तु वैज्ञानिक दृष्टि से विचार किया जाए तो मानव-शरीर को एक जटिल यन्त्र से उपमित किया जा सकता है। जिस प्रकार यन्त्र के एक पुर्जे में दोष आ जाने पर सारा यन्त्र गड़बड़ा जाता है, बेकार हो जाता है उसी प्रकार मानव-शरीर के विभिन्न अवयवों में से यदि कोई एक अवयव भी बिगड़ जाता है तो उसका प्रभाव सारे शरीर पर पड़ता है। इतना ही नहीं, गुर्दे जैसे कोमल एवं नाजुक हिस्से के खराब हो जाने से यह गतिशील वपुयन्त्र एकाएक अवरुद्ध हो सकता है, व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। एक अंग के विकृत होने पर सारा शरीर दण्डित हो, वह कालकवलित हो जाए-यह विचारणीय है।

यदि किसी यन्त्र के पुर्जे को बदलकर उसके स्थान पर नया पुर्जा लगाकर यन्त्र को पूर्ववत सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से क्रियाशील बनाया जा सकता है तो शरीर के विकृत अंग के स्थान पर नव्य निरामय अंग लगाकर शरीर को स्वस्थ एवं सामान्य क्यों नहीं बनाया जा सकता? शल्य-चिकित्सकों ने इस दायित्वपूर्ण चुनौती को स्वीकार किया तथा निरन्तर अध्यवसाय पूर्णसाधना के अनन्तर अंग-प्रत्यारोपण के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की। अंग-प्रत्यारोपण का उद्देश्य है कि मनुष्य दीर्घायु प्राप्त कर सके। यहाँ यह ध्यातव्य है कि मानव-शरीर हर किसी के अंग को उसी प्रकार स्वीकार नहीं करता, जिस प्रकार हर किसी का रक्त उसे स्वीकार्य नहीं होता। रोगी को रक्त देने से पूर्व रक्त-वर्ग का परीक्षण अत्यावश्यक है, तो अंग-प्रत्यारोपण से पूर्व ऊतक-परीक्षण अनिवार्य है। आज का शल्य-चिकित्सक गुर्दे, यकृत, आँत, फेफड़े और हृदय का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर रहा है। साधन-सम्पन्न चिकित्सालयों में मस्तिष्क के अतिरिक्त शरीर के प्रायः सभी अंगों का प्रत्यारोपण सम्भव हो गया है।

170. मानव को सृष्टि का लघु रूप माना गया है क्योंकि

(a) मानव-मन में जो घटित होता है, वही सृष्टि में घटित होता है।
(b) मानव सृष्टि का सिरमौर है।
(c) मन की शक्ति अपरोजेय है।
(d) लघु मानव ही विधाता की सच्ची सृष्टि है।

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

@RexstarPdf

उत्तर : (a) : दिये गये गद्यांश के अनुसार मानव को सृष्टि का लघु रूप माना गया है क्योंकि मानव-मन में जो घटित होता है, वही सृष्टि में घटित होता है।

171. वैज्ञानिक दृष्टि का अपेक्षाकृत अभाव होता है

(a) साहित्यकार में (b) साहित्यशास्त्री में
(c) शल्य-चिकित्सक में (d) वैज्ञानिक में

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (b) : वैज्ञानिक दृष्टि का अपेक्षाकृत साहित्यशास्त्री में अभाव होता है।

172. मानव शरीर को यन्त्रवत् कहा गया है क्योंकि

(a) मानव शरीर दृढ़ माँसपेशियों और अवयवों से निर्मित है।
(b) मानव शरीर यन्त्र की भाँति लावण्यमय होता है।
(c) अवयव रूपी पुर्जों के विकृत होने से शरीर यन्त्रवत् निष्क्रिय हो जाता है।
(d) मानव शरीर विधाता की सृष्टि की अनुपम कृति है।

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (c) : मानव शरीर को यंत्रवत् कहा जाता है क्योंकि अवयव रूपी पुर्जों के विकृत होने से शरीर यंत्रवत् निष्क्रिय हो जाता है।

173. शल्य-चिकित्सकों द्वारा स्वीकार की गई दायित्वपूर्ण चुनौती थी

(a) जीर्ण शरीर के स्थान पर स्वस्थ शरीर देना
(b) मानव-शरीर को मृत्यु से बचाना
(c) अंग-प्रत्यारोपण द्वारा शरीर को सामान्य बनाना
(d) शल्य-चिकित्सा का महत्व स्थापित करना

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर : (c) : शल्य चिकित्सकों द्वारा स्वीकार की गई दायित्वपूर्ण चुनौती अंग प्रत्यारोपण द्वारा शरीर को सामान्य बनाना है।

174. अनुच्छेद में प्रयुक्त 'निरामय' शब्द का पर्याय है

(a) सुन्दर (b) स्वस्थ
(c) अद्भुत (d) नवीन

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-II

उत्तर: (b) अनुच्छेद में प्रयुक्त शब्द 'निरामय' का पर्याय 'स्वस्थ' है।

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (175-179) के उत्तर चुनिए:

धरातल से युद्ध की विभीषिकाओं को सदा-सदा के लिए समाप्त करने के लिए गाँधीजी ने विश्व को अहिंसा रूपी अस्त्र प्रदान किया। गाँधीजी कहा करते थे कि प्रेम और अहिंसा के द्वारा विश्व के कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है। उन्होंने इस सिद्धान्तों का परीक्षण भी किया और वे 'नितान्त', सफल सिद्ध हुए। हिंसा से हिंसा बढ़ती है, 'घृणा, घृणा', को जन्म देती है और प्रेम से प्रेम की अभिवृद्धि होती है। अतः यह निश्चित है कि बिना प्रेम और अहिंसा के विश्व में शान्ति स्थापित नहीं हो सकती। शान्ति के अभाव में मानव जाति का विकास सम्भव नहीं। प्रत्येक राष्ट्र का स्वर्णिम-युग वही कहा जाता है, जबकि वहाँ पूर्ण शांति और सुख रहा हो तथा उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य किए जाते हों। भौतिक दृष्टि से व्यापार और कृषि की उन्नति भी शांतिकाल में ही सम्भव होती है, अतः हम यदि विश्व का कल्याण चाहते हैं तो हमें युद्ध का बहिष्कार करना ही होगा। अहिंसा और प्रेम की भावना से विश्व में शान्ति स्थापित करनी होगी, तभी विश्व में सुखमय एवं शांतिमय राज्य की स्थापना सम्भव होगी।

175. विश्व में शांति क्यों आवश्यक है?

(a) मानव जाति के विकास के लिए
(b) उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य के लिए
(c) व्यापार और कृषि की उन्नति के लिए
(d) कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाने के लिए

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (a) : दिये गये गंद्यांश के अनुसार विश्व में शांति मानव जाति के विकास के लिए आवश्यक है।

176. विश्व शांति की स्थापना के लिए सबसे आवश्यक है

(a) हिंसा और भय (b) अहिंसा और प्रेम
(c) आत्मीयता और समीपता (d) परिश्रम और ज्ञान

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (b) : गाँधी जी का मानना है कि विश्व शांति की स्थापना में अंहिसा एवं प्रेम सबसे आवश्यक अस्त्र है।

177. कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है-

(a) सत्य पालन द्वारा (b) मौन पालन द्वारा
(c) अहिंसा द्वारा (d) भय द्वारा

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (c) : गांधी जी का मानना है कि अंहिसा द्वारा कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है।

178. किसी भी राष्ट्र के स्वर्णिम-युग के प्रमुख तत्व हैं

(a) धन और वैभव (b) धन और सम्मान
(c) आध्यात्म और उपासना
(d) शान्ति, सुख और रचनात्मक कार्य

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश के अनुसार किसी भी राष्ट्र के स्वर्णिम-युग के प्रमुख तत्व शांति, सुख एवं रचनात्मक कार्य हैं।

179. 'नितान्त' शब्द का उपयुक्त पर्याय है

(a) भलीभाँति (b) बिलकुल
(c) विधिवत् (d) निम्न

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (b) : दिये गये शब्द 'नितान्त' का पर्याय 'बिलकुल' है।

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (180-184) के उत्तर चुनिए:

विज्ञान आज के मानव-जीवन का अविभाज्य एवं घनिष्ठ अंग बन गया है। मानव-जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के अश्रुतपूर्व आविष्कारों से अछूता नहीं रहा। इसी से आधुनिक युग विज्ञान का युग कहलाता है। आज विज्ञान का युग कहलाता है।आज विज्ञान ने पुरुष और नारी, साहित्यकार और राजीतिज्ञ, उद्योगपति और कृषक, पूँजीपति और श्रमिक, चिकित्साक और

@RexstarPdf

सैनिक, अभियन्ता और शिक्षक तथा धर्मज्ञ और तत्वज्ञ सभी को और सभी क्षेत्रों में किसी न किसी रूप में अपने अप्रतिम प्रदेय से अनुगृहीत किया है। आज समूचा परिवेश विज्ञानमय हो गया है। विज्ञान के चरण गृहिणी के रसोईघर से लेकर बड़ी-बड़ी प्राचीरों वाले भवनों और अट्टालिकाओं में ही दृष्टिगत नहीं होते, प्रत्युत वे स्थल और जल की सीमाओं को लाँघकर अन्तरिक्ष में भी गतिशील हैं। वस्तुतः विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है। इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणिजगत का शिरोमणि बन सका है। विज्ञान के अनुग्रह से वह सभी प्रकार की सुविधाओं और सम्पदाओं का स्वामित्व प्राप्त कर चुका है। अब वह ऋत-ऋतुओं के प्रकोप से भयाक्रांत एवं संत्रस्त नहीं है। विद्युत ने उसे आलोकित किया है, उष्णता दी है, बटन दबाकर किसी भी कार्य को सम्पन्न करने की ताकत भी दी है। मनोरंजन के विविध साधन उसे सुलभ हैं। यातायात एवं संचार के साधनों के विकास से समय और स्थान की दूरियाँ बहुत कम हो गई हैं और समूचा विश्व एक परिवार-सा लगने लगा है। कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उत्पादन की तीव्र वृद्धि होने के कारण आज दुनिया पहले से अधिक धन-धान्य से सम्पन्न है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान की देन अभिनन्दनीय है। विज्ञान के सहयोग से मनुष्य धरती और समुद्र के अनेक रहस्य हस्तामलक करके अब अन्तरिक्ष लोक में प्रवेश कर चुका है। सर्वोपरि, विज्ञान ने मनुष्य को बौद्धिक विकास प्रदान किया है और वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति दी है। वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति से मनुष्य अन्धविश्वासों और रूढ़ि-परम्पराओं से मुक्त होकर स्वास्थ एवं संतुलित ढंग से सोच-विचार कर सकता है और यथार्थ एवं सम्यक जीवन जी सकता है। इससे मनुष्य के मन को युगों के अन्धविश्वसों, भ्रमपूर्ण और दकियानूसी विचारों, भय और अज्ञानता से मुक्ति मिली है। विज्ञान की यह देन स्तुत्य है। मानव को चाहिए कि वह विज्ञान की इस समग्र देन को रचनात्मक कार्यों में सुनियोजित करे।

180. विज्ञान मानव की सबसे बड़ी शक्ति इसलिए कही गई है क्योंकि इसके बल से मनुष्य

(a) विद्युत शक्ति का स्वामी है।
(b) प्रकृति और प्राणिजगत का सिरमौर है।
(c) सभी भौतिक सुविधाओं से सम्पन्न है।
(d) अन्तरिक्ष के क्षेत्र में सस्तक्षेप कर सकता है।

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (b) गद्यांश के अनुसार विज्ञान मानव की सबसे बड़ी शक्ति इसलिए कही गयी है क्योंकि इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणिजगत का सिरसौर है।

181. वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति ने मनुष्य का सबसे बड़ा उपकार यह किया है कि उसे मुक्ति मिली है

(a) सन्तुलित अनुचिन्तन से
(b) पुरानी शिष्ट औपचारिकताओं से
(c) भ्रमपूर्ण रूढ़िवादी विचारणा से
(d) प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं से

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (c) : वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति से मानव जीवन में व्याप्त भ्रमपूर्ण रुढ़िवादी विचारधाराओं से मुक्त मिली है।

182. विश्व के परिवारवत् लगने का प्रमुख कारण है

(a) यातायात एवं संचार साधनों का विकास
(b) विज्ञान की गतिशील शक्तियाँ
(c) विज्ञान की जीवन से घनिष्ठता
(d) विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (a) : यातायात एवं संचार साधनों के विकास से समय एवं स्थान की दूरियाँ बुहत कम हो गयी हैं जिसके फलस्वरूप समूचा विश्व एक परिवार-सा प्रतीत होने लगा है।

183. 'हस्तामलक' शब्द से अभिप्रेत है

(a) अस्पष्ट परन्तु सायास बोधगम्य
(b) पास में रखे आँवले की तरह
(c) हाथी के लिए आँवले की तरह
(d) स्पष्ट और अनायास बोधगम्य

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश के अनुसार हस्तामलक शब्द का अभिप्राय 'स्पष्ट और अनायास बोधगम्य' से है।

184. 'वैज्ञानिक-चिन्तन' पदबंध से आशय है

(a) परम्परागत चिन्तन (b) भावात्मक चिन्तन
(c) बैज्ञानिकों द्वारा किया गया चिन्तन
(d) स्वास्थ एवं सन्तुलित चिन्तन

UPSSSC PET, 24/08/2021, Shift-I

उत्तर : (d) : दिये गये गद्यांश के अनुसार, 'वैज्ञानिक चिंतन' का आशय 'स्वस्थ एवं संतुलित चिंतन' है।

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

लक्ष्मण ने अकृत्रिम भ्रातृस्नेह के कारण बड़े भाई का साथ दिया। उन्होंने राज-पाट छोड़ कर अपना शरीर रामचंद्र को अर्पण किया। यह बहुत बड़ी बात है पर उर्मिला ने इससे भी बढ़कर आत्मोत्सर्ग किया। उसने अपनी आत्मा की अपेक्षा अधिक प्यारा अपना पति राम-जानकी के लिए दे डाला और यह आत्मसुखोत्सर्ग उसने तब किया जब उसे ब्याह कर आये हुए कुछ ही समय हुआ था। उसने अपने सांसारिक सुख के सबसे अच्छे अंश से हाथ धो डाला। जो सुख विवाहोत्तर उसे मिलता उसकी बराबरी 14 वर्ष पति-वियोग के बाद का सुख कभी नहीं कर सकता। नवोढ़त्व को प्राप्त होते ही जिस उर्मिला ने रामचंद्र और जानकी के लिए अपने सुख-सर्वस्व पर पानी डाल दिया उसी के लिए अंतर्दर्शी आदि कवि के शब्द-भण्डार में दरिद्रता।

185. लक्ष्मण राम के साथ वनवास के लिए क्यों गए?

(a) रामचंद्र की सेवा के लिए।
(b) पिता की आज्ञा के कारण।
(c) भाई के प्रति अत्यधिक प्रेम के कारण।
(d) उर्मिला से दूर जाने के लिए।

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

@RexstarPdf

उत्तर. (c) : गद्यांश के अनुसार भाई के प्रति अत्यधिक प्रेम के कारण लक्ष्मण राम के साथ वनवास के लिए गए। गद्यांश के प्रथम पंक्ति में ही स्पष्ट कथन है कि लक्ष्मण ने अकृत्रिम भ्रातृस्नेह के कारण बड़े भाई का साथ दिया।

186. लेखक को क्या दुःख है?

(a) रामचंद्र राज-पाट छोड़कर वनवास को चले गए।
(b) लक्ष्मण भी भाई राम के साथ वनवास को चले गए।
(c) उर्मिला का लक्ष्मण से वियोग हो गया।
(d) रचनाकारों ने उर्मिला के विषय में कुछ नहीं लिखा।

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (d) : गद्यांश के अनुसार लेखक को दुःख है कि रचनाकारों ने उर्मिला के विषय में कुछ नहीं लिखा। 'अंतर्दर्शी आदि कवि के शब्द-भण्डार में दरिद्रता!' से लेखक ने साहित्यकारों की उर्मिला विषयक उपेक्षा की ओर संकेत किया है।

187. उर्मिला ने क्या बलिदान नहीं दिया?

(a) लक्ष्मण से विवाह किया।
(b) अपनी बहन सीता का वियोग सहा।
(c) लक्ष्मण को रामचंद्र के साथ वनवास के लिए जाने दिया।
(d) सांसारिक सुखों का त्याग किया।

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (a) : उर्मिला का लक्ष्मण के साथ विवाह करना बलिदान नहीं बल्कि उर्मिला के जीवन का प्राप्य था। अपनी बहन सीता का वियोग सहना, लक्ष्मण (अपने पति) को रामचन्द्र के साथ वनवास के लिए जाने देना तथा सांसारिक सुखों का त्याग करना उर्मिला द्वारा किये गये प्रमुख बलिदान हैं।

188. 'उसने अपने सांसारिक सुख के सबसे अच्छे अंश से हाथ धो डाला।' इस पंक्ति से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(a) उर्मिला को श्री रामचंद्र के साथ रहने का सौभाग्य नहीं मिला।
(b) उर्मिला को नवोढ़त्व में पति के साथ के सुख का त्याग करना पड़ा।
(c) उर्मिला को अपनी बहन जानकी के वियोग को सहन करना पड़ा।
(d) वह विवाह कर पिता के घर से पति गृह आ गई।

UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020

उत्तर. (b) : 'उसने अपने सांसारिक सुख के सबसे अच्छे अंश से हाथ धो डाला।' इस पंक्ति से लेखक का तात्पर्य है कि उर्मिला को नवोढ़त्व (नवविवाहिता होने का भाव) में पति के साथ के सुख का त्याग करना पड़ा।

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

कला और जीवन का सम्बन्ध अन्योन्याश्रित है। कलाकार, कल्पना और यथार्थ का समन्वय कर समाज के समक्ष आदर्श रूप प्रस्तुत करता है। इसी कारण जीवन का कला के स्वरूप पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। कलाकार जीवन के यथार्थ रूप को ही चित्रित नहीं करता, वरन् वह आदर्श रूप को भी प्रस्तुत करता है। इस प्रकार जीवन का कला पर और कला का जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है कलावाद अर्थात् कला, कला के लिए सम्बन्धी विचारों में जीवन के लिए उपयोगी कला ही श्रेयस्कर मानी गई है।

189. कला और जीवन अन्योन्याश्रित हैं का तात्पर्य है–

(a) जीवन में दोनों उपयोगी हैं।
(b) एक दूसरे से पृथक हैं।
(c) एक दूसरे पर आश्रित हैं।
(d) किसी अन्य तत्व पर आश्रित हैं।

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (c) : गद्यांशानुसार 'कला और जीवन अन्योन्याश्रित है' का तात्पर्य है कला और जीवन एक दूसरे पर आश्रित हैं।

190. कौन–सी कला श्रेष्ठ मानी गई है?

(a) जो कलावाद पर आधारित हो।
(b) जो प्रकृति का चित्रण करती हो।
(c) जो कल्पना पर आधारित हो।
(d) जो जीवनोपयोगी हो।

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (d) : जो जीवनोपयोगी हो, ऐसी कला श्रेष्ठ मानी गई है। गद्यांश में बताया गया है कि कलावाद अर्थात् कला, कला के लिए सम्बन्धी विचारों में जीवन के लिए उपयोगी कला ही श्रेयस्कर मानी गई है।

''स्याम गौर किमि कहौं बखानी।
गिरा अनयन नयन बिनु बानी।।''

191. इस पद्य में कौन–सा भाव है?

(a) करुण भाव (b) ओज भाव
(c) सुकुमार भाव (d) मधुर भाव

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (d): ''स्याम गौर किमि कहौं बखानी।
गिरा अनयन नयन बिनु बानी।।''
पद्य में मधुर भाव है। उपर्युक्त पंक्ति में राम और लक्ष्मण के सौन्दर्य का वर्णन है जो कि सीता जी के समक्ष उनकी सखियों द्वारा किया जा रहा है। उनके सौन्दर्य को सुनकर सीता जी के हृदय में मधुरता व श्रृंगारिकता का भाव जागृत हो रहा है जिसके कारण उपर्युक्त पद्य में मधुर भाव है।

192. यह पद्यांश किस कवि का है?

(a) कुंभनदास (b) सूरदास
(c) तुलसीदास (d) नाभादास

[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]

उत्तर. (c) : ''स्याम गौर किमि कहाँ बखानी।
गिरा अनयन नयन बिनु बानी।।'' यह पद्यांश कवि तुलसीदास कृत रामचरितमानस के बालकाण्ड से लिया गया है।

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

तत्परता हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। इसके द्वारा विश्वसनीयता प्राप्त होती है। वे लोग जो सदैव जागरूक रहते हैं, तत्काल कर्मरत हो जाते हैं और जो समय के पाबन्द हैं, वे सर्वत्र विश्वास के पात्र समझे जाते हैं। वे मालिक जो स्वयं कार्यतत्पर होते हैं, अपने कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और काम की उपेक्षा करने वालों के लिए अंकुश का काम करते हैं। वे अनुशासन का

@RexstarPdf

साधन भी बनते हैं। इस प्रकार अपनी उपयोगिता और सफलता में अभिवृद्धि करने के साथ-साथ वे दूसरों की उपयोगिता और सफलता के भी साधन बनते हैं। एक आलसी व्यक्ति हमेशा ही अपने कार्य को भविष्य के लिए स्थगित करता जाता है, वह समय से पिछड़ता जाता है और इस प्रकार अपने लिए ही नहीं दूसरों के लिए भी विक्षोभ का कारण बनता है। उसकी सेवाओं का कोई आर्थिक मूल्य नहीं समझा जाता है। कार्य के प्रति उत्साह और उसे शीघ्रता से संपन्न करना। कार्य-तत्परता के दो प्रमुख उपादान है जो समृद्धि की प्राप्ति में उपयोगी बनते हैं।

193. उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक दीजिए:

(a) कार्य-कुशलता (b) कार्य-उपयोगिता
(c) कार्य-तत्परता (d) जागरूकता

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (c) दिए गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'कार्य-तत्परता' होगा। गद्यांश के अनुसार तत्परता हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। इसके द्वारा विश्वसनीयता प्राप्त होती है।

194. जीवन में सफल सिद्ध होने के लिए आवश्यक उपादानों में से एक प्रमुख उपादान क्या है?

(a) कार्य की आर्थिक समझ (b) जागरूकता
(c) अनुशासन (d) तत्परता

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर: (d) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जीवन में सफल सिद्ध होने के लिए आवश्यक उपादानों में से प्रमुखतम उपादान 'तत्परता' है।

195. गद्यांश का उचित संक्षेपण कौन सा होगा?

(a) तत्परता हमारी मूल्यवान निधि है। इससे हम तत्पर होकर काम करते हैं और समय पर काम करके सफलता प्राप्त करते हैं।

(b) जागरूक व्यक्ति सदैव उत्साहित होकर तत्परता से अपने कार्य में जुट जाते हैं और अनुशासित होकर उसे समय पर पूरा कर डालते हैं। समय पर कार्य करने से वे अपने कार्य-क्षेत्र में सभी के विश्वास पात्र बन जाते हैं और यही विश्वसनीयता सफलता का साधन बनती है। यही तत्परता सफलता और समृद्धि का प्रमुख उपादान है।

(c) सफलता के लिए तत्परता का होना आवश्यक है। अनुशासन में रहकर कार्य समय से पूरा करके सफलता मिलती है।

(d) उत्साह और शीघ्रता कार्य-तत्परता के दो प्रमुख उपादान हैं जो जागरूक होकर कार्य करने को बाध्य करते हैं। जिससे कार्य समयानुसार पूरा होता है और सफलता मिलती है।

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (b) गद्यांश का उचित संक्षेपण इस प्रकार है- 'जागरूक व्यक्ति सदैव उत्साहित होकर तत्परता से अपने कार्य में जुट जाते हैं और अनुशासित होकर उसे समय पर पूरा कर डालते हैं। समय पर कार्य करने से वे अपने कार्य-क्षेत्र में सभी के विश्वास पात्र बन जाते हैं और यही विश्वसनीयता सफलता का साधन बनती है। यही तत्परता सफलता और समृद्धि का प्रमुख उपादान है।'

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

आनंद और खुशी की खोज में हम सारा जीवन लगे रहते हैं। बाह्य शिष्टाचारों से खुशी तो प्राप्त होती है किन्तु वह क्षणिक होती है। आत्मिक खुशी तो हमें अपने अन्दर ही तलाशनी होती है। हमारे अंत:करण में आनंद का सरोवर और खुशी का खजाना सदैव विद्यमान रहता है। ये यादों और अनुभूतियों का वह भंडार घर है, जहाँ हमारा अंत:करण आज तक की सभी यादों और अनुभूतियों को संग्रहीत करके रखता है। यह बहुत बुद्धिमान और चतुर है। यह आपका आज्ञाकारी दास भी हैं इसके विशाल संग्रह में से आत्मिक आनंद को प्राप्त करना है तो इसे उसी दिशा में निर्देशित करना होगा। बाह्य मन को कुछ देर के लिए शांत, स्थिर और गतिहीन कीजिए और अन्तर्मन को निर्देश दीजिये कि वह अपने संग्रह में से नकारात्मक यादों-अनुभूतियों को मिटा कर आपके लिए आनंद के अनमोल सच्चे मोती निकाल कर लाये। निरंतर अपने अंत:करण को यही आज्ञा देते रहिये और धीरे-धीरे वह कब आपको आत्मिक आनन्द और जीवन-स्फूर्ति से सराबोर कर देगा, आपको पता भी नहीं चलेगा।

196. उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए:

(a) आनंद की खोज (b) अन्तर्मन–यादों का भंडार घर
(c) अन्तर्मन (d) अन्तर्मन की शक्ति

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'आनंद की खोज' होगा। मनुष्य मृत्युपर्यन्त आनंद की खोज में प्रयत्नशील रहता है। सच्चे या आत्मिक आनंद की अनुभूति मनुष्य को कैसे होगी, इसी का विश्लेषण उपर्युक्त गद्यांश में किया गया है।

197. उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए-

प्रश्न: अन्तर्मन से आत्मिक आनंद कैसे मिलता है?

(a) अन्तर्मन समझता है कि हमें आनंद चाहिए।
(b) अन्तर्मन नकारात्मक को मिटाकर सकारात्मकता से मन को शांत कर देता है जिससे आत्मिक आनंद मिलता है।
(c) अन्तर्मन में केवल अच्छी यादें संग्रहीत रहती है, उन्हीं को वापस कर देता है।
(d) अन्तर्मन सदैव अच्छे काम करता है।

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (b) आत्मिक आनंद चिरस्थायी होता है, जो मनुष्य को उसके अन्तर्मन से प्राप्त होता है। मनुष्य का अन्तर्मन नकारात्मकता को मिटाकर सकारात्मकता से मन को शांत कर देता है, जिससे मनुष्य को आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है।

198. उपरोक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसका सही सारांश बताइए:

(a) जब अन्तर्मन को प्रतिदिन शांत, स्थिर और खुश रहने का निर्देश मिलता है तो वह एक आज्ञाकारी किन्तु समझदार सेवक की तरह मन की सारी नकारात्मक गतिविधियों को हटाता जाता है और अच्छी सुखद अनुभूतियों को प्रवाहित करने लगता हैं। मन शांत होने से आनंद का अनुभव होने लगता है। और धीरे-धीरे यही आनंद भाव स्थायी हो जाता है।

@RexstarPdf

(b) जब अन्तर्मन को प्रतिदिन शांत, स्थिर और खुश रहने का निर्देश मिलता है तो वह एक अज्ञाकारी किन्तु समझदार सेवक की तरह मन में आनंद भर देता है।

(c) अन्तर्मन को निर्देश मिलने से मन शांत हो जाता है और आनंद का अनुभव होने लगता है।

(d) अन्तर्मन में बहुत शक्ति होती है। वह हमारे निर्देशानुसार मन के बुरे विचार हटा कर अच्छे विचारों से भर देता है। जिससे खुशी मिलती है।

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) प्रश्नगत गद्यांश का उपयुक्त सारांश विकल्प (a) है, यथा- जब अन्तर्मन को प्रतिदिन शांत, स्थिर और खुश रहने का निर्देश मिलता है तो वह एक आज्ञाकारी किन्तु समझदार सेवक की तरह मन की सारी नकारात्मक गतिविधियों को हटाता जाता है और अच्छी व सुखद अनुभूतियों को प्रवाहित करने लगता है। मन शांत होने से आनंद का अनुभव होने लगता है और धीरे-धीरे यही आनंद भाव स्थायी हो जाता है।

199. बाह्य मन को कुछ देर के लिए शांत, स्थिर और गतिहीन कीजिए और अन्तर्मन को निर्देश दीजिए कि वह अपने संग्रह में से नकारात्मक यादों–अनुभूतियों को मिटा कर आपके लिए आनंद के अनमोल सच्चे मोती निकाल कर लाए।

उपरोक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और रेखांकित अंश की उपयुक्त उत्तर का चुनाव कीजिए:

(a) बाह्य मन सोचना बंद कर देता है तो बुरी यादें मन को शांत कर देती हैं और आनंद मिलता है।

(b) बाह्य मन की गतिहीनता आनंद उत्पन्न करने लगती है और शांति की अनुभूति होती है।

(c) जब बाह्य मन गतिहीन होकर शांत होता है और इस प्रक्रिया की प्रतिदिन पुनरावृत्ति होती है तो अन्तर्मन धीरे-धीरे इस स्थिरता और शांति को आदत में बदल देता है और अन्तर्मन में निहित सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होने लगती है। चित्त की उथल-पुथल और नकारात्मकता समाप्त होने से मन को शक्ति मिलती है और अन्तर्मन आनंदित और स्फूर्त रहने लगता है।

(d) जब बाह्य मन गतिहीन होकर शांत हो जाता है, तो अन्तर्मन धीरे-धीरे इस स्थिरता और शांति को अपना लेता है और चित्त की उथल-पुथल समाप्त होने से मन को शान्ति मिलती है और अन्तर्मन आनंदित और स्फूर्त रहने लगता है।

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (c) दिये गये रेखांकित अंश की उपयुक्त व्याख्या इस प्रकार है– 'जब बाह्य मन गतिहीन होकर शांत होता है और इस प्रक्रिया की प्रतिदिन पुनरावृत्ति होती है जिससे अन्तर्मन धीरे-धीरे इस स्थिरता और शांति को आदत में बदल देता है और अन्तर्मन में निहित सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होने लगती है। चित्त की उथल-पुथल और नकारात्मकता समाप्त होने से मन को शक्ति मिलती है और अन्तर्मन आनंदित और स्फूर्त रहने लगता है।'

समय का आदर करना ही उसका सदुपयोग करना है। जो व्यक्ति समय की सही कीमत जान लेता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त कर पाता है। यह धन से भी अधिक महत्वपूर्ण है। धन खोने पर वापस पाया जा सकता है परन्तु बीता हुआ समय नहीं लौटाया जा सकता है। छात्रों के जीवन में इसका अधिक महत्त्व है। जो छात्र इस उम्र में समय की कद्र करना सीख जाते हैं, वह भविष्य में तरक्की की ऊँचाईयों को छू लेते हैं। चाणक्य, गाँधी जी, अशोक आदि ने समय का सदुपयोग कर अपने पैरों के निशान छोड़ दिए। जीवन का प्रत्येक क्षण भविष्य का निर्माता है। जो लोग इसके महत्त्व को नहीं समझ पाते, वे केवल हाथ मलते रह जाते हैं। हम चाहे विश्राम कर लें परंतु समय कभी विश्राम नहीं करता। समय के प्रति सजगता मानव जीवन के लिए उपयोगी है। अतः छात्रों को समय की कीमत पहचानकर इसका सार्थक उपयोग करना चाहिए।

200. 'समय का सदुपयोग' का क्या अर्थ है?

(a) उसको संभालकर रखना (b) उसे व्यर्थ न करना

(c) उसका अनादर करना (d) उसे व्यर्थ करना

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (b) 'समय का सदुपयोग ' का अर्थ उसे व्यर्थ न करना तथा उसकी कीमत पहचानकर उसका सार्थक उपयोग करना।

201. छात्रों के लिए समय का सदुपयोग अधिक आवश्यक क्यों है?

(a) जो इसकी महत्ता समझते हैं वह सफल होते हैं।

(b) सदुपयोग करने से सदा विफल होते हैं।

(c) कभी भी सफल नहीं होते हैं।

(d) सदा पीछे रहते हैं।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) जो छात्र समय की महत्ता समझते हैं वही सफल होते हैं, क्योंकि छात्रों के जीवन में समय का अधिक महत्व है, जो छात्र इस उम्र में समय की कद्र करना सीख जाते हैं, वह भविष्य में तरक्की की ऊँचाइयों को छू लेते हैं।

202. समय धन से अधिक महत्वपूर्ण क्यों है?

(a) समय वापस मिल जाएगा पर धन नहीं।

(b) बहुत मेहनत से मिलता है।

(c) धन वापस मिल जाएगा पर समय नहीं।

(d) समय नहीं मिलता।

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (c) समय धन से भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि धन खोने पर वापस पाया जा सकता है, परंतु बीता हुआ समय लौटाया नहीं जा सकता।

203. निम्न में से कौन-सा विकल्प सजगता का पर्यायवाची नहीं है?

(a) प्रमाद (b) सतर्कता

(c) होशियारी (d) चौकन्नापन

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) सजगता का पर्यायवाची शब्द सतर्कता, होशियारी, चौकन्नापन है, जबकि प्रमाद का पर्यायवाची शब्द नशा, मद, उन्माद आदि है।

@RexstarPdf

204. इस अनुच्छेद का सबसे उपयुक्त शीर्षक बताएँ।

(a) जीवन और समय (b) छात्र जीवन और समय
(c) छात्र जीवन (d) समय का अनुपयोग

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (b) दिए गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'छात्र जीवन और समय' है।

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

पूँजीवाद समाज में लेखक, पुस्तक और पाठक के बीच बाजार आ गया है। इस बाजार के कारण लेखक का पाठक से सीधा संबंध नहीं रह पाता। इसलिए मार्क्स ने कहा है कि पूँजीवादी समाज में कला, साहित्य या लेखक के लिए एलियनेशन की समस्या सबसे बड़ी है। पुराने समाज में कला व कलाकार अपने समाज से पूरी तरह जुड़े थे। कला की रचना और सुरक्षा दोनों का दायित्व समाज का था। बाद में कला दरबार में आयी, कला और कलाकार का क्षेत्र संकुचित हुआ। कह सकते हैं कि इसमें उसका अजनबीपन या एलियनेशन और बढ़ा।

205. पूँजीवादी समाज में लेखक और पाठक के बीच क्या आ गया है?

(a) दरबार (b) प्रचार
(c) बाजार (d) समाचार

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (c) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार पूँजीवादी समाज में लेखक और पाठक के बीच 'बाजार' आ गया है।

206. पुराने समाज में कला की सुरक्षा का दायित्व किसका था?

(a) कलाकार का (b) बाजार का
(c) शासक का (d) समाज का

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (d) : पुराने समाज में कला की सुरक्षा का दायित्व 'समाज का' था।

207. कला क्षेत्र का संकुचन का आशय है–

(a) कला का दायरा बढ़ना
(b) कला का दायरा सीमित होना
(c) कला का उन्नयन
(d) कला का लोकप्रिय होना

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (b) : कला क्षेत्र के संकुचन का आशय 'कला का दायरा सीमित होना' है।

208. 'अजनबीपन' का आशय है–

(a) एकाकीपन (b) अपनापन
(c) सामुदायिकता (d) लोकप्रियता

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (a) : अजनबीपन का आशय 'एकाकीपन' है।

209. गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है–

(a) कला में पूँजीवाद (b) पूँजीवाद समाज में कला
(c) दरबारी साहित्य (d) कला और कलाकार

[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]

उत्तर. (a): गद्यांश का सर्वाधिक उपर्युक्त शीर्षक 'कला में पूँजीवाद' है।

साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त, विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी संपत्ति लगती है, उतनी इन दिनों कभी-कभी एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीनकाल से मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुंड-के-झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

210. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

(a) प्राचीन काल के पुस्तकालय
(b) पुस्तकालय का इतिहास
(c) पुस्तकों का संग्रह
(d) पुस्तकालय और भारत

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (d) : उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक 'पुस्तकालय और भारत' है।

211. गद्यांश में रेखांकित अंश का उचित उत्तर क्या होगा?

(a) साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक महत्वपूर्ण साधन पुस्तकालय है।
(b) पुस्तकालय भारत की प्रसिद्धि के कारण रहे हैं। इन पुस्तकालयों के कारण चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुंड-के-झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे। ये भारत के अतीत-गौरव का कारण है।
(c) भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे।
(d) मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। भारत ने संसार को पुस्तकों के संग्रह का महत्व सिखाया।

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

उत्तर. (b) 'पुस्तकालय भारत की प्रसिद्धि के कारण रहे हैं। इन पुस्तकालयों के कारण चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुंड-के-झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे। ये भारत के अतीत-गौरव का कारण हैं।' यह रेखांकित अंश की उचित व्याख्या है।

212. साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण साधन क्या है?

(a) देवालय (b) नृपालय
(c) पुस्तकालय (d) मुद्रणालय

[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]

@RexstarPdf

उत्तर. (c): साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण साधन पुस्तकालय है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा पुष्टि और अभिवृद्धि होती है।

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

ईर्ष्या का काम जलाना है; मगर, सबसे पहले वह उसी को जलाती है जिसके हृदय में उसका जन्म होता है। आप भी ऐसे बहुत से लोगों को जानते होंगे जो ईर्ष्या और द्वेष की साकार मूर्ति हैं, जो बराबर इस फिक्र में लगे रहते हैं कि कहाँ सुनने वाले मिलें कि अपने दिल का गुबार निकालने का मौका मिले। श्रोता मिलते ही उनका ग्रामोफोन बजने लगता है और वे बड़े ही होशियारी के साथ एक-एक काण्ड इस ढंग से सुनाते हैं, मानों विश्व कल्याण को छोड़कर उनका और कोई ध्येय नहीं हो। मगर, जरा उनके अपने इतिहास को भी देखिए और समझने की कोशिश कीजिए कि जबसे उन्होंने इस सुकर्म का आरंभ किया है, तबसे वे अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं या पीछे हटे हैं। यह भी कि अगर वे निंदा करने में समय और शक्ति का अपव्यय नहीं करते तो आज उनका स्थान कहाँ होता।

213. ईर्ष्या का काम है:

(a) रूलाना (b) हँसाना
(c) जलाना (d) नचाना

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (c) उपर्युक्त गद्यांश की प्रथम पंक्ति के अनुसार 'ईर्ष्या का काम 'जलाना' है; मगर, सबसे पहले वह उसी को जलाती है जिसके हृदय में उसका जन्म होता है।'

214. गद्यांश में प्रयुक्त 'ध्येय' का क्या अर्थ है?

(a) लक्ष्य (b) इच्छा (c) आदर्श (d) मूल्य

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (a) दिये गये गद्यखण्ड में प्रयुक्त 'ध्येय' शब्द का अर्थ 'लक्ष्य' है जो गद्य की पंक्तियों द्वारा स्पष्ट होता है। (श्रोता मिलते ही ..... कोई ध्येय नहीं हों।)

215. गद्यांश में ईर्ष्यालु व्यक्तियों की:

(a) प्रशंसा की गई है। (b) खिल्ली उड़ाई गई है
(c) स्तुति की गई है (d) उपासना की गई है।

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (b) दिये गये गद्यांश में ईर्ष्यालु व्यक्ति की 'खिल्ली उड़ाई गयी है' लेखक के विश्लेषणानुसार गद्य का सार है कि दिमाग की सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग सतत् उत्तम प्रयासों के सन्दर्भ में होना चाहिए; न कि ईर्ष्या के वशीभूत होकर नकारात्मकता का भण्डार बन जाने में। ईर्ष्या द्वेष के भाव सर्वप्रथम उसे ही अपना लक्ष्य बनाते हैं जिसके मन में ये भाव उत्पन्न होते हैं।

216. 'अपव्यय' का क्या अर्थ होता है?

(a) खर्च (b) कम खर्च
(c) अधिक खर्च (d) फिजूल खर्च

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर: (d) 'अपव्यय' दो शब्दों से मिलकर बना है। यह शब्द 'अप' उपसर्ग और 'व्यय' शब्द के संयोग से बना है, जिसका अर्थ 'फिजूल खर्च' है। अतः अपव्यय का सही अर्थ 'फिजूल खर्च' होगा।

217. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

(a) ईर्ष्या (b) निंदा
(c) ईर्ष्या से लाभ (d) अपव्यय

[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]

उत्तर : (a) दिये गये गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक 'ईर्ष्या' होना चाहिए क्योंकि दिये गये गद्यांश में ईर्ष्या के जन्म, उत्पन्न दोषों तथा ईर्ष्या से लोगों की मानसिकता किस प्रकार नकारात्मकता की ओर बढ़ चलती है आदि का वर्णन किया गया है।

निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

अनंत रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है-कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप में, कही रूखे, बेडौल या कर्कश रूप में, कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में, और कहीं उग्र रूप में, कराल या भयंकर रूप में। सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिर साहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। जो केवल प्रफुल्ल प्रसून प्रसाद के सौरभ-संचार, मकरंदलोलुप मधुकर के गुंजार, कोकिलकूजित निकुंज और शीतल सुखस्पर्श समीर की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोगलिप्सु हैं। इस प्रकार जो केवल मुक्तामासहिम बिंदुमंडित मरकताभ शाद्वलजाल, अत्यंत विशाल गिरिशिखर से गिरते जलप्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकरनीहारिका के बीच विविधवर्ण स्फुरण की विशालता, भव्यता और विचित्रता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं वे तमाशबीन हैं, सच्चे भावुक या सहृदय नहीं। प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें वाल्मीकि, कालिदास भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। पिछले खेमें के कवियों ने मुक्तक रचना में तो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग-अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है। प्रबंध रचना में थोड़ा-बहुत संश्लिष्ट चित्रण किया है, वह प्रकृति की विशेष रूपविभूति को लेकर ही।

218. उपरोक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक बताइए।

(a) प्रकृति का रूप (b) कवि और प्रकृति
(c) सच्चा कवि (d) प्रकृति का सौंदर्य

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (b) : उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक 'कवि और प्रकृति' है।

219. उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें कहाँ देखने को मिलते है?

(a) प्रबंध रचना में (b) मुक्तक रचना में
(c) पिछले खेवे के कवियों में
(d) वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

@RexstarPdf

उत्तर (d): प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं।

220. उपरोक्त गंद्यांश का संक्षेपण कीजिए।

(a) सच्चे कवि का हृदय प्रकृति के सभी रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिरसाहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है।

(b) जो केवल मुक्ताभासहिम बिंदुमंडित मरकताभ शाद्वलजाल, अत्यंत विशाल गिरिशिखर से गिरते जलप्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकरनीहारिका के बीच विविधवर्ण स्फुरण की विशालता, भव्यता और विचित्रता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं वे तमाशबीन हैं, सच्चे भावुक या सहृदय नहीं।

(c) प्रकृति के दो रूप हैं, एक सुंदर, दूसरा बेडौल। सच्चे कवि का हृदय दोनों में रमता हैं। किन्तु जो प्रकृति के बाहरी सौंदर्य का चयन अथवा उसकी सौंदर्य का चयन अथवा उसकी रहस्यमयता का उद्घाटन करता रह गया, वह कवि नहीं हैं। प्रकृति के सच्चे रूपों का चित्रण संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। प्रबंध काव्यों में उसका संश्लिष्ट वर्णन हुआ है।

(d) पिछले खेमें के कवियों ने मुक्तक रचना में तो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग-अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है। प्रबंध रचना में थोड़-बहुत संश्लिष्ट चित्रण किया है, वह प्रकृति की विशेष रूपविभूति को लेकर ही।

[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]

उत्तर (c) : संक्षेपण को लिखने के लिए मूल पाठ के एक तिहाई शब्दों का प्रयोग करना चाहिए।

उपरोक्त गद्यांश का उचित संक्षेपण इस प्रकार होगा-

प्रकृति के दो रूप हैं, एक सुंदर, दूसरा बेडौल। सच्चे कवि का हृदय दोनों में रमता है। किंतु जो प्रकृति के बाहरी सौन्दर्य का चयन अथवा उसकी सौन्दर्य का चयन अथवा उसकी रहस्यमयता का उद्घाटन करता रह गया वह कवि नहीं है। प्रकृति के सच्चे रूपों का चित्रण संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं प्रबंध काव्यों में उसका संश्लिष्ट वर्णन हुआ है।

भारतीय दर्शन सिखाता है कि जीवन का एक आशय और लक्ष्य है, आशय की खोज हमारा दायित्व है, और अंत में उस लक्ष्य को प्राप्त कर लेना हमारा विशेषाधिकार है। इस प्रकार दर्शन जो कि आशय को उद्घाटित करने की कोशिश करता है और जहाँ तक उसे इसमें सफलता मिलती है, वह इस लक्ष्य तक अग्रसर होने की प्रक्रिया है। कुल मिलाकर आखिर यह लक्ष्य क्या है? इस अर्थ में यथार्थ की प्राप्ति वह है जिसमें पा लेना केवल जानना नहीं है, बल्कि उसी का अंश हो जाना है। इस उपलब्धि में बाधा क्या है? बाधाएँ कई हैं, पर इनमें प्रमुख है–अज्ञान। अशिक्षित आत्मा नही है, यहाँ तक कि यथार्थ संसार भी नहीं है, यह दर्शन ही है जो उसे शिक्षित करता है, और अपनी शिक्षा से उसे उस अज्ञान से मुक्ति दिलाता है, जो यथार्थ दर्शन नहीं होने देता। इस प्रकार एक दार्शनिक होना एक बौद्धिक अनुगमन करना नहीं है, बल्कि एक शक्तिप्रद अनुशासन पर चलना है, क्योंकि सत्य की खोज में लगे हुए सभी दार्शनिक को अपने जीवन को इस प्रकार आचरित करना पड़ता है ताकि उस यथार्थ से एकाकार हो जाए जिसे वह खोज रहा है। वास्तव में यही जीवन का एक मात्र सही मार्ग है और सभी दार्शनिकों को इसका पालन करना होता है, और दार्शनिक ही नहीं, बल्कि सभी मनुष्यों को, क्योंकि सभी मनुष्यों के दायित्व और नियति एक ही है।

221. उपरोक्त गद्यांश का समुचित शीर्षक चुनिए।

(a) जीवन का एक आशय (b) मनुष्य की नियति

(c) भारतीय दर्शन और जीवन (d) अज्ञान से मुक्ति

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (c) : उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक 'भारतीय दर्शन और जीवन' है।

222. उपरोक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए।

(a) दर्शन जीवन का एक मात्र सही मार्ग है और सभी दार्शनिकों को इसका पालन करना होता है, और दार्शनिक ही नहीं, बल्कि सभी मनुष्यों को, क्योंकि सभी मनुष्यों के दायित्व और नियति एक ही है।

(b) भारतीय दर्शन सिखाता है कि जीवन का एक आशय और लक्ष्य है, आशय की खोज हमारा दायित्व है, और अंत में उस लक्ष्य को प्राप्त कर लेना हमारा विशेषाधिकार है।

(c) दर्शन जो कि आशय को उद्घाटित करने की कोशिश करता है और जहाँ तक उसे इसमें सफलता मिलती है, वह इस लक्ष्य तक अग्रसर होने की प्रक्रिया है।

(d) भारतीय दर्शन जीवन के लक्ष्य की खोज करके उसे पाने की प्रक्रिया भी बताता है। लक्ष्य को पा लेना उसे केवल जानना नहीं है, बल्कि उसका अंश हो जाना है, इस उपलब्धि में प्रमुख बाधा है अज्ञान, जिसे दर्शन ही दूर कर सकता है। इस प्रकार दार्शनिक को स्वयं अनुशासित होना पड़ता है ताकि वह यथार्थ से एकाकार हो जाए। इसी नाते अनुशासित आचरण का पालन सभी मनुष्यों को करना होता है।

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (d) : दिये गये गद्यांश का संक्षेपण होगा-

भारतीय दर्शन जीवन के लक्ष्य की खोज करके उसे पाने की प्रक्रिया भी बताता है। लक्ष्य को पा लेना उसे केवल जानना नहीं है, बल्कि उसका अंश हो जाना है, इस उपलब्धि में प्रमुख बाधा है अज्ञान, जिसे दर्शन ही दूर कर सकता है। इस प्रकार दार्शनिक को स्वयं अनुशासित होना पड़ता है ताकि वह यथार्थ से एकाकार हो जाए। इसी नाते अनुशासित आचरण का पालन सभी मनुष्यों को करना होता है।

223. उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि यथार्थ की प्राप्ति में प्रमुख बाधा क्या है?

(a) अज्ञान (b) दायित्व

(c) नियति (d) अनुशासन

[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]

उत्तर. (a) : दिये गये गद्यांश के अनुसार यथार्थ प्राप्ति की प्रमुख बाधा 'अज्ञान' है।

@RexstarPdf

30.

विविध

1. ग्रंथ के बचे हुए अंश, जो प्रायः अंत में जोड़े जाते हैं के लिए प्रयुक्त शब्द इनमें से क्या है?

(a) परिशिष्ट (b) सन्दर्भ सूची
(c) अनुक्रमणिका (d) परिशिष्टों

UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) किसी ग्रन्थ या पुस्तक के अंत में जोड़ा हुआ वह लेख जिसमें ऐसे अंक, व्याख्याएँ, कथाएँ अथवा अन्य कोई बात दी गई हो जिससे पुस्तक की उपयोगिता या महत्व बढ़ता हो, परिशिष्ट कहलाता है।

2. निम्नलिखित में से कौन-सी लक्षण की विशेषता है?

(a) व्यंगार्थ
(b) मुख्यार्थ
(c) रूढ़ि का प्रयोग
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)

उत्तर : (d) : जब किसी वक्ता द्वारा कहे गये शब्द के मुख्य अर्थ का बोध न हो परन्तु मुख्य अर्थ से संबंधित कोई अन्य अर्थ निकले, तो यह अन्य अर्थ देने वाली शब्द शक्ति, लक्षणा शब्द शक्ति कहलाती है। मुख्यार्थ तथा रुढ़ि का प्रयोग लक्षणा की विशेषता है।

3. इनमें से किस-से शब्द का आरंभ नहीं होता है?

(a) फ (b) ड़
(c) ड (d) ज

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : दिये गये विकल्पों में 'ड़' से किसी शब्द का आरंभ नहीं होता है जबकि 'फ','ड' और 'ह' से शब्द का आरम्भ होता है। अतः विकल्प **(b)** सही है।

4. शब्द की जिस शक्ति से उसके संकेतित अर्थ का बोध हो, वहाँ कौन-सी शब्द शक्ति होती है?

(a) शुद्ध लक्षणा
(b) अभिधा
(c) लक्षणा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर : (b) : शब्द के जिस शक्ति से उसके सांकेतिक अर्थ का बोध हो, वहाँ अभिधा शब्द शक्ति होती है। शब्द शक्तियां तीन प्रकार की होती हैं– (i) अभिधा (ii) लक्षणा (iii) व्यंजना।

5. वक्रोक्तिवाद के प्रतिपादक आचार्य हैं

(a) कुंतक
(b) मम्मट
(c) हेमचंद्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)

उत्तर (a) : 'कुंतक' वक्रोक्तिवाद के प्रतिपादक आचार्य हैं। वाक्रोक्ति के निम्नलिखित भेद हैं– (1) पदपूर्वार्ध वक्रता (2) पदपरार्ध वक्रता (3) वाक्य वक्रता (4) प्रकरण वक्रता (5) प्रबंध वक्रता है।

6. किस समूह में शब्द ठीक प्रकार से रखे गए हैं?

1. भाव वाचक संज्ञाएँ-निराशा, हताशा, भलाई, विजय, भाग्य
2. विशेषण-शक्तिशाली, पराधीन, सभ्य, स्वेच्छाचारी, पुराना
3. सर्वनाम- मैं, तुम, हम, तुम्हारा, क्या, क्यों
4. अकर्मक क्रियाएँ- लजाना, मरना, सोना, पढ़ना

(a) 1,2,3 (b) 2,3,4
(c) सभी ठीक हैं (d) सभी गलत हैं

UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)

उत्तर : (a) : उपर्युक्त प्रश्न में भाव वाचक संज्ञा, विशेषण एवं सर्वनाम शब्द-समूहों में शब्दों को क्रमशः ठीक प्रकार से रखा गया है। 'पढ़ना' शब्द सकर्मक क्रिया है जबकि इसे अकर्मक क्रिया के समूह में रखा गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः विकल्प (a) सही है।

7. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द का सही विकल्प है।
जहाँ भाषाओं का ..... होता है, वहाँ वास्तव में विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं।

(a) रहस्य (b) मिलन
(c) मतभेद (d) अलगाव

DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)

उत्तर : (b) उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द 'मिलन' होगा।
पूर्ण वाक्य– जहाँ भाषाओं का मिलन होता है, वहाँ वास्तव में विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं।

8. दिए गए वाक्य में उपयुक्त शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
मेहनत ही ——— है।

(a) जीवन (b) मृत्यु
(c) अभिसाप (d) परिश्रम

DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)

@RexstarPdf

उत्तर: (a) रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द 'जीवन' होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा – मेहनत ही जीवन हैं।

9. आचार्य भरत ने काव्य-दोषों की संख्या कितनी मानी है?
(a) दस (b) अनंत
(c) आठ (d) पाँच
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : : (a) आचार्य भरतमुनि ने 10 काव्य दोष बताए हैं।
आचार्य वामन ने 20 काव्य दोष बताए हैं।
भामह ने 21 काव्य दोष तथा आचार्य विश्वनाथ ने 70 काव्य दोष बताए हैं।

10. ग्यारहवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(a) 2018 (b) 2012
(c) 2019 (d) 2015
UPSI 29/11/2021 (Shift-II)
UPSI 01/12/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : ग्यारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन '18-20 अगस्त 2018' को मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस में सम्पन्न हुआ। वर्ष 2012 में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में एवं वर्ष 2015 में इस सम्मेलन का आयोजन भारत के भोपाल में सम्पन्न हुआ।

11. देरिदा का जन्म कहाँ हुआ था?
(a) अल्जीरिया (b) अमेरिका
(c) फ्रांस (d) जर्मनी
UPSI 12/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (a) : जैकी ओली देरिदा का जन्म वर्ष 1930 ई. में अल्जीरिया में हुआ था। ये एक फ्रांसीसी दार्शनिक थे जिन्हें अलौकिक विश्लेषण का एक रूप विकसित करने के लिए जाना जाता था।

12. काव्य-रीति के कितने भेद हैं?
(a) 2 (b) 4
(c) 8 (d) 3
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : किसी भी काव्य की रचना के लिए कवि द्वारा जिस शैली का प्रयोग किया जाता है, उसे काव्य रीति कहते हैं। रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य वामन 'रीति' को काव्य की आत्मा माना है। इनके अनुसार काव्य रीति के 'तीन' भेद हैं- (i) वैदर्भी (ii) गौड़ी (iii) पांचाली

13. इनमें से 'अभिनवगुप्त' का प्रमुख दार्शनिक मत क्या है?
(a) शैव (b) वेदान्त
(c) मीमांसा (d) सांख्य
UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) 'अभिनव गुप्त' एक दार्शनिक थे परन्तु साहित्य पर भी उनका असाधारण अधिकार था। आचार्य 'मम्मट' अभिनव गुप्त के गुरु थे। इनका दार्शनिक मत 'शैव' था।

आचार्य		**दार्शनिक मत**
भट्टलोलक	–	मीमांसा दर्शन
श्री शंकुक	–	न्याय दर्शन
भट्टनायक	–	सांख्य दर्शन
अभिनवगुप्त	–	शैव दर्शन

14. छठा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?
(a) नई दिल्ली
(b) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(c) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(d) लंदन (ब्रिटेन)
UPSI 14/11/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-I)
UPSI 28/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : छठा विश्व हिंदी सम्मेलन 'लंदन (ब्रिटेन)' में सम्पन्न हुआ था। विश्व हिंदी सम्मेलन हिंदी भाषा का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी 1975 ई. को भारत के 'नागपुर' शहर में हुआ था।

15. साधारणीकरण की व्याख्या में 'मधुमती की भूमिका' की परिकल्पना किस विद्वान की है?
(a) भगीरथ मिश्र (b) श्यामसुंदर दास
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) राममूर्ति त्रिपाठी
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (b) साधारणीकरण की व्याख्या में 'मधुमती की भूमिका' की परिकल्पना 'श्यामसुंदर दास' जी द्वारा की गयी है। साधारणीकरण की अवधारणा सर्वप्रथम 'भट्टनायक' ने प्रस्तुत किया था। इसीलिए उन्हें साधारणीकरण का प्रवर्तक माना जाता है।

16. 'खुदाबख्श' पुस्तकालय कहाँ स्थित है?
(a) जयपुर (b) अलीगढ़
(c) पटना (d) आगरा
UPSI 14/11/2021 (Shift-II)

उत्तर (c) : 'खुदाबख्श' पुस्तकालय 'पटना' में स्थित है। खुदाबख्श पुस्तकालय भारत के राष्ट्रीय पुस्तकालयों में से एक है। सन् 1891 में खान बहादुर खुदाबख्श द्वारा बिहार राज्य के पटना में जनता के लिए खोला गया था। वर्तमान में यह संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन है।

17. केन्द्रीय हिंदी संस्थान का मुख्यालय कहाँ है?
(a) आगरा (b) नई दिल्ली
(c) वर्धा (d) वाराणसी
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)
UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : केन्द्रीय हिन्दी संस्थान भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन एक उच्चतर शैक्षणिक एवं शोध संस्थान है। इसका मुख्यालय आगरा में एवं इसकी स्थापना 1960 ई. में हुई थी।

18. केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है?
(a) राजभाषा विभाग (b) उच्चतर शिक्षा विभाग
(c) विधायी विभाग (d) साहित्य अकादमी
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (a) केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान राजभाषा विभाग के तहत कार्यरत है।
राजभाषा विभाग भारत सरकार के अधीन (गृह मंत्रालय के अधीन) एक विभाग है। राजभाषा से संबंधित विधिक एवं संवैधानिक प्रावधानों के अनुपालन तथा संघ के कार्यालयी प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जून 1965 में गृहमंत्रालय में एक स्वतंत्र विभाग के रूप में राजभाषा विभाग की स्थापना की गयी थी।

@RexstarPdf

19. इनमें एक शब्द का अर्थ है- 'फाइल':

(a) मिसिल (b) मसला
(c) मसाला (d) मशाल

[UPPSC AE 2007]

उत्तर. (a) : 'मिसिल' शब्द 'फाइल' का समानार्थी शब्द है। जबकि 'मसला' का अर्थ समस्या से है, मसाला का अर्थ गुण, स्वाद आदि बढ़ाने की सामग्री धनिया, लौंग इत्यादि के मिश्रण से है, मशाल का अर्थ ऐसी लकड़ी या लोहे की छड़ जिसके एक सिरे पर रोशनी हेतु लाख रखकर जलाया जाता है।

20. 'यति' का क्या अर्थ है?

(a) चरण (b) गंण
(c) विराम (d) प्रवाह

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) 'यति' का अर्थ विराम है। यति का तात्पर्य रोक या रुकावट से होता है।

21. केन्द्र सरकारी कर्मचारियों के हिन्दी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में इनमें से कौन-सा शामिल नहीं है ?

(a) प्रबोध (b) प्रवीण
(c) पारंगत (d) निष्णात

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : केन्द्र सरकारी कर्मचारियों के हिन्दी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में प्रबोध, प्रवीण, पारंगत शामिल है, जबकि 'निष्णात' शामिल नहीं है।

22. सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?

(a) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद) (b) लंदन (ब्रिटेन)
(c) पारामारिबो (सूरीनाम) (d) पोर्ट लुई (मॉरीशस)

UPSI 20/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन पारामारिबो (सूरीनाम) में वर्ष 2003 में संपन्न हुआ था। आँठवाँ सम्मेलन वर्ष 2007 में न्यूयार्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) में संपन्न हुआ था।

23. नौवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?

(a) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(b) जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका)
(c) नई दिल्ली (भारत)
(d) पोर्ट लुई (मॉरीशस)

UPSI 20/11/2021 (Shift-III)
UPSI 27/11/2021 (Shift-III)

उत्तरः (b) नौवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) में संपन्न हुआ था। यह वर्ष 2012 ई. में हुआ था।
दसवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन वर्ष 2015 ई. में भोपाल (भारत) में हुआ था।
11वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन वर्ष 2018 ई. में पोर्ट लुई (मॉरिशस) में हुआ था।

24. दूसरा विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था?

(a) पोर्ट लुई (मॉरीशस) (b) नई दिल्ली (भारत)
(c) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद) (d) लंदन (ब्रिटेन)

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSI 25/11/2021 (Shift-I)
UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) दूसरा विश्व हिन्दी सम्मेलन अगस्त, 1976 ई. में मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुई में आयोजित हुआ था। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन जनवरी, 1975 ई. में नागपुर (भारत) में हुआ था। जिसमें विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना की आवश्यकता व्यक्त की गई।

25. व्याकरण का वह विभाग, जिसमें शब्दों के भेद, रूप, बनावट आदि का वर्णन होता है, वह क्या कहलाता है?

(a) शब्द विचार (b) वर्ण विचार
(c) वाक्य विचार (d) भाषा विचार

UPSI Batch - II 16 Dec.2017

उत्तर : (a) व्याकरण का वह विभाग जिसमें शब्दों के भेद, रूप, बनावट आदि का वर्णन होता है, उसे 'शब्द विचार' कहते हैं। जब वर्ण के भेद, रूप, बनावट पर विचार किया जाता है तब वह वर्ण विचार के अन्तर्गत आता है। जब भाषा को रेखांकित करके विचार किया जाता है तब वह भाषा विचार कहलाता है।

26. विश्व हिंदी सचिवालय का मुख्यालय कहाँ है?

(a) ब्रिटेन में (b) मॉरीशस में
(c) भारत में (d) अमेरिका में

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : वर्ष 1975 में नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन के दौरान मॉरीशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिवसागर रामगुलाम ने वैश्विक स्तर पर हिन्दी से संबंधित गतिविधियों के समन्वयन के लिए एक विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना का विचार रखा। अन्ततः भारत और मॉरीशस की सरकार के प्रयासों से विश्व हिन्दी सचिवालय ने 11 फरवरी, 2008 ई. से कार्य करना प्रारम्भ किया।

27. आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था?

(a) न्यूयॉर्क (अमेरिका)
(b) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(c) पोर्ट लुई (मॉरीशस)
(d) नई दिल्ली (भारत)

UPSI 21/11/2021 (Shift-I)
UPSI 27/11/2021 (Shift-I)

उत्तरः (a) : आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन (2007) न्यूयार्क (अमेरिका) में हुआ था।
प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन–नागपुर (भारत)
द्वितीय विश्व हिन्दी सम्मेलन–पोर्ट लुई (मॉरीशस)
अब तक कुल ग्यारह विश्व हिन्दी सम्मेलन ही आयोजित हुए हैं। ग्यारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन वर्ष 2018 ई. में मॉरीशस में हुआ था।

28. कला का मूल्यवादी दृष्टिकोण अथवा काव्य का मूल प्रयोजन इनमें से क्या माना जाता है?

(a) काव्य का मूल प्रयोजन आनंदानुभूति है।
(b) काव्य का मूल प्रयोजन नैतिकता की स्थापना है।
(c) काव्य का मूल प्रयोजन आस्वादन है।
(d) काव्य का मूल प्रयोजन सौंदर्यानुभूति है।

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : कला का मूल्यवादी दृष्टिकोण अथवा काव्य का मूल प्रयोजन नैतिकता की स्थापना है।

@RexstarPdf

29. किस सिद्धांत को मानने वाले साहित्यकार कला को सामाजिक परिवर्तन एवं सुधार का महत्वपूर्ण अस्त्र मानते हैं?

(a) मूल्यवादी (b) कलावादी
(c) मूल्यवादी तथा कलावादी (d) कोई नहीं

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर: (a) मूल्यवादी सिद्धांत को मानने वाले साहित्यकार कला को सामाजिक परिवर्तन एवं सुधार का महत्वपूर्ण अस्त्र मानते हैं।

30. पाँचवा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?

(a) नई दिल्ली (भारत)
(b) पोर्ट ऑफ़ स्पेन (त्रिनिदाद)
(c) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(d) लंदन (बिटेन)

UPSI 22/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (b) : पाँचवा विश्व हिंदी सम्मेलन 04-08 अप्रैल 1996 में 'पोर्ट आफ़ स्पेन (त्रिनिदाद)' में सम्पन्न हुआ था। इस सम्मेलन में 10 देशों ने भाग लिया था। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन भारत के नागपुर (महाराष्ट्र) में (वर्ष 1975 में) हुआ था। इसमें 30 देशों ने भाग लिया था तथा इस आयोजन का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था।

31. तीसरा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?

(a) 1983 (b) 1993
(c) 1999 (d) 1996

UPSI 23/11/2021 (Shift-III)
UPSI 23/11/2021 (Shift-II)
UPSI 24/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (a) : तीसरा विश्व हिंदी सम्मेलन वर्ष 1983 ई. में नई दिल्ली (भारत) में संपन्न हुआ। चतुर्थ विश्व हिन्दी सम्मेलन पोर्ट लुईस (मॉरीशस) में 1993 ई. में सम्पन्न हुआ। पाँचवा विश्व हिन्दी सम्मेलन वर्ष 1996 ई में त्रिनिडाड एवं टोबेगो में संपन्न हुआ।

32. भारतीय भाषा परिषद कहाँ पर स्थित है?

(a) कोलकाता (b) वाराणसी
(c) नई दिल्ली (d) मैसूर

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : भारतीय भाषा परिषद 'कोलकाता' में स्थित है। भारतीय भाषाओं की साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के उद्देश्य से 1975 में इसकी स्थापना की गयी, इसकी मासिक साहित्यिक पत्रिका 'वागर्थ' है।

33. 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 15 अगस्त (b) 21 फरवरी
(c) 26 जनवरी (d) 10 जनवरी

UPSI 23/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (b): 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' 21 फरवरी को मनाया जाता है। साल 2023 के अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का विषय ''बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा को बदलने की आवश्यकता'' रखा गया है। वर्ष 1999 में यूनेस्को द्वारा इसकी घोषणा की गयी और वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष मनाया जाने लगा।

34. खड्ग विलास प्रेस इनमें से किस स्थान से संबंधित है?

(a) दिल्ली (b) वाराणसी
(c) प्रयागराज (इलाहाबाद) (d) पटना

UPSI 24/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (d) : खड्ग विलास प्रेस पटना से संबंधित है। इस प्रेस की स्थापना उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी महाराज कुमार रामदीन सिंह ने सन् 1880 में की थी। इस प्रकाशन संस्थान ने भारतेन्दु हरिश्चंद्र, पंडित प्रताप नारायण मिश्र, पंडित अंबिका दत्त व्यास, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' आदि प्रभृति साहित्यकारों को प्रकाशकीय संरक्षण प्रदान किया और उनकी कृतियों के प्रकाशन पर मुक्तहस्त से व्यय किया।

35. केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय कहाँ है?

(a) हैदराबाद (b) नई दिल्ली
(c) आगरा (d) गुवाहाटी

UPSI 24/11/2021 (Shift-III)

उत्तर : (b) : केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय 'नई दिल्ली' में स्थित है, यह एक सरकारी विभाग है, हिन्दी का प्रचार-प्रसार करने और भारत के संविधान के अनुच्छेद-351 के अनुसरण को समग्र भारत की सम्पर्क भाषा के रूप में इसका विकास हुआ। केन्द्रीय हिंदी निदेशालय की **स्थापना-1 मार्च, 1960 ई.** में तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय अब मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत की गयी थी।

Note:- केन्द्रीय हिंदी निदेशालय का क्षेत्रीय कार्यालय- चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और गुवाहाटी में स्थित है।

36. 'नई समीक्षा' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किस विद्वान ने किया था?

(a) आई. आर. रिचर्ड्स (b) स्पिन्गार्न
(c) नार्थ फ्राइप (d) स्पेंगलर

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'नई समीक्षा' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 'जोएल स्पिन्गार्न' ने सन् 1911 ई. में किया, पर उसकी परिभाषा 'जॉन क्रो रेन्सम' ने अपनी पुस्तक "The new Criticism" में दी।

37. 'हिंदी का प्रहरी' इनमें से किसे कहा जाता है?

(a) मदनमोहन मालवीय (b) पुरुषोत्तम दास टंडन
(c) महात्मा गाँधी (d) काका कालेलकर

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (b) : 'हिन्दी का प्रहरी' 'पुरुषोत्तम दास टंडन' को कहा जाता है। वे भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनेता थे। वे हिंदी के अनन्य सेवक, कर्मठ पत्रकार, तेजस्वी वक्ता और समाज सुधारक भी थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करवाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान था।

38. वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार के किस मंत्रालय के तहत है?

(a) गृह मंत्रालय (b) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(c) शिक्षा मंत्रालय (d) विधि मंत्रालय

UPSI 29/11/2021 (Shift-I)

@RexstarPdf

उत्तर : (c) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार के 'शिक्षा मंत्रालय' के अंतर्गत आता है। आयोग का गठन भारत सरकार द्वारा 1 अक्टूबर 1961 को प्रख्यात वैज्ञानिक डा. डी. एस कोठारी की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोग हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों को परिभाषित एवं नये शब्दों का विकास करता है।

39. पाँचवां विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?

(a) 1993 (b) 1999
(c) 2003 (d) 1996

UPSI 01/12/2021 (Shift-III)

उत्तर : (d) : पाँचवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन वर्ष 1996 में संपन्न हुआ था। यह त्रिनिदाद एवं टोबेगो में संपन्न हुआ। छठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन वर्ष 1999 में लंदन (ब्रिटेन) में संपन्न हुआ। 11वाँ सम्मेलन 2018 में पोर्ट लुई मॉरिशस में सम्पन्न हुआ।

40. 'हंड्रेड पोएम्स ऑफ़ कबीर' पुस्तक के संपादक इनमें से कौन हैं?

(a) परशुराम चतुर्वेदी (b) एवलीन अंडरहील
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर (d) क्षितिमोहन सेन

UPSI 28/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (c) : 'हंड्रेड पोएम्स ऑफ़ कबीर' पुस्तक के सम्पादक 'रवीन्द्रनाथ टैगोर' हैं। इस पुस्तक का प्रकाशन 'एवलीन' द्वारा किया गया। इस पुस्तक में कबीर ने सूफीवाद और हिंदू धर्म के दर्शन को जोड़ा है।

41. 'लेखक की मृत्यु' की घोषणा इनमें से किस विद्वान ने की?

(a) रोला बार्थ (b) लायन टिलिंग
(c) एडमंड विल्सन (d) जैक देरिदा

UPSI 21/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : 'लेखक की मृत्यु' की घोषणा रोला बार्थ ने की। ये फ्रांस के प्रमुख साहित्यकार, आलोचक, दार्शनिक थे। इनकी प्रमुख रचनाएँ- 'दी डेथ ऑफ दी आथर' (लेखक की मृत्यु) एक प्रसिद्ध निबंध है। अन्य-राइटिंग डिग्री जीरों, एलीमेंट्स ऑफ सीमियोलॉजी, दी लास्ट हैपी राईटर एवं माइथोलॉजीज हैं।

42. 'विखंडनवाद' का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किसने दिया है?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) प्लेटो
(c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (d) देरिदा

UPSI 12/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'विखण्डनवाद का सिद्धान्त' 'देरिदा' ने दिया है। देरिदा फ्रांसीसी दार्शनिक थे जिन्होंने साहित्य के क्षेत्र में भी विशेष योगदान दिया था।

43. चौथा विश्व हिन्दी सम्मेलन किस वर्ष में संपन्न हुआ था?

(a) 1993 (b) 1996
(c) 1999 (d) 2003

UPSI 20/11/2021 (Shift-I)
UPSI 24/11/2021 (Shift-III)
UPSI 16/11/2021 (Shift-II)

उत्तर: (a) चौथा विश्व हिन्दी सम्मेलन वर्ष 1993 में संपन्न हुआ था। यह पोर्ट लुइस (मॉरीशस) में हुआ था।

प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन – 1975 – नागपुर (भारत)
द्वितीय विश्व हिन्दी सम्मेलन – 1976 – पोर्ट लुइस (मॉरीशस)
तृतीय विश्व हिन्दी सम्मेलन – 1983 – नई दिल्ली (भारत)
पाँचवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन – 1996 – पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद एवं टुबैगो)

44. ''भारत की खोज'' किस की कृति है?

(a) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (b) जवाहर लाल नेहरू
(c) सुभाष चंद्र बोस (d) महात्मा गांधी

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर : (b) ''भारत की खोज'' पुस्तक जवाहर लाल नेहरू की है। नेहरू जी द्वारा 'गिम्सेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री', 'मेरी कहानी' (आत्मकथा) पुस्तकें लिखी गई। गाँधी जी द्वारा लिखित चार पुस्तकें हैं– हिंद स्वराज, दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास, सत्य के प्रयोग (आत्मकथा) तथा गीता पदार्थ कोश। भारत का संघर्ष (पूर्ण) तथा 'एक भारतीय यात्री' (अपूर्ण आत्मकथा) सुभाष चन्द्र बोस की रचनायें हैं।

45. 'सत्यार्थ प्रकाश' ग्रंथ की भाषा है-

(a) संस्कृत (b) हिंदी
(c) गुजराती (d) मराठी

उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001

Ans : (b) 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना आर्य समाज के संस्थापक 'महर्षि दयानन्द सरस्वती' ने की थी। इस ग्रंथ की भाषा हिन्दी है। इनके द्वारा रचित अन्य कृतियाँ–ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका, पंच महायज्ञ विधि, गोकरुणानिधि, व्यवहार भानु आदि हैं।

46. 'असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृती' पंक्ति किस लेखक की है?

(a) विद्यानाथ (b) अप्पयदीक्षित
(c) केशव मिश्र (d) जयदेव

UPSI 16/11/2021 (Shift-I)

उत्तर : (d) : 'असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृती' पंक्ति जयदेव की है। यह उड़ीसा के गजपति राजाओं के समकालीन थे।

47. मुख्यार्थ की बाधा होने पर रुढ़ि या प्रयोजन से अन्य अर्थ का ग्रहण होता है वह शब्द-शक्ति क्या कहलाती है?

(a) लक्षणा (b) अभिधा
(c) काव्य-दोष (d) व्यंजना

UPSI 25/11/2021 (Shift-II)

उत्तर : (a) : जिस मुख्यार्थ की बाधा होने पर रूढ़ि या प्रयोजन से अन्य अर्थ का ग्रहण होता है वह शब्द-शक्ति 'लक्षणा' कहलाती है।
शब्द शक्ति-शब्द की शक्ति उसके अंतर्निहित अर्थ को व्यक्त करने का व्यापार है अर्थ का बोध कराने में 'शब्द' कारण है और अर्थ का बोध कराने वाले व्यापार को शब्दशक्ति कहते हैं।
शब्द शक्ति तीन प्रकार की होती है।
(1) अभिधा (2) व्यंजना (3) लक्षणा

@RexstarPdf

48. निम्नलिखित में से 'महीसुर' शब्द का अर्थ है

(a) पृथ्वी का रक्षक (b) महिषासुर
(c) राक्षस (d) ब्राह्मण

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (d) : महीसुर का अर्थ-'ब्राह्मण' होता है।

49. 'चीनांशुक' शब्द का अर्थ है

(a) तंतु (b) रेणु
(c) रेशम (d) चीनी मिट्टी

UPPSC AE 13.12.2020

उत्तर. (c) : चीनांशुक शब्द का अर्थ – रेशम है।

50. 'आलोचकों के अनुरूप हमें अपनी रचना में परिवर्तन करना होगा। इस वाक्य में किसी एक शब्द का सन्दर्भ और भाव की दृष्टि से उपयुक्त प्रयोग नहीं हुआ है। उस शब्द का चयन कीजिए

(a) आलोचकों (b) अनुरूप
(c) रचना (d) परिवर्तन

[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]

उत्तर : (b) 'आलोचकों के अनुरूप हमें अपनी रचना में परिवर्तन करना होगा।' वाक्य में 'अनुरूप' शब्द का प्रयोग अनुचित है, यहाँ पर 'अनुरूप' के स्थान पर 'अनुसार' का प्रयोग उपयुक्त होगा।

51. 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' किस नगर में स्थित है-

(a) वाराणसी (b) इलाहाबाद
(c) पटना (d) दिल्ली

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b) : हिन्दी साहित्य सम्मेलन 'इलाहाबाद' (प्रयागराज) उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसकी स्थापना 1 मई, 1910 ई. में हुई। मदनमोहन मालवीय इसके प्रथम सभापति थे। जबकि 'साहित्य अकादमी' दिल्ली में है और 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना 'वाराणसी' में 1893 ई. में हुई थी।

52. इनमें एक राज्य हिन्दी भाषी है-

(a) गुजरात (b) हिमाचल प्रदेश
(c) पंजाब (d) महाराष्ट्र

[UKPSC AE 2012]

उत्तर. (b): 'हिमाचल प्रदेश' हिन्दी भाषी क्षेत्र है। अन्य हिन्दी भाषी क्षेत्र निम्नवत् हैं- उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड। अन्य भाषाएँ इस प्रकार हैं- गुजरात में गुजराती भाषा, पंजाब में पंजाबी भाषा और महाराष्ट्र में मराठी भाषा।

53. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो पक्ष के भेद का सही विकल्प हो।
अब सीता चलने लगी है।

(a) प्रगतिद्योतक पक्ष (b) आरंभद्योतक पक्ष
(c) पूर्णताद्योतक पक्ष (d) सातत्यद्योतक पक्ष

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर: (b) 'अब सीता चलने लगी है।' वाक्य में आरंभद्योतक पक्ष का बोध हो रहा है।

आरंभद्योतक पक्षः- इस पक्ष में क्रिया के आरंभ होने की स्थिति का बोध होता है। जैसे-अब मोहन खेलने लगा है।
सातत्यबोधक पक्षः- इस पक्ष में क्रिया की प्रक्रिया की निरन्तरता का बोध होता है। जैसे- रमा कितना स्वादिष्ट भोजन पका रही है।
प्रगतिद्योतक पक्षः- इसमें क्रिया की निरंतर प्रगति का बोध होता है। यथा-अनीता प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।
पूर्णताद्योतक पक्षः- इस पक्ष के अन्तर्गत क्रिया की पूर्ण समाप्ति का ज्ञान होता है। उदाहरण-वह तब तक चला गया था।
क्रिया प्रक्रिया की इकाई के रूप में निम्नवत् वर्गीकरण किया जाता है-
नित्यता बोधक पक्षः- इस पक्ष के अन्तर्गत क्रिया के आद्यन्त का निश्चय नहीं हो पाता अर्थात् क्रिया सदैव एक समान बनी रहती है। यथाः-
सूर्य के बाद ही चन्द्रमा का उदय होता है।
अभ्यासद्योतक पक्षः- इस पक्ष के अन्तर्गत क्रिया के नैसर्गिक रूप से होने की सूचना प्राप्त होती है। जैसे- दीपा लगातार पढ़ाई करती थी, इसलिए कक्षा में प्रथम आई।

54. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो वृत्ति के सही भेद का विकल्प हो।
जरा मेरी सहायता कीजिए।

(a) विध्यर्थ (b) निश्चयार्थ
(c) संदेहार्थ (d) संकेतार्थ

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]

उत्तर : (a) दिए गए वाक्य 'जरा मेरी सहायता कीजिए' में 'सहायता कीजिए' इच्छा बोधक है, अतः 'कीजिए' क्रिया रूप से 'विध्यर्थ' का बोध होता है।
विध्यर्थ- विध्यर्थ का अर्थ है- 'विधि सम्बन्धी तात्पर्य अथवा क्रिया करने का भाव।'

55. संक्षेपण मूल पाठ से कितने कम शब्दों में लिखना चाहिए?

(a) आधे (b) एक-तिहाई
(c) तीन-चौथाई (d) दो-तिहाई

[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]
[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]

उत्तर : (b) 'संक्षेपण' एक स्वत: पूर्ण रचना है। किसी विस्तृत विवरण, सविस्तार व्याख्या, वक्तव्य, पत्र व्यवहार या लेख के तथ्यों और निर्देशों के ऐसे संयोजन को संक्षेपण कहते हैं, जिसमें अप्रासंगिक, असम्बद्ध, पुनरावृत्त और अनावश्यक बातों का त्याग तथा सभी अनिवार्य, उपयोगी तथा मूल तथ्यों का प्रवाहपूर्ण संक्षिप्त संकलन हो। संक्षेपण मूल पाठ से 'एक तिहाई' शब्दों में लिखा जाना चाहिए। पूर्णता, स्पष्टता, भाषा की सरलता, शुद्धता और प्रवाहपूर्ण क्रमबद्धता इसकी अन्य विशेषतायें हैं।

56. साहित्य के क्षेत्र में प्रथम नोबेल पुरस्कार किसे मिला?

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) अमर्त्य सेन
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) मैथिलीशरण गुप्त

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

@RexstarPdf

उत्तर. (a): साहित्य के क्षेत्र में प्रथम नोबेल पुरस्कार रवीन्द्रनाथ टैगोर को दिया गया। इनके द्वारा रचित उपन्यास– राजर्षि, चतुरंग, चार अध्याय तथा कविता– गीतांजलि, भग्नहृदय (गीतिकाव्य) आदि इनका महत्वपूर्ण रचनाएँ हैं।
''जन, गण, मन, अधिनायक'' राष्ट्रगान इन्होंने ने ही लिखा था।

57. भारतीय भाषाओं को भारतीय संविधान के किस अनुसूची में शामिल किया गया है?

(a) अष्टम् (b) सप्तम्
(c) नवम् (d) दशम्

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (a) : भारतीय भाषाओं को भारतीय संविधान के अष्टम् अनुसूची में शामिल किया गया है।

58. संस्कृत भाषा में अक्षरों की संख्या कितनी है?

(a) 44 (b) 45
(c) 46 (d) 49

[UPSI 19.07.2017 Shift II]

उत्तर. (d) : संस्कृत वर्णमाला में 49 अक्षर होते हैं। जिसमें 14 स्वर और 33 व्यंजन एवं 2 स्वराश्रित होते हैं।

59. सूर्योदय से कौन पक्षी प्रसन्न होता है?

(a) चक्रवाक (b) चकोर
(c) चातक (d) कटक

[लेखपाल भती परीक्षा 2008]

उत्तर : (a) सूर्योदय से 'चक्रवाक पक्षी' प्रसन्न होता है। चक्रवाक को चकवा भी कहते हैं। रात्रि के समय प्रकृति के नियमानुसार नर व मादा दोनों परस्पर पृथक रहते हैं किन्तु सूर्योदय के होते ही दोनों का सम्मिलन हो पाता है। फलतः प्रसन्न हो जाते हैं।

60. श्रव्य प्रसारण माध्यम के अन्तर्गत रखा जा सकता है-

(a) समाचार-पत्र (b) रेडियो
(c) विविध पत्रिकाएँ (d) पोस्टर

[MPTET (I-V) 2011]

उत्तर. (b) : 'रेडियो' को श्रव्य प्रसारण माध्यम के अन्तर्गत रखा जाता है। शेष प्रिन्ट माध्यम के लिए प्रयुक्त होते हैं।

61. सुमेल कीजिए।

I.	**हिन्दी साहित्य सम्मेलन**	**A.**	**1893**
II.	**काशी नागरी प्रचारिणी सभा**	**B.**	**1918**
III.	**राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा**	**C.**	**1910**

	I	II	III
(a)	A	B	C
(b)	C	B	A
(c)	B	A	C
(d)	C	A	B

[CTET (I-V) 08.01.2019]

उत्तर. (d) : दी गई साहित्यिक संस्थाओं एवं उनके स्थापना वर्ष का सही सुमेल निम्नलिखित है–

(i) हिन्दी साहित्य सम्मेलन 1910
(ii) काशी नागरी प्रचारिणी सभा 1893
(iii) राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, वर्धा 1918

नोट– राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, वर्धा की स्थापना महात्मा गाँधी की प्रेरणा से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में सन् 1936 ई. में वर्धा (महाराष्ट्र) में हुई, परन्तु प्रश्न में 1918 दिया गया है। अतः प्रश्न त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है।

62. पद परिचय को क्या नहीं कहा जाता है?

(a) पद संगठन (b) पद निर्देश
(c) पदान्वय (d) पद निर्णय

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर. : (a) पद परिचय को पद संगठन नहीं कहा जाता है। अन्य विकल्प प्रश्न के संदर्भ में असंगत हैं।

63. निम्न प्रश्न में समूहार्थक शब्द को छाँटिए-

(a) कार्य (b) आवश्यकता
(c) समवाय (d) पूर्ति

मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015

उत्तर. : (c) दिये गये विकल्पों में **समवाय** शब्द ही समूहार्थक भाव को व्यक्त करता है।

64. समूहार्थक शब्द चिन्हित कीजिए।

(a) पुरुष (b) स्त्री
(c) मनुष्य (d) भीड़

ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

उत्तर. : (d) 'भीड़' शब्द समूह को दर्शाता है जबकि अन्य नहीं।

65. समूहार्थक शब्द को चिह्नित कीजिए–

(a) स्तवक (b) पुरुष
(c) गमला (d) गुलाब

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. : (a) 'स्तवक' का अर्थ 'फूलों का गुच्छा या गुलदस्ता' है जो समूहार्थक शब्द है। अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

66. पास ही पास शब्द में किस प्रकार की द्विरुक्ति हुई है?

(a) क्रियाविशेषण (b) विभक्तियुक्त शब्द की
(c) विशेषण शब्द की (d) सर्वनाम शब्द की

UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift

उत्तर: (b) पास ही पास शब्द में 'विभक्तियुक्त शब्द की' द्विरुक्ति हुई है।

67. अनुरूपता का पालन करते हुए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर उपयुक्त पद भरें।

शरीर : आत्मा :: शब्द : ?

(a) रचना (b) वर्तनी
(c) अर्थ (d) स्वर

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (c) अनुरूपता के अनुसार प्रश्न चिह्न के स्थान पर **'अर्थ'** शब्द रखा जायेगा, अतः–
शरीर : आत्मा : : शब्द : अर्थ
क्योंकि शरीर का जो सम्बन्ध आत्मा से है, वही शब्द का सम्बन्ध अर्थ से है।

@RexstarPdf

68. 'तोला' शब्द क्या मापने की इकाई है?

(a) दूरी (b) इनमें से कोई नहीं
(c) लम्बाई (d) वजन

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर : (d) 'तोला' शब्द वजन मापने की इकाई होती है। अन्य तीनों त्रुटिपूर्ण हैं।

69. किस वर्ष में लार्ड विलियम बेंटिंक ने 'अंग्रेजी शिक्षा एक्ट' को लागू करवाया था?

(a) 1839 (b) 1835
(c) 1841 (d) 1855

UPSI Batch - I 22 Dec.2017

उत्तर. (b) : दिये गये विकल्पों के आधार पर लार्ड विलियम बेंटिंक ने 'अंग्रेजी शिक्षा एक्ट' 1835 में लागू करवाया था।

70. नेपोलियन के शब्दकोश में कौन-से शब्द नहीं थे?

(a) स्वतंत्रता (b) साहस
(c) अहिंसा (d) असाध्य, असम्भव

UPSI Batch - III 16 Dec.2017

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर नेपोलियन के शब्दकोश में असाध्य और असम्भव शब्द नहीं थे। अतः दिये गये विकल्पों में विकल्प (d) सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प है।

71. परिवर्तन करने वाले लोगों की क्या खासियत होती है?

(a) वे कभी पीछे नहीं देखते।
(b) वे दुनियादारी से दूर रखते हैं।
(c) वे अपने उद्देश्य की तरफ बिना हिचकिचाहट के चलते हैं
(d) वे अपने काम से काम रखते हैं

UPSI Batch - II 15 Dec.2017

उत्तर: (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर परिवर्तन करने वाले लोगों की खासियत है कि वे अपने उद्देश्य की तरफ बिना हिचकिचाहट के चलते हैं।

72. 'भूडोल' का अर्थ क्या है?

(a) भीतर (b) सुमेरन
(c) जलजला (d) देवांगना

UPSI Batch - III 14 Dec.2017

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में से 'भूडोल' का सम्यक् अर्थ – 'जलजला' होता है। अन्य विकल्पगत शब्द भूडोल के साथ असंगत हैं।

73. वेदों की संख्या कितनी है?

(a) 2 (b) 4
(c) 1 (d) 3

UPSI Batch - I 14 Dec.2017

उत्तर :(b) वेदों की संख्या चार (4) है– ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद।

74. मनुष्य जीवन में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ के अलावा एक आश्रम और भी है। वह चौथा आश्रम कौन-सा है?

(a) मोक्ष (b) दंड
(c) क्षत्रिय (d) संन्यास

UPSI Batch - III 12 Dec.2017

उत्तर : (d) दिये गये विकल्पों के आधार पर मनुष्य जीवन में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ के अलावा एक आश्रम और भी है और वह चौथा आश्रम 'संन्यास' है।

75. रस्सी को साँप समझ लेना क्या है?

(a) संदेह (b) अंधविश्वास
(c) भावना (d) भ्रम

UP SI 2001

उत्तर : (d) रस्सी को साँप समझ लेना अर्थात् कोई व्यक्ति रस्सी को ही साँप मान लेता है जो 'भ्रम (भ्रांति)' की दशा को दर्शाता है जबकि संदेह होने कि स्थिति में दुविधा बनी रहती है।

शब्दों के अर्थ विकल्पों में दिए गए हैं। इनमें कोई एक विकल्प गलत है अर्थात् (उस शब्द का अर्थ नहीं है) उस विकल्प का चयन कीजिए।

76. तक्षक

(a) बढ़ई (b) सूत्रधार
(c) शिलान्यास (d) विश्वकर्मा

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (c): तक्षक का आशय बढ़ई, सूत्रधार तथा विश्वकर्मा से है, जबकि शिलान्यास इन तीनों से भिन्न अर्थ वाला शब्द है।

77. भाव

(a)भवन (b) दर
(c)विचार (d) अभिप्राय

ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016

उत्तर. (a) : भाव का आशय दर, विचार तथा अभिप्राय से है जबकि भवन इन तीनों से भिन्न अर्थ वाला शब्द है।

नीचे दिए गए शब्द के लिए अर्थव्यंजक चार-चार विकल्प दिए गए हैं। सर्वाधिक उपयुक्त अर्थव्यंजक विकल्प चुनकर लिखें।

78. गयन्द

(a) बड़ा घोड़ा (b) जंगली भैंसा
(c) गैंडा (d) बड़ा हाथी

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर. : (d) गयन्द का अर्थ 'बड़ा हाथी' है।

79. मूढ़चेता

(a) मूर्ख जो बाद में चतुर बन गया हो
(b) आलसी
(c) मूर्ख
(d) दूसरों को मूर्ख बनाने वाला

कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015

उत्तर. : (c) मूढ़चेता का अर्थ है- 'मूर्ख', जबकि अन्य तीनों विकल्प संगत नहीं हैं।

@RexstarPdf

नीचे लिखे मुख्य शब्द के चार अर्थ दिये गये हैं। सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ का चयन कीजिए।

80. रंग भवन

(a)रंगा हुआ भवन (b) रंग बनाने का कारखाना
(c)नाट्य गृह (d) रंगरेलियाँ मनाने का स्थान

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर.: (c) 'रंग भवन' का अर्थ 'नाट्य गृह' है। रंग (नाट्य) का मंच (स्टेज) का अर्थ रंगमंच है।

81. प्रतिघात

(a) चोट के बदले चोट (b) भारी चोट
(c) हत्या (d) उल्टे हाथ से चोट

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. : (a) 'प्रतिघात' का अर्थ 'चोट के बदले चोट'
'हत्या' का अर्थ 'हाथ से प्राण हरना।'

82. त्रिकालज्ञ

(a)तीन समय तक (b) तीनों समय होने वाला
(c)कालतीत (d) सर्वज्ञ

वन रक्षक परीक्षा, 2015

उत्तर. : (d) 'त्रिकालज्ञ' का अर्थ है तीनों कालों का ज्ञानी अर्थात सब कुछ जानने वाला = सर्वज्ञ

83. नीचे दिए गये दोहे को ध्यान से पढ़ें और उससे जुड़े प्रश्न का जवाब दें।

''जो रहीम ओछो बढ़े, तौ अति ही इतराय। प्यादे सों फरजी भयो, टेढ़ों टेढ़ों जाय।''

'प्यादे' शब्द का निकटतम मतलब क्या होगा?

(a) व्यापारी (b) सैनिक
(c) लुटेरे (d) जासूस

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर: (b) दिये गये दोहे ''जो रहीम ओछो बढ़ै.....टेढ़ों-टेढों जाये'' में प्यादे शब्द का मतलब 'सैनिक' होगा। शेष विकल्प गलत हैं।

84. नीचे दिए गये दोहे को ध्यान से पढ़ें और उससे जुड़े प्रश्न का जवाब दें।

''जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग। चन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।''

इनमें से किस सूक्ति का मतलब इस दोहे के बिल्कुल उल्टा है?

(a) पूत के पैर पालने में ही दिख जाते हैं।
(b) सौ सोनार की एक लोहार की।
(c) संगत से गुण होत है, संगत से गुण जात।
(d) काल करे सो आज कर आज करे सो अब।

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर: (c) दिये गये दोहे 'जो रहीम उत्तम प्रकृति..... लिपटे रहत भुजंग। उपर्युक्त दोहे का बिल्कुल उल्टा वाक्य होगा– संगत से गुण होत हैं, संगत से गुण जात।

85. नीचे दिए गये दोहे को ध्यान से पढ़ें और उससे जुड़े प्रश्न का जवाब दें।

''रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय, सुनि इठलैहैं लोग सब, बांटि न लैहैं कोय।''

इस दोहे का क्या आशय है?

(a) अपना दुःख दूसरों को बताकर कोई लाभ नहीं।
(b) सुख और दुःख सब कर्मों से निर्धारित होते हैं।
(c) सुख का असली मजा तभी है जब हमने दुःख भी झेले हों।
(d) दूसरों के मन का दुःख कम करने से खुद के दुःख भी दूर हो जाते हैं।

UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018

उत्तर: (a) दिये गये दोहे ''रहिमन निज मन की बिधा ..... बाँटी लैहैं कोय'' का उपयुक्त आशय होगा– ''अपना दुःख दूसरों को बताकर कोई लाभ नहीं।''

86. श्रीमती इन्दिरा गाँधी के पति का नाम क्या है?

(a) फिरोज गाँधी (b) महात्मा गाँधी
(c) संजय गाँधी (d) सत्यजीत गाँधी

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

Ans : (a) इन्दिरा गाँधी के पति का नाम फिरोज गाँधी था तथा इनके पुत्रों का नाम क्रमश: राजीव गाँधी और संजय गाँधी था।

87. निम्नलिखित नारियों में रावण की पत्नी कौन थी?

(a) द्रौपदी (b) मंदोदरी
(c) गंधारी (d) लंकिनी

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

Ans : (b) प्रस्तुत विकल्पों में से रावण की पत्नी मंदोदरी थी।

88. सिद्धार्थ की पत्नी का नाम था –

(a) यशोदा (b) जसोदा
(c) अहल्या (d) यशोधरा

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

Ans: (d) सिद्धार्थ की पत्नी का नाम 'यशोधरा' था जबकि श्री कृष्ण की माता का नाम यशोदा, तथा गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहल्या था। जसोदा गलत शब्द है।

89. 45 को हिन्दी में ..... कहते हैं–

(a) पैंतालिस (b) पाँच चालीस
(c) पचपन (d) पैंतालीस

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

Ans: (d) 45 को हिन्दी में पैंतालीस कहते हैं, जबकि '55' को 'पचपन' कहते हैं तथा पैंतालिस, पाँच चालीस शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।

90. पंच पाण्डवों की माँ हैं .....

(a) गांधारी (b) कुन्ती
(c) द्रौपदी (d) मंदोदरी

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

@RexstarPdf

Ans: (b) पंच पाण्डवों की माँ का नाम 'कुन्ती' था, जबकि धृतराष्ट्र की पत्नी का नाम 'गांधारी', पाण्डवों की पत्नी का नाम 'द्रौपदी' व रावण की पत्नी का नाम 'मंदोदरी' था।

91. नेहरू जी की माताजी का नाम ..... था–

(a) लक्ष्मीबाई (b) स्वरूपरानी
(c) इन्दिरा गाँधी (d) चेन्नम्मा

DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)

Ans : (b) नेहरू जी की माताजी का नाम 'स्वरूपरानी' था।

नीचे दिए गए शब्दों में से विजातीय शब्दों को चुनकर लिखिए।

92. (a) गाय (b) बैल
(c) घोड़ा (d) सिंह

DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)
DSSSB TGT (28.12.2014)

उत्तर : (a) : दिये गये शब्दों में से 'गाय' विजातीय शब्द है क्योंकि घोड़ा, बैल तथा सिंह पुल्लिंग शब्द हैं और 'गाय' स्त्रीलिंग शब्द है।

93. (a) काफी (b) भात
(c) दूध (d) चाय

DSSSB - TGT (28-12-2014)
DSSSB-P.G.T. (30-11-2014)
DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)

उत्तर : (b) : दिये गये शब्दों में से 'भात' विजातीय शब्द है क्योंकि कॉफी, दूध तथा चाय पेय पदार्थ हैं तथा 'भात' खाद्य पदार्थ है।

94. (a) वह (b) मैं
(c) तुम (d) राम

DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)

उत्तर : (d) : दिये गये शब्दों में से 'राम' विजातीय शब्द है क्योंकि राम व्यक्ति वाचक संज्ञा है, जबकि वह, मै, तुम क्रमश: अन्य पुरुष, उत्तम पुरुष तथा मध्यम पुरुष हैं।

95. (a) बालक (b) बालकें
(c) बालिका (d) आम

DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)

उत्तर : (c) : दिये गये शब्दों में, से 'बालिका' विजातीय शब्द है क्योंकि बालक, बालकों, आम पुल्लिंग शब्द के उदाहरण हैं; जबकि बालिका स्त्रीलिंग का द्योतक है।

96. (a) कुर्सी (b) गाय
(c) मेज़ (d) पलंग

DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)

उत्तर : (d) : दिये गये शब्दों में से 'पलंग' विजातीय शब्द है क्योंकि गाय, कुर्सी तथा मेज़ स्त्रीलिंग शब्द हैं; जबकि 'पलंग' पुल्लिंग शब्द है।

97. $2\frac{1}{2}$ को हिन्दी में ..... कहते हैं–

(a) साढ़े दो (b) सवा
(c) डेढ़ (d) ढाई

DSSSB-हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)
DSSSB मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर: (d) $2\frac{1}{2}$ को हिन्दी में 'ढाई' कहते हैं तथा $1\frac{1}{2}$ को डेढ़ $1\frac{1}{4}$ को सवा कहते हैं।

98. पचास को अंकों में ..... लिखते हैं–

(a) 30 (b) 50
(c) 40 (d) 60

DSSSB-हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर : (b) 'पचास' को अंकों में '50' लिखते हैं जबकि चालीस को अंकों में 40, तीस को 30 तथा साठ को 60, लिखा जाता है।

99. '53' को हिन्दी में ..... कहते हैं–

(a) पचपन (b) तैंतीस
(c) छप्पन (d) तिरपन

DSSSB-हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर : (d) '53' को हिन्दी में 'तिरपन', 55 को पचपन, 56 को छप्पन, जबकि 33 को तैंतीस कहा जाता है।

100. ''68'' को हिन्दी में ..... कहते हैं।

(a) पैंसठ (b) सत्सठ
(c) अड़सठ (d) उनसठ

DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर : (c) ''68'' को हिन्दी में 'अड़सठ' कहते हैं।

101. इन हिन्दी शब्दों में विजातीय शब्द है:

(a) आलू (b) प्याज
(c) तोरी (d) पानी

DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)

उत्तर : (d) दिए गए विकल्प आलू, प्याज व तोरी तीनों सब्जियाँ हैं, जबकि पानी इनसे विषम है। अत: पानी विजातीय शब्द है।

102. 55 को हिन्दी में ..... कहते हैं–

(a) पचपन (b) पचास और पाँच
(c) पचास और पाँच (d) पचासपन

DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)

उत्तर : (a) 55 को हिन्दी में 'पचपन' कहते हैं।

103. हमारे देश में बाल महोत्सव का दिन है–

(a) 26 जनवरी (b) 15 अगस्त
(c) 2 अक्टूबर (d) 14 नवम्बर

DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)

उत्तर : (d) 14 नवम्बर, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस है। नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था इसलिए उनके जन्म दिवस को प्रत्येक वर्ष 'बाल दिवस' के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

104. '27' को हिन्दी में ..... कहते हैं–

(a) बीस पर सात (b) सत्ताईस
(c) सत्तीस (d) सत्तास

DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)

उत्तर : (b) '27' को हिन्दी में सत्ताईस कहते हैं।

@RexstarPdf

105. '29' को अंकों में ..... लिखते हैं।

(a) 28 (b) 26
(c) 23 (d) 29

DSSSB-LIBRARIAN EXAM (31-08-2014)

उत्तर : (d) : '29' को हिन्दी अंक में 29 लिखते है।

106. '65' को हिन्दी में ..... कहते हैं।

(a) पचपन (b) छप्पन
(c) तिहत्तर (d) पैंसठ

DSSSB-LIBRARIAN EXAM (31-08-2014)

उत्तर : (d) : '65' को हिन्दी में पैंसठ कहते हैं।

107. '25' को हिन्दी में ..... कहते हैं–

(a) पचास (b) पचपन
(c) पच्चीस (d) पचहत्तर

DSSSB-फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)

उत्तर : (c) '25' को हिन्दी में 'पच्चीस' कहते हैं। '50' को हिन्दी में 'पचास', '55' को हिन्दी में 'पचपन' तथा '75' को हिन्दी में 'पचहत्तर' कहते है।

108. 61 को कहते हैं–

(a) एक्कावन (b) एकसठ
(c) एकतालीस (d) कोई भी नहीं

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (b) 61 को 'एकसठ' कहते हैं। अन्य गिनतियों की संख्या सूचीबद्ध है–

- इक्यावन – 51
- एकतालीस – 41

109. अड़तीस कौन–सा है?

(a) 48 (b) 68
(c) 38 (d) कोई भी नहीं

DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)

उत्तर : (c) : अड़तीस का संख्या रूप 38 है। अन्य गिनतियों की संख्या निम्नवत् हैं–

- अड़तालीस – 48
- अड़सठ – 68

110. कौन-सा लोकगीत विवाह संस्कार से सम्बन्धित है?

(a) कलसा (b) कोहबर
(c) माड़ी (d) ये सभी

DSSSB-LDC (30-08-2015)

उत्तर : (b) : दिये गये लोकगीतों में से 'कोहबर' लोकगीत विवाह संस्कार से संबंधित है।

नीचे दिए गए शब्दों में विजातीय शब्द है।

111. (a) भजन (b) पूजन
(c) आराधन (d) खाना

DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)

उत्तर : (d) दिए गए विकल्पों में भजन, पूजन व आराधना तीनों समानार्थी शब्द हैं जबकि 'खाना' इनसे विजातीय शब्द है।

112. (a) मारीच (b) राम
(c) शिवाजी (d) सीता

DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)

उत्तर : (d) : दिए गए विकल्पों में मारीच, राम व शिवाजी तीनों पुल्लिंग शब्द हैं जबकि 'सीता' स्त्रीलिंग शब्द है। यह विजातीय शब्द है।

113. 'अपेक्षा' का सही अर्थ:

(a) आशा (b) आशंका
(c) निंदा (d) तिरस्कार

DSSSB-वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा (22-06-2014)

Ans : (a) दिये गये विकल्पों में से 'अपेक्षा' का सही अर्थ 'आशा' है।

114. असमानार्थक शब्द का चयन करें–

(a) पीड़ा (b) संकट
(c) व्यथा (d) दर्द

DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)

Ans : (b) दिये गये शब्दों में से 'संकट' सर्वथा भिन्न शब्द है जिसका अर्थ 'विपत्ति' होता है। पीड़ा, व्यथा तथा दर्द समानार्थी शब्द हैं।

विजातीय शब्द को चुनकर लिखिए।

115. (a) मैसूर (b) बैंगलोर
(c) मुंबई (d) अंकोला

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर : (c) : प्रस्तुत विकल्पों में से 'मुम्बई' विजातीय शब्द है क्योंकि मैसूर, बैंगलोर तथा अंकोला भारत के दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक के जिले हैं जबकि मुम्बई, महाराष्ट्र राज्य में स्थित एक शहर के साथ ही साथ महाराष्ट्र की राजधानी भी है।

116.

(a) जनार्दन (b) नारायण
(c) अच्युत (d) रावण

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर : (d) दिये गये शब्दों में से 'रावण' विजातीय शब्द है, शेष शब्द जनार्दन, नारायण, अच्युत 'विष्णु' के समानार्थी शब्द हैं।

117.

(a) गज (b) अश्व
(c) हाथी (d) हस्ती

DSSSB-TGT (28-12-2014)

उत्तर : (b) दिये गये शब्दों में से 'अश्व' विजातीय शब्द है, जबकि गज, हाथी व हस्ती परस्पर समानार्थी शब्द हैं।

118. 'हर एक हाथ में नई कलम है' इसका अर्थ है

(a) हर एक स्कूल जा रहा है।
(b) हर एक आदमी कवि बन गया है।
(c) हर एक के नए विचार हैं।
(d) हर एक आदमी कलम बेच रहा है।

DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)

उत्तर : (c) 'हर एक हाथ में नई कलम है' का अर्थ है– हर एक के नए विचार हैं।

@RexstarPdf

119. '17' को हिन्दी में ..... कहते हैं।

(a) सोलह (b) सत्रह
(c) सत्तर (d) दस पर सात

DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)

उत्तर : (b) '17' को हिन्दी में 'सत्रह' कहते हैं।

120. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द बेमेल है?

(a) चैत्र (b) ज्येष्ठ
(c) प्रतिपदा (d) कार्तिक

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) प्रतिपदा शब्द बेमेल है इसका अर्थ 'पक्ष की पहली तिथि' है जबकि चैत्र, ज्येष्ठ एवं कार्तिक हिन्दी पंचाँग के महीनों के नाम हैं।

121. '.....लखनऊ पधारिए तो नगर का सौन्दर्य अवश्य देखिए।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।

(a) जैसे-जैसे (b) यथा समय
(c) जब कभी (d) आजकल

[UPPSC AE 2008]

उत्तर. (c) : 'जब कभी लखनऊ पधारिए तो नगर का सौन्दर्य अवश्य देखिए'।

122. जहाँ 'प्रलाप' का आशय दुखी या क्रोधित होकर व्यर्थ की बातें बोलना है वहीं 'विलाप' से आशय:

(a) रो-रो कर अपना दुख कहते जाना
(b) आवाज के साथ रोना
(c) जोर-जोर से रोना
(d) हाथ पटक-पटक कर रोना

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (a) 'विलाप' का अर्थ 'रो-रो कर अपना दुख कहते जाना' है।

123. संदेह-संशय में 'संदेह' का अर्थ जहाँ मन में कुछ होने की आशंका होना है, वहीं 'संशय' का अर्थ है:

(a) मन में शक की स्थिति
(b) कुछ घटित होने के निश्चिय की स्थिति
(c) क्रोध की स्थिति
(d) वास्तविकता के लिए अनिश्चय की स्थिति

[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]

उत्तर : (d) संदेह-संशय में 'संदेह' का अर्थ जहाँ मन में कुछ होने की आशंका होना है, वहीं 'संशय' का अर्थ 'वास्तविकता के लिए अनिश्चय की स्थिति' है।

124. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो वृत्ति के सही वाक्य भेद का विकल्प है।

यदि सारा समान मिल गया तो भोजन अच्छा बनेगा।

(a) संदेहार्थ (b) संकेतार्थ
(c) संभावनार्थ (d) निश्चयार्थ

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर : (b) प्रश्नगत वाक्य 'यदि सारा समान मिल गया तो भोजन अच्छा बनेगा' में क्रिया की वृत्ति का संकेतार्थ भेद प्रस्तुत है। वृत्ति का अर्थ मनःस्थिति है। वक्ता की वृत्ति का बोध क्रिया के जिस रूप से होता है, उसे वृत्ति कहते हैं। हिन्दी में वृत्ति के पाँच भेद हैं।

विध्यर्थ:-विध्यर्थ का अर्थ है- विधि सम्बन्धी/क्रिया करने, देने का भाव; **जैसे-**जरा यह प्रश्न बताइये।

निश्चयार्थ:- जिस क्रिया रूप से कार्य के होने का निश्चित रूप से पता चलता है, वहाँ निश्चयार्थ वृत्ति प्रयुक्त होती है; **जैसे-** आज भारत विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के साथ खेल रहा है।

संभावनार्थ:- क्रिया के जिस रूप से संभावना का बोध होता है, वहाँ संभावनार्थ वृत्ति उपस्थित होती है; **जैसे-** संभव है आज वेतन मिल जायेगा।

संदेहार्थ:- क्रिया के जिस रूप से क्रिया के होने में संदेह का भाव हो, उसे संदेहार्थ वृति कहते हैं; **जैसे-** वह इलाहाबाद से चल पड़ा होगा।

संकेतार्थ: जिस वाक्य में दो क्रियाएं होती हैं और उनमें कार्य कारण सम्बन्ध होता है तथा उसके परिणाम की भी सूचना रहती है, उसे संकेतार्थ वृत्ति के नाम से जाना जाता है; **जैसे-**अगर सब कुछ ठीक रहा तो अंजू का आना निश्चित है।

125. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो रेखांकित शब्द के लिए उचित विकल्प है।

पिता ने बेटी की शादी में किसी भी प्रकार की <u>कमी</u> न होने दी।

(a) हास (b) हस्त
(c) पूर्ति (d) ह्रास

[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]

उत्तर: (d) प्रश्नगत वाक्य 'पिता ने बेटी की शादी में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी।' में रेखांकित पद 'कमी' के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प 'ह्रास' है।

126. व्याकरण की दृष्टि से 'गौ' का अर्थ है:-

(a) घास खाने वाला (b) चलने-फिरने वाला
(c) धरती को उठाने वाला (d) गों-गों करने वाला

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (b) : व्याकरण की दृष्टि से 'गौ' का अर्थ- चलने-फिरने वाला हैं। शेष विकल्प अर्थ की दृष्टि में तर्क संगत नहीं हैं।

127. इनमें से 'आशातीत' शब्द का सही अर्थ है:-

(a) अतीत की आशा (b) अनुचित आशा
(c) आशा से परे (d) आशा से परिपूर्ण

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) दिये गये शब्द में 'आशातीत' का सही अर्थ 'आशा से परे' होगा। 'अनुचित आशा' को 'दुराशा' तथा 'आशा से परिपूर्ण' को 'आशापूर्ण' कहते हैं।

128. 'स्थानान्तरित' का सही अर्थ है:-

(a) स्थानों का अन्तर
(b) एक स्थान को दूसरी जगह ले जाना
(c) एक स्थान से दूसरे स्थान में गया हुआ
(d) दो स्थानों के बीच की दूरी

[UKPSC AE 2013]

उत्तर. (c) एक स्थान से दूसरे स्थान में गया हुआ- **स्थानान्तरित** है।